परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

हिन्दी शब्द सागर

भाग -०६

सम्पादक
श्याम सुन्दर दास

प्रकाशक
नागरी प्रचारिणी सभा
वाराणसी (उत्तरप्रदेश)

(परम्परानायक)

परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

हिंदी शब्दसागर के सशोधन सपादन का सपूर्ण तथा प्रथम एव द्वितीय भाग के प्रकाशन का साठ प्रतिशत व्ययभार भारत सरकार के शिक्षामत्रालय ने वहन किया।

परिवर्धित, संशोधित, नवीन संस्करण

शकाब्द १८९१

नागरीप्रचारिणी सभा
वाराणसी
मूल्य ५ रु० —

१९६९ ई०

आवश्यक सशोधन

पृष्ठसख्या २३१६ के बाद कृपया २३१७, २३१८ आदि पढें। आठ पृष्ठो के बाद पुन भूल से २३३३, २३३४ आदि छप गया है, इन्हें २३२५, २३२६ आदि पढें। पृ० २६३६ के बाद से अत तक की पृष्ठसख्या भी अशुद्ध छप गई है, जिन्हें कृपया २६३७, २६३८ आदि पढें, अतिम पृष्ठसख्या २७२४ होगी।

शभुनाथ वाजपेयी
द्वारा
नागरी मुद्रण, वाराणसी
में मुद्रित

प्रकाशिका

'हिंदी शब्दसागर' अपने प्रकाशनकाल से ही कोश के क्षेत्र मे भारतीय भाषाओ के दिशानिर्देशक के रूप में प्रतिष्ठित है। तीन दशक तक हिंदी की मूर्धन्य प्रतिभाओ ने अपनी सतत तपस्या से इसे सन् १९२८ ई० में मूर्त रूप दिया था। तब से निरतर यह ग्रथ इस क्षेत्र मे गभीर कार्य करनेवाले विद्वत्समाज में प्रकाशस्तभ के रूप में मर्यादित हो हिंदी की गौरवगरिमा का आख्यान करता रहा है। अपने प्रकाशन के कुछ समय बाद ही इसके खड एक एक कर अनुपलब्ध होते गए और अप्राप्य ग्रथ के रूप में इसका मूल्य लोगो को सहस्र मुद्राओ से भी अधिक देना पडा। ऐसी परिस्थिति में अभाव की स्थिति का लाभ उठाने की दृष्टि से अनेक कोशो का प्रकाशन हिंदी जगत् में हुआ, पर वे सारे प्रयत्न इसकी छाया के ही बल जीवित थे। इसलिये निरतर इसकी पुन अवतारणा का गभीर अनुभव हिंदी जगत् और इसकी जननी नागरीप्रचारिणी सभा करती रही, किंतु साधन के अभाव मे अपने इस कर्तव्य के प्रति सजग रहती हुई भी वह अपने इस उत्तरदायित्व का निर्वाह न कर सकने के कारण मर्मांतक पीडा का अनुभव कर रही थी। दिनोत्तर उसपर उत्तर-दायित्व का ऋण चक्रवृद्धि सूद की दर से इसलिये और भी बढता गया कि इस कोश के निर्माण के बाद हिंदी की श्री का विकास बडे व्यापक पैमाने पर हुआ। साथ ही, हिंदी के राष्ट्रभाषा पद पर प्रतिष्ठित होने पर उसकी शब्दसपदा का कोश भी दिनोत्तर गतिपूर्वक बढते जाने के कारण सभा का यह दायित्व निरतर गहन होता गया।

सभा की हीरक जयती के अवसर पर, २२ फाल्गुन, २०१० वि० को, उसके स्वागताध्यक्ष के रूप में डा० सपूर्णानद जी ने राष्ट्रपति राजेंद्रप्रसाद जी एव हिंदीजगत् का ध्यान निम्नांकित शब्दो मे इस ओर आकृष्ट किया—'हिंदी के राष्ट्रभाषा घोषित हो जाने से सभा का दायित्व बहुत बढ गया है। हिंदी मे एक अच्छे कोश और व्याकरण की कमी खटकती है। सभा ने आज से कई वर्ष पहले जो हिंदी शब्दसागर प्रकाशित किया था उसका वृहत् सस्करण निकालने की आवश्यकता है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि इस काम के लिये पर्याप्त धन व्यय किया जाय और केंद्रीय तथा प्रादेशिक सरकारो का सहारा मिलता रहे।'

उसी अवसर पर सभा के विभिन्न कार्यों की प्रशसा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा—'वैज्ञानिक तथा पारिभाषिक शब्दकोश सभा का महत्वपूर्ण प्रकाशन है। दूसरा प्रकाशन हिंदी शब्दसागर है जिसके निर्माण में सभा ने लगभग एक लाख रुपया व्यय किया है। आपने शब्दसागर का नया सस्करण निकालने का निश्चय किया है। जब से पहला सस्करण छपा, हिंदी में बहुत बातो में और हिंदी के अलावा ससार में बहुत बातो में बडी प्रगति हुई है। हिंदी भाषा भी इस प्रगति से अपने को वचित नही रख सकती। इसलिये शब्दसागर का रूप भी ऐसा होना चाहिए जो यह प्रगति प्रतिबिंबित कर सके और वैज्ञानिक युग के विद्यार्थियो के लिये भी साधारणत पर्याप्त हो। मैं आपके निश्चयो का स्वागत करता हूँ। भारत सरकार की ओर से शब्दसागर का नया सस्करण तैयार करने के सहायतार्थ एक लाख रुपए, जो पाँच वर्षों मे बीस बीस हजार करके दिए जाएँगे, देने का निश्चय हुआ है। मैं आशा करता हूँ कि इस निश्चय से आपका काम कुछ सुगम हो जाएगा और आप इस काम मे अग्रसर होगे।'

राष्ट्रपति डा० राजेंद्रप्रसाद जी की इस घोषणा ने शब्दसागर के पुन सपादन के लिये नवीन उत्साह तथा प्रेरणा दी। सभा द्वारा प्रेषित योजना पर केंद्रीय सरकार के शिक्षामत्रालय ने अपने पत्र स० एफ ।४—३।५४ एच० दिनाक ११।५।५४ द्वारा एक लाख रुपया पाँच वर्षों मे, प्रति वर्ष बीस हजार रुपए करके, देने की स्वीकृति दी।

इस कार्य की गरिमा को देखते हुए एक परामर्शमडल का गठन किया गया, इस सबध में देश के विभिन्न क्षेत्रो के अधिकारी विद्वानो की भी राय ली गई, किंतु परामर्शमडल के अनेक सदस्यो का योगदान सभा को प्राप्त न हो सका और जिस विस्तृत पैमाने पर सभा विद्वानो की राय के अनुसार इस कार्य का सयोजन करना चाहती थी, वह भी नही उपलब्ध हुआ। फिर भी, देश के अनेक निष्णात अनुभवसिद्ध विद्वानो तथा परामर्शमडल के सदस्यो ने गभीरतापूर्वक सभा के अनुरोध पर अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। सभा ने उन सबको मनोयोगपूर्वक मथकर शब्दसागर के सपादन हेतु सिद्धात स्थिर किए जिनसे भारत सरकार का शिक्षामत्रालय भी सहमत हुआ।

उपर्युक्त एक लाख रुपए का अनुदान बीस बीस हजार रुपए प्रति वर्ष की दर से निरतर पाँच वर्षों तक केंद्रीय शिक्षा मत्रालय देता रहा और कोश के सशोधन, सवर्धन और पुन सपादन का कार्य लगातार होता रहा, परतु इस अवधि मे सारा कार्य निपटाया नही जा सका। मत्रालय के प्रतिनिधि श्री डा० रामधन जी शर्मा ने बडे मनोयोगपूर्वक यहाँ हुए कार्यों का निरीक्षण परीक्षण करके इसे पूरा करने के लिये आगे और ६५०००) अनुदान प्रदान करने की सस्तुति की जिसे सरकार ने कृपापूर्वक स्वीकार करके पुन उक्त ६५०००) का अनुदान दिया। इस प्रकार सपूर्ण कोश का सशोधन सपादन दिसबर, १९६५ मे पूरा हो गया।

इस ग्रथ के सपादन का सपूर्ण व्यय ही नही, इसके प्रकाशन के व्ययभार का ६० प्रतिशत बोझ भी दो खडो तक भारत सरकार ने वहन किया है, इसी लिये यह ग्रथ इतना सस्ता निकालना सभव हो सका है। उसके लिये शिक्षामत्रालय के अधिकारियो का प्रशसनीय सहयोग हमे प्राप्त है और तदर्थ हम उनके अतिशय आभारी हैं।

जिस रूप मे यह ग्रथ हिंदीजगत् के समुख उपस्थित किया जा रहा है, उसमे अद्यतन विकसित कोशशिल्प का यथासामर्थ्य उपयोग और

प्रयोग किया गया है, किंतु हिंदी की और हमारी सीमा है। यद्यपि हम अर्थ और व्युत्पत्ति का ऐतिहासिक क्रमविकास भी प्रस्तुत करना चाहते थे, तथापि साधन की कमी तथा हिंदी ग्रथो के कालक्रम के प्रामाणिक निर्धारण के अभाव मे वैसा कर सकना सभव नही हुआ। फिर भी यह कहने मे हमे सकोच नही कि अद्यतन प्रकाशित कोशो मे शब्दसागर की गरिमा आधुनिक भारतीय भाषाओ के कोशों मे अतुलनीय है, और इस क्षेत्र मे काम करनेवाले प्राय सभी क्षेत्रीय भाषाओ के विद्वान् इससे आधार ग्रहण करते रहेगे। इस अवसर पर हम हिंदीजगत् को यह भी नम्रतापूर्वक सूचित करना चाहते हैं कि सभा ने शब्दसागर के लिये एक स्थायी विभाग का सकल्प किया है जो बराबर इसके प्रवर्धन और सशोधन के लिये कोशशिल्प सबधी अद्यतन विधि से यत्नशील रहेगा।

शब्दसागर के इस सशोधित प्रवर्धित रूप में शब्दो की सख्या मूल शब्दसागर की अपेक्षा दुगुनी से भी अधिक हो गई है। नए शब्द हिंदी साहित्य के आदिकाल सत एव सूफी साहित्य (पूर्व मध्यकाल), आधुनिक काल, काव्य, नाटक, आलोचना, उपन्यास आदि के ग्रथ, इतिहास, राजनीति, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, वाणिज्य आदि और अभिनदन एव पुरस्कृत ग्रथ, विज्ञान के सामान्य प्रचलित शब्द और राजस्थानी तथा डिंगल, दक्खिनी हिंदी और प्रचलित उर्दू शैली आदि से सकलित किए गए हैं। परिशिष्ट खड मे प्राविधिक एव वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दो की व्यवस्था की गई है।

हिंदी शब्दसागर का यह सशोधित परिवर्धित सस्करण कुल दस खडो मे पूरा होगा। इसका पहला खड पौष, सवत् २०२२ वि० मे छपकर तैयार हो गया था। इसके उद्घाटन का समारोह भारत गणतत्र के प्रधान मत्री स्वर्गीय माननीय श्री लालबहादुर जी शास्त्री द्वारा प्रयाग मे ३ पौष, स० २०२२ वि० (१८ दिसबर, १९६५) को भव्य रूप से सजे हुए पडाल मे काशी, प्रयाग एव अन्यान्य स्थानो के वरिष्ठ और सुप्रसिद्ध साहित्यसेवियो, पत्रकारो तथा गण्यमान्य नागरिको की उपस्थिति मे सपन्न हुआ। समारोह मे उपस्थित महानुभावों मे विशेष उल्लेख्य माननीय श्री प० कमलापति जी त्रिपाठी, हिंदी विश्वकोश के प्रधान सपादक श्री डा० रामप्रसाद जी त्रिपाठी, पद्मभूषण कविवर श्री प० सुमित्रानदन जी पत, श्रीमती महादेवी जी वर्मा आदि हैं। इस सशोधित सवर्धित सस्करण की सफल पूर्ति के उपलक्ष्य मे इसके समस्त सपादको को एक एक फाउंटेन पेन, ताम्रपत्र और ग्रथ की एक एक प्रति माननीय श्री शास्त्री जी के करकमलो द्वारा भेंट की गई। उन्होने अपने सक्षिप्त सारगर्भित भाषण मे इस सभा की विभिन्न प्रवृत्तियो की चर्चा की और कहा . 'सार्वजनिक क्षेत्र मे कार्य करनेवाली यह सभा अपने ढग की अकेली सस्था है। हिंदी भाषा और साहित्य की जैसी सेवा नागरीप्रचारिणी सभा ने की है वैसी सेवा अन्य किसी सस्था ने नही की। भिन्न भिन्न विषयो पर जो पुस्तकें इस सस्था ने प्रकाशित की हैं वे, अपने ढग के अनूठे ग्रथ हैं और उनसे हमारी भाषा और साहित्य का मान अत्यधिक बढा है। सभा ने समय की गति को देखकर तात्कालिक उपादेयता के वे सब कार्य हाथ मे लिए हैं जिनकी इस समय नितात आवश्यकता है। इस प्रकार यह निस्सकोच कहा जा सकता है कि भाषा और साहित्य के क्षेत्र मे यह सभा अप्रतिम है'।

प्रस्तुत छठे खड मे 'प' से लेकर 'प्सुर' तक के शब्दो का सचयन है। नए नए शब्द, उदाहरण, यौगिक शब्द, मुहावरे, पर्यायवाची शब्द और महत्वपूर्ण ज्ञातव्य सामग्री 'विशेष' से सवलित इस भाग की शब्दसख्या लगभग १९,००० है। अपने मूल रूप मे यह अश कुल ३७५ पृष्ठो मे था जो अपने विस्तार के साथ इस परिवर्धित सशोधित सस्करण मे लगभग ५३० पृष्ठो मे आ पाया है।

सपादकमडल के प्रत्येक सदस्य ने यथासामर्थ्य निष्ठापूर्वक इसके निर्माण मे योग दिया है। स्व० श्री कृष्णदेवप्रसाद गौड नियमित रूप से नित्य सभा मे पधारकर इसकी प्रगति को विशेष गभीरतापूर्वक गति देते थे और प० करुणापति त्रिपाठी ने इसके सपादन और सयोजन में प्रगाढ निष्ठा के साथ घर पर, यहाँ तक कि यात्रा पर रहने पर भी, पूरा कार्य किया है। यदि ऐसा न होता तो यह कार्य सपन्न होना सभव न था। हम अपनी सीमा जानते हैं। सभव है, हम सबके प्रयत्न मे त्रुटियाँ हो, पर सदा हमारा परिनिष्ठित यत्न यह रहेगा कि हम इसको और अधिक पूर्ण करते रहे क्योकि ऐसे ग्रथ का कार्य अस्थायी नही, सनातन है।

अत मे शब्दसागर के मूल सपादक तथा सभा के सस्थापक स्व० डा० श्यामसुदरदास जी को अपना प्रणाम निवेदित करते हुए, यह सकल्प हम पुन दुहराते हैं कि जब तक हिंदी रहेगी तब तक सभा रहेगी और उसका यह शब्दसागर अपने गौरव से कभी न गिरेगा। इस क्षेत्र मे यह नित नूतन प्रेरणादायक रहकर हिंदी का मानवधन करता रहेगा और उसका प्रत्येक नया सस्करण और भी अधिक प्रभोज्वल होता रहेगा।

ना० प्र० सभा, काशी
अनत चतुर्दशी, २०२६ वि०

सुधाकर पांडेय
प्रधान मत्री

संकेतिका

[उद्धरणों में प्रयुक्त संदर्भग्रंथों के इस विवरण में क्रमशः ग्रंथ का संकेताक्षर, ग्रंथनाम, लेखक या संपादक का नाम और प्रकाशन के विवरण दिए गए हैं।]

अँधेरे०	अँधेरे की भूख, डा० रागेय राघव, किताब महल, इलाहाबाद, प्रथम सस्करण
अकबरी०	अकबरी दरबार के हिंदी कवि, डा० सरजूप्रसाद अग्रवाल, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, सं० २००७
अखिलेश (शब्द०)	अखिलेश कवि
अग्नि०	अग्निशस्य, नरेंद्र शर्मा, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्र० सं०
अजात०	अजातशत्रु, जयशकर प्रसाद, १६वाँ सं०
अणिमा	अणिमा, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', युग मदिर, उन्नाव
अतिमा	अतिमा, सुमित्रानंदन पत, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०
अनामिका	अनामिका, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', प्र० स०
अनुराग०	अनुरागसागर, सपा० स्वामी युगलानद बिहारी, वेंकटेश्वर प्रेस, बबई, प्र० स०
अनुराग बाग (शब्द०)	अनुराग बाग
अनेक (शब्द०)	अनेकार्थ नाममाला (शब्दसागर)
अनेकार्थ०	अनेकार्थमजरी और नाममाला, सपा० बलभद्रप्रसाद मिश्र, युनिवर्सिटी आफ इलाहाबाद स्टडीज, प्र० स०
अपरा	अपरा, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग
अपलक	अपलक, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', राजकमल प्रकाशन, प्र० सं०, १९५३ ई०
अभिशप्त	अभिशप्त, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४४ ई०
अमिट०	अमिट स्मृति, महावीरप्रसाद द्विवेदी, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, १९३० ई०
अमृतसागर (शब्द०)	अमृतसागर
अयोध्या (शब्द०)	अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
अरस्तू०	अरस्तू का काव्यशास्त्र, डा० नगेंद्र, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०, २०१४ वि०
अर्चना	अर्चना, प० सूर्यकात त्रिपाठी 'निराला', कलामदिर, इलाहाबाद
अर्थ०	अर्थशास्त्र, कौटिल्य, [५ खड] सपा० आर० शामशास्त्री, गवर्नमेंट आच प्रेस, मैसूर, प्र० स०, १९१९ ई०
अध०	अर्धकथानक, सपा० नाथूराम प्रेमी, हिंदी ग्र थ रत्नाकर कार्यालय, बबई, प्र० स०
अष्टाग (शब्द०)	अष्टांगयोगसहिता
अष्टाग०	अष्टागयोग सहिता
आँधी	आँधी, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, पचम स०
आकाश०	आकाशदीप, जयशकर प्रसाद, भारती भंडार, इलाहाबाद, पचम स०
आचार्य०	आचार्य रामचद्र शुक्ल, चद्रशेखर शुक्ल, वाणी वितान, वाराणसी, प्र० स०
आग्नेय अनुक्रमणिका (शब्द०)	आग्नेय अनुक्रमणिका
आदि०	आदिभारत, अर्जुन चौबे काश्यप, वाणी विहार, बनारस, प्र० स०, १९५३ ई०
आधुनिक०	आधुनिक कविता की भाषा
आनदघन (शब्द०)	कवि आनदघन
आराधना	आराधना, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', साहित्यकार ससद्, इलाहाबाद, प्र० स०
आर्द्रा	आर्द्रा, सियारामशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०, १९८४ वि०
आर्य भा०	आर्यकालीन भारत
आर्यो०	आर्यों का आदिदेश, सपूर्णानद, भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, १९९७ वि०, प्र० स०
इद्र०	इद्रजाल, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
इंद्रा०	इद्रावती, सपा० श्यामसु दरदास, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
इशा०	इशा, उनका काव्य तथा रानी केतकी की कहानी, सपा०, ब्रजरत्नदास, कमलमणि ग्र थमाला, बुलानाला, काशी, प्र० स०
इति०	इतिहास और आलोचना, नामवर सिंह
इतिहास	हिंदी साहित्य का इतिहास, प० रामचंद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, वाराणसी, नवाँ स०
इत्यलम्	इत्यलम्, 'अज्ञेय,' प्रतीक प्रकाशन केंद्र, दिल्ली
इनशा (शब्द)	इनशा अल्ला खाँ
इरा०	इरावती, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, चतुर्थ स०
उत्तर०	उत्तररामचरित नाटक, अनु०प० सत्यनारायण कविरत्न, रत्नाश्रम, आगरा, पचम स०

एकांत०	एकांतवासी योगी, अनु० श्रीधर पाठक, इडियन प्रेस, प्रयाग, प्र० स०, १८८६ वि०
ककाल	ककाल, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, सप्तम स०
कठ० उप० (शब्द०)	कठवल्ली उपनिषद्
कड़ी०	कड़ी में कोयला, पाडेय बेचन शर्मा 'उग्र', गऊघाट, मिर्जापुर, प्र० स०
कबीर ग्र०	कबीर ग्रथावली, सपा० श्यामसुदरदास, ना० प्र० सभा, काशी
कबीर० बानी	कबीर साहब की बानी
कबीर बीजक	कबीर बीजक, कबीर ग्रथ प्रकाशन समिति, बाराबकी, २००७ वि०
कबीर बी०	कबीर बीजक, सपा० हसदास, कबीर ग्रथ प्रकाशन समिति, बाराबकी, २००७ वि०
कबीर म०	कबीर मसूर [२ भाग], वेंकटेश्वर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, बबई, सन् १९०३ ई०
कबीर० रे०	कबीर साहब की ज्ञानगुदडी व रेख्ते, बेलवेडियर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, इलाहाबाद
कबीर० श०	कबीर साहब की शब्दावली [४ भाग] बेलवेडियर स्टीम प्रिंटिंग वर्क्स, इलाहाबाद, सन् १९०८
कबीर (शब्द०)	कबीरदास
कबीर सा०	कबीर सागर [४ भा०], सपा० स्वा० श्री युगलानद बिहारी, वेंकटेश्वर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, बंबई
कबीर सा० स०	कबीर साखी सग्रह, बेलवेडियर स्टीम प्रिंटिंग प्रेस, इलाहाबाद, १९११ ई०
कमलापति (शब्द०)	कवि कमलापति
करुणा०	करुणालय, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, तृ० स०
कर्ण०	सेनापति कर्ण, लक्ष्मीनारायण मिश्र, किताब महल, इलाहाबाद, प्र० स०
कविद (शब्द०)	कविद कवि
कविता कौ०	कविता कौमुदी [१–४ भा०], सपा० रामनरेश त्रिपाठी, हिंदी मदिर, प्रयाग, तृ० स०
कवित्त०	कवित्तरत्नाकर, सपा० उमाशकर शुक्ल, हिंदी परिषद्, विश्वविद्यालय, प्रयाग
कादबरी (शब्द०)	कादबरी ग्रंथ
कानन०	काननकुसुम, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, पचम स०
कामायनी	कामायनी, जयशकर प्रसाद, नवम स०
काया०	कायाकल्प, प्रेमचद, सरस्वती प्रेस, बनारस, ९वाँ स०
काले०	काले कारनामे, 'निराला,' कल्याण साहित्य मदिर, प्रयाग, २००७ वि०
काव्य० निबध	कव्य और कला तथा अन्य निबध, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद चतुर्थ सं०
काव्य० य० प्र०	काव्य यथार्थ और प्रगति, डा० रागेय राघव, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, प्र० स०, २०१२ वि०
काश्मीर०	काश्मीर सुषमा, श्रीधर पाठक, इंडियन प्रेस, इलाहाबाद प्र० स०
कासीराम (शब्द०)	कासीराम कवि०
किन्नर०	किन्नर देश में, राहुल साकृत्यायन, इडिया पब्लिशर्स, प्रयाग, प्र० स०
किशोर (शब्द०)	किशोर कवि
कीर्ति०	कीर्तिलता, सं० बाबूराम सक्सेना, ना० प्र० सभा, वाराणसी, तृ० सं०
कुकुर०	कुकुरमुत्ता, 'निराला', युगमदिर, उन्नाव
कुणाल	कुणाल, सोहनलाल द्विवेदी
कृषि०	कृषिशास्त्र
केशव (शब्द०)	केशवदास
केशव ग्र०	केशव ग्रंथावली, सपा० प० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०
केशव० अमी०	केशवदास की अमीघूँट
कोई कवि (शब्द०)	अज्ञातनाम कोई कवि
कुलार्णव तत्र (शब्द०)	कुलार्णव तत्र
कौटिल्य अ०	कौटिल्य का अर्थशास्त्र
क्वासि	क्वासि, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', राजकमल प्रकाशन, बंबई, १९५३ ई०
खानखाना (शब्द०)	अब्दुर्रहीम खानखाना
खालिक०	खालिकबारी, सपा० श्रीराम शर्मा, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०; २०२१ वि०
खिलौना	खिलौना (मासिक)
खुदाराम	खुदाराम और चद हसीनो के खतूत, पाडेय बेचन शर्मा 'उग्र', गऊघाट, मिर्जापुर, आठवाँ स०
खेती की पहली पुस्तक (शब्द०)	खेती की पहली पुस्तक
गग ग्र०	गग कवित्त [ग्रथावली], सपा० बटेकृष्ण, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
गदाधर०	श्रीगदाधर भट्ट जी की बानी
गदाधर सिंह (शब्द०)	गदाधर सिंह
गबन	गबन, प्रेमचद, हस प्रकाशन, इलाहाबाद, २६वाँ स०
गालिब०	गालिब की कविता, स० कृष्णदेवप्रसाद गौड, वाराणसी, प्र० स०
गि०दा०, गि०दास (शब्द०)	गिरिधरदास (बा० गोपालचद्र)
गिरिधर (शब्द०)	गिरिधर राय (कुडलियावाले)
गीतिका	गीतिका, 'निराला', भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०
गुजन	गुजन, सुमित्रानदन पत, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० सं०
गुधर (शब्द०)	गुधर कवि
गुमान (शब्द०)	गुमान मिश्र

गुलाब (शब्द०)	कवि गुलाब
गुलाल०	गुलाल बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९१० ई०
गोदान	गोदान, प्रेमचद, सरस्वती प्रेस, बनारस, प्र० स०
गोपाल उपासनी (शब्द०)	गोपाल उपासनी
गोपाल० (शब्द०)	गिरिधर दास (गोपालचद्र)
गोपालभट्ट (शब्द०)	गोपालभट्ट, वाल्मीकि रामायण के अनुवादक
गोरख०	गोरखबानी, स० डा० पीतांबरदत्त बडथ्वाल, हिंदी साहित्य समेलन, प्रयाग, द्वि० स०
ग्राम०	ग्राम साहित्य, सपा० रामनरेश त्रिपाठी, हिंदी मदिर, प्रयाग, प्र० स०
ग्राम्या	ग्राम्या, सुमित्रानदन पत, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
घट०	घट रामायण [२ भाग], सतगुरु तुलसी साहिब, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, तृ० सं०
घनानद	घनानंद, सपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, प्रसाद परिषद्, वाणीवितान, ब्रह्मनाल, वाराणसी
घाघ०	घाघ और भड्डरी, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद
घासीराम (शब्द०)	घासीराम कवि
चद	चद हसीनो के खतूत, 'उग्र', हिंदी पुस्तक एजेंसी, कलकत्ता, प्र० स०
चद्र०	चद्रगुप्त, जयशंकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, नवाँ स०
चक्र०	चक्रवाल, रामधारी सिंह 'दिनकर', उदयाचल, पटना, प्र० स०
चरण (शब्द०)	चरणदास
चरणचद्रिका (शब्द०)	चरणचद्रिका
चरण० बानी	चरणदास की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
चाँदनी०	चाँदनी रात और अजगर, उपेंद्रनाथ 'अश्क', नीलाभ प्रकाशन गृह, प्रयाग प्र० स०
चाणक्य नीति (शब्द०)	चाणक्य नीति
चाणक्य नीति (शब्द०)	चाणक्य नीति
चिंता	चिंता, अज्ञेय सरस्वती प्रेस, प्र० स०, सन् १९४० ई०
चिंतामणि	चिंतामणि [२ भाग], रामचद्र शुक्ल, इडियन प्रेस, लि०, प्रयाग
चिंतामणि (शब्द०)	कवि चिंतामणि त्रिपाठी
चित्रा०	चित्रावली, स० जगन्मोहन वर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
चुभते०	चुभते चौपदे, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध,' खड्गविलास प्रेस, पटना, प्र० सं०
चोखे०	चोखे चौपदे, " " "
चोटी०	चोटी की पकड़, 'निराला,' किताब महल, इलाहाबाद, प्र० स०
छद०	छद प्रभाकर, भानु कवि, भारतजीवन प्रेस, काशी, प्र० स०
छत्र०	छत्रप्रकाश, स० विलियम प्राइस, एजुकेशन प्रेस, कलकत्ता, १८२९ ई०
छिताई०	छिताई वार्ता, सपा० माताप्रसाद गुप्त, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
छीत०	छीत स्वामी, सपा० ब्रजभूषण शर्मा, विद्या विभाग, अष्टछाप स्मारक समिति, कांकरोली, प्र० सं०, सवत् २०१२
जग० बानी	जगजीवन साहब की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९०९, प्र० सं०
जग० श०	जगजीवन साहब की शब्दावली
जनानी०	जनानी ड्योढी, अनु० यशपाल, अशोक प्रकाशन, लखनऊ
जय० प्र०	जयशकर प्रसाद, नददुलारे वाजपेयी, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०, १९९५ वि०
जयसिंह (शब्द०)	जयसिंह कवि
जायसी ग्र०	जायसी ग्रथावली, सपा० रामचद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, द्वि० सं०
जायसी ग्र० (गुप्त)	जायसी ग्रंथावली, संपा० माताप्रसाद गुप्त, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० सं०, १९५१ ई०
जायसी (शब्द०)	मलिक मुहम्मद जायसी
जिप्सी	जिप्सी, इलाचद्र जोशी, सेंट्रल बुक डिपो, इलाहाबाद, प्र० स०, १९५२ ई०
जुगलेश (शब्द०)	जुगलेश कवि
ज्ञानदान	ज्ञानदान, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ १९४२ ई०
ज्ञानरत्न	ज्ञानरत्न, दरिया साहब, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
झरना	झरना, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, सातवाँ स०
झाँसी०	झाँसी की रानी, वृंदावनलाल वर्मा, मयूर प्रकाशन, झाँसी, द्वि० स०
टैगोर०	टैगोर का साहित्यदर्शन, अनु० राधेश्याम पुरोहित, साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, प्र० स०
ठडा०	ठंडा लोहा, धर्मवीर भारती, साहित्य भवन लि०, प्रयाग, प्र० स०, १९५२ ई०
ठाकुर०	ठाकुर शतक, सपा० काशीप्रसाद, भारतजीवन प्रेस, काशी, प्र० स०, सवत् १९६१
ठेठ०	ठेठ हिंदी [का ठाठ, अयोध्यासिंह उपाध्याय, खड्गविलास प्रेस, पटना, द्वि० सं०

ढोला०	ढोला मारू रा दूहा, सपा० रामसिंह, ना० प्र० सभा, काशी, द्वि० स०
तितली	तितली, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, सातवाँ स०
तुलसी	तुलसीदास, 'निराला', भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, चतुर्थ स०
तिथितत्व (शब्द०)	तिथितत्व निर्णय
तुलसी ग्र०	तुलसी ग्रथावली, सपा० रामचद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, काशी, तृतीय स०
तुरसी श०, तुलसी श०	तुलसी साहब की शब्दावली (हाथरसवाले) बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९०९,१९११
तेग० (शब्द०)	तेगबहादुर
तेज०	तेजबिंदूपनिषद्
तोष (शब्द०)	कवि तोष
त्याग०	त्यागपत्र, जैनेंद्रकुमार, हिंदी ग्रथ रत्नाकर कार्यालय, बबई, प्र० स०
द० सागर	दरिया सागर, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९१० ई०
दखिनी०	दखिनी का गद्य और पद्य, सपा० श्रीराम शर्मा, हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद, प्र० स०
दयानिधि (शब्द०)	दयानिधि कवि
दरिया० बानी	दरिया साहब की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, द्वि० स०
दश०	दशरूपक, सपा० डा० भोलाशकर व्यास, चौखभा विद्याभवन, वाराणसी, प्र० स०
दशम० (शब्द०)	भाषा दशम स्कध
दहकते०	दहकते अगारे, नरोत्तमप्रसाद नागर, अभ्युदय कार्यालय, इलाहाबाद
दादू०	श्री दादूदयाल की बानी, स० सुधाकर द्विवेदी, ना० प्र० सभा, वाराणसी
दादूदयाल ग्र०	दादूदयाल ग्रथावली
दादू० (शब्द०)	दादूदयाल
दिनेश (शब्द०)	कवि दिनेश
दिल्ली	दिल्ली, रामधारी सिंह 'दिनकर,' उदयाचल, पटना, प्र० स०
दिव्या	दिव्या, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४५ ई०
दीन० ग्र०	दीनदयाल गिरि ग्रथावली, सपा० श्यामसुदरदास, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
दीनदयालु (शब्द०)	कवि दीनदयालु गिरि
दीप०	दीपशिखा, महादेवी वर्मा, किताबिस्तान, इलाहाबाद, प्र० स०, १९४२ ई०
दी० ज०, दीप ज०	दीप जलेगा, उपेंद्रनाथ 'अश्क,' नीलाभ प्रकाशन गृह, प्रयाग
दुर्गाप्रसाद (शब्द०)	दुर्गाप्रसाद
दूलह (शब्द०)	कवि दूलह
देव० ग्र०	देव ग्रंथावली, ना० प्र० सभा, काशी, प्र०सं०
देव (शब्द०)	देव कवि
देव (शब्द०)	देव कवि (मैनपुरीवाले)
देशी०	देशी नाममाला
दैनिकी	दैनिकी, सियारामशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०, १९९९ वि०
दो सौ बावन०	दो सौ बावन वैष्णवों की वार्ता [दो भाग], शुद्धाद्वैत एकेडमी, कांकरोली, प्रथम स०
द्वद्व०	द्वद्वगीत, रामधारी सिंह 'दिनकर,' पुस्तक भडार, लहेरियासराय, पटना, प्र० स०
द्वि० अभि० ग्र०	द्विवेदी अभिनदन ग्रथ, ना० प्र० सभा, वाराणसी
द्विज (शब्द०)	द्विज कवि
द्विजदेव (शब्द०)	अयोध्या नरेश महाराजा मानसिंह 'द्विजदेव'
द्विवेदी (शब्द०)	महावीरप्रसाद द्विवेदी
धरनी० बा०	धरनी साहब की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९११ ई०
धरम० शब्दा०, धरम०	धरमदास की शब्दावली
ध्रुव०	ध्रुवस्वामिनी, प्रसाद
धूप०	धूप और धूआँ, रामधारीसिंह 'दिनकर,' अजंता प्रेस, लि०, पटना ४
नद० ग्र०, नददास ग्र०	नददास ग्रथावली, सपा० ब्रजरत्नदास, ना०प्र० सभा, काशी, प्र० स०
नई०	नई पौध, नागार्जुन, किताब महल, इलाहाबाद, प्र० स०, १९५३
नट०	नटनागर विनोद, सपा० कृष्णबिहारी मिश्र, इडियन प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
नदी०	नदी के द्वीप, 'अज्ञेय,' प्रगति प्रकाशन, दिल्ली, प्र० स०, १९५१ ई०
नया०	नया साहित्य नए प्रश्न, नददुलारे वाजपेयी, विद्यामदिर, वाराणसी, २०११ वि०
नरेश (शब्द०)	'नरेश' कवि
नागयज्ञ	जनमेजय का नागयज्ञ, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, सप्तम स०
नागरी (शब्द०)	नागरीदास कवि
नाथ (शब्द०)	नाथ कवि
नाथसिद्ध०	नाथसिद्धों की बानियाँ, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
नाभादास (शब्द०)	नाभादास सत
नारायणदास (शब्द०)	नारायणदास
निबधमालादश(शब्द०)	निबधमालादर्श (म० प्र० द्विवेदी)
नील०	नीलकुसुम, रामधारीसिंह 'दिनकर', उदयाचल, पटना, प्र० स०
नेपाल०	नेपाल का इतिहास, प० बलदेवप्रसाद, वेंकटेश्वर प्रेस, बबई, १९६१ वि०

पचवटी	पचवटी, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०
पजनेस०	पजनेस प्रकाश, सपा० रामकृष्ण वर्मा, भारत जीवन यन्त्रालय, काशी, प्र० स०
पदमावत	पदमावत, स० वासुदेवशरण अग्रवाल, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०
पदु०, पदुमा०	पदुमावती, सपा० सूर्यकात शास्त्री, पजाब विश्वविद्यालय, लाहौर, १९३४ ई०
पद्माकर ग्रं०	पद्माकर ग्रथावली, सपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
पद्माकर (शब्द०)	पद्माकर भट्ट
प० रा०, प० रासो	परमाल रासो, सपा० श्यामसुदरदास, ना०प्र० सभा, काशी, प्र० स०
परमानद०	परमानदसागर
परमेश (शब्द०)	परमेश कवि
परिमल	परिमल, 'निराला', गगा ग्रथागार, लखनऊ, प्र० स०
पर्दे०	पर्दे की रानी, इलाचद्र जोशी, भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०, १९९९ वि०
पलटू०	पलटू सहब की बानी [१-३ भाग], बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९०७ ई०
पल्लव	पल्लव, सुमित्रानदन पत, इडियन प्रेस लि०, प्रयाग, प्र० स०
पाणिनि०	पाणिनिकालीन भारतवर्ष, वासुदेवशरण अग्रवाल, मोतीलाल बनारसीदास, प्र० स०
पारिजात०	पारिजातहरण
पार्वती	पार्वती, रामानद तिवारी शास्त्री, भारतीभवन, मगलभवन, नयापुरा, कोटा (राजस्थान), प्र० स०, १९५५ ई०
पा० सा० सि०	पाश्चात्य साहित्यालोचन के सिद्धात, लीलाधर गुप्त, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०, १९५२ ई०
पिजरे०	पिजरे की उडान, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४६ ई०
पूर्ण (शब्द०)	पूर्ण कवि
पू० म० भा०	पूर्वमध्यकालीन भारत, वासुदेव उपाध्याय भारती भडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०, २००९ वि०
पृ० रा०	पृथ्वीराज रासो [५ खड], सपा० मोहनलाल विष्णुलाल पडया, श्यामसुदर दास, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
पृ० रा० (उ०)	पृथ्वीराज रासो [४ खड], स० कविराज मोहनसिह, साहित्य सस्थान, राजस्थान विश्व विद्यापीठ, उदयपुर, प्र० स०
पोद्दार अभि० ग्रं०	पोद्दार अभिनंदन ग्रं०, संपा० वासुदेवशरण अग्रवाल, अखिल भारतीय ब्रज साहित्यमडल, मथुरा, स० २०१० वि०
प्र० सा०	प्रगतिशील (वादी) साहित्य।
प्रताप ग्रं०	प्रतापनारायण मिश्र ग्रथावली, सपा० विजयशकर मल्ल, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
प्रताप (शब्द०)	प्रतापनारायण मिश्र
प्रबध०	प्रबधपद्म, 'निराला', गंगा पुस्तकमाला, लखनऊ, प्र० स०
प्रभावती	प्रभावती, 'निराला,' सरस्वती भडार, लखनऊ, प्र० स०
प्राण०	प्राणसगली, सपा० सत सपूरणसिह, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
प्रा० भा० प०	प्राचीन भारतीय परपरा और इतिहास, डा० रागेय राघव, आत्माराम ऐंड संस, दिल्ली, प्र० स०, १०५३ ई०
प्रिय०	प्रियप्रवास, अयोध्यासिह उपाध्याय 'हरिऔध', हिंदी साहित्य कुटीर, बनारस, षष्ठ स०
प्रिया० (शब्द०)	प्रियादास
प्रेम०	प्रेमपथिक, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, तृ० स०
प्रेम० और गोर्की	प्रेमचद और गोर्की, सपा० शचीरानी गुर्टू, राजकमल प्रकाशन लि०, बंबई, १९५५ ई०
प्रेमघन०	प्रेमघन सर्वस्व, हिंदी साहित्य समेलन, प्रयाग, प्र० स०, १९९६ वि०
प्रे० सा० (शब्द०)	प्रेमसागर
प्रेमाजलि	प्रेमाजलि, ठा० गोपालशरण सिह, इडियन प्रेस लि०, प्रयाग, १९५३ ई०
फिसाना०	फिसाना ए आजाद [चार भाग], प० रतननाथ 'सरशार,' नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, चतुर्थ स०
फूलो०	फूलो का कुर्ता, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, प्र० स०
बगाल०	बगाल का काल, हरिवंश राय 'बच्चन,' भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०, १९४६ ई०
बदन०	बदनवार, देवेंद्र सत्यार्थी, प्रगति प्रकाशन, दिल्ली, १९४९ ई०
बद०	बदमाश दर्पण, तेगअली, भारतजीवन प्रेस, बनारस, प्र० स०
बलबीर (शब्द०)	बलबीर कवि
बलभद्र (शब्द०)	बलभद्र कवि
बाँकी० ग्र०, बाँकीदास ग्रं०	बाँकीदास ग्रथावली [तीन भाग], सपा० रामनारायण दूगड, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
बाँगेदरा	बाँगेदरा
बापू	बापू, कवितासग्रह
बिल्ले०	बिल्लेसुर बकरिहा, निराला, युगमदिर, उन्नाव, प्र० सं०

बिसराम (शब्द०)	बिसराम कवि
बिहारी र०	बिहारी रत्नाकर, संपा० जगन्नाथदास 'रत्नाकर', गंगा ग्रंथागार, लखनऊ, प्र० सं०
बिहारी (शब्द०)	कवि बिहारी
बी० रासो	बीसलदेव रासो, सपा० सत्यजीवन वर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
बीसल० रास	बीसलदेव रास, सपा० माताप्रसाद गुप्त, प्र० सं०
बी० श० महा०	बीसवीं शताब्दी के महाकाव्य, डा० प्रतिपालसिंह ओरिएंटल बुकडिपो, देहली, प्र० सं०
बुद्ध च०	बुद्धचरित, रामचंद्र शुक्ल, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
बृहत्०	बृहत्संहिता
बृहत्संहिता (शब्द०)	बृहत्संहिता
बेनी (शब्द०)	कवि बेनी प्रवीन
बेला	बेला, 'निराला,' हिंदुस्तानी पब्लिकेशंस, इलाहाबाद, प्र० सं०
बेलि०	बेलि क्रिसन रुकिमणी री, सं० ठाकुर रामसिंह, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० सं०, १९३१ ई०
बोधा (शब्द०)	कवि बोधा
ब्रज०	ब्रजविलास, सपा० श्रीकृष्णदास, लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई, तृ० सं०
ब्रज० ग्रं०	ब्रजनिधि ग्रंथावली, सपा० पुरोहित हरिनारायण शर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
ब्रजमाधुरी०	ब्रजमाधुरी सार, सपा० वियोगी हरि, हिंदी साहित्य संमेलन, प्रयाग, तृ० सं०
ब्रह्म (शब्द०)	ब्रह्म कवि (बीरबल)
भक्तमाल (प्रि०)	भक्तमाल, टीका० प्रियादास, वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई, १९५३ वि०
भक्तमाल (श्री०)	भक्तमाल, श्रीभक्तिसुधाबिंदु स्वाद, टीका० सीतारामशरण, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, द्वि० सं०, १९८३ वि०
भक्ति०	भक्तिसागरादि, स्वामीचरण, वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई, संवत् १९६० वि०
भक्ति प०	भक्ति पदार्थ वर्णन, स्वामी चरणदास, वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई, संवत् १९६०
भगवतरसिक (शब्द०)	भगवत रसिक
भट्ट (शब्द०)	बालकृष्ण भट्ट
भस्मावृत०	भस्मावृत चिनगारी, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४६ ई०
भा० इ० रू०	भारतीय इतिहास की रूपरेखा, जयचंद्र विद्यालंकार, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० सं०, १९३३ वि०
भा० प्रा० लि०	भारतीय प्राचीन लिपिमाला, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, इतिहास कार्यालय, राजमेवाड, प्र० सं०, १९५१ वि०
भारत०	भारतभारती, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्यसदन, चिरगाँव, झाँसी, नवम सं०
भा० भू०, भारत० नि०	भारत भूमि और उसके निवासी, जयचंद्र विद्यालंकार, रत्नाश्रम, आगरा, द्वि० सं० १९८७ वि०
भारतीय०	भारतीय राज्य और शासनविधान
भारतेंदु ग्र०	भारतेंदु ग्रंथावली [४ भाग], सपा० ब्रजरत्नदास, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
भा० शिक्षा	भारतीय शिक्षा, राजेंद्रप्रसाद, आत्माराम ऐंड संस, दिल्ली, १९५३ ई०
भाषा शि०	भाषा शिक्षण, प० सीताराम चतुर्वेदी
भिखारी ग्र०	भिखारीदास ग्रंथावली [दो भाग], सपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, ना० प्र० सभा, काशी
भीखा श०,	भीखा शब्दावली प्र० सं०
भुवनेश (शब्द०)	भुवनेश कवि
भूषण ग्र०	भूषण ग्रंथावली, सपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, साहित्य सेवक कार्यालय, काशी, प्र० सं०
भूषण (शब्द०)	कवि भूषण त्रिपाठी
भोज० भा० सा०	भोजपुरी भाषा और साहित्य, डा० उदयनारायण तिवारी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, प्र०सं०
मति० ग्रं०	मतिराम ग्रंथावली, सपा० कृष्णबिहारी मिश्र, गंगा पुस्तकमाला, लखनऊ, द्वि० सं०
मतिराम (शब्द०)	कवि मतिराम त्रिपाठी
मधु०	मधुकलश, हरिवंशराय 'बच्चन,' सुषमा निकुंज, इलाहाबाद, द्वि० सं०, १९३९ ई०
मधुज्वाल	मधुज्वाल, सुमित्रानंदन पंत, भारती भंडार, इलाहाबाद, द्वि० सं०, १९३९ ई०
मधु मा०	मधुमालती वार्ता, सपा० माताप्रसाद गुप्त, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० सं०
मधुशाला	मधुशाला, हरिवंश राय 'बच्चन,' सुषमा निकुंज, इलाहाबाद, प्र० सं०
मनविरक्त०	मनविरक्तकरन गुटका सार (चरणदास)
मनु०	मनुस्मृति
मन्नालाल (शब्द०)	कवि मन्नालाल
मलूक० बानी	मलूकदास की बानी, बेलवेडियर प्रेस, प्रयाग
मलूक० (शब्द०)	मलूकदास
महा०	महाराणा का महत्व, जयशंकर प्रसाद, भारती भंडार, इलाहाबाद, चतुर्थ सं०
महावीरप्रसाद (शब्द०)	पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी
महाभारत (शब्द०)	महाभारत
महाराणा प्रताप (शब्द०)	महाराणा प्रताप
माधव०	माधवनिदान, लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई, चतुर्थ सं०
माधवानल०	माधवानल कामकंदला, बोधा कवि, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, प्र० सं०, १८९१ ई०

मान०	मानसरोवर, प्रेमचद, हस प्रकाशन, इलाहाबाद
मानव	मानव, कवितासकलन, भगवतीचरण वर्मा
मानव०	मानवसमाज, राहुल सांकृत्यायन, किताब महल, इलाहाबाद, द्वि० स०
मानस	रामचरितमानस, सपा० शभुनारायण चौबे, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
मिट्टी०	मिट्टी और फूल, नरेंद्र शर्मा, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०, १९९९ वि०
मिलन०	मिलनयामिनी, हरिवश राय 'बच्चन,' भारतीय ज्ञानपीठ काशी, प्र० स०, १९५० ई०
मुंशी अभि० ग्रं०	मुशी अभिनदन ग्रथ, सपा० डा० विश्वनाथ-प्रसाद, हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा
मुबारक (शब्द०)	मुबारक कवि
मृग०	मृगनयनी, वृदावनलाल वर्मा, मयूर प्रकाशन, झाँसी
मैला०	मैला आँचल, फणीश्वरनाथ 'रेणु,' समता प्रकाशन, पटना–४, प्र० स०
मोहन०	मोहनविनोद, स० कृष्णबिहारी मिश्र, इलाहाबाद लॉ जर्नल प्रेस, प्र० स०
यशो०	यशोधरा, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र०, स०
यामा	यामा, महादेवी वर्मा, किताबिस्तान, प्रयाग, प्र० स०
युग०	युगवाणी, सुमित्रानदन पत, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०
युगपथ	युगपथ ,, ,, ,,
युगांत	युगात, सुमित्रानदन पंत, इद्र प्रिंटिंग प्रेस, अल्मोडा, प्र० स०
योग०	योगवाशिष्ठ (वैराग्य मुमुक्षु प्रकरण), गगा-विष्णु श्रीकृष्णदास, लक्ष्मी वेंकटेश्वर छापा खाना, कल्याण, बबई, स० १९६७ वि०
रंगभूमि	रगभूमि, प्रेमचद, गगा ग्रथागार, लखनऊ, प्र० स०, १९८१ वि०
रघु० रू०	रघुनाथ रूपक गीतावली, सपा० महताबचद्र खारैड, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
रघु० दा० रघुनाथदास (शब्द०)	रघुनाथदास
रघुनाथ (शब्द०)	रघुनाथ
रघुराज (शब्द०)	महाराज रघुराजसिंह, रीवाँनरेश
रजत०	रजतशिखर, सुमित्रानंदन पत, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, २००८ वि०
रज्जब०	रज्जब जी की बानी, ज्ञानसागर प्रेस, बंबई, १९७५ वि०
रतन०	रतनहजारा, संपा० श्री जगन्नाथप्रसाद श्रीवास्तव, भारतजीवन प्रेस, काशी, प्र० स०, १९८२ ई०
रति०	रतिनाथ की चाची, नागार्जुन, किताब महल, इलाहाबाद, द्वि० स०, १९५३ ई०
रत्न० (शब्द०)	रत्नसार
रत्नपरीक्षा (शब्द०)	रत्नपरीक्षा
रत्नाकर	रत्नाकर [दो भाग], ना० प्र० सभा, काशी, चतुर्थ और द्वि० स०
रस०	रसमीमांसा, सपा० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, ना० प्र० सभा, काशी, द्वि० स०
रस क०	रसकलश, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध,' हिंदी साहित्य कुटीर, बनारस, तृतीय स०
रसखान०	रसखान और घनानद, सपा० अमीरसिंह, ना० प्र० सभा, द्वि० स०
रसखान (शब्द०)	सैयद इब्राहिम रसखान
रस र०, रसरतन	रसरतन, सपा० शिवप्रसाद सिंह, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
रसनिधि (शब्द०)	राजा पृथ्वीसिंह
रहीम०	रहीम रत्नावली
रहीम (शब्द०)	अब्दुर्रहीम खानखाना
राज० इति०	राजपूताने का इतिहास, गौरीशकर हीराचद ओझा, अजमेर, १९९७ वि०, प्र० स०
रा० रू०	राजरूपक, सपा० पं० रामकर्ण, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
रा० वि०	राजविलास, सपा० मोतीलाल मेनारिया, ना० प्र० सभा, वाराणसी, प्र० स०
राज्यश्री	राज्यश्री, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, सातवाँ स०
राम०	रामचरितमानस, सपा० विजयानद त्रिपाठी, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्र० सं० १९७३ वि०
रामकवि (शब्द०)	राम कवि
राम० च०	सक्षिप्त रामचद्रिका, सपा० लाला भगवानदीन, ना० प्र० सभा, वाराणसी, षष्ठ स०
राम० धर्म०	रामस्नेह धर्मप्रकाश, सपा० मालचद्र जी शर्मा, चौकसराम जी (सिंहथल), बडा रामद्वारा, बीकानेर ।
राम० धर्म० स०	रामस्नेह धर्मसग्रह, सपा० मालचद्र जी शर्मा, चौकसराम जी (सिंहथल), बडा रामद्वारा, बीकानेर ।
रामरसिका०	रामरसिकावली [भक्तमाल]
रामानद०	रामानद की हिंदी रचनाएँ, संपा० पीतांबर-दत्त बहथ्वाल, ना० प्र० सभा, प्र० स०
रामाश्व०	रामाश्वमेध, ग्रथकार, मन्नालाल द्विज, त्रिपुरा भैरवी, वाराणसी, १९३९ वि०
रेणुका	रेणुका, रामधारी सिंह 'दिनकर,' पुस्तक भडार, लहेरियासराय. पटना, प्र० सं०

रै० बानी	रैदास बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
लक्ष्मणसिंह (शब्द०)	राजा लक्ष्मणसिंह
लल्लू (शब्द०)	लल्लूलाल
लवकुश चरित्र (शब्द०)	लवकुश चरित्र
लहर	लहर, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, इलाहाबाद, पचम स०
लाल (शब्द०)	लाल कवि (छत्रप्रकाशवाले)
वर्ण०, वर्णरत्नाकर	वर्णरत्नाकर
विद्यापति	विद्यापति, सपा० खगेंद्रनाथ मित्र, यूनाइटेड प्रेस, लि०, पटना
विनय०	विनयपत्रिका, टीका० प० रामेश्वर भट्ट, इडियन प्रेस लि०, प्रयाग, तृ० स०
विशाख	विशाख, जयशकर प्रसाद, लीडर प्रेस, प्रयाग, तृ० स०
विश्राम (शब्द०)	विश्रामसागर
वीणा	वीणा, सुमित्रानदन पत, इडियन प्रेस, लि० प्रयाग, द्वि० सं०
वेनिस (शब्द०)	वेनिस का बाँका
वैशाली०, वै० न०	वैशाली की नगरवधू, चतुरसेन शास्त्री, गौतम बुकडिपो, दिल्ली, प्र० स०
वो दुनिया	वो दुनिया, यशपाल, विप्लव कार्यालय, लखनऊ, १९४१ ई०
व्यग्यार्थ (शब्द०)	व्यग्यार्थ कौमुदी
व्यास (शब्द०)	अबिकादत्त व्यास
ब्रज (शब्द०)	ब्रज (शब्द०)
श० दि० (शब्द०)	शकरदिग्विजय
शकर (शब्द०)	शकर कवि
शकर०	शकरसर्वस्व, सपा० हरिशकर शर्मा, गयाप्रसाद एंड संस, आगरा, प्र० स०
शभु (शब्द०)	शंभु कवि
शकु०	शकुतला, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी
शकुतला	शकुतला नाटक, अनु० राजा लक्ष्मणसिंह, हिंदी साहित्य संमेलन, प्रयाग, चतु० सं०
शाहजहाँनामा (शब्द०)	शाहजहाँनामा
शार्ङ्गधर स०	शार्ङ्गधर सहिता, टी० सीताराम शास्त्री, मुबई वैभव मुद्रणालय, सवत् १९७१
शिखर०	शिखर वशोत्पत्ति, सपा० पुरोहित हरिनारायण शर्मा, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०, १९८५
शिवप्रसाद (शब्द०)	राजा शिवप्रसाद सितारेहिंद
शिवराम (शब्द०)	शिवराम कवि
शुक्ल० अभि० ग्र०	शुक्ल अभिनदन ग्रथ, मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य संमेलन
शृ० सत० (शब्द०)	शृगार सतसई
शृगार सुधाकर (शब्द०)	शृगार सुधाकर
शेर०	शेर ओ सुखन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी
शैली	शैली, करुणापति त्रिपाठी
श्यामा०	श्यामास्वप्न, सपा० डा० कृष्णलाल, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
श्रद्धानद (शब्द०)	स्वामी श्रद्धानद
श्रीधर (शब्द०)	श्रीधर कवि
श्रीधर पाठक (शब्द०)	श्रीधर पाठक
श्रीनिवास ग्र०	श्रीनिवास ग्रथावली, सपा डा० कृष्णलाल, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
सतति०	चद्रकांता सतति, देवकीनंदन खत्री, वाराणसी
सचिता	सचिता (कविता सग्रह),
सत तुरसी०	सत तुरसीदास की शब्दावली, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद।
स० दरिया, सत दरिया	सत कवि दरिया, सं० धर्मेंद्र ब्रह्मचारी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, प्र० स०
सत र०	सत रविदास और उनका काव्य, स्वामी रामानद शास्त्री, भारतीय रविदास सेवासघ, हरिद्वार, प्र० स०
संतवाणी०, सत०सार०	सतवाणी सार संग्रह [२ भाग], बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
सन्यासी,	सन्यासी, इलाचद्र जोशी, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
सपूर्णा० अभि० ग्र०	संपूर्णानद अभिनदन ग्रथ, सपा० आचार्य नरेंद्रदेव, ना० प्र० सभा, वाराणसी
स० दर्शन	समीक्षादर्शन, रामलाल सिंह, इडियन प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
सत्य०	कविरत्न सत्यनारायण जी की जीवनी, श्री बनारसीदास चतुर्वेदी, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, द्वि० सं०
सत्यार्थप्रकाश (शब्द०)	सत्यार्थप्रकाश
सबल (शब्द०)	सबलसिंह चौहान [महाभारत]
सभा० वि० (शब्द०)	सभाविलास
सरस्वती (शब्द०)	सरस्वती, मासिक पत्रिका
स० शास्त्र	समीक्षाशास्त्र, प० सीताराम चतुर्वेदी, अखिल भारतीय विक्रम परिषद्, काशी, प्र० स०
स० सप्तक	सतसई सप्तक, सपा० श्यामसुदरदास, हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयाग, प्र० स०
सहजो०	सहजो बाई की बानी, बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद, १९०८ वि०
साकेत	साकेत, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्यसदन, चिरगाँव, झाँसी, प्र० स०
सागरिका	सागरिका, ठा० गोपालशरण सिंह, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
साम०	सामधेनी, रामधारी सिंह 'दिनकर,' उदयाचल, पटना, द्वि० स०

सा० दर्पण	साहित्यदर्पण, सपा० शालिग्राम शास्त्री, श्री मृत्यु जय औषधालय, लखनऊ, प्र० स०
सा० लहरी	साहित्यलहरी, सपा० रामलोचनशरण बिहारी, पुस्तक भडार, लहेरियासराय, पटना
सा० समीक्षा	साहित्य समीक्षा, कालिदास कपूर, इडियन प्रेस, प्रयाग
साहित्य०	साहित्यालोचन
सिद्धांतसग्रह (शब्द०)	सिद्धातसग्रह
सीताराम (शब्द०)	सीताराम कवि
सु दर० ग्र०	सु ददास ग्रथावली [दो भाग], सपा० हरिनारायण शर्मा, राजस्थान रिसर्च सोसायटी, कलकत्ता
सुंदरीसिंदूर (शब्द०)	सुंदरीसिंदूर
सुखदा	सुखदा, जैनेंद्रकुमार, पूर्वोदय प्रकाशन, दिल्ली, प्र० सं०
सुखदेव (शब्द०)	कवि 'सुखदेव'
सुधाकर (शब्द०)	महामहोपाध्याय प० सुधाकर द्विवेदी
सुजान०	सुजानचरित (सूदनकृत), सपा० राधाकृष्ण, नागरीप्रचारिणी सभा, काशी, प्र० स०
सुनीता	सुनीता, जैनेंद्रकुमार, साहित्यमडल, बाजार सीताराम, दिल्ली, प्र० स०
सु दर (शब्द०)	सु दर कवि
सूत०	सूत की माला, पत और बच्चन, भारती भडार, इलाहाबाद, प्र० स०
सूदन (शब्द०)	सूदन कवि (भरतपुरवाले)
सूर०	सूरसागर [दो भाग], ना०प्र० सभा, द्वितीय स०
सूर० (शब्द०)	सूरदास
सूर० (राधा०)	सूरसागर, संपा० राधाकृष्णदास, वेंकटेश्वर प्रेस, प्र० स०
सेवक (शब्द०)	'सेवक' कवि
सेवक श्याम (शब्द०)	सेवक श्याम कवि
सेवासदन	सेवासदन, प्रेमचद, हिंदी पुस्तक एजेंसी, कलकत्ता, द्वि० सं०
सैर कु०	सैर कुहसार, प० रतननाथ 'सरशार,' नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, च० सं०, १९३४ ई०
सौ अजान० (शब्द०)	सौ अजान और एक सुजान, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
स्कद०	स्कदगुप्त, जयशकर प्रसाद, भारती भडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
स्वर्ण०	स्वर्णकिरण, सुमित्रानदन पत, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
स्वाधीनता (शब्द०)	स्वाधीनता
स्वामी हरिदास (शब्द०)	स्वामी हरिदास
हस०	हसमाला, नरेंद्र शर्मा, भारती भंडार, लीडर प्रेस, प्रयाग, प्र० स०
हकायके०	हकायके हिंदी, ले० मीर अब्दुल वाहिद, प्र० सपा० 'रुद्र' काशिकेय, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० स०
हनुमान (शब्द०)	हनुमन्नाटक
हनुमान कवि (शब्द०)	हनुमान कवि (शब्द०)
हम्मीर०	हम्मीरहठ, सपा० जगन्नाथदास 'रत्नाकर,' इडियन प्रेस, लि०, प्रयाग
ह० रासो०	हम्मीर रासो, सपा० डा० श्यामसुदरदास, ना० प्र० सभा, काशी, प्र० सं०
हरिजन (शब्द०)	कवि हरिजन
हरिदास (शब्द०)	स्वामी हरिदास
हरिश्चद्र (शब्द०)	भारतेंदु हरिश्चद्र
हरिसेवक (शब्द०)	हरिसेवक कवि
हरी घास०	हरी घास पर क्षण भर, अज्ञेय, प्रगति प्रकाशन, नई दिल्ली, १९४९ ई०
हर्ष०	हर्षचरित् एक सास्कृतिक अध्ययन, वासुदेवशरण अग्रवाल, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, प्र० स०, १९५३ ई०
हालाहल	हालाहल, हरिवशराय बच्चन, भारती भडार, प्रयाग, १९४६ ई०
हिंदी आ०	हिंदी आलोचना
हिंदी का०	हिंदी काव्य की अतश्चेतना
हिं० का० प्र०	हिंदी काव्य पर आंग्ल प्रभाव, रवीद्रसहाय वर्मा, पद्मजा प्रकाशन, कानपुर, प्र० सं०
हिं० क० का०	हिंदी कवि और काव्य, गणेशप्रसाद द्विवेदी हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, प्र० स०
हिं० ना०	हिंदी के नाटक
हिंदी प्रदीप (शब्द०)	हिंदी प्रदीप
हिंदी प्रेमगाथा	हिंदी प्रेमगाथा काव्यसग्रह, गणेशप्रसाद द्विवेदी, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, १९३९ ई०
हिंदी प्रेमा०	हिंदी प्रेमाख्यानक काव्य, डा० कमल कुलश्रेष्ठ, चौधरी भानसिंह प्रकाशन, कचहरी रोड
हिं० प्र० चि०	हिंदी काव्य में प्रकृतिचित्रण, किरणकुमारी गुप्त, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
हिं० सा० भू०	हिंदी साहित्य की भूमिका, हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिंदी ग्र थ रत्नाकर कार्यालय, बबई, तृ० सं०, १९४८
हिंदु० सभ्यता	हिंदुस्तान की पुरानी सभ्यता, बेनीप्रसाद, हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयाग, प्र० स०
हित हरिवश (शब्द०)	वैष्णव सत हित हरिवश
हिम कि०	हिमकिरीटिनी, माखनलाल चतुर्वेदी, सरस्वती प्रकाशन मंदिर, इलाहाबाद, तृ० सं०

हिम त०	हिमतरंगिणी, माखनलाल चतुर्वेदी, भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, प्र० स०
हिम्मत०	हिम्मतबहादुर विरुदावली, लाला भगवानदीन, ना० प्र० सभा, काशी, द्वि० स०
हिल्लोल	हिल्लोल, शिवमंगल सिंह 'सुमन', सरस्वती प्रेस, बनारस, द्वि० स०
हुमायूं	हुमायूंनामा, अनु० ब्रजरत्नदास, ना० प्र० सभा, वाराणसी, द्वि० स०
हृदय०	हृदयतरंग, सत्यनारायण कविरत्न

[व्याकरण, व्युत्पत्ति आदि के संकेताक्षरों का विवरण]

अ०	अंग्रेजी
अ०	अरबी
अक० रूप	अकर्मक रूप
अनु०	अनुकरण शब्द
अनुध्व०	अनुध्वन्यात्मक
अनु० मू०	अनुकरणार्थमूलक
अनुर०	अनुरणनात्मक रूप
अप०	अपभ्रंश
अर्ध मा०	अर्धमागधी
अल्पा०	अल्पार्थक
अव०	अवधी
अव्य०	अव्यय
इव०	इवरानी
उ०	उदाहरण
उच्चा०	उच्चारण सुविधार्थ
उडि०	उड़िया
उप०	उपसर्ग
उभय०	उभयलिंग
एकव०	एकवचन
कहावत	कहावत
काव्यशास्त्र	काव्यशास्त्र
[कौ०], (कौ०)	अन्य कोश
कोंक०	कोंकणी
क्रि०	क्रिया
क्रि० अ०	क्रिया अकर्मक
क्रि० प्र०	क्रिया प्रयोग
क्रि० वि०	क्रिया विशेषण
क्रि० स०	क्रिया सकर्मक
क्व०	क्वचित्
गीत	लोकगीत
गुज०	गुजराती
चीं०	चीनी भाषा
छं०	छंद
जापा०	जापानी
जावा०	जावा द्वीप की भाषा
जी०, जीवन०	जीवनचरित्
ज्या०	ज्यामिति
ज्यो०	ज्योतिष
डिं०	डिंगल
त०	तमिल
तर्क०	तर्कशास्त्र
ति०	तिब्बती भाषा
तु०	तुर्की
दू०	दूहा या दूहला
दे०	देखिए
देश०	देशज
देशी	देशी
धर्म०	धर्मशास्त्र
नाम०	नामधातु
ना० धा०	नामधातुज क्रिया
नामिक धातु	नामिक धातु
ने०	नेपाली
न्याय०	न्याय या तर्कशास्त्र
प०	पंजाबी
परि०	परिशिष्ट
पा०	पाली
पु०	पुंलिंग
पुर्त०	पुर्तगाली
पु० हिं०	पुरानी हिंदी
पू० हिं०	पूर्वी हिंदी
पृ०	पृष्ठ
प्रत्य०	प्रत्यय
प्र०	प्रकाशकीय या प्रस्तावना
प्रा०	प्राकृत
प्रे०	प्रेरणार्थक रूप
फ०	फ्रांसीसी भाषा
फकीर०	फकीरों की बोली
फा०	फारसी
बंग०	बंगला भाषा
बरमी०	बरमी भाषा

बहुव०	बहुवचन
बु० स०	बुदेलखड की बोली
बोल०	बोलचाल
भाव०	भाववाचक सज्ञा
भू०	भूमिका
भू० कृ०	भूत कृदत
मरा०	मराठी
मल०	मलयाली या मलयालम भाषा
मला०	मलायलम भाषा
मि०	मिलाइए
मुसल०	मुसलमानों द्वारा प्रयुक्त
मुहा०	मुहावरा
यू०	यूनानी
यौ०	यौगिक
राज०	राजस्थानी
लश०	लशकरी
ला०	लाक्षणिक
लै०	लैटिन
व० कृ०	वर्तमान कृदत
वि०	विशेषण
वि० द्वि० मू०	विषमद्विरुक्तिमूलक

वै०	वैदिक
व्या०	व्याकरण
(शब्द०)	शब्दसागर
सं०	सस्कृत
सयो०	सयोजक अव्यय
सयो० क्रि०	सयोजक क्रिया
स०	सकर्मक
सक० रूप	सकर्मक रूप
सधु०	सधुक्कडी भाषा
सर्व०	सर्वनाम
स्पे०	स्पेनी भाषा
स्त्रि०	स्त्रियो द्वारा प्रयुक्त
स्त्री०	स्त्रीलिंग
हि०	हिंदी
Ⓟ	काव्यप्रयोग, पुरानी हिंदी
>	व्युत्पन्न
†	प्रांतीय प्रयोग
‡	ग्राम्य प्रयोग
√	धातुचिह्न
*	सभाव्य व्युत्पत्ति
?	अनिश्चित व्युत्पत्ति

हिंदी शब्दसागर

प

प—हिंदी वर्णमाला मे स्पर्श व्यजनो के अतिम वर्ग का पहला वर्ण। इसका उच्चारण ओठ से होता है इसलिये शिक्षा में इसे ओष्ठ्य वर्ण कहा गया है। इसके उच्चारण मे 'दोनो' ओठ मिलते हैं इसलिये यह स्पर्श वर्ण है। इसके उच्चारण मे शिक्षा के अनुसार विवार, श्वास, घोष और अल्पप्राण नामक प्रयत्न लगते हैं।

पंक—सज्ञा पु० [स० **पङ्क**] १. कीचड। कीच।

यौ०—पंकज। पंकरुह।

२ पानी के साथ मिला हुआ पोतने योग्य पदार्थ। लेप। उ०—श्याम अग चदन को आभा नागरि केसरि अग। मलयज पक कुमकुमा मिलिकै जल जमुना इक रग।—सूर (शब्द०) ३. पाप (को०)। ४ वडा परिमाण। घनी राशि (को०)।

पककर्वट—सज्ञा पु० [**पङ्ककर्वट**] जलयुक्त कीचड [को०]।

पंककीर—सज्ञा पुं० [स० **पङ्ककीर**] टिटिहरी नाम की चिडिया।

पंककीड़[1]—वि० [सं० **पङ्ककीड**] कीचड मे खेलनेवाला।

पंककीड़[2]— सज्ञा पुं० सूअर।

पंककीडनक—सज्ञा पुं० [स० **पङ्ककीडनक**] दे० 'पंककीड'।

पंकगड़क—सज्ञा पु० [**पङ्कगडक**] एक प्रकार की छोटी मछली।

पंकग्राह—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कग्राह**] मगर।

पंकचर—सज्ञा पुं० [अ० **पंक्चर**] छेद। छिद्र। पंचर। उ०—हमें न चहिए डनलप टायर, पकचर ले शैतान सँभाल। —बदन०, पृ० १४५।

पंकच्छिद्—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कच्छिद**] एक प्रकार का वृक्ष। निर्मली [को०]।

पंकज[1]—वि० [स० **पङ्कज**] कीचड मे उत्पन्न होनेवाला।

पंकज[2]—सज्ञा पुं० १ कमल।

यौ०—**पकज वन** = (१) कमल का वन। उ०—तू भूल न री पकजवन मे, जीवन के इस सूनेपन मे, ओ प्यार पुलक से भरी ढुलक।—लहर, पृ० २।

सारस पक्षी (को०)।

पंकजजन्मा—सज्ञा पु० [स० **पङ्कजजन्मन्**] ब्रह्मा, जो कमल से उद्भूत हैं [को०]।

पंकजन्म—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कजन्मन्**] कमल [को०]।

पंकजन्मा[1]—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कजन्मन्**] कमल।

पकजन्मा[2]—वि० [स० **पङ्कजजन्मन्**] कीचड से पैदा होनेवाला [को०]।

पंकजनाभ—सज्ञा पु० [स० **पङ्कजनाभ**] विष्णु [को०]।

पंकजराग—सज्ञा पु० [स० **पङ्कजराग**] पद्मराग मणि। उ०—परिजन सहित राय रानिन कियो मज्जन प्रेम प्रयाग। तुलसी फल चार को ताके मनि मरकत पकज राग। —तुलसी (शब्द०)।

पकजवाटिका—सज्ञा स्त्री० [स० **पङ्कजवाटिका**] तेरह अक्षरो का एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक भगण, एक नगण, दो जगण और अत मे एक लघु होता है। इसे एकावली और कजावली भी कहते हैं। जैसे,—श्री रघुवर तुम हो जगनायक। देखहु दशरथ को सुखदायक। सोदर सहित पिता पदपावन। वदन किय तव ही मनभावन।—केशव (शब्द०)।

पंकजात—सज्ञा पु० [स० **पङ्कजात**] कमल।

पंकजासन—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कजासन**] ब्रह्मा।

पंकजित्—सज्ञा पु० [स० **पङ्कजित्**] गरुड के एक पुत्र का नाम।

पकजिनी— सज्ञा स्त्री० [सं० **पङ्कजिनी**] १. पद्माकर। कमलाकर। २. कमलिनी। कमलवृक्ष।

पंकण—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कण**] चाडाल का निवासस्थान [को०]।

पंकत(पं)†—सज्ञा स्त्री० [स० **पङ्क्ति**] दे० 'पक्ति'। उ०—(क) बक पकत रद नीर, गरजण गाज पिछाँण।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० १७। (ख) च डीसूल पार जात मराला पकतौं चगी।—रघु०, रू०, पृ० २४६।

पकदिग्ध—वि० [सं० **पङ्कदिग्ध**] पंकयुक्त। जिसपर मिट्टी पोती गई हो [को०]।

पंकदिग्धशरीर—सज्ञा पु० [स० **पङ्कदिग्धशरीर**] एक दानव का नाम।

पकदिग्धाग[1]—वि० [स० **पङ्कदिग्धाङ्ग**] वह जिसके अगो पर कीचड का लेप किया गया हो [को०]।

पंकदिग्धांग[2]—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कदिग्धाङ्ग**] कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम।

पंकधूम—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कधूम**] जैनियो के एक नरक का नाम।

पंकपर्पटी—सज्ञा स्त्री० [स० **पङ्कपर्पटी**] सौराष्ट्रमृत्तिका। गोपीचंदन।

पंकप्रभा—सज्ञा पुं० [स० **पङ्कप्रभा**] कीचड से भरे हुए एक नरक का नाम।

पकभाक—वि० [सं० **पङ्कभाज्**] कीचड मे डूबा हुआ। पकिल [को०]।

पकभारक—वि [स० **पङ्कभारक**] कीचवाला। पकिल। जिसमे कीचड भरा हो [को०]।

पंकमडूक—[सं० पङ्कमण्डूक] १ घोंघा। २ छोटी सीप। सुतही।

पकरुह—सज्ञा पुं० [स० पङ्केरुह] कमल। उ०—पुनि पुनि प्रभु पद कमल गहि जोरि पकरुह पानि। बोली गिरिजा वचन वर मनहु प्रेम रस सानि।—मानस, १।११६।

पंकवारि—सज्ञा स्त्री० [सं० पङ्कवारि] काँजी।

पकवास—सज्ञा पु० [स० पङ्कवास] केकडा। कर्कट।

पकशुक्ति—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्कशुक्ति] १. ताल मे होनेवाली सीप। सुतही। २ घोघा।

पकशूरण—सज्ञा पु० [स० पङ्कशूरण] कमल की जड। [को०]।

पकसूरण—सज्ञा पु० [सं० पङ्कसूरण] दे० 'पकशूरण' [को०]।

पकार—सज्ञा पु० [सं० पङ्कार] १ एक पेड जो गडहो के कीचडो में होता है। इस पौधे में स्त्री और पुरुष दो अलग जातियाँ होती हैं। २ जलकुञ्जक। ३. सिंघाडा। ४. सेवार। ५. पुल। ६ बाँध। सेतु। ७ सीढ़ी।

पकिल[1]—वि० [स० पङ्किल] जिसमे कीचड हो। कीचडवाला। उ०—उतरकर पर्वत से निर्झरी भूमि पर पकिल हुई, सलिल देह कलुषित हुआ।—अनामिका, पृ० ७।

पकिल[2]—सज्ञा पुं० बडी नाव। बजडा।

पकिलता—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्किलता] कीचयुक्त होने की अवस्था या भाव। २. मैल। गदगी। ३ कालिमा। कलुष [को०]।

पकेज—सज्ञा पुं० [स० पङ्केज] दे० 'पंकज'।

पकेरुह—सज्ञा पुं० [सं० पङ्केरुह] १. पकरुह। कमल। २ सारस (को०)।

पकेशय—वि० [सं० पङ्केशय] कीचड में निवास करनेवाला [को०]।

पकेशया—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्केशया] जोक।

पक्चर—सज्ञा पुं० [अ०] (रबड के) ट्यूब या ब्लैडर में किसी नोकदार चीज के चुभने से होनेवाला छेद। उ०—मोटरकार के पिछले दोनो पहियों में पक्चर हो गए।—तारिका, पृ० १५४।

पक्ति—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्क्ति] १ ऐसा समूह जिसमें बहुत सी (विशेषत एक ही या एक ही प्रकार की) वस्तुएँ एक दूसरे के उपरात एक सीध में हों। श्रेणी। पाँती। कतार। लाइन। २ चालीस अक्षरों का एक वैदिक छंद जिसका वर्ण नील, गोत्र भार्गव, देवता वरुण और स्वर पचम है। ३. एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में पाँच पाँच अक्षर अर्थात् एक भगण और अत में दो गुरु होते हैं। ४. दस की सख्या। ५. सेना मे दस दस योद्धाओं की श्रेणी। ६. कुलीन ब्राह्मणों की श्रेणी।

यौ०—पक्तिच्युत। पक्तिपावन।

७ भोज मे एक साथ बैठकर खानेवालो की श्रेणी। जैसे,—उनके साथ हम एक पक्ति में नहीं खा सकते।

यौ०—पक्तिभेद।

विशेष—हिंदू आचार के अनुसार पतित आदि के साथ एक पक्ति में बैठकर भोजन करने का निषेध है।

८ (जीवो या प्राणियो की) वर्तमान पीढ़ी (को०)। ९ पृथ्वी (को०)। १० प्रसिद्धि (को०)। ११ पाक (को०)।

पक्तिकटक—वि० [स० पङ्क्तिकण्टक] पक्तिदूषक।

पंक्तिका—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्क्तिका] पक्ति। लाइन [को०]।

पक्तिकृत—वि० [स० पङ्क्तिकृत] श्रेणीवद्ध।

पंक्तिग्रीव—सज्ञा पुं० [सं० पङ्क्तिग्रीव] रावण।

पक्तिचर—सज्ञा पुं० [स० पङ्क्तिचर] कुरर पक्षी।

पंक्तिच्युत—वि० [स० पङ्क्तिच्युत] किसी कलक, दोष आदि के कारण जाति की श्रेणी से बाहर किया हुआ। बिरादरी से निकाला हुआ।

पक्तिदूष—वि० [स०] दे० 'पक्तिदूषक' [को०]।

पंक्तिदूषक[1]—वि० [स० पङ्क्तिदूषक] पगत को दूषित करनेवाला। नीच। कुजाति। जिसके साथ एक पक्ति में बैठकर भोजन नही कर सकते।

पंक्तिदूषक[2]—सज्ञा पु० ऐसे ब्राह्मण जिनको मनु आदि के मत से श्राद्ध में भोजन कराना या दानादि देना निषिद्ध माना गया है।

विशेष—इनकी गणना मनुस्मृति अध्याय ३ मे दी गई है।

पक्तिपावन—सज्ञा पु० [स० पङ्क्तिपावन] १ वह ब्राह्मण जिनको यज्ञादि में बुलाना, भोजन कराना और दान देना श्रेष्ठ माना गया है।

विशेष—मनु आदि स्मृतियो मे ऐसे ब्राह्मणो की गणना दी गई है। शास्त्रों का कथन है कि ऐसा ब्राह्मण यदि एक भी मिले तो वह ब्राह्मणो की पक्ति को पवित्र कर देता है।

२ वह गृहस्थ जो पचाग्नियुक्त हो।

पक्तिवद्ध—वि० [स० पङ्क्तिवद्ध] श्रेणीवद्ध। पाँति मे लगा हुआ। कतार में बँधा हुआ।

पक्तिबाह्य—वि० [सं० पङ्क्तिबाह्य] पगत से निकाला हुआ। जातिच्युत।

पंक्तिबीज—देश० पु० [स० पङ्क्तिबीज] १ बबूल। २ उरगा। ३ कर्णिकार।

पंक्तिरथ—सज्ञा पुं० [स० पङ्क्तिरथ] राजा दशरथ।

पंक्तीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्क्ति] एक वर्णिक छद। दे० 'पक्ति'३। उ०—भाग गुनै को। नारि नरा को। नाहिं लखती। अक्षर पक्ती।

पंक्यजⓊ†—सज्ञा पु० [स० पङ्कज] दे० 'पकज'। उ०—सिव सनकादिक नारदा, ब्रह्म लिया निज बास जी। कहैं कबीर पद पक्यजा, अब नेडा चरण निवास जी।—कबीर ग्र०, पृ०९८।

पंख—सज्ञा पु० [स० पक्ष, प्रा० पक्ख] १. पर। डैना। वह अवयव जिससे चिडिया, फतिंगे आदि हवा में उडते हैं। उ०—(क) पख छुत्ता परबस परा सूआ के बुधि नाहि।—कबीर (शब्द०)। (ख) काटेसि पख परा खग धरनी।—तुलसी (शब्द०)।

मुहा०—पख जमना = (१) न रहने का लक्षण उत्पन्न होना। भागने या चले जाने का लक्षण देख पडना। जैसे,—इस नौकर

को भी अब पख जमे, अब यह न रहेगा। (२) इधर उधर घूमने की इच्छा देख पडना। बहकने या बुरे रास्ते पर जाने का रग ढग दिखाई पडना। जैसे,—इस लडके को भी अब पख जम रहे हैं। (३) प्राण खोने का लक्षण दिखाई देना। शामत आना।

विशेष—बरसात मे चीटो, चीटियो तथा और कीडो को पर निकलते हैं और वे उड उडकर मर जाते हैं, इससे यह मुहावरा बना है।

पंख लगना=पक्षी के समान वेगवान् होना। पख लपेटे सिर धुनना=मधु के लोभ से मधु की मक्खी सा बनना। स्वय ही परेशानी मे डालकर पछताना। उ०—पख लपेटे सिर धुनै, मनही मन पछताय।—धरनी०, पृ० ८४।

२ तीर के आगे दोनो ओर निकला हुआ फल।

पखराउ(पु)—सज्ञा पु० [स० पक्षिराज] गरुड। उ०—अरवागू के साँचे पखराउ सीधाव। —रघु० रू०, पृ० २४०।

पखरी—सज्ञा पु० [स० पक्ष, हि० पख+डी (स्वा० प्रत्य०)] दे० 'पँखडी'। उ०—सब जग छेली काल कसाई कर्द लिए कँठ काटै। पच तत्त की पच पखरी खड खड करि बाँटै।—दादू०, पृ० ३६४।

पंखा—सज्ञा पु० [हिं० पख] [स्त्री० अल्पा० पखी] वह वस्तु जिसे हिलाकर हवा का झोका किसी ओर ले जाते है। बिजना। बेना। उ०—अवनि सेज पखा पवन अब न कछू परवाह।—पद्माकर (शब्द०)।

विशेष—यह भिन्न भिन्न वस्तुओ का तथा भिन्न आकार और आकृति का बनाया जाता है और इसके हिलाने से वायु चलकर शरीर मे लगती है। छोटे छोटे बेनो से लेकर जिसे लोग अपने हाथो मे लेकर हिलाते है, बडे बडे पखो तक के लिये, जिसे दूसरे हाथ में पकडकर हिलाते है, या जो छत मे लटकाए जाते है और डोरी के सहारे से खींचे जाते हैं या जिन्हे चरखी से चलाकर या बिजली आदि से हिलाकर वायु मे गति उत्पन्न की जाती है, सबके लिये केवल 'पखा' शब्द से काम चल सकता है। इसे पख के आकार का होने के कारण अथवा पहले पख से बनाए जाने के कारण पखा कहते हैं।

क्रि० प्र०—चलाना।—खीचना।—झलना।—हिलाना।—डुलाना।

मुहा०—पखा करना=पखा हिला या डुलाकर वायु सचारित करना।

२. भुजमूल का पार्श्व। पखुआ। पखुरा।

पंखाकुली—सज्ञा पु० [हिं० पखा+कुली] वह कुली जो पखा खीचने के लिये नियत किया गया हो।

पंखाज—सज्ञा पु० [स० पक्षवाद्य, हिं० पखावज, पखाउज] दे० 'पखावज'।

पंखापोश—सज्ञा पु० [हिं० पखा+फा० पोश] पखे के ऊपर का गिलाफ।

पखापोस(पु)—सज्ञा पु० [हिं० पंखा+फा० पोश] दे० 'पखापोश'। उ०—पिहित पराई बात इगित सो बोध करै पी को देखि अमित उतारयो पखापोस है।—दूलह (शब्द०)।

पखाल(पु)†—सज्ञा पु० [स० पक्षालु] गिद्ध आदि पक्षी। उ०—बरगा राल बरमाल सूरा बरैं। त्रिपत पखाल दिल खुले ताला।—रघु० रू०, पृ० २०।

पखि(पु)—सज्ञा पु० [स० पक्षी] दे० 'पखी'। उ०—ककनू पखि जैस सर साजा। सर चढि तबहिं जरा चह राजा। —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २५८।

पंखी[1]—सज्ञा पु० [सं० पक्षी, पा० पक्खी] १ पक्षी। चिडिया। उ०—पगै पगै मुई चपत आवा। पखिन देखि सबन डर खावा।—जायसी (शब्द०)। २ कबूतर के पख से बँधी हुई सूत की बत्ती जिसे ढरकी के छेदो में अँटकाते हैं। (जुलाहे)। ३. पाँखी। फतिगा। ४ एक प्रकार का ऊनी कपडा जो भेड के बाल से पहाड़ो मे बुना जाता है। ५ वह पतली पतली हलकी पत्तियाँ जो साबू के फल के सिरे पर होती हैं। ६. पँखडी।

पखी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पखा] छोटा पखा।

पंखीसेढ़—सज्ञा पु० [हिं० पखी+अ० सेल] चौकोर पाल जो मस्तूल से तिरछे एक तिहाई निकला रहे।

पंखुरी(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पखडी'। उ०—बोलता मध्ये मे बसे हीरा बरन सरूप। सात पखुरी सुरत की किंचित वस्तु अनूप।—कबीर (शब्द०)।

पग[1]—वि० [सं० पङ्गु] १ लँगडा। २ स्तब्ध। बेकाम। उ०—नख सिख रूप देखि हरि जू के होत नयन गति पग।—सूर (शब्द०)।

पंग[2]—सज्ञा पु० [देश०] एक पेड जो आसाम की ओर सिलहट कछार आदि में होता है।

विशेष—इसकी लकडी बहुत मजबूत होती है और मकानो मे लगती है। इसका कोयला भी बहुत अच्छा होता है। लकडी से एक प्रकार का रग भी निकलता है।

पग[3]—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का नमक जो लिवरपूल से आता है।

पग(पु)[4]—सज्ञा पु० [हिं०] जयचद की एक उपाधि। दलपगुर। जयचद, कन्नौज का राजा। उ०—भूल्यो नृप इन रग महि, पग चढयो हम पुट्ठि। सुनि सुदर वर वज्जने अई अपुव्व कोइ दिट्ठ।—पृ० रा०, ६१।११४७।

यौ०—पगजा=पग की पुत्री। सयोगिता।

पंगई—सज्ञा स्त्री० [?] नाव खेने का छोटा डाँडा जिसका एक जोडा लेकर एक ही आदमी नाव चला सकता है। हाथ हलेसा। चमचा। बैठा। चप्पू (लश०)।

पगत, पंगति—सज्ञा स्त्री० [सं० पटि्क्त, पा० पति] १ पाँती। पक्ति। उ०—बरदत की पगति कुद कली अधराधर पल्लव खोलन की। चपला चमकै घन बीच जगै छवि मोतिन माल अमोलन की। घुंघुरारी लटैं लटकैं मुख ऊपर कुडल लोल कपोलन

की । निवछावर प्रान करै तुलसी वलि जाउँ लला इन वोलन की ।—तुलसी (शब्द०) ।

क्रि० प्र०—जोड़ना ।

२. भोज के समय भोजन करनेवालो की पक्ति ।

क्रि० प्र०—बैठना ।—उठना ।—लगना ।

३ भोज ।

क्रि० प्र०—करना ।—लगाना ।—होना ।—देना ।

४ समाज । सभा । ५ जुलाहों के करघे का एक औजार जो दो सरकडो से बनाया जाता है ।

विशेष—इसे कैंची की तरह स्थान स्थान पर गाड देते हैं । इनके ऊपरी छेदो पर ताने के किनारे के सूत इसलिये फँसा दिए जाते हैं जिसमे ताना फैला रहे ।

पगरणⓊ†—सज्ञा पुं० [स० प्रावरण, प्रा० पगुरण] वस्त्र । कपडा । उ०—विहद कोर गोटे वणे, पातर रे पोसाक । परणी फाटे पगरण, वेली फाटे वाक ।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ६ ।

पगा—वि० [स० पङ्गु] [वि० स्त्री० पगी] १. लँगडा । २. स्तब्ध । वेकाम । उ०—नागरी सकल सकेत आकारिनी गनत गुनगनन मति होत पगो ।—नागरीदास (शब्द०) ।

पंगानीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] कोई वस्तु जो पग सबधी हो । उ०—जिन मत्री कैमास वध बध्यौ पगानी ।—पृ० रा०, ५७।९९ । २. पग की पुत्री । सयोगिता ।

पगायत†—सज्ञा पुं० [हि० पग] पायताना । गोडवारी ।

पगाम—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार की मछली ।

पगी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्ग, हिं० पाँक] धान के खेत मे लगनेवाला एक कीडा ।

पगीⓊ†[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] कीर्ति । यश । उ०—पगी गग प्रवाह, निरमल तन कीधो नही । चित्त क्यूँ राखै चाह तिके सरग पावण तणी ।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ४९ ।

पगु[1]—वि० [स० पङ्गु] जो पैर से चल न सकता हो । लँगडा । उ०—(क) मूक होइ वाचाल पगु चढै गिरिवर गहन । जासु कृपा सो दयाल, द्रवौ सकल कलिमल दहन ।—मानस, १।१ । (ख) मति भारति पगु भई जो निहारि विचारि फिरी उपमा न पवै ।—तुलसी (शब्द०) ।

पगु[2]—सज्ञा पुं० १ शनैश्चर । २ एक रोग । यह मनुष्य के पैरो मे और जाँघो मे होता है ।

विशेष—यह वात रोग का भेद है । वैद्यक का मत है कि कमर में रहनेवाली वायु जाँघो की नसों को पकडकर सिकोड देती है जिससे रोगी के पैर सिकुड जाते हैं और वह चल फिर नहीं सकता ।

३ एक प्रकार का साधु जो भिक्षा वा मलमूत्रोत्सर्ग के अतिरिक्त अपने स्थान से उठकर किसी ओर काम के लिये दिन भर मे एक योजन से बाहर नही जाता ।

पगुगति—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्गुगति] वर्णिक छदो का एक दोष ।

विशेष—जब किसी वर्णिक छंद मे लघु के स्थान मे गुरु या गुरु के स्थान में लघु आ जाता है तब यह दोष माना जाता है । जैसे,—'फूटि गए श्रुति ज्ञान के केशव आँखि अनेक विवेक की फूटी । इसमे ज्ञान के साथ 'के' और विवेक के साथ 'की' गुरु हैं । यहाँ नियमानुसार लघु होना चाहिए था ।

पगुग्राह—सज्ञा पुं० [स० पङ्गुग्राह] १ मगर । २. मकर राशि ।

पगुड़ा—वि० [स० पङ्गुला] पति के पीछे पीछे चलनेवाली । उ०—किसकी ममा चचा पुनि किसका पगुडा जोई । यहु ससार वजार मँड्या है, जानेगा जन कोई ।—कबीर ग्र०, पृ० १२० ।

पगुता—सज्ञा पु० [स० पङ्गुता] १. लँगडापन । २. स्तब्धता [जै०] ।

पगुरⓊ—वि० [स० पङ्गुल] दे० 'पगुल' । उ०—(क) जैसे नर पगुरो विन सु झगुरी न चल्ल हि । आधारित झगरी हल्वह वत्त न चल्लहि ।—पृ० रा०, ६१ । १०२८ । (ख) सब पगुर किहि विधि कहत यह जयचद सु इद ।—पृ० ६१। १०२७ ।

पगुल[1]—सज्ञा पुं० [स० पङ्गुल] १. अडी का पेड । २. सफेद घोडा जो सफेद काँच के रग का हो । ३. सफेद रग का घोडा ।

पंगुल[2]—क्रि० [स० पङ्गु] पगु । लँगडा । उ०—पगुला मेरु सुमेर उडावै, त्रिभुवन माही डोलै ।—कबीर श०, भा० २, पृ० २९ ।

पंगुल्यहारिणी—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्गुत्यहारिणी] चगोनी ।

पगो—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँक] मिट्टी जो नदी अपने किनारे बरसात बीत जाने पर डालती है ।

पघरना‡—क्रि० अ० [हिं० पिघलना] द्रवित होना । पिघलना । भावाभिभूत होना । उ०—तपा जी तुम्हारे बचन सुण कर मोम की न्याई पघर गए हाँ जी ।—प्राण०, पृ० २६२ ।

पच[1]—वि० [सं० पञ्चन्] पाँच । जो सख्या मे चार से एक अधिक हो ।

यौ०—पचपात्र । पचनख । पचानन । पचामृत । पचशर । पचेंद्रिय । पचअसनान=सत्य, शील, गुरु के वचन का पालन, शिक्षा देना, और दया करना ये पाँच प्रकार के स्नान ।—गोरख०, पृ० ७९ ।

पच[2]—सज्ञा पुं० १ पाँच या अधिक मनुष्यो का समुदाय । समाज । जनसाधारण । सर्वसाधारण । जनता । लोक । जैसे,—पच कहैं शिव सती विवाही । पुनि अवढेरि मरायनि ताही ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) साँई तेली तिलन सो कियो नेह निर्वाह । छाँटि पटकि ऊजर करी दई बडाई ताहि । दई बडाई ताहि पच महँ सिगरे जानी । दै कोल्हू मे पेरि करी एकत्तर घानी ।—गिरिधर (शब्द०) ।

मुहा०—पच की भीख=दस आदमियो का अनुग्रह । सर्वसाधारण की कृपा । सबका आशीर्वाद । उ०—और ग्वाल सब गृह आए गोपालहि बेर भई । राज करै वे धेन तुम्हारी नँदहि कहति सुनाई । पच की भीख सूर बलि मोहन कहति जशोदा माई ।—सूर (शब्द०) । पच की दुहाई=

३ पाँच या अधिक सदस्यों का समाज जो किसी झगड़े या मामले को निपटाने के लिये एकत्र हो। न्याय करनेवाली सभा।

क्रि० प्र०—बुलाना।

यौ०—सरपंच। पंचनामा।

मुहा०—(किसी को) पंच मानना या बदना=झगड़ा निपटाने के लिये किसी को नियत करना। झगड़ा निपटानेवाला स्वीकार करना। उ०—दोनों ने मुझे पंच माना।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

वह जो फौजदारी के दौरे के मुकदमे में दौरा जज की अदालत में मुकदमे के फैसले में जज को सहायता के लिये नियत हो। ५. दलाल। (दलाल)। ६ किसी विषय विशेष में मुखिया प्राप्त करनेवाला व्यक्ति।

पंच[२]—वि० [सं० पञ्च] विस्तृत। फैला हुआ।

पंचक—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चक] १. पाँच का समूह। पाँच का संग्रह। जैसे, इंद्रियपंचक, पंचपंचक। २. वह जिसके पाँच अवयव या भाग हों। ३. पाँच सिरे का ध्वज। ४ धनिष्ठा आदि पाँच नक्षत्र जिनमें किसी नए कार्य का आरंभ निषिद्ध है। (फलित ज्यो०)। पनसा। ५. शकुन शास्त्र। ६ पाशुपत दर्शन में गिनाई हुई आठ वस्तुएँ जिनमें प्रत्येक के पाँच पाँच भेद किए गए हैं। ये आठ वस्तुएँ ये हैं—लाभ, मल, उपाय, देश, अवस्था, विशुद्धि दीक्षा, कारिक और बल। ७ पाँच प्रतिनिधियों की सभा। पंचायत। ८ युद्धक्षेत्र। रणभूमि (को०)।

पंचकन्या—संज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चकन्या] पुराणानुसार पाँच स्त्रियाँ जो सदा कन्या ही कही गई हैं अर्थात् विवाह आदि करने पर भी जिनका कन्यात्व नष्ट नहीं हुआ। अहल्या, द्रौपदी, कुंती, तारा और मंदोदरी ये पाँच कन्याएँ कही गई हैं।

पंचकपाल—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकपाल] वह पुरोडाश जो पाँच कपालों में पृथक् पृथक् पकाया जाय।

पंचकपाली—वि० पाँच कपालों में तैयार किया हुआ।

पंचकर्ण, पंचकर्पट—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकर्ण, पञ्चकर्पट] महाभारत के अनुसार एक देश जो पश्चिम ओर था और जिसे नकुल ने राजसूय यज्ञ के समय जीता था।

पंचकर्म—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकर्मन्] १ चिकित्सा की पाँच क्रियाएँ। वमन, विरेचन, नस्य, निरूहबस्ति और अनुवस्ति (अनुवासन)। कुछ लोग निरूहबस्ति और अनुवस्ति (अनुवासन) के स्थान में स्नेहन और बस्तीकरण मानते हैं। २ वैद्यक के अनुसार पाँच प्रकार के कर्म—उत्क्षेपण, अवक्षेपण, आकुंचन, प्रसारण और गमन।

पंचकल्याण—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकल्याण] वह घोड़ा जिसका सिर (माथा) और आगे के पैर सफेद हों और शेष शरीर लाल, काला या किसी रंग का हो। ऐसा घोड़ा सुख देनेवाला माना जाता है।

पंचकल्यान—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगव्य] वह औषध जो स्मृति के अनुसार खाने के पूर्व कुत्ते, पतित, चोर, रोगी, कीए आदि के लिये अलग निकाल दिया जाता है। यह यज्ञ बलिवैश्वदेव का अंग माना जाता है। अग्रासन। अग्रासन। उ०—पंचकवल करि जेवन लागे। गारि गान करि अति अनुरागे। —तुलसी (शब्द०)।

पंचकषाय—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकषाय] वैद्यक के अनुसार इन पाँच वृक्षों का कषाय—जामुन, सेमर, खिरेंटी, गोखरू और बेर।

विशेष—यह कषाय क्षार को पानी में मिलाकर पिलाया जाता है और दुर्गा के पूजन में काम आता है।

पंचकाम—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकाम] तंत्रसार के अनुसार पाँच कामदेव जिनके नाम ये हैं—काम, मन्मथ, कंदर्प, मकरध्वज और मीनकेतु।

पंचकारण—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकारण] जैनशास्त्र के अनुसार पाँच कारण जिनसे किसी कार्य की उत्पत्ति होती है। वे ये हैं—काल, स्वभाव, नियति, पुरुष और कर्म।

पंचकी[५]—वि० [पञ्चक] १ पंचेंद्रियों से संबंध रखनेवाली। २. दुनिया की। लोगों की। उ०—घट ही मानि अनीति सब मन की मेटि उपाधि। दादू परहर पंचकी नाम रहै ते साध। —दादू०, पृ० ४१०।

पंचकृत्य—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकृत्य] १ ईश्वर या महादेव के ये पाँच प्रकार के कर्म—सृष्टि, स्थिति, क्षपन, तिधान और अनुग्रह (सर्वदर्शनसंग्रह) २ पक्कड़ वृक्ष। पाकर का पेड़।

पंचकृष्ण—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकृष्ण] सुश्रुत के अनुसार एक पीठ का नाम।

पंचकोण[१]—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकोण] १ पाँच कोने। २. कुंडली में लग्न से पाँचवाँ और नवाँ स्थान।

पंचकोण[२]—वि० जिसमें पाँच कोने हों। पंचकोना।

पंचकोल—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकोल] पीपल, पिपरामूल, चव्य, चित्रकमूल और सोंठ। वैद्यक में इन्हें पाचन, रुचिकर तथा गुल्म और प्लीहा रोगनाशक माना है।

पंचकोश—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकोश] तैत्तिरीय और वेदांत के अनुसार शरीर संघटित करनेवाले पाँच कोश (स्तर)।

विशेष—इनके नाम और इनकी परिभाषा ये है—अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश और आनंदमय कोश। इनमें स्थूल शरीर को अन्नमय कोश, पाँचों कर्मेंद्रियों सहित प्राण को प्राणमय कोश, पाँचों ज्ञानेंद्रियों के सहित मन को मनोमय कोश, पाँचों ज्ञानेंद्रियों के सहित बुद्धि को विज्ञानमय कोश तथा अहंकारतत्व या अविद्यातत्व को आनंदमय कोश कहते हैं। पहले को स्थूल शरीर, दूसरे को सूक्ष्म शरीर और तीसरे, चौथे और पाँचवें को कारण शरीर कहते हैं।

पंचकोष—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चकोश] = 'पंचकोश'।

पंचकोस—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चक्रोश] [वि० पञ्चक्रोशी] पाँच कोस की लंबाई और चौड़ाई के बीच पड़नेवाली काशी की पवित्र भूमि। काशी। उ०—पंचकोस पुर की सुखरासि

परमारथ को जानि आप अपने सुपास वास दियो है। —तुलसी (शब्द०)।

पचकोसी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पञ्चकोश] १ काशी की परिक्रमा। २ वह व्यक्ति जो पाँच कोस दूर का हो। उ०—मगर सुना पचकोसी आदमी अगर आए तो सारा भेद खुल जाय। नहीं पाँच कोस के उधर का आदमी अगर आए तो उसपर जादू का असर खाक न हो।—फिसाना०, भा० ३, पृ० २०।

पचक्रोश—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चक्रोश] पचकोस। काशी। उ०—स्वारथ परमारथ परिपूरन पचक्रोश महिमा सी।—तुलसी (शब्द०)।

पचक्लेश—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चक्लेश] योगशास्त्रानुसार अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश नामक पाँच प्रकार के क्लेश।

पचक्षारगण—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चक्षारगण] वैद्यक के अनुसार पाँच मुख्य क्षार या लवण—काचलवण, सैंधव, सामुद्र, विट् और सौवर्चल।

पचखट्व—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चखट्व] पाँच खाटो का समूह [को०]।

पंचखट्वी—संज्ञा स्त्री० [पञ्चखट्वी] पाँच छोटी खाटें [को०]।

पचगग—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगङ्ग] पाँच नदियो का समूह। दे० 'पचगगा'—१।

पंचगगा—संज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चगङ्गा] १ पाँच नदियो का समूह—गगा, यमुना, सरस्वती, किरणा और धूतपापा। इसे पचनद भी कहते हैं। २ काशी का एक प्रसिद्ध स्थान जहाँ गगा के साथ किरणा और धूतपापा नदियाँ मिली थी। ये दोनो नदियाँ अब पटकर लुप्त हो गई हैं।

पंचगण—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगण] वैद्यकशास्त्रानुसार इन पाँच ओषधियो का गण—विदारीगधा, वृहती, पृश्निपर्णी, निदिग्धिका और भूकूष्माड।

यौ०—पचगणयोग।

पचगत—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगत] बीजगणित के अनुसार वह राशि जिसमे पाँच वर्ण हो।

पंचगव्वⓈ—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगव्य, प्रा० पच + गव्व] दे० 'पचगव्य'। उ०—पञ्चगव्व अस्नान करि सीस सहस घट मडि। दीपदान घृत सहस सिव कुसुमजलि सिर छडि। —पृ० रा०, ७।२।

पंचगव—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगव] पाँच गायो का समूह [को०]।

पचगव्य—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगव्य] गाय से प्राप्त होनेवाले पाँच द्रव्य—दूध, दही, घी, गोवर और गोमूत्र जो बहुत पवित्र माने जाते हैं और पापो के प्रायश्चित्त आदि में खिलाए जाते हैं।

विशेष—पचगव्य में प्रत्येक द्रव्य का परिमाण इस प्रकार कहा गया है—घी, दूध, गोमूत्र एक एक पल, दही एक प्रसृति (पसर) और गोवर तीन तोले।

पचगव्यघृत—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगव्यघृत] आयुर्वेद के अनुसार बनाया हुआ एक घृत जो अपस्मार (मिरगी) और उन्माद मे दिया जाता है।

विशेष—गाय का दूध, घी, दही, गोवर का रस और गोमूत्र चार चार सेर और पानी सोलह सेर सबको एक साथ एक दिन पकाने पर यह बनता है।

पचगीत—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगीत] श्रीमद्भागवत के दशमस्कध के अतर्गत पाँच प्रसिद्ध प्रकरण जिनके नाम हैं, वेणुगीत, गोपीगीत, युगलगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत।

पंचगु—वि० [सं० पञ्चगु] पाँच गाएँ देकर विनिमय किया हुआ [को०]।

पंचगुण[1]—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगुण] १ शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गध—ये पाँच गुण। २ आयुर्वेदोक्त एक प्रकार का वातनाशक तैल।

पचगुण[2]—वि० पाँचगुना [को०]।

पचगुणी—संज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चगुणी] जमीन। पृथ्वी [को०]।

पचगुप्त—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगुप्त] १. कछुवा। २ चार्वाक दर्शन जिसमे पचेंद्रिय का गोपन प्रधान माना गया है।

पचगुप्तिरसा—संज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चगुप्तिरसा] असवरग। स्पृक्का।

पचगौड़—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चगौड़] देशानुसार विंध्य के उत्तर बसनेवाले ब्राह्मणो के पाँच भेद—सारस्वत, कान्यकुब्ज, गौड, मैथिल और उत्कल।

विशेष—यह विभाग स्कदपुराण के सह्याद्रि खड मे मिलता है और किसी प्राचीन ग्रंथ में नही मिलता। दे० 'गौड'।

पचग्रामी—संज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चग्रामी] पाँच गाँवो का समाहार [को०]।

पचग्रास—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चग्रास] पाँच ग्रास। पाँच कौर। उ०—केचित् करहि कष्ट तन भारी। भोजन पचग्रास आहारी। —सुदर ग्र०, भा० १, पृ० ६१।

पंचघात—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चघात] सगीत मे प्रयुक्त एक ताल [को०]।

पचचक्र—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चचक्र] तत्रशास्त्रानुसार पाँच प्रकार के चक्र जिनके नाम ये हैं—राजचक्र, महाचक्र, देवचक्र, वीरचक्र और पशुचक्र।

पचचक्षु—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चचक्षुस्] गौतम बुद्ध का एक नाम [को०]।

पंचचत्वारिंश—वि० [सं० पञ्चचत्वारिंश] पैंतालीसवाँ।

पचचत्वारिंशत्—संज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चचत्वारिंशत्] पैंतालीस।

पचचामर—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चचामर] एक छद का नाम। इसके प्रत्येक चरण मे जगण, रगण, जगण, रगण, मगण और अंत मे गुरु होते हैं। इसे नाराच और गिरिराज भी कहते हैं। दे० 'नाराच'।

पंचचीर—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चचीर] एक बुद्ध। मजुघोष [को०]।

पचचूड—वि० [सं० पञ्चचूड] पाँच कलँगियोवाला। पाँच चोटियोवाला [को०]।

पचचूड़ा—संज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चचूड़ा] एक अप्सरा। (रामायण)।

पचचोल—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चचोल] हिमालय पर्वत पर एक भाग [को०]।

पंचजन—सज्ञा पुं० [स० पञ्चजन] १ पाँच वा पाँच प्रकार के जनो का समूह। २. गधर्व, पितर, देव, असुर और राक्षस। ३. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद। ४. मनुष्य। जन-समुदाय। ५ पुरुप। ६ मनुष्य जीव और शरीर से सबध रखनेवाले प्राण आदि। ७ एक प्रजापति का नाम। ८ एक असुर जो पाताल मे रहता था।

विशेष—यह कृष्णचद्र के गुरु सदीपनाचार्य के पुत्र को चुरा ले गया था। कृष्णचद्र इसे मारकर गुरु के पुत्र को छुडा लाए थे। इसी असुर की हड्डी से 'पाचजन्य' शख बना था जिसे भगवान् कृष्णचद्र बजाया करते थे।

९ राजा सगर के पुत्र का नाम।

पचजनी—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चजनी] १ पाँच मनुष्यो की मडली। पचायत। २ विश्वरूप की कन्या का नाम (भागवत)।

पचजनीन—सज्ञा पु० [सं० पञ्चजनीन] १ भाँड। नकल करनेवाला। २. नट। स्वाँग बनानेवाला। अभिनेता।

पंचजन्य—सज्ञा पु० [स० पञ्चजन्य] एक प्रसिद्ध शख जिसे कृष्णचद्र बजाया करते थे। यह एक राक्षस की हड्डी का था जिसका नाम पचजन था। वि० दे० 'पचजन'—८।

पचमजातीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँच + अ० जमाअत + ई (प्रत्य०)] पाँच ज्ञानेंद्रियाँ। उ०—दादू काया मसीति करि, पच जमाती मनहीं मुला इमाम। आप अलेख इलाही आगै तह सिजदा करै सलाम।—दादू०, पृ० १२८।

पंचज्ञान—सज्ञा पु० [स० पञ्चज्ञान] १ वह जो पाँच प्रकार के ज्ञान से युक्त हो। २ बुद्ध का एक नाम।

पचतंत्र—सज्ञा पुं० [स० पञ्चतन्त्र] सस्कृत की एक प्रसिद्ध पुस्तक जिसमें विष्णुगुप्त द्वारा नीतिविषयक कथाओ का सग्रह है।

विशेष—इसमे पाँच तत्र हैं जिनके नाम क्रमश मित्रलाभ, सुहृद्भेद, काकोलूकीय, लब्धप्रणाश और अपरीक्षित कारक हैं।

पंचतत्री[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चतन्त्रिन्] एक प्रकार की वीणा जिसमें पाँच तार लगते हैं।

पचतत्री[2]—वि० जिसमें पाँच तार हों। पाँच तार का बना हुआ।

पचतत्व—सज्ञा पु० [स० पञ्चतत्त्व] १. पचभूत। पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश। उ०—पश्चाद्वर्ती भारतीय दार्शनिको ने पचतत्व का प्रतिपादन किया है।—स० दरिया (भू०), पृ० ५४। २. वाम मार्ग के अनुसार मद्य, मास, मत्स्य, मुद्रा, और मैथुन। इन्हे 'पाँच प्रकार' भी कहते हैं। ३ तत्र के अनुसार गुरुतत्व, मत्रतत्व, मनस्तत्व, देवतत्व और ध्यानतत्व।

पचतन्मात्र—सज्ञा पु० [स० पञ्चतन्मात्र] साख्य में पाँच स्थूल महाभूतो के कारणरूप, सूक्ष्म महाभूत जो अतीद्रिय माने गए हैं। इनके नाम हैं शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गध। तन्मात्र ये इस कारण कहलाते हैं कि ये विशुद्ध रूप में रहते हैं अर्थात् एक मे किसी दूसरे का मेल नही रहता। स्थूल भूत विशुद्ध नहीं होते। एक भूत मे दूसरे भूत भी सूक्ष्म रूप में मिले रहते हैं।

विशेष—दे० 'तन्मात्र'।

पंचतप—सज्ञा पु० [स० पञ्चतप] पचाग्नि [को०]।

पचतपा—सज्ञा पु० [स० पञ्चतपस्] पचाग्नि तापनेवाला तपस्वी। चारो ओर आग जलाकर धूप में बैठकर तप करनेवाला।

पंचतय—वि० [स० पञ्चतय] पँचगुना [को०]।

पंचतरु—सज्ञा पु० [स० पञ्चतरु] पाँच वृक्ष—मदार, पारिजात, सतान, कल्पवृक्ष और हरिचदन।

पंचता—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चता] १ पाँच का भाव। २. शरीर घटित करनेवाले पाँचो भूतों का अलग अलग अवस्थान। मृत्यु। विनाश।

पंचताल—सज्ञा पुं० [स० पञ्चताल] अष्टताल का एक भेद। इस भेद में पहले युगल, फिर एक, फिर युगल और अत मे शून्य होता है।

पंचतालेश्वर—सज्ञा पुं० [स० पञ्चतालेश्वर] शुद्ध जाति का एक राग।

पचतिक्त—सज्ञा पु० [स० पञ्चतिक्त] आयुर्वेद मे इन पाँच कडुई ओषधियो का समूह—गिलोय (गुरुच), कटकारि (भट कटैया), सोंठ, कुट और चिरायता (चक्रदत्त)।

विशेष—पचतिक्त का काढा ज्वर में दिया जाता है। भावप्रकाश में पचतिक्त ये हैं—नीम की जड की छाल, परवल की जड, अडूसा, कटकारि (कटैया) और गिलोय। यह पचतिक्त ज्वर के अतिरिक्त विसर्प और कुष्ठ आदि रक्तदोष के रोगो पर भी चलता है।

पंचतीर्थ—सज्ञा पुं० [स० पञ्चतीर्थ] पाँच तीर्थों का समूह। दे० 'पचतीर्थी'। उ०—फिर पचतीर्थ को चढे सकल गिरिमाला पर, है प्राण चपल।—तुलसी०, पृ० २५।

पचतीर्थी—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चतीर्थी] पाँच तीर्थ स्थान। पाँच तीर्थ।

विशेष—ये तीर्थ भिन्न भिन्न स्थानो मे विभिन्न नाम के हैं। काशी खड के अनुसार काशी की पचतीर्थी निम्नाकित है—ज्ञानवापी, नदिकेश, तारकेश, महाकालेश्वर और दडपाणि। वाराह पुराण के अनुसार विश्राति, शौकर, नैमिष, प्रयाग और पुष्कर ये पाँचतीर्थ।

पचतृण—सज्ञा पु० [स० पञ्चतृण] इन पाँच तृणो का समूह—कुश, काँस, शर (सरकडा), दर्भ (डाभ) और ईख। भावप्रकाश के मत से शालि (धान), ईख, कुश, काश और शर।

पचतोलिया—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का झीना महीन कपडा।

पचतोरियाⓊ—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का झीना महीन कपडा। पचतोलिया। उ०—सेत जरतारी की उज्यारी कचुकी को कसि अनियारी डीठि प्यारी पेन्हीं पचतोरिया।—देव (शब्द०)।

पचत्रिंश—वि० [सं० पञ्चत्रिंश] पैंतीसवाँ।

पचत्रिंशत्—वि० [स० पञ्चत्रिंशत्] पैंतीस।

पचत्व—सज्ञा पुं० [स० पञ्चत्व] १. पाँच का भाव। २. शरीर

सघटित करनेवाले पाँचों भूतो का अलग अलग अवस्थान। मृत्यु। विनाश।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—पचत्व प्राप्त होना = मरना।

पचथु—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चथु**] कोयल।

पंचदश—वि० [स० **पञ्चदशन्**] पद्रह।

पचदश—सज्ञा पुं० पद्रह की सख्या।

पंचदशी—सज्ञा स्त्री० [सं० **पञ्चदशी**] १ पूर्णमासी। २ अमावस्या। ३ वेदात का एक प्रसिद्ध ग्रथ।

पचदेव—सज्ञा पु० [स० **पञ्चदेव**] पाँच प्रधान देवता जिनकी उपासना आजकल हिंदुओ में प्रचलित है—आदित्य, रुद्र, विष्णु, गणेश और देवी।

विशेष—इन देवताओ मे यद्यपि तीन वैदिक हैं तथापि सबका ध्यान और सबकी पूजा पौराणिक और तात्रिक पद्धति के अनुसार होती है। इन देवताओ में प्रत्येक के अनेक विग्रह हैं जिनके अनुसार अनेक नाम रूपो से उपासना होती है। कुछ लोग तो पाँचो देवताओ की उपासना समान भाव से करते हैं और कुछ लोग किसी विशेष सप्रदाय के अतर्गत होकर किसी विशेष देवता की उपासना करते हैं। विष्णु के उपासक वैष्णव, शिव के उपासक शैव, सूर्य के उपासक सौर और गणपति के उपासक गाणपत्य कहलाते हैं।

पचद्रविड़—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चद्रविड**] उन ब्राह्मणो के पाँच भेद जो विंध्याचल के दक्षिण बसते हैं—महाराष्ट्र, तैलग, कर्णाट, गुर्जर और द्रविड।

पचधा—क्रि० वि० [स० **पञ्चधा**] पाँच प्रकार से। पाँच ढग का (को०)।

पचनख—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चनख**] १ वह पशु जिसके हाथ और पैरो मे पाँच पाँच नख होते हैं। जैसे, बदर। २ हाथी (को०)। ३ कच्छप। कूर्म (को०)। ४ बाघ। व्याघ्र (को०)।

विशेष—स्मृतियो मे इनके मास खाने का निषेध है।

पंचनखराज—सज्ञा पु० [स० **पञ्चनखराज**] दे० 'पचनखी' (को०)।

पचनखी—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्चनखी**] गोह। पेडों पर रहनेवाली बडी छिपकली (को०)।

पचनद—सज्ञा पु० [स० **पञ्चनद**] १ पाँच नदियो का समाहार। पजाब की वे प्रधान पाँच नदियाँ जो सिंधु मे मिलती हैं—सतलज, व्यास रावी, चनाब और झेलम। २ पजाब प्रदेश जहाँ उक्त पाँच नदियाँ बहती हैं। ३ काशी के अतर्गत एक तीर्थ जिसे पचगगा कहते हैं।

पचनवत—वि० [सं० **पञ्चनवत**] पचानवेवाँ।

पचनवति—सज्ञा स्त्री० [सं० **पञ्चनवति**] पचानवे की सख्या।

पचनाथ—सज्ञा पु० [स० **पञ्च+नाथ**] बदरीनाथ, द्वारकानाथ, जगन्नाथ, रगनाथ, और श्रीनाथ। उ०—पचनाथ कलिपानन जोई। निरखे नर नारायण होई।—गोपाल (शब्द०)।

पचनामा—सज्ञा पुं० [हिं० **पच + फा० नामा**] वह कागज जिसपर पच लोगो ने अपना निर्णय या फैसला लिखा हो।

पचनिंब—सज्ञा पु० [स० **पञ्चनिम्ब**] नीम के पाँच अवयव—पत्ता, छाल, फूल, फल और मूल।

पचनी(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **पक्षिणी**, प्रा० **पक्खणी**] पक्षिणी। उ०—चालत कटक गोरी प्रबल भूषी चाली पचनिय।—पृ० रा०, ११।५।

पंचनी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्चनी**] १. कपडे की बनी पासा खेलने की बिसात। २. शतरज की बिसात (को०)।

पंचनीराजन—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चनीराजन**] पाँच प्रकार की आरती (को०)।

पचपक्षी—सज्ञा पु० [स० **पञ्चपक्षिन्**] एक प्रकार का शकुन शास्त्र जिसमें अ, इ, उ, ए और ओ इन पाँच वर्णों को पक्षी कल्पना करके शुभाशुभ विचार किया जाता है।

पचपत्र—सज्ञा पु० [स० **पञ्चपत्र**] एक पेड। चंडाल कद।

पंचपदी—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्चपदी**] १ पाँच कदम या डग। २ थोडी देर का सबध। ३. एक प्रकार की ऋचा (को०)।

पंचपनड़ी—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पचौली'।

पचपर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] गोरक्षी नाम का पौधा।

पचपर्व—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चपर्वन्**] अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा, अमावस्या और सूर्य की सक्राति (को०)।

पंचपल्लव—सज्ञा पुं० [पुं० **पञ्चपल्लव**] इन पाँच वृक्षो के पल्लव-आम, जामुन, कैथ, बिजौरा (बीजपूरक) और बेल। कोई कोई आम, वट और मौलसिरी के पल्लवो को पचपल्लव मे लेते हैं। पूजा मे घर के ऊपर रखने के लिये पचपल्लव का प्रयोजन पडता है। विभिन्न पद्धतियों मे विभिन्न प्रकार के पल्लवो का उल्लेख मिलता है।

पंचपात—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चपत्र**] पँचौली नाम का पौधा। पचपनडी।

पचपात्र—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चपात्र**] १ गिलास के आकार का चौडे मुह का एक बरतन जो पूजा मे जल रखने के काम में आता है। इसके मुँह का घेरा पेंदे के घेरे के बराबर ही होता है। २ पार्वण श्राद्ध। ३ पाँच पात्रो का समूह (को०)।

पचपाद्[1]—वि० [स० **पञ्चपाद्**] पाँच पैरोवाला (को०)।

पचपाद्[2]—सज्ञा पुं० एक सवत्सर (को०)।

पचपिता—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चपितृ**] पिता, आचार्य श्वसुर, अन्नदाता और भय से रक्षक।

पचपितृ—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चपितृ**] दे० 'पचपिता'।

पचपित्त—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चपित्त**] वैद्यक शास्त्र के अनुसार वराह, छाग, महिष, मत्स्य और मयूर का पित्ता।

पंचपीरिया—सज्ञा पुं० [हिं० **पाँच + फा० पीर**] मुसलमानो के पाँचो पीरो की पूजा करनेवाला।

पचपुष्प—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चपुष्प**] देवी पुराणानुसार ये पाँच फूल-

जो देवताओं को प्रिय है—चपा, आम, शमी, कमल और कनेर।

पंचप्रस्थ—वि० [स० **पञ्चप्रस्थ**] पँचगुनी ऊँचाईवाला [को०]।

पंचप्राण—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चप्राण**] पाँच प्राण या वायु—प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान।

पंचप्रासाद—सज्ञा पु० [स० **पञ्चप्रासाद**] १. वह प्रासाद जिसमे पाँच शृग या गुबद हो। २. एक प्रकार का देवगृह जिसे 'पचरत्न' या 'पँचरतन' कहते हैं।

पंचबंध—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चबन्ध**] मिताक्षरा के अनुसार एक प्रकार का अर्थदड जो खराब हुई वस्तु के मूल्य का पचमाश हो [को०]।

पंचबटी—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्चवटी**] दे० 'पचवटी'।

पंचबला—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्चबला**] वैद्यक के बला, अतिबला, नागबला, राजबला और महाबला नामक ओषधियो का समूह।

पंचबाइⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **पञ्चवायु**] दे० 'पचवायु'। उ०—पचबाइ जे सहजि समावै, ससिहर के घरि आणैं सूर।—सीतल मिलै सदा सुखदाई अनहद शब्द बजावै तूर।—दादू०, पृ० ६७४।

पंचबाण—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चबाण**] दे० 'पचबाण'।

पंचबानⓊ—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव। पचबाण। उ०—कहै पद्माकर प्रपची पचबान हू के सुकानन के माँन पै परी त्यो घोर घानें सी।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४६४।

पंचबाहु—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चबाहु**] शिव [को०]।

पंचबिंदुप्रसृत—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्चबिन्दु प्रसृत**] एक प्रकार की नृत्यमुद्रा [को०]।

पंचबिंसⓊ—वि० [सं० **पञ्चविंश**] पच्चीसवाँ। पच्चीस की सख्या-वाला। उ०—अब सुनि पचबिंस अध्याई। पचबिंस निर्मल ह्वै जाई।—नद ग्र०, पृ० ३०७।

पंचबिडालⓊ—सज्ञा पु० [स० **पञ्चबिडाल**] बौद्ध शास्त्रों में निरू-पित आलस्य, हिंसा, काम, विचिकित्सा और मोह ये पाँच प्रतिबध। उ०—काम्रा तरुवर पचबिडाल।—इतिहास, पृ० १२।

पंचबीज—सज्ञा पु० [सं० **पञ्चबीज**] ककडी, खीरा, अनार, पद्मबीज और पानरीबीज—ये पाँच प्रकार के बीज [को०]।

पंचभद्र—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चभद्र**] १. वैद्यक मे एक ओषधिगण जिसमे गिलोय, पित्तपापडा, मोथा, चिरायता और सोंठ हैं। २. पचकल्याण घोडा।

पंचभद्र—वि० १. पाँच गुणो से युक्त (व्यजन आदि)। २. पापी। दुष्ट [को०]।

पंचभर्तारी—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्च+भर्तार+हिं० ई** (प्रत्य०)] द्रौपदी।

पंचभागी—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्चभागिन्**] पच महायज्ञों की पाँच देवियाँ [को०]।

पंचभुज[1]—वि० [सं० **पञ्चभुज**] पाँच भुजाओवाला [को०]।

पंचभुज[2]—सज्ञा पुं० १. पाँच भुजाओवाला क्षेत्र या कोण। २. गणेश का एक नाम [को०]।

पंचभूत—सज्ञा पुं० [स०] पाँच प्रधान तत्व जिनसे ससार की सृष्टि हुई है—आकाश, वायु, अग्नि, जल, और पृथिवी। उ०—लेत उठी मुख माधव नामा। पचभूत मैं किय विश्रामा।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० २१८।

विशेष—दे० 'भूत'।

पंचभृंग—सज्ञा पुं० [स० **पञ्चभृङ्ग**] पाँच वृक्ष जिनके नाम हैं—देवदाली, शमी, भगा, निर्गुंडी और तमालपत्र [को०]।

पंचमडली—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्चमण्डली**] पाँच भलेमानसो की सभा। पचायत।

विशेष—चद्रगुप्त द्वितीय के साँचीवाले शिलालेख मे यह शब्द आया है।

पंचम[1]—वि० [स० **पञ्चम**] [वि० स्त्री० **पचमी**] १ पाँचवाँ। जैसे, पचम वर्ण, पचम स्वर। २ रुचिर। सुदर। ३ दक्ष। निपुण।

पंचम[2]—सज्ञा पुं० [स०] १ सात स्वरो में पाँचवाँ स्वर।

विशेष—यह स्वर पिक या कोकिल के अनुरूप माना गया है। सगीत शास्त्र में इस स्वर का वर्ण ब्राह्मण, रंग श्याम, देवता महादेव, रूप इद्र के समान और स्थान क्रौंच द्वीप लिखा है। यमली, निर्मली और कोमली नाम की इसकी तीन मूर्च्छनाएँ मानी गई हैं। भरत के अनुसार इसके उच्चारण मे वायु नाभि, उरु, हृदय, कठ और मूर्धा नामक पाँच स्थानों मे लगती है, इसलिये इसे 'पचम' कहते हैं। सगीत दामोदर का मत है कि इसमें प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान एक साथ लगते हैं इसीलिये यह पचम' कहलाता है। स्वरग्राम मे इसका सकेत 'प' होता है।

२ एक राग जो छह प्रधान रागो में तीसरा है।

विशेष—कोई इसे हिंडोल राग का पुत्र और कोई भैरव का पुत्र बतलाते हैं। कुछ लोग इसे ललित और वसत के योग से बना हुआ मानते हैं और कुछ लोग हिंडोल, गाधार और मनोहर के मेल से। सोमेश्वर के मत से इसके गाने का समय शरदृतु और प्रात काल है और विभाषा, भूपाली, कर्णाटी, वडहसिका, मालश्री, पटमजरी नाम की इसकी छह रागिनियाँ हैं, पर कल्लिनाथ त्रिवेणी, स्तभतीर्था, आभीरी, ककुभ, वरारी और सौवीरी को इसकी रागिनियाँ बतलाते हैं। कुछ लोग इसे ओडव जाति का राग मानते हैं और ऋषभ, कोमल पचम और गाधार स्वरो को इसमें वर्जित बताते हैं।

३. वर्ग का पाँचवाँ अक्षर—ङ, ञ, ण, न और म। ४ मैथुन।

पंचमकार—सज्ञा पु० [स० **पञ्चमकार**] वाम मार्ग के अनुसार मद्य, मास, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन।

पंचमतान—सज्ञा पु० [स० **पञ्चमतान**] मीठी आवाज। उ०—

शिथिल आज है कल का कूजन पिक की पचमतान।—अनामिका, पृ० ६४।

पंचमवेद—सज्ञा पुं० [स० पञ्चमवेद] पाँचवाँ वेद—महाभारत, पुराण एव नाट्य।

पचमहापातक—सज्ञा पुं० [स० पञ्चमहापातक] पाँच प्रकार के महापाप।

विशेष—मनुस्मृति के अनुसार ये पाँच महापातक हैं—ब्रह्महत्या, सुरापान, चोरी, गुरु की स्त्री से व्यभिचार और इन पातको के करनेवालो के साथ ससर्ग।

पचमहाभूत—सज्ञा पुं० [स० पञ्चमहाभूत] दे० 'पचभूत'। उ०—पचमहाभूत अर्थात् पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश उत्पन्न हुए और इन पचभूतों से समस्त ससार हुवा।—कबीर म०, पृ० ३०६।

पचमहायज्ञ—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चमहायज्ञ] स्मृतियो और गृह्य सूत्रो के अनुसार वे पाँच कृत्य जिनका नित्य करना गृहस्थो के लिये आवश्यक है।

विशेष—गृहस्थो के गृहकार्य से पाँच प्रकार से हिंसा होती है जिसे धर्मशास्त्रो मे 'पचसूना' कहते हैं। इन्ही हिंसाओ के पाप से निवृत्ति के लिये धर्मशास्त्रो में इन पाँच कृत्यो का विधान है। वे कृत्य ये हैं

(१) अध्यापन—जिसे ब्रह्मयज्ञ कहते हैं। सध्यावदन इसी अध्यापन के अंतर्गत है।

(२) पितृतर्पण—जिसे पितृयज्ञ कहते हैं।

(३) होम—जिसका नाम देवयज्ञ है।

(४) बलिवैश्वदेव वा भूतयज्ञ।

(५) अतिथिपूजन—नृयज्ञ वा मनुष्ययज्ञ।

पचमहाव्याधि—सज्ञा पुं० [स० पञ्चमहाव्याधि] वैद्यकशास्त्र के अनुसार ये पाँच बडे रोग—अर्श, यक्ष्मा, कुष्ठ, प्रमेह और उन्माद।

पचमहाव्रत—सज्ञा पुं० [स० पञ्चमहाव्रत] योगशास्त्र के अनुसार ये पाँच आचरण—अहिंसा, सूनृता, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

विशेष—पतजलि जी ने इन्हें 'यम' माना है। जैन यतियो के लिये इनका ग्रहण जैन शास्त्र में आवश्यक बतलाया गया है।

पचमहाशब्द—सज्ञा पुं० [स० पञ्चमहाशब्द] पाँच प्रकार के बाजे जिन्हें एक साथ बजवाने का अधिकार प्राचीन काल में राजाओ महाराजाओं को ही प्राप्त था। इसमें ये पाँच बाजे माने गए हैं—शृग (सीग), तम्मट (खँजडी ?), शंख, भेरी और जयघटा।

पंचमहिष—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चमहिष] सुश्रुत के अनुसार भैंस से प्राप्त पाँच पदार्थ—मूत्र, गोबर, दही, दूध और घी।

पचमांग—सज्ञा पुं० [पुं० पञ्चमाङ्ग] पाँचवाँ भाग या अग।

पंचमागी—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चमाङ्गिन्] दूसरे (शत्रु) देशो से गुप्त सबध स्थापित कर अपने देश को हानि पहुँचानेवाला व्यक्ति। देशद्रोही। भेदिया। उ०—सरकार की दृष्टि मे समर्थक बनने के लिये एक ओर तो वे पचमागियो का कार्य करते रहे।—नेपाल०, पृ० १२१।

पंचमास्य[1]—वि० [सं० पञ्चमास्य] पाँच महीने का। पाँच महीने पर होनेवाला।

पंचमास्य[2]—सज्ञा पुं० कोकिल।

पंचमी—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चमी] १ शुक्ल या कृष्णपक्ष की पाँचवीं तिथि।

विशेष—व्रत आदि के लिये चतुर्थीयुक्ता पचमी तिथि ग्राह्य मानी गई है।

२ द्रौपदी। ३ एक रागिनी। ४ व्याकरण में अपादान कारक। ५ एक प्रकार की ईंट जो एक पुरुष की लबाई के पाँचवें भाग के बराबर होती थी और यज्ञो मे वेदी बनाने में काम आती थी। ६ तत्र मे एक मत्रविधि। ७ एक प्रकार की बिसात जिसपर गोटियाँ खेलते थे (को०)।

पचमुख[1]—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चमुख] १ शिव। २ सिंह। ३ एक प्रकार का रुद्राक्ष जिसमें पाँच लकीरें होती हैं। ४. पाँच फलोंवाला बाण (को०)।

पंचमुख[2]—वि० पाँच मुखोवाला। जैसे, पचमुख गणेश। पचमुख शिव। [को०]।

पचमुखी[1]—वि० [सं० पञ्चमुखिन्] पाँच मुखवाला।

पचमुखी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वासा। अडूसा। २ जवा। गुडहल का फूल। ३ सिंही। सिंह की मादा। ४ पार्वती।

पचमुद्रा—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चमुद्रा] तंत्र के अनुसार पूजनविधि मे पाँच प्रकार की मुद्राएँ—आवाहनी, स्थापनी, सन्निधापनी, सवोधिनी, सम्मुखीकरणी।

पचमुष्टिक—सज्ञा पुं० [स० पञ्चमुष्टिक] वैद्यक में एक औषध जो सन्निपात मे दी जाती है।

विशेष—जौ, बेर का फल, कुलथी, मूंग और काष्ठामलक एक एक मुट्ठी लेकर अठगुने पानी मे पकाने से यह बनती है।

पचमूत्र—सज्ञा पु० [स० पञ्चमूत्र] गाय, बकरी, भेंड, भैंस और गधी इन पाँच पशुओ का मूत्र [को०]।

पचमूल—सज्ञा पु० [स० पञ्चमूल] वैद्यक मे एक पाचन औषध जो औषधियो की जड लेकर बनती है।

विशेष—औषधिभेद से पचमूल कई हैं जैसे—बृहत्, स्वल्प, तृण, शतावर्त, जीवन, बला, गोखुर इत्यादि।

बृहत्पचमूल—बेल, सेनापाठा (श्योनाक), गंभारी, पाँडर और गनियारी।

स्वल्पपचमूल—शालपर्णी, पृश्निपर्णी (पिठवन), बडी भटकटैया, छोटी भटकटैया और गोखरू।

तृणपचमूल—कुश, काश, शर, इक्षु और दर्भ।

पचमूली—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चमूलिन्] स्वल्प पचमूल।

पंचमेल—वि० [हिं० पाँच + मेल या मिलाना] १. जिसमे पाँच प्रकार की चीजें मिली हो। जैसे, पँचमेल मिठाई। २ जिसमें

सब प्रकार की चीजें मिली हो। मिला जुला ढेर। ३ साधारण।

पंचमेली—वि० [हिं० पचमेल] पाँच चीजो की मेलवाली (मिठाई-आदि)। मिश्रित।

पंचमेवा—सज्ञा पु० [हिं पाँच – मेवा] किसमिस, बदाम, गरी, छुहाडा और चिरौंजी यह पाँच प्रकार का मेवा।

पंचमेश—सज्ञा पु० [स० पञ्चमेश] फलित ज्योतिष के अनुसार पाँचवें घर का स्वामी।

पचयज्ञ—सज्ञा पु० [स० पञ्चयज्ञ] पचमहायज्ञ।

पंचयाम—सज्ञा पु० [स० पञ्चयाम] दिन।

विशेष—शास्त्रो मे दिन के पाँच पहर और रात के तीन पहर माने गए हैं। रात के पहले चार दड और पिछले चार दड दिन में लिए गए हैं।

पचरग—वि० [हि० पाँच + रग] १ पाँच रग का। अनेक रगो का। रग बिरग का।

पचरत्तक—सज्ञा पु० [स० पञ्चरक्तक] पखोडा वृक्ष।

पंचरत्न—सज्ञा पुं० [स० पञ्चरत्न] पाँच प्रकार के रत्न।

विशेष—कुछ लोग सोना, हीरा, नीलम, लाल और मोती को पचरत्न मानते हैं और कुछ लोग मोती, मूँगा, वैक्रात, हीरा और पन्ना को। २ महाभारत के पाँच प्रसिद्ध आख्यान—गीता, विष्णुसहस्रनाम, भीष्मस्तवराज, अनुस्मृति और गजेंद्र-मोक्ष (को०)।

पंचरश्मि—सज्ञा पु० [स० पञ्चरश्मि] सूर्य [को०]।

पचरसा—सज्ञा पु० [स० पञ्चरसा] आमला।

पंचरात्र—सज्ञा पु० [सं० पञ्चरात्र] १ पाँच रातो का समूह। २ एक यज्ञ जो पाँच दिन मे होता था। ३ वैष्णव धर्म का एक प्रसिद्ध ग्रथ। ४ भास कवि का एक नाटक।

पंचराशिक—सज्ञा पुं० [स० पञ्चराशिक] गणित मे एक प्रकार का हिसाब जिसमे चार ज्ञात राशियो के द्वारा पाँचवीं अज्ञात राशि का पता लगाया जाता है।

पंचरीक—सज्ञा पुं० [स० पञ्चरीक] सगीत शास्त्र के अनुसार एक ताल।

पचल—सज्ञा पु० [स० पञ्चल] शकरकद।

पचलक्षण—सज्ञा पुं० [स० पञ्चलक्षण] पुराण के पाँच चिह्न या लक्षण जो ये हैं, 'सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च। वशानुचरित चैव पुराण पचलक्षणम्'। अर्थात्—सृष्टि की उत्पत्ति, प्रलय, देवताओ की उत्पत्ति और परपरा, मन्वतर मनु के वश का विस्तार।

पंचलवण—सज्ञा पु० [स० पञ्चलवण] वैद्यक शास्त्रानुसार पाँच प्रकार के लवण—काँच, सेंधा, सामुद्र, विट और सोचर।

पंचलागलक—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चलाङ्गलक] एक महादान जिसमें पाँच हल के जोत के बराबर भूमि दी जाती है [को०]।

पंचलोकपाल—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चलोकपाल] पाँच सरक्षक देव—विनायक, दुर्गा, वायु, आकाश और अश्विनीकुमार [को०]।

पंचलोह—सज्ञा पुं० [स० पञ्चलोह] दे० 'पचलोह'।

पंचलोहक—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चलोहक] दे० 'पचलोह'।

पंचलौह—सज्ञा पु० [स०] १ पाँच धातुएँ—सोना, चाँदी, ताँबा, सीसा और राँगा। २ पाँच प्रकार का लोहा—वज्रलौह, कांतलौह, पिंडलौह और फौंचलौह।

पंचवक्त्र—सज्ञा पु० [स० पञ्चवक्त्र] दे० 'पचमुख' [को०]।

पचवक्त्रा—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चवक्त्रा] दुर्गा [को०]।

पंचवट—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चवट [यज्ञोपवीत [को०]।

पंचवटी—सज्ञा पुं० [स० पञ्चवटी] रामायण के अनुसार दडकारण्य के अतर्गत एक स्थान जहाँ रामचंद्र जी वनवास मे रहे थे। यह स्थान गोदावरी के किनारे पर नासिक के पास है। सीता हरण यही हुआ था। २ पाँच वृक्षो का वह समूह जो ये हैं—अश्वत्थ, विल्व, वट, धात्री और अशोक।

विशेष—हेमाद्रि व्रतखड मे इनके लगाने की विधि का वर्णन है और कहा गया है कि ऐसे स्थान पर तपस्या और मत्रसिद्धि होती है।

पंचवदन—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चवदन] शिव।

पंचवर्ग—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चवर्ग] १. पाँच वस्तुओ का समूह। जैसे, पाँच प्रकार के चर, पाँच हड्डियाँ। २. पच महाभूत—क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर (को०)। ३ पाँच ज्ञानेंद्रियाँ (को०)। ४. पचमहायज्ञ (को०)। ५, पाँच प्रकार के गुप्तचर—कापटिक, उदास्थित, गृहपति व्यजन, वैदेहिक व्यजन और तापस व्यजन, (को०)।

पंचवर्ण—सज्ञा पु० [स० पञ्चवर्ण] १ प्रणव के पाँच वर्ण अर्थात् अ, उ, म, नाद और विंदु। २. एक वन का नाम। ३. एक पर्वत का नाम।

पंचवर्षदेशीय—वि० [सं० पञ्चवर्षदेशीय] लगभग पाँच वर्ष पुराना। पाँच वर्ष का [को०]।

पंचवर्षीय—वि० [स० पञ्चवर्षीय] पाँच वर्ष का। पाँच वर्ष तक चलनेवाला। जैसे, पचवर्षीय योजना।

पचवल्कल—सज्ञा पु० [सं० पञ्चवल्कल] वट, गूलर, पीपल, पाकर और बेत या सिरिस की छाल।

पंचवल्लभा—सज्ञा स्त्री० [पञ्चवल्लभा] द्रौपदी का नाम [को०]।

पचवाण—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चवाण] १ कामदेव के पाँच वाण जिनके नाम ये हैं—द्रवण, शोषण, तापन, मोहन और उन्मादन। कामदेव के पाँच पुष्पवाणो के नाम ये हैं—कमल, अशोक, आम्र, नवमल्लिका और नीलोत्पल। २ कामदेव।

पंचवातीय—सज्ञा पु० [स० पञ्चवातीय] राजसूय के अतर्गत एक प्रकार का होम। उ०—शुनासीरीय और पचवातीय याग अनुष्ठान हुआ।—वैशाली०, पृ० ४१३।

पचवाद्य—सज्ञा पुं० [पु०] तंत्र, आनद्ध, सुषिर, घन और वीरो का गर्जन।

पंचवान—सज्ञा पु० [स० पञ्चबाण ?] राजपूतो की एक जाति ।

पंचवायु—सज्ञा पुं० [स० पञ्चवायु] शरीरस्थ पाँच वायु जिनके नाम हैं—प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान । उ०—अन्नमय कोश सु तौ पिंड है प्रगट यह प्रानमय कोश पचवायु हू बपानिये । —सुदर ग्र०, भा० २ पृ० ५९८ ।

पंचवार्षिक—वि० [स० पञ्चवार्षिक] हर पाँचवें वर्ष होनेवाला [को०] ।

पचविश[1]—वि० [स० पञ्चविंश] पच्चीसवाँ [को०] ।

पंचविंश[2]—सज्ञा पु० (पच्चीस तत्वो से युक्त) विष्णु (को०) ।

पचविंशति—वि० [स० पचविंश] पच्चीस [को० ।

पचविध—वि० [स० पञ्चविध] १. पंचगुना । २ पाँच प्रकार का [को०] ।

यौ०—**पचविधप्रकृति**=शासन के पाँच अवयव—अमात्य, राष्ट्र, दुर्ग, अर्थ, और दड ।

पंचवृक्ष—सज्ञा पु० [स० पञ्चवृक्ष] पाँच देववृक्ष जिनके नाम हैं—मदार, पारिजात, सतान, कल्पवृक्ष और हरिचदन [को०] ।

पंचशब्द—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशब्द] १ पाँच मगलसूचक बाजे जो मगल कार्यों में बजाए जाते हैं — तत्री, ताल, झाँझ, नगारा और तुरही । २. 'पचमहाशब्द' । २ व्याकरण के अनुसार सूत्र, वार्तिक, भाष्य, कोश और महाकवियो के प्रयोग । ३. पाँच प्रकार की ध्वनि—वेदध्वनि, वदीध्वनि, जयध्वनि, शख-ध्वनि और निशानध्वनि ।

पंचशर—सज्ञा सं० [स०] १ कामदेव के पाँच बाण । २ कामदेव ।

पंचशस्य—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशस्य] देवकार्य में प्रयुक्त होनेवाले धान, मूँग, तिल, उडद, और जौ ये पाँच अन्न [को०] ।

पचशाख—सज्ञा पु० [स० पञ्चशाख] १ हाथ । २ पनसाखा । ३. हाथी (को०) ।

पंचशारदीय—सज्ञा पु० [स० पञ्चशारदीय] एक प्रकार का यज्ञ [को०] ।

पचशिख—सज्ञा पु० [स० पञ्चशिख] १ सिंघा बाजा । २ एक मुनि जो महाभारत के अनुसार महर्षि कपिल के पुत्र थे ।

विशेष—साख्य शास्त्र के ये एक प्रधान आचार्य थे । साख्य सूत्रो मे इनके मत का उल्लेख मिलता है । इनको लोग द्वितीय कपिल कहते हैं । ये कपिल की शिष्यपरपरा के आसुरि के शिष्य थे । ३ सिंह (को०) ।

पचशीप—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशीर्ष] एक प्रकार का सर्प [को०] ।

पचशील—सज्ञा पु० [स० पञ्चशील] १ बौद्ध धर्म के अनुसार शील या सदाचार के पाँच सिद्धात जिनका आचरण प्रत्येक धर्मशील व्यक्ति के लिये आवश्यक बताया गया है—(१) अस्तेय (चोरी न करना), (२) अहिंसा (हिंसा न करना), (३) ब्रह्मचर्य (व्यभिचार न करना), (४) सत्य (झूठ न बोलना) और (५) मादक द्रव्यों का भोग न करना । २ पाँच राजनीतिक सिद्धांत जो सन् १९५४ के बाँदुग समेलन में एशिया और अफ्रीका के प्रमुख देशों द्वारा शाति बनाए रखने के उद्देश्य से स्थिर किए गए हैं । ये इस प्रकार हैं ।—(१) राज्य की अखडता और प्रभुता के प्रति परस्पर समान, (२) परस्पर अनाक्रमण का आश्वासन, (३) आतरिक मामलो में अहस्तक्षेप, (४) परस्पर समानता का भाव और (५) शातिमय सहअस्तित्व ।

पंचशूरण—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशूरण] वैद्यक मे पाँच विशेष कद—अत्यम्लपर्णी, काडवेल, मालाकद, सूरन, सफेद सूरन ।

पंचशैरीपक—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशेरीपक] सिरिस वृक्ष के पाँच अग जो औषध के काम आते हैं—जड, छाल, पत्ते, फूल और फल ।

पचशैल—सज्ञा पु० [स० पञ्चशैल] पुराणो मे वर्णित एक पर्वत [को०] ।

पंचष—वि० [स० पञ्चष] पाँच या छह [को०] ।

पंचषष्टि[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चषष्टि] पैंसठ की सख्या ।

पचषष्टि[2]—वि० पैंसठ ।

पचसंधि—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चसन्धि] व्याकरण में सधि के पाँच भेद—स्वर सधि, व्यजनसधि, विसर्गसधि, स्वादिसधि और प्रकृति भाव । २. रूपक की प्रकृति तथा अवस्थाओ के समिश्रण से होनेवाली पाँच सधियाँ । ये इस प्रकार हैं—मुख प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और निर्वहण (को०) ।

पंचसप्तति[1]—स्त्री० स्त्री० [स० पञ्चसप्तति] पचहत्तर की सख्या ।

पचसप्तति[2]—वि० पचहत्तर ।

पचसबद—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशब्द] दे० 'पचशब्द' । उ०—(क) इतने सुभट्ट सजि जूह धार । बजि पचसवद बाजे करार ।—पृ० रा०, ८।१५ । (ख) पचसवद धुनि मगल गाना । पट पावडे परहिं विधि नाना ।—तुलसी (शब्द०) ।

पचसर[1]—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशर] कामदेव । दे० 'पचशर' । उ०—मदन मनोभव पचसर मयन कुसुमसर मार । —अनेकार्थ०, पृ० १८ ।

पंचसर[2]—सज्ञा पुं० [स० पञ्च+स्वर या देश०] दे० 'पचशब्द' । उ०—मुरधर प्रगट भयो महराजा । बाजै सु सुर पचसर बाजा । रा० रू०, पृ० ३०१ ।

पचसिक—वि० [हिं० पचीस+एक] पचीस । उ०—एक कोट पंचसिक द्वारा पचे मागहि हाला ।—कबीर ग्र०, पृ० २७३ ।

पचसिद्धासी—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चसिद्धान्ती] ज्योतिष सबधी सूर्य सिद्धात आदि पाँच सिद्धात [को०] ।

पचसिद्धोषधि—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चसिद्धौषधि] वैद्यक मे ये पाँच ओषधियाँ—सालिव मिश्री, वराहीकद, रोदती, सर्पाक्षी और सरहटी ।

पचसुगधक—सज्ञा पुं० [स० पञ्चसुगन्धक] वैद्यक में ये पाँच सुगध ओषधियाँ—लौंग, शीतलचीनी, अगर, जायफल, कपूर, अथवा कर्पूर, शीतलचीनी, लौंग, सुपारी और जायफल ।

पचसूना—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चसूना] मनु के अनुसार पाँच प्रकार की हिंसा जो गृहस्थो से गृहकार्य करने मे होती है । वे पाँच काम जिनके करने में छोटे छोटे जीवो की हिंसा होती है ।

विशेष—वे पाँच काम ये हैं—चूल्हा जलाना, आटा आदि पीसना, झाड़ू देना, कूटना और पानी का घड़ा रखना । इन्हें मनु ने

चुल्ली, पेषणी, उपस्कर, कंडनी और उदकुंभ लिखा है। इन्ही पाँच प्रकार की हिंसाओं के दोषो की निवृत्ति के लिये पचमहायज्ञो का विधान किया गया है। दे० 'पचमहायज्ञ'।

पंचसूरण—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चसूरण] दे० 'पचसूरण'।

पचस्कध—सज्ञा पु० [स० पञ्चस्कन्ध] बौद्ध दर्शन मे गुणो की समष्टि जिसे स्कध कहते हैं।

विशेष—स्कध पाँच हैं—रूपस्कध, वेदनास्कध, सज्ञास्कध सस्कार स्कध और विज्ञानस्कध रूपस्कध का दूसरा नाम वस्तुतन्मात्रा है। इस स्कध के अतर्गत ४ महाभूत, ५ ज्ञानेंद्रिय, ५ तन्मात्राएँ, २ लिंग (स्त्री और पुरुष), ३ अवस्थाएँ (चेतना, जीवितेंद्रिय और आकार), चेष्टा, वाणी, चित्तप्रसादन, स्थितिस्थापन, समता, समष्टि, स्थायित्व, ज्ञेयत्व और परिवर्तनशीलता नामक २८ गुण माने जाते हैं। रूपस्कध से ही वेदनास्कध की उत्पत्ति होती है। यह वेदनास्कंध पाँच ज्ञानेंद्रियो और मन के भेद से छह प्रकार का होता है, जिनमे प्रत्येक के रुचि, अरुचि, स्पृहशून्यता ये तीन तीन भेद होते हैं। सज्ञास्कध को अनुमिति-तन्मात्रा भी कहते हैं। इंद्रिय और अत करण के अनुसार इसके छह भेद हैं। वेदना होने पर ही सज्ञा होती है। चौथा सस्कारस्कध है जिसके ५२ भेद हैं—स्पर्श, वेदना, सज्ञा, चेतना, मनसिकार, स्मृति, जीवितेंद्रिय, एकाग्रता, वितर्क, विकार, वीर्य, अधिमोक्ष, प्रीति, चड, मध्यस्थता, निद्रा, तद्रा, मोह, प्रज्ञा, लोभ, अलोभ, उत्ताप, अनुताप, ह्री, अह्री, दोष, अदोष, विचिकित्सा, श्रद्धा, दृष्टि, द्विविध प्रसिद्धि (शारीर और मानस), लघुता, मृदुता, कर्मज्ञता, प्राज्ञता, उद्योतना, साम्य, करुणा, मुदिता, ईर्ष्या, मात्सर्य, कार्कश्य, औद्धत्य और मान। पाँचवाँ विज्ञान स्कध है। हिंदू शास्त्रो मे कहे हुए चित्त, आत्मा और विज्ञान इसके अतर्भूत हैं। इस स्कध के चेतना के धर्माधर्म भेद से ४९ भेद किए गए हैं। बौद्ध दर्शनों के अनुसार विज्ञानस्कध का क्षय होने से ही निर्वाण होता है।

पचस्नेह—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चस्नेह] घी, तेल, चरबी, मज्जा और मोम।

पचस्रोतस्—सज्ञा पु० [स० पञ्चस्रोतस्] १ एक तीर्थ का नाम। २. एक यज्ञ।

पचस्वेद—सं० पु० [स० पञ्चस्वेद] वैद्यक के अनुसार लोष्टस्वेद, बालुकास्वेद, वाष्पस्वेद, घटस्वेद और ज्वालास्वेद।

पंचहजारी—सज्ञा पु० [फा० पजहज़ारी] १. पाँच हजार की सेना का अधिपति। २. एक पदवी जो मुगल साम्राज्य मे बड़े बड़े लोगो को मिलती थी।

पंचांग[1]—सज्ञा पु०[सं० पञ्चाङ्ग] १. पाँच अग या पाँच अगो से युक्त वस्तु। २ वृक्ष के पाँच अग—जड, छाल, पत्ती, फूल और फल (वैद्यक)। ३. तत्र के अनुसार ये पाँच कर्म—जप, होम, तर्पण, अभिषेक और विप्रभोजन जो पुरश्चरण में किए जाते हैं। ४. ज्योतिष के अनुसार वह तिथिपत्र जिसमें किसी संवत् के वार, तिथि, नक्षत्र, योग और करण व्योरेवार दिए गए हों। पत्रा। ५ राजनीतिशास्त्र के अतर्गत सहाय, साधन, उपाय, देश-काल-भेद और विपद्-प्रतिकार। ७ प्रणाम का एक भेद जिसमे घुटना, हाथ और माथा पृथ्वी पर टेककर आँख देवता की ओर करके मुँह से प्रणामसूचक शब्द कहा जाता है। ७ तात्रिक उपासना मे किसी इष्टदेव का कवच, स्तोत्र, पद्धति, पटल और सहस्र नाम। ८. वह घोडा जिसके चारो पैर टाप के पास सफेद हो और माथे पर सफेद टीका हो। पचभद्र। पचकल्याण। ९ कच्छप। कछुवा।

यौ०—**पचाग मास** = पत्रा के अनुसार चलनेवाला महीना। **पंचाग वर्ष** = सवत्। **पंचाग शुद्धि** = ज्योतिष मे वार, तिथि, नक्षत्र, योग और करण की शुद्धता।

पचांग[2]—वि० पाँच अगोवाला [को०]।

पंचांगिक—वि० [स० पञ्चाङ्गिक] पाँच अगोवाला [को०]।

पचांगुल[1]—वि० [स० पञ्चाङ्गुल] [वि० स्त्री० पचागुला, पंचागुली] जो परिमाण मे पाँच अगुल का हो या जिनमे पाँच उँगलियाँ हो।

पचांगुल[2]—सज्ञा पुं० १ एरड। रेंड। अडी। २ तेजपत्ता। ३ पजे के आकार का एक उपकरण (को०)।

पचांगुलि—वि० [स० पञ्चाङ्गुलि] पाँच अगुलियोवाला [को०]।

पचागुली—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चाङ्गुली] तक्राह्वा नामक क्षुप [को०]।

पचातरीय—सज्ञा पु० [स० पञ्चान्तरीय] बौद्ध मत के अनुसार पाँच प्रकार के पातक—माता, पिता, अर्हत और बुद्ध का घात और याजको के साथ विवाद।

पचांनⓊ—सज्ञा पु० [स० पञ्चानन] सिंह। पचानन। उ०—भालि वीर वाराह हक्क बज्जी चावद्दिसि मुक्कि थान पचान मिले समूह सूर धसि। —पृ० रा०, १७।१।

पचांश—सज्ञा [स० पञ्चाश] पाँचवाँ हिस्सा। पाँचवाँ भाग [को०]।

पचाइणⓊ†—सज्ञा पु० [स० पञ्चानन] सिंह। पचानन। उ०—पचाइण नइ पाखरयउ मइगल नइ मद कीध। मोहण वोली मारुइ कत पेम रस पीध।—ढोला०, दू० ५५४।

पचाइत—सज्ञा स्त्री० [हिं० पचायत] दे० 'पचायत'।

पंचाक्षर[1]—वि० [स० पञ्चाक्षर] जिसमे पाँच अक्षर हों। जैसे, पचाक्षर मत्र, पचाक्षर शब्द, पचाक्षर वृत्ति।

पचाक्षर[2]—सज्ञा पुं० १ प्रतिष्ठा नामक वृत्ति जिसमे पाँच अक्षर होते हैं। २ शिव का एक मत्र जिसमे पाँच अक्षर हैं—ॐ नम शिवाय।

पचाग्नि[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चाग्नि] १ अन्वाहार्य पचन, गार्हपत्य, आहवनीय, आवसथ्य और सभ्य नाम की पाँच अग्नियाँ। २ छादोग्य उपनिषद् के अनुसार सूर्य, पर्जन्य, पृथिवी, पुरुष और योषित्।

यौ०—**पचाग्नि विद्या** = छादोग्य उपनिषद् के अनुसार सूर्य, बादल, पृथ्वी, पुरुष और स्त्री सबधी तात्विक विज्ञान।

३. एक प्रकार का तप जिसमे तप करनेवाला अपने चारो ओर

अग्नि जलाकर दिन मे धूप मे बैठा रहता है। यह तप प्राय ग्रीष्म ऋतु मे किया जाता है। ४ आयुर्वेद के अनुसार चीता चिचडी, भिलावाँ, गधक और मदार नामक ओषधियाँ जो बहुत गरम मानी जाती हैं।

पचाग्नि[२]—वि० १ पचाग्नि की उपासना करनेवाला। २ पचाग्नि विद्या जानेवाला। ३ पचाग्नि तापनेवाला।

पचाज—सज्ञा पु० [स० पञ्चाज] बकरी से प्राप्त होनेवाला पाँच पदार्थ—दूध दही, घी, पुरीष (लेंडी) और मूत्र [को०]।

पंचातप—सज्ञा पुं० [स० पञ्चातप] चारो ओर आग जलाकर ग्रीष्मऋतु मे बैठकर तप करना। पचाग्नि।

पचातिग—वि० [स० पञ्चातिग] मुक्त [को०]।

पचात्कोप—सज्ञा पुं० [स० पञ्चात्कोप] कौटिल्य के अनुसार राजा के विजय के लिये आगे बढने पर राज्य मे विद्रोह फैलाना।

पचात्मक—वि० [सं० पञ्चात्मक] जिसमे पाँच तत्व हो। पाँच तत्वों से युक्त, जैसे शरीर [को०]।

पंचात्मा—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चात्मन्] पचप्राण।

पचानन[१]—वि० [सं० पञ्चानन] जिसके पाँच मुँह हो। पचमुखी।

पचानन[२]—सज्ञा पुं० १ शिव। २ सिंह। उ०—सबै सेन अवसान मुक्कि लग्यो बर तामस। तब पचानन हक्कि धक्कि चहुआना पामिस।—पृ० रा०, १७।८।

विशेष—(१) सिंह को पचानन कहने का कारण लोग दो प्रकार से बतलाते हैं। कुछ लोग तो पाँच शब्द का अर्थ विस्तृत करके पचानन का अर्थ 'चौडे मुँहवाला' (पञ्च विस्तृत आनन यस्य) करते हैं। कुछ लोग चारों पजो को जोडकर पाँच मुँह गिना देते हैं।

(२) विषय और अध्ययन की दृष्टि से सर्वोच्चता एव गुरुत्व तथा श्रेष्ठता का बोध कराने के लिये इस शब्द का प्रयोग नाम आदि के साथ भी होता है। जैसे, न्यायपचानन, तर्कपचानन।

३ सगीत में स्वरसाधन की एक प्रणाली। आरोही—सा रे ग म प। रे ग म प ध। ग म प ध नि म प ध नि सा। अवरोही—सा नि ध प म। नि ध प म ग। ध प म ग रे। प म ग रे सा। ४ ज्योतिष मे सिंह राशि (को०)। ५ वह रुद्राक्ष जिसमें पाँच रेखाएँ हों (को०)।

पचाननी—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चाननी] १ दुर्गा। २. सिंह की मादा। शेरनी (को०)।

पचानवे—वि० [स० पञ्चनवति, पा० पचनवइ] नब्बे और पाँच। पाँच कम सौ।

पचानवे[२]—सज्ञा पु० नब्बे से पाँच अधिक की सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—९५।

पचाप्सर—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चाप्सरस्] रामायण और पुराणो के अनुसार दक्षिण मे पपा नामक तालाब जहाँ शातकर्णि मुनि तप करते थे। इनके तप से भय खाकर इद्र ने इनको तप से च्युत करने के लिये पाँच अप्सराएँ भेजी थी। रामायण मे शातकर्णि को माडकर्णि लिखा है। पपासर।

पचामरा—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चामरा] वैद्यक मे दूर्वा, विजया, विल्वपत्र निर्गुंडी और काली तुलसी।

पचामृत[१]—सज्ञा पु० [स० पञ्चामृत] १ एक प्रकार का स्वादिष्ट पेय द्रव्य जो दूध, दही, घी, चीनी और मधु मिलाकर बनाया जाता है। पुराण, तत्रादि के अनुसार यह देवताओ को स्नान कराने और चढाने के काम मे आता है। २ वैद्यक मे पाँच गुणकारी ओषधियाँ—गिलोय, गोखरू, मुसली, गोरखमुडी और शतावरी।

पचामृत[२]—वि० पाँच वस्तुओ के योग से निर्मित [को०]।

पंचाम्नाय—सज्ञा पु० [स० पञ्चाम्नाय] तत्र मे वे पाँच शास्त्र जो शिव के पाँच मुखो से उत्पन्न माने जाते हैं [को०]।

पचाम्र—पुं० [स० पञ्चाम्र] अश्वत्थ आदि पाँच वृक्ष [को०]।

पंचाम्ल—सज्ञा पुं० [स० पञ्चाम्ल] वैद्यक मे ये पाँच अम्ल या खट्टे पदार्थ—अम्लवेद, इमली, जँभीरी नीबू, कागदी नीबू और बिजौरा। मतातर से—बेर, अनार, बिषावलि, अम्लवेद और बिजौरा नीबू।

पचायत—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चायतन] १ किसी विवाद, झगडे या और किसी मामले पर विचार करने के लिये अधिकारियों या चुने लोगो का समाज। पचों की बैठक या सभा। कमेटी। जैसे—(क) बिरादरी की पंचायत। (ख) उन्होने अदालत मे न जाकर पचायत से निपटारा कराना ही ठीक समझा।

क्रि० प्र०—बैठना।—बैठाना।—बटोरना।

२. बहुत से लोगो का एकत्र होकर किसी मामले या झगडे पर विचार। पचो का वाद विवाद।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—**पंचायत घर**=वह स्थान जहाँ समाज के लोग पचो के साथ बैठकर किसी मामले के सबंध मे निर्णय करते हैं।

३ एक साथ बहुत से लोगो की बकवाद।

पचायतन—सज्ञा पु० [स० पञ्चायतन] [स्त्री० पचायतनी] पाँच देवताओ की प्रतिमा। वह स्थान जहाँ पचदेव की प्रतिमाएँ हो [को०]।

पचायती—वि० [हिं० पचायत] १ पचायत का किया हुआ। पचायत का। २ पंचायत सबधी। ३ बहुत से लोगो का मिला जुला। साझे का। जिसपर किसी एक आदमी का अधिकार न हो। जो कई लोगो का हो। जैसे,—पचायती अखाडा। ४ सब पचो का। सर्वसाधारण का।

यौ०—**पचायती राज**=जनता का राज्य। बहुत से लोगो का मिला जुला शासन। जनतत्र।

पचारी—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चारी] चौसर, शतरज आदि की बिसात [को०]।

पचार्चि—पज्ञा पु० [सं० पञ्चार्चिस्] बुध ग्रह [को०]।

पंचाल—सज्ञा पुं० [स० पञ्चाल] १ एक देश का प्राचीन नाम जो

ब्राह्मण और उपनिषद् ग्रथो से लेकर पुराणो तक मे पाया जाता है ।

विशेष—इस देश की सीमा भिन्न भिन्न कालो मे भिन्न भिन्न रही है । यह देश हिमालय और चवल के बीच गगा नदी के दोनो ओर माना जाता था । गगा के उत्तर प्रदेश को उत्तर पंचाल और दक्षिण प्रदेश को दक्षिण पचाल कहते थे । इस देश को देवपचाल से भिन्न समझना चाहिए जो सौराष्ट्र देश का एक भाग था । इस देश का पचाल नाम पडने के सबध मे पुराणो में यह कथा है महाराज हर्यश्व अपने भाई से लडकर अपनी ससुराल मधुपुरी चले गए और अपने ससुर मधु की सहायता से उन्होने अयोध्या के पश्चिम के देशो पर अधिकार कर लिया । जब लोगो ने आकर उनसे अयोध्या के राजा के आक्रमण की बात कही तब उन्होने पाँच पुत्रो (मुद्गरण, सृजय, वृहदिषु, प्रवीर और कापिल्य) की ओर देखकर कहा कि ये पाँचो हमारे राज्य की रक्षा के लिये अलम् (पंचालम्) हैं । तभी से उनके अधिकृत देश का नाम पचाल पडा ।

हरिवश मे लिखा है कि हर्यश्व ने सौराष्ट्र देश में आनर्तपुर नामक नगर बसाया था । इसी आधार पर कुछ लोग देवपचाल को ही पचाल कहते हैं । पर महाभारत मे हिमालय के अचल से लेकर चवल तक फैले हुए गगा के उभयपार्श्वस्थ देश का ही वर्णन पचाल के अतर्गत आया है । पाडवो के समय में इस देश का राजा द्रुपद था जिससे द्रोणाचार्य ने उत्तरपचाल छीन लिया था । महाभारत मे उत्तरपचाल की राजधानी अहिच्छत्रपुर और दक्षिण की कपिल लिखी है । द्रौपदी यहीं के राजा की कन्या होने के कारण 'पाचाली' कही गई है ।

२ [स्त्री० पचाली] पचाल देशवासी । ३ पचाल देश का राजा । ४. एक ऋषि जो वाभ्रव्य गोत्र के थे । ५ महादेव । शिव । ६ एक छद जिसके प्रत्येक चरण मे एक तगण (ऽऽ।) होता है । ७. दक्षिण देश की एक जाति । इस जाति के लोग बढई और लोहार का काम करते हैं और अपने को विश्वकर्मा के वश का बतलाते हैं । ये जनेऊ पहनते हैं । ८ एक सर्प का नाम । ९. एक विषैला कीडा ।

पचालिका—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चालिका] १ पुतली । गुडिया । २ नटी । नर्तकी । उ०—नचति मच पचालिका कर सकलित अपार ।—केशव (शब्द०) ।

पचालिसा[1]—वि० [हिं० पंच+चालिस] दे० 'पैंतालिस' ।

पंचालिष्ठ—वि० [?] दे० 'पैंतालिस' ।

पचाली—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चाली] १. पुतली । गुडिया । २ पाचाली । द्रौपदी । ३ एक प्रकार का गीत । पाचाली । ४ चौसर की विसात । पचारी

पंचावयव—वि० [सं० पञ्चावयव] पाँच अवयव अर्थात् अगोवाला [को०] ।

पचावस्था[1]—वि० [सं० पञ्चावस्थ] पाँचवी अवस्था मे पहुँचा हुआ अर्थात् मृत ।

पचावस्था[2]—सज्ञा पुं० पचत्व । शव । मुर्दा [को०] ।

पचाविक—सज्ञा पु० [स० पञ्चाविक] भेड से प्राप्त होनेवाले पाँच पदार्थ—दूध, दही, घी, पुरीष और मूत्र [को०] ।

पंचावी—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चावी] वह गाय जिसके तले ढाई वर्ष का बच्चा हो ।

पंचाश—वि० [स० पञ्चाश] पचासवाँ

पंचाशत्—वि० [स० पञ्चाशत्] पचास ।

पचाशिका—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चाशिका] १. वह पुस्तक जिसमे पचास श्लोक कवित्त आदि हो । जैसे, चौरपचाशिका । २. पचास का समूह (को०) ।

पचाशीत—वि० [स० पञ्चाशीत] पच्चासीवाँ ।

पचाशीति—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चाशीति] पच्चासी की सख्या ।

पचास—वि० [स० पञ्चाश] द० 'पचास' । उ०—प्रसन चद सम जतिय दिन्न इक मत्र इष्ट जिय । इह आराधत भट्ट प्रगट पचास वीर विय ।—पृ० रा०, ६।२६ ।

पचास्य[1]—त्रि० [स० पञ्चास्य] पाँच मुँहवाला ।

पंचास्य[2]—सज्ञा पु० १ सिंह । विशेष—दे० 'पचानन' । २ शिव ।

पंचाह—सज्ञा पुं० [स० पञ्चाह] १. एक यज्ञ का नाम जो पाँच दिन में होता था । २ सोमयाग के अतर्गत वह कृत्य जो सुत्या के पाँच दिनो मे किया जाता है ।

पंचिका—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चिका] पाँच अध्यायो वा खडो का समूह । २ एक प्रकार का जूआ जो पाँच गोटियो से खेला जाता है (को०) । ३ रजिस्टर । खाता । वही । लेखा (को०) ।

पंचीकरण—सज्ञा पुं० [स० पञ्चीकरण] वेदात मे पचभूतो का विभाग विशेष ।

विशेष—वेदातसार के अनुसार प्रत्येक स्थूल भूत में शेष चार भूतो के अश भी वर्तमान रहते हैं । भूतो की यह स्थूल स्थिति पचीकरण द्वारा होती है जो इस प्रकार होता है । पाँचो भूतो को पहले दो बराबर बराबर भागो में विभक्त किया, फिर प्रत्येक के प्रथमार्द्ध को चार चार भागो मे बाँटा । फिर इन सब बीसो भागो को लेकर अलग रक्खा । अत मे एक एक भूत के द्वितीयार्ध में इन बीस भागो मे से चार चार भाग फिर से इस प्रकार रक्खे कि जिस भूत का द्वितीयार्ध हो उसके अतिरिक्त शेष चार भूतो का एक एक भाग उसमे आ जाय ।

पचीकृत—वि० [सं० पञ्चीकृत] (भूत) जिसका पचीकरण हुआ हो ।

पचूरा—सज्ञा पु० [हिं० पानी+चूना] लडको के खेलने का मिट्टी का एक बरतन या खिलौना जिसके पेंदे मे बहुत से छेद होते हैं । पानी भरने से वह छेदो मे से होकर टपकने लगता है ।

पंचेंद्रिय—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्चेन्द्रिय] पाँच ज्ञानेंद्रियाँ जिनके द्वारा प्राणियो को बाह्य जगत् का ज्ञान होता है । दे० 'इद्रिय' ।

पचेषु—सज्ञा पुं० [स० पञ्चेषु] कामदेव (जिसके पाँच इषु या शर हैं) ।

पंचो—सज्ञा पुं० [देश०] गुल्ली डडे के खेल मे डडे मे गुल्ली को मार-

कर दूर फेंकने का एक ढग। इसमें गुल्ली को बाएँ हाथ से उछालकर दाहिने हाथ से मारते हैं।

पचोपचार—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चोपचार] पूजा मे प्रयुक्त होनेवाले या साधन रूप पाँच द्रव्य। गध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य—ये पाँच देवपूजन में प्रयुक्त होनेवाले पदार्थ [को०]।

पचोपविष—सज्ञा पु० [स० पञ्चोपविष] हड, मदार, कनेर, जलपीपल और कुचला—ये पाँच कृत्रिम और सामान्य विष [को०]

पंचोषण—सज्ञा पुं० [स० पञ्चोष्ण] पिप्पली, पिप्पलीमूल, चव्य, मिर्च और चित्रक नामक पाँच ओषधियाँ।

पचोष्मा—सज्ञा पुं० [स० पञ्चोष्मन्] शरीर के भीतर, भोजन पचानेवाली पाँच प्रकार की अग्नि।

पचौदन—सज्ञा पुं० [स० पञ्चौदन] एक यज्ञ का नाम।

पचौवानⓊ—सज्ञा पु० [स० पञ्चवाण] पचवाण। कामदेव। उ०—पचागनि कहा साधै पचौवान हमैं दाधै हरै बेदरद होय अग्नि माँझ धर दै।—ब्रज० ग्र०, पृ० १३२।

पंचौली[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्च+आवलि] एक पौधा जो पश्चिम भारत, मध्यप्रदेश, बबई और बरार मे मिलता है। पचपात। पचपानडी।

विशेष—इसकी पत्तियो और डठलों से एक प्रकार का सुगधित तेल निकलता है जिसका व्यवहार यूरोप के देशो में होता है। इसकी खेती पान के भीटो में की जाती है। पौधे दो दो फुट की दूरी पर लगाए जाते हैं। एक बार के लगाए हुए पौधो से दो बार छह छह महीने पर फसल काटी जाती है। दूसरी फसल कट जाने पर पौधे खोदकर फेंक दिए जाते हैं। डठल सूख जाने पर बडे बडे गट्ठों में बाँधकर बिक्री के लिये भेज दिए जाते हैं। इन डठलो से भवके द्वारा तेल निकाला जाता है। ६६ सेर लकडी से लगभग बारह से पद्रह सेर तक तेल निकलता है। यूरोप में इस तेल का व्यवहार सुगध द्रव्य की भाँति होता है। इसे 'पचपात' और 'पचपानडी' भी कहते हैं।

पचौली[2]—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चकुल, पञ्चकुली] वशपरपरा से चली आती हुई एक उपाधि।

विशेष—प्राचीन समय में किसी नगर या गाँव मे व्यवस्था रखने और छोटे मोटे झगडो को निपटाने के लिये पाँच प्रतिष्ठित कुल के लोग चुन लिए जाते थे जो 'पच' कहलाते थे।

पछा—सज्ञा पु० [हिं० पानी+छाल] १ पानी की तरह का एक स्राव जो प्राणियो के शरीर से या पेड पौधो के अगो से चोट लगने पर या यो ही निकलता है। २ छाले, फफोले, चेचक आदि के भीतर भरा हुआ पानी।

पछाला—सज्ञा पुं० [हिं० पानी + छाला] १. फफोला। २. फफोले का पानी। उ०—केतकी ने कहा काँटा अडा तो अडा और छाला पडा तो पडा पर निगोडी तू क्यो पछाला हुई।—इनशा० (शब्द०)।

पछिराजⓊ—सज्ञा पु० [स० पक्षिराज] दे० 'पक्षिराज'।

पंछी—सज्ञा पुं० [सं० पक्षी] चिडिया। पक्षी। उ०—भई यह साँझ सबन सुखदाई। मानिक गोलक सम दिनमणि मनु संपुट दियो छिपाई। अलसानी दृग मूँदि मूँदि कै कमल लता मन भाई। पछी निज निज चले बसेरन गावत काम बधाई।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

पज—वि० [फा०] पाँच [को०]।

यौ०—पजआयत। पंजगज। पंजगूना = पँचगुना। पजगोशा = पचकोण युक्त। पँचकोना। पजतन। पजनोश। पजहजारी।

पंजआयत—सज्ञा स्त्री० [फा०] कुरान की पाँच छोटी छोटी आयतें जो प्राय गमी या फातिहे के समय पढी जाती हैं [को०]।

पंजगज—सज्ञा पुं० [फा] पाँचेंद्रिय समूह। पाँच इद्रियाँ [को०]।

पंजतन—सज्ञा पुं० [फा०] पाँच व्यक्ति।

पजनोश—सज्ञा पुं० [फा०] १. मद्धर, लोह, ताँबा, अभ्रक और पारद का रासायनिक मिश्रण। २ लोहे का मैल। मद्धर [को०]

पंजर—सज्ञा पु० [सं० पञ्जर] १. शरीर का वह कडा भाग जो अणुजीवो तथा बिना रीढ के और क्षुद्र जीवो में कोश या आवरण आदि के रूप मे ऊपर होता है और रीढवाले जीवों में कडी हड्डियो के ढाँचे के रूप मे भीतर होता है। हड्डियो का ठट्ठर या ढाँचा जो शरीर के कोमल भागो को अपने ऊपर ठहराए रहता है अथवा बद या रक्षित रखता है। ठठरी। अस्थिसमुच्चय। ककाल। २. पसलियों से बना हुआ परदा। ऊपरी धड (छाती) का हड्डियो का घेरा। पार्श्व, वक्षस्थल आदि की अस्थिपक्ति। उ०—जान जान कीने जो तै नेहिन ऊपर वार। भरे जो नैन कटाच्छ के खजर पजरफार।—रसनिधि (शब्द०)। ३ शरीर। देह। ४ पिंजडा। उ०—पजर भग्न हुआ, पर पक्षी अब भी अटक रहा है आर्ष।—साकेत, पृ० ३९६।

यौ०—पजरशुक = पालतू तोता। पालतू सुग्गा। पिंजडे मे पालित सुग्गा।

५ गाय का एक सस्कार। ६ कलियुग। ७ कोल कद।

पजरक—सज्ञा पुं० [स० पञ्जरक] १ खाँचा। झावा। बेंत या लचीले डठलों आदि का बुना हुआ बडा टोकरा। २ पिंजरा। पिंजर (को०)।

पंजरनाⓊ—क्रि० अ० [स० प्रज्वल] दे० 'पजरना'।

पजराखेट—सज्ञा पु० [स० पञ्जराखेट] एक प्रकार का झावा या जाल जो मछली पकडने मे काम आता है [को०]।

पजरी—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्जर (= ठठरी)] अर्थी। टिकठी।

पजरोजा—वि० [फा० पंजरोजह्] पाँच दिनो का। चद दिनो का। अस्थायी [को०]।

पजवोⓊ—वि० [स० पञ्चमी] पाँच की सख्यावाली। पाँचवीं। उ०—पजवी नाडि इद्री की करी। नानक किसै विरले सोझी परी।—प्राण०, पृ० १६।

पंजशाखा—सज्ञा पुं० [अ० पजशाखह्] एक तरह की मशाल। एक तरह की बैठकी (दीपाधार) जिसमें पाँच शाखाओ पर दीप या मोमबत्ती जलाई जाती है। दे० 'पनसाखा' [को०]।

पंजहजारी—सज्ञा पुं० [फा० पंजहजारी] एक उपाधि जो मुसलमान राजाओं के समय मे सरदारो और दरबारियों को मिलती थी। ऐसे लोग या तो पाँच हजार सेना रख सकते थे अथवा पाँच हजार सेना के नायक बनाए जाते थे।

पंजा—सज्ञा पुं० [फा० पंजह् तुलनीय वि० स० पंचक] १. पाँच का समूह। गाही। जैसे, चार पजे आम। २ हाथ या पैर की पाँचों उँगलियो का समूह, साधारणत हथेली के सहित हाथ की और तलवे के अगले भाग के सहित पैर की पाँचो उँगलियाँ। जैसे, हाथ या पैर का पजा, बिल्ली या शेर का पजा।

मुहा०—पजा फेरना या मोड़ना = पजा लडाने मे दूसरे का पजा मरोड देना। पजे की लडाई मे जीतना। पंजा फैलाना या बढ़ाना = लेने या अधिकार मे करने के लिये हाथ बढाना। हथियाने का डौल करना। लेने का उद्योग करना। पंजा मारना = लेने के लिये हाथ लपकाना। झपाटा मारना। पंजे झाडकर पीछे पड़ना या चिमटना = हाथ धोकर पीछे पडना। जी जान से लगना या तत्पर होना। सिर हो जाना। पजे में = (१) पकड मे। मुट्ठी में। ग्रहण मे। जैसे, पजे में आया हुआ शिकार। (२) अधिकार मे। कब्जे मे। वश में। ऐसी स्थिति मे जिसमें जो चाहे किया जा सके। जैसे,—अब तो तुम हमारे पजे में फँस गए (या आ गए) हो, अब कहाँ जाते हो? पजे में कर लेना = अधिकार में कर लेना। उ०—हित ललक से भरी लगावट ने, कर लिया है किसे न पजे मे।—चोखे०, पृ० २०। पजे से = पकड से। मुट्ठी से। अधिकार से। कब्जे से। जैसे, पजे से छूटना, पजे से निकलना। पजा लड़ाना = एक प्रकार की कसरत या बलपरीक्षा जिसमे दो आदमी एक दूसरे की उँगलियाँ फँसाकर मरोडने का प्रयत्न करते हैं। उ०—भैरवी मेरी तेरी झझा। तभी बजेगी मृत्यु लडाएगी जब तुझसे पजा।—अपरा, पृ० १३३। पंजा लेना = पजा लडाना। पजों के बल चलना = बहुत ऊँचा होकर चलना। इतराना। गर्व करना। जमीन पर पैर न रखना।

३ पजा लडाने की कसरत या बलपरीक्षा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—पजा ले जाना = पजा लडाने में जीत जाना। दूसरे का पजा मरोड देना।

४ उँगलियो के सहित हथेली का सपुट। चगुल। जैसे, पजा भर आटा। ५ जूते का अगला भाग जिसमे उँगलियाँ रहती हैं। जैसे,—इस जूते का पजा दबाना है। ६ बैल या भैंस की पसली की चौडी हड्डी जिससे भगी मैला उठाते हैं। ७ पजे के आकार का बना हुआ पीठ खुजलाने का एक औजार। ८ मनुष्य के पजे के आकार का कटा हुआ टीन या और किसी धातु की चद्दर का टुकडा जिसे लबे बाँस आदि मे बाँधकर झडे या निशान की तरह ताजिए के साथ लेकर चलते हैं। ९ पुट्ठे के ऊपर का माँस (चिक या कसाई)। १०. ताश का वह पत्ता जिसमें पाँच चिह्न या बूटियाँ हो। जैसे, ईंट का पजा। ११ जुए का दाँव जिसे नक्की भी कहते हैं।

मुहा०—छक्का पजा = दाँव पेंच। चालबाजी। उ०—नीकी चाल काहू की सिखाई जो न मानै औ न जानै भली भाँति चलिबे को व्यवहार है। छक्का पजा बद कामादिक के न चूकै सौ न जीवन के रग बदरग को प्रचार है।—चरण चद्रिका (शब्द०)।

पंजातोड़ बैठक—सज्ञा स्त्री० [हिं० पजा + तोड़ना + बैठक] कुश्ती का एक पेंच जिसमे सलामी का हाथ मिलाते हुए जोड के पजे को तिरछा लेते हैं, फिर अपनी कुहनी उसके पेट के नीचे रख पकडे हुए हाथ को अपनी गर्दन या कधे पर से ले जाकर बगल मे दबाते हैं और झटके के साथ खीचकर जोड को चित गिराते हैं।

पंजाब—सज्ञा पुं० [फा०] [वि० पजाबी] भारत के उत्तरपश्चिम का प्रदेश जहाँ सतलज, व्यास, रावी, चनाव और झेलम नाम की पाँच नदियाँ बहती हैं।

विशेष—प्राचीन ग्रथो मे इसका नाम पचनद आया है। विद्वानो की धारणा है कि ऋग्वेद मे जिस सप्तसिंधु का उल्लेख है वह यही प्रदेश है। उसमे अशुमती, अजसी, अनितभा, अशमन्वती असिक्नी, ककुभा (काबुल नदी), क्रमु, शुतुद्री, वितस्ता, शिफा, शर्यणावती, सरस्वती, सुवास्तु (स्वात) इत्यादि जिन बहुत सी नदियो का उल्लेख है वे प्राय सब पजाब की ही हैं। सरस्वती के किनारे का सारस्वत प्रदेश वैदिक काल मे बहुत पुनीत माना जाता था और वहाँ अनेक बडे बडे यज्ञ हुए हैं। मनुसहिता का ब्रह्मर्षि देश भी पजाब के ही अतर्गत था। महाभारत में आए हुए मद्र, आरट्ट, सिंधु, गाधार आदि देश पजाब मे ही पडते थे। महाभारत मे मद्र देश के वासियो का आचार व्यवहार निंदित कहा गया है।

पजाबल—सज्ञा पुं० [हिं० पजा + बल] पालकी के कहारो की बोली, यह सूचित करने के लिये कि आगे की भूमि ऊँची है।

विशेष—यह वाक्य अगले कहार पिछले कहारो को सूचना के लिये बोलते हैं।

पंजाबी[1]—वि० [फा०] पजाब सबधी। पंजाब का। जैसे, पजाबी घोडा, पजाबी भाषा, पजाबी जूता।

पंजाबी[2]—सज्ञा पुं० [स्त्री० पजाबिन] पजाब का रहनेवाला। पजाब निवासी।

पजारा—सज्ञा पुं० [स० पिञ्जा (= रुई) अथवा पिञ्जकार] १. रुई से सूत कातनेवाला। २ रुई धुननेवाला। धुनिया।

पंजाह—वि० [फा०, तुल स० पञ्चाशत्] पचास [को०]।

पंजि—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्जि] १ रुई की पिउनी या गोल पहल जिसे हाथ मे लेकर काता जाता है। २ आलेख। बही।

रजिस्टर । ३ पंचाग । पत्रा । जन्त्री [को०] ।

यौ०—पजिकार । पजिकारक ।

पजिका—सज्ञा स्त्री० [स० **पञ्जिका**] १ पचाग । २. शब्दश व्याख्या करनेवाली टीका । विस्तृत टीका । ३ वही खाता (को०) । ४ यम का वह खाता जिसमे प्राणी के कर्मों का लेखा रहता है (को०) । ५ पूनी । पिउनी (को०) ।

पजिकारक—सज्ञा पुं० [स० **पञ्जिकारक**] १. पचागनिर्माता । २ लेखक । बहीखाता लिखनेवाला । ३ एक जाति । कायस्थ [को०] ।

पजी—सज्ञा स्त्री० [सं० **पञ्जी**] दे० 'पजि' ।

पजीकरण—सज्ञा पुं० [सं० **पञ्जीकरण**] १. लेख आदि का वही या रजिस्टर पर लिखा जाना । २ रजिस्टर होना । रजिस्टर में लिखकर पक्का करना ।

पजीकार—सज्ञा पुं० [स० **पञ्जीकार**] १ पजी या बही लिखनेवाला व्यक्ति । लेखक । मुनीम । २ पचाग का निर्माता । ज्योतिषी ।

पजीरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पाँच+जीरा**] एक प्रकार की मिठाई जो आँटे को घी मे भूनकर उसमें धनिया, सोठ, जीरा आदि मिलाकर बनाई जाती है ।

विशेष—इसका व्यवहार विशेषत नैवेद्य मे होता है । जन्माष्टमी के उत्सव तथा सत्यनारायण की कथा मे पजीरी का प्रसाद बँटता है । पजीरी प्रसूता स्त्री के लिये भी बनती है और पठावे मे भी भेजी जाती है ।

पजीरी[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] दक्षिण का एक पौधा जो मालाबार, मैसूर तथा उत्तरी सरकार मे होता है और ओषधि के काम मे आता है । यह उत्तेजक, स्वेदकारक और कफनाशक होता है । जुकाम या सर्दी मे इसकी पत्तियो और डठलों का काढ़ा दिया जाता है । सस्कृत मे इसे इ दुपर्णी और अजपाद कहते हैं ।

पजुम—वि० [फा०] पचम । पाँचवाँ । उ०—पजुम ख्वाब देखा जो है इक शहर । मद जन वहाँ को रहे घर व घर । —दक्खिनी०, पृ० ३०१ ।

पटलिⓅ†—सज्ञा पु० [सं० **पटल**] आवरण । पद । उ०—परगृह जाय न देखे चचलि । गुरुमुखि त्यागे माया पटलि । —प्राण०, पृ० ११ ।

पंड[1]—सज्ञा पु० [स० **षण्ड**] १ नपुसक । हिजडा । २ वह (पेड) जिसमे फल न लगे ।

पडⓅ[2]—सज्ञा पु० [स० **पाण्डव**] दे० 'पाडव । उ०—सँग्राम पड कैरवे कि खड वाण सोणिय । रा० रू०, पृ० ६० ।

पड[3]—सज्ञा पुं० [सं० **पिण्ड**] दे० 'पिंड' । उ०—वसै अपडी पड मे ता गति लपै न कोइ ।—कबीर ग्र०, पृ० १८ ।

पडक—सज्ञा पुं० [सं० **षण्डक**] दे० 'पड' ।

पंडग—सज्ञा पुं० [सं० **षण्डग**] खोजा । नपुसक ।

पडरा—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी+ढरना (ढरा)**] परनाला । पनाला । नावदान ।

पडल[1]—वि० [स० **पाण्डुर**] पाडु वर्ण का । पीला । उ०—(क) लोने मुख पडल पै मडल प्रकाश देव, जैसे चद्र मडल पै चदन चढ़ाइयतु ।—देव (शब्द०) ।

पंडल[2]—सज्ञा पुं० [सं० **पिण्ड**, हिं० **पंड+ल**] पिंड । शरीर । उ०—(क) आसा एकहि नाम की जुग जुग पुरवै मास । ज्यो पडल कोरी रहै वसे जो चदन पास ।—कबीर (शब्द०)। (ख) पडल पिंजर मन भँवर अरथ अनूपम वास । एक नाम सीचा अमी फल लागा विश्वास ।—कबीर (शब्द०) ।

पंडव, पडवा—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डव**] दे० 'पाडव' ।

पंडा[1]—सज्ञा पुं० [सं० **पण्डित**] [स्त्री० **पंडाइन**] १ किसी तीर्थ या मदिर का पुरोहित या पुजारी । तीर्थ पुरोहित । मदिर का पुजारी । घाटिया । पुजारी । उ०—माया महा ठगिन हम जानी । निर्गुन फाँस लिए कर डोलै बोलै मधुरी बानी । केशव के कमला ह्वै बैठी शिव के भई भवानी । पडा के मूरति ह्वै बैठी तीरथ मे भई पानी । —कबीर (शब्द०) । २ रोटी बनानेवाला ब्राह्मण । रसोइया ।

पंडा[2]—सज्ञा स्त्री० [स० **षण्डा**] १ विवेकात्मिका बुद्धि । विवेक । ज्ञान । बुद्धि । २ शास्त्रज्ञान ।

पंडाइन—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पडा**] १ पडा की स्त्री । २. रसोइया की स्त्री या रसोई बनानेवाली औरत ।

पडापूर्व—सज्ञा पुं० [स० **षण्डापूर्व**] मीमासा शास्त्रानुसार वह धर्माधर्मात्मक अदृष्ट जो अपने कर्म का फल देने में अयोग्य हो ।

विशेष—मीमासा का मत है कि प्रत्येक कर्म के करते ही, चाहे वह अधर्म हो या धर्म एक अदृष्ट उत्पन्न होता है । इस अदृष्ट मे अपने कर्म के शुभाशुभ फल देने की योग्यता होती है । पर कितने कर्मों के शुभाशुभ फल तो मिलते हैं और उनके फलो के मिलने का वर्णन अर्थवाद वाक्यो मे भी है पर कितने ऐसे भी कर्म हैं जिनका फल नही मिलता । ऐसे कर्मों की विधि तो शास्त्रो मे है पर उनका अर्थवाद नही है । इस प्रकार के कर्मों के करने से जो अदृष्ट उत्पन्न होता है उसे 'षडापूर्व' कहते हैं । मीमासको का मत है कि ऐसे अदृष्टो मे स्पष्ट फल देने की योग्यता नही होती पर वे पाप और पुण्य का क्षय करते हैं । नैयायिक इस प्रकार के अदृष्ट को नही मानते ।

पंडाल—सज्ञा पुं० [अ०] किसी भारी समारोह के लिये बनाया हुआ विस्तृत मडप । जैसे, समेलन का पडाल । काग्रेस का पडाल ।

पडावत—वि० [सं० **षण्डावत**] बुद्धिमान या पढ़ा लिखा [को०] ।

पडित[1]—वि० [वि० स्त्री० **पण्डिता**, **पडिताइन** **पडितानी**] १. विद्वान् । शास्त्रज्ञ । ज्ञानी ।

विशेष—लोक में 'पडित' शब्द का प्रयोग पढ़े लिखे ब्राह्मणो ही के लिये होता है । शिष्टाचार मे ब्राह्मणो के नाम के पहले यह शब्द रखा जाता है ।

२. कुशल । प्रवीण । चतुर । ३ सस्कृत भाषा का विद्वान् ।

पंडित[2]—सज्ञा पुं० १ पढा लिखा शास्त्रज्ञ ब्राह्मण । २ वह जो सदसद् के विवेकज्ञान से युक्त हो । शास्त्रज्ञ विद्वान् । ३. ब्राह्मण । ३ एक प्रकार का गधद्रव्य । सिल्हक (को०) ।

पंडितक[1]—सज्ञा पुं० [स० **पण्डितक**] १. धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम । २. विद्वान् व्यक्ति (को०) ।

पंडितक[2]—वि० शास्त्रज्ञ । विद्वान् । शिक्षित [को०] ।

पडितजातीय—वि० [स० पण्डितजातीय] अल्प चतुर। कुछ कुशल [को०]।

पडितमंडल—सज्ञा पु० [स० पण्डितमण्डल] [स्त्री० पण्डितमंडली] पडितो की गोष्ठी। विद्वानो की मडली [को०]।

पडितमानिक—वि० [स० पण्डितमानिक] दे० 'पडितम्मन्य' [को०]।

पडितमानी—वि० [स० पण्डितमानिन्] दे० 'पडितम्मन्य' [को०]।

पंडितम्मन्य—वि० [सं० पण्डितम्मन्य] अपने को विद्वान् माननेवाला। पाडित्याभिमानी। मूर्ख।

पंडितराज—सज्ञा पुं० [स० पण्डितराज] १. प्रकाड विद्वान्। बहुत बडा पडित। २ सस्कृत के प्रसिद्ध ग्रथ 'रसगगाधर' के रचयिना विद्वान् जगन्नाथ की उपाधि [को०]।

पडितवादी—वि० [स० पण्डितवादिन्] पडित होने का स्वाँग या ढोग करनेवाला [को०]।

पडिता—वि० स्त्री० [स० पण्डिता] विदुषी। उ०—तू तो आप बडी पडिता है, मैं तुझे क्या समझाऊँगी।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३५।

पंडिताइन[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पडित] दे० 'पडितानी'।

पंडिताई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पडित+आई (प्रत्य०)] विद्वत्ता। पाडित्य। वैदुष्य।

पंडिताऊ—वि० [हिं० पडित] पडितो के ढग का। जैसे, पडिताऊ हिंदी।

पंडितानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पडित] १ पडित की स्त्री। २ ब्राह्मणी।

पडितिमा—सज्ञा स्त्री० [स० पण्डितिमन्] पाडित्य। विद्वत्ता [को०]।

पंडीⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्क्ति] दे० 'पक्ति'। उ०—दुती कि नाग चदन। चढत दुद्ध पडिय।—पृ० रा० २५।३१०।

पडु—वि० [सं० पण्डु] १ पीलापन लिए हुए मटमैला। २. श्वेत। सफेद। ३ पीला। ४ पाँच की सख्या का वाचक। —रघु० रू०, पृ० ५०।

पंडुक—सज्ञा पुं० [स० पाण्डु] [स्त्री० पडुकी] कपोत या कबूतर की जाति का एक पक्षी जो ललाई लिए भूरे रंग का होता है। उ०—इस सुदर तथा खेमावार वृक्ष पर शुक, मयूर, पडुक इत्यादि सहस्रो प्रकार के पक्षियों का निवास है। —कबीर म०, पृ० ४९६।

विशेष—यह प्राय जगली झाड़ियो और उजाड स्थानो मे होता है। नर की बोली कडी होती है और उसके गले मे कठा सा होता है जो नीचे की ओर अधिक स्पष्ट दिखाई पडता है पर ऊपर साफ नही मालूम होता। पडुक दो प्रकार का होता है, एक बडा दूसरा छोटा। बडे का रंग भूरा और खुलता होता है। छोटे का रग मटमैला लिए ईंट सा लाल होता है। कबूतर की तरह पडुक जल्दी पालतू नही होता। पडुक और सफेद कबूतर के जोड से कुमरी पैदा होती है।

पर्या०—पिडुक। पेढ़की। फाख्ता।

पंडुरा[1]—सज्ञा पुं० [देश०] १. पानी मे रहनेवाला साँप। डेढ़हा।

उ०—ऐसे हरि सो जगत लरतु है। पंडुर कतहूँ गरुड धरतु है।—कबीर (शब्द०)।

पंडुरⓅ[2]—सज्ञा पु० [स० पण्डुर, प्रा० पंडुर] पीलापन। (भय आदि के कारण) शरीर का पीला या सुफेद हो जाना। पाडुर। उ०—भेद वचन तन पेद सुतन पडुर चढि आइय। उष्ट धरद्धर कपि सु तन आक्रम जभाइय। —पृ० रा०, १। २७५।

पडोह†—सज्ञा पुं० [हि० पानी+दह] नावदान। परनाला। पनाला।

पंडू—सज्ञा पु० [स० पण्डु, पण्डूक] वह जो वात रोग से ग्रस्त हो। पगु आदमी। २ हिजडा [को०]।

पंथ—सज्ञा, पुं० [स० पन्थ] मार्ग। रास्ता। उ०—जेथ बरफ बरसै जमै, परवत सिखराँ पत।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० ५७।

पंतीⓅ—सज्ञा स्त्री० [स० पङ्क्ति, प्रा० पतिय] श्रेणी। पाँत। पक्ति। उ०—अग्गै सुदति पतिय विरूर। पलकत अदु मत झरत भूर। पृ० रा०, १।६२४।

पथ[1]—सज्ञा पु० [स० पन्थ] १. मार्ग। रास्ता। राह। उ०—(क) बरनत पथ विविध इतिहासा। विश्वनाथ पहुँचे कैलासा।—मानस, १।५८। (ख) जो न होत अस पुरुष उँजारा। सूझि न परत पथ अँधियारा।—जायसी (शब्द०) (ग) बिरहिन ऊभी पंथ सिर पथी पूँछै धाय। एक शब्द कहो पीव का कब रे मिलैगे आय।—कबीर (शब्द०)। २. आचार-पद्धति। व्यवहार का क्रम। चाल। रीति। व्यवस्था।

यौ०—कुपथ। उ०—रघुबसिन्ह कर सहज सुभाऊ। मनु कुपथ पगु धरैं न काऊ।—मानस, १।२३१। सुपथ।

मुहा०—पथ गहना = (१) रास्ता पकडना। चलने के लिये रास्ते पर होना। चलना। उ०—बिछुरत प्रान पयान करेंगे रहौ आजु पुनि पथ गहौ।—सूर (शब्द०)। (२) चाल पकडना। ढग पर चलना। विशेष प्रकार के कर्म मे प्रवृत्त होना। आचरण ग्रहण करना। पथ करना = दे० 'पथ गहना उ०—क्रम क्रम ढोला पथ कर, ढाण म चूके ढाल।—ढोला०, दू० ४४०। पथ दिखाना = (१) रास्ता बताना। (२)धर्म या आचार की रीति बताना। उपदेश देना। उ०—गुरु सेवा जेइ पथ दिखावा। बिनु गुरु जगत् को निर्गुन पावा?—जायसी (शब्द०)। पथ देखना या निहारना = रास्ता देखना। बाट जोहना। प्रतीक्षा करना। इतजार करना। उ०—(क) तुमरो पथ निहारौं स्वामी, कबहिं मिलौगे अतर्यामी।—सूर (शब्द०)। (ख) माखन खाव लाल मेरे भाई। खेलत आज अबार लगाई। ··· मैं बैठी तुम पथ निहारौं। आवो तुम पै तन मन वारौं।—सूर (शब्द०)। पथ न सूझना = रास्ता न दिखाई पडना। उ०—आगे चलो पथ नहिं सूझै पीछे दोष लगावै।—कबीर सा० स०, पृ० ४९। पथ में या पथ पर पाँव देना = (१) चलना। चलने के लिये पैर उठाना या बढाना। (२) रीति या ढग पर चलना। विशेष प्रकार के कर्मों मे प्रवृत्त होना। आचरण ग्रहण करना। जैसे,—भूल कर भी बुरे पथ मे पाँव न देना। पथ पर लगना = (१)

रास्ते पर होना। (२) चाल ग्रहण करना। **किसी के पंथ लगाना** = (१) किसी के पीछे होना। अनुसरण करना। अनुयायी होना। (२) किसी के पीछे पडना। बराबर तग करना। लगातार कष्ट देना। उ०—किन्नर, सिद्ध, मनुज, सुर नागा। हठि सबही के पथहि लागा।—तुलसी (शब्द०)। **पथ पर लाना या लगाना** = (१) ठीक रास्ते पर करना। (२) अच्छी चाल पर ले चलना। उत्तम आचरण सिखाना। धर्मोपदेश करना। उ०—अगुआ भयउ सेख बुरहानू। पथ लाय मोहि दीन्ह गियानू।—जायसी (शब्द०)। **पथ सेना या सेवना** = राह देखना। बाट जोहना। आसरा देखना। उ०—हारिल भई पथ मै सेवा। अब तोहि पठवो कौन परेवा।—जायसी (शब्द०)।

३ धर्ममार्ग। सप्रदाय। मत। जैसे, कबीरपथ, नानकपथ, दादूपथ। उ०—सैयद अशरफ पीर पियारा। जिन मोहि पथ दीन उजियारा।—जायसी (शब्द०)।

पंथ[२]—सज्ञा पुं० [स० **पथ्य**] वह हल्का भोजन जो रोगी को लघन या उपवास के पीछे शरीर कुछ स्वस्थ होने पर दिया जाता है। जैसे, मूँग की दाल आदि।

पंथक—वि० [स० **पन्थक**] मार्ग मे पैदा हुआ। मार्ग मे पैदा होनेवाला [को०]।

पथकीⓊ—सज्ञा पुं० [स० **पथिक**] राही। पथिक। राह चलता मुसाफिर। उ०—(क) मँदिरन्ह जगत दीप परगसी। पथकि चलत बसेरन बसी।—जायसी (शब्द०)। (ख) कौन हौ? कितते चले? कित जात हौ? केहि काम? जू। कौन की दुहिता, बहू कहि कौन की यह बाम, जू। एक गाँव रहौ कि साजन मित्रबधु बखानिए। देश के? परदेश के? किधौ पथकी? पहिचानिए।—केशव (शब्द०)।

पंथड़ा†—सज्ञा पुं० [हिं० **पथ** + **डा** (प्रत्य०)] मार्ग। रास्ता। पथ। उ०—पथडै जाय पाँव नहि तोड़ू घर बैठा ऋधि पाऊँगा।—राम० धर्म०, पृ० १८।

पथवान†—सज्ञा पुं० [सं० **पन्थ** + हिं० **वान** (प्रत्य०)] पथिक। मुसाफिर। उ०—पथवान पुच्छयो नदी उत्तारि तिन अष्षिय। —पृ० रा०, ७।७२।

पथाⓊ—सज्ञा पुं० [स० **पन्थ**] दे० 'पथ'। उ०—करहि पयान भोर उठि नितहि कोस दस जाहि। पथी पथा जो चलहि ते कित रहैं ओताहि।—जायसी (शब्द०)।

पथानⓊ—सज्ञा पुं० [स० **पन्थ या पथ**] मार्ग। उ०—एहि महँ रुचिर सप्त सोपाना।—रघुपति भगति केर पथाना।—तुलसी (शब्द०)।

पथिक‡—सज्ञा पुं० [सं० **पथिक**] दे० 'पथिक'। उ०—पथिक सो जो दरब मो रुसै। दरब समेटि बहुत अस मूसै।—जायसी ग्र० पृ० २२३।

पथिनी—वि० स्त्री० [सं० **पन्थ** + हिं० **इनी** (प्रत्य०)] राह पर चलनेवाली। उ०—मै मानूंगी अधिक उनमे हैं महामोह मग्ना। तो भी प्राय प्रणयपथ की पथिनी ही सभी हैं।—प्रिय०, पृ० २४६।

पंथी—सज्ञा पुं० [सं० **पंथिन्**] १ राही। बटोही। पथिक। उ०—(क) बडा हुआ तो क्या हुआ जैसे ताँह खजूर। पथी छाहँ न बैठही फल लागा तो दूर।—कबीर (शब्द०)। (ख) करहि पयान भोर उठि निनहि कोस दस जाहि। पथी पथा जो चलहि ते कित रहैं ओताहि।—जायसी (शब्द०)। २ किसी सप्रदाय का अनुयायी। जैसे, कबीरपथी, दादूपथी इत्यादि।

पंद[१]—सज्ञा स्त्री० [फा०] शिक्षा। सीख। उपदेश। उ०—नफस नाँव सो मारिए गोसमाल दे पद। दूई है सो दूरि करि तब घर मे आनद।—दादू (शब्द०)।

पंद†[२]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'फदा'। उ०—जगमग दिवारी है कि दामिनी उज्यारी है कि, देवता सवारी है कि मद हास पद है।—ब्रज ग्र०, पृ० १५०।

पंदरह[१]—वि० [स० **पञ्चदश, पा० पण्णरस, प्रा० पण्णरह**] जो सख्या मे दस और पाँच हो।

पंदरह[२]—सज्ञा पुं० दस और पाँच की सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—१५।

पंदरहवाँ—वि० [फा० **पदरह**] [वि० स्त्री० **पदरहवीं**] जो पदरह के स्थान पर हो। जिसका स्थान चौदह और पदार्थों के पीछे हो।

पंदार—वि० [फ़ा० **पद**] सुझाव या शिक्षा लेनेवाला [को०]।

पंद्रह—सज्ञा पुं० [हिं० **पदरह**] दे० 'पदरह'। उ०—पंद्रह दश इकीहि सत्त, मन मैं धरे परोय।—प्राण०, पृ० ५५।

पंधलाना—क्रि० स० [देश०] फुसलाना। बहलाना।

पंनाⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० **पन्ना**] एक रत्न। दे० 'पन्ना'। उ०—पदि पन्ना मानिक मँगवाए। गोमोदिक लीलागन ल्याए।—प० रासो, पृ० २२।

पंप—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह नल जिसके द्वारा पानी ऊपर खीचा या चढाया जाता है अथवा एक ओर से दूसरी ओर पहुँचाया जाता है। २ पिचकारी। हवा भरने की पिचकारी।

क्रि० प्र०—करना।

३ एक प्रकार का हलका अँगरेजी जूता जिसमे पजे से इधर का भाग ढँका रहता है।

पपा—सज्ञा स्त्री० [स० **पम्पा**] दक्षिण देश की एक नदी और उसी से लगा हुआ एक ताल और नगर जिनका उल्लेख रामायण और महाभारत मे है।

विशेष—रामायण मे लिखा है कि पपा नदी से लगा हुआ ऋष्यमूक पर्वत है। ये दोनो कहाँ हैं इसका ठीक ठीक निश्चय नही हुआ है। विल्सन साहब ने लिखा है कि पपा नदी ऋष्यमूक पर्वत से निकलकर तुगभद्रा नदी मे मिल गई है। रामायण से इतना पता तो और लगता है कि मलय और ऋष्यमूक दोनों पर्वत पास ही पास थे। हनुमान ने ऋष्यमूक

से मलयगिरि पर जाकर राम से मिलने का वृत्तात सुग्रीव से कहा था। आजकल त्रावकोर (तिरुवाकुर) राज्य मे एक नदी का नाम 'पबे' है। यह पश्चिम घाट से निकलती है जिसे वहाँवाले 'अनमलय' कहते हैं। अस्तु यही नदी पपा नदी जान पडती है और ऋष्यमूक पर्वत भी वहीं हो सकता है जिससे यह नदी निकली है।

पंपालⓊ—वि० [स० पापालु] पाप या बुरे कर्म करनेवाला। पापी।

पंपासर—सज्ञा पु० [स० पम्पासर] दे० 'पंपा'। उ०—पपासरहि जाहु रघुराई। तहँ होइहि सुग्रीव मिताई।—मानस, ३।३०।

पंबा—सज्ञा पु० [फा० पुबा (= कपास)] एक प्रकार का पीला रग जो ऊन रँगने मे काम आता है।

विशेष—४ छटाँक मोखा हलदी की बुकनी १½ छटाँक गधक के तेजाब मे मिलाई जाती है। हल हो जाने पर उसे ९ सेर उबलते हुए पानी मे मिला देते हैं। इस जल में धुला हुआ ऊन एक घटे तक छाया मे सुखाया जाता है। यह रग कच्चा होता है पर यदि हलदी की जगह अकलवीर मिलाया जाय तो रग पक्का होता है।

पंमारⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पँवार] पँवार नाम की क्षत्रिय जाति। दे० 'परमार'। उ०—सपनानुराग वढ्यो नृपति अरु स्रोतानन राग भय। पमार मोहि छोरै सलष अनप एन आवू सुलय।—पृ० रा०, १२।१३।

पसाखा†—सज्ञा पु० [हिं० पनसाखा] एक प्रकार का मशाल। पाँच शाखाओ का दीपस्तभ या दीपाधार। पनसाखा। उ०—हम खीच खीचकर चरबी पशाखा वालेंगे।—भारतेंदु ग्र० भा० १ पृ० २९९।

पसाⓊ†—अव्य० [सं० पार्श्व, हिं० पास] दे० 'पास'। उ०—जैसी देह सँवारी हसा। तैसी लेहु हमारे पसा।—कबीर सा०, पृ० ५६५।Ⓤ २ दे० 'पासा'।

पसारी—सज्ञा पु० [स० पण्यशाली] हलदी, धनिया आदि मसाले तथा दवा के लिये जडी बूटी बेचनेवाला बनिया।

पसासार—सज्ञा पु० [स० पाशक, हि० पासा + सारि (= गोटी)] पासे का खेल। उ०—अनिरुद्ध जी और राजकन्या निद्रा से चौंक पसासार खेलने लगे।—लल्लू (शब्द०)।

पंसासारीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० पाशक, हिं० पासा + सारि (= गोटी)] पासे का खेल। उ०—कोउ खेलत कहु पसासारी। खेलन कौतुक की बलभारी।—सबलसिंह (शब्द०)।

पंसेरी—सज्ञा स्त्री० [हि० पाँच + सेर] पाँच सेर की तौल।

पँखड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पखडी'।

पँखिया—सज्ञा स्त्री० [हि० पख] १ भूसे या भूसी के महीन टुकडे। पाँकी। २ पखडी। उ०—देव कछू अपनो वस ना रस लालच लाल चितै भइ चेरी। वेगि ही बूडि गई पँखिया अँखियाँ मधु की मखियाँ भइ मेरी।—इतिहास, २६९।

पँखुड़ा†—सज्ञा पु० [सं० पक्ष, हि० पख] मनुष्य के शरीर मे कधे के पास का वह भाग जहाँ हाथ जुडा रहता है। पखोरा। कधे और बाँह का जोड।

पँखुड़ीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पंख] फूल का दल। पखडी। उ०—कमल सूख पँखुडी भइ रानी। गलि गलि के मिलि छार भुरानी।—जायसी (शब्द०)।

पँखुरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पख] दे० 'पँखुडी'। उ०—(क) मैं वरजी कै वार तू इत किति लेति करौट। पँखुरी गडै गुलाब की परिहै गात खरौट।—बिहारी (शब्द०)।

पँखुरा—सज्ञा पु० [स० पक्ष, हि० पख] दे० 'पँखुडा'।

पँखेरू—सज्ञा पुं० [स० पक्षालु] दे० 'पखेरू'। उ०—भएउ अचल ध्रुव जोगि पँखेरू। फूलि बैठ थिर जैस सुमेरू।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३१२।

पँग†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'उपग'।

पँगरा—सज्ञा पुं० [देश०] १ मझोले आकार का एक प्रकार का कँटीला वृक्ष। डोलढाक। ढाक। मदार।

विशेष—यह वृक्ष प्राय सारे भारत मे पाया जाता है। शीत ऋतु मे इसकी पत्तियाँ झड जाती हैं। इसकी लकडी बहुत मुलायम, पर चिमडी होती है और तलवार की म्यान या तख्ते आदि बनाने के काम मे आती है।

पँगला—वि० [स० पङ्गु + ल (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० पँगली] पगु। लँगडा।

पँगुलाⓊ—वि० [स० पङ्गुल] दे० 'पँगुल'। उ०—गूँगा हूआ बावरा, बहिरा हूआ कान। पाँयन से पँगुला हुआ, सतगुरु मारा बान।—कबीर सा० स०, पृ० ९।

पँचकल्यान—सज्ञा पु० [हिं० पचकल्यान] दे० 'पचकल्यान'। उ०—पिन्न सदली वौरता, चगर सिराजी हस। पँचकल्यान कुमैत हय रौहालिक महिया बस।—प० रासो, पृ० १३८।

पँचकुरा†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँच + कूरा] एक प्रकार की बँटाई जिसमे खेत की उपज के पाँच भागो मे से एक भाग जमीदार लेता है।

पँचगोटिया—सज्ञा पुं० [हिं० पाँच + गोटी] वह खेल जो ५-५ गोटियो से खेला जाय।

पँचतोरिया—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का वस्त्र। पचतोलिया। उ०—सहज सेत पँचतोरिया पहिरे अति छवि देत।—बिहारी (शब्द०)।

पँचमेल—वि० [हिं० पाँच + मेल] दे० 'पचमेल'।

पँचमेली—वि० [हिं० पँचमेल] १ पाँच चीजो की मेलवाली (मिठाई आदि)। २ मिश्रित। उ०—पँचमेली भाषा लिखि जात वरन उन माही।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४१६।

पँचरँग—वि० [हिं० पाँच + रंग] १ पाँच रग का। उ०—पँचरँग सारी मँगाओ। बधुजन सब पहरावो।—सूर (शब्द०)। २ अनेक रगो का। रगविरग। ३ पाचभौतिक (लाक्ष०)। उ०—चारु पिछोरी साजि पँचरँग नव चोली है।—द० ग्र०, पृ० ३८६।

पँचलड़ा—वि० [हिं० पाँच + लड़] पाँच लडों का। जैसे, पँचलडा हार।

पँचलड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँच+लड़] गले मे पहनने की पाँच लडों की माला।

पँचलरो—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पँचलड़ी'।

पँचवानⓊ—सज्ञा पु० [स० पञ्चबाण ?] राजपूतों की एक जाति। उ०—पत्ती औ पँचवान वघेले। अगरपार चौहान चँदेले। —जायसी (शब्द०)।

पँचसरⓊ—सज्ञा पुं० [स० पञ्चशर] दे० 'पचशर'। उ०—जब कोउ या तन तनक निहारें। ताकौं निधरक पँचसर मारै।—नद० ग्र०, पृ० १२०।

पँचहरा†—वि० [स० पञ्च+स्तर] १ पाँच तह या पर्त का। २ पाँच बार का किया हुआ।

पँचालिकाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्चालिका] १ नटी। नर्तकी। उ०—नाचति मच पँचालिका कर सकलित अपार।—केशव (शब्द०)।

पँछिराज—सज्ञा पु० [स० पक्षिराज] दे० 'पक्षिराज'। उ०—अब कहना कछु नाही, मस्ट भलो पँछिराज।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १६८।

पँजड़ी—सज्ञा स्त्री० [स० पञ्च, फा० पंज] चौसर के एक दाँव का नाम।

पँजना—क्रि० क० [सं० पञ्जज (=वृद्ध होना, रुकना)] धातु के बरतन मे टाँके आदि द्वारा जोड लगना। झलना। झाल लगना।

पँजनीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] 'पैंजनी'। उ०—बजनी पँजनी पायलौ मन भजनी फुर वाम। रजनी नींद न परति है सजनी बिन घनस्याम।—राम० धर्म०, पृ० २३७।

पँजरना†—क्रि० अ० [स० प्रज्वलन] दे० 'पजरना'।

पँजरी—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्जर] १ पसली। पजर। २ अरथी जिसपर जलाने के लिये शव ले जाते हैं।

पँड़रा†—सज्ञा पुं० [?] दे० 'पँडवा'।

पँड़री†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पड़ना] वह भूमि जो ईख बोने के लिये रखी गई हो। उखाँड। पँडुवा।

क्रि० प्र०—रखना। छोडना।

पँड़रूा†—सज्ञा पु० [?] [स्त्री० पँडरी] दे० 'पँडवा'।

पँडवा—सज्ञा पुं० [?] भैंस का बच्चा।

पँडुवा†—सज्ञा स्त्री० [हिं० परना] दे० 'पँडरी'।

पँतीजना†—क्रि० स० [स० पिञ्जन (=धुनकी)] रूई से बिनौले निकालकर अलग करना। रूई ओटना। पींजना।

पँतीजी—सज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जन (=धुनकी)] रूई धुनने की धुनकी। उ०—चरख पँतीजी चरख चढ़ि ज्यों ढाँकत जग सूत।—वृंद (शब्द०)।

पँत्यारीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] पक्ति। श्रेणी। कतार।

पँदरोहा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पडोह'।

पँवड़ा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पँवाडा'। उ०—उर विज्ञान जन साथ राम पँवडा भर लीजै। निभैर नित आनद अगम घर आसण कीजै।—राम धर्म०, पृ० २४५।

पँवनारि—सज्ञा स्त्री० [स० पद्मनाल] पद्मनाल। कमलदड। उ०—भुज उपमा पँवनारि न पूजी खीन भई तिहि चित।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १९५।

पँवर[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पँवरी'।

पँवरⓊ[2]—सज्ञा पु० [स० प्रभार] सामान। सामग्री। उ०—भसम गग लोचन अहि डमरू, पचतत्व सूचक अस भाँरू। हर के बस पाँचउ यह पँवरू, जिनसे पिंड उरेह।—देवस्वामी (शब्द०)।

पँवरना†—क्रि० अ० [स० प्लवन] १ तैरना। २ थाह लेना। पता लगाना। उ०—सूकर स्वान सियार सिंह सरप रहहिं घट माहिं। कुजर कीरी जीव सब पँवरहिं जानहिं नाहिं।—कबीर (शब्द०)।

पँवरिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० पुर (=घर), या पुरस (=आगे)] प्रवेशद्वार या गृह। वह फाटक या घर जिससे होकर किसी मकान में जायँ। ड्योढी। उ०—(क) पँवरि पँवरि गढ लाग केवारा। औ राजा सो भई पुकारा।—जायसी (शब्द०) (ख) उघरी पँवरि चला सुलताना। —जायसी (शब्द०)। (ग) पँवरिहि पँवरि सिंह लिखि काढ़े।—जायसी (शब्द०)।

पँवरिया—सज्ञा पुं० [हिं० पँवरी, पौरि] १ द्वारपाल। दरवान। ड्योढ़ीदार। २ पुत्र होने पर या किसी और मगल अवसर पर द्वार पर बैठकर मगलगीत गानेवाला याचक।

पँवरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पौरि] दे० 'पँवरि'।

पँवरी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव] खडाऊँ। पादत्राण। पाँवरी। उ०—पायन पहिरि लेहु सब पँवरी। काट न चुभै गडै अँकरौरी।—जायसी (शब्द०)।

पँवाड़ा—सज्ञा पुं० [सं० प्रवाद] १ लबी चौडी कथा जिसे सुनते जी ऊबे। कल्पित आख्यान। कहानी। दास्तान। २ बढाई हुई बात। व्यर्थ विस्तार के साथ कही हुई बात। बात का बतक्कड। ३ एक प्रकार का गीत जिसमें वश की कीर्ति और शौर्य का वर्णन रहता है।

पँवार सज्ञा पुं०[स० परमार] राजपूतो की एक जाति। दे० 'जाति'।

पँवारना†—क्रि० स० [सं० प्रवारण (=रोकना)] हटाना। दूर करना। फेंकना। उ०—(क) सावज न होइ भाई सावज न होइ। बाकी मासु भखै सब कोइ। सावज एक सकल ससारा अविगति बाकी बाता। पेट फारि जो देखिए रे भाई आहि करेज न आँता। ऐसी बाकी मास रे भाई पल पल मासु बिकाई। हाड गोड लै घूर पँवारै आगि धुवाँ नहिं खाई।—कबीर (शब्द०)। (ख) सुआ सुनाक कठोर पँवारी। वह कोमल तिल कुसुम सँवारी।—जायसी (शब्द०)। दे० 'पवारना'।

पँवारⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रवाल] प्रवाल। मूँगा। उ०—देखि दशा सुकुमारि की युवती सब धाई। तरु तमाल, बूझत फिरैं कहि कहि मुरझाई। नँदनदन देखे कहूँ मुरली करधारी। कुडल मुकुट विराजै तनु कुडल भारी। लोचन चारु विलास है नासा अति लोनी। अरुन अधर दशनावली छबि बरवै

कौनी। बिंब पँवारे लाजही दामिनि दुति थोरी। ऐसे हरि हमको कहो कहुँ देखे हौ री।—सूर (शब्द०)।

पँवाराⓅ—संज्ञा पु० [सं० प्रवाद] १ कीर्ति की गाथा। वीरता का आख्यान। उ०—वीर बडो विरुदैत बली, अजहूँ जग जागत जासु पँवारो। सो हनुमान हनी मुठिका, गिरि गो गिरिराज ज्यो गाऊ को मारो।—तुलसी ग्र०, पृ० १९१। दे० 'पँवाडा'।

पँवारी—संज्ञा स्त्री० [देश०] लोहारो का एक औजार जिससे लोहे मे छेद किया जाता है।

पँसरहट्टा—संज्ञा पुं० [हिं० पंसारी+हट्ट, हाट] वह बाजार जहाँ पसारियो की दूकानें हो।

पँसियाना†—क्रि० स० [हिं० पासा] पासे से मारना।

पँसुरी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पँसुली'।

पँसुली†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पसली'।

पँह—अव्य० [सं० पार्श्व] १ पास। समीप। नजदीक। २ से।

प[१]—वि० [सं०] १ पीनेवाला। जैसे,—द्विप, अनेकप, मद्यप। २ रक्षा या शासन करनेवाला। जैसे, क्षितिप, नृप।

प[२]—संज्ञा पुं० १ वायु। हवा। २ पत्ता। ३ अडा। ४ पीने की क्रिया। ५ सगीत मे पचम स्वर का सकेत [को०]।

पइⓅ†—अव्य० [सं० प्रति, प्रा० पडि, पइ, हिं० पं] पास। समीप। उ०—एक दिवस पूगल सहदर सउदागर आवत। तिण पइ घोडा अति घणा वेच्या लाख लहत।—ढोला०, दू० ८३।

पइआलⓅ†—संज्ञा पुं० [सं० पाताल] दे० 'पाताल'। उ०—सगल खड महि रहै अखड सुरग पइआल अरु ब्रह्माड।—प्राण०, पृ० ६।

पइग‡—संज्ञा पु० [सं० पग] दे० 'पैग', 'पग'।

पइज‡—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञा] दे० 'पैज'।

पइठ‡—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रविष्टि] दे० 'पैठ'।

पइठना‡—क्रि० अ० [सं० प्रविष्ट से धातुरूप] दे० 'पैठना'। उ०—झावकि पइठी झालि, सु दरि काइ न सलसलइ। बोलइ नही ज बाल घण घघूणी जोइयउ।—ढोला०, दू० ६०३।

पइता—संज्ञा पुं० [देश०] एक छद जिसे पाइता भी कहते हैं। इसमे एक भगण, एक भगण और सगण होना है। जैसे,—ताके दोनो कुल गनिए, औ दोनो लोचन मनिये। जेते नारी गुण गनियो। सो है लागे श्रुति सुनियो।

पइना‡—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पैना'।

पइभरⓅ—संज्ञा पुं० [सं० पदाति+भट] दे० 'पैदल'। उ०—गज वाजि रथ्थ पइभर गहर सजिय सेन सनमुख चलिय।—पृ० रा०, १।६१८।

पइयाँ—संज्ञा स्त्री० [देश०] जगली चेरी। उ०—पइमों की प्रसन्न पखडियाँ उडती थी पिछवारे। महक रहे थे नीबू, कुसुमों मे रजगध सँवारे।—अतिमा, पृ० १५।

पइया—संज्ञा पुं० [देश०] वह धान जिसके दाने नष्ट हो जाते हैं, पर छिलका जैसे का तैसा रहता है। खोलना धान। कीडे से खाया हुआ बेकार धान। उ०—पइया करम ध्यान सो फटको जोग जुक्ति करि सूपे।—भीखा श०, पृ० २०।

पइरनाⓅ†—क्रि० स० [हिं० पैरना] तैरना। पैरना। उ०—पइरि मोमँ अइलिहुँ तरनि तरग। लाँघल साए सहस भुजग। विद्यापति, पृ० २५८।

पइलइ†Ⓟ—वि० [हिं० परला] उस ओर का। दूसरी तरफ का। दे० 'परला'। उ०—कूँकँडियाँ कलिअल कियउ, सरवर पइलइ तीर। निसि भरि सज्जण सल्लियाँ, नयणे वूहा नीर।—ढोला०, दू० ५९।

पइला†—संज्ञा पुं० [देश०] अनाज मापने का एक बरतन जिसमें पाँच सेर अनाज आता है।

पइसा†—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रविश, प्रा० पइस] पैठ। प्रवेश। गति। रसाई। पहुँच।

पइसना†—क्रि० अ० [सं० प्रविश] दे० 'पैसना'। उ०—(क) हियडइ भीतर पइसि करि, ऊगउ सज्जण रूख। नित सूकइ नित पल्हवइ, नित नित नवला दूख।—ढोला०, दू० १८। (ख) खेला पइसइ माँडली। आखर आखर आणजे जोडि। बी० रासो, पृ० ४।

पइसार†—संज्ञा पुं० [हिं० पइसना] पैठ। प्रवेश। उ०—अति लघु रूप धरौं निसि नगर करउँ पइसार।—तुलसी (शब्द०)।

पइहरनाⓅ†—क्रि० स० [हिं० पहनना] पहनना। पहिरना। धारण करना। उ०—(क) गलि पइहरउ मोतीय कौ हार।—बी० रासो, पृ० ७२। (ख) जान तणी साजति करउ, जीरह रगावली पइहरज्यो टोप।—बी० रासो, पृ० ११

पईⓅ†—संज्ञा पुं० [सं० पद, प्रा० पय, पइ] पैर। पाँव। उ०—अहजाम चित लगै रहतु है प्रभु जी के परलुँ पई।—गुलाल०, पृ० ४२।

पई[२]—संज्ञा पुं० [देशी पइअ] पहिया। रथचक्र। उ०—बडकै ओघण बधिया, पैसे पई पताल। सोच करै नह सागडी धवल तणी दिस भाल।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ३८।

पउँअ‡Ⓟ—संज्ञा पुं० [सं० पद्म, प्रा० पउम] दे० 'पद्म'। उ०—पउँअ नाल अइयपन भल भैल। रात परीहन पल्लव देल। विद्यापति, पृ० १६५।

यौ०—पउअनाल = पद्मनाल। पँवनार।

पउँरि, पउँरी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] ड्योढ़ी। दे० 'पौरि'।

पउड़ीⓅ—संज्ञा स्त्री० [हि० पँवरि] प्रवेशद्वार। ड्योढी। उ०—ऊची पउडी लै गगनतरि चढ़ीआ। अनहद वीचारु चमकी जोतीडीआ।—प्राण०, पृ० २२३।

पउढना—क्रि० अ० [देशी पवड्ढ] शयन करना। पौढना। उ०—ढोलउ मारू पउढिया, रसमइँ चतुर सुजाँण। च्यारे दिसि चउकी फिरइ सोहत भूप जुवाँण।—ढोला०, दू० ५९९।

पउती—संज्ञा स्त्री० [देश०] ढक्कनदार टोकरी। सदूकची। उ०—नानी को सीको से पखी, विजनी, पान सुपारी रखने का

डिब्बा, घुथरी, पउती, विडहाडा, रिकाबी, डलिया, चँगेरी फुलडाली बनाने का भारी शौक था। —नई०, पृ० ११२।

पउनार†—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्मनाल] दे० 'पौनार'।

पउनी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] छोटा पौना।

पउरुसरⓊ†—सज्ञा पुं० [स० पुरुष] दे० 'पुरुष'। उ०—पियासनो पउरुस ककेतोजे बोलकए, जिह तोरि टुटि न पडली।—विद्यापति, पृ० १००।

पउला—सज्ञा पुं० [सं० पौर, प्रा० पउर, हि० पोल (= दरवाजा)। दरवाजा। ड्योढ़ी। प्रवेशद्वार। उ०—जोगी बईठो पउलइ जाई, बभूत सरी सी पोल कराई।—बी० रासो, पृ० ७१।

पउला—सज्ञा पुं० [हिं० पाँव + ला (प्रत्य०)] भद्दे प्रकार की खडाऊँ जिसमे खूँटी के स्थान पर ऊँगलियाँ फँसाने के लिए रस्सी लगी रहती है। पवाई।

पउवाⓊ†[1]—वि० [हिं० पाना] पानेवाला। प्राप्त करनेवाला। उ०—पउवा प्रेम पगर जो नावै उनमुनि जाय गगन घर धावै।—गुलाल०, पृ० ५८।

पउवा†[2]—सज्ञा पुं० [स० पाद] दे० 'पौवा'।

पएदा‡—सज्ञा पु० [फा० प्यादा] दे० 'प्यादा'। उ०—सब्बस्स सराव पराव कइ ततत कवावा दाम अविषेक करीवी कहजो का पाछा पएदा लेले भम।—कीर्ति०, पृ० ४०।

पएरⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं० पैर] दे० 'पैर'। उ०—पएर पखाल रोसे नहिं खाए। अघरा हाथ भेटल हर जाए।—विद्यापति, पृ० ३१३।

पकठोस†—वि० [देश०] पक्का और ठोस। प्रौढ आयु का। उ०—पंद्रह साल की कच्ची छोकरी पचास साल के पकठोस दूल्हा के साथ किस तरह अपनी जिनगी काटेगी।—नई०, पृ० २६।

पकड़—सज्ञा स्त्री० [स० प्रकृष्ट, प्रा० पक्कड] १ पकडने की क्रिया या भाव। धरने का काम। ग्रहण। जैसे,—तुम उसकी पकड से नही छूट सकते।

यौ०—धर पकड़।

मुहा०—पकड में आना = (१) पकडा जाना। गृहीत होना। मिलना। हाथ लगना। (२) दाँव पर चढना। घात मे आना। वश मे होना।

२ पकडने का ढग। ३ लडाई या कुश्ती आदि मे एक एक वार आकर परस्पर गुथना। भिडत। हाथापाई। जैसे,—(क) हमारी तुम्हारी एक पकड हो जाय। (ख) वह कई पकड लड चुका है। ४ दोष, भूल आदि ढूँढ निकालने की क्रिया या भाव। जैसे,—उसकी पकड बडी जबरदस्त है, उसने कई जगह भूलें दिखाईं। उ०—जहाँ शब्दो की ही पकड है और बात बात मे वितर्क होता है वहाँ निश्चित रूप से किसी सिद्धात का सक्षिप्तीकरण सुलभ नहीं।—रस क०, पृ० २४। ५ रोक। अवरोध। बधन। उ०—इतना न चमत्कृत हो बाले ! अपने मनका उपकार करो। मैं एक पकड हूँ जो कहती ठहरो कुछ सोच विचार करो।—कामायनी, पृ० १००। ६ समझ। ७ किसी राग का परिचायक स्वरग्राम।

पकड़ धकड़—सज्ञा स्त्री० [हिं० पकड़] दे० 'धर पकड'।

पकड़ना—क्रि० स० [सं० प्रकृष्ट, + प्रा० पक्कड्ढ] १ किसी वस्तु को इस प्रकार दृढता से स्पर्श करना या हाथ मे लेना कि वह जल्दी छूट न सके अथवा इधर उधर जा या हिल डोल न सके। धरना। थामना। गहना। ग्रहण करना। जैसे,—(क) छडी पकडना। (ख) उसका हाथ पकडे रहो, नहीं तो वह गिर पडेगा। (ग) किसी वस्तु को उठाने के लिये चिमटी से पकडना।

सयो० क्रि०—देना।—लेना।

२ छिपे हुए या भागते हुए को पाना और अधिकार मे करना। काबू मे करना। गिरफ्तार करना। जैसे, चोर पकडना। ३ गति या व्यापार न करने देना। कुछ करने से रोक रखना। स्थिर करना। ठहराना। जैसे, बोलते हुए की जबान पकडना, मारते हुए का हाथ पकडना।

सयो० क्रि०—लेना।

४ ढूँढ निकालना। पता लगाना। जैसे, गलती पकडना, चोरी पकडना। ५ कुछ करते हुए को कोई विशेष बात आने पर रोकना। टोकना। जैसे,—जहाँ वह भूल करे वहाँ उसे पकडना। ६ दौडने, चलने या और किसी बात में बढे हुए के बराबर हो जाना। जैसे,—(क) दौड मे पहले तो दूसरा आगे बढा था पर पीछे इसने पकड लिया। (ख) यदि तुम परिश्रम से पढोगे तो दो महीने में उसे पकड लोगे। ७ किसी फैलनेवाली वस्तु मे लगकर उनका अपने मे सचार करना। जैसे, फूस का आग को पकडना, कपडे का रग पकडना। ८ लगकर फैलना या मिलना। सचार करना। जैसे आग का फूस को पकडना। ९ अपने स्वभाव या वृत्ति के अतर्गत करना। धारण करना। जैसे, चाल पकडना, ढग पकडना। १० आक्रात करना। ग्रसना। छोपना। घेरना। जैसे, रोग पकडना, गठिया पकडना।

पकड़वाना—क्रि० स० [हिं० पकडना का प्रे० रूप] पकडने का काम दूसरे से कराना। ग्रहण करना। जैसे, चोर को सिपाही से पकडवाना।

सयो० क्रि०—देना।—मँगाना।

पकड़ाना—क्रि० स० [हिं० पकड़ना का प्रे० रूप] १ किसी के हाथ मे देना या रखना। थमाना। जैसे,—यह किताब उन्हें पकडा दो। २ पकडने का काम कराना। ग्रहण कराना। जैसे, चोर पकडाना।

सयो० क्रि०—देना।

पकना—क्रि० अ० [सं० पक्व, हिं० पक्का, पका + ना (प्रत्य०)] १ पक्वावस्था को पहुँच जाना। कच्चा न रहना। अनाज, फल आदि का पुष्ट होकर काटने या खाने के योग्य होना। ऐसी अवस्था को पहुँचना जिसमे स्वाद, पूर्णता आदि आ जाती है। जैसे, आम पकना, खेत मे अनाज पकना।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—बाल पकना = (बुढापे के कारण) बाल सफेद होना।

२ आँच या गरमी खाकर गलना या तैयार होना। सिद्ध होना। सीझना। रिधना। चुरना। जैसे, दाल पकना, रोटी पकना, रसोई पकना।

मुहा०—(मिट्टी का) बरतन पकना = आँवे मे तैयार होना। कलेजा पकना = जी जलना। सताप होना।

३ फोडे, फुसी, घाव, आदि का इस अवस्था मे पहुँचना कि उनमे मवाद आ जाय। पीव से भरना। ४ चौसर मे गोटियो का सब घरो को पार करके अपने घर मे आ जाना। ५ कीमत ठहरना। सौदा पटना। मामला तै होना।

पकमानⓊ†—सज्ञा पुं० [स० पक्वान्न] दे० 'पकवान'। उ०—चीर कपूर पान हमे माजल, पाअस आओ पकमाने।—विद्यापति, पृ० ३२५।

पकरनाⓊ†—क्रि० स० [हिं० पकड़ना] दे० 'पकडना'। उ०—नट नायक नँदलाल को मन पकरि नचावै।—घनानद०, पृ० ४५५।

पकरानाⓊ†—क्रि० स० [हिं० पकड़ाना] दे० 'पकडाना'। उ०—चीर लपेटि सु पिय पकराए।—नद० ग्र०, पृ० १३।

पकरिया‡—सज्ञा पु०, स्त्री० [स० पर्कटी, हिं० पाकर + इया (प्रत्य०)] दे० 'पाकर'। उ०—उम्र नौ दस साल की, बस, तोलता दिल कि चढकर पकरिए पर बोलता।—कुकुर०, पृ० ६४।

पकला—सज्ञा पु० [हिं० पकना] फोडा।

पकवान—सज्ञा पु० [स० पक्वान्न] घी मे तलकर बनाई हुई खाने की वस्तु। जैसे, पूरी, कचौरी आदि। उ०—दादू एकै अलह राम है, सम्रथ साँई सोइ। मैदे के पकवान सब, खातां होय सो होइ।—दादू०, पृ० ३५।

पकवाना—क्रि० स० [हिं० पकाना का प्रे०रूप] १ पकाने का काम कराना। पकाने मे प्रवृत्त करना। २ आँच पर तैयार कराना। जैसे, रसोई पकवाना।

पकसना†—क्रि० अ० [हिं० पकना] किसी वस्तु (फल आदि) का पकने की ओर अग्रसर होना।

पकसालू—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस।

विशेष—यह पूर्व और उत्तर बगाल, आसाम, चटगाँव तथा बरमा मे होता है। पानी भरने के लिये इसके चोगे बनते हैं। छाता बनाने के काम मे भी यह आता है। इसकी पतली फट्टियो से टोकरे भी बनते हैं।

पकाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पकाना] १ पकाने की क्रिया या भाव। २ पकाने की मजदूरी।

पकाना—क्रि० स० [हिं० पकना] १ फल आदि को पुष्ट और तैयार करना। जैसे, पाल मे आम पकाना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

२ आँच या गरमी के द्वारा गलाना या तैयार करना। रीधना। सिझाना। जैसे, खाना पकाना, रोटी पकाना।

मुहा०—(मिट्टी का) बरतन पकाना = आँवें मे आँच के द्वारा कडा और पुष्ट करना। कलेजा पकाना = जी जलाना। सताप पहुँचाना।

३ फोडे, फुसी, घाव आदि को इस अवस्था मे पहुँचाना कि उसमे पीव या मवाद आ जाय। ४ मात्रा पूरी करना। सौदा पूरा करना। लगाना। जैसे,—चार रुपए का गुड पका दो (बनिये)।

पकार—सज्ञा पुं० [सं० प+कार] 'प' अक्षर।

पकाव—सज्ञा पुं० [हिं० पकना] १ पकने का भाव। २ पीव। मवाद।

पकावन—सज्ञा पु० [स० पक्वान्न] दे० 'पकवान'। उ०—दूती बहुत पकावन साधे। मोतिलाडू औ खेरौरा बाँधे।—जायसी (शब्द०)।

पकौड़ा—सज्ञा पु० [हिं० पका + वरी, बड़ी] [स्त्री० अल्पा० पकौड़ी] घी या तेल मे पकाकर फुलाई हुई बेसन या पीठी की बट्टी, बडी।

पकौड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पकौड़ा] दे० 'पकौडा'।

पक्वण—सज्ञा पु० [स०] १ चाडाल की झोपडी या घर। २ चाडालो की बस्ती [को०]।

पक्वरस—सज्ञा पुं० [सं०] मदिरा।

पक्ववारि—सज्ञा पुं० [स०] काँजी।

पक्का—वि० [स० पक्व] [वि० स्त्री० पक्की] अनाज या फल जो पुष्ट होकर खाने के योग्य हो गया हो। जो कच्चा न हो। पका हुआ। जैसे, पक्का आम। २ जिसमे पूर्णता आ गई हो। जिसमे कसर न हो। पूरा। जैसे, पक्का चोर, पक्का धूर्त। ३ जो अपनी पूरी बाढ या प्रौढता को पहुँच गया हो। पुष्ट। जैसे, पक्की लकडी।

मुहा०—पक्का पान = वह पान जो कुछ दिन रखने से सफेद और खाने मे स्वादिष्ट हो गया हो।

४ जिसके सस्कार वा सशोधन की प्रक्रिया पूरी हो गई हो। साफ और दुरुस्त। तैयार। जैसे, पक्की चीनी, पक्का शोरा। ५ जो आँच पर कडा या मजबूत हो गया हो। जैसे, मिट्टी का पक्का बरतन। ६ जिसे अभ्यास हो। जो मँज गया हो। जो किसी काम को करते करते जमा या बैठा हो। पुख्ता। जैसे पक्का हाथ। ७ जिसका पूरा अभ्यास हो। जो अभ्यस्त वा निपुण व्यक्ति के द्वारा बना हो। जैसे, पक्का खत, पक्के अक्षर। ८ अनुभवप्राप्त। तजरुबेकार। निपुण। दक्ष। होशियार। जैसे,—हिसाब मे अब वह पक्का हो गया। ९ आँच पर गलाया या तैयार किया हुआ। आँच पर पका हुआ।

मुहा०—पक्का खाना या पक्की रसोई = घी में पका हुआ भोजन। जैसे, पूरी कचौरी, मालपूआ आदि। पक्का पानी = (१) औटाया पानी। (२) स्वास्थ्यकर जल। निरोग और पुष्ट जल।

१० दृढ। मजबूत। टिकाऊ। जैसे,—इस मंदिर का काम बहुत पक्का है, यह जल्दी गिर नहीं सकता।

मुहा०—पक्का काम = असली चाँदी सोने के तार के बने बेल बूटे का काम। असली कारचोबी का काम। जैसे,—इस टोपी पर पक्का काम है। पक्का घर या मकान = सुरखी चूने के मसाले और ईंटों से बना हुआ घर। पक्का रंग = न छूटने-वाला रंग। बना रहनेवाला रंग।

११ स्थिर। दृढ़। न टलनेवाला। निश्चित। जैसे, पक्की बात, पक्का इरादा, विवाह पक्का करना। १२ प्रमाणों से पुष्ट। पामाणिक। जिसे भूल या कसर के कारण बदलना न पड़े या जो अन्यथा न हो सके। ठीक जँचा हुआ। नपा तुला। जैसे,—(क) वह बहुत पक्की सलाह देता है। (ख) पक्की दलील।

मुहा०—पक्का कागज = वह कागज जिसपर लिखी हुई बात कानून से दृढ समझी जाती है। स्टाप का कागज। पक्की बही या खाता = वह बही जिसपर ठीक जँचा हुआ या तै किया हुआ हिसाब उतारा जाता है। पक्का चिट्ठा = ठीक ठीक जँचा चिट्ठा।

१३ जिसका मान प्रामाणिक हो। टकसाली। जैसे, पक्का मन, पक्की तोल, पक्का बीघा।

यौ०—पक्का गवैया = पक्का गाना गानेवाला। शास्त्रीय संगीत गानेवाला। पक्का गाना = शास्त्रीय संगीत। पक्का पानी = (शरीर आदि का) गेहुआँ वर्ण।

पक्काइत—संज्ञा स्त्री० [हिं० पक्का] दृढ़ता। मजबूती। निश्चय। पोढ़ाई।

पक्खर(५)[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाखर] दे० 'पाखर'।

पक्खर[2]—वि० [सं० पक्व, प्रा० पक्क] पक्का। पुख्ता। उ०—लक्ख मे पक्खर तिक्खन तेज जे सूर समाज में गाज गने हैं।—तुलसी (शब्द०)।

पक्खा†—संज्ञा पुं० [हिं० पाखा] दे० 'पाखा'। उ०—पानी पक्खा पीस जन अपना आयु गवाउ।—प्राण०, पृ० २५६।

पक्तपौड—संज्ञा पुं० [सं०] पखौडा नाम का एक पेड़।

पक्तव्य—वि० [सं०] पकाने लायक। २ पचाने योग्य। [को०]।

पक्ता[1]—वि० [सं० पक्तृ] पकानेवाला। पचा सकनेवाला [को०]।

पक्ता[2]—संज्ञा पुं० १ जठराग्नि। २ वह जो रसोई बनाता हो। रसोइया [को०]।

पक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रसोई तैयार करना। भोजन पकाना। भोजन पकाने की क्रिया। २ जठराग्नि जिससे खाया हुआ अन्न पचता है। ३ फल आदि का पक्वावस्था प्राप्त करना। पकना। ४ गौरव। यश। ख्याति। ५ भोजन की थाली।

यौ०—पक्तिनाशन = पाचन क्रिया को खराब करनेवाला। पक्तिशूल = पाचन की गड़बड़ी से पेट मे होनेवाला दर्द। पक्तिस्थान = जहाँ भोजन पचता है। पाचनस्थान।

पक्त्रिम—वि० [सं०] १ पक्व। पका हुआ। २ पकाया हुआ। ३ उबालने से प्राप्त। पकाने से प्राप्त। जैसे, नमक [को०]।

पक्व[1]—वि० [सं०] १ पका हुआ। २ पक्का। ३ परिपुष्ट। दृढ़। ४ सेंका हुआ। पकाया हुआ (को०)। ५ पूरी तरह से विकसित (को०)। ६ श्वेत। सफेद। जैसे, पक्व केश (को०)।

पक्व[2]—संज्ञा पुं० पकाया हुआ भोजन या अन्न [को०]।

पक्वकृत्—संज्ञा पुं० [सं०] १ पकानेवाला। सूपकार। २ (फोड़े आदि को पकानेवाली) नीम।

पक्वता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पक्व होने का भाव। पक्कापन।

पक्वरस—संज्ञा पुं० [सं०] मदिरा। मद्य [को०]।

पक्ववारि—संज्ञा पुं० [सं०] काँजी। काँजिक [को०]।

पक्वश—संज्ञा पुं० [सं०] एक अत्यज नीच जाति।

पक्वातीसार—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का अतीसार। आमाती-सार का उलटा।

विशेष—आमातीसार मे मल के साथ आँव गिरती है, पक्वाती-सार मे नहीं।

पक्वाधान—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पक्वाशय' [को०]।

पक्वान—संज्ञा पुं० [सं० पक्वान्न] दे० 'पक्वान्न'।

पक्वानहटा‡—संज्ञा पुं० [सं० पक्वान्न + हट्ट] मिठाई बाजार। पकवान की दूकानें। उ०—मचूर पौरजन पदसम्हार सहीन्न घनहटा, सोनहटा, पनहटा, पक्वानहटा, मछरहटा करेओ सुख-रव कथा कहते।—कीर्ति०, पृ० ३०।

पक्वान्न—संज्ञा पुं० [सं०] १ पका हुआ अन्न। २ घी पानी आदि के साथ आग पर पकाकर बनाई हुई खाने की चीज। पकवान।

पक्वाशय—संज्ञा पुं० [सं०] पेट में वह स्थान जहाँ आमाशय मे ढीला होकर अन्न जाता है और यकृत् और क्लोम ग्रंथियों से आए हुए रस से मिलता है। यह वास्तव मे अंत्र का ही एक भाग है।

विशेष—थूक के साथ मिलकर खाया हुआ भोजन अन्न की नली से होकर नीचे उतरता है और आमाशय मे जाता है जो मशक के आकार की थैली सा होता है। इस थैली मे आकर भोजन इकट्ठा होता है और आमाशय के अम्लरस से मिलकर तथा मांस के आकुचन प्रसारण द्वारा मथा जाकर ढीला और पतला होता है। जब भोजन अम्लरस से मिलकर ढीला हो जाता है तब पक्वाशय का द्वार खुल जाता है और आमाशय बड़े वेग से उसे उस ओर ढकेलता है। पक्वाशय यथार्थ मे छोटी आँत के ही प्रारंभ का बारह अंगुल तक का भाग है जिसके तंतुओं मे एक विशेष प्रकार की कोष्ठाकार ग्रंथियाँ होती हैं। इसमें यकृत् से आकर पित्त रस और क्लोम से आकर क्लोम रस भोजन के साथ मिलता है। क्लोम रस मे तीन विशेष पाचक पदार्थ होते हैं जो आमाशय से कुछ विश्लेषित होकर आए हुए (अधपचे) द्रव्य का और सूक्ष्म अणुओं मे विश्लेषण करते हैं जिससे वह घुलकर श्लेष्ममयी कलाओं से होकर रक्त मे पहुँचने के योग्य

हो जाता है। पित्त रस के साथ मिलने से क्लोम रस मे तीव्रता आती है और वसा या चिकनाई पचती है।

पक्ष—सज्ञा पु० [स०] १ किसी स्थान वा पदार्थ के वे दोनो छोर या किनारे जो अगले और पिछले से भिन्न हो। किसी विशेष स्थिति मे दहिने और बाएँ पडनेवाले भाग। ओर। पार्श्व। तरफ। जैसे, सेना के दोनो पक्ष।

विशेष—'ओर', 'तरफ' आदि मे 'पक्ष' शब्द मे यह विशेषता है कि यह वस्तु के ही दो अंगों को सूचित करता है, वस्तु से पृथक् दिक् मात्र को नहीं।

२ किसी विषय के दो या अधिक परस्पर भिन्न अगो मे से एक। किसी प्रसग के सबध मे विचार करने की अलग अलग बातो मे से कोई एक। पहलू। जैसे,—(क) सब पक्षो पर विचार कर काम करना चाहिए। (ख) उत्तम पक्ष तो यही है कि तुम खुद जाओ। ३ किसी विषय पर दो या अधिक परस्पर भिन्न मतो में से एक। वह बात जिसे कोई सिद्ध करना चाहता हो और जो किसी दूसरे की बात के विरुद्ध हो। जैसे,—(क) तुम्हारा पक्ष क्या है? (ख) तुम शास्त्रार्थ में एक पक्ष पर स्थिर नहीं रहते।

यौ०—उत्तम पक्ष। पूर्वपक्ष। पक्षखडन। पक्षग्रहण। पक्षमडन। पक्षसमर्थन।

मुहा०—पक्ष गिरना = मत का युक्तियो द्वारा सिद्ध न हो सकना। शास्त्रार्थ या विवाद मे हार होना। पक्ष निर्बल पड़ना = मत का युक्तियो द्वारा पुष्ट न हो सकना। पक्ष प्रबल पड़ना = मत का युक्तियो द्वारा पुष्ट होना। दलील मजबूत होना। पक्ष सँभालना = किसी मत या बात का खडन होने से बचाना। पक्ष में = मत या बात के प्रमाण मे। कोई बात सिद्ध करने के लिये।

४ दो या अधिक बातो में से किसी एक के सबध मे (किसी की) ऐसी स्थिति जिससे उसके होने की इच्छा, प्रयत्न आदि सूचित हो। अनुकूल मत या प्रवृत्ति। जैसे,— तुम देने के पक्ष मे हो कि न देने के?

मुहा०—किसी बात के पक्ष में होना = किसी बात का होना ठीक या अच्छा समझना।

५ ऐसी स्थिति जिसमे एक दूसरे के विरुद्ध प्रयत्न करनेवालो मे से किसी एक की कार्यसिद्धि की इच्छा या प्रयत्न सूचित हो। झगडा या विवाद करनेवालो में से किसी के अनुकूल स्थिति। जैसे,—इस मामले मे वह हमारे पक्ष में है।

मुहा०—(किसी का) पक्ष करना = दे० 'पक्षपात करना'। पक्ष ग्रहण करना = पक्ष लेना। (किसी का) पक्ष लेना = (१) (झगडे में) किसी की ओर होना। किसी की सहायता में खडा होना। सहायक होना। (२) पक्षपात करना। तरफदारी करना।

६ निमित्त। लगाव। सबध। जैसे,—ऐसा करना तुम्हारे पक्ष में अच्छा न होगा। ७ वह वस्तु जिसमे साध्य की प्रतिज्ञा करते हैं। जैसे, 'पर्वत वह्निमान है'। यहाँ पर्वत पक्ष है जिसमे साध्य वह्निमान की प्रतिज्ञा की गई है (न्याय)। ८ किसी की ओर से लडनेवालो का दल या समूह। फौज। सेना। बल। ९ सहायको या सबर्गों का दल। साथ रहनेवाला समूह। उ०—अग पक्ष जाने बिना करिय न बैर बिरोध। —(शब्द०)।

यौ०—केशपक्ष = बालो का समूह।

१० सहायक। सखा। साथी। ११ किसी विषय पर भिन्न भिन्न मत रखनेवालो के अलग अलग दल। विवाद या झगडा करनेवालो की अलग अलग मडलियाँ। वादियो प्रतिवादियो के अलग अलग समूह। जैसे,—(क) दोनो पक्षों को सावधान कर दो कि झगडा न करें। (ख) तुम कभी इस पक्ष में मिलते हो कभी उस पक्ष मे। १२. चिडियो का डैना। पख। पर। १३ शरपक्ष। तीर मे लगा हुआ हुआ पर। १४ एक महीने के दो भागो में से कोई एक। चाद्रमास के पद्रह पद्रह दिनो के दो विभाग। पद्रह दिन का समय। पाख।

विशेष—पर्व दो होते हैं—कृष्ण और शुक्ल। कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक कृष्ण पक्ष कहलाता है क्योकि उसमें चद्रमा की कला प्रतिदिन घटती जाती है, जिसमे रात अँधेरी होती है। शुक्ल प्रतिपदा मे लेकर पूर्णिमा तक शुक्ल पक्ष कहलाता है क्योकि उसमे चद्रमा की कला प्रतिदिन बढती जाती है जिससे रात उजेली होती है। कृष्ण पक्ष मे सूर्यास्त से और शुक्ल पक्ष मे सूर्योदय से तिथि ली जाती है।

१५ गृह। घर। १६ चूल्हे का छेद। १७ हाथ मे पहनने का कडा। २० महाकाल। शिव। २१ नीव। भित्ती। दीवार (को०)। २२ पडोस (को०)। २३ दीवार का ताख। पाख (को०)। २४ शुद्धता। पूर्णता (को०)। २५ स्थिति। दशा (को०)। २६ शरीर (को०)। २७ सूर्य (को०)। २८ दो की सख्या का सूचक शब्द (को०)।

पक्षक—सज्ञा पु० [स०] १ पार्श्व द्वार। २ खिड़की। चोर दरवाजा। ३ ओर। पक्ष। ३ सहायक। तरफदार। ४ पखा [को०]।

पक्षका—सज्ञा स्त्री० [स०] बगल की दीवार [को०]।

पक्षगम—वि० [स०] पखो से उडनेवाला [को०]।

पक्षग्रहण—सज्ञा पु० [स०] दो मे से कोई एक पक्ष या दल चुनना। किसी पक्ष का समर्थन करना [को०]।

पक्षघात—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पक्षाघात'।

पक्षचर—सज्ञा पु० [पु०] १ झुंड से बहका हुआ हाथी। २ चद्रमा। ३ सेवक। भृत्य [को०]।

पक्षच्छिद—सज्ञा पु० [सं०] (पर्वतो के पंख काटनेवाला) इद्र का एक नाम [को०]।

पक्षज—सज्ञा पुं० [स०] चंद्रमा।

पक्षजन्मा—सज्ञा पु० [सं० पक्षजन्मन्] दे० 'पक्षज' [को०]।

पक्षति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा। २ पख की जड। पखना। डैना [को०]।

पक्षद्वय—सज्ञा पु० [स०] विवाद के दोनो दल या पक्ष। २ दो पाख। महीना [को०]।

पक्षद्वार—सज्ञा पुं० [स०] खिडकी । चोर दरवाजा ।

पक्षधर—सज्ञा पुं० [स०] १ पक्ष का आदमी । तरफदार । २ पक्षी । चिडिया । ३ चद्रमा (को०) । ४ समूह से भटका हुआ हाथी (को०) ।

पक्षधर्म—सज्ञा पु० [स०] पक्ष मे हेतु के होने का अनुमान [को०] ।

पक्षनाड़ी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पख की खोखली डडी जिससे कलम तैयार की जाती है [को०] ।

पक्षनिक्षेप—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी पक्ष या विवाद मे डालने की क्रिया । २ पख गिराना [को०] ।

पक्षपात—सज्ञा पु० [सं०] विना उचित अनुचित के विचार के किसी के अनुकूल प्रवृत्ति या स्थिति । तरफदारी । २ रुचि । इच्छा (को०) । ३ अनुराग । आसक्ति (को०) । ४ (चिडियों के) पखो का गिरना (को०) ।

पक्षपातिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पक्षपाती होने की क्रिया या भाव । पक्षग्रहण । २ मित्रता । ३ पखो का सचालन (को०) ।

पक्षपातित्व—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पक्षपातिता' [को०] ।

पक्षपाती—वि० [सं० पक्षपातिन्] तरफदार । विना उचित अनुचित के विचार के किसी के अनुकूल प्रवृत्त होनेवाला ।

पक्षपालि—सज्ञा स्त्री० [सं०] पक्षद्वार । खिडकी [को०] ।

पक्षपुट—सज्ञा पु० [सं०] पख । पर । डैना [को०] ।

पक्षपोषण—वि० [सं०] कोई एक पक्ष लेनेवाला । झगडा करानेवाला [को०] ।

पक्षप्रद्योत—सज्ञा पुं० [सं०] नृत्य मे हस्तमुद्रा का एक भेद [को०] ।

पक्षबिंदु—सज्ञा पुं० [स० पक्षबिन्दु] दे० 'पक्षविंदु' [को०] ।

पक्षभाग—सज्ञा पुं० [सं०] १ काँख । पसली और कूल्हे के बीच का मांसवाला भाग । २ हाथी का पार्श्व [को०] ।

पक्षभुक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह दूरी जो सूर्य एक पखवारे मे पूरी करता है [को०] ।

पक्षभेद—सज्ञा पुं० [स०] किसी विवाद का दो पक्षो में बँटवारा [को०] ।

पक्षमूल—सज्ञा पु०]सं०] १ डैना । पर । २ प्रतिपदा तिथि ।

पक्षरचना—सज्ञा स्त्री० [सं०] किसी के पक्षसाधन के लिये रचा हुआ आयोजन । षड्यत्र । चक्र ।

पक्षरात्रि—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की क्रीडा । एक खेल [को०] ।

पक्षरूप—सज्ञा पुं० [सं०] महादेव ।

पक्षवञ्चितक—सज्ञा पु० [स० पक्षवञ्चितक] नृत्य में हाथ की एक विशेष मुद्रा [को०] ।

पक्षवध—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पक्षाघात' [को०] ।

पक्षवर्धिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० पक्षवर्द्धिनी] वह द्वादशी तिथि जो सूर्योदय से लेकर सूर्योदय तक रहे ।

पक्षवाद—सज्ञा पुं० [स०] एकपक्षीय वयान । एकतरफा वयान [को०] ।

पक्षवान्[1]—वि० [स० पक्षवत्] [वि० स्त्री० पक्षवती] १ पक्षवाला । परवाला । २ उच्च कुल में उत्पन्न ।

पक्षवान्[2]—सज्ञा पुं० पर्वत ।

विशेष—पुराणों में कथा है कि पहले पर्वतो को पख होते थे और वे उडते थे । पीछे इद्र ने उनके पर काट लिए । इसी से इद्र का एक नाम 'पक्षच्छिद' भी है ।

पक्षवाहन—सज्ञा पुं० [स०] चिडिया । पक्षी ।

पक्षविंदु—सज्ञा पु० [सं० पक्षविन्दु] कका पक्षी ।

पक्षव्यापी—वि० [स०] किसी विवाद पर छा जानेवाला [को०] ।

पक्षसुंदर—सज्ञा पु० [सं० पक्षसुन्दर] लोध्र ।

पक्षहत—वि० [स०] जिसका एक पार्श्व लकवे के आघात से बेकाम हो गया हो [को०] ।

पक्षहर—सज्ञा पु० [सं०] १ पक्षी । २ दगाबाज । विश्वासघाती [को०]

पक्षहोम—सज्ञा पुं० [स०] एक पखवारे तक चलनेवाला यज्ञ [को०] ।

पक्षांत—सज्ञा पुं० [सं० पक्षान्त] १ अमावस्या । २ पूर्णिमा । ३ सैन्यदल का अतिम छोर [को०] ।

पक्षांतर—सज्ञा पु० [स० पक्षान्तर] दो पक्षो मे से कोई एक पक्ष । दूसरा पक्ष [को०] ।

पक्षाघात—सज्ञा पु० [स०] अर्धांग रोग जिसमे शरीर के दाहिने या बाएँ किसी पार्श्व के सब अग (जैसे, हाथ पैर, कधा, इत्यादि) क्रियाहीन हो जाते हैं । आधे अग का लकवा । फालिज ।

विशेष—वैद्यक के अनुसार इस रोग मे कुपित वायु शरीर के अर्धांग मे भरकर और उसकी शिराओ और स्नायुओ का शोषण करके सधिबधनो और मस्तिष्क को शिथिल कर देती है जिससे उस पार्श्व के सब अग निष्क्रिय और निश्चेष्ट हो जाते हैं । डाक्टरो के अनुसार पक्षाघात दो प्रकार का का होता है, एक तो वह जिसमे अगो की गति मारी जाती है, दूसरा वह जिसमे सवेदना नष्ट हो जाती है और अग सुन्न हो जाते हैं ।

पक्षाभास—सज्ञा पुं० [स०] सिद्धांताभास ।

पक्षालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] कुमार की अनुचरी मातृका ।

पक्षालु—सज्ञा पुं० [सं०] पक्षी ।

पक्षावसर—सज्ञा पुं० [स०] पूर्णिमा ।

पक्षाहार—सज्ञा पु० [स०] वह जो पखवारे मे एक बार भोजन करे [को०] ।

पक्षि—वि० [स० पक्षिन्] पखवाला । डैनेवाला [को०] ।

पक्षिकोट—सज्ञा पुं० [स०] छोटी चिडिया[को०] ।

पक्षिणी[1]—वि० [सं०] पक्षवाली ।

पक्षिणी[2]—सज्ञा स्त्री० १ चिडिया । मादा चिडिया । २ पूर्णिमा । ३ दो दिन और एक रात का समय (स्मृति) । ४ बालघातिनी पूतना (को०) ।

पक्षितीर्थ—सज्ञा पु० [सं०] दक्षिण का एक तीर्थ ।

विशेष—प्राचीन काल मे यह तीर्थ हिंदुओ और बौद्धो के बीच प्रसिद्ध था । यह मदरास से १६–१७ कोस दक्षिण पडता है । आजकल इसका नाम 'तिरुक्कडुकुनरम्' है ।

पक्षिपति—सज्ञा पुं० [सं०] सपाति का नाम [को०] ।

पक्षिपानीयशालिका—सज्ञा स्त्री० [स०] पक्षियो के पानी पिलाने के लिये निर्मित पात्र या हौज [को०] ।

पक्षिपाल—वि० [स० **पक्षिपालक**] चिडिया पालनेवाला । उ०—पक्षिपाल ना पायहै अडा । सो लौ धर्म रचै नव खडा ।—कबीर सा०, पृ० ७ ।

पक्षिपु गव—सज्ञा पु० [स० **पक्षिपुङ्गव**] १ जटायु । २ गरुड [को०] ।

पक्षिमार्ग—सज्ञा स्त्री० [स०] वायु [को०] ।

पक्षिराज—सज्ञा पुं० [स०] १ पक्षियो का राजा, गरुड । २ जटायु । ३ एक प्रकार का धान ।

पक्षिल—सज्ञा पु० [स०] १ दे० 'पक्षिलस्वामी' । २ मददगार । सहायक । सहयोगी ।

पक्षिलस्वामी—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन आचार्य । हेमचद्र के मत से वात्स्यायन ही का नाम पक्षिल स्वामी है ।

पक्षिशार्दूल—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का नृत्य [को०] ।

पक्षिशाला—सज्ञा पुं० [स०] १ घोसला । २ पिंजरा । पिंजर । ३ चिडियाघर [को०] ।

पक्षीद्र—सज्ञा पुं० [स० **पक्षीन्द्र**] गरुड [को०] ।

पक्षी—सज्ञा पु० [स० **पक्षिन्**] १ चिडिया । २ तरफदार । ३ बाण (को०) । ४ शिव (को०) ।

पक्षी[2]—वि० १ पक्षवाला । पखवाला । २ पक्ष विशेष का समर्थक । तरफदार [को०] ।

पक्षीपति—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पक्षिपति' ।

पक्षीश्वर—सज्ञा पुं० [स०] गरुड [को०] ।

पक्षीय—वि० [स०] (समस्त के अत मे) किसी पक्ष, समूह आदि से सबध रखनेवाला । जैसे, कुरुपक्षीय ।

पक्षेष्टि[1]—वि० [स०] एक पक्ष मे होनेवाला । पाक्षिक ।

पक्षेष्टि[2]—सज्ञा पुं० [स०] पाक्षिक याग । वह यज्ञ जो प्रति पक्ष किया जाय ।

पक्ष्म—सज्ञा पुं० [स० **पक्ष्मन्**] १ आँख की बिरनी । बरौनी । २ महीन धागा । धागे का कोना (को०) । ३ पख (को०) । ४ फूल की पखुडी (को०) । ५ पशुओ के मुख का बाल । मूँछ । जैसे, सिंह, बिल्ली आदि के (को०) । ६ पशुओ के शरीर का बाल (को०) ।

पक्ष्मकोप—सज्ञा पु० [स०] आँख की बिरनी या पलकों का एक रोग ।

पक्ष्मल—वि० [स०] १ लबी और सुदर बरौनियोवाला । २ रोमश । बालोवाला । ३ मुलायम । चिकना [को०] ।

पक्ष्य[1]—वि० [स०] १ पखवारे मे होने या घटनेवाला । २ प्रत्येक पाख मे बदलनेवाला । ३ पक्षपात करनेवाला [को०] ।

पक्ष्य[2]—सज्ञा पुं० तरफदार । पक्ष लेनेवाला [को०] ।

पखंड—सज्ञा पुं० [सं० **पाखण्ड**] दे० 'पाखड' । उ०—आसन वासन मानुस अडा । भए चौखड जो ऐस पखंडा । —जायसी (शब्द०) ।

पखंडी[1]—वि० [हिं० **पखड + ई** (प्रत्य०)] दे० 'पाखडी' ।

पखंडी[2]—सज्ञा पुं० [हिं० **पाखडी**] वह जो कठपुतलियाँ नचाता हो । कठपुतली का नाच दिखानेवाला व्यक्ति । उ०—कतहुँ चिरहँटा पखी लावा । कतहुँ पखडी काठ नचावा ।—जायसी (शब्द०) ।

पक्ष—सज्ञा स्त्री० [सं० **पक्ष**, प्रा० **पक्ख**] १ वह बात जो किसी बात के साथ जोड दी जाय और जिसके कारण व्यर्थ कुछ और श्रम या कष्ट उठाना पडे । ऊपर से व्यर्थ बढाई हुई बात । तुर्रा । जैसे,—मैं आऊँगा अवश्य पर साथ मे लाने की पख न लगाइए ।

क्रि० प्र०—लगना ।—लगाना ।

२ ऊपर से बढाई शर्त । बाधक नियम । अडगा । जैसे,—इम्तहान की पख न होती तो ये उस जगह पर हो जाते । ३ झगडा । बखेडा । झझट । हैरान करनेवाली बात । जैसे,—तुमने मेरे पीछे अच्छी पख लगा दी है यह रुपयो के लिये बराबर मुझे घेरा करता है ।

क्रि० प्र०—करना ।—फैलाना ।—मचाना ।

४ दोष । त्रुटि । नुक्स । जैसे,—वे इस हिसाब में यह पख निकालेंगे कि इसमें अलग अलग ब्योरा नही है ।

पखड़ी—सज्ञा स्त्री० [स० **पक्ष्म**] फूलो का रगीन पटल जो खिलने के पहले आवरण के रूप में गर्भ या परागकेसर को चारो ओर से बद किए रहता है और खिलने पर फैला रहता है । पुष्पदल । जैसे, गुलाब की पखडी, कमल की पखडी ।

पखतूट—सज्ञा पुं० [देश०] डिंगल में एक प्रकार का काव्यदोष ।—रघु० रू०, पृ० १४ ।

पखनारी—सज्ञा स्त्री० [स० **पक्ष + नाल**] चिडियो के पखो की डठी जिसे ढरकी के छेद मे तिली रोकने के लिये लगाते है (जुलाहे) ।

पखपान—सज्ञा पुं० [हिं० **पग + पान**] पैर में पहनने का एक गहना जिसे पाँवपोश भी कहते हैं ।

पखरना—क्रि० स० [हिं० **पखारना**] प्रक्षालन करना । धोना । पखारना ।

पखरवाना—क्रि० स० [हिं० **पखारना**] दे० 'पखराना' ।

पखराना—क्रि० स० [हिं० **पखारना** का प्रे० रूप] धुलवाना । पखारने का काम कराना ।

पखरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] १ दे० 'पाखर' । २ दे० 'पँखडी' ।

पखरैत—सज्ञा पु० [हिं० **पाखर + ऐत** (प्रत्य०)] वह घोडा या बैल या हाथी जिसपर लोहे की पाखर पडी हो ।

पखरौटा—सज्ञा पुं० [हिं० **पखड़ी + औटा** (प्रत्य०)] सोने या चाँदी के वर्क से लपेटा हुआ पान का बीडा ।

पखवाड़ा—सज्ञा पुं० [स० **पक्ष + वार**] दे० 'पखवारा' ।

पखवारा—सज्ञा पु० [सं० **पक्ष + वार**] १ चाद्रमास का पूर्वार्ध या उत्तरार्ध । महीने के पंद्रह पद्रह दिन के दो विभागों मे से कोई एक । २ पद्रह दिन का काल । उ०—परखेसु मोहि एक पखवारा । नहिं आवौं तो जानेसु मारा ।—मानस ४।६ ।

पखाⓤ—सज्ञा पुं० [स० पक्ष] १ दाढ़ी। श्मश्रु। २ पख। उ०—मोर पखा सिर ऊपर राखिहौ गुज की माल गरे पहिरौंगी। —रसखान०, पृ० १३।

पखाउज—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पखावज'।

पखाटा—सज्ञा पुं० [देश०] धनुष का कोना।

पखानⓤ—सज्ञा पुं० [स० पाषाण] दे० 'पाषाण'। उ०—नहीं चद्र मनि जो द्रवै यह तेलिया पखान। —दीनदयाल (शब्द०)।

पखानाⓤ[१]—सज्ञा पु० [स० उपाख्यान] कहावत। कहनूत। कथा। मसल। उ०—बालापन ते निकट रहत ही सुन्यो न एक पखानो।—सूर (शब्द०)।

पखाना†[२]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पाखाना'।

पखापखीⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० पक्षापक्षि ?] निरतर किसी न किसी एक पक्ष के स्वीकरण की स्थिति या क्रिया। उ०—दादू पखापखी ससार सब निरपख विरला कोई। —दादू० पृ० ३१६।

पखारना—क्रि० स० [स० प्रक्षालन, प्रा० पक्खाडन] पानी से मैल आदि साफ करना। धोना। जैसे, पैर पखारना। उ०—(क) पाँव पखारि निकट बैठारे समाचार सब बूझे।—सूर (शब्द०)। (ख) जो प्रभु पार अवसि गा चहहू। तौ पद पदुम पखारन कहहू। —तुलसी (शब्द०)।

पखाल—सज्ञा स्त्री० [स० पय (= पानी) + हिं० खाल] १ बैल के चमडे की बनी हुई बडी मशक जिसमे पानी भरा जाता है। उ०—भीतर मैला बाहेरी चोखा, पाणी प्यड पखाले धोना। —दक्खिनी०, पृ० ३४। २ धौंकनी।

पखालनाⓤ†—क्रि० स० [स० प्रक्षालन] दे० 'पखारना'। उ०—पएर पखाल रोसे नहि खाए, अधरा हाथ भेटल हर जाए। विद्यापति, पृ० ३१३।

पखाल पेटिया—सज्ञा पुं० [हिं० पखाल + पेट] १ वह जिसका पेट पखाल की तरह बढा हो। बडे पेटवाला। २ बहुत खानेवाला आदमी। पेटू।

पखाली—सज्ञा पु० [हिं० पखाल] पखाल या मशक मे पानी भरनेवाला। भिश्ती।

पखावज—सज्ञा स्त्री० [स० पक्ष + वाद्य] एक बाजा जो मृदग से कुछ छोटा होता है।

पखावजी—सज्ञा स्त्री० [स० पखावज + ई (प्रत्य०)] पखावज बजानेवाला।

पखिया—सज्ञा पुं० [हिं० पख + इया (प्रत्य०)] झगडालू। बखेडा मचानेवाला।

पखीⓤ—सज्ञा पु० [स० पक्षिन्] दे० 'पक्षी'।

पखीरीⓤ—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पक्षी'।

पखुडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पख = पख] दे० 'पखडी'।

पखुरा—सज्ञा पुं० [सं० पक्षमूल] दे० 'पखुवा'

पखुरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पख] दे० 'पखडी'। उ०—मनहुँ खिलायो कमल कछु प्रात अरुण ने आय। नैंक पखुरिन बीच में अतर परत लखाय।—शकुतला, पृ० १३६।

पखुवा—सज्ञा स० [सं० पक्ष, हिं० पक्ख] बाँह का वह भाग जो किनारे या बगल में पडता है। पखुरा। भुजमूल का पार्श्व। पार्श्व। बगल।

मुहा०—पखुवे से लगकर बैठना = बगल मे सटकर बैठना।

पखेरुवा‡—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पखेरू'।

पखेरू—सज्ञा पु० [स० पक्षालु, प्रा० पक्खाडु] पक्षी। चिडिया। उ०—मधुवन तुम कत रहत हरे। विरह वियोग श्याम सुदर के ठाढे क्यो न जरे? ससा स्यार औ बन के पखेरू बिछ बिछ सबन करे।—सूर (शब्द०)।

पखेव—सज्ञा पुं० [देश०] वह खाना जो भैंस या गाय को, बच्चा जनने पर, छह दिनो तक दिया जाता है। इसमे सोठ, गुड, हलदी, मँगरैला और उर्द का आटा होता है।

पखौंडा—सज्ञा पुं० [स०] पक्षपोड वृक्ष। एक पेड का नाम।

पखौआ†—सज्ञा पु० [स० पक्ष] पख। पर। उ०—कारे रँग के काग पखौआ, पटियन जात उनारे। ककरिजिया खो ओढ ईसुरी खकल कलेजे डारे।—शुक्ल० अभि० ग्र०, पृ० १४७।

पखौटा—सज्ञा पु० [हिं० पख] १ डैना। पर। २ मछली का पर।

पखौड़ा—सज्ञा पु० [हिं० पखौरा] दे० 'पखौरा'।

पखौरा—सज्ञा पुं० [पक्ष+हिं० औरा (प्रत्य०)] कधे और भुजदड की सधि। कधे पर की हड्डी।

पक्खरⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाखर] दे० 'पाखर'। उ०—सजे डवर अवर साज बाज। बनी पक्खर बाजि साज समाज। —ह० रासो, पृ० ३४।

पग—सज्ञा पु० [स० पदक, प्रा० पअक, पक] १ पैर और पाँव। २ चलने मे एक स्थान से दूसरे स्थान पर पैर रखने की क्रिया की समाप्ति। डग। फाल। ३ चलने मे जिस स्थान से पैर उठाया जाय और जिस स्थान पर रखा जाय दोनों के बीच की दूरी। डग। फाल।

मुहा०—पग परना = पैरो पर सिर रखकर प्रणाम करना। पाँव लगना या छूना। उ०—अस कहि पग परि पेम अति सिय हित विनय सुनाइ।—मानस, २।२८४। पग फूँककर धरना = सावधान होकर और सोच समझकर कदम रखना। उ०—धनमानो को प्रति पग फूँककर धरना पडता है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २७६। पग रोपना = कोई प्रतिज्ञा करके किसी जगह दृढतापूर्वक पैर जमाना।

पगचंपी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पग + चाँपना] पैर दबाने की क्रिया। पैर दबाना। उ०—नारायण देवा मही, ज्यूँ नारायण चद। कमला पगचपी करै वक सक तज वद।—बाँकी० ग्रं०, भा० २, पृ० ४०।

पगडडी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पग + डडी] जगल या मैदान मे वह पतला रास्ता जो लोगो के चलते चलते बन गया हो।

पगड़ाⓤ†—सज्ञा पुं० [फा० पगाह] प्रभात। दे० 'पगरा'। उ०—सघली रैनि आनदघन बरस्या पगड़ै म्हाँ पर छाया। —घनानद, पृ० ३८६।

पगडी—सज्ञा स्त्री० [स० पटक, हिं० पाग + ड़ी (प्रत्य०)] वह लबा कपडा जो सिर लपेटकर बाँधा जाता है। पाग। चीरा। साफा। उष्णीष।

क्रि० प्र०—बँधना।—बाँधना।

मुहा०—(किसी से) पगडी अटकना = बराबरी होना। मुकाबला होना। पगड़ी उछलना = दुर्गति होना। बुरी नौबत आना। पगडी उछालना = (१) बेइज्जती करना। दुर्दशा करना। (२) उपहास करना। हँसी उडाना। पगड़ी उतरना = मान या प्रतिष्ठा भग होना। बेइज्जती होना। पगडी उतारना = (१) मान या प्रतिष्ठा भग करना। बेइज्जती करना। (२) वस्त्रमोचन करना। ठगना। लूटना। धन सपत्ति हरण करना। (किसी को) पगड़ी बँधना = (१) उत्तराधिकार मिलना। वरासत मिलना। (२) उच्च पद या स्थान प्राप्त होना। सरदारी मिलना। अधिकार प्राप्त होना। (३) प्रतिष्ठा मिलना। सम्मान प्राप्त होना। (किसी को) पगड़ी बाँधना = (१) उत्तराधिकार देना। गद्दी देना। (२) उच्च पद या अधिकार देना। सरदार बनाना। (किसी के साथ) पगड़ी बदलना = भाई चारे का नाता जोडना। मैत्री करना। (किसी की) पगड़ी रखना = मानरक्षा करना। इज्जत बचाना। (किसी के आगे) पगडी रखना = बहुत नम्रता करना। गिडगिडाना। हा हा खाना।

पगतरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पग + तल] जूता।

पगदासी†Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पग + दासी] १ जूता। २ खडाऊँ उ०—देखि द्वार भीर, पगदासी कटि बाँधी धीर, कर सो उछीर करि, चाहैं पद गाइयै।—भक्तमाल (प्रिया०), पृ० ४८६।

पगना—क्रि० स० [सं० पाक] १ शरबत या शीरे में इस प्रकार पकना कि शीरा चारो ओर लिपट और घुस जाय। रस के साथ परिपक्व होकर मिलना। जैसे, पेठे का चीनी मे पगना २ किसी लसलसे पदार्थ के साथ इस प्रकार मिलना कि वह उसमें भर जाय। सनना। रस आदि के साथ ओतप्रोत होना। ३ बहुत अधिक अनुरक्त होना। किसी के प्रेम में डूबना। मग्न होना। उ०—कहैं पद्माकर पगी यो पतिप्रेम ही मे, पदमिनी तोसी, तिया तोही पेखियत है।—पद्माकर (शब्द०)।

संयो० क्रि०—जाना।

पगनियाँ†—सज्ञा स्त्री० [सं० पग + नियाँ (प्रत्य०)] जूती। उ०—तानिया न तिलक सुथनियाँ पगनियाँ न धामैं घुमराती छोडि सेजिया सुखन की।—भूषण (शब्द०)।

पगपान—सज्ञा पु० [हि० पग + पान] पैर मे पहनने का एक भूषण जिसे पलानी या गोडसकर भी कहते हैं। उ०—पगपान चाँदी को चरन पहिनन लागी सोभा देखि रभा रति गर्वहू गरत सो।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ८२४।

पगरखीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पग + रखी] खडाऊँ। पादत्राण। पगतरी। उ०—इनको अच्छी प्रकार से अग माँज माँज के स्नान कराकर, पगरखी तथा कमली आदि नई मँगवा दी। —भक्तमाल (प्रिया०), पृ० ५६२।

पगरना—सज्ञा पुं० [देश०] सोने चाँदी के नक्काशो का एक औजार जो नक्काशी करते समय छोटा गड्ढा बनाने के काम में आता है।

पगराⓊ†—सज्ञा पु० [हि० पग + रा (प्रत्य०)] पग। डग। कदम। उ०—सूर सनेह ग्वारि मन अटको छाँडिहु दिए परत नहिं पगरो। परम मगन ह्वै रही चितै मुख सबही ते भाग याहि को अगरो।—सूर (शब्द०)।

पगरा[२]—सज्ञा पु० [फा० पगाह (= सवेरा)] यात्रा आरंभ करने का समय। प्रभात। चलने का समय। सवेरा। तडका। उ०—(क) पौ फाटी पगरा हुआ जागे जीवा जून। सब काहू को देत हैं चोच समाना चून। —कबीर (शब्द०)। (ख) कबिरा पगरा दूर है, बीच परी है राति। ना जाने क्या होयगा ऊगता परभात।—कबीर (शब्द०)।

पगरी—सज्ञा स्त्री० [हिं पाग] दे० 'पगडी'। उ०—प्यार पगी पगरी पिय की घर भीतर आपने सीस सँवारी। —मति० ग्र०, पृ० ३४५।

पगला—वि० पु० [हिं०] [वि० स्त्री० पगली] दे० 'पागल'।

पगवाह†—सज्ञा पुं० [हिं० पग+सं० वाहन] पैदल सेना। उ०—वागाँ ली विचित्राँ पगवाहाँ।—रा० रू०, पृ० ३३४।

पगहा†—सज्ञा पुं० [सं० प्रग्रह, प्रा० पग्गाह] [स्त्री० पगही] वह रस्सी जिससे पशु बाँधा जाता है। गिरावँ। पघा।

पगा†—सज्ञा पुं० [हिं० पाग] १ पटका। दुपट्टा। उ०—झगा झगा अरु पाग पिछौरी ढाढिन को पहिराए। —सूर (शब्द०)। २ पाग। पगडी। पाग। उ०—सीस पगा न झगा तन मे प्रभु जाने को आहि बसै किहि ग्रामा। —कविता कौ०, भा० १, पृ० १४६।

पगा[२]—सज्ञा पु० [सं० प्रग्रह] दे० 'पघा'। उ०—तृण दशनन लै मिलु दसकधर कठहिं मेलि पगा।—सूर (शब्द०)।

पगा[३]—सज्ञा पुं० [हिं पगरा] दे० 'पगरा'।

पगाना—क्रि० स० [स० पक्व या पाक] १ पागने का काम कराना। २ अनुरक्त करना। मग्न करना। उ०—का कियो योग अजामिल जू गनिका कबही मति प्रेम पगाई।—तुलसी (शब्द०)।

पगारⓊ[१]—सज्ञा पुं० [स० प्राकार] गढ, प्रासाद या बाग बगीचे के रक्षार्थ बनी हुई चहारदीवारी। रखवाली के लिये बनी हुई दीवार। ओट की दीवार। उ०—(क) बीथिका बजार प्रति अटनि अगार प्रति पँवरि पगार प्रति बानर बिलोकिए।—तुलसी (शब्द०)। (ख) नाँघती पगारन नगारन की धमकै। —भूषण (शब्द०)।

पगार[२]—सज्ञा पु० [हिं० पग + गारना] १ पैरो से कुचली हुई मिट्टी, कीचड वा गारा। २ ऐसी वस्तु जिसे पैरो से कुचल सकें। ३ वह पानी वा नदी जिसे पैदल चलकर पार कर सकें। पायाव। उ०—गिरि ते ऊँचे रसिक मन बूडे जहाँ हजार। वहै सदा पसु नरन को प्रेम पयोधि पगार।—(शब्द०)।

पगार[३]—सज्ञा पुं० वेतन। तनख्वाह।

पगार†⁴—सज्ञा पु० [हिं० पग] मार्ग। रास्ता। उ०—छहक पगारा नोर छित, घुरै नगारा घोर।—रघु० रू०, पृ० ६४।

पगारना—क्रि० स० [हिं० पगार+ना ?] फैलाना।

पगाह—सज्ञा स्त्री० [फा०] यात्रा आरभ करने का समय। भोर। तडका। दे० 'पगरा'।

पगिआ(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाग+इया (प्रत्य०)] दे० 'पगडी'। उ०—जटा फटके लटके पगिआ घट ना परचो रस रहत जो भीने।—स० दरिया, पृ० ६३।

पगिआना†(पु)—क्रि० स० [हि पगाना] दे० 'पगाना'।

पगिया(पु)—सज्ञा स्त्री० [हि० पाग+इया (प्रत्य०)] दे० 'पगडी'। उ०—कुटिल अलक समात नहिं पगिया, आलस सो झलमले। नद० ग्र०, पृ० ३५३।

पगियाना—क्रि० स० [हि० पगाना] दे० 'पगाना'।

पगु(पु)†—सज्ञा पुं०[हि० पग]दे० 'पग'। उ०—राम सकल कुल रावनु मारा। सीय सहित निज पुर पगु धारा।—मानस, १।२५।

पगुराना†—क्रि० अ० [हिं० पागुर] १ पागुर करना। जुगाली करना। २ हजम कर जाना। डकार जाना। ले लेना।

पगेरना—सज्ञा पुं० [देश०] कसेरो की एक प्रकार की छेनी जो बरतनों पर नकाशी करने के काम मे आती है।

पग्गा†—सज्ञा पुं० [हिं० पागना या पकाना] पीतल या ताँबा गलाने की घरिया। पागा।

पग्घ(पु)—सज्ञा पु० [हि पाग] पाग। पगडी। उ०—गज गही दौरि सिर पग्घ सु ड।—पृ० रा०, ५।२५।

पघरना†—सज्ञा पुं० [हि० पिघलना] दे० 'पिघलना'। उ०—ज्यो पाले का पिंड पघरना। समुझि देखि निश्चै करि मरना।—सु दर ग्र०, भा० १, पृ० ३३४।

पघा—सज्ञा पु० [सं० प्रग्रह, प्रा० पग्गह] वह रस्सा जो गायो, बैलो आदि चौपायो के गले में बाँधा जाता है। ढोरो को बाँधने की मोटी रस्सी। पगहा।

पघाल—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का बहुत कडा लोहा।

पघिलना†—क्रि० अ० [हिं० पिघलना] दे० 'पिघलना'।

पघिलाना—क्रि० स० [हि० पघिलना] दे० 'पिघलाना'।

पचैया†—सज्ञा पुं० [हिं० पग (= पैर, पैदल)+इया (प्रत्य०)] गावों आदि में घूम घूमकर माल बेचनेवाला व्यापारी।

पच[1]—वि० [स० पञ्च] हिंदी पाँच का समासगत रूप। जैसे, पच-कल्यान, पचमेवा, पचरतन, पचतोरिया, पचगुना आदि।

पच[2]—वि० [सं०] पाकर्ता। पाचक [को०]।

पचक—सज्ञा पुं० [स०] रसोइया [को०]।

पचकना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पिचकना'।

पचकल्यान—सज्ञा पु० [हि० पच + कल्यान] दे० 'पंचकल्याण'।

पचकल्यानी‡—वि० [हिं०] पाँच का कल्याण करनेवाला। धूर्त। चाइयाँ। (व्यग्य)।

पचखना[1]—वि० [हिं पाँच+खड] पाँच खडोवाला या पँचमजिला (मकान आदि)।

पचखना[2]—क्रि० अ० [सं० पिच्च (= दबना)] दे० 'पिचकना'।

पचखा‡—सज्ञा पु० [स० पञ्चक] दे० 'पचक-४'।

पचगुना—वि० [स० पञ्चगुण] पाँच बार अधिक। पाँचगुना।

पचग्रह—सज्ञा पुं० [सं० पञ्चग्रह] मगल, बुद्ध, गुरु, शुक्र, और शनि का समूह।

पचड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० पच (= पँच = पच = प्रपच)+ड़ा (प्रत्य०)] १ झझट। बखेडा। पँवाटा। प्रपच। उ०—आज ब्राह्मणो में ऐसी मारपीट हुई कि नही कह सकता। बह बडा पचडा है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३५२।

क्रि० प्र०—निकालना।—फैलाना।

२ एक प्रकार का गीत जिसे प्रायः ओझा लोग देवी आदि के सामने गाते हैं। ३ लावनी या खयाल के ढग का एक प्रकार का गीत जिसमे पाँच पाँच चरणो के टुकडे होते हैं। ऐसे गीतों में प्राय कोई कथा या आख्यान हुआ करता है।

पचत[1]—वि० [सं०] १ पकाया हुआ। २ पका हुआ। परिपक्व।

पचत[2]—सज्ञा पुं० १ अग्नि। २ सूर्य। ३ इंद्र का नाम। ४ पकाया हुआ भोजन या खाद्य पदार्थ [को०]।

पचताना‡—क्रि० अ० [हि० पछताना] दे० 'पछताना'। उ०—खावते जुग सब चलि जावे खटा मिठा फिर पचतावे।—दक्खिनी०, पृ० १०५।

पचतावा(पु)—सज्ञा पुं०] हिं० पछतावा] दे० 'पछतावा'। उ०—साजनि आगे कि बोलब आओ। आगे गुनि जे काज न करए पाछे हो पचताओ।—विद्यापति, पृ० ८८।

पचतूरा—सज्ञा पुं० [देश० अथवा सं० पच तूर्य (= पचसवद)] एक प्रकार का बाजा।

पचतोरिया—सज्ञा पुं० [स० पञ्च+तार या स० पट+तार] एक प्रकार का कपडा। उ०—(क) पीरे पचतोरिया लसित अतलस लाल, लाल रद चद मुखचद ज्यो शरद को।—देव (शब्द०)। (ख) सेत जरतारी की उज्यारी कचुकी की कसि अनियारी डीठि प्यारी उठि पैन्ही पचतोरिया।—देव (शब्द०)।

पचतोला†—सज्ञा पु० [हिं० पचतोरिया] एक प्रकार का कपडा। जरी का कपडा। उ०—हमन भावज रानी, अवसे बडी स्यानी बादल पो का पानी, पचतोला से छानी।—दक्खिनी०, पृ० ३९२।

पचतोलिया—सज्ञा पुं० [हिं० पाँच+तोला+इया (प्रत्य०)] पाँच तोले का बाट।

पचतोलिया[2]—वि० पाँच तोले की अर्थात् हलकी। वजन मे न मालूम पडनेवाली। उ०—ऐसे पचतोलिया पाग नरायनदास प्रति-वर्ष श्री गुसाँई जी को पठावते।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १३१।

पचतोलिया[3]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'तौलिया'।

पचन—सज्ञा पुं० [स०] १ पकाने की क्रिया या भाव। पाक। २ पकने की क्रिया या भाव। ३ पकाने का सामान। पकाने का

साधन, पात्र, ईंधन आदि (को०)। ४ अग्नि। ५ वह जो पकाता हो। पकानेवाला।

पचना—क्रि० अ० [स० पचन] १ खाई हुई वस्तु का जठराग्नि की सहायता से रसादि मे परिणत होना। भुक्त पदार्थों का रसादि में परिणत होकर शरीर में लगने योग्य होना। हजम होना। जैसे,—(क) रात का भोजन अभी तक नही पचा। (ख) जरा सा चूरण खा लो, भोजन पच जायगा। २ क्षय होना। समाप्त या नष्ट होना। जैसे, वाई पचना, शेखी पचना, मोटाई पचना। ३ किसी चीज का मालिक के हाथ से निकलकर अनुचित रूप से किसी दूसरे के हाथ में इस प्रकार चला जाना कि फिर कोई उससे ले न सके। पराया माल इस प्रकार अपने हाथ मे आ जाना कि फिर वापस न हो सके। हजम हो जाना। जैसे,—उनके यहाँ अमानत में हजारो रुपए के जेवर रखे थे, सब पच गए। ४ अनुचित उपाय से प्राप्त किए हुए धन या पदार्थ का काम में आना। जैसे —उन्होने लावारसी माल ले तो लिया पर पचा न सके, सब चोर चुरा ले गए। ५ बहुत अधिक परिश्रम के कारण शरीर, मस्तिष्क आदि का गलना, सूखना या क्षीण होना। ऐसा परिश्रम होना जिससे शरीर क्षीण हो। बहुत हैरान होना। दुख सहना। उ०—ऊँचे नीचे करम धरम अधरम करि पेट ही को पचत बेचत बेटा बेटकी।—तुलसी (शब्द०)।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—**पच मरना** = किसी काम के लिये बहुत अधिक परिश्रम करना। जीतोड मिहनत करना। परेशान होना। हैरान होना। उ०—जगत भेख माया के कारण पच्च मरै दिन रात रे। अत बेर नागा हुय चालै ना कोई सग न साथ रे। राम० धर्म०, पृ० २१६।

६ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ मे पूर्ण रूप से लीन होना। खपना। जैसे,—जरा से चावल मे सारा घी पच गया।

पचनागार—सज्ञा पुं० [स०] पाकशाला। रसोईघर। बावरचीखाना।

पचनाग्नि—पज्ञा पु० [पुं०] जठराग्नि। पेट की आग जिससे खाया हुआ पदाथ पचता है।

पचनिका—सज्ञा स्त्री० [स०] कडाही।

पचनी—सज्ञा स्त्री० [स०] विहारी नीबू। जगली नीबू।

पचनीय—सज्ञा पु० [सं०] पचने योग्य। जो पच सकता हो।

पचपच[1]—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ पचपच शब्द होने की क्रिया या भाव। २ कीचड।

पचपच[2]—सज्ञा पु० शिव का एक नाम [को०]।

पचपचा—वि० [हिं० पचपच] वह अधपका भोजन जिसका पानी ठीक तरह से सूखा या जला न हो।

पचपचाना—[हिं० पचपच] १ किसी पदाथ का आवश्यकता से अधिक गीला होना। कीचड़ होना (बर्त

पचपन[1]—वि० [सं० पञ्चपञ्चाशत्, पा० पचपण्णास] पचास और पाँच। पाँच कम साठ।

पचपन[2]—सज्ञा पु० पचास और पाँच की सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—५५।

पचपनवाँ—वि० [हिं० पचपन + वाँ (प्रत्य०)] क्रम मे पचपन के स्थान पर पडनेवाला। जो गिनने मे चौवन के बाद पचपन की जगह पडे।

पचपल्लव—सज्ञा पुं० [सं० पञ्च पल्लव] दे० 'पचपल्लव'।

पचबीस—सज्ञा पुं० [हिं० पच्चीस] बीस और पाँच का जोड। २५ की सख्या। पचीस प्रवृत्तियाँ। उ०—रहै पचबीस का पहरा।—घट०, पृ० ३०६।

पचमेल—वि० [वि० पाँच + मेल] जिसमें कई या सब प्रकार (के पदार्थ आदि) हो। जिसमे कई या सब मेल (की चीजें) हो। जैसे पचमेल मिठाई।

पचरंग[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पाँच रग] चौक पूरने की सामग्री। मेहदी का चूरा, अबीर, बुक्का, हल्दी और सुरवाली के बीज।

विशेष—इस सामग्री मे सर्वत्र ये ही ५ चीजें नही होती। इनमे से कुछ चीजो के स्थान पर दूसरी चीजें भी काम मे लाई जाती हैं।

पचरंग[2]—वि० दे० 'पचरगा'।

पचरगा[1]—वि० [हिं० पाँच + रग] [वि० स्त्री० पचरगी] १ जिसमे भिन्न भिन्न पाँच रग हो। पाँच रग का या पाँच रगो वाला। २ (कपडा) जो पाँच रगो से रँगा या पाँच रगो के सूतो से बुना हुआ हो। ३ जिसमे कई या बहुत से रग हो। कई रंगो से रजित। उ०—अजब एक फूल पचरगा।—घट०, पृ० २४७।

पचरंगा[2]—सज्ञा पु० नवग्रह आदि की पूजा के निमित्त पूरा जानेवाला चौक जिसके खाने या कोठे पचरग के पाँच रगो से भरे जाते हैं।

पचरा—सज्ञा पु० [हिं० पचड़ा] दे० 'पचडा'—२। उ०—गावहिं पचरा मूड कँपावहिं, बोरलहिं सकल कमाई हो।—गुलाल०, पृ० २२।

पचलड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँच + लडी] माला की तरह का एक आभूषण जिसमे पाँच लडियाँ होती हैं।

विशेष—यह गले मे पहना जाता है और इसकी अतिम लडी प्राय नाभि तक पहुँचती है। कभी कभी प्रत्येक लडी के और कभी कभी केवल अतिम के बीचो बीच एक जुगनू लगा रहता है। इसके दाने सोने, मोती अथवा किसी अन्य रत्न के होते हैं।

पचलोना—सज्ञा पु० [स० पञ्च, हिं० पाँच + लोन (= लवण)] १ जिसमे पाँच प्रकार के नमक मिले हो। उ०—मेरा पाचक है पचलोना, जिसको खाता श्याम सलोना।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ६६२। २ दे० 'पचलवण'।

पचवई†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पचवाई'।

पचवनाए—क्रि० स० [हिं० पचाना] दे० 'पचाना'। उ०—विस-स्वाय राय मो वीर जानि। पचवत जहर जनु दूध पानि।—पृ० रा०, ६।७२।

पचवाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँच + वाई] एक प्रकार की देशी शराब जो चावल, जौ, ज्वार आदि से चुआई जाती है।

पचहत्तर[1]—वि० [स० पञ्च सप्तत, प्रा० पचहत्तर] सत्तर और पाँच। अस्सी से पाँच कम।

पचहत्तर[2]—सज्ञा पु० सत्तर और पाँच के जोडने से बननेवाली सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—७५।

पचहत्तरवाँ—[वि० पचहत्तर+वाँ (प्रत्य०)] गिनने में पचहत्तर के स्थान पर पडनेवाला। क्रम में जिसका स्थान पचहत्तर पर हो।

पचहरा—वि० [हिं० पाँच + हरा] १ पाँच परतों या तहोंवाला। पाँच बार मोडा या लपेटा हुआ। पाँच आवृत्तियोवाला। २ पाँच बार किया हुआ (अप्रयुक्त)।

पचा—सज्ञा स्त्री० [स०] पकाने या पकने की क्रिया [को०]।

पचानक—सज्ञा पु० [देश०] एक पक्षी जिसका शरीर एक बालिश्त लबा होता है। इसके डैने और गर्दन काली होती हैं। दक्षिण भारत और बगाल इसके स्थायी आवासस्थान हैं पर अफगानिस्तान और बलूचिस्तान मे भी यह पाया जाता है।

पचाना—क्रि० स० [हिं० पचना] १ पचना का सकर्मक रूप। पकाना। आँच पर गलाना। २ खाई हुई वस्तु को जठराग्नि की सहायता से रसादि मे परिणत कर शरीर में लगने योग्य बनाना। जीर्ण करना। हजम करना जैसे,—तुम चार चपातियाँ भी नहीं पचा सकते।

संयो क्रि०— जाना।— डालना।— लेना।

३ समाप्त या नष्ट करना। जैसे, बाई पचाना, मोटाई पचाना आदि।

क्रि० प्र०—डालना।—देना।

३ किसी की कोई वस्तु अनुचित या अवैध उपाय से हस्तगत कर सदा अपने अधिकार मे रखना। पराए माल को अपना कर लेना। हजम कर जाना। उगलने का उलटा। जैसे,—किसी का माल चुराना सहज है पर पचाना सहज नही है।

सयो० क्रि०—जाना।—डालना।—लेना।

४ अवैध उपाय से हस्तगत वस्तु को अपने काम मे लाकर लाभ उठाना। जैसे,—ब्राह्मण का धन है, ले तो लिया पर तुम पचा न सकोगे। ५ अत्यधिक परिश्रम लेकर या क्लेश देकर शरीर मस्तिष्क आदि को गलाना, सुखाना या क्षय करना। जैसे,—(क) तपस्या करके देह पचा डाली। (ख) बेवकूफ से बहस करके कौन व्यर्थ माथा पचावे ?

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

६ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ को अपने आपमे पूर्ण रूप से लीन कर लेना। खपाना। जैसे,—यह चावल बहुत घी पचाता है।

पचापच—सज्ञा स्त्री० [हिं० पचपच] बार बार मुख से थूकने का भाव। उ०—जैसी ही उनको पान सुरती की पचापच से नेफरत है वैसी इधर चुरुट के धूम्र से।—भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ६६५।

पचाय‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० पचवाई] एक प्रकार की शराब। पचवाई। उ०—जब पीएगा तो पचाय ही।—मैला०, पृ० २४३।

पचायन†—सज्ञा पुं० [स० पञ्चानन] सिंह। उ०—कोइक काल अभूत कै पचायन मारे।—पृ० रा०, २४। ३४५।

पचार†—सज्ञा पुं० [हिं० पच्चर] बाँस या लकडी का वह छोटा डडा जो जूए मे बाईं ओर होता है और सीढी के डडे की तरह उसके ढाँचे मे दोनो ओर ढुका रहता है।

पचारना†—क्रि० स० [स० प्रचारण] किसी काम के करने के पहले उन लोगो के बीच उसकी घोषणा करना जिनके विरुद्ध वह किया जानेवाला हो। ललकारना। जैसे, हाँक पचारकर कोई काम करना। उ०—कोप कीन पगुर कुवर हके वीर पचार।—प० रासो, पृ० १४२।

पचाव†—सज्ञा पु० [हिं० पचना+आव (प्रत्य०)] पचने की क्रिया या भाव।

पचास[1]—वि० [स० पञ्चाशत, प्रा० पञ्चासा] चालीस और दस। चालीस से दस अधिक। साठ से दस कम।

पचास[2]—सज्ञा पुं० वह सख्या या अक जो चालीस और दस के जोड से बने। चालीस और दस की सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—५०।

पचासवाँ—वि० [हिं० पचास+वाँ (प्रत्य०)] गणना में पचास के स्थान पर पडनेवाला।

पचासा—सज्ञा पुं० [हिं० पचास] १ एक ही प्रकार की पचास वस्तुओ का समूह। जैसे, पजनेस पचासा (पचास पद्यो का समूह)। २. जेलखाने का घटा। घडियाल। उ०—बजे पर पचासा तीन ठे रोटियै के रहिगै आसा रामा।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ३६०।

पचासी[1]—वि० [स० पञ्चाशीति, प्रा० पंचासीई, पच्चासी] अस्सी और पाँच। अस्सी से पाँच अधिक। पाँच ऊपर अस्सी।

पचासी[2]—सज्ञा पुं० वह सख्या या अक जो अस्सी और पाँच के जोड मे बने। अस्सी और पाँच के योग की फलस्वरूप सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—८५।

पचासीवाँ—वि० [हिं० पचासी+वाँ (प्रत्य०)] गणना में पचासी के स्थान पर पडनेवाला। जो क्रम मे पचासी के स्थान पर हो।

पचि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पकाने की क्रिया या भाव। पाचन। २ अग्नि। आग।

पचित—वि० [सं० पचित (= पचा हुआ, अच्छी तरह घुलामिला हुआ)] १ पच्ची किया हुआ। जडा हुआ। बैठाया हुआ (क्व०)। उ०—हरी लाल प्रवाल पिरोजा पगति बहुमणि पचित पचावनो।—सूर (शब्द०)। २. भली भाँति पचा

हुआ। भली भाँति जिसका पाक हो गया हो। उ०—चर्वित उसका विज्ञान ज्ञान वह नही पचित। भौतिक मद से मानव आत्मा हो गई विजित।—ग्राम्या, पृ० ६५।

पचो—सज्ञा स्त्री० [सं० पचित] दे० 'पच्ची'।

पचीस[1]—वि० [सं० पञ्चविंशति, पा० पंचवीसति, अपभ्रश प्रा० पचीस] पाँच और बीस। बीस से पाँच अधिक। पाँच ऊपर बीस।

पचीस[2]—सज्ञा पु० वह सख्या या अक जो पाँच और बीस के जोडने से प्रकट हो। ५ और २० के योगफल रूप सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है -२५।

पचीसवाँ—वि० [हिं० पचीस + वाँ (प्रत्य०)] गणना मे पचीस के स्थान पर पडनेवाला। जो क्रम मे पचीस के स्थान पर हो।

पचीसी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पचीस] १ एक ही प्रकार की २५ वस्तुओ का समूह। जैसे, वैताल पचीसी (पचीस कहानियो का सग्रह)। २ किसी की आयु के पहले २५ वर्ष। जैसे,—अभी तो उन्होने पचीसी भी नही पार की। ३ एक विशेष गणना जिसका सैकडा पचीस गाहियो अर्थात् १२५ का माना जाता है। आम, अमरूद आदि सस्ते फलो की खरीद बिक्री मे इसी का व्यवहार किया जाता है। ४ एक प्रकार का खेल जो चौसर की बिसात पर खेला जाता है।

विशेष—इसकी गोलियाँ भी उसी की सी होती हैं और उसी की तरह चली जाती हैं। अतर केवल यह है कि इसमे पासे की जगह ७ कौडियाँ होती हैं जो खडखडाकर फेंकी जाती हैं। चित और पट कौडियो की सख्या के अनुसार दाँव का निश्चय होता है।

पचूका†—सज्ञा पु० [हिं० पिचकारी से अनु०] पिचकारी।

पचेलⓅ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पछेली] पछेली नामक हाथ का आभूषण जो पीछे की ओर पहना जाता है। उ०—भूषण देति जसोमति पहुँची पाँच पचेल। टीका टीक टिकावली, हीरा हार हमेल।—छीत०, पृ० २५।

पचेलिम[1]—वि० [सं०] १ शीघ्र पकनेवाला। अपने आप पकनेवाला। स्वय परिपक्व होनेवाला [को०]।

पचेलिम[2]—सज्ञा पुं० १ अग्नि। २. सूर्य [को०]।

पचेलुक—सज्ञा पु० [सं०] वह जो भोजन बनाता हो। रसोइया [को०]।

पचोतर—वि० [सं० पञ्चोत्तर] (किसी सख्या से) पाँच अधिक। पाँच ऊपर। जैसे, पचोतर सो।

पचोतर सो—सज्ञा पु० [स० पञ्चोत्तरशत] सौ और पाँच की सख्या या अक। एक सौ पाँच। यह अंको मे इस प्रकार लिखा जाता है—१०५।

पचोतरा—सज्ञा पुं० [स० पञ्चोतर] कन्या पक्ष के पुरोहित का एक नेग जिसमे उसे दायज में, विशेषकर तिलक के समय वर पक्ष को मिलनेवाले रुपयो आदि मे से सैकडे पीछे पाँच मिलता है।

पचौआ—सज्ञा पु० [देश०] किसी कपडे पर छीट छप चुकने के पीछे ८ या १२ दिन तक उसे धूप मे खुला रखना।

विशेष—ऐसा करने से छापते समय सारे स्थान पर जो धब्बे आ जाते हैं वे छूट जाते हैं।

पचौनी—सज्ञा स्त्री० [स० पाचन] १ पाचन। पाचक। २ आमाशय जहाँ खाए अन्न का पाचन होता है।

पचौर—सज्ञा पुं० [हिं० पच या पचौली] गाँव का मुखिया। सरदार। सरगना। उ०—पहुंचे जाइ पचौर प्रवीन। छत्रसाल सो मुजरा कीन।—लाल (शब्द०)।

पचौली[1]—सज्ञा पु० [हिं० पाँच+कुली] गाँव का मुखिया। सरदार। पच।

पचौली[2]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पौधा जो मध्यभारत तथा बबई में अधिकता से होता हैं। इसकी पत्तियो से एक प्रकार का तेल निकाला जाता है जो विलायती सुगधियो (एसेंस आदि), मे पडता है।

पचौवर—वि० [हिं० पाँच + स० आवर्त] जिसकी पाँच तहे की गई हो। पाँच परत का। पाँच तह या परत किया हुआ। पचहरा। उ०—चौवर पचौवर कै चादर निचोरै है।—(शब्द०)।

पच्चड़—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पच्चर'।

पच्चर—सज्ञा स्त्री० [स० पचित या हिं० पच्ची] काठ का पैबद। लकडी या बाँस की वह कट्टी या गुल्ली जिसे चारपाई, चौखट आदि लकडी की बनी चीजो मे साल या जोड को कसने के लिये उसमे छूटे हुए दरार या रध्र मे ठोकते हैं।

विशेष—छेद या खाली जगह भरने के लिये इसके एक सिरे को दूसरे से कुछ पतला कर लेते हैं। परतु जब इससे दो लकडियो को जोडने का काम लेना होता है तब इसे उतार चढाव नही बनाते, एक फट्टी या गुल्ली बना लेते हैं।

२ लकडी की बडी मेख या खूँटा (लश०)।

क्रि० प्र०—ठोंकना।—देना।—करना।

मुहा०—पच्चर अडाना = बाधक होना। बाधा खडी करना। रुकावट डालना। अडगा डालना। जैसे,—तुम नाहक इस काम मे क्यो पच्चर अडाते हो। **पच्चर ठोंकना** = किसी को कष्ट पहुँचाने या पीडित करने के लिये कोई उपाय करना। ऐसा काम करना जिससे किसी को बहुत कष्ट पहुँचे या वह खूब तग और परेशान हो। खूँटा ठोकना। जैसे,—घबटाते क्यो हो, ऐसी पच्चर ठोकूँगा कि सारी आई बाई पच जायगी। **पच्चर मारना** = होते हुए काम को रोकना। बनती हुई बात को बिगाड देना। भाँजी मारना। जैसे,—अगर तुम पच्चर न डालते तो यह सबध अवश्य बैठ जाता।

पच्चरी—वि० [सं० पचित] धारण किए हुए। उ०—इक सूही दूजी सोहणी, तीजी सो भावती नारि। सुहने रुपे पच्चरी, नानक बिनु नावै कुडचार।—सतवाणी०, पृ० ६८।

पच्ची—सज्ञा स्त्री० [स० पचित] १ ऐसा जडाव या जमावट जिसमे जडी या जमाई जानेवाली वस्तु उस वस्तु के बिलकुल समतल

हो जाय जिसमें वह जड़ी या जमाई जाय। किसी वस्तु के ऊपर उस पर दूसरी वस्तु के टुकड़े इस प्रकार खोदकर बैठाना कि वे इस वस्तु के तल (सतह) के मेल में हो जायँ और देखने या छूने में उभरे या गड्ढे हुए न मालूम हों तथा दोनों के सीमा न दिखाई पड़ने के कारण आधार वस्तु ही एक जान पड़े। जैसे, सुंगमर्मर पर रंगबिरंग के पत्थर के टुकड़ों का जड़ाव। २ किसी धातुनिर्मित पदार्थ पर किसी अन्य धातु के पतर का जड़ाव। जैसे, किसी लोहे या जस्ते की किसी चीज पर चाँदी के पत्तरों का जड़ाव।

मुहा०—(किसी में) पच्ची हो जाना = बिलकुल मिल जाना या बंद हो जाना। लीन हो जाना। हल हो जाना। जैसे,—वह बराबर तब तक उड़ता है तब तब आसमान में पच्ची हो जाता है।

पच्चीकार—संज्ञा पुं० [हिं० पच्ची + फा० कार] पच्ची का काम करनेवाला व्यक्ति।

पच्चीकारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पच्ची+फा० कारी (=करना)] पच्ची करने की क्रिया या भाव। जड़ने जोड़ने की क्रिया या भाव।

पच्छ[1]—संज्ञा पुं० [सं० पक्ष, प्रा० पच्छ] दे० 'पक्ष'। उ०—मनु जुग पच्छ प्रतच्छ होत मिटि जात जमुन जल।—भारतेंदु ग्र० भा० १, पृ० ४५५।

पच्छकट—संज्ञा पुं० [सं०] बाल की मझोली जड़ जो रँगाई के काम में आती है।

पच्छघात—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पक्षाघात'।

पच्छताई—संज्ञा स्त्री० [सं० पक्षता] दे० 'पक्षपात'।

पच्छति—अव्य० [सं० पश्चात्] पश्चात्। बाद में। उ०—उर मंदोदरि सुनिय, तिन पच्छति इच्छिनि सुमरय। इति दप्पिया नगर बनिय, तहा जैतकुमार उठयो सुनिय।—पृ० रा०, १२।३७।

पच्छधर—संज्ञा पुं० [सं० पक्ष+धर] पक्षधर। पक्षी। उ०—तनु सिथिल कायर नयन, अहि ग्रहार, मन घोर। तुलसी हरि भए पच्छधर ताउ कहू सब मोर।—तुलसी ग्र०, पृ० ६४।

पच्छपात—संज्ञा पुं० [सं० पक्षपात] दे० 'पक्षपात'। उ०—तुलसी साथ साथ ही गत भाया। पा मे पच्छपात नहिं राया।—घट०, पृ० २२६।

पच्छपाय—वि० [सं० पश्चात्+पद] पीछे हटा हुआ। पीछे पैर देनेवाला। उ०—भई फौज सातुक की पच्छपाय। तबै जादुरा राइ चौनी सहाय।—पृ० रा०, १।४५३।

पच्छम—संज्ञा पुं० [सं० पश्चिम] दे० 'पश्चिम'।

पच्छापात—संज्ञा पुं० [सं० पक्षापात] दे० 'पक्षापात'।

पच्छि—संज्ञा पुं० [सं० पक्षी, प्रा० पच्छी] दे० 'पक्षी'। उ०—करै कोर चोर पद्म पच्छि माहैं।—ह० रासो, पृ० ३७।

पच्छि[2]—संज्ञा पुं० [सं० पक्ष] दे० 'पक्ष'। उ०—तप सिद्धि साम अरु बहुत पच्छि। ऋतु सिसिर द्वादसी तिथि सुरच्छि।—ह० रासो, पृ० २६।

पच्छिउँ—संज्ञा पुं० [सं० पश्चिम] दे० 'पश्चिम'। उ०—पच्छिउँ कर वर पुरुष क वारी।—जायसी ग्र०, पृ० ११६।

पच्छिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० पक्षिणी] दे० 'पक्षिणी'।

पच्छिम[1]—संज्ञा पुं० [सं० पश्चिम] दे० 'पश्चिम'। उ०—पुव्वे सेना सज्जिअइ, पच्छिम हुअऊँ पयान।—कीर्ति०, पृ० ६२।

पच्छिम[2]—वि० [सं० पश्चिम] पिछला। पीछे का (डिं०)।

पच्छियान—वि० [सं० पश्चिम] दे० 'पिछला'। उ०—रही जाम एक निसा पच्छियान। बजे नद्द नीसान बीसान जान।—पृ० रा०, १।६३१।

पच्छिराज—संज्ञा पुं० [सं० पक्षिराज] गरुड़। उ०—पक्षिराज जच्छिराज प्रेतराज जातुधान।—केशव (शब्द०)।

पच्छिवँ—संज्ञा पुं० [सं० पश्चिम] दे० 'पश्चिम'।

पच्छी—संज्ञा पुं० [सं० पक्षी] दे० 'पक्षी'।

पच्छैं—अव्य० [सं० पश्च] दे० 'पीछे'। उ०—वीर देव सम वीर लरि भग्गि सेन कमधज्ज। ता पच्छैं सोमेस पर उट्ठि सार वजरज्ज।—पृ० रा०, १।६५५।

पछ[1]—वि० [सं० पश्च, हिं० पच्छ, पछ] पीछे।

विशेष—यौगिक पदों में ही यह रूप प्राप्त होता है। जैसे,—अग-पछ, पछलगा, पछलत्ता।

पछ[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पक्ष] पक्ष। तरफदारी। उ०—दीनानाथ दयाल भक्त की पछ करो।—घरम०, पृ० २३।

पछ[3]—संज्ञा पुं० [सं० पक्ष] पख। पर। उ०—एक भरोसा पाय दिया सिर भाइ लराई। पछी को पछ गया रहा इक नाम सहाई।—पलटू०, भा० १, पृ० ७०।

पछइ—अव्य० [हिं०] दे० 'पीछे'। उ०—प्रीतम बीछुडिया पछइ, मुई न कहिजइ काइ।—ढोला०, पृ० ४०३।

पछटी—संज्ञा स्त्री० [देश०] तलवार। (डिं०)।

पछड़ना—क्रि० अ० [हिं० पाछा] १ लटने में पटका जाना। पछाड़ा जाना। २ दे० 'पिछड़ना'।

पछताना—क्रि० अ० [हिं० पछताव] किसी किए हुए अनुचित कार्य के संबंध में पीछे से दुखी होना। किसी की हुई बात पर पीछे से खिन्न होना या खेद प्रकट करना। पश्चात्ताप करना। पछतावा करना। उ०—दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।—अपरा, पृ० ६६।

पछतानि—संज्ञा स्त्री० [सं० पश्चात्ताप] पछताने का भाव। पछतावा। पश्चात्ताप।

पछतावा—संज्ञा पुं० [सं० पश्चात्ताप] दे० 'पछतावा'।

पछतावना—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पछताना'।

पछतावा—संज्ञा पुं० [सं० पश्चात्ताप, या, पश्चात्ताव] वह संताप या दुःख जो किसी की, की हुई बात पर पीछे से हो। अपने किए को बुरा समझने में होनेवाला रंज। पश्चात्ताप। अनुताप।

उ०—गैल जौवन पुनु पलटि न आयए केवल रहे पछतावे।—विद्यापति, पृ०, १९५।

पछना[1]—सज्ञा पु० [हिं० पाछना] १ वह अस्त्र आदि जिससे कोई चीज पाछी जाय। पाछने का औजार। २ वह उस्तरा जो सिंगी लगाने से पहले शरीर मे घाव करने के काम आता है। ३ शरीर मे से रक्त निकालने की क्रिया। फसद।

पछना[2]—क्रि० अ० पाछा जाना। पाछने की क्रिया होना।

पछमनⓊ—क्रि० वि० [हिं०] पीछे। अगमन या अगुमन का उलटा। दे० 'पीछे'।

पछरना†—क्रि० अ० [हिं०] पिछड जाना। पीछे पड़ना। २ पश्चात्पद होना। वापस होना। लौटना।

पछरा†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पछाड'। उ०—'हरीचद' पिय बिनु अति व्याकुल मुरि मुरि पछरा खात।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४००।

पछलगा—सज्ञा पु० [हिं० पछ+लगना] दे० 'पिछलगा'। उ०—हौं पडितन केर पछलगा। किछु कहि चला तबल देइ डगा।—जायसी (शब्द०)।

पछलागूⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० पिछलागू'। उ०—अगुआ केर रोहु पछलागू।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १३६।

पछवत—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीछे+वत] वह चीज जो फसिल के अत में बोई जाय।

पछवाँ[1]—वि० [स० पश्चिम] पश्चिम की। पश्चिम दिशा की। पश्चिमी। पश्चिम दिशा सबधी।

पछवाँ[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाछा] अँगिया का वह हिस्सा जो पीठ की तरफ मोढे के पीछे रहता है।

पछवाँ[3]—वि० दे० 'पछुआँ'।

पछाँⓊ—सज्ञा स्त्री० [हि०] दे० पहचान'। उ०—केतक दिवस कूँ जूँ हुआ वो जवाँ। सो वई बाप हूँगाम उसका पछाँ।—दक्खिनी०, पृ० ७८।

पछाँई†—वि० [हिं० पछाँह] पश्चिमी। पश्चिम का। पश्चिम मे पैदा होने या रहनेवाला। उ० —वह पछाँई गाय लेगा।—गोदान, पृ० ३।

पछाँह—सज्ञा पु० [स० पश्चात्, प्रा० पच्छा] पश्चिम मे पडनेवाला प्रदेश। पश्चिम की ओर का देश।

पछाँहिया—वि० [हिं० पछाँह+इया (प्रत्य०)] पछाँह का। पश्चिम प्रदेश का।

पछाँही—वि० [हि०] दे० 'पछाँई'।

पछाड़[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाछा] बहुत अधिक शोक आदि के कारण खडे खडे बेसुध होकर गिर पडना। अचेत होकर गिरना। मूर्छित होकर गिरना।

मुहा०—पछाड़ खाना = खडे खडे अचानक बेसुध होकर गिर पडना। उ०—परति पछाड खाइ छिन ही छिन अति आतुर ह्वै दीन। मानहु सूर काढि है लीनी वारि मध्य ते मीन। —सूर (शब्द०)।

पछाड़[2]—सज्ञा पु० [हिं० पछाड़ना] कुश्ती का एक पेंच।

विशेष—जब शत्रु सामने रहता है तब एक हाथ उसकी जाँघो के नीचे से निकालकर पीछे की ओर से उसका लँगोट पकडते हैं और दूसरा हाथ उसकी पीठ पर से घुमाकर उसकी बगल मे अडाते हैं और इस प्रकार उसे उठाकर चित फेंक देते हैं। इसमे अधिक बल की आवश्यकता होती है।

पछाड़ना—क्रि० स० [हिं० पछाड] १ कुश्ती या लडाई मे पटकना। गिराना। २ वाद विवाद मे हराना। किसी क्रिया या काम में मात करना। पराजित करना। उ०—भारतीय मुसलमानो के बीच, विशेषत सूफियो की परपरा मे, ऐसी अनेक कहानियाँ चली, जिनमें किसी पीर ने किसी सिद्ध या योगी को करामात मे पछाड दिया।—इतिहास, पृ० १५।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

पछाड़ना[2]—क्रि० स० [स० प्रक्षालन, प्रा० पक्खालन, पच्छाउन] धोने के लिये कपडे को जोर से पटकना।

सयो० क्रि० डालना।—देना।

पछाडी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिछाडी'।

पछानाँ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पहचान'। उ०—जो आशिक का जिसकूँ अछेगा निशान। तो माशूक कूँ वाई चलेगा पछान।—दक्खिनी०, पृ० १५२।

पछाननाⓊ—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहचानना'। उ०—ज्यों सपे त्यों विपत्ति पछानै, बेगम महिल लडावै।—प्राण०, पृ० ६६।

पछाया—सज्ञा पुं० [हिं० पाछा] किसी वस्तु के पीछे का भाग। पिछाडी। जैसे, अँगिया का पछाया।

पछार†[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पछाड'।

पछार[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पछारना] पछारने की क्रिया या भाव।

पछारना[1]—क्रि० स० [सं० प्रक्षालन, प्रा० पच्छाडन] कपडे को पानी से साफ करना। धोना।

पछारनाⓊ**[2]**—क्रि० स० [हिं० पछाड] दे० 'पछाडना'। उ०—पुनि रिसान गहि चरन फिरायो। महि पछारि निज बल देखरायो। —मानस, ६।७३।

पछालनाⓊ—क्रि० स० [स० प्रक्षालन] पखारना। धोना। उ०—जावक रचि क अँगुरियन मृदुल सुठारी हो। प्रभु कर चरन पछालत अति सुकुमारी हो।—तुलसी ग्र०, पृ० ५।

पछावर, पछावरि†—सज्ञा स्त्री० [*] एक प्रकार का पेय। (मट्ठा, कढी, काँजी या पना और दूध आदि) जो रसेदार होता है। पछियावर। उ०—(क) जेइ अघाने जठर पर जल पिय फेरत पानि। तुच्छ खुधा पाछे रही तब लई पछावरि वानि। पृ० रा०, ६३।१०३। (ख) पुनि झारि सो ह्वै विधि स्वाद बने। बिधि दोइ पछावरि सात बने।—केशव (शब्द०)।

पछाहीं—वि० [हिं० पछाँह] पछाँह का। पश्चिम प्रदेश का। जैसे, पछाही पान, पछाही आदमी।

पछिआना†—क्रि० स० [हिं० पाछे+आना] १. पीछे हो लेना।

पीछे पीछे चलना। पीछा करना। उ०—लीनो व्यासदेव पछिआई। बारहि बार पुकारत जाई।—रघुराज (शब्द०)। २ किसी को पीछे छोड़ देना। अपने से पीछे कर देना।

पछिउँ†—संज्ञा पुं० [सं० पश्चिम, प्रा० पच्छिवँ] दे० 'पश्चिम'।

पछिताⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० पश्चात्ताप] दे० 'पछतावा'। उ०—केहि कारन पछिता करौ भयौ रैन परभात।—हिंदी प्रेम-गाथा०, पृ० २७६।

पछितानाा†—क्रि० अ० [हिं० पछताना] दे० 'पछताना'। उ०—भ्रुव धनु देखि मदन पछिता गे। हर के समय समर किन भायो।—नंद० ग्र०, पृ० १२२।

पछितानिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पछिताना] पछताने का भाव। पछतानि। पछतावा। उ०—प्रभु सप्रेम पछितानि सुहाई। हरउ भगत मन कै कुटिलाई।—मानस, २।१०।

पछिताव—संज्ञा पुं० [सं० पश्चात्ताप] दे० 'पछताना'। उ०—सुनि सीतापति सील सुभाव। सिला साप सताप विगत भइ परसत पावन पाव। दई सुगति सो न हेरि हरख हिय चरन छुए कोप छिताव।—तुलसी (शब्द०)।

पछितावनाⓊ†—क्रि० अ० [हिं० पछितावा] दे० 'पछताना'। उ०—जानति हो पछितावत हौ मन, लखि मो अँगन ओरे ही। रूप रसिक विधना के सारे सबन होत बरजोरे ही।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० २६४।

पछिनावा†—संज्ञा पुं० [देश०] पशुओं का एक रोग।

पछियाा†—संज्ञा स्त्री० [सं० पश्चिम] दे० 'पछुआँ'। उ०—चल रहे ग्राम कुजो मे पछिया के झकोर, दिल्ली लेकिन ले रही लहर पुरवाई में।—दिल्ली, पृ० २२।

पछियाई†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पछिया] दे० 'पछुँवाँ'। उ०—रत्नो के फूल जडे, लता चढी जड पकडे। लहरी पछियाई नहरो की खाडी।—आराधना, पृ० ७५।

पछियाउरिⓊ—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पछावरि'। एक प्रकार का पेय। सिखरन या शरबत। उ०—पुनि जाउरि पछियाउरि आई। घिरित खाँड़ कै बनी मिठाई।—जायसी ग्र०, पृ० १२४।

पछियाना—क्रि० स० [हिं० पीछे] दे० 'पछियाना'।

पछियाव—संज्ञा पुं० [हिं० पच्छिउँ+वाउ] पच्छिम की हवा।

पछियावर—संज्ञा स्त्री० [देश० या हिं० पीछे] १. दे० पछियाउरि'। २ छाछ से बना हुआ एक प्रकार का पेय पदार्थ जो भोजनादि मे परोसा जाता है। इससे भोजन शीघ्र पचता है। दे० 'पछावरि'।

पछिलⓊ—क्रि० वि० [हिं० पीछे] दे० 'पीछे'। उ०—बाँहहि अस्त्र अपार चदेले बीर हैं। पछिल न धारहिं पाय महा रनधीर हैं।—प० रासो०, पृ० ७।

पछिलगा†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीछे+लगना] दे० 'पिछलगा'।

पछिलना†—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पिछलना'।

पछिला—वि० [हिं० पीछे] [वि० स्त्री० पछिली] दे० 'पिछला'। उ०—(क) भूलिगा वह शब्द पछिला मति मदरस पागी।—जग० बानी, पृ० ३६। (ख) वेदहु हरि के रूप स्याम मुख ते जो निसरे। कर्म क्रिया आसक्ति सबै पछिलो सुधि बिसरे—नंद० ग्र०, पृ० १७७।

पछिवाँ—संज्ञा स्त्री० [सं० पश्चिम] दे० 'पश्चिम'। उ०—जनु ससि उदो पुरुब दिसि कीन्हा। ओ रवि उठो पछिवँ दिसि लीन्हा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २५३।

पछिवाँ[1]—वि० [हिं० पच्छिम] पश्चिम की (हवा)।

पछिवाँ[2]—संज्ञा स्त्री० पश्चिम की हवा।

पछीत[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पश्चात्, प्रा० पच्छा] १ घर का पिछवाड़ा। मकान के पीछे का भाग। उ०—छानि बरेडि पौ पाट पछीति मयारि कहा किहि काम के कोरे।—अकबरी०, पृ० ३५४।

पछीत[2]—क्रि० वि० पीछे। पीछे की ओर। उ०—आइ अगीत, पछीत गई, नित टरत मोहि सनेह के कूरन।—ठाकुर०, पृ० १।

पछुवाँ[1]—वि० [हिं० पच्छिम] पच्छिम की (हवा)।

पछुवाँ[2]—संज्ञा स्त्री० पच्छिम की हवा।

पछुवा—संज्ञा पुं० [हिं० पाछा] कडे के आकार का पैर मे पहनने का एक गहना।

पछेड़ा†—संज्ञा पुं० [हिं० पाछ] पीछा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

पछेलना†—संज्ञा पुं० [हिं० पाछ+एलना (प्रत्य०)] पीछे डालना। पीछे छोड़ना। आगे बढ जाना।

पछेला†—संज्ञा पुं० [हिं० पाछ+एला (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्पा० पछेली] १ हाथ मे एक साथ पहने जानेवाले बहुत से चिपटे कडो मे से पिछला जो अगलो से बडा होता है। पीछे की मठिया। २ हाथ मे पहनने का स्त्रियो का एक प्रकार का कडा जिसमे उभरे हुए दानो की पक्ति होती है।

पछेला[2]—वि० पीछे का। पिछला।

पछेलिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पछेल] दे० 'पछेली'।

पछेली—संज्ञा स्त्री० [हिं० पछेल] दे० 'पछेला'। उ०—जाके चोप की चुनरी, ज्ञान पछेली चमक रही।—कबीर श०, पृ० ११।

पछेवⓊ—अव्य० [हिं० पीछा, प्रा० पच्छए] दे० 'पीछे'। उ०—फिरि व्यास कहै सुनि अनग राइ। भवतव्य बात मेटी न जाय। रघुनाथ हाथ त्रैलोक देव। ते कनक मृग लागे पछेव।—पृ० रा०, ३।३४।

पछैⓊ—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'पीछे'। उ०—आदि अगम अविकार एक ईस्वर अविणासी। पछै प्रकृति ततपच विविध सुर ईखजवासी।—रा० रू०, पृ० ७।

पछोड़ना—क्रि० स० [सं० प्रक्षालन, प्रा० पच्छाडन] १ सूप आदि मे रखकर (अन्न आदि के दानो को) साफ करना। फटकना।

२ झटकारना। उ०—हाथ पछोडि गुरू विन ओह रोता। —प्राण, पृ० ४७।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।

मुहा०—फटकना पछोडना = उलट पलटकर परीक्षा करना। खूब देखना भालना। उ०—सूर जहाँ लौं श्यामगात हैं देखे फटकि पछोरी।—सूर (शब्द०)।

पछोरना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पछोडना'। उ०—कहो कौन पै कढै कनूका भुस की रास पछोरे।—सूर (शब्द०)।

पछौरा—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पिछौरा'।

पछ्छ Ⓟ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पीछे'। उ०—सरकि सेन सबक घरकि, पछ्छ जगल भए ठड्ढ।—पृ० रा०, २४।१९८।

पछ्छिल्ला Ⓟ—वि० [हिं०] दे० 'पछिला'। उ०—पछ्छिलो वलन सुरतान दिषि, सिंघ लोक अविलर कपौ।—पृ० रा०, २४।२०५।

पछ्यावर†—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का सिखरन या शरबत। उ०—भूतल के सब भूपन को मद भोजन तो बहु भाँति कियोई। मोद सो तारकनद की मेद पछ्यावरि पान सिरायो हियोई।—केशव (शब्द०)।

पजमुर्दगी—सज्ञा स्त्री० [फा० पज़मुर्दगी] उदासीनता। खिन्नता [को०]।

पजमुर्दा—वि० [फा० पजमुर्दा] शिथिल। उदास। मुरझाया हुआ। उ०—कहाँ हथेली पर सिर रक्खे हक पर लडनेवाले योद्धा। कहाँ हथेली से सिर ढाँपे पजमुर्दा माटी के धोधा।—बगाल, पृ० ५४।

पजर†—सज्ञा पुं० [स० प्रक्षरण] १ चूने या टपकने की क्रिया। २ झरना।

पजरन Ⓟ—क्रि० अ० [स० प्रज्वलन] जलना। दहकना। सुलगना। उ०—(क) पजरि पजरि तनु अधिक दहत है सुनत तिहारे वैन।—सूर (शब्द०)। (ख) याके उर औरे कछू लगी विरह की लाय। पजरै नीर गुलाब के पिय की बात सिराय।—विहारी (शब्द०)।

पजहर—सज्ञा पुं० [फा०] एक प्रकार का पत्थर जो पीलापन या हरापन लिए सफेद होता है और जिसपर नक्काशी होती है।

पजामा‡—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पायजामा'।

पजारना Ⓟ—क्रि० स० [हिं० पजरना] जलाना। प्रज्वलित करना। दहकाना। सुलगाना।

पजावना—क्रि० स० [हिं० पजारना] हटाना। उजाड़ना। उ०—(क) गौ अजमेर मियाँ तज गुम्मर। आयो दुरँग पजावे ऊपर।—रा० रू०, पृ० ३२३। (ख) जोधाणे उत्तर दिस जेती। अहनिस राम पजावै एती।—रा० रू०, पृ० २१६।

पजावा—सज्ञा पुं० [फा० पजावा] आवाँ। ईंट पकाने का भट्ठा।

पजूसण—सज्ञा पुं० [देश०] जैन मत का एक व्रत।

पजोखा—सज्ञा पु० [?] किसी के मरने पर उसके सबधियो से शोक-प्रकाश। मातमपुरसी।

पजोड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० पाजी+ओड़ा (प्रत्य०)] पाजी। दुष्ट।

पजौडापन—सज्ञा पु० [हिं० पजोड़ा + पन (प्रत्य०)] पाजीपन। कमीनापन। उ०—जी हाँ खुदावद, क्या मानी, जो बात है वही पजौडेपन की।—सैर कु०, पृ० २३।

पज्ज—सज्ञा पुं० [सं० पद्य, या पज्ज] शूद्र।

पज्जर—सज्ञा पु० [स० पञ्जर] दे० 'पाँजर'।

पज्झटिका—सज्ञा पुं० [सं० पद्धटिका] एक छद जिसके प्रत्येक चरण में १६ मात्राएँ इस नियम से होती हैं कि ८वी और छठी मात्रा पर एक एक गुरु होता है। इसमें जगण का निषेध है।

पझरा—सज्ञा पुं० [स० प्रसर (= फैलाव या वेग)] प्रसार। फैलाव। उ०—दहम एक चश्मा है लब खुश्क तर, गिर्द उसके पानी की भीगी पझर।—दक्खिनी०, पृ० ३०२।

पटंतर—वि० [हिं० पटतरना] उपमा। समानता। बराबरी। सादृश्य। उ०—रामनाम कै पटतरै देवै को कुछ नाहिं। क्या ले गुरु संतोषिए हौंस रही मन माहिं।—कबीर ग्र०, पृ० १।

पटंबर Ⓟ†—सज्ञा पु० [स० पट्ट (= पाट) + अम्बर] रेशमी कपडा। कौषेय। उ०—जहँ देखौ जहँ पाट पटंबर, ओढन अंबर चीर।—धरम०, पृ० २७।

पटंभर Ⓟ‡—सज्ञा पुं० [हिं० पटतर] सादृश्य। समानता। तुलना। उ०—सो विरला ससार पटभर उनका ऐसा। मिसरी जैहैर समान जैहैर है मिसरी जैसा।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४३०।

पट[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. वस्त्र। कपडा। २. पर्दा। चिक। कोई आड करनेवाली वस्तु।

क्रि० प्र०—उठाना।—खोलना।—हटाना।

३ लकडी धातु आदि का वह चिकना चिपटा टुकडा या पट्टी जिसपर कोई चित्र या लेख खुदा हुआ हो। जैसे, ताम्रपट। ४. कागज का वह टुकडा जिसपर चित्र खीचा या उतारा जाय। चित्रपट। उ०—लौटी ग्राम वधू पनघट से, लगा चितेरा अपने पट से।—आराधना, पृ० ३७। ५. वह चित्र जो जगन्नाथ, बदरिकाश्रम आदि मदिरो से दर्शनप्राप्त यात्रियो को मिलता है। ६ छप्पर। छान। ७. सरकडे आदि का बना हुआ वह छप्पर जो नाव या बहली के ऊपर डाल दिया जाता है। ८ चिरौंजी का पेड। पियार। ९. कपास। १० गधतृण। शरवान। ११. रेशम। पट्ट।

यौ०—पटवसतर = पट्टवस्त्र। पट्टाशुक। रेशमी वस्त्र। उ०—नहाते त्रिकाल रोज पडित अचारी बडे, सदा पटवस्तर सूत अग ना लगाई है।—पलटू०, भा० २, पृ० १०९।

पट[2]—सज्ञा पु० [स० पट्ट] १. साधारण दरवाजो के किवाड।

क्रि० प्र०—उघडना।—खुलना।—खोलना।—देना।—बंद करना।—भिड़ाना।—भेड़ना।

मुहा०—पट उघड़ना = मंदिर का दरवाजा इसलिये खुलना कि लोग मूर्ति के दर्शन पा सकें। दर्शन का समय आरंभ होना। पट खुलना = दे० 'पट उघड़ना'। पट बंद होना = मंदिर का दरवाजा बंद हो जाना। दर्शन का समय बीत जाता।

२ पालकी के दरवाजे के किवाड़ जो सरकाने से खुलते और बंद होते हैं।

यौ०—पटदार = वह पालकी जिसमे पट हो।

क्रि० प्र०—खुलना।—खोलना।—देना।—बंद करना।—सरकाना।

मुहा०—पट मारना = किवाड़ बंद कर देना।

३. सिंहासन। राज्यसिंहासन। उ०—इन नछित्र चहुआन को पट अभिषेक समान।—पृ० रा०, ७।१७०।

यौ०—पटरानी।

४. किसी वस्तु का तलप्रदेश जो चिपटा और चौरस हो। चिपटी और चौरस तलभूमि। ५ रंगमंच का पर्दा। पर्दा।

यौ०—पटपरिवर्तन।

पट[३]—संज्ञा पुं० [देश०] १ टाँग।

मुहा०—पट घुसना = दे० 'पट लेना'। पट लेना = पट नामक पेंच करने के लिये जोड़ की टाँगें अपनी ओर खींचना।

२ कुश्ती का एक पेंच जिसमे पहलवान अपने दोनो हाथ जोड़ की आँखों की तरफ इसलिये बढ़ाता है कि वह समझे कि मेरी आँखों पर थप्पड़ मारा जायगा और फिर फुरती से झुककर उसके दोनो पैर अपने सिर की ओर खींचकर उसे उठा लेता और गिराकर चित्त कर देता है। यह पेंच और भी कई प्रकार से किया जाता है।

पट[४]—वि० ऐसी स्थिति जिसमें पेट भूमि की ओर हो और पीठ आकाश की ओर। चित का उलटा। औंधा।

मुहा०—पट पड़ना = (१) औंधा पड़ना। (२) कुश्ती मे नीचे के पहलवान का पेट के बल पड़कर मिट्टी थामना। (३) मंद पड़ना। धीमा पड़ना। न चलना। जैसे—रोजगार पट पड़ना, पासा पट पड़ना, आदि। तलवार पट पड़ना = तलवार का औंधा गिरना। उस ओर से न पड़ना जिधर धार हो।

पट[५]—क्रि० वि० चट का अनुकरण। तुरत। फौरन। जैसे, चट मँगनी पट ब्याह।

पट[६]—[अनु०] किसी हलकी छोटी वस्तु के गिरने से होनेवाली आवाज। टप। जैसे, पट पट बूँदे पड़ने लगी।

विशेष—खटपट, धमधम आदि अन्य अनुकरण शब्दो के समान इसका प्रयोग भी 'से' विभक्ति के साथ क्रियाविशेषण-वत् ही होता है। संज्ञा की भाँति प्रयोग न होने के कारण इसका कोई लिंग नहीं माना जा सकता।

पटइनी, पटइनिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटवा] पटवा जाति की स्त्री। पटहार जाति की स्त्री। उ०—पटइनि पहिरि सुरँग तन चोला। औ वरइनि मुख खात तमोला।—जायसी ग्र०, पृ० ८१।

पटक—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूती कपड़ा। २ शिविर। तंबू। खेमा। ३ आधा गाँव (को०)।

पटकनⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटकना] १ पटकने की क्रिया या भाव। २ चपत। तमाचा।

क्रि० प्र०—देना।

३ छोटा डंडा। छड़ी।

क्रि० प्र०—खाना।—मारना।

पटकना[१]—क्रि० स० [स० पतन+करण या अनु०] १ किसी वस्तु को उठाकर या हाथ मे लेकर भूमि पर जोर से डालना या गिराना। जोर के साथ ऊँचाई से भूमि की ओर झोंक देना। किसी चीज को झोंके के साथ नीचे की ओर गिराना। जैसे, हाथ का लोटा पटक देना, मेज पर हाथ पटकना। २ किसी खड़े या बैठे व्यक्ति को उठाकर जोर से नीचे गिराना। दे मारना। उ०—पुनि नल नीलहि अवनि पछारेसि। जहँ तहँ पटकि पटकि भट मारेसि—तुलसी (शब्द०)।

संयो० क्रि०—देना।

विशेष—'पटकना' मे ऊपर से नीचे की ओर झोंका देने या जोर करने का भाव प्रधान है। जहाँ बगल से झोंका देकर किसी खड़ी या ऊपर रखी चीज को गिरावें वहाँ ढकेलना या गिराना कहेंगे।

मुहा०—(किसी पर, किसी के ऊपर या किसी के सिर) पटकना = कोई ऐसा काम किसी के सुपुर्द करना जिसे करने की उसकी इच्छा न हो। किसी के बार बार इनकार करने पर भी कोई काम उसके गले मढ़ देना। जैसे,—भाई तुम यह काम मेरे ही सिर क्यो पटकते हो किसी और को क्यों नहीं ढूँढ लेते।

२ कुश्ती में प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ना, गिरा देना या दे मारना। जैसे,—मैं उन्हे तीन बार पटक चुका।

पटकना†[२]—क्रि० अ० १ सूजन बैठना या पचकना। वरम या आमास का कम होना। २ गेहूँ, चने, धान आदि का सील या जल से भीगकर फिर सूखकर सिकुड़ना।

विशेष—ऐसी स्थिति को प्राप्त होने के पश्चात् अन्न मे बीजत्व नहीं रह जाता। वह केवल खाने के काम मे आ सकता है, बोने के नहीं।

३ पट शब्द के साथ किसी चीज का दरक या फट जाना। जैसे,—हाँडी पटक गई।

पटकनिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटकना] पटकने की क्रिया या भाव। उ०—तैसिव मृदु पद पटकनि चटकनि कछतारन की। लटकनि मटकनि झलकनि कल कुंडल हारन की।—नंद० ग्र०, पृ० २२।

पटकनिया—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटकना] १ पटकने की क्रिया या भाव। पटकान।

क्रि० प्र०—देना ।

२ पटके जाने की क्रिया या भाव ।

क्रि० प्र०—खाना ।

३ भूमि पर गिरकर लोटने या पछाडे खाने की क्रिया या अवस्था । लोटनिया । पछाड ।

क्रि० प्र०—खाना ।

पटकनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पटकना] १ पटकने की क्रिया या भाव । जैसे,—पहली ही पटकनी मे बच्चा को छट्ठी का दूध याद आ गया ।

क्रि० प्र०—देना ।

२ पटके जाने की क्रिया या भाव ।

क्रि० प्र०—खाना ।

३ भूमि पर गिरकर लोटने या पछाडें खाने की क्रिया या अवस्था ।

क्रि० प्र०—खाना ।

पटकरी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की बेल ।

पटकर्म—सज्ञा पु० [स० पटकर्मन्] कपडा बुनने का काम । जुलाहे का धधा [को०] ।

पटका—सज्ञा पुं० [स० पट्टक] १ वह दुपट्टा या रूमाल जिससे कमर बाँधी जाय । कमरबद । कमरपेच । उ०—खैंचि कमर सौं बाँध्या पटका । अध पति हुआ बैठकर पटका ।—सुदर ग्रं०, भा० १, पृ० ३५१ ।

क्रि० प्र०—बाँधना ।

मुहा०—**पटका बाँधना** = कमर कसना । किसी काम के लिये तैयार होना । **पटका पकडना** = किसी को कार्यविशेष के लिये उत्तरदायी या अपराधी मानकर रोकना । कार्यविशेष से अपना असबध बताकर जान बचाने का प्रयत्न करनेवाले को रोक रखना और उस काम का जिम्मेदार ठहराना । दामन पकडना ।

३ दीवार मे वह बद या पट्टी जो सुदरता के लिये जोडी जाती है ।

पटकान—सज्ञा स्त्री० [हिं० पटकना] १ पटकने की क्रिया या भाव । जैसे,—मेरी एक ही पटकान मे उसके होश ठिकाने हो गए ।

क्रि० प्र०—देना ।

२ पटके जाने की क्रिया या अवस्था ।

क्रि० प्र०—खाना ।

३ भूमि पर गिरकर लोटने या पछाड खाने की क्रिया या अवस्था ।

क्रि० प्र०—खाना ।

पटकार—सज्ञा पु० [सं०] १ कपडा बुननेवाला । जुलाहा । २ चित्र-पट बनानेवाला । चित्रकार ।

पटकुटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पट+कुटी] रावटी । छोलदारी । खेमा (डिं०) ।

पटकूल—सज्ञा पु० [सं०] रेशमी वस्त्र । उ०—सब सहर नारि शृगार कीन । अप अप्प झुड मिलि चलि नवीन । थपि कनक थार भरि द्रव्य दूव । पटकूल-जरफ जरकसी ऊव । —पृ० रा०, १।७१३ ।

पटखनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पटकन] दे० 'पटकनी' । उ०—रियासतो के नामी गरामी शहसवार इसपर सवार हुए और सवार होते ही पटखनी खाई ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० २१ ।

पटचित्र—सज्ञा पुं० [स० पट+चित्र] १ कपडे पर बनाया हुआ चित्र । २ सिनेमा की फिल्म । उ०—उसके बाद सुनीता ने कुछ न कहा और मुँह मोडकर पटचित्र ही देखती रही । सुनीता, पृ० १३४ ।

पटच्चर—सज्ञा पुं० [सं०] १ जीर्ण वस्त्र । पुराना कपडा । उ०—तब लपेट तैलाक्त पटच्चर आग लगाई रिपुओ ने ।—साकेत, पृ० ३९० । २ चोर । तस्कर । ३ महाभारत और पुराणों में वर्णित एक प्राचीन देश ।

विशेष—महाभारत के टीकाकार नीलकठ के मत से यह देश प्राचीन चोल है । पर महाभारत सभापर्व मे सहदेव का दिग्विजय प्रकरण पढने से इसका स्थान मत्स्य देश के दक्षिण चेदि के निकट कही पर जान पडता है । जैन हरिवश के मत से यह मत्र देश का ही अशविशेष है ।

पटड़ा‡—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पटरा' ।

पटड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पटरी' ।

पटणⓅ—सज्ञा पुं० [स० पत्तन] दे० 'पत्तन' । उ०—हाट पटण देखि रह्या हैरान । नानक एह गढ छूटे निदान । —प्राण०, पृ० २८ ।

पटतरⓅ—सज्ञा पु० [हिं० सं० पट्ट (=पटरी) +तल (=पटरी के समान चौरस)] १ समता । बराबरी । तुल्यता । समानता । उ०—महामधुर कमनीय जुगल वर । इनही को दीजै इन पटतर ।—घनानद, पृ० ४१ । २ उपमा । सादृश्य कथन । तशबीह ।

क्रि० प्र०—देना ।—पाना ।—लहना ।

पटतर[2]—वि० जिसकी सतह ऊँची नीची न हो । चौरस । समतल । बराबर ।

पटतरना—क्रि० अ० [हिं० पटतर] बराबर ठहराना । उपमा देना । उ०—जौ पटतरिअ तीय सम सीया । जग अस जुवति कहाँ कमनीया ।—मानस, १।२४७ ।

पटतारना[1]—क्रि० स० [हिं० पटा+तारना (=अदाजना)] खड्ग भाले आदि को उस स्थिति मे पकडना जिसमे उनसे वार किया जाता है । खाँडा, भाला आदि शस्त्रो को किसी पर चलाने के लिये पकडना या खीचना । सँभालना । उ०—फिर पठान सो जग हित चल्यो सेल पटतारि ।—सूदन (शब्द०) ।

पटतारना[2]—क्रि० स० [हिं० पटतर] ऊँची नीची जमीन को चौरस करना। टीले को काटकर उसकी मिट्टी को इधर उधर इस प्रकार फैला देना कि जहाँ वह फैलाई जाय वहाँ का तल चौरस रहे। पटतारना।

पटताल—सज्ञा पुं० [सं० पट+ताल] मृदग का एक ताल।

विशेष—यह ताल १ दीर्घ या २ ह्रस्व मात्राओं का होता है। इसमे एक ताल और एक खाली रहता है। इसका बोल यो

\+ ०

है—धा, केटे दिं ता, धा।

पटत्क—सज्ञा पु० [स०] तस्कर। चोर [को०]।

पटद[1]—सज्ञा पु० [स०] कपास।

पटधारी[1]—वि० [स० पटधारिन्] जो कपडा पहने हो।

पटधारी[2]—सज्ञा पुं० तोशाखाने का मुख्य अफसर। उ०—बोलि सचिव सेवक सखा पटधारि भँडारी। तेहु जाहि जोइ चाहिए सनमानि सँभारी।—तुलसी (शब्द०)।

पटन[1]—सज्ञा पुं० [स० पत्तन प्रा० पट्टण पट्टण] दे० 'पत्तन' उ०—धर्म पुरी एक नगर सुहावा। हाट पटन बहु देखि बनावा।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० २०५।

पटन[2]—सज्ञा पुं० [स०] गुजरात देश, जहाँ की राजधानी का नाम पट्टन या पाटन था। उ०—अवतार लियो प्रिथिराज पहु ता दिन दान अनत दिय। कनवज्ज देस गज्जन पटन किल-किलत कालकनिय।—पृ० रा०, १।६८७।

पटना[1]—क्रि० अ० [हिं० पट (= जमीन के सतह के बराबर)] १ किसी गड्ढे या नीचे स्थान का भरकर आस पास की सतह के बराबर हो जाना। समतल होना। जैसे,—वह झील अब बिलकुल पट गई है। २ किसी स्थान मे किसी वस्तु की इतनी अधिकता होना कि उससे शून्य स्थान न दिखाई पडे। परिपूर्ण होना। जैसे,—रणभूमि मुर्दों से पट गई। ३ मकान, कुएँ आदि के ऊपर कच्ची या पक्की छत बनाना। ४ मकान की दूसरी मंजिल या कोठा उठाया जाना। ५ सींचा जाना। सेराब होना। जैसे,—वह खेत पट गया। ६ दो मनुष्यो के विचार, भाव, रुचि या स्वभाव मे ऐसी समानता होना जिससे उनमें सहयोगिता या मित्रता हो सके। मन मिलना। बनना। जैसे,—हमारी उनकी कभी नही पट सकती। ७ विचारो, भावो या रुचियो की समानता के कारण मित्रता होना। ऐसी मित्रता होना जिसका कारण मनों का मिल जाना हो। जैसे,—आजकल हमारी उनकी खूब पटती है। ८ खरीद, बिक्री, लेन देन आदि में उभय पक्ष का मूल्य, सूद, शर्तों आदि पर सहमत हो जाना। तै हो जाना। बैठ जाना। जैसे, सौदा पट गया, मामला पट गया, आदि। ९ (ऋण या देना) चुकता हो जाना। (ऋण) भर जाना। पाई पाई अदा हो जाना। जैसे,—ऋण पट गया।

संयो० क्रि०—जाना।

पटना[2]—सज्ञा पुं० [स० पट्टन] दे० 'पाटलिपुत्र'।

पटनिया, पटनिहा—वि० [हिं० पटना + इया या इहा (प्रत्य०)] १ वह वस्तु जो पटना नगर या प्रदेश मे बनी हो। जैसे, पटनिया एक्का। २ पटना नगर या प्रदेश से सबध रखनेवाला।

पटनी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाटना] वह कमरा जिसके ऊपर कोई और कमरा हो। कोठे के नीचे का कमरा। पटौहा।

पटनी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पटना (= तै होना)] १ जमीदारी का वह अश जो निश्चित लगान पर सदा के लिये बदोबस्त कर दिया गया हो। वह जमीन जो किसी को इस्तमरारी पट्टे के द्वारा मिली हो।

यौ०—पटनीदार।

विशेष—यदि काश्तकार इस जमीन या इसके अशविशेष को वे ही अधिकार देकर जो उसे जमीदार से मिले हैं, दूसरे मनुष्य के साथ बदोबस्त कर दे तो उसे 'दरपटनी' और ऐसे ही तीसरे बदोबस्त के बाद उसे 'सिपटनी' कहते हैं।

२ खेत उठाने की वह पद्धति जिसमे लगान और किसान या असामी के अधिकार सदा के लिये निश्चित कर दिए जाते हैं। इस्तमरारी पट्टे द्वारा खेत का बदोबस्त करने की पद्धति। ३ दो खूँटियो के सहारे लगाई हुई पटरी जिसपर कोई चीज रखी जाय।

पटपट[1]—सज्ञा स्त्री० [अनु० पट] हलकी वस्तु के गिरने से उत्पन्न शब्द की बार बार आवृत्ति। 'पट' शब्द अनेक बार होने की क्रिया या भाव। पट शब्द की बार बार उत्पत्ति।

पटपट[2]—क्रि० वि० बराबर पट ध्वनि करता हुआ। 'पटपट' आवाज के साथ। जैसे, पटपट बूँदे पडने लगी।

पटपटाना—क्रि० अ० [हिं० पटकना] भूख प्यास या सरदी गरमी के मारे बहुत कष्ट पाना। बुरा हाल होना। २ किसी चीज से पटपट ध्वनि निकलना। जैसे,—ये चने खूब पटपटा रहे हैं।

पटपटाना[2]—क्रि० स० १ किसी चीज को बजा या पीटकर पटपट शब्द उत्पन्न करना। जैसे,—व्यर्थ क्या पटपटा रहे हो? २ खेद करना। शोक करना।

पटपर[1]—वि० [पं० पट + अनु० पर] समतल। बराबर। चौरस। हमवार।

पटपर[2]—सज्ञा पुं० १ नदी के आसपास की वह भूमि जो बरसात के दिनो में प्राय सदा डूबी रहती है। इसमे केवल रबी की खेती की जाती है। २ ऐसा जगल जहाँ घास, पेड और पानी तक न हो। अत्यत उजाड स्थान।

पटबंधक—सज्ञा पु० [हिं० पटना + स० बन्धक] एक प्रकार का रेहन जिसमे महाजन या रेहनदार रखी हुई सपत्ति के लाभ में से सूद लेने के बाद जो कुछ बच जाता है उसे मूल ऋण मे मिनहा करता जाता है और इस प्रकार जब सारा ऋण वसूल हो जाता है तब सपत्ति उसके वास्तविक स्वामी को लौटा देता है।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—लेना।—रखना।

पटविजना—सज्ञा पुं० [हिं०पट + विज्जु] दे० 'पटवीजना'। उ०—शून्य विजन के पटविजना से, चाँद सितारे आसमान के, जरा मरण से मुक्त न देखे, देखा—अपने ही समान थे।—हस०, पृ० ५४।

पटवीजना†—सज्ञा पु० [हिं० पट(= बराबर) + विज्जु (= बिजली)] जुगुनू। खद्योत।

पटभाक्त—सज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक यत्र जिससे आँख को देखने मे सहायता मिलती थी।

पटमंजरी—सज्ञा पुं० [सं० पटपञ्जरी] सपूर्ण जाति की एक शुद्ध रागिनी जो हिंडोल राग की स्त्री है।

विशेष—हनुमत के मत से इसका स्वरग्राम यह है—प ध नि सा रे ग म प। इसका गान समय ६ दड से १० दड तक है। एक और मत से यह श्री राग की रागिनी है और इसका गान समय एक पहर दिन के बाद है।

कोई कोई इसे सकर रागिनी भी मानते है। इसमे से कुछ के मत से यह नट और मालश्री के मिलाने से बनी है। दूसरे इसे मारू, धूलश्री, गाधारी और धनाश्री के सयोग से बनी हुई मानते हैं।

पटमंडप—पज्ञा पुं० [स० पटमण्डप] तबू। खेमा। शिविर।

पटम[1]—वि० [हिं० पटपटाना] वह जिसकी आँखें भूख से पटपटा या बैठ गई हो। जो भूख के मारे अधा हो गया हो।

पटम(पु)[2]—सज्ञा पुं० [स० पटु] धोखा। छल। छद्म। पाखड। पटुता। इन बातन मोहि अचिरज आवै। पटम किए पिव कैसे पावै।—सतबानी० पृ० १०।

पटमय[1]—वि० [स०] कपडे से बना हुआ [को०]।

पटमय[2]—सज्ञा पु० तबू। खेमा।

पटरक—सज्ञा पुं० [सं०] पटेर। गोदपटेर।

पटरा—सज्ञा पुं० [स० पट्ट + हिं० रा (प्रत्य०) अथवा स० पटल] [स्त्री० अल्पा० पटरी] १ काठ का लबा चौकोर और चौरस चीरा हुआ हुआ टुकडा जो लबाई चौडाई के हिसाब से बहुत कम मोटा हो। तख्ता। पल्ला।

विशेष—काठ के ऐसे भारी टुकड़े को जिसके चारो पहल बराबर या करीब करीब बराबर हो अथवा जिसका घेरा गोल हो 'कुदा' कहेगे। कम चौडे पर मोटे लबे टुकडे को 'बल्ला' या बल्ली कहेगे। बहुत ही पतली बल्ली को छड कहेगे।

मुहा०—पटरा कर देना = (१) किसी खडी चीज को गिराकर पटरी की तरह जमीन के बराबर कर देना। (२) मनुष्य, वृक्ष आदि को काटकर गिरा देना। मार काट कर फैला देना या बिछा देना। जैसे,—शाम तक उसने सारे का सारा जगल काट कर पटरा कर दिया। (३) चौपट कर देना। तबाह कर देना। सर्वनाश कर देना। जैसे,—इस वर्ष के अकाल ने तो पटरा कर दिया। पटरा होना = मरकर गिर जाना। मर जाना। नष्ट हो जाना। स्वाहा हो जाना। जैसे,—इस साल हैजे से हजारो पटरा हो गए।

२. धोबी का पाट। ३ हेगा। पाटा।

मुहा०—पटरा फेरना = किसी के घर को गिराकर जुते हुए खेत की तरह चौरस कर देना। ध्वस कर देना। तबाह कर देना। पटरा हो जाना = मर कटकर नष्ट हो जाना।

पटरागिनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पटरानी'। उ०—पटरागिनि पाँवार रूप रभा गुन जुब्बन। प्रमुदा प्रान समान नहीं बिसरत्त एक छन।—पृ० रा०, १।३७०।

पटरानी—सज्ञा स्त्री० [सं० पट्ट + रानी] वह रानी जो राजा के साथ सिंहासन पर बैठने की अधिकारिणी हो। किसी राजा की विवाहिता रानियो मे सर्वप्रधान। राजा की सबसे बडी रानी। राजा की मुख्य रानी। पट्टरानी। पाटमहिषी।

पटरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पटरा] १ काठ का पतला और लबोतरा तख्ता।

मुहा०—पटरी जमना = घुडसवारी मे जीन पर सवार का रानो को इस प्रकार चिपकाना कि घोडे के बहुत तेज चलने या शरारत करने पर भी उसका आसन स्थिर रहे। रान बैठाना या जमाना। पटरी बैठना = मन मिलना। मित्रता होना। मेल होना। पटना। जैसे,—हमारी उनकी पटरी कभी न बैठेगी।

२ लिखने की तख्ती। पटिया। १ वह चौडा खपडा जिसपर नरिया जमाते हैं। ४ सडक के दोनो किनारो का वह कुछ ऊँचा और कम चौडा भाग जो पैदल चलनेवालो के लिये होता है। ५. नहर के दोनो किनारो पर के रास्ते। ६ बगीचो में क्यारियों के इधर उधर के पतले पतले रास्ते जिनके दोनो ओर सुदरता के लिये घास लगा दी जाती है। रविश। ७. सुनहरे या रुपहले तारो से बना हुआ वह फीता जिसे साडी, लहँगे या किसी कपडे की कोर पर लगाते हैं। ८ हाथ में पहनने की एक प्रकार की पट्टीदार चौडी चूडी जिसपर नक्काशी बनी होती है। ९ जतर। चौकी। तावीज।

पटल—सज्ञा पुं० [स०] १. छप्पर। छान। छत। २ आवरण। पर्दा। आड करने या ढकनेवाली कोई चीज। ३. परत। तह। तवक। ४ पहल। पार्श्व। ५. आँख की बनावट की तहे। आँख के पर्दे। ६ मोतियाबिंद नामक आँख का रोग। पिटारा। ७. लकडी आदि का चौरस टुकडा। पटरा। तख्ता। ८ पुस्तक का भाग या अशविशेष। परिच्छेद। ९ माथे पर का तिलक। टीका। १०. समूह। ढेर। अबार। ११ लाव लश्कर। लवाजमा। परिच्छद। १२ वृक्ष। पेड (को०)। १३ पिटक। पिटारी (को०)। १४ पुस्तक। ग्रथ (को०)। १५ वृत। डठल (को०)।

पटलक—सज्ञा पुं० [स०] १ आवरण। पर्दा। झिलमिली। बुरका। २ कोई छोटा सदूक, डलिया या टोकरा। ३ समूह। राशि। ढेर। अबार।

पटलता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पटल का काम। २ अधिकता। उ०—जौन अग ढिग ह्वै कढी हुई धैन की छाँह। अजहूँ लौं अवलोकिये, पुलक पटलता ताह।—मतिराम ग्रं०, पृ० २७५।

पटलप्रांत—संज्ञा पु० [सं० पटलप्रान्त] छप्पर का सिरा या किनारा।

पटला—संज्ञा स्त्री० [स०] भीमा के आकार की नौका। ६४ हाथ लंबी, ३२ हाथ चौडी और ३२ हाथ ऊँची नाव। (युक्ति कल्पतरु)।

पटली[1]—संज्ञा स्त्री० [स० पटल] १ छप्पर। छान। छत। २ वृक्ष (को०)। ३. डठल। वृंत (को०)। ४ समूह। झुंड। पंक्ति। उ०—नव पल्लव कुसुमित तरु नाना। चचरीक पटली कर गाना।—मानस, ३।३४।

पटली†[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पटरी'। उ०—उत्तम पटली प्रेम की रे डोरी सुरति लगाई।—सुंदर ग्रं०, भा० २, पृ० ८२६।

मुहा०—पटली बैठना = मित्रता होना। मन मिलना। पटरी बैठना। उ०—पटली है बैठने की गोरे की साँवले से।—वेला, पृ० ६०।

पटवा[1]—संज्ञा पुं० [स० पाट+वाह (प्रत्य०)][स्त्री० पटइन] रेशम या सूत मे गहने गूथनेवाला। पटहार। उ०—कतहुँ तमोलिय पान भुलाने। कहुँ पटवा पाटहि अरुझाने।—इद्रा०, पृ० १५।

पटवा[2]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बेल जिसका रंग नारंगी का सा होता हैं। यह बेल मजबूत और तेज चलनेवाला होता है।

पटवा[3]—संज्ञा पु० [स० पाट] पटसन की जाति का एक प्रकार का पौधा। लाल अंबारी।

विशेष—यह पौधा बंगाल में अधिकता से बोया जाता है। कहीं कहीं यह बागों में शोभा के लिये भी लगाया जाता है। इसमें एक प्रकार की कलियाँ लगती हैं जो खाई जाती है। इसके तनों से एक प्रकार का रेशा निकलता हैं और इसके फल तथा बीज कहीं कहीं औषधि रूप में काम में आते हैं।

पटवाद्य—संज्ञा पुं० [स०] झाँझ के आकार का एक प्राचीन बाजा जिससे ताल दिया जाता था।

पटवाना[1]—क्रि० स० [हिं० पाटना का प्रे० रूप] १ पाटने का काम दूसरे से कराना। २ आच्छादित कराना। छत डलवाना जैसे, घर पटवाना। ३ गड्ढे आदि को भरकर आसपास की जमीन के बराबर कराना। भरवा देना। पूरा करा देना। जैसे, गड्ढा पटवा देना। †४ सिंचवाना। पानी से तर कराना। ५ ऋण आदि अदा करा देना। चुकवा देना। पटाना। दाम दाम दिलवा देना। जैसे—उसने अपने मित्र से वह ऋण पटवा दिया।

पटवाना[2]—क्रि० स० [हिं० 'पटाना का प्रे० रूप] (पीडा या कष्ट) दूर कर देना। मिटाना। बंद करना। शांत करना।

पटवास—संज्ञा पु० [सं०] खेमा। तंबू [को०]।

पटवासगिरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटवारी+फ़ा० गरी] १ पटवारी का काम। जैसे,—इन्होंने २० साल तक पटवारगिरी की है। २ पटवारी का पद। जैसे,—उस गाँव की पटवारगिरी इन्हीं को मिलनी चाहिए।

पटवारी[1]—संज्ञा पुं० [सं० पट्ट+कार, हिं० वार] गाँव की जमीन और उसके लगान का हिसाब किताब रखनेवाला एक छोटा सरकारी कर्मचारी।

पटवारीⓊ[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पट+हिं० वारी (प्रत्य०)] कपडे पहनानेवाली दासी। उ०—पानदानवारी बेंती पीकदानवारी चौंरवारी पखावारी पटवारी चली धाय कैं।—रघुराज (शब्द०)।

पटवास—संज्ञा पुं० [सं०] १ वस्त्रनिर्मित गृह। शिविर। तंबू। २ वह वस्तु या चूर्ण जिससे वस्त्र सुगंधित किया जाय। वे सुगंधियाँ या चूर्ण जिनसे कपडा वासित (सुगंधित) करने का काम लिया जाय। उ०—जल थल फल फूल भूरि, अंबर पटवास धूरि, स्वच्छ यच्छ कर्दम हिय देवन अभिलाषे।—केशव (शब्द०)। ३ लहँगा। साया।

पटवासक—संज्ञा पुं० [सं०] पटवास चूर्ण। वस्त्र वसानेवाली सुगंधियो का चूर्ण।

पटवेश्म—संज्ञा पुं० [स० पटवेश्मन] खेमा। तंबू [को०]।

पटसन—संज्ञा पुं० [स० पाट+हिं० स० शरण सन] १. एक प्रसिद्ध पौधा जिसके रेशे से रस्सी, बोरे, टाट और वस्त्र बनाए जाते हैं।

विशेष—यह गरम जलवायुवाले प्राय सभी देशो मे उत्पन्न होता है। इसके कुल ३६ भेद हैं जिनमे से ८ भारतवर्ष मे पाए जाते हैं। इन ८ मे से दो मुख्य हैं और प्राय इन्हीं की खेती की जाती है। इसके कई भेद अब भी वन्य अवस्था में मिलते हैं। दो मुख्य भेदो में से एक को 'नरछा' और दूसरे को 'वनपाट' कहते हैं। 'नरछा' विशेषत बंगाल और आसाम में बोया जाता है। वनपाट की अपेक्षा इसके रेशे अधिक उत्तम होते हैं। नरछे का पौधा वनपाट के पौधे से ऊँचा होता है। और पत्ती तथा कली लंबी होती है वनपाट की पत्तियाँ गोल, फूल नरछे से बडे और कली की चोंच भी नरछे से कुछ अधिक लंबी होती है। पटसन की बोआई भदई जिन्सों के साथ होती है और कटाई उस समय होती है जब उसमें फूल लगते हैं। इस समय न काट लेने से रेशे बडे हो जाते हैं। बीज के लिये थोडे से पौधे खेत में एक किनारे छोड दिए जाते हैं, शेष काटकर और गट्ठो मे बाँधकर नदी, तालाब या गड्ढे के जल मे गाड दिए जाते हैं। तीन चार दिन बाद उन्हें निकालकर डठल से छिलके को अलग कर लेते हैं। फिर छिलको को पत्थर के ऊपर पछाडते हैं और थोडी थोडी देर के बाद पानी मे धोते हैं जिससे कडी छाल कटकर घुल जाती है और नीचे की मुलायम छाल निकल आती है। छिलके या रेशे अलग करने के लिये यंत्र भी है, परंतु भारतीय किसान उसका उपयोग नही करते। यंत्र द्वारा अलग किए हुए रेशो की अपेक्षा सडाकर अलग किए हुए रेशे अधिक मुलायम होते हैं। छुडाए और सुखाए जाने के अनंतर रेशे एक विशेष यंत्र मे दबाए अथवा कुचले जाते है। जबतक यह क्रिया होती रहती है, रेशों पर जल और तेल के छींटे देते रहते हैं जिससे उनकी रुखाई और कठोरता दूर होकर, कोमलता, चिकनाई और चमक आ जाती है। आजकल पटसन के रेशो से तीन काम लिए जाते हैं—मुलायम, लचीले रेशों से कपडे तथा टाट बनाए जाते हैं, कडे रेशो से रस्से,

रस्सियाँ और जो इन दोनो कामों के अयोग्य समझे जाते हैं उनसे कागज बनाया जाता है। रेशो की उत्तमता, अनुत्तमता के विचार से भी पटसन के कई भेद हैं। जैसे, उत्तरिया, देसवाल, देसी, ड्योरा या डोरा, नारायनगजी, सिराजगजी आदि। इनमे उत्तरिया और देसवाल सर्वोत्तम हैं। पटसन के रेशे अन्य वृक्षो या पौधो के रेशो से कमजोर होते हैं। रग इसके रेशों पर चाहे जितना गहरा या हलका चढाया जा सकता है। चमक, चिकनाई आदि में पटसन रेशम का मुकाबला करता है, जिस कारखाने मे पटसन के सूत और कपडे बनाए जाते हैं उनको जूट मिल और जिस यत्र में दाब पहुँचाकर रेशो को मुलायम और चमकीला बनाया जाता है उसे 'जूट प्रेस' कहते हैं।

२ पटसन के रेशे। पाट। जूट।

विशेष—(क) पटसन से रस्से, रसिस्याँ टाट और टाट ही की तरह का एक मोटा कपडा तो बहुत दिनो से लोग बनाते रहे हैं, पर उसका बारीक रेशम तुल्य सूत और उनसे बहुमूल्य वस्त्र तैयार करने की ओर उनका ध्यान नही गया था। अब उसका खूब महीन सूत भी बनने लग गया है। (ख) कुछ लोगों का यह अनुमान है कि नरछा नामक उत्तम जाति के पटसन के बीज भारत मे चीन से लाए गए हैं। बगाल और आसाम के जिन जिन भागो में नरछे की खेती सफलतापूर्वक की जा सकती है वहाँ की जलवायु मे चीन की जलवायु से बहुत कुछ समानता है।

पटसाली—सज्ञा पुं० [सं० पट्टशाली] धारवाड प्रात की जुलाहो की एक जाति जो रेशमी वस्त्र बुनती है।

पटहंसिका—सज्ञा स्त्री० [स०] सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं। यह रागिनी १७ दड से २० दड तक के बीच मे गाई जाती है।

पटह—सज्ञा पुं० [स०] १ दुदुभी। नगाडा। डका। आडबर। २ बडा ढोल। ३ समारभ। किसी कार्य को आरभ करना (को०)। ४ हिंसन। नुकसान पहुँचाना (को०)।

पटहघोषक—सज्ञा पुं० [स०] ढोल पीटकर घोषणा करनेवाला व्यक्ति।

पटहभ्रमण—सज्ञा पुं० [स०] (लोगो को एकत्र करने के लिये) घूम घूमकर डुग्गी या ढोल पीटना (को०)।

पटहवेला—सज्ञा पुं० [स०] डुग्गी पीटे जाने का समय।

पटहार, पटहारा[1]—वि० [पाट + हि० हार (प्रत्य०)] रेशम के डोरे बनानेवाला। रेशम के डोरो से गहना गूँथनेवाला।

पटहार, पटहारा[2]—सज्ञा पु० [स्त्री० पटहारिन या पटेरिन] एक जाति जो रेशम या सूत के डोरे से गहने गूँथती है। पटवा।

पटहारिन—सज्ञा स्त्री० [हिं० पटहार] १ पटहार की स्त्री। २ पटहार जाति की स्त्री।

पटा[1]—सज्ञा पु० [सं० पट] प्राय दो हाथ लबी किर्च के आकार की लोहे की फट्टी जिससे तलवार की काट और बचाव सीखे जाते हैं। उ०—पटा पवडिया ना लहै, पटा लहै कोई सूर।—दरिया०, पृ० १५।

पटा⑤[2]—सज्ञा पु० [स० पट्ट] पीढ़ा। पटरा। उ०—चौका चौकी पीढी पटा झारी पनिगह, पलइठि तेआए आसन।—वर्णरत्नाकर, पृ० १२।

मुहा०—पटाफेर=विवाह की एक रस्म जिसमे वर वधू के आसन परस्पर अदल बदल दिए जाते हैं। **पटा बाँधना**=पटरानी बनाना। उ०—चौदह सहस तिया में तोको पटा बँधाऊँ आज।—सूर (शब्द०)।

२ (पट की तरह समतल होने के कारण) गडस्थल। जैसे, कनपटा, कनपटी।

यौ०—पटाझर।

पटा⑤[3]—सज्ञा पु० [स० पट्ट] १ अधिकारपत्र। सनद। पट्टा। उ०—(क) विधि के कर को जो पटो लिखि पायो।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सतगुरु साह साध सौदागर भक्ति पटो लिखवइयो हो।—घरम०, पृ० ११। २. पगडी या कलँगी की तरह का एक भूषण जो पहले राजाओ द्वारा किसी विशिष्ट कार्य मे सफलता प्राप्त करने या श्रेष्ठ वीरता-प्रदर्शन पर सामतो को दिया जाता था। उ०—सिर पटा छाप लोहान होइ। लग्गें सु सरह सय पाइ लोइ।—पृ० रा०, ४।१५।

पटा⑤[4]—सज्ञा पु० [हिं० पटना] लेन देन। क्रय विक्रय। सौदा। उ०—मन के हटा मे पुनि प्रेम को पटा भयो।—पद्माकर (शब्द०)।

पटा[5]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] १ चौडी लकीर। धारी। २ लगाम की मुहरी। ३ चटाई। ४. दे० 'पट्टा'।

पटाई[1]†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पटाना] पटाने की क्रिया या भाव। सिंचाई। आबपाशी। उ०—दूबे पटाइअ सींचीअ नीत, सहज तजे करइला तीत।—विद्यापति, पृ० २१३। २ सिंचाई की मजदूरी।

पटाई[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाटना] १ पाटने की क्रिया या भाव। २ पाटने की मजदूरी।

पटाक[1]—[अनु०] किसी छोटी चीज के गिरने का शब्द। जैसे,—वह पटाक से गिरा।

विशेष—चटाक, धडाम आदि अनुकरण शब्दो के समान इसका व्यवहार भी सदा 'से' विभक्ति के साथ क्रियाविशेषणवत् होता है। सज्ञा की भाँति प्रयुक्त न होने के कारण इसका कोई लिंग नही माना जा सकता।

पटाक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] एक पक्षी (को०)।

पटाका[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पट (अनु०)] १ पट या पटाक शब्द। २ पट या पटाक शब्द करके छूटनेवाली एक प्रकार की आतशबाजी।

क्रि० प्र०—छोडना।

३ पटाके की ध्वनि। कोडे या पटाके की आवाज। ४ तमाचा। थप्पड। चपत।

क्रि० प्र०—जमाना।—देना —लगाना।

पटाका[2]—सज्ञा स्त्री० युवती अथवा कम अवस्थावाली स्त्री (बाजारू)।

पटाका[3]—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पताका' [को०]।

पटाक्षेप—सज्ञा पुं० [स०] पर्दा गिरना या गिराना। जवनिका गिराना। जवनिकापात [को०]।

पटाखा—सज्ञा पुं० [हिं० पट अनुध्व०] दे० 'पटाका'।

पटाझरⓊ†—वि० [हिं० पटा+झरना] मदस्रावी। मतवाला (हाथी)। उ०—बस नहिं होत सुजान पटाझर गज है जैसे। कमल नाल के ततु बँधे रुकि रहिहै कैसे।—ब्रज० ग्र०, पृ० ७०।

पटान—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाटना] पाटने की क्रिया या भाव। पटाव।

पटाना—क्रि० स० [हिं० पट (=समतल)] १ पाटने का काम कराना। गड्ढे आदि को भरकर आसपास की जमीन के बराबर कराना। २ छत को पीटकर बराबर कराना। ३ पाटन बनवाना छत बनवाना। जैसे, कोठा पटाना। ४ ऋण चुका देना। अदा कर देना। जैसे,—मैंने उनका सब पावना पटा दिया। ५ बेचनेवाले को किसी मूल्य पर सौदा देने के लिये राजी कर लेना। मूल्य तै कर लेना। जैसे, सौदा पटाना। † ६ सीचना। जल से सिंचित करना। जैसे, खेत पटाना।

पटाना[2]—क्रि० अ० शात होकर बैठना। चुपचाप बैठना।

पटापट[1]—क्रि० वि० [अनु० पट] लगातार बारबार 'पट' ध्वनि के साथ। निरतर पट पट शब्द करते हुए। 'पट पट' की ऐसी आवृत्ति जिसमें दो ध्वनियो के मध्य बहुत ही कम अवकाश हो और एक सम्मिलित ध्वनि सी जान पडे। तेजी से। जैसे,—पटापट मार पडी। उ०—प्रेम की घटा में बुद परै पटापट।—पलटू०, पृ० २७।

पटापट[2]—सज्ञा स्त्री० निरंतर पटपट शब्द की आवृत्ति। ऐसी 'पटपट' ध्वनि जिसमे दो ध्वनियो के बीच इतना कम अवकाश हो कि अनुभव मे न आ सके। जैसे,—इस पटापट से तो तबीअत परेशान हो गई।

पटापटी—सज्ञा स्त्री० [अनु०] वह वस्तु जिसमें अनेक रगो के फूल पत्ते कढ़े हो। वह वस्तु जो कई रगो से रँगी हुई हो। चित्र विचित्र वस्तु। उ०—सारी जरतारी भारी उत चटापटी की लागी जामै गोट तमामी पटापटी की।—रत्नाकर, भा० १, पृ० ६।

मुहा०—पटापटी का पर्दा=वह पर्दा जितमे रग विरग के फूल पत्ते या समोसे आदि कढे हो। पटापटी की गोट=वह रग विरगी गोट जिसमें सिंघाडे आदि कढ़े हों।

पटार—सज्ञा स्त्री० [सं० पिटक] १ पिटारा। पेटी। मजूषा। २ पिंजडा। ३ रेशम की रस्सी का निवार। ४ कनखजूरा। (बुदेलखडी)।

पटालुका—सज्ञा स्त्री० [स०] जोक। जलौका।

पटाव—सज्ञा पुं० [हिं० पाटना] १ पाटने की क्रिया। २ पाटने का भाव। ३ पटा हुआ स्थान। पाटकर चौरस किया हुआ स्थान। ४ दीवारो के आधार पर पाटकर बनाया हुआ ऊँचा स्थान। पाटन। ५ लकडी का वह मजबूत तख्ता जिसे दरवाजे के ऊपरी भाग पर रखकर उसके ऊपर दीवार उठाते है। भरेठा।

पटि—सज्ञा स्त्री० [सं० पटी] १ कोई छोटा वस्त्र या वस्त्रखड। २ जलकुभी। ३ रगमच का पर्दा (को०)। ४ कनात (को०)।

पटिआ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पटिया'।

पटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] कोई छोटा वस्त्र या वस्त्रखड।

पटिक्षेप—सज्ञा पु० [सं०] यवनिकापात। रगमच का पर्दा गिराना [को०]।

पटिया†[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पट्टिका] १ पत्थर का प्राय चौकोर और चौरस कटा हुआ टुकडा जिसकी मोटाई लबाई चौडाई के हिसाब से बहुत कम हो। चिपटा चौरस शिलाखड। फलक। उ०—जहाँ मणिजटित पटिया बिछी है यही माधवी कुज है।—शकु तला, पृ० ११२। २ काठ का छोटा तख्ता। ३ खाट या पलग की पट्टी। पाटी। ४ पटरी। फुटपाथ। उ०—एक युवक पुल की लकडी मे पटिया पर खडा पोस्ट आफिस की ओर मुख किए इस दृश्य को देख रहा था। पिंजरे०, पृ० १६। ५ माँग। पट्टी। उ०—समुझ की पटिया पारो सजनी चुटिया गुहो सम्हार हो।—कबीर श०, भा० २, पृ० १३४।

क्रि० प्र०—काढना।—पारना।—सँवारना।

५ हेगा। पाटा। ६ कबल या टाट की एक पट्टी। ७ लिखने की पट्टी। तख्ती। ८ सँकरा और लबा खेत।

पटिया[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाटना + इया (प्रत्य०)] चिपटे तले की बडी और ऊपर से पटी हुई नाव जो बदरगाहो मे जहाज से बोझ उतारने और चढाने के काम में आती है (लश०)।

पटियैत†—सज्ञा पु० [सं० पटि+ऐत (प्रत्य०)] दायाद। पट्टीदार। उ०—आज अखाडे जाते हुए पहलवान रामसिंह के पडोसी पटियैत से चार आँखें हुईं, शीलवान मनोहर को उन्होने चग पर चढाया, कहा जोर कराने जा रहे हो।—काले०, पृ० २।

पटी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पटि' [को०]।

पटी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० पट] १ कपडे का पतला लबा टुकडा। पट्टी। उ०—मीत बिरह की पीर को सकै न पलटूग काँध। रूप कपूर लगाइ कै प्रीति पटी सो बाँध।—रसनिधि (शब्द०)। २ पटका। कमरबद। उ०—पीट पटी लपटी कटि मे अरु साँवरो सुदर रूप सँवारे।—देव (शब्द०)।

पटीमा—सज्ञा पुं० [हिं० पट्टी] छीपियों का वह तख्ता जिसपर वे छापते समय कपडे को बिछा लेते हैं।

पटीर—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार का चदन। उ०—लावति वीर पटीर घसि ज्यो ज्यो सीरे नीर। त्यौं त्यौं ज्वाल जगै दई या मृदु बाल सरीर।—स० सप्तक पृ० २३०। २ कत्था। ३ कत्थे या खैर का वृक्ष। ४. मूली। ५ वटवृक्ष। उ०—जटिल पटीर कृपाल वट रक्तफला न्यग्रोध। यह बसीवट देखु बलि सब सुख निरुपध बोध।—नददास (शब्द०)। ६ कदुक। गेंद (को०)। ७ कामदेव (को०)। ८ केश (को०)। ९ मेघ। बादल (को०)। १० वातरोग (को०)। ११ प्रतिश्याय। ठढक। जुकाम (को०)। १३ क्यारी (को०) १४ ऊँचाई। उच्चता (को०)। १५ उदर (को०)।

पटीर[२]—वि० १ सुदर। सौंदर्ययुक्त। २ ऊँचा। [को०]।

पटीरजन्मा—सज्ञा पु० [स० **पटीरजन्मन्**] चदन का वृक्ष [को०]।

पटीरमारुत—सज्ञा पु० [स०] चदन के संपर्क से सुगधित हवा [को०]।

पटीलना—क्रि० अ० [हिं० **पटाना**] १ किसी को उलटी सीधी बातें समझा बुझाकर अपने अनुकूल करना। ढग पर लाना। हत्थे चढाना। उतारना। २ अर्जित करना। कमाना। प्राप्त करना। ३ ठगना। छलना। ४ मारना। पीटना। ठोंकना। ५ परास्त करना। नीचा दिखाना। ६ सफलतापूर्वक किसी काम को समाप्त करना। खतम करना। पूर्ण करना।

सयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

पटीलाⓊ†—सज्ञा पु० [हिं०] चिपटा कडा। पछेला। पटेला। उ०—चाल की चुरिया पहिरो सजनी परख पटीला डार हो।—कबीर, श०, भा० २, पृ० १३४।

पटु[१]—वि० [स०] १ प्रवीण। निपुण। कुशल। दक्ष। उ०—नदी नाव पटु प्रश्न अनेका। केवट कुसल उतर सविवेका।—मानस, १।४१। २ चतुर। चालाक। होशियार। ३ धूर्त। छलिया। मक्कार। फरेबी। ४ निष्ठुर। अत्यत कठोर हृदयवाला। ५ रोगरहित। तदुरुस्त। स्वस्थ। ६ तीक्ष्ण। तीखा। तेज। ७ उग्र। प्रचड। ८. स्फुट। प्रकाशित। व्यक्त। ९ सुदर। मनोहर। उ०—(क) रघुपति पटु पालकी मँगाई। तुलसी (शब्द०)। (ख) पौढाये पटु पालने सिसु निरखि मगन मन मोद।—तुलसी (शब्द०)।

पटु[२]—सज्ञा पु० १ नमक। २ पाशुलवण। पाँगा नोन। ३ परवल। ४ परवल के पत्ते। ५ करेला। ६ चिरचिटा नाम की लता। ७ चीनी कपूर। ८ जीरा। ९ वच। १० नकछिकनी। ११ छत्रक। कुकुरमुत्ता (को०)।

पटुआ—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पटुवा १ और २'।

पटुक—सज्ञा पुं० [स०] परवल।

पटुकल्प—वि० [स०] कुछ कम पटु। जो पूर्ण कुशल या चालाक न हो। कामचलाऊदक्ष।

पटुका—सज्ञा पु० [स० **पटिका**] १ दे० 'पटका'। उ०—हरीचद पिय मिले तो पग परि गहि पटुका समझाऊँ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४६३। २ चादर। गले में डालने का वस्त्र। उ०—कटि काछनि सिर मुकुट विराजत, काँधे पर सोहै पटुका लहरिया।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ४३५। ३ धारीदार चारखाना।

पटुकी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] कमरबद। पटका। पटुका। उ०—कोउ नगधर वर पिय की गहि रहि परिकर पटुकी। जनु नवघन ते सरकि दामिनी छटा सु अटकी।—नद० ग्र०, पृ० २०।

पटुता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पटु होने का भाव। प्रवीणता। निपुणता। होशियारी। २ चतुराई। चालाकी।

पटुतूलक—सज्ञा पुं०] स०] एक घास। लवणतृण।

पटुतृणक—सज्ञा पुं० [स०] लवणतृण नाम की घास।

पटुत्रय—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक का एक पारिभाषिक शब्द जिससे तीन नमको का बोध होता है—बिड नोन, सेंधा नोन और काला नोन।

पटुत्व—सज्ञा पुं० [स०] पटुता।

पटुपत्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] छोटे चँच का पौधा।

पटुपर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की कटेहरी।

पटुपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की कटेहरी। सत्यानाशी। कटेहरी। स्वर्णक्षीरी। भँडभाँड।

पटुमात्—सज्ञा पु० [स०] आध्रवश का एक राजा। किसी किसी पुराण मे इसका नाम पटुमान् या पटुमायि मिलता है।

पटुरूप—वि० [स०] अत्यत चतुर [को०]।

पटुली—सज्ञा स्त्री० [स० **पट्ट**] १ काठ की पटरी जो झूलों के रस्सों पर रखी जाती है। तख्ता। पटल। उ०—दोऊ हाथन की हथेली ताको पटुली को भाव करे तामें श्रीठाकुर जी को डोल झुलाए।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २२९। २ चौकी पीढी। उ०—पटुली कनक की तिही बानक की बनी मनमोहनी।—नद० ग्र०, पृ० ३७५। ३ गाडी या छकडे मे जडा हुआ लबा चिपटा डडा।

पटुवाⓊ[१]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पटवा'। उ०—पटुवन्ह चीर आनि सब छोरे। सारी कचुकी लहुरि पटोरे।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३४४।

पटुवा[२]—सज्ञा पुं० [स० **पाट**] १ पटसन। जूट। २ एक साग। करेमू।

पटुवा[३]—सज्ञा पु० [हिं० **पटला**] गून के सिरे पर बँधा हुआ डडा जिसको पकडे हुए माँझी लोग गून खीचते हैं।

पटुवा[४]—सज्ञा पुं० [देश०] तोता। शुक।

पटूकाⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० पट या देश०] दे० 'पटका'।

पटेबाज—सज्ञा पुं० [हिं० **पटा** + फा० **बाज**] १ पटा खेलनेवाला। पटे से लडनेवाला। पटैत। २ एक खिलौना जो हिलाने से पटा खेलता है। ३ छिनाल स्त्री। कुलटा परंतु चतुरा स्त्री (बाजारू)। ४ व्यभिचारी और धूर्त पुरुष (बाजारू)।

पटेर—सज्ञा स्त्री० [स० **पटेरक**] पानी मे होनेवाली सरकडे की जाति की एक प्रकार की घास। गोद पटेर। उ०—फटत

पटेरहिं लागत बार । अस कछु कीनो नदकुमार ।—नंद ग्र०, पृ० २५८ ।

विशेष—इसके पत्ते प्राय एक इंच चौडे और चार पाँच फुट तक लंबे होते हैं । पत्ते बहुत मोटे होते हैं और पत्तो में से नए पत्ते निकलते हैं । इन पत्तों से चटाइयाँ आदि बनाई जाती हैं । इसमे बाजरे की बाल की तरह बालें लगती हैं, जिनके दानो का आटा सिंध देश के दरिद्र निवासी खाते हैं । वैद्यक में यह कसैली, मधुर, शीतल, रक्तपित्तनाशक और मूत्र, शुक्र रज तथा स्तनो के दूध को शुद्ध करनेवाली मानी जाती है ।

पर्या०—गुंद्र । पटेरक । रच्छ । शृगवेराभमूलक ।

पटेरा—संज्ञा पुं० [हिं०] १ दे० 'पटेला' । २ दे० 'पटैला' ।

पटेल[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पट्टा + (प्रत्य०) ऐल (= वाला)] १ गाँव का नवरदार (मध्यप्रदेश) । २ गाँव का मुखिया । गाँव का चौधरी । एक प्रकार की उपाधि ।

विशेष—यह उपाधि धारण करनेवाले प्राय मध्य और दक्षिण भारत में होते हैं ।

पटेल (सरदार)—संज्ञा पुं० स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री जिनका पूरा नाम वल्लभ भाई पटेल था ।

पटेलना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पटीलना' ।

पटेला—संज्ञा पुं० [हिं० पाटला स्त्री० अल्पा० पटेली] १ वह नाव जिसका मध्य भाग पटा हो । बैल घोडे आदि को ऐसी ही नाव पर पार उतारते हैं । २ एक घास जिसकी चटाइयाँ बनाते हैं । वि० दे० 'पटेर' । ३ हेगा । ४ सिल । पटिया । ५ कुश्ती का पेंच जिससे नीचे पडे हुए जोड को चित किया जाता है ।

विशेष—इसमे बाएँ हाथ से जोड की गरदन पर कलाई जमाकर उसकी दाहिनी बगल पकड लेते और दाहिने हाथ से उसकी दाहिनी ओर का जाँघियाँ पकडकर स्वय पीछे हटते हुए उसे अपनी ओर खींचते हैं जिससे वह चित हो जाता है ।

†६ हाथ का कडा । पछेला । पछेली ।

पटेली—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटेला] छोटी पटेला नाव ।

पटेवाⓊ†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पटवा' । उ०—मोराहिरे अँगना पाकडी सुनु बालहिया । पटेवा आउस बास परम हरि बालहिया । पटेवा मइया हीत नीत सुन बालहिआ । चोलरि एक बिनि देहि परम हरि बालहिआ ।—विद्यापति, पृ० १५४ ।

विशेष—इस उदाहरण से ज्ञात होता है कि गहना गूँथने के साथ ये लोग वस्त्र (रेशमी) बुनने का व्यवसाय भी करते थे ।

पटैत—संज्ञा पुं० [हिं० पटा + ऐत (प्रत्य०)] पटा खेलने या लडनेवाला पटेवाज ।

पटैला—संज्ञा पुं० [हिं० पटरा] १ लकडी का बना हुआ चिपटा डडा जो किवाडों को बद करने के लिये दो किवाडो के मध्य आडे बल लगाया जाता है । इसे एक ओर सरकाने से किवाड बद होते और दूसरी ओर सरकाने से खुलते हैं । डडा । ब्योडा । २. दे० 'पटेला' । उ०—कोई पटैले पर बाँसों के ठाट ठाटे हैं ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ११३ ।

पटोटज—संज्ञा पुं० [स० पट + उटज] १. तबू । खेमा । २ कुकुरमुत्ता [को०] ।

पटोर—संज्ञा पुं० [स० पटोल] १ पटोल । २ कोई रेशमी कपडा । उ०—पुनि पट पीत पटोरन पोछत, धरि आगे समुहाइ ।—नंद० ग्र०, पृ० ३८६ । ३ परवल ।

पटोरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पाट + ओरी (प्रत्य०)] १ रेशमी साडी या धोती । २ रेशमी किनारे की धोती । उ०—घसि चदन इक चोली कीनी कचुकि पहिरि पटोरी लीनी ।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० १६१ ।

पटोलⓊ—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का रेशमी कपडा जो प्राचीन काल में गुजरात में बनता था ।

यौ०—पाटपटोल । उ०—दीन्हउ सोनउ सोलहउ पाट पटोला बीडा पान ।—बी० रासो, पृ० ६ ।

२ परवल की लता । मोथा औ पटोल दल आनी । त्रिफला औ त्रीकुटा समानी ।—इद्रा०, पृ० १५१ । ३. परवल का फल ।

पटोलक—संज्ञा पुं० [सं०] सीपी । शुक्ति । सुतही ।

पटोलपत्र—संज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार की पोई । २ परवल की लता का पत्र ।

पटोलिका—संज्ञा स्त्री० [स०] सफेद फूल की तुरई या तरोई ।

पटोली—संज्ञा स्त्री० [स०] १ दे० 'पटोलिका' । २. Ⓤ चादर । पटोरी उ०—फाडि पटोली धुज करो कामलडी पहराय । जेहि जेहि भेषे पिय मिलै सोइ सोइ भेष कराय ।—कबीर सा० सं०, पृ० ४१ ।—

पटोसिरⓊ—संज्ञा पुं० [स० पट + हिं० सिर] पगडी । साफा । उ० उ०—घन घावन, वगपाँति पटोसिर बैरख तडित सोहाई ।—तुलसी ग्र०, पृ० ४४१ ।

पटौनी—संज्ञा पुं० [देश०] माँझी । मल्लाह ।

पटौहाँ†—संज्ञा पुं० [हिं० पाटना + औहा (प्रत्य०)] १ पटा हुआ स्थान । २ पटाव के नीचे का स्थान । ३ वह कमरा जिसके ऊपर कोई और कमरा हो । ४ पटबधक ।

पट्ट[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ पीढा । पाटा । २ पट्टी । तख्ती । लिखने की पटिया । ३ ताँबे आदि धातुओ की वह चिपटी पट्टी जिसपर राजकीय आज्ञा या दान आदि की सनद खोदी जाती थी । ४ किसी वस्तु का चिपटा या चौरस तल भाग । ५ शिला । पटिया । ६ घाव पर बाँधने का पतला कपडा । पट्टी । ७ वह भूमि सबधी अधिकारपत्र जो भूमिस्वामी की ओर से असामी को दिया जाता है और जिसमें वे सब शर्तें लिखी होती हैं जिनपर वह अपनी जमीन उसे देता है । पट्टा । ८ ढाल । ९ पगडी । । १ दुपट्टा । ११ नगर । चौराहा । चतुष्पथ । १३ राजसिंहासन ।

यौ०—पट्टमहिषी ।

४ रेशम। १५ लाल रेशमी पगडी। १६ पाट। पटसन। १७ लडाई का वह पहनावा या कवच जिससे केवल धड ढका रहे और दोनो बाहे खुली रहे (कौटि०)। १८ उत्तम और बारीक रगीन वस्त्र (को०)।

पट[३]—वि० [स०] मुख्य। प्रधान।

पट्ट[३]—वि० [देश०] दे० 'पट' २।

पट्ट[४]—[अनु०] दे० 'पट' १।

पट्टक—सज्ञा पुं० [?] १ लिखने की पट्टी या पटिया। तख्ती। २ ताम्रपट पर खुदी हुई राजाज्ञा या अन्य विषय। ४ दस्तावेज। इकरारनामा। ५ वह रेशमी वस्त्र जिसकी पगडी बनाई जाय। ६ घाव पर बाँधने की पट्टी। ७ पटका। कमरबद।

पट्टकीट—सज्ञा पुं० [सं०] रेशम का कीडा [को०]।

पट्टज—सज्ञा पु० [सं०] टसर का कपडा। रेशमी वस्त्र।

पट्टण—सज्ञा पुं० [स० **पत्तन**] दे० 'पट्टन'। उ०—काया माँहै पट्टण गाँव, काया माहै उत्तम ठाँव। —दादू० ६४५।

पट्टदेवी—सज्ञा पुं० [स०] राजा की प्रधान रानी। पटरानी।

पट्टदोल—सज्ञा स्त्री० [स०] कपडे का बना हुआ झूला या पलना।

पट्टन—सज्ञा पु० [स०] १ नगर। २ बडा नगर।

पट्टनी—सज्ञा स्त्री० [स०] नगरी। पुरी। (को०)।

पट्टमहिषी—सज्ञा स्त्री० [स०] पटरानी। प्रधान रानी।

पट्टरंग—सज्ञा पु० [स० **पट्टरङ्ग**] पटग। वक्कम।

पट्टरंजक—सज्ञा पु० [सं० **पट्टरञ्जक**] दे० 'पट्टरग'।

पट्टरंजन—सज्ञा पुं० [स० **पट्टरञ्जन**] दे० 'पट्टरग'।

पट्टरंजनक—सज्ञा पु० [स० **पट्टरञ्जनक**] दे० 'पट्टरग'।

पट्टराज—सज्ञा पु० [सं० **पट्ट**] महाराष्ट्र के उन ब्राह्मणो की उपाधि जो पुजारी का काम करते हैं।

पट्टराज्ञी—सज्ञा स्त्री० [स०] पटरानी।

पट्टला—सज्ञा स्त्री० [स०] जनपद। जिला [को०]।

पट्टवस्त्र—वि० [स०] रगीन वस्त्र या रेशमी वस्त्र पहननेवाला [को०]।

पट्टवासा—वि० [सं० **पट्टवासस्**] दे० 'पट्टवस्त्र'।

पट्टशाक—सज्ञा पु० [स०] पटुवा।

पट्टाशुक—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार का प्राचीन पहनावा। २ रेशमी कपडा (को०)।

पट्टा—सज्ञा पुं० [सं० **पट्ट, पट्टक**] १ किसी स्थावर सपत्ति विशेषत भूमि के उपयोग का अधिकारपत्र जो स्वामी की ओर से असामी, किरायेदार या ठेकेदार को दिया जाय।

विशेष—मालिक अपनी जायदाद जिस काम के लिये और जिन शर्तों पर देता है और जिनके विरुद्ध आचरण करने से उसे अपनी वस्तु वापस ले लेने का अधिकार होता है वे इसमें लिख दी जाती हैं। साथ ही उसकी सपत्ति से लाभ उठाने के बदले असामी से वह वार्षिक या मासिक धन या लाभाश उसे देने की जो प्रतिज्ञा करता है उसका भी इसमे निर्देश कर दिया जाता है। पट्टा साधारणत दो प्रकार का होता है—(१) मियादी या मुद्दती और (२) इस्तमरारी। मियादी पट्टे के द्वारा मालिक एक विशेष अवधि तक के लिये असामी को अपनी चीज से लाभ उठाने का अधिकार देता है और उस अवधि के बीत जाने पर उसे उसको (असामी को) बेदखल कर देने का अधिकार होता है। इस्तमरारी, दवामी, या सर्वकालिक पट्टे से वह असामी को सदा के लिये अपनी वस्तु के उपभोग का अधिकार देता है। असामी की इच्छा होने पर वह इस अधिकार को दूसरे के हाथ कीमत लेकर बेच भी सकता है। जमीदारी का अधिकार जिस पट्टे के द्वारा एक निर्दिष्ट काल तक के लिये दूसरे को दिया जाता हैं उसे ठेकेदारी या मुस्ताजिरी पट्टा कहते हैं। असामी जिस पट्टे के द्वारा असल मालिक से प्राप्त अधिकार या उसका अशविशेष दूसरे को देता है उसे शिकमी पट्टा कहते हैं। पट्टे की शर्तों का स्वीकृतिसूचक जो कागज असामी की ओर से लिखकर मालिक या जमीदार को दिया जाता है उसे कबूलियत कहते हैं। पट्टे पर मालिक के और कबूलियत पर असामी के हस्ताक्षर या सही अवश्य होनी चाहिए।

क्रि० प्र०—लिखना।

२ कोई अधिकारपत्र। सनद। ३ चमडे या बानात आदि की बद्धी जो कुत्तो, बिल्लियो के गले मे पहनाई जाती है।

मुहा०—पट्टा तोड़ना या तोड़ाना=कुत्ते या बिल्ली का अपने पालनेवाले के यहाँ से भागकर अन्यत्र चला जाना।

४ एक गहना जो चूडियो के बीच में पहना जाता है। ५ पीढ़ा। ६ कामदार जूतियो पर का वह कपडा जिसपर काम बना होता है। ७ घोडे के मुँह पर का वह लबा सफेद निशान जो नथुनो से लेकर मत्थे तक होता है। ८ घोडो के मस्तक पर पहनाने का एक गहना। ९ पुरुषो के सिर के बाल जो पीछे की ओर गिरे और बराबर कटे होते हैं। १० चपरास। ११ वह वृत्ताकार पट्टी जिसमे चपरास टँकी रहती है। १३ कन्यापक्ष के नाई, धोबी, कहार आदि का वह नेग जो विवाह मे वरपक्ष से उन्हे दिलवाया जाता है।

क्रि० प्र०—चुकाना।—चुकवाना।

विशेष—देहात के हिंदुओ में यह रीति है कि नाई, धोबी, कहार, भगी आदि की मजदूरी मे से उतना अश नही देते जितना पड़ते से अविवाहिता कन्या के हिस्से पडता है। कन्या का विवाह हो जाने पर यह सारी रकम इकट्ठी वर के पिता से उन्हें दिलवाई जाती है।

१५ महाराष्ट्र देश मे काम मे लाई जानेवाली एक प्रकार की तलवार।

पट्टाचार्य—सज्ञा पु० [स०] दक्षिण देश मे बसनेवाले प्राचीन पडितो की उपाधि।

पट्टार—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन देश।

पट्टारक—[ ] पट्टार में उत्पन्न ।

पट्टानी—[ ] पठानी ।

पट्टिका—[ ] १ छोटी तख्ती । पटिया । २ छोटा पायताबा या सिंहासन । ३ कपड़े की छोटी पट्टी । ४ एक तरह का कपड़ा । ५ रेशम का फीता । ६ पठानी लोध । ७ पट्टी । घाव आदि पर बाँधने की पट्टी (को०) । ८ इकरारनामा । इकरारनामा (को०) ।

पट्टिकाख्य—[ ] पठानी लोध ।

पट्टिकाक्षौद्र—[ ] पठानी लोध । पट्टिकाख्य ।

पट्टिल—[ ] पूतिखरज । पलंग ।

पट्टिलोध्र—[ ] पठानी लोध ।

पट्टिलोध्रक—[ ] दे० 'पट्टिलोध्र' ।

पट्टिश—[ ] एक प्रकार का प्राचीन शस्त्र या खाँडा ।

विशेष—इसकी लंबाई की तीन मापें थीं । उत्तम ४ हाथ, मध्यम ३॥ हाथ और अधम ३ हाथ लंबा होता था । मुठिया के ऊपर चलानेवाले की कलाई के बचाव के लिये लोहे की एक पट्टी बनी होती थी । धार इसमें दोनों ओर होती थी । भाषा में जिसे 'पटा' कहते हैं वह इससे केवल लंबाई में कम होता है और सब बातें दोनों में समान हैं ।

पट्टिशी—[ ] १ पट्टिश बाँधनेवाला । २. पट्टिश से लड़नेवाला ।

पट्टिस—[ ] पट्टिश । पट्टा ।

पट्टी¹—[पट्टिका] १ लकड़ी की वह लंबोतरी, चौरस और चिकनी पटरी जिसपर प्राचीन काल में विद्यार्थियों को पाठ लिखा जाता था और अब प्रारंभिक छात्रों को लिखना सिखाया जाता है । पाटी । पटिया । तख्ती ।

मुहा०—पट्टी पढ़ना = गुरु से पाठ प्राप्त करना । सबक पढ़ना । पट्टी पढ़ाना = छात्र को पट्टी पर लिखकर पाठ देना । सबक पढ़ा देना ।

२ पाठ । सबक । जैसे,—मैंने यह पट्टी नहीं पढ़ी है ।

क्रि० प्र०—पढ़ना ।—पढ़ाना ।

३ उपदेश । शिक्षा । सिखावन । जैसे,—(क) यह पट्टी तुम्हें किसने पढ़ाई थी ? (ख) आजकल तुम किसकी पट्टी पढ़ते हो जी ? ४ वह शिक्षा जो बुरी नियत से दी जाय । वह उपदेश जो उपदेशक स्वार्थसाधन के लिये दे । बहकानेवाली शिक्षा । बरगलाना । भुलावा । धोखा । झाँसा । दम । जैसे,—तुम उनको जरा पट्टी पढ़ा देना, फिर मेरा काम बन जायगा ।

क्रि० प्र०—देना ।—पढ़ाना ।

मुहा०—पट्टी में आना = किसी दूसरे के गूढ़ अभिप्राय को न समझकर जो कुछ वह कहे उसे मान लेना । किसी के धोखे में आ जाना । किसी के दम में आ जाना ।

४ लकड़ी की वह तख्ती जो खाट के ढाँचे की बनाई में लगाई जाती है । पाटी । ५. सादे कागज या कपड़े की घज्जी ।

क्रि० प्र०—उतारना ।—काटना ।=तराशना ।

७ कपड़े की वह घज्जी जो घाव या अन्य किसी स्थान में बाँधी जाय ।

क्रि० प्र०—बाँधना ।

८ पत्थर का पतला, चिपटा और लंबा टुकड़ा । ९ लकड़ी की लंबी पल्ली जो छत या छाजन के ठाठ में लगाई जाती है । १०. ठाठ की ओर की नलियों की पाँती । ११ सन की बुनी हुई घज्जियाँ जिनके जोड़ने से टाट तैयार होते हैं । १३ कपड़े की कोर या किनारी । १३ वह तख्ता जो नाव के बीचो बीच होता है । १४ एक प्रकार की मिठाई जिसमें चाशनी में अन्य चीजें जैसे चना, तिल आदि मिलाकर जमाते और फिर उसके चिपटे, पतले और चौकोर टुकड़े काट लिए जाते हैं । १५ सूती या ऊनी कपड़े की घज्जी जिसे सर्दी और थकावट से बचने के लिये टाँगों में बाँधते हैं ।

विशेष—यह चार पाँच अंगुल चौड़ी और प्राय पाँच हाथ लंबी होती है । इसके एक सिरे पर मजबूत कपड़े की एक ओर पतली घज्जी टँकी रहती है जिससे लपेटने के बाद ऊपर की ओर कसकर बाँध देते हैं । अन्य लोग इसे केवल जाड़े में बाँधते हैं, पर सेना और पुलिस के सिपाहियों को इसे सभी ऋतुओं में बाँधना पड़ता है ।

१६ पंक्ति । पाँती । कतार । १७ माँग के दोनों ओर के कंघी से खूब बैठाए हुए बाल जो पट्टी से दिखाई पड़ते हैं । पाटी । पटिया । उ०—तेल औ पानी से पट्टी है सँवारी सिर पर । मुँह पै माँझा दिये जल्लादों जरी आती है ।—भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ७९० ।

विशेष—पट्टी अच्छी तरह बैठाने के लिये कुछ स्त्रियाँ बालों में भिगोया हुआ गोंद, अलसी का लुआब अथवा तेल और पानी भी लगाती हैं ।

क्रि० प्र०—बैठाना ।—सँवारना ।

मुहा०—पट्टी जमाना = माँग के दोनों ओर के बालों को गोंद या लुआब आदि की सहायता से इस प्रकार बैठाना कि वे सिर में बिलकुल चिपक जायँ और पट्टी से मालूम होने लगें । पट्टी बैठाना या सँवारना ।

१८ किसी वस्तु, विशेषत किसी संपत्ति का, एक एक भाग । हिस्सा । भाग । विभाग । पत्ती । १९ ऐसी जमींदारी का एक भाग जो एक ही मूल पुरुष के उत्तराधिकारियों या उनके द्वारा नियत किए हुए व्यक्तियों की संयुक्त संपत्ति हो । किसी जमींदारी का उतना भाग जो एक पट्टीदार के अधिकार में हो । पट्टीदारी का एक मुख्य भाग । थोक का एक भाग । हिस्सा ।

यौ०—पट्टीदार । पट्टीदारी ।

मुहा०—पट्टी का गाँव = पट्टीदारी गाँव । वह गाँव जिसके बहुत से मालिक हों और इस कारण उसमें सुप्रबंध का अभाव हो । उ०—पट्टी का गाँव और टट्टी का घर अच्छा नहीं होता ।

२० वह अतिरिक्त कर जो जमींदार किसी विशेष प्रयोजन के

निमित्त आवश्यक धन एकत्र करने के लिये असामियो पर लगाता है। नेग। अबवाब।

पट्टी[२]—सज्ञा स्त्री० [स० पट] घोडे की वह दौड जिसमें वह बहुत दूर तक सीधा दौडता चला जाय। लबी और सीधी सरपट। जैसे,—घोडे को पट्टी दो।

पट्टी[३]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पठानी लोध। २ एक शिरोभूषण। एक गहना जो पगडी मे लगाया जाता है। ३ तलसारक। तोबडा। ४ घोडे की तग। †५ एक आभूषण। उ०—बाहो में बहु बहुटे, जोशन बाजूबद, पट्टी बाँध सुषम, गहने ले गँवारियो के धन।—ग्राम्या, पृ० ४०।

पट्टीदार—सज्ञा पु० [हिं० पट्टी + फा० दार] १ वह व्यक्ति जिसका किसी सपत्ति मे हिस्सा हो। वह जो किसी सपत्ति के अश का स्वामी हो। हिस्सेदार। २ पट्टीदारी के मालिको मे से एक। सयुक्त सपत्ति के अशविशेष का स्वामी। ३ वह व्यक्ति जिसे किसी सपत्ति में हिस्सा बँटाने का अधिकार हो। हिस्सा बँटाने के लिये झगडा करने का अधिकार रखनेवाला। ४ वह व्यक्ति जो किसी विषय में दूसरे के बराबर अधिकार रखता हो। वह व्यक्ति जिसकी राय की उपेक्षा न की जा सकती हो। बराबर का अधिकारी। समान अधिकारयुक्त। जैसे,—क्या आप कोई मेरे पट्टीदार हैं कि जो मैं करूँ वह आप भी करें।

पट्टीदारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पट्टीदार] १ पट्टी होने का भाव। बहुत से हिस्से होना। किसी वस्तु का अनेक की सपत्ति होना। जैसे,—इस गाँव मे तो खासी पट्टीदारी है। २ पट्टीदार होने का भाव। बराबर अधिकार रखने का भाव। हिस्सेदारी।

मुहा०—**पट्टीदारी अटकना** = ऐसा झगडा उपस्थित होना जिसका कारण पट्टी हो। पट्टीदारी विषयक या पट्टीदारी के कारण कोई झगडा खडा होना। पट्टीदारी के कारण विरोध होना। जैसे,—मेरे आपके कोई पट्टीदारी थोडे ही अटकी है। **पट्टीदारी करना** = (१) किसी के बराबर अधिकार जताना। पट्टीदार होने के कारण किसी के काम मे रुकावट करना। पट्टीदारी के बल पर किसी का विरोध करना। पट्टीदारी के हक पर अडना। जैसे,—आप तो बात बात मे पट्टीदारी करते हैं। (२) बराबरी करना। जो कोई एक करे उसे आप भी करना।

३ वह जमींदारी जो एक ही मूल पुरुष के उत्तराधिकारियो या उनके नियत किए हुए व्यक्तियो की सयुक्त सपत्ति हो। वह जमीदारी जिसके बहुत से मालिक होने पर भी जो अविभक्त सपत्ति समझी जाती हो। भाई चारा।

विशेष—पट्टीदारी जमीदारी मे अनेक विभाग और उपविभाग होते हैं। प्रधान विभाग को 'थोक' और उसके अतर्गत उपविभागो को 'पट्टी' कहते हैं। प्रत्येक पट्टी का मालिक अपने हिस्से की जमीन की स्वतत्र व्यवस्था करता है और सरकारी कर देता है। पर किसी एक पट्टी मे मालगुजारी बाकी रह जाने पर वह सारी जायदाद से वसूल की जा सकती है। प्राय प्रत्येक थोक मे एक एक 'लंबरदार' होता है। जिस पट्टीदारी की सारी जमीन हिस्सेदारो मे बँट गई हो उसे मुकम्मल या पूर्ण पट्टीदारी और जिसमे कुछ जमीन तो उनमें बाँट दी गई हो पर कुछ सरकारी कर और गाँव की व्यवस्था का खर्च देने के लिये साझे मे ही अलग कर ली गई हो उसे नामुकम्मल या अपूर्ण पट्टीदारी कहते हैं। नामुकम्मल पट्टीदारी में जब कभी अलग की हुई जमीन का मुनाफा सरकारी कर देने के लिये पूरा नही पडता तब पट्टीदारो पर अस्थायी कर लगाकर वह पूरा किया जाता है।

पट्टीवार[१]—क्रि० वि० [हिं० पट्टी + फा० वार] प्रत्येक पट्टी का अलग अलग। पट्टी के भेद के अनुसार या साथ। इस प्रकार जिसमें हर पट्टी का हिसाब अलग अलग आ जाय। जैसे,—मुझे एक पट्टीवार जमाबदी तैयार कराना है।

पट्टीवार[२]—वि० (बही) जिसमे प्रत्येक पट्टी का हाल या हिसाब अलग अलग हो। (बही या लेख) जो पट्टी के भेद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया हो। जैसे,—(क) पट्टीवार खतौनी या जमाबंदी। (ख) पट्टीवार वासिल बाकी।

पट्टीश, पट्टीस—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पट्टिश' [को०]।

पट्टू[१]—सज्ञा पुं० [हिं० पट्टी] १ एक ऊनी वस्त्र जो पट्टी के रूप मे बुना जाता है। काश्मीर, अल्मोडा आदि पहाडी प्रदेशो मे यह बनता है। यह खूब गरम होता है पर ऊन इसका कडा और मोटा होता है। उ०—डाकुओ ने सत्तू और पट्टू (ऊनी चादर) देखकर उसे छोड दिया।—किन्नर०, पृ० १०५। २ एक प्रकार का चारखाना जिसमे धारियाँ होती हैं।

पट्टू[२]—सज्ञा सं० [देश०] सुवा। तोता। शुक।

पट्टेदार—वि० [हिं० पट्टा+दार] सँवारे सजाए हुए (बाल)। पट्टी से युक्त। पट्टी काट कर सजाए हुए। उ०—पट्टेदार बालो पर तेल से भरी पुरानी काली टोपी, कुटिलता से भरी गोल गोल आँखें किसी विकट भविष्य की सूचना दे रही थी।—तितली पृ० ११८।

पट्टेपछाड़—सज्ञा पु० [हिं० पट + पछाड़ना] कुश्ती का एक पेंच।

विशेष—यह पेंच उस समय चित्त करने के लिये काम मे लाया जाता है जिस समय जोड कुहनियाँ टेककर पट पडा हो और इस कारण उसे चित्त करने मे कठिनाई पडती हो। इसमे उसके एक हाथ पर जोर से थाप मारी जाती है और साथ ही उसकी जाँघ को इस जोर से खींचा जाता है कि वह उलटकर चित हो जाता है। यदि थाप दाहिने हाथ पर मारी जाय तो बाईं जाँघ और यदि बाएँ हाथ पर मारी जाय तो दाहिनी जाँघ खीचनी पडेगी।

पट्टेबैठक—सज्ञा पुं० [हिं० पट + बैठक] कुश्ती का एक पेंच जिसमे जोड का एक हाथ अपनी जाँघो मे दबाकर और अपना एक हाथ उसकी जाँघो में डालकर अपनी छाती का बल देते हुए उसे चित फेंक दिया जाता है।

पट्टैत[१]—सज्ञा पुं० [हिं० पटैत] १ पटैत। २ बेवकूफ।

पट्टैत[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पट्टा + ऐत (प्रत्य०)] वह कबूतर जो बिलकुल लाल, काला या नीला हो और जिसके गले मे सफेद कठा हो।

पट्ठमानⓊ—वि० [सं० **पठ्यमान**] पढने योग्य। जिसका पढना उचित हो। उ०—अपट्ठमान पाएग्रंथ पट्ठमान वेद वै।—केशव (शब्द०)।

पट्ठा—संज्ञा पुं० [सं० पुष्ट, प्रा० पुट्ठ] [स्त्री० **पठिया**] १ जवान। तरुण। पाठा।

यौ०—जवान पट्ठा।

२ मनुष्य, पशु आदि चर जीवो का वह बच्चा जिसमे यौवन का आगमन हो चुका हो पर पूर्णता न आई हो। नवयुवक। उदत। जैसे,—अभी तो वह बिलकुल पट्ठा है।

विशेष—चौपायो मे घोडे पक्षियों मे कबूतर, उल्लू और मुर्ग तथा सरीसृपो मे साँप के यौवनोन्मुख बच्चे को पट्ठा कहते हैं।

३ कुश्तीबाज। लडाका। जैसे,—उस पहलवान ने बहुत से पट्ठे तैयार किए हैं। ४ ऐसा पत्ता जो लबा, दलदार या मोटा हो। जैसे, घीकुवार या तवाकू का पट्ठा। ५ वे ततु जो मासपेशियो को परस्पर और हड्डियों के साथ बाँधे रहते हैं। मोटी नस। स्नायु।

मुहा०—पट्ठा चढ़ना = किसी नस का तन जाना। नस पर नस चढना। पट्ठों में घुसना = गहरी दोस्ती पैदा करना। अत रग बनना।

६. एक प्रकार का चौडा गोटा जो सुनहला और रुपहला दोनो प्रकार का होता है। उ०—झूठे पट्ठे की है मुबाफ पडी चोटी मे। देखते ही जिसे आँखो मे तरी आती है।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७९०। ७ अतलस, सासनलेट आदि की पट्टी पर बेल बुनकर बनाई हुई गोट। ८ पेडू के नीचे कमर और जाँघ के जोड का वह स्थान जहाँ छूने से गिल्टियाँ मालूम होती हैं।

पट्ठापछाड़—वि० [हिं० पट्ठा + पछाडना] इतनी बलवती (स्त्री) जो पुरुष को पछाड दे। खूब हृष्टपुष्ट और बलवती (स्त्री)। जैसे,—वह तो खासी पट्ठेपछाड औरत है।

पट्ठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पट्ठा] दे० 'पठिया'।

पठगा†—संज्ञा पुं० [देश०] अवलब। आश्रय। सहारा। उ०—तीन लोक रिसियाय सकल सुरनर और नारी। मोर न बाँकि बार पठगा पाया भारी।—पलटू०, भा० १, पृ० ५।

पठत—वि० [सं० पठन] जिसमे पर रचित और कठस्थी कृत काव्य आदि का पाठ हो। उ०—पठत कविसमेलन आदि की सहायता से छात्रो को काव्य पढने और कविता कठस्थ करने के लिये प्रोत्साहित और प्रेरित किया जा सकता है।—भाषा शि०, पृ० ९६।

पठ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाठ] वह जवान बकरी जो ब्याई न हो। पाठ।

पठक[१]—संज्ञा पुं० [सं०] पढ़नेवाला। पाठ करनेवाला।

पठक[२]—संज्ञा पुं० [सं० पट्टकृत्] तहसील। तालुका। उ०—मुक्तियाँ अथवा प्रदेश कई विषयो (जिलो) मे बँटे रहते थे, और ये विषय फिर कई पठको (तहसील अथवा तालुको) में विभाजित थे।—आदि०, पृ० ४४५।

यौ०—पठकपति = तहसीलदार। तालुकेदार। उ०—विषयो के मुख्य अधिकारी विषयपति तथा पठको के पठकपति कहलाते थे।—आदि०, पृ० ४४५।

पठन—संज्ञा पुं० [सं०] पढने की क्रिया। पढना।

यौ०—पठन पाठन = पढना पढाना।

पठनीय—वि० [सं०] पढने योग्य।

पठनेटा—संज्ञा पुं० [हिं० पठान + एटा (= बेटा) (प्रत्य०)] पठान का लडका। वह जो पठान जाति मे उत्पन्न हुआ हो। उ०—परे रुधिर लपेटे पठनेटे फरकत हैं।—भूषण (शब्द०)।

पठमंजरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पठमञ्जरी] श्री राग की चौथी रागिनी। इसका गान समय एक पहर दिन के बाद है। विशेष—दे० 'पटमजरी'।

पठरा†—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पटरा'। उ०—जहाँपर रेतकर लोहदड को तितर बितर किया था—उस स्थान पर पठरे उग पडे।—कबीर म०, पृ० २४५।

पठवना†—वि० [प्रा० पट्ठवण] पठाया हुआ। प्रेषित।

यौ०—अठवन पठवन† = स्थानिक और भेजा या पठाया हुआ प्रेत आदि। उ०—सतगुरु शब्द सहाई। निकट गए तन रोग न व्यापै पाप ताप मिट जाई। अठवन पठवन दीठ न लागै उलटे तेहि घर खाई।—कबीर श०, भा० २, पृ० २८।

पठवना†—क्रि० स० [सं० प्रस्थान] भेजना। रवाना करना।

पठवानाⓊ—क्रि० स० [हिं० पठाना का प्रे० रूप] भेजवाना। भेजने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को भेजने मे प्रवृत्त करना।

पठान[१]—संज्ञा पुं० [पश्तो पुख्ताना] एक मुसलमान जाति जो अफगानिस्तान के अधिकाश और भारत के सीमात प्रदेश, पजाब तथा रुहेलखड आदि मे बसती है। इस जाति के लोग कट्टर, क्रूर, हिंसाप्रिय और स्वाधीनताप्रिय होते हैं।

विशेष—यह जाति अनेक सप्रदायो और शाखाओ मे विभक्त है जिनमें से प्रत्येक के नाम के साथ वश या सप्रदाय का सूचक 'खेल', 'जई' आदि कोई न कोई शब्द लगा रहता है। जैसे, जक्का खेल, गिलजई आदि। प्रत्येक सप्रदाय में एक सरदार होता है जिसको 'मलिक' कहते हैं। सीमात प्रदेश के पठानों मे यही सरदार शासक होता है। सीमात प्रदेश के पठान प्राय असभ्य हैं। आखेट, चोरी और डकैती ही उनकी जीविका के साधन हैं। अफगानिस्तान के पठान अपेक्षाकृत सभ्य हैं। भारत के पठान उपर्युक्त दोनों ही स्थानो के पठानो से अधिक सभ्य हैं और प्राय खेती या नौकरी करके अपनी जीविका चलाते हैं। धर्म की अपेक्षा रूढि और सभ्यता की अपेक्षा स्वाधीनता पठानो को अधिक प्रिय है।

नीति अनीति का वे बहुत कम विचार करते हैं। पठान प्राय लबे चौडे, डील डौलवाले, गोरे और क्रूराकृति होते हैं। जातिबधन इनमे विशेष दृढ है। एक संप्रदाय के पठान का दूसरे मे व्याह नहीं हो सकता। स्त्रियो की सतीत्वरक्षा का इन्हें बहुत ज्यादा ख्याल रहता है। इनके आपस के अधिकाश झगडे स्त्रियो ही के लिये होते हैं। इनके उत्तराधिकार आदि के झगडे कुरान के अनुसार नही, वरन् रूढियो के अनुसार फैसल होते हैं, जो भिन्न भिन्न सप्रदायो मे भिन्न भिन्न हैं।

पठानो का प्राचीन इतिहास अनिश्चयात्मक है। पर इसमे कोई सदेह नहीं कि अधिकाश उन हिंदुओ के वशज हैं जो गाधार, काबोज, वाह्लीक आदि में रहते थे। फारस के मुसलमान होने के बाद इन स्थानो के निवासी क्रमश मुसलमान हुए। इनमे से अधिकाश राजपूत क्षत्रिय थे। परमार आदि बहुत से राजपूत वश अपनी कई शाखाओ को सिंधपार बसनेवाले पठानो मे बतलाते हैं। पूर्वज कहाँ से आए और कौन थे, इस विषय मे कोई कल्पना अधिक साधार नहीं है। इनकी भाषा 'पश्तो' आर्य प्राकृत ही से निकली है। पीछे तुर्क और यहूदी जातियाँ भी अफगानिस्तान मे आकर बस गईं और पुराने पठानो से इस प्रकार हिल मिल गईं कि अब किसी पठान का वश निश्चय करना प्राय असभव हो गया है। पठान शब्द की व्युत्पत्ति भी अनिश्चयात्मक है। इस विषय में अधिक ग्राह्य कल्पना यह है कि पहले पहल अफगानिस्तान के 'पुख्ताना' स्थान मे बसने के कारण इस जाति को 'पुख्तून' और इसकी भाषा को 'पुख्तू' कहते थे। फिर क्रमश जाति को पठान और भाषा को पश्तो कहने लगे।

पठान[२]—सज्ञा पु० [?] जहाज या नाव का पेंदा। (लश०)।

पठानाⓊ—क्रि० स० [स० प्रस्थान, प्रा० पट्ठान] भेजना।

पठानिन—सज्ञा स्त्री० [हिं० पठान+इन (प्रत्य०)] दे० 'पठानी'।

पठानी[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पठान] १. पठान जाति की स्त्री। पठान स्त्री। २. पठान होने का भाव। ३ पठान जाति की चरित्रगत विशेषता। क्रूरता, शूरता, रक्तपातप्रियता आदि पठानो के गुण। पठानपन।

पठानी[२]—वि० [हिं० पठान] १ पठानो का। जैसे, पठानी राज्य। २. जिसका पठान या पठानो से सबध हो। पठानो से सबध रखनेवाला।

पठानीलोध—सज्ञा पु० [स० पट्टिकालोध्र] एक जगली वृक्ष जिसकी लकडी और फूल औषध के और पत्तियाँ और छाल रग बनाने के काम मे आती हैं।

विशेष—यह उगाया या रोपा नही जाता, केवल जगली रूप मे पाया जाता है। इसकी छाल को उबालने से एक प्रकार का पीला रग निकलता है जो कपडा रँगने के काम मे लाया जाता है। विजनौर, कुमाऊँ और गढवाल के जगलो में इसके वृक्ष बहुतायत से पाए जाते हैं। चमडे पर रग पक्का करने और अबीर बनाने में भी इसकी छाल का उपयोग किया जाता है। लोध के दो भेद होते हैं। एक को 'पठानी लोध' और दूसरे को केवल 'लोध' कहते है। औषध के काम मे 'पठानी लोध' ही अधिक आता है। दोनो लोधो को वैद्यक मे कसैला, शीतल, वातकफनाशक, नेत्रहितकारी, रुधिर और विष के विकारो का नाशक कहा है। लोध का फूल कसैला, मधुर, शीतल, कडुवा, ग्राहक और कफपित्तनाशक माना गया हैं।

पर्या०—पट्टिकालोध्र। क्रमुक। स्थूलवल्कल। जीर्णपत्र। बृहत्पत्र। पट्टी। लाक्षाप्रसादन। पट्टिकाख्य। पट्टिलोध्र। पट्टिका। पट्टिलोध्रक। वल्कलोध्र। बृहद्बल। जीर्णवुघ्न। बृहद्वल्क। शीर्णपत्र। अक्षिभेषज। शावर। श्वेतलोध्र। गालव। बहुलत्वच्। लाक्षाप्रसाद। वल्क।

पठार[१]—सज्ञा पु० [देश०] एक पहाडी जाति।

पठार[२]—सज्ञा पुं० [स० प्रस्तार] ऊँचा और लबा चौडा मैदान जिसके नीचे का भाग ढालवाँ होता है। उ०—तीसरा भाग दक्षिण का पठार कहलाता है। यहाँ पुराने समय से ही विभिन्न शासक राज्य करते थे।—पू० म० भा०, पृ० ६।

पठावन†—सज्ञा पु० [हिं० पठावा] वह जो किसी के भेजने से कही जाय। वह मनुष्य जो किसी का भेजा हुआ कही गया या आया हो। दूत। सदेशवाहक।

पठावनि, पठावनीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पठाना] १ किसी को कही भेजने का भाव। किसी को कही कोई वस्तु या सदेश पहुँचाने के लिये भेजना। २ किसी के भेजने से कही जाने का भाव। किसी के भेजने से कही कुछ लेकर जाना। ३ भेजने या पहुंचाने की मजदूरी। उ०—तेई पायँ पाइकै चढ़ाइ नाव धोए बिनु खेवैहो न पठावनी कै ह्वैहौं न हँसाइ कै।—तुलसी (शब्द०)।

पठावर—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की घास।

पठि—सज्ञा स्त्री० [स०] पढने की क्रिया। पठन। पढना। अध्ययन [को०]।

पठित—वि० [स०] १ पढा हुआ (ग्रथ)। जिसे पढ चुके हो। अधीत। २ जिसने पढा हो। पढा लिखा। शिक्षित।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का व्यवहार कुछ लोग करते हैं। जैसे, पठित समाज। परतु वास्तव मे यह ठीक नहीं है।

पठियर†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाट] वह बल्ली या पटिया जो कुएँ के मुँह पर बीचोबीच या किसी एक ओर इसलिये रख दी जाती है कि पानी निकालनेवाला उसी पर पैर रखकर पानी निकाले। इसपर खडे होकर पानी निकालने से घड़े के कुएँ की दीवार से टकराने का भय नही रहता।

पठिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० पट्ठा+इया (स्त्रीबोधक प्रत्य०)] यौवनप्राप्त स्त्री। युवती और हृष्टपुष्ट स्त्री। जवान और तगडी स्त्री। युवती मादा।

पठोर—सज्ञा स्त्री० [हिं० पट्ठा+ओर (प्रत्य०)] १ जवान पर बिना ब्याई। २ जवान पर बिना ब्याई मुर्गी।

पठौनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पठाना+औनी (प्रत्य०)] १ किसी को कुछ देकर कही भेजने की क्रिया या भाव। कोई वस्तु या

सदेश पहुँचाने के लिये कही भेजना। उ०—खेल ले नैहरवाँ दिन चार। पहिली पठौनी तीन जने आए नौवा बाम्हन वार।—कबीर श०, भा० १, पृ० ४।

क्रि० प्र०—भेजना।

२ किसी की कोई चीज लेकर कही जाने की क्रिया या भाव। किसी के भेजने से कही जाना।

क्रि० प्र०—आना।—जाना।

पठ्य—वि० [स० पाठ्य] दे० 'पाठ्य'।

पठ्यमानⓊ—वि० [स० पाठ्य+मान (प्रत्य०)] पढ़ा जाने के योग्य। सुपाठ्य।

पड़कुलिया—सज्ञा स्त्री० [देश०] पडुक पक्षी। पेडुकी। उ०—चीडो की उर्ध्वग भुजाएँ भटका सा पडकुलिया का स्वर।—इत्यलम्, पृ० ९९।

पड़छती—सज्ञा पु० [स० पटच्छदि] १ वह छोटा छप्पर या टट्टी जिसे बरसात के आरभ मे कच्ची दीवार पर इसलिये लगा देते है कि बौछार से वह कट न जाय। भीत की रक्षा के लिये लगाया जानेवाला छप्पर या टट्टी।

क्रि० प्र०—बाँधना।—लगाना।

२ कमरे आदि के बीच में लकडी के खभों पर या दो दीवारो के बीच मे तख्ते या लट्ठे आदि ठहराकर बनाई हुई पाटन जिसपर चीज असबाब रखते हैं। टाँड।

पड़छत्ती—सज्ञा पुं० [स० पटच्छदि] दे० 'पडछती'।

पड़तⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पड़ना] दे० 'पडता'।

पड़ता—सज्ञा पु० [हिं० पड़ना] १ किसी वस्तु की खरीद या तैयारी का दाम। किसी माल को खरीदने, तैयार कराने या लाने आदि मे पडा हुआ खर्च। लागत। सर्फे की कीमत।

मुहा०—**पड़ता खाना या पड़ना**=लागत और अभीष्ट लाभ मिल जाना। खर्च और मुनाफा निकल जाना। जैसे—(क) आपके साथ सौदा करने में हमारा पडता नही खायगा। (ख) इतने पर इस वस्तु के बेचने मे हमारा पडता नहीं खाता। **पडता फैलाना**=किसी चीज को तैयार करने, खरीदने और मँगाने आदि में जो खर्च पडा हो उसे देखते हुए उसका भाव निश्चित करना। वस्तु की सख्या और उसके प्राप्त करने मे पडे हुए खर्च की रकम देखते हुए एक एक वस्तु का मूल्य मालूम करना। **पडता निकालना या बैठाना**=दे० 'पडता फैलाना'।

३ दर। शरह। ३ भूकर की दर। लगान की शरह। ४ सामान्य दर। औसत। सरदर शरह। एक एक वस्तु या एक एक निश्चित काल का मूल्य या आमदनी जो सब वस्तुओं के मूल्य या पूरे काल मे वस्तु की सख्या या कालविभाग की सख्या को भाग देने से निकले। जैसे,—कलकत्ते में आपकी आय का क्या पडता है।

मुहा०—**पड़ता रहना**=औसत होना।

पड़ताल—सज्ञा स्त्री० [सं० परितोलन] १ पडतालना क्रिया का भाव। किसी वस्तु की सूक्ष्म छानबीन। भली भाँति जाँच या देख भाल। गौर के साथ किसी चीज की जाँच। अन्वीक्षण। अनुसधान।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

विशेष—इस अर्थ मे यह शब्द प्राय 'जाँच' के साथ यौगिक रूप में बोला जाता है, अकेले क्वचित् प्रयुक्त होता है। जैसे,—वे हिसाब की जाँच पडताल करने आए थे।

३ गाँव अथवा नहर के पटवारी द्वारा खेतो की एक विशेष प्रकार की जाँच।

विशेष—यह जाँच खरीफ, रबी और फस्ल जायद नामक तीनो कालो के लिये अलग अलग तीन बार होती है। खेत मे कौन सी चीज बोई गई है, किसने बोई है, खेत सींचा गया है या नहीं, सींचा गया है तो कहाँ से जल लाकर सीचा गया है, आदि बातें इस जाँच मे लिखी जाती हैं। गाँव का पटवारी प्रत्येक पडताल के बाद जिसवार एक नकशा बनाता है। इस नकशे से माल के अधिकारियो को यह मालूम होता है कि इस वर्ष कौन सी चीज कितने बीघे बोई गई है, उसकी क्या अवस्था है और वह कितनी उपजेगी, आदि।

३. मार। (क्व०)।

विशेष—इस अर्थ मे इस शब्द का प्रयोग बहुधा बालको को ही मारने पीटने के सबध में होता है।

पड़तालना—क्रि० स० [हिं० पड़ताल+ना (प्रत्य०)] पडताल करना। जाँचना। अनुसधान करना। छान बीन करना।

पड़ती—सज्ञा स्त्री० [हिं० पडना] बिना जुती हुई भूमि। पडी हुई जमीन। भूमि जिसपर कुछ काल से खेती न की गई हो।

विशेष—माल के कागजात में पडती के दो भेद किए जाते हैं—पडती जदीद और पडती कदीम। जो भूमि केवल एक साल से न जोती बोई गई हो उसको पडती जदीद और जो एक से अधिक सालों से न जोती बोई गई हो उसको पडती कदीम मानते हैं।

क्रि० प्र०—छोड़ना।—पड़ना।—रखना।

मुहा०—**पड़ती उठना**=(१) पडती का जोता जाना। पडती पर खेती होना। जैसे,—यह पडती बहुत दिनो पर उठी है। (२) पडती के जोते जाने का प्रबध होना। पडती खेत का बदोबस्त हो जाना। जैसे,—इस साल हमारी बहुत सी पडती उठ गई। **पड़ती उठाना**=(१) पडती को जोतना। पडती पर खेती आरभ करना। जमीदार का इस आशा पर किसी पडती को खेती के योग्य बनाना और उसपर खेती आरभ करना कि दो एक साल के बाद कोई असामी उसे ले लेगा। जैसे,—इस साल मैंने अपनी बहुत सी पडती उठाई है। (२) पडती का बदोबस्त कर देना। पडती को लगान पर काश्तकार को देना। **पड़ती छोड़ना**=किसी खेत को कुछ समय तक यों ही छोडना, उसे जोतना बोना नही जिसमें उसकी

उर्वरा शक्ति बढ़ जाय। जैसे,—इस साल इस गाँव में बहुत सी जमीन पडती छोडी गई है।

पढ़दक्षिणा†—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रदक्षिणा] दे० 'प्रदक्षिणा'। उ०—दे पडदक्षिणा चढे अकाश। पारस परसु मिले प्रभ तास।—प्राण०, पृ० १६८।

पढ़दार†—वि० [स० प्रतिहार या देश०] सुनहली छडीवाले चोबदार। छडीदार। आसा बरदार। उ०—अत मिलतां आदर अदब, करै कमैंध विण पार। सेव खडा गिण देवसम, गुरजदार पडदार।—रा० रू०, पृ० १०६।

पढ़दाⓊ†—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'परदा'। उ०—पडद्दा जरी बाफत कै बनाए। ध्वजा तोरण सर्व कै गेह छाए।—ह० रासो, पृ० १६।

पड़ना—क्रि० अ० [स० पतन, प्रा० पडन] एक स्थान से गिरकर, उछलकर अथवा और किसी प्रकार दूसरे स्थान पर पहुँचना या स्थित होना। कही से चलकर कही, प्राय ऊँचे स्थान से नीचे आना। गिरना। पतित होना। जैसे,—जमीन पर पानी या ओला पडना, सिर पर पत्थर पडना, चिराग पर हाथ पडना, साँप पर निगाह पडना, कान में आवाज पडना, कुरते पर छीटा पडना, बिसात पर पासा पडना आदि।

सयो० क्रि०—जाना।

विशेष—'गिरना' और पडना के अर्थों में यह अतर है कि पहली क्रिया का विशेष लक्ष्य गति व्यापार पर और दूसरी का प्राप्ति या स्थिति पर होता है। अर्थात् पहली क्रिया वस्तु का किसी स्थान से चलना या रवाना होना और दूसरी क्रिया किसी स्थान पर पहुँचना या ठहरना सूचित करती है। जैसे—पहाड के पत्थर गिरना और सिर पर पत्थर पडना।

२. (कोई दु खद घटना) घटित होना। अनिष्ट या अवाछनीय वस्तु या अवस्था प्राप्त होना। जैसे, डाका पडना, अकाल पडना, मुसीबत पडना, ईश्वरीय कोप पडना, इत्यादि।

मुहा०—(किसी पर) पडना = विपत्ति या मुसीबत आना। सकट या कठिनाई प्राप्त होना। जैसे,—(क) जैसी मुझ पर पडी ईश्वर वैसी किसी पर न डाले। (ख) जिसपर पडती है वही जानता है।

३ बिछाया जाना। फैलाया जाना। रखा जाना। डाला जाना। जैसे, दीवार पर छप्पर पडना, जनवासे मे बिस्तर या भोज में पत्तल पडना। ४ छोडा या डाला जाना। पहुँचना या पहुँचाया जाना। दाखिल होना। प्रविष्ट होना। जैसे, पेट में रोटी पडना, दाल में नमक पडना, कान मे शब्द या आँख में तिनका पडना, दूध में पानी पडना, किसी के घर मे पडना (= ब्याही जाना), फेर मे पडना, इत्यादि।

सयो० क्रि०—जाना।

५ बीच में आना या जाना। हस्तक्षेप करना। दखल देना। जैसे,—तुम चाहे जो करो, हम तुम्हारे मामले मे नही पडते। ६ ठहरना। टिकना। विश्राम करने या रात बिताने के लिये अवस्थान करना। डेरा डालना। पडाव करना (बरात या सेना के लिये बोलते हैं)। जैसे,—आज बरात कहाँ पडेगी ?

मुहा०—पड़ा होना = (१) एक स्थान मे कुछ समय तक स्थित रहना। एक ही जगह पर बने रहना। जैसे,—(क) वे तीन रोज तक तो वही पडे हुए थे, आज गए हैं। (ख) वह दस रुपए महीने पर बरसो मे पडा है (२) एक ही अवस्था मे रहना। रखा रहना। धरा रहना। अव्यवहृत रहना। जैसे,—यह किताब तुम्हारे पास एक महीने से पडी है, पर शायद तुमने एक पन्ना भी न उलटा होगा। (३) बाकी रहना। शेष रहना। जैसे,—(क) सारी किताब पढने को पडी है। (ख) अभी ऐसे सैकडो लोग पडे होगे जिनके कानो मे यह शुभ सदेश नही पडा।

७ विश्राम के लिये सोना या लेटना। कल लेना। आराम करना। जैसे,—थोडी देर पडे रहो तो तबीअत हलकी हो जायगी।

सयो० क्रि०—जाना।—रहना।

मुहा०—पड़े रहना या पड़ा रहना = बराबर लेटे रहना। बिना कुछ काम किए लेटे रहना। लेटकर बेकारी काटना। निकम्मा रहना। जैसे,—दिन भर पडे रहते हो, क्या तुम्हारी तबीअत भी नही घबराती ?

८ बीमार होना। खाट पर पडना। जैसे,—(क) अबकी तुम किस बुरी साइत मे पडे कि अबतक न उठे। (ख) मैं तो आज चार रोज से पडा हूँ, तुमने कल बाजार मे मुझे कैसे देखा ?

संयो० क्रि०—जाना।—रहना।

९. मिलना। प्राप्त होना। जैसे,—तुम यह किताब लोगे, तभी तुम्हे चैन पडेगा।

संयो० क्रि०—जाना।

१० पडता खाना। जैसे,—(क) चार आने मे नही पडता, नही तो बेच न देता। (ख) हमें वह आलमारी १२) में पडी है। (ग) इकट्ठा सौदा सस्ता पडता है।

सं० क्रि०—जाना।

११ आय, प्राप्ति आदि का औसत होना। पडता होना। जैसे,—यहाँ मुझे एक रुपए रोज से अधिक नही पडता।

सं० क्रि०—जाना।

१२. रास्ते में मिलना। मार्ग मे मिलना। जैसे,—(क) तुम्हारे रास्ते में चार नदियाँ और पाँच पडाव पडेंगे। (ख) घर से निकलते ही काना पडा, देखें कुशल से पहुँचते हैं या नही। १३. उत्पन्न होना। पैदा होना। जैसे,—बाल मे दाने पडना। फल मे कीडे पडना। १४ स्थित होना। जैसे—(क) बगीचे मे डेरा पडा है। (ख) इस कुडली के सातवें घर में मगल पडा है। १५ सयोगदश होना।

उपस्थित होना। प्रसग में आना। जैसे, बात पडना, मौका पडना, साथ पडना, काम पडना, पाला पडना, साविका पडना, इत्यादि। जैसे,—जब कभी बात पडती है वे तुम्हारी तारीफ ही करते हैं।

विशेष—जिन जिन स्थलो में 'होना' क्रिया बोली जाती है उनमें से बहुत से स्थलो मे 'पडना' का भी प्रयोग हो सकता है। 'पडना' के प्रयोग में विशेषता यही होती है कि इससे व्यापार का अधिक सयोगवश होना प्रकट होता है। 'साथ हुआ' और 'साथ पडा' मे से पिछला क्रियाप्रयोग व्यापार मे सयोग का भाव सूचित करता है।

१६ जाँच या विचार करने पर ठहरना। पाया जाना। जैसे,—(क) दोनो मे लाल घोडा कुछ मजबूत पडता है। (ख) यह धान उससे कुछ बीस पडता है। १७ (देशातर या अवस्थातर) होना। (पहली स्थिति या दशा त्यागकर नई स्थिति या दशा को) प्राप्त होना। (बदलकर) होना। जैसे, नरम पडना, ठढा पडना, ढीला पडना, इत्यादि।

विशेष—'पडना' के प्रयोग से जिस दशातर की प्राप्ति सूचित की जाती है वह प्राय पूर्वदशा से अपेक्षाकृत हीन या निकृष्ट होती है। जहाँ पहली स्थिति से अच्छी स्थिति मे जाने का भाव होता है वहाँ इसका व्यवहार कम स्थलो पर होता है।

८ मैथुन करना। सभोग करना (पशुओ के लिये)। जैसे,—यह घोडा जब जब किसी घोडी पर पडता है तब तब बीमार हो जाता है। १९ अत्यत इच्छा होना। धुन होना। चिंता होना। जैसे,—तुम्हे तो यही पड रही है कि किस प्रकार इस साल बी० ए० हो जायँ।

मुहा०—क्या पडी है=क्या प्रयोजन है। क्या मतलब है। जैसे,—तुमको क्या पडी है जो तुम उसके लिये इतना कष्ट उठाते हो। उ०—परी कहा तोहि प्यारि पाप अपने जरि जाही।—सूर (शब्द०)।

विशेष—यह क्रिया अनेक क्रियाओ विशेषत अकर्मक क्रियाओं से सयुक्त होती है। यह जब धातुरूप के साथ सयुक्त होती है तब मुख्य क्रिया के व्यापार में आकस्मिकता या सयोग सूचित करती है, जैसे, कह पडना, दे पडना, आ पडना, जा पडना आदि। और जब धातुरूप के बदले पूरी क्रिया ही से सयुक्त होती है तब उसके करने मे कर्ता की बाध्यता, विवशता या परतत्रता प्रकट करती है, जैसे, कहना पडा, देखना पडा, सहना पडा, आना पडा, जाना पडा इत्यादि। इसके अतिरिक्त कभी कभी किसी शब्द के साथ लगकर यह क्रिया कुछ विशेष अर्थ देने लगती है। जैसे,—(क) कुछ रुपया तुम्हारे नाम पडा है। (ख) कई दिन से तुम उनके पीछे पडे हो। (ग) सरदी के मारे गले पड गए हैं। (घ) अब तो यह किताब हमारे गले पडी है, आदि। ऐसी दशा मे यह महाविरे का रूप धारण कर लेती है। ऐसे अर्थों के लिये मुख्य शब्द अथवा सज्ञाएँ देखो। जिस प्रकार व्यापार के घटित होने के लगभग या सद्दश व्यापार सूचित करने के लिये क्रिया का रूप भूतकालिक करके तब उसके साथ 'जाना' लगाते हैं (जैसे, हाथ जला जाता है पैर कटा जाता था, चीज हाथ से गिरी जाती है) उसी प्रकार 'पडना' भी लगाते हैं, जैसे,—छडी हाथ से गिरी पडती है। उ०—चूनरि चारु चुई सी परै चटकीली हरी अँगिया ललचावै।—(शब्द०)।

पड़पड़[1]—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ निरतर पडपड शब्द होना। २. दे० 'पटपट'।

पड़पड़[2]—सज्ञा पुं० [डिं०] पूँजी। मूलधन।

पड़पड़ाना—क्रि० अ० [अनु०] १ पडपड शब्द होना। २ मिर्च, सोठ आदि कडवे पदार्थों के स्पर्श से जीभ पर जलन सी मालूम होना। अत्यत कडवे पदार्थ के भक्षण या स्पर्श से जीभ पर किंचित् दु खद तीक्ष्ण अनुभूति होना। चरपराना। जैसे,—तुमने ऐसी मिर्च खिलाई कि अब तक जीभ पडपडा रही है।

पड़पड़ाहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० पडपड़ाना] पडपडाने की क्रिया या भाव। चरपराहट। जैसे,—ऐसी तेज मिर्च खाई कि अबतक पडपडाहट नही मिटी।

पड़पणा†—सज्ञा स्त्री० [देश०] सहायता। उ०—जो राजा ऊपर खड जाऊँ पडपण खान सुजायत पाऊँ।—रा० रू०, पृ० ३०७।

पड़पोता—सज्ञा पु० [सं० प्रपौत्र] [स्त्री० पडपोती] पुत्र का पोता। पोते का पुत्र। लडके के लडके का लडका। प्रपौत्र।

पडम—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का मोटा सूती कपडा जो प्राय खेमे वगैरह बनाने मे काम आता है।

पड़रू—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पँडवा'।

पड़वज‡—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाजा। उ०—तुरक सुजायतखान री, सात करां सूँ बात। दाखै लिखै दुरग नूँ, पडवज सभ्भ प्रभात।—रा० रू०, पृ० २४४।

पड़वा[1]—सज्ञा स्त्री० [स० प्रतिपदा, प्रा० पड़िवआ] प्रत्येक पक्ष की प्रथम तिथि।

पड़वा[2]—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पँडवा'।

पड़वा[3]—सज्ञा पु० [देश०] घाट पर रहनेवाली वह नाव जो यात्रियो को पार ले जाती है। घटहा। (लश०)।

पड़वाना—क्रि० स० [हिं० पडना] गिरवाना। पडने का काम दूसरे से कराना।

पड़वी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की ईख जो वैशाख या जेठ मे बोई जाती है।

पड़सादा†—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिशब्द, प्रा० पडिसद्द, पडिसाद] प्रतिशब्द। प्रतिध्वनि। उ०—(क) मारू तोइण कणमणइ साल्ह कुमर बहु साद। दासी तद दीवाधरी साँभलिया पडसाद।—ढोला०, दू० ६०५। (ख) वाँगा विदल बराबर वादे विड गाजियौ गयण पडसादे।—रा० रू०, पृ० २५३।

पडहा†—सज्ञा पु० [सं० पटह] दे० 'पटह'। उ०—(क) साँझही चाली छइ आरती। वाजइ पडह पखावज भेर।—बी० रासो, पृ० ९४। (ख) सज्जण चाल्या हे सखी, पडहउ वाज्यउ द्रग।—ढोला० दू० ३५१।

पड़ा—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पडवा'।

ड़ाइन—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पाँडे**] दे० 'पँडाइन'।

डाका†—सज्ञा पु० [अनु०] दे० 'पटाका'।

मुहा०—**पड़ाके की गोट** = दे० 'पटापटी' मे 'पटापटी की गोट'।

डाना¹—क्रि० स० [हिं० **पड़ना** का सक० रूप] गिराना। झुकाना। दूसरे को पडने मे प्रवृत्त करना।

डाना†²—क्रि० स० [हिं० **फाड़ना** का प्रे० रूप] फाडने का काम दूसरे से कराना। उ०—कन्न पडाय न मुड मुडाया। घरि घरि फिरत न मूकणु वाया।—प्राण०, पृ० १११।

विशेष—योगी, विशेषत नाथपथी अपनी दीक्षा के क्रम में कान की लरी को चिरवाकर उसमे कुडल पहनते हैं। इसी लिये इन योगियो को कनफटा भी कहा जाता है।

ड़ापड़¹—क्रि० वि० [अनु०] दे० 'पटापट'।

डापड़²—सज्ञा स्त्री० दे० 'पटापट'।

ड़ाव—सज्ञा पु० [हिं० **पड़ना**+**आव** (प्रत्य०)] सेना अथवा किसी यात्रीदल के यात्रा के बीच में प्राय रात बिताने के लिये कही ठहरने का भाव। यात्रीसमूह का यात्रा के बीच में अवस्थान। जैसे,—आज यही पडाव पडेगा।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।

२ वह स्थान जहाँ यात्री ठहरते हो। वह स्थान जो यात्रियो को ठहरने के लिये निर्दिष्ट हो। चट्टी। टिकान। जैसे,—आज हम लोग अमुक पडाव पर विश्राम करेंगे।

मुहा०—**पडाव मारना** = (१) पडाव डाले हुए किसी यात्रीदल को लूटना। कारवान या काफिला लूटना। (२) कोई वडा साहसपूर्ण कार्य करना। भारी शौर्य प्रकट करना। जैसे,—कौन सा पडाव मार आए हो?

३. चिपटे तले की वडी और खुली नाव जो जहाज से वोझ उतारने और चढाने के काम मे आती है।

पड़ाशी—सज्ञा स्त्री० [सं० **पडाशी**] ढाक का पेड।

पड़िया—सज्ञा स्त्री० [हि० **पँड़वा, पडवा**] भैंस का मादा वच्चा।

पड़ियाना°†—क्रि० स० [हिं० **पड़िया**+**आना** (प्रत्य०)] भैंस का भैंसे से सयोग हो जाना। भैंसाना।

पड़ियाना²—क्रि० स० भैंस का भैंसे से सयोग कराना। भैंस को मैथुनार्थ भैंसे के समीप पहुँचाना।

पड़िवा†—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रतिपदा**, प्रा० **पडिवआ**] प्रत्येक पक्ष की प्रथम तिथि। पडवा। प्रतिपदा।

पड़ीहार†—सज्ञा पु० [सं० **प्रतिहार**] दे० 'प्रतिहार'। उ०—राई कहई सुणि हो पड़ीहार। वेगि पलाँण भलाई तुषार।—वी० रासो, पृ० १३८।

पड़ुआ—सज्ञा पुं० [देश०] ऊख का खेत।

पड़ेरू†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पडरू'।

पड़ोरा†—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'परवल'।

पड़ोस—सज्ञा पु० [स० **प्रतिवेश** या **प्रतिवास**, प्रा० **पड़िवेस, पडिवास**] १ किसी के घर के आसपास के घर। किसी के घर के समीप के घर। प्रतिवेश।

यौ०—**पास पडोस** = आसपास। समीपवर्ती स्थान।

मुहा०—**पडोस करना** = पडोस मे वसना। पडोसी होना। जैसे,—पड़ोस तो मैंने आपका किया है, माँगने किससे जाऊँ।

२ किसी स्थान के आसपास के स्थान। किसी स्थान के समीपवर्ती स्थान। जैसे,—घर के पडोस मे चमार वसते हैं।

पड़ोसण†, **पड़ोसिन**—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पड़ोस**] पडोस की रहनेवाली स्त्री। उ०—पाँच पडोसण बैठी छइ आय।—वी० रासो, पृ० ६४।

पड़ोसिया†—सज्ञा पु० [हिं० **पडोस**] दे० 'पडोसी'। उ०—हम जुवति पति गेलाह विदेस। लगनहिं वसए पडोसिया कलेस।—विद्यापति, पृ० ३८६।

पड़ोसी—सज्ञा पुं० [हिं० **पडोस**+**ई** (प्रत्य०)] [स्त्री० **पड़ोसिन**] वह मनुष्य जिसका घर पडोस मे हो। पडोस में रहनेवाला। जिसका घर अपने घर के पास हो। प्रतिवासी। प्रतिवेशी। हमसाया।

यौ०—**अड़ोसी पड़ोसी** = पडोसी इत्यादि।

पड़ौसी†—सज्ञा पुं० [हिं० **पड़ोस**] दे० 'पडोसी'।

पढ़ंत—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पढ़ना**+**अत** (प्रत्य०)] १. पढ़ने की क्रिया या भाव। २. मत्र। जादू। ३ निरतर पढने की क्रिया। पठत। वरावर पढना। जैसे, पढत कविसमेलन।

पढ़ता—वि० [हिं० **पढ़ना**] पढनेवाला। पाठ करनेवाला। उ०—वेद पढता पाँडे मारे पूजा करते स्वामी हो।—कवीर (शब्द०)।

पढ़त—सज्ञा स्त्री० [स० **पठन**] पढ़ने की क्रिया या भाव।

पढ़ना¹—क्रि० स० [स० **पठन**] १. किसी लिखावट के अक्षरो का अभिप्राय समझना। किसी पुस्तक, लेख आदि को इस प्रकार देखना कि उसमे लिखी वात मालूम हो जाय। जैसे,—इस पुस्तक को मैं तीन बार पढ गया।

सयो० क्रि०—जाना।—डालना।—लेना।

२ किसी लिखावट के शब्दो का उच्चारण करना। उच्चारणपूर्वक पाठ करना। वाँचना। किसी लेख के अक्षरो मे सूचित शब्दो को मुँह से वोलना। जैसे,—जरा और जोर से पढो कि हमको भी सुनाई दे।

सयो० क्रि०—जाना।—देना।

३ उच्चारण करना। मध्यम या धीरे स्वर से कहना। जैसे,—तुम कौन सा मत्र पढ रहे हो।

सयो० क्रि०—जाना।—देना।

४ स्मरण रखने के लिये किसी विषय का वारवार उच्चारण करना। रटना। जैसे, पहाडा पढना।

संयो० क्रि०—जाना।—डालना।

५ मंत्र फूंकना। जादू करना।

संयो० क्रि०—देना।

६ तोते, मैना आदि का मनुष्यों के सिखाए हुए शब्द उच्चारण करना। जैसे,—बूढा तोता भला क्या पढ़ेगा। ७ विद्या पढना। शिक्षा प्राप्त करना। अध्ययन करना। जैसे,—इस लडके का मन पढने में खूब लगता है।

संयो० क्रि०—जाना।—लेना।

यौ०—पढ़ना लिखना = शिक्षा पाना। पढना पढाना। पढने लिखने या पढने पढाने का काम। पढा लिखा = शिक्षित। जिसने शिक्षा प्राप्त की हो।

८ नया पाठ प्राप्त करना। नया सबक लेना। जैसे,—तुमने आज पढ लिया या नही?

संयो० क्रि०—लेना।

पढ़ना[२]—संज्ञा पुं० [सं० पाठीन] एक प्रकार की मछली। विशेष—दे० 'पढिना'।

पढनी—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का धान।

पढ़नी उड़ी—संज्ञा स्त्री० [पढ़नी (?) + उड़ी (= उड़ान)] कसरत मे एक प्रकार का अभ्यास जिसमें आदमी, टीला या अन्य कोई ऊँची चीज उछलकर लाँघी जाती है।

विशेष—इस अभ्यास के दो भेद हैं—एक मे सामने की ओर और दूसरे मे पीछे की ओर उछलते हैं। उछलनेवालो के अभ्यास के अनुसार टीला एक, दो या तीन हाथ तक ऊँचा होता है।

पढ़वाना—क्रि० स० [हिं० पढ़ना तथा पढ़ाना का प्रे० रूप] १ किसी से पढने की क्रिया कराना। किसी को पढने मे प्रवृत्त करना। बँचवाना। जैसे,—यह पत्र तुमने किससे पढ़वाया? २ किसी से पढ़ाने की क्रिया कराना। किसी के द्वारा किसी को शिक्षा दिलाना। जैसे,—मैंने अमुक पडित से अपने लडके को पढवाया है।

पढ़वैया[†]—संज्ञा पुं० [हिं० √पढ़ + ऐया (प्रत्य०)] पढनेवाला। शिक्षार्थी।

पढ़ाई[१]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पढ़ना + आई (प्रत्य०)] १ पढने का काम। विद्याभ्यास। अध्ययन। पठन। २ पढने का भाव। जैसे,—तुम्हारी पढाई हमको तो ऐसी ही वैसी मालूम होती है। ३ वह धन जो पढने के बदले में दिया जाय।

पढ़ाई[२]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पढ़ाना + आई (प्रत्य०)] १ पढाने का काम। अध्यापन। पाठन। पढौनी। २ पढ़ाने का भाव। ३ पढ़ाने का ढग। अध्यापनशैली। जैसे,—अमुक स्कूल की पढाई बहुत अच्छी है। ४ वह धन जो पढाने के बदले में दिया जाय।

पढाकू—वि० [स० पठ हिं० √पढ़ + आकू (प्रत्य०)] बहुत पढनेवाला। जो पढते न थके। उ०—उनके विद्यालय के साथियो ने उन्हें पढाकू की उपाधि दे रखी थी।—अरस्तू०, पृ० ३।

पढ़ाना—क्रि० स० [हिं० पढ़ना का प्रे०रूप] शिक्षा देना। पुस्तक की शिक्षा देना। अध्यापन करना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

यौ०—पढ़ाना लिखाना।

२ कोई कला या हुनर सिखाना। उ०—(क) कुलिस कठोर कूर्म पीठि ते कठिन अति हठि न पिनाक काहू चपरि चढायो है। तुलसी सो राम के सरोज पानि परसत टूट्यो मानो बारे ते पुरारि ही पढ़ायो है।—तुलसी (शब्द०)। (ख) परम चतुर जिन कीन्हे मोहन अल्प बयन ही थोरी। बारे ते जेहि यहै पढ़ायो बुधि, बल कल विधि चोरी।—सूर (शब्द०)।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

३ तोते, मैना आदि पक्षियो को बोलना सिखाना। उ०—सुक सारिका जानकी ज्याए। कनक पीजरन्हि राखि पढाए।—तुलसी (शब्द०)।

संयो० क्रि०—देना।

४ सिखाना। समझाना। उ०—जेहि पिनाक बिन नाक किए नृप गवहि विषाद बढायो। सोइ प्रभु कर परसत टूट्यो जनु हुतो पुरारि पढ़ायो।—तुलसी (शब्द०)।

पढ़िना—संज्ञा पुं० [स० पाठीन] एक प्रकार की बिना सेहरे की मछली जो तालाब और समुद्र सभी स्थानो मे पाई जाती है।

विशेष—यह मछली प्राय अन्य सब मछलियों से अधिक दीर्घजीवी और टील डौलवाली होती है। किसी किसी पढिने का वजन दो मन से भी अधिक होता है। यह मांसाशी है और मछलियो के अतिरिक्त अन्य छोटे छोटे जीव जतुओ को भी निगल लिया करती है। इसके सारे शरीर के मास मे बारीक बारीक काँटे होते हैं जिन्हें दाँत कहते हैं। वैद्यक मे इसे कफ पित्तकारक, बलदायक, निद्राजनक, कोढ़ और रक्तदोष पैदा करनेवाला लिखा है।

पर्या०—पाठीन। सहस्रदष्ट्र। बोदालक। वदालक। पढना। पहिना।

पढ़ैया[†]—संज्ञा पु०[हिं० पढ़ना + ऐया(प्रत्य०)] पढनेवाला। पढ़वैया। पाठक। वह जो पढ़ सके। उ०—घोपासा कुराना का पढैया नै बुलाया।—शिखर०, पृ० ६३।

पढ़ौनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पढ़ाना] दे० 'पढ़ाई'। उ०—बाचो की अम्मा का पडोस की बस्ती मे जाकर यह पढौनी करना बड़ा ही अखरा था।—नई०, पृ० ११५।

पण—संज्ञा पुं० [स०] १ कोई खेल जिसमें हारनेवाले को कुछ परिमित धन अथवा कोई निर्दिष्ट वस्तु जीतनेवाले को देनी पडे। कोई कार्य जिसमें बाजी बदी गई हो। जूआ। द्यूत। २ प्रतिज्ञा। शर्त। मुआहिदा। कौल करार। सधि। उ०—मेरा स्त्रीत्व क्या इतने का भी अधिकारी नहीं कि अपने को स्वामी समझनेवाला पुरुष उसके लिये प्राणो का पण लगा सके। —ध्रुव०, पृ० २५। ३ वह वस्तु जिसके देने का करार या शर्त हो। जैसे, किराया, भाडा, पारिश्रमिक आदि। ४ मोल। कीमत। मूल्य। ५ फीस। शुल्क। ६ धन। सपत्ति। जायदाद।

७. क्रय विक्रय की वस्तु। सौदा। ८ व्यवहार। व्यापार। व्यवसाय। ९. स्तुति। प्रशसा। १० किसी के मत से ११ और किसी के मत से २० माशे के बराबर ताँबे का टुकडा जिसका व्यवहार सिक्के की भाँति किया जाता था। ११ मद्यविक्रेता। कलाल (को०)। १२ गृह। घर। वेश्म (को०)। १३ प्राचीन काल की एक विशेष नाप जो एक मुट्ठी अनाज के बराबर होती थी।

पणग्रंथि—सज्ञा स्त्री० [सं० पणग्रन्थि] बाजार। हाट।

पणच्छेदन—सज्ञा पुं० [स०] अँगूठा काटने का दड।

विशेष—चद्रगुप्त के समय मे दूसरी बार गाँठ कतरने के अपराध मे जो राजकर्मचारी पकडे जाते थे, उनका अँगूठा काट दिया जाता था।

पणजित दास—सज्ञा पुं० [स०] वह जो अपने को जूए के दाँव पर रखकर हारा और दास हुआ हो।

पणता—सज्ञा स्त्री० [स०] कीमत। दाम। मूल्य [को०]।

पणत्व—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पणता'।

पणन—सज्ञा पुं० [स०] १ खरीदने की क्रिया या भाव। २ बेचने की क्रिया या भाव। ३ शर्त लगाने या बाजी बदने की क्रिया या भाव। ४. व्यापार या व्यवहार करने की क्रिया या भाव।

पणनीय—वि० [स०] १. धन देकर जिससे काम लिया जा सके। २ जिसे खरीदा या बेचा जा सके।

पणफर—सज्ञा पु० [स०] कुडली मे लग्न से २रा, ३रा, ५वाँ ८वाँ और ११वाँ घर।

पणबध—सज्ञा पुं० [सं० पणबन्ध] बाजी बदना। शर्त लगाना। शर्तबंदी।

पणयात्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] सिक्को का चलाना (कौटि०)।

पणव—सज्ञा पु० [सं०] १ छोटा नगाडा। २ छोटा ढोल। ढोलकी। उ०—शख भेरी पणव मुरज ढक्का बाद घनित घटा नाद बीच बिच गु जरत।—भारतेदु ग्र०, भा० २, पृ० ६०५। ३. एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे एक मगण एक नगण, एक यगण और अत में एक गुरु होता है। प्रत्येक चरण मे १६, १६ मात्राएँ होने के कारण यह चौपाई के भी अतर्गत आता है। उ०—मानौ योग कयित तें मोरा। जीतोगे अर्जुन जी कोरा।

पणवा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पणव'।

पणवानक—सज्ञा पु० [सं०] नगाडा।

पणवी—सज्ञा पुं० [स० पणविन्] शिव का एक नाम [को०]।

पणस—सज्ञा पु० [सं०] क्रय विक्रय की वस्तु। सौदा।

पणसुंदरी—सज्ञा स्त्री० [सं० पणसुन्दरी] वारवनिता। बाजारी स्त्री। रडी। वेश्या।

पणस्त्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] रडी। वेश्या।

पणस्थि—सज्ञा स्त्री० [सं०] कौडी। कपर्दक।

पणांगना—सज्ञा स्त्री० [सं० पणाङ्गना] वेश्या [को०]।

पणास—सज्ञा पुं० [स० प्रणाश] विनाश। नाश।

पणासी—वि० [सं० प्रणाशी] विनाशक। नष्ट करनेवाला।

पणाया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ द्यूत। जूवा। २ व्यापार का लाभ। ३ स्तुति। ४ बाजार। ५ व्यापार [को०]।

पणायित—वि० [स०] १ खरीदा। बेचा हुआ। ३ जिसकी स्तुति की गई हो। स्तुत [को०]।

पणार्पण—सज्ञा पुं० [स०] सधि। शर्तनामा [को०]।

पणि[1]—सज्ञा पुं० [स०] वैदिक सहिता कालीन एक जाति और उस जाति का आदमी। —प्रा० भा० प० (भू०), पृ० 'स'।

पणि[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ बाजार। २ दूकान।

पणि[3]—वि० १ कजूस। २ पाप करनेवाला [को०]।

पणिकता—सज्ञा स्त्री० [स०] दूकानदारी। मोलभाव। उ०—पणिकता जगवणिक की है, राणि जैसे कणिक की है।—अर्चना, पृ० ६३।

पणिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक पण। (कौटि०)।

पणित—वि० [स०] जिसकी प्रशसा की गई है। प्रशसित। स्तुत। २ क्रीत। ३ विक्रीत। ४ बाजी। ५ जुआ।

पणितव्य—वि० [स०] १ खरीदने योग्य। २ बेचने योग्य। ३ व्यवहार करने योग्य। ४. प्रशसा करने योग्य।

पणिता—सज्ञा पुं० [स० पणितृ] व्यापारी। सौदागर [को०]।

पणिहार—सज्ञा पुं० [स० प्रतिहार] क्षत्रियो की एक जाति। उ०—तीन पुरुष उपजे तहाँ चालुक प्रथम पँवार। दूजै तीजै ऊपजे, छत्र जाति पणिहार।—ह० रासो, पृ० १०।

पणी[1]—सज्ञा पुं० [सं० पणिन्] क्रय विक्रय करनेवाला।

पणी[2]—सज्ञा पुं० एक ऋषि का नाम [को०]।

पण्य[1]—वि० [स०] १ खरीदने योग्य। २ बेचने योग्य। ३ व्यापार या व्यवहार करने योग्य। ४ प्रशसा करने योग्य।

पण्य[2]—सज्ञा पुं० १ सौदा। माल। २ व्यापार। व्यवसाय। रोजगार। ३ बाजार। हाट। ४ दूकान।

पण्यदासी—सज्ञा स्त्री० [स०] धन लेकर सेवा करनेवाली स्त्री। लौंडी। मजदूरनी। बाँदी। सेविका।

पण्यनिचय—सज्ञा पुं० [स०] बिक्री का माल इकट्ठा करना।

विशेष—इसमें भी चद्रगुप्त के समय मे धान्य के एकत्र करने के सदृश ही नियम प्रचलित था।

पण्यनिर्वाहण—सज्ञा पुं० [स०] बिना चुंगी का महसूल दिए चोरी चोरी से माल निकाल ले जाना (कौटि०)।

पण्यपति—सज्ञा पुं० [सं०] १ भारी व्यापारी। बहुत बडा रोजगारी। २ बहुत बडा साहूकार। नगरसेठ।

पण्यपत्तन—सज्ञा पु० [सं०] वह स्थान जहाँ अनेक प्रकार के माल आकर बिकते हो। मडी। (कौटि०)।

पण्यपत्तन चरित्र—सज्ञा पुं० [सं०] मडी मे प्रचलित नियम (कौटि०)।

पण्यपत्तन चरित्रोपधानिका—वि० स्त्री० [सं०] (वह नाव) जिसने बदरगाह के नियमो का पालन न किया हो (कौटि०)।

पण्यपरिणीता—सज्ञा स्त्री० [स०] सुरैतिन। रखेली [को०]।

पण्यफल—सज्ञा पुं० [स०] १ व्यापार मे प्राप्त लाभ। मुनाफा। नफा।

पण्यफलत्व—सज्ञा पुं० [सं०] मुनाफा [को०]।

पण्यभूमि—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्थान जहाँ माल या सौदा जमा किया जाता हो। कोठी। गोदाम। गोला।

पण्ययोषित—सज्ञा स्त्री० [स०] वेश्या। रडी [को०]।

पण्यविलासिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] वेश्या। रडी।

पण्यवीथी—सज्ञा स्त्री० [स०] क्रय विक्रय का स्थान। बाजार। हाट।

पण्यशाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] दूकान। वह घर जिसमें चीजें बिकती हो।

पण्यसस्था—सज्ञा स्त्री० [सं०] माल रखने का गोदाम (कौटि०)।

पण्यसमवाय—सज्ञा पु० [सं०] थोक बेचा जानेवाला माल।

पण्यस्त्री—सज्ञा स्त्री० [स०] वेश्या। रडी।

पण्यांगना—सज्ञा स्त्री० [स० पण्याङ्गना] दे० 'पण्यस्त्री'।

पण्याधा—सज्ञा स्त्री० [सं० पण्याधान्य या पण्यान्नधान्य] कँगनी नाम का धान्य।

पण्या—सज्ञा स्त्री० [स०] मालकँगनी।

पण्याजीव—सज्ञा पु० [स०] व्यापार से जीविका करनेवाला। रोजगारी। व्यापारी।

पण्योपघात—सज्ञा पुं० [सं०] बिक्री के माल का नुकसान।

विशेष—कौटिल्य ने लिखा है कि व्यापारियो को चद्रगुप्त के राज्य से सहायता मिलती थी। जब उनके माल का नुकसान हो जाता था, तब उन्हे राज्य की ओर से सहायता मिलती थी।

पतखा—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का बगला, जिसे 'पतोखा' कहते हैं।

पतग[१]—सज्ञा पुं० [स० पतङ्ग] १. पक्षी चिडिया। २ शलभ। टिड्डी। ३. परवाना। पाँखी। मुनगा। फतिंगा। ४ कोई परदार कीडा। उडनेवाला कीडा। ५ सूर्य। ६ एक प्रकार का धान। जडहन। ७ जलमहुआ। जलमधूक वृक्ष। ८ एक प्रकार का चदन। ९ कदुक। गेंद। उ०—करहिं गान बहु तान तरगा। बहु विधि क्रीडहि पानि पतगा।—मानस, १।१२६। १० पारद। पारा। ११ जैनो के एक देवता जो वाणव्यतर नामक देवगण के अतर्गत हैं। १२ एक गधव का नाम। १३ एक पहाड का नाम। १४ तन। शरीर। जिस्म (अने०)। १५ नौका। नाव (अने०)। १६ चिनगारी। १७ कृष्ण या विष्णु (को०)। १८ अश्व। घोडा (को०)।

पतग[२]—सज्ञा पुं० [स० पत्रङ्ग] एक प्रकार का बडा वृक्ष जिससे लाल रग बनाते हैं।

विशेष—यह वृक्ष मध्यभारत तथा कटक प्रात मे अधिकता से होता है। बैसाख जेठ मे जमीन को अच्छी तरह जोतकर इसके बीज बो दिए जाते हैं। प्राय २० वर्ष मे जब इसके पेड चालीस फुट ऊँचे हो जाते हैं तब काट लिए जाते हैं। इसकी लकडी को छोटे छोटे टुकडों मे काटकर प्राय दो पहर तक पानी में उबालते हैं, जिससे एक प्रकार का बहुत बढिया लाल रग निकलता है। पहले इस रग की खपत बहुत होती थी और यह बहुत अधिक मात्रा मे भारत से विदेशों को भेजा जाता था, परतु जबसे विलायती नकली रग तैयार होने लगे तबसे इसकी माँग बहुत घट गई है। आजकल कई प्रकार के विलायती लाल रग भी 'पतग' के नाम से ही बिकते हैं। कुछ लोग इसको 'लाखवदा' ही मानते हैं, परतु यह बात ठीक नही है। इसको 'बक्कम' भी कहते हैं।

पतंग[३]—वि० उडनेवाला।

पतग[४]—सज्ञा पुं० [सं० पतङ्ग (=उडनेवाला)] हवा मे ऊपर उडाने का एक खिलौना जो बाँस की तीलियो के ढाँचे पर एक ओर चौकोना कागज और कभी कभी बारीक कपडा मढकर बनाया जाता है। गुडी। कनकौवा। चग। तुक्कल। तिलगी।

विशेष—इसका ढाँचा दो तीलियो से बनता है। एक बिलकुल सीधी रखी जाती है पर दूसरी को लचाकर मिहराबदार कर देते हैं। सीधी तीली को 'ढड्ढा' और मिहराबदार को 'कमाँच' या 'काप' कहते हैं। ढड्ढे के एक सिरे को 'पुछल्ला' और दूसरे को 'मुड्ढा' कहते हैं। पुछल्ले पर एक तिकोना कागज और मढ दिया जाता है। कमाँच के दोनो सिरे 'कुब्बे' कहलाते हैं। ढड्ढे पर कागज की दो छोटी चौकोर चकतियाँ गढी होती है। एक उस स्थान पर जहाँ ढड्ढा और कमाँच एक दूसरे को काटते हैं, दूसरी पुछल्ले की ओर कुछ निश्चित अतर पर। इन्ही मे सूराख करके 'कन्ना' अर्थात् वह डोरा बाँधा जाता है जिसमे चरखी या परेते की डोरी का सिरा बाँधकर पतग उडाया जाता है। यद्यपि देखने मे पतग के चारो पार्श्वों की लबाई बराबर जान पडती है, तथापि मुड्ढे और कुब्बे का अतर कुब्बे और पुछल्ले के अतर से अधिक होता है। जिस डोरी से पतग बढाया जाता है वह नख, बाना, रील आदि कई प्रकार की होती है। बाँस के जिस विशेष ढाँचे पर डोरी लपेटी रहती है। उसके भी दो प्रकार है—एक 'चरखी' और दूसरा 'परेता'। विस्तारभेद से पतग कई प्रकार का होता है। बहुत बडे पतग को 'तुक्कल' कहते हैं। बनावट का दोष, हवा की तेजी आदि कारणो से अक्सर पतग हवा में चक्कर खाने लगता है। इसे रोकने के लिये पुछल्ले मे कपडे की एक घज्जी बाँध देते हैं, इसको भी 'पुछल्ला' कहते हैं। भारतवर्ष मे केवल मनोरजन के लिये पतग उडाया जाता है परतु पाश्चात्य देशों मे इसका कुछ व्यावहारिक उपयोग भी किया जाने लगा है।

क्रि० प्र०—उडाना।—लडाना।

यौ०—पतंगबाज।

मुहा०—**पतग काटना** = अपने पतंग की डोरी से दूसरे के पतंग की डोरी को रगडकर काट देना। **पतग उड़ाना** = डोरी ढीली करके पतग को हवा मे और ऊपर या आगे बढाना।

पतंगछुरी†—स्त्री० [स० **पतङ्ग** (=उडानेवाला अथवा चिनगारी) + हिं० **छुरी**] पीठ पीछे बुराई करनेवाला। दो व्यक्तियो या दलो में झगडा करानेवाला। चुगुलखोर। पिशुन। चवाई।

पतंगबाज—सज्ञा पुं० [हिं० **पतंग** + फा० **बाज**] १ वह जिसको पतग उडाने का व्यसन हो। वह जिसका प्रधान कार्य पतग उडाना हो। वह जिसका अधिकाश समय पतग उडाने मे जाता हो। २ पतग से क्रीडा करनेवाला। पतग उडाकर मनोरजन करनेवाला। पतग का शौकीन।

पतंगबाजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पतंगबाज**] १. पतगबाज होने का भाव। पतग उडाने की क्रिया या भाव। पतग उडाना। २ पतग उडाने की कला। जैसे,—पतगबाजी मे वह अपना जोड नही रखता।

पतंगम—सज्ञा पु० [स० **पतङ्गम**] १ पक्षी। चिडिया। २ पतगा। सूर्य। ३. शलभ। पतगा।

पतंगसुत—सज्ञा पुं० [स० **पतङ्ग** (=सूर्य) + **सुत**] १ सूर्य के पुत्र अश्विनीकुमार। २ यम। ३ शनि। ४. सुग्रीव। ५. कर्ण। राधेय। उ०—भजु पतगसुत आदि कहँ मृत्युजय अरि अंत। तुलसी पुष्कर जग्यकर चरन पासु इच्छत।—स० सप्तक, पृ० १६।

पतगा—सज्ञा पु० [स० **पतङ्ग**] १ पतग। कोई उडनेवाला कीडा मकोडा। फतिगा या पाँखी आदि। २ परदार कीडों की जाति का एक विशेष कीडा जो प्राय घासो अथवा वृक्ष की पत्तियो पर रहता है। फतिगा। ३ चिनगारी। स्फुलिग। अग्निकण। ४. दीए की बत्ती का वह अश जो जलकर उससे अलग हो जाता है। फूल। गुल।

पतगिका—सज्ञा स्त्री० [स० **पतङ्गिका**] १ मधुमक्खियो का एक भेद। बडी मधुमक्खी। पुत्तिका। २ छोटी चिडिया (को०)। ३ दे० 'पतचिका' (को०)।

पतगी[1]—वि० स्त्री० [स० **पतङ्ग**] रग बिरगी या महीन। उ०—गोरे तन पहिरि पतगी सारी झपकि झपकि गावै गारी, भिजावैं आनदघन पिय इसरग।—घनानद, ४४२।

पतंगी[2]—सज्ञा पु० [स० **पतङ्गिन्**] पक्षी [को०]।

पतगेंद्र—सज्ञा पुं० [स० **पतङ्गेन्द्र**] पक्षिराज। गरुड।

पतचल—सज्ञा पु० [स० **पतञ्चल**] एक ऋषि का नाम [को०]।

पतचिका—सज्ञा स्त्री० [स० **पतञ्चिका**] धनुष की डोरी। कमान की ताँत। चिल्ला।

पतंजलि—सज्ञा पुं० [स० **पतञ्जलि**] १. एक प्रसिद्ध ऋषि जिन्होने योग सूत्र की रचना की। २ एक प्रसिद्ध मुनि जिन्होने पाणिनीय सूत्रो और कात्यायन कृत उनके वार्तिक पर 'महाभाष्य' नामक वृहद् भाष्य का निर्माण किया था। एक किंवदती के अनुसार चरक सहिता के रचयिता और सगृहीता के रूप मे पतंजलि का नाम लिया जाता है, पर यह मत ऐतिहासिको को मान्य नही हैं।

विशेष—इनकी माता का नाम गोणिका और जन्मस्थान गोनर्द था। डा० सर रामकृष्ण भाडारकर के मत से आधुनिक गोडा ही प्राचीन गोनर्द है। गोणिकापुत्र, गोनर्दीय आदि इनके नाम मिलते हैं। ऐसा प्रसिद्ध है कि ये कुछ समय तक काशी मे भी रहे थे। जिस स्थान पर इनका रहना माना जाता है उसे आजकल नागकुआँ कहते हैं। नागपचमी के दिन वहाँ मेला होता है और बहुत से सस्कृत के पडित और छात्र वहाँ एकत्र होकर व्याकरण पर शास्त्रार्थ करते हैं। ये अनत भगवान् अथवा शेषनाग के अवतार माने जाते हैं। अन्य सभी सूत्रग्रथो की व्याख्याएँ भाष्य कही गई है, केवल पतजलिकृत भाष्य को महाभाष्य की सज्ञा और प्रतिष्ठा मिली।

बहुत से लोग दर्शनकार पतजलि और भाष्यकार पतजलि को एक ही व्यक्ति मानते हैं। परंतु यह मत विवादास्पद और अनिर्णीत है। योग सूत्रकार पतजलि भाष्यकार पतजलि से बहुत पूर्व के माने गए हैं। महाभाष्य के रचनाकाल से सैकडो वर्ष पहले कात्यायन ने पाणिनीय सूत्रों पर अपना वार्तिक बनाया था। कहते हैं कि उसमे योगसूत्रकार पतजलि का उल्लेख है। कात्यायन के वार्तिक पर पतजलि का भाष्य है। इस आधार पर कहा जाता है कि योग सूत्रकार पतजलि महाभाष्यकार पतजलि से पहले के हैं। उनका समय भी निश्चित हो चुका है। वे शुंगवश के सस्थापक पुष्यमित्र के समय मे वर्तमान थे। मौर्य राजा को मारकर जब पुष्यमित्र राजा हुआ तब उसने पाटलिपुत्र मे अश्वमेध यज्ञ किया। इस यज्ञ मे पतजलि जी ने भी भाग लिया था।

पत(यु)†—सज्ञा पुं० [सं० **पति**] १ पति। खसम। खाविद। ३. मालिक। स्वामी। प्रभु।

पत[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० **प्रतिष्ठा**] १. कानि। लज्जा। आबरू।

विशेष—दे० 'पति'। उ०—मुख मेरा चूमत दिन रात। होठों लागत कहत न बात। जासे मेरी जग मे पत। ए सखी साजन ना सखी नथ।—खुसरो (शब्द०)। २ प्रतिष्ठा। इज्जत। उ०—बोला है तुझे गम है ऊँटो का, कुछ गम नई पत रहमाँ का।—दक्खिनी०, पृ० २२३।

क्रि० प्र०—**खोना**।—**गँवाना**।—**जाना**।—**रखना**।

यौ०—**पतपानी** = लज्जा। आबरू।

मुहा०—**पत उतारना** = किसी की प्रतिष्ठा नष्ट करनेवाला काम करना। दस आदमियो के बीच मे किसी का अपमान करना। बेइज्जती करना। आबरू लेना। **पत रखना** = प्रतिष्ठा भग न होने देना। इज्जत बनी रहने देना। इज्जत बचाना। **पत लेना** = दे० 'पत उतारना'।

पत[3]—सज्ञा पुं० [सं० **पत्र, प्रा० अप० पत्त, पत**] पत्ता। पत्र। जैसे, पतझर।

पतई†—सज्ञा स्त्री० [स० **पत्र**] पत्ती। पत्र।

पतउआ†—सज्ञा पु० [सं० **पत्र, प्रा० पत्त**] पत्ता। पर्ण। उ०—एक

वान वेग ही उडाने जातुधान जात, सूखि गए गात हैं पतउआ भए वाय के।—तुलसी (शब्द०)।

पतउड़Ⓤ—सज्ञा पुं० [स० पति + उडु] चद्रमा।—(डिं०)।

पतखोपन—सज्ञा पुं० [हिं० पत+खोवन (= खोनेवाला)] वह जो अपने या अन्य के मान सभ्रम की रक्षा न कर सके। वह जो प्राय ऐसे कार्य करता फिरे जिससे अपनी या दूसरे की बेइज्जती हो।

पतग—सज्ञा पु० [स०] पक्षी। चिडिया। पखेरू। उ०—द्विज, सकुत, पक्षी, शकुनि, अडज, विहग, विहग। वियग, पतत्री, पत्ररथ, पत्री, पतग, पतग।—नद० ग्र०, पृ० १०१।

पतगेंद्र—सज्ञा पुं० [सं० पतगेन्द्र] पक्षिराज। गरुड।

पतचौली—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पौधा।

पतजिव†—सज्ञा पुं० [देश०] जिया पोता। पुत्रजीवक।

पतझड़—सज्ञा स्त्री० [हिं० पत (= पत्ता) + झड़ना] १ वह ऋतु जिसमे पेडों की पत्तियाँ झड जाती हैं। शिशिर ऋतु। माघ और फाल्गुन के महीने। कुभ और मीन की सक्रातियाँ।

विशेष—इस ऋतु मे हवा अत्यत रूखी और सर्राटे की हो जाती है, जिससे वस्तुओ के रस और स्निग्धता का शोषण होता है और वे अत्यत रूखी हो जाती हैं। वृक्षों की पत्तियाँ रूक्षता के कारण सूखकर झड जाती हैं और वे ठूँठे हो जाते हैं। सृष्टि का सौंदर्य और शोभा इस ऋतु में बहुत घट जाती हैं, वह वैभवहीन हो जाती है। इसी से कवियो को यह अप्रिय है। वैद्यक के मतानुसार इस ऋतु मे कफ का सचय होता है और पाचकाग्नि प्रबल रहती है जिससे स्निग्ध और भारी आहार इसमे सरलता से पचता है और पथ्य है। हलके, वातवर्धक और तरल भोजनद्रव्य इसमें अपथ्य हैं।

सुश्रुत के मत से माघ और फाल्गुन ही पतझड के महीने हैं, पर अन्य अनेक वैद्यक ग्रथो ने पूस और माघ को पतझड माना है। वैद्यक के अतिरिक्त सवत्र माघ और फाल्गुन ही पतझड माने गए हैं।

२ अवनतिकाल। खराबी और तबाही का समय। वैभवहीनता या कगाली का समय।

पतझर†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पतझड'।

पतझला†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पतझड'।

पतझाड़—सज्ञा स्त्री० [हिं० पतझड़] दे० 'पतझड'। उ०—पतझाड़ के पीछे नवल दल यथा देत वसत है।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १२२।

पतझार†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पतझड़] दे० 'पतझड'। उ०—ससार वाटिका मे जो बहार और पतझार के अनुसार नाना प्रसूनो के प्रस्फुटित और रहित होने के कारण शोभा का प्रकाश और ह्रास होता है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४६८।

पतड़ो—सज्ञा पुं० [सं० पत्र, हिं० पत्रा] पत्रा। पचांग। उ०—पाडया तोहि बोलावइ हो राय, ले पतडो जोसी वेगो तु आइ।—बी० रासो०, पृ० ६।

पतत्[१]—वि० [सं०] १. गिरता हुआ। उतरता हुआ। नीचे को जाता या आता हुआ। २ उडता हुआ।

पतत्—सज्ञा पुं० पक्षी। चिडिया।

पतत्पतंग—सज्ञा पुं० [सं० पतत्पतङ्ग] डूबता हुआ सूर्य। वह सूर्य जो अस्त हो रहा हो।

यौ०—पतत्पतगप्रतिम = नीचे की ओर गिरते हुए सूर्य के समान।

पतत्प्रकर्ष—सज्ञा पुं० [सं०] काव्य मे एक प्रकार का रसदोष।

पतत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ पक्ष। पख। डैना। २ पर। ३. वाहन। सवारी।

पतत्रि—सज्ञा पु० [सं०] पक्षी। चिडिया।

पतत्रिकेतन—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

पतत्रिराज—सज्ञा पु० [सं०] गरुड। पक्षिराज [को०]।

पतत्री—सज्ञा पुं० [सं० पतत्रिन्] पक्षी। उ०—वियग (= विहग) पतत्री पत्ररथ पत्री पतग पतग।—अनेकार्थ०, पृ० २५। २ बाण। तीर (को०)। ३ अश्व (को०)।

पतद्ग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रतिग्राह। पीकदान। २ वह कमडलु जिसमे भिक्षुक भिक्षान्न लेते हैं। भिक्षापात्र। कासा।

पतद्भीरु—सज्ञा पुं० [सं०] बाज पक्षी। श्येन।

पतन्—सज्ञा पुं० [स०] पक्षी। चिडिया।

पतन[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ गिरने या नीचे आने की क्रिया या भाव। गिरना। २. नीचे जाने, धँसने या बैठने की क्रिया या भाव। बैठना या डूबना। ३. अवनति। अधोगति। जवाल। तबाही। जैसे,—दुष्टो की सगति करने से पतन अनिवार्य हो जाता है। ४ नाश। मृत्यु। जैसे,—अमुक युद्ध मे कुल दो लाख सैनिकों का पतन हुआ। ५ पाप। पातक। ६. जातिच्युति। पातित्य। जाति से बहिष्कृत होना। ७. उडने की क्रिया या भाव। उडान। उडना। ८ किसी नक्षत्र का अक्षाश।

पतन[२]—वि० १. गिरता हुआ या गिरनेवाला। २. उडता हुआ या उडनेवाला।

पतनधर्मी—वि० [सं० पतनधर्मिन्] गिरने के स्वभाववाला। नश्वर [को०]।

पतनशील—वि० [सं०] जिसका पतन निश्चित हो। जो बिना गिरे न रह सके। गिरनेवाला।

पतना—सज्ञा पुं० [देश०] योनि का तट भाग। योनि का किनारा।

पतनारा—सज्ञा पुं० [हिं०] परनाला। नावदान। मोरी।

पतनाला—सज्ञा पुं० [हिं] दे० 'पतनारा'। उ०—झर लगता था और वही पर बूँदें नाचा करती थी। बाजे से बजते पतनाले, सडक लबालब भरती थी।—मिट्टी०, पृ० ६८।

पतनीⓊ[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्नी] दे० 'पत्नी'। उ०—गुरु पतनी पठए तब कानन।—नद० ग्र०, पृ० २१४।

पतनी[२]—सज्ञा पुं० [देश०] वह आदमी जो घाट पर की नाव इस पार से उस पार ले जाता और उस पार से इस पार ले आता हो। घाट पर से पार उतारनेवाला घटहा या माझी। (लश०)।

पतनीय[1]—वि० [सं०] १. जिसका गिरना अथवा अधोगत होना सभव हो। गिरने अथवा नष्ट, पतित या अधोगत होने के योग्य। गिरनेवाला। पतित होनेवाला। २. पतित करने वाला या अधोगत करनेवाला [को०]।

पतनीय[2]—सज्ञा पुं० वह पाप जिसके करने से जाति से च्युत होना पडे। पतित करनेवाला पाप।

पतनोन्मुख—वि० [सं०] जो गिरने की ओर प्रवृत्त हो। जो गिरने के मार्ग पर लग चुका हो या बढ रहा हो। जिसका पतन, अधोगति या विनाश निकट आता जाता हो।

पतपच्छी†—सज्ञा पु० [सं० प्रतिपक्षी] विरोधी। शत्रु। उ०— पतपच्छी जुग पाँण सरोरुह पल्लवाँ।—बाँकी०, ग्र०, भा० ३, पृ० ३७।

पतपानी—सज्ञा पुं० [हिं० पत+पानी] १ प्रतिष्ठा। मान। इज्जत। २ लाज। आबरू।

पतम—सज्ञा पु० [सं०] १ चद्र। २ पक्षी। ३ फनिगा।

पतयानाⓊ†—क्रि० स० [हिं० पतियाना] दे० 'पतियाना' या 'पत्याना'। उ०—नेकि पठै गिरिधर कौं मैया। रही भिलसाई पतयाइ न औरें, इनके हाँथ लगी मेरी गैया।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० २३४।

पतयालु—वि० [सं०] पतनशील। गिरनेवाला।

पतयिष्णु—वि० [स०] पतनशील। पतयालु [को०]।

पतरⓊ†—वि० [स० पत्र] १. पतला। कृश। २. पत्ता। पर्ण। उ०—पेट पतर जनु चदन लावा। कुकुँह केसर बरन सुहावा।—जायसी (शब्द०)। (ख) घडा ज्यो नीर का फूटा। पतर जैसे डार से टूटा।—कबीर म०, पृ० १७३। ३. पत्तल। पनवारा।

पतरज—सज्ञा पुं० [स० पत्रज] तेजपात। पत्रज। उ०—अजमोदा चितकरना पतरज वायभिरग। सेंधा सोठ श्रीफला, नासहि मारुत अग।—इ द्रा०, पृ० १५१।

पतरा†[1]—सज्ञा पुं० [स० पत्र] १ वह पत्तल जिसे तँबोली लोग पान रखने के टोकरे या डलिया मे बिछाते हैं। २ सरसो का साग। सरसो का पत्ता।

पतरा[2]—वि० दे० 'पतला'।

पतराई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पतला+ई (प्रत्य०)] पतलापन। सूक्ष्मता। उ०—खाँडै चाहि पौनि पैनाई। बार चाहि पातरि पतराई।—पदमावत, पृ० १५०।

पतरिंग, पतरिंगा—सज्ञा पुं० [देश०] एक पक्षी, जिसका सारा शरीर हरा और ठोर पतली तथा प्राय दो अगुल लबी होती है। यह मकडियो को पकडकर खाता है। इसकी गणना गानेवाले पक्षियो मे की जाती है।

पतरी†—सज्ञा स्त्री० [स० पत्री] दे० 'पत्तल'। उ०—विरचत पनरी अरु दोने अपने कर सु दर।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ५६।

पतरेंगा—सज्ञा पुं० [देश०] पतरिंगा पक्षी।

पतरोला†—[अ० पेट्रौल] गश्त लगानेवाला सिपाही।

पतला—वि० [स० पात्रट, प्रा० पात्रड, अथवा स० पत्र, हिं० पत्तर] [वि० स्त्री० पतली] १ जिसका घेरा, लपेट अथवा चौडाई कम हो। जो मोटा न हो। जैसे, पतली छडी, पतला बल्ला, पतला खभा, पतली रस्सी, पतली घज्जी, पतली गोट, पतली गली, पतला नाला।

विशेष—बहुत पतली वस्तुओ को महीन, बारीक या सूक्ष्म, भी कह सकते हैं, जैसे, पतला तार, पतला सूत, पतली सुई। इसी प्रकार कम चौडी बडी वस्तुओ के लिये पतला के स्थान पर 'सकीर्ण' या 'सँकरा' भी कह सकते हैं, जैसे, सँकरी गली, सँकरा नाला आदि।

२ जिसके शरीर के इधर उधर का विस्तार कम हो। जिसकी देह का घेरा कम हो। जो स्थूल या मोटा न हो। कृश। जैसे, पतला आदमी।

यौ०—दुबला पतला = जो मोटा ताजा न हो। कृश शरीर का।

३ (पटरी, पत्तर या तह के आकार की वस्तु) जिसका दल मोटा न हो। दबीज का उलटा। झीना। हलका। जैसे, पतला कपडा या कागज। ४ गाढे का उलटा। अधिक सरल। जिसमे जलाश अधिक हो, जैसे, पतला दूध या रसा।

मुहा०—पतली चीज या पदार्थ = कोई तरल पदार्थ। कोई प्रवाही द्रव्य।

५ अशक्त। असमर्थ। कमजोर। निर्बल। हीन। जैसे,—भाई सभी मनुष्य मनुष्य ही हैं, किसी को इतना पतला क्यो समझते हो?

मुहा०—पतला पड़ना = दुर्दशाग्रस्त होना दैन्यप्राप्त होना। अशक्त या निर्बल पड जाना। पतला हाल = दु ख और कष्ट की अवस्था। शोचनीय या दयनीय दशा। करुणाजनक स्थिति। बुरा हाल। दुर्दशाकाल। दुर्दिन।

पतलाई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पतला+ई (प्रत्य०)] पतला होने का भाव। पतलापन।

पतलापन—सज्ञा पुं० [हिं० पतला+पन (प्रत्य०)] पतला होने का भाव।

पतली—सज्ञा स्त्री० [देश०] जूआ। द्यूत।

पतलून—सज्ञा पुं० [अं० पैंटलून] वह पाजामा जिसमें मियानी नही लगाई जाती और पायँचा सीधा गिरता है। अग्रेजी पाजामा।

पतलूननुमा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पतलून + फा० नुमा (= दर्शक)] वह पाजामा जो पतलून से मिलता जुलता होता है।

पतलूननुमा[2]—वि० पतलून की तरह का। पतलून सा।

पतला—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ सरकडे की पताई। सरपत की पताई। २ सरकडा। सरपत।

पतवर—क्रि० वि० [सं० पङ्क्ति = पति = हिं० पाँत + वार (प्रत्य०)] पंक्तिवार। पक्तिक्रम मे। बराबर बराबर। उ०—'हौधोरन' की झाडी छाया जासु मनोहर। परी भेंड़ पीठिन की पगति पतवर पतवर।—श्रीधर (शब्द०)।

पतवा—सज्ञा पु० [हिं० पत्ता+वा (प्रत्य०)] एक प्रकार का मचान, जिसपर बैठकर शिकार खेलते हैं।

विशेष—यह लकडी का बनाया जाता है और चार हाथ ऊँचा तथा उतना ही चौडा होता है। लबा इतना होता है कि ८ आदमी रहकर निशाना मार सकें। चारो ओर पतली पतली लकडियों की टट्टियाँ लगी रहती हैं जिनमे निशाना मारने के लिये एक एक बित्ता ऊँचे और चौडे सूराख बने रहते हैं। टट्टियो के ऊपर हरी हरी पत्तियो समेत टहनियाँ रख दी जाती हैं जिसमें बाघ आदि शिकारियो को न देख सकें।

क्रि० प्र०—बाँधना।

पतवार—सज्ञा स्त्री० [स० पत्रवाल, पात्रपाल, प्रा० पत्तपाड] नाव का एक विशेष और मुख्य अग जो पीछे की ओर होता है। इसी के द्वारा नाव मोडी या घुमाई जाती है। कन्हर। कर्ण। पतवाल। सुकान।

विशेष—यह लकडी का और त्रिकोणाकार होता है। प्राय आधा भाग इसका जल के नीचे रहता है और आधा जल के ऊपर। जो भाग जल के ऊपर रहता है उसमे एक चिपटा डडा जडा रहता है जिसपर एक मल्लाह बैठा रहता है। पतवार को घुमाने के लिये यह डडा मुठियो का काम देता है। यह डडा जिस ओर घुमाया जाता है उसके विपरीत ओर नाव घूम जाती है।

पतवारी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाता, पत्ता] ऊख का खेत।

पतवारी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पतवार] दे० 'पतवार'।

पतवाल—सज्ञा स्त्री० [हिं० पतवार] दे० 'पतवार'।

पतवास—सज्ञा स्त्री० [स० पतत् या पतत्री (=चिड़िया) + वास] पक्षियो का अड्डा। चिक्कस।

पतस—सज्ञा पुं० [स०] १ पक्षी। २ फतिगा, टिड्डी आदि। ३ चद्रमा।

पतसर—सज्ञा पुं० [स० शरपत्र] सरपत। उ०—चारो ओर फैले पतसर के जगल।—भस्मावृत०, पृ० १०६।

पतसाई—सज्ञा स्त्री० [फा० पादशाही] बादशाह का अधिकार। राज्य। उ०—कोटि करै वारै पतसाई।—राम० धर्म०, पृ० १९९।

पतसाहⓊ—सज्ञा पु० [फा० पादशाह] सम्राट्। नृपति। उ०—इती जो न अब करूँ तौ न पतसाह कहाऊँ।—ह० रासो, पृ० ६४।

पतसाही—सज्ञा पुं० [हिं० पादशाही] दे० 'पादशाही'। उ०—सरू थया मारग सगला ही। सोच दलाँ मिटियो पतसाही।—रा० रू०, पृ० २६२।

पतस्वाहा—सज्ञा पुं० [हिं०] अग्नि।

पता[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रत्यय, प्रा० पत्तअ (=ख्याति), या सं० प्रत्यायक, प्रा० पत्ताअअ>पताअ>हिं० पता] १ किसी विशेष स्थान का ऐसा परिचय जिसके सहारे उस तक पहुँचा अथवा उसकी स्थिति जानी जा सके। किसी वस्तु या व्यक्ति के स्थान का ज्ञान करानेवाली वस्तु, नाम या लक्षण आदि। किसी का स्थान सूचित करनेवाली बात जिससे उसको पा सकें। किसी का अथवा किसी के स्थान का नाम और स्थिति परिचय जैसे,—(क) आप अपने मकान का पता बतावें तब तो कोई वहाँ आवे। (ख) आपका वर्तमान पता क्या है।

क्रि० प्र०—जानना।—देना।—बताना।—पूछना।

यौ०—पता ठिकाना = किसी वस्तु का स्थान और उसका परिचय।

२ चिट्ठी की पीठ पर लिखा हुआ वह लेख जिससे वह अभीष्ट स्थान को पहुँच जाती है। चिट्ठी की पीठ पर लिखी हुई पते की इबारत।

क्रि० प्र०—लिखना।

३ खोज। अनुसधान। सुराग। टोह। जैसे,—आठ रोज से उसका लडका गायब है, अभी तक कुछ भी पता नही चला।

क्रि० प्र०—चलना।—देना।—मिलना।—लगना।—लेना।

यौ०—पता निशान = (१) खोज की सामग्री। वे बातें जिनसे किसी के सबध मे कुछ जान सकें। जैसे,—अभी तक हमको अपनी किताब का कुछ भी पता निशान नही मिला। (२) अस्तित्वसूचक चिह्न। नामनिशान। जैसे,—अब इस इमारत का पता निशान तक नहीं रह गया।

४ अभिज्ञता। जानकारी। खबर। जैसे,—आप तो आठ रोज इलाहाबाद रहकर आ रहे हैं, आपको मेरे मुकदमे का अवश्य पता होगा।

क्रि० प्र०—चलना।—होना।

५ गूढ तत्व। रहस्य। भेद। जैसे,—इस मामले का पता पाना बडा कठिन है।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।

मुहा०—पते की = भेद प्रकट करनेवाली बात। रहस्य खोलनेवाली बात। रहस्य की कुजी। जैसे,—वह बहुत पते की कहता है। पते की बात = भेद प्रकट करनेवाली बात। रहस्य खोलनेवाला कथन।

पता[2]—सज्ञा पुं० [सं० पत्र] दे० 'पत्ता'। उ०—(क) मजु बजुल की लता और नील निचुल के निकुज जिनके पता ऐसे सघन जो सूर्य की किरनो को भी नही निकलने देते।—श्यामा०, पृ० ४१। (ख) आनँदघन ब्रजजीवन जेंवत हिलिमिलि ग्वार तोरि पतानि ढाक।—घनानद, पृ० ४७३।

पताई—सज्ञा स्त्री० [स० पत्र] किसी वृक्ष या पौधे की वे पत्तियाँ जो सूखकर झड गई हो। झडी हुई पत्तियो का ढेर।

मुहा०—पताई लगाना = दहकाने के लिये आग में सूखी पत्तियाँ झोकना। (किसी के) मुँह में पताई लगाना = (किसी का) मुँह फूँकना। (किसी के) मुँह में आग लगाना। (स्त्रियो की गाली)।

पताकⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पताक] दे० 'पताका'। उ०—नीच न सोहत मच पर महि मैं सोहत घी। काक न सोह पताक पै सजै हस सर तीर।—दीन ग्र०, पृ० ७९।

ताकरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक वृक्ष जो बंगाल आसाम और पश्चिमी घाट मे होता है। इसकी लकडी सफेद रग की और मजबूत होती है और गृहनिर्माण में इसका बहुत उपयोग किया जाता है। इसके फल खाए जाते हैं।

ताकांक—सज्ञा पुं० [स० **पताकाङ्क**] दे० 'पताकास्थान'।

ताकांशु, पताकांशुक—सज्ञा पु० [स०] झडा। झडी। पताका। पताका का कपडा।

ताका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लकडी आदि के डडे के एक सिरे पर पहनाया हुआ तिकोना या चौकोना कपडा, जिसपर कभी कभी किसी राजा या सस्था का खास चिह्न या सकेत चित्रित रहता है। झडा। झडी। फरहरा। विशेष—दे० 'ध्वज'। उ०—धवल धाम चहुँ ओर फरहरत धुजा पताका। —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८२।

विशेष—साधारणत मगल या शोभा प्रकट करने के लिये पताका का व्यवहार होता है। देवताओ के पूजन मे भी लोग पताका खडी करते या चढाते हैं। युद्धयात्रा, मगलयात्रा आदि मे पताकाएँ साथ साथ चलती हैं। राजा लोगो के साथ उनके विशेष चिह्न से चित्रित पताकाएँ चलती हैं। कोई स्थान जीतने पर राजा लोग विजयचिह्न स्वरूप अपनी पताका वहाँ गाडते हैं।

पर्या०—कदुली। कदली। कदलिका। जयती। चिह्न। ध्वजा। वैजयंती।

क्रि० प्र०—उड़ना।—उडाना।—फहराना।

मुहा०—(किसी स्थान मे अथवा किसी स्थान पर) **पताका उड़ना** = अधिकार होना। राज्य होना। जैसे,—कोई समय था जब इस सारे देश में राजपूतो की ही पताका उडा करती थी। समकक्षरहित होना। सर्वप्रधान होना। सबसे श्रेष्ठ माना जाना। जैसे,—आज व्याकरण शास्त्र मे अमुक पडित की पताका उड रही है। (किसी वस्तु की) पताका उडना = प्रसिद्ध होना। धूम होना। जैसे,—(क) आपकी दानशीलता की पताका चारो ओर उड रही है। **पताका उड़ाना** = अधिकार करना। विजयी होना। जैसे,—घबराने की बात नही, आज नही तो कल आप अवश्य ही इस दुर्ग पर अपनी पताका उडावेंगे। **पताका गिरना** = हार होना। पराजय होना। जैसे,—दिन भर शत्रुओ के नाको चने चबवाने के पीछे अत को सायकाल पराक्रमी राजपूतो की पताका गिर गई। **पताकापतन या पताकापात** = पताका गिरना। **पताका फहराना** = (१) पताका उडना। (२) पताका उडाना **विजय की पताका** = विजयी पक्ष की वह पताका जो विजित पक्ष की पताका गिराकर उसके स्थान पर उडाई जाय। विजयसूचक पताका।

२ वह डडा जिसमे पताका पहनाई हुई होती है। ध्वज। ३ सौभाग्य। ४ तीर चलाने मे उँगलियों का एक विशेष न्यास या स्थिति। ५ दस खर्व की सख्या जो अको मे इस प्रकार लिखी जायगी—१०,००,००,००,००,००० ।

६ नाटक में वह स्थल जहाँ किसी पात्र के चितागत भाव या विषय का समर्थन या पोषण आगंतुक भाव से हो।

विशेष—जहाँ एक पात्र एक विषय में कोई बात सोच रहा हो और दूसरा पात्र आकर दूसरे सबध में कोई बात कहे, पर उसकी बात से प्रथम पात्र के चितागत विषय का मेल या पोषण होता हो वहाँ यह स्थल माना जाता है। विशेष दे० 'नाटक'।

७ पिंगल के ९ प्रत्ययो में से ८वाँ जिसके द्वारा किसी निश्चित गुरुलघु वर्ण के छद अथवा छदो का स्थान जाना जाय।

विशेष—उदाहरणार्थ, प्रस्तार द्वारा यह मालूम हुआ कि ८ मात्राओ के कुल ३४ छदभेद होते हैं और मेरु प्रत्यय द्वारा यह भी जाना गया कि इनमे से ७ छद १ गुरु और ६ लघु वर्ण के होगे। अब यह जानना रहा कि ये सातो छद किस किस स्थान के होंगे। पताका की क्रिया से यह ज्ञात होगा कि १३वें, २१वें, २६वें, २९वें, ३१वें, ३२वें, ३३वें, स्थान के छद १ गुरु और ६ लघु के होगे।

८ नाट्यशास्त्र के अनुसार प्रासगिक कथावस्तु के दो भेदो मे से एक। वह कथावस्तु जो सानुबध हो और बराबर चलती रहे। प्रासगिक कथावस्तु का दूसरा भेद 'प्रकरी' है।

पताकादड—सज्ञा पु० [स० **पताकादण्ड**] पताका का डडा। झडे का डडा। ध्वजदड।

पताकास्थान—सज्ञा पुं० [स०] नाटक में वह स्थान जहाँ पताका हो। दे० 'पताका—९'।

पताकास्थानक—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पताकास्थान'।

पताकिक—सज्ञा पु० [स०] पताकाधारक। झडाबरदार। झडी उठानेवाला।

पताकिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सेना। ध्वजिनी। २ एक देवी।

पताकी—सज्ञा पु० [स० **पताकिन्**] [स्त्री० **पताकिनी** ?] १ पताकाधारी। झडी उठानेवाला। २. रथ। ३. एक योद्धा जो महाभारत मे कौरवो की ओर से लडा था। ४ झडा। ध्वज। ५ फलित ज्योतिष मे राशियो का एक विशेष वेध जिससे जातक के अरिष्ट काल की अवधि जानी जाती है।

पतापत—वि० [स०] अतिशय पतनशील। बहुत गिरा हुआ [को०]।

पतामी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की नाव।

पतारⓊ†—सज्ञा पु० [स० **पाताल**] १ दे० 'पाताल'। उ०—विक्रम घसाँ पेम के बाराँ। सपनावति कहँ गएउ पताराँ। —पदमावत, पृ० २७६। २ जगल। सघन वन। उ०—निकसि ताडुका बन ते रघुपति निरख्यो दूरि पहारा। ताके निकट मेघ इव मडित देख्यो श्याम पतारा।—रघुराज (शब्द०)।

पतारी¹—सज्ञा स्त्री० [देश०] बत्तख की जाति का एक जलपक्षी।

विशेष—यह उत्तर भारत मे जलाशयो के किनारे पाया जाता है। ऋतु के अनुसार यह अपने रहने के स्थान मे परिवर्तन करता रहता है। इसका शिकार किया जाता है।

पतारी[२]—सज्ञा स्त्री० [स० **पत्रावती**] लताकुज । पत्रावली । उ०—तैसी झुकी रही लतारी । तैसे सोभित नवल पतारी । तामै अटकि रहै सारी । तेहि आप छुड़ावत प्यारी ।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० १२४ ।

पताल—सज्ञा पुं० [सं० **पाताल**] दे० 'पाताल' । उ०—ल्यावै आसमान तैं पताल तैं पकरि, पारावार तैं कढ़ावै थाह लेत न थकत है ।—हम्मीर०, पृ० ११ ।

पताल आँवला—सज्ञा पुं० [स० **पातालआमलकी** अथवा **भूम्यामलकी**] औषध के काम में आनेवाला एक पौधा (क्षुप) ।

विशेष—यह बहुत बडा नही होता । पत्ते के नीचे पतली डडी निकलती है । इसी मे फल लगते हैं । वैद्यक के अनुसार यह कड़ुवा, कषैला, मधुर, शीतल, वातकारक, प्यास, खाँसी, रक्तपित्त, कफ, पाडुरोग, क्षत और विष का नाशक तथा पुत्र-प्रदायक है ।

पर्य्या०—भूम्यामलकी । शिवा । ताली । क्षेत्रामली । तामलकी । सूक्ष्मफला । अफला । अमला । बहुपुत्रिका । बहुवीर्या । भूधात्री, आदि ।

पतालकुम्हड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० **पताल + कुम्हडा**] एक प्रकार का जगली पौधा जिसकी बेल शकरकद की लता की तरह जमीन पर फैलती है और शकरकद ही की तरह जिसकी गाँठों से कद फूटते हैं । कदो का परिमाण एक सा नहीं होता, कोई छोटा और कोई बहुत बडा होता है । यह दवा के काम में आता है ।

पतालदंती—सज्ञा पुं० [स० **पातालदन्ती**] वह हाथी जिसका दाँत नीचे की ओर झुका हो । वह हाथी जिसके दाँत का झुकाव भूमि की ओर हो । ऐसा हाथी ऐबी समझा जाता है ।

पतावर—सज्ञा पुं० [हिं० **पत्ता**] पेड के सूखे हुए पत्ते ।

पतासी—सज्ञा स्त्री० [देश०] बढ़इयों का एक औजार । छोटी रुखानी ।

पतिंग—सज्ञा पु० [स० **पतङ्ग**] पतग । फतिंगा । भुनगा । उ०—इहाँ देवता अस गए हारी । तुम पतिंग को अहौ भिखारी । जायसी (शब्द०) ।

पतिंवरा—वि० [स० **पतिम्वरा**] १ (स्त्री) जो अपना पति स्वय चुने । स्वेच्छा से पति का वरण करनेवाली (स्वयवरा) । २ काला जीरा । कृष्णजीरक ।

पति[१]—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० **पत्नी**] १ किसी वस्तु का मालिक । स्वामी । अधिपति । प्रभु । जैसे, भूमिपति, गृहपति आदि । २ स्त्री विशेष का विवाहित पुरुष । किसी स्त्री के सबध में वह पुरुष जिसका उस स्त्री से ब्याह हुआ हो । पाणिग्राहक । भर्ता । कात । दूल्हा । शौहर । खाविंद ।

विशेष—साहित्य मे पति या नायक चार प्रकार के होते हैं—अनुकूल, दक्षिण, धृष्ट और शठ । 'अनुकूल' वह पति है जो एक ही स्त्री पर पूर्णरूप से अनुरक्त हो और दूसरी की आकाक्षा तक न रखता हो । 'दक्षिण' वह है जिसके प्रणय का आधार अनेक स्त्रियाँ हो, पर जिसकी उन सबपर समान प्रीति हो अथवा जो अनेक स्त्रियो का समान प्रीतिपात्र हो । 'धृष्ट' वह है जो तिरस्कार और अपमान सहकर भी अपना काम बनाता है, जिसके लज्जा और मान नहीं होता । 'शठ' वह कहलाता है जो छल कपट में निपुण हो, जो वचनचातुरी से या झूठ बोलकर अपना काम निकाले । इनके अतिरिक्त किसी-किसी आचार्य ने 'अनभिज्ञ' नाम से पति का पाँचवाँ भेद भी माना है । यह हाव भाव आदि शृगार चेष्टाओ का अर्थ समझने में असमर्थ होता है ।

३ पाशुपत दर्शन के अनुसार सृष्टि, स्थिति और संहार का वह कारण जिसमे निरतिशय, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति हो और ऐश्वर्य से जिसका नित्य सबध हो । शिव या ईश्वर । ४ मर्यादा । प्रतिष्ठा । लज्जा । इज्जत । साख । दे० 'पत' । उ०—(क)अब पति राखि लेहु भगवान । —सूर (शब्द०) (ख) तुम पति राखो प्रह्लाद दीन दुख टोरा ।—गणेश प्रसाद (शब्द०) । ५ मूल । जड । ६ गति । गमन (को०) ।

पति[२]—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रतिष्ठा**] दे० 'पत' ।

यौ०—**पतिपानी**=दे० 'पतपानी' । उ०—सुमिरौं मैहर कै भवानी तूँ पतिपानी राखऽ मोर ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४०१ ।

पतिआ†—सज्ञा स्त्री० [स० **पत्रिका**] पत्र । चिट्ठी । उ०—के पतिआ लए जाएत रे मोरा पियतम पास ।—विद्यापति, पृ० ३६५ ।

पतिआना†—क्रि० स० [स० **प्रत्यय**, प्रा० **पत्तिय** + हिं० **आना** (प्रत्य०)] विश्वास करना । सच मानना । प्रतीत करना । एतबार करना । मानना ।

पतिआर(पु)[१]—सज्ञा पुं० [हिं० **पतिआना**] पतिआने का भाव । विश्वास । खास । एतबार । मातबरी ।

पतिआर[२]—वि० दे० 'पतियार' ।

पतिक—सज्ञा पुं० [सं० **प्रतिक**] कार्षापण नाम का एक प्राचीन सिक्का ।

पतिकामा—सज्ञा स्त्री० [स०] पति की अभिलाषा करनेवाली (स्त्री) । पतिप्राप्ति की इच्छा रखनेवाली (स्त्री) ।

पतिखेचर—सज्ञा पु० [सं०] शिव । महादेव [को०] ।

पतिग(पु)—सज्ञा पुं० [सं० **पातक**] पाप । कल्मष । उ०—गगा गया छै तीरथ योग, वाणारसी तिहाँ परसजे, तिणि दरसण जाई पतिग न्हासि ।—वी० रासो, पृ० ३५ ।

पतिघातिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पति की हत्या करनेवाली स्त्री । पति को मार डालनेवाली स्त्री । २ वह स्त्री, जिसका ज्योतिष या सामुद्रिक के अनुसार विधवा हो जाना सभव हो । वैधव्य योग अथवा लक्षणवाली स्त्री ।

विशेष—कर्कट लग्न अथवा कर्कटस्थ चद्रमा मे मगल के तीसवें अश में जन्म ग्रहण करनेवाली, जिसकी हथेली पर अँगूठे के निचले भाग से छिंगुनी के निचले भाग तक सीधी रेखा हो, जिसकी आँखें लाल हो अथवा जिसकी नाक के सिरे पर काला मसा हो, जिसकी छाती अधिक उभरी या फैली हुई हो, जिसके ऊपर के ओठ पर रोएँ हो—ऐसी सब स्त्रियाँ पतिघातिनी कही गई हैं ।

३ वैधव्यसूचक एक विशेष हस्तरेखा। स्त्री की हथेली पर वह रेखा जो अँगूठे की जड से छिंगुनी की जड तक होती है।

पतिघ्न—वि० [स०] वैधव्यसूचक लक्षण का योग।

पतिघ्नी—सज्ञा स्त्री० [स०] पतिघ्न योग या लक्षणवाली स्त्री।

पतिजिया†—सज्ञा स्त्री० [स० पुत्रजीवा] जीयापोता नामक वृक्ष।

पतित—वि० [स०] १ गिरा हुआ। ऊपर से नीचे आया हुआ। २ आचार, नीति या धर्म से गिरा हुआ। आचारच्युत। नीतिभ्रष्ट या धर्मत्यागी। २. महापापी। अतिपातकी। नरकदायक पाप का कर्ता। ४ जाति से निकाला हुआ। समाज द्वारा बहिष्कृत। जातिच्युत। जाति या समाज से खारिज।

विशेष—हिंदू धर्मशास्त्रो के अनुसार आपद्काल न होने पर भी स्वधर्म के नियमो का उल्लघन करनेवाला पतित होता है। आग लगानेवाला, विष देनेवाला, दूसरे का अपकार करने की नीयत से फाँसी लगाकर, डूबकर या जलकर मर जानेवाला, ब्रह्महत्याकारी, सुरा पान करनेवाला, गुरुपत्नी-गामी, नास्तिक, चोर, मद्यप, चाडाल स्त्री मे मैथुन करने अथवा चाडाल का दान लेने या अन्न खानेवाला ब्राह्मण तथा किसी अन्य महा या अतिपातक का कर्ता पतित माना जाता है। शुद्धितत्व के अनुसार पतित का दाह, अत्येष्टिक्रिया, अस्थिसंचय, श्राद्ध यहाँ तक कि उसके लिये आँसू बहाना तक अकर्तव्य है। पतित का ससर्ग, उसके साथ भोजन, शयन या बातचीत करनेवाला भी पतित होता है। पर पतितससर्ग के कारण पतित व्यक्ति का श्राद्ध, तर्पण आदि निषिद्ध नही है। माता के अतिरिक्त अन्य सब व्यक्ति पतित दशा मे त्याज्य हैं। गर्भधारण और पोषण के कारण माता किसी दशा मे त्याज्य नही है। प्रायश्चित्त करने से पतित व्यक्ति की शुद्धि होती है।

५ अत्यत मलीन। महा अपावन। ६ युद्धादि मे पराजित या हारा हुआ (को०)। ७ अति नीच। अधम।

यौ०—**पतितउधारन। पतितपावन।**

पतितउधारन(पु)[1]—वि० [स० **पतित** + हिं० **उधारना** (सं० उद्धरण)] जो पतित का उद्धार करे। पतितो को गति देनेवाला।

पतितउधारन[2]—सज्ञा पुं० १ ईश्वर। २ सगुण ईश्वर। पतित जनो के उद्धार के लिये अवतार लेनेवाला ईश्वर।

पतितता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पतित होने का भाव। जाति या धर्म से च्युत होने का भाव। २ अपवित्रता। ३ अधमता। नीचता।

पतितत्व—सज्ञा पुं० [स० **पतितत्त्व**] पतित होने का भाव।

पतितपावन[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० **पतितपावनी**] पतित को पवित्र करनेवाला। पतित को शुद्ध करनेवाला।

पतितपावन[2]—सज्ञा पु० १ ईश्वर। २ सगुण ईश्वर।

पतितवृत्त—वि० [स०] पतित दशा मे रहनेवाला। जातिच्युत होकर जीवन बितानेवाला।

पतितव्य—वि० [स०] पतन के योग्य। गिरनेवाला।

पतितसावित्रीक[1]—वि० [स०] जिसका उपनयन सस्कार न हुआ हो या विधिपूर्वक न हुआ हो। सावित्रीभ्रष्ट (क्षत्रियादि)।

पतितसावित्रीक[2]—सज्ञा पु० प्रथम तीन प्रकार के व्रात्यो में से एक।

पतित्व—सज्ञा पुं० [स०] १ स्वामी, प्रभु या मालिक होने का भाव। स्वामित्व। प्रभुत्व। २ पाणिग्राहक या पति होने का भाव। पाणिग्राहकता। वरत्व।

पतिदेव(पु)—वि० स्त्री० [सं० **पतिदेवा**] दे० 'पतिदेवता'। उ०—तेरे सुसील सुभाव भद्र, कुल नारिन को कुलकानि सिखाई। तैही जनो पतिदेवत के गुन गौरि सबै गुनगौरि पढाई।—मति० ग्र०, पृ० २७५।

पतिदेवता—वि० [सं०] जिस (स्त्री) के लिये केवल पति ही देवता हो। जिस (स्त्री) का आराध्य या उपास्य एकमात्र पति हो। पतिव्रता। उ०—पतिदेवता सुतीय महँ मातु प्रथम तव रेख।—तुलसी (शब्द०)।

पतिदेवा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पतिदेवता'।

पतिधर्म—सज्ञा पु० [स०] १. पति का धर्म। स्वामी का कर्तव्य। २ पति के प्रति स्त्री का धर्म। पति के सबध मे पत्नी के कर्तव्य।

पतिधर्मवती—वि० [स०] पतिसबधी कर्तव्यो का भक्तिपूर्वक पालन करनेवाली (स्त्री)। पति की भली भाँति सेवा शुश्रूषादि करनेवाली (स्त्री)। पतिव्रता।

पतिधुक—वि० [स०] पति को न चाहनेवाली (स्त्री)।

पतिनी(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० **पत्नी**] दे० 'पत्नी'। उ०—पट कुचैल, दुरबल द्विज देखत, ता के तदुल खाए हो। सपति दै वाकी पतिनी कौं मन अभिलाष पुराए हो।—सूर०, १।७।

पतिप्राण—सज्ञा स्त्री० [सं०] पतिव्रता स्त्री।

पतिबरता†—वि० [सं० **पतिव्रता**] दे० 'प्रतिव्रता'। उ०—सब समर्थ पतिवरता नारी इन सम और न आन।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ६७६।

पतिव्रत(पु)—सज्ञा पु० [स० **पतिव्रत**] दे० 'पतिव्रत'। उ०—रानी रमा को विसारि पातिव्रत दै मन गोपी सनेह विसाहो।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १६६।

पतिभक्ति—वि० स्त्री० [स०] पति की सेवा करना।

पतिभरता(पु)—वि० स्त्री० [स० **पतिव्रता**] दे० 'पतिव्रता'। उ०—हम पतिभरता पुरुष विन, कौन दिसा चित को धरै।—ह० रासो, पृ० १२०।

पतिमती—वि० स्त्री० [सं०] सधवा। पतिवती [को०]।

पतिया†—सज्ञा स्त्री० [स० **पत्रिका**] पत्री। चिट्ठी। उ०—रानी पतिया पठाय, जीव जनि मारिया।—घरम०, पृ० ४।

पतियान—वि० [स०] पति का पदानुसरण करनेवाली। पति की अनुगामिनी।

पतियाना†—क्रि० स० [स० प्रत्यय + हिं० आना (प्रत्य०)]

विश्वास करना। सच मानना। प्रतीत करना। उ०—प्रिय बिना प्रिया से रहा नहीं जाता था। पर उनको उसका हरिण न पतियाता था।—शकु०, पृ० १५।

पतियार†—वि [हिं० पतियाना] विश्वास करने के योग्य। विश्वसनीय। उ०—तीन लोग भरि पूरि रहो है नाँही है पतियार। —कबीर (शब्द०)।

पतियारा†पु—संज्ञा पुं० [हिं० पतियाना] पतियाने का भाव। विश्वास। एतबार। उ०—तुमसो और पास नहिं कोऊ मानहु करि पतियारे। हरीचंद खोजत तुमही को वेद पुरान पुकारे।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० १३३।

पतियारीⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पतियारा] विश्वास। एतबार। उ०—वेद पुरान सिधारो तहाँ 'हरिचंद' जहाँ तुम्हारी पतियारी। मेरे तो साधन, एक ही हैं जग नदलला वृषभानु दुलारी।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७६।

पतिरिपु—वि० [सं०] पति से द्वेष करनेवाली (स्त्री)। पति से वैर रखनेवाली।

पतिलंघन—संज्ञा पुं [पुं० पतिलङ्घन] १ पति को नाँघना। पति के रहते अन्य से विवाह कर लेना। २ पति की आज्ञा का उल्लंघन करना [क्रि०]।

पतिलीनपु—वि० [हिं० पति (= प्रतिष्ठा) + सं० लीन] समानहीन। प्रतिष्ठाहीन। उ०—अति दीनन की गतिहीनन की पतिलीनन की रति के मन हौ। सब ही विधि जान, करौ सुखदान, जिवावत प्रान कृपातन हौ।—घनानंद, पृ० ११०।

पतिलोक—संज्ञा पुं० [सं०] पति को प्राप्त स्वर्ग जो पतिव्रता स्त्री को प्राप्त होता है। पतिव्रता स्त्री को मिलनेवाला वह स्वर्ग जिसमें उसका पति रहता है।

पतिवती—वि० [सं० पतिवती] पतिवती। सधवा। सभर्तृका।

पतिवती—वि० [सं० पति + हिं० वती (प्रत्य०)] सधवा (स्त्री)। सौभाग्यवती।

पतिवत्नी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सौभाग्यवती स्त्री [क्रि०]।

पतिवरतⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पतिव्रत] दे० 'पतिव्रत'। उ०—जलग्रा काज नरकी जादम। धुर ऊठी पतिवरत तणौ धम। —रा० रू०, पृ० १७।

पतिवर्तⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पतिव्रत] दे० 'पतिव्रत'।

पतिवर्ताⓊ—वि० [सं० पतिव्रता] दे० 'पतिव्रता'।

पतिवेदन[1]—वि० [सं०] जो पति को प्राप्त करावे। पति का लाभ करानेवाला।

पतिवेदन[2]—संज्ञा पुं० महादेव। शिव।

पतिव्रत—संज्ञा पुं० [सं०] पति में (स्त्री की) अनन्य प्रीति और भक्ति। पति में निष्ठापूर्वक अनुराग। पातिव्रत्य।

पतिव्रता—वि० [सं०] पति में अनन्य अनुराग रखनेवाली और यथाविधि पतिसेवा करनेवाली (स्त्री)। जिस (स्त्री) का प्रेमपात्र और उपास्य एकमात्र पति हो। सब प्रकार पति के अनुकूल आचरण करनेवाली (स्त्री)। सती। साध्वी। सच्चरित्रा। उ०—विमुग्ध हुई मौनव्रत लेकर उस खल के प्रति पतिव्रता।—साकेत, पृ० ३८६।

विशेष—मन्वादि स्मृतियों के अनुसार पतिव्रता स्त्री को आजन्म पति की आज्ञा का अनुसरण करना चाहिए। कोई ऐसी बात न करनी चाहिए जो पति को अप्रिय हो। पति कितना ही दुश्शील क्यों न हो, पतिव्रता को सदा सर्वदा उसे अपना देवता मानना चाहिए। जो बातें पति को अप्रिय हों उसकी मृत्यु के पश्चात् भी वे पतिव्रता के लिये वर्तव्य हैं। पति की मृत्यु के अनंतर पतिव्रता स्त्री को फल, मूल आदि खाकर पूर्ण ब्रह्मचर्य से रहना चाहिए। पति के विदेश होने की दशा में उसे शृंगार, हासपरिहास, क्रीड़ा, सैर तमाशे में या दूसरे के घर जाना आदि कार्य त्याग देना चाहिए। संपूर्ण व्रत, पूजा, तपस्या और आराधना त्यागकर पतिसेवा में रत रहना ही पतिव्रता के लिये एकमात्र धर्म है। पुत्र की अपेक्षा पति को सौगुना अधिक प्यार करे। पति उसे सब पापों से छुड़ा देता है। परपुरुष पर प्रेम कर पातिव्रत का उल्लंघन करनेवाली स्त्री शृगालयोनि में जन्म पाती है।

पतिष्ठ—वि० [सं०] अत्यंत पतनशील। गिरनेवाला।

पतिसेवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पति की सेवा। पतिभक्ति [क्रि०]।

पतिस्याहⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पातशाह'। उ०—वादित खाँ पतिस्याह सों', करी सलाम सु आय। —ह० रासो पृ० ८१।

पतिहारीⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिहारी] दे० 'पटतर'। उ०—रंगभूमि वह भाँति सँवारी। ताल मिलाइ करै पतिहारी। —माधवानल०, पृ० १६४।

पती—संज्ञा पुं० [सं० पति] दे० 'पति'।

पतीजनाⓊ—क्रि० अ० [हिं० प्रतीत + ना (प्रत्य०)] पतियाना। एतबार करना। भरोसा करना। विश्वास करना। प्रतीत करना। उ० (क) तब देवकी दीन ह्वै भाख्यो नृप को नाहिं पतीजै। —सूर (शब्द०)। (ख) बोल्यो विहँग विहँसि रघुवर बलि कहौ सुभाव पतीजै।—तुलसी (शब्द०)।

पतीननाⓊ—क्रि० स० [हिं० प्रतीत + ना (प्रत्य०)] विश्वास करना। सच मानना। यकीन करना। उ०—देवै गर्भ भई है कन्या राइ न बात पतीनी हो। —सूर (शब्द०)।

पतोर†—संज्ञा स्त्री० [सं० पङ्क्ति] पाँति। कतार। पंक्ति।

पतोरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चटाई।

पतोला†—वि० [हिं० पतला] दे० 'पतला'।

पतोला‡—वि० [हिं०] दे० 'पतला'।

पतीली—संज्ञा स्त्री० [सं० पतिली (= हाँडी)] ताँबे या पीतल की एक प्रकार की बटलोई जिसका मुँह और पेंदी साधारण बटलोई की अपेक्षा अधिक चौड़ी और दल मोटा होता है। देगची।

पतुकी—संज्ञा स्त्री० [सं० पतिली] हाँडी। उ०—पतुकी धरी स्याम

खिसाइ रहे उत ग्वारि हँसी मुख आँचल के।—केशव ग्र०, भा० १, पृ० ८३।

पतुरिया—संज्ञा स्त्री० [सं० पातिली (=स्त्री विशेष)] १ नाचने गाने का व्यवसाय करनेवाली स्त्री। वेश्या। रंडी। २ व्यभिचारिणी स्त्री। छिनाल स्त्री।

पतुली—संज्ञा स्त्री० [देश०] कलाई मे पहनने का एक आभूषण जिसको अवध प्रांत की स्त्रियाँ पहनती हैं।

पतुही—संज्ञा स्त्री० [हिं० पत्ता] मटर की वह फली जिसके दाने, रोग, आधिदैविक बाधा या समय से पहले तोड लिए जाने के कारण यथेष्ट पुष्ट न हो सके हो। नन्हे नन्हे दानोवाली छीमी।

पतूख—संज्ञा स्त्री० [हिं० पतोखा] दे० 'पतोखी'।

पतूखी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पतोखी'। उ०— अँखिया हरि दरसन की भूखी। बारक वह मुख आनि दिखावहु दुहि पय पियत पतूखी।—सूर०, १०। ३५५७।

पतेना—संज्ञा स्त्री० [देश०] पक्षी विशेष। उ०—सुनाती है बोली, नहीं फूल सुँघनी, पतेना सहेली लगाती हैं फेरे।—हरी घास०, पृ० १३६।

पतोई—संज्ञा स्त्री० [देश०] वह फेन जो गुड बनाते समय खौलते रस मे उठता है।

पतोखद[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पत्रौषध] वह ओषधि जो किसी वृक्ष, पौधे या तृण का पत्ता या फूल आदि हो। घासपात की दवाई। खरविरई।

पतोखद[2]—संज्ञा पुं० [सं० ओषधिपति] चद्रमा। (डिं०)।

पतोखदी—संज्ञा स्त्री० [सं० पोत्रौषधि] दे० 'पतोखद[1]'।

पतोखा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पत्ता] [अल्पा० पतोखी] पत्ते का बना पात्र। दोना।

पतोखा[2]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बगला जो मलंग बगले से छोटा और किलचिया से बडा होता है। इसका पर खूब सफेद, नरम, चिकना और चमकीला होता है। टोपियो आदि के बनाने मे प्राय इसी के पर काम मे लाए जाते हैं। पतखा।

पतोखी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पतोखा] १. एक पत्ते का दोना। छोटा दोना। २ पत्तो का बना छोटा छाता। घोंघी।

पतोरा—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पत्योरा'।

पतोहा—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्रवधू] दे० 'पतोहू'।

पतोहरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पत्रोदरी] क्षीण कटिवाली स्त्री। उ०—ससिजन प्रेरते, हसि हेरते सब्रानी लाखमी पातरी, पतोहरी, तरुणी, तरहट्टी वन्ही विअप्पणी परिहास पेसणी सुदरी साथ जवे देखिअ।—कीर्ति०, पृ० ४। †२ पुत्रवधू।

पतोहू—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्रवधू प्रा० पुत्तबहू] बेटे की स्त्री। पुत्रवधू।

पतौआ(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० पत्र, हिं० पत्ता] पत्ता। पर्ण।

पतौवा—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पतौआ'। उ०—(क) जाने, बिनु जाने, कै रिसाने, केलि कवहुँक सिवहि चढ़ाए हुँ हैं बेल के पतौवा दै।—तुलसी ग्र०, पृ० २२८। (ख) झारिकै पतौवा गए बाहिर लै डारिबै के देखी भीर भारे, रहे बैठिये रसाल हैं।—भक्तमाल (श्री०), पृ० ४५८।

पत्तग—संज्ञा पुं० [सं० पत्तङ्ग] पतग नामक लकडी। बक्कम।

पत्त(पु)†[1]—संज्ञा पुं० [सं० पत्र, प्रा० पत्त] दे० 'पत्र'। उ०—पत्त पुरातन झरिग पत्त अकुरिग उट्ठ तुछ। ज्यो ससव उत्तरिय चढिय ससव किसोर कुछ।—पृ० रा०, २५।९६।

पत्त[2]—संज्ञा पुं० [सं० पट्ट या पत्र (=लेखाधार)] पट्ट। पटरी। उ०—सुनि हंस बैन उर लगी वत्त। त्रिधिना लिपत क्यो मिटै पत्त।—पृ० रा०, २५।१२०।

पत्त(पु)[3]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पति'। उ०—माहाँ ऊथप थप्पणो। यह नरनाहाँ पत्त राह दुहूँ हद रक्खणो अमेसाह छतपत्त। —रा० रू०, पृ० १०।

पत्तन—संज्ञा पुं० [सं०] १ नगर। शहर।

विशेष—प्राचीन समय मे नगरो के नाम के साथ इस शब्द का प्रयोग होता था। जैसे, प्रभासपत्तन। अब इसका अपभ्रंश पाटन या पट्टन अनेक नगरो के नाम के साथ सयुक्त है। जैसे, झालरापाटन, विजगापट्टन, मुसलीपट्टन आदि। कभी कभी इस शब्द का प्रयोग उस नगर के लिये भी होता था जहाँ बंदरगाह होता था और जो समुद्री यात्रियो और व्यापारियो के कारण छोटा नगर हो जाता था।

यौ०—**पत्तनवणिक** = नगर का वणिक। शहर का व्यापारी।

२ मृदंग।

पत्तनाध्यक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] बदरगाह का अध्यक्ष या प्रधान अधिकारी (कौटि०)।

पत्तर—संज्ञा पुं० [सं० पत्र] १ धातु का ऐसा चिपटा लचोतरा टुकडा जो पीटकर तैयार किया गया हो और पत्ते की तरह पतला होने पर भी कड़ा हो तथा जिसकी तह या परत की जा सके। धातु की चादर। जैसे,—(क) मदिर के शिखर पर सोने का पत्तर चढा है। (ख) यत्र बनाने के लिये ताँबे का एक पत्तर ले आओ।

विशेष—कागज की तरह महीन पत्तर जो झट मोडा और तह किया जा सके 'वर्क' कहलाता है।

२ दे० 'पत्तल'।

पत्तल—संज्ञा स्त्री०[सं० पत्र, हिं० पत्ता] १ पत्तो को सींको से जोडकर बनाया हुआ एक पात्र जिससे थाली का काम लिया जाता है।

विशेष—पत्तल प्राय बरगद, महुए या पलास आदि के पत्तो की बनाई जाती है। इसकी बनावट गोलाकार होती है। व्यास की लबाई एक हाथ से कुछ कम या अधिक होती है। हिंदुओ के यहाँ बडे भोजो मे इसी पर भोजन परसा जाता है। अन्य अवसरो पर भी इसका थाली के स्थान पर उपयोग किया जाता है। जगली मनुष्य तो सदा इसी मे खाना खाते हैं।

मुहा०—**एक पत्तल के खानेवाले** = परस्पर घनिष्ठ सामाजिक

सबध रखनेवाले। परस्पर रोटी बेटी का व्यवहार करनेवाले। अत्यत सवर्गीय या सजातीय। किसी की पत्तल में खाना = किसी के साथ खानपान आदि का सबध करना या रखना। जैसे,—वला से वह बुरा है, पर किसी के पत्तल मे खाने तो नही जाता। जिस पत्तल में खाना उसी में छेद करना = उपकारक का अपकार करना। जिससे लाभ उठाना उसी की हानि करना। कृतघ्नता करना। जैसे,—दुष्टों का यह स्वभाव ही है कि जिस पत्तल में खायँ उसी मे छेद करें। पत्तल पड़ना = भोजन के लिये पत्तल बिछना। भोज के समय लोगो के सामने पत्तलो का रखा जाना। पत्तल परसना = (१) भोजन के सहित पत्तल सामने रखना। (२) पत्तल मे भोजन की वस्तुएँ रखना। पत्तल में खाना परसना। पत्तल लगाना = दे० 'पत्तल परसना'।

२ पत्तल में परसी हुई भोजन सामग्री। जैसे,—(क) उसने ऐसी बात कही कि सबके सब पत्तल छोडकर उठ गए। (ख) पडित जी तो आए नही, उनके घर पत्तल भेज दो।

मुहा०—पत्तल खोलना = वह कार्य कर डालना जिसके करने के पहले भोजन न करने की शपथ हो। बँधी पत्तल खोलना। पत्तल बाँधना = कोई पहेली कहकर उसके बूझने के पहले भोजन न करने की शपथ देना। ऊ०—बाँधी पत्तल जो कोई खावे। मूरख पचन माँह कहावे। (कहावत)।

विशेष—कही कही विवाह मे बरातियो के सामने पत्तल परस जाने के पीछे कन्या पक्ष की कोई स्त्री एक पहेली कहती या प्रश्न करती है और जबतक बरातियो मे से कोई एक उसको बूझ न ले अथवा उसका उत्तर न दे दे तबतक उनको भोजन न करने की कसम देती है। इसी को पत्तल बाँधना कहते हैं।

यौ०—जूठी पत्तल = उच्छिष्ट। जूठा।

३ एक आदमी के खाने भर भोजन सामग्री जो किसी को दी जाय या कही भेजी जाय। पत्तल भर दाल, चावल या पूरी, लड्डू आदि। परोसा। जैसे,—अमुक मदिर से उसे प्रतिदिन चार पत्तलें मिलती हैं।

पत्ता[1]—सज्ञा पु० [सं० पत्र, पत्रक] [स्त्री० पत्ती] १ पेड या पौधे के शरीर का वह हरे रग का फैला हुआ अवयव जो काड या टहनी से निकलता है और थोडे दिनो के पीछे बदल जाता है। पलास। पत्रक। पर्ण। छदन। छादन। वर्ह। वर्हन।

विशेष—पत्ते के बीच की जो मोटी नस होती है वह पीछे की ओर टहनी से जुडी होती है। वह नस आगे की ओर उत्तरोत्तर पतली होती जाती है। इस नस के दोनो ओर अनेक पतली नसें निकलती हैं। ये खडी और आडी नसें ही पत्ते का ढाँचा होती हैं। नसो का यह जाल हरे आच्छादन से ढका होता है। बहुत से वृक्षो और पौधों के पत्तो का अतिम भाग नोकदार अथवा कुछ कुछ गावदुम होता है, पर कुछ के पत्ते बिलकुल गोल भी होते हैं। नया निकला हुआ पत्ता हरापन लिए हुए लाल होता है। इस अवस्था मे उसे 'कोपल' कहते हैं। कुछ पेडो के पत्ते प्रतिवर्ष पतझड़ के दिनो में झड जाते हैं। इस समय वे प्राय वर्णहीन होते हैं। इन दो अवस्थाओ के अतिरिक्त अन्य सब समय पत्ता हरा ही होता है। पत्ता वृक्ष या पौधे के लिये बडे काम का अग है। वायु से उसे जो आहार मिलता है। वह इसी के द्वारा मिलता है। निरिंद्रिय आहार को सेंद्रिय द्रव्य मे परिवर्तित कर देना पत्ते ही का काम है। कुछ वृक्षो के पत्ते हाथ का भी काम देते हैं। इनके द्वारा पौधे वायु में उडनेवाले कीडों को पकडकर उनका रक्त चूसते हैं।

महा०—पत्ता खड़कना = किसी के पास आने की आहट मिलना। कुछ खटका या आशका होना। आशका की कोई बात होना। जैसे,—पत्ता खडका, बदा भडका।—(कहावत)। पत्ता तोड़कर भागना = बडे वेग से दौडते हुए भागना। सिर पर पैर रखकर भागना। पत्ता न हिलना = हवा मे गति न होना। हवा का बिलकुल बद होना। हब्स होना। जैसे,—आज सारे दिन पत्ता न हिला। पत्ता लगना = पत्ते में सटे रहने के कारण फल मे दाग पड जाना वा उसका कुछ अश सड जाना। पत्ता हो जाना = इतनी तेजी से दौडकर जाना कि लोग बाग देख न सकें। क्षणमात्र में अदृश्य हो जाना। उडन छू हो जाना। काफूर हो जाना। उड जाना।

२ कान में पहनने का एक गहना जो बालियो मे लटकाया जाता है। ३ मोटे कागज का गोल या चौकोर खड। जैसे, ताश का पत्ता, गजीफे का पत्ता, तागे का पत्ता। ४ धातु की चादर। पत्तर। ५. नाव के डाँडे का वह अगला भाग जिसमे तख्ती जडी रहती है और जिसकी सहायता से पानी काटा जाता है। फन। (लश०)।

पत्ता[2]—वि० बहुत हलका।

पत्ति[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पैदल सिपाही। प्यादा। २ पैदल चलनेवाला। पत्तिक। पदातिक। २ शूरवीर पुरुष। योद्धा। बहादुर।

पत्ति[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] १. प्राचीन काल में सेना का सबसे छोटा विभाग जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोडे और पाँच पैदल होते थे। किसी किसी के मत से पैदलो की सख्या ५५ होती थी। २ गति (को०)।

पत्तिक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. प्राचीन काल मे सेना का एक विशेष विभाग जिसमें १० घोडे, १० हाथी, १० रथ और १० प्यादे होते थे। २ उपर्युक्त विभाग का अफसर।

विशेष—प्राचीन काल में दस पत्तिक की सज्ञा 'सेना' थी जिसका नायक सेनापति कहाता था। ऐसी १० सेनाओ का नाम 'वल' था। इसके अधिकारी को 'बलाध्यक्ष' कहते थे।

पत्तिक[2]—वि० पैदल चलनेवाला।

पत्तिकाय—सज्ञा पुं० [सं०] पैदल सेना।

पत्तिगणक—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन सेना में एक विशेष अधिकारी जिसका कर्तव्य पैदल सैनिको की गणना करना तथा उन्हें एकत्र करना होता था।

पत्तिप—सज्ञा पु० [स०] पत्तिपाल ।

पत्तिपाल—सज्ञा पु० [सं०] पाँच या छह सिपाहियो के ऊपर का अफसर ।

विशेष—प्राचीन काल मे सिपाहियो का पहरा बदलना इसी का काम होता था ।

पत्तिय—सज्ञा स्त्री० [स० **पत्री**] चिट्ठी । पत्रिका । उ—पत्तिय नहिं लिखि अल्ह कह, कहिय जुवानिय सक्क । म्हाँ पर सैन सु डारिया रीस नयन करि रक्त ।—प० रासो, पृ० १३६ ।

पत्तिव्यूह—सज्ञा पु० [स०] वह व्यूह जिसमे आगे कवचधारी सैनिक और पीछे धनुर्धर हो । (कौटि०) ।

पत्ती[1]—सज्ञा पुं० [स० **पत्तिन्**] १ पैदल चलनेवाला व्यक्ति । पैदल यात्री । २ पदाति सैनिक । पैदल सिपाही । प्यादा [को०] ।

पत्ती[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पत्ता + ई (प्रत्य०) अल्पार्थक] १. छोटा पत्ता । २ भाग । हिस्सा । साझे का अश । जैसे,—इस दुकान मे मेरी भी एक पत्ती है ।

यौ०—**पत्तीदार** = साझीदार । हिस्सेदार ।

३ फूल की पँखड़ी । दल । ४ भाँग । ५ पत्ती के आकार की लकडी, धातु आदि का कटा हुआ कोई टुकडा जो प्राय किसी स्थान मे जडने, लगाने या लटकाने आदि के काम में आता है । पट्टी । ६ दाढी बनाने के काम मे प्रयुक्त होनेवाला लोहे का छोटा धारदार पत्तर जिसे अग्रेजी में ब्लेड कहते हैं ।

पत्ती[3]—सज्ञा पुं० [?] राजपूतो की एक जाति । उ०—पत्ती औ पँचनान बघेले । अगरवार चौहान चँदेले ।—जायसी (शब्द०) ।

पत्तीदार—सज्ञा पुं० [हिं० **पत्ती** + फा० **दार** (= रखनेवाला)] जिसका किसी व्यवसाय मे किसी के साथ साझा हो । साझीदार । हिस्सेदार ।

पत्तूर—सज्ञा पुं० [स०] १ शाति नामक शाक । शालिच नामक शाक २ जलपीपल । ३ पाकड का वृक्ष । ५ पतग की लकडी । ६ लाल चदन (को०) ।

पत्थ(पु)[1]—सज्ञा पु० [स० **पथ्य**, प्रा० **पत्थ**] दे० 'पथ्य' ।

पत्थ(पु)[2]—सज्ञा पुं० [स० **पार्थ**] पृथा के पुत्र अर्जुन । उ०—हैमत हीत अग्गलौ पीथौ पत्थ प्रमाण—रा० रू०, पृ० २७७ ।

पत्थर—सज्ञा पुं० [स० **प्रस्तर**, प्रा० **पत्थर**] [वि० पथरीला, क्रि० पथराना] १ पृथ्वी के कडे स्तर का पिंड या खड । भूद्रव्य का कडा पिंड या खड ।

विशेष—भूगर्भ शास्त्र के अनुसार पृथ्वी की बनावट मे अनेक स्तर या तहें हैं । इनमे से अधिक कडी कलेवरवाली तहो का नाम पत्थर है । पत्थरो के मुख्य दो भेद हैं—आग्नेय और जलज । आग्नेय पत्थरो की उत्पत्ति, भूगर्भस्थ ताप के उद्भेद से होती है । पृथ्वी के गर्भ से जो तरल पदार्थ अत्यत उत्तप्त अवस्था मे इस उद्भेद द्वारा ऊपर आता है वह कालातर मे सरदी से जमकर चट्टानो का रूप धारण करता है । इस रीति पर पत्थर बनने की क्रिया भूगर्भ के भीतर होती है । उपर्युक्त तरल पदार्थ भूगर्भ स्थित चट्टानो से टकराकर अथवा अन्य कारणो से भी अपनी गरमी खो देता और पत्थर के रूप में ठोस हो जाता है । जलज पत्थर जल के प्रवाह से बनते हैं । मार्ग मे पडनेवाले पत्थर आदि पदार्थों को चूर्ण करके जलधारा कीचड के रूप मे उन्हे अपने प्रवाह के साथ बहा ले जाती है । जिस कीचड के उपादान मे कडे परमाणु अधिक होते हैं वह जमने पर पत्थर का रूप धारण करता है । जलज पत्थरो की बनावट प्राय तह पर तह होती है पर आग्नेय पत्थरो की ऐसी नही होती ।

उपादान के भेद से भी पत्थरो के कई भेद होते हैं, जैसे आग्नेय में सगखरा, शालिग्रामी या सगमूसा आदि और जलज में बलुआ, दुधिया, स्लेट का पत्थर, सगमरमर, स्फटिक आदि । आग्नेय और जलज के अतिरिक्त अस्थिज पत्थर भी होता है । घोघे आदि सामुद्रिक जीवो की अस्थियाँ विश्लिष्ट होने के पश्चात् दबाव के कारण पुन घनीभूत होकर ऐसे पत्थर की रचना करती हैं । खडिया मिट्टी इसी प्रकार का पत्थर है । जिस प्रकार साधारण कीचड कठिन होकर पत्थर के रूप मे परिवर्तित हो जाता है उसी प्रकार साधारण पत्थर भी दबाव की अधिकता और आसपास की वस्तुओ तथा जलवायु के विशेष प्रभाव के कारण रासायनिक अवस्थातर प्राप्तकर स्फटिक अथवा पारदर्शी पत्थर या मणि का रूप धारण करता है ।

पत्थर मानव जाति के लिये अत्यत उपयोगी पदार्थ है । आज जो काम विविध धातुओ से लिए जाते हैं आदिम अवस्था मे वे सभी केवल पत्थर से लिए जाते थे । जबतक मनुष्यो ने धातुओ की प्राप्ति का उपाय और उनका उपयोग नहीं जाना था तबतक उनके हथियार, औजार, बरतन भाँडे सब पत्थर के ही होते थे । आजकल पत्थर का सबसे अधिक उपयोग मकान बनाने के काम मे किया जाता है । इससे बरतन, मूर्तियाँ, टेबुल, कुर्सी आदि भी बनती हैं । सगमरमर आदि मुलायम और चमकीले पत्थरो से अनेक प्रकार की सजावट की वस्तुएँ और आभूषण आदि भी बनाए जाते हैं । भारतवासी बहुत प्राचीन काल से ही पत्थर पर अनेक प्रकार की कारीगरी करना सीख गए थे । बढ़िया मूर्तियाँ, बारीक जालियाँ, अनेक प्रकार के फूल पत्ते आदि बनाने मे वे अत्यत कुशल थे ।

बौद्धो के समय मे मूर्तितक्षण और मुगलो के समय मे जाली, बेलबूटे आदि बनाने की कलाएँ विशेष उन्नत थीं । यद्यपि मुगल काल के बाद से भारत के इस शिल्प का बराबर ह्रास हो रहा है, फिर भी अभी जयपुर मे सगमरमर के बरतन और आगरे मे अलंकार आदि बडे साफ और सुदर बनाए जाते हैं । भारत के पहाडो मे सब प्रकार के पत्थर मिलते हैं । विंध्य पर्वत इमारती पत्थरो के लिये और अरावली पर्वत सगमरमर के लिये प्रसिद्ध हैं । विशेष द० 'सगमरमर' ।

बोलचाल में पत्थर शब्द का प्रयोग अत्यत कडी अथवा भारी, गतिशून्य अथवा अनुभूतिशून्य वस्तु, दयाकरुणाहीन, अत्यंत

जड़बुद्धि अथवा परम कृपण व्यक्ति आदि के संबंध के होता है ।

पर्या०—पाषाण । अश्मन् । दृषत् । पाषाणक काचक । शिला ।

यौ०—पत्थरकला । पत्थरचटा । पत्थरफोड़ा ।

मुहा०—**पत्थर का कलेजा, दिल या हृदय** = अत्यत कठोर हृदय । वह हृदय जिसमे, दया, करुणा, आदि कोमल वृत्तियो का स्थान न हो । किसी के दु ख पर न पसीजनेवाला दिल या हृदय । **पत्थर का छापा** = (१) छपाई का वह प्रकार जिसमें ढले हुए अक्षरो से काम नहीं लिया जाता, बल्कि छापे जानेवाले लेख की एक पत्थर पर प्रतिलिपि उतारी जाती है और उसी पत्थर के ऊपर कागज रखकर छापते हैं । लीथोग्राफ । लीथो की छपाई । विशेष दे० 'प्रेस्' । (२) पत्थर के छापे में छपा हुआ विषय या लेख । पत्थर के छापे का काम । पत्थर के छापे की छपाई । जैसे,—(किसी पुस्तक की छपाई के विषय मे) यह तो पत्थर का छापा है । **पत्थर की छाती** = कभी न टूटनेवाली हिम्मत अथवा कभी न हारनेवाला दिल । असफलता या कष्ट से विचलित न होनेवाला हृदय । बलवान् और दृढ हृदय । मजबूत दिल । पक्की तबीयत । जैसे—सचमुच उस मनुष्य की पत्थर की छाती है, इतना भारी दु ख सह लिया, आह तक नही की । **पत्थर की लकीर** = सदा सर्वदा बनी रहनेवाली (वस्तु) । सर्वकालिक । अमिट । पक्की । स्थायी । जैसे,—ओछो की मित्रता पानी की लकीर और सज्जनों की मित्रता पत्थर की लकीर है । (कहावत) । **पत्थर को जोंक लगाना** = अनहोनी या असभव बात करना । वह कार्य करना जो औरो के लिये असाध्य हो । जैसे, अत्यत कृपण से दान दिलाना, अत्यत निर्दय के हृदय मे दया उत्पन्न कर देना, वज्र मूर्ख को समझा देना, आदि । **पत्थर चटाना** = पत्थर पर घिसकर धार तेज करना । छुरी, कटार, आदि की धार पत्थर पर रगडकर तेज करना । **पत्थर तले हाथ आना** = ऐसे सकट में फँस जाना जिससे छूटने का उपाय न दिखाई पडता हो । बुरी तरह फँस जाना । भारी सकट में फँस जाना । **पत्थर तले हाथ दबना** = दे० 'पत्थर तले हाथ आना' । **पत्थर तले से हाथ निकालना** = सकट या मुसीबत से छूटना । **पत्थर निचोड़ना** = (१) जो वस्तु जिससे मिलना असभव हो वह वस्तु उससे प्राप्त करना । किसी से उनके स्वभाव के अत्यत विरुद्ध कार्य कराना । (२) अनहोनी बात या असभव कार्य करना । (**विशेष**—इस मुहावरे का प्रयोग विशेषत कृपण के मन में दान की इच्छा या निर्दय के हृदय मे दया का भाव उत्पन्न करने के अर्थ में होता है ।) **पत्थर पर दूब जमना** = अनहोनी बात या असभव काम होना । ऐसी बात होना जिसके होने की आशा सर्वथा छोड दी गई हो । जैसे, वध्या समझी जानेवाली के पुत्र होना आदि । **पत्थर पसीजना** = अनहोनी बात होना । अत्यत कठोर चित्त में नरमी, कृपण के मन मे दानेच्छा, अत्याचारी के मन में दया उत्पन्न होना, आदि । जैसे,—तीन वर्ष की तपस्या से यह पत्थर पसीजा है । **पत्थर पिघलना** = दे० 'पत्थर पसीजना' । **पत्थर मारे भी न मरना** = मरने का कारण या सामान होने पर भी न मरना । बेहयाई से जीना । निहायत सख्त जान होना । **पत्थर सा खींच या फेंक मारना** = बहुत बडी बात कहना या उत्तर देना । ऐसी बात कहना जो सुननेवाले को असह्य हो । लट्ठमार बात कहना या उत्तर देना । **पत्थर से सिर फोड़ना या मारना** = असभव बात के लिये प्रयत्न करना । व्यर्थ सिर खपाना । अत्यत मूर्ख को समझाने मे श्रम करना ।

२ सडक के किनारे गडा हुआ वह पत्थर जिसपर मील के सख्यासूचक अंक खुदे होते हैं । सडक की नाप सूचित करनेवाला पत्थर । मील का पत्थर । जैसे,—तीन घटे से हमलोग चल रहे हैं, लेकिन सिर्फ चार पत्थर आए हैं ।

३. ओला । बिनौली । इद्रोपल ।

क्रि० प्र०—गिरना ।—पड़ना ।

मुहा०—**पत्थर पड़ना** = (१) चौपट हो जाना । नष्टभ्रष्ट हो जाना । जैसे,—तुम्हारी बुद्धि पर पत्थर पड गया है । (२) कुछ न पाना । मनोरथ भग होने का सामान मिलना । सियापा पड जाना या पडा पाना । जैसे,—भाग्य की बात है कि जहाँ जहाँ जाता हूँ वही पत्थर पड जाते हैं । **पत्थर पड़े** = चौपट हो जाय । मारा जाय । ईश्वर का कोप पडे । (अभिशाप और अक्सर तिरस्कार या निंदा के अर्थ में भी बोलते हैं । जैसे,—पत्थर पडे ऐसी ओछी समझ पर ।) **पत्थर पानी** = महाभूतो की प्रतिकूलता अथवा प्रकोप का काल । आँधी पानी आदि का काल । तूफानी समय । जैसे,—भला इस पत्थर पानी में कौन जान देने जायगा ?

४ रत्न । जवाहिर । हीरा, लाल, पन्ना आदि । ५ पत्थर का का सा स्वभाव रखनेवाली वस्तु । पत्थर की तरह कठोर, भारी अथवा हटने गलने आदि के अयोग्य वस्तु । जैसे, अत्याचारी का हृदय, जडबुद्धि का मस्तिष्क, बडा ऋण, दुर्जर भोज्य, आदि ।

क्रि० प्र०—बनना ।—बन जाना ।—होना ।

३ कुछ नहीं । बिलकुल नहीं । खाक । (तुच्छता या तिरस्कार के साथ अभाव सूचित करता है) । जैसे,—(क) तुम इस किताब को क्या पत्थर समझोगे । (ख) वहाँ क्या पत्थर रखा है ?

पत्थर कला—सज्ञा पुं० [हिं० + पत्थर कल] पुरानी चाल की बदूक जिसमे बारूद सुलगाने के लिये चकमक पत्थर लगा रहता था । तोडेदार या पलीतेदार बदूक । चाँपदार बदूक ।

विशेष—दे० 'बदूक' ।

पत्थरचटा'—सज्ञा पुं० [हिं० पत्थर + अनु० चट चट या हिं० चाटना] १ एक प्रकार की घास जिसकी टहनियाँ नरम और पतली होती हैं । इसकी पत्ती को लडके मुट्ठी के गड्ढे के मुँह पर मारते हैं तो चट चट शब्द होता है । २ एक प्रकार का साँप जो पत्थर चाटता है । ३ एक प्रकार की

मछली जो सामुद्रिक चट्टानों से चिपटी रहती है। ४ कजूस। मक्खीचूस।

पत्थरचटा[2]—वि० जो घर की चारदीवारी से बाहर न निकला हो। कूपमडूक।

पत्थरचूर—सज्ञा पु० [हिं० **पत्थर** + **चूर**] एक प्रकार का पौधा।

पत्थरपानी—सज्ञा पु० [हिं० **पत्थर** + **पानी**] दुर्भिक्ष। विनाश। मटियामेट।

पत्थरफूल—सज्ञा पु० [हिं० **पत्थर** + **फूल**] छरीला। शैलाख्य।

पत्थरफोड़—सज्ञा पु० [हिं० **पत्थर** + **फोड़ना**] १ हुदहुद पक्षी। २ बहुत छोटी जाति की वनस्पति।

विशेष—यह प्राय वर्षा ऋतु में दीवारो या पत्थर के जोडो के बीच से निकलती है। इसकी पत्तियाँ बहुत छोटी होती हैं जो प्राय फोडो को पकाने के लिये उनपर बाँधी जाती हैं। इसमे सफेद रग के बहुत छोटे छोटे फूल भी लगते हैं।

पत्थरफोड़ा—सज्ञा पु० [हिं० **पत्थर** + **फोड़ना**] पत्थर तोडने का पेशा करनेवाला। सगतराश।

पत्थरबाज—सज्ञा पुं० [हिं० **पत्थर** + फा० **बाज़** (= खेलनेवाला)] १ पत्थर फेंककर किसी को मारनेवाला। २ वह जो प्राय पत्थर या ढेला फेंका करे। ३ वह जिसे पत्थर फेंकने का अभ्यास हो। ढेलवाह।

पत्थरबाजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पत्थरबाज**] पत्थर फेंकने की क्रिया। पत्थर फेंकाई। ढेलवाही।

पत्थला—सज्ञा पु० [स० **प्रस्तर**] दे० 'पत्थर'।

पत्नी—सज्ञा स्त्री० [स०] विधिपूर्वक विवाहिता स्त्री। वह स्त्री जिसके साथ किसी पुरुष का शास्त्रानुसारी रीति से विवाह हुआ हो।

पर्या०—जाया। भार्या। दयिता। कलत्र। वधू। सहधर्मिणी। दारा। दार। गृहिणी। पाणिगृहीता। क्षेत्र। जनि। सहचरी। गृह।

पत्नीमत्र—सज्ञा पु० [स० **पत्नीमन्त्र**] एक वैदिक मत्र।

पत्नीयूप—सज्ञा पु० [स०] यज्ञ मे देवपत्नियो के लिये निश्चित स्थान।

पत्नीव्रत—सज्ञा पुं० [स०] अपनी विवाहिता स्त्री के अतिरिक्त और किसी स्त्री से गमन न करने का सकल्प या नियम।

पत्नीशाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] यज्ञ मे वह गृह जो पत्नी के लिये बनाया जाता है। यह यज्ञशाला के पश्चिम ओर होता है।

पत्नीसयाज, पत्नीसयाजन—सज्ञा पु० [सं०] विवाह के पश्चात् होनेवाला एक वैदिक कर्म।

पत्न्याट—सज्ञा पुं० [स०] अत पुर। पत्नी का वासगृह (को०)।

पत्य—सज्ञा पु० [स०] पति होने का भाव। जैसे, सैनापत्य।

पत्यानाⓤ—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पतिआना'। उ०—दरसत अति सुकुमार तन परसत मन न पत्यात।—बिहारी (शब्द०)।

पत्यारा—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पतिआरा'। उ०—(क) नैनन ते निचुरयो परै नेह रुखाई के बैनन कौन पत्यारो।—देव (शब्द०)। (ख) पी को उठाय कह्यो हिय लाय कै है कपटीन को कौन पत्यारो।—देव (शब्द०)।

पत्यारीⓤ—सज्ञा स्त्री० [स० **पङ्क्ति**] पक्ति। कतार। उ०—(क) चूनरी सी छिति मानो बिछी इमि सोहति इद्रबधू की पत्यारी। —द्विजदेव (शब्द०)। (ख) अवलोकति इद्रबधू की पत्यारी, विलोकति है खिन कारी घटा। —द्विजदेव (शब्द०)।

पत्योरा—सज्ञा पु० [हिं० **पत्ता** + **औरा** (प्रत्य०)] एक पकवान जो अच्चू के पत्तो को पीठी मे लपेटकर घी या तेल मे तलने से तैयार होता है। एक प्रकार का रिकवच।

पत्रंग—सज्ञा पु० [स० **पत्राङ्ग**] पतग नाम की लकडी या पेड। बक्कम।

पत्र[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. किसी वृक्ष का पत्ता। पत्ती। दल। पर्ण।

यौ०—**पत्रपुष्प**।

२. वह वस्तु जिसपर कुछ लिखा हो। लेखाधार। लिखा हुआ कागज।

विशेष—कागज का आविष्कार होने के पहले बहुत दिनो तक भारतवर्ष मे ताड के पत्तो पर लेख, पुस्तकें आदि लिखी जाती थी। इसी अभ्यासवश लेखयुक्त कागज, ताम्रपट आदि को भी लोग पत्र कहने लगे।

३ वह कागज या ताम्रपट आदि जिसपर किसी विशेष व्यवहार के प्रमाणस्वरूप कुछ लिखा गया हो। वह कागज जिसपर किसी खास मामले की सनद या सबूत के लिये कुछ लिखा हो। जैसे, दानपत्र, प्रतिज्ञापत्र आदि।

क्रि० प्र०—लिखना।

४ वह लेख जो किसी व्यवहार या घटना के प्रमाण या सनद के लिये लिखा गया हो। कोई वसीका, पट्टा या दस्तावेज।

क्रि० प्र०—लिखना।

५ चिट्ठी। पत्री। खत।

क्रि० प्र०—लिखना।

६. समाचारपत्र। खबर का कागज या अखबार।

क्रि० प्र०—चलाना।—निकालना।

यौ०—पत्रसपादक।

७ पुस्तक या लेख का एक पन्ना। पृष्ठ। सफा। पन्ना। ८ धातु की चद्दर। पत्तर। वरक। जैसे, स्वर्णपत्र। ९ तीर या पक्षी के पख। पक्ष। १०. तेजपात। ११ चिडिया। पखेरू। १२ कोई वाहन या सवारी। जैसे, रथ, बहल, घोडा, ऊँट आदि। १३ कस्तूरी, केशर, चदन आदि द्रव्यो से कपोल या स्तनो की सजावट (को०)। १५ शस्त्र की धार। असि या कुठार आदि का फल (को०)। १५. कटार। छुरा (को०)।

पत्र[४]— सज्ञा पुं० [स० पट्टपुट] दे० 'पात्र'। उ०—पत्र सुधारै जोगणी माल सुधारै रभ थभ चलेवौ सोमरवि देखे व्योम अचभ। —रा० रू०, पृ० ३६।

पत्रक—सज्ञा पुं० [स०] १ पत्ता। २ पत्तो की लडी। पत्रावली। ३. शातिशाक। ४ तेजपत्ता। ५ दे० 'पत्रभग'।

पत्रकार—सज्ञा पु० [स०] १ वह जो किसी सार्वजनिक समाचारपत्र या पत्रिका का सचालन करता हो। वह जो किसी अखबार को चलाता हो, सवाददाता हो, फीचर लिखता हो आदि पत्रसचालक। पत्रसपादक। अखबारनवीस। एडीटर। जरनलिस्ट। २ वह जो किसी समाचारपत्र या अखबार मे नियमित रूप से लिखता हो। रिपोर्टर।

पत्रकारिता, पत्रकारी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] पत्रकार का काम या व्यवसाय।

पत्रकाहला—सज्ञा स्त्री० [सं०] पख फडफडाने या पत्तों के फडकने की ध्वनि [को०]।

पत्रकृच्छ्र—सज्ञा [स०] एक व्रत जिसमे पत्तो का काढ़ा पीकर रहा जाता है।

पत्रगान—सज्ञा पु० [स०] पेड के पत्तों से उत्पन्न ध्वनि। मर्मर शब्द। उ०—करुणा के दान पान, फूटे नव पत्रगान। —अर्चना, पृ० ५६।

पत्रगुप्त—सज्ञा पुं० [स०] तिधारा। थूहर। त्रिकटक।

पत्रघना, पत्रघ्ना—सज्ञा स्त्री० [स०] सेहुँड। थूहर।

पत्रज—सज्ञा पुं० [सं०] तेजपात।

पत्रझकार—सज्ञा पुं० [सं० पत्रझङ्कार] नदी का वेग। नदी का प्रवाह [को०]।

पत्रतंडुली—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्रतण्डुली] यवतिक्ता लता।

पत्रतरु—सज्ञा पुं० [सं०] दुर्गंध खैर।

पत्रता—सज्ञा स्त्री० [स० पत्र+ता (प्रत्य०)] पत्तापन। उ०—डालियाँ बहुत सी सूख गईं। उनकी न पत्रता हुई नई। —आराधना, पृ० २२।

पत्रताल—सज्ञा पुं० [सं०] वसपत्र। हरताल।

पत्रदारक—सज्ञा पुं० [सं०] लकडी चीरने का आरा [को०]।

पत्रद्रुम—सज्ञा पुं० [सं०] ताड का पेड।

पत्रनाडिका—सज्ञा स्त्री० [स०] पत्ते की नस।

पत्रपार—सज्ञा पुं० [सं०] स्वर्णकार की छेनी [को०]।

पत्रपा—सज्ञा स्त्री० [सं०] लज्जा। सकोच [को०]।

पत्रपाल—सज्ञा पुं० [सं०] लवा छुरा या कटार।

पत्रपाली—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बाण का पिछला भाग। शरपुख। २ कैंची। कतरनी।

पत्रपाश्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] माथे पर का एक आभूषण विशेष। टीका [को०]।

पत्रपिशाचिका—सज्ञा स्त्री० [स०] पत्तों से बनाई गई छतरी [को०]।

पत्रपुट—सज्ञा पु० [स०] पत्ते का पात्र। दोना [को०]।

पत्रपुरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] ९६ हाथ लबी, ४८ हाथ चौडी और ४७ हाथ ऊँची नाव (युक्तिकल्पतरु)।

पत्रपुष्प—सज्ञा पुं० [सं०] १ लाल तुलसी। २. एक विशेष प्रकार की तुलसी। जिसकी पत्तियाँ छोटी छोटी होती हैं। ३ किसी के सत्कार या पूजा की बहुत मामूली सामग्री। लघु उपहार। छोटी भेंट। उ०—मेरा पत्रपुष्प स्वीकार कर मुझे कृतार्थ कीजिए (शब्द०)।

पत्रपुष्पक—सज्ञा पुं० [सं०] भोजपत्र।

पत्रपुष्पा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. तुलसी। २ छोटे पत्तो की तुलसी।

पत्रबेध—सज्ञा पुं० [स० पत्रबन्ध] फूलो का शृगार।

पत्रबाल—सज्ञा पुं० [सं०] डाँडा [को०]।

पत्रभंग—पज्ञा पुं० [सं० पत्रभङ्ग] १. वे चित्र या रेखाएँ जो सौंदर्य-वृद्धि के लिये स्त्रियाँ, कस्तूरी, केसर, आदि के लेप अथवा सुनहले, रुपहले पत्तरो के टुकडो से भाल, कपोल, आदि पर बनाती हैं। माथे और गाल पर की जानेवाली चित्रकारी अथवा बेलबूटे। साटी। २ पत्रभग बनाने की क्रिया।

पत्रभगि—पज्ञा स्त्री० [स० पत्रभङ्गि] दे० 'पत्रभग'।

पत्रभगी—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्रभङ्गी] दे० 'पत्रभंग'।

पत्रभद्र—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पौधा।

पत्रमंजरी—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्रमञ्जरी] एक प्रकार का तिलक जो पत्रयुक्त मजरी के आकार का होता है।

पत्रमाल—सज्ञा स्त्री० [स०] बेत। बेतस [को०]।

पत्रयौवन—सज्ञा पुं० [स०] नया पत्ता। पल्लव। कोपल।

पत्ररचना—सज्ञा स्त्री० [स०] पत्रभग।

पत्ररथ—पज्ञा पुं० [सं०] पक्षी। चिडिया। उ०—वियग पतत्री पत्र-रथ पत्री पतग पतग।—अनेकार्थ०, पृ० २५।

यौ०—पत्ररथेंद्र=गरुड। पत्ररथेंद्रकेतु=विष्णु।

पत्ररेखा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पत्ररचना'।

पत्रलता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह लता जिसमें प्राय पत्ता ही पत्ता हो। २ पत्रभग। साटी। ३ लबी छुरी (को०)।

पत्रलवण—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का नमक जो एरड, मोरवा, अडूसा, कंज, अमिलतास और चीते के हरे पत्तो से निकाला जाता है।

विशेष—इन सब पत्तो को खरल मे कूटकर घी या तेल के किसी बरतन मे रखते हैं और ऊपर से गोबर लीपकर आग मे जलाते हैं। यह नमक वात रोगो में लाभदायक होता है।

पत्रल[१]—वि० [स०] पत्तोवाला। घने पत्तोवाला।

पत्रल[२]—सज्ञा पुं० हिली डुली या पतली दही [को०]।

पत्रलेखा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पत्रभग। साटी।

पत्रवल्लरी—सज्ञा स्त्री० [स०] पत्रभग। साटी।

पत्रवल्ली—सज्ञा स्त्री० [स०] १ शकरजटा। २ पान। ३ पलासी लता। ४. पर्णलता। ५. पत्रभग (को०)।

पत्रवाज—संज्ञा पुं० [सं०] १ पक्षी। चिडिया। २ बाण। तीर।

पत्रवाल—संज्ञा पुं० [स०] हाँडा। चप्पू [को०]।

पत्रवाह—संज्ञा पु० [स०] १ हरकारा। चिट्ठीरसाँ। २ बाण। तीर ३ पक्षी। चिडिया।

पत्रवाहक—संज्ञा पु० [स०] पत्र ले जानेवाला। चिट्ठीरसाँ। हरकारा।

पत्रविशेषक—संज्ञा पुं० [स०] १ तिलक। २ पत्रभग। साटी।

पत्रविष—संज्ञा स्त्री० [स०] पत्तो से निकलनेवाला विष।

पत्रवृश्चिक—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का छोटा उडनेवाला कीडा जिसके काटने से बडी जलन होती है। पतविछिया। पनविछिया।

पत्रवेष्ट—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. तरकी। ताटक। २ करनफूल नाम का कान मे पहनने का गहना।

पत्रव्यवहार—संज्ञा पुं० [सं०] चिट्ठी लिखते और उत्तर पाते रहने की क्रिया या भाव। चिट्ठी आने जाने का क्रम। पत्राचार। लिखापढी। खत किताबत। जैसे,—साल भर से मैं उनसे पत्रव्यवहार कर रहा हूँ।

पत्रशवर—संज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल की एक अनार्य जाति।

पत्रशाक—संज्ञा पु० [स०] पत्तो का साग। वह पौधा जिसके पत्तो का साग बनाकर खाया जाता हो। जैसे, पालक, चौलाई, आदि।

पत्रशिरा—संज्ञा स्त्री० [स०] पत्तो की नस।

पत्रशृंगी—संज्ञा स्त्री० [स० पत्रशृङ्गी] मूषाकानी नाम की लता।

पत्रश्रेणी—संज्ञा स्त्री० [स०] १ मूसाकानी। २. पत्तो की पंक्ति। पत्रावली।

पत्रश्रेष्ठ—संज्ञा पु० [स०] १ श्रेष्ठ हैं पत्तो जिसके अर्थात् बेल। विल्व। २ पत्तो मे प्रधान। बेल का पत्ता। विल्वपत्र।

पत्रसूची—संज्ञा स्त्री० [स०] काँटा। कटक।

पत्रांक—संज्ञा पु० [स० पत्र+अङ्क] पत्तो की गोदी। पल्लव का मध्य-भाग। वृंत। उ०—जूही की कली, दृग बंद किए, शिथिल पत्रांक मे।—अपरा, पृ० ४।

पत्रांग—संज्ञा पु० [स० पत्राङ्ग] १. लालचदन। २ पतग। बक्कम। ३ भोजपत्र। ४. कमलगट्टा।

पत्रांगुलि—संज्ञा स्त्री० [स० पत्राङ्गुलि] पत्रभग। पत्ररचना [को०]।

पत्रांजन—संज्ञा पुं० [स० पत्राञ्जन] १ स्याही। २ काजल [को०]।

पत्रा—संज्ञा पुं० [स० पत्रक, पत्रिका] १ तिथिपत्र। जत्री। पचाग। उ०—पत्रा ही तिथि पाइए वा घर के चहुँ पास।—बिहारी (शब्द०)। २ पन्ना। वर्क। पृष्ठ। सफहा।

पत्राख्य—संज्ञा पु० [स०] १ तेजपात। २ तालीशपत्र।

पत्राचार—संज्ञा पुं० [स०] पत्रव्यवहार।

पत्राढ्य—संज्ञा पु० [स०] १ पीपलामूल। २ पर्वततृण। ३. तृणाख्य। ४. पतग। बकम। ५. नरसल। ६. तालीसपत्र।

पत्रान्य—संज्ञा पु० [सं०] १. पतग। २. लालचदन।

पत्रालु—संज्ञा पुं० [स०] १. कासालु। २ इक्षुदर्भ।

पत्रावलि—संज्ञा स्त्री० [स०] १ पत्तो की श्रेणी या कतार। २ गेरू। ३ पत्ररचना, जो पुराने समय में नारियों के मुख पर सौंदर्य-वृद्धि के लिये रची जाती थी। उ०—रचि पत्रावलि माँग सिंदूरी। भरि मोतिन औ मानिक पूरी।—जायसी (शब्द०)।

पत्रावली—संज्ञा स्त्री० [स०] १ पत्ररचना। साटी। ३ दुर्गापूजन मे प्रयुक्त एक द्रव्य जो पीपल के नवीन कोपलो, मधु और यव से तैयार करते हैं। ३ गेरू। ४. पत्तो की पंक्ति या श्रेणी।

पत्राहार—संज्ञा पु० [स०] पत्तियो का आहार।

पत्रिका—संज्ञा स्त्री० [स०] १ चिट्ठी। खत। २ लिखने के लिये कागज का पन्ना (को०)। ३ कोई छोटा लेख या लिपि। जैसे, जन्मपत्रिका, लग्नपत्रिका आदि। ४. कोई सामयिक पत्र या पुस्तक। समाचारपत्र। अखबार। रिसाला। ५ जातिपत्री या जायपत्री (को०)। ६ एक प्रकार का कर्णाभूषण (को०)।

पत्रिकाख्य—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कपूर। पर्णकर्पूर। पानकपूर।

पत्रिणी—संज्ञा स्त्री० [स०] बडा पत्ता। पल्लव। कोपल।

पत्री[1]—संज्ञा स्त्री० [स०] १ चिट्ठी। खत। २ कोई छोटा लेख या लिपिपत्रिका। जैसे, जन्मपत्री, लग्नपत्री। ३ दोना ४. धमासा। हिंगुवा। जवासा। ५ खैर का पेड। ६ ताड। ७ महा तेजपत्र।

पत्री[2]—वि० [स० पत्रिन्] जिसमे पत्ते हो। पत्रयुक्त। पत्रविशिष्ट।

पत्री[3]—संज्ञा पुं० १ बाण। तीर। उ०—लव के उर मे उरझ्यो वह पत्री। मुरझाइ गिर्यो धरणी महँ छत्री।—रामच० पृ० १७४। २ पक्षी। चिडिया। ३ श्येन। बाज। ४ वृक्ष। पेड। ५ रथी। ६ पर्वत। पहाड। ७ ताड। ८ कमल। उ०—पत्री तरु पत्री कमल पत्री बहुरि विहग। पत्री सर कर चित्त जिमि, इमि सेवहु श्रीरग।—अनेकार्थ०, पृ० १३६।

पत्री[4]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पत्तर] हाथ मे पहनने का जहाँगीरी नाम का गहना।

पत्रोपस्कर—संज्ञा पुं० [स०] कसौंदी।

पत्रोर्ण—संज्ञा पु० [स०] सोनापाठा।

पत्रोल्लास—संज्ञा पु० [स०] अँखुवा। अकुर [को०]।

पत्सल—संज्ञा पुं० [स०] पथ। मार्ग [को०]।

पथ[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ मार्ग। रास्ता। राह। २ व्यवहार या कार्य आदि की रीति। विधान। उ०—व्यास सुमन पथ अनुसरे सोई भले पहिचानिहै।—नाभादास (शब्द०)।

पथ[2]—संज्ञा पुं० [सं० पथ्य] रोग के लिये उपयुक्त हलका आहार। पथ्य। जूस। उ०—मोहन जो दृग जिहि मतन उझकाई दै जाय। ज्यौं थोरो पथ देत हैं वैद रोगियै आय।—रसनिधि (शब्द०)।

पथक—संज्ञा पु० [सं०] १ पथ जानने या बतलानेवाला। २. प्रात।

पथकल्पना—संज्ञा पुं० [स०] इद्रजाल। जादू का खेल।

पथगामी—संज्ञा पुं० [स० पथगामिन्] रास्ता चलनेवाला। पथिक।

पथचारी—सज्ञा पु० [स० पथचारिन्] रास्ता चलनेवाला ।

पथत्—सज्ञा पुं० [स०] मार्ग । पथ । रास्ता [को०] ।

पथदर्शक—सज्ञा पु० [स०] राह दिखानेवाला । रास्ता बतलानेवाला । उ०—जग के अनादि पथदर्शक वे, मानव पर उनकी लगी दृष्टि । —युगात, पृ० १३ ।

पथनार†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाथना] १ गोबर के उपले बनाना या थापना । पाथना । २ पीटने या मारने की क्रिया ।

पथप्रदर्शक—सज्ञा पु० [स०] मार्गदर्शक । रास्ता दिखानेवाला ।

पथभ्रात—वि० [सं० पथभ्रान्त] राह से भटका हुआ । भूला हुआ । उ०—ऐसी स्थिति मे उसकी प्रवृत्ति कुछ तो पीछे की ओर मुडने की हुई और कुछ पथभ्रात होने की ।—हिं० का० प्र०, पृ० ३२ ।

पथर†—सज्ञा पु० [स० प्रस्तर हिं० पत्थर, पाथर] पत्थर । पाषाण । उ०—धरम दास के साहेब कबीरा, पथर पूजै तो पूजन दे । —धरम०, पृ० ६८ ।

पथरकट—वि० [हिं० पत्थर + काटना] पत्थर काटने का काम करनेवाला । उ०—कनेत का चस्मा गढ़े पत्थर का बँधा हुआ कुडला है, उससे नातिदूर लोहार का चस्मा भी कुछ उसी तरह का है, इसमे लोहार का पथरकट होना भी सहायक हुआ ।—किन्नर०, पृ० ४७ ।

पथरकला—सज्ञा पु० [हिं० पत्थर या पथरी + कल] एक प्रकार की बदूक या कडावीन जो चकमक पत्थर के द्वारा अग्नि उत्पन्न करके चलाई जाती थी । वह बदूक जिसकी कल वा घोडे मे पथरी लगी रहती हो । इस प्रकार की बदूक का व्यवहार पहले होता था ।

पथरचटा—सज्ञा पुं० [हिं० पत्थर + चाटना] १ पाषाणभेद या पखानभेद नाम की ओषधि । २. एक प्रकार की छोटी मछली जो भारत और लका की नदियो मे पाई जाती है । इसकी लबाई प्राय एक बालिश्त होती है ।

पथरना[1]—क्रि० स० [हिं० पत्थर + ना (प्रत्य०)] औजारो को पत्थर पर रगडकर तेज करना ।

पथरना—सज्ञा पुं० [देश० या स० प्रस्तरण] बिछौना । शय्या । उ०—अवर वोढ़न भूमि पथरना । समुझि देखि निश्चै करि मरना ।—सु दर ग्र०, भा० १, पृ० ३३५ ।

पथराना—क्रि० अ० [हिं० पत्थर से नामिक धातु] १ सूखकर पत्थर की तरह कडा हो जाना । २ ताजगी न रहना । नीरस और कठोर हो जाना । ३ स्तब्ध हो जाना । सजीव न रहना । जैसे, आँखें पथराना ।

पथराव—सज्ञा पु० [हिं० पथर + आव (प्रत्य०)] पत्थर के टुकडे, ढेला आदि का फेंकना । ढेलवाही । पत्थरवाजी ।

पथरी—सज्ञा स्त्री० [हि० पत्थर + ई (प्रत्य०)] १ कटोरे या कटोरी के आकार का पत्थर का बना हुआ कोई पात्र । २ एक प्रकार का रोग जिसमें मूत्राशय में पत्थर के छोटे बडे कई टुकडे उत्पन्न हो जाते हैं ।

विशेष—ये टुकडे मूत्रोत्सर्ग मे बाधक होते हैं जिसके कारण बहुत पीडा होती है और मूत्रेंद्रिय में कभी कभी घाव भी हो जाता है । मूत्राशय के अतिरिक्त यह रोग कभी कभी गले, फेफडे और गुरदे में भी होता है ।

३ चकमक पत्थर जिसपर चोट पडने से तुरत आग निकल आती है । ४ पत्थर का वह टुकडा जिसपर रगडकर उस्तरे आदि की धार तेज करते हैं । सिल्ली । ५ कुरड पत्थर जिसके चूर्ण को लाख आदि मे मिलाकर औजार तेज करने की सान बनाते हैं । ६ पक्षियो के पेट का वह पिछला भाग जिसमे अनाज आदि के बहुत कडे दाने जाकर पचते हैं । पेट का यह भाग बहुत ही कडा होता है । ७ एक प्रकार की मछली । ८ जायफल की जाति का एक वृक्ष ।

विशेष—यह वृक्ष कोकण और उसके दक्षिण प्रात के जगलों में होता है । इस वृक्ष की लकडी साधारण कडी होती है और इमारत बनाने के काम मे आती है । इसमे जायफल से मिलते जुलते फल लगते हैं जिन्हे उबालने या पेरने से पीले रग का तेल निकलता है । यह तेल औषध के काम मे भी आता है और जलाने के काम मे भी ।

पथरीला—वि० [हिं० पत्थर + ईला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० पथरीली] पत्थरो से युक्त । जिसमे पत्थर हों । जैसे, पथरीली जमीन ।

पथरौटा—सज्ञा पु० [हिं पत्थर + औटा (प्रत्य०)] दे० 'पथरौटी' ।

पथरौटी—सज्ञा स्त्री० हिं० पत्थर + औटी (प्रत्य०)] पत्थर की कटोरी । पथरी । कूँडी ।

पथरौहा†—सज्ञा पुं० [हिं० पाथना] दे० 'पथौरा' ।

पथल—सज्ञा पुं० [हिं० पत्थर, पथर] पत्थर । पाथर । पाषाण । उ०—महल के बीच अजब मूरति पथल पूजे सेमर सुआ ।—सं० दरिया, पृ० ६६ ।

पथसु दर—सज्ञा पुं० [स० पथसुन्दर] एक क्षुप ।

पथस्थ—वि० [स०] राह मे । मार्गस्थ ।

पथहारा—वि० [हिं० पथ + हारना (= खोना)] भूला भटका । पथभ्रष्ट । जिसका सही पथ छूट गया हो । उ०—सबसे ऊपर निर्जन नभ में अपलक सध्या तारा, नीरव औ निसग, खोजता सा कुछ, चिर पथहारा ।—ग्राम्या, पृ० ७२ ।

पथिक—सज्ञा पुं० [सं०] मार्ग चलनेवाला । यात्री । मुसाफिर । राहगीर ।

यौ०—**पथिकसतति, पथिकसहति, पथिकसार्थ** = कारवाँ । काफिला । सार्थ । यात्रीदल ।

पथिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मुनक्का । २ अगूर की मदिरा । एक प्रकार की अगूरी मदिरा (को०) ।

पथिकाश्रय—सज्ञा पुं० [सं०] पथिकों के रहने का स्थान । धर्मशाला । चट्टी ।

पथिकृत्—सज्ञा पु० [स०] १ पथप्रदर्शक । अग्नि [को०] ।

पथिचक्र—सज्ञा पुं० [स०] फलित ज्योतिष में एक चक्र जिससे यात्रा का शुभ और अशुभ फल जाना जाता है ।

पथिदेय—सज्ञा पुं० [स०] वह कर जो किसी विशिष्ट पथ पर चलनेवालो से लिया जाता है ।

पथिद्रुम—सज्ञा पु० [स०] खैर का पेड ।

पथिन्—सज्ञा पुं० [स०] १ राह । मार्ग । २ यात्रा । ३ कार्य-पद्धति । कार्य की सरणि । ४ सप्रदाय । मत । ५ पहुँच । ६ एक नरक [को०] ।

विशेष—सस्कृत के प्रथमा एकवचन मे इसका रूप पथा होता है और कर्मकारक बहुवचन मे पथ । सस्कृत समास मे इसका रूप 'पथ' होता है, जैसे, दृष्टिपथ, सत्पथ, श्रुतिपथ, कर्णपथ आदि । हिंदी मे यही रूप प्रचलित और मान्य है ।

पथिप्रज्ञ—वि० [स०] पथ का ज्ञाता । मार्ग का जानकार [को०] ।

पथिप्रिय—सज्ञा पुं० [स०] राह का प्रिय साथी [को०] ।

पथिल—सज्ञा पुं० [स०] राही । बटोही ।

पथिवाहक[1]—वि० [स०] निर्दय । कठोरहृदय [को०] ।

पथिवाहक[2]—सज्ञा पु० १ व्याधा । शिकारी । आखेटक । २ मोटिया । बोझा ढोनेवाला व्यक्ति [को०] ।

पथिस्थ—वि० [स०] राह चलता हुआ । जो रास्ता तय कर रहा हो [को०] ।

पथी—सज्ञा पु० [स० **पथिन्**] रास्ता चलनेवाला । मुसाफिर । यात्री । पथिक । इ०—(क) राम नाम अनुराग ही जिय जो रति-आतो । स्वारथ परमारथ पथी तोहि सब पतिआतो । —तुलसी ग्र०, पृ० ५३५ । (ख) पथी दृग ए बिसाल होय के बिहाल वाके रहे हैं दुकूलनि के कूलनि मैं जाई री ।—दीन० ग्र०, पृ० ११ ।

पथीय—वि० [स०] १ पथ सबधी । २ सप्रदाय सबधी ।

पथुⓊ†—सज्ञा पुं० [स० **पथ**] पथ । मार्ग । रास्ता । राह । उ०—विधि करतब विपरीत बाम गति राम प्रेम पथु न्यारो । —तुलसी (शब्द०) ।

पथेयⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **पाथेय**] दे० 'पाथेय' ।

पथेरा—सज्ञा पु० [हिं० **पाथना+एरा** (प्रत्य०)] ईंटें पाथनेवाला कुम्हार ।

पथौरा—सज्ञा पु० [हिं० **पाथना+औरा** (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ उपले पाथे जाते हो । गोबर पाथने की जगह ।

पथ्य[1]—सज्ञा पु० [स०] १ चिकित्सा के कार्य अथवा रोगी के लिये हितकर वस्तु, विशेषत आहार । वह हलका और जल्दी पचनेवाला खाना जो रोगी के लिये लाभदायक हो । उपयुक्त आहार । उचित आहार । उ०—करिकै पथ्य विरोध इक रोगी त्यागत प्रान ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २२७ ।

क्रि० प्र०—देना ।—लेना ।

मुहा०—**पथ्य से रहना** = सयम से रहना । परहेज से रहना ।

२ सेंधा नमक । ३ छोटी हड का पेड । ४. हित । मगल । कल्याण ।

पथ्य[2]—वि० हितकर । अनुकूल । उचित । उ०—कौशल्या धरि धीरजु कहई । पूत पथ्य गुरु आयेसु अहई ।—मानस, २।१७६ ।

पथ्यका—सज्ञा स्त्री० [स०] मेथी ।

पथ्यशाक—सज्ञा पुं० [स०] चौलाई का साग ।

पथ्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हरीतकी । हड । उ०—अभया, पथ्या, अव्यथा, अमृता, चेतक होइ ।—नद० ग्र०, पृ० १०४ । २. वन ककोडा । ३ आर्या छद का एक भेद जिसके और कई अवातर भेद हैं । ४ सैधनी । ५ चिर्भिटा । ६ गगा । ७ सडक । रास्ता । राह (को०) ।

पथ्यादि क्वाथ—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का पाचक काढ़ा जो त्रिफला, गुडूच, हलदी, चिरायते और नीम आदि को उबालकर बनाया जाता है ।

पथ्यापंक्ति—सज्ञा पुं० [स० **पथ्यापङ्क्ति**] पाँच पदो का एक प्रकार का वैदिक छद जिसके प्रत्येक पाद मे आठ आठ वर्ण होते हैं ।

पथ्यापथ्य—सज्ञा पु० [स०] पथ्य और अपथ्य । रोगी के लिये लाभकर और हानिकर वस्तु [को०] ।

पथ्याशन—सज्ञा पु० [स०] पाथेय । सबल ।

पथ्याशी—वि० [सं० **पथ्याशिन्**] पथ्य वस्तु खानेवाला [को०] ।

पद—सज्ञा पु० [स०] १ व्यवसाय । काम । २ त्राण । रक्षा । ३ योग्यता के अनुसार नियत स्थान । दर्जा । ४ चिह्न । निशान । ५ पैर । पाँव । चरण । उ०—सो पद गहो जाहि से सदगति पार ब्रह्म से न्यारा ।—कबीर श०, भा० ३, पृ० ३ ।

यौ०—**पदकंज । पदपंकज । पदपद्म** = दे० 'पदकमल' ।

६ वस्तु । चीज । ७. शब्द । ८ प्रदेश । ९ पैर का निशान । १० श्लोक वा किसी छद का चतुर्थांश । श्लोकपाद । ११ उपाधि । १२ मोक्ष । निर्वाण । १३ ईश्वरभक्ति सबधी गीत । भजन । १३ पुराणानुसार दान के लिये जूते, छाते, कपडे, अँगूठी, कमडलु, आसन, बरतन, और भोजन का समूह । जैसे,—पाँच ब्राह्मणो को पददान मिला है । १५ डग । कदम । पग । (को०) । १६ वैदिक मत्रो के पाठ करने का एक ढग । मत्रो के शब्दो को अलग अलग कहना । जैसे, पद पाठ । १७ बिसात का कोठा या खाना । १८. किरण (को०) । १९ लबाई की एक माप (को०) । २० राह । मार्ग । ११ वर्गमूल (गणित) । २२ बहाना । हीला (को०) । २३ फल (को०) । २४ सिक्का (को०) ।

पदईⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **पदवी**] दे० 'पदवी' । उ०—छीर नीर निरवारि पिवै जौ । इहि मग प्रभु पदई पावै सो । —नद ग्र०, पृ० ११८ ।

पदक—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार का गहना जिसमें किसी देवता के पैरो के चिह्न अकित होते हैं और जो प्राय बालको की रक्षा के लिये पहनाया जाता है । २ पूजन आदि के लिये किसी देवता के

पैरो के बनाए हुए चिह्न। ३ सोने चाँदी या किसी और धातु का बना हुआ सिक्के की तरह का गोल या चौकोर टुकडा जो किसी व्यक्ति अथवा जनसमूह को कोई विशेष अच्छा या अद्भुत कार्य करने के उपलक्ष मे दिया जाता है। इसपर प्राय दाता और गृहीता का नाम तथा दिए जाने का कारण और समय आदि अकित रहता है। यह प्रशसा सूचक और योग्यता का परिचायक होता है। ४ वह जो वेदो का पदपाठ करने में प्रवीण हो। ५ डग। कदम। पग (को०)। ६ स्थान। पद। ओहदा (को०)। ७ एक गोत्रप्रवर्तक ऋषि का नाम।

पदकमल—सज्ञा पु० [सं०] कमल सदृश पाँव। कमलरूपी चरण। उ०—पदकमल धोइ चढाइ नाव न नाथ उतराई चहौं। —मानस, २। १००।

पदक्रम—सज्ञा पुं० [स०] १ गमन करना। चलना। २ वेदमत्रों के पदो के पाठ की एक पद्धति। ३ वाक्यविन्यास। वाक्य मे शब्दो या पदो के रखने का ढग।

पदग—सज्ञा पु० [स०] पैदल चलनेवाला। प्यादा।

पदचतुरर्ध—सज्ञा पुं० [स० **पदचतुरर्द्ध**] विषम वृत्तों का एक भेद जिसके प्रथम चरण मे ८, दूसरे मे १२, तीसरे में १६ और चौथे मे २० वर्ण होते हैं। इसमें गुरु लघु का नियम नहीं होता। इसके अपीड, प्रत्यापीड, मजरी, लवली, और अमृतधारा ये पाँच अवातर भेद होते हैं।

पदचर—सज्ञा पु० [स०] पैदल। प्यादा। उ०—सजि गज रथ पदचर तुरग लेन चले अगवान।—मानस, १।३०४।

पदचार, पदचारण—सज्ञा पुं० [सं०] पैदल चलना। उ०—देख चचल मृदु पटु पदचार लुटाता स्वर्ण राशि कवियार।—गुजन, पृ० ४६।

पदचारी—वि० [स०] पैदल चलनेवाला। पैदल। उ०—ते अब फिरत विपिन पदचारी। कदमूल फल फूल अहारी।—मानस, २।४०।

पदचिह्न—सज्ञा पुं० [स०] वह चिह्न जो चलने के समय पैरो से जमीन पर बन जाता है।

पदच्छेद—सज्ञा पु० [स०] सधि और समासयुक्त किसी वाक्य के प्रत्येक पद को व्याकरण के नियमो के अनुसार अलग अलग करने की क्रिया।

पदच्युत—वि० [स०] जो अपने पद या स्थान से हट गया हो। अपने स्थान से हटा या गिरा हुआ। जैसे, किसी राजकर्मचारी का पदच्युत होना। उ०—अत में राव जी आपा परभू पुराने कारिंदे ने प्रबल होकर उसको पदच्युत किया। —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३६४।

पदच्युति—सज्ञा स्त्री० [स०] अपने पद से हटने या गिरने की अवस्था।

पदज[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ पैर की उँगलियाँ। उ०—मृदुल चरन सुभ चिह्न पदज नख अति अद्भुत उपमाई। —तुलसी ग्र०, पृ० ४६१। २ शूद्र।

पदज[२]—वि० [सं०] जो पैर से उत्पन्न हो।

पदतल—सज्ञा पुं० [सं०] पैर का तलवा।

पदत्याग—सज्ञा पु० [सं०] अपने पद या ओहदे को छोड़ने की क्रिया।

पदत्राण—सज्ञा पुं० [सं०] पैरो की रक्षा करनेवाला जूता।

पदत्रान(पु)—सज्ञा पु० [सं० **पदत्राण**] दे० 'पदत्राण'। उ०—नहि पदत्रान सीस नहिं छाया। पेमु नेमु ब्रतु धरमु अमाया। —मानस, २।२१५।

पदत्री—सज्ञा पु० [सं०] पक्षी। चिडिया। (अनेकार्थ०)।

पददलित—वि० [स०] १ पैरों से रौंदा हुआ। २ जो दबाकर बहुत हीन कर दिया गया हो।

पददारिका—सज्ञा स्त्री० [स०] बिवाई नाम का पैर का रोग।

पददेश—सज्ञ पुं० [सं०] निचला भाग। तल भाग। उ०—वृत्र उसी जल के पददेश के नीचे सो गया।—प्रा० भा० प०, पृ० ८६।

पदनिक्षेप—सज्ञा पुं० [स०] चरणचिह्न। पैर की छाप। पदन्यास। उ०—इस दिशा मे कामायनी प्रथम और अतिम पदनिक्षेप है।—बी० श० म०, पृ० ३४८।

पदन्यास—सज्ञा पुं० [स०] १ पैर रखना। चलना। गमन करना। कदम रखना। उ०—मृदु पदन्यास मद मलयानिल विगलत शीश निचोल। —सूर (शब्द०)। २. पैर रखने की एक मुद्रा ३ पैर की छाप। चरणचिह्न। ४ चलन। ढग। ५ पद रचने का काम। ६ गोखरू।

पदपंक्ति—सज्ञा पु० [सं० **पदपङ्क्ति**] एक वैदिक छद जिसके पाँच पाद होते हैं और प्रत्येक पाद में पाँच वर्ण होते हैं।

पदपद्धति—सज्ञा स्त्री० [सं०] पैरो का चिह्न। अनेक पैरो के क्रमबद्ध चिह्न या कतार [को०]।

पदपद्म—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पदकमल'।

पदपलटी—सज्ञा स्त्री० [स० **पद+हिं० पलटना**] एक प्रकार का नाच।

पदपाट—सज्ञा पु०[स०]१ वेदमत्रो का ऐसा पाठ जिसमें सभी पद अलग अलग करके कहे जायँ। २ ग्रथ जिससे पदपाठ हो [को०]।

पदबंध—सज्ञा पुं० [स० **पदबन्ध**] कदम। डग [को०]।

पदभजन—सज्ञा पुं० [स० **पदभञ्जन**] शब्दो की निरुक्ति। शब्द-विश्लेषण [को०]।

पदभंजिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **पदभञ्जिका**] टीका। टिप्पणी [को०]।

पदभ्रंश—सज्ञा पुं० [स०] पदच्युति दोष [को०]।

पदम[१]—सज्ञा पुं० [स० **पद्म**] दे० 'पद्म'।

पदम[२]—सज्ञा पुं० [स० **पद्मकाष्ठ**] बादाम की जाति का एक जगली पेड। अमलगुच्छ। पद्माख।

विशेष—यह पेड सिंधु से आसाम तक २५०० से ७००० फुट की ऊँचाई तक तथा खासिया की पहाडियो और उत्तर बर्मा मे अधिकता से पाया जाता है। कही कही यह पेड लगाया भी जाता है। इसमें से बहुत अधिक गोद निकलता है जो किसी काम मे नही लाया जाता। इसमे एक प्रकार का फल होता है जिसमें से कडुए बादाम के तेल की तरह का तेल निकलता है। इन फलो को लोग कही कहीं खाते और कही कहीं फकीर लोग उनकी मालाएँ बनाकर गले मे पहनते हैं। यह फल शराब बनाने के लिये विलायत भी भेजा जाता है। इस वृक्ष की लकडी छडियाँ और आरायशी सामान बनाने के काम मे आती है। कहते हैं, गर्भ न रहता हो तो इसकी

लकडी घिसकर पीने से गर्भ रह जाता है, यदि गर्भ गिर जाता है तो स्थिर हो जाता है। वैद्यक के अनुसार इसकी लकडी ठढी, कडवी, कसैली, हलकी, वादी, रक्तपित्तनाशक, दाह, ज्वर, कोढ और विस्फोटक आदि को दूर करनेवाली और रुचिकारक मानी गई है।

पर्या०—पद्मक। मलय। पीतरक्त। सुप्रभ। पीतक। शीतल। हिम। शुभ। केदारज। पद्मगधि। शीतवीर्य। अमलगुच्छ। पद्माख।

पदमकाठ—सज्ञा पुं० [स० **पद्मकाष्ठ**] दे० 'पदम'[२]।

पदमचल—सज्ञा पुं० [देश०] रेवद चीनी।

पदमणि—सज्ञा स्त्री० [स० **पद्मिनी**] स्त्री (डिं०)।

पदमनाभ—सज्ञा पु० [सं० **पद्मनाभ**] १ विष्णु। २ सूर्य (डिं०)।

पदमाकर—सज्ञा पुं० [स० **पद्माकर**] तालाब (डिं०)।

पदमाला—सज्ञा स्त्री० [स०] इद्रजाल। समोहनी विद्या [को०]।

पदमिनीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **पद्मिनी**] दे० 'पद्मिनी'। उ०—क्यो चाहति तू पदमिनी करन पातकी मोहि। —शकुतला, पृ० ६३।

पदमूल—सज्ञा पुं० [स०] १ पैर का तलवा। तलवा। २ (लाक्ष०) आश्रय। शरण।

पदमैत्री—सज्ञा स्त्री० [स०] किसी कविता में एक ही शब्द या अक्षर का इस प्रकार बार बार आना जिसमे उसमे एक प्रकार का चमत्कार आ जाय। अनुप्रास। वर्णमैत्री। वर्णसाम्य। जैसे, मल्लिकान मजुल मलिद मतवारे मिले मद मद मारुत मुहीम मनसा की है।—(शब्द०)।

पदम्मी—सज्ञा पुं० [सं० **पद्मी**] हाथी (डिं०)।

पदयात्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] वह भ्रमण या यात्रा जो पाँव प्यादे चलते हुए की जाय। पैदल की जानेवाली यात्रा।

पदयोजना—सज्ञा स्त्री० [स०] कविता के लिये पदो का जोडना। पद बनाने के लिये शब्दो को मिलाना।

पदरा—सज्ञा पु० [देश०] १ एक प्रकार का पेड। २ ढघोढीदारो के बैठने का स्थान। (डिं०)। उ०—पकरि पदर धरि सत पद जद्यपि सुरति विचार। लार लगन लागी रहै, तव उतरै भौ पार।—घट०, पृ० ३८१।

पदरिपु—सज्ञा पु० [सं० **पद+रिपु**] कटक। काँटा। उ०—पदरिपु पर अटक्यो आतुर ज्यो उलटत पलट मरी। —सूर (शब्द०)।

पदवाद्य—सज्ञा पु० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का ढोल।

पदवाना—क्रि० स० [हिं० **पदाना** का प्रे०रूप] पदाना का प्रेरणार्थक रूप। पदाने का काम दूसरे से कराना।

पदवि—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पदवी'।

पदविक्षेप—सज्ञा पुं० [सं०] कदम रखना। चलना [को०]।

पदविच्छेद—सज्ञापुं० [सं०] दे० 'पदच्छेद' [को०]।

पदविष्टंभ—सज्ञा पुं० [सं० **पदविष्टम्भ**] पैर रखना। कदम रखना [को०]।

पदवी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. पंथ। रास्ता। २ पद्धति। परिपाटी। तरीका। ३ वह प्रतिष्ठा या मानसूचक पद जो राज्य अथवा किसी सस्था आदि की ओर से किसी योग्य व्यक्ति को मिलता है। उपाधि। खिताव। जैसे, राजा, राय वहादुर, डाक्टर, महामहोपाध्याय, आदि। उ०—साँच कहे तो पनही खावै। झूठे बहु विधि पदवी पावै।—भारतेंदु ग्र० मा० १, पृ० ६७०।

विशेष—पदवी नाम के पहले अथवा पीछे लगाई जाती है।

४. ओहदा। दरजा। ५ स्थान।

पदवेदी—सज्ञा पु० [स० **पदवेदिन्**] पदो अर्थात् शब्दो का ज्ञाता। शब्दशास्त्री [को०]।

पदसमय—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पदपाठ' [को०]।

पदस्थ—वि० [सं०] १ जो अपने पैरो के बल खडा हो। २ जो पैरो के बल चल रहा हो। ३ किसी पद पर नियुक्त हो।

पदस्थान—सज्ञा पुं० [स०] पदाक। पदचिह्न [को०]।

पदांक—सज्ञा पुं० [स० **पदाङ्क**] पैरो का चिह्न जो प्राय चलने के कारण बालू या कीचड आदि पर बन जाता है।

पदांगी—सज्ञा स्त्री० [स० **पदाङ्गी**] लाल रग का लजालू।

पदांत—सज्ञा पु० [सं० **पदान्त**] १ पद का, किसी श्लोक या पद्य का अतिम भाग। २ तलवा। पैर [को०]।

पदांतर—सज्ञा पुं० [स० **पदान्तर**] १ दूसरा कदम। दूसरा डग। २. एक कदम लवाई। ३ कदम। डग। २ दूसरा पद या स्थान [को०]।

पदांत्य—वि० [स० **पदान्त्य**] पद के अत मे रहनेवाला। पदात में स्थित। अतिम [को०]।

पदांभोज—सज्ञा पुं० [स० **पदाम्भोज**] चरणकमल [को०]।

पदाक्रात—वि० [स० **पदाक्रान्त**] पददलित। रौंदा हुआ। कुचला हुआ। विजित। उ०—नवागत म्लेच्छवाहिनी से सौराष्ट्र भी पदाक्रात हो चुका है।—स्कद०, पृ० ७।

पदाघात—सज्ञा पुं० [स०] पैर की मार। लातो की मार [को०]।

पदाचार—सज्ञा पु० [स० **पदचार**] पैर रखना। पदसचार। गमन। उ०—चपल पवन के पदाचार से अहरह स्पदित। शात हास्य से अतर को करते आह्लादित।—ग्राम्या०, पृ० ७३।

पदाजि—सज्ञा पुं० [स०] पैदल सैनिक [को०]।

पदातⓊ†—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पदाति'।

पदाति—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो पैदल चलता हो। प्यादा। २ पैदल सिपाही। ३ नौकर। सेवक। ४ जनमेजय के एक पुत्र का नाम।

पदातिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो पैदल चलता है। २ पैदल सिपाही। उ०—दयानदीय समाजियो की पदातिक सेना को उनपर।—प्रेमघन० भा० २, पृ० २४२।

पदाती—सज्ञा पुं० [स० पदातिन्] पैदल सैनिक [को०]।

पदातीय—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पदाति'।

पदादि—सज्ञा पुं० [सं०] शब्द का प्रथमाक्षर। छद का प्रारभ।

पदादिका—सज्ञा पुं० [स० पदातिक] पैदल सेना। उ०—प्रभु कर लेन पदादिका बालक राज समाज।—तुलसी (शब्द०)।

पदाधिकारी—सज्ञा पु० [सं० पदाधिकारिन्] वह जो किसी पद पर नियुक्त हो। ओहदेदार। अफसर।

पदाध्ययन—सज्ञा पुं० [स०] पदपाठ के अनुसार वेद का पठन।

पदाना—क्रि० स० [हिं० पादना का प्रे०रूप] १ पादने का काम दूसरे से कराना। २. बहुत अधिक दिक करना। तग करना। छकाना। जैसे,—क्यो उसे बार बार पदाते हो।

पदानुग—सज्ञा पु० [सं०] वह जो किसी का अनुगमन करता हो। अनुकरण करनेवाला। अनुयायी। साथी।

पदानुराग—सज्ञा पुं० [स०] १ भृत्य। सेवक। २ सेना। फौज [को०]।

पदानुशासन—सज्ञा पुं० [स०] पदो का अनुशासन करनेवाला शास्त्र। शब्दानुशासन। शब्दशास्त्र। व्याकरण। [को०]।

पदानुस्वार—सज्ञा पुं० [स०] साम का एक भेद। एकार का साम [को०]।

पदाब्ज—सज्ञा पुं०। [स०] चरणकमल। पदकमल।

पदायता—सज्ञा पुं० [स०] पदत्राण। जूता [को०]।

पदार—सज्ञा पुं० [सं०] पैरो की धूल। उ०—आरद होत महारद पारस पारद पुण्य पदारन हूँ मे।—देव (शब्द०)। २ नाव। नौका (को०)। ३ पैर का ऊपरी हिस्सा (को०)।

पदारथⓊ—सज्ञा पुं० [स० पदार्थ] दे० 'पदार्थ'। उ०—जानिकर एहने सोहागिनि सजनि गे पाओल पदारथ चारि।—विद्यापति, पृ० १८०।

पदारविंद—सज्ञा पुं० [सं० पदारविन्द] दे० 'पदाब्ज'।

पदार्घ्य—सज्ञा पुं० [सं०] वह जल जो किसी अतिथि या पूज्य को पैर धोने के लिये दिया जाय।

पदार्थ—सज्ञा पुं० [स०] १ पद का अर्थ। शब्द का विषय। वह जिसका कोई नाम हो और जिसका ज्ञान प्राप्त किया जा सके। २ उन विषयो में कोई विषय जिनका किसी दर्शन में प्रतिपादन हो और जिनके सबध में यह माना जाता हो कि उनके द्वारा मोक्ष की प्राप्ति होती है।

विशेष—वैशेषिक दर्शन के अनुसार द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय ये छह पदार्थ, हैं और इन्हीं छह पदार्थों का उसमे निरूपण है। कुल चीजें इन्हीं छह पदार्थों के अतर्गत मानी गई हैं। ये छह 'भाव' पदार्थ हैं और 'भाव' की विद्यमानता में 'अभाव' का होना भी स्वाभाविक है। अत नवीन वैशेषिको ने इन सब पदार्थों के विपरीत एक नया और सातवाँ पदार्थ 'अभाव' भी मान लिया है। इसके अतिरिक्त कुछ और लोगो ने 'तम' अथवा अधकार को भी एक पदार्थ माना है। परतु अधकार वास्तव में प्रकाश का अभाव ही होता है, इसलिये स्वयं अधकार कोई स्वतत्र पदार्थ नही हो सकता। विशेष—दे० 'वैशेषिक'।

गौतम के न्यायसूत्र में सोलह पदार्थ कहे गए हैं जिनके नाम ये हैं—प्रमाण, प्रमेय, सशय, प्रयोजन, दृष्टात, सिद्धात, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितडा, हेत्वाभास, छल, जाति और निग्रहस्थान। नैयायिको के अनुसार विचार के जितने विषय हैं वे सब इन्ही सोलह पदार्थों के अतर्गत हैं। विशेष—दे० 'न्याय'। साख्यदर्शन मे सख्या मे, पुरुष, प्रकृति और महत् आदि उसके विकारो को लेकर २५ पदार्थ हैं। दे० 'साख्य'। वेदात दर्शन के अनुसार आत्मा और अनात्मा ये ही दो पदार्थ हैं। दे० 'वेदात'।

इसके अतिरिक्त और भी अनेक विद्वानो और साप्रदायिकों ने अपनी अपनी बुद्धि के अनुसार अलग अलग पदार्थ माने हैं। जैसे 'रामानुजाचार्य के मत से चित्, अचित् और ईश्वर, शैव दर्शन के अनुसार पति, पशु और पाश (यहाँ पति का तात्पर्य शिव, पशु का जीवात्मा और पाश का मल, कर्म माया और रोध शक्ति है)। जैन दर्शनों मे भी पदार्थ माने गए हैं परतु उनकी सख्या आदि के सबध में बहुत मतभेद है। कोई दो पदार्थ मानता है, कोई तीन कोई पाँच, कोई सात और कोई नौ।

३ पुराणानुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष।

४ वैद्यक में भावप्रकाश के अनुसार रस, गुण, वीर्य, विपाक और शक्ति। ५ चीज। वस्तु।

पदार्थवाद—सज्ञा पुं० [स०] वह वाद या सिद्धात जिसमे पदार्थ, विशेषत भौतिक पदार्थों को ही सब कुछ माना जाता हो और आत्मा अथवा ईश्वर का अस्तित्व स्वीकार न होता हो।

पदार्थवादी—सज्ञा पुं० [सं० पदार्थवादिन्] वह जो आत्मा या ईश्वर आदि का अस्तित्व न मानकर केवल भौतिक पदार्थों को ही सब कुछ मानता हो।

पदार्थविज्ञान—सज्ञा पुं० [स०] वह विद्या जिसके द्वारा भौतिक पदार्थों और व्यापारो का ज्ञान हो। विज्ञानशास्त्र।

पदार्थविद्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह विद्या जिसमें विशिष्ट सज्ञाओ द्वारा सूचित पदार्थों का तत्त्व बतलाया गया हो। जैसे, वैशेषिक।

पदार्पण—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी स्थान मे पैर रखने या जाने की क्रिया। २ शुभागमन। आगमन।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्राय प्रतिष्ठित व्यक्तियो के सबध में ही होता है। जैसे,—श्रीमान् के पदार्पण करते ही सब लोग उठ खडे हुए।

पदालिक—सज्ञा पु० [स०] चरण का ऊपर का भाग [को०]।

पदावनत—वि० [स०] १ जो पैरो पर झुका हो। २ जो प्रणाम कर रहा हो। ३ नम्र। विनीत।

पदावली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ शब्दो या वाक्यो की श्रेणी। २ भजनो का सग्रह। पदों का सग्रह।

पदाश्रित—वि० [सं०] १ जिसने पैरो मे आश्रय लिया हो। शरण मे आया हुआ। २ जो आश्रय मे रहता हो।

पदास—सज्ञा स्त्री० [हिं० पादना+आस (प्रत्य०)] पादने का भाव। २. पादने की प्रवृत्ति।

पदासन—सज्ञा पुं० [सं०] पादपीठ। चरणपीठ [को०]।

पदासा—सज्ञा पुं० [हिं० पदास] वह जिसकी पादने की इच्छा या प्रवृत्ति हो।

पदासीन—वि० [स०] किसी विशेष पद पर प्रतिष्ठित [को०]।

पदिक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पैदल सेना। पदाति सेना। २ पैर का अगला भाग। ३ पैदल चलनेवाला व्यक्ति।

पदिकⓊ†[2]—सज्ञा पुं० [सं० पदक] १ गले में पहनने का वह गहना जिसपर किसी देवता आदि के चरण अकित हो। २ जुगनू नाम का गले में पहनने का गहना। ३ हीरा। ४ रत्न।

यौ०—**पदिकहार** = रत्नहार। मणिमाल। उ०—उर श्रीवत्स रुचिर वनमाला। पदिकहार भूषन मनि जाला।—मानस, १।१४७।

५ दे० 'पदक'।

पदिकⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पदिक] पदिक। हीरा। उ०—गुलिक्क कर्ण राजही। विसद् हार साजही। पदिक्क सीस शोभय रिपीस पु ज लोभय।—प० रासो, पृ० १०।

पदीⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० पद] पैदल। पदाति। प्यादा।

पदी[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] पदो का समूह। जैसे, त्रिपदी, चतुष्पदी, सप्तपदी आदि [को०]।

पदुⓊ—सज्ञा पुं० [स० पद] दे० 'पद'।

पदुम—सज्ञा पुं० [सं० पद्म] १ घोडो का एक चिह्न या लक्षण जो मोरवो के पास होता है। भारतवासी इसे दोष नही मानते, पर ईरान के लोग इसे दोष मानते हैं। २ दे० 'पद्म'। उ०—बदौं गुरुपद पदुम परागा। सुरुचि सुवास सरस अनुरागा।—मानस, १।१।

पदुमिनि, पदुमिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्मिनी] दे० 'पद्मिनी'। उ०—हौं पदुमिनी मानसर केवा। भवर मराल करहि निति सेवा।—पदमावत, पृ० ४५१।

पदेक—सज्ञा पुं० [सं०] श्येन पक्षी। बाज [को०]।

पदेन—क्रि० वि० [सं० पद शब्द के तृतीया एकवचन का रूप] पद पर प्रतिष्ठित होने से। अधिकार विशेष से [को०]।

पदोड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० पाद+ओड़ा (प्रत्य०)] १ जो बहुत पादता हो। अधिक पादनेवाला। २ कायर। डरपोक। (क्व०)।

पदोदक—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह जल जिससे पैर धोया गया हो। २. चरणामृत।

पदौक—सज्ञा पुं० [देश०] एक वृक्ष जो बरमा में अधिकता से होता है। इसकी लकडी मजबूत और कुछ लाली लिए सफेद रग की होती है।

पद्—सज्ञा पुं० [स०] १ पद। पैर। २ पाद। अश। चतुर्थांश [को०]।

पद्ग—सज्ञा पुं० [सं०] पैदल सैनिक। प्यादा। सिपाही [को०]।

पद्दू†—सज्ञा पुं० [हिं० पाद] दे० 'पदोडा'।

पद्धटिका—सज्ञा पुं० [सं०] एक मात्रिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे ११ मात्राएँ होती हैं और अत में जगण होता है। जैसे,—श्री कृष्णचद्र अरविंद नैन। धरि अधर बजावत मधुर बैन। इसी को पद्धरि वा 'पज्झटिका' भी कहते हैं।

पद्धड़ी—सज्ञा स्त्री० [स० पद्धटिका] दे० 'पद्धटिका'।

पद्धति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ राह। पथ। मार्ग। सडक। २ पक्ति। कतार। ३ रीति। रस्म। रिवाज। परिपाटी। चाल। ४ वह पुस्तक जिसमे किसी प्रकार की प्रथा या कार्य-प्रणाली लिखी हो। कर्म या सस्कारविधि की पोथी। जैसे, विवाह पद्धति। ५ वह पुस्तक जिसमे किसी दूसरी पुस्तक का अर्थ या तात्पर्य समझाया जाय। ६ ढग। तरीका। ७ कार्यप्रणाली। विधिविधान। ८ उपनाम। अल्ल। जैसे, त्रिपाठी, घोष, दत्त, वसु आदि।

पद्धती—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० पद्धति (को०)।

पद्धरि, पद्धरी—सज्ञा पु० [सं० पद्धरिका] दे० 'पद्धटिका'।

पद्धिम—सज्ञा पुं० [स० पद्+हिम] पैर की शीतलता। पाँव ठढा होना (को०)।

पद्धी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] खेल में किसी लडके का, जीतने पर, दाँव लेने के लिये, हारनेवाले लडके की पीठ पर चढ़ना।

क्रि० प्र०— देना। —लेना।

पद्म—सज्ञा पुं० [स०] १ कमल का फूल या पौधा। २ सामुद्रिक के अनुसार पैर मे का एक विशेष आकार का चिह्न जो भाग्य-सूचक माना जाता है। ३ किसी स्तभ के सातवें भाग का नाम (वास्तुविद्या)। ४ विष्णु के एक आयुध का नाम। ५ कुबेर की नौ निधियो मे से एक निधि। गले मे पहनने का एक प्रकार का गहना। ७ शरीर पर का सफेद दाग। ८. हाथी के मस्तक या सूँड पर बने हुए चित्रविचित्र चिह्न। ९ पदम या पदमाख वृक्ष। १० साँप के फन पर बने हुए चित्रविचित्र चिह्न। ११ एक ही कुरसी पर बना हुआ, एक ही शिखर का आठ हाथ चौडा घर (वास्तुविद्या)। १२ एक नाग का नाम। १३ सीमा। १४ पुष्करमूल। १५ गणित में सोलहवें स्थान की सख्या (१०० नील) जो इस प्रकार लिखी जाती है—१००,००,००,००,००,००,०००। १६ बौद्धो के अनुसार एक नक्षत्र का नाम। १७ पुराणानुसार एक कल्प का नाम। १८ तत्र के अनुसार शरीर के भीतरी भाग का एक कल्पित चक्र जो सोने के रग का और बहुत ही प्रकाशमान माना जाता है। १९ सोलह प्रकार के रतिबधो में से एक। २० बत्तीस या

एक नाम। २१ पुराणानुसार एक नरक का नाम। २२ एक प्राचीन नगर का नाम। २३ पुराणानुसार जबू द्वीप के दक्षिणपश्चिम का एक देश। २४ कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम। २५ जैनो के अनुसार भारत के नवें चक्रवर्ती का नाम। २६ एक पुराण का नाम। दे० 'पुराण'। २७ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण, एक सगण और अत मे लघु गुरु होते हैं। जैसे,—कब पहुँचे सद्म री। लखहै पद पद्म री। २८ दे० 'पद्मव्यूह'। २९ दे० 'पद्मासन'। ३० दे० 'पद्मा' (नदी)।

पद्मकंद—सज्ञा पुं० [स० पद्मकन्द] कमल की जड। मुरार। भिस्सा। भसीड।

पद्मक—सज्ञा पुं० [स०] १ पदम या पदमकाठ नाम का पेड। २. सेना का पद्मव्यूह। ३ सफेद कोढ। ४ कुट नाम की ओषधि ५ हाथी की सूँड पर के चित्र विचित्र दाग (को०)।

पद्मकर—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २ सूर्य। ३ कमलकर। कमल के समान हाथ (को०)।

पद्मकरा—सज्ञा स्त्री० [स०] लक्ष्मी (को०)।

पद्मकर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कमल का बीजकोश। पद्मकोश। २ पद्मव्यूह में स्थित सेना का मध्य या केंद्रभाग (को०)।

पद्मकाष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पदमकाठ'।

पद्मकाह्वय—सज्ञा पुं० [स०] पद्माख या पदम नाम का वृक्ष।

पद्मकिंजल्क—सज्ञा पुं० [सं० पद्मकिञ्जल्क] कमल का केसर।

पद्मकी—सज्ञा पु० [सं० पद्मकिन्] १. भोजपत्र का पेड। २ गज। हाथी (को०)।

पद्मकीट—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का जहरीला कीडा।

पद्मकेतन—सज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार गरुड के एक पुत्र का का नाम।

पद्मकेतु—सज्ञा पुं० [स०] वृहत्सहिता के अनुसार एक पुच्छल तारा जो मृणाल के आकार का होता है। यह केतु पश्चिम की ओर एक ही रात भर दिखलाई पडता है। गौर वर्ण का वह केतु जो पश्चिम दिशा में एक ही रात तक दिखाई देता है।

पद्मकेशर—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पद्मकिंजल्क' [को०]।

पद्मकोश—सज्ञा पुं० [सं०] १ कमल का संपुट। २ कमल के बीच का छत्ता जिसमे बीज होते हैं। ३. हाथ की उँगलियो की एक मुद्रा जो कमल के आकार की होती है (को०)।

पद्मक्षेत्र—सज्ञा पु० [सं०] उडीसा प्रात के एक तीर्थ का नाम।

पद्मखंड—सज्ञा पु० [स० पद्मखण्ड] कमलराशि [को०]।

पद्मगंध[1]—वि० [स० पद्मगन्ध] कमल के समान गंधवाला।

पद्मगध[2]—सज्ञा पुं० दे० 'पद्मगधि' [को०]।

पद्मगंधि—सज्ञा पुं० [सं० पद्मगन्धि] पद्माख या पदम नाम का वृक्ष।

पद्मगर्भ—सज्ञा सं० [स०] १ कमल का भीतरी भाग। २ ब्रह्मा। ३ विष्णु (को०)। ४ शिव (को०)। ५ सूर्य। ६. बुद्ध। ७ एक बोधिसत्व।

पद्मगुणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पद्मगृहा' [को०]।

पद्मगुप्त—सज्ञा पुं० [सं०] सस्कृत महाकाव्य 'नवसाहसाकचरित' के रचयिता जो मुज और भोज की सभा मे थे। इनका एक नाम परिमल भी है।

पद्मगृहा—सज्ञा स्त्री० [स०] लक्ष्मी का एक नाम।

पद्मचारिणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ गेंदा। २ शमी वृक्ष। ३ हल्दी। ४ लाख।

पद्मचय—सज्ञा पुं० [सं०] कमलसमूह। कमलराशि। उ०—होती है प्रिय सद्म पद्मचय मे पद्मासना की प्रभा।—पारिजात, पृ० ११०।

पद्मज, पद्मजात—सज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा।

पद्मतंतु—सज्ञा पुं० [स० पद्मतन्तु] मृणाल। कमल की नाल।

पद्मदर्शन—सज्ञा पुं० [सं०] लोहवान।

पद्मनाभ—सज्ञा पुं० [स०] १ शत्रु के फेंके हुए अस्त्र को निष्फल करने का एक मत्र या युक्ति। २ विष्णु। ३ धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। ४ जैनो के अनुसार भावी उत्सर्पिणी के पहले अर्हत का नाम। ५ महादेव। शिव (को०)। ६ एक नाग (को०)।

पद्मनाभि—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

पद्मनाल—सज्ञा स्त्री० [स०] कमलनाल। कमल की डडी [को०]।

पद्मनिधि—सज्ञा स्त्री० [स०] कुबेर की नौ निधियों में से एक निधि का नाम।

पद्मनेत्र—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का पक्षी। २ बौद्धो के अनुसार एक बुद्ध का नाम, जिनका अवतार अभी होने को है। ३ वह जिसकी आँख कमल के समान हो।

पद्मपत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुहकरमूल। पुष्करमूल। २ कमल का पत्ता। पुरइन पात (को०)।

पद्मपर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पद्मपत्र'।

पद्मपाणि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ ब्रह्मा। २ बुद्ध की एक विशेष मूर्ति। ३ एक बोधिसत्व, जो अमिताभ बुद्ध के देवपुत्र कहे गए हैं। इनकी उपासना नेपाल, तिब्बत चीन आदि देशों में होती है। ४ सूर्य।

पद्मपाणि[2]—वि० जिसके हाथ में कमल हो [को०]।

पद्मपुराण—सज्ञा पुं० [सं०] अठारह पुराणों मे से एक पुराण।

पद्मपुष्प—सज्ञा पुं० [सं०] १. कनेर का पेड। २ एक प्रकार का पक्षी। ३ पद्म का फूल।

पद्मप्रभ—सज्ञा पुं० [सं०] १ बौद्धो के अनुसार एक बुद्ध का नाम जिनका अवतार अभी होने को है। २. जैनो के अनुसार वर्तमान अवसर्पिणी के छठे अर्हत (को०)।

पद्मप्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मनसा देवी जो जरत्कारु मुनि की पत्नी थी। २ गायत्रीस्वरूपा महादेवी [को०]।

पद्मबंध—सज्ञा पुं० [स० पद्मबन्ध] एक प्रकार का चित्रकाव्य

जिसमे अक्षरो को ऐसे क्रम से लिखते हैं जिससे एक पद्म या कमल का आकार बन जाता है।

पद्मबंधु—सज्ञा पुं० [सं० पद्मबन्धु] १. सूर्य जिनके उदय से कमल खिलता है। २ भौंरा। भ्रमर (को०)।

पद्मबीज—सज्ञा पुं० [स०] कमलगट्टा। कमल का बीज।

पद्मबीजाभ—सज्ञा पुं० [सं०] मखाना।

पद्मभव—सज्ञा पुं० [सं०] पद्म से उत्पन्न-ब्रह्मा।

पद्मभास—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २ शिव (को०)।

पद्मभू—सज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा।

पद्मभूषण—सज्ञा पुं० [स० पद्म + भूषण] एक पदवी या अलंकार जो भारत सरकार की ओर से प्रदान की जाती है। यह पद्मश्री से बडी होती है।

पद्मालिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] लक्ष्मी (को०)।

पद्ममाली—सज्ञा पुं० [सं० पद्ममालिन्] एक राक्षस का नाम।

पद्ममुखी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दुरालभा या घमासा नाम का कँटीला पौधा। २ दूर्वा। दूब।

पद्ममुद्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] तान्त्रिको की पूजा मे एक मुद्रा जिसमे दोनो हथेलियो को सामने करके उँगलियाँ नीचे रखते हैं और अँगूठे मिला देते हैं।

पद्मयोनि—सज्ञा पुं० [स०] १ बुद्ध का एक नाम।

पद्मराग—सज्ञा पुं० [सं०] मानिक या लाल नामक रत्न। उ०—सौगधिक, गुरुविंद और स्फटिक इन तीन भाँति के पत्थरो से पद्मराग (लाल) का जन्म होता है।—बृहत्०, पृ० ३८५।

पद्मरेखा—सज्ञा स्त्री० [स०] सामुद्रिक के अनुसार हथेली की एक प्रकार की प्राकृतिक रेखा जो बहुत भाग्यवान् होने का लक्षण मानी जाती है।

पद्मलाछन—सज्ञा पुं० [सं० पद्मलाञ्छन] १ ब्रह्मा। २ कुबेर। ३ सूर्य। ४ राजा (को०)। ५ एक बुद्ध (को०)।

पद्मलांछना—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्मलाञ्छना] १ सरस्वती का एक नाम। २ लक्ष्मी का एक नाम (को०)। ३ तारा का एक नाम।

पद्मलोचन—वि० [सं०] कमल सदृश नेत्र। कमलनेत्र [को०]।

पद्मवनबांधव—सज्ञा पुं० [सं० पद्मवनबान्धव] सूर्य, जिनके उदय से कमल खिलते हैं [को०]।

पद्मवर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार यदु के एक पुत्र का नाम। २ दे० 'पद्मवर्णक'।

पद्मवर्णक—सज्ञा पुं० [सं०] पुष्करमूल।

पद्मवासा—सज्ञा स्त्री० [सं०] लक्ष्मी [को०]।

पद्मविभूषण—सज्ञा पु० [सं०] स्वतत्र भारत की सरकार द्वारा दिया जानेवाला खिताब या अलकार।

पद्मवीज—सज्ञा पुं० [सं०] कमलगट्टा।

पद्मवीजाभ—सज्ञा पु० [सं०] मखाना।

पद्मवृक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] पदमकाठ। पदम। पद्माख।

पद्मवेश—सज्ञा पुं० [स०] विद्याधरो का एक राजा [को०]।

पद्मव्याकोश—सज्ञा पुं० [स०] वह सैंध जो सकुचित या कोशबद्ध कमल के आकार की हो [को०]।

पद्मव्यूह—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीन काल मे युद्ध के समय किसी वस्तु या व्यक्ति की रक्षा के लिये सेना को रखने की एक विशेष स्थिति जिसमे सारी सेना कमल के आकार की हो जाती थी। २ एक प्रकार की समाधि।

पद्मश्री—सज्ञा पुं० [सं०] एक बोधिसत्व का नाम। २ एक पदवी या अलकार जो भारत सरकार की ओर से विशिष्ट व्यक्तियो को दी जाती है।

पद्मषंड—सज्ञा पुं० [सं० पद्मषण्ड] दे० 'पद्मखड' (को०)।

पद्मसंकाश—वि० [सं० पद्मसङ्काश] कमल के समान। कमल के सदृश। कमलवत् [को०]।

पद्मसंभव—सज्ञा पुं० [सं० पद्मसम्भव] ब्रह्मा [को०]।

पद्मसद्मा—सज्ञा पुं० [सं० पद्मसद्मन्] ब्रह्मा [को०]।

पद्मसमासन—सज्ञा पुं० [स०] ब्रह्मा [को०]।

पद्मस्तुपा—सज्ञा स्त्री० [सं०] गगा का एक नाम। २ दुर्गा का एक नाम। ३ लक्ष्मी का एक नाम (को०)।

पद्मस्वस्तिक—सज्ञा पुं० [सं०] वह स्वस्तिक चिह्न जिसमे कमल भी बना हो।

पद्महस्त—सज्ञा पुं० [स०] १ प्राचीन काल की लबाई नापने की एक प्रकार की नाप। २ दे० पद्मपाणि।

पद्महस्ता—सज्ञा स्त्री० [स०] लक्ष्मी का एक नाम (को०)।

पद्महास—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

पद्मांतर—सज्ञा पुं० [सं० पद्मान्तर] कमल पत्र। कमल दल [को०]।

पद्मा—सज्ञा स्त्री०] सं०] १ लक्ष्मी। २ बगाल मे बहनेवाली गगा की पूर्वी शाखा। ३ भादो सुदी एकादशी तिथि। ४ गेंदे का वृक्ष। ५ कुसुम का फूल। ६ लौंग। मनसा देवी का एक नाम। ७ बृहद्रथ की कन्या का नाम जो कल्कि देव के साथ ब्याही गई थी। ९ पद्मचारिणी लता।

पद्माकर—सज्ञा पुं० [स०] १ बडा तालाब या झील जिसमे कमल पैदा होते हो। २ तालाब। सरोवर (को०)। ३ पद्मपुष्पो की राशि या समूह। ४ हिंदी के एक प्रसिद्ध कवि का नाम।

विशेष—पद्माकर तैलग ब्राह्मण थे। इनका जन्मसमय सन् १८१० है। इनके पिता का नाम मोहनलाल भट्ट था और ये मध्यप्रदेशांतर्गत 'सागर' मे निवास करते थे।

पद्माक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] १ कमलगट्टा। कमल के बीज। २ विष्णु।

पद्माख—सज्ञा पुं० [स० पद्मकाष्ठ] पदुमकाठ या पदुम नामक वृक्ष। विशेष—दे० 'पदम'।

पद्माचल—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक पर्वत का नाम।

पद्माट—सज्ञा पुं० [स०] चक्रवेंड। चक्रमर्द।

पद्माधीश—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

पद्मालय—सज्ञा पु० [स०] ब्रह्मा।

पद्मालया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ लक्ष्मी। २. लौंग।

पद्मावती—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पटना नगर का प्राचीन नाम। २ पन्ना नगर का प्राचीन नाम। ३ उज्जयिनी का एक प्राचीन नाम। ४ एक मात्रिक छद का नाम जिसके प्रत्येक चरण मे १०, ८, और १४ के विराम से ३० मात्राएँ होती है और अत मे दो गुरु होते हैं। जैसे,—यद्यपि जगकर्ता पालक हर्ता परिपूरण वेदन गाए। अति तदपि कृपा करि मानुष वपु धरि थल पूँछन हम सो आए।—केशव (शब्द०)। ५ गेंदे का वृक्ष। ६ लक्ष्मी (जरत्कारु ऋषि की स्त्री का नाम)। ७ मनसा देवी का एक नाम। ८ पुराणानुसार स्वर्ग की एक अप्सरा का नाम। ९ पुराणानुसार राजा शृगाल की स्त्री का नाम। १० युधिष्ठिर की एक रानी का नाम। ११ प्राचीन काल की एक नदी का नाम। १२ लोकप्रचलित कथा के अनुसार सिंहल की एक राजकुमारी जिसे चित्तौर के राजा रत्नसेन ब्याहे थे। चित्तौर की रानी पद्मिनी का सिंहल से कोई सबध नही था, और न उसके पति का नाम रत्नसेन था, जैसा जायसी ने लिखा है।

पद्मासन—सज्ञा पुं० [स०] १ योगसाधन का एक आसन जिसमे पालथी मारकर सीधे बैठते हैं। २ वह जो इस आसन मे बैठा हो। ३ स्त्री के साथ प्रसग करने का एक आसन। ४ ब्रह्मा। उ०—स्वास उदर उलसति यो मानो दुग्ध सिंधु छवि पावै। नाभि सरोज प्रकट पदमासन उतरि नाल पछितावै।—(शब्द०)। ५ शिव। ६ सूर्य।

पद्मासनदड—सज्ञा पुं० [स० पद्मासन+दण्ड] एक प्रकार का डड (कसरत) जो पालथी मारकर और घुटने जमीन पर टेक कर किया जाता है। इससे दम सधता है और घुटने मजबूत होते हैं।

पद्मासना—सज्ञा स्त्री० [स०] लक्ष्मी। उ०—शोभा है जलराशि में विलसती उत्फुल्ल अभोज की। होती है प्रिय सद्म पद्मचय मे पद्मासना की प्रभा।—पारिजात, पृ० ११०।

पद्माह्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गेंदा। २ लवग (को०)।

पद्मिनिⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्मिनी] कमलिनी। उ०—चद जगावतु कुमुदनी पद्मिनी ही दिननाथ।—शकुतला, पृ० ९७।

पद्मिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. कमलिनी। छोटा कमल।

यौ०—पद्मिनीखड, पद्मिनीषड = (१) कमलसमूह। (५) जहाँ कमल अधिक हो। पद्मिनीवल्लभ = सूर्य।

विशेष—'पद्मिनी' शब्द में पतिवाची शब्द लगाने से उसका अर्थ 'सूर्य' होता है।

५ तालाब या जलाशय जिसमे कमल हो। ३ कोकशास्त्र के अनुसार स्त्रियो की चार जातियो मे से सर्वोत्तम जाति। कहते हैं, इस जाति की स्त्री अत्यत कोमलांगी, सुशीला, रूपवती और पतिव्रता होती है। ४. मादा हाथी। हथिनी। ५. चित्तौर की इतिहासप्रसिद्ध रानी। ६. लक्ष्मी। उ०—पद्म ऊपर पद्मिनि मानहु। रूपर ऊपर दीपति जानहु।—केशव (शब्द०)। ७ कमल का पौधा (को०)। ८ कमलों का समूह (को०)। ९ कमल की नाल (को०)।

पद्मिनीकटक—सज्ञा पुं० [सं० पद्मिनीकण्टक] एक प्रकार का क्षुद्र रोग जो कुष्ठ के अतर्गत माना जाता है। इसमें दानेदार चकत्ते पड जाते हैं।

पद्मी—सज्ञा पुं० [सं० पद्मिन्] १ पद्मयुक्त देश। २ पद्मधारी विष्णु। ३ पद्मसमूह। ४ बौद्धो के अनुसार एक लोक का नाम। ५ उक्त लोक मे रहनेवाले एक बुद्ध का नाम जिनका अवतार अभी इस ससार में होने को है।

पद्मेशय—सज्ञा पुं० [सं०] पद्म पर सोनेवाले, विष्णु।

पद्मोत्तर—सज्ञा पु० [सं०] १ कुसुम। २ एक बुद्ध का नाम।

पद्मोद्भव—सज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा।

पद्मोद्भवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मनसा देवी का एक नाम।

पद्य[1]—वि० [स०] १ पद या पैर सबधी। जिसका सबध पैरो से हो २ जिसमें कविता के पद या चरण हो।

पद्य[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पिंगल के नियमो के अनसार नियमित मात्रा वा वर्ण का चार चरणोवाला छद। कविता। गद्य का उलटा। २ शूद्र, जिनकी उत्पत्ति ब्रह्मा के चरणो से मानी जाती है। ३ शठता। ४ नातिशुष्क कर्दम। कीचड जो एकदम सूखा न हो (को०)।

पद्यकार—सज्ञा पुं० [सं०] पद्य रचनेवाला। तुकबदी करनेवाला। तुक्कड। उ०—भोज ऐसे राजाओ के सामने बात बनानेवाले पद्यकार बातों की फुलझडी छोडकर लाखो रुपए पाने लगे।—चिंतामणि, भा० २, पृ० ९१।

पद्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ शक्कर। २ पगडडी। पटरी। ३ लोगों के चलने से बनी हुई राह। दुर्री [को०]।

पद्यात्मक—वि० [स०] जो पद्यमय हो। जो छदोबद्ध हो।

पद्र—सज्ञा पु० [स०] १ गाँव। २ ग्रामपथ।

पद्रक—सज्ञा पु० [सं०] वह भूमि जो सारे समाज या समुदाय की हो पचायती जमीन।

विशेष—महानदी के किनारे राजीव नगर के राजा तिवरदेव के ताम्रपट मे यह शब्द आया है। कोशों मे 'पद्र' का अर्थ ग्राम मिलता है। डा० बूलर ने इस शब्द से 'चरागाह' का अर्थ लिया है। विल्सन ने अपने कोश में इसका अर्थ समाज या समुदाय दिया है।

पद्व—सज्ञा पु० [स०] १ राजमार्ग। सडक। २ स्यदन। रथ। ३ मर्त्यलोक [को०]।

पद्वा—सज्ञा पुं० [सं० पद्वन्] राह। रास्ता [को०]।

पधर्ति—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्धति] दे० 'पद्धति'। उ०—तितनेई गुरुदेव पधति भई न्यारी।—भक्तमाल (श्री०), पृ० ८१।

पधरनाⓤ—क्रि० अ० [हिं० पधारना] किसी बडे प्रतिष्ठित या पूज्य का आगमन। आना। उ०—लाखभिलाषन साथ लिए जसवत तहाँ पधरे गिरधारी।—जसवत (शब्द०)।

पधराना—क्रि० स० [स० प्र+धारण] १ आदरपूर्वक ले जाना। इज्जत से बैठाना। उ०—कुज महल पधराइ लाल को हटी सबै वृजवासिनि गोरी। —भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ६४१। २ प्रतिष्ठित करना। स्थापित करना।

पधरावना—क्रि० स० [हिं० पधराना] दे० 'पधराना'। उ०—यह जेमल जी आपको पधरावन आयो है।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २५१।

पधरावनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पधराना] १ किसी देवता की स्थापना। २. किसी को आदरपूर्वक ले जाकर बैठाने की क्रिया या भाव। पधराने की क्रिया।

पधारना[1]—क्रि० अ० [हिं० पग+धारना] १ जाना। चला जाना। गमन करना। उ०—हाय! इन कुजन तें पलटि पधारे श्याम देखन न पाई वह मूरति सुधामई।—द्विजदेव (शब्द०)। २ आ पहुँचना। आना। उ०—भले पधारे पाहुने ह्वै गुडहल के फूल।—बिहारी (शब्द०)। ३ गमन करना। चलना।

पधारना[2]—क्रि० स० आदरपूर्वक बैठाना। पधराना। प्रतिष्ठित करना। उ०—(क) तिल पिंडिन में हरिहिं पधारै। विविध भाँति पूजा अनुसारै।—रघुनाथ (शब्द०) (ख) एक दिन स्वप्न ही मे कह्यो भगवान हम कूप परे हमको पधारिए निकास कै।—रघुराज (शब्द०)।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग केवल बडे या प्रतिष्ठित के आने अथवा जाने के सबध मे आदरार्थ होता है।

पधियाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाधा तुल० स० उपाध्याय तथा पजाबी 'पाधा'] पुरोहिताई। उ०—परदादा करते पधियाई। दादा ने पटवार सम्हाली। पिता क्लर्क बने, फिर बढकर अपने ही दफ्तर के वाली।—चाँदनी०, पृ० ६७।

पध्धरा—वि० [देशी] ऋजु। सरल। सीधा। उ०—मारु देस उपन्नियाँ सर ज्यउँ पध्धरियाँह।—ढोला०, दू० ४८४।

पनगⓟ—सज्ञा पुं० [सं० पन्नग] सर्प। साँप। उ०—वार रवी तिथि सत्तमी चलि रथ सुतर मतग। तिहि वेरा आयो कहै डेरा माहि पनग।—पृ० रा०, १।५०८।

पन[1]—सज्ञा पुं० [सं० पण, या सं० प्रतिज्ञा, प्रा० पइण्णा] प्रतिज्ञा। सकल्प। अहद। उ०—(क) पन बिदेह कर कहहि हम भुजा उठाइ बिसाल। —मानस, १।३४६। (ख) सनमुख दियो सुरंग उडे पन पाहन आधे। निकसी खोलि किवारि रारि करिवै को राधे। —ब्रज० ग्र०, पृ० ४०।

पन[2]—सज्ञा पुं० [सं० पर्वन् (=विशेष अवस्था)] आयु के चार भागो मे से एक। उ०—सत कहहिं अस नीति दसानन। चौथेपन जाइहि नृप कानन।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—साधारणत लोग आयु के चार भाग अथवा अवस्थाएँ मानते हैं। पहली बाल्यावस्था, दूसरी युवावस्था, तीसरी प्रौढ़ावस्था, और चौथी वृद्धावस्था।

पन[3]—प्रत्य० हिं० जिसे नामवाचक या गुणवाचक सज्ञाओ मे लगाकर भाववाचक सज्ञा बनाते हैं। जैसे, लडकपन, छिछोरापन।

पन[4]—सज्ञा पुं० [हिं० पान] 'पान' शब्द का यौगिक पद प्रयुक्त रूप। जैसे, पनडब्बा, पनकुट्टी।

पन[5]—सज्ञा पुं० [हिं० पानी] 'पानी' शब्द का यौगिक पद प्रयुक्त रूप। जैसे, पनचक्की, पनडुब्बी।

पनकटा—सज्ञा पु० [हिं० पानी+काटना] वह मनुष्य जो खेतो मे इधर उधर पानी ले जाता या खीचता हो।

पनकपड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० पानी+कपड़ा] १. वह गीला कपडा जो शरीर के किसी अग पर चोट लगने या कटने या छिलने आदि पर बाँधा जाता है। २ वह कपडा जिससे तमोली पान की दूकान पर पान पोछता, ढँकता और लगाता है। इसे पनवसना भी कहते हैं। उ०—तमोली ने कत्था चूना से लाल पनकपडे पर छोटे छोटे उजले पानो को नफासत से पोछते हुए कहा।—शराबी, पृ० ४।

पनकाल—सज्ञा पुं० [हिं० पानी+काल या अकाल] वह अकाल जो अतिवर्षा के कारण हो।

पनकुकड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी+कुकड़ी] दे० 'पनकौवा'।

पनकुट्टी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पान+कूटना] वह छोटा खरल जिसमे प्राय वृद्ध या टूटे हुए दाँतवाले लोग खाने के लिये पान कूटते है।

पनकौवा—सज्ञा पु० [हिं० पानी+कौवा] एक प्रकार का जल-पक्षी। जलकौवा। विशेष दे० 'जलकौवा'।

पनखट—सज्ञा पुं० [हिं० पनहा+काठ] जुलाहो की वह लचीली धुनकी जिसपर उनके सामने बुना हुआ कपडा फैला रहता है।

पनगⓟ—सज्ञा पु० [स० पन्नग] सर्प। साँप। उ०—छुटि तिहि वेर मतग खेल देखन को धायो। एक मोजरी मद्धि पनग फन आनि लुकायो।—पृ० रा०, १।५०६।

पनगाचा—सज्ञा पुं० [हिं० पानी+गाछी (=बाग)] पानी से भरा या सीचा हुआ खेत।

पनगोटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी+गोटी] मोतिया शीतला।

पनघट—सज्ञा पु० [हिं० पानी+घाट] पानी भरने का घाट। वह घाट जहाँ से लोग पानी भरते हो। उ०—निर्दई श्याम ने फोर दई पनघट पर मोरी मागरिया।—गीत। (शब्द०)।

पनच—सज्ञा स्त्री० [स० पतञ्चिका] धनुष का रोदा या डोरी। प्रत्यचा। उ०—तीन पनच बुनही करन बडे कटन तडीर। सगुन बिना पग ना धरै निकट बन हुडीर।—पृ० रा०, ७।७६।

पनचक्की—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी+चक्की] पानी के जोर से चलनेवाली चक्की या और कोई कल।

विशेष—प्राय लोग नदी या नहर आदि के किनारे जहाँ पानी का वेग कुछ अधिक होता है, कोई चक्की या दूसरी कल लगा देते हैं और उसका सबध एक ऐसे बड़े चक्कर के साथ कर देते हैं जो बहते हुए जल मे प्राय आधा डूबा रहता है।

जब बहाव के कारण वह चक्कर घूमता है तब उसके साथ सबध करने के कारण वह चक्की या कल चलने लगती है। और इस प्रकार केवल पानी के बहाव के द्वारा ही सब काम होता है।

पनची—सज्ञा स्त्री० [देश०] गेडी के खेल मे खेलने के लिये पतली लकडी या गेडी।

पनचोरा—सज्ञा पुं० [हिं० पानी + चोर] वह बरतन जिसका पेट चौडा और मुँह बहुत छोटा हो।

पनडब्बा—सज्ञा पुं० [हिं० पान+डब्बा] वह डब्बा जिसमें पान और उसके लगाने का सामान चूना, सुपारी, कत्था आदि रहता हो। पानदान।

पनडुब्बा—सज्ञा पुं० [हिं० पानी + डूबना] पानी में गोता लगानेवाला। गोताखोर।

विशेष—पनडुब्बे प्राय कूएँ या तालाब मे गोता लगाकर गिरी हुई चीज ढूँढते अथवा समुद्र आदि मे गोते लगाकर सीप और मोती आदि निकालते हैं।

२. वह पक्षी जो पानी में गोता लगाकर मछलियाँ पकड़ता हो। ३ मुरगाबी। ४ एक प्रकार का कल्पित भूत, जिसका निवास जलाशयो में माना जाता है और जिसके विषय मे लोगो का यह विश्वास है कि वह नहानेवाले आदमियो को पकडकर डुबा देता है।

पनडुब्बी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी + डूबना] १ वह जलपक्षी जो पानी में डुबकी लगाकर मछलियाँ आदि पकडता हो। २ मुरगाबी। ३ एक प्रकार की नाव, जो प्राय पानी के अदर डूबकर चलती है। इसका अविष्कार अभी हाल में पाश्चात्य देशों मे हुआ है। सबमेरीन।

पनपथ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी + पाथना] वह रोटी जो बिना पर्थन के केवल पानी लगाकर बेली जाती है। पनेथी।

पनपना—क्रि० अ० [स० पर्ण + पर्ण (= पत्ता) वा पर्णय (= हरा होना)] १ पानी पाने के कारण फिर से हरा हो जाना। पुन अकुरित या पल्लवित होना। २ फिर से तदुरुस्त होना। रोगयुक्त होने के उपरात स्वस्थ तथा हृष्ट पुष्ट होना।

पनपनाना—क्रि० अ० [अनु० पनपन] साधारण सी बातों पर तेजी दिखाना, झल्ला उठना या आवेश मे आना। जैसे,—मेरी बात पर वह पनपना उठा।

पनपनाहट—सज्ञा स्त्री० [अनु०] 'पन' 'पन' होने का शब्द जो प्राय बाण चलने के कारण होता है।

पनपाना—क्रि० स० [हिं० पनपना] पनपने का सकर्मक रूप। ऐसा कार्य करना जिससे कोई पनपे।

पनबट्टा—सज्ञा पुं० [हिं० पान + बट्टा (= डिब्बा)] वह छोटा डिब्बा जिसमे पान के लगे हुए बीडे रखे जाते हैं।

पनबिछिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी + बीछी] पानी में रहनेवाला एक प्रकार का कीडा जो डक मारता है।

पनबिच्छी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पनबिछिया'।

पनबुड़वा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पनडुब्बा'।

पनभता—सज्ञा पुं० [हिं० पानी+भात] केवल पानी में उबाले हुए चावल। साधारण भात।

पनभरा, पनभरिया—सज्ञा पुं० [हिं० पानी+भरना] पानी भरने का काम करनेवाला। वह जो लोगों के आवश्यकतानुसार जल पहुँचाता हो।

पनमड़िया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी + माँड़ी] पतली माँड जो जुलाहे लोग बुनते समय टूटे तागों को जोडने के काम में लाते हैं।

पनर‡—वि० [सं० पञ्चदश] दे० 'पद्रह'। उ०—पु गल ढोलो प्राँहुणो रहियो सासरवाडि। पनर दिहाडा पदमणी मारू मनहर हाडि।—ढोला०, दू० ५९४।

पनरह—वि० [सं० पञ्चदश] दे० 'पद्रह'। उ०—पनरह दिनहूँ जागती, प्रीसूँ प्रेम करत। एक दिवस निद्रा सबल सूती जाणि निचत।—ढोला०, दू० ३४२।

पनलगवा—सज्ञा पुं० [हिं० पानी + लगाना] वह मनुष्य जो खेत में पानी सीचता या लगाता हो। पनकटा।

पनलगा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पनलगवा'।

पनलोहा—सज्ञा पुं० [हिं० पानी + लोहा ?] एक प्रकार का जलपक्षी जो ऋतु के अनुसार रग बदलता है।

पनव(पु)—सज्ञा पुं० [सं० प्रणव] दे० 'प्रणव'।

पनवाँ†—सज्ञा पु० [हिं० पान + वाँ (प्रत्य०)] हमेल आदि में लगी हुई बीचवाली चौकी जो पान के आकार की होती है। टिकडा। पान।

पनवाड़ी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पान + वाड़ी] वह खेत जिससे पान पैदा होता है। बरेजा।

पनवाड़ी[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पान+वाला] पान बेचनेवाला तमोली।

पनवार(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० पलवारा] दे० 'पनवारा'। उ०—कदली कर पनवार धराई। गज मुक्ताहल चौक पुराई।

पनवारा—सज्ञा [हिं० पान + वार(प्रत्य०)] पत्तो की बनी हुई पत्तल जिसपर रखकर लोग भोजन करते हैं। उ०—अब केहि लाज कृपानिधान परसत पनवारो टारो।—तुलसी। (शब्द०)।

मुहा०—**पनवारा पड़ना** = लोगों के खाने के लिये पत्तल बिछाई जाना। उ० —सादर लगे परन पनवारे।—मानस, १।३३८। **पनवारा लगाना** = पत्तल पर खाना सजाना।

२. एक पत्तल भर भोजन जो एक मनुष्य के खाने भर को हो। ३ एक प्रकार का साँप।

पनवारी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पान+वाड़ी] दे० 'पनवाडी'[1]।

पनवारी[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पान+वाला] दे० 'पनवाडी'[2]।

पनस—सज्ञा पु० [सं०] १ कटहल का वृक्ष। २ कटहल का फल। ३ रामदल का एक बदर। ४ विभीषण के चार मत्रियों में से एक। ५ काँटा। कटक।

पनसखिया—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँच + शाखा] १ एक प्रकार का फूल। २ इस फूल का वृक्ष।

पनसतालिका—सज्ञा पुं० [स०] कटहल।

पनसनालका—सज्ञा पुं० [सं०] कटहल।

पनसल्ला†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी+शाला] स्थान जहाँ पर राह-

चलतो को पानी पिलाया जाता हो। पौसरा। पनसाल। प्याऊ।

पनसाखा—सज्ञा पुं० [हिं० पाँच+शाखा] एक प्रकार की मशाल जिसमें तीन या पाँच बत्तियाँ साथ जलती हैं।

विशेष—इसमें बाँस के एक लबे डडे पर लोहे का एक पजा बँधा रहता है, जिसकी पाँचों शाखाओ को कपडा लपेटकर और तेल से चुपडकर मशाल की भाँति जलाते हैं।

पनसार†—सज्ञा पुं० [हिं० पानी+स० आसार (= धार बाँधकर पानी गिराना)] पानी से किसी स्थान को सराबोर करने की क्रिया या भाव। भरपूर सिंचाई।

पनसारी—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पसारी'। उ०—यह तो हिंदुओं का शास्त्र पनसारी की दुकान है और अक्षर कल्पवृक्ष हैं।—भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ८१६।

पनसाल[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी+शाला] वह स्थान जहाँ सर्वसाधारण को पानी पिलाया जाता है। पौसरा।

पनसाल[2]—सज्ञा [देश०] १ पानी की गहराई नापने का उपकरण। वह लकडी जिसमे इच फुट आदि के सूचक अक खुदे होते हैं और जिसको गाडकर पानी की गहराई अथवा उसका चढाव उतार देखते हैं। २ पानी की गहराई नापने की क्रिया या भाव।

पनसाला—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी+शाला] दे० 'पनसाल'।

पनसिका—सज्ञा स्त्री० [स०] कान मे होनेवाली एक प्रकार की फुसी जो कटहल के काँटे की तरह नोकदार होती है।

पनसी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कटहल का फल। २ दे० 'पनसिका'।

पनसुइया—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी + सूई] एक प्रकार की छोटी नाव जिस पर एक ही खेनेवाला दो डाँड चला सकता है।

पनसुही†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पानी + सुई [दे० 'पनसुइया'। उ० तो कोई एक पनसुही पर सवार। —प्रेमघन०, भा० २, पृ० ११३।

पनसूर—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाजा।

पनसेरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँच+सेर] दे० 'पसेरी'।

पनसोई†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पनसुइया'।

पनस्यु—वि० [सं०] प्रशसा या तारीफ सुनने का इच्छुक। जिसे प्रशसित होने की इच्छा हो।

पनह—सज्ञा स्त्री० [फा० पनाह] शरण। रक्षा या शरण पाने का स्थान। मु० पनाह मागना। उ०—मालिक मेहरबान करीम गुनहगार हररोज हरदम, पनह राखि रहीम।—दादू०, पृ० ६२७।

पनहटा—सज्ञा पुं० [हिं० पान+हाट] पान का हाट। पानदरीबा। उ०—धनहटा, सोनहटा, पनहटा, पक्वानहटा करेओ सुखरवकथा कहते।—कीर्ति०, पृ० ३०।

पनहडा—सज्ञा पुं० [हिं० पान+हाँडी [वह हाँडी, जिसमे तबोली पान अथवा हाथ धोने के लिए पानी रखते हैं।

पनहरा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पानी+हारा (प्रत्य०)] [स्त्री० पनहारन, पनहारिन, पनहारी] वह जो पानी भरने पर नौकर हो या पानी भरने का काम करता हो। पनभरा।

पनहरा[2]—सज्ञा पु० [हिं० पानी + हरा (प्रत्य०)] वह अथरी जिसमे सोनार गहने धोने आदि के लिये रखते हैं।

पनहा[1]—सज्ञा पुं० [सं० परिणाह (= विस्तार, चौड़ाई, आयाम)] १ कपडे या दीवार आदि की चौडाई। २. गूढ आशय या तात्पर्य। मर्म। भेद। जैसे,—तुम्हारी बात का पनहा मिले तब तो कोई जवाब दें।

पनहा[2]—सज्ञा पु० [स० पण (= रुपया पैसा)+हार] १. चोरी का पता लगानेवाला। उ०—सीस चढे पनहा प्रकट कहैं, पुकारे नैन।—बिहारी (शब्द०)। २ वह पुरस्कार जो चुराई हुई वस्तु लौटा या दिला देने के लिये दिया जाय।

पनहारा—सज्ञा पुं० [हिं० पानी + हारा (प्रत्य०)][स्त्री० पनहारन, पनहारिन, पनहारी] वह जो पानी भरने पर नौकर हो। पानी भरनेवाला। पनभरा।

पनहारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पनहारा] पानी भरने का काम करनेवाली नौकरानी। उ०—एक गऊ कुछ दूर रँभाई, पनहारी पनघट से आई।—आराधना, पृ० ८५।

पनहिⓈ—सज्ञा स्त्री० [स० उपानह] दे० 'पनही'। उ०—मोचिनि वदन सँकोचिनि हीरा माँगन हो। पनहि लिहे कर सोभित सुदर आँगन हो।—तुलसी ग्र० पृ० ४।

पनहिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पनही+इया (प्रत्य०)] दे० 'पनही'। उ०—जननी निरखति बान धनुहियाँ। बार बार उर नैननि लावति प्रभु छू की ललित पनहियाँ।—तुलसी ग्र०, पृ० ३५०।

पनहियाभद्र—सज्ञा पु० [हिं० पनही+भद्र (= मुंडन)] सिर पर इतने जूते पडना कि बाल उड जायँ। जूतो की वर्षा। जूतो द्वारा पिटाई।

पनही†—सज्ञा स्त्री० [स० उपानह] जूता। उ०—(क) राम लखन सिय बिनु पग पनही। करि मुनि बेष फिरहि बन बनही।—मानस, २।२१०। (ख) और जब आपने मन की दुचिताई के भय से पनही कमर मे बाँध ली थी उसको देख के पुजारी पडो ने आपका तिरस्कार किया।—भक्तमाल (श्री०), पृ० ४७२।

पनही‡—वि० स्त्री० [हिं० पना+ही (प्रत्य०)] पना से युक्त। पनावाली। जैसे, पनही भाँग।

पना—सज्ञा पुं० [सं० प्रपानक या पानीय] आम, इमली आदि के रस से बनाया जानेवाला एक प्रकार का शरबत। पानक। प्रपानक। पन्ना। उ०—पन बहु जबुअ अबुअ मेलि। निचोरिय दारिम दाख सुठेलि।—पृ० रा०, ६३। १०६।

विशेष—पना कच्चे और पक्के दोनों प्रकार के फलो से तैयार किया जाता है। पक्के फल का रस या गूदा यो ही अलग कर दिया जाता है और कच्चे का गूदा अलग करने के पहले उसे भूना या उबाला जाता है। फिर उसको खूब मसलकर मीठा

मिला देते हैं। लौंग, कपूर और कभी कभी नमक तथा लालमिर्च भी पन्ने में मिलाई जाती है और हींग, जीरे, आदि का बघार दिया जाता है। वैद्यक के अनुसार पना रुचिकारक, तत्काल बलवर्धक और इंद्रियो को तृप्ति देनेवाला है।

पनाती—सज्ञा पुं० [सं० **पनप्तृ**] [स्त्री० **पनातिन**] पुत्र अथवा कन्या का नाती। पोते अथवा नाती का पुत्र।

पनार—सज्ञा पुं० [स० **प्रणाली**] दे० परनाला'।

पनारा—सज्ञा पु० [स० **प्रणालि**] दे० 'परनाला'। उ०—रहट चलत वा ग्राम तहँ, ठहरत प्रीति अपार। लगे पनारे रहट के, परत अखडित धार।—पृ० रासो, पृ० २३।

पनारिⓊ[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० **पर+नारी**] परस्त्री। परकीया स्त्री या नायिका।

पनारिⓊ[2]—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रणाली**] नाली। पनाली। मोरी। उ०—दई पनारि खुलाइ, सरिता ज्यौं विथिन गयो।—नद० ग्र०, पृ० ३३४।

पनारी†—सज्ञा स्त्री० [सं० **प्रणाली**] लबी रेखा। उ०—सिर पर रोरी और सिंदूर की पनारी निकाल सुदर चुटिला देकर वह सुढार वेणी गूथूँ।—पोद्दार० अभि० ग्र०, पृ० १९३।

यौ०—**पनारीदार** = जिसमें नालियाँ बनी हो।

पनाला—सज्ञा पुं० [स० **प्रणाली**] [स्त्री० **पनाली**] दे० 'परनाला'।

पनासना†—क्रि० स० [सं० **पानाशन**] पोषण करना। पोसना। परवरिश करना। उ०—कन्व जी इसके पिता इसलिये कहाते हैं कि पडी हुई को उठा लाए थे। और उन्होंने पाली पनासी है।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)।

पनाह—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ शत्रु से, सकट या कष्ट से बचाव या रक्षा पाने की क्रिया या भाव। त्राण। बचाव। उ०—महिमा मँगोल ताकी पनाह। बैठ्यो अडोल तिन गही बाह।—हम्मीर०, पृ० १६।

क्रि० प्र०—पाना।—माँगना।

मुहा०—(किसी से) **पनाह माँगना** = किसी बहुत ही अप्रिय या अनिष्ट वस्तु अथवा व्यक्ति से दूर रहने की कामना करना। किसी से बहुत बचने की इच्छा करना। जैसे,—आप दूर रहिए, मैं आपसे पनाह माँगता हूँ।

२ रक्षा पाने का स्थान। बचाव का ठिकाना। शरण। आड। ओट।

क्रि० प्र०—ढूँढ़ना।—देना।—पाना।—माँगना।

मुहा०—**पनाह लेना** = विपत्ति से बचने के लिये रक्षित स्थान मे पहुँचना। शरण लेना।

पनाही†—सज्ञा स्त्री० [फा० **पनाह+ई** (प्रत्य०)] एक प्रकार का अर्थदड। उ०—'पनाही' दडस्वरूप उस जुर्माने को कहते हैं जो चोर को इसलिये बाध्य होकर देना पडता हैं जिससे चोर चोरी का माल वापस कर दे।—नेपाल०, पृ० १०५।

पनि[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रण**, प्रा० **पण**] प्रतिज्ञा। प्रण। उ०—याकी ही पनि पार तू छोडि जीय की गाँस।—ब्रज० ग्र०, पृ० ५३।

पनि[2]—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी**] पानी शब्द का यौगिक पद प्रयुक्त रूप। जैसे, पनिगर, पनिघट, पनिहारी।

पनि[3]—क्रि० वि० [सं० **पुन**, हिं० **पुनि**]। फिर। पुन उ०—तौ पनि सुजन निमित्त गुन रचिए तन मन फूल। जू का भय जिय जानि कै क्यो डारियै दुकूल।—पृ० रा०, १।५४।

पनिक†—सज्ञा पु० [देश०] १ जोलाहो का एक बँचीनुमा औजार जिस पर ताना फैलाकर पाई करते हैं। २ कडाल। विशेष—दे० 'कडाल'।

पनिख†—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पनिक'।

पनिगर‡—वि० [हिं० **पानी+फा गर**] दे० 'पानीदार'।

पनिघट—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी+घाट**] दे० 'पनघट'। उ०—(क) पनिघट परम मनोहर नाना। तहाँ न पुरुष करहिं अस्नाना।—मानस, ७।२९। (ख) पनिवारे घट मैं बसै पनिघटि और न जात।—स० सप्तक, पृ० १७४।

पनिचⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **पतञ्चिका**] धनुष की ज्या। उ०—(क) खैंचि पनिच भृकुटी धनुक बधिक समरु तजि कानि। हनत तरुन मृग तिलक सुर सुरक भाल भरि तानि।—बिहारी (शब्द०)। (ख) पुहुप को चाप पनिच अलि किए। पच बान पाँचो कर लिए।—नद० ग्र०, पृ० १४०।

पनिड़ो—सज्ञा स्त्री० [स० **पयदरीक**] पुडरिया। पडरीक वृक्ष।

पनियाँ†[1]—वि० [हिं० **पानी+इया** (प्रत्य०)] १ पानी के सबध का। २ पानी में उत्पन्न। ३ जिसमें पानी मिला हो। ४ पानी में रहनेवाला। ५ दे० 'पनिहा'।

पनियाँ†[2]—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी**] पानी। उ०—पहिल गवनवाँ ऐलू, पनियाँ के भेजलन हो।—घरम०, पृ० ६४।

पनियाना†—क्रि० स० [हिं० **पानी+आना** (प्रत्य०)] १. पानी से सींचना या तर करना। २. तग करना। परेशान करना। दिक करना। ३ पानी से युक्त होना। (बाजारू)।

पनियार†‡—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी+यार** (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ पानी ठहरता हो। २ वह दिशा जिसकी ओर पानी बहता हो।

पनियारा†‡—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी**] बाढ।

पनियाला—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी+इयाल** (प्रत्य०)] एक प्रकार का फल।

पनियासोत†—वि० [हिं० **पानी+सोत**] (तालाब, खाई आदि) जिसमे पानी का सोता निकला हो। अत्यत गहरा। जैसे, पनियासोत खाई।

पनियाही†—वि० [हिं०] पानी में भीगी। पानी से नम। उ०—पनियाही घासो की हाथ भर मोटी घनी तह छाई हुई थी।—नई०, पृ० ३१।

पनिवा—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पनुआँ'।

पनिसिगा—सज्ञा पुं० [हिं०] जलपीपल।

पनिहा[1]—वि० [हिं० **पानी** + **हा** (प्रत्य०)] १ पानी में रहनेवाला जैसे, पनिहा साँप। २. जिसमे पानी मिला हो। पनमेल। जैसे, पनिहा दुग्ध। ३. पानी सबधी। जल सबधी।

पनिहा[2]—सज्ञा पुं० दे० 'पनुआँ'।

पनिहा[3]—सज्ञा पु० [स० **प्रणिधा**] वह जो चोरी आदि का पता लगाता हो। जासूस। भेदिया। उ०—लालन लहि पाएँ दुरै चोरी सौह करै न। सीस चढ़े पनिहा प्रगट कहैं पुकारै नैन।—बिहारी (शब्द०)।

पनिहार—सज्ञा पुं० [हिं० **पानी** + **हारा** (प्रत्य०)] [स्त्री० पनिहारी] दे० 'पनहरा'। उ०—(क) आकाशे अँवदा कुआँ पाताले पनिहार।—कबीर (शब्द०)। (ख) जस पनिहारी धरे सिर गागर सुणि न टरै वतरावत सबसे।—धरम०, पृ० ७५।

पनीⓊ†—सज्ञा पुं० [स० **पणी**] प्रण करनेवाला। प्रतिज्ञा करनेवाला। उ०—वाँह पगार उदार सिरोमनि नतपालक पावन पनी। सुमन वरषि रघुपति गुन गावत हरषि देव दुदुभि हनी।—तुलसी (शब्द०)।

पनीर—सज्ञा पुं० [फा०] १ फाडकर जमाया हुआ दूध। छेना।

विशेष—इसे वनाने के लिये पहले दूध को फाड लेते हैं। फिर छेने मे नमक और मिर्च मिलाकर साँचे मे भर देते हैं जिससे उसकी चकत्तियाँ वन जाती हैं।

मुहा०—पनीर चटाना = काम निकालने के लिये किसी की खुशामद करना। हत्थे चढाने के लिये किसी को परचाना। **पनीर जमाना** = (१) ऐसी बात करना जिससे आगे चलकर बहुत से काम निकलें। (२) किसी वस्तु पर अधिकार करने के लिये कोई आरभिक कार्य करना।

२ वह दही जिसका पानी निचोड लिया गया हो।

पनीरी—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ फूल, पत्तों के वे छोटे पौधे जो दूसरी जगह ले जाकर रोपने के लिये लगाए गए हो। फूल पत्तों के वेहन।

क्रि० प्र०—जमाना।

२ वह क्यारी जिसमे पनीरी जमाई गई हो। वेहन की क्यारी। ३ गलगल नीवू के फाँको के ऊपर का गूदा।

पनीला—वि० [हिं० **पानी**+**इला** (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० **पनीली**] जिसमे पानी हो। पानी मिला हुआ। जलयुक्त।

पनुआँ[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **पन** (= **पानी**) + **उआ** (प्रत्य०)] वह शरवत जो गुड के कडाहे से पाग निकाल लेने के पीछे उसे धोकर तैयार किया जाता है। गुड के कडाहे की धोवन का शरवत। पनियाँ।

विशेष—पाग निकाल लेने के पश्चात् कडाहे में तीन चार घड़े पानी छोड देते हैं। फिर कडाहे को उससे अच्छी तरह धोकर थोडी देर तक उसे गरमाते हैं। उवलना आरभ होने पर प्राय शरवत तैयार समझा जाता है। यह प्राय सुवह पीया जाता है।

पनुआँ[2]—वि० [हिं० **पानी**] जिसमें अधिक पानी मिल गया हो। फीका।

पनुवाँ—वि० [हिं० **पन**(= **पानी**)+**उवाँ** (प्रत्य०)] फीका। पनुआँ। उ०—पनुवाँ रगन मेजि निवारै। गाढो रग अछत जिमि चोरै। रग देइ तुरतै न निचोरै। रस रसरी पर टाँग देरेरै। —देवस्वामी (शब्द०)।

पनेथी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पन** (= **पानी**) + **एथी**] पानी लगाकर पोई हुई रोटी। मोटी रोटी।

पनेरी[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पनीरी'।

पनेरी[2]—सज्ञा पु० [हिं० **पन**(**पान** =)+**एरी** (प्रत्य०)] पान वेचनेवाला तँबोली।

पनेहड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पनहडा'।

पनेहरा—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पनहरा'।

पनैला—सज्ञा पु० [हिं० **मनीला** (= एक प्रकार का सन)] एक प्रकार का गाढा, चिकना और चमकीला कपडा जो प्राय गरम कपडो के नीचे अस्तर देने के काम आता है।

विशेष—जिस पौधे के रेशे से यह कपडा वुना जाता है वह फिलीपाइन द्वीपपुंज मे होता है। मनीला इस द्वीपपुज की राजधानी है। सभवत वहाँ से चालान किए जाने के कारण पहले रेशे ने और फिर उससे वुने जानेवाले कपडे ने मनीला नाम पाया है।

पनोती†—सज्ञा स्त्री० [स० **पर्वन्** (= विशेष अवस्था), हिं० **पन**+**ओती** (प्रत्य०)] अवस्था। जैसे, वालापन, युवापन। उ०—आयुष्य की चारो पनोतियो में प्रभु को भूलकर माया के जाल में फँस रहे तो क्या यही तुम्हारी वुद्धि है। —सुदर ग्र० (भू०), भा० १, पृ० ४६।

पनौआँ†—सज्ञा पुं० [हिं० **पन** (= **पान**)+**औआ** (प्रत्य०)] एक पकवान जो पान के पत्ते को वेसन या चौरीठे में लपेटकर घी या तेल में तलने से वनता है।

पनौटी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पन** (= **पान**) + **औटी** (प्रत्य०)] पान रखने की पिटारी। वाँस की फट्टियो का वुना हुआ पानदान। वेलहरा।

पन्न[1]—वि० [सं०] १ गिरा हुआ। पटा हुआ। २ नष्ट। गत।

पन्न[2]—सज्ञा पुं० १ रेंगना। सरकते हुए चलना। २ नीचे की ओर जाना। अधोगमन।

यौ०—पन्नग।

पन्नई—वि० [हिं० **पन्ना** + **ई** (प्रत्य०)] पन्ने के रग का। जिसका रंग पन्ने का सा हो।

पन्नग[1]—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० पन्नगी] १ सर्प। साँप। २ पखाख। ३ एक वूटी।

पन्नग[2]Ⓤ—सज्ञा पु० [हिं० **पन्ना**] पन्ना। मरकत।

पन्नगकेसर—सज्ञा पुं० [सं०] नागकेसर ।

पन्नगनाशन—सज्ञा पुं० [सं०] गरुड [को०] ।

पन्नगपति—सज्ञा पुं० [स०] शेषनाग । उ०—पन्नग प्रचड पति प्रभु की पनच पीन पर्वतारि पर्वत प्रभान मान पावई ।—केशव (शब्द०) ।

पन्नगारि—सज्ञा पुं० [सं०] गरुड । उ०—पन्नगारि असि नीति श्रुति समत सज्जन कहहिं ।—मानस, ७।९५ ।

पन्नगाशन—सज्ञा पु० [स०] गरुड [को०] ।

पन्नगिनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पन्नग+हिं० इनी (प्रत्य०)] सर्पिणी । नागिन । उ०—इक इक अलक लटकि लोचन पर, यह उपमा इकआवति । मनहु पन्नगिनि उतरि गगन तैं, दल पर फन परसावति ।—सूर०, १०।१८०९ ।

पन्नगी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ नागिन । सर्पिणी । साँपिन । उ०—मृगनैनी वेनी निरख छबि छहरत बरजोर । कनकलता जनु पन्नगी विलसत कला करोर ।—स० सप्तक, पृ० ३४६ । ४ एक बूटी । सर्पिणी ।

पन्नद्धा, पन्नध्री—सज्ञा स्त्री० [स०] पदत्राण । जूता [को०] ।

पन्ना[1]—सज्ञा पुं० [स० पर्ण] पिरोजे की जाति का हरे रंग का एक रत्न जो प्राय स्लेट और ग्रेनाइट की खानों से निकलता है । मरकत । जमुर्रत ।

विशेष—क्रोमियम नामक एक रगवर्धक तत्व के कारण अन्यसजातीय रत्नो की अपेक्षा इसका रग अधिक गहरा और नेत्राकर्षक होता है । जो पन्ना जितना ही गहरा हरा और आभायुक्त और बेदाग होता है वह उतना ही मूल्यवान समझा जाता है । भूरे अथवा पीलापन या श्यामता लिए हुए टुकड़े अल्प मूल्य समझे जाते हैं । सर्वोत्तम पन्ना दक्षिण अमेरिका की कोलविया रियासत की खानो से निकलता है । भारत की पन्ना रियासत की खानो से भी प्राचीन काल से पन्ना निकलता है । भारतवासी बहुत प्राचीन काल से इसका व्यवहार करते आए हैं । अर्थात् प्राचीन पुस्तको में मरकत शब्द और उसके पर्याय पाए जाते हैं । फलित ज्योतिष के अनुसार इसके अधिष्ठाता देवता बुध हैं । इसके धारण करने से उनकी कोपशाति होती है ।

वैद्यक में पन्ना शीतल, मधुर रसयुक्त, रुचिकारक, पुष्टिकर, वीर्यवर्धक और प्रेतबाधा, अम्लपित्त, ज्वर, वमन, श्वास, मदाग्नि, ववासीर, पाडुरोग और विशेष रूप से विष का नाश करनेवाला माना गया है ।

पर्या०—मरकत । मरक्त । गारुत्मक । गारुत्मत । गरुडाश्य । गरुडांकित । राजनील । अश्मगर्भ । हरिन्मणि । रौहिणेय । सौपर्ण । गरुडोद्गीर्ण । बुधरत्न । अश्मगर्भज । गरलारि । वापबोल । गरुड । गारुड । गारुडोत्तीर्ण । वाप्रबोल ।

पन्ना[2]—सज्ञा पुं० [सं० पर्ण] १ पुस्तक आदि का पृष्ठ । वरक । पत्र । २ भेडों के कान का वह चौडा भाग जहाँ का ऊन काटा जाता है । ३ देशी जूते के एक ऊपरी भाग का नाम जिसे पान भी कहते हैं । ४ आम आदि का पानक । पना ।

पन्निक—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पनिक' ।

पन्नी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पन्ना (= पत्रा)] १ राँगे या पीतल के कागज की तरह पतले पत्तर जिन्हें सौंदर्य और शोभा के लिये छोटे छोटे टुकडों मे काटकर अन्य वस्तुओं पर चिपकाते हैं ।

यौ०—पन्नीसाज ।—पन्नीसाजी ।

२ वह कागज या चमडा जिसपर सोने या चाँदी का लेप किया हुआ रहता है । सोने या चाँदी के पानी मे रँगा हुआ कागज या चमडा । सुनहला या रुपहला कागज ।

पन्नी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पना] एक भोज्य पदार्थ । उ०—पन्नी पूप पटकरी पापर पाक पिराक पनारी जी ।—रघुनाथ (शब्द०) ।

पन्नी[3]—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ बारुद की एक तौल जो आध सेर के बराबर होती है । उ०—तफन तोप खानैं पुनि भूपा । गए लेख युग तोय अनूपा । रहै अठोरै पन्नी केरी । तिनहि सराहत भो नृप ढेरी ।—रघुराज (शब्द०) । २. एक लबी घास जिसे प्राय छप्पर छाने के काम मे लाते हैं ।

पन्नो[4]—सज्ञा पुं० [देश०] पठानो की एक जाति ।

पन्नीसाज—सज्ञा पुं० [हिं० पन्नी + फा० साज़ (= बनानेवाला)] वह मनुष्य जिसका व्यवसाय पन्नी बनाना हो । पन्नी बनाने का काम करनेवाला ।

पन्नीसाजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पन्नी+साज] पन्नी बनाने का काम । पन्नी बनाने का धधा । पेशा ।

पन्नू—सज्ञा पुं० [देश०] एक फूल का पौधा । एक पुष्पवृक्ष ।

पन्यारी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक जगली वृक्ष जो मझोले कद का होता है ।

विशेष—यह वृक्ष सदा हरा रहता है और मध्यप्रदेश मे यह अधिकता से पाया जाता है । इसकी लकडी टिकाऊ और चमकदार होती है । उससे गाडियाँ, कुर्सियाँ और नावें बनती हैं ।

पन्हाना[1]‡—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पिन्हाना' ।

पन्हाना[2]—क्रि० स० १ दे० 'पिन्हाना' । २ दे० 'पहनाना' ।

पन्हारा†—सज्ञा पुं० [हिं० पान + हारा] एक तृणधान्य जो गेहूँ के खेतो मे आपसे आप होता है । अँकरा ।

पन्हिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पनही] जूता । उपानह । उ०—सत जन पन्हिया ले खडा राहूँ ठाकुर द्वार । चलत पाछे हूँ फिरों रज उडत लेऊँ सीर ।—दक्खिनी०, पृ० १०७ ।

पन्हैयाँ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पनही] दे० 'पनही' । उ०—आए प्रभु, टहलुवा रूप धरि द्वार पर, कटी एक कामरी पन्हैयाँ टूटी पाय हैं ।—भक्तमाल०, पृ० ५६० ।

पपची‡—सज्ञा स्त्री० [हिं०] एक प्रकार का पक्वान्न। छोटा पपडा। उ०—माँ ने उस दिन कुछ पपची इत्यादि पक्वान्न बनाए थे।—श्यामा०, पृ० ९३।

पपटा—सज्ञा पुं० [देश०] १ दे० 'पपडा'। २ छिपकली।

पपड़ा—सज्ञा पुं० [स० पर्पट] [स्त्री० अल्पा० पपड़ी] १ लकडी का रूखा करकरा और पतला छिलका। चिप्पड।

क्रि० प्र०—छुड़ाना।

२ रोटी का छिलका।

क्रि० प्र०—छुड़ाना।

३ एक प्रकार का पकवान जो मीठा और नमकीन दोनो होता है। मीठा पपडा मैदे को शरबत मे घोलकर और नमकीन पपडा बेसन को पानी मे घोलकर घी या तेल मे तलकर बनाते हैं।

पपड़िया—वि० [हिं० पपड़ी+इया (प्रत्य०)] पपडी सबधी। जिसमें पपडी हो। पपडीदार। पपडीवाला। जैसे, पपडिया कत्था।

पपड़िया कत्था—सज्ञा पु० [हिं० पपड़ी+कत्था] सफेद कत्था। श्वेतसार।

विशेष—यह कत्था साधारण कत्थे से अच्छा समझा जाता है और खाने मे अधिक स्वादु होता है। वैद्यक मे इसको कडवा, कसैला और चरपरा तथा व्रण, कफ, रुधिरदोष, मुखरोग, खुजली, विष, कृमि, कोढ और ग्रह तथा भूत की बाधा में में लाभदायक लिखा है।

पपड़ियाना—क्रि० अ० [हिं० पपड़ी+ना (प्रत्य०)] १ किसी चीज की परत का सूखकर सिकुड जाना। २ अत्यत सूख जाना। इतना सूख जाना कि ऊपर पपडी की तरह तह जम जाय। तरी न रह जाना। जैसे,—क्यारियाँ पपडिया गईं। ओठ पपडिया गए।

पपड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पपड़ा का अल्पा०] १ किसी वस्तु की ऊपरी परत जो तरी या चिकनाई के अभाव के कारण कडी और सिकुडकर जगह जगह से चिटक गई हो और नीचे की सरस और स्निग्ध तह से अलग मालूम होती हो। ऊपर की सूखी और सिकुडी हुई परत।

विशेष—वृक्ष की छाल के अतिरिक्त मिट्टी या कीचड की परत और ओठ के लिये अधिकतर बोलते हैं।

क्रि० प्र०—पड़ना।

यौ०—पपड़ीदार।

मुहा०—पपड़ी छोड़ना=(१) मिट्टी की तह का सूख और सिकुडकर चिटक जाना। पपडी पडना। (२) बिलकुल सूख जाना। तरी न रह जाना। रस का अभाव हो जाना। जैसे,—चार दिन से पानी नही पडा है इतने ही मे क्यारियो ने पपडी छोड दी।

२ घाव के ऊपर मवाद के सूख जाने से बना हुआ आवरण या परत। खुरड।

क्रि० प्र०—छुड़ाना।—पड़ना।

३. सोहन पपडी या अन्य कोई मिठाई जिसकी तह जमाई गई हो। ४. छोटा पापड। आटा या बेसन आदि का नमकीन और पकाया हुआ खाद्य। (यौ०)। ५ वृक्ष की छाल की ऊपरी परत जिसमें सूखने और चिटकने के कारण जगह जगह दरारें सी पडी हो। बना या घडा। त्वचा।

पपड़ीला—वि० [हिं० पपड़ी+इला (प्रत्य०)] जिसमे पपडी हो। पपडीदार।

पपनी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] बरौनी। पलक के बाल।

पपरिया कत्था—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पपडिया कत्था'।

पपरी—सज्ञा स्त्री० [सं० पर्पट] १ एक पौधा जिसकी जड दवा के काम में आती है। २ दे० 'पपडी'।

पपहा†—सज्ञा पु० [देश०] १ एक कीडा जो धान की फसल को हानि पहुंचाता है। २ एक प्रकार का घुन जो जौ गेहूँ आदि मे घुसकर उनका सार खा जाता है और केवल ऊपर का छिलका ज्यो का त्यो रहने देता है।

पपि—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा [को०]।

पपहिया—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पपीहा'। उ०—घनघोर घटा के देखने से अभी तो प्यासे पपहिये के नयनो की प्यास भी न बुझने पाई थी।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ९४।

पपिहरा—सज्ञा पुं० [हिं० पपीहा +रा (स्वा०प्रत्य०)] चातक। पपीहा। उ०—पिय पिय रटए पपिहरा रे, हिय दुख उपजाव।—विद्यापति, पृ० ३६४।

पपिहा‡—सज्ञा पु० [देश०] दे० 'पपीहा'।

पपी[1]†—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पपीहा'। उ०—ज्यों पपी की प्यास पीव रात भर रटी। अरी स्वाति बिना बुद भोर भ्यान पौ फटी।—तुरसी श०, पृ० ५।

पपी[2]—सज्ञा पुं० [स०] १. चद्रमा। २ सूर्य [को०]।

पपीता—सज्ञा पु० [स्पा० या कन्नड पपाया] एक प्रसिद्ध वृक्ष जो बहुधा बगीचो में लगाया जाता है। पपैया। अडखरबूजा। वातकुभ। एरडचिर्भिट। नलिकादल। मधुकर्कटी।

विशेष—इसका वृक्ष ताड की तरह सीधा बढ़ता है और प्राय बिना डालियो का होता है। ऊँचाई २० फुट के लगभग होती है। पत्तियाँ इसकी अडी की पत्तियो की तरह कटावदार होती हैं। छाल का रग सफेद होता है। इसका फल अधिकतर लबोतरा और कोई कोई गोल भी होता है। फल के ऊपर मोटा हरा छिलका होता है। गूदा कच्चा होने की दशा मे सफेद और पक जाने पर पीला होता है। बीचो बीच मे काले काले बीज होते हैं। बीज और गूदे के बीच एक बहुत पतली झिल्ली होती है, जो बीजकोष या बीजाधार का काम देती है कच्चा और पक्का दोनो तरह का फल खाया जाता है। कच्चे फल की प्राय तरकारी पकाते हैं। पक्का फल मीठा होता है और खरबूजे की तरह यो ही या शकर आदि के साथ खाया जाता है। इसके गूदे, छाल, फल और पत्ते मे से भी एक प्रकार का लसदार दूध निकलता है जिसमे भोज्य द्रव्यो, विशेषत मास के गलाने का गुण माना जाता है। इसी

कारण इसको मास के साथ प्राय पकाते हैं। यहाँ तक माना जाता है कि यदि माँस थोडी देर तक इसके पत्ते मे लपेटा रखा रहे तो भी बहुत कुछ गल जाता है। इसके अध-पके फल से दूध एकत्र कर 'पपेन' नाम की एक औषध भी बनाई गई है जो मदाग्नि मे उपकारक होती है। फल भी पाचन-गुण-विशिष्ट समझा जाता है और अधिकतर इसी गुण के लिये उसे खाते है।

पपीते का देश दक्षिण अमेरिका है। अन्यान्य देशो मे यह पुर्तगालियो के सपर्क से आया और कुछ ही वरसो में भारत के अधिकाश मे फैलकर चीन पहुँच गया। इस समय विषुवत् रेखा के समीपस्थ सभी देशो मे इसके वृक्ष अधिकता से पाए जाते हैं। भारत मे इसके दो भेद दिखाई पडते हैं। एक का फल अधिक बडा और मीठा होता है, दूसरे का छोटा और कम मीठा। पहले प्रकार का पपीता प्राय आसाम के गोहाटी और छोटा नागपुर विभाग के हजारीबाग स्थानो मे होता है। वैद्यक मे इसका मधुर, स्निग्ध, वातनाशक, वीर्य और कफ का बढानेवाला हृदय को हितकर और उन्माद तथा वर्ष्म रोगो का नाशक लिखा है।

पपील—सज्ञा पुं० [सं० **पिपीलक**] चीटी। उ०—गुनत स्रवन पपील की बानी, तिनतें का गोहराई।—जग० बानी, पृ० १११।

पपीलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **पिपीलिका**] चीटी। पिपीलिका।

पपीलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **पिपीलिका**] दे० 'पिपीलिका'। उ०—कबीर का घर सिखर पर, जहाँ सिलहली गैल। पाँव न टिकै पपीलिका पडित लादै बैल।—सतबानी०, पृ० ३४।

पपीहराज—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पपीहा'।

पपीहा—सज्ञा पुं० [हिं० अनु०] कीडे खानेवाला एक पक्षी जो वसत और वर्षा मे प्राय आम के पेडो पर बैठकर बडी सुरीली ध्वनि मे बोलता है। चातक।

विशेष—देशभेद से यह पक्षी कई रग, रूप और आकार का पाया जाता है। उत्तर भारत मे इसका डील प्राय श्यामा पक्षी के बराबर और रग हलका काला या मटमैला होता है। दक्षिण भारत का पपीहा डील मे इससे कुछ बडा और रग मे चित्रविचित्र होता है। अन्यान्य स्थानो मे और भी कई प्रकार के पपीहे मिलते हैं, जो कदाचित् उत्तर और दक्षिण के पपीहो की सकर सतान हैं। मादा का रगरूप प्राय सर्वत्र एक ही सा होता है। पपीहा पेड से नीचे प्राय बहुत कम उतरता है और उसपर भी इस प्रकार छिपकर बैठा रहता है कि मनुष्य की दृष्टि कदाचित् ही उसपर पडती है। इसकी बोली बहुत ही रसमय होती है और उसमे कई स्वरो का समावेश होता है। किसी किसी के मत से इसकी बोली में कोयल की बोली से भी अधिक मिठास है। हिंदी कवियो ने मान रखा है कि वह अपनी बोली मे 'पी कहाँ ? पी कहाँ ?' अर्थात् 'प्रियतम कहाँ हैं ?' बोलता है। तात्पर्य यह ध्यान देने से इसकी रागमय बोली मे इस वाक्य के उच्चारण के समान ही ध्वनि निकलती जान पडती है। यह भी प्रवाद है कि यह केवल वर्षा की बूँद का ही जल पीता है, प्यास से मर जाने पर भी नदी, तालाब आदि के जल मे चोच नही डुबोता। जब आकाश में मेघ छा रहे हो, उस समय यह माना जाता है कि यह इस आशा से कि कदाचित् कोई बूँद मेरे मुँह मे पड जाय, बराबर चोच खोले उनकी ओर टक लगाए रहता है। बहुतो ने तो यहाँ तक मान रखा है कि यह केवल स्वाती नक्षत्र मे होनेवाली वर्षा का ही जल पीता है, और यदि यह नक्षत्र न बरसे तो साल भर प्यासा रह जाता है। इसकी बोली कामोद्दीपक मानी गई है। इसके अटल नियम, मेघ पर अनन्य प्रेम और इसकी बोली की कामोद्दीपकता को लेकर सस्कृत और भाषा के कवियो ने कितनी ही अच्छी अच्छी उक्तियाँ की हैं। यद्यपि इसकी बोली चैत से भादो तक बराबर सुनाई पडती रहती है, परतु कवियो ने इसका वर्णन केवल वर्षा के उद्दीपनो मे ही किया है।

वैद्यक मे इसके मास को मधुर, कषाय, लघु, शीतल, कफ, पित्त, और रक्त का नाशक तथा अग्नि की वृद्धि करनेवाला लिखा है।

पर्या०—चातक। नोकक। मेघजीवन। शारंग। सारग। स्रोतक।

२ सितार के छह तारो मे से एक जो लोहे का होता है। ३ आल्हा के बाप का घोडा जिसे माँडा के राजा ने हर लिया था। ४ दे० 'पपैया'।

पपु[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] दूध पिलानेवाली गाय।

पपु[2]—वि० रक्षा करनेवाला। त्राता। पालक [को०]।

पपैया[1]—सज्ञा पु० [अनु०] १ सीटी। २ वह सीटी जिसे लडके आम की अकुरित गुठली को घिसकर बनाते हैं। ३ आम का नया पौधा। अमोला।

पपैया[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पपीहा'। उ०—अति विचित्र कियो साज तो सो रँग रहेगो आज। दादुर, मोर, पपैया बोलत फूले फूल द्रुम बाग।—नद० ग्र०, पृ० ३५८।

पपोटन—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक पौधा जिसके पत्ते बाँधने से फोडा पकता है। इसका फल मकोय की तरह होता है।

पपोटा—सज्ञा पु० [सं० प्र+पट] आँख के ऊपर का चमडे का वह पर्दा जो ढेले को ढके रहता हैं और जिसके गिरने से आँख बद होती है और उठने से खुलती है।

पपोरना†—क्रि० स० [देश०] अपनी बाहे ऐंठना और उनका भराव या पुष्टता देखना। (इस क्रिया से बलाभिमान सूचित होता है)। उ०—कस लाज भय गर्वजुत चल्यो पपोरत बाँह।—व्यास (शब्द०)।

पपोलना—क्रि० अ० [हिं० पोपला] पोपले का चुभलाना, चबाना या मुँह चलाना। बिना दाँत का चुभलाना या मुँह चलाना।

पफता—सज्ञा स्त्री० [देश० [बाम मछली। गुजवहरी।

पबई—सज्ञा स्त्री० [देश०] मैना की जाति का एक पक्षी, जिसकी बोली बहुत ही मीठी होती है।

पबना[1]—क्रि० स० [हिं० पाना] प्राप्त करना ।

पबमानⓅ—संज्ञा पु० [सं० पवमान] वायु । पवन ।

पबलिक[1]—संज्ञा स्त्री० [अं०] सर्वसाधारण । जनता । आम लोग । जैसे,—अब पब्लिक को यह बात अच्छी तरह मालूम हो गई है ।

पबलिक[2]—वि० सर्वसाधारण संबंधी । सार्वजनिक । जैसे,—कल टाउनहाल मे एक पबलिक मीटिंग होनेवाली है ।

पबलिक वर्क्स—संज्ञा पु० [अं०] १ निर्माण संबंधी वे कार्य जो सर्वसाधारण के लाभ के लिये सरकार की ओर से किए जायँ । पुल नहर आदि बनाने का कार्य । २ इंजीनियरी का मुहकमा ।

पब्लिगर्ज—संज्ञा स्त्री० [अं० पब्लिक] दे० 'पबलिक' ।

पबारना[1]—क्रि० स० [सं० प्रवारण ?] फेंकना । उ०—जोगी मनहिं ओहि रिसि मारहिं । दरब हाथ कै समुँद पबारहिं ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २२३ ।

पबि—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'पवि' । उ०—(क) देखिमि आवत पबि सम बाना । तुरत भएउ खल अंतरधाना । —मानस ६।७५ । (ख) असनि कुलिस निर्घात पबि वज्र सु तेरे नाँहि । —अनेकार्थ०, पृ० ६० ।

यौ०—पबिपात = वज्रपात । उ०—घहरात जिमि पबिपात गर्जत जनु प्रलय के बादले ।—मानस, ६।४८।

पबे[1]—संज्ञा पु० [सं० पर्वत, प्रा० पव्वअ, पव्वय] पर्वत । उ०—पबे सिखर इम गुपत किता गुण औगुण कारक । —रा० रू०, पृ० ६ ।

पब्बयⓅ[1]—संज्ञा पुं० [सं० पर्वत, प्रा० पव्वय] १ पहाड । उ०—कमठ कसकि घसि मसकि धसय पब्बय पताल कह । —प० रासो, पृ० १६८ । २ पत्थर ।

पब्बय[2]—संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया का नाम ।

पब्बिⓅ—संज्ञा पु० [सं० पवि] वज्र । पवि ।

पब्बीनⓅ—वि० [सं० प्रवीण] दे० 'प्रवीण' । उ०—सुने बीन पब्बीन सुर नाम रागं । रहे मोहि कै माल डारे न भाग । —ह० रासो, पृ० ३७ ।

पब्बै—संज्ञा पुं० [सं० पर्वत, प्रा० पव्वय] १ पर्वत । पहाड । २ पत्थर । उ०—तिमि उडत कोट पब्बै सहित दल दब्बै तलछत परे । हम्मीर०, पृ० ४३ ।

पब्लिक—संज्ञा पु० [अं०] दे० 'पबलिक' ।

पब्लिक प्रासिक्यूटर—संज्ञा पु० [अं०] पुलिस का वह अफसर या वकील जो सरकार की ओर से फौजदारी मुकदमो की पैरवी करता है ।

पब्लिशर—संज्ञा पुं० [अं०] वह जो पुस्तक, समाचारपत्र आदि छपवाकर प्रकट या प्रकाशित करे । प्रकट करनेवाला । प्रकाशित करनेवाला । पुस्तक प्रकाशक । प्रकाशक ।

विशेष—कोई आपत्तिजनक चीज प्रकाशित करने के अभियोग पर प्रिंटर और पब्लिशर दोनो गिरफ्तार किए जाते हैं ।

पमंगⓅ—संज्ञा पुं० [सं० प्लवङ्ग] घोड़ा । अश्व । उ०—पमग अग पाखरां परां गिरा कि पजरां ।—रा० रू०, पृ० २६६ ।

पमरा—संज्ञा स्त्री० [देश०] शल्लुकी नामक सुगंधित पदार्थ ।

पमार[1]—संज्ञा पु० [सं० प्रमार] अग्निकुल के क्षत्रियो की एक शाखा । प्रमार । पवार । दे० 'परमार' ।

पमार[2]—संज्ञा पु० [सं० पामारि] चकवँड । चक्रमर्दक । चकौड़ा ।

पम्मन—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गेहूँ जो बड़ा और बढ़िया होता है । कठिया गेहूँ ।

पयबरां—संज्ञा पु० [फ़ा० पैगम्बर] दे० 'पैगंबर' । उ०—तपाके दिल से कीता अर्ज आकर । के ऐ सरदफ्तर आल पयबर ।—दक्खिनी०, पृ० १९० ।

पयः—संज्ञा पु० [सं०] पयस् शब्द का वह रूप जो व्याकरण के नियमानुसार कुछ अक्षरो के पूर्व आता है ।

पयःकंदा—संज्ञा स्त्री० [सं० पय कन्दा] क्षीरविदारी । कुम्हड़ा ।

पय.पयोष्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक नदी का नाम ।

पय.पान—संज्ञा पु० [सं०] दुग्धपान । दूध पीना ।

पयःपूर—संज्ञा पु० [सं०] पुष्करिणी । छोटा तालाब ।

पयःपेटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] नारियल ।

पयःफेनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुग्धफेनी ।

पय[1]—संज्ञा पु० [सं० पयस्] १ दूध । उ०—सत हंस गुन गहहिं पय परिहरि वारि विकार ।—मानस, १।६ ।

यौ०—पयनिधि । पयपयोधि = क्षीरसागर । दुग्धसमुद्र । उ०—पयपयोधि तजि अवध बिहाई । जहँ सिय लखनु रामु रहे आई ।—मानस०, २ । १३० । पयमुल ।

२ जल । पानी । ३ अन्न ।

पय[2]—संज्ञा पु० [सं० पद, प्रा० पय] पैर । चरण । उ०—जाल जलाखो गोरडी । सोवन पायल पय भलकति ।—बी० रासो, पृ० ५४ ।

पयचⓅ—संज्ञा पु० [सं० प्रत्यञ्चा] दे० 'प्रत्यंचा' । उ०—जानहु काल जगत कहँ कढा । निसदिन रहै पयच जनु चढ़ा । —चित्रा०, पृ० ७० ।

पयजां—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञा, प्रा० पइज्जा, पइज्ज] दे० 'पैज' । उ०—परखत प्रीति प्रतीति पयज पनु रहे काज ठटु ठानि है । —तुलसी ग्र०, पृ० ३०९ ।

पयदⓅ—संज्ञा पु० [सं० पयोद] बादल । पयोद । उ०—नीच निरावहि निरस तरु तुलसी सींचहि ऊख । पोषत पयद समान सब विष पियूष के रूख ।—तुलसी ग्र०, पृ० १३४ । २, जिससे पय अर्थात् दूध प्राप्त हो । स्तन । उ०—गोद राखि पुनि हृदय लगाए । स्रवत प्रेमरस पयद सुहाए । —मानस, २ । ५२ ।

पयदल—संज्ञा पुं० [सं० पदाति दल] दे० 'पैदल' । उ—चले हयदल पयदल सत्थ रत्थ ।—ह० रासो, पृ० ३५ ।

पयदा—संज्ञा पु० [देश०] दे० 'प्यादा' । उ०—लक्षावधि पयदा क शब्दवाद्य ।—कीर्ति०, पृ० ८४ ।

पयधिⓅ—संज्ञा पुं० [सं० पयोधि] दे० 'पयोधि' ।

पयना[1]—वि० [हिं०] दे० 'पैना' ।

पयना[2]—सज्ञा पुं० दे० 'पैना'।

पयनिधिⓊ—सज्ञा पु० [सं० **पयोनिधि**] दे० 'पयोनिधि'। उ०—कोउ कह पयनिधि बस प्रभु सोई।—मानस, १। १८५।

पयमुख—वि० [स० **पय + मुख**] दे० 'दूधमुख'। उ०—गौर सरीर स्याम मन माही। कालकूट मुख पयमुख नाही।—मानस, १। २७७।

पयश्चय—सज्ञा पुं० [सं०] झील या कोई बडा जलाशय [को०]।

पयस्य[1]—वि० [सं०] दूध से निकला या बना हुआ।

पयस्य[2]—सज्ञा पुं० १ दूध से निकली या प्राप्त वस्तु। दुग्धविकार। जैसे, घी, मट्ठा, दही आदि। उ०—जय पयस्य परिपूर्ण सुघोषित घोष हमारे।—साकेत, पृ० ४२१। २. बिलार। मार्जार (को०)।

पयस्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ दुग्धिका। दुधिया घास। २ क्षीरकाकोली। अर्कपुष्पी। ३ सत्यानासी। स्वर्णक्षीरी (को०)।

पयस्वती—सज्ञा स्त्री० [स०] १ नदी। २ अधिक दूध देनेवाली गौ (को०)।

पयस्वल[1]—वि० [सं०] १ जलयुक्त। २ जिसमे दूध हो।

पयस्वल[2]—सज्ञा पुं० [सं०] बकरा। छाग [को०]।

पयस्वान्—वि० [स० पयस्वत्] [वि० स्त्री० **पयस्वती**] पानीवाला।

पयस्विनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. गाय। दूध देती हुई गाय। २ बकरी। ३ नदी। ४ चित्रकूट की एक नदी। ५ क्षीरकाकोली। ६ दूधकेनी। दूधविदारी। ८ जीवती।

पयस्वी—वि० [स० **पयस्विन्**] [वि० स्त्री० **पयस्विनी**] पानीवाला।

पयहारी—सज्ञा पु० [सं० **पयस् + अहारी**] दूध पीकर रह जानेवाला तपस्वी या साधु।

पयाँ—सज्ञा पुं० [देश०] एक तौल करने का पात्र जो दस सेर का होता है। (बुदेल०)।

पयाग—सज्ञा पु० [स० **प्रयाग**] दे० 'प्रयाग'।

पयादⓊ— क्रि० वि० [हिं०] पाँव पाँव। पैदल। बिना सवारी के। उ०—सवार एक आप ही सबै पयाद चल्लिय।—ह० रासो०, पृ० ५१।

पयादा[1]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्यादा'।

पयादा[2]—वि० पैदल। प्यादा।

पयान—सज्ञा पुं० [स० **प्रयाण**] गमन। जाना। यात्रा। रवानगी। उ०—अघर लगे हैं आनि करिकै पयान प्रान चाहत चलन ये सदेसो लै सुजान को।—घनानंद, पृ० १६।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

पयाम—सज्ञा पु० [फा०] दे० 'पैगाम'। उ०—आपही अपना जो ले आया पयाम। पाक नबी का है मुकद्दम कलाम।—कबीर म०, पृ० ४६।

पयार[1]—सज्ञा पुं० [स० पलाल] दे० 'पयाल'। उ०—धान को गाँव पयार ते जानो ज्ञान विषय रस भोरे।—सूर (शब्द०)।

पयाल[1]—सज्ञा पु० [स० पाताल, प्रा० पयाल] दे० 'पाताल'। उ०—सब सुख सरग पयाल के, तौल तराजू वाहि। हरि सुख एक पलक्क का, ता सम कह्या न जाइ।—सतवानी०, पृ० ७८६।

पयाल[2]—सज्ञा पु० [स० पलाल] धान, कोदो, आदि के सूखे डठल जिसके दाने झाड लिए गए हो। पुराल।

मुहा०—पयाल गाहना या झाड़ना = (१) ऐसा श्रम करना जिसका कुछ फल न हो। व्यर्थ मिहनत करना। उ०—फिरि फिरि कहा पयारहि गाहे।—सूर (शब्द०)। (२) ऐसे की सेवा करना या ऐसे को घेरना जिससे कुछ मिलने की आशा न हो।

पयोगह—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पयोगल'।

पयोगल—सज्ञा पुं० [सं०] १ ओला। २ द्वीप।

पयोग्रह—सज्ञा पु० [स०] एक यज्ञपात्र।

पयोघन—सज्ञा पुं० [सं०] ओला।

पयोज—सज्ञा पुं० [सं०] कमल। उ०—गिरीश के सीस पयोज चढै जगमोहन पावन तौ सब अग।—श्यामा०, पृ० १२६।

पयोजन्मा—सज्ञा पुं० [स०] १ मेघ। बादल। २ मोथा।

पयोत्रⓊ—सज्ञा पुं० [स० **पौत्र**] पौत्र। पोता। पुत्र का पुत्र। उ०—प्रजा पुन्य प्रगटयौ पुहुमि छहु दरसन की लाज। पेपत पुत्र पयोत्र मुख करौ कोटि जुग राज।—रसरतन, पृ० १२।

पयोद—पज्ञा पुं० [सं०] १. बादल। मेघ।

यौ०—**पयोदसुहृद्** = मयूर। मोर।

२ मोथा। मुस्तक। ३ एक यदुवशी राजा।

पयोदन—सज्ञा पुं० [**पयस् + ओदन**] दूधभात।

पयोदा—सज्ञा स्त्री० [स०] कुमार की अनुचरी, एक मातृका।

पयोदेव—सज्ञा पुं० [स०] वरुण।

पयोधⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **पयोधस्**] दे० 'पयोधि'। उ०—परै पयोध जु अलप बुद जल, सो कहौ को पहचाने।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ३३६।

पयोधर—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्तन। २ बादल। ३ नागरमोथा। ४ कसेरू। ५ तालाब। तडाग। ६ गाय का आयन। ७, नारियल। ८ मदार। अकौवा। ९ एक प्रकार की ऊख। १० पर्वत। पहाड। ११ कोई दुग्धवृक्ष। १२ दोहा छद का ११वाँ भेद। १३ समुद्र। (डिं०)। १४ छप्पय छद का २७वाँ भेद।

पयोधा—सज्ञा पुं० [सं० **पयोधस्**] १ जलाधार। २ समुद्र।

पयोधारागृह—सज्ञा पुं० [सं०] स्नानागार जिसमें नहाने के लिये धारा यत्र (फौवारे) लगे हों [को०]।

पयोधि—सज्ञा पुं० [स०] समुद्र।

पयोधिक—सज्ञा पुं० [स०] समुद्रफेन।

पयोनिधि—सज्ञा पुं० [सं०] समुद्र।

पयोमुक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पयोमुच्'।

पयोमुख—वि० [सं०] दूधपीता। दूधमुँहा (बच्चा)।

पयोमुच्—सज्ञा पुं० [स०] १ बादल । २ मोथा ।

पयोर—सज्ञा पु० [स०] खैर का पेड ।

पयोरय—सज्ञा पुं० [सं०] जल की धारा । जल का वेग [को०] ।

पयोराशि—सज्ञा पुं० [सं०] जलराशि । समुद्र [को०] ।

पयोलता—सज्ञा स्त्री० [स०] दूधविदारी कंद ।

पयोवाह—सज्ञा पुं० [स०] १ मेघ । बादल । २ मोथा ।

पयोव्रत—सज्ञा पु० [स०] १ मत्स्यपुराण के अनुसार एक व्रत जिसमे एक दिन रात या तीन रात केवल जल पीकर रहना पडता है । २ भागवत के अनुसार कृष्ण का एक व्रत जिसमे बारह दिन दूध पीकर रहना और कृष्ण का स्मरण और पूजन करना होता है ।

पयोष्णी—सज्ञा स्त्री० [सं०] विंध्याचल से निकलकर दक्षिण की ओर को बहनेवाली एक नदी ।

पयोष्णीजाता—सज्ञा स्त्री० [सं०] सरस्वती नदी ।

परंच—अव्य० [स० **परञ्च**] १ और भी । २ तो भी । परंतु । लेकिन ।

परंज—सज्ञा पुं० [सं० **परञ्ज**] १ तेल पेरने का कोल्हू । २ छूरी का फल । ३. फेन । ४ शक्र का खड्ग [को०] ।

परजन—सज्ञा पुं० [स० **परञ्जन**] (पश्चिम दिशा के स्वामी) वरुण ।

परंजय—सज्ञा पुं० [स० **परञ्जय**] १ शत्रु को जीतनेवाला । २ वरुण का एक नाम ।

परंजा—सज्ञा स्त्री० [स० **परञ्जा**] उत्सवादि मे उपकरणो की ध्वनि [को०] ।

परंतप[१]—वि० [सं० **परन्तप**] १ शत्रुओ को ताप देनेवाला । वैरियो को दु ख देनेवाला । २ जितेंद्रिय ।

परंतप[२]—सज्ञा पुं० १ चिंतामणि । २ तामस मनु के एक पुत्र ।

परतु—अव्य० [सं० **पर** + तु] एक शब्द जो किसी वाक्य के साथ उससे कुछ अन्यथा स्थिति सूचित करनेवाला दूसरा वाक्य कहने के पहले लाया जाता है । पर । तो भी । किंतु । लेकिन । मगर । जैसे,—(क) वह इतना कहा जाता है परतु नही मानता । (ख) जी तो नही चाहता है परतु जाना पडेगा ।

परंद—सज्ञा पुं० [फा०] दे० 'परिंदा' [को०] ।

परंदा—सज्ञा पुं० [फा० **परद** (= चिड़िया)] १ चिडिया । पक्षी । २ एक प्रकार की हवादार नाव जो काश्मीर की झीलो मे चलती है ।

परद—सज्ञा पुं० [सं० **परम्पद**] १ वैकुंठ । २ मोक्ष । ३ उच्च स्थान (को०) ।

परंपर—सज्ञा पुं० [स० **परम्पर**] एक के पीछे दूसरा ऐसा क्रम । अनुक्रम । चला जाता हुआ सिलसिला । २ पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र आदि । बेटा, पोता, परपोता आदि । वश । सतति । ३ मृगमद । कस्तूरी ।

परपरया—क्रि० वि० [स० **परम्परया**] परपरा द्वारा । परपरा से । अनुक्रम से [को०] ।

परंपरा—संज्ञा स्त्री० [सं० **परम्परा**] १ एक के पीछे दूसरा ऐसा क्रम (विशेषत कालक्रम) । अनुक्रम । पूर्वापर क्रम । चला आता हुआ सिलसिला । जैसे,—परपरा से ऐसा होता आ रहा है ।

यौ०—वंशपरपरा । शिष्यपरंपरा ।

२ वंशपरपरा । सतति । औलाद । ३ बराबर चली आती हुई रीति । प्रथा । परिपाटी । जैसे,—हमारे यहाँ इसकी परपरा नही है । ४ हिंसा । वध ।

परपराक—सज्ञा पुं० [स० **परम्पराक**] यज्ञार्थ पशुहनन । यज्ञ के लिये पशुओ का वध ।

परंपरागत—वि० [स० **परम्परागत**] परपरा से चला आता हुआ । जो सब दिन से होता आता हो । जिसे एक के पीछे दूसरा बराबर करता आया हो । जैसे, परपरागत नियम ।

परपरित—वि० [स० **परम्परित**] परपरायुक्त । परपरागत । परपरा पर आश्रित ।

परपरित रूपक—सज्ञा पुं० [सं०] रूपक अलंकार का एक भेद जिसमे किसी का आरोप दूसरे के आरोप का कारण होता है ।

परपरीण—वि० [स० **परम्परीण**] परपरा से प्राप्त । परपरागत [को०] ।

पर[१]—वि० [स०] १ दूसरा । अन्य । और । अपने को छोड शेष । स्वातिरिक्त । गैर । परलोक । उ०—पर उपदेश कुसल बहुतेरे । जे आचरहि ते नर न घनेरे ।—तुलसी (शब्द०) ।

यौ०—परपीड़न । परोपकार ।

२ पराया । दूसरे का । जो अपना न हो । जैसे, पर द्रव्य, पर पुरुष, पर पीडा । ३. भिन्न । जुदा । अतिरिक्त । ४ पीछे का । उत्तर । बाद का । जैसे, पूर्व और पर । ५ जो सीमा के बाहर हो ।

यौ०—परब्रह्म ।

६ आगे बढ़ा हुआ । सबके ऊपर । श्रेष्ठ । ७ प्रवृत्त । लीन । तत्पर । जैसे, स्वार्थपर (केवल समास मे) ।

पर[२]—प्रत्य० [स० **उपरि**] सप्तमी या अधिकरण कारक का चिह्न । जैसे—(क) वह घर पर नही है । (ख) कुरसी पर बैठो ।

पर[३]—सज्ञा पु० [सं० **पर**] १ शत्रु । वैरी । दुश्मन ।

यौ०—परंतप ।

२ शिव । ३ ब्रह्म । ४ ब्रह्मा । ५ मोक्ष । ६ न्याय मे जाति या सामान्य के दो भेदो में से एक । द्रव्य । गुण और कर्म की वृत्ति या सत्ता । ७ ब्रह्मा की आयु (को०) ।

पर[४]—अव्य० [स० **परम्**] १ पश्चात् । पीछे । जैसे,—इसपर वे उठकर चले गए । ४ एक शब्द जो किसी वाक्य के साथ उससे अन्यथा स्थिति सूचित करनेवाला वाक्य के कहने के पहले लाया जाता है । परतु । किंतु । लेकिन । तो भी । जैसे,—(क) मैंने उसे बहुत समझाया पर वह नही मानता । (ख) तबीयत तो नही अच्छी है पर जायँगे ।

पर[५]—सज्ञा पु० [फ़ा०] चिडियो का डैना और उसपर के घुए या रोएँ । पख । पक्ष ।

मुहा०—पर कट जाना = शक्ति या बल का आधार न रह जाना । अशक्त हो जाना । कुछ करने धरने लायक न रह जाना ।

पर काट देना = अशक्त कर देना। कुछ करने धरने लायक न रखना। पर कैंच करना = पख कतरना। (कबूतरबाज)। पर जमना = (१) पर निकलना। (२) जो पहले सीधा सादा रहा हो उसे शरारत सूझना। धूर्तता, चालाकी, दुष्टता आदि पहले पहल आना। (कहीं जाते हुए) पर जलना = (१) हिम्मत न होना। साहस न होना। (२) गति न होना। पहुँच न होना। जैसे,—वहाँ जाते बड़े बड़ो के पर जलते हैं, तुम्हारी क्या गिनती है ? पर झाड़ना = (१) पुराने परो का गिराना। (२) पख फटफटाना। डैनो को हिलाना। पर टूटना = दे० 'पर जलना'। पर टूट जाना = दे० 'पर कट जाना'। पर न मारना = पैर न रख सकना। जा न सकना। फटक न सकना। चिड़िया पर नहीं मार सकती = कोई जा नही सकता। किसी की पहुँच नही हो सकती। पर निकालना = (१) पखो से युक्त होना। उडने योग्य होना। (२) बढकर चलना। इतराना। अपने को कुछ प्रकट करना। पर और बाल निकलना = (१) सीधा सादा न रहना। बहुत सी बातो को समझने बूझने लगना। कुछ कुछ चालाक होना। (२) उपद्रव करना। ऊधम मचाना। पर बाँध देना = उडने की शक्ति न रहने देना। बेबस कर देना।

परई†—सज्ञा स्त्री० [स० पार(=कटोरा, प्याला)] दीए के आकार का पर उससे बडा एक मिट्टी का बरतन। पारा। सराव।

परकट†—वि० [स० प्रकट] दे० 'प्रकट'। उ०—अपनथें धन हे धनिक घर गोए। परक रतन परकट कर कोए।—विद्यापति, पृ० १४४।

परकटा—वि० [फा० पर + हिं० कटना] जिसके पर या पख कटे हों। जैसे, परकटा कबूतर।

परकनाⓊ†—क्रि० अ० [हिं० परचना] १ परचना। हिलना। मिलना। २ जो बात दो एक बार अपने अनुकूल हो गई हो या जिस बात को कई बार वे रोकटोक कर पाए हो उसकी ओर प्रवृत्त होना। धडक खुलना। अभ्यास पडना। चसका लगना। उ०—माखन चोरी सों अरी परकि रह्यो नँदलाल। चोरन लाग्यो अब लखौ नेहिन को मनमाल।—रसनिधि (शब्द०)।

परकर्षण—सज्ञा पुं० [सं०] शत्रु की सपत्ति आदि लूटना।

परकलत्र—सज्ञा पु० [सं०] अन्य व्यक्ति की स्त्री। दूसरे की पत्नी [को०]।

परकसनाⓊ—क्रि० अ० [हिं० परकासना] १ प्रकाशित होना। जगमगाना। २ प्रकट होना।

परकाज—सज्ञा पु० [हिं० पर+काजी (=काम करनेवाला)] दूसरे का काम। परकारज।

परकाजी—वि० [हिं० पर+काज] दूसरों का कार्यसाधन करनेवाला। परोपकारी।

परकान—सज्ञा पुं० [हिं० पर+कान] तोप का कान या मूठ। तोप का वह स्थान जहाँ रजक रखी जाती है या बत्ती दी जाती है। (लश०)।

परकाना†—क्रि० स० [हिं० परकना] १ परचाना। हिलाना। मिलाना। २, (किसी को) कोई लाभ पहुँचाकर या कोई बात बेरोकटोक करने देकर उसकी ओर प्रवृत्त करना। धडक खोलना। अभ्यास डालना। चसका लगाना।

परकाय—सज्ञा पु० [स०] अन्य का शरीर। दूसरे का शरीर [को०]।

परकायप्रवेश—सज्ञा पुं० [स०] अपनी आत्मा को दूसरे के शरीर मे डालने की क्रिया, जो योग की एक सिद्धि समझी जाती है।

परकार[1]—सज्ञा पुं० [फा०] वृत्त या गोलाई खीचने का औजार जो पिछले सिरो पर परस्पर जुडी हुई दो शलाकाओ के रूप का होता है।

परकारⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० प्रकार] दे० 'प्रकार'। उ०—(क) अपना वचन नहीं परकार जे अगिरिअ से देलहि नितार। विद्यापति, पृ० २०६। (ख) चपरि चखनि ते जो जल आवै। इहि परकारि तिया जु जनावै।—नद० ग्र०, पृ० १५१।

परकारना†—क्रि० स० [हिं० परकार+ना (प्रत्य०)] १ परकार से वृत्त आदि बनाना। २ चारो ओर फेरना। आवेष्ठित करना। उ०— दसहूँ दिसति गई परकारी। देख्यौ समै भयानक भारी।—छत्रप्रकाश (शब्द०)।

परकाल—सज्ञा पुं० [फा० परकार] दे० 'परकार'।

परकाला[2]—सज्ञा पु० [स० प्राकार या प्रकोष्ट] १ सीढी। जीना। २. चौखट। देहली। दहलीज।

परकाला[2]—सज्ञा पुं० [फ़ा० परगालह्] १ टुकडा। खड। उ०—सुदर जीव दया करै न्योता मानै नाहिं। माया छुवै न हाथ सौं परकाला ले जाहिं।—सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ७३५। २ शीशे का टुकडा। ३. चिनगारी। अग्निकण।

मुहा०—आफत का परकाला = गजब करनेवाला। अद्भुत शक्तिवाला। प्रचड या भयकर मनुष्य।

परकासⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रकाश] दे० 'प्रकाश'। उ— गुर आए घन गरज कर शब्द किया परकास। बीज पडा था भूमि मे अब भई फूल फल आस।—दरिया० बानी, पृ० १।

परकासकⓊ—वि० [स० प्रकाशक] दे० 'प्रकाशक'। उ०—अस अध्यातम दीप जु कोई। बुध्यादिक परकासक सोई।—नद० ग्र०, पृ० २२६।

परकासनाⓊ—क्रि० स० [स० प्रकाशन] १ प्रकाशित करना। उ०—जो कछु ब्रह्म ब्रह्म सुख आहि। विदुषनि कौं परकासत ताहि।—नद० ग्र०, पृ० २६०। २ प्रकट करना।

परकासिकⓊ—वि० [सं० प्रकाशक] दे० 'प्रकाशक'। उ—सबन के नैना प्रान परकासिक ताके ढिग, रच्यो चखोडा छाजै, छवि कही न जाई।—नद० ग्र०, पृ० ३४०।

परकितिⓊ‡—सज्ञा स्त्री० [स० प्रकृति] दे० 'प्रकृति'।

परकियⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० परकीया] दे० 'परकीया'। उ०— दीपग फीके फूल ऐलाने। परकिय तियनि के हिय

अकुलाने ।—नंद० ग्रं०, पृ० १४२ ।

परकिया—सज्ञा स्त्री० [सं० परकीय] दे० 'परकीया' । उ०—निधरक भई कहति इमि लहिये । सा परकिया लच्छिता कहिए । —नद० ग्र०, पृ० १४६ ।

परकीय—वि० [स०] पराया । दूसरे का । बेगाना ।

परकीया—सज्ञा स्त्री० [स०] पति के अतिरिक्त परपुरुष की प्रेमपात्रा या पर पुरुष से प्रीति सबधरखनेवाली स्त्री । नायिकाओ के दो प्रधान भेदो मे से एक ।

विशेष—परकीया दो प्रकार की कही गई हैं । अनूढा (अविवाहित) और ऊढा (विवाहित) । स्वेच्छापूर्वक परपुरुष से प्रेम करनेवाली परकीया को 'उद्बुद्धा' और परपुरुष की चतुराई या प्रयत्न से उसके प्रेम में फँसनेवाली को 'उद्बोधिता' कहते हैं । परकीया के छह और भेद किए गए हैं—गुप्ता, विदग्धा, लक्षिता, कुलटा, अनुशयाना और मुदिता । (इनके विवरण प्रत्येक शब्द के अतर्गत देखो ।)

परकीरतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० प्रकृति] दे० 'प्रकृति' ।

परकीर्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] दूसरे का यश । उ०—हमारा उच्चपद का आदरणीय स्वभाव उस परकीर्ति को सहन न कर सका । —भारतेंदु ग्रं०, भा० १, पृ० २६८ ।

परकृति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दूसरे की कृति । दूसरे का किया हुआ काम । २ दूसरे की कृति का वर्णन । ३ कर्मकाड मे दो परस्पर विरुद्ध वाक्यो की स्थिति ।

परकोटा—सज्ञा पु० [स० परिकोट] १ किसी गढ या स्थान की रक्षा के लिये चारों ओर उठाई हुई दीवार । बचाव या सुरक्षा के लिये मिट्टी या पत्थर आदि की दीवार । ५ पानी आदि की रोक के लिये खडा किया हुआ घुस । बाँध । चह ।

परक्खनाⓊ—क्रि० स० [हिं० परखना] दे० 'परखना' । उ०—गुणी परक्खवा गया उचार बाँण ओपमा । प्रलै क ज्वाल पस्सरै, अनत जीभ आतरै ।—रा० रू०, पृ० ८४ ।

परक्रमण—सज्ञा पु० [सं० परिक्रमण] परिक्रमा । प्रदक्षिणा । उ०—परक्रमण तिण दे पग परसे, जस यम जीह अपार जपे ।—रघु० रू०, पृ० १४१ ।

परक्षेत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ पराया खेत । २ दूसरे का शरीर । ३ पराई स्त्री । दूसरे की भार्या ।

परख—सज्ञा स्त्री० [स० परीक्षा, प्रा० परिक्ख] १ गुणदोष स्थिर करने के लिये अच्छी तरह देखभाल । जाँच । परीक्षा । जैसे,—अभी उस सोने की परख हो रही है । २ गुणदोष का ठीक ठीक पता लगानेवाली दृष्टि । गुणदोष का विवेचन करनेवाली अतःकरण वृत्ति । कोई वस्तु भली है या बुरी यह जान लेने की शक्ति । पहचान । जैसे,—(क) तुम्हें सोने की परख नही है । (ख) उसे आदमी की परख नही है ।

क्रि० प्र०—होना ।

परखचा—सज्ञा पु० [हिं०] खड । टुकडा । विभाग । जैसे, परखचे उडाना = धज्जियाँ उडाना ।

परखना[1]—क्रि० स० [स० परीक्षण, प्रा० परीक्खण] १ गुणदोष स्थिर करने के लिये अच्छी तरह देखना भालना । परीक्षा करना । जाँच करना । जैसे, रत्न परखना, सोना परखना ।

सयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

२ अच्छी तरह देख भालकर गुणदोष का पता लगाना । भला और बुरा पहचानना । कौन वस्तु कैसी है यह ताडना । जैसे,—मैं देखते ही परख लेता हूँ कि कौन कैसा है ।

परखना[2]—क्रि० स० [स० पर+ईक्षण, हिं० परेखना] प्रतीक्षा करना । इतजार करना । आसरा देखना ।

परखवाना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'परखाना' ।

परखवैया—सज्ञा पुं० [हिं० परख+वैया (प्रत्य०)] परखनेवाला । जाँचनेवाला । पहचाननेवाला ।

परखाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० परख+आई (प्रत्य०)] १ परखने का काम । २ परखने की मजदूरी ।

परखाना, परखावनाⓊ—क्रि० स० [हिं० परखना का प्रे० रूप] परखने का काम दूसरे से कराना । परीक्षा कराना । जँचवाना । उ०—कहि ठाकुर औगुन छोडि सबै परवीनन कै परखावने हैं ।—ठाकुर०, पृ० २५ । २ कोई वस्तु देते या सौंपते समय उसे गिनकर या उलट पलटकर दिखा देना । सहेजवाना । सँभलवाना ।

परखी—सज्ञा स्त्री० [हिं० परख+ई (प्रत्यय०)] लोहे का बना हुआ नालीदार और नुकीला एक उपकरण जिससे बद बोरो मे से गेहूँ, चावल आदि परखने के लिये निकाला जाता है ।

परखुरी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पखडी' ।

परखैया—सज्ञा पु० [हिं० परख+ऐया(प्रत्य०)] परखनेवाला । उ०—बिन परखैया चतुरजौहरी किसको इते दिखाऊँ ।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १८६ ।

परग—सज्ञा पुं० [सं० पदक] पग । डग । कदम । उ०—तीनि परग तीनो पुर भयऊ ।—कबीर सा० सं० ४०८ ।

परगट†—वि० [सं० प्रकट] दे० 'प्रगट' ।

परगटनाⓊ[2]—क्रि० अ० [हिं० परगट] प्रगट होना । खुलना । जाहिर होना ।

परगटना[2]—क्रि० स० प्रकट करना । जाहिर करना ।

परगन्—सज्ञा पुं० [फा० परगनह्] दे० 'परगना' । उ०—ब्रज परगन सरदार महरि तू ताकी करत नन्हाई ।—सूर (शब्द०) ।

परगना—सज्ञा पुं० [फा० । मि० सं० परिगण (=घर)] एक भूभाग जिसके अतर्गत बहुत से ग्राम हो । जमीन का वह हिस्सा जिसमें कई गाँव हो ।

विशेष—आजकल एक तहसील के अतर्गत कई परगने होते हैं । बडे परगने कई टप्पों मे बँटे होते हैं ।

यौ०—**परगनाधीश** । **परगनाहाकिम** = परगनेकी देखभाल करनेवाला प्रधान अधिकारी । **परगनेदार** = परगने का अधिकारी ।

परगनी—सज्ञा स्त्री० [स० प्रग्रहण] दे० 'परगहनी' ।

परगसनाⓊ—क्रि० अ० [सं० प्रकाशन] प्रकाशित होना। प्रकट होना।

परगह—संज्ञा पुं० [सं० परिग्रह] दे० 'परिगह'। उ०—परगह सह परवार अरी सहमार उडाणू।—रघु० रू०, पृ० ४८।

परगहनी—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रग्रहण] नली के आकार का सुनारों का एक औजार जिसमे करछी की सी डाँडी लगी होती है। इस नली मे तेल देकर उसमे चाँदी या सोने की गुल्लियाँ ढालते है। परगनी।

परगाछा—संज्ञा पुं० [हिं० पर (= दूसरा) + गाछ (= पेड़)] एक प्रकार के पौधे जो प्राय गरम देशों मे दूसरे पेडो पर उगते हैं।

विशेष—इनकी पत्तियाँ लबी और खडी नसो की होती हैं। फूल सुदर तथा अद्भुत वर्ण और आकृति के होते हैं। एक ही फूल में गर्भकोश और परागकेसर दोनों होते हैं। परगाछे की जाति के बहुत से पौधे जमीन पर भी होते हैं और फूलो की सुदरता के लिये बगीचो मे प्राय लगाए जाते हैं। ऐसे पौधे दूसरे पेडो की डालियो आदि पर उगते अवश्य हैं, पर सब परपुष्ट (दूसरे पेडो के रस धातु से पलनेवाले) नहीं होते। परगाछे की कोई टहनी या गाँठ भी बीज का काम देती है, उससे भी नया पौधा अकुर फोडकर (गन्ने की तरह) निकल आता है। परगाछे को सस्कृत मे वदाक और हिंदी में बाँदा भी कहते हैं।

परगाछी—संज्ञा स्त्री० [हिं० परगाछा] अमरबेल। आकाशबौर।

परगाढ़Ⓤ—वि० [सं० प्रगाढ] दे० 'प्रगाढ़'।

परगामी—वि० [स० परगामिन्] [वि० स्त्री० परगामिनी] १ अन्य के साथ गमन करनेवाला। २ दूसरे के लिये हितकर [को०]।

परगासⓊ—संज्ञा पुं० [स० प्रकाश] दे० 'प्रकाश'। उ०—भला है अस्थान अम्मर, जोति है परगास।—जग० बानी, पृ० ४।

परगासना‡—क्रि० अ० [सं० प्रकाशन] प्रकाशित होना।

परगासना[२]—क्रि० स० प्रकाशित करना।

परगुण—संज्ञा पुं० [सं०] दूसरे के लिये हित (को०)।

परघटⓊ†—वि० [हिं० परगट, प्रगट] दे० 'प्रगट', 'प्रकट'। उ०—दरिया परघट नाम बिन, कहो कौन आयो देख। —दरिया० बानी, पृ० ७।

परघनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० परगनी] दे० 'परगहनी'।

परचंडⓊ—वि० [स० प्रचण्ड] दे० 'प्रचड'।

परचईⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'परचै'।

परचक्र—संज्ञा पु० [सं०] १ शत्रु की सेना। २. शत्रु का राज्य और वर्ग। ३ शत्रु द्वारा चढ़ाई (को०)।

परचतⓊ†—संज्ञा स्त्री० [स० परिचित] जान पहचान। जानकारी। उ०—कब लगि फिरिहै दीन भयो। सुरत सरित भ्रम भँवर परयो तन मन परचत न लह्यो।—सूर (शब्द०)।

परचना—क्रि० अ० [सं० परिचयन] १ किसी को इतना अधिक जानबूझ लेना कि उससे व्यवहार करने में कोई सकोच या खटका न रहे। हिलना मिलना। घनिष्टता प्राप्त करना। जैसे,—(क) बच्चा जब परच जायगा तब तुम्हारे पास रहने लगेगा। (ख) परच जाने पर यह तुम्हारे साथ साथ फिरेगा। २ जो बात दो एक बार अपने अनुकूल हो गई हो या जिस बात को दो एक बार वे रोकटोक मनमाना करने पाए हों उसकी ओर प्रवृत्त रहना। चसका लगना। धडक खुलना। टेव पडना। जैसे,—इसे कुछ न दो, परच जायगा तो नित्य आया करेगा।

संयो० क्रि०—जाना।

३ व्यक्त होना। प्रगट होना। पहचाने जाना।

परचर—संज्ञा पुं० [देश०] बैलों की एक जाति, जो अवध के खीरी जिले के आसपास पाई जाती है।

परचा[१]—संज्ञा पुं० [फा० परचह्] १ कागज का टुकडा। चिट। कागज। पत्र। १ पुरजा। खत। रुक्का। चिट्ठी। ३ परीक्षा में आनेवाला प्रश्नपत्र। जैसे,—इम्तहान में हिसाब का परचा बिगड़ गया।

परचा[२]—संज्ञा पुं० [सं० परिचय] १ परिचय। जानकारी। उ०—कहा हाल तेरो दास का निस दिन दुख मैं जोय। पिव सेती परचो नही बिरह सतावै मोय।—दरिया० बानी, पृ० ६३।

मुहा०—परचा देना = ऐसा लक्षण या चिह्न बताना जिससे लोग जान जायँ। नाम ग्राम बताना।

२ परख। परीक्षा। जाँच। ३ प्रमाण। सबूत।

मुहा०—परचा माँगना। (१) प्रमाण या सबूत देने के लिये कहना। (२) किसी देवी देवता से अपनी शक्ति दिखाने को कहना। (ओझा)।

परचा[३]—संज्ञा पुं० [देश०] जगन्नाथ जी के मदिर का वह प्रधान पुजारी जो मदिर की आमदनी और खर्च का प्रबध करता और पूजासेवा आदि की देखरेख रखता है।

परचाधारी—वि० [सं० प्रत्ययधारिन्] प्रधान। श्रेष्ठ। परचावाले। उ०—नारायण दास जी तपस्वी और परचाधारी महात्मा थे।—सुदर ग्र० (जी०), भा० १, पृ० ७४।

परचाना—क्रि० स० [हिं० परचना] किसी से इतना अधिक लगाव पैदा करना कि उससे व्यवहार करने मे कोई सकोच या खटका न रहे। हिलाना। मिलाना। आकर्षित करना। जैसे, बच्चे को परचाना, कुत्ता परचाना।

सयो० क्रि०—लेना।

२. दो एक बार किसी के अनुकूल कोई बात करके या होने देकर उसको इस बात की ओर प्रवृत्त करना। धडक खोलना। चसका लगाना। टेव डालना। जैसे,—इन्हें कुछ देकर परचाओ मत, नही तो बराबर तग करते रहेंगे।

संयो० क्रि०—देना।

परचानाⓊ[२]—क्रि० स० [सं० प्रज्वलन] प्रज्वलित करना। जलाना उ०—चिनगि जोति करसी ते भागै। परम तसु परचावै लागै।—जायसी (शब्द०)।

परचारⓊ—संज्ञा पुं० [स० प्रचार] दे० 'प्रचार'।

परचारगी—संज्ञा स्त्री० [सं० परिचर्या, हिं० परिचार, परचार + गी

(प्रत्य०)] सेवा। परिचर्या उ०—सो श्री गुसाँई जी की परचारणी और टहल करती।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ३१५।

परचारनाⓊ—क्रि० स० [सं० प्रचार] दे० 'प्रचारना'। उ०—कपि बलु देखि सकल हिय हारे। उठा आपु कपि के परचारे।—मानस, ६।३४।

परचित्तपर्यायज्ञान—सज्ञा पुं० [स०] अपने चित्त मे दूसरे के चित्त का भाव जानना (बौद्ध)।

परची—सज्ञा स्त्री० [हिं० परचा] दे० 'परचा'।

परचून—सज्ञा पुं० [सं० पर (=अन्य, और)+चूर्ण (=आटा)] आटा, चावल, दाल, नमक, मसाला आदि भोजन का फुटकर सामान। जैसे, परचून की दुकान। उ०—नौनीले पन्ने दस दून। चारि गाँठि चूनी परचून।—अर्घ०, पृ० २७।

परचूनी[1]—सज्ञा पुं० [हिं० परचून] परचूनवाला। आटा, दाल, नमक, आदि बेचनेवाला बनिया। मोदी।

परचूनी[2] —सज्ञा स्त्री० परचून या परचूनी की काम या भाव।

परचेⓊ—सज्ञा पुं० [सं० परिचय] दे० 'परिचय'।

परचै—सज्ञा पुं० [स० परिचय] दे० 'परिचय', 'परचा'। उ०—परचै चक्र काया में सोई। जो ऊगै तौ सब सुख होई।—कबीर सा०, पृ० ८७९।

परचो†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परिचय'।

परच्छद—वि० [सं० परच्छन्द] पराधीन।

परच्छदानुवर्ती—वि० [सं० परच्छन्दानुवर्तिन्] परतत्र। अस्वाधीन। पराधीन [को०]।

परछत्तो—सज्ञा स्त्री० [स० परि (=अधिक, ऊपर) + छत (=पटाव)] १ घर या कोठरी के भीतर दीवार से लगाकर कुछ दूर तक बनाई हुई पाटन जिसपर सामान रखते हैं। टाँड। पाटा। २ हलका छप्पर जो दीवारो पर रख दिया जाता है। फूस आदि की छाजन।

परछन—सज्ञा स्त्री० [स० परि+अर्चन] विवाह की एक रीति जिसमें बारात द्वार पर आने पर कन्या पक्ष की स्त्रियाँ वर के पास जाती हैं और उसे दही, अक्षत का टीका लगाती, उसकी आरती करती तथा उसके ऊपर से मूसल, बट्टा आदि घुमाती हैं।

परछना—क्रि० स० [हिं० परछन] द्वार पर बारात लगने पर कन्या पक्ष की स्त्रियो का वर की आरती आदि करना परछन करना। उ०—निगम नीति कुल रीति करि अरघ पाँवड़े देत। बधुन सहित सुत परछि सब चली लिवाइ निकेत।—तुलसी (शब्द०)।

परछहियाँ†—सज्ञा स्त्री० [स० प्रतिच्छाया] छाया। परछाई। उ०—खेलत ललित खेल वन महियाँ। चलत चहन लागे परछहियाँ।—नद० ग्र०, पृ० २७५।

परछाँइ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'परछाँई' उ०—सखियन मे अति हितू विसाखा जनु तन की परछाँइ।—नद० ग्र०, पृ० ३९०।

परछा[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रक्षिच्छद] १ वह कपडा जिससे तेली कोल्हू के बैल की आँखो में अँधोटी बाँधते हैं। २ जुलाहो की नली जिसपर वे सूत लपेटते हैं। सूत की फिरकी। घिरनी।

परछा[2]—सज्ञा पुं० [?] [स्त्री० अल्पा० परछी] १ बडी बटलोई। बडा देग। २. कडाई। कढ़ाई। ३ मिट्टी का मझोला बरतन।

परछा[3]—सज्ञा पुं० [सं० परिच्छेद] बहुत सी वस्तुओ के घने समूह मे से कुछ के निकल जाने से पडा हुआ अवकाश। विरलता। छीद। २ घनेपन या भीड की कमी। भीड का छटाव।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

३ समाप्ति। निबटेरा। चुकाव। फैसला।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

परछाई—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिच्छाया] १ प्रकाश के मार्ग मे पडनेवाले किसी पिंड का आकार जो प्रकाश से भिन्न दिशा की ओर छाया या अधकार के रूप मे पडता है। किसी वस्तु की आकृति के अनुरूप छाया जो प्रकाश के अवरोध के कारण पडती है। छायाकृति। जैसे,—लडका दीवार पर अपनी परछाई देखकर डर गया।

क्रि० प्र०—पडना।

मुहा०—परछाई से डरना या भागना = (१) बहुत डरना। अत्यंत भयभीत होना। (२) पास तक आने से डरना। (३) दूर रहने की इच्छा करना। कोई लगाव रखना न चाहना (घृणा या आशका से)।

२ जल, दर्पण आदि पर पडा हुआ किसी पदार्थ का पूरा प्रतिरूप। प्रतिबिंब। अक्स।

क्रि० प्र०—पड़ना।

परछालनाⓊ—क्रि० स० [स० प्रक्षालन] जल से धोना। पखारना।

परछाहींⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'परछाईं'। उ०—उन्होने कृष्ण के हृदय मे अपनी परछाही देखकर यह समझ लिया कि इनके हृदय में कोई दूसरी गोपी बसती है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ११२।

परछो†—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'परचे', 'परचै'। उ०—दरिया परछे नाम के, दूजा दिया न जाय।—दरिया० बानी, पृ० ३९।

परजंक—सज्ञा पुं० [स० पर्यङ्क] उ०—उतरत कहुँ परजक तै पग द्वै धरत ससक। कुम्हलान्यौं अति ही परत आतप बदन मयक।—स० सप्तक, पृ० ३५४।

परजतⓊ—अव्य० [सं० पर्यन्त] १ पर्यंत। तक। उ०—ब्रह्मलोक परजत फिरयौ तहँ देव मुनीजन साखी।—सूर०, १।१०।

परज[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पराजिका] एक रागिनी जो गाधार, धनाश्री और मारू के मेल से बनी हुई मानी जाती है। इसके गाने का समय रात ११ दड से १५ दड तक है। स्वर इसमें ऋषभ और धैवत कोमल, तथा मध्यम तीव्र लगता है। यह हिंदोल राग की सहचरी मानी जाती है।

परज[2]—वि० [सं०] परजात । दूसरे से उत्पन्न ।

परज[2]—सज्ञा पुं० कोकिल ।

परजनⓅ[1]—सज्ञा पु० [स० **परिजन**] दे० 'परिजन' । उ०—पाग मिरजई पहिनि, टेकि मसनद परजन पर ।—प्रेमघन० भा० १, पृ० १४ ।

परजन[2]—सज्ञा पु० [देश०] डेढ दो हाथ ऊँचा एक प्रकार का पौधा जो राजपूताने, पजाब और अफगानिस्तान की जोती बोई हुई भूमि मे प्राय पाया जाता है । इसमें पीले रग के बहुत छोटे छोटे फूल लगते हैं ।

परजन[3]—सज्ञा पु० [स०] स्वजन का उलटा । जो आत्मीय न हो ।

परजरनाⓅ—क्रि० अ० [स० प्रज्वलन] १ जलना । दहकना । सुलगना । २ क्रुद्ध होना । कुढना । उ०—सुनत वचन रावन परजरा । जरत महानल जनु घृत परा ।—तुलसी (शब्द०) । ३ ईर्ष्या द्वेष से सतप्त होना । डाह करना ।

परजन्यⓅ—सज्ञा पु० [सं० **पर्जन्य**] दे० 'पर्जन्य' । उ०—पर कारज देह को धारे फिरौ परजन्य जथारथ ह्वै दरसौ ।—घनानद, पृ०

परजवट—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परजौट' ।

परजस्तापह्नुति—सज्ञा स्त्री० [सं० **पर्यस्तापह्नुति**] दे० 'पर्यस्तापह्नुति' । उ०—धर्म और में राखिए धर्मी सांचु छपाय । परजस्तापह्नुति कहत ताहि बुद्धि सरसाय ।—मति० ग्र०, पृ० ३८० ।

परजा—सज्ञा स्त्री० [स० प्रजा] १ प्रजा । रैयत । २ आश्रित जन । काम धधा करनेवाला । जैसे, नाई, बारी, धोबी इत्यादि । ३ जमींदार की जमीन पर बसनेवाला या खेती आदि करनेवाला । असामी ।

परजात[1]—वि० [स०] दूसरे से उत्पन्न । परज ।

परजात[2]—सज्ञा पुं० [स०] १ कोकिल । कोयल । २ दूसरी जाति का मनुष्य । दूसरी बिरादरी का आदमी । जैसे,—परजात को न्योता देने का क्या काम ?

परजाता—सज्ञा पुं० [स० **परिजात**] मझोले आकार का एक पेड जो भारतवर्ष मे प्राय सर्वत्र होता है । हरसिंगार ।

विशेष—इसकी पत्तियाँ पाँच छह अँगुल लबी और चार अगुल चौडी होती हैं । ये आगे की ओर बहुत नुकीली होती हैं और इनके किनारे नीम की पत्ती के किनारो की तरह कुछ कुछ कटावदार होते हैं । यह पेड फूलो के लिये लगाया जाता है जो गुच्छों मे लगते हैं । फूल छोटे छोटे और डाँडीदार होते हैं । डाँडी का रग लाल या नारगी और दलो का रग सफेद होता है । सूखी हुई डाँडियों को उबालकर पीला रग निकाला जाता है । परजाता शरद ऋतु में फूलता है । फूल बराबर झडते रहते हैं, पेड मे कम ठहरते हैं । पत्तियाँ दवा के काम आती हैं और बहुत गरम होती हैं । ज्वर मे प्राय लोग परजाते की पत्ती देते हैं । इसे हरसिंगार भी कहते हैं ।

परजाति—सज्ञा स्त्री० [स०] दूसरी जाति ।

परजापति, परजापती†—सज्ञा पुं० [सं० **प्रजापति**] १ राजा । नृपति । २ कुमकार । उ०—गुरु ज्ञाता परजापती सेवक माँटी रूप । रज्जव रज सूँ फेरि करि घडिले कुभ अनूप ।—रज्जव०, पृ० १६ ।

परजायⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **पर्याय**] दे० 'पर्याय' ।

परजौट—सज्ञा पुं० [हिं० **परजा** + औट या औत (प्रत्य०)] १ घर बनाने के लिये सालाना किराए पर जमीन लेने देने का नियम । जैसे,—यह जमीन मैंने परजौट पर ली है । २ वह सालाना कर जो मकान बनाने के लिये ली हुई जमीन पर लगे

परठनाⓅ‡—क्रि० अ० [सं० प्र + स्थापन] बनना । निर्मित होना । स्थापित होना । उ०—साल्ह चलतइ परठिया आँगन वीखडियाँह । मो मई हियइ लगाडियाँ, भरि भरि मूठडियाँह ।—ढोला०, दू० ३६६ ।

परणनाⓅ†—क्रि० स० [सं० **परिणय**] व्याहना । विवाह करना । परिणय करना । उ०—परण पधारे राम जीत दुजराजनै । तुरत करीजे त्यार सामिलो साजनै ।—रघु० रू०, पृ० ६३ ।

परणानाⓅ†—क्रि० स० [सं० **परिणय**] विवाह कराना । व्याह कराना । उ०—वारइ वहतई आपणइ, कुँवर परणावौ, सोभउ वीद ।—वी० रा०सो, पृ० ६ ।

परतगण—सज्ञा पु० [सं० **परतङ्ग्ण**] महाभारत मे वर्णित एक देश का प्राचीन नाम ।

परतंगीⓅ—वि० [सं० **प्रतिज्ञा**] प्रतिज्ञावाला । उ०—कहा कहौं हरि केतिक तारे, पावन पद परतगी ।—सूर०, १।२१ ।

परतचा—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रत्यञ्चा**] दे० 'प्रत्यचा' । उ०—इसका दुबला शरीर काम की परतचा उतारी हुई कमान है ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३८१ ।

परततरⓅ—वि० [स० **परतन्त्र**] पराधीन । परतत्र । उ०—और सबै दुख भरे सरे अतर ही अतर । कालकूट से करे परे छिन छिन परततर ।—नद० ग्र०, पृ० २०५ ।

परतत्र[1]—वि० [सं० **परतन्त्र**] पराधीन । परवश ।

परतत्र[2]—सज्ञा पुं० १ उत्तम शास्त्र । २ उत्तम वस्त्र ।

परतत्र द्वैधीभाव—सज्ञा पुं० [सं० **परतन्त्र द्वैधीभाव**] कामदक के अनुसार दो प्रबल और परस्पर विरोधी राज्यो के बीच मे रहकर और किसी एक राज्य से कुछ धन या वार्षिक वृत्ति पाकर दोनो मे मेल बनाए रखना जैसे, युरोपीय महायुद्ध के पहले अफगानिस्तान की स्थिति परतत्र द्वैधीभाव की थी, पर युद्ध के पीछे अब स्वतत्र द्वैध भाव की स्थिति है ।

परत—अव्य० [सं० **परतस्**] १. दूसरे से । अन्य से । २ पर से । शत्रु से । पश्चात् । पीछे । ४ परे । आगे ।

परत प्रमाण—सज्ञा पुं० [सं०] जो स्वत प्रमाण न हो । जिसे दूसरे प्रमाणो की अपेक्षा हो । जो दूसरे प्रमाणों के अनुकूल होने पर ही सबूत में कहा जा सके ।

परत—सज्ञा स्त्री० [सं० **पत्र, हिं० पचर** वा सं० **पटल**] १, मोटाई का फैलाव जो किसी सतह के ऊपर हो । स्तर । तह । जैसे,—

इसपर गीली मिट्टी की एक परत चढा दो। उ०—बालू की परत पर परत जमने से ये चट्टानें बनी हैं।—शिवप्रसाद (शब्द०)। २. लपेटी जा सकनेवाली फैलाद की वस्तुओं (जैसे, कागज, कपडा, चमडा, इत्यादि) का इस प्रकार का मोड जिससे उनके भिन्न भिन्न भाग ऊपर नीचे हो जायँ। तह। जैसे,—इस कपडे को परत लगाकर रख दो।

क्रि० प्र०—लगाना।

३ कपडे, कागज आदि के भिन्न भिन्न भाग जो जोडने से नीचे ऊपर हो गए हों। तह।

परतकाँ—क्रि० वि० [सं० प्रत्यक्ष, हिं० परतच्छ, परतछ, परतख] सामने। प्रत्यक्ष। समक्ष। उ०—चाँपे परतक कटक चलाया, ऊपरि खान तणै फिर आया।—रा० रू०, पृ० २८६।

परतख—क्रि० वि० [स० प्रत्यक्ष] प्रत्यक्ष। रूबरू। उ०—जिम सुपनतर पामियउ तिम परतख पामेसि। सज्जन मोती हार ज्यूँ कठा ग्रहण करेसि।—ढोला०, दू० ५१३।

परतच्छⓊ—वि० [स० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—अनूमान साछी रहित होत नही परमान। कह तुलसी परतच्छ जो सो कहु अमर को आन।—स० सप्तक, पृ० ४०।

परतछ—वि० [स० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—ताके आगे कहा मिसिर का अरवी को बल। इन सो सपनहुँ वैर किए पाए परतछ फल।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ८०६।

परतछिⓊ—क्रि० वि० [स० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—परतछि आनि कै उपा मिलाई।—नंद ग्र०, पृ० १२८।

परतल्ल—संज्ञा पुं० [स० पट (=वस्त्र)+तल (=नीचे)] लादनेवाले घोडे की पीठ पर रखने का बोरा या गून।

यौ०—परतल का टट्टू = लद्दू घोडा।

परतला—संज्ञा पु० [सं० परितन (=चारों ओर खींचा हुआ)] चमडे या मोटे कपडे की चौडी पट्टी जो कधे से लेकर कमर तक छाती और पीठ पर से तिरछी होती हुई आती है और जिसमे तलवार लटकाई जाती है तथा कारतूस आदि रखे जाते हैं। उ०—दूजे पैसावरी परतला परि मन मोहत।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १३।

परतली, परतल्ली—संज्ञा स्त्री० [हिं० परतल] दे० 'परतला'। उ०—कारतूसो की परतल्ली उनके कधो पर थी।—इद्र०, पृ० २३।

परतष†—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—औ दरपन चित्रावलि केरा। परतष देख कुँअर जेहि हेरा।—चित्रा०, पृ० ११०।

परता—संज्ञा पुं० [हिं० परना] दे० 'पडता'।

परताजना—संज्ञा पुं० [देश०] सोनारो का एक औजार जिससे वे गहनो पर मछली के सेहरे का आकार बनाते हैं।

परतापⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रताप] दे० 'प्रताप'। उ०—सुवा असीस दीन्ह बड साजू। बड परताप अखडित राजू।—जायसी ग्र०, पृ० ३२।

परताल—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पडताल'।

परतिचाⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० प्रत्यञ्चा] दे० 'पतचिका'।

परतिग्या—संज्ञा स्त्री० [स० प्रतिज्ञा] दे० 'प्रतिज्ञा'। उ०—तुम सतत पालहु मम नेहू। आज मोर परतिग्या लेहू।

परतिच्छⓊ—वि० [सं० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—काम कहैं सुनु सुदरी दरसन तीन प्रकार। स्वप्न चित्र परतिच्छ प्रिय प्रगट प्रेम विस्तार।—रसरतन, पृ० ३०।

परतिज्ञाⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० प्रतिज्ञा] दे० 'प्रतिज्ञा'। उ०—हम भक्तनि के, भक्त हमारे। सुनि अर्जुन परतिज्ञा मेरी यह व्रत टरत न टारे।—सूर०, १।२७२।

परतिषा†—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—पाड्यो कहु कइ परतिष (इ) भाँड। झूठ कथइ छइ नै बोलइ छइ माँण।—बी० रासो०, पृ० ४१।

परतिसठा†—संज्ञा स्त्री० [स० प्रतिष्ठा] समान। प्रतिष्ठा। उ०—हमको कुल परतिसठा इतनी प्यारी नही है।—गोदान, पृ० १०२।

परतिहार†—संज्ञा पुं० [स० प्रतिहार] दे० 'प्रतिहार'। उ०—परतिहार सो कहा हकारी। अब जनि जान देहु कहुँ कारी।—चित्रा०, पृ० १२४।

परती—संज्ञा स्त्री० [हिं० परना (=पड़ना)] १ वह खेत या जमीन जो बिना जोती हुई छोड दी गई हो।

क्रि० प्र०—छोड़ना।—डालना।—पड़ना।

२ वह चद्दर जिससे हवा करके भूसा उडाते हैं।

मुहा०—परती लेना = चद्दर से हवा करके भूसा उडाना। बरसाना। ओसाना।

परतीकⓊ†—वि० [स० प्रत्यक्ष, हिं० परतिष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—सखि तू कहै आन बहू के अधीन हैं सो परतीक किधौं सपनै।—केशव ग्र०, भा० १, पृ० ६।

परतीत, परतीतिⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० प्रतीति] दे० 'प्रतीति'। उ०—(क) जानतो जौ इतनी परतीति तौ प्रीति की रीति को नाम न लेतो।—ठाकुर०, पृ० १७। (ख) खर क्वार कन विदेश छाए, कनक ही के वश हुए। कह कौन सी परतीति जो कि शपथ, कर मेरे हुए।—आराधना, पृ० ६६।

परतेजनाⓊ—क्रि० स० [स० परित्यजन] परित्याग करना। छोडना। उ०—जैसे उन मोको परतेजो कबहूँ फिरि न निहारत है।—सूर (शब्द०)।

परतेला—वि० [हिं० पडना] वह (रग) जो तैयार होने के लिये कुछ समय तक घोल या उबालकर रखा जाय। (रगरेज)।

परतोख†—संज्ञा पुं० [स० परितोष] आश्वासन। परितोष। प्रमाण। उ०—इसी गाँव मे एक दो नही, दस बीस परतोख दे दूँ।—गोदान०, पृ० २१३।

परतोली—संज्ञा स्त्री० [स० प्रतोली] गली।—(डिं०)।

परत्र—क्रि० वि० [स०] १ और जगह। अन्यत्र। २ परकाल मे। ३ परलोक मे। उ०—सो परत्र दुख पावै सिर धुनि धुनि पछिताइ। कालहि कर्महि ईश्वरहि मिथ्या दोस लगाइ।—मानस, ७।४३।

परत्रभीरु—वि० [सं०] जिसे परलोक का भय हो। धार्मिक।

परत्व—सज्ञा पुं० [सं०] पर होने का भाव। पहले या पूर्व होने का भाव।

यौ०—परत्व अपरत्व = पहले पीछे का भाव।

विशेष—वैशेषिक मे द्रव्य के जो २४ गुण माने गए हैं उनमे 'परत्व' 'अपरत्व' भी है। 'परत्व' 'अपरत्व' देश और काल के भेद से दो प्रकार के होते हैं—कालिक और दैशिक। जैसे, 'उसका जन्म तुमसे पहले का है'। यह कालसबधी 'परत्व' हुआ। 'उसका घर पहले पडता है', यह देशसबधी 'परत्व' हुआ। देशसबधी परत्व अपरत्व का विपर्यय हो सकता है, पर कालसबधी परत्व अपरत्व का नहीं।

परथना†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पलेथन'।

परथमⓊ—क्रि० वि० [स० प्रथम] पहले। उ०—(क) भक्ति मुक्ति सनेही सजनै, लियो परथम चीन्ह हो। —धरम०, पृ० ३। (ख) सब ससार परथमै आए सातो दीप। एक दीप नहिं उत्तिम सिंहलद्वीप समीप।—जायसी ग्र०, पृ० १०।

परथिरⓊ—वि० [सं० परम+स्थिर] गतिरहित। गतिहीन। निश्चल। उ०—गावहिं गीत बजावहिं बाजा। परथिर बाव भेद उपराजा।—चित्रा०, पृ० २६।

परथोक†—सज्ञा पु० [स० परितोष] दे० 'परतोख'।

परदक्षणा†—सज्ञा स्त्री० [स० प्रदक्षिणा] दे० 'प्रदक्षिणा'। उ०—दक्ष त्रयो रहै पुनि दक्ष प्रजापति जैसे। देत परदक्षणा न दक्षणा दे आप कौं। —सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ४८१।

परदक्षिना†—सज्ञा पुं० [स० प्रदक्षिण] दे० 'प्रदक्षिणा'। उ०—करि प्रणाम परदक्षिन कीन्हा।—कबीर सा०, पृ० ५७८।

परदखना†, **परदखिना**—सज्ञा स्त्री० [स० प्रदक्षिणा] दे० 'प्रदक्षिणा'। उ०—(क) तन मन धन करौं वारनै परदखना दीजै। सीस हमारा जीव ले नौछावर कीजै।—दादू०, पृ० ५५६। (ख) परदखिना करि करहिं प्रनामा।—मानस, २।२०१।

परदच्छिनⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रदक्षिण] दे० 'प्रदक्षिणा'। उ०—पाँव परसि परदच्छिन दिन्निय।—प० रासो, पृ० ६१।

परदच्छिनाⓊ‡—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रदक्षिणा] दे० 'प्रदक्षिणा'।

परदछिनाⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० प्रदक्षिणा] दे० 'प्रदक्षिणा'।

परदा—सज्ञा पुं० [फ़ा० परदह्] वह कपडा, टट्टी आदि जिसके सामने पडने से कोई स्थान या वस्तु लोगो की दृष्टि से छिपी रहे। आड करने के काम मे आनेवाला कपडा, टाट, चिक आदि। पट। जैसे,—खिडकी में जो परदा लटक रहा है उसपर बहुत अच्छा काम है।

क्रि० प्र०—उठाना।—खड़ा करना।—गिराना।—डालना।

मुहा०—परदा उठाना = दे० 'परदा खोलना'। परदा खोलना = छिपी बात प्रगट करना। भेद का उद्घाटन करना। परदा डालना = छिपाना। प्रकट न होने देना। जैसे,—किसी के ऐबों पर परदा डालना। आँख पर परदा पड़ना = बुद्धि मद होना। समझ में न आना। ढँका परदा = (१) छिपा हुआ दोष या कलंक। (२) बनी हुई प्रतिष्ठा या मर्यादा। जैसे,—ढँका परदा रह जाय तो अच्छी बात है। (किसी का) परदा रखना = किसी की बुराई आदि लोगो पर प्रकट न होने देना। किसी की प्रतिष्ठा बनी रहने देना। उ०—मधुकर जाहि कहो सुन मेरो। पीत बसन तन श्याम जानि कै राखत परदा तेरो।—सूर (शब्द०)।

२ आड करनेवाली कोई वस्तु। बीच मे इस प्रकार पडनेवाली वस्तु कि उसके इस पार से उस पार तक आना जाना, देखना आदि न हो सके। दृष्टि या गति का अवरोध करनेवाली वस्तु। व्यवधान। ३. रोक जिससे सामने की वस्तु कोई देख न सके या उसके पास तक पहुँच न सके। आड। ओट। ओझल। ४ लोगो की दृष्टि के सामने न होने की स्थिति। आड। ओट। छिपाव।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—परदानशीन।

मुहा०—परदा रखना = (१) परदे के भीतर रहना। सामने न होना। जैसे,—स्त्रियाँ मरदो से परदा रखती हैं। (२) छिपाव रखना। दुराव रखना। (किसी को) परदा लगाना = परदे में रहने की स्थिति प्राप्त होना। किसी के सामने न होने का नियम होना। जैसे,—(क) पहले तो मारी मारी फिरती थी अब इसे परदा लगा है। (ख) सामने आकर क्यो नही कहते, क्या तुम्हे परदा लगा है? परदा होना = (१) परदा रखे जाने का नियम होना। स्त्रियो का सामने न होने देने का नियम होना। जैसे,—तुम बेधडक भीतर चले जाओ तुम्हारे लिये यहाँ परदा नहीं है। (२) छिपाव होना। दुराव होना। जैसे,—तुमसे क्या परदा है, तुम सब हाल जानते ही हो। परदे बिठाना = (स्त्री को) परदे के भीतर रखना। परदे में रखना = (१) स्त्रियो को घर के भीतर रखना, बाहर लोगो के सामने न होने देना। (२) छिपा रखना। प्रकट न होने देना। परदे में रहना = (१) स्त्रियो का घर के भीतर ही रहना, लोगो के सामने न होना। अतपुर मे रहना। जनानखाने मे रहना। (२) छिपा रहना। प्रकट न होना। परदे परदे = छिपे छिपे। चुप चाप। गुप्त रूप से। परदे में छेद होना = परदे के भीतर भीतर व्यभिचार होना।

५ स्त्रियो के घर के भीतर रखने का नियम। स्त्रियो को बाहर निकलकर लोगो के सामने न होने देने की चाल। जैसे,—हिंदुस्तान में जबतक परदा नही उठेगा, स्त्रीशिक्षा का प्रचार अच्छी तरह नहीं हो सकता। ६ वह दीवार जो विभाग करने या ओट करने के लिये उठाई जाय। ७ तह। परत। तल। जैसे, जमीन का परदा, दुनिया का परदा। ८ वह झिल्ली, चमडा आदि जो कही पर आड या व्यवधान के रूप मे हो। जैसे, आँख का परदा, कान का परदा। ९ अँगरखे का वह भाग जो छाती के ऊपर रहता है। १० फारसी के बारह रागो मे से प्रत्येक। ११ सितार, हारमोनियम आदि बाजो मे वह स्थान

जहाँ से स्वर निकाला जाता है। १२ नाव की पाल। १३ जवनिका। रगमच का पर्दा।

परदाज[1]—वि० [फा० **परदाज़**] १ सुसज्जित करनेवाला। २ पोषक [को०]।

परदाज[2]—सज्ञा पुं० १ सज्जा। सजावट। २. ढग। ३ सलग्नता। तल्लीनता। ४ चित्र की बारीक रेखाएँ [को०]।

परदादा—सज्ञा पु० [सं० प्र+हिं० **दादा**] [स्त्री० **परदादी**] पितामह। दादा का बाप। पडदादा।

परदानशीन—वि० [फा०] परदे मे रहनेवाली। अत पुरवासिनी। जैसे, परदानशीन औरत।

परदारⓊ[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **पर + दार**] १ लक्ष्मी। २ पृथ्वी। उ०—आनँद के कद सुरपालक से बालक ये, परदार प्रिय साधु मन वच काय के।—राम च०, पृ० २१। ३. दूसरे की स्त्री। पराई औरत। जैसे, परदाररत=पराई स्त्री पर अनुरक्त।

परदारⓊ[2]—सज्ञा पुं० [हिं० **पहरेदार**] पहरा देनेवाला। पहरेदार। पौरिया। उ०—परदार पौरि दस दस प्रमान। राजत अनेक भर सुभ्भि थान।—पृ० रा०, १६।६३।

परदारिक—वि० [स०] परस्त्री लपट। परस्त्रीगामी [को०]।

परदारी—वि० [स० **परदारिन्**] दे० 'परदारिक' [को०]।

परदुम्मⓊ—सज्ञा पुं० [स० **प्रद्युम्न**] दे० 'प्रद्युम्न'। उ०—तुम परदुम्म और अनरुध दोऊ। तुम अभिमन्यु बोल सब कोऊ।—जायसी (शब्द०)।

परदूषण संधि—सज्ञा स्त्री० [स० **परदूषण सन्धि**] सपूर्ण राज्य की उत्पत्ति तथा फल देने की प्रतिज्ञा करके सधि करना (कामदक)।

परदेवता—सज्ञा पुं० [स०] परब्रह्म [को०]।

परदेश—सज्ञा पु० [सं०] विदेश। दूसरा देश। पराया शहर।

मुहा०—**परदेश में छाना**=दूसरे देश मे निवास करना। घर पर न रहना (गीत)।

परदेशापवाहन—सज्ञा पु० [स०] विदेशियो को बुलाकर उपनिवेश बसाना (कौटिल्य)।

परदेशी—वि० [स०] विदेशी। दूसरे देश का। अन्य देश निवासी।

परदेस—सज्ञा पुं० [सं० **परदेश**] दे० 'परदेश'। उ०—ता पाछे केतेक दिन को चाचा हरिबस जी गुजरात के परदेस को गए।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २८६।

परदोष—सज्ञा पुं० [सं० **प्रदोष**] दे० 'प्रदोष'। उ०—जेठ सुदी सातै परदोष की घरी घरी।—श्यामा०, पृ० १२६।

परदोसⓊ—सज्ञा पु० [स० **प्रदोष**] दे० 'प्रदोष'।

परद्रोही—वि० [स० **परद्रोहिन्**] दूसरे से दुश्मनी रखनेवाला। उ०—परद्रोही की होइ निसका। कामी पुनि कि रहहि अकलका।—मानस, ७।११२।

परद्वेषी—वि० [स० **परद्वेषिन्**] दे० 'परद्रोही'।

परधन—सज्ञा पु० [स०] दूसरे की सपत्ति।

परधरⓊ†—सज्ञा पुं० [फ़ा० **पर**+हिं० **धरना**] परो को धारण करनेवाला पक्षी। उ०—वर लोहा दीठो अँग रघुवर, परधर पडियो धरण पर।—रघु० रू०, पृ० १४०।

परधर्म—सज्ञा पुं० [स०] दूसरे का धर्म [को०]।

परधानⓊ[1]—वि० [सं० **प्रधान**] दे० 'प्रधान'।

परधान[2]—सज्ञा पुं० [स० **परिधान**] दे० 'परिधान'। उ०—मथि मृगमद मलय कपूर सबनि के तिलक किए। उर मणिमाला पहिराय सब विचित्र ठए। दान मान परधान पूरण काम किए।—सूर (शब्द०)।

परधाम—सज्ञा पुं० [सं० **परधामन्**] १. वैकुठ धाम। परलोक। २ ईश्वर। ३. विष्णु। उ०—अज सच्चिदानद परधामा।—तुलसी (शब्द०)।

परध्यान—सज्ञा पु० [स०] ध्यान का वह स्वरूप जिसमे ध्येय के अतिरिक्त और कोई भी नही रहता [को०]।

परन[1]—सज्ञा पु० [?] मृदग आदि बाजो को बजाते समय मुख्य बोलों के बीच बीच से बजाए जानेवाले बोलो के खड। उ०—आनंदघन रस रग घमड सो ललिता मृदग बजावति, परन भरनि सी परति आवै गौंहन।—घनानद, पृ० ३४५।

परन[2]—सज्ञा पु० [स० **प्रतिज्ञा**, प्रा० **पडिण्णा**, अथवा स० **प्रण** या **पण** (= बाजी, शर्त)] प्रतिज्ञा। टेक। प्रण। वायदा। दृढ सकल्प। उ०—जब रहली जननी के ओदर, परन सम्हारल हो।—घरम०, पृ० ३५।

क्रि० प्र०—**करना**।—**बाँधना**।—**होना**।

परन[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पड़ना, पड़न**] पडी हुई। बान। आदत। उ०—राखौं हटकि उतै को धावै उनकी वैसिय परन परी री।—सूर (शब्द०)।

परनⓊ[4]—सज्ञा पुं० [स० **पर्ण**] दे० 'पर्ण'। उ०—(क) पुनि परिहरे सुखानेउ परना।—मानस, १।७४। (ख) सो उपजे हैं आय ये परन कुटी के द्वार।—शकुतला, पृ० ७६।

यौ०—**परनकुटी**। **परनगृह**=दे० 'परनकुटी'।

परनकुटीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **पर्णकुटी**] दे० 'पर्णकुटी'। उ०—परनकुटी छावन चहौ महि देव तुम बलराई हो।—कबीर सा०, पृ० २७।

परनाँमⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **प्रणाम**] दे० 'प्रणाम'। उ०—करि ऊधो परनाँम आए जसुमति नद पै।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ३५०।

परनाⓊ—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पडना'।

परनाना[1]—सज्ञा पुं० [स० **पर**+हिं० **नाना**] [स्त्री० **परनानी**] नाना का बाप।

परनाना[2]—क्रि० स० [स० **परिणयन**] विवाह करना। व्याहना। उ०—पुत्रन सँग पुत्री परनाई।—कबीर श०, भा० १, पृ० ६१।

परनानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **परनाना**] नानी की माँ।

परनाम—सज्ञा पुं० [स० **प्रणाम**] दे० 'प्रणाम'। उ०—पैर छूकर जब परनाम करने लगा था तो माँ जी एकदम फूट फूटकर रो पडी थी।—मैला०, पृ० ३८।

परनामी—सज्ञा पुं० [हिं० **परनाम**] प्राणनाथ के संप्रदाय का व्यक्ति।

दे० 'प्राणनाथी'। उ०—धामी एक दूसरे के अभिवादन में परनाम कहते हैं—इसी कारण ये लोग परनामी भी कहलाते हैं।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० ८६।

परनाल—सज्ञा पुं० [हिं० परनाला] जहाज मे पेशाव करने की मोरी (लश०)।

परनाला—सज्ञा पुं० [सं० प्रणाली] [स्त्री० अल्पा० परनाली] वह मार्ग जिससे घर मे का मल या पानी बहकर बाहर निकलता है। पनाला। नाबदान। मोरी।

परनाली—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रणाली] १ छोटा परनाला। मोरी। उ०—आली तो कुच सैल तें नाभिकुड को जाय। रोमाली न सिगार की परनाली दरसाय।—स० सप्तक, पृ० २५५। २ अच्छे घोडों की पीठ का (पुट्ठों और कधों की अपेक्षा) नीचापन जो उनकी तेजी प्रकट करता है।

क्रि० प्र०—करना।

परनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पड़ना, पडन] पडी हुई बान। आदत। टेव। उ०—(क) सूरदास तैसहि ये लोचन का धौं परनि परी री।—सूर (शब्द०)। (ख) ऐसी परनि परी री जाको लाज कहा ह्वै है तिनको ?—सूर (शब्द०)।

परनिपात—सज्ञा पुं० [सं०] समास में वह शब्द जो पहले आने योग्य हो पर बाद मे रखा जाय। पहले आने योग्य शब्द का बाद में रखना। जैसे, भूतपूर्व मे 'पूर्व' शब्द [को०]।

परनीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० परिणीया, परिणेया] कन्या जो विवाह योग्य हो।

परनी—सज्ञा स्त्री० [सं० पर्ण, हिं० परन] रोंगे का महीन पत्तर जिसमें सुनहली या रुपहली चमक होती है और जिसे सजावट के लिये चिपकाते हैं। पन्नी।

परनौतⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० प्रनमन, हिं० परनवना] प्रणति। प्रणाम। नमस्कार। उ०—ताते तुमको करत दडौत। अरु सब नरहूँ को परनौत।—सूर (शब्द०)।

परपचⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० प्रपञ्च] दे० 'प्रपच'। उ०—सुखदायक दूती चतुर करि परपच बनाय। छरि जु निसातम सुबसु करि नवलहि दई मिलाय।—स० सप्तक, पृ० २४०।

परपंचकⓊ—वि० [स० प्रपञ्चक] बखेडिया। फसादी। जालिया। मायावी।

परपंचिनिⓊ—वि० [हिं० परपची] परपच करनेवाली। उ०—परपचिनि तुम ग्वालि झूठ ही मोहि बुलायौ।—नद० ग्र०, पृ० १६८।

परपंचीⓊ†—वि० [स० प्रपञ्ची] १ बखेडिया। फसादी। २. धूर्त। मायावी। उ०—सब दल होहु हुस्यार चलहु अब घेरहिं जाई। परपची हैं कान्ह कछू मति करै ढिठाई।-सूर (शब्द०)।

परपक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] १ विरुद्ध पक्ष। विरोधियों का दल। २. विपक्षी की बात। मत का विरोध करनेवाले की बात।

परपट—सज्ञा पुं० [हिं० पर + स० पट (= चादर)] चौरस मैदान। समतल भूमि।

परपटी—सज्ञा स्त्री० [सं० पर्पटी] दे० 'पर्पटी'।

परपद—सज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'परमपद'। २. पर अर्थात् शत्रु का स्थान। परराष्ट्र (को०)।

परपरा—वि० [अनु०] चरपरा।

परपराना—क्रि० अ० [अनु०] मिर्च आदि कडवी चीजो का जीभ या शरीर के और किसी भाग मे एक विशेष प्रकार का उग्र संवेदन उत्पन्न करना। तीक्ष्ण लगना। चुनचुनाना।

परपराहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० परपराना + आहट (प्रत्य०)] परपराने का भाव। चुनचुनाहट।

परपाकनिवृत्त—वि० [स०] जो दूसरे के उद्देश्य से भोजन न निकाले। पचयज्ञ न करनेवाला (गृहस्थ)।

विशेष—मिताक्षरा मे कहा है कि ऐसे मनुष्य का अन्न भोजन करनेवाले ब्राह्मण को प्रायश्चित्त करना चाहिए।

परपाकरत—वि० [सं०] जो स्वय पंचयज्ञ करके दूसरे का दिया अन्न भोजन करके रहे।

विशेष—मिताक्षरा के अनुसार ऐसे का अन्न भोजन करनेवाले ब्राह्मण को प्रायश्चित्त करना चाहिए।

परपाजा—सज्ञा पुं० [स० पर + पर + हिं० आजा] [स्त्री० परपाजी] आजा या दादा का बाप। पितामह का पिता। प्रपितामह।

परपार—सज्ञा पुं० [सं०] उस ओर का तट। दूसरी तरफ का किनारा। उ०—सील सुधा के अगार सुखमा के पारावार पावत न परपार पैरि पैरि थाके हैं।—तुलसी (शब्द०)।

परपिंड—सज्ञा पुं० [सं० परपिण्ड] पराया अन्न। परान्न (को०)।

परपिंडाद—सज्ञा पुं० [सं० परपिण्डाद] १ परान्नोपजीवी। दूसरे का अन्न खाकर जीनेवाला। २ सेवक। नौकर (को०)।

परपीडक—वि० [सं०] १ दूसरे को पीडा या दुख पहुँचानेवाला। २ पराई पीडा को समझनेवाला। दूसरे की दुख की ओर ध्यान देनेवाला।

परपीरकⓊ—वि० [सं० परपीडक] दे० 'परपीडक'-२। उ०—मागध हति राजा सब छोरे ऐसे प्रभु परपीरक।—सूर (शब्द०)।

परपुरजय—सज्ञा पुं० [स० परपुरञ्जय] शत्रु के नगर को जीतनेवाला। वीर। विजेता [को०]।

परपुरप्रवेश—सज्ञा पुं० [सं०] १ शत्रु के नगर में प्रवेश करना। २ भाव को चुरानेवाले कवियो की एक रीति। उ०—भावापहरण की एक अन्य 'परपुरप्रवेश' नामक रीति है, जिसके भेद निम्नलिखित हैं।—सपूर्णानद अभि० ग्र०, पृ० १६४।

परपुरुष—सज्ञा पुं० [स०] १ पति के अतिरिक्त अन्य पुरुष। २ परम पुरुष। विष्णु। ३ अनजाना व्यक्ति। अजनबी।

परपुष्ट[1]—वि० [सं०] अन्य द्वारा पोषित। जिसका दूसरे ने पोषण किया हो।

परपुष्ट[2]—सज्ञा पुं० [सं०] कोकिल। कोयल।

विशेष—कहते हैं, कोयल कौए के अडे को हटाकर अपना अडा

उसके नीड में रख देती है। कोयल के उस बच्चे को कौआ अपना बच्चा समझ पालता है।

परपुष्टमहोत्सव—संज्ञा पु० [सं०] आम का पेड (जिससे कोयल को बडा आनद होता है)।

परपुष्टा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पराश्रया। वेश्या। २ परगाछा। बांदा। बदाक।

परपूठा—वि० [स० परिपुष्ट, प्रा० परिपुट्ठ] पक्का। उ०—कबिरा तहाँ न जाइए जहाँ कपट को चित्त। परपूठा अवगुन घना मुँहडे ऊपर मित्त।—कबीर (शब्द०)।

परपूर्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जो अपने पहले पति को छोड दूसरा पति करे।

विशेष—क्षता और अक्षता दो प्रकार की परपूर्वा कही गई हैं। नारद ने सात भेद बतलाए हैं—तीन प्रकार की पुनर्भू और चार प्रकार की स्वैरिणी।

परपैठ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पर (= दूसरा) + पैठ (= बाजार)] हुडी की तीसरी नकल। हुडी की तीसरी प्रतिलिपि।

परपोता—संज्ञा पुं० [सं० प्रपौत्र] पोते का बेटा। पुत्र के पुत्र का पुत्र।

परपौत्र—संज्ञा पुं० [स०] प्रपौत्र का पुत्र। पोते के बेटे का बेटा।

परप्रपौत्र—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परपौत्र'।

परप्रेष्य—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० परप्रेष्या] दास। सेवक। नौकर।

परप्रेष्या—संज्ञा स्त्री० [स०] दासी। नौकरानी। सेविका [को०]।

परफुल्लⓊ—वि० [सं० प्रफुल्ल] दे० 'प्रफुल्ल'।

परफुल्लितⓊ—वि० [स० प्रफुल्ल + इत (प्रत्य०)] दे० 'प्रफुल्ल'।

परवचनⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रवञ्चना] दे० 'प्रवचना'।

परवंद—संज्ञा पुं० [स० परवन्ध] नाच की एक गत जिसमे दोनो पैर इस प्रकार खडे रखते हैं कि कमर पर दोनो कुहनियाँ सटी रहती हैं।

परवंधⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रबन्ध] दे० 'प्रबध'।

परव[1]—संज्ञा पुं० [सं० पर्वन्] दे० 'पर्व'। उ०—राम तिलक हित मंगल साजा। परव जोग जनु जुरेउ समाजा।—मानस, १।४१।

परव[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पर्व (= पोर, खड)] किसी रत्न वा जवाहिर का छोटा टुकडा।

परवत—संज्ञा पुं० [स० पर्वत] दे० 'पर्वत'। उ०—परवत मे कदरा, तहाँ किन्नर सु विराजै।—पृ० रा०, १।३८६।

परवताⓊ—संज्ञा पुं० [स० पर्वत] दे० 'परवत्ता'। पर्वती सुग्गा। उ०—राजा चला सँवरि सो लता। परवत कहँ जो चला परवता।—जायसी ग्र०, पृ० ६६।

परवत्ता—संज्ञा पुं० [स० पर्वत] पहाडी तोता या सुग्गा जो देशी तोते से बडा होता है और जिसके दोनो डैनो पर लाल दाग होते हैं। करमेल।

परवलⓊ[1]—वि० [स० प्रबल] दे० 'प्रबल'। उ०—पाँच जने परवल परपची उलटि परे बदीखाने।—धरनी०, पृ० १४।

परवलाँ—संज्ञा पु० [हिं०] दे० 'परवल'।

परवसⓊ—संज्ञा पु०, वि० [स० परवश] दे० 'परवश'। उ०—मन ही मन मुरझाय रहति हौ तन परवस गुरजन की घेरी।—घनानद, पृ० ४२८।

परवसताईⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० परवश्यता + ई (प्रत्य०)] पराधीनता। परतत्रता। उ०—हरि विरचि हर हेरि राम प्रेम परवसताई। सुख समाज रघुराज के बरनत बिसुद्ध मन सुरनि सुमन झरि लाई।—तुलसी (शब्द०)।

परवाज[1]—संज्ञा स्त्री० [फा० परवाज] दे० 'परवाज'। उ०—देखो उस बादशाह के नयन के बाज। मोहन के रूप के तोती पर परवाज।—दक्खिनी०, पृ० ३१४।

परवाल[1]—संज्ञा पु० [हिं० पर (= दूसरा) + बाल (= रोयाँ)] आँख की पलक पर वह फालतू निकला हुआ बाल या बिरनी जिसके कारण बहुत पीडा होती है।

परवाल[2]Ⓤ—संज्ञा पुं० [सं० प्रवाल] दे० 'प्रवाल'।

परवाल[3]—संज्ञा स्त्री० [स० परवाला] परस्त्री। परकीया नायिका। उ०—पी चूमे परवाल लखि बालहि गुरुजन साथ। कचनि परसि, बाहूँ धरे कुचनि खरे पर हाथ।—स० सप्तक, पृ० २७४।

परवासⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रवास] दे० 'प्रवास'।

परवी—संज्ञा स्त्री० [स० पर्वन्] १ पर्व का दिन। उत्सव का दिन। पुण्यकाल। उ०—ऐसी परवी पाय नही तुम महिमा जानी।—पलटू०, पृ० १६। ३ त्यौहारी। पर्व पर प्राप्त धन आदि।

परवीनⓊ—वि० [सं० प्रवीण] दे० 'प्रवीण'। उ०—सदा रूप गुन रीझि पिय जाके रहे अधीन। स्वाधीनै पतिका तियै बरनत कवि परवीन।—मति ग्र०, पृ० ३०६।

परवेषⓊ—संज्ञा पु० [स० परिवेष] दे० 'परिवेष'। उ०—पूरन चद पियूष मयूष मनो, परवेस की रेख विराजै।—मति० ग्र०, पृ० ३४६।

परवेसⓊ—संज्ञा पुं० [स० प्रवेश] दे० 'प्रवेश'।

परबोधⓊ—संज्ञा पु० [स० प्रबोध] दे० 'प्रबोध'।

परबोधनाⓊ—क्रि० स० [स० प्रबोधन] १ जगाना। २ ज्ञानोपदेश करना। ३. प्रबोध देना। दिलासा देना। तसल्ली देना। ढाढ़स बँधाना। समझाना। उ०—पुनि यह कहा मोहि परबोधत धरनि गिरी मुरझाया।—सूर। (शब्द०)।

परब्बतⓊ—संज्ञा पु० [स० पर्वत] दे० 'पर्वत'। उ०—मानो प्रतच्छ परब्बत की नभ लीक लसी कपि यो धुकि धायो।—तुलसी ग्र०, पृ० १९६।

परब्रह्म—संज्ञा पु० [स०] ब्रह्म जो जगत से परे है। निर्गुण निरुपाधि ब्रह्म।

परभजनⓊ—संज्ञा पु० [स० प्रभञ्जन] दे० 'प्रभजन'। उ०—सहित परभजन की गति धरे अबर विराजै प्रगटावै तिय तन कांम।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४८८।

परभव—सज्ञा पुं० [स०] जन्मातर । दूसरा जन्म ।

परभा—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रभा] दे० 'प्रभा' ।

परभाइⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रभाव] दे० 'प्रभाव' ।

परभाग—सज्ञा पुं० [स०] १ दूसरी ओर का भाग । २ पश्चिम भाग । ३ शेष भाग । बचा हुआ भाग । ४ गुणोत्कर्ष । उत्कृष्टता । अच्छापन । ५, सुसपदा । ६ प्रचुरता । आधिक्य (को०) ।

परभाग्योपजीवी—वि० [स० परभाग्योपजीविन्] दूसरे की कमाई खाकर रहनेवाला ।

परभातⓊ—सज्ञा पु० [सं० प्रभात] दे० 'प्रभात' । उ०—(क) हरष हृदय परभात पयाना । —मानस, १ । (ख) कहाँ सुनी ब्रज ही के बात । ब्रज बसि लखौं साँझ परभात ।—घनानद, पृ० ३२४ ।

परभाती—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रभाती] दे० 'प्रभाती' । उ०—इतने ही में किसी महात्मा ने ऐसी परभाती गाई कि फिर वह आकाश सपत्ति हाथ न आई । —श्यामा० पृ० ५ ।

परभाव—सज्ञा पुं० [सं० प्रभाव] दे० 'प्रभाव' । उ०—यह सब कलयुग को परभाव । जो नृप के मन भयो कुठाव ।—सूर (शब्द०) ।

परभासⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रभास] प्रभास तीर्थ । उ०—क्रोध काल प्रत्यक्ष ही कियो सकल को नास । सुंदर कौरव पाडुवा छपन कोटि परभास ।—सुंदर ग्रं०, भा० २, पृ० ७०६ ।

परभुक्त—वि० [स०] वि० [वि०स्त्री० परभुक्ता] अन्य द्वारा उपभुक्त [को०] ।

परभुक्ता—वि० स्त्री० [सं०] दूसरे की भोगी हुई । (स्त्री) जिसके साथ पहले दूसरा समागम कर चुका हो ।

परभुमिⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पर + भूमि] दे० 'परदेश' । उ०—गुनी पुरिष जो परभुमि आई । त्यो त्यों महँग मोल बिकाई ।—माधवानल०, पृ० १९३ ।

परभूसाⓊ—वि० [सं० प्रभूत] प्रचुर । प्रभूत । उ०—रूप सुवरन देउँ परभूता । करै घनी उपजावै दूता ।—इद्रा०, पृ० १९३ ।

परभृत्—सज्ञा पुं० [सं०] काक । कौआ [को०] ।

परभृत[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] कोयल । कोकिल (जो कौए के द्वारा पाली जाती है) ।

परभृत[2]—वि० अन्य द्वारा पालित या पोषित [को०] ।

परम[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिव । २ विष्णु । ३ ॐकार । प्रणव (को०) । ४ वह व्यक्ति या वस्तु जो सर्वोच्च हो (को०) ।

परम[2]—वि० १ सबसे बढ़ा चढ़ा । अत्यत । हद से ज्यादा । २ जो बढ़ चढकर हो । उत्कृष्ट । ३ प्रधान । मुख्य । ४ आद्य । आदिम । ५. बहुत अधिक अत्यधिक (को०) । ६. सबसे निकृष्ट या खराब (को०) ।

परमक—वि० [सं०] सर्वोच्च । सर्वोत्तम । सर्वोत्कृष्ट (को०) ।

परमकाड—सज्ञा पु० [स० परमकाण्ड] अत्यंत शुभ या आनददायक समय [को०] ।

परमक्रांति—सज्ञा स्त्री० [स० परमक्रान्ति] सूर्य की 'शेष क्रांति [को०] ।

परमक्खरⓊ—सज्ञा पु० [स० परमाक्षर] ओकार । ब्रह्म । सत्य । उ०—जपै चद विरद मोहि परमक्खर सुभकै ।—पृ० रा० ।

परमगति—सज्ञा स्त्री० [सं०] उत्तम गति । मोक्ष । मुक्ति ।

परमगव—सज्ञा पुं० [स०] उत्कृष्ट गाय या बैल [को०] ।

परमगहन—वि० [सं०] अत्यत गूढ़ । अतीव क्लिष्ट । अति जटिल [को०] ।

परमगूढ—वि० [सं०] परम गहन ।

परमजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रकृति ।

परमज्या—सज्ञा पु० [सं०] इद्र ।

परमट[1]—सज्ञा पुं० [देश०] संगीत में एक ताल ।

परमट[2]—सज्ञा पुं० [अ० परमिट] २ वह कर या महसूल जो विदेश से आने जानेवाले माल पर लगता है । कर । महसूल । चुगी ।

परमट हाउस—सज्ञा पुं० [हिं० परमट + अ० हाउस] दे० 'कस्टम हाउस' ।

परमतत्व—सज्ञा पुं० [सं०] १ मूल तत्व जिससे सपूर्ण विश्व का विकास है । मूल सत्ता । २ ब्रह्म । ईश्वर ।

परमद—सज्ञा पु० [स०] अत्यत मद्य पीने से होनेवाला एक रोग, जिसमे शरीर भारी रहता है, मुँह का स्वाद बिगडता रहता है, प्यास अधिक लगती है, माथे और शरीर के जोडो मे दर्द होता है । उ०—है बिस मो प्यारी मन माहीं । परमद छवि मुख ऊपर नाहीं । —इद्रा०, पृ० ३७ ।

परमदेवी—सज्ञा स्त्री० [स०] महासामत की स्त्री की उपाधि ।

विशेष—सतलज नदी तटस्थ मर्मद ग्राम में महासामंत शब्द तथा महाराज समुद्रसेन के लेख में महासामत की स्त्री के लिये परमदेवी शब्द का प्रयोग किया गया है ।

परमधाम—सज्ञा पुं० [स०] वैकुठ ।

परमनेंट—वि० [अ०] स्थायी । स्थिर । कायम । जैसे,—परमनेंट अडर सेक्रेटरी ।

परमन्यु—सज्ञा पुं० [सं०] यदुवशी कक्षेयु के पुत्र का नाम ।

परमपद—सज्ञा पुं० [सं०] १ सबसे श्रेष्ठ पद । सर्वोच्च स्थान । २, मोक्ष । मुक्ति । उ०—लीजै साहिब का नाम, परम पद पाइए ।—कबीर श०, पृ० ४१ ।

परमपिता—सज्ञा पुं० [सं० परमपितृ] परमेश्वर ।

परमपुरुष, परमपूरुष—सज्ञा पुं० [सं०] १. परमात्मा । २. विष्णु ।

परमप्रख्य—वि० [सं०] बहुत प्रसिद्ध [को०] ।

परमफल—सज्ञा पुं० [सं०] १ सबसे उत्तम फल या परिणाम । २ मोक्ष । मुक्ति ।

परमब्रह्म—सज्ञा पुं० [सं०] १ परब्रह्म । २ ईश्वर ।

परमब्रह्मचारिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा ।

परमभट्टारक—सज्ञा पुं० [सं०] एकच्छत्र राजाओ की एक प्राचीन उपाधि ।

परमभट्टारिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्राचीन काल में प्रयुक्त साम्राज्ञी की उपाधि । २ रानियो की एक सम्मानसूचक उपाधि ।

परममहत्—वि० [सं०] सबसे बड़ा और व्यापक ।

विशेष—काल, आत्मा, आकाश और दिक् ये सर्वगत होने के कारण परम महत् कहलाते हैं ।

परममहाभट्टारक—सज्ञा पुं० [स०] प्रचीन काल में महाराजाधिराजो की उपाधि ।

परमरस—सज्ञा पुं० [सं०] पानी मिला हुआ मट्ठा । जलमिश्रित तक्र ।

परमर्दिदेव—सज्ञा पु० [स०] महोबे के एक चदेलवशी राजा जो आल्हा मे राजा परमाल के नाम से प्रसिद्ध हैं । पृथ्वीराज ने इनपर चढ़ाई करके इनको अधीन किया था ।

परममर्मज्ञ—वि० [सं०] परकीय मन का ज्ञाता । दूसरे के भेद को जाननेवाला [को०] ।

परमर्षि—सज्ञा पुं० [स०] महान ऋषि [को०] ।

परमल[1]—सज्ञा पुं० [सं० **परिमल** (= कूटा हुआ, मला हुआ ?)] ज्वार या गेहूँ का एक प्रकार का भुना हुआ दाना या चबेना ।

विशेष—इसे बनाने के लिये पहले ज्वार को भिगोकर कूटते हैं और फिर भाड में भून लेते हैं ।

परमल[2]—सज्ञा पु० [स० **परिमल**] दे० 'परिमल' । उ०—अरँड बस लागैं नही गुरु चदन की बास । रीते रहे गठीले पोले रज्जब परमल पास ।—रज्जब०, पृ० १२ ।

परमली, परमल—वि० [हिं० **परमल** + ई] १ परिमल सबधी । पुष्पपराग का । जिसमें परिमल हो । उ०—(क) सहस गु जार मे परमली झाल है, झिलमिली उलटि के पौन भरना ।—पलटू०, पृ० ३० । (ख) राधे उघटत परमलु प्रगटत अद्भुत ओप । मैन, फिरंगी की मनौ छूटन लागी तोप ।—ब्रज० ग्र०, पृ० १६ ।

परमहस—सज्ञा पुं० [सं०] १ सन्यासियों का एक भेद । वह संन्यासी जो ज्ञान की परमावस्था को पहुँच गया हो अर्थात् 'सच्चिदानद ब्रह्म मैं ही हूँ' इसका पूर्ण रूप से अनुभव जिसे हो गया हो । उ०—संन्यासी कहावै तो तू तीन्यो लोक न्यास करि सुंदर परमहस होइ या सिधत है ।—सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ६१२ ।

विशेष—कुटीचक, बहूदक, हस और परमहस जो चार प्रकार के अवधूत कहे गए है उनमे परमहस सबसे श्रेष्ठ है । जिस प्रकार संन्यासी होने पर शिखासूत्र का त्याग कर दंड ग्रहण करते हैं उसी प्रकार परमहस अवस्था को प्राप्त कर लेने पर दंड की भी आवश्यकता नही रह जाती । निर्णयसिंधु मे लिखा है कि जो परमहस विद्वान् न हो उन्हे एक दड धारण करना चाहिए पर जो विद्वान् हो उन्हें दड की कोई आवश्यकता नहीं । परमहंस आश्रम में प्रवेश करने पर मनुष्य सब प्रकार के बधनो से मुक्त समझा जाता है । उसके लिये श्राद्ध, सध्या, तर्पण आदि आवश्यक नही । देवार्चन आदि भी उसके लिये नहीं है, किसी को नमस्कार आदि करने से उसे कोई प्रयोजन नही । उसे अध्यात्मनिष्ठ होकर निर्द्वंद्व और निराग्रह भाव से ब्रह्म में स्थित रहना चाहिए । पर आजकल कुछ परमहस देवमूर्तियों का पूजन आदि करते हैं, पर नमस्कार नहीं करते ।

२ परमात्मा । उ०—परमहस तुम सबके ईस । बचन तुम्हारो श्रुति जगदीस ।—सूर (शब्द०) ।

परमांगना—सज्ञा स्त्री० [सं० **परमाङ्गना**] श्रेष्ठ महिला । अच्छी स्त्री [को०] ।

परमा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] चव्य ।

परमाⓊ[2]—सज्ञा स्त्री० शोभा । छवि । खूबसूरती । उ०—बानी मधुरी बास बन परमा परम बिसाल । —दीनदयाल (शब्द०) ।

विशेष—यह प्रयोग 'अमरकोश' के 'सुषमा परमा शोभा' मे 'परमा' विशेषण को पर्याय समझने के कारण चल पडा है ।

परमा[3]—सज्ञा पुं० [स० **प्रमेह**] प्रमेह रोग ।

परमाक्षर—सज्ञा पुं० [सं०] ॐकार । ब्रह्म [को०] ।

परमाटा[1]—सज्ञा पुं० [देश०] सगीत मे एक ताल ।

परमाटा[2]—सज्ञा पुं० [अ० **परमटा**] एक प्रकार का चिकना, चमकीला और दबीज कपडा ।

विशेष—परमाटा आस्ट्रेलिया में एक स्थान है । वहाँ से जो ऊन आता था उससे एक प्रकार का कपडा बनता था जिसका ताना सूत का और बाना ऊन का होता था । उसी को परमाटा कहते थे । पर अब परमाटा सूत का ही बनता है ।

परमाटिक—सज्ञा पुं० [स०] यजुर्वेद की एक शाखा का नाम [को०] ।

परमाणⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **प्रमाण**] दे० 'प्रमाण' । उ०—चरण देखाड तो परमाण । स्वामी माहरै नैणो निरखू माँगू ये ज मान ।—दादू०, पृ० ५६१ ।

परमाणु—सज्ञा पुं० [स०] अत्यंत सूक्ष्म अणु । पृथ्वी, जल, तेज और वायु इन चार भूतो का वह छोटे से छोटा भाग जिसके फिर विभाग नही हो सकते ।

विशेष—वैशेषिक में चार भूतो के चार तरह के परमाणु माने हैं—पृथ्वी परमाणु, जल परमाणु, तेज परमाणु और वायु-परमाणु । पाँचवाँ भूत आकाश विभु है । इससे उसके टुकडे नही हो सकते । परमाणु इसलिये मानने पडे हैं कि जितने पदार्थ देखने में आते हैं सब छोटे छोटे टुकडो से बने हैं । इन टुकडो में से किसी एक को लेकर हम बराबर टुकडे करते जायँ तो अंत में ऐसे टुकडे होगे जो हमे दिखाई न पडेंगे । किसी छेद से आती हुई सूर्य की किरणो मे जो छोटे छोटे कण दिखाई पडते हैं उनके टुकडे करने से अणु होगे । ये अणु भी जिन सूक्ष्मतिसूक्ष्म कणो से मिलकर बने होगे उन्ही

का नाम परमाणु रखा गया है। न्याय और वैशेषिक के मत से इन्ही परमाणुओं के सयोग से पृथ्वी आदि द्रव्यों की उत्पत्ति हुई है जिसका क्रम प्रशस्तपाद भाष्य मे इस प्रकार लिखा गया है।

जब जीवो के कर्मफल के भोग का समय आता है तब महेश्वर की उस भोग के अनुकूल सृष्टि करने की इच्छा होती है। इस इच्छा के अनुसार जीवो के अदृष्ट के बल से वायु परमाणुओ मे चलन उत्पन्न होता है। इस चलन से उन परमाणुओ मे परस्पर सयोग होता है। दो दो परमाणुओं के मिलने से द्वयणुक' उत्पन्न होते हैं। तीन द्वयणुक मिलने से 'त्रसरेणु'। चार द्वयणुक मिलने से 'चतुरणुक' इत्यादि उत्पन्न हो जाते हैं। इस प्रकार एक महान् वायु उत्पन्न होता है। उसी वायु मे जल परमाणुओ के परस्पर सयोग से जलद्वयणुक जलत्रसेरणु आदि की योजना होते होते महान् जलनिधि उत्पन्न होता है। इस जलनिधि मे पृथ्वी परमाणुओं के सयोग से द्वयणुकादि क्रम से महापृथ्वी उत्पन्न होती है। उसी जलनिधि मे तेजस् परमाणुओ के परस्पर सयोग से महान् तेजोराशि की उत्पत्ति होती है। इसी क्रम से चारो महाभूत उत्पन्न होते हैं। यही संक्षेप मे वैशेषिको का परमाणुवाद है।

परमाणु अत्यत सूक्ष्म और केवल अनुमेय है। अत 'तर्कामृत' नाम के एक नवीन ग्रथ मे जो यह लिखा गया है कि सूर्य की आती हुई किरणो की बीच जो धूल के कण दिखाई पडते हैं उनके छठे भाग को परमाणु कहते हैं, वह प्रामाणिक नही है। वैशेषिको का सिद्धात है कि कारण गुणपूर्वक ही कार्य के गुण होते हैं, अत जैसे गुण परमाणु में होगे वैसे ही गुण उनसे बनी हुई वस्तुओ में होगे। जैसे, गध, गुरुत्व आदि जिस प्रकार पृथ्वी परमाणु मे रहते हैं उसी प्रकार सब पार्थिव वस्तुओं में होते हैं।

आधुनिक रसायन और भौतिक वा भूत विज्ञान द्वारा प्राचीनो की मूलभूत और परमाणुसबधी धारणा का बहुत कुछ निराकरण हो गया है। प्राचीन लोग पचमहाभूत मानते थे, जिनमे से आकाश को छोड शेष चार भूतो के अनुसार चार प्रकार के परमाणु भी उन्हे मानने पडे थे। पर इन चार भूतो मे से अब तीन तो कई मूल भूतो के योग से बने पाए गए हैं। जैसे, जल दो गैसो (वायु से भी सूक्ष्म भूत) के योग से बना सिद्ध हुआ। इसी प्रकार वायु मे भी भिन्न गैसो का सयोग विश्लेषण द्वारा पाया गया। रहा तेज, उसे विज्ञान भूत नही मानता केवल भूत की शक्ति (गति शक्ति) का एक रूप मानता है। ताप से परिमाण (तौल) की वृद्धि नहीं होती। ठढे लोहे का जो वजन रहेगा वही उसे तपाने पर भी रहेगा। अस्तु, आधुनिक रसायनशास्त्र में शताधिक मूल भूत माने गए हैं, जिनमे से कुछ तो धातुएँ हैं जैसे ताँबा, सोना, लोहा, सीसा, चाँदी, राँगा, जस्ता, कुछ और खनिज हैं, जैसे, गधक, फासफरस, पोटासियम, अजन, पारा, हडताल, तथा कुछ गैस हैं, जैसे, आक्सीजन, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन आदि। इन्हीं मूल भूतो के अनुसार परमाणु आधुनिक रसायन में माने जाते हैं। पहले समझा जाता था कि ये अविभाज्य हैं। अब इनके भी टुकडे कर दिए गए हैं।

परमाणुबम—सज्ञा पुं० [स० परमाणु + अं० बॅम] यूरेनियम तथा और परमाणुओ को तोडकर बनाया गया एक महाविध्वसक बम जिसका निर्माण सबसे पहले अमेरिका ने द्वितीय महायुद्ध के समय किया जापान के हिरोशिमा और नागासाकी नगरो पर अमेरिका ने इसे छोडा जिससे पूरा नगर और आबादी समाप्त हो गई।

परमाणुवाद—सज्ञा पुं० [सं०] न्याय और वैशेषिक का यह सिद्धात कि परमाणुओ से जगत् की सृष्टि हुई है।

विशेष—वैशेषिक और न्याय दोनो पृथ्वी आदि चार महाभूतों की उत्पत्ति चार प्रकार के परमाणुओ के योग से मानते हैं (दे० परमाणु)। जिस परमाणु मे जो गुण होते हैं वे उससे बने हुए पदार्थों मे भी होते हैं। पृथ्वी, वायु इत्यादि के परमाणुओ के योग से बने हुए पदार्थ जो नाना रूप रग और आकृति के होते हैं, वह इस कारण कि भिन्न भिन्न भूतो द्वयणुकों या त्रसरेणुको का सन्निवेश और सघटन तरह तरह का होता है। दूसरी बात यह है कि तेज के सबध से वस्तुओ के गुणो मे फेरफार हो जाता है। जैसे, कच्चा घडा पकाए जाने पर लाल हो जाता है। इसके सबंध में वैशेषिकों की यह धारणा है कि आँवे में जाकर अग्नि के प्रभाव से घडे के टुकडे टुकडे हो जाते हैं, अर्थात् उसके परमाणु अलग अलग हो जाते हैं। अलग होने पर प्रत्येक परमाणु तेज के योग से रग बदलकर लाल हो जाता है। फिर जब सब अणु जुडकर फिर घडे के रूप मे हो जाते हैं तब घडे का रग लाल निकल आता है। वैशेषिक कहते हैं कि आँवे मे जाकर घडे का एक बार नष्ट होकर फिर बन जाना इतने सूक्ष्म काल मे होता है कि हम लोग देख नहीं सकते। इसी विलक्षण मत को 'पीलुपाक मत' कहते हैं। नैयायिको का मत इस विषय मे ऐसा नहीं हैं। वे कहते हैं कि इस प्रकार अदृश्य नाश और उत्पत्ति मानने की कोई आवश्यकता नही, क्योकि सब वस्तुओ मे परमाणुओ या द्वयणुको का सयोग इस प्रकार का रहता है कि उनके बीच बीच मे कुछ अवकाश रह जाता है। इसी अवकाश में भरकर अग्नि का तेज अणुओं का रग बदलता है। वेदांत में नैयायिकों और वैशेषिको के परमाणुवाद का खडन किया गया है।

परमाणुवादी—सज्ञा पु० [सं० परमाणुवादिन्] परमाणुओ के योग से सृष्टि की उत्पत्ति माननेवाला। सृष्टि की उत्पत्ति के सबध मे न्याय और वैशेषिक का मत माननेवाला।

परमातमा—सज्ञा पुं० [सं० परमात्मा] दे० 'परमात्मा'। उ०—(क) काटि कै ब्राह्मन मस्तक को, यह आपने को परमातमा माने।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४९१। (ख) करत फिरत

मन बावरे आपन ही पहचान । तो ही मैं परमातमा लेत नही पहिचान ।—स० सप्तक, पृ० १७६ ।

परमात्मा—सज्ञा पुं० [पु० **परमात्मन्**] ब्रह्म । परब्रह्म । ईश्वर ।

परमाद्वैत—सज्ञा पुं० [पु०] १ सर्वभेदरहित परमात्मा । २ विष्णु ।

परमानद—सज्ञा पु० [स० **परमानन्द**] १ बहुत बडा सुख । ब्रह्म के अनुभव का सुख । ब्रह्मानद । ३ आनदस्वरूप ब्रह्म ।

परमानⓊ†—सज्ञा पु० [स० **प्रमाण**] १ प्रमाण । सबूत । २ यथार्थ बात । सत्य बात । ३ सीमा । मिति । अवधि । हद । उ०—तप बल तेहि करि आपु समाना । रखिहौं इहाँ बरष परमाना । —तुलसी (शब्द०) ।

विशेष—इस अर्थ मे इस शब्द का प्रयोग प्राय अव्ययवत् रहता है ।

परमाननाⓊ—क्रि० स० [स० **प्रमाण**] १ प्रमाण मानना । ठीक समझना । २ स्वीकार करना । सकारना ।

परमान्न—सज्ञा पु० [स०] खीर । पायस ।

विशेष—देवताओ को अधिक प्रिय होने के कारण यह नाम पडा ।

परमामुद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] त्रिपुरा देवी की पूजा के समय करणीय एक प्रकार की मुद्रा [को०] ।

परमायु—सज्ञा स्त्री० [स० **परमायुस्**] अधिक से अधिक आयु । जीवित काल की सीमा ।

विशेष—मनुष्य की परमायु १२० वर्ष की मानी जाती है । फलित ज्योतिष में मनुष्य की परमायु चार प्रकार से निकाली जाती है जिसे क्रमश अशायु, पिंडायु, निसर्गायु और जीवायु कहते हैं । लग्न बलवान् हो तो निसर्गायु और यदि तीनों दुर्बल हो तो जीवायु निकालनी चाहिए ।

परमायुष—सज्ञा पु० [स०] वियजसाल का पेड ।

परमार—सज्ञा पु० [सं० **पर**(= शत्रु) + हिं० **मारना**] राजपूतो का एक कुल जो अग्निकुल के अतर्गत है । पँवार ।

विशेष—परमारो की उत्पत्ति शिलालेखो तथा पद्मगुप्तरचित 'नवसाहसाकचरित' नामक ग्रथ मे इस प्रकार मिलती है । महर्षि वशिष्ठ अर्बुदगिरि (आबू पहाड) पर निवास करते थे । विश्वामित्र उनकी गाय वहाँ से छीन ले गए । वशिष्ठ ने यज्ञ किया और अग्निकुड से एक वीर पुरुष उत्पन्न हुआ जिसने बात की बात में विश्वामित्र की सारी सेना नष्ट करके गाय लाकर वशिष्ठ के आश्रम के पर बाँध दी । वशिष्ठ ने प्रसन्न होकर कहा 'तुम परमार (शत्रुओं को मारनेवाले) हो और तुम्हारा राज्य चलेगा' । इसी परमार के वश के लोग परमार कहलाए । पृथ्वीराज रासो (आदि पर्व) के अनुसार उपद्रवी दानवों से आबू के ऋषियों की रक्षा करने के लिये वशिष्ठ ने अग्निकुड से परमार की उत्पत्ति की ।

टाड साहब ने परमारो की अनेक शाखाएँ गिनाई हैं, जैसे, मोरी (जो गहलोतो के पहले चित्तौर के राजा थे), सोडा, या सोढा, सकल, खैर, उमरा सुमरा (जो आजकल मुसलमान हैं), विहिल, महीपावत, बलहार, कावा, ओमता, इत्यादि । इनके अतिरिक्त चाँवड, खेजर, सगरा, वरकोटा, संपाल, भीवा, कोहिला, धद, देवा, बरहर, निकुभ, टीका, इत्यादि और भी कुल हैं जिनमें से कुछ सिंध पार रहते हैं और पठान मुसलमान हो गए हैं ।

परमारों का राज्य मालवा में था । यह तो प्रसिद्ध ही है कि अनेक स्थानों पर मिले हुए शिलालेखो तथा पद्मगुप्त के नवसाहसाकचरित से मालवा के परमार राजाओ की वशावली इस प्रकार निकलती है—



ईसा की आठवी शताब्दी मे कृष्ण उपेंद्र ने मालवा का राज्य प्राप्त किया । सीयक (द्वितीय) या श्रीहर्षदेव के संबंध में पद्मगुप्त ने लिखा है कि उसने एक हूण राजा को पराजित किया । उदयपुर की प्रशस्ति से यह भी जाना जाता है कि उसने राष्ट्रकूट वशीय मान्यखेट (मानखेडा) के राजा खेट्टिगदेव का राज्य ले लिया । 'पाइअलच्छी नाममाला' नाम का 'धनपाल' का लिखा एक प्राकृत कोश है जिसमे लिखा है कि 'विक्रम सवत् १०२६ में मालवा के राजा ने मान्यखेट पर चढ़ाई की और उसे लूटा । उसी समय मे यह ग्रथ लिखा गया । श्रीहर्षदेव या सीयक (द्वितीय) के पुत्र वाक्पतिराज (द्वितीय) का पहला ताम्रपत्र १०३१ वि० सवत् का मिलता है । ताम्रपत्रो, शिलालेखो और नवसाहसाकचरित मे वाक्पतिराज के कई नाम मिलते हैं, जैसे, मुज, उत्पलराज, अमोघवर्ष, पृथिवीवल्लभ, श्रीवल्लभ आदि । यह बडा विद्वान् और कवि था । मुज वाक्पतिराज के अनेक श्लोक प्रबधचिंतामणि, भोजप्रबध तथा अलकार ग्रथों मे मिलते हैं । इसकी सभा मे कवि धनजय, पिंगल टीकाकार हलायुध, कोशकार धनपाल और पद्मगुप्त परिमल आदि

अनेक पडित थे। इसने दक्षिण के कर्णाट, लाट, केरल, चोल आदि अनेक देशो को जय किया। प्रबधचिंतामणि में लिखा है कि वाक्पतिराज ने चालुक्यराज द्वितीय तैलप को सोलह बार हराया, पर अत में एक चढ़ाई मे उसके यहाँ बदी हो गया और वही उसकी मृत्यु हुई। चालुक्य राजाओं के शिलालेखो मे भी इस बात का उल्लेख मिलता है।

मुंज के उपरात उसका छोटा भाई सिंधुराज या सिंधुल गद्दी पर बैठा। इसकी एक उपाधि 'नवसाहसाक' भी थी। 'नवसाहसाकचरित' मे 'पद्मगुप्त' ने इसी का वृत्तात लिखा है। सिंधुराज का पुत्र महाप्रतापी विद्वान् और दानी भोज हुआ, जिसका नाम भारत मे घर घर प्रसिद्ध है। उदयपुर प्रशस्ति मे लिखा है कि भोज ने गुर्जर, लाट, कर्णाट, तुरुष्क आदि अनेक देशो पर चढ़ाई की। भोज ने कल्याण के चालुक्य राजा तृतीय जयसिंह पर भी चढाई की थी। पर जान पडता है कि इसमे उसे सफलता नहीं हुई। 'विल्हण' के विक्रमांकदेव-चरित' मे लिखा है कि जयसिंह के उत्तराधिकारी चालुक्यराज सोमेश्वर (द्वितीय) ने भोज की राजधानी धारा नगरी पर चढाई की और भोज को भागना पडा। 'प्रबंधचिंतामणि' तथा नागपुर की प्रशस्ति मे भी लिखा है कि चेदिराज कर्ण और गुर्जरराज चालुक्य भीम ने मिलकर भोज पर चढाई की, जिससे भोज का अध पतन हुआ। भोज की मृत्यु कब हुई, यह ठीक नही मालूम। पर इतना अवश्य पता चलता है कि ९६४ शक (सन् १०४२-४३ ई०) तक वह विद्यमान था। राजतरगिणी में लिखा है कि काश्मीरपति 'कलस' और मालवाधिप 'भोज' दोनो कवि थे और एक ही समय में वर्तमान थे। इससे जान पडता है कि सन् १०६२ ई० के कुछ काल पीछे ही उसकी मृत्यु हुई होगी। भोज के पीछे उदयादित्य का नाम मिलता है, जिसने धारा नगरी को शत्रुओं के हाथ से निकाला और वराहवराह के मदिर की मरम्मत कराई। इससे अधिक और कुछ ज्ञात नही।

भूपाल (भोपाल) मे प्राप्त उदयवर्म के ताम्रपत्र तथा पिपलिया के ताम्रपत्र मे ये नाम और मिलते हैं—भोजवशीय महाराज यशोवर्मदेव, उसका पुत्र जयवर्मदेव, उसके पीछे महाकुमार लक्ष्मीवर्मदेव, उसके पीछे हरिश्चद्र का पुत्र उदयवर्मदेव पिछले दोनो कुमार भोजवशीय थे या नही, यह नहीं कहा जा सकता। जान पडता है, ये सामत राजा थे जो जयवर्मदेव के बहुत पीछे हुए।

अवध में 'भुकसा' नाम के कुछ क्षत्रिय हैं जो अपने को भोजवशी बतलाते हैं। उनका कहना है कि भोज के पीछे उदयादित्य निर्विघ्न राज नही कर पाया। उसके भाई जगत्राव ने उसे निकाल दिया और वह कुछ अनुचरो और पुरोहितो के साथ वनवास नाम के गाँव में आ बसा। उसी के वंश के ये भुकसा क्षत्रिय हैं।

परमारथⓊ—सज्ञा पुं० [स० परमार्थ] द० 'परमार्थ'। उ०—परमारथ स्वारथ सुख सारे। भरत न सपनेहुँ मनहुँ निहारे। —मानस, २।२८८।

परमारथवादीⓊ—[हि०] द० 'परमार्थवादी'। उ०—प्रभु जे मुनि पर मारथवादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी। —मानस, १।१०८।

परमारथीⓊ—वि० [स० परमार्थी] द० 'परमार्थी'। उ०—(क) एहि जग जामिनि जागहिं जोगी। परमारथी प्रपच वियोगी। —मानस, २।९३। (ख) नमो प्रेम परमारथी इह जाचन हैं तोहि। नदलाल के चरन कौं दे मिलाइ किन मोहि। —स० सप्तक, पृ० १७३।

परमार्थ—सज्ञा पुं० [सं०] १ उत्कृष्ट पदार्थ। सबसे बढ़कर वस्तु। २ सार वस्तु। वास्तव सत्ता। नाम रूपादि से परे यथार्थ तत्व। ३. मोक्ष। ४ दुःख का सर्वथा अभावरूप सुख (न्याय)। ५ सत्य (को०) द०। ६ ब्रह्म (को०)।

परमार्थता—सज्ञा स्त्री० [सं०] सत्य भाव। याथार्थ्य।

परमार्थवादी—सज्ञा पुं० [सं० परमार्थवादिन्] ज्ञानी। वेदाती। तत्वज्ञ।

परमार्थविद्—वि० [स०] ब्रह्मज्ञानसपन्न। जिसे परमार्थ का ज्ञान हो [को०]।

परमार्थी—वि० [सं० परमार्थिन्] १ यथार्थ तत्व को ढूँढनेवाला। तत्वजिज्ञासु। २ मोक्ष चाहनेवाला। मुमुक्षु।

परमाह—सज्ञा पुं० [सं०] शुभ दिन। पुण्य दिवस। अच्छा दिन। उ०—मरन ठानि परमाह मरजी वाकी धारि मत। —नट०, पृ० १००।

परमितिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० परिमिति] द० 'परिमिति'। उ०—सतगुन सुर गन अव अद्दिति सी। रघुवर भगति प्रेम परमिति सी।—मानस, १।३१।

परमिश्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] कौटिल्य के अनुसार वह मुक्ति या राज्य जिसमें मित्र और शत्रु दोनो समान रूप से हो।

परमीकरणमुद्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] तत्र के अनुसार देवताओं के आह्वान की एक मुद्रा, जिसमे हाथ के दोनो अँगूठो को एक में गाँठकर उँगलियो को फैलाते हैं। इसे महामुद्रा भी कहते हैं।

परमुखⓊ[1]—वि० [सं० पराङ्मुख] १. विमुख। पीछे फिरा हुआ। २. जो ध्यान न दे। जो प्रतिकूल आचरण करे।

परमुख†[2]—सज्ञा पुं० [सं० पर + मुख] एक प्रकार की काव्य उक्ति जिसमें वर्णनीय का अन्य पुरुष के वचनों से वर्णन कराया जाय। —रघु० रू०, पृ० ३८।

परमुखापेक्षिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] दूसरे का मुँह देखने की वृत्ति। किसी अन्य के भरोसे रहने का स्वभाव। उ०—आचरणात्मक जगत् की परमुखापेक्षिता वाली प्रवृत्ति को प्रेमचद जी की प्रतिभा ने मोड अवश्य दिया है। —प्रेम० और गोर्की, पृ० १९७।

परमृत्यु—सज्ञा पुं० [सं०] काक। कौआ।

विशेष—प्रवाद है कि कौए आपसे आप नहीं मरते।

परमेश—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'परमेश्वर'।

परमेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] १ ससार का कर्ता और परिचालक सगुण ब्रह्म। २ विष्णु। ३ शिव। ४ ब्रह्मा (को०)। ५ इद्र का नाम (को०)। ६ चक्रवर्ती नरेश (को०)।

परमेश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा या देवी का नाम।

परमेष्ठ—सज्ञा पुं० [स०] चतुर्मुख ब्रह्मा। प्रजापति (शुक्ल यजु०)।

परमेष्ठिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ परमेष्ठी की शक्ति। देवी। २ श्री। ३. वाग्देवी। ४. ब्राह्मी जडी।

परमेष्ठी—सज्ञा पुं० [स० **परमेष्ठिन्**] १. ब्रह्मा, अग्नि, आदि देवता। २ विष्णु। ३ शिव। ४ एक जिन का नाम। ५. शालिग्राम का एक विशेष भेद। ६ विराट् पुरुष। ७ चाक्षुष मनु। ८. गरुड। ९ आध्यात्मिक शिक्षक। गुरु (को०)।

परमेसरⓊ‡—सज्ञा पु० [स० **परमेश्वर**] दे० 'परमेश्वर'।

परमेसरी‡—सज्ञा स्त्री० [सं० **परमेश्वरी**] दे० 'परमेश्वरी'। उ०—एइ कविलास इद्र कै अइरी। की कहुँ ते आई परमेसरी। —जायसी ग्रं०, पृ० ८२।

परमेसुरⓊ‡—सज्ञा पुं० [स० **परमेश्वर**] दे० 'परमेश्वर'। उ०—बहुरयो आनि सिला पर नाख्यो। तब यह सिसु परमेसुर राख्यो। —नद० ग्र०, पृ० २५९।

परमेस्वरⓊ—सज्ञा पु० [सं० **परमेश्वर**] दे० 'परमेश्वर'। उ०—जज्ञ दान अबुंद अवनि परमेस्वर पावन सुध्रुव। —प० रासो, पृ० १३।

परमोदⓊ—सज्ञा पुं० [स० **प्रमोद**] दे० 'प्रमोद'।

परमोधⓊ—सज्ञा पु० [सं० **प्रबोध**] दे० 'प्रबोध'।

परमोधनाⓊ—क्रि० स० [सं० **प्रबोधन**] दे० 'प्रबोधना'। उ० — सहज धार हरिध्यान ज्ञान से मन परमोधै।—पलटू०, पृ० १००।

परयंकⓊ—सज्ञा पु० [स० **पर्यङ्क**] दे० 'पर्यंक'।

परयंतⓊ—अव्य० [स० **पर्यन्त**] दे० 'पर्यंत'। उ०—पकड समसेर सग्राम मे पैसिवे, देह परयत कर जुद्ध भाई। —कबीर श०, पृ० ९८।

परयस्तापह्नुति—सज्ञा स्त्री० [स० **पर्यस्तापह्नुति**] दे० 'पर्यस्तापह्नुति'।

परयायⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **पर्याय**] दे० 'पर्याय' (अलकार)। उ०—ताहि कहत परयाय हैं भूषन सुकवि विवेक। —भूषण ग्र०, पृ० ५३।

परयुग—सज्ञा पुं० [स०] परवर्ती युग। परवर्ती काल (को०)।

पररमण—सज्ञा पु० [स०] परकीया स्त्री के साथ रमण करनेवाला। जार। उपपति [को०]।

पर्रराष्ट्र—सज्ञा पु० [सं०] १ शत्रु का राज्य। २, स्वराष्ट्र के अतिरिक्त अन्य राष्ट्र जिसमें मित्र, शत्रु और तटस्थ राष्ट्र आते है। स्वराष्ट्र का उलटा।

यौ०—**पर्रराष्ट्रमंत्री**—शासनविधान में वह सर्वोच्च अधिकारी जो विदेशी मामलो की देखरेख करता है। **पर्रराष्ट्र विभाग**= वह विभाग जो पर्रराष्ट्र सबधी मामलो की देखरेख करता है।

पररु—सज्ञा पुं० [सं०] नील भृगराज। नीली भँगरैया।

परल—सज्ञा पुं० [देश०] एक जगली पेड जिसकी जड और छाल दवा के काम में आती है और लकडी इमारतों में लगती है। परताल।

परलउ‡Ⓤ—सज्ञा पु० [स० **प्रलय**] दे० 'प्रलय'।

परलयⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रलय**] प्रलय। सृष्टि का नाश वा अत। उ०—पल में परलय होयगी बहुरि करोगे कब्ब ?—कबीर (शब्द०)।

परला—वि० [स० **पर** (=उधर का, दूसरा) + ला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० **परली**] उस ओर का। दूसरी तरफ का। उरला का उलटा। उ०—आँगन के सामने कमरे के परली ओर बरामदे से झाँककर मिसेज शुक्ला ने उत्तर दिया। —अभिशप्त, पृ० २१।

मुहा०—**परले दरजे का**=दे० 'परले सिरे का'। **परले सिरे का**=हद दरजे का। अत्यत। बहुत अधिक। **परले पार होना**=(१) अत तक पहुँचना। बहुत दूर तक जाना। (२) समाप्त होना।

परलापⓊ—सज्ञा पुं० [स० **प्रलाप**] दे० 'प्रलाप'। उ०—भीखा मन परलाप बडा कहि साँच बजावत गाला की।—भीखा० श०, पृ० २८।

परलⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **प्रलय**] दे० 'प्रलय'। उ०—मरजाद छोड़ि सागर चलै कहि हमीर परलै करन।—हम्मीर०, पृ० १३।

परलोक—सज्ञा पुं० [स०] १ दूसरा लोक। वह स्थान जो शरीर छोडने पर आत्मा को प्राप्त होता है। जैसे, स्वर्ग, वैकुठ आदि।

यौ०—**परलोकगमन, परलोकप्राप्ति, परलोकयान, परलोकवास**=मृत्यु। मौत। **परलोकवासी**=मृत। मरा हुआ (आदरार्थ)।

मुहा०—**परलोकगामी होना**=मरना। **परलोक बनाना**=मरने के बाद अच्छा लोक प्राप्त करना। सद्गति होना। **परलोक बिगड़ना**=मृत्यु के अनतर अच्छे लोक का न मिलना। **परलोक सँवारना**=जीवन में उस प्रकार के काम करना जिससे मृत्यु के अनतर अच्छे लोकप्राप्ति की सभावना हो। उ०—पाइ न जेहि परलोक सँवारा।—मानस, ७।२७। **परलोक सिधारना**=मरना।

२ मृत्यु के उपरात आत्मा की दूसरी स्थिति की प्राप्ति। जैसे, जो ईश्वर और परलोक में विश्वास नहीं करते वे नास्तिक कहलाते हैं। (शब्द)।

परलोकगमन—सज्ञा पुं० [सं०] मृत्यु।

परलोकप्राप्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] मृत्यु।

परलौⓊ‡—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रलय**, हि० **परलउ**] दे० 'प्रलय'। उ०—भा परलौ निअराएन्हि जबही। मरै सो ताकर परलौ तबही।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २२५।

परवंचनाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रवञ्चना] दे० 'प्रवंचना'। उ०—विद्या लौं सीख्यो भलो जिन परवचन ज्ञान।—शकुतला, पृ० ९६।

परवक्तव्यपण्य—सज्ञा पु० [स०] वह माल जिसका सौदा दूसरे के साथ हो चुका हो।

विशेष—ऐसा सौदा किसी दूसरे ग्राहक के हाथ बेचनेवालों के लिये कौटिल्य और स्मृतिकारो ने दड का विधान किया है।

परवरⓊ[1]—सज्ञा पुं० [सं० पटोल] परवल।

परवर[2]—सज्ञा पु० [सं०] आँख का एक रोग।

परवर[3]—सज्ञा पुं० [सं० प्रवर] दे० 'प्रवर'।

परवर[4]—वि० [फा०] पालन करनेवाला। पोषण करनेवाला। जैसे, परवरदिगार, गरीबपरवर आदि [को०]।

परवरदा—वि० [फा० परवर्दह्] पालित। पोषित। उ०—छाँव सूँ मेरे हुए हैं बादशाह, साया परवरदा हैं मेरे सब मुलूक।—दक्खिनी०, पृ० १८६।

परवरदिगार—सज्ञा पु० [फा०] १ पालन करनेवाला। पोषण करनेवाला। २ ईश्वर।

परवरिश—सज्ञा स्त्री० [फा०] पालन। पोषण।

परवर्त्तⓊ—वि० [सं० प्रवर्तित] प्रतिष्ठित [को०]।

परवर्ती—वि० [स० परवर्त्तिन्] बाद मे होनेवाला। पश्चाद्वर्ती। उ०—यदि मैंने अंतिम बार माँ का मुख न देखा होता तो सभवत मेरा परवर्ती जीवन ऐसा विपाक्त न हुआ होता।—पर्दे०, पृ० ३१।

परवल—सज्ञा पु० [स० पटोल] १. एक लता जो टट्टियो पर चढाई जाती है और जिसके फलो की तरकारी होती है।

विशेष—यह सारे उत्तरीय भारत में पजाब से लेकर बगाल आसाम तक होती है। पूरब में पान के भीटो पर परवल की बेलें चढाई जाती हैं। फल चार पाँच अगुल लबे और दोनों सिरो की ओर पतले या नुकीले होते हैं। फलों के भीतर गूदे के बीच गोल बीजो की कई पक्तियाँ होती हैं। परवल की तरकारी पथ्य मानी जाती है और ज्वर के रोगियो को दी जाती है। वैद्यक मे परवल के फल कटु, तिक्त, पाचन, दीपन, हृद्य, वृष्य, उष्ण, सारक तथा, कफ, पित्त, ज्वर, दाह को हटानेवाले माने जाते हैं। जड विरेचक और पत्ते तिक्त और पित्तनाशक कहे गए हैं।

पर्या०—कुलक। तिक्तक। पट्ट। कर्कशफल। कुलज। वाजि मान। लताफल। राजफल। वरतिक्त। अमृताफल। कटु-फल। राजनाम। बीजगर्भ। नागफल। कुष्ठारि। कासमर्दन। ज्योत्स्नी। कच्छुघ्नी।

२. चिचडा जिसके फलों की तरकारी होती है।

परवश—वि० [सं०] जो दूसरे वश मे हो। पराधीन।

परवश्य—वि० [सं०] जो दूसरे के वश मे हो। पराधीन।

परवश्यता—सज्ञा स्त्री० [सं०] पराधीनता।

परवस्तीⓊ‡—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० परवरिश] दे० 'परवरिश'।

परवा[1]—सज्ञा पुं० [सं० पुट वा पूर, हि० पुर, पुरवा] [स्त्री० अल्पा० परई] मिट्टी का बना हुआ कटोरे के आकार का बरतन। कोमा।

परवा[2]—सज्ञा स्त्री० [स० प्रतिपदा, प्रा० पडिवा] पक्ष की पहली तिथि। पडवा। परिवा।

परवा[3]—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ चिंता। व्यग्रता। खटका। आशका। जैसे, (क) उसकी धमकी की मुझे परवा नहीं है। (ख) तुम मेरा साथ न दोगे तो कुछ परवा नहीं। २ ध्यान। खयाल। किसी बात की ओर दत्तचित्त होने का भाव। जैसे—(क) तुम उस लडके की पढाई लिखाई की कुछ परवा नही रखते। (ख) उसे इतना लोग समझाते हैं पर वह कुछ परवा नही करता। ३ आसरा। भरोसा। जैसे,—जिसके घर में सब कुछ है उसे दूसरे की क्या परवा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

परवा[4]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास।

परवाईⓊ—सज्ञा स्त्री० [फा० परवाह] दे० 'परवा' या 'परवाह'।

परवाच्य—वि० [सं०] जिसे दूसरे बुरा कहते हों। निंदित।

परवाज[1]—सज्ञा स्त्री० [फा० परवाज़] उडान। उ०—सतलोक सिधार साथ सतसाज। उस वक्त करे बुलद परवाज।—कबीर म०, पृ० १४६। २ नाज। घमड [को०]।

परवाज[2]—वि० १ उडनेवाला। २ घमडी। निडर। (समासात मे प्रयुक्त)।

परवाजी†—सज्ञा स्त्री० [फा०] उडान [को०]।

परवाणि[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ धर्माध्यक्ष। २ वत्सर। ३, कार्त्तिकेय का वाहन, मयूर।

परवाणिⓊ[2]—सज्ञा पुं० [सं० प्रमाण] दे० 'प्रमाण'। उ०—एकै अखर पीव का, सोई सत करि जाणि। राम नाम सतगुरु कह्या, दादू सो परवाणि।—दादू०, पृ० ३२।

परवाद—सज्ञा पुं० [सं०] १ विरोधात्मक उत्तर। २ परनिंदा। ३ प्रवाद। अफवाह [को०]।

परवादी—सज्ञा पुं० [सं० परवादिन्] वह जो परवाद करे [को०]।

परवानⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रमाण] १ प्रमाण। सबूत। उ०—हमारे कहत रहै नहिं मानू। जो वह कहै सोइ परवानू।—पदमावत, पृ० २५६। २ यथार्थ बात। सत्य बात। ३. सीमा। मिति। अवधि। हद। उ०—(क) तपबल तेहि करि आपु समाना। रखिहौं इहाँ बरस परवाना।—तुलसी (शब्द०)। (ख) नौ लख जल के जीव बखानी। चतुर लक्ष पक्षी परवानी।—कबीर सा०, पृ० ३७।

विशेष—इस अर्थ मे इस शब्द का प्रयोग प्राय अव्ययवत् रहता है।

मुहा०—परवान चढ़ना = (१) पूरी आयु तक पहुँचना। सब सुखों का पूरा भोग करना। जैसे, फले फूले परवान चढे (स्त्रि० आशीर्वाद)। २ विवाहित होना। ब्याहने जाना (स्त्रि०)।

परवान[2]—सज्ञा पु० [हिं० पाल, फा० बादवान] जहाज का पाल। बादवान।

परवानगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] इजाजत। आज्ञा। अनुमति। उ०—तब वा लाछावाई ने बाजबहादुर को परवानगी दीनी।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १५६।

परवाननाⓊ—क्रि० अ० [स० प्रमाण] प्रमाण मानना। ठीक समझना। उ०—हमरे कहत न जो तुम मानहु। जो वह कहै सोइ परवानहु।—जायसी (शब्द०)।

परवाना—सज्ञा पुं० [फा० परवान] १ आज्ञापत्र।

यौ०—परवाने नवीस = परवाना लेखक।

२ फतिंगा। पखी। पतग। ३ वह जो आसक्त हो। आशिक (को०)। ४ कुत्ते के बराबर एक जंतु जो सिंह के आगे आगे चलता है (को०)।

परवान्—वि० [स० परवत्] १ दूसरे के आश्रित। पराधीन। २ निस्सहाय। असहाय। निराश्रित [को०]।

परवाया—सज्ञा पु० [हिं० पैर+पाया] चारपाई के पायो के नीचे रखने की चीज।

परवारⓊ†—सज्ञा पु० [सं० परिवार] दे० 'परिवार'। उ०—परगह सह परवार अरी सहमार उडाणूँ। सुरगण अदप सुपह डहै बंध तासु छुडाणूँ।—रघु० रू०, पृ० ४८।

परवास[1]—सज्ञा पु० [स० प्रवास] दे० 'प्रवास'। उ०—सब परवास निरतर खेलहि, जहँ जस तहाँ समाया।—जग० बानी, पृ० १७।

परवास[2]—सज्ञा पुं० [स० वास] आच्छादन। उ०—कपडसार सूची सहस बाँधि बचन परवास। किय दुराउ यह चतुरी गो सठ तुलसीदास।—तुलसी (शब्द०)।

परवालⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रवाल] दे० 'प्रवाल'।

परवासिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] बाँदा। बदाक। परगाछा।

परवासिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'परवासिका'।

परवाह—सज्ञा स्त्री० [फा० परवा] १ चिंता। व्यग्रता खटका। आशका। उ०—चित्र के से लिखे दोऊ ठाढे रहे कासीराम, नाही परवाह लोग लाख करो लरिवो।—काशीराम (शब्द०)। २ ध्यान। ख्याल। किसी बात की ओर चित्त देना। ३ आसरा। भरोसा। उ०—जग में गति जाहि जगत्पति की परवाह सो ताहि कहा नर की।—तुलसी (शब्द०)।

परवाह[2]—सज्ञा पुं० [स० प्रवाह] बहने का भाव।

मुहा०—परवाह करना = बहाना। धारा मे छोडना। जैसे,—इन मुर्दे को परवाह कर दो।

परवाहना—क्रि० स० [हिं० परवाह] प्रवाह करना। बहाना। उ०—या महाराँणी उच्चरै, सुहडा तजौ सचीत। परवाहौ खगधार दे जमणा धार प्रवीत।—रा० रू०, पृ० ३०।

परवी†—सज्ञा स्त्री० [स० पर्विणी] पर्व काल। पुण्य काल। पर्विणी। उ०—परवी परै वरत वा होई। तेहि दिन मैथुन करै जो कोई।—विश्राम० (शब्द०)।

परवीनⓊ—वि० [स० प्रवीण] दे० 'प्रवीण'। उ०—पहुपावति परवीन अति वचनु मानि मनु लीन।—रसरतन, पृ० ५६।

परवृढ—सज्ञा पु० [स० परिवृढ] स्वामी। सरदार। उ०—नर नामन तें पति जुरे, परवृढ इन ईसान। भू भुज, धरनीकत, विभु, नरपति, ईस, सुजान।—नद, ग्र०, पृ० १०८।

परवेखⓊ—सज्ञा पुं० [सं० परिवेष] बहुत हलकी बदली के बीच दिखाई पडनेवाला चद्रमा के चारो ओर पडा हुआ घेरा। मडल। चाँद की अथाई। उ०—सारी सहित किनारी मुख छवि देख। मनहुँ शरद निशि चहुँ दिशि दुति परवेख।—रहीम (शब्द०)।

परवेशⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रवेश] दे० 'प्रवेश'।

परवेश्म—सज्ञा पु० [स०] स्वर्ग।

परवेस—सज्ञा पु० [सं० प्रवेश, हिं० परवेश] दे० 'प्रवेश'। उ०—वहँ नहिं चद वहाँ नहिं सूरज, नाहिं पवन परवेस।—कबीर श०, भा० ३, पृ० ४।

परव्रत—सज्ञा पुं० [स०] धृतराष्ट्र।

परश[1]—सज्ञा पुं० [स०] स्पर्शमणि। पारस पत्थर।

परश[2]—सज्ञा पुं० [स० स्पर्श] स्पर्श। छूना।

परशाला—सज्ञा पुं० [सं०] परगाछा। बाँदा।

परशु—सज्ञा पुं० [सं०] एक अस्त्र जिसमे एक डडे के सिरे पर एक अर्धचद्राकार लोहे का फल लगा रहता है। एक प्रकार की कुल्हाडी जो पहले लडाई मे काम आती थी। तबर। भलुवा।

परशुधर—सज्ञा पु० [सं०] १ परशु धारण करनेवाला। २ परशुराम। ३ गणेश। गणपति (को०)।

परशुपलाश—सज्ञा पुं० [स०] फरसे का फल या अगला हिस्सा। परशु की धार [को०]।

परशुमुद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] उँगलियो की एक मुद्रा।

परशुराम—सज्ञा पुं० [स०] जमदग्नि ऋषि के एक पुत्र जिन्होने २१ बार क्षत्रियो का नाश किया था। ये ईश्वर के छठे अवतार माने जाते हैं। 'परशु' इनका मुख्य शस्त्र था, इसी से यह नाम पडा।

विशेष—महाभारत के शातिपर्व में इनकी उत्पत्ति के सबध मे यह कथा लिखी है,—कुशिक पर प्रसन्न होकर इद्र उनके यहाँ गाधि नाम से उत्पन्न हुए। गाधि को सत्यवती नाम की एक कन्या हुई जिसे उन्होने भृगु के पुत्र ऋचीक को ब्याहा।

ऋचीक ने एक बार प्रसन्न होकर अपनी स्त्री और सास के लिये दो चरु प्रस्तुत किए और सत्यवती से कहा कि 'इस चरु को तुम खाना। इससे तुम्हें परम शांत और तेजस्वी पुत्र उत्पन्न होगा। इस दूसरे चरु को अपनी माता को दे देना। इससे उन्हें अत्यंत वीर और प्रबल पुत्र उत्पन्न होगा जो सब राजाओं को जीतेगा। पर भूल से सत्यवती ने अपनी माता-वाला चरु खा लिया और गाधि की स्त्री, सत्यवती की माता ने सत्यवती का चरु खाया। जब ऋचीक को यह पता चला तब उन्होंने सत्यवती से कहा—'यह तो उलटा हो गया। तुम्हारे गर्भ से अब जो बालक उत्पन्न होगा वह बड़ा क्रूर और प्रचंड क्षात्रतेज से युक्त होगा और तुम्हारी माता के गर्भ से जो पुत्र होगा वह परम शांत, तपस्वी और ब्राह्मण के गुणों से युक्त होगा'। सत्यवती ने बहुत विनती की कि मेरा पुत्र ऐसा न हो, मेरा पौत्र हो तो हो। महाभारत के वनपर्व में यही कथा कुछ दूसरे प्रकार से है।

कुछ दिनों में सत्यवती के गर्भ से जमदग्नि की उत्पत्ति हुई जो रूप और स्वाध्याय में अद्वितीय हुए और जिन्होंने समस्त वेद, वेदांग का तथा धनुर्वेद का अध्ययन किया। प्रसेनजित् राजा की कन्या रेणुका से उनका विवाह हुआ। रेणुका के गर्भ से पाँच पुत्र हुए—रुमण्वान्, सुषेण, वसु, विश्वावसु और राम या परशुराम। इसके आगे वनपर्व में कथा इस प्रकार है। एक दिन रेणुका स्नान करने के लिये नदी में गई थी। वहाँ उसने राजा चित्ररथ को अपनी स्त्री के साथ जलक्रीड़ा करते देखा और कामवासना से उद्विग्न होकर घर आई। जमदग्नि उसकी यह दशा देख बहुत कुपित हुए और उन्होंने अपने चार पुत्रों को एक एक करके रेणुका के वध की आज्ञा दी, पर स्नेहवश किसी से ऐसा न हो सका। इतने में परशुराम आए। परशुराम ने आज्ञा पाते ही माता का सिर काट डाला। इसपर जमदग्नि ने प्रसन्न होकर वर माँगने के लिये कहा। परशुराम बोले—'पहले तो मेरी माता को जिला दीजिए और फिर यह वर दीजिए कि मैं परमायु प्राप्त करूँ और युद्ध में मेरे सामने कोई न ठहर सके'। जमदग्नि ने ऐसा ही किया। एक दिन राजा कार्तवीर्य सहस्रार्जुन जमदग्नि के आश्रम पर आया। आश्रम पर रेणुका को छोड़ और कोई न था। कार्तवीर्य आश्रम के पेड़ पौधों को उजाड़ होमधेनु का बछड़ा लेकर चल दिया। परशुराम ने आकर जब यह सुना तब वे तुरत दौड़े और जाकर कार्तवीर्य की सहस्र भुजाओं को फरसे से काट डाला। सहस्रार्जुन के कुटुंबियों और साथियों ने एक दिन आकर जमदग्नि से बदला लिया और उन्हें बाणों से मार डाला। परशुराम ने आश्रम पर आकर जब यह देखा तब पहले तो बहुत विलाप किया, फिर संपूर्ण क्षत्रियों के नाश की प्रतिज्ञा की। उन्होंने शस्त्र लेकर सहस्रार्जुन के पुत्र पौत्रादि का वध करके क्रमशः सारे क्षत्रियों का नाश किया। परशुराम की इस क्रूरता पर ब्राह्मण समाज में उनकी निंदा होने लगी और परशुराम दया से खिन्न हो वन में चले गए। एक दिन विश्वामित्र के पौत्र पराशर ने परशुराम से कहा कि 'अभी जो यज्ञ हुआ था उसमें न जाने कितने प्रतापी राजा आए थे, आपने पृथ्वी को जो क्षत्रियविहीन करने की प्रतिज्ञा की थी वह सब व्यर्थ थी'। परशुराम इसपर क्रुद्ध होकर फिर जिसे और जो क्षत्रिय बने थे उन सबका बाल बच्चों के सहित संहार किया। गर्भवती स्त्रियों ने बड़ी कठिनता से इधर उधर छिपकर अपनी रक्षा की। क्षत्रियों का नाश करके परशुराम ने अश्वमेध यज्ञ किया और उसमें सारी पृथ्वी कश्यप को दान दे दी। पृथ्वी क्षत्रियों से सर्वथा रहित न हो जाय इस अभिप्राय से कश्यप ने परशुराम से कहा 'अब यह पृथ्वी हमारी हो चुकी अब तुम दक्षिण समुद्र की ओर चले जाओ'। परशुराम ने ऐसा ही किया।

वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि जब रामचंद्र शिव का धनुष तोड़ सीता को ब्याहकर लौट रहे थे तब परशुराम ने उनका रास्ता रोका और वैष्णव धनु उनके हाथ में देकर कहा कि 'जो धनुष तो तुमने तोड़ा अब इस वैष्णव धनुष को चढ़ाओ। यदि इसपर बाण चढ़ा सकोगे तो मैं तुम्हारे साथ युद्ध करूँगा'। राम धनुष पर बाण चढ़ाकर बोले 'बोलो अब इस बाण से मैं तुम्हारी गति का अवरोध करूँ या तप से अर्जित तुम्हारे लोकों का हरण करूँ'। परशुराम ने हततेज और चकित होकर कहा 'मैंने सारी पृथ्वी कश्यप को दान में दे दी है, इससे मैं रात को पृथ्वी पर नहीं सोता। मेरी गति का अवरोध न करो, लोकों का हरण कर लो'।

परशुवन—संज्ञा पुं० [सं०] एक नरक का नाम जिसके पेड़ों के पत्ते परशु की तीखी धार के हैं।

परश्वध—संज्ञा पुं० [सं०] परशु। तबर। कुठार। कुल्हाड़ी।

परसगⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्ग] स्त्री-पुरुष-संयोग। मैथुन। दे० 'प्रसंग'। उ०—दारु बिन सिंग बानरहित निसंग भयो, जग भयो दारुन दुखे के परसंग में।—हम्मीर०, पृ० ५४।

परसक्षक—संज्ञा पुं० [सं०] आत्मा (को०)।

परससाⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रशंसा] दे० 'प्रशंसा'।

परस[1]—संज्ञा पुं० [सं० स्पर्श] छूना। छूने की क्रिया या भाव। स्पर्श। उ०—दरस परस मज्जन अरु पाना। हरै पाप कह वेद पुराना।—तुलसी (शब्द०)।

परस[2]—संज्ञा पुं० [सं० परश] पारस पत्थर। स्पर्श मणि। उ०—उ०—गुंजा ग्रहै परस मनि सोई।—मानस, ७। ४४।

यौ०—परसपखान। परसमनि।

परस[3]—संज्ञा पुं० [सं० परशु, हिं० फरसा] फरसा। परशु। जैसे, परसधर, परसराम।

परसधरⓊ—संज्ञा पुं० [सं० परशुधर, हिं० परसुधर] दे० 'परशुराम'। उ०—बिधि करी परसधर, बोलि ठोर। जजमान कियउ भृगुकुल सुमोर।—ह० रासो, पृ० ११।

परसनⓊ[1]—संज्ञा पुं० [सं० स्पर्शन] १ छूना। छूने का काम २ छूने का भाव।

परसन[२]—वि० [स० **प्रसन्न**] प्रसन्न । खुश । आनदित । उ०—तबहिं असीस दई परसन ह्वै सकल होहु तुव कामा ।—सूर (शब्द०) ।

परसनाⓊ[१]—क्रि० स० [सं० **स्पर्शन**] १ छूना । स्पर्श करना । २ छुलाना । स्पर्श कराना । उ०—साधन हीन दीन निज अघ बस शिला भई मुनि नारी । गृह ते गवनि परसि पद पावन घोर ताप तें तारी ।—तुलसी (शब्द०) ।

परसना[२]—क्रि० स० [स० **परिवेक्षण**] भोज्य पदार्थ किसी के सामने रखना । परोसना ।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग भोजन और भोजन करनेवाले दोनो के लिये होता है । जैसे, खाना परसना, किसी को परसना ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

परसनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **स्पर्शन**] स्पर्श का भाव या स्थिति । उ०—कुचन की परसनि नीवी करसनि । सुखन की बरसनि मन की सरसनि ।—नद० ग्र०, पृ० ३२२ ।

परसन्नⓊ—वि० [स० **प्रसन्न**] दे० 'प्रसन्न' । उ०—पाहन पखान जे करहि सेव । परसन्न होहि मन चाहि देव ।—रसरतन, पृ० ५५ ।

परसन्नताⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रसन्नता**] दे० 'प्रसन्नता' ।

परसपखानⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **स्पर्श+पाषाण**] पारस पत्थर । स्पर्श मणि । उ०—रूपवत धनवत सभागे । परसपखान पौरि तिन्ह लागे ।—जायसी (शब्द०) ।

परसपर—क्रि० वि० [सं० **परस्पर**] दे० 'परस्पर' । उ०—(क) मुनि रघुवीर परसपर नवही ।—मानस, २ । १०८ । (ख) मोहन लखि छवि परसपर चचल चख चित चोर । मजु मालती कुज मैं विहरत नदकिसोर ।—स० सप्तक, पृ० ३४३ ।

परसराम—सज्ञा पुं० [सं० **परशुराम**] दे० 'परशुराम' । उ०—ऋषि जामदग्नि सुत परसराम, हनि क्षत्रि सकल द्विज तेज धाम ।—ह० रासो, पृ० ७ ।

परसर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] किसी शब्द के आगे जुडनेवाला प्रत्यय ।

परसवर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] पर या उत्तरवर्ती वर्ण के समान वर्ण ।

परसा[१]—सज्ञा पुं० [सं० **परशु**] फरसा । परशु । तब्बर । कुल्हाडा । कुठार ।

परसा[२]—सज्ञा पुं० [हिं० **परसना**] एक मनुष्य के खाने भर का भोजन जो पात्र मे रखकर दिया जाय । पत्तल ।

परसादⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **प्रसाद**] दे० 'प्रसाद' । उ०—तुअ परसाद विसाद नयन जल काजरे मोर उपकारे ।—विद्यापति, पृ० १११ ।

परसादी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **परसाद+ई** (प्रत्य०)] दे० 'प्रसाद' । उ०—उन भाखा कढिया परसादी । इन कढाव हलुवे की बाँधी ।—घट०, पृ० २९० ।

परसानाⓊ[१]—क्रि० स० [हिं० **परसना**] छुलाना । स्पर्श कराना । उ०—सुरसरि जब भुव ऊपर आवै । उनको अपनो जल परसावै ।—सूर (शब्द०) ।

परसाना[२]—क्रि० स० [हिं० **परसना**] भोजन आदि बँटवाना । भोजन का सामान सामने रखवाना । उ०—महर गोप सब ही मिल बैठे पनवारे परसाए ।—सूर (शब्द०) ।

परसामान्य—सज्ञा पुं० [सं०] गुण-कर्म-समवेत सत्ता (जैनदर्शन) ।

परसाल[१]—अव्य० [सं० **पर+फा० साल**] १ गत वर्ष । पिछले साल । २ आगामी वर्ष । अगले साल ।

परसाल[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पानी+सार**] एक प्रकार की घास जो पानी मे पैदा होती है । इसे पससारी भी कहते हैं ।

परसिद्धⓊ—वि० [स० **प्रसिद्ध**] दे० 'प्रसिद्ध' ।

परसिद्धिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **प्रसिद्धि**] दे० प्रसिद्धि' ।

परसिया—सज्ञा स्त्री० [सं० **परशु, हिं परसा**] हँसिया ।

परसी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी मछली जो नदियो मे होती है ।

परसीया—सज्ञा पुं० [देश०] एक पेड जिसकी लकडी से मेज, कुरसी इत्यादि बनाई जाती है और जो मदरास और गुजरात मे बहुतायत से होता है । इसकी लडकी स्याह सरस और मजबूत होती है ।

परसुⓊ—सज्ञा पुं० [स० **परशु**] दे० 'परशु' ।

यौ०—परसुधर=परशुधर । उ०—पथ परशुधर आगमनु समय सोच सब काहु । दे०—तुलसी ग्र०, पृ० ७१ । **परसुराम**= 'परशुराम' । उ०—परसुराम पितु अग्या राखी । —मानस, २ । १७४ ।

परसूक्ष्म—सज्ञा पु० [स०] एक सूक्ष्म परिमाण जो आठ परमाणुओ के बराबर माना गया है ।

परसूत‡Ⓤ—वि०, सज्ञा पु० [सं० **प्रसूत**] दे० 'प्रसूत' ।

परसेदⓊ—सज्ञा पुं० [स० **प्रस्वेद**] दे० 'प्रस्वेद' । उ०—घटि घटि गोपी घटि घटि कान्ह । घटि घटि राम अमर अस्थान । गगा जमना अतर वेद । सुरसती नीर वहै परसेद । —दादू०, पृ० ६७६ ।

परसों—अव्य० [स० **परश्व**] १. गत दिन से पहले दिन । बीते हुए कल से एक दिन पहले । जैसे,—मैं परसो वहाँ गया था । २ आगामी दिन से आगे के दिन । आनेवाले कल से एक दिन आगे । जैसे,—वह परसों जायगा ।

परसोत्तमⓊ‡—सज्ञा पु० [स० **पुरुषोत्तम**] दे० 'पुरुषोत्तम' ।

परसोत्तम†Ⓤ—सज्ञा पुं० [स० **पुरुषोत्तम**] दे० 'पुरुषोत्तम' । उ०—प्रात समें श्रीवल्लभ सुत के बदन कमल को दरसन कीजै । तीन लोक बंदित, परसोत्तम, उपमा कहा जो पटतर दीजै । —नद० ग्र०, पृ० ३२५ ।

परसोर—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो अगहन में तैयार होता है ।

परसौहाँⓊ†—वि० [स० **स्पर्श, हि० परस+औहाँ** (प्रत्य०)] स्पर्श करनेवाला । छूनेवाला । उ०—तिथ तरसौहैं मुनि किए करि सरसौहैं नेह । घर परसौहैं ह्वै रहे झर बरसौहैं मेह । —बिहारी (शब्द०) ।

परस्त्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] पराई स्त्री । परकीया ।

परस्त्रीगमन—संज्ञा पुं० [सं०] पराई स्त्री से साथ सभोग ।

परस्पर—क्रि० वि० [स०] एक दूसरे के साथ । आपस मे । जैसे —(क), उनमे परस्पर बडी प्रीति है । (ख) यह तो परस्पर का व्यवहार है ।

परस्परज्ञ—संज्ञा पु० [सं०] एक दूसरे को जाननेवाला । मित्र । सखा (को०) ।

परस्परापेक्ष्य—वि० [स०] एक दूसरे की अपेक्षा रखनेवाला । अन्योन्याश्रित । उ०—किंतु बहुत से परस्परापेक्ष्य और इंद्रिय-ग्राह्य होते है । —सपूर्णानद अभि० ग्र०, पृ० ३३२ ।

परस्परोपमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक अर्थालकार जिसमें उपमान की उपमा उपमेय को और उपमेय की उपमा उपमान को दी जाती है । इसे 'उपमेयोपमा' भी कहते हैं ।

परस्वघ—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परश्वध' (को०) ।

परहरनाⓈ—क्रि० स० [स० परि + हरण] परित्याग करना । छोडना । उ०—(क) घट की मानि अनीति सब मन की मेटि उपाधि । दादू परहर पचकी, राम कहैं ते साध ।—दादू०, पृ० ४१० । (ख) भक्ति छुडावै निगुरा करई । कहे कहाए जो परहरई ।—विश्राम (शब्द०) ।

परहार—संज्ञा पु० [हिं०] १ दे० 'प्रहार' । २. दे० 'परिहार' ।

परहारनाⓈ—क्रि० स० [हिं० परिहार] दे० 'परहरना' । उ०—हरष शोक दोऊ परहारे । होय मगन गुरु चरणों धारे ।—कबीर सा०, पृ० ८७४ ।

परहारी—संज्ञा पुं० [स० प्रहरी] जगन्नाथ जी के मदिर के पुजारी जो मदिर ही मे रहते हैं ।

परहासⓈ†—संज्ञा पुं० [देश०] डिंगल के साणोर गीत का एक भेद । इसे प्रहास भी कहते हैं ।—रघु० रू०, पृ० ५१ ।

परहेज—संज्ञा पुं० [फ़ा० परहेज] १ स्वास्थ्य को हानि पहुँचानेवाली बातों से बचना । रोग उत्पन्न करनेवाली या बढानेवाली वस्तुओ का त्याग । खाने पीने आदि का सयम । जैसे,—वह परहेज नही करता, दवा क्या फायदा करे ? २. बुरी बातो से बचने का नियम । दोषो और बुराइयों से दूर रहना ।

क्रि० प्र०—करना ।—से रहना ।—होना ।

परहेजगार—संज्ञा पुं० [फा० परहेजगार] १ परहेज करनेवाला । सयमी । कुपथ्य न करनेवाला । २ बुराइयो से बचनेवाला । दोषो से दूर रहनेवाला ।

परहेजगारी—संज्ञा स्त्री० [फा० परहेजगारी] १ परहेज करने का काम । सयम । २ दोषो और बुराइयो का त्याग ।

परहेलनाⓈ—क्रि० स० [स० प्रहेलन] निरादर करना । तिरस्कार करना । उ०—मैं पिउ प्रीति भरोसे परब किन्ह जिय माँह । तेहि रिस हौं परहेली रूसेउ नागर नाह ।—जायसी (शब्द०) ।

परहोंकⓈ†—संज्ञा पुं० [देश०] पहली बिक्री । बोहनी । उ०—जइसन परहोंक तइसन बीक ।—विद्यापति, पृ० २७३ ।

परांगद—संज्ञा पुं० [सं० पराङ्गद] शिव ।

परांगव—संज्ञा पुं० [सं० पराङ्गव] समुद्र ।

परांचा—संज्ञा पुं० [फा० प्राँच] १ तख्ता । पटरी । २ तख्तो की पाटन जो आसपास के तल से ऊँचाई पर हो और जिसपर उठ बैठ सकते हों । पाटन । ३ बेडा ।

परांज—संज्ञा पु० [सं० पराञ्ज] १ तेल निकालने का यत्र । कोल्हू । २ फेन । ३ छुरी का फल ।

परांजन—संज्ञा पुं० [सं० पराञ्जन] दे० 'परांज' ।

पराँचा—संज्ञा पुं० [लश० ?] एक प्रकार की कम चौडी और लबी नाव ।

पराँठा—संज्ञा पुं० [हिं० पलटना] घी लगाकर तवे पर सेंकी हुई चपाती ।

परा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चार प्रकार की वाणियों मे पहली वाणी जो नादस्वरूपा और मूलाधार से निकली हुई मानी जाती है । २ वह विद्या जो ऐसी वस्तु का ज्ञान कराती है जो सब गोचर पदार्थों से परे हो । ब्रह्मविद्या । उपनिषद् विद्या । ३ एक प्रकार का सामगान । ४ एक नदी का नाम । ५ गगा । ६ बाँझ करोडा । वध्या कर्कोटकी ।

परा[2]—वि० स्त्री० [सं०] १ जो सबसे परे हो । २ श्रेष्ठ । उत्तम ।

परा[3]—संज्ञा पुं० [हिं० पारना] रेशम खोलनेवालो का बारह चौदह अगुल लबा एक औजार ।

परा[4]—संज्ञा पुं० [फा० पर्रह् ?] पक्ति । कतार । दे० 'पर्रा' । उ०—राजकुमार कला दरसावत पावत परम प्रसमा । सखा प्रमोदित परा मिलावत जहँ रघुकुल अवतसा ।—रघुराज (शब्द०) ।

परा[5]—उप० [सं०] सस्कृत का एक उपसर्ग जो अर्थ मे प्रातिलोम्य, आभिमुख्य, धर्षण, प्राधान्य, विक्रम, स्वातत्र्य, गमन, घातन आदि विशेषताएँ व्यक्त करता है । जैसे, पराहत, परागत, पराधीन, पराक्रात, पराजित आदि (को०) ।

पराअण†—वि० [सं० परायण] दे० 'परायण' । उ०—कित्ति सद्ध सूर सगाम, धम्म पराअण हिअअ, विपअम्म नहु दीन जपइ ।—कीर्ति०, पृ० ६ ।

पराइण—वि० [सं० परायण] लीन । निमग्न । परायण । उ०—दादू जुरा काल जम्मण मरण, जहाँ जहाँ जिव जाइ । भगति पराइण लीन मन, ताको काल न खाइ ।—दादू०, पृ० ४०४ ।

पराई—वि० स्त्री० [हिं० पराया] अन्य की । दूसरे की । उ०—(क) बिनु जोवन भइ आस पराई । कहा सो पूत सभ होय आई ।—जायसी (शब्द०) । (ख) तोहि कौन मति रावन आई । आजु कालि दिन चारि पाँच मे लका होत पराई ।—सूर (शब्द०) । २ जो आत्मीय न हो । दूसरा । बिराना । उ०—मैंने फिर लिखवाया कि तू आ जा, घर मे बसना ठीक है । पराई जगह के पैर नही होते ।—पिंजरे०, पृ० ६३ ।

पराक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मनु आदि स्मृतियो के अनुसार एक

प्रकार का कृच्छ्र व्रत जो यतात्मा और प्रमादरहित होकर और चार दिनो तक निराहार रहकर किया जाता था। इसका विधान धर्मशास्त्रो में प्रायश्चित्त के प्रकरण मे है। २ खड्ग। ३ एक रोग का नाम। ४ एक क्षुद्र जतु।

पराक[2]—वि० लघु। छोटा [को०]।

पराकरण—सज्ञा पुं० [स०] १ अपेक्षा करना। २ दूर करना। ३, अस्वीकार करना [को०]।

पराकाश—सज्ञा पुं० [स०] शतपथ ब्राह्मण के अनुसार दूरदर्शिता।

पराकाष्ठा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ चरम सीमा। सीमात। हद। अंत। २ गायत्री का एक भेद। ३ ब्रह्मा की आधी आयु।

पराकोटि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पराकाष्ठा। २ ब्रह्मा की आधी आयु।

पराक्—वि० [स०] दे० 'पराच्'।

पराक्पुष्पी—सज्ञा स्त्री० [सं०] अपामार्ग। चिचडी। चिरचिटा।

पराक्रम—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० **पराक्रमी**] १ बल। शक्ति। सामर्थ्य। २. अभियान। आक्रमण (को०)। ३ विष्णु (को०)। ४ पुरुषार्थ। पौरुष। उद्योग।

मुहा०—**पराक्रम चलना** = पुरुषार्थ या उद्योग हो सकना।

पराक्रमी—वि० [स० **पराक्रमिन्**] १ बलवान्। बलिष्ठ। २ वीर। बहादुर। ३. पुरुषार्थी। ४. उद्योगी। उद्यमी।

पराक्रांत—वि० [स० **पराक्रान्त**] दे० 'पराक्रमी'। २ दूसरो द्वारा आक्रात या पराजित। ३ जिसका मुख मोड दिया गया हो [को०]।

पराग[1]—सज्ञा पुं० [स०] वह रज या धूलि जो फूलो के बीच लबे केसरो पर जमा रहती है। पुष्परज।

विशेष—इसी पराग-के फूलो के बीच के गर्भकोशो मे पडने से गर्भाधान होता और बीज पडते हैं।

२ धूलि। रज। ३ एक प्रकार का सुगधित चूर्ण जिसे लगाकर स्नान किया जाता है। ४ चदन। ५ उपराग। ग्रहण। ६ कपूररज। कपूर की धूल या चूर्ण। ७ विख्याति। ८ एक पर्वत। ९ स्वच्छद गति वा गमन।

पराग[2]†—सज्ञा पु० [स० **प्रयाग**] दे० 'प्रयाग'। उ०—गया गोमती काशि परागा। होइ पुण्य जन्म शुद्धि अनुरागा।—कबीर सा०, पृ० ४०२।

परागकेसर—सज्ञा पुं० [स०] फूलो के बीच मे वे पतले लबे सूत जिनकी नोक पर पराग लगा रहता है। इन्हें पौधों की पु० जननेंद्रिय समझना चाहिए।

परागत—वि० [सं०] १ घिरा हुआ। आवृत। २ मरा हुआ। मृत। ३ विस्तृत [को०]।

परागति—सज्ञा स्त्री० [सं०] गायत्री।

परागनाⓊ—क्रि० स० [स० **उपराग**] अनुरक्त होना। उ०—ऊधो तुम हो अति बड भागी। अपरस रहत सनेह तगा ते नाहिन मन अनुरागी। पुरइन पात रहत जल भीतर ता रस देह न दागी। ज्यो जल माँह तेल की गागरि बूँद न ताको लागी। प्रीति नदी महँ पाँव न बोरयो दृष्टि न रूप परागी। सूरदास अबला हम भोरी गुर चींटी ज्यो पागी।—सूर (शब्द०)।

परागराजा†—सज्ञा पु० [सं० **प्रयागराज**] दे० 'प्रयाग'। उ०—महाराज, अस्थान तो परागराज है।—रगभूमि, भा० २, पृ० ४९६।

पराङ्मुख—वि० [सं०] १. मुँह फेरे हुए। विमुख। २ जो ध्यान न दे। उदासीन। ३ विरुद्ध।

पराच्—वि० [स०] १ प्रतिलोमगामी। उलटा चलनेवाला। २ उद्धवगामी। ३ अप्रत्यक्षगम्य। परोक्षगम्य। ४ बाह्योन्मुख।

परापित[1]—वि० [सं०] दूसरो द्वारा प्रतिपालित। परपोषित [को०]।

परापित[2]—सज्ञा पु० दास। गुलाम [को०]।

परापित‡—सज्ञा पु० [स० **प्रायश्चित्त**] दे० 'प्रायश्चित्त'।

परापीनⓊ†[1]—वि० [स० **प्राचीन**] दे० 'प्राचीन'। उ०—तब तुव अल्हन जल आनहि परापीन यह वृत्त।—प० रासो, पृ० ११३।

परापीन[2]—वि० [सं०] १ पराङ्मुख। २ अनुपयुक्त। ३ बहिर्मुख [को०]।

परापित†—सज्ञा पुं० [स० **प्रायश्चित्त**] दे० 'प्रायश्चित्त'। उ०—याको घूर गुनौरे डारो। दूत परापित या विधि मारो।—कबीर सा०, पृ० ५३९।

पराजय—सज्ञा स्त्री० [स०] विजय का उलटा। हार। शिकस्त।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

पराजिका—सज्ञा स्त्री० [स० **उपराजिका** या हिं० **परज**] परज नाम की रागिनी।

पराजित—वि० [स०] परास्त। पराभूत। हारा हुआ।

पराजिष्णु—वि० [स०] १ पराजय योग्य। जिसे परास्त किया जा सके। २ पराजित। परास्त [को०]।

पराजैⓊ†—सज्ञा स्त्री० [स० **पराजय**] दे० 'पराजय'। उ०—जीत लीधी जमी कठैथी जेणरी, पराजै हुई नँह फतै पाई।—रघु० रू०, पृ० ३१।

पराडीन—सज्ञा पु० [सं०] पश्चाद्गति। पीछे चलना या उडना [को०]।

पराणⓊ—सज्ञा पु० [स० **प्राण**] दे० 'प्राण'। उ०—साँई तेरे नाँव परि सिर जीव करूँ कुरबान। तन मन तुम परि वारणैं, दादू पिंड पराण।—दादू०, पृ० ३८१।

पराणसा—सज्ञा स्त्री० [स०] उपचार। चिकित्सा। दवा करना। [को०]।

परात—सज्ञा स्त्री० [स० **पात्र**, तुल० पुर्त० **प्राट**] थाली के आकार का एक बडा बरतन जिसका किनारा थाली के किनारे से ऊँचा होता है। यह आटा गूँधने, हाथ पैर धोने आदि के काम आता है। उ०—कोउ परात कोउ लोटा लाई। साह सभा सब हाथ धोवाई।—जायसी (शब्द०)।

परातपरⓊ—वि० सज्ञा पु० [सं० **परात्पर**] दे० 'परात्पर'। उ०—

महतत्व परै मूल माया परै ब्रह्म, ताहि तै परातपर सुदर कहतु है।—सुदर० ग्र० भा० २, पृ० ५९५।

परात्पर[1]—वि० [सं०] जिसके परे कोई दूसरा न हो। सर्वश्रेष्ठ।

परात्पर[2]—सज्ञा पुं० १ परमात्मा। २ विष्णु।

परात्रिय—सज्ञा पुं० [सं०] उलप नाम का तृण। एक घास जो कुश की तरह की होती है और जिसमे जौ या गेहूँ के से दाने पडते हैं। इसकी बालो मे दूँड नही होते।

परात्मा—सज्ञा पुं० [सं० परात्मन्] परमात्मा। परब्रह्म।

परादन—सज्ञा पुं० [सं०] फारस का घोडा।

पराधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. तीव्र मानसिक पीडा। २ मृगया। आखेट [को०]।

पराधीन—वि० [स०] परवश। जो दूसरे के अधीन हो। जो दूसरे के वावे हो। उ०—पराधीन सुख सपनेहु नाही। —तुलसी (शब्द०)।

पर्या०—परतत्र। परवश।

पराधीनता—सज्ञा स्त्री० [सं०] परतत्रता। दूसरे की अधीनता।

परानⓊ†—सज्ञा पु० [स० प्राण, हिं० पराला] दे० 'प्राण'। उ०—(क) वाणी विमल पच परानां। पहिली सीस मिले अगवाना।—दादू०, पृ० ६३८। (ख) आजु कथा पिंजर-बंध टूटा। आजु परान परेवा छूटा।—पदमावत, पृ० २४६।

परानाⓊ†—क्रि० अ० [सं० पलायन] भागना। उ०—(क) आज जो तरवर चलमल नाही। आवहु यहि वन छाँडि पराही।—जायसी (शब्द०)। (ख) भाई रे गैया एक विरचि दियो है भार अमर भो भाई। नौ नारी को पानी पियत है तृषा तऊ न बुझाई। कोठा बहतरि औ लौ लावे बज्र केवार लगाई। खूँटा गाडि डोर दृढ़ बाँधो तउ वह तोरि पराई।—कबीर (शब्द०)। (ग) देखि विकट भट बडि कटकाई। जच्छ जीव लइ गए पराई।—मानस, १।१७९। (घ) जासु देस नृप लीन्ह छोडाई। समर सेन तजि गयउ पराई।—तुलसी (शब्द०)।

परानी†—सज्ञा पुं० [सं० प्राणी] दे० 'प्राणी'। उ०—बूझोरे नर परानी क्या सुपचै अधिकार। गण गधर्व मुनि देव ऋषि सब मिलि कीन्ह अहार।—कबीर सा०, पृ० ५१।

परान्न—सज्ञा पुं० [स०] पराया धान्य। दूसरे का दिया हुआ भोजन।

परान्नभोजी—वि० [सं० परान्नभोजिन्] दूसरे का दिया अन्न खाकर जीवनयापन करनेवाला [को०]।

परापति†Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राप्ति] दे० 'प्राप्ति'। उ०—जन रज्जब गुरुकी दया दृष्टि परापति होय। प्रगट गुपत पिछानिए जिसहि न दीखै कोय।—रज्जब०, पृ० ५।

परापर[1]—सज्ञा पुं० [सं०] फालसा।

परापर[2]—वि० [सं० परात्पर] दे० 'परात्पर'। उ०—ब्रह्मसार निराकार परापर नूर पियारो। वसो सर्व जहँ वास नाथ निज आप नियारो।—राम० धर्म०, पृ० १७३।

परापर[3]—वि० [सं०] वैशेषिक के अनुसार परत्व और अपरत्व गुणों से युक्त [को०]।

परापरीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० परा+अपरा] परत्व और अपरत्व। विद्या और अविद्या। ज्ञान और अज्ञान। उ०—परापरी पासे रहै, कोई न जाणै ताहि। सतगुरु दिया दिखाइ करि, दादू रह्या त्यो लाइ।—दादू०, पृ० ८।

परापित†—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्राप्ति'। उ०—धरम पंथ छाडो जनि कोई। धरमहि सिद्धि परापित होई। —चित्रा०, पृ० ४४।

पराभव—सज्ञा पुं० [सं०] १ पराजय। हार।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२. तिरस्कार। मानध्वस। ३ विनाश। ४ वैश्य युग के अतर्गत पाँचवा वर्ष।

विशेष—वृहत्सहिता के अनुसार इस वर्ष अग्नि, शस्त्र पीडा, रोग, आदि होते हैं और गो ब्राह्मण को विशेष भय होता है।

पराभिक्षु—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के वानप्रस्थ जो गृहस्थों के घर से थोडी भिक्षा लेकर वन में अपना कालक्षेप करते हैं।

पराभूत—वि० [सं०] १ पराजित। हारा हुआ। २ ध्वस्त। नष्ट। ३ अनादृत। तिरस्कृत (को०)।

पराभूति—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पराभव' [को०]।

पराभौ†—सज्ञा पुं० [सं० पराभव] १ तिरस्कार। अनादर। उ०—तव लौं उवैने पाय फिरत पेटै खलाय बाये मुह सहत परामौ देस देस को।—तुलसी ग्र०, पृ० २२८। २. दे० 'पराभव'।

परामर्श—सज्ञा पुं० [सं०] १ पकडना। खींचना। जैसे, केश परामर्श। २ विवेचन। विचार। ३. निर्णय। ४ अनुमान। ५ स्मृति। याद। ६ युक्ति। ७ सलाह। मत्रणा। उ०—तुम्हारा चित्त कुछ और ही परामर्श देता है। —अयोध्या (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—लेना।—मिलना।—होना।

८ व्याधिग्रस्त होना (को०)। ९ आक्रमण (को०)। १० स्पर्शन। ११ न्याय में व्याप्ति विशिष्ट पक्षधर्म का होना। अनुमिति (को०)।

परामर्शन—सज्ञा पुं० [सं०] १ खीचना। २ स्मरण। चिंतन। ३ विचार करना। ४ सलाह करना। मशवरा करना।

परामृत[1]—वि० [सं०] जो मृत्यु आदि के बंधन से छूट गया हो। मुक्त।

परामृत[2]—सज्ञा पुं० वर्षा। वर्षण [को०]।

परामृष्ट—वि० [सं०] १ पकडकर खीचा हुआ। २ पीडित। ३. विचारा हुआ। निर्णय किया हुआ। ४ जिसकी सलाह दी गई हो। ५ सबधयुक्त। सबद्ध (को०)। ६ छूआ हुआ। स्पृष्ट (को०)।

परायचा—सज्ञा पुं० [फा० पारचह् (= कपडा)] १ पडो के कटे टुकडो की टोपियाँ इत्यादि बनाकर बेचनेवाला। २ सिले सिलाए कपडे बेचनेवाला।

परायण[1]—वि० [सं०] १. गया। गया हुआ। २ लिप्त। प्रवृत्त। तत्पर। लगा हुआ। जैसे, धर्मपरायण, नीतिपरायण। ३. ज्ञानित। अभिज्ञ (को०)। ४ ज्ञाता। दक्ष (को०)।

परायण[2]—संज्ञा पुं० १ आश्रय। आश्रय। २. विष्णु। ३ अंतिम लक्ष्य। प्रधान या उत्कृष्ट लक्ष्य (को०)। ४ सार। तत्व (को०)।

परायत—वि० [सं०] परायत्त।

परायन[1]—वि० [सं० परायण] १ लिप्त। प्रवृत्त। तत्पर। उ०—काम क्रोध मद लोभ परायन। निर्दय कपटी कुटिल मलायन। —मानस, ७।६६। २. दे० 'परायण'।

पराया—वि० पुं० [सं० परकीय>परईय>पराया, या सं० पर+हिं० आया (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० पराई] १ दूसरे का। अन्य का। जैसे, पराया माल, पराया धन, पराई स्त्री। उ०—(क) जो जानहि तन नीहहि नासू। कोमल गात पराये मासू। —जायसी (शब्द०)। (ख) मुनिहि मोह मन हाथ पराये। हँसहि तासु मति अति सचुपाये। —तुलसी (शब्द०)। २ जो आत्मीय न हो। जो स्वजनों में न हो। गैर। बिराना। उ०—बिगरत अपनो काज है हँसत पराये लोग। —(शब्द०)।

मुहा०—अपना पराया समझना = (१) यह ज्ञान होना कि कौन बिराना है। बंधु, मित्र, भला बुरा पहचानना। (२) भेदभाव रखना। पराया मुँह ताकना = औरों का भरोसा करना। दूसरों का मुँह जोहना। उ०—जो रहे ताकते पराया मुँह, तो दुखों से न किसलिये जकड़े।—चुभते०, पृ० १०।

परायु—संज्ञा पुं० [सं० परायुस्] कल्य।

परार[1]—वि० [सं० पर+आर(प्रत्य०)][वि० स्त्री० परारी] दूसरे का। पराया। बिराना। उ०—बादर की छाँही जैसे जीरत जगे नाहीं, उठि देखु नाहीं कौन आपनो परार है।—(शब्द०)।

परारध[1]—संज्ञा पुं०[सं० परार्ध] १ मोक्ष। परार्ध। मुक्ति। उ०—पचकोस पुरुष कोस स्वारथ परारथ को जानि आप आपने सुआस बास दियो है।—तुलसी ग्र०, पृ० ३४१। २ दे० 'परार्ध'।

परारधक[2]—संज्ञा पुं० [सं० परार्द्ध] दे० 'परार्द्ध'।

परारब्ध, पराब्ध—संज्ञा पुं० [सं० प्रारब्ध] आरंभ। बिसात।

परारि—संज्ञा० [सं०] परि आर मास। पर मास के पहले या बाद के मास में (हि०)।

पराऱू—संज्ञा पुं० [सं०] परेवा।

पराऱूक—संज्ञा पुं० [सं०] १. पाषाण। पत्थर। चट्टान (को०)।

परार्थ—संज्ञा पुं० [सं०] १ दूसरे का काम। दूसरे का उपकार। स्वार्थ का उलटा। उ०—स्वारथ सदा सहज परमारथ पर, ओर सभी परमारथ थोरे।—सूरदास, पृ० १३९। २ सर्वोत्कृष्ट लाभ (को०)। ३ मोक्ष। मुक्ति (को०)।

परार्थ[1]—वि० १. जो दूसरे के लिये हो। परनिमित्त। २. उच्च सिद्धांत। आत्मार्थ (को०)।

परार्द्ध—संज्ञा पुं० [सं०] १ गणित में वह संख्या जिसे लिखने में बहत्तर शून्य लिखने पड़ें। १,००,००,००

परावर्त्य—वि० [सं०] जो परावर्त्तित किया जा सके। पलटने के योग्य [को०]।

यौ०—परावर्त्य व्यवहार = दे० 'परावर्त्त व्यवहार'।

परावसु—सज्ञा पुं० [सं०] १ शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुरों के पुरोहित का नाम। २ महाभारत के अनुसार रैभ्य मुनि के एक पुत्र का नाम। ३ एक गधर्व का नाम। ४ विश्वामित्र के एक पौत्र का नाम। ५ सवत्सर के साठ चक्रो मे से ४०वें सवत्सर का नाम (को०)।

पराषह—सज्ञा पुं० [स०] वायु के सात भेदो में से एक।

परावाⓊ†—वि० [सं०] दे० 'पराया'। उ०—करहि मोहवस द्रोह परावा। सत सग हरि कथा न भावा।—मानस, ७। ४०।

पराविद्ध—सज्ञा पुं० [स०] कुबेर। यक्षपति [को०]।

परावृत्त—वि० [स०] १ पलटा हुआ या पलटाया हुआ। फेरा हुआ। २ बदला हुआ।

परावृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पलटने या पलटाने का भाव। पलटाव। २ मुकदमे का फिर से विचार या फैसला।

परावेदी—सज्ञा स्त्री० [सं०] कटाई। भटकटैया।

पराव्याध—सज्ञा पुं० [सं०] पत्थर को फेकना। हाथ से प्रस्तर के फेके जाने पर उसकी गिरने की दूरी या फासला [को०]।

पराशर—सज्ञा पुं० [स०] १ एक गोत्रकार ऋषि जो पुराणानुसार वसिष्ठ और शक्ति के पुत्र थे।

विशेष—इनके पिता का देहात इनके जन्म के पूर्व हो चुका था अत इनका पालन पोषण इनके पितामह वसिष्ठ जी ने किया था। यही व्यास कृष्ण द्वैपायन के पिता थे।

२ चरक सहिता के अनुसार आयुर्वेद के एक आचार्य का नाम। ३ एक प्रसिद्ध स्मृतिकार। इनकी स्मृति पराशर स्मृति के नाम से प्रख्यात है और कलियुग के लिये प्रमाणभूत मानी जाती है। ४ एक नाम का नाम। ५ ज्योतिष शास्त्र के एक आचार्य जिनकी रची पराशरी सहिता है। ६ गृह्य सूत्रो मे से एक।

पराशरी—सज्ञा पुं० [सं० पराशरिन्] १ भिक्षुक। २ सन्यासी [को०]।

पराश्रय[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ दूसरे का सहारा। पराया भरोसा। दूसरे का अवलब। २ पराधीनता।

पराश्रय[२]—सज्ञा पुं० पराश्रित। पराधीन [को०]।

पराश्रया—सज्ञा स्त्री० [स०] बाँदा। बदाक। परगाछा।

पराश्रित—वि० [स०] १ जिसे दूसरे का ही आसरा हो। जिसका काम दूसरे से चलता हो। २ दूसरे के अधीन।

परासग—सज्ञा पुं० [स० परासङ्ग] अन्य का आश्रय। पराश्रय [को०]।

परास[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी स्थान से उतनी दूरी जितनी दूरी पर उस स्थान से फेंकी हुई वस्तु गिरे। २ टीन।

परासⓊ[२]—सज्ञा पुं० [स० पलाश] दे० 'पलास'। उ०—जर परास कोइला के भेसू। तव फूलै राता होइ टेसू।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३३०।

परासक्त—वि० [सं०] दूसरे पर आसक्त। दूसरे से बँधा हुआ। किसी अन्य के वशीभूत। उ०—योग युक्ति करि याको पावै। परासक्त अपने वश लावै। —अष्टाग०, पृ० ८१।

परासचित†—सज्ञा पुं० [सं० प्रायश्चित्त] दे० 'प्रायश्चित्त'। उ०—कुकर्म का परासचित तो करना ही पडता है। —गोदान, पृ० २२१।

परासन—सज्ञा पुं० [सं०] हत्या। वध। हनन [को०]।

परासी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी का नाम। दे० 'पलाश्री'।

परासु—वि० [सं०] जिसका प्राण निकल गया हो। मरा हुआ। मृत।

परास्कदी—वि० [स० परास्कन्दिन्] चोर। स्तेन। चोर [को०]।

परास्त—वि० [स०] १, पराजित। हारा हुआ। २ विजित। ध्वस्त। ३ प्रभावहीन। दवा हुआ। से, ज्ञान अज्ञान जैसे परास्त हो गया। ४ जो स्वीकृत न हो। अस्वीकृत (को०)। ५ क्षिप्त। फेका हुआ (को०)।

परास्तता—सज्ञा स्त्री० [सं० परास्त+ता] पराजय। हार। उ०—आई परास्तता कर्म भोग मे जिसके।—साकेत, पृ० २१८।

पराह्न—सज्ञा पुं० [स०] दूसरा दिन। वर्तमान के आगे या पीछे का दिवस [को०]।

पराहत—वि० [सं०] १ आक्रात। ध्वस्त। २ मिटाया हुआ। दूर किया हुआ। ३ निराकृत। खडित। ४ जीता हुआ।

पराहति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रत्याख्यान। खडन (को०)।

पराहृति—वि० [स०] दूर किया या हटाया हुआ [को०]।

पराह्न—वि०[सं०]अपराह्न। दोपहर के बाद का समय। तीसरा पहर।

परिंद, परिंदा—सज्ञा पुं० [फ़ा० परिन्दह्] पक्षी। चिडिया। उ०—(क) हवा जो पधारी सनकती, वहकती परिंदों की टोली जो आई चहकती। —अपलक, पृ० ६२। (ख) मेरे प्राण परिंदो से ही डूब डूब जाते रगो मे, सध्या के सौ रग सौ तरह भर जाते मेरे अगो मे।—मिट्टी०, पृ० ७७। (ग) ऐसी जगह ले चलो जहाँ परिंदा पर न मारता हो। फिसा०, भा० ३, पृ० ५४।

परि[१]—उप० [सं०] एक सस्कृत उपसर्ग जिसके लगने से शब्द मे इन अर्थों की वृद्धि होती है।

१ चारो ओर। जैसे, परिक्रमण, परिवेष्टन, परिभ्रमण, परिधि।

२ सर्वतोभाव। अच्छी तरह। जैसे, परिकल्पन, परिपूर्ण।

३ अतिशय। जैसे, परिवर्द्धन।

४ पूर्णता। जैसे, परित्याग, परिताप।

५ दोषाख्यान। जैसे, परिहास, परिवाद।

६ नियम। क्रम। जैसे, परिच्छेद।

परि[२]—अव्य० [हिं०]प्रकार। भाँति। तरह। उ०—(क) जब सोऊँ तब जागवइ, जब जागू तब जाइ। मारू ढोलउ समरइ, इणि परि रयण विहाइ। —ढोला०, दू० ७६। (ख) सग सखी मील कुल वेस समाणी पेखि कली पदमिणी परि।—वेलि०, दू० १४।

परि(पु)[9]—प्रत्य० [हिं०] दे० 'पर'। उ०—वदन कमल परि घूँघर केस। देखि कै गोरज छुभित सुवेस।—नद० ग्र०, पृ० ३२१।

परिकंप—सज्ञा पुं० [स० **परिकम्प**] १. भय। डर। २ कपन। कँपकँपी [को०]।

परिक—सज्ञा स्त्री० [देश०] खराब चाँदी। खोटी चाँदी। (सुनार)।

परिकथा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक कहानी के अतर्गत उसी के सबध की दूसरी कहानी। अतर्कथा।

परिकर—सज्ञा पुं० [सं०] १ पर्यंक। पलग। २ परिवार। उ०—भव भवा सबै परिकर समेत।—ह० रासो, पृ० ६१। ३ वृद। समूह। ४ घेरनेवालो का समूह। अनुयायियो का दल। अनुचर वर्ग। लवाजमा। उ०—श्री वृदावन राज है, जुगल केलि रस धाम। तहँ के परिकर आदि को, वरनत या थल नाम।—भारतेंदु ग्रं०, भा० ३, पृ० ६४७। ५ समारभ। तैयारी। ६ कमरबद। पटुका। उ०—मृग विलोकि कटि परिकर बाँधा। करतर चाप रुचिर सर साँधा।—मानस, ३।२७। ७ विवेक। ५ एक अर्थालकार जिसमें अभिप्राय भरे हुए विशेषणो के साथ विशेष्य आता है। जैसे—हिमकरवदनी तिय निरखि पिय दृग शीतल होय। ९ नाटक मे भावी घटनाओ का सक्षेप मे सूचन जिसे वीज कहते हैं (को०)। १० कार्य मे सहायक। सहकर्मी (को०)। ११ फैसला। निर्णय (को०)।

परिकरमा(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० **परिक्रमा**] दे० 'परिक्रमा'। उ०—जप जोग दान विधान वहु विधि करै कर्म अनेक हो। सत कोटि तीरथ भूमि परिकरमा करि न पावै थेक हो।—कबीर सा०, पृ० ४११।

परिकरांकुर—सज्ञा पु० [सं० **परिकराङ्कुर**] एक अर्थालकार जिसमें किसी विशेष्य या शब्द का प्रयोग विशेष अभिप्राय लिए हो। जैसे,—वामा, भामा, कामिनी कहि बोलो प्रानेस। प्यारी कहत लजात नहिं पावस चलत विदेस।—बिहारी। यहाँ वामा (जो वाम हो) आदि शब्द विशेष अभिप्राय लिए हुए हैं। नायिका कहती है कि जब आप मुझे छोड विदेश जा रहे हैं तब इन्ही नामो से पुकारिए, प्यारी कहकर न पुकारिए।

परिकर्तन—सज्ञा पुं० [सं०] १ काटना। कर्तन। २ शूल। पीडा। ३ गोलाकार कर्तन। वृत्ताकार काटना [को०]।

परिकर्ता—सज्ञा पुं० [स० **परिकर्तृ**] वह याजक या पुरोहित जो ज्येष्ठ के अविवाहित रहने पर कनिष्ठ का विवाह कराए [को०]।

परिकर्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] तीखा दर्द। चुभनेवाला तीक्ष्ण शूल [को०]।

परिकर्म—सज्ञा पुं० [स० **परिकर्मन्**] १ देह मे चदन, केसर, उबटन आदि लगाना। शरीरसस्कार। २ पैर मे महावर आदि रचना (को०)। ३ गणित के आठ अग या विभाग (को०)। ४. पूजन। अर्चन (को०)।

परिकर्मा(पु)[1]—सज्ञा पुं० [स० **परिकर्मन्**] परिचारक। सेवक।

परिकर्मा(पु)[2]—सज्ञा पुं० [स० **परिक्रमा**] दे० 'परिक्रमा'। उ०—बार बार परिकर्मा दै कै सुदर बदन बिलोकन कै कै। —नद० ग्र०, पृ० २७४।

परिकर्मी—वि० [सं० **परिकर्मिन्**] दास। सेवक [को०]।

परिकर्ष, परिकर्षण—सज्ञा पु० [स०] १ वृत्त। घेरा। २ बाहर निकालना। बाहर खीचना [को०]।

परिकर्षित—वि० [स०] १ प्रपीडित। उत्पीडित। २ खीचा हुआ। कर्षित [को०]।

परिकलित[1]—वि० [स०] आकलित। भूषित। अलकृत। उ०—जब तक काव्य भावना-परिकलित सहृदय सामाजिक का हृदय स्वाभिमान की वासना से वासित नही होगा तब तक वह भाव भाव मात्र रह जाएगा।—सपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० ३११।

परिकलित[2]—सज्ञा पु० अनुमान। आकलन [को०]।

परिकल्कन—सज्ञा पुं० [स०] प्रवचना। दगाबाजी।

परिकल्पन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिकल्पित] १ मनन। चिंतन। २. बनावट। रचना। ३ बटन। बाँटना (को०)। ४ निश्चय करना। निश्चयन (को०)।

परिकल्पना—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिकल्पन'। उ०—अब पुरा-तत्ववेत्ताओ ने तदनुरूप स्थानो की खोज एव परिकल्पनाएँ कर ली हैं।—आधुनिक० (भू०)—क।

परिकल्पित—वि० [स०] १. कल्पना किया हुआ। सोचा हुआ। २ मन में गढ़ा हुआ। मनगढत। ३ निश्चित। ठहराया हुआ। ४ मन में सोचकर बनाया हुआ। रचित। ५ विभक्त। अशो में बाँटा हुआ। ६ बाँटा हुआ (को०)।

परिकाङ्क्षित—सज्ञा पु० [स० **परिकाङ्क्षित**] तपसी। भक्त [को०]।

परिकीर्ण—वि० [सं०] १ व्याप्त। विस्तृत। फैला हुआ। २ समर्पित। ३. परिवेष्टित (को०)।

परिकीर्तन—सज्ञा पु० [स०] १ ऊँचे स्वर से कीर्तन। खूब गाना। २ गुणो का विस्तृत वर्णन। अधिक प्रशसा। ३ घोषित करना। घोषणा करना (को०)।

परिकीर्तित—वि० [स०] परिकीर्तन किया हुआ [को०]।

परिकूट—सज्ञा पु० [सं०] १ नगर या दुर्ग के फाटक पर की खाई। २. एक नागराज।

परिकूल—सज्ञा पु० [स०] किनारे की भूमि। तटवर्ती भूमि [को०]।

परिकृश—वि० [सं०] अत्यत कृश या क्षीण। अत्यत दुबला पतला [को०]।

परिकोप—सज्ञा पुं० [स०] अत्यत क्रोध। तीव्रतर कोप [को०]।

परिक्रम—सज्ञा पु० [स०] १ टहलना। घूमना। २ चारो ओर घूमना। फेरी देना। परिक्रमा। ३ क्रम। श्रेणी। ४ प्रवेश।

परिक्रमण—सज्ञा पु० [स०] १ टहलना। मन बहलाने के लिये घूमना। चारो ओर घूमना। फेरी देना। दे० 'परिक्रम'।

परिक्रमसह—सज्ञा पु० [सं०] छाग । बकरा [को०] ।

परिक्रमा—सज्ञा स्त्री० [सं० परिक्रम] १ चारो ओर घूमना । फेरी । चक्कर । प्रदक्षिणा ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

विशेष—किसी तीर्थस्थान या मदिर के चारो ओर जो घूमते हैं उसे परिक्रमा कहते हैं ।

२ किसी तीर्थ या मदिर के चारो ओर घूमने के लिये बना हुआ मार्ग ।

परिक्रमित—वि० [सं० परिक्रम+इत (प्रत्य०)] परिक्रमा की हुई । जिसकी परिक्रमा की गई हो । उ०—स्वर्ग खड षड् ऋतु परिक्रमित, आम्र मजरित, मधुप गुजरित । कुसुमित फल-द्रुम पिक कल कूजित, उर्वर अभिमत हे ।—ग्राम्या, पृ० ५५ ।

परिक्रय, परिक्रयण—सज्ञा पु० [स०] १ मोल । खरीद । २ किराया । भाड़ा (को०) । ३ मजदूरी पर काम करना (को०) । ४ द्रव्य देकर कोई चीज खरीदना (को०) । ५ वह खरीद जिसके क्रयवस्तु के परिवर्तन मे कोई वस्तु दी जाय (को०) ।

परिक्रय सधि—सज्ञा स्त्री० [सं० परिक्रय सन्धि] वह सधि जो जगली पदार्थ, धन या कोश का कुछ भाग या सपूर्ण कोश देकर की जाय । (कामदक) ।

परिक्रात[1]—वि० [सं० परिक्रान्त] जिसकी परिक्रमा की गई हो [को०] ।

परिक्रात[2]—सज्ञा पु० १ वह स्थान जिसपर क्रमण या गमन किया गया हो । २ कदम । डग [को०] ।

परिक्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ खाई आदि से घेरने की क्रिया । २ एक प्रकार का एकाह यज्ञ जो स्वर्ग की कामना से किया जाता है । ३ घेरना । आवेष्टित करना (को०) । ४ दे० 'परिकर' (को०) । ५ मनोयोग (को०) ।

परिक्लांत—वि० [सं० परिक्लान्त] जो थककर चूर हो गया हो । बहुत श्रांत [को०] ।

परिक्लिष्ट[1]—वि० [स०] १ नष्ट । भ्रष्ट । परिक्षत । २ अतिक्लिष्ट । अतिगूढ़ ।

परिक्लिष्ट[2]—सज्ञा पुं० परेशानी । क्लेश । तकलीफ [को०] ।

परिक्लेद—सज्ञा पु० [सं०] तरी । आर्द्रता [को०] ।

परिक्वणन—सज्ञा पुं० [सं०] मेघ । बादल ।

परिक्षत—वि० [सं०] नष्ट । भ्रष्ट ।

परिक्षति—सज्ञा स्त्री० [सं०] पीड़ा । कष्ट । क्षति [को०] ।

परिक्षय—सज्ञा पुं० [सं०] नाश । विनाश । बरबादी [को०] ।

परिक्षव—सज्ञा पुं० [स०] छींक । छिक्का ।

परिक्षा[1]—सज्ञा पुं० [सं०] कीचड । कर्दम ।

परिक्षा[2]—सज्ञा स्त्री० [स० परीक्षा] दे० 'परीक्षा' ।

परिक्षाम—वि० [स०] अत्यत दुर्बल । कमजोर [को०] ।

परिक्षालन—सज्ञा पुं० [सं०] १ भली भाँति धोना । अच्छी तरह पखारना । २ वह पानी जो धोने के काम आए [को०] ।

परिक्षित्—सज्ञा पुं० [स०] १ एक राजा जो अभिमन्यु का पुत्र था । वि० दे० 'परीक्षित' । ३ अग्नि का एक नाम (को०) ।

परिक्षिप्त—वि० [सं०] १ खाई आदि से घेरा हुआ । २ सब ओर से घिरी हुई (सेना) । वि० दे० 'उपरुद्ध' । ३ इतस्तत क्षिप्त । बिखीर्ण (को०) । ४ छोडा हुआ । त्यक्त (को०) ।

परिक्षीण—वि० [सं०] १ निर्धन । २ दुर्बल और अशक्त (सेना) । ३ अत्यत कृश (को०) । ४ लुप्त । नष्ट (को०) ।

परिक्षीव—वि० [सं०] मतवाला । उन्मत्त [को०] ।

परिक्षेप—सज्ञा पुं० [स०] १. परित्याग । २ टहलना । ३ फैलाना । ४ घेरना । ५ घेरनेवाली वस्तु । ५ ज्ञानेंद्रिय [को०] ।

परिखन—वि० [हिं० परखना] निगहबानी करनेवाला । देख रेख करनेवाला । अगोरिया । उ०—गरभ माहिं रक्षा करी जहाँ हितू नहिं कोइ । अब का परिखव पालिहैं विपिन गए मँह सोइ ।—विश्राम (शब्द०) ।

परिखना[1]—क्रि० स० [सं० परीक्षा] पहचानना । जाँचना । परीक्षा करना । इम्तहान करना ।

परिखना[2]—क्रि० स० [सं० प्रतीक्षण] इतजार करना । राह देखना मार्ग प्रतीक्षा करना । आसरा देखना । उ०—परिखेसि मोहि एक पखवारा । नहिं आवउँ तब जानेसि मारा ।—तुलसी (शब्द०) ।

परिखा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह गहरा गड्ढा जो किसी नगर या दुर्ग के चारो ओर इसलिये खोदा जाता था कि शत्रु उसमें सहज में न घुस सकें । किसी नगर या दुर्ग को घेरनेवाली खाई । खदक । खाई । ३ तन या मूल (लाक्ष०) ।

परिखात—सज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'परिखा' । २ खाई खोदने का कार्य । ३ हल से जोतने की क्रिया । हराई । वाह [को०] ।

परिखान—सज्ञा स्त्री० [स० परिखात] गाडी के पहिए की लीक ।

परिखिन्न—वि० [स०] अत्यत खिन्न । कष्टग्रस्त । पीडित [को०] ।

परिखेद—सज्ञा पुं० [सं०] अत्यत खेद । अत्यधिक थकान [को०] ।

परिख्यात—वि० [स०] विख्यात । प्रसिद्ध । मशहूर ।

परिख्याति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रसिद्धि [को०] ।

परिगणन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परिगणित, परिगणनीय, परिगण्य] १ भली भाँति गिनना । सम्यक् रीति से गिनना । २ गिनना । गणना करना । शुमार करना ।

परिगणना—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिगणन' ।

परिगणनीय—वि० [सं०] परिगणना के योग्य [को०] ।

परिगणित—वि० [स०] गिना हुआ । जिसकी गिनती हो चुकी हो । उ०—वग देश में जिस चाल के बहुत से नाटक बन भी चुके हैं वह सब नवीन भेद में परिगणित हैं । —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ७१६ ।

परिगण्य—वि० [स०] दे० 'परिगणित' ।

परिगत—वि० [स०] १ गत । बीता हुआ । गया गुजरा । २ मरा हुआ । मृत । ३ विस्मृत । जिसे भूल गए हों । ४ ज्ञात । जाना हुआ । ५. प्राप्त । मिला हुआ । ६ वेष्टित । घेरा हुआ ७ स्मृत । स्मरण किया हुआ (को०) । ८ बाधित । बाधा-युक्त (को०) । ९ पीडित । पीडायुक्त (को०) ।

परिगम—सज्ञा पुं० [सं०] १. घेरना । आवेष्टित करना । २ जानना । ३ प्राप्त करना । ४ व्याप्त होना या करना [को०] ।

परिगमन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिगम' [को०] ।

परिगर्भिक—सज्ञा पु० [स०] वैद्यक के अनुसार बालको का एक रोग जो गर्भिणी माता का दूध पीने से होता है ।

विशेष—इसमे बालक को खाँसी, कै, अरुचि और तद्रा होती है, उसका शरीर दुबला हो जाता है, भोजन नही पचता, और पेट बढ जाता है । वैद्यक में इस रोग मे अग्निदीपक औषधो के सेवन का विधान है ।

परिगर्वित—वि० [स०] बहुत गर्ववाला । भारी घमंडी ।

परिगर्हण—सज्ञा पुं० [सं०] अत्यत निंदा । विशेष गर्हण [को०] ।

परिगलित—वि० [सं०] १ गला हुआ । गलित । २ तरल । पिघला हुआ । ३ च्युत । नीचे गिरा हुआ । ४. गायब । लुप्त [को०] ।

परिगहⓊ—सज्ञा पुं० [स० **परिग्रह**] कुटुबी । सगी साथी या आश्रित जन । उ०—राजपाट दर परिगह तुमही सउँ उँजियार । बइठि भोग रस मानहु कइ न चलहु अँधियार । —जायसी (शब्द०) ।

परिगहन—सज्ञा पु० [स०] अत्यत घना । अत्यत गहन [को०] ।

परिगहनाⓊ—क्रि० स० [सं० **परिग्रहण**] ग्रहण या स्वीकार करना । आसरा देना । सहारा देना । उ०—तेरे मुह फेरे मोसे कायर कपूत कूर लटे लटपटेनि को कौन परिगहैगो ।—तुलसी ग्र०, पृ० ५८७ ।

परिगाढ—वि० [सं०] अत्यधिक । बहुत ज्यादा [को०] ।

परिगीत—वि० [स०] बहुत अधिक वर्णित [को०] ।

परिगीति—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का वृत्त । एक छद [को०] ।

परिगुठित—वि० [स० **परिगुण्ठित**] छिपाया हुआ । ढका हुआ ।

परिगुंडित—वि० [स० **परिगुण्ठित**] धूल से छिपा हुआ । गर्द से ढका हुआ ।

परिगूढ—वि० [सं०] जो समझ मे कठिनता से आए । अत्यत गूढ [को०]

परिगृद्ध—वि० [सं०] अत्यत लालची । विशेष लालचवाला [को०] ।

परिगृहीत—वि० [सं०] १ स्वीकृत । मजूर किया हुआ । २ मिला हुआ । शामिल । ३. चारो ओर से घेरा हुआ । चारो ओर से आवृत (को०) । ४ धारण या ग्रहण किया हुआ (को०) । ५ अनुगमित । अनुसृत (को०) । ६ पकडा हुआ (को०) । ७. सरक्षित । सुरक्षित (को०) ।

परिगृहीता[1]—वि० [सं०] विवाहिता । परिणीता [को०] ।

परिगृहीता[2]—सज्ञा पुं० [सं० **परिगृहीतृ**] १ पति । २ सहयोगी । सहायक । ३ वह व्यक्ति जो गोद ले [को०] ।

परिगृह्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] विवाहिता स्त्री । धर्मपत्नी ।

परिग्रह—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रतिग्रह । ग्रहण । लेना । दान लेना । २ पाना । ३. धनादि का सग्रह । ४. स्वीकार । अगीकार । आदरपूर्वक कोई वस्तु लेना । ५ स्त्री को अगीकार करना । विवाह । ६ पत्नी । स्त्री । भार्या । ७ सेना का पिछला भाग ८. परिजन । परिवार । स्त्री पुत्र आदि । ९ राहुग्रस्त सूर्य । १०. मुलकद । ११ शाप । १२. शपथ । कसम । १३ विष्णु । १४ अनुग्रह । मिहरबानी । १५ जैन शास्त्रो के अनुसार तीन प्रकार के गतिनिबधन कर्म—द्रव्य-परिग्रह, भावपरिग्रह और द्रव्यभावपरिग्रह । १६. कुछ विशिष्ठ वस्तुएँ सग्रह न करने का व्रत । १७ राष्ट्र । राज्य (को०) । १८ दड (को०) । १९ गृह । मकान । घर (को०) ।

परिग्रहण—सज्ञा पुं० [सं०] १ सब प्रकार से ग्रहण । पूर्ण रूप से ग्रहण करना । २ कपडे पहनना ।

परिग्राम—सज्ञा पु० [सं०] गाँव के सामने का भाग ।

परिग्राह—सज्ञा पुं० [स०] एक विशेष प्रकार की यज्ञवेदी ।

परिग्राह्य—वि० [स०] ग्रहण करने योग्य । जो ग्रहण किया जा सके ।

परिघ—सज्ञा पु० [सं०] १ लोहागी । गँडासा । २ ज्योतिष में एक योग । २७ योगो के अतर्गत १९वाँ योग ।

विशेष—इस योग को आधा छोडकर शुभ कर्म करने चाहिए । जन्मकाल में यह योग पडने से मनुष्य वशकुठार, असत्य-साक्षी, क्षमाहीन, स्वल्पानुभोक्ता और शत्रुदल को जीतनेवाला होता है ।

३ अर्गला । अगडी । ४ मुद्गर । ५ शूल । भाला । बर्छी । ६ कलस । ७ घोडा । ८ गोपुर । फाटक । ९. घर । १० स्वामिकार्तिक का एक अनुचर । ११ तीर । १२ पर्वत १३. वज्र । १४ शेषनाग । १५ जल । १६. चद्र । १७. सूर्य । १८ नदी । १९ स्थल । २० आनद और सुख की निवारक अविद्या । २१. बाधा । प्रतिबध । २२ महाभारत के अनुसार एक चाडाल का नाम । २३ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का मूढ़ गर्भ । २४ वे बादल जो सूर्य के उदय या अस्त होने के समय उसके सामने आ जाँय । २५ शीशे का घडा या जलपात्र (को०) ।

परिघट्टन—सज्ञा पुं० [सं०] (कलछी से) चारो ओर से घर्षण करना । दर्वी आदि से चलाना [को०] ।

परिघट्टित—वि० [स०] घर्षण किया हुआ । चलाया या मथा हुआ [को०] ।

परिघमूढ़गर्भ—सज्ञा पु० [स० **परिघमूढगर्भ**] वह बालक जो प्रसव के समय योनि के द्वार पर आकर अगडी की तरह अटक जाय ।

परिघर्म, परिघर्म्य—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ में काम आनेवाला एक विशेष पात्र ।

परिघहⓊ—सज्ञा पुं० [स० **परिग्रह**] दे० 'परिगह' या 'परिग्रह' । उ०—राम दे राव जालौर घर गोइद गढ़ घामनि ग्रसै । दाहिम्म वयानै उप्पनौ पृथीराज परिघह वसै । —पृ० रा०, १।५८४ ।

परिघात—सज्ञा पुं० [सं०] १ हत्या। हनन। मार डालना। २ वह अस्त्र जिससे किसी की हत्या की जा सकती हो। ३ उल्लघन करना (को०)। ४ लोहे की गदा या मुद्गर (को०)। ५ नष्ट करना (को०)।

परिघातन—सज्ञा पु० [स०] दे० 'परिघात' [को०]।

परिघाती—वि० [स० **परिघातिन्**] १ परिघात करनेवाला। हत्याकारी। मार डालनेवाला। २ उल्लघन करनेवाला (को०)। ३ नष्ट करनेवाला (को०)।

परिघृष्ट—वि० [स०] अत्यत घर्षित। अच्छी तरह घृष्ट [को०]।

परिघृष्टिक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का वानप्रस्थ [को०]।

परिघोष—सज्ञा पु० [सं०] १ मेघगर्जन। बादल का गरजना। २ शब्द। आवाज। ३ अनुचित कथन। अनुपयुक्त बात (को०)।

परिचक्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्राचीन नगरी का नाम।

परिचड्डⓊ—वि० [सं० **प्रचण्ड**] दे० 'प्रचड'। उ०—अजरां परि अजमेर माल वधव परिचड्ड। अस्त वस्त अरु चर्म टक लम्भै नन हड्ड।—पृ० रा०, १।६६८।

परिचना—क्रि० अ० [हिं० परचना] दे० 'परचना'।

परिचपल—वि० [स०] अति चचल। जो किसी समय स्थिर न रहे। जो हर समय हिलता डुलता या घूमता फिरता रहे।

परिचय—सज्ञा पु० [स०] १ किसी विषय या वस्तु के सबध की प्राप्त की हुई अथवा मिली हुई जानकारी। ज्ञान। अभिज्ञता। विशेष जानकारी। जैसे—थोडे दिनो से मुझे भी उनके स्वभाव का परिचय हो गया है। २ प्रमाण। लक्षण। जैसे,—उस पद पर थोडे ही दिनो तक रहकर उन्होंने अपनी योग्यता का अच्छा परिचय दिया था। ३ किसी व्यक्ति के नामधाम या गुणकर्म आदि के सबध की जानकारी। जैसे,—मुझे आपका परिचय नही मिला।

क्रि० प्र०—कराना। देना।—दिलाना।—पाना।—मिलना।—होना।

४ जान पहचान। जैसे,—यहाँ तो बहुत से आदमियो के साथ आपका परिचय है। ५ अभ्यास। मश्क। ६ हठयोग मे नाद की चार अवस्थाओ मे से तीसरी अवस्था। ७ इकट्ठा करना। एकत्र करना। जमा करना (को०)।

परिचय करुणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] बढता हुआ प्रेम। प्रवर्धित करुणा [को०]।

परिचयपत्र—सज्ञा पु० [स०] किसी की पूरी जानकारी देनेवाला पत्र।

परिचर—सज्ञा पुं० [सं०] १. सेवक। खिदमतगार। टहलुआ। २ रोगी की सेवा करनेवाला। शुश्रूषाकारी। ३ वह सैनिक जो रथ पर शत्रु के प्रहार से उसकी रक्षा करने के लिये बैठाया जाता था। ४ दडनायक। सेनापति। परिधिस्थ। ५ अगरक्षक सैनिक (को०)। ६ आदर। अभ्यर्थना। सत्कार (को०)।

परिचर[२]—वि० भ्रमणशील। चल। गतिशील [को०]।

परिचरजाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **परिचर्या**] दे० 'परिचर्या'। उ०—निज कर गृह परिचरजा करई। रामचद्र आयेस अनुसरई। —मानस, ७। २४।

परिचरण—सज्ञा पुं० [स०] [वि० **परिचरणीय, परिचरितव्य**] १ सेवा करना या सेवा। परिचर्या। खिदमत। टहल। २ भ्रमण। चक्रमण (को०)।

परिचरणीय—वि० [सं०] १ परिचरण के योग्य। भ्रमण के योग्य। २ सेवा के योग्य [को०]।

परिचरत—सज्ञा स्त्री० [डिं०] प्रलय। कयामत।

परिचरितव्य—वि० [स०] दे० 'परिचरणीय' [को०]।

परिचरिता—सज्ञा पुं० [सं० **परिचरितृ**] सेवक। सेवा करनेवाला। शुश्रूषाकारी।

परिचरी—सज्ञा स्त्री० [स०] दासी। सेविका। लौंडी।

परिचर्जाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **परिचर्या**] दे० 'परिचर्या'।

परिचर्मण्य—सज्ञा पुं० [सं०] चमडे का बना हुआ फीता [को०]।

परिचर्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सेवा। टहल। खिदमत। २ रोगी की सेवा शुश्रूषा।

परिचायक—सज्ञा पुं० [स०] १ परिचय करानेवाला। जान पहचान करानेवाला। २ सूचित करनेवाला। जतानेवाला।

परिचाय्य—सज्ञा पु० [स०] १ यज्ञ की अग्नि। २ यज्ञकुड।

परिचार—सज्ञा पुं० [स०] १ सेवा। टहल। खिदमत। २ सेवक। टहलुआ। उ०—तजि कुलगामि को निसक होय क्यों न करे वेगि मृगनैनी अनुकपा परिचार पै। —मोहन०, पृ० १०३। ३ वह स्थान जो टहलने या घूमने फिरने के लिये निर्दिष्ट हो।

परिचारक—सज्ञा पुं० [सं०] १ सेवक। नौकर। भृत्य। टहलुआ। २. वह जो किसी रोगी की सेवा करने पर नियुक्त हो। शुश्रूषाकारी। ३ वह जो देवमदिर आदि का कार्य अथवा प्रबध करता हो।

परिचारण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० **परिचारी, परिचार्य**] १ सेवा करना। टहल या खिदमत करना। सेवकाई। खिदमतगारी। २ सहवास करना। सग करना या रहना।

परिचारनाⓊ—क्रि० स० [स० **परिचारण**] सेवा करना। खिदमत करना।

परिचारिⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **परिचारिका**] सेविका। टहलनी। उ०—हौं भई तुम परिचारि, नाथ तुम भए हमारे।—नद० ग्र०, पृ० २७५।

परिचारिक—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० **परिचारिका**] सेवक। खिदमतगार। दे० 'परिचारक'।

परिचारिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दासी। सेविका। मजदूरनी। उ०—जेहि सहसन परिचारिका राखत हाथहिं हाथ।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३०७।

परिचारिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिचारिका'। उ०—माँ से पूछने पर उसने यही कहा कि अपने यौवन मे परिचारिणी के रूप मे मैं बहुत स्थानो मे विचरी। —स० दरिया, पृ० ६०।

परिचारित—सज्ञा पु० [स०] खेल । क्रीडा । मनोरजन ।

परिचारी—वि० [सं० **परिचारिन्**] १ टहलनेवाला । वह जो भ्रमण करता हो । २ सेवा करनेवाला । टहलू । चाकर ।

परिचार्य—वि० [स०] सेव्य । सेवा करने योग्य । जिसकी सेवा करना उचित हो ।

परिचालक—सज्ञा पु० [सं०] १ चलानेवाला । चलने के लिये प्रेरित करनेवाला । २ किसी काम को जारी रखने तथा आगे बढानेवाला । सचालक । ३. गति देनेवाला । हिलानेवाला ।

परिचालकता—सज्ञा स्त्री० [स०] परिचालन करने की क्रिया, भाव अथवा शक्ति ।

परिचालन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० **परिचालित**] १. चलाना । चलने के लिये प्रेरित करना । चलने मे लगाना । २ कार्य का निर्वाह करना । कार्यक्रम को जारी रखना । जैसे,—इस पत्र का परिचालन उन्होने बडी ही उत्तमता के साथ किया । ३. हिलाना । गति देना । हरकत देना ।

परिचालित—वि० [स०] १ चलाया हुआ । चलने मे लगाया हुआ । २ निर्वाह किया हुआ । बराबर जारी रखा हुआ । ३ हिलाया हुआ । जिसे गति दी गई हो ।

परिचिंतन—सज्ञा पु० [स० **परिचिन्तन**] १ स्मरण करना । २. चिंतन करना । विचार करना [को०] ।

परिचित—वि० [स०] १. जिसका परिचय हो चुका हो । जाना बूझा । ज्ञात । मालूम । जैसे,—इस पुस्तक का विषय मेरा परिचित नही है । २ जिसको परिचय हो चुका हो । वह जो किसी को जान चुका हो । अभिज्ञ । वाकिफ । जैसे,—मैं उनके स्वभाव से बिलकुल परिचित नही हूँ । ३ जान पहचान रखनेवाला । मिलने जुलनेवाला । मुलाकाती । जैसे,—मेरी परिचित मडली अब इतनी बडी हो गई है कि मिलने जुलने मे ही प्राय मेरा सारा समय लग जाता है । ४ जैन दर्शन के अनुसार वह स्वर्गीय आत्मा जो दो बार किसी चक्र में आ चुकी हो । ५ इकट्ठा किया हुआ । ढेर लगा हुआ । सचित । ६ किसी काम को बार बार करना । अभ्यास । मश्क (को०) ।

परिचिति—सज्ञा स्त्री० [स०] परिचय । ज्ञान । अभिज्ञता । जानकारी ।

परिचिह्नित—वि० [सं०] हस्ताक्षरयुक्त (को०] ।

परिचीर्ण—वि० [स०] सेवित । जिसकी सेवा की गई हो (को०] ।

परिचुबन—सज्ञा पुं० [सं० **परिचुम्बन**] [वि० परिचुबित] प्रेमपूर्वक चुबन । भरपूर प्रेम या स्नेह से चुबन करना ।

परिचुंबित—वि० [सं० **परिचुंबित**] अतिशय प्रेम के साथ चूमा गया [को०] ।

परिचेय—वि० [सं०] १ परिचय योग्य । जान पहचान करने योग्य । साहब सलामत या राहोरस्म रखने योग्य । २. एकत्र करने योग्य । ढेर लगाने योग्य । सचय करने योग्य ।

परिचै†—सज्ञा पु० [स० **परिचय**] दे० 'परिचय' । उ०—जल जैसे तूँबा तिरै, परिचै पिंड जीव नहि मरै ।—रै० बानी, पृ० २ ।

परिचो†(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० **परिचय**] ज्ञान । उ०—करतल निरखि कहत सब गुन गन बहुतनि परिचो पाई । —तुलसी (शब्द०)।

परिच्छद—सज्ञा पु० [सं० **परिच्छन्द**] वस्त्र । पहरावा । पोशाक ।

परिच्छद—सज्ञा पुं० [स०] १ कपडा जो किसी वस्तु को ढक या छिपा सके । आच्छादन । ढाकनेवाली वस्तु । पट । जैसे, लिहाफ खोल, झूल आदि । २ वस्त्र । पहनावा । पोशाक । उ०—आपने जो मूल्यवान् परिच्छद मुझे पहनाया है ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३६८ । ३ राजचिह्न । ४. राजा आदि के सब समय साथ रहनेवाले नौकर । अनुचर । ५. परिजन । परिवार । कुटुंब । ५ असबाब । सामान । ७. प्रात । प्रदेश ।

विशेष—नागोद रियासत के खोह नामक गाँव मे जो ताम्रपत्र मिला है, उसमे इस शब्द का प्रयोग पाया गया है । वहाँ लिखा है—**दक्षिणेन बलवर्मा परिच्छद** ।

परिच्छन्न—वि० [स०] १. ढका हुआ । छिपा हुआ । २ जो कपडे पहने हो । वस्त्रयुक्त । वस्त्रादि से सज्जित । ३. जो साफ किया हुआ हो । ४. परिच्छद (सेवक, अनुचर आदि) से युक्त (को०) ।

परिच्छा(पु)—सज्ञा स्त्री० [स० **परीक्षा**] दे० परीक्षा' ।

परिच्छित्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सीमा । अवधि । इयत्ता । हद । ३. दो पदार्थों को बिलकुल अलग अलग कर देना । सीमा द्वारा दो वस्तुओ को एक दूसरी से बिलकुल जुदा कर देना । ३ विभाग । बाँट । ४. यथार्थ व्याख्या । सूक्ष्म व्याख्या (को०) ।

परिच्छिन्न—वि० [सं०] १ परिच्छेदविशिष्ट । सीमायुक्त । परिमित । मर्यादित । २. विभक्त । विभाजित । अलग अलग किया हुआ । ३ चारो ओर से कुछ कटा हुआ (को०) । ४. जिसका उपचार किया गया हो (को०) ।

परिच्छेद—सज्ञा पुं० [स०] १ काटकर विभक्त करने का भाव । खड या टुकडे करना । विभाजन । २ ग्रथ या पुस्तक का ऐसा विभाग या खड जिसमे प्रधान विषय के अगभूत पर स्वतत्र विषय का वर्णन या विवेचन होता है । ग्रथ का कोई स्वतत्र विभाग । ग्रथविच्छेद । ग्रथसधि । अध्याय । जैसे,—अमुक पुस्तक मे कुल १० परिच्छेद हैं ।

विशेष—ग्रथ के विषय के अनुसार उसके विभागो के नाम भी भिन्न भिन्न होते हैं । काव्य मे प्रत्येक को सर्ग, कोष मे वर्ग, अलकार में परिच्छेद तथा उच्छ्वास, कथा मे उद्घात, पुराण और सहिता आदि मे अध्याय, नाटक मे अक, तत्र मे पटल, ब्राह्मण मे काड, सगीत मे प्रकरण और भाष्य मे आह्निक कहते हैं । इसके अतिरिक्त पाद, तरग, स्तवक, प्रपाठक, स्कध, मजरी, लहरी, शाखा आदि भी परिच्छेद के स्थानापन्न हुआ करते हैं । परिच्छेद का नाम विषय के अनुसार नही किंतु सख्या के अनुसार होता है, जैसे, नवाँ परिच्छेद, दसवाँ परिच्छेद ।

३. सीमा । इयत्ता । अवधि । हद । दो वस्तुओ को स्पष्ट रूप से अलग अलग कर देना । सीमानिर्धारण द्वारा दो वस्तुओ को

विलगाना। परिभाषा द्वारा दो वस्तुओं या भावों का अंतर स्पष्ट कर देना। जैसे, सत्यासत्य का परिच्छेद, धर्माधर्म का परिच्छेद। ५ निर्णय। निश्चय। फैसला। ६. विभाग। बँटवारा।

परिच्छेदक—संज्ञा पु० [सं०] १ सीमा या इयत्ता निर्धारित करनेवाला। हद मुकर्रर करनेवाला। २ विलगानेवाला। पृथक् करनेवाला। ३. सीमा। हद। ४ परिमाण, गिनती, नाप या तोल।

परिच्छेदकर—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की समाधि।

परिच्छेदन—संज्ञा पुं० [सं०] १ विभाजन। बँटवारा। २ पुस्तक का अध्याय। ३ अवधारण। विवेचन [को०]।

परिच्छेदातीत—वि० [सं०] जिसका परिच्छेद न हो सके। जिसकी सीमा, विभाग, इयत्ता, अवधि आदि की परिभाषा या निर्धारण न हो सके।

परिच्छेद्य—वि० [सं०] १ गिनने, नापने या तोलने योग्य। परिमेय। २ अलग करने योग्य। विलगाने योग्य। विभाज्य।

परिच्युत—वि० [सं०] १ सब भाँति गिरा हुआ। सर्वथा भ्रष्ट या पतित। ३ जाति या पंक्ति से बहिष्कृत। बिरादरी से निकाला हुआ।

परिच्युति—संज्ञा स्त्री० [सं०] गिरना। पतन। स्खलन। भ्रंश।

परिछन—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परछन'। उ०—(क) कंचन थार सोह वर पानी। परिछन चली हरहि हरषानी।—मानस, १।९६। (ख) को जान केहि आनंद बस सब ब्रह्म वर परिछन चली।—मानस, १।३१८।

परिछना[1]—क्रि० स० [हिं०] दे० 'परछना' उ०—बधुन्ह सहित सुत परिछि सब चली लवाइ निकेत।—मानस, १।३४९।

परिछना[2]†—क्रि० स० [सं० परीक्षा, हिं० परिच्छा, परीछा] परीक्षा लेना। परखना। जाँचना। उ०—कहिए अब लौ ठहरयो कौन। सोई भाग्यो तुव साम्हे सो गयो परिछयो जौन।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० २९८।

परिछाहीं—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'परछाईं'। उ०—मन थिर करहु देव डर नाहीं। भरतहि जान राम परिछाही।—तुलसी (शब्द०)।

परिछिन्नⓅ—वि० [स० परिच्छिन्न] दे० 'परिच्छिन्न'।

परिजकⓅ—संज्ञा पुं० [सं० पर्यङ्क] दे० 'पर्यंक'।

परिजटनⓅ—संज्ञा पुं० [स० परिप्रटन>पर्यटन] दे० 'पर्यटन'।

परिजन—संज्ञा पुं० [सं०] १ परिवार। आश्रित या पोष्य वर्ग। वे लोग जो अपने भरण पोषण के लिये किसी एक व्यक्ति पर अवलंबित हों, जैसे, स्त्री, पुत्र, सेवक आदि। २ सदा साथ रहनेवाले सेवक। अनुचरवर्ग।

परिजनता—संज्ञा स्त्री० [स०] १ परिजन होने का भाव। २. अधीनता।

परिजन्मा—संज्ञा पुं० [सं० परिजन्मन्] १ चंद्रमा। २ अग्नि।

परिजपित—वि० [सं०] (प्रार्थना, जप आदि) जो मंद स्वर से उच्चरित हो [को०]।

परिजप्त—वि० [सं०] १ मुग्ध। मोहित। २ दे० 'परिजपित'।

परिजय्य—संज्ञा पुं० [स०] वह जो चारो ओर जय करने मे समर्थ हो। सब ओर जीत सकनेवाला।

परिजल्पित—संज्ञा पुं० [सं०] १ चित्रजल्प का दूसरा भेद। दे० 'चित्रजल्प'। २. अपने मालिक के दुर्गुणो का कथन करते हुए सेवक द्वारा अव्यक्त रूप मे अपने कौशल, उत्कर्ष आदि की अभिव्यक्ति (को०)।

परिजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] आदि जन्मभूमि। उद्गम। निकास।

परिजात—वि० [सं०] १ उत्पन्न। जन्मा हुआ। २ पूर्ण विकसित।

परिज्ञप्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] १. बातचीत। कथोपकथन। २ पहचान या पहचानना।

परिज्ञा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ ज्ञान। २ सूक्ष्म ज्ञान। निश्चयात्मक ज्ञान। संशयरहित ज्ञान।

परिज्ञात—वि० [सं०] १. जाना हुआ। विशेष या सम्यक् रूप से जाना हुआ। २ निश्चित रूप से जाना हुआ।

परिज्ञाता—वि०, संज्ञा पुं० [स० परिज्ञातृ] अच्छी तरह जानने बूझने और पहचाननेवाला [को०]।

परिज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी वस्तु का भली भाँति ज्ञान। पूर्ण ज्ञान। सम्यक् ज्ञान। २ निश्चयात्मक ज्ञान। ऐसा ज्ञान जिसपर पूरा भरोसा हो। उ०—तुम्हे इतनी भी समझ या परिज्ञान नहीं।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४६। ३ सूक्ष्म ज्ञान। भेद अथवा अंतर का ज्ञान। किसी वस्तु के सूक्ष्म से सूक्ष्म गुण दोषो का ज्ञान।

परिज्वा—संज्ञा पुं० [स० परिज्वन्] १ चंद्रमा। २ अग्नि। ३ सेवक। ४ यज्ञ करनेवाला। ५ इंद्र।

परिठनाⓅ†—वि० [सं० परिस्थिति, प्रा० परिट्ठिअ, अथवा स० प्रतिष्ठित, प्रा० परिट्ठिअ] पूर्णत स्थित या स्थापित होना। उ०—भुमुहाँ ऊपर सोहली परिठिउ जाणि क चग। ढोला एही मारुवी नव नेही नव रग।—ढोला०, दू० ४६५।

परिडीन—संज्ञा पुं० [सं०] किसी पक्षी की वृत्ताकार गति मे उड़ान। किसी पक्षी का चक्कर काटते हुए उड़ना।

परिणत—वि० [सं०] [स्त्री० परिणति] १ बिलकुल या बहुत झुका हुआ। अति नम्र या नत। २ जिसका परिणाम हुआ हो। जो बदलकर और का और हो गया हो। बदला हुआ। विकारयुक्त। रूपांतरित। अवस्थांतरित। जैसे, दूध का दही के रूप मे परिणत होना। ३ पका हुआ। पक्का। जैसे, परिणत फल। ४ पचा हुआ। रसादि में परिवर्तित (भोजन)। ५ प्रौढ़। पुष्ट। बढ़ा हुआ। पक्का। कच्चा का उलटा (बुद्धि या वय)। ६ समाप्त। अवसित (को०)।

परिणति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. झुकाव। नीचे की ओर झुकना। अवनति। २ बदलना। रूपांतर होना। अवस्थांतर प्राप्ति। परिणयन। विकृति। ३ पकना या पचना। परिपाक। ४.

प्रौढ़ावस्था। प्रौढ़ता। पक्वता। पुष्टि। पुख्तगी। ५ वृद्धता। बुढ़ाई। ६ अत। अवसान।

परिणद्ध—वि० [स०] १. लपेटा हुआ। मढा हुआ। आवृत्त। २ बाँधा हुआ। जकड़ा हुआ। ३ विस्तीर्ण। चौडा। विशाल।

परिणमन—सज्ञा पुं० [स०] परिणत होने की क्रिया। परिणाम को प्राप्त करना। रूपातरण होना (को०)।

परिणमयिता—वि० [स० परिणमयितृ] परिणत करनेवाला। परिणाम को पहुँचा देनेवाला [को०]।

परिणय—सज्ञा पुं० [स०] ब्याह। विवाह। उद्वाह। दारपरिग्रह। शादी।

परिणयन—सज्ञा पु० [सं०] ब्याहना। विवाह करने की क्रिया। दारपरिग्रह। उ०—आनदित जनपद सबै पुरतिय मंगल गाय। चद ब्रह्म परिणयन करि सुर अप धामनि जाय। —प० रासो, पृ० १५।

परिणहन—सज्ञा पुं० [स०] १ चारो ओर से बाँधने का भाव। २ लपेटने या आवृत करने का भाव।

परिणाम—सज्ञा पु० [सं०] १ बदलने का भाव या कार्य। बदलना। एक रूप या अवस्था को छोडकर दूसरे रूप या अवस्था को प्राप्त होना। रूपातरप्राप्ति। २ प्राकृतिक नियमानुसार वस्तुओ का रूपातरित या अवस्थातरित होना। स्वाभाविक रीति से रूपपरिवर्तन या अवस्थातरप्राप्ति। मूल प्रकृति का उलटा। विकृति। विकारप्राप्ति (साख्य)।

विशेष—साख्य दर्शन के अनुसार प्रकृति का स्वभाव ही परिणाम अर्थात् एक रूप या अवस्था से च्युत होकर दूसरे रूप या अवस्था को प्राप्त होते रहना है, और उसका यह स्वभाव ही जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और नाश का कारण है। जिस परिणाम के कारण जगत् की रचना होती है उसे 'विरूप' अथवा 'विसदृश परिणाम' और जिसके कारण उसका अभाव या प्रलय होता है उसे 'स्वरूप' अथवा 'सदृश परिणाम' कहते हैं। सत्व, रज, तम की साम्यावस्था भग होकर उनके परस्पर विषम परिणाम में सयुक्त होने से क्रमशः असख्य कार्यों अथवा जगत् के पदार्थों का उत्पन्न होना 'विरूप परिणाम' है और फिर इसी कार्यशृखला का अपने अपने कारण में लीन होते हुए व्यक्त जगत् का अभाव प्रस्तुत करना 'स्वरूप परिणाम' है। 'विरूप परिणाम' से त्रिगुणों की साम्यावस्था विनष्ट होती है और वे स्वरूप से च्युत होते हैं और 'स्वरूप परिणाम' से उन्हें पुन साम्यावस्था तथा स्वरूपस्थिति प्राप्त होती है। पुरुष अथवा आत्मा के अतिरिक्त ससार में और जो कुछ है सब परिणामी है अर्थात् रूपांतरित होता रहता है तथापि कुछ पदार्थों का परिणाम शीघ्र दिखाई पड जाता है। कुछ का बहुत समय में भी दृष्टिगोचर नही होता। जो परिणाम शीघ्र उपलब्ध होता है उसे 'तीव्र परिणाम' और जिसकी उपलब्धि बहुत देर में होती है उसे 'मृदु परिणाम' कहते हैं। सदृश अथवा विसदृश परिणाम में से जब एक की मृदुता चरम अवस्था को पहुँच जाती है, तब दूसरा परिणाम आरंभ होता है।

३ प्रथम या प्रकृत रूप या अवस्था से च्युत होने के उपरात प्राप्त हुआ दूसरा रूप या अवस्था। किसी वस्तु का कार्यरूप या कार्यावस्था। विकृति। विकार। रूपातर। अवस्थातर। जैसे, दूध का परिणाम दही, लकडी का राख आदि। ४ किसी वस्तु के एक धर्म के निवृत्त होने पर दूसरे धर्म की प्राप्ति। एक धर्म या समुदाय का तिरोभाव या क्षय होकर दूसरे धर्म या सस्कारो का प्रादुर्भाव या उदय। एक स्थिति से दूसरी स्थिति में प्राप्ति (योग)।

विशेष—पातजल दर्शन में चित्त के निरोध, समाधि और एकाग्रता नाम से तीन परिणाम माने हैं। व्युत्थान अर्थात् राजस भूमियों के सस्कारों का प्रतिक्षण अधिकाधिक अभिभूत, लुप्त या निरुद्ध अथवा 'परवैराग्य' अर्थात् शुद्ध सात्विक संस्कारों का उदित और वर्धित होते जाना चित्त का 'निरोध' परिणाम' है। चित्त की सर्वार्थता या विक्षेपरूप धर्म का क्षय और एकाग्रता रूप धर्म का उदय होना अर्थात् उसकी चचलता का सर्वांश में लोप होकर एकाग्रता धर्म का पूर्णरूप से प्रकाश होना, 'समाधि परिणाम' है। एक ही विषय में चित्त के शात और उदित दोनो धर्म अर्थात् भूत और वर्तमान दोनो वृत्तियाँ 'एकाग्रता परिणाम' हैं। समाधि परिणाम में चित्त का विक्षेप धर्म शात हो जाता है अर्थात् अपना व्यापार समाप्त करके भूत काल में प्रविष्ट हो जाता है और केवल एकाग्रता धर्म उदित रहता है अर्थात् व्यापार करनेवाले धर्म की अवस्था में रहता है। परतु एकाग्रता परिणाम की अवस्था मे चित्त एक ही विषय मे इन दोनो प्रकार के धर्मों या वृत्तियो से सबध रखता हुआ स्थित होता है। चित्त के परिणामो की तरह स्थूल सूक्ष्म भूतों तथा इद्रियों के भी उक्त दर्शन में तीन परिणाम बताए गए हैं—धर्म परिणाम, लक्षण परिणाम, और अवस्था परिणाम। द्रव्य अथवा धर्मी का एक धर्म को छोडकर दूसरा धर्म स्वीकार करना धर्म परिणाम है, जैसे, मृत्तिकारूप धर्मी का पिंडरूप धर्म को छोडकर घटरूप धर्म को स्वीकार करना। एक काल या सोपान मे स्थित धर्म का दूसरे काल या सोपान में आना लक्षण परिणाम है, जैसे, पिंडरूप मे रहने के समय मृत्तिका का घटरूप धर्म भविष्यत् या अनागत सोपान मे था, परतु उसके घटाकार हो जाने पर वह तो वर्तमान सोपान में आ गया और उसका पिंडताधर्म भूत सोपान मे स्थित हो गया। किसी धर्म का नवीन या प्राचीन होना अवस्था परिणाम है। जैसे, घडे का नया या पुराना होना। इसी प्रकार दृष्टि, श्रवण आदि इद्रियों का एक रूप या शब्द का ग्रहण छोडकर दूसरे रूप या शब्द का ग्रहण करना उसका 'धर्म परिणाम' है। दर्शन, श्रवण आदि धर्म का वर्तमान, भूत आदि होकर स्थित होना 'लक्षण परिणाम' है और उनमें अस्पष्टता स्पष्टता होना 'अवस्था परिणाम' है।

५ एक अर्थालंकार जिसमें उपमेय के कार्य का उपमान द्वारा किया जाना अथवा अप्रकृत (उपमान) का प्रकृत (उपमेय) से एकरूप होकर कोई कार्य करना कहा जाता है। जैसे, 'कर कमलन धनु सायक फेरत' अथवा 'हरे हरे पद कमल तें फूलन बीनति बाल'। इन उदाहरणों में 'धनुसायक फेरना' और 'फूल चुनना' वस्तुत कर के कार्य हैं, पर कवि ने उसके उपमान कमल द्वारा इनका किया जाना कहा है।

विशेष—रूपक अलंकार से इसमें यह भेद है कि इसके उपमान से कोई विशेष कार्य कराकर अर्थ मे चमत्कार पैदा किया जाता है परतु रूपक के उपमान से कोई कार्य कराने की ओर लक्ष्य ही नही होता। केवल उपमेय पर उसका आरोप भर कर दिया जाता है। 'कर कमलन धनुसायक फेरत' 'अपने करकज लिखी यह पाती,' 'मुख शशि हरत अँधार' आदि परिणाम के उदाहरणों से यह बात स्पष्ट हो जाती है।

६. पकने या पचने का भाव। पाक। ७ बाढ। विकास। वृद्धि। परिपुष्टि। ८ वृद्ध होना। बूढ़ा होना। ९ बीतना। समाप्त होना। अवसान। १० नतीजा। फल।

परिणामक—वि० [स०] परिणाम लानेवाला। रूपातर या अवस्थांतर लानेवाला [को०]।

परिणामदर्शी—वि० [स० **परिणामदर्शिन्**] जिसे काम करने के पहले उसका नतीजा मालूम हो जाय। फल को सोचकर कार्य करनेवाला। सोच समझकर कार्य करनेवाला। भविष्य या होनहार को जान सकनेवाला सूक्ष्मदर्शी। दूरदर्शी।

परिणामदृष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] किसी कार्य के परिणाम को जान लेने की शक्ति। आगामी फल की ओर दृष्टि।

परिणामन—सज्ञा पुं० [स०] १ परिणत करना। पूर्ण पुष्ट तथा वर्धित करना। २ परिणाम को प्राप्त कराना। ३ जाति या सघ का उद्दिष्ट वस्तु को अपने काम मे लाना (बौद्ध)।

परिणामपथ्य—वि० [स०] अच्छे परिणामवाला। उत्तम फलदायक [को०]।

परिणामवाद—सज्ञा पुं० [स०] वह सिद्धात जिसमें जगत् की उत्पत्ति नाश आदि नित्य परिणाम के रूप में माने जाते हैं। (सांख्य मत)।

परिणामवादी—वि० [सं० **परिणामवादिन्**] परिणामवाद को माननेवाला। सांख्य मतानुयायी [को०]।

परिणामशूल—सज्ञा पुं० [स०] एक रोग जिसमें भोजन पचने के समय पेट में पीडा होती है।

परिणामिक—वि० [सं०] सुपाच्य। सरलता से पच जानेवाला [को०]।

परिणामित्व—सज्ञा पुं० [सं०] बदलने का स्वभाव या धर्म। परिवर्तनशीलता।

परिणामिनित्य—वि० [स०] जो नित्य हो, पर बदलता रहे। जो परिणामशील होकर नित्य या अविनाशी हो। जिसकी सत्ता स्थिर रहे पर रूप, आकार आदि बदलता रहे। जो एकरस न होकर भी अविनाशी हो।

विशेष—सांख्य दर्शन के अनुसार प्रकृति परिणामिनित्य है और पुरुष अथवा आत्मा अपरिणामिनित्य।

परिणामी—वि० [स० **परिणामिन्**] [वि० स्त्री० **परिणामिनी**] १ जो बराबर बदलता रहे। जिसका बदलने का स्वभाव हो। रूपातरित होने या रहनेवाला। परिवर्तनधर्मी। २. जो परिवर्तन स्वीकार करे। बदलनेवाला।

परिणाय—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी वस्तु को जिस दिशा में चाहे चलाना। सब ओर चलाना। २ चौसर, शतरज आदि के गोटों को चलाना। ३ विवाह। ब्याह।

परिणायक—सज्ञा पुं० [स०] १ नेता। चलानेवाला। पथप्रदर्शक। २ सेनापति। ३ स्वामी। पति। भर्ता।

परिणयकरत्न—सज्ञा पुं० [स०] बौद्ध चक्रवर्ती। राजाओ के सप्तधन अथवा सात कोषो में से एक।

परिणाह—सज्ञा पुं० [सं०] १ विस्तार। फैलाव। २ विशालता। चौडाई। ३ लबी साँस। दीर्घ श्वास।

परिणाहवान्—वि० [स० **परिणाहवत्**] विस्तारयुक्त। फैला हुआ। प्रशस्त।

परिणाही—वि० [स० **परिणाहिन्**] विस्तारयुक्त। फैला हुआ। विस्तृत।

परिणिंसक—सज्ञा पुं० [स०] १ चूमनेवाला। चुबनकारी। २ खानेवाला। भक्षणकारी।

परिणिंसा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. चूमना। चुबन। २ खाना। भक्षण।

परिणीत—वि० [स०] १. विवाहित। जिसका ब्याह हो चुका हो। २ समाप्त। सपन्नकृत। पूर्ण।

परिणीतरत्न—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिणायकरत्न'।

परिणीता—वि० [सं०] विवाहिता। विवाह की हुई (स्त्री)।

परिणीता—सज्ञा स्त्री० विवाहिता स्त्री। पत्नी। [को०]।

परिणेतव्या—वि० स्त्री० [सं०] परिणय के योग्य (कुमारी)। विवाह के योग्य [को०]।

परिणेता—सज्ञा पुं० [स० **परिणेतृ**] स्वामी। पति। भर्ता।

परिणेय—वि० [सं०] चारो ओर घुमाया जानेवाला [को०]।

परिणेया—वि० [सं०] ब्याहने योग्य (स्त्री)। पत्नी या भार्या बनाने के उपयुक्त।

परितः—अव्य० [सं० **परितस्**] १ सब ओर। चारो ओर। २ सब प्रकार। सपूर्ण रूप से। सर्वतोभाव से।

परितच्छ(पु)[१]—सज्ञा पुं० [सं० **प्रत्यक्ष**] दे० 'प्रत्यक्ष'।

परितच्छ(पु)[२]—क्रि० वि० सामने से। देखते देखते।

परितनु—वि० [सं०] सब कही फैला हुआ। सर्वत्र व्याप्त। सर्वतोव्याप्त (अथर्ववेद)।

परितप्त—वि० [सं०] १ तपा हुआ । अत्यत गरम । जलता हुआ । २ क्लेश का अनुभव करता हुआ । दु खित । सतप्त ।

परितप्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ तपन । जलन । दाह । गरमी । २. दु ख । क्लेश । व्यथा । मनस्ताप ।

परितर्कण—सज्ञा पुं० [सं०] मनोयोगपूर्वक विचार । विशेष रूप से विमर्श करना [को०] ।

परितर्कित—वि० [सं०] १ सभावित । सभावनायुक्त । २ परीक्षित । निर्णीत [को०] ।

परितर्पण—सज्ञा पुं० [स०] सतुष्ट करना । प्रसन्न करना । तृप्त करना [को०] ।

परिताप—सज्ञा पुं० [स०] १ अत्यत जलन । गरमी । आँच । ताव । २ दु ख । क्लेश । पीडा । व्यथा । दर्द । तकलीफ । ३ मानसिक दु ख या क्लेश । सताप । मनस्ताप । क्षोभ । उद्वेग । रज । ४ पश्चात्ताप । पछतावा । उ०—अपने समय के नष्ट होने का परिताप होता है । —प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४४६ । ५ भय । डर । ६ कप । कँपकँपी । ७ एक विशेष नरक का नाम ।

परितापक—वि० [सं०] क्षोभक । तापक । कष्टदायी । दु खद । उ०—वेदना का स्वभाव विषय के आह्लादक, परितापक और इन दोनो आकारों से विविध स्वरूप का अनुभव करना है ।—सपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० ३४७ ।

परितापित—वि० [सं०] सतापित । परितप्त । पीडित । तपाया हुआ । उ०—अब भी चेत ले तू नीच । दु ख परितापित धरा का स्नेह जल से सींच ।—राज्यश्री, पृ० ४८ ।

परितापी[1]—वि० [स० **परितापिन्**] १ जिसको परिताप हो । परितापयुक्त । दु खित या व्यथित । २ जलता हुआ । अत्यत तापयुक्त । ३ परितापकर्ता । पीडा देनेवाला । सतानेवाला । उ०—कृपारहित हिंसक सब पापी । बरनि न जाइ विश्व परितापी ।—मानस, १।१७६ ।

परितापी[2]—सज्ञा पुं० [स०] परितापकर्ता या पीडा देनेवाला व्यक्ति । उत्पीडक । सतानेवाला ।

परितिक्त[1]—वि० [स०] अत्यत तीता । बहुत तिक्त ।

परितिक्त[2]—सज्ञा पु० नीम । निंब ।

परितुष्ट—वि० [सं०] १ खूब सतुष्ट । जिसका पूर्ण रीति से सतोष हो गया हो । २ प्रसन्न । खुश ।

परितुष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ परितुष्ट होने का भाव । सतुष्टता । सतोष । परितोष । २ प्रसन्नता । खुशी ।

परितृप्त—वि०] स०] अघाया हुआ । सतुष्ट । तृप्त ।

परितृप्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] अघाना । सतुष्टि । तृप्ति ।

परितोष—सज्ञा पुं० [सं०] १ संतोष । तृप्ति । उ०—ब्रजप्रसाद को पूरन पोष । रसबस लह्यो प्रान परितोष ।—घनानद, पृ० ३०६ । २ प्रसन्नता । खुशी । वह प्रसन्नता जो किसी विशेष अभिलाषा या इच्छा के पूर्ण होने मे उत्पन्न हो ।

परितोषक—सज्ञा पुं० [सं०] परितोष करनेवाला । सतुष्ट करनेवाला । प्रसन्न या खुश करनेवाला ।

परितोषण—सज्ञा पुं० [सं०] परितुष्टि । सतोष ।

परितोषवान्—वि० [सं० **परितोषवत्**] परितोषयुक्त । सतुष्ट । परितुष्ट ।

परितोषी—वि० [सं० **परितोषिन्**] सतोषशील । सतोषी ।

परितोसⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **परितोष**] दे० 'परितोष' ।

परित्यक्त—वि० [स०] १ जो त्याग दिया गया हो । जो छोड दिया गया हो । २. छोडा, फेंका, निकाला या दूर किया हुआ ।

परित्यक्ता[1]—सज्ञा पुं० [स० **परित्यक्तृ**] परित्याग करनेवाला । त्यागने, छोडने या फेंकनेवाला ।

परित्यक्ता[2]—वि० स्त्री० [**परित्यक्त का स्त्री०**] त्यागी हुई । छोडी हुई ।

परित्यजन—सज्ञा पुं० [स०] परित्याग की क्रिया । त्यागना । छोडना । फेंकना । निकालना ।

परित्यज्य—वि० [स०] परित्याग के योग्य । फेंकने, छोडने या निकालने योग्य ।

परित्याग—सज्ञा पु० [स०] १ त्यागने का भाव । त्याग । २ निकालना । अलग कर देना । छोडना । ३ यज्ञ । याग (को०) । ४ अलगाव । जुदाई (को०) । ५ औदार्य । उदारता (को०) ।

परित्यागनाⓊ—क्रि० स० [स० **परित्यजन**] छोड देना । त्याग देना ।

परित्यागी—वि० [सं० **परित्यागिन्**] परित्यागशील । त्याग करनेवाला । छोडनेवाला ।

परित्याजन—सज्ञा पुं० [सं०] परित्याग की क्रिया । छोडना । निकालना ।

परित्याज्य—वि० [सं०] परित्यागयोग्य । त्यागने या छोड देने के योग्य । खारिज करने के काबिल ।

परित्रस्त—वि० [सं०] अधिक भयभीत । अत्यत त्रस्त । विशेष डरा हुआ [को०] ।

परित्राण—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी की रक्षा करना, विशेषत ऐसे समय मे जब कोई उसे मार डालने को उद्यत हो । बचाव । हिफाजत । रक्षा । २ आत्मरक्षण । अपनी रक्षा । ३ शरीर के बाल । रोगटे । ४ पूर्णत रक्षण या बचाव (को०) । ५ पनाह । शरण । आश्रय (को०) ।

परित्राप्त—वि० [स०] जिसकी रक्षा की गई हो । रक्षाप्राप्त ।

परित्रातव्य—वि० [स०] रक्षा करने योग्य । परिरक्षितव्य [को०] ।

परित्राता—सज्ञा पुं० [स० **परित्रातृ**] परित्राणकर्ता । रक्षक । रक्षा करनेवाला । बचानेवाला ।

परित्रायक—सज्ञा पुं० [सं०] परित्राता । रक्षक । रक्षा करनेवाला ।

परित्रास—सज्ञा पुं० [सं०] विशेष भय । बहुत डर [को०] ।

परिदर्शित—वि० [सं०] बक्तर से भली भाँति ढँका हुआ । जिरहपोश ।

परिदग्ध—वि० [स०] अत्यत जला हुआ । झुलसा हुआ [को०] ।

परिदर—सज्ञा पुं० [सं०] दाँतो का एक रोग जिसमे मसूढे दाँतों से अलग हो जाते हैं और थूक के साथ रक्त निकलता है। वैद्यक के अनुसार यह रोग पित्त, रुधिर और कफ के प्रकोप से होता है।

परिदर्शन—सज्ञा पुं० [स०] १ सम्यक् रूप से अवलोकन। भली-भाँति देखना। २ दर्शन। अवलोकन। देखना।

परिदलन—सज्ञा पुं० [स०] नष्ट करना। रौंदना [को०]।

परिदलित—वि० [स०] दलित। दमित। कुठित। उ०—अज्ञात मन क्षेत्र से कोई परिदलित ग्रथि उसी प्रकार प्रस्फुटित हो जाती है जैसे बच्चे अपने मन की बातें बाह्य जगत् में देखने लग जाते हैं।—सपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० २९४।

परिदष्ट—वि० [सं०] १ जो काटकर टुकडे टुकड़े कर दिया गया हो। २ काटा हुआ। दशित।

परिदहन—सज्ञा पुं० [स०] अच्छी तरह जलाना। दग्ध करना। झुलसाना [को०]।

परिदान—सज्ञा पुं० [सं०] १ लौटा देना। वापस कर देना। फिर दे देना। फेर देना। २ विनिमय। परिवर्तन। अदला बदली।

परिदाय—सज्ञा पुं० [स०] सुगध। परिमोद। खुशबू।

परिदायी—सज्ञा पुं० [स० परिदायिन्] वह व्यक्ति जो ऐसे व्यक्ति को अपनी कन्या दान करे जिसका बडा भाई अविवाहित हो। परिवेत्ता का ससुर।

परिदाह—सज्ञा पु० [सं०] १ अत्यत दाह या जलन। २ मानसिक पीडा या व्यथा। शोक। संताप।

परिदिग्ध[1]—वि० [सं०] १ जो किसी अन्य वस्तु के आवरण से ढक दिया गया हो। किसी वस्तु से लिप्त या पुता हुआ [को०]।

परिदिग्ध[2]—सज्ञा पुं० मास का वह टुकडा जिसपर अन्न की तह या लेप चढ़ाकर पकाया गया हो [को०]।

परिदीन—वि० [स०] जिसको अतिशय मानसिक दुःख हो। अत्यत खिन्नचित्त।

परिदृढ—वि० [सं०] बहुत मजबूत। नितात दृढ़ [को०]।

परिदेव—सज्ञा पुं० [स०] विलाप। रोना धोना।

परिदेवन—सज्ञा पुं० [सं०] विलाप करना। कलपना। रोकर आतरिक दुःख जताना। अनुशोचन। अनुतापन।

परिदेवना—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिदेवन' [को०]।

परिद्यून—वि० [स०] दुःखयुक्त। पीडायुक्त। शोक या वेदनामय [को०]।

परिद्रष्टा—सज्ञा पुं० [सं० परिद्रष्ट] परिदर्शनकारी। दर्शन करनेवाला। देखनेवाला। अवलोकन करनेवाला।

परिद्वीप—सज्ञा पुं० [स०] गरुड के एक पुत्र का नाम।

परिध—सज्ञा पुं० [सं० परिधि] दे० 'परिधि'।

परिधनⓊ—सज्ञा पुं० [स० परिधान] नीचे पहनने का कपडा। धोती आदि। उ०—(क) कुद इदु दर गौर सरीरा। भुज प्रलव परिधन मुनि चीरा। —तुलसी (शब्द०)। (ख) सीस जटा सरसीरुह लोचन, बने परिधन मुनि चीर।—तुलसी (शब्द०)।

परिधान—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी वस्तु से अपने शरीर को चारो ओर से छिपाना। कपडे लपेटना। २ कपडा पहनना। ३ वह जो पहना जाय। वस्त्र, कपडा, पोशाक। पहनावा। ४ धोती आदि नीचे पहनने के वस्त्र। ५ स्तुति, प्रार्थना, गायन आदि का समाप्त करना।

परिधानीय—वि० [स०] [वि० स्त्री० परिधानीया] परिधान योग्य। पहनने योग्य। २ जो पहना जाय। वस्त्र। परिधेय।

परिधायन—सज्ञा पुं० [सं०] वस्त्र। पहनावा [को०]।

परिधाय—सज्ञा पुं० [स०] १. पहनावा। परिधेय। वस्त्र। २ जलस्थान। ३ नितब (को०)। ४ जनस्थान। जनपद (को०)।

परिधायक—सज्ञा पुं० [सं०] १ ढकने, लपेटने या चारो ओर से घेरनेवाला। २ बाडा। रुँधान। ३ चहारदीवारी।

परिधारण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिधार्य, परिधृत] १ उठाना। सहारना। धारण करना। २ बचा रखना। रक्षा करना।

परिधावन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पहनने की प्रेरणा करना। २ पहनवाना।

परिधावन[2]—सज्ञा पु० [सं०] १ दौडना। भागना। २ पीछे पीछे दौडना [को०]।

परिधावी[1]—वि० [सं० परिधाविन्] १ दौडनेवाला। २ द्रवणशील। बहनेवाला (को०)।

परिधावी[2]—सज्ञा पुं० बृहस्पति के ६० वर्ष के युगचक्र या फेरे मे से ४६ वाँ या २० वाँ वर्ष।

परिधि—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह रेखा जो किसी गोल पदार्थ के चारो ओर खीचने से बने। गोल वस्तु की चौहद्दी बनानेवाली रेखा। गोल पदार्थ का विस्तार नियमित करनेवाली रेखा। घेरा। २ रेखागणित में वह रेखा जो किसी वृत्त के चारो ओर खिची हुई हो। वृत्त की चतु सीमा प्रस्तुत करनेवाली रेखा। दायरे की शक्ल या चौहद्दी बनानेवाली रेखा। घेरा। ३ सूर्य चद्र आदि के आस पास देख पडनेवाला घेरा। परिवेश। मडल। ४ किसी प्रकार का, विशेषत किसी वस्तु की रक्षा के लिये बनाया हुआ, घेरा। बाडा, रुँधान या चहारदीवारी। ५. घेरा। सीमा। वृत्त। दायरा। उ०—मैं किसी उचित रीति से उसकी शत्रुता की परिधि के बाहर जा सकता हूँ। —भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ०, ६२३। ६ यज्ञकुड के आसपास गाड़े जानेवाले तीन खूँटे।

विशेष—इन खूँटों के नाम दक्षिण, उत्तर और मध्यम होते थे।

६. कक्षा। नियत या नियमित मार्ग। ७ परिधेय। कपड़ा। वस्त्र। पोशाक। ८ प्रकाशमडल। ज्योतिवृत्त (को०)। ९ आवरण (को०)। १० पहिए का घेरा (को०)। ११. क्षितिज (को०)। १२ समिधा (को०)।

परिधिपतिखेचर—सज्ञा पुं० [सं०] शिव [को०]।

परिधिस्थ—सज्ञा पुं० [सं०] १ परिचारक। परिचर। सेवक। खिदमतगार। २. वे सैनिक जो रथ के चारो ओर इसलिये खडे कराए जाते थे कि शत्रु के प्रहार से रथ और रथी की रक्षा करते रहें। रथ और रथी की रक्षक सेना।

परिधीर—वि० [सं०] अतिशय धीर। गभीर।

परिधूपित—वि० [सं०] पूर्णत धूप से वासित। पूर्णत सुगधयुक्त किया हुआ [को०]।

परिधूमन—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार तृष्णा रोग का एक उपद्रव जिसमें एक विशेष प्रकार की कै आती है।

परिधूमायन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिधूमन'।

परिधूसर—वि० [सं०] अत्यधिक धूलियुक्त। धूल से भरा हुआ [को०]

परिधेय[1]—वि० [स०] पहनने के योग्य। परिधान के उपयुक्त।

परिधेय[2]—सज्ञा पुं० वस्त्र। पोशाक। कपडा। विशेषत वह वस्त्र जो नीचे या भीतर पहना जाय।

परिध्वंस—सज्ञा पुं० [सं०] १ अत्यत नाश। बिलकुल मिट जाना। २ नाश। मिटना। ३ जातिच्युत होना (को०)। ४ वर्णसांकर्य। वर्णसकरता (को०)। ५ उपप्लव (को०)।

परिनयⓊ—सज्ञा पुं० [स० **परिणय**] दे० 'परिणय'।

परिनयनⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **परिणयन**] दे० 'परिणयन'। उ०—पहुँचि नहिय परिनयन कहँ जुग भाइन सुधि भुल्लि।—प० रासो, पृ० ६०।

परिनाम[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रणाम] दे० 'प्रणाम'। उ०—परसे वीर सु सव्व करी प्रथिराज पाइ परिनाम।

परिनामⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० **परिणाम**] नतीजा। फल। परिणाम उ०—दिनँ दिन वाढ़त आनद को प्रवाह महा जाके परिनाम न मिलै दुख सोग है।—दीन, ग्र०, पृ० १४१।

परिनामीⓊ—वि० [सं० **परिणामी**] दे० 'परिणामी'।

परिनिर्वपण—सज्ञा पुं० [सं०] प्रदान करना। देना। बाँटना (को०)।

परिनिर्वाण—सज्ञा पुं० [सं०] अति निर्वाण। पूर्ण निर्वाण। पूर्ण मोक्ष।

परिनिर्वाति—सज्ञा स्त्री० [सं०] निर्वाण मुक्ति। निर्वाण गति।

परिनिर्वृत्त—वि० [सं०] जिसको परिनिर्वाण प्राप्त हुआ हो। परिमुक्त। मुक्त।

परिनिर्वृत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] परिमुक्ति। मोक्ष। मुक्ति।

परिनिष्ठा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ चरम सीमा या अवस्था। अतिम सीमा। पराकाष्ठा। २. पूर्णता। ३ अभ्यास अथवा ज्ञान की पूर्णता।

परिनिष्ठित—वि० [सं०] १. पूर्ण। सपन्न। समाप्त। २ पूर्ण। अभ्यस्त। पूर्ण कुशल।

परिनिष्पन्न—वि० [सं०] १. भली भाँति पूरा किया हुआ। २. सुख दुख तथा भाव अभाव की चिंता से मुक्त। उ०—स्वभाव तीन है—परिकल्पित, परतंत्र, परिनिष्पन्न।—संपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० ३८०।

परिनैष्ठिक—वि० [सं०] सर्वश्रेष्ठ। सर्वोच्च। सर्वोत्कृष्ट।

परिन्यास—सज्ञा पुं० [सं०] १ काव्य में वह स्थल जहाँ कोई विशेष अर्थ पूरा हो। २ नाटक मे आख्यानबीज अर्थात् मुख्य कथा की मूलभूत घटना की सकेत से सूचना करना।

परिपंचⓊ†—सज्ञा पुं० [स० **प्रपञ्च**] दे० 'प्रपच'।

परिपथ—सज्ञा पुं० [सं० **परिपन्थ**] वह जो रास्ता रोके हुए हो।

परिपथक—सज्ञा पु० [सं० **परिपन्थक**] शत्रु। दुश्मन।

परिपथिक—वि० [**परिपन्थिक**] दे० 'परिपथक'।

परिपंथी—सज्ञा पुं० [स० **परिपन्थिन्**] १ शत्रु। दुश्मन। उ०—आज बने मेरे परिपथी, मुझ बेवस के सकल उपकरण। मुझसे ही विद्रोह कर चले मेरे ये लालित इंद्रिय गण।—अपलक, पृ० ७६। २ विरुद्ध कार्य करनेवाला। प्रतिकूल आचरण करनेवाला (वैदिक)।

परिपक्व—वि० [सं०] १ अच्छी तरह पका हुआ। पूर्ण पक्व। सम्यक् रीति से पक्व। खूब पका हुआ। जैसे, ईंट, फल, अन्न आदि। २ अच्छी तरह पचा हुआ। सम्यक् रीति से जीर्ण। जो बिलकुल हजम हो गया हो। ३ पूर्ण विकसित। परिणत। प्रौढ़। पका। पुख्ता। जैसे, परिपक्व बुद्धि या ज्ञान। ४ जो बहुत कुछ देख सुन चुका हो। बहुदर्शी। तजुरबेकार। ५ निपुण। कुशल। प्रवीण। उस्ताद। पूरा।

परिपक्वता—सज्ञा स्त्री० [सं०] परिपक्व होने की क्रिया या भाव।

परिपक्वावस्था—सज्ञा स्त्री० [स०] १ परिपक्व होने की दशा या स्थिति। २ प्रौढता। प्रौढावस्था।

परिपण—सज्ञा पुं० [स०] मूल धन। पूँजी।

परिपणन—सज्ञा पु० [सं०] १ बाजी लगाना। शर्त बदना। २ वचन देना। वादा करना [को०]।

परिपणितकाल संधि—सज्ञा स्त्री० [स० परिपणितकाल सन्धि] आप इतने समय तक लडिए और मैं इतने समय तक लडूँगा इस प्रकार की समय सबधी सधि।

परिपणितदेश संधि—सज्ञा स्त्री० [सं० परिपणितदेश सन्धि] आप इस देश पर चढ़ाई करिए और हम इस देश पर चढाई करते हैं, इस ढग की देश विषयक सधि।

परिपणितसंधि—सज्ञा स्त्री० [स० परिपणितसन्धि] कुछ शर्तों के साथ की गई सधि। इसके तीन भेद हैं—परिपणितदेश सधि, परिपणितकाल सधि, और परिपणितार्थ सधि।

परिपणितार्थ संधि—सज्ञा स्त्री० [सं० परिपणितार्थ सन्धि] आप इतना काम करें और मैं इतना काम करूँगा, ऐसी कार्य विषयक सधि।

परिपति—सज्ञा पुं० [सं०] सर्वव्यापी। वह जो हर स्थान में उपस्थित हो।

परिपन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिपण' [को०]।

परिपर—संज्ञा पु० [सं०] टेढ़ा मेढ़ा चक्करदार रास्ता [को०]।

परिपरी—संज्ञा पुं० [सं० **परिपरिन्**] शत्रु। विपक्ष। प्रतिद्वंद्वी [को०]।

परिपवन—संज्ञा पुं० [सं०] १ अनाज ओसाना। भूसे और अन्न को अलग करने की क्रिया। ओसाई। २ अन्न ओसाने की खँचिया। डलिया (को०)।

परिपाडिमा—संज्ञा स्त्री० [सं० **परिपाण्डिमन्**] अधिक श्वेतता या पीलापन [को०]।

परिपाडु—वि० [सं० **परिपाण्डु**] १ बहुत हलका पीला। सफेदी लिए हुए पीला। २ दुर्बल। कृश। क्षीण।

परिपाडुर—वि० [सं० **परिपाण्डुर**] दे० 'परिपाडु' [को०]।

परिपाक—संज्ञा पु० [सं०] १ पकने का भाव। पकना या पकाया जाना। २ पचने का भाव। पचना। पचाया जाना। ३ प्रौढता। पूर्णता। परिणति (बुद्धि अनुभव आदि के लिये)। ४ बहुदर्शिता। तजुर्बेकारी। ५ कुशलता। निपुणता। प्रवीणता। उस्तादी। ६ कर्मफल। विपाक। परिणाम। फल। नतीजा।

परिपाकिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] निसोथ।

परिपाचन—संज्ञा पुं० [सं०] १ अच्छी तरह पचना। भली भाँति पचना। २ वह जो पूरी तरह से पच जाय।

परिपाचना—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी पदार्थ को पूर्ण पक्व अवस्था में लाना।

परिपाचित—वि० [सं०] १ पूर्णत पकाया हुआ। २ भूना हुआ।

परिपाटल—वि० [सं०] जिसका रंग पीलपन लिए लाल हो। जर्दी लिए हुए लाल रंग का।

परिपाटलित—वि० [सं०] पीले और लाल रंग में रँगा हुआ। जो पीला और लाल रंग मिलाकर रँगा गया हो।

परिपाटि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'परिपाटी'।

परिपाटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ क्रम। श्रेणी। सिलसिला। २ प्रणाली। रीति। शैली। तरीका। चाल। ढंग। ३ अंकगणित। ४. पद्धति। रीति। चाल। नियम। सम्प्रदाय। उ०—(क) जेतिक हरि अवतार सबै पूरण करि जानै। परिपाटी ध्वज विजय सदृश भागवत बखाने। —नाभाजी (शब्द०)। (ख) पाटी सी है परिपाटी कवित्त की ताकौं त्रिधा बिधि बुद्धि बनाई। —भिखारी० ग्र०, भा० २, पृ० २५०।

परिपाठ—संज्ञा पुं० [सं०] १ बार बार सविस्तार (वेद) पाठ करना। २ विशद या विस्तृत उल्लेख [को०]।

परिपार†—संज्ञा स्त्री० [सं० **पालि** या **परिपाटी**] मर्यादा। उ०—अरे परेखौ को करै तुहीं बिलोकि बिचारि। किहिं नर किहिं सर राखियै खरै बढ़ै परिपारि। —बिहारी (शब्द०)।

परिपारना—क्रि० स० [सं० **परिपालना**] प्रतिपालन करना। निर्वाह करना। उ०—भूल्यो चूक्यो होहुँ सो, लीज्यो सत सँभारि। गीति राधिका रमन की प्रीति रीति परिपारि।—ब्रज० ग्र०, पृ० ११।

परिपार्श्व—संज्ञा पुं० [सं०] पार्श्व बगल।

परिपालक—वि० [सं०] परिपालन करनेवाला [को०]।

परिपालन—संज्ञा पुं० [सं०] १ रक्षा करना। बचाना। २ रक्षा। बचाव।

परिपालना[1]—क्रि० स० [सं० **परिपालन**] रक्षा करना। बचाना। उ०—बससि सदा हम कहँ परिपालय।—मानस, ७।३४।

परिपालना[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'परिपालन' [को०]।

परिपालनीय—वि० [सं०] परिपालन या रक्षण के योग्य [को०]।

परिपालयिता—संज्ञा पुं० [सं० **परिपालयितृ**] वह जो परिपालन करे [को०]।

परिपालयिषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] परिपालन की इच्छा [को०]।

परिपाल्य—वि० [सं०] जो रक्षा या पालन करने के योग्य हो।

परिपिंग—वि० [सं० **परिपिङ्ग**] लाली से युक्त भूरा। अत्यंत पिंग वर्ण का [को०]।

परिपिंजर—वि० [सं० **परिपिञ्जर**] हलके लाल रंग का। पिंगलवर्ण।

परिपिच्छ—संज्ञा पु० [सं०] प्राचीन काल का एक आभूषण जो मोर की पूँछ के परों से बनता था।

परिपिट्टक—संज्ञा पु० [सं०] सीसा।

परिपीडन—संज्ञा पुं० [सं० **परिपीडन**][वि० **परिपीडित**] १ अत्यंत पीडा पहुँचाना या देना। २ पीसना। ३ अनिष्ट करना।

परिपीवर—वि० [सं०] अति मोटा। बहुत मोटा या तगड़ा।

परिपुटन—संज्ञा पुं० [सं०] १ छिलका या बोकला अलग करना। २ सपुटन [को०]।

परिपुष्करा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गोंडुब ककडी। गोडुवा।

परिपुष्ट—वि० [सं०] १ जिसका पोषण भली भाँति किया गया हो। सम्यक् रीति से पोषित। २ जिसकी वृद्धि पूर्ण रीति से पुष्ट हुई हो। खूब हृष्ट पुष्ट। पूर्ण पुष्ट।

परिपूजन—संज्ञा पुं० [सं०] सम्यक् प्रकार से पूजन या उपासना।

परिपूजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] विधिवत् पूजन [को०]।

परिपूजित—वि० [सं०] विधिवत् पूजित। सविधि पूजाप्राप्त [को०]।

परिपूत[1]—वि० [सं०] अति पवित्र।

परिपूत[2]—संज्ञा पु० ऐसा अन्न जिसकी भूसी या छिलका अलग कर लिया गया हो। छाँटा हुआ अन्न।

परिपूरक—वि० [सं०] १ परिपूर्ण कर देनेवाला। भर देनेवाला। लबालब कर देनेवाला। २ समृद्धिकर्ता। धनधान्य से भरनेवाला। ३ संपूर्ण।

परिपूरण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] परिपूर्ण करना। भरना। २ पूर्ण या पूरा करना [को०]।

परिपूरण[2]—वि० [सं० **परिपूर्ण**] दे० 'परिपूर्ण'। उ०—खुल खुल नव इच्छाएँ, फैलाती जीवन के दल। गा गा प्राणों का मधुकर, पीता मधुरस परिपूरण।—गुंजन, पृ० १९।

परिपूरणीय—वि० [सं०] परिपूर्ण करने योग्य। परिपूरित करने लायक [को०]।

परिपूरनⓤ—वि० [स० **परिपूर्ण**] दे० 'परिपूर्ण'। उ०—प्रेम भरे जग प्रगटिहैं, हरि परिपूरन रूप।—नद० ग्र०, पृ० २२७।

परिपूरित—वि० [स०] १ परिपूर्ण। खूब भरा हुआ। लबालब। २ सपूर्ण। समाप्त किया हुआ। पूरा किया हुआ।

परिपूर्ण—वि० [स०] १ खूब भरा हुआ। सम्यक् रीति से व्याप्त। २ पूर्ण तृप्त। अघाया हुआ। ३ समाप्त किया हुआ। सपूर्ण। पूरा किया हुआ।

परिपूर्णचंद्रविमलप्रभ—सज्ञा पुं० [स० **परिपूर्णचन्द्रविमलप्रभ**] एक प्रकार की समाधि जिसका वर्णन बौद्ध शास्त्रो मे मिलता है।

परिपूर्णेंदु—सज्ञा पुं० [सं० **परिपूर्णेन्दु**] पूर्णिमा का चद्रमा। षोडश कलायुक्त चंद्रमा [को०]।

परिपूर्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] परिपूर्ण होने की क्रिया या भाव परिपूर्णता।

परिपृच्छ—सज्ञा पुं० [स०] जिज्ञासा। प्रश्न [को०]।

परिपृच्छक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] प्रश्नकर्ता। वह जो पूछे। पूछनेवाला। जिज्ञासा करनेवाला।

परिपृच्छक[2]—वि० पूछनेवाला। जिज्ञासा करनेवाला।

परिपृच्छनिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह बात जिसको लेकर वादविवाद किया जाय। वाद का विषय।

परिपृच्छा—सज्ञा स्त्री० [सं०] जिज्ञासा। पूछना। प्रश्न करना।

परिपेल—सज्ञा पु० [सं०] केवटी मोथा। कैवर्त मुस्तक।

परिपेलव[1]—वि० [सं०] अति सुकुमार या कोमल।

परिपेलव[2]—सज्ञा पु० केवटी मोथा।

परिपोट—सज्ञा पुं० [सं०] कान का एक रोग जिसमें लौक का चमडा सूजकर स्याही लिए हुए लाल रग का हो जाता है और उसमें पीडा होती है। प्राय कान में भारी बाली आदि पहनने से यह रोग होता है।

परिपोटक—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'परिपोट'।

परिपोटन—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'परिपोट'।

परिपोटिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'परिपोट'।

परिपोष—सज्ञा पुं० [स०] पूर्ण पुष्टि या वृद्धि।

परिपोषण—सज्ञा पुं० [स०] १. पालन। परवरिश करना। २ पुष्ट या वर्धित करना।

परिप्रश्न—सज्ञा पुं० [स०] जिज्ञासा। प्रश्न [को०]।

परिप्राप्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्राप्ति। मिलना।

परिप्रेक्ष—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'परिप्रेक्ष्य'।

परिप्रेक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिप्रेक्ष्य'।

परिप्रेक्ष्य—सज्ञा पुं० [सं०] दृश्यो वस्तुओं या व्यक्तियो का ऐसा चित्रण जिसमे प्रत्येक का अतर स्पष्ट हो जाय।

परिप्रेषण—सज्ञा पु० [सं०] [वि० **परिप्रेषित, परिप्रेष्य**] १ चारो ओर भेजना। जिधर इच्छा हो उधर भेजना। दूत या हरकारा बनाकर भेजना। २ निर्वासन। किसी विशेष स्थान या देश से निकाल देना। ३ त्याग देना। परित्याग करना।

परिप्रेषित—वि० [स०] १ भेजा हुआ। प्रेरित। २ निर्वासित। निकाला हुआ। ३ त्यागा हुआ। परित्यक्त।

परिप्रेष्य[1]—वि० [स०] भेजने योग्य। प्रेरणा करने योग्य।

परिप्रेष्य[2]—सज्ञा पु० नौकर। दास। टहलुआ। अनुचर।

परिप्रोत—वि० [सं० **परि + प्रोत**] चारो ओर से गुथा हुआ या छिपा हुआ। उ०—उमड पडा पावस परिप्रोत। फूट रहे नव नव जलस्रोत।—गुजन, पृ० ६८।

परिप्लव[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ तैरना। २ बाढ प्लावन। ३. अत्याचार। जुल्म। ४ नौका। नाव। जहाज। ५ पुराणानुसार एक राजकुमार का नाम जो सुखीनल राजा का लडका था।

परिप्लव[2]—वि० [स०] १ हिलता हुआ। काँपता हुआ। चचल। अस्थिर। २ बहता हुआ। चलता हुआ। गतियुक्त।

परिप्लवा—सज्ञा स्त्री० [स०] यज्ञ मे काम आनेवाली एक प्रकार की करछी या चिमचा। एक प्रकार की दर्वी।

परिप्लावित—वि० [स०] दे० 'परिप्लुत' [को०]।

परिप्लुत[1]—वि० [स०] १ जिसके चारो ओर जल ही जल हो। प्लावित। डूबा हुआ। २ गीला। भीगा हुआ। तराबोर। आर्द्र। स्नात। ३ काँपता हुआ। कपित।

परिप्लुत[2]—सज्ञा पु० फलाँग। छलाँग।

परिप्लुता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मदिरा। शराब। २ वह योनि जिसमे मैथुन या मासिक रज स्राव के समय पीडा हो।

परिप्लुष्ट—वि० [सं०] जला हुआ। भुना हुआ।

परिप्लोष—सज्ञा पुं० [सं०] १ जलन। दाह। २ जलना। भुनना। तपना। ३ शरीर के भीतर की गरमी।

परिफुल्ल—वि० [स०] १ अच्छी तरह खिला हुआ। सम्यक् विकसित। खूब खिला हुआ। २ खूब खुला हुआ। अच्छी तरह खुला हुआ। जैसे, परिफुल्ल नेत्र। ३ जिसके रोगटे खडे हो। रोमाचयुक्त।

परिबंध—वि० [सं० **परिबन्ध**] अच्छी तरह बँधा हुआ। सुगठित। उ०—परिबध निबध में आकार की लघुता रहती है।—स० शास्त्र, पृ० १७८।

परिबधन—सज्ञा पु० [स० **परिबन्धन**] [वि० **परिबद्ध**] चारो ओर से बाँधना। अच्छी तरह बाँधना। जकडकर बाँधना।

परिबर्ह—सज्ञा पुं० [स०] १. राजाओ के हाथी घोडो पर डाली जानेवाली झूल। २ राजा के छत्र, चँवर आदि। राजचिह्न या राजा का साज सामान। ३ नित्य के व्यवहार की वस्तुएँ। घर मे नित्य काम आनेवाली चीजें। वे चीजें जिनकी गृहस्थी मे अत्यावश्यकता हो। ४ सपत्ति। दौलत। माल असबाब।

परिबर्हण—सज्ञा पुं० [सं०] १ पूजा। उपासना। २ बढती। समृद्धि। परिवृद्धि।

परिबा[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रतिपदा'। उ०—परिबा को रे मॉड्यो।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६३२।

परिबाधा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पीडा। कष्ट। बाधा। २. श्रम। श्राति। मिहनत।

परिबृंहण—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परिबृंहित] १ समृद्धि उन्नति। बढ़ती। २. बढना। अभिवर्धन। ३. वह ग्रथ अथवा शास्त्र जो किसी अन्य ग्रथ या शास्त्र के विषय की पूर्ति या पुष्टि करता हो। किसी ग्रथ के अंगस्वरूप अन्य ग्रथ। जैसे—ब्राह्मण आदि ग्रथ वेद के परिबृंहण हैं।

परिबृंहित—वि० [स०] १ समृद्ध। उन्नत। २ किसी से जुडा या मिला हुआ। युक्त। अगीभूत। ३ बढ़ाया हुआ। अभिवर्धित।

परिबृंहित—सज्ञा पुं० हाथी की चिग्घाड। हाथी का चिल्लाना [को०]।

परिवृत्तिⓊ—सज्ञा पुं० [सं० परिवृत्ति] एक अर्थालकार। दे० 'परिवृत्ति'। उ०—घाटि बाढ़ि दै बात को जहाँ पलिटबो होय। तहाँ कहत परिवृत्ति हैं कवि कोविद सब कोय।—मति० ग्र०, पृ० ४१६।

परिवेखⓊ—सज्ञा पुं० [स० परिवेष] दे० 'परिवेष'। उ०—तन नील सारी में किनारी चदमुख परिवेख। सिंदूर सिर दोउ नैन काजर पान की मुख रेख।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० १२०।

परिबोध—सज्ञा पुं० [सं०] ज्ञान।

परिबोधन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परियोधनीय] १ दड की धमकी देकर या कुफलभोग का भय दिखा कर कोई विशेष कार्य करने से रोकना। चिताना। २ ऐसी धमकी या भय प्रदर्शन। चेतावनी।

परिबोधना—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिबोधन'।

परिभंग—सज्ञा पुं० [सं० परिभङ्ग] खड खड करना। टुकड़े टुकडे करना [को०]।

परिभक्ष—वि० [स०] दूसरो का माल खानेवाला।

परिभक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिभक्षित] बिलकुल खा डालना। खूब खा जाना। सफाचट कर देना।

परिभक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] आपस्तव सूत्र के अनुसार एक विशेष विधान।

परिभक्षित—वि० [सं०] पूर्ण रूप से खाया हुआ।

परिभर्त्सन—सज्ञा पुं० [स०] डाँटना फटकारना। धमकाना [को०]।

परिभव—सज्ञा पुं० [स०] १ अनादर। तिरस्कार। अपमान। हतक। २ हार। पराजय (को०)।

परिभवन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिभावनीय] अनादर या तिरस्कार करना। अपमान करना। हतक या तौहीन करना।

परिभवनीय—वि० [स०] १ तिरस्करणीय। अनादर योग्य। २ पराभव योग्य [को०]।

परिभवषद—सज्ञा पुं० [सं०] उपेक्षणीय पदार्थ। [को०]।

परिभवविधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] तिरस्कार। उपेक्षा [को०]।

परिभवी—वि० [स० परिभविन्] अपमानकारी। तिरस्कार करनेवाला।

परिभाव—सज्ञा पुं० [स०] १. परिभव। अनादर। तिरस्कार। अपमान। २ (नाटक मे) कोई आश्चर्यजनक दृश्य देखकर कुतूहलपूर्ण बातें कहना।

परिभावन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिभावित] १. मिलाप। मिलन। सयोग। २ चिंता। फिक्र। विचारणा।

परिभावना—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ चिंता। सोच। फिक्र। २ साहित्य में वह वाक्य या पद जिससे कुतूहल या अतिशय उत्सुकता सूचित अथवा उत्पन्न हो।

विशेष—नाटक में ऐसे वाक्य जितने अधिक हों उतना ही अच्छा समझा जाता है।

परिभावित—वि० [सं०] १ चिंतित। विचारित। २ सयुक्त। ३ परिव्याप्त [को०]।

परिभावी[1]—वि० [सं० परिभाविन्] परिभावकारी। तिरस्कार या अपमान करनेवाला।

परिभावी[2]—सज्ञा पुं० वह जो तिरस्कार या अपमान करे। तिरस्कार या अपमान करनेवाला।

परिभावुक—वि० [सं०] तिरस्कार करनेवाला। अनादर या अवज्ञा करनेवाला।

परिभाषक—सज्ञा पुं० [स०] निंदक। बदगोई करनेवाला। निंदा द्वारा किसी का अपमान करनेवाला।

परिभाषण—सज्ञा पुं० [सं०] १ निंदा करते हुए उलाहना देना। निंदा के सहित उपालभ देना। किसी को दोष देते या लानत मलामत करते हुए उसके कार्य पर असतोष प्रकट करना। २. ऐसा उलाहना जिसके साथ निंदा भी हो। निंदा सहित उपालभ। लानत मलामत। फटकार।

विशेष—मनुस्मृति के अनुसार गर्भिणी, आपद्ग्रस्त, वृद्ध और बालक को और किसी प्रकार का दंड न देकर केवल परिभाषण का दड देना चाहिए।

३ बोलना चालना या बातचीत करना। भाषण। आलाप। ४. नियम। दस्तूर। कायदा।

परिभाषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. परिष्कृत भाषण। स्पष्ट कथन। सशयरहित कथन या बात। २ पदार्थ-विवेचना-युक्त अर्थ-कथन। किसी शब्द का इस प्रकार अर्थ करना जिसमे उसकी विशेषता और व्याप्ति पूर्ण रीति से निश्चित हो जाय। ऐसा अर्थनिरूपण जिसमें किसी ग्रथकार या वक्ता द्वारा प्रयुक्त किसी विशेष शब्द या वाक्य का ठीक ठीक लक्ष्य प्रकट हो जाय। किसी शब्द के वाक्य का इस रीति से वर्णन जिसमें उसके समझने में किसी प्रकार का भ्रम या सदेह न हो सके। लक्षण। तारीफ। जैसे,—तुम उदारता उदारता तो बीस बार कह गए, पर जबतक तुम अपनी उदारता की परिभाषा न कर दो मैं उससे कुछ भी नहीं समझ सकता।

विशेष—परिभाषा सक्षिप्त और अतिव्याप्ति, अव्याप्ति से रहित होनी चाहिए। जिस शब्द की परिभाषा हो वह उसमें न आना चाहिए। जिस परिभाषा मे ये दोष हों वह शुद्ध परिभाषा नहीं होगी बल्कि दुष्ट परिभाषा कहलाएगी।

क्रि० प्र०—कहना।—करना।

३ किसी शास्त्र, ग्रथ, व्यवहार आदि की विशिष्ट सज्ञा। ऐसा शब्द जो शास्त्रविशेष में किसी निर्दिष्ट अर्थ या भाव का सकेत मान लिया गया हो। ऐसा शब्द जो स्थान-विशेष में ऐसे अर्थ में प्रयुक्त हुआ या होता हो जो उसके अवयवो या व्युत्पत्ति से भली भाँति न निकलता हो। पदार्थविवेचको या शास्त्रकारों की बनाई हुई सज्ञा। जैसे, गणित की परिभाषा, वैद्यक की परिभाषा, जुलाहो की परिभाषा। ४ ऐसे शब्द का अर्थनिर्देश करनेवाला वाक्य या रूप। ५ ऐसी बोलचाल जिसमें वक्ता अपना आशय पारिभाषिक शब्दों में प्रकट करे। ऐसी बोलचाल जिसमें शास्त्र या व्यवसाय की विशेष संज्ञाएँ काम मे लाई गई हों। जैसे—यदि यही बात विज्ञान की परिभाषा मे कही जाय तो इस प्रकार होगी। ६. सूत्र के ६ लक्षणो में से एक। ७ निंदा। परिवाद। शिकायत। बदनामी।

परिभाषित—वि० [स०] १. जो अच्छी तरह कहा गया हो। जिसका स्पष्टीकरण किया गया हो। २. (वह शब्द) जिसकी परिभाषा की गई हो। जिसका अर्थ किसी विशेष सूत्र या नियम द्वारा निर्दिष्ट तथा परिमित कर दिया गया हो।

परिभाषी[1]—वि० [स० परिभाषिन्] बोलनेवाला। भाषणकारी।

परिभाषी[2]—सज्ञा पुं० बोलनेवाला। भाषणकारी। वह व्यक्ति जो बोले या कहे।

परिभाष्य—वि० [सं०] कहने योग्य। बताने योग्य।

परिभिन्न—वि० [सं०] १ विकृत आकृति का। जिसका आकार विकृत हो। २ क्षत। ३ फटा हुआ। चिरा हुआ। विदीर्ण [को०]।

परिभुक्त—वि० [स०] जिसका भोग किया जा चुका हो। जो काम मे आ चुका हो। उपभुक्त।

परिभुग्न—वि० [सं०] झुका हुआ। टेढा मेढ़ा [को०]।

परिभू—वि० [सं०] १ जो चारो ओर से घेरे या आच्छादित किए हो। २ नियामक। ३ परिचालक।

विशेष—यह शब्द ईश्वर का विशेषण है।

परिभूत—वि० [सं०] १ हारा या हराया हुआ। पराजित। २ जिसका अनादर या अपमान किया गया हो। तिरस्कृत। अपमानित।

परिभूति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ निरादर। तिरस्कार। अपमान। २ श्रेष्ठता।

परिभूषण—सज्ञा पु० [सं०] १ सजाने की क्रिया या भाव। सजावट या सजाना। बनाव सँवार या बनाना सँवारना। २ कामदकीय नीति के अनुसार वह शांति जो किसी विशेष प्रदेश या भूखड का राजस्व किसी को देकर स्थापित की जाय। वह संधि जो किसी विशेष प्रांत या प्रदेश की सारी मालगुजारी किसी शत्रु राजा आदि को देकर की जाय। ३ ऐसी शांति या संधि की स्थापना। पूर्वोक्त प्रकार की शांति या संधि स्थापित करने का कार्य।

परिभूषित—सज्ञा पु० [सं०] सजाया हुआ। बनाया या सँवारा हुआ। शृगार सहित।

परिभेद—सज्ञा पुं० [स०] शस्त्रादि का आघात। तलवार तीर आदि का घाव। जख्म।

परिभेदक[1]—सज्ञा पु० [सं०] फाडने या छेदनेवाला व्यक्ति या शस्त्र। खूब गहरा घाव करनेवाला मनुष्य या हथियार।

परिभेदक[2]—वि० काटने फाडने या छेदनेवाला। आघातकारी।

परिभोक्ता—सज्ञा पुं० [सं० परिभोक्तृ] १. वह मनुष्य जो दूसरे के धन का उपभोग करे। २ वह मनुष्य जो गुरु के धन का उपभोग करे।

परिभोग—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिभोग्य] १ बिना अधिकार के परकीय वस्तु का उपभोग। २. भोग। उपभोग। ३ मैथुन। स्त्रीप्रसग।

परिभ्रंश—सज्ञा पु० [स०] १ गिराव या गिराना। पतन। च्युति। स्खलन। २ भगदड। भागना। पलायन।

परिभ्रम—सज्ञा पुं० [स०] १ इधर उधर टहलना। घूमना। भटकना पर्यटन। भ्रमण। २. घुमा फिराकर कहना। सीधे सीधे न कहकर और प्रकार से कहना। किसी वस्तु के प्रसिद्ध नाम को छिपाकर उपयोग, गुण, सबध आदि से उसका सकेत करना। जैसे, पत्र (चिट्ठी) को 'बकरी का भोज्य' या 'माता' को पिता की 'पत्नी' कहना। ३ भ्रम। भ्रांति। प्रमाद।

परिभ्रमण—सज्ञा पुं० [सं०] १. घूमना। (पहिए आदि का) चक्कर खाना। २. परिधि। घेरा। ३. टहलना। घूमना। फिरना। ४ इधर उधर मटरगश्ती करना। भटकना।

परिभ्रष्ट—वि० [स०] गिरा हुआ। पतित। च्युत। स्खलित। २. भागा हुआ। पलायित। ३ किसी वस्तु या व्यक्ति से रहित (को०)।

परिभ्रामण—सज्ञा पुं० [स०] १ इतस्तत घुमाना। परिभ्रमण कराना। २. (गाडी के पहिए आदि को) घुमाना या चक्कर देना [को०]।

परिभ्रामी—वि० [स० परिभ्रामिन्] परिभ्रमण करनेवाला। भटकनेवाला। टहलने या घूमनेवाला।

परिमंडल[1]—सज्ञा पुं० [स० परिमण्डल] १ चक्कर। घेरा। दायरा। परिधि। २ एक प्रकार का विषैला मच्छर। ३ गोलक। पिंड (को०)।

परिमंडल[2]—वि० १ गोल। वर्तुलाकार। २ जिसका मान परमाणु के बराबर हो।

परिमंडलकुष्ठ—सज्ञा पुं० [सं० परिमण्डलकुष्ठ] एक प्रकार का महाकुष्ठ। मडलकुष्ठ।

विशेष—दे० 'मडल'।

परिमंडलता—सज्ञा स्त्री० [सं० परिमण्डलता] गोलाई।

परिमंडलित—वि० [सं० परिमण्डलित] जो गोल किया गया हो। वर्तुलाकार बनाया हुआ। मडलीकृत।

परिमथर—वि० [सं० परिमन्थर] अत्यंत मद, धीरा या धीमा। जैसे, परिमथर गति।

परिमद—वि० [सं० परिमन्द] १ अत्यत श्रात या थकित। २. अत्यत शिथिल या सुस्त। अत्यत क्लात। ३. अत्यल्प। अत्यत कम। बहुत थोडा (को०)।

परिमन्यु—वि० [सं०] क्रोध से भरा हुआ। अत्यत कोपयुक्त।

परिमर—सज्ञा पु० [सं०] शत्रु के नाश के लिये किया जानेवाला तात्रिक प्रयोग। २ विनाश। सहार। ३ पवन। वायु [को०]।

परिमर्द—सज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्णतया मर्दन। रगडना। घर्षण। २ मीजना। मसलना। ३ विनाश [को०]।

परिमर्श—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिमृष्ट] १ छू जाना। लग जाना। लगाव होना। स्पर्श होना। २ अच्छी तरह विचार करना। सोचना। किसी बात के सब पक्षों पर विचार करना।

परिमर्ष—सज्ञा पु० [सं०] १ ईर्ष्या। कुढ़न। चिढ़। २ क्रोध।

परिमल—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिमलित] १ सुवास। उत्तम गध। खुशबू। उ०—परिमल अप्र गुलाब की झरि हस सो सुख पावहीं।—दरिया० बानी, पृ० ७। २ वह सुगंध जो कुमकुम आदि सुगधित पदार्थों के मले जाने से उत्पन्न हो। ३ मलने का कार्य। मलना। उबटना। ४ कुमकुम आदि का मलना या उबटना। ५ मैथुन। सहवास। सभोग। ६ दाग। धब्बा। चिह्न। ७ पडितो का समुदाय।

परिमलज—वि० [सं०] (सुख) जो मैथुन से प्राप्त हो। सभोग-जनित (सुख)।

परिमलामोदⓤ—सज्ञा पुं० [सं० परिमल + आमोद] अत्यत सुगध। परिमल का सुवास।

परिमलित—वि० [सं०] १ परिमलयुक्त। सुवासित। २ मसला हुआ। मीजा हुआ [को०]।

परिमा—सज्ञा स्त्री० [स० परिमिति या सं० परि + √मा (=मान)] सीमा। इयत्ता। उ०—जग की विभूतियो को छानकर, एक तीखे घूँट ही मे पानकर, लाख लाख प्राणियो के जीवन की गरिमा, हाय उस सुमन की छोटी सी परिमा।—चिंता, पृ० २६।

परिमाण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिमित, परिमेय] १ वह मान जो नाप या तौल के द्वारा जाना जाय। वह विस्तार, भार या मात्रा जो नापने या तौलने से जानी जाय।

विशेष—वैशेषिक के अनुसार मूर्त अमूर्त दोनो प्रकार के द्रव्यो के सख्यादि पाँच गुणो में से परिमाण भी एक है।

२ घेरा। चारों ओर का विस्तार।

परिमाणक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मात्रा। २ तौल [को०]।

परिमाणवान्—वि० [सं० परिमाणवत्] परिमाणयुक्त। परिमाण-विशिष्ट।

परिमाणी—वि० [सं० परिमाणिन्] परिमाणयुक्त। परिमाणविशिष्ट।

परिमाता—सज्ञा पुं० [सं० परिमातृ] १ नापनेवाला। नापने का काम करनेवाला। पैमाइश करनेवाला। २ वजन करने या तौलनेवाला।

परिमाथी—वि० [परिमाथिन्] कष्टदायक। कष्टप्रद। कष्टकर [को०]।

परिमानⓤ[1]—सज्ञा पुं० [सं० परिमाण] दे० 'परिमाण'।

परिमाणⓤ[2]—सज्ञा पुं० [सं० प्रमाण] दे० 'प्रमाण'।

परिमार्ग—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिमार्गण'।

परिमार्गण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिमार्गित, परिमार्गितव्य] १. खोजने या ढूँढने का कार्य। खोजना। ढूँढना। अन्वेषण। अनुसधान। २ स्वच्छ या साफ करना (को०)। ३ सपर्क या स्पर्श (को०)।

परिमार्गी—वि० [सं० परिमार्गिन्] खोजने या खोज मे किसी के पीछे जानेवाला। अनुसधानकारी। अनुसरणकर्ता।

परिमार्जक—सज्ञा पुं० [सं०] धोने या माँजनेवाला। परिशोधक या परिष्कारक।

परिमार्जन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिमार्जित, परिमृज्य, परिमृष्ट] १ धोने या माँजने का कार्य। अच्छी तरह धोना। माँजना। परिशोधन। परिष्करण। २ एक विशेष मिठाई जो घी मिले हुए शहद के शीरे मे डुबाई हुई होती है।

परिमार्जित—वि० [सं०] धोया या माँजा हुआ। २ साफ किया हुआ। परिष्कृत।

परिमित—वि० [सं०] १ जिसका परिमाण हो या ज्ञात हो। जिसकी नाप तोल की गई हो या मालूम हो। सीमा, सख्या आदि से बद्ध। नपा तुला हुआ। २ न अधिक न कम। जितने की आवश्यकता हो उतना ही। हिसाब या अंदाज से। उचित मात्रा या परिमाण में। जैसे,—वे सदा परिमित भोजन करते हैं। ३ कम। थोडा। अल्प। जैसे,—उनका वैद्यक ज्ञान बहुत ही परिमित है।

परिमितकथा—वि० [सं०] १ जो उचित से अधिक न बोलता हो। नपे तुले शब्द बोलकर काम चलानेवाला। २ कम बोलने-वाला। अल्पभाषी।

परिमितभुक्—वि० [सं० परिमितभुज] कम खानेवाला। अल्पभोजी [को०]।

परिमितायु—वि० [सं० परिमितायुस्] स्वल्पायु। कम उम्र पाने-वाला। अल्पजीवी [को०]।

परिमिताहार—वि० [सं०] अल्पभोजी [को०]।

परिमिति—सज्ञा स्त्री० [सं०] नाप, तोल, सीमा, आदि।

परिमितिⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० परिमिति (=सीमा, अत)] मर्यादा। इज्जत। उ०—परिमिति गए लाज तुमही को हंसिनि व्याहि काग लै जाइ।—सूर (शब्द०)।

परिमिलन—सज्ञा पुं० [स०] १ स्पर्श। छूना। २ अच्छी तरह मिलना। आलिंगन [को०]।

परिमिलित—वि० [सं०] १ मिश्रित। मिला हुआ। २ आपूर्ण। भरा हुआ [को०]।

परिमीढ—वि० [सं०] मूत्रसिक्त। मूत्र से सना हुआ [को०]।

परिमुक्त—वि० [सं०] पूर्ण रूप से स्वाधीन। सम्यक् रूप से मुक्त।

परिमुक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] बंधन से छुटकारा। पूर्णत. मुक्ति [को०]।

परिमुग्ध—वि० [सं०] १ सुंदर। आकर्षक। २ सुंदर पर मूर्ख। आकर्षक किंतु अज्ञ [को०]।

परिमूढ़—वि० [स० परिमूढ] १ व्याकुल। २ विचलित। मथित। ३. क्षोभित।

परिमृष्ट—वि० [स०] १ धोया या साफ किया हुआ। परिमार्जित। २ जिसको छुआ गया हो। स्पृष्ट। ३ पकड़ा हुआ। अधिकृत। ४ जिससे परामर्श किया गया हो। ५ व्याप्त। परिपूर्ण (को०)।

परिमृष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] धोना। माँजना। परिष्करण। परिमार्जन।

परिमेय—वि० [स०] १. जो नापा या तोला जा सके। नापने या तोलने के योग्य। २. थोड़ा। ससीम। सकुचित। ३, जिसके नापने या तोलने का प्रयोजन हो। जिसे नापना या तोलना हो।

परिमोक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्ण मोक्ष। सम्यक् मुक्ति। निर्वाण। २ विष्णु। ३ परित्याग। छोड़ना। ४ मलपरित्याग। हगना।

परिमोक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] १. मुक्त करना या होना। २. परित्याग करना या किया जाना। ३ मलत्याग करना। ४ धौति क्रिया द्वारा अंतड़ियों का धोकर साफ करना। ५ निर्वाण। मुक्ति (को०)।

परिमोष—सज्ञा पुं० [सं०] चोरी। स्तेय।

परिमोषक—सज्ञा पु० [सं०] चोर।

परिमोषण—सज्ञा पुं० [सं०] चुराना। स्तेय। चोरी।

परिमोषी—वि० [स० परिमोषिन्] जिसकी स्वभाव से चोरी करने की प्रवृत्ति हो। चोर। तस्कर।

परिमोहन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परिमोहित] किसी की बुद्धि या मन को पूर्ण रूप से अपने अधिकार में कर लेना। सम्यक् वशीकरण।

परिम्लान[१]—वि० [सं०] १ मुरझाया हुआ। कुम्हलाया हुआ। २. मलिन। उदास। निस्तेज। हतप्रभ। ३ दागदार। जिसपर दाग या धब्बा हो।

परिम्लान[२]—सज्ञा पुं० १. भय या दुख से मलिन होना। २ धब्बा। दाग।

परिम्लायी[१]—वि० [सं० परिम्लायिन्] १. मलिनतायुक्त। उदास। २ कुम्हलाया या मुरझाया हुआ।

परिम्लायी[२]—सज्ञा पुं० तिमिर रोग का एक भेद। इसका कारण रुधिर में मूर्छित पित्त होता है इसमें रोगी को सभी दिशाएँ पीली या प्रज्वलित दिखाई पड़ती हैं।

परियंकⓊ—सज्ञा पुं० [स० पर्यङ्क] दे० 'पर्यंक'।

परियंतⓊ—अव्य० [सं० पर्यन्त] दे० 'पर्यंत'।

परियज्ञ—सज्ञा पुं० [स०] वह छोटा यज्ञ या विधान जिसको अकेले करने की विधि न हो, किंतु जो किसी अन्य यज्ञ के साथ उसके पहले या पीछे किया जाय।

परियत्त—वि० [स०] चारो ओर से घिरा हुआ। परिवेष्टित।

परियष्टा—सज्ञा पुं० [सं० परियष्ट्] वह मनुष्य जो अपने बड़े भाई से पहले सोम याग करे।

परियाँण†—सज्ञा पुं० [स० परियाण (=भ्रमण), या पर्याण (=काठी); या प्रयाण (=युद्धयात्रा)] १ आक्रमणार्थ यात्रा। २. काठी। घोड़े की जीन। ३ वश। उ०—पुर-जोधाँण उदैपुर जैपुर पहुथाँरा खूटा परियाँण —बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० १०५।

परिया[१]—सज्ञा पुं० [तमिल परैयान्] दक्षिण भारत की एक प्राचीन जाति जो अस्पृश्य मानी जाती है।

विशेष—इस जाति के लोग अधिकतर चौकीदारी, भगी या मेहतर का काम अथवा शूद्र किसान के खेत मे मजदूरी करते हैं। स्वभाव से ये शांत, नम्र और परिश्रमी होते हैं। ये देवी के उपासक होते और अधिकतर पार्वती या काली की मूर्तियों की पूजा करते हैं। सामाजिक सबध में ये बड़े रक्षणशील हैं, अपने से उच्च भिन्न जाति से भी किसी प्रकार का सामाजिक सबध नहीं रखना चाहते। कई दक्षिणी राज्यों में इनको ब्राह्मणो के सामने से निकलने तक का निषेध है। कहते हैं, इनका सामना हो जाने से ब्राह्मण अपवित्र हो जाता है और उसे स्नान करना पड़ता है। जिस गाँव में ब्राह्मणो की बस्ती हो उसमें जाना भी परिया के लिये निषिद्ध है।

परिया लोगों का कहना है कि हमारी उत्पत्ति ब्राह्मणी के गर्भ से है और हम ब्राह्मणों के बड़े भाई होते हैं। वेंकटाचार्य ने कुलशेखरमाला में लिखा है कि उर्वशी के पुत्र वशिष्ठ ने अरुंधती नाम की एक चांडाली से विवाह किया था। इस चाडाली के गर्भ से १०० पुत्र जन्मे। इनमें से पिता का आदेश मान लेनेवाले चार पुत्र तो चार वर्णों के मूल पुरुष हुए और पिता की आज्ञा की अवज्ञा करनेवाले ९६ पुत्रो को पचमवर्ण या परिया की संज्ञा मिली।

परिया[२]—सज्ञा स्त्री० [देश०] ताना तानने की लकड़ियाँ (जुलाहा)।

परियागⓊ†—सज्ञा पुं० [स० प्रयाग] दे० 'प्रयाग'। उ०—वेनी परियाग घट अनुरागा, पाइ न्हाइ अज अमर भए।—घट०, पृ० २९४।

परियाण—सज्ञा पुं० [सं०] घुमाई फिराई। भ्रमण। पर्यटन।

परियाणिक—सज्ञा पुं० [सं०] यात्रा की गाड़ी। चलती हुई गाड़ी।

परियात—वि० [स०] १ जो भ्रमण या पर्यटन कर चुका हो। २. आया हुआ। कहीं से लौटा हुआ।

परियार[१]—सज्ञा पुं० [देश०] १ बिहार में शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का एक उपभेद। २. मदरास मे बसनेवाली एक नीच जाति।

परियारⓊ[२]—सज्ञा पुं० [स० परिवार, प्रा० परिआल] म्यान। कोष।

उ०—दुहु लोह कहढि परियार ते सार धार में अग्मि भर। —पृ० रा०, २५। ४५६।

परियार[3]—वि० [स० परारि] पूर्वतर वर्ष। वर्तमान से तीसरा पूर्व या बाद का वर्ष। जैसे,—(क) परियार साल चुनाव हुआ था। (ख) परियार साल फिर सूर्यग्रहण लगेगा।

यौ०—पर परियार।

परियोग्य—सज्ञा पुं० [सं०] वेद की एक शाखा।

परिरंधित—वि० [सं० परिरन्धित] १ नष्ट किया हुआ। २. चुटैल। चोट पहुँचाया हुआ (को०)।

परिरंभ—सज्ञा पुं० [सं० परिरम्भ] [वि० परिरभित, परिरभी] गले से गला या छाती से छाती लगाकर मिलना। आलिंगन।

परिरंभण—सज्ञा पुं० [स० परिरम्भण] दे० 'परिरंभ'।

परिरंभनⓊ—सज्ञा पुं० [सं० परिरम्भण] दे० 'परिरंभण'। उ०—सकल सुगध अंग अंग भरि भोरी, पीय नृतत मुसकेन मुख मोरी, परिरंभन रस रोरी।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १८६।

परिरंभनाⓊ—क्रि० स० [सं० परिरम्भ + हिं० ना (प्रत्य०)] परिरंभण करना। आलिंगन करना। गले लगाना। उ०—तुव तन परिमल परसि जब गवनत धीर समीर। तावहँ बहु सन मान करि परिरंभत बलबीर।—नददास (शब्द०)।

परिरक्षण—सज्ञा पुं० [स०] १ सब प्रकार या सब ओर से रक्षा करना। २ पालन। रक्षण। निभाना (को०)। ३ देखभाल या बचाव (को०)।

परिरक्षणीय—वि० [सं०] अच्छी तरह रक्षा करने के योग्य [को०]।

परिरक्ष्य—वि० [स०] दे० 'परिरक्षणीय' [को०]।

परिरक्षित—वि० [सं०] १ जिसकी पूर्णत रक्षा या देखभाल की गई हो। २ पूरी तरह निभाया हुआ या पालन किया हुआ [को०]।

परिरक्षिता—वि० [सं० परिरक्षितृ] पूरी तरह से देखभाल या रक्षा करनेवाला [को०]।

परिरक्षी—वि० [सं० परिरक्षिन्] दे० 'परिरक्षिता'।

परिरथ्य—सज्ञा स्त्री० [सं०] रथ का एक अग।

परिरथ्या—सज्ञा पुं० [सं०] चौडा रास्ता। सडक।

परिरब्ध—वि० [सं०] आलिंगित [को०]।

परिराटी—वि० [स० परिराटिन्] चिल्लानेवाला या रट लगानेवाला [को०]।

परिरोध—सज्ञा पुं० [सं०] रुकावट। अडगा। अवरोध।

परिलंघ—सज्ञा पुं० [सं० परिलङ्घ] फलाँग या छलाँग मारना। कूद या उछलकर लाँघ जाना।

परिलंघन—सज्ञा पुं० [सं० परिलङ्घन] दे० 'परिलंघ'।

परिलंबन—सज्ञा पुं० [सं० परिलम्बन] भाचक्र का २७° विषुवद् रेखा से एक ओर हिंडोले की तरह जाकर फिर लौट आना और इसी प्रकार दूसरी ओर २७° तक की पेंग लेकर पुनः अपने स्थान पर चला आना। इसे अंग्रेजी में लाइब्रेशन (Libration) कहते हैं।

परिलघु—वि० [सं०] १ अत्यत छोटा या हलका। २, अत्यत शीघ्र पचने के कारण अति लघु पाक।

परिलिखन—सज्ञा पुं० [स०] १. रगड या घिसकर किसी चीज का खुरदरापन दूर करना। २ चिकना और चमकदार करना। पालिश करना।

परिलिखित—वि० [सं०] रेखा से घिरा हुआ। जो किसी घेरे या दायरे के बीच मे हो। रेखा या वृत्त से परिवेष्टित।

परिलोढ—वि० [स० परिलीढ] भली भाँति चाटा हुआ [को०]।

परिलुप्त—वि० [सं०] १ नाशप्राप्त। नष्ट। विनष्ट। २ जिसकी क्षति या अपकार किया गया हो। क्षतिग्रस्त। अपकृत। ३ लुप्त।

यौ०—परिलुप्तसज्ञ = चेतनारहित। सज्ञाहीन। अचेत।

परिलून—वि० [स०] पूर्णत छिन्न या काटा हुआ [को०]।

परिलेख[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. चित्र का स्थूल रूप जिसमें केवल रेखाएँ हों, रग न भरा गया हो। ढाँचा। खाका। २ चित्र। तसवीर। ३ कूँची या कलम जिससे रेखा या चित्र खींचा जाय।

परिलेख[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] उल्लेख। शब्दों द्वारा अंकन या वर्णन। उ०—तेरे प्रेम को परिलेख तो प्रेम की टकसार होयगो और उत्तम प्रेमिन को छोडि और काहू की समझ ही में न आवैगो।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४६५।

परिलेखन—सज्ञा पुं० [सं०]किसी वस्तु के चारो ओर रेखाएँ बनाना।

परिलेखनाⓊ—क्रि० स० [सं० परिलेख+हिं० ना (प्रत्य०)] समझना। मानना। खयाल करना। उ०—मो जेइ समुद प्रेम कर देखा। तेइ यह समुद बुद परिलेखा।—जायसी (शब्द०)।

परिलेही—सज्ञा पुं० [सं० परिलेहिन्] कान का एक रोग, जिसमें कफ और रुधिर के प्रकोप से कान की लोलक पर छोटी छोटी फुसियाँ निकल आती हैं और उनमे जलन होती है।

परिलोप—सज्ञा पुं० [सं०] १ क्षति। हानि। २ उपेक्षण। उपेक्षा। ३ विलोप। नाश।

परिलोलित—वि० [सं०] हिलता हुआ। कपित।

परिवचन—सज्ञा पुं० [सं० परिवञ्चन] धोखा देना। छलना।

परिवचना—सज्ञा स्त्री० [सं० परिवञ्चना] दे० 'परिवचन' [को०]।

परिवश—सज्ञा पुं० [स०] धोखा। छल। प्रतारण।

परिवक्त्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. गोलाकार वेदी या गर्त। २ एक स्थान का नाम (को०)।

परिवत्सर—सज्ञा पुं० [सं०] १ ज्योतिष के पाँच विशेष सवत्सरों में से एक। इसका अधिपति सूर्य होता है। २ एक समस्त वर्ष। एक पूरा साल।

परिवत्सरीण—वि० [सं०] जिसका सबध सारे वर्ष से हो। जो पूरे वर्ष भर रहे। समस्त वर्षव्यापी। समस्त वर्षसबधी।

परिवत्सरीय—वि० [सं०] दे० 'परिवत्सरीण'।

परिवदन—सज्ञा पुं० [स०] किसी के दोष का वर्णन या कथन। निंदा। बदगोई।

परिवपन—सज्ञा पुं० [स०] कतरना या मूँडना [को०]।

परिवर्जन, परिवर्ज्जन—सज्ञा पुं० [सं०] १ परित्याग करना। त्यागना। छोडना। तजना। २ मारण। मार डालना। हत्या करना।

परिवर्जनीय—वि० [स०] त्यागने योग्य। परित्याज्य।

परिवर्जित—वि० [स०] त्यागा हुआ। परित्यक्त।

परिवर्त—सज्ञा पुं० [स०] १ फिराव। फेरा। घुमाव। चक्कर। विवर्तन। २ आवृत्ति। ३ अदल बदल। बदला। विनिमय। ४ जो बदले में लिया या दिया जाय। बदल। ५ किसी काल या युग का अत। किसी काल या युग का बीत जाना। ६ (ग्र थ का) परिच्छेद। अध्याय। बयान। ७ पुराणानुसार मृत्यु के पुत्र दुस्सह के पुत्रो में से एक।

विशेष—मार्कंडेय पुराण मे लिखा है कि मृत्यु के दुस्सह नाम का एक पुत्र था जिसका विवाह कलि की कन्या निर्माष्टि के साथ हुआ था। निर्माष्टि के गर्भ से अनेक पुत्र जन्मे, परिवर्त इनमें तीसरा था। यह एक स्त्री के गर्भ को दूसरी स्त्री के गर्भ से बदल दिया करता था, किसी वाक्य का भी वक्ता के अभिप्राय से विरुद्ध या भिन्न अर्थ कर दिया करता था। इसी से इसे परिवर्त कहने लगे। इसके उपद्रव से गर्भ की रक्षा करने के लिये सफेद सरसों और रक्षोघ्न मत्र से इसकी शाति की जाती है। इसके पुत्र विरूप और विकृति भी उपद्रव करके गर्भपात कराते हैं। इनके रहने के स्थान डालियों के सिरे, चहारदीवारी, खाई और समुद्र हैं। जब गर्भिणी स्त्री इनमें से किसी के पास पहुँचती है तब ये उसके गर्भ मे घुस जाते हैं और फिर बराबर एक से दूसरे गर्भ मे जाया करते हैं। इनके बार बार जाने आने से गर्भ गिर जाता है। इसी कारण गर्भावस्था में स्त्री को वृक्ष, पर्वत, प्राचीर, खाई और समुद्र आदि के पास घूमने फिरने का निषेध है।

८ स्वरसाधन की एक प्रणाली जो इस प्रकार है

आरोही—सा ग म रे, रे म प ग, ग प ध म, म ध नि प, प नि सा ध, ध सा रे नि, नि रे ग सा। अवरोही—सा ध प नि, नि प सा ध, ध म ग प, प ग रे म, म रे सा ग, ग सा नि रे, रे नि ध सा।

९ गृह। आलय। निवासस्थान (को०)। १० पुनर्जन्म। फिर फिर जन्म लेना (को०)।

परिवर्तक—सज्ञा पुं०[सं०]१ घूमनेवाला। फिरनेवाला। चक्कर खानेवाला। २ घुमानेवाला। फिरानेवाला। चक्कर देनेवाला। उलटने पलटनेवाला। ३ बदलनेवाला। विनिमय करनेवाला। ४ जो बदला जा सके। परिवर्तन योग्य। ५ युग का अत करनेवाला। ६ मृत्यु के पुत्र दुस्सह का एक पुत्र। ७ अनाज आदि देकर दूसरी वस्तुएँ बदले मे लेना। विनिमय।

परिवर्तन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिवर्तनीय, परिवर्तित, परिवर्ती] १ घुमाव। फेरा। चक्कर। आवर्तन। २ दो वस्तुओ का परस्पर अदल बदल। अदला बदली। हेरफेर। विनिमय। तबादला। ३ जो किसी वस्तु के बदले में लिया या दिया जाय। बदल। ४ बदलने या बदल जाने की क्रिया या भाव। दशातर। विषयातर। रूपातर। तबदीली। उ०—परिवर्तन ही यदि उन्नति है तो हम बढते जाते हैं।—पचवटी, पृ० ८। ५ किसी काल या युग की समाप्ति।

यौ०—**परिवर्तनवादी** = वर्तमान स्थिति को बदलने की कामना रखनेवाला। परिवर्तन द्वारा समाज की उन्नति मे विश्वास रखनेवाला। उ०—स्वतत्रता के उन्मत्त उपासक, घोर परिवर्तनवादी शैली के महाकाव्य, 'दि रिवोल्ट आफ इस्लाम' के नायक नायिका शात वृत्ति या चमत्कारपूर्ण प्रदर्शन करनेवाले नही हैं।—आचार्य०, पृ० १८। **परिवर्तनशील** = परिवर्तित होनेवाला। जिसमे निरतर परिवर्तन हो। **परिवर्तनशीला** = निरतन बदलनेवाली।—उ०—देखेंगे परिवर्तनशीला प्रकृति को, घूमेगे बस देश देश स्वाधीन हो।—करुणा०, पृ० ७।

परिवर्तनीय—वि० [सं०] घूमने, बदलने या बदले जाने के योग्य। परिवर्तन योग्य।

परिवर्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] लिंगेंद्रिय का एक क्षुद्र रोग।

विशेष—अधिक खुजलाने, दबाने या चोट लगने के कारण इसमे लिंगचर्म उलटकर सूज जाता है। कभी कभी यह सूजन गाँठ की तरह हो जाती है और पक जाती है। यह रोग वायु के कोप से होता है। कफ अथवा पित्त का भी सबध होने से त्वचा मे क्रम से अधिक खुजली या जलन होती है।

परिवर्तित—वि० [स०] १ जिसका आकार या रूप बदल गया हो। बदला हुआ। रूपातरित। २ जो बदले में मिला हुआ हो। ३ जिसका परिवर्तन हुआ हो।

परिवर्तिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] भादों शुक्ल पक्ष की एकादशी।

परिवर्ती—वि० [स० परिवर्तिन्] १ परिवर्तन स्वभाववाला। परिवर्तनशील। बार बार बदलनेवाला। २ किसी चीज का बदलनेवाला। विनिमय करनेवाला। ३ जिसका घूमने का स्वभाव हो। जो बराबर घूमता रहता हो।

परिवर्तुल—वि० [स०] खूब गोल। पूर्ण गोलाकार।

परिवर्त्मन्—वि० [स०] जो किसी वस्तु के चारो ओर घूम रहा हो। प्रदक्षिणा करता हुआ।

परिवर्द्धन—पज्ञा पु० [स०] [वि० परिवर्द्धित] सख्या, गुण आदि में किसी वस्तु की खूब बढ़ती होना। सम्यक् प्रकार से वृद्धि। खूब या खासी बढ़ती। परिवृद्धि।

परिवर्द्धित—वि० [स०] १ बढ़ा हुआ। २ बढाया हुआ।

परिवर्धमान—वि० [स० परिवर्धमत्] बढता हुआ। चारो ओर से बढनेवाला। जो बढ़ रहा हो। उ०—बेला की आँखों मे गोली का और उसके परिवर्धमान प्रेमाकुर का चित्र था।

जो उसके हट जाने पर विरहजल से हराभरा हो उठा था। —इद्र०, पृ० ७।

परिवर्म—वि० [स०] वर्म से ढका हुआ। वक्तर से ढका हुआ। जिरहपोश।

परिवर्ह—सज्ञा पुं० [सं०] चँवर, छत्र आदि राजत्व की सूचक वस्तुएँ। राजचिह्न। शाही लवाजमा। २ धन। सपत्ति (को०)। ३ गृह की वस्तुएँ (को०)।

परिवसथ—सज्ञा पु० [सं०] ग्राम। गाँव।

परिवह—सज्ञा पुं० [स०] सात पवनों में से छठा पवन।

विशेष—कहते हैं, यह सुबह पवन के ऊपर रहता है और आकाशगगा को बहाता तथा शुक्र तारे को घुमाता है। उ०—है याकी वह पवन जो परिवह जाति कहाय। वही पवन नभगग कौं नितप्रति रही बहाय। —शकुतला, पृ० १३३।

२ अग्नि की सात जीभों में से एक।

परिवहन—सज्ञा पु० [सं०] यात्रियों तथा माल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना। ढोना। उ०—व्यापारी अपना माल एक राज्य की सीमा से बाहर दूसरे राज्य में परिवहन करने के इच्छुक होगे।— नेपाल०, २४०।

परिवाँण†—सज्ञा पुं० [सं० प्रमाण] इयत्ता। सीमा। अवधि। उ०—तुँही ज सज्जण मित्त तूँ प्रीतम तूँ परिवाँण। हियडइ भीतर तूँ वसइ भावइ जाँण म जाँण।—ढोला०, दू० १७५।

परिवाँन†—सज्ञा पुं० [सं० परिमाण] घेरा। विस्तार। परिमाण। उ०—प्रथम हने रणधीर ने बहुरि सेन परिवाँन।—ह० रासो, पृ० १६२।

परिवा—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिपदा, प्रा० पड़िवआ] किसी पक्ष की पहली तिथि। द्वितीया के पहले पडनेवाली तिथि। अमावस्या या पूर्णिमा के दूसरे दिन की तिथि। पडिवा।

परिवाद—सज्ञा पु० [सं०] १. निंदा। दोषकथन। अपवाद। बुराई करना। २ मनुस्मृति के अनुसार ऐसी निंदा जिसकी आधारभूत घटना या तथ्य सत्य न हो। झूठी निंदा। ३ लोहे के तारों का वह छल्ला जिससे वीणा या सितार बजाया जाता है। मिजराब।

परिवादक[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ परिवाद करनेवाला मनुष्य। निंदा करनेवाला व्यक्ति। २ वीनकार। ३. बीन बजानेवाला।

परिवादक[2]—वि० परिवाद करनेवाला। निंदक।

परिवादिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह बीन जिसमें सात तार होते हैं। २ परिवाद करनेवाली स्त्री (को०)।

परिवादी[1]—वि० [सं० परिवादिन्] [वि०स्त्री० परिवादिनी] निंदा करनेवाला। परिवाद करनेवाला।

परिवादी[2]—सज्ञा पु० निंदक व्यक्ति। परिवादक। अपवाद या परिवाद करनेवाला।

परिवानⓤ—सज्ञा पुं० [सं० प्रमाण, हिं० परवान] दे० 'प्रमाण'। उ०—चलु हँसा तहँ चरण समान। तहँ दादू पहुँचे परिवान।—दादू०, पृ० ६७५।

परिवाननाⓤ—क्रि० स० [सं० प्रमाण] दे० 'प्रमानना'। उ०—ग्यानी पुनि यह सुख नहिं जानै। नीरस निराकार परिवानै।—नद० ग्र०, पृ० २५१।

परिवाप—सज्ञा पुं० [सं०] १. वपन। बोना। २ मुडन। ३ स्थान। जगह। ४. फरही। भुना हुआ चावल। लावा। खील। ५ घनीभूत दूध। जमाया हुआ दूध या छेना। ६. परिच्छद। उपयोग की सामग्री। ७ जलाशय। ८ अनुचर वर्ग [को०]।

परिवापन—सज्ञा पु० [सं०] मुडन। मूँडना [को०]।

परिवापित—वि० [सं०] मुडित। मूड़ा हुआ [को०]।

परिवार—सज्ञा पुं० [सं०] १ कोई ढकनेवाली चीज। परिच्छद। आवरण। २ म्यान। नियाम। कोष। तलवार की खोली। ३ वे लोग जो किसी राजा या रईस की सवारी में उसके पीछे उसे घेरे हुए चलते हैं। परिषद्। ४ वे लोग जो अपने भरण पोषण के लिये किसी विशेष व्यक्ति के आश्रित हो। आश्रित वर्ग। पोष्य जन। ५ एक ही कुल में उत्पन्न और परस्पर घनिष्ठ सबध रखनेवाले मनुष्यों का समुदाय। भाई, बेटे आदि और सगे सबधियों का समुदाय। स्वजनों या आत्मीयों का समुदाय। परिजनसमूह। कुटुंब। कुनबा। खानदान। ६ एक स्वभाव या धर्म की वस्तुओं का समूह। कुल। उ०—अमिय मूरिमय चूरन चारू। समन सकल भवरुज परिवारू।—तुलसी (शब्द०)।

परिवारण—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परिवारित] १. ढकने या छिपाने की क्रिया। आवरण। आच्छादन। २ कोष। खोल। म्यान।

परिवारता—सज्ञा स्त्री० [सं०] अधीनता। अवलबन। आश्रय [को०]।

परिवारवान्—वि० [सं० परिवारवत्] जिसके परिवार हो। परिवारवाला। जिसके बहुत से परिषद्, कुटुबी या आश्रित हों।

परिवारित—वि० [सं०] घेरा हुआ। आवृत्त [को०]।

परिवारी—सज्ञा पुं० [सं० परिवार] परिवार में रहनेवाला। कुटुबी। परिवार का सेवक। अनुचर। उ०—जिस दिन सुना अकिंचन परिवारी ने आजीवन दास ने रक्त से रँगे हुए अपने ही हाथों पहना है राज्य का मुकुट।—लहर पृ० ८५।

परिवास—सज्ञा पुं० [सं०] १. ठहरना। टिकना। टिकाव। अवस्थान। २ घर। गृह। मकान। ३. सुवास। सुगध। ४. बौद्ध सघ में से किसी अपराधी भिक्षु का बाहर किया जाना या बहिष्करण।

परिवासन—सज्ञा पुं० [सं०] खड। टुकड़ा।

परिवाह—सज्ञा पुं० [सं०] १ ऐसा प्रवाह या बहाव जिसके कारण पानी ताल तलाव आदि की समाई से अधिक हो जाता हो। उतराकर बहना। बाँध, मेंड़ या दीवार के ऊपर से छलककर बहना। २ [वि० परिवाहित] वह नाली या प्रवाहमार्ग जिससे किसी स्थान का आवश्यकता से अधिक जल

निकाला जाय। फालतू पानी निकालने का मार्ग। अतिरिक्त पानी का निकास।

परिवाही—वि० [स० परिवाहिन्] [वि० स्त्री० परिवाहिनी] उतराकर बहनेवाला। बाँध, मेंड आदि से छलककर बहनेवाला। उबल या उफनकर बहनेवाला।

परिविंदक—सज्ञा पुं० [स० परिविन्दक] वह व्यक्ति जो जेठे भाई से पहले अपना विवाह कर ले। परिवेत्ता।

परिविंदन—सज्ञा पुं० [स० परिविन्दन] परिवेत्ता। परिविंदक।

परिविण्ण—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'परिविन्न' [को०]।

परिवितर्क—सज्ञा पुं० [स०] प्रश्न। जिज्ञासा। परीक्षा।

परिविन्न—सज्ञा पुं० [सं०] वह मनुष्य जिसका छोटा भाई, उससे पहले अपना विवाह कर ले।

परिविन्ति—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'परिविन्न'।

परिविद्ध[1]—वि० [स०] भली भाँति या सम्यक् रीति से विद्ध। सब ओर या सब प्रकार से विधा हुआ।

परिविद्ध[2]—सज्ञा पुं० कुबेर (देवता)।

परिविन्न—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिविन्न' [को०]।

परिविविदान—सज्ञा पु० [सं०] बडे भाई से पहले विवाह करनेवाला छोटा भाई। परिवेत्ता।

परिविष्ट—वि० [सं०] १ घेरा हुआ। परिवेष्टित। २. परोसा हुआ (भोजन)। ३. प्रकाशमडल से आवृत (सूर्य या चद्र)।

परिविष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सेवा। टहल। परिचर्या। २ घेरा। वेष्टन।

परिविहार—सज्ञा पुं० [सं०] आनद से घूमना। जी भरकर घूमना [को०]।

परिवीक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] १ घिरा हुआ। लपेटा हुआ। २. ढका हुआ। छिपाया हुआ। आच्छादित। आवृत्त।

परिवीजित—वि० [स० परिवीजन] जिसे पखे से हवा की गई हो। पखा किया हुआ। उ०—उच्च प्रसारो में लेटा छाया मर्मर परिवीजित। श्रात पाथ सा ग्रीष्म ऊँघता भरी दुपहरी में नित।—अतिमा, पृ० १३७।

परिवीत[1]—वि० [सं०] १ घिरा हुआ। लपेटा हुआ। छिपाया हुआ। आच्छादित। आवृत्त।

परिवीत[2]—सज्ञा पु० ब्रह्मा का धनुष [को०]।

परिवृंहित[1]—वि० [सं०] दे० 'परिबृंहित'।

परिवृंहित[2]—सज्ञा पु० हाथी की चिग्घाड। हस्तिगर्जन [को०]।

परिवृढ[1]—वि० [सं०] दृढ। मजबूत [को०]।

परिवृढ[2]—सज्ञा पु० मालिक। स्वामी। नेता।

परिवृत्त[1]—वि० [स०] १ ढका, छिपाया या घिरा हुआ। वेष्टित। आवृत्त। २ पूर्णत प्राप्त (को०)। ३. जाना हुआ। परिचित। ज्ञात (को०)।

परिवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] ढकने, घेरने या छिपानेवाली वस्तु। वेष्टन।

परिवृत्त[1]—वि० [स०] १ घुमाया या लौटाया हुआ। २ उलटा-पलटा हुआ। ३. घेरा हुआ। वेष्टित। ४ समाप्त। ५. परिवर्तित। बदला हुआ (को०)।

परिवृत्त[2]—सज्ञा पुं० आलिगन। अँकवार [को०]।

परिवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १. घुमाव। चक्कर। गरदिश। २. घेरा। वेष्टन। ३. अदला बदला। विनिमय। तबादला। ४. समाप्ति। अत। ५ एक शब्द या पद को दूसरे ऐसे शब्द या पद से बदलना जिससे अर्थ वही बना रहे। ऐसा शब्द-परिवर्तन जिसमें अर्थ मे कोई अतर न आने पावे। जैसे,—'कमललोचन' के 'कमल' अथवा 'लोचन' को 'पद्म' या 'नयन' से बदलना (व्याकरण)।

परिवृत्ति—सज्ञा पुं० एक अर्थालकार जिसमे एक वस्तु को देकर दूसरी वस्तु लेने अर्थात् लेनदेन या अदल बदल का कथन होता है।

विशेष—इस अलकार के दो प्रधान भेद हैं—एक सम परिवृत्ति, दूसरा विषम परिवृत्ति। पहले मे समान गुण या मूल्य की और दूसरे मे असमान गुण या मूल्य की वस्तुओ के अदल-बदल का वर्णन होता है। इन दोनो के दो दो अवातर भेद होते हैं। सम के अतर्गत एक उत्तम वस्तु का उत्तम से विनिमय, दूसरा न्यून वस्तु का न्यून से विनिमय है। इसी प्रकार विषम के अतर्गत उत्तम वस्तु का न्यून से और न्यून का उत्तम से विनिमय होता है। जैसे,—(क) मन मानिक दीन्हो तुम्हे लीन्हीं बिरह बलाय। (वि० परि०—उत्तम का न्यून से विनिमय) (ख) तीन मुठी भरि आज देकर अनाज आपु लीन्हो जदुपति जू सो राज तीनों लोक को (वि० परि०-न्यून का उत्तम से विनिमय)।

हिंदी कविता मे प्रायः विषम परिवृत्ति के ही उदाहरण मिलते हैं। कई आचार्यों ने इसी कारण न्यून या थोडा देकर उत्तम या अधिक लेने के कथन को ही इस अलकार का लक्षण माना है, सम का सम के साथ विनिमय के कथन को नही। परतु अन्य कई आचार्यों तथा विशेषत साहित्यदर्पण आदि साहित्य ग्रथो ने देनलेन या अदल बदल के कथन मात्र को इस अलकार का लक्षण प्रतिपादित किया है।

परिवृत्तिकाव्य—सज्ञा पु० [स० परिवृत्ति+काव्य] दूसरे की कविता को आधार बनाकर उसी शैली पर प्रस्तुत की गई हास्यप्रधान कविता जिसे अग्रेजी मे पैरोडी कहते हैं। उ०—परिहास करने के लिये इसी शैली पर जो रचना की जाती है उसे परिवृत्तिकाव्य कहते हैं।—स० शास्त्र, पृ० ८१।

परिवृद्ध—वि० [स०] खूब बढ़ा हुआ। सब प्रकार वर्धित। परिवर्धित।

परिवृद्धि—सज्ञा स्त्री० [सं०] सब प्रकार से वृद्धि। परिवर्धन। खूब बढ़ती या वृद्धि।

परिवेण—सज्ञा पुं० [पाली] १ बौद्ध विहार के भीतर बना हुआ भिक्षुओ का कुटीर या भवन। उ०—(क) अनाथ पिंडिल ने जैतवन मे विहार बनवाए, परिवेण बनवाए।—वै० न०,

पृ० ३१२। (ख) एक परिवेण से दूसरे परिवेण जाकर पूछने लगा। —वै० न०, पृ० १००।

परिवेत्ता—सज्ञा पु० [स० परिवेतृ] वह व्यक्ति जो बड़े भाई से पहले अपना विवाह कर ले या अग्निहोत्र ले ले।

विशेष—बड़े भाई के अविवाहित रहते छोटे का विवाह होना धर्मशास्त्रो से निषिद्ध और निंदित है परतु नीचे लिखी हुई अवस्थाएँ अपवाद हैं। इनमे बड़े भाई से पहले विवाह करनेवाले छोटे भाई को दोष नहीं लगता। बड़ा भाई देशातर या परदेश में हो (शास्त्रो ने देशांतर उस देश को माना है जहाँ कोई और भाषा बोली जाती हो, जहाँ जाने के लिये नदी या पहाड लाँघना पड़े, जहाँ का सवाद दस दिन के पहले न सुन सकें अथवा जो साठ, चालीस या तीस योजन दूर हो), नपुसक हो, एक ही अडकोष रखता हो, वेश्यासक्त हो, (शास्त्रपरिभाषा के अनुसार) शूद्रतुल्य या पतित हो, अति रोगी हो, जड, गूँगा, अधा, बहरा, कुबडा, बौना या कोढ़ी हो, अति वृद्ध हो गया हो, उसने ऐसी स्त्री से सबध कर लिया हो जो शास्त्रनिषिद्ध हो, जो शास्त्र की विधियो को न मानता हो, अपने पिता का औरस पुत्र न हो, चोर हो या विवाह करना ही न चाहता हो और छोटे भाई को विवाह करने की उसने अनुमति दे दी हो। बड़े भाई के देशांतरस्थ होने की दशा में तीन वर्ष, अथवा विशेष अवस्थाओं मे कुछ अधिक वर्षों तक प्रतीक्षा करने की शास्त्रो की आज्ञा है, पर कोढ़ी, पतित, आदि होने की दशा में नहीं।

परिवेद—सज्ञा पुं० [स०] पूरा ज्ञान। सम्यक् ज्ञान। परिज्ञान।

परिवेदन—सज्ञा पु० [स०] १ पूरा ज्ञान। सम्यक् ज्ञान। परिज्ञान। २ विचरण। ३ लाभ। प्राप्ति। ४ विद्यमानता। मौजूदगी। ५ वादविवाद बहस। ६ भारी दुःख या कष्ट। ७ बड़े भाई के पहले छोटे भाई का ब्याह होना। ८ अग्निहोत्र के लिये अग्नि की स्थापना। अग्न्याधान।

परिवेदना—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ तीक्ष्णबुद्धिता। विचक्षणता। विदग्धता। चतुराई। २. भारी दुःख या पीडा।

परिवेदनीया—सज्ञा स्त्री० [सं०] परिवेत्ता की स्त्री। परिवेदिनी [को०]।

परिवेदिनी—सज्ञा स्त्री [स०] उस मनुष्य की स्त्री जिसने बडे भाई से पहले अपना ब्याह कर लिया हो। परिवेत्ता की स्त्री।

परिवेश—सज्ञा पुं० [स०] वेष्टन। परिधि। घेरा। उ०—परिवेशो के सतत बदलते मूल्यो पर ही, अवलबित रहते अपने हैं मान न मौलिक। —रजत०, १०३१। दे० 'परिवेष'।

परिवेष—सज्ञा पुं० [सं०] १ परसना या परोसना। परिवेषण। २ घेरा। परिधि। उ०—रूप तिलक, कच कुटिल; किरनि छवि कुडल कल विस्तारु। पत्रावलि परिवेष सुमन सरि मिल्यो मनहु उड दारु। —सूर०, १०। १७९६। ३. हलकी सफेद बदली का वह घेरा जो कभी चंद्रमा या सूर्य के इर्द गिर्द बन जाता है। मडल। ४ कोई ऐसी वस्तु जो चारो ओर से घेरकर किसी वस्तु की रक्षा करती हो। ५. शहरपनाह की दीवार। परकोटा। कोट। ६ प्रकाश या किरणों का मडल।

परिवेषक—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० परिवेषिका] परसनेवाला। परिवेषण करनेवाला।

परिवेषण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिवेष्टव्य, परिवेष्य] १. (खाना) परसना। परोसना। २ घेरा। परिधि। वेष्टन। ३. सूर्य या चद्र आदि के चारो ओर का मडल।

परिवेष्टन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परिवेष्टित] १ चारो ओर से घेरना या वेष्टन करना। २ छिपाने, ढकने या लपेटनेवाली चीज। आच्छादन। आवरण। ३ परिधि। घेरा। दायरा।

परिवेष्टा—सज्ञा पु० [सं० परिवेष्टृ] परसनेवाला। परिवेषक।

परिवेष्य—वि० [सं०] परिवेषण के योग्य। परसने लायक [को०]।

परिव्यक्त—वि० [सं०] खूब स्पष्ट या प्रकट। सम्यक् रूप से प्रकाशित।

परिव्यय—सज्ञा पुं० [सं०] खर्च। सपूर्ण व्यय।

परिव्याध—सज्ञा पु० [सं०] १ चारो ओर से वेधने या छेदनेवाला। २ जलवेंत। ३ कनेर। द्रुमोत्पल। ४. एक ऋषि का नाम।

परिव्याप्त—वि० [सं०] छाया हुआ। चतुर्दिक् फैला हुआ।

परिव्रज्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ इधर उधर भ्रमण। २. तपस्या। ३ भिक्षुक की भाँति जीवन बिताना। लोहे की चूडी आदि धारण करना और सदा भ्रमण करते रहना। भिक्षुक वृत्ति से जीवन निर्वाह।

परिव्राज—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह सन्यासी जो सदा भ्रमण करता रहे। २ सन्यासी। यती। परमहस।

परिव्राजक—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'परिव्राज'।

परिव्राजी—सज्ञा स्त्री० [सं०] गोरखमुडी। मुडी।

परिव्राट—सज्ञा पुं० [सं० परिव्राज्] परिव्राज। परिव्राजक।

परिशकी—वि० [सं० परिशङ्किन्] आशका या भय करनेवाला। आशकी [को०]।

परिशाश्वत—वि० [सं०] सर्वदा एक ही रूप का। सदा एक समान रहनेवाला [को०]।

परिशिष्ट१—वि० [सं०] बचा हुआ। छूटा हुआ। अवशिष्ट। समाप्त।

परिशिष्ट२—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी पुस्तक या लेख का वह भाग जिसमे वे बातें दी गई हों जो किसी कारण यथास्थान नहीं जा सकी हों और जिनके पुस्तक मे न आने से वह अपूर्ण रह जाती हो। पुस्तक या लेख का वह अश जिसमे ऐसी बातें लिखी गई हो जो यथास्थान देने से छूट गई हो और जिनके देने से पुस्तक के विषय की पूर्ति होती हो। जैसे, छांदोग्यपरिशिष्ट, गृह्यपरिशिष्ट आदि। उ०—कुछ अन्य निबध भी हैं जो कल्पसूत्रो के सहायक अथवा पूरक कहे जाते हैं। इन निबधों को 'परिशिष्ट' कहते हैं।—आधुनिक०, पृ० ९७। २ किसी पुस्तक के अत में जोड़ा हुआ वह लेख जिसमे ऐसे अक,

व्याख्याएँ, कथाएँ, हवाले अथवा अन्य कोई बात दी गई हो जिससे पुस्तक का विषय समझने में सहायता मिलती हो किसी पुस्तक का वह अतिरिक्त अश जिसमें कुछ ऐसी बातें दी गई हो जिनसे उसकी उपयोगिता या महत्व बढ़ता हो। जमीमा।

परिशीलन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परिशीलित] १ विषय को खूब सोचते हुए पढना। सब बातो या अगो को सोच समझकर पढ़ना। मननपूर्वक अध्ययन। २ स्पर्श। लग जाना या छू जाना।

परिशीलित—वि० [सं०] परिशीलन किया हुआ। जिसका परिशीलन किया गया हो [को०]।

परिशुद्ध—वि० [स०] १. पूर्णत शुद्ध। विशुद्ध। निर्मल। निर्दोष। उ०—इस प्रकार अपने जीवन को परिशुद्ध बनाकर उसने जनता के जीवन मे से हिंसा के दोष को मिटाने का निश्चय किया। —सपूर्णा० अभि० ग्र०, पृ० २५। २ मुक्त। छुटा हुआ। बरी किया हुआ (को०)। ३ जो चुका दिया गया हो। चुकता किया हुआ (को०)।

परिशुद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पूर्ण शुद्धि। सम्यक् शुद्धि। २ छुटकारा। रिहाई।

परिशुष्क[1]—वि० [स०] १. बिलकुल सूखा हुआ। २ अत्यंत रसहीन।

परिशष्क[2]—सज्ञा पु० तला हुआ मास।

परिशून्य—वि० [सं०] एकदम शून्य। रिक्त [को०]।

परिश्रुत—सज्ञा पु० [स०] जोश। उत्साह। उमग [को०]।

परिशेष[1]—वि० [स०] बाकी बचा हुआ। अवशिष्ट।

परिशेष[2]—सज्ञा पुं० १. जो कुछ बच रहा हो। बच रहनेवाला। २. परिशिष्ट। ३ समाप्ति। अत।

परिशेषण—सज्ञा पु० [स०] वह जो बाकी बच रहा हो।

परिशोध—सज्ञा पु० [सं०] १ पूर्ण शुद्धि। पूरी सफाई। २ ऋण की बेबाकी। चुकता। ऋणशुद्धि।

परिशोधन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परिशुद्ध, परिशोधनीय, परिशोधित] १ पूरी तरह साफ या शुद्ध करना। पूर्ण रीति से शुद्धि करना। अग प्रत्यग की सफाई करना। सर्वतोभाव से शोधन। २ ऋण का दाम दे डालना। कर्ज़ की बेबकी। चुकता।

परिशोभमान—वि० [स० परि+शोभायमान] चारो ओर से सुशोभित होनेवाला। उ०—पुष्पो से परिशोभमान बहुश जो वृक्ष अकस्थ थे, वे उद्घोषित थे सदर्प करते उत्फुल्लता मेरु की।—प्रिय०, पृ० ९८।

परिशोष—सज्ञा पुं० [स०] शुष्क हो जाना। सूखने की क्रिया या भाव [को०]।

परिश्रम—सज्ञा पुं० [स०] १ उद्यम। आयास। श्रम। क्लेश। मेहनत। मशक्कत। २ थकावट। श्राति। माँदगी।

परिश्रमी—वि० [स० परिश्रमिन्] जो बहुत श्रम करे। उद्यमी। श्रमशील। मेहनती।

परिश्रय—सज्ञा पुं० [स०] १. आश्रय। रक्षा का स्थान। पनाह की जगह। २ सभा। परिषद्।

परिश्रयण—सज्ञा पुं० [सं०] घेरना। परिवेष्टित करना [को०]।

परिश्रांत—वि० [सं० परिश्रान्त] थका हुआ। श्रमित। क्लातियुक्त। थका माँदा।

परिश्रांति—स्त्री० सज्ञा [सं० परिश्रान्ति] थकावट। क्लाति। माँदगी।

परिश्रित्—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कपडे की दीवार या चिक आदि का घेरा। कनात। २ यज्ञ में काम आनेवाला पत्थर का एक विशिष्ट टुकडा।

परिश्रित[1]—वि० [स०] १ आवेष्टित। घिरा हुआ। २ आश्रय-प्राप्त। आश्रित [को०]।

परिश्रित[2]—सज्ञा पुं० १ आश्रय। पनाह। २ आवेष्टित करना। चारो ओर से घेरना [को०]।

परिश्रुत—वि० [सं०] जिसके विषय मे यथेष्ट सुना या जाना जा चुका हो। विश्रुत। विख्यात। प्रसिद्ध। मशहूर।

परिश्लेष—सज्ञा पु० [सं०] आलिगन। गले मिलना।

परिषत्—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'परिषद्'।

परिषत्व—सज्ञा पु० [स०] परिषद् का भाव या धर्म।

परिषद्—सज्ञा स्त्री [स०] १ प्राचीन काल की विद्वान् ब्राह्मणों की वह सभा जिसे राजा समय समय पर राजनीति, धर्मशास्त्र आदि के किसी विषय पर व्यवस्था देने के लिये आवाहित किया करता था और जिसका निर्णय सर्वमान्य होता था। २. सभा। मजलिस। ३ समूह। समाज। भीड। ४. विद्याप्राप्ति का केंद्र। उ०—वृहदारण्यक उपनिषद् के परिषदों का उल्लेख है जो विद्यापीठ थे और जिनमें बहुत से छात्र इकट्ठे होते थे।—हिंदु० सभ्यता, पृ० १३१।

परिषद—सज्ञा पुं० [सं०] १ सवारी या जुलूस में चलनेवाले वे अनुचर जो स्वामी को घेरकर चलते हैं। पारिषद्। २. सदस्य सभासद। ३ मुसाहब। दरबारी।

परिषद्य—सज्ञा पुं० [स०] १ सभासद। सदस्य। २ दर्शक। प्रेक्षक।

परिषद्वल—सज्ञा पुं० [सं०] सभासद। सदस्य। परिषद।

परिषिक्त—वि० [स०] १ जो सीचा गया हो। सिचित। २ जिसपर छिडकाव किया गया हो।

परिषीवण—सज्ञा पु० [सं०] १ गोठ देना। २ सीना।

परिषेक—सज्ञा पुं० [स०] १ सिचाई। तर करना। २ छिडकाव। ३ स्नान।

परिषेचक—वि० [स०] १ सींचनेवाला। २. छिडकनेवाला।

परिषेचन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिषिक्त] १ तर करना। सींचना। २ छिडकना।

परिष्कंद—सज्ञा पु० [सं० परिष्कन्द] १ वह सतति जिसको उसके माता पिता के अतिरिक्त किसी और ने पाला पोसा हो।

परपोषित संतति। २. सेवक। नौकर (को०)। ३ पार्श्व-रक्षक (को०)।

परिष्कएण[1]—वि० [सं०] परपोषित। जो दूसरे के द्वारा पालित पोषित हुआ हो [को०]।

परिष्कएण[2]—संज्ञा पुं० दे० 'परिष्कद—१'।

परिष्कन्न—वि०, संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिष्कएण'।

परिष्कर—संज्ञा पुं० [सं०] सजावट। शृंगार [को०]।

परिष्करण—संज्ञा पु० [पुं०] संस्कार। परिष्कार। शुद्धि [को०]।

परिष्कार—संज्ञा पुं० [सं०] १ संस्कार। शुद्धि। सफाई। २. स्वच्छता। निर्मलता। ३ अलंकार। आभूषण। गहना। जेवर। ४ शोभा। ५ सजावट। बनाव। सिंगार। ६ संयम (बौद्ध दर्शन)। ७ भोजनादि पकाना। सिद्ध करना (को०)। ८ उपकरण। सामान (को०)।

परिष्कारण—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो पाला पोसा गया हो। २. दत्तक पुत्र।

परिष्कृत—वि० [सं०] [वि० स्त्री० परिष्कृता] १ साफ किया हुआ। शुद्ध किया हुआ। २ माँजा या धोया हुआ। ३ सँवारा या सजाया हुआ। ४ सिद्ध किया हुआ। (भोजन) स्वादिष्ट बनाया हुआ (को०)।

परिष्कृता—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह भूमि जो यज्ञ के लिये शुद्ध की गई हो [को०]।

परिष्कृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] परिष्कार [को०]।

परिष्क्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ शुद्ध करना। शोधन। २ माँजना। धोना। ३. सँवारना। सजाना।

परिष्टवन—संज्ञा पुं० [सं०] भली भाँति प्रशंसा करना। खूब तारीफ करना। सम्यक् प्रकार से स्तुति करना।

परिष्टोम—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का स्तुतियुक्त सामगान। २ वह कपड़ा जिसे हाथी आदि की पीठ पर शोभा के लिये डाल देते हैं। झूल। परिस्तोम। ३ आच्छादन। आवरण (को०)। ४ उपधान, गद्दा आदि (को०)।

परिष्ठल—संज्ञा पुं० [सं०] चारो ओर की भूमि। पार्श्वस्थ भूमि [को०]।

परिष्पद—संज्ञा पुं० [सं० परिस्पन्द] स्पंदन। हिलना डुलना। काँपना। दे० 'परिस्पद' [को०]।

परिष्यद—संज्ञा पुं० [सं० परिष्यन्द] १ प्रवाह। धारा। २ नदी। दरिया। ३ द्वीप। टापू।

परिष्यदी—वि० [सं० परिष्यन्दिन्] बहता हुआ। जिसका प्रवाह हो।

परिष्वंग—संज्ञा पुं० [सं० परिष्वङ्ग] आलिंगन। उ०—और उस सुनसान में नि संग, खोजने सच्छाति का परिष्वग।—साम०, पृ० ४२।

परिष्वंजन—संज्ञा पुं० [सं० परिष्वञ्जन] [वि० परिष्वक्त, परिष्वाय आदि] आलिंगन। गले मिलना या गले से लगाना। छाती से लगना या लगाना।

परिष्वक्त—वि० [सं०] जिसका आलिंगन किया गया हो। आलिंगित।

परिसंख्या—संज्ञा स्त्री० [सं० परिसंख्या] १ गणना। गिनती। २ एक अर्थालंकार जिसमें पूछी या बिना पूछी हुई बात उसी के सदृश दूसरी बात को व्यंग्य या वाच्य से वर्जित करने के अभिप्राय से कही जाय। यह कही हुई बात और प्रमाणों से सिद्ध विख्यात होती है।

विशेष—परिसंख्या अलंकार दो प्रकार का होता है—प्रश्नपूर्वक और बिना प्रश्न का। उ०—(क) सेव्य कहा? तट सुरसरित, कहा ध्येय? हरिपाद। कर्म उचित कह धर्म नित चित तजि सकल विषाद। (प्रश्नपूर्वक)। इसमें 'सेव्य क्या है'? आदि प्रश्नों के जो उत्तर दिए गए हैं उनसे व्यंग्य से 'स्त्री आदि सेव्य नहीं' यह बात भी सूचित होती है। (ख) इतनोई स्वारथ बड़ो लहि नरतनु जग माहिं। भक्ति अनन्य गोविंद पद लखहि चराचर ताहिं।

३ मीमांसा दर्शन में वह विधान जिससे विहित के अतिरिक्त अन्य का निषेध हो।

परिसंख्यात—वि० [सं० परिसंख्यात] १ जिसकी परिसंख्या अर्थात् गणना हुई हो। २ परिसंख्या के योग्य। उल्लेख के योग्य। गिनती करने लायक [को०]।

परिसंख्यान—संज्ञा पुं० [सं० परिसंख्यान] १ गिनती। गणना। परिसंख्या। २ विशेष वस्तु का निर्देश। ३ ठीक अनुमान। सही निर्णय [को०]।

परिसंचर—संज्ञा पुं० [सं० परिसंचर] सृष्टि के प्रलय का काल।

परिसंचित—वि० [सं० परिसंचित] एकत्र किया हुआ। जिसका संचय किया गया हो [को०]।

परिसंतान—संज्ञा पुं० [सं० परिसन्तान] तार। तंत्री।

परिसंवाद—संज्ञा पुं० [सं०] विचार विमर्श। प्रश्नोत्तर।

परिसभ्य—संज्ञा पुं० [सं०] सभासद। सदस्य।

परिसमंत—संज्ञा पुं० [सं० परिसमन्त] किसी वृक्ष के चारो ओर की सीमा।

परिसमापन—संज्ञा पुं० [सं०] किसी कार्य या वस्तु का पूर्णांत समाप्त होना। पूर्ण समाप्ति। परिसमाप्ति [को०]।

परिसमाप्त—वि० [सं०] बिलकुल समाप्त। निश्शेष।

परिसमाप्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'परिसमापन'।

परिसंस्तरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ तृण आदि को आग में झोकना। २ यज्ञ की अग्नि में समिधा डालना। ३ यज्ञादि में अग्नि के चारो ओर जलादि से मार्जन (को०)। ४ एकत्रीकरण। इकट्ठा करना (को०)।

परिसर[1]—वि० [सं०] मिला हुआ। जुड़ा या लगा हुआ।

परिसर[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी स्थान के आस पास की भूमि। किसी घर के निकट का खुला मैदान। प्रांतभूमि। नदी या पहाड़ के आस पास की भूमि। २ मृत्यु। ३ विधि। ४.

शिरा या नाड़ी। ५ अवसर। स्थिति। मौका (को०)। ६ एक देवता (को०)। ७. विस्तार। व्यास (को०)।

परिसरण—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिसारी, परिसृत] १ चलना। टहलना। पर्यटन। २ पराभव। हार। ३ मृत्यु। मौत।

परिसर्प—संज्ञा पु० [स०] १. किसी के चारो ओर घूमना। परिक्रिया। परिक्रमण। २ टहलना। चलना। घूमना। फिरना। ३ किसी की खोज में जाना। किसी के पीछे उसे ढूँढते हुए जाना। ४. साहित्यदर्पण के अनुसार नाटक मे किसी का किसी की खोज में भटकना जब कि खोजी जानेवाली वस्तु के जाने की दिशा या अवस्थिति का स्थान अज्ञात हो, केवल मार्ग के चिह्नो आदि के सहारे उसका अनुमान किया जाय, जैसे शकुतला नाटक के तीसरे अक में दुष्यत का शकुतला की खोज करना और निम्नलिखित दोहो में वर्णित चिह्नो से उसके जाने के रास्ते और ठहरने के स्थान का निश्चय करना। उ०—(क) जिन डारन ने मम प्रिया लुने फूल अरु पात। सूख्यो दूध न छन भरयो तिनकों अजौं लखात। (ख) लिए कमल रज गधि अस कर मालिनी तरग। आय पवन लागत भली मदन देत मम अग। (ग) दीखत पहू रेत मे नए खोज या द्वार। आगे उठि, पाछे धसकि रहे नितवन भार।—शकुंतला नाटक ५ एक प्रकार का साँप। ६ घेरना। आवेष्टित करना (को०) ७ सुश्रुत के अनुसार ११ क्षुद्र कुष्टो मे से एक। इसमें छोटी छोटी फुसियाँ निकलती हैं जो फूटकर फैलती जाती हैं। फुसियों से पछा या पीव भी निकलता है।

परिसर्पण—संज्ञा पु० [स०] १ चलना। टहलना। घूमना। २ रेंगना। ३. इधर उधर आना जाना। आवागमन। इतस्तत चक्रमण (को०)।

परिसर्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ टहलना। भ्रमण करना। २ एक रोग [को०]।

परिसांत्वन—संज्ञा पुं० [सं० परिसान्त्वन] ढाढस बँधाना। तसल्ली देना [को०]।

परिसाम—संज्ञा पुं० [स० परिसामन्] एक विशेष साम।

परिसार—संज्ञा पु० [सं०] घूमना। परिसरण करना [को०]।

परिसारक—संज्ञा पुं० [सं०] चलनेवाला। घूमनेवाला। भटकनेवाला।

परिसारी—संज्ञा पुं० [स० परिसारिन्] दे० 'परिसारक'।

परिसिद्धिका—संज्ञा स्त्री० [स०] वैद्यक में एक प्रकार की चावल की लपसी।

परिसीमा—संज्ञा स्त्री० [स०] १ चारो ओर की सीमा। चौहद्दी। चतु सीमा। २ सीमा। हद। काष्ठा। अवधि। उ०— तुम मेरी परिसीमा, तुम मम, दिक् काल रूप, तुम ही घर आए हो यह जग जजाल रूप।—क्वासि, पृ० ६१।

परिसूना—संज्ञा पुं० [स०] बूचडखाने के बाहर मारा हुआ पशु (कौटि०)।

परिसृप्त—वि० [सं०] लडाई से भागा हुआ (सैनिक)।

परिसेवना—संज्ञा स्त्री० [सं०] विशेष रूप से की गई सेवा [को०]।

परिस्कंद—वि० [सं०] दूसरे के द्वारा पालित (व्यक्ति)। जिसका पालन पोषण उसके माता पिता के अतिरिक्त किसी और ने किया हो। परपुष्ट।

परिस्कंध—संज्ञा पुं० [सं० परिस्कन्ध] राशि। समूह [को०]।

परिस्कन्न—वि०, संज्ञा पुं० [स०] दे० 'परिष्कण्ण'।

परिस्तर—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'परिस्तरण' [को०]।

परिस्तरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ छितराना। फेंकना या डालना। (जैसे, आग पर फूस का)। फैलाना। तानना। ३ लपेटना। आवरण करना।

परिस्तान—संज्ञा पुं० [फा०] १ वह कल्पित लोक या स्थान जहाँ परियाँ रहती हों। परियों का लोक। वह स्थान जहाँ सुदर मनुष्यो विशेषत स्त्रियो का जमघटा हो। सौंदर्य का अखाडा।

विशेष—यह शब्द 'परी' और 'स्तान' शब्दो का समास है। ये दोनो ही शब्द फारसी के हैं तथापि 'परिस्तान' शब्द फारसी किताबो मे नहीं मिलता। अतएव यह समास उर्दू वालों का ही रचा जान पडता है। अर्थात् यह शब्द फारस में नहीं किंतु भारत में बना है।

परिस्तीर्ण—वि० [सं०] १ बिखराया हुआ। फैलाया हुआ। २ आवरित। आच्छादित [को०]।

परिस्तृत—वि० [सं०] दे० 'परिस्तीर्ण' [को०]।

परिस्तोम—संज्ञा पुं० [सं०] हाथी आदि की पीठ पर डाला जानेवाला चित्रित वस्त्र। झूल। २ यज्ञ में प्रयुक्त एक पात्र (को०)।

परिस्थान—संज्ञा पुं० [स०] १ आलय। गृह। वेश्म। २. दृढता। स्थिरता। ३. ठोसपन। मजबूती [को०]

परिस्थिति—संज्ञा पुं० [सं०] स्थिति। अवस्था। हालत।

परिस्पद—संज्ञा पुं० [स० परिस्पन्द] काँपने का भाव। कंप। कँप-कँपी। बहुत जल्दी जल्दी हिलना। २ दबाना। मर्दन। ३. सजाव। सिंगार (को०)। ४. परिजन। परिवार। (को०)। ५. सेवक। अनुगामी। अनुचर वर्ग (को०)। ६ पुष्पादि द्वारा केश का शृगार (को०)।

परिस्पंदन—संज्ञा पुं० [स० परिस्पन्दन] १. बहुत अधिक हिलना। खूब काँपना। सम्यक् कपन। २. काँपना। कपन।

परिस्पर्द्धा—संज्ञा स्त्री० [सं०] धन, बल, यश आदि में किसी के बराबर होने की इच्छा। प्रतिस्पर्धा। प्रतियोगिता। मुकाबिला। लागडाट।

परिस्पर्द्धी—संज्ञा पुं० [सं० परिस्पर्द्धिन्] परिस्पर्धा करनेवाला। प्रतियोगिता करनेवाला। मुकाबला या लागडाट करनेवाला।

परिस्पर्धा—संज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिस्पर्द्धा'।

परिस्पर्धी—वि० [सं० परिस्पर्द्धिन्] दे० 'परिस्पर्द्धी'।

परिस्फुट—वि० [स०] १ भली भाँति व्यक्त। सम्यक् प्रकार से प्रकाशित। बिलकुल प्रकट या खुला हुआ। २ व्यक्त। प्रका-

शित। प्रकट। ३ खूब खिला हुआ। सम्यक् रूप से विकसित। ४ विकसित। खिला हुआ।

परिस्फुरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ काँपना। हिलना। कपन। २ कलिकायुक्त होना। ३ सूझ जाना। मन मे एक व एक आना। चमकना [को०]।

परिस्फुर्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्पष्टता। २ चमक [को०]।

परिस्मापन—सज्ञा पुं० [सं०] आश्चर्य, विस्मय या कुतूहल उत्पन्न करना।

परिस्यंद—सज्ञा पुं० [सं० परिस्यद] झरना। क्षरण। जैसे, हाथी के मस्तक से मद का परिस्पद।

परिस्रव—सज्ञा पुं० [स०] १ टपकना। चूना या रसना। २ धीरे धीरे बहना। मद प्रवाह। झिरझिराकर बहना या झिरझिरा बहाव। मथर प्रवाह। ३ गर्भ का बाहर आना। बच्चा पैदा होना। जैसे, गर्भ परिस्रव (को०)।

परिस्राव—सज्ञा पुं० [सं०] १ सुश्रुत के अनुसार एक रोग जिसमे गुदा से पित्त और कफ मिला हुआ पतला मल निकलता रहता है।

विशेष—कडे कोठेवाले को मृदु विरेचन देने से जब उभरा हुआ सारा दोष शरीर के बाहर नही हो सकता तब वही दोष उपर्युक्त रीति से निकलने लगता है। दस्त में कुछ कुछ मरोड भी होता है। इससे अरुचि और सब अगो में थकावट होती है। कहते हैं, यह रोग वैद्य अथवा रोगी की अज्ञता के कारण होता है।

२ चूना। टपकना या बहना।

परिस्रावण—सज्ञा पुं० [स०] वह बरतन जिसमें से साफ करने के लिये पानी टपकाया जाय। वह बरतन जिससे पानी टपकाकर साफ किया जाय।

परिस्रावी[1]—वि० [स० परिस्राविन्] १ चूने, रसने या टपकनेवाला। क्षरणशील। बहनेवाला। स्रावशील।

परिस्रावी[2]—सज्ञा पुं० एक प्रकार का भगदर, जिसमें फोड़े से हर समय गाढ़ा मवाद बहता रहता है।

विशेष—कहते हैं, यह कफ के प्रकोप से होता है। फोडा कुछ कुछ सफेद और बहुत कडा होता है। इसमें पीडा बहुत नही होती। दे० 'भगदर'।

परिस्रुत्[1]—वि० [सं०] जिससे कुछ टपक या चू रहा हो। स्रावयुक्त।

परिस्रुत्[2]—सज्ञा स्त्री० मदिरा। मद्य। शराब। (वैदिक)।

परिस्रुत[1]—वि० [सं०] १ जो चू या टपक रहा हो। स्रावयुक्त। २ टपकाया हुआ। निचोडा हुआ। जिसमें से जल का अश अलग कर लिया गया हो।

परिस्रुत[2]—सज्ञा पुं० फूलों का सार। पुष्पसार। इत्र (वैदिक)।

परिस्रुत दधि—सज्ञा पुं० [स०] ऐसा दही जिसका पानी निचोड लिया गया हो। निचोडा हुआ दही। वैद्यक में ऐसे दही को वातपित्तनाशक, कफकारी और पोषक लिखा है।

परिस्रुता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मद्य। शराब। २ अंगूरी शराब। द्राक्षामद्य।

परिस्वंजन—सज्ञा पुं० [स० परिस्वञ्जन] आलिंगन। परिष्वग [को०]।

परिहँस†(पु)—सज्ञा पुं० [स० परिहास] ईर्ष्या। डाह। उ०—(क) परिहँस पिअर भए तेहि बसा। लिए डक लोगन्ह जहँ डँसा। —जायसी ग्र०, पृ० ४७। (ख) परिहँस मरसि कि कौनिउ लाजा। आपन जीउ देसि केहि काजा। —जायसी ग्र०, पृ० १८१।

परिहण‡—सज्ञा पुं० [स० परिधान, प्रा० परिहाण, देशी परिहण] वस्त्र। पहनावा। पोशाक।

परिहत[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० भि० (वैदिक) पराहत (= जुता हुआ)] १ हल के अतिम और मुख्य भाग की वह सीधी खडी लकडी जिसमे ऊपर की ओर मुठिया होती है और नीचे की ओर हरिस तथा तरेली या चौभी ठुँकी रहती है। नगरा। २ वह नगरा जिसमे तरेली की लकडी अलग से नहीं लगानी पडती किंतु जिसका निचला भाग स्वयं ही इस प्रकार टेढा होता है कि उसी को नोकदार बनाकर उसमे फाल ठोंक दिया जाता है।

परिहत[2]—वि० [सं०] १ मृत। मुरदा। नष्ट। मरा हुआ। २ शिथिल। अस्तव्यस्त। ढीला ढाला। उ०—कौन कौन तुम परिहतबसना म्लानमना, भूपतिता सी, । —पल्लव, पृ० ५६।

परिहरण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० परिहरणीय, परिहर्तव्य, परिहृत] १ किसी के बिना पूछे अपने अधिकार में कर लेना। खबरदस्ती ले लेना। छीन लेना। २ त्याग। परित्याग। छोडना। तजना। ३ दोष अनिष्टादि का उपचार या उपाय करना। किसी प्रकार के ऐब, खराबी या बुराई को दूर करना, छुडाना या हटाना। निवारण। निराकरण।

परिहरणीय—वि० [सं०] १ हरण के योग्य। छीन लेने योग्य। हरणीय। २ त्याग के योग्य। त्याज्य। छोड या तज देने योग्य। ३ उपचारयोग्य। निवार्य। हटाने योग्य या दूर करने योग्य।

परिहरना(पु)—क्रि० स० [स० परिहरण] १ त्यागना। छोडना। तज देना। उ०—(क) बिछुरन दीनदयाल, प्रिय तनु तृन इव परिहरेउ।—तुलसी (शब्द०) (ख) परिहरि सोच रहो तुम सोई। बिनु ओषधिहि व्याधि बिधि खोई।—तुलसी (शब्द०) २ छीन लेना। ३ नष्ट करना। उ०—का करिकै तुव सैन सनु को बल परिहरई?—भारतेंदु ग्र०, भा०, २, पृ० ६२३।

परिहस(पु)—सज्ञा पुं० [सं० परिहास] १ परिहास। हँसी दिल्लगी। मसखरी। २ रज। खेद। दुख। उ०—कठ बचन न बोलि आवै, हृदय परिहस भीन। नैन जल भरि रोइ दीन्हो, ग्रसित आपद दीन।—सूर (शब्द०)।

परिहसित—वि० [सं०] जिसका परिहास किया गया हो [को०]।

परिहस्त—सज्ञा पुं० [स०] अँगूठी। मुद्रिका। मुँदरी [को०]।

परिहा—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का छद। जैसे,—सुनत दूत के वचन चतुर चित मे हँसे। लेहिताक्ष ह्वै करन बात में हम फँसे। बल ते सबै उपाय और तव कीजिए। नहि दैहौं भेंट कुठार प्राण को लीजिए।—हनुमन्नाटक (शब्द०)।

परिहाण—सज्ञा पुं० [स०] हानि। नुकसान [को०]।

परिहाणि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ घाटा। हानि। २ ह्रास। अवनति। ३ परित्याग। उपेक्षा [को०]।

परिहानि—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'परिहाणि' [को०]।

परिहार[1]—सज्ञा पु० [सं०] १. दोष, अनिष्ट, खरावी आदि का निवारण या निराकरण। दोषादि के दूर करने या छुडाने का कार्य। २. दोषादि के दूर करने की युक्ति या उपाय। इलाज। उपचार। ३ त्याग। परित्याग। तजने या त्यागने का कार्य। ४. गाँव के चारो ओर परती छोडी हुई वह भूमि जिसमें प्रत्येक ग्रामवासी को अपना पशु चराने का अधिकार होता था और जिसमें खेती करने की मनाही होती थी। पशुओ को चरने के लिये परती छोडी हुई सार्वजनिक भूमि। चरहा। ५ लडाई में जीता हुआ धनादि। शत्रु से छीन ली हुई वस्तुएँ। विजित द्रव्य। ६ कर या लगान की माफी। छूट। ७ खडन। तरदीद। ८ नाटक मे किसी अनुचित या अविधेय कर्म का प्रायश्चित्त करना (साहित्यदर्पण)। ९ अवज्ञा। तिरस्कार। १० उपेक्षा। ११ मनु के अनुसार एक स्थान का नाम।

परिहार[2]—सज्ञा पुं० [स०] राजपूतो का एक वंश जो अग्निकुल के अतर्गत माना जाता है।

विशेष—इस वश के राजपूतो द्वारा कोई बडा राज्य हस्तगत या स्थापित किए जाने का प्रमाण अबतक नहीं मिला है, तथापि छोटे छोटे अनेक राज्यो पर इनका आधिपत्य रह चुका है। २४९ ई० मे कालिजर का राज्य इसी वशवालों के हाथ मे था जिसको कलचुरि वश के किसी राज्य ने जीतकर छीन लिया। सन् ११२९ से १२११ तक इस वश के ७ राजाओ ने ग्वालियर पर राज्य किया था। कर्नल टाड ने अपने राजस्थान के इतिहास में जोधपुर के समीपवर्ती मदारव (मद्रोद्रि) स्थान के विषय मे वहाँ मिले हुए चिह्नो आदि के आधार पर निश्चित किया है कि वह किसी समय इस वश के राजाओ की राजधानी था। आजकल इस वश के राजपूत अधिकतर बुदेलखंड, अवध आदि प्रदेशो मे बसे हैं और उनमें अनेक बडे जमीदार हैं।

परिहार(पु)†[3]—सज्ञा पुं० [सं० प्रहार] दे० 'प्रहार'। उ०—वचन बान सम श्रवन सुनि सहत कौन रिस त्यागि। सूरज पद परिहार तें पाहन उगलत आगि।—अज० ग्र०, पृ० ८३।

परिहारक—वि० [सं०] परिहार करनेवाला।

परिहारक ग्राम—सज्ञा पुं० [सं०] राजकर से मुक्त ग्राम। मुआफी गाँव। लाखिराज गाँव।

विशेष—कौटिल्य ने कहा है कि समाहर्ता के खेवट मे ग्रामो या भूमि का जो वर्गीकरण है, उसमे परिहारक भी है।

परिहारना(पु)—क्रि० स० [स० प्रहार, हिं० परहार, परिहार + ना (प्रत्य०)] (शस्त्र आदि) प्रहार करना। चलाना। उ०—पारथ देखि बाण परिहारा। पंख काटि पावक महँ डारा।—सबल० (शब्द०)।

परिहारी—सज्ञा पुं० [स० परिहारिन्] १ परिहरण करनेवाला। हरणकारी। २ निवारण, त्याग, दोषक्षालन, हरण या गोपन करनेवाला।

परिहार्य—वि० [सं०] १ जिसका परिहार किया जा सके। जिससे बचा जा सके। जिसका त्याग किया जा सके। जो दूर किया जा सके। २ परिहार योग्य। जिसका निवारण, त्याग या उपचार करना उचित हो।

परिहास—सज्ञा पुं० [स०] १. हँसी। दिल्लगी। मजाक। ठट्ठा। उ०—क्या आप उसका परिहास करते हैं? किसी बडे के विषय में ऐसी शका ही उसकी निंदा है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २६६। २. क्रीड़ा। खेल।

परिहासकथा—सज्ञा स्त्री० [स०] हास्ययुक्त कहानी। परिहासयुक्त कथा [को०]।

परिहासपेसणी—वि० [सं० परिहास+पेशल] परिहासकुशल। हास परिहास में दक्ष। उ०—विअक्खणी परिहासपेसणी सुदरी सार्थ जवे देखिअ तवे मन कर तेसरा लागि तीनू उपेक्खिअ।—कीर्ति०, ४।

परिहासवेदी—सज्ञा पुं० [सं० परिहासवेदिन्] मजाकिया। मसखरा [को०]।

परिहासशील—वि० [सं०] मजाकिया। हँसी दिल्लगी करनेवाला। परिहास से भरा हुआ। उ०—कैसा वह तेरा व्यग्य परिहासशील था।—लहर, पृ० ७४।

परिहास्य—वि० [सं०] परिहास योग्य।

परिहित—वि० [सं०] १ चारो ओर से छिपाया हुआ। ढँका हुआ। आवृत। आच्छादित। २ पहना हुआ (वस्त्र)। ऊपर डाला हुआ (कपडा)।

परिहीण—वि० [स०] १ अत्यंत हीन। सब प्रकार से हीन। दीन हीन। दुखी और दरिद्र। फटेहालवाला। २ हीन। रहित (को०)। ३ त्यागा हुआ। फेंका, ढकेला या निकाला हुआ। परित्यक्त।

परिहृत—वि० [सं०] १ पतित। भ्रष्ट। गिरा हुआ। अवनत। पामाल। २ नष्ट। ध्वस्त। तबाह। बरबाद। ३ जिसका परिहरण किया गया हो (को०)।

परिहृति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नाश। क्षय। ध्वस। मिटना। जवाल। २ त्याग देना। छोडना [को०]।

परीदन—सज्ञा पुं० [सं० परीन्दन] १ प्रसादन। आराधना। तोषण। २ भेंट, उपहार आदि देना [को०]।

परी[1]—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. फारसी की प्राचीन कथाओ के अनुसार कोहकाफ पहाड पर बसनेवाली कल्पित स्त्रियाँ जो आग्नेय नाम की कल्पित सृष्टि के अतर्गत मानी गई हैं। उ०—हेरि हिंडोरे

गगन तें, परी परी सी टूटि। धरी धाय पिय बीच ही, करी खरी रस लूटि।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष—इनका सारा शरीर तो मानव स्त्री का सा ही माना गया है पर विलक्षणता यह बताई गई है कि इनके दोनों कधों पर पर होते हैं जिनके सहारे ये गगनपथ में विचरती फिरती हैं। इनकी सुदरता, फारसी, उर्दू साहित्य में आदर्श मानी गई है, केवल बहिश्तवासिनी हूरो को ही सौंदर्य की तुलना में इनसे ऊँचा स्थान दिया गया है। फारसी, उर्दू की कविता में ये सुंदर रमणियो का उपमान बनाई गई हैं।

यौ०—परीजमाल। परीजाद। परीपैकर। परीवद। परीरू=परी की तरह। अत्यत सुदर।

२ परी सी सुदर स्त्री। परम सुदरी। अत्यत रूपवती। निहायत खूबसूरत औरत। जैसे,—उसकी सुदरता का क्या कहना, खासी परी है।

परी[२]—सज्ञा स्त्री० [सं० पलिघ, हिं० पली] दे० 'पली'।

परीक्षक—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० परीक्षिका] परीक्षा करने या लेनेवाला। आजमाइश, जाँच या समीक्षा करनेवाला। इम्तहान करने या लेनेवाला। परखने या जाँचनेवाला।

परीक्षण—सज्ञा पुं० [स०] [वि० परीक्षित, परीक्ष्य] परीक्षा की क्रिया या कार्य। देख भाल, जाँच, पड़ताल आजमाइश या इम्तहान लेने की क्रिया या कार्य। निरीक्षण, समीक्षण अथवा आलोचना।

परीक्षनाⓊ—क्रि० स० [सं० परीक्षण] परीक्षा करना। परीक्षा लेना।

परीक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ किसी के गुण दोष आदि जानने के लिये उसे अच्छी तरह से देखने भालने का कार्य। निरीक्षा। समीक्षा। समालोचना। २ वह कार्य जिससे किसी की योग्यता, सामर्थ्य आदि जाने जायँ। इम्तहान।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—लेना।

३ वह कार्य जो किसी वस्तु के सबध मे कोई विशेष बात निश्चित करने के लिये किया जाय। आजमाइश। अनुभवार्थ प्रयोग। ४ मुआयना। निरीक्षण। जाँच पडताल। ५ किसी वस्तु के जो लक्षण माने या जो गुण कहे गए हो उनके ठीक होने न होने का प्रमाण द्वारा निश्चय करने का कार्य। ६ वह विधान जिससे प्राचीन न्यायालय किसी विशेष अभियुक्त के अपराधी या निरपराध अथवा विशेष साक्षी के सच्चे या झूठे होने का निश्चय करते थे।

विशेष—अभियुक्त की परीक्षा को दिव्य और साक्षी की परीक्षा को लौकिक परीक्षा कहते थे। दिव्य परीक्षाएँ कुल नौ प्रकार की होती थी। दे० 'दिव्य'। इनमें से अभियुक्त को उसकी अवस्था, ऋतु आदि के अनुसार कोई एक देनी होती थी। लौकिक परीक्षा में गवाह से कई प्रकार के प्रश्न किए जाते थे।

परीक्षार्थ—अव्य० [सं०] परीक्षा के निमित्त। परीक्षा के लिये [को०]

परीक्षार्थी—सज्ञा पुं० [स० परीक्षार्थिन्] १ परीक्षा देनेवाला। २ विद्यार्थी। परीक्षा देने के लिये विद्याध्ययन करनेवाला छात्र [को०]।

परीक्षित[१]—वि० [सं०] १ जिसकी जाँच की गई हो। जिसका इम्तहान लिया गया हो। कसा, तपाया हुआ। २ जिसकी आजमाइश की गई हो। प्रयोग द्वारा जिसकी जाँच की गई हो। ममीक्षित। समालोचित। जिसके गुण आदि का अनुभव किया गया हो। जैसे, परीक्षित औषध।

परीक्षित[२]—सज्ञा पुं० [सं० परीक्षित्] १ अर्जुन के पोते और अभिमन्यु के पुत्र पाडुकुल के एक प्रसिद्ध राजा।

विशेष—इनकी कथा अनेक पुराणों में है। महाभारत में इनके विषय में लिखा है कि जिस समय ये अभिमन्यु की स्त्री उत्तरा के गर्भ में थे, द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा ने गर्भ में ही इनकी हत्या कर पाडुकुल का नाश करने के अभिप्राय से ऐषीक नाम के अस्त्र को उत्तरा के गर्भ में प्रेरित किया जिसका फल यह हुआ कि उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का झुलसा हुआ मृत पिड बाहर निकला। भगवान् कृष्णचद्र को पाडुकुल का नामशेष हो जाना मजूर न था, इसलिये उन्होंने अपने योगबल से मृत भ्रूण को जीवित कर दिया। परिक्षीण या विनष्ट होने से बचाए जाने के कारण इस बालक का नाम परीक्षित रखा गया। परीक्षित ने महाभारत युद्ध मे कुरुदल के प्रसिद्ध महारथी कृपाचार्य से अस्त्रविद्या सीखी थी। युधिष्ठिरादि पाडव ससार से भली भाँति उदासीन हो चुके थे और तपस्या के अभिलाषी थे। अत वे शीघ्र ही उन्हें हस्तिनापुर के सिंहासन पर बिठा द्रौपदी समेत तपस्या करने चले गए। राज्यप्राप्ति के अनतर कहते हैं कि गगातट पर उन्होने तीन अश्वमेध यज्ञ किए जिनमे अतिम बार देवताओ ने प्रत्यक्ष आकर बलि ग्रहण किया था।

इनके विषय मे सबसे मुख्य बात यह है कि इन्हीं के राज्यकाल में द्वापर का अत और कलियुग का आरभ होना माना जाता है। इस सबध में भागवत मे यह कथा है—एक दिन राजा परीक्षित ने सुना कि कलियुग उनके राज्य में घुस आया है और अधिकार जमाने का मौका ढूँढ रहा है। ये उसे अपने राज्य से निकाल बाहर करने के लिये ढूँढने निकले। एक दिन इन्होने देखा कि एक गाय और एक बैल अनाथ और कातर भाव से खडे हैं और एक शूद्र जिसका वेष, भूषण और ठाट बाट राजा के समान था, डडे से उनको मार रहा है। बैल के केवल एक पैर था, पूछने पर परीक्षित को बैल, गाय और राजवेषधारी शूद्र तीनो ने अपना अपना परिचय दिया। गाय पृथ्वी थी, बैल धर्म था और शूद्र कलिराज। धर्मरूपी बैल के सत्य, तप और दयारूपी तीन पैर कलियुग ने मारकर तोड डाले थे, केवल एक पैर दान के सहारे वह भाग रहा था, उसको भी तोड डालने के लिये कलियुग बराबर उसका पीछा कर रहा था। यह वृत्तांत जानकर परीक्षित को कलियुग पर बड़ा क्रोध हुआ और वे उसको मार डालने को उद्यत

हुए। पीछे उनके गिड़गिड़ाने पर उन्हें उसपर दया आ गई और उन्होंने उसके रहने के लिये ये स्थान बता दिए—जूआ, स्त्री, मद्य, हिंसा और सोना। इन पाँच स्थानों को छोड़कर अन्यत्र न रहने की कलि ने प्रतिज्ञा की। राजा ने पाँच स्थानों के साथ साथ ये पाँच वस्तुएँ भी उसे दे डालीं—मिथ्या, मद, काम, हिंसा और वैर।

इस घटना के कुछ समय बाद महाराज परीक्षित एक दिन आखेट करने निकले। कलियुग बराबर इस ताक में था कि किसी प्रकार परीक्षित का खटका मिटाकर अकंटक राज करें। राजा के मुकुट में सोना था ही, कलियुग उसमें घुस गया। राजा ने एक हिरन के पीछे घोड़ा डाला। बहुत दूर तक पीछा करने पर भी वह न मिला। थकावट के कारण उन्हें प्यास लग गई थी। एक वृद्ध मुनि मार्ग में मिले। राजा ने उनसे पूछा कि बताओ, हिरन किधर गया है। मुनि मौनी थे, इसलिये राजा की जिज्ञासा का कुछ उत्तर न दे सके। थके और प्यासे परीक्षित को मुनि के इस व्यवहार से बड़ा क्रोध हुआ। कलियुग सिर पर सवार था ही, परीक्षित ने निश्चय कर लिया कि मुनि ने घमंड के मारे हमारी बात का जवाब नहीं दिया है और इस अपराध का उन्हें कुछ दंड होना चाहिए। पास ही एक मरा हुआ साँप पड़ा था। राजा ने कमान की नोक से उसे उठाकर मुनि के गले में डाल दिया और अपनी राह ली। मुनि के शृंगी नाम का एक महातेजस्वी पुत्र था। वह किसी काम से बाहर गया था। लौटते समय रास्ते में उसने सुना कि कोई आदमी उसके पिता के गले में मृत सर्प की माला पहना गया है। कोपशील शृंगी ने पिता के इस अपमान की बात सुनते ही हाथ में जल लेकर शाप दिया कि जिस पापात्मा ने मेरे पिता के गले में मृत सर्प की माला पहनाया है, आज से सात दिन के भीतर तक्षक नाम का सर्प उसे डस ले। आश्रम में पहुँचकर शृंगी ने पिता से अपमान करनेवाले को उपर्युक्त उग्र शाप देने की बात कही। ऋषि को पुत्र के अविवेक पर दुःख हुआ और उन्होंने एक शिष्य द्वारा परीक्षित को शाप का समाचार कहला भेजा जिसमें वे सतर्क रहें।

परीक्षित ने ऋषि के शाप को अटल समझकर अपने लड़के जनमेजय को राज पर बिठा दिया और सब प्रकार मरने के लिये तैयार होकर अनशन व्रत करते हुए श्रीशुकदेव जी से श्रीमद्भागवत की कथा सुनी। सातवें दिन तक्षक ने आकर उन्हें डस लिया और विष की भयंकर ज्वाला से उनका शरीर भस्म हो गया। कहते हैं, तक्षक जब परीक्षित को डसने चला तब मार्ग में उसे कश्यप ऋषि मिले। पूछने पर मालूम हुआ कि ये उसके विष से परीक्षित की रक्षा करने जा रहे हैं। तक्षक ने एक वृक्ष पर दाँत मारा, वह तत्काल जलकर भस्म हो गया। कश्यप ने अपनी विद्या से फिर उसे हरा कर दिया। इसपर तक्षक ने बहुत सा धन देकर उन्हें लौटा दिया।

देवी भागवत में लिखा है, शाप का समाचार पाकर परीक्षित ने तक्षक से अपनी रक्षा करने के लिये एक सात मंजिल ऊँचा मकान बनवाया और उसके चारों ओर अच्छे अच्छे सर्प-मंत्र-ज्ञाता और मुद्गर रखनेवालों को तैनात कर दिया। तक्षक को जब यह मालूम हुआ तब वह घबराया। मन को परीक्षित तक पहुँचने का उसे एक उपाय सूझ पड़ा। उसने एक अपने सजातीय सर्प को तपस्वी का रूप देकर उसके हाथ में कुछ फल दे दिए और एक फल में एक अति छोटे कीड़े का रूप धरकर आप जा बैठा। तपस्वी बना हुआ सर्प तक्षक के आदेश के अनुसार परीक्षित के उपर्युक्त सुरक्षित प्रासाद तक पहुँचा। पहरेदारों ने इसे अंदर जाने से रोका, पर राजा को खबर होने पर उन्होंने उसे अपने पास बुलवा लिया और फल लेकर उसे विदा कर दिया। एक तपस्वी मेरे लिये यह फल दे गया है अतः इसके खाने से अवश्य उपकार होगा, यह सोचकर उन्होंने और फल तो मंत्रियों में बाँट दिए, पर उसको अपने खाने के लिये काटा। उसमें से एक छोटा कीड़ा निकला जिसका रंग तामड़ा और आँखें काली थीं। परीक्षित ने मंत्रियों से कहा—सूर्य अस्त हो रहा है, अब तक्षक से मुझे कोई भय नहीं। परंतु ब्राह्मण के शाप की मानरक्षा करनी चाहिए। इसलिये इस कीड़े से डसने की विधि पूरी करा लेता हूँ। यह कहकर उन्होंने उस कीड़े को गले से लगा लिया। परीक्षित के गले से स्पर्श होते ही वह नन्हा सा कीड़ा भयंकर सर्प हो गया और उसके दंशन के साथ परीक्षित का शरीर भस्मसात् हो गया।

परीक्षित की मृत्यु के बाद, कहते हैं, फिर कलियुग को रोक टोक करनेवाला कोई न रहा और वह उसी दिन से अकंटक भाव से शासन करने लगा। पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिये जनमेजय ने सर्पसत्र किया जिसमें सारे संसार के सर्प मंत्रबल से खिंच आए और यज्ञ की अग्नि में उनकी आहुति हुई।

२ कुरु का एक पुत्र। ३ अयोध्या का एक राजा। ४ अनश्व का एक पुत्र।

परीक्षितव्य—वि० [सं०] १. परीक्षा करने योग्य। जिसका इम्तहान या आजमाइश या जाँच की जा सके। २ जिसकी परीक्षा करना उचित या कर्तव्य हो।

परीक्ष्य—वि० [सं०] १ जिसकी परीक्षा की जा सके। परीक्षा करने योग्य। २ जिसकी परीक्षा करना उचित या कर्तव्य हो।

परीखना[पु]—क्रि० स० [सं० परीक्षण, प्रा० परिक्खण] परखना। जाँचना। परीक्षा लेना। उ०—रतन दिखाए ना दिए पारखि होइ सो परख। पारखि कसौटी दीजिए रतन कसौटी लीख।—पद्मावत, पृ० २५६।

परीखाना—संज्ञा पुं० [फ़ा० परिस्तानह्] परियों के रहने का स्थान। इसीन लोगों का नामकरण [को०]।

परीच्छत[पु]—संज्ञा पुं० [सं० परीक्षित] दे० 'परीक्षित'। उ०—श्री सुकदेव कही हरिलीला। सुनी परीछत नृप सुभ सीला।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ३५२।

परीखवान—संज्ञा पुं० [फ़ा० परीखवान] जंत्र मंत्र करनेवाला [को०]।

परीच्छित[1]—वि०, सज्ञा पुं० [सं० **परीक्षित**] दे० 'परीक्षित'।

परीच्छित[2]—क्रि० वि० अवश्य ही। निश्चित रूप से। उ०—सकर कोप सो पाप को दास परीच्छित जाहिगो जारि कै हीयो।—तुलसी (शब्द०)।

परीछतⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **परीक्षित**] दे० 'परीक्षित'।

परीछम—सज्ञा पुं० [हिं० **परी+छम** छम (अनु०) चाँदी का एक गहना जिसे स्त्रियाँ पैर मे पहनती हैं।

परीछा—सज्ञा स्त्री० [सं० **परीक्षा** प्रा० **परिच्छा**] दे० 'परीक्षा'। उ०—जौ तुम्हरे मन अति सदेहू। तौ किन जाइ परीछा लेहू। —मानस, १। ५२।

परीछितⓊ[1]—वि०, सज्ञा पुं० [सं० **परीक्षित**] दे० 'परीक्षित'। उ०—परम भागवत रतन रसिक जु परीछित राजा। प्रश्न करयो रस पुष्ट करन निज सुख के काजा। —नद० ग्र०, पृ० ६।

परीछित[2]—क्रि० वि० दे० 'परीच्छित[2]'।

परीजमाल—वि० [फ़ा०] हसीन। खूबसूरत [को०]।

परीजाद—वि० [फा० **परीजाद**] अत्यत सुदर। अत्यत रूपवान्।

परीजादी—वि० स्त्री० [फा० **परीज़ादी**] परी के समान सुदरी। परी कन्या सी सुदरी।

परीज्य—सज्ञा स्त्री० [स०] यज्ञाग। परीयज्ञ।

परीणाम—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिणाम' [को०]।

परीणाय—सज्ञा पुं० [स०] गाँव के चारो ओर की वह भूमि जो गाँव के सब लोगो की सपत्ति समझी जाती थी (याज्ञवल्क्य स्मृति)।

परीणाह—सज्ञा पुं० [स०] १ दे० 'परिणाह'। २ शिव। ३ दे० 'परीणाय'। ४ चौपड की गोट को इधर उधर दाएँ बाएँ चलाना [को०]।

परीतर्ा[1]—सज्ञा पु० [सं० **प्रेत, परेत**] दे० 'प्रेत'। उ०—कीन्हेसि राकस भूत परीता। कीन्हेसि भोकस देव दईता।—जायसी (शब्द०)।

परीत[2]—वि० [सं०] १ परिवेष्टित। घेरा हुआ। २ व्यतीत। गत। ३ घुमानेवाला। चक्कर देनेवाला। ४ विपरीत। उलटा [को०]।

परीताप—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'परिताप'।

परीति—सज्ञा स्त्री० [सं०] फूलों से बनाया हुआ सुरमा। पुष्पाजन।

परीतोष—सज्ञा पुं० [स०] परितोष।

परीत्त—वि० [सं०] १ सीमाबद्ध। मर्यादित। महदूद। २ सकीर्ण। सकुचित। तग।

परीदाह—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिदाह'।

परीपैकर—वि० [फा० **परी+पैकर** (= आकृति)] परी के समान सुदर। परी की आकृति का। उ०—उस परीपैकर को मत इसान बूझ। शक मे क्यो पडता है ऐ दिल! जान बूझ। —कविता कौ०, भा० ४, पृ० २६।

परीधान—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिधान' [को०]।

परीप्सा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पाने की इच्छा। २ जल्दबाजी। शीघ्रता। त्वरा [को०]।

परीबद—सज्ञा पुं० [फा] १ स्त्रियो का एक गहना जो कलाई पर पहना जाता है। २ बच्चो के पाँव में पहनाने का एक आभूषण जिसमें घुंघरू होते हैं। ३ कुश्ती का एक पेंच।

परीभव—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिभव' [को०]।

परीभाव—सज्ञा पुं० [स०] परिभाव। तिरस्कार।

परीमाण—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'परिमाण' [को०]।

परीरभ—सज्ञा पुं० [सं० **परीरम्भ**] दे० 'परिरंभ'।

परीर—सज्ञा पुं० [सं०] फल [को०]।

परीरणा—सज्ञा पुं० [सं०] १ वस्त्र। परिधान। कपडा। २. कच्छप। कछुआ। ३ छडी। डडा [को०]।

परीरू—वि० [फ़ा० **परी+रू** (= मुख)] अति सुंदर। बहुत रूपवान्। खूबसूरत। उ०—मत तसद्दुर करो मुझ दिल को कि हरजाई है। चमन हुस्ने परीरू का तमाशाई है।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० ६।

परीवर्त्त—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'परिवर्त्त'।

परीवाद—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिवाद'।

परीवाप—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'परिवाप' [को०]।

परीवार—सज्ञा पुं० [स०] १ खड्गकोष। म्यान। २ परिवार। परिजन। ३ छत्र, चँवर आदि सामग्री।

परीवाह—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिवाह'।

परीशान—वि० [फा०] परेशान। हैरान। उ०—हैरान परीशान, तग और तवाह न कर।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३१।

परीशानी—सज्ञा स्त्री० [फा०] परेशानी।

परीशेष—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परिशेष' [को०]।

परीषह—सज्ञा पुं० [स०] जैन शास्त्रो के अनुसार त्याग या सहन।

विशेष—ये नीचे लिखे २२ प्रकार के हैं,—(१) क्षुधापरीषह या क्षुत्परीषह। (२) पिपासापरीषह। (३) शीतपरीषह। (४) उष्णपरीषह। (५) दशमशकपरीषह। (६) अचेलपरीषह या चेलपरीषह। (७) अरतिपरीषह। (८) स्त्रीपरीषह। (९) चर्यापरीषह। (१०) निषद्यापरीषह या नैषधिका परीषह। (११) शय्यापरीषह। (१२) आक्रोशपरीषह। (१३) वधपरीषह। (१४) याचना परीषह वा याचापरीषह। (१५) अलाभपरीषह। (१६) रोगपरीषह। (१७) तृणपरीषह। (१८) मलपरीषह। (१९) सत्कारपरीषह। (२०) प्रज्ञापरीषह। (२१) अज्ञानपरीषह। (२२) दर्शनपरीषह या सम्यक्त्वपरीषह।

परीष्ट—वि० [सं०] इच्छित। जिसकी कामना हो। ईप्सित [को०]।

परीष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ खोज। अन्वेषण। २ सेवा। परिचर्या। ३ इज्जत। आदर। ४ इच्छुक होने का भाव। चाह [को०]।

परीसर्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'परिसर्या' [को०]।

परीसार—[illegible] परिसरण करना। पुनना। परिसार [को०]।

परीसनाँ[1]—क्रि० स० [सं० परिसंचन] परसना। घूना। परसना। उ०—नाहि धीरे जात पार पिरो है सबनि सूधो मधुर त्रिभुवी जो गों कृपा न परीसई।—घनानंद, पृ० १८५।

परीसना[2]—क्रि० स० [सं० परिवेषण] दे० 'परोसना'। उ०—तुमरी तु रीमि परी सोई देखी घनहि न सीमत हो। आनँदघन पिय स्रोति पपीहनि प्यास परीसत हो।—घनानंद, पृ० ४६१।

परीहार—[illegible] दे० 'परिहार'।

परोहास—[illegible] दे० 'परिहास'।

परु[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पर्वत। पहाड़। २. समुद्र। ३ स्वर्गलोक। ४. वधि। गाँठ।

परु[2]—संज्ञा पुं० [सं० परस्त (=गत वर्ष) या हिं० पर] १ परसाल। गतवर्ष। उ०—पर की दसमि थाहि नव नीकें लेऊँ भावतो दाव साव सो अब मैं यह जिय ठानी।—घनानंद, पृ० ३६३। २ आगामी वर्ष।

परु[3]—संज्ञा पुं० [सं० परस्, परुष्] १ शरीर का कोई अंग या अवयव। २ ग्रंथि। गाँठ। पोर [को०]।

परुआ[1]—संज्ञा पुं० [देश०] बेइज्जती या अपमान का बदला।

परुआ[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पटिया'।

परुआ[3]—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की भूमि (बु देलखंड)।

परुआ[4]—क्रि० [हिं० पलना (=गिरना)] १ पड़ जानेवाला। गिर जानेवाला। रामझोर। जैसे, पैल आदि। २ पका हुआ। गिरा हुआ। जैसे, द्रव्य।

परुई—संज्ञा स्त्री० [देश०] मझोले जी की वह नाँद जिसमें डालकर वह अन्न भूनता है।

परुखⓖ—वि० [सं० परुष] दे० 'परुष'।

परुखाईⓖ—संज्ञा स्त्री० [हिं० परुख + आई (प्रत्य०)] परुषता। कठोरता। कर्कशता। रूखापन। निर्ममता।

परुन्—क्रि० वि० [सं०] पीछे साल में। परसाल [को०]।

परुत्न—वि० [सं०] गत वर्ष का। पीछे साल का [को०]।

परुछार—[illegible] संज्ञा पुं० [सं०] अन्न। भोजन। भोजन [को०]।

परुष[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० परुषा] १ कठोर। कड़ा। कर्कश। रूखा। खरदरा। खुरदुरा। २ अप्रिय लगनेवाला। बुरा लगनेवाला। जिसका श्रवण दुःखदायक हो (शब्द, वचन, ध्वनि या इनके पर्यायों के लिए)। ३ निष्ठुर। निर्दय। ४ विषमतायुक्त। ५ रौद्र। तीक्ष्ण। उग्र। तीखा। जैसे, वायु (को०)। ६ पीला। पीत। भूरा [illegible]। ७ अहंकार। अभिमान (को०)।

परुष[2]—[illegible] १. मोटी कठोरता। २ कड़ापन। ३ खरदुरापन। ४ [illegible]। ५ [illegible]। ६ रूखा वचन। कठोर बात। ऐसी बात जो अप्रिय लगे।

यौ०—परुषवचन=कठोर, अप्रिय या कटु लगनेवाली बात। परुषाक्षर, परुषाक्षेप=किसी भाषा या साहित्य में कठोर-कटु शब्दों का प्रयोग। परुषेतर। परुषोक्ति=दे० 'परुष-वचन'।

परुषता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कठोरता। कड़ाई। कर्कशता। २ (वचन या शब्द की) कर्णकटुता। श्रुतिकटुता। निर्दयता। निष्ठुरता।

परुषत्व—संज्ञा पुं० [सं०] परुषता।

परुषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. काव्य में वह वृत्ति, रीति या शब्दयोजना की प्रणाली जिसमें टवर्गों, द्वित्व, संयुक्त, रेफ बहुल, ट आदि वर्ण तथा लंबे लंबे समास अधिक आए हों। जैसे—(क) धक धकत धरि, धुक्क धरि धरह धरह धरि धुक्क। सुभट ठट्ट घन घट्ट मन मर्दहि रुद्धर दुक्क। (ख) मुंड पटा, गुंड रुंड नटत पटं कुंड पटत मन। सिद्ध सगन कहुं सिद्ध हँसत गुण बुद्धि रसत मन। भूत पिसन करि दूत मिरत, सुर दूत पिरत नहीं। चहि चावत मन मारि दनत दुति दंडि मचत जेहि। इमि ठानि घोर घमसान घनि 'भूषन' तेज तियो घटत। सिवराज साहि सुत पारबल दलि अदोर बहलोल दल।

विशेष—वीर, रौद्र और भयानक रसों की कविता इस वृत्ति में अच्छी बनती है, अर्थात् इन रसों की कविता करने में रस का अच्छा परिपाक होता है।

२ राखी नदी। ३ पालसा।

परुषाक्षर—वि० [सं०] १ जिसमें रूखे, या कर्ण कटु शब्दों का व्यवहार हो। २ बड़े शब्दों का व्यवहार करनेवाला। कटु एवं अप्रिय शब्द बोलनेवाला [को०]।

परुषित—वि० [सं०] कठोरतायुक्त। मृदुतारहित [को०]।

परुषिमा—संज्ञा पुं० [सं० परुषिमन्] रूखापन या कठोरता की स्थिति या प्रादुर्भाव [को०]।

परुषोक्तिक—वि० [सं०] कटुभाषी [को०]।

परुषेतर—वि० [सं०] कठोर से भिन्न। जिसमें कर्कशता न हो। मृदु। कोमल [को०]।

परुष्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] रावी नदी का वैदिककालीन नाम। उ०—मर्तों में पंचाल की नाँव नदियों में परुष्णी इन्द्र ने किया है।—सिलवाँ सर्वात् अच्छा, कविताओं में उत्तम, परुष्णी अर्थात् रावी, सिंधु अर्थात् सब नदियों में बड़ी, इन्द्र ने बनाया।—हिं० रामायण, पृ० ३१।

परुसⓖ—संज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरुष'। उ० [illegible] पेखिबो दीन्हो प्रगट दिखाइ। पर चित्त का पर नाम की ओर नरक को जाइ।—सुन्दर० ग्रंथा०, पृ० २६।

परुसना[1]—क्रि० स० [हिं० परोसना] [illegible] उ०—(क) सुर परलहु को [illegible] को कोई।—मानस, १ १५८। (ख) परुसन जहँ लगि सरस सुहाए।—मानस, १ ३०६।

परुसा[1]—[illegible] [हिं० परोसा] दे० परोसा। [illegible]

लेइ पित्र को छोडै पानी। करै पित्र से भूत बड़ो, मूरख अज्ञानी।—पलटू०, भा० १, ८६।

परूँगा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का शाहबलूत जो हिमालय पर होता है।

परूष—संज्ञा पुं० [सं०] फालसा।

परूसक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'परूष'।

परे—अव्य० [सं० **पर**] १ दूर। उस ओर। उधर। २ अतीत। बाहर। अलग। जैसे,—ब्रह्म जगत् से परे है।

क्रि० प्र०—करना।—रहना।—होना।

३ ऊपर। ऊँचे। बढ़कर। उत्तर। ४ बाद। पीछे।

मुहा०—**परे परे करना** = दूर हटाना। हट जाने के लिये कहना। **परे बैठाना** = मात करना। बाजी लेना। तुच्छ या छोटा साबित करना। जैसे,—उसने ऐसा भोजन पकाया कि रसोइए को भी परे बिठा दिया।

परेई—संज्ञा स्त्री० [हिं० **परेवा**] १ पड़ुकी। फाखता। डौकी।—उ०—पट पाँखे भख काँकरे, सदा परेई सग। सुखी परेवा जगत में तूही एक विहग।—बिहारी (शब्द०)। २ मादा कबूतर। कबूतरी।

परेखना—क्रि० स० [सं० **परीक्षण** या **प्रेक्षण**] १ सब ओर या सब पहलुओं से देखना। परखना। जाँचना। परीक्षा करना। २ प्रतीक्षा करना। आसरा देखना। उ०—तव लगि मोहि परेखहु भाई।—तुलसी (शब्द०)।

परेखाⓤ—संज्ञा पुं० [सं० **परीक्षा**] १ परीक्षा। जाँच। २ विश्वास। प्रतीति। उ०—(क) समुझि सो प्रीति कि रीति श्याम की सोइ बावर जो परेखो उर आनै।—तुलसी (शब्द०)। (ख) दूत हाथ उन लिखि जो पठयो ज्ञान कह्यो गीता को। तिनको कहा परेखो कीजै कुबिजा के मीता को।—सूर (शब्द०)। ३ पछतावा। अफसोस। खेद। विषाद। उ०—(क) दृग रिझवार न हिय रहै, यहै परेखो एक। वारन को मन एक इत उत है अदा अनेक।—रसनिधि (शब्द०)। (ख) इतनो परेखो समरथ सब भाँति आजु कपिराज साँची कहौ को तिलोक तोसो है।—तुलसी (शब्द०)। (ग) अरे परेखो को करै तुही विलोकि विचार। केहि नर केहि सर राखियो खरे बढे पर पार।—बिहारी (शब्द०)।

परेग—संज्ञा स्त्री० [अ० **पेग**] लोहे की कील। छोटा काँटा।

परेट—संज्ञा पुं० [अ० **परेड**] दे० 'परेड'।

परेड—संज्ञा पुं० [अ०] १ वह मैदान जहाँ सैनिकों को युद्धशिक्षा दी जाती है। २ सैनिक शिक्षा। कवायद। युद्धशिक्षा का अभ्यास।

परेत—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक भूत योनि का नाम। २ प्रेत। ३ मुरदा। मृतक।

परेतकल्प—संज्ञा पुं० [स०] मृतप्राय (को०)।

परेतकाल—संज्ञा पुं० [सं०] मृत्यु का समय। मृत्युकाल (को०)।

परेतभूमि—संज्ञा स्त्री० [स०] श्मशान। मरघट (को०)।

परेतभर्ता—संज्ञा पुं० [स० **परेतभर्तृ**] यम (को०)।

परेतराज—संज्ञा पुं० [सं०] यमराज (को०)।

परेतवास—संज्ञा पुं० [सं०] श्मशान। मरघट (को०)।

परेता—संज्ञा पुं० [सं० **परित** (= चारो ओर)] १ जुलाहों का एक औजार जिसपर वे सूत लपेटते हैं। २ पतंग की डोर लपेटने का बेलन जो बाँस की गोल और पतली चिपटी तीलियों से बनता है।

विशेष—इसके बीचो बीच एक लंबी और कुछ मोटी बाँस की छड़ होती है जिसके दोनो किनारो पर गोल चक्कर होते हैं। इन चक्करो के बीच पतली पतली तीलियो का ढाँचा होता है। इसी ढाँचे पर डोरी लपेटी जाती है। परेता दो प्रकार का होता है। एक का ढाँचा सादा और खुला होता है और दूसरे का ढाँचा पतली चिपटी तीलियो से ढँका रहता है। पहले को चरखी और दूसरे को परेता कहते हैं।

परेद्यवि—अव्य० [सं०] दे० 'परेद्यु'।

परेद्यु—अव्य० [सं० **परेद्युस्**] दूसरे दिन। आनेवाला दिन। कल का दिन (को०)।

परेम—संज्ञा पुं० [सं० **प्रेम**] दे० 'प्रेम'। उ०—मुहमद मद जो परेम का किएँ दीप तेहि राख। सीस न देइ पतंग होइ तब लग जाइ न चाखि।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २२५।

परेर—संज्ञा पुं० [सं० **पर** (= दूर, ऊँचा) + **पर**] आकाश। आसमान। उ०—(क) सूर ज्यों सुमेर को, नक्षत्र ध्रुव फेर को, ज्यों पारद परेर को ज्यों सागर मयंक को। (शब्द०) कागा कर कगन चूथि रे उड़ि रे परेरो जाय। मैं दुख दाधी विरह की तू दाधा माँस न खाय।—कबीर (शब्द०)।

परेरा—संज्ञा पुं० [हिं० **फरहरा**] छोटी झंडी जो किसी किसी जहाज के मस्तूल के सिरे पर लगी रहती है। फरेरा। फरहरा। (लश०)।

परेखी—संज्ञा पुं० [?] ताडव नृत्य का प्रथम भेद, जिसमें अगसचालन अधिक और अभिनय थोडा होता है। इसका एक नाम देसी भी है।

परेवा—संज्ञा पुं० [सं० **पारावत**] [स्त्री० **परेई**] १ पड़ुक पक्षी। पेडकी। फाखता। २ कबूतर। उ०—हारिल भई पथ मैं सेवा। अब तोहि पठयो कौन परेवा। —जायसी (शब्द०)। ३ कोई तेज उडनेवाला पक्षी। ४ तेज चलनेवाला पत्रवाहक। दूत। चिट्ठीरसाँ। हरकारा।

परेश—संज्ञा पुं० [सं०] १ ईश्वर। उ०— परमानद परेश पुराना। —तुलसी (शब्द०)। २ विष्णु। ३ ब्रह्मा।

परेशान—वि० [फा०] [संज्ञा **परेशानी**] दुःख या संताप के कारण व्यग्र। व्याकुल। उद्विग्न।

परेशानी—संज्ञा स्त्री० [फा०] व्याकुलता। उद्विग्नता। व्यग्रता। बहुत अधिक घबराहट। हैरानी।

परेष्टि—संज्ञा पु० [सं०] ब्रह्मा का नाम (को०)

परेष्टुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गाय जो कई बार ब्याई हो (को०)।

परेस—सज्ञा पु० [सं० **परेश**] दे० 'परेश'।

परेह—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की कढ़ी जो बेसन को खूब पतला घोलकर और घी या तेल मे पकाकर बनाई जाती है।

परेहा†—सज्ञा पु० [देश०] वह जमीन जो हल चलाने के बाद सीची गई हो।

परैधित[1]—वि० [स०] अन्य द्वारा पालित। दूसरे के द्वारा पोषित [को०]।

परैधित[2]—सज्ञा पु० १ सेवक। नौकर। २ कोयल। कोकिल [को०]।

परैना—सज्ञा पु० [देश०] दे० 'पैना'।

परोⓊ†—क्रि० वि० [स० **परेश्व**] दे० 'परसो'। उ०—काल्हि परो फिर साजनी स्यान् सु आजु तौ नैन सो नैन मिलाय ले। —पद्माकर (शब्द०)।

परोक्ष दोष—सज्ञा पुं० [स०] अदालत के सामने ठीक रीति से बयान न करने का अपराध।

विशेष—जो प्रकरण में आई हुई बात छोडकर दूसरी बात कहने लगे, पहले कुछ कहे पीछे कुछ, प्रश्न किए जाने पर उत्तर न दे या दूसरे से पूछने को कहे, प्रश्न कुछ किया जाय और उत्तर कुछ दे, पहले कोई बात कहकर फिर निकल जाय, साथियो के द्वारा कही बात स्वीकार न करे तथा अनुचित स्थान मे साथियो के साथ कानाफूसी करे, वह इस अपराध का दोषी कहा गया है।

परोक्ष[1]—सज्ञा पु० [स०] १ अनुपस्थिति। अभाव। गैर हाजिरी। उ०—सब सह सकता है, परोक्ष ही कभी नही सह सकता प्रम।—पचवटी, पृ० १०। २ वह जो तीनो काल की बातें जानता हो। परम ज्ञानी। ३ व्याकरण मे पूर्ण भूतकाल।

परोक्ष[2]—वि० [स०] १ जो देख न पडे। जो प्रत्यक्ष न हो। जो सामने न हो। २. गुप्त। छिपा हुआ। ३ गैरहाजिर। अनुपस्थित।

यौ०—परोक्ष बुद्धि। परोक्ष भोग। परोक्ष वृत्ति।

परोक्षत्व—सज्ञा पु० [सं०] अदृश्य होने की क्रिया या भाव। परोक्ष मे होने की क्रिया या भाव।

परोक्षभोग—सज्ञा पुं० [स०] किसी वस्तु का उपभोग जो उसके स्वामी की अनुपस्थिति में किया जाय [को०]।

परोक्षवाद—सज्ञा पुं० [स०] परोक्ष सत्ता के प्रति विश्वास का सिद्धांत। मनुष्य की स्मृति और मन के पीछे छिपी हुई किसी महास्मृति या महामन को माननेवाला मत जिसके अनुसार काव्य का लक्ष्य जगत् और जीवन से अलग हो जाता है। (अ० ऑकल्टिज्म)।

परोक्षवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] अज्ञात जीवन। अप्रसिद्ध या गूढ़ जीवन [को०]।

परोख†—वि० [सं० **परोक्ष**, प्रा० **परोक्ख**] दे० 'परोक्ष'। उ०—साजनि की कहब कान्ह परोख। बोलि न करिअ बडा का दोख।—विद्यापति, पृ० २९१।

परोछⓊ—अव्य० [स० **परोक्ष**] दे० 'परोक्ष'। उ०—गीतम बिहारी प्यारी पेखे में परोछ दीऊ, प्रीति नाहिं जाहिर उजागा छये छये।—नट०, पृ० ६७।

परोजना†—सज्ञा पुं० [स० **प्रयोजन**] दे० 'प्रयोजन'।

यौ०—काम परोजन = मगल कार्य। उत्सव।

परोटो†—सज्ञा स्त्री० [स० **परावर्तित** या देश०] परावर्तित करने की चेष्टा। समझाना। उ०—मोटा वाली धीरज मोटी, खावँद। कीध इती तैं खोटी। पैली अगद कीध परोटी, ताण पछै किय तेह।—रघु० रू०, पृ० २११।

परोढा—सज्ञा स्त्री० [सं०] अन्य की विवाहिता स्त्री [को०]।

परोता[1]—सज्ञा पु० [देश०] १ एक प्रकार का टोकरा जो गेहूँ के पयाल से पजाब के हजारा जिले में बहुत बनता है। २. आटा, गुड, हल्दी, पान आदि जो किसी शुभ कार्य मे हजाम, भाट आदि को दिए जाते हैं।

परोता[2]—सज्ञा पुं० [स० **प्रपौत्र**] दे० 'पडपोता'।

परोत्कर्ष—सज्ञा पुं० [सं०] दूसरे की वृद्धि। पर वा अन्य की बढती [को०]।

परोद्वह—सज्ञा पुं० [सं०] कोकिल [को०]।

परोना—क्रि० स० [हिं० **पिरोना**] दे० 'पिरोना'।

परोपकार—सज्ञा पुं० [सं०] वह काम जिससे दूसरों का भला हो। वह उपकार जो दूसरो के साथ किया जाय। दूसरो के हित का काम।

परोपकारक—सज्ञा पुं० [स०] दूसरो की भलाई करनेवाला। वह जो दूसरो का हित करे।

परोपकारी—सज्ञा पुं० [सं० **परोपकारिन्**] [वि० स्त्री० परोपकारिणी] दूसरों की भलाई करनेवाला। औरों का हित करनेवाला।

परोपकृत—वि० [सं०] दूसरे का भला करनेवाला। जो दूसरे की भलाई करे।

परोपदेश—सज्ञा पुं० [सं०] पर उपदेश। दूसरे को समझाना [को०]।

परोपसर्पण—सज्ञा पु० [स०] अन्य के पास जाना। भिक्षाटन। भीख माँगना [को०]।

परोमात्र—वि० [स०] अति विशाल। विस्तृत [को०]।

परोरजस्—वि० [सं०] शुद्ध। अन्य से निर्लिप्त या रहित [को०]।

परोरना‡—क्रि० स० [?] अभिमन्त्रित करना। मत्र पढकर फूँकना। जैसे,—पानी परोरकर पिलाने से शीघ्र ही गर्भमोचन होता है।

परोरा—सज्ञा पु० [स० **पटोल**] दे० 'परवल'।

परोल—सज्ञा पुं० [अ० पैरोल] वह सकेत का शब्द जिसे सेना का अफसर अपने सिपाहियो को बतला देता है और जिसके बोलने से चौकी या पहरे पर के सिपाही बोलनेवाले को अपने दल का समझकर आने या जाने से नहीं रोकते।

मुहा०—परोक्ष मिलाना = भेदिया बनाना। अपनी तरफ मिलाना।

परोलक्ष—वि० [स०] लाख से अधिक। लक्षाधिक।

परोवर—क्रि० वि० [सं०] १ ऊपर से नीचे तक। २ हाथोहाथ। एक हाथ से दूसरे हाथ मे। ३ परपरया। लगातार (को०)।

परोवरीण—वि० [सं०] श्रेष्ठ तथा साधारण से युक्त। अच्छा बुरा (को०)।

परोवरीयस्—सज्ञा पुं० [स०] १ ईश्वर। परमात्मा। २ परमानद (को०)।

परोष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] तेलचट्टा नाम का कीडा (को०)।

परोष्णी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ तेलचट्टा नाम का कीडा। २ पुराणानुसार काश्मीर देश की एक नदी। रावी नदी का एक नाम। परुष्णी।

परोस—सज्ञा पु० [हिं० पड़ोस] दे० 'पडोस'। उ०—पिय मोर आएल आन परोस।—विद्यापति, पृ० ५५३।

परोसना†—क्रि० स० [सं० परिवेषण] खाने के लिये किसी के सामने तरह तरह के भोजन रखना। परसना। दे० 'परसना'।

परोसा†—सज्ञा पु० [हिं० परोसना] एक मनुष्य के खाने भर का भोजन जो थाली या पत्तल पर लगाकर कही भेजा जाता है।

परोसिनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पड़ोस] दे० 'पडोसिन'। उ०—तब वहू की सास को परोसिनिन कही, जो तुम्हारी वहू को पाँव आछो नाही।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ३।

परोसी—सज्ञा पु० [हिं० पड़ोसी] दे० 'पडोसी'।

परोसैया—सज्ञा पु० [हिं० परोसना + ऐया (प्रत्य०)] खाने के लिये भोजन सामने रखनेवाला। वह जो भोजन परसता हो।

परोहन—सज्ञा पुं० [स० प्ररोहण] वह जिसपर सवार होकर यात्रा की जाय। वह जिसपर कोई सवार हो, या कोई चीज लादी जाय। जैसे, घोडा, बैल, रथ, गाडी आदि। उ०—पार परोहन तौ चलै, तुम खेवहु सिरजनहार। भवसागर मैं डूबिहै तुम्ह विन प्राण अधार।—दादू०, पृ० ४७१।

परोहा†—सज्ञा पुं० [देश०] चमडे का बडा थैला जिससे किसान कुओ से पानी निकालकर खेत सींचते हैं। पुर। मोट। चरस।

परौं†—सज्ञा पु० [हिं० परसों] दे० 'परसो'।

परौंठा†—सज्ञा पुं० [हिं०] [स्त्री० परौंठी] दे० 'पराँठा'।

परौका†—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह भेड जो पूरी जवान होने पर भी बच्चा न दे। बाँझ भेड।

परौता—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह चादर या कपडा जिससे अनाज बरसाते समय हवा करते हैं। इसे 'परती' भी कहते हैं।

क्रि० प्र०—लेना।

परौती†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पड़ती] दे० 'पडती'।

परौसा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पड़ोस'। उ०—सुनि सुनि रे ममरथ साहिब नँनद परौसि न राखिए। सोई, सोइ देखै, सोई सोई माँगै निन उठि कोसै राजा बीर।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ९३०।

परौसिन†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पड़ोसिन] दे० 'पडोसिन'। उ०—औरन सो बतरावत, मो तन चितवत, चतुर परौसिन देखि देखि मुसिक्यात।—नद ग्र०, पृ० ३५८।

पर्कट—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का बगला। २ अनुताप। परिताप। पश्चात्ताप (को०)।

पर्कटी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पाकर वृक्ष। प्लक्ष। २ ताजी मुनक्का (को०)।

पर्कटी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० पर्कट] पर्कट बगले की मादा।

पर्कार—सज्ञा पुं० [फा० परकार] दे० 'परकार'।

पर्काल—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परकार'।

पर्काला—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'परकाला'।

पर्गना—सज्ञा पुं० [फा० परगना] दे० 'परगना'।

पर्चा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परचा'।

पर्चाना—क्रि० स० [हिं० परचना] दे० 'परचाना'।

पर्चून—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'परचून'।

पर्चूनिया—सज्ञा पु० [हिं० पर्चून + इया (प्रत्य०)] दे० 'परचूनी'।

पर्चूनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पर्चून + ई (प्रत्य०)] दे० 'परचूनी'।

पर्छा†—सज्ञा पुं० [हिं० परछा] दे० 'परछा'।

पर्ज—सज्ञा स्त्री० [हिं० परज] दे० परुज'।

पर्जक[1]†—सज्ञा पुं० [स० पर्यङ्क] दे० 'पर्यक'।

पर्जनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दारुहल्दी।

पर्जन्य—सज्ञा पु० [सं०] १ बादल। मेघ। २ विष्णु। ३ इद्र। ४ सूर्य (को०)। ५ मेघगर्जन (को०)। ६ वर्षा (को०)। ७ कश्यप ऋषि की स्त्री के एक पुत्र का नाम जिसकी गिनती गधर्वों मे होती है।

यौ०—पर्जन्यपत्नी = जिसका पति पर्जन्य हो। शची। पर्जन्यसूक्त = ऋग्वेदोक्त एक सूक्त जिसमें पर्जन्य का वर्णन है।

पर्जन्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] दारुहल्दी।

पर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] १ पत्ता। पत्र।

यौ०—पर्णकुटी। पर्णशाला।

२ तावूल। पान।

यौ०—पर्णलता। पर्णवीटिका।

३ पलास का पेड। ४. पक्ष। पाँख। डैना। पख (को०)। ५ बाण का पख। तीर का पख (को०)।

पर्णक—सज्ञा पु० [सं०] एक ऋषि का नाम जो पाणकि गोत्र के प्रवर्तक थे।

पर्णकपूर—सज्ञा पु० [सं० पर्णकर्पूर] पान कपूर।

पर्णकार—सज्ञा पु० [सं०] पान बेचनेवाली एक जाति जो तबोली या बरई कहलाती है।

पर्णकुटिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पर्णकुटी । पर्णशाला । पत्तो की झोपडी [को०] ।

पर्णकुटी—सज्ञा स्त्री०[स०]केवल पत्तो की बनी हुई कुटी । पर्णशाला ।

पर्णकुटीर—सज्ञा पुं० [सं०] पत्तो की कुटिया । पर्णकुटी । उ०—पचवटी की छाया मे है सुदर पर्णकुटीर बना ।—पचवटी, पृ० ५ ।

पर्णकूर्च—सज्ञा पुं० [स०] एक व्रत जिसमे तीन दिन तक ढाक, गूलर, कमल और बेल के पत्तो का क्वाथ पीना होता है ।

पर्णकृच्छ्र—सज्ञा पु० [स०] १. एक व्रत जिसमें पहले दिन ढाक के पत्तो का, दूसरे दिन गूलर के पत्तो का, तीसरे दिन कमल के पत्तो का और चौथे दिन बेल के पत्तो का क्वाथ पीकर पाँचवें दिन कुश का जल पिया जाता है । २ प्राचीन काल का एक प्रकार का व्रत जो गूलर, बेल, कुश आदि के पत्ते खाकर या इनके काढे पीकर रहने से होता था ।

पर्णखड—सज्ञा पुं० [स० **पर्णखण्ड**] १ वह वनस्पति जिसमे फूल न लगते हो । २ पत्तो का ढेर ।

पर्णचीर—सज्ञा पुं० [स०] वल्कल । वृक्ष की छाल ।

पर्णचीरपट—सज्ञा पुं० [स०] शिव । महादेव [को०] ।

पर्णचोरक—सज्ञा पु० [स०] चोरक नाम का गधद्रव्य । भटेउर ।

पर्णनर—सज्ञा पुं० [स०] पलास के पत्तो का किसी मृत व्यक्ति का वह पुतला जो उसकी अस्थियाँ न मिलने की दशा मे दाहकर्म आदि के लिये बनवाया जाता है ।

पर्णभेदिनी—सज्ञा पु० स्त्री० [स०] प्रियगु लता को०] ।

पर्णभोजन—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो केवल पत्ते खाकर रहता हो । २ बकरा । छाग ।

पर्णभोजनी—सज्ञा स्त्री० [स०] बकरी [को०] ।

पर्णमणि—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पन्ना । २ एक प्रकार का अस्त्र ।

पर्णमाचल, पर्णमाचाल—सज्ञा पुं० [सं०] कमरख का पेड ।

पर्णमुक्—सज्ञा पुं० [स० **पर्णमुच्**] शिशिर ऋतु । पतझड का मौसम [को०] ।

पर्णमृग—सज्ञा पुं० [स०] पेडो पर रहनेवाले पशु । जैसे बदर आदि ।

पर्णय—सज्ञा पुं० [स०] एक असुर का नाम जिसे इद्र ने मारा था ।

पर्णरुह—सज्ञा पुं० [स० **पर्णरुह्**] वसत ऋतु ।

पर्णल—वि० [सं०] पत्तो से भरा हुआ । पत्तोवाला [को०] ।

पर्णलता—सज्ञा स्त्री० [स०] पान की बेल ।

पर्णवल्क—सज्ञा पुं० [स०] एक ऋषि का नाम ।

पर्णवल्ली—सज्ञा स्त्री० [स०] पलाशी नाम की लता ।

पर्णवाद्य—सज्ञा पुं० [सं०] पत्तो का बना हुआ वाद्य या पत्तो की आवाज [को०] ।

पर्णवीटिका—सज्ञा स्त्री० [स०] पान की गिलौरी । पान का बीडा [को०] ।

पर्णशय्या—सज्ञा स्त्री० [स०] पत्तो का बिछावन । पत्तो की सेज [को०] ।

पर्णशवर—सज्ञा पु० [स०] १ पुराणानुसार एक देश का नाम । २ इस देश की रहनेवाली आदिम अनार्य जाति जो कदाचित् अब नष्ट हो गई है ।

पर्णशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] पत्तो की बनी हुई कुटी । पर्णकुटी ।

पर्णशालाग्र—सज्ञा पु० [स०] पुराणानुसार भद्राश्व वर्ष के एक पर्वत का नाम ।

पर्णासि—सज्ञा पु० [स०] १ कमल । २ पानी मे बना हुआ घर । ३ साग । ४. बनाव सिंगार । आभरण क्रिया (को०) ।

पर्णाटक—सज्ञा पु० [स०] एक ऋषि का नाम ।

पर्णाद—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जो किसी व्रत के उद्देश्य से पत्ते खाकर रहता हो । २ एक ऋषि का नाम ।

पर्णाल—सज्ञा पुं० [स०] १ नाव । नौका । २. खनित्र । खती । कुदाल । ३ द्वद्व युद्ध [को०] ।

पर्णाशन—सज्ञा पु० [स०] १ मेघ । बादल । २ वह जो केवल पत्ते खाकर रहता हो ।

पर्णास—सज्ञा पुं० [स०] तुलसी ।

पर्णाहार—सज्ञा पु० [स०] वह जो व्रत के उद्देश्य से पत्ते खाकर रहता हो ।

पर्णिक—सज्ञा पु० [स०] पत्ते बेचनेवाला ।

पर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मानकद । शालपर्णी । सरिवन । २ पिठवन नाम की लता । ३. अग्निमथ । अरणी ।

पर्णिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ माषपर्णी । मषवन । २ एक अप्सरा (को०) ।

पर्णिल—वि० [स०] पत्तो से भरा हुआ । पर्णल [को०] ।

पर्णी[1]—सज्ञा पु० [सं० **पर्णिन्**] १ वृक्ष । पेड । २ शालपर्णी । सरिवन । ३. पिठवन । ४ तेजपत्ता । ५ पलाश वृक्ष (को०) ।

पर्णी[1]—सज्ञा स्त्री० एक प्रकार की अप्सराएँ ।

पर्णीर—सज्ञा पुं० [स०] सुगधवाला ।

पर्णीटज—सज्ञा पु० [स०] पर्णशाला । पर्णकुटी [को०] ।

पर्त—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'परत' ।

पर्द—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पर्दा' [को०] ।

पर्दनी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **परिधानी**, या फा० परदा] धोती ।

पर्दा—सज्ञा पुं० [फा० **परदह्**] दे० 'परदा' ।

पर्दानशीन—वि० [हिं० **पर्दा** + फा० **नशीन**] दे० 'परदानशीन' । उ०—दिलदार है बाजार में जो पर्दानशी है । —कबीर म०, पृ० ४६६ ।

पर्द्दु—सज्ञा पु० [स०] १ सिर के बाल । २ अधोवायु । पाद ।

पर्द्दन—सज्ञा पुं० [स०] अधोवायु छोडना । पादना ।

पर्न[1]—सज्ञा पु० [स० **पण**] प्रतिज्ञा । प्रण ।

पर्न[२]—सज्ञा पुं० [सं० **पर्ण**] पत्ता । पर्ण । पत्र ।

पर्नन†—सज्ञा स्त्री० [सं० **परिणयन** (=विवाह), प्रा० परिण] विवाह । उ०—पढेन वेद वामन सब, वर कन्या के नाउँ । रहेउ पर्ननै रित्त जो, भएउ सकल तेहि ठाउँ ।—इंद्रा०, पृ० १७४ ।

पर्नसालिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **पर्णशालिका**] पर्णशाला । पत्तो से बनाई कुटिया । उ०—निपट गहन गह्वर तरु छाँही । पर्नसालिका जहाँ तहाँ ही ।—घनानद, पृ० २६० ।

पर्निया—सज्ञा पुं० [फा० **पर्नियाँ, परनियाँ**]एक प्रकार का चित्रित रेशमी वस्त्र । उ०—जिसे तूने अजर जामा पिन्हाना । हवस उसको न पोशिश पर्निया पर । —कबीर म०, पृ० ४४४ ।

पर्पचा†—सज्ञा पुं० [सं० **प्रपञ्च**, पुं० हिं० **परपच**] दे० 'प्रपच' । उ०—तुम्हें इसमें पर्पच की गध तो नही लग रही है । —नई०, पृ० १०४ ।

पर्प—सज्ञा पुं० [स०] १ नई घास । हरी घास । २ पशुपीठ । पशु के बैठने का स्थान । ३ एक प्रकार की छोटी गाडी जिसपर बैठकर पशु इधर उधर जाते हैं । ४ भवन । घर [को०] ।

पर्पट—सज्ञा पु० [स०] १ पित्तपापडा । २ पापड ।

पर्पटद्रुम—सज्ञा पुं० [स०] जलकुभी ।

पर्पटी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सौराष्ट्र देश की मिट्टी । गोपीचदन । २ पानडी । ३ पपडी । ४ पर्पटी रस ।

पर्पटीरस—सज्ञा पुं० [स०] वैद्यक मे एक प्रकार का रस जो पारे और गधक को भँगरैया के रस में खरल करके और ताँबे तथा लोहे की भस्म मिलाकर बनाते हैं ।

पर्परी—सज्ञा स्त्री० [स०] केशगुच्छ । वेणी । कवरी [को०] ।

पपेरीक—सज्ञा पुं० [स०] १ सूर्य । २. अग्नि । ३ जलाशय ।

पर्परीण—सज्ञा पुं० [सं०] १. सधि । पर्व । २ पान के पत्तो के नाल का रस । ३ पान की नस । पान के पत्तो की नसें । ४ उत्तरायण में घृत द्वारा शिव का पूजन [को०] ।

पर्बधा†—सज्ञा पुं० [सं० **प्रबन्ध**] दे० 'प्रबध' । उ०—शादी तो होकर रहेगी या माहुर का पर्बध करूँ कही से और खिला दूँ छोकरी को ।—नई०, पृ० ७ ।

पर्बा—सज्ञा पुं० [स० **पर्व**] दे० 'पर्व' ।

पर्बत—सज्ञा पु० [सं० **पर्वत**] दे० 'पर्वत' ।

पर्बती—वि० [सं० **पर्वतीय**] पहाडी । पहाड सबधी ।

पर्बला†—वि० [स० **प्रबल**] दे० 'प्रबल' । उ०—कबीर माया पर्बल, निबल हऊँ, क्यो मन इस्थिर होय ।—प्राण०, पृ० १६७ ।

पर्म†—वि० [सं० **परम**] दे० 'परम' । उ०—दशवें भेद पर्म धाम की बानी, साख हमारी निर्णय ठानी ।—कबीर सा०, पृ० ६३४ ।

पर्यंक—सज्ञा पुं० [सं० **पर्यङ्क**] १ पलँग । २ शिविका । पालकी (को०) । ३. योग का एक आसन । ४ एक प्रकार का वीरासन । ५. नर्मदा नदी के उत्तर ओर के एक पर्वत का नाम जो विध्य पर्वत का पुत्र माना जाता है ।

पर्यंकग्रथि—सज्ञा स्त्री० [सं० **पर्यङ्कग्रन्थि**] अवसक्थिका । पर्यंकबध [को०] ।

पर्यंकपादिका—सज्ञा स्त्री० [स० **पर्यङ्कपादिका**] सुअरा सेम । काले रग की सेम ।

पर्यंकबध—सज्ञा पु० [स० **पर्यङ्कबन्ध**] दे० 'अवसक्थिका' [को०] ।

पर्यंकबधन—सज्ञा पु० [स० **पर्यङ्कबन्ध**] जघा जानु और पीठ का वस्त्र से बाँधना [को० ।

पर्यंकभोगी—सज्ञा पुं० [स० **पर्यङ्कभोगिन्**] सर्प की एक जाति । एक प्रकार का साँप [को०] ।

पर्यंत[१]—अव्य० [स० **पर्यन्त**] तक । लौ ।

पर्यंत[२]—सज्ञा पु० [सं०] १ अतिम सीमा । २ समीप । पास । ३. पार्श्व । बगल ।

यौ०—**पर्यंतदेश** = दे० 'पर्यंतभू' । **पर्यंत पर्वत** = समीपस्थ पहाड़ । **पर्यंतभू, पर्यंतभूमि** = समीप का भूभाग । पास की जमीन ।

पर्यंतिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **पर्यन्तिका**] नैतिक पतन । सदाचारहीनता । गुणो का विनाश [को०] ।

पर्यग्नि—सज्ञा पु० [स०] १ यज्ञ के लिये छोडे हुए पशु की अग्नि लेकर परिक्रमा करना । २ वह अग्नि जो हाथ मे लेकर यज्ञ की परिक्रमा की जाती है ।

पर्यटक—वि० [स०] पर्यटन करनेवाला । भ्रमण करनेवाला । घुमक्कड । उ०—कल्पना में निरवलब, पर्यटक एक अटवी का अज्ञात, पाया किरण प्रभात ।—अनामिका, पृ० ७६ ।

पर्यटन—सज्ञा पुं० [स०] भ्रमण । घूमना फिरना ।

पर्यनुयोग—सज्ञा पुं० [सं०] १ चारो ओर से वा सभी प्रकार से पूछना । २ उपालभ । ३ जिज्ञासा [को०] ।

पर्यन्य—सज्ञा पु० [स०] १ इद्र । २ गरजता हुआ बादल । ३ बादल की गरज ।

पर्यय—सज्ञा पुं० [स०] १ शास्त्र अथवा लोकाचारविहित । किसी नियम या क्रम का उल्लघन । विपर्यय । गडबडी । २. व्यतीत होना । बीतना । नष्ट होना (समय के लिये) । ३ विनाश । नाश (को०) ।

पर्ययण—सज्ञा पु० [स०] १ चारो ओर घूमना । परिभ्रमण । २ घोडे की काठी । जीन [को०] ।

पर्यवदात—वि० [स०] १ विशुद्ध । निर्मल । अति स्वच्छ । उ०—इस प्रकार समाहित, परिशुद्ध, पर्यवदात, निर्मल, विगत उपक्लेश चित्त से पूर्वभव की अनुस्मृति का ज्ञान प्राप्त किया । —हिंदु० सभ्यता, पृ० २४० । २ सुज्ञात । सुविदित । सुपरिचित (को०) ।

पर्यवरोध—सज्ञा पु० [स०] बाधा । विघ्न ।

पर्यवलोकन—सज्ञा पु० [सं०] निरीक्षण । चारो ओर देखना । उ०—पर्यवलोकन करके भुवन फिर वही का वहीं आ गया था । —नदी०, पृ० ४० ।

पर्यवशेष—सज्ञा पुं० [सं०] समाप्ति । अत । अवसान [को०] ।

पर्यवष्टभन—सज्ञा पु० [**पर्यवष्टम्भन**] घेरना । आवृत करना [को०] ।

पर्यवसान—सज्ञा पु० [स०] [वि० **पर्य्यवसित**] १ अत । समाप्ति ।

खातमा। २ अतर्भाव। अतर्गत हो जाना। शामिल हो जाना। स्वतत्र सत्ता का न रहना। ३ रोग। क्रोध। ४ ठीक ठीक अर्थ निश्चित करना।

पर्यवसित—वि० [स०] १ समाप्त। खत्म। उ०—सेवा ही नहीं चूडीवाली। उसमें विलास का अनत यौवन है, क्योकि केवल स्त्री पुरुष के शारीरिक बधन मे वह पर्यवसित नहीं है। —आकाश०, पृ० १२२। २ निर्णीत। निश्चित (को०)। २ ध्वस्त। नष्ट [को०]।

पर्यवस्था—सज्ञा स्त्री० [स०] विरोध। विरोध करना। खडन। प्रतिवाद [को०]।

पर्यवस्थाता—सज्ञा पुं० [सं० पर्यवस्थातृ] १ प्रतिवादी। प्रतिपक्षी। २ विरोधी [को०]।

पर्यवस्थान—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रतिवाद। खडन। २ विरोध। ३ अच्छी अवस्थिति। सर्वतोभावेन अवस्थान [को०]।

पर्यवेक्षण—सज्ञा पु० [सं०] चतुर्दिक् देखना। समीक्षण। अवलोकन। उ०—शेक्सपीयर को इसका पता भी न था, छपाई के पर्यवेक्षण की तो बात ही क्या।—पा० सा० सि०, पृ० १२।

पर्यश्रु—वि० [स०] आँसू से पूर्ण। अश्रुपूर्ण। आँसुओ से नहाया हुआ [को०]।

यौ०—**पर्यश्रुनयन, पर्यश्रुनेत्र**=आँसू भरी आँखवाला। जिसकी आँखें आँसू भरी हो।

पर्यसन—सज्ञा पु० [सं०] १. निकालना। २. फेंकना। क्षेपण। ३ दूर करना (को०)।

पर्यस्त—वि० [सं०] १ बाहर किया हुआ। २ दूरीकृत। ३ चारो ओर फैला हुआ। विस्तृत। ४ फेंका हुआ। क्षिप्त। ५. मारा हुआ। हत [को०]।

पर्यस्तापह्नुति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह अर्थालकार जिसमे वस्तु का गुण गोपन करके उस गुण का किसी दूसरे मे आरोपित किया जाना वर्णन किया जाय। जैसे,—नही शक्र सुरपति अहै सुरपति नदकुमार। रतनाकर सागर न है, मथुरा नगर बाजार। दे० 'अपह्नुति'।

पर्यस्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वीरासन मे बैठना। २. फेंकना [को०]।

पर्यस्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वीरासन। २ पर्यंक। पलँग।

पर्याकुल—वि० [स०] १ बहुत अधिक व्याकुल। बहुत घबराया हुआ। २. भरा हुआ। पूरित। जैसे, अश्रुपर्याकुल (को०)। ३ अव्यवस्थित। बेतरतीब (को०)। ४ उत्तेजित (को०)। ५. पकिल। मलिन। आविल। यथा, जल (को०)।

पर्याकुलता—सज्ञा स्त्री० [स०] पर्याकुल होने का भाव। व्याकुलता। व्यग्रता [को०]।

पर्याकुलत्व—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पर्याकुलता' [को०]।

पर्यागत—वि० [सं०] जिसका सासारिक महत्व या जीवन खत्म हो चुका हो। जो अपना चक्कर पूर्ण कर चुका हो [को०]।

पर्यांत—सज्ञा पुं० [स० पर्यान्त] भोजन के समय पत्तलों आदि पर रखा हुआ भोजन जो एक पक्ति में बैठकर खानेवालों में से किसी एक व्यक्ति के बीच में ही आचमन कर लेने अथवा उठ खडे होने के बाद बच रहता है।

विशेष—ऐसा अन्न जूठा और दूषित समझा जाता है और खाने योग्य नही माना जाता।

पर्याण—स्त्री० पु० [स०] घोडे की पीठ पर का पलान।

पर्याप्त[1]—वि० [सं०] १. पूरा। काफी। यथेष्ट। २ प्राप्त। मिला हुआ। ३ जिसमें शक्ति हो। शक्तिसपन्न। ४. जिसमे सामर्थ्य हो। समर्थ। ५ परिमित। ६ समग्र। पूर्ण (को०)। ७ उचित। योग्य। लायक (को०)। ८. समाप्त। अवसित (को०)। ९. विस्तीर्ण। विस्तृत (को०)।

पर्याप्त[2]—संज्ञा पुं० १ तृप्ति। सतोष। २ शक्ति। ३. सामर्थ्य। ४. योग्यता। ५ यथेष्ट होने का भाव। प्रचुरता।

पर्याप्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ अत। समाप्ति। २ प्राप्ति। तृप्ति। सतुष्टि। सतोष। ३ गुणानुसार वस्तुओ का भेद। ४. निवारण। ५ रक्षा। ६ इच्छा। ७ योग्यता। क्षमता। ८ यथेष्टता। प्रचुरता (को०)।

पर्याय—सज्ञा पुं० [स०] १ समानार्थवाची शब्द। समानार्थक शब्द। जैसे, 'इद्र' का पर्याय 'पाकशासन' और 'विष' का पर्याय 'हलाहल'। २ क्रम। सिलसिला। परपरा। ३ वह अर्थालकार जिसमे एक वस्तु का क्रम से अनेक आश्रय लेना वर्णित हो या अनेक वस्तुओ का एक ही के आश्रित होने का वर्णन हो। जैसे,—(क) हालाहल तोहिं नित नए, किन सिखए ये ऐन। हिय अबुधि हरगर लग्यो, बसन अबै खल बैन। (ख) हुती देह में लरिकई, बहुरि तरुणई जोर। बिरधाई आई अबौं भजत न नदकिशोर। ४ प्रकार। तरह। ५. अवसर। मौका। ६ बनाने का काम। निर्माण। ७ द्रव्य का धर्म। ७. दो व्यक्तियो का वह पारस्परिक सबध जो दोनो के एक ही कुल मे उत्पन्न होने के कारण होता है।

यौ०—**पर्यायक्रम**। **पर्यायच्युत**=क्रम से भग्न। स्थान से च्युत। **पर्यायवचन**=समान अर्थबोधक शब्द। **पर्यायवाचक, पर्यायवाची**=समानार्थक। तुल्यार्थक। **पर्यायशब्द**=दे० 'पर्यायवचन'। **पर्यायशयन**। **पर्यायसेवा**।

पर्यायक्रम—सज्ञा पुं० [सं०] १ मान या पद आदि के विचार से क्रम। बडाई छोटाई आदि के विचार से सिलसिला। २ क्रम से बढ़ती। उत्तरोत्तर वृद्धि का विधान।

पर्यायवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] एक को त्यागकर दूसरे को ग्रहण करने की वृत्ति। एक को छोडकर दूसरे को ग्रहण करना।

पर्यायशः—क्रि० वि० [सं०] १ समय समय पर। नियत समय पर। २. क्रमानुसार। क्रमश। यथाक्रम [को०]।

पर्यायशयन—सज्ञा पुं० [स०] पहरेदारो आदि का क्रम से अपनी अपनी बारी से सोना।

पर्यायसेवा—सज्ञा पुं० [सं०] क्रम से की जानेवाली सेवा [को०]।

पर्यायान्न—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पर्याचात'।

पर्यायिक—सज्ञा पुं० [सं०] सगीत या नृत्य का एक अग।

पर्यायोक्त—सज्ञा पुं० [सं०] एक शब्दालकार। दे० 'पर्यायोक्ति' [को०]।

पर्यायोक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] वह शब्दालकार जिसमें कोई बात साफ साफ न कहकर कुछ दूसरी वचनरचना या घुमाव फिराव से कही जाय, अथवा जिसमें किसी रमणीय मिस या व्याज से कार्यसाधन किए जाने का वर्णन हो। जैसे, (क) लोभ लगे हरि रूप के करी साँट जुरि जाय। हौं इन बेची बीचही लोयन बुरी बलाय।—बिहारी (शब्द०)। यहाँ यह न कहकर कि मैं कृष्ण के प्रेम से फँसी हूँ यह कहा गया है कि इन आँखो ने मुझे कृष्ण के हाथ बेच दिया। (ख) भ्रमर कोकिल माल रसाल पै, करत मजुल शब्द रसाल हैं। बन प्रभा वह देखन जात हौं, तुम दोऊ तब लौं इत ही रहौ। यहाँ नायक और नायिका को अवसर देने के लिये सखी बहाने से टल जाती है।

पर्यारिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] रोगग्रस्त गाय। वह गौ जो व्याधिग्रस्त हो [को०]।

पर्यालो—अव्य० [स०] हिंसन। हिंसा [को०]।

विशेष—सस्कृत की कृ, भू और अस् धातु के साथ यह व्यवहृत होती है। जैसे, पर्याली कृत्य अर्थात् हिंसा करके।

पर्यालोचन—सज्ञा पु० [स०] अच्छी तरह देखभाल। समीक्षा। सम्यक् विवेचन।

पर्यालोचना—सज्ञा स्त्री० [सं०] किसी वस्तु की पूरी देखभाल। समीक्षा। पूरी जाँच पडताल।

पर्यालोचित—वि० [सं०] जिसका पर्यालोचन किया गया हो। विवेचित। समीक्षित [को०]।

पर्यावर्त—सज्ञा पुं० [सं०] १ आना। लौटना। वापस आना। २. ससार मे विचारपूर्वक जन्मग्रहण। ससार में फिर से आकर जनमना।

पर्यावर्तन—सज्ञा पुं० [स०] १ एक नरक का नाम। २ दे० 'पर्यावर्त' [को०]।

पर्यावलोकन—सज्ञा पुं० [स०] पूर्ण रूप से निरीक्षण। अच्छी तरह से देखना भालना। पूर्णत समझना या जानना। उ०—अकबर ने तत्कालीन परिस्थितियों का भली प्रकार पर्यावलोकन कर लिया था।—अकबरी०, पृ० १२।

पर्याविल—वि० [स०] अत्यत आविल। गँदला। कीचड भरा [को०]।

पर्यावृत—वि० [सं०] आच्छादित। ढँका हुआ [को०]।

पर्यास—सज्ञा पुं० [सं०] १. पतन। गिरना। २. मार डालना। वध। ३ नाश। ४ चारो ओर घूमना। चक्कर देना। परिक्रमण (को०)। ५ विपरीत क्रम। विपरीत स्थिति (को०)।

पर्यासन—सज्ञा पुं० [स०] १. किसी को घेरकर बैठना। चारो ओर बैठना। २ चारो ओर घूमना। परिक्रमा करना। दे० 'पर्यास'। ३. नाश। ध्वस (को०)।

पर्याहार—सज्ञा पुं० [सं०] १ घट। घडा। २ काँवर। बहँगी। जूआ। ३ वहन करना। ढोना। ४ बोझ। भार। ५ अन्नसग्रह [को०]।

पर्युक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] श्राद्ध, होम या पूजा आदि के समय यों ही अथवा कोई मत्र पढकर चारो ओर जल छिडकना।

पर्युक्षणी—सज्ञा स्त्री० [स०] वह पात्र जिससे पर्युक्षण का जल छिडका जाय।

पर्युत्थान—सज्ञा पुं० [स०] उठना। उत्थान। खडा होना [को०]।

पर्युत्सुक—वि० [स०] १ व्याकुल। उद्विग्न। २. दु खयुक्त। दु खी। खिन्न। ३ बहुत उत्सुक। अत्यत उत्कठित [को०]।

पर्युत्सुकत्व—सज्ञा पुं० [स०] पर्युत्सुक होने का भाव। दु ख [को०]।

पर्युदचन—सज्ञा पुं० [स० पर्युदञ्चन] १ उद्धार। युक्ति। २ कर्ज। ऋण [को०]।

पर्युदय—सज्ञा पु० [स०] सूर्योदय समीप होने का समय।

पर्युदस्त—वि० [स०] १ निषिद्ध। २ चारो ओर फेंका हुआ। ३ अलग किया हुआ [को०]

पर्युदास—सज्ञा पुं० [स०] १ अपवाद। २ निषेध [को०]।

पर्युपस्थान—सज्ञा पु० [सं०] सेवा। अर्चा। सुश्रूषा। टहल [को०]।

पर्युपासक—सज्ञा पुं० [स०] पर्युपासन करनेवाला। सेवा करनेवाला। उपासक। सेवक।

पर्युपासन—सज्ञा पुं० [स०] १ सेवा। उपासना। अर्चना। २ प्रतिमुख सधि के तेरह अगो मे से एक। किसी को क्रुद्ध देखकर उसे पसन्न करने के लिये अनुनय विनय करना। (नाटयशास्त्र)।

पर्युषण—सज्ञा पु० [स०] जैनियो के अनुसार तीर्थंकरो की सेवा या पूजा।

पर्युषित—वि० [स०] १ एक दिन पहले का। जो ताजा न हो। बासी (फूल या भोजन के लिये)। २ नीरस। विरस (को०)। ३ मूर्ख। अज्ञ। मूढ़ (को०)। ४ व्यर्थ। निरर्थक। निसार (को०)।

यौ०—**पर्युषितभोजी** = पर्युषित भोजन करनेवाला। बासी या नीरस अन्न खानेवाला। **पर्युषितवाक्य** = शब्द या वाक्य जो अनियत या शिथिल हो।

पर्यूहण—सज्ञा पुं० [स०] अग्नि के चारो ओर जल का मार्जन [को०]।

पर्येषण—सज्ञा पुं० [सं०] १ अन्वेषण। छानबीन। खोज। २ उपासना। सेवा। पूजा (को०)। ३ वर्षाकाल व्यतीत करना। वर्षाऋतु बिताना (बौद्ध)।

पर्येष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] अन्वेषण। खोज। तलाश। पूछताछ [को०]।

पर्व—सज्ञा [सं० पर्वन्] १ धर्म, पुण्यकार्य अथवा उत्सव आदि करने का समय। पुण्यकाल।

विशेष—पुराणानुसार चतुर्दशी, अष्टमी, अमावास्या, पूर्णिमा और सक्राति ये सब पर्व हैं। पर्व के दिन स्त्रीप्रसग करना अथवा माम, मछली आदि खाना निषिद्ध है। जो ये सब काम करता है, कहते हैं, वह विसमूत्रभोजन नामक नरक में जाता है। पर्व के दिन उपवास, नदीस्नान, श्राद्ध, दान और जप आदि करना चाहिए।

२ चातुर्मास्य । ३ प्रतिपदा से लेकर पूर्णिमा अथवा अमावास्या तक का समय । पक्ष । ४ दिन । ५ क्षण । ६. अवसर । मौका । ७ उत्सव । ८ सधिस्थान । वह स्थान जहाँ दो चीजें, विशेषत दो अग जुडे हो । जैसे, कुहनी अथवा गन्ने में की गाँठ । ९ यज्ञ आदि के समय होनेवाला उत्सव अथवा कार्य । १० अश । खड । भाग । टुकडा । हिस्सा । जैसे महाभारत के अठारह पर्व, उँगली के पर्व (पोर) आदि । ११ सूर्य अथवा चद्रमा का ग्रहण ।

पर्वक—सज्ञा पु० [स०] पैर का घुटना ।

पर्वकार—सज्ञा पु० [स०] वह ब्राह्मण जो धन के लोभ से पर्व के दिन का काम और दिनो में करे । धनार्थ अन्य वेश धारण करनेवाला । वेशातरधारी ।

पर्वकारी—सज्ञा पुं० [स० पर्वकारिन्] दे० 'पर्वकार' ।

पर्वकाल—सज्ञा पु० [स०] १ पर्व का समय । वह समय जब कोई पर्व हो । पुण्यकाल । २ चद्रमा के क्षय का समय । जैसे, अमावास्या आदि ।

पर्वगामी—सज्ञा पु० [स० पर्वगामिन्] वह जो किसी पर्व के दिन स्त्री के साथ भोग करे । ऐसा मनुष्य नरक का अधिकारी होता है ।

पर्वण—सज्ञा पु० [स०] १ पूरा करने की क्रिया या भाव । २. एक राक्षस का नाम ।

पर्वणिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पर्वणी नाम का आँख का रोग ।

पर्वणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सुश्रुत के अनुसार आँख की सधि में होनेवाला एक प्रकार का रोग जिसमे आँख की सधि में जलन और कुछ सूजन होती है । २. पूर्णिमा । पौर्णमासी । ३ प्रतिपद् । परिवा । प्रतिपदा (को०) । ४. समारोह । उत्सव (को०) ।

पर्वत—सज्ञा पु० [सं०] १ जमीन के ऊपर वह बहुत अधिक उठा हुआ प्राकृतिक भाग जो आस पास की जमीन से बहुत अधिक ऊँचा होता है और जो प्राय पत्थर ही पत्थर होता है । पहाड ।

विशेष—बहुत अधिक ऊँची सम भूमि पर्वत नही कहलाती । पर्वत उसी को कहते हैं जो आस पास की भूमि को देखते हुए बहुत अधिक ऊँचा हो । कई देशो मे अनेक ऐसी अधित्यकाएँ या ऊँची समतल भूमियाँ हैं जो दूसरे देशो के पहाडो से कम ऊँची नही हैं, परतु न तो वे आस पास की भूमि से ऊँची हैं और न कोणाकार, अत वे पर्वत के अतर्गत नही हैं । साधारण पर्वतो पर प्राय अनेक प्रकार की धातुएँ, वनस्पतियाँ और वृक्ष आदि होते हैं और बहुत ऊँचे पर्वतो का ऊपरी भाग, जिसे पर्वत की चोटी या शिखर कहते हैं, बहुधा बरफ से ढँका रहता है । कुछ पर्वत ऐसे भी होते हैं जिनपर वनस्पतियाँ तो बिलकुल नही या बहुत कम होती हैं परतु जिनकी चोटी पर गड्ढा होता है, जिसमे से सदा अथवा कभी कभी आग निकला करती है, ऐसे पर्वत ज्वालामुखी कहलाते हैं । (दे० 'ज्वालामुखी पर्वत') । पर्वत प्राय श्रेणी के रूप मे बहुत दूर तक गए हुए मिलते हैं ।

पुराणो मे पर्वतो के सबध में अनेक कथाएँ हैं । सबसे अधिक प्रसिद्ध कथा यह है कि पहले पर्वतो के पख होते थे । अग्निपुराण में लिखा है कि एक बार सब पर्वत उडकर असुरो के निवासस्थान समुद्र में पहुँचकर उपद्रव करने लगे, जिसके कारण असुरो ने देवताओ से युद्ध ठान दिया । युद्ध में विजय प्राप्त करने के उपरात देवताओ ने पर्वतो के पर काट दिए और उन्हें यथास्थान बैठा दिया । कालिका पुराण मे लिखा है कि जगत् की स्थिति के लिये विष्णु ने पर्वतो को कामरूपी बनाया था—वे जब जैसा रूप चाहते थे, तब वैसा रूप धारण कर लेते थे । पौराणिक भूगोल में अनेक पर्वतो के नाम आए हैं और उनके विस्तार आदि का भी उनमें बहुत कुछ वर्णन है । उनके 'वर्षपर्वत' और 'कुलपर्वत' आदि कुछ भेद भी हैं । वराह पुराण मे लिखा है कि श्रेष्ठ पर्वतो पर देवता लोग और दूसरे पर्वतो पर दानव आदि निवास करते हैं । इसके अतिरिक्त किसी पर्वत पर नागो का, किसी पर सप्तर्षियो का, किसी पर ब्रह्मा का, किसी पर अग्नि का, किसी पर इद्र का निवास माना गया है । पर्वत कही कही पृथ्वी को धारण करनेवाले और कही कही उसके पति भी माने गए हैं ।

पर्या०—महीध्र । शिखरी । धर । अद्रि । गोत्र । गिरि । आवा । अचल । शैल । स्थावर । पृथुशेखर । धरणीकीलक । कुट्टार जीमूत । भूधर । स्थिर । कटकी । शृंगी । अग । नग । भूभृत । अवनीधर । कुधर । धराधर । वृक्षवान् ।

२ पर्वत की तरह किसी चीज का लगा हुआ बहुत ऊँचा ढेर । जैसे,—देखते देखते उन्होने पुस्तको का पर्वत लगा दिया । ३ पुराणानुसार एक देवर्षि का नाम जिनकी नारद ऋषि के साथ बहुत मित्रता थी । ४ एक प्रकार की मछली जिसका मास वायुनाशक, स्निग्ध, बलवर्धक और शुक्रकारक माना जाता है । ५ वृक्ष । पेड । ६. एक प्रकार का साग । ७ दशनामी सप्रदाय के अतर्गत एक प्रकार के सन्यासी । ऐसे सन्यासी पुराने जमाने मे ध्यान और धारणा करके पर्वतो के नीचे रहा करते थे । ८ महाभारत के अनुसार एक गधर्व का नाम । ९ सभूति के गर्भ से उत्पन्न मरीचि के एक पुत्र का नाम । १० सात की सख्या का वाचक शब्द (को०) ।

पर्वतकाक—सज्ञा पुं० [स०] द्रोणकाक । डोम कौआ ।

पर्वतकीला—सज्ञा स्त्री० [सं०] धरित्री । पृथिवी (को०) ।

पर्वतज—वि० [स०] जो पर्वत से उत्पन्न हुआ हो ।

पर्वतजा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पार्वती । गिरिजा । २. नदी (को०) ।

पर्वतजाल—सज्ञा पु० [सं०] पहाडो का सिलसिला । पर्वतश्रेणी (को०) ।

पर्वततृण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का तृण जो पशु बडे चाव से खाते हैं और जो पशुओ के लिये बहुत बलकारक होता है । तृणाख्य ।

पर्वत दुर्ग—सज्ञा पुं० [स०] पहाडी किला ।

विशेष—चाणक्य के मत से पर्वतदुर्ग सब दुर्गों से उत्तम होता है।

पर्वतनदिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० **पर्वतनन्दिनी**] पार्वती। उ०—सुत मैं न जायो राम सो यह कह्यो पर्वतनदिनी।—केशव (शब्द०)।

पर्वतपति—संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय। पर्वतराज [को०]।

पर्वतपाटी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पर्वत श्रेणी। गिरिश्रेणी। पर्वत-शृंखला। उ०—यह है अलमोडे का वसत खिल पडी निखिल पर्वतपाटी।—युगात, पृ० ६।

पर्वतमाला—संज्ञा स्त्री० [सं०] पर्वतो की शृंखला। पहाडो का सिलसिला जो दूर तक फैला रहता है। उ०—हिंदुस्तान के उत्तर मे, उत्तरपच्छिम और उत्तरपूरब में, मध्य हिंद मे और पच्छिम में तमाम कोकन और मलाबार तट पर जो पर्वतमालाएँ हैं, उन्होने सभ्यता पर एक और प्रभाव डाला है।—हिंदु० सभ्यता, पृ० १४।

पर्वतमोचा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पहाडी केला।

पर्वतराज—संज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत बडा पहाड। २ हिमालय पर्वत।

पर्वतवासिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ छोटी जटामासी। २ काली का एक नाम। ३ गायत्री।

पर्वतवासी—वि०, संज्ञा पुं० [सं० **पर्वतवासिन्**] पर्वत पर रहनेवाला पर्वतीय [को०]।

पर्वतश्रेणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पर्वतमाला' [को०]।

पर्वतस्थ—वि० [सं०] पहाड पर स्थित [को०]।

पर्वतात्मज—संज्ञा पुं० [सं०] पर्वत का पुत्र। मैनाक [को०]।

पर्वतात्मजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

पर्वताधारा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पृथ्वी।

पर्वतारि—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

विशेष—कहते हैं, इंद्र ने एक बार पहाडो के पर काट डाले थे। इसी से उनका यह नाम पडा। दे० 'पर्वत' शब्द का विशेष।

पर्वतारोही—वि० [सं० **पर्वतारोहिन्**] पहाड पर चढनेवाला। किसी कार्य से पर्वत पर चढ़नेवाला।

यौ०—**पर्वतारोही दल**।

पर्वताशय—संज्ञा पुं० [सं०] मेघ। बादल।

पर्वताश्रय—संज्ञा पुं० [सं०] १ शरभ नाम का एक जानवर। २ वह जो पर्वत पर रहता हो। पर्वतीय [को०]।

पर्वताश्रयी—वि० [सं० **पर्वताश्रयिन्**] पहाड पर रहनेवाला। पहाडी [को०]।

पर्वतासन—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का आसन। बैठने की एक मुद्रा [को०]।

पर्वतास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक अस्त्र जिसके फेंकते ही शत्रु की सेना पर बडे बडे पत्थर बरसने लगते थे, अथवा अपनी सेना के चारो ओर पहाड खडे हो जाते थे। जिससे शत्रु का प्रभजनास्त्र रुक जाता था।

पर्वति—संज्ञा स्त्री० [सं०] चट्टान। पर्वत की शिला [को०]

पर्वतिया[1]—संज्ञा पुं० [सं० **पर्वत** + हिं० इया (प्रत्य०)] नैपालियों की एक जाति।

पर्वतिया[2]—संज्ञा पुं० १ एक प्रकार का कद्दू। २ एक प्रकार का तिल।

पर्वती—वि० [सं० **पर्वत** + ई (प्रत्य०)] १ पहाडी। पहाड-संबधी। २ पहाडो पर रहनेवाला। ३. पहाडो पर पैदा होनेवाला।

पर्वतीय—वि० [सं०] १ पहाडी। पहाड संबधी। २ पहाड पर रहने या बसनेवाला। ३ पहाड पर पैदा होनेवाला।

पर्वतृण—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का तृण जो औषध के काम मे आता है। तृणाढ्य।

पर्वतेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय।

पर्वतोद्भव—संज्ञा पुं० [सं०] १ पारा। २ शिंगरफ।

पर्वतोद्भूत—संज्ञा पुं० [सं०] अबरक।

पर्वतोर्मि—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली।

पर्वधि—संज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा।

पर्वपुष्पिका, पर्वपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ नागदती नामक क्षुप। २ रामदूता तुलसी।

पर्वपूर्णता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी उत्सव या त्यौहार का सपन्न होना। २ उत्सव या त्यौहार की तैयारी [को०]।

पर्वभाग—संज्ञा पुं० [सं०] मणिबध। कलाई [को०]।

पर्वभेद—संज्ञा पुं० [सं०] सधिभग नामक रोग का एक भेद।

पर्वमूल—संज्ञा पुं० [सं०] चतुर्दशी और अमावस्या तथा चतुर्दशी और पूर्णिमा का सधिकाल [को०]।

पर्वमूला—संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद दूब।

पर्वयोनि—संज्ञा पुं० [सं०] वह वनस्पति आदि जिसमें गाँठ हो। जैसे, ऊँख, नरसल।

पर्वर—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परवल'।

पर्वरिश—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] पालन पोषण। पालना पोसना।

पर्वरीण—संज्ञा पुं० [सं०] १ पर्व। २ मृतक। मुर्दा। ३ अभिमान। घमड। ४ वायु (को०)। ५ दे० 'पर्परीण' (को०)।

पर्वरुह—संज्ञा पुं० [सं०] अनार।

पर्ववल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूब। दूर्वा।

पर्वसधि—संज्ञा पुं० [सं० **पर्वसन्धि**] १ पूर्णिमा अथवा अमावस्या और प्रतिपदा के बीच का समय। वह समय जब पूर्णिमा अथवा अमावस्या का अत हो चुका हो और प्रतिपदा का आरभ होता हो। २ सूर्य अथवा चद्रमा को ग्रहण लगने का समय। वह समय जब सूर्य अथवा चद्रमा ग्रस्त हो। ३ घुटने पर का जोड।

पर्वा[1]—संज्ञा स्त्री० [फा० **परवा**] १ दे० 'परवाह'।

पर्वा[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० **प्रतिपदा**, प्रा० **पड्डिवा**, हिं० **परवा**] दे० 'प्रतिपदा'।

पर्वानगी—संज्ञा पुं० [फा० **परवानगी**] दे० 'परवाना'।

पर्वाना—संज्ञा पुं० [फा० **परवाना**] दे० 'परवाना'। उ०—पान पर्वाना पाय, तौ नाम सुनावही। सतगुरु कहैं कबीर अमर सुख पावही।—कबीर० श०, भा० ४, पृ० ६।

पर्वाबधि—संज्ञा स्त्री० [सं०] गाँठ। ग्रंथि। जोड़। २ पर्वकाल या उसकी अवधि [को०]।

पर्वास्फोट—संज्ञा पुं० [सं०] उँगलियों को चटकाना। उँगली चटकाने की ध्वनि [को०]।

पर्वाह[1]—संज्ञा पुं० [सं०] पर्व का दिन। वह दिन जिसमें कोई पर्व हो।

पर्वाह[2]—संज्ञा स्त्री० [फा० **परवा**] दे० 'परवाह'।

पर्विणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पर्व'।

पर्वित—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली।

पर्वेश—संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार कालभेद से ग्रहण समय के अधिपति देवता।

विशेष—बृहत्संहिता के अनुसार ब्रह्मा, चंद्र, इंद्र, कुबेर, वरुण, अग्नि और यम ये सात देवता क्रमश छह छह महीने के ग्रहण के अधिपति देवता हुआ करते हैं। ये ही सातो देवता 'पर्वेश' कहलाते हैं। भिन्न भिन्न पर्वेश के समय ग्रहण होने का भिन्न भिन्न फल होता है। ग्रहण के समय ब्रह्मा अधिपति हो तो द्विज और पशुओं की वृद्धि, मंगल, आरोग्य और धन संपत्ति की वृद्धि, चंद्रमा हो तो आरोग्य और धनसंपत्ति की वृद्धि के साथ साथ पंडितों को पीड़ा और अनावृष्टि, इंद्र हो तो राजाओं मे विरोध, शरद ऋतु के धान्य का नाश और अमंगल, कुबेर हो तो धनियों के धन का नाश और दुर्भिक्ष, वरुण हो तो राजाओं का अशुभ, प्रजा का मंगल और धान्य की वृद्धि, अग्नि हो तो धान्य, आरोग्य, अभय और अच्छी वर्षा, और यम हो तो अनावृष्टि, दुर्भिक्ष और धान्य की हानि होती है। इसके अतिरिक्त यदि और समय मे ग्रहण हो तो क्षुधा, महामारी और अनावृष्टि होती है।

पर्श—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन योद्धा जाति का नाम जो वर्तमान अफगानिस्तान के एक प्रदेश मे रहती थी।

पर्शनीय†—वि० [सं० **स्पर्शनीय**] छूने योग्य। स्पर्श करने योग्य।

पर्शु—संज्ञा पुं० [सं०] १ फरसा। परशु। २ पसली। पाँजर। ३ अस्त्र। हथियार [को०]।

पर्शुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] छाती पर की हड्डियाँ। पिंजर।

पर्शुपाणि—संज्ञा पुं० [सं०] १ गणेश। २ परशुराम।

पर्शुराम—संज्ञा पुं० [सं०] परशुराम।

पर्शुस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन देश का नाम जिसमें पर्शु जाति के लोग रहा करते थे। आजकल यह प्रांत वर्तमान अफगानिस्तान के अंतर्गत है।

पर्श्वध—संज्ञा पुं० [सं०] कुठार।

पर्ष[1]—संज्ञा पुं० [सं०] गुच्छा। स्तवक [को०]।

पर्ष[2]—वि० कठोर। उग्र। तीक्ष्ण। जैसे, वायु [को०]।

पर्षद्—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ परिषद्। २ चारो वेद के ज्ञाताओं की सभा या समाज (को०)।

पर्षद्वल—संज्ञा पुं० [सं०] परिषद् का सदस्य। पारिषद्।

पर्सरामⓊ—संज्ञा पुं० [सं० **पर्शुराम**] दे० 'परशुराम'। उ०—न, छत्री छितान, दई विप्र दान। सुरान प्रमान, नमो पर्सराम। —पृ० रा०, २। १७।

पर्सादा†—संज्ञा पुं० [सं० **प्रसाद**] दे० 'प्रसाद'। उ०—अमरित साहु जाकर भाभी का प्रसाद पा आते। —नई०, पृ० ८२।

पर्हेज—संज्ञा पुं० [फा० **पर्हेज़**] १ रोग आदि के समय अपथ्य वस्तु का त्याग। रोग के समय संयम। जैसे,—दवा तो खाते ही हो पर साथ में पर्हेज भी किया करो। २ बचना। अलग रहना। दूर रहना। जैसे,—बुरे कामों से हमेशा पर्हेज करना चाहिए।

पर्हेजगार—वि० [फा० **पर्हेज़गार**] पर्हेज करनेवाला।

पलंकट—वि० [सं० **पलङ्कट**] डरपोक। भीरु। भयशील।

पलंकर—संज्ञा पुं० [सं० **पलङ्कर**] पित्त।

पलंकष—संज्ञा पुं० [सं० **पलङ्कष**] गुग्गुल। गूगल।

पलंकषा—संज्ञा स्त्री० [सं० **पलङ्कषा**] १ गोखरू। २ रास्ना। ३ गुग्गुल। ४ टेसू। पलास। ५ लाख। ६ गोरखमुंडी। ७ मक्खी।

पलंकषी—संज्ञा स्त्री० [सं० **पलङ्कषी**] दे० 'पलंकषा'।

पलंका†[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० **पर + लंका**] बहुत दूर का स्थान। अति दूरवर्त्ती स्थान। उ०—तेहि की आग ओहू पुनि जरा। लंका छोडि पलंका परा। —जायसी (शब्द०)।

विशेष—प्राचीन भारतवासी लंका को बहुत दूर समझते थे इस कारण अत्यंत दूर के स्थान को पलंका (परलंका) जिसका अर्थ है 'लंका से दूर या दूर का देश' बोलने लगे। अब भी गाँवों मे इस शब्द का इसी अर्थ में व्यवहार होता है।

पलंका[2]—संज्ञा पुं० [सं० **पल्यङ्क**] पल्यंक। पलंग। उ०—चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।—जायसी ग्र०, पृ० १५६।

पलंग—संज्ञा पुं० [सं० **पल्यङ्क**] १ अच्छी चारपाई। अच्छे गोडे, पाटी और बुनावट की चारपाई। अधिक लंबी चौडी चारपाई। पर्यंक। पल्यंक। खाट।

क्रि० प्र०—बिछाना।

मुहा०—**पलंग को लात मारकर खड़ा होना** = (१) छठी, बरही आदि के उपरांत सौरी से किसी स्त्री का भली चंगी बाहर आना। निरोग और भली चंगी सौरी से बाहर आना। सौरी काल समाप्त कर बाहर निकलना (बोलचाल)।

(२) कोई बड़ी बीमारी झेलकर अच्छा होना। बीमारी से उठना। खाट सेकर उठना (बोलचाल)। **पलंग तोड़ना** = बिना कोई काम किए सोया या पड़ा रहना। कुछ काम न करते हुए समय काटना। निठल्ला रहना। खाट तोड़ना। **पलग लगाना** = बिछौना बिछाना। किसी के सोने के लिये पलग पर बिछौना बिछाना और तकिया आदि को यथास्थान रखना। बिस्तर दुरुस्त करना।

पलंगड़ी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पलग**+ड़ी (प्रत्य०)] पलग। उ०—और श्री आचार्य जी महाप्रभुन की पलगडी के सानिध्य निवेदन की क्यो कहे ? यह तो रीति नाही।—दो सौ बावन, भा० २, पृ० १६। २ छोटा पलग।

पलगतोड़[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **पलग**+**तोड़ना**] एक ओषधि जिसका मुख्य गुण स्तभन है। यह वीर्यवृद्धि के लिये भी खाई जाती है।

पलंगतोड़[2]—वि० निठल्ला। आलसी। निकम्मा।

पलगदत—सज्ञा पुं० [फा० **पलग** (= चीता) + हिं० दाँत] वह जिसके दाँत चीते के दाँतो की तरह कुछ कुछ टेढे होते हैं।

पलंगपोश—सज्ञा पुं० [हिं० **पलग** + फा० **पोश**] पलग पर बिछाने की चादर।

पलंजी—सज्ञा स्त्री० [देश०] १. एक प्रकार की बरसाती घास जो उत्तरी भारत के मैदानो मे अधिकता से होती है। भूसा। गुलगुला। बडा मुरमुरा। वि० दे० 'भूसा'।

पलंडी—सज्ञा स्त्री० [देश०] नाव में का वह बाँस जिससे पाल खडी की जाती है। (मल्लाह)।

पलँग, पलँगा—सज्ञा पु० [हिं० **पलग**] दे० 'पलग'। उ०—सद्गुरु को पलँगा बैठाई। सब मिलि पाँव पखारो आई।—कबीर सा०, पृ० ५४७।

पलँगरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पलग**+ड़ी (प्रत्य०)] पलग। मांचा।

पलँगिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पलग**+इया (प्रत्य०)] पलग। खाट। उ०—पौढहु पीय पलँगिया मीजँहु पाय। रैनि जगे की निंदिया सब मिटि जाय।—रहीम (शब्द०)।

पल[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ समय का एक बहुत प्राचीन विभाग जो $\frac{2}{5}$ मिनट या २४ सेकड के बराबर होता है। घडी या दड का ६० वाँ भाग। ६० विपल के बराबर समयमान। २ एक तौल जो ४ कर्ष के बराबर होती है।

विशेष—कर्ष प्राय एक तोले के बराबर होता है, पर यह मान इसका बिलकुल निश्चित नही है। इसी कारण पल के मान मे भी मतभेद है। वैद्यक में इसका मान आठ तोला और अन्यत्र चार तोला या तीन तोला चार माशा भी माना जाता है। ३ चार तोले की एक माप।

तेल आदि निकालने के लिये लोहे का डंडीदार पात्र। इसमें करीब चार तोले तेल आता है। परी। पैरी। पला। पली। उ०—अबतक कई गावो मे प्रत्येक घानी से प्रतिदिन एक एक 'पल' तेल मदिरो के निमित्त लिए जाने की प्रथा चली आती है।—राज० इति०, पृ० ४२७। ४ मास। उ०—पल आमिष को कहत कवि, पट उसास पल होय। पल जु पलक हरि बिच परे गे पिन जुग सत सोय।—अनेकार्थ०, पृ० १४०। ५ धान का सूखा डठल जिससे दाने अलग कर लिए गए हों। बवाल। ६ धोखेबाजी। प्रतारणा। ७ चलने की क्रिया। गति। ८ मूर्ख। ९ तराजू। तुला। १० कीचड। गिलाव या गाव। पलल (को०)।

पल[2]—सज्ञा पुं० [सं० **पलक**] १. पलक। दृगचल। उ०—झुकि झुकि झपकौहैं पलनु फिरि फिरि जुरि, जमुहाइ। बीदि पियागम नीद मिसि दी सब सखी उठाय।—बिहारी र०, दो० ५८९।

विशेष—पहले साधारण लोग पल और निमेष के कालमान में कोई अतर नहीं समझते थे। अतः आँख के परदे का प्रत्येक पल मे एक बार गिरना मानकर उसे भी पल या पलक कहने लगे।

मुहा०—**पल मारते या पल मारने में** = बहुत ही जल्दी। आँख झपकते। तुरत। जैसे,—पल मारते वह अदृश्य हो गया।

२ समय का अत्यत छोटा विभाग। क्षण। आन। लहजा। दम।

विशेष—वही इसे स्त्रीलिंग भी बोलते हैं।

मुहा०—**पल के पल या पल की पल में** = बहुत ही अल्प काल मे। बात की बात मे। क्षण भर मे।

पलई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **कोपल** या **पल्लव**] १ पेड की नरम डाली या टहनी। २ पेड के ऊपर का भाग। सिरा। नोक।

पलउसिनि‡—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिवेशिनी] पडोसिन। उ०—तोरा करम धरम पए साखि, मदि उघाए पलउसिनि राखि।—विद्यापति, पृ० २६०।

पलक—सज्ञा स्त्री० [सं० **पल** + क] १ क्षण पल। लहमा। दम। उ०—कोटि कर्म फिरे पलक मे जो रेचक आए नाँव। अनेक जन्म जो पुन्य करे नही नाम बिनु ठाँव।—कबीर (शब्द०)। २ आँख के ऊपर का चमडे का परदा जिसके गिरने से आँख बद होती और उठने से खुलती है। पपोटा तथा बरोनी। उ०—लोचन मगु रामहि उर आनी। दीं हे पलक कपाट सयानी।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—गिरना। झपकना।

मुहा०—**पलक खोलना** = आँख खोलना। उ०—इन दिनो तो है विपत खुल खेलती। तू भला अब भी पलक तो खोल दे।—चुभते०, पृ० १। **पलक झपकते** = अत्यत अल्प समय में। बात कहते। एक निमेष मात्र मे। जैसे,—पलक झपकते पुस्तक गायब हो गई। **पलक पर लेना** = जी खोलकर समान करना। अत्यत प्रेम से सम्मान करना। उ०—लालसा लाख बार होती है। हम पलक पर उन्हें ललक ले लें।—चुभते०, पृ० ७। **पलक पसीजना** = (१) आँखों में आँसू आना। (२) दया या करुणा उत्पन्न होना। द्रवित होना। आर्द्र होना। **पलक पाँवड़े बिछाना** = हार्दिक स्वागत करना। उ०—आइए ऐ मिलाप के पुतले, हम पलक पाँवड़े बिछा

देंगे।—चुभते०, पृ० ६। (किसी के रास्ते में या किसी के लिये पलक बिछाना = किसी का अत्यत प्रेम से स्वागत करना पूर्ण योग से किसी का स्वागत तथा सत्कार करना। उ०—ऊबता हूँ उबारनेवाले। आइए हैं बिछी हुई पलकें।—चुभते०, पृ० १। पलक भँजना = (१) पलक का गिरना या हिलना। (२) पलक का इस प्रकार हिलना कि उससे कोई सकेत सूचित हो। इशारा या सकेत होना। जैसे,—उनकी पलक भँजते ही वह नौ दो ग्यारह हो गया। पलक भाँजना = (२) पलक से कोई इशारा करना। पलक मारना = (१) आँखो से सकेत या इशारा करना। (२) पलक झपकाना या गिराना। (३) तद्रालु होना। झपकी लेना। पलक लगना = (१) आँखें मुँदना। पलक झपकना। पलक गिरना। उ०—पलक नहिं कहुँ नेकु लागति रहति इक टक हेरि। तऊ कहुँ त्रिपितात नाही रूप रस के ढेरि।—सूर (शब्द०)। (२) नींद आना। झपकी लगना। जैसे,—आज तीन दिन से एक छन के लिये भी पलक न लगी। पलक लगाना = (१) आँख झपकाना। आँखें मूँदना। (२) सोने के लिये आँखें बद करना। सोने की इच्छा से आँखें मूँदना। पलक से पलक न लगना = (१) पलक न झपकना। टकटकी बँधी रहना। (२) आँख न लगना। नीद न आना। पलक से पलक न लगाना = (१) टकटकी बाँधे रहना। पलक न झपकाना। (२) सोने के लिये आँखें बद न करना। पलकों से तिनके चुनना = अत्यत श्रद्धा तथा भक्ति से किसी की सेवा करना। किसी को सुख पहुँचाने के लिये पूर्ण मनोयोग से प्रयत्न करना। जैसे,—मैं आपके लिये पलकों से तिनके चुनूँगा। पलकों से जमीन झाड़ना = पलको से तिनके चुनना।

पलकर्ण—सज्ञा पु० [स०] धूपघडी के शकु की उस समय की छाया की लबाई जब मेष सक्राति के मध्याह्नकाल में सूर्य ठीक विषुवत् रेखा पर होता है।

पलकदरिया†—वि० [हिं० पलक + फा० दरिया] बडा दानी। अति उदार।

पलकदरियाव‡—वि० [हिं० पलक+फा० दरयाव] दे० 'पलकदरिया'।

पलकनेवाज†—वि० [हिं० पलक + फा० नेवाज] छन मे निहाल कर देनेवाला। बडा दानी। पलकदरिया।

पलकपीटा—सज्ञा पु० [हिं० पलक+पीटना] १ आँख का एक रोग।

विशेष—इसमें बरौनियाँ प्राय झड़ जाती हैं, आँखें बराबर झपकती रहती हैं और रोगी धूप या रोशनी की ओर नही देख सकता। २ वह मनुष्य जिसे पलकपीटा रोग हुआ हो। पलकपीटे का रोगी।

पलकांतरⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पलक + अन्तर] पलको के गिरने के कारण होनेवाला व्यवधान। पलक गिरने से दृष्टि का व्यवधान या अतर। उ०—प्रथम प्रतच्छ बिरह तू गुनि लै। ताते पुनि पलकातर सुनि लै।—नद० ग्र०, पृ० १६२।

विशेष—नददास ने इसे एक प्रकार का विरह माना है।

पलकाⓊ¹—सज्ञा पुं० [स० पर्यङ्क या पल्यङ्क][स्त्री० पलकी] पलग। चारपाई। उ०—(क) अजिर प्रभा तेहि श्याम को पलका पौढायो। आप चली गृह काज को तँह नद बुलायो।—सूर (शब्द०)। (ख) और जो कहो तो तेरो ह्वै कै सेवो गाढ़ो बन जो कहो तो चेरी ह्वै कै पलकी उसाई दो।—हनुमान (शब्द०)।

पलका†²—वि० [देश०] चचल। उ०—भाव भगत नाना विधि कीन्हीं पलका कोन करी।—दखिनी०, पृ० २५।

पलक्कⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पलक] दे० 'पलक'। उ०—हरि सुख एक पलक्क का ता सम कह्या न जाइ।—संतबानी०, पृ० ७६।

पलक्या—सज्ञा पुं० [स०] पालक का साग। पालक शाक।

पलङ्ग¹—सज्ञा पु० [स०] सफेद रग। श्वेत वर्ण।

पलङ्ग²—वि० जिसका रग सफेद हो। श्वेतवर्ण युक्त।

पलङ्गार—सज्ञा पुं० [स०] रक्त। खून। लहू।

पलखन—सज्ञा पुं० [स० पलक्ष, प्रा० पलक्ख] पाकर का पेड।

पलगंड—सज्ञा पुं० [स० पलगण्ड] कच्ची दीवार में मिट्टी का लेप करनेवाला। लेपक।

पलचर—सज्ञा पुं० [सं० पल (= मास) + चर (= भक्षण)] १ एक उपदेवता जिसका वर्णन राजपूतो की कथाओ में है। उ०—मिली परस्पर डीठ बीर पग्गिय रिस अग्गिय। जग्गिय जुद्ध विरुद्ध उद्ध पलचर खग खग्गिय। भग्गिय सद्ध शृगाल काल दै ताल उमग्गिय। लग्गिय प्रेत पिशाच पत्र जुग्गिन लै नग्गिय। रग्गिय सुररभादि गण रुद्र रहस आवज धमिय। सन्नाह करहि उच्छाह भट दुहुँ सिपरह जब झमझमिय।—सूदन (शब्द०)।

विशेष—इसके सबध मे लोगो का विश्वास है कि यह युद्ध मे मरे हुए लोगो का रक्त पीता और आनद से नाचता कूदता है। २ मासभक्षी पक्षी। मास खानेवाले पक्षी।

पलच्चरⓊ—सज्ञा पु० [स० पल (= मास) + चर (= भक्षण)] उ०—धरनि धार धुकि धरनि भिरन इद्राजित सरभर। मुक्कि बान रुकि भान परिय सारगन पलच्चर।—पृ० रा०, २। २८२।

पलटन—सज्ञा स्त्री० [अ० बटालियन, फा० घटेलन या अ० प्लैटून] १ अँगरेजी पैदल सेना का एक विभाग जिसमे दो या अधिक कपनियाँ अर्थात् २०० के लगभग सैनिक होते हैं। २ सैनिकों अथवा अन्य लोगो का समूह जो एक उद्देश्य या निमित्त से एकत्र हो। दल। समुदाय। झुड। जैसे, वहाँ की भीड भाड का क्या कहना पलटन की पलटन खडी मालूम होती थी।

पलटना¹—क्रि० अ० [सं० प्रलोठन अथवा प्रा० पलोठन] किसी वस्तु की स्थिति उलटना। ऊपर के भाग का नीचे या नीचे के भाग का ऊपर हो जाना। उलट जाना। (क्व०)। २ अवस्था या दशा बदलना। किसी दशा की ठीक उलटी या विरुद्ध दशा उपस्थित होना। बुरी दशा का अच्छी मे या अच्छी का बुरी मे बदल जाना। आमूल परिवर्तन हो जाना।

कायापलट हो जाना। जैसे,—दो साल हुए मैंने तुमको कितना गुण देखा था, पर अब तो तुम्हारी हालत ही पलट गई है।

विशेष—इस अर्थ में यह क्रिया 'जाना' के साथ सदा संयुक्त रहती है, अकेले नहीं प्रयुक्त होती है।

३ अच्छी स्थिति या दशा प्राप्त होना। इष्ट या वांछित दशा आना या मिलना। किसी के दिन फिरना या लौटना। जैसे,—(क) धैर्य रखो, तुम्हारे भी दिन अवश्य पलटेंगे। (ख) बरसों बाद इस घर के दिन पलटे हैं। (ग) आधी रात तक तो उनका पाना बराबर पट रहा इसके बाद जो पलटा तो सारी कसर निकल आई। ४ मुड़ना। घूमना। पीछे फिरना। जैसे,—मैंने पलटकर देखा तो तुम भी पैर पीछे आ रहे थे। ५ लौटना। वापस होना। जैसे,—तुम कलकत्ते से कबतक पलटोगे। (कव०)।

पलटना[१]—क्रि० स० १ किसी वस्तु की स्थिति को उलटना। किसी वस्तु के निचले भाग को ऊपर या ऊपर के भाग को नीचे करना। उलटी वस्तु को सीधी या सीधी को उलटी करना। उलटना। औंधाना। जैसे,—(किसी बरतन आदि के लिये) अच्छी तरह तो रखा था, तुमने व्यर्थ ही पलट दिया।

संयो० क्रि०—देना।

२ किसी वस्तु की अवस्था उलट देना। किसी वस्तु को ठीक उसकी उलटी दशा में पहुँचा देना। अवनत को उन्नत या उन्नत को अवनत करना। काया पलट देना। जैसे,—दो ही वर्ष में तुम्हारी प्रबंधकुशलता ने इस गाँव की दशा पलट दी।

विशेष—इस अर्थ में यह क्रिया सदा 'देना' या 'डालना' के साथ संयुक्त होती है, अकेले नहीं आती।

३ फेरना। बार बार उलटना। उ०—देव तेज्र गोरी के बिलात गात बात लगै, ज्यों ज्यों सीरे पानी पीरे पान सो पलटियत। —देव (शब्द०)। ४ बदलना। एक वस्तु को त्याग कर दूसरी को ग्रहण करना। एक को हटाकर दूसरी को स्थापित करना। उ०—मृगनैनी दृग की फरक कर उछाह तन फूल। बिन ही प्रिय आगमन के पलटन लगी दुकूल।—बिहारी (शब्द०)। ५ बदलना। एक चीज देकर दूसरी लेना। बदले में लेना। बदला करना। (अप्रयुक्त)। उ०—(क) नरतनु पाय विषय मन देही। पलटि सुधा ते सठ बिष लेही। —तुलसी (शब्द०)। (ख) ब्रजजन दुखित अति तन छीन। रटत इकटक चित्र चातक श्यामघन तनु लीन। नाहि पलटत बसन भूषन रंगन दीपक तात। मलिन बदन बिनसि रहत जिमि तरनि हीन जल जात।—सूर (शब्द०)। ६ कही हुई बात को अस्वीकार कर दूसरी बात कहना। एक बात को अन्यथा करके दूसरी कहना। एक बात से मुकरकर दूसरी कहना। जैसे,—तुम्हारा क्या ठिकाना, तुम तो रोज ही कहकर पलटा करते हो। (ख) लौटाना। फेरना। वापस करना। उ०—फिरि फिरि नृपति चलावत बात। कहो सुनत कहाँ तोहि पलटी प्राण जीवन कैसे बन जात। —सूर (शब्द०)।

पलटनिया[१]—संज्ञा पुं० [हिं० पलटन + इया (प्रत्य०)]। वह जो पलटन में काम करता हो। सेना का सिपाही। सैनिक। जैसे,—नगर में गोरे पलटनियों का पहरा था।

पलटनिया[२]—वि० पलटन में काम करनेवाला। पलटन का। जैसे,—सन् १८९३ के पहले सुपरिंटेंडेंट और असिस्टेंट पलटनिये अफसर होते थे।

पलटा—संज्ञा पुं० [हिं० पलटना] १ पलटने की क्रिया या भाव। नीचे से ऊपर या ऊपर से नीचे होने की क्रिया या भाव। घूमने, उलटने या चक्कर खाने की क्रिया या भाव। परिवर्तन।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।

मुहा०—पलटा खाना = दशा या स्थिति का उलट जाना। घूमकर या बदलकर विपरीत स्थिति या दशा में पहुँच जाना। चक्कर खाना। उ०—उसके बाद ही न जाने ग्रहचक्र ने कैसा पलटा खाया। —दुर्गाप्रसाद (शब्द०)।

२ बदला। प्रतिफल। जैसे,—उसने अपनी करनी का पलटा पा लिया।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।

३ नाव में वह पटरी जिसपर नाव का खेनेवाला बैठता है। ४ गान में जल्दी जल्दी थोड़े से स्वरों पर चक्कर लगाना। गाते समय ऊँचे स्वर तक पहुँचकर खूबसूरती के साथ फिर नीचे स्वरों की तरफ मुड़ना। ५ लोहे या पीतल की बड़ी खुरचनी जिसका फल चौकोर न होकर गोलाकार होता है। इससे बटलोही में से चावल निकालते और पूरी आदि उलटते हैं। ६ कुश्ती का एक पेंच।

विशेष—इसमें जब ऊपरवाला पहलवान नीचे पड़े हुए पहलवान की कमर पकड़ता है तब नीचेवाला पट्ठा अपने दाहिने पैर के पंजे ऊपरवाले की टाँगों के बीच से डालकर उसकी बाईं टाँग को फँसा लेता है और दाहिने हाथ से उसकी बाईं कलाई पकड़कर झटके के साथ अपने दाहिनी ओर मुड़ जाता है और ऊपर का पहलवान चित गिर जाता है।

पलटाना—क्रि० स० [हिं० पलटना] १ लौटाना। फेरना। वापस करना। उ०—(क) तब सारथि स्यंदन पलटावा। ले नरेश के आगे आवा।—सबल (शब्द०)। २ बदलना (अप्रयुक्त)। उ०—काया कंचन जतन कराया। बहुत भाँति के मन पलटाया।—कबीर (शब्द०)।

पलटाव—संज्ञा पुं० [हिं० पलटना] पलटने की क्रिया।

पलटावना†—क्रि० स० [हिं० पलटाना] दे० 'पलटाना'।

पलटी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पलटा'।

पलटे†—क्रि० वि० [हिं० पलटा] बदले में। एवज में। प्रतिफल स्वरूप।—उ०—(क) आपु दयो मन फेरि लै, पलटे दीनी पीठ। कौन बानि वह रावरी लाल लुकावत दीठ।—बिहारी (शब्द०)। (ख) जे सुर सिद्ध मुनीस योगि बुध वेद पुरान

बखाने। पूजा लेत देत पलटे सुख हानि लाभ अनुमाने।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—असल में यह अव्यय नही है बल्कि 'पलटा' सज्ञा का सप्तमी विभक्तियुक्त रूप है। परतु अन्य बहुत से सप्तम्यत पदों की भाँति इसका भी बिना विभक्ति के व्यवहार होने लगा है, इस कारण

पलड़ा†—सज्ञा पुं० [स० **पटल**] तराजू का पल्ला। तुलापट।

पलथा[1]—सज्ञा पु० [हिं० **पलटना**] १ कलाबाजी। विशेषत पानी मे कलैया मारने की क्रिया या भाव। कलैया मारने की क्रिया या भाव।

क्रि० प्र०—**मारना**।

पलथा[2]—सज्ञा पुं० [स० **पर्य्यस्त, प्रा० पल्लत्थ**] २. दे० 'पलथी'।

पलथी†—सज्ञा स्त्री० [स० **पर्य्यस्त, प्रा० पल्लत्थ**] एक आसन जिसमें दाहिने पैर का पजा बाएँ और बाएँ पैर का पजा दाहिने पट्टे के नीचे दबाकर बैठते हैं और दोनो टाँगे ऊपर नीचे होकर दोनो जाँघो से दो त्रिकोण बना देती हैं। स्वस्तिकासन। पालती।

क्रि० प्र०—**मारना**।—**लगाना**।

विशेष—जिस आसन में पजो की स्थापना उपर्युक्त प्रकार से न होकर दोनो जाँघो के ऊपर अथवा एक के ऊपर दूसरे के नीचे हो उसे भी पलथी ही कहते हैं।

पलद—वि० [सं०] मासवर्धक। मास बढानेवाला।

पलना[1]—क्रि० अ० [सं० **पालन**] १ पालने का अकर्मक रूप। ऐसी स्थिति में रहना जिसमें भोजन वस्त्र आदि आवश्यकताएँ दूसरे की सहायता या कृपा से पूरी हो रही हो। दूसरे का दिया भोजन वस्त्रादि पाकर रहना। भरित पोषित होना। परवरिश पाना। पाला या पोसा जाना। जैसे,—(क) उसी अकेले की कमाई पर सारा कुनबा पलता था। (ख) यह शरीर आपही के नमक से पला है। २ खा पी करके हृष्ट पुष्ट होना। मोटा ताजा होना। तैयार होना। जैसे,—(क) आजकल तो तुम खूब पले हुए हो। (ख) यह बकरा खूब पला हुआ है।

पलना[2]—क्रि० स० [देश०] कोई पदार्थ किसी को देना। (दलाल)।

पलना[3]—सज्ञा पुं० [सं० **पल्यङ्क**] दे० 'पालना'। उ०—एक बार जननी अन्हवाए। करि सिंगार पलना पौढाए।—मानस, १।२०१।

पलनानाⓊ†—क्रि० स० [हिं० **पलान** (= जीन)+**ना** (प्रत्य०)] घोडे पर जीन कसकर उसे चलने के लिये तैयार करना। घोडे को जोतने या चलाने के लिये तैयार करना। कसना। उ०—भोर भयो ब्रज ब्रज लोगन को। ग्वाल सखा सखि व्याकुल सुनि के श्याम चलत हैं मधुबन को। सुफलकसुत स्यदन पलनावत देखें तहँ बल मोहन को।—सूर (शब्द०) (ख) गहर जनि लावहु गोकुल आइ। अपनोई रथ तुरत मँगायो दियो तुरत पलनाइ।—सूर (शब्द०)।

पलप्रिय[1]—वि० [सं०] मांसभक्षी। मास खाकर रहनेवाला।

पलप्रिय[2]—सज्ञा पु० १ डोम कौआ। द्रोण काक। २ दानव। राक्षस (को०)।

पलभक्षी—वि० [स० **पलभक्षिन्**] [वि० स्त्री० पलभक्षिणी] मासाहारी। मासभक्षी।

पलभच्छⓊ—सज्ञा पु० [स० **पल** = (**मास**) + **भक्ष, प्रा० भच्छ**] वह जिसका भक्ष्य पल हो, सिंह। उ०—मृगपति द्वीपी व्याघ्र पुनि पचानन पलभच्छ।—अनेकार्थ०, पृ० ६८।

पलभछⓊ—सज्ञा पु० [स० **पलभक्ष**] सिंह।

पलभा—सज्ञा स्त्री० [स०] धूपघडी के शकु की उस समय की छाया की चौडाई जब मेष सक्राति के मध्याह्न मे सूर्य ठीक विषुवत् रेखा पर होता है। पलविभा। विषुवत्प्रभा।

पलरा—सज्ञा पुं० [स० **पटल**] दे० 'पलडा'। उ०—पत्र एक पर राम लिखाना। पलरा माहि धरा तेहि नाना।—घट०, पृ० २२७।

पलल[1]—सज्ञा पु० [स०] १ मास। २ कीचड, गिलावा या गाव। ३. तिल का चूर्ण। ४ तिल और गुड अथवा चीनी के योग से बनाया हुआ लड्डू, कतरा आदि। तिलकुट। ५ तिल का फूल। ६ राक्षस। ७ सिवार। शैवाल। ८ पत्थर। ९. मल। मैल। गदगी। १० दूध। ११ बल। १२ शव। लाश।

पलल[2]—वि० पुलपुला या पिलपिला। गीला और मुलायम।

पललज्वर—सज्ञा पु० [सं०] पित्त।

पललप्रिय[1]—वि० [सं०] मासभक्षी। मास खाकर रहनेवाला।

पललप्रिय[2]—सज्ञा पुं० द्रोण काक। डोम कौआ। २ राक्षस। दानव (को०)।

पललाशय—सज्ञा पुं० [स०] १ कोढा। गडरोग। २ अजीर्ण। बदहजमी।

पलव[1]—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का झाव जिसमे मछलियाँ फँसाई जाती हैं।

पलवⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० **प्लव**] दे० 'प्लव'। उ०—उडप पोत नौका पलव तरि बहित्र जलजान —अनेकार्थ०, पृ० ५१।

पलवल—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'परवल'।

पलवा†[1]—सज्ञा पुं० [सं० **पल्लव**] १ ऊख के ऊपर का नीरस भाग जिसमें गाँठें पास पास होती हैं। अगौरा। कौंवा। २ ऊख के गाडे जो बोने के लिये पाल मे लगाए जाते हैं। † ३ एक घास जिसको भैंस बडे चाव से खाती है। यह हिसार के आस पास पजाब मे होती है। पलवान।

पलवाⓊ[2]—सज्ञा पुं० [स० **पल्लव**] अजुली। चुल्लू। उ०—पीवत नही अघात छिन नाहीं कहत बनै न। पलवो कै बाँधे रहै छवि रस प्यासे नैन।—रसनिधि (शब्द०)।

पलवान—सज्ञा पु० [स० **पल्लव**] दे० 'पलवा'।

पलवाना—क्रि० स० [हिं० पालना का प्रे० रूप] किसी से पालन

कराना। पालन मे किसी को प्रवृत्त करना। उ०—(क) बड़े यत्न से उन्हें पलवावै।—लल्लू (शब्द०)। (ख) लेति पखेरू आन ते कोइलिया पलवाय।—शकुतला, पृ० ९४।

पलवार[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पल्लव] ईख बोने का एक ढग जिसमें अँखुए निकलने के बाद खेत को रूखे पत्तों, रहट्ठों आदि से अच्छी तरह ढक देते हैं। नगरचा।

विशेष—इस तरह ढँकने से खेत की तरी बनी रहती है जिससे सिंचाई की आवश्यकता नही होती। करैली या काली मिट्टी में यही ढग बरता जाता है। अन्यत्र भी यदि सींचने का सुभीता या आवश्यकता न हो तो इसी ढग को काम मे लाते हैं।

पलवार[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पाल + वार (प्रत्य०)] एक प्रकार की बड़ी नाव जिसपर माल असबाब लादकर भेजते हैं। पटैला।

पलवारी†—सज्ञा पुं० [हिं० पलवार+ई (प्रत्य०)] नाव खेनेवाला मल्लाह।

पलवाल†—वि० [सं० पल (=मास)+वाल (प्रत्य०)] हृष्ट पुष्ट। बलवान्।

पलवैया†—सज्ञा पुं० [हिं० पालना+वैया (प्रत्य०)] पालन करनेवाला। भरण पोषण करनेवाला। खिलाने पिलानेवाला। पालक।

पलस—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पनस' [को०]।

पलस्तर—सज्ञा पुं० [अ० प्लास्टर मि० स० पल (=कीचड़ या गिलावा) + स्तर (=तह)] मिट्टी, चूने आदि के गारे का लेप जो दीवार आदि पर उसे बराबर सीधी और सुडौल करने के लिये किया जाता है।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—पलस्तर ढीला करना = (१) तग करना। नसें ढीली कर देना। (२) गिलावा को अधिक पतला कर देना। पलस्तर बिगड़ना या बिगड़ जाना = दे० 'पलस्तर ढीला होना। पलस्तर बिगाड़ना या बिगाड़ देना = दे० 'पलस्तर ढीला करना'। पलस्तर ढीला होना = तग होना। नसें ढीली हो जाना।

पलस्तरकारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पलस्तर + फ़ा० कारी] पलस्तर करने या किए जाने की क्रिया या भाव। पलस्तर करने या होने का काम।

पलहनाⓊ—क्रि० अ० [सं० पल्लवन] पल्लवित होना। पल्लव फूटना। पनपना। लहलहाना। उ०—(क) प्रीति बेल ऐसे तन डाढ़ा। पलहत सुख बाढत दुख बाढ़ा। —जायसी (शब्द०)। (ख) वही भाँति पलही सुखवारी। उठी करलि नइ कोप सँवारी।—जायसी (शब्द०)।

पलहलना—क्रि० अ० [हिं० पलुहना] प्रफुल्ल होना। प्रसन्न होना। उ०—भलहलत मुकट भृकुटी करूर। पलहलत नेत्र आरक्त मूर।—ह० रासो, पृ० ११।

पलहा—सज्ञा पुं० [सं० पल्लव] पल्लव। कोमल पत्ते। कोंपल। उ०—पियर पात दुख झरे निपाते। सुख पलहा उपने होय राते।—जायसी। (शब्द०)।

पलांग—सज्ञा पुं० [सं० पलाङ्ग] सूँस। शिशुमार।

पलांडु—सज्ञा पुं० [सं० पलाण्डु] प्याज।

पलाँण—सज्ञा पुं० [हिं० पलान] दे० 'पलान'। उ०—सहज पलाँण पवन करि घोडा लै लगाँम चित्त चबका। चेतनि असवार ग्यान गुरू करि और तजौ सब ढबका।—गोरख०, पृ० १०३।

पला[1]—सज्ञा पुं० [सं० पल] पल। निमिष।

पलाⓊ[2]—सज्ञा पुं० [सं० पटल] १ तराजू का पलडा। पल्ला। उ०—बरुनी जोती पल पला, डाँडी भौंह अनूप। मन पसग तौलै सुढग, हरुवो गरुवो रूप।—रसनिधि (शब्द०)। २. पल्ला। आँचल। उ०—समुझि बूझि दृढ़ ह्वै रहै, बल तजि निर्बल होय। कह कबीर ता सत को पला न पकडै कोय।—कबीर (शब्द०)। ३ पार्श्व। किनारा। उ०—नासिक पुल सरात पथ चला। तेहि कर भौंहैं हैं दुइ पला।—जायसी (शब्द०)।

पला[3]—सज्ञा पुं० [हिं० पली] तेल की पली।

पलाग्नि—सज्ञा पुं० [स०] पित्त।

पलाणि—सज्ञा पुं० [सं० पल्ययाण] दे० 'पलान'। उ०—दादू करहु पलाणि करि को चेतन चढि जाइ। मिलि साहिब दिन देखताँ, साँझ पड़ै जनि आइ।—दादू०, पृ० ३९२।

पलातक—वि० [सं० पलायक] भडोगा। भागनेवाला। दौडता हुआ। उ०—मोटर की मुडती रोशनी के पलातक आलोक मे उसने चौंककर और लजाकर देखा। —नदी०, पृ० १६५५।

विशेष—व्याकरण की दृष्टि से यह शब्द अव्युत्पन्न है।

पलाद—सज्ञा पुं० [सं० पल (=मांस)+अद] राक्षस।

पलादन—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो मासभक्षी हो। २ राक्षस।

पलान—सज्ञा पुं० [स० पल्याण या पल्ययन मि० फा० पालान] गद्दी या चारजामा जो जानवरों की पीठ पर लादने या चढ़ाने के लिये कसा जाता है। उ०—(क) हरि घोडा ब्रह्मा कडो, वासुकि पीठ पलान। चाँद सुरज दोउ पायडा चढसी सत सुजान।—कबीर (शब्द०)। (ख) वर्षा गयो अगस्त्य की डीठी। परे पलान तुरगन पीठी।—जायसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—कसना।—बाँधना।

पलाननाⓊ—क्रि० स० [हिं० पलान+ना (प्रत्य०)] १ घोड़े आदि पर पलान कसना। गद्दी या चारजामा कसना या बाँधना। उ०—उए अगस्त हस्ति तन गाजा। तुरत पलान चढै रन राजा।—जायसी (शब्द०)। २ चढ़ाई की तैयारी करना। धावा करने के लिये तैयार या सन्नद्ध होना। उ०—(क) मो पर पलानत है बल को न जानत है, अगद ! बिना ही आग या ही ते जरत हौं।—हनुमान (शब्द०) (ख) अब मोहि कछू समझो न परै भई काहे को काल पलानत है।—हनुमान (शब्द०)।

पलानाⓊ†[1]—क्रि० अ० [सं० पलायन] भागना। पलायन करना।

पलानाⓊ[2]—क्रि० स० पलायन कराना। भगाना। उ०—जरासध इन बहुत बारही करि सग्राम पलायो। ताको पल कछू नहिं मान्यो मथुरा मे चलि आयो।—सूर (शब्द०)।

पलानिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पलान] दे० 'पलान'।

पलानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पलान] १ छप्पर। २ पान के आकार का एक गहना जिसे स्त्रियाँ पैर मे पजे के ऊपर पहनती हैं। ३ दे० 'पलान'।

पलान्न—सज्ञा पुं० [सं०] चावल और मांस के मेल से बना हुआ भोजन। पुलाव।

पलाप—सज्ञा पुं० [स०] १ हाथी का गडस्थल। हाथी का कपोल, कनपटी आदि। २ बधन। पगहा (को०)।

पलायक—सज्ञा पुं० [सं०] भागनेवाला। भग्गू।

पलायन—सज्ञा पुं० [स०] भागने की क्रिया या भाव। भागना।

यौ०—**पलायनवाद** = जीवन की कठिनाइयो से भागने की प्रवृत्ति। **पलायनवादी** = पलायनवाद को प्रश्रय देनेवाला।

पलायमान - वि० [सं०] भागता हुआ। पलायन करता हुआ।

पलायित—वि० [स०] भागा हुआ।

पलायी—वि० [स० **पलायिन्**] दे० 'पलायक'।

पलाल—सज्ञा पुं० [स०] १ धान का रूखा डठल। पयाल। पुआल। २ अन्य किसी धान्य या पौधे का सूखा डठल। तृण। तिनका।

पलालदोहद—सज्ञा पु० [स०] आम का पेड।

पलाला—सज्ञा स्त्री० [सं०] उन सात राक्षसियो मे से एक जो लडको को बीमार करनेवाली मानी जाती हैं।

पलालि, पलाली—सज्ञा स्त्री० [सं०] मांसराशि। गोश्त की ढेरी (को०)।

पलाव—सज्ञा पुं० [हिं० पूला] पूला नामक वृक्ष जिसके रेशों से रस्से बनते हैं। वि० दे० 'पूला'।

पलाश[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पलास। ढाक। टेसू। २ पत्र। पत्ता। ३ राक्षस। ४ कचूर। ५ मगध देश। ६ शासन। ७ परिभाषण ८ एक पक्षी। ९ विदारी कद। १० पलाश का पुष्प (को०)। ११ हरा रग (को०)। १२ किसी तेज शस्त्र का फल (को०)।

पलाश[2]—वि० १ मांसाहारी। २ निर्दय। ३ हरित। हरा।

पलाशक—सज्ञा पुं० [सं०] १ पलाश। ढाक। २ टेसू। किंसुक। पलास का फूल। ३ कपूर। ४ लाख। लाक्षा।

पलाशगधजा—सज्ञा स्त्री० [सं० पलाशगन्धजा] एक प्रकार का वशलोचन।

पलाशच्छदन—सज्ञा पुं० [सं०] तमालपत्र।

पलाशतरुज—पज्ञा पुं० [सं०] पलास का कोमल पत्ता। पलास की कोपल।

पलाशन्—सज्ञा पुं० [सं०] मैना। सारिका।

पलाशपर्णी—सज्ञा स्त्री० [सं०] अश्वगधा। असगध।

पलाशपुट—सज्ञा पुं० [सं०] पलाश के पत्ते का बना दोना [को०]।

पलाशांता—सज्ञा स्त्री० [स० **पलाशान्ता**] बनकचूर। गधपत्रा।

पलाशाख्य—सज्ञा पुं० [स०] नाडी हीग।

पलाशिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] विदारी कद।

पलाशिनी—पज्ञा स्त्री० [स०] १ शुक्तिमान् पर्वत से निकली हुई एक नदी। २ रैवतक पर्वत से निकली हुई एक नदी।

पलाशी[1]—वि० [सं० **पलाशिन्**] १ मासाहारी। मास खानेवाला। २ पत्र विशिष्ट। पत्रयुक्त।

पलाशी[2]—सज्ञा पुं० १ राक्षस। २ एक फल। क्षीरिका। खिरनी। ३ कचूर। शठी।

पलाशी[3]—सज्ञा स्त्री० १ कचरी। २ लाख।

पलाशीय—वि० [स०] पत्रयुक्त। पत्र विशिष्ट।

पलास—सज्ञा पुं० [सं० पलाश] प्रसिद्ध वृक्ष जो भारतवर्ष के सभी प्रदेशो और सभी स्थानों में पाया जाता है। पलाश। ढाक। टेसू। केसू। धारा। काँवरिया। उ०—प्रफुलित भए पलास दसौं दिसि दव सी दहकत।—व्रज० ग्र०, पृ० १०१।

विशेष—पलास का वृक्ष मैदानो और जगलो ही मे नही, ४००० फुट ऊँची पहाडियो की चोटियो तक पर किसी न किसी रूप में अवश्य मिलता है। यह तीन रूपो में पाया जाता है—वृक्ष रूप मे, क्षुप रूप मे और लता रूप में। बगीचो मे यह वृक्ष रूप में और जगलों और पहाडो में अधिकतर क्षुप रूप मे पाया जाता है। लता रूप मे यह कम मिलता है। पत्ते, फूल और फल तीनो भेदो के समान ही होते हैं। वृक्ष बहुत ऊँचा नहीं होता, मझोले आकार का होता है। क्षुप झाडियो के रूप मे अर्थात् एक स्थान पर पास पास बहुत से उगते हैं। पत्ते इसके गोल और बीच में कुछ नुकीले होते हैं जिनका रग पीठ की ओर सफेद और सामने की ओर हरा होता है। पत्ते सीकों मे निकलते है और एक मे तीन तीन होते हैं। इसकी छाल मोटी और रेशेदार होती है। लकडी बडी टेढ़ी मेढी होती है। कठिनाई से चार पाँच हाथ सीधी मिलती है। इसका फूल छोटा, अर्धचद्राकार और गहरा लाल होता है। फूल को प्राय टेसू कहते हैं और उसके गहरे लाल होने के कारण अन्य गहरी लाल वस्तुओ को 'लाल टेसू' कह देते हैं। फूल फागुन के अत और चैत के आरभ में लगते है। उस समय पत्ते तो सबके सब झड जाते हैं और पेड फूलो से लद जाता है जो देखने में बहुत ही भला मालूम होता है। फूल झड जाने पर चौडी चौडी फलियाँ लगती हैं जिनमें गोल और चिपटे बीज होते हैं। फलियो को 'पलास पापडा' या 'पलास पापडी' और बीजो को 'पलास-बीज' कहते हैं। इसके पत्ते प्राय पत्तल और दोने आदि के बनाने के काम आते हैं। राजपूताने और बगाल में इनसे तबाकू की बीडियाँ भी बनाते हैं। फूल और बीज औषधिरूप मे व्यवहृत होते हैं। बीज मे पेट के कीड़े मारने का गुण

विशेष रूप से है। फूल को उबालने से एक प्रकार का ललाई लिए हुए पीला रग भी निकलता है जिसका खासकर होली के अवसर पर व्यवहार किया जाता है। फली की बुकनी कर लेने से वह भी अबीर का काम देती है। छाल से एक प्रकार का रेशा निकलता है जिसको जहाज के पटरो की दरारों में भरकर भीतर पानी आने की रोक की जाती है। जड की छाल से जो रेशा निकलता है उसकी रस्सियाँ बटी जाती हैं। दरी और कागज भी इसमे बनाया जाता है। इसकी पतली डालियो को उबालकर एक प्रकार का कत्था तैयार किया जाता है जो कुछ घटिया होता है और बगाल मे अधिक खाया जाता है। मोटी डालियों और तनो को जलाकर कोयला तैयार करते हैं। छाल पर बछने लगाने से एक प्रकार का गोद भी निकलता है जिसको 'चुनियाँ गोद' या पलास का गोद कहते हैं। वैद्यक में इसके फूल को स्वादु, कडवा, गरम, कसैला, वातवर्धक, शीतज, चरपरा, मलरोधक, तृषा, दाह, पित्त, कफ, रुधिरविकार, कुष्ठ और मूत्रकृच्छ का नाशक, फल को रूखा, हलका, गरम, पाक मे चरपरा, कफ, वात, उदररोग, कृमि, कुष्ठ, गुल्म, प्रमेह, बवासीर और शूल का नाशक, बीज को स्निग्ध, चरपरा, गरम, कफ और कृमि का नाशक और गोंद को मलरोधक, ग्रहणी, मुखरोग, खाँसी और पसीने को दूर करनेवाला लिखा है।

यह वृक्ष हिंदुओ के पवित्र माने हुए वृक्षों मे से हैं। इसका उल्लेख वेदो तक में मिलता है। श्रौतसूत्रो में कई यज्ञपात्रो के इसी की लकडी से बनाने की विधि है। गृह्यसूत्र के अनुसार उपनयन के समय में ब्राह्मणकुमार को इसी की लकडी का दड ग्रहण करने की विधि है। वसत में इसका पत्रहीन पर लाल फूलों से लदा हुआ वृक्ष अत्यत नेत्रसुखद होता है। सस्कृत और हिंदी के कवियो ने इस समय के इसके सौंदर्य पर कितनी ही उत्तम उत्तम कल्पनाएँ की हैं। इसका फूल अत्यत सुदर तो होता है पर उसमे गध नही होती। इस विशेषता पर भी बहुत सी उक्तियाँ कही गई हैं।

पर्याय—किंसुक। पर्ण। याज्ञिक। रक्तपुष्पक। क्षारश्रेष्ठ। वातपोथ। ब्रह्मवृक्ष। ब्रह्मवृक्षक। ब्रह्मोपनेता। समिद्वर। करक। त्रिपत्रक। ब्रह्मपादप। पलाशक। त्रिपर्ण। रक्तपुष्प। पुतद्रु। काष्ठद्रु। बीजस्नेह। कृमिघ्न। वक्रपुष्पक। सुपर्णी।

२ एक मासाहारी पक्षी जो गीध की जाति का होता है।

पलास[२]—सज्ञा पु० [अ० स्लाइस] वह गाँठ जो दो रस्सियो या एक ही रस्सी के दो छोरो या भागो को परस्पर जोडने के लिये दी जाय। (लश०)।

क्रि० प्र०—करना।

पलास[३]—सज्ञा पुं० [?] कनवास नाम का एक मोटा कपडा। वि० दे० 'कनवास'।

पलासना—क्रि० स० [देश०] सिल जाने के बाद जूते को काट छाँटकर ठीक करना। जूते का फालतू चमडा आदि काटना।

पलास पापड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० पलास+पापड़ा] १ पलास की फली जो औषध के काम मे आती है। पलास पापडी। ढकपन्ना। वि० दे० 'पलास'।

पलास पापड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पलास+पापडी] दे० 'पलास पापडा'।

पलाहना†—सज्ञा पुं० [स० पलायन] पीछे की ओर हटना। भय, आकस्मिक आघात से पीछे भागना। पलायन करना। उ०—मुख जोवइ दीवाघरी पाछउ करइ पलाह। मारू दीठी सास विण मोटी मेल्हइ घाह।—ढोला०, दू० ६०६।

पलिंजो—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक घास जिसके दानो को दुर्भिक्ष के दिनो में अकसर गरीब लोग खाते हैं।

पलिक—वि० [सं०] जो तोल मे एक पल हो। एक पल या पल भर (कोई पदार्थ)।

पलिका[१]—सज्ञा पु० [सं० पर्यङ्क, पल्यङ्क, प्रा० पलिअक, पल्लक] दे० 'पलका'। उ०—नवल बाल पलिका परी, पलक न लागन नैन।—मति० ग्र०, पृ० ३०४।

पलिका[२]—सज्ञा स्त्री० [सं०] तेल निकालने की डाँडीदार बेलिया। पली।

विशेष—सम्वत् १००३ के सियादानी शिलालेख मे यह शब्द आया है। वि० दे० 'घाणक'।

पलिक्नी[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] वह गाय जो पहली ही बार गाभिन हुई हो।

पलिक्नी[२]—वि० (स्त्री) जिसके बाल पक गए हो। बुड्ढी (वैदिक)।

पलिघ—सज्ञा पुं० [सं०] १ काँच का घडा। करावा। २. घडा। ३ प्रकार। चारदीवारी। ४ गोपुर। फाटक। ५ अगरी या ड्योंढा। अर्गल। दे० 'परिघ'। ६ गोशाला। गोगृह (को०)।

पलितंकरण—सज्ञा पु० [सं० पलितङ्करण] पलित करनेवाला। श्वेत बनानेवाला (को०)।

पलित[१]—वि० [स०] [वि० स्त्री० पलिता] २ वृद्ध। बुड्ढा। २ पका हुआ (केश)। सफेद (बाल)। उ०—पलित वृद्ध के शीश पर सो तो पलित न पेख। गई जवानी भजन विन बानी परी विशेष।—राम० धर्म०, पृ० ७७।

पलित[२]—सज्ञा पुं० १ सिर के बालों का उजला होना। बाल पकना। २ वैद्यक के अनुसार एक क्षुद्र रोग जिसमे क्रोध, शोक और श्रम के कारण शारीरिक अग्नि और पित्त सिर पर पहुँचकर वहाँ के बालों को वृद्ध होने के पहले उजला कर देते हैं। ३ शैलज। भूरि छरीला। ४ ताप। गरमी। ५ कर्दम। कीचड। ६ गुग्गुल। ७ मिर्च। ८ केश पाश (को०)।

पलितप्रह—सज्ञा पुं० [सं०] तगर। गुलचाँदनी।

पलिती—वि० [सं० पलितिन्] जिसको पलित रोग हुआ हो। पलित रोगयुक्त। पके बालोवाला।

पलिया—सज्ञा पुं० [देश०] पशुओ का एक रोग जिसमे उनका गला फूल जाता है। घटेरुआ।

पलिहर†—सज्ञा पुं० [स० **परिहर** (=छोड़ देना, बचा देना, बचा रखना)] वह खेत जिसमे चैती फसल मे कोई जिस बोने के लिये अगहनी या भदई फसल मे कुछ न बोया जाय और जो केवल जोतकर छोड दिया जाय। वह खेत जो बरसात मे बिना कुछ बोए केवल जोतकर छोड दिया गया हो। चौमासा।

क्रि० प्र०—छोड़ना।—रखना।

विशेष—ईख, शकरकद, गेहूँ, अफीम, आदि बोने के लिये प्राय ऐसा करते हैं। अन्य धान्यो के लिये बहुत कम पलिहर छोड़ते हैं।

पली—सज्ञा स्त्री० [सं० **पलिघ**] तेल, घी, आदि द्रव पदार्थों को बडे बरतन से निकालने का लोहे का उपकरण। इसमे छोटी करछी के बराबर एक कटोरी होती है जो एक खडी घुडी से जुडी होती है।

मुहा०—**पली पली जोड़ना** = थोडा थोडा करके सचय या सग्रह करना। पैसा पैसा जोडकर धन एकत्र करना। उ०—मियाँ जोडे पली पली खुदा बढावें कुप्पा।—(कहावत)।

पलीत[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रेत। मि०फा० **पलीद**] भूत। प्रेत। शैतान।

पलीत[2]—वि० [फा० **पलीद**] १ दुष्ट। पाजी। २ धूर्त। चालाक। काइयाँ। ३ घृणास्पद। गदा। अपवित्र। निम्न। उ०—देव पितर इन सूँ डरै, रसक तरै किण रीत। हेम रजत पातर हरै, पातर करै पलीत।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ४।

पलीता[1]—सज्ञा पु० [फा० **पलीतह्**] १ बत्ती के आकार में लपेटा हुआ वह कागज जिसपर कोई मत्र लिखा हो।

विशेष—इस बत्ती को धूनी प्रेतग्रस्त लोगो को दी जाती है।

क्रि० प्र०—जलाना।—सुँघाना।—सुलगाना।

२ बरगोह (बरोह) को कूट और बटकर बनाई हुई वह बत्ती जिससे बदूक या तोप के रजक मे आग लगाई जाती है। उ०—(क) काल तोपची, तुपक महि दारू अनय कराल। पाय पलीता कठिन गुरु गोला पुहमी पाल। —तुलसी (शब्द०)। (ख) जलधि कामना बारि दास भरि तडित पलीता देत। गर्जन औ तर्जन मानो जो पहरक मे गढ लेत। सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—दागना।—देना।

मुहा०—**पलीता चाटना** = भडककर बल उठना। जल उठना। (क्व०)।

यौ०—**पलीता दानी** = पलीता देने या रखनेवाला। बंदूक या तोप के रजक की बत्ती मे आग लगानेवाला। उ०—रजक-दानी, सिंगहा, तूलि पलीतादानी। —प्रेमघन०, भा० १, पृ० १३।

३. एक विशेष प्रकार की कपडे की बत्ती, जिसे कही कहीं पनशाखे पर रखकर जलाते हैं।

क्रि० प्र०—जलाना।

पलीता[2]—वि० १ बहुत क्रुद्ध। क्रोध से लाल। आग बबूला।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२ तेज दौडने या भागनेवाला। द्रुतगामी।

पलीती[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पलीता**] बत्ती। छोटा पलीता।

पलीती[2]—सज्ञा स्त्री० [फा० **पलीद**] गदगी। बुराई। अपवित्रता। उ०—बाहरो पाक कीते की होदा, जो अदरो न गई पलीती। —सतबानी०, पृ० १५३।

पलीद[1]—वि० [फा०] १ अशुचि। अपवित्र। गदा।

मुहा०—**(किसी की) मिट्टी पलीद करना** = किसी का सम्मान नष्ट करना। किसी की इज्जत उतारना।

२ घृणास्पद। ३. नीच। दुष्ट। उ०—इस पलीद से बिना छेडे कब रहा जाता था।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

पलीद[2]—सज्ञा पुं० [स० प्रेत, परेत हिं० परीत, पलीत] भूत। प्रेत।

पलुआ[1]—सज्ञा पुं० [देश०] सन की जाति का एक पौधा।

पलुआ†[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पलना+उआ (प्रत्य०)] पालतू। पाला हुआ।

पलुहनाⓊ†—क्रि० अ० [सं० **पल्लव**] पल्लवित होना। पत्रयुक्त होना। हरा भरा होना। उ०—(क) भोर होत तब पलुह सरीरू। पाय घुमरहा सीतल नीरू।—जायसी (शब्द०)। (ख) पुनि ममता जवास बहुताई। पलुहइ नारि सिसिर ऋतु पाई।—तुलसी (शब्द०)।

पलुहानाⓊ†[1]—क्रि० अ० [हिं० **पलुहना**] पल्लवित होना। पलुहना। उ०—जस भुइँ दहि असाढ़ पलुहाई। परहिं बूँद औ सोधि बसाई।—जायसी ग्र०, पृ० १८७।

पलुहानाⓊ†[2]—क्रि० अ० [हिं० **पलुहना**] पल्लवित करना। हरा भरा करना। उ०—कबहुँक कपि राघव आवहिंगे। विरह अगिनि जरि रही लता ज्यो कृपादृष्टि जल पलुहावहिंगे। —तुलसी (शब्द०)। (ख) कठ लाइ कै नारि मनाई। जरी जो बेलि सीचि पलुहाई।—जायसी ग्र०, पृ० १८६।

पलूचना—क्रि० स० [हिं० पलना] देना। (दल्लाल)।

पलेक—क्रि० वि० [स० **पल** + हिं० **एक**] एक पल। क्षण भर। जरा सी देर। उ०—भारे दुख सारे ये बिलावेंगे पलेक माँझ प्यारी कहि मोको प्यार करिकै बुलावेंगे। —नट०, पृ० ६८।

पलेट—सज्ञा स्त्री० [अ० **प्लेट**] १ लबी पट्टी। पटरी। २ कपडे की वह पट्टी जो कोट, कुरते आदि में नीचे की ओर

उनके किसी विशेष अश को बडा या सुदर बनाने के लिये लगाई जाय। पट्टी। जैसे, कुरते का पलेट, कमीज का पलेट।

पलेटन—सज्ञा पुं० [अ० प्लेटन] छापे के यत्र में लोहे का वह चिपटा भाग जिसके दबाव से कागज आदि पर अक्षर छपते हैं।

पलेटना†—क्रि० स० [देश०] पहनाना। उ०—छूटै खेटा मोख पद, माल पलेटा रभ।—रा० रू०, पृ० ४३।

पलेड़नाⓊ†—क्रि० स० [सं० प्रेरण] ढकेलना। धक्का देना। उ०—तू अलि कहा परयो केहि पैडे। या आदर पर अजहूँ बैठो टरत न सूर पलेडे।—सूर (शब्द०)।

पलेथन—सज्ञा पुं० [स० परिस्तरण (=लपेटना)] १ वह सूखा आटा जिसे रोटी बेलने के समय इसलिये लोई पर लपेटते और पाटे पर बखेरते हैं कि गीला आटा हाथ या बेलन आदि में न चिपके। परथन।

क्रि० प्र०—निकालना।—लगाना।

मुहा०—पलेथन निकलना = (१) खूब मार पडना या खाना। भुरकुस निकलना। कचूमर निकलना। (२) परेशान होना। तग होना। हार जाना। पलेथन निकालना = (१) खूब मारना या ठोंकना। पीटना। कचूमर निकालना। (२) तग करना। परेशान करना। बुरा हाल करना।

२ किसी हानि या अपकार के पश्चात् उसी के सबंध से होनेवाला अनावश्यक व्यय। किसी बडे खर्च के पीछे होनेवाला छोटा पर फजूल खर्च। जैसे,—माल तो चोरी गया ही था, तहकीकात कराने में १००) और पलेथन लगा।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

पलेनर—सज्ञा पुं० [अं० प्लेनर] काठ का एक वह छोटा चिपटा टुकडा जिससे प्रेस मे कसे हुए फरमे के उभरे हुए टाइपो को बराबर करते हैं।

विशेष—काठ के इस समतल टुकडे को कसे फरमे के ऊपर रखकर काठ के हथौड़े से धीरे धीरे कई बार ठोकते हैं जिससे उभरे हुए अक्षर दबकर बराबर हो जाते हैं।

पलेना—सज्ञा पुं० [अ० प्लेन] दे० 'पलेनर'।

पलेव—सज्ञा पुं० [देश०] १. पलिहर की वह सिंचाई या छिडकाव जिसे बोने के पहले तरी की कमी के कारण करते हैं। हलकी सिंचाई। पटकन। २ फूस। भोरवा। ३ आटा या पिसा हुआ चावल जो भोरवे मे उसे गाढ़ा करने के लिये डाला जाता है। जहाँ मसाला नही या कम डालना होता है वहाँ इसको डालकर काम चलाते हैं।

पलोटना[1]—क्रि० स० [सं० प्रलोठन] १. पैर दबाना या दाबना। उ०—(क) तीन लोक नारी को कहियत जो दुर्लभ बल बीर। कमला हूँ नित पायें पलोटत हम तो हैं आभीर।—सूर (शब्द०)। (ख) ते दोउ बधु प्रेम जनु जीते। गुरु पद कमल पलोटत प्रीते।—तुलसी (शब्द०)। †२. दे० 'पलटना'।

पलोटना[2]—क्रि० अ० [हिं० पलटना] १ कष्ट से लोटना पोटना। तडफडाना। उ०—सेज पड़ी सफरी सी पलोटत ज्यों ज्यों घटा घन की गरजै री।—पद्माकर (शब्द०)। २ लोटना पोटना। लोट पोट करना।

पलोथन—सज्ञा पुं० [सं० परिस्तरण, हिं० पलेथन] दे० 'पलेथन'।

पलोवनाⓊ—क्रि० स० [सं० प्रलोठन] १ पैर दबाना। पैर मलना। उ०—चरण कमल नित रमा पलोवै। चाहत नेक नैन भरि जोवै।—सूर (शब्द०)। २ सेवा करना। किसी को प्रसन्न करने का उपाय करना। उ०—प्रथमै चरण कमल को ध्यावै। तासु महातम मन में लावै। गगा परसि इनहि को भई। शिव शिवता इन ही सो लई। लक्ष्मी इनको सदा पलोवै। बारबार प्रीति को जोवै।—सूर (शब्द०)।

पलोसनाⓊ—क्रि० स० [सं० स्पर्शन, हिं० परसना] १ धोना। उ०—अडसठ तीरथ निदक न्हाय। देह पलोसे मैल न जाय। कबीर (शब्द०)। २ मीठी मीठी बातें करके गाहक को ढग पर लाना। तरह तरह की बातें करके गाहक या शिकार फँसाना। (दलाल)।

पलौⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पल्लव] किसलय। कोपल। पल्लव। उ०—दए न लेइ दृग ओर करि अजन। पलौ ओट जनु फरकहि खंजन।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० १९७।

पल्टन—सज्ञा स्त्री० [अ० प्लैटून] दे० 'पलटन'।

पल्टा—सज्ञा पुं० [हिं० पलटना] दे० 'पलटा'।

पल्थी—सज्ञा स्त्री० [स० पर्यस्ति, प्रा० पल्लत्थि] दे० 'पलथी'।

पल्यंक—सज्ञा पुं० [स० पल्यङ्क] पलग। खाट।

पल्यंग—सज्ञा पुं० [स० पल्यङ्क] दे० 'पल्यंक'। उ०—राज वचन सुणि राज कुँमार पल्यग छोडि धरती पडी नारि।—बी० रासो, पृ० ५०।

पल्ययन—सज्ञा पुं० [सं०] घोड़े की पीठ पर बिछाने की गद्दी। पलान।

पल्ल—सज्ञा पुं० [सं०] १ अन्न रखने का स्थान। बखार। कोठार। २ पाल जिसमें पकने के लिये फल रखे जाते हैं।

पल्लड़†—सज्ञा पुं० [देश०] प्रवाह। झोका। थपेडा। उ०—लहरो के एक पल्लड को चीरा, उसपर के झाग को बेधा कि दूसरा सामने। शब्दमय प्रवाह की निरर्थक भाषा मानो बार बार कहती थी, बचो बचो।—झाँसी०, पृ० २९५।

पल्लव—सज्ञा पुं० [स०] १ नए निकले हुए कोमल पत्तो का समूह या गुच्छा। टहनी मे लगे हुए नए नए कोमल पत्ते जो प्राय लाल होते हैं। कोपल। कल्ला। उ०—नव पल्लव भए बिटप अनेका।—तुलसी (शब्द०)।

पर्या०—किशलय। किसलय। नवपत्र। प्रबाल। बल। किसल।

विशेष—हाथ के वाचक शब्दो के साथ 'पल्लव' का समास होने से इसका अर्थ 'उँगली' होता है। जैसे, करपल्लव, पाणि-पल्लव।

२ हाथ मे पहनने का कडा वा ककण। ३. नृत्य मे हाथ की एक

विशेष प्रकार की स्थिति। ४ विस्तार। ५ बल। ६ चपलता। चचलता। ७ आल का रग। अलक्तक। ८ पल्लव देश। ९ पल्लव देश का निवासी। १०. शृगार (को०)। ११ वन (को०)। १२ कली (को०)। १३. घास का नया कनखा (को०)। १४ किनारा। छोर, विशेषत वस्त्रादि का (को०)। १५ सविलास क्रीडा (को०)। १६ कामासक्त या लपट व्यक्ति (को०)। १७ कथाप्रबध (को०)। १८ दक्षिण का एक राजवश जिसका राज्य किसी समय उडीसा से लेकर तुंगभद्रा नदी तक फैला था।

विशेष—कुछ लोगो का मत है कि ये पल्लव ही थे और कुछ लोग कहते हैं कि यह स्वतत्र राजवश था। वराहमिहिर के अनुसार पल्लव दक्षिणपश्चिम में बसते थे। अशोक के समय में गुजरात में पल्लवों का राज्य था।

पल्लवक—सज्ञा पु० [स०] १ एक प्रकार की मछली। २ अकुर। अँखुवा (को०)। ३ वेश्यापति। वारवधू का यार (को०)। ४. कामासक्त या लपट व्यक्ति (को०)। ५. अशोक का वृक्ष (को०)।

पल्लवग्राहिता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. साधारण कार्यों में लगा रहना। ऊपरी चीजो में व्यस्त होना। २ अपूर्ण या अधूरा ज्ञान। ऊपरी ज्ञान (को०)।

पल्लवग्राहि पाडित्य—सज्ञा पुं० [स०] वह जानकारी जो पूरी न हो। अधूरा ज्ञान (को०)।

पल्लवग्राही—सज्ञा पुं० [स० पल्लवग्रहिन्] किसी विषय का सम्पक् ज्ञान न रखनेवाला। वह जो किसी विषय का पूरा या यथेष्ट ज्ञान न रखता हो। रहस्य से अनभिज्ञ केवल ऊपरी या मोटी मोटी बातो का जाननेवाला।

पल्लवद्रु—सज्ञा पु० [सं०] अशोक का पेड।

पल्लवन—सज्ञा पुं० [सं०] १ विशेष विस्तार। अति विस्तार। २ निरर्थक कथन (को०)।

पल्लवनाⓊ—क्रि० अ० [सं० पल्लव+हिं० ना (प्रत्य०)] पल्लवित होना। पत्ते फेंकना। पनपना। उ०—(क) सुमन वाटिका बाग बन विपुल विहग निवास। फूलत फलत सु पल्लवत सोहत पुर चहुंपास।—तुलसी (शब्द०)।

पल्लवांकुर—सज्ञा पु० [स० पल्लवाङ्कुर] डाली। शाखा (को०)।

पल्लवाद—सज्ञा पु० [सं०] हिरण। हिरन।

पल्लवाधार—सज्ञा पु० [स०] शाखा। डाली।

पल्लवापीड़ित—वि० [सं०] कलियो से व्याप्त (को०)।

पल्लवास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव।

पल्लवाह्वय—सज्ञा पुं० [सं०] तालीसपत्र।

पल्लविक—सज्ञा पु० [स०] कामी। कामुक (को०)।

पल्लविका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की चादर (को०)।

पल्लवित[१]—वि० [सं०] १ पल्लवयुक्त। जिसमें नए नए पत्ते निकले या लगे हों। २ हरा भरा। लहलहाता। ३. विस्तृत। लबा चौडा। ४ आल में रँगा हुआ। ५ रोमांचयुक्त। जिसके रोगटे खड़े हो। उ०—कहि प्रनाम कछु कहन लिय पै भय शिथिल सनेह। थकित वचन लोचन सजल पुलक पल्लवित देह।—तुलसी (शब्द०)।

पल्लवित[२]—सज्ञा पु० आल का रग। लाक्षारग (को०)।

पल्लवी[१]—सज्ञा पु० [सं० पल्लविन्] वृक्ष। पेड।

पल्लवी[२]—वि० [वि० स्त्री० पल्लविती] जिसमे पल्लव हो। पल्लवयुक्त।

पल्ला[१]—क्रि० वि० [सं० पर या पार (=दूर या छोर)+ला (प्रत्य०)] १ दूर। २ दूरी।

पल्ला[२]—सज्ञा सं० [सं० पल्लव] १ किसी कपडे का छोर। आँचल। दामन। उ०—एक बडे से कुत्ते ने, जो इस बाग का रखवाला था, लपककर उसका पल्ला पकड लिया।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

मुहा०—पल्ला छूटना=पीछा छूटना। छुटकारा मिलना। निष्कृति मिलना। छुटकारा पाना। पल्ला छुड़ाना=पीछा छुडाना। निष्कृति पाना। पल्ला पकड़ना=किसी के लिये किसी को पकडना। पल्ला पसारना=किसी से कुछ माँगना। आँचल पसारना। दामन फैलाना। पल्ला लेना=शोक करना। किसी की मृत्यु पर रोना। (स्त्रियाँ)। पल्ले पड़ना=प्राप्त होना। मिलना। हाथ लगना। (किसी के) पल्ले बँधना=(१) ब्याही जाना। हाथ पकडना। (२) जिम्मे किया जाना। पल्ले बाँधना=(१) जिम्मे लेना। (२) गाँठ बाँधना। (३) ब्याहना। हाथ पकडना। पल्ले से बाँधना=(१) जिम्मे लगाना। (२) ब्याह देना। हाथ पकडा देना।

२ दूरी। जैसे,—इनका घर यहाँ से पल्ले पर है। उ०—दो सौ कोस के पल्ले तक बरफीले पहाड नजर पडते हैं।—(शब्द०) †३ पास। अधिकार मे। जैसे,—उसके पल्ले क्या है? ४ तरफ। ओर।

पल्ला[३]—सज्ञा पुं० [सं० पटल] १ दुपल्ली टोपी का एक भाग। दुपल्ली टोपी का आधा भाग। २ चद्दर वा गोन जिसमें अन्न बाँधकर ले जाते हैं।

यौ०—पल्लेदार।

३ किवाड। पटल। ४ पहल। ५ तीन मन का बोझ। ६ बाँस। ७ धोती का एक फर्द। ८ रजाई या दुलाई आदि के ऊपर का कपडा। ९ दरवाजे आदि में लगनेवाला लकडी का लबाचौडा टुकडा। जैसे, किवाड का पल्ला।

पल्ला[४]—सज्ञा पुं० [सं० पल, फ़ा० पल्लह्] तराजू में एक ओर का टोकरा या डलिया। पलडा।

मुहा०—पल्ला झुकना=पक्ष बलवान् होना। पल्ला भारी होना=पक्ष बलवान् होना। भारी पल्ला=(१) बलवान् पक्ष। (२) ऐसा पक्ष जिसपर बडे बोझ हो।

पल्ला[५]—सज्ञा पुं० [स० फल] कैंची के दो भागो मे एक भाग।

पल्ला[6]—वि० [फा० पल्ला] दे० 'परला' ।

पल्लि—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पल्ली' [को०] ।

पल्लिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ छोटा गाँव । पुरा । पुरवा । २ गृहगोधा । छिपकिली [को०] ।

पल्लिवाह—सज्ञा पुं० [सं०] लाल रग की एक घास ।

पल्ली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ छोटा गाँव । पुरवा । खेडा । २ गाँव । उ०—उर कृत मल्ली माल जयति व्रज पल्ली भूषन ।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७५४ । ३ कुटी । पर्णशाला । ४. फैलनेवाली लता (को०) । ५ निवास । गृह (को०) । ६ छिपकली ।

यौ०—पल्लीपतन = शरीर के किसी अग पर छिपकली गिरने के आधार पर शुभाशुभ विचार ।

पल्लू†—सज्ञा पु० [हिं० पल्ला] १ आँचल । छोर । दामन । २ चौडी गोट । पट्टा ।

पल्लेⓊ†—वि० [हिं०] द० १ 'परला' । २ दे० 'पल्ला' ।

पल्लेदार—सज्ञा पु० [हिं० पल्ला + फा० दार] १ वह मनुष्य जो गल्ले के बाजार में दूकानो पर गल्ले को गाँठ मे बाँधकर दूकान से मोल लेनेवालो के घर पर पहुँचा देता है । अनाज ढोनेवाला मजदूर । २ गल्ले की दूकान पर वा कोठियो मे गल्ला तौलनेवाला आदमी । बया ।

पल्लेदारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पल्लेदार+ई (प्रत्यय०)] १. गल्ले की दूकान वा कोठियो से गल्ले का बोझ उटाकर खरीदार के यहाँ पहुँचाने का काम । पल्लेदार का काम । २ अनाज की दुकान पर अनाज तौलने का काम ।

पल्लो†[1]—सज्ञा पु० [स० पल्लव] पल्लव ।

पल्लो[2]—सज्ञा पु० पल्ला । चद्दर या गोन जिसमें अनाज बाँधते हैं । उ०—पल पल्लो भरि इन लिया तेरा नाज उठाय नैन हमलन दै अरे दरस मजूरी आय । —रसनिधि (शब्द०) ।

पल्वल—सज्ञा पुं० [सं०] छोटा तालाब या गड्ढा ।

पल्वलावास—सज्ञा पुं० [सं०] कछुआ ।

पवंग—सज्ञा पुं० [सं० प्लवङ्ग] अश्व । घोड़ा । उ०—ऊमर ऊतावलि करई पल्लाणियाँ पवग । खुरसाणी सूधा खयँग चढिया दल चतुरग ।—ढोला०, दू० ६४० ।

पवगम—सज्ञा पुं० [सं० प्लवङ्गम] एक छद । दे० 'प्लवगम' । उ०—पवगम मे (आत्मा) बिरहिनी की विरह वेदना से पुकार है । —सुदर० ग्र० (भू०), भा० १, पृ० ४९ ।

पवंगा—सज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का छद । उ०—दूजे दिन दरबार सुजान सुआइकै । देखत ही मनसूर महा सुख पाइकै । खिलवति करी नवाव जनाइ वकील सौ । मसलति चूझन काज सुजान सुसील सौं । —सूदन (शब्द०) ।

पवँरिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पँवरि' ।

पवँरिया—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पँवरिया', 'पौरिया' ।

पवँरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पाँवडी', 'पाँवरी' ।

पव[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. गोबर । २ वायु । हवा । ३ अनाज की भूसी साफ करना । ओसाना । बरसाना ।

पव[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पौ' ।

पवई†—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिडिया जिसकी छाती सुनहरे रग की, पीठ खाकी और चोच पीली होती है ।

पवन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वायु । हवा ।

मुहा०—पवन का भूसा होना = उड जाना । न ठहरना । कुछ न रहना । उ०—माधो सू सुनिए व्रज व्यौहार । मेरो कह्यो पवन को भुस भयो गावत नदकुमार । —सूर (शब्द०) ।

२ कुम्हार का आँवा । ३ जल । पानी । ४ श्वास । साँस । ५ अनाज की भूसी अलग करना । ६. प्राणवायु । ७. विष्णु । ८ पुराणानुसार उत्तम मनु के एक पुत्र का नाम ।

पवनⓊ[2]—वि० शुद्ध । पवित्र । पावन ।

पवनअस्त्र—सज्ञा पुं० [सं० पवनास्त्र] वायु देवता का अस्त्र । कहते हैं, इसके चलाने से बडे वेग से वायु चलने लगती है ।

पवनकुमार—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान । उ०—प्रनवौं पवनकुमार खल बन पावक ज्ञानघन । —मानस, १।१७ । २ भीमसेन ।

पवनचक्की—सज्ञा स्त्री० [सं० पवन + हिं० चक्की] हवा के जोर से चलनेवाली चक्की या कल । वह चक्की या कल जो हवा के जोर से चलती है ।

विशेष—प्राय चक्की पीसने अथवा कुएँ आदि से पानी निकालने के लिये यह उपाय करते हैं कि चलाई जानेवाली कल का सयोग किसी ऐसे चक्कर के साथ कर देते हैं जो बहुत ऊँचाई पर रहता है और हवा के झोको से बराबर घूमता रहता है । उस चक्कर के घूमने के कारण नीचे की कल भी अपना काम करने लगती है ।

पवनचक्र—सज्ञा पुं० [स०] चक्कर खाती हुई जोर की हवा । चक्रवात । बवडर ।

पवनज—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान् । २ भीमसेन ।

पवनतनय—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान । उ०—कह हुए मौन शिव, पवनतनय में भर विस्मय । —अपरा, पृ० ४३ । २ भीमसेन ।

पवननंद—सज्ञा पु० [सं० पवनानन्द] १ हनुमान् । २ भीम ।

पवननदन—सज्ञा पुं० [सं० पवननदन] १ हनुमान् । २. भीमसेन ।

पवनपति—सज्ञा पुं० [सं०] वायु के अधिष्ठाता देवता । उ०—अखिल ब्रह्माडपति तिहूँ भुवनपति नीरपति पवनपति अगमबानी ।—सूर (शब्द०) ।

पवनपरीक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिषियो की एक क्रिया जिसके अनुसार वे व्यास पूनों अर्थात् आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिन वायु की दिशा को देखकर ऋतु का भविष्य कहते हैं ।

पवनपुत्र—सज्ञा पुं० [स०] १ हनुमान् । २ भीमसेन ।

पवनपूतⓊ—सज्ञा पुं० [स० पवनपुत्र] द० 'पवनपुत्र' । उ०—

सेवक जाके लषन से पवनपूत रनधीर। —तुलसी० ग्रं०, पृ० ६०।

पवनबाण—सज्ञा पुं० [स०] वह बाण जिसके चलाने से हवा वेग से चलने लगे। पवन अस्त्र।

पवनभुक्—सज्ञा पुं० [स० **पवनभुज्**] सर्प। साँप [को०]।

पवनवाहन—सज्ञा पुं० [स०] अग्नि।

पवनव्याधि[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] वायुरोग।

पवनव्याधि[२]—सज्ञा पु० [स०] श्रीकृष्ण के सखा उद्धव का एक नाम।

पवनसंघात—सज्ञा पु० [सं० **पवनसङ्घात**] दो ओर से वायु का आकर आपस मे जोर मे टकराना जो दुर्भिक्ष और दूसरे राजा के आक्रमण का लक्षण माना जाता है।

पवनसुत—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान्। २. भीमसेन।

पवना†—सज्ञा पु० [देश०] झरना। पौना। दे० 'झरना' २।

पवनात्मज—सज्ञा पुं० [सं०] १ हनुमान्। २ भीमसेन। ३ अग्नि।

पवनाल—सज्ञा पुं० [स०] पुनेरा नाम का धान्य।

पवनाश—सज्ञा पु० [स०] साँप।

पवनाशन—सज्ञा पु० [स०] सर्प। भुजग।

पवनाशनाश—सज्ञा पु० [स०] १ गरुड। २ मोर।

पवनाशी—सज्ञा पुं० [सं० **पवनाशिन्**] १ वह जो हवा खाकर रहता हो। २ साँप।

पवनास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक प्रकार का अस्त्र। कहते हैं, इसके चलाने से बहुत तेज हवा चलने लगती थी।

पवनाहत—वि० [सं०] वातरोगी। वात रोग से पीडित [को०]।

पवनिⓤ—वि० [स० **पावन**] पवित्र करनेवाली। पावनी। पावन। पवित्र। उ०—सुवन सुख करनि, भव सरिता तरनि, गावत तुलसिदास कीरति पवनि।—तुलसी (शब्द०)।

पवनी†[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पाना** (= प्राप्त करना)] गावो मे रहनेवाली वह छोटी प्रजा या नीच जाति जो अपने निर्वाह के लिये क्षत्रियो, ब्राह्मणो अथवा गाँव के दूसरे रहनेवालो से नियमित रूप से कुछ पाती है। जैसे, नाऊ, बारी, भाट, धोबी, चमार, चुडिहारी आदि।

पवनी[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौना'।

पवनेष्ट—सज्ञा पु० [स०] बकायन।

पवनोंवुज—सज्ञा पुं० [सं० **पवनोम्बुज**] फालसा।

पवन्नⓤ—सज्ञा पुं० [स० **पवन**] दे० 'पवन'। उ०—वहै सीत मद सुगध पवन्न।—ह० रासो, पृ० ३६।

पवमान—सज्ञा पु० [सं०] १ पवन। वायु। समीर। उ०—छीर वही भूतल नदी, त्रिविध चले पवमान। हेमवती सुत जाइया जाहिर सकल जहान। —प० रासो, पृ० १३। २ स्वाहा देवी के गर्भ से उत्पन्न अग्नि के एक पुत्र का नाम। ३ गार्हपत्य अग्नि। ४ चद्रमा का एक नाम। ५ ज्योतिष्टोम यज्ञ मे गाया जानेवाला एक प्रकार का स्तोत्र।

पवर†[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पँवरि'।

पवर[२]—वि० [स० **प्रवर**] दे० 'प्रवर'।

पवरिया—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पौरिया'।

पवरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पँवरि'।

पवर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] वर्णमाला का पाँचवाँ वर्ग जिसमें प, फ, ब, भ, म ये पाँच अक्षर हैं। वर्णमाला मे प से लेकर म तक के अक्षर।

पवाँड़ा†—सज्ञा पुं० [दे०] 'पँवाडा'।

पवाँर—सज्ञा पु० [देश०] १ पमार। पवाड। चकवड। २ क्षत्रियो की एक शाखाविशेष। दे० 'परमार'।

पवाँरना†—क्रि० स० [स० **प्रवारण**] १ फेंकना। गिराना। २ खेत मे छितराकर बीज बोना।

पवाँरा—सज्ञा पुं० [स० **प्रवाद**] दे० 'पँवाडा'।

पवाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पावँ+आई** (स्वा० प्रत्य०)] १ एक फर्द जूता। एक पैर का जूता। २ चक्की का एक पाट।

पवाका—सज्ञा स्त्री० [स०] ववडर। तीव्र पवनचक्र [को०]।

पवाड़†[१]—सज्ञा पुं० [स० **प्रकार**] भाँति। तरह। उ०—भाजै काँई रे भिडि भारथ, साम्हौं सूरा सत जिणि हारै। दुहौं पवाड सुजस ताहरौं, कै मरसी कै मारै।—सु दर, ग्रं०, भा० २, पृ० ८८४।

पवाड़[२]—सज्ञा पु० [देश०] चकवड।

पवाड़ा—सज्ञा पुं० [स० **प्रवाद**] दे० 'पँवाडा'।

पवाना†—क्रि० स० [हिं० **पाना** (= भोजन करना) का सकर्मक रूप] १ खिलाना। भोजन कराना। उ०—सहित प्रीति ते अशन बनावै। परसि दूरि ते ताहि पवावै। —रघुनाथ (शब्द०)। २ प्राप्त कराना।

पवार—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परमार'।

पवारना—क्रि० स० [स० **प्रवारण**] दे० 'पवाँरना'। उ०—या ही नर देही को प्राण छोड देतै कैसे जारि वार करिके पवार दीजियतु है।—ठाकुर०, पृ० ३७।

पवारा—सज्ञा पु० [सं० **प्रवाद**] दे० 'पँवाडा'।—उ०—कहूँ वाच कहुँ पेखन होई। कहूँ पवारा गावत कोई।—माधवानल०, पृ० २०५।

पवारी—सज्ञा स्त्री० [?] नलिका नामक गधद्रव्य।

पवि—सज्ञा पु० [स०] १ वज्र। २ बिजली। गाज। ३ वाक्य। ४ बाण या भाला की नोक (को०)। ५ तीर। बाण (को०)। ६ अग्नि। ७ थूहर। सेहुँड। ८ मार्ग। रास्ता। (डिं०)। ९ चक्का या पहिए का टायर (को०)।

पवित[१]—सज्ञा पुं० [सं०] मिर्च।

पवित[२]—वि० पवित्र। शुद्ध।

पवित्ता—वि० [सं० पवित्र] शुद्ध करनेवाला। पवित्र करनेवाला [को०]।

पवित्ताई(पु)—वि० स्त्री० [सं० पवित्रता] शुद्धि। सफाई। पवित्रता।

पवित्तर†—वि० [सं० पवित्र] दे० 'पवित्र'।

पवित्र[1]—वि० [सं०] १ जो गंदा मैला या खराब न हो। शुद्ध। निर्मल। साफ।

पवित्र[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मेंह। वारिश। वर्षा। २ कुशा। ३ तांबा। ४ जल। ५ दूध। ६ घर्षण। रगड। ७ अर्घा। अर्घपात्र। ८ यज्ञोपवीत। जनेऊ। ९ घी। १० शहद। ११ कुशा की बनी हुई पवित्री जिसे श्राद्धादि में अँगुलियों में पहनते हैं। १२ विष्णु। १३ महादेव। १४ तिल का पौधा। १५ पुत्रजीवा का वृक्ष। १६ कार्तिकेय का एक नाम।

पवित्रक—संज्ञा पुं० [सं०] १ कुशा। २ दौने का पेड। ३. गूलर का पेड। ४ पीपल का पेड। ५ जाला। ६ चलनी जिससे आँटा आदि चालकर साफ करते हैं (को०)। ७ क्षत्रिय का यज्ञोपवीत।

पवित्रता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पवित्र या शुद्ध होने का भाव। शुद्धि। स्वच्छता। पावनता। सफाई। पाकीजगी।

पवित्रधान्य—संज्ञा पुं० [सं०] जौ। यव।

पवित्रपाणि—वि० [सं०] १ हाथ में कुश रखनेवाला। २ पवित्र हाथोवाला [को०]।

पवित्रवति—संज्ञा स्त्री० [सं०] क्रौंच द्वीप की एक वनस्पति।

पवित्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. तुलसी। २ एक नदी का नाम। ३ हलदी। ४ अश्वत्थ। पीपल। ५ रेशम के धागो की बनी हुई रेशमी माला जो कुछ धार्मिक कृत्यो के समय पहनी जाती है। ६ श्रावण के शुक्ल पक्ष की एकादशी।

पवित्रात्मा—वि० [सं० पवित्रात्मन्] जिसकी आत्मा पवित्र हो। शुद्ध अन्त करणवाला। शुद्धात्मा।

पवित्रारोपण—संज्ञा पुं० [सं०] श्रावण शुक्ल १२ को होनेवाला वैष्णवो का एक उत्सव जिसमे भगवान् श्रीकृष्ण को सोने, चाँदी, तांबे या सूत आदि का यज्ञोपवीत पहनाया जाता है।

पवित्रारोहण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पवित्रारोपण'।

पवित्राश—संज्ञा पुं० [सं०] सन का बना हुआ डोरा, जो प्राचीन काल में बहुत पवित्र माना जाता था।

पवित्रित—वि० [सं०] शुद्ध किया हुआ। निर्मल किया हुआ।

पवित्री[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पवित्र (=कुश)] कुश का बना हुआ एक प्रकार का छल्ला जो कर्मकांड के समय अनामिका में पहिना जाता है।

पवित्री[2]—वि० [सं० पवित्रिन्] १ पवित्र करनेवाला। २ पवित्र। शुद्ध [को०]।

पविद—संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि का नाम।

पविधर—संज्ञा पुं० [सं०] वज्र धारण करनेवाले, इंद्र।

पवीनव—संज्ञा पुं० [सं०] अथर्ववेद के अनुसार एक प्रकार के असुर जिनके विषय में लोगों का विश्वास था कि ये स्त्रियों का गर्भ गिरा देते हैं।

पवीर—संज्ञा पुं० [सं०] १ हल की फाल। २ शस्त्र। हथियार। ३ वज्र। पवि।

पवेरना†—क्रि० स० [हिं० पवारना] छितराकर बीज बोना।

पवेरा†—संज्ञा पुं० [हिं० पवेरना] वह बोआई जिसमें हाथ से छितरा या फेंककर बीज बोया जाय।

पव्य—संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञपात्र।

पव्वय(पु)—संज्ञा पुं० [सं० पर्वत, प्रा० पव्वय] पर्वत। पहाड। उ०—धरै कर पव्वय गोप सहाय, परै जलधार तड़ित निहाय।—पृ० रा०, २। ३६२।

पशम—संज्ञा स्त्री० [फा० पश्म] १ बहुत बढ़िया और मुलायम ऊन जो प्राय पजाब, कश्मीर और तिब्बत की बकरियों से उतरता है और जिससे बढ़िया दुशाले और पशमीने बनते हैं।

विशेष—कश्मीर, तिब्बत और नैपाल आदि ठंढे देशों की बकरियो में उनके रोएँ के नीचे की तह मे और एक प्रकार के बहुत मुलायम, चिकने और बारीक रोएँ होते हैं जिन्हें पशम कहते हैं। इसका मूल्य बहुत अधिक होता है और प्राय बढिया दुशाले, चादरें और जामेवार आदि बनाने मे इसका उपयोग होता है। विशेष—दे० 'ऊन'।

२ पुरुष या स्त्री की मूत्रेंद्रिय पर के बाल। उपस्थ पर के बाल। शष्प। झाँट।

मुहा०—पशम उखाड़ना = (१) व्यर्थ समय नष्ट करना। (२) कुछ भी हानि या कष्ट न पहुँचा सकना। पशम न उखड़ना = (१) कुछ भी काम न हो सकना। (२) कुछ भी कष्ट या हानि न होना। पशम पर मारना = बिलकुल तुच्छ समझना। पशम न समझना = कुछ भी न समझना। पशम के बराबर भी न समझना।

३ बहुत ही तुच्छ वस्तु।

पशमीना—संज्ञा पुं० [फा० पश्मीनह्] १ दे० 'पशम'। २ पशम का बना हुआ कपडा या चादर आदि।

पशव्य[1]—वि० [सं०] १ पशु संबंधी। २ पशु के लिये हितकर। ३ नृशस। क्रूर। पशुतापूर्ण [को०]।

पशव्य[2]—संज्ञा पुं० १ गोष्ठ। गोवाट। अडार। २ पशुसमूह [को०]।

पशु—संज्ञा पुं० [सं०] १ लांगूलविशिष्ट चतुष्पद जतु। चार पैरों से चलनेवाला कोई जतु जिसके शरीर का भार खडे होने पर पैरो पर रहता हो। रेंगनेवाले, उडनेवाले, जल मे रहनेवाले जीवो तथा मनुष्यो को छोड कोई जानवर। जैसे, कुत्ता, बिल्ली, घोडा, ऊँट, बैल, हाथी, हिरन, गीदड, लोमडी, बंदर इत्यादि।

विशेष—भावप्रकाश में लोम और लांगूल (रोएँ और पूँछ) वाले जतु पशु कहे गए हैं। अमरकोश में पशु शब्द के अंतर्गत इन जतुओ के नाम आए हैं—सिंह, बाघ, लकडबग्घा (चरग),

सूअर, बंदर, भालू, गैंडा, भैंसा, गीदड, बिल्ली, गोह, साही, हिरन (सब जाति के), सुरागाय, नीलगाय, खरहा, गधविलाव, बैल, ऊँट, बकरा, मेढ़ा, गदहा, हाथी और घोडा। इन नामो मे गोह भी है जो सरीसृप या रेंगनेवाला है। पर साधारणत छिपकली, गिरगिट आदि को पशु नहीं कहते।

२ जीवमात्र। प्राणी।

यौ०—पशुपति।

विशेष—शैव दर्शन और पाशुपत दर्शन मे 'पशु' जीवमात्र की सज्ञा मानी गई है।

३ देवता। ४ प्रथम। ५ यज्ञ। ६ यज्ञ उदुबर। ७ बलि-पशु (को०)। ८ सदसद्विवेक से रहित व्यक्ति। मूर्ख (को०)। ९. छाग। बकरा (को०)।

पशुकर्म—सज्ञा पुं० [सं० पशुकर्मन्] यज्ञ आदि में पशु का बलिदान।

पशुका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का हिरन।

पशुक्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पशु की बलि। २ मैथुन [को०]।

पशुगायत्री—सज्ञा स्त्री० [स०] तंत्र की रीति से बलिदान करने मे एक मत्र जिसका बलिपशु के कान में उच्चारण किया जाता है।

पशुघात—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञपशु का वध। बलि के पशु का हनन [को०]।

पशुघ्न—वि० [सं०] पशुओ का वध करनेवाला [को०]।

पशुचर्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पशु के समान विवेकहीन आचरण। जानवरो की सी चाल। स्वेच्छाचार। २ मैथुन।

पशुजीवी—वि० [स० पशुजीविन्] पशु के द्वारा जीविका चलानेवाला। पशुओ के आधार पर जीनेवाला। उ०—श्रीराम रहे सामत काल के ध्रुव प्रकाश, पशुजीवी युग में नव कृषि सस्कृत के विकास।—ग्राम्या, पृ० ५८।

पशुता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पशु का भाव। २ जानवरपन। मूर्खता और औद्धत्य।

पशुत्व—सज्ञा पुं० [सं०] पशु का भाव। जानवरपन।

पशुदा—सज्ञा स्त्री० [स०] कुमार की अनुचरी एक मातृका देवी।

पशुदेवता—सज्ञा पुं० [सं०] वह देव जिनके लिये पशु का हनन किया जाय [को०]।

पशुधर्म—सज्ञा पुं० [स०] १ पशुओ का सा आचरण। जानवरो का सा व्यवहार। मनुष्य के लिये निंद्य व्यवहार। जैसे, स्त्रियो का जिसके पास चाहे उसके पास गमन, पुरुषो का अगम्या आदि का विचार न करना इत्यादि। (मनु०)। २ विधवा का विवाह (को०)।

पशुनाथ—सज्ञा पु० [सं०] १ शिव। २ सिंह।

पशुप—सज्ञा पुं० [सं०] पशुपाल। गोपाल। पशुओं का पालनेवाला।

पशुपतास्त्र—सज्ञा पु० [स०] महादेव का शूलास्त्र।

पशुपति—सज्ञा पु० [स०] १ पशुओ का स्वामी। २ जीवो का ईश्वर या मालिक। ३ शिव। महादेव। उ०—गणपति सुखदायक, पशुपति लायक सूर सहायक कौन गनै।—राम च०, पृ० ७।

विशेष—शैव दर्शन और पाशुपत दर्शन में जीवमात्र 'पशु' कहे गए हैं और सब जीवों के अधिपति 'शिव' ही परमेश्वर माने गए हैं।

४ अग्नि। ५ ओषधि।

पशुपल्वल—सज्ञा पुं० [स०] कैवर्तमुस्तक। केवटी मोथा।

पशुपाल—सज्ञा पु० [स०] १ पशुओं को पालनेवाला। २. बृहत्सहिता के अनुसार ईशान कोण में एक देश जहाँ के निवासी पशुपालन ही द्वारा अपना निर्वाह करते हैं।

पशुपालक—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० पशुपालिका] वह जो पशुओ का पालन करता हो। पशु पालनेवाला।

पशुपालन—सज्ञा पुं० [स०] पशुओ को रखकर उन्ही के सहारे जीविका चलानेवाला व्यक्ति [को०]।

पशुपाश—सज्ञा पु० [सं०] १ पशुओ का बधन। २ शैव दर्शन के अनुसार जीवों के चार प्रकार के बंधन।

पशुपासक—सज्ञा पुं० [सं०] एक रतिबध का नाम।

पशुप्रेरण—सज्ञा पुं० [सं०] पशुओ को हाँकना [को०]।

पशुबध—सज्ञा पुं० [स० पशुबन्ध] यज्ञ जिसमें पशुबलि की जाय [को०]।

पशुबधक—सज्ञा पुं० [सं० पशुबन्धक] पगहा या रस्सी जिसमे पशु को बाँधते हैं। पशुओ का बधन [को०]।

पशुभाव—सज्ञा पु० [सं०] १ पशुत्व। जानवरपन। हैवानपन। २. तत्र मे मत्र के साधन के तीन प्रकारों मे से एक।

विशेष—साधक लोग तीन भाव से मत्र का साधन करते हैं—दिव्य, वीर और पशु। इनमे से प्रथम दो भाव उत्तम और पशुभाव निकृष्ट माना जाता है। जो लोग तत्र के सब विधानो का (घृणा, आचार विचार, आदि के कारण) पूरा पूरा पालन नही कर सकते उनका साधन पशुभाव से समझा जाता है। तात्रिको के अनुसार वैष्णव पशुभाव से नारायण की उपासना करते हैं क्योकि वे मद्य मास आदि का सपर्क नही रखते। कुब्जिका तत्र में लिखा है कि जो रात को यत्रस्पर्श और मत्र का जप नही करते, जिन्हे बलिदान में सशय, तत्र मे सदेह और मत्र मे अक्षरबुद्धि (अर्थात् ये अक्षर हैं इनसे क्या होगा) और प्रतिमा मे शिलाज्ञान रहता है, जो देवता की पूजा बिना मास के करते हैं, जो बार बार नहाया करते हैं उन्हे पशुभावावलबी और अधम समझना चाहिए।

पशुमारण—सज्ञा पुं० [सं०] पशुओं का हनन।

पशुयज्ञ—सज्ञा पुं० [सं०] आश्वलायन श्रौतसूत्र में वर्णित एक यज्ञ।

पशुराज—सज्ञा पुं० [सं०] सिंह।

पशुलंब—सज्ञा पु० [स० पशुलम्ब] एक देश का प्राचीन नाम।

पशुहरीतकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] आम्रातक फल। आमडे का फल।

पशू—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पशु'।

पश्च—वि० [सं०] १ बाद का। पीछे का। २ पश्चिमीय [को०]।

पशेमाँ—वि० [फा० **पशेमान**] दे० 'पशेमान'। उ०—रहे खूब मन मे श्रो सुल्ताने जाँ हो पशेमाँ।—दक्खिनी०, पृ० ३७५।

पशेमान—वि० [फा०] १ शर्मिंदा। लज्जित। २ पश्चात्ताप करनेवाला। पछतानेवाला [को०]।

पशोपेश[1]—सज्ञा पुं० [फा० पेशोपस] आगा पीछा। सोच विचार। दुविधा। अदेशा। उ०—पहलवान पशोपेश में पड़े, देखा, यहाँ भी राज देना है।—काले०, पृ० ४७।

पश्चात्[1]—अव्य० [सं०] पीछे। पीछे से। बाद। फिर। अनतर।

यौ०—**पश्चादुक्ति**=पुन कथन। फिर कहना। **पश्चात्कृत**=पीछे किया या छोडा हुआ। **पश्चाद्घाट**=गला। गरदन। **पश्चात्ताप**। **पश्चाद्भाग**=पिछला हिस्सा। पश्चिमी भाग। **पश्चाद्भावी**। **पश्चाद्वर्ती**। **पश्चाद्वात**।

पश्चात्[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पश्चिम दिशा। प्रतीची। २ शेष। अत। ३ अधिकार।

पश्चात्कर्म—सज्ञा पुं० [स० **पश्चात्कर्मन्**] वैद्यक के अनुसार वह कर्म जिससे शरीर के बल, वर्ण और अग्नि की वृद्धि हो।

विशेष—ऐसा कर्म प्राय रोग की समाप्ति पर शरीर को पूर्व और प्रकृत अवस्था में लाने के लिये किया जाता है। भिन्न भिन्न रोगो के लिये भिन्न भिन्न प्रकार के पश्चात्कर्म होते हैं।

पश्चात्ताप—सज्ञा पुं० [सं०] वह मानसिक दु ख या चिंता जो किसी अनुचित काम को करने के उपरात उसके अनौचित्य का ध्यान करके अथवा किसी उचित या आवश्यक काम को न करने के कारण होती है। अनुताप। अफसोस। पछतावा।

पश्चात्तापी—सज्ञा पुं० [सं० **पश्चातापिन्**] पछतावा करनेवाला।

पश्चापी—वि० [सं० **पश्चापिन्**] सेवक। दास। टहलुवा [को०]।

पश्चाद्भावी—वि० [सं० **पश्चात्+भाविन्**] पीछे होनेवाले। बाद में या अनतर होनेवाले। उ०—राणाडे के शब्दों मे हम उन्हें पश्चाद्भावी भारतीय दार्शनिक विचारधाराओ की उद्गम भूमि कह सकते हैं।—स० दरिया (भू०), पृ० ५६।

पश्चाद्वर्ती—वि० [स० **पश्चात्+वर्तिन्**] १ पीछे रहा गया। बाद का। बाद मे अस्तित्व में आनेवाला। उ०—सर्वात्मवाद का यह बीज पश्चाद्वर्ती वैदिक साहित्य में विकसित होकर वेदात दर्शन में अपने चरम रूप को प्राप्त हुआ।—स० दरिया (भू०), पृ० ५३। २ पीछे रहनेवाला। अनुसरण करनेवाला।

पश्चानुताप—सज्ञा पुं० [सं०] पश्चात्ताप। अनुताप। पछतावा।

पश्चारुज—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार एक रोग जो कदन्न खानेवाली स्त्रियों का दूध पीनेवाले बालकों को होता है।

विशेष—इस रोग मे बालकों की गुदा में जलन होती है, उनका मल हरे या पीले रग का हो जाता है और उन्हें बहुत तेज ज्वर आने लगता है।

पश्चार्द्ध—सज्ञा पुं० [सं०] १ पीछे का अर्ध भाग। पिछला हिस्सा। २ पश्चिमी भाग। पश्चिमी हिस्सा। ३ बचा हुआ या बादवाला हिस्सा [को०]।

पश्चाद्वात—सज्ञा पुं० [सं०] पश्चिम की हवा। पछुआ [को०]।

पश्चिम[1]—सज्ञा पुं० [सं०] वह दिशा जिसमें सूर्य अस्त होता है। पूर्व दिशा के सामने की दिशा। प्रतीची। वारुणी। पच्छिम।

पश्चिम[2]—वि० १ जो पीछे से उत्पन्न हुआ हो। २ अतिम। पिछला। अत का। ३ पश्चिम दिशा का।

पश्चिमक्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रेत क्रिया। मृतक कर्म [को०]।

पश्चिमघाट—सज्ञा पु० [सं० पश्चिम+घाट (=पर्वत)] दे० 'पश्चिमीघाट'।

पश्चिमदिक्पति—सज्ञा पुं० [सं०] वरुण जो पश्चिम दिशा के स्वामी कहे गए हैं [को०]।

पश्चिमप्लव—सज्ञा पुं० [सं०] वह भूमि जो पश्चिम की ओर ढालुई या झुकी हो।

पश्चिमयामकृत्य—सज्ञा पुं० [स०] बौद्धो के अनुसार रात के पिछले पहर का कृत्य या कर्तव्य।

पश्चिमरात्र—सज्ञा पुं० [सं०] रात्रि का अतिम भाग [को०]।

पश्चिमवाहिनी—क्रि० [सं०] पश्चिम दिशा की ओर बहनेवाली। पश्चिम तरफ बहनेवाली (नदी आदि)।

पश्चिमसागर—सज्ञा पुं० [सं०] आयरलैंड और अमेरिका के बीच का समुद्र। ऐटलांटिक महासागर।

पश्चिमाश—सज्ञा पुं० [सं०] पिछला हिस्सा। पिछला काल। बाद का आधा काल। पश्चाद्वर्ती भाग। उ०—ऋग्वेदीय युग के पश्चिमांश में ऋषियों का बहुदेववाद एकदेववाद की ओर अग्रसर हो चला था।—स० दरिया (भू०), पृ० ५३।

पश्चिमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] सूर्यास्त की दिशा। प्रतीची। वारुणी। पश्चिम।

पश्चिमाचल—सज्ञा पुं० [स०] एक कल्पित पर्वत जिसके सबध मे लोगो की यह धारणा है कि अस्त होने के समय सूर्य उसी की आड मे छिप जाता है। अस्ताचल।

पश्चिमार्ध—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पश्चार्ध' [को०]।

पश्चिमी—वि० [सं० पश्चिम+हिं० ई (प्रत्य०)] १ पश्चिम की ओर का। पश्चिमवाला। २ पश्चिम सबधी। जैसे, पश्चिमी हिंदी।

पश्चिमी घाट—सज्ञा पुं० [हिं० पश्चिमी+घाट] बबई प्रात के पश्चिम ओर की एक पर्वतमाला जो विध्य पर्वत की पश्चिमी शाखा की अतिम सीमा से, समुद्र के किनारे किनारे ट्रावकोर (तिरुवाकुर) की उत्तरी सीमा तक चली गई है। पश्चिम घाट।

पश्चिमेतर—वि० [सं०] १ पूर्व का। पूर्वी। २ पश्चिम से भिन्न [को०]।

पश्चिमोत्तर[1]—वि० [सं०] उत्तरपश्चिमी। पश्चिम और उत्तर कोण का [को०]।

पश्चिमोत्तर[2]—सज्ञा पुं० [सं०] पश्चिम और उत्तर के बीच का कोना। वायुकोण।

पश्चिमोत्तरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पश्चिम और उत्तर के बीच की दिशा। वायव्य कोण [को०]।

पश्त—सज्ञा पुं० [लश०] खभा।

पश्ता—सज्ञा पुं० [फा० पुश्ता] किनारा। तट। (लश०)।

क्रि० प्र०—लगना। —लगाना।

पश्तो—सज्ञा पुं० [देश०] १ ३॥ मात्राओ का एक ताल जिससे दो आघात होते हैं। इसके बोल इस प्रकार हैं—तिं, तक, धिं, धा, गे। २ भारत की आर्यभाषाओ में से एक देशी भाषा जिसमें फारसी आदि के बहुत से शब्द मिल गए हैं। यह भाषा भारत की पश्चिमोत्तर सीमा से अफगानिस्तान तक बोली जाती है। उ०—जैसे पश्चिमी की क्रमश पुरानी पारसी, पहलवी वा वर्तमान फारसी और पश्तो आदि हैं।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३७७।

पश्म—सज्ञा पुं० [फ़ा०] बकरी, भेड, आदि का रोआं। ऊन।

विशेष—दे० 'ऊन'।

२ दे० 'पशम'। उ०—क्या करूँ हक के किए को कूर मेरी चश्म है। आवरू जग मे रहे तो जान जाना पश्म है।—कविता कौ०, भा० ४, पृ० १०।

पश्मीना—सज्ञा पुं० [फ़ा० पश्मीनह्] एक प्रकार का बहुत बढ़िया और मुलायम ऊनी कपडा जो कश्मीर और तिब्बत आदि पहाडी और ठढे देशो मे बहुत अच्छा और अधिकता से बनता है। दे० 'पशमीना'।

पश्यती—सज्ञा स्त्री० [सं० पश्यन्ती] नाद की उस समय की अवस्था या स्वरूप जब वह मूलाधार से उठकर हृदय में जाता है।

विशेष—भारतीय शास्त्रो में वाणी या सरस्वती के चार चक्र माने गए हैं—परा, पश्यती, मध्यमा और वैखरी। मूलाधार से उठनेवाले नाद को 'परा' कहते हैं, जब वह मूलाधार से हृदय में पहुँचता है तब 'पश्यती' कहलाता है, वहाँ से आगे बढ़ने और बुद्धि से युक्त होने पर उसका नाम 'मध्यमा होता है और जब वह कठ में आकर सबके सुनने योग्य होता है तब उसे 'वैखरी' कहते हैं।

पश्यतोहर—सज्ञा पुं० [स०] वह जो आँखो के सामने से चीज चुरा ले। जैसे, सुनार आदि। उ०—बहु शब्द बचक जानि। अलि पश्यतोहर मानि। नर छाहई अपवित्र। शर खग निर्दय मित्र।—राम० च०, पृ० १६०।

पश्वयम—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का दैविक यज्ञ।

पश्ववदान—सज्ञा पुं० [सं०] यज्ञीय पशु की बलि। यज्ञपशु का बलिदान [को०]।

पश्वाचार—सज्ञा पुं० [सं०] तात्रिको के अनुसार कामना और सकल्पपूर्वक वैदिक रीति से देवी का पूजन। वैदिकाचार।

विशेष—तात्रिको के अनुसार दिव्य, वीर और पशु इन तीन भावों से साधना की जाती है। इनमें से केवल अतिम ही कलिगुग मे विधेय है, और इसी पशु भाव से पूजा करने से सिद्धि होती है। पश्वाचारी को नित्य स्नान, सध्या, पूजन, श्राद्ध और विप्र कर्म करना चाहिए, सबको समान भाव से देखना चाहिए, किसी का अन्न न लेना चाहिए, सदा सत्य बोलना चाहिए, मद्यमास का व्यवहार न करना चाहिए, आदि आदि।

पश्वाचारी—सज्ञा पुं० [सं० पश्वाचारिन्] पश्वाचार करनेवाला। कामना और सकल्पपूर्वक वैदिक रीति से देवी का पूजन करनेवाला।

पश्विज्या—सज्ञा स्त्री० [सं० पशु+इज्या] एक प्रकार का यज्ञ।

पश्वेकादशिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का यज्ञ जिसमे ग्यारह देवताओ के उद्देश्य से पशुओ की बलि दी जाती है।

पषⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० पक्ष] १ पख। डैना। २ तरफ। ओर। ३. पक्ष। पाख।

पषा—सज्ञा पुं० [स० पक्ष] दाढ़ी। डाढी। श्मश्रु। उ०—रघुराज सुनत सखा सो पषा पोछि पाणि, त्रिसखा त्रिशूल लिए चषा अरुणारे हैं।—रघुराज (शब्द०)।

पषाण—सज्ञा पुं० [सं० पाषाण] दे० 'पाषाण'।

पषानⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पाषाण] दे० 'पाषाण'। उ०—कचन काचहि सम गनै कामिनि काठ पषान। तुलसी ऐसे सत जन पृथ्वी ब्रह्म समान।—तुलसी ग्रं०, पृ० ११।

पषारनाⓊ†—क्रि० स० [स० प्रक्षालन] धोना। उ०—जो प्रभु पार अवसि गा चहहू। मोहि पद पदुम पषारन कहहू।—तुलसी (शब्द०)।

पषालना†—क्रि० स० [सं० प्रक्षालन प्रा० पक्खालण] प्रक्षालन करना। धोना। पखारना। उ०—गढ अजमेरां गम करउ चउरी वइसी पषालज्यो पाव।—वी० रासो, पृ० ८।

पष्षान—सज्ञा पुं० [स० पाषाण] दे० 'पाषाण'।

पष्ठौही—सज्ञा स्त्री० [स०] जवान गाय। युवा गौ [को०]।

पसंगⓊ—सज्ञा पुं० [फा० पासंग] दे० 'पासग'।

पसंगा†[1]—सज्ञा पु० [फा० पासग] १ वह बोझ जिसे तराजू के पल्लों का बोझ बराबर करने के लिये तराजू की जीती मे हलके पल्ले की तरफ बाँध देते हैं। पासग। २ तराजू के दोनो पल्लो के बोझ का अतर जिसके कारण उस तराजू पर तौली जानेवाली चीज की तौल में भी उतना ही अतर पड जाता है।

पसंगा†[2]—वि० बहुत ही थोडा। बहुत कम।

मुहा०—**पसंगा भी न होना** = कुछ भी न होना। बहुत ही तुच्छ होना। जैसे,—यह कपडा उस थान का पसगा भी नही है।

पसघ†—सज्ञा पुं० [फा० पासंग] दे० 'पसगा'। उ०—गोली डाँडी मे पसघे सी बँधी कौडी।—कुकुर०, पृ० १७।

पसता‡—सज्ञा स्त्री० [सं० पश्यन्ती] दे० 'पश्यंती'। उ०—चारो

बानी का भेद बताई, सास्तर सघ लखाई। परा पसंता मधिमा सोई, बैखरी बेर बताई। —घट०, पृ० २३।

पसंतीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पश्यन्ती] दे० 'पश्यती'। उ०—बानिहु चारि भाँति की करी। परा पसती मध्य बैखरी।—विश्राम (शब्द०)।

पसंद[1]—वि० [फा०] १ रुचि के अनुकूल। मनोनीत। २ जो अच्छा लगे। जैसे,—अगर वह चीज आपको पसद हो तो आप ही ले लीजिए।

क्रि० प्र०—आना।—करना।—होना।

विशेष—इस शब्द के साथ जो यौगिक क्रियाएँ जुडती हैं वे अकर्मक होती हैं। जैसे,—(क) वह किताब मुझे पसद आ गई। (ख) हमे यह कपडा पसद है।

पसंद[2]—सज्ञा स्त्री० अच्छा लगने की वृत्ति। अभिरुचि। जैसे,—आपकी पसद भी बिलकुल निराली है। २ स्वीकृति। मजूरी (को०)। ३ प्राथमिकता। प्रधानता। तरजीह (को०)।

पसंद[3]—प्रत्य० १ पसद करनेवाला। जैसे, हकपसद। २ पसद आनेवाला। जैसे, दिलपसद, मनपसंद [को०]।

पसंदा—सज्ञा पु० [फा० पसदह्] १ मास के एक प्रकार के कुचले हुए टुकडे। पारचे का गोश्त। २ एक प्रकार का कबाब जो उक्त प्रकार के मास से बनता है।

पसदीदगी—सज्ञा स्त्री० [फा०] रुचि। रुझान। अनुकूलता। उ०—उनके लुकने छिपने, पसंदीदगी और नापसदीदगी में भी फर्क है।—मैला०, पृ० १६५।

पसदीदा—वि० [फा० पसंदीदह्] पसद किया हुआ। रुचिकर। मनोवाछित [को०]।

पसंसना†—क्रि० स० [सं० प्रशंसन] प्रशसा करना। गुण गाना। उ०—ते मोन्हे भलओ निरुढि गए, जइसओ तइसओ कव्व। खेल खेल छल दूसिहइ सुअण पससइ सव्व।—कीर्ति०, पृ० ४।

पसँगा†[1]—सज्ञा पुं० [फ़ा० पासंग] दे० 'पसगा'।

पसँगा†[2]—वि० बहुत कम। स्वल्पतम। बहुत थोड़ा।

पसँघा—सज्ञा पुं० [फा० पासग, हि० पसगा, पसँगा] दे० 'पसगा'।

पस[1]—अव्य [फ़ा०] १ इसलिये। अत। इस कारण। २. पीछे। फिर। बाद मे (को०)। ३. अंतत। आखिरकार (को०)।

यौ०—पसगैवत। पसपा=पीछे हटा हुआ। हारा हुआ। पराजित। पसपाई=पीछे हटाना। हार। पराजय। पसोपेश।

पस[2]—सज्ञा पुं० [अं०] मवाद। पूय। पीप [को०]।

पसई—सज्ञा स्त्री० [देश०] पहाडी राई जो हिमालय की तराई और विशेषत नेपाल तथा कुमाऊँ मे होती है। इसकी पत्तियाँ गोभी के पत्तो की तरह होती हैं और इसकी फसल जाडे मे तैयार होती है। बाकी बहुत सी बातो में यह साधारण राई की ही तरह होती है।

पसकरण—वि० [डिं०] कायर। डरपाक।

पसगैवत—क्रि० वि० [फा० पस+अ० गैबत] पीठ पीछे। अनुपस्थिति मे [को०]।

पसगा—सज्ञा सं० [हिं०] दे० 'पसंगा'।

पसताल—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जो पानी के आस-पास अधिकता से होती है और जिसे पशु बड़े चाव से खाते हैं। कही कही गरीब लोग इसके दानों या बीजो का व्यवहार अनाज की भाँति भी करते हैं।

पसनी†—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राशन] अन्नप्राशन नामक सस्कार जिसमें बच्चो को प्रथम बार अन्न खिलाया जाता है। उ०—भै पसनी पुनि छठएँ मासा। बालक बढ़या भानु सम भासा। —रघुराज (शब्द)।

पसमⓊ—सज्ञा पुं० [फा० पशम्] दे० 'पश्म'।

पसमीनाⓊ—पुं० [फ़ा० पशमीना] दे० 'पश्मीना'।

पसर[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रसर] गहरी की हुई हथेली। एक हथेली को सुकोडने से बना हुआ गड्ढा। करतलपुट। आधी अजली। जैसे,—इस भिखमगे को पसर भर आटा दे दो।

पसर[2]—सज्ञा पुं० [सं० प्रसर] विस्तार। प्रसार। फैलाव।

पसर[3]—सज्ञा पुं० [देश०] १ रात के समय पशुओं को चराने का काम।

क्रि० प्र०—चराना।

२ आक्रमण। धावा। चढ़ाई।

पसरकटाली—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रसरकटाली] भटकटैया। कटाई।

पसरन—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रसारिणी] १ गधप्रसारिणी। पसारनी। † २ फैलाव। विस्तार।

पसरना—क्रि० अ० [सं० प्रसरण] १ आगे की ओर बढना। फैलना। २ विस्तृत होना। बढ़ना। ३ पैर फैलाकर सोना। हाथ पैर फैलाकर लेटना। ४ छितरा जाना। बिखर जाना।

संयो० क्रि०—जाना।

पसरट्टा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पसरहट्टा'।

पसरहट्टा†—सज्ञा पुं०[हिं० पसारी (=पंसारी)+हट्टा(=हाट)]वह हाट या बाजार जिसमे पसारियो आदि की दुकानें हों। वह स्थान जहाँ बन ओषधियाँ और मसाले आदि मिलते हैं।

पसराना—क्रि० स० [स० प्रसारण] पसारने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को पसारने मे प्रवृत्त करना।

पसरीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पसली'।

पसरौहाँⓊ†—वि० [हिं० पसरना+औहाँ (प्रत्य०)] प्रसरणशील। फैलनेवाला। जो पसरता हो। जिसका पसरने का स्वभाव हो।

पसली—सज्ञा स्त्री० [सं० पर्शुका] मनुष्यो और पशुओ आदि के शरीर मे छाती पर के पजर की आडी और गोलाकार हड्डियों में से कोई हड्डी।

विशेष—साधारणत मनुष्यो और पशुओ में गले के नीचे और पेट के ऊपर हड्डियो का एक पजर होता है। मनुष्य मे इस पजर मे दोनो ओर बारह बारह हड्डियाँ होती हैं। ये हड्डियाँ पीछे की ओर रीढ़ मे जुडी रहती है और उसके दोनो ओर से निकलकर दोनो बगलो से होती हुई आगे छाती और पेट

की ओर आती हैं। पसलियो के अगले सिरे सामने आकर छाती की ठीक मध्य रेखा तक नही पहुँचते बल्कि उससे कुछ पहले ही खतम हो जाते हैं। ऊपर की सात सात हड्डियाँ कुछ बडी होती हैं और छाती की मध्य की हड्डी से जुडी रहती हैं। इसके बाद की नीचे की ओर की हड्डियाँ या पसलियाँ क्रमश छोटी होती जाती हैं और प्रत्येक पसली का अगला सिरा अपने से ऊपरवाली पसली के नीचे के भाग से जुडा रहता है। इस प्रकार अतिम या सबसे नीचे की पसली जो कोख के पास होती है सबसे छोटी होती है। नीचे की दोनो पसलियों के अगले सिरे छाती की हड्डी तक तो पहुँचते ही नही, साथ ही वे अपने ऊपर की पसलियो से भी जुड़े हुए नही होते। इन पसलियो के बीच में जो अतर होता है उसमे मास तथा पेशियाँ रहती हैं। साँस लेने के समय मासपेशियो के सिकुडने और फैलने के कारण ये पसलियाँ भी आगे बढती और पीछे हटती दिखाई देती हैं। साधारणत इन पसलियों का उपयोग हृदय और फेफड़े आदि शरीर के भीतरी कोमल अगो को बाहरी आघातो से बचाने के लिये होता है। पशुओं, पक्षियो और सरीसृपो आदि की पसली की हड्डियो की सख्या में प्राय बहुत कुछ अंतर होता है और उनकी बनावट तथा स्थिति आदि में भी बहुत भेद होता है। पसली की हड्डियो की सबसे अधिक सख्या साँपो मे होती है। उनमें कभी कभी दोनो ओर दो दो सौ हड्डियाँ होती है।

मुहा०—**पसली फड़कना या फड़क उठना** = मन मे उत्साह होना। उमग पैदा होना। जोश आना। **पसलियाँ ढीली करना** = बहुत मारना पीटना। **हड्डी पसली तोड़ना** = दे० *'पसलियाँ ढीली करना'*।

यौ०—**पसली का रोग** = बच्चों का एक प्रकार का रोग जिसमें उनका साँस बहुत तेज चलता है।

पस व पेश—सज्ञा पुं० [फा० **पस ओ पेश**] दे० 'पसोपेश'।

पसवा†—सज्ञा पुं० [देश०] हलका गुलाबी रग।

पसही†—सज्ञा पु० [देश०] तिन्नी का चावल।

पसा†—सज्ञा पुं० [हिं० **पसर**] अजली।

पसाई[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] पसताल नाम की घास जो तालों मे होती है। दे० 'पसताल'।

पसाई†[2]—सज्ञा पुं० [स० **प्रसाद**] दे० 'पसाउ'। उ०—तैं डिनोई सभु, जो डीये दीदार के, उजे लहदी अभु पसाई दो पाण के।—दादू०, पृ० ६५।

पसाउ, पसाऊⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० **प्रसाद, प्रा० पसाव**] प्रसाद। प्रसन्नता। कृपा। अनुग्रह। उ०—(क) चारिउ कुँअर बिआहि पुर गवने दशरथ राउ। भए मजु मगल सगुन गुरु सुर सभु पसाउ। —तुलसी (शब्द०)। (ख) सासति करि पुनि करहिं पसाऊ। नाथ प्रभुन्ह कर सहज सुभाऊ। —मानस, १।८६।

पसाना[1]—क्रि० स० [सं० **प्रस्रावण, हिं० पसावना**] १ पकाया हुआ चावल गल जाने पर उसका बचा हुआ पानी निकालना या अलग करना। भात में से माँड निकालना। २. किसी पदार्थ में मिला हुआ जल का अश चुआ या बहा देना। पसेव निकालना या गिराना।

पसाना†[2]—क्रि० अ० [स० **प्रसन्न** या **प्रसाद**] प्रसन्न होना। खुश होना।

पसार—सज्ञा पुं० [स० **प्रसार**] १. पसरने की क्रिया या भाव। प्रसार। फैलाव। उ०—सात सुरति तब मूल है उत्पति सकल पसार। अक्षर ते सब सृष्टि भई, काल ते भए तिछार। —कबीर सा०, पृ० ६२१। २ विस्तार। लबाई और चौडाई आदि। ३. प्रपच। मायाविस्तार।

पसारण†—सज्ञा पुं० [सं० **प्रसारण**] दे० 'प्रसारण'। उ०—गावण, धावण, वलगन, सकोचन, पसारण, ये पाँच प्रकृति वायु की बोलिए।—गोरख०, पृ० २२३।

पसारना—क्रि० स० [सं० **प्रसारण**] फैलाना। आगे की ओर बढ़ाना। विस्तार करना। जैसे,—किसी के आगे हाथ पसारना। बैठने की जगह पाकर पैर पसारना।

पसारा†—सज्ञा पुं० [सं० **प्रसार**] दे० 'प्रसार'। उ०—(क) शब्दै काया जग उतपानी शब्दै केरि पसारा। —कबीर, श०, भा० १, पृ० ४३। (ख) जो दिखियत यह बिस्व पसारो। सो सब क्रीडा भाड तुम्हारो।—नद० ग्रं०, पृ० २८२।

पसारी—सज्ञा पुं० [देश०] १. तिन्नी का धान। पसवन। पसेही। २ दे० 'पसारी'।

पसाव[1]—सज्ञा पुं० [हिं० **पसाना** + **आव** (प्रत्य०)] वह जो पसाने पर निकले। पसाने पर निकलनेवाला पदार्थ। माँड। पीच।

पसावⓊ[2]—सज्ञा पुं० [सं० **प्रसाद**] दे० 'पसाउ'। जैसे, लाखपसाव, कोटिपसाव। उ०—हिंडयौ सु बीर उत्तर दिसा इह पसाव चहुआन करि। पृ० रा०, २४।४३६।

पसावन—सज्ञा पुं० [सं० **प्रस्रावण**] १ किसी उबाली हुई वस्तु मे का गिराया हुआ पानी। २ माँड। पीच।

पसिंजर—सज्ञा पुं० [अ० **पैसेंजर**] १ यात्री; विशेषत रेल या जहाज का यात्री। २ मुसाफिरो के सवार होने की वह रेलगाडी जो प्रत्येक स्टेशन पर ठहरती चलती है और जिसकी चाल डाकगाडी की चाल से कुछ धीमी होती है।

पसितⓊ—वि० [सं० **पाश** (= बंधन)] बँधा या बाँधा हुआ।

पसीजना—क्रि० अ० [सं० प्र+√स्विद्, प्रस्विद्यति, प्रा० पसिज्जइ] १ किसी घन पदार्थ मे मिले हुए द्रव अश का गरमी पाकर या और किसी कारण से रस रसकर बाहर निकालना। रसना। जैसे, पत्थर मे से पानी पसीजना। २ चित्त में दया उत्पन्न होना। दयार्द्र होना। जैसे,—आप लाख बातें बनाइए, पर वे कभी न पसीजेंगे। उ०—दुखित धरनि लखि बरसि जल घनहु पसीजे आय। द्रवत न क्यो घनश्याम तुम नाम दयानिधि पाय।—(शब्द०)।

पसीना—सज्ञा पुं० [स० **प्रस्वेदन, हिं० पसीजना**] शरीर में मिला हुआ जल जो अधिक परिश्रम करने अथवा गरमी लगने पर सारे शरीर से निकलने लगता है। प्रस्वेद। स्वेद। श्रमवारि।

विशेष—पसीना केवल स्तनपायी जीवो को होता है। ऐसे जीवो के सारे शरीर में त्वचा के नीचे छोटी छोटी ग्रथियाँ होती हैं जिनमें से रोमकूपों मे से होकर जलकणों के रूप मे पसीना निकलता है। रासायनिक विश्लेषण से सिद्ध होता है कि पसीने में प्रायः वे ही पदार्थ होते हैं जो मूत्र में होते हैं। परंतु वे पदार्थ बहुत ही थोडी मात्रा में होते हैं। पसीने में मुख्यत कई प्रकार के क्षार, कुछ चर्बी और कुछ प्रोटीन (शरीरधातु) होती है। ग्रीष्मऋतु में व्यायाम मा अधिक परिश्रम करने पर, शरीर में अधिक गरमी के पहुँचने पर या लज्जा, भय, क्रोध आदि गहरे आवेगों के समय अथवा अधिक पानी पीने पर बहुत पसीना होता है। इसके अतिरिक्त जब मूत्र कम आता है तब भी पसीना अधिक होता है। औषधों के द्वारा अधिक पसीना लाकर कई रोगो की चिकित्सा भी की जाती है। शरीर स्वस्थ रहने की दशा मे जो पसीना आता है, उसका न तो कोई रग होता है और न उसमे कोई दुर्गंध होती है। परतु शरीर में किसी भी प्रकार का रोग हो जाने पर उसमें से दुर्गंध निकलने लगती है।

क्रि० प्र०—आना।—छूटना।—निकलना। —होना।

मुहा०—पसीना गारना या बहाना = किसी कार्य या वस्तु के लिये अत्यधिक श्रम करना। **पसीने पसीने होना** = बहुत अधिक पसीना होना। पसीने से तर होना। **गाढ़े पसीने की कमाई** = कठिन परिश्रम से अर्जित किया हुआ धन। बडी मेहनत से कमाई हुई दौलत।

पसुⓊ—सज्ञा पुं० [स० **पशु**] दे० 'पशु'। उ०—जैसे कीट पतंग पषान, भयो पसु पक्षी। —धरम०, पृ० ८१।

पसुआⓊ†—सज्ञा पु० [स० **पशुता**] पशु। जानवर। उ०—औगुन कहौं सराव का ज्ञानवत सुनि लेय। मानुष से पसुआ करे, द्रव्य गाँठि को देय।—सतबानी०, पृ० ६१।

पसुघ्न—वि० [स० **पशुघ्न**] पशु का वध करनेवाला। उ०—बिना पसुघ्नहिं पुरुष सु कौन। कहै कि हरि गुन हौं न सुनौ न। —नद० ग्र०, पृ० २१८।

पसुचारनⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **पशुचारण**] गाय, बैल आदि जानवरो को चराने का काम। उ०—जब पसुचारन चलत चरन कोमल धारि बन मैं। सिल त्रिन कटक अटकत कसकत हमरे मन मैं। —नद० ग्र०, पृ० १८।

पसुपⓊ—सज्ञा पुं० [स० **पशुप**] पशुओ का रक्षक। पशुपालक। गोपाल। उ०—पसु अरु पसुप तृषित अति भए। चले चले कालीदह गए।—नद ग्र०, पृ० २७८।

पसुपतिⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **पशुपति**] महादेव। उ०—उग्र कपर्दी भूतपति पसुपति मृड ईसान। —अनेकार्थ०, पृ० ७५।

पसुपालⓊ—सज्ञा पुं० [सं० **पशुपाल**] दे० 'पशुपाल'। उ०—इनके दिए बाढ़ो हैं गैया बच्छ बाल। सग मिलि भोजन करत हैं जैसे पसुपाल। —दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ४।

पसुभाषाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० **पशुभाषा**] पशुओं की बोली समझने की विद्या। पशुओ की बोली। उ०—पसुभाषा और जल-तरन, धातु रसाइन जानु। रतन परख औ चातुरी, सकल अग सग्यानु।—माधवानल०, पृ० २०८।

पसुरिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पसली** + इया (प्रत्य०)] दे० 'पसली'। उ०—यहि बन गनन बजाव बँसुरिया। कौनहु नहि गुमान तकि भूलौ, अग अग गलि जाइ पसुरिया।—जग० बानी, पृ० ३४।

पसुरीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पसली'।

पसुलीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पसली'।

पसू†—सज्ञा पुं० [सं० **पशु**] दे० 'पशु'। उ०—करै गान तान पसू पच्छि मोहै।—ह० रासो, पृ० ३७।

पसूज—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह सिलाई जिसमें सीधे तोपे भरे जाते हैं।

पसूजना—क्रि० स० [देश०] सीना। सिलाई करना।

पसूता†—सज्ञा स्त्री० [सं० **प्रसूता**] जिस स्त्री ने अभी हाल मे बच्चा जना हो। प्रसूता। जच्चा।

पसूस—वि० [डिं०] कठोर।

पसेउ, पसेऊ†—सज्ञा पुं० [हिं० **पसेव**] दे० 'पसेव'। उ०—जानु सो गारे रकत पसेऊ। सुखी न जान दुखी कर भेऊ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २७१।

पसेपुश्त—क्रि० वि० [फा०] पीछे पीछे। परोक्ष में। उ०—यह मेरा प्यारा जसोदा है, जिसकी गरदन में बाहें डालकर मैं बागो की सैर किया करता था। हमारी सारी दुश्मनी पसे-पुश्त होती थी।—काया०, पृ० ३३५।

पसेरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पाँच** + **सेर** + **ई** (प्रत्य०)] पाँच सेर का बाट। पसेरी।

पसेव—सज्ञा पुं० [सं० **प्रस्वेद**] १ वह द्रव पदार्थ जो किसी पदार्थ के पसीजने पर निकले। किसी चीज मे से रसकर निकला हुआ जल। २ पसीना। उ०—तनु पसेव पसाहनि भासलि, पुलक तइसन जागु। —विद्यापति०, पृ० ३१। ३. वह तरल पदार्थ जो कच्ची अफीम को सुखाने के समय उसमें से निकलता है। इस अश के निकल जाने पर अफीम सूख जाती और खराब नहीं होती।

पसेवा†—सज्ञा पुं० [देश०] सानारों की अँगीठी पर चारों ओर रहने-वाली चारों ईंटें।

पसैहू†—सज्ञा पुं० [देश०] एक पेड। ऊ०—विहरत मोहन मदन गुपाल। कदम पसैहू ताल रसाल। —घनानद, पृ० ३०३।

पसोपेश—सज्ञा पुं० [फा० **पस** व **पेश**] १ आगा पीछा। सोच विचार। हिचक। दुविधा। जैसे,—जरा से काम मे तुम इतना पसोपेश करते हो? २ भला बुरा। हानि लाभ। ऊँच नीच। परिणाम। जैसे,—इस काम का सब पसोपेश सोच लो तब इसमें हाथ लगाओ।

पसोपेस—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पसोपेश'। उ०—पसोपेस तजि आइए पहिने कुन ससपज। कर मुकुताइ न जाइए मुकुता बरसत कज। —स० सप्तक, पृ० २४७।

पस्त—वि० [फा०] १ हारा हुआ। २ थका हुआ। ३ दबा हुआ। उ०—किसी तरह यह कमबख्त हाथ आता तो और राजपूत खुद ब खुद पस्त हो जाते। —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५२१। ४ निम्न। अधम (को०)। ५ छोटा। लघु (को०)।

यौ०—पस्तकद। पस्तकिस्मत = अभागा। बदकिस्मत। पस्तखयाल = लघुचेता। क्षुद्रबुद्धि। पस्तहिम्मत। पस्तहिम्मती = कायरता। उत्साहहीनता। पस्तहौसला = दे० 'पस्तहिम्मत'।

पस्तकद—वि० [फा० पस्तक़द] नाटा। वामन। बौना।

पस्तहिम्मत—वि० [फ़ा०] हिम्मत हारा हुआ। भीरु। डरपोक। कायर।

पस्ताना†—क्रि० अ० [सं० पश्चात्ताप, मरा० पस्तावणे] दे० 'पछताना'।

पस्तावा†—संज्ञा पुं० [सं० पश्चात्ताप, सिंधी पस्तावो, गुज० पस्तावुं] दे० 'पछतावा'।

पस्ती—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ नीचे होने का भाव। निचाई। २ कमी। न्यूनता। अभाव। ३ अधमता। क्षुद्रता। निम्नता। कमीनापन (को०)।

पस्तो—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पश्तो'।

पस्त्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ गृह। निवास। घर। २ कुल। परिवार (को०)।

पस्यमाँ†—संज्ञा पुं० [सं० पश्चिम] दे० 'पश्चिम'। उ०—दिसि पस्यम गुरजर सुधर सैहैर अहमदावाद।—पोद्दार अभि० ग्रं०, पृ० ४२१।

पस्सर—संज्ञा पुं० [अं० परसर] जहाज का वह कर्मचारी जो खलासियो आदि को वेतन और रसद बाँटता है। जहाज का खजानची या भंडारी (लश०)।

पस्सा‡—क्रि० वि० [?] मुट्ठी भर। उ०—बाइकाँ बनेगी राँडाँ बेगले फिरेंगे छोरे। पस्सो उठा को माँटी डालेंगे नाउँ पो तेरे।—दक्खिनी०, पृ० २६७।

पस्सी—संज्ञा पुं० [देश०] शीशम की जाति का एक प्रकार का वृक्ष। बिंजुआ। भकोली।

विशेष—यह वृक्ष प्राय सारे उत्तरी भारत, नैपाल और आसाम मे पाया जाता है। यह प्राय सड़को के किनारे लगाया जाता है। यह नीचो और बलुई जमीन में बहुत जल्दी बढ़ता है। इसकी पत्तियाँ चारे के काम में आती हैं। इसकी लकड़ी बहुत बढ़िया होती है और शीशम की भाँति ही काम मे आती है।

पस्सी बबूल—संज्ञा पुं० [हिं० पस्सी ? + हिं० बबूल] एक प्रकार का पहाड़ी विलायती बबूल जो जंगली नहीं होता बल्कि बोने और लगाने से होता है।

विशेष—हिमालय मे यह ५००० फुट की ऊँचाई तक बोया जा सकता है। प्राय घेरा बनाने या बाड़ लगाने के लिये यह बहुत ही उत्तम और उपयोगी होता है। जाड़े में इसमें खूब फूल लगते हैं जिनमें से बहुत अच्छी सुगंध निकलती है। युरोप मे इन फूलों से कई प्रकार के इत्र और सुगंधित द्रव्य बनाए जाते हैं।

पहँ⑤—अव्य० [सं० पार्श्व, प्रा० पास] १ निकट। समीप। उ०—राजा बेंदि जेहि के सौंपना। गा गोरा तेहि पहँ अगमना।—जायसी (शब्द०)। २ से। उ०—दूतिन्ह बात न हिये समानी। पदमावति पहँ कहा सो आनी।—जायसी (शब्द०)।

पहँसुल—संज्ञा स्त्री० [सं० अर्द्ध (=झुका हुआ) + शूल] हँसिया के आकार का तरकारी काटने का एक औजार। हँसुआ।

पह⑤†[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रभा] दे० 'पौ'। उ०—प्रफुलित कमल गुंजार करत अलि पह फाटी फुमुदिनि फूँमिलानी।—सूर (शब्द०)।

पह[2]—संज्ञा पुं० [सं० प्रभु] दे० 'प्रभु'। उ०—साहाँ ऊयप यप्पणो, पह नरनाहाँ पत्त। राह दुहँ हद रक्खणो, अभैसाह छत्रपत्त।—रा० रू०, पृ० १०। (ख) क्रोध न करो अकाजा, देव दीन सुरभी दुजराजा पह रघुवंशी पूजै।—रघु० रू०, पृ० ६०।

पहचनवाना—क्रि० स० [हिं० पहचानना का प्रे० रूप] पहचानने का काम कराना।

पहचान—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रत्यभिज्ञान] १ पहचानने की क्रिया या भाव। यह ज्ञान कि यह वही व्यक्ति या वस्तु विशेष है जिसे मैं पहले से जानता हूँ। देखने पर यह जान लेने की क्रिया या भाव कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है। जैसे,—गवाह मुलजिमों की पहचान न कर सका।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२ भेद या विवेक करने की क्रिया या भाव। किसी का गुण, मूल्य या योग्यता जानने की क्रिया या भाव। जैसे,—(क) तुम भले बुरे की पहचान नही कर सकते। (ख) जवाहिरात की पहचान जौहरी कर सकता है। ३ पहचानने की सामग्री। किसी वस्तु से संबंध रखनेवाली ऐसी बातें जिनकी सहायता से वह अन्य वस्तुओं से अलग की जा सके। किसी वस्तु की विशेषता प्रकट करनेवाली बातें। लक्षण। निशानी। जैसे,—(क) मुझे उनके मकान की पहचान बताओ तो मैं वहाँ जा सकता हूँ। (ख) अगर वह चीज तुम्हारी है तो इसकी कोई पहचान बताओ। ४ पहचानने की शक्ति या वृत्ति। अंतर या भेद समझने की शक्ति। एक वस्तु को दूसरी वस्तु अथवा वस्तुओं से पृथक् करने की योग्यता। किसी वस्तु का गुण, मूल्य अथवा योग्यता समझने की शक्ति। विवेक। तमीज। जैसे,—(क) तुममें खोटे खरे की पहचान नहीं है। (ख) तुममे आदमी की पहचान नहीं है। ५ ज्ञान पहचान। परिचय। (क्व०)। जैसे,—(क) हमारी उनकी पहचान बिलकुल नई है। (ख) तुम्हारी पहचान का कोई आदमी हो तो उससे मिलो।

पहचानना—क्रि० स० [हिं० पहचान + ना] १. किसी वस्तु या

व्यक्ति को देखते ही जान लेना कि यह कौन व्यक्ति या क्या वस्तु है। यह ज्ञान करना कि यह वही वस्तु या व्यक्तिविशेष है जिसे मैं पहले से जानता हूँ। चीन्हना। जैसे,—(क) बहुत दिनों पीछे मिलने पर भी उसने मुझे पहचान लिया। (ख) पहचानो तो यह कौन फल है। २ वस्तु या व्यक्ति के स्वरूप को इस प्रकार जानना कि वह जब कभी इंद्रियगोचर हो तो इस बात का निश्चय हो सके कि वह कौन अथवा क्या है। किसी वस्तु की शरीराकृति, रूप रंग अथवा शक्ल सूरत से परिचित होना। जैसे—(क) मैं उन्हें चार बरस से पहचानता हूँ। (ख) तुम इनका मकान पहचानते हो, तो चलकर बता न दो। ३ एक वस्तु का दूसरी वस्तु अथवा वस्तुओं से भेद करना। अंतर समझना या करना। विलगाना। विवेक करना। तमीज करना। जैसे,—असल और नकल को पहचानना जरा टेढा काम है। ४ किसी वस्तु का गुण या दोष जानना। किसी की योग्यता या विशेषता से अभिज्ञ होना। किसी व्यक्ति के स्वभाव अथवा चरित्र की विशेषता को जानना। जैसे,—तुम्हारा उसका इतने दिनों तक साथ रहा, लेकिन तुम उन्हें पहचान न सके।

पहटना†—क्रि० स० [सं० प्रखेट, प्रा० पहेट (=शिकार)] भगा देने अथवा पकड लेने के लिये किसी के पीछे दौड़ना। पीछा करना। खदेड़ना।

पहटना[2]—क्रि० स० [देश०] पैना करना। धार को रगड रगड़कर तेज करना।

पहटा†—संज्ञा पुं० [देश०] १ दे० 'पाटा'। २ दे० 'पेठा'।

पहन(पु)[1]—संज्ञा पु० [सं० पाहन] दे० 'पाहन' वा 'पाषाण'। उ०—(क) अदिन आय जो पहुँचे काऊ। पहन उड़ाय वहै सो बाऊ।—जायसी (शब्द०)। (ख) अब की घडी चिनग तेहि छूटे। जरहिं पहाड पहन सब फूटे।—जायसी (शब्द०)।

पहन[2]—संज्ञा पुं० [फा०] वह दूध जो बच्चे को देखकर वात्सल्य भाव के कारण माँ की छातियों मे भर आए और टपकने को हो।

पहनना—क्रि० स० [सं० परिधान] (कपडे अथवा गहने को) शरीर पर धारण करना। परिधान करना।

पहनवाना—क्रि० स० [हिं० पहनना का प्रे०रूप] किसी के द्वारा किसी को वस्त्र या आभूषण धारण कराना। किसी और के द्वारा किसी को कुछ पहनाना।

पहना†[1]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पनहा'।

पहना[2]—संज्ञा पु० [फा० पहन] वह दूध जो बच्चे को देखकर वात्सल्य भाव के कारण माँ के स्तनों में भर आया हो और टपकना सा जान पडे।

क्रि० प्र०—फूटना।

पहनाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहनना] १ पहनने की क्रिया या भाव। जैसे,—जरा आपकी पहनाई देखिए। २ जो पहनाने के बदले मे दिया जाय। पहनाने की मजदूरी या उजरत। जैसे, चूड़ी पहनाई।

पहनाना—क्रि० स० [हिं० पहनना] दूसरे को कपडे, आभूषण आदि धारण कराना। किसी के शरीर पर पहनने की कोई चीज धारण कराना। दूसरे के शरीर पर यथास्थान रखना या ठहराना। जैसे, कुर्ता, अँगूठी, माला, जूता, आदि पहनाना।

पहनाव—संज्ञा पुं० [हिं० पहनना] दे० 'पहनावा'।

पहनावा—संज्ञा पु० [हिं० पहनना] १ ऊपर पहनने के मुख्य मुख्य कपडे। सिले या बिना सिले सब कपडे जो ऊपर पहने जायँ। परिच्छद। परिधेय। पोशाक। २ सिर से पैर तक के ऊपर पहनने के सब कपडे। पाँचो कपडे। सिरोपाव। ३ विशेष अवस्था, स्थान अथवा समाज में ऊपर पहने जानेवाले कपडे। वे कपडे जो किसी खास अवसर पर देश या समाज मे पहने जाते हों। जैसे, दरबारी पहनावा, फौजी पहनावा, ब्याह का पहनावा, काबुलियों का पहनावा, चीनियों का पहनावा, आदि। ४ कपडे पहनने का ढंग या चाल। रुचि अथवा रीति की भिन्नता के कारण विशेष देश या समाज के पहनावे की विशेषता।

पहपट—संज्ञा पुं० [देश०] १ एक प्रकार का गीत जो स्त्रियाँ गाया करती हैं। २ शोरगुल। हल्ला। कोलाहल। ३ किसी की बदनामी का शोर। बदनामी या अपवाद का शोर। बदनामी की जोरशोर से चर्चा। ४ ऐसी बदनामी जो कानाफूसी द्वारा की जाय। गुप्त अपवाद या निंदा। किसी के दोष की ऐसी चर्चा जो उससे छिपाकर की जाय। (बुंदेलखंड तथा अवध)। ५. छल। ठगी। धोखा। फरेब।

पहपटबाज—संज्ञा पुं० [हिं० पहपट+फा० बाज] [संज्ञा पहपटबाजी] १ शोर गुल करने या करानेवाला। हल्ला करने या करानेवाला। फसादी। शरारती। झगड़ालू। २. छलिया। ठग। धोखेबाज। फरेबी।

पहपटबाजी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहपट+बाजी] १. झगडालूपन। कलहप्रियता। शोर गुल कराने का काम या आदत। २ छलियापन। ठगी। मक्कारी।

पहपटहाई†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहपट+हाई (प्रत्य०)] पहपट करानेवाली। बात का बतगड करनेवाली। झगडा करानेवाली।

पहर—संज्ञा पुं० [सं० प्रहर] १. एक दिन का चतुर्थांश। अहोरात्र का आठवाँ भाग। तीन घटे का समय। २ समय। जमाना। युग। जैसे,—(क) कलिकाल का पहर न है? (ख) किसी का क्या दोष, पहर ही ऐसा चढ़ा है।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—लगना।

पहरना†—क्रि० स० [सं० प्रधारण] दे० 'पहनना'।

पहरा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पहर] १ किसी वस्तु या व्यक्ति के आस पास एक या अधिक आदमियों का यह देखते रहने के लिये बैठना (अथवा बैठाया जाना) कि वह निर्दिष्ट स्थान से हटने वा भागने न पावे। रक्षकनियुक्ति। रक्षा अथवा निगहबानी का प्रबंध। चौकी।

यौ०—पहरा । चौकी ।

मुहा०—पहरा बदलना = (१) नए रक्षक या रक्षकों का नियुक्ति करना । नया नियुक्त कर पुराने को छुट्टी देना । रक्षक बदलना । (२) नए रक्षकों का नियुक्त होना । रक्षा का नया प्रबंध होना । रक्षक बदलना । पहरा बैठना = किसी वस्तु या व्यक्ति के आस पास रक्षक बैठाया जाना । चौकीदार नियुक्त होना । पहरा बैठाना = चौकीदार बैठाना । रक्षक नियुक्त करना ।

२ किसी व्यक्ति या वस्तु के संबंध में यह देखते रहने की क्रिया कि वह निर्दिष्ट स्थान से हट न सके । निर्दिष्ट स्थान में किसी विशेष वस्तु या व्यक्ति की रक्षा करने का कार्य । रखवाली । हिफाजत । निगहबानी ।

यौ०—पहरा चौकी ।

मुहा०—पहरा देना = रखवाली करना । निगहबानी करना । चौकी देना । पहरा पड़ना = रक्षक बैठा रहना । संतरी या चौकीदार का किसी स्थान पर खड़ा रहना । रक्षा का प्रबंध रहना । जैसे,—उनके दरवाजे पर आठ पहर पहरा पड़ता है ।

३ उतना समय जितने में एक रक्षक अथवा रक्षकदल को रक्षा-कार्य करना पड़ता है । एक पहरेदार या पहरेदारों के एक दल का कार्यकाल । तैनाती । नियुक्ति । जैसे,—अपने पहरे भर जाग लो फिर जो आएगा वह चाहे जैसा करे ।

विशेष—एक व्यक्ति अथवा एक रक्षकदल की नियुक्ति पहले एक पहर के लिये होती थी । उसके बाद दूसरे व्यक्ति या दल की नियुक्ति होती थी और पहले को छुट्टी मिलती थी । उपर्युक्त प्रबंध, कार्य और कार्यकाल की, 'पहरा' संज्ञा होने का यही कारण जान पड़ता है ।

४ वे रक्षक या चौकीदार जो एक समय में काम कर रहे हों । एक साथ काम करते हुए चौकीदार । रक्षकदल । गारद । (क्व०) । जैसे,—(क) पहरा खड़ा है । (ख) पहरा आ रहा है । ५ चौकीदार का गश्त या फेरा । रात में निश्चित समय पर रक्षक का चक्कर या भ्रमण ।

क्रि० प्र०—पड़ना ।

६. चौकीदार की आवाज । फेरे में चौकीदार का सोतों को सावधान करने के लिये कोई वाक्य बार बार उच्च स्वर में कहना । जैसे,—आज क्या बात है जो अबतक पहरा सुनाई न दिया ? ७ पहरे में रहने की स्थिति । किसी मनुष्य की ऐसी स्थिति जिसमें उसके इर्द गिर्द रक्षक या सिपाही तैनात हों । हिरासत । हवालात । नजरबंदी ।

मुहा०—पहरे में देना = हिरासत में देना । हवालात भेजना । नजरबंद कराना । पहरे में रखना = हिरासत में रखना । हवालात में रखना । नजरबंद रखना । पहरे में होना = हिरासत में होना । नजरबंद होना । हवालात में होना । जैसे,—आज चार रोज से वे बराबर पहरे में हैं ।

७ समय । युग । जमाना । उ०—कहैं कबीर सुनो भाई साधो ऐसा पहरा आयेगा । दूध भाँजी कोई न पूछे खाली म्योत जिमावेगा ।—कबीर (शब्द०) ।

पहरा[2]—संज्ञा पुं० [हिं० पाव+रा, पाँरा] पैर रखने का ढंग । आ जाने का शुभ या अशुभ प्रभाव । पैर । जैसे,—यह का पहरा अच्छा नहीं है, जब से आई है एक न एक आफत लगी रहती है । (स्त्रियाँ) ।

मुहा०—अच्छा पहरा = ऐसा पहरा जिसमें आरंभ किया हुआ कार्य शीघ्र पूरा हो जाय । बुरा पहरा = ऐसा पहरा जिसमें आरंभ किया हुआ कार्य जल्दी समाप्त न हो । भारी पहरा = बुरा पहरा । हलका पहरा = अच्छा पहरा ।

पहराइत†—संज्ञा पुं० [हिं० पहरा+इत (प्रत्य०)] पहरैत । पहरेदार । रखवाली करनेवाला । उ०—पहराइत घर को मुसै साह न जानै कोइ । चोर आइ रक्षा करै सुंदर तब सुख होइ । —सुंदर ग्र०, भा० २, पृ० ७५६ ।

पहराना‡—क्रि० स० [हिं० पहनना] दे० 'पहनाना' ।

पहरामणी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहरावना] दे० 'पहरावनी' । उ०—तो तट दी लारी तनां पहरामणी पुराण । —बाँकी ग्र०, भा० १, पृ० ८० ।

पहरावनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहरावना] वह पहनावा या पोशाक जो कोई व्यक्ति किसी पर प्रसन्न होकर उसे दान करे । वह पोशाक जो कोई बड़ा छोटे को दे । सिरपाव । उ०—पठावनी पहरावनी, ब्राह्मन भोजन सब भली भाँति सो कियो । —दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १२ ।

पहरावा—संज्ञा पुं० [हिं० पहनना] दे० 'पहनावा' ।

पहरी—संज्ञा पुं० [सं० प्रहरी] १ पहरेदार । चौकीदार । रक्षक । पहरा देनेवाला । २ एक जाति जिसका काम पहरा देना होता था ।

विशेष—आजकल इस जाति के लोग विविध व्यवसाय और कामधंधे में लगे हैं । परंतु प्राचीन समय में इस जाति के लोग विशेषतः पहरा देने का ही काम करते थे । गाँव में रहनेवाले पहरी अबतक अधिकतर चौकीदार ही होते हैं । ये लोग सूअर भी पालते हैं । प्रायः चतुर्वर्ण के हिंदू इनका स्पर्श किया हुआ जल नहीं पीते ।

पहरुआ†—संज्ञा पुं० [हिं० पहरा] दे० 'पहरू' । उ०—कल नहि लेत पहरुआ कबहु विधि जाइब हो ।—धरम०, पृ० ६४ ।

पहरू—संज्ञा पुं० [हिं० पहरा+ऊ (प्रत्य०)] पहरा देनेवाला । चौकीदार । रक्षक । पहरी । संतरी । उ०—दसवाँ पुरुष घोर अँधियारी, पहरू करत है जाग । —कुतुबी० ग्र०, पृ० ७ ।

पहरेदार—संज्ञा पुं० [हिं० पहरा] पहरा देनेवाला संतरी । प्रहरी ।

पहरेदारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहरेदार] पहरा देने का काम । चौकीदारी ।

पहल[1]—संज्ञा पुं० [फा० पहलू, सं० पक्ष] १ किसी पदार्थ के तीन या अधिक कोनों वाले कोने के बीच की समतल

भूमि। किसी वस्तु की लंबाई चौडाई और मोटाई अथवा गहराई के कोनो अथवा रेखाओं से विभक्त समतल अश। किसी लवे चौडे और मोटे अथवा गहरे पदार्थ के बाहरी फैलाव की बँटी हुई सतह पर का चौरस कटाव या बनावट। बगल। पहलू। बाजू। तरफ। जैसे, खभे के पहल, डिबिया के पहल, आदि।

क्रि० प्र०—काटना।—तराशना।—बनाना।

यौ०—पहलदार। चौपहल। अठपहल।

मुहा०—पहल निकालना = पहल बनाना। किसी पदार्थ के पृष्ठ देश या बाहरी सतह को तराश या छीलकर उसमें त्रिकोण, चतुष्कोण, षट्कोण आदि पैदा करना। पहल तराशना।

२ धुनी रूई या ऊन की मोटी और कुछ कडी तह या परत। जमी हुई रूई अथवा ऊन। रजाई तोशक आदि मे भरी हुई रूई की परत। ३ रजाई तोशक आदि से निकाली हुई पुरानी रूई जो दबने के कारण कडी हो जाती है। पुरानी रूई। ५\४. तह। परत। उ०—मायके के सखी सो मँगाइ फूल मालती के चादर सों ढाँपै छ्वाइ तोसक पहल में।—रघुनाथ (शब्द०)।

पहल[२]—सज्ञा पुं० [हिं० पहला] किसी कार्य, विशेषत ऐसे कार्य का आरभ जिसके प्रतिकार या जवाब में कुछ किए जाने की सभावना हो। छेड। जैसे,—इस मामले में पहल तो तुमने ही की है, उनका क्या दोष ?

पहलदार—वि० [हिं० पहल + फा० दार] जिसमे पहल हो। पहलूदार। जिसमें चारों ओर अलग अलग बँटी हुई सतहें हो।

पहलनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहल] सोनारों का औजार जिसमें कोढ़े को पहनाकर उसे गोल करते हैं। यह लोहे का होता है।

पहलवान—सज्ञा पुं० [फा०] [सज्ञा पहलवानी] १ कुश्ती लडनेवाला बली पुरुष। कुश्तीबाज। बलवान और दावँपेंच मे अभ्यस्त। मल्ल। २ पहलवान तथा डीलडौलवाला। वह जिसका शरीर यथेष्ट हृष्ट पुष्ट और बलसयुक्त हो। मोटा तगडा और ठोस शरीर का आदमी। जैसे,—वह तो खासा पहलवान दिखाई पडता है।

पहलवानी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ कुश्ती लडने का काम। कुश्ती लडना। २ कुश्ती लडने का पेशा। मल्ल व्यवसाय। जैसे,—उनके यहाँ तीन पीढ़ियो से पहलवानी होती आ रही है। ३ पहलवान होने का भाव। बल की अधिकता और दावँ पेंच आदि में कुशलता। शरीर, बल और दावँ पेंच आदि का अभ्यास। जैसे,—मुकाबिला पडने पर सारी पहलवानी निकल जायगी।

पहलवी—सज्ञा पुं० [फा०] दे० 'पह्लवी'। उ०—जैसे पश्चिमी की क्रमश पुरानी पारसी पहलवी वा वर्तमान फारसी और पश्तो आदि है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३७७।

पहला[१]—वि० [सं० प्रथम, प्रा० पहिल्लो] [स्त्री० पहली] जो क्रम के विचार से आदि में हो। किसी क्रम (देश या काल) में प्रथम गणना में एक के स्थान पर पडनेवाला। एक की सख्या का पूरक। घटना, अवस्थिति, स्थापना आदि के विचार से जिसका स्थान सबसे आगे हो। प्रथम। औवल। जैसे, पानीपत का पहला युद्ध, ग्रथमाला की पहली पुस्तक, पाँत का पहला आदमी आदि।

पहला†[२]—सज्ञा पुं० [हिं० पहल] जमी हुई पुरानी रूई। पहल।

पहलाद†—सज्ञा पुं० [सं० प्रह्लाद] दे० 'प्रहलाद'। उ०—चद मरै सूरज मरै, मरिहै जिमीं अकास। ध्रू पहलाद भभीषना, परे काल की फाँस।—घट०, पृ० २३५।

पहलुक†—वि० [हिं० पहले] पहले का। प्राथमिक। उ०—पहलुक परिचय पेम क सचय, रजनी आध समाजे।—विद्यापति, पृ० ६०।

पहलू—सज्ञा पुं० [फा०] १ शरीर में काँख के नीचे वह स्थान जहाँ पसलियाँ होती हैं। बगल और कमर के बीच का वह भाग जहाँ पसलियाँ होती हैं। कक्ष का अधोभाग। पार्श्व। पाँजर।

मुहा०—(किसी का) पहलू गरम करना = किसी के शरीर से विशेषत प्रेयसी या प्रेमपात्र का प्रेमी के शरीर से सटकर बैठना। किसी के पहलू से अपना पहलू सटा या लगाकर बैठना। किसी के अति समीप बैठकर उसे सुखी करना। (किसी से) पहलू गरम करना = किसी को विशेषत प्रेयसी या प्रेमपात्र को शरीर से सटाकर बैठाना। किसी को अपनी बगल में इस प्रकार बैठाना कि उसका पहलू अपने पहलू से लगा रहे। मुहब्बत में बैठाना। पहलू में बैठना = किसी के पहलू से अपना पहलू लगाकर बैठना। किसी का पहलू गरम करना = बिलकुल सटकर बैठना। अति समीप बैठना। पहलू में बैठाना = किसी के पहलू को अपने पहलू से लगाकर बैठाना। बिलकुल सटाकर बैठाना। अति समीप बैठाना। पहलू में रहना = पहलू में बैठा रहना। पहलू गरम करना। लग या सटकर रहना। आस पास रहना। अति समीप रहना।

२ किसी वस्तु का दायाँ अथवा बायाँ भाग। पार्श्व भाग। बाजू। बगल। ३ सेना का दाहना या बायाँ भाग। सैन्यपार्श्व। फौज का पहलू। जैसे,—वह अपने दो हजार सवारो के साथ शत्रुसेना के दाएँ पहलू पर बाज की तरह टूट पडा।

मुहा०—पहलू दबाना = (१) आक्रमणकारी सेना का विपक्षी की सेना अथवा नगर के एक ओर बराबर में पहुँच जाना या जा पडना। अपनी सेना को बढ़ाते हुए विपक्ष की सेना के या नगर के दाहने या बाएँ पहुँच जाना। शत्रु की सेना या नगर पर एक ओर से आक्रमण कर देना। जैसे,—सायकाल से कुछ पहले ही उसने शाही फौज का पहलू जा दबाया। (२) अपनी सेना के एक पहलू को कुछ पीछे रखते और दूसरे को आगे करते हुए, चढ़ाई में आगे बढ़ना। एक पहलू को दबाते और दूसरे को उभारते हुए आगे बढना। पहलू बचाना = (१) मुठ भेड बचाते हुए निकल जाना। कतराकर

निकल जाना। (२) किसी काम से जी चुराना। टाल जाना। जैसे,—जब जब ऐसा मौका आता है तब तब आप पहलू बचा जाते हैं। पहलू पर होना = सहायक होना। मददगार होना। पक्ष पर होना। जैसे,—तुम्हारे पहलू पर आज कौन है?

४ करवट। बल। दिशा। तरफ। जैसे,—(क) किसी पहलू चैन नहीं पड़ता। (ख) हर पहलू से देख लिया, चीज अच्छी है। ५ पड़ोस। आसपास। किसी के अति निकट का स्थान। पार्श्व।

मुहा०—पहलू बसाना = किसी के समीप में जा रहना। पड़ोस आबाद करना। पड़ोसी बनना।

६ [वि० पहलूदार] किसी वस्तु के पृष्ठ देश पर का समतल कटाव। पहल। जैसे, इस खंभे में आठ पहलू निकालो।

क्रि० प्र०—तराशना।—निकालना।

७ विचारणीय विषय का कोई एक अंग। किसी वस्तु के संबंध में उन बातों में से एक जिनपर अलग अलग विचार किया जा सकता हो अथवा करने का प्रयोजन हो। किसी विषय के उन कई रूपों में से एक जो विचारदृष्टि से दिखाई पड़े। गुण, दोष, भलाई, बुराई आदि की दृष्टि से किसी वस्तु के भिन्न भिन्न अंग। पक्ष। जैसे,—(क) अभी आपने इस मामले के एक ही पहलू पर विचार किया है और पहलुओं पर भी विचार कर लीजिए तब कोई मत स्थिर कीजिए। (ख) उठ चलने का सोचता था पहलू। —नसीम (शब्द०)। ८ संकेत। गुप्त सूचना। गूढ़ाशय। वाक्य का ऐसा आशय जो जान बूझकर गुप्त रखा गया हो और बहुत सोचने पर खुले। किसी वाक्य या शब्द के साधारण अर्थ से भिन्न और किंचित् छिपा हुआ दूसरा अर्थ। ध्वनि। व्यंग्यार्थ। उ०—खोटी बातें हैं और पहलूदार। हाँ तेरे दिल में सीमवर है।—अज्ञातकवि (शब्द०)। ९. युक्ति। ढंग। तरकीब (को०)। १० बहाना। मिस। व्याज (को०)।

पहले—अव्य० [हिं० पहला] १ आरंभ में। सर्वप्रथम। आदि में। शुरू में। जैसे,—यहाँ आने पर पहले आप किसके यहाँ गए?

यौ०—पहले पहल।

२ देशक्रम में प्रथम। स्थिति में पूर्व। जैसे,—उनका मकान मेरे मकान से पहले पड़ता है। ३ कालक्रम में प्रथम। पूर्व में। आगे। पेश्तर। जैसे—(क) पहले नमकीन खा लो तब मीठा खाना। (ख) यहाँ आने के पहले आप कहाँ रहते थे? ४ बीते समय में। पूर्वकाल में। गत काल में। अगले जमाने में। जैसे—(क) पहले ऐसी बातें सुनने में भी नहीं आती थीं। (ख) अजी पहले के लोग अब कहाँ हैं?

पहलेज—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का खरबूजा जो कुछ लंबोतरा होता है। यह स्वाद में गोल खरबूजे की अपेक्षा कुछ हीन होता है।

पहले पहल—अव्य० [हिं० पहले] पहली बार। सबसे पहले। सर्वपूर्व। सर्वप्रथम। केवल या पहली मरतबा। जैसे,—जब मैंने पहले पहल आपके दर्शन किए थे तबसे आप बहुत कुछ बदल गए हैं।

पहलौंठा—वि० [हिं० पहला+औंठा (प्रत्य०)] दे० 'पहलौठा'।

पहलौंठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहला+औंठी (प्रत्य०)] दे० 'पहलौठी'।

पहलौठा—वि० [हिं० पहला+औठा (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० पहलौठी] पहली बार के गर्भ से उत्पन्न (लड़का)। प्रथम गर्भजात।

पहलौठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहलौठा] सबसे पहली जनन क्रिया। सबसे पहले गर्भमोचन। प्रथम प्रसव। पहले पहल बच्चा जनना। जैसे—यह उनका पहलौठी का लड़का है।

पहा‡—संज्ञा पुं० [सं० प्रभा, या देश०] १ ज्योति। प्रकाश। २ प्रतिज्ञा। प्रण (लाक्ष०)। उ०—नेम धारियो नरेम पहा न को चढ़ै पेस। देख कहैं सको देम खत्री बीज गयो खेस।—रघु० रू०, पृ० ७६।

पहाऊ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रभात] प्रभाती। भोर के समय गाया जानेवाला गीत। उ०—सुंदरदास पहाऊ गावैं मांगत इहैं जु दरसन पावैं।—सुंदर० ग्रं०, भा० २ पृ० ८५०।

पहाड़—संज्ञा पुं० [सं० पाषाण] [स्त्री० अल्पा० पहाड़ी] १ पत्थर, चूने, मिट्टी आदि की चट्टानों का ऊँचा और बड़ा समूह जो प्राकृतिक रीति से बना हो। पर्वत। गिरि। (विशेष विवरण के लिये दे० 'पर्वत')।

मुहा०—पहाड़ उठाना = (१) भारी काम सिर पर लेना। (२) भारी काम पूरा करना। पहाड़ कटना = बहुत भारी और कठिन काम हो जाना। ऐसे काम का हो जाना जो असंभव जान पड़ता रहा हो। बड़ी भारी कठिनाई दूर होना। संकट कटना। पहाड़ काटना = असंभव कार्य कर डालना। बहुत भारी काम कर डालना। ऐसा काम कर डालना जिसके होने की बहुत कम आशा रही हो। संकट से पीछा छुड़ाना। पहाड़ टूटना या टूट पड़ना = अचानक कोई भारी आपत्ति आ पड़ना। महान संकट उपस्थित होना। एकाएक भारी मुसीबत आ पड़ना। जैसे,—बैठे बैठाए बेचारे पर पहाड़ टूट पड़ा। पहाड़ से टक्कर लेना = अपने से बहुत अधिक बलवान् व्यक्ति से शत्रुता ठानना। बड़े से वैर करना। जबरदस्त से मुकाबिला करना। पहाड़ों से सिर टकराना = अपने से बहुत बड़े शक्तिमान् से संघर्ष मोल लेना। उ०—अब आप पहाड़ों से सिर टकराइए।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १७६।

२ किसी वस्तु का बहुत भारी ढेर। किसी वस्तु का बहुत बड़ा समूह। पहाड़ के समान ऊँची राशि या ढेर। जैसे,—बात की बात में वहाँ पुस्तकों का पहाड़ लग गया।

पहाड़—वि० १ पहाड़ की तरह भारी (चीज)। बहुत बोझल (चीज)। अतिशय गुरु (वस्तु)। जैसे,—तुम्हें तो पाव भर का बोझ भी पहाड़ मालूम पड़ता है। २ (वह) जिससे निस्तार न हो सके। (वह) जिसको समाप्त या शेष न कर सकें। जैसे,—(क) आज की रात हमारे लिये पहाड़ हो

गई है। (ख) यह कन्या हमारे लिये पहाड हो गई है। ३ अति कठिन (कार्य)। अति दुष्कर (काम)। दुस्साध्य (कर्म)। जैसे,—तुम तो हर एक काम ही को पहाड समझते हो।

पहाड़ा—सज्ञा पुं० [सं० प्रस्तार ? या हिं० पहाड़] किसी अक के गुणनफलो की क्रमागत सूची या नक्शा। किसी अक के एक से लेकर दस तक के साथ गुणा करने के फल जो सिलसिले के साथ दिए गए हो। गुणनसूची। जैसे, दो का पहाडा, चार का पहाडा, आदि।

क्रि० प्र०—पढ़ना।—याद करना।—लिखना।—सुनाना।

पहाड़िया†—वि० [हिं० पहाड़+इया (प्रत्य०)] दे० 'पहाडी'।

पहाड़ी[1]—वि० [हिं० पहाड़+ई (प्रत्य०)] १ पहाड पर रहने या होनेवाला। जो पहाड पर रहता या होता हो। जैसे,—पहाडी जातियाँ, पहाडी मैना, पहाडी आलू। २ पहाड सबधी। जिसका पहाड से सबध हो। जैसे, पहाडी नदी, पहाडी देश।

पहाड़ी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहाड+ई (प्रत्य०)] १ छोटा पहाड। २ पहाड के लोगो की गाने की एक धुन। ३ सपूर्ण जाति की एक प्रकार की रागिनी जिसके गाने का समय आधी रात है।

पहाड़ी[3]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहाड या सं० पर्पटी] एक प्रकार की ओषधि जिसे पर्पटी या जनी भी कहते हैं। वि० दे० 'जनी'।

पहाड़ी इंद्रायन—सज्ञा पुं० [हिं० पहाड़ी+ई (प्रत्य०)+इंद्रायन] एक प्रकार का खीरा जिसे ऐरालू भी कहते हैं। वि० दे० 'ऐरालू'।

पहाड़ुआ[1]—सज्ञा पुं० [देश०] बच्चो का एक प्रकार का खेल जिसे 'आनापानी' भी कहते हैं।

पहाड़ुआ[2]—वि० [हिं० पहाड+उआ (प्रत्य०)] पहाड सबधी पहाड का। पहाड़ी।

पहारा†[1]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पहाड़'। उ०—पाप पहार प्रगट भइ सोई। भरी क्रोध जल जाइ न जोई।—मानस, २।३४।

पहार[2]—सज्ञा पुं० [स० प्रहार, प्रा० पहार] आघात। प्रहार। उ०—हलमिलग सेन वे वाह बीर। बरसें अनग अज्जत धीर। माचत कूह बजि लोह सार। जुट्टत सूर करि रिन पहार।—पृ० रा०, १।६५९।

पहारा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पहाडा'।

पहारी[1]—वि० [हिं० पहाड़] दे० 'पहाड़ी'।

पहारी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहाड़] दे० 'पहाडी'।

पहारूⓊ[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पहाड़] दे० 'पहाड़'। उ०—जोवन गरुअ अपेल पहारू।—जायसी ग्र०, पृ० २३५।

पहारू[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पहरा] पहरेदार। रक्षक। पाहरू। उ०—जेहि जिउ महँ होइ सत्त पहारू। परै पहार न बाँके बारू।—जायसी (शब्द०)।

पहिचान—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पहचान'।

पहिचानना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहचानना'।

पहिता†—सज्ञा स्त्री० [स० प्रहित (= सालन)] दाल। पकी हुई दाल। उ०—दधि मधु मिठाई खीर पटरस विविध व्यजन जे सवै। लाडू जलेवी पहित भात सुभाँति सिद्ध किए तवै।—पद्माकर (शब्द०)।

पहिती—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रहित] दे० 'पहित'। उ०—मूँग माष अरहर की पहिती। चनक कनक मम दारी जी।—रघुराज (शब्द०)।

पहिनना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहनना'।

पहिनाना—क्रि० स० [हिं० पहिनना] दे० 'पहनाना'।

पहिनावा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पहनावा'।

पहियड़ा†—सज्ञा पुं० [सं० पथिक, प्रा० पहिय+ड़ा (प्रत्य०)] दे० 'पथिक'। उ०—मारू मारइ पहियडा जउ पहिरइ सोवन्न। दती, चूडइ मोतियाँ भीयाँ हेक वरन्न।—ढोला०, दू० १५७।

पहियाँⓊ†—अव्य० [हिं० पहँ] दे० 'पहँ'। उ०—कहँ कवि तोप जब जैसो जैसो कीन्हो अब कहत न बतियाँ वै, तैसी हम पहियाँ।—तोप (शब्द०)।

पहिया—सज्ञा पुं० [सं० परिधि ?] १ गाडी, इजन अथवा अन्य किसी कल में लगा हुआ लकडी या लोहे का वह चक्कर जो अपनी धुरी पर घूमता है और जिसके घूमने पर गाडी या कल भी चलती है। गाडी या कल में वह चक्राकार भाग जो गाडी या कल के चलने मे घूमता है। चक्का। चक्र। उ०—भीगे पहिया मेह में रथ ही देत बताय। नीर भरे बदरान पै अब पहुँचे हम आय।—शकुतला, पृ० १३४। २. किसी कल का वह चक्राकार भाग जो धुरी पर घूमता है, एव जिसके घूमने से समस्त कल को गति नही मिलती किंतु उसके अश विशेष अथवा उससे सबद्ध अन्य वस्तु या वस्तुओ को मिलती है। चक्कर।

विशेष—यद्यपि धुरी पर घूमनेवाले प्रत्येक चक्र को पहिया कहना उचित होगा तथापि बोलचाल मे किसी चलनेवाली चीज अथवा गाडी के जमीन से लगे हुए चक्र को ही पहिया कहते हैं। घडी के पहिए और प्रेस या मिल के इजन के पहिए आदि को, जिनसे सारी कल को नहीं, उसके भागविशेष अथवा उससे सबद्ध अन्य वस्तुओ को गति मिलती है, साधारणत चक्का कहने की चाल है। पहिया कल का अधिक महत्वपूर्ण अग है। उसका उपयोग केवल गति देने मे ही नही होता, गति का घटाना बढ़ाना, एक प्रकार की गति से दूसरे प्रकार की गति उत्पन्न करना, आदि कार्य भी उससे लिए जाते हैं। पुट्ठी आरा, वेलन, आवन, धुरा, खोपडा, तितुला, लाग, हाल आदि गाडी के पहिए के खास खास पुर्जे हैं। इन सबके सयोग से यह बनता और काम करता है। इनके विवरण मूल शब्दों में देखो।

पहियाह†—सज्ञा पुं० [सं० पथिक, प्रा० पहिय] दे० 'पथिक'। उ०—नरवर देस सुहामणउ, जइ जावउ पहियाह।—ढोला०, दू० ११०।

पहिरन†—सज्ञा पुं० [हिं० पहिरना] पहनकर उतारा हुआ वस्त्र।

संयो० क्रि०—जाना।

६ समझने में समर्थ होना। किसी विषय की कठिन बातों के समझने की सामर्थ्य रखना। दूर तक बूझना। जानकारी रखना। जैसे,—(क) कानून में ये अच्छा पहुँचते हैं। (ख) इस विषय में वे कुछ भी नहीं पहुँचते।

मुहा०—पहुँचनेवाला = पता वा खबर रखनेवाला। जानकार। भेद या रहस्य जानने मे समर्थ। छिपी बातो का ज्ञान रखनेवाला। जैसे,—वह बडा पहुँचनेवाला है, उससे यह बात अधिक दिनो छिपी न रहेगी। पहुँचा हुआ = (१) जिसे सब कुछ मालूम हो। गुप्त और प्रकट सब का जाननेवाला। अभिज्ञ। पता रखनेवाला। (२) दक्ष। निपुण। उस्ताद।

७ आई अथवा भेजी हुई चीज किसी को मिलना। प्राप्त होना। मिलना। जैसे,—खबर पहुँचना, सलाम पहुँचना। ८ परिणाम के रूप मे प्राप्त होना। अनुभव में आना। अनुभूत होना। जैसे,—(क) आपके वचनो से मुझे बडा सुख पहुँचा। (ख) आपकी दवा से उन्हें कोई लाभ नही पहुँचा। ९ किसी विषय मे किसी के बराबर होना। समकक्ष होना। तुल्य होना। जैसे,—किसी हिंदी कवि की कविता तुलसीदास की कविता को नही पहुँचती।

पहुँचा—सज्ञा पुं० [सं० प्रकोष्ठ][सज्ञा स्त्री० **पहुँची**] हाथ की कुहनी के नीचे का भाग। बाहु के नीचे का वह भाग जो जोड पर मोटा और आगे की ओर पतला होता है। अग्रबाहु और हथेली के बीच का भाग कलाई। गट्टा। मणिबंध।

मुहा०—पहुँचा पकडना=बलात् कुछ माँगने, पूछने अथवा तकाजा या झगडा करने के लिये किसी को रोक रखना। जैसे,—जब तुमने किसी का कर्ज नही खाया है तब तुम्हारा पहुँचा कौन पकड सकता है ?

पहुँचाना—क्रि० स० [हिं० पहुँच का सकर्मक रूप] १ किसी वस्तु या व्यक्ति को एक स्थान से ले जाकर दूसरे स्थान पर प्राप्त या प्रस्तुत कराना। किसी उद्दिष्ट स्थान तक गमन कराना। उपस्थित कराना। ले जाना। जैसे,—उनका नौकर मेरी किताब पहुँचा गया। २ किसी के साथ जाना। किसी के साथ इसलिये जाना जिसमे वह अकेला न पडे। शिष्टाचार के लिये भी ऐसा किया जाता है। उ०—जरा आप ही चलकर मुझे वहाँ पहुँचा आइए।

संयो० क्रि०—देना।

३ किसी को स्थिति विशेष मे प्राप्त कराना। किसी को विशेष अवस्था तक ले जाना। जैसे,—(क) उन्हें इस उच्च पद तक पहुँचानेवाले आप ही हैं। (ख) उन्होंने चिकित्सा न करके अपने भाई को इस दुरवस्था को पहुँचा दिया।

संयो० क्रि०—देना।

४ प्रविष्ट कराना। घुसाना। बैठाना। जैसे,—आँखों मे तरी पहुँचाना, बरतन की पेंदी में गरमी पहुँचाना। ५ कोई चीज लाकर या ले जाकर किसी को प्राप्त कराना। जैसे,—सध्या तक यह खबर उन्हें पहुँचा देना। ६ परिणाम के रूप में प्राप्त कराना। अनुभव कराना। जैसे,—(क) उन्होने अपने उपदेशो से मुझे बडा लाभ पहुँचाया। (ख) आपकी लापरवाही ने उन्हे बहुत हानि पहुँचाई। ७. किसी विषय मे किसी के बराबर कर देना। समकक्ष कर देना। समान बना देना।

संयो० क्रि०—देना।

पहुँची—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहुँचा] हाथ की कलाई पर पहनने का एक आभूषण जिसमे बहुत से गोल या कँगूरेदार दाने कई पक्तियो मे गूँथे हुए होते हैं। उ०—पग नूपुर औ पहुँची कर कजन, मजु बनी मनिमाल हिए। नव नील कलेवर पीत झँगा झलकैं पुलकैं नृप गोद लिए। —तुलसी ग्रं०, पृ० १५५। २ युद्ध काल में कलाई पर उसकी रक्षा के लिये, पहनने का लोहे का एक प्रकार का आवरण। उ०—सजे सनाहट पहुँची टोपा। लोहसार पहिरे सब ओपा। —जायसी (शब्द०)।

पहु[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रभु, प्रा० पहु] प्रभु। प्रिय। स्वामी। उ०—कौन गुन पहु परबस भेल सजनी, बुझलि तनिक भल मद। —विद्यापति, पृ० १२६।

पहु[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रभा] दे० 'पौ'। उ०—पहु फट्टत सवितर उवत, पहुवर मिल्लव धाय। —प० रासो, पृ० १४१।

पहुनई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहुनाई] दे० 'पहुनाई'। उ०—बारबार पहुनई ऐहैं राम लखन दोऊ भाई। —तुलसी (शब्द०)।

पहुना†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पाहुना'।

पहुनाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहुना+ई (प्रत्य०)] किसी के पाहुने होने का भाव। अतिथि रूप मे कही जाना या आना। मेहमान होकर जाना या आना।

क्रि० प्र०—आना। —जाना।

मुहा०—पहुनाई करना = दूसरो के यहाँ खाते फिरना। आतिथ्य पर चैन करना। भोज या दावतें उडाना। जैसे,—आजकल तो तुम खूब पहुनाई करते हो।

२ आए हुए व्यक्ति का भोजन पान आदि से सत्कार करना। अतिथिसत्कार। मेहमानदारी। खातिर तवाजा। उ०—(क) घर गुरु गृह प्रिय सदन सासुरे भइ जहँ जहँ पहुनाई। —तुलसी (शब्द०)। (ख) विविध भाँति होइहि पहुनाई। —तुलसी (शब्द)।

पहुनो—सज्ञा स्त्री० [हिं० पहुनाई] दे० 'पहुनाई'।

पहुन्नी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] वह पच्चर जो पल्ला या धरन आदि चीरते समय चिरे हुए अश के बीच मे इसलिये दे देते हैं कि आरे के चलाने के लिये यथेष्ट अतर रहे।

पहुप(पुष्प)†—सज्ञा पुं० [सं० पुष्प] दे० 'पुष्प'। उ०—अहो ब्रह्म मैं सपना देखा। बादल उमग पहुप की रेखा। —कबीर सा०, पृ० ६०।

पहुम—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पुहमी'।

पहुमि—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पुहमी'। उ०—दीखति शैल शिखर

पह्लव—सज्ञा पुं० [स०] १. एक प्राचीन जाति। प्राय प्राचीन पारसी या ईरानी।

विशेष—मनुस्मृति, रामायण, महाभारत आदि प्राचीन पुस्तको में जहाँ जहाँ खस, यवन, शक, कावोज, वाह्लीक, पारद आदि भारत के पश्चिम में वसनेवाली जातियो का उल्लेख है वहाँ वहाँ पह्लवो का भी नाम आया है उपर्युक्त तथा अन्य सस्कृत ग्रथो में पह्लव शब्द सामान्य रीति से पारस निवासियो या ईरानियों के लिये व्यवहृत हुआ है मुसलमान ऐतिहासिकों ने भी इसको प्राचीन पारसीको का नाम माना है। प्राचीन काल मे फारस के सरदारो का 'पहलवान' कहलाना भी इस वात का समर्थक है कि पह्लव पारसीकों का ही नाम है। शाशनीय सम्राटो के समय में पारस की प्रधान भाषा और लिपि का नाम पह्लवी पड चुका था। तथापि कुछ युरोपीय इतिहासविद् 'पह्लव' सारे पारस निवासियो की नही केवल पार्थिया निवासियो पारदों—की अपभ्र श सज्ञा मानते हैं। पारस के कुछ पहाडी स्थानो में प्राप्त शिलालेखो मे 'पार्थव' नाम की एक जाति का उल्लेख है। डा० हाग आदि का कहना है कि यह 'पार्थव' पार्थियस (पारदो) का ही नाम हो सकता है और 'पह्लव' इसी पार्थव का वैसा ही फारसी अपभ्र श है जैसा आवेस्ता के मिथ्र (वै० मित्र) का मिहिर। अपने मत की पुष्टि में ये लोग दो प्रमाण और भी देते हैं। एक यह कि अरमनी भाषा के ग्रथो मे लिखा है कि अरसक (पारद) राजाओ की राज-उपाधि 'पह्लव' थी। दूसरा यह कि पार्थियावासियो को अपनी शूर वीरता और युद्धप्रियता का वडा घमड था, और फारसी के 'पहलवान' और अरमनी के 'पहलवीय' शब्दो का अर्थ भी शूरवीर और युद्धप्रिय है। रही यह वात कि पारसवालो ने अपने आपके लिये यह सज्ञा क्यों स्वीकार की और आसपास वालो ने उनका इसी नाम से क्यों उल्लेख किया। इसका उत्तर उपर्युक्त ऐतिहासिक यह देते हैं कि पार्थियावालों ने पाँच सौ वर्ष तक पारस में राज्य किया और रोमनों आदि से युद्ध करके उन्हें हराया। ऐसी दशा में 'पह्लव' शब्द का पारस से इतना घनिष्ठ सवध हो जाना कोई आश्चर्य की वात नही है। सस्कृत पुस्तको मे सभी स्थलों पर 'पारद' और 'पह्लव' को अलग अलग दो जातियाँ मानकर उनका उल्लेख किया गया है। हरिवश पुराण में महाराज सगर के द्वारा दोनो की वेशभूषा अलग अलग निश्चित किए जाने का वर्णन है। पह्लव उनकी आज्ञा से 'श्मश्रुधारी' हुए और पारद 'मुक्तकेश' रहने लगे। मनुस्मृति के अनुसार 'पह्लव' पारद, शक आदि के समान आदिम क्षत्रिय थे और ब्राह्मणो के अदर्शन के कारण उन्ही की तरह सस्कारभ्रष्ट हो शूद्र हो गए। हरिवश पुराण के अनुसार महाराज सगर ने इन्हें वलात् क्षत्रियधर्म से पतित कर म्लेच्छ वनाया। इसकी कथा यों है कि हैहयवशी क्षत्रियो ने सगर के पिता वाहु का राज्य छीन लिया था। पारद, पह्लव, यवन, कांवोज आदि क्षत्रियों ने हैहयवशियों की इस काम मे सहायता की थी। सगर ने समर्थ होने पर हैहयवशियो को हराकर पिता का राज्य वापस लिया। उनके सहायक होने के कारण 'पह्लव' आदि भी उनके कोपभाजन हुए। ये लोग राजा सगर के भय से भागकर उनके गुरु वशिष्ठ की शरण गए। वशिष्ठ ने इन्हे अभयदान दिया। गुरु का वचन रखने के लिये सगर ने इनके प्राण तो छोड दिए पर धर्म ले लिया, इन्हें क्षात्रधर्म से वहिष्कृत करके म्लेच्छत्व को प्राप्त करा दिया। वाल्मीकीय रामायण के अनुसार 'पह्लवो' की उत्पत्ति वशिष्ठ की गौ शवला के हुँभारव (रँभाने) से हुई है। विश्वामित्र के द्वारा हरी जाने पर उसने वशिष्ठ की आज्ञा से लडने के लिये जिन अनेक क्षत्रिय जातियो को अपने शब्द से उत्पन्न किया 'पह्लव' उनमे पहले थे।

२ एक प्राचीन देश जो 'पह्लव' जाति का निवासस्थान था। वर्तमान पारस या ईरान का अधिकांश।

विशेष—फारसी कोशो मे 'पह्लव' प्राचीन पारस के अतर्गत एक प्रदेश तथा नगर का नाम है। कुछ लोगों के मत से इस्फाहान, राय, हमदान, निहावद और आजरवायजान का सम्मिलित भूभाग ही उस काल का 'पह्लव' प्रदेश है। पर ऐसा होने से 'पह्लव' को मीडिया या माद का ही नामांतर मानना पडेगा। परतु किसी भी पारसी या अरव इतिहास लेखक ने उसका 'पह्लव' के नाम से उल्लेख नहीं किया है। पारद और पह्लव को एक कहनेवाले युरोपीय विद्वान् 'पह्लव' को पार्थिया प्रदेश का ही फारसी नाम मानते हैं। सस्कृत पुस्तकों मे जिस तरह जाति के अर्थ मे 'पह्लव' का साधारणत. पारस निवासियो के लिये प्रयोग हुआ है उसी तरह देश अर्थ में भी मोटे प्रकार से पारस के लिये ही उसका व्यवहार हुआ है।

पह्लवी—सज्ञा स्त्री० [फा० अथवा सं० पह्लव] फारस या ईरान की एक प्राचीन भाषा। अति प्राचीन पारसी या जेंद अवस्ता की भाषा और आधुनिक फारसी के मध्यवर्ती काल की फारस की भाषा।

विशेष—पारसियो के प्राचीन धार्मिक और ऐतिहासिक ग्रथ इसी भाषा में मिलते हैं। उनकी मूल धर्मपुस्तक 'जेंद अवस्ता' की टीका और अनुवाद आदि के रूप मे जितनी प्राचीन पुस्तकें मिलती हैं, अधिकाश सभी इसी भाषा में हैं। शाशान वशीय सम्राटो के समय मे यही राजकाज की भाषा थी। अत इसकी उत्पत्ति का काल पारद सम्राटो का शासनकाल हो सकता है। इस भाषा मे सेमिटिक शब्दो की वहुत भरमार है। शाशानीय काल के पहले की पह्लवी में ये शब्द और भी अधिक हैं। इसमें व्यवहृत प्राय समस्त सर्वनाम, अव्यय, क्रियापद, वहुत से क्रियाविशेषण और सज्ञापद अनार्य या शामी हैं। इसके लिखने की दो शैलियाँ थी। एक में शामी शब्दो की विभक्तियाँ भी शामी होती थीं, दूसरी मे शामी शब्दो के साथ खाल्दीय विभक्ति लगती थी। इन दोनो रीतियो में यह भी प्रभेद था कि पहली में क्रियापदो का कोई रूपातर न होता था परतु दूसरी में उनके साथ अनेक प्रकार के पारसी प्रत्यय जोडे जाते थे। पह्लवी ग्रथसमूह मुख्यत दो भागो मे विभक्त हैं।

एक भाग अवस्ता शास्त्र का अनुवाद मात्र है। दूसरे भाग के ग्रथो में धर्म की व्याख्या और ऐतिहासिक उपाख्यान हैं। शामी शब्दों की अधिकता और विशेषत उपर्युक्त शैलीभेद के कारण कुछ विद्वान यह मानने लगे हैं कि पह्लवी किसी काल मे किसी जाति की बोलचाल की भाषा नही थी, पारसवालों ने जब शामी (यहूदी अरब) लोगो से लिपिविद्या सीखी और शामी वर्णमाला के द्वारा वे अपनी भाषा लिखने लगे उस समय उन लोगों ने अपनी भाषा के उन सब शब्दो को लिखने का प्रयास नही किया जिसके समानार्थक शब्द उन्हें शामी भाषा मे मिल सके। ऐसे शब्द उन्होने शामी के ही ज्यो के त्यो उठाकर अपनी भाषा मे धर लिए। पर वे लिखते तो थे शामी शब्द और पढते उस शब्द का सामानार्थक अपनी भाषा का शब्द। जैसे, वे लिखते 'मालिक' जिसका अर्थ शामी में राजा है और पढ़ते थे अपनी भाषा का 'शाह' शब्द। बहुत दिनो तक इस प्रकार लिखते पढ़ते रहने से जिस विलक्षण सकर भाषा का गठन हुआ वही उक्त विद्वानो की सम्मति में पह्लवी है।

पह्विका—सज्ञा स्त्री० [स०] जलकुभी।

पांक्त—वि० [सं० पाङ्क्त] १ पक्ति से सबध रखनेवाला। पक्ति संबधी। २ पक्ति का। ३ पाँच बार होनेवाला। पाँच विभागो में होनेवाला (यज्ञ)। ४ दस अवयवोवाला। दस अगवाला [को०]।

पाक्तेय—वि० [सं० पाङ्क्तेय] पक्ति में बैठनेवाला। पक्ति मे समिलित होने लायक। पगत या पाँत में औरो के साथ बैठने योग्य [को०]।

पांक्त्य—वि० [स० पाङ्क्त्य] दे० 'पांक्तेय'।

पांगुल्य—सज्ञा पु० [सं० पाङ्गुल्य] लँगडापन। पगुत्व। पगुल होने का भाव [को०]।

पांचकपाल—वि० [सं० पाञ्चकपाल] पचकपाल सबधी। पंचकपाल यज्ञ सबधी [को०]।

पांचजनी—सज्ञा स्त्री० [सं० पाञ्चजनी] भागवत के अनुसार पचजन नामक प्रजापति की कन्या का नाम। इसका दूसरा नाम असिकी भी था।

पांचजन्य—सज्ञा पुं० [स० पाञ्चजन्य] १ कृष्ण के बजाने का शंख।

विशेष—इसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि यह शख उन्हें पचजन नामक दैत्य के पास उस समय मिला था जब वे गुरुदक्षिणा मे अपने गुरु सांदीपन मुनि को उनका मृत पुत्र ला देने के लिये समुद्र मे घुसे थे। कृष्ण ने पचजन को मारकर अपने गुरु के पुत्र को भी छुडाया था और उसका शख भी ले लिया था।

यौ०—**पांचजन्यधर** = कृष्ण का एक नाम।

२ विष्णु के शख का नाम। ३ पुराणानुसार हारीत मुनि के वंश के दीर्घबुद्धि नामक ऋषि का एक नाम। ४ अग्नि। ५ पुराणानुसार जबूद्वीप के एक भाग का नाम।

पाचदश—वि० [स० पाञ्चदश] [वि० स्त्री० पांचदशी] १. मास के पद्रहवें दिन से सबध रखनेवाला। २. साम के पंद्रह मंत्रों द्वारा दीक्षा। [को०]।

पांचदश्य—सज्ञा पु० [सं० पाञ्चदश्य] पद्रह का समूह [को०]।

पाचनद—सज्ञा पुं० [स० पाञ्चनद] १. पचनद प्रदेश। पजाब प्रांत। २ पचनद नरेश। ३ पजाब के निवासी [को०]।

पाचभौतिक[1]—सज्ञा पु० [सं० पाञ्चभौतिक] पाँचो भूतो या तत्वो से बना हुआ शरीर।

पाचभौतिक[2]—वि० [वि०स्त्री० पाञ्चभौतिकी] पाँच तत्वो या पच महाभूतो द्वारा निर्मित। जैसे, पाचभौतिकी सृष्टि।

पाचयज्ञिक[1]—वि० [स० पाञ्चयज्ञिक] [वि० स्त्री० पांचयज्ञिकी] पच महायज्ञ सबधी।

पाचयज्ञिक[2]—सज्ञा पुं० पाँच महायज्ञो मे से कोई एक [को०]।

पांचरात्र—सज्ञा पुं० [स० पाञ्चरात्र] १. एक वैष्णव सप्रदाय। २ पाचरात्र सप्रदाय का सिद्धात [को०]।

पार्चालिका—सज्ञा स्त्री० [स० पाञ्चलिका] कपडे की बनी हुई गुडिया।

पांचवर्षिक—वि० [सं० पाञ्चवर्षिक] [वि० स्त्री० पांचवर्षिकी] पाँच बरस का। पचवर्षीय [को०]।

पांचशाब्दिक—सज्ञा पुं० [स० पाञ्चशाब्दिक] १ करताल, ढोल, बीन, घटा और भेरी आदि पाँच प्रकार के बाजे। २ पाँच प्रकार का सगीत जो स्कद पुराण मे अगज, कर्मज, वक्त्रज, कास्यज और फूत्कृत कहा गया है (को०)।

पांचार्थिक—सज्ञा पु० [स० पाञ्चार्थिक] शैव। शिवभक्त [को०]।

पाचाल[1]—सज्ञा पुं० [स० पाञ्चाल] १ बढ़ई, नाई, जुलाहा, धोबी और चमार इन पाँचो का समुदाय। २ भारत के पश्चिमोत्तर का एक देश। विशेष—दे० 'पचाल'। ३ पाचाल का नरेश।

पाचाल[2]—वि० [वि० स्त्री० पांचाली] १ पाचाल देश का रहनेवाला। २ पाचाल देश सबधी।

पांचालक[1]—वि० [स० पाञ्चालक] पजाब के निवासियों से सबद्ध। पाचाल देश का [को०]।

पांचालक[2]—सज्ञा पुं० पचाल का राजा [को०]।

पांचालिका—सज्ञा स्त्री० [सं० पाञ्चालिका] दे० 'पाचाली'।

पांचाली—सज्ञा स्त्री० [सं० पाञ्चाली] १ गुडिया। कपड़े की पुतली। पचालिका। पचाली। २ साहित्य में एक प्रकार की रीति या वाक्य-रचना-प्रणाली जिसमे बड़े बड़े पाँच छह समासो से युक्त और कातिपूर्ण पदावली होती है। इसका व्यवहार सुकुमार और मधुर वर्णन में होता है। किसी किसी के मत से गौडी और वैदर्भी वृत्तियो के सम्मिश्रण को भी पाचाली कहते हैं। ३ पाडवो की स्त्री द्रौपदी का एक नाम जो पचाल देश की राजकुमारी थी। ४ छोटी पीपल। ५. इद्रजाल के छह भेदो मे से एक। ६ शास्त्र (को०)। ७ स्वर-साधन की एक प्रणाली जो इस प्रकार है—

आरोही—सा रे सा रे ग, रे ग रे ग म, ग म ग म प, म प म प ध, प ध प ध नि, ध नि ध नि सा।

अवरोही—सा नि सा नि ध, नि ध नि ध प, ध प ध प म, प म प म ग, म ग म ग रे, ग रे ग रे सा।

पांड—वि० [स० **पाण्ड**] निष्फल। फलरहित [को०]।

पांडर—सज्ञा पुं० [स० पाण्डर] १ कुंद का वृक्ष। २ कुद का फूल। ३ पानडी। ४ सफेद रग। ५ सफेद रग का कोई पदार्थ। ६ मरुवा वृक्ष। दौना। ७ महाभारत के अनुसार ऐरावत के कुल मे उत्पन्न एक हाथी का नाम। ८ पुराणानुसार एक पर्वत का नाम जो मेरु पर्वत के पश्चिम मे है। ९ एक प्रकार का पक्षी। १० गैरिक। गेरु (को०)। ११ शुक्र। वीर्य (को०)।

पांडरपुष्पिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **पाण्डरपुष्पिका**] शीतला वृक्ष।

पांडरमुष्टिका—सज्ञा स्त्री० [सं० **पाण्डरमुष्टिका**] दे० 'पांडरपुष्पिका'।

पांडरेतर—वि० [सं० **पाण्डरेतर**] पांडर अर्थात् श्वेतवर्ण से भिन्न। जो सुफेद न हो।

पांडव—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डव**] १ कुती और माद्री के गर्भ से उत्पन्न राजा पांडु के पाँचो पुत्र युधिष्ठिर, भीम अर्जुन, नकुल और सहदेव। (इनके जन्मवृत्तात के लिये दे० 'पांडु' और इनके विशेष चरित् के लिये पृथक् पृथक् इन सबके नाम देखें)। २ पांडु के पाँच पुत्रों मे से किसी एक की आख्या। ३ प्राचीन काल में पजाब का एक प्रदेश जो वितस्ता (झेलम) नदी के तीर पर बसा था। ४. उस प्रदेश में रहनेवाले लोग।

पांडवनगर—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डवनगर**] दिल्ली।

पांडवश्रेष्ठ—सज्ञा पुं० [स० **पाण्डवश्रेष्ठ**] पाडवों मे सबसे बडे भाई। युधिष्ठिर [को०]।

पांडवाभील—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डवाभील**] कृष्ण।

पांडवायन—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डवायन**] श्रीकृष्ण।

पांडविक—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डविक**] एक प्रकार का चटक पक्षी। गौरा। गौरैया [को०]।

पांडवीय—वि० [सं० **पाण्डवीय**] पाडव सबधी। पाडव का। जैसे, राघवपांडवीय [को०]।

पांडवेय—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डवेय**] १ पाडव। २ अभिमन्यु के पुत्र राजा परीक्षित।

पांडित्य—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डित्य**] पडित होने का भाव। विद्वत्ता। पडिताई।

पांडिमा—सज्ञा पुं० [सं० **पांडिमन्**] पाडुता। पाडुत्व [को०]।

पाडीस—सज्ञा स्त्री० [देश०] तलवार (डिं०)।

पांडु—सज्ञा पुं० [सं० **पाण्डु**] १ पाडुफली। पारली। २ परमल। ३ कुछ लाली लिए पीला रग। ४ वह जिसका रग लाली लिए पीला हो। ५ एक नाग का नाम। ६ सफेद हाथी। ७ सफेद रग। ८ पीलापन लिए सफेद रग। ९ एक रोग का नाम जिसमें रक्त के दूषित हो जाने से शरीर का चमडा पीले रग का हो जाता है।

विशेष—सुश्रुत मे लिखा है कि अधिक स्त्रीगमन करने, खटाई और नमक खाने, शराब पीने, मिट्टी खाने, दिन को सोने तथा इसी प्रकार के और कुपथ्य करने से यह रोग हो जाता है। चमडे का फटना, आँख के गोलक का सूजना और पेशाब पाखाने के रग का पीला पड जाना इस रोग का पूर्वलक्षण है। यह कफज, वातज, पित्तज और सन्निपातज चार प्रकार का होता है। इसके अतिरिक्त भावप्रकाश में इसका एक पाँचवाँ प्रकार मृत्तिकाभक्षणजात भी माना गया है। सुश्रुत ने कामला, कुतकामला, हलीमक और लाघरक आदि रोगो को इसी के अतर्गत माना है। इस रोग में रोगी को कप, पीडा, शूल, भ्रम, तद्रा, आलस्य, खाँसी, श्वास, अरुचि और अगों मे सूजन आदि भी होती है।

१० प्राचीन काल के एक राजा का नाम जो पांडव वश के आदिपुरुष थे।

विशेष—महाभारत मे इनकी कथा बहुत ही विस्तार के साथ दी हुई है। उसमे लिखा है कि जिस समय राजा विचित्रवीर्य युवावस्था में ही क्षय रोगो के कारण मर गए और अबिका तथा अबालिका नाम की उनकी दोनों स्त्रियाँ विधवा हो गईं, उस समय विचित्रवीर्य की माता सत्यवती ने अपना वश चलाने के उद्देश्य से अपने दूसरे पुत्र भीष्म से कहा था कि तुम अबिका और अबालिका के साथ नियोग करके सतान उत्पन्न करो। परतु भीष्म इससे बहुत पहले ही प्रतिज्ञा कर चुके थे कि मैं आजन्म क्वाँरा और ब्रह्मचारी रहूँगा। अत उन्होने माता की यह बात तो नही मानी पर उन्हे सम्मति दी कि किसी योग्य ब्राह्मण को बुलवाकर और उसे कुछ धन देकर विचित्रवीर्य की स्त्रियो का गर्भाधान करा लो। इसपर सत्यवती ने अपने पहले पुत्र व्यास का जो पराशर ऋषि से उत्पन्न हुए थे, स्मरण किया और उनके आ जाने पर कहा कि तुम एक प्रकार से विचित्रवीर्य के बडे भाई हो। अत तुम ही उसकी दोनो विधवाओं से वशवृद्धि के लिये सतान उत्पन्न करो। व्यास ने अपनी माता की यह बात स्वीकार करते हुए कहा कि पहले दोनों विधवा स्त्रियाँ व्रतपूर्वक रहें तब मैं उन्हें मित्रावरुण के सदृश पुत्र प्रदान करूँगा। लेकिन सत्यवती ने कहा कि राज्य मे राजा के न रहने से अनेक प्रकार के उपद्रव होते हैं, अत तुम अभी इन दोनो को गर्भ धारण कराओ। तदनुसार व्यास ने पहले तो अबिका के गर्भ से धृतराष्ट्र को उत्पन्न किया। और तब अबालिका की बारी आई। जब अबालिका भी ऋतुमती हो चुकी तब व्यासदेव आधीरात के समय उसके पास गए। उनका उग्र रूप देखकर अबालिका मारे डर के पीली पड गई। समय पूरा होने पर अबालिका को पीले रग का एक लडका हुआ जिसका नाम 'पांडु' रखा गया। बाल्यावस्था मे धृतराष्ट्र, पांडु और विदुर तीनों को भीष्म ने ही पाला पोसा और पढाया लिखाया था। पांडु का विवाह राजा कुतिभोज की कन्या कुती से हुआ था। पीछे से भीष्म ने मद्रकन्या माद्री से इनका एक और विवाह कर दिया था। विवाह के कुछ दिनो के उपरात पांडु ने समस्त भूमडल के राजाओ को परास्त करके दिग्विजय किया और बहुत सा धन एकत्र किया। इसके धन से धृतराष्ट्र ने पाँच महायज्ञ किए थे। इनमे से

प्रत्येक महायज्ञ में उन्होंने इतना धन दान किया था जिसमे सैकडो बडे बडे अश्वमेध यज्ञ किए जा सकते थे। कुछ दिनों तक राज्य करने के उपरात पाडु अपनी दोनो स्त्रियों को साथ लेकर जगल में जा रहे और वही आमोद प्रमोद और शिकार आदि करके रहने लगे। एक बार शिकार मे उन्होंने हिरन को हिरनी के साथ मैथुन करते हुए देखा और तुरत तीर मे उस हिरन को मार गिराया। कहते हैं ये हिरन और हिरनी वास्तव में ऋषिपुत्र किंमिदय और उनकी पत्नी थे। तीर लगते ही उस मृग ने मनुष्यों की बोली में कहा कि तुमने मुझे स्त्री के साथ भोग करते में मारा है अत तुम भी जब अपनी स्त्री के साथ भोग करोगे तब उसी समय तुम्हारी भी मृत्यु हो जायगी। और जिस स्त्री के साथ भोग करते हुए तुम मरोगे वह तुम्हारे साथ सती होगी। इसपर पांडु बहुत दु खी हुए और अपनी दोनों स्त्रियों को साथ लेकर नागशत पर्वत पर चले गए। वे सब प्रकार का भोग विलास आदि छोडकर कठोर तपस्या करने लगे। वहीं एक बार पांडु ने बहुत से ऋषियों के साथ स्वर्ग जाना चाहा था परतु ऋषियो ने उन्हें मना किया और कहा कि जिसके कोई सतान न हो वह स्वर्ग नही जा सकता। इसपर पांडु ने अपनी स्त्री के गर्भ से किसी ब्राह्मण के द्वारा पुत्र उत्पन्न कराने का विचार किया और अपनी स्त्री कुती से सब हाल कहा। इसपर कुती ने, जिसे जिस देवता का चाहे स्मरण करके पुत्र प्राप्त करने का वरदान था, धर्म, वायु और इद्र को आवाहन कर क्रमश युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन नामक तीन पुत्र जने और माद्री ने अश्विनीकुमार के अनुग्रह से नकुल और सहदेव नामक दो पुत्र पाए। पीछे से ये ही पाँचों पुत्र पाडव कहलाए और इन्होंने कौरवों से युद्ध किया था (दे० 'पांडव')। इसके कुछ दिनों के उपरांत एक बार वसत ऋतु में पांडु को बहुत अधिक काम-पीडा हुई। उस समय उन्होने माद्री के बहुत मना करने पर भी नही माना और वे बलपूर्वक उसके साथ भोग करने लगे। किंमिदय ऋषि के शाप के अनुसार उसी समय उनके प्राण निकल गए और माद्री ने भी वही अपने प्राण दे दिए। पीछे से लोग पाडु और माद्री को हस्तिनापुर ले गए और वहीं धृतराष्ट्र की आज्ञा से विदुर ने दोनो का प्रेतसस्कार किया।

पांडुकंटक— सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुकण्टक] अपामार्ग। चिचडा।

पांडुकंबल— सज्ञा पुं० [स० पाण्डुकम्बल] १ एक प्रकार का पत्थर जो सफेद होता है। २ श्वेतवर्ण का ऊनी कबल (को०)। ३ राजकीय गज का आवरण। हाथी की झूल (को०)। ४ श्वेतवर्ण का ऊपरी परिधान (को०)।

पांडुकंबली—सज्ञा पुं० [स० पाण्डुकम्बलिन्] १ हाथी की झूल। २ वह रथ आदि जिसपर पाडुवर्ण का ओहार या आवरण पडा हो (को०)।

पांडुक—सज्ञा पुं० [स० पाण्डुक] १ दे० 'पडुक'। २ दे० 'पाडु'। ३ पाडु वर्ण। पीला रग। ४ परवल।

पांडुकर्म—सज्ञा पुं० [स० पाण्डुकर्मन्] सुश्रुत के अनुसार वर्ण-चिकित्सा का एक अग जिसमें फोडे के अच्छे हो जाने पर उसके काले दाग को ओषधि की सहायता से दूर करते और वहाँ के चमडे को फिर शरीर के वर्ण का कर देते हैं। इसे पाडुकरण भी कहा है।

विशेष—सुश्रुत का मत है कि यदि फोडे के अच्छे हो जाने पर दुरूढ़ता के कारण उसके स्थान पर काला दाग रह गया हो तो कडवी तूँबी को तोडकर उसमें बकरी का दूध डाल दे और उस दूध में सात दिन तक रोहिणी फल भिगोए। इसके बाद उस फल को गीला ही पीसकर फोडे के दाग पर लगाए तो वह दाग दूर हो जायगा।

पांडुकी—वि० [स० पाण्डुकिन्] पांडुरोगवाला। जिसे पांडु रोग हुआ हो (को०)।

पांडुक्षमा—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुक्षमा] पाडु की धरती। हस्तिनापुर का नाम।

पांडुतरु—सज्ञा पुं० [स० पाण्डुतरु] धौ का पेड़।

पांडुता—सज्ञा स्त्री० [स० पाण्डुता] पांडु होने का भाव, धर्म या क्रिया। पाडुत्व। पीलापन।

पांडुतीर्थ—सज्ञा पुं० [स० पाण्डुतीर्थ] पुराणानुसार एक तीर्थ का नाम।

पांडुत्व—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुत्व] पांडु होने का भाव। पांडुता।

पांडुनाग—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुनाग] १ पुन्नाग वृक्ष। २ सफेद रग का हाथी। ३ सफेद रग का साँप।

पांडुपंचानन रस—सज्ञा पुं० [स० पाण्डुपञ्चानन रस] वैद्यक मे एक प्रकार का रस जिसे त्रिकटु, त्रिफला, देवीमूल, चितामूल, हलदी, मानमूल, इद्रजौ, वच, मोथा आदि ओषधियो को गोमूत्र में पकाकर बनाते हैं और जो पांडु तथा हलीमक आदि रोगों के लिये बहुत ही उपकारक माना जाता है।

पांडुपत्री—सज्ञा स्त्री० [पुं० पाण्डुपत्री] रेणुका नामक गधद्रव्य।

पांडुपुत्र—सज्ञा पु० [स० पाण्डुपुत्र] पांडव।

पांडुपृष्ठ—सज्ञा पुं० [स० पाण्डुपृष्ठ] २ जिसकी पीठ सफेद हो। २ अयोग्य। अकर्मण्य। निकम्मा।

पांडुफल—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुफल] पटोल। परवल।

पांडुफला—सज्ञा स्त्री० [स० पाण्डुफला] चिर्भिटी। पाडुफली।

पांडुफली—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुफली] चिर्भिटी (को०)।

पांडुभूम—वि० [स० पाण्डुभूम] जहाँ की भूमि श्वेत वर्ण की हो।

पांडुमृत्—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुमृद्] १ खड़िया। श्वेत खरी। दुधिया मिट्टी। २ पीली मिट्टी। रामरज।

पाडुमृत्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुमृत्तिका] दे० 'पाडुमृत्'।

पाडुरंग—सज्ञा पु० [स० पाण्डुरङ्ग] १ एक प्रकार का साग जो वैद्यक के अनुसार तिक्त और लघु तथा कृमि, श्लेष्मा और कफ का नाश करनेवाला माना जाता है। २ पुराणानुसार विष्णु का एक अवतार।

पांडुर[1]—वि० [सं० पाण्डुर] १ पीला । जर्द । २ सफेद । श्वेत ।

पांडुर[2]—सज्ञा पु० [स०] १ वह जो पीला हो । २ वह जो सफेद हो । ३ धौ का पेड । ४ सफेद ज्वार । ५ कबूतर । ६ बगला । ७ सफेद खडिया । ८ कामला रोग । ९ सफेद कोढ़ । १० कार्तिकेय के एक गण का नाम । ११ पाडु वर्ण या रग ।

पाडुरक—वि [सं० पाण्डुरक] पाडुवर्ण का । पाडु रग का ।

पाडुरद्रुम—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुरद्रुम] कुडे का वृक्ष । कुटज । कुरैया ।

पाडुरपृष्ठ—सज्ञ पुं० [सं० पाण्डुरपृष्ठ] दे० 'पाडुपृष्ठ' ।

पांडुरफली—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुरफली] एक प्रकार का छोटा क्षुप ।

पाडुरा—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुरा] १ मषवन । माषपर्णी । २ ककही । ३ बौद्धो में एक देवी या शक्ति का नाम ।

पांडुराग—सज्ञा पु० [सं० पाण्डुराग] दौना ।

पाडुरित—वि० [सं० पाण्डुरित] पाडु या पाडुर वर्ण का ।

पाडुरिमा—सज्ञा [सं० पाण्डुरिमन्] १ श्वेत वर्ण । सफेद रग । २ श्वेत वर्ण युक्त पीत रग [को०] ।

पाडुरेक्षु—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुरेक्षु] सफेद ईख ।

पाडुरोग—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुरोग] कामला रोग । पीलिया [को०] ।

पाडुलिपि—सज्ञा स्त्री० [स० पाण्डुलिपि] लेख आदि का वह पहला रूप जो काट छाँट या घटाने बढ़ाने आदि के लिये तैयार किया जाय । मसौदा ।

पांडुलेख—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुलेख] पाडुलिपि । मसौदा ।

पाडुलोमशा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुलोमशा] मषवन । माषपर्णी ।

पांडुलोमशा[2]—वि० स्त्री० जिसके रोएँ सफेद हो ।

पाडुलोमा—वि०, सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुलोमा] दे० 'पाडुलोमशा ।

पाडुलोह—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुलोह] चाँदी । रजत [को०] ।

पाडुवा—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुवा] वह जमीन जिसकी मिट्टी मे बालू भी मिली हो । बलुई मिट्टीवाली जमीन । दोमट जमीन ।

पांडुशर्करा—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुशर्करा] एक प्रकार का प्रमेह ।

पाडुशर्मिला—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डुशर्मिला] द्रौपदी ।

पाडुसोपाक—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डुसोपाक] प्राचीन काल की एक वर्णसकर जाति, जिसकी उत्पत्ति मनु के अनुसार वैदेही माता और चाडाल पिता से है । कहते हैं, इस जाति के लोग बाँस की चीजें, दौरियाँ, टोकरे आदि बनाकर अपना निर्वाह करते थे ।

पांडूरा—वि० [सं० पाण्डुरक] श्वेत । सफेद ।—उ० दाँत कवाड्या सिर पाडूरा केस ।—बी० रासो, पृ० ७१ ।

पाडेय—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डेय] दे० 'पाँड़े' ।

पाडोⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पाण्डव] दे० 'पाडव' । उ०—बधु घात कर दोष लगावा । पाडो कहँ बहु काल सतावा । —कबीर सा०, पृ० ४९८ ।

पांड्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक देश का नाम । २ उस देश का राजा । ३ पाड्य देश के निवासी जन [को०] ।

पांथ—वि० [सं० पान्थ] १ पथिक । उ०—यह ओघ अमोघ जायगा, पथ तो पांथ स्वय बनायगा—। साकेत, पृ० ३६३ । २ वियोगी । विरही । ३ सूर्य । रवि (को०) ।

पांथनिवास—सज्ञा पु० [सं० पान्थनिवास] सराय । चट्टी ।

पाथशाला—सज्ञा पुं० [सं० पान्थशाला] सराय । चट्टी ।

पाथागार—सज्ञा पु० [सं० पान्थागार] दे० 'पाथशाला' । उ०—चपा के पाथागार मे पशुपुरी के एक विख्यात रत्नविक्रेता कई दिन से ठहरे थे । —वैशाली०, पृ० २१६ ।

पांशन[1]—वि० [स०] १ तिरस्कार योग्य । तिरस्करणीय । हेय । २ दुष्ट । बदमाश । ३ कलवित या भ्रष्ट करनेवाला । अपमानित करनेवाला । (समासात में प्रयुक्त) यथा कुलपांशन, पौलस्त्यकुलपाशन [को०] ।

पाशन[2]—सज्ञा पुं० घृणा । तिरस्कार [को०] ।

पाशव[1]—सज्ञा पुं० [सं०] रेह का नमक ।

पाशव[2]—वि० १ पाशु से उत्पन्न । धूल से उत्पन्न । २ पाशुयुक्त । धूल से भरा हुआ [को०] ।

पाशु—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ धूलि । रज । २ बालू ।
यौ०—पाशुज ।
३ गोबर की खाद । ४ पित्तपापडा । ५ एक प्रकार का कपूर । ६ रज । ७ भूसपत्ति ।

पांशुका—सज्ञा स्त्री० [स०] केवडे का पौधा ।

पांशुकासीस—सज्ञा पुं० [सं०] कसीस ।

पाशुकुली—सज्ञा स्त्री० [सं०] राजपथ । चौड़ा रास्ता । राजमार्ग [को०]

पाशुकूल—सज्ञा पुं० [सं०] १ चीथडो आदि को सीकर बनाया हुआ बौद्ध भिक्षुओ के पहनने का वस्त्र । २ वह दस्तावेज या कागज जो किसी विशिष्ट व्यक्ति के नाम न लिखा गया हो । निरुपपद शासन । ३ धूलिपुज । धूल का ढेर (को०) ।

पाशुकृत—वि० [स०] धूलि से आवृत । धूल से ढका हुआ । [को०] ।

पाशुक्रीडा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बालू से खेलना । २ मुष्टियुद्ध । मुक्केबाजी [को०] ।

पांशुक्षार—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पाशुज' [को०] ।

पांशुगुठित—वि० [सं० पाशुगुण्ठित] धूलि से आवृत [को०] ।

पाशुचदन—सज्ञा पुं० [सं० पाशुचन्दन] दे० 'पासुचदन' [को०] ।

पाशुचत्वर—सज्ञा पुं० [स०] ओला । वर्षोपल ।

पाशुचामर—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पाशुचामर' ।

पाशुज—सज्ञा पुं० [सं०] नोनी मिट्टी से निकाला हुआ नमक ।

पांशुजालिक—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु का एक नाम [को०] ।

पांशुधान—सज्ञा पुं० [सं०] धूल की ढेरी [को०] ।

पाशुपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] बथुआ (साग) ।

पांशुमर्दन—संज्ञा पुं० [सं०] थाला । आलवाल । क्यारी ।

पांशुर—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पासुर' [को०] ।

पांशुरागिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] महामोदा ।

पाशुराष्ट्र—संज्ञा पु० [सं०] एक देश का प्राचीन नाम जिसका उल्लेख महाभारत में है ।

पांशुल[1]—वि० [सं०] १ परस्त्रीगामी । लंपट । व्यभिचारी । २ धूल या मिट्टी से ढका हुआ । जिसपर गर्द पड़ी हो । मलिन । मैला । ३ कलंकित वा भ्रष्ट करनेवाला (को०) ।

पांशुल[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पूतिकरंज । २ शिव । ३ शिव का एक अस्त्र (को०) । ४ लंपट या व्यभिचारी व्यक्ति (को०) । ५ धूल से भरी जगह (को०) ।

पांशुला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कुलटा । २. रजस्वला । ३ केतकी । केवड़ा । ४. पृथिवी । धरती । भूमि ।

विशेष—ज्ञातव्य है कि 'पाशन' से 'पाशुला' तक के सभी शब्द दंत्य सकार से भी होते हैं और उनका अर्थ समान होता है । ऐसे कुछ शब्द आगे दिए गए हैं ।

पासु[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पाशु' ।

पासु[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पार्श्व] दे० 'पसली' ।

पासुकूल—संज्ञा पुं० [सं०] गुदड़ी । चीथड़ा । (बौद्ध) । उ०—वे चीथड़ो (पासुकूल) का चीवर पहनें ।—हिंदु० सभ्यता, पृ० २५० । २ दे० 'पांशुकूल' ।

पासुक्षार—संज्ञा पुं० [सं०] पाँगा नमक ।

पासुखुर—संज्ञा पुं० [सं० पाशुखुर] घोड़ों का एक रोग जो उनके पैरो मे होता है ।

पांसुचंदन—संज्ञा पुं० [सं० पांसुचन्दन] शिव । महादेव ।

पांसुचत्वर—संज्ञा पुं० [सं०] जलोपल । वर्षोपल । ओला ।

पासुचामर—संज्ञा पुं० [सं०] १ तबू । बड़ा खेमा । २ धूलिपुंज । धूल का ढेर (को०) । ३ स्तुति । वर्णापन । प्रशंसा (को०) । ४ वह तटभूमि जिसपर दूब जमी हो [को०] ।

पासुघावक—संज्ञा पुं० [सं०] धूल साफ करनेवाला । सड़क या गली झाड़नेवाला । (कौटि०) ।

पांसुज—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पाशुज' ।

पांसुजलिक—संज्ञा पु० [सं०] विष्णु [को०] ।

पांसुभव—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पासुज' ।

पांसुभिक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] घी का पेड़ ।

पांसुर—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का बड़ा मच्छर । दंश । डाँस । २ लूला । लँगड़ा ।

पांसुरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पसली] सं० दे० 'पसली' ।

पांसुल—संज्ञा पुं० [सं०] १ मलयुक्त । मलिन । २ पापी । ३ पूतिकरंज । कंजा । ४ परस्त्री से प्रेम करनेवाला । ५ शिव । दे० 'पांशुल' ।

पांसुला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कुलटा । २ रजस्वला । ३ भूमि । ४ केतकी ।

पाँⓊ—संज्ञा पु० [सं० पाद, हिं० पाँव] पैर । पाँव । उ०—(क) प्राणपियारी के पाँ परिकै करि सौंह गरे की गरे लपटाने । —पद्माकर (शब्द०) । (ख) सभा समेत पाँ परे विशेष पूजियो सबै ।—केशव (शब्द०) ।

पाँइⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पाद] पैर । पाँव ।

पाँइताⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० पाँय + ता] दे० 'पाँयता' । उ०—कहा कहौं और राति सोवै जब रानी सब आपु बैठयो पाँइते कहानी भावतो कहै ।—रघुनाथ (शब्द०) ।

पाँईबाग—संज्ञा पुं० [फा०] महलो के आस पास या चारो ओर बना हुआ वह छोटा बाग, जिसमें प्राय. राजमहल की स्त्रियाँ सैर करने को जाती हैं । ऐसे बागो में प्रायः सर्वसाधारण के जाने की मनाही होती है ।

पाँउⓊ†—संज्ञा पु० [सं० पाद, हिं० पाँव] पाँव । पैर ।

मुहा०—पाँउ पसारे सोना = निर्भय रहना । निश्चिंत रहना । बेखौफ रहना । उ०—मारुत बहहु आज अपने मन सूरज तपहु सुखारे । इंद्र वरुण कुबेर यम सुर गण सोवहु पाँउ पसारे ।—रघुराज (शब्द०) ।

पाँक—संज्ञा पुं० [सं० पङ्क] कीचड़ ।

पाँका†—संज्ञा पुं० [सं० पङ्क] दे० 'पाँक' ।

पाँख†—संज्ञा पुं० [सं० पक्ष, प्रा० पक्ख] पंख । पर । पक्षी का डैना । उ०—तापर भमरा पियत रस सजनि गे, बइसल पाँखि पसारि । —विद्यापति, पृ० १८० ।

पाँखड़ा—संज्ञा स्त्री० [हिं० पंख + ड़ा (प्रत्य०)] दे० 'पाँख' ।

पाँखड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पखड़ी' ।

पाँखी†Ⓤ—संज्ञा स्त्री० [सं० पक्षी] १. वह पखदार कीड़ी जो दीपक पर गिरती है । पतिंगा । २ कोई पक्षी । ३ वह औजार जिससे खेतो मे क्यारियाँ बनाई जाती हैं ।

पाँखुरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पखड़ी' ।

पाँग—संज्ञा पुं० [सं० पङ्क] वह नई जमीन जो किसी नदी के पीछे हट जाने से उसके किनारे पर निकलती है । कछार । खादर । गगवरार ।

पाँगल—संज्ञा पु० [सं० पाङ्गुल्य] ऊँट । (डिं०) ।

पाँगलाⓊ†—संज्ञा पुं० [हिं०] एक डिंगल छंद का नाम । उ०—पागलों छंद भाषै प्रगट वद घट कला बखाणजै ।—रघु० रू०, पृ० १४ ।

पाँगा†—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पाँगा नोन' ।

पाँगानोन—संज्ञा पुं० [सं० पङ्क, हिं० पाँग + नोन] समुद्री नोन ।

विशेष—वैद्यक में इसे स्वाद में चरपरा और मधुर, भारी, न बहुत गरम और न बहुत शीतल, अग्निप्रदीपक, वातनाशक और कफकारक माना है ।

पाँगुर†—वि०, संज्ञा पुं० [सं० पङ्गुल] दे० 'पगु' ।

पाँगुला—वि० पुं० [सं० पाङ्गुल्य] एक प्रकार का वात रोग जिसमें दोनो पैर बेकार हो जाते हैं। उ०—जो दोनो पैरो को स्तभित करे उसको पाँगुला कहते हैं।—माधव०, पृ० १४३।

पाँच[1]—वि० [सं० पञ्च] जो गिनती में चार और एक हो। जो तीन और दो हो। चार से एक अधिक। उ०—पाँच कोप नीचे कर देखो इनमे सार न जानी।—कबीर श०, भा० २, पृ० ६६।

मुहा०—पाँचों उँगलियाँ घी में होना = सब तरह का लाभ या आराम होना। खूब बन आना। जैसे,—इस समय तो आपकी पाँचो उँगलियाँ घी मे होगी। पाँचो सवारों में नाम लिखाना = जबरदस्ती अपने से अधिक योग्य व श्रेष्ठ मनुष्यो मे मिल जाना। औरो के साथ अपने को भी श्रेष्ठ गिनाना।

विशेष—इस मुहावरे के सबध में एक किस्सा है। कहते हैं, एक बार चार अच्छे सवार कही जा रहे थे। उनके पीछे पीछे एक दरिद्र आदमी भी एक गधे पर सवार जा रहा था। थोडी दूर जाने पर एक आदमी मिला जिसने उस दरिद्र गधे सवार से पूछा कि क्यों भाई, ये सवार कहाँ जा रहे हैं। उसने बहुत बिगडकर कहा, हम पाँचो सवार कहीं जा रहे हैं तुम्हें पूछने से मतलब।

पाँच[2]—सज्ञा पु० १. पाँच की सख्या। २. पाँच का अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—५। ३. कई एक आदमी। बहुत लोग। उ०—मोरि बात सब बिधिहि बनाई। प्रजा पाँच कत करहु सहाई।—तुलसी (शब्द०)। ४ जाति बिरादरी के मुखिया लोग। पच। उ०—साँचे परे पाँचो पान पाँच मे परे प्रमान, तुलसी चातक आस राम श्याम घन की।—तुलसी (शब्द०)।

पाँचक†—सज्ञा पु० [सं० पञ्चक] दे० 'पचक'।

पाँचर—सज्ञा स्त्री० [सं० पञ्जर] १ कोल्हू के बीच में जडे हुए लकडी के वे छोटे छोटे टुकडे जो गन्ने के टुकडे को दबाने मे जाठ के सहायक होते हैं। जाठ और पाँचर के बीच में दबने से ही गन्ने के टुकडो में से रस निकलता है। २ दे० 'पञ्चर'।

पाँचवाँ—वि० पुं० [हिं० पाँच+वाँ (प्रत्य०)] [स्त्री० पाँचवीं] जो क्रम मे पाँच के स्थान पर पडे। पाँच के स्थान पर पडनेवाला।

पाँचमा†—वि० पुं० [स० पञ्चम] दे० 'पाँचवाँ'। उ०—पाछे श्री गुसाँई जी पास पाँचमें दिन नारायणदास कासिद पठावते।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १०७।

पाँचा—सज्ञा पुं० [हिं० पाँच+आ (प्रत्य०)] किसानों का एक औजार जिससे वे भूसा, घास इत्यादि समेटते या हटाते हैं। इसमें चार दाँते और एक बेंट होता है इसी से इसे पाँचा कहते हैं। पचगुरा।

पाँचो—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जो तालाबों में होती है।

पाँची—सज्ञा स्त्री० [हिं० पञ्चमी] किसी पक्ष की पाँचवीं तिथि। पचमी। उ०—(क) जब बसत फागुन सुदी पाँचै गुरु दिन।—तुलसी (शब्द०)। (ख) नाचे बनैगी बसत की पाँचै।—देव (शब्द०)।

पाँछना—क्रि० स० [हिं० पछा] पाछना। चीरना। चीरा लगाना। उ०—सुनि सुत बचन कहति कैकेई। मरमु पाँछि जनु माहुर देई।—मानस, २।१६०।

पाँजना—क्रि० स० [सं० प्रणद्ध प्रा० पणद्ध, पँज्झ] टीन, लोहे, पीतल आदि धातु के दो या अधिक टुकडों को टाँके लगाकर जोडना। झालना। टाँका लगाना।

पाँजर—सज्ञा पुं० [सं० पञ्जर] १ बगल और कमर के बीच का वह भाग जिसमे पसलियाँ होती हैं। छाती के अगल बगल का भाग। २ पसली। ३ पार्श्व। पास। बगल। सामीप्य।

पाँजरा—सज्ञा पुं० [?] वह मल्लाह जो मल्लाही मे अनाडी हो। डडी। कूली। (ऐसे अनाडियो को मल्लाह लोग पाँजरा कहते हैं)।

पाँजो—सज्ञा स्त्री० [स० पदाति, हिं० पाजी (=पैदल)। या स० पाथ ?] किसी नदी का इतना सूख जाना कि लोग उसे हलकर पार कर सकें। नदी का पानी घुटनो तक या उससे भी कम हो जाना। उ०—अब कबीर पाँजी परे पथी आवैं जायँ।—कबीर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—पड़ना।

पाँझ—वि० [देश०] दे० 'पाँजी'। उ०—नदियो को पाँझ और मार्ग को सूखा करनेवाली शरद ने उसको मन के उत्साह से पहले ही यात्रा निमित्त प्रेरणा की।—लक्ष्मणसिंह (शब्द०)।

पाँड—वि० स्त्री० [देश०] १ (स्त्री) जिसके स्तन बिलकुल न हो या बहुत ही छोटे हो। २ (स्त्री) जिसकी योनि बहुत छोटी हो और जो सभोग के योग्य न हो।

पाँड़क—सज्ञा पु० [हिं० पण्डुक] दे० 'पडुक'।

पाँडर—सज्ञा पु० [सं० पाण्डर] १ दौना। मरुवा। दे० 'पाडर'। २ कुद का पुष्प। उ०—बर बिहार चरन चारु पाँडर चपक चनार कचनार बार पार पुर पुरगिनी।—तुलसी ग्र०, पृ० ३४४।

पाँढरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की ईख।

पाँड़े—सज्ञा पुं० [स० पण्डित] १ सरयूपारी, कान्यकुब्ज और गुजराती आदि ब्राह्मणो की एक शाखा। २ कायस्थो की एक शाखा। ३ पडित। विद्वान्। (क्व०)। ४ अध्यापक। शिक्षक। ५ रसोइया। भोजन बनानेवाला। ६ पानी पिलानेवाला।

यौ०—पानीपाँडे।

पाँति†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँति] दे० 'पाँति'। उ०—खोवै जगत पाँत अभिमाना।—कबीर सा०, पृ० ९३७।

पाँति—सज्ञा स्त्री० [सं० पङ्क्ति] १ कतार। पगत। २ अवली। समूह। ३ एक साथ भोजन करनेवाले बिरादरी के लोग।

परिवार समूह। उ०—(क) जाति पाँति कुल धर्म बड़ाई। धन बल परिजन गुण चतुराई। —तुलसी (शब्द०)। (ख) मेरे जाति पाँति न चहौं काहू की जाति पाँति मेरे कोऊ काम को न हौं काहू के काम को। —तुलसी (शब्द०)। (ग) कहाँ नहीं है दिन अरु राती। ऊँच न नीच जाति ना पाँती। —कबीर सा०, पृ० ८२३।

पाँगछी, पाँगरी—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रावार] ओढ़ना। दुपट्टा। पामरी। उ०—पाँगरी रेन मे पाँगरीयँ पहरै घनघोर घटा छिति छूटे कै। पाँगरी पाँगरी की दै खुरी बलि पाँगरे पै पली पाँगरी टूटे कै।—पद्माकर ग्र०, पृ० १२३।

पाँयँ—संज्ञा पु० [सं० पाद] चरण। पाद। पैर। कदम। उ०—सोपे सुत गहि पानि पाँयँ परि हरषाने जाने सेष सयन।—(शब्द०)।

पाँयँचा—संज्ञा पु० [फा० पायँचह्] १ पाजामा आदि में बना हुआ पैर रखने का वह स्थान जिसपर पैर रखकर शौच से निवृत्त होने के लिये बैठते हैं। २. पायजामे की मोहरी जिसमें जाँघ से लेकर टखने तक का अंग ढका जाता है।

मुहा०—पाँयँचों के बाहर होना = दे० 'पाजामे के बाहर होना'।

पाँलागनि—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाँय+लगना] दे० 'पालागन'। उ०—पालागनि कुलहिमन सिखावति मरिअ सासु मत माता। —तुलसी ग्रं०, पृ० १२६।

पाँयँ—संज्ञा पु० [सं० पाद] दे० 'पाँव'।

पाँयँडा—संज्ञा पु० [हिं० पाँयँ+डा (प्रत्य०)] दे० 'पायँता'।

पाँयँडी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाँयँ + डी (प्रत्य०)] दे० 'पायँती'।

पाँव—संज्ञा पु० [सं० पाद, प्रा०, पाय, पाव] वह अंग जिससे चलते हैं। पैर। पाद।

मुहा०—(किसी काम या बात में) पाँव अड़ाना = किसी बात में व्यर्थ सम्मिलित होना। मामले में बीच में व्यर्थ पड़ना। फजूल दखल देना। पाँव उखड़ जाना = (१) पैर जमे न रहना। पैर हट जाना। स्थिर होकर खड़ा न रह सकना। (२) रहने की शक्ति या साहस न रह जाना। लड़ाई में न ठहरना। सामने डटे होकर लड़ने का साहस न रहना। भागने की नौबत आना। जैसे,—दूसरा आक्रमण ऐसे वेग से हुआ कि सिपाहियों के पाँव उखड़ गए। पाँव उखाड़ना = (१) पैर जमा न रहने देना। हटा देना। भगा देना। (२) किसी बात पर स्थिर न रहने देना। दृढ़ता का भंग करना। पाँव टूट जाना = दे० 'पाँव उखड़ जाना'। पाँव उठाना = चलने के लिये पैर बढ़ाना। डग आगे रखना। चलना आरंभ करना। (२) अगली अगली पैर आगे रखना। डग भरना। पाँव उठाकर चलना = अगली अगली पैर बढ़ाना। तेज चलना। पाँव उतारना = किसी के सम्बन्ध से पैसे की रकम कम करना। घटाना। दूसरे के नाम में पैसा बचाना। पाँव उतरना = पैर आदि से पैर का घुटने से ऊपर जाना। पैर का बोझ उतर जाना। (२) पैर थकना। पैर दुखना। पाँव

कट जाना = (१) चलने फिरने की शक्ति या दौड़ धूप न रहना। आना जाना बंद होना। (२) काम जम न उठ जाना। रहने या ठहरने का बंद हो जाना। (३) मरकर न उठ जाना। जीवन का अंत हो जाना। (किसी मरे हुए आदमी के विषय में दुःख के साथ कहते हैं 'आज सवेरे ही उसके पाँव कट गए')। पाँव पखारना = दे० 'पाँव धोना'। पाँव का खटका = पैर रखने की आहट। खटका का डर। पाँव की धूली = अत्यंत क्षुद्र सेवक या दासी। पाँव की जूती सिर की पगड़ी = छोटे आदमी का बड़े के मुकाबले में आना। क्षुद्र या नीच का श्रेष्ठ पदवाला। छोटे आदमी का बड़े से बराबरी करना। पाँव की बेड़ी = बंधन। जंजाल। पैर की मेहँदी न छिप जायगी = यही आने का कोई काम करने में पैर न मैले हो जायँगे अर्थात् कुछ दिन न लगाए। (जब कोई आदमी कहीं जाने या कुछ करने में नहीं रुकता है तब यह व्यंग्य बोलते हैं)। पाँव पसारना = फैलना। बढ़ा देना। इधर उधर फिरना बंद करना। पाँव फाड़ना (१) पैर जमाना। जमकर खड़ा रहना। (२) लड़ाई में स्थिर रहना। डटा रहना। किसी बात पर अड़ जाना। किसी बात पर जम जाना। पाँव फिसना = पैर का चलते चलते फिसल जाना। जैसे,—तुम्हारे यहाँ दौड़ते दौड़ते पाँव फिसल गया तो रुपया न दिया। पाँव फैलना = दे० 'पाँव पसारना'। पाँव छूटना = रक्तस्राव होना। रक्तस्राव होना। पाँव छोड़ना = उपचार औषध से रक्तस्राव बंद करना। बहता हुआ खासिर धर्म जारी करना। पाँव जमना = (१) पैर टिकना। स्थिर भाव से खड़ा होना। (२) खड़ा रहना। डटा या विचलित होने की अवस्था न आना। पैर जमना = (१) स्थिर भाव से खड़ा रहना। (२) खड़ा या ठहरा रहना। न हटना। (३) स्थिर हो जाना। अच्छा ठहरने या रहने का पूरा बंदोबस्त कर लेना। जैसे,—अभी से घर ढूँढ़ने का यत्न करो, पाँव जमा लेना तो मुश्किल से होगा। पाँव जोड़ना = बहुत आदमियों का झुंड में सामने सामने बैठकर एक विशेष ढंग से सूत की रस्सी में पैर उलझाना। पाट आरंभ। पाँव टिकना = दे० 'पाँव जमना'। पाँव टिकाना = (१) खड़ा होना। (२) स्थिर होना। ठहर जाना। निवास करना। पाँव ठहरना = (१) पैर का जमना। पैर न हटना। जैसे,—पानी का ऐसा सोता था कि पाँव नहीं ठहरने पाता। (२) ठहराव होना। स्थिरता होना। पाँव उखड़ना = (१) पैर स्थिर न रहना। पैर ठहरा न रहना। पैर का ऊपर पड़ना। इधर उधर हो जाना। सटकना। जैसे,—इस पानी पुर पर से मैं नहीं पार सकता, पाँव उखड़ते हैं। (२) दृढ़ न रहना = शिथिल हो जाना। पाँव उखाड़ना = दे० 'काम में हाथ डालना'। किसी बात के [illegible] पाँव टिकना = पैर ठीक स्थान पर न पड़ना, इधर उधर हो जाना। स्थिर न रहना। शिथिल होना। जैसे,—घोड़ा के पाँव सख्त के ऊपर ठीक न टिके। पाँव मुड़ को घोड़ी मुड़, मुड़ घोड़। [illegible] पाँव पड़े की भली कहावत है = (ऐसा घोर सर्वनाशी दुःख का अवसर है [illegible]

सुनकर) पृथ्वी कँपी जाती है। (स्त्रियाँ०)। पाँव तले की मिट्टी निकल जाना = (किसी भयकर बात को सुनकर) स्तब्ध सा हो जाना। होश उड जाना। होश ठिकाने न रहना। ठक हो जाना। सन हो जाना। सन्नाटे मे आ जाना। पाँव तोडना = (१) बहुत चलकर पैर थकाना। जैसे,—मैं क्यो इतनी दूर जाकर पाँव तोडूँ। (२) बहुत दौड धूप करना। इधर उधर बहुत हैरान होना। घोर प्रयत्न करना। (किसी के) पाँव तोड़ना। (१) बहुत चलाकर थकाना। (२) दौडाकर हैरान करना। पाँव तोडकर बैठना = (१) कही न जाना। अचल होना। स्थिर हो जाना। जैसे,—भारत में दरिद्रता पाँव तोडकर बैठी है। (२) प्रयत्न करते करते थककर बैठना। हारकर बैठना। पाँव थरथराना = (१) भय, आशका, निर्बलता आदि से पैर काँपना। (२) किसी काम मे भय, आशका से आगे पैर न उठना। अग्रसर होने का साहस न होना। पाँव दबाना या दाबना = (१) थकावट दूर करने या आराम पहुँचाने के लिये जघे से लेकर पजे तक हथेली रख रखकर दबाव पहुँचाना। पाँव पलोटना। (२) सेवा करना। पाँव धरना = पैर रखना। किसी स्थान पर जाना। पधारना। जैसे,—अब उसके दरवाजे पर पाँव नहीं धरेंगे। किसी काम में पाँव धरना = किसी कार्य में अग्रसर होना। किसी कार्य में प्रवृत्त होना। किसी का पाँव धरना = (१) पैर छूकर प्रणाम करना। (२) दीनता से विनय करना। हा हा खाना। पाँव धारना ⓤ = दे० 'पाँव धरना'। उ०—धन्य भूमि वन पथ पहारा। जहँ जहँ नाथ पाँव तुम धारा। —तुलसी (शब्द०)। बुरे पथ पर पाँव (पग) धरना = बुरे काम में प्रवृत्त होना। उ०—रघुबसिन कर सहज सुभाऊ। मन कुपथ पग धरै न काऊ।—तुलसी (शब्द०) पाँव धो धोकर पीना = चरणामृत लेना। बड़े आदर भाव से पूजा करना। पाँव निकलना = दुश्चरित्रता की बात फैलना। बदचलनी की बदनामी फैलना। पाँव निकालना = (१) बढकर चलना। जिस स्थिति में हो उससे बढकर प्रकट करनेवाले काम करना। ऐसी चाल चलना जो अपने से ऊँचे पद और पित्त के लोगों को शोभा दे। इतराकर चलना। जैसे, किसी सामान्य मनुष्य का अमीरों का सा ठाट बाट रखना। (२) बेकहा होना। निरकुश होना। स्वेच्छाचारी होना। नटखटी और उपद्रव करना। जैसे,—तुमने बहुत पाँव निकाले हैं, चलो तुम्हारे बाप से कहता हूँ। (३) व्यभिचार करना। बदचलनी करना। (४) उस्ताद होना। चालाक होना। इधर उधर की बातें समझने बूझने योग्य हो जाना। पक्का होना। जैसे,—तुम तो बहुत सीधे और भोले भाले थे, अब तुमने भी पाँव निकाले। किसी काम से पाँव निकालना = किसी काम से किनारे हो जाना। तटस्थ हो जाना। शामिल न रहना। पाँव पकडना, पाँव पकरना ⓤ = (१) विनती करके किसी को कहीं जाने से रोकना। उ०—जानति जौ न श्याम ऐहैं पुनि पाँव पकरि घरि राखति।—सूर (शब्द०)। (२) पैर छूना। बडी दीनता और विनय करना। हा हा करना। उ०—अब यह बात कहौ जनि ऊधो पकरति पाँव तिहारे।—सूर (शब्द०)। (३) पैर छूकर नमस्कार करना। भक्ति और आदरपूर्वक प्रणाम करना। पाँव पखारना = (१) पैर धोना। पाँव पडना = (१) पैरो पर गिरना। साष्टांग दडवत् करना। (२) अत्यंत दीनता से विनय करना। (भूत, प्रेत आदि का) पाँव पड़ना † = भूत, प्रेत की छाया पड़ना। प्रभाव पडना। पाँव पर गिरना = दे० 'पाँव पडना'। पाँव पर पाँव रखकर बैठना या सोना = (१) काम धधा छोड आराम से बैठना या पडा रहना। चैन से चुपचाप पडा रहना। हाथ पैर न चलाना। उद्योग न करना। (२) गाफिल पडा रहना। सावधान न रहना। (पाँव पर पाँव रखकर बैठना या सोना कुलक्षण समझा जाता है। लोग कहते हैं, जब यादवो का नाश हो गया तब श्रीकृष्ण पाँव पर पाँव रखकर लेटे)। किसी के पाँव पर पाँव रखना = किसी के कदम व कदम चलना। किसी की एक एक बात का अनुकरण करना। दूसरा जो कुछ करता जाय वही करते जाना। पाँव पर सिर रखना = दे० 'पाँव पडना'। पाँव पलोटना ⓤ † = पैर दबाना। पाँवचपी करना। पाँव पसारना = (१) पैर फैलाना। (२) आराम से पडना या सोना। (३) मरना। (४) आडबर बढ़ाना। ठाट बाट करना। उ०—तेतो पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर।—(शब्द०) पाँव पाँव = अपने पैरो से, सवारी आदि पर नही। पैदल। पा प्यादा। पाँव पाँव चलना = पैरों से चलना। पाँव पाँव चदन के पाँव = एक वाक्य जिसे बच्चे के पहले पहल खड़े होने पर घर की स्त्रियाँ या खेलानेवाली दासियाँ प्रसन्न हो होकर कहती हैं। पाँव पीटना = (१) क्लेश या पीडा से पैर उठाना। बेचैनी से पैर पटकना। छटपटाना। तडफना। (२) मृत्यु की यत्रणा भोगना। (३) घोर प्रयत्न करना। हैरान होना। जैसे,—बहुत पाँव पीटा पर एक न चली। पाँव पूजना = (१) बडा आदर सत्कार करना। बडी श्रद्धा भक्ति करना। बहुत पूज्य मानना। (२) विवाह के कन्यादान के समय कन्याकुल के लोगों का वर का पूजन करना और कन्यादान में योग देना पाँव फिसलना = पैर का जमा न रहना, सरक जाना। रपटना। जैसे,—काई पर पाँव फिसल गया और गिर पडे। पाँव फूँक फूँककर रखना = बहुत बचाकर काम करना। कुछ करते हुए इस बात का बहुत ध्यान रखना कि कोई ऐसी बात न हो जाय जिससे कोई हानि या बुराई हो। बहुत सावधानी से चलना। पाँव फूलना = (१) पैरों का भय आशका आदि से अशक्त हो जाना। पैर आगे न उठना। (२) पैर में थकावट आना। थकावट से पैर दुखना। पाँव फेरने जाना = (१) विवाह के पीछे दुलहिन का पहले पहल ससुराल में जाना। (२) दुलहिन का ससुराल से पहले पहल अपने मायके या और किसी सबधी के यहाँ जाना और वहाँ से मिठाई, नारियल का गोला आदि लेकर लौटना। इसके पहले वह और किसी के यहाँ नही जा आ सकती। (३)

बच्चा होने के पीछे प्रसूता का कुछ दिनो के लिये अपने माँ बाप या और सबधियों के यहाँ जाना। पाँव फैलाना = (१) अधिक पाने के लिये हाथ बढ़ाना। मुँह बाना। पाकर भी अधिक का लोभ करना। जैसे,—बहुत पाँव न फैलाओ अब और न देंगे। (२) बच्चो की तरह अडना। हठ करना। जिद करना। मचलना। (विशेष दे० 'पाँव पसारना')। पाँव बढ़ाना = (१) चलने में पैर आगे रखना। (२) बडे बडे डग रखना। फाल भरना। जल्दी जल्दी चलना। (३) अधिकार बढ़ाना। अतिक्रमण करना। पाँव बाहर निकालना = दे० 'पाँव निकलना'। पाँव बाहर निकालना = दे० 'पाँव निकलना'। पाँव बिचलना = (१) पैर इधर उधर हो जाना। पैर का ठीक न पडना या जमा न रहना। पैर फिसलना। पैर रपटना। जैसे,—कीचड में पाँव फिसल गया। (२) स्थिर न रहना। दृढ़ता न रहना। (३) धर्म पर स्थिरता न रहना। ईमान डिगना। नीयत में फर्क आना। पाँव भर जाना = थकावट से पैर में बोझ सा मालूम होना। पैर थकना। पाँव भारी होना = पेट होना। गर्भ रहना। हमल होना। किसी से पाँव भी न धुलवाना = किसी को अपनी तुच्छ सेवा के योग्य भी न समझना। अत्यत तुच्छ और छोटा समझना। पाँव में क्या मेंहदी लगी है ? = क्या पैर में मेंहदी लगाकर बैठे हो कि छूटने के डर से जाना या कोई काम करना नहीं चाहते ? (व्यग्य)। पाँव में बेड़ी पड़ना = किसी प्रकार के बधन या जजाल में फँसना। जैसे, गृहस्थी या बाल बच्चो के। पाँव में सिर देना = दे० 'पाँव पर सिर रखना'। पाँव रगड़ना = (१) क्लेश या पीड़ा से पैर हिलाना या पीटना। छटपटाना। (२) बहुत दौड़ धूप करना। बहुत हैरान होना। बहुत कोशिश करना। पाँव रह जाना = (१) पैरो का अशक्त हो जाना। पैरो का काम देने लायक न रहना। (२) थकावट से पैरो का बेकाम हो जाना। जैसे,—चलते चलते पाँव रह गए। पाँव रोपना = अडना। प्रण करना। प्रतिज्ञा करना। पाँव लगना = (१) पैर छूना। प्रणाम करना। चरण-स्पर्श-पूर्वक नमस्कार करना। (२) पैर पडना। विनती करना। पाँव लगा होना = ऐसा स्थान जहाँ अनेक बार पैर पड चुके हो, अर्थात् आना जाना हो चुका हो। घूमा फिरा हुआ होना। बार बार आते जाते रहने के कारण परिचित होना। जैसे,—वहाँ की जमीन पाँव लगी हुई है ठीक जगह आपसे आप पहुँच जाता हूँ। पाँव समेटना = (१) पैर खीच कर मोडना जिससे वह दूर तक फैला न रहे। पैर सुकेडना। (२) किनारा खीचना। दूर रहना। लगाव न रखना। तटस्थ होना। (३) मरना। (४) इधर उधर घूमना छोडना। पाँव सुकेडना = पाँव समेटना। पैर फैला न रहने देना। पाँव से पाँव बाँधकर रखना = (१) बराबर अपने पास रखना। पास से अलग न होने देना। (२) बडी चौकसी रखना। निगाह के बाहर न होने देना। पाँव सो जाना = (१) पैर सुन्न हो जाना। स्तब्ध हो जाना। (२) पैर झनझनाना। (किसी के) पाँव न होना = ठहरने की शक्ति या साहस न होना। दृढ़ता न होना। जैसे,—चोर या शराबी के पाँव नहीं होते। धरती पर पाँव न रहना = (१) बहुत घमड होना। घमड या शेखी के मारे सीधे पैर न पडना। (२) आनद के मारे अग स्थिर न रहना। फूले अग न समाना। धरती पाँव न रखना = घमड के मारे सीधे पैर न धरना। बहुत ऊँचा होकर चलना। घमड या शेखी से फूलना। इतराना। आनद के मारे उछलना। बहुत प्रसन्न होना।

पाँवचप्पी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव + चापना (= दबाना)] थकावट दूर करने या आराम पहुँचाने के लिये पैर दबाने की क्रिया।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

पाँवर(५)—वि० [सं० पामर] पतित। पापी। नीच। अधम। उ०—देखे नरनारि कहँ, साग खाइ जाए माइ, बाहु पीन पाँवरनि पीना खाइ पोखे हैं।—तुलसी ग्र०, पृ० ३१६।

पाँवरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव + ड़ा (प्रत्य०)] १ दे० 'पावँडी'। २ सोपान। सीढ़ी। ३ पैर रखने का स्थान। ४ जूता। पादुका। खडाऊँ। उ०—भो रैदास नाम अस ताको। करै कर्म रचिबो जूता को। रचि पाँवरी संत कहँ देवै। सत चरण जल शिर धरि लेवै।—रघुराज (शब्द०)।

पाँवरी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पौरि, पौरी] १ पौरी। वह कोठरी जो किसी घर के भीतर घुसते ही रास्ते मे पडती हो। ड्योढी। २ बैठक। दालान। उ०—पैंग पैंग पर कुआँ बावरी। साजी बैठक और पाँवरी।—जायसी ग्र०, पृ० ११।

पाँस—सज्ञा स्त्री० [सं० पांशु] १ राख, गोबर, मल, मूत्र, अस्थि, क्षार, सडी गली चीजें आदि जो खेतो को उपजाऊ करने के लिये उनमें डाली जाती हैं। खाद।

क्रि० प्र०—डालना।—देना।

२. किसी वस्तु को सडाने पर उठा हुआ खमीर। ३. शराब निकाला हुआ महुआ।

पाँसना†—क्रि० स० [हिं० पाँस + ना (प्रत्य०)] खेत मे खाद देना।

पाँसा—सज्ञा पुं० [सं० पाशक] हाथीदाँत या किसी हड्डी के बने चार पाँच अगुल लबे बत्ती के आकार के चौपहल टुकडे। उ०—(क) चौपर खेलत भवन आपने हरि द्वारिका मँझार। पाँसे डार परम आतुर सो कीन्हे अनत उचार।—सूर (शब्द०)। (ख) कौरव पाँसा कपट बनाए। धर्मपुत्र को जुवा खेलाए।—(शब्द०)।

विशेष—इससे चौसर का खेल खेलते हैं। ये सख्या मे ३ होते हैं। प्रत्येक पहल में कुछ बिंदु से बने रहते हैं। उन्हीं बिंदुओं की गणना से दाँव समझा जाता है।

क्रि० प्र०—पडना।—फेंकना।

मुहा०—पाँसा उलटना = किसी प्रयत्न का उलटा फल होना। पाँसा उलटा पड़ना = दे० 'पाँसा उलटना'।

पाँसासार†—सज्ञा पुं० [हिं० पासा + सं० सारि] चौपट। उ०—

पाँसासारि कुँअर सब खेलहि गीतन सुवन ओनाहिं। चैन चाव तस देखा जनु गढ़ छेंका नाहिं।—जायसी (शब्द०)।

पाँसी—संज्ञा स्त्री० [सं० पाश] सूत या डोरी आदि का बना हुआ वह जाल या जाला जिसमें घास भूसा आदि बाँधते हैं।

पाँसुरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पार्श्व] पसली। पासुरी। उ०—(क) कलि को कलुष मन मलिन किए महत मसक की पाँसुरी पयोधि पाटियतु है।—तुलसी ग्र०, पृ० २२२। (ख) पावै न चैन सु मैन के बाननि होत छिनौ छिन छीन घनेरी। बूझै जु कत कहै तौ यहै तिय पीउ पिराति है पाँसुरी मेरी।—पद्माकर ग्र०, पृ० ११२।

पाँहीⓊ†—क्रि० वि० [हिं० पँह] निकट। पास। समीप।

पा—संज्ञा पुं० [हिं० पाद, फ़ा० पा] पैर। चरण। उ०—(क) परि पा करि बिनती घनी नीमरजा हौं कीन। अब न नारि अर करि सकै जदुबर परम प्रवीन।—स० सप्तक, पृ० २२०। (ख) पा पकरो बैनी तजो धरमै करिए आजु। मोर होत मनभावतो भलो भूलि सुभ काजु।—भिखारी० ग्र०, भा० १, पृ० ४८।

पाइंट—संज्ञा पुं० [अ० पाइंट] १ पानी, दूध आदि द्रव पदार्थ नापने का एक अंग्रेजी मान जो डेढ़ पाव का होता है। डेढ पाव का एक पैमाना। २ आधी या छोटी बोतल जिसमें प्राय डेढ पाव जल या मदिरा आती है। अद्धा।

पाइⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पाद] दे० 'पाद'। उ०—चरखी के चहले मैं चलि सकत न पाइ।—हम्मीर०, पृ० ५६।

पाइकⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पादातिक] दे० 'पायक'। उ०—सुंदर ज्ञानी नृपति के सेना हैं चतुरंग। रथ अश्व गज त्रय अवस्था इंद्रिय पाइक संग।—सुंदर ग्र०, भा० २, पृ० ८१३।

पाइंदा—वि० [फा० पाइंदह] अनश्वर। स्थायी। नित्य। सदा रहनेवाला [को०]।

यौ०—पाइंदाबाद = एक आशीर्वाचक। हमेशा रहो। चिरजीव।

पाइका—संज्ञा पुं० [अ०] नाप के विचार से छापे के टाइपों का एक प्रकार जिसकी चौडाई ¼ इंच होती है। अक्षरों की मोटाई आदि के विचार से इसके और भी कई भेद होते हैं। साधारण पाइका टाइप का नमूना यह है—

यह पाइका टाइप है।

यौ०—स्माल पाइका।

पाइक्क—संज्ञा पुं० [सं० पादातिक] दे० 'पायक', 'पाइक'। उ०—(क) पाइक्कह चक्कह को गणउ चलिय से चतुरंग।—कीर्ति०, पृ० ८२। (ख) पाइक्क संग कायक्क केलि। धरि धूप हथ्थ वाहत झेलि। पृ० रा०, १। ७२३।

पाइगाह†—संज्ञा पुं० [फा० पाएगाह] १ घुडसाल। वाजिशाला। २. कचहरी। उ०—पाइगह पम्म भरे भउं पल्लानिज्जउं तुरंग।—कीर्ति० पृ० ८४।

पाइतरीⓊ†—संज्ञा स्त्री० [सं० पादस्थली] पलंग का वह भाग जहाँ सोनेवाले के पैर रहते हैं। पैताना। उ०—भारतादि दुर्योधन अर्जुन भेटन गए द्वारका पुरी। कमलनैन बैठे सुख शय्या पारथ पाइतरी।—सूर (शब्द०)।

पाइप—संज्ञा पुं० [अ०] १ नल या नली। २. पानी की कल। नल। ३. बाँसुरी के आकार का एक प्रकार का अंग्रेजी बाजा। ४. हुक्के का नल।

पाइमालⓊ†—वि० [फा० पामाल, पायमाल] पददलित। बरबाद। उ०—तुलसी गरब तजि, मिलिबे को साज सजि, देहि सिय न तौ पिय पाइमाल जाहिगो।—तुलसी ग्र०, पृ० १८७।

पाइरा†—संज्ञा पुं० [हिं० पाव+रा (प्रत्य०)] रकाब जिसपर घोड़े की सवारी के समय पैर रखते हैं। विशेष—दे० 'रकाब'।

पाइलⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पायल] दे० 'पायल'। उ०—तब या प्रकार नूपुर के सब्द अनवट बिछियान के पाइलन के तथा कटिसूत्रन के सब्दन सों पधारे।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २२०।

पाईं—वि० [फा०] १. पिछला। पीछे का। आखिरी। २ नीचेवाला। निचला। ३ सिरहाने का उलटा। पायताना।

यौ०—पाईं परस्ती = दासता। खिदमतगारी। पाईं बाग।

पाईं बाग—संज्ञा पुं० [फा० पाईं बाग] नजर बाग। मकान से मिला हुआ बगीचा। उ०—अपना पाईंबाग बना लोगे प्रिय इस मन को आकर।—झरना, पृ० ३०।

पाई¹—संज्ञा स्त्री० [सं० पाद, हिं० पाय] १ किसी एक ही निश्चित घेरे या मंडल में नाचने या चलने की क्रिया। मंडल घूमना। गोडापाही। उ०—मीर के निकट रेणु रंजित लसै यों तट एक पट चादर की चाँदनी बिछाई सी। कहैं पदमाकर त्यों करत कलोल लोक आवरत पूरे राजमंडल की पाई सी।—पद्माकर (शब्द०)। २ पतली छड़ियों या बेतों का बना हुआ जोलाहों का एक ढाँचा जिसपर ताने के सूत को फैलाकर उसे खूब माजते हैं। टिकठी। अड्डा।

मुहा०—पाई करना = पाई पर फैले हुए ताने को कूँची से माँजना।

३. घोड़ों की एक बीमारी जिसमें उनके पैर सूज जाते हैं और वे चल नहीं सकते। ४ एक पुराना छोटा सिक्का जो आने का १२वाँ, या एक पैसे का तीसरा भाग होता था। ५ एक पैसा। (क्व०)। ६ छोटी सीधी लकीर जो किसी संख्या के आगे लगाने से इकाई का चतुर्थांश प्रकट करती है, जैसे ४। से चार और एक इकाई का चौथा भाग, अर्थात् सवा चार। ७ दीर्घ आकार सूचक मात्रा जिसे अक्षर को दीर्घ करने के लिये लगाते है, जैसे—क से का, द से दा। ८ छोटी खड़ी रेखा जो किसी वाक्य के अंत में पूर्ण विराम सूचित करने के लिये लगाई जाती है।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

९. पिटारी जिसमे स्त्रियाँ अपने आभूषणादि रखती हैं। १० छापे के घिसे हुए और रद्दी टाइप। (मुद्रण)।

मुहा०—पाई करना = (१) घिसे और बेकार टाइपों को एक में मिला देना। (२) छापे मे प्रयुक्त टाइपो को एक मे इस तरह मिला देना कि उनको अलग अलग न किया जा सके। पाई होना = मुद्रण में प्रयुक्त टाइपो का बेकार हो जाना।

पाई[३]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाया (=पाई कीड़ा)] एक छोटा लंबा कीड़ा जो घुन की तरह अन्न को, विशेषत धान को, खा जाता अथवा खराब कर देता है और उसे जमने योग्य नहीं रहने देता।

क्रि० प्र०—लगना।

पाइता—संज्ञा पुं० [देश०] एक वर्णवृत्त जिसमें एक मगण, एक भगण और एक सगण होता है।

पाउंड—संज्ञा पुं० [अ०] १ सोने का एक अंग्रेजी सिक्का जो २० शिलिंग का होता है और पहले १५) का माना जाता था, फिर १०) का, परंतु अब १३) का ही माना जाता है। इसका भाव घटता बढ़ता रहता है। अब इसका प्रचलन नहीं है। कागज का ही पौंड नोट चलता है। २ एक अंग्रेजी तौल जो लगभग ७ छटाँक के होती है।

पाउँ Ⓤ†—संज्ञा पुं० [सं० पाद] दे० 'पाँव'। उ०—जेन्हे अतिपजन विमन न किजिअ, जेइ अतत्थ न भणिआ, जेइ न पाउँ उमग दिजिअ।—कीर्ति०, पृ० १०।

पाउँदा—संज्ञा पुं० [हिं० पाउँ + दा] दे० 'पायँदा'। उ०—चीर चुरैलन नीर मग नीर गभीर मझाइ। करि पन्नग के पाउँदे पिय पै पहुँची जाइ।—स० सप्तक, पृ० ३६०।

पाउ†—संज्ञा पुं० [सं० पाद] १ दे० 'पाँव'। उ०—कहौ तोहि निधनगढ़, है खंड सात चढ़ाउ। फिरा न कोई जिअत जिउ, मरग पथ दै पाउ।—जायसी ग्रं०, पृ० २६४। २. चतुर्थांश। पाव।

पाउडर—संज्ञा पुं० [अ०] १ कोई वस्तु जो पीसकर धूल के समान कर दी गई हो। चूर्ण। बुरनी। २ एक प्रकार का विलायती बना हुआ मसाला या चूर्ण जो प्राय स्त्रियाँ और नाटक के पात्र अपने चेहरे पर रंगत बदलने और शोभा बढ़ाने के लिये लगाते हैं।

पाऊँ Ⓤ—संज्ञा पुं० [सं० पाद, प्रा० पाअ, पाअँ, पाउँ] पैर। उ०—गूँगा हुआ बावला, बहरा हुआ कान। पाऊँ थें पगुल भया, सतगुर मारया बान।—कबीर ग्र०, पृ० १०।

पाएल†—वि० [हिं० पैदल] पदाति या पैदल चलनेवाली (सेना)। उ०—अठारह लाख फौद है एता। तुरकी साजी पाएल केता।—रा० दखिया, पृ० १३।

पाक[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पकाने की क्रिया। रीधना। २ पकने वा पकाने की क्रिया या भाव। ३ पका हुआ अन्न। रसोई। पकवान। उ०—भोजन भूँजाई बिबध, बिंजन पाक सुरंग। रा० रू०, पृ० ३०३।

यौ०—पाककर्म, पाकक्रिया = पकाना। रीधना। पकाने का काम। पाकपंडित = रसोई बनाने मे दक्ष। पाकपात्र = दे० 'पाकभांड'। पाकपुटी। पाकभांड। पाकशाला। पाकागार।

४ वह औषध जो मिस्री, चीनी या शहद की चाशनी में मिलाकर बनाई जाय। जैसे, शुंठी पाक। ५ खाए हुए पदार्थ के पचाने की क्रिया। पाचन।

यौ०—पाकस्थली।

६ एक दैत्य जिसे इंद्र ने मारा था।

यौ०—पाकरिपु। पाकशासन।

७ वह खीर जो श्राद्ध में पिंडदान के लिये पकाई जाती है। ८. फोड़ा। व्रण (को०)। ९ परिणति। फल। नतीजा (को०)। १० उल्लूक। उल्लू (को०)। ११ वृद्धावस्था के कारण केशो का श्वेत होना (को०)। ११ गृह्याग्नि। गृह की अग्नि (को०)। १२ पाक का पात्र (को०)। १३ अनाज। अन्न (को०)। १४ बुद्धि की परिपक्व अवस्था (को०)। १५ भीति। आतंक (को०)। १६ उलट फेर। परिवर्तन (को०)।

पाक[२]—वि० १ पक्व। पका हुआ। २ स्वल्प। लघु। अल्प। ३ बुद्धिमान्। जिसकी बुद्धि परिपक्व हो। ४ प्रशंसा के योग्य। ५ अकृत्रिम। निष्कपट। शुद्धात्मा। ६ अज्ञ। अनभिज्ञ। अप्राज्ञ [को०]।

पाक[३]—वि० [फा०] १ पवित्र। शुद्ध। सुथरा। परिमार्जित।

मुहा०—पाक करना = (१) धार्मिक विधि के अनुसार किसी वस्तु को धोकर शुद्ध करना। (२) जबह किए हुए पशु या पक्षी के पास से पर, रोएँ आदि दूर करना

२ पापरहित। निर्मल। निर्दोष।

यौ०—पाकदामन। पाकसाफ।

३ जिसका कोई अंग शेष न रह गया हो। समाप्त। बेबाक।

मुहा०—झगड़ा पाक करना = (१) किसी ऐसे कार्य को समाप्त कर डालना जिसके लिये विशेष चिंता रही हो। (२) किसी बाधा को हटाकर या शत्रु को मारकर निश्चिंत हो जाना। झगड़ा तै होना। कोई कार्य समाप्त हो जाना। कोई बाधा दूर हो जाना। (३) मार डालना।

४. साफ। जैसे—यह सब झगड़ा से पाक है।

पाककृष्ण—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. जंगली करौंदा। २ करंज।

पाकज—संज्ञा पुं० [सं०] १ कचिया नमक। २ भोजन के बाद होनेवाली उदरपीड़ा। परिणामशूल (को०)।

पाकजात—वि० [फा० पाकजाद] शुद्धात्मा। पवित्रात्मा। जिसकी आत्मा स्वच्छ हो। उ०—जीव ने पहचान लिया पाकजात, जिससे है कायम यह कुल का ए नात।—कबीर म०, पृ० ४६।

पाकट[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० पाकेट] जेब । खीसा । थैली ।

मुहा०—पाकट गरम करना=(१) घूस लेना । (२) घूस देना । **पाकट गरम होना**=पास में धन होना । पाकेट में सपत्ति होना ।

यौ०—पाकटमार=गिरहकट । जेब काटनेवाला ।

पाकट[2]—सज्ञा पुं० [अं० पैकेट] दे० 'पैकेट' ।

पाकठ†—वि० [हिं० पकना, पकेठ] १ पका हुआ । २. पुराना । तजरबेकार । ३ बली । मजबूत ।

पाकड़—सज्ञा पु० [सं० पर्कट, प्रा० पक्कड] दे० 'पाकर' ।

पाकड़ी†—सज्ञा स्त्री० [सं० पर्कटी] पकडी । पर्कटी । पाकड । उ०—मोरा हि रे अँगना पाकडी सुनु बालहिआ ।—विद्यापति, पृ० १५४ ।

पाकदामन—वि० [फा०] [सज्ञा **पाकदामनी**] स्त्री जिसका चरित्र सब प्रकार निष्कलक और विशुद्ध हो । पतिव्रता । सती ।

पाकदामनी—सज्ञा स्त्री० [फा०] दे० 'पाकदामिनी' [को०] ।

पाकदामिनी—सज्ञा स्त्री० [फा० **पाकदामनी**] सतीत्व । पातिव्रत्य । शुद्धचरित्रता ।

पाकद्विष—सज्ञा पुं० [स०] पाकशासन । इद्र ।

पाकनाⓊ†—क्रि० अ० [हिं० **पकना**] दे० 'पकना' । उ०—कटहर डार पीड सन पाके । वडहर सो अनूप अति ताके । —जायसी (शब्द०) ।

पाक परवरदिगार—सज्ञा पु० [फा०] ईश्वर । अल्लाह ।

पाकपात्र—सज्ञा पुं० [स०] वह बरतन जिसमें भोजन पकाया या रखा जाय । जैसे, बटलोई, थाली आदि ।

पाकफल—सज्ञा पुं० [सं०] करौंदा ।

पाकबाज—वि० [फा० **पाकबाज**] [सज्ञा **पाकबाजी**] सच्चरित्र । उ०—कर कबूल इस बात कूँ ओ पाकबाज । बाग मे रहे ज्यो निगाह सरो सरफराज ।—दक्खिनी०, पृ० २०२ ।

पाकबाजी—सज्ञा स्त्री० [फा० **पाकबाज़ी**] १ पाकबाज होने का भाव । सच्चरित्रता । शुद्धता [को०] ।

पाकबीं—वि० [फा०] निष्पाप दृष्टि [को०] ।

पाकभांड—सज्ञा पुं० [सं० **पाकभाण्ड**] वह बरतन जिसमे भोजन पकाया या रखा जाय । जैसे, बटलोई, थाली आदि ।

पाकयज्ञ—सज्ञा पुं० [सं०] वृषोत्सर्ग और गृहप्रतिष्ठा आदि के समय किया जानेवाला होम जिसमें खीर की आहुति दी जाती है । २. पच महायज्ञ में ब्रह्मयज्ञ के अतिरिक्त अन्य चार यज्ञ—वैश्वदेव, होम बलिकर्म, नित्य श्राद्ध और अतिथिभोजन ।

विशेष—धर्मशास्त्रों के अनुसार शूद्र को भी पाकयज्ञ का अधिकार है ।

पाकयाज्ञिक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. पाकयज्ञ करनेवाला । २ वह पुस्तक जिसमें पाकयज्ञ का विधान हो ।

पाकयाज्ञिक[2]—वि० १ पाकयज्ञ सबधी । २ पाकयज्ञ से उत्पन्न ।

पाकरंजन—सज्ञा पु० [सं० **पाकरञ्जन**] तेजपत्ता ।

पाकर—सज्ञा पुं० [सं० पर्कटी, प्रा० पक्कडी] एक वृक्ष जो पच वटों में माना जाता है । रामअजीर । पाखर । जगली पिपली । पलखन ।

विशेष—इसके वृक्ष समस्त भारतवर्ष में वर्षा में अधिकता से बोए जाते हैं । इसकी पत्तियाँ खूब हरी और आम की तरह लबी पर उससे कुछ अधिक चौडी होती हैं । यह वृक्ष आपसे आप कम उगता है, पाय लगाने से ही होता है । यह ७-८ वर्ष मे तैयार हो जाता है । इसकी छाया बहुत घनी होती है । कवियो ने इसकी घनी छाया की बडी ही प्रशसा की है । इसकी छाल से बडे बारीक और मुलायम सूत तैयार किए जा सकते हैं । नरम फलो या गोदो को जगली और देहाती मनुष्य प्राय खाते हैं और पत्तियाँ हाथी और अन्य पशुओ के चारो के काम मे आती हैं । लकडी और किसी काम मे नहीं आती, केवल उससे कोयला तैयार किया जाता है । वैद्यक मे इसे कषाय, कटु, शीतल व्रण, योनिरोग, दाह, पित्त, कफ, रुधिरविकार, सूजन और रक्तपित्त को दूर करनेवाला माना है । छोटे पत्तियो-वाले वृक्ष को अधिक गुणदायक लिखा है ।

पाकरिपु—सज्ञा पुं० [स०] इद्र । उ०—काक समान पाकरिपु रीती । छली मलिन कतहूँ न प्रतीती ।—मानस, २।३०१ ।

पाकरीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० **पर्कटी**] दे० 'पाकर' ।

पाकल[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ कुष्ठ की दवा । वह दवा जिससे कुष्ठ अच्छा होता हो । २ फोडे को पकानेवाली दवा । ३ वह सन्निपात ज्वर जिसमें पित्त प्रबल, वात मध्यम और कफ हीन अवस्था में होता है और इनके बलाबल के अनुसार इन तीनो ही की उपाधियाँ उसमे प्रकट होती हैं । इसका रोगी प्राय तीन दिन मे मर जाता है । ४ हाथी का बुखार । ५ अग्नि । आग ।

पाकल†—वि० [सं० पाक+ल (हिं० प्रत्य०)] पक्व । पका हुआ । उ०—पाकल बिंब अइसन अधर ।—वर्ण०, पृ० ५ ।

पाकलि—सज्ञा स्त्री० [स०] काकडासिंगी । कर्कटी ।

पाकली—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पाकलि' ।

पाकशाला—सज्ञा पुं० [सं०] रसोई का घर । बावरचीखाना ।

विशेष—मुहूर्तचिंतामणि के अनुसार घर के पूर्व दक्षिण के कोण मे पाकशाला बनाना उत्तम है । सुश्रुत के अनुसार धुआँ बाहर निकलने के लिये ऊपर की ओर इसमे एक छोटी खिडकी भी होनी चाहिए ।

पाकशासन—सज्ञा पुं० [सं०] इद्र ।

पाकशासनि—सज्ञा पुं० [सं०] १ इद्र का पुत्र जयत । २ बालि । ३ अर्जुन [को०] ।

पाकशुक्ला—सज्ञा स्त्री० [सं०] खडिया मिट्टी ।

पाकसासनⓊ—सज्ञा पु० [सं० **पाकशासन**] इद्र । पाकशासन । उ०—आसन मिल्यो है पाकसासन को सेय तिन्हैं, जिनकी कृपा तै बोल कढै बाकबानी कै ।—ब्रज० ग्र०, पृ० २६ ।

पाकसी—सज्ञा स्त्री० [अ० फॉक्स] लोमड़ी। (लश०)।

पाकस्थली—सज्ञा स्त्री० [स०] उदर का वह स्थान जहाँ आहार द्रव्य जठराग्नि या पाचक रस की क्रिया से पचता है। पक्वाशय।

पाकस्थान—सज्ञा पुं० [स०] १ रसोईघर। महानस। २ कुम्हार का आवाँ [को०]।

पाकहंता—सज्ञा पु० [सं० पाकहन्तृ] पाकशासन। इद्र।

पाका‡[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पकना] फोडा।

पाका[2]—वि० [स० पक्व] पका हुआ। उ०—भला भला ताजी चढै, आचरै बीडा पाका पान।—बी० रासो, पृ० १८।

पाकागार—सज्ञा पु० [स०] रसोईघर।

पाकातिसार—सज्ञा पुं० [स०] पुराना अतिसार। जीर्ण आमातिसार [को०]।

पाकात्यय—सज्ञा पुं० [स०] आँखों का एक रोग जिसमे आँख का काला भाग सफेद हो जाता है।

विशेष—आरभ मे इसमें एक फोडा होता है और आँखो से गरम गरम आँसू गिरते हैं। पुतली का सफेद हो जाना त्रिदोष का कोप सूचित करता है। इस दशा मे यह रोग असाध्य समझा जाता है।

पाकारि—सज्ञा पुं० [सं०] १ इद्र। २ सफेद कचनार का वृक्ष।

पाकिम—वि० [स०] १ पका हुआ। २ पाक क्रिया से प्राप्त, जैसे, नमक। ३ पकाया हुआ [को०]।

पाकिस्तान—सज्ञा पुं० [फा०] भारत का वह भाग जिसमे मुसलमानो की आबादी अधिक है और (१५ अगस्त) सन् १९४७ मे जिसे सांप्रदायिक आधार पर एक सघराज्य का रूप दे दिया गया। इसमे सिंध, बिलोचिस्तान, सीमाप्रात, पजाब का पश्चिमी भाग और पूर्वी बगाल हैं। उ०—देश मे साप्रदायिक दगे हो चले थे और भारत मे दो राष्ट्रो के सिद्धात पर आधारित पाकिस्तान की कल्पना मूर्तिमान स्वरूप धारण कर रही थी।—भा० वि०, पृ० १००।

पाकिस्तानी—वि० [फा०] १ पाकिस्तान का। २ पाकिस्तान मे होनेवाला। २ पाकिस्तान से सबद्ध।

पाकी[1]—वि० [सं० पाकिन्] पकने की ओर अभिमुख। जो पक्व हो रहा हो [को०]।

पाकी[2]—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ निर्मलता। पवित्रता। शुद्धता। २. परहेजगारी। ३ स्वच्छता। सफाई।

मुहा०—पाकी लेना = उपस्थ पर के बाल साफ करना।

पाकीजा—वि० [फा० पाकीज़ह्] [सज्ञा पाकीजगी] १ पाक। पवित्र। शुद्ध। २ खूबसूरत। सुदर। ३ बेऐब। निर्दोष।

पाकु—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पाकुक'।

पाकुक—सज्ञा पुं० [स०] रसोइया। पाचक।

पाकेट[1]—सज्ञा पुं० [अ०] जेब। खीसा।

मुहा०—पाकेट गरम करना = (१) घूस लेना। (२) घूस देना। **पाकेट गरम होना** = पास मे धन होना।

यौ०—पाकेटमार=जेबकट। गिरहकट। **पाकेटमारी**=गिरहकटी। जेबकटी का काम।

पाकेट[2]—सज्ञा पुं० [अं० पैकेट] दे० 'पैकेट'। २ नियमित दिन को डाक, माल और यात्री लेकर रवाना होनेवाला जहाज। (लश०)।

पाकेट[3]—सज्ञा पु० [डि०] ऊँट।

पाक्य[1]—वि० [सं०] जो पच सके। पचने योग्य। पचनीय।

पाक्य[2]—सज्ञा पु० १ काला नमक। २ सांभर नमक। ३ जवाखार। ४ शोरा।

पाक्यक्षार—सज्ञा पु० [स०] १ जवाखार। २ शोरा।

पाक्यज—सज्ञा पुं० [स०] कचिया नमक।

पाक्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सज्जी। २ शोरा।

पाक्ष—वि० [स०] [वि० स्त्री० पाक्षी] १ पक्ष या पाख सबधी। पाक्षिक। पक्षविशेष से सबध रखनेवाला [को०]।

पाक्षपातिक—वि० [स०] [वि० स्त्री० पाक्षपातिकी] पक्षपात करनेवाला। पक्षपाती [को०]।

पाक्षायण—वि० [स०] १ जो पक्ष मे एक बार हो या किया जाय। २ जो पक्ष से सबध रखता हो।

पाक्षिक[1]—वि० [स०] १. पक्ष या पखवाडे से सबध रखनेवाला। २ जो पक्ष या प्रति पक्ष मे एक बार हो या किया जाय। जैसे,—पाक्षिक पत्र या बैठक। ३ किसी विशेष व्यक्ति का पक्ष करनेवाला। पक्षवाही। तरफदार। ४ दो मात्राओ का (छद)। ५ पक्षियो से सबद्ध। पक्षिसबधी (को०)। ६ वैकल्पिक। ऐच्छिक (को०)।

पाक्षिक[2]—सज्ञा पुं० १ पक्षियो को मारनेवाला। व्याध। बहेलिया। २ विकल्प। पक्षातर (को०)।

पाखंड[1]—सज्ञा पु० [सं० पाखण्ड] १ वेदविरुद्ध आचार। उ०—षट दरसन पाखड छानवे पकरि किए बेगारी।—धरम०, पृ० ६२। २ वह भक्ति या उपासना जो केवल दूसरो के दिखाने के लिये की जाय और जिसमे कर्ता की वास्तविक निष्ठा वा श्रद्धा न हो। ढोग। आडबर। ढकोसला। ३ वह व्यय जो किसी को धोखा देने के लिये किया जाय। नकभक्ति। छल। धोखा। ४ नीचता। शरारत। ५ जैन या बौद्ध (को०)।

मुहा०—पाखंड फैलाना = किसी को ठगने के लिये उपाय रचना। बुरे हेतु से ऐसा काम करना जो अच्छे इरादे से किया हुआ जान पड़े। नजर फैलाना। ढकोसला खडा करना। जैसे,—(क) उस (साधु) ने कैसा पाखड फैला रखा है। (ख) वह तुम्हारे पाखड को ताड गया।

पाखड[2]—वि० पाखंड करनेवाला। पाखंडी।

पाखडी—वि० [स० पाखण्डिन्] १ वेदविरुद्ध आचार करनेवाला। वेदाचार का खडन या निंदा करनेवाला।

विशेष—पद्मपुराण मे लिखा है कि जो नारायण के अतिरिक्त

अन्य देवता को भी वदनीय कहता है, जो मस्तक आदि मे वैदिक चिह्नो को धारण न कर अवैदिक चिह्नो को धारण करता है, जो वेदाचार को नही मानता, जो सदा अवैदिक कर्म करता रहता है, जो वानप्रस्थाश्रमी न होकर जटावल्कल धारण करता है, जो ब्राह्मण होकर हरि के अत्यत प्रिय शख, चक्र, उर्ध्वपुड्र आदि चिह्न धारण नहीं करता, जो विना भक्ति के वैदिक यज्ञ करता है, जीवहिंसक, जीवभक्षक, अप्रशस्त दान लेनेवाला, पुजारी, ग्रामयाजक (पुरोहित), अनेक देवताओ की पूजा करनेवाला, देवता के जूठे वा श्राद्ध के अन्न पर पेट पालनेवाला, शूद्र के से कर्म करनेवाला, निषिद्ध पदार्थों को खानेवाला, लोभ, मोह आदि से युक्त, परस्त्रीगामी, आश्रमधर्म का पालन न करनेवाला, जो ब्राह्मण सभी वस्तुओ को खाता या वेचता हो, पीपल, तुलसी, तीर्थस्थान आदि की सेवा न करनेवाला, सिपाही, लेखक, दूत, रसोइया आदि के व्यवसाय और मादक पदार्थों का सेवन करनेवाला ब्राह्मण पाखडी है। पाखडी के साथ उठना बैठना, उसके घर जल पीना या भोजन करना विशेष रूप से निषिद्ध है। यदि किसी प्रकार एक वार भी इस निषेध का उल्लघन हो जाय तो परम वैष्णव भी इस पाप से पाखडी हो जायगा। मनुस्मृति के मत से पाखडी का वाणी से भी सत्कार न करे और राजा उसे अपने राज्य से निकाल दे।

२ वनावटी धार्मिकता दिखानेवाला। जो बाहर से परम धार्मिक जान पड़े पर गुप्त रीति से पापाचार मे रत रहता हो। कपटाचारी। बगलाभगत। ३ दूसरो को ठगने के निमित्त अनेक प्रकार के आयोजन करनेवाला। ठग। धोखेबाज। धूर्त।

पाख[1]—सज्ञा पुं० [सं० पक्ष, प्रा० पक्ख] १ महीने का आधा। पद्रह दिन। पखवाडा। २ मकान की चौडाई की दीवारो के वे भाग जो ठाठ के सुभीते के लिये लवाई की दीवारो से त्रिकोण के आकार मे अधिक ऊँचे किए जाते हैं और जिनपर लकडी का वह लवा मोटा और मजवूत लट्ठा रखा जाता है जिसको 'वडेर' कहते हैं। कच्चे मकानों मे प्रायः और पक्के में भी कभी कभी पाख बनाए जाते हैं। इनसे ठाठ को ढालू करने में सहायता होती है। पाख के सबसे ऊँचे भाग पर वडेर रखी जाती है जिसपर सारे ठाठ और खपरैलों का भार होता है। पाख का आकार इस प्रकार का होता है—



पाख†[2]—सज्ञा पुं० [सं० पक्ष, प्रा० पक्ख] पक्षी का पख। डैना। पर।

पाखती†—सज्ञा पुं० [देश०] पार्श्वरक्षक सैनिक। उ०—पाखती सवल जोधे प्रचड।—रा० रू०, पृ० १८३।

पाखर[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रच्छर, प्रच्छद] १ लोहे की वह झूल जो लडाई के समय रक्षा के लिये हाथी या घोडे पर डाली जाती है। चार आईना। २ राल चढ़ाया हुआ टाट या उससे वनी हुई पोशाक।

पाखर[2]—सज्ञा पुं० [सं० पर्कटी] दे० 'पाकर'।

पाखरिⒼ—सज्ञा स्त्री० [हिं] दे० 'पाखर'। उ०—गिरिवन कुज खरिक अरु वाखरि, हित मतग यै परि पन पाखरि। —घनानद, पृ० २९३।

पाखरिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाखर+इया (प्रत्य०)] दे० 'पाखर'। उ०—वखतर ढाल वदूक पाखरिया कमवज पडचा। करसी कूका कूक नाम घुडासी नानिया।—राम० धर्म०, पृ० ७०।

पाखरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाखर (= झूल)] टाट का वना हुआ वह विस्तरा जिसको गाडी में पहले विछाकर तव अनाज भरा जाता है।

पाखा[1]—सज्ञा पुं० [सं० पक्ष, प्रा० पक्ख] १ कोना। छोर। उ०—पावक भाष्यो विष्णुपदी सो शभु तेज अतिघोरा। तजहु हिमाचल के पाखा में यह सम्मत है मोरा। —रघुराज (शब्द०)। २ दे० 'पाख-२'।

पाखा†[2]—सज्ञा पुं० दे० 'पख'।

पाखाक—सज्ञा स्त्री० [फा० पाखाक] चरणरज। पैर की धूल।

पाखानⒼ†—सज्ञा पुं० [सं० पाषाण] पत्थर।

पाखानभेद—सज्ञा पुं० [सं० पाषाणभेदक] दे० 'पखानभेद'।

पाखाना—सज्ञा पुं० [फा० पाख़ानह्] १ वह स्थान जहाँ मलत्याग किया जाय। २ भोजन के पाचन के उपरात पचा हुआ मल जो अधोमार्ग से निकल जाता है। गू। गलीज। पुरीष।

मुहा०—पाखाने जाना = मलत्याग के लिये जाना। पाखाना खता होना = बहुत ही भयभीत होना। पाखाना निकलना। पाखाना निकलना = मारे भय के बुरा हाल होना। जैसे,—उन्हे देखते ही इनका पाखाना निकलता है। पाखाना फिरना = मलत्याग करना। पाखाना फिर देना = डर से घबरा जाना। भय से अत्यंत व्याकुल हो जाना। जैसे,—शेर को देखते ही डर के मारे पाखाना फिर दोगे। पाखाना लगना = मल निकलने की आवश्यकता जान पडना। मल का वेग जान पड़ना।

पाग[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पग (= पैर)] पगडी। उ०—जूती का दे सर पर मारी, और लपककर पाग उतारी।—दक्खिनी०, पृ० ३११।

विशेष—कहते हैं, पगडी पहले पैर के घुटने पर बाँधकर तब सिर पर रखी जाती थी, इसी से यह नाम पडा।

पाग[2]—देश० पुं० [सं० पाक] १. दे० 'पाक'। २ वह शीरा या चाशनी

जिसमें मिठाइयाँ या दूसरी खाने की चीजें डुबाकर रखी जाती हैं। उ०—आखर अरथ मजु मृदु मोदक राम प्रेम पाग पागिहैं।—तुलसी (शब्द०)। ३ चीनी के शीरे में पकाया हुआ फल आदि। जैसे, कुम्हड़ा पाग। ४ वह दवा या पुष्टई जो चीनी या शहद के शीरे में पकाकर बनाई जाय और जिसका सेवन जलपान के रूप में भी कर सकें।

पागड़ा†—संज्ञा पुं० [हिं० पग] १ पैर। चरण। उ०—प्रबल सूर असुर जिण लगाया पागढे। —रघु० रू०, पृ० ३१। २ रिकाब। ऊँट या घोड़े की काठी का पावदान जिसपर पैर रखकर सवार होते हैं। उ०—ढोलउ हल्लाणउ करइ घण हल्लिवा न देह। झब झब झूँवइ पागडइ डवडव नयण भरेह।—ढोला०, दू० ७०।

पागना[१]—क्रि० स० [सं० पाक] शीरे या किवाम में डुबाना। मीठी चाशनी में सानना या लपेटना। उ०—आखर अरथ मजु मृदु मोदक राग प्रेम पाग पागिहै।—तुलसी (शब्द०)।

पागना[२]—क्रि० अ० किसी विषय में अत्यत अनुरक्त होना। डूबना। मग्न होना। तन्मय होना। उ०—(क) तव बसुदेव देवकी निरखत परम प्रेम रस पागे।—सूर (शब्द०)। (ख) पिय पागे परोसिन के रस मे बस में न कहूँ बस मेरे रहैं।—पद्माकर (शब्द०)।

पागर[१]—संज्ञा पुं० [?] वह रस्सा जिससे मल्लाह नाव को खीचकर नदी के किनारे बाँधते हैं। गून (लश०)।

पागर[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पग] रिकाब। घोड़े की काठी का पायदान। उ०—निजै मन आगम जानि मरन्न, पवगम पागर काटि चरन्न। उपानह छडिय चावँड राइ, पवन्नह वेग जवन्नह धाइ।—पृ० रा०, ६६।१२२।

पागल—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पगली, पागलिनी] १ विक्षिप्त। बौडहा। सनकी। बावला। सिडी। जिसका दिमाग ठीक न हो।

यौ०—पागलखाना। पागलपन।

२ क्रोध, शोक या प्रेम आदि के उद्वेग मे जिसकी भला बुरा सोचने की शक्ति जाती रही हो। जिसके होश हवास दुरुस्त न हों। आपे से बाहर। जैसे,—(क) वे उनके प्रेम मे पागल हो गए हैं। (ख) वे मारे क्रोध के पागल हो गए हैं। ३ मूर्ख। नासमझ। बेवकूफ। जैसे,—तुम निरे पागल हो।

पागलखाना—संज्ञा पुं० [हिं० पागल+फ़ा खानह्] वह स्थान जहाँ पागलो को रखकर उनका इलाज किया जाता है। पागलो के रखने का स्थान।

पागलपन—संज्ञा पुं० [हिं० पागल+पन (प्रत्य०)] वह भीषण मानसिक रोग जिससे मनुष्य की बुद्धि और इच्छाशक्ति आदि में अनेक प्रकार के विकार होते हैं। उन्माद। बावलापन। विक्षिप्तता। चित्तविभ्रम। विशेष—दे० 'उन्माद'। २ मूर्खता। बेवकूफी।

पागली—संज्ञा स्त्री० [हिं० पागल] दे० 'पगली'।

पागुⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० पाग] दे० 'पाग'। उ०—ललित लसैं सिर पागु तकै, तक तेंह तेंह मुरझे।—नद० ग्र०, पृ० २०७।

पागुर†—संज्ञा पुं० [हिं० पाक] दे० 'जुगाली'।

पाघⓊ†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाग] दे० 'पाग'। उ०—पाघ विराजत सीस पर जरकस जोति निहाय। मनो मेर के सिपर पर रह्यो अहप्पति आय।—पृ० रा०, १।७५०।

पाचक[१]—वि० [सं०] जो किसी कच्ची वस्तु को पचावे या पकावे। पचाने या पकानेवाला।

पाचक[२]—संज्ञा पुं० १ वह नमकीन या क्षारयुक्त औषध जो भोजन को पचाने और भूख तथा पाचन शक्ति को बढ़ाने के लिये खाई जाती है। २ [स्त्री० पाचिका] भोजन पकानेवाला। रसोइयाँ। बावर्ची। ३ पाँच प्रकार के पित्तो मे से एक पित्त।

विशेष—वैद्यक मे इसका स्थान आमाशय और पक्वाशय माना गया है। यही भोजन को पचाता और उससे उत्पन्न रसवायु, पित्त, कफ, मूत्र, पुरीष आदि को अलग अलग करता है। अपने में स्थित अग्नि द्वारा यह अन्य चार पित्तस्थानो की क्रियाओ में सहायता करता है।

४ पाचक पित्त मे रहनेवाली अग्नि।

विशेष—शरीर की गरमी का घटना बढ़ना इसी अग्नि की सबलता और निर्बलता पर निर्भर है।

पाचन[१]—संज्ञा पुं० [स०] १ पचाने या पकाने की क्रिया। पचाना या पकाना। २ खाए हुए आहार का पेट में जाकर शरीर के धातुओ के रूप में परिवर्तन। अन्न आदि का पेट में जाकर उस रूप मे आना जिस रूप में वह शरीर का पोषण करता है। विशेष—दे० 'पक्वाशय'।

यौ०—पाचनशक्ति।

३ वह औषध जो आम अथवा अपक्व दोष को पचावे।

विशेष—पाचन औषध प्राय काढ़ा करके दी जाती है। यह औषध १६ गुने पानी मे पकाई जाती है और चौथाई रह जाने पर व्यवहार में लाई जाती है। वैद्यक में प्रत्येक रोग के लिये अलग अलग पाचन लिखा है जो कुल मिलाकर ३०० से अधिक होते हैं।

४ प्रायश्चित्त। ५ अम्ल रस। खट्टा रस। ६. अग्नि। ७ लाल एरड। ८ व्रण में से रक्त या मवाद निकालना (को०)। ९ व्रण या घाव का पूरा होना (को०)।

पाचन[२]—वि० १ पचानेवाला। हाजिम। २ किसी विशेष वस्तु के अजीर्ण को नाश करनेवाली औषध।

विशेष—विशेष विशेष वस्तुओ के खाने से उत्पन्न अजीर्ण विशेष पदार्थों के खाने से नष्ट होता है। जो वस्तु जिसके अजीर्ण को नष्ट करती है उसे उसका पाचन कहते हैं। जैसे, कटहल का पाचन केला, केले का घी और घी का जँभीरी नीबू पाचक है। इसी प्रकार आम और भात के अजीर्ण का दूध, दूध के अजीर्ण का अजवायन, मछली तथा मास के

अजीर्ण का मठ्ठा पाचन है। गरम मसाला, हल्दी, हींग, सोंठ नमक आदि साधारण रीति से सभी द्रव्यों के पाचन हैं।

पाचनक—संज्ञा पुं० [सं०] १ सोहागा। २ पाचन करनेवाला एक पेय (को०)।

पाचनगण—संज्ञा पुं० [सं०] पाचन औषधियों का वर्ग। जैसे, काली मिर्च, अजवायन, सोंठ, चव्य, गजपीपल, काकड़ासिंगी आदि।

पाचनशक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह शक्ति जो भोजन को पचाये। आमाशय और पक्वाशय में रहनेवाले पित्त तथा अग्नि की शक्ति। हाजमा।

पाचनाⓤ[1]—क्रि० स० [सं० पाचन] १ पकाना। २ अच्छी तरह पकाना। परिपक्व करना। उ०—निसि दिन स्याम सुमिरि यश गावे कलपन मेटि प्रेमरस पावै। —सूर (शब्द०)।

पाचना[2]—क्रि० अ० निस्तत्व होना। पचना। गलना। क्षीण होना।

पाचनिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पकाने या पचाने की क्रिया (को०)।

पाचनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] हड़।

पाचनीय—वि० [सं०] जो पचाई या पकाई जा सके। पचाने या पकाने योग्य। पाच्य।

पाचयिता—वि० [सं० पाचयितृ] १ पाक करनेवाला। रसोइया। २ पचानेवाला। हाजिम।

पाचरां—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पचर'।

पाचल[1]—वि० [सं०] १ पाक करनेवाला। पकानेवाला। २ पचानेवाला। हाजिमा (को०)।

पाचल[2]—संज्ञा पुं० १. अग्नि। २ पाचक। रसोइया। ३ वायु। ४ रींधने या पकाने की वस्तु (को०)।

पाचा—संज्ञा स्त्री० [सं०] रांधना। पकाना (को०)।

पाचि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पाचा' (को०)।

पाचिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] रसोईदारिन। रसोई करनेवाली।

पाची—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की लता जिसे वैद्यक में कटु-तिक्त, कषाय, उष्ण, वातविकार, प्रेत और भूत की बाधा, चर्मरोग और फोड़े फुंसियों में उपकारक माना है। पाची या पच्ची लता। मर्कटपत्री। हरितपत्रिका।

पाच्छा†—संज्ञा पुं० [फा० पादशाह] दे० 'बादशाह'

पाच्छाई—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० पादशाही] राज्य। हुकूमत। बादशाहत। उ०—जिनके लागे सब्द के डंडा त्यागि चले पाच्छाई।—कबीर श०, भा० ३, पृ० १६।

पाच्छाह—संज्ञा पुं० [फा० पादशाह] दे० 'बादशाह'।

पाच्य—वि० [सं०] जो पचाया या पकाया जा सके। पचाने या पकाने योग्य। पाचनीय।

पाछ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाछना] १ जंतु या पौधे के शरीर पर छुरी की धार आदि मारकर ऊपर ऊपर किया हुआ घाव जो गहरा न हो। २ पोस्ते के डोडे पर नहरनी से लगाया हुआ चीरा जिससे गोंद के रूप में अफीम निकलती है। ३. पाछने की क्रिया अथवा भाव। ४ किसी वृक्ष पर उसका रस निकालने के लिये लगाया हुआ चीरा।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

पाछ†[2]—संज्ञा पुं० [सं० पश्चात्, प्रा० पच्छा] पीछा। पिछला भाग।

पाछ[3]—क्रि० वि० पीछे। उ०—अलबोल लगि गब्दं मैं चितवउं पाछ उजास। जुग बसुध फर मीत सब राम सुनहि मोहि तास।—तुलसी (शब्द०)।

पाछना—क्रि० स० [हिं० पछा] जंतु या पौधे के शरीर पर छुरी की धार इस प्रकार मारना कि बहुत गहरा न पैठे और जिससे केवल ऊपर ऊपर का रक्त आदि निकल जाय। छुरा या नहरनी आदि से रक्त, पछा या रस निकालने के लिये हलका चीरा लगाना। चीरना। उ०—मुनि सुत बचन कहत कैकेई। मरमु पाछि जनु माहुर देई।—तुलसी (शब्द०)।

पाछलⓤ—वि० [हिं०] दे० 'पिछला'।

पाछली—वि० [हिं०] दे० 'पिछला'। उ०—भए अंतरधान बीते पाछली निसि जाग।—भारतेंदु ग्रं०, भा० ३, पृ० ७८।

पाछलुⓤ—वि० [हिं०] दे० 'पिछला'।

पाछाⓤ—संज्ञा पुं० [हिं० पाछ] दे० 'पीछा'।

पाछाई†—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० पादशाही] बादशाही। हुकूमत। उ०—लोक तीन महिं चौथे मारी। जा पर छत करै पाछाई।—घट०, पृ० २५६।

पाछिलⓤ—वि० [हिं० पाछ+इल (प्रत्य०)] दे० 'पिछला'। उ०—पाछिल मोह समुझि पछिताना। ब्रह्म अनादि मनुज कर माना।—तुलसी (शब्द०)।

पाछीⓤ[1]—क्रि० वि० [हिं० पाछ] पीछे की ओर। पीछे। उ०—एक दिन मृतक राखि एक बाछी। नंददास घर के बधु पाछी।—रघुराज (शब्द०)।

पाछी[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पक्षी] दे० 'पक्षी'। उ०—रसना तू अनुरागनि पाछी। गोविंद गुनगन महिमा साछी।—घनानंद, पृ० २९६।

पाछु†—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'पीछे'।

पाछें‡—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'पीछे'। उ०—कान्ह को डर जिनि जिय में आनौ। पाछें मोहि आयौ ही जानौ।—नंद० ग्रं०, पृ० १६१।

पाछे‡—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'पीछे'।

पाछौ‡—क्रि० वि० [सं० पश्चा, प्रा० पच्छा हिं० पाछा] दे० 'पाछा'। उ०—तातें श्री ठाकुर जी ने वा वैष्णव के लरिका को पाछौ घर भेज्यो।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ३२७।

पाज[1]—संज्ञा पुं० [सं० पाजस्य] पाँजर। उ०—निरखि छवि फूलत हैं ब्रजराज। उत जमुदा इत आपु परस्पर आड़े रहे कर पाज।—सूर (शब्द०)।

पाज[2]—संज्ञा पुं० [?] १ पंक्ति। पाँती। कतार। (लश०)।

(५)२. सेतु। पुल। बाँध। उ०—(क) बधि पाज सागरहु हनुअ अगद सुग्रीवह। —पृ० रा०, २।२७१। (ख) ब्रज तिय हिय सरबर रसभरे। लाज पाज तजि उमगनि ढरे। —घनानद०, पृ० ३२२।

पाजरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक वनस्पति जिससे रग निकाला जाता है।

पाजस्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ पाँजर। छाती और पेट की बगल का भाग। २ पार्श्व। बगल।

पाजा—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पायचा'।

पाजामा—सज्ञा पुं० [फा० पाजामह्] पैर मे पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है। सुथना। तमान। इजार।

विशेष—पाजामे के टखने की ओर के अतिम भाग को मुहरी या मोरी, जितना भाग एक एक पैर मे होता है उसे पायचा, दोनो पायचो के मिलानेवाले भाग को मियानी, कमर की ओर के अतिम भाग को जिसमे इजारबद रहता है नेफा और जिस सूत या रेशम के बधनो को नेफे मे डालकर कसते हैं, उसे इजारबद कहते हैं। पाजामे के कई भेद हैं—(क) चूडीदार, जो घुटने के नीचे इतना तग होता है कि सहज में पहना या उतारा नही जा सकता। पहनने पर घुटने के नीचे इसमें बहुत से मोड पड जाते हैं। इसके भी दो भेद होते हैं—आडा और खडा। आडे की काट नीचे से ऊपर तक आडी और खडे की खडी होती है। कभी कभी इसमें मोहरी की तरफ तीन बटन लगते हैं। उस दशा मे मोहरी और भी तग रखी जाती है। (ख) बरदार, जो घुटने के नीचे और ऊपर बराबर चौडा होता है। इसकी एक एक मुहरी एक हाथ से कम चौडी नही होती। (ग) अरबी, जिसकी मोहरी चूडीदार से अधिक ढीली होती है और जो अधिक लबा न होने के कारण सहज मे पहन लिया जाता है। (घ) पतलूननुमा, जिसकी मोहरी बरदार से कम और अरबी से अधिक चौडी होती है। आजकल इसी पाजामे का रवाज अधिक है। (ङ) कलीदार या जनाना पाजामा, जो नेफे की तरफ कम और मोहरी की तरफ अधिक चौडा रहता है। इसके नेफे का घेरा १ गज और मोहरी का २½ गिरह होता है। इसमे बहुत सी कलियाँ होती हैं जिनका चौडा भाग मोहरी की ओर और तग भाग नेफे की ओर होता है। (च) पेशावरी, जो कलीदार का प्राय उलटा होता है अर्थात् नेफा १¾ गज और मोहरी प्राय २½ गिरह चौडी होती है। (छ) काबुली और (ज) नेपाली भी इसी प्रकार के होते हैं। पहले के नेफे का घेरा ४ गज और दूसरे का २½ गज होता है। इनमे कलियो की स्थापना कलीदार की उलटी होती है।

पाजामे का व्यवहार इस देश में कब से आरभ हुआ, उपलब्ध इतिहासो से इसका निश्चय नही होता। अधिकतर लोगो का ख्याल है कि यह मुसलमानो के साथ यहाँ आया। पहले यहाँ के लोग धोती ही पहना करते थे। परतु पहाडियों और शीतप्रधान प्रदेशों के रहनेवालो में आजकल इसका जितना व्यवहार है उससे सदेह हो सकता है कि पहले भी उनका काम इसके बिना न चलता रहा होगा। आजकल हिंदू, मुसलमान दोनो पाजामा पहनते हैं, पर मुसलमान अधिक पहनते हैं।

पाजी[१]—सज्ञा पुं० [सं० पदाति] १ पैदल सेना का सिपाही। प्यादा। २. रक्षक। चौकीदार। उ०—पउरी नवउ बजर कइ साजी। सहस सहस तहँ बइठे पाजी। —जायसी (शब्द०)।

पाजी[२]—वि० [सं० पाप्य] दुष्ट। लुच्चा। खोटा। कमीना।

पाजीपन—सज्ञा पुं० [हिं० पाजी+पन (प्रत्य०)] दुष्टता। खुटाई। कमीनापन। नीचता।

पाजेब—सज्ञा स्त्री० [फा०] स्त्रियो का एक गहना जो पैरो में पहना जाता है। यह चाँदी का होता है और इसमें घुँघरू टँके होते हैं। मजीर। नूपुर।

पाटंबर—सज्ञा पुं० [स० पाटाम्बर] रेशमी वस्त्र। रेशमी कपडा।

पाट—सज्ञा पुं० [स० पट्ट, पाट] १ रेशम। उ०—झूलत पाट की डोरी गहे पदुली पर बैठन ज्यों उकुरू की। —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३९१।

यौ०—पाटंबर। पाटकृमि।

२ बटा हुआ रेशम। नख। ३ रेशम के कीडे का एक भेद। ४ पटसन या पाटसन के रेशे। जैसे, पाट की धोती। विशेष—दे० 'पटसन'। ५ राज्यासन। सिहासन। गद्दी।

यौ०—राजपाट। पाटरानी। पाटमहादेइ। पाटमहिषी।

६ चौडाई। फैलाव। जैसे, नदी का पाट, धोती का पाट। ७ पल्ला। पीढ़ा। तख्ता। उ०—पौढ़त झूला, पाट उलटि कै सरकि परत जब। —प्रेमघन०, भा० १, पृ० १०। ८ कोई शिला या पटिया। ९ वह शिला जिसपर धोबी कपड़े धोता है। १०. चक्की का एक ओर का भाग। ११ वह चिपटा शहतीर जिसपर कोल्हू हाँकनेवाला बैठता है। १२ वह शहतीर जो कुएँ के मुँह पर पानी निकालनेवाले के खडे होने के लिये रखा जाता है। १३. मृदग के चार वर्णों मे से एक। १४ बैलो का एक रोग जिसमें उनके रोओ से रक्त बहता है।

क्रि० प्र०—फूटना।

१५ वस्त्र। कपडा। १६ हल में का मछोतर जिसकी सहायता से हरिस में हल जुडा रहता है। यह मछली के आकार का होता है।

पाटक[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्वरवाद्य। २ गाँव का आधा अथवा कोई भाग। ३ तट। किनारा। ४ पासा। ५ मूलधन का अपचय वा हानि (को०)। ६ तट पर जाने के लिये निर्मित सीढ़ी या सोपान (को०)।

पाटक[२]—वि० [सं०] विभाग करनेवाला। चीरने या फाडनेवाला (को०)।

पाटकरण—सज्ञा पुं० [सं०] शुद्ध जाति के रागों का एक भेद।

पाटचर—सज्ञा पुं० [सं०] चोर।

पाटणⒼ—सज्ञा पुं० [सं० पत्तन] नगर।

पाटद—सज्ञा पुं० [सं०] कपास।

पाटन[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाटना] १ पाटने की क्रिया या भाव। पटाव। २ जो कुछ पाटकर बनाया जाय। कच्ची या पक्की छत। ३ मकान की पहली मंजिल से ऊपर की मजिलें। ४ सर्प का विष उतारने के मत्र का एक भेद। जिसको साँप ने काटा हो उसके कान के पास पाटन मत्र चिल्लाकर पढ़ा जाता है। उ०—काम भुवग विषय लहरी सी। मणि मयूर पाटन गहरी सी। —विश्राम (शब्द०)। ५ कई प्राचीन नगरों के नाम।

पाटन[2]—सज्ञा पुं० [स०] पाटने की क्रिया या भाव। चीरना। भेदना। विदारना। फाड़ना।

पाटन[3]—सज्ञा पु० [सं० पत्तन] दे० 'पट्टन'। उ०—ऐसे पाटन आइकै सौदा करो बनाय।—कबीर श०, भा० ४, पृ० २४।

पाटनक्रिया—सज्ञा स्त्री० [सं०] शल्यचिकित्सा। शल्यक्रिया। घाव आदि चीरना [को०]।

पाटना—क्रि० स० [हिं० पाट] १ किसी नीचे स्थान को उसके आस पास के धरातल के बराबर कर देना। किसी गहराई को मिट्टी, कूड़े आदि से भर देना। २ किसी चीज की रेल पेल कर देना। ढेर लगा देना। उ०—नाटक नाट्य धार घाटन में सुख पाटन कमनीया। —रघुराज (शब्द०)। ३ दो दीवारो के बीच या किसी गहरे स्थान के आर पार धरन, लकड़ी के पल्ले आदि बिछाकर आधार बनाना। छत बनाना। ४. तृप्त करना। सीचना। ५ पूर्ण करना। निबाह करना। उ०—जमुना घाटनि गहवर बाटनि। पटुता पाज पैजपन पाटनि।—घनानद, पृ० २५६।

पाटनीय—वि० [सं०] चीरने योग्य। फाड़ने योग्य [को०]।

पाटमहादेइⒼ†—सज्ञा स्त्री० [सं० पट्ट महादेवी] दे० 'पाटमहिषी'। उ०—पाट महादेइ हिएँ न हारू। समुझि जीउ चित चेत सँभारू। —पदमावत, पृ० ३४३।

पाटमहिषी—सज्ञा स्त्री० [सं० पट्ट (=सिंहासन) + महिषी (=रानी)] वह रानी जो राजा के स थ सिंहासन पर बैठ सकती हो। पटरानी। प्रधान रानी। उ०—जनक पाटमहिषी जग जानी। सीय मातु किमि जाइ बखानी। —मानस, १। ३२४।

पाटरानी—सज्ञा स्त्री० [पुं० पट्ट (=सिंहासन) + रानी] पटरानी। प्रधान रानी।

पाटल[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पाडर या पाडर का पेड़ जिसके पत्ते बेल के समान होते हैं। उ०—भौंर रहे भननाय पुहप पाटल के महकत। —ब्रज० ग्र०, पृ० १०१।

विशेष—लाल और सफेद फूलो के भेद से यह दो प्रकार का होता है। वैद्यक मे इसे उष्ण, कषाय, स्वादिष्ट तथा अरुचि, सूजन, रुधिरविकार, श्वास और तृष्णा आदि को दूर करनेवाला माना है।

पर्या०—पाटला। कवुंरा। अमोघा। फलेरुहा। अवुवासिनी। कुप्यावृंता। कालवृंता। कुभी। ताम्रपुष्पी। कुवेराक्षी। तोयपुष्पी। वसतदूती। स्थाली। स्थिरगधा। अवुवासी। कोकिला।

२ पाटल का फूल (को०)। ३ गुलाबी रंग। सफेदी लिए लाल रग (को०)। ४ एक प्रकार का धान (को०)। ५ केशर (को०)। ६ गुलाब का फूल। ७ लाल लोध्र (को०)।

पाटल[2]—वि० [सं०] ललाई लिए श्वेत वर्ण का। गुलाबी वर्ण का [को०]।

पाटलक—वि० [सं०] पाटल वर्ण का [को०]।

पाटलकोट—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का कीडा।

पाटलचक्षु—वि० [सं० पाटलचक्षुष्] जिसकी आँख में मोतियाबिंद का रोग हो [को०]।

पाटलद्रुम—सज्ञा पुं० [सं०] पुन्नाग वृक्ष। राजचपक।

पाटला[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पाडर का वृक्ष। २ लाल लोध। ३. जलकुभी। ४ दुर्गा का एक रूप।

पाटला[2]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बढ़िया सोना जो भारत में ही शुद्ध करके काम में लाया जाता है। यह बंक के सोने से कुछ हलका और सस्ता होता है।

पाटलावती—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दुर्गा। २. प्राचीन काल की एक नदी का नाम।

पाटलि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पाडर का वृक्ष। उ०—त्रिविध समीर बहै पाटलि, सुगंधि सनी। —शकुतला, पृ० ५। २ पांडुफली।

पाटलिक[1]—वि० [सं०] १. दूसरों की गुप्त बातों को जाननेवाला। २ देशकाल की जानकारी रखनेवाला [को०]।

पाटलिक[2]—सज्ञा पुं० १ छात्र। विद्यार्थी। शिष्य। २ पाटलिपुत्र।

पाटलित—वि० [सं०] लाल किया हुआ। लालिमायुक्त [को०]।

पाटलिपुत्र—सज्ञा पुं० [सं०] मगध का एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर जो इस समय भी बिहार का मुख्य नगर है। आजकल यह पटना के नाम से प्रसिद्ध है।

विशेष—प्राचीन पाटलिपुत्र वर्तमान पटना से प्राय २½ मील पूर्व गगा के तट पर जहाँ इस समय कुम्हरार नामक ग्राम है, स्थित था। खुदाई से वहाँ उसके बहुत से चिह्न मिले हैं। बुद्ध की परवर्ती कई शताब्दियों में यह नगर भारत का सर्वप्रधान नगर और अत्यत उन्नत तथा समृद्ध था। विदेशी यात्रियो ने अपने यात्रावृत्तातो में इसकी बड़ी प्रशसा लिखी है। प्राचीन पुस्तकों में इसका नाम पुष्पपुर और कुसुमपुर भी लिखा है। वर्तमान पटना शेरशाह सूर का बसाया हुआ है।

ब्रह्मपुराण मे लिखा है कि महाराज उदायी या उदयन ने गगा के दाहिने किनारे पर इस नगर को बसाया। यह मगधराज

अजातशत्रु का पुत्र था जो बुद्ध का समकालिक था। बौद्धो के 'महानिब्बाहनसुत्त' नामक ग्रंथ मे इसके निर्माण के विषय में यह कथा लिखी है. भगवान् बुद्ध नालद से वैशाली जाते हुए पाटली ग्राम मे पहुँचे। वहाँ के निवासियो ने उनके लिये एक विश्रामागार बनवा दिया। उन्होंने आशीर्वाद दिया कि यह ग्राम एक विशाल नगर होगा और अग्नि, जल तथा विश्वास-घातकता के आघात सहन करेगा। मगधराज के दो मंत्री कोई ऐसा नगर बसाने के लिये उपयुक्त स्थान ढूँढ़ रहे थे जिसमें रहकर निशिव नामक व्रात्य क्षत्रियों के आक्रमण से देश की रक्षा की जा सके। उपर्युक्त आशीर्वाद की बात सुनते ही उन्होंने पाटली में नगर बसाना आरभ कर दिया। इसी का नाम पाटलिपुत्र पडा। भविष्य पुराण के अनुसार विश्वामित्र के पिता गाधि की कन्या पाटली के इच्छानुसार कौंडिन्य मुनि के पुत्र ने मत्रबल से इस नगर को बसाया और इसी से पाटलीपुत्र नाम रखा।

पाटलिमा—सज्ञा पुं० [सं० पाटलिमन्] पाटल वर्ण या गुलाबी रग [को०]।

पाटली[१]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पाडर। २ पांडुफली। ३. पटना नगर की अधिष्ठात्री देवी। ४ गाधि की पुत्री जिसके अनुरोध से पाटलीपुत्र बसा।

यौ०—पाटलीपुत्र = पाटलिपुत्र।

पाटली[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाट] लकडी की एक वल्ली जिसमे बहुत से छेद होते हैं और प्रत्येक छेद में से मस्तूल की एक एक रस्सी निकाली जाती है। इससे रात में किसी विशेष रस्सी को अलग करने में कठिनाई नहीं पड़ती। (लश०)।

पाटली तैल—सज्ञा पु० [सं०] एक औषध तैल जिसके लगाने से जले हुए स्थान की जलन, पीड़ा और चेप बहना दूर होता है। इससे चेचक की भी शांति होती है।

विशेष—इसके बनाने की विधि इस प्रकार है—पाडर या पाढर की छाल के ८ सेर का ६४ सेर पानी मे काढ़ा किया जाय। चौथाई रह जाने पर ८ सेर सरसो के तेल मे डालकर फिर धीमी आँच में वह पकाया जाय। तेलमात्र रह जाने पर छान-कर काम मे लाएँ।

पाटलोपल—सज्ञ पुं० [सं०] एक मणि जिसका रग सफेदी लिए हुए लाल होता है। लाल।

पाटल्या—सज्ञा स्त्री० [स०] पाटल के फूलों का समूह [को०]।

पाटव—सज्ञा पुं० [सं०] १. पटुता। चतुराई। कुशलता। चालाकी। उ०—झलक आया स्वेद भी मकरद सा, पूर्ण भी पाटव हुआ कुछ मद सा।—साकेत, पृ० २३। २ दृढता। मजबूती। पक्कापन। ३ आरोग्य। ४ स्फूर्ति। तीव्रता। शीघ्रता (को०)। ५ तीक्ष्णता (को०)।

पाटविक—वि० [सं०] १. पटु। कुशल। २ धूर्त।

पाटवी—वि० [हिं० पाट] १ पटरानी से उत्पन्न (राजकुमार)। उ०—तैं मम प्रभु सुत पाटवी मैं तुव पितु पद दास।—रघुराज (शब्द०)। २ रेशमी कौषेय। रेशम से बुना हुआ (वस्त्र)। उ०—गल हेकल सिर सुवरण शृंगा। पीठ पाटवी झूल अभंगा। —रघुराज (शब्द०)। ३ वरिष्ठ। श्रेष्ठ। ज्येष्ठ। पट्ट अधिकारी। प्रधान। बड़ा। उ०—गरीबदास जी दादू जी के पाटवी पुत्र और प्रधान शिष्य थे।—सुंदर ग्रं० (जी०), भा० १, पृ० ६१।

पाटसन—सज्ञा पुं० [सं० पट्टशण] पटसन। पटुआ।

पाटहिक—सज्ञा स्त्री० [सं०] पटह बजानेवाला। उस बड़े ढोल का बजानेवाला जो लड़ाई आदि में बजता है।

पाटहिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] गु जा। घुंघुची।

पाटा—सज्ञा पुं० [हिं० पाट] १ पीढा।

मुहा०—पाटा फेरना = पीढा बदलना। विवाह मे वर के पीढ़े पर कन्या को और कन्या के पीढे पर वर को बिठाना।

२ दो दीवारों के बीच बाँस, बल्ली, पटिया आदि देकर बनाया हुआ आधारस्थान जिसपर चीजें रखी जाती हैं। दासा। ३ वह हाथ डेढ़ हाथ ऊँची दीवार जो रसोईघर में चौके के सामने और बगल में इसलिये बनाई जाती है कि बाहर बैठकर खानेवालों को पकानेवाली स्त्री से सामना न हो। ४ दे० 'पाट'। उ०—ओही छाज छात औ पाटा। सब राजै भुइँ धरा लिलाटा।—जायसी ग्रं०, पृ० ५। ५ दे० 'पट्ट'।

पाटिⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाट] सिंहासन। राजासन। उ०—उवै करण राजा औबेर पाटि बैठा।—शिखर०, पृ० १।

पाटिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक दिन की मजदूरी। २ एक पौधा। ३ छाल या छिलका।

पाटित—वि० [सं०] काटा हुआ। विदारित।

पाटी[१]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ परिपाटी। अनुक्रम। रीति। उ०—सीह छतीसी साँभलै छाकै बस छतीस। बाँकै पाढी बीर रस, बरणी बिसवा बीस।—बाँकी० ग्रं०, भा० १, पृ० १८। २ गणनादि का क्रम। जोड़, बाकी, गुणा, भाग आदि का क्रम।

यौ०—पाटीगणित।

३ श्रेणी। अवलि। पक्ति। पाँत। ४. बला नामक क्षुप। खरैटी।

पाटी[२]—हिं० [सं० पाट, पाटी] १ लकडी की वह प्राय लंबोतरी पट्टी जिसपर विद्यारभ करनेवाले छात्र गुरु से पाठ लेते या लिखने का अभ्यास करते हैं। तख्ती। पटिया। २ पाठ। सबक।

मुहा०—पाटी पढ़ना = पाठ पढ़ना। सबक लेना। शिक्षा पाना। उ०—तुम कौन धौं पाटी पढ़े हौ लला मन लेत हौ देत छटाँक नहीं।—घनानद (शब्द०)। पाटी पढ़ाना = पाठ पढाना। शिक्षा देना। कोई बात सिखा देना।

३ माँग के दोनों ओर तेल, गोद या जल की सहायता से कघा

द्वारा बैठाए हुए बाल, जो देखने में बराबर मालूम हों। पट्टी पटिया। उ०—मुँडली पाटी पारन चाहैं नकटी पहिरै बेसर।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—पारना।—बैठाना।

४ लकड़ी का वह गोला, चिपटा या चौकोर पतला बल्ला जो खाट की लंबाई के बल में दोनों ओर रहता है। चारपाई के ढाँचे में लंबाई की ओर की पट्टी। चारपाई के ढाँचे का पार्श्वभाग। उ०—जागत जाति राति सब काटी। लेत करोट सेज की पाटी।—शकुंतला, पृ० १०८।

५ चटाई।

यौ०—शीतलपाटी।

६ शिला। चट्टान। ७. मछलियाँ पकड़ने के लिये बहते पानी को मिट्टी के बाँध या वृक्षों को टहनियों आदि से रोककर एक पतले मार्ग से निकालने और वहाँ पहरा बिछाने की क्रिया।

क्रि० प्र० - बिछाना।—लगाना।

८ खपरैल की नरिया का प्रत्येक आधा भाग। ९ जती।

पाटीर—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का चंदन। उ०—नटवर श्याम किसोर तन चरचित नव पाटीर।—घनानंद, पृ० २७१। २ मेघ। बादल (को०)। ३ क्षेत्र। मैदान (को०)। ४ टीन (को०)। ५ छानना। छलनी। चलनी। (को०)। ६ एक तीक्ष्ण मूलक या मूली (को०)। ७ वेणुसार। बसलोचन (को०)। ८ नजला। जुकाम (को०)। ९ वह व्यक्ति जो किसी बात को छिपा न सके। पेट का हलका (को०)।

पाटूनी—संज्ञा सं० [देश०] वह मल्लाह जो किसी घाट का ठेकेदार हो। घटवार।

पाट्य—संज्ञा पुं० [सं०] पटसन।

पाठ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पढ़ने की क्रिया या भाव। पढ़ाई। २ किसी पुस्तक विशेषत, धर्मपुस्तक को नियमपूर्वक पढ़ने की क्रिया या भाव। जैसे, वेदपाठ, स्तोत्रपाठ। ३ यज्ञायज्ञ। वेदाध्ययन। वेदपाठ।

यौ०—पाठदोष। पाठप्रणाली।

३. जो कुछ पढ़ा या पढ़ाया जाय। पढ़ने या पढ़ाने का विषय। ४ उक्त विषय का उतना अंश जो एक दिन में या एक बार पढ़ा जाय। सबक। सथा।

क्रि० प्र०—देना।—पढ़ना।—पाना।

मुहा०—पाठ पढ़ना = कुछ सीखना, विशेषत कोई बुरी बात। जैसे,—आजकल ये जुए का पाठ पढ़ रहे हैं। पाठ पढ़ाना = अपने मतलब के लिये किसी को बहकाना। पट्टी पढ़ाना। उलटा पाठ पढ़ाना = कुछ का कुछ समझा देना। असलियत के विरुद्ध विश्वास करा देना। बहका देना।

५ पुस्तक का एक अंश। परिच्छेद। अध्याय। ६ शब्दों या वाक्यों का क्रम या योजना। जैसे,—अमुक पुस्तक में इस दोहे का यह पाठ है।

यौ०—पाठभेद। पाठांतर।

पाठ[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पट्ठा] जवान गाय, भैंस या बकरी।

पाठक—संज्ञा पुं० [सं०] १ जो पढ़े। पढ़नेवाला। वाचक। २ जो पढ़ावे। पढ़ानेवाला। अध्यापक। ३ धर्मोपदेशक। ४ गौड, सारस्वत, सरयूपारीण, गुजराती आदि ब्राह्मणों का एक उपवर्ग। ५ गुप्तकाल में प्रचलित एक बड़े माप का नाम जो कुल्यावाप से पँचगुना होता था। उ०—पिछले गुप्तकाल में एक बड़े माप का नाम मिलता है जिसे पाठक कहते थे।—पू० म० भा०, पृ० १२३।

पाठच्छेद—संज्ञा पुं० [सं०] पाठ के बीच में होनेवाला विराम। यति (को०)।

पाठदोष—संज्ञा पुं० [सं०] पढ़ने का ढंग या पढ़ने के समय की वह चेष्टा जो निंद्य और वर्जित है। जैसे, विकृत या कठोर स्वर से पढ़ना, अव्यक्त, अस्पष्ट, सानुनासिक या बहुत ठहर ठहरकर उच्चारण करना, गाकर पढ़ना, सिर आदि अंगों को हिलाना। प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में ऐसे दोषों की संख्या अट्ठारह मानी गई है।

पाठन—संज्ञा पुं० [सं०] पढ़ाने की क्रिया या भाव। शिक्षण। पढ़ाना। अध्यापन।

यौ०—पाठनशैली = पढ़ाने की शैली या ढंग। पढ़ाने की पद्धति।

पाठना[यू]—संज्ञा स्त्री० [सं० पाठन] पढ़ाना।

पाठनिश्चय—संज्ञा पुं० [सं०] पाठ की शुद्धता का निर्णय करना। शुद्ध पाठ निश्चित करना (को०)।

पाठपद्धति—संज्ञा स्त्री० [सं०] पढ़ने की रीति या ढंग।

पाठप्रणाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] पढ़ने की रीति या ढंग।

पाठभू—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह जगह जहाँ वेदादि का पाठ किया जाय। २ ब्रह्मारण्य।

पाठभेद—संज्ञा पुं० [सं०] वह भेद या अंतर जो एक ही ग्रंथ की दो प्रतियों के पाठ में कहीं कहीं हो। पाठांतर।

पाठमंजरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पाठमञ्जरी] एक प्रकार की मैना।

पाठशाला—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ पढ़ा या पढ़ाया जाय। मदरसा। स्कूल। विद्यालय। चटसाल।

पाठशालिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की मैना। शारिका।

पाठशाली—संज्ञा पुं० [सं० पाठशालिन्] छात्र। विद्यार्थी (को०)।

पाठशालीय—वि० [सं०] पाठशाला से संबंध रखनेवाला। पाठशाला का।

पाठांतर—संज्ञा पुं० [सं० पाठान्तर] १ एक ही पुस्तक की दो प्रतियों के लेख में किसी विशेष स्थल पर भिन्न शब्द, वाक्य अथवा क्रम। भिन्न भिन्न स्थलों में लिखे हुए एक ही वाक्य के कुछ शब्दों या एक ही शब्द के कुछ अक्षरों का अदल बदल। अन्य पाठ। दूसरा पाठ। पाठभेद। जैसे,—अमुक दोहे के कई पाठांतर मिलते हैं। २. पाठांतर होने का भाव। पाठ का भेद। पाठभिन्नता।

पाठा[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] एक लता । पाढ । पाढ़ा ।

विशेष—इसके पत्ते कुछ नोकदार गोल, फूल छोटे सफेद और फल मकोय के से होते हैं। फलो का रग लाल होता है। यह दो प्रकार की होती है—छोटी और बडी। गुण दोनो के समान हैं। वैद्यक में यह कडवी, चरपरी, गरम, तीखी, हलकी, टूटी हड्डियों को जोडनेवाली, पित्त, दाह, शूल, अतिसार, वातपित्त, ज्वर, वमन, विष, अजीर्ण, त्रिदोष, हृदयरोग, रक्तकुष्ठ, कंडू, श्वास, कृमि, गुल्म, उदररोग, व्रण और कफ तथा वात का नाश करनेवाली मानी गई है।

बहुधा लोग घाव पर इसकी टहनी को बाँधे रहते हैं। वे समझते हैं कि इसके रहने से घाव बिगड या सड न सकेगा। इसकी सूखी जड़ मूत्राशय की जलन में लाभदायक होती है। पक्वाशय की पीडा में भी इसका व्यवहार किया जाता है। जहाँ साँप ने काटा या बिच्छू ने डंक मारा हो वहाँ भी ऊपर से इसके बाँधने से लाभ होता है।

पर्य्या०—पाठिका। अवष्टा। अवष्ठिका। यूथिका। स्थापनी। विदग्धकर्णिका। दीपनी। वनतिक्तिका। तिक्तपुष्पा। वृहत्तिक्ता। मालती। वरा। प्रतानिनी। रक्तघ्ना। विषहन्त्री। महौजसी। वीरा। वल्लिका।

पाठा[2]—सज्ञा पुं० [सं० पुष्ट, हिं० पट्ठा] [स्त्री० पाठी] १ वह जो जवान और परिपुष्ट हो। हृष्टपुष्ट। मोटा तगडा। जैसे, साठा तब पाठा। २ जवान बैल, भैंसा या बकरा।

पाठानⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पठान'। उ०—सुनत खबर लज्जे पाठानह।—प० रासो, पृ० १०५।

पाठालय—सज्ञा पुं० [सं०] पाठशाला।

पाठिक—वि० [सं०] मूल पाठ के समान। मूल पाठ से मिलता जुलता हुआ (को०)।

पाठिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १. पढनेवाली। २ पढ़ानेवाली। ३ पाठा। पाढ़ या पाढ़ा लता।

पाठिकुट—सज्ञा पुं० [सं०] चीते का वृक्ष। चित्रक वृक्ष [को०]।

पाठित—वि० [सं०] पढाया हुआ। सिखाया हुआ।

पाठी—सज्ञा पुं० [सं० पाठिन्] १ पाठ करनेवाला। पाठक। पढनेवाला। उ०—ना मैं पाठी ना परधाना। ना ठाकुर चाकर तेहि जाना।—कबीर म०, पृ० ५०१। २ वह ब्राह्मण जो अपना अध्ययन समाप्त कर चुका हो (को०)।

यौ०—वेदपाठी। त्रिपाठी।

२ चीता। चित्रक वृक्ष।

पाठीकुट—सज्ञा पुं० [सं०] चीते का पेड।

पाठीन—सज्ञा पुं० [सं०] १. पहिना या पढिना नाम की मछली। उ०—मीन पीन पाठीन पुराने। भरि भरि भार कहारन्ह आने।—मानस, २।१९३। २ गूगल का पेड। ३ कथावाचक। पुराण आदि धार्मिक ग्रथों का वक्ता (को०)।

पाठ्य—वि० [सं०] १. जो पढ़ने योग्य हो। पठनीय। पठितव्य। २. जो पढ़ाया जाय।

यौ०—**पाठ्यक्रम**=पढ़ाने या अध्ययन के लिये निर्धारित पाठ। **पाठ्यपुस्तक**=पढ़ाने के लिये निर्धारित पुस्तक।

पाड़—सज्ञा पुं० [हिं० पाट] १ धोती, साडी आदि का किनारा। २ मचान। पायठ। ३ लकडी की जाली या ठठरी जो कुएँ के मुँह पर रखी रहती है। कटकर। चह। ४ बाँध। पुश्ता। ५ वह तख्ता जिसपर खडा करके फाँसी दी जाती है। तिकठी। ६ दो दीवारों के बीच पटिया देकर या पाटकर बनाया हुआ आधारस्थान। पाटा। दासा।

पाड़इ—सज्ञा स्त्री० [स० पाटल] पाटल नामक वृक्ष। उ०—जहाँ निवारी सेवती मिलि झूमक हो। बहु पाडइ विपुल गभीर मिलि झूमक हो।—सूर (शब्द०)।

पाड़ना†—क्रि० स० [सं० उत्पाटन] उखाडना। उपाटना। उ०—वो तोता जो पिंजर में ते भार काढ। निकाली जो थी उसके शाह पर वो पाड।—दक्खिनी०, पृ० ८९।

पाडर—सज्ञा पुं० [स० पाटल] दे० 'पाढर'। उ०—कहूँ पाडर डार बैठे परेवा।—प० रासो, पृ० ५५।

पाडल—सज्ञा पुं० [सं० पाटल] दे० 'पाटल'।

पाडलीपुर—सज्ञा पुं० [सं० पाटलिपुत्र] दे० 'पाटलीपुत्र'।

पाडसाली—सज्ञा पुं० [देश०] दक्षिण भारत में रहनेवाली जुलाहों की एक जाति।

विशेष—वाघलकोट आदि स्थानो मे इस जाति के जुलाहे पाए जाते हैं। लिंगायतो से इनमें बहुत कम अतर है। ये भी गले में लिंग पहनते और सिर में भस्म रमाते हैं। ये मास, मद्य आदि का सेवन नहीं करते। ये एक गोत्र में विवाह नही करते।

पाड़ा[1]—सज्ञा पुं० [सं० पट्टन या स० पद्र, देशी पड्ड, बँ० पाड़ा] पुरवा। टोला। महल्ला।

पाड़ा[2]—सज्ञा पु० [देश०] १. एक सामुद्रिक मछली जो भारतीय महासागर में पाई जाती है। यह प्राय तीन फुट लबी होती है। † [स्त्री० पाढ़ी] २ भैंस का बच्चा। पडवा।

पाडिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] मिट्टी का बरतन। हाँडी।

पाढ़†[1]—सज्ञा पुं० [देश०] मध्य। बीच। उ०—जीवन दीसै रोगिया कहैं मूवा पीछै जाइ। दादू दुंह के पाढ मे, ऐसी दारू लाइ।—दादू०, पृ० २५९।

पाढ़[2]—सज्ञा पुं० [स० पाटा] १ पाटा। २ सुनारों का एक औजार जिससे नक्काशी करते हैं। ३ वह पीढा या पाटा जिसपर बैठकर सुनार, लुहार आदि काम करते हैं। ४ लकडी की वह छोटी सीढी जिसके डडे कुछ ढालू होते हैं। ५ वह मचान जिसपर फसल की रखवाली के लिये खेतवाला बैठता है। ६ कुएँ के मुँह पर रखी हुई लकडी की चह। पाड। ७ धोती का किनारा। पाड।

पाढ़तⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पढ़ना] १. जो कुछ पढा जाय। जिसका पाठ किया जाय। २ मंत्र। जादू। पढ़त। उ०—आई

कुमोदिनि चित्तौर चढ़ी। जोहन मोहन पाढत पढ़ी।—जायसी (शब्द०)। ३ पढ़ने की क्रिया या भाव।

पाढर[1]—सज्ञा पुं० [स०] **पाटल**] पाडर का पेड।

पाढ़र[2]—वि० [सं० **पाट**, हिं० **पाढ़-पाढ़ + र** (प्रत्य०)] किनारीदार (साडी, दुपट्टा आदि)।

पाढ़ल—सज्ञा पुं० [सं० **पाटल**] दे० 'पाटल'।

पाढ़ा[1]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का हिरन। इसकी खाल पर सफेद चित्तियाँ होती हैं। चित्रमृग।

पाढ़ा[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० **पाठा**] दे० 'पाठा'।

पाढ़ी—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ सूत की एक लच्छी। २ वह नाव जो यात्रियों को पार पहुँचाने के लिये नियत हो।

पाण[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ व्यापार। तिजारत। खरीद बिक्री। २ दाँव। बाजी। ३ हाथ। कर। ४ प्रशसा। ५. व्यवसायी। तिजारती (को०)। ६ करार। प्रतिज्ञा (को०)। ७ द्यूत। जुआ (को०)।

पाणग(पु)—सज्ञा पुं० [सं० **पानक**] नशीला शर्बत। पीने की वस्तु। मदिरा। दे० 'पानक' उ०—अणपीयइ पाणग ज्यूँ नयणे छाक चढत।—ढोला०, दू० ५३४।

पाणही—सज्ञा स्त्री० [स० **उपानह्**] दे० 'पानही'। उ०—हूँ बराकी धणि मो कियउ रोस। पाँव की पाणही सु कियन रोस।—वी० रासो, पृ० ३३।

पाणिघम—वि० [सं० **पाणिन्धम**] १ हाथों को हिलाता हुआ। २ थपोडी बजानेवाला [को०]।

पाणिधय—वि० [सं० **पाणिन्धय**] हाथ से पीनेवाला [को०]।

पाणि—सज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ। कर।

यौ०—**पाणिग्रह। पाणिग्राहक।**

२ क्षुर। खुर (को०)। ३ बाजार। हाट (को०)। ४ एक कँटीला पौधा। कुटिल वृक्ष (को०)।

पाणिक—सज्ञा पुं० [स०] १ जो खरीदा जा सके। सौदा। २ हाथ। ३ कार्तिकेय का एक गण। ४ तिजारती। व्यापारी (को०)। ५ द्यूत में प्राप्त वस्तु (को०)।

पाणिकच्छपिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] कूर्ममुद्रा।

पाणिकर्ण—सज्ञा स्त्री० [सं०] शिव।

पाणिकर्मा—सज्ञा पुं० [सं० **पाणिकर्मन्**] १ शिव। २ हाथ से बाजा बजानेवाला।

पाणिका—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का गीत या छद। २ चम्मच के आकार का एक पात्र।

पाणिकूर्चा—सज्ञा पुं० [सं०] कार्तिकेय का एक गण।

पाणिस्नात—सज्ञा पुं० [सं०] एक तीर्थ स्थान।

पाणिगृहीत—वि० [सं०] १ विवाहित। २ तैयार। उपस्थित [को०]।

पाणिगृहीता—सज्ञा स्त्री० [सं०] पत्नी।

पाणिगृहीती—वि० स्त्री० [सं०] जिसका, ब्याह में पाणिग्रहण किया गया हो। धर्मशास्त्रानुसार ब्याही हुई।

पाणिग्रह—सज्ञा पुं० [स०] विवाह।

पाणिग्रहण—सज्ञा पुं० [सं०] १. विवाह की एक रीति जिसमें कन्या का पिता उसका हाथ वर के हाथ में देता है। विशेष—दे० 'विवाह'। २ विवाह। ब्याह।

पाणिग्रहणिक—वि० [स०] १ विवाह सबधी। २ विवाह में दिया जानेवाला (उपहार)। ३ विवाह मे पढा जानेवाला (मत्र)।

विशेष—आश्वलायन गृह्यसूत्र के 'अर्य्यमन नु देव कन्या अग्नि मयाक्षत' से लगाकर १९ वें सूत्र तक के मत्र 'पाणिग्रहणिक' कहाते हैं।

पाणिग्रहणीय—वि० [स०] १ विवाह सबधी। २ विवाह मे दिया जानेवाला (उपहार)।

पाणिग्रहीता—सज्ञा पुं० [स० **पाणिग्रहीतृ**] पति [को०]।

पाणिग्राह—सज्ञा पुं० [सं०] पति।

पाणिग्राहक—सज्ञा पुं० [सं०] पति। भर्ता।

पाणिघ—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो हाथ से कोई बाजा बजावे। मृदग ढोल आदि बजानेवाला। २ हाथ से बजाए जानेवाले मृदग, ढोल आदि बाजे। ३ कारीगर। शिल्पी।

पाणिघात—सज्ञा पुं० [सं०] १ थप्पड। मुक्का। चपत। घूँसा। २ मुक्केबाज। घूसेबाज (को०)। ३ घूँसेबाजी। मुक्की (को०)

पाणिघ्न[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ शिल्पी। दस्तकार।

पाणिघ्न[2]—वि० ताली बजानेवाला [को०]।

पाणिज—सज्ञा पुं० [सं०] १ उँगली। २ नख। नाखून। ३ नखी।

पाणितल—सज्ञा पुं० [सं०] १ हथेली। २ वैद्यक मे एक परिमाण, जो दो तोले के बराबर होता है।

पाणितल—सज्ञा पुं० [सं०] सगीत मे एक विशेष ताल।

पाणिदाक्ष्य—सज्ञा पुं० [सं०] हस्तलाघव। हाथ की चालाकी [को०]।

पाणिधर्म—सज्ञा पुं० [सं०] विवाह सस्कार।

पाणिन—सज्ञा पुं० [सं० **पाणिनि**] दे० 'पाणिनि'।

पाणिनि—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रसिद्ध मुनि जिन्होंने अष्टाध्यायी नामक प्रसिद्ध व्याकरण ग्रंथ की रचना की।

पेशावर के समीपवर्ती शालातुर (सलात्) नामक ग्राम इनका जन्मस्थान माना जाता है। इनकी माता का नाम दाक्षी और दादा का देवल था। माता के नाम पर इन्हें 'दाक्षीपुत्र' या 'दाक्षेय' तथा ग्राम के नाम पर 'शालातुरीय' कहते हैं। आहिक, प्राणिन, शालंकी आदि इनके और भी कई नाम हैं। इनके समय के विषय मे पुरातत्वज्ञों में मतभेद है। भिन्न भिन्न विद्वानों ने इन्हें ईसा के पाँच सौ, चार सौ और तीन सौ वर्ष पहले का माना है। किसी किसी के मत से ये ईसा की दूसरी शताब्दी में विद्यमान थे। अधिकतर लोगों ने ईसा के पूर्व चौथी शताब्दी को ही आपका समय माना है। प्रसिद्ध पुरातत्वज्ञ और विद्वान् डा० सर रामकृष्ण भांडारकर भी इसी मत के पोषक हैं। पाणिनि के पहले शाकल्य,

वाभ्रव्य, गालव, शाकटायन आदि आचार्यों ने संस्कृत व्याकरणों की रचना की थी, पर उनके व्याकरण सर्वांगसुंदर तो क्या पूर्ण भी न थे। इन्होने बड़े परिश्रम से सब प्रकार के वैदिक और अपने समय तक प्रचलित सब शब्दो को इकट्ठा कर उनकी व्युत्पत्ति तथा रूप आदि के व्यापक नियम बनाए। इनकी अष्टाध्यायी' इतनी उत्तम और सर्वांगसुंदर बनी कि आज प्राय ढाई हजार वर्षों से व्याकरण विषय पर संस्कृत मे जो कुछ लिखा गया प्राय उसी के भाष्य, टीका या व्याख्यान के रूप मे लिखा गया, एकाध को छोडकर किसी वैयाकरण को नया ग्रथ बनाने की आवश्यकता नही जान पडी। अष्टाध्यायी इनके प्रकाड शब्द-शास्त्र-ज्ञान और असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। संस्कृत ऐसी भाषा के व्याकरण को जितने संक्षेप में इन्होंने निबटाया है उसे देखकर शब्दशास्त्रज्ञो को दाँतो उँगली दबानी पडती है। अष्टाध्यायी के अतिरिक्त 'शिक्षासूत्र', 'गणपाठ', 'धातुपाठ' और 'लिंगानुशासन' नामक पुस्तको की भी इन्होने रचना की है। राजशेखर आदि कई कवियो ने 'जाववतीविजय' नामक पाणिनि के एक काव्य का भी उल्लेख किया है जिससे उद्धृत श्लोक इधर उधर मिलते हैं।

ह्वेनसांग ने इनकी व्याकरणरचना के विषय मे लिखा है कि प्राचीन काल में विविध ऋषियो के आश्रमो में विविध वर्णमालाएँ प्रचलित थी। ज्यो ज्यो लोगो की आयुमर्यादा घटती गई त्यो त्यो उनके समझने और याद रखने में कठिनाई होने लगी। पाणिनि को भी इसी कठिनाई का सामना करना पड़ा। इसपर उन्होने एक सुशृंखलित और सुव्यवस्थित शब्दशास्त्र बनाने का निश्चय किया। शब्दविद्या की प्राप्ति के लिये उन्होने शकर का आराधन किया जिसपर उन्होंने प्रकट होकर यह विद्या उन्हें प्रदान की। घर आकर पाणिनि ने भगवान् शकर से पढ़ी हुई विद्या को पुस्तक रूप में निबद्ध किया। तत्कालीन राजा ने उनके ग्रथ का बडा आदर किया। राज्य की समस्त पाठशालाओ में उसके पठन-पाठन की आज्ञा की और घोषणा की कि जो कोई उसे आदि से अत तक पढ़ेगा उसे एक सहस्र स्वर्णमुद्राएँ इनाम दी जायँगी। इनके विषय में एक कथा यह भी प्रसिद्ध है कि एक बार ये जगल में बैठे हुए अपने शिष्यो को पढा रहे थे। इतने में एक जंगली हाथी आकर इनके और शिष्यों के बीच से होकर निकल गया। कहते हैं, यदि गुरु और शिष्य के बीच मे से जगली हाथी निकल जाय तो बारह वर्ष का अनध्याय हो जाता है —१२ वर्ष तक गुरु को अपने शिष्यो को न पढ़ाना चाहिए। इसी कारण इन्होने बारह वर्ष के लिये शिष्यो को पढ़ाना छोड दिया और इसी बीच में अपने प्रसिद्ध व्याकरण की रचना कर डाली।

पाणिनीय—वि० [स०] १ पाणिनिकृत (ग्रथ आदि)। २. पाणिनिप्रोक्त। पाणिनि का कहा हुआ। पाणिनि द्वारा उपदिष्ट (व्याकरण)। ३ पाणिनि में भक्ति रखनेवाला। पाणिनिभक्त। पाणिनि का ग्रथ पढ़नेवाला।

पाणिनीय दर्शन—सज्ञा पुं० [सं०] पाणिनि का अष्टाध्यायी व्याकरण। पाणिनीय व्याकरण के ग्रथो मे प्रतिपादित व्याकरण दर्शन।

विशेष—'सर्वदर्शनसग्रह' कार ने पाणिनीय व्याकरण दर्शन को भी भारत के प्राचीन दर्शनो मे स्थान दिया है। इस दर्शन के मत से स्फोटात्मक निरवयव नित्य शब्द ही जगत् का आदि कारण रूप परब्रह्म है। अनादि अनत अक्षर रूप शब्द ब्रह्म से जगत् की सारी प्रक्रियाएँ अर्थ रूप में प्रवर्तित होती हैं। इस दर्शन ने शब्द के दो भेद माने हैं। नित्य और अनित्य। नित्य शब्द स्फोट मात्र ही है, सपूर्ण वर्णात्मक उच्चरित शब्द अनित्य हैं। अर्थबोधन सामर्थ्य केवल स्फोट में है। वर्ण उस (स्फोट) की अभिव्यक्ति मात्र के साधन हैं। अग्नि शब्द मे अकार, गकार, नकार और इकार ये चारो वर्ण मिलकर अग्नि नामक पदार्थ का बोध कराते हैं। अब यदि चारों ही मे अग्निवाचकता मानी जाय तो एक ही वर्ण के उच्चारण से सुननेवाले को अग्नि का ज्ञान हो जाना चाहिए था, दूसरे वर्ण तक के उच्चारण की आवश्यकता न होनी चाहिए थी। पर ऐसा नही होता। चारो वर्णों के एकत्र होने से ही उनमे अग्निवाचकता आती हो तो यह भी ठीक नही। क्योकि पर वर्ण के उत्पत्तिकाल मे पूर्व वर्ण का नाश हो जाता है। उनका एकत्र अवस्थान सभव ही नही। अत मानना पड़ेगा कि उनके उच्चारण से जिस स्फोट की अभिव्यक्ति होती है वस्तुत वही अग्नि का बोधक है। एक वर्ण के उच्चारण से भी यह अभिव्यक्ति होती है, पर यथेष्ट पुष्टि नही होती। इसी लिये चारों का उच्चारण करना पडता है। जिस प्रकार नीले, पीले, लाल आदि रगो का प्रतिबिंब पडने से एक ही स्फटिक मणि मे समय समय पर अनेक रग उत्पन्न होते रहते हैं उसी प्रकार एक ही स्फोट भिन्न भिन्न वर्णों द्वारा अभिव्यक्त होकर भिन्न भिन्न अर्थों का बोध कराता है। इस स्फोट को ही शब्दशास्त्रज्ञो ने सच्चिदानद ब्रह्म माना है। अत शब्द शास्त्र की आलोचना करते करते क्रमश अविद्या का नाश होकर मुक्ति प्राप्त होती है। 'सर्वदर्शनसग्रह' कार के मत से व्याकरण शास्त्र अर्थात् 'पाणिनीयदर्शन' सब विद्याओ से पवित्र, मुक्ति का द्वारस्वरूप और मोक्ष मार्गों में राजमार्ग है। सिद्धि के अभिलाषी को सबसे पहले इसी की उपासना करनी चाहिए।

पाणिपल्लव—सज्ञा पुं० [स०] १ उँगलियाँ। २ करपल्लव। पल्लवरूपी पाणि।

पाणिपीड़न—सज्ञा पुं० [स० पाणिपीडन] १ पाणिग्रहण। विवाह। २ क्रोध, पश्चात्ताप आदि के कारण हाथ मलना।

पाणिपुट—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पाणिपुटक'।

पाणिपुटक—सज्ञा पुं० [सं०] अजलि। चुल्लू। करपुट [को०]।

पाणिप्रणयिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पत्नी। स्त्री।

पाणिप्रार्थी—वि० पु० [सं० पाणिप्रार्थिन्] विवाह करने को इच्छुक।

उ०—और तुमको मालूम है उसके हर साल एक से एक

बड़ा पाणिग्राही हुआ लोग मैदान में आते जाते हैं।—मुनीश्वा, पृ० २६।

पाणिग्रह—संज्ञा पुं० [सं० पाणिग्रह] पाणिग्रहण। विवाह।

पाणिभुङ्—संज्ञा पुं० [सं० पाणिभुज्] गूलर वृक्ष।

पाणिभुज—संज्ञा पुं० [सं० पाणिभुज] गूलर का पेड़।

पाणिमर्द—संज्ञा पुं० [सं०] करमर्द। करौंदा।

पाणिमुक्त[1]—संज्ञा पुं० [सं०] भल्ल। भाला [को०]।

पाणिमुक्त[2]—वि० हाथ से फेंका जानेवाला (अस्त्र) [को०]।

पाणिमुग्ध[1]—संज्ञा पुं० [सं० पाणिमुग्धा] १ पितृदेव। पितर [को०]।

पाणिमुग्ध[2]—वि० जो हाथ से भोजन करे [को०]।

पाणिमूल—संज्ञा पुं० [सं०] कलाई।

पाणिरुह—संज्ञा पुं० [सं०] १ उँगली। २ नख। नाखून।

पाणिरेखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] हथेली पर की लकीरें। हस्तरेखा।

पाणिवाद—संज्ञा पुं० [सं०] १ मृदंग, ढोल आदि बजानेवाला। २ मृदंग ढोल आदि बाजे। ३ ताली बजाना। ४ ताली बजानेवाला।

पाणिवादक—संज्ञा पुं० [सं०] १ मृदंग आदि बजानेवाला। २ ताली बजानेवाला।

पाणिसूत्र्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] रजुरी। रस्सी [को०]।

पाणिस्वनिक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो हाथों से वाद्य बजाता हो [को०]

पाणिहत्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ललितविस्तर के अनुसार एक छोटा तालाब जिसे देवताओं ने बुद्ध भगवान् के लिये तैयार किया था। कहते हैं, देवताओं ने एक बार हाथ से पृथ्वी को ठोंक दिया जिससे वहाँ एक पुष्करिणी निकल आई।

पाणिहोम—संज्ञा पुं० [सं०] एक विशेष होम जो अधिकारी ब्राह्मण के हाथ से किया जाता है।

पाणी[1]—संज्ञा पुं० [सं० पाणि] दे० 'पाणि'।

पाणी[2]—संज्ञा पुं० [हिं० पानी] जल। पानी। उ०—भीतर मैला बाहरी पाणी पखे पखाले धोया।—दक्खिनी०, पृ० ३४।

पाणितक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] कार्तिकेय का एक गण।

पाणीग्रहण—संज्ञा पुं० [सं०] विवाह। पाणिग्रहण।

पाण्य—वि० [सं०] १ पाणि संबंधी। हाथ संबंधी। २ प्रशंसनीय। बड़ाई के योग्य (को०)।

पाण्यास—वि० [सं०] हाथ से खानेवाले (पितर) [को०]।

पातंग—वि० [सं० पातङ्ग] १. भूरा। २ पतंग संबंधी (को०)।

पातंगि—संज्ञा [सं० पातङ्गि] पतंग अर्थात् सूर्य के पुत्र—१ शनैश्चर। २ यम। ३ सुग्रीव। ४ कर्ण [को०]।

पातंजल[1]—वि० [सं० पातञ्जल] पतंजलि रचित (ग्रंथ)। पतंजलि का बनाया हुआ (योगसूत्र या व्याकरण महाभाष्य)।

यौ०—पातंजलदर्शन। पातंजलभाष्य। पातंजलसूत्र।

पातंजल[2]—संज्ञा पुं० १. पतंजलिकृत योगसूत्र। २. पतंजलिप्रणीत महाभाष्य। ३ पातंजल योगसूत्र के अनुसार योगसाधन करनेवाले।

पातंजलदर्शन—संज्ञा पुं० [सं० पातञ्जलदर्शन] योगदर्शन।

पातंजलभाष्य—संज्ञा पुं० [सं० पातञ्जलभाष्य] महाभाष्य नामक प्रसिद्ध व्याकरण ग्रंथ।

पातंजलसूत्र—संज्ञा पुं० [सं० पातञ्जलसूत्र] योगसूत्र।

पातंजलिशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं० पातञ्जलशास्त्र] पतंजलि का बनाया हुआ योगशास्त्र। योगदर्शन। उ०—वैशेषिक शास्त्र पुनि, कालवादी है प्रसिद्ध, पातंजलिशास्त्र माहिं, योगवाद लह्यो है।—सतवाणी०, भा० २, पृ० ११६।

पातंजलीय—वि० [सं० पातञ्जलीय] दे० 'पातंजल'।

पात[1]—वि० [सं०] रक्षित। त्रात [को०]।

पात[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ गिरने की क्रिया या भाव। पतन। जैसे, अध पात।

यौ०—प्रपात।

२ गिराने की क्रिया या भाव। जैसे, अश्रुपात, रक्तपात। ३. टूटकर गिरने की क्रिया या भाव। झड़ने की क्रिया या भाव। जैसे, उल्कापात,। द्रुमपात। ४ नाश। ध्वंस। मृत्यु। जैसे, देहपात। ५ पड़ना। जा लगना। जैसे, दृष्टिपात, भूमिपात। ६ खगोल में वह स्थान जहाँ नक्षत्रों की कक्षाएँ क्रांतिवृत्त को काटकर ऊपर चढ़ती या नीचे आती हैं।

विशेष—यह स्थान बराबर बदलता रहता है और इसकी गति वक्र अर्थात् पूर्व से पश्चिम को है। इस स्थान का अधिष्ठाता देवता राहु है।

७ राहु। ८ प्रहार। मार। आघात। जैसे, खड्गपात (को०)। ९ उड़ने की क्रिया। उड़ान। उड़ना (को०)।

पात(पु)[3]—संज्ञा पुं० [सं० पत्र, प्रा० पत्त] १ पत्ता। पत्र।

मुहा०—पातों आ लगना = पतझड़ होना या उसका समय आना।

विशेष—उर्दू की पुरानी कविता में इस मुहावरे का प्रयोग मिलता है।

२ कान में पहनने का एक गहना। पत्ता। ३. पाशनी। किवाम। पत्ती।

पात[4]—संज्ञा पुं० [सं० पात्र, प्रा० पात (=दान देने योग्य गुणी)] कवि। (डिं०)। उ०—पात सुजस अखियात पयपै दातव असमर बात दुवै।—रघु० रू०, पृ० १६।

पात[5]—संज्ञा स्त्री० [सं० पात्र] दे० 'पातुर'। उ०—राव आव्या की नाँमली बात। नाचउ रूप मनोहर पात। गढ माहीं गुडी उछली। घरि घरि तोरण मगलचार।—बी० रासो, पृ० ६१।

पातक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह कर्म जिसके करने से नरक जाना पड़े। कर्ता को नीचे ढकेलनेवाला कर्म। पाप। किल्बिष। कल्मष। अघ। गुनाह। बदकारी। निषिद्ध या नीच कर्म। उ०—जे पातक उपपातक अहही। करम बचन मन भव कवि कहहीं।—मानस, २।१६७।

विशेष—'प्रायश्चित्त' के मतानुसार पातक के ९ भेद हैं—(१) अतिपातक। (२) महापातक। (३) अनुपातक। (४) उपपातक। (५) सकरीकरण। (६) अपात्रीकरण। (७) जातिप्रशकर। (८) मलावह और (९) प्रकीर्णक। मनु ने ५ महापातक गिनाए हैं—(१) ब्रह्महत्या। (२) सुरापान। (३) स्तेय। (४) गुरुतल्पगमन और (५) इस प्रकार के पापियो का संपर्क।

पातक[२]—वि० नीचे गिरानेवाला [को०]।

पातकी—वि० [सं० पातकिन्] पातक करनेवाला। पापी। कुकर्मी। बदकार। अधर्मी। उ०—(क) मो समान को पातकी बादि कहौं कछु तोहि।—मानस, २। १६२। (ख) क्यो चाहति तू पदमिनी करन पातकी मोहि।—शकुतला, पृ० ९३।

पातखा†—सज्ञा पुं० [स० पातक] दे० 'पातक'। उ०—कहे दरिया अघ पातख पर्वल भक्ति बिन सभ रोगा।—सं० दरिया पृ० ९९।

पातगⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० पातक] पाप। पातक। उ०—कनक कति दुति अग की निरपि सु पातग जात। परमानद प्रदायिनी, पार करन जग मात।—पृ० रा०, ३। ६।

पातघाबरा†—वि० [हिं० पात + घबराना] वह मनुष्य जो पत्ते के खड़कने पर भी घबडा जाय। बहुत अधिक डरपोक।

पातन[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ गिराने की क्रिया। नीचे ढकेलने की क्रिया। २. फेंकना या डालना (को०)। ३. झुकाना। नवाना (को०)। ४. पारे के आठ सस्कारों में से पाँचवाँ संस्कार। इसके तीन भेद हैं—ऊर्ध्वपातन, अध.पातन और तिर्यक्पातन। विशेष—दे० 'पारा'।

पातन[२]—वि० नीचे ढकेलनेवाला। गिरानेवाला [को०]।

पातनिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पात्रता। योग्यता। अनुरूपता [को०]।

पातनीय—वि० [सं०] १. पात के योग्य। गिराने लायक। २. प्रहार के योग्य। प्रहार करने लायक। प्रहरणीय [को०]।

पातबदी—सज्ञा स्त्री० [सं० पात(=पड़ना) + फा० बंदी] वह मकाना जिसमें किसी जायदाद की अंदाजन मालियत और उसपर जितना देना या कर्ज हो वह लिखा रहता है।

पातयिता—वि० [सं० पातयितृ] १ नीचे गिरानेवाला। गिरानेवाला। २. फेंकनेवाला [को०]।

पातरⓊ†[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्र] १ पत्तल। पनवारा। उ०—बिनती राय प्रवीन की सुनिए शाह सुजान। जूठी पातर भखत है वारी बायस स्वान।—राय प्रवीन (शब्द०)।

पातर[२]—सज्ञा स्त्री० [सं० पातली (=स्त्री विशेष) या स० पात्र] वेश्या। रडी। पतुरिया।

पातरⓊ†[३]—वि० [हिं० पत्तर, या स० पात्रट (=पतला)] १ पतला। सूक्ष्म। २ क्षीण। बारीक। ३ निम्न। हेय। क्षुद्र।

पातर[४]—सज्ञा स्त्री० तितला।

पातर[५]—वि० [हिं० पतला] [स्त्री० पातरी] जिसका शरीर दुर्बल हो। पतला। उ०—अग अग छवि की लपट उपटति जाति अछेह। खरी पातरीऊ तऊ लगै भरी सी देह।—बिहारी (शब्द०)।

पातराज—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का सर्प।

पातरि[१]—सज्ञा स्त्री० वि० [हिं०] दे० 'पातर'।

पातरि[२]—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्र, हिं० पातर] भगवान् का प्रसाद, जो पत्तलो में भक्तों को बाँटा जाता है। पातर। पत्तल। उ०—(क) उन वैष्णवन की पातरि करी।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ७६। (ख) जो कोई वैष्णव आवतो ताको प्रथम महाप्रसाद की पातरि धरि कै पाछे वे दोऊ स्त्री पुरुष महाप्रसाद लेते।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ७७।

पातरी[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० पात्र, पातली] दे० 'पातर'।

पातरी[२]—वि० स्त्री० [हिं० पातर] सूक्ष्म। क्षीण। तनु। उ०—लचकीली कटि अतिहि पातरी चालत झोका खाय।—भारतेंदु ग्रं०, भा० १, पृ० ८।

पातल—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पातर'।

पातव्य—वि० [सं०] १ रक्षा करने योग्य। २ पीने योग्य।

पातशाह—सज्ञा पु० [फा० पादशाह] दे० 'पादशाह'।

पातशाही—पज्ञा पुं० [फ़ा० पादशाही] दे० 'पादशाही'।

पातसा, पातसाह—सज्ञा पुं० [फा० पादशाह] दे० 'पादशाह'। उ०—(क) फते पातसा की भई बैनकारी।—ह० रासो, पृ० ६९। (ख) जो है दिल्ली तखतनसीन। पातसाह आलाउद्दीन।—हम्मीर०, पृ० १७।

पातस्याहा—सज्ञा पुं० [फा० पादशाह] दे० 'पादशाह'। उ०—सब कहै राठ को पातस्याह। जस स्रवन सुनन की सदा चाह।—ह० रासो, पृ० २।

पाता[१]—वि० [सं० पातृ] १ रक्षा करनेवाला। २ पीनेवाला।

पाताⓊ[२]—सज्ञा पुं० [सं० पत्र] पत्ता। पत्र।

पाताखतⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं० पात + आखत] दे० 'पातापत'। उ०—जैसा सुमिरन पूजिबो पाताखत थोरे। दइ जग जहँ लगि संपदा सुख गज रथ घोरे।—तुलसी (शब्द०)।

पाताबा—सज्ञा पुं० [फा० पाताबह्] १ मोजा। २ चमडे का वह लबा टुकड़ा जो ढीले जूते को चुस्त करने के लिये उसमे डाला जाता है। सुखतला।

पातारⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पाताल] दे० 'पाताल'। उ०—बरम्हा डरै चतुरमुख जासू। औ पातार डरै बलि बासू।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २९८।

पाताल—सज्ञा पुं० [स०] १ पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे के सात लोकों में से सातवाँ। २. पृथ्वी से नीचे के लोक। अधोलोक। नागलोक। उपस्थान।

विशेष—पाताल सात माने गए हैं। पहला अतल, दूसरा वितल, तीसरा सुतल, चौथा तलातल, पाँचवाँ महातल, छठा रसातल और सातवाँ पाताल। पुराणो मे लिखा है कि प्रत्येक पाताल की लबाई चौडाई १०।१० हजार योजन है। सभी पाताल

धन, सुख और शोभा से परिपूर्ण हैं। इन विषयो मे ये स्वर्ग से भी बढ़कर हैं। सूर्य और चद्रमा यहाँ प्रकाश मात्र देते हैं, गरमी तथा सरदी नहीं देने पाते। पृथ्वी या भूलोक के बाद ही जो पाताल पडता है उसका नाम अतल है। यहाँ की भूमि का रग काला है। यहाँ मय दानव का पुत्र 'बल' रहता है जिसने ९६ प्रकार की माया की सृष्टि कर रखी है। दूसरा पाताल वितल है। इसकी भूमि सफेद है। यहाँ भगवान् शकर पार्षदो और पार्वती जी के साथ निवास करते हैं। उनके वीर्य से हाटकी नाम की नदी निकली है जिससे हाटक नाम का सोना निकलता है। दैत्यो की स्त्रियाँ इस सोने को बड़े यत्न से धारण करती हैं। तीसरा अधोलोक सुतल है। इसकी भूमि लाल है। यहाँ प्रह्लाद के पौत्र बलि राज करते हैं जिनके दरवाजे पर स्वय भगवान् विष्णु आठ पहर चक्र लेकर पहरा देते हैं। यह अन्य पातालो से अधिक समृद्ध, सुखपूर्ण और श्रेष्ठ है। तलातल चौथा पाताल है। दानवेंद्र मय यहाँ का अधिपति है। इसकी भूमि पीले रग की है। यह मायाविदो का आचार्य और विविध मायाओ में निपुण है। पाँचवाँ पाताल महातल कहाता है। यहाँ की मिट्टी खाँड मिली हुई है। यहाँ कद्रु के महाक्रोधी पुत्र सर्प निवास करते हैं जिनमें से सभी कई कई सिरवाले हैं। कुहक, तक्षक, सुषेन और कालिय इनमें प्रधान हैं। छठा पाताल रसातल है। इसकी भूमि पथरीली है। इनमें दैत्य, दानव और पणि (पणि) नाम के असुर इद्र के भय से निवास करते हैं। सातवाँ पाताल पाताल नाम से ही प्रसिद्ध है। यहाँ की भूमि स्वर्णमय है। यहाँ का अधिपति वासुकि नामक प्रसिद्ध सर्प है। शख, शखचूड, कूलिक, धनजय आदि कितने ही विशालकाय सर्प यहाँ निवास करते हैं। इसके नीचे तीस सहस्र योजन के अतर पर अनत या शेष भगवान् का स्थान है।

३ विवर। गुफा। बिल। ४ बडवानल। ५ बालक के लग्न से चौथा स्थान। ६ छद शास्त्र में वह चक्र (चक्र) जिसके द्वारा मात्रिक छद की सख्या, लघु, गुरु, कला आदि का ज्ञान होता है। ७ पातालयत्र। वि० दे० 'पातालयत्र'।

पातालकेतु—सज्ञा पुं० [सं०] पाताल में रहनेवाला एक दैत्य।

पातालखंड—सज्ञा पुं० [सं० पातालखण्ड] पाताल लोक।

पातालगंगा—सज्ञा स्त्री० [सं० पातालगङ्गा] पाताल लोक की गगा (को०)।

पातालगरुड़—सज्ञा पुं० [सं० पातालगरुड] छिरहटा। छिरेंटा।

पातालगरुड़ी—सज्ञा पुं० [सं० पातलिगरुडी] पातालगरुड। छिरेंटा।

पाताल तुंबी—सज्ञा स्त्री० [स० पातालतुम्बी] एक प्रकार की लता जो प्राय खेतो में होती है। पातालतोबी।

विशेष—इसमे पीले रग के बिच्छू के डक के से काँटे होते हैं। वैद्यक में इसे चरपरी, कडवी, विषदोषविनाशक, तथा प्रसूतकालीन अतिसार, दाँतों की जडता और सूजन, पसीना तथा प्रलापवाले ज्वर को दूर करनेवाली माना है।

पर्या०—गर्तालाबु। भूतुंबी। देवी। वल्मीकसभवा। दिव्यतुंबी। नागतु बी। शक्रचापसमुद्भवा।

पातालतोबी—सज्ञा स्त्री० [सं० पातालतुम्बी] दे० पातालतु बी'।

पातालनिलय—सज्ञा पुं० [सं०] १ दैत्य। सर्प।

पातालनिवास—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पातालनिलय'।

पातालनृपति—सज्ञा पुं० [सं०] सीसा।

पातालयत्र—सज्ञा पुं० [सं० पातालयन्त्र] १ वह यत्र जिसके द्वारा कडी ओषधियाँ पिघलाई जाती हैं या उनका तेल बनाया जाता है।

विशेष—इस यत्र मे एक शीशी या मिट्टी का बरतन ऊपर और एक नीचे रहता है। दोनो के मुँह एक दूसरे से मिले रहते हैं और सधिस्थल पर कपडमिट्टी कर दी जाती है। ऊपर की शीशी या बरतन में औषधि रहती है और उसके मुँह पर कपडे की ऐसी डाट लगा दी जाती है जिसमें बहुत से बारीक सूराख होते हैं। नीचे के पात्र के मुँह पर डाट नही रहती। फिर नीचे के पात्र को एक गढे मे रख देते हैं और उसके गले तक मिट्टी या बालू भर देते हैं। ऊपर के पात्र को सब ओर से कडों या उपलो से ढककर आग लगा देते हैं। इस गरमी से औषधि पिघलकर नीचे के पात्र में आ जाती है।

२ वह यत्र जिसमें ऊपर के पात्र में जल रहता है, नीचे के पात्र को आँच दी जाती है और बीच में रस की सिद्धि होती है।

पातालवासिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] नागवल्ली लता।

पातालवासी—सज्ञा पुं० [सं० पातालवासिन्] दे० 'पातालौकस'।

पाताली—सज्ञा स्त्री० [देश०] ताड़ के फल के गूदे की बनाई हुई टिकिया जो प्राय. गरीब लोग सुखाकर खाने के काम में लाते हैं।

पातालौकस—सज्ञा पुं० [सं० पातालौकस, पातालौका] १. वह जिसका घर पाताल में हो। २ शेषनाग। ३ बलि।

पाताषत‡—सज्ञा पुं० [हिं० पात + आखत] पत्र और अक्षत। पूजा की स्वल्प सामग्री। तुच्छ भेंट।

पाति[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्र] १ पत्ती। पर्ण। दल। २ चिट्ठी। पत्रिका। पत्र।

पाति[2]—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रभु। मालिक। स्वामी। २ खाविंद। पति। ३ पक्षी। चिड़िया (को०)।

पातिक—सज्ञा पुं० [सं०] सूँस नामक जलजतु।

पातिक, पातिक्क—सज्ञा पुं० [सं० पातक] दे० 'पातक'। उ०—(क) कलिजुग अति पातिक भये यह भवसिधु अपार। चतुरानन सुनि चतुर चित मम सिर भार उतार।—प० रासो, पृ० ७। (ख) करय दरस शिवनाथ के कटय कोट पातिक्क तह।—प० रासो, पृ० १८१।

पातिगⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पातक] पाप। पातक।

पातित—वि० [स०] १ जो फेंका गया हो। फेंका हुआ। २ जो नीचे गिराया या ढकेला गया हो। ३ अवनत या नम्र किया हुआ (को०)।

पातित्य—सज्ञा पुं० [स०] १. पतित होने या गिराने का भाव। गिरावट। २ अध पतन। नीच या कुमार्गी होने का भाव।

पातिव्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ विशेष वर्ग की स्त्री। २ जाल। पाश। फदा। ३ मिट्टी का पात्र [को०]।

पातिव्रत—सज्ञा पु० [स० पातिव्रत्य] दे० 'पातिव्रत्य'। उ०—मेट सकेगा कौन विश्व के पातिव्रत की लीक कहो।—साकेत। ३८६।

पातिव्रती—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पतिव्रत्य' [को०]।

पातिव्रत्य—सज्ञा पुं० [स०] प्रतिव्रता होने का भाव।

पातिसाह†—सज्ञा पुं० [फ़ा० पादशाह] नरेश। पादशाह। बादशाह। राजा। उ०—धनि छोड्डिय नवजोव्वना धन छोड्डियो वहुत्त। पातिसाह उद्देशे चलु गअनराज को पुत्त।—कीर्ति०, पृ० २८।

पातिसाहिⓊ—सज्ञा पु० [फा० पादशाह] दे० 'पातिसाह'।

पाती[1]Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [सं० पत्रिका, प्रा० पत्तिआ, पत्तिअ] १ चिट्ठी। पत्री। पत्र। उ०—तात कहाँ ते पाती आई? —तुलसी (शब्द०)। २. पत्ती। वृक्ष के पत्ते।

पाती[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पति] लज्जा। इज्जत। प्रतिष्ठा। उ०—ह्याँ ऊधो काहे को आए कौन सी अटल परी। सूरदास प्रभु तुम्हरे मिलन विनु सब पाती उघरी।—सूर (शब्द०)।

पाती[3]—वि० [सं० पातिन्] [वि० स्त्री० पातिनी] १ नीचे फेंकने या गिरानेवाला। २. पतनशील। गिरनेवाला [को०]।

पातुक[1]—वि० [सं०] १ पतनशील। गिरनेवाला। २ नरकगामी (को०)। ३ जातिच्युत। जाति से भ्रष्ट होनेवाला।

पातुक[2]—सज्ञा पुं० १ प्रपात। झरना। २ वह जो पतनशील हो। ३ जलहाथी।

पातुरी†—सज्ञा स्त्री० [स० पातली = (स्त्री विशेष)] वेश्या। रडी। उ०—काछें सितासित काछनी केसव पातुर ज्यो पुतरीनि विचारौ।—केशव ग्र०, भा० १, पृ० ८१।

पातुरनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पातुर] दे० 'पातुर'।

पातुरिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पातुर] दे० 'पातुर'।

पात्त—सज्ञा पु० [स०] पापियों का उद्धार करनेवाला। पापियो का त्राता।

पात्य—वि० [सं०] १ पातनीय। गिराने योग्य। २ पतित होने का भाव। गिरावट। ३ प्रहार कर गिराने योग्य (को०)। ४ (दड आदि) लगाने योग्य (को०)।

पात्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह वस्तु जिसमें कुछ रखा जा सके। आधार। बरतन। भाजन। २ वह व्यक्ति जो किसी विषय का अधिकारी हो, या जो किसी वस्तु को पाकर उसका उपभोग कर सकता हो। जैसे, दानपात्र, शिक्षापात्र आदि। उ०—स्ववलि देते है उसे जो पात्र।—साकेत, पृ० १८५। ३ नदी के दोनो किनारो के बीच का स्थान। पाट। ४ नाटक के नायक, नायिका आदि। ५ वे मनुष्य जो नाटक खेलते हैं। अभिनेता। नट। ६ राजमंत्री। ७. वैद्यक में एक तोल जो चार सेर के बराबर होती है। आढक। ८. पत्ता। पत्र। ९ स्रुवा आदि यज्ञ के उपकरण। १०. जल पीने या खाने का बरतन। ११ आदेश। हुक्म। आज्ञा (को०)। १२ योग्यता। उपयुक्तता (को०)। १३. वह व्यक्ति जिसका कहानी, उपन्यास आदि के कथानक में वर्णन हो।

पात्रक—सज्ञा पुं० [स०] १ थाली, हाँडी आदि पात्र। २ छोटा बरतन। लघु पात्र। ३. वह पात्र जिसमें भीख माँगकर रखी जाय। भिखमगो का भीख माँगने का पात्र। भिक्षापात्र।

पात्रट[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. फटा पुराना कपडा। फटा वस्त्र। २ पात्र। बरतन [को०]।

पात्रट[2]—वि० दुबला पतला। कृश [को०]।

पात्रटीर—सज्ञा पुं० [सं०] १ रजत। चाँदी। २ लोहा, पीतल, काँसा या चाँदी का बरतन। ३ योग्य अमात्य। दक्ष मंत्री। ४ कौआ। ५. अग्नि। ६ मोरचा। जग। ७ कक पक्षी। ८ पिगाश। ९ नाक का मल। नेटा [को०]।

पात्रतरंग—सज्ञा पुं० [स० पात्रतरङ्ग] प्राचीन काल का ताल देने का एक प्रकार का बाजा।

पात्रता—सज्ञा स्त्री० [स०] पात्र होने का भाव। अधिकार। योग्यता। लियाकत।

पात्रत्व—सज्ञा पुं० [स०] पात्रता। पात्र होने का भाव।

पात्रदुष्टरस—सज्ञा पुं० [स०] केशवदास के मत से एक प्रकार का रसदोष, जिसमें कवि जिस वस्तु को जैसा समझता है रचना में उसके विरुद्ध कर जाता है। एक ही वस्तु के विषय में ऐसी बातें कह जाना जो एक दूसरे के विरुद्ध या बेमेल हों। रचना में ऊटपटाँग अविचारयुक्त बातें कह जाना। उ०—कपट कृपानी मानी, प्रेमरस लपटानी, प्रानन को गगा जी को पानी सम जानिए। स्वारथ निधानी परमारथ की रजधानी, काम की कहानी केशोदास जग मानिए। सुबरन उरझानी, सुधा सो सुधार मानी सकल सयानी सानी ज्ञानी सुख दानिए। गौरा और गिरा लजानी मोहे पुनि मूढ़ प्रानी, ऐसी बानी मेरी रानी विषु कै बखानिए।—केशव (शब्द०)।

पात्रनिर्णेग—सज्ञा पुं० [सं०] बरतन साफ करनेवाला।

पात्रपाल—सज्ञा पुं० [सं०] १ पतवार। २ चप्पू। ३ तराजू का पल्ला या डाँडी [को०]।

पात्रभृत्—सज्ञा पुं० [स०] दास। नौकर [को०]।

पात्रवर्ग—सज्ञा पुं० [स०] अभिनय करनेवाले लोग [को०]।

पात्रमेल—सज्ञा पुं० [सं०] नाटक आदि में अनेक पात्रो का किसी दृश्य में संयोजन [को०]।

पात्रशुद्धि—सज्ञा स्त्री० [सं०] बरतनो की सफाई। पात्रो की शुद्धता [को०]।

पात्रशेष—संज्ञा पुं० [सं०] रोटी के झूठे टुकड़े आदि जो भोजन के उपरांत थाली मे बच रहे हों। खाकर छोड़ा हुआ अन्नादि। जूठा। उच्छिष्ट।

पात्रसंस्कार—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'पात्रशुद्धि'। २ नदी का वेग या प्रवाह [को०]।

पात्रासादन—संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञपात्रों को यथास्थान रखना।

पात्रिक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पात्र बरतन। २ छोटा पात्र [को०]।

पात्रिक[2]—वि० १ उपयुक्त। योग्य। उचित। २ किसी पात्र से नापा हुआ। ३ तौला हुआ [को०]।

पात्रिका, पात्रिकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] थाली कटोरा आदि पात्र [को०]।

पात्रिय—वि० [सं०] जिसके साथ एक थाली में भोजन किया जा सके। जिसके साथ एक ही बरतन में भोजन करना बुरा न समझा जाय। सहभोजी।

पात्री[1]—वि० [सं० पात्रिन्] १ जिसके पास बरतन हो। पात्रवाला। २ जिसके पास सुयोग्य मनुष्य हो।

पात्री[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. छोटे छोटे बरतन। २ एक छोटी भट्ठी जिसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर उठाकर ले जा सकते हैं। ३ दुर्गा का नाम (को०)।

पात्रीण—वि० [सं०] पात्र द्वारा बोया या पकाया हुआ [को०]।

पात्रीय[1]—संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ में काम आनेवाला एक बरतन।

पात्रीय[2]—वि० पात्र संबंधी।

पात्रीर—संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञीय वस्तु। यज्ञद्रव्य [को०]।

पात्रेवहुल—संज्ञा पुं० [सं०] वह व्यक्ति जो अन्य किसी कार्य में सहयोग न दे केवल खाने भर के लिये साथ दे। काम से जी चुरानेवाला मात्र भोजन का साथी [को०]।

पात्रेसमित—संज्ञा पुं० [सं०] १. ढोंगी व्यक्ति। कपटी। २ दे० 'पात्रेवहुल' [को०]।

पात्रोपकरण—संज्ञा पुं० [सं०] कौड़ी आदि पदार्थ जिन्हें टाँककर बरतनों को सजाते हैं।

पात्रौकरण—संज्ञा पुं० [सं०] विवाह [को०]।

पात्र्य—वि० [सं०] दे० 'पात्रिय'।

पाथ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि। २. जल। ३. सूर्य [को०]।

पाथ[2]—संज्ञा पुं० [सं० पाथस्] १ जल। उ०—आनि ठाढ़े होत सब मिलि बसन टपकत पाथ। —घनानंद, पृ० ३०१। २. अन्न। ३ आकाश। ४ वायु।

यौ०—पाथोज। पाथोद। पाथोधर। पाथोरुह। पाथोधि। पाथोज। पाथोनिधि।

पाथ[3]—संज्ञा पुं० [सं० पथ] मार्ग। रास्ता। राह। उ०—तेहि वियोग ते भए अनाथा। परि निकुंज वन पावन पाथा।—कबीर (शब्द०)।

पाथ[4]—संज्ञा पुं० [सं० पार्थ, प्रा० पत्थ] अर्जुन। पार्थ। उ०—जुध बेल खगे रिणछोड जहै। तन पाथ जिसौ रुघनाथ तहै। —रा० रू० पृ० २५।

पाथना—क्रि० स० [सं० प्रथन या हिं० थाप (ना) का आर्थ० विपर्यय] १ ठोक पीटकर सुडौल करना। गढना। बनाना। उ०—लाडली के वरनै को नितबन हानि रही रसना कवि जेत कै। कै नृप सभु जू मेरु की भूमि में रेत के कूर भए नदी सेत के। कै धौं तमूरन के तवला रँगि औंधि धरे करि रभा के लेत के। कंचन कीच के पाये मनोहर कै भरना द्वै मनोज के खेत के। —सुंदरीसर्वस्व (शब्द०)। २ किसी गीली वस्तु से साँचे के द्वारा या बिना साँचे के हाथो से पीट या दबाकर बड़ी बड़ी टिकिया या पटरी बनाना। जैसे, उपले पाथना, ईंट पाथना। ३ किसी को पीटना। ठोकना। मारना। जैसे,—आज इनको अच्छी तरह पाथ दिया।

पाथनाथ—संज्ञा पुं० [हिं० पाथ + सं० नाथ] समुद्र।

पाथनिधि—संज्ञा पुं० [हिं० पाथ + सं० निधि] दे० 'पाथोनिधि'।

पाथरⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्तर, प्रा० पत्थर] दे० 'पत्थर'। उ०—एक सेवक लोह पत्र पाथर सो घस्यौ तहाँ लोह सोनो (सुवर्ण) भयौ राव जैत को आणि दयौ।—ह० रासो, पृ० ३३।

पाथरासिⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० पाथ + हिं० रासि] जलराशि। समुद्र। उ०—कुपितम भुजग सिर पग धरै। हाथनि पाथरासि पुनि तरै।—नंद० ग्र०, पृ० १४५।

पाथस्पति—संज्ञा पुं० [सं०] वरुण।

पाथा[1]—संज्ञा पुं० [सं० पाथस्] १. जल। २ अन्न। ३ आकाश।

पाथा[2]—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्थ] १ एक तौल जो एक सेर या कच्चे चार सेर की होती है। इसका व्यवहार देहरादून प्रांत में अन्न नापने के लिये होता है। २ उतनी भूमि जितनी में एक पाथा अन्न बोया जा सकता है। ३ एक बड़ा टोकरा जिससे खलिहान में राशि नापते हैं।

विशेष—प्रायः यह टोकरा किसी नियत मान का नहीं होता। लोग इच्छानुसार भिन्न भिन्न मानों का व्यवहार करते हैं। यह बेत का बना होता है और इसकी बाढ़ बिलकुल सीधी होती है कहीं कहीं इसे लोग चमड़े से मढ़ लेते हैं। इसे पाथी और नली भी कहते हैं।

४ हल का खोंपी जिसमें फाल जड़ा रहता है।

पाथा[3]—संज्ञा पुं० [हिं० पथ] कोल्हू हाँकनेवाला।

पाथा[4]—संज्ञा पुं० [सं० प्रथक] एक छोटा कीड़ा जो अन्न मे लगता है।

पाथि—संज्ञा पुं० [सं० पाथिस्] समुद्र। २ आँख। ३ घाव पर की पपड़ी। खुरंड। ४ प्राचीन काल का एक प्रकार का शरबत जो मट्ठे के पानी और दूध आदि को मिलाकर बनाया जाता था और जिससे पितृतर्पण किया जाता था। कीलाल।

पाथेय—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह भोजन जो पथिक अपने साथ मार्ग में खाने के लिये बाँधकर ले जाता है। रास्ते का कलेवा। २ वह द्रव्य जो पथिक राहखर्च के लिये ले जाता है। संबल। राहखर्च। ३ कन्या राशि।

पाथोज—पञ्ज पु० [सं०] कमल । उ०—पुनि गहे पद पाथोज मयना प्रेम परिपूरन हियो ।—मानस, १ । १०१ ।

यौ०—**पाथोजनाभ** = विष्णु । उ०—सिद्ध सुर सेव्य पाथोजनाभ ।—तुलसी ग्र०, पृ० ४८१ । **पाथोजपानी** = कमलपाणि । विष्णु । उ०—मजु मानाथ पाथोज पानी । —तुलसी ग्र०, पृ० ४८७ ।

पाथोद—सञ्ज्ञा पु० [सं०] बादल । मेघ । उ०—पाथोदगात सरोज मुख राजीव आयत लोचन ।—मानस, ३ । २६ ।

पाथोधर—सञ्ज्ञा पु० [सं०] बादल । मेघ ।

पाथोधि—सञ्ज्ञा पुं० [स०] समुद्र ।

पाथोन—सञ्ज्ञा पुं० [यू० **पथेयनस**] कन्या राशि ।

पाथोनिधि—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] समुद्र ।

पाथ्य—वि० [सं०] १ आकाश मे रहनेवाला । २ हवा में रहनेवाला । ३ हृदयाकाश मे रहनेवाला ।

पाद[1]—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] १. चरण । पैर । पाँव ।

यौ०—पादत्राण ।

विशेष—यह शब्द जब किसी के नाम या पद के अत मे लगाया जाता है तब वक्ता का उसके प्रति अत्यत सम्मान भाव तथा श्रद्धा प्रगट करता है । जैसे,—कुमारिलपाद, गुरुपाद, आचार्यपाद, तातपाद, आदि ।

२. मत्र, श्लोक या अन्य किसी छदोबद्ध काव्य का चतुर्थांश । पद । चरण । ३. किसी चीज का चौथा भाग । चौथाई । ४ पुस्तक का विशेष अश । जैसे, पातजल का समाधिपाद, साधनपाद आदि । ५ वृक्ष का मूल । ६ किसी वस्तु का नीचे का भाग । तल । जैसे, पाददेश । ७ बड़े पर्वत के समीप में छोटा पर्वत । ८ चिकित्सा के चार अग—वैद्य, रोगी औषध और उपचारक । ९ किरण । रश्मि । १० पद की क्रिया । गमन । ११. एक ऋषि । १२ शिव । १३ एक पैर की नाप जो १२ अगुल की होती है (को०) । १४. अश । भाग । हिस्सा । टुकडा (को०) । १५. चक्र । चक्का (को०) । १६. सोने का एक सिक्का जो एक तोला के लगभग होता था (को०) ।

पाद[2]—सञ्ज्ञा पुं० [स० पद्, प्रा० पद्द] वह वायु जो गुदा के मार्ग से निकले । अपानवायु । अधोवायु । गोज ।

पादक—वि० [सं०] १ जो खूब चलता हो । चलनेवाला । २. चौथाई । चतुर्थांश । ३ छोटा पैर ।

पादकटक—सञ्ज्ञा पु० [स०] नूपुर ।

पादकमल—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] कमल के समान चरण । चरणकमल [को०] ।

पादकीलिका—सञ्ज्ञा पुं० [स०] नूपुर ।

पादकृच्छ्र—सञ्ज्ञा पुं० [स०] एक प्रायश्चित्त व्रत जो चार दिन का होता है । इसमे पहले दिन एक बार दिन मे, दूसरे दिन एक बार रात में खाकर फिर तीसरे दिन अपाचित अन्न भोजन करके चौथे दिन उपवास किया जाता है ।

विशेष—इस व्रत की दूसरी विधि भी मिलती है । उसमे पहले दिन रात में एक बार का परसा हुआ भोजन कर दूसरे दिन उपवास किया जाता है । तीसरे और चौथे दिन यही विधि क्रम से दुहराई जाती है ।

पादक्षेप—सञ्ज्ञा पुं० [स०] १. पैर उठाकर आगे रखना । पादन्यास । २ पैर का आघात । पादप्रहार ।

पादगंडीर—सञ्ज्ञा पुं० [सं० **पादगण्डीर**] श्लीपद रोग । पीलपाँव ।

पादगोप—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] पदाति, रथी हस्ती तथा अश्वारोही सेना के सरक्षक । (कौटि०) ।

पादग्रंथि—सञ्ज्ञा स्त्री० [सं० **पादग्रन्थि**] एँडी और घुट्टी के बीच का स्थान । गुल्फ ।

पादग्रहण—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] पैर छूकर प्रणाम करना ।

विशेष—जिसके हाथ में समिधा, जल, जल का घडा, फूल, अन्न तथा अक्षत में से कोई पदार्थ हो, जो अशुचि हो, जो जप या पितृकार्य करता हो उसका पैर न छूना चाहिए ।

पादचतुर—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पादचत्वर' [को०] ।

पादचत्वर[1]—सञ्ज्ञा पु० [सं०] १. बकरा । २ बालू का भीटा । ३. ओला । ४ पीपल का पेड़ ।

पादचत्वर[2]—वि० दूसरे का दोष कहनेवाला । निंदा करनेवाला । चुगलखोर ।

पादचार—सञ्ज्ञा पुं० [स०] पैरों से चलना । पैदल चलना [को०] ।

पादचारी[1]—सञ्ज्ञा पुं० [सं० **पादचारिन्**] १ पैदल । २ वह जो पैरो से चलता हो ।

पादचारी[2]—वि० पैरो से चलनेवाला । पैदल चलनेवाला [को०] ।

पादज[1]—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] शूद्र ।

पादज[2]—वि० जो पैर से उत्पन्न हुआ हो ।

पादजल—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] १ वह जल जिसमें किसी के पैर धोए गए हो । चरणोदक । २ मठा जिसमें चतुर्थांश जल हो ।

पादजाह—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] पादमूल [को०] ।

पादटीका—सञ्ज्ञा स्त्री० [सं०] वह टिप्पणी जो किसी ग्रथ के पृष्ठ के नीचे लिखी गई हो । फुटनोट ।

पादतल—सञ्ज्ञा पु० [स०] पैर का तलवा ।

पादत्र[1]—सञ्ज्ञा पुं० [स०] दे० 'पादत्राण' ।

पादत्र[2]—वि० पैर की रक्षा करनेवाला ।

पादत्राण[1]—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] १. खडाऊँ । २ जुता ।

पादत्राण[2]—वि० जो पैर की रक्षा करे ।

पादत्रानⓅ—सञ्ज्ञा पु० [स०] दे० 'पादत्राण' । उ०—पादज्ञान उपानहा पाद पीठ मृदु भाइ ।—अनेकार्थ०, पृ० ५५ ।

पाददलित—वि० [सं०] पैर से कुचला हुआ । पादाक्रांत । पददलित ।

पाददारिका—सञ्ज्ञा स्त्री० [सं०] बिवाई नाम का एक रोग, जिसमे पैर का तलवा स्थान स्थान में फट जाता है ।

पाददाह—सञ्ज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का रोग

जो पित्त रक्त के साथ वायु मिलने के कारण होता है। इसमें पैरो के तलवो मे जलन होती है। तलवों का जलना।

पादधावन—सज्ञा पु० [सं०] १ पैर धोने की क्रिया। २ वह बालू या मिट्टी जिसको लगाकर पैर धोया जाय।

पादधावनिका—सज्ञा स्त्री० [स०] वह मिट्टी जिसे लगाकर पैर धोया जाय (को०)।

पादनख—सज्ञा पुं० [सं०] पैर की उँगलियों का नाखून।

पादनम्र—वि० [सं०] पैर तक नवा हुआ। पैरों तक झुका हुआ (को०)।

पादना—क्रि० अ० [सं०√पद्] गुदा से वायु लाहर निकालना। वायु छोडना। अपानवायु का त्याग करना।

संयो० क्रि०—देना।

पादनालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] नूपुर (को०)।

पादनिकेत—सज्ञा पुं० [स०] पैर रखने की छोटी चौकी। पादपीठ (को०)।

पादन्यास—सज्ञा पुं० [सं०] १. चलना। पैर रखना। २ नाचना।

पादपकज—सज्ञा पुं० [सं० पादपङ्कज] चरणकमल। पादकमल (को०)

पादप—सज्ञा पु० [स०] १ वृक्ष। पेड।

विशेष—वृक्ष अपनी जड या पैर के द्वारा रस खीचते है अत वे पादप कहलाते हैं।

२ पीढ़ा।

पादपखड—सज्ञा पु० [सं० पादपखण्ड] वृक्षो का समूह। जगल।

पादपथ—सज्ञा पु० [सं०] पगडडी।

पादपद्धति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ रास्ता। २. पगडडी।

पादपद्मुत—सज्ञा पुं० [स०] चरणकमल। कमल के समान कोमल पैर (को०)।

पादपरुहा—सज्ञा स्त्री० [सं०] बदाक या बाँदा नामक वृक्ष।

पादपा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ खड़ाऊँ। २ जूता।

पादपालिका—सज्ञा स्त्री० [स०] नूपुर (को०)।

पादपाश—सज्ञा पुं० [स०] १ वह रस्सी जिससे घोडों के पिछले दोनो पैर बाँधे जाते हैं। पिछाडी। २ नूपुर जो पैरो में पहना या बाँधा जाता है (को०)।

पादपाशिक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पादपाशी' (को०)।

पादपाशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कोई सिकडी या सिक्कड। २ बेडी। ३ एक बेल। एक लता (को०)। ४ चटाई (को०)।

पादपीठ—सज्ञा पुं० [न०] १ पैर का आसन। पीढ़ा। ⓤ२ उपानह। जूता। उ०—पादत्रान उपानहा पादपीठ मृदु भाइ।—अनेकार्थ०, पृ० ५५।

पादपीठिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नाई की सिल्ली। २ पीढा।

पादपूरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी श्लोक या कविता के किसी चरण को पूरा करना। २ वह अक्षर या शब्द जो किसी पद को पूरा करने के लिये उसमें रखा जाय।

पादप्रक्षालन—सज्ञा पुं० [स०] पैर धोना।

पादप्रणाम—सज्ञा पुं० [सं०] साष्टाग दडवत। पाँव पडना।

पादप्रतिष्ठान—सज्ञा पुं० [सं०] पीढ़ा।

पादप्रधारण—सज्ञा पुं० [स०] खडाऊँ।

पादप्रसारण—सज्ञा पुं० [स०] पैरो को फैलाना। पाँव पसारना (को०)।

पादप्रहार—सज्ञा पुं० [स०] लात मारना। ठोकर मारना।

पादबध—सज्ञा पुं० [स० पादबन्ध] पैरो मे बाँधने की जजीर। बेडी।

पादबंधन—सज्ञा पुं० [सं० पादबन्धन] १, घोडे, गधे, बैल आदि जानवरो के पैर बाँधना। २ वह चीज जिससे पैर बाँधे जायँ। ३ पशुधन। पशुराशि (को०)।

पादभाग—सज्ञा पुं० [सं०] १ पैर के नीचे का भाग। २ चतुर्थांश। चौथाई।

पादभुज—सज्ञा पुं० [सं०] शिव।

पादमुद्रा—सज्ञा पु० [स०] पैर के चिह्न या दाग।

पादमूल—सज्ञा स्त्री० [सं०] पैर का निचला भाग। तलवा। २ पहाड की तराई। ३ एँडी (को०)। ४ टखना। गुल्फ (को०)। ५ चरणो का सामीप्य। (इस अर्थ का प्रयोग नम्रता सूचित करता है)।

पादर—सज्ञा पुं० [सं० पितृ, फा० पिदर, अ० फादर] पिता। बाप। जनक। उ०—मादर पादर बिरादर इया जग मामा के सीकम में आपु आयो।—अ० दरिया, पृ० ६५।

पादरक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पादरक्षक'।

पादरक्षक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जिससे पैरो की रक्षा हो। जैसे, जूता, खडाऊँ आदि। २ युद्ध में हाथी के पैरों की रक्षा करनेवाले योद्धा (को०)।

पादरक्षक[2]—वि० पैरो की रक्षा करनेवाला।

पादरक्षण—सज्ञा पुं० [स०] पैर का आवरण। पादत्राण, जूता खड़ाऊँ, आदि (को०)।

पादरज—सज्ञा स्त्री० [स० पादरजस्] चरणो की धूल।

पादरज्जु—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह रस्सी या सिक्कड आदि जिसमें पैर विशेषत हाथी के बाँधे जायँ।

पादरथी—सज्ञा स्त्री० [सं०] खडाऊँ।

पादरी—सज्ञा पुं० [पुर्त० पैद्रे] ईसाई धर्म का पुरोहित जो अन्य ईसाइयो का जातकर्म आदि सस्कार और उपासना कराता है।

पादरोह—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पादरोहण'।

पादरोहण—सज्ञा पुं० [सं०] बड का पेड।

पादलग्न—वि० [सं०] पैरो से लगा हुआ। चरणो में पड़ा हुआ। शरणागत (को०)।

पादलेप—सज्ञा पुं० [सं०] वह लेप आदि जो पैरों में लगाया जाय। जैसे, अलता, महावर, आदि।

पादवंदन—सज्ञा पुं० [सं० पादवन्दन] पैर पकडकर प्रणाम करना। पैर छूकर प्रणाम करना।

पादवल्मीक—सज्ञा पुं० [सं०] श्लीपद या पीलपाँव नामक रोग।

पादविक—सज्ञा पु० [सं०] पथिक। मुसाफिर।

पादविदारिका—सज्ञा स्त्री० [स०] घोडो का एक रोग, जिसमे उनके पैरो के निचले भाग में गाँठें हो जाती हैं।

पादविन्यास—सज्ञा पु० [सं०] पैर रखने की क्रिया या ढग।

पादविरजा[1]—सज्ञा स्त्री० [पादविरजस्] जूता। खडाऊँ [को०]।

पादविरजा[2]—सज्ञा पुं० देवता [को०]।

पादवेष्टनिक—सज्ञा पुं० [स०] पादावरण। पातावा [को०]।

पादशब्द—सज्ञा पुं० [स०] पैरो की आहट।

पादशा—सज्ञा पुं० [फा० पादशाह] दे० 'पादशाह'। उ०—तब नजर लोगाँ कूँ पूछ्या उन तमाम। इस शहर के पादशा का क्या है नाम।—दक्खिनी०, पृ० ३६६।

पादशाखा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पैर की उँगली। २ पैर की नोक।

पादशाह—सज्ञा पुं० [फा०] बादशाह।

पादशाहजादा—सज्ञा पुं० [फा० पादशाहज़ादह्] बादशाहजादा। राजकुमार।

पादशाही—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] बादशाही।

पादशिष्टजल—सज्ञा पुं० [स०] वह जल जो औटाने पर चौथाई रह जाय।

विशेष—वैद्यक मे ऐसा जल त्रिदोषनाशक माना जाता है।

पादशीली—सज्ञा पुं० [स०] चर्मकार। कसाई।

पादशुश्रूषा—सज्ञा स्त्री० [स०] चरणसेवा। पैर दबाना।

पादशैल—सज्ञा पु० [स०] किसी पर्वत के नीचे स्थित छोटा पहाड [को०]।

पादशोथ—सज्ञा पु० [सं०] वैद्यक मे एक प्रकार का रोग जिसमे पैर मे सूजन आ जाती है। यह रोग आपसे आप भी होता है और कभी कभी दूसरे रोगो के कारण भी होता है। विशेष —दे० 'शोथ'।

पादश्लाका—सज्ञा स्त्री० [स०] पैर की नली।

पादसेवन—सज्ञा पुं० [स०] चरणो की सेवा। पादशुश्रूषा। सेवा [को०]।

पादसेवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पादसेवन' [को०]।

पादस्तंभ—सज्ञा पु० [सं० पादस्तम्भ] वह लकडी जो किसी चीज को गिरने से रोकने के लिये सहारे के तौर पर लगा दी जाय। चाँड।

पादस्फोट—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार ग्यारह प्रकार के क्षुद्र कुष्ठो में से एक प्रकार का कुष्ठ।

विशेष—इसमें पैरो मे काले रग की फुसियाँ होती हैं जिनमे से बहुत पानी बहता है। इसे विपादिका भी कहते हैं, और यदि यही रोग हाथो मे हो जाय तो उसे विचर्चिका कहते हैं।

पादहत—वि० [स०] परो से आहत। पैरों से ठुकराया हुआ [को०]।

पादहर्ष—सज्ञा पुं० [स०] एक रोग जिसमें पैरो में प्राय झुनझुनी होती है।

पादहीन—वि० [स०] १ जिसके तीन ही चरण हो। २. जिसके चरण न हो।

पादांक—सज्ञा पुं० [स० पादाङ्क] चरणचिह्न। पैरो का निशान [को०]।

पादांकुलक—सज्ञा पुं० [सं० पादाङ्कुलक] दे० 'पादाकुलक'

पादांगद—सज्ञा पु० [सं० पादाङ्गद] नूपुर।

पादांगदी—सज्ञा स्त्री० [सं० पादाङ्गदी] पायल। पादागद [को०]।

पादागुलि, पादांगुली—सज्ञा स्त्री० [सं० पादाङ्गुलि, पादाङ्गुली] पैर की उँगली [को०]।

पादागुष्ठ—सज्ञा पुं० [सं० पादाङ्गुष्ठ] पैर का अँगूठा।

पादांत—सज्ञा पुं० [सं० पादान्त] १ पैर का सिरा। २ पद्य के चरण का आखीर। किसी श्लोक के चरण का अतिम भाग।

यौ०—**पादांतस्थ** = किसी श्लोक या पद्य के चरण के आखीर का। पादांत मे स्थित।

पादांतिक—क्रि० वि० [स० पादान्तिक] समीप। चरणों मे। पास [को०]।

पादांबु—सज्ञा पुं० [स० पादाम्बु] १. मठा। २ जल जिसमे किसी समादृत का पैर धोया गया हो।

पादांभ—सज्ञा पुं० [सं० पादाम्भस्] दे० 'पादाबु'-२।

पादाकुल—सज्ञा पुं० [सं० पादाकुलक] दे० 'पादाकुलक'।

पादाकुलक—सज्ञा पुं० [सं०] चौपाई (छद)।

पादाक्रांत—वि० [स० पादाक्रान्त] पददलित। पैर से कुचला हुआ। पामाल।

पादात—सज्ञा पुं० [सं०] पैदल सेना। पदाति सैनिक।

पादाति—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पादातिक'।

पादातिक—सज्ञा पुं० [सं०] पैदल सिपाही। पैदल सेना।

पादाध्यास—सज्ञा पु० [स०] पददलन। पैरों से कुचलना [को०]।

पादानत—वि० [स०] पैरों में झुका हुआ। पदावनत [को०]।

पादानुध्यात—सज्ञा पुं० [सं०] छोटे की ओर से बड़े को पत्र लिखने में एक नम्रतासूचक शब्द, जिसका व्यवहार लिखनेवाला अपने लिये करता था।

विशेष—प्राय सामत या जागीरदार महाराज को पत्र लिखने में इस शब्द का व्यवहार करते थे। (गुप्तो के शिलालेख)। इसी प्रकार पुत्र पिता को पत्र लिखने में या कोई व्यक्ति अपने पूर्वज का उल्लेख करते समय अपने लिये इस शब्द का व्यवहार करता था।

पादानुध्यान—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पादानुध्यात'।

पादानुप्रास—सज्ञा पुं० [सं०] काव्य में पदगत अनुप्रास अलकार।

पादानोन—सज्ञा पुं० [देश०] काला नमक।

पादाभ्यंजन—सज्ञा पुं० [सं० पादाभ्यञ्जन] वह घी या तेल जो पैरो में मला जाय।

पादायन—सज्ञा पुं० [सं०] पाद नामक ऋषि के गोत्र मे उत्पन्न पुरुष।

पादारक—सज्ञा पुं० [स०] नाव की लंबाई में दोनो ओर लकडी की पट्टियो से बना हुआ वह ऊँचा और चौरस स्थान जिसपर यात्री बैठते हैं। कुर्सी।

पादारघⓤ—सज्ञा पुं० [सं० **पाद्यार्घ**] दे० 'पाद्यार्घ'। उ०—पादारघ हमको दियो मथुरा मडन आय। वासो वसन न पावही विना वास अति पाय।—केशव (शब्द०)।

पादालिंद—सज्ञा पुं० [सं० **पादालिन्द**] नौका। नाव [को०]।

पादालिंदा—सज्ञा स्त्री० [सं० **पादलिन्दा**] नाव। नौका [को०]।

पादालिंदी—सज्ञा स्त्री० [सं० **पादालिन्दी**] नाव। तरणि [को०]।

पादावर्त—सज्ञा पुं० [स० **पादावर्त**] कुएँ आदि से पानी निकालने का यत्र। अरहट या रहट।

पादाविक—सज्ञा पुं० [स०] पैदल सैनिक [को०]।

पादाष्ठोल—सज्ञा पुं० [स०] टखना [को०]।

पादासन—सज्ञा पुं० [सं०] चरणपीठ। पादपीठ [को०]।

पादाहत—वि० [सं०] पैरो से आघात किया हुआ [को०]।

पादिक[1]—वि० [स०] किसी वस्तु का चौथाई भाग। चतुर्थांश।

पादिक[2]—सज्ञा पुं० [स०] पादकृच्छ्र नामक प्रायश्चित्त व्रत।

पादिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] चौथाई पण। (कौटि०)।

पादी[1]—सज्ञा पु० [स० **पादिन्**] १ पैरवाले जलजतु। जैसे, गोह, मगर, घडियाल आदि।

विशेष—भावप्रकाश के अनुसार ऐसे जानवरों का मास मधुर, चिकना तथा वात पित्तनाशक, मलवर्धक शुक्रजनक और बलकारक होता है।

२ पशु। जानवर। उ०—जत्र तत्र पादी खडे मृगया दई विसारि। भयो इक्क आचर्ज वन भूपति नैन निहारि।—प० रासो०, पृ० २। ३. वह जो किसी वस्तु (सपत्ति, जायदाद आदि के चतुर्थांश का हकदार हो।

पादी[2]—वि० १ जो चौथाई का हिस्सेदार हो। पादवाला। पैरवाला (को०)। २ चरणवाला (श्लोक आदि)। ३ चार विभाग या हिस्सेवाला (को०)।

पादीय—वि० [स०] पदवाला। मर्यादावाला। जैसे, कुमारपादीय।

विशेष—जिस शब्द के आगे यह लगाया जाता है उसके समान पदवाला सूचित करता है। प्राचीन काल मे अभिजात वर्ग के लोगो को जो पदवियाँ दी जाती थी वे उसी प्रकार की होती थीं जैसे, कुमारपादीय अर्थात् राजसभा मे राजकुमार की बराबरी का आसन पानेवाला।

पादुक—सज्ञा पुं० [स०] वह जो चलता हो। चलनेवाला। गमनशील।

पादुका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ खडाऊँ। २ जूता।

पादुकाकार—सज्ञा पुं० [सं०] १. बढ़ई। २ चर्मकार। मोची [को०]।

पादू—सज्ञा स्त्री० [सं०] पादुका। खडाऊँ।

यौ०—**पादूकृत्**=मोची।

पादोदक—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह जल जिसमें पैर धोया गया हो। २. चरणामृत।

पादोदर—सज्ञा पुं० [सं०] साँप।

पाद्म—सज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा जो कमल से उत्पन्न हैं।

पाद्य[1]—वि० [स०] पद सबधी। पैर सबधी [को०]।

पाद्य[2]—सज्ञा पुं० [सं०] वह जल जिससे पूजनीय व्यक्ति या देवता के पैर धोए जायँ। पैर धोने का पानी।

विशेष—षोडशोपचार पूजा में आसन और स्वागत के पश्चात् और पचोपचार पूजा मे सर्वप्रथम पाद्य ही की विधि है। जिस जल से देवता के पैर धोए जाते हैं उससे हाथ नहीं धोए जा सकते। इसी से पैर धोने के जल को पाद्य और हाथ धोने के जल को 'अर्घ' कहते हैं।

पाद्यक—सज्ञा पु० [सं०] पाद्य देने का एक भेद।

पाद्यार्घ—सज्ञा पुं० [सं०] १. पैर तथा हाथ धोने या धुलाने का जल। २. पूजासामग्री। ३ वह धन या सपत्ति जो किसी की पूजा में दी जाय। भेंट या नजर।

पाद्यार्घ्य—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पाद्यार्घ'।

पाधर†—वि० [देशी पद्धर] १ सरल। सीधा। उ०—लह लोहा सो लोड पाधर अस कीधो प्रगट।—नट०, पृ० १७२।

पाधरनां†—क्रि० अ० [हि० पधारना] पधारना। जाना। गमन करना। उ०—नगर महोबै पाधरो मिलो मल्हन कहँ जाय।—प० रासो, पृ० ६४।

पाधरा†—वि० [देशी पद्धर] सीधा। सरल। उ०—ज्यारै नवग्रह पाधरा, जे वका रण बीच।—वाकी० ग्र०, भा० १, पृ० २।

पाधा—सज्ञा पुं० [स० उपाध्याय] १. आचार्य। उपाध्याय। २. पडित। उ०—गिरिधर लाल छबीले को यह कहा पठायो पाधै।—सूर (शब्द०)।

पान[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ किसी द्रव पदार्थ को गले के नीचे घूँट घूँट करके उतारना। पीना। उ०—(क) रामकथा ससि किरन समाना। संत चकोर करहिं जेहि पाना।—तुलसी (शब्द०)। (ख) रुधिर पान करि आत माल धरि जब जब शब्द उचारी।—सूर (शब्द०)।

यौ०—जलपान। मद्यपान। विषपान, आदि।

२ मद्यपान। शराब पीना। उ०—करसि पान सोवसि दिन राती। सुधि नहिं तव सिर पर आराती।—तुलसी (शब्द०)। ३ पीने का पदार्थ। पेय द्रव्य। जैसे, जल, मद्य, आदि। ४ मद्य। मदिरा। उ०—सँग ते यती कुमत्र ते राजा। मान ते ज्ञान पान ते लाजा।—तुलसी (शब्द०)। ५ पानी। उ०—(क) सीस दीन मैं अगमन प्रेम पान सिर मेलि। अब सो प्रीति निबाहउ चलो सिद्ध होइ खेलि।—जायसी (शब्द०)। (ख) गुरु को मानुष जो गिनै चरणामृत को पान। ते नर नरके जायँगे जन्म जन्म होइ स्वान।—कबीर (शब्द०)। ६ वह चमक जो शस्त्रो को गरम करके द्रव पदार्थ में बुझाने से आती है। पानी। आब। ७. पीने का पात्र। कटोरा। प्याला। ८ कुल्या। नहर। ९ कलवार। १० रक्षा। रक्षण। ११. प्याऊ। पौसाला। १२ नि श्वास। १३. जय। १४. पीना। चूसना। चूमना। चुबन। जैसे, अधरपान।

पानⓤ[२]—सज्ञा पुं० [स० **प्राण**] प्राण। उ०—पान अपान व्यान उदान और कहियत प्राण समान। तक्षक धनजय पुनि देवदत्त और पौड्रक सख द्युमान।—सूर (शब्द०)।

पान[३]—सज्ञा पुं० [स० **पर्ण, प्रा० पण्ण**] १ पत्ता। पर्ण। उ०—औषध मूल फूल फल पाना। कहें नाम गनि मगल जाना।—तुलसी (शब्द०)। उ०—हाथी को सो कान किधौं, पीपर को पान किधौं, ध्वजा को उडान कहौं थिर न रहतु है।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ४५७।

२ एक प्रसिद्ध लता जिसके पत्तों का बीडा बनाकर खाते हैं। तावूलवल्ली। तावूली। नागिनी। नागरवल्ली।

विशेष—यह लता सीमात प्रदेश और पजाब को छोडकर सपूर्ण भारतवर्ष तथा सिंहल, जावा, स्याम, आदि उष्ण जलवायुवाले देशो में अधिकता से होती है। भारत में पान का व्यवहार बहुत अधिक है। कत्था, चूना, सुपारी आदि मसालों के योग से बना हुआ इसका बीडा खाकर मन प्रसन्न तथा अतिथि आदि का सत्कार करते हैं। देवताओ और पितरो के पूजन मे इसे चढाते हैं और इसका रस अनेक रोगों मे औषध का अनुपान होता है। पान की जड भी, जिसे कुलजन या कुलीजन कहते हैं, दवाई के काम आती है। उपर्युक्त दो प्रातों को छोडकर भारत के सभी प्रातों मे खपत और जलवायु की अनुकूलता के अनुसार न्यूनाधिक मात्रा में इसकी खेती की जाती है। इसकी खेती में बड़ा परिश्रम और झझट होता है। अत्यत कोमल होने के कारण अधिक सरदी गरमी यह नही सहन कर सकती।

इसकी खेती प्राय तालाब या झील आदि के किनारे भीटा बना कर की जाती है। धूप और हवा के तीखे झोको से बचाव के लिये भीटे के ऊपर बाँस, फूस आदि का मंडप छा देते हैं जिसके चारो ओर टट्टियाँ लगा दी जाती हैं। मंडप के भीतर बेलें चढाई जाती हैं। इस मडप को पान का बँगला, बरेव या बरौजा कहते हैं। इसके छाने मे इस बात का ख्याल रखा जाता है कि पौधे तक थोडी सी धूप छनकर पहुँच सके। भीटा बीच में ऊँचा, चौरस और अगल बगल, कभी कभी एक ही ओर, ढालू होता है, इससे वर्षा का जल उसपर रुकने नही पाता। भीटे पर आधा फुट गहरी और दो फुट चौडी सीधी क्यारियाँ बनाई जाती हैं। इन्ही मे थोडी थोडी दूर पर कलमें रोपी जाती हैं। जो पौधे पूरी बाढ़ को पहुँच चुकते हैं और जिनमें पत्ते निकलना बद हो जाता है वे ही कलमें तैयार करने के काम आते हैं। उडीसा में इससे भी अधिक समय तक उससे अच्छे पत्ते निकलते जाते हैं। इसलिये पान की खेती वहाँ सबसे अधिक लाभदायक है। कहीं कहीं पान की बेलें भीटे पर नही किंतु किसी पेड, अधिकतर सुपारी, के नीचे लगाई जाती हैं।

पान की अनेक जातियाँ हैं। जैसे, बँगला, मगही, साँची, कपूरी, महोबी, अछुवा, कलकतिहा, आदि। गया का मगही पान सबसे अच्छा समझा जाता है। इसकी नसें बहुत पतली और मुलायम होती हैं। इसका बीडा मुँह में रखते ही गल जाता है। इसके बाद बँगला पान का नबर है। महोबी पान कडा पर मीठा होता है और अच्छे पानो मे गिना जाता है। कलकतिहा कडा और कडवा होता है। कपूरी बहुत कड़वा होता है। उसके पत्ते लबे लबे होते हैं और उसमे कपूर की सी सुगधि आती है। वैद्यक के अनुसार पान उत्तेजक, दुर्गंधिनाशक, तीक्ष्ण, उष्ण, कटु, तिक्त, कषाय, कफनाशक, वातघ्न श्रमहारक, शातिजनक, अगों को सुदर करनेवाला और दाँत, जीभ आदि का शोधक है।

वेदों, सूत्रग्र थो, वाल्मीकि रामायण और महाभारत में पान का नाम नही आया है, परतु पुराणो और वैद्यक ग्रथो में इसका उल्लेख बार बार मिलता है। विदेशी पर्यटको ने भारतवासियों की पान खाने की आदत का उल्लेख किया है। अत्यत प्राचीन ग्रथों में इसका नाम न आने से यह सूचित होता है कि इसका व्यवहार पहले से पूर्व और दक्षिण में ही था। वैदिक पूजन मे पान नही है। पर आजकल प्रचलित तात्रिक पद्धति में पान का काम पडता है।

यौ०—पानदान।

मुहा०—पान उठाना=कोई काम करने के लिये प्रतिज्ञाबद्ध होना। बीडा उठाना या लेना। **पान कमाना**=पान को उलटना पुलटना और सडे अंश या पत्तो का अलग करना। **पान चीरना**=व्यर्थ के काम करना। ऐसे काम करना जिससे कोई लाभ न हो। **पान खिलाना**=वर कन्या के व्याह संबध में उभय पक्ष का वचनबद्ध होना। मँगनी करना। सगाई करना। **पान देना**=किसी काम, विशेषत किसी साहसपूर्ण काम के कर डालने के लिये किसी से हामी भरवाना। बीड़ा देना। उ०—बाम वियोगिनि के बध कीबे को काम बसंतहि पान दियो है।—रघुनाथ (शब्द०)। **पान पत्ता**=(१) लगा या बना हुआ पान। (२) तुच्छ पूजा या भेंट। **पान-फूल**। **पान फूल**=(१) सामान्य उपहार या भेंट। (२) अत्यत कोमल वस्तु। **पान फेरना**=पान कमाना। **पान बनाना**=(१) पान में चूना, कत्था, सुपारी आदि रखकर बीड़ा तैयार करना। (२) दे० 'पान कमाना'। **पान लेना**=किसी काम के कर डालने की प्रतिज्ञा करना या हामी भरना। बीडा लेना। उ०—नृपति कै लै पान मन कियो अभिमान करत अनुमान चहुँपास धाऊँ।—सूर (शब्द०)। **पान सुपारी**=किसी शुभ अवसर पर निमत्रित जनो का सत्कार करने की रीति।

३ पान के आकार की चौकी या ताबीज जो हार में रहती है। ४ जूते में पान के आकार का वह रगीन या सादे चमडे का टुकडा जो ऐंडी के पीछे लगता है। ४ ताश के पत्तो के चार भेदो में से एक जिसमें पत्ते पर पान के आकार की लाल लाल बूटियाँ बनी रहती हैं।

पानⓤ[४]—सज्ञा पुं० [सं० **पाणि**] दे० 'पानि' या 'पाणि'। उ०—बैठी जसन जलूस करि फरस फबी सुखदान। पानदान तैं लै दएँ पान पान प्रति पान।—स० सप्तक, पृ० ३६४।

पान[५]—संज्ञा पुं० [देश०] लंडी। गून। (लश०)।

पान[६]—संज्ञा स्त्री० सूत को माँडी से तर करके ताना करना। (जुलाहा)।

पानक—संज्ञा पुं० [सं०] विशेष क्रिया से बनाया हुआ खट्टा तरल पदार्थ जो पीने के काम में आता है। पना।

विशेष—पके नीबू, आम या इमली के रस में पानी और चीनी मिलाकर पना या पानक बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त और अनेक पदार्थों का भी बनाया जाता है।

पानकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का पांडु रोग जिसमें हाथ पैरों में सूजन, अतिसार, ज्वर आदि होते हैं।—माधव०, पृ० ७५।

पानगोष्ठिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह स्थान जहाँ तांत्रिक लोग एकत्र होकर मद्यपान तथा कुछ पूजन आदि करते हैं। मद्यपान चक्र। २. दे० 'पानगोष्ठी'।

पानगोष्ठी—संज्ञा संज्ञा [सं०] १ वह सभा या मंडली जो शराब पीने के लिये बैठी हो। पानसभा। शराब की मजलिस। २ मद्यशाला। शराब की दूकान (को०)।

पानड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पान + डी (प्रत्य०)] एक प्रकार की पत्ती जो प्राय मीठे पेय पदार्थों तथा तेल और उबटन आदि में उन्हें सुगंधित करने के लिये छोड़ी जाती है।

पानदान—संज्ञा पुं० [हिं० पान + फ़ा० दान (प्रत्य०)] १ वह डिब्बा जिसमें पान और उसके लगाने की सामग्री रखी जाती है। पनडब्बा। २ वह डिबिया जिसमें पान के बीड़े रखे जाते हैं। गिलौरीदान। खासदान।

मुहा०—**पानदान का खर्च**=वह रकम जो पान तथा दूसरी निजी आवश्यकताओं के लिये दी जाय। पिटारी का खर्च।

पानदोष—संज्ञा पुं० [सं०] मद्यपान का व्यसन। शराबखोरी की लत।

पानन—संज्ञा पुं० [हिं० पान या देश०] १ मझोले आकार का एक प्रकार का पेड़ जो हिमालय की तराई और उत्तरी भारत के भिन्न भिन्न प्रांतों में होता है।

विशेष—इसकी पत्तियाँ जाड़ों में झड़ जाती हैं। लकड़ी पकने पर लाल रंग की, चिकनी और भारी होती है और बहुत दिन तक रहती है। इस लकड़ी से सजावट की चीजें, गाड़ी तथा घर के संगहे बनाए जाते है। इसका गोंद दवा के काम में आता है।

२ सांदन नाम का मझोले आकार का एक वृक्ष जिसकी लकड़ी से सजावट के सामान बनते हैं। वि० दे० 'सांदन'।

पानप—संज्ञा पुं० [सं०] मद्यप। शराबी। पियक्कड़।

पानपर—वि० [सं०] मद्यप। शराबी (को०)।

पानपात्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह पात्र जिसमें मद्यपान किया जाता है। २ पीने का पात्र। गिलास। उ०—नेत्रादिक इंद्रियगन जिते। हमरे पानपात्र प्रभु तिते।—नंद० ग्र० पृ० २७२।

पानभांड—संज्ञा पुं० [सं० पानभाण्ड] पानपात्र।

पानभाजन—संज्ञा पुं० [सं०] पानपात्र।

पानभूमि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ एकत्र होकर लोग शराब पीते हैं।

पानभू—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पानभूमि'।

पानमंडल—संज्ञा पुं० [सं० पानमण्डल] पानगोष्ठी।

पानमत्त—वि० [सं०] नशे में मतवाला। नशे में चूर।

पानरत—वि० [सं०] दे० 'पानपर' [को०]।

पानरा†—संज्ञा पुं० [हिं० पनारा] दे० 'पनारा'। उ०—पाकी को मन पानरे के गोबर के गार। और जनम कहाँ पाइए, यह तो चालाहार।—कबीर (शब्द०)।

पानरी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पानही'। उ०—पति पद पानरी के प्रनव कुबुद्ध कैधों विबुध विदग्ध चित्त मृदु मधुराई तें।—पजनेस०, पृ० २३।

पानवणिक—संज्ञा पुं० [सं० पानवणिज्] मद्यविक्रेता। कलवार। शराब बेचनेवाला [को०]।

पानवणिज—संज्ञा पुं० [सं० पानवणिज्] मद्य बेचनेवाला। कलवार।

पानविभ्रम—संज्ञा पुं० [सं०] पानात्यय नामक रोग।

विशेष—दे० 'पानात्यय'।

पानशौंड—संज्ञा पुं० [सं० पानशौण्ड] अत्यधिक मद पीनेवाला शराबी [को०]।

पानस[१]—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल की एक प्रकार की शराब जो पनस (कठहल) से बनाई जाती थी।

पानस[२]—वि० पनस (कठहल) से संबंध रखनेवाला।

पानही†—संज्ञा स्त्री० [सं० उपानह्, हिं० पनही] जूता। उ०—बिनु पानहिन्ह पयादेहि पाएँ। संकरु साखि रहेउँ एहि घाएँ।—मानस, २। २६१।

पाना[१]—क्रि० स० [सं० प्रापण, प्रा० पावण] १ अपने पास या अधिकार में करना। ऐसी स्थिति मे करना जिससे अपने उपयोग या व्यवहार में आ सके। उपलब्ध करना। लाभ करना। प्राप्त करना। हासिल करना। जैसे,—उसके हाथ में गई वस्तु कोई नहीं पा सकता। २ फल या पुरस्कार रूप मे कुछ पाना। कृत कर्म का भला बुरा परिणाम भोगना। जैसे,—(क) जागे सो पावे, सोवे सो खोवे। (ख) जैसा किया वैसा पाया। ३ किसी को दी हुई चीज वापस मिलना या कोई खोई हुई चीज फिर मिलना। जैसे,—(क) यह किताब तुमसे हमने तीन बरस के बाद आज पाई है। (ख) यह अँगूठी मैंने चार बरस के बाद आज पाई है। ४ पता पाना। भेद पाना। तह तक पहुँचना। समझना। जैसे,—(क) आपने उसका रोग भी पाया है या यों ही नुसखा लिखते हैं। (ख) मैंने तुम्हारे मन की बात पा ली। ५ किसी की कोई बात अपने तक पहुँचना। कुछ सुन या जान लेना। जैसे, सुध पाना समाचार पाना, संदेशा पाना। ६. देखना। साक्षात् करना।

जैसे,—(क) तुमको जैसा सुना था वैसा ही पाया। (ख) भारत में अब सिंह प्राय नहीं पाए जाते। ७ अनुभव करना। भोगना। उठाना। जैसे, दुख पाना, सुख पाना। ८. समर्थ होना। सकना।

विशेष—इस अर्थ मे पाना क्रिया सयोज्य होती है और जिस क्रिया या धातु के आगे लगाई जाती है उससे शक्यता या समाप्ति की शक्यता का अर्थ निकलता है। जहाँ समाप्ति का भाव होता है वहाँ धातु के आगे यह क्रिया आती है। जैसे,—तुम वहाँ जाने नहीं पाओगे, मैं अभी वह चिट्ठी नहीं लिख पाया।

९ पास तक पहुँचना। जैसे,—(क) मत दौडो, तुम उसे नहीं पा सकते। (ख) इस डाल को तुम उछलकर नहीं पा सकते। १० किसी बात मे किसी के बराबर पहुँचना। बराबर होना। जैसे,—पढने मे तुम उसे नहीं पा सकते। ११ भोजन करना। आहार करना। खाना। जैसे, प्रसाद पाना (साधु)। उ०—तेहि छन तहँ सिसु पावत देखा। पलना निकट गई तहँ देखा। —विश्राम (शब्द०)। १२ ज्ञान प्राप्त करना। अनुभव करना। जानना। समझना। जैसे, किसी का मतलब पाना। उ०—समरथ सुभ जो पावई पीर पराई।—तुलसी (शब्द०)।

पाना[2]—वि० १ पाने का हक। पावना। २ जिसे पाने का हक हो। प्राप्तव्य। पावना।

पानागार—सज्ञा पु० [स०] वह स्थान जहाँ बहुत से लोग मिलकर शराब पीते हो।

पानाजीर्ण—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का रोग जो अधिक मद्य आदि पीने से होता है। उ०—पानात्यय, परमद, पानाजीर्ण और पानविभ्रम इत्यादिक भयकर विकार होते हैं।—माधव०, पृ० ११७।

पानात्यय—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रोग जो बहुत अधिक मद्यपान करने से हो जाता है।

विशेष—वैद्यक में अन्य रोगो के समान वात, पित्त, कफ, और सन्निपात भेद से इसके भी चार भेद माने गए हैं। इसमे हृदय मे दाह और पीडा होती है, मुँह पीला हो जाता और सूख जाता है। रोगी को मूर्छा आती है, वह अडबड बकता है और उसके मुँह से झाग गिरने लगती है।

पानि‡[1]—सज्ञा पुं० [सं० पाणि] हाथ। उ०— जड चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि। बदउँ सबके पद कमल सदा जोरि जुग पानि।—तुलसी (शब्द०)।

पानि(पु)[2]—सज्ञा पुं० [सं० पानीय] दे० 'पानी'।

पानिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो शराब बेचता हो। मद्यविक्रेता। २. कलवार।

पानिग्रहण(पु)—सज्ञा पुं० [सं० पाणिग्रहण] दे० 'पाणिग्रहण'।

पानिग्रहन(पु)—सज्ञा पुं० [सं० पाणिग्रहण] दे० 'पाणिग्रहण'। उ०—पानिग्रहन जब कीन्ह महेसा। हिय हरषे तब सकल सुरेसा। —मानस, १। १०१।

पानिप—सज्ञा पुं० [हिं० पानी + प (प्रत्य०)] १ ओप। द्युति। कांति। चमक। आब। उ०—पानिप के भारन सँभारति न गात, लक लचि लचि जाति कच भारन के हलके।—द्विजदेव (शब्द०)। २ पानी। जल।

पानिय(पु)[1]—सज्ञा पुं० [सं० पानीय] दे० 'पानी' [को०]।

पानिय(पु)[2]—वि० रक्षणीय। रक्षा के योग्य [को०]।

पानिल—सज्ञा पुं० [स०] पानपात्र। पानभाजन [को०]।

पानी[1]—सज्ञा पुं० [सं० पानीय] १ एक प्रसिद्ध द्रव जो पारदर्शक, निर्गंध और स्वादरहित होता है। स्थावर और जगम सब प्रकार की जीवसृष्टि के लिये इसकी अनिवार्य आवश्यकता है। वायु की तरह इसके अभाव मे भी कोई जीवधारी जीवित नहीं रह सकता। इसी से इसका एक पर्याय 'जीवन' है।

यौ०—पनचक्की। पनबिजली। पानीपाँड़े। पानीफल।

विशेष—पानी यौगिक पदार्थ है। अम्लजन और उदजन नामक दो गैसो के योग से इसकी उत्पत्ति हुई है। विस्तार के विचार से इसमे दो भाग उदजन और एक भाग अम्लजन, और गुरुत्व के विचार से १६ भाग अम्लजन और १ भाग उदजन होता है, क्योकि अम्लजन का परमाणु उदजन के परमाणु से १६ गुना अधिक भारी होता है। गरमी की अधिकता से भाप बनकर उड जाने और कमी से पत्थर की तरह ठोस हो जाने का द्रव पदार्थों का धर्म जितना पानी में प्रत्यक्ष होता है उतना औरों में नहीं होता। तापमान की ३२ अश (फारेनहाइट) की गरमी रह जाने पर यह जमकर बर्फ और २१२ अश की गरमी पाने पर भाप हो जाता है। इनके मध्यवर्ती अंशो की गर्मी मे ही वह अपने अप्रकृत रूप—द्रव रूप—में रहता है। पानी में कोई रग नहीं होता पर अधिक गहरा पानी प्राय नीला दिखाई पडता है जिसका कारण गहराई है। स्वाद और गध भी उसमे उन द्रव्यों के कारण, जो उसमे घुले होते हैं, उत्पन्न होता है। ३९ अश की गरमी मे पानी का गुरुत्व अन्य द्रव्यो के सापेक्ष गुरुत्व के निश्चय के लिये प्रमाण रूप माना जाता है, सब तरल और ठोस द्रव्यो का गुरुत्व इसी से तुलना करके स्थिर किया जाता है। अवस्थाभेद से पानी के अनेक भेद हैं। यथा—भाप, मेघ, बूँद, ओला, कुहिरा, पाला, ओस, बर्फ आदि। बूँद, कुहिरा, पाला, ओस आदि उसके तरल रूपांतर हैं, भाप और बादल वायव या अर्धवायव और ओला तथा बर्फ घनीभूत रूपांतर हैं।

संसार को पानी मुख्यत वृष्टि से प्राप्त होता है। झरनों और कुओं से भी थोडा बहुत मिलता है। पानी विशुद्ध अवस्था में बहुत ही कम पाया जाता है। प्राय कुछ न कुछ खनिज, जांतव और वायव द्रव्य उसमें अवश्य मिले रहते हैं। वृष्टि का जल यदि पृथ्वी से ऊँचाई पर और कुछ दिनो तक वृष्टि

हो चुकने अर्थात् वायुमडल स्वच्छ हो जाने पर किसी बरतन मे एकत्र किया जाय तो शुद्ध होता है अन्यथा उसमे भी उपर्युक्त द्रव्य मिल जाते हैं। प्राकृतिक वर्फ का पानी भी प्राय शुद्ध होता है। भभके मे से खीचा हुआ पानी भी सब प्रकार के मिश्रणो से शुद्ध होता है, दवाइयो मे यही पानी मिलाया जाता है। जो नदियाँ उजाड स्थानों, कठोर चट्टानों और कँकरीली भूमि से होकर जाती हैं उनका जल भी प्राय शुद्ध होता है, पर जिनका रास्ता गरम भूमि और चट्टानो तथा घनी आवादी के बीच से है उनके पानी में कुछ न कुछ अन्य द्रव्य मिले रहते हैं। समुद्र के जल में क्षार और नमक के अश अन्य प्रकार के जलो की अपेक्षा बहुत अधिक होते हैं जिससे वह इतना खारा होता है कि पिया नही जा सकता। भभके के द्वारा उडा लेने से सब प्रकार का पानी शुद्ध हो जाता है। समुद्र का पानी भी इस क्रिया से पेय बनाया जा सकता है।

वैद्यक के अनुसार पानी शीतल, हलका, रस का कारण रूप, श्रमनाशक, ग्लानिहारक, बलकारक, तृप्तिदायक, हृदय को प्रिय, अमृत के समान जीवनदायक, मूर्छा, पिपासा, तद्रा, वमन, निद्रा और अजीर्ण का नाश करनेवाला है। खारा जल पित्तकारक और वायु तथा कफ का नाशक है, मीठा जल कफकारक और वायु तथा पित्त को घटानेवाला है। भादो या क्वार मे विधिपूर्वक एकत्र किया हुआ वृष्टिजल अमृत के समान गुणकारी, त्रिदोषशातिकर, रसायन, बलदायक, जीवनरूप, पाचन और बुद्धिवर्धक है। वेग से बहनेवाली और हिमालय से निकली हुई नदियों का जल उत्तम होता है, तथा मद गति से बहनेवाली और सह्याद्रि से निकली हुई नदियो का पानी कोढ़, कफ, वात आदि विकारो को उत्पन्न करता है। झरने का और प्राकृतिक वर्फ के पिघलने से उत्पन्न जल उत्तम है। कुएँ का जल, यदि उसके सोते अधिक गहराई और कडी कँकरीली मिट्टी पर से निकले हो तो, उत्तम होता है, अन्यथा दोषकारक होता है। जिस पानी में कोई गध या विशेष स्वाद न हो उसे उत्तम और जिसमे ये बातें हो उसे सदोष समझना चाहिए। पकाने से पानी के सब दोष मिट जाते हैं।

प्राचीन आर्य तत्वज्ञानियो ने पानी को पाँच महाभूतो अर्थात् उन मूल तत्वो मे जिनके योग से जगत् के और सब पदार्थों की उत्पत्ति हुई है, चौथा माना है। रस तन्मात्र से उत्पन्न होने के कारण रस इसका प्रधान गुण है और तीन पूर्ववर्ती तत्वो के गुण शब्द स्पर्श और रूप को गौण गुण कहा है। पाँचवें महाभूत या मूलतत्व पृथ्वी के गध गुण का इसमें अभाव माना है। इसका रूप अर्थात् वर्ण सफेद, रस अर्थात् स्वाद मधुर और शीतल माना है। परमाणु में इसे नित्य और सावयव अर्थात् स्थूल रूप मे अनित्य कहा है। पाश्चात्य देशों के द्रव्यशास्त्रविद् भी वर्तमान विज्ञान युग के आरभ के पहले सहस्रो साल तक पानी को अपने माने हुए चार मूल तत्वों अग्नि, वायु, पानी और मिट्टी में से एक मानते रहे हैं।

पर्या०—अर्ण। चोद। पद्म। नभ। अंभ। कबंध। सलिल। वा। वन। घृत। मधु। पुरीष। पिप्पल। क्षीर। विष। रेत। कश। वुस। तुग्य। सुश्रेम। वरुण। सुरा। अरविद। धनु धतु। जामि। आयुध। चय। अहि। अक्षर। स्रोत। तृषि। रस। उदक। पथ। सर। भेषज। सह। ओज। सुख। क्षत्र। शुभ। यातु। भूत। भुवन। भविष्यत। महत्। अप। व्योम। यश। मह। सर्णीक। वृतीक। सतीन। गहन। गभीर। गभलंग। ईम्। अन्न। हवि। सदन। ऋत। योनि। सत्य। नीर। रयि। सत्। पूर्ण। सर्ग। अक्षित। वर्हि। नाम। सर्पि। पवित्र। अमृत। इदु। स्व। सर्ग। संवर। वसु। अबु। तोय तूप। शुक्र। तेज। वारि। जल। जलाप। कमल। कीलाल। पाथ। पुष्कर। सर्वतोमुख। पानीय। मेघपुष्प। सल। जड। क। अध। उद। नार। कुश। काड। सवर। कर्बुर। व्योम। सव। इरा। वाज। तामर। कवल। स्यदन। क्षर। ऊर्ज। सोम।

मुहा०—पानी आना = (१) पानी का रस रसकर एकत्र होना। (२) कुएँ या तालाव में पानी का सोता खुलना। (३) घाव या आँख, नाक आदि में पानी भर आना। (४) घाव, आँख, नाक आदि से पानी गिरना। पानी उठाना = (१) पानी सोखना। पानी चूसना। जैसे,—मुलायम आटा खूब पानी उठाता है। (२) पानी अटाना। (दौरी या हत्थे में जितना पानी अँटता है, किसान लोग उसे उतना पानी उठाना बोलते हैं।) जैसे,—वह हत्था खूब पानी उठाता है। पानी उतरना = पानी की तल या सतह का नीचा होना। पानी घटना। उतार होना। बाढ़ पर न रहना। (काम को) पानी करना = साध्य या सरल कर देना। सहज कर डालना। जैसे,—मैंने इस काम को पानी कर दिया। पानी का आसरा = नाव की बारी पर लगा हुआ कुछ कुछ झुका हुआ तख्ता जिसपर छाजन की ओलती का पानी गिरता है। आधी बारी। (लश०)। पानी काटना = (१) पानी का बाँध काट देना। (२) एक नाली से दूसरी मे पानी ले जाना। (३) तैरते समय हाथ से पानी को हटाना। पानी चीरना। पानी का बताशा = (१) बुलबुला। बुदबुद। (२) क्षणभगुर वस्तु। क्षणस्थायी पदार्थ। पानी का बुलबुला = (१) बुलबुले की तरह क्षण मे नष्ट या रूपातरित होनेवाला। क्षणभगुर। (२) नाशवान्। विनाशशील। पानी की तरह बहाना = अधाधुध खर्च करना। किसी चीज का आवश्यकता से बहुत अधिक मात्रा में खर्च करना। उडाना या लुटाना। जैसे,—उन्होंने लाखों रुपए पानी की तरह बहा दिए। पानी की पोट = (१) जिसमे पानी ही पानी हो। जिसमें पानी के सिवा और कुछ न हो। (२) वे साग, पात, तरकारियाँ आदि जिनमें जलीय अश ही अधिक होता है, ठोस पदार्थ बहुत ही कम होता है। पानी के मोल = पानी की तरह सस्ता। बहुत सस्ता कौड़ियों के मोल। पानी के रेले में बहाना = (१) पानी

मे फेंक देना। नष्ट कर देना। उडा देना। (२) पानी के मोल देच देना। कौडियो मे लुटा देना। पानी चढ़ना = (१) पानी का ऊपर चढना या ऊँचाई की ओर जाना। पानी की गति ऊँचाई की ओर होना। जैसे—इस नल मे ऊपर पानी नहीं चढता है। उ०—सावर उबट शिखर को पाटी। चढ़ा पानि पाहन हिय फाटी।—जायसी (शब्द०)। (२) पानी बढ़ना। (३) सीचे जानेवाले खेत तक पानी पहुँचना। (४) सीचा जाना। (इस मुहावरे का प्रयोग केवल खेती के लिये किया जाता है, वारी बगीचे आदि के लिये नहीं)। पानी चढ़ाना = (१) पानी को ऊँचाई पर ले जाना। (२) पानी को चूल्हे पर रखना। अदहन देना। (३) सिचाई के लिये खेत तक पानी ले जाना। (४) सीचना। पानी चलाना = पानी फेरना। नष्ट करना। चौपट करना। (क्व०)। उ०—ऐसे समय लखेउ ठकुरानी। पतिव्रत माझ चलायो पानी।—लाल (शब्द०)। पानी छानना = एक विशेष कृत्य जो हिंदुओ के यहाँ किसी को शीतला या चेचक रोग होने पर किया जाता है।

विशेष—(नाम धरने अर्थात् रोगी को चेचक होना मान लिए जाने के तीसरे, पाँचवें और सातवें दिनों मे जिस दिन शुक्रवार या सोमवार हो, स्त्रियाँ रोगी के सिर से कपडा छुलाकर उससे पानी छाननी हैं। इस पानी मे पहले से चना भिगोया रहता है। यदि वर्षा होती हो तो उसी का पानी लेकर छाना जाता है। इस कृत्य के हो जाने पर उन निषेधो का पालन नहीं करना पडता जिनका पालन नाम धरने के दिन से आवश्यक समझा जाता है)।

पानी छूटना = रस रसकर पानी निकलना। थोडा थोडा पानी निकलना। रसना। पानी छूना = मलत्याग के अनतर जल से गुदा को धोना। आवदस्त लेना (ग्राम्य)। (किसी वस्तु का) पानी छोड़ना = किसी चीज का रसना। थोडा थोडा पानी निकालना या देना। जैसे, किसी तरकारी का आगपर चढ़ाने पर छोडना। पानी टूटना = कुएँ ताल आदि मे इतना कम पानी रह जाना कि निकाला न जा सके। कुएँ ताल आदि का पानी खर्च होकर बहुत थोडा रह जाना। पानी तोडना = पानी को डाँड या बल्ली से चीरना या हटाना। पानी काटना (मल्लाह)। पानी थामना = धार की ओर नाव ले जाना। धार चढ़ाना। (लश०)। पानी दिखाना = (१) घोड़े बैल आदि को पानी पिलाने के लिये उनके सामने पानी भरा बरतन रखना या उन्हे पानी तक ले जाना। (२) पशुओं को पानी पिलाना। पानी देना = (१) सीचना। पानी से भरना। पानी से तर करना। (२) पितरों के नाम अजलि में लेकर पानी गिराना तर्पण करना। जैसे—उसके कुल मे कोई पानी देनेवाला भी नहीं रह गया। पानी न माँगना = किसी आघात या विष आदि से इतनी जल्दी मर जाना कि एक शब्द भी मुँह से न निकले। चटपट दम तोड देना। तत्क्षण मर जाना। उ०—साँप इस मुल्क के बाजे ऐसे जहरीले होते हैं कि जिनका काटा आदमी फिर पानी न माँगे।—शिवप्रसाद (शब्द०)। पानी पडा = ढीला ढाला। जो कसा या तना न हो। जैसे—कनकौवा पानी पडा है अर्थात् उसकी डोर ढीली है। पानी भर नींव डालना या देना = ऐसा काम आरभ करना जो टिकाऊ न हो। ऐसी वस्तु को आधार बनाना जिसकी स्थिति दृढ न हो। पानी पर नींव होना = किसी काम या आयोजन का आधार दृढ़ न होना। किसी काम या वस्तु का टिकाऊ न होना। पानी पढ़ना = जल अभिमन्त्रित करना। मत्र पढकर पानी फूँकना। पानी पर दम करना। पानी फूँकना। पानी पाढना = दे० 'पानी छानना'। पानी पर बुनियाद होना = दे० 'पानी पर नींव होना। पानी परोरना = पानी पढना या फूँकना। पानी पानी करना = अत्यत लज्जित करना। लज्जाभिभूत करना। पानी पानी होना = लज्जित होना। लज्जा के मारे पसीने पसीने हो जाना। लज्जा से कट जाना। जैसे.—वह इस बात को सुनकर पानी पानी हो गया। पानी पीकर जाति पूछना = काम कर चुकने पर उसके औचित्य की विवेचना करना। पानी पी पीकर = निरतर। अविराम। हर समय। लगातार।

विशेष—इस मुहावरे का प्रयोग उस समय किया जाता है जब कोई घटो तक लगातार किसी को गालियाँ देना या कोसता रहता है। भाव यह होता है कि उसने इतनी अधिक गालियाँ दी कि कई बार उसका गला सूख गया और उसे पानी पीकर उसे तर करना पडा। जैसे,—वह उन्हे पानी पी पीकर कोसता रहा।

(किसी वस्तु पर) पानी फिरना या फिर जाना = नष्ट होना। चौपट हो जाना। मिट्टी मे मिल जाना। बरबाद हो जाना। पानी फूँकना = मत्र पढकर पानी पर फूँक मारना। पानी पढना। पानी फूटना = (१) बाँध या मेड को तोडकर पानी को निकालना। (२) पानी मे उबाल आ जाना। पानी खौलने लगना। (किसी पर) पानी फेरना या फेर देना = ऐसा कुछ करना जिससे किया कराया उद्योग या परिश्रम विफल हो जाय या कोई बनी बात बिगड जाय। चौपट कर देना। मिटटी कर देना। मटियामेट कर देना। मिटा देना। जैसे—इस एक बात ने आज तक के हमारे सारे परिश्रम पर पानी फेर दिया। पानी बराना = (१) छोटी नालियाँ बनाकर और क्यारियाँ काटकर खेत को सीचना। (२) जिसमे नालियाँ तोडकर पानी बह न जाय इसलिये इसकी रखवाली करना। पानी बाँधना = (१) जिस मार्ग से पानी बह रहा हो उसे बंद करना। पानी का बहाव रोकना। (२) बाँध बाँधकर या मेड बनाकर पानी को ताल या खेत मे एकत्र करके बाहर न जाने देना। पानी का रोकना या एकत्र करना (३) जादू से बरसते या बहते हुए पानी को थाम लेना। जलस्तंभन करना। पानी बुझाना = चूने, ईंट या लोहे चाँदी आदि के टुकडे को आग मे लाल करके पानी मे बुझाना। पानी बयारना।

विशेष—इस प्रकार बुझाया हुआ पानी विकाररहित होता है और रोगी के लिये पथ्य समझा जाता है।

(किसी के सामने) पानी भरना = किसी से तुलना मे उसके दास के बराबर ठहरना। अत्यत तुच्छ प्रतीत होना। फीका पडना। लज्जित होना। उ०—चूना उसका ऐसा सफेद, साफ और चमकदार है कि सगमरमर भी उसके सामने पानी भरे। —शिवप्रसाद (शब्द०)। पानी भरी खाल = अनित्य शरीर। क्षणभगुर देह। क्षणिक जीवन। उ०—रावरी शपथ राम नाम ही गति मेरे इहाँ झूठो मूठो सो तिनोक तिहुँ काल है। तुलसी को भलो पै तुम्हारेई किए कृपाल कीजे न विलब बलि पानी भरी खाल है। —तुलसी (शब्द०)। पानी मरना = किसी स्थान पर पानी का एकत्र होकर सोखा जाना या जज्ब होना। जैसे,—(क) जहाँ पानी मरता है वही धान होता है। (क) इस दीवार की जड मे बरसात का पानी मरता है। (किसी के सिर) पानी मरना = दोषी या अपराधी सिद्ध होना। साबित होना। जैसे,—देखिए, इस मामले में किसके सिर पानी मरता है। पानी में आग लगाना = (१) असभव को सभव करना। जो बात दूसरे से न हो सकती हो उसे कर डालना। (२) जहाँ झगडा होना असभव हो वहाँ झगडा करा देना। शातिभक्तो में कलह करा देना।

विशेष—मुख्य अर्थ पहला होने पर भी दूसरे अर्थ में इस मुहावरे का अधिक प्रयोग होने लगा है। आग लगाने का अर्थ है चुगुलखोरी करके झगड़ा करा देना। कदाचित् यही इसका दूसरे अर्थ में अधिक प्रयुक्त होने का कारण है।

पानी में फेंकना या बहाना = नष्ट करना। बरबाद करना। खो देना। पानी में फेंक देना। पानी लगना = (१) पानी इकट्ठा होना। पानी जमा होना। (२) पानी की ठढक से दाँतो मे टीस होना। पानी का स्पर्श दाँतो को असह्य होना। (३) स्थानविशेष की परिस्थिति के कारण बुरी वासनाएँ उत्पन्न होना। स्थानविशेष के गुण से शरारत सूझना। जैसे,—अब इनको बनारस का पानी लग चला। पानी लेना = (१) कुएँ, ताल आदि से खेत को सीचने के लिये पानी ले जाना। (२) पानी छूना = आबदस्त लेना। पानी से पतला = (१) जिसका कुछ भी महत्व या मान न हो। अत्यत तुच्छ। निहायत अदना। (२) अत्यत अपमानित। सर्वथा मानच्युत। सख्त बदनाम। (३) अत्यत सुगम। निहायत आसान। पानी से पहले पुल, पाढ़ या बाँह बाँधना = असभव सकट की आशका से कोई यत्न करना। जिस बात का होना असंभव हो उसके प्रतीकार का उपाय करना। अकारण सिर खपाना। व्यर्थ कष्ट करना। सूखे में पानी में डूबना = भ्रम मे पडना। धोखा खाना। उ०—धनी सग न सगे पूरे। पानी बूड रात दिन झूरे।—जायसी (शब्द०)। कच्चा पानी = वह पानी जो पकाया हुआ न हो। पक्का पानी = पकाया हुआ पानी। औटाया हुआ पानी। भभके का पानी = वह पानी जो भभके की सहायता से साधारण पानी को भाप के रूप मे परिणत करके तैयार किया गया हो। उडाया या खींचा हुआ पानी। नरम पानी = वह पानी जिसके बहाव में अधिक वेग न हो। ठहरा हुआ पानी (लश०)। मीठा पानी = वह पानी जो पीने में खारा न हो। सुस्वादु पानी। पेय जल। खारा पानी = वह पानी जिसका स्वाद नमकीन लिए हुए तीखा होता है। अपेय जल। भारी पानी = वह पानी जिसमे खनिज पदार्थ अधिक मात्रा मे मिले हुए हो। हलका पानी = वह पानी जिसमे खनिज पदार्थ बहुत थोड़े हो। पानी भरना या भर आना = पद्मा या राल का किसी स्थान मे एकत्र होना। जैसे—मुँह या आँख मे पानी भर आना। उ०—मेरी आँखो मे आँसू न थे। यह निशीथ काल की शीतल और तीव्र वायु का कारण है कि उनमें पानी भर आया नही तो आँसू कैसे, रोने के दिन अब गए। —अयोध्यासिंह (शब्द०)। मुँह में पानी आना या छूटना = (१) स्वाद लेने का गहरा लालच होना। चखने के लिये जीभ का व्याकुल होना। (२) गहरा लोभ होना। लालच के मारे रहा न जाना।

२ वह पानी का सा पदार्थ जो जीभ, आँख, त्वचा, घाव आदि से रसकर निकले। जैसे,—पसीना, पसेव, राल, लार, पछा।

मुहा०—पानी आना = किसी चीज से पसेव, लार, आदि निकलना। जैसे, घाव में पानी आना। मुँह में पानी आना।

३. मेह। वर्षा। वृष्टि। जैसे,—इस वर्ष इतना कम पानी पडा कि पृथ्वी की प्यास एक बार भी न बुझी।

मुहा०—पानी आना = (१) पानी बरसने पर होना। मेह पडने का सामान होना। (२) मेह पडना। वर्षा होना। पानी उठना = घटा घिरना। बादल छा जाना। अब उठना। पानी गिरना = मेह पडना। वर्षा होना। पानी टूटना = झडी रुकना। मेह थमना। वर्षा बद होना। पानी निकलना = बूँदें टूटना। वृष्टि बद होना। पानी पड़ना = मेह बरसना। वर्षा होना।

४ तेल, घी, चरबी आदि के अतिरिक्त कोई द्रव पदार्थ। कोई वस्तु जो पानी जैसी पतली हो। जैसे, पाचक का पानी, केले का पानी, नारियल का पानी।

मुहा०—पानी उतरना = (१) अडकोष में पानी जैसी पतली चीज का नसो के द्वारा आकर एकत्र हो जाना, जिससे उसका परिमाण बढ़ जाता है। अडवृद्धि। (२) आँखो से प्राय हर समय कुछ कुछ गरम पानी गिरना जिससे देखने की शक्ति मारी जाती है। नजला। पानी करना = लोहे या किसी ऐसे ही कडे पदार्थ को गलाकर पानी की तरह तरल करना। पानी होना = किसी पदार्थ का गलकर पानी की तरह पतला हो जाना। जैसे,—सारा नमक गलकर पानी हो गया। मीठा पानी = लेमनेड। खारा पानी = सोडा वाटर। विलायती पानी = लेमनेड या सोडावाटर। गरम पानी = मद्य। शराब।

५ वह द्रव पदार्थ जो किसी चीज के निचोड़ने से या उसमे

निथरकर निकले किसी वस्तु का वह अश जो जल क रूप मे हो। रस। अर्क। जूस। जैसे, नीम का पानी, दाल का पानी। ६ चमक। ओप। आब। काति। छवि। जैसे, मोती का पानी। उ०—मोतिन मलिन जो होइ गइ कला। पुनि सो पानि कहाँ निरमला।—जायसी (शब्द०)।

मुहा०—पानी देना = जला करना। चमकाना।

७ तलवार आदि धारदार हथियारो के लोहे का वह हलका स्याह रग और उसपर चीटी के पैर के चिह्नों के से अकृत्रिम चिह्न जिनसे उसकी उत्तमता की पहचान होती है। (ऐसे लोहे की धार खूब तीक्ष्ण और कडी होती है)। आब जौहर। ८. मान। प्रतिष्ठा। इज्जत। आबरू। साख। उ०—(क) महमद हाशिम शका मानी। चपे चौधरी उतरयो पानी।—लाल (शब्द०)। (ख) बोली वचन हास करि रानी। राख्यो तुम पाडव कर पानी।—सबलसिह (शब्द०)।

यौ०—पतपानी।

मुहा०—पानी उतरना = साख जाती रहना। इज्जत उतरना। मान न रह जाना। उ०—चपे चौधरी उतरयो पानी।—लाल (शब्द०)। पानी उतारना = अपमानित करना। इज्जत उतारना। उ०—जिन नहिं नेकु कानि मम मानी। दीन उतारि छनक मे पानी।—सबलसिह (शब्द०)। पानी जाना = प्रतिष्ठा नष्ट होना। इज्जत जाना। मान न रह जाना। पानी बचाना = किसी की प्रतिष्ठा या आबरू की रक्षा करना। किसी की इज्जत बचाना। पानी रखना या पानी राखना Ⓤ = दे० 'पानी बचाना'। उ०—राख्यो तुम पाडव कर पानी।—सबलसिह (शब्द०)। पानी लेना = किसी की प्रतिष्ठा या इज्जत नष्ट करना। किसी की बेआबरूई करना। आबरू लेना। उ०—सुदर नयन निहारि लियो कमलन को पानी।—सूर (शब्द०)। बे पानी करना = प्रतिष्ठा नष्ट करना। पानी लेना।

यौ०—पानीदेवा।

९ वर्ष। साल। जैसे, पाँच पानी का सूअर अर्थात् ऐसा सूअर जिसने पाँच बरसातें देखी हैं अर्थात् जिसके पाँच साल पूरे हो चुके हों। १० मुलम्मा।

क्रि० प्र०—चढाना।—फेरना।

११ वीर्य। शुक्र। नुत्फा (बाजारू)।

मुहा०—पानी गिराना = स्त्रीप्रसग करना। (बाजारू)।

१२ पुरुषत्व। मरदानगी। जीवट। हिम्मत। स्वाभिमान। जैसे,—उसमें तनिक भी पानी नहीं है। १३ घोडे आदि पशुओ की वशगत विशेषता या कुलीनता। घोड़े आदि की नस्ल। जैसे,—यह जानवर पानी और खेत का अच्छा है। १४ पानी की तरह ठढा पदार्थ। जैसे,—तवा तो पानी हो रहा है।

मुहा०—पानी करना या कर देना = किसी के चित्त को ठढा कर देना। किसी का गुस्सा उतार देना। जैसे,—मैंने दो ही बातो मे उन्हे पानी कर दिया। (किसी का) पानी होना या हो जाना = (१) क्रोध उतर जाना। गुस्सा जाता रहना। जैसे,—मुझे देखते ही वे पानी हो गए। (२) उग्रता या तेजी न रह जाना। मद पड जाना। धीमा हो जाना।

१५ एकबारगी, गीली, नरम या मुलायम चीज (अत्युक्ति)। १६ पानी की तरह फीका या स्वादहीन पदार्थ। जैसे,—(क) शोरवे मे बस पानी का मजा है। (ख) दाल क्या है, बिलकुल पानी है। १७ कुश्ती या लडाई आदि। द्वद्व युद्ध। जैसे,—(क) यह बटेर दो पानी हार चुका। (ख) इन दोनो मे भी एक पानी हो जाने दो। १८ बार। बेर। दफा। जैसे,—अबकी उन्हे जहाँ दो पानी पीटा कि वे दुरुस्त हुए (बाजारू)। १९ मद्य। शराब (बोलचाल)। २० अवसर। समय। मौका। जैसे—अब वह पानी गया। २१ जलवायु। आबहवा। जैसे,—यहाँ का पानी हमारे अनुकूल नहीं।

मुहा०—कड़ा पानी = ऐसी जलवायु जिसमें उत्पन्न या पले मनुष्य या पशु फुरतीले, शूर, साहसी, जीवटवाले, सहिष्णु तथा कट्टर स्वभाव के हो। नरम पानी = ऐसी जलवायु जिसमें उत्पन्न या पले मनुष्य या पशु मद, ढीले बदन के, जीवटहीन और असहिष्णु हो। पानी लगना = स्थानविशेष के जलवायु के कारण स्वास्थ्य बिगडना या कोई रोग होना। उ०—लागत अति पहार कर पानी। बिपिन बिपति नहिं जाय बखानी।—तुलसी (शब्द०)। २२ परिस्थिति। सामाजिक दशा। लोगो की चाल ढाल या रग ढग। जैसे,—(क) बनारस का पानी ही ऐसा है कि रग ढग बदल जाता है। (ख) अब उन्हें कलकत्ते का पानी लग चला।

विशेष—इस शब्द से केवल बुरी परिस्थिति, बदमाशी, चालढाल या चरित्र बिगडनेवाली समाजिक दशा व्यजित होती है, अच्छी सामाजिक परिस्थिति नही।

मुहा०—पानी लगना = परिस्थिति का प्रभाव पडना। नए नए लोगो के साथ का असर पडना।

पानीⓊ[2]—सज्ञा पु० [स० पाणि] दे० 'पाणि'। उ०—जयति जय वज्र तनु, दसन, नख, मुख विकट, चंड भुजदड, तरु सैल पानी।—तुलसी ग्र०, पृ० ४६७।

पानी आलू—सज्ञा पु० [स० पानीयालु] एक कद जो त्रिदोषनाशक है। पानीयालु।

पानीतराश—सज्ञा पुं० [फा०] जहाज या नाव के पेंदे में वह बडी लकडी जो पानी को चीरती है (लश०)।

पानीदार—वि० [हिं० पानी + फा० दार (प्रत्य०)] १. आबदार। चमकदार। २. इज्जतदार। माननीय। आबरूदार। ३. जीवटवाला। मरदाना। आनवाला। आत्माभिमानी।

पानीदेवा—वि० [हिं० पानी + देवा (= देनेवाला)] १ तर्पण या पिंडदान करनेवाला। २ पुत्र। तनय। तनुज। ३ अपने कुल का। स्ववशीय।

मुहा०—पानीदेवा न रह जाना = वश उच्छेद हो जाना। वश

[illegible] जाना। तुम में एक भी व्यक्ति जीवित न [illegible] पीछे,—इसके बाद ये न कोई नामलेवा रहा न [illegible]।

पानीपत—[illegible] [ ] एक प्रसिद्ध युद्धक्षेत्र जो दिल्ली और करनाल के बीच में है।

विशेष—यहाँ तीन प्रसिद्ध और भारत पलटनेवाले युद्ध हुए हैं। इसके पास तुगलकाबाद है जिसमें तैमूरलंग का युद्ध हुआ था। दूसरा युद्ध बाबर और इब्राहीम लोदी का था। यह युद्ध इसी के पास हुआ था जिसमें भारत में मुगलसाम्राज्य का आरंभ हुआ। इसी के बाद में तीसरी इसी मैदान में मराठों के साथ हुई। मराठों के साथ अहमदशाह दुर्रानी का युद्ध इसी स्थान में हुआ था और जिसके फलस्वरूप फिर स्थापित होते होते मराठा।

पानीपोट—[illegible] [हि० पानी + पोट] मुसलाधार पानी। उ०—[illegible] पानिपोट पथ कहा पावत पानिह पानी पोट। —[illegible] ग्रं० पृ० २६४।

पानीफल—[illegible] [हि० पानी + फल] सिंघाड़ा।

पानीभिंड—[illegible] [हि० पानी + भिंड] एक प्रकार की बड़ी [illegible] जिसकी पत्तियाँ तीन से सात इंच तक लंबी होती हैं। मूसाकानी।

विशेष—बरसात के दिनों में इसमें चमकीले नीले रंग के छोटे [illegible] फूल लगते हैं और जड़ का औषधि के रूप में व्यवहार होता है। यह बंगाल, बंबई और मध्यप्रदेश के जंगलवाले और सिंचाई वाले खेतों में पाई जाती है। इसे मूसाकानी भी कहते हैं।

पानीय—[illegible] [ ] १. जल। उ०—बरसि प्रेम पानीय हिय [illegible] करत अभिराम। —प्रेमघन०, भा० १, पृ० १८७। २. मद्य। शराब (लश०)।

पानीय²—[illegible] १ पीने योग्य। जो पीया जा सके। २ रंगा करने [illegible] रंगा हुआ। रंगा करने का। उ०—सभा माँझ दुरदी पानीय पहिरि दुसाला आयो। बसन ओट करि कोटि विधिन सों पानी दीनो।—सूर (शब्द०)।

पानीयकल्प—[illegible] [सं०] वैद्यक में मिश्री, एलुआ, इलायची, [illegible], मरिच, पानक, [illegible] आदि और औषधियों [illegible] खटाई, दूध और [illegible] को छोड़ कर बनाया जाता है।

पानीयफल—[illegible] पुं० [सं०] मखाना।

पानीयमूलक—[illegible] पुं० [सं०] बकुची।

पानीयवर्णिका—[illegible] स्त्री० [सं०] बालू।

पानीयशाला—[illegible] स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ प्यासों को पानी पिलाया जाता है। जलसत्र। पौसरा। प्याऊ।

पानीयशालिका—[illegible] स्त्री० [सं०] दे० 'पानीयशाला'।

पानीयामलक—[illegible] पुं० [सं०] पानी आँवला।

पानीयालु—[illegible] पुं० [सं०] पानी आलू नामक कंद। यह त्रिदोषनाशक और तृप्तिकारक माना जाता है।

पर्या०—अनुपालु। जलालु। कृपालु। अपालुक।

पानीयाशना—[illegible] स्त्री० [सं०] एक प्रकार की घास। बल्वजा।

पानूस—[illegible] पुं० [पा० फानूस] दे० 'फानूस'। उ०—बाल रसीली तियनु में बैठी आपु छिपाइ। अरगट ही पानूस सी परगट होति लखाइ।—बिहारी र०, दो० ६०३।

पानौ—[illegible] पुं० [हि०] दे० 'पानी'। उ०—जुग जुग बिरद यहै चलि आयो, भक्तनि हाथ बिकानौ। राजसूय में चरन पखारे स्याम लिए कर पानी।—सूर०, १।११।

पानौरा—[illegible] पुं० [हि० पान + बरा] पान के पत्ते की पकौड़ी। उ०—पानौरा, रायता, पकौरी। तुमकौरी मुँगछी सुठि सौरी।—सूर (शब्द०)।

पान्यो—[illegible] पुं० [हि०] पानी। जल।

पान्हर—[illegible] पुं० [हि०] एक प्रकार का सरपत।

पाप¹—[illegible] पुं० [सं०] १ वह कर्म जिसका फल इस लोक और परलोक में अशुभ हो। वह आचरण जो अशुभ अरिष्ट उत्पन्न करे। कर्ता का अध पात करनेवाला कर्म। ऐसा काम जिसका परिणाम कर्ता के लिये दुःख हो। व्यक्ति और समाज के लिये अहितकर आचरण। धर्म या पुण्य का उलटा। बुरा काम। निंदित काम। अकल्याणकर कर्म। अनाचार। बुराई।

पर्या०—अधर्म। दुर्वृत्त। पाप्म। किल्बिष। कल्मष। वृजिन। एनस्। अघ। अंहस्। दुष्कृत। पातक। अशुभक। पापक।

विशेष—जिस प्रकार अवश्य कर्तव्य कर्म का करना पाप है, उसी प्रकार अवश्य कर्तव्य का न करना भी पाप है। धर्मशास्त्रानुसार निषिद्ध कर्मों का अनुष्ठान और विहित कर्मों का अननुष्ठान, दोनों ही पाप हैं। पाप का फल पतन और दुःख है। वह कर्ता को अनेक जन्मों में अहित करता है। पापी से संसर्ग रखनेवाला भी पापभागी और दुःख का अधिकारी होता है। प्रायश्चित और भोग इन्हीं दो उपायों से पाप की निवृत्ति मानी गई है। यदि इन उपायों से उनके संस्कार नष्ट नहीं किए जाते तो वे मरणोपरांत कर्ता को नरक और जन्मांतर में अनेक प्रकार के रोग और आधि प्राप्त कराते हैं। स्थानिष्ठाभेद से पाप अनेक हैं जिनमें मनसा या वाचिक से कायिक में कोटि का ही अधिक होता है जैसे, मन से अनिष्ट चिंतन, असत्य भाषण आदि, यद्यपि प्रायश्चित्त

करने से नष्ट होते हैं। परतु परानिष्टजनन पाप अर्थात् तत्काल कर्ता के अतिरिक्त किसी और व्यक्ति का और कालातर में कर्ता का अपकार करनेवाले पाप, जैसे, चोरी, हिंसा, आदि ऐसे हैं जिनके सस्कार यथोचित राजदड भुगत लेने से क्षीण होते हैं। मनुस्मृति में लिखा है कि समाज के सामने अपना पाप प्रकट कर देने और उसके लिये अनुताप करने से वह क्षीण हो जाता है।

यौ०—पापपुण्य।

मुहा०—पाप उदय होना = सचित पाप का फल मिलना। पिछले जन्मो के पाप का बदला मिलना। कोई भारी हानि या अनिष्ट होना जिसका कारण पिछले जन्मो के बुरे कर्म समझे जायँ। जैसे,—कोई भारी पाप उदय हुआ है तभी उसको इस बुढापे मे लडके का शोक सहना पडा है। पाप कटना = पाप का नाश होना। प्रायश्चित्त या दडभोग से पापसस्कारो का क्षय होना। पाप कमाना या बटोरना = पाप कर्म करना। लगातार या बहुत से पाप करना। ऐसे बुरे कर्म करते जाना जिनका फल बुरा हो। भविष्यत् या जन्मातर मे दुख भोगने का सामान करना। पाप काटना = पाप से मुक्त करना। किसी के पाप का नाश कर देना। निष्पाप करना। पापरहित कर देना। पाप की गठरी या मोट = पापो का समूह। किसी व्यक्ति के सपूर्ण पाप। किसी के जन्म भर के पाप। पाप गलना = पाप पड़ना। पाप होना। दोष होना। जैसे,—(क) पापी के ससर्ग से भी पाप लगता है। (ख) ऐसे महात्मा की निंदा करने से पाप लगता है।

२ अपराध। कसूर। जुर्म। ३ वध। हत्या। ४ पापबुद्धि। बुरी नियत। बदनीयती। खोट। बुराई। जैसे,—उसके मन में अवश्य कुछ पाप है। ५. अनिष्ट। अहित। बुराई। खराबी। नुकसान। ६ कोई क्लेशदायक कार्य या विषय। परेशान करनेवाला काम या बात। बखेडे का काम। झझट। जजाल। (केवल हिंदी में प्रयुक्त)।

मुहा०—पाप कटना = बाधा कटना। झगडा दूर होना। जजाल छूटना। जैसे,—वह आप ही यहाँ से चला गया अच्छा हुआ, पाप कटा। पाप काटना = झगडा मिटाना। बला काटना। जजाल छुडाना। पाप मोल लेना = जान बूझकर किसी बखेडे के काम में फँसना। दर्द सर खरीदना। झगडे में पडना। पाप गले या पीछे लगना = अनिच्छापूर्वक किसी बखेड़े या झझट के काम में बहुत समय के लिये फँस जाना। कोई बाधा साथ लगना।

७ कठिनाई। मुश्किल। सकट। (क्व०)।

मुहा०—पाप पडना Ⓤ = सामर्थ्य से बाहर हो जाना। मुश्किल पड जाना। कठिन हो जाना। उ —सीरे जतननि सिसिर ऋतु सहि विरहिन तनु ताप। बसिबे को ग्रीषम दिननि परयो परोसिनि पाप।—बिहारी (शब्द०)।

८. पापग्रह। क्रूरग्रह। अशुभग्रह।

पाप[२]—वि० १ पापयुक्त। पापिष्ठ। पापी। २ दुष्ट। दुरात्मा। दुराचारी। बदमाश। ३ नीच। कमीना। ४ अशुभ। अमगल।

विशेष—पाप शब्द का विशेषण के रूप मे अकेले केवल सस्कृत में व्यवहार होता है। हिंदी मे वह समास के साथ ही आता है। जैसे, पापपुरुष, पापग्रह, आदि।

पापक[१]—सज्ञा पु० [स०] पाप।

पापक[२]—वि० पापयुक्त। पापी।

पापकर—वि० [सं०] पापी। पाप करनेवाला [को०]।

पापकर्म—सज्ञा पु० [स०] अनुचित कार्य। बुरा काम। वह काम जिसके करने मे पाप हो।

पापकर्मा—वि० [स० पापकर्मन्] पापी। पातकी।

पापकर्मी[१]—वि० [सं० पापकर्मिन्] [वि० स्त्री० पापकर्मिणी] पाप करनेवाला। पापी।

पापकल्प—वि० [सं०] पापी का सा आचरण रखनेवाला। पापी तुल्य। दुष्कर्मी। पापकर्म से जीविका करनेवाला। बदमाश।

पापकारक—वि० [सं०] पाप करनेवाला। पापी [को०]।

पापकारी—वि० [सं० पापकारिन्] पाप कर्म करनेवाला [को०]।

पापकृत्—वि० [स०] दे० 'पापकारक' [को०]।

पापक्षय—सज्ञा पुं० [स०] १ पापो का नष्ट होना। २ वह स्थान जहाँ जाने से पापो का नाश हो। तीर्थ।

पापगण—सज्ञा पुं० [सं०] छद शास्त्र के अनुसार ठगण का आठवाँ भेद।

पापगति—वि० [सं०] भाग्यहीन। अभागा [को०]।

पापग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] १ फलित ज्योतिष के अनुसार कृष्णाष्टमी से शुक्लाष्टमी तक का चद्रमा। वह चद्रमा जो देखने में आधे से कम हो। २ फलित ज्योतिष के अनुसार सूर्य, मगल, शनि और राहु, केतु ये ग्रह, अथवा इनमे से किसी ग्रह से युक्त बुध। ये ग्रह अशुभ फलकारक माने जाते हैं। उ०—पापग्रह तृतीय, षष्ठ, दशम, एकादश मे हो। —बृहत्०, पृ० ३०१।

पापघ्न[१]—सज्ञा पुं० [स०] तिल।

पापघ्न[२]—वि० पापनाशक। जिससे पाप नष्ट हो।

पापघ्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] तुलसी।

पापचद्रमा—सज्ञा पुं० [स० पापचन्द्रमा] फलित ज्योतिष के अनुसार विशाखा और अनुराधा नक्षत्र के दक्षिण भाग मे स्थित चद्रमा।

पापचर—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पापचरा] पापाचारी। पापी।

पापचर्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ राक्षस। यातुधान। २ पाप में रत। पापी [को०]।

पापचारी—वि० [सं० पापचारिन्] [वि० स्त्री० पापचारिणी] पापी। पाप करनेवाला। पातकी।

पापचेता—वि० [स० पापचेतस्] बुरे चित्तवाला। जिसके चित्त में सदा पाप बसता हो। दुष्टचित्त।

पापेंद्रिय— [ ] नरक।

पापेक्षा— [ ] पाप की इच्छा।

पापैषी— [ ] पापी। अशुभ या अभद्र कामना करनेवाला।

पापोपेत— [ ] अशुभ वस्त्र। अभद्र वस्त्र [को०]।

पापोलाप— [ ] पापात्मक बात, गप्प, झूठ और अंडबंड बकवाद।

पापड़ — [संज्ञा पुं० पर्पट, प्रा० पप्पड] उर्द अथवा मूँग की दाल में खार आदि मिलाकर बनाई हुई खानेवाली पतली चपाती।

विशेष—इसके बनाने के संबंध में कहा जाता है कि पहले आटे को केले, अदरख आदि के रस अथवा सोडा मिले हुए पानी में गूँधते हैं, फिर उसमें नमक, जीरा, मिर्च आदि मसाला देकर और बेलकर पतले पतले पापड़ आदि बेलते हैं। अच्छी तरह गूँधे हुए आटे के बराबर आटे की लोई करके उसे बेलते हैं, फिर तवे पर सुखाकर रख लेते हैं। खाते समय पहले इसे घी या तेल में तलते या सेंकते हैं। पापड़ दो प्रकार का होता है—खाने का और खानेवाला। खाने के पापड़ में केवल नमक, जीरा आदि मसाले पड़ते हैं, और वह भी थोड़ी मात्रा में। परंतु खानेवाले में खूब मसाले डाले जाते हैं और उनकी मात्रा भी अधिक होती है। दिल्ली, आगरा, मिर्जापुर आदि नगरों का पापड़ बहुत दूर तक प्रसिद्ध है। अब कलकत्ते आदि में भी अच्छा पापड़ बनने लगा है। विधवा, विशेषतः नागरिक विधवाओं के लिये पापड़ एक आवश्यक व्यंजन है।

मुहा०—पापड़ बेलना—(१) कठोर परिश्रम करना। भारी प्रयत्न करना। बड़ी मिहनत करना। जैसे,—आपने किसी कहा था कि इस काम में आप इतने पापड़ बेलें? (२) कठिनाई या दुःख में दिन काटना। बहुत से पापड़ बेलना=बहुत कठिन से काम कर चुकना। बहुत अधिक मेहनत कर चुकना। जैसे,—वे बहुत से पापड़ बेले हैं।

पापड़ी—स्त्री० १. तवेरा। पपड़ा। दाने का। २ मूँगा। मुक्ता।

पापड़ा—संज्ञा पुं० [सं० पर्पट] १ एक प्रकार का एक पेड़ जो अफगानिस्तान, काबुल आदि में उत्पन्न होता है।

विशेष—इसकी पत्तियाँ इस ढंग से भड़कर नई निकलती हैं। इसकी पत्तियों के बिछौने पर सोने और पीसकर लेप करने से बवासीर की पीड़ा और सूजन दूर होती है। उससे कभी कभी दाद की भी दवा बनाई जाती है। गुजराती में इसका नाम भी पापड़ा है। यह तरफदार भी कहलाता है।

२ [ ] पापड़ा नमक।

पापड़ा नमक— [पर्पटक्षार] सोने के एक क्षार।

पापड़ी— [ ] एक प्रकार की मिठाई जो मैदा को घी में तलकर बनाई जाती है।

विशेष—यह कई प्रकार की होती है। इसकी पतली पपड़ी लिए सफेद होती है और घर, मंगेहे तथा गाड़ियों के बनाने में काम आती है।

पापदर्शी—वि० [सं० पापदर्शिन्] बुरी नीयत या निगाह से देखनेवाला। अनिष्ट करने की इच्छा से देखनेवाला।

पापदृष्टि—वि० [सं०] १ जिसकी दृष्टि पापमय हो। २ अशुभ या अमंगल दृष्टिवाला। जिसकी दृष्टि पड़ने से हानि पहुँचे। निंदितदृष्टि।

पापधी—वि० [सं०] जिसकी बुद्धि पापमय या पापासक्त हो। पापमति। पापचेता। निंदित या दुष्ट बुद्धिवाला।

पापनक्षत्र—संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में ज्येष्ठा आदि कुछ नक्षत्र जो बुरे या निंदित माने जाते हैं।

पापनापित—संज्ञा पुं० [सं०] वह नापित जो धूर्त हो [को०]।

पापनामा—वि० [सं० पापनामन्] १ जिसका नाम बुरा हो। अमंगल या अभद्र नामवाला। २ बदनाम। अपकीर्तियुक्त। जिसकी निंदा या बदनामी हुई हो।

पापनासक—वि० [सं०] पापों का नाश करनेवाला [को०]।

पापनाशन—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो पाप का नाश करे। पाप का नाश करनेवाला। पापनाशी। २ वह कर्म जिससे पाप का नाश हो। प्रायश्चित्त। ३ विष्णु। ४ शिव। ५ पापनाश का भाव अथवा क्रिया। पाप का नाश होना या करना।

पापनाशिनी—संज्ञा पुं० [सं०] १ शमीवृक्ष। २. कृष्ण तुलसी।

पापनिश्चय—वि० [सं०] जिसने पाप करने का निश्चय किया हो। पाप करने को कृतसंकल्प। दुष्कर्म करने का निश्चय करनेवाला। खोटा काम करने को तैयार।

पापनिष्कृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रायश्चित्त [को०]।

पापपति—संज्ञा पुं० [सं०] उपपति। जार।

पापपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] १. पापमय पुरुष। पापप्रकृति पुरुष। दुष्ट। २ तंत्र में माना हुआ एक पुरुष जिसके संपूर्ण शरीर का उपादान केवल पाप होता है।

विशेष—इसके सिर से लेकर रोएँ तक संपूर्ण अंग प्रत्यंग किसी न किसी महापातक या उपपातक से बने माने जाते हैं। इसका वर्ण काजल की तरह काला और आँखें लाल होती हैं। यह सर्वदा क्रुद्ध और तलवार और ढाल लिए रहता है।

पापफल—वि० [सं०] बुरे (कर्म) जिसका फल पाप हो। पापोत्पादक। अशुभ फल देनेवाला।

पापबुद्धि—वि० [सं०] पापी। सदा पाप कर्म में लगा रहनेवाला [को०]।

पापभक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] कालभैरव।

पापभाक्—वि० [सं० पापभाज्] पापी। पाप करनेवाला [को०]।

पापभाव—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पापमति' [को०]।

पापमति—वि० [सं०] जिसकी मति सदा पाप में रत हो। पापबुद्धि। पापचेता। उ०—ऐसे अधमगति ही जहाँ। आयो कल पाप-मति तहाँ।—नंद० ग्र०, पृ० २२४।

पापमय—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **पापमयी**] जिसमें सर्वत्र पाप ही पाप हो। पाप से ओतप्रोत। पाप से भरा हुआ। जो सर्वदा पापवासना या पापचेष्टा में लिप्त रहे।

पापमित्र—सज्ञा पुं० [सं०] दुष्ट मित्र। अहित करनेवाला साथी [को०]।

पापमुक्त—वि० [सं०] जिसे पापो से छुटकारा मिल गया हो। निष्पाप [को०]।

पापमोचन—सज्ञा पुं० [स०] पापो का नाश करने की क्रिया। पाप का प्रक्षालन। २ पापो का नाश करनेवाला देवता, सत, तीर्थ आदि [को०]।

पापमोचनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] चैत्र कृष्णपक्ष की एकादशी।

पापयक्ष्मा—सज्ञा पुं० [स०] राजयक्ष्मा। क्षयरोग। तपेदिक।

पापयोनि—सज्ञा स्त्री० [सं०] निकृष्ट या निंदित योनि। पाप से प्राप्त होनेवाली योनि। मनुष्य के अतिरिक्त अन्य पशु, पक्षी, वृक्ष आदि की योनि। उ०—स्त्री, वैश्य, शूद्र और पापयोनि कह कह जो धर्माचरण के अनधिकारी समझे जाते थे। —ककाल, पृ० १५३।

पापरⓊ[१]—सज्ञा पुं० [स० **पर्वत**] दे० 'पापड'। उ०—फेनी पापर भूजे भए अनेक प्रकार। भइ जाउर मिजयावर सीझी सब ज्योनार। —जायसी (शब्द०)।

पापर[२]—सज्ञा पुं० [अ० पॉपर] १ मुफलिस आदमी। निर्धन व्यक्ति। २ वह व्यक्ति जो मुफलिसी या निर्धनता के कारण दीवानी में बिना किसी प्रकार के अदालती रसूम या खर्च के किसी पर दावा दायर करने या मामला लड़ने की स्वीकृति पाता है।

विशेष—ऐसे व्यक्ति को पहले प्रमाणित करना पडता है कि मैं मुफलिस हूँ। दावा दायर करने या मामला लडने के लिये मेरे पास पैसा नहीं है। अदालत को विश्वास हो जाने पर वह उसे अदालती रसूम या खर्च से बरी कर देता है। पर हाँ, मामला जीतने पर उसे खर्च देना पडता है।

पापरोग—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह रोग जो कोई विशेष पाप करने से होता है। पापविशेष के फल से उत्पन्न रोग।

विशेष—धर्मशास्त्रानुसार कुष्ठ, यक्ष्मा, कुनख, श्यावदंत (दाँतों का काला या बदरग होना), पीनस, पूतिवक्त्र (श्वासवायु से दुर्गंध निकलना), हीनांगता, श्वित्र, श्वेतकुष्ठ, पगुत्व, मूकता, लोलजिह्वता, उन्माद, अपस्मार, अधत्व, काणत्व, भ्रामर (सिर में चक्कर आना), गुल्म, श्लीपद (फीलपा) आदि रोग पापरोग माने गए हैं जो ब्रह्महत्या, सुरापान, स्वर्णहरण आदि विशेष विशेष पापों के कर्ता को नरक और पशु, कीठ, पतग आदि की योनियो से पुन मनुष्यजन्म प्राप्त करने पर होते हैं।

२ मसूरिका। बसत रोग। छोटी माता।

पापरोगी—वि० [सं० **पापरोगिन्**] [वि० स्त्री० **पापरोगिणी**] पाप-रोगयुक्त। जिसे कोई पापरोग हुआ हो।

पापर्धि—सज्ञा स्त्री० [सं० **पापर्द्धि**] मृगया। अखेट। शिकार।

विशेष—मृगया से पाप की ऋद्धि (बढ़ती) होना माना गया है, इसी से उसकी पापर्धि सज्ञा हुई।

पापल[१]—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन परिमाण [को०]।

पापल[२]—वि० १ जो पाप का कारण या हेतु हो। २. पाप लेने-वाला। पापग्राहक (को०)।

पापलेन—सज्ञा पुं० [फा० **पापलिन**] एक सूती कपडा। एक प्रकार का डोरिया।

पापलोक—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० **पापलोक्य**] पापियों के रहने का स्थान। पापी को मिलनेवाला लोक। नरक।

पापलोक्य—वि० [सं०] १. नरक का। नारकीय। २ नरक से सबध रखनेवाला। नरक [को०]।

पापवाद—सज्ञा पुं० [सं०] अशुभसूचक शब्द। अमंगल ध्वनि। कौवे आदि की ऐसी बोली जो अशुभसूचक मानी जाय।

पापविनाशन—सज्ञा पुं० [सं०] पाप का नाश करने की क्रिया। पापमोचन [को०]।

पापशमनी[१]—वि० स्त्री० [सं०] पापनाशिनी। पापनिवारिणी।

पापशमनी[२]—सज्ञा स्त्री० शमीवृक्ष।

पापशोधन—सज्ञा पुं० [स०] १ पाप से शुद्ध होने की क्रिया या भाव। पापनिवारण। २ तीर्थस्थान।

पापसंकल्प—वि० [सं० **पापसङ्कल्प**] पापनिश्चय। जिसने पाप करने का पक्का इरादा कर लिया हो।

पापसूदनतीर्थ—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन तीर्थ स्थान।

पापहर[१]—वि० पुं० [सं०] पापनाशक। पापहारक।

पापहर[२]—सज्ञा पुं० एक नदी का नाम।

पापहा—वि० [सं० **पापहन्**] पाप का नाशक। पाप का हनन करनेवाला।

पापाकुशा—सज्ञा स्त्री० [सं० **पापाङ्कुशा**] आश्विन मास की शुक्ला एकादशी।

पापांत—सज्ञा पुं० [स० **पापान्त**] पुराणानुसार एक तीर्थ का नाम।

पापा[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] बुध की उस समय की गति जब वह हस्त, अनुराधा अथवा ज्येष्ठा नक्षत्र में रहता है। पापाख्या।

पापा[२]—सज्ञा पुं० [देश०] एक छोटा कीडा जो ज्वार, बाजरे आदि की फसल में प्राय उस वर्ष लग जाता है जिस वर्ष बरसात अधिक होती है।

पापा[3]—सज्ञा पुं० [अनु०] १ बच्चों की एक स्वाभाविक बोली या शब्द जिससे वे बाप को सबोधित करते हैं। बाबू। पिता के लिये सबोधन। उ०—पापा! अम छैर कन्ने जा रहे हैं। —भस्मावृत०, पृ० १७।

विशेष—इस समय प्राय युरोपियनो ही के बच्चे इस शब्द का प्रयोग करते हैं।

२. प्राचीन काल में बिशप पादरियो और वर्तमान मे केवल

यूनानी पादरियो के एक विशेष वर्ग की सम्मानसूचक उपाधि ।

पापाख्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] वुध की उस समय की गति जव वह हस्त, अनुराधा अथवा ज्येष्ठा नक्षत्र में रहता है । पापा ।

पापाचरण—सज्ञा पु० [सं०] पाप का आचरण । पापपूर्ण कार्य । उ०—पुण्यात्मा होता है पुण्याचरण से और पापात्मा पापाचरण से ।—सं०, दरिया (भू०), पृ० ६० ।

पापाचार[1]—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० पापाचारी] पाप का आचरण । पापकार्य । दुराचार ।

पापाचार[2]—वि० पाप का आचरण करनेवाला । पापी । दुराचारी ।

पापात्मा—वि० [स० पापात्मन्] जिसकी आत्मा सदा पापकर्म मे फँसी या लिप्त रहे । पाप में अनुरक्त । पापी । दुष्टात्मा ।

पापाधम—सज्ञा पुं० [स०] महापापी । अत्यत पापी [को०] ।

पापानुवध—सज्ञा पुं० [स० पापानुबन्ध] पाप का परिणाम । पाप का फल [को०] ।

पापानुवसित—वि० [सं०] पापात्मा । पापी [को०] ।

पापापनुत्ति—सज्ञा पु० [सं०] पाप दूर करना । प्रायश्चित्त [को०] ।

पापारभ—वि० [स० पापारम्भ] पाप कर्म करनेवाला । पापी [को०] ।

पापाशय—वि० [स०] मन में पाप रखनेवाला । पापचेता [को०] ।

पापाह—सज्ञा पुं० [स०] १ अशौच का दिन । सूतक काल । २ निंदित दिन । अशुभ दिन ।

पापाही—सज्ञा पुं० [सं० पापाहि] सर्प । साँप ।

पापिग्रह[1]—सज्ञा पुं० [सं०] अशुभ ग्रह । दे० 'पापग्रह' । उ०—एक नक्षत्र में चार या पाँच पापिग्रहों के मिलने से सवर्त्त कहा जाता है । — वृहत्० पृ० १०८ ।

पापिष्ठ—वि० [सं०] अतिशय पापी । वहुत वडा पापी । जो सदा पाप करता रहता हो । वहुत वड़ा गुनहगार ।

पापी[1]—वि० [स० पापिन्] [वि० स्त्री० पापिनी] १. पाप में रत या अनुरक्त । पाप करनेवाला । पापयुक्त । अधी । पातकी । उ०—(क) परगट गुपुत सरव विआपी । धर्मी चीन्ह न चीन्है पापी ।—जायसी (शब्द०) । २ क्रूर । निर्दय । नृशस । परपीडक ।

पापी[2]—सज्ञा पुं० पाप करनेवाला व्यक्ति । पापकारी । अपराधी वा दुराचारी मनुष्य ।

पापीयसी—वि० स्त्री० [सं०] [वि० पुं० पापीयस्] अत्यत । पापिनी । अधिक पापवाली । उ०—मम सदृश मही में कौन पापीयसी है । हृदयमणि गँवा के नाथ जो जीविता हूँ ।—प्रिय०, पृ० ८१ ।

पापोश—सज्ञा पुं० [फ़ा०] जूता । उपानह ।

पापोशकार—वि० [फा०] जूते वनानेवाला । मोची । [को०] ।

पापोशकारी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ जूता वनाने का काम । २ जूते पडना । जूतों से किसी की मरम्मत [को०] ।

पापोस—सज्ञा पुं० [फा० पापोश] पापोश । जूता । उ०—अज्ज पुन्न पुरिसथ्थ पातिसाह पापोस पाइअ ।—कीर्ति०, पृ० ५८ ।

पाप्मा[1]—सज्ञा पुं० [सं० पाप्मन्] १ पाप । २ दोष । अपराध (को०) । ३ अभाग्य । दुर्भाग्य (को०) ।

पाप्मा[2]—वि० १ पापी । २ अपराधी (को०) ।

पावंद—वि० [फ़ा०] [सज्ञा स्त्री० पावंदी] १ वँधा हुआ । वद्ध । अस्वाधीन । कैद । २ किसी नियम, आज्ञा, वचन आदि के पूर्ण रूप से अधीन होकर काम करनेवाला । आचरण में किसी विशेष वात की नियमपूर्वक रक्षा करनेवाला । किसी वात का नियमित रूप से अनुसरण करनेवाला । नियम प्रतिज्ञा आदि का पालनकर्ता । जैसे,—(क) मैं तो सदा आपके हुक्म का पावद रहता हूँ । (ख) वे जन्म भर में कभी अपने वादे के पावद नहीं हुए । ३ नियमत अथवा न्यायत कोई विशेष कार्य करने के लिये वाध्य या लाचार । जो किसी वस्तु का अनुसरण करने के लिये वाध्य हो । नियम, प्रतिज्ञा, विधि, आदेश आदि का पालन करने के लिये विवश । जैसे,—(क) जो प्रतिज्ञा मुझपर दवाव डालकर कराई गई उसका पावद मैं क्यो होऊँ ? (ख) आपका हर एक हुक्म मानने के लिये मैं पावद नहीं हूँ ।

पावंद[2]—सज्ञा पुं० १. घोटे की पिछाडी । २. वेडी (को०) । ३ नौकर । दास । सेवक ।

पावंदी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ पावद होने का भाव । वद्धता । अधीनता । उ०—सरकारी उच्च पदो से हिंदू वचित थे । उनके सामाजिक कार्यो पर पावदियाँ थीं ।—अकवरी०, पृ० १२ । २ मजवूरी । लाचारी । ३ किसी वस्तु के अधीन होकर काम करने का भाव । नियमित रूप से किसी वात का अनुसरण । नियम, प्रतिज्ञा, आदेश, विधि आदि का पालन । जैसे,—वे सदा अपने वादों की पावदी करते हैं । ४ कोई विशेष कार्य करने की वाध्यता या लाचारी । किसी वस्तु के अनुसरण की आवश्यकता । किसी कार्य का अवश्यकर्तव्य या फर्ज होना । जैसे,—आपकी सभी आज्ञाओं की मुझपर कोई पावदी नही है ।

पावोर—सज्ञा पुं० [हिं० पा + वोरना] कहारो अथवा डोली ढोनेवालो की वोलचाल मे वह स्थान जहाँ कुछ अधिक पानी हो । वह स्थान जहाँ घुटने तक या घुटना डूवने भर पानी भरा हो ।

विशेष—रास्ते मे जव कहीं ऐसा स्थान पडता है जिसमें कुछ अधिक पानी भरा होता है तव अगले कहार इस शब्द को कहकर पिछले कहारों को सावधान करते हैं ।

पावोस—वि० [फा०] १ आदर प्रणाम करनेवाला [को०] । पैर छूनेवाला ।

पावोसी—सज्ञा स्त्री० [फा०] पैर छूना । प्रणाम करना । पैर चूमना [को०] ।

पाम[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ वह डोरी जो गोटे, किनारी आदि के किनारो पर मजवूती के लिये वुनते समय डाल दी जाती है २ लड़ । रस्सी । डोरी । (लश०) ।

पाम[२]—संज्ञा पुं० [सं० पामन्] १. दानेदार चकत्ते या फुंसियाँ जो चमड़े पर हो जाती हैं। २. खाज। खुजली।

पामⓊ[३]—संज्ञा पुं० [हिं० पाँव] दे० 'पाँव'। उ०—अरी अनोखी बाम, तूँ आई गौने नई। बाहर घरसि न पाम, है छलिया तुव ताक में।—रसखान०, पृ० १९।

पामघ्न—संज्ञा पुं० [सं०] गधक।

पामघ्नी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कुटकी।

पामड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० पाँव + डा (प्रत्य०)] दे० 'पावँड़ा'। उ०—सी सी कै उझकै झुकै चलत रुकै यदुराय। नव मखमल के पामडे हाय गडे ये पाय।—शृंगारसतसई (शब्द०)।

पामन्—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पाम'।

पामन—वि० [सं०] जिसे या जिसमें पाम रोग हुआ हो।

पामना†—क्रि० स० [हिं० पावना, पाना] प्राप्त करना। पाना। उ०—सुचिता होय भजो साहवनो, पामै सदगत प्राणी।—रघु० रू०, पृ० २७।

पामर—वि० [सं०] १ खल। दुष्ट। कमीना। पाजी। उ०—अरे पामर जयचद्र ! तेरे उत्पन्न हुए विना मेरा क्या हुवा जाता था ?—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ४७१।

पामरयोग—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का निकृष्ट योग जिसके द्वारा भारतवर्ष के नट, बाजीगर आदि अद्भुत अद्भुत लाग के खेल किया करते हैं। इसके साधन से अनेक रोगो का नाश और अद्भुत शक्तियो की प्राप्ति होना माना जाता है। कुछ लोग इसे 'मिस्मेरिजम' के अंतर्गत मानते है।

पामरी[१]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रावार] उपरना। दुपट्टा। उ०—मोही साँवरे सजनी तव ते गृह मोको न सोहाई। द्वार अचानक होइ गए री सुदर वदन दिखाई। ओढ़े पीरी पामरी पहिरे लाल निचोल। भौंहें काँट कटीलियाँ सिख कीन्ही विन मोल।—सूर (शब्द०)।

पामरी[२]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव+री (प्रत्य०)] दे० 'पावँडी'। उ०—छोटे छोटे नूपुर सो छोटे छोटे पावँन मे छोटी जरकसी लसी सामरी सु पामरी।—रघुराजसिंह (शब्द०)।

पामारि—संज्ञा पुं० [सं०] गधक।

पामाल—वि० [फ़ा० पा+माल (= मलना, दलना, रौंदना)] [संज्ञा पामाली] १ पैर से मला हुआ। रौंदा हुआ। पादाक्रात। पददलित। २ तबाह। बरबाद। चौपट। सत्यानाश।

पामाली—संज्ञा स्त्री० [फा०] तबाही। बरबादी। नाश।

पामोज—संज्ञा पुं० [हिं० पा + मोजा ?] १. एक प्रकार का कबूतर जिसके पैर की उँगलियाँ तक परो से ढँकी रहती हैं। २ वह घोडा जो सवारी के समय सवार की पिंडली को अपने मुँह से पकड़ता है।

पायंटमैन—संज्ञा पुं० [अं० प्वायंट्समैन] वह आदमी जिसके जिम्मे रेलवे लाइन इधर से उधर करने या बदलने की कल रहती है।

पायंदगी—संज्ञा स्त्री० [फा०] नित्यता। इस्तकलाख। स्थायित्व। उ०—किया नीर कूँ चश्म ए जिंदगी। पवन कूँ दिया उम्र पायदगी।—दक्खिनी०, पृ० ११७।

पायंदा—वि० [फा० पायंदह्] अविनाशी। स्थायी। नित्य [को०]

पायंदाज—संज्ञा पुं० [फा० पायंदाज़] पैर पोछने का बिछावन। फर्श के किनारे का वह मोटा कपडा जिसपर पैर पोंछकर तब फर्श पर जाते हैं। उ०—डगपग पोछन को किए भूषण पायदाज।—बिहारी (शब्द०)।

पायँⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० पाद] दे० 'पाँव'। उ०—पायँ परौ फगुआ नव देहौं मुरली देहु अँकोर।—नंद० ग्र०, पृ० ३५६।

पायँचा—संज्ञा पुं० [हिं० पावँ] पाजामे का वह भाग जो पावँ को ढकता है। उ०—हाथ में पायँचा लेकर निखरी आती है।—भारतेंदु ग्रं०, भा०२, पृ० ७९०।

पायँजेहरिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पायँ+जेहरी] पैर में पहनने का घुँघरूदार गहना। पायजेब।

पायँत—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पायँती'।

पायँता—संज्ञा पुं० [हिं० पायँ+सं० स्थान, हिं० थान] १ पलग या चारपाई का वह भाग जिधर पैर रहता है। सिरहाने का उलटा। पैताना। २ वह दिशा जिधर सोनेवाले के पैर हो। जैसे,—तुम्हारे पायते रखा हुआ है, उठकर ले लो।

पायँती—संज्ञा स्त्री० [सं०] हिं० पायँता] पायँता। पैताना।

पायँपसारी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] निर्मली का पौधा या फल।

पाय[१]—संज्ञा पु० [सं०] जल। पानी [को०]।

पायⓊ†[२]—संज्ञा पुं० [सं० पाद] पैर। पाँव। उ०—बादल केरि जसोवै माया। आइ गहेसि बादल कर पाया।—जायसी, (शब्द०)।

पायक[१]—संज्ञा पुं० [सं० पादातिक, पायिक] १ धावन। दूत। हरकारा। उ०—है दससीस मनुज रघुनायक ? जाके हनूमान से पायक।—तुलसी (शब्द०)। २ दास। सेवक। अनुचर। ३ पैदल सिपाही। उ०—असी लक्ख पायक सहित, चढ्यौ अलाउद्दीन।—हम्मीर०, पृ० २४।

पायक[२]—संज्ञा पुं० [सं०] पान करनेवाला। पीनेवाला।

पायक्कⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पताका] ध्वजा। पताका। उ०—पायक्क बद्ध डोंगर सुवीर।—पृ० रासो, पृ० १०६।

पायखाना—संज्ञा पुं० [फा० पाखानह्] दे० 'पाखाना'।

पायज—संज्ञा पुं० [देश०] मूत्र। पेशाब।

पायजामा—संज्ञा पुं० [फ़ा० पाएजामह्] दे० 'पाजामा'।

पायजेब—संज्ञा स्त्री० [फा० पाजेब] दे० 'पाजेब'। उ०—बिछिया पग राई वेलि चित की गति हरती, पकज को पायजेब पायजेब करती।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ४३९।

पायठ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पाइठ'।

पायड़ा[१]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पैंडा'।

पायड़ा[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पायँ] रकाब। पाँव अड़ाने का स्थान।

उ०—हरि घोडा ब्रह्मा कडी, विस्नू पीठ पलान। चद सूर दूं पायडा, चढ़सी सत सुजान।—सतवाणी०, पृ० ३८।

पायतख्त—सज्ञा पुं० [फा० पाय तख्त, पाएतख्त] राजनगर। शासनकेंद्र। राजधानी।

पायतावा—सज्ञा पुं० [फा०] खोली की तरह का पैर का एक पहनावा जिससे उँगलियों से लेकर पूरी या आधी टाँगें ढकी रहती हैं। मोजा। जुर्राब।

पायदल—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पैदल'। उ०—कहे कासी पडत लाल झेंडे बहुत। पायदल जावे तहत क्या खबर लाव।—दक्खिनी, पृ० ४६।

पायदान—सज्ञा पुं० [फा० पाएदान] दे० 'पावदान'।

पायदार—वि० [फा०] बहुत दिनो तक टिकनेवाला। बहुत दिनो तक चलनेवाला। जल्दी न टूटने फूटने या नष्ट होनेवाला। टिकाऊ। दृढ़। मजबूत।

पायदारी—सज्ञा स्त्री० [फा०] मजबूती। दृढ़ता।

पायन—सज्ञा पुं० [सं०] पिलाना [को०]।

पायना—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ तेज करना। सान धरना। २ पिलाने की क्रिया। ३ आर्द्र करना। सीचना। गीला करना [को०]।

पायपोश—सज्ञा पुं० [फ़ा०] दे० 'पापोश'।

पायबोसी—सज्ञा स्त्री० [फा० पाबोसी] चरणचुबन। पैर चूमना।

पायमाल—वि० [फा० पामाल, पाएमाल] १ पैरों से रौंदा हुआ। २ विनष्ट। बरबाद। ध्वस्त। उ०—तुलसी गरब तजि, मिलिबे को साज सजि, देहि सिय नतु पिय पायमाल जाहिगो।—तुलसी (शब्द०)।

पायमाली—सज्ञा स्त्री० [फा० पामाली] १ दुर्गति। अधोगति। २. खराबी। बरबादी। नाश।

पायर㊀—सज्ञा पुं० [हिं० पायल] नूपुर। पायजेब। उ०—नटनागर पायर पापन मैं, वृषभानु सुता यो चह्यो करिए। अहो माखन चोर! यही विधि सो, मम आँखिन बीच रह्यो करिए।—नट०, पृ० ७५।

पायरा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पायदा, पाय + रा (= रखना)] घोड़े की जीन या चारजामे के दोनों ओर लटकता हुआ पट्टी या तसमें मे लगा हुआ लोहे का आधार जिसपर सवार के पैर टिके रहते हैं। रकाब।

पायरा[2]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का कबूतर।

पायरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँवरी] दे० 'पाँवडी'। उ०—अँखियाँ भरि आवती मेरी अर्जो सुमिरे उनकी पग पायरियाँ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १८८।

पायल—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाय + ल (प्रत्य०)] १ पैर में पहनने का स्त्रियो का एक गहना जिसमें घुँघरू लगे होते हैं। नूपुर। पाजेब। उ०—रजनी पँजनी पायलो मनभजनी पुर वाम। रजनी नींद न परति है सजनी बिन घनस्याम।—स० सप्तक, पृ० २३७। २ तेज चलनेवाली हथिनी। ३ वह बच्चा जन्म के समय जिसके पैर पहले बाहर हो। ४ बाँस की सीढ़ी।

पायस[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. दूध और शर्करा के साथ पकाया हुआ चावल। खीर। २ क्षीर। दुग्ध। दूध (को०)। ३ सरल-निर्यास। सलई का गोंद जो बिरोजे की तरह का होता है।

पायस[2]—वि० दूध या जल का। दुग्ध या जल से सबद्ध [को०]।

पायसा㊀†—सज्ञा पुं० [सं० पार्श्व, हिं० पास] पडोस। आसपास का स्थान। उ०—बौरानी जेठानी सासु ननद सहेली दासी पायसे की बासी तिय तिनके हो गोल में।—रघुनाथ (शब्द०)।

पायसिक—वि० [स०] [वि० स्त्री० पायसिकी] जिसे उबाला या औटाया हुआ दूध प्रिय हो [को०]।

पाया—सज्ञा पुं० [सं० पाद, हिं० पाव फा० पायह्] १ पलग, कुरसी, चौकी, तख्त आदि में खडे डंडे या खभे के आकार का वह भाग जिसके सहारे उसका ढाँचा या तल ऊपर ठहरा रहता है। गोडा। पावा। जैसे, तख्त का पाया, पलंग के चारों पाये। २ खंभा। स्तभ। ३ पद। दरजा। रुतबा। ओहदा। ४. घोड़ों के पैर मे होनेवाली एक बीमारी। ५. सीढ़ी। जीना।

पायाब—वि० [फा०] हलकर पार करने लायक। उथला। जो गहरा न हो। गाध [को०]।

पायाबी—सज्ञा स्त्री० [फा०] गाधता। छिछलापन। उथलापन [को०]।

पायान㊀—सज्ञा पुं० [सं० प्रयाण] १. गमन। प्रयाण। उ०—सुभ्रित सकल लिय बोलि पुच्छि परिहार तिनहि मत। चाहुआन पायान कहत आखेट जुद्ध बत।—पृ० रा०, ७। ६५। २ आक्रमण। चढ़ाई। हमला। धावा। उ०—पायान राय जयचद को विगरि पिथ्थ कुन अगमै।—पृ० रा०, ६१। १०६०।

पायिक—सज्ञा पुं० [सं०] [वास्तव मे पादातिक का प्रा० रूप] १ पादातिक। पैदल सिपाही। २. दूत। चर।

पायित—सज्ञा पुं० [सं०] उदकदान। जल देना। जलप्रदान [को०]।

पायी—वि० [सं० पायिन्] पीनेवाला।

पायु—सज्ञा पुं० [स०] १ मलद्वार। गुदा। उ०—श्रोत्र त्वक चक्षु घ्राण रसना रस को ज्ञान वाक्य पाणिपाद पायु उपस्थ हि बध जू।—सुंदर ग्र०, भा० २, पृ० ५८८।

विशेष—पायु कर्मेंद्रियों में माना गया है।

२ भरद्वाज ऋषि के एक पुत्र का नाम। ३. रक्षक। वह जो रक्षा करे। गोप्ता। पालक [को०]।

पायुभेद—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रग्रहण के मोक्ष का एक प्रकार जिसमें मोक्ष या तो नैऋत कोण या वायु कोण से होता है।

विशेष—यदि नैऋत कोण से मोक्ष हो तो उसे दक्षिण पायुभेद और यदि वायु कोण से हो तो वाम पायुभेद कहते हैं। इन दोनो प्रकार के मोक्षों से सामान्य गुह्य पीडा और सुवृष्टि होती है।

पाथ्य¹—वि० [स०] १ पान करने के योग्य। पीने के लायक। २. निम्न। निंदनीय (को०)।

पाथ्य²—सज्ञा पुं० [स०] १ जल। २ परिमाण (को०)। ३ पेशा। व्यवसाय (को०)। ४ रक्षण (को०)। ५ पीना। पान करना (को०)।

पारंगत—वि० [सं० **पारङ्गत**] १ पार गया हुआ। २ जिसने किसी शास्त्र या विद्या को पढ़कर पार किया हो। जिसने किसी विषय को आदि से अत तक पूरा पढ़ा हो। पूर्ण पडित। पूरा जानकार। दे० 'पारगत'।

पारपरीण—वि० [सं० **पारम्परीण**] परपरागत। एक के पीछे दूसरा इस क्रम से बराबर चला आता हुआ।

पारंपर्य—सज्ञा पुं० [सं० **पारम्पर्य**] १. परपरा का भाव। २. परपराक्रम। ३ कुलक्रम। वशपरपरा। ४ आम्नाय। परपरा से चली आती हुई रीति।

यौ०—पारपर्यक्रम = परपरा से चला आता हुआ क्रम या सरणि।

पारपर्येण—क्रि० वि० [सं० **पारम्पर्येण**] क्रमशः। एक के बाद एक के क्रम से [को०]।

पारंपर्योपदेश—सज्ञा पुं० [स० **पारम्पर्योपदेश**] परपरा से चला आता हुआ उपदेश। ऐतिह्य जो प्रमाण के रूप में माना जाता है [को०]।

पारभⓤ—सज्ञा पुं० [स० **प्रारभ**] दे० 'प्रारभ'। उ०—चिति मत आरभ सेन पारभ विचारिय। बाल वीर प्रथिराज देइ नाहीं परिहारिय।—पृ० रा०, ७।२८।

पार³—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी दूर तक फैली हुई वस्तु के विशेषत नदी, समुद्र, झील, ताल आदि जलाशयो के आमने सामने के दोनों किनारो में उस किनारे से भिन्न किनारा जहाँ (या जिसकी ओर) अपनी स्थिति हो। दूसरी ओर का किनारा। अपर तट की सीमा। जैसे,—(क) यह नाव पार जायगी। (ख) जगल के पार गाँव मिलेगा। (ग) वे पार से आ रहे हैं। (घ) नदी पार के आम अच्छे होते हैं। उ०—अगद कहइ जाऊँ मैं पारा। जिय ससय कछु फिरती बारा।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—इस शब्द के साथ सप्तमी की विभक्ति 'मे' प्राय लुप्त ही रहती है, इससे इसका प्रयोग अव्ययवत् ही जान पडता है।

यौ०—आरपार = (१) यह किनारा और वह किनारा। (२) इस किनारे से उस किनारे तक। जैसे,—नाले के आरपार लकडी का एक वल्ला रख दो। धारपार = यह किनारा और वह किनारा। जैसे,—जब नाव बीच धार में पहुँची तब वार-पार नहीं सूझता था।

मुहा०—पार उतरना = (१) नदी आदि के बीच से होते हुए दूसरे किनारे पर पहुँचना। (२) जिस काम में लगे रहे हो उसे पूरा कर चुकना। किसी काम से छुट्टी पाना। (३) मतलब को पहुँचना। सिद्धि या सफलता प्राप्त करना। (४) मरकर समाप्त होना। मर मिटना (स्त्रि०)। पार उतर जाना = दे० 'पार उतरना' (१), (२), (३), (४) और (५)। मतलब साधकर अलग हो जाना। किनारे हो जाना। जैसे,—तुम तो ले देकर पार उतर गए, बोझ मेरे सिर पडा। पार उतारना = (१) दूसरे किनारे पर पहुँचाना। जल आदि के ऊपर का रास्ता तै कराना। (२) पूरा कर चुकना। समाप्ति पर पहुँचाना। (३) उद्धार करना। दुख या कष्ट से बाहर करना। उबारना। उ०—रघुवर पार उतारिए, अपनी ओर निहारि।—(शब्द०)। (४) समाप्त करना। ठिकाने लगाना। मार डालना। (नदी आदि) पार करना = (१) नदी आदि के बीच से होते हुए उसके दूसरे किनारे पर पहुँचना। जल आदि का मार्ग तै करना। (२) पूरा करना। समाप्ति पर पहुँचना। तै करना। निबटाना। भुगताना। (३) निबाहना। बिताना। जैसे, जिंदगी पार करना। (किसी वस्तु या व्यक्ति को नदी आदि के) पार करना = (१) नदी आदि के बीच से ले जाकर दूसरे किनारे पर पहुँचाना। जैसे, नाव को पार करना, किसी आदमी को पार करना। (२) दुर्गम मार्ग तै कराना। (३) कष्ट या दुख के बाहर करना। उद्धार करना। पार लगना = नदी आदि के बीच से होते हुए उसके दूसरे किनारे पर पहुँचना। किसी का पार लगना = निर्वाह होना। जीवन के दिन काटना। कालक्षेप होना। जैसे,—तुम्हारा कैसे पार लगेगा? (इस मुहा० में 'बेडा' शब्द लुप्त समझना चाहिए)। किसी से पार लगना = पूरा हो सकना। हो सकना। जैसे—तुम्हारा काम हमसे नही पार लगेगा। पार लगाना = (१) किसी वस्तु के बीच से ले जाकर उसके दूसरे किनारे पर पहुँचाना। उ०—हरि मोरी नैया पार लगा।—गीत (शब्द०)। (२) कष्ट या दुख के बाहर करना। उद्धार करना। जैसे,—ईश्वर ही पार लगावे। (२) पूरा करना। समाप्ति पर पहुँचाना। खतम करना। जैसे,—किसी प्रकार इस काम को पार लगाओ। किसी का पार लगाना = निर्वाह करना। जीवन व्यतीत कराना। पार होना = (१) किसी दूर तक फैली हुई वस्तु के बीच से होते हुए उसके दूसरे किनारे पर पहुँचना। जैसे, नदी पार होना, जगल पार होना। (२) किसी काम को पूरा कर चुकना। किसी काम से छुट्टी पा जाना। (३) मतलब साधकर अलग हो जाना। जैसे—तुम तो अपना ले देकर पार हो जाओ काम चाहे हो या न हो। पार हो जाना = दे० 'पार होना'—(१), (२) और (३)। (४) छुट्टी पा जाना। मुक्त हो जाना। रिहाई पा जाना। फँसाव, झझट, जवाबदेही आदि से छूट जाना। निकल जाना। जैसे—तुम तो दूसरों के सिर दोष मढ़कर पार हो जाओगे। लड़की पार होना = लडकी का व्याह हो जाना। कन्या के विवाह से छुट्टी पा जाना।

२ सामनेवाला दूसरा पार्श्व। दूसरी तरफ। जैसे—(क) तीर कलेजे से पार होना। (ख) गेंद का दीवार के पार जाना।

यौ०—आर पार = किसी वस्तु से होता हुआ उसके इस ओर से उस ओर तक। किसी वस्तु के ऊपर, नीचे या भीतर से होता

हुआ उसकी एक तरफ से दूसरी तरफ तक। जैसे,—(क) दीवार के आरपार छेद हो गया। (ख) यह सड़क पहाड के आरपार गई है। (ग) बाँध के आरपार सुरग खोदी गई।

मुहा०—**पार करना** = किसी वस्तु के ऊपर, नीचे या भीतर से होते हुए उसकी दूसरी ओर पहुँचना। किसी वस्तु से होते हुए उसके आगे निकल जाना। लाँघते, भेदते या ऊपर से होते हुए दूसरे पार्श्व मे जाना। जैसे, (क) मनुष्य या रास्ते का पहाड को पार करना। (ख) गेंद का दीवार को पार करना (ग) सुरग का बाँध को पार करके निकलना। (घ) तीर का कलेजे को पार करना।

विशेष—यदि कोई दूसरे मार्ग से जहाँ वह वस्तु न पडती हो जाकर उस वस्तु की दूसरी ओर पहुँच जाय तो उसे पार करना न कहेंगे। पार करने का अभिप्राय है वस्तु से होकर उसकी दूसरी तरफ पहुँचना।

(किसी वस्तु को दूसरी वस्तु के) **पार करना** = (१) किसी वस्तु के ऊपर, नीचे या भीतर से ले जाकर उसको दूसरी ओर पहुँचाना। लँघाकर या घुसाकर दूसरी ओर निकालना या जे जाना। जैसे,—(क) इस अधे को हाथ पकड़ाकर टीले के पार कर दो। (ख) इस बार तीर पेड के पार कर देंगे। (ग) भाला कलेजे के पार कर दिया। (२) कष्ट या दुःख से बाहर करना। उबारना। उद्धार करना। जैसे,—किसी प्रकार इस विपत्ति से पार करो। **पार होना** = किसी वस्तु के ऊपर, नीचे या भीतर से होते हुए उसकी दूसरी ओर पहुँचना। किसी वस्तु पर से जाकर, उसे लाँघकर या उसमें घुसकर उसकी दूसरी तरफ निकलना। जैसे, (क) गेंद का दीवार के पार होना। (ख) कटार का कलेजे के पार होना। उ०—इत मुख तें गग्गा कढ़ी उतै कढ़ी जमधार। 'वार' कहन पायो नही, भई करेजे पार। (शब्द०)।

३. आमने सामने के दोनों किनारो में से एक दूसरे की अपेक्षा से कोई एक। किसी वस्तु के पूरे विस्तार के बीचोबीच से गई हुई कल्पित रेखा के दोनों छोरों पर पडनेवाले तटो या पार्श्वों में से कोई एक। ओर। तरफ। जैसे,—(क) नदी के इस पार से उस पार तुम नही जा सकते। (ख) दीवार में इस पार से उस पार तक छेद हो गया। (ग) जब पोस्ती ने पी पोस्त तब कूँडी के इस पार या उस पार।—हरिश्चद्र (शब्द०)।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग उसी किनारे या पार्श्व के अर्थ में होगा जिसका कथन सामने के दूसरे किनारे या पार्श्व का सबध लिए हुए होगा। जैसे, 'इस पार कहने से यह समझा जाता है कि कहनेवाले के ध्यान में दोनों किनारे हैं जिनमें से वह एक ही ओर इगित करता है। यही कारण है, जिससे 'इस' और 'उस' की जगह 'एक' और 'दो' सख्यावाचक पदों का प्रयोग इस शब्द के पहले नही करते। 'एक पार से दूसरे पार तक' नहीं बोला जाता। इसी प्रकार दोनों 'किनारे' के अर्थ में 'दोनों पार' बोलना भी ठीक नहीं जान पडता। सख्यावाचक शब्द तब रख सकते जब 'पार' का व्यवहार सामान्यत (बिना किसी विशेषता के) 'किनारा' के अर्थ में होता है। पर उसका प्रयोग सापेक्ष है।

४ छोर। अत। अखीर। हद। परिमिति।

मुहा०—**पार पाना** = अत तक पहुँचना। समाप्ति तक पहुँचना। आदि से अत तक जाना या पूरा करना। क०—शेष शारदा सहस श्रुति कहत न पावै पार।—तुलसी (शब्द०)। **किसी से पार पाना** = किसी के विरुद्ध सफलता प्राप्त करना। जीतना जैसे,—वह बडा चालाक है, तुम उससे नहीं पार पा सकते।

पार[2]—अव्य० परे। आगे। दूर। लगाव से अलग। उ०—विप्र, धेनु, सुर, सत हित लीन्ह मनुज अवतार। निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गो पार।—तुलसी (शब्द०)।

पार[3]—वि० [सं० **पर**] अन्य। पर। पराया। दे० 'पर'। उ०—पार कइ सेवइ राज दुवार।—वी० रासो०, पृ० ६६।

पारई†—सज्ञा स्त्री० [सं० **पार**] मिट्टी का बडा कसोरा। परई। उ०—मनि भाजन मधु पारई पूरन अमी निहारि। का छाँडिय का सग्रहिय कहहु विवेक विचारि।—तुलसी (शब्द०)।

पारक्—सज्ञा पुं० [स०] सोना।

पारक—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० **पारकी**] १ पालन करनेवाला। २ प्रीति करनेवाला। ३ पूर्ति करनेवाला। ४ पार करनेवाला। ५ उद्धार करनेवाला।

पारकाम—वि० [सं०] उस पार जाने का इच्छुक। जो उस पार जाना चाहता हो [को०]।

पारक्य[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुण्य कार्य जिससे परलोक सुधरता है। २ विरोधी। अरि। शत्रु [को०]।

पारक्य[2]—वि० पराया। परकीय। दूसरे का।

पारखⓊ†[1]—सज्ञा स्त्री० [स० **परीक्षा**, प्रा० **परिक्ख**, हिं० **परिख**, **पारिख**] दे० 'पारिख', 'पारख'।

पारख†[2]—वि० [सं० **परीक्षक**] जिसमें परखने या जाँचने की शक्ति हो। पारखी। उ०—(क) इतने समय पर्यंत तो बिना **पारख** गुरु के कोई मुक्ति नहीं पावेगा।—कबीर म०, पृ० १६६। (ख) बिना पारख गुरु के अधों की तरह टटोलते फिरते हैं।—कबीर सा०, पृ० ६७५।

पारखदⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पार्षद'।

पारखि—सज्ञा पुं० [हिं० **पारखी**] परीक्षक दे० 'पारखी'। उ०—रतन छिपाए ना छिपै पारखि होइ सो परीख।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३०३।

पारखी—सज्ञा पुं० [हिं० **पारिख**+ई (प्रत्य०)] १ वह जिसे परख या पहचान हो। वह जिसमें परीक्षा करने की योग्यता हो। २ परखनेवाला। जाँचनेवाला। परीक्षक। जैसे, रतनपारखी।

पारग[1]—वि० [सं०] १ पार जानेवाला। २ काम को पूरा करनेवाला। समर्थ। ३ पूरा जानकार। पूर्ण ज्ञाता।

पारग[२]—सज्ञा पुं० पूर्ण करना। निभाना। पालना। जैसे, प्रतिज्ञा, वादा [को०]।

पारगत[१]—वि० [स०] १ जिसने पार किया हो। २. जिसने किसी विषय को आदि अंत तक पूरा किया हो। ३ समर्थ। ४ पूरा जानकार।

पारगत[२]—सज्ञा पुं० अर्हत। जिन (जैन)।

पारगामी—वि० [सं० **पारगामिन्**] दे० 'पारगत'। पार जानेवाला [को०]।

पारगिरामी†—वि० [वि० **पारगामी** ?] दे० 'पारगामी'। उ०—विनु शब्दै नही पारगिरामी। विनु शब्दे नाही अतरिजामी।—प्राण०, पृ० १४०।

पारग्रामिक—वि० [सं०] १ परकीय। विदेशी। अन्यदेशीय। २ विरोधी। शत्रु [को०]।

पारग्रामी†—वि० [सं० **पारगामी**] दे० 'पारगामी'। उ०—और नासफेत पुरान कैसी है। महापवित्र है जैसे कोई प्रानी एकाग्र चित्त दै करि सुनै पढ़ै जो पारग्रामी होइ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४८१।

पारचा—सज्ञा पु० [फा० **पारचह्**] १ टुकडा। खंड। धज्जी (विशेषत कपड़े, कागज आदि की)। २. कपडा। पट। वस्त्र।

यौ०—**पारचाफरोश** = वस्त्र का व्यवसायी। बजाज। **पारचाफरोशी** = बजाजी। कपडे का व्यापार। **पारचाबाफ** = जुलाहा। कोरी। **पारचाबाफी** = कपडा बुनने का काम।

३ एक प्रकार का रेशमी कपड़ा। ४ पहनावा। पोशाक। ५ कुएँ के मुँह के किनारे पर भीतर की ओर कुछ बढ़ाकर रखी हुई पटिया या लकडी जिसके उस पार से डोरी लटकाकर पानी खींचा जाता है।

विशेष—यह इसलिये रखी जाती है जिसमें नीचे या ऊपर आते समय पानी का बर्तन कुएँ की दीवार से दूर रहे, उससे बार बार टकराया न करे। इसपर पानी खींचते समय कभी कभी पैर भी रख देते हैं।

पारज—सज्ञा पुं० [सं०] सोना। सुवर्ण।

पारजन्मिक—वि० [स०] अन्य जन्म का। दूसरे जन्म से सबद्ध [को०]।

पारजातⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **पारिजात**] दे० 'पारिजात'।

पारजायिक—वि० [सं०] पर-स्त्री-लपट। व्यभिचारी [को०]।

पारटीट, पारटीन—सज्ञा पु० [सं०] शिला। चट्टान [को०]।

पारण[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी व्रत या उपवास के दूसरे दिन किया जानेवाला पहला भोजन और तत्सबधी कृत्य।

विशेष—व्रत के दूसरे दिन ठीक रीति से पारण न करे तो पूरा फल नहीं होता। जन्माष्टमी को छोडकर और सब व्रतों में पारण दिन को किया जाता है। देवपूजन करके और ब्राह्मण खिलाकर तब भोजन या पारण करना चाहिए। पारण के दिन काँसे के बर्तन में न खाना चाहिए, मास, मद्य, मधु न खाना चाहिए, मिथ्याभाषण, व्यायाम, स्त्रीप्रसग आदि भी न करना चाहिए। ये सब बातें वैष्णवो के लिये विशेष रूप से निषिद्ध हैं।

२ तृप्त करने की क्रिया या भाव। ३. मेघ। बादल। ४ समाप्ति। खातमा। पूरा करने की क्रिया या भाव। ५ अध्ययन। पठन। पढ़ना (को०)। ६. किसी ग्रंथ का पूर्ण विषय (को०)।

पारण[२]—वि० १ पार करनेवाली। २ उद्धारक। रक्षक [को०]।

पारणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. दे० 'पारण' उ०—वरित करू घरि आपणइ, पारणो कीधो द्वादशी जोग।—बी० रासो, पृ० ५१। २ भोजन। खाना। भक्षण (को०)।

पारणीय—वि० [स०] १ पूरा करने योग्य। (क्व०)। २ जो पूर्ण हो गया हो। पूर्णताप्राप्त (को०)।

पारतंत्र्य—सज्ञा पुं० [स० **पारतन्त्र्य**] परतत्रता। पराधीनता। उ०—वह है बौद्धधर्म जो देश काल, व्यक्ति के विविध पारतत्र्य से मुक्त कर देता है।—किन्नर०, पृ० १०२।

पारत—सज्ञा पुं० [स०] १ पारा। पारद। २ एक देश और एक प्राचीन म्लेच्छ जाति का नाम। वि० दे० 'पारद'।

पारतल्पिक—वि० [सं०] जो पराई स्त्री के साथ गमन करे। व्यभिचारी।

पारत्रिक—वि० [स०] १. परलोक सबंधी। पारलौकिक। २ (कर्म) जिससे परलोक बने। मरने के पीछे उत्तम गति देनेवाला।

पारत्र्य—सज्ञा पुं० [सं०] परत्र या परलोक मे प्राप्त होनेवाला फल [को०]।

पारथ—सज्ञा पुं० [स० **पार्थ**] पार्थ। अर्जुन। उ०—भारत के पारथ और भीषम समान ये, हमीर औ अलाउदीन दोऊ दरसत हैं।—हम्मीर०, पृ० ५३।

यौ०—**पारथतिय** = अर्जुन की स्त्री। द्रौपदी। उ०—पारथ तिय कुरुराज सभा मैं बोलि करन चहै नगी।—सूर०, १।२१।

पारथिⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **पार्थ**, हिं० **पारथ**] दे० 'पार्थ'। उ०—तीसर बूडे पारथि भाई। जिन बन दाह्यो दावा लाई।—कबीर बी० (शिशु०), पृ० ६२।

पारथिवⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **पार्थिव**] दे० 'पार्थिव'। उ०—तब मज्जन करि रघुकुल नाथा। पूजि पारथिव नायउ माथा।—तुलसी (शब्द०)।

पारथ्यⓅ—सज्ञा पुं० [सं० **पार्थ**, हिं० **पारथ**] दे० 'पार्थ'। उ०—दल दिष्षि सग दीपत तेम। भारथ्थ सैन पारथ्थ जेम।—प० रासो, पृ० १६५।

पारद—सज्ञा पुं० [सं०] १ पारा। २. एक प्राचीन जाति जो पारस के उस प्रदेश मे निवास करती थी जो कास्पियन सागर के दक्षिण के पहाडो को पार करके पडता था। इसके हाथ में बहुत दिनों तक पारस साम्राज्य रहा। दे० 'पारस'।

विशेष—महाभारत, मनुस्मृति, बृहत्सहिता इत्यादि मे पारद देश और पारद जाति का उल्लेख मिलता है। यथा—'पौंड्रकाश्चौड्रविडा. काम्बोजा यवना शका.। पारदा. पह्लवाश्चीना

किराता दरदा खशा । (मनु० १०।४४) । इसी प्रकार वृहत्संहिता में पश्चिम दिशा में बसनेवाली जातियों में 'पारत' और उनके देश का उल्लेख है—'पञ्चनद रमठ पारत तारक्षिति शृग शैरय कनक शका ।' पुराने शिलालेखो में 'पार्थव' रूप मिलता हैं जिससे युनानी 'पार्थिया' शब्द बना है । युरोपीय विद्वानों ने 'पह्लव' शब्द को इसी 'पार्थिव' का अपभ्रंश या रूपातर मानकर पह्लव और पारद को एक ही ठहराया है । पर सस्कृत साहित्य मे ये दोनों जातियाँ भिन्न लिखी गई हैं । मनुस्मृति के समान महाभारत और वृहत्संहिता में भी 'पह्लव' 'पारद' से अलग आया है । अत 'पारद' का 'पह्लव' से कोई सबध नही प्रतीत होता । पारस मे पह्लव शब्द शाशानवशी सम्राटों के समय से ही भाषा और लिपि के अर्थ मे मिलता है । इससे सिद्ध होता है कि इसका प्रयोग अधिक व्यापक अर्थ में पारसियो के लिये भारतीय ग्रथो में हुआ है । किसी समय मे पारस के सरदार 'पहलवान' कहलाते थे । सभव है, इसी शब्द से 'पह्लव' शब्द बना हो । मनुस्मृति में 'पारदो' और 'पह्लवों' आदि को आदिम क्षत्रिय कहा है जो ब्राह्मणों के अदर्शन से सस्कारभ्रष्ट होकर शूद्रत्व को प्राप्त हो गए ।

पारदर्शक—वि० [सं०] १ जिसके भीतर से होकर प्रकाश की किरणों के जा सकने के कारण उस पार की वस्तुएँ दिखाई दें । जिससे आरपार दिखाई पडे । जैसे,—शीशा पारदर्शक पदार्थ है । २ पार को दिखानेवाला (को०) ।

पारदर्शिका—वि० स्त्री० [सं० पारदर्शक] आरपार दिखाई देनेवाली । उ०—नव मुकुर नीलमणि फलक अमल, ओ पारदर्शिका चिर चचल ।—लहर, पृ० ४८ ।

पारदर्शी—वि० [सं० पारदर्शिन्] १. उस पार तक देखनेवाला । २ दूर तक देखनेवाला । परिणामदर्शी । दूरदर्शी । चतुर । बुद्धिमान् । ३ जिसका खूब देखा सुना हो । जो पूरा पूरा देख चुका हो ।

पारदाकार—वि० [सं०] पारे के समान श्वेत और चमकदार । उ०—पुनि ऋषीकेश अकित अति शोभित कठ पारदाकार ।—सुदर ग्र०, भा० १, पृ० ५१ ।

पारदारिक—सज्ञा पुं० [सं०] परस्त्रीगामी । जार ।

पारदार्य—सज्ञा पुं० [सं० पारदार्य्य] पराई स्त्री के साथ गमन । पर-स्त्री-गमन । व्यभिचार ।

पारदृश्वा—वि० [सं० पारदृश्वन्] १ पारदर्शी । दूरदर्शी । २. किसी विषय का पूर्ण ज्ञाता [को०] ।

पारदेशिक—वि० [स०] १ विदेश का । अन्य देश का । विदेशी । २ यात्रा करनेवाला । मुसाफिर [को०] ।

पारदेश्य—वि० [सं०] दूसरे देश से सबधित । पारदेशिक [को०] ।

पारधिⓊ—सज्ञा पुं० [स० पापर्द्धिक, प्रा० पारद्धिय, हिं० पारधी] दे० 'पारधी' । उ०—पहिलें पारधि जाइ वन घात करै चहुँ फेर । सपरि कुँअर तब कटक लै, खेसै जाइ अहेर ।—त्रिया० पृ० २३ ।

पारधो[1]—सज्ञा पुं० [सं० परिधान (=आच्छादन) अथवा सं० पापर्द्धिक, प्रा० पारद्धिअ] १ टट्टी आदि की ओट से पशु पक्षियो को पकडने या मारनेवाला । बहेलिया । व्याध । उ०—मृग पारधी की मति कहा कीनी वाद-रस प्याइ बान मारयो तानि ।—घनानद, पृ० ३५६ । २ शिकारी । अहेरी । हत्यारा । बधिक ।

पारधी[2]—सज्ञा स्त्री० ओट । आड ।

मुहा०—पारधी पड़ना = ओट से होकर कोई व्यापार देखना या किसी की बात सुनना ।

पारन—सज्ञा पुं० [सं० पारण] दे० 'पारण' ।

पारना[1]—क्रि० स०[हि० पारना (पड़ना) क्रि० स० रूप] १ डालना । गिराना । उ०—पारि पायन सुरन के सुर सहित अस्तुति कीन ।—भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ७६ । २. खडा या उठा न रहने देना । जमीन पर लवा डालना । ३ लोटाना । उ०—(क) पारिगो न जाने कौन सेज पै कन्हैया को ।—(शब्द०) । (ख) धन्य भाग तिहि रानि कौशिला छोट सुप महँ पारे ।—रघुराज (शब्द०) । ४ कुश्ती या लडाई में गिराना । पछाडना । उ०—सोइ भुज जिन रण विक्रम पारे ।—हरिचद्र (शब्द०) । ५ किसी वस्तु को दूसरी वस्तु में रखने, ठहराने या मिलाने के लिये उसमें गिराना या रखना । ६ रखना । उ०—मन न धरति मेरो कह्यो तू आपनी सयान । अहे परनि परि प्रेम की परहथ पार न प्रान ।—बिहारी (शब्द०) ।

यौ०—पिंडा पारना = पिंडदान करना । उ०—जाय बनारस जारयो कया । पार्‌यो पिंड नहायो गया ।—जायसी (शब्द०) । ७. किसी के अतर्गत करना । किसी वस्तु या विषय के भीतर लेना । शामिल करना । उ०—जे दिन गए तुमहिं बिनु देखे । ते विरचि जनि पारहि लेखे । तुलसी (शब्द०) । ८ शरीर पर धारण करना । पहनना । उ०—श्याम रंग धारि पुनि बाँसुरी सुधारि कर, पीत पट पारि बानी मधुर सुनावैंगी ।—श्रीधर (शब्द०) । ९ बुरी बात घटित करना । अव्यवस्था आदि उपस्थित करना । उत्पात मचाना । उ०—औरै भाँति भएउ ये चौसर चदन चद । पति बिनु अति पारत बिपति, मारस मारू चद ।—बिहारी (शब्द०) १० साँचे आदि में डालकर या किसी वस्तु पर जमाकर कोई वस्तु तैयार करना । जैसे, ईंटे या खपडे पारना, काजल पारना । ११ सजाना । बनाना । सँवारना । उ०—माँग भरी मोतिन सो पटियाँ नीकै पारी । नंद० ग्र०, पृ० ३८६ ।

पारनाⓊ[2]—क्रि० अ० [स० पारय (=योग्य) वा हिं० पार, जैसे, पार लगना (=हो सकना)] सकना । समर्थ होना । उ०—प्रभु सन्मुख कछु कहइ न पारइ । पुनि पुनि चरन सरोज निहारइ ।—तुलसी (शब्द०) ।

पारनाⓊ[3]—क्रि० सं० [सं० पालन] दे० 'पालना' । उ०—नेमनि सग फिरे भटक्यो पल मूँदि सरूप निहारत क्यों नहिं । स्याम

सुजान कृपा घनआनँद प्रान पपीहनि पारत क्यो नहीं। —घनानद, पृ० १५१।

पारवती—सज्ञा स्त्री० [स० **पार्वती**] 'पार्वती'। उ०—पारवती भल अवसरु जानी। गईं सभु पहिं मातु भवानी। —मानस, १।१०७।

पारब्रह्म—सज्ञा पुं० [स० **परब्रह्म**] दे० 'परब्रह्म'। उ०—सभै काल वसि होय, मौत कालो की होती। पारब्रह्म भगवान मरै ना अविगत जोती।—पलटू०, भा० १, पृ० २१।

पारभृत—सज्ञा पुं० [सं० **प्राभृत**] उपायन। उपहार। भेंट [को०]।

पारमहस्य—वि० [स०] परमहस से सबधित। परमहस का [को०]।

पारमार्थिक—वि० [स०] १ परमार्थ सबधी। जिससे परमार्थ सिद्ध हो। जिससे मनुष्य को पारलौकिक सुख हो। २ वास्तविक। जो केवल प्रतीति या भ्रम न हो। सदा ज्यो का त्यो रहनेवाला। नाम रूप से भिन्न शुद्ध सत्य। जैसे, पारमार्थिकी सत्ता, पारमार्थिक ज्ञान। ३ सर्वोत्तम। अत्युत्तम। सर्वोत्कृष्ट (को०)। ४ परस्पर विभक्त (को०)।

पारमार्थ्य—सज्ञा पु० [स०] परम सत्य। शुद्ध सत्य [को०]।

पारमिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **परमिकी**] श्रेष्ठ। सर्वोत्तम। मुख्य [को०]।

पारमित—वि० [स०] १ उस पार या किनारे गया हुआ। २. सर्वातिशायी। सर्वोत्कृष्ट [को०]।

पारमिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्णता। गुणो की पराकाष्ठा [को०]।

विशेष—पारमिता छह कही गई हैं,—(१) दान, (२) शील, (३) क्षमा, (४) धैर्य, (५) ध्यान और (६) प्रज्ञा। कुछ लोगो के मत में सत्य, अधिष्ठान, मैत्र और उपेक्षा को मिलाकर यह १० कही गई हैं।

पारमेश्वर—वि० [सं०] परमेश्वर सबधी। परब्रह्म संबधी [को०]।

पारमेष्ठ्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ श्रेष्ठता। सर्वोच्च स्थान। सर्वेश्वरता। २ राजचिह्न [को०]।

पारय—वि० [सं०] उपयुक्त। योग्य [को०]।

पारयिष्णु—वि० [सं०] १ सतोषजनक। तृप्तिदायक। २ पार करने या पूरा करने में शक्त। ३ जिसने पार कर लिया हो जिसने पूर्ण कर लिया हो [को०]।

पारलोक्य—वि० [सं०] दे० 'पारलौकिक' [को०]।

पारलौकिक[१]—वि० [सं०] १ परलोक सबधी। २ परलोक में शुभ फल देनेवाला।

पारलौकिक[२]—सज्ञा पुं० अत्येष्टि कर्म [को०]।

पारवत—सज्ञा पुं० [स०] कबूतर। पारावत [को०]।

पारवर्ग्य—वि० [सं०] अन्य वर्ग या दल का। अपर पक्ष का। अन्यदलीय। विरोधी [को०]।

पारवश्य—सज्ञा पु० [स०] परवशता। परतत्रता।

पारविषयिक—वि० [स०] दूसरे राज्य का। विदेशी (कौटि०)।

पारशव[१]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० **पारशवी**] १ लोहनिर्मित। लोहे का बना हुआ। २ परशु का। परशु सबधी [को०]।

पारशव[२]—सज्ञा पु० [स०] १ याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार ब्राह्मण पिता और शूद्रा माता से उत्पन्न पुरुष या जाति। २ पराई स्त्री से उत्पन्न पुत्र। ३ लोहा। ४ एक देश का नाम जहाँ मोती निकलते थे।

पारश्वⓤ वि० [स० **पार्श्व**] ओर। तरफ। पार्श्व। उ०—जाके दुहूँ पारश्व पँचमहले महेल छवि छाजते।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ११४।

पारश्वध, पारश्वधिक—सज्ञा पुं० [सं०] परशुधारी व्यक्ति। फरसा लेकर युद्ध करनेवाला योद्धा [को०]।

पारश्वय—सज्ञा पु० [सं०] सुवर्ण। सोना।

पारषदⓤ—सज्ञा पुं० [सं० **पार्षद**] दे० 'पार्षद'।

पारषी—सज्ञा पु० [स० **परीक्षक**] दे० 'पारखी'। उ०—रत्न पारषी ने ऐसे दरिद्र के हाथ मे ऐसी अनमोल रत्नजडित मूर्ति को देखकर मन मे चोर समझा और कोतवाल के पास भेजा। —भारतेंदु ग्र०, भा० ३, पृ० ३१।

पारस[१]—सज्ञा पुं० [सं० स्पर्श, हिं० परस] १ एक कल्पित पत्थर जिसके विषय मे प्रसिद्ध है कि यदि लोहा उससे छुलाया जाय तो सोना हो जाता है। स्वर्णमणि। उ०—पारस मनि लिय अप्प कर दिय प्रोहित कह दान।—प० रासो, पृ० ३३।

विशेष—इस प्रकार के पत्थर की बात फारस, अरब तथा यूरप मे भी रसायनियो अर्थात् कीमिया बनानेवालो के बीच प्रसिद्ध थी। योरप में कुछ लोग इसकी खोज मे कुछ हैरान भी हुए इसके रूप रग आदि तक कुछ लोगो ने लिखे। पर अत सब ख्याल ही ख्याल निकला। हिंदुस्तान मे अब तक बहुत से लोग नैपाल मे इसके होने का विश्वास रखते हैं।

२. अत्यत लाभदायक और उपयोगी वस्तु। जैसे,—अच्छा पारस तुम्हारे हाथ लग गया है।

पारस[२]—वि० १ पारस पत्थर के समान स्वच्छ और उत्तम चगा। नीरोग। तदुरुस्त। जैसे—थोडे दिन यह दवा खा देखो देह कैसी पारस हो जाती है। २ जो किसी दूसरे को अपने समान कर ले। दूसरो को अपने जैसा बनानेवाला उ०—पारस जोनि लिलाटहि ओती। दिष्टि जो करै होइ तेहि जोती। —जायसी (शब्द०)।

पारस[३]—सज्ञा पुं० [हिं० परसना] १ खाने के लिये लगाया हुआ भोजन। परसा हुआ खाना। २ पत्तल जिसमे खाने के पकवान मिठाई, आदि हो। जैसे,—जो लोग बैठकर न खायँगे उन्हे पारस दिया जायगा।

पारस[४]—सज्ञा पुं० [स० **पार्श्व**] १ पास। निकट। समीप। उ०—(भृकुटी कुटिल निकट नैनन के चपल होत यहि भाँति। तामरस पारस खेलत बाल भृग की पाँति।—सूर (शब्द० (ख) उत श्यामा इत सखा मडली, इत हरि उत ब्रजन

मनो तामरस पारस खेलत मिलि मधुकर गुजारि।—सूर (शब्द०)। २ घेरा। मडल।

पारस[५]—सज्ञा पुं० [स० पलास] बादाम या खूबानी की जाति का एक भझोला पहाडी पेड जो देखने में ढाक के पेड सा जान पडता है।

विशेष—यह हिमालय पर सिंधु के किनारे से लेकर सिक्किम तक होता है। इसमे से एक प्रकार का गोंद और जहरीला तेल निकलता है जो दवा के काम में आता है। इसे गीदड ढाक और जामन भी कहते हैं।

पारस[६]—सज्ञा पुं० [सं० पारस्य] हिंदुस्तान के पश्चिम सिंधुनद और अफगानिस्तान के आगे पडनेवाला एक देश। प्राचीन काबोज और वाह्लीक के पश्चिम का देश, जिसका प्रताप प्राचीन काल में बहुत दूर दूर तक विस्तृत था और जो अपनी सभ्यता और शिष्टाचार के लिये प्रसिद्ध चला आता है।

विशेष—अत्यत प्राचीन काल से पारस देश आर्यों की एक शाखा का वासस्थान था जिसका भारतीय आर्यों से घनिष्ट सबध था। अत्यत प्राचीन वैदिक युग मे तो पारस से लेकर गगा सरयू के किनारे तक की सारी भूमि आर्यभूमि थी, जो अनेक प्रदेशो मे विभक्त थी। इन प्रदेशो मे भी कुछ के साथ आर्य शब्द लगा था। जिस प्रकार यहाँ आर्यावर्त एक प्रदेश था उसी प्रकार प्राचीन पारस में भी आधुनिक अफगानिस्तान से लगा हुआ पूर्वीय प्रदेश 'अरियान' या 'ऐर्यान' (यूनानी—एरियाना) कहलाता था जिससे ईरान शब्द बना है। ईरान शब्द आर्यावास के अर्थ में सारे देश के लिये प्रयुक्त होता था। शाशानवशी सम्राटों ने भी अपने को 'ईरान के शाहशाह' कहा है। पदाधिकारियो के नामों के साथ भी 'ईरान' शब्द मिलता है—जैसे 'ईरान-स्पाहपत' (ईरान के सिपाहपति या सेनापति), 'ईरान अबारकपत' (ईरान के भडारी) इत्यादि। प्राचीन पारसी अपने नामों के साथ आर्य शब्द बडे गौरव के साथ लगाते थे। प्राचीन सम्राट् दारयवहु (दारा) ने अपने को 'अरियपुत्र' लिखा है। सरदारो के नामों में भी आर्य शब्द मिलता है, जैसे, अरियशम्न, अरियोवर्जनिस, इत्यादि।

प्राचीन पारस जिन कई प्रदेशों में बँटा था उनमें पारस की खाडी के पूर्वी तट पर पडनेवाला पार्स या पारस्य प्रदेश भी था जिसके नाम पर आगे चलकर सारे देश का नाम पडा। इसकी प्राचीन राजधानी पारस्यपुर (यूनानी-पर्सिपोलिस) थी, जहाँपर आगे चलकर 'इश्तख' बसाया गया। वैदिक काल मे 'पारस' नाम प्रसिद्ध नही हुआ था। यह नाम हखामनीय वश के सम्राटो के समय से, जो पारस्य प्रदेश के थे, सारे देश के लिये व्यवहृत होने लगा। यही कारण है जिससे वेद और रामायण मे इस शब्द का पता नही लगता। पर महाभारत, रघुवश, कथासरित्सागर आदि मे पारस्य और पारसीको का उल्लेख बराबर मिलता है।

अत्यंत प्राचीन युग के पारसियो और वैदिक आर्यों में उपासना, कर्मकाड आदि मे भेद नही था। वे अग्नि, सूर्य वायु आदि की उपासना और अग्निहोत्र करते थे। मिथ (मित्र = सूर्य), वायु (= वायु), होम (= सोम), अरमइति (= अमति), अहमन् (= अर्यमन्), नइर्यसह (= नराशस) आदि उनके भी देवता थे। वे भी बडे बडे यश्न (यज्ञ) करते, सोमपान करते और अथ्रवन (अथर्वन्) नामक याजक काठ से काठ रगडकर अग्नि उत्पन्न करते थे। उनकी भाषा भी उसी एक मूल आर्यभाषा से उत्पन्न थी जिससे वैदिक और लौकिक सस्कृत निकली हैं। प्राचीन पारसी और वैदिक सस्कृत मे कोई विशेष भेद नहीं जान पडता। अवस्ता मे भारतीय प्रदेशो और नदियों के नाम भी हैं। जैसे, हप्तहिंदु (सप्तसिंधु = पजाब), हरख्वेती (सरस्वती), हरयू (सरयू) इत्यादि।

वेदो से पता लगता है कि कुछ देवताओ को असुर सज्ञा भी दी जाती थी। वरुण के लिये इस सज्ञा का प्रयोग कई बार हुआ है। सायणाचार्य ने भाष्य मे असुर शब्द का अर्थ लिखा है—'असुर सर्वेषा प्राणद'। इद्र के लिये भी इस सज्ञा का प्रयोग दो एक जगह मिलता है, पर यह भी लिखा पाया जाता है कि 'यह पद प्रदान किया हुआ है'। इससे जान पडता है कि यह एक विशिष्ट सज्ञा हो गई थी। वेदो मे क्रमश वरुण पीछे पडते गए हैं और इद्र को प्रधानता प्राप्त होती गई है। साथ ही साथ असुर शब्द भी कम होता गया है। पीछे तो असुर शब्द राक्षस, दैत्य के अर्थ में ही मिलता है। इससे जान पडता है कि देवोपासक और असुरोपासक ये दो पक्ष आर्यों के बीच हो गए थे।

पारस की ओर जरथुस्त्र (आधु० फा० जरतुश्त) नामक एक ऋषि या ऋत्विक् (जोता स० होता) हुए जो असुरोपासको के पक्ष के थे। इन्होने अपनी शाखा ही अलग कर ली और 'जंद अवस्ता' के नाम से उसे चलाया। यही 'जद अवस्ता' पारसियों का धर्मग्रथ हुआ। इससे देव शब्द दैत्य के अर्थ में आया है। इद्र या वृत्रहन् (जद, वेरेथघ्न) दैत्यो का राजा कहा गया है। शश्रोर्व (शर्व) और नाहइत्य (नासत्य) भी दैत्य कहे गए हैं। अघ्न (अगिरस ?) नामक अग्नियाजको की प्रशसा की गई है और सोमपान की निंदा। उपास्य अहुरमज्द (सर्वज्ञ असुर) है, जो धर्म और सत्यस्वरूप है। अहमन (अर्यमन्) अधर्म और पाप का अधिष्ठाता है। इस प्रकार जरथुस्त्र ने धर्म और अधर्म दो द्वद्व शक्तियों की सूक्ष्म कल्पना की और शुद्धाचार का उपदेश दिया। जरथुस्त्र के प्रभाव से पारस में कुछ काल के लिये एक अहुर्मज्द की उपासना स्थापित हुई और बहुत से देवताओ की उपासना और कर्मकाड कम हुआ। पर जनता का सतोष इस सूक्ष्म विचारवाले धर्म से पूरा पूरा नही हुआ। शाशानो के समय में मग याजको और पुरोहितो का प्रभाव बढ़ा तब बहुत से स्थूल देवताओं की उपासना फिर ज्यो की त्यो जारी हो गई और कर्मकांड की जटिलता फिर वही हो गई। ये पिछली पद्धतियाँ भी 'जद अवस्ता' मे ही मिल गईं।

'जद अवस्ता' मे भी वेद के समान गाथा (गाथ) और मथ्र

(मथ) हैं। इसके कई विभाग हैं जिनमें 'गाथ' सबसे प्राचीन और जरथुस्त्र के मुँह से निकला हुआ माना जाता है। एक भाग का नाम 'यश्न' है जो वैदिक 'यज्ञ' शब्द का रूपातर मात्र है। विस्पर्द, यस्त (वैदिक इष्टि), वदिदाद् आदि इसके और विभाग हैं। वदिदाद् में जरथुस्त्र और अहुरमज्द का धर्म सबध मे संवाद है। 'अवस्ता' की भाषा, विशेषत गाथा की, पढ़ने मे एक प्रकार की अपभ्र श वैदिक सस्कृत सी प्रतीत होती है। कुछ मत्र तो वेदमत्रों से बिलकुल मिलते जुलते हैं। डाक्टर हाग ने यह समानता उदाहरणो से बताई है और डा० मिल्स ने कई गाथाओ का वैदिक संस्कृत में ज्यो का त्यो रूपातर किया है। जरथुस्त्र ऋषि कब हुए थे इसका निश्चय नही हो सका है। पर इसमे सदेह नही कि ये अत्यत प्राचीन काल मे हुए थे। शाशानो के समय मे जो 'अवस्ता' पर भाष्य स्वरूप अनेक ग्र थ बने उनमे से एक में व्यास हिंदी का पारस मे जाना लिखा है। सभव है वेदव्यास और जरथुस्त्र समकालीन हो।

पारसनाथ—सज्ञा पुं० [सं० पार्श्वनाथ] दे० 'पार्श्वनाथ'।

पारसव ⓤ—सज्ञा पुं० [सं० पारशव] दे० 'पारशव'।

पारसा—वि० [फ़ा०] पतिव्रता। सच्चरित्र। सती साध्वी। उ०—अथी यो पाकदामन पारसा नार, नमाज पच वक्तां होर जिक्र चार।—दक्खिनी० पृ० २४६

पारसाई—सज्ञा स्त्री० [फा०] सच्चरित्रता। सदाचार। उ०—पारसाई और जवानी क्यो कर हो, एक जगह आग पानी क्यो कर हो। —कविता कौ०, भा० ४ पृ० २७।

पारसिक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पारसीक' [कौ०]।

पारसी ⓤ[१]—वि० [फा० पारस] पारस देश का। पारस देश सबधी। जैसे, पारसी भाषा पारसी बिल्ली।

पारसी[२]—सज्ञा पुं० १. पारस का रहनेवाला व्यक्ति। पारस का आदमी। २ हिंदुस्तान में बबई और गुजरात की ओर हजारो वर्ष से बसे हुए वे पारसी जिनके पूर्वज मुसलमान होने के डर से पारस छोडकर आए थे।

विशेष—सन् ६४० ई० में नहावद की लडाई के पीछे जब पारस पर अरब के मुसलमानो का अधिकार हो गया और पारसी मुसलमान बनाए जाने लगे तब अपने आर्यधर्म की रक्षा के लिये बहुत से पारसी खुरासान मे आकर रहे। खुरासान मे भी जब उन्होने उपद्रव देखा तब वे पारस की खाडी के मुहाने पर उरमूज नामक टापू में जा बसे। यहाँ पद्रह वर्ष रहे। आगे बाधा देख अत मे सन् ७२० मे वे एक छोटे जहाज पर भारतवर्ष की ओर चले आए जो शरणागतो की रक्षा के लिये बहुत काल से दूर देशों में प्रसिद्ध था। पहले वे दीऊ नामक टापू में उतरे, फिर गुजरात के एक राजा जदुराणा ने उन्हें समान नामक स्थान में बसाया और उनकी अग्निस्थापना और मदिर के लिये बहुत सी भूमि दी। भारत के वर्तमान पारसी उन्हीं की सतति हैं। पारसी लोग अपने सवत् का आरभ अपने अतिम राजा यज्दगर्द के पराभव काल से लेते हैं।

पारसीक—सज्ञा पुं० [सं०] १ पारस देश। २ पारस देश का निवासी। उ०—कुमार०—आज तो कुछ पारसीक नर्तकियाँ आनेवाली हैं।—स्कद०, पृ० १४। ३ पारस देश का घोड़ा।

पारसीक यमानी—सज्ञा स्त्री० [स०] खुरासानी अजवायन।

पारसीक वचा—सज्ञा स्त्री० [सं०] खुरासानी बच।

पारसीकेय[१]—सज्ञा पु० [स०] १ कुकुम।

पारसीकेय[२]—वि० पारस देश सबधी। पारस देश का [को०]।

पारस्कर—सज्ञा पुं० [स०] १ एक देश का प्राचीन नाम। २ एक गृह्यसूत्रकार मुनि।

पारस्त्रैणेय—सज्ञा पु० [स०] पराई स्त्री से उत्पन्न पुत्र। जारज पुत्र।

पारस्परिक—वि० [स०] परस्परवाला। परस्पर में होनेवाला। आपस का।

पारस्य—सज्ञा पुं० [स०] पारस देश।

पारस्स ⓤ—सज्ञा पु० [सं० स्पर्श] दे० 'पारस' (मणि)। उ०—कुन्बेर अति सुख पाय, पारस्स मनि दिय आय।—प० रासो पृ० २५।

पारहस्य—वि० [सं०] दे० 'पारमहस्य [को०]।

पारा[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] एक नदी जो पारियात्र पर्वत से उत्प कही गई है [को०]।

पारा[२]—सज्ञा पु० [स० पारद] चाँदी की तरह सफेद, और च कील एक धातु जो साधारण गरमी या सरदी में द्रव अवस्था रहती है।

विशेष—खूब सरदी पाकर पारा जमकर ठोस हो जाता है यह कभी कभी खानो मे विशुद्ध रूप में भी बहुत सा जाता है, पर अधिकतर और द्रव्यों के साथ मिला हुआ जाता है। जैसे, गधक और पारा मिला हुआ जो द्रव्य है उसे ईंगुर कहते हैं। गधक और पारा ईंगुर से अलग दिए जाते हैं। पारा पृथ्वी पर के बहुत कम प्रदेशो मिलता है। भारतवर्ष में पारे की खानें अधिक नही केवल नैपाल मे हैं। अधिकतर पारा चीन, जापान और से ही यहाँ आता है। पारा यद्यपि द्रव अवस्था मे रहता तथापि बहुत भारी होता है।

ईंगुर से पारा निकालने में स्वेदनविधि काम मे लाई जाती ईंगुर का टुकडा तेज गरमी द्वारा भाप के रूप में कर जाता है जिससे विशुद्ध पारे के परमाणु अलग हो जाते भाप रूप मे फिर पारा अपने असली द्रव रूप मे लाया है। पारा बहुत से कामो मे आता है। इसके द्वारा खा निकले हुए अनेकद्रव्यमिश्रित खडो से सोना चाँदी बहुमूल्य धातुएँ अलग करके निकाली जाती हैं। यह इस किया जाता है कि खड या टुकड़े का चूर्ण कर लेते हैं, उसके साथ युक्ति से पारे का ससर्ग करते हैं। इससे यह है कि सोने या चाँदी के परमाणु पारे के साथ मिल जाते

फिर इस सोने या चाँदी में मिले हुए पारे को स्वेदनविधि से भाप के रूप मे अलग कर देते हैं और खालिस सोना या चाँदी रह जाता है। बात यह है कि इन धातुओं में पारे के प्रति रासायनिक प्रवृत्ति या राग होता है। इसी विशेषता के कारण पारा रसराज कहलाता है और इसके योग से धातुओं पर अनेक प्रकार की क्रियाएँ की जाती हैं। पारे के योग से, राँगे, सोने, चाँदी आदि को दूसरी धातु पर कलई या मुलम्मे के रूप मे चढाते हैं। जिस धातु पर मुलम्मा चढाना होता है उसपर पहले पारे शोरे से सघटित रस मिलाते हैं, फिर १ भाग सोने और ८ भाग पारे का मिश्रण तैयार करके हलका लेप कर देते हैं। गरमी पाकर पारा तो उड जाता हैं, सोना लगा रह जाता है। पारे पर गरमी का प्रभाव सबसे अधिक पडता है इसी से गरमी नापने के यत्र मे उसका व्यवहार होता है। इन सब कामो के अतिरिक्त औषध मे भी पारे का बहुत प्रयोग होता है।

पुराणो और वैद्यक की पोथियो मे पारे की उत्पत्ति शिव के वीर्य से कही गई है और उसका बडा माहात्म्य गाया गया है, यहाँ तक कि यह ब्रह्म या शिवस्वरूप कहा गया है। पारे को लेकर एक रसेश्वर दर्शन ही खडा किया गया है जिसमे पारे ही से सृष्टि की उत्पत्ति कही गई है और पिंडस्थैर्य (शरीर को स्थिर रखना) तथा उसके द्वारा मुक्ति की प्राप्ति के लिये रससाधन ही उपाय बताया गया है। भावप्रकाश में पारा चार प्रकार का लिखा गया है—श्वेत, रक्त, पीत और कृष्ण। इसमें श्वेत श्रेष्ठ है।

वैद्यक मे पारा कृमि और कुष्ठनाशक, नेत्रहितकारी, रसायन, मधुर आदि छह रसो से युक्त, स्निग्ध, त्रिदोषनाशक, योगवाही, शुक्रवर्धक और एक प्रकार से सपूर्ण रोगनाशक कहा गया है। पारे में मल, वह्नि, विष, नाग इत्यादि कई दोष मिले रहते हैं, इससे उसे शुद्ध करके खाना चाहिए। पारा शोधने की अनेक विधियाँ वैद्यक के ग्रथों मे मिलती हैं। शोधन कर्म आठ प्रकार के कहे गए हैं—स्वेदन, मर्दन, उत्थापन, पातन, बोधन, नियामन और दीपन। भावप्रकाश मे मूर्छन भी कहा गया है जो कुछ औषधियो के साथ मर्दन का ही परिणाम है।

पर्या०—रसराज। रसनाथ। महारस। रस। महातेजम्। रसलेह। रसोत्तम। सुतराट्। चपल। जैत्र। शिववीज। शिव। अमृत। रसेंद्र। लोकेश। दुर्धर। प्रभु। रुद्रज। हरतेज। रसधातु। स्कद। देव। दिव्यरस। यशोद। सूतक। सिद्धधातु। पारत। हरबीज।

मुहा०—पारा पिलाना = (१) किसी वस्तु मे पारा भरना। (२) किसी वस्तु को इतना भारी करना जैसे उसमे पारा भरा हो। भारी करना। वजनी करना।

पारा[३]—सज्ञा पुं० [सं० पारि (=प्याला)] दीए के आकार का पर उससे बडा मिट्टी का बरतन। परई।

पारा[३]—सज्ञा पुं० [फा० पारह्] १ टुकडा। २ वह छोटी दीवार जो चूने गारे से जोडकर न बनी हो, केवल पत्थरो के टुकडे एक दूसरे पर रखकर बनाई गई हो। ऐसी दीवार प्राय बगीचे आदि की रक्षा के लिये चारो ओर बनाई जाती है।

पारा[४] (पु)—सज्ञा पुं० [स० पाराशर] दे० 'पाराशर'। उ०—पारा ऋषि मछोदरी ते कामक्रीडा करी। कृस्न गोपिन के सग भीना।—कबीर रे०, पृ० ४५।

पारापत—सज्ञा पुं० [सं०] कबूतर। कपोत। पारावत [को०]।

पारापार—सज्ञा पु० [सं०] १ समुद्र। सागर। २. आर पार। दोनो तट [को०]।

पारापारीण—वि० [सं०] समुद्रगामी। पारावारीण [को०]।

पारायण—सज्ञा पुं० [सं०] १ समाप्ति। पूरा करने का कार्य। २. समय बाँधकर किसी ग्रथ का आद्योपात पाठ। ३ पार जाना (को०)।

पारायणिक—सज्ञा पुं०, वि० [सं०] १ पुराण आदि का पाठ करनेवाला। आद्योपात पढ़नेवाला। २ छात्र।

पारायणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सरस्वती का एक नाम। २ कार्य। कर्म। क्रिया। ३ प्रकाश। ज्योति। ४ मनन। चिंतन [को०]।

पारारुक—सज्ञा पुं० [स०] चट्टान। शिला। पत्थर।

पारावत—स्त्री० पुं० [सं०] १ परेवा। पडुक। उ०—तीतर कपोत पिक कंकी कोक पारावत।—केशव ग्र०, भा० १, पृ० १४४। २ कबूतर। कपोत। उ०—सर्वदा स्वच्छद छज्जो के तले। प्रेम के आदर्श पारावत पले।—साकेत, पृ० ४। ३ बदर। ४. तेंदु का वृक्ष। ५ गिरि। पर्वत। ६ एक नाग का नाम (महाभारत)। ७ एक प्रकार का खट्टा पदार्थ (सुश्रुत)। ८ दत्तात्रेय के गुरु।

पारावतक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का धान।

पारावतकालिका—सज्ञा स्त्री० [स०] बडी मालकँगनी। महा ज्योतिष्मती लता।

पारावतघ्नी—सज्ञा स्त्री० [स०] सरस्वती नदी [को०]।

पारावतपदी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ मालकँगनी। २ काकजघा।

पारावतांघ्रिपिच्छ—सज्ञा पुं० [स० पारावतङ्घ्रिपिच्छ] एक प्रकार का कबूतर [को०]।

पारावताश्व—सज्ञा पुं० [सं०] धृष्टद्युम्न का एक नाम [को०]।

पारावती—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ लवली फल। हरफा रेवडी। २ गोपगीत। ग्वालो का गीत। ३ एक नदी का नाम।

पारावार—सज्ञा पुं० [सं०] १ आर पार। वार पार। दोनों तट। २ सीमा। अत। हद। जैसे,—आपकी महिमा का पारावार नही। २ समुद्र।

पारावारीण—वि० [सं०] १. जो दोनों ओर जाय। जो किसी वस्तु के दोनों किनारों को पहुँचा हो। २ किसी विषय का पूर्ण ज्ञाता। पारगत ३. पारावार अर्थात् समुद्रगामी [को०]।

पाराशर[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पराशर का पुत्र या वशज। २ व्यास।

पाराशर[२]—वि० १ पराशर सबधी। २ पराशर का बनाया हुआ। जैसे, पाराशर स्मृति।

पाराशरि—सज्ञा पुं० [सं०] १ पराशर के पुत्र वेदव्यास। २. शुकदेव।

पाराशरी—सज्ञा पुं० [स० पाराशरिन्] वेदव्यास के भिक्षुसूत्र का अध्ययन करनेवाला। सन्यासी। चतुर्थाश्रमी।

पाराशरीय—वि० [स०] पाराशर के पास का प्रदेश आदि।

पाराशर्य—सज्ञा पुं० [स०] वेदव्यास।

पारासरⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पाराशर'। उ०—सिगी ऋषि पारासर आए।—कबीर श०, भा० ४, पृ० २११।

पारिंद[१]—सज्ञा पु० [सं० पारिन्द्र] सिंह। शेर [को०]।

पारिंदⓊ[२]—सज्ञा पुं० [फा० परद] पक्षी। परंदा। चिडिया। उ०—सात सिकारी चौदह पारिंद, भिन्न भिन्न निरतावै।—कबीर श०, भा० ३, पृ० १।

पारि[१]Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पार] १. हद। सीमा। २ ओर तरफ। दिशा। उ०—मोचि दृग वारि सोच सोचती विचारि देव चितै चहूँ पारि घरी चार लौं चकि रही —देव (शब्द०)। ३ जलाशय का तट।

पारि[२]—सज्ञा पु० [स०] मद्य पीने का पात्र। प्याला।

पारिक—वि० [हिं० पार] पार करनेवाला। उद्धार करनेवाला। उ०—पारिक, मैं सासारिक, अविद्या हो व्यग्यदाम।—आराधना, पृ० १४।

पारिकांक्षक—सज्ञा पुं० [सं० पारिक्षाक्षक] दे० 'पारिकाक्षी' [को०]।

पारिकाक्षी—सज्ञा पु० [सं० पारिक्षाक्षिन्] ब्रह्मज्ञान का अभिलाषी। तपस्वी।

पारिकुट—सज्ञा पुं० [स०] सेवक। भृत्य। नौकर।

पारिकोटⓊ—सज्ञा पुं० [सं० परिकोट, हिं० परकोटा] दे० 'परकोटा'। उ०—सोभति सोलकी पहिलि चोट सै लोट किए घर पारिकोट।—पृ० रा०, १। ४२८।

पारिक्षित—सज्ञा पुं० [सं०] परीक्षित के पुत्र जनमेजय।

पारिख[१]—वि० [सं०] परिखा सबधी। परिखा का।

पारिख[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० परख] दे० 'परख'।

पारिख[३]—सज्ञा पुं० [देश०] १ गुजरातियो की एक जाति। २. परखनेवाला। पारखी व्यक्ति।

पारिखेय—वि० [स०] परिखा या खाई से घिरा हुआ [को०]।

पारिगमिक—सज्ञा पुं० [सं०] कबूतर।

पारिग्रामिक—वि० [स०] गाँव के चारो ओर स्थित [को०]।

पारिजात—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक देववृक्ष जो स्वर्गलोक मे इद्र के नदनकानन में है।

विशेष—इसके फूल जिस प्रकार की गध कोई चाहे, दे सकते हैं। इसकी भिन्न भिन्न शाखाओं में अनेक प्रकार के रत्न लगते हैं। इसी प्रकार इस वृक्ष के अनेक गुण पुराणो मे कहे गए हैं। सत्यभामा की प्रसन्नता के लिये इसे श्रीकृष्ण स्वर्ग से इद्र से युद्ध करके लाए थे और फिर उसका पूरा भोग करके इसे स्वर्ग मे रख आए थे। यह समुद्रमथन के समय मे निकला था।

२ परजाता। हरसिंगार। ३ कोविदार। कचनार। ४ पारिभद्र। फरहद। ५. ऐरावत के कुल का एक हाथी। ६ सितोद पर्वत। ७ एक मुनि का नाम।

पारिजातक—सज्ञा पुं० [स०] १ देववृक्ष। पारिजात। २ परजाता। हरसिंगार। २ फरहद। पारिभद्र।

पारिणामिक—वि० [स०] १ जो पच जाय। पाच्य। २ विकासोन्मुख। जिसका विकास हो सके [को०]।

पारिणाम्य[१]—वि० [सं०] १ परिणय मे प्राप्त। विवाह मे पाया हुआ (धन)। २ विवाह से सबधित [को०]।

पारिणाम्य[२]—सज्ञा पु० १. वह धन जो स्त्री को विवाह मे मिले। २. विवाह का तय होना [को०]।

पारिणाह्य—सज्ञा पुं० [स०] १ घर गृहस्थी का सामान। जैसे, चारपाई, बरतन, घड़ा इत्यादि।

पारितथ्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सिर पर बालो के ऊपर पहनने का स्त्रियो का एक गहना। २. बालो को बाँधने की मोतियो की लडी [को०]।

पारितापⓊ—सज्ञा पुं०[हिं०] दे० 'परिताप'। उ०—अत्यत पारिताप का विषय तो यह है कि।—प्रेमघन०, भा० १,पृ० २६१।

पारितोषिक[१]—वि० [सं०] आनदकर। प्रीतिकर।

पारितोषिक[२]—सज्ञा पुं० वह धन या वस्तु जो किसी पर परितुष्ट या प्रसन्न होकर उसे दी जाय अथवा जो किसी को प्रसन्न करने के लिये उसे दी जाय। इनाम।

पारिध्वजिक—सज्ञा पुं० [सं०] झडाबरदार। झडा या ध्वजा लेकर चलनेवाला [को०]।

पारिपंथिक—सज्ञा पुं० [सं० पारिपन्थिक] बटपार। डाकू। चोर।

पारिपाट्य—सज्ञा पुं० [सं०] परिपाटी। ढग। तरीका [को०]।

पारिपातिकरथ—सज्ञा पुं० [स०] वह रथ जो इधर उधर सैर करने के काम का होता था।

पारिपात्र—पज्ञा पुं० [सं०] सप्त कुलपर्वतो मे से एक जो विंध्य के अतर्गत है।

विशेष—इससे निकली हुई ये नदियाँ बताई गई हैं—वेदस्मृति, वेदवती, वृत्रघ्नी, सिंधु, सानदिनी, सदानीरा, मही, पारा, चर्मण्यवती, वृषी, विदिशा, वेत्रवती, शिप्रा इत्यादि (मार्कंडेय पुराण)। विष्णु पुराण मे लिखा है कि मरुक और मालव जाति इस पर्वत पर निवास करती थी। कही कही 'पारियात्र' भी इसका नाम मिलता है। चीनी यात्री 'हुएन्सांग' ने दक्षिण के 'पारिपात्र' राज्य का उल्लेख किया है।

पारिपात्रिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ पारिपात्र नामक पर्वत पर बसने वाला। २. दे० 'पारिपात्र' [को०]।

पारिपार्श्व—सज्ञा पुं० [स०] पारिषद्। अनुचर। अरदली।

पारिपार्श्वक—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पारिपार्श्विक' [को०]।

पारिपार्श्विक—सज्ञा पुं० [स०] १ पास खडा रहनेवाला सेवक। परिषद्। अरदली। २ नाटक के अभिनय मे एक विशेष नट जो स्थापक का अनुचर होता है। यह भी प्रस्तावना में सूत्रधार, नटी आदि के साथ आता है।

पारिप्लव[१]—पज्ञा पुं० [सं०] १ एक जलपक्षी। २ अश्वमेधादि यज्ञो में कहा जानेवाला एक आख्यान (शतपथ ब्राह्मण)। ३ नाव। जहाज। ४ एक तीर्थ (महाभारत)। ५ व्याकुलता। बेचैनी (को०)।

पारिप्लव[२]—वि० १. क्षुब्ध। चचल। २ कपायमान। ३ अस्थिर। विचलित। ४ तिरता हुआ। उतराता हुआ [को०]।

पारिप्लाव्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ हस। २. व्याकुलता। बेचैनी। ३. चचलता। अस्थिरता। ४ कपन [को०]।

पारिभद्र—सज्ञा पु० [स०] १ फरहद का पेड। २ देवदार। ३. सरल वृक्ष। सलई का पेड। ४ कुट।

पारिभद्रक—सज्ञा पुं० [सं०] १ फरहद। २ देवदार। ३ नीम। कुट।

पारिभाव्य—सज्ञा पु० [सं०] १. परिभू या जामिन होने का भाव। २. कुट नामक ओषधि।

पारिभाषिक—वि० [सं०] जिसका अर्थ परिभाषा द्वारा सूचित किया जाय। जिसका व्यवहार किसी विशेष अर्थ के सकेत के रूप में किया जाय। जैसे, पारिभाषिक शब्द।

पारिमांडल्य—सज्ञा पुं० [स० पारिमाण्डल्य] अणु या परमाणु का परिमाण।

पारिमाष्य—पज्ञा पु० [सं०] घेरा। परिधि [को०]।

पारिमित्य—पज्ञा पुं० [स०] सीमा। परिसीमा [को०]।

पारिमुखिक—वि० [सं०] जो समक्ष हो। सामने का। २ निकट। समीप [को०]।

पारिमुख्य—सज्ञा पु० [सं०] १ उपस्थिति। मौजूदगी। २ निकटता। समीपता [को०]।

पारियात्र—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पारिपात्र'।

पारियात्रिक—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पारिपात्रिक' [को०]।

पारियानिक—पज्ञा पु० [सं०] यात्रा का यान। वह सवारी जिसपर यात्रा की जाय [को०]।

पारिरक्षक, पारिरक्षिक—पज्ञा पुं० [स०] तपस्वी। साधु।

पारिवारिक—वि० [स० परिवार+इक (प्रत्य०)] परिवार से संबधित। परिवार का।

पारिविंद्य—सज्ञा पु० [सं०] बडे भाई के अविवाहित रहते छोटे भाई का विवाह हो जाना [को०]।

पारिवेत्र्य—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पारिविंद्य' [को०]।

पारिव्राजक, पारिव्राज्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ परिव्राजक का कर्म या भाव। २ एक प्रकार का अश्वत्थ।

पारिश—सज्ञा पुं० [सं०] पारिस पीपल। परास पीपल।

पारिशील—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का पूआ या मालपूआ।

पारिशेय—सज्ञा पुं० [स०] वह जो छोड दिया गया हो। अवशिष्ट। [को०]।

पारिश्रमिक—सज्ञा पुं० [स०] किए हुए काम की मजूरी। मेहनताना।

पारिषद—सज्ञा पुं० [स०] १. परिषद में बैठनेवाला। सभा में बैठनेवाला। सभासद। सभ्य। पच। २. अनुयायिवर्ग। गण। जैसे, शिव के पारिषद, विष्णु के पारिषद।

पारिषद्य—पज्ञा पुं० [सं०] परिषद् मे बैठनेवाला दर्शक।

पारिसⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पारस'। उ०—जाकौं पारिस पिय नहिं तजै दिन दिन मदन महोत्सव सजै।—नद० ग्रं०, पृ० १५७।

पारिस पीपल—सज्ञा पुं० [सं० पारीश पिप्पल] भिंडी की जाति का एक पेड जिसमें कपास के डोडे के आकार का फल लगता है।

विशेष—यह फल खाने मे खट्टा होता है। इसमें भिंडी के समान ही सुदर पाँच दलो के बडे बडे फूल लगते हैं। इसकी जड मीठी और छाल का रेशा मीठा कसैला होता है। वैद्यक में इसके फल गुरुपाक, कृमिघ्न, शुक्रवर्धक और कफकारक कहे गए हैं।

पारिसीर्य—वि० [स० पारिसीर्य्य] जो बिना जोते हुए हो। जो हल की खेती से न उपजा हो। जैसे, तिन्नी का चावल।

पारिहारिक[१]—वि० [स०] १ परिहार करनेवाला। २ हरण करनेवाला। ग्रहण करनेवाला (को०)। ३ घेरनेवाला (को०)।

पारिहारिक[२]—सज्ञा पुं० हार या मालाएँ बनानेवाला [को०]।

पारिहारिकी—सज्ञा स्त्री० [स०] एक ढग की पहेली [को०]।

पारिहार्य—सज्ञा पुं० [सं० पारिहार्य्य] १ परिहारत्व। २ वलय। हाथ का कडा।

पारिहासिक—वि० [सं० पारिहास+इक (प्रत्य०)] परिहासयुक्त। हँसी दिल्लगी करनेवाला। हास्य विनोद से भरा हुआ। उ०—होली में पारिहासिक नजर निकालने की।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३०२।

पारिहास्य—सज्ञा पुं० [स०] हँसी मजाक। दिल्लगी [को०]।

पारिहीणिक—सज्ञा पु० [सं०] क्षतिपूर्ति। नुकसानी। हरजाने की रकम।

पारींद्र—सज्ञा पु० [स० पारीन्द्र] १ सिंह। २ अजगर।

पारी[१]—पज्ञा स्त्री० [हिं० बार, बारी अथवा पाली] किसी बात का अवसर जो कुछ अतर देकर क्रम से प्राप्त हो। बारी। ओसरी। दे० 'बारी'।

क्रि० प्र०—आना।—पड़ना।—होना।

पारी[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पारना] गुड आदि का जमाया हुआ बडा ढोका।

पारी[३]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. पुरवा। चुक्कड। प्याला। २. जल-

समूह। ३ हाथी के पैर की रस्सी। ४ पुष्प रज। पराग (को०)।

पारी[४]—सज्ञा स्त्री० [फा० या ?] जहाज के मस्तूल के नीचे का भाग। (लश०)।

पारीक्षित—सज्ञा पुं० [स०] १ परीक्षित का पुत्र या वशज। २ जनमेजय। ३ परीक्षित राजा [को०]।

पारीण—वि० [सं०] १ दूसरी ओर होने या दूसरी ओर जानेवाला। २ किसी विद्या मे पारगत। किसी विषय का पूर्ण ज्ञाता। ३ पूरा करनेवाला। समाप्त करनेवाला [को०]।

पारीणाह्य—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पारिणाह्य' [को०]।

पारीय[१]—वि० [स०] पूर्णज्ञाता। पारगत [को०]।

पारीय[२]—वि० [स० पार+ईय (प्रत्य०)] पार का। नदी या समुद्र के उस पार स्थित। जैसे, समुद्रपारीय देश।

पारीरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ कछुआ। २ डडा। छडी (को०)। ३ प्रकार का पहनावा। एक पोशाक (को०)।

पारीश—सज्ञा पुं० [स०] पारिस पीपल का पेड।

पारु—सज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि। २ सूर्य।

पारुष्ण—सज्ञा पु० [स०] एक पक्षी [को०]।

पारुष्य—सज्ञा पुं० [स०] १ वचन की कठोरता। वाक्य की अप्रियता। बात का कडवापन। २ परुषता। रुखाई। ३. इद्र का वन। ४ अगर। ५ बृहस्पति।

पारेरक—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की तलवार या कटार।

पारेवⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'परेवा'। उ०—लष एक लष्प लष्या मुहा पारेवह जिन पष लिय।—पृ० रा० ११। ५।

पारेवत—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का खजूर।

परेवाⓊ—सज्ञा पु० [हिं०] परेवा। पक्षी। उ०—सदेसउ जिन पाठवइ, मरिस्यउं हीया फूटि। परेवा का भूल जिउं, पडिनइं आंगणि भूटि।—ढोला०, दू० १४३।

परोकियाँ—सज्ञा स्त्री० [स० परकीया] दे० 'परकीया'। उ०—बीजुलियाँ परोकियाँ नीठ ज नीगमियाँह। अजइ न सज्जण वाहुणे बलि पाछी बलियाँह।—ढोला०, दू० १५३।

पारोक्ष—वि० [स०] अस्पष्ट। रहस्यमय।

पारोक्ष्य—सज्ञा पुं० [सं०] भेद। रहस्य [को०]।

पारोवर्य—सज्ञा पुं० [सं०] परपरा [को०]।

पार्क—सज्ञा पुं० [अ०] बडा बगीचा। उपवन।

पार्घट—सज्ञा पुं० [स०] राख। भस्म।

पार्जन्य—वि० [स०] पर्जन्य सबधी। वर्षा सबधी (को०)।

पार्ट—सज्ञा पुं० [अ०] १ नाटकांतर्गत कोई भूमिका या चरित्र जो किसी अभिनेता को अभिनय करने को दिया जाय। भूमिका। जैसे—उसने प्रताप सिह का पार्ट बडी उत्तमता से किया। २ हिस्सा। भाग। जैसे—आज कल वे सभा सोसाइटियों में पार्ट नही लेते। ३ (पुस्तक का) खड। भाग। हिस्सा।

पार्टिशन—सज्ञा पुं० [अ०] बाँटने या विभाग करने की क्रिया। किसी चीज के दो या अधिक भाग या हिस्से करना। विभाग। बँटवारा। जैसे बगाल पार्टिशन। पार्टिशन सूट।

पार्टी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ मडली। दल। २ पक्ष। ३ दावत। भोज।

क्रि० प्र०—देना।

पार्टीबंदी—सज्ञा स्त्री० [अ० पार्टी+फा० बंदी]। दलबदी। गुटबाजी।

पार्ण[१]—वि० [सं०] १ पत्तो का बना हुआ (कुटी आदि)। २ पत्तियो से प्राप्त (कर)। ३ पत्तो से सबधित [को०]।

पार्थ—सज्ञा पुं० [स०] १ पृथ्वीपति। २ (पृथा का पुत्र) अर्जुन। ३ युधिष्ठिर और भीम।

विशेष—कुती का नाम 'पृथा' भी था इसी से कुती की तीन सतानो में से प्रत्येक को 'पार्थ' कहते थे।

४ अर्जुन वृक्ष।

पार्थक्य—सज्ञा पुं० [सं०] १. पृथक् होने का भाव। भेद। २ जुदाई। वियोग।

पार्थव[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ पृथु होने का भाव। भारीपन। २ बडाई। विशालता। ३ स्थूलता। मोटाई।

पार्थव[२]—वि० पृथु सबधी।

पार्थसारथि—सज्ञा पु० [सं०] १ अर्जुन के सारथी, कृष्ण। २ मीमासा के एक आचार्य [को०]।

पार्थिव—वि० [स०] १ पृथिवी सबधी। २ पृथ्वी से उत्पन्न पृथिवी का विकार रूप। जैसे, पार्थिव शरीर। ३ मिट्टी आदि का बना हुआ। ४ सासारिक। ससार सबधी (को०) ५ राजा के योग्य। राजसी। ६ पृथिवी का शासक (को०)

पार्थिव[२]—सज्ञा पुं० १ राजा। २ तगर का पेड। ३ एक सवत्सर ४ मगल ग्रह। ५ मिट्टी का बर्तन। ६ पृथिवी पर रहने वाले प्राणी। सासारिक जीव (को०)। ७ शरीर। देह (को० ८ पार्थिव लिंग। मिट्टी का शिवलिंग जिसके पूजन का बड़ फल माना जाता है।

पार्थिव आय—सज्ञा स्त्री० [सं०] जमीन की आमदनी। मालगुजारी लगान।

पार्थिवकन्या—सज्ञा स्त्री० [स०] राजपुत्री। राजकुमारी [को०]।

पार्थिवता—सज्ञा स्त्री० [सं० पार्थिव+ता (प्रत्य०)] धरती उत्पन्न होने का भाव। लौकिकता। उ०—दूसरी ओर उन पार्थिवता धरती के उस गुरुत्व से बँधी हुई है जो आज पहली आवश्यकता है।—अपरा, पृ० ६।

पार्थिवनदन—सज्ञा पु० [सं० पार्थिवनन्दन] सूर्य [को०]।

पार्थिवनंदिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] राजा की पुत्री। राजकुमारी [को०]।

पार्थिवपुत्र—सज्ञा पुं० [स०] सूर्य [को०]।

यौ० —पार्थिवपुत्रपौत्र = यम के पुत्र युधिष्ठिर ।

पार्थिवलिंग—संज्ञा पुं० [स० पार्थिव लिङ्ग] १ राजा का गुण । २ राजचिह्न [को०] ।

पार्थिवश्रेष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] सर्वश्रेष्ठ राजा [को०] ।

पार्थिवसुत—संज्ञा पुं० [स०] सूर्य [को०] ।

पार्थिवसुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजा की पुत्री । राजकुमारी [को०] ।

पार्थिवात्मज—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य [को०] ।

पार्थिवाधम—संज्ञा पुं० [स०] अधम राजा । नीच राजा [को०] ।

पार्थिवी—संज्ञा स्त्री० [स०] १ (पृथिवी से उत्पन्न) सीता । २ उमा । पार्वती । ३ लक्ष्मी (को०) ।

पार्थीव†—संज्ञा पुं० [पुं० पार्थिव] मिट्टी का शिवलिंग ।

पार्पर—संज्ञा पुं० [स०] १ यम । २. मुट्ठी या अँजुरी भर चावल (को०) । ३ क्षय रोग (को०) । ४ राख । भस्म (को०) । ५ कदम का केसर (को०) ।

पार्यंतिक—वि० [स० पार्यन्तिक] अंतिम । निर्णायक (को०) ।

पार्य[1]—संज्ञा पुं० [स० पाय्य] १ एक रुद्र का नाम (शुक्ल यजु०) । २ अंत । निश्चय । समाप्ति । परिणाम (को०) ।

पार्य[2]—वि० [सं०] १ जो दूसरे तट पर या दूसरी ओर हो । २ ऊपरी । ३ अंतिम । निर्णायक । ४ प्रभावकारी । सफल (को०) ।

पार्लामेंट—संज्ञा स्त्री० [अं०] वह सभा जो देश या राज्य के शासन के लिये नियम बनाए । कानून बनानेवाली सबसे बड़ी सभा ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग विशेषत अँगरेजी राज्य की शासनव्यवस्था निर्धारित करनेवाली महासभा के लिये होता है जिसके सदस्य जनता के भिन्न भिन्न वर्गों द्वारा चुने जाते हैं । अँगरेजी साम्राज्य के भीतर कनाडा आदि स्वराज्य-प्राप्त देशों की ऐसी सभाओं के लिये भी यह शब्द आता है ।

पार्वण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] वह श्राद्ध जो किसी पर्व में किया जाय । जैसे, अमावास्या या ग्रहण आदि के दिन किया जानेवाला श्राद्ध ।

पार्वण[2]—वि० अमावास्या या किसी पर्व के दिन किया जानेवाला [को०] ।

पार्वत[1]—वि० [सं०] १ पर्वत संबंधी । २ पर्वत पर होनेवाला । ३ जहाँ पहाड़ हो ।

पार्वत[1]—संज्ञा पुं० १ महानिंब । बकायन । २ ईगुर । ३ शिलाजतु । शिलाजीत । ४ सीसा धातु । ५ एक अस्त्र ।

पार्वतपीलु—वि० [सं०] अक्षोट । अखरोट ।

पार्वतायन—संज्ञा पुं० [सं०] पर्वत ऋषि की परंपरा या गोत्र में उत्पन्न व्यक्ति ।

पार्वतिक—संज्ञा पुं० [स०] पर्वतश्रेणी । पर्वतमाला [को०] ।

पार्वती—संज्ञा स्त्री० [स०] १ हिमालय पर्वत की कन्या, शिव की अर्धांगिनी देवी जो गौरी, दुर्गा आदि अनेक नामों से पूजी जाती हैं । शिवा । भवानी ।

पर्या०—उमा । गिरिजा । गौरी ।

२ शल्लकी । सलई । ३ गोपीचंदन । ४ सिंहली पीपल । ५ छोटा पखानभेद । ६ घाय का पौधा । ७ अलसी । तीसी । ८ द्रौपदी (को०) । ९ पहाड़ी नाला (को०) । १० गोपी । गोपिका (को०) ।

पार्वतीनंदन—संज्ञा पुं० [सं० पार्वतीनन्दन] १ कार्तिकेय । २ गणेश (को०) ।

पार्वतीनेत्र—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'पार्वतीलोचन' [को०] ।

पार्वतीय[1]—संज्ञा पुं० [सं०] पर्वत संबंधी । पहाड़ का । पहाड़ी ।

पार्वतीय[1]—संज्ञा पुं० एक पर्वती जाति [को०] ।

पार्वतीलोचन—संज्ञा पुं० [सं०] ताल के साठ भेदों में से एक ।

पार्वतीसख—संज्ञा पुं० [सं०] शिव [को०] ।

पार्वतेय[1]—वि० [स०] पर्वत पर होनेवाला ।

पार्वतेय[2]—संज्ञा पुं० १. अंजन । सुरमा । २, हुरहुर का पौधा । ३ जिंगिनी । जिगनी । ४ घाय का पेड़ ।

पार्वत्य—वि० [सं०] पहाड़ी । पर्वतीय । उ०—क्वार की त्रयोदशी का चंद्रमा पार्वत्य प्रदेश के निर्मल आकाश में ऊँचा उठ अपनी शीतल आभा से आकाश और पृथ्वी को स्तंभित किए था ।—पिंजरे०, पृ० १० ।

पार्शव—संज्ञा पुं० [सं०] पर्शु या फरसे से युद्ध करनेवाला योद्धा ।

पार्शुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पार्श्व की हड्डी । पसली । पंजर की हड्डी ।

पार्श्व[1]—संज्ञा पुं० [स०] १ वृक्ष का अधोभाग । काँख के नीचे का भाग । छाती के दाहिने या बाएँ का भाग । बगल । उ०—एक ओर विशाल दर्पण है लगा । पार्श्व से प्रतिबिंब जिसमे है जगा । —साकेत, पृ० १२ । २ इधर उधर पड़नेवाला स्थान । अगल बगल की जगह । पास । निकटता । समीपता ।

यौ०—पार्श्ववर्ती = पास में बैठनेवाला । साथी या मुसाहिब ।

३ पार्श्वास्थि । पसली । ४ कुटिल उपाय । टेढ़ी चाल । ५ पार्श्वनाथ (को०) । ६ पहिए की घुरी का छोर या किनारा (को०) ।

पार्श्व—वि० समीप का । निकट का । नजदीकी ।

पार्श्वक—संज्ञा पुं० [सं०] १ अनेक प्रकार के कुटिल उपाय रचकर धन कमानेवाला । चालबाजी के सहारे अपनी बढ़ती चाहनेवाला । २ चोर । ठग (को०) । ३ ऐंद्रजालिक । बाजीगर (को०) । ४ साथी । मित्र [को०] ।

पार्श्वकर—संज्ञा पुं० [स०] बकाया मालगुजारी । पिछले साल की बाकी जमा ।

पार्श्वग[1]—वि० [सं०] बगल मे चलनेवाला । साथ मे रहनेवाला ।

पार्श्वग[2]—संज्ञा पुं० १ सहचर । २ परिचारक (को०) ।

पार्श्वगत—वि० [सं०] १ जो बगल मे हो । जो निकट या साथ हो । २ रक्षित [को०] ।

पार्श्वगय—वि० [सं०] दे० 'पार्श्वग' [को०]।

पार्श्वगायक—सज्ञा पु० [स० पार्श्व + गायक] [स्त्री० पार्श्वगायिका] पार्श्व में रहकर गानेवाला व्यक्ति। अभिनय या नाटक में ओट से गानेवाला व्यक्ति।

विशेष—दे० 'पार्श्वगायन'।

पार्श्वगायन—सज्ञा पु० [सं० पार्श्व+गायन] पर्दे के पीछे से गाना। अभिनय या नाटक में ओट से गाना।

विशेष—पार्श्वगायन का उपयोग सिनेमा मे अधिक होता है। जो अभिनेता या अभिनेत्रियाँ अभिनय के साथ गा नही पाते उनके गीतो को अन्य गायक या गायिका से गवाया जाता है। ये गायक पर्दे पर सामने नही आते इनके गीत ध्वनि अकित करनेवाली मशीन (टेप रिकार्डर) पर अकित कर लिए जाते हैं जिन्हें अभिनय के समय यथास्थान बजाकर सम्मिलित कर लिया जाता है। इस प्रकार के गायक या गायिका को पार्श्वगायक या पार्श्वगायिका कहते हैं।

पार्श्वचर—वि० [सं०] दे० 'पार्श्वग' [को०]।

पार्श्वतीय—वि० [सं०] बगल में स्थित। पार्श्ववर्ती [को०]।

पार्श्वद—सज्ञा पुं० [स०] नौकर। सेवक। उ०—पार्श्वद गण इधर उधर दौड धूप करके अपना अपना काम करने लगे। —वैशाली, पृ० २४६।

पार्श्वदर्शन—सज्ञा पुं० [सं० पार्श्व+दर्शन] बगल से देखना। बगल से देखने की क्रिया। उ०—धर्माक्त विरक्त पार्श्वदर्शन से खींच नयन।—अपरा, पृ० ६२।

पार्श्वदेश—सज्ञा पुं० [स०] बगल। पार्श्व [को०]।

पार्श्वनाथ—सज्ञा पुं० [सं०] जैनो के तेईसवें तीर्थंकर।

विशेष—वाराणसी में अश्वसेन नाम के इक्ष्वाकुवशीय राजा थे जो बडे धर्मात्मा थे। उनकी रानी वामा भी बडी विदुषी और धर्मशीला थी। उनके गर्भ से पौष कृष्ण दशमी को एक महातेजस्वी पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका वर्ण नील था और जिसके शरीर पर सर्पचिह्न था। सब लोको में आनद फैल गया। वामा देवी ने गर्भकाल में एक बार अपने पार्श्व में एक सर्प देखा था इससे पुत्र का नाम 'पार्श्व' रखा गया। पार्श्व दिन दिन बढने लगे और नौ हाथ लबे हुए। कुशस्थान के राजा प्रसेनजित् की कन्या प्रभावती 'पार्श्व' पर अनुरक्त हुई। यह सुन कलिंग देश के यवन नामक राजा ने प्रभावती का हरण करने के विचार से कुशस्थान को आ घेरा। अश्वसेन के यहाँ जब यह समाचार पहुँचा तब उन्होने बडी भारी सेना के साथ पार्श्व को कुशस्थल भेजा। पहले तो कलिंगराज युद्ध के लिये तैयार हुआ पर जब अपने मत्री के मुख से उसने पार्श्व का प्रभाव सुना तब आकर क्षमा माँगी। अत में प्रभावती के साथ पार्श्व का विवाह हुआ। एक दिन पार्श्व ने अपने महल से देखा कि पुरवासी पूजा की सामग्री लिये एक ओर जा रहे हैं। वहाँ जाकर उन्होने देखा कि एक तपस्वी पचाग्नि ताप रहा है और अग्नि मे एक सर्प मरा पडा है। पार्श्व ने कहा —'दयाहीन धर्म किसी काम का नही'। एक दिन बगीचे में जाकर उन्होंने देखा कि एक जगह दीवार पर नेमिनाथ चरित्र अकित है। उसे देख उन्हे वैराग्य उत्पन्न हुआ और उन्होंने दीक्षा ली तथा स्थान स्थान पर उपदेश और लोगो का उद्धार करते घूमने लगे। वे अग्नि के समान तेजस्वी, जल के समान निर्मल और आकाश के समान निरवलब हुए। काशी में जाकर उन्होने चौरासी दिन तपस्या करके ज्ञानलाभ किया और त्रिकालज्ञ हुए। पुंड्र, ताम्रलिप्त आदि अनेक देशो में उन्होने भ्रमण किया। ताम्रलिप्त में उनके अनेक शिष्य हुए। अत में अपना निर्वाणकाल समीप जानकर समेत शिखर (पारसनाथ की पहाडी जो हजारीबाग में है) पर चले गए जहाँ श्रावण शुक्ला अष्टमी को योग द्वारा उन्होंने शरीर छोडा।

पार्श्वपरिवर्तन—सज्ञा पुं० [सं०] १. करवट बदलना। २ भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष में द्वादशी के दिन पडनेवाला एक त्योहार [को०]।

पार्श्वभाग—सज्ञा पुं० [सं०] बगल का भाग। बाजू [को०]।

पार्श्वभूमि—सज्ञा स्त्री० [सं० पार्श्व + भूमि] पृष्ठभूमि। आधार। उ०—यहाँ तक कि प्रेमचद जैसे लेखक को भी मैं स्वतत्र पार्श्वभूमि नही दे सका हूँ।—नया०, पृ० ४।

पार्श्वमण्डली—सज्ञा पुं० [सं० पार्श्वमण्डलिन्] नृत्य में एक विशेष प्रकार की मुद्रा [को०]।

पार्श्वमौलि—सज्ञा पुं० [सं०] कुबेर का एक मंत्री।

पार्श्ववक्त्र—सज्ञा पु० [स०] महादेव [को०]।

पार्श्ववर्ती[1]—सज्ञा पुं० [सं० पार्श्ववर्तिन्] [स्त्री० पार्श्ववर्तिनी] पास रहनेवाला। निकटस्थ जन। मुसाहब। सेवक।

पार्श्ववर्ती[2]—वि० १ जो बगल में हो। जो पास मे हो। २ निकटस्थ। पास में या निकट में ही स्थित [को०]।

पार्श्वशय—वि० [सं०] १ बगल में सोनेवाला। २ करवट से सोनेवाला [को०]।

पार्श्वशूल—सज्ञा पुं० [सं०] पसली का दर्द।

विशेष—सुश्रुत में लिखा है कि इसमें सूई छेदने की सी पीडा होती है और साँस कष्ट से निकलती है। यह कफ और वायु के बिगडने से होता है।

पार्श्वसंगीत—सज्ञा पुं० [सं० पार्श्व+सङ्गीत] १ वह गीत जो नाटक या सिनेमा में अभिनय के साथ साथ पृष्ठभूमि में चलता रहता है। २ वह सगीत जो पार्श्वगायक या पार्श्वगायिका द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

पार्श्वसंधान—सज्ञा पुं० [सं० पार्श्वसन्धान] बगल से ईंटा को रखकर जुडाई करना [को०]।

पार्श्वसूत्रक—सज्ञा पु० [स०] प्राचीन काल का एक आभूषण।

पार्श्वस्थ[1]—वि० [स०] १ पास खडा रहनेवाला। २, निकट का निकटस्थ [को०]।

पार्श्वस्थ[२]—संज्ञा पुं० १ अभिनय के नटों में से एक। दे० 'पारिपार्श्वक'। २. सहचर। साथी (को०)।

पार्श्वानुचर—संज्ञा पु० [सं०] नौकर। सेवक (को०)।

पार्श्वायात—वि० [सं०] जो बहुत अधिक नजदीक आ गया हो।

पार्श्वार्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पार्श्वशूल' (को०)।

पार्श्वासन्न—वि० [सं०] बगल में बैठा या खड़ा हुआ। पास ही में उपस्थित (को०)।

पार्श्वासीन—वि० [सं०] बगल में बैठा हुआ (को०)।

पार्श्वास्थि—संज्ञा पुं० [सं०] पसली की हड्डी।

पार्श्विक[१]—वि० [सं०] १ बगलवाला। पार्श्वसंबंधी। २ अन्याय से रुपया कमाने की फिक्र में रहनेवाला।

पार्श्विक[२]—संज्ञा पुं० १ पक्षपाती। तरफदार। २ सहयोगी। ३ सहचर। साथी। ४ धोखेबाज। चोर। ठग (को०)।

पार्श्वैकादशी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भाद्र शुक्ल एकादशी जिस दिन विष्णु भगवान् करवट लेते हैं।

पार्श्वोदरप्रिय—संज्ञा पुं० [सं०] केकड़ा (को०)।

पार्षत[१]—वि० [सं०] १ पृषत संबंधी। २ द्रुपद राजा संबंधी।

पार्षत[२]—संज्ञा पुं० द्रुपद का पुत्र धृष्टद्युम्न।

पार्षती—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ द्रौपदी। २ दुर्गा (को०)।

पार्षद[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पास रहनेवाला सेवक। पारिषद। २. मुसाहब। मंत्री। उ०—अमात्यो और पार्षद वर्गों में भी भाषा के सुकवि वर्तमान थे। —प्रेमघन०, भा० २, पृ० ३०६। ३ विख्यात पुरुष।

पार्षद[२]—संज्ञा स्त्री० [सं०] सभा। परिषद् (को०)।

पार्षद्य—संज्ञा पुं० [सं०] परिषद् का सदस्य। सभासद (को०)।

पार्ष्णि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. एँड़ी। २ पृष्ठ। ३ सैन्यपृष्ठ। चदावल। ४ ठोकर। पादाघात (को०)। ५ जीतने की अभिलाषा। विजयेच्छा (को०)। ६ जाँच पड़ताल। तहकीकात (को०)। ७ कुलटा स्त्री (को०)। ८ कुशी का एक नाम (को०)।

पार्ष्णिक्षेम—संज्ञा पुं० [सं०] विश्वेदेवा में से एक।

पार्ष्णिग्रह[१]—संज्ञा पु० [सं०] अनुयायी (को०)।

पार्ष्णिग्रह[२]—वि० पीछे से आक्रमण करनेवाला (को०)।

पार्ष्णिग्रहण—संज्ञा पुं० [सं०] शत्रु पर पीछे से आक्रमण करना या उसे धमकाना (को०)।

पार्ष्णिग्राह—संज्ञा पुं० [सं०] १ सेना को पीछे से दबोचनेवाला (शत्रु) या सहायता पहुँचानेवाला (मित्र)। २ सेना के पिछले भाग का संचालन करनेवाला सेनानायक (को०)। ३ समर्थक राजा या मित्र (को०)।

पार्ष्णिघात—संज्ञा पुं० [सं०] लात मारना। पदाघात (को०)।

पार्ष्णित्र—संज्ञा पुं० [सं०] पीछे रखी जानेवाली सेना। सुरक्षित सेना (को०)।

पार्ष्णिप्रतिविधानी—संज्ञा पुं० [सं०] सेना के पिछले भाग को कमजोर पड़ने पर पुष्ट करना।

पार्ष्णिप्रहार—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पार्ष्णिघात' (को०)।

पार्सⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० स्पर्श, हिं० पारस] दे० 'पारस' (मणि)। उ०—गुरु स्वाती गुरु रूप स्वरूपा। गुरु पारस है आदि अनूपा।—कबीर सा०, पृ० ६०८।

पार्सल—संज्ञा पुं० [अं०] पुलिंदा। बँधी हुई गठरी। पैकेट। २ डाक या रेल से रवाना करने के लिये बँधा हुआ पुलिंदा या गठरी।

मुहा०—पार्सल करना = बाँधकर या लपेटकर डाक या रेल द्वारा भेजना। पार्सल लगाना = बँधी हुई गठरी या पुलिंदे को डाकघर या रेलवे में बाहर भेजने के लिये देना।

यौ०—पार्सल क्लार्क = वह कर्मचारी जो पार्सल की व्यवस्था करता है। पार्सलघर = वह स्थान जहाँ पार्सल लिए और दिए जाते हैं। पार्सलगाड़ी, पार्सल ट्रेन = रेलगाड़ी जिससे पार्सल भेजा जाता है। पार्सलबाबू = पार्सल क्लार्क।

पार्श्वⓊ—वि० [सं० पार्श्व] दे० 'पार्श्व'। उ०—निकट पार्श्व अविदूर तट उपसमीप अभ्यास।—अनेकार्थ०, पृ० ४६।

पालक—संज्ञा पुं० [सं० पालङ्क] १ पालक शाक। पालकी। २ बाज पक्षी। ३ एक रत्न जो काला, हरा और लाल होता है।

पालंकी—संज्ञा स्त्री० [सं० पालङ्की] १ पालक शाक। पालकी। २. कदुरु नाम का गंधद्रव्य।

पालंक्य—संज्ञा पुं० [सं० पालङ्क्य] पालक का साग।

पालखीⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० पर्यङ्क, पर्यङ्किका, पल्यङ्क, पल्लक, पलिअक, हिं० पलंग, राज० पालखी] शय्या। पलंग। उ०—सज्जण चाल्या हे सखी काज्या विरह निसाण। पालखी विसहर भई, मंदिर भयउ मसाण —ढोला०, दू० ३५२। २ एक सवारी। पालकी।

पालँग†—संज्ञा पुं० [सं० पल्यङ्क] दे० 'पलंग'। उ०—पालँग पाँव कि आछै पाटा। नेत बिछाव चलै जो बाटा। —जायसी (शब्द०)।

पाल[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पालक। पालनकर्ता। २ चरवाहा। ३ पीकदान। ओगालदान। ४ चिन्नक वृक्ष। चीते का पेड़। ५ बंगाल का एक प्रसिद्ध राजवंश जिसने साढ़े तीन सौ वर्ष तक बंग और मगध में राज्य किया। ६ बंगालियों की एक उपाधि। ७ राजा। नरेश (को०)।

पाल[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पालना] १ फलों को गरमी पहुँचाकर पकाने के लिये पत्ते बिछाकर रखने की विधि।

विशेष—अब कारबाइड नामक रासायनिक चूर्ण से भी फल आदि पकाए जाने लगे हैं। इससे आम आदि अपेक्षाकृत शीघ्र पकते हैं।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।

२ फलों को पकाने के लिये भूसा या पत्ते कागज आदि बिछाकर बनाया हुआ स्थान। जैसे,—पाल का पका आम अच्छा होता है।

मुहा०—पाल का या डाल का = पाल द्वारा पका हुआ या डाल पर पका हुआ।

पाल[3]—सज्ञा पुं० [स० पट या पाट] १. वह लबा चौडा कपडा जिसे नाव के मस्तूल से लगाकर इसलिये तानते हैं जिसमें हवा भरे और नाव को ढकेले।

क्रि० प्र०—चढ़ाना। —तानना। —उतारना।

२ तबू। शामियाना। चँदोवा। ३ गाडी या पालकी आदि ढकने का कपडा। ओहार।

पाल[4]—सज्ञा स्त्री० [स० पालि] १ पानी को रोकनेवाला बाँध या किनारा। मेड। उ०—सतगुरु बरजै सिष करै क्यूँ करि बचै काल। दुहु दिसि देखत बहि गया पाणी फोडी पाल। —दादू० पृ० १८। २ भीटा। ऊँचा किनारा। कगार। उ०—खेलत मानसरोदक गई। जाइ पाल पर ठाढी भई। —जायसी (शब्द०)। ३ पानी के कटाव से कुआँ, नदी आदि के किनारे पर भीतर की ओर बननेवाला खोखला स्थान।

पाल[4]—सज्ञा पु० [?] कबूतरों का जोडा खाना। कपोत-मैथुन।

क्रि० प्र०—खाना।

पाल[5]—सज्ञा पुं० [?] तोप, बदूक या तमचे की नाल का घेरा या चक्कर। (लश०)।

पालⓊ†[9]—सज्ञा स्त्री० [प्रा० पाल] एक आभूषण। दे० 'पायल'। उ०—घम्म घमतइ घूघरइ, पग सोनेरो पाल। मारू चाली मदिरे, जाणि छुटो छछाल।—ढोला०, दू० ५३६।

पालउⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० पल्लव] दे० 'पालव,' 'पल्लव'।

पालक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पालनकर्ता। २ राजा। नरपति (को०)। ३. अश्वरक्षक। साईस। ४ अश्व। तुरग (को०)। ५. चीते का पेड़। ६. पाला हुआ लडका। दत्तक पुत्र। ७ पालन करनेवाला। पिता (को०)। ८ रक्षण। बचाव (को०)। ९. वह व्यक्ति जो किसी बात का निर्वाह करे (को०)।

पालक[2]—वि० रक्षक। त्राता

पालक[3]—सज्ञा पु० [सं० पालङ्क] एक प्रकार का साग।

विशेष—इसके पौधे मे टहनियाँ नही होती, लबे लबे पत्ते एक केंद्र से चारो ओर निकलते हैं। केंद्र के बीच से एक डठल निकलता है जिसमें फूलो का गुच्छा लगता है।

पालकⓊ[4]—सज्ञा पुं० [हिं० पलग] पलग। पर्य्यंक। उ०—को पालक पौढे को माढ़ी। सोवनहार परा बँदि गाढ़ी।—जायसी (शब्द०)।

पालक जूही—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक छोटा पौधा जो दवा के काम में आता है।

पालकरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पलँग] लकडी का टुकडा जो चारपाई के सिरहाने के पायों के नीचे उसे ऊँचा करने के लिये रखा जाता है।

पालकाप्य, पालकाव्य—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्राचीन ऋषि जो करेणु के पुत्र थे और जिन्होने सर्वप्रथम हाथियो के सबध मे वैज्ञानिक जानकारी प्रस्तुत की। उ०—पालकाव्य के विरह वरि अग भए अति खीन।—पृ० रा०, २७।७। २ हाथियो की विद्या। हाथियो के विषय मे वह शास्त्र जिसमे उनके लक्षण गुण आदि का वर्णन रहता है (को०)।

पालकी[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पल्ययङ्क] एक प्रकार की सवारी जिसे आदमी कधे पर लेकर चलते हैं और जिसमें आदमी आराम से लेट सकता है। म्याना। खडखडिया। अच्छी डोली।

विशेष—पीनस, चौपाल, तामजान इत्यादि, इसके कई भेद होते हैं। कहार इसे कधे पर लेकर चलते हैं।

पालकी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० पालङ्क] पालक का शाक।

पालकी गाड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पालकी+गाडी] वह गाडी जिसपर पालकी के समान छत हो।

पालखीⓊ[5]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पालकी'। उ०—आठ सेहस नेजा धणी। पालखी बइठ सहस पचास। —बी० रासो, पृ० ११।

पालगरⓊ[5]—वि० [हिं० पालना + फा० गर (प्रत्य०)] पालक। पालन करनेवाला। उ०—प्रथमी छट्ठा पालगर नर मट्ठा कर-नार। तखत वयट्ठा सूघ कवि थट्ठा नगर मझार। —बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ५७।

पालघ्न—सज्ञा पु० [सं०] १. छत्राक। खुमी। २ जलनृण।

पालट[1]—सज्ञा स्त्री० [देश०] पटेबाजी की एक चोट का नाम।

पालट[2]—सज्ञा पुं० [स० पालन, हिं० √पाल + ट (प्रत्य०)] १ पाला हुआ लडका। दत्तक पुत्र। २ वह व्यक्ति जो किसी के बदले मे कार्य करे। वह व्यक्ति जिसके विषय में यह माना जाता हो कि उसे किसी की ओर से कार्य करने का अधिकार मिला है। प्रतिनिधि (व्यग्य)। उ०—वही तुम्हारा जवान पालट, जिसने बुढ़ौती में तुम्हारी तकदीर की उल्टे छूरे से हजामत बना दी।—शराबी, पृ० ११४।

पालटनाⓊ—क्रि० अ० [हिं० पलटना] दे० 'पलटना'। उ०—दिण परषौ दिस पालटइ, सखी बाव फरूकती जाइ ससार। —बी० रासो०, पृ० ६८।

पालड़ा—सज्ञा पुं० [हिं० पलडा] दे० 'पलडा'। उ०—एक पालडे सीस धरि तौले ताके साथ। —सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ७३१।

पालणो†—वि० [हिं० पालना] पाली हुई। पालित। पाली पोसी। उ०—भणत नामदेव सुनो त्रिलोचन, वाकी पालणी पौटिला। दखिखनी०, पृ० ३३।

पालती[1]—सज्ञा स्त्री० [अ० प्लेट ?] जोड या सीमन के तख्ते। (लश०)।

पालती[2]—पज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पालथी'।

पालतू—वि० [सं० पालना] पाला हुआ। पोसा हुआ। जैसे, पालतू कुत्ता।

पालथिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० **पालथी**] दे० 'पालथी'। उ०—तर गेरि पटवर अवरयं। करि पालथि छोरिय कमरय।—ह० रासो, पृ० ४६।

पालथी—सज्ञा स्त्री० [स० **पर्य्यस्त** (= फैला हुआ)] एक प्रकार का बैठना जिसमें दोनों जघे दोनो ओर फैलाकर जमीन पर रखे जाते हैं और घुटनो पर से दोनो टाँगे मोडकर बायाँ पैर दाहिने जघे पर और दाहिना बाएँ पैर पर टिका दिया जाता है। पद्मासन। कमलासन।

क्रि० प्र०—मारना। लगाना।

पालन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० **पालनीय, पालित, पाल्य**] १ भोजन वस्त्र आदि देकर जीवनरक्षा। भरण पोषण। रक्षण। परवरिश। २ तुरत की ब्याई गाय का दूध। ३. लडको को बहलाने का गीत। ४. अनुकूल आचरण द्वारा किसी बात की रक्षा या निर्वाह। भग न करना। न टालना। जैसे, आज्ञा-पालन, प्रतिज्ञापालन, वचन का पालन।

पालन[2]—वि० रक्षा करनेवाला। रक्षक।

यौ०—**पालनपोषण** = भोजन, कपडा आदि सब प्रकार की आवश्यकताओ की पूर्ति करना। परवरिश। **पालनहार** = पूरा करनेवाला। पालनेवाला। उ०—साँई तुम व्रत पालन-हारे।—जग० श०, भा० २, पृ० १०४।

पालना[1]—क्रि० स० [सं० **पालन**] १, पालन करना। भोजन वस्त्र आदि देकर जीवनरक्षा करना। रक्षा करना। भरण पोषण करना। परवरिश करना। जैसे,—इसी के लिये माँ बाप ने तुम्हें पालकर इतना बडा किया। २ पशु पक्षी आदि को रखना। जैसे, कुत्ता पालना, तोता पालना। ३ भंग न करना। न टालना। अनुकूल आचरण द्वारा किसी बात की रक्षा या निर्वाह करना। जैसे, आज्ञा पालना, प्रतिज्ञा पालना।

पालना[2]—सज्ञा पुं० [सं० **पर्यङ्क**] रस्सियो के सहारे टँगा हुआ एक प्रकार का गहरा खटोला या बिस्तरा जिसपर बच्चो को सुलाकर इधर से उधर झुलाते हैं। एक प्रकार का झूला या हिंडोला। पिंगूरा। गहवारा। उ०—(क) पालनौ अति सुदर गढि ल्याउ रे बढ़ैया।—सूर०, १०। ४१। (ख) जसोदा हरि पालनै झुलावै।—सूर०, १०। ४३।

पालनीय—वि० [सं०] १ जिसकी रक्षा की जाय। २ जो रक्षणीय हो [को०]।

पालयिता—सज्ञा पुं० [स० **पालयितृ**] रक्षक। अभिभावक [को०]।

पालराⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पलरा'। उ०—सार शब्द के बने पालरा सत कै डाँड़ी लागी हो।—कबीर श०, भा० ३, पृ० ५१।

पालल—वि० [सं०] तिल के चूर्ण से बना हुआ [को०]।

पालवंश—सज्ञा पुं० [सं०] बगाल का एक प्रसिद्ध राजवश जिसने साढ़े तीन सौ वर्ष तक मगध और बग देश पर राज्य किया था।

विशेष—इस वश के सस्थापक गोपाल थे जो सन् ७७५ ई० से लेकर ७८५ ई० तक रहे। अतिम राजा गोविंद पाल थे जिन्होने सन् ११४० ई० से लेकर ११६१ ई० तक राज्य किया। एक ताम्रपत्र में लिखा है कि पाल राजा मिहिर या सूर्यवशी क्षत्रिय थे। डा० हार्नले का मत है कि पाल वंश के राजा बौद्ध थे।

पालव—सज्ञा पुं० [स० **पल्लव**] १ पल्लव। पत्ता। २ कोमल पत्ता।

पालवणीⓊ—सज्ञा पुं० [डिं०] एक प्रकार का डिंगलगी। उ०—चार पदा द्वाला चवाँ, मोहरा चार मिलाण। लघु गुरु नेम न ल्याइये, पालवणी परमाण।—रघु० रू०, पृ० १६५।

पाला[1]—सज्ञा पुं० [स० **प्रालेय**] १. हवा मे मिली हुई भाप के अत्यत सूक्ष्म अणुओ की तह जो पृथ्वी के बहुत ठढा हो जाने पर उसपर सफेद सफेद जम जाती है। हिम। उ०—जल तें पाला, पाला तें जल, आतम परमातम इकलास।—सुंदर० ग्र०, भा० १, पृ० १५६।

क्रि० प्र०—गिरना।—पड़ना।

मुहा०—**पाला पड़ना** = दे० 'पाला मार जाना'। **पाला मार जाना** = पौधे या फसल का पाला गिरने से नष्ट हो जाना। **पाला मारना** = दे० 'पाला मार जाना'।

२ हिम। ठढ से ठोस जमा हुआ पानी। बर्फ। ३ ठढ। सरदी। शीत।

पाला[2]—सज्ञा पुं० [हिं० **पल्ला**] सबध का अवसर। लगाव का मौका। व्यवहार करने का सयोग। वास्ता। साबिका।

विशेष—यह शब्द केवल 'पडना' के साथ मुहा० के रूप में आता है। जैसे,—खूबो को जानता था गरमी करेंगे मुझसे। दिल सर्द हो गया है जब से पडा है पाला।—कविता को०, भा० ४, पृ० ६।

मुहा०—(किसी से) **पाला पडना** = व्यवहार करने का सयोग होना। वास्ता पडना। काम पडना। जैसे,—बड़े भारी दुष्ट से पाला पडा है। (किसी के) **पाले पड़ना** = वश मे होना। काबू में आना। पकड मे आना। उ०—(क) परेहु कठिन रावण के पाले।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जो सदा मारते रहे पाला। वे पड़े टालटूल के पाले।—चुभते०, पृ० २५।

पाला[3]—सज्ञा पुं० [सं० **पल्लव, हिं० पालो**] झडबेरी की पत्तियाँ जो राजपूताने आदि मे चारे के काम में आती हैं।

पाला[4]—सज्ञा पुं० [सं० **पट्ट हिं० पाढ़ा**] १ प्रधान स्थान। पीठ। सदर मुकाम। २ सीमा निर्दिष्ट करने के लिये मिट्टी का उठाया हुआ मेड या छोटा भीटा। घुस। ३ कबड्डी के खेल में हद के निशान के लिये उठाया हुआ मिट्टी का घुस या खींची हुई लकीर।

मुहा०—**पाला मारना** = कबड्डी के खेल में सभी प्रतिपक्षियो को हराना। उ०—जो सदा मारते रहे पाला। वे पड़े टालटूल के पाखे।—चुभते०, पृ० १५१।

४ अनाज भरने का बडा बरतन जो प्रायः कच्ची मिट्टी का गोल दीवार के रूप में होता है। डेहरी। ५. अखाड़ा। कुश्ती

लडने या कसरत करने की जगह। ६ दस पाँच आदमियो के उठने बैठने की जगह।

पाला[५]—सज्ञा पुं० [स० पालक, प्रा० पालय, हिं० पालना] दे० 'पालक'। उ०—पुहविए पाला आवन्ता।—कीर्ति०, पृ० ४६।

पालागन—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँय+लगना] प्रणाम। दडवत। नमस्कार।

विशेष—प्रणाम करने मे, विशेषत ब्राह्मणों को, इस शब्द का मुँह से उच्चारण भी किया जाता है, जैसे, पडित जी पालागन।

पालागल—सज्ञा पुं० [सं०] हरकारा। संवादवाहक [को०]।

पालागली—सज्ञा स्त्री० [स०] राजा की चौथी और सबसे कम आदर पानेवाली पत्नी [को०]।

पालान[५]—सज्ञा पुं० [सं० पर्याण, प्रा० पल्लाण] दे० 'पलान'। उ०—ज्ञान रग पालान, सुरति की काठी हो।—घरनी०, पृ० ४४।

पालाश—सज्ञा पुं० [स०] १ तमालपत्र। तेजपत्ता। २ हरा रंग। हरित वर्ण [को०]।

पालाश—वि० १ पलाश से सबधित। २ पलाश की लकडी का बना हुआ। ३. हरे रग का [को०]।

पालाशखड—सज्ञा पुं० [सं० पालाशखण्ड] मगध देश [को०]।

पालाशि—सज्ञा पुं० [स०] एक ऋषि जो पलाश गोत्र के प्रवर्तक थे [को०]।

पालिंद—सज्ञा पुं० [सं० पालिन्द] कुँदुरु नामक सुगध द्रव्य।

पालिंदी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सरिवन। सालसा। २ काला निसोथ। कृष्ण निसोथ।

पालिंधी—सज्ञा स्त्री० [सं० पालिन्धी] दे० 'पालिंदी'।

पालि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. कर्णलताग्र। कान की लौ। कान के पुट के नीचे का मुलायम चमडा।

विशेष—पुट के जिस निचले भाग में छेद करके बालियाँ आदि पहनी जाती है उसे पालि कहते हैं। इस स्थान पर कई प्रकार के रोग हो जाते हैं, जैसे, उत्पाटक जिसमे चिरचिराहट होती है, कडु जिसमे खुजली होती है, ग्रथिक जिसमे जगह जगह गाँठें सी पड़ जाती हैं, श्याव जिसमें चमडा काला हो जाता है, स्नावी जिसमें बराबर खुजली होती और पनछा बहा करता है, आदि।

२ कोना। ३ पक्ति। श्रेणी। कतार। ४ किनारा। ५ सीमा। हद। ६ मेड। बाँध। उ०—ढाढी एक सँदेसडउ ढोलइ लागि लइ जाइ। जोवण फट्टि तलावडी, पालि न बधउ काँई।—ढोला०, दू० १२२। ७ पुल। करारा। कगार। भीटा। उ०—खेलत मानसरोदक गई। जाइ पालि पर ठाढी भई।—जायसी (शब्द०)। ८. देग। बटलोई। ९. एक तौल जो एक प्रस्थ के बराबर होती थी। १० वह बँधा हुआ भोजन जो छात्र या ब्रह्मचारी को गुरुकुल में मिलता था। ११. अक। गोद। उत्सग। १२. परिधि। १३. जूँ या चीलर। १४. स्त्री जिसकी दाढी में बाल हो। १५ अक। चिह्न। १६ सस्तवन। प्रशसन (को०)। १७ श्रोणी। नितब (को०)। १८ लबा तालाब (को०)।

पालिक—सज्ञा पु० [सं० पल्यङ्क] १ पलँग। चारपाई। २ पालकी।

पालिका[१]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. पालन करनेवाली। २. कान का वह नीचे का भाग जो अत्यत कोमल होता है (को०)। ३ तलवार या किसी अन्य शस्त्र का पैना किनारा (को०)। ४ छूरी। छोटा चाकू (को०)। ५ स्थाली या पात्र (को०)।

पालिका[२]—वि० स्त्री० पालन करनेवाली। रक्षिका।

पालिज्वर—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का ज्वर [को०]।

पालिटिक्स—सज्ञा पुं० [अ०] १. नीति शास्त्र का वह अग राष्ट्र या राज्य की शाति, सुव्यवस्था और सुखसमृद्धि के लिये नियम, कायदे और शासनविधियाँ हो। राजनीति शास्त्र। २. वे बातें जिनका राजनीति से संबध हो। ३ अधिकारप्राप्ति के लिये राजनीतिक दलों की प्रतिद्वद्विता।

पालित[१]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पालिता] १ पाला हुआ पोसा हुआ। २ रक्षित।

पालित[२]—सज्ञा पुं० सिहोर का वृक्ष [को०]।

पालिता मदार—सज्ञा पुं० [सं० पालित+मदार] एक छोटा पेड जिसकी शाखाओ और टहनियो मे काले रग के काँटे होते हैं।

विशेष—कुछ लोग इसी पेड को मंदार कहते हैं। इसकी पत्तियाँ एक सींके के दोनो ओर लगती हैं और तीन तीन एक साथ रहती हैं। फूल के दल छोटे बडे और क्रमविहीन होते हैं। यह पेड बंगाल में समुद्रतट के पास होता है। मदरास बरमा में भी इसकी कई जातियाँ होती हैं। इसे बाड भाँति लगाते हैं।

पालित्य—सज्ञा पुं० [सं०] वृद्धावस्था के कारण बालो मे सफेदी आ जाना। बुजुर्गी [को०]।

पालिधा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पारिभद्र वृक्ष। फरहद का पेड।

पालिनी—वि० स्त्री० [सं०] पालन करनेवाली। रक्षा करनेवाली

पालिभंग—सज्ञा पु० [सं० पालिभङ्ग] बाँध या सेतु का टूटना [को०

पालिश—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ चिकनाई और चमक। ओप। रोगन या मसाला जिसके लगाने से चिकनाई और चमक आ जाय।

मुहा०—**पालिश करना** = रोगन या मसाला रगडकर चमकाना। रोगन से चिकना और साफ करना। जैसे,—जूते पर पालिश कर दो। **पालिश होना** = रोगन से चिकना और चमकदार किया जाना। **पालिश देना** = दे० 'पालिश करना'।

पालिसी—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ नीति। कार्यसाधन का ढग। उ०—हैं! हमारी पालिसी के विरुद्ध उद्योग करते हैं, यह।—भारतेंदु ग्र०, भाग १, पृ० ४७४। २ वह प्रमाण प्रतिज्ञापत्र जो बीमा करनेवाली कपनी की ओर से दि

करानेवाले को मिलती है, जिसमे लिखा रहता है कि अमुक अवधि पूरी होने या बीच मे अमुक दुर्घटना सघटित होने पर बीमा करानेवाले या उसके उत्तराधिकारी को इतना रुपया मिलेगा। दे० 'बीमा'।

यौ०—पालिसी होल्डर।

पालिसी होल्डर—सज्ञा पुं० [अं०] वह जिसके पास किसी बीमा कपनी की पालिसी हो। बीमा करानेवाला।

पाली[1]—वि० [सं० पालिन्] [वि० स्त्री० पालिनी] १ पालन करनेवाला। पोषण करनेवाला। २ रखनेवाला। रक्षा करनेवाला।

पाली[2]—सज्ञा पुं० पृथु के पुत्र का नाम। (हरिवश)।

पाली[3]—सज्ञा स्त्री० [सं० पल्लि (=विशिष्ट स्थान)] वह स्थान जहाँ तीतर, बुलबुल, बटेर आदि पक्षी लड़ाए जाते हैं।

पाली[4]—सज्ञा स्त्री० [सं० या स० पालि (=बरतन)] १ बरतन का ढक्कन। पारा। परई। २ दे० 'पालि'।

पाली[5]—सज्ञा स्त्री० [सं० पालि (=पक्ति)] एक प्राचीन भाषा जिसमे बौद्धो के धर्मग्रथ लिखे हुए हैं और जिसका पठन पाठन स्याम, बरमा, सिंहल आदि देशो में उसी प्रकार होता है जिस प्रकार भारतवर्ष मे सस्कृत का।

विशेष—बौद्ध धर्म के अभ्युदय के समय में इस भाषा का प्रचार बाहीक (बलख) से लेकर स्याम देश तक और उत्तर भारत से लेकर सिंहल तक हो गया था। कहते हैं, बुद्ध भगवान् ने इसी भाषा मे धर्मोपदेश किया था। बौद्ध धर्मग्रथ त्रिपिटक इसी भाषा मे हैं। पाली का सबसे पुराना व्याकरण कच्चायन (कात्यायन) का मुखशिखर है। ये कात्यायन कब हुए थे ठीक पता नहीं। सिंहल आदि के बौद्धो मे यह प्रसिद्ध है कि कात्यायन बुद्ध भगवान् के शिष्यो मे से थे और बुद्ध भगवान् ने ही उनसे उस भाषा का व्याकरण रचने के लिये कहा था जिसमें भगवान् के उपदेश होते थे। पर कात्यायन के व्याकरण में ही एक स्थान पर सिंहल द्वीप के राजा तिष्य का नाम आया है जो ईसा से ३०७ वर्ष पहले राज्य करता था। इस बाधा का उत्तर लोग यह देते हैं कि पाली भाषा का अध्ययन बहुत दिनों तक गुरु शिष्य परपरानुसार ही होता आया था। इससे सभव है कि 'तिष्य' वाला उदाहरण पीछे से किसी ने दे दिया हो। बुद्ध लोग अरुचि को, जिनका नाम कात्यायन भी था, पाली व्याकरणकार कात्यायन समझते हैं, पर यह भ्रम है।

कात्यायन ने अपने व्याकरण में पाली को मागधी और मूल भाषा कहा है। पर बहुत से लोगो ने मागधी से पाली को भिन्न माना है। बुद्ध पाली अलकारो ने तो यहाँ तक कहा है कि पाली बुद्धो, बोधिसत्वो और देवताओ की भाषा है और मागधी मनुष्यो की। बात यह मालूम होती है कि मागधी शब्द का व्यवहार मागधी प्राकृत के लिये बहुत पीछे तक बराबर होता रहा है। जैसे साहित्यदर्पणकार ने नाटकों के लिये यह नियम किया है कि अत पुरचारी लोग मागधी में बातचीत करते दिखाए जायँ और चेट, राजपुत्र तथा वणिक् लोग अर्धमागधी मे। पर पाली भाषा एक विशेष प्राचीनतर काल की मागधी का नाम है, जिसे व्याकरणबद्ध करके कात्यायन आदि ने उसी प्रकार अचल और स्थिर कर दिया जिस प्रकार पाणिनि आदि ने सस्कृत को। इससे परवर्ती काल के पढे लिखे बौद्ध भी उसी प्राचीन मागधी का व्यवहार अपनी शास्त्रचर्चा में बराबर करते रहे।

'पाली' शब्द कहाँ से आया इसका सतोषप्रद उत्तर कहीं से नहीं प्राप्त होता है। लोगो ने अनेक प्रकार की कल्पनाएँ की हैं। कुछ लोग उसे स० पल्लि (=वस्ती, नगर) से निकालते हैं, कुछ लोग कहते है, 'पालाश' से, जो मगध का एक नाम है, पाली बना है। कुछ महात्मा पल्लवी तक जा पहुँचे हैं। पटने का प्राचीन नाम पाटलिपुत्र था इससे कुछ लोगो का अनुमान है कि पाटलि की भाषा ही पाली कहलाने लगी। पर सबसे ठीक अनुमान यह जान पडता है कि 'पाली' शब्द का प्रयोग पक्ति के अर्थ में था। अब भी संस्कृत के छात्र और अध्यापक किसी ग्रथ में आए हुए वाक्य को 'पक्ति' कहते हैं, जैसे, यह पक्ति नही लगती है। मागधी का बुद्ध के समय का रूप बौद्धशास्त्रो में लिपिबद्ध हो जाने के कारण पाली (स० पालि=पक्ति) कहलाने लगी। हीनयान शाखा मे तो पाली का प्रचार बराबर एक सा चलता रहा, पर महायान शाखा के बौद्धो ने अपने ग्रथ सस्कृत मे कर लिए।

पाली[6]—सज्ञा स्त्री० [स० पल्यङ्क] पालकी। उ०—होउ बाध्यउ पाटकी। पालीय परगह अत न पार।—बी० रासो, पृ० १३।

पाली[7]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पारी] पारी। बारी।

पालीवत—सज्ञा पुं० [देश० या स०] एक पेड का नाम।

विशेष—बृहत्सहिता मे द्राक्षा, बिजौरा आदि काडरोप्य (=जिसकी डाल लगाने से लग जाय) पेडो में इसका नाम आया है।

पालीवाल—सज्ञा पुं० [?] मारवाडी ब्राह्मणो का एक वर्ग।

पालीशोप—सज्ञा पुं० [स०] कान का एक रोग।

पालू—वि० [हिं० पालना] पाला हुआ। पालतू।

पाले—सज्ञा पु० [हिं० पल्ला] दे० 'पाला'।

पालो[1]—सज्ञा पुं० [सं० पालि ?] पाँच रुपए भर का बाट या तौल। (सुनार)।

पालो[2]†—क्रि० वि० [सं० पदाति ?] पैदल। उ०—पहुँचावण डेरा लग पालो सगलानू सनमानियाँ। पाणा जोड किया भूपत गूँ जाजा राजी जानिया।—रघु० रू०, पृ० ८७।

पाल्य—वि० [स०] पालन के योग्य।

पाल्लवा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक खेल जो पल्लवो या टहनियों से खेला जाता है (को०)।

पाल्लविक—वि० [सं०] १. फैलनेवाला। विस्तृत होनेवाला। २ असबद्ध। असगत (को०)।

पाल्वल[1]—वि० [सं०] १. तलैया या गड्ढा सबधी। तलैया सबधी। २ तलैया में होनेवाला। तलैया का।

पाल्वल[2]—सज्ञा पुं० क्षुद्र जलाशय का जल। तलैया का पानी।

पाल्हवनाⓊ†—[स० पल्लवित] पल्लवित होना। पत्तो से युक्त होना। हरा होना। उ०—सखी सु सज्जण आविया हूँता मुभझ हियाह। सूका था सू पाल्हव्या पाल्हविया फलियाह।—ढोला०, दू० ५३३।

पावँ—सज्ञा पुं० [स० पाद] पैर। दे० 'पाँव'।

पावँड़—सज्ञा पुं० [हिं० पाँव+ड़ा (प्रत्य०)] वह कपडा या बिछौना जो आदर के लिये किसी के मार्ग मे बिछाया जाता है। पैर रखने के लिये फैलाया हुआ कपडा। पायंदाज। उ०—(क) देत पावँडे अरघ सुहाए। सादर जनक मडपहि लाए।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पौरि के दुवारे ते लगाय केलिमदिर लौं पदमिनि पावँडे पसारे मखमल के।—(शब्द०)।

क्रि० प्र०—डालना।—देना।—पसारना।—बिछाना।

पावँड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पावँ+ड़ी (प्रत्य०)] १ पादत्राण। खडाऊँ। २ जूता। उ०—सपनेहु में वर्राय के जो रे कहेगा राम। वाके पग की पावँडी मेरे तन को चाम।—कबीर (शब्द०)। ३ गोटा पट्टा बुननेवालो का एक औजार जिसे बुनते समय पैरो से दबाना पडता है और जिसमे ताने का बादला नीचे ऊपर होता है।

विशेष—यह काठ का पहरा सा होता है जिसमें दो खूटियाँ लगी रहती हैं। इन दोनो खूँटियो के बीच लोहे की एक छड लगी रहती है जिसमें एक एक बालिश्त लबी, नुकीले सिरे की ५—६ लकडियाँ लगी रहती है। बादला बुनने में यह प्राय वही काम देता है जो करघे में राछ देती है।

पावँरⓊ[1]—वि० [सं० पामर] १ तुच्छ। खल। नीच। दुष्ट। २ मूर्ख। निर्बुद्धि। उ०—(क) तुम त्रिभुवन गुरु वेद बखाना। आन जीव पावँर का जाना।—तुलसी (शब्द०)। (ख) छूँछो मसक पवन पानी ज्यो तैसोई जन्म विकारी हो। पाखँड धर्म करत है पावँर नाहिन चलत तुम्हारी हो।—सूर (शब्द०)।

पावँर†[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पावँ] दे० 'पावँडा'। उ०—कुडल गहे सीस भुइ लावा। पावँर होउँ जहाँ देइ पावा।—जायसी (शब्द०)।

पावँर[3]—सज्ञा स्त्री० दे० 'पाँवँडी'।

पावँरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पावँ+री (प्रत्य०)] दे० 'पावँडी'।

पाव[1]—सज्ञा पुं० [स० पाद (=चतुर्थांश)] १ चौथाई। चतुर्थ भाग। जैसे, पाव घटा, पाव कोस, पाव सेर, पाव आना। २ एक सेर का चौथाई भाग। एक तौल जो सेर की चौथाई होती है। चार छटाँक का मान। जैसे, पाव भर आटा। ३ पैर। उ०—कियौ कान्ह पै घाव पाव ठहरन नही पाए—ब्रज० ग्र०, प० १४।

पाव[2]—सज्ञा पुं० [सं० पाव या सं० आवय०, दे० प्रा० पावय; गुज० पावो] एक वाद्य। वशी। अलगोजा।

पावक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. अग्नि। आग। तेज। ताप।

विशेष—महाभारत वन पर्व में लिखा है कि २७ पावक ऋषि ब्रह्मा के अग से उत्पन्न हुए जिनके नाम ये हैं—अगिरा, दक्षिण, गार्हपत्य, आहवनीय, निर्मथ्य, विद्युत्, शूर, संवर्त, लौकिक, जाठर, विषग, क्रव्य, क्षेमवान्, वैष्णव, दस्युमान्, वलद, शात, पुष्ट, विभावसु, ज्योतिष्मान, भरत, भद्र, स्विष्टकृत्, वसुमान्, ऋतु, सोम और पितृमान्। क्रियाभेद से अग्नि के ये भिन्न भिन्न नाम हैं।

२ सदाचार। ३ अग्निमथ वृक्ष। अगेथू का पेड। ४ चित्रक वृक्ष। चीते का पेड। भल्लातक। भिलावाँ। ६ विडग। वायविडग। ७ कुसुम। ८ वरुण। ९ सूर्य। १० सत। तपस्वी (को०)। ११ विद्युत् की ज्वाला। बिजली की अग्नि (को०)। १२ तीन की सख्या क्योंकि कर्मकाड मे तीन अग्नि प्रधान कहे गए हैं (को०)।

यौ०—पावककण = अग्निकण। अग्निस्फुलिंग। उ०—गा, कोकिल, बरसा पावक कण।—युगात, पृ० ३। पावकमणि। पावकशिख = केसर।

पावक[2]—वि० शुद्ध करनेवाला। पावन करनेवाला। पवित्र करनेवाला।

पावकमणि—सज्ञा पुं० [स०] १ सूर्यकात मणि। २ आतशी शीशा।

पावकी—सज्ञा स्त्री० [स०] सरस्वती (वेद)।

पावकात्मज—सज्ञा पुं० [सं०] १ कार्तिकेय। २. इक्ष्वाकुवशीय दुर्योधन की कन्या सुदर्शना का पुत्र।

पावकि—सज्ञा पुं० [स०] १ पावक का पुत्र। कार्तिकेय। २ इक्ष्वाकुवशीय दुर्योधन की कन्या सुदर्शना का पुत्र सुदर्शन।

विशेष—मनु के पुत्र इक्ष्वाकुवशीय सुदुर्जय के दुर्योधन नाम का एक पुत्र हुआ जिसे सुदर्शना नाम की एक कन्या थी। उसके रूप लावण्य पर मुग्ध होकर पावक या अग्निदेव रूप बदलकर दुर्योधन के यहाँ आए और उन्होने कन्या के लिये प्रार्थना की। दुर्योधन सम्मत न हुए। पावक देवता निराश होकर चले गए। एक बार राजा ने यज्ञ किया। यज्ञ में अग्नि ही प्रज्वलित न हुई। राजा और ऋत्विक लोगो ने अग्नि की बहुत उपासना की। पावक ने प्रकट होकर फिर कन्या माँगी दुर्योधन ने कन्या का विवाह उनके साथ कर दिया। अग्नि देवता उस कन्या के साथ मूर्ति धारण कर माहिष्मती पुरी रहने लगे। पावक से जो पुत्र सुदर्शना को हुआ उसका नाम सुदर्शन पडा। वह बडा धर्मात्मा और ज्ञानी था।

पावकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ अग्नि की स्त्री। २ पावका सरस्वती [को०]।

पावकुलक—सज्ञा पुं० [सं० पादाकुलक] पादाकुलक छद। चौपाई।

पावट†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पायल] पैर का एक आभूषण। पायल नूपुर। उ०—जघ केदली पगु में पावट झमकि झमकि ललचावै। कहे दरिया कोइ सत विवेकी वाके निकट जावै।—स० दरिया, पृ० १३६।

पावडी†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पावँडी'। उ०—आयो भरथ अवध अभग, मडे पावडी उतमग।—रघु० रू०, पृ० १२२।

निर्वाण के पीछे पावा के लोगों को भी बुद्ध के शरीर का कुछ अश मिला था जिसके ऊपर उन्होने एक स्तूप उठाया। यह गाँव अब भी इसी नाम से जाना जाता है और गोरखपुर जिले मे गडक नदी से ६ कोस पर है। गोरखपुर से यह बीस कोस उत्तरपश्चिम पडता है।

पावासरए†—सज्ञा पु० [?] मानसरोवर। उ०—मोताहल हंसाँ मिलै, पावासर रै पास।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ४८।

पावो—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मैना।

विशेष—इसकी लंबाई १७-१८ अगुल होती है। यह ऋतु के अनुसार रग बदला करती है और पजाब के अतिरिक्त सारे भारत मे पाई जाती है। यह प्राय ४ या ५ अडे देती है।

पाश—सज्ञा पुं० [स०] १ रस्सी तार, तांत, आदि के कई प्रकार के फेरो और सरकनेवाली गाँठो आदि के द्वारा बनाया हुआ घेरा जिसके बीच में पडने से जीव बँध जाता है और कभी कभी बधन के अधिक कसकर बैठ जाने से मर भी जाता है। फदा। फाँस। बधन। जाल।

विशेष—*प्राचीन काल मे पाश का व्यवहार युद्ध में होता था* और अनेक प्रकार का बनता था। इसे शत्रु के ऊपर डालकर उसे बाँधते या अपनी ओर खीचते थे। अग्निपुराण मे लिखा है *कि पाश दस हाथ का होना चाहिए, गोल होना चाहिए।* उसकी डोरी सूत, सन, मूँज, तांत, चमडे आदि की हो। तीस रस्सियाँ होनी चाहिए इत्यादि'। वैशपायनीय धनुर्वेद में जिस प्रकार के पाश का उल्लेख है वह गला कसकर मारने के लिये उपयुक्त प्रतीत होता है। उसमे लिखा है कि पाश के अवयव सूक्ष्म लोहे के त्रिकोण हो, परिधि पर सीसे की गोलियाँ लगी हों। युद्ध के अतिरिक्त अपराधियो को प्राणदड देने मे भी पाश का व्यवहार होता था, जैसे आजकल भी फाँसी मे होता है। पाश द्वारा वध करनेवाले चाडाल 'पाशी' कहलाते थे जिनकी सतान आजकल उत्तरीय भारत में पासी कहलाती हैं।

२ पशु पक्षियो को फँसाने का जाल या फदा।

विशेष—जिस प्रकार किसी शब्द के आगे 'जाल' शब्द रखकर समूह का अर्थ निकालते हैं उसी प्रकार सूत के आकार की वस्तुओं के सूचक शब्दो के आगे 'पाश' शब्द रहने से समूह का अर्थ लेते हैं, जैसे—केशपाश। कर्ण के आगे पाश शब्द से उत्तम समझा जाता है। जैसे, कर्णपाश अर्थात् सुदर कान।

३ बधन। फँसानेवाली वस्तु। उ०—प्रभु हो मोह पाश क्यो छूटै।—तुलसी (शब्द०)।

विशेष—शैव दर्शन से छह पदार्थ कहे गए गए हैं—पति, विद्या, अविद्या, पशु, पाश और कारण। पाश चार प्रकार के कहे गए हैं—मल, कर्म, माया, और रोध शक्ति। (सर्वदर्शन-सग्रह)। कुलार्णव तत्र में 'पाश' इतने बतलाए गए हैं—घृणा, शका, भय, लज्जा, जुगुप्सा, कुल, शील और जाति। मतलब यह कि तांत्रिको को इन सबका त्याग करना चाहिए।

४ फलित ज्योतिष में एक योग जो उस समय माना जाता है जब सब राशि ग्रहपचक मे रहती है।

पाशकठ—वि० [सं० पाशकण्ठ] जिसके गले मे फदा हो [को०]।

पाशक—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का खेल या जुआ। पासा। चौपड। २ पाश। फदा। बंधन।

पाशकपीठ—सज्ञा पुं० [स०] १ जूआ खेलने का स्थान। २ चौपड खेलने की बिसात [को०]।

पाशकेरली—सज्ञा पुं० [सं० पाश+केरल (देश)] ज्योतिष की एक गणना जो पासे फेंककर की जाती है। यूनान, फारस आदि पश्चिमी देशो मे पुराने समय में इसका बहुत प्रचार था। वही से शायद दक्षिण भारत के केरल प्रदेश मे यह विद्या आई हो।

पाशक्रीड़ा—सज्ञा स्त्री० [स०] पासे का खेल। जुआ [को०]।

पाशजाल—सज्ञा पुं० [सं०] दृश्यमान जगत्। ससार [को०]।

पाशधर—सज्ञा पुं० [स०] वरुण देवता (जिनका अस्त्र पाश है)।

पाशन—सज्ञा पुं० [स०] १ फदा। जाल। २ पाश से बाँधना। जाल मे फँसाना [को०]।

पाशपाणि—सज्ञा पुं० [सं०] वरुण देवता (जिनका अस्त्र पाश) है।

पाशपाश—वि० [फा०] चूर चूर। टुकडे टुकडे [को०]।

पाशबंध—सज्ञा पुं० [सं० पाशबन्ध] फदा। घेरा। फाँस [को०]।

पाशबधक—सज्ञा पुं० [स० पाशबन्धक] चिडीमार। बहेलिया [को०]।

पाशबधन—सज्ञा पुं० [सं० पाशबन्धन] जाल [को०]।

पाशबद्ध—वि० [सं०] फदे में पडा हुआ। जाल में फँसा हुआ [को०]।

पाशभृत—सज्ञा पुं० [सं०] १ वरुण। २. वह व्यक्ति जो लिए हुए हो [को०]।

पाशमुद्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] तात्रिकों की एक मुद्रा जो दाहिने और बाएँ हाथ की तर्जनी को मिलाकर प्रत्येक के सिरे अँगूठा रखने से बनती है।

पाशरज्जु—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बाँधने की रस्सी। २ शृंखला बेडी (को०)।

पाशव[1]—वि० [स०] १. पशु सबधी। पशुओ का। उ०—क्या दु दूर कर दे बधन, यह पाशव पाश और क्रदन।—बेला, पृ ४६। २ पशुओ का जैसा। जैसे, पाशव व्यवहार।

पाशव[2]—सज्ञा पुं० [सं०] पशुओ का झुड [को०]।

पाशवता—सज्ञा स्त्री० [सं० पाशव+ता (प्रत्य०)] पशुता। उ० निर्बलता का साथ छोड दो। पाशवता का पाश तोड दो ग्रामिका, पृ० १२२।

पाशवपालन—सज्ञा पु० [सं०] १ चरागाह। पशुओ के घास चर का मैदान। २. चारा। घास [को०]।

अतीसार, मट्ठे और सेंधा नमक के साथ ग्रहणी इत्यादि रोग दूर होते हैं।

पाशुपतास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] शिव का शूलास्त्र जो बडा प्रचड था। अर्जुन ने बहुत तप करके इसे प्राप्त किया था।

पाशुपाल्य—सज्ञा पुं० [सं०] पशुओ को पालना। पशु पालने का व्यवसाय [को०]।

पाशुबधक—सज्ञा पुं० [सं० **पाशुबन्धक**] वह स्थान जहाँ यज्ञ का बलिपशु बाँधा जाता है।

पाशुबधका—सज्ञा स्त्री० [स० **पाशुबन्धका**] बलि का स्थान। बलि करने की वेदी [को०]।

पाश्चात्य[1]—वि० [सं] १ पीछे का। पिछला। २ पीछे होनेवाला। ३. पश्चिम दिशा का। पश्चिम मे रहनेवाला। पश्चिम सबधी।

पाश्चात्य[2]—सज्ञा पुं० पिछला भाग। बाद का अश [को०]।

पाश्चिमोत्तर—वि० [सं० **पश्चिमोत्तर**] पश्चिम और उत्तर के कोण का। वायुकोण का।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४२।

पाश्या—सज्ञा स्त्री० [स०] जाल। पाश [को०]।

पाषड[1]—सज्ञा पुं० [स० **पाखण्ड या पाषण्ड**] १ वेद का मार्ग छोडकर अन्य मत ग्रहण करनेवाला। वेदविरुद्ध आचरण करनेवाला। झूठा मत माननेवाला। मिथ्याधर्मी।

विशेष—बौद्धो और जैनो के लिये प्राय इस शब्द का व्यवहार हुआ है। कौलिक आदि भी इस नाम से पुकारे गए हैं। पुराणो में लिखा गया है कि पाषड लोग अनेक प्रकार के वेश बनाकर इधर उधर घूमा करते हैं। पद्मपुराण में लिखा गया है कि 'पाषडो का साथ छोडना चाहिए और भले लोगो का साथ सदा करना चाहिए'। मनु ने भी लिखा है कि 'कितव, जुआरी, नटवृत्तिजीवी, क्रूरचेष्ट और पाषड इनको राज्य से निकाल देना चाहिए। ये राज्य में रहकर भलेमानुसों को कष्ट दिया करते हैं।'

२ झूठा आडबर खडा करनेवाला। लोगों को ठगने और धोखा देने के लिये साधुओ का सा रूप रग बनानेवाला। धर्मध्वजी। ढोगी आदमी। कपटवेशधारी। ३ सप्रदाय। मत। पथ।

विशेष—अशोक के शिलालेखो मे इस शब्द का व्यवहार इसी अर्थ में प्रतीत होता है। यह अर्थ प्राचीन जान पडता है, पीछे इस शब्द को बुरे अर्थ मे लेने लगे। 'पाषड' का विशेषण 'पाषडी' बनता है। इससे इसका सप्रदायवाचक होना सिद्ध होता है। नए नए सप्रदायों के खडे होने पर शुद्ध वैदिक लोग साप्रदायिको को तुच्छ दृष्टि से देखते थे।

पाषंड[2]—वि० दे० 'पाखड'।

पाषडक—वि० [स० **पाषण्डक**] पाषडी [को०]।

पाषडिक—वि० [सं० **पाषण्डिक**] पाषडी [को०]।

पाषंडी—वि० [सं० **पाषण्डिन्**] १. पाषड। वेदाचार परित्यागी। वेदविरुद्ध मत और आचरण ग्रहण करनेवाला। झूठा मत माननेवाला।

विशेष—मनुस्मृति में लिखा है कि पाषडो, विकर्मस्थ (निषिद्ध कर्म से जीविका करनेवाला), वैडालव्रतिक, हेतुवाद द्वारा वेदादि का खडन करनेवाले, बकव्रती यदि अतिथि होकर आवें तो वाणी से भी उनका सत्कार न करे। अवैदिक लिंगी (वेदविरुद्ध साप्रदायिक चिह्न धारण करनेवाले) आदि को पाषडी कहने में तो स्मृति पुराण आदि एकमत हैं, पर पद्मपुराण आदि घोर साप्रदायिक पुराणो मे कहीं शैव और कही वैष्णव भी पाषंडी कहे गए है। जैसे पद्मपुराण मे लिखा है कि 'जो कपाल भस्म और अस्थि धारण करें, जो शख, चक्र, ऊर्ध्वपुड्रादि न धारण करें, जो नारायण को शिव और ब्रह्मा के ही बराबर समझें ..वे सब पाषडी हैं'। दे० 'पाषड'।

२ वेश बनाकर लोगों को धोखा देने और ठगनेवाला। धर्म आदि का झूठा आडबर खडा करनेवाला। ढोगी। धूर्त।

पापक—सज्ञा पु० [सं०] पैर मे पहनने का एक गहना।

पाषरⓅ—सज्ञा स्त्री० [सं० **प्रस्तर**, प्रा० **प्रक्खर**] दे० 'पाखर'। उ० टाटर पाषर सजति कियो राव। धार नगरी राजा ।२२ व। जाई।—बी० रासो०, पृ० १३।

पाषाण—सज्ञा पु० [सं०] १. पत्थर। प्रस्तर। शिला। २. और नीलम का एक दोष।—रत्नपरीक्षा (शब्द०)। ३ गधक।

पाषाणकाल—सज्ञा पु० [स० **पाषाण + काल**] ऐतिहासिक मे वह काल या समय जब लोगो ने पत्थर की वस्तुएँ व सीखा।

पाषाणगर्दभ—सज्ञा पुं० [स०] हनुसधिजात नामक एक क्षुद्र रोग दाढ सूजने का रोग।

पाषाणगैरिक—सज्ञा पुं० [सं०] गेरू। गिरिमाटी।

पाषाणचतुर्दशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] अग्रहायण शुक्ला चतुर्दशी अगहन सुदी चौदस।—तिथितत्व (शब्द०)।

विशेष—इस तिथि को स्त्रियाँ गौरी का पूजन करके रात पाषाण (पत्थर के ढोको) के आकार की बडियाँ बन खाती हैं।

पाषाणदारक—सज्ञा पुं० [सं०] प्रस्तर काटने का औजार। काटने की छेनी [को०]।

पाषाणभेद—सज्ञा पुं० [सं०] एक पौधा जो अपनी पत्तियो सुदरता के लिये बगीचे में लगाया जाता है। पथरचूर। पथरचट।

विशेष—वैद्यक में पखानभेद भारी, चिकना तथा मूत्रकृ पथरी, दाद, वात और अतीसार को दूर करनेवाला म जाता है।

पाषाणभेदक, पाषाणभेदन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पाषाणभेद'

पाषाणभेदी—सज्ञा पुं० [सं० **पाषाणभेदिन्**] पखानभद।

पास[७]—संज्ञा पुं० [सं० प्रास (=बिछाना, डालना)] आँवें के ऊपर उपले जमाने का काम।

पास[८]—संज्ञा पु० [देश०] भेड़ो के बाल कतरने की कैंची का दस्ता।

पास[९]—संज्ञा पुं० [फ़ा०] १. एक पहर का समय। पहर। २ निरीक्षण। निगरानी। हिफाजत। रक्षा। ३ लिहाज। शील सकोच [को०]।

यौ०—पासदार = (१) निरीक्षक। (२) पक्षपाती। तरफदार। पासदारी = (१) निरीक्षण। (२) पक्षपात। तरफदारी।

पासना—क्रि० अ० [स० पयस (=दूध)] इस अवस्था में होना कि थनो में दूध उतर आवे। थनो में दूध आना। जैसे,—भैंस देर मे पासती है (ग्वाले)।

पासनो—संज्ञा स्त्री० [स० प्राशन] अन्नप्राशन। बच्चे को पहले पहल अनाज चटाने की रीति। उ०—प्रगट पासनी मे छवि छाई। भुव भर सहित कृपान उठाई।—लाल (शब्द०)।

विशेष—अन्नप्राशन के दिन बालक के सामने अनेक वस्तुएँ रखकर शकुन देखते हैं कि किस वस्तु पर उसका पहले हाथ पड़ता है। उससे यह समझा जाता है कि वही उसकी जीविका होगी।

पासपोर्ट—संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का का अधिकारपत्र या परवाना जो, एक देश से दूसरे देश को जाते समय, सरकार से प्राप्त करना पड़ता है और जिससे एक देश का मनुष्य दूसरे देश मे सरक्षण प्राप्त कर सकता है। अधिकारपत्र। छूट-पत्र। पारपत्र।

विशेष—अनेक देशो मे ऐसा नियम है कि उन देशो की सरकारो से पासपोर्ट या अधिकारपत्र प्राप्त किए बिना कोई विदेश नही जाने पाता। पासपोर्ट देना या न देना सरकार की इच्छा पर निर्भर है। अवाछनीय व्यक्तियो या राजनीतिक सदिग्धो को पासपोर्ट नही मिलता, क्योकि इनमे अधिकारियो को आशका रहती है कि ये विदेशो मे जाकर सरकार के विरुद्ध काम करेंगे। हिंदुस्तान से बाहर जानेवालो को भी पासपोर्ट लेना आवश्यक होता है।

२ वह अधिकारपत्र या परवाना जो युद्ध के समय विरोधी देश के लोगो को अपने देश मे निरापद पहुँचने के लिये दिया जाता है। ३ बिना नियमित कर या महसूल के विदेश से माल मँगाने या भेजने का प्रमाणपत्र या लाइसेंस।

पासबंद—संज्ञा पु० [हिं० पास + फा० बंद] दरी बुनने के करघे की वह लकड़ी जिससे ये बँधी रहती है और जो नीचे ऊपर जाया करती है।

पासबाँ, पासबान[१]—वि० [फा०] रक्षा करनेवाला। रक्षक।

पासबान[२]—संज्ञा स्त्री० रखेली स्त्री। रखनी (राजपूताना)।

पासबानी—संज्ञा स्त्री० [फा०] निरीक्षण। देखभाल।

पासबुक—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ बैंक की वह पुस्तक जिसमें किसी प्रकार के लेनदेन का हिसाब किताब हो। २ वह बही या किताब जिसमें सौदागर उधार ली गई चीजो के नाम लिखकर खरीददार के पास दस्तखत कराने के लिये भेजता है। ३ वह किताब जिसमें किसी बैंक का हिसाब किताब रहता है।

पासमानⓤ—संज्ञा पुं० [हिं० पास + मान (प्रत्य०)] पास रहनेवाला दास। पार्श्ववर्ती। उ०—ताकी रानी नाम की रत्नावली प्रसिद्ध। पासमान ताकी रही गही भक्ति तजि सिद्ध।—रघुराज (शब्द०)।

पासरणाⓤ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] फैलना। छा जाना। प्रसरण। उ०—मगध धरा पासरणा कीजै।—रा० रू०, पृ० २७५।

पासवर्तीⓤ—वि० [स० पार्श्ववर्ती] दे० 'पार्श्ववर्ती'।

पासवानⓤ—संज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पासमान'।

पाससार—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पासासार'।

पासा—संज्ञा पुं० [सं० पाशक, प्रा० पासा] १. हाथीदाँत या हड्डी के उँगली के बराबर छह पहले टुकड़े जिनके पहलो पर बिंदियाँ बनी होती हैं और जिन्हें चौसर के खेलने मे खेलाड़ी बारी बारी फेंकते हैं। जिस बल ये पड़ते हैं उसी के अनुसार बिसात पर गोटियाँ चली जाती है और अंत मे हार जीत होती है। उ०—राजा करै सो न्याय। पासा पड़े सो दाँव (शब्द०)।

मुहा०—(किसी का) पासा पड़ना = (१) पासे का किसी के अनुकूल गिरना। जीत का दाँव पड़ना। (२) भाग्य अनुकूल होना। किसमत जोर करना। पासा पलटना = (१) जिसके अनुकूल पहले पासा गिरता रहा हो उसके प्रतिकूल गिरना। पासे का इस प्रकार पड़ने लगना कि हार होने लगे दाँव फिरना। (२) अच्छे से बद भाग्य होना। जमाना बदलना। दिन का फेर होना। (३) युक्ति या तदबीर का उलटा फल होना। पासा फेंकना = (१) अनुकूल या प्रतिकूल दाँव निश्चित करने के लिये पासे का गिराना भाग्य की परीक्षा करना। किस्मत आजमाना। ऐसे काम में हाथ डालना जिसका फल कुछ भी निश्चित न हो।

२. वह खेल जो पासो से खेला जाता है। चौसर का खेल विशेष—दे० 'चौसर'। ३ मोटी बत्ती के आकार मे ली हुई वस्तु। कामी। गुत्ती। जैसे सोने के पासे। ४ पीतल या काँसे का चौखूँटा लंबा ठप्पा जिससे छोटे छोटे गोल गहने होते हैं। घुँघरू या लोग घुंडी बनाने में सुनार सोने चाँदी के पत्तर को इसी पर रखकर ठोकते हैं जिससे वह कटोरी के आकार का गहरा हो जाता है (सुनार)।

पासानⓤ—संज्ञा पुं० [सं० पाषाण] दे० 'पाषाण'। उ०—पासान कुट्टिम भीति भीतर छूह ऊपर परिया।—कीर्ति०, पृ० २६

पासारⓤ—संज्ञा पुं० [सं० प्रसार] फैलाव। दे० 'पसार'। उ० वट के बीज जैसे आकार। पसरयो तीन लोक पासार —सत बाणी०, भा० २, पृ० ३५।

पासासार—संज्ञा पुं० [सं० पाशक हिं० पासा + सं० सारि = (गोटी), १ पासे की गोटी। २. पासे का खेल।

पासाहⓤ—संज्ञा पुं० [फ़ा० बादशाह] राजा। अधिपति। बादशाह

उ०—आप भया पासाह कौन के मुजरे जावै। —पलटू०, पृ० २३।

पासाही†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पातशाही'। उ०—निरगुन सरगुन दोउ न जाही। तेहि घर सत करै पासाही।—घट०, पृ० २१६।

पासिⓊ—संज्ञा पुं० [सं०] फदा। पाश।

पासिक—संज्ञा पुं० [सं० पाश] पाश। फदा। जाल। बधन। उ०—खैचत लोभ दमौ दिसि को महि, मोह महा हत पासिक डारे।—केशव (शब्द०)।

पासिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पास। फदा। जाल। बधन। उ०—भ्रुव तेग, सुनैन के बान लिए मति वेसरि की सँग पासिका है। बहु भावन की परकासिका है तुव नासिका धीर विनासिका है।—मतिराम (शब्द०)।

पासी[1]—संज्ञा पुं० [सं० पाशिन्, पाशी] १ जाल या फदा डालकर चिडिया पकडनेवाला। २ एक नीच और अस्पृश्य मानी जानेवाली जाति जो मथुरा से पूरब की ओर पाई जाती है।

विशेष—इस जाति के लोग सूअर पालते तथा कही कही ताड पर से ताडी निकालने का काम करते हैं। प्राचीन काल मे इनके पूर्वज प्राणदड पाए हुए अपराधियो के गले मे फाँसी का फदा लगाते थे इसी से यह नाम पडा।

पासी—संज्ञा स्त्री० [सं० पाश, हिं० पास+ई (प्रत्य०)] १ फदा। फाँस। पाश। फाँसी। २ घास बाँधने की जाली। ३ घोड़े के पैर बाँधने की रस्सी। पिछाडी।

पासीहाराⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० पासी (=फाँसी+हारा (प्रत्य०)] वह व्यक्ति जो फाँसी लगाता है। फाँसीवाला। उ०—यहु अैसा रूप छलावा। ठग पासीहारा आवा। सब ऐसा देखि विचारे। ये प्रानघात बटवारे।—दादू०, पृ० ५४६।

पासुरीⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पसली'।

पाहँⓊ—अव्य० [सं० पार्श्व, प्रा० पास, पाह] १ निकट। समीप। पास। उ०—मैं जानेउ तुम्ह मोही माहाँ। देखौं ताकि तौ हौ सब पाहाँ।—जायसी (शब्द०)। २ पास जाकर। सबोधन करके। किसी के प्रति। किसी से। उ०—जाइ कहौ उन पाहँ सँदेसू—जायसी (शब्द०)।

पाह[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाहन] एक प्रकार का पत्थर जिससे लोग, फिटकरी और अफीम को घिसकर आँख पर चढ़ाने का लेप बनाते हैं।

पाह[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्यास'। उ०—कोटि अरब्ब परब्ब असषि प्रिथी पति हौन की पाह जगैगी।—सुदर ग्र०, भा० २, पृ० ४२३।

पाहणⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० पाषाण, प्रा० पाहण] दे० 'पाषाण'। उ०—जल तिरिया पाहण सुजड पतसिय नाम प्रताप।—रघु० रू०, पृ० २।

पाहस—संज्ञा पु० [सं०] शहतूत का वृक्ष [को०]।

पाहनⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पाषाण प्रा० पाहण, पाहण] १ पत्थर। प्रस्तर। उ०—(क) महिमा यह न जलधि की बरनी। पाहन गुन न कपिन्ह की करनी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) पाहन ते हरि कठिन कियो हिय कहत न कछु बनि आई।—सूर (शब्द०)। २ पारस पत्थर। स्पर्श मणि।

पाहरूⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० प्रहर, हिं० पहर, पहरा] पहरा देनेवाला। पहरेदार। चौकसी करनेवाला। रखवाली करनेवाला। उ०—(क) नाम पाहरू दिवस निसि ध्यान तुम्हार कपाट। लोचन निज पद यत्रिका प्रान जाहिं केहि बाट।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जागत कामी चिंतित चकोर, बिरही बिरहिन पाहरू चोर।—तुलसी (शब्द०)।

पाहा—संज्ञा पुं० [सं० पथ, हिं० पाथ] पानी की बेलो या किसी ऊँची फसल के खेतो के बीच का रास्ता। मेड।

पाहात—संज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मदारु वृक्ष। शहतूत का पेड।

पाहिं—अव्य० [सं० पार्श्व, प्रा० पास, पाह] १ पास। निकट। समीप। २ पास जाकर। सबोधन करके। किसी के प्रति। किसी से। उ०—कोउ न बुझाइ कहै नृप पाही। ये बालक, अस हठ भल नाही।—तुलसी (शब्द०)।

पाहि—क्रिया पद [सं०] एक संस्कृत पद जिसका अर्थ है 'रक्षा करो', 'बचाओ'। उ०—पाहि पाहि! रघुबीर गुसाई।—तुलसी (शब्द०)।

पाहीं—अव्य० [सं० पार्श्व] दे० 'पाहिं'। उ०—निज बुधि बल भरोस मोहि नाही। ताते बिनय करौं सब पाही।—मानस १।८।

पाही—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाह] वह खेती जिसका किसान दूसरे गाँव मे रहता है।

पाहुँच—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहुँचना] दे० 'पहुँच'। उ०—आपनी भाँति सब काहू कही है। मदोदरी, महोदर, मालिवान, महामति राजनीति पाहुँच जहाँ लौं जाकी रही है।—तुलसी (शब्द०)।

पाहुनⓊ—संज्ञा पु० [हिं० पाहुना] दे० 'पाहुना'।

पाहुना—संज्ञा पुं० [सं० प्राघूर्ण, प्राघूर्णक प्राघुण (=अतिथि), अथवा सं० उप० प्र+आह्वयनेय, प्राह्वयनेय, पा० पाहुणेय्य] [स्त्री० पाहुनी] १ अतिथि। मेहमान। अभ्यागत। सबधी, इष्ट-मित्र या कोई अपरिचित मनुष्य जो अपने यहाँ आ जाय और जिसका सत्कार उचित हो। २ दामाद। जामाता।

विशेष—इस शब्द की व्युत्पत्ति यो तो प्राघुण से सुगम जान पडती है। पर प्राघुण शब्द प्राघूर्ण से ही बनाया गया है। प्राघूर्ण शब्द का प्रयोग भी प्राचीन नही है। कथा सरित्-सागर में प्राघुण और पचतत्र मे प्राघूर्ण शब्द आया है। नैषध मे भी प्राघुणिक मिलता है। कोशों मे तो 'प्राहुण' तक सस्कृत शब्दवत् आया है। पृथ्वीराज रासो (६६।३६०) मे 'प्राहुन्ना' शब्द का प्रयोग मिलता है—'चित्रग राय रावर चवै प्राहुन्ना भग्गा फिरै'। पाली का 'पाहुणेय' शब्द इन

सबसे पुराना प्रतीत होता है और उसकी व्युत्पत्ति वही है जो ऊपर दी गई है।

पाहुनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाहुना] स्त्री अतिथि। अभ्यागत स्त्री। मेहमान औरत। उ०—पाहुनी करि दै तनक मह्यो। हौ लागी गृहकाज रसोई जसुमति विनय कह्यो।—सूर (शब्द०)। ३ आतिथ्य। मेहमानदारी। अतिथि का आदर सत्कार। खातिर तवाजा।

पाहुर—संज्ञा पुं० [सं० प्राभृत, प्रा० पाहुड (=भेंट)] १ भेंट। नजर। वह द्रव्य जो किसी के समानार्थ उसे दिया जाय। २ वह वस्तु या धन जो किसी संबंधी या इष्टमित्र के यहाँ व्यवहार में भेजा जाय। सौगात।

पाहू—संज्ञा पुं० [?] मनुष्य। व्यक्ति। शख्स।

पिंग[1]—वि० [सं० पिङ्ग] १ पीला। पीलापन लिए हुए। २ भूरापन लिए लाल। तामडा। दीपशिखा के रग का। उ०—सित सरोज पर क्रीडा करना जैसे मधुमय पिंग पराग।—कामायनी, पृ० २३। ३ सुँघनी रग का। भूरापन लिए पीला।

यौ०—पिंगचक्षु। पिंगजट। पिंगलोचन। पिंगाक्ष। पिंगास्य।

पिंग[2]—संज्ञा पुं० १ भैंसा। २ चूहा। मूसा। ३ हरताल। ४ पिंग वर्ण या रग।

पिंगकपिशा—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गकपिशा] गुबरैले के आकार का एक कीडा जिसका रग काला और तामडा होता है। तेलपायी। तेलचटा।

पिंगचक्षु[1]—वि० [सं० पिङ्गचक्षुस्] जिसकी आँखें भूरे या तामडे रग की हो।

पिंगचक्षु[2]—संज्ञा पुं० १ नक्र नामक जलजतु। नाक। २ कर्कट। केकडा [को०]।

पिंगजट—संज्ञा पुं० [सं० पिङ्गजट] शिव [को०]।

पिंगमूल—संज्ञा पुं० [सं० पिङ्गमूल] गाजर [को०]।

पिंगल[1]—वि० [सं० पिङ्गल] १ पीला। पीत। २. भूरापन लिए लाल। दीपशिखा के रग का तामडा। ३ भूरापन लिए पीला। सुँघनी रग का। ऊदे रग का।

पिंगल[2]—संज्ञा पुं० १ एक प्राचीन मुनि या आचार्य जिन्होने छद सूत्र बनाए। ये छद शास्त्र के आदि आचार्य माने जाते हैं और इनके ग्रथ की गणना वेदागो में है। २ उक्त मुनि का बनाया छद-शास्त्र। ३ छदशास्त्र। ४. साठ संवत्सरो मे से ५१वाँ सवत्सर। ५ एक नाग का नाम। ६. भैरव राग का एक पुत्र अर्थात् एक राग जो सवेरे गाया जाता है। ७. सूर्य का एक पारिपार्श्विक या गण। ८ एक निधि का नाम। ९ बदर। कपि। १० अग्नि। ११ नकुल। नेवला। १२ एक यक्ष का नाम। १३. एक पर्वत का नाम। १४ मार्कंडेय पुराण में वर्णित भारत के उत्तर पश्चिम में एक देश। १५ पीतल। १६ हरताल। १७ उल्लू पक्षी। १८ उशीर। खस। १९ रास्ना। २० एक प्रकार का फनदार साँप। २१ एक प्रकार का स्थावर विष।

पिंगला—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गला] १ हठ योग और तत्र में जो तीन प्रधान नाडियाँ मानी गई हैं उनमे से एक।

विशेष—दस नाडियों में से इला, पिंगला और सुषुम्ना ये तीन प्रधान मानी गई है। शरीर के बाएँ भाग में पिंगला नाडी होती है। ये तीनो क्रमश ब्रह्मा, विष्णु और शिव स्वरूपिणी हैं। तत्रसार मे लिखा है, इला नाडी में चद्र और पिंगला नाडी मे सूर्य का निवास रहता है। जिस समय पिंगला नाडी कार्य करती है उस समय साँस दाहिने नथने से निकलती है। प्राणतोषिणी मे बहुत से कार्य गिनाए गए हैं जो यदि पिंगला नाडी के कार्यकाल मे किए जायँ तो शुभ फल देते हैं—जैसे, कठिन विषयो का पठनपाठन, स्त्रीप्रसग, नाव पर चढना, सुरापान, शत्रु के नगर ढाना, पशु बेचना, जुआ खेलना, इत्यादि।

२. लक्ष्मी का नाम। ३ गोरोचन। ४ शीशम का पेड। ५ एक चिडिया। ६ राजनीति। ७ दक्षिण दिग्गज की स्त्री। ८. एक धातु। पीतल (को०)। ९ एक वेश्या का नाम।

विशेष—इसकी कथा भागवत मे इस प्रकार है। विदेह नगर में पिंगला नाम की एक वेश्या रहती थी। उसने एक दिन एक सुदर धनिक को जाते देखा। उसके लिये वह बेचैन हो उठी पर वह न आया। रात भर वह उसी की चिंता मे पडी रही। अत मे उसने विचार किया कि मैं कैसी नासमझ हूँ कि पास में कांत रहते दूर के कांत के लिये मर रही हूँ। इस प्रकार उसे यह ज्ञान हो गया कि आशा ही सारे दुखो का मूल है। जिन्होने सब प्रकार की आशा छोड दी है वे ही सुखी हैं। उसने भगवान् के चरणो मे चित्त लगाया और शांति प्राप्त की। महाभारत में भी जहाँ भीष्म ने युधिष्ठिर को मोक्ष धर्म का उपदेश किया है वहाँ इस पिंगला वेश्या का उदाहरण दिया है। साख्यसूत्र में भी 'निराश सुखी पिंगलावत्' आया है।

पिंगलाक्ष—संज्ञा पु० [सं० पिङ्गलाक्ष] शिव [को०]।

पिंगलौह—संज्ञा पुं० [सं० पिङ्गलौह] पीतल [को०]।

पिंगलिका—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गलिका] १ बगला। बलाका। २ एक प्रकार का उल्लू (को०)। ३ मक्खी की जाति का एक कीडा जिसके काटने से जलन और सूजन होती है (सुश्रुत)।

पिंगलित—वि० [सं० पिङ्गलित] पिंगल वर्ण का।

पिंगसार—संज्ञा पु० [सं० पिङ्गसार] हरताल।

पिंगस्फटिक—संज्ञा पु० [सं० पिङ्गस्फटिक] गोमेदक मणि।

पिंगा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गा] १ गोरोचन। २ हींग। ३ हलदी। ४ बसलोचन। ५ चडिका देवी। ६ धनुष की डोरी। प्रत्यचा (को०)। ७ एक रक्तग्राहिणी नाडी।

पिंगा[2]—संज्ञा पुं० [सं० पङ्गु] १ वह पुरुष जिसके पैर टेढे हो। २ वह जिसकी आँखें पिंगवर्ण हों। पिंगाक्ष।

पिंगाक्ष[1]—वि० [सं० पिङ्गाक्ष] [वि० स्त्री० पिंगाक्षी] जिसकी आँखे भूरी या तामड़े रग की हो।

पिंगाक्ष[२]—संज्ञा पुं० १ शिवा। २ कुंभीर। नक्र नामक जलजंतु। नाक। ३ बिल्ली। ४, एक कपि। हनुमान। ५ वनमानुस (को०)। ६ कर्कट। केकड़ा (को०)।

पिंगाक्षी—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गाक्षी] कुमार की अनुचरी एक मातृका।

पिंगाश—संज्ञा पुं० [सं० पिङ्गाश] १ एक प्रकार की मछली जिसे बंगाल में पांगाश कहते हैं। २ गाँव का मुखिया या चौधरी। ३ चोखा सोना।

पिंगाशी—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गाशा] नील का पेड़।

पिंगास्य—संज्ञा पुं० [सं० पिङ्गास्य] पिंगाश मछली [को०]।

पिंगिमा—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गिमन्] पीला रंग [को०]।

पिंगी—संज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गी] १ शमी का पेड़। २ चुहिया (को०)। ३ कपिंजल नामक पक्षी। उ०—चल्यौ पहु पिंगी निकर—पृ० रा०, २४। २६७।

पिंगूरा—संज्ञा पुं० [हिं० पेंग] रस्सियों के आधार पर टँगा हुआ खटोला जिसपर बच्चों को सुलाकर इधर से उधर झुलाते हैं। झूला। पालना।

पिंगेक्षण—वि० संज्ञा पुं० [सं० पिङ्गेक्षण] = 'पिंगाक्ष'।

पिंगेश—संज्ञा पुं० [सं० पिङ्गेश] अग्नि का एक नाम।

पिंघूराⒼ—संज्ञा पुं० [हिं० पेंग] पालना। झूला। उ०—भूल न दूध धाइ का पीवै, मा कै चूसै फूलै। सदा मुदित रोवै नहिं कबहूँ परचा पिंघूरे झूलै। —सुंदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ८७५।

पिंछ—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्छ] दे० 'पिच्छ' [को०]।

पिंज[१]—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्ज] १ बल। २ बध। ३ एक प्रकार का कपूर। ४ चंद्रमा (को०)। ५ समूह। संग्रह (को०)।

पिंज[२]—वि० व्याकुल।

पिंजक—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जक] हरताल।

पिंजट—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जट] आँख का मल। कीचड़।

पिंजडा—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जर] दे० 'पिंजरा'।

पिंजन—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जन] १ वह धनुष या कमान जिससे धुनिए रूई धुनते हैं। धुनकी। २ रूई आदि धुनना (को०)।

पिंजर[१]—वि० [सं० पिञ्जर] १. पीला। पीतवर्ण का। २ भूरापन लिए लाल रंग का। ३ ललाई या भूरापन लिए पीला। सुंघनिया। ऊदे रंग का।

पिंजर[२]—संज्ञा पुं० १ पिंजड़ा। २ शरीर के भीतर का हड्डियों का ठठ्ठर। ३ तन। शरीर (लाक्ष०)। उ०—दिन दस नाम सम्हारि ले, जब लगि पिंजर साँस।—कबीर सा० सं०, पृ० ७४। ४ हरताल। ५ सोना। ६ नागकेसर। ७ भूरापन लिए लाल रंग का घोड़ा।

पिंजरक—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जरक]। हरताल।

पिंजरा—संज्ञा पुं० [सं० पञ्जर] लोहे, बाँस आदि की तीलियों का बना हुआ झाबा जिसमें पक्षी पाले जाते हैं।

पिंजरापोल—संज्ञा पुं० [हिं० पिंजरा + पोल (= फाटक)] वह स्थान जहाँ पालने के लिये गाय, बैल आदि चौपाए रखे जाते हैं। पशुशाला। गोशाला।

पिंजरिक—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जरिक] एक प्रकार का बाघ [को०]।

पिंजरित—वि० [सं० पिञ्जरित] ? पीले रंग का। २ बादामी रंग का [को०]।

पिंजरिमा—संज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जरिमन्] ललाई लिए हुए पीला रंग [को०]।

पिंजल[१]—वि० [सं० पिञ्जल] जिसका चेहरा पीला या फीका पड़ गया हो। व्याकुल। घबराया हुआ।

पिंजल[२]—संज्ञा पुं० १ कुश पत्र। २ हरताल। ३ अबुवेतस्। जलबेंत।

पिंजली—संज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जली] नोक सहित एक एक बीते के एक में बँधे हुए दो कुशों की जूरी जिसका काम श्राद्ध या होम में पड़ता है।

पिंजा—संज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जा] १ हलदी। २ रूई। ३ आघात पहुँचाना (को०)।

पिंजान—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जान] स्वर्ण। सोना।

पिंजारा—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जा + हिं० आरा (प्रत्य०)] रूई धुननेवाला। धुनिया।

पिंजारी—संज्ञा स्त्री० [देश०] नागमाण नाम की ओषधि। गुरबियानी।

पिंजाल—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जाल] स्वर्ण। सोना [को०]।

पिंजिका—संज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जिका] रूई की पोली बत्ती जिससे कातने पर बढ़ बढ़कर सूत निकलते हैं। पूनी।

पिंजियारा—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जिका (रूई की बत्ती)] रूई ओटनेवाला।

पिंजिल—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जिल] रूई की बत्ती।

पिंजुल—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जुलम्] १ घास का गट्ठर। २ दीपक या लालटेन की बत्ती [को०]।

पिंजूल—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जूलम्] [स्त्री० पिंजूली] दे० 'पिंजुल' [को०]।

पिंजूष—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जूष] कान की मैल। खूँट।

पिंजेट—संज्ञा पुं० [सं० पिञ्जेट] नेत्रमल। आँख का कीचड़।

पिंजोला—संज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जोला] पत्तियों की सरसराहट [को०]।

पिंजोला—संज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जोला] पत्तियों की सरसराहट। पत्तियों के सरसराने की ध्वनि [को०]।

पिंड[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ कोई गोल द्रव्यखंड। गोल मटोल टुकड़ा। गोला। २ कोई द्रव्यखंड। ठोस टुकड़ा। ढेला या लोंदा। लुगदा। थुवा। जैसे, मृत्तिकापिंड, लोहपिंड। ३ ढेर। राशि। ४ पके हुए चावल, खीर आदि का हाथ से बाँधा हुआ गोल लोंदा जो श्राद्ध में पितरों को अर्पित किया जाता है।

विशेष—पिता, पितामह आदि को पिंडदान देना पुत्रादिकों

का प्रधान कर्तव्य माना जाता है। पिंडदान पाकर पितरों का पुन्नाम नरक से उद्धार होता है। इसी से पुत्र नाम पड़ा। वि० दे० 'श्राद्ध'।

यौ०—पिंडदान। सपिंड।

५ भोजन। आहार। जीविका। ६ शरीर। देह। ७. कौर। ग्रास (को०)। ८ भिक्षा। भीख (को०)। ९. मांस (को०)। १० भ्रूण (को०)। ११ पदार्थ। वस्तु (को०)। १२ घर का कोई एक विशेष भाग (को०)। १३ वृत्त के चतुर्थांश का चौबीसवाँ भाग (को०)। १४ कुंभस्थल (को०)। १५ दरवाजे के सामने का छायादार भाग (को०)। १६ सुगंधित पदार्थ। लोबान (को०)। १७ जोड़। योग (को०)। १८ घनत्व (ज्या०)। १९ शक्ति। बल (को०)। २० लोहा (को०)। २१ ताजा मक्खन (को०)। २२ सेना (को०)। २३ जल। पानी (को०)। २४. अोड़ पुष्प (को०)। २५ पिंडली (को०)।

मुहा०—पिंड छूटना=मुक्त होना। संबंध खतम होना। राहत मिलना। पिंड छोड़ना=साथ न लगा रहना या संबंध न रखना। तंग न करना। पिंड पड़ना=पीछे पड़ना।

पिंड[२]—वि० १. ठोस। २ घना। सघन [को०]।

पिंड[३]—संज्ञा पुं० [सं० पाण्डु] पांडुरोग। पीलिया।

यौ०—पिंडरोग=पीलिया। पिंडरोगी पांडुरोगी।

पिंडकंद—संज्ञा पुं० [सं० पिंडकन्द] पिंडालू।

पिंडक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डक] १ बोल। मुरमकी। २ शिलारस। ३ पिंडालू। ४ कवल। ग्रास (को०)। ५. गोला। पिंड (को०)। ६ गाजर (को०)। ७ गीलट (को०)।

पिंडकर—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डकर] मुकर्रर मालगुजारी। स्थिर या नियत कर जैसा आजकल दक्षिणी बंदोबस्तवाले प्रदेशों में है।

पिंडकर्कटी—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डकर्कटी] विलायती पेठा।

पिंडका—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डका] मसूरिका रोग। छोटी चेचक।

पिंडखजूर—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डखर्जूर] एक प्रकार की खजूर जिसके फल मीठे होते हैं। इन फलों का गुड़ भी बनता है। खरक। सेंधो। विशेष दे० 'खजूर'।

पिंडखर्जूर—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डखर्जूर] दे० 'पिंडखजूर' [को०]।

पिंडखर्जूरिका, पिंडखर्जूरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डखर्जूरिका, पिण्डखर्जूरी] दे० 'पिंडखर्जूर'।

पिंडगोस—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डगोल] १ गंधरस। २ बोल।

पिंडज—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डज] सब प्राणियों के बनने पर गर्भ से सजीव निकलनेवाला जंतु, जैसे, चमगादड़, नेवला, कुत्ता, बिल्ली, बैल, मनुष्य, इत्यादि जो गर्भ से अंडे के रूप में न निकले, बने बनाए शरीर के रूप में निकले। जरायुज।

पिंडत†—संज्ञा पुं० [सं० पण्डित] दे० 'पंडित'।

पिंडतैल—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डतैल] शिलारस (को०)।

पिंडतैलक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डतैलक] शिलारस।

पिंडद—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डद] १. पिंडा देनेवाला। २. भोजन या आहार देनेवाला। ३. स्वामी। संरक्षक (को०)।

पिंडदान—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डदान] पितरों को पिंड देने का कर्म जो श्राद्ध में किया जाता है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

पिंडन—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डन] १ गोल वस्तुएँ बनाना। पिंड के आकार का बनाना। २ ढीला या किनारा। ३ बाँध [को०]।

पिंडनिर्वपण—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डनिर्वपण] पितरों को पिंडदान देना [को०]।

पिंडपात—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डपात] १ पिंडदान। २ भिक्षादान।

पिंडपातिक—पुं० [सं० पिण्डपातिक] वह जो भिक्षा से जीवन-निर्वाह करे। भिक्षोपजीवी [को०]।

पिंडपाद, पिंडपाद्य—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डपाद, पिण्डपाद्य] हाथी।

पिंडपुष्प—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डपुष्प] १ अशोक का फूल। २ जपा पुष्प। अड़हुल। देवी फूल। ३ तगर का फूल। ४ अशोक वृक्ष (को०)। ५ पद्म पुष्प। कमल [को०]।

पिंडपुष्पक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डपुष्पक] बथुआ का शाक।

पिंडफल—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डफल] कद्दू।

पिंडफला—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डफला] कड़ई तूंबी। कड़आ घीआ। तितलौकी।

पिंडबीजक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डबीजक] कनेर का पेड़।

पिंडभाक्[१]—वि० [सं० पिण्डभाग] पिंडभाग प्राप्त करनेवाला।

पिंडभाक्[२]—संज्ञा पुं० पितर जो पिंडभाग को प्राप्त करने के अधिकारी हैं [को०]।

पिंडभृति—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डभृति] जीवित रहने का साधन। आजीविका [को०]।

पिंडमुस्ता—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डमुस्ता] नागरमोथा।

पिंडमूल—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डमूल] १ गाजर। २. शलजम।

पिंडमूलक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डमूलक] गाजर [को०]।

पिंडयज्ञ—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डयज्ञ] पितरों को पिंडदान करने का कृत्य। पिंडदान [को०]।

पिंडरक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डरक] पुल। सेतु [को०]।

पिंडरिका—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डरिका] १ मनीठ। २. चौलाई का शाक।

पिंडरीⓊ†—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्ड] दे० 'पिंडली'।

पिंडरोग—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डरोग] १ रोग जो शरीर में घर कि हो। २. कोढ़।

पिंडरोगी—वि० [सं० पिण्डरोगिन्] रुग्ण शरीर का।

पिंडल—संज्ञा पुं० [सं०] आने जाने के लिये नदी या नाले पर बना हुआ मार्ग। पुल [को०]।

पिंडली—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्ड] टाँग का ऊपरी पिछला भाग जो मासल होता है। घुटने के पीछे के गड्ढे से नीचे का भाग जिसमें चढाव उतार होता है।

मुहा०—पिंडली हिलना = पैर थर्राना। भय से कँपकँपी होना।

पिंडलेप—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डलेप] पिंडदान मे पिंड का एक विशेष भाग जो वृद्ध पितामह आदि तीन पुरखो को दिया जाता है।

पिंडलोप—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डलोप] १ पिंड देनेवाले वंशजो का क्षय। निर्वंश। २ पिंडदान का कृत्य न होना (को०)।

पिंडवाही—संज्ञा स्त्री० [?] एक प्रकार का कपडा।

पिंडवेणु—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डवेणु] एक प्रकार का बाँस (को०)।

पिंडशर्करा—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डशर्करा] जुआर की बनी शक्कर। यवनाल की चीनी (को०)।

पिंडसबंध—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डसम्बन्ध] मृत व्यक्ति से जीवित व्यक्ति का ऐसा संबंध जिसके आधार पर जीवित व्यक्ति मृत व्यक्ति को पिंडदान करने का अधिकारी हो सके (को०)।

पिंडस—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डस] भिक्षा द्वारा निर्वाह करनेवाला।

पिंडस्थ—वि० [सं० पिण्डस्थ] मिला हुआ। मिश्रित। ढेर में मिश्रित (को०)।

पिंडस्वेद—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डस्वेद] गरम पुल्टिस (को०)।

पिंडा[1]—संज्ञा पुं० [सं० पिण्ड] [स्त्री० अल्पा० पिंडी] १ ठोस या गीली वस्तु का टुकडा। २ गोल मटोल टुकडा। ढेला या लोदा। लुगदा। जैसे, आटे का पिंडा, तबाकू या मिट्टी का पिंडा। ३ मधु, तिल मिली हुई खीर आदि का गोल लोदा जो श्राद्ध में पितरो को अर्पित किया जाता है।

क्रि० प्र०—देना।

यौ०—पिंडा पानी।

मुहा०—पिंडापानी देना = श्राद्ध और तर्पण करना। पिंडा पारना = पिंडदान करना। उ०—पारे पिंड मीन ले खाई। कहैं कबीर लोग बौराई।—कबीर श०, भा० १, पृ० १२।

४ शरीर। देह। तन। जिस्म।

मुहा०—पिंडा फीका होना = जी अच्छा न होना। तबीयत खराब होना। पिंडा धोना = स्नान करना। नहाना।

५ स्त्रियो की गुप्तेंद्रिय। धरन।

पिंडा[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्ड] १ एक प्रकार की कस्तूरी। २ वंशपत्री। ३. इसपात। ४ हलदी।

पिंडा[3]—संज्ञा पुं० [देश०] करघे में पीछे की ओर लगी हुई एक खूँटी। वि० दे० 'महतवान'।

पिंडाकार—वि० [सं० पिण्डाकार] गोल बँधे हुए लोदे के आकार का। गोल।

पिंडात—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डात] शिलारस।

पिंडान्वाहार्यक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डान्वाहार्य्यक] एक श्राद्ध जो पितृपिंड के उपरांत होता है।

पिंडापा—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डापा] नाड़ी हिंगु।

पिंडाभ—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डाभ] सिल्हक। लोबान (को०)।

पिंडाभ्र—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डाभ्र] ओला। बनौरी। वर्षोपल (को०)।

पिंडायस—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डायस] इसपात।

पिंडार—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डार] १ एक प्रकार का फल। शाक। पिंडारा। २ क्षपणक। ३ गोप। ४ भैंस का चरवाहा। ५. विकृत वृक्ष। ६ अकथ्य का कथन। जुगुप्सासूचक शब्द० (को०)।

पिंडारक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डारक] १. एक नाग का नाम। २ वसुदेव और रोहिणी के एक पुत्र का नाम। ३ एक पवित्र नद का नाम। ४ एक प्राचीन तीर्थ जो गुजरात में समुद्रतट से कोस भर पर है। इसका उल्लेख महाभारत, स्कंदपुराण और लिंगपुराण मे है। कहा जाता है, इस तीर्थ में स्नान करके पांडव गोहत्या से छूटे थे।

पिंडारा[1]—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डार] एक शाक जो वैद्यक में शीतल और पित्तनाशक माना गया है।

पिंडारा[2]—संज्ञा पुं० दक्षिण की एक जाति जो बहुत दिनों तक मध्य प्रदेश तथा और और स्थानो मे लूटपाट किया करती थी। दे० 'पिंडारी'।

पिंडारी—संज्ञा पुं० [देश०] दक्षिण की एक जाति जो पहले कर्णाट, महाराष्ट्र आदि में बसती थी, और खेती करती थी, पीछे अवसर पाकर लूट मार करने लगी और मुसलमान हो गई।

विशेष—मुसलमानो से पिंडारियों में यह भेद है कि ये गोमांस नही खाते और देवताओ की पूजा और व्रत उपवास आदि करते हैं। पिंडारी लोग बहुत दिनो तक मरहटो की सेवा में थे और लूट पाट में उनका साथ देते थे, यहाँ तक कि पानीपत की लडाई में मरहठो की सेना मे उनके दो सरदार अठारह हजार सवारों के साथ थे। पीछे मध्यप्रदेश में बसकर पिंडारी चारो ओर घोर लूटपाट करने लगे और प्रजा इनके अत्याचारो से तंग आ गई। जब सन् १८०० के पीछे ये अँगरेजी राज्य में भी उपद्रव करने लगे, तब लार्ड हेस्टिंग्ज ने सेनाएँ भेजकर इनका दमन किया।

पिंडालक्तक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डालक्तक] महावर (को०)।

पिंडालु, पिंडालुक—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डालु, पिण्डालुक] दे० 'पिंडालू' (को०)।

पिंडालू—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्ड + आलु] १ एक प्रकार का कंद या सकरकंद जिसके ऊपर कडे कडे सूत से होते हैं। यह खाने में भी मीठा होता है और उबालकर खाया जाता है। सुथनी। पिंडिया। २. एक प्रकार का शकरालू या रतालू।

पिंडाश—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डाश] भिक्षुक। भिखारी (को०)।

पर्या०—पिंडपातिक। पिंडस। पिंडाशक। पिंडाशन। पिंडाशी।

पिंडाशी—संज्ञा पुं० [सं० पिण्डाशिन्] [स्त्री० पिंडाशिनी] भिखारी (को०)।

पिंडाह्वा—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डाह्वा] नाडी हिंगु।

पिंडि—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डि] पिंडी (को०)।

पिंडिका—सज्ञा स्त्री० [स० पिण्डिका] १ छोटा पिंड। पिंडी। छोटा गोलमटोल टुकडा। २ छोटा ढेला या लोदा। लुगदी। ३ पहिए के बीच का वह गोल भाग जिसमे धुरी पहनाई रहती है। चक्रनाभि। ४ पिंडली। ५. श्वेताम्लिका। इमली। ६. वह पिंडी जिसपर देवमूर्ति स्थापित की जाती है। वेदी।

पिंडित[1]—वि० [स० पिण्डित] १ पिंड के रूप में बँधा हुआ। दबाकर घनीभूत किया हुआ। २. पिंडी के रूप में लपेटा हुआ। सहत। ३ गणित। गिना हुआ (को०)। ४ परस्पर मीलित। मिला हुआ (को०)। ५ गुणित। गुणा किया हुआ।

पिंडित[2]—सज्ञा पुं० १. शिलारस। २ काँसा। ३ गणित।

पिंडितद्रुम—वि० [सं० पिण्डितद्रुम] तृणों से भरा हुआ [को०]।

पिंडितार्थ—सज्ञा पुं० [सं० पिण्डितार्थ] साराश [को०]।

पिंडिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डिनी] अपराजिता लता।

पिंडिया—सज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डिक] १ गीली भुरभुरी वस्तु का मुट्ठी से बँधा हुआ लबोतरा टुकडा। लबोतरी पिंडी। जैसे, मिठाई की पिंडिया, अचार की पिंडिया।

क्रि० प्र०—बाँधना।

२ गुड की लबोतरी भेली। मुट्ठी। ३. लपेटे हुए सूत, सुतली या रस्सी का छोटा गोला।

क्रि० प्र०—करना।—बनाना।

पिंडिल[1]—सज्ञा पुं० [सं० पिण्डिल] १ सेतु। २ गणक।

पिंडिल[2]—वि० १. गणना करने मे दक्ष। २ जिसकी पिंडलियाँ बडी हों [को०]।

पिंडिला—सज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डिला] ककडी।

पिंडी—सज्ञा स्त्री० [स० पिण्डिन्] १ ठोस या गीली वस्तु का छोटा गोल मटोल टुकडा। छोटा ढेला या लोदा। लुगदी। जैसे, आटे की पिंडी, तबाकू की पिंडी।

क्रि० प्र०—बाँधना।

२. गीली या भुरभुरी वस्तु का मुट्ठी मे दबाकर बाँधा हुआ लबोतरा टुकड़ा। जैसे, खाँड़ की पिंडी, गुड की पिंडी। ३ चक्रनेमि। पिंडिका। ४ घीया। कद्दू। लौकी। ५ पिंड खजूर। ६ एक प्रकार का तगर फूल। हजारा तगर। ७ वेदी जिसपर बलिदान किया जाता है। ८ पीठ। पीढ़ा। (को०)। ९ पिंडली (को०)। १० गृह। घर। मकान (को०)। ११ कसकर लपेटे हुए सूत, रस्सी आदि का गोल लच्छा।

क्रि० प्र०—करना।

पिंडीकरण—सज्ञा पुं० [सं० पिण्डीकरण] पिंड का रूप देना। पिंड बनाना [को०]।

पिंडीतक—सज्ञा पुं० [सं० पिण्डीतक] १. मदन वृक्ष। मैनफल। २ पिंडी तगर। हजारा तगर।

पिंडीपुष्प—सज्ञा पुं० [स० पिण्डीपुष्प] अशोक वृक्ष।

पिंडीभवन—सज्ञा पुं० [स० पिण्डीभवन] पिंड के आकार का हो पिंडाकार होना [को०]।

पिंडीर[1]—सज्ञा पुं० [स० पिण्डीर] १ अनार। २ समुद्रफेन।

पिंडीर[2]—वि० शुष्क। नीरस (को०)।

पिंडोशूर—सज्ञा पुं० [स० पिण्डीशूर] १ घर ही मे बैठे बैठे बहा दिखलानेवाला। बाहर आकर कुछ न कर सकनेवाल २ खाने में बहादुर। पेटू।

पिंडुरⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिंडली'।

पिंडुरीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिंडली'। उ०—पिंडुरी क अग थहरत लहरि कच मुख पास। तन स्वेद कन झल रहत कोउ चाहि मद बतास।—भारतेंदु ग्रं०, भा० पृ० ११८।

पिंडुलीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिंडली'।

पिंडूक—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पडुक'। उ०—रोवत मिलि पि सँग ता के घाव लखात।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २२

पिंडोदकक्रिया—सज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डोदकक्रिया] पिंडदान क्रिया और तर्पण।

पिंडोद्धरण—सज्ञा पुं० [सं० पिण्डोद्धरण] पिंडदान मे लेना [को०]।

पिंडोपजीवी—वि० [स० पिण्डोपजीविन्] दूसरो के दिए टुकडो पर जीवित रहनेवाला। दूसरो के द्वारा पोषण करनेवाला [को०]।

पिंडोल—सज्ञा स्त्री० [सं० पाण्डु] पीली मिट्टी। पोतनी मिट्टी।

पिंडोलि[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पिण्डोलि] थाली या पत्तल पर अन्न जो खाने से बचा हो।

पिंडोलि[2]—सज्ञा पुं० [?] ऊँट।

पिंडोलिका—सज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डोलिका] दे० 'पिंडोलि' [को०]।

पिंधनाⓊ†—क्रि० स०[स० परिधारण] दे० 'पहनना'। उ०—प वैश्याहि करो सुखसार मढते अलक तिलका खडते दिव्याबर पिंधते।—कीर्ति०, पृ० ३४।

पिंम‡—सज्ञा पुं० [सं० प्रेमन्, प्रा० पेम्म, पेम, पिम्म] दे० 'प्रे उ०—भर भोर अभय भय सील नील। सरसात पिंग पिंम चील।—पृ० रा०, २।९७।

पिंशन—सज्ञा स्त्री० [अं० पेनशन] दे० 'पेनशन'।

पिंगला—सज्ञा स्त्री० [सं० पिङ्गला] दे० 'पिंगला'।

पिँजड़ा, पिँजरा—सज्ञा पुं० [सं० पिञ्जर] १ लोहे, बाँस अ की तीलियो का बना झाबा जिसमे पक्षी पालते हैं। छोटी जगह (लाक्षा०)।

सज्ञा पुं० [हिं०] पशुशाला। गोशाला।

पुं० [सं० पिञ्जा (=रुई)] रु । उ०—धमाधम्म मत्ती मही माहि पीजत मानो।—पृ० रा०, २५।४

सज्ञा पुं० [सं० पिञ्जिका] रुई धु

पिंड़की—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पड़की'।

पिंड़री, पिंड़ली—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्ड] दे० 'पिंडली'।

पिंड़वाही—संज्ञा स्त्री० [?] एक प्रकार का वस्त्र। उ०—पठवहिं चीर आनि सब छोरी। सारी कचुकि पहिरि पटोरी। फुँदिया और कँसिया राती। छायल पिंडवाही गुजराती।—जायसी (शब्द०)।

पिंड़िया—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डिका] दे० 'पिंडिया'।

क्रि० प्र०—करना।—बनाना।—बाँधना।

पिंहकारना†—क्रि० अ० [अनु०] कोयल, पपीहा, मयूर आदि सुंदर कठवाले पक्षियों का बोलना। पिहकना। उ०—पपीहे भी ऋषभ स्वर के साथ पिंहकारने लगे।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४।

पिअ[1]—वि० [सं० प्रिय] दे० 'प्रिय'।

पिअ[2]—संज्ञा पुं० दे० 'पिय'।

पिअना†—क्रि० स० [हिं० पीना] दे० 'पीना'। उ०—पिअत नयन पुट रूप पियूषा। मुदित सु असन पाइ जिमि भूखा।—मानस, २।१११।

पिअर‡—वि० [सं० पीत] दे० 'पीला'। उ०—(क) पिअर उपरना काखा सोती। —मानस, १।३२७। (ख) परिहँस पिअर भए तेहि बासा। —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १९७।

पिअरवा‡[1]—वि० [हिं०] दे० 'प्यारा'।

पिअरवा[2]—संज्ञा पुं० दे० 'पति'।

पिअरवा†[3]—संज्ञा स्त्री० [पिअरा (=पीला)] बरतन बनाने की पीले रंग की मिट्टी (कुम्हार)।

पिअराईⓊ†—संज्ञा स्त्री [सं० पीत, हिं० पिअर+आई (प्रत्य०)] पीलापन।

पिअरिया†[1]—संज्ञा पुं० [पिअर (=पीला)+इया (प्रत्य०)] पीले रंग का बैल जो बहुत मजबूत और तेज चलनेवाला होता है।

पियरिया[2]—संज्ञा स्त्री० दे० 'पिअरी'[1]।

पिअरी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीली] १ हल्दी के रंग में रँगी हुई वह धोती जो विवाह के समय में वर या वधू को पहनाई जाती है।

२ इसी प्रकार पीली रँगी हुई वह धोती जो प्राय देहाती स्त्रियाँ गंगा जी को चढ़ाती हैं।

क्रि० प्र०—चढ़ाना।

पिअरी[2]—वि० स्त्री० दे० 'पीला'। उ०—पिअरी झीनी झँगूली साँवरे शरीर खुली बालक दामिनी ओढ़ी मानो बारे बारिधर। —तुलसी (शब्द०)।

पिआज—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्याज'।

पिआनⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० प्रयाण] दे० 'पयान'। उ०—जल ते निकसि जलि किआ पिआना। —प्राण०, पृ० ४४।

पिआना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पिलाना'।

पिआनो—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पियानो'।

पिआर†—संज्ञा पुं० [हिं० अप, पिअ>पिय+ढा] दे० 'प्यार'।

पिआरा†—वि० [हिं० अप, पिअ>पिय+ढा, हिं० प्यारा] दे० 'प्यारा'। उ०—बचन बज्र जेहि सदा पिआरा। सहस नयन परदोष निहारा। —मानस, १।४।

पिआस†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्यास'।

पिआसा†—वि० [हिं०] दे० 'प्यासा'। उ०—चातिक होहु पुकारु पिआसा। —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २७७।

पिउ—संज्ञा पुं० [सं० प्रिय] पति। खाविंद।

पिउनी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पूनी'।

पिउष, पिऊखⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पीयूष, प्रा० पीऊस] दे० 'पियूष'। उ०—(क) मृग मद मयूष जनु पिउष पान। —पृ० रा०, ६।३७। (ख) नाथ पिऊखन अमृत चाखै। —दरिया०, पृ०, ६१।

पिक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० पिकी] कोयल। कोकिल।

यौ०—पिकबंधुर। पिकवल्लभ।

विशेष—मीमासा के भाष्यकार शबर स्वामी ने पिक, तामरस, नेम आदि कुछ शब्दों को म्लेच्छ भाषा से गृहीत बतलाया है।

पिकप्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] बडा जामुन।

पिकबधु—संज्ञा पुं० [सं० पिकबन्धु] आम का पेड।

पिकबधुर—संज्ञा पुं० [सं० पिकबन्धुर] आम का पेड।

पिकबयनीⓊ—[सं० पिक+वचन, प्रा० वयण, हिं० बैन+ई (प्रत्य०)] कोयल की तरह मीठा बोलनेवाली। मधुभाषिणी। उ०—किसी पिकबयनी की आवाज आकर कान में पडे तो पूरा आनद मिले। —श्रीनिवास ग्र०, पृ० २५३।

पिकबांधव—संज्ञा पुं० [सं० पिकबान्धव] वसत ऋतु [को०]।

पिकबैनी—वि० [हिं०] दे० 'पिकबयनी'। उ०—राजै मृगनैनी पिकबैनी छबिरैनी बोरी लखकत लक छीन कटि सोभा भार है।—पोद्दार अभि० ग्रं०, पृ० ३८७।

पिकबैनी—वि० [हिं०] दे० 'पिकबयनी'। उ०—मनसहु अगम समुझि यह अवसर कत सकुचति पिकबैनी।—तुलसी ग्रं०, पृ० ३१०।

पिकराग—संज्ञा पुं० [सं०] आम का पेड।

पिकवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] आम का पेड।

पिकांग—संज्ञा पुं० [सं० पिकाङ्ग] चातक पक्षी।

पिकाक्ष[1]—संज्ञा पुं० [सं०] ताल मखाना।

पिकाक्ष[2]—वि० जिसकी आँखें कोयल के समान हों [को०]।

पिकानद—संज्ञा पुं० [सं० पिकानन्द] वसत ऋतु।

पिकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कोयल।

पिकेक्षणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ताल मखाना।

पिकेट—संज्ञा पुं० [अ०] १ पलटनियों का पहरा जो कहीं उपद्रव होने या उसकी आशका होने पर उसे रोकने के लिये बैठाया जाता है। २. किसी काम को रोकने के लिये दिया जानेवाला पहरा। धरना।

पिकेटिंग—संज्ञा स्त्री० [अं०] किसी बात को रोकने के लिये पहरा देना। धरना। जैसे,—स्वयंसेवक विदेशी वस्त्र की दूकानों के सामने पिकेटिंग कर रहे थे, इससे कोई ग्राहक नहीं आया।

पिक्क—संज्ञा पुं० [सं०] १ बीस बरस की आयु का हाथी। २ हाथी का बच्चा [को०]।

पिक्खनाⓊ—क्रि० स० [सं० प्रेक्षण, प्रा० पेक्खण, पिक्खण] दे० 'पेखना'। उ०—बोटा अनेक वरनू किते, पचसिखा पिक्खिय प्रगट।—ह० रासो, पृ० १०।

पिक्चर—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ चित्र। तस्वीर। २ सिनेमा।

पिगलना†—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पिघलना'। उ०—सुखवासीलाल (सरोजनी से) जल्दी अपने सफरदाइयों को बुला। (मन में) आखिरकार पिगले, कहिए अब इनकी वो तेजी कहाँ है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ५०।

पिघरनाⓊ—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पिघलना'। उ०—पिघरि चल्यो नवनीत मीत नवतीत सदृस हिय।—नंद ग्र०, ११।

पिघलना—क्रि० अ० [सं० प्र+गलन] १. ताप के कारण किसी घन पदार्थ का द्रव रूप में होना। गरमी से किसी चीज का गलकर पानी सा हो जाना। द्रवीभूत होना। जैसे, मोम पिघलना, राँगा पिघलना, घी पिघलना। २ चित्त में दया उत्पन्न होना। किसी की दशा पर करुणा उत्पन्न होना। पसीजना। जैसे,—महीनों तक प्रार्थना करने पर अब वे कुछ पिघले हैं।

पिघलाना—क्रि० स० [हिं० पिघलना का प्रे० रूप] १ किसी कड़े पदार्थ को गरमी पहुँचाकर द्रव रूप में लाना। किसी चीज को गरमी पहुँचाकर पानी के रूप में लाना। २. किसी के मन में दया उत्पन्न करना। दयार्द्र करना।

पिचंड—संज्ञा पुं० [सं० पिचण्ड] १ उदर। पेट। २ जानवर का कोई अंग [को०]।

पिचंडक—वि० [सं० पिचण्डक] औदरिक। पेटू [को०]।

पिचंडिक, पिचंडिल—वि० [सं० पिचण्डिक, पिचण्डिल] १ बड़े पेटवाला। तुंदिल। २ मोटा। स्थूलकाय [को०]।

पिच—संज्ञा स्त्री० [अनु०] दे० 'पीक'।

पिचक†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिचकारी'।

पिचकना—क्रि० अ० [सं० पिच्च (= दबना)] किसी फूले या उभरे हुए तल का दब जाना। जैसे, गाल पिचकना, गिरने के कारण लोटे का पिचकना।

पिचकवाना—क्रि० स० [हिं० पिचकना का प्रे० रूप] पिचकाने का काम दूसरे से कराना। किसी दूसरे को पिचकाने में प्रवृत्त करना।

पिचका[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पिचकना] बड़ी पिचकारी।

पिचका[2]—संज्ञा पुं० दे० 'पिचुकिया'।

पिचकाईⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिचकारी'। उ०—(क) कंचन की पिचकाइयाँ मारत हैं तकि दूरि।—छीत०, पृ० २३। (ख) पहिरैं बसन विविध रँग भूषन, करन कनक पिचकाई।—नंद० ग्रं०, पृ० ३८१।

पिचकाना—क्रि० स० [हिं० पिचकना का प्रे० रूप] फूले या उभरे हुए तल को भीतर की ओर दबाना।

पिचकारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिचकना] एक प्रकार का नलदार यंत्र जिसका व्यवहार जल या किसी दूसरे तरल पदार्थ को (नल में) खींचकर जोर से किसी ओर फेंकने में होता है।

विशेष—पिचकारी साधारणतः बाँस, शीशे, लोहे, पीतल टीन आदि पदार्थों की बनाई जाती है। इसमें एक लंबा खोखला नल होता है जिसमें एक ओर बहुत महीन छेद होता है और दूसरी ओर का मुँह खुला रहता है। इस नल में एक डाट लगा दी जाती है जिसके ऊपर उसे आगे पीछे हटाने या बढाने के लिये दस्ते समेत कोई छड़ लगी रहती है। जब पिचकारी का बारीक छेदवाला सिरा पानी अथवा किसी दूसरे तरल पदार्थ में रखकर दस्ते की सहायता से भीतरवाली डाट को ऊपर की ओर खींचते हैं तब नीचे के बारीक छेद में से तरल पदार्थ उस नल में भर जाता है और जब [illegible] से उस डाट को दबाते हैं तब नल में भरा हुआ तरल पद जोर से निकलकर कुछ दूरी पर जा गिरता है। साधारण इसका प्रयोग होलियों में रंग अथवा महफिलों में सु जल आदि छोड़ने के लिये होता है परंतु आजकल मल आदि धोने और आग बुझाने के लिये बड़ी बड़ी [illegible] रंग और जख्म आदि धोने के लिये छोटी पिचकारियों का उपयोग होने लगा है। इसके अतिरिक्त इधर एक ऐसी पिच कारी चली है जिसके आगे एक छेददार सूई लगी होती है इस पिचकारी की सूई को शरीर के किसी अंग में जरा सा चुभाकर अनेक रोगों की औषधों का रक्त या मांसपेशी प्रवेश भी कराया जाता है।

क्रि० प्र०—चलाना। —छोड़ना। —देना। —मारना —लगाना।

मुहा०—पिचकारी छूटना या निकलना = किसी स्थान से नि तरल पदार्थ का बहुत वेग से बाहर निकलना। जैसे, सिर लहू की पिचकारी छूटना। पिचकारी छोड़ना = किसी पदार्थ को वेग से पिचकारी की भाँति बाहर निकालन जैसे, पान खाकर पीक की पिचकारी छोड़ना।

पिचकोⓊ—संज्ञा स्त्री [हिं० पिचक] दे० 'पिचकारी'।

पिचपिच—संज्ञा पुं० [अनु०] दे० 'चिपचिप'।

पिचपिचा—वि० [हिं०] दे० 'चिपचिपा'।

पिचपिचाना—क्रि० अ० [अनु०] घाव या किसी और चीज में बराबर थोड़ा थोड़ा पदार्थ रसना। पानी निकलना।

पिचपिचाहट—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिचपिचाना] गीले या आर्द्र का भाव। पिचपिचाने का भाव।

पिचरकीⓊ†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिचकारी'। उ० सुमति पिचरकी अपने हाथ, हम भरिहैं तुमहि त्रलोकन —सुंदर ग्रं०, भा० २, पृ० ६०२।

पिचरिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिचलना] एक प्रकार का छोटा कोल्हू जिसकी कोठी छोटी होती है।

पिचलना†—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'कुचलना'।

पिचवय†—संज्ञा पुं० [?] वटवृक्ष। (डिं०)।

पिचव्य—संज्ञा पुं० [सं०] कपास का पौधा [को०]।

पिचाश, पिचास†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पिशाच'।

पिचिंड—वि० [सं० पिचिण्ड] १ उदर। पेट। २ पशु का कोई अंग [को०]।

पिचिंडक—वि० [सं० पिचिण्डिक] पेटू। औदरिक [को०]।

पिचिंडिका—संज्ञा स्त्री० [सं० पिचिण्डिका] पिंडली।

पिचिंडी—वि० [सं० पिचिण्डिन्] तोंदिल। तुंदिल [को०]।

पिचीस—वि० [हिं०] दे० 'पचीस'। उ०—पाँचों यार पिचीसों बस कर इनमे चहै कोई होय।—कबीर श०, भा० १, पृ० ६७।

पिचु—संज्ञा पुं० [सं०] १ रूई। २ एक प्रकार का कोढ़। कोढ का एक भेद। ३ एक तौल जो दो तोले के बराबर होती है। ४. एक अन्न (को०)। ५ एक असुर का नाम।

पिचुक—संज्ञा स्त्री० [सं०] मैनफल का वृक्ष।

पिचुकारीⓤ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिचकारी'। उ०—पाप पुन्य दोउ ले पिचुकारी छोडत हैं बारी बारी।—चरण० बानी, पृ० ७०।

पिचुकिया—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिचकी] १ छोटी पिचकारी। २ वह गुझिया (कचा) जिसमें केवल गुड और सोंठ भरी जाती है।

विशेष—यह एक प्रकार का पकवान है जो होली आदि के विशिष्ट अवसरों पर बनता है।

पिचुक्का—संज्ञा पुं० [हिं० पिचकना] १ पिचकारी। २ गोलगप्पा।

पिचुतूल—संज्ञा पु० [सं०] कपास की रूई। रूई [को०]।

पिचुमंद—संज्ञा पुं० [सं० पिचुमन्द] नीम का पेड [को०]।

पिचुमर्द—संज्ञा पुं० [सं०] नीम का पेड।

पिचुल—संज्ञा पु० [सं०] १. झाऊ का पेड (डिं०)। २ समुद्रफल। ३. रूई। ४ गोताखोर। ५ जलकाक। जलवायस [को०]।

पिचू—संज्ञा पु० [देश०] १६ माशे की तौल। कर्ष।

पर्या०—अक्ष। तिंदुक। विडाक्ष। परडक। सुवर्ण। हंसपद। उदुंबर।

पिचूका—संज्ञा पुं० [हिं० पिचकना] दे० 'पिचुक्का'।

पिचोतरसो—संज्ञा पुं० [सं० पञ्चोत्तरशत] एक सौ पाँच की संख्या। सौ और पाँच (पहाडा)।

पिच्चट[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वैद्यक के अनुसार आँख का एक रोग। २ सीसा। राँगा।

पिच्चट[2]—वि० दबाकर निचोडा या चिपटा किया हुआ [को०]।

पिच्चा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोलह मोतियों की माला जिसका वजन एक धरन (मोतियो की एक तौल) हो [को०]।

पिच्चिट—संज्ञा पु० [सं०] एक विषैला कीडा [को०]।

पिच्चित[1]—वि० [स० पिच्च (= दबना, पिचकना)] पिचका हुआ। दबा हुआ। जो दबकर चिपटा हो गया हो।

पिच्चित[2]—संज्ञा पुं० १ वह वस्तु जो दबकर पिचक गई हो या चिपटी हो गई हो। २ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का घाव या क्षत।

विशेष—यह शरीर के किसी भाग पर किसी भारी वस्तु की चोट लगने अथवा दाब पडने के कारण होता है। जो स्थान दबता है वह फैलकर चिपटा हो जाता है और प्राय उस स्थान की हड्डी की भी यही दशा होती है, त्वचा कट जाती है और कटा हुआ भाग रुधिर और मज्जा से चिपचिपा बना रहता है।

पिच्ची—वि० [हिं०] दे० 'पिच्चित'।

पिच्छ—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी पशु की पूँछ। ऐसी पूँछ जिसपर बाल हो। लागूल। २ मोर की पूँछ। मयूरपुच्छ। ३ मोर की चोटी। चूडा। ४. मोचरस। ५. पंख। डैना (को०)। ६ बाण का पंख (को०)। ७ द्रुम या पूँछ के पंख। जैसे, मोर का (को०)।

पिच्छक—संज्ञा पुं० [सं०] १ लागूल। पूँछ। २ मोचरस।

पिच्छतिका—संज्ञा स्त्री० [स०] शीशम। शिंशिपा।

पिच्छन—संज्ञा पुं० [सं०] किसी वस्तु को अत्यत दबाना। दबाकर चिपटा करने की क्रिया। अत्यत पीडन।

पिच्छपाद—संज्ञा पुं० [सं०] पैरो में होनेवाला एक रोग।

पिच्छपादी—वि० [स० पिच्छपादिन्] जिसको पिच्छपाद हो गया हो। पिच्छपाद रोगयुक्त (घोडा)।

पिच्छबाण—संज्ञा पुं० [सं०] बाज। श्येन।

पिच्छभार—संज्ञा पुं० [स०] मोर की पूँछ।

पिच्छमⓤ—वि० [हिं० पच्छिम] दे० 'पश्चिम'। उ०—घर पिच्छम निरखण मन धारे। परसण हरि द्वारका पधारे।—रा० रू०, पृ० १२।

पिच्छल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मोचरस। २ आकासबेल। आकाशवल्ली। ३ शीशम। शिंशिपा वृक्ष। ४ वासुकि के वंश का एक सर्प।

पिच्छल[2]—वि० जिसपर से पैर रपट या फिसल जाय। रपटनेवाला। चिकना।

पिच्छल[3]—वि० [हिं०] दे० 'पिछला'।

पिच्छल[4]—संज्ञा पुं० [हिं० पिछला] जहाज का पिछला भाग। (लश०)।

पिच्छलच्छदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बेर। बदरीवृक्ष। २ पोय। उपोदकी शाक।

पिच्छलतिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूँछ पर के पंख [को०]।

पिच्छलदला—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पिच्छलच्छदा'।

पिच्छलपाद—सज्ञा पुं० [सं०] घोडो के पैर में होनेवाला एक रोग।

पिच्छा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मोचरस। २ सुपारी। पुग वृक्ष। ३ शीशम। ४ नारगी का वृक्ष। ५ निर्मली का पेड। ६ आकाशलता। आकाशवेल। ७. आवरण। खोल (को०)। ८ कवच। सनाह (को०)। ९ राशि। समूह (को०)। १०. कतार। पक्ति। लाइन (को०)। ११ पिडली (को०)। १२ सर्प की विषाक्त लार। फणिलाला (को०)। १३ घोड़ो का एक रोग। पिच्छलपाद। १४ भात या चावल का मांड।

पिच्छास्राव—सज्ञा पुं० [सं०] लिबलिबी लार (को०)।

पिच्छिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ चँवर। चामर। २ ऊन की चँवरी जो जैनी साधु अपने पास रखते हैं। ३ मोरछल।

पिच्छितिका—सज्ञा स्त्री० [स०] शीशम।

पिच्छिल¹—वि० [स०] [वि० स्त्री० पिच्छिला] १. सरल और स्निग्ध (पदार्थ)। गीला और चिकना। २ फिसलनेवाला। फिसलन युक्त। जिसपर कोई वस्तु ठहर न सके। जिसपर पडने से पैर रपटे। ३. चावल के मांड से चुपडा हुआ। ४ चूडायुक्त (पक्षी)। जिसके सिर पर चूडा हो। ५. दुमदार। पूंछवाला (को०)। ६. खट्टा, कोमल, फूला हुआ और कफकारी (पदार्थ) (वैद्यक)।

पिच्छिल²—सज्ञा पु० १. लसोडा। श्लेष्मातक। २ चावल का मांड। भक्तमड (को०)। ३ स्निग्ध सरल व्यजन (दाल, कढ़ी आदि)।

पिच्छिलक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मोचरस। २ धामिन का पेड।

पिच्छिलच्छदा—सज्ञा पुं० [सं०] १ बेर। बदरी वृक्ष। २ पोय। उपोदकी शाक।

पिच्छिलत्वक्, पिच्छिलत्वच्—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नारगी का पेड। २ धामिन का पेड।

पिच्छिलदला—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पिच्छिलच्छदा'।

पिच्छिलचारित—सज्ञा स्त्री० [सं०] निरूढवस्ति का एक भेद।
विशेष—दे० 'निरूढवस्ति'।

पिच्छिलसार—सज्ञा पुं० [स०] मोचरस।

पिच्छिला¹—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पोई। २ शीशम। ३ सेमल। शाल्मली वृक्ष। ४ तालमखाना। कोकिलाक्ष। ५ वृश्चिकाली जडी। वृश्चिका क्षुप। ६. शूली घास। ७ अगर। ८ अलसी। ९. अरवी।

पिच्छिला²—वि० स्त्री० दे० 'पिच्छिल'।

पिछ†—वि० [हिं० पीछे] पीछे। पीछा का समास में प्रयुक्त रूप। जैसे, पिछलगा आदि।

पिछड़ना—क्रि० अ० [हिं० पिछाड़ी+ना (प्रत्य०)] १ पीछे रह जाना। साथ साथ, बराबर या आगे न रहना। २ श्रेणी में आगे या बराबर न रहना।
संयो० क्रि०—जाना।

पिछड़ापन—सज्ञा पुं० [हिं० पिछड़ना+पन (प्रत्य०)] पिछड़ने या पीछे रहने या होने की स्थिति। विकास की विरोधी स्थिति। अविकसित अवस्था।

पिछनावनाⓈ—क्रि० स० [हिं० पहचनवाना, गुज० पिछान, पिछानवुँ] पहचान कराना। परिचय कराना। उ०—तब भैरव इक गन सरिस किन हुकम हर नद। विवरि नाम वीरन सबन कहि पिछनावहु चद।—पृ० रा०, ६।६४।

पिछरना†—क्रि० स० [हिं०] पछाडना। मारना। उ०—पकरि कसाई पटकि पिछरना। समुझि देखि निश्चै करि मरना।—सुदर ग्र०, भा० १, पृ० ३३४।

पिछलगा—सज्ञा पुं० [हिं० पीछे+लगना] १ वह मनुष्य जो किसी के पीछे पीछे चले। अधीन। आश्रित। २ वह आदमी जो अपने स्वतत्र विचार या सिद्धात न रखता हो, बल्कि सदा किसी दूसरे के विचारो या सिद्धातो के अनुसार काम करे। किसी का मतानुयायी। अनुवर्ती। अनुगामी। शिष्य। शागिर्द। चेला। ३ सेवक। नौकर। खिदमतगार।

पिछलगी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पिछलगा] १ दे० 'पिछलगा'। २ पिछलगा होने का भाव। अनुयायी होना। अनुगमन करना। अनुवर्तन। अनुसरण।

पिछलगू†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पिछलगा'।

पिछलग्गू†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पिछलगा'।

पिछलत्तो†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पिछला+लात] गधे घोड़े आदि पशुओं का पिछले पैर से पीछे की ओर मारना।

पिछलना—क्रि० अ० [हिं० पीछा] पीछे की ओर हटना या मुडना (क्व०)।

पिछलपाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीछा+पाही=पैरवाली)] १ चुडैल।
विशेष—चुडैलों के सबध में लोगों की धारणा है कि इनके पैरो मे एडी आगे और पजे पीछे की ओर होते हैं।
२ जादूगरनी।

पिछला¹—वि० [हिं० पीछा] [स्त्री० पिछली] १ जो किसी वस्तु की पीठ की ओर पड़ता हो। पीछे की ओर का। 'अगला' का उलटा जैसे,—(क) इस मकान का पिछला हिस्सा कुछ कमजोर है। (ख) इस घोडे की पिछली दोनो टाँगें खराब हैं। २ जो घटना स्थिति आदि क्रम में किसी के अथवा सबके पीछे पडता हो जिसके पहले या पूर्व में कुछ और हो या हो चुका हो बाद का। अनतर का। पहला का उलटा। जैसे,—आपने अपना पहला बयान तो वापस ले लिया, परतु पिछले को ज्यों का त्यो रखा है। ३ किसी वस्तु के उत्तर भाग सबध रखनेवाला। अत के भाग का या अर्धांश का। उत्तरवर्ती। अंत की ओर का। जैसे—(क) इस पुस्तक के पिछले प्रकरण अधिक उपादेय हैं। (ख) अपने पिछले प्रयत्नो उन्हे वैसी सफलता नहीं हुई जैसी पहले प्रयत्नो में हुई थी।
मुहा०—पिछला पहर=दो पहर या आधी रात के बाद

समय। दिन अथवा रात का उत्तर काल। पिछली रात = रात्रि का उत्तर काल। रात में आधी रात के बाद का समय। पिछले काँटे = (१) परवर्ती काल में। (२) वर्तमान के ठीक पहले के समय में। उ०—मगर, पिछले काँटे वह मानिक के घर बहुत कम आने लगी।—शराबी, पृ० ३६।

४ बीता हुआ। गत। जो भूत काल का विषय हो गया हो। पुराना। गुजरा हुआ। जैसे,—पिछली बातों को भूल जाना अच्छा होगा। ५ सबसे निकटस्थ। भूत काल का। उस भूत काल का जो वर्तमान के ठीक पहले रहा हो। गत बातों में से अंतिम या अंत की ओर का। जैसे, पिछले साल आदि।

मुहा०—पिछला दिन = वह दिन जो वर्तमान से एक दिन पहले बीता हो। पिछली रात = कल की रात। आज से एक दिन पहले बीती हुई रात। गत रात्रि। पिछली बातों पर खाक डालना = गत काल की बातों को भुला देना। बीती बात को भुला देना। बीती बात को बिसार देना। उ०—लाडो-चलो, अब पिछली बातों पर खाक डालो।—सैर कु०, पृ० ३३।

पिछला[२]—संज्ञा पु० १ पिछले दिन पढ़ा हुआ पाठ। एक दिन पहले पढ़ा हुआ पाठ। आमोख्ता। जैसे,—तुमको अपना पिछला दुहराने में देर लगती है।

क्रि० प्र०—दुहराना।

२ वह खाना जो रोजे के दिनों मे मुसलमान लोग कुछ रात रहते खाते हैं। सहरी।

पिछला[३]—संज्ञा स्त्री० [देश०] पछेली। हाथ में पीछे पहनने का एक आभूषण उ०—कँगने पहुँची, मृदु पहुँचों पर, पिछला, मँझुवा, अगला क्रमतर, चूड़ियाँ, फूल की मठियाँ वर।—आत्या पृ० ४०।

पिछवाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीछा] पीछे की ओर लटकाने का परदा।

पिछवाड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० पीछा+वाड़ा (प्रत्य०)] [स्त्री० पिछवाड़ी] १ किसी मकान का पीछे का भाग। घर का पृष्ठ भाग। घर का वह भाग जो मुख्य द्वार के विरुद्ध दिशा में हो। २ घर के पीछे का स्थान या जमीन। किसी मकान के पृष्ठ भाग से मिली हुई जमीन। घर की पीठ की ओर का खाली स्थान।

पिछवारा—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पिछवाड़ा'।

पिछाड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीछवाड़ी] १ पिछला भाग। पीछे का हिस्सा। पृष्ठ भाग। २ पंक्ति मे अंत का व्यक्ति। ३ वह रस्सी जिससे घोड़े के पिछले पैर बाँधते हैं।

क्रि० प्र०—लगाना।—बाँधना।

पिछानⓊ†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पहचान] दे० 'पहचान'। उ०—साहिब एक अगम्य ताकर करहु पिछान।—कबीर सा०, पृ० ५९८।

पिछाननाⓊ—क्रि० सं० [हिं० पिछान] दे० 'पहचानना'। उ०—छला परोसिनि हाथ तें करि लियो पिछानि।—बिहारी (शब्द०)।

पिछानिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पहचान'। उ०—जल तें निकासि बहु भाँति गहि डारी तट 'लीजिये पिछानि' देखि सुधि बुधि गई है।—भक्तमाल, पृ० ४८६।

पिछारी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिछाड़ी'।

पिछेलना—क्रि० स० [हिं० पीछे+ऐलना (हेलना)] १ पीछे ठेलना या करना। उ०—आता है जी में तात यही, पीछे पिछेल व्यवधान मही। झट लोटूँ चरणों में आकर, सुख पाऊँ करस्पर्श पाकर।—साकेत, पृ० १८५। २ किसी कार्य में आगे निकल जाना। पिछाड़ देना।

पिछोंकड़ा‡—संज्ञा पुं० [हिं० पीछे+ओंकड़ा (प्रत्य०)] मकान के पीछे का भाग। पिछवाड़ा। उ०—भीख जन उदास होकर मंदिर के पिछोकड़ें जाकर बैठ गया और वहाँ से भगवान् की स्तुति करता हुआ ध्यान करने लगा।—सुंदर० ग्र० (जी०), भा० १, पृ० ८५।

पिछोरा—संज्ञा पुं० [हिं०] [संज्ञा स्त्री० पिछोरी] दे० 'पिछौरा'। उ०—फूलन को मुकुट बन्यो, फूलन को पिछोरा तन सोहित अति प्यारो वर फूलन को सिंगार।—नंद० ग्र०, पृ० ३७९।

पिछौंहँ†—वि० [हिं० पीछे+औंहँ (प्रत्य०)] जिसने अपना मुँह पीछे कर लिया हो। किसी के मुँह की ओर जिसकी पीठ पड़ती हो। किसी वस्तु को न देखता हुआ।

पिछौंड़ा†—क्रि० वि० [हिं० पीछा+औंडा (प्रत्य०)] पीछे की ओर।

पिछौंता—क्रि० वि० [हिं० पीछा+औंता (प्रत्य०)] पीछे की ओर।

पिछौंहा†—वि० [हिं० पीछा+औंहा (प्रत्य०)] १. पीछे का। पीछे की ओर का। २ पश्चिमीय। पश्चिम का।

पिछौंही†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिछौरी'।

पिछौंहैंⓊ—क्रि० वि० [हिं० पिछौंहा] पीछे की ओर। पीछे की ओर से। उ०—कहै पदमाकर पिछौंहैं आय आदर से छलिया छबीलो छैल बासर बितै बितै।—पद्माकर (शब्द०)।

पिछौरा—संज्ञा पुं० [सं० पक्षपट ? प्रा० पच्छवड, पछेवड़ा] १. मरदाना दुपट्टा। पुरुषों की चादर। २ ओढ़ने का मोटा कपड़ा।

पिछौरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिछौरा] १ स्त्रियों का वह वस्त्र जिसे वे सबसे ऊपर ओढ़ती हैं। स्त्रियों की चादर। उ०—झगा पगा अरु पाग पिछौरी ढाढिन को पहिरायो।—सूर (शब्द०) २ ओढ़ने का वस्त्र। कोई कपड़ा जो ऊपर से डाल लिया जाय।

पिछ्छीⓊ—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'पीछे'। पीछे की ओर। उ०—फौज पिछ्छी फिरी राज राजगरी।—पृ० रा०, २४।२१४।

पिटकाकी, पिटकोकी—संज्ञा स्त्री० [सं० पिटङ्काकी, पिटङ्कोकी] इंद्रायन। इंद्रवारुणी।

पिटत—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीटना+अंत (प्रत्य०)] पीटने की क्रिया या भाव। मारपीट। मारकूट।

पिट[१]—संज्ञा पु० [अ०] थिएटर मे गैलरी के आगे की सीटें या आसन।

पिट[२]—संज्ञा स्त्री० [अनु०] किसी वस्तु के आघात से उत्पन्न ध्वनि।

पिट[२]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पिटक। पिटारा। संदूक। २ गृह। मकान। ३. छत। छाजन [को०]।

पिटक—संज्ञा पु० [सं०] १ पिटारा। २ फुडिया। फुंसी। ३ आभूषण जो इंद्रध्वजा मे लगाया जाता है। ४. धान्यकोष्ठ। धान्यागार। कुसूल (को०)। ५. किसी ग्रंथ का एक भाग। ग्रंथविभाग। खंड। हिस्सा। जैसे, त्रिपिटक=तीन भागोवाला (बौद्ध) ग्रंथ।

पिटका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. पिटारी। २ फुंसी।

पिटना[१]—क्रि० अ० [हिं० पीटना] १ मार खाना। ठोका जाना आघात सहना। उ०—पाछे पर न कुसग के पदमाकर यहि डीठ। पर घन खात कुपेट ज्यो पिटत विचारी पीठ।—पद्माकर (शब्द०)। २ पराजित होना। हार जाना। ३ बजना। आघात पाकर आवाज करना। जैसे, डौंडी पिटना, ताली पिटना आदि।

पिटना[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पीटना] वह औजार जिससे किसी वस्तु को विशेषत चूने आदि की बनी हुई छत को राज लोग पीटते हैं। पीटने का औजार। थापी।

पिटपिट—संज्ञा स्त्री० [अनु०] पिट पिट शब्द। किसी छोटी वस्तु के गिरने का या हलके आघात का शब्द।

पिटपिटाना—क्रि० अ० [अनु०] असमर्थता आदि के कारण हाथ पैर पटककर रह जाना। विवश होकर रह जाना।

पिटमान—संज्ञा पुं० [?] पाल। (लश०)।

पिटरिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिटारा+ईया (प्रत्य०)] झाँपी। दे० 'पिटारी'।

पिटवाँ—वि० [हि पीटना] पीटकर बनाया हुआ।

पिटवाना—क्रि० स० [हिं० पीटना] १ किसी के पिटने या मारे जाने का कारण होना। अन्य के द्वारा किसी पर आघात कराना। ठोकवाना। कुटवाना। मार खिलवाना। २ बजवाना। जैसे, डौंडी पिटवाना। ३ पीटने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को पीटने मे प्रवृत्त करना।

पिटस—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिट्टस'। उ०—मेरे नरगिसी आँखोंवाले बेटा दुल्हन लाश पर खडी है आखिरी दीदार तो दो। इस फिकरे पर पिटस पड गई।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ६१३।

पिटाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीटना] १ पीटने का काम या भाव। जैसे, छत की पिटाई। २. आघात। प्रहार। मार। मारकूट। ३ पीटने की मजदूरी। ४ मारने का पुरस्कार। ५ पिटवाने की मजदूरी।

पिटाक—संज्ञा पुं० [सं०] पिटारा। संदूक। बक्स [को०]।

पिटापिट†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीटना] मारपीट। मारकूट। किसी वस्तु को कुछ समय तक बराबर पीटना। जैसे,—वहाँ खूब पिटापिट मची रही।

पिटारा—संज्ञा पुं० [सं० पिटक] [स्त्री० पिटारी] १ बाँस, बेत, मूँज आदि के नरम छिलको से बना हुआ एक प्रकार का बडा सपुट या ढकनेदार पात्र। झाँपा।

विशेष—इसका घेरा गोल, तल बिलकुल चिपटा और ढकना ढालुवाँ गोल अथवा बीच मे उठा हुआ होता है। पहले पिटारे का व्यवहार बहुत था, पर तरह तरह के ट्रंकों के प्रचार के कारण इसका व्यवहार घटता जाता है। बाँस आदि की अपेक्षा मूँज और बेंत का पिटारा अधिक मजबूत होता है। मजबूती के लिये अक्सर इसको चमडे या किसी मोटे कपडे से मढवा देते है। आजकल लोहे के पतले गोल तारो से भी पिटारे बनते हैं।

२ बडा गुब्बारा।

पिटारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिटारा का स्त्री० और अल्पा०] १ छोटा पिटारा। झाँपी। २ पान रखने का बरतन। पानदान।

मुहा०—पिटारी का खर्च=(१) वह धन जो स्त्रियो के पान के खर्च के लिये दिया जाय। पानदान का खर्च। (२) वह धन जो किसी स्त्री को व्यभिचार से प्राप्त हो। व्यभिचार की कमाई।

पिटिक्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] पिटारों का समूह [को०]।

पिटौर—संज्ञा पुं० [हिं० √पीट+और (प्रत्य०)] वह डडा या लाठी जिससे फसल की बालो आदि को पीटकर उसके दाने निकालते हैं। पिटना।

पिट्टक—संज्ञा पुं० [सं०] दाँत की मैल।

पिट्टन—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीटना] रोने पीटने की क्रिया या भाव। पिट्टस।

क्रि० प्र०—पड़ना।

पिट्टस—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीटना+स (प्रत्य०)] शोक या दुःख से छाती पीटने की क्रिया। (स्त्रि०)।

मुहा०—पिट्टस पड़ना या मचना=शोक या दुःख में छाती पीटा जाना। रोना धोना होना। हाय हाय मचना। जैसे,—यह खबर सुनते ही वहाँ पिट्टस पड गई।

पिट्ट—वि० [हिं० पिट्ट+ऊ (प्रत्य०)] जो प्राय पीटा जाय। मार खाने का अभ्यस्त।

पिट्ठ(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पीठ'। उ०—तजे बिन आयुध पिट्ठि दिखाया।—ह० रासो, पृ० ८।

पिट्ठू—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पीठी'।

पिट्ठू—संज्ञा पुं० [हिं० पिट्ठू+ऊ (प्रत्य०)] १ पीछे चलने वाला। पिछलगा। अनुयायी। २ सहायक। मददगार। पृष्ठपोषक। हिमायती। ३ किसी खिलाडी का वह कल्पित साथी जिसकी बारी मे वह स्वय खेलता है।

विशेष—जब दोनो पक्षो के खिलाडियो की सख्या बराबर नहीं होती तब न्यूनसख्यक पक्ष के एक दो खिलाडी अपने साथ एक एक पिट्ठू मान लेते हैं और अपनी बारी से

पुराने पर दूसरी बार उस पिट्ठू को बारी लेकर खेलते हैं। ४. खेत में साथ रहनेवाला। ५ अंधानुकरण करनेवाला। बिना समझे बूझे किसी का अनुयायी होनेवाला। ६ किसी की हर एक बात का समर्थन करनेवाला। हाँ में हाँ मिलानेवाला। खुशामदी।

पिठमिल्ला—संज्ञा पुं० [हिं० पीठ+मिलना] अँगरखे या कोट आदि का वह भाग जो पीठ पर रहता है। पीठ।

पिठर—संज्ञा पुं० [सं०] १ गोबा। मुस्तक। २. मथानी। मथनदंड। ३. थाली। ४ एक प्रकार का घर। ५ एक अग्नि। ६ एक दानव।

पिठरक—संज्ञा पुं० [सं०] १ थाली। पात्र। बर्तन। २ एक नाग का नाम।

पिठरकपाल—संज्ञा पुं० [सं०] टूटे हुए बरतन का टुकड़ा [को०]।

पिठरपाक—संज्ञा पुं० [सं०] भिन्न भिन्न परमाणुओं के गुणों में तेज के संयोग से फेरफार होना। जैसे, घड़े का पककर लाल होना।

पिठरिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] थाली।

पिठरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ थाली। पात्र। २ राजमुकुट।

पिठवन—संज्ञा स्त्री० [सं० पृष्टपर्णी] एक प्रसिद्ध लता जो औषध के काम में आती है। पिठौनी। पृष्ठपर्णी।

विशेष—यह पश्चिम और बंगाल में अधिकता से पाई जाती है। परंतु दक्षिण में नहीं दिखाई पड़ती। इसके पत्ते छोटे गोल गोल होते हैं और एक एक डाँडी में तीन तीन लगते हैं। फूल गोल और सफेद होते हैं। जड़ कम मिलने के कारण इसकी लता ही प्रायः काम में लाई जाती है। वैद्यक में इसको कटु, तिक्त, उष्ण, मधुर, क्षारक, त्रिदोषनाशक, वीर्यजनक, तथा दाह, ज्वर, श्वास, तृषा, रक्तातिसार, वमन, वातरक्त, व्रण और उन्माद आदि का नाशक लिखा है।

पर्या०—ककुशमु। कदला। कलशी। व्याप्तुक। मेखला। क्रोष्टुक। पक्षिका। चक्रकुल्या। चर्कपर्णी। तन्वी। धमनी। दीर्घपर्णी। पृथक्पर्णी। पृश्निपर्णी। चित्रपर्णी। त्रिपर्णी। सिंहपुच्छी। गुहा। पिष्टपर्णी। लांगुली। शृगालशुंठा। मेखला। लांगुलिका। ब्रह्मपर्णी। सिंहपुष्पी। अत्रिपर्णी। विष्णुपर्णी। अतिगुहा। घण्टिला।

पिठो—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिट्ठी'।

पिठोनस—संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि।

पिठौनी—संज्ञा स्त्री० [सं० पृष्टपर्णी, हिं० पिठवन] दे० 'पिठवन'

पिठौरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिट्ठी+औरी (प्रत्य०)] १ पीठी की बनी हुई खाने की कोई चीज, जैसे, बरी पकौरी। २ गुँधे हुए आटे का वह छोटा पेड़ा जो पकती हुई दाल में छोड़ दिया जाता है और उसी में उबलकर पक जाता है। दलफरा।

पिट्ठ‡—संज्ञा स्त्री० [सं० पृष्ठ, प्रा० पिट्ठ, हिं० पीठ] दे० 'पीठ'। उ०—अप्पमान निभानहु पिट्ठ दिउँ।—कीर्ति०, पृ० ११२।

पिड़क—संज्ञा पुं० [सं० पिटक] छोटा फोड़ा। फुंसी। स्फोटक।

पिड़का—संज्ञा स्त्री० [सं० पिडका] दे० 'पिडक'।

पिड़कना—क्रि० अ० [हिं० पिनकना] १ आवेश में आना। २ झुँझलाना।

पिड़काना—क्रि० स० [हिं० पिडकना] चिढ़ाना। परेशान करना। झुँझलाहट पैदा करना।

पिड़किया—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिंडुकिया] एक प्रकार का पकवान गुझिया।

पिड़की—संज्ञा स्त्री० [सं० पिडक] १. दे० 'पिडक'। २. दे० 'पेंडुकी'।

पिड़गना‡—संज्ञा पुं० [फा० परगनह् परगनह्, हिं० परगना] दे० 'परगना'। उ०—बावन पिडगना तो रायसल नै साहि दीनाँ।—शिखर०, पृ० २०२।

पिड़भू†—संज्ञा, स्त्री० [सं० पिण्ड+भूमि] युद्धभूमि। रणक्षेत्र। उ०—पिडभू भीम पछाडियो, खुरम गयो कर खेह।—बाँकीदास ग्र०, भा० १, पृ० ७३।

पिड़वार†—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिपदा, हिं० पड़िवा] दे० 'प्रतिपदा', उ०—असुरां सिर आयो अखो, पिडवारै परभात।—रा० रू०, पृ० २७६।

पिड़िका—संज्ञा स्त्री० [सं० पिडका] दे० 'पिडका'। उ०—भोज और सुश्रुत के मत से नौ पिडिका हैं और चरक के मत से सात ही।—माधव०, पृ० १८७।

पिड़िया—संज्ञा स्त्री० [सं० पिष्टक या पिण्डिका अथवा हिं० पेड़ा] १ चावल का गुँधा हुआ आटा जो लबोतरे पेड़े के आकार का बनाकर अदहन में छोड़ दिया जाता है और उबल जाने पर खाया जाता है। २ लबोतरे और गोल आकार के सत्तू की बड़ी हुई पिंडिका।

पिड़ुरी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिंडरी'। उ०—जाँघें भर आईं और पिड़ुरी थरथराने लगी।—श्यामा०, पृ० १२१।

पिढ़ई—स्त्री० स्त्री० [हिं० पीढ़ा+अई (प्रत्य०)] १ छोटा पीढ़ा या पाटा। २ किसी छोटे यंत्र का आधार जो छोटे पीढ़े के समान हो। वह ढाँचा जिसपर कोई छोटा यंत्र रखा रहे, जैसे, रहँट का।

पिढ़िपानी‡—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीढ़ा+पानी] आगत को बैठने के लिये पाटा और हाथ मुँह धोने के लिये जल। पीढ़ा और पानी। उ०—के तो थिकाह कहब कुल जानी। बिनु परिचय नहिं दिब पिढ़िपानी।—विद्यापति, पृ० ३६३।

पिढ़ी†—संज्ञा स्त्री० [सं० पीठिका] १ मचिया। उ०—कोऊ कहै बलि पाँवरी लावो। बलि बलि मोहि पिढ़ी पकरावो।—नंद ग्र०, पृ० २५५। २ दे० 'पीढ़ी'।

पिण(पु)—अव्य० [सं० पुन ?] १. परंतु। किंतु। लेकिन। उ०—पुणजे मुख अखरोट पिण, अै दश दोम असाध।—रघु० रू०, पृ० १३। २ भी। उ०—म्हे पिण जास्यां नरवरह, एकण साथ खडांह।—ढोला०, दू० ६२८।

पिण्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] मालकँगनी।

पिण्याक—सज्ञा पुं० [स०] १ तिल या सरसो की खली। २ हींग। ३ शिलाजीत। ४ शिलारस। सिह्लक। ५ केशर।

पितंबरⓊ—सज्ञा पुं० [स० पीताम्बर] दे० 'पीताबर'। उ०—(क) ओढ़ि पितबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारनि सग फिरौंगी। रसखान०, पृ० १३। (ख) चोलिया पहिरि धनि चली है गवनवाँ, सेत पितवर लागे हिंडोल।—धरनी० श०, पृ० ७०।

पितपापड़ा—सज्ञा पुं० [सं० पीतपर्पट] एक झाड या क्षुप जिसका उपयोग औषध के रूप में होता है।

विशेष—इसे दवनपापडा भी कहते हैं। इसके दो भेद होते हैं—एक में लाल फूल लगते हैं, दूसरे मे नीले। लाल फूल-वाला अधिक गुणदायक माना जाता है। वैद्यक मे इसको शीतल, कडवा, मलरोधक, वात को कुपित करनेवाला, हलका तथा भ्रम, मद, प्रमेह तृषा, पित्त, कफ, ज्वर, रक्त-विकार, अरुचि, दाह, ग्लानि और रक्तपित्त को नष्ट करने-वाला माना है।

पर्या०—पर्पट। वरतिक्त। पांशुपर्याय। कवचनामक। त्रियष्टि। तिक्त। चरक। वरक। अरक। रेणु। तृष्णारि। शीत। शीतप्रिय। पांशु। कलपांग। वर्मकटक। कृष्णशाख। प्रगध। सुतिक्त। रक्तपुष्पक। पित्तारि। कटुपत्र। नक्र। शीतवल्लभ।

पितर—सज्ञा पुं० [सं० पितृ, पितर] मृत पूर्वपुरुष। मरे हुए पुरखे जिनके नाम पर श्राद्ध या जलदान किया जाता है। विशेष—दे० 'पितृ'—२। उ०—देव पितर सब तुमहि गोसाईं। राखहुँ पलक नयन की नाईं।—मानस, २।५७।

पितरपख†—सज्ञा पुं० [स० पितृपक्ष] दे० 'पितृपक्ष'।

पितरपच्छ†—सज्ञा पुं० [सं० पितृपक्ष] दे० 'पितृपक्ष'। उ०—पितरपच्छ के दिन आ गए थे।—नई०, पृ० १०२।

पितरपति—सज्ञा पुं० [सं० पितृ+सं० पति] यमराज।

पितराइँध†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीतल+गध] किसी खाद्य वस्तु के स्वाद और गध में वह विकार जो पीतल के बरतन मे अधिक समय तक रखे रहने से उत्पन्न हो जाय। पीतल का कसाव।

पितराई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीतल+आई (प्रत्य०)] पीतल का कसाव। पीतल का स्वाद। पितराइँध। जैसे,—दही में पितराई उतर आई है।

पितराना—क्रि० अ० [हिं० पीतर से नाम०] पितराइँध आना। पीतल का स्वाद आ जाना। कसाव पैदा होना।

पितरिहा[1]—वि० [हिं० पीतल+हा (प्रत्य०)] पीतल का। पीतल का बना हुआ।

पितरिहा[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पीतल] पीतल का घडा।

पितलⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पीतल'। उ०—पारस परसि पितल होय सोनू।—नद० ग्र०, पृ० १४३।

पितलाना—क्रि० अ० [हिं० पीतल से नाम०] दे० 'पितराना'।

पितससुर—सज्ञा पुं० [हिं० पितिया ससुर] दे० 'पितिया ससुर'।

पितांबर—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पीताबर'। उ०—और श्री ठाकुर जी ने अपने पितावर उढायो।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ७८।

पिता—सज्ञा पु० [सं० पितृ का कर्ता कारक] जन्म देकर पालनपोषण करनेवाला। बाप। जनक।

पर्या०—तात। जनक। प्रसविता। वप्ता। जनयिता। गुरु। जन्य। जनित। बीजी।

पितामह—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० पितामही] १. पिता का पिता। दादा। २. भीष्म। ३. ब्रह्मा। ४ शिव। ५ एक ऋषि जिन्होने एक धर्मशास्त्र बनाया था।

पितिजिया—सज्ञा स्त्री० [स० पुत्रजीवक] इगुदी की तरह का एक प्रकार का पेड। पितौंजिया। जियापोता।

विशेष—इसके पत्ते और फल भी इगुदी के पत्तो और फलो से मिलते जुलते होते हैं। इसके बीजो की रुद्राक्ष की तरह, माला बनती है। वैद्यक मे इसे शीतल, वीर्यवर्धक, कफ-कारक, गर्भ और जीवदायक, नेत्रों को हितकारी, पित्त को शात करनेवाला तथा दाह और तृषा को हरनेवाला कहा जाता है।

पितिया—सज्ञा पुं० [स० पितृव्य] [स्त्री० पितियानी] चचा। चाचा। बाप का भाई।

पितियानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पितिया+नी (प्रत्य०)] चाचा की स्त्री। चची। चाची।

पितियाससुर—सज्ञा पु० [हिं० पितिया+ससुर] चचिया ससुर। ससुर का भाई। स्त्री या पति का चाचा।

पितियासासु—सज्ञा स्त्री० [हिं० पितिया+सास] चचिया सास ससुर के भाई की स्त्री। स्त्री या पति की चाची।

पितुⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पितृ] दे० 'पिता'।

पितृ—सज्ञा पु० [स०] १ दे० 'पिता'। २ किसी व्यक्ति के मृ बाप दादा परदादा आदि। ३. किसी व्यक्ति का ऐसा मृ पूर्वपुरुष जिसका प्रेतत्व छूट चुका हो।

विशेष—प्रेत कर्म या अत्येष्टि कर्म सबधी पुस्तको मे म गया है कि मरण और शवदाह के अनतर मृत व्यक्ति क आतिवाहिक शरीर मिलता है। इसके उपरांत जब उस पुत्रादि उसके निमित्त दशगात्र का पिंडदान करते हैं द दशपिंडो से क्रमश उसके शरीर के दश अग गठित होक उसको एक नया शरीर प्राप्त होता है। इस देह मे उस प्रेत सज्ञा होती है। षोडश श्राद्ध और सपिंडन के द क्रमश उसका यह शरीर भी छूट जाता है और वह नया भोगदेह प्राप्त कर अपने बाप दादा और परदादा आ के साथ पितृलोक का निवासी बनता है अथवा कर्मसक नुसार स्वर्ग नरक आदि मे सुखदु खादि भोगता है। इ अवस्था मे उसको पितृ कहते हैं। जबतक प्रेतभाव रहता है तब तक मृत व्यक्ति पितृ सज्ञा पाने का अधिका नहीं होता। इसी से सपिंडीकरण के पहले जहाँ आवश्यकता पडती है प्रेत नाम से ही उसका सबोधन जाता है। पितरो अर्थात् प्रेतत्व से छूटे हुए पूर्वजो की

के लिये श्राद्ध, तर्पण आदि करना पुत्रादि का कर्तव्य माना गया है। दे० 'श्राद्ध'।

४ एक प्रकार के देवता जो सब जीवों के आदिपूर्वज माने गए हैं।

विशेष—मनुस्मृति में लिखा है कि ऋषियों से पितर, पितरों से देवता और देवताओं से संपूर्ण स्थावर जंगम जगत् की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मा के पुत्र मनु हुए। मनु के मरीचि, अत्रि आदि पुत्रों की पुत्रपरंपरा ही देवता, दानव, दैत्य, मनुष्य आदि के मूल पुरुष या पितर हैं। विराट्पुत्र सोमसद्गण साध्यगण के, अत्रिपुत्र बर्हिषद्गण दैत्य, दानव, यक्ष, गंधर्व, सर्प, राक्षस, सुपर्ण, किन्नर और मनुष्यों के, पुलस्त्यपुत्र सोमपा ब्राह्मणों के, अंगिरा के पुत्र हविर्भुज क्षत्रियों के, पुलस्त्य के पुत्र आज्यप वैश्यों के और वशिष्ठ-पुत्र कालिन शूद्रों के पितर हैं। ये सब मुख्य पितर हैं।—इनके पुत्र पौत्रादि भी अपने अपने वर्गों के पितर हैं। द्विजों के लिये देवकार्य से पितृकार्य का अधिक महत्व है। पितरों के निमित्त जलदान मात्र करने से भी अक्षय सुख मिलता है (मनु० ३।१९४—२०३)।

पितृऋण—संज्ञा पुं० [सं०] धर्मशास्त्रानुसार मनुष्य के तीन ऋणों में से एक जिनको लेकर वह जन्म ग्रहण करता है। पुत्र उत्पन्न करने से इस ऋण से मुक्ति होती है।

पितृक—वि० [सं०] १ पितृसंबंधी। पिता का। पैतृक। २ पितृदत्त। पिता का दिया हुआ।

पितृकर्म—संज्ञा पुं० [सं० पितृकर्मन्] वह कर्म जो पितरों के उद्देश्य से किया जाय। श्राद्ध तर्पण आदि कर्म।

पितृकल्प¹—संज्ञा पुं० [सं०] श्राद्धादि कर्म।

पितृकल्प²—वि० पिता के समान। पितृतुल्य [को०]।

पितृकानन—संज्ञा पुं० [सं०] श्मशान।

पितृकार्य—संज्ञा पुं० [सं०] पितृकर्म।

पितृकुल—संज्ञा पुं० [सं०] बाप, दादा, परदादा या उनके भाई बंधुओं आदि का कुल। बाप की ओर के संबंधी। पिता के वंश के लोग।

पितृकुल्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ महाभारत में वर्णित एक स्थान। २ एक पवित्र नदी जो मलय पर्वत से निकली है (को०)।

पितृकृत्य—संज्ञा पुं० [सं०] पितृकर्म। श्राद्धादि।

पितृक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] पितृकर्म। श्राद्धादि कार्य।

पितृगण—संज्ञा पुं० [सं०] १ मनुपुत्र मरीचि आदि के पुत्र। विशेष—दे० 'पितृ'—४। २ समग्र पूर्वपुरुष। पितर लोग।

पितृगणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा का एक नाम [को०]।

पितृगाथा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पितरों द्वारा पठित कुछ विशेष श्लोक या गाथा। भिन्न भिन्न पुराणों के मत से ये गाथाएँ भिन्न भिन्न हैं।

पितृगामी—वि० [सं० पितृगामिन्] पिता से संबंधित [को०]।

पितृगीता—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक विशेष गीता जिसमें पितरों का माहात्म्य दिया गया है। यह वाराह पुराण के अंतर्गत है।

पितृगृह—संज्ञा पुं० [सं०] १ बाप का घर। नैहर। पीहर। मायका। (स्त्रियों के लिये)। २. श्मशान।

पितृग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार कार्तिकेय के उन अनुचरों में से एक जो कुछ रोगों के उत्पादक माने गए हैं।

पितृघात—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० पितृघातन, पितृघाती, पितृघ्न] बाप को मार डालना। पिता की हत्या करना।

पितृघातक—वि० [सं०] दे० 'पितृघाती'।

पितृघाती—वि० [सं० पितृघातिन्] पिता का वध करनेवाला [को०]।

पितृघ्न—वि० [सं०] पिता का वध करनेवाला।

पितृचरण—संज्ञा पुं० [सं० पितृ+चरण] पिता के चरण। पिता। पिता के लिये आदरार्थक प्रयोग।

पितृतर्पण—संज्ञा पुं० [सं०] १ पितरों के उद्देश्य से किया जानेवाला जलदान। विशेष—दे० 'तर्पण'। २ पितृतीर्थ। ३ तिल। ४ श्राद्ध में दी जानेवाली वस्तुएँ (को०)।

पितृतिथि—संज्ञा स्त्री० [सं०] अमावास्या।

विशेष—कहते हैं, पितरों को अमावास्या बहुत प्रिय है और श्राद्ध आदि कार्य इसी तिथि को करने चाहिए, और इसी लिये इसका नाम पितृतिथि है।

पितृतीर्थ—संज्ञा पुं० [सं०] १ गया। गया तीर्थ। २. मत्स्य-पुराण के अनुसार गया, वाराणसी, प्रयाग, विमलेश्वर आदि २२२ तीर्थ। ३ अँगूठे और तर्जनी के बीच का भाग जिसका उपयोग पितृकर्म में दान किया हुआ पिंड अथवा संकल्प का जल छोड़ने में होता है।

पितृत्व—संज्ञा पुं० [सं०] पिता या पितृ होने का भाव। पितृ या पिता होने की स्थिति।

पितृदत्त—वि० [सं०] पिता द्वारा प्रदत्त (जैसे, पिता द्वारा स्त्री को मिलनेवाली संपत्ति)।

पितृदान, पितृदानक—संज्ञा पुं० [सं०] पितरों के उद्देश्य से किया जानेवाला दान। वह दान जो मृत पूर्वजों के उद्देश्य से किया जाय।

पितृदाय—संज्ञा पुं० [सं०] पिता से प्राप्त धन या संपत्ति। वपौती।

पितृदिन—संज्ञा पुं० [सं०] अमावस्या।

पितृदेव—संज्ञा पुं० [सं०] पितरों के अधिष्ठाता देवता। अग्निष्वात्तादि पितर गण। दे० 'पितृ'—४।

पितृदेवत¹—वि० [सं०] पितृदेवता संबंधी। पितरों की प्रसन्नता के लिये किया जानेवाला (यज्ञ आदि)। (यज्ञ का अनुष्ठान) जो पितृदेवों की प्रसन्नता के लिये किया जाय।

पितृदेवत²—संज्ञा पुं० मघा नक्षत्र [को०]।

पितृदेवत्य—वि० [सं०] 'पितृदेवत¹'।

पितृदैवत¹—संज्ञा पुं० [सं०] १ मघा नक्षत्र। २ यम।

पितृदैवत[२]—वि० [सं०] दे० 'पितृदेवत' [को०]।

पितृदैवत्य[१]—वि० [स०] पितृदेवत।

पितृदैवत्य[२]—सज्ञा पु० अगहन, पूस, माघ और फागुन की कृष्ण अष्टमी (अष्टका) तिथियो को किया जानेवाला पितृकृत्य [को०]।

पितृद्रव्य—सज्ञा पुं० [स०] पैतृक सपत्ति।

पितृनाथ—सज्ञा पुं० [स०] १ यमराज। २. अर्यमा नामक पितर जो सब पितरो में श्रेष्ठ माने जाते हैं।

पितृपक्ष—सज्ञा पु० [स०] १ कुआर या आश्विन का कृष्ण पक्ष। कुआर की कृष्ण प्रतिपदा से अमावास्या का समय।

विशेष—यह पक्ष पितरो को अतिशय प्रिय माना गया है। कहा जाता है कि इसमें उनके निमित श्राद्ध आदि करने से वे अत्यत सतुष्ट होते हैं। इसी से इसका नाम पितृपक्ष हुआ है। प्रतिपदा से अमावास्या तक नित्य उनके निमित तिल-तर्पण और अमावास्या को पार्वणविधि से तीन पीढी ऊपर तक के मृत पूर्वजों का श्राद्ध किया जाता है। भिन्न भिन्न पूर्वजो की मृत्युतिथियो को भी उनके निमित इस पक्ष में श्राद्ध करते हैं। पर यह श्राद्ध एकोद्दिष्ट न होकर त्रैपुरुषिक ही होता है। इन पद्रह दिनो में आहार और विहार में प्राय अशौच के नियमो का सा पालन किया जाता है।

२ पिता की ओर के लोग। पिता के सबधी। पितृकुल।

पितृपति—सज्ञा पुं० [सं०] यम।

पितृपद—सज्ञा पुं० [स०] १. पितरो का देश। पितरो का लोक २ पितर होने की स्थिति या भाव। पितृत्व।

पितृपति—सज्ञा पुं० [सं० पितृपितृ] पितरो के पिता, ब्रह्मा।

पितृपुरुष—सज्ञा पुं० [सं० पितृ + पुरुष] पूर्वज।

पितृपैतामह—वि० [स०] जिसका सबध बाप दादो से हो। बाप दादो का।

पितृप्रसू—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. दादी। आजी बाप की माँ। पितामही। २. सध्या।

विशेष—पितृकृत्य में सध्यागामिनी अथवा सूर्यास्त समय मे वर्तमान तिथि ही ग्रहण की जाती है, तथा प्रेतकृत्य मे सध्या माता के समान उपकार करनेवाली मानी गई है। ये ही दो उसके पितृप्रसू सज्ञा प्राप्त करने के कारण हैं।

पितृप्राप्त—वि० [सं०] १ पिता से प्राप्त। २ पैतृक धन के रूप मे प्राप्त [को०]।

पितृप्रिय—सज्ञा पुं० [सं०] १. भँगरा। भँगरैया। भृगराज। २ अगस्त का वृक्ष।

पितृबंधु—सज्ञा पुं० [सं० पितृबन्धु] १ पिता के पक्ष से होनेवाला सबध। २ पितामह की बहिन के पुत्र, पितामही की बहिन के पुत्र और पिता के मामा के पुत्र [को०]।

पितृभक्त—वि० [सं०] पिता की भक्तिभाव से सेवा करनेवाला [को०]।

पितृभक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पिता की भक्ति। पिता में पूज्य बुद्धि। २ पुत्र का पिता के प्रति कर्तव्य।

पितृभोजन—सज्ञा पुं० [स०] १ उरद। माष। २. पितरो की भोज्य वस्तु।

पितृभ्राता—सज्ञा पुं० [स० पितृभ्रातृ] चाचा। चचा [को०]।

पितृमंदिर—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पितृगृह' [को०]।

पितृमात्रर्थ—सज्ञा पुं० [स०] वह व्यक्ति जो माता पिता के लिये भीख माँगे [को०]।

पितृमेध—सज्ञा पुं० [स०] वैदिक काल के अत्येमेष्ट कर्म का एक भेद जिसमें अग्निदान और दक्षपिडदान आदि सम्मिलित होते थे और जो श्राद्ध से भिन्न होता था।

पितृयज्ञ—सज्ञा पुं० [स०] तर्पणादि। पितृतर्पण।

पितृयाण—सज्ञा पुं० [स०] मृत्यु के अनतर जीव के जाने का वह मार्ग जिससे वह चद्रमा को प्राप्त होता है। वह मार्ग जिससे जाकर मृत व्यक्ति को निश्चित काल तक स्वर्ग आदि मे सुख भोगकर पुन ससार मे आना पडता है।

विशेष—ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति का प्रयास न कर अनेक प्रकार के अग्निहोत्र आदि विस्तृत पुण्यकर्म करनेवाले व्यक्ति जिस मार्ग से ऊपर के लोको को जाते हैं वही पितृयाण है। इसमें से जाते हुए वे पहले धूमाभिमानी देवताओ को प्राप्त होते हैं। फिर रात्रि, फिर कृष्ण पक्ष, फिर दक्षिणायन षण्मास के अभिमानी देवताओ को प्राप्त होते हैं। इसके पीछे पितृलोक और वहाँ से चद्रमा को प्राप्त होते हैं। अनतर वहाँ से पतित होकर ससार मे कर्मसस्कार के अनुसार किसी न योनि मे जन्म ग्रहण करते हैं। देवयान अर्थात् ब्रह्मज्ञानो पासको के मार्ग से यह उलटा है। दे० 'देवयान'।

पितृयान—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पितृयाण'।

पितृराज—सज्ञा पु० [स०] यम।

पितृरिष्ट—सज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार वह योग जिसमें बालक का जन्म होने से पिता की मृत्यु होती है।

विशेष—भिन्न भिन्न आचार्यों के मत से भिन्न भिन्न अनेक ऐसे योग पडते हैं।

पितृरूप—सज्ञा पुं० [स०] शिव।

विशेष—शिव सपूर्ण प्राणियो के पिता माने गए हैं इसी से उन्हे पितृरूप कहा जाता है।

पितृलोक—सज्ञा पुं० [सं०] पितरो का लोक। वह स्थान जहाँ पितृगण रहते हैं।

विशेष—छादोग्योपनिषद् मे पितृयाण का वर्णन करते हुए पितृलोक को चद्रमा से ऊपर कहा गया है। अथर्ववेद जो उदन्वती, पीलुमती और ह्रदो ये तीन कक्षाएँ द्युलोक कही गई हैं उनमे चद्रमा प्रथम कक्षा में और पितृलोक ह्रदो तीसरी कक्षा मे कहा गया है।

पितृवश—सज्ञा पुं० [सं०] पिता का कुल। पितृकुल [को०]।

पितृवन—संज्ञा पुं० [सं०] १ श्मशान। २. मृत्यु। मौत। मरण (को०)।

पितृवनेचर—संज्ञा पुं० [सं०] १ श्मशान में बसनेवाले, शिव। २ भूत प्रेत, दैत्य आदि (को०)।

पितृवर्ती—संज्ञा पुं० [सं० पितृवर्तिन्] पुराणानुसार एक राजा का नाम।

पितृवसति—संज्ञा पुं० [सं०] श्मशान।

पितृवित्त—संज्ञा पुं० [सं०] बाप दादो की संपत्ति। पैतृक धन। पुश्तैनी जायदाद।

पितृविसर्जन—संज्ञा पुं० [सं० पितृ+विसर्जन] पितरो की विदाई।

विशेष—पितृविसर्जन का कृत्य आश्विन मास की अमावास्या का होता है।

पितृवेश्म—संज्ञा पुं० [सं० पितृवेश्मन्] दे० 'पितृगृह' (को०)।

पितृव्य—संज्ञा पुं० [सं०] बाप का भाई। चचा। चाचा। काका।

पितृव्रत—संज्ञा पुं० [सं०] १ पितरों की पूजा करनेवाला। २ दे० 'पितृकर्म' (को०)।

पितृश्राद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] पिता या पितरों का श्राद्ध (को०)।

पितृषद्—संज्ञा पुं० [सं०] बाप का घर। पितृगृह। मैका। पीहर (स्त्रियों के लिये)।

पितृषूदन—संज्ञा पुं० [सं०] कुश।

पितृष्वसा—संज्ञा स्त्री० [सं० पितृष्वसृ] बाप की बहन। बूआ।

पितृष्वस्रीय—संज्ञा पुं० [सं०] बूआ का बेटा। फुफेरा भाई।

पितृसनिभ—वि० [सं० पितृसन्निभ] पिता के समान आदरणीय। पिता के तुल्य (को०)।

पितृसद्म—संज्ञा पुं० [सं० पितृसद्मन्] श्मशान (को०)।

पितृसत्ताक—वि० [सं० पितृ+सत्ता+क (प्रत्य०)] जहाँ पिता की सत्ता प्रधान हो। जहाँ पिता के अधिकार की प्रधानता हो। उ०—यह बिलकुल संभव है कि अफगानिस्तान में रहते वक्त आर्यों का समाज पितृसत्ताक रहा हो।—भा० इ० रू०, पृ० ४४।

पितृसत्तात्मक—वि० [सं० पितृ+सत्तात्मक] दे० पितृसत्ताक। उ०—मातृसत्ता की जगह पितृसत्तात्मक व्यवस्था ने ले ली। प्रा० भा० प० (भू०), पृ० 'ख'।

पितृसू—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दादी। पितामही। २ संध्या।

पितृसूक्त—संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक मंत्रसमूह।

पितृस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] १. वह जो पिता के स्थान पर हो। अभिभावक। २ जो पितृतुल्य हो। जो पितृवत् हो।

पितृस्थानीय—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पितृस्थान'।

पितृस्वसा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बूआ (को०)।

पितृस्वसीय—संज्ञा पुं० [सं०] फुफेरा भाई (को०)।

पितृहंता—संज्ञा पुं० [सं० पितृहन्] दे० 'पितृहा'।

पितृहत्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पितृघात'।

पितृहा—संज्ञा पुं० [सं० पितृहन्] पिता की हत्या करनेवाला। पितृहंता। पितृघाती।

पितृहू—संज्ञा पुं० [सं०] १ पितरो को देने योग्य वस्तु। २ दाहिना कान।

पितृह्वय—संज्ञा पुं० [सं०] पितरो का आह्वान करना। पितरो को बुलाना।

पितौंजिया—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्रजीवक] पुत्रजीवक नामक वृक्ष। वि० दे० 'पितिजिया'।

पित्त—संज्ञा पुं० [सं०] एक तरल पदार्थ जो शरीर के अंतर्गत यकृत में बनता है। इसका रंग नीलापन लिए पीला और स्वाद कड़वा होता है। आयुर्वेद शास्त्र के त्रिदोषो (कफ, वात, पित्त) में एक।

विशेष—इसकी बनावट में कई प्रकार के लवण और दो प्रकार के रंग पाए गए हैं। यह यकृत के कोषो से रसकर दो विशेष नालियो द्वारा पक्वाशय में आकर आहार रस से मिलता है और वसा या चिकनाई के पाचन में सहायक होता है। यदि पक्वाशय में भोजन नहीं रहता तो यह लौटकर फिर यकृत को चला जाता है और पित्ताशय या पित्ता नामक उससे संलग्न एक विशेष अवयव में एकत्र होता रहता है। वसा या स्नेहतत्व को पचाने के लिये पित्त का उससे यथेष्ट मात्रा में मिलना अतीव आवश्यक है। यदि इसकी कमी हो तो वह बिना पचे ही विष्ठा द्वारा शरीर से बाहर हो जाता है। इसके अतिरिक्त इसके और भी कई कार्य हैं, जैसे आमाशय से पक्वाशय में आए हुए आहार रस की खटाई दूर करना, आंतो में भोजन को सड़ने न देना, शरीर का तापमान स्थिर रखना, आदि। पित्त की कमी से पाचन क्रिया बिगड़ जाती है और मंदाग्नि, कब्ज, अतिसार आदि रोग होते हैं। इसी प्रकार इसकी वृद्धि से ज्वर, दाह, वमन, प्यास मूर्छा और अनेक चर्मरोग होते हैं। जिसका पित्त बढ़ गया हो उसका रंग बिलकुल पीला हो जाता है। पित्त के बढ़े या बिगड़े हुए होने की दशा में वह अकसर वमन द्वारा पेट से बाहर भी निकलता है।

वैद्यक के अनुसार पित्त शरीर के स्वास्थ्य और रोग के कारणभूत तीन प्रधान तत्वो अथवा दोषो में से एक है। जिस प्रकार रस का मल कफ है उसी प्रकार रक्त का मल पित्त है जो यकृत या जिगर में उससे अलग किया जाता है। भावप्रकाश के अनुसार यह उष्ण, द्रव, आमरहित दशा में पीला और आमसहित दशा में नीला, सारक, लघु, सत्वगुणयुक्त, स्निग्ध, रस में कटु परंतु विपाक के समय अम्ल है। अग्नि स्वभाववाला तो स्वयं अग्नि है। शरीर में जो कुछ उष्णता तत्व है उसका आधार यही है। इसी से अग्नि, उष्ण, तेजस् आदि पित्त के पर्याय हैं। इसमें एक प्रकार की दुर्गंधि भी आती है। शरीर में इसके पाँच स्थान हैं जिनमें यह अलग अलग पाँच नामो से स्थिर रहकर पाँच प्रकार के कार्य करता है। ये पाँच स्थान हैं—आमाशय (कहीं कहीं आमाशय

और पक्वाशय का मध्य स्थान भी मिलता है), यकृत, प्लीहा, हृदय, दोनो नेत्र, और त्वचा। इनमे रहनेवाले पित्तो का नाम क्रम से पाचक, रजक, साधक, आलोचक और भ्राजक हैं। पाचक पित्त का कार्य खाए हुए द्रव्यो को अपनी स्वाभाविक उष्णता से पचाना और रस, मूत्र और मल को पृथक् पृथक् करना है। रजक पित्त आमाशय से आए हुए आहार रस को रजित कर रक्त में परिणत करता है। साधक पित्त कफ और तमोगुण को दूर करता और मेधा तथा बुद्धि उत्पन्न करता है। आलोचक पित्त रूप के प्रतिबिंब को ग्रहण करता है। यह पुतली के बीचोबीच रहता है और मात्रा मे तिल के बराबर है। भ्राजक पित्त शरीर की कांति, चिकनाई आदि का उत्पादक तथा रक्षक है। आमाशय या अन्नाशय मे स्थित पाचक पित्त अपनी स्वाभाविक शक्ति से अन्य चार पित्तो की क्रिया में भी सहायक होता है। पाचक पित्त को ही पाचकाग्नि या जठराग्नि भी कहा है। गरम, तीखी, खट्टी, आदि चीजें खाने मे पित्त बढता है और कुपित होता है, शीतल, मधुर, कसैली, कडवी, स्निग्ध वस्तुओ से वह कम और शांत होता हैं। अरबी में पित्त को सफरा और फारसी मे तलखा कहते हैं। उपादान उसका अग्नि और स्वभाव गरम खुश्क माना है।

जिस प्रकार शारीरिक उष्णता का कारण पित्त माना गया है उसी प्रकार मनोवृत्तियो के तीव्र होने अर्थात् क्रोध आदि मनोविकारो के पैदा करने में भी वह कारण माना गया है। पित्त खौलना, पित्त उबलना, आदि मुहावरों की—जिनका अर्थ क्रुद्ध हो जाना है—उत्पत्ति मे इसी कल्पना का आधार जान पडता है। अँगरेजी में भी पित्तार्थक गाइल (Bile) शब्द का एक अर्थ क्रोधशीलता है।

पर्या०—मायु। पलज्वल। तेजस्। तिक्त। धातु। उष्मा। अग्नि। अनल। रजन।

मुहा०—पित्त उबलना या खौलना=दे० 'पित्ता उबलना या खौलना'। पित्त गरम होना=शीघ्र क्रुद्ध होने का स्वभाव होना। क्रोधशील होना। मिजाज में गरमी होना। क्रोध की अधिकता होना। जैसे,—अभी तुम जवान हो इसी से तुम्हारा पित्त इतना गरम है। पित्त डालना=के करना। वमन करना। उलटी करना।

पित्तकर—वि० [स०] पित्त को बढाने या उत्पन्न करनेवाला। द्रव्य। जैसे, बाँस का नया कल्ला आदि।

पित्तकास—सज्ञा पुं० [स०] पित्त के दोष से उत्पन्न खाँसी या कास रोग।

विशेष- इस रोग के लक्षण छाती में दाह, ज्वर, मुँह सूखना, मुँह का स्वाद तीता होना, खाँसी के साथ पीला और कडवा कफ निकलना, क्रमश शरीर का पांडुवर्ण होते जाना आदि हैं।

पित्तकोश, पित्तकोष—सज्ञा पुं० [स०] पित्त की थैली [को०]।

पित्तक्षोभ—सज्ञा पुं० [सं०] पित्तवृद्धि या पित्त का विगडना [को०]।

पित्तगदी—वि० [स० पित्तगदिन्] पित्त के रोग से पीडित [को०]।

पित्तगुल्म—सज्ञा पुं० [स०] पित्त की अधिकता से पेट का फूल जाना [को०]।

पित्तघ्न—वि० [सं०] पित्तनाशक (द्रव्य)।

विशेष—वैद्यक ग्रथो के अनुसार मधुर, तिक्त और कषाय रसवाले सपूर्ण द्रव्य पित्तनाशक हैं।

पित्तघ्न[२]—सज्ञा पुं० घी। घृत।

पित्तघ्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] गुडूच। गिलोय।

पित्तज—वि [सं०] पित्त के कारण उत्पन्न। पित्तविकार से पैदा होनेवाला [को०]।

पित्तज स्वरभेद—सज्ञा पुं० [पित्तज+स्वरभेद] पित्त के विकार के द्वारा उत्पन्न गले की खराबी जिसमें रोगी की आँख और विष्ठा दोनो पीली हो जाती हैं (माधव०, पृ० ६६)।

पित्तज्वर—सज्ञा पुं० [सं०] वह ज्वर जो पित्त के दोष या प्रकोप से उत्पन्न हो। पित्तवृद्धि से उत्पन्न ज्वर। पैत्तिक ज्वर।

विशेष—वैद्यक ग्रथो के अनुसार आहार विहार के दोष से बढा हुआ पित्त आमाशय मे जाकर स्थित हो जाता है और कोष्ठस्थ अग्नि को वहाँ से निकालकर बाहर की ओर फेंकता है। अतीसार, निद्रा की अल्पता, कठ, ओठ, मुँह और नाक का पका सा जान पडना, पसीना निकलना, प्रलाप, मुँह का स्वाद कडवा हो जाना, मूर्छा, दाह, मत्तता, प्यास, भ्रम, मल, मूत्र और आँखों में हल्दी की सी रगत होना आदि इस ज्वर के लक्षण हैं।

पित्तदाह—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पित्तज्वर'।

पित्तद्रावी[१]—वि० [स० पित्तद्राविन्] पित्त को पिघलानेवाला (द्रव्य)। जिससे पित्त पिघले।

पित्तद्रावी[२]—सज्ञा पुं० मीठा नीबू।

पित्तधरा—सज्ञा स्त्री० [स०] सुश्रुत के अनुसार आमाशय और पक्वाशय के बीच में स्थित एक कला या झिल्ली। ग्रहणी।

पित्तनाड़ी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का नाडीव्रण जो पित्त के कुपित होने से होता है।

पित्तनिबर्हण—वि० [स०] पित्त को समाप्त करनेवाला। पित्तनाशक [को०]।

पित्तपथरी—सज्ञा स्त्री० [सं० पित्त+हिं० पथरी] एक रोग जिसमें पित्ताशय अथवा पित्तवाहक नालियों में पित्त की ककडिया बन जाती हैं।

विशेष—ये ककडियाँ पित्त के अधिक गाढे हो जाने, उसके कोलस्ट्रामई नामक द्रव्य की अधिकता अथवा उसके अम्ल में कोई विशेष परिवर्तन होने से उत्पन्न होती हैं। यद्यपि ये पित्ताशय में बनती हैं, तथापि यकृत और पित्तप्रणालियों में भी पाई जाती हैं। इस रोग में आहार के अंत में पेट पीडा होती है और पित्ताशय मे जलन मालूम होती है स्पर्श करने से उसमें छोटी छोटी पथरियाँ सी जान

हैं और वह कडा, बढा हुआ और पत्थर का सा मालूम होता है। कुछ काल तक इस रोग की स्थिति होने से कामला, आँतों के कार्य में रुकावट और यकृत में फोडा आदि अन्य रोग होते हैं।

यह रोग आयुर्वेदीय ग्रथो मे नहीं मिलता, इसका पता पाश्चात्य डाक्टरो ने लगाया है।

पित्तपांडु—सज्ञा पुं० [सं० पित्तपाण्डु] एक पित्तजनित रोग जिसमें रोगी के मूत्र, विष्ठा, नेत्र विशेष रूप से और सपूर्ण शरीर सामान्य रूप से पीला हो जाता है और उसे दाह, तृष्णा, तथा ज्वर रहता है।

पित्तपापड़ा—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पितपापड़ा'।

पित्तप्रकृति—वि० [सं०] जिसकी प्रकृति पित्त की हो। जिसके शरीर में वात और कफ की अपेक्षा पित्त की अधिकता हो।

विशेष—वैद्यक के अनुसार पित्तप्रकृति व्यक्ति को भूख और प्यास अधिक लगती है। उसका रग गोरा होता है, हथेली, तलुवे और मुँह पर ललाई होती है, केश पाडुवर्ण और रोएँ कम होते हैं, वह बहुत शूर, मानी पुष्प चदनादि के लेप से प्रीति करनेवाला, सदाचारी, पवित्र, आश्रितो पर दया करनेवाला, वैभव, साहस और बुद्धिबल से युक्त होता है, भयभीत शत्रु की भी रक्षा करता है, उसकी स्मरण शक्ति उत्तम होती है, शरीर खूब कसा हुआ नही होता, मधुर, शीतल, कडवे और कसैले भोजन पर रुचि रहती है, शरीर मे बहुत पसीना और दुर्गंधि निकलती है। उसे विष्ठा अधिक होती है और भोजन जलपान वह अधिक मात्रा में लेता है। उसे क्रोध और ईर्ष्या अधिक होती है। वह धर्म का द्वेषी और स्त्रियो को प्राय अप्रिय होता है, नेत्रो की पुतलियाँ पीली और पलकों में बहुत थोडे बाल होते हैं, स्वप्न मे कनेर ढाक आदि के पुष्प, दिग्दाह, उल्कापात, बिजली, सूर्य तथा अग्नि को देखता है, क्लेशभीत, मध्यम आयु और बलवाला होता है और बाघ, रीछ, बदर, बिल्ली, भेड़िया आदि से उसका स्वभाव मिलता है।

पित्तप्रकोप—सज्ञा पु० [सं०] पित्त का बढ़ना [को०]।

पित्तप्रकोपी—वि० [स० पित्तप्रकोपिन्] पित्त को बढाने या कुपित करनेवाला (द्रव्य)। (वस्तु) जिसके भोजन से पित्त की वृद्धि हो।

विशेष—तक्र, मद्य, मास, उष्ण, खट्टी, चरपरी आदि वस्तुएँ पित्तप्रकोपी हैं।

पित्तप्रमेह—सज्ञा पुं० [सं० पित्त + प्रमेह] एक प्रकार का प्रमेह रोग जिसमें मूर्छा तथा पतले दस्त होते हैं, वस्ति और लिंग में पीडा होती है। (माधव०, पृ० १८५)।

पित्तभेषज—सज्ञा पुं० [सं०] मसूर। मसूर की दाल।

पित्तर(५)—सज्ञा पुं० [सं० पितृ, हिं० पितर] दे० 'पितृ'। उ०—कबीर० श०, भा०, पृ० ३३।

पित्तरक्त—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'रक्तपित्त'।

पित्ताल[1]—वि० [सं० पित्त] जिससे पित्त का उभाड हो। जिससे पित्तदोष बढे। पित्तकारी (द्रव्य)।

पित्तल[2]—सज्ञा पु० [स०] १ भोजपत्र। २. हरताल। ३ पीतल धातु।

पित्तल—सज्ञा स्त्री० १ जलपीपल। २ सरिवन। शालपर्णी। ३ पीतल धातु।

पित्तला—सज्ञा स्त्री० [स०] १ जलपीपल। २ योनि का एक रोग जो दूषित पित्त के कारण उत्पन्न होता है। 'भावप्रकाश' के मत से योनि में अत्यत दाह, पाक तथा ज्वर इस रोग के लक्षण हैं।

पित्तवर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] मछली, गाय, घोडे, रुरु मृग और मोर के पित्तो का समूह। पचविध पित्त।

विशेष—मतातर से सूअर, बकरे, भैंसे, मछली और मोर के पित्त पित्तवर्ग के अतर्गत माने गए हैं।

पित्तवल्लभा—सज्ञा स्त्री० [सं०] काला अतीस।

पित्तवायु—सज्ञा स्त्री० [स०] पित्त की वृद्धि और विकार से पेट में वायु का बढ़ना [को०]।

पित्तविदग्धदृष्टि—सज्ञा पुं० [स०] आँख का एक रोग जो दूषित पित्त के दृष्टिस्थान में आ जाने से होता है।

विशेष—इसमें दृष्टिस्थान पीतवर्ण हो जाता है और साथ ही सारे पदार्थ भी पीले दिखाई पडने लगते हैं। दोष आँख के तीसरे परदे या पटल में रहता है इससे रोगी को दिन मे नही सुझाई पडता, वह केवल रात मे देखता है।

पित्तविसर्प—सज्ञा पुं० [सं०] विसर्प रोग का एक भेद।

पित्तव्याधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] पित्तदोष से उत्पन्न रोग। पित्त के बिगडने से पैदा हुई बीमारी।

पित्तशमन—वि० [सं०] पित्त को दूर करनेवाला [को०]।

पित्तशूल—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का शूल रोग जो पित्त के प्रकोप से होता है।

विशेष—इसमे नाभि के आसपास पीडा होती है। प्यास लगना, पसीना निकलना, दाह, भ्रम और शोप इस रोग के लक्षण हैं। डाक्टरो के मत से पित्त के अधिक गाढ़े होने अथवा उसकी पथरियो के आँतो में जाने से यह रोग उत्पन्न होता है। ऐसे पित्त या पथरियो के सचार मे जो पीडा होती है वही पित्तशूल है।

पित्तशोथ—सज्ञा पुं० [स०] पित्तवृद्धि से होनेवाली सूजन [को०]।

पित्तश्लेष्मज्वर—सज्ञा पुं० [स०] वह ज्वर जो पित्त और कफ दोनो के प्रकोप अथवा अधिकता से हुआ हो।

विशेष—मुख का कडुवापन, तद्रा, मोह, खाँसी, अरुचि, तृष्णा, क्षणिक दाह और कुछ ठढ लगना आदि इसके लक्षण हैं।

पित्तश्लेष्मालवण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सन्निपात ज्वर।

विशेष—इसमें शरीर के भीतर दाह और बाहर ठढा रहता है। प्यास बहुत अधिक लगती है, दाहिनी पसलियो, छाती,

सिर और गले में दर्द रहता है, कफ और पित्त बहुत कष्ट से बाहर निकलता है। मल पतला होकर निकलता है; साँस फूलती है और हिचकियाँ आती हैं।

पित्तसंशयन—संज्ञा पुं० [सं०] आयुर्वेदोक्त ओषधियों का एक वर्ग या समूह जिसमें की ओषधियाँ प्रकुपित पित्त को शांत करनेवाली मानी जाती हैं।

विशेष—सुश्रुत के अनुसार इस वर्ग में निम्नलिखित ओषधियाँ हैं—चंदन, लालचंदन, नेत्रबाला, खस, अर्कपुष्पी, विदारीकंद, सतावर, गोदी, सिवार, सफेद कमल, कुई, नील कमल, केला कँवलगट्टा, दूब मरोरफली (मूर्वा), काकोल्यादिगण न्यग्रोधादिगण और तृणपंचमूल।

पित्तस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] शरीर के वे पाँच स्थान जिनमें वैद्यक ग्रंथों के अनुसार पाचक, रंजक आदि पाँच प्रकार के पित्त रहते हैं। ये स्थान आमाशय पक्वाशय, यकृत प्लीहा, हृदय, दोनों नेत्र और त्वचा हैं।

पित्तस्यंद—संज्ञा पुं० [सं० पित्तस्यन्द] पित्त के कारण उत्पन्न एक नेत्ररोग [को०]।

पित्तस्राव—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक नेत्ररोग जिसमें नेत्रसंधि से पीला या नीला और गरम पानी बहता है।

पित्तहर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] खस। उशीर।

पित्तहर[2]—वि० [सं०] पित्त का नाशक [को०]।

पित्तहा[1]—संज्ञा पुं० [सं० पित्तघ्न] पित्तपापड़ा।

पित्तहा[2]—वि० पित्तनाशक (द्रव्य)।

पित्ताड—संज्ञा पुं० [सं० पित्तागंड] घोड़ों के अंडकोश में होनेवाला एक रोग।

पित्ता—संज्ञा पुं० [सं० पित्त] १ जिगर में वह थैली जिसमें पित्त रहता है। पित्ताशय। विशेष विवरण के लिये दे० 'पित्ताशय'।

मुहा०—पित्ता उबलना = दे० 'पित्ता खौलना'। पित्ता खौलना = बड़ा क्रोध आना। मिजाज भड़क उठना। जैसे,—तुम्हारी बातें सुनकर तो उसका पित्ता खौल गया।

विशेष—पित्त का नाम अग्नि तथा तेज भी है, इन्हीं कारणों से इन मुहावरों की उत्पत्ति हुई है। पित्ता उबलना, पित्ता खौलना, आदि पित्त उबलना या पित्त खौलना का लक्षणात्मक रूप है।

पित्ता निकालना†‡ = काम कराके अथवा और किसी प्रकार से किसी को अत्यंत पीड़ित करना। बहुत अधिक परिश्रम का काम कराना। पित्ता पानी करना = बहुत परिश्रम करना। जान लड़ाकर काम करना। अति कठोर प्रयास करना। जैसे,—इस काम में बड़ा पित्ता पानी करना पड़ेगा। पित्ता मरना = क्रुद्ध या उत्तेजित होने की आदत छूट जाना। गुस्सा न रह जाना। जैसे,—अब उसका पित्ता बिलकुल मर गया। पित्ता मारना = (१) क्रोध दबाना। क्रोध होने पर चित्त शांत रखना। सहना। उत्तेजना को दबा रखना। जब्त करना। जैसे,—मैं पित्ता मारकर रह गया नहीं तो अनर्थ हो जाता। (२) बिना उद्विग्न हुए या ऊबे कोई कठिन काम करते रहना। कोई अरुचिकर या कठिन काम करने में न ऊबना। जैसे,—जो बड़ा पित्ता मारे वह इस काम को कर सकता है। पित्तमार काम = वह काम जो रुचिकर न हो। अरुचिकर और कठिन काम। कर्ता को उबा देनेवाला काम। मन मारकर किया जानेवाला काम।

२ हिम्मत। साहस। हौसला। जैसे,—उसका कितना पित्ता है जो दो दिन भी तुम्हारे मुकाबले ठहर सके।

पित्तातिसार—संज्ञा पुं० [सं०] वह अतिसार रोग जिसका कारण पित्त का प्रकोप या दोष होता है।

विशेष—मल का लाल, पीला अथवा हरा और दुर्गंधयुक्त होना, गुदा पक जाना, तृषा, मूर्छा और दाह की अधिकता इस रोग के लक्षण हैं।

पित्ताधिक—संज्ञा पुं० [सं० पित्त + अधिक, आधिक्य] सन्निपात का एक रोग।—माधव०, पृ० २८।

पित्ताभिष्यंद, पित्ताभिष्यंद—संज्ञा पुं० [सं० पित्ताभिष्यन्द, पित्ताभिस्यन्द] आँख का एक रोग। पित्तकोप से आँख आना।

विशेष—आँखों का उष्ण और पीतवर्ण होना, उनमें दर्द और पकाव होना उनमें धुआँ उठता सा जान पड़ना और बहुत अधिक आँसू गिरना इस रोग के लक्षण हैं।

पित्तारि—संज्ञा पुं० [सं०] १ पित्तपापड़ा। २ लाख। ३ चंदन।

पित्ताशय—संज्ञा पुं० [सं०] पित्त की थैली। पित्तकोष।

विशेष—यह यकृत या जिगर में पीछे और नीचे की ओर होता है। इसका आकार अमरूद या नासपाती का होता है। यकृत में पित्त का जितना अंश भोजनपाक के आवश्यकता से अधिक होता है वह इसी में आकर रहता है।

पित्तिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक ओषधि। एक प्रकार की शतपदी

पित्ती[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पित्त + ई] एक रोग जो पित्त की अधिकता अथवा रक्त में बहुत अधिक उष्णता होने के कारण होता है।

विशेष—इसमें शरीर भर में छोटे छोटे दडोरे पड़ जाते हैं और उनके कारण त्वचा में इतनी खुजली होती है कि रोगी जमीन पर लोटने लगता है।

क्रि० प्र०—उछलना।

२ लाल लाल महीन दाने जो पसीना मरने से गरमी के दिनों में शरीर पर निकल आते हैं। अँमौरी।

पित्ती[2]—संज्ञा पुं० [सं० पितृ] पितृव्य। चाचा। काका। का भाई।

पित्ती[3]—संज्ञा स्त्री० [?] एक प्रकार की बेल जिसे रक्तवल्ली कहते हैं।

पित्तेदार—[हिं० पित्ता+फा० दार (प्रत्य०)] क्रोधी। आवेश मे आनेवाला। उ०—पित्तेदार मनुष्य के लिये कोई जरा सी बात हो जाती तो उसको खुर्दबीन की भाँति अपने मन ही मन मे सोच सोचकर पहाड की बराबर बना लेता है।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० ७८।

पित्तोक्लिष्ट—सज्ञा पुं० [स०] आँख की पलको का एक रोग जिसमें पलको का दाह, क्लेद अत्यत पीडा होती है, आँखें लाल और देखने में असमर्थ हो जाती हैं।

पित्तोदर—सज्ञा पुं० [स०] पित्त के बिगडने से होनेवालाएक उदर-रोग।

विशेष—इसमे शरीर का वर्ण, नेत्र, नख और मल, मूत्र आदि सब पीला हो जाता है, और शोष, तृषा, दाह और ज्वर का प्रकोप होता है।

पित्तोपहत—वि० [सं०] पित्त से पीडित [को०]।

पित्तोल्वण सन्निपात—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का सन्निपातिक ज्वर। आशुकारी ज्वर।

विशेष—इसका लक्षण है—अतिसार, भ्रम, मूर्छा, मुँह में पकाव, देह मे लाल दानो का निकल आना और अत्यत दाह होना।

पित्रⓊ—सज्ञा पुं० [स० पितृ] दे० 'पितृ'। उ०—सोनित कुड भराय कै पोपे अपने पित्र। तिनकै निरदय रूप में नाहिन कोऊ चित्र।—नद० ग्र०, पृ० १८१।

पित्र्य[1]—वि० [स०] १ पितृ सबंधी। २ श्राद्ध करने योग्य। जिसका श्राद्ध हो सके।

पित्र्य[2]—सज्ञा पुं० १ शहद। मधु। २ उरद। ३ बडा भाई। ४ पितृतीर्थ। ५ तर्जनी और अँगूठे का अतिम भाग।

पित्र्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मघा नक्षत्र। २ पूर्णिमा। ३ अमावस्या।

पित्सत—सज्ञा पुं० [सं०] पक्षी [को०]।

पित्सल—सज्ञा पु० [सं०] मार्ग। पथ [को०]।

पिथौरा—सज्ञा पुं० [सं० पृथ्वीराज] भारत का अतिम हिंदू सम्राट् पृथ्वीराज।

पिदडी—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पिट्ठी'।

पिदर—सज्ञा पु० [फा०, तुल० स० पितर, अ० फादर] पिता। जनक [को०]।

यौ०—**पिदरकुशी** = पितृहनन। पिता की हत्या।

पिदरीयत—सज्ञा स्त्री० [फ़ा० पिदर+ईयत (प्रत्य०)] पितृत्व। उ०—आप लडकियो के एतबार से पिदरीयत के जिस दर्जे में हैं, लडको के एतबार से उसी दर्जे में मैं हूँ।—प्रेम० और गोर्की, पृ० ३७।

पिदारा—सज्ञा पुं० [हिं० पिद्दा] पिद्दी पक्षी का नर। पिद्दा। उ०—घर्ई पकवा और पिदारे। नवटा लेदी सोन मलारे।—जायसी (शब्द०)।

पिद्दा—सज्ञा पुं० [हिं० पिद्दी] १. पिद्दी का पुल्लिग। विशेष दे० 'पिद्दी'। २ गुलेल की तात में वह निवाड आदि की गद्दी जिसपर गोली को फेकने के समय रखते हैं। फटकना।

पिद्दो—सज्ञा स्त्री० [हिं० पिद्दा या फुदकना फुदकी] १ बया की जाति की एक सुदर छोटी चिडिया।

विशेष—यह बया से कुछ छोटी और कई रगो की होती है। आवाज इसकी मीठी होती है। अपने चचल स्वभाव के कारण यह एक स्थान पर क्षण भर भी स्थिर होकर नही बैठती, फुदकती रहती है। इसी से इसे 'फुदकी' भी कहते हैं।

२ बहुत ही तुच्छ और अगण्य जीव।

पिद्धनाⓊ—क्रि० स० [गुज०, पिधेलु] १ पिलाना। २. पीना। पान करना। उ०—अमृत्त देव पिद्धय। सुरा सुदैत सिद्धयं।—पृ० रा०।

पिधातव्य—वि० [स०] ढकने, बद करने वा मूँदने योग्य [को०]।

पिधान—सज्ञा पु० [सं०] १ आच्छादन। आवरण। पर्दा। गिलाफ। २ ढक्कन। ढकना। ३ तलवार का म्यान। खड्गकोष। ४ आच्छादित करने की क्रिया (को०)। ५ Ⓤकिवाड। उ०—सुख के निधान पाए हिए के पिधान लाए ठग के से लाडू खाए प्रेममधु छाके हैं—तुलसी (शब्द०)।

पिधानक—सज्ञा पु० [सं०] १ म्यान। कोष। २ आच्छादन। ढक्कन (को०)।

पिधानी—सज्ञा स्त्री० [स०] ढकनेवाली वस्तु। ढक्कन [को०]।

पिधायक—वि० [स०] ढकनेवाला। छिपानेवाला [को०]।

पिधायी—वि० [स० पिधायिन्] ढकनेवाला। छिपानेवाला [को०]।

पिन—सज्ञा स्त्री० [अं०] लोहे या पीतल आदि की बहुत छोटी कील जिससे कागज इत्यादि नत्थी करते हैं। आलपीन।

पिनक—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पीनक'।

पिनकना—क्रि० अ० [हिं० पिनक] १ अफीम के नशे में सिर का झुका पडना। अफीमची का नशे की हालत में आगे की ओर झुकना या ऊँघना। पीनक लेना। २ नीद में आगे को झुकना। ऊँघना। जैसे,—शाम हुई और तुम लगे पिनकने। ३ चिढना। खीझना।

पिनकी—सज्ञा पुं० [हिं० पीनक] वह व्यक्ति जो अफीम के नशे में पीनक लिया करे। पिनकनेवाला अफीमची।

पिनचⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० प्रत्यञ्चा] दे० 'पनच'। उ०—पैली पार की पारधी, ताकी धुनही पिनच नही रे। ता बेली को ढूँक्यो मृगलो ता मृग कैसी सनही रे।—कबीर ग्र०, पृ० १६०।

पिनद्ध—वि० [स०] १ बँधा हुआ। कसा हुआ। २ धारण किया हुआ। पहना हुआ। ३ आच्छादित। छिपा हुआ। आवृत। ४ विद्ध। बिंधा हुआ [को०]।

पिनपिना—सज्ञा स्त्री० [अनु०] १ बच्चो का आनुनासिक और अस्पष्ट स्वर में ठहर ठहरकर रोने का शब्द। नकियाकर धीमे धीमे और थोडा रुक रुककर रोने की आवाज। २ रोगी

या दुर्बल बच्चे के रोने का शब्द। रोगी या दुर्बल बच्चे का रोना। ३ पिनपिन करके रोना। बार बार धीमी और अनुनासिक आवाज में रोना। नकियाकर और ठहर ठहरकर रोना।

क्रि० प्र०—करना।—लगाना।

पिनपिनहाँ†—संज्ञा पु० [हिं० पिनपिन + हा (प्रत्य०)] १ पिन पिन करनेवाला बच्चा। रोना लडका। वह बालक जो हर समय रोया करे। २ रोगी या दुर्बल बालक। कमजोर या बीमार बच्चा।

पिनपिनाना†—क्रि० अ० [हिं० पिनपिन] १ पिनपिन शब्द करना। रोते समय नाक से स्वर निकालना। २ धीमे स्वर मे और रुक रुककर रोना। ३ रोगी अथवा कमजोर बच्चे का रोना।

पिनपिनाहट—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिनपिनाना] १ पिनपिन करके रोने का शब्द। २ पिनपिन करके रोने की क्रिया या भाव।

पिनल कोड—संज्ञा पु० [अ० पेनल कोड] दडित या शासित करने की सहिता। नियम वा कानून की सहिता। दडसहिता। उ०—समाजनीति के पिनल कोडो में लिखा है।—शराबी, पृ० ९९।

पिनसन†—संज्ञा स्त्री० [अ० पेन्शन] दे० 'पेंशन'।

पिनसिन‡—संज्ञा स्त्री० [अ० पेन्शन] दे० 'पेंशन'।

पिनहाँ—वि० [फा०] छिपा हुआ। गुप्त। उ०—बोले अलख अल्लातु है, पिनहाँ तेरा इसरार है।—कबीर म०, पृ० ३९०।

पिनाक—संज्ञा पुं० [स०] १ शिव का धनुष जिसे श्रीरामचद्र जी ने जनकपुर में तोडा था। अजगव।

यौ०—पिनाकगोक्षा। पिनाकधृक्, पिनाकधृत, पिनाकहस्त = दे० 'पिनाकपाणि'।

मुहा०—पिनाक होना = (किसी काम का) अत्यत कठिन होना। (किसी काम का) दुष्कर या असाध्य होना।—जैसे,—तुम्हारे लिये यह जरा सा काम भी पिनाक हो रहा है।

२ कोई धनुष। ३ त्रिशूल। ४. एक प्रकार का अभ्रक। नीला अभ्रक। नीलाभ्र। †५ एक प्रकार का वाद्य। दे० 'पिनाकी'—२। उ०—किन्नर तमूर बाजै कानूड की तरगी। ढोलक पिनाक खँजरि तवले बजै उमगी।—ब्रज० ग्र०, पृ० ६०। ६ पाशुवर्षा। धूलिवर्षण (को०)। ७ बेंत या लाठी (को०)।

पिनाकी[1]—संज्ञा पुं० [स० पिनाकिन्] महादेव। शिव।

पिनाकी[2]—संज्ञा स्त्री० एक प्रकार का प्राचीन बाजा जिसमें तार लगा रहता था और जो उसी तार को छेडने से बजता था।

पिनाल्टी—संज्ञा स्त्री० [अ० पेनाल्टी] हर्जाना। वह सजा जो रुपए पैसे के रूप में दी जाती है। अर्थदड। उ०—आपको पिनाल्टी देनी पड़ेगी।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १४७।

पिनावनाⓊ—क्रि० स० [स० पिञ्जन] रुई धुनवाना। उ०—जोइ जोइ निकट पिनावन आवै, रुई सवनि की पीजै। परमारथ कौं देह धरयौ है, मसकति कछू न लीजै।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ८६९।

पिन्नपिन्न‡—संज्ञा स्त्री० [अनुध्व०] दे० 'पिनपिन'। उ०—एक नया तार पिन्न पिन्न करने लगा।—सन्यासी, पृ० २९५।

पिन्नस†[1]—संज्ञा पु० [स० पीनस] दे० 'पीनस'।

पिन्नस†[2]—संज्ञा स्त्री० [फा० पीनस] पालकी। डोली।

पिन्ना†[1]—वि० [हिं० पिनपिनाना] जो सदा रोता रहे। रोनेवाला। रोना।

पिन्ना†[2]—संज्ञा पु० [सं० पिञ्जन] १ दे० 'पीजन'। २ धुनकी।

पिन्ना†[3]—संज्ञा पु० [स० पीडन या देश०] दे० 'पीना'[2]। 'पिना'[3]।

पिन्नियⓊ—वि० [स० पिनद्ध] आवृत। आच्छादित। बँधा हुआ। युक्त। उ०—सुभ लच्छिन उत्तग अग अग गुन पिन्निय। ता समान छवि वाम आन करतार न किन्निय।—पृ० रा०, १७।८६।

पिन्नी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मिठाई, जो आटे या अन्नचूर्ण मे चीनी या गुड मिलाकर बनाई जाती है।

पिन्यास—संज्ञा पुं० [स०] हीग।

पिन्हाना—क्रि० स० [हिं० पहिनना या स० पिनद्धन] दे० 'पहनाना'।

पिपतिषत्, पिपतिषु—संज्ञा पु० [स०] विहग। पक्षी [को०]।

पिपरमिंट—संज्ञा पुं० [अ०] पुदीने की जाति का पर रूप में उससे भिन्न एक पौधा।

विशेष—यह पौधा यूरोप और अमेरिका में होता है। इसकी पत्तियो में एक विशेष प्रकार की गध और ठढक होती है जिसका अनुभव त्वचा और जीभ पर बडा तीव्र होता है। इसका व्यवहार औषध में होता है। पेट के दर्द में यह विशेषत दिया जाता है। इसका पौधा देखने में भाँग के पौधे से मिलता जुलता होता है। टहनियाँ दूर तक सीधी जाती है जिनमें थोडे थोडे अतर पर दो दो पत्तियाँ और फूलों के गुच्छे होते हैं। पत्तियाँ भाँग की पत्तियों की सी होती है।

२ उक्त पौधे से बना हुआ सफेद रग का पदार्थ।

पिपरामूल—संज्ञा पुं० [स० पिप्पलीमूल] पिप्पलीमूल। पीपल की जड।

पिपराही†—संज्ञा पुं० [हिं० पीपर + आही (प्रत्य०)] पीपल का वन। पीपल का जगल।

पिपली—संज्ञा स्त्री० [देश० नेपाली] एक पेड जो नैपाल, दार्जिलिंग आदि मे होता है। इसकी लकडी बहुत मजबूत होती है और किवाड, चौकठे, चौकियाँ, आदि बनाने के काम आती है।

पिपास—संज्ञा स्त्री० [स० पिपासा] दे० 'पिपासा'। उ०—छूटै सबनि के सुख क्षुत्पिपास।—केशव (शब्द०)।

पिपासा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पानेच्छा । तृष्णा । तृषा । प्यास । २ लालच । लोभ । जैसे, धन की पिपासा ।

पिपासार्ति—सज्ञा स्त्री० [सं० पिपासा+आर्ति] प्यास अर्थात् तीव्रेच्छा की मनोव्यथा । उत्कट कामना की वेदना । उ०—यह वेदना सक्राति काल के जनसमूह की पिपासार्ति है । —कुकुम (भू०), पृ० १३ ।

पिपासित वि० [सं०] तृषित । प्यासा ।

पिपासी—वि० [सं० पिपासिन्] तृषित । प्यासा [को०] ।

पिपासु—वि० [स०] तृषित । पानेच्छु । प्यासा । २ उग्र इच्छा रखनेवाला । तीव्र इच्छुक । लालची । जैसे, रक्तपिपासु, अर्थपिपासु ।

पिपियाना[1]—क्रि० अ० [हिं० पीप+इयाना (प्रत्य०)] पीप पडना । मवाद आना । जैसे, फोडे का पिपियाना ।

पिपियाना[2]—क्रि० स० पीप उत्पन्न करना । मवाद पैदा करना । जैसे,—यह दवा फोडे को पिपिया देगी ।

पिपियाना[3]‡ क्रि० अ० [हिं० पिनपिनाना] १ पें पें करना । अनावश्यक बोलना । २ बच्चो का रुदन करना । जैसे—क्यो पिपियाते हो ?

पिपिली—सज्ञा स्त्री० [सं०] चीटी । पिपीलिका [को०] ।

पिपीतक—सज्ञा पुं० [स०] भविष्य पुराण के अनुसार एक ब्राह्मण जिसने पिपीतकी द्वादशी का व्रत पहले पहल किया था ।

पिपीतकी—सज्ञा स्त्री० [स०] वैशाख शुक्ल द्वादशी ।

विशेष—भविष्य पुराण में यह व्रत का दिन कहा गया है । पहले पहल इस व्रत को पिपीतक नाम के एक ब्राह्मण ने किया था जिसकी कथा इस प्रकार है । पिपीतक को यमदूत ले गए । यमलोक में उसे बडी प्यास लगी और वह व्याकुल होकर चिल्लाने लगा । अत में उसने यमराज की बडी स्तुति की जिससे प्रसन्न होकर उन्होने उसे फिर मर्त्यलोक मे भेजा और वैशाख शुक्ल द्वादशी का व्रत बताया । इस व्रत में ठढे पानी से भरे हुए घडे ब्राह्मण को दिए जाते हैं ।

पिपील—सज्ञा स्त्री० [स०] चीटी [को०] ।

पिपीलक—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० अल्पा० पिपीलिका] चीटी । चिउँटा ।

पिपीलिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ चीटा । २. सोना जो चींटो द्वारा एकत्र हो [को०] ।

यौ०——**पिपीलिकपुट** = वल्मीक । बाँबी ।

पिपीलिकमध्य—एक प्रकार का व्रत ।

पिपीलिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] चिउँटी । चीटी । कीडी ।

यौ०—**पिपीलिकापरिसर्पण**—चींटियों का इधर उधर दौडना । **पिपीलिकामध्य** = मनुस्मृति के अनुसार एक व्रत ।

पिपिलिकाभक्षी—सज्ञा पुं० [स०] दक्षिण अफ्रिका का एक जतु जिसे बहुत लबा थूथन और बहुत बडी जीभ होती है ।

विशेष—इसे दाँत नहीं होते । इसके अगले पजे बहुत दृढ़ होते हैं जिनसे यह चीटियो के बिल खोदता है । यह उँगलियो के बल चलता है तलवो के बल नही । इसके कचे मोटे और भद्दे होते हैं । गरदन से पीठ तक लबे लबे बाल होते हैं । यह चीटियो के बिलो में अपने थूथन को डालकर उन्हें खीच लेता है । चीटी के आहार के बिना यह जतु नहीं रह सकता ।

पिपीलिकामातृका दोष—सज्ञा पुं० [सं०] एक बालरोग जो जन्म के दिन से ग्यारहवें दिन, ग्यारहवें महीने या ग्यारहवें वर्ष होता है । इसमें बालक को ज्वर होता है और उसका आहार छूट जाता है ।

पिपीलिकोद्वाप—सज्ञा स्त्री० [सं०] बाँबी । वल्मीक [को०] ।

पिपीली—सज्ञा स्त्री० [सं०] पिपीलिका, चीटी ।

पिप्पटा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की मिठाई ।

पिप्पल—सज्ञा पुं० [सं०] १ पीपल का पेड । अश्वत्थ । २. एक पक्षी । ३ रेवती से उत्पन्न मित्र का एक पुत्र । (भागवत) । ४ नगा आदमी । नग्न व्यक्ति । ५ जल । ६. वस्त्रखड । ७ अगे आदि की बाँह या आस्तीन । ८ गोदा । पीपल का गोदा (को०) । ९ ऐंद्रिक भोग (को०) । १० स्तनाग्र । चूचुक । कुचाग्र (को०) । ११ कर्मजन्य फल । कर्मफल (को०) ।

पिप्पलक—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्तनमुख । चूचुक । २ सिलाई करने का तागा (को०) ।

पिप्पलयोग—सज्ञा पुं० [सं०] चीन और जापान में होनेवाला एक पौधा । मोमचीना ।

विशेष—यह अब भारतवर्ष में भी फैल गया है और गढवाल, कुमाऊँ और काँगडे की पहाडियो मे पाया जाता है । इसके फलो के बीज के ऊपर चरबी या चिकना पदार्थ होता है जिसे चीनी मोम कहते हैं ।

पिप्पला—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्राचीन नदी का नाम [को०] ।

पिप्पलाद[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ एक ऋषि जो अथर्ववेद की एक शाखा के प्रवर्तक थे और जिनका नाम पुराणों में आया है ।

पिप्पलाद[2]—वि० [सं०] १ पीपल का गोदा खानेवाला । २ ऐंद्रिक भोगो में लीन । विषय भोग में आसक्त [को०] ।

पिप्पलाशन—वि० [सं०] दे० 'पिप्पलाद'[2] [को०] ।

पिप्पलि—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक ओषधि । विशेष दे० 'पीपल'[2] [को०] ।

पिप्पली—सज्ञा स्त्री० [सं०] पीपल ।

पिप्पलीका—सज्ञा पुं० [सं०] पीपल का छोटा पेड [को०] ।

पिप्पलीखड—सज्ञा पुं० [स० पिप्पलीखण्ड] वैद्यक के अनुसार प्रस्तुत एक औषध ।

विशेष—इसकी निर्माणविधि इस प्रकार कही है—पीपल का चूर्ण ४ पल, घी ६ पल, शतमूली का रस ८ पल, चीनी दो सेर, दूध ८ सेर एक साथ पकावे, फिर पाग मे इलायची, मोथा, तेजपत्ता, धनियाँ, सोठ, वशलोचन, जीरा, हड, आँवला और मिर्च डाले और ठढे होने पर ३ पल मधु भी मिला दे ।

पिप्पलीमूल—सज्ञा पुं० [सं०] पिपरामूल । पिपलामूल ।

पिप्पल्यादिगण—सज्ञा पुं० [स०] सुश्रुत के अनुसार ओषधियो का एक वर्ग जिसके अतर्गत पिप्पली, चीता, अदरख, मिर्च, इलायची, अजवायन, इद्रजौ, जीरा, सरसों, वकायन, हीग, भार्गी, अतिविषा, वच, बिडग और कुटकी हैं।

पिप्पिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दाँतो की मैल।

पिप्पिक—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० पिप्पीका] एक पक्षी।

पिप्लु—सज्ञा पु० [सं०] १. जतु मणि। २. तिल (को०)।

पियⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रिय, प्रा० पिअ] स्त्री का पति। स्वामी। उ०—बहुरि बदन बिधु अचल ढाँकी। पिय तन चितै भौंह करि बाँकी। खंजन मजु तिरीछे नैननि। निज पति कहेउ तिन्हहि सिय सैननि।—तुलसी (शब्द०)।

पियक्कड़[1]—वि० [हिं० पीना + अक्कड़ (प्रत्य०)] अधिक पीनेवाला। सीमा से ज्यादा पीनेवाला।

पियक्कड़[2]—सज्ञा पुं० शराबी। उ०—सुख भोगना लिखा होता, तो जवान बेटे चल देते, और इस पियक्कड के हाथो मेरी यह सांसत होती।—गबन, पृ० २३४।

पियड़ाⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रिय, प्रा० पिअ, अप० पिअल] प्रिय। पति। स्वामी। उ०—सती सत साचा गहै मरणौं न डराई। प्राण तजै जग देखता, पियडौ उर लाई।—दादू०, पृ० ५८५।

पियनाⓊ—वि० [हिं० पीना] पेय। पीने का। उ०—पूत कौ नित पियनौ पय हुतौ। आँच लगै अति उमग्यौ सु तौ।—नद० ग्र०, पृ० २४६।

पियर†—वि० [सं० पीत] दे० 'पीयर', 'पीला'।

पियरई‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० पियर + ई (प्रत्य०)] पीलापन।

पियरवा‡—सज्ञा पुं० [सं० प्रिय, प्रा० पिअ, अप० पियल, हिं० पियड + वा (प्रत्य०)] दे० 'पियारा'।

पियराई†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पियर, पीयर + आई (प्रत्य०)] पीतता। पीलापन। जर्दी।

पियरानाⓊ†—क्रि० अ० [हिं० पियर] पीला पडना। पीला होना।

पियरोⓊ†[1]—वि० स्त्री० [हिं०] दे० 'पीली'।

पियरी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पियर] १ पीली रँगी हुई धोती। २ २. पीलापन। पीतता। उ०—डर ते मुख पियरो परि गई। ललित कपोलन पर छवि छई।—नद ग्र०, पृ० २५१। ३ एक प्रकार का पीला रग जो गाय को आम की पत्तियाँ खिलाकर उसके मूत्र से बनाया जाता है। ४† एक रोग। पीलिया।

पियरोला—सज्ञा पुं० [हिं० पीयर] पीले रग की एक छोटी चिडिया जो मैना से कुछ छोटी होती हैं और जिसकी बोली बहुत मीठी होती है।

पियली—सज्ञा स्त्री० [हिं० प्याली] नारियल की खोपरी का वह टुकडा जिसे बढ़ई आदि बरमे के ऊपरी सिरे के काँटे पर इसलिये रख लेते हैं जिसमें छेद करने के लिये बरमा सहज में घुम सके।

पियल्ला[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पीना] दूधपीता बच्चा। दूध का बच्चा। उ०—तियन को तल्ला पिय, तियन पियल्ला त्यागे ढोसत प्रबल्ला मल्ला घाए राजद्वार को।—रघुराज (शब्द०)।

पियल्ला[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पीयर] दे० 'पियरोला'।

पियवास—सज्ञा पुं० [हिं० पिय + बाँस] दे० 'पियाबाँसा'।

पियाⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रिय] दे० 'पिय'।

पियाज‡—सज्ञा पुं० [फा० प्याज] दे० 'प्याज'।

पियाजी†—वि० [हिं० पियाज + ई (प्रत्य०)] दे० 'प्याजी'।

पियादा†—सज्ञा पुं० [फा० प्यादह्, प्यादा] दे० 'प्यादा'।

पियादाⓊ—वि० [सं० पादतल, प्रा० पायदल] पैदल। जो पाँव पाँव चले। उ०—कबही सोवै भुई पियादे मँजिल गुजारी।—पलटू, भा० १, पृ० १४।

पियानⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रयाण] यात्रा। दे० 'प्रयाण'। उ०—(स्वामी जी) अगम अगोचर दूर पियाना मारग लप न कोई।—रामानद०, पृ० १४।

पियाना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पिलाना'।

पियानो—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का बड़ा अँगरेजी बाजा जो मेज के आकार का होता है।

विशेष—इसके भीतर स्वरों के लिये कई मोटे पतले तार होते हैं जिनका सबध ऊपर की पटरियो से होता है। पटरियो पर ठोकर लगने से स्वर निकलते हैं।

पियाबाँसा—सज्ञा पुं० [स० प्रिय, हिं० पिय + बाँस] कटसरैया कुरबक।

पियामन—सज्ञा पुं० [देश०] राजजामुन नाम का वृक्ष। वि० दे० 'राजजामुन'।

पियार[1]—सज्ञा पुं० [सं० पियाल] मझोले आकार का एक पेड।

विशेष—देखने मे यह पेड महुवे के पेड सा जान पडता है। भी इसके महुवे के पत्तो से मिलते जुलते होते हैं। वसत ऋ मे इसमें आम की सी मजरियाँ लगती हैं जिनके झडने फालसे के बराबर गोल गोल फल लगते हैं। इन फलो मीठे गूदे की पतली तह होती है जिसके नीचे चिपटे व होते हैं। इन बीजो की गिरी स्वाद मे बादाम और पिस्ते समान मीठी होती है और मेवो में गिनी जाती हैं। यह चिरौंजी के नाम से बिकती है। पियार के पेड भर के विशेषत दक्षिण के जगलो मे होते हैं। हिमालय नीचे भी थोडी उँचाई तक इसके पेड मिलते हैं पर विशेषत विध्य पर्वत के जगलों में अधिकता से पाया जा है। इसके धड़ मे चीरा लगाने से एक प्रकार का गोद निकलता है जो पानी में बहुत कुछ घुल जाता है। क कहीं यह गोद कपडे में माड़ी देने के काम में आता है छीपी इसका व्यवहार करते हैं। छाल और फल वारनिश का काम दे सकते हैं। इसकी लडकी उतनी मजबू नही होती पर लोग उससे खिलौने, मुठिया और दरवाजे चौखट आदि भी बनाते हैं। पत्तियाँ चारे के काम में

हैं। इस वृक्ष के सबध मे यह समझ रखना चाहिए कि यह जगलो मे आपसे आप उगता है, कही लगाया नहीं जाता। इसे कहीं कही अचार भी कहते हैं।

पियार†[२]—वि० [हिं०] दे० 'प्यारा'।

पियार†[३]—सज्ञा पु० दे० 'प्यार'।

पियार†[४]—सज्ञा पुं० [हिं० पलाल] दे० 'पयाल'।

पियारा†—वि० [हिं०] दे० 'प्यारा'। उ०—भाई बधु औ लोग पियारा, बिनु जिय धरी न राखै पारा। —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २५३।

पियाल—सज्ञा पुं० [सं०] चिरौंजी का पेड। विशेष दे० 'पियार'।

पियालाⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्याला'। उ०—अजब चीज खुरदनी पियाल ए मस्ता।—दादू०, पृ० १०६।

पियाला—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'प्याला'।

पियावबड़ा—सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की मिठाई।

विशेष—इसके बनाने की विधि इस प्रकार है—पहले चावल को पकाकर सिल पर पीसते हैं, फिर गुलाब का अतर और पाँचो मेवे मिलाकर बडे की तरह बनाते हैं। अनतर घी मे तलकर चाशनी में डाल देते हैं।

पियास†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्यास'।

पियासा†—वि० [हिं० पियास] दे० 'प्यासा'। उ०—जैसे कँवल सुरुज कै आसा। नीर कठ लहि मरै पियासा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २७२।

पियासाल—सज्ञा पुं० [सं० पीतसाल, प्रियसालक] बहेडे या अर्जुन की जाति का एक बडा पेड।

विशेष—यह भारतवर्ष के जगलो मे प्राय सर्वत्र होता है। इसके पत्ते बहेडे के पत्तो के समान चौडे चौडे होते हैं जो शिशिर ऋतु में झड जाते हैं। फल भी बहेडे के समान होते हैं और कही कही चमडा सिझाने के काम में आते हैं। लकडी इसकी मजबूत होती है और मकानों में लगती है। गाडी, नाव और मूसल आदि भी इस लकडी के अच्छे होते हैं। इसकी छाल से पीला रग बनता है। रग के अतिरिक्त छाल दवा के काम में आती है। लाख भी इसमें लगता है। छोटा नागपुर और सिंहभूमि के आसपास टसर के कोए पियासाल के पेडो पर पाले जाते हैं। वैद्यक में पियासाल कोढ, विसर्प, प्रमेह, कृमि, कफ और रक्तपित्त को दूर करनेवाला तथा त्वचा और केशो को हितकारी माना गया है। इसे सज भी कहते हैं।

पर्या०—पीतसार। पीतसालक। प्रियक। असन। पीतशाल। महासर्ज।

पियासी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक तरह की मछली।

पियुखⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पीयूष] दे० 'पीयूष' उ०—पियुख पयोधि मद्ध मनिन सौं बद्ध भूमि रोध सौं रुधिर रुचि रोचक रवन मे।—मति० ग्र०, पृ० ३३७।

पियूखⓊ—सज्ञा पुं० [स० पीयूष] दे० 'पीयूष'।

पियूषⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पीयूष] दे० 'पीयूष'।

पियूषभानुⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पीयूषभानु] चद्रमा। पीयूषभानु। उ०—तीछन जुन्हाई भई ग्रीषम को घामु, भयो भीषम पियूष-भानु भानु दुपहर को। —मति० ग्र०, पृ० ३०३।

पिरंनिⓊ†—सज्ञा पुं० [स० प्राणी, हिं० परानी†] प्राणी। जीव। उ०—दादू पसु पिरनि के, येही मझि कलूब। बैठो आहे विच मैं पाणजो महबूब।—दादू०, पृ० ६०।

पिरकी‡—सज्ञा स्त्री० [सं० पिटिका, पिडक, पिडका,] फोडिया। फुसी।

यौ०—**पिरकी पाका**† = फोडा फुसी।

पिरतम†—सज्ञा पुं० [सं० प्रियतम] दे० 'प्रियतम'। उ०—बलाय जाऊँ मैं तो चरण ऊपर सूँ। महबुब साहेब तू ही पिरतम तुम बाज नहीं।—दक्खिनी०, पृ० १२६।

पिरसा—सज्ञा पु० [सं० पट्ट या हिं० पेरना (= दबाना) ?] काठ या पत्थर का टुकडा जिसपर रूई की पूनी रखकर दबाते हैं।

पिरथमⓊ†—वि० [सं० प्रथम] दे० 'प्रथम'। उ०—तासु कला पिरथम सुन्न आई।—कबीर सा०, पृ० ६१।

पिरथिमीⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० पृथिवी] दे० 'पृथ्वी'। उ०—सब पिरथिमी असीसइ जोरि जोरि कै हाथ।—जायसी ग्र० (गुप्त) प० १३०।

पिरथीⓊ‡—सज्ञा स्त्री० [स० पृथिवी, पुं० हिं० पृथी] दे० 'पृथ्वी'। उ०—पिरथी पवन के बीच पानी। दरमियान मे तेज ककोलता है।—कबीर० रे०, पृ० २६।

पिरथीनाथⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पिरथी+सं० नाथ] दे० 'पृथ्वीनाथ'।

पिरन†—सज्ञा पुं० [देश०] चौपायो का लँगडापन।

पिरभूⓊ†—सज्ञा पुं० [स० प्रभु] ईश्वर। प्रभु। स्वामी। उ०—परतष ही दीसरै प्राणी, परभू भजण तणो परताप।—रघु० रू० पृ० २३।

पिरम्मⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रेम, हिं० पिरेम†] दे० 'प्रेम'। उ०—जो तुहि साध पिरम्म की सीस काटि करि गोइ। खेलत खेलत हाल करि जो किछु होइ त होइ।—कबीर ग्र०, पृ० २५४।

पिराईⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीला, पीरा] दे० 'पियराई'। उ०—यों उजराई, पिराई, ललाई, मलाई हू कै न मुलायमी है तन। —(शब्द०)।

पिराक—सज्ञा पुं० [सं० पिष्टक, प्रा० पिट्ठक, पिडक] एक पकवान। गोझा। गुझिया। गोझिया।

विशेष—इसको बनाने की विधि यह है कि मोयन दिए हुए मैदे की पतली लोई के भीतर सूजी, खोवा, मेवे आदि मीठे के साथ भरते हैं और उसे अर्धचद्राकार मोडकर कोर को गूँथ देते हैं फिर उसे घी में तलकर निकाल लेते हैं।

पिराग†—सज्ञा पुं० [सं० प्रयाग] दे० 'प्रयाग'। उ०—जैसे कासी

कुरखेत मथुरा पिराग हेत, जात हैं जगत सब काटन कौं पाप फूल।—सुंदर ग्र० (जी०), भा० १, पृ० १६६।

पिरानⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्राण] दे० 'प्राण'। उ०—नाहिंन चले पिरान, सो उपाय कीजै जु किन।—ब्रज० ग्र०, पृ० ४।

पिरानाⓊ†—क्रि० अ० [सं० पीडन] १ पीडित होना। दर्द करना। दुखना। उ०—चलत चलत पग पाँय पिराने।—सूर (शब्द०)। २ पीडा अनुभव करना। दुःख समझना। सहानुभूति करना। उ०—सेइ साधु सुनि समुझि कै पर पीर पिरातो।—तुलसी (शब्द०)।

पिरामिड—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'पीरामिड'।

पिराराⓊ‡—संज्ञा पु० [देश०] दे० 'पिंडारा'। उ०—रूप रस रासि पास पथिक ! पिरारे ऐन नैन ये तिहारे ठग ठाकुर मदन के।—रघुनाथ (शब्द०)।

पिरावनाⓊ†—क्रि० स० [हिं० पेराना] पेरना। पेरवाना। उ०—पुष्प तिली सगम जब कीन्हा। कोल्हू माहि पिरावन लीन्हा।—कबीर सा०, पृ० २८२।

पिरावनी†—वि० [हिं० पिराना] पीडा देनेवाली। कष्टकर। उ०—कबीर पीर पिरावनी पंजर पीड न जाइ। एक न पीड परीत की रही कलेजा छाइ।—कबीर ग्र०, पृ० ८।

पिरिंच†—संज्ञा पुं० [देश०] कटोरा। तश्तरी।

पिरिथिमी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पृथ्वी'। उ०—सोने फूल पिरिथिमी फूली।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३५०।

पिरिया†[1]—संज्ञा पुं० [देश०] १, कुएँ से पानी निकालने का रहँट। २ एक प्रकार का बाजरा।

पिरियाⓊ†[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीढ़ी] पीढ़ी। पुश्त। उ०—पिरिया सहित सासरो पीहर, तारै खावद आप तिरै।—रघु० रू०, पृ० १०२।

पिरीⓊ†—संज्ञा पुं० [हिं०] 'प्रिय'। उ०—अठे पहर अरस मैं, बैठा पिरी पसनि। दादू पसे तिनके जे दीदार लहनि।—दादू०, पृ० १२६।

पिरीतⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रीति] दे० 'प्रीति'। उ०—कीन्हेसि प्रथम जोति परकासू। कीन्हेसि तेहि पिरीत कैलासू।—जायसी ग्र०, पृ० १।

पिरीतमⓊ‡—संज्ञा पुं० [सं० प्रियतम] दे० 'प्रियतम'। उ०—भल तुम्ह सुवा कीन्ह है फेरा। गाढ न जाइ पिरीतम केरा।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० २७२।

पिरीताⓊ—वि० [सं० प्रीत (= प्रसन्न)] प्रिय। प्यारा। उ०—हा रघुनंदन प्रान पिरीते। तुम बिनु जियत बहुत दिन बीते।—तुलसी (शब्द०)।

पिरीति, पिरीतोⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रीति'। उ०—पीउ सेवाति सो जैस पिरीती। टेकु पियास बाँधु जिय थीती।—जायसी ग्रं० (गुप्त), पृ० ३५४।

पिरोज—संज्ञा पुं० [फा० फीरोज ?] कटोरा। तश्तरी।

पिरोजन[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पिरोना या सं० प्रयोजन] बालक के क छेदने की रीति। कनछेदन।

पिरोजन†[2]—संज्ञा पुं० [सं० प्रयोजन] दे० 'प्रयोजन'।

पिरोजा—संज्ञा पुं० [फा० फीरोजा] हरापन लिए एक प्रकार नीला पत्थर। दे० 'फीरोजा'। उ०—मानिक मरकत कुलि पिरोजा। चीर कोर पचि रचे सरोजा।—मानस, १।२८८

पिरोड़ा†—संज्ञा स्त्री० [देश०] पीली कडी मिट्टी की भूमि।

पिरोना—क्रि० स० [सं० प्रोत प्रा० पोइअ, पोअ + ना (प्रत्य०) १ छेद के सहारे सूत तागे आदि मे फँसाना। सूत तागे आ में पहनाना। गूथना। पोहना। जैसे, तागे मे मोती पिरो माला पिरोना। २ सूत तागे आदि को किसी छेद के आ पार निकालना। तागे आदि को छेद मे डालना। जैसे, मे तागा पिरोना।

संयो०—देना।—लेना।

पिरोला—संज्ञा पुं० [हिं० पीला] पियरोला पक्षी।

पिरोहना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पिरोना'।

पिर्थमी, पिर्थवी—संज्ञा स्त्री० [सं० पृथिवी] दे० 'पृथ्वी'। उ० पाखँड की यहु पिर्थमी, परपँच का ससार।—सतवा पृ० ६४। (ख) सात दीप नव खड पिर्थवी सात स समाना।—जग० श०, पृ० ७६।

पिल—संज्ञा स्त्री० [अ०] (दवा की) गोली। बटी। जैसे, क्वि इन पिल। टानिक पिल।

पिलई†[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्लीहा] बरबट। तापतिल्ली।

पिलई†[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिल्ला] कुत्ते की मादा सतति।

पिलक—संज्ञा पुं० [हिं० पीला] १ पीले रग की एक चिडिया मैना से कुछ छोटी होती है और जिसका कठ स्वर ब मधुर होता है। यह ऊँचे पेडो पर घोसला बनाती है ३ तीन या चार अडे देती है। पियरोला। जर्दक। २ अब कबूतर।

पिलकना[1]—क्रि० स० [स० + पिल (= प्रेरित करना)] गिराना। २ लुढ़काना। ढकेलना।

पिलकना†[2]—क्रि० अ० [हिं० पिनकना] चिढना। खीझना।

पिलका‡—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिंडली] दे० 'पिंडली'।

पिलकिया—संज्ञा पुं० [देश०] पीलापन लिए खाकी रग की छोटी चिडिया जो जाडे के दिनो मे पजाब से आसाम दिखाई देती है। यह चट्टानो के नीचे बच्चे देती है।

पिलखन—संज्ञा पुं० [सं० प्लक्ष] पाकर का पेड।

पिलचⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० पिलना] पिलने का भाव। पिल पडन

मुहा०—पिलच पड़ना = एकाएक आक्रमण कर देना। पडना। उ०—बन्तो-ना हुजूर, लौडी न जाने की। मे पीछे पड जायगी और पिलच पडेगी। बदी दरगुजरी।—कु०, पृ० ३०।

पिलचना—क्रि० अ० [सं० पिल (= प्रेरणा)] १. दो ८

का खूब भिडना। गुथना। लिपटना। २. (किसी काम आदि में) खूब लग जाना। तत्पर होना। लीन होना।

पिलड़ी—सज्ञा स्त्री० [देश०] कीमा। मसालेदार कीमा।

पिलना—क्रि० अ० [सं० पिल (=प्रेरणा)] १ किसी ओर एकबारगी टूट पडना। दल पडना। झुक पडना। धँस पड़ना। जैसे,—सब लोग उस मदिर में पिल पडे।

सयो० क्रि०—पडना।

मुहा०—पिल पड़ना=एकाएक आक्रमण कर देना। जत्था बनाकर टूट पडना।

२ एकबारगी प्रवृत्त होना। एकबारगी लग जाना। लिपट जाना। भिड जाना। जैसे, किसी काम में पिल पडना। ३ पेरा जाना तेल निकालने के लिए दबाया जाना।

सयो० क्रि०—जाना।

पिलपिल†—वि० [हिं०] दे० 'पिलापिला'।

पिलपिला—वि० [अनु०] इतना नरम और ढीला कि दबाने से भीतर का रस या गूदा बाहर निकलने लगे। भीतर से गीला और नरम। जैसे,—(क) आम पककर पिलपिला हो गया है। (ख) फोड़ा पिलपिला हो गया है।

पिलपिलाना—क्रि० स० [हिं० पिलपिला] भीतर से रसदार या गूदेदार वस्तु को दबाना जिससे रसा या गूदा ढीला होकर बाहर निकलने लगे।—जैसे,—(क) आम को पिलपिलाओ मत। (ख) फोड़े को पिलपिलाने से मवाद आता है।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

पिलपिलाहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० पिलपिला] दबकर गूदे या रस के ढीले होने के कारण आई हुई नरमी।

पिलप्पितⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पीलु] पीलवान। महावत। उ०—घर-घर होहिं पिलप्पित जोर।—पृ० रा०, २५।२३०।

पिलवानⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पीलु] दे० 'पीलवान'। उ०—पिलवान हलै करि पील गिरै। कलसा मनो देवल के विहरै।—पृ० रा०, २५।१९३।

पिलवाना[1]—क्रि० स० [हिं० पिलाना का प्रे० रूप] पिलाने का काम कराना। दूसरे को पिलाने मे लगाना। जैसे,—थोडा पानी पिलवा दो।

सयो० क्रि०—देना।

पिलवाना—क्रि० स० [हिं० पेलना] पेलने या पेरने का काम कराना। पेरवाना। जैसे, कोल्हू में पिलवाना।

पिला†Ⓤ—सज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पिंडली'। उ०—सथल तले पिलाँ ले दीनी।—प्राण०, पृ० २४।

पिलाना—क्रि० स० [हिं० पीना] १ पीने का काम कराना। जैसे,—तुम्हें जबरदस्ती दवा पिलाएँगे। २ पीने को देना। जैसे, पानी पिलाओ।

संयो० क्रि०—देना।

३. किसी छेद में डाल देना। भीतर भरना। जैसे, (क) कान में सीसा पिलाना (ख) दीवार के दराजों में सीसा या राँगा पिलाना (ग) यह छडी इतनी भारी है मानो भीतर लोहा पिलाया है।

मुहा०—(कोई बात) पिलाना=कान में भरना। मन में बैठा देना। जी में जमाना।

पिलास—सज्ञा पु० [अ० प्लायर्स] एक प्रकार का औजार जो तार को मोडने, काटने, ऐंठने तथा छोटी मोटी चीजो को पकडकर उठाने के काम आता है। सँडसी।

पिलुंडा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुलिंदा'।

पिलु, पिलुक—सज्ञा पुं० [सं०] पीलू का पेड।

पिलुनी—सज्ञा स्त्री० [स०] मूर्वा।

पिलुपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] मूर्वा।

पिलौधा†—वि० [हिं० पिल+औधा (प्रत्य०)=लोंदा] पिलपिला। पिचपिचा। उ०—चाँटे के पडते ही पिलौधा हुआ।—कुकुर०, पृ० ४३।

पिल्ला—सज्ञा पु० [स०] एक नेत्ररोग जिसमें आँखों से थोडा थोडा कीचड बहा करता है और वे चिपचिपाती रहती हैं। २ आँख जिसमें पिल्ला रोग हुआ हो (को०)। ३ उक्त रोगग्रस्त प्राणी (को०)।

पिल्लका—सज्ञा स्त्री० [स०] हस्तिनी। हथिनी।

पिल्लनाⓊ—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पिलना'। उ०—लखी फौज चदेल की वीर पिल्ले।—प० रासो, पृ० ८२।

पिल्ला—सज्ञा पुं० [देश०] कुत्ते का बच्चा।

पिल्लू—सज्ञा पुं० [सं० पीलू (=कृमि)] बिना पैर का सफेद लबा कीडा जो सडे हुए फल या घाव आदि में देखा जाता है। ढोला।

पिवⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रिय] दे० पिय।

पिवनाⓊ—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पीना'। उ०—तरनि ताप तलफत चकोर गति पिवत पियूष पराग।—सूर०, १०।१७७७।

पिवनीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिउनी'। उ०—पिवनी नहदै कात सूत ले जुलहा बूनी।—पलटू०, पृ० ३८।

पिवाना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पिलाना'।

पिवासⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पिपासा] प्यास। तृषा।

पिशग[1]—सज्ञा पुं० [स० पिशङ्ग] पीलापन लिए भूरा रग। धूमल रग।

पिशंग—वि० उक्त रग का। भूरे रग का।

पिशंगक—सज्ञा पुं० [स० पिशङ्गक] १ विष्णु। २ विष्णु का अनुचर [को०]।

पिशगिला—सज्ञा स्त्री० [स० पिशङ्गिला] कास्य। काँसा।

पिशंगी—वि० [सं० पिशङ्गिन्] १ बादामी रग का। २ भूरा [को०]।

पिश—वि० [सं०] १ पापरहित। पापमुक्त। २ अनेक रूप का। बहुरूपी [को०]।

पिशाच—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० पिशाची] १ एक हीन देवयोनि। भूत।

विशेष—यक्षो और राक्षसो से पिशाच हीन कोटि के कहे गए हैं और इनका स्थान मरुस्थल बताया गया है। ये बहुत अशुचि और गदे कहे गए हैं। युद्धक्षेत्रो आदि मे इनके बीभत्स काडो का वर्णन कवि लोगो ने किया है, जैसे खोपडी में रक्त पीना आदि।

२. प्रेत (को०)। ३ अत्यत क्रूर और दुष्ट व्यक्ति (को०)।

पिशाचक—सज्ञा पुं० [सं०] भूत। पिशाच।

पिशाचकी—सज्ञा पुं० [सं०] पिशाचकिन्] कुबेर।

पिशाचक्र—सज्ञा पुं० [सं०] सिहोर का पेड। शाखोट वृक्ष।

पिशाचगृहीतक—सज्ञा पुं० [सं०] पिशाच से पीडित। प्रेतबाधा से आक्रात (को०)।

पिशाचघ्न[1]—वि० [सं०] पिशाचो को नष्ट या दूर करनेवाला।

पिशाचघ्न[2]—सज्ञा पुं० पीली सरसो।

विशेष—प्रेत उतारनेवाले ओझा प्राय पीली सरसो फेकते हैं। और उसी से काम लेते हैं।

पिशाचचर्या—सज्ञा स्त्री०[सं०]श्मशान सेवन। जैसे शिव जी करते हैं।

पिशाचता—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पिशाचत्व' [को०]।

पिशाचत्व—सज्ञा पुं० [स०] १ पिशाच होने का भाव। २. क्रूरता [को०]।

पिशाचदीपिका—सज्ञा स्त्री० [स०] पिशाचो का दीया। एक मिथ्या ज्योति। लुकारी। लुक जो रात को घने अधकार में दिखाई देती है [को०]।

पिशाचद्रु—सज्ञा पुं० [सं०] शाखोट वृक्ष। पिशाच वृक्ष [को०]।

पिशाचपति—सज्ञा पुं० [स०] पिशाचो के स्वामी शिव [को०]।

पिशाचबाधा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पिशाच द्वारा जन्य या प्राप्त पीड़ा। प्रेतबाधा [को०]।

पिशाचभाषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पैशाची' (को०)।

पिशाचमोचन—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रेतबाधा से मुक्ति। पिशाचो से मुक्ति। २ एक तीर्थ। ३ काशी का एक प्रसिद्ध तीर्थ।

पिशाचवदन—वि० [स०] राक्षस की तरह मुँहवाला [को०]।

पिशाचवृक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] शाखोट वृक्ष। सिहोर का पेड।

पिशाचसचार—सज्ञा पुं० [सं० पिशाचसञ्चार] प्रेतबाधा [को०]।

पिशाचागना—सज्ञा स्त्री० [स० पिशाचाङ्गना] पिशाची [को०]।

पिशाचालय—सज्ञा पुं० [स०] अधकारयुक्त वह स्थान जहाँ बिना आग जले प्रकाश की लुक दिखाई पडे [को०]।

पिशाचिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ छोटी जटामासी। २ पिशाची।

पिशाची—सज्ञा स्त्री० [स०] १. पिशाच स्त्री। २ जटामासी।

पिशिक—सज्ञा पुं० [सं०] वृहत्सहिता में वर्णित एक देश का नाम।

पिशित—सज्ञा पुं० [स०] १. मास। गोश्त। २ छोटा टुकडा या हिस्सा (को०)।

यौ०—पिशिताश, पिशिताशी, पिशितभुक् = दे० 'पिशिताशन'। पिशितपिंड = मासखड। मास का टुकडा।

पिशिताशन—सज्ञा पु० [सं०] १ राक्षस। प्रेत। २. नरभक्षी। ३. भेडिया [को०]।

पिशी—सज्ञा स्त्री० [स०] जटामासी।

पिशील, पिशीलक—सज्ञा पुं० [सं०] मिट्टी का प्याला या कटोरा। (शतपथ ब्राह्मण)।

पिशुन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक की बुराई दूसरे से करके भेद डालनेवाला। चुगलखोर। इधर की उधर लगानेवाला। दुर्जन। खल। उ०—इसे पिशुन जान तू, सुन सुभाषिणी है बनी। 'धरो' खगि, किसे धरूँ ? धृति लिए गए हैं धनी।—साकेत, पृ० २५६। २ कुकुम। केसर। ३ कपिवक्त्र। नारद। ४ काक। कौआ। ५ तगर। ६ कपास। ७. एक प्रेत जो गर्भवती स्त्रियो को कष्ट पहुँचाता है (को०)। ८ प्रवचित करना। धोखा देना।

पिशुन[2]—वि० १ परस्पर भेद डालनेवाला। सूचक। २ चुगली करनेवाला। प्रवचक। धोखेबाज। ३ क्रूर। निर्भय। निर्दय। नीच। निम्न। ४ मूर्ख [को०]।

यौ०—पिशुनवचन, पिशुनवाक्य = चुगली।

पिशुनता—सज्ञा स्त्री० [सं०] चुगलखोरी।

पिशुना—सज्ञा स्त्री० [सं०] असवर्ग। पृक्का।

पिशोन्माद—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का उन्माद या पागलपन।

विशेष—इसमें रोगी प्राय ऊपर को हाथ उठाए रहता है, अधिक बकता और भोजन करता है, रोता तथा गदा रहता है।

पिशोर—सज्ञा पुं० [देश०] हिमालय की एक झाड़ी जिसकी टहनियों से बोझ बाँधते हैं और टोकरे आदि बनाते हैं। †२ पेशावर।

पिश्वाज—सज्ञा पुं० [फा० पिश्वाज] नृत्य के समय पहना जानेवाला लहँगा। पेशवाज [को०]।

पिष्ट[1]—वि० [सं०] १ पिसा हुआ। चूर्ण किया हुआ। २ निचोडा हुआ [को०]। ३ गूँधा हुआ आटा आदि [को०]।

पिष्ट[2]—सज्ञा पुं० १ पानी के साथ पीसा हुआ अन्न, विशेषत दाल। पीठी। पिट्ठी। २ कचौरी या पूआ। रोट। ३ सीसा धातु (को०)।

पिष्टक—सज्ञा पुं० [सं०] १ पिष्ट। पीठी। पिट्ठी। २ कचौरी या पूआ। रोट। ३ एक नेत्ररोग। फूला। फूली। ४ विशेष प्रकार का अस्थिभग (सुश्रुत)। ५ सीसा धातु।

पिष्टपचन—सज्ञा पुं० [सं०] कडाही या तावा [को०]।

पिष्टप—सज्ञा पुं० [सं०] लोक। भुवन।

पिष्टपशु—सज्ञा पुं० [सं०] पिसे हुए आटे का बना पुतला [को०]।

पिष्टयाचक—सज्ञा पुं० [सं०] कडाही।

पिष्टपिंड—सज्ञा पुं० [स० पिष्टपिण्ड] रोटी। अगाकरी। वाटी [को०]।

पिष्टपूर—सज्ञा पु० [सं०] एक मिठाई। घृतपूर [को०]।

पिष्टपेष—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पिष्टपेषण'।

पिष्टपेषण—सज्ञा पुं० [सं०] १ पिसे हुए को पीसना। २ कही बात को फिर फिर कहना।

पिष्टपेषणन्याय—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का न्याय। विशेष—दे० 'न्याय'।

पिष्टप्रमेह—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का प्रमेह जिसमे चावल के पानी के समान पदार्थ मूत्र के साथ गिरता है।

पिष्टमेह—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पिष्टप्रमेह'।

पिष्टवर्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] पीठी। मूँग, मसूर, चावल आदि को पीसकर बनाई हुई पीठी या लोई [को०]।

पिष्टसौरभ—सज्ञा पुं० [सं०] चदन जिसे पीसने से सुगध निकलती है।

पिष्टात—सज्ञा पु० [सं०] वस्त्रादि को सुगधित करने का चूर्ण। गुलाल। अबीर। बुक्का।

पिष्टातक—सज्ञा पु० [सं०] दे० पिष्टात।

पिष्टाद—वि० [सं०] पीठी या आटा खानेवाला [को०]।

पिष्टान्न—सज्ञा पुं० [सं०] पिसे हुए अन्नचूर्ण से निर्मित वस्तु।

पिष्टालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] चदन।

पिष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] चूर्ण। आटा [को०]।

पिष्टिक—सज्ञा पु० [सं०] १ चावलों से बनाई हुई तवासीर या बवासीर। २ पिसे हुए चावल का जल [को०]।

पिष्टोडी—सज्ञा स्त्री० [सं०] श्वेताम्ली का पौधा।

पिष्टोदक—सज्ञा पुं० [सं०] पीसे हुए चावल का घोल या पानी [को०]।

पिष्पनाⓊ—क्रि० स० [स० प्रेषण, प्रा० पिप्पन] दे० 'पेखना'। उ०—स्याम रग पिप्पहि न घटा घनघोर गरज्जत।—पृ० रा०, २। ३४६।

पिसंग—वि०, सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पिशग'।

पिसदर—सज्ञा पुं० [फा०] सौतेला पुत्र [को०]।

पिसणⓊ—सज्ञा पु० [सं० पिशुन] शत्रु। दुश्मन। उ०—पिसण मार सुत पिसण रौ, असमझ लियो उबार।—बाँकी० ग्र०, पृ० ६०।

पिसतावा†—सज्ञा पु० [सं० पश्चात्ताप] पश्चात्ताप। पछतावा। उ०—जद करसी पिसतावो जमरा, पूत फिरैला दोला।—रघु० रू०, पृ० २७।

पिसनहरिया, पिसनहरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीसना] १ दे० 'पिसनहारी'। २ आटा आदि पीसने का स्थान।

पिसनहारी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीसना + हारी (प्रत्य०)] आटा पीसनेवाली। वह स्त्री जिसकी जीविका आटा पीसने से चलती हो।

पिसना¹—क्रि० अ० [हिं० पीसना] १ रगड या दबाव से टूटकर महीन टुकडो में होना। दाब या रगड खाकर सूक्ष्म खडो मे विभक्त होना। चूर्ण होना। चूर होकर धूल सा हो जाना। जैसे, गेहूँ पिसना, मसाला पिसना।

सयो० क्रि०—जाना।

२ पिसकर तैयार होनेवाली वस्तु का तैयार होना। जैसे, आटा पिसना, पिट्ठी पिसना।

संयो० क्रि०—जाना।

३ दब जाना। कुचल जाना। जैसे,—पहिए के नीचे पैर पड़ेगा तो पिस जायगा।

सयो० क्रि०—उठना।—जाना।

४ घोर कष्ट, दुःख या हानि उठाना। पीडित होना। जैसे,—(क) एक दुष्ट के साथ न जाने कितने निरपराध पिस गए। (ख) महाजन के दिवाले मे न जाने कितने गरीब पिस गए।

सयो० क्रि०—जाना।

५ परिश्रम से अत्यत क्लात होना। अत्यत श्रात एव शात होना। थककर बेदम होना।

पिसनाⓊ—सज्ञा पु० [हिं० पीसना] पीसना। पीसी जानेवाली चीज गेहूँ आदि। उ०—पिसना पीसै नाँदरी पिउ पिउ करै पुकार।—पलटू भा० १, पृ० १७।

पिसमानⓊ—वि० [स० दृश्यमान] दिखाई पडता हुआ। दृश्यमान। दृग्गोचर। उ०—उग यह सृष्टि कीन्ह पिसमाना।—कबीर सा०, पृ० ५९९।

पिसर—सज्ञा पु० [फा०] पुत्र। आत्मज। बेटा। लड़का। उ०—दिया था खुदा उसको सब कुछ मगर। वले मुद्दत मुहताज था बिन पिसर।—दक्खिनी०, पृ० १३९।

यौ०—**पिसरज़ादा**=पौत्र। पुत्र का पुत्र। **पिसरख्वादा, पिसर ए मुतबन्ना**=दत्तक पुत्र। गोद लिया बेटा।

पिसवाज—सज्ञा स्त्री० [फा० पिश्वाज] दे० 'पेशवाज'।

पिसवाना—क्रि० स० [हिं० पीसना का प्रे० रूप] पीसने का काम कराना।

पिसाई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीसना] १ पीसने की क्रिया या भाव। २ पीसने का काम या व्यवसाय। ३ चक्की पीसने का काम। आटा पीसने का धधा। जैसे,—वह पिसाई करके अपना पेट पालती है। ४ पीसने की मजदूरी। ५ अत्यत अधिक श्रम। बडी कडी मिहनत। जैसे,—वहाँ नौकरी करना बडी पिसाई है।

पिसाचⓊ—सज्ञा पुं० [स० पिशाच] दे० 'पिशाच'। उ०—भरे कुडनि रुधिर रन रुडनि की रासि भषै मास खग जवुक पिसाच समुदाई।—हम्मीर० पृ० ५७।

पिसाचर†—सज्ञा पुं० [सं० पिशाचर + हिं० (प्रत्य०)] पिशाच। निशाचर। उ०—ये सब मृत्यु अकाल दिखाई। मुए सु योनि पिशाचर पाई।—सहजो० पृ० ३४।

पिसान†—सज्ञा पुं० [सं० पिष्टान्न, या हिं० पिसना, पिसा + अन्न] अन्न का बारीक पिसा हुआ चूर्ण। धूल की तरह पिसी हुई अनाज की बुकनी। आटा।

मुहा०—**पिसान होना**=दबकर चूर होना।

पिसाना¹—क्रि० स० [हिं० पीसना का प्रे० रूप] दे० 'पिसवाना'।

पिसाना²—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पिसना'।

पिसानीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पेशानी'। उ०—चढे ते कुमति चकताहू की पिसानी मैं।—भूषण ग्र०, पृ० १०३।

पिसावनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीसना] पीसने का काम। पीसने की क्रिया। उ०—सती पिसावनि ना करै पीसि खाय सो रांड। साधू जन मांगे नही मांगि खाय सो सांड।—स० दरिया, पृ० १८३।

पिसिया†—सज्ञा पुं० [हिं० पिसना] १. एक प्रकार का छोटा और मुलायम लाल गेहूँ। †२ वह जो पीसने का काम करता हो। ३ पीसने का काम।

पिसी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पिसना] गेहूँ।

पिसी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० पितृस्वसृ] पिता की बहन। फूआ (बगभाषा में प्रयुक्त)।

पिसुनⓊ—सज्ञा पुं० [स० पिशुन] दे० 'पिशुन'। उ०—गात सरोवर पच वग प्रान हस उहि वारि। पिसुन वचन किए व्याधि विधि दीनो सकल विडारि।—माधवानल०, पृ० २१४।

पिसुराई—सज्ञा स्त्री० [देश०] सरकडे का एक छोटा टुकडा जिसपर रुई लपेटकर पूनी बनाते हैं।

पिसेरा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का हिरन।

विशेष—इसके ऊपर का हिस्सा भूरा और नीचे का काला होता है। इसकी ऊँचाइ एक फुट और लबाई दो फुट होती है। यह दक्षिण भारत में पाया जाता है। यह बडा डरपोक होता है और सुगमता से पाला जा सकता है। यह पत्थरो की आड मे रहता है और दिन को बाहर कही नही निकलता।

पिसौनी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीसना] १ पीसने का काम। चक्की पीसने का धधा। २ कठिन काम। परिश्रम का काम। ३ पीसने की मजूरी। पिसाई।

पिस्त—सज्ञा पु० [फ़ा०] सत्तू। सक्तु [को०]।

पिस्तई—वि० [फा० पिस्तह्] पिस्ते के रग का। पीलापन लिए हरा।

पिस्तरनाⓊ—क्रि० स० [सं० प्रस्तारण] प्रसार करना। फैलाना। उ०—दुज सुमन डसिय बुध पवद रस, वट विलास गुन पिस्तरिय।—पृ० रा०, १।४।

पिस्ताँ—सज्ञा स्त्री० [फा० पिस्तान] स्तन। कुच। वक्षोज [को०]।

पिस्ता—सज्ञा पुं० [फ़ा० पिस्तह्] काकडा की जाति का एक छोटा पेड और उसका फल जो एक प्रसिद्ध मेवा है।

विशेष—इसका पेड शाम, दमिश्क और खुरासान से लेकर अफगानिस्तान तक थोडा बहुत होता है और इसके फल की गिरी अच्छे मेवो मे है। इसके पत्ते गुलचीनी के पत्तो के से चौडे चौडे होते हैं और एक सीक में तीन तीन लगे रहते हैं। पत्तो पर नसें बहुत स्पष्ट होती हैं। फल देखने में महुवे के से लगते हैं। रूमी मस्तगी के समान एक प्रकार का गोद इस पेड से भी निकलता है। पिस्ते के पत्तो पर भी काकडासींगी के समान एक प्रकार की लाही सी जमती है जो विशेषत रेशम की रँगाई में काम आती है। पिस्ते के बीज से तेल भी बहुत सा निकलता है जो दवा के काम में आता है।

पिस्तौल—सज्ञा स्त्री० [अं० पिस्टल] तमचा। छोटी बदूक।

पिस्त्र—सज्ञा पु० [फा० पिस्त्रसर] बेटा। पुत्र। उ०—हक ने अपना फजल जब उस पर किया। यक पिस्त्र मकबूल तब उसकूँ दिया।—दक्खिनी०, पृ० ३६३।

पिस्सी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पिसना] एक प्रकार का गेहूँ।

पिस्सू—सज्ञा पुं० [फा० पश्शह्] एक छोटा उडनेवाला कीडा जो मच्छडो की तरह काटता और रक्त पीता है। कुटकी।

पिहक—सज्ञा स्त्री० [अनु०] दे० 'पिहकनी'।

पिहकना—क्रि० अ० [अनु०] कोयल, पपीहे, मोर आदि सुदर कठवाले पक्षियो का बोलना।

पिहकनिⓊ—सज्ञा स्त्री० [अनु०] पिहकने की क्रिया या भाव।

पिहरा—सज्ञा पुं० [हिं० पिहान] पत्ती जो पास के ऊपर बिछाई जाती है। (कुम्हार)।

पिहान†—सज्ञा पुं० [सं० पिधान, प्रा० पिहाण] बरतन का ढक्कन। ढकना। ढाँकने की वस्तु। आच्छादन।

पिहानीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पिधानिका] दे० 'पिहान'। उ०—आलस, अनख न आचरज, प्रेम पिहानी जानु।—तुलसी० ग्र०, पृ० १३६।

पिहिकना†—क्रि० स० [हिं० अनु०] दे० 'पिहकना'। उ०—गिरिवर पिहिकत मोर झीगुर झनकारेव।—स० दरिया, पृ० ८८।

पिहित[1]—वि० [सं०] छिपा हुआ।

पिहित[2]—सज्ञा पुं० एक अर्थालकार जिसमे किसी के मन का कोई भाव जानकर क्रिया द्वारा अपना भाव प्रकट करना वर्णन किया जाय। जैसे,—गैर मिसिल ठाढ़ो शिवा अतरजामी नाम। प्रकट करी रिस साहु को, सरजा करि न सलाम। (यहाँ शिवाजी ने औरगजेब का उपेक्षाभाव जानकर उसे सलाम न कर अपना क्रोध प्रकट किया।)

पिहुवा†—सज्ञा पुं० [देश०] एक पक्षी।

पिहोली—सज्ञा पुं० [देश०] एक पौधा जो मध्यप्रदेश और बरार से लेकर बबई के आसपास तक होता है। यह पान के बीडों मे लगाया जाता है। इसकी पत्तियो से बडी अच्छी सुगध निकलती है। इन पत्तियो से इत्र बनाया जाता है, जो पचौली के नाम से प्रसिद्ध है। दे० 'पचौली'।

पींग†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पेंग'।

पींगाली†—सज्ञा पुं० [सं० पिङ्गल (= छंद) ?] भैरव राग के एक पुत्र का नाम। उ०—पींगाली मधु माधो गावैं।—माधवानल०, पृ० १९३।

पींजणⓊ—क्रि० स०, [स० पिञ्जन] दे० 'पीजना'। उ०—रूह

रूई पीजण के कारण, आपन राम पठाया।—सुंदर ग्र०, भा० २, पृ० ८६६।

पींजन—संज्ञा पुं० [सं० **पिञ्जन**] रुई धुनने की क्रिया।

पींजना—क्रि० स० [सं० **पिञ्जन** (= धुनकी)] रूई धुनना। उ०—चिहु चक्क हक्क घर घरहरत, पिसुन पीजि किज्जय नरम।—पृ० रा०, ३।५५।

पींजरⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० **पिञ्जर**] दे० 'पिंजड़ा' या 'पंजर'।

पींजराⓊ—संज्ञा पुं० [सं० **पिञ्जर**] दे० 'पिंजड़ा'।

पींड†—संज्ञा पुं० [सं० **पिण्ड**] १ शरीर। देह। पिंड। उ०—बिन जिव पींड छार करि कूरा। छार मिलावइ सो हित पूरा।—जायसी (शब्द०)। २ वृक्ष का धड़। वृक्ष देह। तना। पेड़ी। उ०—कटहर डार पीड सो पाके। बड़हर सोउ अनूप अति ताके।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १३८। ३ किसी गीली वस्तु का गोला। पिंड। पिंडी। ४ कोल्हू के चारो ओर गीली मिट्टी का बनाया हुआ घेरा जिसमें से ईख की अगारियाँ या छोटे टुकड़े छटककर बाहर नहीं निकलने पाते। ५ चरखे का मध्य भाग। बेलन। ६ शिरोभूषण। दे० 'पीड़'। उ०—(क) शिखी की भाँति शिर पीड डोलत सुभग चाप ते अधिक नवमाल शोभा।—सूर (शब्द०)। (ख) पीड श्रीखंड शिर भेष नटवर कसे अंग इक छटा मैं ही भुलाई।—सूर (शब्द०)। ७. पिंडखजूर नामक फल। उ०—खरिक दाख अरु गिरी चिरारी। पीड बदाम लेत बनवारी।—सूर (शब्द०)।

पींडी—संज्ञा स्त्री० [सं० **पिण्डिका**] दे० 'पिंडी'।

पींडुरी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिंडुली'।

पींढुला‡—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पीढ़ा'। उ०—सासु कू डारयो पीढ़ुला, बेनव कूँ डारयो मूढ़िला।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६१७।

पींपरⓊ—संज्ञा पुं० [सं० **पिप्पल**] दे० 'पीपर'। उ०—पिल्लत सिकार पिथ कुँअर डर। पसु पीपर दल थरहरै।—पृ० रा०, ६।१००।

पीⓊ[1]—संज्ञा पुं० [सं० **प्रिय**] दे० 'पिय'। उ०—राति अनत बसि भोर पी झूमत आए ऐन। निरखि न सोहैं नैन ती करति न सोहैं नैन।—स० सप्तक, पृ० २५६।

पी[2]—संज्ञा स्त्री० [अनु०] पपीहे की बोली। उ०—पी पी करत पपीहा पापी प्राण त्याग कर दैहौं।—श्रीनिवासदास (शब्द०)।

यौ०—**पी कहाँ** = पपीहे की बोली।

पीअर‡[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पीला] पीले रंग का वस्त्र। पियरी। उ०—ए पिया, हमें पीअरे की साध। पिअरी चों न रंगाइए।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६१४।

पीअरⓊ[2]—वि० [सं० **पीत**] दे० 'पीयर'। उ०—दान देति है मनि गन चीरा। हेम पटबर पीअर चीरा।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ५१८।

पींउ—संज्ञा पुं० [सं० **प्रिय**] दे० 'पिय'।

पीउ, पीऊ—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पिय'। उ०—तब लगि धीर सुना नहिं पीऊ। सुनतहिं धरी रहे नहीं जीऊ।—पदमावत, पृ० २७२।

पीऊखⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० **पीयूष**] अमृत। पीयूष। सुधा। उ०—तुअ दरसन बिनु तिल ओ न जीव। जइऊ कलामति पीऊख पीव।—विद्यापति, पृ० १९९।

पीक[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० **पिच** (= दबाना, निचोड़ना)] १ थूक से मिला हुआ पान का रस। चबाए हुए बीड़े या गिलौरी का रस। पान के रंग से रँगा हुआ थूक। थूक।

यौ०—पीकदान। पीकलीक।

२ पहली बार का रंग। वह रंग जो कपड़े को पहली बार रंग में डुबोने से चढ़ता है (रँगरेज)।

पीक[2]—वि० [सं० **पीक** (= चोटी)] ऊँचनीच। ऊबड़ खाबड़। असमतल। नाहमवार (लश०)।

पीक[3]—संज्ञा पुं० [अ०] कोना (लश०)।

पीक[4]—वि० खड़ा। कायम (लश०)।

पीक†[5]—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पीका'।

मुहा०—**पीक फूटना** = पनपना।

पीकदान—संज्ञा पुं० [हिं० **पीक**+फा० **दान** (= आधार, पात्र)] एक विशेष प्रकार का बना हुआ वह बरतन या पात्र जिसमें पान की पीक थूकी या डाली जाती है। उगालदान।

पीकना†—क्रि० अ० [सं० **पिक** अथवा **पपीहे** की बोली 'पी' से अनुकृत] पिहिकना। पपीहे या कोयल का बोलना। उ०—अब न धीर धारत बनत सुरत बिसारी कत। पिक पापी पीकन लगे बगरेउ बाग बसंत।—(शब्द०)।

पीकपात्र—संज्ञा पुं० [हिं० **पीक**+सं० **पात्र**] पीकदान। उगालदान। उ०—नट भट बिट ठग ठाठ, पीकपात्र है सबन को।—ब्रज० ग्र०, पृ० ६६।

पीका†—संज्ञा पुं० [देश०] किसी वृक्ष का नया कोमल पत्ता। कोपल। पल्लव। उ०—कहै पद्माकर परागन में पानहू में पातन में पीकन पलासन पगत है।—पद्माकर (शब्द०)।

मुहा०—**पीका फूटना** = पनपना। पल्लवित होना। कोपले फेंकना। उ०—जासु चरन जल सीचन पाई। पीका फूटि हरित ह्वै जाई।—रघुराज (शब्द०)।

पीच[1]—संज्ञा पुं० [सं०] ठुड्डी। ठोढ़ी [को०]।

पीच[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० **पिच**] १ भात का पसाव। माँड़। २ पान की पीक।

पीचू—संज्ञा पुं० [देश०] १ एक प्रकार का झाड़। चीलू। जरदालू। २ करील का पक्का फल। पक्का कचड़ा या ढेंटी।

पीच्छ‡—संज्ञा पुं० [सं० **पिच्छ**] दे० 'पिच्छ'। उ०—सो श्री ठाकुर जी ने मोर पीच्छ को मुकुट धारन कियो है।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ३२६।

पीछ[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० **पीच**] पीच। माँड़।

पीछ[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० **पीछे** या **पिछला**] पक्षियों की दुम।

पीछ[3]—संज्ञा स्त्री० [अ० पिच] एक प्रकार की राल जो जहाज आदि मे दरार भरने के काम मे आती है। दामर। गीर। कील। (लश०)।

पीछ†[4]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पीछा'। जैसे, आगपीछ=आगापीछा।

पीछरिⓊ‡—वि० [सं०] पिच्छल। मसृण। चिकना। उ०—पथ पीछरि एक रयनि अधार। कुचजुग कलसे जमुना भेलि पार।—विद्यापति, पृ० ३०८।

पीछलाⓊ—वि० [हिं०] दे० 'पिछला'। उ०—ग्राह गह्यो गाढ़े वैर पीछले के बाढे भयो।—मति० ग्र०, पृ० ३८७।

पीछा—संज्ञा पुं० [स० पश्चात्, प्रा० पच्छा] १ किसी व्यक्ति या वस्तु का वह भाग जो सामने की विरुद्ध दिशा मे हो। किसी व्यक्ति या वस्तु के पीछे की ओर का भाग। पश्चात्-भाग। पुश्त। 'आगा' का उलटा। जैसे,—(क) इस इमारत का आगा जितना अच्छा बना है उतना अच्छा पीछा नही बना है। (ख) इस अँगरखे का पीछा ठीक नही है।

मुहा०—पीछा दिखाना=(१) भागना। हारकर घर का रास्ता लेना। पीठ दिखाना। जैसे,—कुल दो ही घटे की लडाई के बाद शत्रु ने पीछा दिखाया। (२) दे० 'पीछा देना'। पीछा देना=किसी काम मे पहले साथ देकर फिर किनारा करना। पीछे जाना। मौके पर हट जाना या धोखा देना। पहले भरोसा दिलाकर पीछे सहायता न देना। पीछा भारी होना=(१) पीछे की ओर शत्रु का होना। पीछे की ओर से भय या खतरा होना। (२) कुमुक आ जाने से सेना का पश्चात् भाग सबल हो जाना।

२ किसी घटना का पश्चात्वर्ती काल। किसी घटना के बाद का समय। जैसे,—(क) व्याह का पीछा है, इसी से हाथ इतना तग है। (ख) इतने बडे रईस (की मृत्यु) का पीछा है, हजारो रुपए लग जाएँगे। ३ पीछे पीछे चलकर किसी के साथ लगे रहने का भाव। जैसे,—(क) बडे का पीछा है, कुछ न कुछ दे ही जायगा। (ख) चार साल तक इस साधु का पीछा किया पर इसने कुछ भी न बताया।

मुहा०—पीछा करना=(१) किसी के पीछे पीछे जाना या फिरा करना। हर समय किसी के साथ या समीप बना रहना। कोई काम निकालने के लिये या किसी आशा से किसी के साथ लगे रहना। (२) अनिच्छुक व्यक्ति से कोई काम कराने के लिये अत्यत आग्रह करते रहना। किसी बात के लिये किसी को तग या दिक करना। गले पडना। जैसे,—अब तो तुम इस काम के लिये मेरा पीछा न करते तो मैं तुम्हारा बडा उपकार मानता। (३) किसी को पकडने, मारने या भगाने आदि के लिये उसके पीछे पीछे चलना। खदेडना। पीछा छुडाना=(१) पीछा करनेवाले से छुटकारा प्राप्त करना। किसी बात के आग्रह से, तग या दुखी करनेवाले से अपने आपको दूर कर लेना। गले पडे हुए व्यक्ति से जान छुडाना। जैसे,—बड़ी कठिनाई से इस आदमी से पीछा छुडाया है। (२) अप्रिय या इच्छाविरुद्ध सबध का अत करना। दुखदायी सबध से छुटकारा प्राप्त करना। दुखद प्रतीत होनेवाले कार्य को समाप्त कर सकना या कर लेना। जैसे,—किसी आशका से पीछा छुडाना, किसी काम से पीछा छुडाना। पीछा छूटना=(१) पीछा करनेवाले से छुटकारा मिलना। अप्रिय साथ का कष्ट दूर होना। गले पडे हुए का साथ छूटना। पिंड छूटना। जान छूटना। (२) अप्रिय कार्य या संबध से छुटकारा मिलना। दुखद वस्तु का अत या समाप्ति होना। रिहाई मिलना। पीछा छोडना=(१) पीछा करने का काम बद करना। किसी आशा या प्रयोजन से किसी के साथ फिरना बद करना। सहारा छोडना। (२) किसी बात के लिये किसी से अत्यत आग्रह करना बद करना। जान खाना छोडना। तग करना बद करना। (३) जिस बात मे बहुत देर से लगे हो उसे छोड देना। पीछा पकड़ना=किसी आशा से किसी का समीपवर्ती, दरबारी या साथी बनना। आश्रय का आकाक्षी बनना। सहारा बनना। जैसे, किसी रईस का पीछा पकडना।

पीछाणना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहचानना'। उ०—जीणी अहिनाणइ लेउ पीछाणी।—बी० रासो, पृ० ७७।

पीछूⓊ†—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'पीछे'।

पीछे—अव्य [हिं० पीछा] १ पीठ की ओर। जिधर मुँह हो उसकी विरुद्ध दिशा मे। आगे या सामने का उलटा। पश्चात्। जैसे,—जरा अपने पीछे तो देखो कि कौन खडा है।

यौ०—पीछे पिछडे=अविकसित। अनुन्नत। पिछडे हुए।

मुहा०—(किसी के) पीछे चलना=(१) किसी विषय मे किसी को पथप्रदर्शक, नेता या गुरु मानना। कार्यविशेष मे किसी का पदानुसरण करना। किसी का अनुयायी या अनुगामी होना। अनुकरण करना जैसे,—वह ऐसा वैसा आदमी नही है, उसके पीछे चलनेवालो की सख्या हजारो से ऊपर है। (२) एक आदमी ने जैसा किया हो वैसा ही करना। किसी का अनुकरण करना। नकल करना। जैसे,—खोज के विषय मे भारतीय विद्वान् भी बहुधा यूरोपीय पडितो के पीछे चले हैं। (किसी के) पीछे छूटना=(१) किसी के साथ रहकर उसका भेद लेने या उसकी गतिविधि पर दृष्टि रखने के लिये नियुक्त किया जाना। जासूस बनाकर किसी के साथ लगाया जाना। जैसे,—आज कल उनके पीछे कई आदमी छूटे हैं। (२) किसी भागे हुए आदमी को पकडने के लिये नियुक्त किया जाना। (किसी के) पीछे छोडना या भेजना=(१) जासूस या भेदिया बनाकर किसी को किसी के साथ लगाना। गुप्त रूप से किसी के साथ रहकर उसका भेद लेने या उसके कर्मों से जानकारी रखने के लिये किसी को नियत करना। साथ लगाना। (२) किसी आदमी को पकडने के लिये किसी को भेजना

या दौडाना। किसी का पीछा करने के लिये किसी को भेजना। (धन) **पीछे डालना** = खर्च से बचाकर भविष्यत् की आवश्यकता के लिये कुछ रखना। आगे के लिये बटोरना। सचय करना। जैसे,—प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि अपनी कमाई में से कुछ न कुछ पीछे डालता जाय। (**किसी को**) **पीछे डालना** = पीछे छोडना। पीछे दौडना। जैसे,—उसने चोरो के पीछे सवार डाले। (**किसी के**) **पीछे दौडाना** = (१) गए या जाते हुए आदमी को फेर लाने के लिये किसी को रवाना करना। किसी को लौटा लाने के लिये किसी को दौडाना या भेजना। (२) भागे या भागते हुए को पकड लाने के लिये किसी को भेजना। भागे या भागते हुए का पीछा करने के लिये किसी को रवाना करना। **पीछे पछताना उसी चने को खाना** = (१) इच्छापूर्वक त्यागी हुई वस्तु को त्यागने की गलती समझकर फिर ग्रहण करना। (२) किसी कार्य को न करने का निश्चय करके फिर करना। उ०—इसका निरादर कर वे पीछे पछताएँगे और उसी चने को खाएँगे। —प्रेमघन०, भा० २, पृ० ४०५। (**किसी काम के**) **पीछे पड़ना** = किसी काम को कर डालने पर तुल जाना। किसी कार्य के लिये अविराम उद्योग करना। किसी कार्य की सिद्धि के लिये आग्रहयुक्त होना। बार बार विफल होने पर भी किसी काम के लिये उत्साह के साथ प्रयत्न करते रहना। (**किसी व्यक्ति के**) **पीछे पडना** = (१) कोई काम करने के लिये किसी से बार बार कहना। किसी से कोई प्रार्थना करते हुए आग्रहयुक्त होना। किसी के पीछे लगकर उससे कोई अनुरोध करना। घेरना। जान खाना। तग करना। (२) किसी के सबध मे कोई ऐसा कार्य बार बार आग्रहपूर्वक करना जिससे उसे कष्ट पहुँचे या उसका अपकार हो। मौका या सधि ढूँढ़ ढूँढ़कर किसी की बुराई करते रहना। किसी को हानि पहुँचाने के लिये आग्रह-युक्त होना। जैसे,—बरसो से यह दुष्ट न जाने क्यो मेरे पीछे पड रहा है। **पीछे लगना** = (१) किसी आशा या प्रयोजन से किसी के पीछे पीछे चला करना। साथ हो लेना। साथ साथ चलना। पीछे पीछे घूमना। पीछा करना। जैसे,—तुम तो कितने दिनो से उनके पीछे लगे हो पर अभी तक हाथ कुछ न आया। (२) अनिष्ट या अप्रिय वस्तु का सबध हो जाना। दु.खजनक वस्तु का साथ हो जाना। रोग कष्टादि का देर तक बना रहना। जैसे,—रोग पीछे लगना, मुसीबत पीछे लगना आदि। (**अपने**) **पीछे लगाना** = (१) आश्रय देना। साथ कर लेना। (२) रोग दु ख आदि की प्राप्ति और स्थिति में स्वत कारण होना। अनिष्ट वस्तु से सबध कर लेना। पालना। जैसे,—मुसीबत पीछे लगाना, झझट पीछे लगाना आदि। (**किसी और के**) **पीछे लगाना** = (१) साथ लगा देना। अनिष्ट या अप्रिय वस्तु से सबंध करा देना। मढ़ देना। जैसे,—तुमने यह अच्छी मुसीबत हमारे पीछे लगा दी। (२) भेद लेने या निगाह रखने के लिये किसी को किसी के साथ कर देना। किसी आदमी को किसी का पीछा करने के लिये नियुक्त करना या भेजना। कार्रवाइयाँ देखते रहने के लिये किसी आदमी को उसके साथ कर देना। किसी के साथ रहने के लिये नियुक्त करना।

विशेष—'धीरे' आदि कितने ही अन्य अव्ययों के समान 'पीछे' भी प्राय आवृत्ति के साथ आता है, जैसे, पीछे पीछे आना, पीछे पीछे चलना, पीछे पीछे घूमना, आदि। इस रूप में अर्थात् आवृत्तिपूर्वक यह जिस क्रिया का विशेषण होता है उसका लगातार अधिक समय तक होना सूचित होता है।

२ पीछे की ओर कुछ दूर पर। पीठ की अथवा आगे की विरुद्ध दिशा में। कुछ दूर पर। जैसे, (क) उनके मकान को तुम बहुत पीछे छोड आए। (ख) वह गाँव बहुत पीछे छूट गया।

मुहा०—**पीछे छूटना, पड़ना या होना** = (१) किसी विषय मे किसी से कम होना। गुण योग्यता आदि की तुलना में किसी से न्यून रह जाना। किसी विषय में किसी व्यक्ति की अपेक्षा घटकर होना। पिछडा होना। जैसे,—और विषयो की तो मैं नहीं कह सकता पर रचनाभ्यास मे तुम उससे बहुत पीछे छूट गए हो। (२) किसी विषय मे किसी ऐसे आदमी से घट जाना जिससे किसी समय बराबरी रही हो। **पिछड़ जाना**। जैसे—बीमारी के कारण वह अपने सहपाठियो से बहुत पीछे छूट गया। (प्राय इस अर्थ मे यह क्रिया 'जाना' से संयुक्त होकर आती है)। (**किसी को, पीछे छोड़ना** = किसी विषय में किसी से बढकर या अधिक होना। किसी विषय में किसी की अपेक्षा अधिक सामर्थ्य-वान् होना या योग्यता रखना। जैसे,—इस विषय मे वह हजारो को पीछे छोड गया। (२) किसी विषय में किसी से बढ़ जाना। किसी से आगे निकल जाना। किसी विषय मे किसी विशेष व्यक्ति की अपेक्षा अधिक योग्य या सामर्थ्य-वान् हो जाना।

३ देश या कालक्रम मे किसी के पश्चात् या उपरात। स्थिति या घटना के विचार से किसी के अनतर कुछ दूर या कुछ देर बाद। किसी वस्तु या व्यापार के पश्चाद्वर्ती स्थान या काल में। पश्चात्। उपरात। अनतर। जैसे,—(क) पचास हाथ लंबी पाँत में सब लोग एक दूसरे के पीछे खडे थे। (ख) तुम्हारे काशी आने के कितना पीछे यह घटना हुई। ४ अत में। आखिर में। (क्व०)। जैसे,—पहले तो वे बहुत दिनो तक पडते रहे पीछे बीमार पडने के कारण उनका पढ़ना लिखना छूट गया। ५ किसी की अनुपस्थिति या अभाव मे। किसी की अविद्यमानता मे। पीठ पीछे। जैसे,—किसी के पीछे उसकी बुराई करना अच्छा काम नहीं। ६ मर जाने पर। इस लोक मे न रह जाने की दशा में। मरणोपरात। जैसे,—(क) आदमी के पीछे उसका नाम ही रह जाता है। (ख) वे अपने पीछे चार बच्चे, एक विधवा और प्राय पचास हजार का ऋण छोड़ गए। ७. लिये। वास्ते। कारण। अर्थ। खातिर।

जैसे,—इस आदमी के पीछे मैंने क्या क्या कष्ट न सहा पर यह ऐसा कृतघ्न निकला कि सब भूल गया। ८ कारण। निमित्त। बदौलत। जैसे,—तुम्हारे पीछे हमें भी दस बात सुननी पड़ी।

पीछो†—संज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पीछा'। उ०—तब वा सर्प की नागिन ने वा वैष्णव को पीछो कियो।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० ३३२।

पीजन—संज्ञा पु० [सं० पिञ्जन] भेड़ो के बाल धुनकने की धुनकी। (गडेरिए)।

पीजर†—संज्ञा पुं० [स० पिञ्जर] दे० 'पिंजड़ा'। उ०—छाज न पखिहि पीजर ठाढ़।—जायसी ग्र०, पृ० ७६।

पीजरा†—संज्ञा पुं० [हिं० पीजर] दे० 'पिंजड़ा'।

पीटना†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पिटना'।

पीटना[1]—क्रि० स० [स० पीडन] १. किसी वस्तु पर चोट पहुँचाना। मारना।

संयो क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

मुहा०—छाती पीटना=दुख या शोक प्रकट करने के लिये छाती पर हाथ से आघात करना। किसी बात को पीटना = किसी बात या कार्य पर तीव्र दुख प्रकाश करना। किसी बात को सोच सोचकर दुखित होना। हाय हाय करना। सिर धुनना। (स्त्रि०)। किसी व्यक्ति को या के लिये पीटना = किसी व्यक्ति की मृत्यु का शोक करना। किसी के मरने पर छाती पीटना मातम करना। उ०—आँख फूटे जो भर नजर देखे। मुझको पीटे अगर इधर देखे।—एक उर्दू कवि (शब्द०)।

२ आघात पहुँचाकर किसी वस्तु को फैलाना या बढ़ाना। चोट से चिपटा या चौड़ा करना। जैसे, पत्तर पीटना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

३ किसी जीवधारी पर आघात करना। किसी के शरीर को चोट अथवा पीड़ा पहुँचाना। मारना। प्रहार करना। ठोकना। जैसे,—आज तुमने भारी अपराध किया है, तुम्हारे बाप तुम्हे अवश्य पीटेंगे।

संयो० क्रि०—डालना।

४ किसी न किसी प्रकार कर डालना या कर लेना। भले या बुरे प्रकार से कर डालना। येन केन प्रकारेण किसी काम को समाप्त या सम्पन्न कर लेना। निबटा देना। जैसे,—शाम तक इस काम को अवश्य पीट डालूँगा।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

५ किसी न किसी प्रकार प्राप्त कर लेना। येन केन प्रकारेण उपार्जित करना। फटकार लेना। जैसे,—शाम तक चार रुपए पीट लेता हूँ।

संयो० क्रि०—लेना।

पीटना[2]—संज्ञा पुं० १ मृत्युशोक। मातम। पिट्टस। जैसे,—यहाँ यह कैसा पीटना पड़ा हुआ है। २ आपद्। मुसीबत। आफत।

पीट पठिंगा†—संज्ञा पुं० [हिं० पीठ + स० पृष्ठ + अंग] आश्रय। सहायक। उ०—मुहम्मद जिसका पीटपठिंगा उसकूँ क्या है डर।—दक्खिनी०, पृ० ५४।

पीठ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ लकड़ी, पत्थर या धातु का बना हुआ बैठने का आधार या आसन। पीढ़ा। चौकी।

विशेष—दे० 'पीढ़ा'। २ व्रतियों, विद्यार्थियो आदि के बैठने का आसन। कुशासन आदि। ३ किसी मूर्ति के नीचे का आधारपिंड। मूर्ति का वह आसनवत् भाग जिसके ऊपर वह खड़ी रहती है। मूर्ति का आधार। ४ किसी वस्तु के रहने की जगह। अधिष्ठान। जैसे, विद्यापीठ। ५ सिंहासन। राजासन। तख्त। ६ वेदी। देवपीठ। ७ वह स्थान जहाँ पुराणानुसार दक्षपुत्री सती का कोई अंग या आभूषण [illegible] के चक्र से कटकर गिरा है।

विशेष—ऐसे स्थान भिन्न भिन्न पुराणो के मत से ५१, ५३, ७ अथवा १०८ हैं। इनमें से कुछ की महापीठ और कु की उपपीठ संज्ञा है। शिवचरित् नामक ग्रंथ में जिसमें कु ७७ पीठ गिनाए गए हैं, ५१ को महापीठ और २६ उपपीठ कहा है। ये सब स्थान तांत्रिक तथा शाक्तधर्म अनुसार अति पुनीत और सिद्धिदायक माने गए हैं। स्थानो में जपादि करने से शीघ्र सिद्धि और दान, स्नान आदि करने से अक्षय पुण्य होना माना गया है। स्थानों की उत्पत्ति के संबंध मे पुराणो मे यह कथा है शिव से अप्रसन्न होकर उनके ससुर दक्ष ने उनको अ न करने का निश्चय किया। उन्होंने बृहस्पति नामक यज्ञ किया जिसमें त्रिभुवन के यावत् देवी देवताओ को निमन्त्रि किया पर शिव और अपनी कन्या सती को न पूछा। बिना बुलाए भी पिता के समारंभ में सम्मिलित होने व तैयार हो गई और शिव ने भी अत को उनकी ह रख ली। सती जब बाप के यज्ञस्थान मे पहुँची तब द ने उनकी आदर अभ्यर्थना तो न की वे भगवान् की जी भरकर निंदा करने लगे। सती को पूज्य पति निंदा सुनना असह्य हुआ। वे यज्ञकुंड मे कूद पड़ी और मरी। उनके साथ शिव के जो अनुचर गए थे उन्होंने ल ८ शिव को यह समाचार सुनाया जिसे सुनकर शिवाजी को से पागल हो उठे और वीरभद्रादि अनुचरो के द्वारा दक्ष मरवा डाला और उनका यज्ञ विध्वंस करा दिया। सती विछोह का उनको इतना दुख हुआ कि वे उनकी मृत को कंधे पर रखकर चारो ओर नाचते हुए घूमने लगे। अ को भगवान् विष्णु ने इस दशा से उनका उद्धार करने अभिप्राय से अपने चक्र द्वारा धीरे धीरे सती के सारे शव काटकर गिरा दिया। जिन जिन स्थानो पर उनका क अंग या आभूषण कटकर गिरा उन सबमें एक एक और भैरव भिन्न भिन्न नाम तथा रूप से अवस्थान क हैं। जिन स्थानो मे कोई एक अंग गिरा वे महापीठ जिनमें किसी अंग का अंश या कोई अलंकार मात्र गि वे उपपीठ हुए। इन महापीठो, उपपीठो और उनमे करनेवाली शक्तियो और भैरवो के नाम तन्त्रचू

आदि तंत्रग्रंथों और देवीभागवत, कालिकापुराण आदि पुराणो मे दिए गए हैं। काशी में कान के कुंडल का गिरना कहा गया है। यहाँ की शक्ति का नाम मणिकर्णी, अन्नपूर्णा या विशालाक्षी और भैरव का कालभैरव है।

८ प्रदेश। प्रांत। ९ बैठने का एक विशेष ढग। एक आसन। १० कंस के एक मंत्री का नाम। ११ एक विशेष असुर। १२ वृत्त के किसी अंश का पूरक।

पीठ[२]—संज्ञा स्त्री० [सं० पृष्ठ] १ प्राणियो के शरीर मे पेट की दूसरी ओर का भाग जो मनुष्य में पीछे की ओर और तिर्यक् पशुओं, पक्षियों, कीड़े मकोड़े आदि के शरीर मे ऊपर को ओर पड़ता है। पृष्ठ। पुश्त।

मुहा०—पीठ का=दे० 'पीठ पर का'। पीठ का कच्चा=(घोड़ा) जो देखने मे हृष्ट पुष्ट और सजीला हो पर सवारी मे ठीक न हो। (ऐसा घोड़ा) जिसकी चाल से सवार प्रसन्न न हो। चाल न जाननेवाला (घोड़ा)। पीठ का सच्चा=(घोड़ा) जिसमें अच्छी चाल हो। चालदार (घोड़ा)। ऐसा घोड़ा जो सवारी के समय सुख दे। पीठ की=दे० 'पीठ पर की'। पीठ चारपाई से लग जाना=बीमारी के कारण अत्यंत दुबला और कमजोर हो जाना। उठने बैठने मे असमर्थ हो जाना। पीठ खाली होना=सहायकहीन होना। कोई सहारा देनेवाला या हिमायती न होना। पीठ पर किसी का न होना। पीठ ठोंकना=(१) कोई उत्तम कार्य करने के लिये अभिनंदन करना। किसी के कार्य से प्रसन्नता प्रकट करना। किसी के कार्य की प्रशंसा करना। शाबासी देना। जैसे,—तुम्हारे पीठ ठोकने से ही वे आज मुझसे लड़ गए। (२) किसी कार्य में अग्रसर होने के लिये साहस देना। हिम्मत बढ़ाना। प्रोत्साहित करना। पीठ पर हाथ फेरना। पीठ तोड़ना=कमर तोड़ना। हताश कर देना। पीठ दिखाना=युद्ध या मुकाबिले से भाग जाना। मैदान छोड़ देना। पीछा दिखाना। जैसे,—कुल एक ही घंटे लोहा बजने के बाद शत्रु ने पीठ दिखाई। पीठ दिखाकर जाना=स्नेह तोड़कर या ममता छोड़कर जाना। घरवालों या प्रिय वर्ग से विदा होना। परदेश के लिये प्रस्थान करना। पीठ देना=(१) यात्रार्थ किसी या कहीं से बिदा होना। रुखसत होना। (२) विमुख होना। मुँह मोड़ना। (३) भाग जाना। पीठ दिखाना। (४) किनारा खींचना। साथ न देना। पीछा देना। (५) चारपाई पर पीठ रखना। सोना। लेटना। आराम करना जैसे,—(क) आज तीन दिन से दो मिनट के लिये भी मैं पीठ न दे सका। (ख) काम के मारे आजकल मुझे पीठ देना हराम हो रहा है। (यह मुहावरा निषेधार्थ या निषेधार्थक वाक्य मे ही प्रयुक्त होता है जैसा उदाहरणों से प्रकट होता है।) किसी की ओर पीठ देना=(१) किसी की ओर पीठ करके बैठना। मुँह फेर लेना। (२) अरुचिपूर्वक उपेक्षा प्रकट करना। किसी की ओर ध्यान देने या उसकी बात सुनने से अनिच्छा दिखाना। पीठ पर=एक ही माता द्वारा जन्मक्रम मे पीछे। एक ही माता की संतानों में से किसी विशेष के जन्म के अनंतर। जैसे,—इस लड़के के पीठ पर क्या तुम्हारे कोई संतान नहीं हुई। पीठ पर का, पीठ पर को=(१) जन्मक्रम में अपने सहोदर (भाई या बहिन) के अनंतर का। (२) जोड़ का। बराबरी का। उ०—दूसरा कौन पीठ पर का है।—चोखे०, पृ० १४। पीठ पर खाना=भागते हुए मार खाना। भागने की दशा मे पिटना। कायरता प्रकट करते हुए घायल होना। पीठ मीजना=दे० 'पीठ पर हाथ फेरना'। पीठ पर हाथ फेरना=दे० 'पीठ ठोकना'। पीठ पर होना=(१) सहायक होना। सहायता के लिये तैयार होना। मदद पर होना। हिमायत पर होना। जैसे,—आज मेरी पीठ पर कोई होता तो मैं इस प्रकार दीन हीन बनकर क्यों भटकता फिरता? (२) जन्मक्रम में अपने किसी भाई या बहिन के पीछे होना। अपने सहोदरों में से किसी के पीछे जन्म ग्रहण करना। पीठ पीछे=किसी के पीछे। अनुपस्थिति में। परोक्ष मे। जैसे,—पीठ पीछे किसी की निंदा नहीं करना चाहिए। पीठ फेरना=(१) विदा होना। चला जाना। रुखसत होना। (२) भाग जाना। पीठ दिखाना। (३) किसी की ओर पीठ कर देना। मुँह फेर लेना। (४) अरुचि वा अनिच्छा प्रकट करना। उपेक्षा सूचित करना (किसी की) पीठ लगना=चित होना। कुश्ती मे हार खाना। पटका जाना। पछाड़ा जाना। (घोड़े बैल आदि की) पीठ लगना=पीठ पर घाव हो जाना। पीठ पक जाना। (चारपाई आदि से) पीठ लगना=लेटना। सोना। पड़ना। कल लेना। आराम करना। (किसी की) पीठ लगाना=चित कर देना। कुश्ती में हरा देना। पछाड़ देना। पटकना (घोड़े बैल आदि की) पीठ लगाना=घोड़े या बैल को इस प्रकार कसना या लादना कि उसकी पीठ पर घाव हो जाय। सवारी या पीठ पर घाव कर देना।

२ किसी वस्तु की बनावट का ऊपरी भाग। किसी वस्तु की बाहरी बनावट। पृष्ठ भाग। भीतरी भाग या पेट का उलटा। ३. रोटी के ऊपर का भाग। ४ जहाज का फर्श (लश०)।

पीठक—संज्ञा पुं० [सं०] पीढ़ा।

पीठ का मोजा—संज्ञा पुं० [हिं० पीठ+फा० मोजह्] कुश्ती का एक पेंच। इसमें जब जोड़ कंधे पर बायाँ हाथ रखने आता है तब दाहिने हाथ-से उसको उठाकर उलटा कर देते हैं और कलाई के ऊपर के भाग को इस प्रकार पकड़ते हैं कि अपनी कोहनी उसके कंधे के पास जा पहुँचती है, फिर झट पैंतरा बदलकर जोड़ की पीठ पर जाने के इरादे से बढ़ते हुए बाएँ हाथ से बाएँ पाँव का मोजा उठाकर गिरा देते हैं।

पीठ के डंडे—संज्ञा पुं० [हिं० पीठ+हिं० डंडा] कुश्ती का एक पेंच। इसमें जब खिलाड़ी जोड़ की पीठ पर होता है तब शत्रु की बगल से ले जाकर दोनों हाथ गर्दन पर चढ़ाने चाहिए और गर्दन को दबाते हुए भीतरी अड़ानी टाँग मारकर गिराना चाहिए।

पीठकेलि—संज्ञा पुं० [सं०] पीठमर्द। नायक।

पीठग—वि० [सं०] पशु। लँगड़ा [को०]।

पीठगर्भ—संज्ञा पुं० [सं०] वह गड्ढा जो मूर्ति को जमाने के लिये पीठ (आसन) पर खोदकर बनाया जाता है।

पीठचक्र—संज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का रथ।

पीठदेवता—संज्ञा पु० [सं०] आधार शक्ति। आदिदेवता।

पीठना[1]—क्रि० स० [सं० पिष्ट, हिं० पीठ + ना] दे० 'पीसना'। उ०—एकन आदी मरिच सों पीठा। दूसर दूध खाँड सो मीठा।—जायसी (शब्द०)।

पीठनायिका—संज्ञा स्त्री० [स०] चौदह वर्षीया (अरजस्का) वह कुमारी जो दुर्गापूजा के अवसर पर दुर्गा मानकर पूजी जाती है (को०)।

पीठनायिका देवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पुराणानुसार किसी पीठ-स्थान की अधिष्ठात्री देवी। २ दुर्गा। भगवती।

पीठन्यास—संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का तंत्रोक्त न्यास जो प्राय सभी तांत्रिक पूजाओं में आवश्यक है।

पीठभू—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीर के आसपास का भूभाग। चहार-दीवारी के आसपास की जमीन।

पीठमर्द—संज्ञा पुं० [सं०] १ नायक के चार सखाओं में से एक जो वचनचातुरी से नायिका का मानमोचन करने में समर्थ हो। यह शृंगार रस के उद्दीपन विभाव के अंतर्गत है। २ वह नायक जो कुपित नायिका को प्रसन्न कर सके। मानमोचन में समर्थ नायक।

विशेष—संस्कृत के अधिकांश आचार्यों ने पीठमर्द को नायक का भेद भी माना है परंतु कुछ रसाचार्यों ने इसकी गणना सखाओं में की है।

२ अत्यंत धृष्ट नायक, सखा या अत्यंत ढीठ (को०)। ३ नृत्य की शिक्षा देनेवाला व्यक्ति। नृत्यगुरु (को०)।

पीठमर्दिक—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जो प्रिय को प्राप्त करने में नायिका की सहायता करती है (को०)।

पीठविवर—संज्ञा पु० [स०] दे० 'पीठगर्भ'।

पीठसर्प—वि० [सं०] लँगड़ा।

पीठसर्पी—वि० [सं० पीठसर्पिन्] लँगड़ा।

पीठस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'पीठ'-७। देवीपीठ। २ सिंहासन बत्तीसी के अनुसार 'प्रतिष्ठान' (आधुनिक झूँसी) का एक नाम।

पीठा[1]—संज्ञा पुं० [स० पीठक] दे० 'पीढ़ा'। उ०—आवत पीठा बैठन दीन्हों कुशल बूझि अति निकट बुलाई।—सूर (शब्द०)।

पीठा[2]—संज्ञा पुं० [सं० पिष्टक, प्रा० पिट्ठक] एक पकवान जो आटे की लोइयों में चने या उरद की पीठी भरकर बनाया जाता है।

विशेष—पीठी में नमक, मसाला आदि देकर आटे की लोइयों मे उसे भरते हैं और फिर लोई का मुँह बंदकर उसे गोल चौकोर या चिपटा कर लेते हैं। फिर उन सबको एक बरतन में पानी के साथ आग पर चढ़ा देते हैं। कोई कोई उसे पानी मे न उबालकर केवल भाप पर पकाते हैं। घी में चुपड़कर खाने से यह अधिक स्वादिष्ट हो जाता है। पूरब की तरफ इसको 'फरा या 'फारा' भी कहते हैं। कदाचित् इस नामकरण का कारण यह हो कि पक जाने पर लोई का पेट फट जाता है और पीठी झलकने लगती है।

पीठा[3]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पट्ठा'।

पीठाण—संज्ञा पुं० [सं० पीठस्थान (=युद्धपीठ, या रणक्षेत्र)] युद्धभूमि। रणस्थल। उ०—पाडियो राम दसकठ पीठाण मे सबद जै जै हुवा लोक सारा।—रघु रू०, पृ० ३१।

पीठि—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीठ] दे० 'पीठ'।

पीठिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पीढा। २. मूर्ति, खंभे आदि का मूल या आधार। ३ अंश। अध्याय। ३. पृष्ठभूमि (को०)। ४ तामदान। डाँडी (कौटि०)।

पीठी[1]—संज्ञा स्त्री० [स० पिष्ट या पिष्टक, प्रा० पिट्ठ] पानी मे भिगोकर पीसी हुई दाल विशेषत उरद या मूँग की दाल जो बरे, पकौडी आदि बनाने अथवा कचौरी में भरने के काम में आती है।

क्रि० प्र०—पीसना।—भरना।

पीठी[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीठ] दे० 'पीठ'।

पीड़[1]—संज्ञा पुं० [देश०] मिट्टी का आधार जिसे घडे को पीटकर बढ़ाते समय उसके भीतर रख लेते हैं।

पीड़[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० आपीड] सिर या बालो पर बाँधा जाने-वाला एक प्रकार का आभूषण। उ०—करधर कै धरमैर सखीरी। कै सृक् सीपज की बगपगति, कै मयूर की पीड पखीरी।—सूर (शब्द०)।

पीड—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पीडा'। उ०—मूये पीड पुकारतां, दैव न मिलिया आइ। दादू थोडी वात थी जे दुक दरस दिखाइ।—दादू०, पृ० ५६।

पीड़क—संज्ञा पुं० [सं० पीडक] १ पीडा देने या पहुँचानेवाला। दु खदायी। यंत्रणादाता। २ अत्याचारी। उत्पीडक। सतानेवाला।

पीड़न—संज्ञा पुं० [स० पीडन] [वि० पीडक, पीडनीय, पीडित] १ दबाने की क्रिया। किसी वस्तु को दबाना। चापना। २. पेरना। पेलना। ३ दु ख देना। यंत्रणा पहुँचाना। तक-लीफ देना। ४ अत्याचार करना। उत्पीडन। उ०—मानव के पाशव पीडन का देती वे निर्मम विज्ञापन।—ग्राम्या, पृ० २४। ५ आक्रमण द्वारा किसी देश को बर्बाद करना। ६ फोडे को पीव निकालने के लिये दबाना। ७ किसी व० को भली भाँति पकडना। ग्रहण करना। हाथ मे पकडना। जैसे, पाणिपीडन। ८ सूर्य चंद्र आदि का ग्रहण। ९ उच्छेद। नाश। १०. अभिभव। तिरोभाव। लोप। ११ पेरने या दबाने का यंत्र (को०)। १२ अनाज को डंठल से पीट या रौंदकर निकालना (को०)। १३. आलिंगनबद्ध करना

दबोचना दबा देना। १४ स्वरो के उच्चारण मे गलती करना (को०)।

पीड़नीय[1]—वि० [स० **पीडनीय**] पीडन करने योग्य। दु ख पहुँचाने योग्य। २ जिससे पीडन किया जाय (को०)।

पीडनीय[2]—सज्ञा पुं० १. याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार मत्री और सेना से रहित राजा। २ याज्ञवल्क्य स्मृति में वर्णित चार प्रकार के शत्रुओ में से एक।

पीडवा‡—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिपदा] दे० 'परिवा'। उ०—आज सखी मोहि विहाण। पीड़वा कइ दिन कहइ छइ जाण।—बी० रासो, पृ० ४७।

पीड़ा—सज्ञा स्त्री० [सं० पीडा] १ किसी प्रकार का दु ख पहुँचाने का भाव। शारीरिक या मानसिक क्लेश का अनुभव। वेदना। व्यथा। तकलीफ। दर्द। २ रोग। व्याधि। ३ सिर में लपेटी हुई माला। शिरोमाला। ४, एक सुगधित ओषधि। धूप सरल। सरल। ५ बाधा। गडबड। (को०)। ६ हानि। नुकसान (को०)। ७ विरोध (को०)। ८ प्रतिबध। अवरोध (को०)। ९ करुणा। दया (को०)। १० सरल वृक्ष (को०)। ११ डलिया। टोकरी (को०)।

पीडाकर—वि० [स० पीडाकर] कष्टकर। दु खदायी। उ०—पार्थिवैश्वर्य का अधकार पीडाकर।—तुलसी०, पृ० १९।

पीडाकरण—सज्ञा पुं० [सं० **पीड़ाकरण**] कष्ट देना। दु ख या पीड़ा पहुँचाना [को०]।

पीड़ागृह—सज्ञा पुं० [सं० **पीडागृह**] वह स्थान जहाँ पीडा पहुँचाई जाय। साँसतघर [को०]।

पीडार†—सज्ञा पुं० [सं० फणाकर ?] सर्प। एक प्रकार का सर्प। पीवणा। पीणा। उ०—राई नही सखी भइस पीडार। अस्त्रीय चरित्र उलिपई ही गँवार।—बी० रासो, पृ० ३८।

पीड़ास्थान—सज्ञा स्त्री० [सं० **पीडास्थान**] कुडली में उपचय अर्थात् लग्न से तीसरे, छठे, दसवें और ग्यारहवें स्थान के अतिरिक्त स्थान। अशुभ ग्रहों के स्थान।

पीड़िका—सज्ञा स्त्री० [सं० पीडिका] फुसी। पिटिका [को०]।

पीड़ित[1] वि [स **पीडित**] १ पीडायुक्त। जिसे व्यथा या पीडा पहुँची हो। दु खित। क्लेशयुक्त। २ रोगी। बीमार। ३ दबाया हुआ जिसपर दाब पहुँचाया गया हो। ४ उच्छिन्न। नष्ट किया हुआ। ५ कसकर बाँधा हुआ (को०)।

पीड़ित[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्त्रियो के कान का छेद। कर्णभेद। २ तत्रसार मे दिए हुए एक प्रकार के मत्र। ३ पीडा देने या कष्ट पहुँचाने की क्रिया (को०)। ४ एक रतिबध। सुरत काल का एक विशेष आसन (को०)।

पीड़ी[1]—वि० [सं० **पीडिन्**] कष्ट पहुँचानेवाला। दु खकर [को०]।

पीडी†[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० पीठिका, हिं० पीढ़ी] वेदी। उ०—इससे अच्छा यही होगा कि भगवती दुर्गा की पीडी पर मेरी बलि चढा दो।—नई०, पृ० ३७।

पीडुरीⓅ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिंडली'।

पीढा—सज्ञा पुं० [स० पीठ अथवा पीठक] [स्त्री० अल्पा० पिढ़िया, पीढ़ी] चौकी के आकार का वह आसन जिसपर हिंदू लोग विशेषत भोजन करते समय बैठते हैं। पाटा। पीठ। पीठक।

विशेष—इसकी लबाई डेढ दो हाथ, चौडाई पौन या एक हाथ और उँचाई चार छह अँगुली से प्राय अधिक नही होती। अधिकतर यह आम की लकडी से बनाया जाता है। अमीर लोग सगमरमर और राजा महाराजा सोने चाँदी आदि के भी पीढे बनवाते हैं।

पीढ़ी—सज्ञा स्त्री० [सं० पीठिका] १ किसी विशेष कुल की परपरा में किसी विशेष व्यक्ति की सतति का क्रमागत स्थान। किसी कुल या वश मे किसी विशेष व्यक्ति से आरभ करके उसमे ऊपर या नीचे के पुरुषो का गणनाक्रम से निश्चित स्थान। किसी व्यक्ति से या उसकी कुलपरपरा मे किसी विशेष व्यक्ति से आरभ करके बाप, दादा, परदादे आदि अथवा बेटे, पोते, परपोते आदि के क्रम से पहला, दूसरा, चौथा आदि कोई स्थान। पुश्त। जैसे,—(क) ये राजा कृष्णसिंह की चौथी पीढी मे हैं। (ख) यदि वशोन्नति सबधी नियमों का भली भाँति पालन किया जाय तो हमारी तीसरी पीढी की सतान अवश्य यथेष्ट बलवान् और दीर्घजीवी होगी।

विशेष—पीढ़ी का हिसाब ऊपर और नीचे दोनों ओर चलता है। किसी व्यक्ति के पिता और पितामह जिस प्रकार क्रम से उसकी पहली और दूसरी पीढी में हैं उसी प्रकार उसके पुत्र और पौत्र भी। परतु अधिकतर स्थलों में अकेला पीढ़ी शब्द नीचे के क्रम का ही बोधक होता है, ऊपर के क्रम का सूचक बनाने के लिये प्राय उसके आगे 'ऊपर की' विशेषण लगा देते हैं। यह शब्द मनुष्यो ही के लिये नही अन्य सब पिंडज और अडज प्राणियों के लिये भी प्रयुक्त हो सकता है।

२ उपर्युक्त किसी विशेष स्थान अथवा पीढी के समस्त व्यक्ति या प्राणी। किसी विशेष व्यक्ति अथवा प्राणी का सतति समुदाय। जैसे,—(क) हमारे पूर्वजो ने कदापि न सोचा होगा कि हमारी कोई पीढी ऐसे कम करने पर भी उतारू हो जाएगी। (ख) यह सपत्ति हमारे पास तीन पीढ़ियो से चली आ रही है। ३ किसी जाति, देश अथवा लोकमडल मात्र के बीच किसी कालविशेष मे होनेवाला समस्त जनसमुदाय। कालविशेष मे किसी विशेष जाति, देश अथवा समस्त ससार में वर्तमान व्यक्तियो अथवा जीवो आदि का समुदाय। किसी विशेष समय मे वगविशेष के व्यक्तियों की समष्टि। सतति। सतान। नस्ल। जैसे,—(क) भारतवासियों की अगली पीढ़ी के कर्तव्य बहुत ही गुरुतर होंगे। (ख) उपाय करने से गोवश की दूसरी पीढ़ी अधिक दुधारी और हृष्टपुष्ट बनाई जा सकती है।

पीढो[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीढ़ा] छोटा पीढ़ा। उ०—चदन पीढ़ी बैठक सुरति रस बिजन।—धरम० श०, पृ० ६६।

पीढ़ीबध—सज्ञा पुं० [हिं० पीढ़ी + स० बन्ध] वशक्रम। पीढ़ियो का

क्रम। उ०—कुल महिमा वरणैं कवण बुध बल पीढीवध। —रा० रू०, पृ० १०।

पीत[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पीता] १ पीला। पीतवर्णयुक्त। २ भूरा रंग। कपिलवर्ण (क्व०)।

पीत[2]—वि० [सं० पान] १ पिया हुआ। जिसका पान किया गया हो। २ जिसने पी लिया हो। जिसने पान कर लिया हो (को०)। ३. सोखा हुआ (को०)। ४. पूर्ण रूप से भरा हुआ (को०)। ५ सिंचित। जल से सींचा हुआ (को०)।

पीत[3]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पीला रंग। हल्दी का रंग। २ भूरे रंग का। कपिल। ३ हरताल। ४ हरिचंदन। ५ कुसुम। ६. अंकोल या ढेरे का पेड़। ७ सिंहोर का पेड़। ८ धूपसरल। ९ बेंत। १०. पुखराज। ११ तुन। नदिवृक्ष। १२ एक प्रकार की सोमलता। १३ पीली कटसरैया। १४ पदमाख। पद्मकाष्ठ। १५ पीला खस। १६ मूँगा। १७ सोना। सुवर्ण (को०)। १८ वल्कल (को०)। १९ चक्रवाक (को०)। २०. इंद्र (को०)। २१ मेंढक (को०)। २२ गरुड़ (को०)। २३ गोमूत्र (को०)। २४ शुकचंचु। मैना की चोंच (को०)। २५ कर्णिकार। कनेर (को०)। २६. चंपक। चंपा (को०)।

पीत(पु)[4]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रीति'। उ०—तम ग्रासक या दीप मैं पूरित पीत सनेह। बाती बिसद हुतास पितु ललित तासु की देह।—दीन० ग्र०, पृ० १७४।

पीतकंद—संज्ञा पुं० [सं० पीतकन्द] गाजर।

पीतक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ हरताल। २ केसर। ३ अगर। ४ पद्माख। ५ सोनामाखी। ६ नदिवृक्ष। तुन। ७ विजयसार। ८ सोनापाठा। ९. हलदुआ। दरिद्र। १० किंकिरात। ११ पीतल। १२ पीला चंदन। १३ एक प्रकार का बबूल। १४ शहद। १५ गाजर। १६ सफेद जीरा। पीतजीरक। १७ पीली लोध। १८ चिरायता। १९ चंदन।

पीतक[2]—वि० पीला। पीले रंग का। पीतवर्ण।

पीतकदली—संज्ञा पुं० [सं०] सोनकेला। स्वर्णकदली। चंपककदली।

पीतकद्रुम—संज्ञा पुं० [सं०] हलदुआ। हरिद्रवृक्ष।

पीतकरवीरक—संज्ञा पुं० [सं०] पीला कनेर। पीले फूल की केना।

पीतका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कटसरैया। २ हलदी।

पीतकावेर—संज्ञा पुं० [सं०] १ केसर। २ पीतल।

पीतकाष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] १ पीला चंदन। २ पदमाख।

पीतकीला—संज्ञा स्त्री० [सं०] आवर्त की लता। भागवत वल्ली।

पीतकुरवक—संज्ञा पुं० [सं०] पीली कटसरैया।

पीतकुरुट—संज्ञा पुं० [सं० पीतकुरण्ट] पीली कटसरैया।

पीतकुष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] पीले रंग का कुष्ठ रोग (को०)।

विशेष—भगिनीगमन के पाप से इस रोग का होना कहा गया है; यथा—भगिनीगमनेनैव पीतकुष्ठः प्रजायते।

पीतकुष्मांड—संज्ञा पुं० [सं० पीतकुष्माण्ड] कुम्हड़ा। पीला कुम्हड़ा जिसकी तरकारी खाई जाती है।

पीतकुसुम—संज्ञा पुं० [सं०] पीली कटसरैया।

पीतकेदार—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का धान।

पीतगंध—संज्ञा पुं० [सं० पीतगन्ध] पीला चंदन। हरिचंदन।

पीतगंधक—संज्ञा पुं० [सं० पीतगन्धक] गंधक।

पीतघोषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार की तुरई। २ पीले फूलों वाली घोंघा नाम की एक लता (को०)।

पीतचंचु—संज्ञा पुं० [सं० पीतचञ्चु] एक प्रकार का शुक जिसका चोंच पीली होती है (को०)।

पीतचंदन—संज्ञा पुं० [सं० पीतचन्दन] १. द्रविडदेशीय पीले रंग का चंदन। हरिचंदन।

विशेष—वैद्यक के अनुसार यह शीतल, तिक्त, तथा कुष्ठ, श्लेष्म, कंडू, विचर्चिका, दाद और कृमि का नाशक और कांतिकर है।

पर्या०—हरिचंदन। पीतगंध। कालेय। कालीय। कालीयक। पीताभ। हरिप्रिय। माधवप्रिय। पीतक। पीतकाष्ठ। वर्बर। कालसार। कालानुसार्यक। कलयक।

२ हरिद्रा। हलदी (को०)। ३ कुंकुम। केसर (को०)।

पीतचंपक—संज्ञा पुं० [सं० पीतचम्पक] १ पीली चंपा। २ दीपक। प्रदीप। चिराग।

पीतचोप—संज्ञा पुं० [सं०] टेसू। पलास का फूल।

पीतझिंटी—संज्ञा स्त्री० [सं० पीतझिण्टी] १ पीले फूलवाली कटसरैया। २ एक प्रकार की कटाई।

पीततंडुल—संज्ञा पुं० [सं० पीततण्डुल] १ कांगुनी वृक्ष। कंगु। २ साल वृक्ष।

पीततंडुलिका—संज्ञा स्त्री० [सं० पीततण्डुलिका] साल वृक्ष। या मर्ज वृक्ष।

पीतता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पीत का भाव। पीलापन। जर्दी।

पीततुंड—संज्ञा पुं० [सं० पीततुण्ड] बया पक्षी। कारंडव पक्षी।

पीततैला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ ज्योतिष्मती। मालकँगनी। बड़ी मालकँगनी। महा ज्योतिष्मती।

पीतत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पीतता'।

पीतदंतता—संज्ञा स्त्री० [सं० पीतदन्तता] दाँतों का एक रोग जिसमें दाँत पीले हो जाते हैं।

पीतदारु—संज्ञा पुं० [सं०] १ देवदार। २ सुरु। सरल। ३ हलदी। ५ चिरायता। ६ नागकेसर।

पीतद—संज्ञा पुं० [सं०] बौद्धों के एक देवता।

पी—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार की कटहरी। ऊँटकटारा। भेंड़भाँड़। ३ [illegible] ला। ४ वह गाय जो सूद के [illegible] णदाता को दी गई हो (को०)

पीतद्रु—संज्ञा पु० [सं०] १ दारु हलदी। २ एक प्रकार का देवदार। धूप सरल।

पीतधातु ㊀—संज्ञा पुं० [सं० पीत+धातु] रामरज। गोपीचदन। उ०—स्यामा तू अति स्यामहि भावै। बैठत उठत चलत गो चारत तेरी लीला गावै। पीत बरन लखि पीत बसन उर पीतधातु अँग लावै।—सूर०, १०।२५७६।

पीतन—संज्ञा पुं० [सं०] १ केशर। २ धूप सरल। ३ हरताल। ४ आमडा। ५ पाकड।

पीतनक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पीतन'।

पीतनदी—संज्ञा स्त्री० [सं० पीत (=पीला)+नदी] चीन की प्रसिद्ध नदी ह्वागहो जो अपने किनारे पर उपजाऊ पीली मिट्टी अधिकता से छोडती है। उ०—उसकी मुख्य भूमि पीत नदी (ह्वाग्हो) के बडे चकोर चक्कर से पश्चिम थी।—किन्नर०, पृ० ८५।

पीतनाश—संज्ञा पुं० [सं०] लकुच। बडहर। क्षुद्र पनस।

पीतनिद्र—वि० [सं०] जो गहरी नींद में हो। गहरी नींद में सोया हुआ [को०]।

पीतनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सरिवन। शालपर्णी।

पीतनील[1]—संज्ञा पु० [सं०] नीले और पीले रग के सयोग से बना हुआ रग। हरा रग।

पीतनील[2]—वि० हरे रग का। हरित वर्ण (पदार्थ)।

पीतपराग—संज्ञा पुं० [सं०] पद्मकेशर। कमल का केसर। किंजल्क।

पीतपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] वृश्चिकाली।

पीतपापरा ㊀—संज्ञा पुं० [सं० पीत+पर्पट, ? हिं० पितपापडा] दे० 'पितपापडा'। उ०—मोथा नींब चिरायत बासा। पीतपापरा पित कहँ नासा।—इद्रा०, पृ० १५१।

पीतपादप—संज्ञा पुं० [सं०] १ सोनापाठा। श्योनाक वृक्ष। २ लोध का पेड।

पीतपादा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पीत+पाद] मैना। सारिका।

पीतपादा[2]—वि० स्त्री० जिसके चरण पीले हो।

पीतपिष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] सीसा धातु।

पीतपुष्प[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ कनेर। २ घिया तोरई। ३ पीले फूल की कटसरैया। ४ चपा। ५ रग नामक क्षुप। ६ पेठा। ७ तगर। ८ हिंगोट। ९ लाल कचनार।

पीतपुष्प[2]—वि० पीले फूलोंवाला। जिसमें पीले फूल लगते हों [को०]।

पीतपुष्पक—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'पीतपुष्प'।

पीतपुष्पका—संज्ञा स्त्री० [सं०] जगली ककडी।

पीतपुष्पा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ झिझरीटा। २ इद्रायण। ३ सहदेवी। ४ अरहर। ५ तोरई। ६ पीले फूल की कटसरैया। ७ पीले फूल का कनेर। ८ सोनजुही। यूथिका।

पीतपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ शखाहुली। २ सहदेई। ३ बड़ी तोरई। ४ खीरा। ५ इद्रायण। ६. सोनजुही।

पीतपृष्ठा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की कौडी। वह कौडी जिसकी पीठ पीली होती है। चित्ती कौडी।

पीतप्रसव—संज्ञा पु० [सं०] १ हिंगुपत्री। २ पीला कनेर।

पीतफल—संज्ञा पुं० [सं०] १. सिहोर। शाखोट वृक्ष। २ कमरख। कर्मरग। ३ धव का वृक्ष।

पीतफलक—संज्ञा पुं० [सं०] १ सिहोर। २ रीठा। ३ कमरख। ४ धव वृक्ष।

पीतफेन—संज्ञा पुं० [सं०] रीठा। अरिष्टक वृक्ष।

पीतबलि—संज्ञा पु० [सं०] गधक।

पीतबीलुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] हरिद्रा। हलदी।

पीतबीजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मेथी।

पीतभद्रक—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का बबूल। देव कर्बुर।

पीतभृंगराज—संज्ञा पुं० [सं० पीतभृङ्गराज] पीला भँगरा।

पीतम ㊀[1]—वि० [सं० प्रियतम] दे० 'प्रियतम'।

पीतम[2] ㊀—संज्ञा पुं० दे० 'प्रियतम'। उ०—विना प्रेम पैये नहिं पीतम लाख सपदा वारी। —भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ६९६।

पीतमणि—संज्ञा पुं० [सं०] पुखराज। पुष्पराग मणि।

पीतमस्तक—संज्ञा पुं० [सं०] बडी जाति का बाज। श्येन पक्षी।

पीतमाक्षिक—संज्ञा पुं० [सं०] सोनामाखी। स्वर्णमाक्षिक।

पीतमारुत—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सर्प [को०]।

पीतमुंड—संज्ञा पु० [सं० पीतमुण्ड] एक प्रकार का हरिन।

पीतमुद्ग—संज्ञा पुं० [सं०] पीले रग की मूँग [को०]।

पीतमूलक—संज्ञा पुं० [सं०] गाजर।

पीतमूली—संज्ञा स्त्री० [सं०] रेवद चीनी।

पीतयूथी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोनजूही। स्वर्णयूथिका।

पीतर†[1]—संज्ञा पुं० [सं० पित्तल, पीतल] दे० 'पीतल'।

पीतर†[2]—संज्ञा पुं० [सं० पितृ, पितर] दे० 'पितर'। उ०—(क) पीतर पाथर पूजन लागे तीरथ गर्व भुलाना। —कबीर ग्र०, पृ० ३३८।

यौ०—**पीतरपख** = पितृपक्ष। पिंडदान। उ०—पीतरपख भरावइ छइ राई।—बी० रासो, पृ० ५२।

पीतरक्त[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुखराज। २ पद्माख। पदमकाठ। ३ पीलापन लिए हुए लाल रग (को०)।

पीतरक्त[2]—वि० पीलापन लिए हुए लाल रग का [को०]।

पीतरत्न—संज्ञा पुं० [सं०] पुखराज। पीतमणि।

पीतरस—संज्ञा पुं० [सं०] कसेरू।

पीतराग[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पद्मकेसर। २ मोम। ३ पीला रग।

पीतराग[2]—वि० पीला। पीले रग का।

पीतरोहिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जभीरी। कुबेर। २ पीली कुटकी।

पीतल—संज्ञा पुं० [सं० पित्तल, पीतल] १ एक प्रसिद्ध उपधातु जो

तांबे और जस्ते के संयोग से बनती है। कभी कभी इसमे राँगे या सीसे का कुछ अश मिलाया जाता है।

विशेष—यह तांबे की अपेक्षा कुछ अधिक दृढ होती है। इसका व्यवहार बहुधा थाली, कटोरे, गिलास, गगरे, हडे आदि बरतन बनाने में होता है। देवताओ की मूर्तियाँ, उनके सिंहासन, घटे, अनेक प्रकार के वाद्य, यत्र, ताले, कलों के कुछ पुरजे और गरीबो के लिये गहने भी पीतल से बनाए जाते हैं। पीतल की चीजें लोहे की चीजो से कुछ अधिक टिकाऊ होती हैं, क्योकि उनमें मोरचा नही लगता। यह पीतल दो प्रकार का होता है—एक कुछ सफेदी लिए पीले रग का और दूसरा कुछ लाली लिए पीले रग का। राँगे का भाग अधिक होने से इसमें कुछ सफेदी और सीसे का भाग अधिक होने से लाली आ जाती है। यदि इसमे निकल का मेल दिया जाय तो इसका रग जर्मन सिलवर के समान हो जाता है। इसपर कलई बहुत अच्छी होती है।

२ पीला रग। पीत वर्ण (को०)।

पीतल[२]—वि० पीत वर्ण का। पीला [को०]।

पीतलक—सज्ञा पुं० [स० पित्तलक] पीतल [को०]।

पीतलोह—सज्ञा पुं० [स०] पीतल।

पीतवर्ण[१]—वि० [सं०] पीले रग का। पीला।

पीतवर्ण[२]—सज्ञा पुं० १ पीला मेढक। स्वर्णमडूक। २ ताड। तालवृक्ष। ३ कदंब। ४ हलदुआ। ५. लाल कचनार। ६. मैनसिल। ७. पीतचदन। ८. केसर। ९ पीला रग। पीत वर्ण।

पीतवल्ली—सज्ञा स्त्री० [स०] आकाशबेल।

पीतवान—सज्ञा पु० [देश०] हाथी की दोनो आँखो के बीच की जगह।

पीतवालुका—सज्ञा स्त्री० [सं०] हलदी।

पीतवास—सज्ञा पुं० [सं० पीतवाससू] श्रीकृष्ण।

पीतवास—वि० जो पीले कपड़े पहने हो। पीतवसन युक्त।

पीतविंदु—सज्ञा पुं० [स० पीतविन्दु] विष्णु के चरणचिह्नों मे से एक।

पीतबीजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मेथी।

पीतवृक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] १ सोनापीठा २ धूप सरल।

पीतशाल—सज्ञा पुं० [सं०] विजयसार।

पीतशालक—सज्ञा पुं० [सं०] पीतशाल। विजयसार।

पीतशेष[१]—सज्ञा पुं० [सं० पीत+शेष] वह अश जो पीने के बाद बचा हुआ हो [को०]।

पीतशेष[२]—वि० पीने के बाद बचा हुआ [को०]।

पीतशोणित—वि० [सं०] १ खून पीनेवाली (तलवार)। २. जिसने रक्तपान किया हो [को०]।

पीतसरा—सज्ञा पुं० [सं० पितृव्य+श्वश्रू, हिं० पितिया+ससुर] चचिया ससुर। ससुर का भाई।

पीतसार—सज्ञा पुं० [सं०] १ पीतचदन। हरिचदन। २ मलयागिरि चदन। सफेद चदन। ३ गोमेद मणि। ४. अकोल ढेरा। ५ विजयसार। ६ शिलारस।

पीतसारक—सज्ञा पुं० [स०] १ नीम का पेड। २ ढेरे का पेड।

पीतसारि—सज्ञा स्त्री० [सं०] अजन। सुरमा [को०]।

पीतसारिका—सज्ञा पु० [सं०] काला सुरमा।

पीतसाल—सज्ञा पु० [स०] विजयसार।

पीतसालक—सज्ञा पुं० [सं०] विजयसार। पीतसार।

पीतस्कंध—सज्ञा पुं० [सं० पीतस्कन्ध] १ सुअर। शूकर। २ एक वृक्ष।

पीतस्फटिक—सज्ञा पुं० [सं०] पुखराज।

पीतस्फोट—सज्ञा पुं० [सं०] खुजली। खसरा रोग।

पीतहरित—वि० [सं०] पीलापन लिए हुए हरे रग का [को०]।

पीताग—सज्ञा पु० [सं० पीताङ्ग] सोनापाठा।

पीतांबर[१]—सज्ञा पु० [स० पीताम्बर] १. पीले रग का वस्त्र। पीला कपडा। २ मरदानी रेशमी धोती जिसे हिंदू लोग पूजा और सस्कार, भोजन आदि के समय पहनते हैं।

विशेष—इस वस्त्र का व्यवहार भारत मे बहुत प्राचीन काल से होता है। पहले कदाचित् पीली रेशमी धोती को ही पीतांबर कहते थे, पर अब लाल, नीली, हरी आदि रगो की धोती भी पीतांबर कहलाती हैं।

३ श्रीकृष्ण। ४ नट। शैलूष। अभिनेता। ५ विष्णु (को०)।

पीतांबर[२]—वि० पीले कपडेवाला। पीतवसनयुक्त। पीतांबरधारी।

पीतांमरⓈ—सज्ञा पुं० [सं० पीताम्बर] दे० 'पीतांबर'। उ० प्रथम प्रयानह सुदरी मिली अक लिय बाल। पीतामर घर दीप जोति रचि थाल।—पृ० रा०, ८।१८।

पीता[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हलदी। उ०—पीता गौरी का रजनी पिंडानाम।—अनेकार्थ०, पृ० १०५। २ दारु हलदी ३. बडी मालकँगनी। ४. भूरे रग का शीशम। ५. [illegible] ६ गोरोचन। ७ अतीस। ८ पीला केला। स्वर्णकदली ९ जगली बिजौरा नीबू। १० जदं चमेली। ११ देवदार १२ राल। १३ असगध। १४ शालिपर्णी। १५ [illegible]

पीता[२]—वि० पीले रग की। पीले रगवाली (स्त्री अथवा वस्तु)।

पीता[३]†—सज्ञा पुं० [हिं० पित्ता] दे० 'पित्ता'।

मुहा०—पीते को मारना=दे० 'पित्ता मारना'। उ०—पीते मारै सोई जन पूरा।—प्राण०, पृ० २९।

पीताब्धि—सज्ञा पुं० [सं०] समुद्र को पी जानेवाले, अगस्त्य मुनि।

पीताभ[१]—वि० [सं०] जिसमें से पीली आभा निकलती हो। पीला। पीतवर्ण। उ०—पीताभ, अग्निमय ज्यो दुर्जय।—[illegible] पृ० ६२।

पीताभ[२]—सज्ञा पुं० पीला चदन। पीत चदन।

पीताभ्र—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का अभ्रक जो पीला होता है।

पीताम्लान—संज्ञा पु० [सं०] पीली कटसरैया।

पीतारुण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] पीलापन लिए हुए लाल रंग।

पीतारुण[2]—वि० पीलापन लिए हुए लाल रंग का। पीतारुण वर्णयुक्त। पीतरक्त वर्ण विशिष्ट।

पीतावशेष—वि०, संज्ञा पुं० [सं० पीत+अवशेष] दे० 'पीतशेष'।

पीताश्म—संज्ञा पुं० [सं० पीताश्मन्] पुखराज। पुष्पराग मणि।

पीताह्व—संज्ञा पुं० [सं०] राल।

पीति[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पीना। पान (वैदिक)। २ तृप्ति। रक्षण। रक्षा। ३. गति। ४ सूँड़। ५. मजा। मदिरागृह। (को०)। ६ पाथागार। पायशाला (को०)।

पीति[2]—संज्ञा पुं० घोड़ा। अश्व।

पीतिआ†—संज्ञा पुं० [सं० पितृव्य] बाप का भाई। चाचा। उ०—आए नगर आगरे माँहि। सुंदरदास पीतिआ पाहि।—अर्ध०, पृ० ७।

पीतिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ हलदी। २. दारु हलदी। सोनजूही। स्वर्णयूथी। ३. केसर (को०)।

पीतिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] शालपर्णी।

पीतिमा—संज्ञा स्त्री० [सं० पीतिमन्] पीला रंग (को०)।

पीती[1]—संज्ञा पुं० [सं० पीतिन्] घोड़ा।

पीती[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रीति] दे० 'प्रीति'।

पीतु—संज्ञा पुं० [सं०] १. सूर्य। २ अग्नि। ३ यूथपति। हाथियों के समूह का नायक।

पीतुदारु—संज्ञा पुं० [सं०] १ गूनर। २ देवदार।

पीतोदक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] नारियल (जिसके भीतर जल या रस रहता है)।

पीतोदक[2]—वि० १ जिसका पानी पिया गया हो। २ जो पानी पिए हुए हो (को०)। जो गाय जितना जल पीना था, पी चुकी हो और जरा के कारण अब नहीं पी सकती हो (कठोप०)।

पीथ—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पानी। २. घी। ३ अग्नि। ४ सूर्य। ५ काल। समय। ६ रक्षा। रक्षण (को०)। ७ पान (को०)।

पीथकⓤ†—वि० [हिं० पृथक्] दे० 'पृथक्'। उ०—कतमाला पीथल्ल का, पीथक पारथ अग। तत्ता ताए लोह सम सदा अधाया जग। —रा० रू०, पृ० १२६।

पीथि—संज्ञा पुं० [सं०] घोड़ा।

पीदड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिढ़ी] दे० 'पिढ़ी'।

पीन[1]—वि० [सं०] १ स्थूल। मोटा। उ०—गजहस्तप्राय जानु-युगल पीन मासल कूर्मपृष्ठाकार श्रोणी।—वर्ण०, पृ० ४। २ पुष्ट। प्रवृद्ध। परिवर्धित। ३ सपन्न। भरा पूरा। ४. वृहत्। बड़ा (को०)।

पीन[2]—संज्ञा पुं० स्थूलता। मोटाई।

पीनक—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिनकना] १ अफीम के नशे में ऊँघना। नशे की हालत में अफीमची का आगे की ओर झुक झुक पड़ना।

क्रि० प्र०—लेना।

मुहा०—पीनक में आना=अफीमची का नशे में ऊँघने लगना। २. ऊँघना। नींद के झोंके से आगे की ओर झुक झुक पड़ना। जैसे,—तुम्हें शाम हुई कि चले पीनक लेने।

क्रि० प्र०—लेना।

पीनता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ मोटाई। स्थूलता। उ०—दया दान पूरबहु पाप की पीनता।—सुरतमाणी०, पृ० ८८। २ आधिक्य। बहुतायत।

पीनना—क्रि० स० [सं० पिञ्जन] दे० 'पीजना'। उ०—बहुत भई पीनी बहु विधि करि, मुदित भए हरि गाई। दादू दास अवर पीनारा सुंदर बलि बलि जाई।—सुंदर० ग्र०, भा० २, पृ० ८६९।

पीनल कोड—संज्ञा पुं० [अ० पेनल कोड] अपराध और दंड संबंधी व्यवस्थाओं या कानूनों का संग्रह। दंडविधि। ताजीरात। जैसे, इंडियन पीनल कोड।

पीनवक्षा—वि० [सं० पीनवक्षस्] चौड़ी छातीवाला। जिसका वक्ष विशाल हो (पै०)।

पीनस[1]—संज्ञा पुं० [सं०] नाक का एक रोग जिसमें उसकी घ्राण या वास पहचानने की शक्ति नष्ट हो जाती है।

विशेष—इस रोग में नाक के नथने कुछ, कफ से भरे हुए और क्लिन्न अर्थात् गीले रहते हैं तथा उनमें जलन भी रहती है। वात और कफ के प्रकोपवाले जुकाम के लक्षण प्रायः इसमें मिलते हैं।

पीनस[2]—संज्ञा स्त्री० [फा० पीनस] पालकी।

पीनसा—संज्ञा स्त्री० [सं०] नकटी।

पीनसित—वि० [सं०] पीनस से पीड़ित। पीनसी।

पीनसी—वि० [सं० पीनसिन्] जिसे पीनस रोग हुआ हो। पीनस से पीड़ित।

पीना[1]—क्रि० स० [सं० पान] १ किसी तरल वस्तु को घूँट घूँट करके गले के नीचे उतारना। जल या जलमय वस्तु को मुँह के द्वारा पेट में पहुँचाना। पेय पदार्थ को मुख द्वारा ग्रहण करना। घूँटना। पान करना। जैसे, पानी पीना, शरबत पीना, दूध पीना आदि।

संयो० क्रि०—जाना।—डालना।—लेना।

२ किसी बात को दबा देना। किसी कार्य के संबंध में वचन या कार्य से कुछ न करना। किसी संबंध में सर्वथा मौन धारण कर लेना। पूर्ण उपेक्षा करना। किसी घटना के संबंध में अपनी स्थिति ऐसी कर लेना जिससे उनसे पूर्ण असंबंध प्रकट हो। जैसे,—इस मामले को वह इस प्रकार पी जायगा, ऐसी आशा तो नहीं थी। ३ (गाली, अपमान आदि पर) क्रोध या उत्तेजना न प्रकट करना। सह जाना। बरदाश्त करना। जैसे,—इस भारी अपमान को वह इस तरह पी गया मानों कुछ हुआ ही नहीं। ४ किसी मनोविकार को भीतर ही भीतर दबा देना। मनोभाव को बिना प्रकट किए ही नष्ट कर देना। मारना। जैसे, गुस्सा पीना। ५. किसी मनोविकार का कुछ भी अनुभव न करना।

मनोभाव ही न रहने देना। कुछ भी शेष या बाकी न रखना जैसे, लज्जा पी जाना। ६ मद्य पीना। शराब पीना। सुरापान करना। जैसे,—जब जब वह पीता है तब तब उसकी यही दशा होती है।

सयो० क्रि०—जाना। —डालना। —लेना।

७ हुक्के, चुरुट आदि का धुआँ भीतर खीचना। धूमपान करना। जैसे, हुक्का पीना, चुरुट पीना, गाँजा पीना, चरू पीना आदि।

संयो० क्रि०—जाना। —डालना। —लेना।

८ सोखना। शोषण करना। जज्ब करना। जैसे,—(क) यह जूता इतना तेल पिएगा, यह मैंने नही समझा था। (ख) मिट्टी का बरतन तो सारा घी पी जायगा।

सयो० क्रि०—जाना।—डालना।

पीना[२]—सज्ञा पुं० [सं० पीडन (= पेरना)] तिल, तीसी आदि की खली। उ०—बिना विचार विवेक भए सब एकै घानी। पीना भा ससार जाठि ऊपर मर्रानी। —पलटू०, भा० १, पृ० ५९।

पीना[३]—सज्ञा पुं० [देश०] डाट। डट्टा (लश०)।

पीनाराⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पिञ्जार] रुई धुननेवाला। धुनिया। उ०—दादू दास अजब पीनारा, सुदर बलि बलि जाई। —सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ८६९।

पीनी[१]—सज्ञा स्त्री० [देश०] पोस्त, तीसी या तिल आदि की खली।

पीनी[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीना] हुक्के की नली। निगाली। उ०—अदर से बुढ़िया निकली तो कुल्ली ने कहा पीनी हमारे पास है, तुम हुक्का भरकर ला दो।—रति०, पृ० ५५।

पीनोधनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] भरे हुए स्तनोंवाली गौ [को०]।

पीनोरु—वि० [सं० पीन + उरु] भारी जाँघोवाली। जिसके उरु पीन हो। उ०—करके अधिकार किसी भीरु पीनोरु नतनयना नवयौवना पर। —अपरा, पृ० ९।

पीप[१]—सज्ञा स्त्री० [सं० पूय] फूटे फोडे या घाव के भीतर से निकलनेवाला सफेद लसदार पदार्थ जो दूषित रक्त का रूपांतर होता है।

विशेष—इसमे रक्त के श्वेत कण ही अधिकता से होते हैं। उनके अतिरिक्त इसमें शरीर के सड़े हुए और नष्ट घटकों और ततुओ का भी कुछ लाल अश होता है। शरीर के किसी भाग मे इस पदार्थ के एकत्र हो जाने से ही व्रण या फोडा होता है और जब तक यह निकल नही जाता तब तक बहुत कष्ट होता है।

पीपⓊ[२]—सज्ञा पुं० [प्रा० पिप्पल, हिं० पीपल] दे० 'पीपल'। उ०—सुहल्या जनु पोनय पीप पत।—पृ० रा०, १।११४।

पीपर—सज्ञा पुं० [स० पिप्पल] दे० 'पीपल'।

पीपरपर्नⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पीपल + पर्न > सं० पर्ण] कान में पहनने का एक आभूषण। उ०—पीपरपर्न मुलमुली तीखन बहु खलेल भूमिका सुसरमन।—सूदन (शब्द०)।

पीपरामूल—सज्ञा पुं० [स० पिप्पल + मूल] दे० 'पीपलामूल'।

पीपरि[१]—सज्ञा पुं० [सं०] छोटा पाकड़।

पीपरि[२]—सज्ञा स्त्री० [सं० पिप्पली] दे० 'पीपल[२]'।

पीपरि[३]Ⓤ—सज्ञा पुं० [हिं० दे० 'पीपल[१]'।

पीपल[१]—सज्ञा पुं० [सं० पिप्पल] बरगद की जाति का एक प्रसिद्ध वृक्ष जो भारत में प्राय सभी स्थानो पर अधिकता से पाया जाता है।

विशेष—यह वृक्ष ऊँचाई मे बरगद के समान ही होता है, पर इसमें उसकी तरह जटाएँ नहीं फूटती। पत्ते इसके गोल होते हैं और आगे की ओर लबी गावदुम नोक होती है। इसकी छाल सफेद और चिकनी होती है। लकडी पोली और कमजोर होती है और जलाने के सिवा और किसी काम की नही होती। इसका गोदा (फल) बरगद के गोदे की अपेक्षा छोटा और चिपटा तथा पकने पर यथेष्ट मीठा होता है। गोदे लगने का समय बैसाख जेठ है। इसकी डालियो पर लाख के कीडे पैदा होते हैं और पाले जाते हैं। बस यही इसका विशेष उपयोग है। गोदे बच्चे खाते हैं और पत्ते बकरियों और ऊँटो, हाथियो को खिलाए जाते हैं। छाल के रेशों से ब्रह्मा (वर्मा) वाले एक प्रकार का हरा कागज बनाते हैं।

पुराणानुसार पीपल अत्यत पवित्र और पूजनीय है। इसके रोपण करने का अक्षय पुण्य लिखा है। पद्मपुराण के अनुसार पार्वती के शाप से जिस प्रकार शिव को बरगद और ब्रह्मा को पाकड के रूप में अवतार लेना पडा उसी प्रकार विष्णु को पीपल का रूप ग्रहण करना पडा। भगवद्गीता में भी श्रीकृष्ण ने कहा है कि वृक्षों में मुझे पीपल जानो। हिंदू लोग बडी श्रद्धा से इसकी पूजा और प्रदक्षिणा करते हैं और इसकी लकडी काटना या जलाना पाप समझते हैं। दो तीन विशेष सस्कारो मे, जैसे, मकान की नीव रखना, उपनयन आदि में इसकी लकड़ी काम में लाई जाती है। बौद्ध लोग भी पीपल को परम पवित्र मानते हैं, क्योंकि बुद्ध को सबोधि की प्राप्ति पीपल के पेड के नीचे ही हुई थी। वह वृक्ष बोधिद्रुम के नाम से प्रसिद्ध है।

वैद्यक के अनुसार इसके पके फल शीतल, अतिशय हृद्य तथा रक्तपित्त, विष, दाह, छर्दि, शोष, अरुचि और योनिदोष के नाशक हैं। छाल सकोचक है। मुलायम छाल और नए निकले हुए पत्ते पुराने प्रमेह की उत्तम औषध है। फल का चूर्ण सेवन करने से क्षुधावृद्धि और कोष्ठशुद्धि होती है। फलों के भीतर के बीज शीतल और धातु परिवर्द्धक माने जाते हैं।

पर्या०—बोधिद्रुम। चलदल। पिप्पल। कुजराशन। अच्युतावास। चलपत्र। पवित्रक। शुभद। याज्ञिक। गजभक्ष्य। श्रीमान्। क्षीरद्रुम। विप्र। मागल्य। श्यामलय। गुह्यपुण्य। सेव्य। सत्य। शुचिद्रुम। धनुवृक्ष।

पीपल[२]—सज्ञा स्त्री० [स० पिप्पली] एक लता जिसकी कलियाँ प्रसिद्ध औषधि हैं।

विशेष—इसके पत्ते पान के समान होते हैं। कलियाँ तीन चार अगुल लबी शहतूत के आकर की होती हैं और उनका पृष्ठ-

भाग भी वैसा ही दानेदार होता है। इसका रंग मटमैला और स्वाद तीखा होता है। छोटी कलियो को छोटी पीपल और बडी तथा किंचित् मोटी कलियो को बडी पीपल कहते हैं। ओषधि के लिये अधिकतर छोटी ही काम मे लाई जाती है। वैद्यक के अनुसार पीपल (फली) किंचित् उष्ण, चरपरी, स्निग्ध, पाक में स्वादिष्ट, वीर्यवर्धक, दीपन, रसायन हलकी, रेचक तथा कफ, वात, श्वास, कास, उदररोग, ज्वर, कुष्ठ, प्रमेह, गुल्म, क्षयरोग, ववासीर, प्लीहा, शूल और आमवात को दूर करनेवाली मानी जाती है।

पर्या०—पिप्पली। मागधी। कृष्णा। चपला। चचला। उपकुल्या। कोल्या। वैदेही। सिक्ततडुला। उष्णा। शौंडी। कोला। कटी। एरडा। मगधा। ककला। कटुबीजा। कारगी। दतकफा। मगधोद्भवा।

पीपलमूलⓤ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पीपलामूल' उ०—बिसूचित तन नहीं सकै समारि। पीपलमूल ज्वाइनि तारि।—प्राण०, पृ० १५०।

पीपलामूल—सज्ञा पुं० [सं० पिप्पलीमूल] एक प्रसिद्ध ओषधि जो पीपल ओषधि की जड है।

विशेष—आयुर्वेद के अनुसार पीपलामूल चरपरा, तीखा, गरम, रुखा, दस्तावर, पित्त को कुपित करनेवाला, पाचक, रेचक तथा कफ, वात, उदररोग, आनाह, प्लीहा, गुल्म, कृमि, श्वास, क्षयरोग, खाँसी, आम और शूल को दूर करनेवाला माना जाता है। पीपरामूल नाम से भी यह प्रसिद्ध है।

पीपा—सज्ञा पुं० [?] बडे ढोल के आकार का या चौकोर काठ या लोहे का पात्र जिसमें मद्य, तेल आदि तरल पदार्थ रखे और चालान किए जाते हैं।

विशेष—बरसात के अतिरिक्त अन्य दिनो में बड़े बड़े पीपों को पक्ति में बिछाकर नदियो पर पुल भी बनाए जाते हैं।

पीपिया‡—सज्ञा पुं० [अनु०] आम की गुठली या अन्य किसी साधन से बनाया हुआ बच्चों का बाजा।

पीब—सज्ञा पुं० [सं० पूय, हिं० पीप] दे० 'पीप'।

पीयⓤ—सज्ञा पुं० [सं० प्रिय] दे० 'पिय'। उ०—प्यारी झूलत प्यार सों पीय झुलावत जात। मनो सितारे भूमि नभ फिरि आवत फिरि जात। —स० सप्तक, पृ० ३६३।

पीयरा†—वि० [अप० पीअर] दे० 'पीला'।

पीयाⓤ—सज्ञा पु० [सं० प्रिय] स्वामी। पति। पिय।

पीयु[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ काल। समय। २ सूर्य। ३ अग्नि (को०)। ४ स्वर्ण। सोना (को०)। ५ थूक। ६ कौआ। काक। ७ उल्लू। पेचक।

पीयु[2]—वि० १ हिंसा करनेवाला। हिंसक। २ प्रतिकूल। विरुद्ध।

पीयूक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का पाकर।

पीयूख—सज्ञा पुं० [सं० पीयूष] दे० 'पीयूष'।

पीयूष—सज्ञा पुं० [सं०] १ अमृत। सुधा। २ दूध। ३ नई ब्याई हुई गाय का प्रथम से सातवें दिन तक का दूध। उस गाय का दूध जिसे ब्याए सात दिन से अधिक न हुआ हो। नवप्रसूता गाय का दूध।

विशेष—वैद्यक के अनुसार ऐसा दूध रूखा, दाहकारक, रक्त को कुपित करनेवाला और पित्तकारक होता है। साधारणत ऐसा दूध लोग नही पीते क्योकि वह स्वास्थ्य के लिये हानिकारक माना जाता है।

यौ०—पीयूषद्युति, पीयूषधाम = पीयूषभानु। पीयूषभुक्, पीयूषमयूख, पीयूषमहा, पीयूषरुचि = चद्रमा।

पीयूषभानु—सज्ञा पुं० [स०] चद्रमा। उ०—तीछन जुन्हाई भई ग्रीषम को घामु, भयो भीसम पीयूषभानु, भानु दुपहर को। —मतिराम (शब्द०)।

पीयूषभुक्—सज्ञा पुं० [सं० पीयूषभुज्] १ चद्रमा। २ देवता [को०]।

पीयूषमहा—सज्ञा पुं० [सं० पीयूषमहस्] अमृतमय किरणोवाला। अमृतदीधिति। चद्रमा [को०]।

पीयूषरुचि—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा।

पीयूषवर्ण[1]—वि० [सं०] दूध की तरह सफेद [को०]।

पीयूषवर्ण[2]—सज्ञा पुं० श्वेत वर्ण का घोडा। सफेद घोडा [को०]।

पीयूषवर्ष—सज्ञा पुं० [स०] १. चद्रमा। २ कपूर। ३ एक छद का नाम जिसके प्रत्येक चरण में १०—९ विश्राम से १९ मात्राएँ और अत मे गुरु लघु होता है। इसको 'आनदवर्धक' भी कहते हैं। ४ जयदेव कवि की उपाधि। ५. अमृत की वर्षा (को०)।

पीर[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पीडा] १ पीडा। दुख। दर्द। तकलीफ। उ०—जाके पैर न फटी बिवाई। सो का जानै पीर पराई। —तुलसी (शब्द०)। २. दूसरे की पीडा या कष्ट देखकर उत्पन्न पीडा। दूसरे के दुख से दुखानुभव। सहानुभूति। हमदर्दी। दया। करुणा।

मुहा०—पीर न आना = दूसरे के दुख से दुखी न होना। पराए कष्ट पर न पसीजना। सहानुभूति या हमदर्दी न पैदा होना। ३ बच्चा जनने के समय की पीडा। प्रसवपीडा। उ०—कमर उठी पीर मैं तो लाला जनूँगी।—गीत (शब्द०)।

क्रि० प्र०—आना।—उठना।—होना।

विशेष—यद्यपि ब्रजभाषा, खडी बोली और उर्दू तीनो भाषाओं के कवियो ने बहुतायत से इस शब्द का प्रयोग किया है और स्त्रियों की बोलचाल में अब भी इसका बहुत व्यवहार होता है तथापि गद्य में इसका व्यवहार प्राय नही होता।

पीर[2]—वि० [फा०] [सज्ञा पीरी] १ वृद्ध। बूढ़ा। बडा। बुजुर्ग। २, महात्मा। सिद्ध। ३ धूर्त। चालाक। उस्ताद। (बोलचाल)।

पीर[3]—सज्ञा पुं० १ धर्मगुरु। परलोक का मार्गदर्शक। २ मुसलमानों के धर्मगुरु।

पीर[4]—सज्ञा पुं० [फा० पीर (= गुरु)] सोमवार का दिन। चद्रवार।

पीरकⓤ—वि० [सं० पीरक, हिं० पीर + क (प्रत्य०)] पीडा देने-

वाला। सतानेवाला। उ०—प्रानन प्रान हौ, प्यारे सुजान हौ, बोलौ इते परपीरक हौ क्यो।—घनानद, पृ० १२१।

पीरजादा—सज्ञा पु० [फा० पीरजादह्] [स्त्री० पीरजादी] किसी पीर या धर्मगुरु की सतान। उ०—यो सुन कर जमा हो सब पीरजादे, सवारो जमा कर कर होर प्यादे।—दक्खिनी०, पृ० १९६।

पीरजाल—सज्ञा स्त्री० [फा० पीरजाल] वृद्धा स्त्री। बुढ़िया [को०]।

पीरनाबालिग—वि० [फा० पीर+अ० नाबालिग] ऐसा वृद्ध जो बच्चो के से काम और बातें करे। सठियाया हुआ बुड्ढा। बुद्धिभ्रष्ट बूढ़ा।

पीरमर्द—सज्ञा पुं० [फा०] बूढा और सदाचारी व्यक्ति [को०]।

पीरमान—सज्ञा पुं० [लश०] मस्तूल के ऊपर बँधे हुए वे डडे जिनके दोनो सिरो पर लट्टू बने रहते हैं और जिनपर पाल चढाई जाती हैं। अडडंडा। परवान।

पीरमुरशिद—सज्ञा पुं० [फा०] गुरु, महात्मा, पूजनीय अथवा अपने से दरजे में बहुत बडा।

विशेष—महात्माओ के अतिरिक्त राजाओ, बादशाहो और बडो के लिये भी इसका प्रयोग किया जाता है।

पीरसाल—वि० [फ़ा०] १ बूढा। वयोवृद्ध। २ वृद्धा। बूढी [को०]।

पीरा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पीडा] दे० 'पीडा'।

पीरा[2]—वि० [स० पीत, प्रा० पीअर] दे० 'पीला'। उ०—पाँच तत्त रँग भिन भिन देखा। कारा पीरा सुरख सपेदा।—घट०, पृ० २३८।

पीराई—सज्ञा पु० [फा० पीर+हिं० आई (प्रत्य०)] वह जाति जिसकी जीविका पीरों के गीत गाने से चलती है। डफाली।

पीरान—सज्ञा स्त्री० [फा०] वह भूमि जो किसी पीर की सेवा में अर्पित हो। २ भूमि जो पीरों की सहायता के लिये हो [को०]।

पीराना—वि० [फा० पीरानह्] बूढ़ो के समान। वृद्ध जैसा। वृद्ध का [को०]।

पीरानी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] पीर की पत्नी [को०]।

पीरानेपीर—सज्ञा पुं० [फा०] पीरो का पीर [को०]।

पीरामिड—सज्ञा पुं० [अं० पिरेमिड] ऊपर को उठा हुआ त्रिकोणात्मक कब्रगाह।

विशेष—मिस्र में इस प्रकार के अनेक कब्रगाह बने हैं, जिनमें प्राचीनतम राजाओ के शव सुरक्षित हैं। विश्व की आश्चर्यजनक वस्तुओं मे पिरामिड भी हैं। वास्तुशिल्प की दृष्टि से इन कब्रो या पिरामिडो का विशेष महत्व है।

पीरो—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ बुढ़ापा। वृद्धावस्था। २. चेला मूडने का धधा या पेशा। गुरुवाई। ३ चालाकी। धूर्तता (क्व०)। ४, इजारा। ठेका। हुकूमत। जैसे,—क्या तुम्हारे बाबा की पीरी है। ५. अमानुषिक शक्ति या उसके कार्य। चमत्कार। करामात (क्व०)।

पीरो[2]—वि० स्त्री० [हिं०] दे० 'पीला'। उ०—यह पीरी पीरी भई, पीरी मोहि मिलाय।—ब्रज० ग्रं०, पृ० ५६।

पीरी†[3]—सज्ञा पुं० [हिं० पीला] पीलिया या कामला रोग।

पीरू[1]—पज्ञा पुं० [फा० पीलमुर्ग] एक प्रकार का मुर्ग।

विशेष—इस शब्द का पुराना रूप 'पीलू' है। पर अब इस रूप में ही अधिक प्रचलित है।

पीरोⓊ—वि० [हिं०] दे० 'पीला'। उ०—(क) राधे राधे टेर टेर, पीरो पट फेर फेर, हेर हेर हरि डोलै गेर गेर बन में। (ख) द्वै सिंघ आनन पर जमें कारो पीरो गात।—नद० ग्र०, पृ० १८४।

पीरोजⓊ—सज्ञा पुं० [स० पेरोज (=उपरत्न), फा० फीरोजह्, पीरोजह्, हिं० पीरोजा] दे० 'फीरोजा'। उ०— कहूँ दाडिमी चूव चिचन्न चपी। मनो लाल मानिक्क पीरोज थप्पी।—पृ० रा०, २। ४७०।

पीरोजा—सज्ञा पुं० [फा० पीरोजह्] दे० 'फीरोजा'।

पील[1]—सज्ञा पुं० [फा०] १ हाथी। गज। हस्ति। उ०—परैं पील भुम्मी सु घुम्मैं गरज्जैं।—ह० रासो, पृ० १४६। २. शतरज के खेल का एक मोहरा। यह तिरछा चलता है और तिरछा ही मारता है। इसको पीला, फील, फोला तथा ऊँट भी कहते हैं। विशेष—दे० 'शतरज'।

पील[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पीलू] कीडा।

पील[3]—सज्ञा पुं० [सं० पीलु] दे० 'पीलु'-१।

पीलⓊ[4]—वि० [हिं० पीला] दे० 'पीला'। उ०—ता में लील पील सम द्वारा।—घट०, पृ० २४६।

पीलक[1]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पीले रग का पक्षी जिसके डैने काले और चोच लाल होती है।

पीलक—सज्ञा पु० [सं०] बडा और काला चीटा [को०]।

पीलखाँ—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष।

पीलखाना—सज्ञा पुं० [फा० पीलखानह्] हस्तिशाला। हथसार।

पीलपाँव—सज्ञा पुं० [फा० पीलपा] एक प्रसिद्ध रोग। फीलपा। श्लीपद।

विशेष—इसमे घुटने के नीचे एक या दोनो पैर सूजे रहते हैं। सूजन पुरानी होने पर उसमें खुजली और घाव भी हो जाता है। सूजन पहले टाँग के पिछले भाग से आरभ होती है फिर धीरे धीरे सारी टाँग में व्याप्त हो जाती है। आरभ में ज्वर और जिस पैर में यह रोग होनेवाला रहता है उसके पट्ठे मे गिलटी निकलती है जिसमें असह्य पीडा होती है। वात की अधिकता मे सूजन काली, रूखी, फटी और तीव्र वेदनायुक्त, पित्त की अधिकता मे कोमल, पीली और दाहयुक्त तथा कफ की अधिकता में कठिन, चिकनी, सफेद या पाडुवर्ण और भारी

होती है। बहुत जल्दी उपाय न करने से यह रोग असाध्य हो जाता है। सीडवाले देशों में यह रोग अधिक होता है। कई आचार्यों के मत से हाथ, गला, कान, नाक, होठ आदि की सूजन भी इसी के अंतर्गत है।

पीलपा—संज्ञा पुं० [फा०] दे० 'पीलपाँव'।

पीलपाया—संज्ञा पुं० [फा० पीलपायह्] वह खंभा जो ठेक या सहारे के लिये लगाया जाता है [को०]।

पीलपालⓊ—संज्ञा पुं० [फा० पील, सं० पीलु + सं० पाल] पीलवान। महावत। हाथीवान।

पीलबान—संज्ञा पुं० [फा०] दे० 'पीलवान'। उ०—पीलबाननि सँवारे ये मतंग मतवारे ते। —हम्मीर, पृ० २३।

पीलवान—संज्ञा पुं० [फा० पीलबान] हाथीवान। महावत। फीलवान।

पीलसोज—संज्ञा पुं० [फा० फतीलसोज़] दीया जलाने की दीवट। चौमुखा दीवट। चिरागदान। उ०—पीलसोज फानुस कुपी तिखटी सुमसालैं।—सूदन (शब्द०)।

पीला[1]—वि० [सं० पीतलक, (=पीला), अप० पीअर, पीअल] [वि० स्त्री० पीली] १ हलदी, सोने या केसर के रंग का (पदार्थ)। जिसका रंग पीला हो। पीतवर्ण। जर्द। २ ऐसा सफेद जिसमें सुर्खी या चमक न हो। रक्त का अभावसूचक श्वेत। जिससे वर्ण की आभा न निकलती हो। कांतिहीन। निस्तेज। धुँधला सफेद। जैसे, पीला चेहरा।

मुहा०—पीला पड़ना या होना=(१) रक्त के अभाव के कारण (मनुष्य के शरीर या चेहरे के) रंग में चमक या कांति न रह जाना। बीमारी के कारण चेहरे या शरीर से रक्त का अभाव सूचित होना। ललाई, तेज या दमक न रह जाना। जैसे,—तुम दिन व दिन पीले हुए जा रहे हो, आखिर तुम्हें कौन सा रोग लगा है। (२) भय के कारण चेहरे पर सफेदी आ जाना। खून सूख जाना। रंग उड़ जाना या फीका पड़ जाना। जैसे,—मेरी सूरत देखते ही वह एकदम पीला पड़ गया।

पीला[2]—संज्ञा पुं० एक प्रकार का रंग जो हलदी या सोने के रंग से मिलता जुलता होता है और जो हलदी, हरसिंगार आदि से बनाया जाता है।

मुहा०—पीली फटना=पौ फटना। तड़का होना।

पीला—संज्ञा पुं० [फा० पीलह्] शतरंज का एक मोहरा। दे० 'पील'।

पीला कनेर—संज्ञा पुं० [हिं० पीला + कनेर] कनेर के दो भेदों में से एक जिसका फूल पीला और आकार में घंटी के समान होता है। लाल कनेर की अपेक्षा इसका पेड़ कुछ अधिक ऊँचा होता है। वैद्यक के अनुसार इसके गुण भी सफेद कनेर के समान ही होते हैं।

विशेष—दे० 'कनेर'।

पीला धतूरा—संज्ञा पुं० [हिं० पीला + धतूरा] १ भँडभाँड। सत्यानासी। घमोय। ऊँटकटारा। २ पीले वर्ण का कनक पुष्प।

विशेष—काले या नीले धतूरे के समान इसमें भी तीन फूल एक ही में लगे रहते हैं। खिल जाने पर इसका फूल सोने की तरह पीला दिखता है। यह वृक्ष बहुत कम दिखाई पड़ता है।

पीलापन—संज्ञा पुं० [हिं० पीला + पन (प्रत्य०)] पीला होने का भाव। पीतता। जर्दी।

पीलाबरेल—संज्ञा पुं० [देश०] बरियारा। बनमेथी।

पीलाम—संज्ञा पुं० [?] साटन नाम का कपड़ा।

पीला शेर—संज्ञा पुं० [हिं० पीला + फा० शेर] एक प्रकार का बाघ जो अफ्रीका में पाया जाता है और जिसका रंग कुछ पीला होता है।

पीलिमाⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीला] पीलापन। पीतता।

पीलिया—संज्ञा पुं० [हिं० पीला + इया (प्रत्य०)] कमल रोग जिसमें मनुष्य की आँखें और शरीर पीला हो जाता है।

पीलीचमेली—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीली + चमेली] दे० 'चमेली'।

पीली चिट्ठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीली + चिट्ठी] विवाह का निमंत्रणपत्र जिसपर प्रायः केसर, हलदी आदि छिड़का रहता है।

पीली जुही—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीली + जुही] दे० 'सोनजुही'।

पीलीमिट्टी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पीली + मिट्टी] एक प्रकार की मिट्टी जो चिकनी, कड़ी और रंग में पीली होती है।

पीलु—संज्ञा पुं० [सं०] १. एक फलदार वृक्ष जिसे पीला या पीलू कहते हैं।

विशेष—वैद्यक के अनुसार इसका फल स्वादु, कटु तिक्त, उष्ण, भेदक तथा वायु, कफ, पित्त, गुल्म, प्रमेह, सविषाक आदि का नाशक माना गया है। मीठा पीलु कम गरम और त्रिदोषनाशक माना जाता है।

२ फूल। पुष्प। ३ परमाणु। ४ हाथी। ५ हड्डी का टुकड़ा। अस्थिखंड। ६. तालवृक्ष का तना। तालकांड। ७ बाण। ८ कृमि। ९ चने का साग। १० सरपत या सरकंडे का फूल। शरस्तृणपुष्प। ११ लाल कटसरैया। किंकिरात वृक्ष। १२ अखरोट का पेड़। १३ कांचन देश का अखरोट। १४ हथेली। करतल।

पीलुआ—संज्ञा पुं० [देश०] मछली पकड़ने का बहुत बड़ा जाला।

पीलुक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कीड़ा। चींटी।

पीलुनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चुरनहार। मूर्वा। २ चने का साग कचूक शाक।

पीलुपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] क्षीर मोरट। मोरट या मूर्वा लता।

पीलुपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ चुरनहार। मूर्वा। २ कुंदरू। कदूरी।

पीलुपाक—संज्ञा पुं० [सं०] वैशेषिकों का मत। वैशेषिकों का एक

सिद्धांत जिसके अनुसार ताप समग्र पदार्थ (जैसे, कच्चा घड़ा) के अणुओं पर ही कार्य करता है। विशेष—दे० 'वैशेषिक'।

पीलुपाकवादी—संज्ञा पुं० [सं० पीलुपाकवादिन्] वैशेषिक।

पीलुमूल—संज्ञा पुं० [सं०] १. पीलुवृक्ष की जड़। २ सतावर। ३ शालपर्णी।

पीलुमूला—संज्ञा स्त्री० [सं०] जवान गाय।

पीलुसार—संज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम।

पीलू[1]—संज्ञा पुं० [सं० पीलु] १ एक प्रकार का काँटेदार वृक्ष जो दक्षिण भारत में अधिकता से होता है।

विशेष—यह दो प्रकार का होता है एक छोटा और दूसरा बड़ा। इसमें एक प्रकार के छोटे छोटे लाल या काले फल लगते हैं जो वैद्यक के अनुसार वायु और गुल्म नाशक, पित्तद और भेदक माने जाते हैं। इसके हरे डंठलों की दतवन अच्छी होती है। पुराणानुसार इसके फूले हुए वृक्षों को देखने से मनुष्य नीरोग होता है।

२ सफेद रंग के कीड़े जो सड़ने पर फलों आदि में पड़ जाते हैं।

मुहा०—पीलू पड़ना = कीड़े उत्पन्न होना।

पीलू[2]—संज्ञा पुं० एक राग जिसके गाने का समय दिन को २१ दंड से २४ दंड तक अर्थात् तीसरा पहर है। इसमें गांधार और ऋषभ का मेल होता है और सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

पीलो†—संज्ञा स्त्री० [देश०] पक्षी विशेष। उ०—नीले नभ में पीलो के दल आतप में धीरे मँडराते। —ग्राम्या, पृ० ३८।

पीव[1]—वि० [सं० पीवन्] १ स्थूल। मोटा। २ पुष्ट।

पीव[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पीप'।

पीव[3]—संज्ञा पुं० [हिं० पिय] प्रिय। पति। स्वामी। उ०—हरि मोर पीव मैं राम की बहुरिया।—कबीर (शब्द०)।

पीवनहारा—वि० [हिं० पीवना+हारा (प्रत्य०)] पीनेवाला। उ०—अघरसुधा सरवस जु हमारो। ताको निधरक पीवनहारो—नंद० ग्र०, पृ० २९४।

पीवनाⓊ—क्रि० स० [हिं० पीना] दे० 'पीना'।

पीवर[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पीवरा][संज्ञा पीवरता, पीवरत्व] १ मोटा। स्थूल। तगड़ा। उ०—सुंदर अंस पीवर रुचिर, परम ललित भुज बेलि।—घनानंद, पृ० २६०। २ भारी। गुरु। वजनी।

पीवर[2]—संज्ञा पुं० १ कछुआ। २ जटा। ३ तामस मन्वंतर के सप्तर्षि में से एक ऋषि का नाम।

पीवरस्तनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़े स्तनवाली गाय या स्त्री।

पीवरा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ असगंध। २. सतावर।

पीवरा[2]—वि० स्त्री० दे० 'पीवर'।

पीवरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सतावर। २ सरिवन। शालपर्णी। ३ बर्हिषद नामक पितृ की मानसी कन्याओं में से एक। ४ युवती स्त्री। ५ गाय।

पीवस—संज्ञा पुं० [सं०] मोटा तगड़ा। स्थूल। (वैदिक)।

पीवा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] जल। पानी।

पीवा†[2]—वि० [सं० पीवन्] पुष्ट। मोटा। स्थूल। २. ताकतवर। शक्तिशाली (को०)।

पीवा[3]—संज्ञा पुं० वायु (को०)।

पीविष्ठ—वि० [सं०] अतिशय स्थूल। बहुत मोटा।

पीस—वि० [अ०] विभाग। हिस्सा। खंड। टुकड़ा।

पीसगुड—संज्ञा पुं० [अ० पीसगुड्ज] (कपड़े का) थान। रेजा। जैसे, पीस गुड्ज के व्यापारी।

पीसना[1]—क्रि० स० [सं० पेषण] १ सूखी या ठोस वस्तु को रगड़ या दबाव पहुँचाकर चूर चूर करना। किसी वस्तु को आटे, बुकनी या धूल के रूप में करना। चक्की आदि में दलकर या सिल आदि पर रगड़कर किसी वस्तु को अत्यंत बारीक टुकड़ों में करना। जैसे, गेहूँ पीसना, मुर्खी पीसना आदि।

विशेष—इसका प्रयोग पीसी जानेवाली, पीसनेवाली तथा पीसकर तैयार वस्तुओं के साथ भी होता है। जैसे, गेहूँ पीसना, चक्की पीसना और आटा पीसना।

२ किसी वस्तु को जल की सहायता से रगड़कर मुलायम और बारीक करना। जैसे, चटनी पीसना, मसाला पीसना, बादाम पीसना, भंग पीसना आदि। ३. कुचल देना। दबाकर भुरकुस कर देना। पिलपिला कर देना। जैसे,—तुमने तो पत्थर गिराकर मेरी उँगली बिलकुल पीस डाली।

मुहा०—किसी (आदमी) को पीसना = बहुत भारी अपकार करना या हानि पहुँचना। नष्टप्राय कर देना। चौपट कर देना। कुचलना। जैसे,—वह उन्हें कुछ नहीं समझता, चुटकी बजाते पीस डालेगा।

४ कटकटाना। किरकिराना। जैसे, दाँत पीसना। ५ कड़ी मिहनत करना। कठोर श्रम करना। जान डालना। जैसे,—सारा दिन पीसता हूँ फिर भी काम पूरा नहीं होता।

पीसना[2]—संज्ञा पुं० १ वह वस्तु जो किसी को पीसने को दी जाय पीसी जानेवाली वस्तु। जैसे, गेहूँ का पीसना तो इसे दे दो चने का और किसी को दिया जायगा। २ उतनी वस्तु जो किसी एक आदमी को पीसने को दी जाय। एक आदमी के हिस्से का पीसना। जैसे,—तुम अपना पीसना ले जाओ ३ किसी एक आदमी के हिस्से या जिम्मे का काम। उतना काम जो किसी एक आदमी के लिये अलग कर दिया गया हो (व्यंग्य में)।

मुहा०—पीसना पीसना = (१) कठिन परिश्रम का काम लगातार करते रहना। (२) किसी साधारण काम करने में देर लगाना या आवश्यकता से अधिक समय लेना (व्यंग में)।

पीसुनⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० पिशुन हिं०] दे० 'पिशुन'। उ० पीसुन सीसे सबहि दुतारा। सबही ज्ञान भुलावनहारा। कबीर सा०, भा० ४, पृ० ५१७।

पीसू†—सज्ञा पुं० [हिं० पिस्सू] एक प्रकार का परदार छोटा कीडा जो मच्छरो की तरह काटता है। यह पशुओ को बहुत तग करता है और उनके रोएँ मे बडी शीघ्रता से रेंगता है।

पीह—सज्ञा स्त्री० [?] चरबी।

पीहर—सज्ञा पुं० [सं० पितृ, प्रा० पिअ, पिउ, पिइ + स० गेह या घर ? प्रा० हर] स्त्रियो के माता पिता का घर। मैका। उ०—सासरै जाऊँ तो सास रिसैहै, पीहर जाऊँ खिजै भैया।—घनानद, पृ० ५८२।

पीहा(पु)—सज्ञा पुं० [हिं० पपीहा] दे० 'पपीहा'। उ०—नद के कुमार बिनु लगै उर आर ऊधो पीहा पुकार झनकार झीगुरन की।—दीन० ग्र०, पृ० ४०।

पीहू—सज्ञा पुं० [हिं० पिस्सू] दे० 'पीसू'।

पु—सज्ञा पु० [स० पुस्] १ पुरुष। पुमान्। मर्द। २ मानव। मानव जातीय प्राणी। सेवक। नौकर। ४ पुल्लिग (व्या०)। ५ पुल्लिग शब्द। ६ आत्मा। ७ जीवित प्राणी। ८ एक प्रकार का नरक [को०]।

पुंख—सज्ञा पुं० [सं० पुङ्ख] १. बाण का पिछला भाग जिसमें पर खोसे रहते थे। २ मगलाचार। ३ श्येन। एक प्रकार का बाज पक्षी।

पुंखित—वि० [सं० पुङ्खित] (बाण) जिसमें पर लगे हो। पखयुक्त (शर)।

पुग—सज्ञा पुं० [स० पुङ्ग] समूह।

पुंगफल—सज्ञा पुं० [सं० पूगफल] दे० 'पूगीफल'।

पुगरी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक लबी पोली नली जिसे फूँककर बजाते है। उ०— नरास्थि की पुगरी फूकती—बडी बडी लबी टाँगें फेकती, दो सुदरी एक ओर ब्याही और एक ओर कुमारी कन्या को कांख में खोसे थी।—श्यामा०, पृ० १८।

पुगल[१]—सज्ञा पु० [सं० पुङ्गल] आत्मा।

पुगल(पु)[२]—वि० [?] श्रेष्ठ। उत्तम।

पुंगला—सज्ञा पुं० [सं० पुङ्ग (= आत्मा) + ल (प्रत्य०)] बेटा। पुत्र। आत्मज। उ०—ना हूँ तेरा पुगला ना तू मेरी माय।—दक्खिनी०, पृ० १०।

पुंगव—सज्ञा पुं० [सं० पुङ्गव] १ बैल। वृष।

विशेष—किसी पद या शब्द के आगे लगने से यह शब्द श्रेष्ठ का अर्थ देता है जैसे, नरपुगव, वीरपुगव।

२ एक औषध का नाम।

पुगवकेतु—सज्ञा पुं० [सं०] वृषभध्वज। शिव।

पुंगीफल—सज्ञा पुं० [सं० पूगीफल] दे० 'पूगीफल'।

पुचिह्न—सज्ञा पुं० [सं० पुश्चिह्न] शिश्न। लिंग।

पुछ(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० पुच्छ, प्रा० पुछ, हिं० पूँछ] दे० 'पूँछ'। उ०—सप व्यूह आकार सज्जे सभार। द्रढ फन्न पुछ रचे भित्त सार।—पृ० रा०, १।६३४।

पुछल—वि० [स० पुच्छल ?] दे० 'पुच्छल'। उ०—छूट रहे हैं पुछल तारे होते रहते उल्कापात।—मिट्टी०, पृ० १०६।

पुज—सज्ञा पुं० [स० पुञ्ज] समूह। ढेर।

पुजदल—सज्ञा पुं० [स० पुञ्जदल] सुसना का साग। सुनिषण्ण शाक।

पुजनी(पु)—वि० स्त्री० [सं० पुञ्ज] समूहयुक्त। बहुत अधिकतावाली। पुजयुक्त। उ०—नददास पावन भयो सो यह लीला गाय प्रेम रस पुजनी।—नद० ग्रं०, पृ० १८६।

पुंजन्म—सज्ञा पुं० [स० पुम् + जन्मन्] नर शिशु का जन्म लेना [को०]।

पुजश—अव्य० [स० पुञ्जश] ढेर का ढेर। बहुत सा।

पुजा†—सज्ञा पुं० [सं० पुञ्ज] १ गुच्छा। समूह। २ पूला। गट्ठा।

पुजि—सज्ञा स्त्री० [स०] समूह।

पुंजिअ(पु)—वि० [स० पुञ्जित] एकत्रित। पुजित। राशिभूत। पुजीभूत। उ०—जलदानेन हु जलओ नहु पुजिओ धूमो।—कीर्ति०, पृ० ६।

पुजिक—सज्ञा पुं० [सं० पुञ्जिक] जमी हुई बर्फ। वर्षोपल। करका।

पुजित—वि० [सं० पुञ्जित] १ पुजीभूत। राशि में एकत्रित। २ इकट्ठे दबाया हुआ [को०]।

पुजिष्ठ[१]—वि० [सं० पुञ्जिष्ठ] पुंजीभूत। एकत्रित।

पुजिष्ठ[२]—सज्ञा पुं० १ धीवर। मल्लाह। मछुआ। २ बहेलिया। चिडीमार [को०]।

पुंजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूँजी] दे० 'पूँजी'।

पुड—सज्ञा पु० [स० पुण्ड] १ तिलक। चंदन, केसर आदि पोतकर मस्तक या शरीर पर बनाया हुआ चिह्न। टीका।

यौ०—ऊर्ध्वपुड। त्रिपुंड।

२ दक्षिण की एक जाति जो पहले रेशम के कीडे पालने का काम करती थी।

पुडका†—सज्ञा स्त्री० [स० पुण्डक, पुण्डका] माधवी लता। उ०—वासती पुनि पुडका मुक्त फला अरु नाउँ।—नद ग्र०, पृ० १०६।

पुंडरिया—सज्ञा पु० [सं० पुण्डरीक] पुडरी का पौधा।

पुडरी[१]—सज्ञा पु० [स० पुण्डरिन्] एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियाँ शालपर्णी की पत्तियों की सी होती हैं।

विशेष—इसका रस आँख मे लगाने से आँख के रोग दूर होते हैं। वैद्यक में यह मीठा, कडुवा, कसैला, वीर्यवर्धक, शीतल और नेत्रो को हितकारी माना गया है।

पर्या०—श्वेतपुष्प। शीत। पुडरीयक। प्रपौंडरीक। चाक्षुष्य। तालपुष्पक। साक्षपुष्प। स्थलपद्म। सानुज। अनुज।

पुंडरी[२]—वि० [स० पाण्डुर] दे० 'पांडुर[१]'। उ०—प्रह फूटी, दिसि पुडरी हुणहुणिया हय थट्ट। ढोलइ घण ढढोलियउ सीतल सुदर घट्ट।—ढोला०, दू० ६०२।

पुंडरीक—संज्ञा पुं० [सं० पुण्डरीक] १ श्वेत कमल। २ कमल।

यौ०—पुंडरीकदलोपम=कमलपत्र के समान। पुंडरीकनयन, पुंडरीकपलाशाक्ष, पुंडरीकलोचन=दे० 'पुंडरीकाक्ष'। पुंडरीकप्लव। पुंडरीकमुख।

३. रेशम का कीडा। पाट कीट। ४ शेर। बाघ। नाहर। ५ एक प्रकार का सुगधयुक्त पौधा। पुंडरिया। ६. सफेद छाता। ७ कमडलु। ८ तिलक। ९ एक यज्ञ। १० एक प्रकार का आम। सफेदा। ११. एक प्रकार का धान। १२ सफेद रग का हाथी। १३ एक प्रकार की ईख। पौढ़ा। १४. चीनी। शर्करा। १५ सफेद रग का साँप। १६ एक प्रकार का बाज पक्षी। १७ श्वेत कुष्ट। सफेद कोढ। १८ हाथियो का ज्वर। १९ एक नाग का नाम। २० अग्निकोण के दिग्गज का नाम। २१ क्रौंचद्वीप का एक पर्वत। २२. महाभारत में वर्णित एक तीर्थ स्थान। २३ अग्नि। आग। २४ बाण। शर (अनेकार्थ०)। २५ आकाश (अनेकार्थ०)। २६ जैनियो के एक गणधर। २७ कालिदास द्वारा (रघुवश) महाकाव्य में उल्लिखित रघुवशीय एक राजा का नाम। २८ दौने का पौधा। २९ श्वेत वर्ण। सफेद रग।

पुंडरीकपलाशाक्ष—वि० [सं० पुण्डरीकपलाशाक्ष] कमल की पंखुडियो के समान नयनवाला [को०]।

पुंडरीकप्लव—संज्ञा पुं० [सं० पुण्डरीकप्लव] एक प्रकार का पक्षी [को०]।

पुंडरीकमुख—वि० [सं० पुण्डरीकमुख] कमलमुख। जिसका मुख कमल के समान प्रफुल्ल हो [को०]।

पुंडरीकमुखी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुण्डरीकमुखी] एक प्रकार की जोंक [को०]।

पुंडरीकसुतसुताⓟ—संज्ञा स्त्री० [सं० पुण्डरीक (=कमल)+सुत (=ब्रह्मा)+सुता (=पुत्री)] सरस्वती। शारदा। उ०—पुंडरीकसुतसुता तासु पदकमल मनाऊँ। बिसद बरन बर बसन बिसद भूषन हिय ध्याऊँ।—ह० रासो, पृ० १।

पुंडरीकाक्ष[1]—संज्ञा पुं० [सं० पुण्डरीकाक्ष] १ विष्णु भगवान्। नारायण (जिनके नेत्र कमल के समान हैं) २ रेशम के कीडे पालनेवाली एक जाति।

पुंडरीकाक्ष[2]—वि० जिसके नेत्र कमल के समान हो।

पुंडरीकेक्षण—वि०, संज्ञा पुं० [सं० पुण्डरीकेक्षण] दे० 'पुंडरीकाक्ष' [को०]।

पुंडरीयक—संज्ञा पुं० [सं० पुण्डरीयक] १ पुंडरी का पौधा। स्थलपद्म। २ एक लता जो ओषधि में प्रयुक्त होती है (को०)।

पुंडर्य—संज्ञा पुं० [सं० पुण्डर्य] १. पुंडरी का पौधा। २ पौधा। लता। एक बेल (को०)।

पुंड्र—संज्ञा पुं० [सं० पुण्ड्र] १. एक प्रकार की (विशेषत लाल) ईख। पौढ़ा। २ बलि के पुत्र एक दैत्य का नाम जिसके नाम पर देश का नाम पडा। ३. अतिमुक्तक। तिनिश वृक्ष। ४ माधवी लता। ५ ह्रस्व प्लक्ष। पाकर। पक्कड। ६ श्वेत कमल। ७ चदन केसर आदि की रेखाओं से शरीर पर बनाया हुआ चिह्न या चित्र। तिलक। टीका। जैसे, ऊर्ध्वपुंड्र। ८ तिलक वृक्ष। ९ कीडा। कीट। कृमि (को०)। १० भारत के एक भाग का प्राचीन नाम जो इतिहास पुराणादि मे मिलता है। महाभारत के अनुसार अग, बग, कलिग, पुंड्र और सुह्म, बलि के इन पाँच पुत्रो के नाम पर देशो के नाम पडे। ११ एक प्राचीन जाति।

विशेष—इस जाति का उल्लेख ऐतरेय ब्राह्मण मे इस प्रकार है—विश्वामित्र के सौ पुत्रो में से पचास तो मधुच्छदा से बडे और पचास छोटे थे। विश्वामित्र ने जब शुन शेप का अभिषेक किया तब ज्येष्ठ पुत्र बहुत असतुष्ट हुए। इसपर विश्वामित्र ने उन्हें शाप दिया कि तुम्हारे पुत्र अत्यज होगे। अध्र, पुंड्र, शबर, मूतिब इत्यादि उन्ही पुत्रों के वशज हुए जिनकी गिनती दस्युओ में हुई। महाभारत मे एक स्थान पर यवन, किरात, गाधार, चीन, शबर आदि दस्यु जातियो के साथ पौंड्रको का नाम भी है। पर दूसरे स्थान पर 'पौंड्रको' और सुपुंड्रको में भेद किया है। पौंड्रको और पुंड्रो को तो अग, बग, मग आदि के साथ शास्त्रधारी क्षत्रिय लिखा है जिन्होने युधिष्ठिर के लिये बहुत साधन इकट्ठा किया था। उनके जाने पर युधिष्ठिर के द्वारपाल ने उन्हे नही रोका था। पर बग कलिग, मगध, ताम्रलिप्त आदि के साथ सुपुंड्रकों का द्वारपाल द्वारा रोका जाना लिखा है जिससे वे वृषलत्वप्राप्त क्षत्रिय जान पडते हैं। मनुस्मृति में जिन पौंड्रको का उल्लेख है वे भी सस्कारभ्रष्ट क्षत्रिय थे जो म्लेच्छ हो गए थे। इससे पौंड्र या पुंड्र सुपुंड्रो से भिन्न और क्षत्रिय प्रतीत होते हैं। महाभारत कर्णपर्व मे भी कुरु, पाचाल, शाल्व, मत्स्य, नैमिष, कलिग, मागध आदि शाश्वत धर्म जाननेवाले महात्माओ के साथ पौंड्रो का भी उल्लेख है, आदिपर्व मे बलि के पाँच पुत्रो (अग बग आदि) में जिस पुंड्र का नाम है उसी के वशज सभवत ये पुंड्र या पौंड्र हो। ब्रह्माड और मत्स्य पुराण के अनुसार पुंड्र लोग प्राच्य (पूरबी भारत के) थे, पर विष्णु पुराण मे और मार्कंडेय पुराण में उन्हें दाक्षिणात्य लिखा है।

पुंड्रक—संज्ञा पुं० [सं० पुण्ड्रक] १ मागधी लता। २ तिलक। टीका। ३ तिलकवृक्ष। ४ एक प्रकार की (लाल) ईख। पौढ़ा। ५ वह जो रेशम के कीडे पालने का व्यवसाय करता हो (को०)। ६. घोडे के शरीर का एक चिह्न जो रोएँ के रग के भेद से होता है। शख, चक्र, गदा, पद्म, खड्ग, अकुश और धनुष के ऐसे चिह्न को पुंड्रक कहते हैं।

पुंड्रकेलि—संज्ञा पुं० [सं० पुण्ड्रकेलि] हाथी [को०]।

पुंड्रवर्धन—संज्ञा पुं० [सं० पुण्ड्रवर्द्धन] पुंड्र देश की प्राचीन राजधानी।

विशेष—यह नगर किसी समय में हिंदुओ और बौद्धों दोनो का तीर्थ था। स्कदपुराण में यहाँ 'मंदार' नामक शिवमूर्ति का होना लिखा है। देवी भागवत के अनुसार सती के देह के

गिरने से जो पीठ हुए उनमें एक यह भी है। चीनी यात्री हुएन्साग ने इस नगर को एक समृद्ध नगर लिखा है। इसकी स्थिति कहाँ है, इसपर मतभेद है। कोई इसे रंगपुर के पास कहते हैं और कोई पबना को ही प्राचीन पुंड्रवर्धन के स्थान पर मानते हैं। पर कुछ लोगों का कहना है कि यह नगर गंगातट के पास होना चाहिए जैसा कथासरित्सागर और हुएन्साग के उल्लेख से पाया जाता है। अत मालदह से दो कोस उत्तरपूर्व जो फीरोजाबाद नाम का स्थान है वही प्राचीन पुंड्रवर्धन हो सकता है। वहाँ के लोग उसे अब तक पौंडोवा, पाड्या या बडपूँडो कहते हैं।

पुंदल—संज्ञा पुं० [?] जहाज के मस्तूल का पिछला भाग। (लश०)।

पुंध्वज—संज्ञा पुं० [सं०] १ मूषक। चूहा। २ कोई भी पशु जो नर हो [को०]।

पुंनाग—संज्ञा पुं० [सं० पुन्नाग] दे० 'पुन्नाग'।

पुंभाव—संज्ञा पुं० [सं० पुम्भाव] १ पुरुषत्व। २ व्याकरण में पुंल्लिंग [को०]।

पुंमंत्र—संज्ञा पुं० [सं० पुम् मन्त्र] वह मंत्र जिसके अंत में 'स्वाहा' या 'नम' न हो।

पुंयान—संज्ञा पुं० [सं०] सवारी, पालकी या डाँडी जिसे पुरुष ढोते हैं [को०]।

पुंयोग—संज्ञा पुं० [सं०] पुरुष का योग। पुरुषसंपर्क। पुरुष से संबंध [को०]।

पुंरत्न—संज्ञा पुं० [सं०] सुंदर व्यक्ति। अच्छा व्यक्ति [को०]।

पुंराशि—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष में नर राशि [को०]।

पुंलिंग—संज्ञा पुं० [सं० पुलिङ्ग] १ पुरुष का चिह्न। २ शिश्न। ३ व्याकरण में पुरुषवाचक शब्द।

पुंवत्—वि० [सं०] १ पुरुष की तरह। पुंल्लिंग के समान (व्याकरण)।

पुंवत्स—संज्ञा पुं० [सं०] बछड़ा। गोवत्स [को०]।

पुंवृष—संज्ञा पुं० [सं०] छछूंदर।

पुंश्चल—संज्ञा पुं० [सं०] व्यभिचारी पुरुष [को०]।

पुंश्चली[1]—वि० स्त्री० [सं०] अनेक पुरुषों के पास जानेवाली (स्त्री)। व्यभिचारिणी। कुलटा। छिनाल।

पुंश्चली[2]—संज्ञा स्त्री० कुलटा स्त्री।

पुंश्चलीय—संज्ञा पुं० [सं०] कुलटा या वेश्या का पुत्र।

पुंश्चलू—संज्ञा स्त्री० [वैदिक सं०] कुलटा स्त्री [को०]।

पुंश्चिह्न—संज्ञा पुं० [सं०] पुरुषसूचक चिह्न। लिंग। शिश्न [को०]।

पुंसⓤ—संज्ञा पुं० [सं० पुंस्] पुरुष। नर। मर्द। उ०—आदि हु राम हि अंत हु राम ही मध्य हु राम हि पुंस न बामै। —सुंदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ५०२।

पुंसवत्—वि० [सं०] दे० 'पुंवत्' [को०]

पुंसवन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ दुग्ध। दूध। २ द्विजातियों के सोलह संस्कारों में से दूसरा संस्कार जो गर्भाधान से तीसरे महीने में किया जाता है। गर्भिणी पुत्र प्रसव करे इस अभिप्राय से यह किया जाता है।

विशेष—गर्भ हिलने डोलने के पहले ही यह संस्कार होना चाहिए। अच्छे दिन और मुहूर्त में अग्निस्थापना करके स्त्री और पुरुष कुशासन पर बैठते हैं। पति उठकर स्त्री का दाहिना कंधा स्पर्श करता है, फिर दाहिने हाथ से स्त्री के नाभि को स्पर्श करता है, फिर दाहिने हाथ से स्त्री के नाभि को स्पर्श करता हुआ कुछ मंत्र पढ़ता है। यहाँ तक तो प्रथम पुंसवन हुआ। फिर दूसरे दिन या उसी दिन किसी वटवृक्ष की पूर्वोत्तर शाखा की टहनी के दो फलोंवाले सिरे (गुच्छा= फुनगी) को जौ या उरद देकर सात बार मंत्र पढ़कर क्रय करते हैं और मंत्र पढ़ते हुए नोचकर लाते हैं। वट की फुनगी को साफ सिल पर औंगे के पानी से पीसते हैं। फिर इस बरगद के रस को पश्चिम ओर मुँह करके बैठी स्त्री के पीछे खड़ा होकर पति उसकी नाक के दाहिने नथुने में डाल देता है।

२ गर्भ [को०]। ४ वैष्णवों का एक व्रत। भागवत में यह व्रत स्त्रियों के लिये कर्तव्य कहा है।

पुंसवन[2]—वि० प्रजोत्पादक।

पुंसवान्—वि० [सं० पुंसवत्] [वि० स्त्री० पुंसवती] पुत्रवाला।

पुंसानुज—वि० [सं०] जिसको बड़ा भाई हो [को०]।

पुंसी—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गाय जिसको बछड़ा हो [को०]।

पुंस्कोकिल—संज्ञा पुं० [सं०] कोकिल पक्षी। नर कोयल [को०]।

पुंस्त्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुरुषत्व। पुरुष का धर्म। २ पुरुष की स्त्रीसहवास की शक्ति। ३ शुक्र। वीर्य। ४ (व्याकरण में) पुंलिंगत्व [को०]। ५ गंधतृण।

पुंस्त्वविग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] भूतृण। एक सुगंधयुक्त घास।

पुँछल्ला—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुछार'।

पुँछवाना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पुछवाना'।

पुँछारⓤ†—संज्ञा पुं० [हिं० पूँछ+आर (प्रत्य०)] मयूर। मोर। उ०—(क) जानि पुँछार जो भय बनवासू। रोवँ रोवँ परि फाँद न आँसू। —जायसी (शब्द०)। (ख) कुंडे फेरि जानु गिउ गाडे। हरे पुँछार ढगे जनु ठाढ़े।—जायसी (शब्द०)। (ग) कुटी में मेरी रक्खी है। पुँछार जो मिट्टी की है।—प्रतापनारायण मिश्र (शब्द०)।

विशेष—यह शब्द पुं० ही मिलता है। स्त्री० प्रयोग उदाहरण (ग) को छोड़ और कहीं देखने में नहीं आया।

पुँछाला—संज्ञा पुं० [हिं० पूँछ+ला (प्रत्य०)] १ पुछल्ला। दुमाला। पूँछ की तरह जोड़ी हुई वस्तु। जैसे,—(क) पतंग या कनकौवे के नीचे बँधी हुई लंबी धज्जी जो नीचे लटकती रहती है। (ख) टोपी के पीछे टँकी हुई धज्जी जो नीचे लटकती रहती है। २ बराबर पीछे लगा रहनेवाला। साथ न छोड़नेवाला। बराबर साथ में दिखाई पड़नेवाला। जैसे,—

वह जहाँ जाता है यह पुँछाला उनके साथ रहता है। ३ साथ में जुडी या लगी हुई वस्तु या व्यक्ति जिसकी उतनी आवश्यकता न हो। जैसे,—तुम आप तो जाते ही हो एक पुँछाला क्यो पीछे लगाए जाते हो। ४. पिछलग्गू। खुशामद से पीछे लगा रहनेवाला। चापलूस। आश्रित।

पुँछोरीⓅ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूँछ+ओरी (प्रत्य०)] दे० 'पुछल्ला'। उ०—फेरि कै नैन परे तन पै बदनामी की तापै लगाइ पुँछोरी। प्रीति की चग उमंग चढाय कै सो हरि हाथ बढाय कै तोरी।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० २६४।

पुँडरिया पुँडरी—सज्ञा स्त्री० [सं० पुण्डरीक] पुडरी नामक पौधा।

पुँहतनाⓅ‡—क्रि० अ० [हिं० पहुँचना] दे० पहुँचना'। उ०—मजल के करे पुँहतो नगर उदयमत। वही कागद समय हुती मिल हकीकत।—रघु० रू०, पृ० ७६।

पुआ—सज्ञा पु० [स० पूप] मीठे रस मे सने हुए आँटे की मोटी पूरी या टिकिया।

पुआई—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक सदाबहार पेड।

विशेष—इसकी लकडी दृढ़, चिकनी और पीले रग की होती है। यह घरों में लकडी, मेज, कुरसी, आदि बनाने के काम में आती है। लकडी प्रति घनफुट १७ या १८ सेर तोल में होती है। यह पेड दारजिलिंग, सिकम (सिक्किम), भोटान आदि पहाड़ी प्रदेशो में आठ हजार फुट की ऊँचाई तक होता है। इसी से मिलता जुलता एक और पेड़ होता है जिसे डिडिया कहते हैं और जिसके पत्तो मे एक प्रकार की सुगध होती है।

पुआल[1]—सज्ञा पुं० [देश०] एक ऊँचा जगली पेड जिसकी लकडी बहुत मजबूत और पीले रग की होती है और इमारतों में लगती है। यह दारजिलिंग सिक्किम और भोटान के जगलो में होता है।

पुआल[2]—सज्ञा पुं० [स० पलाल] दे० 'पयाल'।

पुकार—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुकारना] १ किसी का नाम लेकर बुलाने की क्रिया या भाव। अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने के लिये किसी के प्रति ऊँचे स्वर से सबोधन। सुनाने के लिये जोर से किसी का नाम लेना या कोई बात कहना। हाँक। टेर। २ रक्षा या सहायता के लिये चिल्लाहट। बचाव या मदद के लिये दी हुई आवाज। दुहाई। उ०—असुर महा उत्पात कियो तब देवन करी पुकार।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—मचाना।—होना।

३ प्रतिकार के लिये चिल्लाहट। किसी से पहुँचे हुए दुख या हानि का उससे निवेदन जो दड या पूर्ति की व्यवस्था करे। फरियाद। नालिश। जैसे,—उसने दरबार में पुकार की। ४ माँग की चिल्लाहाट। गहरी माँग। जैसे,—जहाँ जाओ वहाँ पानी पानी की पुकार सुनाई पडती थी।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—मचाना।—होना।

पुकारना—क्रि० स० [स० सप्लुतकरण (= आवाज को खींचना) या प्रकुश (= पुकारना)] १. नाम लेकर बुलाना। अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने के लिये ऊँचे स्वर से सबोधन करना। किसी का इसलिये जोर से नाम लेना जिसमे वह ध्यान दे या सुनकर पास आए। हाँक देना। टेरना आवाज लगाना। जैसे,—(क) नौकर को पुकारो वह आकर ले जायगा। (ख) उसने पीछे से पुकारा, मैं खडा हो गया।

सयो० क्रि० देना।

२ नाम का उच्चारण करना। रटना। धुन लगाना। जैसे, हरिनाम पुकारना। ३ ध्यान आकर्षित करने के लिये कोई बात जोर से कहना। चिल्लाकर कहना। घोषित करना। जैसे, (क) ग्वालिन का 'दही दही' पुकारना। (ख) मगन का द्वार पर पुकारना। उ०—कारे कबहुँ न होयँ आपने मधुवन कहाँ पुकारि।—सूर (शब्द०)। ४ चिल्लाकर माँगना। किसी वस्तु को पाने के लिये आकुल होकर बार बार उसका नाम लेना। जैसे, प्यास के मारे सब पानी पानी' पुकार रहे हैं। ५. रक्षा के लिये चिल्लाना। गोहार लगाना। छुटकारे के लिये आवाज लगाना। उ०—पाँव पयादे धाय गए गज जबै पुकारयो।—सूर (शब्द०)। ६ प्रतिकार के लिये किसी से चिल्लाकर कहना। किसी के पहुँचे हुए दुःख या हानि को उससे कहना जो दड या पूर्ति की व्यवस्था करे। फरियाद करना। नालिश करना। उ०—जाय पुकारयो नृप दरबार।—सबल (शब्द०)। ७ नामकरण करना। अभिहित करना। सज्ञा द्वारा निर्देश करना। जैसे,—(क) तुम्हारे यहाँ इस चिडिया को किस नाम से पुकारते हैं। (ख) यहाँ मुझे लोग यही कहकर पुकारते हैं।

पुक्करवत्ती‡—सज्ञा स्त्री० [स० पुष्कलावती] वह प्रदेश जो श्रीराम ने भरत के पुत्र को दिया था। दे० 'पुष्कलावती'। उ०—तक्षक नै तखसली, पुकर नै पुक्करवत्तिय।—रघु० रू०, पृ० २८०।

पुक्कश[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. चाडाल।

विशेष—मनुस्मृति के अनुसार निषाद पुरुष और शूद्रा के गर्भ से और उशना के अनुसार शूद्र पुरुष और क्षत्रिया स्त्री के गर्भ से इस जाति की उत्पत्ति है।

२ अधम व्यक्ति। नीच पुरुष।

पुक्कश[2]—वि० अधम। नीच

पुक्कशक—वि०, सज्ञा पु० [स०] दे० 'पुक्कश'।

पुक्कशी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पुक्कसी' [को०]।

पुक्कष—वि०, सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पुक्कश'।

पुक्कस—वि०, सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पुक्कश'।

पुक्कसी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ कालापन। कालिमा। २ नील का पौधा। ३ कुड्मल। कली। कोरक (को०) ४ पुक्कश जाति की स्त्री (को०)।

पुक्कार(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० पूत्करण, प्रा० पुक्कार] फरियाद। गोहार। दे० 'पुकार'। उ०—पुक्कार परिय नृप पगपुर कहय सवै किन्नव हृदस। —प० रासो, पृ० १२७।

पुख(पु)†—सज्ञा पुं० [सं० पुष्प] दे० 'पुष्प'। जैसे, पुखराज = पुष्प राग।

पुखत(पु)—वि० [स० पुष्ट या फा० पुख्तह्] पूर्णत। भली प्रकार। उ०—प्राणी तूँ डूबो पुखत मोह नदी रे माँहि। देव नदी मे डूबियो नख पग हूदो नाहि। —बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ११०।

२ दृढ़। पुख्ता। उ०—प्राण गाँठ जेते पुखत, इण तन माझल एह। क्यावर तेते नाम कर दाम गाँठ मत देह।—बाँकी० ग्र०, भा० १, पृ० ५१।

पुखता†—वि० [फा० पुख्तह्] दे० 'पुख्ता'।

पुखर(पु)—सज्ञा पुं० [सं० पुष्कर, प्रा० पुक्खर] तालाब। पोखरा। उ०—भरहिं पुखर अो ताल तलाबा।—जायसी (शब्द०)।

पुखरा†—सज्ञा पुं० [सं० पुष्कर, प्रा० पुक्खर] पोखरा। तालाब।

पुखराज—सज्ञा पुं० [स० पुष्परागं] एक प्रकार का रत्न या बहुमूल्य पत्थर जो प्राय पीला होता है पर कभी कभी कुछ हलका नीलापन या हरापन लिए भी होता है।

विशेष—यह अलुमीनियम का एक प्रकार का सैक्त क्षार है। यह हीरे से भारी पर कम कड़ा होता है। पुखराज अधिकतर ग्रेनाइट की चट्टानों और कभी कभी ज्वालामुखी पर्वतो की दरारो मे मिलता है। कार्नवाल (इँगलैंड), स्काटलैंड, ब्रैजिल, मैक्सिको, साइबेरिया और अमेरिका के सयुक्त राज मे यह पाया जाता है। एशिया मे यह यूराल पर्वत से बहुत निकाला जाता है। ब्रैजिल का गहरे पीले रग का पुखराज सबसे अच्छा माना जाता है। यो तो भारतवर्ष तथा और पूर्वीय देशों मे भी यह थोडा बहुत पाया जाता है।

हमारे यहाँ के रत्नपरीक्षा के ग्रथो में पुष्पराग के कई भेद लिखे हैं। जो पुष्पराग कुछ पीलापन लिए लाल रग का हो उसे कौरट और जो कुछ ललाई लिए पीले रग का हो उसे कापायक कहते हैं। जो कुछ ललाई लिए सफेद हो वह सोमलक, जो बिलकुल लाल हो पद्मराग और जो नीला हो वह इद्रनील है। इस प्रकार प्रचीन ग्रथों में पुखराज भी कुरुड जाति के पत्थरो में माना गया है।

पुख्ता—वि० [फा० पुख्तह्] १ मजबूत। दृढ़। पुष्ट। २ परिपक्व। ३ स्थिर। टिकाऊ। ४ नियत। निश्चित [को०]।

यौ०— पुख्ताअक्ल = दृढ मति। स्थिरबुद्धि। परिपक्व मति। पुख्तामग्ज = दे० 'पुख्ताअक्ल'। पुख्तामिजाज = स्थिरमति। दृढ़चित्त।

पुख्य—सज्ञा पुं० [सं० पुष्य] दे० 'पुष्य'।

पुगड—सज्ञा पुं० [स० पौगण्ड] दे० 'पोगड', 'पौगंड'। उ०—बाल कुमार पुगड धरम आसक्त जु ललित तन। धरमी नित्य किसोर कान्ह मोहत सबको मन।—नद० ग्र०, पृ० ६।

पुगतापण—सज्ञा पुं० [हिं० पुगना (= पूरा होना) + पन (प्रत्य०)] बुढ़ापा। वार्धक्य। उ०—कर कपै लोयण झरै मुख ललरावै जीह। मावडिया जुध में मिलै पुगतापण रा दीह।—बाँकी ग्र०, भा० २, पृ० १८।

पुगना†—क्रि० अ० [हिं० पूजना] पूरा होना। पूर्ण होना। चुकता होना। खत्म होना।

पुगाना—क्रि० स० [हिं० पुजाना] १ पूरा करना। पुजाना। जैसे, मिति पुगाना, रुपया पुगाना। २ गोली के खेल में गोली का गड्ढे मे डालना (लड़के)।

पुचकार—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुचकारना] प्यार जताने के लिये ओठों से निकाला हुआ चूमने का सा शब्द। चुमकार।

पुचकारना—क्रि० स० [अनुध्व० पुच (= ओठो को दबाकर छोडने से निकला हुआ शब्द) + हिं० कार + ना (प्रत्य०)] चूमने का सा शब्द निकालकर प्यार जताना। चुमकारना। जैसे, (क) बच्चे को पुचकारना। (ख) कुत्ते को पुचकारना। उ०—(क) ठोंकि पीठ पुचकारि बहोरी। कीन्हीं बिदा सिद्धि कहि तोरी।—रघुराज (शब्द०)। (ख) सुनि बैठाय अक दानवपति पोछि बदन पुचकारी। बेटा, पढ़ो कौन विद्या तुम देहु परीक्षा सारी। —रघुराज (शब्द०)।

पुचकारो—सज्ञा स्त्री० [सं० पुचकारना] प्यार जताने के लिये ओठों से निकाला हुआ चूमने का सा शब्द। चुमकार। जैसे, जानवर या बच्चे को पुचकारी देकर बुलाना।

क्रि० प्र०—देना।

पुचपुच—सज्ञा स्त्री० [अनुध्व०] ओठों निकाली हुई चूमने की सी आवाज। पुचकारी।

पुचारस—सज्ञा पुं० [देश०] कई धातुओ का मेल। ऐसी धातु जिसमें मिलावट हो।

पुचारना[1]—क्रि० स० [हिं० पुचारा] १ पुचारा देना। २ पोतना। ३ मीठी बातें कहना। प्रसन्न करनेवाली बातें कहना। चापलूसी करना। ठकुरसुहाती कहना। ४ उत्साहित करनेवाली बातें कहना। प्रोत्साहित करना। पुचकारना।

पुचाड़ा†—सज्ञा पुं० [हिं० पुतारा या अनु० पुचपुच] दे० 'पुचारा'। उ०—पश्चिम के विचारकों ने यहाँवालो को अवसर यह पुचाडा दिया है कि तुम्हारी विशेषता तो परोक्ष चिंतन मे है।—आचार्य०, पृ० ६६।

पुचारा[1]—सज्ञा पुं० [अनु० पुचपुच (= भीगे कपडे को दबाने का शब्द) या पुतारा] १ किसी वस्तु के ऊपर पानी से तर कपडा फेरने की क्रिया। भीगे कपडे से पोछने का काम। जैसे,—बरतन आँच पर चढाकर ऊपर से पानी का पुचारा देते जाना।

क्रि० प्र०—देना।

२ पतला लेप करने का काम। हलकी पुताई या लिपाई। पोता।

क्रि० प्र०—देना। —फेरना।

३ किसी वस्तु के ऊपर कोई गीली वस्तु फेरकर चढाई हुई पतली तह। हलका लेप। जैसे, चूने का पुचारा, मिट्टी या गोबर का पुचारा। ४ वह गीला कपडा जिससे पोतते या पुचारा देते हैं। जैसे, जुलाहो का पुचारा जिससे पाई के ऊपर माँड या पानी पोतते हैं। ५ लेप करने या पोतने के लिये पानी मे घोली हुई कोई वस्तु (जैसे, रग, चूना आदि), ६ दगी हुई तोप या बंदूक की गरम नली को ठढी करने के लिये उसपर गीला कपडा डालने की क्रिया। ७ किसी को अनुकूल करने या मनाने के लिये कहे हुए मीठे और सुहाते वचन। प्रसन्न करनेवाले वचन। जैसे,—कडाई से नही बनेगा, पुचारा देकर काम लेना चाहिए।

क्रि० प्र०—देना।

८ झूठी प्रशसा। चापलूसी। ठकुरसुहाती। खुशामद।

क्रि० प्र०—देना।

९ उत्साह बढानेवाले वचन। किसी ओर प्रवृत्त करनेवाले वचन। बढावा। जैसे,—जरा पुचारा दे दो, देखो वह सब कुछ करने को तैयार हो जाता है।

पुच्छ—सज्ञा पुं० [सं०] १ दुम। पूँछ। २ किसी वस्तु का पिछला भाग। ३ पूँछ जिसमे बाल हो (को०)। ४ मोर की पूँछ (को०)।

पुच्छकंटक—सज्ञा पुं० [सं० पुच्छकण्टक] बिच्छू [को०]।

पुच्छजाह—सज्ञा पु० [सं०] पूँछ का अग्रिम भाग। पूँछ की जड [को०]।

पुच्छटि, पुच्छटी—सज्ञा स्त्री० [स०] उँगली चटकाने की क्रिया। छोटिका [को०]।

पुच्छदा—सज्ञा स्त्री० [सं०] लक्ष्मणा नाम का कद।

पुच्छनाⓊ—क्रि० स० [सं० पृच्छन] दे० 'पूँछना'। उ०—(क) भृगी पुच्छइ भिग सुन की ससारहि सार।—कीर्ति० पृ० ६। (ख) पुच्छि मात पित पुच्छि पुच्छि परिवार गेह सब। —पृ० रा०, २५।२९७।

पुच्छफल—सज्ञा पुं० [सं०] बेर का पेड।

पुच्छबध—सज्ञा पुं० [स० पुच्छबन्ध] घोडे के पिछले पैर बाँधने की रस्सी [को०]।

पुच्छमूल—सज्ञा पुं० [स०] पूँछ का मूल। पूँछ की जड [को०]।

पुच्छल—वि० [स० पुच्छ+हि० ल (प्रत्य०)] दुमदार। पूँछदार।

यौ०—पुच्छल तारा=कभी कभी उदित होनेवाला वह तारा जिसमे लगा हुआ भाप या कुहरे सा द्रव्य झाडू के आकार का आकाश में दूर तक फैला दिखाई देता है। विशेष—दे० 'केतु'।

पुच्छाग्र—सज्ञा पुं० [सं०] पुच्छमूल [को०]।

पुच्छिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] मापपर्णी।

पुच्छी[1]—वि० [स० पुच्छिन्] पूँछवाला। दुमदार।

पुच्छी[2]—सज्ञा पुं० १ आक। मदार। २ कुक्कुट। मुर्ग।

पुछत्तर‡—सज्ञा पुं० [हिं० पूछना] दे० 'पुछैया'। उ०—मैं वहीं चला गया, तो उसका कोई पुछत्तर भी न रहेगा। —रगभूमि, भा० २, पृ० ५६२।

पुछना†[1]—क्रि० अ० [हिं० पोंछना का अक०] १ पुछकर समाप्त हो जाना। मिट जाना। २ जमीन पर पडे हुए पानी या किसी तरल द्रव्य का पोछकर हटाया जाना।

पुछना[2]—सज्ञा पुं० वह कपडा जिससे जमीन या जमीन चौकी पीढा आदि पर पडे हुए पानी आदि को पोछा जाता है।

पुछना[3]—क्रि० स० [स० पृच्छन, प्रा० पुच्छण, हिं० पछना] दे० 'पूछना'। उ०—ए माँ कह मोय पुछो तो ही।—विद्यापति, पृ० ५०९।

पुछनियाँⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना] पूच्छा। प्रश्न। जिज्ञासा। उ०—साधन माँ छत्तीस कौम है टेढो तोर पुछनियाँ।—कबीर श०, भा० १ पृ० १०४।

पुछल्ला—सज्ञा पु० [हिं० पूँछ+ला (प्रत्य०)] १. बडी पूँछ। लबी दुम। २ पूँछ की तरह जोडी हुई वस्तु। जैसे, (क) पतग या कनकौवे के नीचे बँधी हुई लबी धज्जी जो लटकती रहती है। (ख) टोपी में टँकी हुई धज्जी जो अलग लटकती रहती है। ३ बराबर पीछे लगा रहनेवाला व्यक्ति। साथ न छोडनेवाला। बराबर साथ मे दिखाई पडनेवाला। जैसे,—वह जहाँ जाता है यह पुछल्ला उनके साथ रहता है। ४ साथ में जुडी या लगी हुई वस्तु या व्यक्ति जिसकी उतनी आवश्यकता न हो। जैसे,—तुम आप तो जाते ही हो, एक पुछल्ला क्यो पीछे लगाए जाते हो। ५ पिछलग्गू। खुशामद से पीछे लगा रहनेवाला। चापलूस। आश्रित। जैसे, अमीरो का पुछल्ला। †६ लपेटन की बाईं ओर का खूँटा (जुलाहे)।

पुछवाना†—क्रि० स० [हिं० पूछना का प्रे० रूप] (किसी से) पूछने का कार्य कराना। उ०—जब कहोगी यदुकुल चद्र से स्वय पुछवा देंगे। —श्यामा०, पृ० ९१।

पुछवैया†—सज्ञा पुं० [हिं० √पूछ+वैया (प्रत्य०)] दे० 'पुछैया'।

पुछाननाⓊ—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पूछना'। उ०—राजह सूर हकार लिय, दिय सादर सनमान। वीर विरद वरदाय प्रति, लागे वत्त पुछान।—पृ० रा०, ६।१४७।

पुछाना—क्रि० स० [हिं० पूछना का प्रे० रूप] दे० 'पुछवाना'। उ०—बच्चा को बुलाकर पुछाए देती हूँ।—मान०, भा० ५, पृ० १९७।

पुछारⓊ†[1]—सज्ञा पुं० [हिं० √पूछ+आर (प्रत्य०)] पूछनेवाला व्यक्ति। खोज खबर लेनेवाला व्यक्ति। आदर करनेवाला।

पुछारⓊ[2]—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पुछार'।

पुछारि†[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना] पूछताछ।

पुछिया—सज्ञा पुं० [हिं० पूछ+इया (प्रत्य०)] पुछा। मेढा।

पुछैया—सज्ञा पु० [हिं० √पूछ+ऐया (प्रत्य०)] पूछनेवाला व्यक्ति। खोज खबर लेनेवाला आदमी। ध्यान देनेवाला व्यक्ति।

पुजंत†—क्रि० वि० [हिं० √ + अंत (प्रत्य०) पूजना (= पूजा करना)] पूजन करने के लिये। पूजनार्थ। उ०—गौरि पुजतहि बेटी आई सुभद्रा। —पोद्दार अभि० ग्र० पृ० ६५८।

पुजता†—सज्ञा पुं० [सं० पूजा + अन्त (प्रत्य०)] वह व्यक्ति जो पूजा करे। पुजारी। पूजा करनेवाला।

पुजना—क्रि० अ० [हिं० पूजना] १ पूजा जाना। आराधना का विषय होना। जैसे,—वहाँ अनेक देवता पुजते हैं। २ आदृत होना। समानित होना। ३ पूर्ण होना। पूरा होना।

पुजवनाⓊ†¹—क्रि० स० [हिं० पूजना] १ पुजाना। भरना। २ पूरा करना। ३ सफल करना। उ०—जिन व्रज वीथिन मे सदा विहरत स्यामा स्याम। सकल मनोरथ मजु मम ते पुजवहु सुख धाम। —(शब्द०)।

पुजवना†²—सज्ञा पुं० [हिं० पूजा] पूजा के लिये सामग्री। पूजा का उपकरण। पूजा करने का सामान। पुजापा।

पुजवाना—क्रि० स० [हिं० पूजना का प्रे० रूप] १ पूजन कराना। पूजा करने में प्रवृत्त करना। आराधन कराना। जैसे,—हम अपने ठाकुर दूसरे से पुजवा लेंगे। २ अपनी पूजा कराना। पूजा प्रतिष्ठा लेना। जैसे,—ये देवता ऐसे हैं जो सबसे पुजवाते हैं। ३ अपनी सेवा शुश्रूषा कराना। आदर समान कराना। जैसे,—गाँवो मे साधु अपने को खूब पुजवाते हैं।

पुजाई¹—सज्ञा स्त्री० [हिं० √पूज + आई (प्रत्य०)] १ पूजने का भाव या क्रिया। जैसे, गगापुजाई। २ पूजने का दाम या मजदूरी।

पुजाई²—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूजना (= पूरा होना)] १ पूरा करने की क्रिया या भाव। २ पूरा करने की मजदूरी।

पुजाना¹—क्रि० स० [हिं० पूजना का प्रे० रूप] १ दूसरे से पूजा कराना। पूजा मे प्रवृत्त या नियुक्त करना। जैसे, पुजारी से ठाकुर पुजाना। २ अपनी पूजा प्रतिष्ठा कराना। आदर सम्मान प्राप्त करना। भेंट चढ़वाना। ३ धन वसूल करना। जैसे,—(क) गाँवों में बैरागी खूब पुजाते हैं। (ख) आज ५) उससे पुजाए।

संयो० क्रि०—लेना।

पुजाना²—क्रि० स० [हिं० पूजना (= पूरा होना, भरना)] १ भर देना। किसी घाव, गड्ढे आदि को बराबर करना। जैसे,—यह दवा घाव को बहुत जल्दी पुजा देगी।

संयो० क्रि०—देना।

२ पूरा करना। पूर्ति करना। कमी दूर करना। उ०—पहुचघू पटहीन सभा में कोटिन वसन पुजाए। —सूर (शब्द०)। ३ परिपूर्ण करना। सफल करना। उ०—करि विवाह ताही लै आयो। तासु मनोरथ सकल पुजायो।—सूर (शब्द०)।

पुजापा—सज्ञा पु० [सं० पूजा + ?] १ देवपूजन की सामग्री, जैसे, फूलपत्र, नैवेद्य, पचपात्र, अरघा इत्यादि। पूजा का सामान।

मुहा०—पुजापा फैलाना = (१) वस्तुओ को बिना किसी क्रम के इधर उधर फैलाकर रखना। (२) आडबर फैलाना। बखेडा फैलाना।

२ पूजा की सामग्री रखने की झोली। पुजाही।

पुजापेदानी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुजापा + फ़ा० दान (प्रत्य०)] पूजा का पात्र। उ०—घरेलू बरतन भाँडे प्राय मिट्टी के भाँति भाँति के प्रकार और आकृति के, बनाए जाते थे, जैसे, पुजापेदानी, पीने के आबखोरे आदि। —हिंदु० सभ्यता, पृ० २१।

पुजारी—सज्ञा पुं० [सं० पूजा + कारी] १ पूजा करनेवाला। जो पूजा करता हो। २ किसी देवमूर्ति की नियमित रूप से सेवा शुश्रूषा करनेवाला व्यक्ति।

पुजाही—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूजा + आही (प्रत्य०)] पूजन की सामग्री रखने की थैली या पात्र।

पुजेराⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पूजा + एरा (प्रत्य०)] दे० 'पुजारी'। उ०—जब यह बात पुजेरा कही। सरग सेन जिय मानी सही।—अध०, पृ० १०।

पुजेरीⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पूजा + एरी (प्रत्य०)] दे० 'पुजारी'। उ०—आप देव आप ही पुजेरी। आपुहि भोजन जेंवत ढेरी। —सूर (शब्द०)।

पुजेला†—सज्ञा पुं० [हिं० पूजा] दे० 'पुजारी'।

पुजैया¹—सज्ञा पुं० [हिं० पूजन + ऐया (प्रत्य०)] पुजारी। पूजा करनेवाला।

पुजैया²—सज्ञा पुं० [हिं० पूजना (=भरना)] पूरा करनेवाला। भरनेवाला।

पुजैया³—सज्ञा स्त्री० १ दे० 'पुजाई'। २ बाजे गाजे के साथ सपरिवार किसी देवता के गीत गाते हुए पूजन के निमित्त जाने की क्रिया।

पुजौना†—सज्ञा पुं० [हिं० पूजा + औना (प्रत्य०)] दे० 'पुजवना'।

पुजौरा—सज्ञा पुं० [हिं० पूजा + भार ?] १ पूजन। अर्चना। २ पूजा के समय देवता को अर्पित करने की सामग्री।

पुज्जनाⓊ¹—क्रि० स० [सं० पूजन] अर्चन करना। 'पूजना'। उ०—करि होय देव पुज्जे अपार। गो भूमि रत्थ हाटक सुढार। —ह० रासो, पृ० १५।

पुज्जनाⓊ²—क्रि० अ० [हिं० पूजना] पूरा होना। पूर्ण होना। पूजना। उ०—भय चद चद तन मन प्रसन। अस अभूत पुज्जिय रलिय। —पृ० रा०, ६।

पुट¹—सज्ञा पुं० [अनु० पुट पुट (छोटा = गिले का शब्द)] १. किसी वस्तु से तर करने या उसका हलका मेल करने के लिये डाला हुआ छींटा। हलका छिरकाव। जैसे,—(क) पकाते वक्त ऊपर से पानी का हलका पुट दे देना।

क्रि० प्र०—देना।

२ रंग या हलका मेल देने के लिये किसी वस्तु को घुले हुए रग या और किसी पतली चीज में डुबाना। बोर। जैसे—इसमें एक पुट लाल रग का दे दो। उ०—ज्यो बिन पुट पट गहत न रंग को, रग न रसै परै।—सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—देना।

३ बहुत हलका मेल। अल्प मात्रा में मिश्रण। भावना। जैसे, भाँग में सखिया का भी पुट है।

पुट[२]—संज्ञा पुं० [सं०] १ आच्छादन। ढाकनेवाली वस्तु। जैसे, रदपुट, नेत्रपुट। २ दोना। गोल गहरा पात्र। कटोरा। उ०—(क) पियत नैन पुट रूप पियूखा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जलपुट आनि धरो आँगन में मोहन नेक तौ लीजै।—सूर (शब्द०)। ३ दोने के आकार की वस्तु। कटोरे की तरह की चीज। जैसे, अजलिपुट। ४ मुँहबद बरतन। औषध पकाने का पात्र विशेष।

विशेष—दो हाथ लबा, दो हाथ चौडा, दो हाथ गहरा एक चौखूँटा गड्ढा खोदकर उसमें बिना पथे हुए उपले डाल दे। उपलो के ऊपर औषध का मुँहबद बरतन रख दे और ऊपर से भी चारों ओर उपले डालकर आग लगा दे। दवा पक जायगी। यह महापुट है। इसी प्रकार गड्ढे के विस्तार के के हिसाब से कपोतपुट, कौक्कुटपुट, गजपुट, भाडपुट, इत्यादि हैं, जैसे, सवा हाथ विस्तार के गड्ढे मे जो पात्र रखा जाय वह गजपुट है।

५ कटोरे के आकार के दो बराबर बरतनों को मुँह मिलाकर जोडने से बना हुआ बद घेरा। सपुट। ६ घोड़े की टाप। ७. अंतर्पट। अंतरौटा। ८ जायफल। ९ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण, एक मगण और एक यगण होता है। जैसे,—श्रवणपुट करी ना जान रानी। रघुपति कर याकी मीचु ठानी। १० कोश (को०)। ११ खाली जगह। रिक्त स्थान। जैसे, नासापुट, कर्णपुट (को०)। १२ कौटिल्य के अनुसार पोटली या पैकेट जिसपर मुहर की जाती थी।

पुटकद—संज्ञा पुं० [सं० पुटकन्द] कोलकद। बाराही कद।

पुटक—संज्ञा पुं० [सं०] कमल।

विशेष—शेष अर्थ पुट के समान।

पुटकिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पद्मिनी। कमलिनी। २ पद्मसमूह। ३. कमलो से भरा देश।

पुटकी[१]—संज्ञा स्त्री० [सं० पुटक (=दोना)] पोटली। गठरी।

पुटकी[२]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटपटाना (=मरना)] १ आकस्मिक मृत्यु। मौत जो एकबारगी आ पडे। २ वज्रपात। दवी आपत्ति। आफत। गजब।

मुहा०—(किसी पर) पुटकी पडना = (१) मौत आना। अकाल मृत्यु होना। (२) वज्र पडना। आफत आना। गजब गिरना (स्त्री० शाप)।

पुटकी[३]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पुट (=हलका मेल)] बेसन या आटा जो तरकारी के रसे में उसे गाढ़ा करने के लिये मिला दिया जाता है। आलन।

पुटग्रीव—संज्ञा पुं० [सं०] १ गगरा। कलसा। ताँबे का गगरा (को०)।

पुटन—संज्ञा पुं० [स०] आच्छादन करना।

पुटनो—संज्ञा स्त्री० [सं०] फेनी नाम की मिठाई।

पुटपरी†—संज्ञा स्त्री० [देशी] १ धतूरे की पुट दी हुई मदिरा। २ पगचपी। पैर पर चपी करने की क्रिया उ०—जीव नरेश अविद्या निद्रा सुख सज्या सोयो करि हेत। कर्म षवास पुटपरी लाई तातें बहुविधि भयो अचेत।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६४१।

पुटपाक—संज्ञा पुं० [स०] १ पत्ते के दोनों में रखकर औषध पकाने का विधान (वैद्यक)।

विशेष—पकाई जानेवाली औषध को गभारी, बरगद, जामुन, आदि के पत्तो में चारों ओर से लपेट दे और कसकर बाँध दे। फिर पत्तो के ऊपर गीली मिट्टी का अगुल दो अगुल मोटा लेप कर दे। फिर उस पिंड को उपले की आग में डाल दे। जब मिट्टी पककर लाल हो जाय तब समझे कि दवा पक गई। नेत्ररोगो में भी पुटपाक की रीति से औषध पकाकर उसका रस आँख में डालने का विधान है। स्निग्ध मांस और कुछ औषध लेकर द्रव पदार्थ मिलाकर पीस डाले फिर सबको ऊपर लिखित रीति से पकाकर उसका रस निचोडकर आँख मे डाले।

२ मुँहबद बरतन में दवा रखकर उसे गड्ढे के भीतर पकाने का विधान।

विशेष—भस्म बनाने के लिये धातुएँ प्राय इसी रीति से फूँकी जाती हैं।

३. पुटपाक द्वारा सिद्ध रस या औषध। उ०—रावण सो २६ राज सुभट रस सहित लक खल खलतो। करि पुटपाक नाकनायक हित घने घने घर घलतो।—तुलसी (शब्द०)।

पुटपीⓤ—संज्ञा पुं० [सं० पुट] सपुट। कली। पुट। उ०—कब पुटपी कब फुरनै आवै। कब नाभिकमल महँ जाय समावै।—प्राण०, पृ० २९।

पुटभेद—संज्ञा पुं० [सं०] १ जल का भँवर। २ एक प्रकार का वाद्य (को०)। ३ नगर। पत्तन।

पुटभेदक—संज्ञा पुं० [सं०] परतदार प्रस्तर जो आधा पुरसा खोदने पर जमीन के भीतर मिले। (बृहत्सहिता)।

विशेष—कहाँ खोदने से जल निकलेगा इसका विचार जिस उदकार्गल प्रकरण में है उसी में इसका उल्लेख है।

पुटभेदन—संज्ञा पुं० [सं०] नगर। पत्तन। उपनगर। कस्बा [को०]।

पुटरिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पोटली'।

पुटरी†—संज्ञा स्त्री० [स० पोटलिका] दे० 'पोटली'।

पुटलीⓤ**[१]**—संज्ञा स्त्री० [स० पट्ट, हिं० पटुली] दे० 'पटुली'। उ०—अक भरै पुटली पै बैठे मुख लखि जोव जिवावै।—घनानद, पृ० ४६८।

पुटली[२]†—संज्ञा स्त्री० [सं० पोटलिका] दे० 'पोटली'।

पुटालु—संज्ञा पुं० [स०] कोल कद। बाराही कद।

पुटास—संज्ञा पुं० [अं० पोटास] दे० 'पोटास'।

पुटिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सपुट। पुडिया। २ इलायची।

पुटित[१]—वि० [स०] १ जो सिमटकर दोने के आकार का हो गया हो। २ सकुचित। सुकडा हुआ। ३ फटा या फाडा हुआ। ४ सिला हुआ। ५ बद। ६ घृष्ट। घर्षित। चूर्णित (को०)।

७ आदि और अंत में किसी विशेष मंत्र या बीजाक्षर से युक्त (मंत्र, श्लोक आदि)।

पुटित[२]—संज्ञा पुं० हाथ की अंजलि (को०)।

पुटिया—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी मछली।

पुटियाना†—क्रि० स० [हिं० पुट + याना (प्रत्य०)] फुसलाकर अपने पक्ष में करना। स्वार्थसिद्धि के लिये किसी को अपने अनुकूल बनाना।

पुटी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुट] १ छोटा दोना। छोटा बटोरा। उ०—भरि भरि परन पुटी रचि रूरी। —तुलसी (शब्द०)। २ खाली स्थान जिसमें कोई वस्तु रखी जा सके। जैसे, चचुपुटी। ३ पुड़िया। ४ कौपीन। लँगोटी। ५ आच्छादन (को०)। (अन्य अर्थ 'पुट' शब्द के समान)।

पुटीन—संज्ञा पुं० [अं० पुटी] किवाड़ो मे शीशे बैठाने या लकड़ी के जोड़, छेद, दरार आदि भरने मे काम आनेवाला एक मसाला जो अलसी के तेल मे खरिया मिट्टी मिलाकर बनाया जाता है।

पुटोट्ज—संज्ञा पुं० [सं० पुट + उटज] सफेद छत्र। श्वेत छाता (को०)।

पुटोदक—संज्ञा पुं० [सं० पुट+उदक] जिसके भीतर जल हो—नारियल (को०)।

पुटोलाⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] एक प्रकार का रेशमी वस्त्र। पटोल। उ०—फाड़ि पुटोला धज करौं कामलड़ी पहिराउँ। जिहि जिहि भेषा हरि मिलै सोइ सोइ भेष कराउँ। —कबीर ग्र०, ११।

पुट्टी—संज्ञा स्त्री० [देश०] मछलियो के पकड़ने का झावा।

पुट्ठⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्ट, प्रा० पुट्ठ] दे० 'पीठ'। उ०—तिन पर तुट्टै बीज जौं जिन पर राज अरुट्ठ। राज काज समुह भिरन दई न कबहू पुट्ठ। —पृ० रा०, ५। ५।

पुट्ठा—संज्ञा पुं० [सं० पुष्ट या पृष्ठ] १ चूतड़ का ऊपरी कुछ कड़ा भाग। २ चौपायो विशेषत घोड़ो का चूतड़।

मुहा०—पुट्ठे पर हाथ न रखने देना = चचलता और तेजी के कारण सवार को पास न आने देना। (घोड़ो के लिये)।

३ घोड़ों की सख्या के लिये शब्द। जैसे,—(क) इस साल कितने पुट्ठे लाए? (ख) फी पुट्ठा १००) के हिसाब से दाम ले लो। ५ पुट्ठे पर का मजबूत चमड़ा। (चमार)।

पुट्ठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पुट्ठा] बैलगाड़ी के पहिए के घेरे का एक भाग जिसमे आरा और गज घुसे रहते हैं।

विशेष—किसी पहिए मे ४ किसी में ६ ऐसे भाग मिलकर पूरा घेरा बनाते हैं।

पुठवार[१]—क्रि० वि० [हिं० पुट्ठा] पीछे। बगल में। उ०—तुम सैन सजै पुठवार रहौ अब आयसु देहु न और सह्यौ। हम जाय जुरैं पहले उन सौं तुम गौर करौ लखि लोह बह्यौ।—सूदन (शब्द०)।

पुठवार[२]—संज्ञा पुं० [सं० पृष्ठ] दे० 'पुठवाल'—१। उ०—ठाढ़े खडे पुठवार, भली विधि लूटही।—कबीर श०, भा० २, पृ० १२२।

पुठवाल—संज्ञा पुं० [सं० पृष्ठक, हिं० पुट्ठा + वाला] १ चोरों के दल का वह बलिष्ठ आदमी जो सेंध के मुँह पर पहरे के लिये खड़ा रहता है। २ भले बुरे काम मे किसी का साथ देनेवाला। मददगार। पृष्ठरक्षक।

पुढⓊ†—संज्ञा स्त्री० [सं० पृष्ठ, प्रा० पुट्ठ] दे० 'पीठ'। उ०—जस छल जागणहार, घर पुट त्यागणहार घिन। अरुणानुज असवार कर छाया ज्यो सिर करै। —बाँकी० ग्र०, भा०३, पृ० ४५।

पुढ़ँग—संज्ञा पुं० [सं० पुटक] दे० 'पुटक'। उ०—पड़ै पुढ़ँग तहँ पेम की एक अखडी धार। हरिया हरिजन पीवसी दुनियाँ सुधी न सार। —राम० धर्म०, पृ० ६३।

पुड़ा[१]—संज्ञा पुं० [सं० पुट] [स्त्री० अल्पा० पुड़िया] बड़ी पुड़िया या बडल।

पुडा[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पुट्ठ] वह चमडा जिसमे ढोल मढ़ा जाता है।

पुड़िया—स्त्री० संज्ञा [सं० पुटिका, प्रा० पुडिया] १ मोड़ या लपेटकर सपुट के आकार का किया हुआ कागज या पत्ता जिसके भीतर कोई वस्तु रखी जाय। जैसे,—पसारी ने एक पुड़िया बाँधकर दी।

क्रि० प्र०—बाँधना।

२ पुड़िया मे लपेटी हुई दवा की एक खुराक या मात्रा। जैसे,—एक पुड़िया सुबह खाना एक शाम। ३. आधारस्थान। खान। भडार। घर। जैसे,—यह बुढिया आफत की पुड़िया है।

पुड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पुडा] वह चमडा जिससे ढोल मढ़ा जाता है। †२ दे० 'पुड़िया'। ३ पूड़ी।

पुण्य†[१]—संज्ञा पुं० [सं० पुण्य] दे० 'पुण्य'। उ०—पुण्य सो हुयो फल आज प्रापत आप दरसण वारणै।—रघु० रू०, पृ० १२६।

पुण[२]—क्रि० वि० [सं० पुन] पुन। फिर।

पुणगⓊ[१]—संज्ञा पुं० [सं० पन्नग] दे० 'पन्नग'। उ०—घर नीगुल दीवउ सजल, छाजइ पुणग न माइ।—ढोला, दू० ५०६।

पुणगⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पुटक, राज० पुडग] दे० 'पुटक'। उ०—दादू तृषा विना तनि प्रीति न उपजै सीतल निकट जल घरिया। जनम लगैं जिव पुणग न पीवै, निरमल दह दिस भरिया। —दादू०, पृ० ७२।

पुणचा†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पहुँचा'। उ०—पुणचा जडत जडाऊ पुणची कल आजान भुजा केयूर। —रघु० रू०, पृ० २५६।

पुणची†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पहुँची'। उ०—पुणचा जडत जडाऊ पुणची कल आजान भुजा केयूर।—रघु० रू०, पृ० २५६।

पुणिदⓊ—संज्ञा पुं० [सं० फणीन्द्र] फणीद्र। सर्प। उ०—मारू घूँघटि दिट्ठ मई, एता सहित पुणिद। कीर, भमर, कोकिल, कमल, चद, मयद, गयद।—ढोला०, दू० ४५५।

पुणि†—क्रि० वि० [सं० पुन.] दे० 'पुनि'।

पुण्य[1]—वि० [स०] १. पवित्र। २. शुभ। अच्छा। भला। ३ धर्म-विहित। जैसे, पुण्य काय। ४ गुणयुक्त (को०)। ५ न्याय-सगत (को०)। ६. अनुकूल। रुचि के अनुसार (को०)। सु दर। प्रिय (को०)। ७ मीठी या मधुर (गध)। ८ गभीर (को०)।

पुण्य[2]—सज्ञा पुं० १ वह कर्म जिसका फल शुभ हो। शुभादृष्ट। सुकृत। भला काम। धर्म का कार्य। जैसे,—दीनो को दान देना बड़े पुण्य का कार्य है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२ शुभ कर्म का सचय। जैसे,—ऐसा करने से बड़ा पुण्य होता है।

क्रि० प्र०—होना।

३ पवित्रता (को०)। ४ पशुओ को पानी पिलाने की नाँद (को०) ५ एक व्रत। दे० 'पुण्यक'—२।

पुण्यक—सज्ञा पुं० [स०] १ व्रत, अनुष्ठान आदि जिनसे पुण्य होता है। २. ब्रह्मवैवर्त पुराण के गणपति खड (अ० ३-४) मे कथित एक व्रत। वह व्रत या उपचार जो पुत्रवती स्त्री अपने पुत्र के कल्याण के लिये करती है। ३ विष्णु।

पुण्यकर्ता—वि० [स० पुण्यकर्तृ] दे० 'पुण्यकर्मा'।

पुण्यकर्मा—वि० [सं०] पुण्यकार्य करनेवाला व्यक्ति [को०]।

पुण्यकाल—सज्ञा पुं० [स०] दान पुण्य का समय।

पुण्यकीर्तन—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २ पुराणो का वाँचना [को०]।

पुण्यकीर्ति—वि० [स०] पवित्र कीर्तिवाला। पूजनीय [को०]।

पुण्यकृत्—वि० [सं०] पुण्य करनेवाला। धार्मिक। [को०]।

पुण्यक्षेत्र—सज्ञा पुं० [स०] १ वह स्थान जहाँ जाने से पुण्य हो। तीर्थ। २ आर्यावर्त का एक नाम (को०)।

पुण्यगध—सज्ञा पुं० [सं० पुण्यगन्ध] चपा। चपक।

पुण्यगधा—सज्ञा स्त्री० [स० पुण्यगन्धा] सोनजूही का फूल।

पुण्यगंधि—वि० [स० पुण्यगन्धि] खुशबूदार। सुगधित [को०]।

पुण्यगृह—सज्ञा पुं० [स०] १. अन्न सत्र। २ मदिर [को०]।

पुण्यजन—सज्ञा पु० [सं०] १ धर्मात्मा। सज्जन। २. राक्षस। ३ यक्ष।

पुण्यजनेश्वर—सज्ञा पु० [स०] कुबेर।

पुण्यजित—सज्ञा पुं० [स०] चद्रलोक, स्वर्ग लोक आदि (जिनकी प्राप्ति पुण्य द्वारा होती है)।

पुण्यतृण—सज्ञा पुं० [स०] श्वेत कुश [को०]।

पुण्यदर्शन[1]—वि० [स०] जिसके दर्शन से पुण्य हो। जिसके दर्शन-का फल शुभ या अच्छा हो।

पुण्यदर्शन[1]—सज्ञा पुं० नीलकठ। चाष पक्षी। (विजयादशमी के दिन इसके दर्शन से लोग पुण्य मानते हैं)।

पुण्यदुह—वि० [स० पुण्यदुह्] पुण्यदाता। आनद प्रदान करने-वाला [को०]।

पुण्यपुरुष—सज्ञा पुं० [सं०] पवित्रात्मा। पुण्यवान व्यक्ति [को०]।

पुण्यफल—सज्ञा पुं० [स०] १ पुण्य कर्मों का फल। २ वह व जिसमें लक्ष्मी निवास करती है [को०]।

पुण्यभाक्—वि० [स० पुण्यभाज्] पवित्र व्यक्ति। पवित्रात्मा [को०

पुण्यभू, पुण्यभूमि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ आर्यावर्त देश। पुत्रवती स्त्री।

पुण्ययोग—सज्ञा पुं० [स०] पूर्व जन्म मे किए हुए पुण्य कर्मो फल [को०]।

पुण्यलोक—सज्ञा पुं० [स०] स्वर्ग [को०]।

पुण्यवान्—वि० [सं० पुण्यवत्] [वि० स्त्री० पुण्यवती] पु करनेवाला। धर्मात्मा।

पुण्यविजित—वि० [स०] पुण्य से प्राप्त [को०]।

पुण्यशकुन—सज्ञा सं० [१ पक्षी जिसका दर्शन शुभ सगुन देनेव हो। २ शुभदायक शकुन [को०]।

पुण्यशील—वि० [सं०] पुण्य कार्य करनेवाला। धर्मनिष्ठ [को०]

पुण्यश्लोक[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० पुण्यश्लोका] जिसका सु चरित्र या यश हो। पवित्र चरित्र या आचरणवाला। जिस जीवनवृत्तात पवित्र और शिक्षादायक हो।

पुण्यश्लोक[1]—सज्ञा पुं० १ नल। २ युधिष्ठर। ३ विष्णु।

पुण्यश्लोका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सीता। २. द्रौपदी।

पुण्यस्थान—सज्ञा पुं० [सं०] १ पवित्र स्थान। तीर्थस्था २ जन्मकुडली मे लग्न से नवाँ स्थान जिसमे कुछ ग्रहं होने से पुण्यवान् या पुण्यहीन होने का विचार f जाता है।

पुण्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ तुलसी। २ पुनपुना नदी।

पुण्याई—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुण्य + आई (प्रत्य०)] पुण्य फल या पुण्य का प्रभाव। जैसे,—आज तो वह पुरखो पुण्याई से बच गया।

पुण्यात्मा—वि० [स० पुण्यात्मन्] जिसकी प्रवृत्ति पुण्य की हो। पुण्यशील। धर्मात्मा।

पुण्याह—सज्ञा पुं० [सं०] शुभ दिन। मगल का दिन।

पुण्याहवाचन—सज्ञा पुं० [स०] देवकार्य के अनुष्ठान के मगल के लिये 'पुण्याह' शब्द का तीन बार कथन।

पुण्योदय—सज्ञा पुं० [सं०] भाग्योदय। अच्छे दिनो आगमन [को०]।

पुत्—सज्ञा पुं० [सं०] एक नरक का नाम जिससे पुत्र होने उद्धार होता है।

पुतना[1]—क्रि० अ० [हिं० पोतना] पोता जाना। पुताई का होना।

पुतना[2]—सज्ञा स्त्री० [सं० पूतना] दे० 'पूतना'। उ०—प्यावत प्रानन हरे, पुतना बाल चरित्र।—नद पु० १८०।

पुतरा—सज्ञा पुं० [सं० पुत्तल] दे० 'पुतला'।

पुतरि ⑨—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्तली] नेत्र का काला अंश। उ०—नयन पुतरि करि प्रीति बढ़ाई।—मानस, २।५९।

पुतरिका ⑨—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्तलिका] दे० 'पुत्तलिका'।

पुतरिया‡—संज्ञा स्त्री० [हिं० पुतरी + इया (प्रत्य०)] दे० 'पुतरी'।

पुतरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्तली] गुड़िया। पुतली। उ०—बोलत हँसति, हरति छमि हियो। जनु विधि पुतरी मैं जिय दियो।—नंद० ग्र०, पृ० २२१। २. आँख का काला भाग। पुतली उ०—दृग जुग मन को मोहै। तिन संग पुतरी सोहै।—भिखारी० ग्र०, भा० १, पृ० १९०।

पुतला—संज्ञा पुं० [सं० पुत्तक, पुतल] [स्त्री० पुतली] १ लकड़ी, मिट्टी, धातु, कपड़े आदि का बना हुआ पुरुष का आकार या मूर्ति विशेषतः वह जो विनोद या क्रीड़ा (खेल) के लिये हो।

मुहा०—किसी का पुतला बाँधना = किसी की निंदा करते फिरना। किसी की अपकीर्ति फैलाना। बदनामी करना।

विशेष—भाट जिसके यहाँ कुछ नहीं पाते हैं उसके नाम का एक पुतला बाँस में बाँधकर घूमते हैं और उसे कजूस कह कहकर गालियाँ देते हैं। इस संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदास का यह पदांश द्रष्टव्य है,—तौ तुलसी पूतरा बाँधिहै।

२ शव की प्राप्ति न होने पर, आटा, सरपत आदि का बना हुआ आकार जो दाह किया जाता है। ३ जहाज के आगे का पुतला या तस्वीर। (लश०)।

पुतली—संज्ञा स्त्री० [हिं० पुतला] १ लकड़ी, मिट्टी, धातु, कपड़े आदि की बनी हुई स्त्री की आकृति या मूर्ति विशेषतः वह जो विनोद या क्रीड़ा (खेल) के लिये हो। गुड़िया। २ आँख का काला भाग जिसके बीच में वह छेद होता है जिससे होकर प्रकाश की किरणें भीतर जाती हैं और पदार्थों का प्रतिबिंब उपस्थित करती हैं। नेत्र के ज्योतिष्केंद्र के चारो ओर का कृष्णमंडल।

विशेष—दूसरे की आँख पर दृष्टि गड़ाकर देखनेवाले को इस काले मंडल के बीच के तिल में अपना प्रतिबिंब पुतली के आकार का दिखाई देता है इसी से यह नाम पड़ा।

मुहा०—पुतली उलटना या फिर जाना = (१) आँखें पथरा जाना। नेत्र स्तब्ध होना। (मरणचिह्न)। (२) घमंड हो जाना।

३. कपड़ा बुनने की कल या मशीन।

यौ०—पुतलीघर = वह स्थान जहाँ कपड़ा बुनने के लिये मशीनें बैठाई गई हों। कपड़ा बुनने की मिल।

४ किसी स्त्री की सुकुमारता और सुंदरता सूचित करने के लिये व्यवहृत शब्द। जैसे,—वह स्त्री क्या है पुतली है। ५. घोड़े की टाप का वह मांस जो मेढक की तरह निकला होता है।

पुताई—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोतना + आई (प्रत्य०) १ किसी गीली वस्तु की तह चढ़ाने का काम। पोतने की क्रिया या भाव। २ दीवार आदि पर मिट्टी, गोबर, चूने, आदि पोतने का काम। ३ पोतने की मजदूरी।

पुतारा—संज्ञा पुं० [हिं० पुतना, पोतना] १ किसी वस्तु के ऊपर पानी से तर कपड़ा फेरने की क्रिया। भीगे कपड़े से पोंछने का काम। २. पोतने का तर कपड़ा।

पुत्त ⑨—संज्ञा पुं० [सं० पुत्र, प्रा० पुत्त] १ दे० 'पुत्र'। २ 'पुतली'-१, २, ४।

पुत्तरी ⑨†—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्री] १ दे० 'पुत्री'।

पुत्तल—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० पुत्तली] पुतला।

यौ०—पुत्तलदहन। पुत्तलपूजा = मूर्तिपूजा। पुतले की पूजा। पुत्तलविधि। दे० 'पुत्तलदहन' (क्रम में)।

पुत्तलक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० पुत्तलिका] पुतला।

पुत्तलदहन—संज्ञा पुं० [सं०] ऐसे व्यक्ति का पुतला बनाकर जलाना जो कहीं अन्यत्र मर गया हो अथवा जिसका शव प्राप्त न हो [को०]।

पुत्तलि—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्तली] दे० 'पुतली'।

पुत्तलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पुतली। २. गुड़िया।

पुत्तली—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पुतली। २ गुड़िया।

पुत्ति ⑨—संज्ञा स्त्री० [सं० पुत्रि, प्रा० पुत्ति] दे० 'पुत्री'। उ०—तिह सुत्त नाँहि गृह पुत्ति दोइ। किय ब्याह कमध चहुआन सोइ।—पृ० रा०, १।६७१।

पुत्तिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार की मधुमक्खी। २. दीमक।

पुत्र—संज्ञा पु० [सं० पुत्र] [स्त्री० पुत्री] १ लड़का। बेटा।

विशेष—'पुत्र' शब्द की व्युत्पत्ति के लिये यह कल्पना की गई है कि जो पुन्नाम ['पुत्' नाम] नरक से उद्धार करे उसकी संज्ञा पुत्र है। पर यह व्युत्पत्ति कल्पित है। मनु ने बारह प्रकार के पुत्र कहे हैं—औरस, क्षेत्रज, दत्तक, कृत्रिम, गूढ़ोत्पन्न, अपविद्ध, कानीन, सहोढ़, क्रीत, पौनर्भव, स्वयंदत्त और शौद्ध। विवाहिता सवर्णा स्त्री के गर्भ से जिसकी उत्पत्ति हुई हो वह 'औरस' कहलाता है। औरस ही सबसे श्रेष्ठ और मुख्य पुत्र है। मृत, नपुंसक आदि की स्त्री देवर आदि से नियोग द्वारा जो पुत्र उत्पन्न करे वह 'क्षेत्रज' है। गोद लिया हुआ पुत्र दत्तक' कहलाता है। किसी पुत्र गुणों से युक्त व्यक्ति को यदि कोई अपने पुत्र के स्थान पर नियत करे तो वह 'कृत्रिम' पुत्र होगा। जिसकी स्त्री को किसी स्वजातीय या घर के पुरुष से ही पुत्र उत्पन्न हो, पर यह निश्चित न हो कि किससे, तो वह उसका 'गूढ़ोत्पन्न' पुत्र कहा जायगा। जिसे माता पिता दोनों ने या एक ने त्याग दिया हो और तीसरे ने ग्रहण किया हो वह उस ग्रहण करनेवाले का 'अपविद्ध' पुत्र होगा। जिस कन्या ने अपने बाप के घर कुमारी अवस्था में ही गुप्त संयोग से पुत्र उत्पन्न किया हो उस कन्या का वह पुत्र उसके विवाहिता पति का 'कानीन' पुत्र कहा जायगा। पहले से गर्भवती कन्या का जिस पुरुष के साथ विवाह होगा गर्भजात पुत्र उस पुरुष का 'सहोढ़' पुत्र होगा। माता पिता को मूल्य देकर जिसे मोल लें वह मोल लेनेवाले का 'क्रीत'

पुत्र कहा जायगा। पति द्वारा त्यागी जाकर अथवा विधवा आ स्वेच्छाचारिणी होकर जो परपुरुष सयोग द्वारा पुत्र उत्पन्न करे वह पुत्र उस पुरुष का 'पौनर्भव' पुत्र होगा। मातृपितृविहीन अथवा माता पिता का त्यागा हुआ यदि किसी से आप आकर कहे कि 'मैं आपका पुत्र हुआ' तो वह 'स्वयदत्त' पुत्र कहलाता है। विवाहिता शूद्रा और ब्राह्मण के सयोग से उत्पन्न पुत्र ब्राह्मण का 'पार्शव' या 'शौद्र' पुत्र कहलाएगा।

२ प्रिय बालक। प्यारा बच्चा (को०)। ३ पशुओं का छोटा बच्चा (को०)। ४ अपने वर्ग की साधारण या छोटी वस्तु। जैसे, शिलापुत्र, असिपुत्र (समासात में प्रयुक्त)। ५ कुडली में जन्मलग्न से पाँचवाँ स्थान (को०)।

पुत्रकदा—सज्ञा स्त्री० [स० **पुत्रकन्दा**] लक्ष्मणकद जिसके सेवन से गर्भदोष दूर होते हैं।

शिशुपत्र, पुत्रक—सज्ञा पुं० [स०] १ पुत्र पुत्रसम। शिशुपुत्र बेटा। २ पतग। फतिगा। टिड्डी। ३ दाने का पौधा। ४ एक प्रकार का चूहा (शरभ) जिसके काटने से बडी पीडा और सूजन होती है। ५ गुड्डा। पुत्तलक (को०)। ६ दयनीय व्यक्ति। दया करने योग्य व्यक्ति (को०)। ७ बाल। केश (को०)। ८ धोखेबाज या धूर्त व्यक्ति (को०)। ९ एक पर्वत का नाम (को०)। १० एक विशेष वृक्ष (को०)।

पुत्रकर्म—सज्ञा पुं० [स० **पुत्रकर्मन्**] पुत्रजन्मोत्सव। पुत्रोत्पत्ति पर किया जानेवाला उत्सव [को०]।

पुत्रका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पुत्रिका' [को०]।

पुत्रकाम—वि० [स०] जिसे पुत्र की कामना हो (को०)।

पुत्रकामेष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक यज्ञ जो पुत्रप्राप्ति की इच्छा से किया जाता है।

पुत्रकाम्या—सज्ञा स्त्री० [स०] पुत्रप्राप्ति की कामना [को०]।

पुत्रकार्य—सज्ञा पुं० [स०] पुत्र सबधी सस्कार। पुत्र सबधी उत्सव [को०]।

पुत्रकृत् पुत्रकृतक—सज्ञा पुं० [सं०] माना हुआ पुत्र। दत्तक पुत्र [को०]।

पुत्रघ्नी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक योनिरोग जिसके कारण गर्भ नहीं ठहरता।

पुत्रजग्धो—सज्ञा स्त्री० [स०] ऐसी स्त्री जो अपने बच्चों को स्वय खा जाय [को०]।

पुत्रजात—वि० [स०] जिसको पुत्र पैदा हुआ हो [को०]।

पुत्रजीव—सज्ञा पुं० [स०] इगुदी से मिलता जुलता एक बडा और सुदर पेड जो हिमालय से लेकर सिहल तक होता है। जियापोता।

विशेष—इसकी लकडी बडी और मजबूत होती है। यह चैत वैसाख में फूलता है। फल भी इसके इगुदी के फलो के ऐसे होते है। बीज सूखकर रुद्राक्ष की तरह हो जाते हैं, इससे बहुत से साधु उसकी माला पहनते हैं। बीजो से तेल भी निकलता है जो जलाने के काम मे आता है। छाल, बी और पत्ते दवा के काम में आते है। वैद्यक में पुत्रजीव भा वीर्यवर्धक, गर्भदायक कफकारक, मलमूत्रकारक, रूखा औ शीतल माना जाता है।

पर्या०—जियापोता। पुतजिया। पवित्र। गभद। सिद्धिद यष्टीपुष्प।

पुत्रजीवक—सज्ञा पुं० [सं०] पुत्रजीव नामक वृक्ष।

पुत्रदा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वध्या कर्कोटकी। बाँझ ककोडा खेखसा। २ लक्ष्मणा कद। ३ सफेद भटकटैया। श्वे कटकारि। ४ जीवती।

पुत्रदात्री—सज्ञा स्त्री० [स०] १ एक लता जो मालवा में हो है। इसके सेवन से पुत्रप्राप्ति होती है। २ श्वेत कटकारि।

पुत्रधर्म—सज्ञा पुं० [सं०] पुत्र का कर्तव्य [को०]।

पुत्रपौत्रीण—वि० [सं०] पुत्र से पौत्र तक क्रमश प्राप्त या प्रचलित आनुवशिक। वशपरपरागत [को०]।

पुत्रप्रतिनिधि—सज्ञा पुं० [स०] पुत्र का स्थानापन्न। दत्त पुत्र [को०]।

पुत्रप्रदा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ श्वेतकटकारि। २ क्षविका।

पुत्रप्रवर—सज्ञा पु० [स०] पुत्रो में श्रेष्ठ पुत्र। ज्येष्ठ पुत्र। सब बडा लडका [को०]।

पुत्रप्रसू—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पुत्रसू'।

पुत्रभद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] बडी जीवती।

पुत्रभाड—सज्ञा पुं० [सं० **पुत्रभाण्ड**] पुत्र का प्रतिनिधि। वह पुत्र का स्थानापन्न हो [को०]।

पुत्रभाव—सज्ञा पु० [स०] १ पुत्र का भाव। पुत्रत्व। २ फ ज्योतिष मे लग्न से पचम स्थान का विचार जिसके द्वा ज्योतिषी यह निश्चित करते हैं कि किसके कितने पुत्र कन्याएँ होगी।

पुत्रलाभ—सज्ञा पुं० [स०] पुत्र का जन्म लेना। पुत्रप्राप्ति।

पुत्रवती—सज्ञा स्त्री० [स०] जिसके पुत्र हो। पुत्रवाली। पूती उ०—पुत्रवती जुवती जग सोई। रघुपति भगतु जासु सु होई।—मानस, २।७५।

पुत्रवधू—सज्ञा स्त्री० [स०] पुत्र की स्त्री। पतोहू। पुतऊ।

पुत्रशृगी—सज्ञा स्त्री० [सं० **पुत्रशृङ्गी**] मेढ़ा। अजशृगी।

पुत्रश्रेणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] मुसाकानी।

पुत्रसख—सज्ञा पुं० [स०] वह जो बच्चो को बहुत अधिक चाहता हो। बच्चो का मित्र [को०]।

पुत्रसप्तमी—सज्ञा स्त्री० [स०] आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की सप्त तिथि [को०]।

पुत्रसहम—सज्ञा पुं० [स० **पुत्र** + अ० **सहम**] नीलकठ ताजिक जो ५० प्रकार के सहम कहे गए हैं उनमे से एक।

विशेष—बृहस्पतिस्फुट में से चद्रस्फुट निकाल लेने मे जो बचे उसे लग्नस्फुट के साथ जोडने से पुत्रसहम आता है इसके द्वारा पुत्रलाभ आदि का विचार किया जाता है।

पुत्रसू—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुत्र की माँ [को०]।

पुत्राचार्य—वि० [सं०] पुत्र को गुरु माननेवाला [को०]।

पुत्रादिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अप्राकृतिक माँ। अपनी संतानों को खा जानेवाली माँ। २ व्याघ्री [को०]।

पुत्रादी—वि० [सं० पुत्रादिन्] [वि० स्त्री० पुत्रादिनी] पुत्रभक्षक। बेटे को खानेवाला। (गाली)।

पुत्रान्नाद्—वि० [सं०] पुत्र से भरणपोषण प्राप्त करनेवाला। पुत्र की आजीविका पर जीनेवाला। कुटीचक [को०]।

पुत्रार्थी—वि० [सं० पुत्रार्थिन्] [वि० स्त्री० पुत्रार्थिनी] पुत्र की कामना करनेवाला। पुत्र चाहनेवाला [को०]।

पुत्रिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ लड़की। बेटी। उ०—जनक सुखद गीता। पुत्रिका पाइ सीता।—केशव (शब्द०)। २ पुत्र के स्थान पर मानी हुई कन्या।

विशेष—मनुस्मृति नवम अध्याय में कहा है कि जिसे पुत्र न हो वह कन्या को इस प्रकार पुत्र रूप से ग्रहण कर सकता है। विवाह के समय वह जामाता से यह निश्चय कर ले कि 'कन्या का जो पुत्र होगा वह मेरा 'स्वधाकर' अर्थात् मुझे पिंड देनेवाला और मेरी संपत्ति का अधिकारी होगा।

३. गुड़िया। मूर्ति। पुतली। ४ आँख की पुतली। उ०—महादेव की नेत्र की पुत्रिका सी। कि सशाम की भूमि में चंद्रिका सी।—केशव (शब्द०)। ५ स्त्री की तसवीर। उ०—चित्र की सी पुत्रिका की रूरे बगरूरे माहिं, शबर छोडाय लई कामिनी की काम की।—केशव (शब्द०)। ६ (समासांत में) अपने वर्ग की छोटी या तुच्छ वस्तु। जैसे, असिपुत्रिका, खड्गपुत्रिका [को०]।

पुत्रिकापुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ कन्या का पुत्र जो पुत्र के समान माना गया हो और संपत्ति का अधिकारी हो। २ दौहित्र [को०]।

पुत्रिकाभर्ता—संज्ञा पुं० [सं० पुत्रिकाभर्तृ] जामाता। दामाद [को०]।

पुत्रिकासुत—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पुत्रिकापुत्र' [को०]।

पुत्रिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह स्त्री जिसको पुत्र हों। पुत्रवती स्त्री। २ एक परपुष्ट लता [को०]।

पुत्रिय—वि० [सं०] पुत्र से संबंधित। पुत्रविषयक [को०]।

पुत्री[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ कन्या। लड़की। बेटी। २ दुर्गा [को०]।

पुत्री[2]—वि० [सं० पुत्रिन्] [वि० स्त्री० पुत्रिणी] पुत्रवाला। जिसे पुत्र हो।

पुत्रीय—वि० [सं०] पुत्र का। पुत्र संबंधी। पुत्रिय [को०]।

पुत्रीया—स्त्री० स्त्री० [सं०] पुत्रप्राप्ति की कामना [को०]।

पुत्रेप्सु—वि० [सं०] पुत्र की कामना करनेवाला [को०]।

पुत्रेष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ जो पुत्रलाभ की इच्छा से किया जाता है।

पुत्रेष्टिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पुत्रेष्टि' [को०]।

पुत्रेषणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुत्रकामना। पुत्रेच्छा [को०]।

पुत्र्य—वि० [सं०] पुत्र संबंधी। पुत्रीय [को०]।

पुदीना—संज्ञा पुं० [फा० पोदीनह्] एक छोटा पौधा जो या तो जमीन पर ही फैलता है अथवा अधिक से अधिक एक या डेढ़ बीता ऊपर जाता है।

विशेष—इसकी पत्तियाँ दो ढाई अंगुल लंबी और डेढ़ पौने दो अंगुल तक चौड़ी तथा किनारे पर कटावदार और देखने में खुरदरी होती हैं। पत्तियों में बहुत अच्छी गंध होती है इससे लोग उन्हें चटनी आदि में पीसकर डालते हैं। पुदीने को प्रायः डठलों से ही लगाते हैं, उसका बीज नहीं बोते। पुदीने का फूल सफेद होता है और बीज छोटे छोटे होते हैं। पुदीना तीन प्रकार का होता है—साधारण, पहाड़ी और जलपुदीना। जलपुदीने की पत्तियाँ कुछ बड़ी होती हैं। पुदीना रुचिकारक, अजीर्णनाशक और वमन को रोकनेवाला है। यह पौधा हिंदुस्तान में बाहर से आया है, प्राचीन ग्रंथों में इसका उल्लेख नहीं है। यह पिपरमिंट की जाति का ही पौधा है।

पुद्गल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ जैनशास्त्रानुसार ६ द्रव्यों में से एक। जगत् के रूपवान् जड़ पदार्थ। स्पर्श, रस और वर्णवाला पदार्थ।

विशेष—जैन दर्शन में षड्द्रव्य माने गए हैं—जीवास्तिकाय, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय और काल।

२ शरीर। देह। (बौद्ध)। ३ परमाणु। ४ आत्मा। ५ गधतृण। ६ शिव [को०]।

पुद्गल—वि० सुंदर। प्यारा। सलोना [को०]।

पुद्गलास्तिकाय—संज्ञा पुं० [सं०] संसार के सब रूपवान जड़ पदार्थों की समष्टि।

पुन.—अव्य० [सं० पुनर्, पुन] १ फिर। दोबारा। दूसरी बार। २ उपरांत। पीछे। अनंतर।

विशेष—संस्कृत व्याकरण के अनुसार विभिन्न वर्णों का योग होने पर यह पुन, पुनर् और पुनश् आदि रूपों में परिवर्तित होता है।

पुनःकरण—संज्ञा पुं० [सं०] फिर से करना। पुन करना [को०]।

पुनःक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पुनःकरण'।

पुनःखुरी—संज्ञा पुं० [सं० पुनस्खुरिन्] घोड़ों के पैर का एक रोग जिसमें उनकी टाप फैल जाती है और वे लड़खड़ाते चलते हैं।

पुनःपाक—संज्ञा पुं० [सं०] किसी वस्तु को फिर से पकाना या पकाया जाना [को०]।

पुनःपुनः—क्रि० वि० [सं०] बार बार।

पुनःपुना—संज्ञा स्त्री० [सं०] गया की पुनपुना नदी।

पुनःप्रतिनिर्वर्तन—संज्ञा पुं० [सं०] वापस आना। लौट आना [को०]।

पुनःप्रमाद—संज्ञा पुं० [सं०] दुबारा उपेक्षा या लापरवाही करना [को०]।

पुनःसंगम—संज्ञा पुं० [सं० पुनस्संगम] फिर से मिलना। पुनर्मिलन।

पुन'सधान—सज्ञा पुं० [सं० पुन सन्धान] अग्निहोत्र को फिर से जलाना [को०]।

पुनःसस्कार—सज्ञा पुं० [स०] फिर से किया जानेवाला सस्कार। उपनयन आदि सस्कार जो फिर से किए जायँ।

विशेष—जैसे, अनजाने अभक्ष्य, मलमूत्र, मद्य लगा हुआ अन्न आदि मुँह में पड जाने से ब्राह्मण का फिर से उपनयन होना चाहिए। इस पुन सस्कार में शिरोमुंडन, मेखला, दड, भैक्ष्य और ब्रह्मचर्य की आवश्यकता नहीं होती।

पुन.संस्कृत—वि० [सं०] पुन संस्कारयुक्त। फिर से सुधारा या ठीक किया हुआ।

पुन.स्थापन—सज्ञा पुं० [सं०] फिर से स्थापित करना। पुन' प्रतिष्ठा करना।

पुना[1]—अव्य० [स० पुन] दे० 'पुन'। उ०—पुन भविष्य आदुर्भाव मे पुष्कर क्षेत्र की उतपति की वर्नन है —पौद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४८४।

पुना[2]—सज्ञा पु० [सं० पुण्य] पुण्य। धर्म। सवाब।

पुनना—क्रि० स० [हिं० पूरना] बुरा भला कहना। उघटना। बखानना। बुराई खोल खोलकर कहना (स्त्रि०)।

पुनपुन†, पुनपुना—सज्ञा स्त्री० [स० पुन पुना] बिहार या मगध की एक छोटी नदी जो गया से बहती है और पवित्र मानी जाती है। इसके किनारे लोग पिंडदान करते हैं। वर्षा को छोड और ऋतुओं में इसमें जल नही रहता।

पुनरपागम—सज्ञा पुं० [स० पुनर् + अपागम] फिर से चले जाना [को०]।

पुनरपि—क्रि० वि० [स०] फिर भी। बार बार।

पुनरबस(पु)†—सज्ञा पुं० [स० पुनर्वसु] दे० 'पुनर्वसु'।

पुनरबसु(पु)†—सज्ञा पुं० [स० पुनर्वसु] दे० 'पुनर्वसु'।

पुनरागत—वि० [सं०] वापिस आया हुआ। लौटा हुआ [को०]।

पुनरागम, पुनरागमन—सज्ञा पु० [सं०] १ फिर से या पुन आना। आना। दोबारा आना। २ ससार मे फिर आना। पुन फिर जन्म लेना।

पुनरागामी—वि० [सं० पुनरागामिन्] [वि० पुनरागामिनी] फिर से आ जानेवाला। लौटनेवाला।

पुनराजाति—सज्ञा स्त्री० [स०] फिर से जन्म लेना [को०]।

पुनरादि—वि० [सं०] पुन प्रारभ करनेवाला [को०]।

पुनराधान—सज्ञा पुं० [स०] श्रौत या स्मार्त अग्नि का फिर से ग्रहण। फिर से अग्निस्थापन।

विशेष—पत्नी की मृत्यु हो जाने पर उसके दाहकर्म में अग्नि अर्पित करके गृहस्थ फिर से विवाह और अग्नि ग्रहण कर सकता है।

पुनराधेय—सज्ञा पुं० [सं०] फिर से अग्निस्थापन [को०]।

पुनरानयन—सज्ञा पु० [सं०] फिर से ले आना। वापिस लौटा लाना [को०]।

पुनरालंभ—सज्ञा पुं० [सं० पुनरालम्भ] पुन ग्रहण करना। पुनः स्वीकरण।

पुनरावर्त—सज्ञा पुं० [स०] १ लौटना। २ पुनर्जन्म [को०]।

पुनरावर्तक—वि० [सं०] बार बार आनेवाला (ज्वर आदि)।

पुनरावर्तन—सज्ञा पुं० [सं०] पुन होना। फिर पूर्वस्थिति व आना। उ०—कभी कभी हम वही देखते पुनरावर्तन। उ मानते नियम चल रहा जिसमे जीवन।—कामायनी पृ० १६१।

पुनरावर्ती—वि० [सं० पुनरावर्तिन] १ पुन जन्म लेनेवाला। फिर से होनेवाला। फिर पूर्व की स्थिति में आनेवाला उ०—गत यदि पुनरावर्ती होता तो हो जाता जीवन नि नव।—अपलक, पृ० ८।

पुनरावृत्त—वि० [स०] १ फिर से घूमा हुआ। फिर से घूमव आया हुआ। २ दोहराया हुआ। फिर से किया कहा हुआ।

पुनरावृत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ फिर से घूमना। फिर से घू कर आना। २ किए हुए काम को फिर करना। दोहरान ३ पुन पाठ। एक बार पढकर फिर पढना। दोहराना।

पुनरुक्त[1]—वि० [सं०] १ फिर से कहा हुआ। २ एक बार कहा हुआ। जो फिर कहा गया हो।

पुनरुक्त[2]—सज्ञा पुं० दुबारा कहना [को०]।

पुनरुक्तवदाभास—सज्ञा पुं० [सं०] वह शब्दालकार जिसमें सुनने से पुनरुक्ति सी जान पडे परतु यथार्थ मे न हो। जैसे, वदनीय केहि के नहीं वे कविद मति मान। गए हू काव्यरस जिनको जगत जहान। इसमे 'जगत' 'जहान' इन दोनो शब्दो के प्रयोग मे पुनरुक्ति जान पड है, पर है नहीं, क्योकि 'जगत' का अर्थ है —जगना है।

पुनरुक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक बार कही हुई बात को फि कहना। कहे हुए वचन को फिर लाना।

विशेष—साहित्य की दृष्टि से रचना का यह एक दोष म जाता है।

पुनरुज्जीवित—वि० [सं० पुनर् + उज्जीवित] जिसे फिर से जी प्राप्त हुआ हो। जो फिर जी उठा हो।

पुनरुत्थान—सज्ञा पुं० [स०] पुन. उठना। फिर से उन्नति क [को०]।

पुनरुत्थित—वि० [स० पुनर् + उत्थित] फिर से उठा हुआ [को०]।

पुनरुद्धार—सज्ञा पुं० [स०] मरम्मत कराना। सुधार कराना। ज शीर्ण (भवनादि) को ठीक कराना।

पुनरुद्गमन—सज्ञा पुं० [स०] लौटना। फिर से जाना [को०]।

पुनरूढा—वि० स्त्री० [स०] (स्त्री) जिसका फिर से विवाह हो [को०]।

पुनरोपी(पु)—क्रि० वि० [स० पुनरपि] दे० 'पुनरपि'। उ० मित्त पुनरोपि चित्तयं वसय।—पृ० रा०, २५।३७७।

पुनर्गेय—वि० [स०] १ जो फिर से गाया गया हो। २ जो फिर से गाया जय। पुन गान योग्य [को०]।

पुनर्ग्रहण—सज्ञा पु० [सं०] १ पुनरुक्ति। २ बार बार ग्रहण या लेना।

पुनर्जन्म—सज्ञा पुं० [सं०] मरने के बाद फिर दूसरे शरीर में उत्पत्ति। एक शरीर छूटने पर दूसरा शरीर धारण।

पुनर्जन्मा—सज्ञा पुं० [स० पुनर्जन्मन्] ब्राह्मण [को०]।

पुनर्जागरण—सज्ञा पुं० [स० पुनर्+जागरण] १ पुन जगना। पुनरुत्थान। २ युरोपीय इतिहास का एक युगविशेष। प्राचीन का गौरवगान और उसकी पुन स्थापना इस प्रवृत्ति की प्रमुख विशेषता है।

पुनर्जात—वि० [स०] फिर से जन्म लेनेवाला [को०]।

पुनर्डीन—सज्ञा पुं० [स०] पक्षियो के उडने का एक प्रकार [को०]।

पुनर्णव—सज्ञा पु० [स०] नख। नाखून।

पुनर्दाय—सज्ञा पु० [सं०] फिर से दे देना। लौटा देना [को०]।

पुनर्नव[1]—वि० [सं०] जो फिर से नया हो गया हो।

पुनर्नव[2]—सज्ञा पुं० दे० 'पुनर्णव'।

पुनर्नवा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक छोटा पौधा जिसकी पत्तियाँ चौलाई की पत्तियो की सी गोल गोल होती हैं।

विशेष—फूलों के रग के भेद से यह पौधा तीन प्रकार का होता है—श्वेत, रक्त और नील। श्वेत पुनर्नवा को विषखपरा और रक्त पुनर्नवा को साँठ या गदहपूरना कहते हैं। श्वेत पुनर्नवा या विषखपरे का पौधा जमीन पर फैला होता है, ऊपर की ओर बहुत कम जाता है। फूल सफेद होते हैं। साँठ या गदहपूरना ऊसर और कँकरीली जमीन पर अधिक होती है। फूल लाल होते हैं, डठल लाल होते हैं और पत्तियाँ भी किनारे पर कुछ ललाई लिए होती हैं। पुनर्नवा की जड मूसला होती है और नीचे दूर तक गई होती है। औषध में इसी जड का व्यवहार अधिकतर होता है पुनर्नवा कडवी, गरम, चरपरी, कसैली, रुचिकारक, अग्निदीपक, रूखी, खारी, दस्तावर, हृदय और नेत्र को हितकारी, तथा सूजन, कफ, वात, खाँसी ववासीर, सूल, पाडु रोग इत्यादि को दूर करनेवाली मानी जाती है। नेत्ररोगो में तो यह बहुत उपकारी मानी जाती है। इसकी जड़ को पीते भी हैं और घिसकर घी आदि के साथ अजन की तरह लगाते भी हैं। ऐसा प्रसिद्ध है कि इसके सेवन से आँखें नई हो जाती हैं।

पर्या०—(क) श्वेत पुनर्नवा। श्वेतमूला। कठिल्ल। चिरांटिका। वृश्चीरा। सितवर्षाभू। वर्षाणी। वर्षाही। विसाख। शशिवाटिका। पृथ्वा। घनपत्र। शोथघ्नी। दीर्घपत्रिका।

(ख) रक्त पुनर्नवा। रक्तपत्रिका। रक्तकाड। वर्षकेतु। वर्षाभू। रक्तपुष्पा। लोहिता। क्रूरा। मडलपत्रिका। चिकस्वरा। विषघ्नी। सारिणी। शोथघ्न। भौमा। पुनर्भव। नव। नव्य।

(ग) नीलपुनर्नवा। नीला। श्यामा। नीलवर्षाभू। नीलिनी।

पुनर्पिⓊ†—अव्य [सं० पुनरपि] फिर। दुबारा। उ०—मनु निर्मलु सूचा सचु होई, नानक इतरसि पुनपि जन्म न होई। —प्राण०, पृ० २३५।

पुनर्भव[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ फिर होना। पुनर्जन्म। २ नख। नाखून। ३ रक्तपुनर्नवा।

पुनर्भव[2]—वि० जो फिर हुआ हो। फिर उत्पन्न।

पुनर्भाव—सज्ञा पुं० [स०] नया जन्म। पुनर्जन्म [को०]।

पुनर्भू—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह विधवा स्त्री जिसका विवाह पहले पति के मरने पर दूसरे पुरुष से हो।

विशेष—मिताक्षरा के अनुसार पुनर्भू तीन प्रकार की होती हैं। जिसका पहले पति से केवल विवाह भर हुआ हो, समागम न हुआ हो, दूसरा विवाह होने पर वह अक्षतयोनि स्त्री प्रथमा पुनर्भू होगी। विधवा हो जाने पर जिसके चरित्र के बिगडने का डर गुरुजनो को हो उसका यदि वे पुनर्विवाह कर दें तो वह द्वितीया पुनर्भू होगी। विधवा होकर व्यभिचार करनेवाली स्त्री का यदि फिर विवाह कर दिया जाय तो वह तृतीया पुनर्भू होगी।

पुनर्भोग—सज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्व कर्म के फलो (सुख दु.ख आदि) का भोग। २ किसी वस्तु का पुन प्राप्त होना [को०]।

पुनर्वसु—सज्ञा पुं० [सं०] सत्ताईस नक्षत्रों में से सातवाँ नक्षत्र। दे० 'नक्षत्र'। २ विष्णु। ३ शिव। ४ कात्यायन मुनि। ५ एक लोक।

पुनर्विभाजन—सज्ञा पुं० [सं०] विभाजित वस्तु को फिर विभाजित करना।

पुनर्वार—क्रि० वि० [स० पुनर्+वार] दुबारा। फिर से। उ०—पुनर्वार गाएँ नूतन स्वर, नव कर से दे ताल, चतुर्दिक् छा जाए विश्वास।—अनामिका, पृ० ६७।

पुनर्विवाह—सज्ञा पुं०[सं०]फिर से विवाह या परिणयन करना [को०]।

पुनवतीⓊ—वि० स्त्री [स० पुण्यवती] पुण्यवाली। भाग्यवाली। पुण्यात्मा। उ०—किहि पुनवती सामुहउ, म्हु उपराठउ आज।—ढोला०, दू० ३५०।

पुनवाँसी—सज्ञा स्त्री० [स० पूर्णमासी] पूर्णिमा। पूनो। पूर्णमासी। उ०—खासी परकासी पुनवाँसी चद्रिका सी जाके, वासी अविनासी अघनासी ऐसी कासी है।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८२।

पुनश्च—क्रि० वि० [सं०] पुन। फिर [को०]।

पुनश्चर्वण—सज्ञा पुं० [स०] पागुर। पगुरी। जुगाली [को०]।

पुनाग—सज्ञा पुं० [सं० पुन्नाग] दे० 'पुन्नाग' (वृक्ष)। उ०—साल ताल हिंताल तमालन बजुल धवा पुनागा। —श्याम०, पृ० ११८।

पुनाराज—सज्ञा पुं० [सं० पुनर्राज] नया नरेश। नया राजा [को०]।

पुनिⓊ†—क्रि० वि० [सं० पुन] १ फिर। तदनतर। उसके बाद। उ०—(क) पुनि रघुपति बहुविधि समझाए। —मानस, ७।६५। पुनि पुष्पक चढ़ि कपिन समेता। —मानस, ७६८। २ फिर से। दोबारा।

मुहा०—पुनि पुनि = बार बार। उ०—पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारा।—तुलसी (शब्द०)।

पुनिम—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णिमा] दे० 'पूर्णिमा'। उ०—उठ उठ माधव कि सुतसि मद, गहन लाग देख पुनिम क चद। —विद्यापति, पृ० ६५।

पुनिमासी—संज्ञा स्त्री० [स० पूर्णिमासी] दे० 'पूर्णमासी'। उ०—चहुआँन राह लग्गन फिरयो, पूरन पुनमासी सगुर। —पृ० रा०, १६। १७८।

पुनी[1]—संज्ञा पुं० [सं० पुण्य, हि० + पुन + ई (प्रत्य०)] पुण्य करनेवाला। पुण्यात्मा। उ०—सब निर्दभ, धर्मरत पुनी। नर अरु नारि चतुर सब गुनी।—तुलसी (शब्द०)।

पुनी[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्ण, या पूर्णिमा] पूर्णिमा। पूनो। उ०—चित्र में बिलोकत ही लाल को बदन बाल, जीते जेहि कोटि चद शरद पुनीन को।—मतिराम (शब्द०)।

पुनी[3]—क्रि० वि० [हिं०] दे० 'पुनि'। उ०—मानस बचन काय किए पाप सति भाय राम को कहाय दास दगाबाज पुनी सो। —तुलसी (शब्द०)।

पुनीत—वि० [सं०] पवित्र किया हुआ। पवित्र। पाक।

पुनीतव—वि० [सं० पुण्यतम या हि०] दे० 'पुनीत'। उ०—जरतकार जाजुल्लि परासुर परम पुनीतव।—ह० रासो, पृ० १०।

पुन्नु†—अव्य० [सं० पुन] दे० 'पुन'। उ०—जलो डिठि का ओल एहि मति तोर, पुनु हेरसि किए परि गोरि।—विद्यापति, पृ० २६६।

पुन्न†—संज्ञा पुं० [स० पुण्य, प्रा० पुण्ण, पुन्न] दे० 'पुण्य'। उ०—तिरथ व्रत तप दान पुन्न, होम जज्ञ सोइ।—जग० श०, भा० २, पृ० ८१।

पुन्नक्षत्र—संज्ञा पुं० [स० पुस् + नक्षत्र] नर नक्षत्र। वह नक्षत्र जिसमें नर सतान की उत्पत्ति हो [को०]।

पुन्नाग—संज्ञा पु० [सं०] १ सुलतान चपा।

विशेष—इसका पेड बडा और सदाबहार होता है। पत्तियाँ इसकी गोल अडाकार, दोनों सिरो पर प्राय बराबर चौडी और चपा की पत्तियो से मिलती जुलती होती हैं। टहनियो के सिरे पर लाल रग के फूल गुच्छो मे लगते हैं। फूलो मे केसर होता है जो पुन्नागकेसर कहलाता है और दवा के काम में आता है। फल भी गुच्छों में ही लगते हैं। इस पेड की लकडी बहुत मजबूत ललाई लिए बादामी रंग की होती है। यह इमारतो मे लगती है, जहाज के मस्तूल बनाने, रेल की पटरी के नीचे देने तथा और बहुत से कामो मे आती है। छाल को छीलने से एक प्रकार का रस या गोद निकलता है जिसमे सुगध होती है। फलो के बीज से तेल निकलता है। पुन्नाग के पेड दक्षिण मद्रास प्रांत मे समुद्रतट पर बहुत अधिक होते हैं। उडीसा, सिंहल और बरमा में भी यह पेड आपसे आप होता है। समुद्रतट की रेतीली भूमि मे जहाँ और कोई पेड नहीं होता वहाँ यह अपने फल फूल की बहार दिखाता है। वैद्यक मे पुन्नाग मधुर, शीतल, सुगध और पित्तनाशक माना जाता है।

पर्या०—पुरुषाख्य। रक्तवृक्ष। देववल्लभ। पुरुष। तुग। केसर। केसरी।

२ श्वेत कमल। ३ जायफल। ४ पुरुषश्रेष्ठ। मनुष्य मे बडा।

पुन्नाट—संज्ञा पुं० [स०] १ चक्रमर्द। चकवँड का पौधा। कर्नाटक के पास एक देश। ३ दिगबर जैन सप्रदाय का एक सघ। जैन हरिवश के कर्ता जिनसेनाचार्य इसी सघ के थे।

पुन्नाड—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'पुन्नाट'।

पुन्नामा—संज्ञा पुं० [स० पुन्नामन्] पुत् नाम का एक नरक। पुन्नाग वृक्ष [को०]।

पुन्नि—संज्ञा स्त्री० [सं० पुण्य प्रा० पुन्न] दे० पुण्य। उ०—असुमेध अगि जेई कीन्हा। दाव पुन्नि सरि सेउ न दीन्हा —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १३१।

पुन्निम—संज्ञा स्त्री० [स० पूर्णिमा, प्रा० पुन्निमा] दे० 'पूर्णिमा'। उ०—उद्दित अधान सुभ गतनह। जेम जलधि पुनि वढहि।—पृ० रा०, १।६८४।

पुन्य—संज्ञा पु० [सं० पुण्य] दे० 'पुण्य'।

पुन्यजन—संज्ञा पुं० [सं० पुण्यजन] असुर। राक्षस। उ०—कौ अनूप पुन्यजन निकपासुत दुर्नाद।—अनेकार्थ०, पृ० ८४।

पुन्यताई—संज्ञा स्त्री० [सं० पुण्यता] पुण्यता। पुण्य।

पुन्यथली—संज्ञा स्त्री० [सं० पुण्य + स्थल] पुण्यस्थली। पवित्र स्थान। उ०—पुन्यथली तिहि जानि बिराजे, बात न कछु और।—सूर०, १०।१७८६।

पुपली†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोपला] बाँस की पतली पोली नली।

पुपूषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] शुद्ध, स्वच्छ करने की इच्छा [को०]।

पुप्प, पुप्फ†—संज्ञा पुं० [स० पुष्प, प्रा० पुप्फ] पुष्प। फूल। उ० (क) अनेक पुप्प बीच ग्रथि मालिस त्रिपाडय।—पृ० रा० २५।३१०। (ख) पुप्फ पानि धरि धूप पित्थ पाइन अगह।—पृ० रा०, १।१६८६।

पुप्फुट—संज्ञा पुं० [स०] तालु और मसूढो का एक रोग [को०]।

पुप्फुस—संज्ञा पुं० [स०] उदरस्थ वायु। जठरवात।

पुप्फुस—संज्ञा पु० [सं०] १ पद्मबीज कोश। कँवलगट्टे का छत्ता २ फुप्फुस।

पुब्ब—संज्ञा पुं० [सं० पूर्व, प्रा० पुव्व] पूर्व। पूर्व दिशा।

पुब्बता—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्व] अपूर्वता। अतुल्यता

पुमान्—संज्ञा पुं० [स०] मर्द। नर। पुरुष।

पुरगपु—वि० [सं० पुर] आगे।

पुरजन—संज्ञा पु० [सं० पुरञ्जन] १ जीवात्मा।

विशेष—भागवत मे विस्तृत रूपकाख्यान के रूप मे शरीररूप पुर, उसके नवद्वार, त्वक्रूपी प्राचीर और उसमे 'पुरज' नाम से जीवात्मा के निवास आदि का वर्णन किया गया है।

२ हरि। विष्णु (को०)।

पुरजनी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुरञ्जनी] बुद्धि। मनीषा [को०]।

पुरजय[1]—वि० [स० पुरञ्जय] पुर को जीतनेवाला।

पुरजय[2]—संज्ञा पु० एक सूर्यवंशी राजा। ककुत्स्थ।

विशेष—विष्णु पुराण मे लिखा है कि एक बार दैत्यो से हारकर जब देवता विष्णु भगवान् के पास गए तब उन्होंने उनसे राजा पुरजय के पास जाने के लिये कहा। भगवान् ने अपना कुछ अश पुरजय मे डाल दिया। पुरजय ने इद्र से बैल बनने के लिये कहा। बैल के ककुद (डीले) पर बैठकर पुरजय ने युद्ध किया और दैत्यो को परास्त कर दिया। इसी से उनका नाम ककुत्स्थ पडा।

पुरजर—संज्ञा पुं० [स० पुरञ्जर] काँख। कुक्षि। बगल [को०]।

पुरदⓤ—संज्ञा पु० [स० पुरन्दर] इद्र। पुरदर। उ०—अनघन प्रवाह बहु पुहवि परि बरष्यो जेम पुरद गति। —पृ० रा०, १।४७२।

पुरंदर—संज्ञा पु० [स० पुरन्दर] १ पुर, नगर या घर को तोडने वाला। २ इद्र (जिन्होंने शत्रु का नगर तोडा था)। ३. (घर को फोडनेवाला) चोर। ४ चविका। चव्य। चई। ५ मिर्च। ६ ज्येष्ठा नक्षत्र। ७ शिव का एक नाम (को०)। ८ अग्नि (को०)। ९ विष्णु।

यौ०—पुरदरक्ष्माधर=महेंद्र पर्वत का नाम।

पुरदरा—संज्ञा स्त्री० [सं० पुरन्दरा] गगा।

पुरद्रⓤ—संज्ञा पुं० [स० पुरन्दर] पुरदर। इंद्र। उ०—ईहि काम पुरद्र निपाता। भग सहस किए जिहि गाता।—सु दर० ग्र० भा० १, पृ० १२४।

पुरधि, पुरधी—संज्ञा स्त्री० [स० पुरन्धि] १ पति, पुत्र, कन्या आदि से भरी पूरी स्त्री। २ स्त्री। औरत।

पुरः—अव्य० [स० पुरस्] १ आगे। २ पहले।

यौ०—पुर पाक=जिसकी सिद्धि या पाक सन्निकट हो। पुर प्रहर्ता=(१) वह जो अग्रिम पक्ति में लड़े। (२) पहले प्रहार करनेवाला। पुर फल=जिसका फल या सिद्धि समक्ष हो। पुर सर। पुर स्थ=सामने। समक्ष। पुर स्थायी=सामने रहनेवाला। आगे रहनेवाला।

पुरःसर[1]—वि० [स०] १ अग्रगता। अगुआ। २. सगी। साथी। ३ समन्वित। सहित। युक्त।

पुर सर[2]—संज्ञा पुं० १ अग्रगमन। २ साथ।

पुर[1]—संज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० पुरी] १ वह बड़ी बस्ती जहाँ कई ग्रामो या बस्तियों के लोगो को व्यवहार आदि के लिये आना पडता हो। नगर। शहर। कसबा। २ आगार। घर।

यौ०—अत पुर। नारीपुर।

३ गृहोपरि गृह। घर के ऊपर का घर। कोठा। अटारी। ४ लोक। भुवन। ५ नक्षत्र। पुज। राशि। ६ देह। शरीर। ७. मोथा। ८. चर्म। चमडा। ९ पीली कटसरैया। १० गुग्गुल नामक गधद्रव्य। ११ दुर्ग। किला। गढ़। १२ चोंगा। १३ पाटलिपुत्र का एक नाम (को०)। १४ स्त्रियों का निवास। अत पुर। जनानखाना (को०)। १५ कोषागार। भडारघर (को०)। १६ गणिकागृह। वेश्यालय (को०)। १७ पुष्पगर्भ। पुष्प कोश (को०)।

पुर[2]—वि० [स०, तुल० फा० पुर] पूर्ण। भरा हुआ।

पुर[3]—संज्ञा पु० [स० पुर (= चमडा), या देश०] कुएँ से पानी निकालने का चमड़े का डोल। चरसा।

पुरⓤ[4]—अव्य० [सं० पुरस्] आगे। समक्ष। सामने। उ०—राम कह्यो जो कछू दुख तेरे। श्वान निशक कहो पुर मेरे।—राम च०, पृ० १६६।

पुरअमन—वि० [फा० पुर+अ० अम्न] शातिपूर्ण। शातिमय (को०)।

पुरअसर—वि० [फा० पुर+अ० असर] असरदार। प्रभावशील। उ०—कोई पद्रह कहानियाँ उन्होने लिखी, किंतु जो लिखा पुरअसर।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० ९३।

पुरइनⓤ†—संज्ञा स्त्री० [स० पुटकिनी, प्रा० पुडइनी (= कमलिनी), पु०हिं० पुरइनि] १. कमल का पत्ता। उ०—(क) पुरइन सघन ओट जल बेगि न पाइय मर्म। मायाछन्न न देखिए जैसे निर्गुण ब्रह्म। —तुलसी (शब्द०)। (ख) देखो भाई रूप सरोवर साज्यो। ब्रज बनिता वर वारि वृद में श्री ब्रजराज विराज्यो। पुरइन कपिश निचोल विवध रँग विहसत सचु उपजावै। सूर श्याम आनदकद की सोभा कहत न आवै। —सूर (शब्द०)। २ कमल। उ०—(क) सरवर चहुँ दिसि पुरइनि फूली। देखा वारि रहा मन भूली। —जायसी (शब्द०)। (ख) ऊधो तुम हौ अति बड़ भागी। अपरस रहत सनेह तगा तें नाहिन मन अनुरागी। पुरइन पात रहत जल भीतर ता रस देह न दागी। ज्यों जल माँह तेल की गागरि बूँद न ताको लागी।—सूर (शब्द०)।

पुरइया—संज्ञा स्त्री० [देश०] तकुआ। उ०—मन मेरी रहटा रसना पुरइया। हरि को नाउ लै लै काति बहुरिया।—कबीर ग्र०, पृ० १६५।

पुरकोट्ट—संज्ञा पुं० [स०] नगर की रक्षा के लिये बना दुर्ग [को०]।

पुरख†—संज्ञा पुं० [स० पुरुष]। व्यक्ति। पुरुष।

पुरखवⓤ—संज्ञा पुं० [हिं०] पौरुष। पुरुषार्थ। उ०—इक्क कहै सौमित्र इद्र को पुरखव नखिय।—पृ० रा०, ४।३।

पुरखा—संज्ञा पु० [सं० पुरुष] [स्त्री० पुरखिन] १ पूर्वज। पूर्वपुरुष। उत्पत्ति परपरा में पहले पडनेवाले पुरुष। जैसे, बाप, दादा, परदादा इत्यादि। जैसे,—ऐसी चीज उसके पुरखो ने भी न देखी होगी। उ०—चलत लीक पुरखान की करत तिनहिं कि काज।—लक्ष्मण (शब्द०)।

मुहा०—पुरखे तर जाना=पूर्वपुरुषो को (पुत्र आदि के कृत्य से) परलोक मे उत्तम गति प्राप्त होना। बडा भारी पुण्य या फल होना। कृतकृत्य होना। जैसे,—एक दिन वे तुम्हारे घर आ गए, बस पुरखे तर गए।

२. घर का बडा बूढ़ा।

पुरखार—वि० [फा० पुरखार] काँटो से परिपूर्ण । काँटो से भरा हुआ । कटकमय । जहाँ काँटे अधिक हो । उ०—पुरखार चार सूँ है गुलजार वहाँ है ।—कबीर म०, पृ० ३२३ ।

पुरखून—वि० [फा० पुरखूँ] खून से तरबतर । रक्ताक्त । उ०—लगे गुलशन पे अजवस गम के होल्याँ, हुए पुरखून कुल मेंहदी के फूलाँ ।—दक्खिनी०, पृ० १६१ ।

पुरग—वि० [स०] १ शहर को जानेवाला । २ जिसकी मनोवृत्ति अनुकूल हो [को०] ।

पुरगुर—सज्ञा पु० [देश०] बगाल के उत्तरपूर्व होनेवाला एक पेड जो धौली से मिलता जुलता होता है । इसकी लकडी खेती के सामान और खिलौने आदि बनाने के काम आती है ।

पुरचक—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुचकार] १. चुमकार । पुचकार । २ बढावा । उत्साहदान । जैसे,—तुम्ही ने तो पुरचक दे देकर लडके को गाली बकना सिखाया है ।

क्रि० प्र०—देना ।

३ प्रेरणा । उसकावा । उभारने का काम । जैसे,—उसने पुरचक देकर उसे लडा दिया । ४ पृष्ठपोषण । वाहवाही । समर्थन । पक्षमडन । हिमायत । तरफदारी । जैसे,—पुरचक पाकर ही पुलिसवालो ने यह सब उपद्रव किया ।

क्रि० प्र०—देना ।—पाना ।—लेना ।

पुरगो—वि० [फा०] बहुत अधिक कविता करनेवाला । २ अधिक बोलनेवाला । बातूनी [को०] ।

पुरगोई—सज्ञा स्त्री० [फा०] १. अत्यधिक कविता करना । २. बकवादपन । वाचालता [को०] ।

पुरजन—सज्ञा पुं० [स०] नगरवासी लोग । उ०—बचन सुनत पुरजन अनुरागे । तिन्हके भाग सराहन लागे ।—मानस, २।२५० ।

पुरजा—सज्ञा पुं० [फा० पुर्जह्] १ टुकडा । खड । उ०— सूरा सोइ सराहिए लडे धनी के हेत । पुरजा पुरजा ह्वै परे तऊ न छाँडै खेत ।—कबीर (शब्द०) ।

मुहा०—पुरजे पुरजे उडना = टुकडे टुकडे हो जाना । पूरी तरह नष्ट हो जाना । उ०—पुरजे पुरजे उडै अन्न विनु वस्तर पानी । ऐसे पर ठहराय सोई महबूब बखानी ।—पलटू०, भा० १, पृ० ३३ । पुरजे पुरजे करना या उडाना = खड खड करना । टूक टूक करना । धज्जियाँ उडाना । पुरजा पुरजा हो पडना = दे० 'पुरजे पुरजे होना' । उ०—सूर न जानै कापरी सूरा तन से हेत । पुरजा पुरजा हो पडै, तहूँ न छाडै खेत ।—दरिया बा०, पृ० १२ । पुरजा पुरजा हो रहना = दे० 'पुरजे पुरजे होना' । उ०—सूरा सोई सराहिये, लडै धनी के हेत । पुरजा पुरजा होई रहै, तऊ न छाँडै खेत ।—कबीर सा० स०, भा० १, पृ० २३ । पुरजे पुरजे होना = खड खड होना । टूट फूटकर टुकडे टुकडे होना ।

२ कतरन । धज्जी । कटा टुकडा । कत्तल । ३. अवयव । अग । अश । भाग । जैसे, कल के पुरजे, घडी के पुरजे ।

मुहा०—चलता पुरजा = चालाक आदमी । तेज आदमी । उद्योगी पुरुष ।

४. चिडियो के महीन पर । रोई ।

पुरजित्—सज्ञा पुं० [स०] १. शिव । २ एक राजा । ३ कृष्ण का एक पुत्र जो जाववती से उत्पन्न हुआ था ।

पुरजोर—वि० [फा० पुरज़ोर] पुरअमर । ओजपूर्ण ।

पुरजोश—वि० [फा० पुरजोश] जोश से भरा हुआ । जोशीला ।

पुरट—सज्ञा पुं० [सं०] सुवर्ण । सोना । उ०—(क) छुहे पुरट घट सहज सुहाए । मदन सकुच जनु नीड बनाए ।—मानस, १।३४१ । (ख) पुरट मनि मरकतनि की तति तहाँ मजन ठाट ।—घनानद, पृ० ३०० ।

पुरण—सज्ञा पुं० [सं०] समुद्र ।

पुरतः—अव्य० [स० पुरतस्] आगे ।

पुरतटी—सज्ञा स्त्री० [स०] छोटा कसबा या गाँव जिसमे बाजार लगता हो ।

पुरतोरण—सज्ञा पुं० [सं०] शहर का बाहरी दरवाजा । पुरद्वार [को०] ।

पुरत्राण—सज्ञा पुं० [स०] शहरपनाह । प्राकार । कोट । परकोटा । उ०—कनक रचित मणि खचित दिवाला । अष्ट द्वार पुरत्राण विशाला ।

पुरदर्द—वि० [फा०] दर्द से भरा हुआ । दु खपूर्ण । पीडायुक्त । उ०—इसका अर्थ बडा विकट है, बडा पुरदर्द है ।—कुकुर (भू०), पृ० १३ ।

पुरद्वार—सज्ञा पुं० [स०] नगरद्वार । शहर पनाह का फाटक ।

पुरन—वि० [स० पूर्ण, हिं० पूरन] दे० 'पूरन' । उ०—सुतन दुख अति बाल ससि भयो पुरन बिन मत ।—पृ० रा०, २।३४० ।

पुरनवासी—सज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णमासी] दे० 'पूर्णमासी' । उ०—अगहन पुनवासी वार सुक दसखत दलदास कानगोऐ ।—स दरिया, पृ० ३ ।

पुरना—क्रि० अ०, क्रि० स० [हिं०] दे० 'पूरना' ।

पुरना†—सज्ञा स्त्री० [देश०] गदहपूर्ना । पुनर्नवा ।

पुरनारी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वारागना । वेश्या [को०] ।

पुरनियाँ†—वि० [हिं० पुराना + इयाँ (प्रत्य०)] वृद्ध । वयोवृद्ध बुड्ढा ।

पुरनी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूरना (= भरना)] १ छल्ला । अँगूठे पहनने का गहना । २ तुरही । सिंहा । ३ बदूक का गज ।

पुरनूर—वि० [फा] ज्योतिर्मय । सौंदर्ययुक्त । प्रकाशमान । सुदर से परिपूर्ण । उ०—जाहिरा जहान जाका जहूर पुरनूर —मलूक०, पृ० २० ।

पुरनोट†—सज्ञा पुं० [अं० प्रोनोट] ऋणपत्र । रुक्का । सरख उ०—मुझसे अपने रुपयो के लिये पुरनोट लिखा लो, स लिखा लो, और क्या करोगे ?—गबन, पृ० ११७ ।

पुरपाटण—सज्ञा पुं० [सं० पुर + हिं० पाटन<स० पत्तन] नग उ०—पुर पाटण सुवस बसै ।—कबीर ग्र०, पृ० ५२ ।

पुरपाल—सज्ञा पुं० [सं०] १. नगर का रक्षक। कोतवाल। २ जीव।

पुरपेंच—वि० [फा०] चक्करदार। घुमावदार। घुँघराला। उ०—इसकी पुरपेंच जुल्फें दिल को बेताब किए डालती हैं। —श्रीनिवास ग्र०, पृ० ४५

पुरफन—वि० [फा० पुर+अ० फन] मक्कार। धूर्त। प्रवचक। उ०—ऐ इस्कवाज पुरफन बलिहार तुज मकर पर।—दक्खिनी०, पृ० ३२०।

पुरवला—वि० [सं० पूर्व + हि० ला प्रत्य० [वि० स्त्री० पुरवली] १. पूर्व का। पहले का। २ पूर्व जन्म का। पूर्वजन्म सबधी। जैसे, पुरवले पाप।

पुरवा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पूर्व] दे० 'पुरवा'।

पुरवा[2]—सज्ञा पुं० [हिं० पूर्वा] दे० 'पूर्वा (नक्षत्र)। उ०—पुरवा लाग भूमि जलपूरी।—जायसी ग्र०, पृ० १५३।

पुरबिया—वि० [हिं० पूरब+इया (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० पुरबिनी] पूर्व देश में उत्पन्न या रहनेवाला। पूरब का। जैसे, पुरबिये लोग।

पुरबिया[2]—सज्ञा पुं० पूरब का रहनेवाला व्यक्ति। पूरब के निवासी जन। जैसे, पुरबियो की फौज।

पुरबिला—वि० [हिं० पूरब] दे० 'पुरबला'।

पुरबिहा†—सज्ञा पुं० [हिं० पूरब+इहा (प्रत्य०)] दे० 'पुरबिया'।

पुरबी†—वि० [हिं० पूरब+ई] दे० 'पूरबी'।

पुरबुजⓊ†—वि० [सं० पूर्वज] पूर्व का। पहिले का। उ०—जो पुरबुज अपने कर्मन तें, डारयो सर्व मिटा री।—जग० बानी, पृ० २८।

पुरबुला†—वि० [स० पूर्व+हिं० ला (प्रत्य०)] दे० 'पुरबुला'। उ०—रही न रानी कैकेई अमर भई यह बात। बवन पुरबुले पाप ते बन पठयो जगतात।—(शब्द०)।

पुरभिद्—सज्ञा पु० [सं०] (असुरो के त्रिपुर का नाश करनेवाले) शिव। पुरमथन।

पुरमजाक—वि० [फा० पुर+अ = मज़ाक़] दिल्लगी से भरा हुआ। व्यग्यपूर्ण। उ०—वे जहाँ एक ओर करुण चित्रों के आकलन में सिद्धहस्त हैं वहाँ पुरमजाक, फबती भरे, गुदगुदा देनेवाले फिसाने लिखने में भी।—शुक्ल० अभि० ग्र० (सा०) पृ० ६२।

पुरमथन—सज्ञा पुं० [सं०] शिव।

पुरमानⓊ—सज्ञा पुं० [फ० फर्मान] दे० 'फरमान'। उ०—आखेटक बन तबिक इतै गज्जने सपत्ते। साहु जोर साहाब दिए पुरमान निरत्ते।—पृ० रा, १०।६।

पुररोध—सज्ञा पुं० [सं०] नगर को चारों ओर से घेरना [को०]।

पुररौनक—वि० [फा० पुररौनक़] चहल पहल से भरा हुआ। जहाँ खूब रौनक हो [को०]।

पुरला—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

पुरवइया—सज्ञा स्त्री० [सं० पूर्वा] दे० 'पुरवाई'। उ०—नान्हीं नान्ही बूँद पवन पुरवइया बरसत थोरे थोरे।—सतवाणी०, भा० २, पृ० ७६।

पुरवट†—सज्ञा पुं० [सं० पूर+वर्म ?] चमड़े का बहुत बड़ा ढोल जिसे कुएँ में डालकर बैलो की सहायता से खेत की सिचाई आदि के लिये पानी खीचते हैं। चरसा। मोट। पुर।

क्रि० प्र०—चलना। खींचना।

मुहा०—पुरवट नाधना = पुरवट की रस्सी में बैल जोतना। पुरवट हाँकना = पुरवट के बैलों को चलाना।

पुरवधू—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पुरनारी' [को०]।

पुरवनाⓊ[1]—क्रि० स० [हिं० पूरना] १ पूरना। भरना। पुजाना। जैसे, घाव पुरवाना। २. पूरा करना। पूर्ण करना। उ०—(क) जौं विधि पुरव मनोरथ काली। करउँ तोहि चख पूतरि आली। —तुलसी (शब्द०)। (ख) मो सो कहा दुरावति राधा। कहा मिली नँदनदन को निज पुरयो मन की साधा।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—साथ पुरवना = साथ देना। साथी होना। उ० —पुरवहु साथ तुम्हार बडाई।—जायसी (शब्द०)।

पुरवना[2]—क्रि० अ० १ पूरा होना। २. यथेष्ट होना। ३ उपयोग के योग्य होना।

मुहा०—बल पुरवना = पूरी शक्ति या सामर्थ्य होना। बलवीर्य का काम करना।

पुरवय्या—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुरवइया'। उ०—हिल रही नीम की डाल मदगति, कहती रे। वह रही लजीली सीरी धीरी पुरवइया।—मिट्टी०, पृ० ५७।

पुरवा[1]—सज्ञा पुं० [सं० पुर+हिं० वा (प्रत्य०)] छोटा गाँव। पुरा। खेडा। उ०—नदी नद सागर डगरि मिलि गए देव, डगर न सूझत नगर पुरवान को।—देव (शब्द०)।

पुरवा[2]—सज्ञा पुं० [सं० पूर्व+वात, हिं० पूरब+बाव] पूरब की हवा। पूर्व दिशा से चलनेवाली वायु। २ एक रोग जो वायु चलने से उत्पन्न होता है।

विशेष—यह पशुओ को होता है। इसमें पशु का गला फूल जाता है और उसके पेट में पीड़ा होती है।

पुरवा[3]—सज्ञा पुं० [सं० पुटक] मिट्टी का कुल्हड। कुल्हिया। उ०—बूट के केदार सम लूटिहै त्रिलोक काल पुरवा के फूट सम ब्रह्म अड फूटिहै।—हनुमान (शब्द०)।

पुरवाⓊ[4]—वि० [हिं० पूरना] पूर्ण करनेवाला। पुरानेवाला। उ०—चलि राधे वृंदावन बिहरन औसर बन्यो है मनोरथ पुरवा।—घनानद, पृ० ४६०।

पुरवाई—सज्ञा स्त्री० [सं० पूर्व+वायु, हिं० पूरब+वाई] पूर्व की वायु। वह वायु जो पूर्व से चलती है। उ०—आग सी घघात ताती लपट सिराय गई पौन पुरवाई लागी सीतल सुहान री।—ठाकुर०, पृ० २०।

पुरवाना—क्रि० स० [हिं० पुरवना का प्रे० रूप] पूरा कराना।

पुरवासी—सज्ञा पु० [सं० पुरवासिन्] नगर में रहनेवाला। नगर-निवासी।

पुरवास्तु—सज्ञा पुं० [सं०] नगर बसाने योग्य भूमि [को०]।

पुरवैया‡—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुरवाई'।

पुरशासन—सज्ञा पुं० [स०] (दैत्यो के त्रिपुर का ध्वस करनेवाले) शिव।

पुरश्चरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी कार्य की सिद्धि के लिये पहले से ही उपाय सोचना और अनुष्ठान करना। २ हवन आदि के समय किसी विशिष्ट देवता का नाम जप (को०)। ३. किसी मत्र स्तोत्र आदि को किसी अभीष्ट कार्य की सिद्धि के लिये किसी नियत समय और परिमाण तक नियमपूर्वक जपना या पाठ करना। प्रयोग। उ —मैं अब पुरश्चरण करने जाता हूँ, आप विघ्नो का निषेध कर दीजिए।—भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ३०३।

पुरश्चर्या—सज्ञा पुं० [सं०] पुरश्चरण [को०]।

पुरश्छद—सज्ञा पुं० [सं०] कुश या डाभ की तरह की एक घास।

पुरष†—सज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरुष'। उ०—पुरष जनम कद तू पामेला, गुण कद हरिरा गासी।—रघु० रू०, पृ० १६।

पुरषा†—सज्ञा पुं० [हिं० पुरखा] दे० 'पुरखा'।

पुरषातनⓊ†—सज्ञा पुं० [स० पुरुषत्व] १ पुरुषत्व। पौरुष। साहस। हिम्मत। उ०—इह नष्ट ज्ञान सुनियै न कान। पुरषातन भज्जै किचि हान।—पृ० रा०, १।३५१। २. पुरुषत्व। स्त्रीसमागम की शक्ति। उ०—बढिय काम कामना भई पुरषातन की सिधि।—पृ० रा०, १।४००।

पुरषⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरुष'। उ०—किय सोक कोप कहाँ वछ्छ गोप। हरे ब्रह्म ग्यान, पुरष्ष पुरान।—पृ० रा०, २।६३।

पुरस[1]†—सज्ञा पुं० [पुरीष] खाद। पाँस।

पुरसⓊ[2]—सज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरुष'। उ०—पूरण पुरस पुराण प्रमेसर। सुकवि सघार वार अग्रेस्वर।—रा० रू०, पृ० ४।

पुरसाँहⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पौरुष'। उ०—नमस्कार सूराँ नराँ, पूरा सत पुरसाँह।—बाँकी० ग्र०, भा० १।

पुरसाँहाल†—वि० [फा० पुर्सा + हाल] हालचाल पूछनेवाला। खोज खबर लेनेवाला। उ०—चमार पहर रात रहे घास छीलने जाते, मेहतर पहर रात से सफाई करने लगते, कहार पहर रात से पानी खीचना शुरू करते, मगर कोई उनका पुरसाँहाल न था।—काया०, पृ० १७२।

पुरसा—सज्ञा पुं० [स० पुरुष] ऊँचाई या गहराई की एक माप जिसका विस्तार हाथ ऊपर उठाकर खड़े हुए मनुष्य के बराबर होता है। साढे चार या पाँच हाथ की एक माप। जैसे, चार चार पुरसा गहरा, छह पुरसा ऊँचा।

पुरसी—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] जानने या पूछने की क्रिया या भाव। जैसे, मिजाजपुरसी।

पुरस्करण—सज्ञा पुं० [सं०] १ समक्ष उपस्थित करना। आगे रखना। २ पूरा करना। दे० 'परस्कार' [को०]।

पुरस्करणीय—वि० [सं०] जिसका पुरस्करण किया जाय। पुरस्करण योग्य। पूरा करने योग्य [को०]।

पुरस्कर्ता—वि० [सं०] १ पुरस्कृत करनेवाले। पुरस्कार देनेवाले। २. समर्थक। हिमायती। ३. समक्ष या आगे करनेवाला। उ०—जाहिर है कि नए रूपविधान के पुरस्कर्ता प्रगतिशील हैं।—इति०, पृ० ५७।

पुरस्कार—सज्ञा पु० [स०] [वि० पुरस्कृत] १. आगे करने की क्रिया। २ आदर। पूजा। ३. प्रधानता। ४ स्वीकार। ५. पारितोषिक। उपहार। इनाम।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।

६. आक्रमण। हमला (को०)। ७. अभिषेचन (को०)। ८ अभिशाप (को०)।

पुरस्कृत—वि० [स०] १ आगे किया हुआ। २ आदृत। पूजित ३ स्वीकृत। ४ जिसने इनाम पाया हो। जिसे पुरस्कार मिला हो। ५ अभिशप्त (को०)। ६ शत्रु द्वारा आक्रमित अभिग्रस्त (को०)। ७ सिक्त। सेचित (को०)। ८ तैयार जो पूरा हो गया हो (को०)।

पुरस्क्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पुरस्करण', 'पुरस्कार'।

पुरस्तात्—अव्य [स० पुरस्तात्] १. आगे। सामने। २ पूर्व दिशा में। ३ पहले। पूर्वकाल मे। ४ अतीत में (को०)। ५ अनागत में। बाद में (को०)।

पुरस्ताल्लाभ—[स०] कौटिल्य के अनुसार वह लाभ जो चढ़ाई करने पर प्राप्त हो।

पुरस्सर—वि० [सं०] दे० 'पुर सर-३'। उ०—समदु खिनी मिले तो दु ख बँटे, जा, प्रणय पुरस्सर ले आ।—साकेत, पृ० २५६।

पुरहुत—सज्ञा पु० [पुर + अक्षत] वह अन्न और द्रव्यादि जो विवाह आदि मगल कार्यों मे पुरोहित या प्रजा को किसी कृत्य के करने के प्रारभ में दिया जाता है। आखत।

पुरहन्—सज्ञा पु० [सं०] १ विष्णु। २ शिव।

पुरहरⓊ†—सज्ञा पु० [सं० पूर्ण ?] उ०—अभिनव पल्लव वइस देल, धवल कयल फुल पुरहर मेल।—विद्यापति, पृ० १०६

पुरहा†[1]—सज्ञा पुं० [सं० हिं० पुर] वह पुरुष जो पुर चलते समय कुएँ पर के पानी को गिराने के लिये नियत रहता है।

पुरहा[2]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की लता जिसकी पत्तियाँ गोलाकार और ५-६ इच चौडी होती हैं। यह हिमालय सब जगह ७००० फुट तक की ऊँचाई पर पाई जाती है। कहीं कहीं इसकी जड का व्यवहार ओषधि रूप मे भी होता है।

पुरही—सज्ञा स्त्री० [देश०] हरजेवडी नाम की झाडी जिसकी पत्तियाँ और जड ओषध रूप मे काम में आती हैं। दाख। निरविसी।

पुरहूतⓊ—सज्ञा पु० [सं० पुरुहूत] दे० 'पुरुहूत'। उ०—भय नग देव परहूत सम, कुसुम बरन सागर सुमय।—पृ० रास पृ० १८३।

पुरहौल—वि० [फा०] भयकर। डरावना [को०]।

पुरांतक—सज्ञा पु० [सं० पुर+अन्तक] शिव।

पुरा[1]—अव्य० [सं०] १ पुराने समय में। पहले। पूर्वकाल में। प्राचीन काल मे। उ०—रहे चक्रवर्ती नृपति विश्वामित्र महान। कियो राज शासन पुरा जाहिर भयो जहान। —रघुराज (शब्द०)। २ प्राचीन। अतीत। पुराना। जैसे, पुरावृत्त, पुराकल्प, पुराविद्, पुराकथा। ३. वर्तमान काल तक। अब तक (को०)। ४ अल्प काल में। शीघ्र। थोड़े समय में (को०)।

पुरा[2]—सज्ञा स्त्री० १ पूर्व दिशा। २ एक सुगध द्रव्य।

विशेष—वैद्यक में यह कसैली, शीतल तथा कफ, श्वास, मूर्छा और विष को दूर करनेवाली मानी जाती है।

३ गगा नदी (को०)।

पुरा[3]—सज्ञा पु० [सं० पुर] गाँव। बस्ती। दे० 'पुर'।

पुराकथा—सज्ञा स्त्री० [स०] पौराणिक आख्यान। प्राचीन कथा। इतिहास [को०]।

पुराकल्प—सज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्वकल्प। पहले का कल्प। २ प्राचीन काल। ३ प्राचीन इतिहास। ४ एक प्रकार का अर्थवाद जिसमे प्राचीन काल का इतिहास कहकर किसी विधि के करने की ओर प्रवृत्त किया जाय। जैसे, ब्राह्मणो ने इससे हवि पवमान सामस्तोम की स्तुति की थी।

पुराकालीन—वि० [स० पुरा+कालीन] प्राचीन काल का।

पुराकृत[1]—वि० [स०] १ पूर्वकाल में किया हुआ। २ पूर्वजन्म में किया हुआ।

पुराकृत[2]—सज्ञा पुं० पूर्वजन्म मे किया हुआ पाप या पुण्यकर्म।

पुराचीन—वि० [स० प्राचीन] प्राचीन। पुराना। उ०—छिन्न करो पुराचीन सस्कृतियो के जड़ बधन। जाति वर्ण श्रेणि वर्ग से विमुक्त जन नूतन। —ग्राम्या, पृ० ९९।

पुराट्ट—सज्ञा पुं० [सं० पुर+अट्ट] नगर की चहारदीवारी पर बने हुए बुर्ज [को०]।

पुराण[1]—वि० [सं०] १ पुरातन। प्राचीन। जैसे पुराण पुरुष। २ अधिक आयु का। अधिक उम्र का (को०)। ३ जीर्ण (को०)।

पुराण[2]—सज्ञा पुं० १ प्राचीन आख्यान। पुरानी कथा। सृष्टि, मनुष्य, देवों, दानवों, राजाओ, महात्माओ आदि के ऐसे वृत्तात जो पुरुषपरपरा से चले आते हो। २ हिंदुओ के धर्मसबधी आख्यानग्रथ जिनमे सृष्टि, लय, प्राचीन ऋषियो, मुनियो और राजाओ के वृत्तात आदि रहते हैं। पुरानी कथाओ की पोथी।

विशेष—पुराण अठारह हैं। विष्णु पुराण के अनुसार उनके नाम ये हैं—विष्णु, पद्म, ब्रह्म, शिव, भागवत, नारद, मार्कंडेय, अग्नि, ब्रह्मवैवर्त, लिंग, वाराह, स्कद, वामन, कूर्म, मत्स्य, गरुड, ब्रह्माड और भविष्य। पुराणों में एक विचित्रता यह है कि प्रत्येक पुराण में अठारहो पुराणों के नाम और उनकी श्लोकसख्या है। नाम और श्लोकसख्या प्राय सबकी मिलती है, कहीं कहीं भेद है। जैसे कूर्म पुराण में अग्नि के स्थान में वायुपुराण, मार्कंडेय पुराण मे लिंगपुराण के स्थान में नृसिंहपुराण, देवीभागवत में शिव पुराण के स्थान में नारद पुराण और मत्स्य में वायुपुराण है। भागवत के नाम से आजकल दो पुराण मिलते हैं—एक श्रीमद्भागवत, दूसरा देवीभागवत। कौन वास्तव में पुराण है इसपर झगड़ा रहा है। रामाश्रम स्वामी ने 'दुर्जनमुखचपेटिका' में सिद्ध किया है कि श्रीमद्भागवत ही पुराण है। इसपर काशीनाथ भट्ट ने 'दुर्जनमुखमहाचपेटिका' तथा एक और पडित ने 'दुर्जनमुखपद्मपादुका' देवीभागवत के पक्ष में लिखी थी। पुराण के पाँच लक्षण कहे गए हैं—सर्ग, प्रतिसर्ग (अर्थात् सृष्टि और फिर सृष्टि), वश, मन्वतर और वशानुचरित्—'सर्गश्च, प्रतिसर्गश्च, वशो, मन्वतराणि च। वशानुचरित चैव पुराणं पचलक्षणम्।'

पुराणो मे विष्णु, वायु, मत्स्य और भागवत में ऐतिहासिक वृत्त—राजाओ की वशावली आदि के रूप में बहुत कुछ मिलते हैं। ये वशावलियाँ यद्यपि बहुत सक्षिप्त हैं और इनमें परस्पर कहीं कहीं विरोध भी हैं पर हैं बड़े काम की। पुराणो की ओर ऐतिहासिकों ने इधर विशेष रूप से ध्यान दिया है और वे इन वशावलियों की छानबीन में लगे हैं। पुराणो मे सबसे पुराना विष्णुपुराण ही प्रतीत होता है। उसमें साप्रदायिक खींचतान और रागद्वेष नहीं है। पुराण के पाँचो लक्षण भी उसपर ठीक ठीक घटते हैं। उसमें सृष्टि की उत्पत्ति और लय, मन्वतरों, भरतादि खडो और सूर्यादि लोकों, वेदो की शाखाओं तथा वेदव्यास द्वारा उनके विभाग, सूर्य वश, चद्र वश आदि का वर्णन है। कलि के राजाओं में मगध के मौर्य राजाओ तथा गुप्तवश के राजाओ तक का उल्लेख है। श्रीकृष्ण की लीलाओ का भी वर्णन है पर बिलकुल उस रूप मे नही जिस रूप मे भागवत मे है। कुछ लोगो का कहना है कि वायुपुराण ही शिवपुराण है क्योकि आजकल जो शिवपुराण नामक पुराण या उपपुराण है उसकी श्लोक सख्या २४,००० नहीं है, केवल ७,००० ही है। वायुपुराण के चार पाद है जिनमे सृष्टि की उत्पत्ति, कल्पो और मन्वतरो, वैदिक ऋषियो की गाथाओ, दक्ष प्रजापति की कन्याओ से भिन्न भिन्न जीवोत्पति, सूर्यवशी और चद्रवशी राजाओ की वंशावली तथा कलि के राजाओ का प्राय विष्णुपुराण के अनुसार वर्णन है। मत्स्यपुराण मे मन्वतरो और राजवशावलियो के अतिरिक्त वर्णाश्रम धर्म का बड़े विस्तार के साथ वर्णन है और मत्स्यावतार की पूरी कथा है। इसमे मय आदिक असुरों के सहार, मातृलोक, पितृलोक, मूर्ति और मदिर बनाने की विधि का वर्णन विशेष ढग का है।

श्रीमद्भागवत का प्रचार सबसे अधिक है क्योकि उसमे भक्ति के माहात्म्य और श्रीकृष्ण की लीलाओ का विस्तृत वर्णन है। नौ स्कधों के भीतर तो जीवब्रह्म की एकता, भक्ति का महत्व,

सृष्टिलीला, कपिलदेव का जन्म और अपनी माता के प्रति वैष्णव भावानुसार साख्यशास्त्र का उपदेश, मन्वंतर और ऋषिवशावली, अवतार जिसमे ऋषभदेव का भी प्रसग है, ध्रुव, वेणु, पृथु, प्रह्लाद इत्यादि की कथा, समुद्रमथन आदि अनेक विषय हैं। पर सबसे बडा दशम स्कंध है जिसमें कृष्ण की लीला का विस्तार से वर्णन है। इसी स्कंध के आधार पर शृगार और भक्तिरस से पूर्ण कृष्णचरित् सबधी सस्कृत और भाषा के अनेक ग्रथ बने हैं। एकादश स्कध में यादवो के नाश और बारहवें में कलियुग के राजाओ के राजत्व का वर्णन है। भागवत की लेखनशैली और पुराणो से भिन्न है। इसकी भाषा पाडित्यपूर्ण और साहित्य सबधी चमत्कारों से भरी हुई है, इससे इसकी रचना कुछ पीछे की मानी जाती है।

अग्निपुराण एक विलक्षण पुराण है जिसमें राजवशावलियो तथा सक्षिप्त कथाओं के अतिरिक्त धर्मशास्त्र, राजनीति, राजधर्म, प्रजाधर्म, आयुर्वेद, व्याकरण, रस, अलकार, शस्त्रविद्या आदि अनेक विषय हैं। इसमे तत्रदीक्षा का भी विस्तृत प्रकरण है। कलि के राजाओं की वशावली विक्रम तक आई है, अवतार प्रसग भी है।

इसी प्रकार और पुराणो में भी कथाएँ हैं। विष्णुपुराण के अतिरिक्त और पुराण जो आजकल मिलते हैं उनके विषय में सदेह होता है कि वे असल पुराणो के न मिलने पर पीछे से न बनाए गए हो। कई एक पुराण तो मत मतातरो और सप्रदायो के राग द्वेष से भरे हैं। कोई किसी देवता की प्रधानता स्थापित करता है, कोई किसी देवता की प्रधानता स्थापित करता है, कोई किसी की। ब्रह्मवैवर्त पुराण का जो परिचय मत्स्यपुराण में दिया गया है उसके अनुसार उसमें रथतर कल्प और वराह अवतार की कथा होनी चाहिए पर जो ब्रह्मवैवर्त आजकल मिलता है उसमे यह कथा नही है। कृष्ण के वृदावन के रास से जिन भक्तों की तृप्ति नही हुई थी उनके लिये गोलोक मे सदा होनेवाले रास का उसमें वर्णन है। आजकल का यह ब्रह्मवैवर्त मुसलमानो के आने के कई सौ वर्ष पीछे का है क्योंकि इसमे 'जुलाहा' जाति की उत्पत्ति का भी उल्लेख है—'म्लेच्छात् कुविंदकन्यायां जोला जातिर्बभूव ह' (१०।१२१)। ब्रह्मपुराण में तीर्थों और उनके माहात्म्य का वर्णन बहुत अधिक हैं, अनत वासुदेव और पुरुषोत्तम (जगन्नाथ) माहात्म्य तथा और बहुत से ऐसे तीर्थों के माहात्म्य लिखे गए हैं जो प्राचीन नही कहे जा सकते। 'पुरुषोत्तमप्रासाद' से अवश्य जगन्नाथ जी के विशाल मदिर की ओर ही इशारा है जिसे गांगेय वश के राजा चोडगग (सन् १०७७ ई०) ने बनवाया था। मत्स्यपुराण में दिए हुए लक्षण आजकल के पद्मपुराण में भी पूरे नही मिलते हैं। वैष्णव साप्रदायिको के द्वेष की इसमें बहुत सी बातें हैं। जैसे, पाषडिलक्षण, मायावादनिंदा, तामसशास्त्र, पुराणवर्णन इत्यादि। वैशेषिक, न्याय, साख्य और चार्वाक तामस शास्त्र कहे गए हैं और यह भी बताया गया है कि दैत्यों के विनाश के लिये बुद्ध रूपी विष्णु ने असत् बौद्ध शास्त्र कहा। इसी प्रकार मत्स्य, कूर्म, लिंग, शिव, स्कद और अग्नि तामस पुराण कहे गए हैं। साराश यह कि अधिकाश पुराणो का वर्तमान रूप हजार वर्ष के भीतर का है। सबके सब पुराण साप्रदायिक हैं, इसमें भी कोई सदेह नही है। कई पुराण (जैसे, विष्णु) बहुत कुछ अपने प्राचीन रूप मे मिलते हैं पर उनमें भी साप्रदायिको ने बहुत सी बातें बढ़ा दी हैं।

यद्यपि आजकल जो पुराण मिलते हैं उनमें से अधिकतर पीछे से बने हुए या प्रक्षिप्त विषयों से भरे हुए हैं तथापि पुराण बहुत प्राचीन काल से प्रचलित थे। बृहदारण्यक और शतपथ ब्राह्मण में लिखा है कि गीली लकडी से जैसे धुआँ अलग अलग निकलता है वैसे ही महान् भूत के नि श्वास से ऋग्वेद, यजुर्वेद सामवेद, अथर्वांगिरस, इतिहास, पुराणविद्या, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, व्याख्यान और अनुव्याख्यान हुए। छांदोग्य उपनिषद् मे भी लिखा है कि इतिहास पुराण वेदों में पाँचवाँ वेद है। अत्यत प्राचीन काल मे वेदो के साथ पुराण भी प्रचलित थे जो यज्ञ आदि के अवसरों पर कहे जाते थे। कई बातें जो पुराण के लक्षणो में हैं, वेदों में भी हैं। जैसे, पहले असत् था और कुछ नही था यह सर्ग या सृष्टितत्व है, देवासुर सग्राम, उर्वशी पुरूरवा सवाद इतिहास है। महाभारत के आदि पर्व में (१।२३३) भी अनेक राजाओ के नाम और कुछ विषय गिनाकर कहा गया है कि इनके वृत्तात विद्वान् सत्कवियो द्वारा पुराण में कहे गए हैं। इससे कहा जा सकता है कि महाभारत के रचनाकाल में भी पुराण थे। मनुस्मृति में भी लिखा है कि पितृकार्यों में वेद, धर्मशास्त्र, इतिहास, पुराण आदि सुनाने चाहिए।

अब प्रश्न यह होता है कि पुराण हैं किसके बनाए। शिवपुराण के अतर्गत रेवा माहात्म्य में लिखा है कि अठारहो पुराणों के वक्ता सत्यवतीसुत व्यास हैं। यही बात जन साधारण में प्रचलित है। पर मत्स्यपुराण में स्पष्ट लिखा है कि पहले पुराण एक ही था, उसी से १८ पुराण हुए (५३।४)। ब्राह्माड पुराण मे लिखा है कि वेदव्यास ने एक पुराणसहिता का सकलन किया था। इसके आगे की बात का पता विष्णु पुराण से लगता है। उसमें लिखा है कि व्यास का एक लोमहर्षण नाम का शिष्य था जो सूति जाति का था। व्यास जी ने अपनी पुराण सहिता उसी के हाथ में दी। लोमहर्षण के छह शिष्य थे—सुमति, अग्निवर्चा, मित्रयु, शासपायन, अकृतव्रण और सावर्णी। इनमें से अकृतव्रण, सावर्णी और शासपायन ने लोमहर्षण से पढ़ी हुई पुराणसहिता के आधार पर और एक एक सहिता बनाई।

वेदव्यास ने जिस प्रकार मत्रो का सग्रहकर उन का सहिताओं में विभाग किया उसी प्रकार पुराण के नाम से चले आते हुए वृत्तो का सग्रह कर पुराणसहिता का संकलन किया।

उसी एक संहिता को लेकर सूत के चेलों के तीन और संहिताएँ बनाईं। इन्हीं संहिताओं के आधार पर अठारह पुराण बने होंगे। मत्स्य, विष्णु, ब्रह्माड आदि सब पुराणों में ब्रह्मपुराण पहला कहा गया है। पर जो ब्रह्मपुराण आजकल प्रचलित है वह कैसा है यह पहले कहा जा चुका है। जो कुछ हो, यह तो ऊपर लिखे प्रमाण से सिद्ध है कि अठारह पुराण वेदव्यास के बनाए नहीं हैं। जो पुराण आजकल मिलते हैं उनमें विष्णुपुराण और ब्रह्माडपुराण की रचना औरों से प्राचीन जान पड़ती है। विष्णुपुराण में 'भविष्य राजवंश' के अंतर्गत गुप्तवंश के राजाओं तक का उल्लेख है इससे वह प्रकरण ईसा की छठी शताब्दी के पहले का नहीं हो सकता। जावा के आगे जो बाली टापू है वहाँ के हिंदुओं के पास ब्रह्माडपुराण मिला है। इन हिंदुओं के पूर्वज ईसा की पाँचवीं शताब्दी में भारतवर्ष से पूर्व के द्वीपों में जाकर बसे थे। बालीवाले ब्रह्माडपुराण में 'भविष्य राजवंश प्रकरण' नहीं है उसमें जनमेजय के प्रपौत्र अधिसीमकृष्ण तक का नाम पाया जाता है। यह बात ध्यान देने की है। इससे प्रकट होता है कि पुराणों में जो भविष्य राजवंश है वह पीछे से जोड़ा हुआ है। यहाँ पर ब्रह्माडपुराण की जो प्राचीन प्रतियाँ मिलती हैं देखना चाहिए कि उनमें भूत और वर्तमानकालिक क्रिया का प्रयोग कहाँ तक है। 'भविष्यराजवंश वर्णन' के पूर्व उनमें ये श्लोक मिलते हैं—

तस्य पुत्र शतानीको बलवान् सत्यविक्रम ।
तत सुतं शतानीकं विप्रास्तमभ्यषेचयन् ॥
पुत्रोऽश्वमेधदत्तोऽभूत् शतानीकस्य वीर्यवान् ।
पुत्रोऽश्वमेधदत्ताद्वै जात परपुरजय ॥
अधिसीमकृष्णो धर्मात्मा साम्प्रतोय महायशा ।
यस्मिन् प्रशासति महीं युष्माभिरिदमाहृतम् ॥
दुराप दीर्घसत्रं वै श्रोणि वर्षाणि पुष्करम्
वर्षद्वयं कुरुक्षेत्रे दृषद्वत्यां द्विजोत्तमा. ॥

अर्थात्—उनके पुत्र बलवान् और सत्यविक्रम शतानीक हुए। पीछे शतानीक के पुत्र को ब्राह्मणों ने अभिषिक्त किया। शतानीक के अश्वमेधदत्त नाम का एक वीर्यवान् पुत्र उत्पन्न हुआ। अश्वमेधदत्त के पुत्र परपुरजय धर्मात्मा अधिसीमकृष्ण हैं। ये ही महायशा आजकल पृथ्वी का शासन करते हैं। इन्हीं के समय में आप लोगों ने पुष्कर में तीन वर्ष का और दृषद्वती के किनारे कुरुक्षेत्र में दो वर्ष तक का यज्ञ किया है।

उक्त अंश से प्रकट है कि आदि ब्रह्मांडपुराण अधिसीमकृष्ण के समय में बना। इसी प्रकार विष्णुपुराण, मत्स्यपुराण आदि की परीक्षा करने से पता चलता है कि आदि विष्णुपुराण परीक्षित के समय में और आदि मत्स्यपुराण जनमेजय के प्रपौत्र अधिसीमकृष्ण के समय में संकलित हुआ।

पुराण संहिताओं से अठारह पुराण बहुत प्राचीन काल में बन गए थे इसका पता लगता है। आपस्तंबधर्मसूत्र (२।२४।५) में भविष्यपुराण का प्रमाण इस प्रकार उद्धृत है—आभूत संप्लवात्तो स्वर्गजित.। पुनः सर्गे बीजार्थो भवतीति भविष्यत्पुराणे।

यह अवश्य है कि आजकल पुराण अपने आदिम रूप में नहीं मिलते हैं। बहुत से पुराण तो असल पुराणों के न मिलने पर फिर से नए रचे गए हैं, कुछ में बहुत सी बातें जोड़ दी गई हैं। प्राय सब पुराण शैव, वैष्णव और सौर संप्रदायों में से किसी न किसी के पोषक हैं, इसमें भी कोई संदेह नहीं। विष्णु, रुद्र, सूर्य आदि की उपासना वैदिक काल से ही चली आती थी, फिर धीरे धीरे कुछ लोग किसी एक देवता को प्रधानता देने लगे, कुछ लोग दूसरे को। इस प्रकार महाभारत के पीछे ही संप्रदायों का सूत्रपात हो चला। पुराणसंहिताएँ उसी समय में बनीं। फिर आगे चलकर आदिपुराण बने जिनका बहुत कुछ अंश आजकल पाए जानेवाले कुछ पुराणों के भीतर है।

पुराणों का उद्देश्य पुराने वृत्तों का संग्रह करना, कुछ प्राचीन और कुछ कल्पित कथाओं द्वारा उपदेश देना, देवमहिमा तथा तीर्थमहिमा के वर्णन द्वारा जनसाधारण में धर्मबुद्धि स्थिर रखना ही था। इसी से व्यास ने सूत (भाट या कथक्कड़) जाति के एक पुरुष को अपनी संकलित आदिपुराणसंहिता प्रचार करने के लिये दी। पुराणों में वैदिक काल से चले आते हुए सृष्टि आदि संबंधी विचारों, प्राचीन राजाओं और ऋषियों के परंपरागत वृत्तांतों तथा कहानियों आदि के संग्रह के साथ साथ कल्पित कथाओं की विचित्रता और रोचक वर्णनों द्वारा सांप्रदायिक या साधारण उपदेश भी मिलते हैं। पुराण उस प्रकार प्रमाण ग्रंथ नहीं हैं जिस प्रकार श्रुति, स्मृति आदि हैं।

हिंदुओं के अनुकरण पर जैन लोगों में भी बहुत से पुराण बने हैं। इनमें से २४ पुराण तो तीर्थंकरों के नाम पर हैं, और भी बहुत से हैं जिनमें तीर्थंकरों के अलौकिक चरित्र, सब देवताओं से उनकी श्रेष्ठता, जैनधर्म संबंधी तत्वों का विस्तार से वर्णन, फलस्तुति, माहात्म्य आदि हैं। अलग पद्मपुराण और हरिवंश (अरिष्टनेमि पुराण) भी हैं। इन जैन पुराणों में राम, कृष्ण आदि के चरित्र लेकर खूब विकृत किए गए हैं।

बौद्ध ग्रंथों में कहीं पुराणों का उल्लेख नहीं है पर तिब्बत और नैपाल के बौद्ध ९ पुराण मानते हैं जिन्हें वे नवधर्म कहते हैं—(१) प्रज्ञापारमिता (न्याय का ग्रंथ कहना चाहिए), (२) गंडव्यूह, (३) समाधिराज, (४) लंकावतार (रावण का मलयगिरि पर जाना, और शाक्यसिंह के उपदेश से बोधिज्ञान लाभ करना वर्णित है), (५) तथागतगुह्यक, (६) सद्धर्मपुंडरीक, (७) ललितविस्तर (बुद्ध का चरित्र), (८) सुवर्णप्रभा (लक्ष्मी, सरस्वती, पृथ्वी आदि की कथा और उनका शाक्यसिंह का पूजन) (९) दशभूमीश्वर।

३ अठारह की संख्या। ४ शिव। ५ कार्षापण। एक पुराना सिक्का।

पुराणकल्प—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पुराकल्प'।

पुराणग—संज्ञा पुं० [सं०] १ ब्रह्मा। २ पुराण कहनेवाला। पुराणवक्ता।

पुराणचौर व्यंजन—संज्ञा पुं० [सं० पुराणचौर व्यञ्जन] वे गुप्तचर जो पुराने चोर डाकुओं के वेश में रहते थे।

विशेष—कौटिल्य ने लिखा है कि ये लोग चोरों बदमाशों के अड्डों और शत्रु के पक्षवालों की मंडली आदि का पता रखते थे और समाहर्ता के अधीन काम करते थे।

पुराणपण्य—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के अनुसार पुराना माल।

पुराणपुरुष—संज्ञा पु० [सं०] १ विष्णु। २ जरठ या वृद्ध व्यक्ति [को०]।

पुराणभांड—संज्ञा पु० [सं० पुराणभाण्ड] कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार भंगड खंगड या पुराना माल असबाब।

पुराणांत—संज्ञा पु० [सं० पुराणान्त] यम [को०]।

पुरातत्व—संज्ञा पु० [सं०] प्राचीन काल संबंधी विद्या। प्रत्न शास्त्र।

पुरातत्ववेत्ता—संज्ञा पुं० [सं० पुरातत्व+वेत्ता] पुराविद्। प्राचीन इतिहास और संस्कृति का विद्वान्। उ०—अब पुरातत्ववेत्ताओं ने तदनुरूप स्थानों की खोजें एवं परिकल्पनाएँ कर ली हैं। —आ० भा०, पृ० ५।

पुरातन[1]—वि० [सं०] १ प्राचीन। पुराना। २ सर्वप्राचीन। सबसे पूर्व का [को०]।

पुरातन[2]—संज्ञा पुं० १. विष्णु। २ प्राचीन आख्यान [को०]।

यौ०—पुरातनपुरुष=विष्णु। उ०—पुरुष पुरातन की वधू क्यों न चंचला होइ।

पुरातनता—संज्ञा स्त्री० [सं० पुरातन+ता प्रत्य०] पुरानापन। पुरातन होने का भाव। उ०—पुरातनता का यह निर्भीक सहन करती न प्रकृति पल एक। —कामायनी, पृ० ५५।

पुरातनवाद—संज्ञा पुं० [सं० पुरातन+वाद] १. पुरातनता का सिद्धांत। पुरातनता का दृष्टिकोण। उ०—पर पुरातनवाद के तुम अंध पोषक। —भूमि०, पृ० ५। २ पुरातन के प्रति अनुराग। पुरातनता का प्रेम।

पुरातम—वि० [सं० पुरा + तम] पुरातन। पुराना। प्राचीन। उ०—गई गोपि ह्वै भक्ति आगिली काढे प्रगट पुरातम खास। —सुंदर० ग्रं०, भा० १, पृ० १५३।

पुरातल—संज्ञा पुं० [सं०] तलातल।

पुराधिप—संज्ञा पुं० [सं०] नगर का अधिकारी। नगर का शासन और रक्षा करनेवाला अधिकारी [को०]।

पुराध्यक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पुराधिप' [को०]।

पुरानां[1]—वि० [सं० पुराण] दे० 'पुराना'।

पुरान[2]—संज्ञा पुं० दे० 'पुराण'। उ०—पूरन ब्रह्म पुरान बखाने। चतुरानन सिव अंत न जाने। —पोद्दार अभि० ग्रं०, पृ० २५१।

पुराना[1]—वि० [सं० पुराण] [वि० स्त्री० पुरानी] १ जो किसी समय के बहुत पहले से रहा हो। जो किसी विशेष समय में भी हो और उसके बहुत पूर्व तक लगातार रहा हो। जिसे उत्पन्न हुए, बने या अस्तित्व में आए बहुत काल हो गया हो। जो बहुत दिनों से चला आता हो। बहुत दिनों का। जो नया न हो। प्राचीन। पुरातन। बहुपूर्वकालव्यापी। जैसे, पुराना पेड़, पुराना घर, पुराना जूता, पुराना चावल, पुराना ज्वर, पुराना वैर, पुरानी रीति। २ जो बहुत दिनों का होने के कारण अच्छी दशा में न हो। जीर्ण। जैसे,—तुम्हारी टोपी अब बहुत पुरानी हो गई बदल दो। उ०—छुवतहि टूट पिनाक पुराना।—तुलसी (शब्द०)।

क्रि० प्र०—पड़ना।—होना।

यौ०—फटा पुराना। पुराना धुराना।

३. जिसने बहुत जमाना देखा हो। जिसका अनुभव बहुत दिनों का हो। परिपक्व। जिसका अनुभव पक्का हो गया हो। जिसमें कचाई न हो। जैसे,—(क) रहते रहते जब पुराने हो जाओगे तब सब काम सहज हो जायगा। (ख) पुराना काइयाँ, पुराना चोर।

मुहा०—पुराना खुर्राट=(१) बूढ़ा। (२) बहुत दिनों का अनुभवी। किसी बात में पक्का। पुरानी खोपड़ी=दे० 'पुराना खुर्राट'। पुराना घाघ=किसी बात में पक्का। बहुत दिनों तक अनुभव करते करते जो गहरा चालाक हो गया हो। गहरा काइयाँ। पुरानी लीक पीटना=पुराना बुनना। नई सभ्यता, नए संस्कार, विचार आदि का विरोधी होना। पुरानपंथी बनना। उ०—कोई पुरानी लीक पीटे है कोई कहता है नया।—भारतेंदु ग्रं०, भा० २, पृ० ५७१। पुराने मुर्दे उखेड़ना=भूली बिसरी बात की याद दिलाना। गई बीती बात की चर्चा छेड़ना। अतीत की अप्रिय बातों की सुधि दिलाना। उ०—अ तुम तो पुराने मुर्दे उखेड़ती हो! बेकार।—सैर कु०, पृ० २६।

४ जो बहुत पहले रहा हो, पर अब न हो। बहुत पहले का। अगले समय का। प्राचीन। अतीत। जैसे, (क) पुराना समय, पुराना जमाना। (ख) पुराने राजाओं की बात ही और थी। (ग) पुराने लोग जो कह गए हैं ठीक कह गए हैं। (घ) पुरानी बात उठाने से अब क्या लाभ? ५ काल का। समय का। जैसे यह चावल कितना पुराना है? ६ जिसका चलन अब न हो। जैसे, पुराना पहनावा।

पुराना[2]—क्रि० स० [हिं० पूरना का प्रे० रूप] १ पूरा करना। पुजवाना। भराना। २ पालन करना। अनुकूल बात कराना। जैसे, शर्त पुराना। उ०—मारि मारि सब शत्रु हुत निज सर्त पुरावत।—गोपाल (शब्द०)। ३. पूरा करना। भरना। पुजाना। किसी घाव, गड्ढे या खाली जगह को किसी वस्तु से छेक देना। जैसे, घाव पुराना। ४ पूरा करना। पालन

करना। अनुकूल बात करना। अनुसरण करना। उ०—सूरदास प्रभु ब्रज गोपिन के मन अभिलाष पुराए।—सूर (शब्द०)। ५. इस प्रकार बाँटना कि सबको मिल जाय। बँटाना। पूरा डालना। †६ आटे आदि से चौक बनाना। जैसे, चौक पुराना। उ०—गजमुकुता हीरामनि चौक पुराइय हो।—तुलसी ग्र०, पृ० ३।

सयो० क्रि०—देना।—लेना।

पुरानि—वि० [हिं०] पुरानी। उ०—चादर भई पुरानि दिनो दिन बार न कीजै। सत सगत में सोद ज्ञान का साबुन दीजै।—पलटू०, भा० १, पृ० ४।

पुरायठ†—वि० [हिं० पुराना] अत्यधिक पुराना। पुष्ट। बलिष्ठ। उ०—मनहुँ पुरायठ अजगर द्वै सनमुख ओचक मिलि।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० २२।

पुरायोनि—सज्ञा पुं० [सं०] शिव [को०]।

पुरारति, पुरारि—सज्ञा पु० [स०] शिव। उ०—प्रतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के। कामद धन दारिद दवारि के।—मानस, १।३२।

पुरारी—सज्ञा स्त्री० [सं० पुरारि] दे० 'पुरारि'। उ०—मगल भवन अमगल हारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारी।—मानस, १।१०।

पुराल†—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पयाल'।

पुरावती—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक नदी (महाभारत)।

पुरावना—क्रि० स० [हिं० पुराना] दे० 'पूरना'। उ०—बहु विधि आरति साजि तो चौक पुरावही।—कबीर श०, भा० ४, पृ० ३।

पुरावस्—सज्ञा पुं० [स०] भीष्म।

पुराविद्—वि० [स०] पुरानी बातों या पुराने इतिहास का ज्ञाता [को०]।

पुरावृत्त—सज्ञा पुं० [सं०] पुराना वृत्तात। पुराना हाल। इतिहास।

पुरापाट्—वि० [स०] अनेकों का जेता। बहुतों को पराभूत करनेवाला [को०]।

पुरासाह्—सज्ञा पुं० [सं०] इद्र।

पुरासिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सहदेवी। सहदेइया नाम की बूटी।

पुरासुहृद्—सज्ञा पुं० [सं०] शिव [को०]।

पुरिंद्र—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुरदर'। उ०—भजै प्रभु ब्रह्म पुरिंद्र महेस भजै सनकादिक नारद सेस।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० २२।

पुरि¹—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पुरी। २ शरीर। ३ नदी।

पुरि²—सज्ञा पुं० १ राजा। २ दशनामी सन्यासियों में एक।

पुरिखा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुरखा'।

पुरिया¹—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूरना] वह नरी जिसपर जुलाहे बाने को बुनने के पहले फैलाते हैं।

मुहा०—पुरिया करना = ताने को पुरिया पर फैलाना।

पुरिया†²—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुड़िया'।

पुरिशय—वि० [स०] शरीर में रहनेवाला [को०]।

पुरिष—सज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरुष'। उ०—पुरिष उपजै विक्रमी, समर समर सम सोय।—प० रासो, पृ० ३४।

पुरिषा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुरखा'। उ०—(क) लक्ष्मण के पुरिषान कियो पुरुषारथ सो न कह्यो परई।—केशव (शब्द०)। (ख) जिनके पुरिषा भुज बगहि लाए। नगरी सुभ स्वर्ग सदेह सिधाए।—केशव (शब्द०)।

पुरिषातन—सज्ञा पु० [सं० पुरुष+तन (प्रत्य०)] दे० 'पुरुषत्व' उ०—पहर रात पाछिली राज आए डेरा मधि। बढ़िय काम कामना भई पुरिषातन की सिधि।—पृ० रा०, १।४०७।

पुरिसा—सज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरखा'। उ०—पहिरण ओढन कवला साठे पुरिसे नीं।—ढोला०, दू० ६६२।

पुरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ नगरी। शहर। उ०—सोभा नही कहि जाय कछु विधिनै, रची मानो पुरीन की नासिका।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २८१। २ जगन्नाथपुरी। पुरुषोत्तम धाम। ३. शरीर (को०)। ४ दुर्ग (को०)।

पुरीतत—सज्ञा स्त्री० [सं० पुरीतत] हृदय के पास की एक विशेष नाडी। आँत [को०]।

पुरीमोह—सज्ञा पुं० [स०] धतूरा।

पुरीष¹—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्टा। मल। गू। २ कूडा करकट (को०)। ३ जल।

पुरीष²—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुरुष' उ०—नल राजा मेल्हे गयो, पुरीष समो नही निगुण सतार।—बी० रासो, पृ० ६४।

पुरीषण—सज्ञा पुं० [स०] १. मल। गू। २ मलत्याग [को०]।

पुरीषनिग्रहण—सज्ञा पुं० [सं०] कोष्ठबद्धता [को०]

पुरीषम—सज्ञा पुं० [स०] माष। उरद।

पुरीषोत्सर्ग—सज्ञा पुं० [सं०] मलत्याग [को०]।

पुरु¹—सज्ञा पु० [स०] १ देवलोक। स्वर्ग। २ एक दैत्य जिसे इद्र ने मारा था। ३. पराग। ४ एक पर्वत। ५ शरीर। ६ वृहत्सहिता के अनुसार एक देश। ७ एक प्राचीन राजा जो नहुष के पुत्र ययाति के पुत्र थे।

विशेष—पुराणों में ययाति चद्रवश के मूल पुरुषों में थे। ययाति की दो रानियाँ थीं। एक शुक्राचार्य की कन्या देवयानी, दूसरी शर्मिष्ठा। देवयानी के गर्भ से यदु और तुर्वसु तथा शर्मिष्ठा के गर्भ से द्रुह्यु, अनु और पुरु हुए। इन नामों का उल्लेख ऋग्वेद में है। पुरु के बड़े भारी विजयी और पराक्रमी होने की चर्चा भी ऋग्वेद मे है। एक स्थान पर लिखा है—'हे वैश्वानर! जब तुम पुरु के समीप पुरियों का विध्वस करके प्रज्वलित हुए तब तुम्हारे भय से असिक्नी (असिक्नीरसितवर्णा—सायण, अर्थात् असिक्नी या चेनाब के किनारे के काले अनार्य दस्यु) भोजन छोड़ छोड़कर आए'। एक

स्थान पर और भी है—'हे इद्र ! तुम युद्ध मे भूमिलाभ के लिये पुरुकुत्स के पुत्र त्रसदस्यु और पुरु की रक्षा करो ।' इसका समर्थन एक और मत्र इस प्रकार करता है—'हे इद्र ! तुमने पुरु और दिवोदास राजा के लिये नब्बे पुरो का नाश किया है ।'

महाभारत और पुराणों में पुर के सबध में यह कथा मिलती है—शुक्राचार्य के शाप से जब ययाति जराग्रस्त हुए तब उन्होंने सब पुत्रो को बुलाकर अपना बुढापा देना चाहा । पर पुरु को छोड और कोई बुढापा लेकर अपनी जवानी देने पर सम्मत न हुआ । पुरु से यौवन प्राप्त कर ययाति ने बहुत दिनो तक सुखभोग किया, अत में अपने पुत्र पुरु को राज्य दे वे वन मे चले गए । पुरु के वश में ही दुष्यत के पुत्र भरत हुए । भरत के कई पीढियो पीछे कुरु हुए जिनके नाम से कौरव वश कहलाया ।

८ पजाब का एक राजा जो ईसा से ३२७ वर्ष पहले सिकदर से लडा था । पोरस ।

पुरु[२]—क्रि० वि० १ अधिक । बहुत से । कई । २ अकसर । बारबार । पुन पुन [को०] ।

पुरुकुत्स—सज्ञा पुं० [स०] एक राजा जो माधाता का पुत्र और मुचुकुद का भाई था और नर्मदा नदी के आसपास के प्रदेश पर राज्य करता था ।

विशेष—हरिवंश पुराण में लिखा गया है कि नागो की भगिनी नर्मदा के साथ इसने विवाह किया था । नागो और नर्मदा के कहने से पुरुकुत्स ने रसातल मे जाकर मौनेय गधर्वों का नाश किया था ।

ऋग्वेद में भी पुरुकुत्स का नाम आया है । उसमें लिखा है कि दस्युनगर का ध्वस करने में इद्र ने राजा पुरुकुत्स की सहायता की थी । (१।६३।७, १।११२।१७) ।

पुरुकुत्सव—सज्ञा पुं० [सं०] गरुडपुराण के अनुसार इद्र के एक शत्रु का नाम ।

पुरुखⓊ†—सज्ञा पुं० [स० पुरुष] दे० 'पुरुष' ।

पुरुखा—सज्ञा पुं० [सं० पुरुष हिं०] १ दे० 'पुरखा' । २ †ईश्वर । ब्रह्म । उ०—की धौं जलहि रहै तब पुरखा । पढ़ेउ वेद यह लखेउ न मूर्खा । —कबीर सा०, पृ० ४२८ ।

पुरुजित्—सज्ञा पुं० [सं०] १ कुतिभोज का पुत्र । यह अर्जुन का मामा था और महाभारत के युद्ध मे आया था । २ विष्णु । ३ भागवत के अनुसार शशबिंदु वशीय रुचक के पुत्र का नाम ।

पुरुदंशक—सज्ञा पुं० [सं०] हस ।

पुरुदशा—सज्ञा पुं० [सं० पुरुदशस्] इंद्र ।

पुरुद—सज्ञा पुं० [सं०] सोना । स्वर्ण [को०] ।

पुरुदत्र—सज्ञा पुं० [स०] इद्र का एक नाम [को०] ।

पुरुदस्म—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु ।

पुरुद्रुह—सज्ञा पुं० [सं० [इद्र का एक नाम [को०] ।

पुरुवा†—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्व दिशा । उ०—पछिवँ क वार पुरुव की वारी । लिखी जो जोरी होइ न न्यारी । —जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३०६ ।

पुरुभोजा—सज्ञा पुं० [सं० पुरुभोजस्] मेघ । बादल ।

पुरुमित्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्राचीन राजा जिसका नाम ऋग्वेद में आया है । २ धृतराष्ट्र का एक पुत्र ।

पुरुलपट—वि० [सं० पुरुलम्पट] अत्यधिक लपट । बहुत कामी [को०] ।

पुरुष—सज्ञा पुं० [स०] १ मनुष्य । आदमी । २ नर । ३. साख्य के अनुसार प्रकृति से भिन्न भिन्न अपरिणामी, अकर्ता और असग चेतन पदार्थ । आत्मा । इसी के सान्निध्य से प्रकृति ससार की सृष्टि करती है । दे० 'साख्य' । ४ विष्णु । ५. सूर्य । ६ जीव । ७ शिव । ८ पुन्नाग का वृक्ष । ९ पारा । पारद । १० गुग्गुल । ११ घोडे की एक स्थिति जिसमे वह अपने दोनो अगले पैरो को उठाकर पिछले पैरो के बल खडा होता है । जमना । सीखपाँव । १२ व्याकरण मे सर्वनाम और तदनुसारिणी क्रिया के रूपो का वह भेद जिससे यह निश्चय होता है कि सर्वनाम या क्रियापद वाचक (कहनेवाले) के लिये प्रयुक्त हुआ है अथवा सबोध्य (जिससे कहा जाय) के लिये अथवा अन्य के लिये । जैसे 'मैं' उत्तम पुरुष हुआ, 'वह' प्रथम पुरुष और 'तुम' मध्यम पुरुष । १३ मनुष्य का शरीर या आत्मा । १४ पूर्वज । उ०—(क) सो सठ कोटिक पुरुष समेता । बसहिं कलप सत नरक निकेता । —तुलसी (शब्द०) । (ख) जा कुल माहिं भक्ति मम होई । सब पुरुष ले उधरै । —सूर (शब्द०) । १५ पति । स्वामी । १६ ज्योतिष में विषम राशियाँ (को०) । १७ ऊँचाई या गहराई की एक माप । पुरसा (को०) । १८ आँख की पुतली । नेत्र की तारिका (को०) । १९ मेरु पर्वत (को०) ।

पुरुषक—सज्ञा पुं० [सं०] घोड़े का जमना । सीखपाँव । अलफ ।

पुरुषकार—सज्ञा पुं० [सं०] पुरुषार्थ । उद्योग । पौरुष ।

पुरुषकेशरी—सज्ञा पुं० [सं० पुरुषकेशरिन्] १ पुरुषो में श्रेष्ठ पुरुष । २. नरसिंह भगवान् ।

पुरुषकेसरी—सज्ञा पुं० [सं० पुरुषकेसरिन्] दे० 'पुरुषकेशरी' [को०] ।

पुरुषगति—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का साम ।

पुरुषग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष के अनुसार मगल, सूर्य और बृहस्पति ।

पुरुषघ्नी—वि० स्त्री० [सं०] पति की हत्या करनेवाली [को०] ।

पुरुषत्व—सज्ञा पुं० [सं०] पुरुष होने का भाव । पुस्त्व ।

पुरुषदंतिका—सज्ञा स्त्री० [सं० पुरुषदन्तिका] मेढा नाम की ओषधि ।

पुरुषद्घ्न—वि० [सं०] एक मनुष्य की ऊँचाई के बराबर । पुरुष-प्रमाण [को०] ।

पुरुषद्विट्—संज्ञा पु० [सं०] वह जो पुरुष अर्थात् विष्णुद्रोही हो [को०]।

पुरुषद्वेषिणी—संज्ञा पुं० [सं०] पति से द्वेष या घृणा करनेवाली (स्त्री०)।

पुरुषद्वेषी—वि० [सं० पुरुषद्वेषिन्] [वि० स्त्री० पुरुषद्वेषिणी] मनुष्य से द्वेष रखनेवाला।

पुरुषधौरेयक—संज्ञा पुं० [सं०] वरिष्ठ व्यक्ति। श्रेष्ठ या महान् व्यक्ति [को०]।

पुरुषनक्षत्र—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष शास्त्रानुसार हस्त, मूल, श्रवण, पुनर्वसु, मृगशिरा और पुष्य नक्षत्र।

पुरुषनाथ—संज्ञा पु० [सं०] सेनापति। २ नरनाथ। राजा।

पुरुषपशु—संज्ञा पुं० [सं०] पशुवत् मनुष्य। नरपशु। क्रूर व्यक्ति [को०]।

पुरुषपुंगव—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषपुङ्गव] श्रेष्ठ पुरुष। सुप्रसिद्ध व्यक्ति [को०]।

पुरुषपुंडरीक—संज्ञा पु० [सं० पुरुषपुण्डरीक] जैनियों के मतानुसार नव वासुदेवों में सप्तम वासुदेव।

पुरुषपुर—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन नगर जो गांधार की राजधानी था। आजकल का पेशावर।

पुरुषप्रेक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मरदाना मेला तमाशा। वह खेल तमाशा जिसमें पुरुष ही जा सकते हों।

पुरुषभोग—वि० [सं०] (वह राष्ट्र या राजा) जिसके पास सेना या आदमी बहुत हों।

पुरुषमात्र—वि० [सं०] पुरुषप्रमाण। मनुष्य के बराबर [को०]।

पुरुषमानी—वि० [सं०] अपने को वीर समझनेवाला [को०]।

पुरुषमेध—संज्ञा पु० [सं०] एक वैदिक यज्ञ जिसमें नरबलि की जाती थी।

विशेष—इस यज्ञ के करने का अधिकार केवल ब्राह्मण और क्षत्रिय को था। यह यज्ञ चैत्र मास की शुक्ला दशमी से प्रारंभ होता था और चालीस दिनों में होता था। इस बीच में २३ दीक्षा, १२ उपसत् और ५ सुत्या होती थी। इस प्रकार यह ४० दिनों में समाप्त होता था। यज्ञ के समाप्त हो जाने पर यज्ञकर्ता वानप्रस्थाश्रम ग्रहण करता था। इसका विधान शुक्ल यजुर्वेद के तेईसवें अध्याय तथा शतपथ ब्राह्मण में है।

पुरुषरावⓈ—संज्ञा पुं० [सं० पुरुष+हिं० राव] पुरुषराज। पुरुषश्रेष्ठ।

पुरुषराशि—संज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिष शास्त्रानुसार मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु और कुंभ राशि।

पुरुषलिंग—संज्ञा पुं० [सं० पुरुष+लिङ्ग] दे० 'पुंलिंग'।

पुरुषवर—संज्ञा पु० [सं०] विष्णु [को०]।

पुरुषवर्जित—वि० [सं०] सुनसान। वीरान [को०]।

पुरुषवार—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष शास्त्रानुसार रवि, मंगल, बृहस्पति और शनिवार।

पुरुषवाह—संज्ञा पुं० [सं०] १. गरुड़। तार्क्ष्य। २ यक्षराज। कुबेर [को०]।

पुरुषव्रत—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साम।

पुरुषशीर्षक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का मनुष्य का बनावटी सिर जिसको सेंध लगानेवाले सेंध में प्रविष्ट कराते थे [को०]।

पुरुषसंधि—संज्ञा स्त्री० [सं० पुरुषसन्धि] वह संधि जो शत्रु कुछ योग्य पुरुषों को अपनी सेवा के लिये लेकर करे।

विशेष—कौटिल्य ने लिखा है कि यदि ऐसी अवस्था आ पड़े तो राजा शत्रु को इस प्रकार के लोग दे—राजद्रोही, जगली, अपने यहाँ के अपमानित सामंत आदि। इससे राजा का इनसे पीछा भी छूट जायगा और ये शत्रु के यहाँ जाकर मौका पाकर उसकी हानि भी करेंगे।

पुरुषसिंघ—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषसिंह] दे० 'पुरुषसिंह'। उ०—अवध नृपति दसरथ के जाए। पुरुषसिंघ बन खेलन आए।—मानस, ३।१६।

पुरुषसिंह—संज्ञा पुं० [सं०] श्रेष्ठ पुरुष। मनुष्यों में सिंह की भाँति वीर व्यक्ति [को०]।

पुरुषसूक्त—संज्ञा पुं० [सं०] ऋग्वेद के दशम मंडल के एक सूक्त का नाम जो 'सहस्रशीर्षा' से आरंभ होता है। यह सूक्त बहुत प्रसिद्ध है और इसका पाठ अनेक अवसरों पर किया जाता है।

पुरुषांग—संज्ञा पु० [सं० पुरुषाङ्ग] पुरुष की जननेंद्रिय। लिंग [को०]।

पुरुषांतर—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषान्तर] अन्य व्यक्ति। दूसरा व्यक्ति।

पुरुषांतरसंधि—संज्ञा स्त्री० [सं० पुरुषान्तरसन्धि] इस शर्त पर की हुई संधि कि आपका सेनापति मेरा अमुक काम करे और मेरा सेनापति आपका अमुक काम कर देगा।

पुरुषाद—संज्ञा पुं० [सं०] १ (मनुष्य खानेवाला) राक्षस। २ बृहत्संहिता के अनुसार एक देश का नाम जो आर्द्रा, पुनर्वसु और पुष्य के अधिकार में है।

पुरुषादक—संज्ञा पुं० [सं०] १ नरभक्षी राक्षस। २ कल्माषपाद का नाम।

पुरुषाद्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ जिनों में प्रथम, आदिनाथ (जैन)। २ विष्णु। ३. राक्षस।

पुरुषाधम—संज्ञा पुं० [सं०] अधम व्यक्ति। नीच पुरुष।

पुरुषापाश्रया—संज्ञा स्त्री० [सं०] घनी आबादीवाली भूमि। वि० दे० 'दुर्गापाश्रया भूमि'।

पुरुषायण—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राणादि षोडश कला (प्रश्नोपनिषद्)। २ दे० 'पुरुषाथ'।

पुरुषायित—संज्ञा वि० [सं०] पुरुष के सदृश आचरण या व्यवहार।

पुरुषायितबंध—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषायितबन्ध] कामशास्त्र के अनुसार एक प्रकार का बंध या स्त्रीसंभोग का एक प्रकार जिसमें पुरुष नीचे चित्त लेटता है और स्त्री उसके ऊपर

लेटकर संभोग करती है। इसके कई भेद कहे गए हैं। साहित्य में इसी को 'विपरीत रति' कहा गया है।

पुरुषायुष—संज्ञा पुं० [सं०] सौ वर्ष का काल (जो मनुष्य की पूर्णायु का काल माना गया है)।

पुरुषारथⓤ—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषार्थ] दे० 'पुरुषार्थ'।

पुरुषार्थ—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुरुष का अर्थ या प्रयोजन जिसके लिये उसे प्रयत्न करना चाहिए। पुरुष के उद्योग का विषय। पुरुष का लक्ष्य।

विशेष—सांख्य के मत से त्रिविध दुःख की अत्यंत निवृत्ति (मोक्ष) ही परम पुरुषार्थ है। प्रकृति पुरुषार्थ के लिये अर्थात् पुरुष को दुःखों से निवृत्त करने के लिये निरंतर यत्न करती है, पर पुरुष प्रकृति के धर्म को अपना धर्म समझ अपने स्वरूप को भूल जाता है। जबतक पुरुष को स्वरूप का ज्ञान नहीं हो जाता तबतक प्रकृति साथ नहीं छोड़ती।

पुराणों के अनुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थ हैं। चार्वाक मतानुसार कामिनी-संग-जनित सुख ही पुरुषार्थ है।

२ पुरुषकार। पौरुष। उद्यम। पराक्रम। ३ पुंस्त्व। शक्ति। सामर्थ्य। बल।

पुरुषार्थी—वि० [सं० पुरुषार्थिन्] १ पुरुषार्थ करनेवाला। २ उद्योगी। ३ परिश्रमी। ४ बली। सामर्थ्यवान्।

पुरुषाशी—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषाशिन्] [स्त्री० पुरुषाशिनी] (मनुष्य खानेवाला) राक्षस।

पुरुषास्थि—संज्ञा पुं० [सं०] मनुष्य की हड्डी।

पुरुषास्थिमाली—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषास्थिमालिन्] शिव [को०]।

पुरुषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] नारी। स्त्री [को०]।

पुरुषेंद्र—संज्ञा पुं० [सं० पुरुषेन्द्र] १ राजा। २ श्रेष्ठ पुरुष।

पुरुषोत्तम—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुरुषश्रेष्ठ। श्रेष्ठ पुरुष। २. विष्णु। ३ जगन्नाथ जिनका मंदिर उड़ीसा में है। ४ धर्म-शास्त्रानुसार वह निष्पाप पुरुष जो शत्रु मित्र आदि से सर्वदा उदासीन रहे। ५ जैनियों के एक वासुदेव का नाम। ६ कृष्णचंद्र। ७ ईश्वर। नारायण। ८. अच्छा व्यक्ति या सहयोगी (को०)। ९ मलमास का महीना। अधिक मास।

पुरुषोत्तम क्षेत्र—संज्ञा पुं० [सं०] जगन्नाथपुरी।

पुरुषोत्तम मास—संज्ञा पुं० [सं०] मलमास। अधिक मास।

पुरुषोपस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] अपने स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति को काम करने के लिये देना। एवज देना।

पुरुहूत[1]—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

यौ०—पुरुहूतद्विप = इंद्रजीत।

पुरुहूत[2]—वि० जिसका आवाहन बहुतों ने किया हो।

पुरुहूति[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] दाक्षायणी।

पुरुहूति[2]—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

पुरुरवा—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्राचीन राजा जिसका नाम और कुछ वृत्तांत ऋग्वेद में है।

विशेष—ऋग्वेद को पुरुरवा को इला का पुत्र कहा है। पुरुरवा और उर्वशी का संवाद भी ऋग्वेद में मिलता है। पर एक मंत्र में पुरुरवा सूर्य और ऊषा के साथ स्थित भी कहा गया है जिससे कुछ लोग सारी कथा को एक रूपक भी कह दिया करते हैं।

हरिवंश तथा पुराणों के अनुसार बृहस्पति की स्त्री तारा और चंद्रमा के संयोग से बुध उत्पन्न हुए जो चंद्रवंश के आदि पुरुष थे। बुध का इला के साथ विवाह हुआ। इसी इला के गर्भ से पुरुरवा उत्पन्न हुए जो बड़े रूपवान्, बुद्धिमान् और पराक्रमी थे। उर्वशी शापवश भूलोक में आ पड़ी थी। पुरुरवा ने उसके रूप पर मोहित हो उसके साथ विवाह के लिये कहा। उर्वशी ने कहा—'मैं अप्सरा हूँ। जबतक आप मेरी तीन बातों का पालन करेंगे तभी तक मैं आपके पास रहूँगी—(१) मैं आपको कभी नंगा न देखूँ, (२) अकामा रहूँ तो आप संयोग न करें और (३) मेरे पलंग के पास दो मेढ़े बँधे रहें।' राजा ने इन बातों को मानकर विवाह किया और वे बहुत दिनों तक सुखपूर्वक रहे। एक दिन गंधर्व उर्वशी के शापमोचन के लिये दोनों मेढ़े छोड़कर ले चले। राजा नंगे उनकी ओर दौड़े। उर्वशी का शाप छूट गया और वह स्वर्ग को चली गई। पुरुरवा बहुत दिनों तक विलाप करते घूमते रहे। एक बार कुरुक्षेत्र के अंतर्गत प्लक्ष तीर्थ में हेमवती पुष्करिणी के किनारे उन्हें उर्वशी फिर दिखाई पड़ी। राजा उसे देखकर बहुत विलाप करने लगे। उर्वशी ने कहा—'मुझे आपसे गर्भ है, मैं शीघ्र आपके पुत्रों को लेकर आपके पास आऊँगी और एक रात रहूँगी।' स्वर्ग में उर्वशी के गर्भ से आयु, अमावसु, विश्वायु, श्रुतायु, दृढ़ायु, वनायु, और शतायु उत्पन्न हुए जिन्हें लेकर वह राजा के पास आई और एक रात रही। गंधर्वों ने पुरुरवा को एक अग्निपूर्ण स्थाली दी। उस अग्नि से राजा ने बहुत यज्ञ किए। पुरुरवा की राजधानी प्रयाग में गंगा के किनारे थी। उसका नाम प्रतिष्ठानपुर था।

२. विश्वदेव। ३ पार्वण श्राद्ध में एक देवता।

पुरैंनी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुटकिनी, हिं० पुरइन] दे० 'पुरइन'

उ०—ज्यों पुरैन पर फुल्ल पद्मिनी तर चली, चले महा दिए हस सम युग बली। —साकेत, पृ० १३४।

पुरेथा—संज्ञा पुं० [हिं० पूरा + हाथ] हल की मूठ। परिहथा।

पुरेभा—संज्ञा स्त्री० [सं० करभ, हिं० कुरेभा] एक प्रकार की गाय दे० 'कुरेभा'।

पुरैन—संज्ञा स्त्री० [सं० पुटकिनी] दे० 'पुरइन'।

पुरैनिⓤ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुरइन'।

पुरोगंता—वि०, संज्ञा पुं० [सं० पुरोगन्तृ] दे० पुरोगामी [को०]।

पुरोग—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के अनुसार वह (राष्ट्र या राजा) जो बिना किसी प्रकार की बाधा या शर्त के अपने पक्ष में आकर मिले।

पुरोगति—संज्ञा पुं० [सं०] श्वान [को०]।

पुरोगामिता—संज्ञा स्त्री० [स०] अग्रगामी होने का भाव। आगे बढ़ने का भाव। उ०—इस प्रकार हम पुरोगामिता और न्याय को पूर्णतया स्वीकार करते हैं। —आ० अ० रा०, पृ० २२।

पुरोगामी¹—वि० [स० पुरोगामिन्] [वि० स्त्री० पुरोगामिनी] अग्रगामी।

पुरोगामी—संज्ञा पुं० १ श्वान। २ अग्रगामी व्यक्ति। २ प्रधान व्यक्ति। नायक [को०]।

पुरोचन—संज्ञा पुं० [सं०] दुर्योधन के एक मित्र का नाम।

विशेष—इसे दुर्योधन ने पांडवों को लाक्षागृह में जलाने के लिये नियुक्त किया था। भीमसेन लाक्षागृह से निकल पुरोचन के घर आग लगाकर माता और भाइयों समेत चले गए थे। वह अपने घर में जलकर मर गया।

पुरोजन्मा¹—वि० [स० पुरोजन्मन्] पहले जनमनेवाला। जिसने पहले जन्म लिया हो [को०]।

पुरोजन्मा²—संज्ञा पुं० [सं०] बड़ा भाई। ज्येष्ठ भ्राता [को०]।

पुरोजव¹—संज्ञा पुं० [सं०] पुष्कर द्वीप के सात खंडों में से एक खंड।

पुरोजव²—वि० १ जिसके अग्रभाग मे वेग हो। २. आगे बढ़नेवाला।

पुरोटि—संज्ञा स्त्री० [स०] १ नदी की धारा या प्रवाह। २ पत्र-मर्मर। पत्रशब्द। पत्तियों की खरखराहट (को०)।

पुरोडाश, पुरोडाश—संज्ञा पुं० [सं०] १ यव आदि के आटे की बनी हुई टिकिया जो कपाल में पकाई जाती थी।

विशेष—यह आकार में लंबाई लिए गोल और बीच में कुछ मोटी होती थी। यज्ञों मे इसमे से टुकड़ा काटकर देवताओं के लिये मंत्र पढ़कर आहुति दी जाती थी। यह यज्ञ का अंग है।

२ हवि। २ वह हवि या पुरोडाश जो यज्ञ से बच रहे। ४ वह वस्तु जो यज्ञ में होम की जाय। यज्ञभाग। ५ सोमरस। ६ आटे की चौंसी (चमसी ?)। ७ वे मंत्र जिनका पाठ पुरोडाश बनाते समय किया जाता है।

पुरोत्सव—संज्ञा पुं० [स०] पूरे नगर में मनाया जानेवाला उत्सव [को०]।

पुरोद्भवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] महामेदा।

पुरोद्यान—संज्ञा पुं० [स०] नगर के अंदर का उपवन [को०]।

पुरोध—संज्ञा पुं० [स०] पुरोहित।

पुरोधा—संज्ञा पुं० [सं० पुरोधस्] पुरोहित।

पुरोधानीय—संज्ञा पुं० [स०] पुरोहित।

पुरोधिका—संज्ञा स्त्री० [स०] प्रियतमा भार्या। प्यारी स्त्री।

पुरोनुवाक्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ यज्ञों की तीन प्रकार की आहुतियों में एक। २ वह ऋचा जिसे पढ़कर पुरोनुवाक्या नाम की आहुति दी जाती है।

पुरोभागी—वि० [सं० पुरोभागिन्] [वि० स्त्री० पुरोभागिनी] १ अग्रभागवाला। २ दोषदर्शी। गुणों को छोड़ केवल दोषों की ओर ध्यान देनेवाला। छिद्रान्वेषी।

पुरोमारुत—संज्ञा पुं० [सं०] पुरोवात। पुरुवा हवा [को०]।

पुरोरवस—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पुरुरवा'।

पुरोवात—संज्ञा पुं० [सं०] पूर्व दिशा से चलनेवाली हवा। पुरुवा [को०]।

पुरोवाद—संज्ञा पुं० [सं०] पहले का कथन। पूर्वकथन [को०]।

पुरोहित—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० पुरोहितानी] वह प्रधान याजक जो राजा या और किसी यजमान के यहाँ अगुआ बनकर यज्ञादि श्रौतकर्म, गृह्यकर्म और संस्कार तथा शांति आदि अनुष्ठान करे कराए। कर्मकांड करनेवाला। कृत्य करनेवाला ब्राह्मण।

विशेष—वैदिक काल में पुरोहित का बड़ा अधिकार था और वह मंत्रियों मे गिना जाता था। पहले पुरोहित यज्ञादि के लिये नियुक्त किए जाते थे। आजकल वे कर्मकांड करने के अतिरिक्त, यजमान की ओर से देवपूजन आदि भी करते हैं, यद्यपि स्मृतियों में किसी की ओर से देवपूजन करनेवाले ब्राह्मण का स्थान बहुत नीचा कहा गया है। पुरोहित का पद कुलपरंपरागत चलता है। अतः विशेष कुलों के पुरोहित भी नियत रहते हैं। उस कुल में जो होगा वह अपना भाग लेगा, चाहे कृत्य कोई दूसरा ब्राह्मण ही क्यों न कराए। उच्च ब्राह्मणों में पुरोहित कुल अलग होते हैं जो यजमानों के यहाँ दान आदि लिया करते हैं।

पुरोहिताई—संज्ञा स्त्री० [स० पुरोहित + आई (प्रत्य०)] पुरोहित का काम।

पुरोहितानी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुरोहित + हिं० आनी (प्रत्य०)] पुरोहित की स्त्री।

पुरोहितिका—संज्ञा स्त्री० [स०] पुरोहितानी [को०]।

पुरोहितिन†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पुरोहित + इन (प्रत्य०)] पुरोहित की स्त्री। पुरोहितानी।

पुरोहिती—संज्ञा स्त्री० [सं० पुरोहित + ई (प्रत्य०)] दे० 'पुरोहिताई'। उ०—फँसा आसुरी माया में, हिंसा जगी अथवा अपने पुरोहिती के मान की।—करुणा०, पृ० २७।

पुरौ†—संज्ञा पु० [हिं०] पुरवट। पुर।

पुरौका—संज्ञा पुं० [सं० पुरोकस्] नगर में रहनेवाला व्यक्ति।

पुरौती†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पूरना या स० पूर्ति] पूर्ति करना।

पुरौनी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पूरना] १ समाप्त करना। पूर्ण करना २ समाप्ति। पूर्ति।

पुर्ख(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरुष'। उ०—पुर्ख अडोल वो सत्त सामर्थ सही, कुहन के कीन्ह सभ जक्त जानी। —स० दरिया, पृ० ७७।

पुर्जन—संज्ञा पुं० [हिं० पूरना] एक यंत्र जिसपर कलाबत्तू लपेटा जाता है।

पुर्जा—संज्ञा पुं० [फा० पुर्जह्] दे० 'पुरजा'।

पुर्तगाल—संज्ञा पुं० [अ०] योरप के दक्षिण पश्चिम कोने पर पड़नेवाला एक छोटा प्रदेश जो स्पेन से लगा हुआ है।

पुर्तगाली¹—वि० [हिं० पुर्तगाल + ई (प्रत्य०)] १ पुर्तगाल संबंधी। २. पुर्तगाल का रहनेवाला।

विशेष—योरप की नई जातियो में हिंदुस्तान में सबसे पहले पुर्तगाली लोग ही आए। पुर्तगाली व्यारियो के द्वारा अकबर के समय से ही युरोपीय शब्द यहाँ की भाषा मे मिलने लगे। जैसे, गिरजा, पादरी, आलू, तवाकू आदि का प्रचार तभी से होने लगा।

पुर्तगाली[२]—सज्ञा स्त्री० पुर्तगाल की भाषा।

पुर्तगीज—वि० [अ०] पुर्तगाली। पुर्तगाल का रहनेवाला।

पुर्वेला†—वि० [हिं०] दे० 'पुरबला'।

पुर्षे(पु)—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुरुष'। उ०—अवल्ला इकल्ली। वियो पूर्ष मिल्ली।—पृ० रा०, १।५६।

पुर्साहाल—वि० [फा० पुर्सा+अ० हाल] हाल पूछनेवाला। समाचार लेनेवाला। उ०—अभी पारसाल तक उसका कोई पुर्साहाल नही था।—शराबी, पृ० ६।

पुर्सा—सज्ञा पुं० [सं० पुरुष] दे० 'पुरसा'।

पुलंधर(पु)†—सज्ञा पुं० [सं० पुरन्दर] दे० 'पुरदर'।

पुल[१]—सज्ञा पुं० [फा०] किसी नदी, जलाशय, गड्ढे या खाई के आर पार जाने का रास्ता जो नाव पाटकर या खभो पर पटरियाँ आदि बिछाकर बनाया जाय। सेतु।

मुहा०—पुल बँधना=पुल तैयार होना। पुल बाँधना=पुल तैयार करना। (किसी बात) का पुल बँधना=ढेर लगना। झडी बँधना। बहुत अधिकता होना। लगातार बहुत सा होना। (किसी बात का) पुल बाँधना=ढेर लगाना। झडी बाँधना। बहुत अधिकता कर देना। अतिशय करना। जैसे, बातों का पुल बाँधना, तारीफ का पुल बाँधना। पुल टूटना=(१) पुल गिर पडना। (२) बहुतायत होना। अधिकता होना। अटाला या जमघट लगना। जैसे,—देखने के लिये आदमियो का पुल टूट पडा।

पुल[२]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुलक। रोमाच। २ शिव का एक अनुचर।

पुल[३]—वि० विपुल। बहुत सा।

पुल[४]—सज्ञा पु० [तु०] पैसा। पण [को०]।

पुलक—सज्ञा पुं० [स०] १ रोमाच। प्रेम, हर्ष आदि के उद्वेग से रोमकूपो (छिद्रो) का प्रफुल्ल होना। त्वक्कप। २. एक तुच्छ धान्य। एक प्रकार का मोटा अन्न। ३ एक प्रकार का रत्न। एक नग या बहुमूल्य पत्थर। याकूत। चुनरी। महताब।

विशेष—यह भारत मे कई स्थानों पर होता है पर राजपूताने का सबसे अच्छा होता है। दक्षिण मे यह पत्थर विशाखपटम, गोदावरी, त्रिचिनापली और तिनावली जिलो में निकलता है। यह अनेक रगो का होता है—सफेद, हरा, पीला, लाल, काला, चितकबरा। जितने भेद इस पत्थर के होते हैं उतने और किसी पत्थर के नहीं होते। यह देखने मे कुछ दानेदार होता है। इसके द्वारा मानिक और नीलम कट सकते हैं।

४ शरीर में पडनेवाला एक कीडा। ५ रत्नो का एक दोष। ६ हाथी का गतिभेद। ७. हरताल। ८. एक प्रकार का मद्यपात्र। ९ एक प्रकार की राई। १० एक गधर्व का नाम। ११ एक प्रकार का गेरू। गिरिमारी। १२. एक प्रकार का कद।

पुलकना(पु)—क्रि० अ० [सं० पुलक+ना (प्रत्य०)] पुलकित होना। प्रेम, हर्ष आदि के कारण प्रफुल्ल होना। गद्गद होना।

पुलकस्पद—सज्ञा पु० [सं० पुलक+स्पन्द] पुलकजनित स्पदन। पुलकित होने की स्थिति। उ०—जग के दूषित बीज नष्ट कर, पुलकस्पद भर लिखा स्पष्टतर।—अपरा, पृ० ५९।

पुलकांग—सज्ञा पुं० [स० पुलकाङ्ग] वरुण का पाश [को०]।

पुलकाई(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुलक+आई (प्रत्य०)] पुलकित होने का भाव। गद्गद होना।

पुलकाना—क्रि० स० [सं० पुलक+हिं० आना (प्रत्य०)] पुलकित करना। प्रफुल्लित करना। उ०—कुसुमों ने हँसना सिखलाया मृदु लहरो ने पुलकाया।—वीणा, पृ० १२।

पुलकालय—सज्ञा पु० [स०] कुबेर का एक नाम।

पुलकावलि—सज्ञा स्त्री० [स०] पुलकावलि। हर्ष से प्रफुल्ल रोमराजि। उ०—बीज राम गुनगन नयन जल अकुर पुलकालि। सुकृती सुतन सुपेतवर बिलसत तुलसी सालि।—तुलसी (शब्द०)।

पुलकावलि—सज्ञा स्त्री० [स०] हर्ष से प्रफुल्ल रोम। रोमहर्ष।

पुलकित—वि० [सं०] रोमाचित। प्रेम या हर्ष के वेग से जिसके रोएँ उभर आए हो। गद्गद।

पुलकी[१]—[वि० सं० पुलकिन्] [वि० स्त्री० पुलकिनी] रोमाचयुक्त। हर्ष या प्रेम से गद्गद होनेवाला।

पुलकी[२]—सज्ञा पुं० [स० पुलकिन्] १. धारा कदब। २. कदब।

पुलकोत्कप—सज्ञा पुं० [सं० पुलकोत्कम्प] हर्षादि से रोमांचित हो काँपना [को०]।

पुलकोद्गम, पुलकोद्भेद—सज्ञा पु० [सं०] पुलक होना। रोमांच या रोमहर्ष होना [को०]।

पुलग†—सज्ञा पुं० [सं० प्लवग ?] अश्व। घोडा। उ०—पुलग साज तिणनिजरू गुजराय।—रघु० रू०, पृ० २४१।

पुलट†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पलटना] दे० 'पलट'।

पुलटिस—सज्ञा स्त्री० [अ० पोल्टिस] फोडे, घाव आदि को पकाने या बहाने के लिये उसपर चढाया हुआ अलसी, रेंडी आदि का मोटा लेप।

क्रि० प्र०—चढाना।—बाँधना।

पुलना—क्रि० अ० [सं० √पुल्] १ चलना। उ०—(क) जेती जउ मन मांहि, पजर जइ तेती पुलइ।—ढोला०, दू० १७१। (ख) नाम निर्गुण की गम्म कैसे लहै ताप तिर्गुण के पंथ पुलिया।—राम० धर्म, पृ० १३९। २. काँपना। कपित होना। उ०—छननकि बान बजि गोम धक। कायर पुलत सूरा निसक।—पृ० रा०, १।६५८।

पुलपुल†—वि० [नु०] दे० 'पुलपुला'।

पुलपुला—वि० [अनु०] जिसके भीतर का भाग ठोस न हो। जो भीतर इतना ढीला और मुलायम हो कि दबाने से धँस जाय। जो छूने में कड़ा न हो (विशेषत फलों के लिये)। जैसे,—ये आम पककर पुलपुले हो गए हैं।

पुलपुलाना—क्रि० स० [हिं० पुलपुला] १ किसी मुलायम चीज को दबाना। जैसे, आम पुलपुलाना। २. मुँह मे लेकर दबाना। चूसना। बिना चबाए खाना। जैसे, आम को मुँह में लेकर पुलपुलाना।

पुलपुलाहट—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुलपुला + हट (प्रत्य०)] पुलपुला होने का भाव। मुलायमियत।

पुलसरात—पुं० [फा० पुल + सरात] मुसलमानो के अनुसार (हिंदुओं की वैतरणी की भाँति) एक नदी का पुल जिसे मरने के उपरात जीवो को पार करना पड़ता है। कहते हैं कि पापियों के लिये यह पुल बाल के समान पतला और पुण्यात्माओं के लिये खासी सड़क के समान चौड़ा हो जाता है। उ०—नासिक पुलसरात पथ चला। तेहि कर मौंहें हैं दुइ पला। —जायसी (शब्द०)

पुलस्त—सज्ञा पुं० [स० पुलस्त्य] दे० 'पुलस्त्य'।

पुलस्ति—सज्ञा पु० [स०] पुलस्त्य मुनि। उ०—सो पुलस्ति मुनि जाइ छोडावा।—मानस, ६।२४।

पुलस्त्य—सज्ञा पुं० [स०] १ एक ऋषि जिनकी गिनती सप्तर्षियो और प्रजापतियों में है।

विशेष—ये ब्रह्मा के मानसपुत्रो में थे। ये विश्रवा के पिता और कुबेर और रावण के पितामह थे। विष्णुपुराण के अनुसार ब्रह्मा के कहे हुए आदिपुराण का मनुष्यो के बीच इन्होंने प्रचार किया था।

२ शिव का एक नाम।

पुलह—सज्ञा पु० [सं०] १ एक ऋषि जो ब्रह्मा के मानसपुत्रो और प्रजापतियो मे से हैं। ये सप्तर्षियो मे हैं। २. एक गधर्व। ३. शिव का एक नाम।

पुलहना—क्रि० अ० [सं० पल्लवन] दे० 'पलुहना'। उ०—तोहि देखे, पिउ! पुलहै कया। उमरा चित्त, बहुरि करु मया। —जायसी (शब्द०)।

पुलांग—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष जिसके पत्ते फरेंदे के पत्ते की तरह और फल गोल होते हैं जिनमें से गिरी निकलती है। इससे तेल निकलता है। यह वृक्ष उड़ीसा में होता है।

पुला—सज्ञा स्त्री० [स०] उपजिह्विका [को०]।

पुलाक—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक कदन्न। अँकरा। २ उबाला हुआ चावल। भात। ३ भात का माड। पीच। ४ मासोदन। पुलाव। ५ अल्पता। सक्षेप। ६. क्षिप्रता। जल्दी।

पुलाकी—सज्ञा पुं० [स० पुलाकिन्] वृक्ष।

पुलायित—सज्ञा पुं० [स०] घोड़े की एक चाल [को०]।

पुलाव—सज्ञा पुं० [सं० पुलाक, मि० फ़ा० पलाव] एक व्यजन या खाना जो मांस और चावल को एक साथ पकाने से बनता है। मासोदन।

पुलिंग—सज्ञा पुं० [सं० पुल्लिङ्ग] दे० 'पुल्लिंग'। उ०—औरे रूप पुलिंग सो जानहु उर निरधार।—पोद्दार अभि० ग्रं०, पृ० ५३०।

पुलिंद—सज्ञा पुं० [सं०] १ भारतवर्ष की एक प्राचीन असभ्य जाति।

विशेष—ऐतरेय ब्राह्मण मे लिखा है कि विश्वामित्र के जिन पुत्रो ने शुन शेप को ज्येष्ठ नहीं माना था वे ऋषि के शाप से पतित हो गए। उन्ही मे पुलिंद, शबर आदि बर्बर जातियों की उत्पत्ति हुई। रामायण, महाभारत, पुराण, काव्य सबमें इस जाति का उल्लेख है। महाभारत सभापर्व में सहदेव के दिग्विजय के सबध में लिखा है कि उन्होंने अर्बुक राजाओं को जीतकर वातापिप को वश में किया और उसके पीछे पुलिंदो को जीतकर वे दक्षिण की ओर बढ़े। कुछ लोगों के अनुमान के अनुसार यदि अर्बुक को आबू पहाड और वात को वातापिपुरी (बादामी) मानें तो गुजरात और राजपुताने के बीच पुलिंद जाति का स्थान ठहरता है। महाभारत (भीष्मपर्व) मे एक स्थान पर 'सिंधुपुलिंदका' भी है इससे उनका स्थान सिंधु देश के आसपास भी सूचित होता है। वामनपुराण में पुलिंदो की उत्पत्ति की एक कथा है कि भ्रूणहत्या के प्रायश्चित्त के लिये इद्र ने कालजर के पास तपस्या की थी और उनके साथ उनके सहचर भी भूलोक में आए थे। उन्हीं सहचरों की सतति मे पुलिंद हुए जो कालजर और हिमाद्रि के बीच बसते थे। अशोक के शहबाजगढ़ी के लेख में भी पुलिंद जाति का नाम आया है।

२ वह देश जहाँ पुलिंद जाति बसती थी। ३ जहाज का मस्तूल (को०)।

पुलिंदा[1]—सज्ञा पुं० [सं० पुल (=ढेर), हिं० पूला] लपेटे हुए कपड़े, कागज आदि का छोटा मुट्ठा। गड्डी। पूला। गट्ठा। बडल। जैसे, कागज का पुलिंदा।

पुलिंदा[2]—सज्ञा स्त्री० [?] एक छोटी नदी जो ताप्ती में मिलती है। महाभारत में इसका उल्लेख है।

पुलिकेशि—सज्ञा पुं० [स०] १ चालुक्यवशीय एक राजा जिन्होंने ईसा की छठी शताब्दी में पल्लवो की राजधानी वातापिपुरी (बादामी) को जीतकर दक्षिण में चालुक्य राज्य स्थापित किया था। २ चालुक्यवशीय एक सबसे प्रतापी राजा जो सन् ६१० के लगभग वातापिपुरी के सिंहासन पर बैठा और जिसने सारा दक्षिण और महाराष्ट्र प्रदेश अपने अधिकार मे किया।

विशेष—यह द्वितीय पुलिकेशि के नाम से प्रसिद्ध है। परम प्रतापी हर्षवर्धन, जिसकी राजसभा में बाणभट्ट थे और जिसके समय में प्रसिद्ध चीनी यात्री हुएन्सांग भारतवर्ष आया था, इसका समकालीन था। हर्षवर्धन सारे उत्तरीय भारत को अपने अधिकार में लाया पर जब दक्षिण की ओर

उसने चढ़ाई की तब पुलिकेशि के हाथ से गहरी हार खाकर भाग आया।

पुलिन—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह सीड या कीचड की जमीन जिसपर से पानी हटे थोड़े ही दिन हुए हो। पानी के भीतर से हाल की निकली हुई जमीन। चर। २ नदी आदि का तट। तीर। किनारा। उ०—आवत धीर समीर तें, चल्या पुलिन को जात।—घनानद, पृ० १७८। ३ नदी के बीच पड़ी हुई रेत। ४ एक यक्ष का नाम।

पुलिनवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] नदी [को०]।

पुलिया†—संज्ञा स्त्री० [फा० पुल] छोटा पुल।

पुलिरिक—संज्ञा पुं० [सं०] सर्प। साँप।

पुलिश—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष के एक प्राचीन आचार्य जिनके नाम से पौलिश सिद्धात प्रसिद्ध है जो वराहमिहिरोक्त पच सिद्धातो में है।

विशेष—अलबरूनी ने पुलिश या पलस को यूनानी (यवन) लिखा है। कुछ इतिहासज्ञों ने पुलिश को मिस्र देश का बताया है। आजकल मूल पौलिश सिद्धात नही मिलता। भटोत्पल और बलभद्र ने थोड़े से वचन उद्धृत किए हैं। उन उद्धृत वचनो से निश्चयपूर्वक नही कहा जा सकता कि पुलिश कोई विदेशी ही था।

पुलिस—संज्ञा स्त्री० [अ०] १, नगर, ग्राम आदि की शातिरक्षा के लिये नियुक्त सिपाहियो और कर्मचारियो का वर्ग। प्रजा की जान और माल की हिफाजत के लिये मुकर्रर सिपाहियो और अफसरो का दल। २ अपराधों को रोकने और अपराधियो का पता लगाकर उन्हें पकडने के लिये नियुक्त सिपाही या अफसर। पुलिस का सिपाही या अफसर।

यौ०—**पुलिस काररवाई, पुलिस राज** = आतक। दबदबा।

पुलिसमैन—संज्ञा पुं० [अ०] पुलिस का प्यादा। पुलिस का सिपाही। कांस्टेबल।

पुलिहोरा†—संज्ञा पु० [देश०] एक पकवान। उ०—विविध पच पकवान अपारे। सक्कर पुगल और पुलिहोरा।—रघुराज (शब्द०)।

पुली—संज्ञा स्त्री० [देश०] काले और भूरे रग की एक चिडिया जो सारे उत्तर भारत में पजाब से लेकर बगाल तक होती है।

पुलीस†—संज्ञा स्त्री० [अ० पुलिस] दे० 'पुलिस'। उ०—पुलीस और अदालत के अमलो ने लूट मारा।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १९१।

पुलेबैठ—संज्ञा पुं० [फा० पील (हाथी =) + हिं० बैठना, या हिं० पुलना (= चलना) + बैठना] पीछे के दोनो पैर झुका दे। पीलवानों की एक बोली जिसको सुनकर हाथी पीछे के दोनो पैर झुका देता है। हाथीवानो की बोली।

पुलोम—संज्ञा पुं० [सं० पुलोमन्] १. एक दैत्य जिसकी कन्या शची थी। इद्र ने युद्ध में पुलोम को मारकर उसकी कन्या शची से ब्याह किया था। २ एक राक्षस। ३ आध्र वश का एक राजा।

यौ०—**पुलोमजित्, पुलोमद्विट्, पुलोमभिद्** = इद्र। **पुलोमपुत्री** = दे० 'पुलोमजा'।

पुलोमजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुलोम की कन्या इद्राणी। शची।

पुलोमपुत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुलोम असुर की कन्या। इद्रपत्नी शची [को०]।

पुलोमहो—संज्ञा स्त्री० [सं०] अफिफेन। अफीम।

पुलोमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] भृगु की पत्नी का नाम जो वैश्वानर नामक दैत्य की कन्या थी। च्यवन ऋषि उन्ही के पुत्र थे।

पुलोमारि—संज्ञा पुं० [सं०] इद्र [को०]।

पुल्कस—संज्ञा पुं० [सं०] एक सकर जाति जिसकी उत्पत्ति ब्राह्मण पुरुष और क्षत्रिय स्त्री से कही जाती है। शतपथ ब्राह्मण और बृहदारण्यक उपनिषद् मे इस जाति का उल्लेख है।

पुल्ल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] एक फूल।

पुल्ल[2]—वि० विकसित। फुल्ल [को०]।

पुल्ला†—संज्ञा पुं० [हिं० फूल] नाक मे पहनने का एक गहना।

पुल्ली†—संज्ञा स्त्री० [देश०] घोडे के सुम के ऊपर का हिस्सा।

पुवा†—संज्ञा पुं० [स० अपूप] दे० 'पूवा', 'मालपूवा'। उ०—पुवा, सुहारी, मोदक भारी। गूझा, रसगूँझा, दधि न्यारी।—नद० ग्र०, पृ० ३०६।

पुवार—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पयाल'।

पुश्क—संज्ञा स्त्री० [तु०] बिल्ली। मार्जार [को०]।

पुश्त—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ पृष्ठ। पीठ। पीछा। २ वशपरपरा मे कोई एक स्थान। पिता, पितामह, प्रपितामह आदि या पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र आदि का पूर्वापर स्थान। पीढी।

यौ०—**पुश्तखम** = वह जिसकी पीठ खम हो। कुबडा। **पुश्तखार**। **पुश्त दर पुश्त** = वशपरपरा मे। बाप के पीछे बेटा, बेटे के पीछे पोता इस क्रम से लगातार। **पुश्तपनाह** = पक्षपाती। मददगार। सहायक। **पुश्तहा पुश्त** = कई पीढ़ियों तक।

पुश्तक—संज्ञा स्त्री० [फा० पुश्त] घोडे, गदहे, आदि का पीछे के दोनो पैरो से लात मारना। दोलत्ती।

क्रि० प्र०—झाडना। —मारना।

पुश्तखार—संज्ञा पु० [फा० पुश्तखार] पीठ खुजलाने का सीग या हाथीदाँत आदि का एक पजा [को०]।

पुश्तनामा—संज्ञा पु० [फा० पुश्तनामह्] वह कागज जिसपर पूर्वापर क्रम से किसी कुल मे उत्पन्न लोगो के नाम लिखे हों। वशावली। पीढ़ीनामा। कुरसीनामा।

पुश्तवानी—संज्ञा स्त्री० [फा० पुश्त+हिं० वान (प्रत्य०)] वह आडी लकडी जो किवाड के पीछे पल्ले की मजबूती के लिये लगी रहती है।

पुश्ता—संज्ञा पुं० [फा० पुश्तह्] १. पानी की रोक के लिये

या मजबूती के लिये किसी दीवार से लगातार कुछ ऊपर तक जमाया हुआ मिट्टी, ईंट, पत्थर आदि का ढेर या ढालुवाँ टीला। २ पानी की रोक के लिये कुछ दूर तक उठाया हुआ टीला। बाँध। ऊची मेंड। ३ किताब की जिल्द के पीछे का चमडा।

क्रि प्र०—उठाना। —देना। —बाँधना।

४ पौने चार मात्राओ का एक ताल जिसमें तीन आघात और एक खाली रहता है।

पुश्तापुश्त—क्रि० वि० [फा०] पीछे के क्रम मे। पश्चाद्वर्ती [को०]।

पुश्ताबंदी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ पुश्ते की बँधाई। पुश्ता उठाने की क्रिया या भाव। २ पुश्ते का काम।

पुश्तारा—सज्ञा पुं० [फा० पुश्तारह्] पीठ पर उठाया जा सकनेवाला बोझ। गट्ठर। भार [को०]।

पुश्ती—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ टेक। सहारा। आश्रय। थाम। २ सहायता। पृष्ठरक्षा। मदद।

क्रि० प्र०—करना। —होना।

३ पक्ष। तरफदारी।

क्रि० प्र०—लेना।

४ बडा तकिया जिसपर पीठ टिकाकर बैठते हैं। पीठ टेकने का तकिया। गावतकिया। ५ बाँध। मेंड।

पुश्तैन—वि० [फ० पुश्त] पुरुषपरपरा। वशपरपरा। पीढ़ी दर पीढ़ी।

पुश्तैनी—सज्ञा स्त्री० [फा० पुश्त] जो कई पुश्तों। से चला आता हो। कई पीढियो से चला आता हुआ। दादा परदादा के समय का पुराना। जैसे, पुश्तैनी बीमारी, पुश्तैनी नौकर। २ जो कई पुश्तों तक चला चले। आगे की पीढियो तक चलनेवाला। बेटे, पोते, परपोते आदि तक लगातार चला चलनेवाला। जैसे,—उसे पुश्तैनी खिताब मिला है।

पुष[1]—वि० [स०] पोषक। [को०]।

पुष[†2]—सज्ञा पु० [सं० पुष्य] एक नक्षत्र। दे० 'पुष्य'। उ०—काल जोगण भद्रा नही पुष नक्षत्र नई कातिक मास। —वी० रासो०, पृ० ४०।

पुषा—सज्ञा स्त्री० [स०] कलिहारी का पौधा। कलियारी।

पुषित—वि० [सं०] १ पोषण किया हुआ। पाला पोसा हुआ। २ वर्धित।

पुष्क—सज्ञा पुं० [स०] पोषण। पुष्टि [को०]।

पुष्कर—सज्ञा पुं० [सं०] १ जल। २ जलाशय। ताल। पोखरा। ३ कमल। ४ करछी का कटोरा। ५ ढोल, मृदग आदि का मुँह जिसपर चमडा मढा जाता है। ६ हाथी की सूँड का अगला भाग। ७ आकाश। ८ बाण। तीर। ९ तलवार की म्यान या फल। १० पिंजडा। ११ पद्मकद। १२ नृत्यकला। १३. सर्प। १४ युद्ध। १५ भाग। अश। १६ मद। नशा। १७. भग्नपाद नक्षत्र का एक अशुभ योग जिसकी शाति की जाती है। १८. पुष्करमूल। १९ कूठ। कुष्ठोषधि। कुष्ठभेद। २० एक प्रकार का ढोल। २१ सूर्य। २२ एक रोग। २३ एक दिग्गज। २४ सारस पक्षी। २५. विष्णु का एक नाम। २६ शिव का एक नाम। २७ पुष्कर द्वीपस्थ वरुण के एक पुत्र। २८ एक असुर। २९ कृष्ण के एक पुत्र का नाम। ३० बुद्ध का एक नाम। ३१ एक राजा जो नल के भाई थे।

विशेष—इन्होंने नल को जूए में हराकर निषध देश का राज्य ले लिया था। पीछे नल ने जूए में ही फिर राज्य को जीत लिया।

३२ भरत के एक पुत्र का नाम। ३३ पुराणो मे कहे गए सात द्वीपो मे से एक।

विशेष—दधि समुद्र के आगे यह द्वीप बताया गया है। इसका विस्तार शाकद्वीप से दूना कहा गया है।

३४ मेघो का एक नायक।

विशेष—जिस वर्ष मेघों के ये अधिपति होते हैं उस वर्ष पानी नही बरसता और न खेती होती है।

३५. एक तीर्थ जो अजमेर के पास है।

विशेष—ऐसा प्रसिद्ध है कि ब्रह्मा ने इस स्थान पर यज्ञ किया था। यहाँ ब्रह्मा का एक मदिर है। पद्म और नारदपुराण में इस तीर्थ का बहुत कुछ माहात्म्य मिलता है। पद्मपुराण मे लिखा है कि एक बार पितामह ब्रह्मा हाथ में कमल लिए यज्ञ करने की इच्छा से इस सुदर पर्वत प्रदेश में आए। कमल उनके हाथ से गिर पडा। उसके गिरने का ऐसा शब्द हुआ कि सब देवता काँप उठे। जब देवता ब्रह्मा से पूछने लगे तब ब्रह्मा ने कहा—'बालको का घातक वज्रनाभ असुर रसातल में तप करता था वह तुम लोगो का सहार करने के लिये यहाँ आना ही चाहता था कि मैंने कमल गिराकर उसे मार डाला'। तुम लोगों की बड़ी भारी विपत्ति दूर हुई। इस पद्म के गिरने के कारण इस स्थान का नाम पुष्कर होगा। यह परम पुण्यप्रद महातीर्थ होगा। पुष्कर तीर्थ का उल्लेख महाभारत में भी है। साँची में मिले हुए एक शिलालेख से पता लगता है कि ईसा से तीन सौ वर्ष से भी और पहले से यह तीर्थस्थान प्रसिद्ध था। आजकल पुष्कर में जो ताल है उसके किनारे सुदर घाट और राजाओ के बहुत से भवन बने हुए हैं। यहाँ ब्रह्मा, सावित्री, बदरीनारायण और वराह जी के मदिर प्रसिद्ध हैं।

३६. विष्णु भगवान् का एक रूप।

विशेष—विष्णु की नाभि से जो कमल उत्पन्न हुआ था वह उन्ही का एक अग था। इसकी कथा हरिवश में बड़े विस्तार के साथ आई है। पृथ्वी पर के पर्वत आदि नाना भाग इस पद्म के अग कहे गए हैं।

पुष्करकर्णिका—सज्ञा स्त्री० [स०] स्थलपद्मिनी।

पुष्करनाडी—सज्ञा स्त्री० [सं०] स्थलपद्मिनी।

पुष्करनाभ—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु [को०]।

पुष्करपत्त—सज्ञा पु० [सं०] कमलपत्र ।

पुष्करपर्ण—सज्ञा पुं० [स०] १. कमल का पत्ता । २ एक प्रकार की ईंट जो यज्ञ की वेदी बनाने के काम मे आती थी ।

पुष्करपलाश—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पुष्करपत्र' [को०] ।

पुष्करप्रिय—सज्ञा पु० [स०] १ मधुमक्षिका । २ मोम (को०) ।

पुष्करबीज—सज्ञा पुं० [सं०] कमल का बीज [को०] ।

पुष्करमूल—सज्ञा पुं० [स०] एक ओषधि का मूल या जड जो कश्मीर देश के सरोवरो में उत्पन्न कही जाती है ।

विशेष—यह ओषधि आजकल नही मिलती, वैद्य लोग इसके स्थान पर कुष्ठ या कूठ का व्यवहार करते हैं ।

पुष्करव्याघ्र—सज्ञा पुं० [सं०] घडियाल । मगर । [को०] ।

पुष्करशिफा—सज्ञा स्त्री० [स०] पुष्करमूल ।

पुष्करसागर—सज्ञा पु० [सं०] पुष्करमूल ।

पुष्करसारी—सज्ञा स्त्री० [स०] ललितविस्तर में गिनाई हुई लिपियो में से एक ।

पुष्करस्थपति—सज्ञा पुं० [सं०] शिव [को०] ।

पुष्करस्रज्—सज्ञा पुं० [स०] १ अश्विनीकुमार । २ कमल के फूलों की माला (को०) ।

पुष्कराक्ष[1]—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु [को०] ।

पुष्कराक्ष[2]—वि० कमल जैसी आँखोवाला । कमलनेत्र ।

पुष्कराख्य—सज्ञा पुं० [सं०] सारस ।

पुष्कराग्र—सज्ञा पुं० [सं०] हाथी की सूँड का छोर [को०] ।

पुष्करावर्तक—सज्ञा पु० [स०] मेघों के एक विशेष अधिपति ।

पुष्कराह्व—सज्ञा पुं० [सं०] १ सारस । २ पुष्करमूल [को०] ।

पुष्करिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक रोग जिसमें लिंग के अग्रभाग पर फुसियाँ हो जाती हैं ।

पुष्करिणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हथिनी । २ कमलों से भरा हुआ तालाब । ३ कमल का पौधा । ४ कमलिनी । ५ पुष्करमूल । ६ कमल का समूह । ७ स्थलपद्मिनी । ८. सौ धनुष की नाप का एक प्रकार का चौकोर तालाब [को०] ।

पुष्करी[1]—सज्ञा पुं० [सं० पुष्करिन्] हाथी ।

पुष्करी[2]—वि० पुष्करयुक्त । कमलयुक्त [को०] ।

पुष्कल[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ चार ग्रास की भिक्षा । २. अनाज नापने का एक प्राचीन मान जो ६४ मुट्ठियों के बराबर होता था । ३ राम के भाई भरत के दो पुत्रो मे से एक । ४ एक असुर । ५ एक प्रकार का ढोल । ६ एक प्रकार की वीणा । ७ शिव । ८ वरुण के एक पुत्र । ९. एक बुद्ध का नाम । १० मेरु पर्वत का एक नाम (को०) ।

पुष्कल[2]—वि० १ बहुत । अधिक । ढेर सा । प्रचुर । २ भरापूरा । परिपूर्ण । ३ श्रेष्ठ । ४ समीपस्थ । उपस्थित । ५ । ६. शब्द या कोलाहल से पूर्ण (को०) ।

पुष्कलक—सज्ञा पुं० [सं०] १ कस्तूरीमृग । २ कील । खूँटी । ३ अर्गला । ४ बौद्धभिक्षु [को०] ।

पुष्कलावती—सज्ञा स्त्री० [सं०] गांधार देश की प्राचीन राजधानी ।

विशेष—विष्णुपुराण में लिखा है कि भरत के पुत्र पुष्कल ने इस नगरी को बसाया था । सिकदर की चढाई के समय मे यह नगरी थी क्योंकि एरियन आदि यूनानी लेखकों ने पेकुकेले, प्युकोलैतिस आदि नामों से इसका उल्लेख किया है । एरियन ने लिखा है कि यह नगरी बहुत बडी थी और सिंधुनद से थोडी ही दूर पर थी । ईसा की सातवी शताब्दी में आए हुए चीनी यात्री हुएन्साग ने भी इस नगरी में हिंदू देवमदिरो और बौद्ध स्तूपो का होना लिखा है । पेशावर से नौ कोस उत्तर स्वात और काबुल नदी के सगम पर जहाँ हश्तनगर नाम का गाँव है वही प्राचीन पुष्कलावती थी ।

पुष्ट[1]—वि० [सं०] १ पोषण किया हुआ । पाला हुआ । २ तैयार । मोटा ताजा । बलिष्ठ । ३ मोटा ताजा करनेवाला । बलवर्धक । जैसे,—गाजर का हलुआ बडा पुष्ट है । ४ दृढ । मजबूत । पक्का । ५ पूर्ण । पूरा (को०) । ६ गभीर । पूर्ण ध्वनियुक्त (को०) ।

पुष्ट[2]—सज्ञा पुं० १ विष्णु । २ पोषण (को०) ।

पुष्टई—सज्ञा स्त्री० [सं० पुष्ट + हिं० ई (प्रत्य०)] पुष्ट करनेवाली औषध । बल-वीर्य वर्धक औषध । ताकत की दवा ।

पुष्टता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मोटा ताजापन । मजबूती । बलिष्ठता । २ पोढापन । दृढता ।

पुष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पोषण । २ मोटाताजापन । बलिष्ठता । ३. वृद्धि । सतति की बढती । ४ दृढता । मजबूती । ५ बात का समर्थन । पक्कापन । जैसे,—इस बात से तुम्हारे कथन की पुष्टि होती है । ६ सोलह मातृकाओ मे से एक । ७. मगला, विजया आदि आठ प्रकार की चारपाइयों मे से एक । ८ धर्म की पत्नियो में से एक । ९ एक योगिनी । १० अश्वगधा । असगध । ११ सपन्नता । धनाढ्यता । वैभव (को०) । १२. रक्षण । सहायता (को०) । १३ अभ्युदय के लिये किया जानेवाला एक धार्मिक कृत्य (को०) ।

पुष्टिकर—वि० [सं०] पुष्ट करनेवाला । बल-वीर्य-वर्धक । ताकत देनेवाला । जैसे, पुष्टिकर पदार्थों का भोजन ।

पुष्टिकरी—सज्ञा स्त्री० [स०] गगा (काशीखड) ।

पुष्टिकर्म—सज्ञा पुं० [सं०] एक धार्मिक कृत्य जो वैभव और सपन्नता प्राप्त करने के लिये किया जाता है [को०] ।

पुष्टिकांत—सज्ञा पुं० [स० पुष्टिकान्त] गणेश [को०] ।

पुष्टिका—सज्ञा स्त्री० [स०] जल की सीप । सुतही । सीपी ।

पुष्टिकाम—वि० [सं०] अभ्युदय का इच्छुक । पुष्टि की कामना करनेवाला [को०] ।

पुष्टिकारक—वि० [सं०] पुष्टि करनेवाला । बल-वीर्य-कारक ।

वि० [सं०] पुष्टि देनेवाला । पुष्टिकारक [को०] ।

यत्न—सज्ञा पुं० [सं०] आग के जले को आग से ही

सेंककर या किसी प्रकार का गरम गरम लेप करके अच्छा करने की युक्ति।

पुष्टिदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. अश्वगंधा। असगंध। २. वृद्धि नाम की ओषधि।

पुष्टिपति—संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि का एक भेद।

पुष्टिप्रद—वि० [सं०] पुष्टिकारक [को०]।

पुष्टिमति—संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि का एक भेद।

पुष्टिमार्ग—संज्ञा पुं० [सं०] वल्लभ संप्रदाय। वल्लभाचार्य के मतानुकूल वैष्णव भक्तिमार्ग।

पुष्टिलीला—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्टि (=पुष्टिमार्ग)+लीला] रासलीला। कृष्ण लीला। उ०—सो इन पुष्टिलीला को अनुभव कियो।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ७।

पुष्टिवर्धक—वि० [सं०] दे० 'पुष्टिकारक'।

पुष्टिवर्धन[1]—वि० [सं०] पुष्टि को बढ़ानेवाला। सुख संपन्नता को बढ़ानेवाला। अभ्युदय की सिद्धि करनेवाला [को०]।

पुष्टिवर्धन[2]—संज्ञा पुं० मुर्गा [को०]।

पुष्पंधय—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पन्धय] १ भ्रमर। भौंरा २ मधुमक्खी [को०]।

पुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] १ फूल। पौधों का वह अवयव जो ऋतुकाल में उत्पन्न होता है।

विशेष—दे० 'फूल'।

२ ऋतुमती स्त्री का रज। ३. आँख का एक रोग। फूला। फूली। ४ घोड़ों का एक लक्षण। चित्ती।

विशेष—जिस रंग का घोड़ा हो उससे भिन्न रंग की चित्ती को पुष्प कहते हैं। कनपटी, ललाट, सिर, कंधे, छाती, नाभि और कंठ में ऐसे चिह्न हों तो शुभ और ओठ, कान की जड़, भौं और पूँछ पर हों तो अशुभ माने जाते हैं। ५ विकास। विकसित होना। ६ कुबेर का विमान। पुष्पक। ७ एक प्रकार का अंजन या सुरमा। ८ रसौत। ९ पुष्करमूल। १० लवंग। ११ मास (वाममार्गी)। १२ पुखराज। पुष्पराग (को०)। १३ नाटक में कोई ऐसी बात कहना जो विशेष रूप से प्रेम या अनुराग उत्पन्न करनेवाली हो। जैसे,—यह साक्षात् लक्ष्मी है। इसकी हथेली पारिजात के नवदल है, नहीं तो पसीने के बहाने इसमें से अमृत कहाँ से टपकता।

पुष्पक—संज्ञा पुं० [सं०] १. फूल। २ कुबेर का विमान।

विशेष—यह विमान आकाशमार्ग से चलता था। कुबेर को हराकर रावण ने यह विमान छीन लिया था। रावण के वध के उपरांत राम ने इसे फिर कुबेर को दे दिया।

३ आँख का एक रोग। फूला। फूली। ४ जड़ाऊ कंगन। ५ रसांजन। रसौत। ६ हीरा कसीस। ७ पीतल। ८. लोहे या पीतल का मैल। ९ मिट्टी की अँगीठी। १० एक प्रकार का निर्विष सर्प। बिना विष का एक साँप। ११ एक पर्वत का नाम। १२ लोहे का बर्तन। लोहपात्र (को०)। १३. प्रासाद बनाने का एक प्रकार का मंडप।

विशेष—यह मंडप पाँच खंभों का होना चाहिए।

१४ वह राशि जिसके होने आठ मासों में वैद्य लोग।

पुष्पकरंड—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पकरण्ड] दे० 'पुष्पकरंडक'।

पुष्पकरंडक—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पकरण्डक] १ उज्जयिनी का एक पुराना उद्यान या बगीचा जो महाकाल के मंदिर के पास था। २ फूलों की डलिया (जै०)।

पुष्पकरंडिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्पकरण्डिनी] उज्जयिनी।

पुष्पकाल—संज्ञा पुं० [सं०] १ वसंत ऋतु। २. स्त्रियों का ऋतुकाल [को०]।

पुष्पकासीस—संज्ञा पुं० [सं०] लोहा कसीस।

पुष्पकीट—संज्ञा पुं० [सं०] १ फूल का कीड़ा। २ भौंरा। भ्रमर।

पुष्पकृच्छ्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक व्रत जिसमें केवल फूलों का सेवन पंद्रह महीना भर रहना पड़ता है।

पुष्पकेतन—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव। पुष्पकेतु [को०]।

पुष्पकेतु—संज्ञा पुं० [सं०] १. पुष्पकेतन। २. कामदेव।

पुष्पगंधिका—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्पगन्धिका] साहित्य के दस अंगों में से एक। गाने के साथ अनेक छंदों में स्त्रियों द्वारा पुरुषों का और पुरुषों द्वारा स्त्रियों का अभिनय और गान। (नाट्यशास्त्र)

पुष्पगंधा—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्पगन्धा] छुहारा।

पुष्पगवेधुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] नागबला।

पुष्पघातक—संज्ञा पुं० [सं०] बाँस [को०]।

पुष्पचय, पुष्पचयन—संज्ञा पुं० [सं०] फूल तोड़ना। फूल चुनना [को०]।

पुष्पचाप—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव। पुष्पधन्वा।

पुष्पचामर—संज्ञा पुं० [सं०] १ सोना। २. केवड़ा।

पुष्पज—संज्ञा पुं० [सं०] पुष्प से उत्पन्न पुष्परज। मकरंद [को०]।

पुष्पजीवी—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पजीविन्] मालाकार। माली [को०]।

पुष्पदंत—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पदन्त] १. यादुकोण का दिग्गज। २ एक प्रकार का नगरद्वार। ३. शिव का अनुचर एक गंधर्व जिसका रचा हुआ महिम्न स्तोत्र कहा जाता है।

विशेष—इस गंधर्व के विषय में कहा जाता है कि यह एक बार शिव का निर्माल्य लाँघ गया था। इससे शिव ने शाप द्वारा इसका आकाशगमन रोक दिया था। पीछे महिम्न स्तोत्र बनाकर पाठ करने से इसे सेवरत्व प्राप्त हो गया।

४. एक विद्याधर। ५. कार्तिकेय का एक अनुचर। ६ चंद्र और सूर्य (को०)।

पुष्पदंष्ट्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक नाग।

पुष्पद—संज्ञा पुं० [सं०] वृक्ष। पेड़ [को०]।

पुष्पदाम—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पदामन्] १. पुष्पों की माला। २ एक छंद का नाम [को०]।

पुष्पद्रव—संज्ञा पुं० [सं०] पुष्प का रस। मकरंद [को०]।

पुष्पद्रुम—संज्ञा पुं० [सं०] फूलवाला वृक्ष। केवल पुष्प का वृक्ष [को०]।

पुष्पध—संज्ञा पुं० [स०] व्रात्य ब्राह्मण से उत्पन्न एक जाति ।

विशेष—व्रात्य ब्राह्मण की सवर्णा पत्नी से उत्पन्न संतति पुष्पध कहलाती है ।

पुष्पधनुस्—संज्ञा पु० [सं० पुष्पधनुष्] कामदेव ।

पुष्पधन्वा—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पधन्वन्] १. कामदेव । मीनकेतु । २. एक रसौषध ।

विशेष—यह रससिंदूर, सीसे, लोहे, अभ्रक और वग में धतूरा, भाँग, जेठी मधु, सेमरामूल मिलाकर पान के रस की भावना देने से बनती है और कामोद्दीपक तथा शक्तिवर्धक मानी जाती है ।

पुष्पधारण—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु [को०] ।

पुष्पध्वज—संज्ञा पु० [स०] कामदेव ।

पुष्पनिक्त—संज्ञा पु० [स०] भ्रमर । भौंरा ।

पुष्पनिर्यास, पुष्पनिर्यासन—संज्ञा पुं० [स०] पुष्परस । मकरद ।

पुष्पनेत्र—संज्ञा पुं० [स०] वस्ति की पिचकारी की सलाई ।

पुष्पपत्री—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पपत्रिन्] कामदेव ।

पुष्पपथ—संज्ञा पुं० [सं०] स्त्रियो के रज के निकलने का मार्ग । योनि । भग ।

पुष्पपदवी—संज्ञा स्त्री० [स०] योनि । भग [को०] ।

पुष्पपांडु—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पपाण्डु] एक प्रकार का साँप ।

पुष्पपिंड—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पपिण्ड] अशोक का पेड ।

पुष्पपुट—संज्ञा पुं० [स०] १ फूल की पँखडियों का आधार जो कटोरी के आकार का होता है । २ उक्त आकार का हाथ का चगुल ।

पुष्पपुर—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन पाटलिपुत्र (पटना) का एक नाम ।

पुष्पपेशल—वि० [स०] पुष्प की तरह कोमल । फूल सा मृदु ।

पुष्पप्रचय, पुष्पप्रचाय—संज्ञा पुं० [स०] फूल चुनना [को०] ।

पुष्पप्रस्तार—संज्ञा पुं० [स०] पुष्पशय्या । फूलों का बिछौना [को०] ।

पुष्पप्रियक—संज्ञा पु० [सं०] विजयसाल ।

पुष्पफल—संज्ञा पु० [स०] १ कुम्हडा । २ कैथ । कपित्थ । ३ अर्जुन वृक्ष ।

पुष्पबाण—संज्ञा पुं० [स०] कामदेव ।

पुष्पभद्र—संज्ञा पुं० [स०] वास्तु शिल्प में एक प्रकार का मडप जिसमें ६२ खभे हो ।

पुष्पभद्रक—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओ का एक उपवन ।

पुष्पभद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मलयगिरि के पश्चिम की एक नदी । (ब्रह्मवैवर्त) ।

पुष्पभव—संज्ञा पुं० [सं०] पुष्परस । मकरद [को०] ।

पुष्पभूति—संज्ञा पुं० [स०] १ सम्राट् हर्षवर्धन के पूर्व पुरुष जो शैव थे । २ काबोज या काबुल के एक हिंदू राजा जो ईसा की सातवी शताब्दी में राज्य करते थे ।

पुष्पमंजरिका—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्पमञ्जरिका] नील कमलिनी ।

पुष्पमंजरी—संज्ञा संज्ञा [स० पुष्पमञ्जरी] १ फूल की मजरी २ घृतकरज । घीकरज ।

पुष्पमाल—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्प+हिं० माल] फूलो की माला । उ०—आवत देखे श्याम मनोहर पुष्पमाल लै दौरी ।—नद० ग्र०, पृ० ३५४ ।

पुष्पमास—संज्ञा पुं० [स०] १ वसत ऋतु के दो महीने । वसत ऋतु । २ चैत्र (को०) ।

पुष्पमित्र—संज्ञा पु० [सं०] एक राजा ।

विशेष—दे० 'पुष्यमित्र ।'

पुष्पमृत्यु—संज्ञा पुं० [स०] देवनल । एक प्रकार का नरकट । बडा नरसल ।

पुष्परक्त—संज्ञा पुं० [स०] सूर्यमणि नाम के फूल का पौधा ।

पुष्परज—संज्ञा पुं० [स० पुष्परजस्] पराग । फूलो की धूल ।

पुष्परथ—संज्ञा पुं० [सं०] टहलने घूमने आदि का रथ [को०] ।

पुष्परस—संज्ञा पु० [सं०] मधु । मकरद ।

पुष्परसाह्वय—संज्ञा पु० [सं०] मधु ।

पुष्पराग—संज्ञा पु० [स०] एक मणि । पुखराज ।

पुष्पराज—संज्ञा पु० [स०] पुष्पराग । पुखराज ।

पुष्परेणु—संज्ञा पुं० [स०] फूल की धूल । पराग ।

पुष्परोचन—संज्ञा पुं० [सं०] नागकेसर ।

पुष्पलक—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'पुष्कलक' ।

पुष्पलाव—संज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० पुष्पलावी] फूल चुननेवाला । माली ।

पुष्पलावन—संज्ञा पुं० [सं०] वृहत्सहिता के अनुसार उत्तर दिशा का एक देश ।

पुष्पलावी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्पलाविन्] फूल चुननेवाली । मालिन ।

पुष्पलिक्त—संज्ञा पुं० [सं०] भ्रमर । भौंरा ।

पुष्पलिपि—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक पुरानी लिपि या लिखावट (ललितविस्तर) ।

पुष्पलिह्—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पलिह्] भ्रमर । भौंरा ।

पुष्पवती—वि० [सं०] १ फूलवाली । फूली हुई । २ रजोवती । रजस्वला । ऋतुमती । उ०—उस प्रकृतिलता के यौवन मे, उस पुष्पवती के माधव का, मधुहास हुआ था वह पहला, दो रूप मधुर जो ढाल सका ।—कामायनी, पृ० ७२ । ३ महाभारत में वर्णित एक तीर्थ । ४ उठी हुई गाय (को०) ।

पुष्पवर्ग—संज्ञा पु० [स०] अगस्त, कचनार, सेमल आदि का आयुर्वेदोक्त वर्ग [को०] ।

पुष्पवर्त्मा—संज्ञा पुं० [स० पुष्पवर्त्मन्] द्रुपद नरेश । द्रौपदी के पिता का नाम [को०] ।

पुष्पवर्ष—संज्ञा पुं० [स०] एक वर्षपर्वत का नाम ।

पुष्पवाटिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] फुलवारी । फूलो का बगीचा । उपवन । उद्यान ।

पुष्पवाटी—सज्ञा स्त्री० [सं०] फुलवारी । फूलों का बगीचा ।

पुष्पवाण—सज्ञा पु० [सं०] १ फूलों का बाण । २ कामदेव । ३ कुशद्वीप के एक राजा । ४ एक दैत्य ।

पुष्पवाहिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] हरिवश पुराणोक्त एक नदी ।

पुष्पविचित्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक वृत्त का नाम । एक इद्र का नाम [को०] ।

पुष्पविमान—सज्ञा पु० [स० पुष्प+विमान] दे० 'पुष्पक' । उ०—पुष्पविमान सदा उजियारा । —कबीर सा०, पृ० २ ।

पुष्पविशिष—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'पुष्पवाण' ।

पुष्पवृष्टि—सज्ञा स्त्री० [स०] फूलों की वर्षा । ऊपर से फूल गिरना । (मगल उत्सव या प्रसन्नता सूचित करने के लिये फूल गिराए जाते थे) ।

पुष्पवेणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] फूलो की बनी हुई वेणी । फूलों से गुथी हुई वेणी [को०] ।

पुष्पशकटी—सज्ञा स्त्री० [स०] आकाशवाणी ।

पुष्पशकलो—सज्ञा पुं० [स०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का विषहीन साँप ।

पुष्पशर—सज्ञा पु० [सं०] कामदेव ।

पुष्पशरासन—सज्ञा पु० [सं०] कामदेव ।

पुष्पशाक—सज्ञा पुं० [स०] ऐसे फूल जिनकी भाजी बनाई जाती है, जैसे, कचनाल, रासना, खैर, सेमल, सहजन, अगस्त, नीम ।

पुष्पशून्य[1]—वि० [सं०] बिना फूल का । पुष्परहित ।

पुष्पशून्य[2]—सज्ञा पु० गूलर ।

पुष्पशेखर—सज्ञा पुं० [सं०] फूलों की माला [को०] ।

पुष्पश्रेणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] मूसाकानी ।

पुष्पसमय—सज्ञा पुं० [स०] वसत [को०] ।

पुष्पसाधारण—सज्ञा पुं० [स०] वसतकाल ।

पुष्पसार—सज्ञा पुं० [सं०] १. फूल का मधु या रस । २ फूलो का इत्र ।

पुष्पसारा—सज्ञा स्त्री० [सं०] तुलसी ।

पुष्पसूत्र—सज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण में प्रसिद्ध सामवेद का एक सूत्रग्रथ जो गोभिलरचित कहा जाता है ।

पुष्पसौरभा—सज्ञा स्त्री० [सं०] कलिहारी का पौधा । करियारी ।

पुष्पस्नान—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पुष्यस्नान' ।

पुष्पस्नेह—सज्ञा पुं० [स०] मकरद । पुष्परस [को०] ।

पुष्पस्वेद—सज्ञा पुं० [स०] दे० पुष्पस्नेह' ।

पुष्पहास—सज्ञा पु० [सं०] १ फूलों का खिलना । २ विष्णु ।

पुष्पहासा—सज्ञा स्त्री० [स०] रजस्वला स्त्री ।

पुष्पहीन[1]—वि० [स०] बिना फूल का ।

पुष्पहीन[2]—सज्ञा पुं० [सं०] गूलर का पेड ।

पुष्पहीना—सज्ञा स्त्री० [सं०] (स्त्री) जिसे रजोदर्शन न हो । बाँझ । वध्या ।

पुष्पांक—सज्ञा पुं० [स० पुष्पाङ्क] माधवी । अनेकार्थ । (शब्द०) ।

पुष्पांजन—सज्ञा पुं० [सं० पुष्पाञ्जन] एक प्रकार का अजन जो पीतल के कसाव के साथ कुछ ओषधियो को पीसकर बनाया जाता है । वैद्यक मे सब प्रकार के नेत्ररोगों पर यह चलता है ।

पर्या०—पुष्पकेतु । कौसुभ । रीतिक । रीतिपुष्प ।

पुष्पाजलि—सज्ञा स्त्री० [सं० पुष्पाञ्जलि] फूलो से भरी अजली या अजली भर फूल जो किसी देवता या पूज्य पुरुष को चढाए जायँ ।

पुष्पाढ—सज्ञा पु० [स० पुष्पाढ्य] एक प्रकार का धान [को०] ।

पुष्पाबुज—सज्ञा पुं० [सं० पुष्पाम्बुज] मकरद ।

पुष्पांभस्—सज्ञा पुं० [सं० पुष्पाम्भस्] एक तीर्थ ।

पुष्पा—सज्ञा स्त्री० [सं०] कर्ण की राजधानी जो अगदेश में थी । चपा (आजकल के भागलपुर के पास) ।

पुष्पाकर—सज्ञा पु० [स०] वसत ऋतु ।

पुष्पागम—सज्ञा पुं० [स०] वसत काल ।

पुष्पाग्र—सज्ञा पुं० [सं०] बीजकोश । गर्भकेसर [को०] ।

पुष्पजीव—सज्ञा पुं०[स०]फूलो से जिसकी जीविका हो—माली [को०] ।

पुष्पाधर—सज्ञा पुं० [स० पुष्प+अधर] फूलो के ओठ । पँखुडियाँ उ०—झुक कर पुष्पाधर मुसकाए । —अर्चना, पृ० ८६ ।

पुष्पानन—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का मद्य ।

पुष्पापण—सज्ञा पुं० [स०] फूलो का बाजार [को०] ।

पुष्पापीड—सज्ञा पुं० [स०] सिर पर रखी हुई या पहनी जानेवाली माला [को०] ।

पुष्पायुध—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव ।

पुष्पाराम—सज्ञा पुं० [स०] फूलो का बगीचा [को०] ।

पुष्पावचायी—सज्ञा पुं० [स० पुष्पावचायिन्] मालो [को०] ।

पुष्पासव—सज्ञा पुं० [स०] फूलों से बनाया हुआ मद्य । मद्य ।

पुष्पास्तरण—सज्ञा पुं० [सं०] १ शय्या पर फूल सजाने की कला । २ फूलो की सजी हुई शय्या [को०] ।

पुष्पास्त्र—सज्ञा पुं० [सं०] कामदेव [को०] ।

पुष्पाह्वा—सज्ञा स्त्री० [सं०] सौंफ ।

पुष्पिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दाँत की मैल । २ लिंग की मैल ३. अध्याय के अत मे वह वाक्य जिसमें कहे हुए प्रसग की समाप्ति सूचित की जाती है । यह वाक्य 'इति श्री' करके प्राय आरंभ होता है जैसे, 'इति श्री स्कदपुराणे रेवाखडे' इत्यादि ।

पुष्पिणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] रजस्वला [को०] ।

पुष्पित[1]—वि० [स०] १ पुष्पसयुक्त । फूला हुआ । २ रगबिरगा । ३ विकसित (को०) ।

पुष्पित[2]—सज्ञा पुं० १ कुशद्वीप का एक पर्वत । २ एक बुद्ध का नाम ।

पुष्पिता—सज्ञा स्त्री० [स०] रजस्वला स्त्री ।

पुष्पिताग्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक अर्धसम वृत्त जिसके पहले और तीसरे चरण में दो नगण, एक रगण और एक यगण होता है तथा दूसरे और चौथे चरण में एक नगण, दो जगण, एक रगण और गुरु होता है। जैसे,—प्रभु सम नहि अन्य कोइ दाता। सुघन जु ध्यावत तीन लोक त्राता। सकल असत कामना बिहाई। हरि नित सेवहु मित्त चित्त लाई।

पुष्पी—वि० [सं० पुष्पिन्] पुष्पयुक्त। जिसमें फूल लगे हों [को०]।

पुष्पेषु—संज्ञा पु० [सं०] कामदेव।

पुष्पोत्कटा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सुमाली राक्षस की केतुमती भार्या से उत्पन्न चार कन्याओं में से एक जो रावण और कुंभकर्ण की माता थी।

पुष्पोद्गम—संज्ञा पु० [सं०] पुष्प लगना। फूल आना [को०]।

पुष्पोद्यान—संज्ञा पुं० [सं०] फुलवारी। पुष्पवाटिका।

पुष्पोपजीवी—संज्ञा पुं० [सं० पुष्पोपजीविन्] माली [को०]।

पुष्य—संज्ञा पुं० [सं०] १. पुष्टि। पोषण। २ फूल या सार वस्तु। ३ अश्विनी, भरणी आदि २७ नक्षत्रों में से आठवाँ नक्षत्र जिसकी आकृति बाण की सी है। सिष्य। तिष्य। ४ पूस का महीना। ५ सूर्यवंश का एक राजा। ६ कलिकाल। कलि का युग (को०)।

पुष्यनेता—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह रात्रि जिसमें बराबर पुष्य नक्षत्र रहे।

पुष्यमित्र—संज्ञा पुं० [सं०] मौर्यों के पीछे मगध में शुंग वंश का राज्य प्रतिष्ठित करनेवाला एक प्रतापी राजा।

विशेष—अशोक से कई पीढ़ियों पीछे अंतिम मौर्य राजा बृहद्रथ को लड़ाई में मार पुष्यमित्र मगध के सिंहासन पर बैठा। अपने पुत्र अग्निमित्र को उसने विदिशा का राज्य दिया था। अग्निमित्र का वृत्तांत कालिदास के मालविकाग्निमित्र नाटक में आया है। पुष्यमित्र हिंदू धर्म का अनन्य अनुयायी था। इससे बौद्धों की प्रधानता से चिढ़ी हुई प्रजा उसके सिंहासन पर बैठने से बहुत प्रसन्न हुई। वैदिक धर्म और अपने प्रताप की घोषणा के लिये पुष्यमित्र ने पाटलिपुत्र में बड़ा भारी अश्वमेध यज्ञ किया। लोगों का अनुमान है कि इस यज्ञ में भाष्यकार पतंजलि भी आए थे। ईसा से प्रायः दो सौ वर्ष पूर्व पुष्यमित्र मगध में राज्य करते थे। उसके पीछे उसका पुत्र अग्निमित्र सिंहासन पर बैठा। वि० दे० 'शुंग' ६।

पुष्ययोग—संज्ञा पुं० [सं०] पुष्य नक्षत्र में चंद्रमा के रहने का समय [को०]।

पुष्यरथ—संज्ञा पुं० [सं०] क्रीड़ा रथ। घूमने, फिरने या उत्सव आदि में निकलने का रथ। (यह रथ युद्ध के काम का नहीं होता)।

पुष्यलक—संज्ञा पुं० [सं०] १. कस्तूरी मृग। २ क्षपणक। चँवर लिए रहने वाला जैन साधु। ३ खूँटा। कील।

पुष्यस्नान—संज्ञा पुं० [सं०] विघ्नशांति के लिये एक स्नान जो पूस के महीने में चंद्रमा के पुष्य नक्षत्र में होने पर होता है।

विशेष—यह स्नान राजाओं के लिये है। कालिकापुराण और बृहत्संहिता में इस स्नान का पूरा विधान मिलता है। बृहत्संहिता के अनुसार उद्यान, देवमंदिर, नदीतट आदि किसी रमणीय और स्वच्छ स्थान पर मंडप बनवाना चाहिए और उसमें राजा को पुरोहितों और अमात्यों के सहित पूजन के लिये जाना चाहिए। पितरों और देवताओं का यथाविधि पूजन करके तब राजा पुष्यस्नान करे। जिस कलश के जल से राजा स्नान करनेवाले हों उसमें अनेक प्रकार के रत्न और मंगल द्रव्य पहले से डालकर रखे। पश्चिम ओर की वेदी पर बाघ या सिंह का चमड़ा बिछाकर उसपर सोने, चाँदी, ताँबे या गूलर की लकड़ी का पाटा रखा जाय। उसी पर राजा स्नान करे।

पुष्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुष्य नक्षत्र [को०]।

पुष्यार्क—संज्ञा पुं० [सं०] १ ज्योतिष में एक योग जो कर्क की संक्रांति में सूर्य के पुष्य नक्षत्र में होने पर होता है। यह प्रायः श्रावण में दस दिन के लगभग रहता है। २. रविवार के दिन पड़ा हुआ पुष्य नक्षत्र।

पुस—संज्ञा पु० [अ० पुसी] प्यार से बिल्ली को पुकारने का शब्द। जैसे, आ पुस पुस!

पुसकर—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पुष्कर'।

पुसकरन—संज्ञा पुं० [सं० पुष्कर] मारवाड़ी ब्राह्मणों की एक शाखा। उ०—भारद्वाज गोत्र पुसकरनां सेवक जात कहावै।—पोद्दार अभि ग्र०, पृ० ४२७।

पुसतकां—संज्ञा स्त्री० [सं० पुस्तक] पुस्तक। उ०—पारेवी ज्यूं पुसतकां, कुकव बाज वस थाप।—बाँकी ग्र०, भा०२, पृ० ७६।

पुसपराग—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुष्पराग'। उ०—पुसपराग सम कर लमैं नारी रत्नप्रकाश।—ब्रजनिधि ग्र०, पृ० ६६।

पुसाकां—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पोशाक'। उ०—साह खुराका पहिन पुसाका।—कबीर० श०, पृ० १७।

पुसाना—क्रि० अ० [हिं० पोसना] १. पूरा पड़ना। बन पड़ना। पटना। २. अच्छा लगना। शोभा देना। उचित जान पड़ना। उ०—पथिक आपने पथ लगो इहाँ रहौ न पुसाय। रसनिधि नैन सराय में बस्यो भावतो आय। —रसनिधि (शब्द०)।

पुस्टि—संज्ञा स्त्री० [सं० पुष्टि] दे० 'पुष्टि' (पुष्टिमार्ग)। उ०—पुष्टि अजाद भजन, रस सेवा, निज जन पोषन भरन। —नंद० ग्र०, पृ० ३२६।

पुस्त[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ गीली मिट्टी, लकड़ी, कपड़े, चमड़े, लोहे, या रत्नों आदि से गढ़, काट या छील छालकर बनाई जानेवाली वस्तु। सामान। २ बनावट। कारीगरी। ३ [स्त्री० पुस्ती] पोथी। पुस्तक। किताब। हस्तलेख।

पुस्त[2]—संज्ञा स्त्री० [फा० पुश्त] दे० 'पुश्त'।

पुस्तक—सज्ञा स्त्री० [स०] पोथी। किताब। ग्रंथ। हस्तलेख।

पुस्तकर्म—सज्ञा पुं० [स० पुस्तकर्मन] १ पलस्तर करने का काम। २ रँगने का काम [को०]।

पुस्तकाकार—वि० [स०] पोथी के रूप का। पुस्तक के आकार का।

पुस्तकागार—सज्ञा पु [स० पुस्तक+आगार] पुस्तको का स्थान। पुस्तकालय।

पुस्तकालय—सज्ञा पुं० [सं०] वह भवन या घर जिसमे पुस्तको का सग्रह हो। वह घर जहाँ अनेक विषयो की पोथियाँ इकट्ठी करके रखी गई हो।

पुस्तकालयाध्यक्ष—सज्ञा पुं० [स० पुस्तकालय + अध्यक्ष] पुस्तकालय का प्रधान अधिकारी।

पुस्तकास्तरण—सज्ञा पुं० [स०] हस्तलेख का वेष्ठन। पुस्तक का वेठन [को०]।

पुस्तकी—सज्ञा स्त्री० [स०] पोथी। पुस्तक।

पुस्तकीय—वि० [सं० पुस्तक+ईय (प्रत्य०)] पुस्तक सबधी। पुस्तक का। जैसे, पुस्तकीय ज्ञान।

पुस्तवार्त—सज्ञा पुं० [सं०] जिसकी जीविका पुस्तको पर निर्भर हो। पुस्तकें बनाकर जीविका कमानेवाला [को०]।

पुस्तशिंबी—सज्ञा स्त्री० [स० पुस्तशिम्बी] एक प्रकार की सेम।

पुस्तिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी पुस्तक।

पुस्ती[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] पोथी। पुस्तक। किताव।

पुस्ती[2]—सज्ञा स्त्री० [फा० पुश्तह् का स्त्री० या फा० पुश्ती (=टेक, आश्रय)] दे० 'पुश्ती'। उ०—उनकी जिंदगी की रेलगाडी पूरी रफ्तार से दौडकर समाज के विश्वास और निश्चय की मजबूत पुस्तियो से टकराकर चूर चूर हो जाती है।—अभिशप्त, पृ० ७६।

पुहकर—सज्ञा पु० [सं० पुष्कर, प्रा० पुहकर] दे० 'पुष्कर'।

पुहकरमूल—सज्ञा पु० [स० पुष्करमूल] दे० 'पुष्करमूल'।

पुहचावना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहुँचाना'। उ०—चल्यो व्याहि संभरिधनी मगन भए निहाल। पुहचावन घन सँग भए, नृप गुन चर्वे रसाल।—पृ० रा०, १४। १२८।

पुहत्तना—क्रि० अ० [स० प्र०+भू, प्रा० पहुच्च (वि० पहुत्त)] द० 'पहुँचना'। उ०—ढोलइ दाँतण फाडतां, आई पुहत्तउ कीर।—ढोला०, दू० ४००।

पुहना—क्रि० अ० [हिं० पोहना] गुँथना। उ०—झालरो मे मजु मुक्ता है चुहे, माँग मे जिस भाँति जाते हैं गुहे।—साकेत, पृ० १६।

पुहप—सज्ञा पुं० [सं० पुष्प] पुष्प। फूल। उ०—सुरपुर सब हरषे, पुहपनि बरषे दुंदुभि दीह बजाए।—केशव (शब्द०)।

पुहप्प—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुष्प'। उ०—सुदेव जय जय नपि पुहप्प।—पृ० रा०, १२।३३४।

पुहमि—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुहमी'। उ०—दल न समात पुहमि सब हेरिव।—ह० रासो, पृ० ७४।

पुहर—सज्ञा पुं० [सं० प्रहर, हिं० पहर] दे० 'पहर'। उ०—(क) पुहर पुहर प्रति जागसु इण हर सेवस्यु आपणउ नाह।—बी० रासो, पृ० ४२। (ख) श्रीजइ पुहरि उलाँघियउ आदवनाह रउ घट्ट।—ढोला०, दू० ४२४।

पुहरा—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पहरा'। उ०—दुख सहणा, पुहरा दियण, कत दिसाउरि जाइ।—ढोला०, दू० पृ० २३१।

पुहवि—सज्ञा स्त्री० [सं० पृथिवी, प्रा० पुहुव्वि] दे० 'पृथ्वी'। उ०—(क) के पति आओव एहु परमान, चपकें कएल पुहवि निरमान।—विद्यापति, पृ० २५। (ख) अन धन प्रवाह बहु पुहवि परि वरष्षो जेम पुरद गति।—पृ० रा०, १।४७२।

पुहवीपति—सज्ञा पु० [स० पृथ्वीपति] राजा। बादशाह। उ०—पुहवीपति मुरुतान ओ तुम्हे रायकुमार।—कीर्ति०, पृ० ६४।

पुहवै—सज्ञा पुं० [सं० पृथ्वीपति, प्रा० पुह + वै] पृथ्वीपति। राजा।

पुहाना†—क्रि० स० [हिं० पोहना का प्रे० रूप] पिरोने का काम कराना। ग्रथित कराना। गुथवाना।

पुहुप—सज्ञा पुं० [स० पुष्प] फूल। उ०—अक्षत पुहुप ले विप्र भुलाई।—कबीर सा०, पृ० १६१।

पुहुपराग—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुष्पराग'।

पुहुपित—वि० [सं० पुष्पित, या हिं० पुहुप + इत] दे० 'पुष्पित'। उ०—पुहुपित पेखि पलास वन, तव पलास तन होइ। अब मधुमास पलास भो, सुचि जवास सम सोइ।—सं० सप्तक, पृ० २३६।

पुहुमि, पुहुमी—सज्ञा स्त्री० [सं० भूमि या पृथिवी, प्रा० पुहुवी] पृथ्वी। भूमि। उ०—(क) लक पुहुमि अस आहि न काहूँ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० १६७। (ख) जोधा आगे उलटि पुलटि यह पुहुमी करते।—घरम० श०, पृ० ८४।

यौ०—पुहुमीपति = पृथिवीपति। राजा।

पुहुरेनु—सज्ञा पुं० [सं० पुष्परेणु] फूल की धूल। पराग।

पुहुवी—सज्ञा स्त्री० [स० पृथिवी] भूमि। पृथ्वी।

पूँगना—क्रि० अ० [हिं० पूजना] पूरा होना। पूजना। उ०—नव दिन पूँगा नउरतां बलि बाकुल पूजा रचौ ठाई।—बी० रासो, पृ० ५०।

पूँगरण—सज्ञा पुं० [स० पुञ्ज (=राशि या समूह)] सामान्य वस्त्र। कपडा। (डिं०)।

पूँगरा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पोगड'। उ०—कबीर पूँगरा राम अलह का सब गुरु पीर हमारे।—कबीर ग्र०, पृ० २६७।

पूँगा[1]—सज्ञा पु० [देश०] वह कीडा जो सीप के भीतर होता है। सीप का कीडा।

पूँगा[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोंगी (=छोटा चोगा)] सँपेरो का बाजा। महुवर।

पूँछ—सज्ञा स्त्री० [सं० पुच्छ] १. मनुष्य से भिन्न प्राणियो के शरीर का वह गावदुमा भाग जो गुदा मार्ग के ऊपर रीढ़ की हड्डी

की सधि में या उससे निकलकर नीचे की ओर कुछ दूर तक लंबा चला जाता है। जंतुओं, पक्षियों, कीड़ों आदि के शरीर में सिर से आरंभ मानकर सबसे अंतिम या पिछला भाग। पुच्छ। लांगूल। दुम।

विशेष—भिन्न भिन्न जीवों की पूँछें भिन्न भिन्न आकार की होती हैं। पर सभी की पूँछें उनके गुदमार्ग के ऊपर से ही आरंभ होती हैं। सरीसृप वर्ग के जीवों की पूँछें रीढ़ की हड्डी की सीध में आगे को अधिकाधिक पतली होती हुई चली जाती हैं। मछली की पूँछ उसके उदरभाग के नीचे का पतला भाग है। अधिकांश मछलियों की पूँछ के अंत में पर होते हैं। पक्षियों की पूँछ परों का एक गुच्छा होती है जिसका अंतिम भाग अधिक फैला हुआ और आरंभ का संकुचित होता है। कीड़ों की पूँछ उनके मध्य भाग के और पीछे का नुकीला भाग है। बिच्छू का डंक उसकी पूँछ से ही निकलता है। स्तनपायी जंतुओं में से कुछ की पूँछ उनके शेष शरीर के बराबर या उससे भी अधिक लंबी होती है, जैसे लंगूर की। इस वर्ग के प्रायः सभी जीवों की पूँछ पर बाल नहीं होते, रोएँ होते हैं। हाँ किसी किसी की पूँछ के अंत में बालों का एक गुच्छा होता है। पर घोड़े की पूँछ पर सर्वत्र बड़े बड़े बाल होते हैं।

मुहा०—(किसी की) पूँछ पकड़कर चलना = (१) किसी के पीछे पीछे चलना। किसी का पिछलग्गा या पिछलग्गू बनना। हर बात में किसी का अनुगमन करना। बेतरह अनुयायी होना (व्यंग्य)। (२) किसी के सहारे से कोई काम करना। सहारा लेना या पकड़ना। किसी विषय में किसी की सहायता पर निर्भर होना (व्यंग्य)। पूँछ दबाना = बहुत ही विनीत या अधीन भाव दिखाना। उ०—दुबरो कानो हीन सुवन बिन पूँछ दबाए।—ब्रज० ग्रं०, पृ० ११०। पूँछ हिलोअल = चापलूसी। मीठी मीठी बातें कहना। उ०—संपादक महाशय पूछहिलोअल कर सुनी बात अनसुनी करना चाहते थे।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २३। बड़ी पूँछ का आदमी = बहुत अधिक सम्मानित। इज्जतदार। उ०—एक बोला वह बड़ी पूँछ के आदमी हैं। दूसरे ने कहा अच्छी बे पर की उड़ाई।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ५०७।

२ किसी पदार्थ के पीछे का भाग। ३ पिछलग्गू। पुछल्ला। जो किसी के पीछे या साथ रहे।

मुहा०—(किसी की) पूँछ होना = पुछल्ला बनना। पिछलग्गू बनना। अधानुयायी होना।

पूँछगच्छ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पूछगाछ'।

पूँछड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पूँछ + ड़ी (प्रत्य०)] १. पूँछ। २ वह पानी जो नाले में चढ़ाव के आगे आगे चलता है।

पूँछताछ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पूँछना] दे० 'पूछताछ'।

पूँछना—क्रि० स० [हिं० पूछना] दे० 'पूछना'।

पूँछपाँछ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना] दे० 'पूछपाछ'।

पूँछलतारा—संज्ञा पुं० [हिं० पुच्छल + तारा] दे० 'केतु' या 'पुच्छलतारा'।

पूँछि⑨†—संज्ञा स्त्री० [सं० पुच्छ] दे० 'पूँछ'। उ०—ते पै बूटे बाउरे भेंड पूँछि जिन्ह हाथ।—जायसी ग्र०, पृ० ८७।

पूँजना[1]—क्रि० स० [देश०] नए बंदर को पकड़ना। (कलंदर)।

पूँजना⑨[2]—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पूजना'। उ०—जिमि सौदागर साहु मिलाही। पूँजि जोग बहु लाभ बढ़ाही।—कबीर सा०, पृ० ४४४।

पूँजी—संज्ञा स्त्री० [सं० पुञ्ज] १. किसी व्यक्ति या समुदाय का ऐसा समस्त धन जिसे वह किसी व्यवसाय या काम में लगा सके। किसी की अधिकारभुक्त वह संपूर्ण सामग्री या वस्तुएँ जिनका उपयोग वह अपनी आमदनी बढ़ाने में कर सकता हो। निर्वाह की आवश्यकता से अधिक धन या सामग्री। संचित धन। संपत्ति। जमा। २. वह धन या रुपया जो किसी व्यापार या व्यवसाय में लगाया गया हो। वह धन जिससे कोई कारोबार आरंभ किया गया हो या चलता हो। किसी दूकान, कोठी, कारखाने, बैंक आदि की निज की चर या अचर संपत्ति। मूलधन। उ०—पूँजी पाई साच दिनोदिन होती बढ़नी। सतगुर के परताप भई है दौलत चढ़नी।—पलटू०, पृ० ३६।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—पूँजी खोना या गँवाना = व्यापार या व्यवसाय में इतना घाटा उठाना कि कुछ लाभ के स्थान पर पूँजी में से कुछ या कुल देना पड़े। ऐसा घाटा उठाना कि मूलधन की भी हानि हो। भारी घाटा या क्षति उठाना। पूँजीदार या पूँजीवाला = किसी व्यापार या उद्यम में जिसने धन लगाया हो। जिसने मूलधन या पूँजी लगाई हो।

३ धन। रुपया पैसा। जैसे,—इस समय तुम्हारी जेब में कुछ पूँजी मालूम होती है। ४. किसी विशेष विषय में किसी की योग्यता। किसी विषय में किसी का परिज्ञान या जानकारी। किसी विषय में किसी की सामर्थ्य या बल। (बोलचाल में क्व०)। ५ ⑨ पुंज। समूह। ढेर। उ०—रतनन की पूँजी अति राज। कनक करधनी अति छवि छाज।—गोपाल (शब्द०)।

पूँजीदार—संज्ञा पुं० [हिं० पूँजी + फा० दार] दे० 'पूँजीपति'।

पूँजीपति—संज्ञा पुं० [हिं० पूँजी + सं० पति] वह मनुष्य जिसके पास अधिक धन हो, जिसे उसने किसी काम में लगाया हो अथवा जिसे वह किसी काम में लगावे। पूँजीदार।

पूँजीवाद—संज्ञा पुं० [हिं० पूँजी + सं० वाद] समाज की वह अर्थव्यवस्था जिसमें अधिकाधिक लाभ पर दृष्टि रखनेवाले धनी समुदाय का, उत्पादन और वितरण के साधनों पर, आधिपत्य हो जाता है। सामाजिक विकासविधान के अनुसार पूँजीवाद सामंतवाद के बाद का चरण है।

पूँजीवादी—वि० [हिं० पूँजीवाद] पूँजीवाद को माननेवाला। पूँजीवाद के सिद्धांत का अनुयायी।

पूँठ(पु)†—सज्ञा स्त्री० [स० पृष्ठ, प्रा० पुट्ठ] पीठ। उ०—पथी उभा पाथ सिर वुगचा बाँधा पूँठ। मरना मुँह आगे खडा, जीवन का सब झूँठ। —कबीर (शब्द०)।

पूँतारना†—क्रि० स० [स० प्रचारण ?] प्रोत्साहित करना। बढ़ावा देना। ललकारना। उ०—कियो विदा जोधाँ सिरै, तूरमली पुतार। —रा० रू०, पृ० २६६।

पूआ—सज्ञा पुं० [स० पूप, अपूप] एक प्रकार की पूरी जो आटे को गुड या चीनी के रस मे घोलकर घी मे छानी जाती है। स्वाद के लिये इसमे कतरे हुए मेवे भी छोडते हैं। मालपुआ। एक पकवान।

पूकारना(पु)—क्रि० स० [हिं०] द० 'पुकारना'। उ०—कहत हौं ज्ञान पूकारि करि सभन से। देत उपदेश दिल दर्द जानी।—कबीर रे०, पृ० २७।

पूखन[1]—सज्ञा पुं० [स० पोषण] द० 'पोषण'। उ०—भजे न दूखन कोप छिनहिं दिन पूखन होई।— सुधाकर (शब्द०)।

पूखन(पु)—सज्ञा पुं० [स० पूषण] सूर्य।

पूग—सज्ञा पु० [सं०] १ सुपारी का पेड या फल। उ०—घोटा क्रमुक गुवाक पुनि पूग सुपारी आहि।—अनेकार्थ०, पृ० १०१। २ ढेरा। अकोल। ३ शहतूत का पेड। ४ कटहल। ५ एक प्रकार की कटोरी। ६ भाव। ७. छद। ८ समूह। वृद। ढेर। ९ किसी विशेष कार्य के लिये बना हुआ सघ। कपनी।

विशेष—काशिका में कहा गया है कि भिन्न जातियो के लोग आर्थिक उद्देश्य से जिस सघ मे काम करें, वह 'पूग' कहलाता है। जैसे, शिल्पियों या व्यापारियो का पूग। याज्ञवल्क्य ने इस शब्द को एक स्थान पर बसनेवाले भिन्न भिन्न जाति के लोगो की सभा के अर्थ मे लिया है।

पूगकृत—वि० [स०] १ स्तूप के आकार मे स्थापित। स्तूपाकार किया हुआ। जो टीले के आकार का हो। २ सगृहीत। इकट्ठा किया हुआ। ढेर। राशि।

पूगना[1]—क्रि० अ० [हिं० पूजना] पूरा होना। पूजना। जैसे—मिती पूगना। उ०—सकट समाज असमजस मे रामराज काज जुग पूगनि को करतल पल भो। —तुलसी (शब्द०)।

पूगना(पु)[2]—क्रि० अ० [हिं० पहुँचना] द० 'पहुँचना'। उ०—आरभे अति फौज अकारी। दिल्लीपत पूगो दहवारी। —रा० रू०, पृ० ५६।

पूगपात्र—सज्ञा पु० [स०] पीकदान। उगालदान।

पूगपीठ—सज्ञा पुं० [सं०] पीकदान।

पूगपुष्पिका—सज्ञा स्त्री० [स०] विवाह सबध स्थिर हो जाने पर दिया जानेवाला पुष्प सहित पान। पानफूल।

पूगपोट—सज्ञा पुं० [सं०] सुपारी [को०]।

पूगफल—सज्ञा पुं० [सं०] सुपारी।

पूगमद—सज्ञा पुं० [स० पुगमद] पाकड। प्लक्ष।

पूगरोट—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का ताड। हिताल।

पूगवैर—सज्ञा पुं० [स०] सामूहिक शत्रुता। समूह से शत्रुता। अनेक व्यक्तियो से शत्रुता [को०]।

पूगी[1]—सज्ञा पुं० [स० पूगिन्] सुपारी का पेड।

पूगी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० पूग] सुपारी।

पूगीफल—सज्ञा पुं० [स० पूगफल] सुपारी।

पूग्य—वि० [स०] सामूहिक [को०]।

पूचलचर—वि० [हिं० पोच ?] पोच। निदित कार्य करनेवाला। उ०—बचा हमारे आगे तुम क्या पूचलचर हो। औरतों का भुगतान सब मे ही करता हूँ। —भारतेंदु ग्रं०, भा०२, पृ० ८१४।

पूछ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना] १ पूछने का भाव। जिज्ञासा। २ खोज। चाह। जरूरत। तलब। जैसे,—आप वहाँ अवश्य जाइए, वहाँ आपकी सदा पूछ रहती है। ३ आदर। आवभगत। खातिर। इज्जत। जैसे,—तनिक भी पूछ न होने पर तो तुम्हारे मिजाज का यह हाल है, जो कुछ होती तो न जाने क्या करते। ४ माँग। खपत। जैसे,—आजकल बाजार में इसकी बडी पूछ है।

पूछगछ†, पूछगाछ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] द० 'पूछताछ'।

पूछताछ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना] कुछ जानने के लिये प्रश्न करने की क्रिया या भाव। किसी बात का पता लगाने के लिये बार बार पूछना या प्रश्न करना। बातचीत करके किसी विषय में खोज, अनुसधान या जाँच पडताल। जिज्ञासा। जैसे,—घटो पूछताछ करने के बाद तब इस मामले मे इतना पता चलता है।

पूछना—क्रि० स० [स० पृच्छण] १ कुछ जानने के लिये किसी से प्रश्न करना। कोई बात जानने की इच्छा से सवाल करना। जिज्ञासा करना। कोई बात दरियाफ्त करना। जैसे,—किसी का नाम पता पूछना, किसी चीज का दाम पूछना। २ सहायता करने की इच्छा से किसी का हाल जानने की चेष्टा करना। खोज खबर लेना। जैसे,—इतने बडे शहर में गरीबो को कौन पूछता है ? ३ किसी व्यक्ति के प्रति सत्कार के सामान्य भाव प्रकट करना। किसी का कुशल, स्थान आदि पूछना या उससे बैठने आदि के लिये कहना। सबोधन करना। जैसे,—तुम चाहे जितनी देर यहाँ खडे रहो, तुम्हें कोई पूछनेवाला नही।

मुहा०—बात न पूछना = (१) तुच्छ जानकर बातचीत न करना। ध्यान न देना। (२) आदर न करना।

४ आदर करना। गुण या मूल्य जानना। कद्र करना। किसी लायक समझना। आश्रय देना। जैसे,—इस शहर में तुम्हारे गुण को पूछनेवाले बहुत कम हैं। ५ ध्यान देना। टोकना। जैसे,—तुम बेखटके चले जाओ, कोई नही पूछ सकता।

पूछपाछ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना] द० 'पूछताछ'।

पूछरी(पु)†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूँछ+री (प्रत्य०)] १ दुम। २ पीछे का भाग।

पूछाताछी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना + अनु० ताछना] पूछने की क्रिया या भाव ।

पूछापाछी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना + अनु० पाछना] पूछने की क्रिया या भाव ।

पूछापेखी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूछना + पेखना] पूछने जाँचने की क्रिया या भाव । पूछताछ । उ०—दिग्विजय बाबू ने समझा पूछापेखी करना खामखाह की बात है । —किन्नर०, पृ० ८२ ।

पूज[1]†—वि० [स० पूज्य] पूजने योग्य । पूजनीय ।

पूज[2]—सज्ञा पु० [स० पूज्य] देवता । (डिं०) ।

पूज[3]—सज्ञा स्त्री० [स० पूजा] १ पूजा । अचना । उ०—बिना नीव जहँ देहरो बिना पूज जहँ देव । बिन बाती दीपक जहाँ बिन मूरति तहँ सेव ।—राम० धर्म०, पृ० ६१ । २, खत्रियो आदि मे वह गणेशपूजन जो विवाह यज्ञोपवीत आदि शुभ कर्मों के पहिले होता है । पूजा ।

पूजक—सज्ञा पु० [स०] पूजा करनेवाला । पूजनकर्ता । वह जो पूजन करे ।

पूजकारी†—वि० [स० पूजा + हिं० करना] पूजा करनेवाला । अर्चना करनेवाला । पूजक । उ०—आत्माराम तजि जड पूजकारी । —कबीर रे०, पृ० ६ ।

पूजन—सज्ञा पु० [सं०] [वि० पूजक, पूजनीय, पूजितव्य, पूज्य] १ पूजा की क्रिया । ईश्वर या किसी देवी देवता के प्रति श्रद्धा, संमान, विनय और समर्पण प्रकट करनेवाला कार्य । देवता की सेवा और वदना । अर्चन । आराधन । २ आदर । समान । खातिरदारी । जैसे, अथितिपूजन । ३ आदर सत्कार की वस्तु ।

पूजना[1]—क्रि० स० [स० पूजन] १ किसी देवी देवता को प्रसन्न करने के लिये यथाविधि कोई अनुष्ठान या कर्म करना । ईश्वर या किसी देवी देवता के प्रति श्रद्धा, संमान, विनय और समर्पण का भाव प्रकट करनेवाला कार्य करना । अर्चना करना । आराधन करना । २ किसी को प्रसन्न या परितुष्ट करने के लिये कोई कार्य करना । भक्ति या श्रद्धा के साथ किसी की सेवा करना । आदर सत्कार करना । ३ वदना करना । सिर झुकाना । बडा मानना । समान करना । ४ घूस देना । रिश्वत देना । ५ नया बदर पकडना । (कलदर) ।

पूजना[2]—क्रि० अ० [सं० पूर्यते, प्रा० पुज्जति] १ पूरा होना । भरना । बराबर हो जाना । कमी न रह जाना । जैसे,—यह हानि इस जन्म मे तो नही पूजने की । २ गहराई का भरना या बराबर हो जाना । आसपास के धरातल के समान हो जाना । जैसे, घाव पूजना, गड्ढा पूजना । ३ पटना । चुकता होना । जैसे, ऋण पूजना । ४ पूरा होना । बीतना । समाप्त होना । जैसे, वर्ष, अवधि, मिआद आदि पूजना ।

पूजनी—सज्ञा स्त्री० [स०] मादा गौरैया [को०] ।

पूजनीय—वि० [सं०] १ जिसकी पूजा करना कर्तव्य या उचित हो । पूजने योग्य । आराध्य । अर्चनीय । २ आदरणीय । समान योग्य । उ—पूजनीय प्रिय परम जहाँ ते । सब मानि-अहि राम के नाते ।—मानस, २।७४ ।

पूजमान—वि० [हिं० पूजना + मान या सं० पूज्यमान] पूज्य । आराध्य । आदरणीय । पूजनीय ।

पूजयितव्य—वि० [सं०] पूजनीय । पुजा योग्य [को०] ।

पूजयिता—सज्ञा पुं० [सं० पूजयितृ] पूजा करनेवाला । पूजक ।

पूजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ ईश्वर या किसी देवी देवता के प्रति श्रद्धा, समान, विनय और समर्पण का भाव प्रकट करनेवाला कार्य । अर्चना । आराधन । २ वह धार्मिक कृत्य जो जल, फूल, फल, अक्षत अथवा इसी प्रकार के और पदार्थ किसी देवी देवता पर चढ़ाकर या उसके निमित्त रखकर किया जाता है । आराधन । अर्चा ।

विशेष—पूजा ससार की प्राय सभी आस्तिक और धार्मिक जातियो में किसी न किसी रूप मे हुआ करती है । हिंदू लोग स्नान और शिखावदन आदि करके बहुत पवित्रता से पूजा करते हैं । इसके पचोपचार, दशोपचार और षोडशोपचार ये तीन भेद माने जाते हैं । गध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य से जो पूजा की जाती है उसे पचोपचार, जिसमें इन पाँचो के अतिरिक्त पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, मधुपर्क और आचमन भी हो वह दशोपचार और जिसमें इन सबके अतिरिक्त आसन, स्वागत, स्नान, वसन, आभरण और वदना भी हो वह षोडशोपचार कहलाती है । इसके अतिरिक्त कुछ लोग विशेषत तात्रिक आदि १८, ३६ और ६४ उपचारो से भी पूजा करते हैं । पूजा के सात्विक, राजसिक और तामसिक ये तीन भेद भी माने जाते हैं । जो पूजा निष्काम भाव से, बिना किसी आडबर के और सच्ची भक्ति से की जाती है वह सात्विक, जो सकाम भाव और समारोह से की जाय वह राजसिक, और जो बिना विधि, उपचार और भक्ति के केवल लोगो को दिखाने के लिये की जाय वह तामसिक कहलाती है । पूजा के नित्य, नैमित्तिक और काम्य के तीन और भेद माने जाते हैं । शिव, गणेश, राम, कृष्ण आदि की जो पूजा प्रतिदिन की जाती है वह नित्य, जो पूजा पुत्रजन्म आदि विशिष्ट अवसरो पर विशिष्ट कारणो से की जाती है वह नैमित्तिक और जो पूजा किसी अभीष्ट की सिद्धि के उद्देश्य से की जाती है वह काम्य कहलाती है ।

३ आदर सत्कार । खातिर । आवभगत ।

यौ०—पूजा प्रतिष्ठा ।

४ किसी को प्रसन्न करने के लिये कुछ देना । भेंट । रिश्वत । जैसे, पुलिस की पूजा करना, कचहरी के अमलो की पूजा करना । ५ तिरस्कार । दड । ताडना । प्रहार । कुटाई । जैसे,—जबतक इस लडके की अच्छी तरह पूजा न होगी तबतक यह नही मानेगा ।

पूजाकर—वि० पुं० [सं०] पूजा करनेवाला [को०] ।

पूजागृह—सज्ञा पुं० [सं०] उपासनागृह । मदिर । देवालय [को०] ।

पूजाधार—संज्ञा पुं० [सं०] पूजा की आधार रूप वस्तुएँ । देवपूजा में विधेय वस्तुएँ । जैसे, जल, विष्णुचक्र, मंत्र, प्रतिमा, शालग्राम शिलादि ।

पूजापाठ—संज्ञा पुं० [सं० पूजा+पाठ] भजनपूजन । पूजा । उपासना ।

पूजारा†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुजारी' ।

पूजार्ह—वि० [सं०] पूजा के योग्य । पूजनीय ।

पूजासंभार—संज्ञा पुं० [सं० पूजासम्भार] पूजन की सामग्री । पूजा का उपकरण (को०) ।

पूजित—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पूजिता] १. जिसकी पूजा की गई हो । अर्चापूजा । आराधित । अर्चित । सम्मानित । आदृत । २ मान्य । स्वीकृत (को०) । ३ संस्तुत । संस्तुति किया हुआ (को०) ।

पूजितपूजक—वि० [सं०] संमानित का संमान करनेवाला (को०) ।

पूजितव्य—वि० [सं०] पूजा करने योग्य । पूजनीय ।

पूजिल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] देवता ।

पूजिल[2]—वि० पूजनीय । पूजा योग्य ।

पूजी†—संज्ञा स्त्री० [?] घोड़े के मुँह पर का साज (को०) ।

पूजोपकरण—संज्ञा पुं० [सं०] पूजा की सामग्री ।

पूज्य[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पूज्या] १ पूजा योग्य । पूजनीय । २ आदर योग्य । माननीय ।

पूज्य[2]—संज्ञा पुं० १ ससुर । श्वसुर । २ आदरणीय या मान्य व्यक्ति । पूजनीय व्यक्ति ।

पूज्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूज्य होने का भाव । पूजा के योग्य होना । पूजनीयता ।

पूज्यपाद—वि० [सं०] जिसके पैर पूजनीय हों । अत्यंत पूज्य । परमाराध्य । अत्यंत मान्य ।

पूज्यपूजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूजनीय की पूजा करना (को०) ।

पूज्यमान[1]—वि० [सं०] जिसकी पूजा की जा रही हो । पूजा जाता हुआ । सेव्यमान ।

पूज्यमान[2]—संज्ञा पुं० सफेद जीरा ।

पूटरी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] ईख के रस की वह अवस्था जो उसके खाँड बनने से पहले होती है ।

पूटीन—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुटीन' ।

पूठ‡—संज्ञा पुं० [सं० पृष्ठ, प्रा० पिट्ठ, पुट्ठ] १ दे० 'पुट्ठा' । २ पीठ । पीछा । उ०—आगे शिष सामा खडा दिया जगत कूँ पूठ । —राम० धर्म०, पृ० ५४ ।

पूठा[1]—संज्ञा पुं० [सं० पृष्ठ] दे० 'पुट्ठा' ।

पूठा[2]—क्रि० वि० [हिं० पूठ] पीछे । पीछे पीछे । उ०—कायर जन पूठा फिरे, सुन पहुचै कोई सूर ।—दरिया०, पृ० १७ ।

पूठि‡—संज्ञा स्त्री० [सं० पृष्ठ] पीठ । उ०—देखादेखी पकरिया गई छिनक के छूटि । कोई विरला जन ठहरे जाकी ठकोरी पूठि ।—कबीर (शब्द०) ।

पूड़ा—संज्ञा पुं० [सं० पूप] दे० 'पूआ' ।

पूड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० पूलिका, पूरिका, पुटिका, हिं० पूरी] १ तवे या गृदग पर मढा हुआ गोल चमडा । २ दे० 'पूरी' ।

पूण[1]—संज्ञा पुं० [डिं०] पत्थर ।

पूण[2]†—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णिमा] पूर्णिमा । पूर्णमासी ।

पूत[1]—वि० [सं०] १. पवित्र । शुद्ध । शुचि । २ निष्कलुषित । साफ किया हुआ । शुद्ध परिष्कृत साफ किया हुआ (को०) । ३ निर्मित । रचित । आविष्कृत (को०) । ४ दुर्गंधयुक्त (को०) । ५ शुद्ध प्रायश्चित । प्रायश्चित्त किया हुआ (को०) ।

पूत[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ सत्य । २. शंख । ३. सफेद कुश । ४ पलाश । ५ तिल का पेड । ६ वह अन्न जिसकी भूसी निकाल दी गई हो । ७ जलाशय । ८ सिरिस का वृक्ष (राजनिघंटु) ।

पूत[3]—संज्ञा पुं० [सं० पुत्र, प्रा० पुत्त] बेटा । लडका । पुत्र । उ०—पूत परम प्रिय तुम्ह सबही के । —मानस, २।५६ ।

पूत[4]—संज्ञा पुं० [देश०] जूते के दोनों किनारों और बीच के वे नुकीले उभार जिनके सहारे पर तना या और बाँधा रहते हैं ।

पूतक्रता—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वैदिक ऋषि की स्त्री का नाम ।

पूतक्रतायी—संज्ञा स्त्री० [सं०] इंद्रपत्नी । शची । इंद्राणी ।

पूतक्रतु—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र ।

पूतगंध—संज्ञा पुं० [सं० पूतगन्ध] काली बर्बरी तुलसी । बर्बर ।

पूतडा—संज्ञा पुं० [हिं० पूत+डा (प्रत्य०)] वह छोटा बिछौना जो बच्चों के नीचे इसलिये बिछाया जाता है कि बड़ा बिछौना मल मूत्रादि से बचा रहे ।

मुहा० —पूतड़ों के अमीर=जन्म के अमीर । पैदाइशी धनी या रईस । खानदानी या पुश्तैनी अमीर ।

पूततृण—संज्ञा पुं० [सं०] सफेद कुश ।

पूतदारु—संज्ञा पुं० [सं०] पलाश । ढाक ।

पूतद्रु—संज्ञा पुं० [सं०] १. ढाक । पलाश । २ खादिर । खैर का पेड । ३ देवदार ।

पूतधान्य—संज्ञा पुं० [सं०] तिल ।

पूतन—संज्ञा पुं० [सं०] १ वैद्यक के अनुसार गुदा में होनेवाला एक प्रकार का रोग । २. वेताल ।

पूतना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक दानवी जो कंस के भेजने से बालक श्रीकृष्ण को मारने के लिये गोकुल आई थी ।

विशेष—इसने अपने स्तनों पर इसलिये विष लगा लिया था कि श्रीकृष्ण दूध पीकर उसके प्रभाव से मर जाँय । परंतु कथा है कि श्रीकृष्ण पर विष का तो कुछ प्रभाव न पड़ा उलटे उन्होंने इसका सारा रक्त चूसकर इसी को मार डाला । यह भी कथा है कि मरते समय इतने बहुत अधिक लंबा चौडा शरीर धारण कर लिया था और जितनी दूर में वह गिरी उतनी दूर की जमीन धँस गई थी । बकासुर, वत्सासुर, और अघासुर नाम के इसे तीन भाई थे ।

२. सुश्रुत के अनुसार एक बालग्रह या बालरोग ।

विशेष—यह बालघातक रोग है। इसमे बच्चे को दिन रात मे कभी अच्छी नीद नही आती। पतले और मैले रंग के दस्त होते रहते हैं। शरीर से कौवे की सी गध आती है, बहुत प्यास लगती और कै होती है तथा रोगटे खडे रहते हैं।

३. कार्तिकेय की एक मातृका का नाम। ४ एक योगी का नाम। ५ पीली हड। ६ गधमासी। सुगध जटामासी।

पूतनारि—सज्ञा पु० [सं०] पूतना को मारनेवाला, श्रीकृष्ण।

पूतनासूदन—सज्ञा पु० [स०] श्रीकृष्ण।

पूतनाहड—सज्ञा स्त्री० [स० पूतना + हिं० हड] छोटी हड।

पूतनाहन्—सज्ञा पु० [सं०] श्रीकृष्ण [को०]।

पूतनिका—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'पूतना –१।

पूतपत्री—सज्ञा स्त्री० [स०] तुलसी [को०]।

पूतपाप—वि० [स०] पाप से मुक्त [को०]।

पूतफल—सज्ञा पु० [सं०] कटहल। पनस।

पूतभृत—सज्ञा पु० [स०] प्राचीन काल का एक बरतन जिसमें सोमरस रखा जाता था।

पूतमति[1]—वि० [सं०] जिसकी बुद्धि पवित्र हो। शुद्धचित्त। पवित्र अत करणवाला।

पूतमति[2]—सज्ञा पु० शिव का एक नाम।

पूतर—सज्ञा पु० [स०] १ जलीय प्राणी। जलचर। जलजीव। २ साधारण व्यक्ति। [को०]।

पूतरा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पुतला] दे० 'पुतला'। उ०—और देह कागद को पूतरा पवन बस उडयो चल्यो आवत होई। —दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २६४।

पूतरा[2]—सज्ञा पुं० [स० पुत्र] पुत्र। लडका। बाल बच्चा। उ०—हम पहले ते भी मुआ, हम भी चलनेहार। हमरे पाछे पूतरा तिन भी बाँधा भार। —कबीर (शब्द०)।

पूतरी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुतली'। उ०—जैसे सूतर पूतरी चित्रकार चित्राम। मैं अनाथ ऐसे सदा तुम इच्छा सोइ राम। —राम० धर्म०, पृ० २७५।

पूता[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दूब। २ दुर्गा (को०)।

पूता[2]—वि० स्त्री० पवित्र। शुद्ध।

पूतात्मा[1]—वि० [सं० पूतात्मन्] जिसकी आत्मा पवित्र हो। पवित्र-चित्त। शुद्ध अत करण का।

पूतात्मा[2]—सज्ञा पुं० १ विष्णु। २ सत महात्मा (को०)।

पूति[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पवित्रता। शुचिता। २ दुर्गंध। बदबूदार। उ०—जनम जनम तें अपावन असाधु महा, अपरस पूति सों न छाडै अजौं छूति कौं।—घनानद, पृ० १९८। ३. गधमार्जार। मुश्क बिलाव। ४. रोहिष सोधिया। रोहिष तृण। ५ गदा पानी (को०)। ६ पीव। पूय (को०)।

पूति[2]—वि० दुर्गंधयुक्त। बदबूदार [को०]।

पूतिकंटक—सज्ञा पुं० [सं० पूतिकण्टक] हिंगोट।

पूतिक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ दुर्गंध करज। काँटा करज। पूति करज। २. विष्ठा। पाखाना। गू।

पूतिक[2]—वि० दुर्गंधयुक्त। बदबूदार।

पूतिकन्या—सज्ञा स्त्री० [स०] पुदीना।

पूतिकर्ण—सज्ञा पुं० [स०] कान का एक रोग जिसमें भीतर फुसी या क्षत होने के कारण बदबूदार पीप निकलने लगती है।

पूतिकर्णक—सज्ञा पुं० [सं०] पूतिकर्ण रोग।

पूतिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पोय या पोई का साग। २ एक प्रकार की शहद की मक्खी। ३ बिल्ली।

पूतिकामुख—सज्ञा पुं० [स०] घोघा। शबूक।

पूतिकाष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] १ देवदार। २ धूप सरल। सरल वृक्ष।

पूतिकाष्ठक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पूतिकाष्ठ'।

पूतिकाह्व—सज्ञा पुं० [स०] दुर्गंध करज। पूति करज।

पूतिकीट—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की शहद की मक्खी। पूतिका।

पूतिकेशर—सज्ञा पुं० [स०] १ नागकेशर। २ मुश्क बिलाव। गध मार्जार।

पूतिकेश्वरतीर्थ—सज्ञा पुं० [स०] शिवपुराण में वर्णित एक तीर्थस्थान।

पूतिगध—सज्ञा पुं० [सं० पूतिगन्ध] १ राँगा। २ हिंगोट या गोदी। इगुदी। ३ गधक। ४ दुर्गंध। बदबू।

पूतिगधा—सज्ञा स्त्री० [स० पूतिगन्धा] बकुची। बावची। सोमराजी।

पूतिगधि—सज्ञा स्त्री० [सं० पूतिगन्धि] दुर्गंध। बदबू।

पूतिगधिका—सज्ञा स्त्री० [स० पूतिगन्धिका] १ बावची। बकुची। २ पोय। पूतिका शाक।

पूतिघास—सज्ञा पुं० [स०] सुश्रुत में वर्णित मृग की जाति का एक जतु।

पूतितैला—सज्ञा स्त्री० [स०] ज्योतिष्मती। मालकगनी [को०]।

पूतिदला—सज्ञा स्त्री० [सं०] तेजपत्ता।

पूतिनस्य—सज्ञा पुं० [सं०] वह रोग जिसमें श्वास अथवा नाक और मुँह से दुर्गंध निकलती है।

विशेष—सुश्रुत के मत से इस रोग का कारण गले और तालु-मेल में दोषो का संचय होकर वायु को पूतिभावयुक्त या दूर्गंधित कर देता है।

पूतिनासिक—वि० [स०] जिसे पूतिनस्य रोग हुआ हुआ हो। जिसके नाक या श्वास से दुर्गंधि निकलती हो। पूतिनस्य रोगी।

पूतिपत्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ सोनापाठा। २. पीला लोध। पीतलोध्र।

पूतिपत्रिका—सज्ञा स्त्री० [स०] पसरन। प्रसारिणी लता।

पूतिपर्ण—सज्ञा पुं० [स०] दुर्गंध करज। पूति करज।

पूतिपर्णक—सज्ञा पुं० [सं०] पूतिपर्ण।

पूतिपल्लवा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़ा करेला ।

पूतिपुष्प—संज्ञा पु० [सं०] गोदी । इगुदी वृक्ष ।

पूतिपुष्पिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] चकोतरा नीबू ।

पूतिफल—संज्ञा पुं० [सं०] बावची । सोमराजी ।

पूतिफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] बावची ।

पूतिफली—संज्ञा स्त्री० [सं०] बावची [को०] ।

पूतिभाव—संज्ञा पुं० [सं०] सड़ने की स्थिति या दशा । सड़ने का भाव या क्रिया [को०] ।

पूतिमज्जा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गोदी । इगुदी वृक्ष ।

पूतिमयूरिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बर्बरी । २ बनतुलसी ।

पूतिमारुत—संज्ञा पु० [सं०] १ छोटी बेर का पेड़ । २. बेल का पेड़ ।

पूतिमाष—संज्ञा पुं० [सं०] एक गोत्रप्रवर्तक ऋषि ।

पूतिमुद्गला—संज्ञा स्त्री० [सं०] रोहिष सोंधिया । रोहिष तृण ।

पूतिमूषिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] छछूँदर ।

पूतिमृत्तिक—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार इक्कीस नरकों में से एक नरक का नाम ।

पूतिमेद—संज्ञा पु० [सं०] दुर्गंध चर्बी । अस्थिमेद ।

पूतियोनि—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का योनि रोग ।

पूतिरक्त—संज्ञा पु० [सं०] एक रोग जिसमें नाक में से दुर्गंधियुक्त रक्त निकलता है ।

पूतिरज्जु—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक लता ।

पूतिवक्त्र—वि० [सं०] जिसके मुँह से दुर्गंध आती हो [को०] ।

पूतिवर्बरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बनतुलसी । जंगली तुलसी । काली बर्बरी ।

पूतिवात—संज्ञा पुं० [सं०] १ बेल का पेड़ । बिल्व वृक्ष । २ गंदी वायु । दुर्गंधयुक्त वायु [को०] ।

पूतिवाह—संज्ञा पुं० [सं०] बिल्व वृक्ष । बेल का पेड़ [को०] ।

पूतिवृक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] सोना पाठा । भयानक वृक्ष ।

पूतिव्रण—संज्ञा पुं० [सं०] वह फोड़ा जिसमें मवाद हो । मवाद देनेवाला फोड़ा [को०] ।

पूतिशाक—संज्ञा पुं० [सं०] अगस्त । बकवृक्ष ।

पूतिशारिजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बनबिलाव ।

पूतिसृंजय—संज्ञा पुं० [सं० पूतिसृञ्जय] १ एक प्राचीन जनपद या देश । २ उक्त देश के निवासी ।

पूती—संज्ञा स्त्री० [सं० पोत (= गट्ठा)] १ जड़ जो गाँठ के रूप में हो । २ लहसुन की गाँठ ।

पूतीक—संज्ञा पुं० [सं०] १ दुर्गंध या काँटा करंज । २ गंधमार्जार । मुश्क बिलाव ।

पूतीकरंज—संज्ञा पुं० [सं० पूतीकरञ्ज] काँटा करंज ।

पूतीका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पोय । पोई । पूतिका शाक ।

पूतकारी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सरस्वती देवी का एक नाम । २. नागों की राजधानी ।

पूत्यंड—संज्ञा पुं० [सं० पूत्यण्ड] १ वह हिरन जिसकी नाभि से कस्तूरी निकलती है । २ एक बंदबूदार कीड़ा । गंधकीट ।

पूत्रित—वि० [सं०] पूजन किया हुआ । पूजित ।

पूथ—संज्ञा पुं० [देश०] बालू का ऊँचा टीला या टूह ।

पूथा—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पूथ' ।

पूथिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूतिका शाक । पोई का साग ।

पूदना¹—संज्ञा पु० [हिं० फुदकना] एक पक्षी जो उत्तरी भारत में पाया जाता है ।

विशेष—इसका रंग प्रायः भूरा होता है, परंतु ऋतुभेद के अनुसार कुछ कुछ बदलता रहता है । इसका शरीर प्रायः सात इंच लंबा होता है । यह जमीन पर चला करता है और घास का घोंसला बनाकर रहता है ।

पूदना²—संज्ञा पु० [फा० पोदनह् हिं० पुदीना] दे० 'पुदीना' ।

पून¹—संज्ञा पु० [देश०] १ जंगली बादाम का पेड़ जो भारत के पश्चिमी किनारों पर होता है ।

विशेष—इसके फूल और पत्तियाँ दवा के काम आती हैं और फल में से तेल निकाला जाता है । इस वृक्ष में एक प्रकार का गोंद निकलता है ।

२ कलपून नामक वृक्ष जिसकी लकड़ी इमारत बनाने के काम में आती है । इसके बीजों से एक प्रकार का तेल भी निकलता है । ३ तलवार की मुठिया का नीचेवाला सिरा ।

पून²—संज्ञा पुं० [पुण्य, प्रा० पुन्न] दे० 'पुण्य' ।

पून(पु)³—संज्ञा पुं० [सं० पूर्ण] दे० 'पूर्ण' । उ०—तैसोइ लहँगा बन्यो सिलसिलो पूनमासी को पून री ।—नंददास (शब्द०) ।

पूनव—संज्ञा स्त्री० [हिं० पूनो] दे० 'पूनो' या 'पूर्णिमा' ।

पूनसलाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० पूनी + सलाई] वह पतली लकड़ी जिसपर रूई की पूनियाँ कातने के लिये बनाते हैं ।

पूना—संज्ञा पुं० [देश०] १ कनपून या पून नाम का सदाबहार पेड़ । २ एक प्रकार की ईख ।

पूनाका—संज्ञा स्त्री० [देश०] तेलहन में की बची हुई सीठी । खली ।

पूनिउँ, पूनिवँ(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णिमा] दे० 'पूनो' । उ०—पदमावति भय पूनिवँ कला । चौदह चाँद उआ तिघला । —जायसी ग्र०, पृ० ३५० ।

पूनी—संज्ञा स्त्री० [सं० पिञ्जिका] धुनी हुई रूई की वह बत्ती जो चरखे पर सूत कातने के लिये तैयार की जाती है ।

पूनो(पु)⁴—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णिमा] पूर्णिमा । पूर्णमासी । शुक्ल पक्ष की पंद्रहवीं या चांद्रमास की अंतिम तिथि ।

पून्यो⁵—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णिमा] दे० 'पूनो' । उ०—पून्यो प्रगट नभ भा उज्यारा बुधि पिंड सरीर ।—रामानंद०, पृ० १६ ।

पूप—संज्ञा पुं० [सं० पूप, अनूप] पूआ या मालपुआ नाम का मीठा पकवान ।

पूपला—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का मीठा पकवान ।

पर्या०—पूपालिका । पूपाली । पूपिका । पूलिका ।

पूपली¹—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पूपला' ।

पूपली—सज्ञा स्त्री० [देश०] १ पोली नली। २ बच्चो के खेलने का काठ का बहुत छोटा खिलौना जो छोटी डंठी के आकार का होता है और जिसके दोनो सिरे कुछ मोटे होते हैं। ३ बाँस आदि में से काटी हुई वह छोटी खोखली नली जिसमे देसी पखो की डंठी का अतिम भाग फँसाया रहता है और जिसके सहारे पखा सहज में चारो ओर घूमा करता है।

पूपशाला—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्थान जहाँ पूप आदि पकवान रखा जाता हो।

पूपालिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पूपला' [को०]।

पूपाली—सज्ञा स्त्री० [स०] पूप। मालपुआ।

पूपाष्टका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूस के कृष्णपक्ष की अष्टमी।

विशेष—स्मृतितत्व के अनुसार इस दिन मालपूए से श्राद्ध किया जाना चाहिए।

पूपिक, पूपिका—सज्ञा पुं० [स०] पूआ, पूरी आदि पकवान।

पूब(५)—वि० [सं० पूर्व] पुराना। प्राचीन। पूर्व। उ०—कहैं वीर कवि चद तुअ पूब कथा कहूँ मडि।—पृ० रा०, २४।४१३।

पूय—सज्ञा पुं० [स०] पीप। मवाद।

पूयउडश—सज्ञा पुं० [देश०] भोजपत्र की जाति का एक वृक्ष।

विशेष—यह वृक्ष खसिया पहाडी और बरमा में होता है। इसकी छाल मनीपुर आदि के जगली लोग खाते हैं और पानी के घडे पर उसकी मजबूती के लिये लपेटते हैं।

पूयका—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक प्रेतयोनि।

विशेष—इस प्रेतयोनि मे मरने के उपरात वे वैश्य जाते हैं जो अपने धर्म से च्युत होते हैं। कहते हैं, ऐसे प्रेतो का आहार पीप है।

पूयकुंड—सज्ञा पु० [सं० पूयकुण्ड] पुराणानुसार एक नरक का नाम।

पूयन—सज्ञा पुं० [सं०] मवाद। पूय [को०]।

पूयप्रमेह—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का रोग जिसमें पीप के समान मूत्र होता है, अथवा जिसमें मूत्र में से पीप के समान दुर्गंध आती है।

पूयरक्त—सज्ञा पुं० [सं०] नाक का एक रोग जिसमें रक्तपित्त की अधिकता अथवा माथे पर चोट आने के कारण नाक में से पीप मिला हुआ लहू निकलता है।

पूयवह—सज्ञा पुं० [सं०] एक नरक का नाम।

पूयशोणित—सज्ञा पुं० [सं०] नाक का एक रोग। दे० 'पूयरक्त' [को०]

पूयस्राव—सज्ञा पुं० [स०] सुश्रुत के अनुसार आँखो का वह रोग जिसमे उसका सधिस्थान पक जाता है और उससे पीप बहने लगती है।

पूयारि—सज्ञा पुं० [सं०] नीम। निंब।

पूयालस—सज्ञा पुं० [स०] आँखो का एक रोग जिसमे उसकी पुतली की सधि में शोथ होने के कारण वह स्थान पक जाता है और उसमें से दुर्गंधयुक्त पीप निकलती है।

पूयालसक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पूयालस'।

पूयोद—सज्ञा पुं० [स०] एक नरक का नाम।

पूर[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ दारु अगर। दाहागुरु। २ बाढ। ३ घाव पूरा होना या भरना। व्रणशुद्धि। ४ प्राणायाम मे पूरक की क्रिया। विशेष—दे० 'पूरक'। ५ प्रवाह। धारा। उ०—जमुना पूर परम सुखदायक। दरस परस सरसत व्रजनायक। —घनानद, पृ० १८७। ६ खाद्यविशेष। एक प्रकार का पक्वान्न (को०)। ७ जलाशय। तालाब (को०)। ८ नीबू। बिजौरा नीबू (को०)।

पूर[२]—वि० [सं० पूर्ण] १ दे० 'पूर्ण'। २. वे मसाले या दूसरे पदार्थ जो किसी पकवान के भीतर भरे जाते हैं। जैसे, समोसे का पूर।

पूर[३]—सज्ञा पुं० [हिं० पूला] १ घास आदि का बँधा हुआ मुट्ठा। पूला। पूलक। २ फसल की उपज की तीन बराबर बराबर राशियाँ जिनमें से एक जमीदार और दो तिहाई काश्तकार लेता है। तीकुर। तिकुर। ३. बैलगाडी के अगल बगल का रस्सा।

पूरक[१]—वि० [सं०] पूरा करनेवाला। जिससे किसी की पूर्ति हो।

पूरक[२]—सज्ञा पुं० [सं०] प्राणायाम विधि के तीन भागो में से पहला भाग जिसमें श्वास को नाक से खीचते हुए भीतर की ओर ले जाते हैं। योगविधि से नाक के दाहिने नथने को बद करके बाएँ नथने से श्वास को भीतर की ओर खीचना। २ बिजौरा नीबू। ३ वे दस पिंड जो हिंदुओं में, किसी के मरने पर उसके मरने की तिथि से दसवें दिन तक नित्य दिए जाते हैं।

विशेष—कहते हैं, जब शरीर जल जाता है तब इन्हीं पिंडो से मृत व्यक्ति के शरीर की पूर्ति होती है और इसी लिये इन्हें पूरक कहते हैं। पहले पिंड से मस्तक, दूसरे से आँखें, नाक और कान, तीसरे से गला, चौथे से बाँहें और छाती इसी प्रकार अलग अलग पिंडों से अलग अलग अगो का बनना माना जाता है।

४ वह अक जिसके द्वारा गुणा किया जाता है। गुणक अक। ५ वह अश जो किसी चीज की कमी को पूरा करने के लिये रखा जाय। जैसे, पूरक (सप्लिमेंटरी) परीक्षा।

पूरण[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ भरने की क्रिया। परिपूर्ण करने की क्रिया। २ पूरा करने की क्रिया। समाप्त या तमाम करना। ३ कान आदि मे तेल आदि भरने की क्रिया। ४. अंकों का गुणा करना। अंकगुणन। ५ पूरक पिंड। दशाह पिंड। ६ मेह। वृष्टि। ७ केवटी। मोथा। ८ सेतु। पुल। ९. एक प्रकार का व्रण या फोडा जो वात के प्रकोप से होता है। १० समुद्र। ११. पुनर्नवा। गदहपूरना। १२ शाल्मली वृक्ष (को०)। १३. आयुर्वेदोक्त एक तैल। विष्णु तैल (को०)। १४. एक पक्वान्न। खाद्यविशेष (को०)। १५ खीचना। आकृष्ट करना। जैसे, धनुष। १६ सज्जित करना। सजाना (को०)।

पूरण[२]—वि० [सं०] १. पूरक। पूरा करनेवाला। २ संख्या-

क्रम बतानेवाला (को०)। ३ प्रभावकारी। ४ संतुष्टि देनेवाला (को०)।

पूरण—वि० [सं० पूर्ण] पूरा। पूर्ण।

पूरणहार—वि० [सं० पूर्ण+हिं० हार (प्रत्य०)] पूरा करनेवाला (ईश्वर)। उ०—दादू पूरणहारा पूरसी, जो चित रहसी ठाँम।—दादू०, पृ० ३३६।

पूरणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सेमर। शाल्मली वृक्ष। २ भगवती दुर्गा का एक नाम (को०)।

पूरणीय—वि० [सं०] भरने योग्य। परिपूर्ण करने योग्य।

पूरन—वि० [सं० पूर्ण, हिं० पूरण] दे० 'पूर्ण'। उ०—(क) जनु चकोर पूरन ससि लोभा।—मानस, १।२०७। (ख) हौं सु भले हौं कहा कहिये हम आपने पूरन भाग लहे हौं। —घनानंद, पृ० १३६।

पूरनकाम—वि० [सं० पूर्णकाम] दे० 'पूर्णकाम'। उ०—(क) देउ काह तुम पूरनकामा।—मानस, ३।२५। (ख) श्री वसुदेव धाम अभिराम। प्रगटहिंगे प्रभु पूरनकाम।—नंद० ग्र०, पृ० २२०।

पूरनचंद—संज्ञा पुं० [सं० पूर्णचन्द्र] दे० 'पूर्णचंद्र'। उ०—मनु घन पूरनचंद, दूर निकट पुनि आवहिं।—नंद० ग्र०, पृ० ३६५।

पूरनपरब—संज्ञा पुं० [सं० पूर्ण+पर्व] पूर्णमासी। उ०—दशरथ पूरनपरब विधु उदित समय सजोग। जनकनगर सर, कुमुदगण तुलसी प्रमुदित लोग।—तुलसी (शब्द०)।

पूरनपूरी—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्ण+हिं० पूरी] एक प्रकार की मीठी कचौड़ी।

पूरनमासी—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णमासी] दे० 'पूर्णमासी'। उ०—पूरनमासी आदि जो मंगल गाइए।—कबीर श०, भा० ४, पृ० ३।

पूरना[1]—क्रि० स० [सं० पूरण] १ कमी या त्रुटि को पूरा करना। किसी खाली जगह को भरना। पूर्ति करना। उ०—दादू पूरणहारा पूरसी, जो चित रहसी ठाँम। अंतर थे हरि उमगसी सकल निरंतर राम।—दादू०, पृ० ३३६। २ ढाँकना। किसी वस्तु को किसी वस्तु से आच्छादित कर देना। उ०—कूह कै कै कर मारै मही लखि कुभन वारन छारन पूरत।—शंभु (शब्द०)। ३ (मनोरथ) सफल करना। सिद्ध करना। (मनोरथ) पूर्ण करना। उ०—सिद्ध गणेश मनावहिं विधि पूरै मन काज।—जायसी (शब्द०)। ४ मंगल अवसरों पर आटे, अबीर आदि से देवताओं के पूजन आदि के लिये चौखूँटे क्षेत्र आदि बनाना। चौक बनाना। जैसे, चौक पूरना। उ०—साजा पाट छत्र के छाँहाँ। रतन चौक पूरी तेहि माहाँ।—जायसी (शब्द०)। ५ बटना। जैसे, सेवईं पूरना, तागा पूरना। ६ फूँकना। बजाना। उ०—(क) तेहिं वियोग सिंगी नित पूरी। बार बार किंगरी भइ भूरी।—जायसी (शब्द०)। (ख) किंगरी गहे बजावै भूरी। भोर साँझ सिंगी नित पूरी।—जायसी (शब्द०)।

पूरना—क्रि० अ० पूर्ण होना। भर जाना। व्याप्त हो जाना। उ०—परगट गुपुत सकल महँ पूरि रहा सो नाउँ। जहँ देखौं वह देखौं दूसर नहिं कर जाउँ।—जायसी (शब्द०)।

पूरनानंद—संज्ञा पुं० [सं० पूर्णानन्द] दे० 'पूर्णानंद'। उ०—अक्षय अघट एक रस परिपूरन है ताही तें पूरनानंद अनुभौ ते पायौ है।—सुंदर ग्रं०, भा० २, पृ० ६२२।

पूरनिमा—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णिमा] पूर्णिमासी तिथि।

पूरब[1]—संज्ञा पुं० [सं० पूर्व] वह दिशा जिसमें सूर्य का उदय होता है। मध्याह्न से पहले सूर्य की ओर मुँह करने पर सामने पड़नेवाली दिशा। पश्चिम के विरुद्ध दिशा। पूर्व। प्राची।

पूरब[2]†—वि० दे० 'पूर्व'।

पूरब[3]†—क्रि० वि० दे० 'पूर्व'।

पूरबला†—संज्ञा पुं० [हिं० पूरब+ला] १ प्राचीन समय। पुराना जमाना। २ पूर्वजन्म। इस जन्म से पहलेवाला जन्म।

पूरबला—वि० पुं० [सं० पूर्व+हिं० ला (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० पूरबली] १ प्राचीन काल का। पुराना। २. पूर्व जन्म का। पहले जन्म का। उ०—(क) बहु करनी बहु करम गति बहु पूरबला लेख। देखो भाग कबीर का दीसत किया अलेख।—कबीर (शब्द०)। (ख) मोरे भूली सबहि को सबहु न किया विचार। सतगुरु साहेब बताइया पूरबला भरतार।—कबीर (शब्द०)। (ग) मेरो सरूप यहाँ यह व्यापि है पूरबली अंग के संग जागै। का मैं कहौं घर बाहर होत ही लागत दीठि बिलंब न लागै।—रघुनाथ (शब्द०)।

पूरबवत—क्रि० वि० [हिं० सं० पूर्ववत्] दे० 'पूर्ववत्'। उ०—हम सब सो बहु बतसर लौं पूरबवत हो जो।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ५६०।

पूरबिया†—संज्ञा पुं० [हिं० पूरब+इया (प्रत्य०)] दे० 'पूरबी'।

पूरबी[1]—वि० [हिं० पूरब+ई (प्रत्य०)] पूरब का। पूरब संबंधी। जैसे, पूरबी दादरा, पूरबी हिंदी, पूरबी चावल आदि।

पूरबी[2]—संज्ञा पुं० एक प्रकार का दादरा। दे० 'पूर्वी—२'।

पूरबी[3]—संज्ञा पुं० पूरब के रहनेवाले लोग।

पूरबी[4]—संज्ञा स्त्री० पूर्वी राग की रागिनी। विशेष—दे० 'पूर्वी'।

पूरयितव्य—वि० [सं०] पूरा करने के योग्य। पूरणीय।

पूरयिता[1]—संज्ञा पुं० [सं० पूरयितृ] १ पूर्णकर्ता। पूरक। पूर्ण करनेवाला। २ विष्णु का एक नाम।

पूरयिता[2]—वि० १. पूर्ण करनेवाला। पूरक। २ संतुष्टिकर। संतोष देनेवाला (को०)।

पूरा—वि० पुं० [सं० पूर्ण] [वि० स्त्री० पूरी] १ जो खाली न हो। भरा। परिपूर्ण। २ जिसका अंश या विभाग न किया गया हो अथवा जिसके टुकड़े या विभाग न हुए हों। समूचा। सोलह आना। समग्र। समस्त। सकल। ३ जिसमें कोई

कमी या कसर न रह गई हो। पूर्ण। कामिल। जैसे, पूरा मर्द, पूरा अधिकार, पूरा दबाव आदि।

क्रि० प्र०—पड़ना।—उतरना।—डालना।—होना।

४ भरपूर। यथेच्छ। काफी। बहुत। जैसे—मेरे पास पूरा सामान है, डरने की कोई बात नहीं।

मुहा०—किसी बात का पूरा = (१) जिसके पास कोई वस्तु यथेष्ट या प्रचुर हो। जैसे विद्या का पूरा, बल का पूरा। (२) पक्का। दृढ़। मजबूत। अटल। जैसे, बात का पूरा, वादे का पूरा। किसी का पूरा पड़ना = कार्य पूर्ण हो जाना सामग्री न घटना। सामग्री की कमी से बाधा न आना। जैसे—(क) मैं समझता हूँ कि इतनी सामग्री से तुम्हारा सब काम पूरा पड़ जायगा। (ख) जाओ, तुम्हारा कभी पूरा न पड़ेगा।

५ संपन्न। पूर्ण। संपादित। कृत। जिसके किए जाने में कुछ कसर न रह गई हो। जैसे, काम पूरा होना। (इसका व्यवहार प्राय 'करना' क्रिया के साथ होता है।)

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—(कोई काम) पूरा उतरना = अच्छी तरह होना। जैसा चाहिए वैसा ही होना। जैसे—काम पूरा उतर जाय तो जानें। बात पूरी उतरना = ठीक निकलना। सत्य उतरना। सच होना। जैसा कहा गया हो वैसा ही होना। दिन पूरे करना = (१) समय बिताना। किसी प्रकार कालक्षेप करना। (२) किसी अवधि तक समय बिताना। जैसे, बनवास के दिन पूरे करना। (दिन) पूरे होना = अंतिम समय निकट आना। जैसे, अब उनके दिन पूरे हो गए।

६ तुष्ट। पूर्ण। जैसे,—हमारी इच्छाएँ पूरी हो गईं।

पूराम्ल—संज्ञा पुं० [सं०] विषाविल। वृक्षाम्ल। महाम्ल।

पूरि(पु)—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पूरी—१'। उ०—लुचुई पूरि सोहारी परी। एक ताती औ सुठि कोंवरी।—जायसी ग्र० (गुप्त०), पृ० ३१३।

पूरिक—संज्ञा स्त्री० [सं०] कचौड़ी [को०]।

पूरिका—संज्ञा [सं०] कचौड़ी।

पूरिणी—वि० स्त्री० [सं० पूरिन्] पूर्ण करनेवाली। तृप्त या तुष्ट करनेवाली। उ०—फिर क्या तेरा धाम स्वर्ग है, जो तप बल से प्राप्त। होती है वासना पूरिणी वहीं अप्सरा प्राप्त।—हिम०, पृ० ५०।

पूरित—वि० [सं०] १ भरा हुआ। परिपूर्ण। लबालब। २ तृप्त। ३ गुणा किया हुआ। गुणित।

पूरिबला(पु)—वि० पुं० [हिं० पूरब] दे० 'पूरबला'। उ०—कामी कदे न हरि भजै, जपै न केसो जाप। राम कह्यां थैं जलि मरै, को पूरिबला पाय।—कबीर ग्र०, पृ० ४१।

पूरिया—संज्ञा पुं० [देश०] षाडव जाति का एक राग जो संध्या समय गाया जाता है। इसमें पंचम स्वर वर्जित है। किसी के मत से यह भैरव राग का पुत्र और किसी के मत से संकर राग है।

पूरियाकल्याण—संज्ञा पुं० [हिं० पूरिया + कल्याण (राग)] संपूर्ण जाति का एक संकर राग जिसके गाने का समय रात का पहला पहर है।

पूरी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पूलिका, पूरिका] १ एक प्रकार का प्रसिद्ध पकवान जिसे साधारण रोटी आदि की तरह महीन बेलकर खौलते घी में छान लेते हैं। २ मृदंग, तबले, ढोल आदि के मुँह पर मढ़ा हुआ गोल चमड़ा।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—चढ़ाना।—मढ़ना।

३ घास, ज्वार आदि की पूली।

पूरी[2]—वि० स्त्री० [हिं०] 'पूरा' शब्द का स्त्रीलिंग रूप। (मुहावरों आदि के लिये दे० 'पूरा'।)

पूरी[3]—वि० [सं० पूरिन्] पूरा करनेवाला। पूर्ण करनेवाला [को०]।

पूरीकरण—संज्ञा पुं० [हिं० पूरी + करना (= करना)] १ पूरा करने का भाव। २. पूर्णता। उ०—तुम्हारी प्रेरणा से मैं ध्वनित हो उठता हूँ, और उस ध्वनि की प्रेरणा से हमारी चिरतन प्रणय कामनाएँ पूरीकरण में लीन हो जाती हैं।—चिंता, पृ० ३६।

पूरु—संज्ञा पुं० [सं०] १ मनुष्य। २ वैराज मनु के एक पुत्र का नाम। ३ जह्नु के एक पुत्र का नाम। ४ एक राक्षस का नाम।

पूरुजित्—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु का एक नाम।

पूरुब‡—संज्ञा पुं० [सं० पूर्व] दे० 'पूरब'।

पूरुष—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुरुष। २ आत्मा।

पूर्ण[1]—वि० [सं०] १ पूरा। भरा हुआ। परिपूर्ण। पूरित। २ जिसे इच्छा या अपेक्षा न हो। अभावशून्य। ३ जिसकी इच्छा पूर्ण हो गई हो। आप्तकाम। परितृप्त। ४ भरपूर। जितना चाहिए उतना। यथेष्ट। काफी। ५ समूचा। अखंडित। सकल। ६ समस्त। सारा। सब का सब। ७ सिद्ध। सफल। ८ जो पूरा हो चुका हो। समाप्त। जैसे,—उसका दंड काल पूर्ण हो गया। ९ बीता हुआ। व्यतीत (को०)। १० शक्तियुक्त।

पूर्ण[2]—संज्ञा पुं० १ एक गंधर्व का नाम। २ एक नाग का नाम। ३ बौद्ध शास्त्र के अनुसार मैत्रायणी के एक पुत्र का नाम। ४. जल। ५ विष्णु।

पूर्णअतीत—संज्ञा पुं० [सं०] ताल (संगीत) में वह स्थान जो 'सम अतीत' के एक मात्रा के बाद आता है। यह स्थान भी कभी कभी सम का काम देता है।

पूर्णक—संज्ञा पुं० [सं०] १ मुर्गा। कुक्कुट। ताम्रचूड। २ देवताओं की एक योनि। ३. चाष या चाख पक्षी (को०)। ४ दे० 'पूर्ण'।

पूर्णककुत—संज्ञा पुं० [सं० पूर्णककुद्] कुहानदार बछड़ा। युवा बछड़ा। उ०—जब तक बछड़ा बड़ा नहीं हो जाता था अर्थात् उसकी पीठ पर डिल नहीं निकल आता था तबतक वह अजातककुत और युवा हो जाने पर पूर्णककुत कहलाता था।—सपूर्णानंद अभि० ग्रं०, पृ० २४६।

पूर्णकाम[1]—वि० [सं०] १ जिसे किसी बात की कामना या चाह न रह गई हो। जिसकी सारी इच्छाएँ तृप्त हो चुकी हों। आप्तकाम। २. निष्काम। कामनाशून्य।

पूर्णकाम[२]—सज्ञा पुं० परमेश्वर।

पूर्णकाल आधि—सज्ञा स्त्री० [स०] वह गिरवी जिसके रखने का समय पूरा हो गया हो।

पूर्णकालिक—वि० [स० पूर्ण + कालिक] पूरे समय तक। पूरे समय का।

पूर्णकाश्यप—सज्ञा पु० [स०] बौद्धशास्त्रो के अनुसार एक प्रसिद्ध तीर्थिक। भगवान् बुद्ध ने जिन छह तीर्थिको को पराजित किया था उनमें एक ये भी थे।

विशेष—बुद्ध से पहले ही इन्होने अपने मत का प्रचार आरभ कर दिया था और बहुत से लोग उनके अनुयायी हो गए थे। साधारण लोगो से लेकर मगध के राजा तक इनपर भक्ति और श्रद्धा रखते थे। भूटान में मिले हुए एक बौद्ध ग्रथ के अनुसार ये उपर्युक्त छहों तीर्थिको मे प्रधान थे। ये कोई कपडा नहीं पहनते थे, नगे बदन घूमा करते थे, ये कहते थे, जगत् अनत भी है और सात भी, अक्षय भी है, क्षयशील भी, असीम भी है और ससीम भी, चित्त और देह भिन्न भी हैं और अभिन्न भी। परलोक का अस्तित्व और अनस्तित्व दोनों ही है। पर जन्म नही है, इस जन्म में ही जीव का शेष, ध्वस या मृत्यु होती है। मरने के बाद फिर जन्म नही होता। शरीर चार भूतो से ही—क्षिति, अप, तेज और मरुत् से बना है। मृत्यु के पश्चात् वह क्रम से पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु में मिल जाता है। उनके मत से यही परमतत्व था। बुद्ध से पराजित होने का इन्हें इतना दुख हुआ था कि ये गले मे बालू से भरा घडा बाँधकर डूब मरे। श्रावस्ती और जेतवन में बुद्ध के साथ इनकी मूर्ति भी पाई गई है।

पूर्णकुभ—सज्ञा पुं० [पूर्णकुम्भ] १ भरा हुआ घडा। २ पानी से भरा हुआ वह घडा जो शुभ की दृष्टि से दरवाजे पर रखा जाता है। ३ दीवार में बना हुआ घडे के आकार का छेद। ४ युद्ध की एक विशेष विधि [को०]।

पूर्णकोशा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की लता।

पूर्णकोषा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कचौरी। २ प्राचीन काल का एक प्रकार का पकवान जो जौ के आटे का बनता था।

पूर्णकोष्ठा—सज्ञा स्त्री० [स०] नागरमोथा।

पूर्णगर्भा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पूरन पूरी। २. वह स्त्री जिसे शीघ्र प्रसव होने की सभावना हो। वह स्त्री जिसे शीघ्र ही सतान होनेवाली हो।

पूर्णचंद्र—सज्ञा पु० [स० पूर्णचन्द्र] पूर्णिमा का चद्रमा। अपनी सब कलाओं से युक्त चद्रमा।

यौ०—पूर्णचद्रनिभानन = चद्रमा की तरह से मुखवाला।

पूर्णतया—क्रि० वि० [स०] पूरी तरह से। पूर्ण रूप से।

पूर्णतः—क्रि० वि० [स० पूर्णतस्] पूरे तौर से। पूर्णतया।

पूर्णता—सज्ञा स्त्री० [स०] पूर्ण का भाव। पूर्ण होना।

पूर्णतूण—वि० [स०] जिसका तरकस बाणो से पूर्ण हो [को०]।

पूर्णदर्व्व—सज्ञा पु० [स०] १ एक वैदिक क्रिया। २. पूर्णिमा।

पूर्णपरिवर्तक—सज्ञा पुं० [सं०] वह जीव जो अपने जीवन में अनेक बार अपना रूप आदि बदलता हो। जैसे, तितली।

पूर्णपर्वेंदु—सज्ञा पुं० [सं० पूर्णपर्वेन्दु] पूर्णिमा। पूर्णमासी।

पूर्णपात्र—सज्ञा पु० [स०] १ पूरा पात्र। भरा हुआ पात्र। २ पुत्रजन्मादि के उत्सव के समय पारितोषिक या इनाम के रूप में मिले हुए वस्त्र, अलकार आदि। ३ सुसवाद लाने-वालो को मिलनेवाला उपहार। अच्छी सूचना लाने पर मिलनेवाला पुरस्कार। ४ वह घडा जो प्राचीन काल में चावलो से भरकर होम या यज्ञ के अंत में ब्रह्मा को दक्षिणा रूप में दिया जाता था। इसमें साधारणत २५६ मुट्ठी चावल हुआ करता था।

पूर्णप्रज्ञ[१]—वि० [सं०] जिसकी बुद्धि में कोई कमी या त्रुटि न हो। पूर्ण ज्ञानी। बहुत बुद्धिमान्।

पूर्णप्रज्ञ[२]—सज्ञा पुं० पूर्णप्रज्ञदर्शन के कर्ता मध्वाचार्य।

विशेष—ये वैष्णव मत के सस्थापक आचार्यों में माने जाते हैं। वेदातसूत्र पर इन्होने 'माध्वभाष्य' नामक द्वैतपक्षप्रतिपादक भाष्य लिखा है। हनुमान और भीम के बाद ये वायु के तीसरे अवतार माने गए हैं। अपने भाष्य मे इन्होंने स्वय भी यह बात लिखी है। इनका एक नाम आनदतीर्थ भी है।

पूर्णदर्शन—सज्ञा पुं० [स०] सर्वदर्शन सग्रह के अनुसार वह दर्शन जिसके प्रवर्तक पूर्णप्रज्ञ या मध्वाचार्य हैं।

विशेष—इस दर्शन का आधार वेदातसूत्र और उसपर रामानुज कृत भाष्य है। इसके अधिकतर सिद्धात रामानुज दर्शन के सिद्धांतो से मिलते हैं। दोनों का मुख्य अतर ईश्वर और जीव के भेदाभेद के विषय में है। इस सबध में रामानुज दर्शन का भेद, अभेद और भेदाभेद सिद्धांत इस दर्शन को स्वीकार नहीं है। इसके मत से जीव और ईश्वर में किसी प्रकार का सूक्ष्म या स्थूल अभेद नहीं है, किंतु स्पष्ट भेद है। उनका सबध शरीरात्म भाव का नहीं है बल्कि सेव्य सेवक भाव का है। अतर्यामी होने के कारण जीव ईश्वर का शरीर नही है, बल्कि उसका सेवक और अधीन है। ईश्वर स्वतंत्र तत्व और जीव अस्वतत्र तत्व और ईश्वरायत्त है। इस दर्शन के मत से पदार्थ के तीन भेद हैं—चित् (जीव), अचित् (जड) और ईश्वर। चित् जीवपदवाच्य, भोक्ता, असकुचित, अपरिच्छिन्न, निर्मल ज्ञानस्वरूप, नित्य, अनादि और कर्मरूप अविद्या से ढँका हुआ है। ईश्वर का आराधन और उसकी प्राप्ति उसका स्वभाव है। (आकार में) वह बाल की नोक के सौवें भाग के बराबर है। अचित् पदार्थ दृश्यपदवाच्य, भोग्य, अचेतनस्वरूप और विकारशील हैं। फिर भोग्य, भोगोपकरण और भोगायतन या भोगाधार रूप से इसके भी तीन भेद हैं। ईश्वर हरिपदवाच्य, सबका नियामक, जगत् का कर्ता, उपादान, सकलातर्यामी, अपरिच्छिन्न और ज्ञान, ऐश्वर्य, वीर्य, शक्ति, तेज आदि गुणों से संपन्न है।

इस दर्शन के अनुसार यह निखिल जगत् अनंत समुद्रशायी भगवान् विष्णु से उत्पन्न हुआ है। चित् और अचित् संपूर्ण पदार्थ उनके शरीररूप हैं। पुरुषोत्तम, वासुदेवादि उनकी संज्ञाएँ हैं। उपासकों को यथोचित फल देने के लिये लीलावश वे पाँच प्रकार की मूर्तियाँ धारण करते हैं। प्रथम अर्चा अर्थात् प्रतिमादि, द्वितीय विभव अर्थात् रामादि अवतार, तृतीय वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध ये चार संज्ञाक्रांत व्यूह, चतुर्थ सूक्ष्म और संपूर्ण वासुदेव नामक परब्रह्म, पंचम अंतर्यामी सकल जीवों के नियंता उपासक क्रम से पूर्व मूर्ति की उपासना द्वारा पापक्षय करके परमूर्ति की उपासना का अधिकारी होता है। अभिगमन, उपादान, इज्या, स्वाध्याय और योग नाम से भगवान् की उपासना के भी पाँच प्रकार हैं। देवमंदिर का मार्जन, अनुलेपन आदि अभिगमन हैं, गंध पुष्पादि पूजा के उपकरणों का आयोजन उपादान, पूजा इज्या, अर्थानुसंधान के सहित मंत्रजप, स्तोत्रपाठ, नामकीर्तन और तत्व प्रतिपादक शास्त्रों का अभ्यास स्वाध्याय, और देवता का अनुसंधान योग है। इन उपासनाओं के द्वारा ज्ञानलाभ होने पर भगवान् उपासक को नित्यपद प्रदान करते हैं। इस पद को प्राप्त होने पर भगवान् का यथार्थ रूप में ज्ञान होता है और फिर जन्म नहीं लेना पड़ता। पूर्णप्रज्ञ के मत से भगवान् विष्णु की सेवा तीन प्रकार की है अंकन, नामकरण और भजन। गरम लोहे से दागकर शरीर पर शंख, चक्र आदि के चिह्न उत्पन्न करना अंकन है; पुत्र पौत्रादि के केशव नारायण आदि नाम रखना नामकरण। भजन के कायिक, वाचिक और मानसिक भेद से तीन प्रकार हैं। फिर इनके भी कई कई भेद हैं,—कायिक के दान, परित्राण और परिरक्षण, वाचिक के सत्य, हित, प्रिय और स्वाध्याय, और मानसिक के दया, स्पृहा और श्रद्धा।

पूर्णबीज—संज्ञा पुं० [सं०] बिजौरा नीबू।

पूर्णभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक नाग जिसका उल्लेख महाभारत में है।

पूर्णमा—संज्ञा स्त्री० [स०] पूर्णिमा। पूर्णमासी।

पूर्णमानस—वि० [स०] संतुष्ट। परितुष्ट [को०]।

पूर्णमास[1]—संज्ञा स्त्री० [स० पूर्णमास्] १ पूर्णिमा। २ सूर्य। ३. चंद्रमा।

पूर्णमास[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीन काल का एक योग जो पूर्णिमा को किया जाता था। पौर्णमास योग। २ धाता का एक पुत्र जो उसकी अनुमति नाम की स्त्री से उत्पन्न हुआ था।

पूर्णमासी—संज्ञा स्त्री० [सं०] चंद्रमास की अंतिम तिथि। शुक्लपक्ष का अंतिम या पंद्रहवाँ दिन। वह तिथि जिसमें चंद्रमा अपनी सारी कलाओं से पूर्ण होता है। पूर्णिमा।

पूर्णमुख—संज्ञा पुं० [स०] एक नाग जो जनमेजय के सर्पसत्र में जलाया गया था।

पूर्णमैत्रायनीपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध भगवान् के अनुचरों में से एक।

विशेष—ये पश्चिम भारत के सुरपाक नामक स्थान में रहते थे। सूत्र का अभ्यास करनेवाले बौद्ध इनकी उपासना करते थे।

पूर्णयोग—संज्ञा पुं० [सं०] बाहुयुद्ध का एक भेद।

विशेष—महाभारत के अनुसार भीम और जरासंध में यही बाहुयुद्ध हुआ था।

पूर्णरथ—संज्ञा पुं० [स०] पूरा वीर। पूर्ण योद्धा [को०]।

पूर्णलक्ष्मीक—वि० [सं०] श्री और संपत्ति से संपन्न [को०]।

पूर्णवर्मा—संज्ञा पुं० [स० पूर्णवर्मन्] मगध का एक बौद्ध राजा जो सम्राट् अशोक के वंश में अंतिम था।

विशेष—गौड़राज शशांक ने बोधिगया के जिस बोधिवृक्ष को नष्ट कर दिया था उसे इसने फिर से संजीवित किया। ह्वेनसांग के भ्रमणवृत्तांत से ज्ञात होता है कि उसके आगमन के पहले ही यह सिंहासन पर बैठ चुका था।

पूर्णवर्ष—वि० [सं०] पूरे बीस वर्ष की आयु का [को०]।

पूर्णविराम—संज्ञा पुं० [सं०] लिपिप्रणाली में वह चिह्न जो वाक्य के पूर्ण हो जाने पर लगाया जाता है। वाचक के लिये सबसे बड़े विराम या ठहराव का चिह्न या संकेत।

विशेष—अँगरेजी आदि अधिकांश लिपियों में, और उन्हीं के अनुकरण पर मराठी आदि में भी, यह चिह्न एक बिंदु . के रूप में होता है, परंतु नागरी, बँगला आदि में इसके लिये खड़ी पाई '।' का व्यवहार होता है।

पूर्णविषम—संज्ञा पुं० [सं०] ताल (संगीत) में एक स्थान जो कभी कभी सम का काम देता है।

पूर्णवैनाशिक—संज्ञा पुं० [स०] सर्वशून्यवाद को माननेवाला। सर्वशून्यवाद सिद्धांत को माननेवाला बौद्ध [को०]।

पूर्णशैल—संज्ञा पुं० [स०] एक पर्वत जिसका उल्लेख योगिनी तंत्र में है।

पूर्णश्री—वि० [स०] श्रीसंपन्न। सौभाग्ययुक्त [को०]।

पूर्णहोम—संज्ञा पुं० [सं०] पूर्णाहुति।

पूर्णांक—संज्ञा पुं० [स० पूर्णाङ्क] १ पूर्ण संख्या। २ गणित की वह संख्या जो विभक्त न हो सके। ३ प्रश्नपत्र में निर्धारित पूरे अंक [को०]।

पूर्णांगद—संज्ञा पुं० [सं० पूर्णाङ्गद] महाभारत में उल्लिखित एक नाग।

पूर्णांजलि—वि० [सं० पूर्णाञ्जलि] अंजुलि भर। जितना अँजुली में आ सके।

पूर्णा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पंचमी, दशमी, अमावस, और पूर्णिमासी की तिथियाँ। २. चंद्रमा की पंद्रहवीं कला या लेखा (को०)। ३ दक्षिण भारत की एक नदी।

पूर्णाघात—संज्ञा पुं० [स०] ताल (संगीत) में वह स्थान जो अनाघात के उपरांत एक मात्रा के बाद आता है। कभी कभी यह स्थान भी सम का काम देता है।

पूर्णात्मावसान—संज्ञा पुं० [स० पूर्ण+आत्मा+अवसान] आत्मा का पूर्ण उत्सर्ग। आत्मा का पूर्ण विलीनीकरण। उ०—कलाकार की प्रगति निरंतर आत्मोत्सर्ग अथवा पूर्णात्मावसान में ही है।—पा० सा० सि०, पृ० ५६।

पूर्णानद—संज्ञा पुं० [सं० पूर्णानन्द] परमेश्वर।

पूर्णानक—संज्ञा पुं० [सं०] १ ढोल। नगाड़ा। २. नगाड़े की ध्वनि। ३ पात्र। बर्तन। ४ चद्रमा की किरण। ५ दे० पूर्णपात्र-२ [को०]।

पूर्णाभिलाष—वि० [सं०] जिसकी अभिलाषा पूर्ण हो गई हो। परितुष्ट। संतुष्ट [को०]।

पूर्णाभिषिक्त—संज्ञा पुं० [सं०] शाक्तों का एक विशेष वर्ग [को०]।

पूर्णाभिषेक—संज्ञा पुं० [सं०] वाममार्गियों का एक तांत्रिक संस्कार। अभिषेक। महाभिषेक।

विशेष—यह संस्कार किसी नए साधक के गुरु द्वारा दीक्षित होने के समय किया जाता है और कई दिनों में पूरा होता है। इसमें अनेक क्रियाओं के उपरांत गुरु अपने शिष्य को दीक्षा देकर वाममार्ग की क्रियाओं और संस्कारों का अधिकारी बनाता है।

पूर्णामृता—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्ण + अमृता] चद्रमा की सोलहवीं कला [को०]।

पूर्णायु[१]—संज्ञा स्त्री० [सं० पूर्णायुस्] १. सौ वर्ष की आयु। सौ वर्ष तक पहुँचनेवाला जीवनकाल। २ पूरी आयु। ३ महाभारत में उल्लिखित एक गंधर्व।

पूर्णायु[२]—वि० १ पूरी आयुवाला। जिसने पूरी उम्र पाई हो। २ सौ वर्ष तक जीनेवाला।

पूर्णालक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पूर्णानक' [को०]।

पूर्णावतार—संज्ञा पुं० [सं०] १ ऐसा अवतार जो अंशावतार न हो। किसी देवता का संपूर्ण कलाओं से युक्त अवतार। षोडश कलायुक्त अवतार। २ विष्णु के वे अवतार जो अंशावतार नहीं थे।

विशेष—ब्रह्मवैवर्त पुराण के मत से विष्णु भगवान् के सोलहों कलायुक्त अवतार नृसिंह, राम और श्रीकृष्ण हैं।

पूर्णाश—वि० [सं०] जिसकी सभी आशाएँ पूर्ण हों [को०]।

पूर्णाशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] महाभारत में उल्लिखित एक नदी।

पूर्णाहुति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी यज्ञ की अंतिम आहुति। वह आहुति जिसे देकर होम समाप्त करते हैं। होम के अंत में दी जानेवाली आहुति। २ किसी कर्म की समाप्ति या समाप्ति के समय होनेवाली क्रिया।

पूर्णि—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्णिमा। पुर्णमासी।

पूर्णिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक चिड़िया जिसकी चोंच का दोहरी होना माना जाता है। नासाच्छिन्नी पक्षी।

पूर्णिमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्णमासी। वह तिथि जिस दिन चद्रमा अपने पूरे मंडल के साथ उदय होता है।

पर्या०—पौर्णमासी। पित्र्या। चांद्री। पूर्णमासी। अनंता। चंद्रमाता। निरंजना। ज्योत्स्नी। इंदुमती। सिता। अनुमती। राका।

पूर्णिमासी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्णमासी। पूर्णिमा [को०]।

पूर्णेंदु—संज्ञा पुं० [सं० पूर्णेन्दु] पूर्णिमा का चद्रमा। पूर्ण चंद्र।

पूर्णोत्कट—संज्ञा पुं० [सं०] मार्कंडेय पुराण में उल्लिखित एक पूर्वदेशीय पर्वत।

पूर्णोत्साग—संज्ञा पुं० [सं० पूर्णोत्सङ्ग] आंध्रवंश का एक राजा।

पूर्णोदरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक देवी।

पूर्णोपमा—संज्ञा पुं० [सं०] उपमा अलंकार का वह भेद जिसमें उसके चारों अंग अर्थात्—उपमेय, उपमान, वाचक, और धर्म प्रकट रूप से प्रस्तुत हों। जैसे, इंद्र सो उदार है नरेंद्र मारवाड़ को, इसमें 'मारवाड़ को नरेंद्र' उपमेय, 'इंद्र' उपमान, 'सो' वाचक और 'उदार' धर्म चारों प्रस्तुत हैं।

पूर्त[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १. पालन। पूरा करना। २ खोदने अथवा निर्माण करने का कार्य। पुष्करिणी, सभा, बापी, बावली, देवगृह, आराम (बगीचा), सड़क आदि बनाने का काम। ३ सम्मान। पुरस्कार। इनाम (को०)।

पूर्त[२]—वि० १ पूरित। पूरा किया हुआ। २ ढँका हुआ। आच्छादित। छन्न। ३ पोषित। रक्षित (को०)।

पूर्तविभाग—संज्ञा पुं० [सं० पूर्त + विभाग] वह सरकारी विभाग या मुहकमा जिसका काम सड़क, नहर, पुल, मकान आदि बनवाना है। तामीर का मुहकमा।

पूर्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. किसी आरंभ किए हुए कार्य की समाप्ति। २ पूर्णता। पूरापन। ३ किसी कार्य में अपेक्षित वस्तु की प्रस्तुति। किसी काम में जो वस्तु चाहिए उसकी कमी को पूरा करने की क्रिया। ४ बापी, कूप, या तड़ाग आदि का उत्सर्ग। ५ भरने का भाव। पूरण। ६ गुणा करने का भाव। गुणन।

पूर्ती[१]—वि० [सं० पूर्त्तिन्] १. तृप्ति देनेवाला। २ इच्छा पूर्ण करनेवाला। ३. पूरित।

पूर्ती[२]—संज्ञा पुं० आंवला।

पूर्व[१]—संज्ञा पुं० [सं० पूर्व] दे० 'पूर्व'।

पूर्व[२]—वि० दे० 'पूर्व'।

पूर्वजा—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पूर्वज'। उ०—जिनके भाग भए पूर्वज के ते वहि संग रहयो रे। —जग श०, भा० २, पृ० ८७।

पूर्य[१]—वि० [सं०] १ पूरा करने योग्य अथवा जिसे पूरा करना हो। पूरणीय। २ पालनीय।

पूर्य[२]—संज्ञा पुं० एक तृण धान्य।

पूर्व[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह दिशा जिस ओर सूर्य निकलता हुआ दिखलाई देता हो। पश्चिम के सामने की दिशा। २ जैन मतानुसार सात नील, पाँच खरब, साठ अर्ब वर्ष का एक कालविभाग। ३ पूर्वज। पुरखा (को०)। ४ अगला भाग। आगे का हिस्सा (को०)।

पूर्व[२]—वि० [सं०] १. पहले का। जो पहले हो या रह चुका हो। २. आगे का। अगला। ३ पुराना। प्राचीन। ४ पिछला। ५ बड़ा। ६ पूर्व का। पूरब में स्थित (को०)।

पूर्व[१]—क्रि० वि० पहले। पेश्तर। जैसे,—मैं इसके पूर्व ही पुस्तक दे चुका था।

पूर्वक[१]—सज्ञा पु० [सं०] पुरखा। बापदादा। पूर्वज।

पूर्वक[२]—वि० १ प्रथम। पहला। २ पहले का। पूर्ववर्ती।

पूर्वक[३]—क्रि० वि० [स०] साथ। सहित।

विशेष—इस अर्थ में यह शब्द प्राय संयुक्त सज्ञा के अत मे आता है। जैसे, ध्यानपूर्वक। निश्चयपूर्वक।

पूर्वकर्म—सज्ञा पु० [पूर्वकर्मन्] १. सुश्रुत के अनुसार तीन कर्मों में से पहला कर्म। रोगोत्पत्ति के पहले किए जानेवाले काम।

विशेष—शेष दो कर्म प्रधान कर्म और पश्चात् कर्म हैं।

२. पूर्व जन्मार्जित कर्म (को०)। ३ प्राथमिक कर्म। पहला काम (को०)।

पूर्वकल्प—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल। पुराना समय (को०)।

पूर्वकाय—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर का पूर्व भाग। शरीर में नाभि से उपर का भाग।

पूर्वकाल[१]—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल। पुराना समय (को०)।

पूर्वकाल[२]—वि० प्राचीन काल से सबधित। पुराने समय का (को०)।

पूर्वकालिक—वि० [सं०] १ जिसकी उत्पत्ति या जन्म पूर्वकाल में हुआ हो। पूर्वकाल जात। २ जिसकी स्थिति पूर्वकाल में रही हो। पूर्वकालीन। पूर्वकाल सबधी।

पूर्वकालिक क्रिया—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह अपूर्ण क्रिया जिसका काल किसी दूसरी पूर्ण क्रिया के पहले पडता हो। जैसे, ऐसा करके वह गया।

पूर्वकालीन—वि० [सं०] दे० 'पूर्वकालिक'।

पूर्वकृत्[१]—सज्ञा पुं० [स०] १ पूर्व दिशा के कर्ता सूर्य। २ पूर्व दिशा के स्वामी इद्र (को०)।

पूर्वकृत्[२]—वि० पहले किया हुआ (को०)।

पूर्वकृत[३]—सज्ञा पुं० पूर्वजन्म में किया हुआ कर्म (को०)।

पूर्वगगा—सज्ञा स्त्री० [स० पूर्वगङ्गा] नर्मदा नदी।

पूर्वग—वि० [स०] पूर्वगामी। २ पूर्ववर्ती (को०)।

पूर्वगत—वि० [सं०] पहले गया हुआ (को०)।

पूर्वगामी—वि० [सं० पूर्वगामिन्] पहले गया हुआ। जो पहले चला गया हो (को०)।

पूर्वग्रह—सज्ञा पुं० [सं० पूर्व + ग्रह] वह मत जो बिना पूर्णरूप से विचार किए स्थिर कर लिया जाता है। अनिर्णीत मत।

पूर्वचित्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] इद्र की एक अप्सरा का नाम।

पूर्वज[१]—सज्ञा पु० [स०] १ बडा भाई। अग्रज। २ ऊपर की पीढ़ियों मे उत्पन्न पुरुष। पुरखा। बाप, दादा, परदादा आदि। ३ बड़ी पत्नी का ज्येष्ठ पुत्र। सबसे बडा पुत्र। (को०)। चद्रलोक में रहनेवाले दिव्य पितृगण।

पर्या०—चद्रगोलस्थ। न्यातशास्त्र। स्वधाभुज। कव्यवालादि।

पूर्वज[२]—वि० पूर्वकाल में उत्पन्न।

पूर्वजन—सज्ञा पुं० [सं०] पुराने समय के लोग। पुराकालीन पुरुष।

पूर्वजन्म—सज्ञा पुं० [स० पूर्वजन्मन्] वर्तमान से पहले का जन्म। पिछला जन्म।

पूर्वजन्मा—सज्ञा पुं० [सं०] बडा भाई। अग्रज।

पूर्वजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] बडी बहन।

पूर्वजाति—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्वजन्म। पिछला जन्म।

पूर्वजिन—सज्ञा पुं० [सं०] १ अतीत जिन या बुद्ध। २ मजुश्री का एक नाम।

पूर्वज्ञान—सज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्वजन्म का ज्ञान। पूर्वजन्म अर्जित ज्ञान जो इस जन्म मे भी विद्यमान हो। २ पहले का ज्ञान। पूर्वार्जित ज्ञान।

पूर्वत.—क्रि० वि० [सं० पूर्वतस्] १ पहले से। पूर्व से। २ सामने से। आगे से।

पूर्वतन—वि० [सं०] प्राचीन। पुराना (को०)।

पूर्वत्र—क्रि० वि० [सं०] पहले भाग मे। पहले।

पूर्वदक्षिण—वि० अग्निकोण सबधी। पूर्व और दक्षिण के बीच का (को०)।

पूर्वदक्षिणा—सज्ञा स्त्री० [स०] पूर्व और दक्षिण के बीच का कोना।

पूर्वदत्त—वि० सं० पहले दिया हुआ (को०)।

पूर्वदिक्—सज्ञा स्त्री० [स० पूर्वदिश्] पूरब। प्राची (को०)।

यौ०—पूर्वदिक्पति = पूर्व दिशा के स्वामी। इद्र।

पूर्वदिग्वदन—सज्ञा पुं० [सं०] मेष, सिह और धनु ये तीन राशियाँ।

पूर्वदिगीश—सज्ञा पुं० [सं०] १. इद्र। २. मेष, सिह और धनु तीनो राशियाँ।

पूर्वदिश्य—वि० [सं०] पूर्व की ओर स्थित। पूर्वी (को०)।

पूर्वदिष्ट—सज्ञा पु० [स०] वह सुख दु ख आदि जो पूर्व जन्म के क के परिणाम स्वरूप भोगने पडें।

पूर्वदेष्कृत—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्व जन्म का पाप (को०)।

पूर्वदेव—सज्ञा पुं० [सं०] १ नर और नारायण। २ असुर, पहले सुर थे, पीछे अपने दुष्कर्मों के कारण भ्रष्ट हो गए ३ प्राचीन देवता। प्राचीन देव (को०)। ४ पितर (को०)।

पूर्वदेवता—सज्ञा पु० [सं०] पितर (को०)।

पूर्वदेहिक, पूर्वदैहिक—वि० [सं०] पूर्व जन्म में किया हुआ (को०

पूर्वनडक—सज्ञा पुं० [सं०] टाँग की एक एक हड्डी का नाम।

पूर्वनिरूपण—सज्ञा पुं० [सं०] भाग्य। किस्मत।

पूर्वनिश्चित—वि० [स०] जिसकी योजना पहले तय हो चुकी ह पहले से तय या निश्चित।

पूर्वन्याय—सज्ञा पुं० [सं०] किसी अभियोग में प्रत्यर्थी का कहना कि ऐसे अभियोग मे मैं वादी को पराजित कर चु हूँ। यह उत्तर का एक प्रकार है।

पूर्वपक्ष—सज्ञा पुं० [स०] १. किसी शास्त्रीय विषय के सबध उठाई हुई बात, प्रश्न या शका। शास्त्रविचार

लिये किया हुआ प्रश्न या शका। (उत्तर में जो बात कही जाती है उसे उत्तरपक्ष कहते हैं)। २. कृष्ण पक्ष। ३ अगला हिस्सा। अग्रिम पक्ष। ४ व्यवहार या अभियोग में वादी द्वारा उपस्थित बात। मुद्दई का दावा।

पूर्वपक्षी—सज्ञा पुं० [सं० पूर्वपक्षिन्] १ वह जो पूर्वपक्ष उपस्थित करे। २ वह जो किसी प्रकार का दावा दायर करे।

पूर्वपथ—सज्ञा पुं० [स०] १ पहले का रास्ता। पुरानी राह। २. पूर्व दिशा की ओर का पथ।

पूर्वपद—सज्ञा पुं० [स०] समस्त पद या किसी वाक्य का प्रथम पद [को०]।

पूर्वपर्वत—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार वह कल्पित पर्वत जिसके पीछे से सूर्य का उदय होना माना जाता है। उदयाचल।

पूर्वपाली—सज्ञा पुं० [स० पूर्वपालिन्] इद्र।

पूर्वपितामह—सज्ञा पुं० [स०] प्रपितामह। परदादा।

पूर्वपीठिका—सज्ञा स्त्री० [स०] परिचय। भूमिका [को०]।

पूर्वपुरुष—सज्ञा पुं० [स०] १ ब्रह्मा। २ पूर्वज। पुरखा [को०]।

पूर्वप्रज्ञा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ अतीत का ज्ञान। २ स्मृति। याददाश्त।

पूर्वफाल्गुनी—सज्ञा स्त्री० [स०] नक्षत्रों में ग्यारहवाँ नक्षत्र। दे० 'नक्षत्र'।

यौ०—**पूर्वफाल्गुनीभव** = बृहस्पति का नाम।

पूर्वबधु—सज्ञा पुं० [स० पूर्वबन्धु] प्रथम अथवा सर्वोत्तम मित्र [को०]।

पूर्वभक्तिका—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रात काल किया जानेवाला भोजन। जलपान।

पूर्वभाद्रपद—सज्ञा पुं० [स०] नक्षत्रो में २५ वाँ नक्षत्र। दे० 'नक्षत्र'।

पूर्वभाव—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्राधान्य। २ पूर्व सत्ता। ३ विचारों की अभिव्यक्ति। इच्छा का उद्घाटन [को०]।

पूर्वभूत—वि० [स०] पहले का। जो पहले हुआ हो [को०]।

पूर्वभावी[1]—वि० [सं० पूर्वभाविन्] पहले का। पहले होनेवाला।

पूर्वभावी[2]—सज्ञा पुं० कारण। हेतु [को०]।

पूर्वमारी—वि० [स० पूर्वमारिन्] पहले मरनेवाला [को०]।

पूर्वमीमासा—सज्ञा पुं० [सं०] हिंदुओं का एक दर्शन जिसमे कर्मकाड सबधी बातो का निर्णय किया गया है। इस शास्त्र के कर्ता जैमिनि मुनि माने जाते हैं।

विशेष—दे० 'मीमासा'।

पूर्वमुख—वि० [स०] जो पूर्व की ओर मुख किए हो [को०]।

पूर्वमेघ—सज्ञा पुं० [सं०] महाकवि कालिदास के मेघदूत का पूर्वाश [को०]।

पूर्वयक्ष—सज्ञा पुं० [सं०] जैनियों के अनुसार एक जिनदेव जो मणिभद्र और जलेंद्र भी कहलाते हैं।

पूर्वयाम्य—वि० [सं०] पूर्वदक्षिण का।

पूर्वरग—सज्ञा पुं० [सं० पूर्वरङ्ग] वह सगीत या स्तुति आदि जो नाटक आरभ होने से पहले विघ्नों की शाति के लिये या दर्शको को सावधान करने के लिये नट लोग करते हैं।

पूर्वराग—सज्ञा पुं० [स०] साहित्य में नायक अथवा नायिका की एक अवस्था जो दोनो के सयोग होने से पहले प्रेम के कारण होती है। प्रथमानुराग। पूर्वानुराग।

विशेष—कुछ लोगो का मत है कि पूर्वराग केवल नायिकाओं मे ही होता है। नायक को देखने पर या किसी के मुँह से उसके रूप गुण आदि की प्रशसा सुनने पर नायिका के मन मे जो प्रेम उत्पन्न होता है वही पूर्वराग कहलाता है। जैसे, हस के मुँह से नल की प्रशसा सुनकर दमयती में अनुराग का उत्पन्न होना। इसमें नायक से मिलने की अभिलाषा, उसके सबध में चिंता, उसका स्मरण, सखियो से उसकी चर्चा उससे मिलने के लिये उद्विग्नता, प्रलाप, उन्मत्तता, रोग, मूर्छा और मृत्यु ये दस बातें होती हैं। पूर्वराग उसी समय तक रहता है जबतक नायक नायिका का मिलन न हो। मिलन के उपरात उसे प्रेम या प्रीति कहते हैं।

पूर्वरूप—सज्ञा पुं० [स०] १ पहले का रूप। वह आकार या रग-ढग जिसमें कोई वस्तु पहले रही हो। जैसे,—इस पुस्तक का पूर्वरूप ऐसा ही था। २ किसी वस्तु का वह चिह्न या लक्षण जो उस वस्तु के उपस्थित होने के पहले ही प्रकट हो। आगमसूचक लक्षण। आसार। जैसे,—(क) बादलो का घिरना वर्षा का पूर्वरूप है। (ख) आँखो का जलना और अग टूटना ज्वर का पूर्वरूप है। ३ व्याकरण मे एक स्वर-सधि का नाम। ४ एक अर्थालकार जिसमें विनष्ट व्यक्ति या वस्तु के अपने पहले रूप की प्राप्ति का कथन होता है।

पूर्ववत्[1]—क्रि० वि० [स०] पहले की तरह। जैसा पहले था वैसा ही। जैसे,—आज सौ वर्ष बीत जाने पर भी वह नगर पूर्ववत् है।

पूर्ववत्[2]—सज्ञा पुं० किसी कार्य का वह अनुमान जो उसके कारण को देखकर उसके होने से पहले ही किया जाय। जैसे,—बादलो को देखकर यह अनुमान करना कि पानी बरसेगा।

पूर्ववय—सज्ञा पुं० [सं० पूर्ववयस्] बचपन।

पूर्ववर्ती—वि० [सं० पूर्ववर्तिन्] पहले का। जो पहले हो या रह चुका हो। जैसे,—(क) इस देश के अँगरेजो के पूर्ववर्ती शासक मुसलमान थे। (ख) यहाँ के पूर्ववर्ती अध्यापक ब्राह्मण थे।

पूर्ववाद—सज्ञा पुं० [सं०] व्यवहार शास्त्र के अनुसार वह अभियोग जो कोई व्यक्ति न्यायालय आदि में उपस्थित करे। पहला दावा। नालिश।

पूर्ववादी—सज्ञा पुं० [सं० पूर्ववादिन्] वह जो न्यायालय आदि में पूर्ववाद या अभियोग उपस्थित करे। वादी। मुद्दई।

पूर्वविद्—वि० [सं०] पुरानी बातो को जाननेवाला। इतिहास आदि का ज्ञाता।

पूर्वविहित—वि० [स०] १ पहले जमा किया हुआ (धन)। २. पहले किया या कहा हुआ [को०]।

पूर्ववृत्त—सज्ञा पुं० [स०] इतिहास ।

पूर्वशैल—सज्ञा पुं० [सं०] उदयाचल ।

पूर्वसचित—वि० [सं० पूर्वसञ्चित] पहले या पूर्वजन्म में सचित किया हुआ [को०] ।

पूर्वसध्या—सज्ञा स्त्री० [स० पूर्वसन्ध्या] प्रात काल ।

पूर्वसक्थ—सज्ञा पुं० [स०] जाँघ का ऊपरी जोड [को०] ।

पूर्वसर—वि० [सं०] सामने या आगे जानेवाला [को०] ।

पूर्वसाहस—सज्ञा पुं० [सं०] तीस प्रकार के दंडो मे से प्रथम दड । सबसे बडा दड [को०] ।

पूर्वस्थिति—सज्ञा स्त्री० [स०] पहले की दशा । पूर्व की दशा ।

पूर्वा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पूर्व दिशा । पूरब । २. ग्यारहवाँ नक्षत्र । दे० 'पूर्वाफाल्गुनी' ।

पूर्वाग्नि—संज्ञा स्त्री० [स०] घर में रखी जानेवाली पवित्र अग्नि । आवसथ्य ।

पूर्वाचल—सज्ञा पु० [स०] उदयाचल । उदयगिरि [को०] ।

पूर्वानुभूत—वि० [सं० पूर्व+अनुभूत] पूर्व में अनुभूत किया हुआ । उ०—कल्पना के बल से अपने पूर्वानुभूत सस्कारो का सहयोग लेकर, जीवन मे अदृश्य, अश्रुत एव अननुभूत पदार्थों का सर्जन करता रहता है ।—शेली०, पृ० २१ ।

पूर्वाद्रि—सज्ञा पुं० [सं०] उदयगिरि [को०] ।

पूर्वानुराग—सज्ञा पुं० [सं०] वह प्रेम जो किसी के गुण सुनकर अथवा उसका चित्र या रूप देखकर उत्पन्न होता है । अनुराग या प्रेम का आरंभ । दे० 'पूर्वराग' ।

विशेष—साहित्य मे पूर्वानुराग या पूर्वराग उस समय तक माना जाता है, जब तक प्रेमी और प्रेमिका का मिलन न हो । मिलने के उपरात उसे प्रेम या प्रीति कहते हैं ।

पूर्वान्ह—सज्ञा पु० [सं० पूर्वाह्न] दे० 'पूर्वाह्न' ।

पूर्वापर[१]—क्रि० वि० [सं०] आगे पीछे ।

पूर्वापर[२]—वि० आगे का और पीछे का । अगला और पिछला ।

पूर्वापर[३]—सज्ञा पु० पूर्व और पश्चिम ।

पूर्वापर्य—सज्ञा पु० [सं०] पूर्वापर का भाव ।

पूर्वाफाल्गुनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] नक्षत्रों मे ग्यारहवाँ नक्षत्र ।

विशेष—इसका आकार पलँग की तरह माना जाता है और इसमे दो तारे हैं । इसके अधिष्ठाता देवता यम कहे गए हैं और इसका मुँह नीचे की ओर माना जाता है । विशेष—दे० 'नक्षत्र' ।

पूर्वाभाद्रपद—सज्ञा पुं० [स०] नक्षत्रो में पचीसवाँ नक्षत्र ।

विशेष—इसका मुँह नीचे की ओर माना गया है और इसमे दो नक्षत्र हैं । विशेष—दे० 'नक्षत्र' ।

पूर्वाभाद्रपदा—सज्ञा स्त्री० [स०] नक्षत्रो मे पचीसवाँ नक्षत्र । दे० 'नक्षत्र' ।

पूर्वाभास—सज्ञा पुं० [सं० पूर्व+आभास] वह साधारण ज्ञान जो पहले ही प्राप्त हो जाय । पूर्वज्ञान ।

पूर्वाभिमुख—वि० [स०] पूरब की ओर मुँह किए हुए [को०] ।

पूर्वाभिषेक—सज्ञा पुं० [स०] १ एक प्रकार का मत्र । २ पूर्व या पहले का स्नान (को०) ।

पूर्वाभ्यास—सज्ञा पुं० [सं०] १ पहले का अनुभव या अभ्यास । वह अभ्यास जो किसी कार्य को व्यावहारिक रूप में परिणत करने के पहले किया जाय । जैसे, नाटक का पूर्वाभ्यास [को०] ।

पूर्वाराम—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का बौद्ध सघ या मठ ।

पूर्वार्जित[१]—वि० [स०] पहले प्राप्त किया हुआ । पूर्वप्राप्त ।

पूर्वार्जित[२]—सज्ञा पुं० पैतृक सपत्ति [को०] ।

पूर्वार्द्ध—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी पुस्तक का पहला आधा भाग । शुरू का आधा हिस्सा । २ शरीर का ऊपरी भाग (को०) । ३ किसी वस्तु का प्रारभिक अर्धांश ।

पूर्वार्द्धर्य—वि० [स०] जो पूर्वार्ध से उत्पन्न हुआ हो । पूर्वार्ध सबधी । पूर्वार्ध का ।

पूर्वार्ध—सज्ञा पु० [स०] दे० 'पूर्वार्द्ध' ।

पूर्वावेदक—सज्ञा पु० [स०] जो अभियोग उपस्थित करे । वादी । मुद्दई ।

पूर्वाश्रम—सज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मचर्य आश्रम [को०] ।

पूर्वापाढ—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पूर्वाषाढा' ।

पूर्वाषाढा—सज्ञा स्त्री० [स०] नक्षत्रो में बीसवाँ नक्षत्र ।

विशेष—इसमे चार तारे हैं तथा इसका आकार सूप का सा और अधिष्ठाता देवता जल माना जाता है । विशेष—दे० 'नक्षत्र' ।

पूर्वाह्न—सज्ञा पुं० [स०] दिन का पहला आधा भाग । सवेरे से दोपहर तक का समय ।

पूर्वाह्णिक[१]—वि० [स०] पूर्वाह्न सबधी । पूर्वाह्न का ।

पूर्वाह्णिक—सज्ञा पुं० दे० 'पूर्वाह्न' ।

पूर्वाह्णिक—सज्ञा पुं० [स०] वह कृत्य जो दिन के पहले भाग मे किया जाता हो । जैसे, स्नान, सध्या, पूजा आदि ।

पूर्वी[१]—वि० [सं० पूर्वीय] पूर्व दिशा से सबध रखनेवाला । पूरब का ।

यौ०—पूर्वी घाट । पूर्वी द्वीपसमूह = भारतवर्ष के पूरब मे स्थित द्वीपो का समूह जिनमे जावा, सुमात्रा और बोर्नियो आदि हैं ।

पूर्वी[२]—सज्ञा पुं० १ पूरब मे होनेवाला एक प्रकार का चावल । २. एक प्रकार का दादरा जो बिहार प्रात मे गाया जाता है और जिसकी भाषा बिहारी होती है । ३ स पूर्ण जाति का एक राग जिसके गाने का समय सध्या है ।

विशेष—कुछ लोगो के मत से यह श्री राग की रागिनी है और कुछ लोग इसे भैरवी और गौरी अथवा देवगिरि, गौड और गौरी से मिलकर बनी हुई सकर रागिनी भी मानते हैं और इसके गाने का समय दिन में २५ दड से २८ दड तक बताते हैं ।

पूर्वीघाट—सज्ञा पुं० [हिं० पूर्वी+घाट] दक्षिण भारत के पूर्वी किनारे पर का पहाडों का सिलसिला जो बालासोर से कन्याकुमारी तक चला गया है और वहाँ पश्चिमी घाट के अतिम अश से मिल गया है। इसकी औसत ऊँचाई लगभग १५०० फुट है।

पूर्वीण—वि० [स०] १ प्राचीन। २. पैतृक [को०]।

पूर्वेतर—वि० [स०] पूर्व से भिन्न का। पश्चिमी [को०]।

पूर्वेद्यु[1]—सज्ञा पुं० [स० पूर्वेद्युस्] १, वह श्राद्ध जो अगहन, पूस, माघ और फाल्गुन के कृष्णपक्ष की सप्तमी तिथि को किया जाता है। २ प्रात काल। सवेरा।

पूर्वेद्यु[2]—क्रि० वि० गत दिन। बीते दिन [को०]।

पूर्वोक्त—वि० [सं०] पहले कहा हुआ। जिसका जिक्र पहले आ चुका हो।

पूर्वोत्तर—वि० [सं०] उत्तरपूर्वी।

पूर्वोत्तरा—सज्ञा स्त्री० [स०] पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा। ईशान कोण।

पूल—सज्ञा पुं० [स०] १ पूला। मुट्ठा। २ एक प्रकार का पकवान्न [को०]।

पूलक—सज्ञा पुं० [सं०] १ मूँज आदि का बँधा हुआ मुट्ठा। पूल। २ एक पकवान। पूलिका (को०)।

पूला—सज्ञा पुं० [स० पूलक] [स्त्री० अल्पा० पूली] १ मूँज आदि का बँधा हुआ मुट्ठा। पूलक। २ एक प्रकार का छोटा वृक्ष जो देहरादून और सहारनपुर के आस पास के जगलो में पाया जाता है।

विशेष—वसत ऋतु में इसकी सब पत्तियाँ झड जाती हैं। इसकी छाल के भीतरी भाग के रेशों से रस्से बनाए जाते हैं। इसकी पत्तियो का व्यवहार औषधि रूप में होता और इसकी छाल से चीनी साफ की जाती है।

पूलाक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पुलाक' [को०]।

पूलाणो(पु)—वि० [सं० पूर्णिमा] पूर्णिमा का। पूनो का। पूर्णिम। उ०—चद पूलाणो बनी गयो, खीर की तौलडी कुँ रहइ सेर। —बी० रासो, पृ० ७२।

पूलिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का पूआ (पकवान)।

पूलिया—सज्ञा स्त्री० [देश०] मलाबार प्रदेश में रहनेवाली एक मुसलमान जाति।

पूली[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूला का अल्पा०] छोटा पूला।

पूली[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पूला] पूला नामक वृक्ष जिसके रेशों से रस्से बनाते हैं। विशेष—दे० 'पूला—२'।

पूलीची—सज्ञा स्त्री० [देश०] मलाबार प्रदेश की एक सभ्यताहीन जगली जाति।

पूल्य—सज्ञा पुं० [सं०] अन्न का निस्तत्व दाना। अनाज का खोखला दाना [को०]।

पूवा—सज्ञा पु० [स० पूप] दे० 'पूआ'।

पूष—सज्ञा पुं० [सं०] १ शहतूत का पेड। २ पौष मास। ३. रेवती नक्षत्र (को०)।

पूषक—सज्ञा पुं० [सं०] शहतूत का पेड। २ शहतूत का फल।

पूषण—सज्ञा पुं० [स०] १ सूर्य। २ पुराणानुसार बारह आदित्यों मे से एक। ३ एक वैदिक देवता जिनकी भावना भिन्न भिन्न रूपों मे पाई जाती है। कहीं वे सूर्य के रूप मे (लोकलोचन), कही पशुओं के पोषक के रूप में, कही धनरक्षक के रूप मे और कही सोम के रूप में पाए जाते हैं। ४. पृथिवी। धरा (को०)।

पूषणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] कार्तिकेय की अनुचरी एक मातृका का नाम।

पूषदतहर—सज्ञा पुं० [सं० पूषदन्तहर] शिव के अश से उत्पन्न वीरभद्र का नाम जिसने दक्ष के यज्ञ के समय सूर्य का दाँत तोडा था।

पूषध—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार वैवस्वत मनु के एक पुत्र।

पूषभासा—सज्ञा स्त्री० [सं०] इंद्र की नगरी अमरावती का एक नाम। इद्रपुरी।

पूषमित्र—सज्ञा पु० [सं०] गोभिल का एक नाम।

पूषा[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दाहिने कान की एक नाडी का नाम। २ पृथ्वी। ३ चद्रमा की तीसरी कला (को०)।

पूषा[1]—सज्ञा पुं० [सं० पूषण] सूर्य। दे० 'पूषण'।

पूषात्मज—सज्ञा पुं० [सं०] १ मेघ। बादल। २ इंद्र का एक नाम (को०)। ३ कर्ण। अगदेश का राजा कर्ण (को०)।

पूषाभासा—सज्ञा स्त्री० [सं०] इद्रपुरी। अमरावती।

पूषारि, पूषासुहृत्—सज्ञा पुं० [सं०] शिव का एक नाम [को०]।

पूस—सज्ञा पु० [स० पौष, पूष] हेमत ऋतु का दूसरा चाद्रमास जिसकी पूर्णमासी तिथि को पुष्य नक्षत्र पडता है। अगहन के बाद और माघ के पहले का महीना। उ०—घरहिं जमाई लौं घटचो खरो पूस दिनमान।—बिहारी (शब्द०)।

पृक्का—सज्ञा स्त्री० [सं०] असवरग नाम का गध द्रव्य जिसका व्यवहार औषधो में भी होता है।

पृक्त[1]—वि० [सं०] १ मिश्रित। मिला हुआ। २ सपृक्त। सपर्क में आया हुआ। ३ पूर्ण। भरा हुआ [को०]।

पृक्त[2]—सज्ञा पुं० सपत्ति। धन [को०]।

पृक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. सबध। लगाव। २ स्पर्श। छूना।

पृक्थ—सज्ञा पुं० [स०] सपत्ति। धन। [को०]।

पृक्त—सज्ञा पुं० [स० पृक्तस्] अन्न। अनाज।

पृच्छक—वि० [सं०] १ पूछनेवाला। प्रश्न करनेवाला। उ०—प्रश्न जु कृष्णकथा को जहाँ। वक्ता, श्रोता, पृच्छक तहाँ। —नद० ग्र०, पृ० २२०। २ जिज्ञासु। जानने की इच्छा रखनेवाला।

पृच्छन—सज्ञा पुं० [सं०] पूछना। जानना [को०]।

पृच्छना—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूछना। जिज्ञासा करना। (जैन)।

पृच्छा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. प्रश्न। सवाल। जानकारी के लिये प्रश्न २ भविष्य संबंधी जिज्ञासा [को०]।

पृच्छ्य—वि० [सं०] जो पूछने योग्य हो।

पृछक⑤†—वि० [सं० पृच्छक] दे० 'पृच्छक'। उ०—सुन भो पृछक तोहि सगुन को आधीन एक वा होइगो। पै जो मन चाहि है सो तेरो कार्ज होयगो। —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४८४।

पृणाका—संज्ञा संज्ञा [सं०] मादा पशु जो जवान हो। जवान मादा पशु [को०]।

पृतन—संज्ञा पु० [सं०] १ सेना। फौज। २ प्रतिपक्षी योद्धा [को०]।

पृतना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सेना का एक विभाग जिसमे २४३ हाथी, २४३ रथ, ७२९ घुडसवार और १२१५ पैदल सिपाही होते हैं। उ०—घरु घरु मारु मारु सबद अपार फैल्यो इत उत चहूँ पर पृतना करैं विहड। —गोपाल (शब्द०)। २ सेना। फौज। ३ युद्ध। लडाई।

पृतनानी—संज्ञा पुं० [सं०] १. पृतना नामक सेना के विभाग का अफसर। २ सेनापति।

पृतनापति—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'पृतनानी'।

पृतनायु—वि० [सं०] विपक्षी। द्वेषी। प्रतिरोधी [को०]।

पृतनाषाट्—संज्ञा पुं० [सं०] इद्र।

पृतनासाह—संज्ञा पुं० [सं०] इद्र।

पृतन्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] सेना। फौज।

पृतन्यु—वि० [सं०] जो युद्ध करना चाहता हो। जो लडने के लिये तैयार हो।

पृथक्—वि० [सं० पृथक्, पृथग्] भिन्न। अलग। जुदा।

पृथक्करण—संज्ञा पुं० [सं०] अलग करने का काम। विश्लेषण।

पृथक्क्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पृथक्करण'।

पृथक्क्षेत्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक ही पिता परतु भिन्न माता से उत्पन्न संतान।

पृथक्चर—वि० [सं०] अकेला या अलग चलनेवाला [को०]।

पृथक्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पृथक् या अलग होने का भाव। अलहदगी। अलगाव।

पृथक्त्व—संज्ञा पुं० [सं०] पृथक् होने का भाव। अलगाव।

पृथक्त्वचा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्वा लता।

पृथक्पिंड—संज्ञा पुं० [सं० पृथक्पिण्ड] दूर का वह संबंधी जो अलग पिंडदान करता है [को०]।

पृथगात्मता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. विरक्ति। वैराग्य। २ भेद। अतर। ३. विशेषता। विशिष्टता [को०]।

पृथगात्मा[1]—वि० [सं०] पृथक्। भिन्न। विशिष्ट [को०]।

पृथगात्मा[2]—संज्ञा पु० जीवात्मा [को०]।

पृथगात्मिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वैशिष्ट्य से पूर्ण। विशिष्टतायुक्त।

पृथग्जन—संज्ञा पुं० [सं०] १. मूर्ख। बेवकूफ। २ नीच व्यक्ति। कमीना आदमी। ३ पापी।

पृथग्बीज—संज्ञा पुं० [सं०] भिलावाँ।

पृथग्भाव—संज्ञा पुं० [सं०] १ पृथक्ता। भिन्नता। २ अवस्थातर। भिन्न अवस्था [को०]।

पृथग्रूप, पृथग्विध—वि० [सं०] भिन्न रूप और आकृति का। नाना प्रकार का [को०]।

पृथमी⑤—संज्ञा स्त्री० [सं० पृथवी] दे० 'पृथ्वी'। उ०—प्रथम अंश ते माया भयऊ। शुक्ल बीज पृथमी महँ ठएऊ।—कबीर सा०, पृ० ९१२।

पृथवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पृथ्वी'।

पृथा—संज्ञा पुं० [सं०] कुतिभोज की कन्या कुती का दूसरा नाम।

यौ०—पृथापति। पृथासुत, पृथासूनु, पृथानदन = दे० 'पृथातनय'।

पृथाज—संज्ञा पुं० [सं०] १. पृथा या कुती के पुत्र युधिष्ठिर, अर्जुन आदि। २ अर्जुन का पेड।

पृथातनय—संज्ञा पुं० [सं०] युधिष्ठिर, अर्जुन, भीम (विशेषत. अर्जुन)।

पृथापति—संज्ञा पुं० [सं०] पृथा के पति। राजा पाडु [को०]।

पृथिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] गोजर। कनखजूरा [को०]।

पृथिवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पृथ्वी'।

यौ०—पृथिवीकप। पृथिवीक्षित्। पृथिवीनाथ, पृथिवीपरिपालक, पृथिवीभुजग=राजा। नरेश। पृथिवीभृत्=पर्वत। धरणीधर। पृथिवीमडल = भूमडल। पृथिविरुह = पृथिवी पर पैदा होनेवाले वृक्ष। पृथिवी लोक।

पृथिवीकप—संज्ञा पुं० [सं० पृथिवीकम्प] दे० 'भूकप'।

पृथिवीक्षित्—संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

पृथिवीजय—संज्ञा पुं० [सं०] एक दानव का नाम।

पृथिवीतीर्थ—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक तीर्थ का नाम।

पृथिवीपति—संज्ञा पुं० [सं०] १ ऋषभ नामक ओषध। २ नृपति। राजा। ३. यम।

पृथिवीपाल—संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

पृथिवीप्लव—संज्ञा पुं० [सं०] समुद्र [को०]।

पृथिवीभुज्—संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

पृथिवीलोक—संज्ञा पु० [सं०] मर्त्यलोक [को०]।

पृथिवीश—संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

पृथिवीशुक्र—संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

पृथी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पृथिवी] दे० 'पृथ्वी'। उ०—कहै कबीर वह सदस तहकीक कर, राम का नाम जो पृथी लावा।—कबीर रे०, पृ० १५।

पृथु[2]—संज्ञा पुं० [सं०] वेनु के पुत्र राजर्षि पृथु का एक नाम।

पृथीनाथ⑤—संज्ञा पुं० [सं० पृथिवी, हिं० पृथी+सं० नाथ] पृथिवी का स्वामी राजा।

पृथीपति(पु)—संज्ञा पुं० [हिं० पृथी + सं० पति] पृथ्वीपति। राजा। उ०—कोटि भरद्वज गरब्ब असत्थ, पृथीपति होन की चाह जगेगी।—सतवाणी०, भाग २, पृ० १२१।

पृथु[1]—वि० [सं०] १ चौड़ा। विस्तृत। २ बड़ा। महान्। ३ अधिक। अगणित। असंख्य। ४. कुशल। चतुर। प्रवीण। ५. स्थूल। मोटा (को०)। ६ प्रभूत। प्रचुर (को०)।

पृथु[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक हाथ का मान। दो बालिश्त की लंबाई। २ अग्नि। ३ विष्णु। ४ शिव का एक नाम। ५ एक विश्वेदेवा का नाम। ६ चौथे मन्वंतर के एक सप्तर्षि का नाम। ७ पुराणानुसार एक दानव का नाम। ८ तामस मन्वंतर के एक ऋषि का नाम। ९ इक्ष्वाकु वंश के पाँचवें राजा का नाम जो त्रिशंकु का पिता था। १०. राजा वेणु के पुत्र का नाम।

विशेष—पुराणों में कहा है कि जब राजा वेणु मरे, तब उनके कोई संतान नहीं थी। इसलिये ब्राह्मण लोग उनके हाथ फाड़कर हिलाने लगे। उस समय उन हाथों में से एक स्त्री और एक पुरुष उत्पन्न हुआ। ब्राह्मणों ने उस पुरुष का नाम 'पृथु' रखा और उस स्त्री को उनकी पत्नी बनाया। इसके उपरांत सब ब्राह्मणों ने मिलकर पृथु का राज्याभिषेक किया और उन्हें पृथ्वी का स्वामी बनाया। उस समय पृथ्वी में से अन्न उत्पन्न होना बंद हो गया जिससे सब लोग बहुत दुःखी हुए। उनका दुःख देखकर पृथु ने पृथ्वी पर चलाने के लिये कमान पर तीर चढ़ाया। यह देखकर पृथ्वी गौ का रूप धारण करके भागने लगी और जब भागती भागती थक गई तब फिर पृथु की शरण में आई और कहने लगी कि ब्रह्मा ने पहले मुझपर जो ओषधियाँ आदि उत्पन्न की थीं, उनका लोग दुरुपयोग करने लगे, इसलिये मैंने उन सबको अपने पेट में रख लिया है। अब आप मुझे दुहकर वे सब ओषधियाँ निकाल लें। इसपर पृथु ने मनु को बछड़ा बनाया और अपने हाथ पर पृथ्वीरूपी गौ से सब ओषधियाँ दुह लीं। इसके उपरांत पंद्रह ऋषियों ने भी बृहस्पति को बछड़ा बनाकर अपने कानों में वेदमय पवित्र दूध दुहा और तब दैत्यों, दानवों गंधर्वों, अप्सराओं, पितरों, सिद्धों, विद्याधरों, खेचरों, किन्नरों, मायावियों, यक्षों, राक्षसों, भूतों और पिशाचों आदि ने अपनी अपनी रुचि के अनुसार सुरा, आसव, सुंदरता, मधुरता, काव्य, अणिमा आदि सिद्धियाँ, खेचरी विद्या, अंतर्धान विद्या, माया, आसव, बिना फन के साँप, बिच्छू आदि अनेक पदार्थ दुहे। इसके उपरांत पृथु ने संतुष्ट होकर पृथ्वी को 'दुहिता' कहकर संबोधन किया और तब उसके बहुत से पर्वतों आदि को तोड़कर इसलिये सम कर दिया जिसमें वर्षा का जल एक स्थान पर रुक न जाय, और तब उसपर अनेक नगर और गाँव आदि बसाए। पृथु ने ९९ यज्ञ किए थे। जब वे सौवाँ यज्ञ करने लगे तब इंद्र उनके यज्ञ का घोड़ा लेकर भागे। पृथु ने उनका पीछा किया। इंद्र ने अनेक प्रकार के रूप धारण किए थे, जिनसे जैन, बौद्ध और पाषंडिक आदि मतों की सृष्टि हुई। पृथु ने इंद्र से अपना घोड़ा छीनकर उसका नाम 'विजिताश्व' रखा। पृथु उस समय इंद्र को भस्म करना चाहते थे, पर ब्रह्मा ने आकर दोनों में मेल करा दिया। यज्ञ समाप्त करके पृथु ने सनत्कुमार से ज्ञान प्राप्त किया और तब वे अपनी स्त्री को साथ लेकर तपस्या करने के लिये वन में चले गए। वहीं उन्होंने योग के द्वारा अपने इस भोगशरीर का अंत किया।

पृथु[3]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ काला जीरा। २ हिंगुपत्री। ३. अफीम। अफीम।

पृथुक—संज्ञा पुं० [सं०] १ चिड़वा। २ पुराणानुसार चाक्षुष मन्वंतर का एक देवगण। ३ बालक। लड़का। ४ हिंगुपत्री।

पृथुका—संज्ञा स्त्री० [सं०] हिंगुपत्री।

पृथुकीर्ति[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार पृथा (या वसुदेव ?) की एक छोटी बहन का नाम।

पृथुकीर्ति[2]—वि० जिसकी कीर्ति बहुत अधिक हो।

पृथुकोल—संज्ञा पुं० [सं०] बड़ा बेर।

पृथुग—संज्ञा पुं० [सं०] चाक्षुष मन्वंतर के देवताओं का एक भेद।

पृथुग्रीव—वि० [सं०] मोटी गरदनवाला [को०]।

पृथुच्छद—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का डाभ। २ हाथीकंद।

पृथुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. पृथु होने का भाव। २ पृथुत्व। विस्तार। फैलाव।

पृथुत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पृथुता'।

पृथुदर्शी—वि० [सं० पृथुदर्शिन्] दूरदर्शी [को०]।

पृथुपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ लाल लहसुन। २ हाथीकंद।

पृथुपलाशिका—संज्ञा पुं० [सं०] कचूर।

पृथुपाणि—संज्ञा पुं० [सं०] जिसके हाथ बहुत लंबे या घुटनों तक हों। आजानुबाहु।

पृथुबीजक—संज्ञा पुं० [सं०] मसूर [को०]।

पृथुभैरव—संज्ञा [सं०] बौद्धों के एक देवता का नाम।

पृथुयशा—वि० [सं० पृथुयशस्] जिसकी ख्याति दूर दूर तक फैली हो। सुप्रसिद्ध [को०]।

पृथुरोमा—संज्ञा पुं० [सं० पृथुरोमन्] पृथुलोमा। मछली।

पृथुल—वि० [सं०] १. मोटा ताजा। २ दीर्घाकार। भारी। बड़ा। उ०—पीवर मांसल अंस, पृथुल उर, लंबी बाँहें।—साकेत, पृ० ४१४। ३ बहुत। ढेर। अधिक।

यौ०—पृथुलनयन, पृथुललोचन = बड़ी बड़ी आँखोंवाला। आयत नेत्रोंवाला। पृथुलवक्षा = चौड़े सीनेवाला। पृथुलविक्रम = अत्यंत पराक्रमी शूरवीर।

पृथुला—संज्ञा स्त्री० [सं०] हिंगुपत्री।

पृथुलाक्ष—वि० [सं०] बड़ी बड़ी आँखोंवाला [को०]।

पृथुलोमा—संज्ञा स्त्री० [सं० पृथुलोमन्] १ मछली। २. ज्योतिष में मीन राशि।

पृथुशिंब—संज्ञा पुं० [सं० पृथुशिम्ब] १ सोनापाठा। २ पीली सोंप।

पृथुशिरा—सज्ञा स्त्री० [स०] काली जोक ।

पृथुशृंगक—सज्ञा पुं० [स० पृथुशृङ्गक] मेढा ।

पृथुशेखर—सज्ञा पु० [सं०] पहाड । पर्वत ।

पृथुश्रवा[1]—सज्ञा पु० [सं० पृथुश्रवस्] १ कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम । २ पुराणानुसार नवें मनु के एक पुत्र का नाम । ३ एक नाग (को०) ।

पृथुश्रवा[2]—वि० १ अत्यधिक प्रसिद्ध । २ बडे कानोवाला । जिसके कान बडे हो ।

पृथुश्रोणी—वि० स्त्री० [स०] भारी नितबोवाली ।

पृथुसंपद्—वि० [स० पृथुसम्पत्] धनी । सपत्तिशाली (को०) ।

पृथुस्कध—सज्ञा पुं० [सं० पृथुस्कन्ध] सूअर ।

पृथूदक—सज्ञा पु० [स०] सरस्वती नदी के दक्षिण तट पर का एक प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थ ।

विशेष—पुराणो में कहा है कि राजा पृथु ने अपने पिता वेणु के मरने पर यही उनकी अत्येष्टि क्रिया की थी और बारह दिनों तक अभ्यागतो को जल पिलाया था । इसी से इसका यह नाम पडा । आजकल इस स्थान को पोहोआ कहते हैं ।

पृथूदर—सज्ञा पुं० [सं०] १ मेढा । मेष । २ जिसका पेट बहुत बडा हो । बड़े पेटवाला ।

पृथ्वीद्र—सज्ञा पु० [सं० पृथ्वीन्द्र] राजा (को०) ।

पृथ्वी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. सौर जगत् का वह ग्रह जिसपर हम सब लोग रहते हैं । वह लोकपिड जिसपर हम मनुष्य आदि प्राणी रहते हैं ।

विशेष—सौर जगत् में यह ग्रह दूरी के विचार से सूर्य से तीसरा ग्रह हैं । (सूर्य और पृथ्वी के बीच मे बुध और शुक्र ये दो ग्रह और हैं) । इसकी परिधि लगभग २५००० मील और व्यास लगभग ८००० मील है । इसका आकार नारगी के समान गोल है और इसके दोनो सिरे जिन्हे ध्रुव कहते हैं कुछ चिपटे हैं । यह दिन रात में एक बार अपने अक्ष पर घूमती है और ३६५ दिन ६ घटे ९ मिनट अर्थात् एक सौर वर्ष में एक बार सूर्य की परिक्रमा करती है । सूर्य से यह ९,३०, ००,००० मील की दूरी पर है । जल के मान से इसका घनत्व ५·६ है । इसके अपने अक्ष पर घूमने के कारण दिन और रात होते हैं और सूर्य की परिक्रमा करने के कारण ऋतुपरिवर्तन होता है । कुछ वैज्ञानिकों का मत है कि इसका भीतरी भाग भी प्राय ऊपरी भाग की तरह ही ठोस है । पर अधिकाश लोग यही मानते हैं कि इसके अदर बहुत अधिक जलता हुआ तरल पदार्थ है जिसके ऊपर यह ठोस पपडी उसी प्रकार है जिस प्रकार दूध के ऊपर मलाई रहती है । इसके अदर की गरमी बराबर कम होती जाती है जिससे इसके ऊपरी भाग का घनत्व बढ़ता जाता है । इसमे पाँच महाद्वीप और पाँच महासमुद्र हैं । प्रत्येक महाद्वीप में अनेक देश और अनेक प्राय-द्वीप आदि हैं । समुद्रों में दो बड़े और अनेक छोटे छोटे द्वीप तथा द्वीपपुज भी हैं ।

आधुनिक विज्ञान के अनुसार सारे सौर जगत् का उपादान पहले सूक्ष्म ज्वलत नीहारिका के रूप में था । नीहारिका मडल के अत्यत वेग से घूमने से उसके कुछ अश अलग हो होकर मध्यस्थ द्रव्य की परिक्रमा करने लगे । ये ही पृथक् हुए अश पृथ्वी, मगल, बुध आदि ग्रह हैं जो सूर्य (मध्यस्थ द्रव्य) की परिक्रमा कर रहे हैं । ज्वलन वायुरूप पदार्थ ठढा होकर तरल ज्वलत द्रव्य रूप में आया, फिर ज्यो ज्यो और ठढा होता गया उसपर ठोस पपडी जमती गई । उपनिषदों के अनुसार परमात्मा से पहले आकाश की उत्पत्ति हुई, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी उत्पन्न हुई । मनु के अनुसार महत्तत्व, अहकार तत्व और पचतन्मात्राओ से इस जगत् की सृष्टि हुई है । प्राय इसी से मिलता जुलता सृष्टि की उत्पत्ति का क्रम कई पुराणो आदि में भी पाया जाता है । (विशेष—दे० सृष्टि) । इसके अतिरिक्त पुराणो में पृथ्वी की उत्पत्ति के सबध मे अनेक प्रकार की कथाएँ भी पाई जाती हैं । कही कही यह कथा है कि पृथ्वी मधुकैटभ के मेद से उत्पन्न हुई जिससे उसका नाम 'मेदिनी' पडा । कही लिखा है कि बहुत दिनो तक जल में रहने के कारण जब विराट् पुरुष के रोमकूपो मे मैल भर गई तब उस मैल से पृथ्वी उत्पन्न हुई । पुराणों मे पृथ्वी शेषनाग के फन पर, कछुए की पीठ पर स्थित कही गई है । इसी प्रकार पृथ्वी पर होनेवाले उद्भिदों, पर्वतो और जीवो आदि की उत्पत्ति के सबध में भी अनेक कथाएँ पाई जाती हैं । कुछ पुराणों में इस पृथ्वी का आकार तिकोना, कुछ में चौकोर और कुछ मे कमल के पत्ते के समान बतलाया गया है पर ज्योतिष के ग्रथो में पृथ्वी गोलाकार ही मानी गई है ।

पर्या०—अचला । अदिति । अनता । अवनी । आद्या । इडा । इरा । इला । उर्वरा । उर्वी । कु । क्ष्मा । क्षामा । क्षिति क्षोणी । गो । गोत्रा । जगती । ज्या । धरणी । धरती । धरा । धरित्री । धात्री । निश्चला । पारा । भू । भूमि । महि । मही । मेदिनी । रत्नगर्भा । रत्नावती । रसा । वसुधरा । वसुधा । वसुमती । विपुला । श्यामा । सहा । स्थिरा । सागरमेखला ।

२. पच भूतों या तत्वों मे से एक जिसका प्रधान गुण गध है, पर जिसमें गौण रूप से शब्द, स्पर्श रूप और रस ये चारों गुण भी हैं । विशेष—दे० 'भूत' । ३. पृथ्वी का वह ऊपरी ठोस भाग जो मिट्टी और पत्थर आदि का है और जिसपर हम सब लोग चलते फिरते हैं । भूमि । जमीन । धरती । (मुहा० के लिये दे० 'जमीन') । ४. मिट्टी । ५ सत्रह अक्षरो का एक वर्णवृत्त जिसमें ८, ९, पर यति और अत मे लघु गुरु होते हैं । जैसे,—जु राम छवि ककणैं, निरखि आरसी संयुता । लगाय हिय सो धरी कर न दूर पृथ्वीसुता । ६. हिंगुपत्री । ७ काला जीरा । ८ सोठ । ९. बड़ी इलायची ।

पृथ्वीका—सज्ञा स्त्री० [स०] १. बडी इलायची । २ छोटी इलायची । ३. काला जीरा । ४. हिंगुपत्री ।

पृथ्वीकुरवक—संज्ञा पुं० [सं०] सफेद मदार या आक ।

पृथ्वीखात—संज्ञा पुं० [सं०] गुफा । गुहा (को०) ।

पृथ्वीगर्भ—संज्ञा पुं० [सं०] गणेश ।

पृथ्वीगृह—संज्ञा पुं० [सं०] गुफा ।

पृथ्वीज[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ सांभर नमक । २. वृक्ष । पेड़ (को०) । ३ मंगल ग्रह (को०) ।

पृथ्वीज[2]—वि० जो पृथ्वी से उत्पन्न हुआ हो ।

पृथ्वीतनया—संज्ञा स्त्री० [सं०] सीता (को०) ।

पृथ्वीतल—संज्ञा पुं० [सं०] १ जमीन की सतह । वह धरातल जिसपर हम लोग चलते फिरते हैं । २ संसार । दुनिया ।

पृथ्वीधर—संज्ञा पुं० [सं०] पर्वत । पहाड़ ।

पृथ्वीनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] राजा ।

पृथ्वीपति—संज्ञा पुं० [सं०] राजा ।

पृथ्वीपाल—संज्ञा पुं० [सं०] राजा ।

पृथ्वीपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] मंगल ग्रह ।

पृथ्वीमंडल—संज्ञा पुं० [सं० पृथिवीमण्डल] भूमंडल (को०) ।

पृथ्वीश—संज्ञा पुं० [सं०] राजा ।

पृथ्वीसुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] जानकी । सीता । उ०—जु राम छवि कमनीय निरखि आरसी सयुता । लगाय हिय सो धरी कर न दूर पृथ्वीसुता ।—(शब्द०) ।

पृदाकु—संज्ञा पुं० [सं०] १ सांप । २. विष्णु । ३. बाघ । ४ चीता । ५ हाथी । ६ वृक्ष । पेड़ ।

पृश्नि[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सुतप नामक राजा की रानी का नाम । २ चितले रंग की गाय । चितकबरी गाय । ३ पिठवन । ४ रश्मि । किरण । ५ पृथिवी । धरती (को०) । ६ कृष्ण की माता देवकी का नाम (को०) ।

पृश्नि[2]—संज्ञा पुं० १ अनाज । २ वेद । ३ पानी । जल । ४ अमृत या दुग्ध । ५ एक प्राचीन ऋषि का नाम । ६ वामन । बौना (को०) ।

पृश्नि[3]—वि० १ जिसका शरीर दुबला पतला हो । २ सफेद रंग का । ३ चितकबरा । ४ साधारण । मामूली । ५ छोटे कद का । ह्रस्वकाय (को०) ।

पृश्निका—संज्ञा स्त्री० [सं०] जलकुंभी ।

पृश्निगर्भ—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण ।

पृश्निधर—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण (को०) ।

पृश्निपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पिठवन लता ।

पृश्निभद्र—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण ।

पृश्निशृंग—संज्ञा पुं० [सं० पृश्निशृङ्ग] १ विष्णु । २ गणेश ।

पृश्नी—संज्ञा स्त्री० [सं०] जलकुंभी ।

पृषत्[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ चितला हिरन । चीतल पाढ़ा । २ राजा द्रुपद के पिता का नाम । ३ एक प्रकार का साँप । ४ रोहित नाम की मछली । ५ बूँद । ६. दाग । धब्बा (को०) ।

पृषत्[2]—वि० १ चितकबरा । २. सिंचा । छिड़का हुआ (को०) ।

पृषत—वि०, संज्ञा पुं० [सं०] १. दे० 'पृषत्' । २ वायु का वाहन । पवन की सवारी (को०) ।

पृषतांपति—संज्ञा पुं० [सं० पृषताम्पति] वायु । पवन (को०) ।

पृषताशन—संज्ञा पुं० [सं०] वायु । हवा ।

पृषत्क—संज्ञा पुं० [सं०] १ बाण । २ गोल धब्बा (को०) ।

पृषदंश—संज्ञा पुं० [सं०] १. वायु । २. शिव (को०) ।

पृषदश्व—संज्ञा पुं० [सं०] १. वायु । हवा । २ महाभारत के अनुसार एक राजर्षि का नाम । ३ भागवत के अनुसार विश्वाक्ष के पुत्र का नाम । ४. शिव (को०) ।

पृषदाज्य—संज्ञा पुं० [सं०] दही मिला हुआ घी ।

पृषद्र—संज्ञा पुं० [सं०] हरिवंश के अनुसार वैवस्वत मनु के एक पुत्र का नाम ।

पृषद्वल—संज्ञा पुं० [सं०] वायु का घोड़ा (को०) ।

पृषद्वरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मेनका की कन्या का नाम ।

पृषभाषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] इंद्र की पुरी । पूषभाषा । अमरावती का एक नाम ।

पृषाकरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] तौलने का बाट ।

पृषातक—संज्ञा पुं० [सं०] दही मिला हुआ घी ।

पृषोदर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] वायु । हवा ।

पृषोदर[2]—वि० जिसका पेट छोटा हो ।

पृषोद्यान—संज्ञा पुं० [सं०] छोटा उपवन या बाग (जै०) ।

पृष्ट[1]—वि० [सं०] १ पूछा हुआ । जो पूछा गया हो । २ सिक्त । सींचा हुआ (को०) ।

पृष्ट[2]—संज्ञा पुं० प्रश्न । जिज्ञासा । पूछताछ (को०) ।

पृष्ठ[3]—संज्ञा पुं० [सं० पृष्ट] दे० 'पृष्ठ' ।

पृष्टहायन—संज्ञा पुं० [सं०] १ हाथी । हस्ती । २ एक प्रकार का अन्न (को०) ।

पृष्टि[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पूछने की क्रिया या भाव । पूछताछ । २ पिछला भाग । ३ स्पर्श (को०) । ४ प्रकाश किरण (को०) ।

पृष्टि[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पृष्टि (= पिछला भाग)] पृष्ठ । पीठ । उ०—दोऊ कर पुनि फेरि पुष्टि पीछे करि आवय ।—सुंदर० ग्रं०, भा० १, पृ० ४३ ।

पृष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] १ पीठ । २. किसी वस्तु का वह भाग या तल जो ऊपर की ओर हो । ऊपरी तल । ३ पीछे का भाग । पीछा । ४ पुस्तक के पन्ने का एक ओर का तल । ५. पुस्तक का पन्ना । पन्ना । ६ मकान की छत (को०) । ७ चरम । शेष (को०) ।

पृष्ठक—संज्ञा पुं० [सं०] पिछला भाग । पीठ की ओर का हिस्सा ।

पृष्ठग—वि० [सं०] (घोड़े आदि पर) सवार । चढ़ा हुआ (को०) ।

पृष्ठगामी—वि० [सं० पृष्ठगामिन्] अनुयायी । विश्वासपात्र (को०) ।

पृष्ठगोप—संज्ञा पुं० [सं०] वह सैनिक जो सेना के पिछले भाग की रक्षा के लिये नियुक्त हो ।

पृष्ठग्रंथि[1]—वि० [स० पृष्ठग्रन्थि] कुबडा [को०]।

पृष्ठग्रंथि[2]—सज्ञा स्त्री० कूबड [को०]।

पृष्ठग्रह—सज्ञा पु० [सं०] घोडो का एक रोग।

पृष्ठचक्षु—सज्ञा पुं० [सं० पृष्ठचक्षुस्] १ केकडा। २ रीछ। भालू।

पृष्ठज—वि० [सं०] पीठ पर उत्पन्न। बाद का पैदा [को०]।

पृष्ठतः—क्रि० वि० [सं० पृष्ठतस्] १ पीछे। पीठ पीछे। २ पीछे से। ३ पीठ की ओर। पीछे की ओर। ४. पीठ पर। ५ गोपनीय ढग से। छिपकर [को०]।

पृष्ठतःग्रथित—सज्ञा पुं० [सं०] खड्ग चलाने का एक ढग। तलवार का एक हाथ।

पृष्ठतल्पन—सज्ञा पु० [स०] हाथी की पीठ पर की बाहरी पेशियाँ [को०]।

पृष्ठताप—सज्ञा पु० [सं०] मध्याह्न। दोपहर [को०]।

पृष्ठदृष्टि—सज्ञा पु० [स०] रीछ। भालू।

पृष्ठदेश—सज्ञा पुं० [स०] पिछला भाग [को०]।

पृष्ठपर्णी—सज्ञा स्त्री० [स०] पिठवन लता।

पृष्ठपाती—वि० [स० पृष्ठपातिन्] १ पृष्ठानुयायी। अनुगता। २ नियत्रक। ३ निरीक्षणरत। सावधान (को०)।

पृष्ठपोषक—सज्ञा पुं० [स०] १. पीठ ठोकनेवाला। २ सहायक। मददगार।

पृष्ठपोषण—सज्ञा पुं० [स०] मदद। सहायता। प्रोत्साहन।

पृष्ठफल—सज्ञा पुं० [स०] किसी पिंड के ऊपरी भाग का क्षेत्रफल।

पृष्ठभंग—सज्ञा पु० [सं० पृष्ठभंग] युद्ध का एक ढग जिसमें शत्रु सेना का पिछला भाग आक्रमण करके नष्ट किया जाता है।

पृष्ठभाग—सज्ञा पुं० [स०] १ पीठ। पृष्ठ। २ पिछला भाग।

पृष्ठभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] १. मकान की ऊपरी छत या मजिल। २ दे० 'पृष्ठिका'। बाद की घटनाओ या परिस्थितियो का विश्लेषण करने में सहायक पूर्व की घटनाएँ, अनुभव, ज्ञान या शिक्षा।

पृष्ठमर्म—सज्ञा पुं० [स० पृष्ठमर्म्मन्] सुश्रुत के अनुसार पीठ पर के चौदह मर्मस्थान।

विशेष—इनपर आघात लगने से मनुष्य मर सकता है, अथवा उसका कोई अग बेकाम हो जाता है। ये सब स्थान गरदन से चूतड तक मेरुदड के दोनों ओर युग्म सख्या में हैं और इन सबके अलग अलग नाम हैं।

पृष्ठमांसाद—सज्ञा पुं० [स०] वह जो पीठ पीछे किसी की बुराई करता हो। चुगुलखोर।

पृष्ठमांसादन—सज्ञा पुं० [स०] पीठ पीछे किसी की निंदा करना। चुगली करना।

पृष्ठयान—सज्ञा पुं० [सं०] (घोडे आदि पर) सवारी करना [को०]।

पृष्ठलग्न—वि० [स०] अनुयायी। पीछे लगा रहनेवाला। पिछलग्गू [को०]।

पृष्ठवंश—सज्ञा पुं० [सं०] रीढ।

पृष्ठवाट्—सज्ञा पु० [सं० पृष्ठवाह्] दे० 'पृष्ठवाह्य' [को०]।

पृष्ठावास्तु—सज्ञा पुं० [स०] एक मकान के ऊपर बना हुआ मकान अथवा एक खड के ऊपर दूसरे खड पर बना हुआ मकान।

पृष्ठवाह्य—सज्ञा पुं०[सं०] वह पशु जिसकी पीठ पर बोझ लादा जाता हो। लदुवा बैल।

पृष्ठशृंग—सज्ञा पुं० [स० पृष्ठशृङ्ग] जगली बकरा [को०]।

पृष्ठशृंगी—सज्ञा पु० [सं० पृष्ठशृङ्गिन्] १ मेढ़ा। २ भसा। ३ हिजडा। षड। नामर्द। ४. भीमसेन का एक नाम।

पृष्ठानुग—वि० [सं०] पीछे चलनेवाला। अनुयायी [को०]।

पृष्ठानुगामी—वि० [स० पृष्ठानुगामिन्] दे० 'पृष्ठानुग'।

पृष्ठाशय—वि० [सं०] पीठ के बल सोनेवाला [को०]।

पृष्ठास्थित—सज्ञा स्त्री० [स०] पीठ की हड्डी रीढ़।

पृष्ठिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १. पिछला भाग। पिछला हिस्सा। २ मूर्ति, चित्र, विवरण आदि मे सबसे पीछे का वह भाग जो अकित दृश्य या घटना का आश्रय होता है। पृष्ठभूमि। (अं० बैकग्राउड) दे० 'पृष्ठभूमि'।

पृष्ठेमुख—सज्ञा पुं० [सं०] कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम।

पृष्ठोदय—सज्ञा पुं० [स०] ज्योतिष में मेष, वृष, कर्क, धन, मकर और मीन ये छह राशियाँ जिनके विषय मे यह माना जाता है कि ये पीठ की ओर से उदय होती हैं।

पृष्ठ्य[1]—वि० [सं०] पृष्ठ सबधी। पीठ का।

पृष्ठ्य[2]—सज्ञा पु० वह घोडा जिसकी पीठ पर बोझा लादा जाता हो।

पृष्ठ्यस्तोम—सज्ञा पुं० [स०] यज्ञ का षडाह्निक नामक एक समय-विभाग। षटक्रतु या छह एकाह।

पृष्ठ्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सामान ढोनेवाली घोडी। २ वेदी के उपर का किनारा।

पृष्ठ्यावलंब—सज्ञा पुं० [सं० पृष्ठ्यावलम्ब] यज्ञ का पाँच दिन का एक समयविभाग। यज्ञ के कुछ विशिष्ट पाँच दिन।

पृष्णि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. पैर की एँडी। २ प्रकाशकिरण [को०]।

पृष्णिपर्णी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पिठवन लता।

पेंजूष—सज्ञा पुं० [सं० पेञ्जूष, पिञ्जूष] कान का मैल। खूँट। पिजूष [को०]।

पेंट—सज्ञा पुं० [अ०] रग।

पेंटर—सज्ञा पुं० [अं०] १ चित्रकार। मुसव्वर। २ रग भरनेवाला। रगसाज।

पेंटिंग—सज्ञा स्त्री० [अ०] १ चित्रकारी। मुसव्वरी। २, रग भरने का काम। रगसाजी।

पेंड—सज्ञा पु० [स० पेण्ड] मार्ग। रास्ता। पैंड़ा [को०]।

पेंडुलम—सज्ञा पु० [अ०] दीवार में लगानेवाली घडी में हिलनेवाला टुकड़ा जो उसकी गति का नियत्रण करता है। घडी का लटकन। लगर।

पेंशन—सज्ञा स्त्री० [अं०] दे० 'पेन्शन'।

पेंशनर—संज्ञा पुं० [अं०] दे० 'पेन्शनर'।

पेंस—संज्ञा पुं० [अ०] एक अंग्रेजी सिक्का। पेनी।

पेंसिल—संज्ञा स्त्री [अ०] दे० 'पेनसिल'।

पें[1]—संज्ञा पुं० [अनु०] पें पें का शब्द, जो रोने, बाजा फूँकने आदि से निकलता है।

पें[2]—अव्य० [हिं०] दे० 'पै'। उ०—पें निमित्त गिरद्वीप तरु पुष्कर मुख हरि सार।—नंद० ग्रं०, पृ० ६८।

पेंग[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पटेंग, पट (=पटड़ा)+वेग अथवा सं० प्लवङ्ग] हिंडोले या झूले का झूलते समय एक ओर से दूसरी ओर को जाना।

मुहा०—पेंग मारना = झूले पर झूलते समय उसपर इस प्रकार जोर पहुँचाना जिसमें उसका वेग बढ़ जाय और दोनो ओर वह दूर तक झूले। उ०—भौजाइन बैठाय पेंग मारत देवर गन।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० १०। पेंग बढ़ाना या चढ़ाना = दे० 'पेंग मारना'। पेंग बढ़ना = जोर बढना। अधिकता होना। उ०—अब सुनिए कि नशेबाजी के पेंग बढे पहले तो सिर्फ एक कोठी से लेन देन शुरू हुआ।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १५३।

पेंग[2]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी।

पेंगिया मैना—संज्ञा स्त्री० [हिं० पेंग+मैना] एक प्रकार की मैना (पक्षी) जिसे सतभैया भी कहते हैं। दे० 'सतभइया'।

पेंघट—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी जिसका शरीर मटमैले रंग का, आँखें लाल और चोंच सफेद होती है।

पेंघा—संज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पेंघट'।

पेंच—संज्ञा पुं० [फा० पेच] चालबाजी। चक्कर। दे० 'पेंच' उ०—सावधान हो पेंच न खैयो रहियो आप सँभारी।—चरण० बानी०, पृ० ६७।

पेंचक—संज्ञा पुं० [सं० पेचक] दे० 'पेचक'।

पेंचकश—संज्ञा पुं० [फा० पेचकश] दे० 'पेचकश'।

पेंच का घाट—संज्ञा पुं० [हिं० पेंच+घाट] जहाजों के ठहरने का पक्का घाट। (लश०)।

पेंजनी—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पैजनी'।

पेंठ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पैंठ'।

पेंड़[1]—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का सारस पक्षी जिसकी चोंच पीली होती है।

पेंड़[2]—संज्ञा पुं० [सं० पिण्ड] १ दे० 'पेड'। उ०—हलत पेंड रच्चयो अरुन्न नील कच्चयो।—पृ० रा०, २५।१३३। २. दे० 'पेंड'। उ०—नपसिष्प भोर कथ्थि थोर कालकोर कलकरी। आहुट्ठ पेंड भोम पड, छोडि छड उरवरी।—पृ० रा०, २।२२४।

पेंड़ना—क्रि० स० [देश०] दे० 'वेडना'।

पेंड़ुकी[1]†—संज्ञा स्त्री० [सं० पण्डुक] १ पंडुक पक्षी। फाखता। २ सुनारों का वह औजार जिससे फूँककर वे आग सुलगाते हैं। फुँकनी।

पेंड़ुकी[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पिराक] पिराक या गुझिया नाम का पकवान्न। दे० 'गुझिया'।

पेंडुली‡—संज्ञा स्त्री० [सं० पिण्डिला] ककडी। पिंडिला।

पेंदर†—संज्ञा पुं० [हिं० पेंदा या पेंड़] पेंदा।

पेंदा—संज्ञा पुं० [सं० पिण्ड] [स्त्री० अल्पा० पेंदी] किसी वस्तु का निचला भाग जिसके आधार पर वह ठहरती या रखी जाती हो। बिल्कुल निचला भाग। जैसे, लोटे का पेंदा। जहाज का पेंदा।

मुहा०—पेंदे के बल बैठना = (१) चूतड़ देकर बैठना। पलथी मारकर बैठना। (व्यंग्य)। (२) हार मानना। दबना। पेंदे का हलका = जिसका विकास न किया जा सके। ओछा।

पेंदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पेंदा] १ किसी वस्तु का निचला भाग।

मुहा०—बे पेंदी का लोटा = अस्थिर व्यक्ति। ढुलमुल नीति का व्यक्ति। ऐसा व्यक्ति जो कभी एक पक्ष का अनुयायी हो, कभी दूसरे का।

२ गुदा। गाँड। ३. तोप या बंदूक की कोठी। ४ गाजर या मूली आदि की जड।

पेंना†—वि० [हिं०] दे० 'पैना'। उ०—भौहैं कुटिल कमान सी सर से पेंनें नैंन।—पोद्दार अभि० ग्रं०, पृ० ४२५।

पेंहटुला†—संज्ञा पुं० [हिं० पेठा या पिण्डिला (=ककरी)] १ ककरी या पेठा नामक लता। २. इस लता का फल जो कुंदरू के आकार का होता है और जिसकी तरकारी तथा ककरी बनती है। विशेष—दे० 'ककरी'।

पे—संज्ञा स्त्री० [अ०] तनखाह। वेतन। महीना। जैसे,—इस महीने की पे तुम्हें मिल गई।

क्रि० प्र०—देना।—मिलना।—लेना।

पेआन⑨†—संज्ञा पुं० [सं० प्रयाण, प्रा० पयाण] दे० 'प्रयाण'। उ०—ब्रह्मलोक ब्रह्म असथाना। तहाँ काल फिरि करे पेआना।—सं० दरिया, पृ० ४।

पेउशा†—संज्ञा पुं० [सं० पीयूष] दे० 'पेउसी'।

पेउस†—संज्ञा पुं० [सं० पीयूष, पेऊस] दे० 'पेउसी'।

पेउसरी†—संज्ञा स्त्री० [सं० पीयूष, प्रा० पेऊस] दे० 'पेउसी'।

पेउसी†—संज्ञा स्त्री० [सं० पीयूष, प्रा० पेऊस+ई (प्रत्य०)] १ ब्याई हुई गाय या भैंस का पहले दिन का अथवा पहले सात दिन का दूध जो बहुत गाढा और कुछ पीले रंग का होता है। यह दूध पीने के योग्य नहीं होता। इसे तेली भी कहते हैं। २ एक प्रकार का पकवान जो उक्त दूध में सोंठ और शक्कर आदि डालकर पकाया और जमाया जाता है। यह स्वादिष्ट और पुष्टिकर होता है। इदर। इन्नर।

पेखक⑨—संज्ञा पुं० [सं० प्रेक्षक, प्रा० पेक्खक] देखनेवाला। दर्शक। उ०—व्योम विभाजन विबुध विलोकत खेलक पेखक छाँह छए।—तुलसी (शब्द०)।

पेखन⑨—संज्ञा पुं० [सं० प्रेक्षण, प्रा० पेक्खण, पु० हिं० पेखण] १. देखने की क्रिया। प्रेक्षण। २. वह जो कुछ देखा जाय।

तमाशा। दृश्य। उ०—जगु पेखन तुम देखनिहारे। विधि हरि शंभु नचावनि हारे।—मानस, २।१२७।

पेखना†Ⓤ[1]—क्रि० स० [स० प्रेक्षण, प्रा० पेक्खण] देखना। अवलोकन करना। उ०—श्रमकण सहित श्याम तनु देखे। कहँ दुख समउ प्राणपति पेखे।—तुलसी (शब्द०)।

पेखनाⓊ[2]—संज्ञा पुं० [स० प्रेक्षण] १ वह जो कुछ देखा जाय। दृश्य। उ०—रगभूमि आएँ दसरथ के किसोर हैं। पेखनो सो पेखन चले हैं पुर नर नारि बारे बूढे अध पंगु करत निहोर हैं।—तुलसी ग्र०, पृ० ३०६। २ देखने का भाव। प्रेक्षण। उ०—सखि सबको मन हरि लेति, ऐन मैन मनो पेखनो।—नद० ग्रं०, पृ० ३८५।

पेगबर†—संज्ञा पुं० [स० पैगामबर, पैग़बर] दे० 'पैगंबर।' उ०—जाप का पेगंबर आप का दरियाव। ताप का सेस ज्वाल दाप का कुरराव।—रा० रू०, पृ० ६७।

पेग—संज्ञा पुं० [अ०] उतनी शराब जितनी एक बार मे सोडावाटर डालकर पीते हैं। शराब का गिलास। शराब का प्याला। जैसे,—एक ओर साहब लोग बैठे हुए पेग पर पेग उडा रहे थे।

पेग[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पेँग] दे० 'पेंग'। उ०—लेत खरी पेगें छवि छाजै उसकन मैं।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ३६०।

पेच—संज्ञा पुं० [फा०] १ घुमाव। फिराव। लपेट। फेर। चक्कर। २ उलझन। झझट। बखेडा। कठिनता। उ०—कागज करम करतूति के उठाय धरे पचि पचि पेच मे परे हैं प्रेतनाह अब।—पद्माकर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—डालना। पड़ना।

विशेष—उक्त दोनों अर्थों में कहीं कहीं लोग इसको स्त्रीलिंग भी बोलते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने एक स्थान पर इसका व्यवहार स्त्रीलिंग में ही किया है। यथा—सोचत जनक पोच पेच परि गई है।—तुलसी ग्र०, पृ० ३१३।

३ चालाकी। चालबाजी। धूर्तता।

क्रि० प्र०—पड़ना।—चलना।

४. पगडी का फेरा। पगडी की लपेट।

क्रि० प्र०—कसना।—बाँधना।—देना।

५ किसी प्रकार की कल। यत्र। मशीन। जैसे, रूई का पेच। ६ यत्र का कोई विशेष अग जिसके सहारे कोई विशेष कार्य होता हो। मशीन का पुरजा। ७ यत्र का वह विशेष अग जिसको दबाने, घुमाने या हिलाने आदि से वह यत्र अथवा उसका कोई अश चलता या रुकता हो।

क्रि० प्र०—घुमाना।—चलाना।—दबाना।

मुहा०—पेच घुमाना = ऐसी युक्ति करना जिससे किसी के विचार या कार्य आदि का रुख बदल जाय। तरकीब से किसी का मन फेरना। पेच हाथ में होना = किसी के विचारो को परिवर्तन करने की शक्ति होना। प्रवृत्ति आदि बदलने का सामर्थ्य होना।

८ वह कील या काँटा जिसके नुकीले आधे भाग पर चक्करदार गडारियाँ बनी होती हैं और जो ठोककर नही बल्कि घुमाकर जडा जाता है। स्क्रू।

क्रि० प्र०—कसना।—खोलना।—जड़ना।—निकालना।

९ पतग लड़ने के समय दो या अधिक पतगो के डोर का एक दूसरे में फँस जाना।

क्रि० प्र०—डालना।

मुहा०—पेच काटना = दूसरे की गुड्डी या पतंग की डोर में अपनी डोर फँसाकर उसकी डोर काटना। गुड्डी या पतंग काटना। पेच लड़ाना = दूसरे की पतंग काटने के लिये उसकी डोर में अपनी डोर फँसाना। पेच छुटाना = दो पतंगों की फँसी हुई डोर का अलग अलग हो जाना।

१० कुश्ती में वह विशेष क्रिया या घात जिससे प्रतिद्वंद्वी पछाडा जाय। कुश्ती में दूसरे को पछाडने की युक्ति। उ०—इक एक पुहुमि पछार देत उछारि पुनि उठि धाय। रहु सावधान बखान करि पूनि गँसन पेच लगाया।—रघुराज (शब्द०)।

क्रि० प्र०—चलना।—मारना।—लगाना।

११ युक्ति। तरकीब।

क्रि० प्र०—निकालना।

१२. तबले के किसी परन या ताल के बोल में से कोई एक टुकड़ा निकालकर उसके स्थान पर ठीक उतना ही बडा दूसरा कोई टुकडा लगा देना।

क्रि० प्र०—लगाना।

१३. एक प्रकार का आभूषण जो टोपी या पगडी में सामने की ओर खोसा या लगाया जाता है। सिरपेच। १४ सिरपेच की तरह का एक प्रकार का आभूषण जो कानो में पहना जाता है। गोशपेच। उ०—गोशपेच कुडल कलँगी सिरपेच पेच पेचन ते खैंचि बिन बेंचे वारि आयो है।—पद्माकर (शब्द०)। १५ पेचिश। पेट का मरोड। दे० 'पेचिश'।

क्रि० प्र०—उठना। पड़ना।

१६. दे० 'पेचताब'।

पेचक[1]—संज्ञा स्त्री० [फा०] १. बटे हुए तागे की गोली या गुच्छी। २ बटा तथा लपेटा हुआ महीन तागा जिससे कपडे सीते हैं।

पेचक[2]—संज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० पेचिका] १ उल्लू पक्षी। २ जूँ। ३. बादल। ४ पलंग। चारपाई। ५ हाथी की पूँछ की जड। ६ सडक पर का विश्रामालय (को०)।

पेचकश—संज्ञा पुं० [फ़ा०] १ बढ़इयो और लोहारो आदि का वह औजार जिससे वे लोग पेच (स्क्रू) जड़ते अथवा निकालते हैं।

विशेष—यह आगे से चपटा और कुछ मुकीला लोहा होता है जिसके पिछले भाग में पकडने के लिये दस्ता जड़ा रहता है।

२ लोहे का बना हुआ वह घुमावदार पेच जिसकी सहायता से बोतल का काग निकाला जाता है।

विशेष—इसे पहले घुमाते हुए काग में धँसाते हैं और जब वह कुछ अंदर चला जाता है तब ऊपर की ओर खींचते हैं जिससे काग बोतल के बाहर निकल आता है।

पेचको—संज्ञा पुं० [सं० पेचकिन्] हाथी (को०)।

पेचताब—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह क्रोध जो विवशता आदि के कारण प्रकट न किया जाय। वह गुस्सा जो मन ही मन में रह जाय और निकाला न जा सके।

क्रि० प्र०—खाना।

पेचदार[1]—वि० [फा०] १ जिसमें कोई पेच लगा हो। जिसमें कोई कल लगी हो। पेचवाला। २ जिसमें कोई उलझाव हो। उलझाववाला। कठिन। दे० 'पेचीला'।

पेचदार[2]—संज्ञा पुं० एक प्रकार का कसीदे का काम जिसमें काढ़ते समय फंदे लगाए जाते हैं।

पेचना—क्रि० स० [फा० पेच] दो चीजों के बीच में उसी प्रकार की एक तीसरी चीज इस प्रकार घुसेड़ देना जिससे साधारणतः वह दिखाई न पड़े। इस प्रकार लगाना जिसमें पता न लगे।

पेचनी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पेच] चिकन या कामदानी के काम में एक सीधी लकीर पर काढ़ा हुआ कसीदा।

पेचपाच—संज्ञा पुं० [फा० पेच + अनु० पाच] दे० 'पेच'। उ०—छोड़ दे पेचपाच की आदत। बीच का खींचतान कर दे कम। —चुभते०, पृ० ३४।

पेचवाँⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] पगड़ी आदि की लपेट पर का एक आभूषण। पेच। उ०—कर साफ अतर से मुखड़े पर, बेतरह पेचवाँ डाली है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ३६३।

पेचवान—संज्ञा पुं० [फा०] १ बड़ी सटक जो फर्शी या गुड़गुड़ी में लगाई जाती है। २. बड़ा हुक्का।

पेचा†—संज्ञा पु० [सं० पेचक] [स्त्री० पेची] उल्लू पक्षी।

पेचिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] उल्लू पक्षी की मादा।

पेचिल—संज्ञा पुं० [सं०] हाथी (को०)।

पेचिश—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] १ पेट की वह पीड़ा जो आँव होने के कारण होती है। मरोड़। २ आँव के कारण ऐंठन होने से बार बार पाखाना जाने का रोग (को०)।

पेचीदगी—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ पेचीला होने का भाव। घुमाव दार होने का भाव। २ उलझाव।

पेचीदा—वि० [फा० पेचीदह्] १ जिसमें बहुत कुछ पेच हो। पेचदार। २. जो टेढ़ा मेढ़ा और कठिन हो। उलझावदार। मुश्किल। ३ लिपटा हुआ (को०)।

पेचीला—वि० [हिं० पेच + ईला (प्रत्य०)] १ जिसमें बहुत पेच हो। घुमाव फिरावदार। २. जो टेढ़ा मेढ़ा और कठिन हो। उलझावदार। मुश्किल।

पेचु, पेचुक—संज्ञा पुं० [सं०] एक शाक (को०)।

पेचुली—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का शाक।

पेज[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पेय] रबड़ी। बसौंधी।

पेज[2]—संज्ञा पु० [अ०] १ पुस्तक का पृष्ठ। वरक। सफहा। पन्ना। २ सेवक। अनुचर। विशेषकर वह अनुचर जो किसी पद मर्यादावाले या ऐश्वर्यशाली व्यक्ति की सेवा में रहता है। जैसे,—दिल्ली दरबार के अवसर पर दो देशी नरेशों के पुत्रों को महाराज जार्ज के पेज' बनने का सम्मान प्रदान किया गया था जो महाराज का जामा पीछे से उठाए हुए चलते थे। ३ वह बालक या युवा व्यक्ति जो किसी व्यवस्थापिका परिषद् के अधिवेशन में सदस्यों और अधिकारियों की सेवा मे रहता है।

पेज[3]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञा, प्रतिज्ञा, प्रा० पइज्जा, अप० पइज्ज, हिं० पैज] पैज। प्रतिज्ञा। उ०—बल को भीम, पेज को परशुराम, वाचा को युधिष्ठिर तेज प्रताप को, भान। —अकबरी०, पृ० १०६।

पेट[1]—संज्ञा पुं० [सं० पेट (=थैला)] १ शरीर मे थैले के आकार का वह भाग जिसमे पहुँचकर भोजन पचता है। उदर।

विशेष—बहुत ही निम्न कोटि के जीवो मे गले के नीचे का प्रायः सारा भाग पेट का ही काम देता है। कुछ जीव ऐसे भी होते हैं जिनमें किसी प्रकार की पाचन क्रिया होती ही नही और इसलिये उनमे पेट भी नही होता। पर उच्च कोटि के जीवो के शरीर के प्रायः मध्य भाग में थैले के आकार का एक विशेष अंग होता है जिसमे पाचन रस बनता और भोजन पचता है। मनुष्यो और चौपायो आदि मे यह अंग पसलियों के नीचे और जननेंद्रिय से कुछ ऊपर तक रहता है। पाचक रस बनाने और भोजन पचानेवाले सब अंग, जैसे, आमाशय, पक्वाशय, जिगर, तिल्ली, गुरदे आदि इसी के अंतर्गत रहते हैं। इसी के नीचे का भाग कटोरे के आकार का होता है जिसमें आँतें और मूत्राशय रहता है। कुछ जीवो, जैसे पक्षियो आदि, में एक के बदले दो पेट होता है।

मुहा०—पेट आना = दस्त आना। (क्व०)। पेट का कुत्ता = जो केवल भोजन के लालच से सब काम करता हो। केवल पेट के लिये सब कुछ करनेवाला। पेट कटना = खाने को कम मिलना। भूखे पेट रहना। उ०—पेट कटता देख जब रो पीटकर। लोग पीटा ही करेंगे छातियाँ।—चुभते० पृ० ३६। पेट काटना = बचाने के लिये कम खाना। जान बूझकर कम खाना जिसमें कुछ बचत हो जाय। पेट का धंधा = (१) भोजन बनाने का प्रबंध। रसोई बनाने का झंझट। (२) रोजी रोजगार ढूँढने का प्रबंध। जीविका का उपाय। (३) हलका कामकाज। मेहनत मजदूरी। पेट का पानी न पचना = रहा न जाना। रह न सकना। जैसे,—बिना सब हाल कहे तुम्हारे पेट का पानी न पचेगा। पेट का पानी हिलना = परिश्रम होना। मिहनत पड़ना। उ०—हिल गए दिल भी न हिलना चाहिए। जायँ हिल क्यो पेट का पानी

हिले। —चुभते०, पृ० ५७। पेट का पानी न हिलना = कुछ परिश्रम न पड़ना। जरा भी मिहनत या तकलीफ न होना। पेट का हलका = क्षुद्र प्रकृति का। ओछे स्वभाव का। जिसमें गभीरता न हो। पेट की आग = भूख। उ०—आगि बड़वागि तें बड़ी है आगि पेट की।—तुलसी (शब्द०)। पेट की आग बुझाना = पेट मे भोजन भोजन पहुँचाना। भूख दूर करना। उ०—काम हैं सूझ बूझ का करते। पेट की आग जो बुझाते हैं।—चोखे०, पृ० ३८। पेट की बात = गुप्त भेद। भेद की बात। उ०—पेट की बात जानना है तो पेट मे पैठ क्यो नही जाते।—चुभते०, पृ० ५३। पेट की मार देना या मारना = भूखा रखना। भोजन न देना। पेट के लिये दौड़ना = रोजी या जीविका के लिये उद्योग और परिश्रम करना। पेट के हाथ बिकना = पेट के लिये कोई भी काम करना। आजीविकार्थ कोई भी बुरा भला काम करने के लिये बाध्य होना। उ०—बड़ी एक है। और पेट के हाथ तो बिकी हुई है। कुछ ठिकाना है।—फिसाना०, भा० ३, पृ० ४२६। पेट को धोखा देना = दे० 'पेट काटना'। पेट खलाना = (१) अत्यत दीनता दिखालाना। उ०—राम सुभाव सुने तुलसी प्रभु सो कही बारक पेट खलाई।—तुलसी (शब्द०)। (२) भूखे होने का सकेत करना। पेट को लगना = भूख लगना। पेट गड़ना = अपच के कारण पेट में दर्द होना। पेट गुड़ गुड़ाना = वादी के कारण आँतो में गुड़गुड़ शब्द होना। पेट में वायु का विकार होना। पेट चलना = दस्त होना। बार बार पाखाना होना। पेट छूटना = (१) पेट साफ हो जाना। पेट का मल निकल जाना। (२) पेट की मोटाई का कम होना। दुबला हो जाना। पेट छूटना = दस्त होना। पेट जलना = (१) अत्यंत भूख लगना। (२) अत्यत असंतुष्ट या क्रुद्ध होना। पेट जारी होना = दस्त लगना। दस्तों की बीमारी हो जाना। पेट दिखाना = (१) भूखे होने का सकेत करना। (२) पेट के रोग की पहचान कराना। पेट के रोग का निदान करना। †पेट देना = अपना गूढ भेद या विचार किसी को बतलाना। अपने मन की बात बतलाना। उ०—अपने पेट दियो तैं उनको नाकबुद्धि तिय सबै कहैं री।—सूर (शब्द) पेट पकड़ना या पकड़े फिरना = परेशान होना। बहुत दुखी या तग होना। व्याकुल होना। पेट पालना = जो कुछ मिल जाय उसी से पेट भर लेना। भूख के मारे खाद्य या अखाद्य का विचार छोड़कर खा लेना। पेट पानी होना = पतले दस्त आना। पेट पाल पालकर पलना = पेट भरकर जीना। केवल खाने कमाने मे लगे रहना। उ०—सब दिनो पेट पाल पाल पले, मोहता मोह का रहा मेवा।—चोखे०, पृ०४। पेट पालना = कठिनता से खाने भर को कमा लेना। जीवन निर्वाह करना। उ०—बेबसो को लपेट चित पट कर, पालना पेट मूँह पिटाना है।—चोखे०, पृ० २६। पेट पीठ एक हो जाना या पेट पीठ से लग जाना = (१) बहुत दुबला हो जाना (२) बहुत भूखे होना। पेट फूलना = (१) किसी बात को जानने या कहने के लिये अथवा किसी पदार्थ को पाने आदि के लिये व्याकुल होना। किसी बात के लिये बहुत अधिक उत्सुक होना। बहुत अधिक हँसने के कारण पेट में हवा भर जाना (जिसके कारण और अधिक हँसा न जा सके)। (३) पेट में वायु का प्रकोप होना। पेट बाँधना = भूखे रहना। भूख शांत करने के लिये पेट में कुछ न डालना। उ०—आपका सेवक भी पेट बाँधकर सेवा नही करता।—किन्नर०, पृ० ८। पेट भरना = किसी प्रकार आजीविका चलना। कठिनाई से आजीविका चलाना। पेट मारना = (१) दे० 'पेट काटना'। (२) आत्मघात करना। आत्महत्या करना। उ०—हाथ जो आ जाय सोने की छुरी, पेट तो है मारता कोई नही।—चोखे०, पृ० २५। पेट मारकर मर जाना = आत्मघात करना। उ०—पेटी ना दिखाओ कोऊ पेट मारि मरिहैं।—(शब्द०)। पेट में आँत न मुह में दाँत = वह जो बहुत बुड्ढा हो। अत्यत वृद्ध। पेट मुँह चलना = हैजा होना। उ०—दूसरे ही दिन मठ के एक साधू का पेट मुँह चलने लगा।—मैला०, पृ० ४९। पेट में खलबली पड़ना = (१) चिंता होना। फिक्र होना (२) व्याकुलता होना। घबराहट होना। पेट में चूहों का कलाबाजी खेलना = दे० 'पेट में चूहे दौडना'। पेट में चींटे की गिरह होना = बहुत कम खाना। थोड़ा भोजन करना। पेट में डाढ़ी होना = बचपन ही में बहुत बुद्धिमान् होना। पेट में डालना = खा जाना। पेट में पाँव होना = अत्यत छली या कपटी होना। चालबाज होना। पेट में बल पड़ना = इतनी हँसी आना कि पेट में दर्द सा होने लगे। (कोई वस्तु) पेट में होना = अधिकार या चगुल में होना। गुप्त रूप से पास में होना। जैसे—तुम्हारी पुस्तक इन्ही लोगो के पेट मे है। पेट मोटा होना = धन बढ़ना। पूँजी बढ़ना। नाजायज ढग से सपत्ति की वृद्धि होना। उ०—जो निकल पावे निकाले पेट से। दिन व दिन है पेट मोटा हो रहा।—चुभते०, पृ० ४०। पेट मोटा हो जाना = बहुत घूसखोर हो जाना। अधिक रिश्वत लेने लगना। पेट लगना या लग जाना = भूख से पेट का अदर धँस जाना। पेट से पाँव निकालना = (१) किसी अच्छे आदमी का बुरा काम करने लग जाना। कुमार्ग मे लगना। (२) बहुत इतराना। उ०—बहुत थानेदारी के बल पर न रहिएगा। देखा कि औरतें ही औरतें घर में हैं तो पेट से पाँव निकाले।—फिसाना०, भा० ३ पृ० २३१। (कोई वस्तु) पेट से निकालना = किसी के द्वारा उड़ाई या छिपाकर रखी हुई वस्तु को प्राप्त करना। हजम की हुई चीज पाना।

२. गर्भ। हमल।

यौ०—पेटपोछना।

मुहा०—पेट गदराना = गर्भ के लक्षण प्रकट होना। गर्भवती होने के चिह्न दिखाई देना। पेट गिरना = गर्भ गिरना। गर्भपात होना। पेट गिराना = गर्भ नष्ट करना। पेट गिरवाना = गर्भपात कराना। पेटचोट्टी = वह स्त्री जिसके गर्भ हो, परतु लक्षित न होता हो। गर्भवती होने पर भी जिसके

गर्भ के लक्षण दिखाई न पड़ें। पेट छूँटना = प्रसूता के गर्भाशय का अच्छी तरह साफ हो जाना। पेट ठंढा रहना = बच्चो का सुख देखना। संतान का जीवित रहना। पेट दिखाना = दाई से यह निश्चित कराना कि गर्भ है या नहीं। गर्भ होने या न होने की परीक्षा कराना। पेट फुलाना या फुला देना = गर्भवती कर देना। पेट फूलना = गर्भ रह जाना। पेट रखना = गर्भवती कर देना। पेट रखाना = किसी से सभोग कराके गर्भवती होना। पेट रखवाना = (१) गर्भवती होना। (२) गर्भवती होने की प्रेरणा करना। पेट रहना = गर्भ स्थित होना। गर्भ रहना। हमल रहना। पेटवाली = गर्भवती। पेट से होना = गर्भवती होना।

३ पेट के अंदर की वह थैली जिसमें खाद्य पदार्थ रहता और पचता है। पचौनी। ओझर। ४ चक्की के पाटो का वह तल जो दोनों को जोड़ने से भीतर पड़े। ५ सिल आदि का यह भाग जो कूटा हुआ और खुरदरा रहता है और जिसपर रखकर कोई चीज पीसी जाती है। ६ अंत करण। मन। दिल। उ०—चेटकी चवाइन के पेट की न पाई मैं।—ठाकुर (शब्द०)।

मुहा०—पेट में चूहे कूदना = दे० 'पेट में चूहे दौड़ना'। पेट में चूहे छूटना = दे० 'पेट मे चूहे दौड़ना'। उ०—एक प्यादा बोला यहाँ पेट में चूहे छूटे हुए हैं।—फिसाना०, भा० ३, पृ० १७६। पेट में चूहे दौड़ना = (१) बहुत भूख लगना। (२) व्याकुल या चिंतित होना। व्यग्रता या खलबली होना। पेट में घुसना = भेद लेने के लिये मित्र बनना। रहस्य जानने के लिये मेल बढ़ाना। पेट में चूहों का डंड पेलना = दे० 'पेट में चूहे दौड़ना'। उ०—ख्वाब में डूबा चमकता हो सितारा। पेट में डंड पेलते चूहे, जबाँ पर लफ्ज प्यारा।—कुकुर०, पृ० ५। पेट में छूरी घुसेड़ना = हत्या करना। जान लेना। उ०—काम हो कान के उखेड़े जो, तो घुसेड़े न पेट में छूरी।—चुभते०, पृ० ५४। पेट में डालना = (१) कोई बात अपने मन में रखना। भेद प्रकट न होने देना। उ०—बात जो भेद डाल दे उसको, जो सकें डाल पेट में डालें।—चुभते०, पृ० ५३। (२) भोजन करना। भोजन के रूप में कोई अत्यंत तुच्छ वस्तु लेना। (३) जल्दी जल्दी भोजन करना। शीघ्रता से खाना। (४) अरुचिपूर्वक खाना। बेस्वाद भोजन करना। पेट में बैठना या पैठना = दे० 'पेट में घुसना'। उ०—जो चले काम पेठ में पैठे, तो न तलवार पेट में डालें।—चुभते०, पृ० ५४। पेट में भरा पड़ा रहना = मन में होना या रहना। उ०—न जाने कहाँ का खटराग पेट में भरा पड़ा है।—चुभते० (दो दो बातें), पृ० ६। पेट में होना = मन में होना। ज्ञान में होना। जैसे, कोई बात पेट में होना।

७ पोली वस्तु के बीच का या भीतरी भाग। किसी पदार्थ के अंदर का वह स्थान जिसमे कोई चीज भरी जा सके। जैसे, बड़े पेटे की बोतल। ८ बंदूक या तोप में का वह स्थान जहाँ गोली या गोला भरा जाता है। ९ गुंजाइश। समाई। १० रोजी। जीविका। जैसे,—पेट के लिये सभी को कुछ न कुछ काम करना पड़ता है।

पेट[2] संज्ञा पुं० [हिं० पेट] रोटी का वह पार्श्व जो पहले तवे पर डाला जाता है।

पेट[3]—संज्ञा पुं० [सं०] १ थैला। २ पिटारा। संदूक। ३ समूह। राशि। ढेर। ४ उँगलियों के साथ खुली हुई हाथ की हथेली। थप्पड़। झापड़ [को०]।

पेटक—संज्ञा पुं० [सं०] १. पिटारा। मंजूषा। उ०—रघुवीर यश मुकुता विपुल सब भुवन पटु पेटक भरे।—तुलसी (शब्द०)। ३ समूह। ढेर।

पेटकैयाँ‡—क्रि० वि० [हिं० पेट + कैयाँ (प्रत्य०)] पेट के बल।

पेटनटⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] पेट के लिये दर दर नाचनेवाला। उदरपूर्ति के लिये नट का काम करनेवाला व्यक्ति।

पेटपरस्त—वि० [सं० पेट + फा परस्त] पेट की चिंता में लीन रहनेवाला। उदरभर। पेटार्थी। उ०—परवस कायर क्रूर आलसी अंधे पेटपरस्त। सुभता कुछ न बसत माँहि ये भी खराब औ खस्त।—भारतेंदु ग्र०, भा०२, पृ० ३९७।

पेटपूजा—संज्ञा स्त्री० [सं० पेट + पूजा] भोजन करना। खाना खाना।

पेटपोंछना—संज्ञा पुं० [सं० पेट + पोंछना] अंतिम संतान। वह संतान जिसके उपरांत और कोई संतान न हो।

पेटपोसुआ‡—संज्ञा पुं० [सं० पेट + हिं० पोसना] दे० 'पेटू'।

पेटरिया‡—संज्ञा स्त्री० [सं० पेटाल + हिं० इया (प्रत्य०)] दे० 'पिटारी'।

पेटल—वि० [हिं० पेट + ल (प्रत्य०)] बड़े पेटवाला। जिसका पेट बड़ा हो। तोंदल।

पेटा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पेट] १ किसी पदार्थ का मध्य भाग। बीच का हिस्सा। २. तफसील। ब्योरा। पूरा विवरण। ३. बड़ा टोकरा। ४. सीमा। हद।

मुहा०—पेटे में आना = सीमा मे आना। हद में पड़ना। पेटे में पड़ना = लगभग होना।—जैसे,—खर्च सौ रुपये के पेटे में पड़ेगा।

५. घेरा। वृत्त। †६ गर्भ। हमल। पेट। ७ नदी के बहने का मार्ग। ८. नदी का पाट।

मुहा०—पेटे में आना = डूब जाना। पानी में लीन हो जाना।

९. पशुओं की अँतड़ी। १० पतंग या गुड्डी की डोर का झोल। उड़ती हुई गुड्डी की डोर का वह अंश जो बीच में कुछ ढीला होकर लटक जाता है।

मुहा०—पेटा छोड़ना = उड़ती हुई गुड्डी का डोर बीच में से लटक या झूल जाना। पेटा तोड़ना = उड़ती हुई गुड्डी की बीच में लटकती या झूमती हुई डोर तोड़ना।

पेटा[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पेट'[3] [को०]।

पेटाक—संज्ञा पुं० [सं०] झोला। थैला। बक्स [को०]।

पेटागिⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० पेट + अग्नि, प्रा० अग्गि] पेट की

ज्वाला। भूख। उ०—जाति के सुजाति के कुजाति के पेटागि वश, खाए टूक सबके विदित बात दुनी सो। —तुलसी (शब्द०)।

पेटात्तू†—वि० [हिं० पेटार्थू] दे० 'पेटार्थ्'।

पेटार(पेटारा)†[1]—सज्ञा पुं० [स० पेटक] पिटारा। उ०—तिल चारो पानिप सलिल अलक फद पल जार। मन पच्छी गहि कै किते डारे श्रवण पेटार।—मुबारक (शब्द०)।

पेटार[2]—वि० १ पेटू। २. (ऐसा पात्र) जिसमें अधिक वस्तु अँट सके। बड़े पेट का (पात्र)।

पेटारा—सज्ञा पुं० [स० पेट्टालक] दे० 'पिटारा'। उ०—कनक किरीट कोटि पलँग पेटारे पीठ, काढ़त कहार सब जरे भरे भारही।—तुलसी (शब्द०)।

पेटारी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पेटारा] दे० 'पिटारी'। उ०—(क) नाम मथरा मदमति चेरि केकई केरि। अजस पिटारी ताहि करि गई गिरा मति फेरि।—तुलसी (शब्द०)। (ख) विसहर नाचहिं पीठ हमारी। ओ घर मूँदहि घालि पेटारी। —जायसी (शब्द०)।

पेटारी[2]—सज्ञा स्त्री० [स० पेटिका] १ एक प्रकार का वृक्ष। पिटारी या मेटिका वृक्ष। २ दे० 'पिटारी'।

पेटार्थी—वि० [स० पेट+अर्थिन्] जो पेट भरने को ही सब कुछ समझता हो। भुक्खड। पेटू।

पेटार्थू—वि० [स० पेट+अर्थिन्] पेटार्थी।

पेटिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. पिटारी नाम का वृक्ष। २ सदूक। पेटी। ३ छोटी पिटारी।

पेटिया—सज्ञा स्त्री० [स० पेट+हिं० इया (प्रत्य०), गुज० पेटियुं (=सीधा, एक समय का आहार)] सीधा। सिद्धा। एक पेट का आहार। उ०—तब भडारी सो कह्यो जो आज मोंको दोय पेटिया दीजियो।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० ११३।

पेटी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] सदूकची। छोटा सदूक।

पेटी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पेट] १ छाती और पेड़ू के बीच का स्थान। पेट का वह भाग जहाँ त्रिवली पड़ती है। उ०—पेटी सुछवि लपेटी भल थल पाइ। पकरसि काम बनेठी राखु छिपाइ। —रहीम (शब्द०)।

मुहा०—पेटी पड़ना=तोद निकलना।

२ कमर मे बाँधने का तसमा। कमरबद। ३ चपरास।

मुहा०—पेटी उतारना=पुलिस के सिपाही का मुअत्तल या बरखास्त किया जाना।

४ हज्जामो की किसबत जिसमें वे कैंची, छुरा आदि रखते हैं।

५ वह डोरा जो बुलबुल की कमर में उसे हाथ पर बैठाने के लिये बाँधते हैं।

क्रि० प्र०—बाँधना।

पेटीकोट—सज्ञा स्त्री० [अ०] लहँगे की तरह का एक वस्त्र जिसे स्त्रियाँ धोती या साडी के अदर पहनती हैं।

पेटीबूजुवा—सज्ञा पुं० [अ०] निम्न मध्यवर्गीय व्यक्ति। जो निम्न मध्यवर्ग का हो। उ०—जो कला क्रातिवाद या पदार्थवाद मूलक उपयोगितावाद में व्यक्त होती है वही कला है, बाकी सब पेटी बूर्जुवा या बूर्जुवा भावुकता है तो मैं आपसे कहता हूँ कि हम न केवल झूठ बोलते हैं वरन् आत्मप्रवचना भी करते हैं। —कुंकुम (भू०), पृ० ८।

पेटू—वि० [हिं० पेट] १ जिसे सदा पेट भरने की ही फिक्र रहे। पेटार्थी। २. जो बहुत अधिक खाता हो। भुक्खड।

पेटेंट—वि० [अ०] १ किसी आविष्कारक के आविष्कार के सबध में सरकार द्वारा की हुई रजिस्टरी जिसकी सहायता से वह आविष्कारक ही अपने आविष्कार से आर्थिक लाभ उठा सकता है। दूसरे किसी को उसकी नकल करके आर्थिक लाभ उठाने का अधिकार नही रह जाता।

विशेष—यह रजिस्टरी नए प्रकार की मशीनो, यत्रो, युक्तियो या औषधों आदि के सबध में होती है। ऐसी रजिस्टरी के उपरात उस आविष्कार पर एकमात्र आविष्कारक का ही अधिकार रह जाता है।

२. (वह आविष्कार या पदार्थ आदि) जिसकी इस प्रकार रजिस्टरी हो चुकी हो।

पेट्रन—सज्ञा पुं० [अ०] सरक्षक। पृष्ठपोषक। सरपरस्त। जैसे, वे सभा के पेट्रन हैं।

पेट्रोल—सज्ञा स्त्री० [अ०] एक खनिज तेल जिसकी शक्ति से कार, मोटरें और हवाई जहाज आदि चलते है।

पेठ—सज्ञा पुं० [हिं० पैठ] 'पैठ'।

पेठा—सज्ञा पुं० [देश०] १ सफेद रग का कुम्हड़ा। विशेष—दे० 'कुम्हड़ा'। २. पेठे की बनी एक मिठाई। कोहँडापाग।

पेड—वि० [अं०] १ जो चुका दिया गया हो। जो चुकता कर दिया गया हो। २ जिसका महसूल, कर या भाडा आदि दिया गया हो। 'बैरिंग' या 'बैरग' का उलटा।

पेड़—सज्ञा पुं० [स० पिण्ड] १ वृक्ष। दरख्त। विशेष—दे० 'वृक्ष'

मुहा०—पेड़ लगना=वृक्ष का किसी स्थान पर जड़ पकड़ना पौधे आदि का जमना। पेड़ लगाना=वृक्ष या पौधे को किसी स्थान पर जमाना।

२ आदि कारण। मूल कारण (बव०)।

पेड़की—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पड़ुक'। उ०—एक जोडा पेड़की का डाल कर बैठा सिकुड़ जुड।—निशा०, पृ० ३७।

पेड़ना‡—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पेरना'। उ०—अभी मैं कोल्हू पेडते रहते।—मैला०, पृ० २५८।

पेड़ा[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] बडा सदूक। बडी पिटारी [को०]।

पेड़ा[2]—सज्ञा पुं० [सं० पिण्ड] १ खोवा और खाँड से बनी हुई प्रसिद्ध मिठाई जिसका आकार गोल और चिपटा होता। गुँधे हुए आटे को लोई।

पेड़ाइत†—सज्ञा पुं० [हिं० पैंड़ा ?] बटमार। मार्ग मे खसोट करनेवाला। उ०—खाड़ा बूजी भगति है लोहर व

माहिं। परगट पेडाइत बसै तहँ सत काहे कौं जाँहि। दादू०, पृ० २६१।

पेडार†—संज्ञा पुं० [सं० पिण्ड] एक प्रकार का वृक्ष।

पैडिल—संज्ञा स्त्री० [अ०] साइकिल का वह भाग जिसपर पैर रखकर चलाया जाता है। पाँवदान।

पेडी—संज्ञा स्त्री० [स० पिण्ड] १ वृक्ष की पीड। पेड का तना। धड़। काड। २ मनुष्य का धड। शरीर का ऊपरी भाग। ३ पान का पुराना पौधा। जैसे, पेडी का पान। ४ पुराने पौधे के पान। वह पान जो पुराना तोडा हुआ तो न हो, पर पुराने पौधो मे बाद में हुआ हो। उ०—हौं तुम्ह नेह पियर भा पानू। पेडी हुंत सोनरास बखानू।—जायसी ग्र०, पृ० १३५। ५ वह कर जो प्रति वृक्ष पर लगाया जाय। ६ वह खेत जिसमें पहले ऊख बोया गया हो और जो फिर जौ या गेहूँ बोने के लिये जोता जाय। ७ एक बार का काटा हुआ नील का पौधा। ८ दे० 'पेंडी'।

पेड़ू—संज्ञा [हिं० पेट] १ नाभि और मूत्रेंद्रिय के बीच का स्थान। उपस्थ। २ गर्भाशय।

मुहा०—पेड़ू की आँव = (१) किसी पुरुष के साथ स्त्री का वह प्रेम जो केवल कामवासना के कारण हो। (२) स्त्री की कामवासना।

पेणा†—संज्ञा पुं० [देश०] पीना साँप। उ०—मैं रिणछोड छके मुख आया। पेणै जाँण नींद वस पाया।—रा० रू०, पृ० २५८।

पेत्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ सुधा। पीयूष। २ घृत। घी। ३ छाग या मेष (को०)।

पेदड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पिट्ठी'।

पेदर—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बहुत बडा जगली पेड जिसके पत्ते हर साल झड जाते हैं।

विशेष—इसकी लकडी भीतर से सफेद और बहुत मजबूत होती है। यह मेज, कुरसियाँ, अलमारियाँ और नावें बनाने तथा इमारत के काम में आती है। इसकी जड, पत्ते और फूल औषधि रूप में भी काम आते हैं। यह पेड मदरास और बगाल मे अधिकता से होता।

पेन[1]—संज्ञा स्त्री० [अ० पेन्] कलम। लेखनी।

पेन[2]—संज्ञा स्त्री० [अ० पेडन] पीडा। दर्द। वेदना।

पेन[3]—संज्ञा पुं० [देश०] लसोडे की जाति का एक वृक्ष जो गढवाल में होता है। इसकी लकडी मजबूत होती है। इसे 'कूम' भी कहते हैं।

पेनशनिया—संज्ञा पुं० [अ० पेन्शन] वह जिसे पेंशन मिलती हो। पेंशन पानेवाला। पेंशनर।

पेनानाⓤ‡—क्रि० स० [हिं० पहिनाना, पेन्हाना] दे० 'पहनाना'। उ०—लाल कमली बोढे पेनाए, बेसु हरि थे कैसे बनाए।—दक्खिनी०, पृ० १०३।

पेनिसिलिन—संज्ञा स्त्री० [अ०] ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत प्रतिजीवाणु (ऐंटीबायोटिक) वर्ग की प्रमुख औषधि जिसका प्रयोग मुख्यत अंतःपेशी (इंट्रामस्क्युलर) इंजेक्शन के रूप में किया जाता है। टिकिया के रूप में खाने तथा मलहम के रूप में लगाने में भी इसका व्यवहार होता है।

विशेष—लंदन सेंट मेरी चिकित्सालय के प्रो० अलेक्जैंडर फ्लेमिंग ने सन् १९२८ में संवर्धन पट्टिकाओं (कल्चर प्लेटों) का सामान्य परीक्षण करते समय आकस्मिक रूप से इसका पता लगाया था। परंतु इसके वास्तविक संघटन, गुण और शक्तियों का सही ज्ञान दस वर्षों बाद प्राप्त हुआ। यह एक प्रकार की फफूँद या भुकडी है जिसके संपर्क में आने पर अनेक दुस्साध्य रोगों के जनक और वाहक रोगाणु तत्काल नष्ट हो जाते हैं और रोग दूर हो जाता है। पेनिसिलिन का आविष्कार चिकित्सा जगत् में वर्तमान शताब्दी की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। दुष्टव्रण, पृष्ठव्रण, न्यूमोनिया, उपदंश, सूजाक आदि अनेक असाध्य समझे जानेवाले रोगों की चिकित्सा में पेनिसिलिन रामबाण सिद्ध हुई है। फ्लेमिंग महोदय को इसके आविष्कार के उपलक्ष में 'सर' की उपाधि और नोबेल पुरस्कार मिला था।

पेनी—संज्ञा स्त्री० [अ०] इंगलैंड मे चलनेवाला तांबे का सिक्का जो एक शिलिंग का बारहवाँ भाग होता है। यह भारत के प्राय तीन (अब प्राय. पाँच) पैसो के बराबर मूल्य का होता है।

पेनीवेट—संज्ञा पुं० [अ०] एक अँगरेजी तौल जो लगभग १० रत्ती के बराबर होती है।

पेन्शन—संज्ञा स्त्री० [अं०] वह मासिक या वार्षिक वृत्ति जो किसी व्यक्ति अथवा उसके परिवार के लोगो को उसकी पिछली सेवाओं के कारण दी जाय।

विशेष—जो लोग कुछ निश्चित समय तक किसी राजकीय (जैसे, शासन, सेना आदि) विभाग में काम कर चुकते हैं, उन्हे वृद्धावस्था में, नौकरी से अलग होने पर, कुछ वृत्ति दी जाती है जो उनके वेतन के आधे के लगभग होती है। सेना विभाग के कर्मचारियों के मारे जाने पर उनके परिवारवालों को, अथवा किसी राज्य को जीत लेने पर उस राजकुल के लोगो और उनके वंशजों को भी इसी प्रकार कुछ वृत्ति दी जाती है। इसी प्रकार की वृत्तियाँ पेनशन कहलाती हैं।

क्रि० प्र०—देना। —पाना। —मिलना। —लेना।

पेन्शनर—संज्ञा पुं० [अ०] वह जिसे पेन्शन मिलती हो। पेन्शन पानेवाला व्यक्ति।

पेन्स—संज्ञा पुं० [अ०] पेनी का बहुवचन। विशेष दे० 'पेनी'।

पेन्सिल—संज्ञा स्त्री० [अ०] लिखने का एक प्रसिद्ध साधन जिससे बिना दावात या स्याही के ही लिखा जाता है।

विशेष—यह प्राय. सुरमे, सीसे, रंगीन खडिया या इसी प्रकार की और किसी सामग्री की बनी हुई पतली लंबी सलाई होती है। जो या तो कलम के आकार की गोल लंबी लकड़ी

के अंदर लगी हुई होती है और या किसी धातु के खाने में अटकाई हुई होती है।

पेन्हाना[1]—क्रि० सं० [हिं०] दे० 'पहनाना'।

पेन्हाना[2]—क्रि० अ० [सं० पय.स्रवन, प्रा० पह्णवन] दुहते समय गाय, भैंस आदि के थन में दूध उतरना जिससे थन फूले या भरे जान पड़ते हैं। उ०—तेइ तृण हरित चरै जब गाई। —भाव बच्छ सिसु पाय पेन्हाई। —तुलसी (शब्द०)।

पेपर—सज्ञा पुं० [अं०] १ कागज। २ दस्तावेज। तमस्सुक, सनद या और कोई लेख जो कागज पर लिखा हो। ३ समाचारपत्र। सवादपत्र। अखबार। ४ वह छपा हुआ पत्र या पर्चा जिसमे परीक्षार्थियो से एक या अधिक प्रश्न किए गए हो। प्रश्नपत्र। जैसे,—इस बार मैट्रिक्यूलेशन का अंग्रेजी का पेपर बहुत कठिन था। ५ प्रामिसरी नोट। सरकारी कागज। जैसे, गवर्नमेंट पेपर। ६. लेख। निबंध। प्रबध।

पेपरमिंट—सज्ञा पुं० [अं० पिपरमिट] दे० 'पिपरमिंट'।

पेपरमिल—सज्ञा पुं० [अं०] कागज तैयार करनेवाली मिल, कारखाना या संस्थान।

पेपरवेट—सज्ञा पुं० [अं०] शीशा, पत्थर या धातु का वह साधन, जिसे कागजो पर उडने से रोकने के लिये रखा जाता है।

पेमⓊ†—सज्ञा पुं० [स० प्रेम, प्रा० प्रेम] दे० 'प्रेम'। उ०—राम सुपेमहि पोषत पानी। हरत सकल कलिकलुष गलानी। —तुलसी (शब्द०)।

पेमचा—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का रेशमी कपडा। उ०—पेमचा डरिया औ चौधारी। साम, सेत, पीयर, हरियारी। —जायसी ग्र०, पृ० १४५।

पेमा—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो ब्रह्मपुत्र, गगा और इरावदी (बरमा) तथा बबई के जलाशयो मे पाई जाती है। इसकी लबाई ८ इच होती है।

पेमेंट—सज्ञा पुं० [अं०] मूल्य देना। चुकाना बेबाकी भुगतान। जैसे,—(क) तीन तारीख हो गई, अभी तक पेमेंट नही हुआ। (ख) बैंक ने पेमेंट बद कर दिया।

क्रि० प्र०—करना। —होना।

पेय[1]—वि० [स०] १ पीने योग्य। जिसे पी सकें। २ जो पान किया जाय।

पेय[2]—सज्ञा पु० [सं०] १ पीने की वस्तु। वह चीज जो पीने के काम मे आती हो। जैसे, पानी, दूध, शराब, आदि। २ जल। पानी। ३ दूध। दुग्ध।

पेया—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक में चावलों की बनी हुई एक प्रकार की लपसी।

विशेष—यह किसी के मत से ग्यारह गुने, किसी के मत से चौदह गुने और किसी के मत से पद्रह गुने पानी में पकाकर तैयार की जाती है। यह स्वेद और अग्निजनक तथा भूख, प्यास, ग्लानि, दुर्बलता और कुष्ठ रोग की नाशक मानी जाती है। २ माँड। ३. आदी। अदरक। ४ सोआ नामक साग। ५ सौंफ।

पेयान†—सज्ञा पुं० [सं० प्रयाण] दे० 'प्रयाण'। उ०—ज्ञानदीपक ग्रथ सपूरन कीन्हा। तब ही काल पेयाना दीन्हा। स० दरिया, पृ० ४१।

पेयु—सज्ञा पुं० [सं०] १. अग्नि। अनल। २ सूर्य। दिवाकर। ३ सागर। समुद्र [को०]।

पेयूष—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह दूध जो गौ के बच्चा देने के सात दिन बाद तक निकलता है। ऐसा दूध स्वाद में अच्छा नही होता और हानिकारक होता है। पेउसी। २ अमृत। ३ ताजा घी।

पेरज—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'पेरोज' [को०]।

पेरणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] ताडव नृत्य का एक प्रकार [को०]।

पेरना[1]—क्रि० स० [सं० पीडन] १ दो भारी तथा कडी वस्तु के बीच मे डालकर किसी तीसरी वस्तु को इस प्रकार दबाना कि उसका रस निकल आवे। जैसे, कोल्हू में तेल पेरना उ०—(क) ज्यों किसान बेलन मे ऊखहि। पेरत लेत निचोय पियूषहि।—निश्चल (शब्द०)। (ख) भूली शूल कोल्हुन तिल ज्यों बहु बारन पेरो।—तुलसी (शब्द०) २. कष्ट देना। बहुत सताना। उ०—जेहि बालि बली सो बर पेरघो।—केशव (शब्द०)। ३ किसी काम बहुत देर लगाना। आवश्यकता से बहुत अधिक विलंब करना। ४. किसी वस्तु को किसी यत्र मे डालकर घुमाना †५ बोना। उ०—हुआ बोई च हासिल जो पेरी अथी —दक्खिनी०, पृ० ६०।

पेरनाⓊ[2]—क्रि० स० [सं० प्रेरण] १ प्रेरणा करना। चलाना उ०—ये किरीट दशकधर केरे। आवत बालितनय के पेरे। तुलसी (शब्द०)। २ भेजना। पठाना। उ०—ठो जुडतो देख राणा, पेरियो भीम अ गज प्रमाणो।—रा० रू० पृ० ७३।

पेरनाⓊ[3]—क्रि० अ० [हिं० पैरना] दे० 'पैरना'। उ—सूरदास तैसें ये लोचन, कृपा जहाज बिना क्यों पेरैं।। —सूर०, १ १७८५।

पेरली—सज्ञा स्त्री० [?] ताडव नृत्य का एक भेद।

विशेष—इसमे अगविक्षेप अधिक होता है और अभिनय कम इसे देशी' भी कहते हैं। इसका पेरणी नाम से भी उल्लेख है

पेरवा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पेरना] वह जो कोल्हू आदि में कोई चीज पेरता हो। पेरनेवाला।

पेरवाह[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पेरना] दे० 'पेरवा'।

पेरा[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पीला] एक प्रकार की मिट्टी जिससे दीवार घर इत्यादि पोतने का काम लिया जाता है। इसका रग कुछ पीलापन लिए हुए होता है। पोतनी मिट्टी।

पेरा[2]—सज्ञा पु० [सं० पिण्ड] दे० 'पेडा'।

पेरा[3]—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का तत्रवाद्य जो खरमुख आकार का होता था [को०]।

पेरी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पीली] पीले रग की रँगी हुई धोती जो विवाह में वर या वधू को पहनाई जाती है। इसे पियरी भी कहते हैं।

पेरु—सज्ञा पुं० [स०] १ सागर। समुद्र। २ सूर्य। ३. अग्नि। आग। ४ वह जो रक्षा करे। ५ वह जो पूर्ति करे। पूरा करनेवाला। ५. मेरु नामक पर्वत। स्वर्ण पर्वत मेरु (को०)।

पेरोज—सज्ञा पुं० [सं०] नीलमणि। फीरोजा [को०]।

पेरोल—सज्ञा पुं० [अ०] वचन। शब्द। वचन पर विश्वास करके निश्चित अवधि के लिये कारामुक्ति।

पेल—सज्ञा पुं० [सं०] १ जाना। गमन। २ अडकोष [को०]।

पेलक—सज्ञा पुं० [सं०] अडकोष [को०]।

पेलढ—सज्ञा पुं० [स० पेल (=अडकोष)] दे० 'पेल्हड'।

पेलना[1]—क्रि० स० [सं० पीडन] १ दबाकर भीतर घुसाना। जोर से भीतर ठेलना या धँसाना। दबाना। उ०—विपति हरत हठि पद्मिनी के पात सम, पक ज्यों पताल पेलि पठवै कलुष को।—केशव (शब्द०)। २ ढकेलना। धक्का देना। उ०—(क) गिरि पहाड पवत कहँ पेलहिं। वृक्ष उचारि झारि मुख मेलहिं।—जायसी (शब्द०)। (ख) स्वामि काज इद्रासन पेलो। —जायसी (शब्द०)। ३ टाल देना। अवज्ञा करना। उ०—(क) जो न कियो परिनै पन पेलि, पषाण परै पुहुमीपति के पन।—रघुराज (शब्द०)। (ख) भोरेहु भरत न पेलिहहिं, मन सहुँ राम रजाइ। करिय न सोच सनेह बस, कहेउ भूप बिलखाइ।—तुलसी (शब्द०)। (ग) जनक सुता परिहरी अकेली। आयहु तात वचन मम पेली।—तुलसी (शब्द०)। (घ) प्रभु पितु वचन मोह बस पेली। आयउँ यहाँ समाज सकेली।—तुलसी (शब्द०)। ४ त्यागना। हटाना। फेकना। उ०—राज महाल को बालक पेलि कै पालत लालत खुसर को।—तुलसी (शब्द०)। ५ जबरदस्ती करना। बल प्रयोग करना। उ०—कह्यो युवराज बोलि बानर समाज आज खाहु फल सुनि पेलि पैठे मधुवन में।—तुलसी (शब्द०)। ६ प्रविष्ट करना। घुसेडना। ७ गुदामैथुन करना। (बाजारू)। ८ दे० 'पेरना'।

पेलना[2]—क्रि० स० [सं० प्रेरण] १ आक्रमण करने के लिये सामने छोडना। ढीलना। आगे बढ़ाना। उ०—(क) कुंभ-स्थल कुच दोउ मयमता। पैलो सोहँ सँभारहु कता।—जायसी। (शब्द०) (ख) जौं लहि घावहिं ऊसका खेलहु। हस्तिहिं केर जूह सब पेलहु।—जायसी (शब्द०)। (ग) (इतनी) बात के सुनते ही गजपाल ने गज पेला, ज्यों वह बलदेव जी पर टूटा, त्यों उन्होने हाथ घुमाय एक थपेडा ऐसा मारा ...।—लल्लू (शब्द०)। २ बिताना। गुजारना। उ०—आतिथ्य विनय विवेक कौतुक समय पेल्लिअ सब्बहिं।—कीर्ति०, पृ० २८। ३ भेजना। पठाना। उ०—मैं मेले रे मैं मेले। परचड दसू दिस पेले।—रघु० रू०, पृ० १५६।

पेलव—वि० [सं०] १. कोमल। मृदु। २ कृश। दुर्बल। क्षीण। ३. विठल [को०]।

पेलवाना—क्रि स० [हिं० पेलना का सकर्मक रूप] पेलने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को पेलने में प्रवृत्त करना। दे० 'पेलना'।

पेला[1]—सज्ञा पुं० [हिं० पेलना] १ तकरार। झगड़ा। उ०—कहा कहत तुमसो मैं ग्वारिनि। ली हैं फिरति रूप त्रिभुवन को ऐ नौखी बनजारिनि। पेला करति देत नहिं नीके तुम हो बडी बँजारिनि। सूरदास ऐसो गथ जाके ताके बुद्धि पसारिनि।—सूर (शब्द०) २ अपराध। कसूर। ३ आक्रमण। धावा। चढ़ाई। उ०—करयौ गढा कोटा पर पेला। जहाँ सुनै छत्रसाल बुँदेला।—लाल (शब्द०) ४. पेलने की क्रिया या भाव।

पेला[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का बाघ [को०]।

पेलास—सज्ञा पुं० [अ०] मगल और बृहस्पति के बीच का एक ग्रह जो सूर्य से २८½ करोड मील की दूरी पर है।

विशेष—चार वर्ष आठ मास मे यह ग्रह सूर्य की परिक्रमा करता है। आकार में यह ग्रह चद्रमा से छोटा है। सन् १८०२ ई० में डाक्टर ओलबर्स ने पहले पहल इसका पता लगाया था।

पेलो—सज्ञा पुं० [सं० पेलिन्] घोडा [को०]।

पेलू—सज्ञा पुं० [हिं० पेलना + ऊ (प्रत्य०)] १ पेलनेवाला। वह जो पेलता हो। २ पति। खाविंद। ३ जार। उपपति। ४ वह जो गुदाभजन करता हो। (बाजारू)। ५ जबरदस्त। बलवान।

पेलें†—अव्य० [हिं०] दे० 'पहले'। उ०—साहब इधर? हमने पेले कहा।—भस्मावृत०, पृ० ६५।

पेल्हड़—सज्ञा पुं० [पेल या पेलक] अडकोष। पोता।

पेवंद†—सज्ञा पुं० [फा०] दे० 'पैवद'। उ०—पाँच पेवद की बनी रे गुदडिया, तामे हीरा लाल लगावा।—कबीर० श०, भा० १, पृ० ४३।

पेवँ†—सज्ञा पुं० [स० प्रेम] प्रीति। प्रेम। उ०—दायज बसन मणि धेनु धन हय गय सुसेवक सेवकी। दीन्ही मुदित गिरिराज जे गिरिजहि पियारी पेवँ की।—तुलसी (शब्द०)।

पेवक्कड़†—सज्ञा पुं० [हिं० पीना] दे० 'पियक्कड'।

पेवड़ी†—सज्ञा स्त्री० [सं० पीत] १ पीले रग की बुकनी। २ पीली रज। रामरज।

पेवर†—सज्ञा पुं० [सं० पीत] पीला रग।

पेवस—सज्ञा पुं० [सं० पेयूष] १ हाल की ब्याई गाय या भैंस का दूध। २. दे० 'पेउसी'।

पेवसी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पेवस + ई] दे० 'पेवस'।

पेश[1]—क्रि० वि० [फा०] सामने। आगे। समुख।

मुहा०—पेश आना = (१) बर्ताव करना। व्यवहार करना। (२) घटित होना। सामने आना। होना। पेश करना =

सामने रखना। दिखलाना। समुख उपस्थित कर देना। (२) भेंट करना। नजर करना। पेश जाना या चलना = वश चलना। अधिकार या जोर चलना। (किसी से) पेश पाना = जीतना। बाजी, होड, मुकाबिले आदि में बढ़ना। कृतकार्य होना।

पेश[२]—संज्ञा पु० [स० पेसस्] १ वैदिक काल का लहँगे की तरह का एक प्रकार का पहनावा जो नाचने के समय पहना जाता था और जिसमें सुनहला काम बना होता था। २. आकार। रूप। स्वरूप (को०)। ३ सोना (को०)। ४. कांति। चमक। प्रभा। (को०)। ५ आभूषण। सजावट (को०)।

पेशकब्ज—संज्ञा स्त्री० [फा० पेशकब्ज़] कटारी।

पेशकश—संज्ञा पुं० [फा०] १ नजर। भेंट। उपहार। २ सौगात। तोहफ़ा। उ०—कौन भयो ऐसो नृपति को ह्वै है यहि भाय। जाके डर गज पेशकश दिग्गज देत पठाय।—गुमान (शब्द०)।

पेशकार—संज्ञा पुं० [फा०] २ किसी दफ्तर का वह कार्यकर्ता जो उस दफ्तर के कागज पत्र अफसर के सामने पेश करके उनपर उसकी आज्ञा लेता है। हाकिम के सामने कागज पत्र पेश करके उसपर हाकिम की आज्ञा लिखनेवाला कर्मचारी। पेश करने या उपस्थित करनेवाला व्यक्ति।

पेशकारी—संज्ञा स्त्री० [फा०] पेशकार का पद या स्थान। २ पेशकार का काम।

पेशखेमा—संज्ञा पुं० [फा० पेश + अ० खैमह्] १. सेना की खेमा, तंबू आदि वह आवश्यक सामग्री जो उसके किसी स्थान पर पहुँचने से पहले उसके सुभीते के लिये भेजी जाती है। फौज का वह सामान जो पहले से ही आगे भेज दिया जाय। २ फौज का वह अगला हिस्सा जो आगे आगे चलता है। हरावल। ३ किसी बात या घटना का पूर्व लक्षण।

पेशगाह—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ आँगन। अजिर। २ दरबार। राजसभा [को०]।

पेशगी—संज्ञा स्त्री० [फा०] वह धन या रकम जो किसी को किसी काम के करने के लिये उस काम के करने से पहले ही दे दी जाय। पुरस्कार या मजदूरी आदि का वह अंश जो काम होने से पहले ही दिया जाय। अगौडी। अगाऊ। अग्रिम धन।

पेशगोई—संज्ञा स्त्री० [फा०] पेशीनगोई। भविष्यवाणी। [को०]।

पेशतर—क्रि० वि० [फा०] पहले। पूर्व।

पेशताख—संज्ञा स्त्री० [फा० पेशताक] एक प्रकार की मेहराब जो अच्छी इमारतों मे दरवाजे के उपर और आगे की ओर निकली हुई बनाई जाती है।

पेशदस्त—संज्ञा पुं० [फा०] द० 'पेशकार'।

पेशदस्ती—संज्ञा स्त्री० [फा०] वह अनुचित कार्य जो किसी पक्ष की ओर से पहले हो। छेड़खानी। जबरदस्ती। ज्यादती।

पेशदामन—संज्ञा पु० [फा०] सेवक। नौकर [को०]।

पेशबंद—संज्ञा पु० [फा०] चारजामे मे लगा हुआ वह दोहरा बंधन जो घोडे के गर्दन पर से लाकर दूसरी ओर बाँध दिया जाता है।

विशेष—इस बंधन के कारण चारजामा घोडे की दुम की ओर नही खिसक सकता।

पेशबंदी—संज्ञा स्त्री० [फा०] १ पहले से किया हुआ प्रबंध या बचाव की युक्ति। पूर्वचिंतित युक्ति। २ षड्यंत्र। छल कपट। धोखा।

पेशराज—संज्ञा पुं० [फा० पेश + हिं० राज (=मकान बनाने वाला)] वह मजदूर जो राज मेमार के लिये पत्थर ढोकर लाता हो। पत्थर ढोनेवाला मजदूर।

विशेष—कहीं कहीं पेशराज लोग ईंटो की चुनाई आदि का काम करते हैं।

पेशरौ—वि० [फ़ा०] १ अग्रगामी। २ पथप्रदर्शक। ३ सेना का भाग। हरावल।

पेशल[१]—वि० [सं०] १. मनोमुग्धकारी। मनोहर। सुंदर। २ चतुर। प्रवीण। ३ धूर्त। चालाक। ४ कोमल। मृदु। ५ क्षीण। कृश। तनु। जैसे, कटि (को०)।

पेशल[२]—संज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु। २ सौंदर्य। लावण्य सुंदरता (को०)।

पेशलता—संज्ञा स्त्री० [स०] १. सुंदरता। सौंदर्य। खूबसूरती २. सुकुमारता। नजाकत। ३, धूर्तता। चालाकी।

पेशवा—संज्ञा पुं० [फा०] १. नेता। सरदार। अग्रगण्य। उ० पेशवा भी किए इमाम तुम्हें, ऐ अमल हाय सद लानत तुम्हें।—कबीर सा०, पृ० ६८०। २. महाराष्ट्र राज्य प्रधान मंत्रियों की उपाधि।

विशेष—मुसलमानो के राज्यकाल मे दक्षिण की मुसलमान रियासतों के प्रधान मंत्री 'पेशवा' कहलाते थे। पर उस समय तक यह शब्द अधिक प्रसिद्ध नही हुआ था इसके उपरांत शिवाजी के प्रधान मंत्री भी पेशवा ही कहे जाने लगे। यद्यपि आगे चलकर शिवाजी ने यह शब्द उड़ा दिया था, तथापि कुछ दिनो के बाद फिर इसका प्रचार हो गया और धीरे धीरे यह शब्द 'प्रधान मंत्री' का पर्याय सा हो गया। आगे चलकर जब शिवाजी के राजवंश का ह्रास होने लगा, तब ये पेशवा लोग ही महाराष्ट्र साम्राज्य के कर्णधार हुए। कई एक पेशवाओ के समय में महाराष्ट्र साम्राज्य की शक्ति बहुत बढ़ गई थी।

पेशवाई[१]—संज्ञा स्त्री० [फा०] किसी माननीय पुरुष के आने कुछ दूर आगे चलकर स्वागत करना। अगवानी।

पेशवाई[२]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पेशवा + ई (प्रत्य०)] १ पेशवा की शासनकला। २ पेशवा का पद या कार्य।

पेशवाज—संज्ञा स्त्री० [फा० पेशवाज] वेश्याओ या नर्तकियो वह घाघरा जो वे नाचते समय पहनती हैं। इसका घेरा बहुत अधिक होता है और इसमें प्राय जरदोजी का काम

रहता है। उ०—कहाँ है सबै सुंदरी बार नारी, कहो पेशवाजै सजैं आज भारी। —भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७०२।

पेशा—सज्ञा पुं० [फा० पेशह्] वह कार्य जो मनुष्य नियमित रूप से अपनी जीविका उपार्जित करने के लिये करता हो। कार्य। उद्यम। व्यवसाय। जैसे, वकालत का पेशा, हलवाई का पेशा, मजदूरी का पेशा।

मुहा०—पेशा करना या कमाना = कसब कमाना। वेश्यावृत्ति करना। रंडी बनकर जीविका उपार्जित करना। (बाजारू)।

पेशानी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ ललाट। भाल। कपाल। माथा। उ०—नहीं है जाहिदों को मैं सेंती काम। लिखा है उनकी पेशानी में सिर का।—कविता० कौ०, भा० ४, पृ० १६। २ किस्मत। प्रारब्ध। भाग्य। ३ किसी पदार्थ का ऊपरी और आगे का भाग।

मुहा०—पेशानी का खत = ललाट की लिखावट। भाग्यरेखा। पेशानी पर बल आना या बल पकड़ना = क्रोध की स्थिति मे ललाट पर के चमड़े का खिचना। त्योरी चढ़ना।

पेशाब—सज्ञा पु० [फ़ा०, तुल स० प्रस्राव] १ मूत। मूत्र।

यौ०—पेशाबखाना।

मुहा०—पेशाब करना = (१) मूतना। (२) अत्यत तुच्छ समझना। पेशाब की राह बहा देना = रडीबाजी मे खर्च कर देना। पेशाब निकल पड़ना या खता होना = अत्यंत भयभीत होना। इतना डरना कि पेशाब निकल जाय। पेशाब बद होना = (१) मूत्र का उतरना रुक जाना। (२) अत्यत भयभीत हो जाना। (किसी के) पेशाब का चिराग जलना या पेशाब से चिराग जलना = अत्यंत प्रतापी होना। अत्यत प्रभावशाली या विभवशाली होना।

२ वीर्य। धातु। ३ सतान। औलाद।

पेशाबखाना—सज्ञा पुं० [फ़ा० पेशाबखानह्] वह स्थान जहाँ लोग मूत्र त्याग करते हों। पेशाब करने की जगह।

पेशावर[1]—सज्ञा पुं० [फ़ा०] किसी प्रकार का पेशा करनेवाला। व्यवसायी।

पेशावर[2]—सज्ञा पुं० [फा० पेश+आवर (= आगे लानेवाला)। तुल० स० पुरुषपुर] भारत की पश्चिमी सीमा का एक प्रसिद्ध नगर।

पेशि—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'पेशी'[2] (को०)।

पेशिका—सज्ञा पु० [सं०] अडा।

पेशी[1]—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ हाकिम के सामने किसी मुकदमे के के पेश होने की क्रिया। मुकदमे की सुनवाई।

यौ०—पेशी का मुहर्रिर = वह मुहर्रिर जो मुकदमे के कागज पत्र पढ़कर हाकिम को सुनावे। पेशकार। मिसिलख्वाँ।

२ सामने होने की क्रिया या भाव।

पेशी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वज्र। २ तलवार की म्यान। ३ अडा। ४ जटामासी। ५ पकी हुई कली। ६ प्राचीन काल का एक प्रकार का ढोल। ७ एक प्राचीन नदी का नाम। ८ एक राक्षसी का नाम। एक पिशाची का नाम। ९ चमड़े की वह थैली जिसमें गर्भ रहता है। १० शरीर के भीतर मास की गुल्थी या गाँठ।

विशेष—आधुनिक शरीर विज्ञान के अनुसार शरीर के भीतर माससतुओं की बहुत सी छोटी बडी गुल्थियाँ या लच्छे से होते हैं जो कुछ सूत्रों के द्वारा आपस मे जुड़े रहते हैं। इन सूत्रों को हटाने पर ये मास के टुकड़े अलग अलग किए जा सकते हैं। इस प्रकार जो टुकड़े बिना चीरे फाड़े सहज में अलग किए जा सकें, उन्हीं को पेशी या मांसपेशी कहते हैं। पेशियों में विशेषता यह होती है कि वे सुकड़ती और फैलती हैं। अनेक पेशियो के सयोग से शरीर मे के पुट्ठे आदि बनते हैं। ये पेशियाँ अनेक आकार और प्रकार की होती हैं। कोई छोटी, कोई बडी, कोई पतली, कोई मोटी, कोई लबी और कोई चौडी होती हैं। मासपेशियों के बीच बीच में झिल्लियाँ रहती हैं। ये पेशियाँ सहज में अपने स्थान से हटाई नही जा सकती क्योकि ये कही न कहीं अपने नीचे रहनेवाली हड्डी से जुडी रहती हैं। इन्हीं पेशियो की सहायता से शरीर के अग हिलते डोलते हैं। अगों का सचालन, प्रसारण, सकोचन, स्थितिस्थापन आदि इन्हीं पेशियो की सहायता से होता है। जैसे, कोई पेशी मुँह खोलने के समय होंठ को ऊपर उठाती है, कोई हाथ उठाने में सहायक होती है, कोई उसे मर्यादा से आगे बढ़ने से रोकती है, कोई गरदन को अधिक झुकने नही देती, कोई पेट के भीतर के किसी यत्र को दबाए रखती है, और कोई मल अथवा मूत्र के त्यागने अथवा रोकने में सहायता देती है। कभी कभी शरीर के एक ही काम के लिये अनेक पेशियों की भी सहायता होती है। कुछ पेशियाँ ऐसी होती हैं जो इच्छा करते ही हिलाई डुलाई जा सकती हैं और कुछ ऐसी होती हैं जो इच्छा करने पर भी अपने स्थान से नही हट सकतीं। शरीर की सभी पेशियो का सबध मस्तिष्क अथवा उसके निचले भाग के गतिवाहक सूत्रों से होता है। आधुनिक शरीर विज्ञान के ग्रथो में यह बतलाया गया है कि शरीर के किस अग में कितनी पेशियाँ हैं। कुल पेशियो कि संख्या भी निश्चित है। हमारे यहाँ वैद्यक मे इन पेशियो को प्रत्यग में माना है और उनकी संख्या ५०० बतलाई गई है। यद्यपि यह सख्या आधुनिक शरीर विज्ञान में बतलाई हुई संख्या के लगभग ही है तथापि दोनों के ब्योरे में बहुत अधिक अतर है।

११. पादुका। पादत्राण (को०)। १२ आच्छादन। ढक्कन (को०)। १३ अच्छा पका चावल (को०)। १४ फलों का आवरण या छिलका (को०)।

पेशीकोश, पेशीकोष—सज्ञा पुं० [सं०] अडा (को०)।

पेशोनगोई—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] भविष्यकथन। भविष्यद्वाणी।

पेश्तर—क्रि० वि० [फ़ा०] पहले। पूर्व। पेशतर।

पेष—सज्ञा पुं० [स०] पीसने या चूर्ण करने की क्रिया। पीसना (को०)।

पेषक—वि० [सं०] पेषण करनेवाला। पीसनेवाला (को०)।

पेषण—संज्ञा पुं० [सं०] १. पीसना । २. तिधारा थूहड । ३ वह वसु जिससे कोई चीज पीसी या चूर्ण की जाय । खरल (को०) । ४. खलिहान । खलधान्य (को०) ।

पेषणि, पेषणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सिल, खरल, चक्की आदि शिला जिसपर कोई चीज पीसी जाय ।

पेषना[1]—क्रि० स० [सं० प्रेक्षण, प्रेक्षण] दे० 'पेखना' । उ०—पषावषी कै पेषणै, सब जगत भुलाना । —कबीर ग्र०, पृ० १४६ ।

पेषना[2]—संज्ञा पुं० दे० 'पेखना' ।

पेषाक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पेषणी' [को०] ।

पेषि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वज्र ।

पेषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पिशाचिनी ।

पेषीकरण—संज्ञा पुं० [सं०] पीसना । चूर्ण करना ।

पेस[1]—वि० [फा०] दे० 'पेश' । उ०—(क) हेतुमान सहित बखानै 'हेतु' जाको नाम, चारो फल आठो सिद्धि दीवे ही को पेस है । —दूलह (शब्द०) । (ख) मेवात धनी आए महेस, मोहिल्ल दुनापुर दिए पेस ।—पृ० रा० १।४२२ ।

पेसकबजⓊ—संज्ञा स्त्री० [फा० पेशकब्ज] कटारी । उ०—तहँ घली घोर छुरी बगुरदा पेसकबजै अरिन सौं ।—पद्माकर ग्र०, पृ० १६ ।

पेसकस—संज्ञा पुं० [फा० पेशकश] दे० 'पेशकश' । उ०—पेसकसै भेजत इरान फिरगान पति ।—भूषण ग्र०, पृ० ५० ।

पेसबंद—संज्ञा पुं० [फा० पेशबद] दे० 'पेशबद' । उ०—साखत पेसबद अरु पूजी । हीरन जटित हैकलै दूजी ।—हम्मीर०, पृ० ३ ।

पेसल—वि०, संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पेशल' ।

पेसवाईⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पेसवा + ई (प्रत्य०)] दे० 'पेशवाई' । उ०—साहजादे देखे हिम्मत निवाह । दुरग का भाई पेशवाई दुरग साह । —रा० रू०, पृ० ११५ ।

पेस्टल—संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार की रग की वत्ती, जिससे चित्र बनाए जाते हैं ।

यौ०—पेस्टल कलर=पेस्टल रग । पेस्टल ड्राइंग=वह चित्र जो पेस्टल रग से बना हो [को०] ।

पेस्टल रग—संज्ञा पुं० [अ० पेस्टल+हिं० रंग] पेस्टल की वत्ती । पेस्टल ।

पेस्वर—वि० [सं०] १ चलनेवाला । गतिशील । २ विनाशक । ध्वसक [को०] ।

पेहँटा†—संज्ञा स्त्री० [देश०] कचरी नाम की लता का फल जो कुँदरू के आकार का होता है और जिसकी तरकारी तथा कचरी बनती है । विशेष—दे० 'कचरी—१' ।

पेहँटी—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पेहँटा' ।

पेहँटुल—संज्ञा स्त्री० [देश०] दे० 'पेहँटा' ।

पेहलाⓊ†—वि० [हिं० पहला] दे० 'पहला' । उ०—कुँवर रमई राजा भोज की । पेहलई श्रावण खेलावा जाई । —रासो, पृ० १०८ ।

पैंग—वि० [सं० पैङ्ग] १ मूषक सबधी । २ पिंग वर्ण का [को०]

पैंगल—संज्ञा पुं० [सं० पैङ्गल] पिंगल का पुत्र या अतेवा २. पिंगल प्रणीत ग्रथ [को०]

पैंगल्य—संज्ञा पुं० [सं० पैङ्गल्य] पिंग वर्ण । पिंगल रग [को०]

पैंगि—संज्ञा पुं० [सं० पैङ्गि] निरुक्त के निर्माता महर्षि यास्क [को

पैंजूष—संज्ञा पुं० [सं० पैञ्जूष] श्रवणेंद्रिय । कान [को०] ।

पैंट—संज्ञा पुं० [अं०] पायजामें की तरह एक पोशाक । पतल

पैंडपातिक—वि० [सं० पैण्डपातिक] पिंड अर्थात् भिक्षाटि जीवनयापन करनेवाला [को०] ।

पैंडिक्य—संज्ञा पुं० [सं० पैण्डिक्य] भिक्षा वृत्ति । भैक्ष्य जीवि

पैंडिन्य—संज्ञा पुं० [सं० पैण्डिन्य] भिक्षावृत्ति । भैक्ष्य जी भिक्षा द्वारा प्राप्त वस्तु [को०] ।

पैंकड़ा[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पायँ+कडा] १ पैर का कडा । २ वे

पैंकड़ा[2]—संज्ञा पुं० [?] ऊँट की नकेल ।

पैंग[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पेंग' । उ०—एक वेर निज पैंग की होत ऊचाई । सम्हारि न सकी सयानि सरकि उर आई । —रत्नाकर, भा०१, पृ० १३ ।

पैंग†[2]—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पग' । उ०—विश्व हमारा दिन घिरकर सँकरा होता आता है । प्राणों का आहत दो पैंग नही उड़ पाता है ।—चिंता, पृ० ५४ ।

पैंच[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रत्यञ्चा, प्रतञ्ची] धनुष की डोरी

पैंच[2]—संज्ञा स्त्री० [स० पिच्छ] मोर की पूँछ ।

पैंच†[3]—संज्ञा पुं० [देश०] हाथ फेर । हेर फेर । लेन देन ।

यौ०—पैंच उधार=हेर फेर । पलटा ।

पैंचना—क्रि० स० [देश०] १ अनाज फटकना । पछोरना पलटना । फेरना ।

पैंचा—संज्ञा पुं० [देश०] हथ उधार । हेर फेर । पलटा ।

यौ०—पैंचा पैंचा=हेर फेर । हेरा फेरी । उलट पुलट ।

पैंजना—संज्ञा पुं० [हिं० पायँ+अनु० झन, झन] [स्त्री० पैंजनी] पैर का एक आभूषण जो कड़े के आकार उससे मोटा और खोखला होता है । इसके भीतर क पडी रहती हैं जिससे चलने मे यह बजता है ।

पैंजनिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पैंजनी—१' । उ० तट किंकिनि, पैंजनि पाइन । चलत घुटुरवनि चाइनि ।—नद० ग्र०, पृ० २४५ ।

पैंजनियाँ‡—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पैंजनी' ।

पैंजनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पायँ+अनु० झन, झन] १ और बच्चों का एक गहना जो कड़े की तरह पैर में जाता है ।

विशेष—यह खोखला होता है और इसके भीतर ककडि

रहती है जिसे चलने में यह झन झन बजता है। घोडो के पैर मे भी उन्हें कभी कभी पहनाते हैं।

२ सगट या बैलगाडी के पहिए के आगे की वह टेढ़ी लकडी जिससे छेद में से धुरा निकला रहता।

पैंठ—सज्ञा स्त्री० [स० पण्यस्थान, प्रा० पण्णट्ठा, अप० पइँट्ठा अथवा स० पण्य, प्रा० पण्ण (वणिग्र)+अप० ठाय<प्रा० ठाण, <सं० स्थान, अथवा देशी पइट्ठाण] १ हाट। बाजार। उ०—लेना हो सो लेइ ले उठी जात है पैंठ।—कबीर (शब्द०)। २ हट्टी। दुकान। उ०—ऊधो ब्रज में पैंठ करी।—सूर (शब्द०) ३ वह दिन जिस दिन हाट लगती हो। बाजार का दिन। ४ दूसरी हुडी जो महाजन पहली हुडी के खो जाने पर लिख देता है।

पैंठोर—सज्ञा पुं० [हिं० पैंठ+ठौर] दुकान। हाट। उ०—ऐसी वस्तु अनूपम मधुकर मन जिनि आनहु और। ब्रजवनिता के नाहिं काम को है तुम्हरे पैंठोर।—सूर (शब्द०)।

पैंड़—सज्ञा पुं० [हिं० पायँ+ड (प्रत्य०) या स० पाददण्ड, प्रा० पायदण्ड] १ चलने मे एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर पैर रखना। डग।

क्रि० प्र०—भरना।

मुहा०—पैंड भरना = (१) किसी देवता या तीर्थ की ओर पैर नापते चलना। (२) इस प्रकार शपथ खाना। जैसे,—तू सच बोलता है तो गगा की ओर चार पैंड भर जा।

२ एक स्थान से उठाकर जितनी दूरी पर पैर रखा जाय उतनी दूरी। डग। पग। कदम। उ०—तीन पैंड धरती हौं पाऊँ परन कुटी इक छाऊँ।—सूर (शब्द०)। ३ पथ। मार्ग। रास्ता। पगडडी। उ०—ब्रजमोहन तैंड़े दरस पियासियाँ पैंडरा उढीकाँ खलियाँ।—घनानद, पृ० ४८४।

पैंड़ा—सज्ञा पु० [हिं० पैंड़] १ रास्ता। पथ। मार्ग।

मुहा०—पैंड़े परना = पीछे पडना। तग करने के लिये साथ लगे फिरना। बार बार तग करना। उ०—मानत नाहिं हटकि हारी हम पैंडे परे कन्हाई।—सूर (शब्द०)।

२ घुडसार। अस्तबल। ३ प्रणाली। रीति। उ०—गोकुल गाँव को पैंडो न्यारो (शब्द०)।

पैंडायता†—सज्ञा पु० [हिं० पैंडा] दे० 'पेडाइत'। उ०—पाँच पैंडायता प्रगट पैंठा दिया तास कै बीच कोई संत जीया।—राम० धर्म०, पृ० ३८१।

पैंड़िया†—सज्ञा पु० [देश०] कोल्हू में गन्ने भरनेवाला।

पैंड़ो—सज्ञा पुं० [हिं०] प्रणाली। रीति। दे० 'पैंडा'। उ०—सुदर कोउ न जानि सकै यह गोकुल गाँव कै पैंडो ही न्यारो।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६४३।

पैंतⒼ†¹—सज्ञा स्त्री० [स० पणकृत, प्रा० पणइत] १ दाँव। बाजी। उ०—(क) माँगे पैंत पावत पचारि पातकी प्रचंड काल की कराल ता भले को होतु पोच है।—तुलसी (शब्द०)। (ख) चोर पैठ जस सेंध सँवारी। जुवा पैंत जस लाय जुआरी।—जायसी (शब्द०)। २ जूआ खेलने का पाँसा। उ०—प्रमुदित पुलकि पैंत पूरे जनु विधि बस सुढर ढरे हैं।—तुलसी (शब्द०)।

पैंत²—सज्ञा पुं० [?] सात की सख्या (दलाल)।

पैंतरा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पैतरा'।

पैंतरीⒼ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पग+तरी] पनही। पैतरी। उ०—वा के पग की पैंतरी, मेरे तन को चाम।—कबीर सा०, पृ० ५।

पैंतालिस¹—वि० [सं० पञ्चचत्वारिंशत्, प्रा० पचचत्तालीसति, अप० पंचतालीस] जो गिनती में चालीस से पाँच अधिक हो। चालीस और पाँच।

पैंतालिस²—सज्ञा पु० चालीस से पाँच अधिक की सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—४५।

पैंतालीस³—वि० [हिं०] दे० 'पैंतालिस'।

पैंती—सज्ञा स्त्री० [सं० पवित्री, प्रा० पवित्ती, पइत्ती] १ कुश को ऐंठकर बनाया हुआ छल्ला जिसे श्राद्धादि कर्म करते समय उँगली में पहनते हैं। पवित्री। २ ताँबे या त्रिलोह की अँगूठी जो पवित्रता के लिये अनामिका मे पहनी जाती है।

पैंतीस¹—वि० [सं० पञ्चत्रिंशत्, प्रा० पञ्चत्तिसति, अप० पंचतीस] जो गिनती में तीस से पाँच अधिक हो। तीस और पाँच।

पैंतीस²—सज्ञा पुं० तीस से पाँच अधिक की सख्या या अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है —३५।

पैंधना†—क्रि० स० [हिं० पहनना] धारण करना। पहनना। उ०—नख सिख ले सब भुखन बनाई। बसनँ झलाझलि पैंधे आई।—स० दरिया, पृ० ३।

पैंफलेट—सज्ञा पुं० [अ०] कुछ पन्नो की छोटी सी पुस्तक जिसमें किसी सामयिक विषय पर विचार किया गया हो। पुस्तिका। पर्चा।

पैंयाँⒼ‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० पायँ] पैर। पाँव।

पैंसठ¹—वि० [स० पञ्चषष्टि, प्रा० पचसट्ठि] जो गिनती में साठ से पाँच अधिक हो। साठ और पाँच।

पैंसठ²—सज्ञा पुं० साठ से पाँच अधिक की सख्या या अक जो इस प्रकार लिखा जाता है—६५।

पैⒼ†¹—अव्य [स० परम्] १ पर। परतु। लेकिन। उ०—बरजत बार बार हैं तुमको पै तुम नेक न मानो।—सूर (शब्द०)। २ निश्चय। अवश्य। जरूर। उ०—सुख पाइहैं कान सुनें बतियाँ कल आपुस मे कछु पै कहिहैं।—तुलसी (शब्द०)। ३ पीछे। अनतर। बाद। उ०—(क) ऊधो! श्याम कहा पावैंगे प्रान गए पै आए।—सूर (शब्द०)। (ख) कमल भानु देखे पै हँसा।—जायसी (शब्द०)।

यौ०—जो पै = यदि। अगर। उ०—जो पै रहनि राम सों नाहीं। तौ नर खर कूकर सूकर से जाय जियत जग माही।—तुलसी (शब्द०)। तो पै = तो फिर। उस अवस्था में।

उ०—होते जौ न, शभु रानी ! पद वरदानी तेरे तो पै कौन सुनतो कहानी दीनजन की ।—चरणचद्रिका (शब्द०) ।

पै२—[हिं० पास, पहँचा स० प्रति, प्रा० पडि, पइ] १ पास । समीप । निकट । उ० (क) परतिज्ञा राखी मनमोहन फिर ता पै पठयो ।—सूर (शब्द०) । (ख) ता पै कही बहुत बिधि सो हम नेकु न दीनो कान ।—सूर (शब्द०) । २ प्रति । ओर । तरफ । उ०—सरसीरुह लोचन मोचत नीर चितै रघुनायक सीय पै है ।—तुलसी (शब्द०) ।

पै३—प्रत्य० [सं० उपरि, हिं० ऊपर] १ अधिकरण सूचक एक विभक्ति । पर । ऊपर । उ०—(क) चढे अश्व पै वीर धाए सबै (शब्द०) । (ख) कोपि चढे दशकठ पै राम निशाचर सेन हिए हहरी । —शकर (शब्द०) । (ग) बिहारी पै वारोगी मालती भाँवरी ।—हितहरिवश (शब्द०) । २ कारण सूचक विभक्ति । से । द्वारा । उ० दीनदयाल कृपालु कृपानिधि का पै कह्यो परै ।—सूर (शब्द०) ।

पै४—सज्ञा स्त्री० [स० आपत्ति(= दोष, भूल)] दोष । ऐब । नुक्स ।

क्रि० प्र०—धरना । —निकालना ।

पै५—सज्ञा पुं० [स० पय] दे० 'पय' । उ०—तन को तरसाइबो कौने बड्यो मन तौ मिलिगो पै मिले जल जैसो । —ठाकुर०, पृ० २६ ।

पै६—सज्ञा पु० [सं० पद, पाद, प्रा० पय, पाय या फा०] पाँव । पैर । उ०—सा अग बाल उतकठ करि पै लग्गी परदच्छि फिरि । —पृ० रा, २५।३५५ ।

पै७—सज्ञा पुं० [देश०] माडी देने की क्रिया । क्लफ चढाना ।

क्रि० प्र०—करना ।

पैकंबर†—सज्ञा पुं० [फा० पैग़ंबर] दे० 'पैगबर' । उ०—पीर पैकबर सबै सिधाए, मुहम्मद सिरपे रहन न पाए । —सुदर ग्र०, भा० २ पृ० ८४७ ।

पैकड़ा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पैकडा' । उ०—मेरी पग का पैकडा, मेरी गल की फाँसी । —कबीर सा०, पृ० ७७ ।

पैकर१—सज्ञा पुं० [फा० पैकार (= इकट्ठा करनेवाला)] कपास से रुई इकट्ठी करनेवाला ।

पैकर२—सज्ञा पुं० [फा० पैकर] १ देह । शरीर । जिस्म । २ आकृति । शक्ल । उ०—उसी मसीह की पैकर की आमद, आमद है । —भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ७८६ ।

पैकरमा§‡—सज्ञा स्त्री० [स० परिक्रमा] दे० 'परिक्रमा' । उ०—दै पैकरमा सीस नवाऊँ सुनि सुनि बचन अघाऊँ जी । —चरण० बानी, पृ० ६६ ।

पैकरा—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाँय+कड़ा] पैरी । पाँव में पहनने का एक गहना ।

पैकहिनी†—सज्ञा स्त्री० [देश०] दाई । बच्चा उत्पन्न करनेवाली स्त्री । उ०—नवाँ महीना जब लागे, सासु सोवै अँगना हो, ललना, पीरा कब उठ जाय, पैकहिन बुलवायय हो । —शुक्ल० अभि० ग्र०, पृ० १४३ ।

पैकाँ—सज्ञा पुं० [फा०] तीर का नोक । बाण की अनी । उ०—तीरे मिजगाँ बरसते है मुझपर । आवे पैकाँ का इस तरफ है ढाल । —कविता को०, भा०४, पृ० २० ।

पैका§—सज्ञा स्त्री० [फा० पैकार ?] पैसा । दमडी । उ०—गाँठि मैं न पैका कोऊ भयो रहै साहूकार, बातनि ही मुहर रुपैया गनि गाहिए । —सुदर ग्र०, भा०२, पृ० ४६४ ।

पैकान—सज्ञा पुं० [फा०] १ बाण की नोक या अनी । २ बरछी की नोक [को०] ।

पैकार—सज्ञा पुं० [फा०] १. थोडी पूँजी का रोजगारी । छोटा व्यापारी । फेरीवाल । फुटकर बेचनेवाला । २ युद्ध । लडाई । उ०—हुआ कैल आमादा पैकार को । न माना न जाना जहाँदार को । —कबीर म०, पृ० ६८ ।

पैकारी—सज्ञा पु० [फा० पैकार] दे० 'पैकार' । उ०—पूँजी नामु निरजनु राता । सचु पैकारी सचे माता । —प्राण०, पृ० १७५ ।

पैकी—सज्ञा पुं० [स० पायिक (= हरकारा, फेरी लगानेवाला]) मेले तमाशे आदि मे घूम घूमकर लोगो को हुक्का पिलानेवाला ।

पैकेट—सज्ञा पुं० [अं०] पुलिंदा । मुट्ठा । छोटी गठरी ।

क्रि० प्र०—बाँधना । —भेजना ।

मुहा०—पैकेट लगाना = डाकघर में बाहर भेजने के लिये कोई पुलिंदा देना ।

पैक्ट—सज्ञा पुं० [अ०] दो पक्षो में किसी विषय पर होनेवाला कौल करार । प्रण । शर्त । जैसे, बगाल का हिंदू मुसलिम पैक्ट ।

पैखरी§—सज्ञा स्त्री० [हिं० पँखरी] दे० 'पँखुडी' । उ०—अवधू सहस दल अब देख । सेत रग जहँ पैखरी छवि अग्र डोर बिसेख । —चरण० बानी, पृ० १२१ ।

पैखाना—सज्ञा पुं० [फा० पाखानह्] दे० 'पाखाना' ।

पैगबर—सज्ञा पुं० [फा० पयगामबर, पैग़ंबर] मनुष्यो के पास ईश्वर का संदेसा लेकर आनेवाला । धर्मप्रवर्तक । जैसे, मूसा, ईसा, मुहम्मद ।

पैगंबरी—सज्ञा स्त्री० [फा० पैग़ंबरी] १ पैगबर होने का भाव । २ पैगबर का कार्य या पद । ३ एक प्रकार का गेहूँ ।

पैगंबरी—वि० पैगबर सबधी ।

पैग§†—सज्ञा पु० [स० पदक, प्रा० पअक, पग] डग । कदम । फाल । उ०—पैग पैग पर कुआँ बावरी । साजी बैठक और पाँवरी । —जायसी ग्र०, पृ० ११ ।

पैगाम—सज्ञा पुं० [फा० पैग़ाम] बात जो कहला भेजें । संदेसा । सदेश । उ०—कासिद् की जबाँ से उसके आगे । पैगाम व सलाम कुछ न निकला । —कविता को०, भा०४, पृ ४० । २ विवाह सबध बात जो कही या कहलाई जाय ।

मुहा०—पैगाम डालना = सबध करने का संदेशा भेजना । सबध करने की बातचीत करना ।

पैगामबर—सज्ञा पुं० [फा० पैग़ामबर] स देशवाहक। दूत [को०]।

पैगामी—सज्ञा पुं० [फ़ा० पैग़ामी] वह जो दूत का काम करे [को०]।

पैगोडा—सज्ञा पुं० [बरमी] बौद्ध मदिर।

पैज(पु)[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञा > प्रतिज्ञा, प्रा० पतिज्ञा, अप० पइज्जाँ] १ प्रतिज्ञा। प्रण। टेक। हठ। उ०—(क) पैज करी हनुमान निशाचर मारि सीय सुधि लाऊँ। —सूर (शब्द०)। (ख) पैज करि कही हरि तोहि उबारौं। —सूर (शब्द०)।

क्रि० प्र०—करना।—बाँधना।

२ प्रतिद्वद्विता। होड। किसी के विरोध में किया हुआ हठ। रीस। लागडाट। जिद। जैसे,—कुछ नही वह मेरी पैज से वहाँ जा रहा है।

मुहा०—पैज पड जाना = प्रतिद्वद्विता हो जाना। चखाचखी हो जाना। लागडाट हो जाना।

पैज[2]—सज्ञा पुं० [स० पद्य, प्रा० पज्ज] पैतरा।

क्रि० प्र०—करना।

पैजनिया†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पैजनी'।

पैजनी—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पैजनी'।

पैजा—सज्ञा पुं० [सं० पाद हिं० पाय + सं० जट, हिं० जड] लोहे का कडा जो किवाड के छेद में इसलिये पहनाया रहता है जिसमें किवाड उतर न सके। पायना।

पैजामा—सज्ञा पुं० [फा० पैजामह्] दे० 'पायजामा'।

पैजार—सज्ञा पुं० [फा० पैज़ार] जूता। पनही। जोडा। उ०—काल के सिर पैजार मारि के पार उतरना।—पलटू०, पृ० ८४।

यौ०—जूती पैजार = जूते से मारपीट। जूता चलाना। लड़ाई झगडा।

पैठना†—क्रि० अ० [स० प्रविश्य, प्रवेध] प्रवेश। करना। पैठना। उ०—रहै इकत शब्दु निरवाण। दरगहि पैझे पति परवाण। —प्राण०, पृ० १०१।

पैटर्न—सज्ञा पुं० [अ०] ढाँचा। स्वरूप। उ०—यह फूल कभी अप्रीतिकर या तुम्हारे पैटर्न में बेमेल नही होगा यही मानती हूँ।—नदी०, पृ० ३५७।

पैट्रोमैक्स—सज्ञा पुं० [अ०] छोटी गैस, जिसका आकार लालटेन की तरह होता है। लालटेन गैस। उ०—बडे कमरे में पैट्रोमैक्स जल रहा था।—वो दुनियाँ, पृ० ६७।

पैठ[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रविष्ट, प्रा० पइट्ठ] १ घुसने का भाव। प्रवेश। दखल।

यौ०—घुस पैठ।

२ गति। पहुँच। आना जाना। जैसे,—इस दरबार में उनकी पैठ नही है।

पैठ[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैठ] दे० 'पैठ'।

पैठना—क्रि० अ० [हिं० पैठ+ना (प्रत्य०)] घुसना। प्रविष्ट होना। प्रवेश करना। किसी वस्तु के भीतर या बीच में जाना। जैसे, घर में पैठना, पानी में पैठना। उ०—चलेउ नाइ सिर पैठेउ बागा।—तुलसी (शब्द०)।

सयो० क्रि०—जाना।

पैठाना—क्रि० स० [हिं० पैठना] प्रवेश कराना। घुसाना। भीतर ले जाना।

सयो० क्रि०—देना।—लेना।

पैठार(पु)†—सज्ञा पुं० [हिं० पैठ+आर (प्रत्य०)] १. पैठ। प्रवेश उ०—असगुन होहिं नगर पैठारा रटहिं कुभाँति कुखेत करारा।—तुलसी (शब्द०)। २ प्रवेशद्वार। फाटक। दरवाजा। मुहाना।

पैठारी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैठार] १ पैठ। प्रवेश। २ गति। पहुँच।

पैठी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैठ] बदला। एवज।

पैठीनसि—सज्ञा पुं० [सं०] एक स्मृतिकार ऋषि [को०]।

पैड—सज्ञा पुं० [अ०] १ सोख्ता या स्याहीसोख कागज की गद्दी। २ छोटी मुलायम गद्दी। जैसे इक पैड। ३ पत्र आदि लिखने के लिये कागजो की एक प्रकार की कापी। जैसे, लेटर पैड।

पैडिक—वि० [सं०] पिडिका या पिटिका सबधी। फुसी सबधी [को०]।

पैड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैर] १ वह जिसपर पैर रखकर ऊपर चढें। सीढी। जैसे, हर की पैडी। २ कुएँ पर चरसा खीचनेवाले बैलों के चलने के लिये बना हुआ ढालवाँ रास्ता। ३. वह स्थान जहाँ सिचाई के लिये जलाशय से पानी लेकर ढालते हैं। पौदर।

पैतरा—सज्ञा पुं० [सं० पदान्तर, प्रा० पयातर] १ पटा। तलवार चलाने या कुश्ती लडने में घूम फिरकर पैर रखने की मुद्रा। वार करने का ठाट।

मुहा०—पैतरा बदलना = पटा चलाने या कुश्ती लडने मे ढब के साथ इधर उधर पैर रखना। पैतरा भाँजना = घूमते हुए पैर रखना और हाथ घुमाना।

यौ०—पैतरेबाज = धोखेबाज। चालबाज। धूर्त। पैतरेबाजी = धोखेबाजी। चालाकी।

२ धूल पर पडा हुआ पदचिह्न। पैर का निशान। खोज।

पैतरी[1]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैतरा] रेशम फेरने की परेती।

पैतरी[2]—सज्ञा स्त्री [सं० पग + हिं० तरी] जूती। पनही।

पैतला—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पैदल'। उ०—पाँच पायक पेल पैतल मान का गढ लीण।—राम० धर्म०, पृ० १५५।

पैतला—वि० [हिं० पायँ + थल] उथला। छिछला। पायाब। पैथला।

पैतलाय—वि० [?] सत्रह। १७। (दलाल)।

पैताना—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पायँता'।

पैतामह—वि० [स०] पितामह सबधी।

पैतामहिक—वि० [सं०] पितामह से प्राप्त (धन आदि)।

पैतृक[1]—वि० [सं०] १ पितृ संबधी। २ पुश्तैनी। पुरखों का। जैसे, पैतृक भूमि, पैतृक संपत्ति।

पैतृक[2]—सज्ञा पुं० पितरों के लिये किया जानेवाला एक श्राद्ध [को०]।

पैतृमत्य—सज्ञा पु० [स०] १ अविवाहित स्त्री का पुत्र। २ महान् व्यक्ति का पुत्र [को०]।

पैतृष्वसेय, पैतृष्वसीय—सज्ञा पुं० [सं०] फुफेरा भाई [को०]।

पैत्त—वि० [सं०] पित्तज। पित्त से उत्पन्न।

पैत्तल—वि० [सं०] पीतल का बना हुआ [को०]।

पैत्तिक—वि० [स०] पित्त सबंधी। पित्त का। पित्त से उत्पन्न।

पैत्र[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. अँगूठे और तर्जनी के बीच का भाग। पितृतीर्थ। २ पितृ सबधी श्राद्ध आदि। ३ पितरों के लिये पवित्र दिन, मास या वर्ष (को०)।

पैत्र[2]—वि० १. पितरो से सबधित (श्राद्ध आदि)।

पैत्र्य—वि० [सं०] पितृ सबधी।

पैथला†—वि० [हिं० पायँ + थल] उथला। छिछला। पायाब।

पैदⓤ—क्रि० वि० [हिं० पैदल] दे० 'पैदल'। उ०—दोय लक्ख पैद चहूँ गढन कोद।—ह० रासो, पृ० ६०।

पैदर†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पैदल'। उ०—बिस सहस पैदर तुम लिष्यहु। गौरज गंमन मम रज रष्यहु।—प० रासो०, पृ० १३७।

पैदल[1]—वि० [सं० पादतल, प्रा० पायतल] जो पाँव पाँव चले। जो सवारी आदि पर न हो। पैरो से चलनेवाला। जैसे, पैदल सिपाही, पैदल सेना।

पैदल[2]—क्रि० वि० पावँ पावँ। पैरों से। सवारी आदि पर नही। जैसे, पैदल चलना, पैदल घूमना।

पैदल[3]—सज्ञा पुं० १ पावँ पावँ चलना। पादचारण। जैसे, पैदल का रास्ता, पैदल का सफर। २ पैदल सिपाही। पावँ पावँ चलनेवाला योद्धा। पदाति। जैसे,—उसके साथ ५ हजार सवार और बीस हजार पैदल थे। ३ शतरज मे वह नीचे दरजे की गोटी जो सीधा चलती और आडा मारती है।

पैदा[1]—वि० [फा०] १ उत्पन्न। जन्मा हुआ। प्रसूत। जो पहले न रहा हो, नया प्रकट हुआ हो। जैसे, लडका पैदा होना, अनाज पैदा होना। २ प्रकट। आविर्भूत। घटित। उपस्थित। जैसे, झगडा पैदा होना। ३ प्राप्त। अर्जित। हासिल। कमाया हुआ। जैसे, रुपया पैदा करना, कमाल पैदा करना।

क्रि० प्र०—करना। होना।

पैदा‡[2]—सज्ञा स्त्री० आय। आमदनी। अर्थागम। लाभ। जैसे,—उस नौकरी मे बडी पैदा है।

पैदाइश—सज्ञा स्त्री० [फ़ा०] उत्पत्ति। जन्म।

पैदाइशी—वि० [फा०] १ जन्म का। जब से जन्म हुआ तभी का। बहुत पुराना। जैसे, पैदाइशी रोग। २ स्वाभाविक। प्राकृतिक। जैसे,—यह हुनर पैदाइशी होता है।

पैदावार—सज्ञा स्त्री० [फा०] अन्न आदि जो खेत मे बोने से प्राप्त हो। उपज। फसल। जैसे,—इस खेत की पैदावार अच्छी नही है।

पैदावारी‡—सज्ञा स्त्री० [फा० पैदावार] 'पैदावार'।

पैदाशⓤ—सज्ञा स्त्री० [फा० पैदाइश] दे० 'पैदाइश'। उ०—कहता हूँ मैं मरिअम का पैदाश अव्वल। करूँ जिक्र ईसा का पीछे नकल।—दक्खिनी०, पृ० ३५०।

पैधाⓤ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पाधा'। उ०—गुरमुखि पैधा शब्द हजूरा।—प्राण०, पृ० १६७।

पैन[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रयाण, हिं० पयान] १ नाली। २ पनाला।

पैन[2]—वि० [सं० पैण (= घिसना), हिं० पैना] दे० 'पैना'। उ०—मोसो क्यो न कहै इहा मैन हनै सर पैन। राजिव नैन बसे कहा नहिं आए रग ऐन।—स० सप्तक, पृ० २३५।

पैनणा†—सज्ञा पुं० [हिं० पहनना] दे० 'पहनना'। उ०—खाणा पीणा पैनणा मन की खुशी खुआरु —प्राण०, पृ० २८५।

पैना[1]—वि० [सं० पैण (= घिसना, टेना)] [वि० स्त्री० पैनी] जिसकी धार बहुत पतली या काटनेवाली हो। चोखा। धारदार। तीक्ष्ण। तेज। उ०—परनारी, पैनी छुरी कबहु न लावो अंग (शब्द०)।

पैना[2]—सज्ञा पुं० १ हलवाहो की बैल हाँकने की छोटी छडी। २ लोहे का नुकीला छड। अकुश।

पैना[3]—सज्ञा पुं० [?] धातु गलाने का मसाला।

पैना†[4]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० पैन[1]।

पैनाईⓤ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैना + ई (प्रत्य०) पैनापन। उ० खाँडे चाहि पैनि पैनाई। बार चाहि पातरि पतराई जायसी ग्रं० (गुप्त), पृ० २२६।

पैनाक—वि० [स०] पिनाक सबधी।

पैनाना†[1]—क्रि० स० [हिं० पैना] छुरे आदि की धार को रगड़कर पैनी करना। चोखा करना। टेना।

पैनानाⓤ[2]—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहनाना'। उ०—सिरि खु पेधा प्रभि पैनाया।—प्राण०, पृ० ११२।

पैन्य—सज्ञा पुं० [स०] १ पीनता। मोटापा। २ घनापन [को०]

पैन्हना‡—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहनना'।

पैप्पल—वि० [स०] पीपल की लकडी का बना हुआ [को०]।

पैप्पलाद—सज्ञा पुं० [स०] अथर्ववेद की एक धारा [को०]।

पैमक—सज्ञा स्त्री० [?] कलाबत्तू की बनी हुई एक प्रकार की गोट जिसे अँगरखे, टोपी आदि के किनारे पर लगाते हैं।

पैमाइश—सज्ञा स्त्री० [फा०] मापने की क्रिया या भाव। जैसे, जमीन या खेत की पैमाइश।

पैमाना—सज्ञा पुं० [फा०] वह वस्तु (छड़, डडा, सूत, बरतन आदि) जिससे कोई वस्तु मापी जाय। मापने का औजार। मानदड।

पैमालⓤ‡—वि० [फ़ा० पामाल] दे० 'पामाल'। उ०—काम

जीत कर क्रोध पैमाल कर, परम सुख धाम तहँ सुर्त मेलै ।—कबीर श०, भा० १, पृ० ६७ ।

पैयाँ‡—सज्ञा स्त्री० [हिं० पायँ] पावँ । पैर । उ०—गुरु पैयाँ लागौं नाम लखा दीजो रे ।—धरम० श०, पृ० १६ ।

पैया[१]—सज्ञा पुं० [सं० पाय्य (= निकृष्ट)] १ बिना सत का अनाज का दाना । मारा युआ दाना । खोखला दाना । उ०—मातु पिता कहँ सब धन तेरो मोरे लेखै पछोरन पैया ।—कबीर (शब्द०) । २. खुक्ख । दीन हीन ।

पैया[२]—सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस ।

विशेष—यह पूरबी बगाल, चटगाँव और बरमा में बहुत होता है । इसमें बड़े बड़े फल लगते हैं जो खाए जाते हैं । बसलोचन भी इस बाँस में बहुत निकलता है । यह बाँस बहुत सीधा जाता है और गाँठें भी इसमें दूर दूर पर होती हैं । चटगाँव में इसकी चटाइयाँ बहुत बनती हैं । घरों में भी यह लगता है । इसे मूलीमतगा और तगाई का बाँस भी कहते हैं ।

पैया‡[३]—सज्ञा पुं० [हिं० पहिया] दे० 'पहिया' ।

पैया(पु)[४]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पाँव' । उ०—दास गरीब दरस भए, पैयन लगी जो लाय ।—कबीर म० पृ० ५८८ ।

पैर[१]—सज्ञा पुं० [स० पद+दण्ड, प्रा० पयदण्ड, अप० पयँड] १. वह अग या अवयव जिसपर खड़े होने पर शरीर का सारा भार रहता है और जिससे प्राणी चलते फिरते हैं । गतिसाधक अंग । पाँव । चरण ।

विशेष—दे० 'पाँव' । पैर शब्द से कभी कभी एड़ी से पजे तक का भाग ही समझा जाता है ।

मुहा०—पैर छूटना = मासिक धर्म अधिक होना । रज स्राव अधिक होना । पैर की जूती = अत्यत तुच्छ । दासी । सेविका । उ०—खैर, पैर की जूती जोरू, न सही एक, दूसरी आती, पर जवान लड़के की सुध कर साँप लोटते, फटती छाती ।—ग्राम्या, पृ० २५ । (और मुहा० दे० 'पाँव' शब्द) ।

२ धूल आदि पर पड़ा हुआ पैर का चिह्न । पैर का निशान । जैसे,—बालू पर पड़े हुए पैर देखते चले जाओ ।

पैर[२]—सज्ञा पुं० [हिं० पायल, पायर] १ वह स्थान जहाँ खेत से कटकर आई हुई फसल दाना झाड़ने के लिये फैलाई जाती है । खलियान । २ खेत से कटकर आए डठल सहित अनाज का अटाला ।

पैर‡[३]—सज्ञा पुं० [सं० प्रदर] प्रदर रोग ।

पैर उठान—सज्ञा पुं० [हिं० पैर+उठाना] कुश्ती का एक पेंच जिसमें बाँया पैर आगे बढ़ाकर बाएँ हाथ से जोड़ की छाती पर धक्का देते और उसी समय दहने हाथ से उसके पैर के घुटने को उठाकर और बायाँ पैर उसके दहने पैर में अड़ाकर फुरती से उसे अपनी ओर खींचकर चित कर देते हैं ।

पैरगाड़ी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैर+गाड़ी] वह हलकी गाड़ी जो बैठे बैठे पैर दबाने से चलती है । जैसे, बाइसिकिल, ट्राइसिकिल ।

पैरना[१]—क्रि० अ० [स० प्लवन, प्रा० पवण, हिं० पौड़ना] तैरना । पानी के ऊपर हाथ पैर चलाते हुए जाना । उ०—(क) पैरत थाके फेसवा सूझै वार न पार । —रतनवाणी०, पृ० ६६ । (ख) पैरवार दृग ललन के पैर न पावत पार । —स० सप्तक पृ० ३५३ ।

मुहा०—पैरा हुआ = पारगत । दक्ष । निपुण ।

पैरना‡[२]—क्रि० स० [हिं० पहिरना] दे० 'पहनना' । उ०—हरे रग की अँगिया जो पैरै, जाइ रीझै लंबरदार । —पोद्दार अभि० ग्र० पृ० ८७७ ।

पैरबाजी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैर+फा० बाज+ई (प्रत्य०)] नृत्य में पैरों की कुशल गति । उ०—नाच में इनके न तो कोई गति है, न तोड़ा, न कोई पैरबाजी ।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १५५ ।

पैरवार(पु)—वि० [हिं० पैरना+वार (प्रत्य०)] पैरनेवाला । तैरनेवाला । उ०—कृपासिधु मुख रावरो लसै अनूप अपार । पैरवार दृग ललन के पैर न पावत पार । —स० सप्तक, पृ० ३५३ ।

पैरवी—सज्ञा स्त्री० [फा०] १ कदम या कदम चलना । अनुगमन । अनुगरण । २ आज्ञापालन । ३ पक्ष का मडन । पक्ष लेना । किसी बात के अनुकूल प्रयत्न । कोशिश । दौड़धूप । जैसे, मुकदमे की पैरवी करना, किसी के लिये पैरवी करना ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

पैरवीकार—सज्ञा पुं० [फा०] पैरवी करनेवाला ।

पैरहन—सज्ञा पुं० [फा०] चोगे की तरह का एक लबा पहनावा । उ०—खडा रहूँ दरबार तुम्हारे ज्यों घर का बदाजावा । नेकी की कुलाह सिर दीए, गले पैरहन साजा ।—सतवाणी०, पृ० १०३ ।

पैरा[१]—सज्ञा पुं० [हिं० पैर] १ आया हुआ कदम । पड़े हुए चरण । पौरा । जैसे,—बहू का पैरा न जाने कैसा है कि जबसे आई है कोई सुख से नहीं है । २ एक प्रकार का कड़ा जो पैर में पहना जाता है । ३ किसी ऊँची जगह चढ़ने के लिये लकड़ियों के बल्ले आदि रखकर बनाया हुआ रास्ता । उ०—मन गरुवो कुच गिरिन पै सहजै पहुँचि सकै न । याही तें लै डीठि के पैरे बाँधत नैन । —स० सप्तक, पृ० १६६ ।

पैरा[२]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की दक्खिनी कपास जिसके पेड़ बहुत दिनों तक रहते हैं ।

विशेष—इसके डठल लाल रग के होते हैं । रूई इसकी बहुत साफ नहीं होती, उसमें कुछ ललाईपन या भूरापन होता है । यह कपास मध्यभारत से लेकर मदरास तक होती है ।

पैरा[३]—सज्ञा पुं० [स० पिटक, प्रा० पिडा] लकड़ी का खाना जिसमे सोनार अपने काँटे बाट रखता है ।

पैरा[४]—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'पयाल' ।

पैरा[५]—सज्ञा पु० [अ०] १ लेख का उतना अश जितने में कोई एक बात पूरी हो जाय और जो इसी प्रकार के दूसरे अश से कुछ जगह छोड़कर अलग किया गया हो ।

विशेष—जिस पंक्ति पर एक पैरा समाप्त होता है, दूसरा पैरा उस पंक्ति को छोड़कर और किनारे से कुछ हटाकर आरंभ किया जाता है।

५ टिप्पणी। छोटा नोट। जैसे,—संपादक ने इस विषय पर एक पैरा लिखा है।।

पैराई—संज्ञा स्त्री० [हिं० पैरना, √पैर+आई (प्रत्य०)] १ पैरने या तैरने की क्रिया या भाव। २ तैरने की कला। ३. तैरने की मजदूरी।

पैराउ, पैराऊ—संज्ञा पुं० [हिं० पैरना] दे० 'पैराव'। उ०—(क) ग्रीषम हूँ रितु मैं भरी दुहूँ कूल पैराउ। खारे जल की वहति है नदी तिहारे गाउ।—मति० ग्रं०, पृ० ४४६। (ख) धरनी बरषै बादल भीजै भीट भया पैराऊ। हम उडाने ताल सुखाने चहले बीघा पाऊ।—कबीर (शब्द०)।

पैराक—संज्ञा पुं० [हिं० पैरना] १ तैरनेवाला। तैराक। † २. चतुर। कुशल। प्रवीण। उ०—सज असि आंण पैराक वप वप साजिया। गयण छित्रता माहा भयानक गाजिया।—रघु० रू०, पृ० १८८।

पैराकी†—वि० [हिं० पैरना] १ चतुर। प्रवीण। उ०—जिण साथ पैराकी जगारा, अब प्रक्रम दीख्या अगारा।—रघु० रू०, पृ० १५८।

पैराग्राफ—संज्ञा पुं० [अं०] दे० 'पैरा'।

पैराना—क्रि० स० [हिं० पैरना का प्रे० रूप] पैरने का काम कराना। तैराना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

पैरारा—वि० [हिं० पैरना+आरा (प्रत्य०)] पैरनेवाले। पैराक। तैरनेवाले। तैराक। उ०—घन दग मतवारे पैरारे। चितवन बीच सिंधु जा ढारे।—इद्रा०, पृ० ४५।

पैराव—संज्ञा पुं० [हिं० पैरना+आव (प्रत्य०)] इतना पानी जिसे केवल तैरकर ही पार कर सकें। डुबाव।

पैराशूट—संज्ञा पुं० [अ०] एक बहुत बड़ा छाता जिसके सहारे बैलून (गुब्बारा) धीरे धीरे जमीन पर उतरता और गिरकर टूटता फूटता नहीं।

पैरी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पैर] १ पैर में पहनने का एक चौड़ा गहना जो कूत या काँसे का बनता है और जिसे नीच जाति की स्त्रियाँ पहनती हैं। २ अनाज के कटे हुए पौधे जो दाँयने के लिये फैलाए जाते हैं। ३ अनाज के सूखे पौधों पर बैल चलाकर और डंडा मारकर दाना झाड़ने की क्रिया। दायँने का काम। दवाँई।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

४ भेड़ों के बाल कतरने का काम। ५ पैड़ी। सीढ़ी। ६ पैड़ी। पीढ़ी। पुश्त (लाक्ष०)। उ०—तिनकी तरैं पैरी पचास सुवास तें फिरि नहिं फिरै।—पद्माकर ग्र०, पृ० १५।

पैरेखना†—क्रि० स० [सं० परीक्षण] दे० 'परेखना'।

पैरोकार—संज्ञा पुं० [फा० पैरवीकार] दे० 'पैरवीकार'।

पैरोल—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'पेरोल'।

पैल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] भागवत में वर्णित एक ब्राह्मण जिन्होंने वेदव्यास के संहिता विभाग करने पर ऋग्वेद का अध्ययन किया था।

पैल†[2]—अव्य० [अप० पहल] दे० 'पहले'। उ०—आवी करूँगा तेरा तमाशा। पैल तेरी गुडी काढूँगा।—दक्खिनी०, पृ० ६०।

पैल†[3]—संज्ञा पुं० [सं० पृथुल या हिं० फैलना] अधिकता। बहुतायत। उ०—भीज रीझ झेली भली, पावस पाणी पैल।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ८।

पैलगी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० पायँ+लगना] प्रणाम। अभिवंदन। पालागन।

पैलग्गी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० पैलगी'।

पैलना†—संज्ञा पुं० [हिं० पैरना] तैरना। पैरना। उ०—मोह पवन झकोर दारुन दूर पैलव तीर।—चरण० बानी, पृ० ६०।

पैलव—वि० [सं०] १ पीलू के पेड़ का। २ पीलू संबंधी। ३. की लकड़ी का बना हुआ।

पैला†[1]—संज्ञा पुं० [हिं० पैली] १. नाँद के आकार का मिट्टी का बरतन जिससे दूध दही ढाँकते हैं। बड़ी पैली। उ०—सब भाजन फोरि पराने। हाँक देत पैठत हैं पैला नेकु न मनहिं डराने।—सूर (शब्द०)। २. चार सेर अनाज की डलिया। चार सेर नाप का बरतन।

पैला[2]—क्रि० वि० [देशी पहिल्ल, अप० पहुल, हिं० पहला] १ पहले। उ०—जाँण भलक्को जामगी, पैले दग्गी नाल रा० रू०, पृ० ३१०। २ उस ओर। उस पार। परला।

पैली†[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० पातिली, प्रा० पाइली] १ मिट्टी का एक चौड़ा बरतन जिसमें अनाज या तेल रखते हैं। २. अनाज या तेल नापने का मिट्टी का बरतन।

पैली[2]—वि० स्त्री० [हिं० परली] उस ओर का। दूसरी ओर का। परली। उ०—सतगुरु काढे केस गहि डूबत इहि संसार दादू नाव चढ़ाइ करि, कीए पैली पार।—दादू०, पृ० ४।

पैवंद—संज्ञा पुं० [फा०] १ कपड़े आदि का वह छोटा टुकड़ा जो किसी बड़े कपड़े आदि का छेद बंद करने के लिये जोड़कर सी दिया जाता है। चकती। थिगली। जोड़।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—पैवंद लगाना = (१) बात में बात जोड़ना। मिलाना। जैसे,—सारा लेख उनका लिखा है बीच बीच आप भी पैवंद लगाए हैं। (२) अधूरी या बिगड़ी हुई बात में नई बात जोड़कर उसे पूरा करना या सुधारना।

२. किसी पेड़ की टहनी काटकर उसी जाति के दूसरे पेड़

टहनी मे जोडकर बाँधना जिससे फल बढ़ जायें या उनमें नया स्वाद आ जाय ।

क्रि० प्र०—लगाना ।

३ मेल जोल का आदमी । इष्ट मित्र । सबधी ।

पैवंदी[1]—वि० [फा०] १ पैवद लगाकर पैदा किया हुआ । कलम और पैवद द्वारा बडा और मीठा बनाया हुआ (फल) । कलमी । जैसे, पैवदी बेर ।

यौ०—पैवदी मूँछ = चिपकाई हुई मरोडदार मूँछ ।

२ वर्णसकर । दोगला ।

पैवंदी[2]—सज्ञा पुं० बडा साँड । शफतालू ।

पैवस्त, पैवस्ता—वि० [फा० पैवस्तह्] (जल, दूध, घी आदि द्रव पदार्थ) जो भीतर घुसकर सब भागों में फैल गया हो । जिसने भीतर बाहर फैलकर तर कर दिया हो । सोखा हुआ । समाया हुआ । जैसे, सिर में तेल पैवस्त होना, दूध का रोटी में पैवस्त होना । उ०—चमत्कृत चीजों से वह आरास्ता और पैवस्ता है । —प्रेमघन०, भा० २, पृ० २३४ ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

पैशल्य—सज्ञा पुं० [स०] १ पेशलता । कोमलता । २ कुशलता । कौशल (को०) ।

पैशाच[1]—वि० [सं०] १. पिशाच सबधी । पिशाच का । पिशाच का बनाया या किया हुआ । २. पिशाच देश का । जैसे, पैशाच भाषा ।

पैशाच[2]—सज्ञा पुं० १ पिशाच । २. एक आयुधजीवी सघ का नाम । एक लडाका दल । ३ एक प्रकार का हीन विवाह । दे० 'पैशाच विवाह' ।

पैशाचकाय—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत में कहे हुए कायो (शरीरो) में एक जो 'राजस काय' के अतर्गत है ।

विशेष—जूठा खाने की रुचि, स्वभाव का तीखापन, दु साहस, स्त्रीलोलुपता और निर्लज्जता 'पैशाच काय' के लक्षण हैं ।

पैशाच विवाह—सज्ञा पुं० [सं०] आठ प्रकार के विवाहो में से एक जो सोई हुई कन्या का हरण करके या मदोन्मत्त कन्या को फुसलाकर छल से किया गया हो ।

विशेष—स्मृतियों में इस प्रकार का विवाह बहुत निंदनीय कहा गया है ।

पैशाचिक—वि० [सं०] पिशाच सबधी । पिशाचों का । राक्षसी । घोर और बीभत्स । जैसे, पैशाचिक कांड, पैशाचिक कर्म ।

पैशाची—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. पिशाच देश की भाषा । एक प्रकार की प्राकृत भाषा ।

विशेष—कहा जाता है कि गुणाढ्य की 'बड्डकहा' इसी भाषा में थी ।

२ किसी धार्मिक कृत्य पर दी जानेवाली भेंट (को०) । ३. रात्रि । रात (को०) ।

पैशाच्य—सज्ञा पुं० [सं०] पिशाच होने का भाव । क्रूरता । निदयता [को०] ।

पैशुन—सज्ञा पुं० [सं०] पिशुनता । चुगुलखोरी ।

पैशुन्य—सज्ञा पुं० [सं०] पिशुनता । । चुगुलखोरी ।

पैष्ट—वि० [स०] पिष्ट से निर्मित । आटा आदि का बना हुआ [को०] ।

पैष्टिक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ जौ, चावल आदि अन्नो को सडाकर बनाया हुआ । मद्य । २ आँटे आदि का तैयार पदार्थ, रोटी आदि [को०] ।

पैष्टिक[2]—वि० आटे का बना हुआ । आटे का [को०] ।

पैष्टी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पैष्टिक । यवादि अन्न निर्मित सुरा ।

पैसना†—क्रि० अ० [सं० प्रविश, प्रा० पइस + हिं० ना (प्रत्य०)] घुसना । पैठना । प्रवेश करना । उ०—(क) मेरे हित करिबे हरि कैसे । कुत्सित उदर दरी मे पैसे ।—नद० ग्र०, पृ० २१६ । (ख) देवाले पैसि अबिका दरसे घणे भाव हित प्रीति घणी । - बेलि०, दू० १०८ ।

पैसरा†—सज्ञा पुं० [स० परिश्रम] जजाल । झझट । बखेडा । प्रयत्न । व्यापार । उ०—ऐसो है हरि पूजन ताता । पुनि पैसरे केरि नहिं बाता ।—विश्राम (शब्द०) ।

पैसा—सज्ञा पुं० [सं० पाद, प्रा० पाय (= चौथाई) + अश, प्रा० अस, या सं० पणांश] १ ताँबे का सबसे अधिक चलता सिक्का जो पहले आने का चौथा और रुपए का चौसठवाँ भाग होता था । पाव आना । तीन पाई का सिक्का ।

विशेष—अब स्वतत्र भारत में दशमिक प्रणाली के सिक्के का प्रचलन हो गया है, जिसमें पैसा दशमिक प्रणाली के आधार पर रुपए का सौवाँ भाग होता है और आजकल यह सिक्का अलमूनियम का होता है ।

२. रुपया पैसा । धन । दौलत । माल । जैसे,—उसके पास बहुत पैसा है । उ०—साईं या ससार में मतलब का व्यवहार । जब तक पैसा पास में तबतक हैं सब यार ।—गिरिधर (शब्द०) ।

मुहा०—पैसा उठना = धन खर्च होना । पैसा उठाना = धन व्यर्थ नष्ट करना । फजूलखर्ची करना । पैसा कमाना = धन उपार्जित करना । रुपया पैदा करना । पैसा डूबना = लगा हुआ रुपया नष्ट होना । घाटा होना । पैसा हो ले जाना = सब धन खीच ले जाना । पैसा धोकर उठाना = किसी देवता की पूजा की मनौती करके अलग पैसा निकालकर रखना । पैसे का पचास होना = अत्यंत साधारण होना । टके मोल बिकना । उ० —गुरुआ तो सस्ता भया पैसा केर पचास । राम नाम को बेचिके, करे सिष्य की आस ।—कबीर सा० सं०, पृ० १५ ।

पैसार†—सज्ञा पुं० [हिं० पैसन] १. पैठ । प्रवेश । उ०—कायापुर मे अलख भूनै, तहाँ करु पैसार ।—धरनी०, पृ० ३३ । २. भीतर जाने का मार्ग । प्रवेशद्वार ।

पैसारना—क्रि० अ० [हिं० पैसार] घुसना । प्रवेश करना । पैठना ।

पैसारी(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं० पैसार] पैठ । पैसार । प्रवेश । उ०—आय नगर पैसारी कीन्हा । घर पूछै कै चितवन कीन्हा । —कबीर सा०, पृ० ४२३ ।

पैसिंजर गाड़ी—संज्ञा स्त्री० [अ० पैसिंजर + हिं० गाड़ी] मुसाफिरों को ले जानेवाली रेलगाड़ी । यात्री गाड़ी ।

पैसेवाला—संज्ञा पुं० [हिं० पैसा + वाला (प्रत्य०)] १ धनवान । मालदार । धनी । २. सराफ । ३ पैसा बेचनेवाला । बट्टे पर रेजगी देनेवाला । बट्टेवाला ।

पैहचाननाⓊ†—क्रि० स० [हिं० पहचानना] दे० 'पहचानना' । उ०—उपजी प्रीति काम अंतर गत, तब नागर नागरि पैहचानी । —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० २३५ ।

पैहचाना, पैहच्चाना‡—क्रि० स० [प्रा०, अप० पहुच्च] दे० 'पहुँचाना' । उ०—(क) पयी एक संदेसडउ ढोलइ लग पैहचाइ । —ढोला०, दू० १२३ । (ख) लग ढोलइ पैहच्चाई । —ढोला०, दू० १२८ ।

पैहम—क्रि० वि० [फा०] अनवरत । लगातार । निरंतर । बराबर । उ०—कि चश्मे खूँ चकाँ से लख्ते दिल पैहम निकलते हैं । —भारतेंदु ग्र०, भा०२, पृ० ८४८ ।

पैहरनाⓊ†—क्रि० स० [हिं० पहिरना] दे० 'पहनना' । उ०—पैहर न आछी चूनडी । —बी० रासो, पृ० ५५ ।

पैहरा—संज्ञा पुं० [देश०] कपास के खेत में रूई इकट्ठी करनेवाला । पैकर । बनिया ।

पैहरावना†—क्रि० स० [हिं० पहिराना] दे० 'पहनाना' । उ०—लेत बलाइ भाइ नव उपजत रीझि रसाल माल पैहरावत । —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ३९१ ।

पैहारी—वि० [सं० पयस + आहारी] केवल दूध पीकर रहनेवाला (साधु) ।

पैहेरना‡—क्रि० स० [हिं० पहिरना] दे० 'पहनना' । उ०—सोधे न्हाइ बैठी पैहेरि पट सुंदर, जहाँ फुलवारी तहँ सुखवत अलकैं । —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १९२१ ।

पों—संज्ञा स्त्री० [अनु०] १ लंबी नाल या भोपे को फूँकने से निकला हुआ शब्द । २ लंबी नाल के आकार का एक बाजा जिसमें फूँकने से 'पों' शब्द निकलता है । भोपा । ३. अधोवायु निकलने का शब्द ।

मुहा०—पों बोलना = (१) हार मानना । थककर बैठ रहना । (२) दीवाला निकलना । मुफ्त हो जाना ।

पोंकना[1]—क्रि० अ० [पों से अनु०] १ पतला पाखाना करना । २ अत्यंत भयभीत होना । बहुत डरना ।

पोंकना[2]—संज्ञा पुं० चौपायों को पतला दस्त होने का रोग ।

पोंकना[3]—वि० १. पोंकनेवाला । पतला मल करनेवाला । बार बार पतला मल करनेवाला । २ भयालु । डरपोक ।

पोंका—संज्ञा पुं० [देश०] बड़ा फतिंगा जो पौधों पर उड़ता फिरता है । चोंका ।

पोंगराⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पृथुक] बालक । शिशु । बच्चा ।

पोंगली—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोंगा] १ दे० 'पोंगी' । २ वह नरिया जो दोबारा चाक पर से बनाकर उतारी गई हो (कुम्हार) ।

पोंगा[1]—संज्ञा पुं० [सं० पुटक (= खोखला बरतन)] [स्त्री० अल्पा० पोंगी] १ बाँस की नली । बाँस का पोला पोर । २ टीन आदि की बनी हुई लंबी खोखली नली जिसमें कागज पत्र रखते हैं । पोगा । ३ पाँव की नली ।

पोंगा[2]—वि० १ पोला । २ मूर्ख । बुद्धिहीन । अहमक । उ० विमला ने कहा 'हँसी नहीं' मैं उस ब्राह्मण को पतिव्रता हूँ वह तो पोंगा ही है—किंतु वह जाय या न जाय ।—गदाधर सिंह (शब्द०) ।

पोंगापंथी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोंगा + सं० पंथी] मूर्खों का कार्य मूर्खतापूर्ण कार्य ।

पोंगापंथी[2]—वि० मूर्खतापूर्ण कार्य करनेवाला ।

पोंगी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोंगा + ई (प्रत्य०)] छोटी पोली नली २ नरकुल की एक नली जिसपर जुलाहे ताना लपेटकर ताना या भरनी करते हैं । ३ चार या पाँच अंगुल की बाँस की पोली नली जो बाँस के बीजने की डाँडी में लगी होती है । हाँकनेवाले इसे पकड़कर बीजने को घुमाते हैं । ४ पुंगी बजाने की तुमड़ी । ५ ऊँख या बाँस आदि में दो गाँठों बीच का प्रदेश या भाग ।

पोंचनाⓊ—क्रि० अ० [प्रा० अप० पहुच्च] दे० 'पहुँचना' । उ० अर्जी लिखी फौजदार ले पोंचे जिलेदार, जाके दरबार चोपदार के कहिने ।—दक्खिनी०' पृ० ४६ ।

पोंछ†—संज्ञा स्त्री० [सं० पुच्छ] दे० 'पूँछ' ।

पोंछन—संज्ञा पुं० [हिं० पोंछना] किसी लगी हुई वस्तु का वह अंश जो पोंछने से निकले ।

पोंछना[1]—क्रि० स० [सं० प्रोञ्छन, प्रा० पोंछन] लगी हुई गीली वस्तु को जोर से हाथ या कपड़ा आदि से फेरकर उठाना या दूर करना । जैसे, आँख से आँसू पोंछना, कागज पर पड़ी स्याही पोंछना, कटोरे में लगा हुआ घी पोंछकर खा जाना, नहाने बाद गीला बदन पोंछना । उ०—(क) सुनि के उतर अनि पुनि पोंछे । कौन पंख बाँधा बुधि ओछे ।—जायसी (शब्द०) । (ख) पोंछि डारे अंजन अँगोछि डारे अंगन दूर कीने भूषण, उतारि अंग अंग ते ।—रघुनाथ (शब्द०) २ पड़ी हुई गर्द, मैल आदि को हाथ या कपड़ा जोर फेरकर दूर करना । रगड़कर साफ करना । जैसे,—मुँह पर गर्द पड़ी है पोंछ दो । पैर पोंछकर तब फर्श पर आना । उ०—मानहु विधि तन अच्छ छवि स्वच्छ राखिबे काज । पग पोंछन को किए भूषन पायंदाज ।—बिहारी (शब्द०)

संयो० क्रि०—डालना ।—देना ।—लेना ।

यौ०—झाड़ पोंछ ।

विशेष—जो वस्तु लगी या पड़ी हो तथा जिसपर कोई वस्तु लगी या पड़ी हो, अर्थात् आधार और आधेय दोनों दूर करने के कर्म होते हैं । जैसे, कटोरा पोंछना, पैर में लगी गर्द पोंछना, कटोरे में लगा घी पोंछना, पैर पोंछना । झटके से साफ करने को झाड़ना और रगड़कर साफ करने को पोंछना कहते हैं ।

पोंछना[2]—संज्ञा पुं० [स्त्री० पोंछनी] पोंछने का कपड़ा । वह कपड़ा जो पोंछने के लिये हो ।

पौंट—सज्ञा पुं० [अ० प्वाइंट] अंतरीप । (लश०) ।

पौंटा†—सज्ञा पुं० [देश०] नाक का मल ।

पौंटा—सज्ञा पुं० [अं० प्वाइंट] रस्से का सिरा या छोर । (लश०) ।

पौंटी—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी मछली ।

पौंढ़ना†—क्रि० अ० [हिं० पौंढ़ना] दे० 'पोढना' । उ०—रूप चद नदा के घर पोढे हैं ।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १९३ ।

पौंनⓅ—सज्ञा पुं० [स० पवन, हिं० पौन] दे० 'पवन' । उ०—नृप दीन हत्यो बहु चित्त चित । सुहत्या जनु पौंनय पीप पतं ।—पृ० रा० १।११४ । (ख) सोई उपमा कवित्त कथे । सजे मनो पौन पवग रथे ।—पृ० रा०, २७।३२ ।

पौंहचना†—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पहुँचना' । उ०—पोहचे मारण, प्राणियां, जल थल अवर जाय । —बाकी० ग्र०, भा० २, पृ० ४४ ।

पौंहचाना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पहुँचाना' । उ०—जानकी रहोला मठै मो जनक रै । जनक रै कनां पोहचाय जावां । —रघु० रू०, पृ० १०५ ।

पो—वि० [सं०] शुद्ध । पवित्र । स्वच्छ [को०] ।

पोआ—सज्ञा पुं० [सं० पुत्रक] १ साँप का बच्चा । सँपोला । २ कीड़ा । उ०—अबुझ ना बुझ भाल के कहे मद, पोआ पियइ काँहा कुसुम मकरद । —विद्यापति, पृ० ६३ ।

पोआना—क्रि० स० [हिं० 'पोना' का प्रे० रूप] १. पोने का काम कराना । २ गीले आटे की लोई को गोले रोटी के रूप में बना बनाकर पकानेवाले को सेंकने के लिये देना । जैसे, रोटी पोआना ।

सयो० क्रि०—देना । —लेना ।

पोआरा†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुआल' ।

पोइट्री—सज्ञा स्त्री० [अ०] काव्य । कविता । उ०—पोइट्री में बोलती थी, प्रोज मे बिलकुल अडी । —कुकुर०, पृ० १६ ।

पोइणी, पोइन—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्मिनी, प्रा०, पउमिणी, अप०, राज० पोयण, पोइण] कमलिनी । पदमिनी । उ०—(क) जल पोइणिए छाइयउ, कहउ त पूगल जाँहि । —ढोला०, दू० २४५ । (ख) रभ अभ तहै--भरे फुल्लि पोइन सुमुष्प नर ।—पृ० रा०, १३।९६ ।

पोइया[1]—सज्ञा स्त्री० [फा० पोयपह्] घोड़े की दो दो पैर फेंकते हुए दौड़ । सरपट चाल ।

मुहा०—पोइयाँ जाना = दोनों पैर फेंकते हुए दौड़ना ।

पोइया[2]†—सज्ञा स्त्री० [सं० पोदिकी, हिं० पोय, पोई] एक लता । दे० 'पोई' ।

पोइस[1]—सज्ञा स्त्री० [फा० पोयह्, हिं० पोइया] सरपट चाल । दौड़ । उ०—रे मन जनम अकारथ खोइस । कालयमन सो आनि बनैहैं देखि देखि मुख रोइस । सूर श्याम बिनु कौन छुटावै चले जाहु भाई पोइस । —सूर (शब्द०) ।

पोइस[2]—अव्य० [फा० पोश] देखो । हटो । बचो ।

विशेष—गधे, खच्चर आदि लेकर चलनेवाले लोगों को छू जाने से बचने के लिये 'पोश' 'पोस' या 'पोइस पोइस' पुकारते चलते हैं ।

पोई[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पूतिका या पोदिक] एक लता जिसकी पत्तियों का लोग साग खाते हैं ।

विशेष—इसकी पत्तियाँ पान की सी गोल पर दल की मोटी होती हैं । इसमें छोट छोटे फलों के गुच्छे लगते हैं जिन्हें पकने पर चिड़ियाँ खाती हैं । पोई दो प्रकार की होती है—एक काले डठल की, दूसरी हरे डठल की । बरसात में यह बहुत उपजती है । पत्तियों का लोग साग खाते हैं । एक जगली पोई भी होती है जिसकी पत्तियाँ लबोतरी होती हैं । इसका साग अच्छा नहीं होता । पोई की लता मे रेशे होते हैं जो रस्सी बटने के काम मे आते हैं । वैद्यक में पोई गरम, रुचिकारक, कफवर्धक और निद्राजनक मानी गई है ।

पर्या०—उपोदकी । कलबी । पिच्छिला । मोहिनी । विशाला । मदशाका । पूतिका ।

पोई[2]—सज्ञा स्त्री० [स० पोत] १ नरम कल्ला । अकुर । २ ईख का कल्ला । ईख की आँख ।

मुहा०—पोई फूटना = ईख मे अंकुर निकलना ।

३ गेहूँ, ज्वार, बाजरे आदि का नरम और छोटा पौधा जई । ४ गन्ने का पोर ।

पोई[3]—सज्ञा स्त्री० [सं० प्लुत या फा० पोयह्] घोड़े की एक प्रकार की चाल । दे० 'पोइया[1]' ।

पोक†—सज्ञा पुं० [सं० पोष>पोख] दे० 'पोख', 'पोष' । उ०—अडा पालै काछुई, बिन थन राखै पोक । यौं करता सबकी करै, पालै तौनिउ लोक ।—कबीर सा० स०, पृ० ८१ ।

पोकना[1]—सज्ञा पुं० [देश०] महुए का पका हुआ फल ।

पोकना[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पोकना' ।

पोकना[3]—क्रि० अ० दे० 'पोंकना' ।

पोकला†— वि० [देश०] १ पुलपुला । नाजुक । कमजोर । २ पोला । खोखला । ३ निःसार । तत्वहीन । तत्वशून्य ।

पोकारना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पुकारना' । उ०—सहस्र वर्ष प्रहण निर्धारा । आगम सत्य, कबीर पोकारा ।—कबीर सा०, पृ० ९३५ ।

पोख—सज्ञा पुं० [सं० पोष] पालने पोसने का संबध या लगाव । पोस । उ०—कबिरा पाँच पखेरुआ राखा पोख लगाय । एक जो आया पारधी ले गया सबै उडाय ।—कबीर (शब्द०) ।

पोखनरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोखरा + नरी] ढरकी के बीच का गड्ढा जिसमें नरी लगाकर जुलाहे कपडा बुनते हैं ।

पोखना[1]—क्रि० स० [सं० पोषण] पालना । पोसना । उ०—अरे कलानिधि निरदई कहा नधी यह आय । पोखत अमिरित कलन जग बिरहिन हेत जराय ।—रसनिधि (शब्द०) ।

पोखना[2]—क्रि० अ० गाय भैंस आदि का बच्चा देने का समय समीप

आने पर, हाथ पैर आदि का ढीला पड़ जाना और थन का सज आना। थलकना।

पोखर—सज्ञा पुं० [स० पुष्कर, प्रा० पुक्खर, पोक्खर] १ तालाब। पोखरा। २ पटेबाजी में एक वार जो प्रतिपक्षी की कमर पर दाहिनी ओर होता है।

पोखरा—सज्ञा पुं० [सं० पुष्कर, प्रा० पुक्खर, पोक्खर] [स्त्री० अल्पा पोखरी] वह जलाशय जो खोदकर बनाया गया हो। तालाब। सागर। उ०—पाँच भीट कै पोखरा हो, जा में दस द्वार।—कबीर श०, भा० २, पृ० ५२।

पोखराज—सज्ञा पुं० [सं० पुष्पराज] दे० 'पुखराज'।

पोखरी—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोखरा] छोटा पोखरा। तलैया।

पोखारⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पोखरा'।—उ०—अजर अबीर कुमकुमा केसरि उमगो प्रेम पोखार।—भीखा श०, पृ० ४६।

पोगड—सज्ञा पुं० [सं० पोगण्ड] १ पाँच से दस वर्ष तक की अवस्था का बालक।

विशेष—कुछ लोग ५ से १५ तक पोगड मानते हैं।

२ वह जिसका कोई अग छोटा, बढ़ा या अधिक हो। जैसे, छह उँगलियाँ होना, बायाँ हाथ दाहने से छोटा होना।

पोगर—सज्ञा पुं० [सं० पुष्कर, प्रा० पुक्कर, पोक्कर] हाथी का मुख। हाथी की सूँड़ का अग्र भाग। उ०—तिहि ठाम आइ उहि हस्तिनी। बोर लियो पोगर सुनिम।—पृ० रा० २७।६।

पोच[1]—वि० [फा० पूच] १. तुच्छ। क्षुद्र। बुरा। निष्कृष्ट। नीच। उ०—(क) मिट्यो महा मोह जी को छूट्यो पोच सोच सी को जान्यो अवतार भयो पुरुष पुरान को।—तुलसी (शब्द०)। (ख) भलो पोच कह राम को मोको नरनारी। बिगरे सेवक स्वान सो साहेब सिर गारी।—तुलसी (शब्द०)। (ग) भलेउ पोच सब बिधि उपजाए। गनि गुन दोष बेद बिलगाए।—तुलसी (शब्द०)। (घ) कहिहै जग पोच न सोच कछू फल लोचन आपनो तो लहिहै।—तुलसी (शब्द०)। (च) कौन सुनै काके श्रवण काकी सुरति सकोच। कौन निडर कर आपको को उत्तम को पोच।—सूर (शब्द०)। (छ) प्रीति भार लै हिए न सोचू। वही पथ भल होय कि पोचू।—जायसी (शब्द०)। २ अशक्त। क्षीण। हीन।

पोच[2]—सज्ञा स्त्री० दे० 'पोची'।

पोचारा—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पुचारा'।

पोचीⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोच] निचाई। हेठापन। बुराई। उ०—यद्यपि मों ते कै कुमातु ते होइ आई अति पोची। सन्मुख गए सरन राखहिंगे रघुपति परम सँकोची।—तुलसी (शब्द०)।

पोछना—क्रि० स० [सं० प्रोञ्छन] दे० 'पोछना'। उ०—कुमकुम केर चोरि भलि फाउलि काँधन मेलि ए पोछी।—विद्यापति, पृ० १०५।

पोजीशन—सज्ञा स्त्री० [अ० पोज़ीशन] पद। ओहदा। स्थान। उ०—आखिर आदमी को कुछ तो अपने पोजीशन का ख्याल करना चाहिए।—मान०, भा० १, पृ० ८५।

पोट[1]—सज्ञा स्त्री० [स० पोट] १ गठरी। पोटली। बकुचा। मोटरी। उ०—(क) पहले बुरा कमाय के बाँधी विषय की पोट। कोटि कर्म फिरे पलक में जब आयो हरि ओट कबीर (शब्द०)। (ख) खुलि खेलौ ससार में बाँधि नहिं कोय। घाट जगाती क्या करै सिर पर पोट न होय। (शब्द०)। २. ढेर। अटाला। जैसे, दुख की पोट, पाप की पोट।

पोट[2]—सज्ञा स्त्री० [स० पृष्ठ, हिं० पुट्ठ] पुस्तक के पन्नों की वह जगह जहाँ से जुजवदी या सिलाई होती है।

पोट[3]—सज्ञा स्त्री० [सं० पोत (= वस्त्र)] मुर्दे के ऊपर की चादर कफन के ऊपर का कपड़ा।

पोट[4]—सज्ञा पुं० [स०] १ घर की नींव। २. मेल। मिलान।

पोटक—पज्ञा पुं० [सं०] नौकर। भृत्य। सेवक। [को०]।

पोटगल—सज्ञा पुं० [स०] १ नरसल। नरकट। २ काश। काँस ३ मछली। ४ एक प्रकार का साँप।

पोटनाⓊ—क्रि० स० [हिं० पुट] १ समेटना। बटोरना। उ० (क) ऐसो पोटि ओंठ रस लेत। हठ सो परसि मन नख देत।—गुमान (शब्द०)। (ख) पोटि भट्ट तट कटी के लपेटि पटी सो कटी पटु छोरत।—देव (शब्द०) २ हथियाना। पंजे मे करना। फुसलाना। बात मे लाना उ०—ललिता के लोचन मिचाइ चद्रभागा सों, दुराइबे त्याई वै तहाई 'दास' पोटि पोटि।—भिखारी० ग्र० भा० १, पृ० १४२।

पोटरीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [सं० पोट्टली] दे० 'पोटली'।

पोटल—सज्ञा पुं० [सं०] पोटली। पोटरी [को०]।

पोटलक—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० पोटलिका] पोटली। पोटरी [को०]।

पोटला—सज्ञा पुं० [सं० पोटलक] बड़ी गठरी।

पोटली—सज्ञा स्त्री० [स० पोट्टली] १. छोटी गठरी। बकुचा। २. भीतर किसी वस्तु को रखकर बटोरकर बँधा हुआ कपड़ा आदि। जैसे,—(क) अनाज को पोटली बाँधकर ले चला। (ख) सूजन पर नीम की पोटली बाँधो।

पोटा[1]—वि० [सं० प्लुत ?] तराबोर। उ०—मेह सुजल ह्वै महीं, सावण करता सैल।—बाँकी० ग्रं०, भा० २ पृ० ७।

पोटा[2]—सज्ञा पुं० [सं० पुट (=थैली) अथवा देशी, पोट्ट, पोट (=पेट)] [स्त्री० अल्पा० पोटी] १ पेट की थैली उदराशय।

मुहा०—पोटा तर होना = पास में धन होने से प्रसन्नता निश्चितता होना। पास में माल रहने से बेफिक्री होना।

२ कलेजा। साहस। सामर्थ्य। पित्ता। जैसे,—किसका पोटा है जो उनके विरुद्ध कुछ कर सके। ३. समाई। आँक बिसात। ४ आँख की पलक। ५ उँगली का छोर।

पोटा[३]—संज्ञा पुं० [सं० पोत] १ चिड़िया का बच्चा जिसे पर न निकले हों। पोता। २ अंकुर। उ०—नाभी माहिं भया कुछ दीरघ पोटा सा दरसाया।—दरिया० बानी, पृ० ५६।

यौ०—चेंगी पोटे।

पोटा[४]—संज्ञा पुं० [?] नाक का मल या श्लेष्मा।

क्रि० प्र०—बहना।

पोटा[५]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह स्त्री जिसमे पुरुष के से लक्षण हों। नपुंसक स्त्री। पुरुषलक्षणों से युक्त। जैसे, दाढ़ी या मूँछ के स्थान पर बाल उगना। २ दासी। ३ घड़ियाल।

पोटाश, पोटास—संज्ञा पुं० [अं० पोटाश] वह क्षार जो पहले जलाए हुए पौधों की राख से निकाला जाता था, पर अब कुछ खनिज पदार्थों से प्राप्त होता है।

विशेष—पौधों की राख को पानी में घोलकर निथारते हैं फिर उस निथरे हुए पानी को औटाते हैं जिससे क्षार गाढ़ा होकर नीचे जम जाता है। चुकंदर की सीठी (चीनी निकालने पर बची हुई) और भेड़ों के ऊन से भी पोटास निकलता है। शोरा, जवाखार आदि पोटास ही हैं। पोटास औषध और शिल्प में काम आता है।

पोटिक—संज्ञा पुं० [सं०] पिटिका। फोड़ा [को०]।

पोटी[१]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोटा] दे० 'पोटा'।

पोटी[२]—संज्ञा पुं० [सं०] १ बड़ा नक्र। बड़ा घड़ियाल। २ गुह्य। गुदा [को०]।

पोटैशियम साइनाइड—संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का अत्यंत जहरीला श्वेत और स्वच्छ पदार्थ जो कच्ची धातु से सोने को अलग करने और कीड़े मारने आदि के काम में आता है।

पोट्टल—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'पोटल'।

पोट्टलिका, पोट्टली—संज्ञा स्त्री० [सं०] पोटली। गठरी [को०]।

पोठी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी मछली। उ०—पोठी नाले के बाहर आकर उछल रही थी।—रति० पृ० ११४।

पोडु—संज्ञा स्त्री० [सं०] कपाल का अस्थितल। खोपड़ी के ऊपरी भाग की हड्डी [को०]।

पोढ[१]†—वि० [सं० प्रौढ, प्रा० पोढ] दे० 'पोढ़ा'। उ०—(क) मान न करसि, पोढ़ करु लाडू। मान करत रिस मानै चाडू।—जायसी ग्र०, पृ० १३३। (ख) मोडी सुरति पोढ़ पद लारी। तेज भास लखि सुरति निहारी।—घट०, पृ० २७१।

पोढ़ा—वि० [सं० प्रौढ, प्रा० पोढ] [स्त्री० पोढ़ी] १ पुष्ट। दृढ़ मजबूत। उ०—कही छटना छाज पिटारी है कहीं बिकती खाट खटोला है। जब देखा खूब तो आखिर को ना पोढ़ी खाट न चरखा है।—नजीर (शब्द०)। २. दृढ़। कड़ा। कठिन। कठोर। उ०—तीखी हेर चीर गहि ओढ़ा। कतन हेर कीन्ह जिय पोढ़ा।—जायसी (शब्द०)।

मुहा०—जी पोढ़ा करना—जी कड़ा करना। चित्त को दृढ़ करना जिससे भय, पीड़ा दुःख आदि से विचलित न हो।

पोढ़ाना†[१]—क्रि० अ० [हिं० पोढ़] १ दृढ़ होना। मजबूत होना। २ पक्का पड़ना।

पोढ़ाना[२]—क्रि० स० दृढ़ करना। पक्का करना। दृढ़ाना।

पोढ़ाना[३]—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पौढ़ाना'। उ०—पाछे श्री ठाकुर जी को पोढ़ाइ बाहिर की टहल सो पहोंचि प्रसाद लै मुरारीदास सोवते।—दो सौ बावन०, भाग १, पृ० १०२।

पोत[१]—संज्ञा पुं० [सं०] १ पशु पक्षी आदि का छोटा बच्चा। २ छोटा पौधा। ३ वह गर्भस्थ पिंड जिसपर झिल्ली न चढ़ी हो।

यौ०—पोतज = जो जरायुज न हो।

४ दस वर्ष का हाथी का बच्चा। ५ घर की नींव। ६ कपड़ा। पट। ७. कपड़े की बुनावट। जैसे, जैसे—इस कपड़े का पोत अच्छा नहीं है। ८ नौका। नाव। ९ जहाज।

यौ०—पोतधारी। पोतप्लव = मल्लाह। माझी। = पोतभंग = पोत का टूटना। पोतरथ = पतवार। पोतवणिक। पोतवाह।

पोत[२]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रोता, प्रा० पोता] १. माला या गुरिया का दाना। २ काँच की गुरिया का दाना। यह अनेक रंगों का होता है और कोदों के दाने के बराबर होता है। निम्न वर्ग की स्त्रियाँ इसे तागे में गूँथकर गले में पहनती हैं। इसे लोग छड़ी और नेंच आदि पर भी लपेटते हैं। उससे सोनार गहनों को भी साफ करते हैं। उ०—(क) पतिव्रता मैली भली गले काँच की पोत। सब सखियन में देखिए ज्यों सूरज की जोत।—कबीर (शब्द०)। (ख) झीना कामरि काज कान्ह ऐसी नहिं कीजै। काँच पोत गिर जाइ नंद घर गयो न पूजै।—सूर (शब्द०)। (ग) फिरि फिरि कहा सिखावत मौन। यह मत जाइ तिन्हैं तुम सिखवो जिनही यह मत सोहत। सूर आज लौं सुनी न देखी पोत पूतरी पोहत।—सूर (शब्द०)।

पोत[३]—संज्ञा पुं० [सं० प्रवृत्ति, प्रा० पउत्ति] १ ढंग। ढब। प्रवृत्ति। उ०—नीच हिए हुलसे रहैं गहे गेंद के पोत। ज्यों ज्यों माथे मारिए त्यों त्यों ऊँचे होत।—बिहारी (शब्द०)। २ बारी। दाँव। पारी। अवसर। ओसरी।

मुहा०—पोत पूरा करना = कमी पूरी करना। ज्यों त्यों करके किसी काम को पूरा करना। पोत पूरा होना = कमी पूरी होना। ज्यों त्यों करके किसी काम का पूरा होना।

पोत[४]—संज्ञा पुं० [फा० फोत] जमीन का लगान। मुकर।

पोतक—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'पोत'। २ बच्चा। शिशु। उ०—जो सब पातक पोतक डाकिनि।—मानस २। १३२। ३ महाभारत के अनुसार एक नाग का नाम।

पोतकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूतिका। पोई नाम की लता।

पोतड़ा—संज्ञा पुं० [सं० पोत = (कपड़ा)] वह कपड़ा जो बच्चों के चूतड़ों के नीचे रखा जाता है। गतरा। उ०—रेसम हूदा पोतडा पालणिए पोढाय।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० २७।

यौ०—पोतदों के रईस = खानदानी अमीर।

पोतदार—संज्ञा पुं० [हिं० पोत + दार] १ वह पुरुष जिसके पास लगान कर का रुपया रखा जाय। खजानची। २ पारखी। वह पुरुष जो खजाने में रुपया परखने का काम करता हो।

पोतधारी—संज्ञा पुं० [स० पोतधारिन्] जहाज का मालिक [को०]।

पोतन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] पवित्र। स्वच्छ। शुद्ध।

पोतन[2]—वि० पवित्र करनेवाला।

पोतनहर†[1]—संज्ञा स्त्री० [पोतन + हर (प्रत्य०)] १. वह बरतन जिसमें घर पोतने के लिये मिट्टी घोलकर रखी हो। २ वह स्त्री जो घर पोते या घर पोतने का काम करती हो।

पोतनहर[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पोत + नाल] आँत। अँतड़ी।

पोतना[1]—क्रि० स० [सं० प्लुत, प्रा० पुत्त + हिं० ना (प्रत्य०) अथवा स० पोतन (= पवित्र)] १ किसी गीले पदार्थ को दूसरे पदार्थ पर फैलाकर लगाना। गीली तह चढ़ाना। चुपड़ना। जैसे, रोगन पोतना, तेल पोतना, चूना पोतना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

२ किसी गीले या सूखे पदार्थ को किसी वस्तु पर ऐसा लगाना कि वह उसपर जम जाय। जैसे, कालिख पोतना, अबीर पोतना, मिट्टी पोतना, धूल पोतना, रंग पोतना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

३ किसी स्थान को मिट्टी, गोबर, चूने आदि से लीपना। चूने मिट्टी, गोबर आदि का गीला लेप चढाकर किसी स्थान को स्वच्छ करना। जैसे, घर पोतना, आँगन पोतना। उ०—(क) सोमरूप भल भयो पसारा। धवलसिरी पोतहिं घर बारा।—जायसी (शब्द०)। (ख) पोता मँडप अगर औ चदन। देव भरा अरगज औ बदन।—जायसी (शब्द०)।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

पोतना[2]—संज्ञा पुं० वह कपड़ा जिससे कोई चीज पोती जाय। पोतने का कपड़ा। पोता।

पोतरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पोत्री'। उ०—परबस मेरी पोतरी, मैं सिरजोर निदान।—रा० रू०, पृ० ३३२।

पोतला—संज्ञा पुं० [हिं० पोतना] पराँठा। तवे पर घी पोतकर सेंकी हुई चपाती।

पोतवाणिक—संज्ञा पुं० [सं० पोतवाणिज्] वह व्यापारी जो समुद्र से व्यापार करता हो [को०]।

पोतवाह—संज्ञा संज्ञा पुं० [स०] नाविक। नाव चलानेवाला [को०]।

पोतवाहिनी—संज्ञा स्त्री० [सं० पोत + वाहिनी] जहाजों का बेड़ा। उ०—चलोगी चंपा, पोतवाहिनी पर असंख्य धनराशि लादकर राजरानी सी जन्मभूमि के अंक में ?—आकाश०, पृ० १४।

पोता[1]—संज्ञा पुं० [स० पौत्र, + प्रा० पोत्त] बेटे का बेटा। पुत्र का पुत्र। उ०—तुम्हारे पोते से हमारी पोती का ब्याह होय तो बड़ा आनद है।—लल्लू (शब्द०)।

पोता[2]—संज्ञा पुं० [सं० पोतृ > पोता] १ यज्ञ में सोलह प्रधान ऋत्वजों में से एक। २. पवित्र वायु। वायु। ३. विष्णु।

पोता[3]—संज्ञा पुं० [फा० फोतह्] १ पोत। लगान। भूमिकर। २ अंडकोष।

पोता[4]—संज्ञा पुं० [हिं०] कलेजा। साहस। पित्ता। दे० 'पोटा'[2]। उ०—क्यों धरते धर धीर सबे भट होत कछू बल काहू के पोते।—हनुमान (शब्द०)।

पोता[5]—संज्ञा पुं० [हिं० पोतना] १ पोतने का कपड़ा। कूची जिससे घरों में चूना फेरा जाता है। २ घुली हुई मिट्टी जिसका लेप दीवार आदि पर करते हैं।

मुहा०—पोता फेरना = (१) दीवार आदि पर चूने मिट्टी आदि का लेप करके सफाई करना। (२) चौका लगाना। चौपट करना। (३) सफाई कर देना। सब कुछ लूट ले जाना।

३ मिट्टी के लेप पर गीले कपड़े का पुचारा जो भबके से अर्क उतारने में बरतन के ऊपर दिया जाता है। उ०—नैन नीर सो पोता किया। तस मद चुवा बरा जस दिया।—जायसी ग्र०, पृ० ६५।

पोता[6]—संज्ञा पुं० [सं० पोत] १५ या १६ अंगुल लंबी एक की मछली जो हिंदुस्तान की प्राय सब नदियों में मिलती है।

पोताई—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोतना] दे० 'पुताई'।

पोताच्छादन—संज्ञा पुं० [सं०] तंबू। छोलदारी। डेरा।

पोताधान—संज्ञा पुं० [स०] छौंवर। मछलियों के बच्चों का समूह।

पोताध्यक्ष—संज्ञा पुं० [सं० पोत + अध्यक्ष] जहाज का स्वामी उ०—किसके लिये ? पोताध्यक्ष मणिभद्र अतल जल होगा नायक। अब इस नौका का स्वामी मैं हूँ।—आकाश० पृ० ३।

पोतारनाⓊ†—क्रि० स० [सं० प्रोत्साहन] उत्साहित करना प्रोत्साहन देना। उ०—उण बेला उदाहरे, तोले प्रहास। रजपूतां पोतारियां, भुज धारियां अकास।—रा रू०, पृ० २४३।

पोतारा—संज्ञा पुं० [हिं० पोतना] दे० 'पुतारा'।

पोतारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पुतारा] पोतने का कपड़ा।

पोतास—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कपूर। बरास। भीमसेन कपूर। विशेष—दे० 'कपूर'।

पोतीⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पोत'। उ०—गर पोति ज विचारि, ससि चरन फदय डारि।—पृ० रा०, १४।१५०

पोतिका—संज्ञा स्त्री० [स०] १ पोई की बेल। २ वस्त्र।

पोतिया[1]—संज्ञा पुं० [स० पोत] १ वह कपड़े का टुकड़ा जिसे स पहनते हैं या जिसे पहनकर लोग नहाते हैं। २ वह छो थैली जिसे लोग पास में लिए रहते और जिसमें चूना, तंबा सुपारी आदि रखते हैं। छोटा बटुआ।

पोतिया—संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का खिलौना।

पोती[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोता] पुत्र की पुत्री। बेटे की बेटी।

पोती[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोतना] १ मिट्टी का लेप जो हँडिया

पेंदी पर इसलिये चढाया जाता है जिसमें अधिक आँच न लगे। २ पानी का वह पुतारा जो मद्य चुवाते समय बरतन पर फेरा जाता है। इससे भभके से उठी हुई भाप उस बरतन में जाकर ठढी हो जाती है और मद्य के रूप में टपकती है। ३ पुतारा देने की क्रिया।

पोत्ती†—सज्ञा स्त्री० [देशी] शीशा [को०]।

पोत्या—सज्ञा स्त्री० [सं०] नावो का समूह [को०]।

पोत्र[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ सूअर का खाँग। २ वज्र। ३. एक यज्ञपात्र जो पोता नामक याजक के पास रहता है। ४ नाव। पोत। ५ नाँव का डाँड। ६ हल की नोक या फाल (को०)। ७ वस्त्रखंड। कपडा। वस्त्र (को०)।

पोत्र[2]—सज्ञा पुं० [हिं०] [स्त्री० पोत्री, पोती] दे० 'पौत्र'। उ०—पुत्र घने पौत्रे बहुत अरु दिसै सपरवार। —प्राण०, पृ० २४७।

पोत्रायुध—सज्ञा पुं० [सं०] सूअर।

पोत्री—सज्ञा पु० [सं० पोत्रिन्] सूअर।

पोथ—सज्ञा पुं० [सं०] आघात। प्रहार [को०]।

पोथकी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक नेत्ररोग जिसमें आँख में खुजली और पीडा होती है, पानी बहता है और सरसो के बराबर छोटी छोटी लाल लाल फुसियाँ निकल आती हैं।

पोथा—सज्ञा पुं० [सं० पुस्तक, प्रा० पुत्थय, पोत्थय हिं० पोथी] १. कागजों की गड्डी। २ बडी पोथी। बडी पुस्तक (व्यग या विनोद)। जैसे,—तुम इतना बडा पोथा लिए क्या फिरते हो ?।

पोथिया[1]—पज्ञा पु० [सं० पोतिया] दे० 'पोतिया'।

पोथिया†—सज्ञा स्त्री० [स० पुस्तिका, प्रा० पोत्थिआ, पोतथिया] दे० 'पोथी'।

पोथी[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० पुस्तिका, प्रा० पोत्थिया] पुस्तक। उ०—पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ पडित भया न कोइ। एकै अक्षर प्रेम का पढै सो पडित होइ। —कबीर (शब्द०)।

यौ०—पोथीखाना=ग्रथागार। पुस्तकालय। जिस स्थान पर सिर्फ किताबें रखी जायँ। उ०—बडी कठिनाइयो के बाद राज्य पुस्तकालय के पोथीखाना में सूरसागर की एक प्रति दो खडों में मिली—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १२०। पोथी पडित=ऐसा पठित व्यक्ति जिसे केवल पुस्तकीय ज्ञान हो, व्यावहारिक ज्ञान न हो। उ०—पुराने आचार्यों से इस प्रकार का विनोद कोई बडा उस्ताद ही कर सकता था, निरा पोथीपडित कभी ऐसा करने की हिम्मत न करता। —भा० इ० रू०, पृ० ६८८।

पोथी[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोट (=गट्ठा)] लहसुन की गाँठ।

पोद†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौद'[1]। उ०—इसकी पोद थोडे दिन पहले एक मनोहर बाग से उखाडकर सूरत में लगाई गई थी।—श्रीनिवास ग्र०, पृ० १२।

पोदना—सज्ञा पुं० [अनु० फुदकना] १ छोटी चिडिया। उ०—कुछ लाल चिडे पोदने पिछे ही न खुश थे। पिदड़ी भी समझती थी उसे आँख का तारा।—नजीर (शब्द०)। २ छोटे डील डौल का पुरुष। नाटा आदमी। ठिगना आदमी।

मुहा०—पोदना सा=बहुत छोटा सा। जरा सा।

पोदीना—सज्ञा पु० [फा० पोदीनह्] दे० 'पुदीना'।

पोद्दार[1]—सज्ञा पुं० [सं० पोत, हिं० पोद+दार] १ वह मनुष्य जो गाँजे की जातियाँ उसके स्त्री० और पु० भेद तथा खेती के ढग जानता हो।

पोद्दार[2]—स्त्री० पु० [फा० फोतहदार, हिं० पोतदार] १ दे० 'पोतदार।' २ मारवाडी वैश्यों का एक वर्ग।

पोना[1]—क्रि० स० [सं० पूप, हिं० पूवा+ना (प्रत्य०)] गीले आटे की लोई को हाथ से दबा दबाकर घुमाते हुए रोटी के आकार मे बढ़ाना। गीले आटे की चपाती गढ़ना। जैसे, आटा पोना, रोटी पोना। २ रोटी पकाना। उ०—(क) तुमहिं अवै जेइँय घर पोई। कमल न भेंटहिं, भेंटहिं कोई।—जायसी (शब्द०)। (ख) सूर आँखि मजीठ कीनी निपट काँची पोय। —सूर (शब्द०)।

पोना[2]—क्रि० स० [सं० पोत, प्रा० पोइअ हिं० पोय+ना (प्रत्य०)] पिरोना। गूथना। पोहना। उ०—(क) हरि मोतियन की माल है पोई काँचे धाग। जतन करो झटका घना टूटे की कहुँ लाग।—कबीर (शब्द०)। (ख) कंचन को कँठुला मनि मोतिनि बिच बघनहँ रह्यो पोइ (री)। देखत बनै, कहत नहिं आवै उपमा कौं नहिं कोइ (री)।—सूर०, १०।१४८। (ग) दिनकर कुज मनि निहारि प्रेम मगन ग्राम नारि परसपर कहैं सखि अनुराग ताग पोऊ। तुलसी यह ध्यान सुघन जा दिन मानि लाभ सघन कृपन ज्यों सनेह सोहिए सुगेह जोऊ।—तुलसी (शब्द०)।

पोना[3]—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पौना'।

पोप—सज्ञा पुं० [अं०] ईसाइयों के कैथलिक सप्रदाय का प्रधान धर्मगुरु।

विशेष—इसका प्रधान स्थान यूरोप मे इटली राज्य का रोम नगर है। चौदहवी शताब्दी तक ससार के सभी ईसाई धर्मावलंबी राज्यों पर पोप का बड़ा प्रभाव था। पद्रहवी शताब्दी में लूथर नामक एक नए संप्रदायस्थापक की शिक्षा से पोप का अधिकार घटने लगा, पर पुराने कैथलिक सप्रदाय के माननेवालो में पोप का अभी वैसा ही आदर है। उनका अभिषेक आदि उसी प्रकार किया जाता है जैसे महाराजाओ का होता है।

यौ०—पोपलीला—धार्मिक आडबर। झूठा प्रदर्शन। ढोंग।

पोपला—वि० [हिं० पुलपुला] [वि० स्त्री० पोपली] १ जो भीतर के भराव के कम होने या न रहने के कारण पचक गया हो। पचका और सुकड़ा हुआ। २ बिना दाँत का। जिसमे दाँत न हों। जैसे, बुड्ढी का पोपला मुँह। ३ जिसके मुँह से दाँत न हों। जैसे पोपला बुड्ढा।

पोपलाना—क्रि० अ० [हिं० पोपला+ना (प्रत्य०)] पोपला होना। उ०—डाढी नाक याक मा मिलगै बिना दाँत मुँह अस पोपलान। डाढिहि पर बहि बहि आवति है कवौं तमाकू जो फाँकन।—प्रताप (शब्द०)।

पोपली—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोपला] आम की गुठली घिसकर बनाया हुआ बाजा जिसे लडके बजाते हैं।

पोपो†—सज्ञा स्त्री० [अनु०] मलत्याग करने की इद्रिय। गुदा।

पोम†—सज्ञा पु० [सं० पद्म, प्रा०पउम, पोम] [स्त्री० पोमिन, पोमिनि, पोमिनी] दे० 'पद्म'।

पोमानाⓊ†—क्रि० अ० [स० प्रफुल्ल या सं० पद्म, प्रा० पउम, पोम] फूलना। गर्व करना। पुसत्व का अभिमान करना। उ०—पापड फोड पोमावही मन में भावडियाँह। —बाँकी० ग्र०, भा० २,पृ०१६।

पोमिनⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्मिनी. प्रा० पोमिणी] दे० 'पद्मिनी। उ०—पोमिन बन नहिं चरहि नहिन सचरहि कुमुद बन। ईष पेत परहरहि जीर पर हुअ विरत्त मन।—पृ० रा०, ६। १०१।

पोय†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पोई'।

पोयणⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं० पुरइन या प्रा० पोमिण] कमल। पुरइन। उ०—मेवाणो तिण माँह पोयण फूल प्रताप सी।—अकबरी०, पृ० ४४।

पोया—सज्ञा पु० [सं० पोत] १. वृक्ष का नरम पौधा। २ बच्चा। ३ साँप का छोटा बच्चा। सँपोला।

पोर[१]—सज्ञा स्त्री० [स० पर्व] १ उँगली की गाँठ या जोड जहाँ से वह झुक सकती है। २. उँगली में दो गाँठों या जोडों के बीच की जगह। उँगली का वह भाग जो दो गाँठो के बीच हो। ३ ईख, बाँस, नरसल, सरकडे आदि का वह भाग जो दो गाँठो के बीच हो। उ०—(क) प्रीति सीखिए ईख सो पोर पोर रस होय। (शब्द०) (ख) पोर पोर तन आपनो अनत बिधायो जाय। तब मुरली नदलाल पै भई सुहागिन आय। —स० सप्तक पृ० २१०।

यौ०—पोर पोर = पोर पोर मे।

४. रीढ। पीठ। उ०—मनमोहन खेलत चौगान। द्वारावती कोट कचन में रच्यो रुचिर मैदान। यादव वीर बराए इक इक, इक हलधर, इक अपनी ओर। निकसे सबै कुँवर असवारी उच्चश्रवा के पोर।—सूर (शब्द०)।

पोर[२]—सज्ञा पु० [?] जहाज की रखवाली या चौकसी करनेवाले कर्मचारी या मल्लाह। (लश०)।

पोरसाⓊ—सज्ञा पु० [सं० पुरुषत्व] पुरुष। स्वामी। उ०—(क) सतगुरु पारस पोरसा आखै अभय भँडार।—रज्जब०, पृ० १०। (ख) पारस नह नह पोरसो, पातर राखे पास। —बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ३।

पोरा—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोर] १ लकडी का मंडलाकार टुकड़ा। लकडी का गोल कुदा। २ कुदे की तरह मोटा आदमी।

पोरिया[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पोर + इया (प्रत्य०)] चाँदी का एक गहना जो हाथ पर की उँगलियो की पोरों में पहना जाता है। यह छल्ले का सा होता है पर इसमें घुँघरू के गुच्छे या झब्बे लगे रहते हैं।

पोरिया†[२]—सज्ञा पुं० [हि०] दे० 'पौरिया'। उ०—सो पोरिया प्रभुन कों खबरि करी।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १६

पोरी[१]—सज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की कडी मिट्टी।

पोरी[२]—सज्ञा स्त्री० [स० पर्व, हिं० पोर] दे० 'पोर'। उ०—हि सहज विश्वास हृदय का अगुलियो की कँपी पोरियाँ। हस०, पृ० २५।

पोरी†[३]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौरी'। उ०—अब सिंघ द्वार पोरी पर बैठिबे को कौन को आज्ञा करत हो।—दो बावन०, भा० १, पृ० २१८।

पोरुआ—सज्ञा पु० [हिं० पोर + उवा (प्रत्य०)] पोरिया। पौरि

पोर्च—सज्ञा पुं० [अं०] बरामदा। दालान।

पोर्चुगीज—वि० [अ०] दे० 'पुर्तगीज'।

पोर्ट—सज्ञा पुं० [पुर्त० पोर्टो] १ अगूर से बनी हुई एक की शराब।

विशेष—यह भभके से नहीं चुआई जाती, अगूर के रस को में सडाकर बनाई जाती है। इसमें मादकता नाम की होती है, इससे इसका सेवन पुष्टई के रूप में करते हैं। इसे द्राक्षासव कह सकते हैं।

२ समुद्र या नदी के किनारे वह स्थान जहाँ जहाज माल रने या लादने या मुसाफिर उतारने या चढाने के लिये आकर ठहरते हैं। बदर। बदरगाह। जैसे, कलकत्ता ३ समुद्र के किनारे, खाडी या नदी के मुहाने पर बना या प्राकृतिक स्थान जहाँ जहाज तूफान से अपनी रक्ष सकते हैं।

पोर्टर—सज्ञा पुं० [अ०] वह जो बोझ ढोता हो। रेलवे स्टेशन और जहाज के डक पर मुसाफिरो का असबाब ढोनेवाला। रेलवे कुली। डक कुली। जैसे,- दिन बंबई के विक्टोरिया टरमिनस स्टेशन के पोर्ट गहरी मार पीट हो गई।

पोल[१]—सज्ञा पु० [हिं० पोला] १ शून्य स्थान। अवकाश। जगह। जैसे, ढोल कि भीतर पोल। २ खोखलापन। का अभाव। सारहीनता। अंत सारशून्यता।

यौ०—पोलदार = जिसमे पोल या खोखलापन हो। खोखला। पोलपाल = खोखलापन। जो भीतर से ए खाली हो। उ०—ये सब पोलपाल कर लेखा। मिथ्य कहै बिन देखा।—घट०, पृ० ५६२।

मुहा०—(किसी की) पोल खुलना = भीतरी दुरवस्था हो जाना। छिपा हुआ दोष या बुराई प्रगट हो भडा फूटना। (किसी की) पोल खोलना = भीतरी दु प्रगट करना। छिपे हुए दोष या बुराई को प्रगट भडा फोडना।

पोल[२]—सज्ञा पुं० [स०] १. एक प्रकार का फुलका। २. राशि (को०)। ३ मान। परिमाण (को०)।

पोल[३]—सज्ञा पुं० [स० प्रतोली, प्रा० पओली] १. कही ज

फाटक। प्रवेशद्वार। दरवाजा। उ०—(क) पोल जड़े रवि पेखतां घोखै चढ़िया दीह। मिटै न कदल जोधपुर बीवां घटै न बीह।—रा० रू०, पृ० २५७। (ख) रावली पोले आविया —बी० रासो, पृ० ६१। २ आंगन। सहन।

पोल[४]—संज्ञा पुं० [अ०] १ लकड़ी या लोहे आदि का बड़ा लट्ठा या खंभा। २ जमीन की एक नाप जो ५ गज की होती है। ३ वह ५॥ गज की जरीब जिससे जमीन नापते हैं। ४ ध्रुव।

पोल[५]†—संज्ञा स्त्री० [सं० पर्व] दे० 'पोरे'। उ०—पोल पोल अगरा जग लूटी।—प्राण०, पृ० ३३०।

पोलक—संज्ञा पुं० [हिं० पूला] लंबे बाँस के छोरे पर चरखी में बँधा हुआ पयाल किसे लुक की तरह जलाकर बिगड़े हाथी को डराते हैं।

पोलच—संज्ञा पुं० [हिं० पोल] १ वह परती भूमि जो पिछले वर्ष रबी बोने के पहले जोती गई हो। जौनाल। २ वह ऊसर या बंजर भूमि जिसे जुते या टूटे तीन वर्ष हो गए हों

पोलचा—संज्ञा पुं० [हिं० पोल] दे० 'पोलच'।

पोला[१]—वि० [हिं० फूलना या सं० पोल (= फुलका)] [स्त्री० पोली] १ जो भीतर से भरा न हो। जिसके भीतर खाली जगह हो। जो ठोस न हो। खोखला। जैसे, पोला बाँस, पोली नली। २. अंत सारशून्य। निःसार। तत्वहीन। सुखा। उ०—है प्रभु मेरो ही सब दोस। वेष वचन विराग, मन अघ औगुन को कोस। राम प्रीति प्रतीति पोलो कपट करतब ठोस।—तुलसी (शब्द०)। ३. जो भीतर से कड़ा न हो। जो दाब पड़ने से नीचे धँस जाय। पुलपुला। उ०—पर हाथी बुद्धिमान होते हैं, वह घोला स्थान देखकर चलते हैं।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

पोला[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पूला] १ सूत का लच्छा जो परेती पर लपेटने से बन जाता है। २ गट्ठर। पूला। उ०—तब राजा और रानी दोनो नंगे पाँव होकर घास का पोला अपने सिर पर धरकर एक अँगोछी अपने अपने गले में डाले आकर सत्य गुरु के चरणों पर गिरे।—कबीर म०, पृ० ५०६।

पोला[३]—संज्ञा पुं० [देश०] एक छोटा पेड़ जो मध्यप्रदेश में बहुत होता है।

विशेष—इसकी लकड़ी भीतर से बहुत सफेद और नरम निकलती है जिससे उसपर खुदाई का काम बहुत अच्छा होता है। वजन मे भी यह भारी होती है। हल आदि खेती के सामान भी उससे बनाए जाते हैं। इसकी भीतरी छाल में रेशे होते हैं जो रस्सी बनाने के काम आते हैं। पेड़ बरसात में बीजों से उगता है।

पोलाद—संज्ञा पुं० [फा० फ़ौलाद] दे० 'फौलाद'।

पोलारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोल] छेनी के आकार का एक छोटा औजार जिससे सोनार खोरिया, कगन, घुँघरू आदि के दानो को फिरफिरे में रखकर खलते हैं। यह तीन चार अंगुल का होता है और इसकी नोक पर छोटा सा गोल दाना बना रहता है।

पोलाव—संज्ञा पुं० [हिं० पुलाव] दे० 'पुलाव'। उ०—कलिया नान पोलाव पेट भरि खाय कै।—पलटू०, पृ० ६७।

पोलिंद—संज्ञा पुं० [सं० पोलिन्द] जहाज का मस्तूल [को०]।

पोलिंग बूथ—संज्ञा पुं० [अं०] वह स्थान जहाँ कौंसिल आदि के निर्वाचन या चुनाव के अवसर पर वोट लिए जाते हैं। मतदानकक्ष।

पोलिंग स्टेशन—संज्ञा पुं० [अं०] वह स्थान जहाँ कौंसिल या म्युनिसिपल निर्वाचन के अवसर पर लोगो के वोट लिए और दर्ज किए जाते हैं। मतदानकेंद्र।

पोलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] फुलका। रोट। पूरी [को०]।

पोलिटिकल—वि० [अं०] राज्यप्रबंध संबंधी। शासन संबंधी। राजनीतिक। जैसे, पोलिटिकल काम, पोलिटिकल चाल।

पोलिटिकल एजेंट—संज्ञा पुं० [अं०] वह राजपुरुष जो दूसरे राज्य में अपने राज्य की ओर से उसके स्वत्व और व्यापारादि की रक्षा के लिये रहता है। राजप्रतिनिधि।

पोलिया[१]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पोला] एक पोला गहना जिसे स्त्रियाँ पैरो में पहनती हैं।

पोलिया[२]—संज्ञा पुं० [हिं० पौर, राज० पोल] दे० 'पौरिया'।

पोलिश—वि० [अं] पोलैंड मे संबंधित। पोलैंड का।

पोली[१]—संज्ञा स्त्री० [देश०] जंगली कुसुम या बर्रे जिसका तेल अफरीदी मोमजामा बनाने के काम में आता है।

पोली[२]—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की पूरी। पूआ। फुलका [को०]।

पोलो—संज्ञा पुं० [अं०] चौगान की तरह का एक अँगरेजी खेल जो घोड़े पर चढ़कर खेला जाता है।

पोवना†—क्रि० स० [हिं० पोहना] दे० 'पोना'। उ०—अरुने दृग कोरनि डोरनि में मन को मनुका मनु पोवतु है।—अनुराग बाग (शब्द०)।

पोश—प्रत्य० [फा०] ढकनेवाला। छिपानेवाला जैसे, ऐबपोश।

पोशाक—संज्ञा स्त्री० [फा०] पहनने के कपड़े। वस्त्र। परिधान। पहनावा। उ०—कीन्हे हैं पोशाक कारी, अंग राग कज्जल को, लोहे के विभूषण, त्यो दूषण हथ्यार हैं।—रघुराज (शब्द०)।

मुहा०—पोशाक बढ़ाना = कपड़े उतारना।

विशेष—यह शब्द फारस से नहीं आया है, यहीं हिंदुस्तान में बना है।

पोशाकी—संज्ञा पुं० [फा०] १. एक कपड़ा जो गाढ़े से बारीक और तनजेब से मोटा होता है। २ अच्छा कपड़ा। पोशाक।

पोशिश—संज्ञा स्त्री० [फा०] लिबास। कपड़ा। पहनावा। उ०—जिसे तूने अजर जामा पिन्हाना। हवस उसको न पोशिश परनियाँ पर।—कबीर म०, पृ ४४४।

पोशीदगी—संज्ञा स्त्री० [फा०] गुप्ति। छिपाव।

पोशीदा—वि० [फा० पोशीदह्] गुप्त। छिपा हुआ।

पोष—संज्ञा पुं० [सं०] १ पोषण। पुष्टि। उ०—पादप ये इहि सींचते, पावै अंग अंग पोष। पूरबजा ज्यो वरणते सब

मानियों संतोष। —प्रियादास (शब्द०)। २ अभ्युदय। उन्नति। ३ आधिक्य। वृद्धि। बढ़ती। ४ धन। ५ तुष्टि। संतोष। उ०—तेहि को होइ नाद पै पोषा। तव परि हूँकै होइ संतोषा। —जायसी (शब्द०)। (ख) कोऊ आवै भाव लै कोउ लै आवै अभाव। साधु दोऊ को पोष दै, भाव न गिनै अभाव। —कबीर (शब्द०)।

पोषक—वि०, संज्ञा पु० [सं०] १ पालक। पालनेवाला। २. वर्धक। बढ़ानेवाला। ३ सहायक।

पोषण—संज्ञा पु० [सं०] [वि० पोषित, पुष्ट, पोषणीय, पोष्य] १ पालन। २ वर्धन। बढ़ती। ३ पुष्टि। ४ सहायता। जैसे, पृष्ठपोषण।

पोषध—संज्ञा पुं० [सं० उपवसथ>उपोषध>पोषध] उपवासव्रत (बौद्ध)।

पोषनⓊ—वि० [सं० पोषण] पोषण करनेवाला। उ०—पुस्टि भ्रजाद भजन, रस, सेवा, निज जन पोषन भरन। —नंद० ग्र०, पृ० ३२६।

पोषना—क्रि० स० [सं० पोषण] पालना। पोषण करना। उ०—(क) का मैं कीन जो काया पोषी। दोष माँहि आपुनि निर्दोषी। —जायसी (शब्द०)। (ख) माधव जू जो जन ते बिगरै। तउ कृपालु करुनामय केशव प्रभु नहि जीय धरै। जैसे जननि जठर अंतरगत सुत अपराध करै। तौऊ जतन करै अरु पोसै निकसै अंक भरै। —सूर०, १।११७। (ग) राम सुप्रेमहिं पोषत पानी। हरत सकल कलिकलुष गलानी। —तुलसी (शब्द०)। (घ) अजमेर चित्तौड़ जु बोलि विप्र पोष्या जाचक संतोष्या। —ह० रासो, पृ० ३३।

पोषयिता—वि० [स० पोषयितृ] दे० 'पोषिता'।

पोषयित्नु—संज्ञा पुं० [सं०] कोकिल। कोयल [को०]।

पोषरⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पुष्कर] दे० 'पोखर'। उ०—डोलत बिपुल विहग बन, पियत पोषरनि बारि। —तुलसी ग्र०, पृ० १०६।

पोषित—वि० [सं०] पाला हुआ।

पोषिता—वि०, संज्ञा पुं० [स० पोषितृ] पोषक। पोषण प्रदान करनेवाला। भरणपोषण करनेवाला [को०]।

पोषी—वि० [सं० पोषिन्] पोषक। पालक। भरणपोषण करनेवाला [को०]।

पोष्टा[1]—वि० [सं० पोष्टृ] पालनेवाला।

पोष्टा[2]—संज्ञा पुं० कर्जा। करज।

पोष्य[1]—वि० [सं०] पालने योग्य। पालनीय। जिसका पालन पोषण कर्तव्य हो।

विशेष—माता, पिता, गुरु, पत्नी, संतान, अभ्यागत, शरणागत इत्यादि पोष्य वर्ग में हैं।

पोष्य[2]—संज्ञा पुं० भृत्य। नौकर। दास।

पोष्यपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] १. बालक। पुत्र के समान पाला हुआ लड़का। २ दत्तक पुत्र।

पोष्यवर्ग—संज्ञा पुं० [स०] माता, पिता, गुरु आदि जिनका पालन करना कर्तव्य है। दे० 'पोष्य[1]'।

पोष्यसुत—संज्ञा पु० [स०] दे० 'पोष्यपुत्र' [को०]।

पोस[1]—संज्ञा पुं० [स० पोष] पालने की कृतज्ञता। पालनेवाले के साथ प्रेम या हेलमेल। जैसे,—कुत्ते बहुत पोस मानते हैं, तोते पोस नहीं मानते। २ तुष्टि। संतोष। उ०—कोऊ आवै भाव लै, कोउ लै आवै अभाव। साधु दोऊ को पोस दै, भाव न गिनै अभाव।—कबीर (शब्द०)।

पोस†[2]—संज्ञा पु० [सं० पौष] पौष महीना। पूस का मास। उ०—देखी सखी हिव लागै छइ पोस।—वी० रासो, पृ० ६७।

पोसⓊ[3]—वि० [स० पुष्ट] पुष्ट। श्रेष्ठ। उ०—बरनत हैं उल्लास सो, सकल सुकवि मति पोस।—भूषण ग्र०, पृ० ६१।

पोसⓊ[4]—संज्ञा पुं० [फा० पोश] चादर। बिछावन। उ०—लगी मिठाई रासि दुहूँ दिसि दीपक धरे कतारी। पलँग पयफेनु मैनु सम पोस परयो रुचिकारी।—भारतेंदु ग्र० भा० २, पृ० ८५।

पोसतⓊ—संज्ञा पुं० [फा० पोस्त] अफीम का डोढ या डोडा पोस्त। उ०—पोसत माँहि अफीम है वृक्षन मैं मधु जानि देह माँहि यों आतमा सुंदर कहत बखानि।—सुंदर० ग्रं० भा० २, पृ० ७८१।

पोसतीⓊ—वि० [फा० पोस्ती] अफीमची। दे० 'पोस्ती'। उ० जैसे काहू पोसती की पाग परी भूमि पर, हाथ लै कै कहै पाग मैं तौ पाई हौं।—सुंदर० ग्र०, भा० २, पृ० ५८३।

पोसन—संज्ञा पुं० [सं० पोषण] पालन। रक्षा। उ०—मधुबन हूँ तें गए, सखी री! अब हरि काले कोसन। यह घर है अति मेरे जिय, यह छाँडन वह पोसन।—सूर (शब्द०)

पोसना—क्रि० स० [सं० पोषण] १ पालना। रक्षा करना। उ० राम सुस्वामि कुसेवक मो सो। निज दिसि देखि दयानिधि पोसो। —तुलसी (शब्द०)। २ (पशु को) अन्न आदि देकर अपनी रक्षा में रखना। दाना पानी देकर रखना जैसे, कुत्ता पोसना। ३ आवृत करना। आच्छादित करना ४ पोंछना।

पोसपोन—वि० [अं० पोस्टपोन] दे० 'पोस्टपोन'।

पोसाखⓊ†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पोशाक'। उ० बड़ दीठां फुरै, मत हिय माँहि पयट्ठ। पुरुष तणी पोसाख क बाई आँण बयट्ठ।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० २०।

पोस्ट—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ जगह। स्थान। २ पद। ३ नौ ४ डाकखाना। ५ स्तंभ।

पोस्टआफिस—संज्ञा पु० [अं०] डाकघर। डाकखाना।

पोस्टकार्ड—संज्ञा पुं० [अं०] एक मोटे कागज का टुकड़ा जस पत्र लिखकर खुला भेजते हैं।

पोस्टपोन—वि० [अं० पोस्टपोन] जो कुछ समय के लिये दिया जाय। जिसका समय बढ़ा दिया जाय। मुलतवी। स्थगित। जैसे,—मामला पोस्टपोन हो गया।

पोस्टबाक्स—संज्ञा पुं० [अं०] डाक रखने की पेटी। डाक रखने का थैला।

पोस्टबैग—संज्ञा पुं० [अं०] दे० 'पोस्ट बाक्स'।

पोस्टमार्टम—संज्ञा पुं० [अं० पोस्टमारटम] १ मृत्यु का कारण आदि निश्चित करने के लिये मरने के बाद किसी प्राणी के शरीर की चीरफाड। २ वह परीक्षा जो किसी प्राणी की लाश को चीर फाडकर की जाय।

पोस्टमास्टर—संज्ञा पुं० [अं०] डाकघर का सबसे बडा कर्मचारी। डाकघर का अधिकारी।

पोस्टमैन—संज्ञा पुं० [अं०] डाकिया। इधर उधर चिट्ठी बाँटनेवाला। चिट्ठीरसाँ।

पोस्टर—संज्ञा पुं० [अं०] छपी हुई बडी नोटिस या विज्ञापन जो दीवारो पर चिपकाया जाता है। प्लैकर्ड। जैसे,—सेवा-समिति ने शहर भर में पोस्टर लगवा दिए थे जिसमें यात्रियो को धूर्तों से सावधान रहने को कहा गया था।

क्रि० प्र०—चिपकना।—चिपकाना।—निकालना।—लगना।—लगाना।

पोस्टरइंक—संज्ञा स्त्री० [अं०] एक प्रकार की छापे की स्याही जो लकडी के अक्षर छापने में काम आती है।

पोस्टल—वि० [अं०] पोस्ट संबंधी। डाक संबंधी।

पोस्टल आर्डर—संज्ञा पुं० [अं०] डाकघर से मिलनेवाला निश्चित मूल्य का छपा हुआ प्रमाणपत्र या कागज जिसको किसी भी डाकखाने से भुनाया जा सकता है।

पोस्टल गाइड—संज्ञा पुं० [अं०] वह पुस्तक जिसमे डाक द्वारा चिट्ठी, पारसल आदि भेजने के नियम और डाकघरो के नाम आदि रहते हैं।

पोस्टेज—संज्ञा स्त्री० [अं०] डाक द्वारा चिट्ठी, पारसल आदि भेजने का महसूल।

पोस्त—संज्ञा पुं० [फा०] १ छिलका। वक्कल। बकला। २ खाल। चमडा। ३ अफीम के पौधे का डोंड। ४. अफीम का पौधा। पोस्ता।

पोस्ता—संज्ञा पुं० [फा० पोस्त] एक पौधा जिसमें से अफीम निकलती है।

विशेष—यह पौधा दो ढाई हाथ ऊँचा होता है। पत्तियाँ भाँग या गाँजे की पत्तियो की तरह कटावदार पर बहुत बडी और सुंदर होती हैं। डठलों में रोइयाँ सी होती हैं। फागुन चैत में पौधा फूलने लगता है। पौधे के बीचोबीच से एक लंबी पतली नाल (डंठी) ऊपर की ओर जाती है जिसके सिरे पर चार पाँच पँखडियो का कटोरे के आकार का बहुत सुंदर गोल फूल लगता है। फारस और हिंदुस्तान मे जो पोस्ता बोया जाता है उसका फूल भी सफेद और बीज के दाने भी सफेद होते हैं। पर रूम के राज्य में जो पोस्ता होता है उसके फूल प्याजी रंग के और दाने काले होते हैं। बहुत चटकीले लाल फूलवाले पौधे को ही 'गुलेलाला' कहते हैं जिसकी सुंदरता का फारसी के कवियो ने इतना वर्णन किया है और जो शोभा के लिये बगीचों में लगाया जाता है। फूल के बीच मे एक घुंडी सी होती है जिसमें इधर उधर की किरनो के सिरों पर पुं० पराग होता है। पखडियो के झड़ जाने पर घुंडी बढ़कर डोडे (ढेंढ) के रूप में हो जाती है। इसी को पोस्ते का डोडा या ढेंढ़ कहते है।

डोडा तीन चार अंगुल का होता है। डोडे के कुछ बढ जाने पर उसमे लोहे की नहरनी से खडा चीरा या पाँछ लगा देते हैं। पाँछ लगने से उसमें से हलके गुलाबी रंग का दूध निकलता है जो दूसरे दिन लाल रंग का होकर जम जाता है। यही जमा हुआ दूध अफीम है। एक डोडे से तीन चार बार दूध पोंछकर निकाला जा सकता है। फूल की पखडियों को भी लोग मिट्टी के गरम तवे पर इकट्ठा करके गोल रोटी के रूप में जमाते है जिसे पत्तर कहते हैं। सूखे डोडो से राई के से सफेद सफेद बीज निकलते हैं जो पोस्ते के दाने कहलाते हैं और खाए जाते हैं। पोस्ते की जाति के २५ या २६ पौधे होते है। पर उनमे से अफीम नहीं निकलती। वे शोभा के लिय बगीचो में लगाए जाते है।

पोस्ती—संज्ञा पुं० [फा०] १ वह जो नशे के लिये पोस्ते के डोडे को पीसकर पीता हो। उ०—पोस्ती पडे कुएँ मे तो नही चैन है। २ आलसी आदमी। ३ गुडिया के आकार का कागज का एक खिलौना जिसके पेंदे में मिट्टी का ठोस गोल दिया सा भरा रहता है। पेंदे से ऊपर की ओर यह गावदुम होता जाता है। यह सदा खडा ही रहता है, लेटाने से या ऊपर से गिरने से तुरत खडा हो जाता है। इसे गतवाला या खडे खाँ भी कहते हैं।

पोस्तीन—संज्ञा पुं० [फ़ा०] १. गरम और मुलायम रोएँवाले समूर आदि कुछ जानवरो की खाल का बना हुआ पहरावा जिसे पामीर, तुर्किस्तान, मध्य एशिया के लोग पहनते हैं। २ खाल का बना हुआ कोट जिसमें नीचे की ओर बाल होते हैं। उ०—सर्द मुल्कवाले सदा ऊनी कपडे और पोस्तीनो में लिपटे रहते है।—शिवप्रसाद (शब्द०)।

पोहना[1]†—क्रि० स० [स० प्रोत, प्रा० पोइअ हिं० पोय+ना (प्रत्य०)] १ पिरोना। गूँथना। उ०—(क) लटकन लटकि रहे मुख ऊपर पँचरंग मणिगण पोहे री। मानहुं गुरु शनि शुक्र एक ह्वै लाल माल पर सोहे री।—सूर (शब्द०)। (ख) जुगुति वेधि पुनि पोहियहि रामचरित बर नाग। पहिरहिं सज्जन विमल उर सोभा अति अनुराग।—तुलसी (शब्द०)। २ छेदना। उ०—इक एक सिर सरनिकर छेदे नभ उडत इमि सोहहीं। जनु कोवि दिनकर करनिकर जहँ तहँ विधु तुद पोहहीं।—तुलसी (शब्द०)। ३ लगाना। पोतना। उ०—भरोसो कान्ह को है मोहिं। सुनहि जशोदा कस तपति भय तू जनि ब्याकुल होहि। पहिलै पूतना कपट रूप करि आइ स्तनवि विष पोहि। वैसी प्रबल सुद्दै दिन बालक मारि दिखायो तोहि।—सूर०, १०। २९७६। ४. जड़ना। घुसाना। धँसाना। जमाना। उ०—अब जानी पिय बात तुम्हारी। मो सो तुम मुख ही की मिलवत भावति

है वह प्यारी। भली करी यह बात जनाई प्रगट दिखाई मोहि। सूर श्याम यह प्रान पियारी उर मैं राखी पोहि।—सूर०, १०। २४१३। (ख) कै मधुपावलि मजु लसै अरविंद लगी मकरदहि पोहे।—बेनी (शब्द०)। ५ पीसना। घिसना। ६. दे० 'पोना'।

पोहना[२]—वि० [स्त्री० पोहनी] घुसनेवाला। भेदनेवाला। उ०—यह चार अंग सी सोहनी, चार सैन्य मधि पोहनी। जुग चार चार श्रुति में विदित मृत्युपास मनमोहनी।—गोपाल (शब्द०)।

पोहमीⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पुहमी'। उ०—जहाँ पोहमी पवन नहिं जल अकाश।—तुरसी श०, पृ० १४५।

पोहर†[१]—संज्ञा पु० [हिं० पोहा] १ वह स्थान जहाँ पशु चराए जाते हैं या चरते हैं। चरहा। २. चरहा। घास या पशुओं के चरने का चारा। चरी।

पोहरⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रहर] दे० 'पहर'। उ०—कारण बिण जग सूँ करे, आठ पोहर उपगार।—बाँकी ग्रं०, भा० २, पृ० ४७।

पोहराⓊ†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पहरा'। उ०—न को पिंड पोहरा न को चोर लागै। न को रैण सूता न को दिन्न जागै।—राम० धर्म०, पृ० १३३।

पोहा†—संज्ञा पुं० [सं० पशु] पशु। चौपाया।

पोहिया†—संज्ञा पुं० [हिं० पोहा + इया] चरवाहा।

पोहोपⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पुष्प] पुहुप। फूल। पुष्प। उ०—इछया पोहोप चढाऊँ पूजा मनसा सेवा कीजै।—रामानद०, पृ० २७।

पौंड—संज्ञा पुं० [अ०] दे० 'पाउंड'।

पौंडरीक[१]—संज्ञा पुं० [सं० पौण्डरीक] १ स्थलपद्म। पुंडरी। २. एक प्रकार का कुष्ट जिसमें कमल के पत्ते के रंग का सा वर्ण हो जाता है। ३ एक यज्ञ का नाम।

पौंडरीक[२]—वि० [वि० स्त्री० पौण्डरीकी] पुंडरीक संबंधी। पुंडरीक निर्मित [को०]।

पौंडरीय, पौंडरीयक—संज्ञा पुं० [सं० पौण्डरीय, पौण्डरीयक] दे० 'पुंडर्य' [को०]।

पौंडर्य—संज्ञा पुं० [सं० पौंडर्य्य] स्थलपद्म।

पौंड्र[१]—वि० [सं० पौण्ड्र] १ पुंड्र देश का। २ पुंड्र देश का निवासी या राजा।

पौंड्र[२]—संज्ञा पुं० १ भीमसेन के शंख का नाम। ३ मोटा गन्ना। पौंडा। पौंढा। ३ पुंड्र देश (बिहार का एक भाग)। ४ पुंड्र देश के वसुदेव का पुत्र जो 'मिथ्या वासुदेव' कहलाया। दे० 'पौंड्रक'। ५ मनु के अनुसार एक जाति जो पहले क्षत्रिय थी पर पीछे संस्कारभ्रष्ट होकर वृषलत्व को प्राप्त हो गई थी। दे० 'पुंड्र—६'।

पौंड्रक—संज्ञा पुं० [सं० पौण्ड्रक] १. एक प्रकार का मोटा गन्ना। पौंडा। २ एक पतित जाति। दे० 'पुंड्र—६'।

विशेष—ब्रह्मवैवर्त पुराण में इसी जाति को शौंडिका (कलवारिन) और वैश्य से उत्पन्न एक संकर जा लिखा है।

३ पुंड्र देश का एक राजा।

विशेष—यह जरासंध का संबंधी था। इसके पिता का नाम वसुदेव था, इससे यह अपने को वासुदेव कहता था। राजसू यज्ञ के समय भीम ने इसे हराया था। श्रीकृष्ण के समान भी अपना रूप बनाए रहता था। नारद के द्वारा श्रीकृ की महिमा सुनकर यह बहुत क्रुद्ध हुआ और कहने ल मेरे अतिरिक्त और दूसरा वासुदेव है कौन। इसने एकल आदि वीरों को लेकर द्वारका पर चढ़ाई की पर कृष्ण हाथ से मारा गया।

पौंड्रवत्स—संज्ञा पुं० [सं० पौण्ड्रवत्स] वेद की एक शाखा का ना

पौंड्रवर्धन—संज्ञा पुं० [पौण्ड्रवर्द्धन] पुंड्रवर्धन नगर।

पौंड्रिक—संज्ञा पुं० [सं०] १ पोंडा नाम का गन्ना। २ गोत्रप्रवर्तक ऋषि। ३ लवा नाम का पक्षी। ४ पौं नामक देश।

पौंश्चलीय—वि० [सं०] पुंश्चली संबंधी। कुलटा संबंधी। कु का [को०]।

पौंश्चलेय—संज्ञा पु० [सं०] पुंश्चली या कुलटा का पुत्र [को०]।

पौंश्चल्य—संज्ञा पुं० [सं०] कुलटापन। व्यभिचार [को०]।

पौंसवन—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'पुंसवन' [को०]।

पौंस्न[१]—वि० [सं०] मानवीय। मानव के उपयुक्त। [को०]।

पौंस्न[२]—संज्ञा पुं० मनुष्यता। पुरुषता। मानवता [को०]।

पौंचा—संज्ञा पु० [हिं० पाँच] साढे पाँच का पहाडा।

पौंछनाⓊ†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पोंछना'। उ०—बधन छती लपटाए। पौंछत सुंदर अंग सुहाए।—नंद० ग्र० २५५।

पौंडई[१]—वि० [हिं० पौंड़ा] पौंडे के रंग का। गन्नई।

पौंडई—संज्ञा पुं० एक रंग जो पौंडे के रंग से मिलता होता है।

विशेष—इसमें २० सेर टेसू का रंग और १½ छटाँक पड़ती है। रंग पीलापन लिए हरा होता है। इसे गन्न कहते हैं।

पौंड़नाⓊ—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पौरना'। उ०—पौंडत भव जले काहू पार न पावा।—धरम० श०, पृ० ७१।

पौंड़ा—संज्ञा पुं० [सं० पौण्ड्रक] एक प्रकार की बडी और जाति की ईख या गन्ना।

विशेष—इसका छिलका कुछ कडा होता है पर इसमें बहुत अधिक होता है। यह ईख अधिकतर चूसने के में आती है। लोग इसके रस से गुड, चीनी आदि बनाते। पौंडा दो प्रकार का होता है—सफेद और सुश्रुत ने पौंडे को शीतल और पुष्ट कहा है। कहते हैं कि पहले पहल इस देश में चीन से आया।

पर्या०—भीरुक । वशक । शतपोरक । कांतार । काष्ठेशु । सूचिपत्रक । नैपाल । नीलपोर (काला गन्ना) ।

पौंड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौरी' ।

पौंड़ना—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पोढ़ना' ।

पौंरना†—क्रि० अ० [सं० प्लवन] तैरना । पैरना ।

पौंराकी⑤†—संज्ञा पुं० [हिं० पौंरना] तैरनेवाला । तैराक । उ०—निर्गुन त्रिविध धार अति बाँकी । बूडि मुए भव सम पौंराकी ।—सं० दरिया, पृ० २० ।

पौंरि⑤—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौरी' ।

पौंरिया⑤—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पौरिया' ।

पौंहन⑤†—संज्ञा पुं० [?] स्तुतिपाठ करनेवाला । उ०—पौहन बखाने धनवान मुख आने सुतौ, साहिब के साहिबौ के पगोरो म पाइगै । —सुंदर ग्र० (जीवनी), भा० १, पृ० ६४ ।

पौ[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रपा, प्रा० पवा] पौसाला । पौसला । प्याऊ ।

पौ[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० पाद, प्रा० पाय, पवा (= किरन) या सं० प्रभा] किरन । प्रकाश की रेखा । ज्योति ।

मुहा०—पौ फटना = सवेरे का उजाला दिखाई पड़ना । सवेरा होना । तड़का होना । उ०—पौ फाटी, पागर हुआ, जागे जीया जून । सब काहू को देत है चोंच समाना चून । —कबीर (शब्द०) ।

पौ[3]—संज्ञा पुं० [सं० पाद, प्रा० पाय, पाव] १ पैर । उ०—पौ परि बारहि बार मनाएउ । सिर सौं खेलि पैत जिउ लाएउ । —जायसी ग्र०, पृ० १३७ । २ जड़ । मूल । उ०—पौ बिनु पत्र, करह बिनु तूवा, बिनु जिभ्भा गुन गावै । —कबीर (शब्द०) ।

पौ[4]—संज्ञा स्त्री० [सं० पद, प्रा० पव (= कदम, डग)] पाँसे की एक चाल या दाव ।

विशेष—फेंकने पर जब ताक आता है या दस, पचीस, तीस आते हैं तब पौ होती है ।

मुहा०—पौ बारह पड़ना = जीत का दाँव पड़ना । पौ बारह होना = (१) जीत का दाँव पड़ना । (२) जीत होना । बन आना । भाग्य खुलना । लाभ का खूब अवसर मिलना । जैसे,—यहाँ तो सदा पौ बारह हैं ।

पौआ—संज्ञा पुं० [सं० पाद] दे० 'पोवा' ।

पौगंड[1]—संज्ञा पुं० [सं० पौगण्ड] पाँच वर्ष से दस वर्ष तक की अवस्था ।

पौगंड[2]—वि० बालोचित । बालकों के अनुरूप (को०) ।

पौगंडक—संज्ञा पुं० [सं० पौगण्डक] दे० 'पौगंड' ।

पौठ—संज्ञा स्त्री० [सं० पर्वत, प्रा० पवट्ट] जोत की एक रीति जिसके अनुसार प्रति वर्ष जोतने का अधिकार नियमानुसार बदलता रहता है । बारी बारी गाँव के सब किसानों की जोत में खेत जाता रहता है । भेजवारी ।

पौड़ना[1]—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पोढ़ना' ।

पौड़ना⑤[2]—क्रि० अ० [सं० प्लवन] दे० 'पौरना' । उ०—प्राह अटक माने नहीं, पौढ़ै जल धारा । —कबीर श०, भा० ३, पृ० १४ ।

पौडर—संज्ञा पुं० [अं० पाउडर] १. चूर्ण । बुकनी । २ एक चूर्ण जिसे लोग मुँह पर मलते हैं । उ०—सुभग रूज, पौडर से कर मुख रंजित । —ग्राम्या०, पृ० ८३ ।

पौड़ी[1]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव+ड़ी (प्रत्य०)] १. लकड़ी का मोढ़ा जिसपर मदारी बंदर को नचाते समय बिठाता है ।

मुहा०—पौड़ी पर टिकना = पौड़ी पर बैठना । मोढ़े पर बैठना । (मदारी) ।

†२ अध्याय । परिच्छेद ।

पौड़ी[2]—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की कड़ी मिट्टी ।

पौढ़ना—क्रि० अ० [सं० प्रलोठन ? प्रा० पल्लुट्ट, देशी पवट्ठ] १ सोना । शयन करना । उ०—(क) महलन माहीं पौढ़ते परिमल अंग लगाय । छत्रपती की छाक में गदहा लोटै जाय । —कबीर (शब्द०) । (ख) पुनि पुनि प्रभु कह सोवहु ताता । पौढ़े धरि पर उर जलजाता । —तुलसी (शब्द०) । २ लेटना । शयन की मुद्रा में होना । उ०—(क) लै सर ऊपर खाट बिछाई । पौढो दोऊ कंत गर लाई । —जायसी (शब्द०) । (ख) दूरहि ते देखे बलबीर । अपने बालसखा जु सुदामा मलिन बसन अरु छीन शरीर । पौढ़े हुते पर्यंक परम रुचि रुक्मिणि चमर डुलावति तीर । उठि अकुलाय अगमने लीने मिलत नैन भरि आए नीर । —सूर (शब्द०) ।

पौढ़ाना—क्रि० स० [हिं० पौढ़ना] १ डुलाना । झुलाना । इधर से उधर हिलाना । २ लेटाना । उ०—एक बार जननी अन्हवाए । करि सिंगार पालन पौढ़ाए । —तुलसी (शब्द०) । ३. सुलाना । शयन कराना । उ०—(क) सेज रुचिर रचि राम उठाए । प्रेम समेत पलँग पौढ़ाए । —तुलसी (शब्द०) । (ख) चारो भ्रातन श्रमित जानि कै जननी तब पौढ़ाए । चापत चरण जननि अब अपनी कछुक मधुर स्वर गाए । —सूर (शब्द०) ।

पौढ़ारना⑤—क्रि० स० [हिं० पौढ़ाना] दे० 'पौढ़ाना' । उ०—तापर नृप पौढ़ारियो, दबि चरण चितु लाय । —प० रासो, पृ० ११० ।

पौण⑤†—संज्ञा पुं० [सं० पवन, प्रा० पवण] दे० 'पौन' ।

पौण्य—वि० [सं०] १ पुण्यकर्मकारक । धार्मिक । २ पवित्र । शुद्ध । सच्चा ।

पौतन—संज्ञा पुं० [सं०] एक जनपद ।

पौतव—संज्ञा पुं० [सं०] १. कौटिल्य के अनुसार बिक्री का माल तौलनेवाला । बया । डहीदार । २ एक परिमाण । मान । तौल (को०) ।

पौतवाध्यक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिलीय अर्थशास्त्रानुसार माल की तौल की निगरानी रखनेवाला अधिकारी ।

पौतवापचार—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के अनुसार उचित से कम तौलना । डंडी मारना ।

पौताना‡—संज्ञा पुं० [सं० पाद, प्रा० पाव+संस्थान, प्रा० थाण हिं० पैताना] १ दे० 'पैताना'। २ जुलाहो के करघे में लकडी का एक औजार।

विशेष—यह चार अगुल लबा और चौकोर होता है। इसके बीच मे छेद होता है जिसमे रस्सी लगाकर इसे पीसर में बाँध देते हैं। कपडा बुनते समय यह करघे के गड्ढे मे लटकता रहता है। इसे पैर के अँगूठे में फँसाकर ऊपर नीचे उठाते और दबाते हैं जिससे राछ पीसर आदि दबते और उठते है।

पौतिक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का मधु।

पौतिनासिक्य—संज्ञा पु० [सं०] पीनस रोग।

पौत्तलिक—वि० [सं०] १ पुतली का। पुतली संबधी। २. प्रतिमा-पूजक। मूर्तिपूजक।

पौत्तलिकता—संज्ञा स्त्री० [सं० पौत्तलिक+हिं० ता (प्रत्य०)] पुतलियो की पूजा। मूर्तिपूजा। (अ० आइडोलेटरी)। उ०—इधर अंग्रेजो के आने पर ईसाइयो के आदोलन के बीच जो ब्रह्मोसमाज बगाल मे स्थापित हुआ उसमें भी 'पौत्तलिकता' का भय कुछ कम न रहा।—चिंतामणि, भा० २, पृ० १२५।

पौत्तिक—संज्ञा पु० [सं०] पुत्तिका नाम की मधुमक्खी का मधु। यह मधु घी के समान होता है और प्राय नैपाल से आता है।

पौत्र—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० पौत्री] लडके का लडका। पोता।

पौत्रिकेय—संज्ञा पुं० [सं०] पुत्रिका का पुत्र। लडकी का लडका जो अपने नाना की सपत्ति का उत्तराधिकारी हो।

पौत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पुत्र की पुत्री। पोती। २. दुर्गा [को०]।

पौद¹—संज्ञा स्त्री० [सं० पोत] १ छोटा पौधा। नया निकलता हुआ पेड। २ वह कोमल छोटा पौधा जो एक स्थान से उखाडकर दूसरे स्थान पर लगाया जा सके।

क्रि० प्र०—जमाना।—लगाना।

३. सतान। वश।

पौद²—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव+पट] वह वस्त्र जो बडे लोगों के मार्ग में इसलिये बिछाया जाता है कि वे उसपर से होकर चलें। पाँवडो। पाँवड़ा। उ०—(क) सबै बडभागी अनुरागी प्रभु पाहन के, चाहन सों बात कहैं सबके विलास की। चले उपरोध मनो पौद लगी आनँद की, औध आय गई औध गई बनवास की।—हनुमान (शब्द०)। (ख) गोपुर ते अंत पुर द्वारा। लगी पौद विस्तार अपारा।—रघुराज (शब्द०)।

पौदन्य—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक नगर का नाम जहाँ अश्मक राजा की राजधानी थी।

पौदर—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव+डालना या धरना] १ पैर का चिह्न। २ वह राह जो पैर की रगड से बन गई हो। पगडंडी। ३ कुएँ के पास की वह ढालवीं और कुछ चौडी जमीन जिसपर मोट या पुरवट खींचने के समय बैल आते जाते हैं। ४ वह राह जिसपर होकर कोल्हू खींचनेवाला बैल घूमता या आता जाता है।

पौदा—संज्ञा पुं० [सं० पोत] १. नया निकला हुआ पेड। वह पेड जो अभी बढ़ रहा हो। २ छोटा पेड। क्षुप। गुल्म आदि।

क्रि० प्र०—लगाना।

३ रेशम या सूत का कुँदना जिसे बुलबुल की पेटी में बा देते हैं।

पौद्गलिक—वि० [सं०] १ पुद्गलसबधी। द्रव्य या भूत। २ जड सबधी। ३ विषयानुरक्त। स्वार्थी।

पौध†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौद'।

पौधन—संज्ञा स्त्री० [सं० पयस्+आधान] मिट्टी का वह बरत जिसमें खाना रखकर परोसा जाता है।

पौधा—संज्ञा पुं० [सं० पोत] १ नया निकलता हुआ पेड। वह पे जो अभी बढ रहा हो। उगता हुआ नरम पेड। २ छोटा पे क्षुप, गुल्म आदि। जैसे, आम का पौधा, नील का पौधा।

क्रि० प्र०—लगाना।

पौधिⓅ—संज्ञा स्त्री० [हिं० पौध] दे० 'पौद'। उ०—प्रेम की पौधि प्यारी सूखत अनौधि दुख औधि दिन बीते कहो धीर धरिहौं।—देव (शब्द०)।

पौन पुनिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पौन पुनिकी] जो बार बा हो। फिर फिर होनेवाला।

पौनःपुन्य—संज्ञा पुं० [सं०] बार बार होने का भाव। किसी का लगातार होना [को०]।

पौन¹—संज्ञा पु०, स्त्री० [स० पवन] १ वायु। हवा। उ०—जस सीतल पौन परसि चटकी गुलाब की कलियाँ।—भ तेंदु ग्र०, भा० १, पृ० २७२।

यौ०—पौन का पूत=(१) हनुमान। (२) नाग। सर्प (वे कारण)।

२. जीव। प्राण। जीवात्मा। उ०—नौ द्वारे का पीजरा पछी पौन। रहने को आचरज है गए अचभा कौन।—क (शब्द०)। २ प्रेतात्मा। प्रेत। भूत।

मुहा०—पौन चलाना या मारना=जादू करना। चलाना। मूठ चलाना। प्रयोग करना। पौन बिठान (किसी पर) भूत करना। किसी के पीछे प्रेत लगाना।

पौन²—वि० [स० पाद+ऊन=पादोन, प्रा० पाओन] एक से चौथाई कम। तीन चौथाई। जैसे,—पौन घटे मे आएँगे

पौन³—संज्ञा पुं० [सं० पवन] ठगो का एक भेद जिसमे पहले पीछे लघु होते हैं।

पौनरुक्त, पौनरुक्त्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ आवृत्ति। बार उक्त होना। २ व्यर्थता। अनुपयुक्तता [को०]।

पौनर्णव—संज्ञा पुं० [स०] मल्लूकी तत्र के अनुसार एक का सन्निपात ज्वर जिसमें रोगी लबी साँस लेता है पीडा से बहुत तलफता है।

पौनर्नव—वि० [सं०] पुनर्नवा सबधी। पुनर्नवा का [को०]।

पौनर्भव¹—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पौनर्भवा] १ पुनर्भू (

विवाह करनेवाली स्त्री) सबधी। पुनर्भू का। २ पुनर्भू से उत्पन्न।

पौनर्भव[२]—सज्ञा पुं० १ पुनर्भू से उत्पन्न पुत्र।

विशेष—यह धर्मशास्त्र मे सात प्रकार (जटाधर के मत से १२ प्रकार) के पुत्रों में अतिम माना गया है।

२ वह पति जिसके साथ विधवा का या पति से परित्यक्ता स्त्री का पुनर्विवाह हो।

पौनर्भवा—सज्ञा पुं० [सं०] वह कन्या जिसका किसी के साथ एक बार विवाह सस्कार हो गया हो और फिर दूसरी बार दूसरे के साथ विवाह किया जाय।

विशेष—कश्यप ने सात प्रकार की पौनर्भवा कन्याएँ मानी हैं, (१) वाचादत्ता, (२) मनोदत्ता, (३) कृत कौतुकमगला (जिसे ककण आदि बँधे हों), (४) उदकस्पर्शिता (संकल्पपूर्वक दी हुई) (५) पाणिगृहीतिका, (६) अग्निपरिगता, और (७) पुनर्भूप्रभवा।

पौना[१]—सज्ञा पुं० [सं० पाद+ऊन, प्रा० पाव+ऊन=पाऊन] पौन का पहाडा।

पौना[२]—सज्ञा पुं० [हिं० पौना] [स्त्री० अल्पा० पौनी] काठ या लोहे की बडी करछी जिसका सिरा गोल और चिपटा होता है। इसके द्वारा आग पर चढ़े कडाह में से पूरियाँ, कचौरियाँ आदि निकालते हैं।

पौनार—सज्ञा स्त्री० [सं० पद्म+नाल, प्रा० पउमनाल] कमल के फूल की नाल या डठल।

विशेष—कमल की नाल बहुत नरम और कोमल होती है, उसके ऊपर महीन महीन रोइयाँ या काँटे से होते हैं।

पौनारि, पौनारीⓊ†—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौनार'। उ०—(क) पहुँचहि छपी कमल पौनारी। जघ छिपा कदली होइ बारी।—जायसी (शब्द०)। (ख) चदन गाभ की भुजा सँवारी। जनु सो वेल कमल पौनारी।—जायसी (शब्द०)

पौनिया[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पावना] दे० 'पौनी'[१]।

पौनिया[२]—सज्ञा [हिं० पौन] कपडा जिसका थान पौन थान के बराबर होता है और अर्ज भी कुछ कम होता है।

पौनी[१]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पावना] १. गाँव मे वे काम करनेवाले जिन्हें अनाज की राशि में से कुछ अश मिलता है। २ नाई बारी, धोबी आदि काम करनेवाले जो विवाह आदि उत्सवों पर इनाम पाते हैं। उ०—काढो कोरा कापर हो अरु काढो घी को मौन। जाति पाँति पहिराइ कै सब समदि छनीसौ पौनि।—सूर (शब्द०)। (ख) चली पौनि सब गोहने फूल डार लै हाथ। विश्वनाथ कइ पूजा पद्मावति के साथ।—जायसी (शब्द०)।

पौनी[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० पौना] छोटा पौना।

पौनी[३]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पूनी'। उ०—आप लोग जो हमको पुराना इतिहास सुनाते हैं उसमें युद्ध क्या रेशम की डोरों और कपास की पौनियों से हुआ करते थे?—झाँसी०, पृ० २७।

पौने—वि० [हिं० पौना] किसी सख्या मे से चौथाई भाग कम। किसी सख्या का तीन चौथाई। जैसे, पौने दो, पौने आठ इत्यादि।

विशेष—इसका प्रयोग सख्यावाचक शब्दों के साथ होता है।

मुहा०—पौने चार सेर=बनियो की बोलचाल में एक रुपए मे पद्रह सेर की बिक्री। पौने सोलह आना=बहुत अधिक अश। अधिकाश। बहुत सा। उ०—परतु ध्यान से देखने से उन लोगो की बातों में पौने सोलह आना झूठ निकलता है।—दुर्गाप्रसाद (शब्द०)। पौने सोलह आने=अधिक अश में। प्राय। जैसे,—तुम्हारी बात पौने सोलह आने ठीक निकली।

पौमानⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पवमान] १ दे० 'पवमान'। २ जलाशय। उ०—दासी दास अप्सरा नाना। बाग तडाग विविध पौमाना।—रघुनाथ (शब्द०)।

पौरदर[१]—सज्ञा पुं० [स० पौरन्दर] ज्येष्ठा नक्षत्र का नाम।

पौरदर[२]—वि० [वि० स्त्री० पौरन्दरी] पुरदर सबधी। इद्र सबधी [को०]।

पौरंध्र—वि० [सं० पौरन्ध्र] स्त्रियों से संबधित। स्त्रियो का [को०]।

पौर[१]—वि० [सं०] १ पुर सबधी। नगर का। २. नगर में उत्पन्न। ३. पेटू। उदरभरि। ४ पूर्व दशा या काल में उत्पन।

यौ०—पौरकन्या=नागरिक कन्याएँ। पौरकार्य=नगर सबधी काम काज। नागरिकों का काम। पौरजन। पौरजानपद=नगर और जनपद के निवासी। पौरमुख्य=पौरवृद्ध। पौरयोषित=दे० पौरस्त्री। पौरलोक। पौरवृद्ध। पौरसख्य। पौरस्त्री।

पौर[२]—सज्ञा पुं० १ रोहिष या रूसा नाम की घास। २ पुरु राजा का पुत्र। ३ नखी नामक गध द्रव्य। नख। ४ पुरवासी व्यक्ति। नागरिक (को०)।

पौर[३]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौरि', 'पौरी'।

पौरक—सज्ञा पुं० [सं०] १. घर के बाहर का उपवन। पाई बाग। २. नगर के पास का उपवन (को०)।

पौरकुत्स—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक तीर्थ का नाम।

पौरगीय—वि० [सं०] पूर्वजन्म संबधी।

पौरजन—सज्ञा पुं० [सं०] नागरिक। नगर निवासी [को०]।

पौरनाⓊ—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'पैरना'।

यौ०—पौरनहार=पैरनेवाला। तैराक। उ०—अस्तुति बारिधि अगम अपारा। कोउ न जगत महँ पौरन हारा।—चित्रा० पृ० ३।

पौरलोक—सज्ञा पुं० [सं०] नागरिक। पुरजन [को०]।

पौरव[१]—वि० [सं०] [स्त्री० पौरवी] पुरु के वश का। पुरु से उत्पन्न।

पौरव[२]—सज्ञा पुं० १. पुरु का वशज। पुरु की सतति। २ महाभारत मे वर्णित उत्तरपूर्व का एक देश। ३ उक्त देश का निवासी। ४ उक्त देश का राजा।

पौरवी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ युधिष्ठिर की एक स्त्री का नाम।

२ वसुदेव की एक स्त्री का नाम। ३ संगीत मे एक मूर्च्छना। इसका सरगम इस प्रकार है—ध, नि, स, रे, ग, म, प, । प, ध, नि, स, रे, ग, म, प, ध, नि, स, रे।

पौरवृद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] १. प्रमुख नागरिक। २. वयोवृद्ध [को०]।

पौरसⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पौरुष] पुरुषार्थ। पौरुष। उ०—जिण रवि सूं रक्षा जग जाणै। पौरस अ स वश प्रगटाणै।—रा० रू०, पृ०, ८।

पौरसख्य—संज्ञा पुं० [सं०] वह मित्रता जो एक ही नगर या ग्राम में रहने से परस्पर होती है।

पौरसोⓊ—वि० [हिं० पौरस + ई (प्रत्य०)] पौरुषयुक्त। जिसमे पौरुष हो। उ०—बोल पठायो खान तहब्बर। उठे पौरसी पूत अकब्बर।—रा० रू०, पृ० ६४।

पौरस्त्य—वि० [सं०] १. पूर्वी। पूरब का। २ सबसे आगे का। ३ प्रथम। आगे होनेवाला [को०]

पौरस्त्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अत पुर में रहनेवाली स्त्री। २. पुर या नगर की स्त्री।

पौरांगना—संज्ञा स्त्री० [सं० पौराङ्गना] पौरस्त्री [को०]।

पौरा†—संज्ञा पु० [हिं० पैर] आया हुआ कदम। पडे हुए चरण। पैरा। जैसे,—बहू का पौरा न जाने कैसा है, जब से आई है घर में कोई सुखी नही है।

मुहा०—पौरा उठना=समाप्त होना। अस्तित्व न रहना। उ०—अब यहाँ से भी मजूरिनो का पौरा उठा ही समझो।—शराबी, पृ० ७६

पौराण—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पौराणी] १. पुराणो में कहा या लिखा हुआ। २ पुराण संबधी। ३ पुरा काल का। प्राचीन (को०)।

पौराणिक[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पौराणिकी] १ पुराणवेत्ता। २ पुराणपाठी। ३ पुराण सबधी, पुराण का। जैसे पौराणिक कथा। ४ पूर्वकालीन। प्राचीन काल का।

पौराणिक—संज्ञा पुं० अठारह मात्रा के छंदो की संज्ञा।

पौरानⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पुराण] दे० 'पुराण'। उ०—इक ब्रह्म पोष सम करत घोष। पौरान प्रगट इक वचत मोष।—पृ० रा० ६। ४४

पौरिⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतोली, प्रा० पओली] दे० 'पौरी'। उ०—(क) आतुर जाय पौरि भयो ठाढ़ो कह्यो पौरिया जाई।—सूर (शब्द०)। (ख) पौरिनु परे पहरुवा ऐसे। अति मादक मद पीए, जैसे।—नंद ग्र०, पृ० २३०।

पौरिदारⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० पौरि + फा० दार (प्रत्य०)] दे० 'पौरिया'। उ०—कामकदला के घर आवा। पौरिदार सो बात जनावा।—हिं० क० का०, पृ० २१८।

पौरिया—संज्ञा पुं० [हिं० पौरी] द्वारपाल। डयोढ़ीदार। दरवान। उ०—(क) अति आतुर नृप मोहिं बुलायो। कौन काज ऐसी अटक्यो है मन मन सोच बढ़ायो। आतुर जाय पौरि भयो ठाढ़ो कह्यो पौरिया जाई। सुनत बुलाय महल लीनो सुफलक सुत गयो धाई।—सूर (शब्द०)। (ख) आई इन न विरोधिए गुरु, पडित, कवि, यार। बेटा, बनिता पौरिया, यज्ञ करावनहार।—गिरधर (शब्द०)।

पौरिषⓊ—संज्ञा पुं० [सं० पौरुष] दे० 'पौरुष'। उ०—जीतै क बुधिबल पौरिष, रुचि अपनी तै सरनि लीये।—दादू० पृ० ६२७।

पौरी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतोली, प्रा० पओली] घर के भीतर वह भाग जो द्वार में प्रवेश करते ही पडे और थोडी दूर लबी कोठरी या गली के रूप में चला गया हो। डयोढी उ०—(क) सेए सीताराम नहिं भजे न शंकर गौरि। जन गँवायो वादि ही परत पराई पौरि।—तुलसी (शब्द० (ख) राजा! इक पडित पौरि तुम्हारी।—सूर (शब्द०) (ग) चाह भरी अति रिस भरी विरह भरी सब बात। सँदेसे दुहुन के चले पौरि लौं जात।—बिहारी (शब्द०) (घ) पौरि लौ खेलन जाती न तौ इन आलिन के मत में क्यों?—देव (शब्द०)।

पौरी†[2]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पैर] सीढी। पैडी। उ०—का पर अस ऊँच तुखारा। दुइ पौरी पहुँचे असवारा।—प (शब्द०)।

पौरी†[3]—संज्ञा स्त्री० [हिं० पाँव + री] खडाऊँ। उ०—पाँयन लेहु सभ पौरी। काँट धँसै न गडै अँकरौरी। (शब्द०)।

पौरुकुत्स—संज्ञा पुं० [सं०] पुरुकुत्स के गोत्र में उत्पन्न पुरुष।

पौरुकुत्सि—संज्ञा पुं० [सं०] पुरुकुत्स का पुत्र।

पौरुक्ति—संज्ञा पुं० [सं०] पुनर्वचन। पुन कथन। दोहराना।

पौरुख†—संज्ञा पुं० [सं० पौरुष] पौरुष। पुरुषार्थ। बल। उ०—भाग्य पर वह भरोसा करता है जिसमें पौरुख होता।—काया० पृ० २४६।

पौरुमह—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सामगान।

पौरुमद्ग—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सामगान।

पौरुमीढ—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सामगान।

पौरुष[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. पुरुष का भाव। पुरुषत्व। पु २ पुरुष का कर्म। पुरुषार्थ। ३ बलवीर्य। ४ साहस। मरदानगी। ४ उद्योग। उद्यम। क जैसे,—अपने पौरुष का भरोसा रखो, दूसरे की क न रहो। ५ गहराई या ऊँचाई की एक माप। पुरुसा उतना बोझ जितना एक आदमी उठा सके। ७ लिंगेंद्रिय (को०)। ८. शुक्र। वीर्य (को०)। ९. सूर्य घड़ी (का

पौरुष[2]—वि० पुरुष सबधी। पुरुष की पूजा करनेवाला [को०]।

पौरुषिक—संज्ञा पुं० [सं०] पुरुषपूजक। पुरुष की पूजा वाला [को०]।

पौरुषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्त्री [को०]।

पौरुषेय[1]—वि० [सं०] १ पुरुष सबधी । पुरुष का । २ पुरुषकृत । आदमी का किया हुआ । ३ आध्यात्मिक ।

पौरुषेय[2]—सज्ञा पुं० १ पुरुष का विकार । २ पुरुष का समूह । जन-समुदाय । ३ पुरुष का कर्म । मनुष्य का काम । ४ रोज की मजदूरी या काम करनेवाला मजदूर । ५. पुरुषहत्या । पुरुषवध (को०) ।

पौरुष्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ साहस । २ पुरुषत्व ।

पौरुहूत—सज्ञा पुं० [सं०] पुरुहूत या इद्र का अस्त्र । वज्र ।

पौरू—सज्ञा स्त्री० [देश०] भूमि का एक भेद । एक प्रकार की मिट्टी या जमीन जिसके कई भेद होते हैं ।

यौ०—**पौरू केहरा** = एक प्रकार की मिट्टी । यह मिट्टी सफेद रग की होती है और इसके ऊपर पतली पपडी सी जम जाती है जिससे रेह और सज्जी बन सकती है । इस भूमि में रबी और खरीफ दोनो फसलें होती हैं । **पौरू केहरा अमीर** = एक मिट्टी । इसका रग सफेदी लिए पीला होता है और इसमे फसल अधिक वर्षा में उपजती है । **पौरू कौंड़िया** = मिट्टी की एक किस्म । यह मिट्टी ललाई लिए होती है । यह न गीली होने से लसीली होती है और न सूखने पर फटती है । इसमें खरीफ की फसल अच्छी होती है और पानी देने से इसमे रबी की फसल भी होती है । **पौरू तूसी** = भूरे रग की मिट्टी । यह भूरे रग की होती है । इसमें रबी नहीं उपज सकती । **पौरू दुरसन** = इसकी मिट्टी कहीं ललाई और कही कालापन लिए होती है । इसमें रबी की फसल अच्छी होती है पर खरीफ के लिये पानी की अधिक आवश्यकता पड़ती है ।

पौरेय—सज्ञा पुं० [सं०] १ नगर के समीप का स्थान, देश, ग्राम आदि । २ नागर । नागरिक [को०] ।

पौरोगव—सज्ञा पुं० [सं०] पाकशालाध्यक्ष ।

पौरोडाश—सज्ञा पु० [स्त्री०] १ पुरोडाश से सबधित वस्तु, व्यक्ति, मत्र आदि । २ एक मत्र जिसका उच्चारण पुरोडाश के निर्माण के समय किया जाता है [को०] ।

पौरोडाशिक—सज्ञा पुं० [सं०] पौरोडाश मत्र का उच्चारण करनेवाला पुरोहित [को०] ।

पौरोधस—सज्ञा पुं० [सं०] पुरोधा या पुरोहित का पद [को०] ।

पौरोभाग्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ दोष देखना । दोषदर्शन । २. ईर्ष्या । द्वेष । डाह । ३ दुष्कृत्य । शरारत भरा कार्य [को०] ।

पौरोहित्य—सज्ञा पुं० [सं०] पुरोहिताई । पुरोहित का कर्म ।

पौर्णपर्क—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का वैदिक कृत्य ।

पौर्णमास—सज्ञा पु० [सं०] एक याग या इष्टिका जो पूर्णिमा के दिन होती थी ।

पौर्णमासिक—वि० [सं०] १ पूर्णमासी से सबधित । २. पूर्णिमासी के दिन होनेवाला [को०] ।

पौर्णमासी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्णमासी ।

विशेष—यज्ञो में प्रतिपदुत्तरा पूर्णमासी का ही ग्रहण होता है । दो प्रकार की पूर्णमासी मानी गई है—एक पूर्वी जिसे पचदशी भी कहते हैं, दूसरी उत्तरा जिसे प्रतिपदुत्तरा कहते हैं ।

पौर्णमास्य—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्णिमा को होनेवाला यज्ञ आदि ।

पौर्णमी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्णिमा ।

पौर्णिम—सज्ञा पुं० [सं०] सन्यासी । वैरागी [को०] ।

पौर्णिमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्णिमा [को०] ।

पौर्त[1]—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्त कार्य । पूर्त ।

पौर्तिक—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्त का साधक कर्म ।

पौर्व—वि० [सं०] १ अतीत से सबधित । अतीत का । २ पूर्व से सबधित । पूर्व का । ३ परपरागत । परपराप्राप्त [को०] ।

पौर्वदेहिक, पौर्वदैहिक—वि० [सं०] पूर्वजन्म से सबधित । पूर्वजन्म में किया हुआ [को०] ।

पौर्वात्य—वि० [सं०] पूर्वी । पूर्व से सबधित । पूर्व का । उ०—हिंदी के आधुनिक समीक्षकों में पौर्वात्य पद्धति के आधार पर शास्त्रीय पद्धति की व्याख्या करनेवाले हैं । —आलोचना०, पृ० 'क' ।

पौर्वापर्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्व और पर अर्थात् आगे और पीछे का भाव । २ अनुक्रम । सिलसिला

पौर्वापौरुषिक—वि० [सं०] वशपरपरागत । पुश्तैनी ।

पौर्वाह्णिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पौर्वाह्णिकी] पूर्वाह्ण से सबधी ।

पौर्विक—वि० [सं०] पूर्व में होनेवाला ।

पौल—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पौर' । उ०—सिष पौल के पार झार नित उठ उठ आवै ।—तुलसी० श०, पृ० १०४ ।

पौलस्ती—सज्ञा स्त्री० [सं०] शूर्पणखा ।

पौलस्त्य—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० पौलस्त्यी] १. पुलस्त्य का पुत्र या उनके वंश का पुरुष । २ कुबेर । ३ रावण, कुभकर्ण और विभीषण । ४ चद्र ।

पौलस्त्यो—सज्ञा स्त्री० [सं०] शूर्पणखा ।

पौला—सज्ञा पुं० [हिं० पाव, पाउ + ला (प्रत्य०)] एक प्रकार का खडाऊँ जिसमें खूँटी नही होती, छेद में बँधी हुई रस्सी में अगूँठा फँसा रहता है । उ०—पौला पहिरि के हर जोतै और सुथना पहिरि निरावैं । कहैं घाघ ये तीनों भकुआ सिर बोझा औ गावैं ।—घाघ (शब्द०) ।

पौलि[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ थोडा भुना हुआ जौ सरसों आदि । २ फुलका । रोटी ।

पौलि[2]—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पौली' । उ०—करि असुवारी कुमर दोउ, उतरे पौलि सुछाण ।—ह० रासो, पृ० ९३ ।

पौलिया—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पौल्या' ।

पौलिश—वि० [यू० पालस ऐलेंजैड्रिनस] पुलिश कृत (ज्योतिष का एक सिद्धांत) । पुलिश सबधी ।

पौली—सज्ञा स्त्री० [हिं० पाव, पाउ + ली (प्रत्य०)] १. पैर का वह भाग जो खडे होने पर जमीन से आडा लगा रहता है एडी से लेकर उँगलियो तक का भाग। उतना पैर जितने मे जूता, खडाऊँ आदि पहनते हैं। २ पैर का निशान जो धूल, गीली मिट्टी आदि पर पड जाता है। पदचिह्न।

पौलूषि—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुलु वश में उत्पन्न पुरुष। २ सत्ययज्ञ नामक एक ऋषि जो पुलु ऋषि के वश में उत्पन्न हुए थे। इनका नाम शतपथ ब्राह्मण में आया है।

पौलोम—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० पौलोमी] १ पुलोमा ऋषि का अपत्य या पुत्र। २ कौशीतक उपनिषद् के अनुसार दैत्यों की एक जाति का नाम। ३ इद्र (को०)।

पौलोमी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. इद्राणी। २. भृगु महर्षि की पत्नी का नाम।

पौल्कस[1]—वि० [स०] पुल्कस (एक सकर जाति) जाति संबधी।

पौल्कस[2]—सज्ञा पुं० पुल्कस जाति का मनुष्य।

पौल्याⓊ—सज्ञा पुं० [हिं० पौल] दे० 'पौरिया'। उ०—रावली पोले आवीया, पौल्या वेगी बधावउँ जाइ। —बी० रासो०, पृ० ६१।

पौवा†[1]—सज्ञा पुं० [सं० पाद, पादक हिं० पाव] १. एक सेर का चौथाई भाग। सेर का चतुर्थांश। उ०—ओढ़न मेरा राम नाम, मैं रामहि को बनजारा हो। राम नाम का करों बनिज मैं हरि मोरा बढवारा हो। सहस नाम को करो पसारा दिन दिन होत सवाई हो। कान तराजू सेर तिनपौवा उह किन ढोल बजाई हो।—कबीर (शब्द०)। २ मिट्टी या काठ आदि का एक बरतन जिसमें पाव भर पानी, दूध आदि आ जाय। ३ पान जो २६½ ढोली हो। २६½ ढोली पान। (तबोली)। †४ एक तरह का खड़ाऊँ। उ०—पौवा अधर अधार को चलत सो पाँव पिराय।—भीखा श०, पृ० ६६।

पौष—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह महीना जिसमें पूर्णमासी पुष्य नक्षत्र में हो। पूस। २ एक उत्सव या पर्व (को०)। ३ सघर्ष। लड़ाई (को०)।

पौषना†Ⓤ—क्रि० स० [स० पोषण] दे० 'पोसना'। उ०—पेवर भूचर जे जल के चर देत अहार चराचर पौषै। —सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ४३२।

पौषी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पूस महीने की पूर्णिमा। पूष की पूर्णिमा २ पुष्य नक्षत्रयुक्त रात्रि [को०]।

पौष्कर[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुष्कर मूल। २ पदम की जड। भीसा। भसीड। ३ एरड का मूल। ४ स्थलपद्म।

पौष्कर[2]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पौष्करी] पुष्कर सबंधी। नील वर्ण कमल से सबधित [को०]।

पौष्कर मूल—सज्ञा स्त्री० [सं०] पुष्कर मूल।

पौष्कर सादि—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक वैयाकरण ऋषि का नाम जिनके मत का उल्लेख महाभाष्य में है। २ पुष्करसद् नाम के ऋषि के गोत्र में उत्पन्न पुरुष।

पौष्करिणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] छोटा पोखरा। छोटा तालाब पुष्करिणी।

पौष्कल—सज्ञा पु० [स०] १ एक साम का नाम। २ एक प्रक का अन्न (को०)।

पौष्कल्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ सपूर्णता। भरा पूरापन। विकसित स्थिति। २ आधिक्य। बहुलता (को०)।

पौष्टिक[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० पौष्टिकी] पुष्टिकारक। बलवी दायक। जैसे, पौष्टिक औषध।

पौष्टिक[2]—सज्ञा पुं० १. वह कर्म जिससे धन जन आदि की वृद्धि हो २ वह कपडा जो मुडन के समय सिर पर डाल दि जाता है।

पौष्टी—सज्ञा स्त्री० [स०] पुर नाम के राजा की एक स्त्री।

पौष्ण[1]—सज्ञा पुं० [स०] रेवती नक्षत्र।

पौष्ण[2]—वि० पुषा देवता सबधी। सूर्य सबधी। पुषा देवता (चरु आदि)।

पौष्प[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० पौष्पी] पुष्प सबधी। फूल का पुष्पनिर्मित।

पौष्प[2]—सज्ञा पुं० १ फूलों का निकाला हुआ मद्य। २ पुष्परेणु फूल की धूल। पराग।

पौष्पक—सज्ञा पुं० [स०] कुसुमाजन।

पौष्पी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पुष्पपुर या पाटलिपुत्र। २ से बननेवाली एक शराब (को०)।

पौसरा—पुं० [हिं०] दे० 'पौसला'।

पौसला—सज्ञा स्त्री० [स० पय शाला] १ वह स्थान जहाँपर पिलाया जाता है। वह स्थान जहाँ सर्वसाधारण को जल पिलाया जाता है। प्याऊ। सबील। २ प्यासो को पिलाने का प्रबध।

क्रि० प्र०—बैठाना। — चलाना।

पौसाकⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पोशाक'। उ०—कबहुँ दुति बाल बपु रजत अभूषन अग। पच नदी पौसाक धरे किए सोइ ढग।—भारतेंदु ग्रं०, भा०२, पृ० २१४।

पौसार—सज्ञा स्त्री० [हिं० पावँ+साल] लकडी का एक डडा जो और राछ के नीचे लगा रहता है। यह करघे के भीतर र है। इसी को पैर से दबाकर राछ को ऊँचा नीचा करते हैं

पौसेरा—सज्ञा पुं० [हिं० पाव + सेर] पाव सेर की तोल।

पौहकरⓊ†—सज्ञा पु० [सं० पुष्कर] पुष्कर तीर्थ। उ०—अ पौहकर नेम ले मघकर हर कुल मोड।—रा० रू०, पृ० ४

पौहर†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्रहर'। उ०—बीसल दे त रजीयो। च्यार पौहर नीतु बिलसइ भोग।—बी० र पृ० ३०।

पौहराⓊ†—सज्ञा पु० [हिं०] दे० 'पहरा'। उ०—माढू मारजै, पौहरा जिकाँ पडंत। बिन पौहरै थाहर बसै स बलवंत।—बाँकी० ग्रं०, भा०१, पृ० २३।

पौहा‡—सज्ञा पुं० [सं० पशु] पशु । जानवर । उ०—पक रही फसल लद रहे चना से बूँट पडी है हरी मटर । तीमन को साग और पौहो को हरा, भरी पूरी धरती ।—मिट्टी०, पृ० ४४ ।

पौहारी—सज्ञा पुं० [स० पयस (=दूध) + आहारी] वह जो केवल दूध ही पीकर रहे (अन्न आदि न खाय) । जैसे, पौहारी बाबा ।

प्यंडⓊ—सज्ञा पुं० [सं० पिण्ड] दे० 'पिंड' । उ०—प्यंड ब्रह्मड कथै सब कोई । वाके आदि अरु अत न होई ।—कबीर ग्र०, पृ० १४६ ।

प्यंडरⓊ—वि० [सं० पाण्डुर] दे० 'पांडुर—२' । उ०—प्यंडर केस कुसुम भये धौला सेत पलटि गइ बानी ।—कबीर ग्र०, पृ० २२१ ।

प्यॉरⓊ—सज्ञा पुं० [हिं०] धान, कोदो के डठल जिनसे दाना अलग कर दिया गया हो । पयाल । पयार । पुआर । उ०—जाडे के दिनों में किसी गरम कोठे के चारो ओर प्यॉर बिछा बिछा के अपने परिजनो के साथ सब बैठ कथा कह कह दिन बिताते हैं—श्यामा०, पृ० ४४ ।

प्याऊ—सज्ञा पुं० [स० प्रपा, हिं० प्याना (=पिलाना) + ऊ (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ सर्वसाधारण को पानी पिलाया जाता है । पौसरा । सबील ।

प्याज—सज्ञा पुं० [फा० प्याज़ या पियाज़] एक प्रसिद्ध कद जो बिलकुल गोल गाँठ के आकार का होता है और जिसके पत्ते पतले लबे और सुगधराज के पत्तो के आकार के होते हैं ।

विशेष—इसकी गाँठ मे ऊपर से नीचे तक केवल छिलके ही छिलके होते हैं । यह कंद प्राय सारे भारत में होता है और तरकारी या मास के मसाले के काम में आता है । कही कही इसका उपयोग औषधो आदि में भी होता है । यह बहुत अधिक पुष्ट माना जाता है । इसकी गध बहुत उग्र और अप्रिय होती है जिसके कारण इसका अधिक व्यवहार करने-वालो के मुँह और कभी कभी शरीर या पसीने से भी विकट दुर्गंध निकलती है । इसी लिये हिंदुओं मे इसके खाने का बहुत अधिक निषेध है । यह बहुत दिनो तक रखा जा सकता है और कम सड़ता है ।

वैद्यक के अनुसार इसके गुण प्राय लहसुन के समान ही हैं । वैद्यक में इसे मास और वीर्यवर्धक, पाचक, सारक, तीक्ष्ण, कठशोधक, भारी, पित्त और रक्तवर्धक, बलकारक, मेधा जनक, आँखो के लिये हितकारी रसायन, तथा जीर्णज्वर, गुल्म, अरुचि, खाँसी, शोथ, आमदोष, कुष्ठ, अग्निमाद्य, कृमि, वायु और श्वास आदि का नाशक माना जाता है । इसमें से एक प्रकार का तेल भी निकलता है जो उत्तोजक और चेतनाजनक माना जाता है । प्याज को कुचलने से जो रस निकलता है वह बिच्छू आदि के काटे हुए स्थान पर लगाया भी जाता है और मूर्छा के समय उसे सुँघाने से चेतना आती है ।

पर्या०—सुकंदक । लोहितकंद । तीक्ष्णकद । उष्ण । मुख-दूषण । शूद्रप्रिय । कृमिघ्न । मुखगधक । बहुपत्र । विश्व-गंध । रोचन । पलांडु ।

प्याजी[1]—वि० [फा०] प्याज के रग का । हलका गुलाबी ।

प्याजी[2]—सज्ञा पुं० [देश०] काले रग का एक प्रकार का दाना जो प्राय गेहूँ के साथ उत्पन्न होता और उसी के दानों के साथ मिल जाता है । मुनमुना । विशेष दे० 'मुनमुना' ।

प्यादा—सज्ञा पुं० [फा० पयादह्] १ पदाति । पैदल । सेना का पैदल सिपाही । २. दूत । हरकारा । ३ शतरज के खेल में एक गोटी ।

यौ०—प्यादापा = पैदल चलनेवाला । प्यादापाई = पैदल या बिना सवारी के चलना ।

प्यान[1]—वि० [सं०] मोटा । स्थूल । पीन [को०] ।

प्यानⓊ[2]—सज्ञा पुं० [सं० प्रयान, हिं० पयान] दे० 'प्रयाण' । उ०—दिया खता न प्यान किया, गदर मया उजार । मर गए ते मर गए बाँचे बाँचनिहार ।—कबीर बी० (शिशु०), पृ० २३६ ।

प्यानाः—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पिलाना' ।

प्यायन[1]—वि० [सं०] शक्तिवर्धक । शक्ति या वृद्धियाला [को०] ।

प्यायन[2]—सज्ञा पुं० वृद्धि । वर्धन । बढ़ना [को०] ।

प्यायित—वि० [सं०] १ जो बढ गया हो । वृद्धिप्राप्त । २ जो मोटा हो गया हो । ३ शक्ति या पुष्टि प्राप्त [को०] ।

प्यार[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रीति, प्रिय अथवा प्रियक] १ मुहब्बत । प्रेम । चाह । स्नेह । २ वह स्पर्श, चुबन, सबोधन आदि जिससे प्रेम सूचित हो । प्यार जनाने की क्रिया । जैसे, बच्चो को प्यार करना ।

मुहा०—प्यार का खेलौना = बालक शिशु । बच्चा । उ०—प्यार कर प्यार के खेलौने को, कौन दिल में पुलक नही छाई ।—चोखे०, पृ० १३ ।

प्यार[2]—सज्ञा पुं० [सं० पियाल] अचार या पियार नाम का वृक्ष जिसका बीज चिरौंजी है ।

यौ०—प्यार मेवा = पियाल मेवा । चिरौंजी ।

प्यारा—वि० [सं० प्रिय] [वि० स्त्री० प्यारी] १. जिसे प्यार करें । जो प्रिय हो । प्रेमपात्र । प्रीतिपात्र । प्रिय । २ जो अच्छा लगे । जो भला मालूम हो । ३. जो छोडा न जाय । जिसे कोई अलग करना न चाहे । जैसे,—प्राण सबको प्यारा होता है । ४. महँगा । अधिक मूल्यवान् ।

प्यारिⓊ—सज्ञा स्त्री० [हिं० प्यारी] प्यारी । प्रिया । उ०—मोसी सखि तुम कोटिक पठवौ प्यारि न मानै आप । —नंद ग्र०, पृ० ३६८ ।

प्याला—सज्ञा पुं० [फा० प्यालह्, पियालह्] [स्त्री० अल्पा० प्याली] १. एक विशेष प्रकार का छोटा कटोरा जिसका ऊपरी भाग या मुँह नीचेवाले भाग या पेंदे की अपेक्षा कुछ अधिक चौड़ा होता है और जिसका व्यवहार साधारणतः

जल, दूध या शराब आदि पीने में होता है। छोटा कटोरा। बेला। जाम।

मुहा०—प्याला पीना या लेना = मद्य पीना। शराब पीना। प्याला देना = मद्य पिलाना। शराब पिलाना। प्याला भरना या लबरेज होना = आयु का पूर्ण होना। दिन पूरा होना।

२. जुलाहों का मिट्टी का वह बरतन जिसमें वे नरी भिगोते हैं।

३ गर्भाशय।

मुहा०—प्याला बहना = गर्भपात होना। गर्भ गिरना।

४ भीख माँगने का पात्र। कासा। खप्पर। ५ तोप या बंदूक में वह गड्ढा या स्थान जिसमे रजक रखते हैं।

प्यावना†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'पिलाना', 'प्याना'। उ०—कमल नैन कौं अति भावत है, मथ मथ प्यावत धैया।—पोद्दार अभि० ग्रं०, पृ० २३४।

प्यावनिⓊ—संज्ञा स्त्री० [हिं० प्यावना] पिलाने का कार्य। पिलाना। उ०—मैयन की वह गर लपटावनि। चूमनि मधुर पयोधर प्यावनि।—नंद० ग्र०, पृ० २४५।

प्यास—संज्ञा स्त्री० [सं० पिपासा] मुँह और गले के सूखने से होनेवाली वह अनुभूति जो शरीर के जलीय पदार्थ के कम हो जाने पर होती है। जल पीने की इच्छा। तृषा। तृष्णा। पिपासा।

विशेष—शरीर के सभी अगो में कुछ न कुछ जल का अंश होता है जिससे सब अंगों की पुष्टि होती रहती है। जब यह जल शरीर के काम में आने के कारण घट जाता है तब सारे शरीर में एक प्रकार की सुस्ती मालूम होने लगती है और गला तथा मुँह सूखने लगता है। उस समय जल पीने की जो इच्छा होती है उसी का नाम प्यास है। जीवो के लिये भूख की अपेक्षा प्यास अधिक कष्टदायक होती है क्योंकि जल की आवश्यकता शरीर के प्रत्येक स्नायु को होती है। भोजन के बिना मनुष्य कुछ अधिक दिनों तक जी सकता है पर जल के बिना बहुत ही थोडे समय मे उसका जीवन समाप्त हो जाता है। जो लोग प्यास के मारे मरते हैं वे प्राय. मरने से पहले पागल हो जाते हैं।

मुहा०—प्यास बुझाना = जल पीकर तृष्णा को शांत करना। प्यास लगना = प्यास मालूम होना। पानी पीने की इच्छा होना।

२ किसी पदार्थ आदि की प्राप्ति की प्रबल इच्छा। प्रबल कामना।

प्यासा—वि० [सं० पिपासित या पिपासु] जिसे प्यास लगी हो। जो पानी पीना चाहता हो। तृषित। पिपासायुक्त।

प्युनिटिव पुलिस—संज्ञा स्त्री० [अं०] वह अतिरिक्त पुलिस दल जो किसी नगर या गाँव में, वहाँ वालो के दुष्ट आचरण अर्थात् नित्य उपद्रव आदि करने के कारण, निर्दिष्ट अवधि के लिये तैनात किया जाता है और जिसका खर्च गाँववालों से ही दंड स्वरूप लिया जाता है।

प्यून—संज्ञा पुं० [अ०] प्यादा। सिपाही। चपरासी। हुक्काबरदार।

प्यूनबुक—संज्ञा स्त्री० [अ०] वह डायरी या रजिस्टर जिसमें पत्रादि चढाए जाते हैं और उसे चपरासी लेकर जिसका पत्र होता है उसे देता है और पानेवाले का हस्ताक्षर उस डायरी या रजिस्टर पर ले लेता है।

प्यूनी†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'पूनी'।

प्यूस—संज्ञा पुं० [सं० पीयूष] दे० 'पेवस'।

प्यूसी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० प्यूस] दे० 'पेवसी'।

प्योⓊ†—संज्ञा पुं० [हिं० पिय, पिउ] पति। स्वामी। खाविंद। उ०—एकही दर्पन देखि कहै तिय नीके लगौ पिय प्यौ कहै प्यारी। देव सु बालम बाल को बाद बिलोकि भई बलि हौं बलिहारी।—देव (शब्द०)।

प्योरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] १ रूई की मोटी बत्ती। २ एक प्रकार का पीला रंग।

प्योसर—संज्ञा पुं० [सं० पीयूष] हाल की ब्याई हुई गौ का दूध। उ०—सब हेरि धरी है साठी। लै उपर उपर ते काढ़ी। अति प्योसर सरिस बनाई। तेहि सोंठ मिरच रुचिताई।—सूर (शब्द०)।

प्योसार†—संज्ञा पुं० [सं० पितृशाला] स्त्री के लिये पिता का गृह। पीहर। मायका। उ०—परत फिराय पयोनिधि भीतर सरिता उलट बहाई। मनु रघुपति भयभीत सिंधु पत्नी प्योसार पठाई।—सूर (शब्द०)।

प्यौंदा†—संज्ञा पुं० [हिं० पैवंद] दे० 'पैवंद'।

प्यौⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पिय'। उ०—जा तिय को परदेसु तें आयो प्यो मतिराम।—मति० ग्र०, पृ० ३१८।

प्यौरⓊ—संज्ञा पुं० [हिं० प्रिय] १ पति। स्वामी। २ प्रियतम। उ०—हम हारो कै कै हहा पाइनु पारयो प्यौरु। लेहु कहा अजहूँ किए तेह तरेरयो त्यौरु।—बिहारी (शब्द०)।

प्यौसरी—संज्ञा पुं० [हिं० प्योसर] दे० 'पेवसी'।

प्यौसार†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्योसार'। उ०—तू भँवर न बैठयो रहिओ, चल बस मेरे प्यौसार।—पोद्दार अभि० ग्र० पृ० ८७७।

प्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक उपसर्ग जो क्रियाओ में संयुक्त होने पर 'आगे', 'पहले', 'सामने', 'दूर' का अर्थ देता है, विशेषणों में संयुक्त होने पर 'अधिक', 'बहुत', 'अत्यधिक' का अर्थ देता है जैसे, प्रकृष्ट, प्रमत्त आदि और संज्ञा शब्दो में संयुक्त होने पर 'प्रारंभ' (प्रयाण), 'उत्पत्ति' (प्रभव, प्रपौत्र), 'लंबाई' (प्रवालभूमिक), 'शक्ति' (प्रभु), 'आकांक्षा' (प्रार्थना), 'स्वच्छता' (प्रसन्न जल), 'तीव्रता' (प्रकर्ष), 'वियोग' या 'वियोग' (प्रोषित, प्रपर्ण वृक्ष), आदि का अर्थ देता है।

प्रकंप—संज्ञा पुं० [सं० प्रकम्प] थरथराहट। कँपकँपी।

प्रकंपन[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रकम्पन] १. कँपकँपी। थरथराहट। २ वायु। हवा। ३. महावात। आँधी (को०)। ४ एक नर का नाम। ५. एक राक्षस का नाम।

प्रकंपन[२]—वि० हिलानेवाला। जो कंप उत्पन्न करे।

प्रकंपमान—वि० [सं० प्रकम्पमान] जो थरथराता हो। अत्यंत हिलता हुआ।

प्रकंपित—वि० [सं० प्रकम्पित] १ काँपता हुआ। कंपायमान। २ हिलता हुआ। ३. कंपित। काँपाया हुआ [को०]।

प्रकंपी—वि० [सं० प्रकम्पिन्] काँपता हुआ। हिलता झूलता हुआ। काँपने या हिलनेवाला [को०]।

प्रकच—वि० [सं०] जिसके सर के बाल खड़े हों। ऊर्ध्वकेश [को०]।

प्रकट[१]—वि० [सं०] १ जो सामने आया हो। जो प्रत्यक्ष हुआ हो। जाहिर। जैसे,—इस नगर में प्लेग प्रकट हुआ है। २ उत्पन्न। आविर्भूत। जैसे,—इतने में वहाँ एक राक्षस प्रकट हुआ। ३ स्पष्ट। व्यक्त। जाहिर।

प्रकट[२]—अव्य० स्पष्टत। प्रकाश्य रूप से। सबके सामने [को०]।

प्रकटता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रकट + हिं० ता (प्रत्य०)] स्पष्टता। दृष्टिगोचर होने का भाव। उ०—घनैसर्गिक घटा सी छा रही थी। प्रलय घटिका प्रकटता पा रही थी।—साकेत, पृ० ५४।

प्रकटन—संज्ञा पुं० [सं०] प्रकट होने की क्रिया।

प्रकटना—क्रि० अ० [सं० प्रकट + हिं० ना (प्रत्य०)] प्रकट होना। प्रादुर्भूत होना। दिखाई देना।

प्रकटित—संज्ञा पुं० [सं०] जो प्रकट हुआ हो। प्रकट किया हुआ।

प्रकटीकरण—संज्ञा पुं० [सं०] प्रकट या अभिव्यक्त होने का भाव। प्रकट करना [को०]।

प्रकटीभवन—संज्ञा पुं० [सं०] अभिव्यक्त होना। जाहिर होना। प्रकट होना।

प्रकथन—संज्ञा पुं० [सं०] व्यक्त करना। घोषित करना। बताना [को०]।

प्रकर—संज्ञा पुं० [सं०] १ अगुरु। अगर नामक गंध द्रव्य। २ पुंज। समूह। राशि। ३ खिला हुआ फूल या स्तवक। ४ सहारा। मदद। सहायता। ५ अधिकार। ६ खूब काम करनेवाला। वह जो किसी काम में बहुत होशियार हो। ७. समादर। सत्कार (को०)। ८ अपनयन। अपहरण। नारी अपहरण (को०)। प्रक्षालन। संक्षालन। मार्जन (को०)। ९ रीति। परिपाटी परंपरा (को०)।

प्रकरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ उत्पन्न करना। अस्तित्व में लाना। २. किसी विषय को समझने या समझाने के लिये उसपर वाद विवाद करना। जिक्र करना। वृत्तांत। ३ प्रसंग। विषय। ४ किसी ग्रंथ के अंतर्गत छोटे छोटे भागों में से कोई भाग। किसी ग्रंथ आदि का वह विभाग जिसमें किसी एक ही विषय या घटना आदि का वर्णन हो। परिच्छेद। अध्याय। ५. वह वचन जिसमें कोई कार्य अवश्य करने का विधान हो। ६ अवसर। काल। समय (को०)। दृश्य काव्य के अंतर्गत रूपक के दस भेदों में से एक।

विशेष—साहित्यदर्पण के अनुसार इसमें सामाजिक और प्रेम संबंधी कल्पित घटनाएँ होनी चाहिए और प्रधानतः शृंगार रस ही रहना चाहिए। जिस प्रकरण की नायिका वेश्या हो वह शुद्ध' प्रकरण और जिसकी नायिका कुलवधू हो वह 'संकीर्ण प्रकरण' कहलाता है। नाटक की भाँति इसका नायक बहुत उच्च कोटि का पुरुष नहीं होता, और न इसका आख्यान कोई प्रसिद्ध ऐतिहासिक या पौराणिक वृत्त होता है। संस्कृत के मृच्छकटिक, मालतीमाधव आदि 'प्रकरण' के ही अंतर्गत हैं।

प्रकरणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रकरण के समान नाटिका।

प्रकरिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रासंगिक कथावस्तु। प्रकरी [को०]।

प्रकरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार का गान। २ नाटक में प्रयोजनसिद्धि के पाँच साधनों में से एक जिसमें किसी एक देशव्यापी चरित्र का वर्णन होता है। ३ नाटकीय वेशभूषा (को०)। ४ किसी जमीन का खुलता हिस्सा। आँगन (को०)। ५ चौराहा। चत्वर (को०)। ६ प्रासंगिक कथावस्तु के दो भेदों में से एक। वह कथावस्तु जो थोड़े काल तक चलकर रुक जाती या समाप्त हो जाती है। प्रासंगिक कथावस्तु का दूसरा भेद 'पताका' है।

प्रकर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १. उत्कर्ष। उत्तमता। २ अधिकता। बहुतायत। ३ श्रेष्ठता। सर्वोच्चता (को०)। ४ शक्ति। बल (को०)। ५. विशिष्टता। विशेषता (को०)। ६ विस्तार (को०)।

प्रकर्षक[१]—वि० [सं०] उत्कर्ष करनेवाला।

प्रकर्षक[२]—संज्ञा पुं० कामदेव की आख्या [को०]।

प्रकर्षण—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रकर्ष। उत्कर्ष। महत्ता। वैभव। २ अधिकता। ३ खींचना। अलग करना (को०)। ४ आकुलता। व्यग्रता। विह्वलता (को०)। ५ हल चलाना। कर्षण (को०)। ६. लंबाई। विस्तार (को०)। ७. कोड़ा। चाबुक (को०)। ८. उधार दिए गए धन का अधिक ब्याज लेना (को०)।

प्रकर्षणीय—वि० [सं०] जो उत्कर्ष करने के योग्य हो। प्रकर्षण के योग्य।

प्रकर्षित—वि० [सं०] १ खींचा हुआ। २. जो (धन आदि) ब्याज के रूप में अधिक प्राप्त या वसूल हो [को०]।

प्रकर्षी[१]—वि० [सं० प्रकर्षिन्] १ उत्कर्षप्राप्त। प्रकर्षयुक्त। २. आगे ले चलनेवाला।

प्रकला—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक कला (समय) का साठवाँ भाग।

यौ०—प्रकलाविद् = (१) अबोध। अप्राज्ञ। अज्ञान (२) व्यापारी। वणिक्।

प्रकल्पक—वि० [सं०] उपयुक्त स्थान पर स्थित [को०]।

प्रकल्पना—संज्ञा स्त्री० [सं०] निश्चित करना। स्थिर करना।

प्रकल्पित—वि० [सं०] १. निश्चित किया हुआ। स्थिर किया हुआ। २. बनाया हुआ। निर्मित (को०)।

प्रकल्पिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की प्रहेलिका।

प्रकल्प्य—वि० [सं०] निश्चित करने योग्य। स्थिर करने योग्य [को०]।

प्रकश—सज्ञा पुं० [स०] १ कशाघात । कोडे से मारना । २. पीडा देना । कष्ट पहुँचाना । ३ दे० 'प्रकशी' ।

प्रकशी—सज्ञा स्त्री० [स०] शूक नामक रोग जिसमें पुरुषो की मूत्रेंद्रिय सूज जाती है और जो इद्रिय को बढ़ानेवाली ओषधियो का प्रयोग करने से होता है ।

प्रकाड[1]—सज्ञा पु० [स० प्रकाण्ड] १ स्कध । वृक्ष का तना । २ शाखा । डाल । ३ वृक्ष । पेड । ४ बाहु का ऊपरी भाग । बाँह का ऊपरी हिस्सा ।

प्रकांड[2]—वि० १ बहुत बडा । २ बहुत विस्तृत । ३. उत्तम । उत्कृष्ट । प्रशस्त ।

प्रकांडर—सज्ञा पुं० [स० प्रकाण्डर] वृक्ष । पेड [को०] ।

प्रकाम[1]—सज्ञा पुं० [सं०] कामना । इच्छा ।

प्रकाम[2]—वि० १ यथेष्ट । यथेप्सित । काफी । पूरा । २ कामवासनायुक्त । रसिक । कामुक [को०] ।

यौ०—प्रकामभुक् = इच्छानुकूल खानेवाला । यथेष्ट भोजन करनेवाला ।

प्रकामाभिराम—वि० [सं० प्रकाम + अभिराम] अत्यत सुंदर । अति मनोहर । उ०—आपके 'प्रियप्रवास', 'चोखे चौपदे'—रचनाओ से प्रकामाभिराम पटुता तो प्रकट हो ही चुकी है । —रस क०, पृ० ३ ।

प्रकाम्योद—सज्ञा पु० [स०] एक वैदिक देवता ।

प्रकार[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ भेद । किस्म । जैसे,—(क) मनुष्य कई प्रकार के होते हैं । (ख) चार प्रकार के फल । २. तरह । भाँति । जैसे,—इस प्रकार यह काम न होगा । ३ विशेषता । वैशिष्ट्य । भेद (को०) । ४ सदृशता । समानता । बराबरी ।

प्रकार[2] ⑤—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राकार] चहार दीवारी । परकोटा । पोरा । जैसे,—(क) विशद राजमदिर मणिमडित मजुल आठ प्रकारा ।—रघुराज (शब्द०) । (ख) तीनि प्रकार प्रजा निवसत चौथे मँह रघुकुल वीरा ।—रघुराज (शब्द०) ।

प्रकारांतर—क्रि० वि० [स० प्रकार + अन्तर] भिन्न प्रकार से । दूसरी तरह से । अन्य रूप में ।

प्रकारी ⑤—वि० [स० प्रकार + हिं० ई (प्रत्य०)] प्रकार का । किस्म का । प्रकारवाला । उ०—सुदर भोजन विविध प्रकारी ।—नंद० ग्र०, पृ० २१३ ।

प्रकाश[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जिसके भीतर पडकर चीजें दिखाई पडती हैं । वह जिसके द्वारा वस्तुओं का रूप नेत्रो को गोचर होता है । दीप्ति । आभा । आलोक । ज्योति । चमक । तेज ।

विशेष—वैज्ञानिको के अनुसार जिस प्रकार ताप (ऊष्मा) शक्ति का एक रूप है उसी प्रकार प्रकाश भी । प्रकाश कोई द्रव्य नही है जिसमे गुरुत्व हो । प्रकाश पड़ने पर भी किसी वस्तु की उतनी ही तोल रहेगी जितनी अँधेरे में थी । प्रकाश के सबध में इधर वैज्ञानिको का यह सिद्धांत (विद्युच्चुबकीय सिद्धात) है कि प्रकाश एक प्रकार की तरगवत् गति है जो किसी ज्योतिष्मान् पदार्थ के द्वारा ईथर या आकाशद्रव्य में उत्पन्न होती है और चारो ओर बढती है । जल में यदि पत्थर फेंका जाय तो जहाँ पत्थर गिरता है वहाँ जल मे क्षोभ उत्पन्न होता है, जिससे तरगें उठकर चारो ओर बढने लगती हैं । ठीक इसी प्रकार ज्योतिष्मान् पदार्थ द्वारा ईथर या आकाशद्रव्य मे जो क्षोभ उत्पन्न होता है वह प्रकाश की तरगों के रूप में चलता है । यह आकाशद्रव्य विभु वा सर्वव्यापक पदार्थ है, जो जिस प्रकार ग्रहो और नक्षत्रो के बीच अतरिक्ष में सर्वत्र भरा है उसी प्रकार ठोस से ठोस वस्तुओं के परमाणुओ और अणुओं के बीच में भी । अत प्रकाश का वाहक यथार्थ मे यही आकाशद्रव्य समझा जाता है । प्रकाशतरगो की गति कल्पनातीत अधिक है । वे एक सेकड में १८६२७२ मील या ९३१३६ कोस के हिसाब से चलती हैं । प्रकाश की जो किरनें निकलती हैं, यद्यपि वे सब की सब एक ही गति से गमन करती हैं तथापि तरगो की लम्बाई के कारण उनमें भेद होता है । तरगें भिन्न भिन्न लबाई की होती हैं । इससे किसी एक प्रकार की तरगो से बनी हुई किरनें दूसरे प्रकार की तरगों से बनी हुई किरनो से भिन्न होती हैं । यही भेद रगों के भेद का कारण है । (दे० 'रग') जैसे जिस तरग की लबाई ०००० १६ इच होती है वह बैंगनी रग देती है, जिसकी लबाई ०००० २४ इच होती है वह लाल रग देती है । इसी प्रकार अनत भेद हैं, जिनमें से कुछ ही हमारी चक्षुरिंद्रिय को ग्राह्य हैं । पहले आदि पुराने तत्वविदों ने प्रकाश को कणिकामय वस्तु के रूप में माना था, पर पीछे वह विद्युच्चुबकीय तरगों के रूप का माना गया, परतु प्रकाश सबधी कुछ घटनाएँ ऐसी हैं जिनका समाधान विद्युच्चुबकीय तरग सिद्धात से नहीं हो सकता है । अत एक दूसरे सिद्धांत 'क्वाटम' का सहारा लेना पडा है । इस सिद्धांत में एक नवीन अणु की कणिका का प्रतिपादन हुआ है । इसे 'फोटॉन' नाम दिया गया है । यह कणिका द्रव्य नहीं है । यह पुंजित है । प्रत्येक फोटॉन में ऊर्जा का परिमाण प्रकाशतरग आवृत्ति का अनुपाती होता है । इस फोटॉन सिद्धात से सभी घटनाओ का पूरा पूरा समाधान हो जाता है विद्युच्चुबकीय तरग सिद्धात से न हो सका था । दूसरे शब्दो में न्यूटन द्वारा प्रतिपादित कणिका सिद्धात का नवीन कणिकामय रूप है ।

२ विकाश । स्फुटन । विस्तार । अभिव्यक्ति । ३ प्रकटन । प्रकट होना । गोचर होना । देखने में आना । ४ प्रसिद्धि । ख्याति । ५. स्पष्ट होना । खुलना । साफ समझ मे आना । ६ घोड़े की पीठ पर की चमक । ७ हास । हँसी । ८ किसी ग्रथ या पुस्तक का विभाग । ९ धूप । १०. कास्य धातु (को०) ।

प्रकाश[2]—वि० १ प्रकाशित । जगमगाता हुआ । दीप्त । २ विकसित । स्फुटित । ३. प्रकट । प्रत्यक्ष । गोचर । ४ अति ख्यात । सर्वत्र जाना सुना हुआ । ५ स्पष्ट । समझ में आया ।

प्रकाशक[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रकाशिका] १ व्यक्त करनेवाला । प्रकाश करनेवाला । २ द्योतित । ३ प्रसिद्ध । ख्यात । प्रकट ।

प्रकाशक[2]—संज्ञा पुं० [स०] १ वह जो प्रकाश करे । जैसे, सूर्य । २ वह जो प्रकट करे । प्रसिद्ध करनेवाला । जैसे, ग्रंथ प्रकाशक, समाचारपत्र प्रकाशक । ३ काँसा । ४ महादेव का एक नाम । ५ सूर्य (को०) ।

यौ०—प्रकाशकज्ञाता = तमचुर । मुर्गा ।

प्रकाशकर्ता—संज्ञा पुं० [सं० प्रकाशकर्तृ] सूर्य [को०] ।

प्रकाशकार—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'प्रकाशक' ।

प्रकाशक्रय—संज्ञा पुं० [स०] खुले आम खरीद [को०] ।

प्रकाशता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रकाश का भाव या धर्म ।

प्रकाशधृष्ट—संज्ञा पुं० [स०] धृष्ट नायक के दो भेदो मे से एक । वह नायक जो प्रकट रूप से धृष्टता करे, झूठी सौगध खाय, नायिका के साथ साथ लगा फिरे, सबके सामने सकोच त्याग कर हँसी ठट्ठा करे, झिडकने आदि पर भी न माने ।

प्रकाशन[1]—वि० [सं०] प्रकाश करनेवाला । चमकीला । दीप्तिवान् ।

प्रकाशन[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १. विष्णु का एक नाम । २. प्रकाशित करने का काम । प्रकाश में लाने का काम । ३. किसी पुस्तक के छप जाने पर उसको सर्वसाधारण मे प्रचलित करने का काम । जैसे, पुस्तक प्रकाशन । पत्र प्रकाशन ।

यौ०—प्रकाशनाधिकार = पुस्तकादि के प्रकाशन का शर्तनामा । दे० 'कापीराइट' ।

प्रकाशनारी—संज्ञा स्त्री० [स०] वेश्या । रडी [को०] ।

प्रकाशमान—वि० [सं०] १. चमकता हुआ । चमकीला । प्रकाशयुक्त । २. प्रसिद्ध । मशहूर ।

प्रकाशवान्—वि० [सं० प्रकाशवत्] दे० 'प्रकाशमान' ।

प्रकाशवाह—संज्ञा पुं० [सं० प्रकाश + वाह] प्रकाश लानेवाला, सूर्य । उ०—विस्तृत कर जन मन पथ, वाहित कर जीवन रथ, वन प्रकाशवाह, हरे अधकार लोकायन ! —अतिमा, पृ० १३४ ।

प्रकाशवियोग—संज्ञा पुं० [स०] केशव के अनुसार वियोग के दो भेदो में से एक । वह वियोग जो सबपर प्रकट हो जाय ।

प्रकाशसयोग—संज्ञा पुं० [सं०] केशव के अनुसार संयोग के दो भेदो में से एक । वह सयोग जो सबपर प्रकट हो जाय ।

प्रकाशात्मक—वि० [सं०] चमकीला । आभामय [को०] ।

प्रकाशात्मा[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रकाशात्मन्] १ सूर्य । २ विष्णु । ३ शिव (को०) ।

प्रकाशात्मा[2]—वि० चमकीला । ज्योतिमय [को०] ।

प्रकाशित—वि० [सं०] १ जिसमें से प्रकाश निकल रहा हो । चमकता हुआ । उ०—यह रतन दीप हरि प्रेम की सदा प्रकाशित जग रहै । —भारतेंदु ग्र०, पृ० ४६६ । २ जिसपर प्रकाश पड रहा हो । चमकता हुआ । ३ जो प्रकाश में आ चुका हो । विज्ञापित । प्रकट । जैसे,—यह पुस्तक हाल ही में प्रकाशित हुई है ।

प्रकाशी—संज्ञा पुं० [सं० प्रकाशिन्] वह जिसमें प्रकाश हो । चमकता हुआ ।

प्रकाश्य[1]—वि० [सं०] १ प्रगट करने योग्य । जाहिर करने योग्य । २ व्यक्त । प्रकट ।

प्रकाश्य[2]—संज्ञा पुं० प्रकाश । ज्योति । चमक ।

प्रकाश्य[3]—क्रि० वि० प्रकट रूप से । स्पष्टतया । नाटक में 'स्वगत' का उलटा ।

प्रकासⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रकाश] दे० 'प्रकाश' । उ०—पूरि प्रकास रहेउ तिहुँ लोका । बहुतेन्ह सुख बहुतन मन सोका ।—मानस, ७।३१ (ख) सो वैष्णव बिना उनके आगे अपनो धर्म कैसे प्रकास करे । —दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १०३ ।

प्रकासकⓊ—वि०, संज्ञा पुं० [सं० प्रकाशक] दे० 'प्रकाशक' । उ०—(क) सब कर परम प्रकासक जोई । राम अनादि अवधपति सोई ।—मानस, १।११८ । उ०—मघन घनै उडुगनि गगनि अगनित करत उदोत । परम प्रकासक पै निसा निसानाथ तैं होत ।— स० सप्तक, पृ० ३६८ ।

प्रकासनाⓊ—क्रि० स० [स० प्रकाश] प्रकाश करना । प्रकट करना । जाहिर करना । उ०—सुनि उद्धव सब बात प्रकासी । तुम बिन दुखित रहत ब्रजबासी ।—विश्राम (शब्द०) ।

प्रकासिकाⓊ—वि० स्त्री० [सं० प्रकाशिका] प्रकाशित करनेवाली । प्रकट करनेवाली । उ०—पुन्य प्रकासिका पाप बिनासिका हीय हुलासिका सोहत कासिका ।—भारतेंदु ग्र० भा० १, पृ० २८१ ।

प्रकास्यⓊ—वि० [स० प्रकाश्य] दे० 'प्रकाश्य[1]' । उ०—जगत प्रकास्य प्रकासक रामू ।—मानस, १।११७ ।

प्रकिरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ बिखेरना । छीटना । विकीर्ण करना । २ मिलाना । मिश्रण [को०] ।

प्रकिरतीⓊ—संज्ञा स्त्री० [स० प्रकृति] दे० 'प्रकृति'—३ । उ०—पुरुष प्रकिरती पदवी पाई । सुद्ध सरगुन रचन पसारा है ।—कबीर श०, भा० १, पृ० ६१ ।

प्रकीनⓊ—वि० [सं० प्रकीर्ण] फैला हुआ । उ०—वनि जानि प्रकीन कृपान वन ।—पृ० रा०, २६।२७ ।

प्रकीर्ण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ दुर्गंधवाला करज । पूतिकरज । २ अध्याय । प्रकरण । ३ चँवर । ४ पागल । ५. उद्दंड । उच्छृखल । ६ फुटकर कविता । ७. अनेक प्रकार की फुटकल वस्तुओं का सकलन (को०) । ८ विस्तार । फैलाव (को०) । ९. विकीर्ण करना । बिखेरना । छितराना (को०) ।

प्रकीर्ण[2]—वि० १ फैला हुआ । विस्तृत । २ बिखरा हुआ । छितराया हुआ । अस्तव्यस्त । क्षुब्ध । ३ मिला हुआ । मिश्रित ४ तरह तरह का । अनेक प्रकार का ।

प्रकीर्णक—संज्ञा पुं० [सं०] १ चँवर । २ अध्याय । प्रकरण । ३ विस्तार । ४ वह जिसमें तरह तरह की चीजें मिली हो । फुटकर । जैसे, प्रकीर्णक कविता, प्रकीर्णक पुस्तकमाला । ५ पाप जिसके प्रायश्चित्त का ग्रथो में उल्लेख न हो ।

फुटकर पाप। ६ फुटकल संग्रह। ७ तुरगम। अश्व। घोड़ा (को०)। ८ घोड़ो के सिर पर लगनेवाली कलगी (को०)।

प्रकीर्णकेशी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

प्रकीर्तन—संज्ञा पुं० [सं०] १ जोर जोर से कीर्तन करना। २ यश गान करना। ३ घोषणा करना।

प्रकीर्तना—संज्ञा स्त्री० [सं०] नाम निर्देश करना। नामलेना। उल्लेख करना (को०)।

प्रकीर्ति—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रकीर्ति] १ घोषणा। २ प्रसिद्धि। ख्याति।

प्रकीर्तित—वि० [सं०] १ कथित। घोषित। २. पठित। प्रसिद्ध। ख्यात। ३. प्रशंसित (को०)।

प्रकीर्य[1]—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० प्रकीर्या] १ दुर्गंधवाला करंज। २ रीठा करंज।

प्रकीर्य[2]—वि० [सं०] प्रकिरण के योग्य। बिखेरने योग्य (को०)।

प्रकुंच—संज्ञा पु० [सं० प्रकुञ्च] आठ तोले या एक पल का मान।

प्रकुंज—संज्ञा पुं० [सं० प्रकुञ्ज] दे० 'प्रकुंच'।

प्रकुथित—वि० [सं०] दूषित। दूषणयुक्त (को०)।

प्रकुपित—वि० [सं०] १. जिसका प्रकोप बहुत बढ़ गया हो। जैसे, प्रकुपित कफ। २ हिलाया हुआ। कंपित। क्षोभित (को०)। ३ जो बहुत क्रुद्ध हो। उ०—पहुँचे पुर में प्रकुपित होकर धन्वी लक्ष्मण चारुचरित्र।—साकेत, पृ० ३८७।

प्रकुप्त—वि० [सं०] दे० 'प्रकुपित'।

प्रकुल—संज्ञा पुं० [सं०] साँचे में ढला हुआ शरीर। सौंदर्ययुक्त शरीर (को०)।

प्रकुष्मांडी—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रकुष्माण्डी] दुर्गा (को०)।

प्रकूष्मांडी—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रकूष्माण्डी] दुर्गा (को०)।

प्रकृत[1]—वि० [सं०] १ जो विशेष रूप से किया गया हो। आरब्ध। २ वास्तविक। यथार्थ। असली। सच्चा। ३. जो बनाया गया हो। पूरा किया हुआ। रचा हुआ। ४ जिसमें किसी प्रकार का विकार न हुआ हो। विकाररहित। अविकृत। ५ प्रकरणप्राप्त। प्रसंगप्राप्त (को०)। ६. अपेक्षित। आकांक्षित। इच्छित (को०)। ७ स्वभाववाला। प्रकृतिवान्। ८ नियुक्त (को०)।

प्रकृत[2]—संज्ञा पु० श्लेष अलंकार का एक भेद।

प्रकृतता—संज्ञा पु० [सं०] १ प्रकृत होने का भाव। २. यथार्थता। असलियत।

प्रकृतत्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रकृत होने का भाव। २ यथार्थता। असलियत।

प्रकृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. स्वभाव। मूल या प्रधान गुण जो सदा बना रहे। तासीर। जैसे,—आलू की प्रकृति गरम है। २. प्राणी की प्रधान प्रवृत्ति। न छूटनेवाली विशेषता। स्वभाव। मिजाज। जैसे,—वह बड़ी खोटी प्रकृति का मनुष्य है ३ जगत् का मूल बीज। वह मूल शक्ति अनेक रूपात्मक जिसका विकास है। जगत् का उपादान कारण। कुदरत

विशेष—सांख्य में पुरुष और प्रकृति से अतिरिक्त और तीसरी वस्तु नहीं मानी गई है। जगत् प्रकृति का ही वि अर्थात् अनेक रूपों में प्रवर्तन है। प्रकृति की विकृति परिणाम ही जगत् है। जिस प्रकार एकरूपता या नि शेषता से परिणाम द्वारा अनेकरूपता की ओर सर्ग गतिहोती है उसी प्रकार फिर अनेकरूपता से उस एकरूपता की ओर गति होती है जिसे स प्रलयावस्था या स्वरूपावस्था कहते हैं। प्रथम प्रकार गतिपरंपरा को विरूप परिणाम और दूसरी प्रकार गतिपरंपरा को स्वरूप परिणाम कहते हैं। स्वरूपावस्था प्रकृति अव्यक्त रहती है, व्यक्त होने पर ही वह कहलाती है। इन्हीं दोनों परिणामों के अनुसार ज बनता और बिगड़ता रहता है। प्रकृति के परिणाम का इस प्रकार कहा गया है—प्रकृति से महत्तत्व (बुद्धि महत्तत्व से अहंकार, अहंकार से पंचतन्मात्र (शब्द तन्म रस तन्मात्र इत्यादि), पंचतन्मात्र से एकादश इंद्रिय (ज्ञानेंद्रिय, पंच कर्मेंद्रिय और मन) और उनसे फिर महाभूत। इस प्रकार ये चौबीसों तत्व जिनसे संसार बना प्रकृति ही के परिणाम हैं। जो क्रम कहा गया है वह व परिणाम का है। स्वरूप परिणाम का क्रम उलटा होता अर्थात् उसमें पंचमहाभूत एकादश इंद्रिय रूप में, फिर इं तन्मात्र रूप में, तन्मात्र अहंकार रूप में—इसी क्रम से जगत् फिर नष्ट होकर अपने मूल प्रकृति रूप में आ ज है। विशेष दे०—'सांख्य'।

४ राजा, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोश, दंड और मित्र इन अंगों से युक्त राष्ट्र या राज्य।

विशेष—इसी को शुक्रनीति में 'सप्तांग राज्य' कहा है। उ राजा की सिर से, अमात्य की आँख से, मित्र की कान कोश की मुख से, दंड या सेना की भुजा से, दुर्ग की हाथ और जनपद की पैर से उपमा दी गई है।

५. राज्य के अधिकारी कार्यकर्ता जो आठ कहे गए हैं। दे० 'अष्ट प्रकृति'। ५ परमात्मा (को०)। ६ नारी (को०)। ७ स्त्री या पुरुष की जननेंद्रिय (को०)। ८ म जननी (को०)। ९ माया (को०)। १० कारीगर। ११ एक छंद जिसमें २१, २१ अक्षर प्रत्येक चरण में हों (को० १२ प्रजा (को०)। १३ पशु। जंतु (को०)। १४ वह मूल शब्द जिसमें प्रत्यय लगाते हैं। १५ जीवनक्रम (को० १६ (गणित में) निरूपक। गुणक (को०)। १७ च जगत् (को०)। १८. सृष्टि के मूलभूत पाँच तत्व। प भूत (को०)।

प्रकृतिज—वि० [स०] जो प्रकृति या स्वभाव से उत्पन्न हुआ हो।

प्रकृतिपुरुष—सज्ञा पुं० [सं०] राज्यमत्री। मंत्री [को०]।

प्रकृतिभाव—सज्ञा पुं० [स०] १ स्वभाव। २ सधि का वह नियम जिसमें दो पदों के मिलने से कोई विकार नही होता।

प्रकृतिमंडल—सज्ञा पुं० [सं० प्रकृतिमण्डल] राज्य के स्वामी, आमात्य, सुहृद्, कोष, राष्ट्र, दुर्ग और बल इन सातों अगों का समूह। २ प्रजा का समूह।

प्रकृतिमान्—वि० [प्रकृतिमत्] १ स्वाभाविक। नैसर्गिक। सहज। २. सात्विक विचार का [को०]।

प्रकृतिलय—सज्ञा पुं० [सं०] प्रकृति में मिल जाना। प्रलय होना [को०]।

प्रकृतिवशित्व—सज्ञा पुं० [सं०] प्रकृति को अधिकार मे लाने या रखने की शक्ति।

प्रकृतिशास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] वह शास्त्र जिसमें प्राकृतिक बातों (जैसे, जीव, पशु, वनस्पति, भूगर्भ आदि) का विचार किया जाय।

प्रकृतिसिद्ध—वि० [स०] स्वाभाविक। प्राकृतिक। नैसर्गिक।

प्रकृतिसुभग—वि० [सं०] नैसर्गिक सुदर। स्वभावत सुदर [को०]।

प्रकृतिस्थ—वि० [सं०] १ जो अपनी प्राकृतिक अवस्था में हो। अपने स्वभाव मे स्थित। अपनी मामूली हालत में। २ स्वाभाविक। नैसर्गिक।

प्रकृतिस्थ सूर्य—सज्ञा पुं० [स०] उत्तरायण उल्लघन करके आया हुआ सूर्य।

प्रकृतीश—सज्ञा पुं० [स०] प्रकृति अर्थात् प्रजा का स्वामी। राजा। शास्ता [को०]।

प्रकृत्यजीर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] साधारण या स्वाभाविक अजीर्ण।

प्रकृत्या—क्रि० वि० [सं०] प्रकृति से। स्वभावतया [को०]।

प्रकृष्ट—वि० [सं०] १ मुख्य। प्रधान। खास। २. उत्तम। श्रेष्ठ। ३ आकृष्ट। खिचा हुआ। ४ खींचा या बढ़ाया हुआ (को०)।

प्रकृष्टता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ उत्तममता। उत्कृष्टता। श्रेष्ठता। मुख्यता। २ दीर्घता (को०)।

प्रकोट—सज्ञा पु० [सं०] १ शहरपनाह। परिखा। परकोटा। २ घुस्स।

प्रकोथ—सज्ञा पुं० [सं०] सडना। दूषित होना [को०]।

प्रकोप—सज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत अधिक कोप। २ क्षोभ। ३ चचलता। ४ किसी रोग की प्रबलता। बीमारी का अधिक और तेज होना। जैसे,—आजकल शहर मे हैजे का बहुत प्रकोप है। ५ शरीर के वात, पित्त आदि का किसी कारण से बिगड जाना जिससे रोग उत्पन्न होता है। जैसे,—उनको पित्त के प्रकोप के कारण ज्वर हुआ है। ६ आक्रमण। हमला (को०)। ७. विद्रोह।

प्रकोपक—सज्ञा पुं० [सं०] किसी भूमि या धन का धर्मात्मा के हाथ से अधर्मी के हाथ मे जाना। अधर्मी का लाभ (जिससे जनता को खेद या रोष हो)।

प्रकोपण—वि०, सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रकोपन' [को०]।

प्रकोपन[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी के प्रकोप को बढ़ाना। उत्तेजित करना। २ गुस्सा करना। नाराज होना। बिगडना। ३ क्षोभ। ४ वात, पित्त आदि का कोप। विशेष—दे० 'प्रकोप'। ५ चचलता।

प्रकोपन[२]—वि० [सं०] प्रकोप करानेवाला। क्षुब्ध करनेवाला। प्रकुपित करनेवाला [को०]।

प्रकोपित—वि० [स०] उत्तेजित किया हुआ। क्षुब्ध। क्रुधित [को०]।

प्रकोष्ठ—सज्ञा पुं० [सं०] १ कोहनी के नीचे का भाग। २ बडे दरवाजे के पास की कोठरी। सदर फाटक के पास की कोठरी। ३ बडा आंगन जिसके चारो ओर इमारत हो।

प्रकोष्ठक—सज्ञा पुं० [सं०] इमारत के सदर फाटक के पास का कक्ष या कमरा [को०]।

प्रकोष्णा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक अप्सरा का नाम।

प्रक्कार(पु)—सज्ञा पुं० [सं० प्राकार] दे० 'प्राकार'। उ०—वर विहार प्रक्कार विपन वाटिका विराजिय।—पृ० रा०, १८।१४।

प्रक्खर[१]—वि० [सं०] अत्यत तीक्ष्ण, तीव्र या उग्र [को०]।

प्रक्खर[२]—सज्ञा पुं० १ घोडे या हाथी के रक्षार्थ उन्हें पहनाने का कवच। पाखर। अश्वकवच। २ खच्चर। ३ श्वान। कुत्ता [को०]।

प्रक्रता—वि० [सं० प्रक्रन्तृ] १ उपक्रम करनेवाला। आरभकर्ता। २ दमन करनेवाला। ३ स्वायत्त करनेवाला। वश में करनेवाला [को०]।

प्रक्रति(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रकृति'-३। उ०—आदि अगम अविकार एक ईस्वर अविणासी। पछै प्रक्रति तत पच विविध सुर ईस जवासी।—रा० रू०, पृ० ७।

प्रक्रत्तो(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रकृति'। उ०—प्रक्रत्ती पुरुष।—पृ० रा०, २४।४०३।

प्रक्रम—सज्ञा पुं० [सं०] १ क्रम। सिलसिला। २ वह उपाय जो किसी कार्य के आरभ में किया जाय। उपक्रम। ३ अतिक्रम। उल्लघन। ४ अवसर। मौका।

प्रक्रमण—सज्ञा पुं० [सं०] १ अच्छी तरह घूमना। खूब भ्रमण करना। २ पार करना। ३ आरभ करना। ४ अग्रसर होना। आगे बढ़ना।

प्रक्रमणीय—वि० [सं०] प्रक्रम के योग्य। उपक्रम योग्य [को०]।

प्रक्रमभग—सज्ञा पुं० [सं० प्रक्रमभङ्ग] साहित्य मे एक दोष जो उस समय होता है जब किसी वर्णन में आरभ किए हुए क्रम आदि का ठीक ठीक पालन नही होता।

प्रक्रात[१]—वि० [सं० प्रक्रान्त] १ आरभ किया हुआ। २, क्रमण किया हुआ। ३. प्रसगप्राप्त। प्रकरणप्राप्त। ४ विक्रमशाली। वीर। शूर [को०]।

प्रक्रात[२]—सज्ञा पुं० १ यात्रारभ। यात्रा का उपक्रम। २ प्रश्न या वाद का विषय [को०]।

प्रक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रकरण । २ क्रिया । युक्ति । तरीका । ३. राजाओं का चँवर, छत्र आदि का धारण । ४ प्रकृष्ट कर्म । अच्छा कार्य (को०) । ५ उच्च पद या स्थान (को०) । ६ विशेष अधिकार (को०) । ७ ग्रंथ का कोई अध्याय या विभाग । जैसे, उणादि प्रक्रिया (को०) । ८ किसी ग्रंथ का प्रारंभिक परिचयात्मक अंश या अध्याय (को०) । ९ (व्याकरण) शब्द या प्रयोग का साधन या विधि (को०) । १० (वैद्यक) उपचार में औषधिनिर्देश । नुसखा (को०) ।

प्रक्रीड—संज्ञा पुं० [सं०] क्रीड़ा । खेलकूद [को०] ।

प्रक्लिन्न—वि० [सं०] १ आर्द्र । तर । गीला । २ तृप्त । संतुष्ट । ३ दयार्द्र । ४ सड़ा या गला हुआ [को०] ।

प्रक्लिन्नवर्त्म—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक रोग जिसमें आँख की पलकें बाहर से सूज जाती हैं और आँखों में कीचड़ भर जाता है । विशेष दे०—'क्लिन्नवर्त्म' । २ वह मार्ग जो जल के कारण गीला हो ।

प्रक्लेद—संज्ञा पुं० [सं०] आर्द्रता । नमी । तरी ।

प्रक्लेदन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] तर करना । गीला करना । भिगोना ।

प्रक्लेदन[2]—वि० आर्द्र करनेवाला [को०] ।

प्रक्लेदी—वि० [सं० प्रक्लेदिन्] तर करनेवाला । आर्द्र या गीला करनेवाला [को०] ।

प्रक्वण, प्रक्वाण—संज्ञा पुं० [सं०] वीणा की ध्वनि [को०] ।

प्रक्वाथ—संज्ञा पुं० [सं०] उबलना [को०] ।

प्रक्ष्वेड—वि० [सं० पृच्छक] पूछनेवाला । प्रश्नकर्ता । उ०—कल्प कलहंस कोकि क्षीरनिधि छवि प्रक्ष हिमगिरि प्रभा प्रभु प्रगट पुनीत है ।—केशव (शब्द०) ।

प्रक्षपण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रक्षयण' [को०] ।

प्रक्षय—संज्ञा पुं० [सं०] क्षय । नाश । बरबादी ।

प्रक्षयण—संज्ञा पुं० [सं०] बरबाद करना । नाश करना ।

प्रक्षर—संज्ञा पुं० [सं०] घोड़े की पाखर । दे० 'प्रक्खर' ।

प्रक्षरण—संज्ञा पुं० [सं०] झरना । बहना ।

प्रक्षाम—वि० [सं०] दग्ध । जला या झुलसा हुआ [को०] ।

प्रक्षाल—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रायश्चित्त । २ दे० 'प्रक्षालन' ।

प्रक्षालन—संज्ञा पुं० [सं०] १ जल से साफ करने की क्रिया । धोना । २ जल जिससे कोई चीज साफ की जाय (को०) । ३ शुद्ध करने की वस्तु । शुद्धि का साधन (को०) । ४. स्वच्छ या साफ करना (को०) ।

प्रक्षालयिता—संज्ञा पुं० [सं० प्रक्षालयितृ] पैर या चरण धोनेवाला विशेषतः अतिथियों के [को०] ।

प्रक्षालित—वि० [सं०] धोया हुआ । साफ किया हुआ । २ प्रायश्चित्त किया हुआ (को०) ।

प्रक्षाल्य—वि० [सं०] धोने या साफ करने के योग्य ।

प्रक्षिप्त—संज्ञा पुं० [सं०] १ फेंका हुआ । २ डाला हुआ । अंदर या भीतर छोड़ा हुआ (को०) । ३. जोड़ा या मिलाया हुआ (को०) । ४, ऊपर से बढ़ाया हुआ । पीछे से मिलाया हुआ । जैसे,—(क) रामायण में लवकुश काड प्रक्षिप्त है । (ख) इस पुस्तक में एक प्रकरण प्रक्षिप्त है ।

प्रक्षीण[1]—वि० [सं०] १ नष्ट । विध्वस्त । २ अंतर्हित । लुप्त । गायब [को०] ।

प्रक्षीण[2]—संज्ञा पुं० नष्ट होने या करने का स्थान । विनाशस्थल [को०] ।

प्रक्षीवित—वि० [सं०] मदहोश । नशे में मत्त [को०]

प्रक्षुण्ण—वि० [सं०] १ निर्दलित । मर्दित । २ चूर्ण किया हुआ । चूरा किया हुआ । ३. आघातित । ४ प्रचोदित । प्रेरित [को०] ।

प्रक्षेप—संज्ञा पुं० [सं०] १. फेंकना । डालना । २. छितराना । बिखराना । ३ मिलाना । बढ़ाना । ४. वह पदार्थ जो औषध आदि में ऊपर से डाला जाय । ५ गाड़ी या रथ का बक्स (को०) । ६. क्षेपक । प्रक्षिप्त अंश (को०) । ७ वह मूल धन जो किसी व्यापारिक समाज या संस्था का प्रत्येक सदस्य लगा दे । हिस्सेदारों की अलग अलग लगाई हुई पूँजी ।

प्रक्षेपण—संज्ञा पुं० [सं०] १. फेंकना । २. ऊपर से मिलाना । ३. जहाज आदि का चलाना । ४. निश्चित करना ।

प्रक्षेपणीय—वि० [सं०] प्रक्षेपण के योग्य [को०] ।

प्रक्षेपलिपि—संज्ञा स्त्री० [सं०] अक्षर लिखने की एक विशेष रीति ।

प्रक्षोभ, प्रक्षोभण—संज्ञा पुं० [सं०] १. घबराहट । बेचैनी । २ कंपन । हिलना डुलना (को०) ।

प्रक्ष्वेडन—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रक्ष्वेडना] जनरव । १ शोरगुल । हल्ला । २ लोहे का बाण [को०] ।

प्रक्ष्वेडा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. अस्पष्ट नाद । कलरव । २ गर्जन । गंभीर नाद [को०] ।

प्रक्ष्वेडित[1]—वि० [सं०] कोलाहलयुक्त । शोरगुल से भरा हुआ ।

प्रक्ष्वेडित[2]—संज्ञा पुं० अस्पष्ट ध्वनि । रव । कलकल [को०] ।

प्रक्ष्वेदन—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रक्ष्वेदना] नाराच । बाण [को०] ।

प्रखर[1]—वि० [सं०] १ तीक्ष्ण । प्रचंड । जैसे, सूर्य की प्रखर किरण । २ धारदार । चोखा । पैना । ३ कठोर । कड़ा । रूक्ष (को०) ।

प्रखर[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ खच्चर । २. कुत्ता । ३ घोड़े की पाखर ।

प्रखरता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रखर होने की क्रिया या भाव । तेजी ।

प्रखल—वि० [सं०] बहुत बड़ा दुष्ट ।

प्रखाद—वि० [सं०] खाने या निगलनेवाला [को०] ।

प्रख्य[1]—वि० [सं०] १ श्रेष्ठ । वरिष्ट । २ प्रत्यक्ष । व्यक्त । ३ सदृश । समान । तुल्य । (समासांत में प्रयुक्त) जैसे, अमृतप्रख्य, शशांकप्रख्य [को०] ।

प्रख्य[2]—संज्ञा पुं० बृहस्पति । गुरु । सुराचार्य [को०] ।

प्रख्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. विख्याति । प्रसिद्धि । २. समता । बराबरी । ३ उपमा । ४. प्रभा । कांति । दीप्ति (को०) । इंद्रियग्राह्यता । वेद्यता । गोचरता (को०) ।

प्रख्यात—क्रि० वि० [सं०] १ जिसे सब लोग जानते हों । प्रसिद्ध ।

मशहूर। विख्यात। २ प्रसन्नतायुक्त। सुखी (को०)। ३ ज्ञापित (को०)।

प्रख्याति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रख्यात होने का भाव। प्रसिद्धि। विख्याति। २ वेधता। गोचरता। इंद्रियग्राह्यता (को०)।

प्रख्यान—सज्ञा पुं० [पुं०] १. सूचना। खबर। वृत्त। २ खबर देना। सूचना देने का काम। ३ ग्रहण या अनुभव करना [को०]।

प्रख्यापन—सज्ञा पु० [सं०] १ प्रसिद्ध करना। ख्यात करना। २. सचारित करना। सचारण। ३. समाचार। सूचना [को०]।

प्रख्यापित—वि० [स०] जिसको ख्यात किया गया हो। जिसकी प्रसिद्धि की गई हो। जिसके सबध में कहा गया हो। उ०—वे नए से नए और अधिक भडकीले, प्रचारित एव प्रख्यापित वादों से प्रभावित नही होते।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० १४२

प्रगड—सज्ञा पुं० [सं० प्रगण्ड] कधे से लेकर कोहनी तक का भाग।

प्रगढी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्ग आदि का प्राकार जिसपर बैठकर दूर दूर की चीजें देखते हैं। बाहरी दीवार।

प्रगंध—सज्ञा पु० [स० प्रगन्ध] दवन पापडा।

प्रगट—वि० [स० प्रकट] दे० 'प्रकट'।

प्रगटन—सज्ञा पु० [स० प्रकटन] दे० 'प्रकटन'।

प्रगटना†[1]—क्रि० अ० [स० प्रकटन] प्रगट होना। सामने आना। जाहिर होना। उ०—प्रगटत दुरत करत छल भूरी।—मानस, ३।२१।

प्रगटना[2]—क्रि० स० व्यक्त करना। प्रकट करना। उ०—प्रान तजत प्रगटेसि निज देहा। —मानस ३।२१।

प्रगटाना†—क्रि० स० [स० प्रकटन, हिं० प्रगटना का सक० रूप] प्रकट करना। जाहिर करना।

प्रगटित—वि० [स० प्रकटित] दे० 'प्रकटित'। उ०—जो घोउ जोति ब्रह्ममय, रसमय सबकी भाइ। सो प्रगटित निज रूप करि, इहि तिसरे अध्याइ।—नद ग्र०, पृ० २३१।

प्रगट्टना(पु)[1]—क्रि० अ० [हिं०] दे० 'प्रगटना'। उ०—तिमिर तुलित तुरकान प्रबल दिसि बिदिस प्रगट्टत।—मति० ग्र०, पृ० ३६७।

प्रगट्टना(पु)[2]—क्रि० स० दे० 'प्रगटाना'। उ०—'मतिराम' एक दाता निमनि जमजस अमल प्रगट्टियउ।—मति० ग्र०, पृ० ३६४।

प्रगडउ(पु)—सज्ञा पुं० [स० प्रकट, प्रा० प्रगड, हिं० पगरा वा फा० पगाह (=सवेरा)]। यात्रारभ का समय। सूर्य का प्रकाश। तडका। सवेरा। पगरा। उ०—पुगल जाइ प्रगडउ करइ, करइ मारवणि दाइ।—ढोला०, दू० ३८७।

प्रगत—वि० [सं०] १ आगे गया हुआ। गत। २ जो पृथक् या दूर हो। अलग। पृथक् [को०]।

यौ०—प्रगतजानु, प्रगतजानुक=जिसके घुटने एक दूसरे से अधिक अंतराल पर हो। धनुषाकार आगे की ओर जिसकी जानु निकली हो।

प्रगति—सज्ञा स्त्री० [सं०] आगे बढना। तरक्की। उन्नति [को०]।

प्रगतिवाद—सज्ञा पुं० [सं० प्रगति+वाद] १ वह सिद्धांत जिसमें साहित्य को सामाजिक विकास का साधन माना जाता है। २ सामान्य जनजीवन को साहित्य में व्यक्त करने का सिद्धात। एक साहित्यिक विचारधारा, जिसमें सामाजिक यथार्थ और मार्क्स के आर्थिक क्षेत्र में प्रतिपादित सिद्धातो के लिये विशेष आग्रह रहता है।

विशेष—प्रगतिवाद का आरभ सन् १९४० के पूर्व ही हो गया था। सामाजिक और आर्थिक उत्पीडन सबधी प्रगतिवादी विचारो ने साहित्यकारों को सहज रूप से अपनी ओर आकृष्ट किया, फलत श्रमिको, कृषको और सामाजिक उत्पीडितो को केंद्र बनाकर साहित्य की रचना हुई। साहित्यिक विचारधारा के अतिरिक्त प्रगतिवाद जनादोलन के रूप में भी पनपा और सारे ससार को इसने प्रभावित किया। इस रूप में इसने मानवमुक्ति के लिये सघर्ष किया, अव्यावहारिक प्राचीन सस्कारो और रूढियों के निराकरण तथा समाज की वर्गस्थिति को समाप्त करने की चेष्टा की।

प्रगतिवादी[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रगति+वादिन्] प्रगतिवाद का अनुयायी।

प्रगतिवादी[2]—वि० १ प्रगतिवाद के सिद्धात पर चलनेवाला। प्रगतिवादी विचारधारा को माननेवाला। २ प्रगतिवाद सबधी। ३ प्रगतिवाद के सिद्धात पर आधृत।

प्रगतिशील—वि० [हिं० प्रगति+सं० शील] १ बराबर आगे बढनेवाला। उन्नतिशील। २ सुधारवादी। ३ जो प्रगतिवाद का अनुयायी हो। ४ प्रगतिवाद सबधी। ५ प्रगतिवाद के सिद्धात पर आधारित।

प्रगम—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्वानुराग। प्रथम प्रेम। प्रेमी और प्रेमिका में अनुराग का प्रथम उदय [को०]।

प्रगमन—सज्ञा पुं० [सं०] वि० **प्रगमनीय**] १ आगे बढना। २. उन्नति। तरक्की। ३. झगड़ा। लडाई। ४ दे० 'प्रगम'। ५ वह भाषण जिसमे कोई अच्छा उत्तर दिया गया हो। अनूठा या माकूल जवाब।

प्रगर्जन, प्रगर्जित—सज्ञा पुं० [स०] गरजना। गर्जन। चिल्लाहट [को०]।

प्रगल्भ—वि० [सं०] १ चतुर। होशियार। २ प्रतिभाशाली। संपन्न बुद्धिवाला। ३ उत्साही। साहसी। हिम्मती। ४. समय पर ठीक उत्तर देनेवाला। हाजिरजवाब। ५ निर्भय। निडर। ६ बोलने में सकोच न रखनेवाला। बकवादी। ७ गभीर। भरापूरा। ८ प्रधान। मुख्य। ९ निलज्ज। बेहया। धृष्ट। १ उद्धत। जिसमें नम्रता न हो। ११. अभिमानी। १२ पुष्ट। प्रौढ़।

प्रगल्भता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. बुद्धिमत्ता। होशियारी। २ प्रतिभा। बुद्धि की सपन्नता। ३ उत्साह। ४ हाजिरजवाबी। वाक्चातुरी। ५ निर्भयता। सकोच का अभाव। ६. गभीरता। ७ प्रधानता। मुख्यता। ८ निर्लज्जता। बेहयाई। धृष्टता। ९. उद्धतता। १० अभिमान। ११.

पुष्टता। प्रौढता। १२ बकवाद। व्यर्थ की बातचीत। १३. सामर्थ्य। शक्ति। अध्यवसाय।

प्रगल्भवचना—संज्ञा स्त्री० [सं०] मध्या नायिका के चार भेदों मे से एक। वह नायिका जो बातो ही बातो में अपना दुख और क्रोध प्रकट करे और उलाहना दे।

प्रगल्भा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. दे० 'प्रौढा' (नायिका)। २ धृष्ट स्त्री। कर्कशा स्त्री (को०)। ३ दुर्गा का एक नाम (को०)।

प्रगसनाⓊ†—क्रि० अ० [स० प्रकाश] प्रकट होना। प्रकाशित होना। व्यक्त होना।

प्रगाढ[१]—वि० [स० प्रगाढ] १. बहुत अधिक। जैसे, प्रगाढ सकट। २. गाढा या गहरा। जैसे, प्रगाढ निद्रा। ३. कडा। कठोर। घना। ४ अच्छी तरह छुवाया या तर किया हुआ (को०)। ५. शक्तिशाली। दृढ़ (को०)। ६ बहुत आगे बढा हुआ (को०)।

प्रगाढ[२]—संज्ञा पुं० १ तपस्या। तपश्चरण। २ अभाव। कष्ट। दुख। कठिनाई [को०]।

प्रगाढता—संज्ञा पुं० [सं० प्रगाढता] १ तीव्रता। अधिकता। २ गभीरता। गहराई। उ०—साहित्यकार के जीवन और साहित्य में वह जितनी प्रगाढता से अतर्भूत रहेगा।—इति० आलो०, पृ० २४। ३ कठिनता। कठिनाई।

प्रगाता—वि०, संज्ञा पुं० [स० प्रगातृ] गानेवाला। अच्छा गायक।

प्रगामी—संज्ञा पुं० [स० प्रगामिन्] वह जो गमन करता हो। गता। जानेवाला।

प्रगायी—वि०, संज्ञा पु० [सं० प्रगायिन्] अच्छा गानेवाला। उत्कृष्ट गायक। प्रगाता।

प्रगासⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्रकाश'। उ०—अजपा जपै जीभ्या विना यह मूल प्रगास परसि लीजे।—स० दरिया, पृ० ६६।

प्रगासनाⓊ—क्रि० स० [हिं० प्रगासना] प्रकाशित करना। प्रगट करना। उ०—बीसल रास प्रगासता। नाल्ह कहइ जिणि आवइ हो खोडि।—बी० रासो, पृ० ३।

प्रगीत[१]—वि० [स०] १ गाया हुआ। जो गाया गया हो। २. गायक। गानेवाला [को०]।

प्रगीत[२]—संज्ञा पुं० १ गीत। गाना (को०)। २ आधुनिक काव्यो मे लिखे गए वे गीत जो काव्य होने के साथ ही अत्यधिक गेय होते हैं।

प्रगीति—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का छद।

प्रगुण—वि० [सं०] १. चतुर। दक्ष। होशियार। २ प्रकृष्ट गुणो-वाला। उत्तम गुणवान्। ३ सरल। अकुटिल। सीधा। अनुकूल।

प्रगुणन—संज्ञा पुं० [स०] १ क्रमयुक्त करना। व्यवस्थित करना। २ सरल या अनुकूल करना [को०]।

प्रगुणित—वि० [सं०] १ व्यवस्थित। समीकृत। २ चिकना या सीधा किया हुआ। अनुकूल किया हुआ [को०]।

प्रगुणी—वि० [स० प्रगुणिन्] गुणवान्।

प्रगुण्य—वि० [सं०] १ विशेष। अधिक। २. उत्कृष्ट। उत्तम [को०]।

प्रगृहीत—वि० [सं०] १ जो अच्छी तरह ग्रहण किया गया हो। २ जिसका उच्चारण विना सधि के नियमो का ध्यान रखे किया जाय।

प्रगृह्य[१]—वि० [स०] १ जो ग्रहण करने के योग्य हो। २. जो विना सधि के नियमो का ध्यान रखे उच्चारण करने के योग्य हो।

प्रगृह्य[२]—संज्ञा पुं० १ स्मृति। २. वाक्य।

प्रगे—क्रि० वि० [सं०] प्रात:। तडके। सवेरे [को०]।

यौ०—प्रगेनिश, प्रगेशय = सुबह होने पर भी जो सोता रहे।

प्रगेतन—वि० [स०] प्रात कालीन। सुबह किया जानेवाला [को०]।

प्रग्रह—संज्ञा पु० [सं०] १ ग्रहण करने या पकडने का भाव या ढग। धारण। २ लडने का एक प्रकार। ३. सूर्य अथवा चद्रमा के ग्रहण का आरभ। ४ आदर। सत्कार। ५. अनुग्रह। कृपा। ६. उद्धता। ७. वाग। लगाम। ८. किरण। ९. रस्सी। डोरी। विशेषत तराजू आदि में बँधी हुई डोरी। १०. नेता। मार्गदर्शक। ११. किसी ग्रह के साथ रहनेवाला छोटा ग्रह। उपग्रह। १२. बाँह। हाथ। १३. बँधुवा। कैदी। १४ कर्णिकार वृक्ष। कनियारी। १५ इद्रियदमन। इद्रियनिग्रह। १६ सोना। सुवर्ण। १७. विष्णु। १८ एक प्रकार का अमलतास। १९ नियमन (को०)। २०. घोडे आदि पशुओं का साधना।

प्रग्रहण—संज्ञा पुं० [स०] १ ग्रहण करने की क्रिया या भाव। धारण। २. सूर्य आदि के ग्रहण का आरभ। ३. घोडे आदि पशुओ को साधना। ४. तराजू आदि की डोरी। ५. नियमन (को०)। ६. बधन (को०)। ७ नेतृत्व करना। अगुआ बनना (को०)। ८ लगाम। वाग।

प्रग्राह—संज्ञा पुं० [सं०] १. तराजू आदि की डोरी। २. लगाम। वाग। ३ ग्रहण। धारण। लेना (को०)।

प्रग्रिहⓊ—संज्ञा पुं० [सं० परिग्रह] दे० 'परिग्रह'।

प्रग्रीव—संज्ञा पुं० [सं०] १. किसी मकान के चारो तरफ का वह घेरा जो लट्ठे या बाँस आदि गाडकर बनाया जाता है। २. झरोखा। छोटी खिडकी। ३. अस्तबल। ४ वृक्ष का ऊपरी भाग। ५ आमोद प्रमोद करने का स्थान। रगभवन। ६. रँगा हुआ शिरोगृह या प्रासादशिखर (को०)।

प्रघटⓊ—वि० [सं० प्रकट, हिं० प्रगट] दे० 'प्रकट'।

प्रघटक—संज्ञा पुं० [सं०] सिद्धांत। नियम। विधि।

प्रघटनाⓊ—क्रि० अ० [हिं० प्रघट+ना] दे० 'प्रगटना'।

प्रघटा—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी शास्त्र के संबंध में जानकारी की प्रारभिक छोटी छोटी बातें [को०]।

यौ०—प्रघटाविद् = प्रघटा का जानकार। साधारण जानकार।

प्रघट्टक[१]—संज्ञा पुं० [स०] १. सिद्धात। नियम। विधि। २ प्रकरण। परिच्छेद।

प्रघट्टक[२] Ⓤ—वि० [सं० प्रकट, हिं० प्रगट, प्रघट] प्रगट करनेवाला।

खोलनेवाला। प्रकाश करनेवाला। उ०—भट्ट प्रघट्टक कहुँ न दिखाही। द्वैताद्वैत कथा परिछाही।—(शब्द०)।

प्रघण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ बरामदा। अलिंद। २ लोहे का मुदगर। ३ ताँबे का घडा।

प्रघण[2]—वि० [सं० प्रघन] अत्यधिक। बहुत अधिक। उ०—मह जाय पेखे छाह निरमल प्रघण हिम पाँणी।—रघु० रू०, पृ० १६१।

प्रघन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रघण'।

प्रघलⓊ†—वि० [सं० प्रबल, या प्र+घन] १ उद्दड। उद्धत। प्रगल्भ। २ अत्यधिक। घना। उ०—प्रघल दल बल रीझ इक पल सकल बगसे स्याम।—रघु० रू०, पृ० २२८।

प्रघस[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक दैत्य जो रावण की सेना का मुख्य सेनानायक था और जिसे हनुमान ने प्रमदावन उजाडने के समय मारा था। २. दैत्य। राक्षस। ३ पेटूपन। अधिक भक्षण। खब्बूपन (को०)।

प्रघस[2]—वि० भक्षक। खानेवाला।

प्रघसा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कार्तिकेय की एक मातृका का नाम।

प्रघाण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रघण' [को०]।

प्रघात—संज्ञा पुं० [सं०] १ आघात। मारना। २ युद्ध। सघर्ष। ३ पानी बहने का नल। ४ किसी वस्त्र का हाशिया या किनारा (को०)।

प्रघान—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रघण' [को०]।

प्रघास—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का चातुर्मास्य याग।

प्रघुण—संज्ञा पुं० [सं०] अतिथि। अभ्यागत। पाहुना [को०]।

प्रघूर्ण[1]—वि० [सं०] १ घूमता हुआ। घूमनेवाला। २ चक्कर लगाता हुआ [को०]।

प्रघूर्ण[2]—संज्ञा पुं० अतिथि [को०]।

प्रघोर—वि० [सं०] अति कठिन। बहुत अधिक कठिन।

प्रघोष—संज्ञा पुं० [सं०] १ ध्वनि। शोर। २ प्रबल शोर। जोर की आवाज [को०]।

प्रचंड[1]—वि० [सं० प्रचण्ड] [वि० स्त्री० प्रचडा] १ बहुत अधिक तीव्र। तेज। बहुत तीखा। उग्र। प्रखर। २ बहुत अधिक वेगवान्। प्रबल। ३ भयकर। ४ कठिन। कठोर। ५. दुस्सह। असह्य। ६ बडा। भारी। ७. पुष्ट। बलवान्। ८ बहुत गरम। ९ प्रतापी।

यौ०—प्रचडघोण = बडी नासिकावाला। प्रचडमूर्ति = भीमकाय। प्रचडभैरव। प्रचडसूर्य = प्रज्वलित सूर्य से युक्त।

प्रचड[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १. शिव का एक गण। २. सफेद कनेर।

प्रचडता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रचण्डता] १ प्रचंड होने का भाव। तेजी। तीखापन। प्रबलता। उग्रता। २. भयकरता।

प्रचंडत्व—संज्ञा पुं० [सं० प्रचण्डत्व] दे० 'प्रचडता'।

प्रचड भैरव—संज्ञा पुं० [सं० प्रचण्ड भैरव] नाटक एक का भेद। व्यायोग [को०]।

प्रचंडमूर्ति—संज्ञा पुं० [सं० प्रचण्डमूर्ति] बरना वृक्ष।

प्रचडा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रचण्डा] १. सफेद दूब जिसके फूल सफेद होते हैं। २. दुर्गा। चडी। ३. दुर्गा की एक सखी।

प्रचईⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० परिचय] परिचय देनेवाली वस्तु।

प्रचक्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह सेना जो प्रस्थित हो। चली हुई सेना। प्रस्थित चमू [को०]।

प्रचक्षा—संज्ञा पुं० [सं० प्रचक्षस्] बृहस्पति [को०]।

प्रचपल—वि० [सं०] अत्यत चचल, अस्थिर या आकुल [को०]।

प्रचय—संज्ञा पुं० [सं०] १ वेदपाठ विधि मे एक प्रकार का स्वर जिसके उच्चारण के विधानानुसार पाठक को अपना हाथ नाक के पास ले जाने की आवश्यकता पडती है। २. बीजगणित मे एक प्रकार का सयोग। ३. समूह। झुड। उ०—धर्मदास सुनियो चितलाई। लोक प्रचय अब देउँ बताई।—कबीर सा०, पृ० ९९४। ४. राशि। ढेर। ५ वृद्धि। बढती। ६ लकडी आदि की सहायता से फूल या फल एकत्र करना।

प्रचर—संज्ञा पुं० [सं०] १ मार्ग। रास्ता। २. रिवाज। रीति। परपरा (को०)।

प्रचरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ विचरण। चलना। फिरना। २. प्रचलित होना। प्रचारयुक्त होना (को०)। ३ प्रारभ। शुरुआत (को०)।

प्रचरणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्रुवा [को०]।

प्रचरनाⓊ†—क्रि० अ० [सं० प्रचार] १. प्रचारित होना। चलना। फैलना। उ०—यहू देश मे प्रचरो पूरो। नास्तिक वाद भयो सब दूरो।—रघुराज (शब्द०)। २ छा जाना। फैलना। पडना। उ०—लुधि कोस पचह प्रचर परे सुराइल अति।—पृ० रा०, १९।५४४।

प्रचारित—वि० [सं०] १ प्रचलित। चलता हुआ। चालू। अभ्यस्त (को०)। २ गया हुआ (को०)।

प्रचर्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] क्रम। रीति। विधि। सरणि [को०]।

प्रचल[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. वह जो बहुत अधिक चचल हो। २ मोर। मयूर।

प्रचल[2]—वि० १. चचल। अस्थिर। २. प्रचलित। चालू। ३ ठीक चलता हुआ। खूब चलनेवाला [को०]।

प्रचलक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का छोटा कीडा।—(सुश्रुत)।

प्रचलन—संज्ञा पुं० [सं०] १ चलन। प्रचार। २ हिलना डोलना। चलना फिरना (को०)। ३ पलायन। अपसरण। विरमण (को०)।

प्रचला—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह निद्रा जो बैठे या खडे हुए मनुष्य को आती है। २. वह पाप कर्म जिसके उदय से ऐसी निद्रा आती है। ३ सरट। कृकलास (को०)।

प्रचलाक—संज्ञा पुं० [सं०] १ शराघात। बाण का प्रहार। २. मोर की बर्हि या पूँछ। ३ सर्प। साँप [को०]।

प्रचलाका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वर्षा की तीव्र झडी [को०]।

प्रचलाकी—संज्ञा पुं० [सं० प्रचलाकिन्] मयूर। मोर [को०]।

प्रचलायन—सज्ञा पुं० [सं०] निद्रा के कारण सिर का झुक पडना [को०]।

प्रचलायित—वि० [सं०] १. लुढकता हुआ। २ नींद आने के कारण जिसका सिर झुक गया हो [को०]।

प्रचलित[1]—वि० [सं०] १ जारी। चलता हुआ। जिसका चलन हो। जैसे, प्रचलित प्रथा, प्रचलित सिक्का, प्रचलित नाम। २. हिलता या काँपता हुआ (को०)। ३. गतिमय। गतिशील (को०)। ४ विह्वल। आकुल। सभ्रात (को०)।

प्रचलित[2]—सज्ञा पुं० प्रस्थान। प्रयाण [को०]।

प्रचाय—सज्ञा पुं० [स०] १ हाथ से कोई चीज इकट्ठा करना। २. राशि। ढेर। ३. वृद्धि। अधिकता। दे० 'प्रचय'।

प्रचायक—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रचायिका] १ वह जो चयन करे। २ वह जो इकट्ठा करे। सग्रह करनेवाला। ३ ढेर लगानेवाला।

प्रचायिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ फूलों का एकत्र करना। पुष्पचयन। २. फूल एकत्र करनेवाली स्त्री [को०]।

प्रचार—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी वस्तु का निरतर व्यवहार या उपयोग। चलन। रवाज। जैसे,—(क) आजकल अँगरखे का प्रचार कम हो गया है। (ख) इस ग्रथ का बहुत अधिक प्रचार है। २ प्रसिद्धि। ३ प्रकाश। ४ घोडों की आँख का एक रोग जिसमें आँखों के आसपास का मास बढकर दृष्टि रोक लेता है। यह मास काट डाला जाता है। ५ जाना। चलना। घूमना (को०)। ६. प्रगट होना। आना (को०। ७ व्यवहार। आचार (को०)। ८ खेलने का मैदान। अभ्यास करने का स्थान (को०)। ९ चरागाह (को०)। १०. मार्ग। पथ (को०)। ११. सार्वजनिक घोषणा या विज्ञापन। (को०)। १२ गति। सचार। क्रियात्मकता (को०)।

प्रचारक—वि० [सं०] [वि०स्त्री० प्रचारिणी] फैलानेवाला। किसी वस्तु का चलन बढानेवाला। प्रचार करनेवाला।

प्रचारकार्य—सज्ञा पुं० [स०] व्याख्यानो, उपदेशो, पुस्तिकाओ और विज्ञापनों आदि के द्वारा किसी मत या सिद्धांत के प्रचार करने का ढग या काम। प्रोपैगडा। जैसे,— हिंदू महासभा की ओर से हरिहर क्षेत्र के मेले में बहुत अच्छा प्रचार कार्य हुआ।

प्रचारण—सज्ञा पुं० [स०] १ छितराना। बिखेरना [को०]।

प्रचारनाⓊ†—क्रि० स० [स० प्रचारण] १. प्रचार करना। फैलाना। २ ललकारना। सामना करने के लिये बुलाना। उ०—इंद्र आय तब असुर प्रचारयो। कियो युद्ध पै असुर न मारयो। —सूर (शब्द)। ३. सुलगाना। आग को प्रज्वलित करना। उ०—जोग अगिनि जब हिए प्रचारी। पल महँ कीन्ह भसम रिसि जारी।—चित्रा०, पृ० ५९।

प्रचारित—वि० [स०] १. फैलाया हुआ। २ प्रचार किया हुआ। ३ जिसका प्रचार किया गया हो।

प्रचारी—वि० [स० प्रचारिन्] १. घूमने फिरनेवाला। २. दिखाई देनेवाला। ३. व्यवहार करनेवाला। चेष्टा करनेवाला [को०]।

प्रचाल—सज्ञा पुं० [स०] वीणा का वह अंग जहाँ से तूँबा सयुक्त होता है [को०]।

प्रचलित—वि० [सं०] जिसका प्रचलन किया गया हो। जो चलाया गया हो।

प्रचित[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ वह जिसका सग्रह किया गया हो। वह जो चुना गया हो। २ दडक छद का एक भेद।

प्रचित[2]—वि० १. चयन किया हुआ। एकत्र किया हुआ। सगृहीत। सग्रह किया हुआ। २ भरा हुआ। परिपूर्ण। ३ अनुदात्त [को०]।

प्रचुर[1]—वि० [स०] १ बहुत। अधिक। विपुल। जैसे, प्रचुर धन। २. पूर्ण। भरापुरा। जैसे, प्रचुरपुरुष (= जनाकीर्ण)। ३ बडा। विशाल (को०)।

प्रचुर[2]—सज्ञा पुं० [सं० प्र० + √चुर् (= चोरी)] वह जो चोरी करे। चोर।

यौ०—प्रचुरपुरुष = चोर। तस्कर।

प्रचुरता—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रचुर होने का भाव। ज्यादती। अधिकता।

प्रचुरत्व—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रचुरता' [को०]।

प्रचूरⓊ—वि० [सं० प्रचुर] दे० 'प्रचुर'। उ०—एक तूँ एक तूँ पवन प्रचूरा। एक तूँ एक तूँ फिरत बघूरा।—सुदर ग्रं०, पृ० ८६८।

प्रचेंनⓊ—वि० [स० प्रचण्ड] दे० 'प्रचड' उ०—सुन श्रवन समझ न बेंन, आवृत्त घाय प्रचेंन।—पृ० रा०, १३ ७४।

प्रचेतसी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ कायफल। २. प्रचेता की कन्या।

प्रचेता[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रचेतस्] १ एक प्राचीन स्मृतिकार ऋषि का नाम। २ वरुण का एक नाम। ३. बारहवें प्रजापति का नाम। ४. पुराणानुसार पृथु के परपोते और प्राचीनबर्हि के दस पुत्र जिन्होंने दस हजार वर्ष तक समुद्र के भीतर रहकर कठिन तपस्या की और विष्णु से प्रजासृष्टि का वर पाया था। दक्ष उन्हीं के पुत्र थे।

प्रचेता[2]—वि० १ चुनने या चयन करनेवाला। २ बुद्धिमान्। होशियार। चतुर।

प्रचेता[3]—सज्ञा पुं० [स० प्रचेतृ] सारथि। रथचालक [को०]।

प्रचेय—वि० [सं०] १. जो चयन करने योग्य हो। जो चुनने या सग्रह करने योग्य हो। २. जो ग्रहण करने योग्य हो। ग्राह्य। ३. वृद्धि करने योग्य (को०)।

प्रचेल—सज्ञा पुं० [सं०] पीला चदन।

प्रचेलक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] घोडा।

प्रचेलक[2]—वि० बहुत अधिक चलनेवाला।

प्रचोद—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रचोदन'।

प्रचोदक—वि० [स०] प्रेरणा करनेवाला। उत्तेजित करनेवाला।

प्रचोदन—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रेरणा। उत्तेजना। २. आज्ञा। ३. आज्ञा देना। आदेश देना (को०)। ४. कायदा। कानून। नियम। ५. प्रेषण (को०)।

प्रचोदनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कटकारी । भटकटैया [को०] ।

प्रचोदित—वि० [सं०] १ जिसे प्रेरणा की गई हो । प्रेरित । जो उत्तेजित किया गया हो । प्रोत्साहित । २ आदिष्ट । आज्ञप्त । निर्देशित (को०) । ३. जिसकी घोषणा की गई हो । घोषित (को०) । ४. प्रेषित (को०) ।

प्रचोदिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कटकारी । कटेहरी । कटेरी । भटकटैया ।

प्रचोदी—वि० [सं० प्रचोदिन्] प्रोत्साहित करनेवाला । प्रेरित करनेवाला [को०] ।

प्रचौ(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० परिचय] द० 'परिचय' । उ०—जैमलहरा जाणता जिसडो, साच प्रचौ पूरियो सही ।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० १४५ ।

प्रच्छक—वि० [सं०] पूछनेवाला । प्रश्न करनेवाला ।

प्रच्छद—संज्ञा पुं० [सं०] १ कंबल । २ वेठन । लपेटने या आच्छादित करने का कपड़ा । ३ चोगा ।

यौ०—प्रच्छदपट = आच्छादन करने या ढकने का वस्त्र । जैसे, ओहार, चादर, आदि ।

प्रच्छन—संज्ञा पुं० [सं०] प्रश्न करना । पूछना । जिज्ञासा करना । जानकारी लेना [को०] ।

प्रच्छना—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूछना । प्रश्न करना ।

प्रच्छन्न[1]—वि० [सं०] १ ढका हुआ । लपेटा हुआ । २. छिपा हुआ । गुप्त । गोपनीय ।

यौ०—प्रच्छन्नतस्कर = गुप्त चोर । प्रच्छन्नचारी = छिपे तौर से काम करनेवाला । गुप्तचर ।

प्रच्छन्न[2]—संज्ञा पुं० [सं०] गुप्त द्वार । छिपा द्वार । चोर दरवाजा । २. झरोखा । खिड़की । गवाक्ष । [को०] ।

प्रच्छन्नता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रच्छन्न होने का भाव । गोपनीयता । छिपाव । उ०—इस प्रच्छन्नता का उदाहरण कविकर्म का एक मुख्य अंग है ।—आचार्य०, पृ० १४६ ।

प्रच्छर्दक—वि० [सं०] वमन करानेवाला । जिससे वमन हो । उलटी लानेवाला । वमनकारक [को०] ।

प्रच्छर्दन—संज्ञा पुं० [सं०] १ साँस की वायु को नाक के रास्ते बाहर निकालना । रेचन । २ वमन । कै । ३. औषधादि जिससे वमन हो । वमन करानेवाली वस्तु (को०) ।

प्रच्छर्दिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. वह वस्तु जिससे वमन हो । वमन करानेवाली औषध । २ वमन का रोग । कै ।

प्रच्छादक[1]—वि० [सं०] छिपाने, आच्छादित या आवृत करनेवाला । ढकनेवाला ।

प्रच्छादक[2]—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रच्छेदक' [को०] ।

प्रच्छादन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रच्छादित] १ ढाँकने का भाव । ढाँकना । २ छिपाने का भाव । निगूहन । ३. आँख की पलक । ४. उत्तरीय वस्त्र ।

यौ०—प्रच्छादन पट = दे० 'प्रच्छद पट' ।

प्रच्छादित—वि० [सं०] १ ढँका हुआ । आवृत । २. छिपा हुआ । गुप्त । गोपित [को०] ।

प्रच्छान—संज्ञा पुं० [सं०] १ सुश्रुत के अनुसार घाव चीरने का एक प्रकार । २ घाव चीरना । फस्द लगाना (को०) ।

प्रच्छाय—संज्ञा पुं० [सं०] १. घनी छाया । २ घनी छायावाला स्थान [को०] ।

प्रच्छालन(पु)—संज्ञा पुं० [सं० प्रक्षालन] द० 'प्रक्षालन' ।

प्रच्छालना(पु)—क्रि० स० [प्रक्षालन] द० 'पखारना' ।

प्रच्छिद्र—वि० [सं०] शुष्क । सूखा । जलरहित [को०] ।

प्रच्छेदक—संज्ञा पुं० [सं०] साम्य के दस अंगों में से एक । प्रियतम को अन्य नायिका में आसक्त जानकर प्रेमविच्छेद के अनुमान से तप्तहृदया नायिका का वीणा के साथ गाना । (नाट्यशास्त्र) ।

प्रच्छेदन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रच्छेद्य] छेदने या काटने की क्रिया । छोटे छोटे टुकड़ों में काटना ।

प्रच्यय—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रगति । विकास । २. हटना । पीछे हटना । ३ सरण । पतन । पात । भ्रंश [को०] ।

प्रच्यवन—संज्ञा पुं० [सं०] १ सरण । झरना । बहना या रसना । २ हटना (को०) । ३. हानि (को०) ।

प्रच्यावन—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिससे प्रच्यवन हो या जिसके द्वारा प्रच्यवन हो [को०] ।

प्रच्यावित—वि० [सं०] किसी देश या स्थान से हटाया या भगाया हुआ [को०] ।

प्रच्युत—वि० [सं०] १ गिरा हुआ । अपने स्थान से हटा हुआ । २. मार्गच्युत । पथभ्रष्ट (को०) । ३ क्षरित । चूता हुआ । झरा हुआ (को०) । ४. निर्वासित । देश से निकलता या भगाया हुआ (को०) ।

प्रच्युति—संज्ञा स्त्री० [सं०] अपने स्थान से गिरने या हटने का भाव । २. हानि । नुकसान (को०) ।

प्रछन(पु)—क्रि० वि० [सं० प्रच्छन्नम्] छिपे तौर पर । प्रच्छन्न रूप से । गुप्त रूप से । उ०—ताम हस आयो समपि कह्यो महो शशिवृत्त । चाहुआन आयो प्रछन मिलन पान हर चित्त । पृ० रा०, २५।२९३ ।

प्रछारना(पु)—क्रि० स० [सं० प्रक्षालन, हिं० प्रछालना, प्रछालना] धोना । प्रक्षालन करना । उ०—कनक नीर कर त मुख धोवौ, तकि के चरन प्रछारा ।—जग० श०, भा० १, पृ० ११ ।

प्रछालना(पु)—क्रि० स० [सं० प्रक्षालन] प्रक्षालन करना । धोना । उ०—पुनि उठे तबहि ततकाला । जल में मुख हाथ प्रछाला ।
—सु दर० ग्र०, भा० १ पृ० १३३ ।

प्रछेद(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्वेद] पसीना । प्रस्वेद ।

प्रजंक(पु)—संज्ञा पुं० [सं० पर्यङ्क] पलंग । पर्यंक । उ०—(क) प्रजंक जु जोई तल्प सु सोई ।—पृ० रा०, ६२।६७ । (ख) दुज दिय हथ्थ प्रजंक सँजोइय ।—पृ० रा०, ६२।४६ ।

प्रजघ—सज्ञा पुं० [स० प्रजङ्घ] १ रावण की सेना का एक मुख्य राक्षस जिसे अगद ने मारा था । २ एक कपि का नाम (को०) ।

प्रजघा—सज्ञा स्त्री० [स० प्रजङ्घा] उरु या जाँघ का निचला भाग (को०) ।

प्रजंतⓊ‡—अव्य [स० पर्यन्त] दे० 'पर्यंत' । उ०—राधा जल बिहरति सखियनि मेंग । ग्रीव प्रजत नीर मैं ठाढी, छिरकति जल अपनैं अपनैं रँग ।—सूर०, १०।१७५३ ।

प्रज—सज्ञा पुं० [स०] पति । खाविंद । शौहर (को०) ।

प्रजटीⓊ—वि० [स० प्र+जटित] जटित । एकत्रित । सज्जित । उ०—तम तम तामस तमोगुन सी तोयद सी नीलम जटान पाटी जटा प्रजटी सी है ।—पजनेस०, पृ० ६ ।

प्रजन—सज्ञा पु०] स०] १ गर्भधारण करने के लिये (पशुओ का) मैथुन । जोडा खाना । २ पशुओ के गर्भधारण करने का समय । ३ लिंग । पुरुषेंद्रिय । ४ सतान उत्पन्न करने का काम । ५ जनक । जन्म देनेवाला ।

प्रजनक—वि० [स० प्रजनन] [वि० स्त्री० प्रजनिका] उत्पन्न करनेवाला । जन्म देनेवाला । जनक । उ०—पहले जो भावात्मक निस्सग, एक ही ऋषिकठ से निकला हुआ था, वह बाद को समुदाय के आनद का प्रजनक हुआ ।—गीतिका (भू०), प० १ ।

प्रजनन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ संतान उत्पन्न करने का काम । २ जन्म । ३. लिंग । पुरुषेंद्रिय (को०) । ४ योनि । ५ शुक्र । वीर्य (को०) । ६ दाई का काम । धात्रीकर्म (सुश्रुत) । ७ जन्म देनेवाला । पिता । जनक । ८ पशुकर्म । जोडा खाना (को०) । ९ सतति (को०) ।

प्रजनन[2]—वि० प्रजनन करनेवाला । पैदा करनेवाला (को०) ।

प्रजनयिता—वि०, सज्ञा पुं० [स० प्रजनयितृ] दे० 'प्रजनक' ।

प्रजनिका—सज्ञा पुं० [स०] माता ।

प्रजनिष्णु—वि० [स०] १. प्रजनन करनेवाला । उपजाऊ । २ बढनेवाला । जैसे, फसल (को०) ।

प्रजनुक—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह जो संतान उत्पन्न करता हो । २ शरीर । देह (को०) ।

प्रजनू—सज्ञा स्त्री० [सं०] योनि । भग (को०) ।

प्रजन्यⓊ—सज्ञा पुं० [स० पर्जन्य] दे० 'पर्जन्य-१' । उ०—नीरद, क्षीरद, अबुवह, वारिद, जलद, प्रजन्य ।—नद० ग्र०, पृ० ११० ।

प्रजय—सज्ञा पु० [सं०] विजय । जय । जीत (को०) ।

प्रजरत—वि० [स० प्रज्वत्>प्रज्वलत्] जलता हुआ । प्रज्वलित ।

प्रजरनाⓊ—क्रि० अ० [स० (प्रत्य०) प्र+हिं० जरना, या सं० √प्रज्वल्] अच्छी तरह जलना । उ०—प्रजरति नीर गुलाब के पिय की बात सिराति ।—बिहारी (शब्द०) ।

प्रजलनाⓊ—क्रि० अ० [स० प्रज्वलन] दे० 'प्रजरना' ऊ०—(क) जल महि पावक प्रजल्यउ पुज प्रकाश । कँवल प्रफुल्लित भइले अधिक सुवास ।—सुदर० ग्र०, भा० १, पृ० ३७८ । (ख) खानखाना नवाब दे, खाँडे आग खिवत । जलवाला नर प्राजले तृणवाला जीवत ।—अकबरी०, पृ० १४२ ।

प्रजल्प—सज्ञा पुं० [स०] १ व्यर्थ की या इधर उधर की बात । गप । २ वह बात जो अपने प्रिय को प्रसन्न करने के लिये की जाय ।

प्रजल्पन—सज्ञा पु० [स०] बातचीत । गपशप ।

प्रजल्पित—वि० [स०] जिसके विषय में बात की जा चुकी हो (बातचीत) । जो (वार्तालाप) कथित हो । (को०) ।

प्रजवन—वि० [सं०] गतिशील । तेज (को०) ।

प्रजवित—वि० [सं०] १ प्रेरित । चालित । २ आहूत (को०) ।

प्रजवी[1]—वि० [स० प्रजविन्] गतिशील । तीव्र गतिवाला ।

प्रजवी[2]—सज्ञा पुं० दूत । चर । सवादवाहक (को०) ।

प्रजहित—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुराण । २ गार्हपत्य अग्नि ।

प्रजांतक—सज्ञा पु० [सं० प्रजा+तक] यम ।

प्रजा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सतान । औलाद । २. वह जनसमूह जो किसी एक राजा के अधीन या एक राज्य के अंतर्गत रहता हो । ३. राज्य के निवासी । रिआया । रैयत । ४. प्रजनन । उत्पत्ति । उत्पादन (को०) । ५ शुक्र । वीर्य (को०) । ६. प्राणधारी । प्राण । जीव (को०) । ७ भारतीय गाँवो में छोटी जातियो के वे लोग जो बिना वेतन पाए ही काम करते हैं ।

विशेष—ऐसे लोगो को कभी किसी उत्सव पर अथवा ब्याह आदि मे कुछ पुरस्कार दे दिया जाता है । नाऊ, बारी, भाट, नट, लोहार, कुम्हार, चमार, धोबी इत्यादि की गिनती 'प्रजा' मे होती है ।

प्रजाकाम—सज्ञा पुं० [स०] वह जो पुत्र का अभिलाषी हो । जिसे पुत्र की इच्छा हो । पुत्रेप्सु ।

प्रजाकार—सज्ञा पु० [स०] प्रजा उत्पन्न करनेवाले, ब्रह्मा । प्रजापति ।

प्रजागर—सज्ञा पुं० [स०] १ विष्णु । २ प्राण । ३ जागरण । जगना । ४. नीद न आने का रोग । ५ सुरक्षा करनेवाला । रक्षक जन (को०) । ६. सावधानी । सतर्कता (को०) ।

प्रजागरण—सज्ञा पुं० [स०] जागना । जागरण (को०) ।

प्रजागरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक अप्सरा का नाम ।

प्रजागरूक—वि० [स०] अच्छी तरह जागा हुआ । पूर्णत सावधान या सचेत (को०) ।

प्रजागृप्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रजारक्षण । जनता की रक्षा (को०) ।

प्रजाततु—सज्ञा पुं० [स० प्रजातन्तु] १. सतान । औलाद । २ वंश । कुल । वशपरपरा ।

प्रजातत्र—सज्ञा पुं० [सं० प्रजातन्त्र] वह शासनव्यवस्था जिसमें कोई राजा न होता हो, बल्कि राज्यपरिचालन के लिये

प्रजा द्वारा कोई एक व्यक्ति चुन लिया जाता हो। वह शासनव्यवस्था जो जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि द्वारा परिचालित हो।

विशेष—ऐसी व्यवस्था में उस चुने हुए व्यक्ति को प्राय: राजा के समान अधिकार प्राप्त होते हैं, और वह प्रजा की चुनी हुई किसी सभा या समिति आदि की सहायता से कुछ निश्चित समय तक शासन का सब प्रबंध करता है। गणतंत्र।

प्रजातंत्रवादी—वि० [हिं० प्रजातन्त्र + वादी] प्रजातांत्रिक शासन-व्यवस्था को माननेवाला। प्रजातंत्र का अनुयायी।

प्रजात—वि० [सं०] उत्पन्न [को०]।

प्रजातांत्रिक—वि० [सं० प्रजातान्त्रिक] प्रजातंत्र से संबंधित। प्रजातंत्र का।

प्रजाता—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसको बालक उत्पन्न हुआ हो। प्रसूतिका। जच्चा।

प्रजाति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ उत्पादन। प्रजनन। २ प्रजनन-शक्ति। ३ संतति। संतान। प्रजा [को०]।

प्रजाद—वि० [सं०] संतानदाता। संतति देनेवाला [को०]।

प्रजादा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गर्भदा नाम की ओषधि जिससे बाँझपन दूर होता है।

प्रजादान—संज्ञा पुं० [सं०] चाँदी। रजत।

प्रजाद्वार—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूर्य का एक नाम। २ प्रजा या संतान उत्पन्न करने का साधन या उपाय।

प्रजाधर—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु [को०]।

प्रजाध्यक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रजापति। २ सूर्य।

प्रजानती—संज्ञा स्त्री० [सं०] पंडिता। विदुषी [को०]।

प्रजानाथ—संज्ञा पुं० [सं०] १ ब्रह्मा। २ मनु। ३. दक्ष। ४ राजा।

प्रजानिषेक—संज्ञा पुं० [सं०] गर्भाधान [को०]।

प्रजाप—संज्ञा पुं० [सं०] राजा [को०]।

प्रजापति[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ सृष्टि को उत्पन्न करनेवाला। वह जिसने सृष्टि उत्पन्न की है। सृष्टिकर्ता।

विशेष—वेदों और उपनिषदों से लेकर पुराणों तक में प्रजापति के संबंध में अनेक प्रकार की कथाएँ प्रचलित हैं। वैदिक काल में प्रजापति एक वैदिक देवता थे और वे ब्रह्मा के पुत्र तथा सृष्टिकर्ता माने जाते थे। तैत्तिरीय ब्राह्मण में लिखा है कि ब्रह्मा के पुत्र प्रजापति सृष्टि को उत्पन्न करने के उपरांत माया के वश में होकर भिन्न भिन्न शरीरों में बँध गए थे और देवताओं ने एक अश्वमेध यज्ञ करके उन्हें शरीरों से मुक्त किया था। ऐतरेय ब्राह्मण में लिखा है कि प्रजापति ने अपनी उषा नाम की कन्या के साथ संभोग किया था जिससे मृग नक्षत्र की उत्पत्ति हुई थी और वे स्वयं तथा उषा दोनों मिलकर रोहणी नामक नक्षत्र के रूप में परिवर्तित हो गए थे। छांदोग्य उपनिषद् में लिखा है की इंद्र ने प्रजापति से सूक्ष्म आत्मज्ञान तथा वैरोचन ने स्थूल आत्मज्ञान प्राप्त किया था। पुरुषमेध यज्ञ में प्रजापति के आगे पुरुष की बलि दी जाती है। पुराणों में ब्रह्मा के पुत्र अनेक प्रजापतियों का उल्लेख है। कहीं ये दस प्रजापति कहे गए हैं—(१) मरीचि। (२) अत्रि। (३) अंगिरा। (४) पुलस्त्य। (५) पुलह। (६) क्रतु। (७) प्रचेता। (८) वशिष्ठ। (९) भृगु। (१०) नारद। और कहीं इन इक्कीस प्रजापतियों का उल्लेख है—(१) ब्रह्मा। (२) सूर्य। (३) मनु। (४) दक्ष। (५) भृगु। (६) धर्मराज। (७) यमराज। (८) मरीचि। (९) अंगिरा। (१०) अत्रि। (११) पुलस्त्य। (१२) पुलह। (१३) क्रतु। (१४) वशिष्ठ। (१५) परमेष्ठी। (१६) विवस्वान्। (१७) सोम। (१८) कर्दम। (१९) क्रोध। (२०) अर्वाक् और (२१) क्रीत।

२ ब्रह्मा। ३. मनु। ४. राजा। ५ सूर्य। ६ अग्नि। आग। ७ विश्वकर्मा। ८ पिता। बाप। ९. घर का मालिक या बड़ा। वह जो परिवार का पालन पोषण करता हो। १० एक तारा। ११ जामाता। दामाद। १२ एक प्रकार का यज्ञ। १३ साठ संवत्सरों में से पाँचवाँ संवत्सर। १४ विष्णु का एक नाम (को०)। १५ आठ प्रकार के विवाहों में से एक प्रकार का विवाह। विशेष—दे० 'प्राजापत्य'। १६ लिंगेंद्रिय।

प्रजापति[2]—संज्ञा स्त्री० [सं०] गौतम बुद्ध को पालनेवाली गौतमी का नाम।

प्रजापाल, प्रजापालक—संज्ञा पुं० [सं०] प्रजा का पालन करनेवाला—राजा।

प्रजापालन—संज्ञा पुं० [सं०] प्रजा का पालन करना [को०]।

प्रजापालि—संज्ञा पुं० [सं०] शिव [को०]।

प्रजापाल्य—संज्ञा पुं० [सं०] राजपद। राजा का पद [को०]।

प्रजायी—वि० [सं० प्रजायिन्] [वि० स्त्री० प्रजायिनी] उत्पन्न करनेवाला। पैदा करनेवाला [को०]।

प्रजायिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] माता।

प्रजारना ५ †—क्रि० स० [सं० (प्रत्य०) प्र + हिं० जारना] अच्छी तरह जलाना। उ०—(क) बाजहि ढोल देहि सब तारी। नगर फेरि पुनि पूँछ प्रजारी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) प्रज्वत प्रजारि सो करत छार।—पु० रा०, ६।७४। २. उद्दीप्त करना। जलाना। उ०—विकसत नव बल्ली कुसुम निकसत परिमल पाय। परसि प्रजारति विरह हिय बरसि रहे की वाय।—बिहारी (शब्द०)।

प्रजावती—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ भाई की स्त्री। २. बड़े भाई की स्त्री। ३. प्रियव्रत राजा की स्त्री का नाम। ४. बहुत से लड़कों की माता। वह स्त्री जिसे कई संतानें हों। ५ गर्भवती स्त्री।

प्रजावृद्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] संतानों की बढ़ती। संततिवृद्धि [को०]।

प्रजाव्यापार—संज्ञा पुं० [सं०] प्रजा का हितचिंतन या देख रेख [को०]।

प्रजासत्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह शासन व्यवस्था जिसमें किसी देश के निवासियों या प्रजा के चुने हुए प्रतिनिधि ही शासन

और न्याय आदि का सारा प्रबंध करते हैं। प्रजा द्वारा संचालित राज्यप्रबंध। प्रजातंत्र।

प्रजासत्ताक—वि० [सं० प्रजा+सत्ता+क (प्रत्य०)] दे० 'प्रजातांत्रिक'।

प्रजासत्तात्मक—वि० [सं० प्रजा+सत्ता+आत्मक] प्रजातांत्रिक। प्रजासत्ताक।

प्रजासृक्—संज्ञा पुं० [सं० प्रजासृज्] पितामह। ब्रह्मा [को०]।

प्रजाहित—संज्ञा पुं० [सं०] जल। पानी।

प्रजाहृदय—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साम [को०]।

प्रजित्—संज्ञा पुं० [सं०] विजेता। विजय करनेवाला।

प्रजिन—संज्ञा पुं० [सं०] हवा। वायु। [को०]।

प्रजीवन—संज्ञा पुं० [सं०] जीविका। रोजी।

प्रजुणⓊ†—वि० [सं० प्रज्वलित] दे० 'प्रज्वलित'। उ०—प्रजुण बन्ही करे प्राजा।—रघु० रू०, पृ० २०७।

प्रजुरनाⓊ—क्रि० अ० [सं० प्रज्वलन] दे० 'प्रजरना'। उ०—प्रजुरे पतिसाहि सु कोप कियं। मनु ज्वाल बिसाल सुधूत्त दिय।—ह० रासो, पृ० ४६।

प्रजुलितⓊ—वि० [सं० प्रज्वलित] दे० 'प्रज्वलित'। उ०—परति आय चहुँ ओर तें प्रजुलित वेदिन माँह।—शकुतला, पृ० ६०।

प्रजेप्सु—वि० [सं०] संतान की कामनावाला। संतान का इच्छुक। पुत्रेप्सु [को०]।

प्रजेश, प्रजेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] १ राजा। २ प्रजापति।

प्रजेसⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रजेश] दे० 'प्रजेश'। उ०—लगे कहन हरिकथा रसाला। दक्ष प्रजेस भए तेहि काला।—मानस, ३।६०।

यौ०—**प्रजेसकुमारी**=दक्षकन्या। सती। उ०—एहि विधि दुखित प्रजेसकुमारी।—मानस, १।६०।

प्रजोग—संज्ञा पुं० [सं० प्रयोग] दे० 'प्रयोग'।

प्रज्जरनाⓊ—क्रि० अ० [हिं० प्रजरना] जल उठना। भभक उठना। प्रज्वलित होना। उ०—(क) प्रज्जरिग रोस मैंवात इद। —पृ० रा०, ८।४। (ख) प्रज्जरिग सोम सुनि श्रवन दूत। —पृ० रा०, ८। ११।

प्रज्जालⓊ—वि० [सं० प्रज्वलित] जलता हुआ। प्रज्वलित। धधकता हुआ। उ०—प्रज्जाल माल हिंचाल हलि कलि कलाप कलि उल्लहिय।—पृ० रा०, ३२। १५४।

प्रज्झटिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ३६ मात्राएँ होती हैं। इसे पद्धरी, पद्धटिका, प्रज्वलय और प्रज्वलिया भी कहते हैं।

प्रज्ञ[1]—वि० [सं०] १ जिसकी बुद्धि या ज्ञान प्रकृष्ट हो। मतिमान। २. जानकार। ज्ञाता।

प्रज्ञ[2]—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रज्ञा] विद्वान् व्यक्ति। जानकार आदमी।

प्रज्ञता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पांडित्य। विद्वत्ता।

प्रज्ञप्त—वि० [सं०] १. ज्ञात। सूचित। २ निश्चित। निर्धारित। जैसे, बैठने का स्थान (को०)।

प्रज्ञप्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ जताने का भाव। ज्ञात कराने की क्रिया या भाव। २. सूचना। ३ संकेत। इशारा। ४. ज्ञान। प्रकृष्ट बुद्धि। ५ दे० 'प्रज्ञप्ती'। ६ प्रतिज्ञा। करार। कौल (को०)।

प्रज्ञप्ती—संज्ञा स्त्री० [सं०] जैनों की एक विद्यादेवी।

प्रज्ञा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. बुद्धि। ज्ञान। ज्ञप्ति। मति। २ एकाग्रता। ३ सरस्वती। ४ विदुषी। पंडिता (को०)। ५ वासना या संस्कार (को०)।

प्रज्ञाकाय—संज्ञा पुं० [सं०] बौद्धों के आचार्य मंजुघोष का एक नाम।

प्रज्ञाकूट—संज्ञा पुं० [सं०] एक बोधिसत्व का नाम।

प्रज्ञाचक्षु[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रज्ञा+चक्षुस्] १ धृतराष्ट्र। २ बुद्धिरूपी नेत्र। ज्ञानरूपी नेत्र। ज्ञाननेत्र।

प्रज्ञाचक्षु[2]—वि० १. बुद्धिमान। २. ज्ञानी। ३ सूर। अंधा। क्योंकि उनकी बुद्धी ही आँख का काम करती है (व्यंग्य में भी)।

प्रज्ञात—वि० [सं०] ३ ज्ञात। समझा हुआ। २ विवेचित। ३ स्पष्ट। साफ। ४. प्रसिद्ध। विख्यात [को०]।

प्रज्ञान[1]—संज्ञा पुं० (सं०) १. बुद्धि। ज्ञान। २. चिह्न। निशान। ३. चैतन्य। ४. विद्वान् पुरुष।

प्रज्ञान[2]—वि० विवेकी। ज्ञानवान् [को०]।

प्रज्ञापन—संज्ञा पुं० [सं०] विशेष रूप से कहना या जताना। बतलाना [को०]।

प्रज्ञापन पत्र—संज्ञा पुं० [सं०] शुक्रनीति के अनुसार वह पत्र जो प्राचीन काल मे राजा की ओर से याज्ञिकों या ऋत्विजो को बुलाने के लिये भेजा जाता था।

प्रज्ञापारमिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] बौद्ध ग्रथो के अनुसार दस पारमिताओं (गुणों की पराकाष्ठा) में से एक जिसे गौतम बुद्ध ने अपने मर्कट जन्म मे प्राप्त किया था। उ०—तप की तारुण्यमयी प्रतिमा, प्रज्ञापारमिता की गरिमा।—लहर, पृ० ३४।

प्रज्ञामय—संज्ञा पुं० [सं०] विद्वान्। पंडित।

प्रज्ञाल—वि० [सं०] प्रज्ञावाला। विद्वान् [को०]

प्रज्ञावाद—संज्ञा पुं० [सं०] विद्वत्तापूर्ण कथन। ज्ञानोक्ति [को०]।

प्रज्ञावान—वि० [सं० प्रज्ञावत्, प्रज्ञावान्] बुद्धिमान। ज्ञानी [को०]।

प्रज्ञावृद्ध—वि० [सं०] बुद्धि में बढ़ाचढा। ज्ञानवृद्ध [को०]।

प्रज्ञासहाय—वि० [सं०] बुद्धिमान। ज्ञानवान्। विद्वान् [को०]।

प्रज्ञाहीन—वि० [सं०] अज्ञानी। मूर्ख [को०]।

प्रज्ञिल—वि० [सं०] बुद्धिमान्। प्रज्ञी [को०]।

प्रज्ञी—वि० [सं० प्रज्ञिन्] [वि०स्त्री० प्रज्ञिनी] प्रज्ञावाला। बुद्धिमान्। ज्ञानी [को०]।

प्रज्वलन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रज्वलनीय, प्रज्वलित] जलने की क्रिया। जलना।

प्रज्वलित—वि० [स०] १. जलता हुआ। धधकता हुआ। दहकता हुआ। २ द्योतित। दीप्त। चमकीला (को०)। ३ बहुत स्पष्ट। बहुत साफ।

प्रज्वलिया—सज्ञा पुं० [?] एक छद जिसके प्रत्येक चरण मे १६ मात्राएँ होती हैं।

प्रज्वार—सज्ञा पुं० [सं०] १. बुखार की गर्मी। २ एक गधर्व का नाम।

प्रज्वालन—क्रि० स० [स०] जलाना। दहकाना।

प्रडीन—सज्ञा पुं० [सं०] १ चारो ओर उडना। उड्डयन का एक प्रकार। २ उडना। उडान [को०]।

प्रण[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रतिज्ञा, प्रा० पइण्णा, या स० पण (= मोल, बाजी)] किसी काम को करने के लिये किया हुआ अटल निश्चय। प्रतिज्ञा।

मुहा०—प्रण पारना = प्रण पूरा करना। प्रतिज्ञा निभाना।

प्रण[2]—वि० [स०] पुराना। प्राचीन।

प्रणख—सज्ञा पुं० [स०] नाखून के आगे का भाग।

प्रणत[1]—वि० [सं०] १ बहुत झुका हुआ। २ प्रणाम करता हुआ। ३ नम्र। दीन। ४ वक्र। टेढ़ामेढा (को०)। ५. दक्ष। कुशल (को०)।

यौ०—प्रणतकाय=झुके हुए शरीर का। जिसका शरीर नम्र या वक्र हो।

प्रणत[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्रणाम करनेवाला व्यक्ति। २ दास। सेवक। ३ भक्त। उपासक।

यौ०—प्रणतपाल।

प्रणतपाल—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रणतपालिका] दीनो, दासों या भक्त जनो का पालन करनेवाला। दीनरक्षक।

प्रणतपालक—सज्ञा पु० [स०] प्रणतपाल।

प्रणति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्रणाम। प्रणिपात। दडवत। २ नम्रता। ३ विनती। अनुनय।

प्रणदन—सज्ञा पुं० [सं०] जोर की आवाज। गर्जन [को०]।

प्रणदित—वि० [सं०] १ गर्जित। शब्दित। २. गुजित [को०]।

प्रणधि—सज्ञा पु० [सं० प्रणिधि] दूत। उ०— प्रणधि, दूत, जासूस ए छबि पावत हलकार।—नद० ग्र०, पृ० १०८।

प्रणपत्तिⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रणति, या प्रणिपात] दे० 'प्रणिपात'। उ०—सुंदर सतगुरु वदिए नमस्कार प्रणपत्ति।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६६६।

प्रणमन—सज्ञा पुं० [सं०] १ झुकना। २ प्रणाम करना। दडवत या नमस्कार करना।

प्रणमनाⓊ—क्रि० स० [सं० प्रणमन] प्रणाम करना। उ०—(क) प्रणमूँ हणुमत अंजनीपूत।—बी० रासो, पृ० १०१। (ख) सदगुरु प्रणम किशोर सचिव अमरेश सवाई।—रघु० रू०, पृ० ४।

प्रणम्य—वि० [स०] प्रणाम करने के योग्य। वदनीय।

प्रणय—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रीतियुक्त प्रार्थना। २ प्रेम। उ०—द्रवित दोनो ही हुए पाकर प्रणय का ताप।—शकु०, पृ० ६। ३ विश्वास। भरोसा। ४ निर्वाण। मोक्ष। ५. श्रद्धा। ६ प्रसव। स्त्री का सतान उत्पन्न करना। ७ इच्छा। आकाक्षा (को०)। ८ अनुग्रह। उदारता। दया। कृपा (को०)। ९ नेता। नायक (को०)। १० निर्देशन। पथप्रदर्शन (को०)।

यौ०—प्रणयकलह। प्रणयकुपित। प्रणयकोप। प्रणयपेशल = प्रेमार्द्र। प्रणयप्रकर्ष = प्रेमाधिक्य। प्रेम का अतिरेक। प्रणयभग। प्रणयमान = प्रेमजन्य मान या ईर्ष्यादि। प्रणयवचन। प्रणयविघात, प्रणयविहति = मैत्री टूटना। प्रेम मे व्याघात होना।

प्रणयकलह—सज्ञा पु० [सं०] नायक और नायिका का वह कलह जो प्रेमोद्भूत हो। झगडा [को०]।

प्रणयकुपित—वि० [सं०] प्रेमसबधी कलह से क्रुद्ध या रुष्ट [को०]।

प्रणयकोप—सज्ञा पु० [सं०] प्रणयकलह। प्रणयजन्य रूठना। मान [को०]।

प्रणयन—सज्ञा पुं० [सं०] १ रचना। बनाना। करना। २ लिखना। लेखन। निबंधन करना (को०)। ३. लाना। ले आना (को०)। ४ ले जाना (को०)। ५ वितरण। बाँटना (को०)। ६ (दड आदि) देना। लगाना। ७ निर्माण। रचना (को०)। ८ होम आदि के समय अग्नि का एक सस्कार।

प्रणयनीय—वि० [सं०] प्रणयन के योग्य [को०]।

प्रणयभग—सज्ञा पुं० [सं० प्रणयभङ्ग] १ प्रेमसबध समाप्त होना। प्रीतिभग। २ अविश्वसनीयता [को०]।

प्रणयविमुख—वि० [सं०] प्रेम से विमुख होना। प्रेमसबध न रखना [को०]।

प्रणयाकुल—वि० [सं० प्रणय + आकुल] प्रेमविह्वल। कामातुर। उ०—श्याम चिरैया का जोडा प्रणयाकुल हो रहा था।—भस्मावृत०, पृ० ११।

प्रणयार्थी—वि० [सं० प्रणयार्थिन्] [वि० स्त्री० प्रणयार्थिनी] प्रणय की कामना करनेवाला। प्रेमाभिलाषी। उ०—प्रणयार्थियो की कमी न होने से, उसे उनकी परवाह न थी।—पिंजरे०, पृ० २३।

प्रणयिता—सज्ञा स्त्री० [स०] अनुरक्ति। प्रीति। आसक्ति [को०]।

प्रणयिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. वह जिसके साथ प्रेम किया जाय। प्रेमिका। २. स्त्री। पत्नी।

प्रणयी[1]—[सं० प्रणयिन्] [स्त्री० प्रणयिनी] १ जिसके साथ प्रेम हो। प्रेम करनेवाला। प्रेमी। २ स्वामी। पति। ३ उपासक। सेवा करनेवाला। पूजक [को०]।

प्रणयी[2]—वि० [सं०] १. प्रणययुक्त। प्रेमयुक्त प्रेमी। २ घनिष्ठ। जिगरी [को०]।

प्रणव—सज्ञा पुं० [सं०] १. ओकार। ब्रह्मबीज। ओकार मत्र।

२ त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) । ३ परमेश्वर । ४. एक प्रकार का मृदग,पटह या ढोल (को०) ।

प्रणवक—सज्ञा पुं० [सं०] प्रणव । ॐकार [को०]।

प्रणवना—क्रि० स० [सं० प्रणमन] प्रणाम करना । नमस्कार करना । श्रद्धा और नम्रतापूर्वक किसी के सामने झुकना । उ०—(क) पुनि प्रणवौं पृथुराज समाना । पर अघ सुनै सहस दस काना । —तुलसी (शब्द०) । (ख) प्रणवौं पवनकुमार खलवनपावक ज्ञानघन ।—तुलसी (शब्द०) ।

प्रणष्ट—वि० [स०] दे० 'प्रणाश', 'प्रनष्ट' ।

प्रणस—वि० [स०] जिसकी नासिका बडी हो । दीर्घघोण [को०] ।

प्रणाडिका, प्रणाडी—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रणाली' [को०] ।

प्रणाद—सज्ञा पुं० [सं०] १ बहुत जोर से होनेवाला शब्द । २ वह शब्द जो आनद के साथ मुँह से निकले । आनदध्वनि । ३. कर्णनाद नाम का रोग जिसमें कानो में तरह तरह की गूँज सुनाई देती है । ४ आर्त पुकार । गुहार (को०) । ५ शोरगुल । चिल्लाहट । हल्ला (को०) । ६ हर्षनाद का स्वर । जयध्वनि (को०) । ७. घोडे की हिनहिनाहट । हेषा । ह्रेषा (को०) ।

प्रणाम—सज्ञा पु० [सं०] १ झुकना । नत होना । २. श्रद्धा की अभिव्यक्ति करना । हाथ जोड़ना । विनीत होना । ३ लेटकर दडवत करना [को०] ।

प्रणामांजलि—सज्ञा स्त्री० [सं०] दोनों हाथ जोडकर प्रणाम करना । [को०] ।

प्रणामी—सज्ञा पुं० [सं० प्रणामिन्] १ प्रणाम करनेवाला । नमन करनेवाला । झुकनेवाला । २ प्रमाण के साथ दी जानेवाली भेंट ।

प्रणायक—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो मार्ग दिखलाता हो । नेता । २ सेनानायक ।

प्रणाय्य—वि० [सं०] १. प्रीतिपात्र । प्रिय । २ विश्वस्त । ठीक । दुरुस्त । ३ अवांछित । असमत । अयोग्य । ४ विरक्त । निस्पृह । ५ साधु [को०] ।

प्रणाल—सज्ञा पुं० [सं०] जल निकलने का मार्ग । पनाला ।

प्रणालिका—सज्ञा पुं० [सं०] १ पानी निकलने का मार्ग । परनाली । नाली । २ बदूक की नली ।

प्रणाली—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. पानी निकलने का मार्ग । नाली । उ०—पर, ओ मानस के जल, मत वह नयन प्रणाली से तू छल छल ।—अपलक, पृ० ७ । २. रीति । चाल । परिपाटी । प्रथा । ३ पद्धति । ढग । तरीका । कायदा । ४ द्वार । ५ परपरा । ६ वह छोटा जलमार्ग जो जल के दो बडे भागों को मिलाता हो ।

प्रणाश—सज्ञा पुं० [सं०] १. नाश । बरबादी । २ मृत्यु । मौत । ३ भागना । लुप्त होना ।

प्रणाशन—सज्ञा पु० [सं०] १. नाश करने की क्रिया या भाव । २ विनाश । बरबादी ।

प्रणाशी—सज्ञा पु० [स० प्रणाशिन्] [स्त्री० प्रणाशिनी] नाश करनेवाला । वह जो नष्ट करे ।

प्रणिसित—वि० [सं०] चुंबित [को०] ।

प्रणिधान—सज्ञा पुं० [स०] १ रखा जाना । २. प्रयत्न । ३. समाधि (योग) । ४ अत्यत भक्ति । अति अधिक उपासना । ५ ध्यान । चित्त की एकाग्रता । ६ किसी कर्म के फल का त्याग । ७. अर्पण । ८ भक्ति । उ०—दुस्वर क्या है उसे विश्व में प्राप्त जिसे प्रभु का प्रणिधान ।—साकेत, पृ० ३८८ । ९ भावी जन्म के सबध मे किसी प्रकार की प्रार्थना । १०. प्रवेश । गति । ११. उपयोग । प्रयोग । व्यवहार ।

प्रणिधायी—वि० [स० प्रणिधायिन्] प्रणिधान करनेवाला । दूत का प्रेषण या नियोजन करनेवाला [को०] ।

प्रणिधि—सज्ञा पुं० [सं०] १, भेदिया । गुप्तचर । गोइदा । २ प्रार्थना । ३ माँगना । ४ भेद लेना । रहस्य जानना (को०) । ५. पीछे पीछे चलनेवाला । अनुगत । अनुचर (को०) । ६. अवधान । ध्यान । सावधानी (को०) । ७ हाथी को हाँकने की एक विधि (को०) । ८ चर वा जासूस भेजना [को०] ।

प्रणिधेय—सज्ञा पुं० [स०] १ गुप्तचर भेजना । २ उपयोग । प्रयोग । नियोजन [को०] ।

प्रणिनाद—सज्ञा पुं० [सं०] गंभीर ध्वनि । घोर निनाद [को०] ।

प्रणिपतन—सज्ञा पु० [स०] २ प्रणाम । २. पैर पडना ।

प्रणिपात—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रणाम । २ पैरो पर गिरना ।

प्रणिहित—वि० [सं०] १ जिसकी स्थापना की गई हो । स्थापित । २ मिला हुआ । मिश्रित । ३ पाया हुआ । प्राप्त । ४. रखा हुआ । सौंपा हुआ । ५ गुप्त रूप से ज्ञात (को०) । ६. सतर्क । सचेष्ट (को०) । ७. समाधिस्थित । समाधिस्थ (को०) । ८ कृतनिश्चय । कृतसकल्प (को०) ।

प्रणी—सज्ञा पुं० [सं०] ईश्वर ।

प्रणीत[1]—वि० [सं०] १ रचित । बनाया हुआ । तैयार किया हुआ । निर्मित । उ०—कोट कलशो पर प्रणीत विहग हैं, ठीक जैसे रूप वैसे रग हैं ।—साकेत, पृ० ५ । २ सस्कृत । सुधारा हुआ । सशोधित । ३. भेजा हुआ । ४ लाया हुआ । ५. फेंका हुआ । ६ पास पहुँचाया हुआ । ७. जिसका मत्र से सस्कार किया गया हो । ८. विहित (को०) । ९ (बंद आदि) लगाया हुआ । आरोपित (को०) ।

प्रणीत[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह जल जिसका मत्र से सस्कार किया गया हो । २. यज्ञ के मत्र से सस्कृत की हुई अग्नि । ३. अच्छी तरह पकाया हुआ भोजन ।

प्रणीता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. वह जल जो यज्ञ के कार्य के लिये वेदमत्रो को पढते हुए कुएँ से निकाला जाता है और मत्रो के उच्चारण सहित छानकर रखा जाता है । २. वह पात्र जिसमें उपर्युक्त जल रखा जाता है ।

प्रणीय—सज्ञा पु० [सं०] वह वैदिक मत्र जिससे किसी चीज का सस्कार किया जाय ।

प्रणुत—वि० [सं०] स्तुत । प्रशसित [को०] ।

प्रणुत्त[२]—वि० [सं०] १. भगाया या हटाया हुआ। २ निकाला हुआ। निष्कासित [को०]।

प्रणुन्न—वि० [सं०] १ फेंका हुआ। प्रेरित। २ प्रेषित। भेजा हुआ। ३. काँपता या हिलता हुआ। ४. जो गति मे लाया गया हो। ५. भगाया या हटाया हुआ [को०]।

प्रणेजन—सज्ञा पु० [सं०] १. स्नान करने का जल। नहाने का पानी। २ स्नान करना। नहाना। ३ धोना। पखारना। प्रक्षालन [को०]।

प्रणेता—सज्ञा पुं० [सं० प्रणेतृ] [स्त्री० प्रणेत्री] १ निर्माण करनेवाला। बनानेवाला। कर्ता। २ रचयिता। लेखक। जैसे, पुस्तकप्रणेता। ३ नेता। अगुआ (को०)। ४ किसी मत या वाद का प्रवर्तक (को०)। ५ वादक (को०)।

प्रणेय—वि० [सं०] १ जिसके लौकिक सस्कार हो चुके हो। २ अधीन। वशवर्ती। ३ जिसका नेतृत्व या पथप्रदर्शन किया जाय (को०)। ४ करने योग्य। अवश्य सपन्न करने योग्य (को०)। ५ ले जाने योग्य। जो ले जाया जाय। प्रापणीय (को०)।

प्रणोद—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रेरण। सचालन। निर्देशन। २ प्रेषण। भेजना [को०]।

प्रणोदित—वि० [सं०] १ प्रेरित। प्रोत्साहित। २ निर्देशित। ३ सचालित। उ०—वीर राजपूत योद्धाओं की कहानियो से वह सदा प्रणोदित हुए हैं।—प्रेम० और गोर्की, पृ० १०३।

प्रतग्याⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञा] दे० 'प्रतिज्ञा'। उ०—श्री महराज कै काम चाहै प्रतग्या के निबाहु।—रा० रू०, पृ० १५०।

प्रतचाⓊ†—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रत्यञ्चा] दे० 'प्रत्यचा'। उ०—रहैं खुली ही म्यान प्रतचे नहिं उतरैं छन।—भारतेंदु ग्र०, भा० १, पृ० ५२४।

प्रत†—अव्य० [हिं०] दे० 'प्रति'। उ०—श्री राजा धृतराष्ट सजे प्रत पूछत है।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४८३।

प्रतउत्तरⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रति + उत्तर हिं०] जवाब। प्रत्युत्तर। उ०—प्रतउत्तर कर जोर कहि, सुनहु पगु महराज।—प० रासो, पृ० १७३।

प्रतक्षⓊ—वि० [सं० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—अमली समली आरती, जाणि प्रतक्ष उगीयो सूर।—बी० रासो०, पृ० १६।

प्रतग्गूⓊ†—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्रतिज्ञा'। उ०—सूतर खडग्गू सार नग्गू जन प्रतग्गू राख ए।—राम० धर्म०, पृ० २८१।

प्रतच्छⓊ†—वि० [सं० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—जान्यो नहिं कहि तप किए इह फल होत प्रतच्छ।—ब्रज० ग्र०, पृ० ११७।

प्रतछिⓊ†—वि० [सं० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—प्रतछि बिरह के सुनि अब लक्षिन। चकित होत तहँ बडे बिचच्छिन।—नद० ग्र०, पृ० १६२।

प्रतत—वि० [सं०] १ तना या फैला हुआ। विस्तृत। खचा चौड़ा। २. आवृत। ढका हुआ।

प्रतति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. विस्तार। फैलाव। २. लता। वल्ली (को०)।

प्रतन—वि० [सं०] पुराना। प्राचीन।

प्रतनाⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पृतना] चमू। वाहिनी। पृतना। उ०—प्रतना ध्वजनी वाहिनी चमू वरूथिनि ऐन।—अनेकार्थ०, पृ० १०५।

प्रतनु—वि० [सं०] १ क्षीण। दुबला। उ०—प्रतनु शरदिदु वर, पद्म जलविंदु पर, स्वप्न जागृति सुघर।—अपरा, पृ० १२। २ बारीक। सूक्ष्म। ३ बहुत छोटा। अत्यल्प। ४. तुच्छ।

प्रतप—सज्ञा पुं० [सं०] सूर्य की गर्मी। सूर्य का ताप [को०]।

प्रतपत्र—सज्ञा पु० [सं०] आतपत्र। छाता। छत्र [को०]।

प्रतपन—सज्ञा पुं० [सं०] १ तपाना। तप्त करना। २ उत्ताप। ताप। गरमी।

प्रतपनाⓊ—क्रि० अ० [स० प्रतपन] तपना। प्रभुत्व स्थापित होना। आतक फैलना। उ०—दूहड़ तणै तखत छत्रधारी। रायपाल प्रतपै रोसारी।—रा० रू०, पृ० १३।

प्रतप्त—वि० [सं०] १. तपाया हुआ। जो बहुत गरम किया गया हो। २ पीडित। जो बहुत सताया गया हो [को०]।

प्रतबबⓊ†—सज्ञा पु० [सं० प्रतिबिम्ब] दे० 'प्रतिबिंब'। उ०—तरणातप टाप बगत्तरय। प्रतबब चमकत पक्खरय।—रा० रू०, पृ० ८१।

प्रतमक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का दमा।

प्रतमाली—सज्ञा स्त्री० [देश०] कटारी। (डिं०)।

प्रतर—सज्ञा पु० [सं०] पार करना। तरण करना [को०]।

प्रतर्क—सज्ञा पुं० [सं०] १ तर्क। वाद विवाद। २ अनुमान। सोचना विचारना। ३ शोधना। खोजना।

प्रतर्कण—सज्ञा पुं० [सं०] १ वादविवाद करना। तर्क करना। २ संदेह (को०)। ३ तर्क शास्त्र (को०)।

प्रतर्कना—सज्ञा स्त्री० [स० प्रतर्कण] ऊहापोह। सशय। सदेह। तर्क।

प्रतर्क्य—वि० [सं०] तर्कनीय। तर्क करने योग्य। कल्पनीय [को०]।

प्रतर्दन—सज्ञा पु० [सं०] १ काशी का एक प्रख्यात राजा।

विशेष—यह राजा दिवोदास का पुत्र था और इसका विवाह मदालसा के साथ हुआ था। यह राजा रामचद्र जी के समय में था।

२ एक प्रचीन ऋषि का नाम। ३. विष्णु। ४ ताड़ना। ताड़न। ५ ताडना करनेवाला।

प्रतल—सज्ञा पुं० [सं०] १ हाथ की हथेली। पजा। २ सप्त अधोलोक मे से एक। पाताल के सातवें भाग का नाम।

प्रतषⓊ—वि० [सं० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—अण भजिया भजिया तणी, दीखै प्रतप दुसाल।—रघु० रू०, पृ० ४१।

प्रतान[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १. अपतानक नामक रोग जिसमें बार बार मूर्छा आती है। २ एक प्राचीन ऋषि का नाम। ३ बेल। लता। उ०—प्रतती बिसनी वल्लरी बल्ली लता प्रतान।

—अनेकार्थ०, पृ० ८८। ४. रेशा या लताद्यतु। ५. प्रस्तार। विस्तार (को०)।

प्रतान[२]—वि० [सं०] १ विस्तृत। लंबा चौड़ा। २ रेशेदार। जिसमे रेशे हो।

प्रतानिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] फैलनेवाली लता। वल्ली (को०)।

प्रतानी—वि० [सं० प्रतानिन्] [वि० स्त्री० प्रतानिनी] १ फैलनेवाला। विस्तृत होनेवाला। फैला हुआ। २ रेशेदार। जिसमें रेशे हों (को०)।

प्रताप—सज्ञा पु० [सं०] १ पौरुष। मरदानगी। वीरता। २. बल, पराक्रम आदि महत्व का ऐसा प्रभाव जिसके कारण उपद्रवी या विरोधी शात रहें। तेज। इकबाल। ३. मदार का पेड। ४ रामचद्र के एक सखा का नाम। ५ युवराज का छत्र। ६ ताप। गरमी।

प्रतापन[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पीडन। कष्ट पहुँचाना। २ कुंभीपाक नरक। ३ विष्णु। ४. शिव (को०)।

प्रतापन[२]—वि० क्लेश देनेवाला। कष्ट देनेवाला।

प्रतापवान्[१]—वि० [सं० प्रतापवत्] [वि० स्त्री० प्रतापवती] प्रतापयुक्त। जिसमे प्रताप हो। इकबालमद।

प्रतापवान्[२]—सज्ञा पुं० १. विष्णु। २ शिव का नाम (को०)।

प्रतापस—सज्ञा पु० [स०] १. सफेद मदार। २ महान् तपस्वी (को०)।

प्रतापी[१]—वि० [स० प्रतापिन्] १ प्रतापवान्। इकबालमद। जिसका प्रताप हो। २ सतानेवाला। दु खदायी।

प्रतापी—सज्ञा पुं० [स०] रामचंद्र के एक सखा का नाम। उ०—दुवन प्रताप तहाँ, परम प्रतापी राम वचन उचारे हैं।—रघुराज (शब्द०)।

प्रतारक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वचक। ठग। २ धूर्त। चालाक।

प्रतारण—सज्ञा पुं० [सं०] १ वचना। ठगी। २. धूर्तता।

प्रतारणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रतारण। वचना। ठगी।

प्रतारित—सज्ञा पु० [सं०] जो ठगा गया हो।

प्रतिंचा—सज्ञा स्त्री० [स० प्रत्यञ्चा वा पतञ्चिका] धनुष की डोरी। ज्या। चिल्ला।

प्रति[१]—अव्य० [स०] एक उपसर्ग जो शब्दों के आरभ में लगाया जाता है और निम्नांकित अर्थ देता है—१. विरुद्ध। विपरीत। जैसे, प्रतिकूल, प्रतिकार। २ सामने। जैसे, प्रत्यक्ष। ३ बदले में। जैसे, प्रत्युपकार, प्रतिहिंसा, प्रतिध्वनि। ४. हर एक। एक एक। जैसे, प्रत्येक, प्रतिदिन, प्रतिक्षण। उ०—कलप कलप प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना विधि करहीं।—मानस १।१४०। ५ समान। सदृश। जैसे प्रतिनिधि, प्रतिकृति। प्रतिलिपि। ६ मुकाबले का। जोड का। जैसे, प्रतिभट, प्रतिवादी, प्रत्युत्तर। इसके अतिरिक्त कही कही यह उपसर्ग 'ऊपर', 'अश', 'अशमात्र' आदि का भी अर्थ देता है।

प्रति[२]—अव्य० १. सामने। मुकाबिले में। २ ओर। तरफ। लक्ष्य किए हुए। जैसे, किसी के प्रति श्रद्धा रखना।

प्रति[३]—सज्ञा स्त्री० १. नकल। कापी। २. एक ही प्रकार की कई वस्तुओं में अगल अगल एक एक वस्तु। अदद। जैसे,—इस पुस्तक की दस प्रतियाँ ले लो।

प्रतिउत्तर—सज्ञा पुं० [सं० प्रति + उत्तर, प्रत्युत्तर] दे० 'प्रत्युत्तर'। उ०—प्रति उत्तर उद्दपति न दिय त्रिया क्रोध मन मानि।—प० रासो, पृ० १०।

प्रतिकंचुक—सज्ञा पु० [सं० प्रतिकञ्चुक] शत्रु। दुश्मन।

प्रतिक—वि० [सं०] एक कार्षापण में क्रीत। एक कार्षापण मूल्य का (को०)।

प्रतिकर—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रतिशोध। बदला। २ प्रतिरोध। विक्षेप। ३ क्षतिपूर्ति। ४ फैलाव। विस्तीर्णता (को०)।

प्रतिकरणीय—वि० [सं०] १ जिसका प्रतिकार किया जाय। २ जो प्रतिरोध करने योग्य हो (को०)।

प्रतिकर्तव्य—वि० [सं०] १ जो चुकाया जाय (जैसे, ऋण आदि)। २ जिसका प्रतिकार किया जाय। ३ (रोगादि) जिसकी चिकित्सा की जाय (को०)।

प्रतिकर्ता—वि० पुं० [सं० प्रतिकर्तृ] १. प्रतिशोध करनेवाला। प्रतिकार करनेवाला। २. क्षतिपूर्ति करनेवाला (को०)।

प्रतिकर्म—सज्ञा पुं० [स० प्रतिकर्मन्] १. वेश। भेस। २. प्रतीकार। बदला। ३. वह कर्म जो किसी दूसरे के द्वारा प्रेरित हो। किसी कार्य के होने पर होनेवाला कार्य। किसी काम के जवाब में होनेवाला काम। ४ शरीर को सँवारना। अगकर्म।

प्रतिकर्ष—सज्ञा पु० [स०] एक स्थान पर करना। एकत्र करना। सयोजन (को०)।

प्रतिकश—वि० [स०] कशाघात को न माननेवाला (घोडा)। सरकश (को०)।

प्रतिकर्ष—सज्ञा पुं० [स०] १. नेता। २. सहायक। ३. दूत। वार्ताहर। चर (को०)।

प्रतिकामिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] सपत्नी। सौत।

प्रतिकाय—सज्ञा पुं० [सं०] १. पुतला। प्रतिरूप मूर्ति। चित्र। २ शत्रु। अरि। ३. लक्ष्य। शरव्य (को०)।

प्रतिकार—सज्ञा पुं० [स०] १. वह कार्य जो किसी कार्य को रोकने दबाने अथवा उसका बदला चुकाने के लिये किया जाय। प्रतीकार। बदला। जवाब। किसी बात का उचित उपाय। जैसे,—(क) छाते से धूप का प्रतिकार हो जाता है। (ख) आप अपने पाप का कुछ प्रतिकार कीजिए। उ०—दाँत पीसकर, ओठ काटकर, करता है वह क्रुद्ध प्रहार। हँस हँसकर ही प्रभु सबका करते हैं पल मे प्रतिकार।—साकेत, पृ० ३६३। २ चिकित्सा। इलाज। ३. एक का की सधि जिसमें कृत उपकार के बदले उपकार किया जा (को०)। ४. साहाय्य। सहायता (को०)।

प्रतिकारक—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिकार करनेवाला। बदला चुकानेवाला।

प्रतिकारी—वि० [सं० प्रतिकारिन्] प्रतिकार करनेवाला। प्रतिरोध करनेवाला [को०]।

प्रतिकार्य—वि० [सं० प्रतिकार्य्य] जो प्रतिकार करने के योग्य हो। जिसका प्रतिकार किया जा सके।

प्रतिकाश—संज्ञा पु० [सं०] १. प्रतिरूप। प्रतीकाश। २ सादृश्य। तुल्यता [को०]।

प्रतिकितव—संज्ञा पु० [सं०] जुआरी के मुकाबले में जूआ खेलनेवाला जुआरी। जुआरी का जोड़।

प्रतिकुंचित—वि० [सं० प्रतिकुञ्चित] टेढ़ा। झुका हुआ [को०]।

प्रतिकूप—संज्ञा पुं० [सं०] परिखा। खाई।

प्रतिकूल[1]—वि० [सं०] १ जो अनुकूल न हो। खिलाफ। उलटा। विरुद्ध। विपरीत। २ कष्टकर। अरुचिकर (को०)। ३ हठी। दुराग्रही (को०)।

यौ०—प्रतिकूलकारी, प्रतिकूलकृत, प्रतिकूलचारी = विरुद्ध आचरण या काम करनेवाला। प्रतिकूलदर्शन = जिसका दर्शन अप्रिय वा अशुभ हो। प्रतिकूलप्रवर्ती। प्रतिकूलवाद। प्रतिकूलवृत्ति = विरोधी।

प्रतिकूल[2]—संज्ञा पुं० १ वह जो विरोध या प्रतिकूलता करे। प्रतिपक्षी। विरोधी। २ विरोध। प्रतिरोध (को०)।

प्रतिकूलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रतिकूल आचरण। प्रतिकूल होने का भाव या क्रिया। विरोध। विपरीतता।

प्रतिकूलत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिकूलता'।

प्रतिकूलप्रवर्ती—वि० [सं० प्रतिकूलप्रवर्तिन्] १ (पोत) जो गलत मार्ग पर हो। २ (जीभ) जो अनुचित बोले [को०]।

प्रतिकूलवाद—संज्ञा पुं० [सं०] विरोध। खंडन। २ शत्रुता [को०]।

प्रतिकूला—संज्ञा स्त्री० [सं०] सौत। सपत्नी।

प्रतिकूलिक—वि० [सं०] शत्रु। विरोधी [को०]।

प्रतिकृत[1]—वि० [सं०] १. जिसका बदला हो चुका हो। जिसके जवाब या बदले में कोई बात की जा चुकी हो। २ जिसका उपाय किया जा चुका हो। जिसके विरुद्ध प्रयत्न किया जा चुका हो।

प्रतिकृत—संज्ञा पु० १ विरोध। २ हरजाना। क्षतिपूर्ति [को०]।

प्रतिकृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रतिमा। प्रतिमूर्ति। २. तसवीर। चित्र। ३ प्रतिबिंब। छाया। ४. बदला। प्रतीकार। ५ पूजा।

प्रतिकृत्य—संज्ञा पुं० [सं०] जो प्रतिकार करने के योग्य हो।

प्रतिकृष्ट—संज्ञा पु० [सं०] १ वह जो बहुत ही निंदित या बुरा हो। निकृष्ट। २ दो बार का जोता हुआ खेत।

प्रतिकोप—संज्ञा पुं० [सं०] किसी विरोध के प्रति क्रोध का होना [को०]।

प्रतिक्रम—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिकूल कार्य। विपरीत आचार। विपरीत क्रम [को०]।

प्रतिक्रांति—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रति+क्रान्ति] एक क्रांति के विरोधस्वरूप होनेवाली दूसरी क्रांति। उ०—इस तरह बुशहर की क्रांति दबा दी गई और प्रतिक्रांति का पल्ला भारी रहा।—किन्नर०, पृ० २०।

प्रतिक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रतिकार। बदला। २ एक ओर कोई क्रिया होने पर उसके परिणामस्वरूप दूसरी ओर होनेवाली क्रिया। ३ सजावट। संस्कार। ४. शमन या निवारण का उपाय।

प्रतिक्रियावादी—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिक्रिया + वादिन्] किसी कार्य के विरोध में कार्य करनेवाला व्यक्ति [को०]।

प्रतिक्रुष्ट—वि० [सं०] दीन। दया करने योग्य [को०]।

प्रतिक्रूर—वि० [सं०] प्रतिकार में क्रूर। अत्यंत निर्दय [को०]।

प्रतिक्रोध—संज्ञा पुं० [सं०] वह क्रोध जो किसी के क्रोध करने पर उत्पन्न हो [को०]।

प्रतिक्षण—क्रि० वि० [सं०] हर दम। हर क्षण। निरंतर।

प्रतिक्षय—संज्ञा पुं० [सं०] रक्षक। रक्षा करनेवाला।

प्रतिक्षिप्त[1]—वि० [सं०] १. रोका हुआ। २. फेंका हुआ। ३ भेजा हुआ। ४. निंदित। ५ अपवादग्रस्त (को०)। ६. बुलाकर वापस किया हुआ (को०)। ७ स्पर्धा के कारण किसी के द्वारा तिरस्कृत (को०)। ८ जिसे क्षति या चोट पहुँचाई गई हो (को०)।

प्रतिक्षिप्त—संज्ञा पु० ओषधि। दवा [को०]।

प्रतिक्षुत—संज्ञा पुं० [सं०] छींक। छिक्का [को०]।

प्रतिक्षेप—संज्ञा पु० [सं०] १ फेंकना। २ रोकना। ३. तिरस्कार। ४ होड़। स्पर्धा (को०)।

प्रतिक्षेपण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिक्षेप' [को०]।

प्रतिखुर—संज्ञा पुं० [सं०] वह मूढ़ गर्भ जिसमें बालक हाथ पैर बाहर निकालकर अपने धड़ और सिर से योनि मार्ग को रोक दे।

प्रतिख्यात—वि० [सं०] बहुत प्रसिद्ध।

प्रतिख्याति—संज्ञा स्त्री० [सं०] बहुत अधिक प्रसिद्धि।

प्रतिगत[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वापस होना। लौटना। २ पक्षियों की एक प्रकार की गति। पक्षियों का आगे पीछे इधर उधर उड़ना।

प्रतिगत[2]—वि० १ लौटा हुआ। जो वापस आया हो। २ भूला हुआ। विस्मृत (को०)। ३ इधर उधर या आगे पीछे की ओर उड़ता हुआ (को०)।

प्रतिगमन—संज्ञा पुं० [सं०] वापस जाना। लौटना [को०]।

प्रतिगर्जना—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी गर्जन या हुंकार के उत्तर में गरजना [को०]।

प्रतिगर्हित—वि० [सं०] निंदित। अपवादयुक्त [को०]।

प्रतिगामिता—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रतिगामी होने का भाव। वापस लौटने या पीछे जाने की स्थिति। उ०—प्रगतिवादी वधुओ की प्रगतिशीलता, जैसा मैं कह चुका, वास्तव में प्रतिगामिता है।—प्र० सा०, पृ० ७६

प्रतिगिरि—सज्ञा पुं० [स०] १. छोटा पहाड। पहाडी। २. वह जो देखने में पहाड के समान हो।

प्रतिगृह—अव्य० [स०] प्रत्येक घर में। घर घर [को०]।

प्रतिगृहीत—वि० [स०] १. जो ले लिया गया हो। अंगीकृत। २. जो ग्रहण कर लिया गया हो। ३ विवाहित (को०)।

प्रतिगृहीता—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्त्री जिसका पाणिग्रहण किया गया हो। धर्मपत्नी।

प्रतिगृह्य—वि० [स०] जो ग्रहण करने योग्य हो। लेने लायक।

प्रतिगेह—अव्य० [स०] दे० 'प्रतिगृह'।

प्रतिग्या—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञा] दे० 'प्रतिज्ञा'।

प्रतिग्रह—सज्ञा पुं० [स०] १. स्वीकार। ग्रहण। २ उस दान का लेना जो ब्राह्मण को विधिपूर्वक दिया जाय। इस प्रकार का दान लेना ब्राह्मण के छह कर्मों में से एक है। ३ पकडना। अधिकार में लाना। ४. पाणिग्रहण। विवाह। जैसे, दारप्रतिग्रह। ५. ग्रहण। उपराग। ६. स्वागत। अभ्यर्थना। ७ विरोध करना। मुकाबला करना। ८. उत्तर देना। जवाब देना। ९. सेना का पिछला भाग। १०. उगालदान। पीकदान। ११. अनुग्रह। भेंट। उपहार (को०)। १२. श्रवण करना। सुनना (को०)। १३. स्वीकरण (को०)। १४. कर्तन करनेवाला। काटने छाटनेवाला। जैसे, केश-प्रतिग्रह = नापित (को०)। १५ ग्रहण करनेवाला। वह जो ग्रहण करे। ग्रहीता (को०)।

प्रतिग्रहण—सज्ञा पु० [स०] १. प्रतिग्रह। विधिपूर्वक दिया हुआ दान भेंट आदि लेना। २. आदान। ग्रहण। स्वीकार (को०)। ३. विवाह। पाणिग्रहण (को०)। ४. पात्र। बर्तन (को०)।

प्रतिग्रही—सज्ञा पुं० [स० प्रतिग्रहिन्] प्रतिग्रह लेनेवाला। दान लेनेवाला।

प्रतिग्रहीता—सज्ञा पुं० [स० प्रतिग्रहीतृ] १. दान ग्रहण करने या लेनेवाला। प्रतिग्राही। २ पति (को०)।

प्रतिग्राह—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्रतिग्रह। ग्रहण करना। लेना। २. पीकदान। उगालदान।

प्रतिग्राहक—वि० सज्ञा पुं० [स०] प्रतिग्रह लेनेवाला। दान लेनेवाला।

प्रतिग्राही—वि० सज्ञा पुं० [स० प्रतिग्राहिन्] दान लेनेवाला। उ०—प्रतिग्राही जीवै नही दाता नरकै जाय।—तुलसी ग्र०, पृ० १४८।

प्रतिग्राह्य—वि० [सं०] ग्रहण करने योग्य। लेने लायक। स्वीकरणीय।

प्रतिघ[1]—सज्ञा पु० [स०] १ क्रोध। गुस्सा। २. मारना। ३. मार-पीट। लडाई। ४. मूर्छा। बेहोशी। ५, रुकावट। विरोध। बाधा। ६. शत्रु। दुश्मन।

प्रतिघ[2]—वि० १. रुकावट डालनेवाला। बाधक। विरोधी। २. प्रतिकूल। विरुद्ध। शत्रुता करनेवाला।

प्रतिघात—सज्ञा स्त्री० [स०] १. वह आघात जो किसी दूसरे के आघात करने पर किया जाय। २ वह आघात जो एक आघात लगने पर आपसे आप उत्पन्न हो। टक्कर। ३. रुकावट। बाधा। ४. दूरीकरण। निवारण (को०)। ५. मारना। मारण (को०)।

प्रतिघातक—वि०, सज्ञा पुं० [स०] प्रतिघात करनेवाला। शत्रु। वैरी। प्रतिघाती।

प्रतिघातन—सज्ञा पुं० [सं०] १. जान से मार डालना। प्राणघात। हत्या। २ बाधा। रुकावट। निवारण।

प्रतिघाती[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रतिघातिन्] [स्त्री० प्रतिघातिनी] प्रतिघात करनेवाला। शत्रु। वैरी। दुश्मन। ढकेलनेवाला। प्रतिद्वंद्वी।

प्रतिघाती[2]—वि० १ मुकाबला करनेवाला। विरोध करनेवाला। प्रतिद्वद्वी। २ टक्कर मारनेवाला।

प्रतिघ्न—सज्ञा पुं० [सं०] शरीर। बदन।

प्रतिचक्र—सज्ञा पु० [स०] शत्रुसेना। परचक्र [को०]।

प्रतिचक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] अवलोकना। देखना।

प्रतिचंद्र—सज्ञा पुं० [स० प्रतिचन्द्र] आकाशीय उत्पात। चद्राभास [को०]।

प्रतिचार—सज्ञा पुं० [सं०] बनाव। सजाव। शृंगार। प्रसाधन [को०]।

प्रतिचारित—वि० [सं०] प्रचारित। विज्ञापित। घोषित [को०]।

प्रतिचारी—वि० [स० प्रतिचारिन्] अभ्यास करनेवाला। मश्क करनेवाला [को०]।

प्रतिचिंतन—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिचिन्तन] फिर से विचार करना। पुनर्विचार।

प्रतिचिकीर्षा—स्त्री० [स०] प्रतिकार या विरोध करने की इच्छा [को०]।

प्रतिचोदित—वि० [स०] प्रेरित। उकसाया हुआ। उत्तेजित [को०]।

प्रतिच्छंद—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिच्छन्द] आकार। मूर्ति। प्रतिमा। चित्र [को०]।

प्रतिच्छदक—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिच्छन्दक] दे० 'प्रतिच्छद'।

प्रतिच्छदन—सज्ञा पुं० [स०] आवरण। आच्छादन [को०]।

प्रतिच्छन—क्रि० वि० [स० प्रति+क्षण] प्रत्येक क्षण। हर समय। उ०—साहि तनै सरजा तव द्वार प्रतिच्छन दान की दुंदुभि बाजै।—भूषण ग्र०, पृ० २७।

प्रतिच्छन्न—वि० [स०] १ आवृत। आच्छादित। २ छिपा हुआ। अप्रकट। गुप्त [को०]।

प्रतिच्छवि—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रतिच्छाया। प्रतिबिंब। परछाईं। उ०—अरुण जलज के शोण कोण ये, नव तुषार के भरे। मुकुर चूर्ण बन रहे प्रतिच्छवि, कितनी साथ लिए बिखरे। —कामायनी, पृ० ३७९।

प्रतिच्छा†—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतीक्षा] दे० 'प्रतीक्षा'।

प्रतिच्छाया—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. चित्र। तस्वीर। २ मिट्टी पत्थर आदि की बनी हुई मूर्ति। ३. परछाईं। प्रतिबिंब।

प्रतिच्छायिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रतिच्छाया [को०]।

प्रतिच्छायित—वि० [सं०] प्रतिच्छाया युक्त। चित्रित। प्रतिबिंबित। उ०—चिर निराशा नीरधर से, प्रतिच्छायित अश्रु सर में। मधुप मुखर मरद मुकुलित में सजल जलजात रे मन।—कामायनी, पृ० २१७।

प्रतिच्छेद—संज्ञा पुं० [सं०] १ बाधा। रुकावट। विरोध। २. छेदन करना। खंडित करना [को०]।

प्रतिछवि—संज्ञा पुं० [सं० प्रति + हिं० छबि] दे० 'प्रतिच्छवि'। उ०—तू बहती सरिता के जलपर, देख रहा अपनी प्रतिछवि नर। —मधुज्वाल, पृ० ६६।

प्रतिछाँई—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रतिच्छाया'—३।

प्रतिछाँह—संज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रतिच्छाया'—३।

प्रतिछाँही—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रति + हिं० छाँह] दे० 'प्रतिछाया'।

प्रतिछाया—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिच्छाया] प्रतिबिंब। परछाईं।

प्रतिजघा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिजङ्घ] जाँघ का अगला भाग।

प्रतिजन्म—संज्ञा पुं० [सं०] पुनः जनमना। फिर पैदा होना [को०]।

प्रतिजन्य—वि० [सं०] प्रतिकूल। विरोधी। वैरी। विरुद्ध [को०]।

प्रतिजल्प—संज्ञा पुं० [सं०] परामर्श। समति। सलाह।

प्रतिजल्पक—संज्ञा पुं० [सं०] १ आदरणीय, अनुकूल या योग्य कथन। परामर्श। २ नम्र पर वक्र उत्तर [को०]।

प्रतिजागर—संज्ञा पुं० [सं०] १ खूब अच्छी तरह ध्यान देना। खूब होशियार रखना। सचेत रहना। सावधान रहना। २ रक्षा।

प्रतिजागरण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिजागर' [को०]।

प्रतिजिह्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गले के अंदर की घंटी। कौवा। छोटी जीभ।

प्रतिजिह्विका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रतिजिह्वा' [को०]।

प्रतिजीवन—संज्ञा पुं० [सं०] फिर से जन्म होना। नया जन्म।

प्रतिज्ञता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञ + हिं० या (प्रत्य०)] प्रतिज्ञा लेने का भाव। उ०—जिसके अर्थ बहुत कुछ आत्मत्याग, देशानुराग, दृढ़प्रतिज्ञता आदि गुणों की आवश्यकता है।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २३७।

प्रतिज्ञांतर—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिज्ञान्तर] तर्क में एक निग्रह स्थान। विशेष—दे० 'निग्रहस्थान'।

प्रतिज्ञा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ भविष्य में कोई कर्तव्य पालन करने, कोई काम करने या न करने आदि के संबंध में दृढ़ निश्चय। वह दृढ़तापूर्ण कथन या विचार जिसके अनुसार कोई कार्य करने या न करने का दृढ़ संकल्प हो। किसी बात को अवश्य करने या कभी न करने के संबंध में वचन देना। प्रण। जैसे—भीष्म ने प्रतिज्ञा की थी कि मैं आजन्म विवाह न करूँगा। २. शपथ। सौगंद। कसम। ३. अभियोग। दावा। ४. न्याय में अनुमान के पाँच खंडों या अवयवों में से पहला अवयव। वह वाक्य या कथन जिससे साध्य का निर्देश होता है। उस बात का कथन जिसे सिद्ध करना हो। ५. स्वीकार। स्वीकरण। अंगीकरण (को०)।

प्रतिज्ञात[1]—वि० [सं०] १ जिसके संबंध में प्रतिज्ञा की जा चुकी हो। स्वीकार किया हुआ। २ करने या हो सकने योग्य। साध्य।

प्रतिज्ञात[2]—संज्ञा पुं० प्रतिज्ञा। वादा। वचन [को०]।

प्रतिज्ञातार्थ—संज्ञा पुं० [सं०] वक्तव्य। कथन [को०]।

प्रतिज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] १ स्वीकृति। स्वीकरण। राजीनामा। २ प्रतिज्ञा। वादा। वचन [को०]।

प्रतिज्ञापत्र, प्रतिज्ञापत्रक—संज्ञा पुं० [सं०] वह पत्र जिसपर कोई प्रतिज्ञा लिखी हो। वह कागज जिसपर शर्तें लिखी हों। इकरारनामा।

प्रतिज्ञापालन—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिज्ञा पूरी करना। प्रण पूरा करना। वचन निभाना [को०]।

प्रतिज्ञाभंग—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिज्ञाभङ्ग] वादा पूरा न करना। वचन न निभाना [को०]।

प्रतिज्ञाविरोध—संज्ञा पुं० सं०] न्याय के अनुसार एक प्रकार का निग्रहस्थान। दे० 'निग्रहस्थान'।

प्रतिज्ञाविवाहित—वि० [सं०] जिसकी शादी हो गई हो [को०]।

प्रतिज्ञासंन्यास—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का निग्रह स्थान। दे० 'निग्रहस्थान'।

प्रतिज्ञाहानि—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का निग्रहस्थान। विशेष—दे० 'निग्रहस्थान'।

प्रतिज्ञेय—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो प्रतिज्ञा करने में समर्थ हो। प्रतिज्ञा कर सकने योग्य। २ वह जो स्तुति या प्रशंसा करे। स्तुति करनेवाला। प्रशंसा करनेवाला।

प्रतितंत्र—संज्ञा पुं० [सं० प्रतितन्त्र] अपने मत से विरुद्ध मत का शास्त्र। वह शास्त्र जिसके सिद्धांत अपने शास्त्र के सिद्धांतों के प्रतिकूल हों।

प्रतितंत्रसिद्धांत—संज्ञा पुं० [सं० प्रतितन्त्रसिद्धान्त] वह सिद्धांत जो कुछ शास्त्रों में हो और कुछ में न हो। जैसे, मीमांसा में 'शब्द' को नित्य माना है परंतु न्याय में वह अनित्य माना जाता है।

प्रतितर—संज्ञा पुं० [सं०] १ नाव का डाँड़। नाव खेने का बल्ला। २ नाव को खेनेवाला। कर्णधार। केवट।

प्रतिताल, प्रतितालक—संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में ताल का एक प्रकार जिसमें कातार, समराज्य, वैकुंठ और वांछित ये चारों ताल हैं।

प्रतिताली—संज्ञा स्त्री० [सं०] दरवाजे की चाभी। कुंजी। ताली [को०]।

प्रतितुलन—संज्ञा पुं० [सं० प्रति + तुलन] तुलना। समता। संतुलन। समानीकरण। उ०—जिंदा जातियों के इतिहास में उन दोनों

प्रवृत्तियों का प्रतितुलन बराबर होता रहता है।—भा० इ० रू०, पृ० ६०६।

प्रतितूणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का रोग जिसमे गुदा अथवा मूत्राशय से पीडा उठकर पेट तक पहुँचती है।

प्रतिदग्ध—वि० [सं० प्रतिदग्ध] अविश्वस्त। अविनयी। धृष्ट [को०]।

प्रतिदत्त—वि० [स०] १ लौटाया हुआ। वापस किया हुआ। २ बदले में दिया हुआ।

प्रतिदान—सज्ञा पुं० [सं०] १ ली या रखी हुई चीज को लौटाना। वापस करना। २ एक चीज लेकर दूसरी चीज देना। परिवर्तन। विनिमय। बदला।

प्रतिदारण—सज्ञा पुं० [सं०] १. सघर्ष। युद्ध। लडाई। २. चीरना। फाडना [को०]।

प्रतिदिवा—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिदिवन्] १ सूर्य। रवि। २ दिवस। दिन [को०]।

प्रतिदूत—सज्ञा पुं० [स०] वह दूत जो बदले में भेजा जाय [को०]।

प्रतिदृष्ट—वि० [स०] १. देखा हुआ। अवलोकित। दृष्टिगत। २. प्रसिद्ध। ख्यात [को०]।

प्रतिदृष्टांतसम—सज्ञा पु० [सं० प्रतिदृष्टान्तसम] न्याय मे एक प्रकार की जाति।

प्रतिदेय—वि० [स०] १. जो प्रतिदान करने योग्य हो। जो बदलने या लौटाने योग्य हो। २ जो (वस्तु आदि) क्रय करके फिर लौटाई जाय (को०)।

प्रतिद्वंद्व—सज्ञा पुं० [स० प्रतिद्वन्द्व] १. दो समान व्यक्तियो का विरोध। बराबरवालो का झगडा। २. विरोधी। शत्रु (को०)।

प्रतिद्वंद्विता—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिद्वन्द्विता] बराबरवाले की लडाई। समान बल या बुद्धिवाले व्यक्ति का विरोध। अपने से समान व्यक्ति का विरोध। १ प्रतिद्वंद्वी होने का भाव।

प्रतिद्वंद्वी[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिद्वन्द्विन्] बराबरी का विरोधी। मुकाबले का लडनेवाला। शत्रु।

प्रतिद्वंद्वी[2]—वि० १ प्रतिकूल। विरोधी। २ शत्रुतापूर्ण [को०]।

प्रतिधा—सज्ञा स्त्री० [सं०] आलेख्य [को०]।

प्रतिधान—सज्ञा पुं० [सं०] १. रखना। स्थापित करना। २. निराकरण [को०]।

प्रतिधावन—सज्ञा पुं० [सं०] आक्रमण। हमला [को०]।

प्रतिधि—सज्ञा पुं० [स०] सध्या के समय पढ़ा जानेवाला एक प्रकार वैदिक स्तोत्र।

प्रतिधुनि(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिध्वनि] दे० 'प्रतिध्वनि'। उ०—केइ अपनी प्रतिधुनि सों अरें। गारि देहिं बहुरयो हँसि परें। नद० ग्र०, २६०।—

प्रतिध्वनि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह शब्द जो (उत्पन्न होने पर) किसी बाधक पदार्थ से टकराने के कारण लौटकर अपने उत्पन्न होने के स्थान पर फिर से सुनाई पड़ता है। अपनी उत्पत्ति के स्थान पर फिर से सुनाई पडनेवाला शब्द। प्रतिनाद। प्रतिशब्द। प्रतिश्रुत। गूँज। आवाज। बाजगश्त। जैसे,—(क) दूर की पहाडो से मेरी पुकार की प्रतिध्वनि सुनाई पडी। (ख) उस गुबद के नीचे जो कुछ कहा जाय, उसकी प्रतिध्वनि बराबर सुनाई पड़ती है।

विशेष—वायु मे क्षोभ होने के कारण लहरें उठती हैं जिनसे शब्द की उत्पत्ति होती है। जब इन लहरो के मार्ग में दीवार या चट्टान आदि की तरह का कोई भारी बाधक पदार्थ आता है तब ये लहरें, उससे टकराकर लौटती हैं जिनके कारण वह शब्द फिर उस स्थान पर सुनाई पडता है जहाँ से वह उत्पन्न हुआ था। यदि वायु की लहरो को रोकनेवाला पदार्थ शब्द उत्पन्न होने के स्थान के ठीक सामने होता है तब तो प्रतिध्वनि उत्पन्न होने के स्थान पर ही सुनाई पडती है। पर यदि वह इधर उधर होता है तो प्रतिध्वनि भी इधर या उधर सुनाई पडती है। यदि लगातार बहुत से शब्द किए जायँ तो सब शब्दो की प्रतिध्वनि साफ नही सुनाई पडती, पर शब्दो की समाप्ति पर अतिम शब्द की प्रतिध्वनि बहुत ही साफ सुनाई पडती है। जैसे, यदि किसी बहुत बडे तालाब के किनारे या किसी बडे गुबद के नीचे खड़े होकर कहा जाय 'हाथी या घोडा' तो प्रतिध्वनि मे 'घोडा' बहुत साफ सुनाई देगा। साधारणत प्रतिध्वनि उत्पन्न होने में एक सेकेंड का नवाँ अश लगता है, इसलिये इससे कम अतर पर जो शब्द होगे उनकी प्रतिध्वनि स्पष्ट नहीं होगी। शब्द की गति प्रति सेकेंड लगभग ११२५ फुट है, अतः जहाँ बाधक स्थान शब्द उत्पन्न होने के स्थान से (११२५ का $\frac{1}{18}$ वाँ अश) ६२ फुट से कम दूरी पर होगा, वहाँ प्रतिध्वनि नही सुनाई पडेगी? सबसे अधिक स्पष्ट प्रतिध्वनि उसी शब्द की होती है जो सहसा और जोर का होता है। प्राय बहुत बड़े बडे कमरो, गुबदो, तालाबों, कूपो, नगर के परकोटो, जगलो, पहाडो और तराइयो आदि में प्रतिध्वनि सुनाई पडती है। किसी किसी स्थान पर ऐसा भी होता है कि एक ही शब्द की कई कई प्रतिध्वनियाँ होती हैं।

२. शब्द से व्याप्त होना। गूँजना। ३ दूसरो के भावो या विचारो आदि का दोहराया जाना। जैसे,—उनके व्याख्यान में केवल दूसरो की उक्तियों की प्रतिध्वनि ही रहती है।

प्रतिध्वनित—वि० [स०] प्रतिध्वनि से परिपूर्ण। गुजित [को०]।

प्रतिध्वान—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रतिध्वनि'।

प्रतिध्वानित—वि० [स०] गुजित। प्रतिध्वनित [को०]।

प्रतिनदन—सज्ञा पुं० [स० प्रतिनन्दन] १ वह अभिनदन जो आशीर्वाद देते हुए किया जाय। २. स्वागत करना (को०)। ३. धन्यवाद देना (को०)। ४. बधाई देना (को०)।

प्रतिनप्ता—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिनप्तृ] प्रपौत्र। पुत्र का पौत्र [को०]।

प्रतिनमस्कार—सज्ञा पुं० [स०] नमस्कार के बदले मे किया गया नमस्कार। प्रत्यभिवादन।

प्रतिनव—वि० [स०] नया । ताजा । नूतन [को०] ।

प्रतिना—सज्ञा स्त्री० [स० पृतना] दे० 'पृतना' ।

प्रतिनाड़ी—सज्ञा स्त्री० [स० प्रतिनाडी] छोटी नाडी । उपनाडी । विशेष—दे० 'नाडी' ।

प्रतिनाद—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रतिध्वनि' ।

प्रतिनादित—वि० [स०] गुजित । प्रतिध्वनित । [को०] ।

प्रतिनायक—सज्ञा पुं० [स०] नाटको और काव्यो आदि में नायक का प्रतिद्वद्वी पात्र । जैसे, रामायण में राम का प्रतिनायक रावण है ।

प्रतिनाह—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का रोग जिसमें नाक के नथनो मे कफ रुकने से श्वास चलना बद हो जाता है ।

प्रतिनिधि—सज्ञा पु० [स०] १ प्रतिमा । प्रतिमूर्ति । २ वह व्यक्ति जो किसी दूसरे की ओर से कोई काम करने के लिये नियुक्त हो । दूसरो का स्थानापन्न होकर काम करनेवाला ।

विशेष—(क) हमारे यहाँ प्राचीन काल से धार्मिक कृत्यों आदि के लिये प्रतिनिधि नियुक्त करने की प्रथा है । यदि कोई मनुष्य नित्य या नैमित्तिक आदि कर्म आरभ करने के उपरात बीच मे ही असमर्थ हो जाय तो वह उसकी पूर्ति के लिये किसी दूसरे व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि स्वरूप नियुक्त कर सकता है । (ख) आजकल साधारणत. सर्व-साधारण की ओर से सभाओ आदि में, विचार प्रकट करने और मत देने के लिये, अथवा किसी राज्य या बड़े आदमी की ओर से किसी बात का निर्णय करने के लिये लोग प्रतिनिधि बनाकर भेजे जाते हैं ।

३ जमानतदार । प्रतिभू । जामिन (को०) । ४. प्रतिबिंब (डिं०) । ५ वह वस्तु या द्रव्य जो किसी वस्तु के अभाव मे प्रयुक्त हो (को०) ।

प्रतिनिधित्व—सज्ञा पुं० [स०] प्रतिनिधि होने की क्रिया या भाव । प्रतिनिधि होने का काम ।

प्रतिनियत—वि० [स०] १. दृढ़ । कपरहित । स्थिर । २. पूर्व-निश्चित । पहले से तै किया हुआ [को०] ।

प्रतिनियम—सज्ञा पु० [स०] १. अलग अलग व्यवस्था । २ सामान्य नियम । सामान्य व्यवस्था [को०] ।

प्रतिनिर्जित—वि० [सं०] १ स्वकायप्रयुक्त । अपने काम में प्रयुक्त । २ जीता हुआ । विजित [को०] ।

प्रतिनिर्देश—सज्ञा पु० [स०] [वि० प्रतिनिर्देश्य] फिर से कहना । दुबारा कहना [को०] ।

प्रतिनियोतन—सज्ञा पुं० [स०] वह अपकार जो किसी अपकार के बदले मे किया जाय ।

प्रतिनिवर्तन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रतिनिवर्तित] १ लौटना । वापस होना । २ निवारण । वारण [को०] ।

प्रतिनिवासन—सज्ञा पुं० [स०] बौद्ध भिक्षुओ के पहनने का एक वस्त्र ।

प्रतिनिविष्ट—वि० [सं०] जो स्थिर या दृढ़ हो [को०] ।

यौ०—प्रतिनिविष्ट मूर्ख = महामूर्ख । जडमति ।

प्रतिनिष्क्रय—सज्ञा पुं० [सं०] बदला [को०] ।

प्रतिनोद—सज्ञा पुं० [स०] पीछे करना । दूर हटाना [को०] ।

प्रतिप—सज्ञा पुं० [स०] राजा शातनु के पिता का नाम ।

प्रतिपक्ष[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ शत्रु । वैरी । दुश्मन । २. प्रतिवादी । उत्तर देनेवाला । ३ सादृश्य । समानता । बराबरी । ४ विरोधी पक्ष । विरुद्ध दल । विरुद्ध पक्ष । दूसरे फरीक की बात ।

प्रतिपक्ष[2]—वि० समान । सदृश [को०] ।

प्रतपक्षता—सज्ञा स्त्री० [स०] विरोधिता । बाधा । विरोध ।

प्रतिपक्षित—वि० [स०] १ प्रतिपक्ष का । विरोधी दल मे गया हुआ । २. न्याय में (वह हेतु) जो सत्प्रतिपक्ष दोष से युक्त हो [को०] ।

प्रतिपक्षी—सज्ञा पु० [स० प्रतिपक्षिन्] विपक्षी । विरोधी । शत्रु ।

प्रतिपच्छ(पु)—सज्ञा पुं० [स० प्रतिपक्ष] दे० 'प्रतिपक्ष' ।

प्रतिपच्छी(पु)—सज्ञा पु० [स० प्रतिपक्षिन्] दे० 'प्रतिपक्षी' । उ०—प्रतिपच्छी को मान मारि अपनो विस्तारै ।—ब्रज० ग्रं०, पृ० ११२ ।

प्रतिपत्—सज्ञा स्त्री० [स०] 'प्रतिपद' ।

यौ०—प्रतिपत्तूर्य = एक प्रकार का वाद्य । नगाड़ा ।

प्रतिपत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्राप्ति । पाना । २ ज्ञान । ३. अनुमान । ४ देना । दान । ५. कार्य रूप में लाना । ६ प्रतिपादन । निरूपण । किसी विषय का निर्धारण । ७ प्रमाणपूर्वक प्रदर्शन । जी में बैठाना । ८ मानना । स्वीकृति कायल होना । ९ पदप्राप्ति । धाक । प्रतिष्ठा । साख । १०. आदरसत्कार । ११. प्रवृत्ति । १२. निश्चय । दृढ़ विचार । १३ परिणाम । १४ गौरव । १५ ढग । तरीका (को०) । १६ सवाद (को०) ।

प्रतिपत्तिकर्म—सज्ञा पुं० [स० प्रतिपत्तिकर्मन्] श्राद्ध आदि मे वह कर्म जो सबके अत मे किया जाय । सबके पीछे किया जानेवाला कर्म ।

प्रतिपत्तिदक्ष—वि० [स०] कार्यसपादन में चतुर [को०] ।

प्रतिपत्तिपटह—सज्ञा पु० [सं०] वह ढोल जिसे बजवाने का अधिकार केवल अभिजात वर्ग के लोगो (सरदारों) को था ।

प्रतिपत्तिभेद—सज्ञा पु० [स०] समतिभेद । मतभेद [को०] ।

प्रतिपत्तिमान्—वि० [स० प्रतिपत्तिमत्] १ प्रतिपत्तियुक्त । बुद्धिमान । २. चतुर । कार्य मे दक्ष । ३ प्रसिद्ध । मशहूर । ख्यात [को०] ।

प्रतिपत्तिविशारद—वि० [सं०] चतुर । कुशल [को०] ।

प्रतिपत्रफला—सज्ञा स्त्री० [सं०] करेली ।

प्रतिपद्—सज्ञा स्त्री० [स०] १ मार्ग । रास्ता । २ आरभ । ३. पक्ष की पहली तिथि । प्रतिपदा । परिवा । ४ बुद्धि । समझ । ५. श्रेणी । पक्ति । ६. प्राचीन काल का एक प्रकार

का बड़ा ढोल। ७ अग्निप्रवेश (को०)। ८ प्रारंभ के श्लोक। शुरू के छंद (को०)। ९ अग्नि की जन्मतिथि।

प्रतिपद—क्रि० वि० [सं०] पद पद पर। प्रत्येक पग पर [को०]।

प्रतिपदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी पक्ष की पहली तिथि। प्रतिपद्। परिवा।

प्रतिपदी—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रतिपदा [को०]।

प्रतिपन्न—वि० [सं०] १ अवगत। जाना हुआ। २ अंगीकृत। स्वीकृत। अपनाया हुआ। ३ प्रचंड। ४ प्रमाणित। साबित। निश्चित। स्थापित। निर्धारित। निरूपित। ५ भरा पूरा। ६. शरणागत। ७ सम्मानित। जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो। ८ प्राप्त। जो मिला हो। ९ पराभवग्रस्त। पराभूत (को०)। १० आरंभित। जो प्रारंभ किया गया हो (को०)। ११. कृत। किया हुआ (को०)।

प्रतिपन्नक—संज्ञा पुं० [सं०] बौद्ध शास्त्रों के अनुसार श्रोतापन्न, सकृदागामी, अनागामी और अर्हत ये चार पद।

प्रतिपन्नत्व—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिपन्न होने का भाव।

प्रतिपर्णशिफा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूसाकानी। द्रवंती।

प्रतिपाण—संज्ञा पुं० [सं०] जुए में प्रतिपक्षी का रखा हुआ दाँव। बदले में लगाई हुई बाजी।

प्रतिपात—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य के अनुसार किसी क्षति की पूर्ण पूर्ति। नुकसान का पूरा बदला या हरजाना।

प्रतिपादक—वि०, संज्ञा पुं० [सं०] अच्छी तरह समझाने या कहनेवाला। प्रतिपादन करनेवाला। २ प्रतिपन्न करनेवाला। ३. निर्वाह करनेवाला। ४ उत्पादक। उत्पन्न करनेवाला। ५. देनेवाला। प्रदायक (को०)। ६ पुरस्कृत करनेवाला। उन्नायक (को०)।

प्रतिपादन—संज्ञा पुं० [सं०] १ अच्छी तरह समझाना। भलीभाँति ज्ञान कराना। प्रतिपत्ति। २ निष्पादन। निरूपण। किसी बात का प्रमाणपूर्वक कथन। ३ प्रमाण। सबूत। ४ उत्पत्ति। ५. दान। ६. पुरस्कार। ७. वापस करना। प्रत्यर्पण (को०)। ८. आरंभण। उपक्रमण (को०)।

प्रतिपादनमान—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार बहुत अधिक वेतन या जागीर आदि देकर प्रतिष्ठा बढ़ाना।

प्रतिपादयिता—वि०, संज्ञा पुं० [सं० प्रतिपादयितृ] १ अध्यापक। शिक्षक। २ देनेवाला। प्रदाता। ३ प्रतिपादक। निर्देशक। प्रदर्शक [को०]।

प्रतिपादित—वि० [सं०] १ जिसका प्रतिपादन हो चुका हो। जो अच्छी तरह कहा या समझा दिया गया हो। २ जिसका निश्चय हो चुका हो। निर्धारित। निरूपित। ३ जो दिया गया हो। ४ उत्पादित। उद्भूत (को०)।

प्रतिपाद्य—वि० [सं०] १. प्रतिपादन के योग्य। निरूपण करने के योग्य। कहने के योग्य। समझाने के योग्य। २. देने के योग्य।

प्रतिपाप[1]—संज्ञा पुं० [सं०] वह कठोर और पापरूप व्यवहार जो किसी पापी के साथ किया जाय।

प्रतिपाप[2]—वि० बुराई के बदले बुराई करनेवाला [को०]।

प्रतिपारⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिपाल] दे० 'प्रतिपाल'। उ०—ध्रुव जन प्रह्लाद रटत कुंती के कुँअर रटत। द्रुपदसुता रटत नाथ, नाथन प्रतिपार री।—नंद० ग्र०, पृ० ३२३।

प्रतिपारनाⓊ—क्रि० स० [सं० प्रतिपालन] प्रतिपालन करना। पालना।

प्रतिपाल—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो पालन करे। पालन या रक्षण करनेवाला। पोषक। रक्षक। उ०—जो नहिं करतै, भावतो रूप, भूप प्रतिपाल।—सं० सप्तक, पृ० १८४।

प्रतिपालक—संज्ञा पुं० [सं०] १. पालनकर्ता। पालन पोषण करनेवाला। पोषक। रक्षक। उ०—बोले बचन नीति प्रतिपालक।—मानस० ५।५०। २ राजा। नरेश।

प्रतिपालन—संज्ञा पुं० [सं०] १ पालन करने की क्रिया या भाव। पालन। २ रक्षा करने की क्रिया या भाव। रक्षण। उ०—बहु बिधि प्रतिपालन प्रभु कीन्हो। परम कृपालु ज्ञान तोहिं दीन्हों।—तुलसी ग्र०, पृ० ५२४। ३ निर्वाह। तामील।

प्रतिपालनाⓊ†—क्रि० स० [सं० प्रतिपालन] ३ पालन पोषण करना। पालना। उ०—एहि प्रतिपालउँ सबु परिवारू।—मानस, २।१००। २ रक्षा करना। बचाना। ३. निर्वाह करना। तामील करना। उ०—प्रतिपालि आयसु कुशल देखन पाय पुनि फिर आइहौ।—मानस, २।१५१।

प्रतिपालनीय—वि० [सं०] प्रतिपालन के योग्य। प्रतिपाल्य [को०]।

प्रतिपालित—वि० [सं०] १. पालन किया हुआ। २ रक्षित। ३ जिसका अभ्यास किया गया हो (को०)। ४ जिसका अनुगमन या निर्वाह किया गया हो (को०)।

प्रतिपाल्य—वि० [सं०] १ पालन करने योग्य। जिसका पालन करना उचित या धर्म हो। २ रक्षा करने के योग्य। जिसकी रक्षा करना उचित हो।

प्रतिपित्सु—वि० [सं०] किसी वस्तु को पाने के लिये इच्छुक [को०]

प्रतिपिष्ट—वि० [सं०] १ चूर्णित। निष्पिषित। घर्षित। २ पीड़ित। निदलित। ३ परस्पर एक दूसरे द्वारा प्रहरित या आघातित (को०)।

प्रतिपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] १. वह पुरुष जो किसी दूसरे पुरुष के स्थान पर होकर काम करे। प्रतिनिधि। २ वह पुतला जो प्राचीन काल में चोर लोग घुसने के पहले घर में फेंका करते थे। (जब इस प्रतिपुरुष के फेंकने पर घर के लोग किसी प्रकार का शोर नहीं करते थे, तब चोर घर में घुसते थे।) ३ सहकारी। वह जो साथ में काम करे।

प्रतिपुस्तक—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी मूल ग्रंथ की प्रतिलिपि [को०]

प्रतिपूजक—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिपूजन करनेवाला। अभिवादन करनेवाला।

प्रतिपूजन—संज्ञा पुं० [सं०] अभिवादन प्रत्यभिवादन। साहब सलामत।

प्रतिपूजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रतिपूजन। अभिवादन।

प्रतिपूज्य—वि० [सं०] जो अभिवादन करने पर, अभिवादन किए जाने के योग्य हो।

प्रतिपूरुष—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिपुरुष'।

प्रतिपोषक—संज्ञा पु० [सं०] सहायता करनेवाला। समर्थक। मदद करनेवाला।

प्रतिप्रणाम—संज्ञा पुं० [सं०] प्रणाम के बदले मे किया जानेवाला प्रणाम। प्रतिनमस्कार। प्रत्यभिवादन [को०]।

प्रतिप्रत्त—वि० [सं०] प्रत्यर्पित [को०]।

प्रतिप्रदान—संज्ञा पुं० [सं०] १ वापस करना। प्रतिदान। २ वह जो विवाह आदि मे दिया हुआ हो [को०]।

प्रतिप्रभ—संज्ञा पुं० [सं०] अत्रि वश के एक ऋषि का नाम।

प्रतिप्रभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रतिबिंब। परछाँही।

प्रतिप्रयाण—संज्ञा पुं० [सं०] वापस होना। लौटना [को०]।

प्रतिप्रश्न—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रश्न के बदले मे किया जानेवाला प्रश्न। २ उत्तर। जवाब (को०)।

प्रतिप्रसव—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी अवसर पर कोई ऐसे काम के लिये स्वच्छदता जो और अवसरो पर निषिद्ध हो। जिस बात का एक स्थान पर निषेध किया गया हो, उसी का किसी विशेष अवसर के लिये विधान। किसी बात के लिये एक स्थान पर निषेध और दूसरे स्थान पर आज्ञा। जैसे, रविवार शुक्रवार, द्वादशी को श्राद्ध में तर्पण करने का निषेध है। पर अयन, विषुव, सक्राति या ग्रहण के समय अथवा तीर्थस्थान मे रविवार, शुक्रवार, द्वादशी को भी तिल से श्राद्ध करने की आज्ञा है।

प्रतिप्रसूत—वि० [सं०] १ जिसके विषय में और स्थानो में तो निषेध हो पर किसी विशेष स्थान में विधान हो। जिसके विषय में प्रतिप्रसव हो। २ पुन सभावित [को०]।

प्रतिप्रस्थाता—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिप्रस्थातृ] सोमयाजी १६ ऋत्विजो मे से छठा ऋत्विज।

प्रतिप्रस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] शत्रु या विरोधी पक्ष से मिल जाना [को०]।

प्रतिप्रहार—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रत्याघात' [को०]।

प्रतिप्राकार—संज्ञा पुं० [सं०] दुर्ग के बाहर की ओर का प्राकार। बाहरी परकोटा।

प्रतिप्रिय—संज्ञा पुं० [सं०] प्रत्युपकार। उपकार के बदले की सेवा या कृपा [को०]।

प्रतिप्लवन—संज्ञा पुं० [सं०] पीछे की ओर कूदना या प्लवन [को०]।

प्रतिफल—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रतिबिंब। छाया। २. परिणाम। नतीजा। ३ वह बात जो किसी बात का बदला देने या लेने के लिये की जाय।

प्रतिफलन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिफल' [को०]।

प्रतिफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] बावची। बकुची।

प्रतिफलित—वि० [सं०] १ प्रतिबिंबित। प्रतिच्छायित। उ०—भगवान मरीचिमाली की किरणें अनेक वस्तुओं पर प्रतिफलित होती है। —रसकलश, पृ० १७। २ प्रतिकृत। प्रतिशोधित (को०)।

प्रतिफुल्लक—वि० [सं०] फूला हुआ। पुष्पित। प्रफुल्ल [को०]।

प्रतिबध—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिबन्ध] १ रोक। रुकावट। अटकाव। २ विघ्न। बाधा। ३ बदोबस्त। प्रबध। ४ निराशा। आशाभग। नैराश्य (को०)। ५ सबध। सपर्क। लगाव (को०)। ६ बधन। बाँधना। बाँधने की क्रिया या भाव। ८ (दर्शन०) सदा बना रहनेवाला अविच्छेद सबध (को०)।

प्रतिबधक—संज्ञा पु० [सं० प्रतिबन्धक] १. वह जो रोकता हो। रोकनेवाला। २. बाधा डालनेवाला। विघ्न करनेवाला। ३ वृक्ष। पेड़। ४ शाखा (को०)।

प्रतिबधकता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिबन्धकता] १ रुकावट। रोक। अड़चन। २ विघ्न। बाधा।

प्रतिबधवान्—वि० [सं० प्रतिबन्धवत्] प्रतिबधयुक्त [को०]।

प्रतिबधि—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिबन्धि] दे० 'प्रतिबधी'।

प्रतिबधी[1]—वि० [सं० प्रतिबन्धिन्] १ बाधक। अवरोधक। २ बाँधनेवाला। ३. बाधाओं से ग्रस्त। कठिनाई से भरा हुआ [को०]।

प्रतिबधी[2]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिबन्धी] १. वह आपत्ति या इतराज जो समान रूप से दोनो पक्षो पर लागू हो। २. आपत्ति। इतराज। विरोध [को०]।

प्रतिबंधु—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिबन्धु] वह जो बधु के समान हो।

प्रतिबद्ध—वि० [सं०] १ बँधा हुआ। २ जिसमें किसी प्रकार का प्रतिबध हो। जिसमें कोई रुकावट हो। ३ जिसमे कोई बाधा डाली गई हो। ४. नियत्रित। ५. निसर्गत। सबद्ध या सयुक्त। पूर्णत अविच्छेद्य। जैसे, धूम और अग्नि (को०)। ६ सचित। जडा या पिरोया हुआ (को०)। ७. दूर या अलग किया हुआ। दूरीकृत (को०)। ८. निराश। हताश (को०)।

प्रतिबल[1]—वि० [सं०] १. समर्थ। शक्त। २ बराबर की ताकतवाला। शक्ति मे समान।

प्रतिबल[2]—संज्ञा पुं० १. शत्रुसेना के भिन्न भिन्न अगो का सामना करने की शक्ति या सामान।

विशेष—कौटिल्य ने लिखा है कि हस्तिसेना का मुकाबला करनेवाली हस्तियत्र, शकटगर्भ, कुंज, प्रास, शल्य आदि से युक्त सेना है। जिस सेना मे पाषाण, लकुट (लाठियाँ), कवच, कवचग्रहणो आदि अधिक हो, वह रथ सेना के मुकाबले के लिये ठीक है, इत्यादि।

२. शत्रु। दुश्मन। वैरी (को०)।

प्रतिबाधक—वि० [स०] १. बाधा करनेवाला। बाधक। रोकनेवाला। २. कष्ट पहुँचानेवाला। पीडा देनेवाला।

प्रतिबाधन—सज्ञा पुं० [सं०] १ विघ्न। बाधा। २ पीडा। कष्ट।

प्रतिबाधित—वि० [सं०] १ हटाया या रोका हुआ। निवारित। २ बाधित। बाधायुक्त। पीड़ित (को०)।

प्रतिबाधी—वि० [सं० प्रतिबधिन्] १. बाधक। बाधा डालनेवाला। २. विरोधी। शत्रु। प्रतिकूल (को०)।

प्रतिबाहु—सज्ञा पु० [सं०] १ बाँह का अगला भाग। २ पुराणानुसार श्वफल्क के एक पुत्र और अक्रूर के भाई का नाम।

प्रतिबिंब—सज्ञा पुं० [स० प्रतिबिम्ब] १ परछाईं। छाया। २ मूर्ति। प्रतिमा। ३ चित्र। तसवीर। ४ शीशा। दर्पण। उ०—हँसे हँसत अनरसे अनरसत प्रतिबिंबन ज्यों झाईं।—तुलसी (शब्द०)। ५ झलक।

प्रतिबिंबक—सज्ञा पुं० [स० प्रतिबिम्बक] परछाईं के समान पीछे पीछे चलनेवाला। अनुगामी।

प्रतिबिंबन—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिबिम्बन] २. प्रतिबिंब करने की क्रिया या स्थिति। २ प्रतिच्छायित होना। ३ तुलना। समता (को०)।

प्रतिबिंबवाद—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिबिम्बवाद] १. वेदात का वह सिद्धात जिसके अनुसार यह माना जाता है कि जीव वास्तव में ईश्वर का प्रतिबिंब मात्र है। २ एक साहित्यिक विचारधारा।

प्रतिबिंबित—वि० [सं० प्रतिबिम्बित] १ जिसका प्रतिबिंब पडता हो। जिसकी परछाँही पडती हो। २. जो परछाँही के कारण दिखाई पडता हो। ३. जो झलकता हो। जो कुछ स्पष्ट रूप से व्यक्त होता हो। जिसका आभास मिलता हो।

प्रतिबिंबी—सज्ञा पु० [स० प्रतिबिम्ब+हि० ई (प्रत्य०)] दर्पण। शीशा। उ०—प्रतिबिंबी आदरस पुनि मुकुर सुकर तिय लेत।—अनेकार्थ०, पृ० ३६।

प्रतिबीज—वि० [सं०] जिसका बीज नष्ट हो गया हो। जिसकी उत्पन्न करने की शक्ति नष्ट हो गई हो।

प्रतिबुद्ध—वि० [स०] १. जागा हुआ। २ जो जाना हुआ हो। प्रसिद्ध। ३. जिसकी उन्नति हुई हो। उन्नत। ४ प्रफुल्ल। विकसित (को०)।

प्रतिबुद्धि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ विपरीत बुद्धि। उलटी समझ। २. प्रतिबोध। जागरण (को०)।

प्रतिबेंबु—सज्ञा पुं० [हिं०] छाया। प्रतिबिंब। परछाईं। उ०—जेव प्रतिबेंबु समनि में भासे प्रतिमा को गुन गैऊ।—स० दरिया, पृ० १४७।

प्रतिबोध—सज्ञा पुं० [स०] १. जागरण। जागना। २. ज्ञान। समझ। ३. स्मृति या स्मरण।

प्रतिबोधक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो प्रतिबोध करावे। २ जगानेवाला। ज्ञान उत्पन्न करनेवाला। ४ शिक्षा देनेवाला। ५ तिरस्कार करनेवाला।

प्रतिबोधन—सज्ञा पुं० [सं०] १ जगाना। ज्ञान उत्पन्न कराना।

प्रतिब्यंब—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्रतिबिंब'। उ०—झलकंत बगत्तर टोप झिवै। रस चाह निसा प्रतिब्यंब रवै।—रा० रू०, पृ० ३३।

प्रतिभट—सज्ञा पुं० [सं०] १ बराबर का योद्धा। समान शक्तिवाला योद्धा। उ०—जेहि कहुँ नहिं प्रतिभट जग जाता।—मानस, १।१८०। २ वह जिससे युद्ध होता हो। मुकाबला करनेवाला। उ०—प्रतिभट खोजत कतहुँ न पावा।—मानस, १।१८२। ३ शत्रु। वैरी। दुश्मन।

प्रतिभटता—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैर। शत्रुता। दुश्मनी।

प्रतिभय[1]—वि० [स०] भयकर।

प्रतिभय[2]—सज्ञा पुं० भय। डर।

प्रतिभा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ बुद्धि। समझ। २. वह असाधारण मानसिक शक्ति जिसकी सहायता से मनुष्य आपसे आप, विशेष प्रयत्न किए बिना ही, किसी काम में बहुत अधिक योग्यता प्राप्त कर लेता और दूसरों से आगे बढ़ जाता है। असाधारण बुद्धिबल या योग्यता जिसकी अभिव्यक्ति बहुधा साहित्य, कला या विज्ञान आदि में होती है।

यौ०—प्रतिभाशाली। प्रतिभावान्।

३ दीप्ति। चमक। (क्व०)। ४ उपयुक्तता। औचित्य (को०)।

प्रतिभाकूट—सज्ञा पुं० [सं०] एक बोधिसत्व का नाम।

प्रतिभात—वि० १. चमकीला। ज्योतिर्मय। २. ज्ञात। समझा हुआ। उ०—किंतु भूप को हाय न यह कुछ ज्ञात था, काश्यप दर्शन योगमात्र प्रतिभात था।—शकु०, पृ० ४६।

प्रतिभान—सज्ञा पुं० [स०] १. बुद्धि। समझ। २ प्रभा। चमक। ३. प्रतीत होना। जान पडना (को०)। ४ प्रगल्भता (को०)।

प्रतिभानवान्—वि० [स०] १. प्रतिभान या प्रतिभायुक्त। २. द्युतिमान्। ३. प्रगल्भ (को०)।

प्रतिभानु—सज्ञा पुं० [सं०] सत्यभामा के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

प्रतिभान्वित—वि० [स०] जिसमे प्रतिभा हो। प्रतिभाशाली।

प्रतिभामुख—वि० [सं०] १ प्रत्युत्पन्न मति। कुशाग्रबुद्धि। २. धृष्ट। प्रगल्भ (को०)।

प्रतिभावान्—वि० [स० प्रतिभावत्] १ प्रतिभान्वित। प्रतिभाशाली। जिसमें प्रतिभा हो। २ दीप्तिमान्। चमकदार। ३. प्रगल्भ (को०)।

प्रतिभाशाली—वि० [सं० प्रतिभाशालिन्] [वि० स्त्री० प्रतिभाशालिनी] जिसमें प्रतिभा हो। प्रतिभायुक्त।

प्रतिभाषा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. उत्तर। जवाब। २. वह जो किसी उत्तर के उत्तर में कहा जाय। प्रत्युत्तर। वादी का कथन। मुद्दई का बयान।

प्रतिभासंपन्न—वि० [सं० प्रतिभासम्पन्न] जिसमें प्रतिभा हो। प्रतिभाशाली।

प्रतिभास—संज्ञा पुं० [सं०] १ आकृति। आकार। २ भ्रम। धोखा। मिथ्याज्ञान। ३ प्रकाश। चमक।

प्रतिभासन—संज्ञा पुं० [सं०] जान पड़ना। प्रतीत होना। द्योतित होना। व्यक्त होना।

प्रतिभाहानि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. प्रतिभा की हानि। बुद्धिहीनता। बुद्धि का अभाव। २ प्रकाश पर द्युति का अभाव। अंधकार। अँधेरा (को०)।

प्रतिभिन्न—वि० [सं०] १. विभक्त। जो अलग हो गया हो। विभाजित। २ जिसका भेदन किया गया हो (को०)।

प्रतिभू—संज्ञा पुं० [सं०] व्यवहार शास्त्र में वह व्यक्ति जो ऋण देनेवाले (उत्तमर्ण) के सामने ऋण लेनेवाले (अधमर्ण) की जमानत करे। जमानत में पड़नेवाला। जामिन। लग्नक।

प्रतिभेद—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रभेद। अंतर। फर्क। २. आविष्कार। रहस्य का स्पष्टीकरण (को०)।

प्रतिभेदन—संज्ञा [सं०] १ विभाग करना। भेद उत्पन्न करना। २ खोलना। ३ विदीर्ण करना। फाड़ना (को०)।

प्रतिभोग—संज्ञा पुं० [सं०] उपभोग।

प्रतिभोजन—संज्ञा पुं० [सं०] विहित आहार (को०)।

प्रतिमंडक—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिमण्डक] शालक राग का एक भेद।

प्रतिमंडल—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिमण्डल] सूर्य आदि चमकते हुए मंडल का घेरा। परिवेश।

प्रतिमंडित—वि० [सं० प्रतिमण्डित] अलंकृत। मंडित (को०)।

प्रतिमंत्रित—वि० [सं० प्रतिमन्त्रित] मंत्र से पवित्र किया हुआ।

प्रतिम—अव्य० [सं०] समान। सदृश।

विशेष—इस शब्द का व्यवहार केवल यौगिक में, शब्द के अंत में होता है। जैसे, मेघप्रतिम = मेघ के समान।

प्रतिमत—संज्ञा पुं० [सं० प्रति + मत] भिन्न मत। विरोधी मत। उ०—यदि हम काव्य संबंधी इन विविध संप्रदायों के उक्त प्रारंभिक निरूपणों को उनका मत मानें तो ये द्वितीय स्थिति के विवेचन प्रतिमत कहे जा सकते हैं।—नं० सा० नं० प्र०, पृ २३।

प्रतिमर्श—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार की शिरोवस्ति जो नस्य के पाँच भेदों के अंतर्गत है।

विशेष—प्रतिमर्श प्रायः प्रातःकाल सोकर उठने के समय, नहाने धोने, या दिन को सोकर उठने के उपरांत अथवा संध्या समय किया जाता है। इसमें औषधियाँ डालकर पकाया हुआ घी नाक के नथनों में चढ़ाया जाता है जिससे नाक का मल निकल जाता है, दाँत मजबूत होते हैं, आँखों की ज्योति बढ़ती है, और शरीर हलका हो जाता है। भिन्न भिन्न समय के प्रतिमर्श का भिन्न भिन्न परिणाम बतलाया गया है।

प्रतिमल्ल—संज्ञा पुं० [सं०] विरोधी मल्ल। प्रतिस्पर्धी योद्धा (को०)।

प्रतिमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी की वास्तविक अथवा कल्पित आकृति के अनुसार बनाई हुई मूर्ति या चित्र आदि। अनुकृति। २ मिट्टी, पत्थर या धातु आदि की बनी हुई देवताओं की मूर्ति जिसकी स्थापना या प्रतिष्ठा करके पूजन किया जाता हो। देवमूर्ति। ३. प्रतिबिंब। छाया। ४ हाथियों के दाँत पर का पीतल या ताँबे आदि का बंधन। ५ तौलने का बाट। बटखरा। माप। ६ प्रतीक। चिह्न (को०)। ७ साहित्य का एक अलंकार जिसमें किसी मुख्य पदार्थ या व्यक्ति की स्थापना का वर्णन होता है। जैसे,—'हौं जीवित हौं जगत में अनि यातौ आधार। प्रानपिया उनिहार यह ननदी बदन अपार'। इसमें विदेश गए हुए पति के अभाव में नायिका ने पति के समान आकृतिवाली ननद को ही उसका स्थानापन्न बताया है, इसलिये यह प्रतिमा अलंकार है।

यौ०—प्रतिमागत = चित्र या मूर्ति में स्थित। प्रतिमाचंद्र = चंद्रमा का प्रतिबिंब। प्रतिमापरिचारक = मूर्ति की सेवा करनेवाला। पुजारी। प्रतिमापूजन, प्रतिमापूजा = मूर्तिपूजा।

प्रतिमान—संज्ञा पुं० [सं०] १. प्रतिबिंब। परछाँही। २ हाथी का मस्तक। हाथी के दोनों बड़े दाँतों के बीच का स्थान। ३. समानता। बराबरी। ४ दृष्टांत। उदाहरण। ५ प्रतिनिधि। ६ बटखरा। मान। बाट (को०)। ७ विरोधी। शत्रु। दुश्मन (को०)। ८. चित्र। अनुकृति। मूर्ति। प्रतिमा (को०)।

प्रतिमानीकरण—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिमान + करण] प्रतिमान स्थिर करना। स्वरूप या व्यवस्था निश्चित करना। कसौटी उपस्थित करना।

प्रतिमाया—संज्ञा स्त्री० [सं०] माया के उत्तर में माया। इंद्रजाल या जादू का जवाबी चालू (को०)।

प्रतिमाला—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्मरण शक्ति का परिचय देने के लिये दो आदमियों का एक दूसरे के पीछे लगातार श्लोक या कविता पढ़ना।

विशेष—कभी कभी एक के श्लोक का अंतिम अक्षर लेकर दूसरा उसी अक्षर से आरंभ करनेवाला श्लोक पढ़ता है। उसे अंत्याक्षरी कहते हैं। जो आगे नहीं कह सकता उसकी हार समझी जाती है।

प्रतिमास—अव्य० [सं०] प्रत्येक महीने में। हर महीने।

प्रतिमास्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ महाभारत के अनुसार एक प्राचीन देश का नाम। २. इस देश का निवासी।

प्रतिमित—वि० [सं०] १ जिसका अनुकरण किया गया हो। जिसकी नकल की गई हो। २. जिसकी तुलना की गई हो। ३ प्रतिबिंबित। प्रतिच्छायित (को०)।

प्रतिमुक्त—वि० [सं०] १ पहना हुआ (कपड़ा आदि)। २. जिसका त्याग कर दिया गया हो। जो छोड़ दिया गया हो। ३. जो बँधा हुआ हो। ४ जो फेंका हुआ हो। प्रक्षिप्त (को०)। ५ मुक्त। स्वतंत्र किया हुआ (को०)।

प्रतिमुख[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. नाटक की पाँच अंगसंधियों में से एक जिसमें विलास, परिसर्प, नर्म (परिहास), प्रगमन, विरोध, पर्युपासन, पुष्प, वज्र, उपन्यास और वर्णसंहार

आदि का वर्णन होता है। २. किसी चीज का पीछे का भाग। ३. प्रश्न का उत्तर (को०)।

प्रतिमुख[2]—वि० १ सामने खडा हुआ। स मुख उपस्थित। २. नजदीक। निकटस्थ। समीप [को०]।

प्रतिमुद्रा—सज्ञा स्त्री० [स०] मुहर का चिह्न [को०]।

प्रतिमूर्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] किसी की आकृति को देखकर बनाई हुई मूर्ति या चित्र आदि। प्रतिमा।

प्रतिमूषिका—सज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का चूहा।

प्रतिमोक्ष—सज्ञा पुं० [स०] मुक्ति। मोक्ष की प्राप्ति।

प्रतिमोक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिमोक्ष'।

प्रतिमोचन—सज्ञा पुं० [स०] १ खोलना। बधन से मुक्त करना। २ प्रतिकार। बदला (को०)।

प्रतिमोचित—वि० [स०] बधनमुक्त। मुक्त किया हुआ [को०]।

प्रतियत्न—सज्ञा पुं० [सं०] १ लालच। प्राप्ति या लाभ की इच्छा। २ उपग्रह। ३ कैदी। बदी। ४ संस्कार। ५ प्रयत्न। चेष्टा। उद्योग। (को०)। ६ रचना। निर्माण (को०)। ७ प्रतीकार (को०)। ८ निग्रह (को०)।

प्रतियाग—सज्ञा पुं० [स०] वह यज्ञ जो किसी विशेष उद्देश्य से किया जाय [को०]।

प्रतियातन—सज्ञा पुं० [स०] बदला लेना। प्रतिशोध [को०]।

प्रतियातना—सज्ञा स्त्री० [स०] १. प्रतिमा। मूर्ति। २ तुल्य या समान पीडा (को०)।

प्रतियान—सज्ञा पुं० [सं०] लौटना। वापस आना।

प्रतियाम—क्रि० वि० [स०] प्रत्येक पहर। हर समय। उ०—कामना काम प्रतियाम मानव सहे, विश्व होकर रहे स्वर्ग का सुस्थान।—आराधना, पृ० ३४।

प्रतियुद्ध—सज्ञा पुं० [स०] बराबरी का युद्ध।

प्रतियुत—वि० [सं०] सयुक्त। बँधा हुआ [को०]।

प्रतियूथप—सज्ञा पुं० [सं०] शत्रु पक्ष के हाथियों के समूह का नायक [को०]।

प्रतियोग—सज्ञा पुं० [स०] १ शत्रुता। विरोधी पदार्थों का सयोग। ३ वह जिससे किसी पदार्थ का परिणाम नष्ट हो जाय। मारक। ४. वह उद्योग जो फिर से किया जाय। पुनरुद्योग। ५. सहयोग। सहायता।

प्रतियोगिता—[स०] १ प्रतिद्वद्विता। चढ़ा ऊपरी। मुकाबला। २. विरोध। शत्रुता।

प्रतियोगी[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ हिस्सेदार। शरीक। २. शत्रु। विरोधी। बैरी। ३ सहायक। मददगार। ४. साथी। ५. बराबरवाला। जोड का। प्रतिद्वद्वी।

प्रतियोगी[2]—वि० १ मुकाबले का। बराबरी का। २. मुकाबला करनेवाला। सामना करनेवाला।

प्रतियोद्धा—सज्ञा पुं० [स० प्रतियोद्धृ] १ शत्रु। विरोधी। २. मुकाबिले का। बराबर का लडनेवाला।

प्रतियोध—सज्ञा पु० [स०] दे० 'प्रतियोद्धा' [को०]।

प्रतियोधन—सज्ञा पु० [स०] दे० 'प्रतियुद्ध' [को०]।

प्रतियोधी—सज्ञा पुं० [स० प्रतियोधिन्] दे० 'प्रतियोद्धा' [को०]।

प्रतिरभ—सज्ञा पुं० [स० प्रतिरम्भ] दे० 'प्रतिलभ' [को०]।

प्रतिरक्षण—सज्ञा पु० [स०] रक्षा। हिफाजत।

प्रतिरक्षा—सज्ञा पुं० [स०] रक्षा। हिफाजत।

प्रतिरथ—सज्ञा पुं० [सं०] १ बराबरी का लडनेवाला। वह जो मुकाबला करे, विशेषत रथी। २ पुराणानुसार यदुवशी वज्राश्व के पुत्र का नाम।

प्रतिरव—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रतिध्वनि। २ प्राण। ३. झगडा। मतभेद [को०]।

प्रतिरसित—सज्ञा पुं० [स०] प्रतिध्वनि।

प्रतिराज—सज्ञा पुं० [स०] शत्रु राजा।

प्रतिरात्र—क्रि० वि० [स०] हर रात। प्रत्येक रात [को०]।

प्रतिरुद्ध—वि० [सं०] १. अवरुद्ध। रुका हुआ। २. फँसा हुआ। अटका हुआ। घिरा हुआ। बाधित।

प्रतिरूप[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्रतिमा। मूर्ति। २ तसवीर। चित्र। ३. प्रतिनिधि। ४. वह जो रूप, आकार आदि में किसी के तुल्य हो (को०)। ५. महाभारत के अनुसार एक दानव का नाम।

प्रतिरूप[2]—वि० १ समान। एकरूप। वैसा ही। २. सुंदर। ३. उपयुक्त। अनुकूल। ४ समुख। सामने। अभिमुख [को०]।

प्रतिरूपक[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. प्रतिच्छाया। प्रतिबिंब। २ चित्र। मूर्ति [को०]।

प्रतिरूपक—वि० सं० दे० 'प्रतिरूप'।

प्रतिरोद्धा—वि० [सं० प्रतिरोद्धृ] १ विरोधी। शत्रुता करनेवाला। २. बाधा डालनेवाला। रोकनेवाला।

प्रतिरोध—सज्ञा पुं० [स०] १ विरोध। २ रुकावट। रोक। बाधा। ३ तिरस्कार। ४ प्रतिबिंब। ५ चोरी। डकैती (को०)। ६ प्रतिबंध (को०)। ७ घेरना। घेर लेना (को०)।

प्रतिरोधक[1]—सज्ञा पु० [स०] [स्त्री० प्रतिरोधिका] १. वह जो प्रतिरोध करे। रोकने या बाधा डालनेवाला। बाधक। २ चोर, ठग, डाकू आदि। ३. विरोधी। वह जो विरोध करे (को०)। ४ घेरने या आवृत करनेवाला।

प्रतिरोधक[2]—वि० रोकनेवाला। अवरोध करनेवाला। बाधक।

प्रतिरोधन—सज्ञा पुं० [स०] प्रतिरोध करने की क्रिया या भाव।

प्रतिरोधित—वि० [स०] जो रोका गया हो। जिसमें बाधा डाली गई हो।

प्रतिरोधी—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिरोधिन्] दे० 'प्रतिरोधक'।

प्रतिरोपित—वि० [सं०] जो पुन रोपा गया हो, जैसे पौधा ।

प्रतिलभ—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिलम्भ] १ बुरी चाल । कुरीति । २ दोष कलक । इलजाम । ३ प्राप्ति । लाभ । ४. निंदा । दुर्वचन । कुवाच्य । गाली ।

प्रतिलक्षण—सज्ञा पुं० [स०] लक्ष्म । चिह्न [को०] ।

प्रतिलाभ—सज्ञा पु० [स०] १ बालक राग का एक भेद । २. लाभ । प्राप्ति । पाना फिर से प्राप्त करना । उ०—जिमि प्रतिलाभ लोभ अधिकाई ।—मानस ६ ।

प्रतिलिखित—वि० [स०] उत्तरित । जिसका उत्तर दिया गया हो [को०] ।

प्रतिलिपि—सज्ञा स्त्री० [सं०] लेख की नकल । किसी लिखी हुई चीज की नकल । जैसे,—उस पत्र की एक प्रतिलिपि मेरे पास भी आई है ।

प्रतिलोम[1]—सज्ञा पुं० [स०] १. कमीना मनुष्य । नीच आदमी । २ कौटिल्य के अनुसार 'उपाय' में बताई हुई युक्तियो से उलटी युक्ति । कौटिल्य ने इसके १५ भेद बतलाए हैं ।

प्रतिलोम[2]—वि० १. प्रतिकूल । विपरीत । २ जो नीचे से ऊपर की ओर गया हो । जो सीधा न हो । उलटा । ३ नीच । ४ अनुलोम का उलटा । ५. वाम । बायाँ (को०) ।

प्रतिलोमक[1]—वि० [सं०] विपरीत । उलटा [को०] ।

प्रतिलोमक[2]—सज्ञा पु० उलटा क्रम । विपरीत क्रम । [को०]

प्रतिलोमज—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह जिसके पिता और माता दोनो अलग अलग जाति के हो । वर्णसकर । २ नीच वर्ण के पुरुष और उच्च वर्ण की कन्या से उत्पन्न सतान । जैसे,—

सूत—क्षत्रिय पिता और ब्राह्मणी माता से उत्पन्न ।
वैदेहिक—वैश्य ,, ,, ,, ,, ,, ,, ।
चाडाल—शूद्र ,, ,, ,, ,, ,, ,, ।
मागध—वैश्य ,, ,, क्षत्रिया ,, ,, ,, ।
क्षत्ता—शूद्र ,, ,, ,, ,, ,, ,, ।
आयोगव—,, ,, ,, वैश्या ,, ,, ,, ।

प्रतिलोम विवाह—सज्ञा पुं० [सं०] वह विवाह जिसमें पुरुष नीच वर्ण का और स्त्री उच्च वर्ण की हो ।

प्रतिवक्ता—वि०, सज्ञा पुं० [सं० प्रतिवक्तृ] १ उत्तर देनेवाला । २ विधि आदि की व्याख्या करनेवाला [को०] ।

प्रतिवच—सज्ञा पुं० [स० प्रतिवचस्] दे० 'प्रतिवचन' [को०] ।

प्रतिवचन—सज्ञा पुं० [सं०] १ उत्तर । जवाब । २ प्रतिध्वनि ।

प्रतिवनिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] सपत्नी । सौत [को०] ।

प्रतिवत्सर—० क्रि वि० [सं०] प्रत्येक वर्ष । हर साल । प्रति वर्ष ।

प्रतिवर्णिक—वि० [सं०] समान रंगवाला । तुल्य । सदृश [को०] ।

प्रतिवर्तन, प्रतिवर्त्तन—सज्ञा पुं० [सं०] लौट आना । वापस आना । उ०—दोनों का समुचित प्रतिवर्तन जीवन में शुद्ध विकास हुआ ।—कामायनी, पृ० ७६ ।

प्रतिवर्धी—वि० [स० प्रतिवर्धिन्] जोड । बराबरी का [को०] ।

प्रतिवसथ—सज्ञा पुं० [सं०] गाँव । ग्राम ।

प्रतिवस्तु—सज्ञा स्त्री० [स०] १ समान वस्तु । सदृश वस्तु । २ वह वस्तु जो बदले में दी जाय । ३ (साहित्य में) उपमान । [को०] ।

प्रतिवस्तूपम(ए)—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्रतिवस्तूपमा' उ०—वाक्यन को जुग होत जहँ, एकै अरथ समान । जुदो जुदो करि भाषिए प्रतिवस्तूपम जान । भूषण ग्र० पृ० ९९ ।

प्रतिवस्तूपमा—सज्ञा पुं० [सं०] वह काव्यालकार जिसमें उपमेय और उपमा के साधारण धर्म का वर्णन अलग अलग वाक्यों में किया जाय । जैसे, सोहत भानु प्रताप सों लसत चाप सो शूर ('तापेन भ्राजते सूर्य शूरश्चापेन राजते'—चंद्रालोक, ५ । ४८) । यहाँ दोहे का पूर्वार्ध उपमान वाक्य है और उत्तरार्द्ध उपमेय । एक मे 'सोहत' और दूसरे में 'लसत' शब्द द्वारा साधारण धर्म कहा गया है ।

प्रतिवहन—सज्ञा पुं० [स०] उलटी ओर ले जाना । विरुद्ध दिशा मे ले जाना ।

प्रतिवाक—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिवाच्] उत्तर । जवाब [को०] ।

प्रतिवाक्य[1]—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'प्रतिवचन' ।

प्रतिवाक्य[2]—वि० उत्तर देने योग्य । जवाब देने लायक [को०] ।

प्रतिवाणी—सज्ञा स्त्री० [स०] किसी उत्तर को सुनकर कही हुई बात । प्रत्युत्तर ।

प्रतिवात—सज्ञा पुं० [सं०] १ बेल का पेड । २. विपरीत वायु । सामने की हवा (को०) ।

प्रतिवाद—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह बात जो किसी दूसरी बात अथवा सिद्धात का विरोध करने के लिये कही जाय । वह कथन जो किसी मत को मिथ्या ठहराने के लिये हो । विरोध । खंडन । जैसे,—अनेक पत्रों ने उस समाचार का प्रतिवाद किया है । २ विवाद । बहस । ३ उत्तर । जवाब ।

प्रतिवादक—सज्ञा पुं० [सं०] प्रतिवाद करनेवाला । वह जो प्रतिवाद करे ।

प्रतिवादिता—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्रतिवाद का भाव । २. प्रतिवादी का धर्म ।

प्रतिवादी—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिवादिन्] १. वह जो प्रतिवाद करे । प्रतिवाद या खंडन करनेवाला । २ वह जो किसी बात में तर्क करे । ३. वह जो वादी की बात का उत्तर दे । प्रतिपक्षी ४ शत्रु । विरोधी (को०) ।

प्रतिवाप—सज्ञा पुं० [सं०] १. ओषधियो का वह चूर्ण जो किसी काढ़े आदि में डाला जाय । २ कल्क । ३ धातु को भस्म करने का काम । ४ चूर्ण । बुकनी ।

प्रतिवार[1]—सज्ञा पुं० [सं०] दूर रखना । रक्षा करना । बचाना [को०] ।

प्रतिवार[2]—क्रि० वि० [स०] प्रतिदिन । रोज रोज [को०] ।

प्रतिवारण—सज्ञा पुं० [दे०] १. रोकना । मना करना । २. शत्रु का हाथी (को०) ।

प्रतिवारित—वि० [सं०] रोका हुआ । निवारित किया हुआ [को०] ।

प्रतिवार्ता—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रत्युत्तर सवाद या समाचार [को०]।

प्रतिवास—सज्ञा स्त्री० [स०] १. सुगध। सुवास। खुशबू। २ पडोस। समीप का निवास।

प्रतिवासर—क्रि० वि० [सं०] हर दिन। रोज रोज [को०]।

प्रतिवासरिक—वि० [स०] प्रतिदिन का। नित्य का। दैनिक।

प्रतिवासित—वि० [स०] जो बसाया गया हो। जो आवाद किया गया हो [को०]।

प्रतिवासिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] पडोस का निवास या रहना। प्रतिवास का भाव।

प्रतिवासी—सज्ञा पुं० [स० प्रतिवासिन्] [स्त्री० प्रतिवासिनी] पड़ोस में रहनेवाला। पडोसी।

प्रतिवासुदेव—सज्ञा पुं० [सं०] जैनियो के अनुसार विष्णु या वासुदेव के नौ शत्रु जो नरक में गए थे। इनके नाम इस प्रकार हैं—(१) अश्वग्रीव, (२) तारक, (३) मोदक, (४) मधु, (५) निशुभ, (६) बलि, (७) प्रह्लाद, (८) रावण और (९) जरासध।

प्रतिवाह—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार अक्रूर के एक भाई का नाम।

प्रतिवाहु—सज्ञा पुं० [सं०] एक यादव का नाम।

प्रतिविध्य—सज्ञा पुं० [स० प्रतिविन्ध्य] द्रौपदी के गर्भ से उत्पन्न युधिष्टिर के पुत्र का नाम।

प्रतिविंव—सज्ञा पु० [स० प्रतिविम्व] दे० 'प्रतिबिंब'।

प्रतिविघात—सज्ञा पुं० [स०] प्रत्याघात। निवारण। रोकना (को०)।

प्रतिविधान—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रतीकार। उ०—प्रतिविधान मैं क्या करूँ बता, इस अनर्थ का भी कही पता।—साकेत, पृ० ३१४। २ चौकसी। एहतियात। सावधानी (को०)।

प्रतिविधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रतीकार।

प्रतिविधित्सा—सज्ञा स्त्री० [सं०] विरोध या वदले की इच्छा [को०]।

प्रतिविधित्सु—वि० [सं०] प्रतिकारेच्छु।

प्रतिविरुद्ध—वि० [स०] विरोधी। विद्रोही [को०]।

प्रतिविशिष्ट—वि० [सं०] १ अत्युत्तम। सर्वोत्तम। २. असाधारण अच्छा या बुरा [को०]।

प्रतिविष—सज्ञा पु० [स०] वह वस्तु या पदार्थ जिससे विष का असर दूर हो [को०]।

प्रतिविषा—सज्ञा स्त्री० [स०] वितूला। अतिविषा। अतीस।

प्रतिविष्णु—सज्ञा पु० [स०] विष्णु के प्रतिद्वद्वी राजा मुचकुद का एक नाम।

प्रतिविष्णुक—सज्ञा पु० [सं०] मुचकुद नामक फूल का पौधा।

प्रतिविहित—वि० [स०] निवारित [को०]।

प्रतिवीत—वि० [स०] आच्छादित। आवृत। ढँका या दवाया हुआ [को०]।

प्रतिवीर—सज्ञा पुं० [स०] प्रतिपक्षी योद्धा। विरोधी व्यक्ति [को०]।

प्रतिवीर्य—सज्ञा पुं० [स० प्रतिवीर्य्य] वह जिसमें प्रतिरोध करने के लिये यथेष्ट बल हो।

प्रतिवृप—सज्ञा पुं० [सं०] शत्रुपक्षीय साँड। बैल।

प्रतिवेदित—वि० [स०] जाना या जनाया हुआ। ज्ञात।

प्रतिवेदी—वि० [सं०] जानने समझनेवाला। ज्ञाता।

प्रतिवेल—क्रि० वि० [सं०] हर समय। प्रति काल [को०]।

प्रतिवेश—सज्ञा पु० [सं०] १ पडोस। २. घर के सामने या पास का घर। पडोस का मकान।

प्रतिवेशी—सज्ञा पु० [स० प्रतिवेशिन्] [स्त्री० प्रतिवेशिनी] पडोस मे रहनेवाला। पड़ोसी।

प्रतिवेश्म[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रतिवेश्मन्] दे० 'प्रतिवेश'।

प्रतिवेश्म[2]—क्रि० वि० [सं०] घर घर। मकान मकान [को०]।

प्रतिवेश्य—सज्ञा पुं० [सं०] पडोसी [को०]।

प्रतिवैर—सज्ञा पुं० [सं०] बदला। वैर का प्रतिशोध [को०]।

प्रतिव्यूढ—वि० [सं०] व्यूहवद्ध। अपने अपने निर्धारित क्रम के अनुसार स्थित [को०]।

प्रतिव्यूह—सज्ञा पुं० [स०] १. व्यूह का निर्माण। व्यूहन। २. झुड। समूह [को०]।

प्रतिशंका—सज्ञा स्त्री० [स० प्रतिशङ्कन] वह शका जो बराबर बनी रहे।

प्रतिशब्द—सज्ञा पुं० [सं०] प्रतिध्वनि। गूँज।

प्रतिशम—सज्ञा पु० [स०] १ नाश। २ मुक्ति।

प्रतिशयन—सज्ञा पुं० [सं०] किसी कामना की सिद्धि की इच्छा से देवता के स्थान पर खाना पीना छोडकर पडा रहना। धरना देना।

प्रतिशयित—वि० [सं०] प्रतिशयन करनेवाला। कामनासिद्धि के लिये धरना देनेवाला [को०]।

प्रतिशाखा—सज्ञा स्त्री० [सं०] शाखा से निकली हुई शाखा। प्रशाखा [को०]।

प्रतिशाप—सज्ञा पुं० [सं०] शाप के बदले में दिया जानेवाला शाप [को०]।

प्रतिशासन—सज्ञा पु० [स०] भृत्यु आदि को भेजना। किसी कार्य से सेवक या अपने से छोटे को बुलाकर भेजना। २. आदेश देना। आज्ञा देना। ३ विरोधी शासन या दूसरे का शासन [को०]।

प्रतिशास्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] भृत्यादि द्वारा समाचार भेजना [को०]।

प्रतिशिष्ट—वि० [स०] १ प्रसिद्ध। विख्यात। २. अस्वीकृत। प्रत्याख्यात। निराकृत। ३. प्रेषित। भेजा हुआ (दूत आदि)।

प्रतिशिष्य—सज्ञा पु० [सं०] शिष्य का शिष्य।

प्रतिशीन—वि० [सं०] तरल। पिघला हुआ। चुनेवाला। क्षरणशील [को०]।

प्रतिशीर्षक—सज्ञा पुं० [स०] निष्क्रय [को०]।

प्रतिशोध—सज्ञा पुं० [सं० प्रति+शोध] वह काम जो किसी बात का बदला चुकाने के लिये किया जाय। बदला।

विशेष—सस्कृत मे यह शब्द इस अर्थ मे नही मिलता। हिंदी में बँगला से आया हुआ जान पडता है।

प्रतिश्या, प्रतिश्याय—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रतिश्याय'।

प्रतिश्याय—सज्ञा पुं० [सं०] १ जुकाम। सरदी। २ पीनस रोग।

प्रतिश्रम—सज्ञा पुं० [स०] परिश्रम। मेहनत।

प्रतिश्रय—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह स्थान जहाँ यज्ञ होता है। यज्ञशाला। २ सभा। ३ स्थान। ४ निवास। गृह। घर ५ आसरा। सहारा। आश्रय (को०)। ६ वादा। वचन (को०)। ७ सहायता। मदद (को०)।

प्रतिश्रयण—सज्ञा पुं० [सं०] स्वीकृति। मजूरी।

प्रतिश्रव—सज्ञा पु० [स०] १ अगीकार। स्वीकृति। मजूरी। २ प्रतिज्ञा। ३ प्रतिध्वनि (को०)।

प्रतिश्रवण—सज्ञा पुं० [स०] १. श्रवण करना। सुनना। २ प्रतिज्ञा। ३ मजूरी देना। स्वीकार करना। ४ बनाए रखना। रक्षा करना (को०)।

प्रतिश्रुत्—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'प्रतिश्रुति'।

प्रतिश्रुत—वि० [सं०] स्वीकार किया हुआ। मजूर किया हुआ। प्रतिज्ञात।

प्रतिश्रुति—सज्ञा स्त्री० [स०] १. प्रतिध्वनि। २. प्रतिज्ञा। इकरार। ३ रजामदी। मजूरी। स्वीकृति। अनुमति। ४ वसुदेव के एक पुत्र का नाम।

प्रतिश्रुत्का—सज्ञा पुं० [स०] एक वैदिक देवता।

प्रतिश्रोता—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिश्रोतृ] अनुमति देनेवाला। मजूर करनेवाला।

प्रतिषिद्ध—वि० [सं०] जिसके विषय में प्रतिषेध किया गया हो। निषिद्ध। २ खडित (को०)।

प्रतिषेद्धा—वि०, सज्ञा पुं० [सं० प्रतिषेद्धृ] प्रतिषेध करनेवाला। प्रतिषेधक (को०)।

प्रतिषेध—सज्ञा पुं० [स०] १ निषेध। मनाही। उ०—प्रतिषेध आपका भी न सुनूँगा रण में।—साकेत, पृ० २१६। २. खडन। ३ एक प्रकार का अर्थालकार जिसमें किसी प्रसिद्ध निषेध या अतर का इस प्रकार उल्लेख किया जाय जिससे उसका कुछ विशेष अर्थ निकले। जैसे, सिय ककण को छोरिबो धनुष तोरिबो नाहिं'। यहाँ यह तो सिद्ध ही है कि धनुष तोड़ना और बात है, और ककण खोलना और बात। पर इस कथन से यहाँ यह तात्पर्य है कि आप धनुष तोड़ने में वीर हो सकते हैं, पर यह वीरता ककण खोलने में काम न आवेगी।

प्रतिषेधक—सज्ञा पुं० [स०] प्रतिषेध करनेवाला। मान करनेवाला। रोकनेवाला।

प्रतिषेधन—सज्ञा पुं० [स०] प्रतिषेध करने की क्रिया या स्थिति (को०)।

प्रतिषेधाक्षर—सज्ञा पुं० [सं०] प्रतिषेध या निषेध करनेवाले शब्द या वर्ण (को०)।

प्रतिषेधोपमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] उपमा अलकार का एक भेद। निषेध द्वारा तुलना (को०)।

प्रतिष्क—सज्ञा पु० [सं०] दूत। चर।

प्रतिष्कश—सज्ञा पु० [सं०] १ खुफिया। गुप्तचर। दूत। २ कोडा। चाबुक (को०)।

प्रतिष्कष—सज्ञा पुं० [सं०] चाबुक। चमडे का कोडा (को०)।

प्रतिष्कस—सज्ञा पु० [सं०] चर। दूत (को०)।

प्रतिष्टंभ—सज्ञा पुं० [स० प्रतिष्टम्भ] १ स्तब्ध या निश्चल होने की क्रिया या भाव। २ प्रतिबध। रोक (को०)।

प्रतिष्टब्ध—वि० [सं०] स्तभित। रुका या रोका हुआ (को०)।

प्रतिष्ठ[1]—वि० [सं०] प्रसिद्ध। प्रख्यात। मशहूर।

प्रतिष्ठ[2]—सज्ञा पु० जैनियो के अनुसार सुपार्श्व नामक वृत्तार्हत के पिता का नाम।

प्रतिष्ठा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. स्थापना। रखा जाना। २ स्थिति। ठहराव। ३ देवता की प्रतिमा की स्थापना। ४ स्थान। जगह। ५ मानमर्यादा। गौरव। ६. प्रख्याति। प्रसिद्धि। ७ यश। कीर्ति। ८ आदर। सत्कार। इज्जत। ९ मदिरो की वृत्ति। आश्रय। ठिकाना। १० यज्ञ की समाप्ति। ११. शरीर। १२ पृथ्वी। १३. व्रत का उद्यापन। १४ एक प्रकार का छद। १५ चार वर्णों का वृत्त। १६. वह उपहार जो वर का बडा भाई वधू को देता है। १७ पैर। पाद (को०)। १८ निवास। घर (को०)। १९ सस्कार विशेष (को०)। २०. परिधि। सीमा (को०)।

प्रतिष्ठाता—वि० [सं० प्रतिष्ठातृ] प्रतिष्ठित करनेवाला। नींव डालनेवाला। उ०—स्पितम जरथुस्त्र, मज्दा मत का प्रतिष्ठाता उससे पहले ही हुआ था।—प्रा० भा०, प०, पृ० ७४।

प्रतिष्ठान—सज्ञा पु० [सं०] १ स्थापित या प्रतिष्ठित करने की क्रिया। रखना। बैठाना। स्थापन। २ देवमूर्ति की स्थापना। ३ जड। नीव। मूल। ४ पदवी। ५. स्थान। जगह। ६. वह कृत्य जो व्रत आदि की समाप्ति पर किया जाय। व्रत आदि का उद्यापन। ७ सस्थान। ८. कोई व्यापारिक सस्था या सघटन। ९ दे० 'प्रतिष्ठानपुर'।

प्रतिष्ठानपुर—सज्ञा पुं० [स०] १ प्राचीन काल का एक नगर।

विशेष—यह नगर गगा यमुना के सगम पर वर्तमान झूँसी नामक स्थान के आस पास था। पहले चद्रवशी राजा पुरूरवा की राजधानी यही थी। यहाँ समुद्रगुप्त और हर्षगुप्त ने एक किला बनवाया था जिसका गिरा पडा अश अबतक वर्तमान है।

२. गोदावरी के तट पर महाराष्ट्र देश का एक प्राचीन नगर जो राजा शालिवाहन की राजधानी था।

प्रतिष्ठापत्र—सज्ञा पुं० [स०] वह पत्र जो किसी की प्रतिष्ठा का सूचक हो। प्रतिष्ठा करने के लिये दिया जानेवाला पत्र। समानपत्र।

प्रतिष्ठापन—संज्ञा पुं० [सं०] १. देवता आदि की मूर्ति स्थापित करने का काम। २. स्थापित करना। प्रतिष्ठित करना।

प्रतिष्ठापना—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिष्ठापन] स्थापित करना। नींव डालना। स्थापना। उ०—पुराने लोग 'सामान्य' की प्रतिष्ठापना उस विरोध के विरुद्ध कर गए थे जो मनुष्य की सर्वभूत सामान्यता को नहीं मानता था।—काव्यशास्त्र, पृ० १४।

प्रतिष्ठापयिता—वि० संज्ञा पुं० [सं० प्रतिष्ठापयितृ] प्रतिष्ठापन करनेवाला संस्थापक [को०]।

प्रतिष्ठापित—वि० [सं०] जिसका प्रतिष्ठापन किया गया हो [को०]।

प्रतिष्ठावान्—वि० [सं० प्रतिष्ठावत्] जिसकी प्रतिष्ठा हो। इज्जतदार।

प्रतिष्ठिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] आधार। नींव। मूल [को०]।

प्रतिष्ठित[1]—वि० [सं०] १. जिसकी प्रतिष्ठा हुई हो। आदरप्राप्त। इज्जतदार। जैसे—(क) हिंदी का प्रतिष्ठित पत्र। (ख) चार प्रतिष्ठित सज्जन। २. जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो। जो स्थापित किया गया हो। जैसे,—वहाँ शिव जी की एक मूर्ति प्रतिष्ठित की गई है। ३ पूर्ण। परिसमाप्त (को०)। ४ पदाभिषिक्त। पदासीन। ५ निश्चित (को०)। ६ प्राप्त। पाया हुआ (को०)। ७. जीवन में स्थापित। विवाहित (को०)।

प्रतिष्ठित[2]—संज्ञा पुं० १ विष्णु। २. कच्छप। कूर्म (को०)।

प्रतिष्ठिति—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्थापित करने या होने का भाव या कार्य। प्रतिष्ठान।

प्रतिसकाश—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसङ्काश] सादृश्य। तुल्यता [को०]।

प्रतिसक्रम—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसङ्क्रम] १. प्रतिच्छाया। प्रतिबिंब। २ प्रलय। नाश [को०]।

प्रतिसंक्रांत—वि० [सं० प्रतिसङ्क्रान्ति] प्रतिबिंबित [को०]।

प्रतिसंख्या—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिसङ्ख्या] १ चेतना। २ सांख्यानुसार ज्ञान का एक भेद।

प्रतिसंख्यानिरोध—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसंङ्ख्यानिरोध] वैनाशिक बौद्ध दार्शनिकों के अनुसार बुद्धिपूर्वक भावपदार्थ का नाश।

प्रतिसंगी—वि० [सं० प्रतिसङ्गिन्] साथ लगा रहनेवाला। निरंतर साथ रहनेवाला [को०]।

प्रतिसंचर—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसञ्चर] १ पुराणानुसार प्रलय का एक भेद। २ पीछे जाना (को०)। ३. संचरण। संचार (को०)। २ नित्य आगमन का स्थान (को०)।

प्रतिसंदेश—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसन्देश] उत्तर। जवाब (को०)।

प्रतिसंधान—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसन्धान] १ अनुसंधान। ढूँढना। खोजना। २ साथ साथ जोड़ना। मिलाना। ३ दो युगों का संक्राति या संधि काल (को०)। ४ आत्मनियंत्रण। आवेशादि को वशीभूत कर लेना (को०)। ५. स्तवन। स्तुति। प्रशंसा (को०)। ६. स्मृति। स्मरण। अनुचिंतन (को०)। ७ औषधि। उपचार। उपाय (को०)।

प्रतिसंधानिक—संज्ञा पुं० [प्रतिसन्धानिक] राजाओं आदि की स्तुति करनेवाला। मागध।

प्रतिसंधि—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिसन्धि] १. वियोग। विछोह। २ अनुसंधान। ढूँढना। ३. पुनर्जन्म (को०)। ४ परिसमाप्ति (को०)। ५ दो युगों का संक्राति काल (को०)।

प्रतिसंधित—वि० [सं० प्रतिसन्धित] दृढ़ीकृत। स्थिरीकृत [को०]।

प्रतिसंधेय—वि० [प्रतिसन्धेय] १. प्रतिसंधि के योग्य। अनुसंधेय। २. प्रतीकार्य।

प्रतिसंलयन—संज्ञा पुं० [सं०] पूर्णांत विरक्ति या एकांतवास करना [को०]।

प्रतिसलीन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिसलयन' [को०]।

प्रतिसंविद्—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी विषय का पूर्ण ज्ञान [को०]।

प्रतिसंवेदक—वि० [सं०] किसी विषय का सांगोपांग ज्ञान करानेवाला। विषय की पूर्ण जानकारी देनेवाला [को०]।

प्रतिसंवेदन—संज्ञा पुं० [सं०] अनुभव। परीक्षण [को०]।

प्रतिसंस्तर—संज्ञा पुं० [सं०] मैत्रीपूर्ण उपचार या आदर सत्कार [को०]।

प्रतिसंहार—संज्ञा पुं० [सं०] १ वापस लेना। २ कम करना। संक्षिप्त करना। ३ त्यागना। ४. समेटना। मिलाना। समर्पण [को०]।

प्रतिसंहृत—वि० [सं०] १ वापस लिया हुआ। २. कम या संक्षिप्त किया हुआ। परीक्षित [को०]।

प्रतिसम—वि० [सं०] १ जो देखने में समान न हो। २ मुकाबले का। बराबरीवाला (को०)।

प्रतिसर—संज्ञा पुं० [सं०] १ सेवक। नौकर। २. सेना का पिछला भाग। ३ ब्याह में पहनने का कंकण। ४. ककण नाम का गहना। ५. जादू का मंत्र। ६ जख्म का भर आना। ७. माला। ८ प्रातःकाल। सवेरा। ९. रक्षक। देखरेख करनेवाला व्यक्ति (को०)। १०. वह सूत्र जो रक्षा की दृष्टि से मणिबंध या गले में पहना जाता है। रक्षासूत्र [को०]।

प्रतिसर—वि० अनुवर्ती। अस्वतंत्र। पराधीन [को०]।

प्रतिसरण—संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी वस्तु पर या उसके सहारे उठंघना या लेटना [को०]।

प्रतिसरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सेविका। दासी। २. तस्मा। पट्टी।

प्रतिसर्ग—संज्ञा पुं० [सं०] १. पुराणानुसार वे सब सृष्टियाँ जो रुद्र, विराटपुरुष, मनु, यक्ष और मरीचि आदि ब्रह्मा के मानसपुत्रों ने उत्पन्न की थीं। २ प्रलय। ३ पुराणों का वह अंश जिसमें प्रतिसर्ग अर्थात् सृष्टि प्रलय का वर्णन होता है (को०)।

प्रतिसर्य—संज्ञा पुं० [सं०] १. एक रुद्र का नाम। (वैदिक)। २ विवाह के समय हाथ में बाँधा जानेवाला कंगन।

प्रतिसव्य—वि० [सं०] जो सव्य अर्थात् अनुकूल न हो। विपरीत। प्रतिकूल [को०]।

प्रतिसांधानिक—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसान्धानिक] मागध। प्रतिसंधानिक [को०]।

प्रतिसामंत—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिसामन्त] शत्रु। दुश्मन। अरि [को०]।

प्रतिसारण—संज्ञा पुं० [सं०] १. दूर हटाना। अलग करना। २.

सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का अग्निकार्य जिसमें गरम घी या तेल आदि की सहायता से कोई स्थान जलाया जाता है। बवासीर, भगदर, अर्बुद रोगों में यह विधेय है। ३ इस कार्य में प्रयुक्त होनेवाला उपकरण या औजार (को०)। ४ मसूड़ों में से बहनेवाला खून बंद करने के लिये, उनकी सूजन दूर करने के लिये अथवा यों ही मुँह साफ करने के लिये किसी प्रकार का चूर्ण या अवलेह आदि लेकर उँगली से दाँतों या मसूड़ों आदि पर मलने की क्रिया। मंजन।

प्रतिसारणीय[1]—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार की क्षारपाकविधि जो कुष्ठ, भगदर, दाद, कुष्ठव्रण, झाँई, मुहाँसे और बवासीर आदि में अधिक उपयोगी होती है।

प्रतिसारणीय[2]—वि० [सं०] प्रतिसारण के योग्य। हटाकर दूसरे पर ले जाने के योग्य।

प्रतिसारा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बौद्ध तांत्रिकों के अनुसार एक प्रकार की शक्ति जिसका मंत्र धारण करने से सब प्रकार की विघ्न-बाधाओं का दूर होना माना जाता है।

प्रतिसारित—वि० [सं०] १ अपवारित। दूरीकृत। २ मरहम पट्टी किया हुआ [को०]।

प्रतिसारी—वि० [सं०] विरोध या उलटी दिशा में जानेवाला [को०]।

प्रतिसीरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] यवनिका। परदा।

प्रतिसूर्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूर्य का मंडल या घेरा। २ आकाश में होनेवाला एक प्रकार का उत्पात जिसमें सूर्य के सामने एक और सूर्य निकला हुआ दिखाई देता है। ३ गिरगिट।

प्रतिसूर्यक—संज्ञा पुं० [सं०] १ कृकलास। २ दे० 'प्रतिसूर्य' [को०]।

प्रतिसृष्ट—वि० [सं०] १ प्रेषित। भेजा हुआ। २ प्रत्याख्यात। निराकृत। ३ अनुष्ठित। दत्त। प्रदत्त। ४ क्षीव। मत्त। मतवाला [को०]।

प्रतिसेना—संज्ञा स्त्री० [सं०] शत्रु की सेना। दुश्मन की फौज।

प्रतिसोमा—संज्ञा स्त्री० [सं०] छिरेटा नाम की बेल। महिषवल्ली। छिरहटा।

प्रतिस्कंध—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिस्कन्ध] पुराणानुसार कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम।

प्रतिस्त्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूसरे की स्त्री। परकीया। परस्त्री [को०]।

प्रतिस्नात—वि० [सं०] नहाया हुआ। कृतस्नान। जो नहा चुका हो [को०]।

प्रतिस्नेह—संज्ञा पुं० [सं०] वह प्रभाव जो किसी के प्रेम करने पर व्यक्त हो। प्रेम का प्रतिदान [को०]।

प्रतिस्पंदन—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिस्पन्दन] स्पंदन। स्फुरण [को०]।

प्रतिस्पर्द्धा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी काम में दूसरे से बढ़ जाने की इच्छा या उद्योग। लाग डाँट। चढ़ा ऊपरी। २. झगड़ा।

प्रतिस्पर्द्धी—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिस्पर्द्धिन्] १ वह जो प्रतिस्पर्धा करे। मुकाबला या बराबरी करनेवाला। २ उद्दंड। विद्रोही।

प्रतिस्पर्धा—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिस्पर्द्धा'।

प्रतिस्फलन—संज्ञा पुं० [सं०] फैलाव। विस्तार।

प्रतिस्याय—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिश्याय'।

प्रतिस्राव—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रोग जिसमें नाक में से पीला या सफेद रंग का बहुत गाढ़ा कफ निकलता है।

प्रतिस्वन, प्रतिस्वर—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिध्वनि। प्रतिशब्द [को०]।

प्रतिहंता—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिहन्तृ] १ रोकनेवाला। बाधक। २ मुकाबले में खड़ा होकर मारनेवाला।

प्रतिहत—वि० [सं०] १ अवरुद्ध। रुका या रोका हुआ। २ हटाया हुआ। ३ फेंका हुआ। ४. गिरा हुआ। ५ निराश। ६ कुंठित। जो कुंठ हो गया हो। जैसे, दाँत (को०)। ७ अपने शत्रु के द्वारा पीछे हटाया हुआ (सैन्य)।

विशेष—कौटिल्य ने प्रतिहत सेना को हताग्रवेग सेना से अच्छा कहा है, क्योंकि यह छिन्न भिन्न भाग को फिर से जोड़कर युद्ध के योग्य हो सकती है।

यौ०—**प्रतिहतधी, प्रतिहतमति** = (१) विरोधी। (२) जिसकी मति अवरुद्ध हो। अवरुद्ध ज्ञान।

प्रतिहति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रोकने या हटाने की चेष्टा। २ वह आघात जो किसी के आघात करने पर किया जाय। प्रतिघात। ३ टक्कर। ४ क्रोध। गुस्सा। ५ कुंठा। नैराश्य (को०)।

प्रतिहनन—संज्ञा पुं० [सं०] बदले में आघात करना। प्रत्याघात [को०]।

प्रतिहरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ विनाश। बरबादी। २ निवारण। हटाना (को०)।

प्रतिहर्ता—संज्ञा पुं० [सं० प्रतिहर्तृ] १ यज्ञ में उद्गाता का सहायक। यज्ञादि में १६ ऋत्विजों में से बारहवाँ ऋत्विज। २ वह जो विनाश करे। ३ वह जो निवारण करे या हटावे।

प्रतिहस्त, प्रतिहस्तक—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिनिधि।

प्रतिहार—संज्ञा पुं० [सं०] १ द्वारपाल। दरबान। ड्योढ़ीदार। उ०—प्राण ! प्रतीक्षा में प्रकाश औ, प्रेम बने प्रतिहार।—युगवाणी, पृ० ६१।

यौ०—**प्रतिहारभूमि** = वह स्थान जहाँ प्रतिहार बैठता है। ड्योढ़ी। **प्रतिहाररक्षी** = द्वाररक्षिका। प्रतिहारी।

२ द्वार। दरवाजा। ड्योढ़ी। ३ प्राचीन काल का एक राजकर्मचारी जो सदा राजाओं के पास रहा करता था और जो राजाओं को सब प्रकार के समाचार आदि सुनाया करता था। बहुधा पढ़े लिखे ब्राह्मण या राजवंश के लोग इस पद पर नियुक्त किए जाते थे। ४ चोबदार। नकीब। ५. सामवेद गान का एक अंग। ६ मायावी। ऐंद्रजालिक। बाजीगर। ७ एक प्रकार की संधि। दे० 'प्रतीहार—२'। ८ इंद्रजाल। बाजीगरी (को०)। ९ हटाना। पीछे करना। निवारण करना (को०)। १०. पुराण के अनुसार परमेष्ठी के पुत्र (को०)।

प्रतिहारक—संज्ञा पुं० [सं०] १ इंद्रजाल दिखानेवाला। बाजीगर। २. वह प्रतिहार जो सामगान करता हो। ३ बुलावा देनेवाला या आमंत्रण करनेवाला राज्याधिकारी।

विशेष शुक्रनीति में लिखा है कि जो मनुष्य अस्त्र शस्त्र चलाने में कुशल हो, दृढाग हो, आलसी न हो और जो नम्र होकर दूसरो को बुला सके वह इस पद के योग्य होता है।

प्रतिहारण—सज्ञा पुं० [सं०] १ द्वार। दरवाजा। २ द्वार आदि में प्रवेश करने की आज्ञा।

प्रतिहारतर—सज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक प्रकार का अस्त्र जिसका उपयोग दूसरो के चलाए हुए अस्त्रो को निष्फल करने के लिये होता है।

प्रतिहारत्व—सज्ञा पु० [स०] ड्योढ़ीदारी। प्रतिहार या द्वारपाल का काम या पद।

प्रतिहारी[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रतिहारिन्] [वि० स्त्री० प्रतिहारिणी] द्वारपाल। डेवढीदार। द्वाररक्षक। उ०—आकर 'लघु कुमार आते हैं' बोली नत हो प्रतिहारी। 'आवै' कहा भरत ने, तत्क्षण आए वे धन्वाधारी।—साकेत पृ० ३७२।

प्रतिहारी[2]—सज्ञा स्त्री० [सं०] द्वार की रक्षा करनेवाली महिला। द्वारपालिका [को०]।

प्रतिहार्य[1]—सज्ञा पुं० [सं०] इद्रजाल। जादूगरी। बाजीगरी [को०]।

प्रतिहार्य[2]—वि० जिसका प्रतिहार या निवारण किया जाय। जो पीछे हटाया जाय [को०]।

प्रतिहास—सज्ञा पुं० [स०] १. कनेर। २. सफेद कनेर। ३. हँसी के बदले में हँसी (को०)।

प्रतिहिंसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] [वि० प्रतिहिंसित] १. वह हिंसा जो किसी हिंसा का बदला चुकाने के लिये की जाय। वैर निकालना। २ वैर चुकाना। बदला लेना।

प्रतिहिंसित—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिहिंसा' [को०]।

प्रतिहित—वि० [स०] रखा हुआ। स्थापित [को०]।

प्रतीधक—सज्ञा पुं० [सं० प्रतीन्धक] विदेह नाम का एक देश [को०]।

प्रतीक[1]—वि० [स०] १ प्रतिकूल। विरुद्ध। २. जो नीचे से ऊपर की ओर गया हो। उलटा। विलोम।

प्रतीक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पता। चिह्न। निशान। २ किसी पद्य या गद्य के आदि या अत के कुछ शब्द लिखकर या पढकर उस पूरे वाक्य का पता बतलाना। ३ अग। अवयव। ४ मुख। मुँह। ५ आकृति। रूप। सूरत। ६ प्रतिरूप। स्थानापन्न वस्तु। वह वस्तु जिसमें किसी दूसरी वस्तु का आरोप किया गया हो। ७ प्रतिमा। मूर्ति। ८ वसु के पुत्र और ओषवान के पिता का नाम। ९ मरु के पुत्र का नाम। १० परवल। ११ अश। भाग। हिस्सा (को०)। १२. किसी वस्तु का सामने का हिस्सा (को०)। १३ लालटेन। दीपक (को०)। १४. प्रतिलिपि। प्रतिलेख (को०)।

प्रतीकवाद—सज्ञा पु० [स० प्रतीक + वाद] आधुनिक काव्य का एक आंदोलन या सिद्धात, जिसमें काव्यरचना का मुख्य आधार प्रतीक अनुध्वनिमूलक स्वर आदि होते हैं।

विशेष—प्रतीकवाद का आरभ सन् १८८६ में फ्रास मे कवि जीन मोरेआस के प्रतीकवाद (सिंबोलिज्म) विषयक घोषणापत्र के प्रकाशित होने के साथ होता है। यह उन्नीसवीं शताब्दी के स्थूल काव्यसिद्धातो के विरोध में उत्पन्न हुआ था। प्रतीकवादियों का सिद्धांत था कि प्रतीकों के माध्यम से वे अधिक संवेद्य काव्य का निर्माण कर सकते हैं। अत' यह काव्य स्थूल घटनाओं को गोपन प्रतीतियो के रूप में व्यक्त करता है। प्रतीकवाद आधुनिक युग का प्रमुख साहित्यिक आदोलन है।

प्रतीकार—सज्ञा पुं० सं० [सं०] १ वह काम जो किसी के किए हुए अपकार का बदला चुकाने अथवा उसे निष्फल करने के लिये किया जाय। प्रतिकार। बदला। उ०—अगर जयनाथ होते तो उन्हे कुछ न कुछ प्रतीकार अवश्य करना पडता।—रति०, पृ० १३। २ चिकित्सा। इलाज। दे० 'प्रतिकार'।

प्रतीकारसंधि—सज्ञा स्त्री० [स० प्रतीकारसन्धि] कामदकीय नीति के अनुसार वह सधि जो उपकार के बदले में उपकार करने की शर्त करके की जाय, जैसी राम और सुग्रीव के बीच हुई थी।

प्रतीकार्य—वि० [सं०] जो प्रतीकार के योग्य हो। निष्फल करने के योग्य। बदला चुकाने या व्यर्थ करने के लायक।

प्रतीकाश—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिकाश' [को०]।

प्रतीकोपासना—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी विशेष पदार्थ में (जैसे, सूर्य, ईश्वर के नाम, मन इत्यादि) व्यापक ब्रह्म की भावना करके उसे पूजना और यह मानना कि हम उसी ब्रह्म की पूजा करते हैं। २. किसी के प्रतीक की उपासना। प्रतिमादि का पूजन।

प्रतीक्ष—सज्ञा पु० [स०] दे० 'प्रतीक्षक' [को०]।

प्रतीक्षक—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो प्रतीक्षा करता हो। आसरा देखनेवाला। २. वह जो पूजा अर्चन करता हो। पूजा करनेवाला। पूजक।

प्रतीक्षण—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रतीक्षा करना। आसरा देखना। २. कृपादृष्टि। मेहरबानी की नजर। ३ अपेक्षा। आशा। उम्मीद (को०)। ४ आदर। सम्मान। इज्जत (को०)। ५ प्रतिज्ञा, वचन आदि पूर्ण करना (को०)। ६ देखना। ~ न देना (को०)।

प्रतीक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी व्यक्ति अथवा काल के या किसी घटना के होने के आसरे मे रहना। किसी कार्य होने या किसी के आने की आशा मे रहना। आसरा। इतजार। प्रत्याशा। जैसे,—(क) मैं एक घटे से आपकी ~ कर रहा हूँ। (ख) वे इस मास की समाप्ति की प्रतीक्षा क रहे हैं। उ०—डूब बची लक्ष्मी पानी में, सती आग मे पैठ जिए उर्मिला करे प्रतीक्षा, सहे सभी घर बैठ। ~ पृ० ३१८। २ किसी का भरण पोषण करना। प्रतिपालन ३ पूजा। ४ समान (को०)। ५ ध्यान देना। ~ चा करना (को०)।

प्रतीक्षित—वि० [स०] १. जिसकी प्रतीक्षा की जाय। जिस-

दूसरा ही हो। २ विपरीत। प्रतिकूल। ३ जो ठीक न जान। ४ जिसकी पूजा न की जाय। पूजित। ४ अरुचिकर। कटु। जिसे [illegible]।

प्रतीपी—संज्ञा पु० [सं० प्रतीपिन्] बैल का पीछे चलने वाला। पिछाड़ा बैल।

प्रतीपेय—संज्ञा [illegible] १ विपरीत होने का भाव। विपरीतता। २ विरोधाभास की एक उक्ति। —काव्य, पृ० ३३६। ३ [illegible]।

प्रतीपोपमा—संज्ञा [illegible] १ उपमा अलंकार के किसी भेद का एक भेद। २ वह उपमा अलंकार जिसमें उपमान को उपमेय से हीन बताया जाय। प्रतिपा। प्रतिपोपमा। उ०—[illegible]।

प्रतीप्त—वि० [illegible] १ [illegible]। २ [illegible]।

प्रतीप्ति—संज्ञा स्त्री० [illegible] 'प्रतिप्ति'।

प्रतीप्सा—संज्ञा स्त्री० [illegible] 'प्रतिप्सा'।

प्रतीबंध—संज्ञा पु० [illegible] १ प्रतिबंध। रुकावट। २ [illegible]।

प्रतीभाव—संज्ञा पु० [illegible] १ [illegible]। २ [illegible]।

प्रतीमान—संज्ञा पु० [illegible] १ [illegible]। २ [illegible]।

प्रतीयमान—वि० [illegible] १ [illegible]। २ [illegible]।

प्रतीयमानोत्प्रेक्षा—संज्ञा स्त्री० [illegible] [illegible]।

प्रतीयसी—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीरण—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीरणा—संज्ञा स्त्री० [illegible] [illegible]।

प्रतीरित—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीरुक—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीरुद्ध—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीरोध—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीरोधक—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीरोधन—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीरोधी—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्ण—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्णि—संज्ञा स्त्री० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्त—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्ति—संज्ञा स्त्री० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्य—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्यमान—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्वत्—संज्ञा पु० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्वान्—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्वी—संज्ञा स्त्री० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्वीत—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्वीति—संज्ञा स्त्री० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्वीतिमान्—वि० [illegible] [illegible]।

प्रतीर्वीतिमान्—संज्ञा पु

प्रतीर—संज्ञा पुं० [सं०] किनारा। तट। उ०—पूरी निर्मल नीर से बह रही थी पास ही मालिनी। वृक्षाली जिसके प्रतीर पर थी, भूरि प्रभा शालिनी।—शकु०, पृ० १६।

प्रतीवृता⑤—वि० स्त्री० [सं० पतिव्रता, पु० हिं० पतिव्रत्ता] दे० 'पतिव्रता' उ०—जोगी कहै प्रतीवृता। सुणेस हुई नच्यत। ग्रीव धारी आव्यो छइ मास वसत।—बी० रासो, पृ० ६४।

प्रतीवाप—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह औषध जो पीने के लिये काढ़े आदि में मिलाया जाय। २. दैवी उपद्रव। ३ फेंकने की क्रिया। ४. किसी चीज को बदलने के लिये उसे किसी दूसरी चीज में मिलाना। धातु आदि का मिश्रण करना।

प्रतीवेश—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिवेश। पडोस।

प्रतीवेशी—संज्ञा पुं० [सं० प्रतीवेशिन्] पडोस में रहनेवाला। पड़ोसी।

प्रतीवेश्य—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक प्राचीन देश का का नाम।

प्रतीष्ट—वि० [सं०] स्वीकृत। प्राप्त [को०]।

प्रतीह—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार परमेष्ठी के एक पुत्र का नाम जिसका जन्म सुवर्चला के गर्भ से हुआ था।

प्रतीहार—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'प्रतिहार'। २ संधि का एक भेद। वह मेल या सधि जो कोई यह कहकर करता है कि पहले मैं तुम्हारा काम कर देता हूँ पीछे तुम मेरा करना।

प्रतीहारी[1]—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिहारी'।

प्रतीहारी[2]—संज्ञा स्त्री० द्वाररक्षिका। प्रतिहारी।

प्रतीहास—संज्ञा पुं० [सं०] कनेर।

प्रतुंदक—संज्ञा पु० [सं० प्रतुन्दक] जीवक नाम का साग।

प्रतुद—संज्ञा पुं० [सं०] १ वे पक्षी जो अपना भक्ष्य चोच से तोडकर खाते हैं। २. कोचने या भेदन का उपकरण। वह जिससे कोई वस्तु तोडी या भेदी जाय (को०)।

प्रतुष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] सतोष। संतुष्टि। तृप्ति [को०]।

प्रतूणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्नायु की दुर्बलता से होनेवाला एक रोग जिसमें गुदा से पीडा उत्पन्न होकर अंतडियो तक पहुँचती है।

प्रतूद—संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक ऋषि का नाम जिनका उल्लेख ऋग्वेद में है।

प्रतूर्ण, प्रतूर्त—वि० [सं०] वेगवान। तीव्र [को०]।

प्रतेक⑤—वि० [सं० प्रत्येक] दे० 'प्रत्येक'। उ०—पल्लव पुहुप प्रतेक पैग मैं कछु लगि आवत।—रत्नाकर, भा०१, पृ० १२।

प्रतूलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] विस्तर। गद्दा। तोशक [को०]।

प्रतोद—संज्ञा पु० [सं०] १ पैना। ओगी। अकुश। २ चाबुक। कोडा। हटर। ३ एक प्रकार का सामगान।

प्रतोली—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह चौडा रास्ता जो नगर के मध्य से होकर निकला हो। चौडी सडक। शाहराह। राजपथ। २ वीथी। गली। कूचा। ३ दुर्ग का वह द्वार जो नगर की ओर हो। ४ फोडो आदि पर पट्टी बाँधने का एक ढंग। इस ढंग की पट्टी डोडी आदि पर बाँधी जाती है। ५. इस ढग से बाँधी हुई पट्टी। ६ किले के नीचे होकर जानेवाला रास्ता।

प्रतोष—संज्ञा पु० [सं०] १. सतोष। तुष्टि। २. पुराणानुसार स्वायंभू मनु के एक पुत्र का नाम।

प्रतोषना⑤—क्रि० स० [सं० प्रतोषण] प्रतोष देना। सतोष देना। समझाना बुझाना। आश्वस्त करना। उ०—राम प्रतोषी मातु सब कहि विनीत बर बैन।—राम०, १।३६२।

प्रत्त—वि० [सं०] १ प्रदत्त। दिया हुआ। उपहृत। २. विवाह मे प्रदत्त [को०]।

प्रत्न—वि० [सं०] १ पुराना। प्राचीन। २ परपराप्राप्त। परपरागत (को०)।

प्रत्नतत्व—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसमें प्राचीन काल की बातों का विवेचन हो। पुरातत्व।

प्रत्यग[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यङ्ग] १ शरीर का कोई अप्रधान या गौण अग। २ विभाग। खड। परिच्छेद। ३. प्रत्येक अंग। हर एक अवयव। ४ एक अस्त्र का नाम [को०]।

प्रत्यंग[2]—क्रि० वि० प्रत्येक अग मे। हरएक अवयव मे [को०]।

प्रत्यगिरा[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यङ्गिरस्] पुराणानुसार चाक्षुष मन्वंतर के अगिरस के पुत्र एक ऋषि का नाम।

प्रत्यंगिरा[2]—संज्ञा स्त्री० १. सिरस का पेड। २ विसखोपरा। ३. तांत्रिकों की एक देवी का नाम।

प्रत्यंच—संज्ञा स्त्री० [सं० पतञ्चिका] धनुष की डोरी जिसमें लगाकर बाण छोडा जाता है। जिल्ला।

प्रत्यंचा—संज्ञा स्त्री० [हिं० प्रत्यञ्च] दे० 'प्रत्यच'। उ०—वाम पाणि में प्रत्यचा है, पर दक्षिण मे एक जटा।—साकेत, पृ० ३६७।

प्रत्यंचित—वि० [सं० प्रत्यञ्चित] पूजित। अर्चित। सम्मानित [को०]।

प्रत्यजन—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यञ्जन] १. आँख में अंजन लगाकर उसे अच्छा करना। २ लेपन करना।

प्रत्यंत—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यन्त] १ म्लेच्छो के रहने का देश। २. सीमा (को०)।

प्रत्यंतपर्वत—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यन्तपर्वत] वह छोटा पहाड जो किसी बडे पहाड के पास हो।

प्रत्यक्—क्रि० वि० [सं०] १ पीछे। विपरीत दिशा में। २ पश्चिम। ३. विरोध मे (को०)। ४. पहले। पूर्व काल मे (को०)।

प्रत्यक⑤—वि० [हिं०] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—कौरउ कष्ट करै अति करि प्रत्यक आतम तत्व न पेषै। सुदर भूलि गयो निज रूपहि ह्वै कर कंकण दर्पण देषै।—सुदर ग्र०, भा०२, पृ० ५८६।

प्रत्यक्चेतन—संज्ञा पुं० [सं०] १. योग के अनुसार वह पुरुष जिसकी चित्तवृत्ति बिलकुल निर्मल हो चुकी हो, जिसको आत्मज्ञान हो चुका हो और जो प्रणव आदि का जप करके [illegible]

स्वरूप पहचानने मे समर्थ हो चुका हो। अंतरात्मा। ३ परमेश्वर।

प्रत्यक्पर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. दती वृक्ष। मूसाकानी २. अपामार्ग। चिचडा।

प्रत्यक्पुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रत्यक्पर्णी'।

प्रत्यक्श्रेणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दती वृक्ष। मूसाकानी।

प्रत्यक्ष[1]—वि० [सं०] १ जो देखा जा सके। जो आँखों के सामने हो। उ०—स्वप्न था वह जो देखा, देखूँगी फिर क्या अभी ? इस प्रत्यक्ष से मेरा परित्राण कहाँ अभी।—साकेत, पृ० ३०७। २ जिसका ज्ञान इंद्रियो के द्वारा हो सके। जो किसी इंद्रिय की सहायता से जाना जा सके। ३ सुस्पष्ट। साफ (को०)।

प्रत्यक्ष[2]—संज्ञा पु० चार प्रकार के प्रमाणो मे से एक प्रमाण जो सबसे श्रेष्ठ माना जाता है।

विशेष—गौतम ने न्यायसूत्र में कहा है कि इंद्रिय के द्वारा किसी पदार्थ का जो ज्ञान होता है, वही प्रत्यक्ष है। जैसे, यदि हमें सामने आग जलती हुई दिखाई दे अथवा हम उसके ताप का अनुभव करें तो यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि 'आग जल रही है'। इस ज्ञान में पदार्थ और इंद्रिय का प्रत्यक्ष संबंध होना चाहिए। यदि कोई यह कहे कि 'वह किताब पुरानी है' तो यह प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है, क्योंकि इसमें जो ज्ञान होता है, वह केवल शब्दों के द्वारा होता है, पदार्थ के द्वारा नहीं, इसलिये यह शब्दप्रमाण के अंतर्गत चला जायगा। पर यदि वही किताब हमारे सामने आ जाय और मैली कुचैली या फटी हुई दिखाई दे तो हमे इस बात का अवश्य प्रत्यक्ष ज्ञान हो जायगा कि 'यह किताब पुरानी है'। प्रत्यक्ष ज्ञान किसी के कहे हुए शब्दो द्वारा नही होता, इसी से उसे अव्यपदेश्य कहते हैं। प्रत्यक्ष को अव्यभिचारी इसलिये कहते हैं कि उसके द्वारा जो वस्तु जैसी होती है उसका वैसा ही ज्ञान होता है। कुछ नैयायिक इस ज्ञान के करण को ही प्रमाण मानते हैं। उनके मत से 'प्रत्यक्ष प्रमाण' इंद्रिय है, इंद्रिय से उत्पन्न ज्ञान 'प्रत्यक्ष ज्ञान' है। पर अव्यपदेश्य पद से सूत्रकार का अभिप्राय स्पष्ट है कि वस्तु का जो निर्विकल्पक ज्ञान है वही प्रत्यक्ष प्रमाण है।

नवीन ग्रंथकार दोनो मतो को मिलाकर कहते हैं कि प्रत्यक्ष ज्ञान के करण अर्थात् प्रत्यक्ष तीन प्रमाण हैं—(१) इंद्रिय, (२) इंद्रिय का संबंध और (३) इंद्रियसंबंध से उत्पन्न ज्ञान। पहली अवस्था में जब केवल इंद्रिय ही करण हो तो उसका फल वह प्रत्यक्ष ज्ञान होगा जो किसी पदार्थ के पहले पहल सामने आने से होता है। जैसे, वह सामने कोई चीज दिखाई देती है। इस ज्ञान को 'निर्विकल्पक ज्ञान' कहते हैं। दूसरी अवस्था मे यह जान पडता है कि जो चीज सामने है, वह पुस्तक है। यह 'सविकल्पक ज्ञान' हुआ। इस ज्ञान का कारण इंद्रिय का संबंध है। जब इंद्रिय के संबंध से उत्पन्न ज्ञान करण होता है, तब यह ज्ञान कि यह किताब अच्छी है अथवा बुरी है, प्रत्यक्ष ज्ञान हुआ। यह प्रत्यक्ष ज्ञान ६ प्रकार का होता है—(१) चाक्षुष प्रत्यक्ष, जो किसी पदार्थ के सामने आने पर होता है। जैसे, यह पुस्तक नई है। (२) श्रावण प्रत्यक्ष, जैसे, आँखें बद रहने पर भी घटे का शब्द सुनाई पडने पर यह ज्ञान होता है कि घटा बजा। (३) स्पर्श प्रत्यक्ष, जैसे बरफ हाथ में लेने से ज्ञान होता है कि वह बहुत ठढी है। (४) रसायन प्रत्यक्ष, जैसे, फल खाने पर जान पडता है कि वह मीठा है अथवा खट्टा है। (५) घ्राणज प्रत्यक्ष, जैसे, फूल सूँघने पर पता लगता है कि वह सुगंधित है और (६) मानस प्रत्यक्ष जैसे, सुख, दुख, दया आदि का अनुभव।

प्रत्यक्ष[3]—क्रि० वि० आँखो के आगे। सामने। जैसे, प्रत्यक्ष दिखलाई पड रहा है कि इस पार पानी बरसता है।

प्रत्यक्षज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] प्रत्यक्ष दर्शन से प्राप्त ज्ञान। वह ज्ञान जो प्रत्यक्ष दर्शन से प्राप्त हो। चाक्षुष प्रमाण।

प्रत्यक्षता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रत्यक्ष होने का भाव।

प्रत्यक्षत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रत्यक्षता'।

प्रत्यक्षदर्शन—संज्ञा पु० [सं०] साक्षी। प्रत्यक्षदर्शी [को०]।

प्रत्यक्षदर्शी—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यक्षदर्शिन्] वह जिसने प्रत्यक्ष रूप से कोई घटना देखी हो। साक्षी। गवाह।

प्रत्यक्षफल—वि० [सं०] जिसका परिणाम स्पष्ट हो। जिसका नतीजा साफ हो।

प्रत्यक्षभोग—संज्ञा पु० [सं०] किसी वस्तु का उपयोग उसके स्वामी की जानकारी में करना [को०]।

प्रत्यक्षलवण—संज्ञा पुं० [सं०] वह नमक जो भोजन पक चुकने पर बाद मे अलग से डालने के लिये दिया जाय। खाद्य पदार्थ में पकने के समय डाले हुए नमक के अतिरिक्त पीछे से दिया जानेवाला नमक।

विशेष—शास्त्रो में श्राद्ध आदि अवसरो पर इस प्रकार नमक देने का निषेध है।

प्रत्यक्षवाद—संज्ञा पु० [सं० प्रत्यक्ष + वाद] वह सिद्धांत जिसमें प्रत्यक्ष प्रमाण को ही माना जाय। इंद्रियजन्य ज्ञान को सत्य माननेवाला सिद्धांत। उ०—इस कठोर प्रत्यक्षवाद की समस्या बडी कठिन होती है।—स्कंद०, पृ० ५।

प्रत्यक्षवादी—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यक्षवादिन्] [स्त्री० प्रत्यक्षवादिनी] वह व्यक्ति जो केवल प्रत्यक्ष प्रमाण माने, और कोई प्रमाण न माने। वह मनुष्य जो इंद्रियजन्य ज्ञान को ही सत्य माने, जैसे, चार्वाक्।

प्रत्यक्षविधान—संज्ञा पुं० [सं०] वह (विधि आदि) जो स्पष्ट हो। वह जिसका विधान प्रत्यक्ष रूप से हो [को०]।

प्रत्यक्षविहित—वि० [सं०] सीधे या प्रत्यक्ष रूप से उपभुक्त या आस्वाद्य [को०]।

प्रत्यक्षसिद्ध—वि० [सं०] जो प्रत्यक्ष या चाक्षुष प्रमाण से सिद्ध हो। उ०—युवराज ! यह अनुमान नही है, यह प्रत्यक्षसिद्ध है।—स्कंद०, पृ० ६।

प्रत्यक्षी—सज्ञा पुं० [स० प्रत्यक्षिन्] व्यक्तिगत रूप से देखनेवाला साक्षी। प्रत्यक्ष या साक्षात् द्रष्टा। वह व्यक्ति जिसने प्रत्यक्ष रूप से देखा हो [को०]।

प्रत्यक्षीकरण—सज्ञा पुं० [स०] आँखों से दिखला देना। इद्रिय द्वारा ज्ञान करा देना। सामने लाकर प्रत्यक्ष करा देना। उ०—इन स्थलो के वर्णन मे हमे हाट, बाट, नदी, निर्झर, ग्राम, जनपद इत्यादि न जाने कितने पदार्थों का प्रत्यक्षीकरण मिलता है।—चिंतामणि, भा० २, पृ० ३।

प्रत्यक्षीकृत—वि० [सं०] जिसका प्रत्यक्षीकरण हुआ हो। जो आँखो से देखा गया हो [को०]।

प्रत्यक्षीभूत—वि० [स०] जिसका ज्ञान इद्रियो द्वारा हुआ हो। जो प्रत्यक्ष हुआ हो।

प्रत्यग—सज्ञा पु० [स०] 'प्रत्यक्' का समासगत रूप।

प्रत्यगत—सज्ञा पुं० [स० प्रत्यागत] कुश्ती का एक पेच। प्रत्यागत। उ०—जे मल्लयुद्धहि पेच बत्तिश गतहु प्रत्यगतादि।—रघुराज (शब्द०)।

प्रत्यगात्मा—सज्ञा पु० [स० प्रत्यगात्मन्] व्यापक ब्रह्म। परमेश्वर।

प्रत्यगाशा—सज्ञा स्त्री० [स०] पश्चिम दिशा [को०]।

यौ०—प्रत्यगाशापति = पश्चिम दिशा के स्वामी, वरुण।

प्रत्यग्या—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रतिज्ञा, प्रतिज्ञा] दे० 'प्रतिज्ञा'। उ०—अचरज देखि राजा तब रहा। मिली प्रत्यग्या जो गुन कहा।—हिंदी प्रेमगाथा०, पृ० १८६।

प्रत्यग्र[1]—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार उपरिचर वसु के एक पुत्र का नाम।

प्रत्यग्र[2]—वि० १. नया। ताजा। २ शुद्ध। पवित्र (को०)।

प्रत्यग्रगधा—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रत्यग्रगन्धा] स्वर्णयूथिका। सोनजूही।

प्रत्यग्रथ—[सं०] दक्षिण पाचाल या अहिच्छत्र नामक देश।

विशेष—दे० 'अहिच्छत्र'।

प्रत्यग्रवय—वि० [सं०] यौवन से परिपूर्ण। जो भरी या चढ़ती जवानी मे हो [को०]।

प्रत्यङ् मुख—वि० [सं०] पश्चिम की ओर मुँह किए हुए [को०]।

प्रत्यच्छ—वि० [स० प्रत्यक्ष] दे० 'प्रत्यक्ष'। उ०—श्रीठाकुर जी प्रत्यच्छ मुरारीदास सो वार्ता करते।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १००।

प्रत्यध्मान—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का वात रोग।

प्रत्यनंतर—वि० [स० प्रत्यनन्तर] सन्निकट। समीपवर्ती। प्रत्यासन्न [को०]।

प्रत्यनीक—सज्ञा पुं० [सं०] १ कविता का वह अर्थालकार जिसमें किसी के पक्ष में रहनेवाले या सबधी के प्रति किसी हित या अहित का किया जाना वर्णन किया जाय। जैसे, (क) तो मुख छवि सो हारि जग भयो कलक समेत। सरद इदु अरबिद मुख अरवंदन दुख देत।—मतिराम (शब्द०)। (ख) अपने अंग के जानि कै यौवन नृपति प्रवीन। स्तन मन नैन नितंब को बड़ो इजाफा कीन।—बिहारी (शब्द०)। (ग) तै जीत्यो निज रूप तें मदन वैर यह मान। वेधत तुव अनुरागिनी, इक सँग पाँचो बान।—(शब्द०)। २ शत्रु। दुश्मन ३ प्रतिपक्षी। विरोधी। मुकाबला करनेवाला। ४ प्रतिवादी। ५ विघ्न। बाधा।

प्रत्यनुमान—सज्ञा पुं० [स०] तर्क में वह अनुमान जो किसी दूसरे के अनुमान का खडन करते हुए किया जाय।

प्रत्यपकार—सज्ञा पुं० [स०] वह अपकार जो किसी अपकार के बदले मे किया जाय।

प्रत्यभिज्ञा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. वह ज्ञान जो किसी देखी हुई चीज को, अथवा उसके समान किसी और चीज को, फिर से देखने पर हो। स्मृति की सहायता से उत्पन्न होनेवाला ज्ञान। २ वह अभेद ज्ञान जिसके अनुसार ईश्वर और जीवात्मा दोनों एक ही माने जाते हैं। ३ कश्मीर का एक शैव दर्शन या शैवाद्वैतवाद। दे० 'प्रत्यभिज्ञादर्शन'।

प्रत्यभिज्ञात—वि० [स०] जाना हुआ। पहचाना हुआ [को०]।

प्रत्यभिज्ञादर्शन—सज्ञा पु० [स०] माहेश्वर संप्रदाय का एक दर्शन जिसके अनुसार भक्तवत्सल महेश्वर ही परमेश्वर माने जाते हैं।

विशेष—इस दर्शन मे तंतु आदि जड पदार्थों को पट आदि कार्यों का कारण न मानकर केवल महेश्वर को सारे जगत् का कारण माना है, और कहा है कि जिस प्रकार ऋषि आदि बिना स्त्रीसयोग के ही मानसपुत्र उत्पन्न करते हैं, उसी प्रकार महादेव भी जड जगत् की किसी वस्तु की सहायता के बिना ही केवल अपनी इच्छा से जगत् का निर्माण करते हैं। इस मत के अनुसार किसी कार्य का कारण महेश्वर के अतिरिक्त और कुछ हो ही नही सकता। महेश्वर को न तो कोई सृष्टि करने के लिये नियुक्त या उत्तेजित करता है और न उसे किसी पदार्थ की सहायता की आवश्यकता होती है। इसी लिये उसे स्वतत्र कहते हैं। जिस प्रकार दर्पण में मुख दिखाई देना है, उसी प्रकार जगदीश्वर में प्रतिबिंब पडने के कारण सब पदार्थ दिखाई देते हैं। जिस प्रकार बहुरूपिए तरह तरह का रूप धारण करते हैं उसी प्रकार महेश्वर भी स्थावर जगम आदि का रूप धारण करते हैं और इसी लिये यह सारा जगत् ईश्वरात्मक है। महेश्वर ज्ञाता और ज्ञान स्वरूप है, इसलिये घट पट आदि का जो ज्ञान होता है, वह सब भी परमेश्वर स्वरूप ही है।

इस दर्शन के अनुसार मुक्ति के लिये पूजापाठ और जपतप आदि की कोई आवश्यकता नही, केवल प्रत्यभिज्ञा या इस ज्ञान की आवश्यकता है कि ईश्वर और जीवात्मा दोनो एक ही हैं। इस प्रत्यभिज्ञा की प्राप्ति होते ही मुक्ति का होना माना जाता है। इसी लिये इसे प्रत्यभिज्ञा दर्शन कहते हैं। इस दर्शन के अनुसार जीवात्मा और परमात्मा में कोई भेद नही माना जाता है। इसी लिये इस मत के लोग कहते हैं कि जिस मनुष्य में ज्ञान और क्रियाशक्ति है वही परमेश्वर है, और जिसमें ज्ञान और क्रियाशक्ति नही है, वह परमेश्वर नही है। परमेश्वर सब स्थानों में और स्वत प्रकाशमान है। जीवात्मा

में परमात्मा का प्रकाश होने पर भी जबतक यह ज्ञान न हो कि ईश्वर के ईश्वरता आदि गुण हमसे भी हैं, तबतक मुक्ति नहीं हो सकती। यही जीवात्मा और परमात्मा के संबंध में इस दर्शन का सिद्धांत है। पदार्थनिर्णय के संबंध में प्रत्यभिज्ञा दर्शन और रसेश्वर दर्शन के मत आपस में मिलते जुलते हैं।

प्रत्यभिज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] १ सदृश वस्तु को देखकर किसी पहले देखी हुई वस्तु का स्मरण हो आना। स्मृति की सहायता से होनेवाला ज्ञान। २ पहचान। स्मारक वस्तु या चिह्न।

प्रत्यभिज्ञेय—वि० [सं०] पहचान के योग्य। प्रत्यभिज्ञान के योग्य। जानने योग्य। उ०—किंतु जो भी हो, निजी तुम प्रश्न मेरे, प्रेय प्रत्यभिज्ञेय।—हरी घास०, पृ० १५।

प्रत्यभियोग—संज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार वह अभियोग जो अभियुक्त अपने वादी अथवा अभियोग लगानेवाले पर लगावे। किसी के अभियोग लगाने पर उलटे उसपर अभियोग लगाना। वह अभियोग जो अभियुक्त अभियोग चलानेवाले पर चलावे। मुद्दालेह का मुद्दई पर भी दावा करना।

विशेष—व्यवहार शास्त्र के अनुसार ऐसा करना वर्जित है। अभियुक्त जब तक अपने आपको निर्दोष न प्रमाणित कर ले तब तक उसे वादी पर कोई अभियोग लगाने का अधिकार नहीं है।

प्रत्यभिवाद—संज्ञा पुं० [सं०] वह आशीर्वाद जो किसी पूज्य या बड़े का अभिवादन करने पर मिले।

प्रत्यभिवादन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रत्यभिवाद'।

प्रत्यमित्र—संज्ञा पुं० [सं०] शत्रु। दुश्मन।

प्रत्यय—संज्ञा पुं० [सं०] १ विश्वास। एतबार। यकीन। उ०—यदि पूरा प्रत्यय न हो तुम्हें इस जन पर, तो चढ़ सकते हैं राजदूत तो घन पर।—साकेत, पृ० २३७। २. प्रमाण। सबूत। उ०—प्रभु की नाममुद्रिका देकर परिचय, प्रत्यय, धैर्य दिया।—साकेत, पृ० ३८६। ३ विचार। खयाल। भावना। ४ ज्ञान। बुद्धि। समझ। ५. व्याख्या। शरह। ६ कारण। हेतु। ७. आवश्यकता। जरूरत। ८ प्रख्याति। प्रसिद्धि। ९ चिह्न। लक्षण। १० निर्णय। फैसला। ११ सम्मति। राय। १२ स्वाद। जायका। १३ सहायक। मददगार। १४ विष्णु का एक नाम। १५ वह रीति जिसके द्वारा छंदों के भेद और उनकी संख्या जानी जाय।

विशेष—छंद शास्त्र में ९ प्रत्यय हैं—(१) प्रस्तार, (२) सूची, (३) पाताल, (४) उद्दिष्ट, (५) नष्ट, (६) मेरु, (७) खंडमेरु, (८) पताका और (९) मर्कटी।

१६ व्याकरण में वह अक्षर या अक्षरसमूह जो किसी धातु या मूल शब्द के अंत में, उसके अर्थ में कोई विशेषता उत्पन्न करने के उद्देश्य से लगाया जाय। जैसे, 'बढ़ा' (शब्द) अथवा 'लड़ना' के 'लड़' (धातु) के अंत में जोड़ा जानेवाला 'आई' शब्दसमूह (जिसके जोड़ने से 'बढ़ाई' या 'लड़ाई' 'शब्द' बनता है) प्रत्यय है।

विशेष—इसी प्रकार मूर्खता में 'ता' लड़कपन में 'पन', शीतल में 'ल', दयालु में 'लु', अक्षरश में 'श' विकाऊ में 'आऊ', उठान में 'आन', घुमाव में 'आव' आदि प्रत्यय हैं। उपसर्ग क्रियापदों या शब्दों के आदि में और प्रत्यय अंत में लगता है अतः इसे परसर्ग भी कहते हैं।

१७ छेद। छिद्र। रंध्र (को०)।

प्रत्ययकारी—वि० [सं० प्रत्ययकारिन्] विश्वास उत्पन्न करनेवाला। समझदारी से युक्त [को०]।

प्रत्ययकारिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] मुद्रा। मुहर। विश्वासदायक चिह्न [को०]।

प्रत्ययत्व—संज्ञा पुं० [सं०] प्रमाणत्व। उ०—जो असत् है उसका प्रत्ययत्व नहीं है।—सपूर्णानंद अभि० ग्र०, पृ० ३६१।

प्रत्ययन—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतीति होना। प्रतीत होना [को०]।

प्रत्ययप्रतिभू—संज्ञा पुं० [सं०] वह जमानतदार जो किसी को महाजन से यह कहकर कर्ज दिलावे कि मैं इसे जानता हूँ, यह बड़ा ईमानदार, साधु और विश्वास करने के योग्य है।

प्रत्ययवाद—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यय+वाद] एक दार्शनिक सिद्धांत जिसमें यह माना जाता है कि हमारा समस्त ज्ञान विचारों से उत्पन्न है, भौतिक जगत् के पदार्थों से नहीं। आइडियलिज्म। उ०—यह इशारा जर्मन दार्शनिकों के प्रत्ययवाद से मिला जिसके प्रवर्तक काट थे।—चिंतामणि, भा० २, पृ० ७९।

प्रत्ययसर्ग—संज्ञा पुं० [सं०] सांख्य शास्त्र में महत्तत्व या बुद्धि से उत्पन्न सृष्टि।

प्रत्ययाधि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गिरवी या रेहन जो रुपया वसूल होने के इतमिनान या साख के लिये रखा जाय।

प्रत्ययित—वि० [सं०] १ जिसे विश्वास हुआ हो। विश्वस्त। २ आप्त [को०]।

प्रत्ययी—वि० [सं० प्रत्ययिन्] १ विश्वास करनेवाला। भरोसा रखनेवाला। २ विश्वास करने योग्य। विश्वसनीय [को०]।

प्रत्यरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह नाभि जिसमें चक्र या पहिए की अराएँ दृढ़ करने के लिये जड़ी जाती हैं [को०]।

प्रत्यर्क—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का प्रतिसूर्य।

प्रत्यर्थ[1]—वि० [सं०] उपयोगी। लाभकर।

प्रत्यर्थ[2]—संज्ञा पुं० १ उत्तर। जवाब। २ विरोध। शत्रुता [को०]।

प्रत्यर्थक, प्रत्यर्थिक—संज्ञा पुं० [सं०] शत्रु। विरोधी [को०]।

प्रत्यर्थी—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यर्थिन्] १ प्रतिवादी। मुद्दालेह। २. शत्रु। दुश्मन।

प्रत्यर्पण—संज्ञा पुं० [सं०] मिला हुआ धन किसी को देना। दान में पाया हुआ धन फिर दान करना।

प्रत्यर्पित—वि० [सं०] वापस किया हुआ। लौटाया हुआ [को०]।

प्रत्यवनेजन—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुनः प्रक्षालन। फिर धोना। २. पुनराचमन [को०]।

प्रत्यवमर्श—संज्ञा पुं० [सं०] १ अनुसंधान करना। पता लगाना। अच्छे बुरे का विचार करना।

प्रत्यवमर्शन—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रत्यवमर्श'।

प्रत्यवर—सज्ञा पुं० [सं०] जो सबसे अधिक निकृष्ट हो। सबसे खराब। निकृष्टतम।

प्रत्यवरूढि—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'प्रत्यवरोह'-१,-२।

प्रत्यवरोध, प्रत्यवरोधन—सज्ञा पुं०[स०]बाधा। अडचन। रोक [को०]।

प्रत्यवरोह—सज्ञा पुं० [स०] १ अवरोहण। उतरना। २ सीढी। ३ वैदिक काल का एक प्रकार का गृह्य उत्सव जो अगहन मास में होता था।

प्रत्यवरोहण—सज्ञा पु० [स०] दे० 'प्रत्यवरोह'।

प्रत्यवलोकन—सज्ञा पु० [स०] पर्यवेक्षण। देखना। निरीक्षण। दर्शन। उ०—स्पष्ट ही केवल यात्रा का प्रत्यवलोकन काफी नही है।—नदी०, पृ० ८।

प्रत्यवसान—सज्ञा पुं० [स०] भोजन। खानापीना।

प्रत्यवसित—वि० [सं०] १ खाया पिया हुआ। २ जिसने पुराना (बुरा) जीवन ग्रहण कर लिया हो [को०]।

प्रत्यवस्कद—सज्ञा पुं० [सं० प्रत्यवस्कन्द] दे० 'प्रत्यवस्कदन' [को०]।

प्रत्यवस्कंदन—सज्ञा पुं० [सं० प्रत्यवस्कन्दन] व्यवहार शास्त्र के अनुसार प्रतिवादी का वह उत्तर जो वादी के कथन का खडन करने के लिये दिया जाय। जवाबदावा। जवाबदेही।

प्रत्यवस्थाता—सज्ञा पुं० [स० प्रत्यवस्थातृ] १ विरोधी। शत्रु। २. प्रतिपक्ष। प्रतिवादी। मुद्दालेह [को०]।

प्रत्यवस्थान—सज्ञा पुं० [सं०] १. हटाना। अलग करना। २. शत्रुता। विरोध [को०]।

प्रत्यवहार—सज्ञा पुं० [सं०] १ सहार। मार डालना। २ प्रलय। विनाश (को०)। ३ लड़ने के लिये तैयार सैनिको को लडने से रोकना।

प्रत्यवाय—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह पाप या दोष जो शास्त्रो में बतलाए हुए नित्य कर्म के न करने से होता है। २ उलटफेर। भारी परिवर्तन। ३ जो नही है उसका न उत्पन्न होना या जो है उसका न रह जाना। ४ विघ्न। बाधा (को०)। ५. पाप (को०)। ६. दुरदृष्ट। दुर्भाग्य (को०)। ७ निर्दिष्ट कर्म के विरुद्ध आचरण (को०)।

प्रत्यवेक्षण—सज्ञा पुं० [स०] किसी बात को बहुत अच्छी तरह देखना, समझना या जाँचना। भली भाँति जानना।

प्रत्यवेक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] बौद्धो मे पाँच प्रकार के बोध या ज्ञान में से एक का नाम [को०]।

प्रत्यवेक्षा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रत्यवेक्षण' [को०]।

प्रत्यश्मा—सज्ञा पुं० [सं० प्रत्यश्मन्] गेरू। गैरिक धातु।

प्रत्यष्ठीला—सज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का वात रोग जिसमे नाभि के नीचे पेडू में एक गुठली सी हो जाती है जिसमें पीडा होती है। यदि गुठली में पीडा न हो तो उसे 'वातष्ठीला' कहते हैं। गुठली मलमूत्र के द्वार रोक देती है जिसके कारण रोगी मलमूत्र का त्याग नहीं कर सकता। उ०—और जो गाँठ तिरछी प्रगट भई होय तो उसको प्रत्यष्ठीला कहते हैं।—माधव०, पृ० १४६।

प्रत्यस्तमय—सज्ञा पु० [स०] १ समाप्ति। अत। खातमा। २ अस्तमन। (सूर्य का) डूबना या अस्त होना [को०]।

प्रत्याकरण—सज्ञा पु० [सं०] प्रतिक्रिया। प्रत्याख्यान। उ०—शायद इसी का प्रत्याकरण हो जो पीछे मेरे लिये जरूरी हो पडता है।—सुखदा, पृ० ५४।

प्रत्याकार—सज्ञा पु० [स०] खड्गकोश। म्यान [को०]।

प्रत्याक्रमण—सज्ञा पु० [स०] आक्रमण के विरोध मे आक्रमण। एक पक्ष से आक्रमण हो जाने के बाद प्रतिक्रिया स्वरूप दूसरे पक्ष से आक्रमण।

प्रत्याख्यात—वि० [स०] १ अस्वीकृत। २ निषिद्ध। रोका हुआ। ३ अतिक्रमित। आगे बढ़ा हुआ। ४ दूरीकृत। अलग किया हुआ। ५ सूचित। प्रख्यात। ख्यात। प्रसिद्ध [को०]।

प्रत्याख्यान—सज्ञा पु० [स०] १ खडन। २ निराकरण।

प्रत्यागत[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ पैतरे का एक प्रकार। उ०—गत प्रत्यागत में और प्रत्यावर्तन मे दूर वे चले गए।—लहर, पृ० ७३। २ कुश्ती का एक पेच।

प्रत्यागत[2]—वि० जो लौट आया हो। वापस आया हुआ।

प्रत्यागति—सज्ञा स्त्री० [स०] पीछे लौटना। वापस होना [को०]।

प्रत्यागम—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रत्यागमन' [को०]।

प्रत्यागमन—सज्ञा पुं० [स०] १ लौट आना। वापसी। २ दोबारा आना। पुनरागमन।

प्रत्याघात—सज्ञा पुं० [सं०] १ चोट के बदले की चोट। वह आघात जो किसी आघात के बदले मे हो। २ टक्कर।

प्रत्याचार—सज्ञा पु० [स०] सद्व्यवहार। अनुकूल व्यवहार [को०]।

प्रत्यादान—सज्ञा पुं० [स०] पुन ले लेना। फिर से ले लेना। पुनःप्राप्ति [को०]।

प्रत्यातप—सज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान जहाँ घाम बराबर रहती हो। सूर्यातपयुक्त स्थान [को०]।

प्रत्यादित्य—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रतिसूर्य'।

प्रत्यादिष्ट—वि० [सं०] १. सस्तुत। स्वीकृत। २ अस्वीकृत। निराकृत। ३ पृथक् किया हुआ। अलग किया हुआ। ४ चेताया हुआ। सावधान किया हुआ। ५. घोषित। सूचित। ६ विजित। हराया हुआ [को०]।

प्रत्यादेय—सज्ञा पु० [सं०] 'आदेय' से उलटा लाभ। वह लाभ जो लौटाना पडे।

विशेष—कौटिल्य ने इसे बुरा कहा है, केवल कुछ विशेष अवस्थाओ मे ही ठीक बताया है।

प्रत्यादेयाभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] कौटिल्य के अनुसार वह भूमि जिसको लौटा देना पड़े।

प्रत्यादेश—सज्ञा पुं० [सं०] १ खडन। २. निराकरण। ३. आकाशवाणी। ४ आज्ञा। आदेश (को०)। ५. चेतावनी

(को०)। ६. निवारण (को०)। ७ शर्मिंदा करने, हेय बनाने या हटानेवाला (को०)।

प्रत्याधान—संज्ञा पु० पुं० [सं०] वस्तुओं को जमा रखने की जगह। वह स्थान जहाँ वस्तुएँ जमा की जायँ। आगार [को०]।

प्रत्याध्मान—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का वात रोग जिसमें पेट फूलता है और नाभि के ऊपर कुछ पीड़ा होती है। उ०—और वही रोग आमाशय में उत्पन्न होय तो उसको प्रत्याध्यान कहते हैं।—माधव०, पृ० १४५।

प्रत्यानयन—संज्ञा पुं० [सं०] वापस लाना। फिर से प्राप्त करना [को०]।

प्रत्यानीत—वि० [सं०] वापस लाया हुआ। पुनः प्राप्त [को०]।

प्रत्यापत्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ लौटना। वापसी। वापस होना। २ विरक्ति होना। वैराग्य [को०]।

प्रत्याम्नान[1]—वि० [सं०] प्रतिनिधित्व करनेवाला। प्रतिनिधि [को०]।

प्रत्याम्नाय[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १ निगमन। अनुमान वाक्य का पाँचवाँ अवयव। २ प्रतिनिधि [को०]।

प्रत्याय—संज्ञा पुं० [सं०] राजस्व। कर।

प्रत्यायक—वि० [सं०] १ विश्वास देनेवाला। विश्वासदायक। २ व्याख्या करनेवाला।

प्रत्यायन—संज्ञा पु० [सं०] १ (वधू को) घर ले आना। विवाह करना। २ (सूर्य का) अस्त होना। ३ विश्वास पैदा करना। ४ व्याख्या करना [को०]।

प्रत्यायित—संज्ञा पुं० [सं०] वह दूत या प्रतिनिधि जो पूर्णतः विश्वस्त हो [को०]।

प्रत्यारंभ—संज्ञा पुं० [सं०] १ पुनः शुरू करना। पुनरारंभ। २ निरोध। निषेध। निवारण [को०]।

प्रत्यार्द्र[1]—वि० [सं०] स्वच्छ। नूतन। ताजा [को०]।

प्रत्यालीढ़[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यालीढ] धनुष चलानेवालों के बैठने का एक प्रकार जिसमें वे धनुष चलाने के समय बायाँ पैर आगे बढ़ा देते हैं और दाहिना पैर पीछे खींच लेते हैं।

प्रत्यालीढ़[2]—वि० खाया हुआ। भुक्त।

प्रत्यावर्तन—संज्ञा पुं० [सं०] लौट आना। वापस आना। उ०—गत प्रत्यागत में और प्रत्यावर्तन में दूर वे चले गए।—लहर, पृ० ७३।

प्रत्याशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] आशा। उम्मेद। भरोसा।

प्रत्याशी—वि० [सं० प्रत्याशिन्] १ आशा करनेवाला। इच्छुक। चाहनेवाला। उ०—स्त्री का हृदय था, एक दुलार का प्रत्याशी, उसमें कोई मलिनता न थी।—तितली, पृ० ८३। २ (चुनाव में) उम्मीदवार।

प्रत्याश्रय—संज्ञा पु० [सं०] वह स्थान जहाँ आश्रय लिया जाय। पनाह लेने की जगह।

प्रत्याश्वास—संज्ञा पुं० [सं०] पुनः श्वास लना। फिर से साँस लेना [को०]।

प्रत्याश्वासन—संज्ञा पुं० [सं०] ढाढस। धैर्य। सान्त्वना [को०]।

प्रत्याश्वस्त—वि० [सं०] आश्वासन प्राप्त। आश्वस्त। जिसे सान्त्वना दी गई हो [को०]।

प्रत्यासकलित—संज्ञा पु० [सं० प्रत्यासङ्कलित] पक्ष और विपक्ष की बातों को मिलाकर विचार करना [को०]।

प्रत्यासग—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्यासङ्ग] संबंध। संयोग। लगाव [को०]।

प्रत्यासत्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] निकटता। सामीप्य। नजदीकी। २ दे० 'आसत्ति'। ३ निकट संबंध (को०)। ४ प्रसन्नता। उत्फुल्लता (को०)।

प्रत्यासन्न—वि० [सं०] पास आया हुआ। निकट पहुँचा हुआ।

यौ०—प्रत्यासन्नमरण। प्रत्यासन्नमृत्यु = जिसकी मृत्यु निकट हो। जो मरणासन्न हो।

प्रत्यासर—संज्ञा पुं० [सं०] १ सेना का पिछला भाग। २ एक के बाद दूसरा व्यूह के क्रम से संयोजित सेना। वह सैन्यस्थिति जिसमें एक के बाद दूसरा व्यूह हो (को०)।

प्रत्यासार—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रत्यासर'।

प्रत्यास्वर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य जो डूबने के बाद पुनः उगा हो।

प्रत्यास्वर[2]—वि० पुनः लौटनेवाला। जैसे, सूर्य। २ पुनः दीप्त। पुनः द्योतित होनेवाला [को०]।

प्रत्याहत—वि० [सं०] प्रतिरोधित। निवारित। हटाया हुआ [को०]।

प्रत्याहरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ इंद्रियनिग्रह। प्रत्याहार। २ हटाना। पीछे करना। ३. निग्रहण (को०)।

प्रत्याहार—संज्ञा पुं० [सं०] १. योग के आठ अंगों में से एक अंग जिसमें इंद्रियों को उनके विषयों से हटाकर चित्त का अनुसरण किया जाता है। जैसे, यदि आँखें किसी सुंदर रूप पर बुरे भाव से जा पड़ें तो उन्हें वहाँ से हटाकर अपने चित्त को शांत करना। इसका अभ्यास बहुत ही कठिन माना जाता है। इंद्रियनिग्रह। उ०—प्रत्याहार धारना ध्यान, लै समाधि लावै ठिकठौना।—सुंदर ग्रं०, भा २, पृ० ८६२। २ प्रलय। सृष्टि का विनाश (को०)। ३ हटाना। पीछे करना (को०)। ४ संक्षेप। सारसंग्रह (को०)। ५ निग्रह करना। निग्रहण (को०)। ६ व्याकरण में विभिन्न वर्ण-समूह को अभीप्सित रूप से संक्षेप में ग्रहण करने की पद्धति या संकेत। जैसे, 'अण्' से अ इ उ और अच् से समस्त स्वर वर्ण—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए और ओ, इत्यादि।

प्रत्याहूत—वि० [सं०] वापस बुलाया हुआ [को०]।

प्रत्याहृत—वि० [सं०] १. वापस लिया हुआ। फिर से प्राप्त किया हुआ। २ निगृहीत। जिसका निग्रह किया गया हो। ३ हटाया या पीछे खींचा हुआ [को०]।

प्रत्युक्त—वि० [सं०] उत्तरित। जिसका जवाब दिया गया हो। उत्तर में कहा हुआ [को०]।

प्रत्युक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] जवाब। उत्तर।

प्रत्युच्चार—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रत्युच्चारण'।

प्रत्युच्चारण—संज्ञा पुं० [सं०] पुनरुक्ति। पुनः कथन [को०]।

प्रत्युज्जीवन—सज्ञा पुं० [स०] मरे हुए व्यक्ति का फिर से जी उठना। पुनर्जीवन।

प्रत्युत[1]—सज्ञा पु० [स०] किसी दूसरे के पक्ष का खडन या अपने पक्ष का मडन करने के लिये विपरीत भाव। विपरीतता।

प्रत्युत[2]—अव्य० वल्कि। वरन्। इसके विरुद्ध। जैसे,—वे लोग माने नही प्रत्युत और भी आगे बढ़ने लगे।

प्रत्युत्क्रम—सज्ञा पुं० [स०] १. वह उद्योग जो कोई कार्य आरभ करने के लिये किया जाय। २ वह आक्रमण जो युद्ध के समय सबसे पहले हो। ३. युद्ध का उपक्रम। लडाई की तैयारी (को०)।

प्रत्युत्क्राति—सज्ञा स्त्री० [स० प्रत्युत्क्रान्ति] दे० प्रत्युत्क्रम [को०]।

प्रत्युत्तर—सज्ञा पुं० [स०] उत्तर मिलने पर दिया हुआ उत्तर। जवाब का जवाब।

प्रत्युत्थान—सज्ञा पु० [सं०] १ किसी बड़े या पूज्य के आने पर उसके स्वागत और आदर के लिये आसन छोडकर उठ खडा होना। अभ्युत्थान। २ शत्रु आदि का सामना करने के लिये उठकर खडा होना (को०)। ३ लडाई की तैयारी करना (को०)। ४. किसी काम को करने की व्यवस्था करना (को०)।

प्रत्युत्थित—वि० [स०] जो मिलने वा सामना करने के लिये उठ खडा हुआ हो [को०]।

प्रत्युत्पन्न—वि० [सं०] १. जो फिर से उत्पन्न हुआ हो। २ जो ठीक समय पर उत्पन्न हुआ हो।

यौ०—**प्रत्युत्पन्नबुद्धि, प्रत्युत्पन्नमति** = (१) जो तुरंत ही कोई उपयुक्त बात या काम सोच ले। ठीक समय पर जिसकी बुद्धि काम कर जाय। तत्पर बुद्धिवाला। (२) ठीक समय पर काम देनेवाली बुद्धि। अवसर पडते ही उपयुक्त कार्य कर दिखानेवाली बुद्धि। उ०—उसके साथी अपनी हास्योद्दीपक उक्तियो और प्रत्युत्पन्नमति के लिये प्रसिद्ध थे।—अकबरी०, पृ० २३।

प्रत्युत्पन्नार्थ कृच्छ्र—वि० [सं०] (राज्य या राष्ट्र) जो अर्थ-सकट में पड गया हो, अर्थात् जिसके शासन का खर्च आमदनी से न सधता हो।

प्रत्युदाहरण—सज्ञा पुं० [स०] विरोधी उदाहरण। विपरीत उदाहरण [को०]।

प्रत्युद्गत—वि० [स०] १. आसन से उठकर किसी के आदरार्थ आगे बढा हुआ। २ विरोध मे गया हुआ [को०]।

प्रत्युद्गति—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'प्रत्युद्गमन' [को०]।

प्रत्युद्गम—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रत्युद्गमन' [को०]।

प्रत्युद्गमन—सज्ञा पुं० [सं०] किसी के आने पर उसका स्वागत करने के लिये उठकर खडा हो जाना। अभ्युत्थान।

प्रत्युद्गमनीय[1]—वि० [सं०] १ सामने या पास रखने योग्य। २ समान के योग्य। पूज्य।

प्रत्युद्गमनीय[2]—सज्ञा पुं० एक प्रकार का वस्त्र (अधोवस्त्र और उत्तरीय) जो प्राचीन काल में यज्ञों में या भोजन के समय पहना जाता था।

प्रत्युद्गार—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का वायु रोग।

प्रत्युद्धरण—सज्ञा पु० [स०] १ फिर से प्राप्त करना। २ फिर से उठाना [को०]।

प्रत्युद्यम—सज्ञा पु० [सं०] विरोधी प्रयत्न। प्रतिक्रिया। प्रतिरोध [को०]।

प्रत्युपकार—सज्ञा पुं० [सं०] वह उपकार जो किसी उपकार के बदले में किया जाय। एक भलाई के बदले में की जानेवाली दूसरी भलाई।

प्रत्युपकारी—सज्ञा पु० [स० प्रत्युपकारिन्] उपकार का बदला देनेवाला। वह जो किसी उपकार के बदले मे उपकार करे।

प्रत्युपदेश—सज्ञा पुं० [स०] उपदेश के परिवर्तन मे कथित उपदेश। राय के बदले मे राय [को०]।

प्रत्युपन्न—वि० [स०] दे० 'प्रत्युत्पन्न' [को०]।

प्रत्युपमान—सज्ञा पुं० [स०] १ सदृश की प्रतिमूर्ति या रूप। उपमान का उपमान। २ उपमान। प्रतिमान [को०]।

प्रत्युपलब्ध—[सं०] पुन प्राप्त। फिर से प्राप्त [को०]।

प्रत्युपस्थान—सज्ञा पु० [स०] पडोस। परोस [को०]।

प्रत्युपस्थित—वि० [सं०] १ पहुँचा या अभी आया हुआ। २ उपस्थित [को०]।

प्रत्युप्त—वि० [स०] १ जटित। खचित। बैठाया हुआ। २ उप्त। बोया हुआ [को०]।

प्रत्युलूक—सज्ञा पु० [स०] १ काक। कौआ। २ उलूक के समान एक पक्षी [को०]।

प्रत्युष—सज्ञा पुं० [स० प्रत्युष, प्रत्युषस्] प्रभात। तडका।

प्रत्यूढ—वि०[स०]१. प्रत्याख्यात। निराकृत। २ तिरस्कृत। उपेक्षित। ३ अतिक्रमित। ४. आच्छादित। आवृत। निनद्ध [को०]।

प्रत्यूष—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रभात। तडका। प्रात काल। २ सूर्य। ३ एक वसु का नाम।

प्रत्यूह—सज्ञा पुं० [सं०] विघ्न। बाधा। उ०—कहत कठिन समुझत कठिन साधत कठिन विवेक। होइ घुनाक्षर न्याय जौ, पुनि प्रत्यूह अनेक।—मानस, ७।११८।

प्रत्येक—वि० [स०] समूह अथवा बहुतो में से हर एक, अलग अलग। जैसे,—(क) प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य है। (ख) प्रत्येक बालक को एक एक नारगी दो। (ग) प्रत्येक पत्र पर दस्तखत करो।

प्रत्येकत्व—सज्ञा पुं० [स०] प्रत्येक का भाव या धर्म।

प्रत्येकबुद्ध—सज्ञा पुं० [स०] एक बुद्ध का नाम। पच्चेक बुद्ध।

प्रथन—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का गुल्म। २ विस्तार। ३ प्रकाश मे लाने की क्रिया या भाव। ४ बिखराना। बिखेरना (को०)। ५ फेंकना (को०)। ६ बिखराने या फैलाने का स्थान (को०)।

प्रथम[1]—वि० १. गणना में जिसका स्थान सबसे पहले हो। जो गिनती में सबसे पहले आवे। पहला। आदि का। अव्वल। उ०—एक मोहनहि अगनित तरुनि तकति प्रथमहि डीठि

अँकवारि में भरति कसि । —घनानद, पृ० ४७६ । २ सर्व-श्रेष्ठ । सबसे अच्छा । ३ प्रधान । मुख्य ।

यौ०—प्रथम पुरुष ।

प्रथम[२]—क्रि० वि० [सं०] पहले । पेश्तर । आगे । आदि मे ।

प्रथमक—वि० [स०] पहला । प्रथम [को०] ।

प्रथमकल्प—सज्ञा पुं० [स०] १ सबसे अच्छा ढग या उपाय । २ प्रधान या मुख्य नियम [को०] ।

प्रथमकवि—सज्ञा पु० [स०] आदि कवि । वाल्मीकि । उ०—प्रथम कवि का ज्यो सुदर छद ।—कामायनी, पृ० ४५ ।

प्रथमकल्पिक—वि० [स०] जो साधना की प्रथम सीढी पर हो [को०] ।

प्रथमकारक—सज्ञा पुं० [स०] व्याकरण मे 'कर्ता' (कारक) ।

विशेष—दे० 'कर्ता' ।

प्रथमकुसुम—सज्ञा पु० [स०] सफेद फूल के अगस्त का वृक्ष । श्वेत अगस्त ।

प्रथमज—वि० [स०] १ जो पहले उत्पन्न हुआ हो । जिसका जन्म पहले हुआ हो । २ जो सबसे पहले गर्भ से उत्पन्न हुआ हो । ३ बडा । ज्येष्ठ ।

प्रथमत.—क्रि० वि० [स० प्रथमतस्] पहले से । सबसे पहले ।

प्रथमदर्शन—सज्ञा पु० [स०] पहली बार देखना [को०] ।

प्रथमधार—सज्ञा स्त्री० [सं०] पहली वर्षा । प्रथम वृष्टि [को०] ।

प्रथमनवनीत—सज्ञा पु० [स०] वह दूध जो गाय के ब्याने के सौ दिन बीत जाने पर दुहा जाता है [को०] ।

प्रथमनिर्दिष्ट—वि० [सं०] जिसका उल्लेख या कथन पहले हुआ हो । पूर्वकथित [को०] ।

प्रथमपुरुष—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'उत्तम पुरुष' ।

प्रथममगल—सज्ञा पुं० [सं० प्रथममङ्गल] बहुकल्याण या शुभ [को०] ।

प्रथमयौवन—सज्ञा पुं० [सं०] युवावस्था का प्रथम चरण । चढ़ती जवानी [को०] ।

प्रथमरात्र—सज्ञा स्त्री० [स०] रात का पहला पहर [को०] ।

प्रथमवयस्—सज्ञा पुं० [सं०] बालकाल । बाल्यावस्था [को०] ।

प्रथमवयसी—वि० [सं० प्रथमवयसिन्] नई उम्र का । छोटी अवस्थावाला [को०] ।

प्रथमवसति—सज्ञा स्त्री० [स०] मूल निवास । मूल स्थान [को०] ।

मूलवित्ता—स्त्री० [सं०] पहली स्त्री । पहली पत्नी [को०] ।

प्रथमसाहस—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन व्यवहार शास्त्र के अनुसार एक प्रकार का साहस दड जिसमे ३५० पण तक जुरमाना होता था । यह दड साधारण अपराधों के लिये होता था ।

प्रथमस्कान—सज्ञा पुं० [स०] वेदमत्र उच्चारण करने के समय सबसे नीचा या धीमा स्वर ।

प्रथमस्वर—सज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का सामगान ।

प्रथमा—सज्ञा स्त्री० [स०] १. मदिरा । शराब । (तात्रिक) । उ०—(क) कृष्णदेव बलदेव सुजानी । प्रथमा पिवत सदा ज्यो पानी ।—निश्चल (शब्द०) । (ख) सकल पिए प्रथमा मतिवारे । पूजत शक्ति मगन मन सारे ।—निश्चल (शब्द०) । २. व्याकरण का कर्ता कारक ।

प्रथमार्द्ध—सज्ञा पुं० [स०] पहले का आधा भाग । शुरू का आधा । पूर्वार्द्ध ।

प्रथमार्ध—सज्ञा पुं० [स०] पूर्वार्ध । शुरू का आधा ।

प्रथमाश्रम—सज्ञा पुं० [सं०] चार प्रकार के आश्रमों में पहला, ब्रह्मचर्याश्रम [को०] ।

प्रथमीⓊ‡—सज्ञा स्त्री० [स० पृथिवी] दे० 'पृथ्वी' ।

प्रथमेतर—वि० [स०] पहले के अतिरिक्त । दूसरा [को०] ।

प्रथमोदित—वि० [सं०] पहले कहा हुआ । प्रथम कथित [को०] ।

प्रथा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रीति । रिवाज । प्रणाली । नियम । २ ख्याति । प्रसिद्धि ।

प्रथागत—वि० [स० प्रथा + गत] रीति के अनुसार । परपरानुसार । परपराप्राप्त । उ०—यह धर्म की बेडी नहीं है, कदापि नहीं, प्रथागत पतिव्रत भी नहीं ।—मान०, भा० १, पृ० ३२२ ।

प्रथित[१]—वि० [सं०] १ प्रख्यात । मशहूर । २ परपरागत । रीति के अनुकूल । ३. प्रचलित । ४. दिखाया हुआ । प्रदर्शित (को०) । ५ विस्तृत (को०) ।

प्रथित[२]—सज्ञा पुं० १. पुराणानुसार स्वारोचिष मनु के पुत्र का नाम । २. विष्णु (को०) ।

प्रथिति—सज्ञा स्त्री० [स०] ख्याति । प्रसिद्धि ।

प्रथिमा—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रथिमन्] चौडाई । विस्तार । फैलाव [को०] ।

प्रथिवी—सज्ञा स्त्री० [स०] पृथ्वी । धरा [को०] ।

प्रथी‡—सज्ञा स्त्री० [सं० पृथ्वी] दे० 'पृथ्वी' । उ०—प्रथी वायु गेनाय तेजस लाल ।—पृ० रा०, १।३६४ ।

प्रथु[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ विष्णु । २ दे० 'पृथु' ।

प्रथुⓊ**[२]**—वि० [सं० पृथु] स्थूल । दे० 'पृथु' । उ०—प्रथुल, प्रासु, परिणाह, प्रथु, भारत तुंद विशाल ।—नद ग्र०, पृ० ८७ ।

प्रथुक[१]—सज्ञा पु० [सं०] चिचडा [को०] ।

प्रथुकⓊ**[२]**—वि० [हिं०] दे० 'पृथक' । उ०—अवर पच सामंत अध । दीनो प्रथुक पथार ।—पृ० रा०, ५८।२६७ ।

प्रथुरोमⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० पृथुलोमन्] दे० 'पृथुलोमा' । उ०—सफरी अनमिष मत्स तिमि प्रथुरोमा पाठीन ।—अनेकार्थ०, पृ० ८० ।

प्रथुलⓊ—वि० [स० पृथुल] दे० 'प्रथुल' । उ०—प्रथुल, प्रासु, परिणाह, प्रथु, भरत तुद विशाल । दीर्घ स्वास जो भरत बलि, का कगून है बाल ।—नद० ग्र०, पृ० ८७ ।

प्रथ्वी—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रथिवी] दे० 'पृथ्वी' । उ०—तिनकी देह छाया नहि होई । सर्व प्रथ्वी प्रमानिक सोई ।—कबीर सा०, पृ० ६३५ ।

प्रद—वि० [स०] देनेवाला । जो दे । दाता ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग सदा यौगिक शब्दों के अत में होता है । जैसे, मोक्षप्रद, आनदप्रद, कामप्रद ।

प्रदक्खणाँ(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रदक्षिणा] दे० 'प्रदक्षिण' । उ०—दे प्रदक्खणाँ दस्वें चढै । उस नगरी सम सोभी पडै । —प्राण०, पृ० २७४ ।

प्रदक्षिण[1]—सज्ञा पुं० [सं०] देवपूजन आदि के समय देवमूर्ति आदि को दाहिनी ओर कर, भक्तिपूर्वक उसके चारो ओर घूमना । परिक्रमा । उ०—उभय घरी महँ दीन्ह मैं सात प्रदक्षिण धाय ।—तुलसी (शब्द०) ।

विशेष—साधारण बोलचाल में इस शब्द के साथ केवल 'करना' क्रिया का ही प्रयोग होता है । पर कही कही, और विशेषत कविता मे इसके साथ 'लगना', 'देना' आदि क्रियाओ का भी व्यवहार होता है जैसा ऊपर के उदाहरण से प्रकट है ।

यौ०—प्रदक्षिणक्रिया = परिक्रमा । प्रदक्षिणा । प्रदक्षिणपट्टिका = आँगन । अँगना ।

प्रदक्षिण[2]—वि० १ समर्थ । योग्य । २. दाहिनी ओर स्थित (को०) । ३ अनुकूल । विनम्र (को०) । ४ शुभ । मगल । सुलक्षण (को०) ।

प्रदक्षिणा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रदक्षिण[1]' ।

प्रदक्षिणार्चि—वि० [स०] जिसकी लपट या ज्वाला दाहिनी ओर हो (अग्नि) ।

प्रदग्ध—वि० [सं०] अच्छी तरह दग्ध या जला हुआ (को०) ।

प्रदच्छिन(पु)—सज्ञा पुं० [स० प्रदक्षिण] परिक्रमा । प्रदक्षिण । उ०—कीन्ह प्रणाम प्रदच्छिन लाई ।—तुलसी (शब्द०) ।

प्रदत्त[1]—वि० [सं०] जो दिया जा चुका हो । दिया हुआ ।

प्रदत्त[2]—सज्ञा पु० एक गधर्व का नाम ।

प्रदर—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्त्रियो का एक रोग जिसमे उनके गर्भाशय से सफेद या लाल रग का लसदार पानी सा बहता है, जिसमे कभी कभी दुर्गंध भी होती है ।

विशेष—इसमें रोगी स्त्री को वेदना होती है और उसका शरीर दिन पर दिन सूखता जाता है । जिसमे स्राव सफेद रग का होता है उसे श्वेत और जिसमें लाल रग का होता है उसे रक्त प्रदर कहते हैं । वैद्यक के अनुसार यह रोग मद्यपान, गर्भपात, अधिक मैथुन, शोक, उपवास आदि के कारण होता है । यह रोग प्राय सतान उत्पन्न होने के उपरात हुआ करता है ।

२ बाण । तीर । २. फोडने या तोडने का भाव । ४ छिद्र । सध । दरार (को०) । ५ सेना का इतस्तत. होना । सेना का अस्तव्यस्त होना (को०) ।

प्रदर्प—सज्ञा पुं० [सं०] प्रचंड अभिमान । अत्यधिक घमड । उ०—सुदर प्रदर्प दर्प उन्नत उतग जुग्म कैधो कुच आकृत अनग कर ढारे री ।—पजनेस०, पृ० ३६ ।

प्रदर्श—सज्ञा पुं० [सं०] १ रूप । आकार आकृति । २. आदेश । निर्देश [को०] ।

प्रदर्शक—सज्ञा पुं० [सं०] १ दिखलानेवाला । समझानेवाला । वह जो कोई चीज दिखलावे । जैसे, पथप्रदर्शक । २. वह जो दर्शन करे । दर्शक । । ३ गुरु । ४ सिद्धात । वाद । मत (को०) । ५ अनागतदर्शी । भविष्यवक्ता (को०) ।

प्रदर्शन—सज्ञा पु० [सं०] १ दिखलाने का काम । २. दे० 'प्रदर्शनी' । ३ समझाना । व्याख्या करना (को०) । ४ सकेत । इशारा (को०) । ५ उदाहरण (को०) । ६ भविष्यवाणी (को०) । ७ रूप । आकार (को०) ।

प्रदर्शनी—सज्ञा स्त्री० [स०] वह स्थान जहाँ तरह तरह की चीजें लोगो को दिखलाने के लिये रखी जायँ । नुमाइश । जैसे, कृषिप्रदर्शनी, शिल्पप्रदर्शनी, कपडों की प्रदर्शनी ।

प्रदर्शित—वि० [स०] १ जो दिखलाया गया हो । दिखलाया हुआ । २ समझाया हुआ । सिखाया हुआ । बताया हुआ (को०) ।

प्रदर्शी—सज्ञा पुं० [सं० प्रदर्शिन्] वह जो देखता हो । दर्शक । २. दिखानेवाला । प्रदर्शक (को०) ।

प्रदल—सज्ञा पुं० [सं०] बाण । तीर ।

प्रदव—सज्ञा पुं० [सं०] ताप । दाह । ज्वलन [को०] ।

प्रदव्य—सज्ञा पुं० [स०] दावाग्नि [को०] ।

प्रदाता[1]—वि० [सं० प्रदातृ] दाता । देनेवाला ।

प्रदाता[2]—सज्ञा पुं० १ वह जो खूब दान देता है । बहुत बडा दानी । २ इद्र । ३ वह जो विवाह में कन्यादान करता है (को०) । ४ ४ विश्वेदेवा के अतर्गत एक देवता का नाम ।

प्रदान—सज्ञा पु० [सं०] देने की क्रिया । देना । उ०—तुम अन्य प्रदान करो, न करो ।—अर्चना, पृ० ४४ । २ दान । बखशीस । ३ विवाह । शादी । ४ अंकुश । सृणि । ५ बलि । नैवेद्य [को०] । ६ प्रत्याख्यान । खडन (को०) ।

प्रदानक—पज्ञा पुं० [स०] उपहार । भेंट । दान [को०] ।

प्रदानकृपण—वि० [स०] देने मे हीला करनेवाला । कजूस [को०] ।

प्रदानशूर—सज्ञा पुं० [स०] १ बोधिसत्व का नाम । २ बहुत बडा दानी । दानवीर (को०) ।

प्रदाय—सज्ञा पु० [सं०] भेंट । प्रदानक । उपहार [को०] ।

प्रदायक—वि०, सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रदायिका] देनेवाला । जो दे ।

प्रदायी—वि०, सज्ञा पुं० [सं० प्रदायिन्] [स्त्री० प्रदायिनी] देनेवाला । जो दे ।

प्रदाव—सज्ञा पुं० [स०] दावाग्नि । जगल की आग ।

प्रदाह—सज्ञा पुं० [सं०] १ ज्वर आदि के कारण अथवा और किसी कारण शरीर में होनेवाली जलन । दाह ।

विशेष—प्रदाह कभी सारे शरीर में, कभी किसी अग मे जैसे, मूत्रेंद्रिय, सिर या फेफडे, और कभी किसी अंग के बहुत ही

थोड़े अंश में होता है। ज्वर आदि का प्रदाह सारे शरीर में और व्रण आदि होने से पहले किसी थोड़े से स्थान में होता है। शरीर के अंदर किसी प्रकार का आघात या उपद्रव होने, स्नायु में किसी प्रकार की उत्तेजना आदि होने अथवा और किसी प्रकार का आघात होने पर प्रदाह उत्पन्न होता है। कभी कभी जहरीले जानवरों के काटने या अधिक गरमी पहुँचने के कारण भी प्रदाह होता है। जिस स्थान पर प्रदाह होता है उस स्थान पर कभी कभी सूजन आदि भी हो जाती है, या वहाँ से कुछ तरल पदार्थ निकलने लगता है।

२ विनाश। बरबादी। विध्वंस। प्रलय (को०)।

प्रदिक्—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रदिश्] दे० 'प्रदिशा' (को०)।

प्रदिग्ध[1]—संज्ञा पुं० [सं०] विशेष प्रकार से पका हुआ मांस।

प्रदिग्ध[2]—वि० स्निग्ध किया हुआ। तेल या घी से चुपड़ा। चिकना किया हुआ।

प्रदिव्य—वि० [सं०] दे० 'दिव्य'। उ०—प्रथम प्रदिव्य मुद भंजित अभीत छिद्र ध्रुव विक्षमा प्रपन्न गुन प्रतिकर कुंद।—पज० नेस०, पृ० २४।

प्रदिशा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रदिश्] दो मुख्य दिशाओं के बीच का कोना। कोण। विदिशा।

प्रदिष्ट—वि० [सं०] १ प्रदर्शित। संकेतित। २ निर्देशित। आदेशित। ३ स्थिर किया हुआ। नियत किया हुआ (को०)।

प्रदिष्टाभय—वि० [सं०] जिसे राज्य की ओर से रक्षा का वचन मिला हो। राज्य द्वारा संरक्षित।

प्रदीप—संज्ञा पुं० [सं०] १ दीपक। दीया। चिराग। २ रोशनी। प्रकाश। ३ वह जिससे प्रकाश हो। ४ संपूर्ण जाति का एक राग जिसे गाने का समय तीसरा पहर है। किसी किसी के मत से यह दीपक राग का एक पुत्र है।

विशेष—ग्रंथादि के अंत में लगने पर इसका अर्थ व्याख्या करने या स्पष्ट करनेवाला और वंश या कुलवाचक शब्दों के साथ लगने पर ज्योतित करनेवाला, रोशन करनेवाला अर्थ देता है। जैसे, काव्यप्रकाशप्रदीप, काव्यप्रदीप, वंशप्रदीप, कुलप्रदीप।

प्रदीपक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रदीपिका] १ प्रकाशक। प्रकाश में लानेवाला। प्रकाशित करनेवाला। २ उद्दीप्त करनेवाला। उकसानेवाला (को०)। ३ नौ प्रकार के विषों में से एक प्रकार का भयंकर स्थावर विष जिसके सूँघने मात्र से मनुष्य मर जाता है।

विशेष—यह विष के एक पौधे की जड़ है जिसके पत्ते खजूर के से होते हैं और जो समुद्र के किनारे बहुतायत से पैदा होता है। इसे प्रदीपन भी कहते हैं।

प्रदीपतिⓤ†—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रदीप्ति] दे० 'प्रदीप्ति'।

प्रदीपन—संज्ञा पुं० [सं०] १. प्रकाश करने का काम। उजाला करना। २ उज्वल करना। चमकाना। ३ एक प्रकार का भयंकर विष जिसे प्रदीपक भी कहते हैं। विशेष—दे० 'प्रदीपक'।

प्रदीपन[2]—वि० १. प्रज्वलित करनेवाला। २ प्रकाशित करनेवाला। ३ उत्तेजित करनेवाला। उत्तेजक (को०)।

प्रदीपिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ छोटा दीपक। २ एक रागिनी जो किसी किसी के मत से दीपक राग की स्त्री है। ३ व्याख्या। भाष्य (को०)।

प्रदीप्त—वि० [सं०] १ जलता हुआ। जगमगाता हुआ। जिसमें प्रकाश हो। प्रकाशमान्। प्रकाशित। २. जिसमें दीप्ति हो। उज्वल। चमकदार। चमकीला। ३ उठाया हुआ। फैलाया हुआ (को०)। ४ उत्तेजित। जगाया हुआ (को०)।

प्रदीप्तप्रज्ञ—वि० [सं०] तीक्ष्णबुद्धि। जिसकी बुद्धि तेज हो (को०)।

प्रदीप्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. रोशनी। प्रकाश। २. चमक। आभा।

प्रदीपणाⓤ†—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्रदक्षिण'। उ०—धन्य दीहाड़ड उज आज को। देई प्रदीपणा लागइ छइ पाई।—बी० रासो०, पृ० ६६।

प्रदुमनⓤ—संज्ञा पुं० [सं० प्रद्युम्न] दे० 'प्रद्युम्न'। उ०—कृष्ण के भयो प्रदुमन वारा।—कबीर सा०, पृ० ४७।

प्रदुष्ट—वि० [सं०] १ बिगड़ा हुआ। भ्रष्ट। २ बुरा। दुष्ट। पापी। ३ विषयी। कामुक (को०)।

प्रदूषक—वि० [सं०] १ नष्ट करनेवाला। २ दूषित करनेवाला।

प्रदूषण—संज्ञा पुं० [सं०] १. नष्ट करना। चौपट करना। २ दूषित करना। दोषयुक्त करना (को०)।

प्रदूषित—वि० [सं०] भ्रष्ट। बिगड़ा हुआ। विकृत (को०)।

प्रदृप्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] गर्व। अभिमान। प्रदर्प (को०)।

प्रदेय[1]—वि० [सं०] १ जो देने योग्य हो। दान करने योग्य। देने (या विवाह करने) के योग्य (कन्या)।

प्रदेय[2]—संज्ञा पुं० वह जो कुछ उपहार में दिया जाय। भेंट। नजर।

प्रदेश—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी देश का वह बड़ा विभाग जिसकी भाषा, रीतिव्यवहार, जलवायु, शासनपद्धति आदि उसी देश के अन्य विभागों की इन सब बातों से भिन्न हों। प्रांत। सूबा। २ स्थान। जगह। मुकाम। ३ अँगूठे के अगले सिरे से लेकर तर्जनी के अगले सिरे तक की दूरी। छोटा बित्ता या बालिश्त। ४. अंग। अवयव। ५ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार की तंत्र युक्ति। ६ दीवार। ७ संज्ञा। नाम। ८ दिखाना। निर्देश करना (को०)। ९ व्याकरण में उदाहरण या निदर्शन। उदाहरण या दृष्टांत द्वारा स्पष्टीकरण (को०)।

प्रदेशकारी—संज्ञा पुं० [सं० प्रदेशकारिन्] योगियों का एक संप्रदाय।

प्रदेशन—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो कुछ किसी बड़े या राजा को उपहार के रूप में दिया जाय। भेंट। नजर। २ परामर्श। उपदेश। सलाह (को०)। ३ दिखलाना। दिखाना (को०)।

प्रदेशनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] अँगूठे के पास की उँगली। तर्जनी।

प्रदेशित—वि० [सं०] दिखलाया हुआ [को०]।

प्रदेशिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रदेशनी'।

प्रदेशी—वि० [सं०] प्रदेश संबंधी। प्रदेश का।

प्रदेशीय—वि० [सं०] प्रदेश का। प्रदेश से संबंधित।

प्रदेष्टा—संज्ञा पुं० [सं० प्रदेष्टृ] प्रदेशविशेष के कर की वसूली का प्रबंध करनेवाला और चोर, डाकुओं आदि को दंड देकर शांति रखनेवाला अधिकारी।

विशेष—इसका कार्य आजकल के कलक्टर के कार्य से मिलता जुलता होता था।

प्रदेह—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह औषध या लेप आदि जो फोड़े पर, उसे दबाने के लिये लगाया जाय। २ सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का व्यंजन।

प्रदोष[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ संध्याकाल। रजनीमुख। सूर्य के अस्त होने का समय।

विशेष—कुछ लोग रात के पहले पहर को भी प्रदोष कहते हैं। २. वह अँधेरा जो संध्या समय होता है। ३. त्रयोदशी का व्रत जिसमें दिन भर उपवास करके संध्या समय शिव का पूजन करके तब भोजन करना होता है। यह व्रत प्रायः पुत्र की कामना से किया जाता है। ४. अव्यवस्था (को०)। ५ बड़ा दोष। भारी अपराध।

प्रदोष[2]—वि० दुष्ट। पाजी।

प्रदोषक—वि० [सं०] प्रदोष काल में उत्पन्न [को०]।

प्रदोहन—क्ली० पुं० [सं०] दोहन करना। दुहना [को०]।

प्रद्यटिका—संज्ञा स्त्री० [?] दे० 'पज्झटिका'।

प्रद्यु—संज्ञा पुं० [सं०] पुण्य जिससे उत्तम लोक स्वर्ग की प्राप्ति होती है [को०]।

प्रद्युतित—वि० [सं०] द्योतित। प्रकाशित। प्रज्वलित [को०]।

प्रद्युम्न[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. कामदेव। कंदर्प। २ श्रीकृष्ण के बड़े पुत्र का नाम। ३ नड्वला के गर्भ से उत्पन्न मनु के एक पुत्र का नाम। ४ वैष्णवों के अनुसार चतुर्व्यूहात्मक विष्णु के एक अंश का नाम। (शेष तीन अंशों के नाम वासुदेव, संकर्षण और अनिरुद्ध हैं।)

प्रद्युम्न[2]—वि० अत्यंत बली। बहुत बड़ा वीर।

प्रद्युम्नक—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव। कंदर्प [को०]।

प्रद्योत—संज्ञा पुं० [सं०] १ किरण। रश्मि। दीप्ति। आभा। २. चमक। ३ प्रकाशित करना या होना। ४ एक यक्ष का नाम। ५. उज्जैनी के प्राचीन नरेश का नाम (को०)।

प्रद्योतन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ सूर्य। २ चमक। दीप्ति। ३ चमकना। द्योतित होना।

प्रद्योतन[2]—वि० चमकीला। चमकनेवाला।

प्रद्रव[1]—वि० [सं०] तरल। द्रव [को०]।

प्रद्रव[2]—संज्ञा पुं० दौड़ना। भागना। पलायन [को०]।

प्रद्राव—संज्ञा पुं० [सं०] १. भागना। दौड़ना। पलायन करना। २ तेजी से दौड़ना या भागना [को०]।

प्रद्रावी—वि० [सं० प्रद्राविन्] दौड़नेवाला। भागनेवाला। पलायनशील [को०]।

प्रद्वार—संज्ञा पुं० [सं०] द्वार के आस पास या आगे का भाग। दरवाजे का अगला भाग।

प्रद्वेष, प्रद्वेषण—संज्ञा पुं० [सं०] १. शत्रुता। वैर। दुश्मनी २ घृणा।

प्रद्वेषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] महाभारत के अनुसार दीर्घतमा ऋषि की स्त्री का नाम।

प्रधन—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जिसके पास बहुत अधिक धन हो। २. युद्ध। लड़ाई। ३. दारुण। विदारण (को०)। ४ युद्ध में लूट का धन (को०) ५. विध्वंस। विनाश (को०)।

प्रधमन—संज्ञा पुं० [सं०] १. वैद्यक में वह क्रिया जिसमें कोई औषध या चूर्ण आदि नाक के रास्ते, जोर से सुँघाकर ऊपर चढ़ाया जाय। २ वैद्यक में एक प्रकार की सुँघनी।

प्रधर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रधर्षण'।

प्रधर्षक—वि० [सं०] १. आक्रमण करनेवाला। कष्ट देनेवाला। सतानेवाला। २ बलात्कार करनेवाला। सतीत्व नष्ट करनेवाला [को०]।

प्रधर्षण—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रधर्षक] १ अपमान। अनादर। २. जबरदस्ती किसी स्त्री का सतीत्व भंग करना। बलात्कार। ३ आक्रमण।

प्रधर्षित—वि० [सं०] १ जिसपर आक्रमण किया गया हो। २ जिसका अनादर किया गया हो। ३ (वह स्त्री) जिसके साथ बलात्कार किया गया हो। ३. उद्दंड। उद्धत। अभिमानी (को०)।

प्रधा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दक्ष प्रजापति की एक कन्या जो धर्म को ब्याही गई थी।

प्रधान[1]—वि० [सं०] १ मुख्य। खास। २. सर्वोच्च। श्रेष्ठ।

प्रधान[2]—संज्ञा पुं० १ नेता। मुखिया। सरदार। २ सचिव मंत्री। वजीर। ३ संसार का उपादान कारण प्रवृत्ति। ४ बुद्धि। समझ। ५ ईश्वर। परमात्मा। ६ सेनाध्यक्ष। महापात्र। ७. एक राजर्षि का नाम। प्रकृति (को०)।

प्रधानक—संज्ञा पुं० [सं०] सांख्य के अनुसार बुद्धि तत्व।

प्रधानकर्म—संज्ञा पुं० [सं० प्रधानकर्मन्] सुश्रुत के अनुसार तीन प्रकार के कर्मों में से एक कर्म जो रोग की उत्पत्ति हो उस पर किया जाता है।

प्रधानतः—क्रि० वि० [सं० प्रधानतस्] प्रधान रूप से। मुख्य रूप से। मुख्यतया [को०]।

प्रधानता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रधान होने का भाव, धर्म, गुण या पद।

प्रधानधातु—संज्ञा पुं० [सं०] शरीर के सब धातुओं में से प्रधान शुक्र और वीर्य ।

प्रधानपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] १ राज्य या शासन आदि का प्रमुख व्यक्ति । २. शिव [को०] ।

प्रधानसभिक—संज्ञा पुं० [सं०] द्यूतगृह का मुखिया । जुआघर का प्रधान [को०] ।

प्रधानमंत्री—संज्ञा पु० [सं० प्रधानमन्त्रिन्] किसी देश, राज्य या राष्ट्र का वह प्रमुख व्यक्ति जो सभी मंत्रियों से बड़ा होता है तथा शासन का प्रधान संचालक होता है ।

प्रधानांग—संज्ञा पुं० [सं० प्रधानाङ्ग] १ मुख्य अवयव । प्रधान अंग । २ राज्य का प्रसिद्ध व्यक्ति [को०] ।

प्रधानात्मा—संज्ञा पुं० [सं० प्रधानात्मन्] विष्णु [को०] ।

प्रधानाध्यापक—संज्ञा पुं० [सं०] किसी शिक्षासंस्था का मुख्य शिक्षक जो अध्यापन के साथ संस्था की व्यवस्था भी करता है ।

प्रधानामात्य—संज्ञा पुं० [सं०] प्रधान मंत्री । मंत्रिसमूह में प्रधानता-प्राप्त मंत्री ।

प्रधानी(पु)†—संज्ञा स्त्री० [हिं० प्रधान + ई (प्रत्य०)] प्रधान का पद या कर्म ।

प्रधानोत्तम—संज्ञा पु० [सं०] १ युद्धेष्णु । वीर । २. लब्धप्रतिष्ठ । अत्यंत प्रसिद्ध । विश्रुत [को०] ।

प्रधारण—संज्ञा पु० [सं०] १ रक्षण । गुप्ति । २ धारण करना [को०] ।

प्रधारणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मस्तिष्क को किसी एक ओर या किसी विषय पर जमाना [को०] ।

प्रधावन—संज्ञा पु० [सं०] १ वायु । हवा । २ धावक । दौड़नेवाला (को०) । ३ मलना । साफ करना (को०) ।

प्रधावित—वि० [सं०] दौड़ता हुआ । तीव्र गति से युक्त । उ०—भूले हुए वलेश को, हो रहे प्रधावित तुम्हारे तीर्थ देश को । —बापू, पृ० १६ ।

प्रधि—संज्ञा पु० [सं०] १ पहिए का घुरा । २ कुर्रा (को०) । ३ मंडल । चक्र (को०) । ४. खड । विच्छेद (को०) ।

प्रधी[1]—वि० [सं०] प्रकृष्ट बुद्धिवाला । अत्यधिक चतुर [को०] ।

प्रधी[2]—संज्ञा स्त्री० प्रकृष्ट मति । उत्कृष्ट बुद्धि [को०] ।

प्रधीर—वि० [सं०] धीरधारी । धैर्यवान् । धैर्यशील । उ०—ओछे अक निकस उरोज उकसन लागे हियरस पीकर को पजन प्रधीरें जे ।—पजनेस०, पृ० ५ ।

प्रधूपित—वि० [सं०] १. तप्त । तपाया हुआ । २. दीप्त । चमकता हुआ । ३. जिसे संताप या दुःख हुआ हो । ४. सुवासित । धूपित (को०) ।

प्रधूपिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह दिशा जिधर सूर्य बढ़ रहा हो । २ कुष्टपीड़ित । दुःख में पड़ी हुई नारी (को०) ।

प्रधूमित—वि० [सं०] धुएँ से भरा हुआ । भीतर ही भीतर जलनेवाला [को०] ।

प्रध्मापित—वि० [सं०] वायु से पूरित किया हुआ । फूँका हुआ । बजाया हुआ [को०] ।

प्रध्यान—संज्ञा पुं० [सं०] विशिष्ट ध्यान या चिंतन । गंभीर चिंतन । प्रगाढ़ चिंतन [को०] ।

प्रधृष्ट—वि० [सं०] १. धर्षित । अपमानित । तिरस्कृत । २. उद्दंड । घमंडी । उद्धत [को०] ।

प्रध्मापन—संज्ञा पु० [सं०] वायु के आवागमन को ठीक रखने के लिये श्वास नली को ठीक करने का उपचार या प्रक्रिया [को०] ।

प्रध्वंस—संज्ञा पु० [सं०] १. नाश । विनाश । नष्ट हो जाना । २ सांख्य के मत से किसी वस्तु की अतीत अवस्था ।

विशेष—सांख्य मतवाले यह नहीं मानते कि किसी वस्तु का नाश नहीं होता है । इसलिये वे किसी पदार्थ की अतीत अवस्था को ही प्रध्वंस कहते हैं ।

प्रध्वंसक—वि० [सं०] विनाशक । नाश करनेवाला ।

प्रध्वंसाभाव—संज्ञा पुं० [सं०] न्याय के अनुसार पाँच प्रकार के अभावों में से एक प्रकार का अभाव । वह अभाव जो किसी वस्तु के उत्पन्न होकर फिर नष्ट हो जाने पर हो ।

प्रध्वंसित—वि० [सं०] विनष्ट । बरबाद [को०] ।

प्रध्वंसी—संज्ञा पुं० [सं० प्रध्वंसिन्] १ नाश करनेवाला । वह जो नष्ट करे । २ नष्ट होनेवाला । क्षयशील । नाशशील [को०] ।

प्रध्वस्त[1]—वि० [सं०] जो नष्ट हो गया हो । जिसका प्रध्वंस हो चुका हो ।

प्रध्वस्त[2]—संज्ञा पु० [सं०] तांत्रिकों के अनुसार एक प्रकार का मंत्र ।

प्रन(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० प्रण] दे० 'प्रण' ।

प्रनत(पु)†—वि० [सं० प्रणत] दे० 'प्रणत' । उ०—सरनागत आरत प्रनतनि को दै दै अभयपद और निबाहैं । —तुलसी ग्रं०, पृ० ४१३ ।

यौ०—प्रनतपाल । प्रनतपालक । प्रनतपालिका = दे० प्रणतपाली ।

प्रनति(पु)†—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रणति] दे० 'प्रणति' ।

प्रनप्ता—संज्ञा पुं० [सं० प्रनप्तृ] नाती का पुत्र । परनाती । पनाती [को०] ।

प्रनमन(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० प्रणमन] दे० 'प्रणमन' ।

प्रनमना(पु)†—क्रि० स० [सं० प्रणमन] दे० 'प्रणवना' ।

प्रनय(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० प्रणय] दे० 'प्रणीय' । उ०—(क) प्रीति प्रनय बिनु मद ते गुनी ।—मानस, ३।१५ । (ख) राव रंक सब एक से लगत प्रनय रस सोत ।—भारतेंदु ग्रं०, भा० ३, पृ० ३६८ ।

प्रनयाम(पु)†—संज्ञा पुं० [सं० प्राणायाम] दे० 'प्राणायाम' । उ०—बैसाख मास फल पूरन जोग जुक्ति प्रनयाम ।—भीखा० श०, पृ० ४३ ।

प्रनर्तित—वि० [सं०] १. कंपायमान किया हुआ । कंपित । २. झुलाया हुआ । ३ नृत्य करता हुआ । नाचता हुआ [को०] ।

प्रनव(पु)†—सज्ञा पुं० [सं० प्रणव] दे० 'प्रणव'।

प्रनवना(पु)†—क्रि० स० [हिं०] दे० 'प्रणवना'। उ०—(क) प्रवनौ दीनवधु दिनदानी।—मानस, १।१५। (ख) प्रवनौं सवनि कपट छल त्यागे।—मानस, १।१४ (ग) प्रथमहिं प्रनऊँ प्रेममय, परम जोति जो आहि।—नंद ग्र०, पृ० ११७।

प्रनष्ट—वि० [सं०] १ गायव। लुप्त। अदृश्य। २ नष्ट भ्रष्ट। बुरी तरह नष्ट। ३ भगा हुआ। पलायित [को०]।

प्रनाम—सज्ञा पु० [स० प्रणाम] दे० 'प्रणाम'। उ०—गुरुहिं प्रनाम मनहिं मन कीन्हा।—मानस, १।२६१। (ख) कौसल्या कल्यानमय मूरति करत प्रनामु। सगुन सुमगल काज सुभ कृपा करहिं सिय रामु।—तुलसी ग्र०, पृ० ६३।

प्रनामी(पु)†[1]—सज्ञा पु० [स० प्रणमिन्] प्रणाम करनेवाला। जो प्रणाम करे।

प्रनामी—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रणाम + हिं० ई (प्रत्य०)] वह धन या दक्षिणा जो गुरु, ब्राह्मण या गोस्वामी आदि को शिष्य या भक्त लोग प्रणाम करने के समय देते हैं। प्रणामी।

प्रनायक—वि० [स०] १ नेतारहित। नायकविहीन। २. नायकों में श्रेष्ठ या प्रधान [को०]।

प्रनार(पु)—सज्ञा पुं० [स० प्रनाल] प्रणाली। पनारा। उ०—कज्जल प्रमान प्रव्वत ठरचौ रत्तधार बुठ्ठत जलु। कचन प्रनार द्वै सुरश्रविक इह ओपम दीसत पलु।—पृ० रा०, ७।१४४।

प्रनाल—सज्ञा पुं० [सं०] प्रणाली। पनारा। परनाला। उ०—तन छिद्र कालं, रुधिजा प्रनाल। बहै धार पग्गं, निनारध रग्ग। —पृ० रा०, १।६४२।

प्रनालिका†—सज्ञा स्त्री० [स० प्रणाली] रीति। पद्धति। सरणि। प्रणाली। उ०—तव श्रीगुसाई जी आप कृपा करिकै नित्य को तथा बरस दिन को सब उत्सवन को प्रकार प्रनालिका लिखि पठाए।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० २४८।

प्रनाली(पु)†—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रणाली'।

प्रनाशन—सज्ञा पु० [सं० प्रणाशन] दे० 'प्रणाशन'।

प्रनासन—सज्ञा पुं० [सं० प्रणाशन] दे० 'प्रणाशन'।

प्रनिघातन—सज्ञा पुं० [स०] हत्या। वध [को०]।

प्रनिपात(पु)†—सज्ञा पुं० [स० प्रणिपात] दे० 'प्रणिपात'।

प्रनृत्त[1]—वि० [स०] जो नृत्य करता हो। नाचनेवाला। नर्तक [को०]।

प्रनृत्त[2]—सज्ञा पुं० नाच। नृत्य [को०]।

प्रपच—सज्ञा पुं० [सं० प्रपञ्च] १. पाँच तत्वो का उत्तरोत्तर अनेक भेदो में विस्तार। ससार। सृष्टि। भवजाल। उ०—विधि प्रपंच गुन अवगुन साना।—तुलसी (शब्द०)। २ एक से उत्तरोत्तर अनेक होने का क्रम। विस्तार। फैलाव। ३. सांसारिक व्यवहारो का विस्तार। दुनिया का जजाल। उ०—(क) परमारथी प्रपच वियोगी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) सपने होइ भिखारि नृप रंक नाकपति होय। जागे लाभ न हानि कछु तिमि प्रपच जिय जोय।—तुलसी (शब्द०)। ४. बखेडा। झझट। झगडा। झमेला। उ०—देहु, कि लेहु अजस करि नाही। मोहि न बहुत प्रपच सुहाही।—तुलसी (शब्द०)। ५. आडबर। ढोग। छल। धोखा। उ०—रचि प्रपच भूपहि अपनाई। रामतिलक हित लगन धराई।—तुलसी (शब्द०)। ६. विपर्यास। प्रतिकूलता। वैपरीत्य (को०)। ७. राशि। सचय। पुंज (को०)। ८ व्याख्या। विस्तार। विश्लेषण (को०)। ९. नाटक मे परिहासजनक कथन। अस गत या भोडा कथन (को०)।

प्रपंचक—वि० [स० प्रपञ्चक] १ दिखानेवाला। प्रदर्शन करनेवाला २. विकास करनेवाला। ३. सागोपाग व्याख्या करनेवाला। विस्तार से दिग्दर्शित करानेवाला [को०]।

प्रपचन—सज्ञा पु० [स० प्रपञ्चन] [वि० प्रपंचित] विस्तार बढ़ाना। तूल देना।

प्रपचबुद्धि—वि० [स० प्रपञ्चबुद्धि] धूर्त। धोखेबाज [को०]।

प्रपंचवचन—सज्ञा पुं० [स०] १ आडबर या ढोग से भरी बात। २ विस्तृत बातचीत। ब्योरे की बात [को०]।

प्रपंचित—वि० [सं० प्रपञ्चित्] १. जो विस्तृत किया गया हो। फैलाया या विस्तार किया हुआ। २ भ्रमयुक्त। ३ जिससे भूल हुई हो। प्रतारित। जो छला गया हो।

प्रपची—वि० [स० प्रपञ्चिन्] १ प्रपच रचनेवाला। २ छली। कपटी। ढोगी। आडबर फैलानेवाला। ३. झगडालू। बखेडिया।

प्रपक्ष—सज्ञा पुं० [स०] पक्ष का सिरा या छोर, जैसे, पक्षिव्यूहबद्ध सेना का [को०]।

प्रपतन—सज्ञा पुं० [स०] १ उड जाना। २. नीचे गिरना। पतन। ३. वह स्थान जिसपर से कोई वस्तु गिरे। ४ मृत्यु। नाश। समाप्ति। ५ चट्टान। ६. आक्रमण [को०]।

प्रपतित—वि० [स०] १. उडा हुआ। जो उड गया हो। २ गिरा हुआ। नीचे आया हुआ। ३ नष्ट। बरबाद। ४ मरा हुआ। मृत [को०]।

प्रपत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] अनन्य शरणागत होने की भावना। अनन्य भक्ति। उ०—वैष्णव ग्रथन सकल पढायो। पुनि प्रपत्ति को धर्म सुनायो।—रघुराज (शब्द०)।

प्रपथ—वि० [स०] शिथिल। थका माँदा।

प्रपथ्य—वि० [सं०] जो विशेष हित करे। अत्यंत हितकर [को०]।

प्रपथ्या—सज्ञा स्त्री० [स०] हरीतकी। हड।

प्रपद—सज्ञा पुं० [स०] पैर का अगला भाग।

प्रपदन—सज्ञा पुं० [स०] पहुँच। पैठ। प्रवेश [को०]।

प्रपदीन—वि० [सं०] प्रपद सबधी। पैर के पजे का। पैर के अगले भाग से सबद्ध [को०]।

प्रपन्न—वि० [स०] १. प्राप्त। २. आया हुआ। पहुँचा हुआ।

३ शरण में आया हुआ। शरणागत। आश्रित। ४. कष्ट-ग्रस्त। दीन। दुखी (को०)।

प्रपलायन—संज्ञा पुं० [सं०] भाग जाना। पलायन करना [को०]।

प्रपलायित—वि० [स०] १ भागा हुआ। भग्गू। भगोड़ा। २ पराजित। हारा हुआ [को०]।

प्रपन्नाड़—संज्ञा पुं० [स० प्रपन्नाड] चक्रमर्दक। चकवँड़।

प्रपर्ण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] गिरा हुआ पत्ता।

प्रपर्ण[2]—वि० (पेड़ आदि) जो पत्तों से रहित हो [को०]।

प्रपलायी—वि० [स०] १ भग्गू। भगोड़ा। भागनेवाला [को०]।

प्रपलाश—वि०, संज्ञा पु० [सं०] दे० 'प्रपर्ण'।

प्रपा—संज्ञा पुं० [सं०] १. पौसरा। प्याऊ। वह स्थान जहाँ प्यासों को पानी पिलाया जाता है। २ कूप। कूआँ (को०)। ३ जलप्रणाली (को०)। ४ पशुओं के जल पीने का हौज (को०)। ५ यज्ञशाला।

प्रपाक—संज्ञा पुं० [स०] १ घाव आदि का पकना। २. दाह। जलन। प्रदाह [को०]।

प्रपाठ, प्रपाठक—संज्ञा पु० [सं०] १ वेद के अध्यायों का एक अंश। २ श्रौत ग्रंथों का एक अंश।

प्रपाणि—संज्ञा पु० [सं०] १ हस्ताग्र। हाथ का अगला सिरा। २ हथेली [को०]।

प्रपाडु—वि० [स० प्रपाण्डु] अत्यधिक श्वेत [को०]।

प्रपात—संज्ञा पुं० [सं०] १ पहाड़ या चट्टान का ऐसा किनारा जिसके नीचे कोई रोक न हो। खड़ा किनारा जहाँ से गिरने पर कोई वस्तु बीच में न रुक सके। भृगु। अवट। २. एक प्रकार की उड़ान। ३ एकबारगी नीचे गिरना। ४ ऊँचे से गिरती हुई जलधारा। निर्झर। झरना। दरी। ५. एकाएक। हमला। आकस्मिक आक्रमण (को०)। ६. किनारा। तट (को०)।

प्रपातन—संज्ञा पुं० [सं०] जमीन आदि पर गिराना या नीचे की ओर फेंकना [को०]।

प्रपातांबु—संज्ञा पु० [स० प्रपताम्बु] प्रपात का जल। झरने का पानी [को०]।

प्रपाती—संज्ञा पु० [स० प्रपातिन्] वह पर्वत या शिला जिसके आगे कोई रोक न हो [को०]।

प्रपाथ—संज्ञा पुं० [स०] सड़क। मार्ग [को०]।

प्रपादिक—संज्ञा पुं० [सं०] मयूर। मोर।

प्रपान—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्याऊ। पौसला। २ एक पेय (को०)।

प्रपानक—संज्ञा पुं० [सं०] फलों के गूदे, रस आदि को पानी में घोलकर नमक, मिर्च, चीनी आदि देकर बनाई हुई पीने की वस्तु। पन्ना। उ०—अनेक सुंदर और स्वादिष्ट पेय पदार्थों से बने हुए प्रपानक रस का आनंद वह पा सकता है।—रस क०, पृ० १६।

प्रपापालिका—संज्ञा पुं० [सं०] वह स्त्री जो पौसरा चलाती हो [को०]।

प्रपालन—संज्ञा पुं० [स०] पालन। पोषण। रक्षण [को०]।

प्रपाली—संज्ञा पुं० [सं० प्रपालिन्] बलदेव का एक नाम।

प्रपिता—संज्ञा पुं० [सं० प्रपितामह] दे० 'प्रपितामह'। उ०—हमारा प्रपिता अनभिज्ञतावश माया चक्की में पड़ा डुबकियाँ खा रहा है।—कबीर म०, पृ० २१५।

प्रपितामह—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रपितामही] १ परदादा। दादा का बाप। बाप का दादा। २ परब्रह्म। ३. कृष्ण (को०)।

प्रपितामही—संज्ञा स्त्री० [सं०] परदादी।

प्रपितृव्य—संज्ञा पुं० [स०] परदादा का भाई।

प्रपीडक—संज्ञा पुं० [स० प्रपीडक] सतानेवाला। बहुत कष्ट देनेवाला। २. पीसने या दबानेवाला।

प्रपीड़न—संज्ञा पु० [सं० प्रपीडन] [वि० प्रपीड़ित] १ बहुत अधिक कष्ट देना। २. दबाना। ३ घारक औषध।

प्रपीत—वि० [सं०] वायुपूरित। स्फीत। फैला हुआ [को०]।

प्रपीति—संज्ञा स्त्री० [स०] पीना। पान करना [को०]।

प्रपीन—वि० [सं०] दे० 'प्रपीत' [को०]।

प्रपीलु[3]—संज्ञा पुं० [सं० पिपीलक] दे० 'पिपीलक'। उ०—सुभत रोम राजय। प्रपील पति छाजय।—पृ० रा०, २५।३२६।

प्रपुंज—संज्ञा पुं० [स० प्रपुञ्ज] बड़ा समूह। भारी झुंड। उ०—विकसित कमलावली चले प्रपुंज चचरीक, गुंजत कल कोमल धुनि त्यागि कंज न्यारे।—तुलसी (शब्द०)।

प्रपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रपुत्री] पुत्र का पुत्र। पोता।

प्रपुनाड़—संज्ञा पुं० [स० प्रपुनाड] दे० 'प्रपुन्नाट'।

प्रपुन्नड़—संज्ञा पुं० [सं० प्रपुन्नड] दे० 'प्रपुन्नाट'।

प्रपुन्नाट—संज्ञा पुं० [स०] चक्रमर्दक। चकवँड़।

प्रपुन्नाड़—संज्ञा पुं० [स० प्रपुन्नाड] दे० 'प्रपुन्नाट'।

प्रपुन्नाल—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रपुन्नाट'।

प्रपूरक—वि० [सं०] १ पूरा करनेवाला। पूर्ण करनेवाला। २ संतुष्ट करनेवाला [को०]।

प्रपूरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ भरना। पूर्ण करना। संतुष्ट करना। तुष्ट करना। ३ संबद्ध करना। लगाना। ४. झुकाना। जैसे धनुष [को०]।

प्रपुराण—वि० [सं०] अत्यंत पुराना। बहुत काल का [को०]।

प्रपूरिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] कटकारी। कटेरी। भटकटैया।

प्रपूरित—वि० [स०] पूर्ण। भरा हुआ [को०]।

प्रपूर्ण—वि० [स०] पूर्ण। भरा हुआ। युक्त। उ०—इसलाम कलाओं से प्रपूर्ण जन जनपद।—तुलसी०, पृ० ६।

प्रपूर्वंग—संज्ञा पुं० [सं०] १ परब्रह्म। ईश्वर। २ अश्विनीकुमार का नाम [को०]।

प्रपौंडरीक—संज्ञा पुं० [सं० प्रपौण्डरीक] पौंडरीक। पुंडरी का पौधा।

प्रपौत्र—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० प्रपौत्री]। पड़पोता। पुत्र का पोता। पोते का पुत्र।

प्रपौत्री—सज्ञा स्त्री० [सं०] पडपोती। पुत्र की पोती। पोते की पुत्री।

प्रप्यायन—सज्ञा पु० [सं०] सूजन [को०]।

प्रफुड़ना—क्रि० अ० [स० प्र+स्फुटन] दे० 'प्रफुलना'।

प्रफुलद(पु)—वि० [हिं० प्रफुलना] दे० 'प्रफुल्ल'। उ०—प्रफुलंद पकज जाण षटपद हिये वू हुरषावियाँ।—रघु० रू०, पृ० १२६।

प्रफुलना(पु)—क्रि० अ० [स० प्रफुल्ल] फूलना। खिलना। विकसित होना।

प्रफुला(पु)—सज्ञा स्त्री० [प्रफुल्ल (=खिला हुआ)] १. कुमुदिनी। कुँई। उ०—प्रफुला हार हिए लसै सन की वेदी भाल। राखति खेत खरी खरी खरे उरोजन बाल।—बिहारी (शब्द०)।

विशेष—पं० हरिप्रसाद ने इस दोहे का जो संस्कृत अनुवाद आर्या छद में किया है। उसमें यही अर्थ लिया है—लसित कुमुदिनीमाला ग्रामीणा क्षण कुसुमतिलकभाला। उन्नत पयोधरेय रक्षित बालोत्थिता क्षेत्रम्।

२. कमलिनी। कमल। उ०—छूवैगा जो, तू रे! भवँर कहुँ याको तनक हू। करूँ तोको बदी पकरि प्रफुला के उदर में। —लक्ष्मणसिंह (शब्द०)।

प्रफुलित(पु)—वि० [स० प्रफुल्ल] १. खिला हुआ। कुसुमित। उ०—मुख देखत शोभा एक आवत मनो राजीव प्रकाश। अरुण आगमन देखिकै प्रफुलित भए हुलास।—सूर (शब्द०)। २. प्रफुल्ल। आनदित। उ०—अँगुरिन में अँगुरी कर हिए। प्रफुलित फिरे सग हरि लिए।—लल्लू (शब्द०)। ३ जागृत। उ०—मलयागिरि वासी हू पवन काम अगिनि प्रफुलित करत। —ब्रज० ग्र०, पृ० १०१।

प्रफुल्त—वि० [सं०] खिला हुआ। विकसित। प्रफुल्ल [को०]।

प्रफुल्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] विकास। प्रफुल्ल होना [को०]।

प्रफुल्ल—वि० [सं०] १. विकाशयुक्त। खिला हुआ। विकसित। प्रस्फुटित। जैसे, प्रफुल्ल कुसुम। २ कुसुमित। फूला हुआ। जिसमे फूल लगे हों। ३. खुला हुआ। जो मुँदा हुआ न हो जैसे, प्रफुल्ल नेत्र। ४. प्रसन्न। हँसता हुआ। आनदित। जैसे, प्रफुल्ल वदन।

यौ०—प्रफुल्लनयन। प्रफुल्लनेत्र। प्रफुल्ललोचन। प्रफुल्लवदन।

प्रबंध—सज्ञा पुं० [स० प्रबन्ध] १ प्रकृष्ट बधन। बाँधने की डोरी आदि। २ बँधान। कई वस्तुओं या बातों का एक में ग्रथन। योजना। ३. पूर्वापर सगति। बँधा हुआ सिलसिला। ४. एक दूसरे से सबद्ध वाक्यरचना का विस्तार। लेख या अनेक सबद्ध पद्यों मे पूरा होनेवाला काव्य। निबध। उ०—दुर-जोधन अवतार नृप सत सौंवत सकबध। भारथ सम किय भुवन महँ ताते चद्र प्रबध।—प० रासो, पृ० १।

विशेष—फुटकर पद्यो को प्रबध नही कहते, प्रकीर्णक कहते हैं। ५. आयोजन। उपाय। ६. व्यवस्था। बंदोबस्त। इंतजाम। उ०—इतै इंद्र अति कोह के औरै किए प्रबंध। नँदनंदहु को लखत नहिं ऐसो मति को अध।—व्यास (शब्द०)।

प्रबंधक—वि० सज्ञा पु० [सं० प्रबन्धक] प्रबधकर्ता। प्रबंध करनेवाला [को०]।

प्रबंधकल्पना—सज्ञा स्त्री० [स० प्रबन्धकल्पना] १ प्रबंधरचना। संदर्भरचना। २ ऐसा प्रबंध जिसमें थोडी सी सत्य कथा में बहुत सी बात ऊपर से मिलाई गई हो।

प्रबंधकाव्य—सज्ञा पुं० [सं० प्रबन्धकाव्य] काव्य का एक भेद जो मुक्तक काव्य के विपरीत है और जिसमें जीवन की घटनाओं का क्रमबद्ध उल्लेख किया जाता है, जैसे रामचरित-मानस। उ०—कहीं तो प्रबंधकाव्य और कहीं मुक्तककाव्य के कृत्रिम विभेद खड़े कर सूरदास जी की हेठी दिखाई गई है। —पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० १०७।

प्रबधन—सज्ञा पु० [सं० प्रबन्धन] १. प्रकृष्ट बधन। डोरी आदि बाँधने की वस्तु। २ बाँधने का कार्य। बाँधना [को०]।

प्रब(पु)†[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रभु] प्रभु। स्वामी। मालिक। ईश्वर। उ०—साधु सग कबहूँ नहिं कीन्हा, नहिं कीरति प्रब गाई। जन नानक मे नही कोउ गुन, राखि लेहु सरनाई।—संत वाणी०, भा० २, पृ० ५०।

प्रब[2]—सज्ञा पुं० [सं० पर्व, पुं० हिं० प्रब्ब] दे० 'पर्व'।

प्रबच्छति प्रेयसी(पु)—सज्ञा स्त्री० [हिं०] दे० 'प्रवत्स्यत्प्रेयसी'। उ०—कही प्रबच्छति प्रेयसी, आगतपतिका बाम। —मति० ग्र०, पृ० २६४।

प्रबभ्र—सज्ञा पुं० [सं०] इद्र [को०]।

प्रबर्ह—वि० [स०] सर्वोत्कृष्ट। सर्वश्रेष्ठ। सर्वप्रधान [को०]।

प्रबल[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रबला] १. बलवान्। प्रचड। २ जोर का। तेज। तुद। उग्र। उ०—कबहुँ प्रबल चल मारुत जहँ तहँ मेघ बिलाहिं।—तुलसी (शब्द०)। ३. कष्टकर। हानिकर। खतरनाक (को०)। ४. भारी। घोर। महान्। उ०—लपट झपट झहराने हहराने बात भहराने भट परघो प्रबल परावनो।—तुलसी (शब्द०)। ५ हानिकर। नुकसान-देह (को०)।

प्रबल[2]—सज्ञा पुं० १. एक दैत्य का नाम। २. पल्लव। कोयल [को०]।

प्रबला[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रसारिणी नाम की ओषधि।

प्रबला[2]—वि० स्त्री० १ बहुत बलवती। २ प्रचडा।

प्रबल्हिका—सज्ञा स्त्री० [स०] पहेली। प्रहेलिका। बुझौवल [को०]।

प्रबाधक—वि० [स०] १. विरोध करनेवाला। हटानेवाला। २ सतानेवाला। कष्टकर। ३. अलग रखने या रोकने-वाला। पीछे रखनेवाला। ४ अस्वीकार करनेवाला। न माननेवाला [को०]।

प्रबाधन—सज्ञा पुं० [स०] १ कष्ट देना। सताना। २. अस्वीकार करना। न मानना। ३. अलग रखना। दूर रखना [को०]।

प्रबाधित—वि० [स०] १. सताया हुआ। पीडित। २. बलपूर्वक आगे किया हुआ। आगे बढ़ाया हुआ [को०]।

प्रवाल—सज्ञा पुं० [सं०] १ पल्लव। कोपल। उ०—रसाल का वृक्ष अपने विशाल हाथों को पिप्पल के चचल प्रवालो से मिलाता है। —श्यामा०, पृ० ४१। २. दे० 'प्रवाल।'

प्रवालक—सज्ञा पुं० [स०] एक पक्ष।

प्रवालपद्म—सज्ञा पु० [सं०] रक्त कमल। लाल कमल [को०]।

प्रवालफल—सज्ञा पुं० [स०] लाल चदन।

प्रवालभस्म—सज्ञा पुं० [सं० प्रवालभस्मन्] मूँगे का भस्म जो एक औषधि है [को०]।

प्रवालवर्ण—वि० [स०] मूँगे के रग का लाल [को०]।

प्रवालिक—सज्ञा पुं० [सं०] जीवशाक।

प्रवासⓊ—सज्ञा पु० [सं० प्रवास] दे० 'प्रवास'। उ०—कहि पूरब अनुराग अरु मान प्रवास विचारि। रस सिंगार वियोग के तीन भेद निरधारि।—मति० ग्र०, पृ० ३५०।

प्रवाहⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रवाह] दे० 'प्रवाह'। उ०—कवि मतिराम जाकी चाह ब्रजनारिन को, देह अंसुवान की प्रवाह भीजियतु है।—मति० ग्रं०, पृ० २८३।

विशेष—यह शब्द पु लिंग है, पर उदाहरण में कवि ने स्त्रीलिंग प्रयोग किया है।

प्रवाहु—सज्ञा पुं० [स०] हाथ का अगला भाग। पहुँचा।

प्रवाहुक—अव्य० [सं०] १ सीध मे। एक लाइन में। २ समतल में। सतह के बराबर।

प्रविसनाⓊ—क्रि० अ० [सं० प्रविश्] दे० 'प्रविसना'। उ०—दधि दूब हरद भरि कनक थार। वहु गौन करत प्रविसत बाल।—ह० रासो, पृ० ३२।

प्रवीनⓊ—वि० [स० प्रवीण] दे० 'प्रवीण'। उ०—सोच करो जिन होहु सुखी मतिराम प्रवीन सबै नर नारी। मजुल बजुल कुजन में घन, पुज सखी! ससुरारि तिहारी।—मति० ग्र०, पृ० २६०।

प्रवीरⓊ—वि० [स० प्रवीर] दे० 'प्रवीर'।

प्रबुद्ध[1]—वि० [सं०] १. प्रबोध युक्त। जागा हुआ। २ होश मे आया हुआ। जिसे चेत हुआ हो। ३. पडित। ज्ञानी। ४ विकसित। प्रफुल्ल। खिला हुआ। ५ सजीव (को०)।

प्रबुद्ध सज्ञा पुं० १ नव योगेश्वरो में से एक योगेश्वर। २ ऋषभदेव के एक पुत्र जो भागवत के अनुसार परम भागवत थे।

प्रबुध—सज्ञा पुं० [स०] महान् सत। श्रेष्ठ महात्मा [को०]।

प्रबोध—सज्ञा पु० [स०] १ जागना। नीद का हटना। २. यथार्थ ज्ञान। पूर्ण बोध। ३ सात्वना। आश्वासन। ढाढस। तसल्ली। दिलासा। उ०—आनदघन हित बरस दरस पद परस प्रबोध प्रसादहि दीजै।—घनानद, पृ० ३४४।

क्रि० प्र०—करना।

४ चेतावनी।

क्रि० प्र०—देना।

५ महाबुद्ध की एक अवस्था। ६ विकाश। खिलना। ७. सुगध को पुन तेज करना। गध दीप्त करना (को०)। ८ व्याख्या करना। सुस्पष्ट करना। विस्तृत करना (को०)।

प्रबोधक[1]—वि० [स०] १ जगानेवाला। २. चेतानेवाला। ३ समझानेवाला। ज्ञानदाता। ४, सात्वना देनेवाला। ढाढ़स बँधानेवाला।

प्रबोधक—सज्ञा पुं० वह व्यक्ति जिसका काम राजा को जगाना हो। राजा को जगानेवाला। स्तुतिपाठक [को०]।

प्रबोधन—सज्ञा पुं० [स०] १. जागरण। जागना। २. जगाना। नीद से उठाना। ३ यथार्थ ज्ञान। बोध। चेत। ४ बोध कराना। जताना। ज्ञान देना। चेत कराना। समझाना बुझाना। ५ विकास या विकसित करने का कार्य। ६ सांत्वना या सात्वना देने का कार्य। ७ गध को दीप्त करना (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

प्रबोधनप्रणाली—सज्ञा पु० [स० प्रबोधन + प्रणाली] अध्यापन की एक विधि [को०]।

प्रबोधनाⓊ—क्रि० स० [सं० प्रबोधन] १ जगाना। नींद से उठाना। २ सजग करना। सचेत करना। होशियार करना। जताना। ३ समझाना बुझाना। मन मे बात बिठाना। उ०—(क) कहि प्रिय वचन विवेकमय कीन्ह मातु परितोष। लगे प्रबोधन जानकिहि प्रगति विपिन गुन दोष।—तुलसी (शब्द०)। (ख) प्रभु तव मोहि बहु भाँति प्रबोधा।—तुलसी (शब्द०)। ४ सिखाना। पाठ पढ़ाना। पट्टी पढ़ाना। उ०—सखिन सिखावन दीन, सुनत मधुर परिणाम हित। तेइ बछु कान न कीन, कुटिल प्रबोधी कूबरी।—तुलसी (शब्द०)। ५ ढाढस देना। तसल्ली देना। उ०—(क) कहि कहि कोटिक कपट कहानी। धीरज धरहु प्रबोधेसि रानी।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जननी व्याकुल देखि प्रबोधत धीरज करि नीके जदुराई। सूर श्याम को नेकु नहीं डर जनि रोवै, तू जसुमति माई।—सूर (शब्द०)।

प्रबोधनी—सज्ञा स्त्री० [स०] कार्तिक शुक्लपक्ष की एकादशी जिस दिन विष्णु भगवान् सोकर उठते हैं। देवोत्थान एकादशी। २ जवासा। धमासा।

प्रबोधित—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रबोधिता] १ जो जगाया गया हो। जागा हुआ। २ जिसका प्रबोध किया गया हो। ३ ज्ञानप्राप्त।

क्रि प्र०—करना।—होना।

प्रबोधिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे (स ज स ज ग) सगण, जगण फिर सगण, जगण और अत में गुरु होता है। इसे सुनदिनी और मजुभाषिणी भी कहते हैं। दे० 'सुनदिनी'।

प्रबोधिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. कार्तिक शुक्ल एकादशी। पुराणानुसार इस दिन भगवान् विष्णु सोकर उठते हैं। २. जवासा।

प्रब्बⓊ—सज्ञा पु० [सं० पर्व] दे० 'पर्व'। उ०—फिर पूछी पृथिराज

राज नृप, कहो चद कवि सब्ब । होतु सुकातिक मास महि, दीपमालिका प्रब्ब ।—पृ० रा०, २३।१ ।

प्रब्बत—सज्ञा पुं० [सं० पर्वत] दे० 'पर्वत' । उ०—(क) धरि कच्छ रूप सरूपय । धरि मद प्रब्बत पुठ्ठय ।—पृ० रा०, २।१०६ । (ख) सिर नाइ धाइ नरनाह तब प्रब्बत सम प्रब्बत भिरे । —पृ० रा०, ७।८२ ।

प्रभग—सज्ञा पुं० [स० प्रभङ्ग] १. तोड़ना । विदलित करना । २ पूर्णत पराजय । ३ वह जो तोड़े फोड़े या विदलित करे [को०] ।

प्रभंजन[1]—सज्ञा पु० [स० प्रभञ्जन] १ तोड फोड । उखाड पखाड । नाश । उ०—त्रिविधि प्रभजन चलि सुरभि करत प्रभजन धीर । तन मन गजन अलि प्रभृत बिन मनरजन वीर ।—स० सप्तक, पृ० २५० । २ प्रचड वायु । महावात । आँधी । ३. हवा । वायु । उ०—त्रिविध प्रभजन चलि सुरभि करत प्रभजन धीर । —स० सप्तक, पृ० २५० ।

यौ०—प्रभंजनसुत = हनुमान ।

४ मणिपुर का राजा (महाभारत) ।

प्रभजन[2]—वि० नष्ट करनेवाला । तोडफोड करनेवाला [को०] ।

प्रभ—वि० [सं०] प्रभायुक्त । प्रकाशमय । चमकदार (समासांत में प्रयुक्त) जैसे, नीलाजनप्रभ । उ०—जहाँ चहकते विहग, बदलते क्षण क्षण विद्युत्प्रभ घन ।—ग्राम्या, पृ० १६ ।

प्रभग्न—वि० [सं०] १ तोडा हुआ । चूर चूर किया हुआ । २. पराजित [को०] ।

प्रभत—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रभ ?] प्रभुत्व । प्रशंसा । श्रेष्ठता । शोभा । शाबाशी । उ०—बस राखो जीभ कहै इम बाँको कड़वा बोल्याँ प्रभत किसी ।—बाँकी० ग्र०, भा० ३, पृ० १०३ ।

प्रभद्र—सज्ञा पुं० [सं०] नीम ।

प्रभद्रक[1]—सज्ञा पुं० [सं०] पंद्रह अक्षरो का एक वर्णवृत्त । दे० 'प्रभद्रिका' ।

प्रभद्रक[2]—वि० अत्यत सुदर । अतीव सलोना [को०] ।

प्रभद्रा—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रसारिणी लता ।

प्रभद्रिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] पंद्रह अक्षरों की वर्णवृत्ति जिसके प्रत्येक चरण में नगण, भगण फिर जगण और अंत में रगण होता है । जैसे,—निज भुज राघवेंद्र दससीस ढाइ हैं ।

प्रभव—सज्ञा पुं० [स०] १ उत्पत्ति का कारण । उत्पत्तिहेतु । २. उत्पत्तिस्थान । आकर । ३ जन्म । उत्पत्ति । ४. सृष्टि । ससार । ५ जल का निर्गम स्थान । वह स्थान जहाँ से कोई नदी आदि निकले । उद्गम । ६ प्रभाव । पराक्रम । ७ साठ सवत्सरो में एक सवत्सर । इस सवत्सर मे वृष्टि अधिक होती है और प्रजा निरोग और सुखी रहती है । ८. विष्णु का एक नाम (को०) । मूल (को०) । १० ऋद्धि । सौभाग्य । उदय । अभ्युदय (को०) ।

प्रभवन—सज्ञा पुं० [स०] १. उत्पत्ति । २ आकर । ३. मूल । ४ अधिष्ठान ।

प्रभविता—सज्ञा पुं० [स० प्रभवितृ] प्रभु । प्रधान शासक [को०] ।

प्रभविष्णु[1]—वि० [स०] १. प्रभावशील । अग्रगण्य । उ०—व्यक्ति को समाज में सफल, आनंदपूर्ण, प्रभविष्णु एव कलात्मक जीवन जीने की कला सीखना होगा ।—स० दर्शन, पृ० ११० । २ शक्तियुक्त । ताकतवर । समर्थ । शक्त (को०) ।

प्रभविष्णु[2]—सज्ञा पुं० १ प्रभु । स्वामी । अधीश्वर । २. विष्णु ।

प्रभविष्णुता—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रभावित करने की शक्ति । प्रभावात्मकता । दूसरों पर असर डालने का सामर्थ्य । उ०—पूर्ण प्रभविष्णुता के लिये काव्य मे हम भी सत्वगुण की सत्ता आवश्यक मानते हैं ।—रस०, पृ० ६६ ।

प्रभांजन—सज्ञा स्त्री० [स० प्रभाञ्जन] शोभाजन । सहजन का पेड ।

प्रभा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ दीप्ति । प्रकाश । आभा । चमक । २ किरण । रश्मि । ३ सूर्य का बिंब । ४. सूर्य की एक पत्नी । ५ एक अप्सरा का नाम । ६ एक द्वादशाक्षर वृत्ति जिसे मदाकिनी भी कहते है । ७ दुर्गा (को०) । ८ कुबेर की पुरी । अलका (को०) । ८ एक गोपी का नाम (को०) । ९ स्वर्भानु की कन्या का नाम जो नहुष की माता थी (को०) ।

यौ०—प्रभाकर । प्रभाकरी । प्रभाकीट । प्रभापल्लवित = प्रभा से व्याप्त । जिसपर प्रभा फैली हो । प्रभाप्रभु । प्रभाप्ररोह = प्रकाशरश्मि । प्रभाभिद् = अत्यंत दीप्त । प्रभामडल । प्रभालेपी ।

प्रभाउ—सज्ञा पुं० [सं० प्रभाव] दे० 'प्रभाव' । उ०—तिमिर ग्रसित सब लोक शोक लखि दुखित दयाकर । प्रगट कियो अद्भुत प्रभाउ भागवत विभाकर ।—नंद० ग्रं०, पृ० ४ ।

प्रभाकर—सज्ञा पुं० [स०] १. सूर्य । २ चद्रमा । ३. अग्नि । ४ मदार का पौधा । आक । ५ समुद्र । ६ एक नाग का नाम । ९. मार्कंडेय पुराण के अनुसार आठवें मन्वतर के देवगण के एक देवता । ८ एक प्रसिद्ध मीमांसक । ९ कुशद्वीप के एक वर्ष का नाम । १० शिव का एक नाम (को०) । ११ एक रत्न । पद्म राग (को०) ।

प्रभाकरवर्द्धन—सज्ञा पुं० [सं०] स्थाएवीश्वर (थानेसर) के एक राजा जो विक्रम सवत् ६०० के पूर्व राज्य करते थे ।

विशेष—इन्ही के पुत्र महाप्रतापी हर्षवर्द्धन हुए जिनकी राजधानी कान्यकुब्ज थी और जिनके सभाकवि बाणभट्ट थे । ये सूर्योपासक थे ।

प्रभाकरी—सज्ञा स्त्री० [स०] बोधिसत्वों की तृतीय अवस्था जो प्रमुदिता और विमला के उपरात प्राप्त होती है ।

प्रभाकीट—सज्ञा पुं० [सं०] खद्योत । जुगनू ।

प्रभाग—सज्ञा पुं० [सं०] १ विभाग का विभाग । २ भिन्न का भिन्न । जैसे, $\frac{1}{2}$ का $\frac{1}{3}$ इत्यादि ।

प्रभात[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्रातः काल । सवेरा । २ एक देवता जो सूर्य और प्रभा से उत्पन्न माना गया है ।

यौ०—प्रभातकरणीय = वे कार्य जिन्हें प्रातःकाल करना उचित

हो। प्रात कालीन कृत्य। प्रभातकल्प = प्रभात सा। सुबह की तरह। प्रभातकाल = सुबह। सवेरा। प्रभातप्राय = दे० 'प्रभातकल्प'।

प्रभात[२]—वि० जो स्पष्ट, साफ या द्योतित होने लगा हो [को०]।

प्रभातफेरी—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रभात+हिं० फेरी] प्रात:कालीन सामूहिक भ्रमण जो धार्मिक या किसी अन्य उत्सव को मनाने के उद्देश्य से किया जाता है। इस अवसर पर भजन, कीर्तन अथवा उद्देश्यबोधक नारे भी लगाते हैं।

प्रभाती—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रत्यूष और प्रभास नामक वसुओं की माता (महाभारत)। २ एक प्रकार का गीत जो प्रात:काल गाया जाता है। ३ दतुअन। दातुन। दतधावन।

प्रभान—सज्ञा पु० [सं०] ज्योति। दीप्ति। प्रकाश।

प्रभापन—सज्ञा पुं० [सं०] प्रकाशयुक्त करना। प्रकाशित करना। दीप्तियुक्त करना [को०]।

प्रभापाल—सज्ञा पुं० [सं०] एक बोधिसत्व।

प्रभापूर्य—वि० [सं०] १ प्रभापूर्ण। दीप्तिमान्। कांतियुक्त। २ ज्योतित या दीप्त करनेवाला। दीप्ति या प्रभा भरनेवाला। उ०—भारत के नभ का प्रभापूर्य। शीतलच्छाय सास्कृतिक सूर्य। —तुलसी०, पृ० ३।

प्रभामडल—सज्ञा पु० [सं० प्रभामण्डल] प्रकाशचक्र। प्रकाश का घेरा [को०]।

प्रभाय(पु)—सज्ञा पुं० [सं० प्रभाव, प्रा० पहाव, पहाय, प्यहाय] दे० 'प्रभाव'। उ०—श्रीपति कृपा प्रभाय, सुखी बहुदिवस निरतर। —प्रेमघन०, भा० १, पृ० १।

प्रभारक—सज्ञा पुं० [सं०] एक नाग।

प्रभालेपी—वि० [सं० प्रभालेपिन्] १. प्रभामडित। ज्योति से आवृत। २. जिससे ज्योति निकलती हो। जो चमक देता हो [को०]।

प्रभाव—सज्ञा पु० [सं०] १ उद्भव। प्रादुर्भाव। २ सामर्थ्य। शक्ति। कोई बात पैदा कर देने की ताकत। असर। जैसे,—मत्र का बड़ा प्रभाव है। उ०—सुखदेव कह्यो सुनो हो राव। जैसो है हरिभक्ति प्रभाव।—सूर (शब्द०)। ३ महिमा। माहात्म्य। ४ इतना मान या अधिकार कि जो बात चाहे कर या करा सके। साख या दबाव। जैसे,—राजा के दरबार में उसका बहुत कुछ प्रभाव है। ५ अत करण को किसी ओर प्रवृत्त करने का गुण। ६. प्रवृत्ति पर होनेवाला फल या परिणाम। असर। जैसे,—उसपर शिक्षा का कुछ प्रभाव नहीं पड़ा।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।—जमना।

७ मार्कंडेय पुराण में वर्णित स्वरोचिष मनु के एक पुत्र जो कलावती के गर्भ से उत्पन्न थे। ८. प्रभा के गर्भ से उत्पन्न सूर्य के एक पुत्र। ९ सुग्रीव के एक मत्री का नाम। १०. कोप और दड से उत्पन्न राजतेज। प्रताप (को०)। ११. विस्तार (को०)।

प्रभावक—वि० [सं०] प्रमुख। शक्तिशाली। प्रधान। प्रभाववाला [को०]।

प्रभावकर—वि० [स०] प्रभाव डालनेवाला। प्रभावक।

प्रभावज[१]—वि० [स०] प्रभाव से उत्पन्न। प्रभावजात।

प्रभावज[२]—सज्ञा पुं० १ एक प्रकार का रोग जो देवता, ऋषि, वृद्धादि के शाप या ग्रहादि के हेरफेर से उत्पन्न होता है। २ एक प्रकार की राजशक्ति जो कोष और दंड के रूप में व्यक्त होती है।

प्रभावती[१]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ महाभारत के अनुसार सूर्य की पत्नी का नाम। २ तेरह अक्षरों का एक छद जिसे 'रुचिरा' कहते हैं। ३ शिव के एक गण की वीणा का नाम। ४. कुमार के एक अनुचर मातृगण का नाम। ५ महाभारत के अनुसार अग देश के राजा चित्ररथ की रानी। ६. प्रभाती नाम का एक राग या गीत। ७ सगीत में एक श्रुति (को०)।

प्रभावती—वि० स्त्री० प्रभावाली। कातिमती।

प्रभावन—वि० [स०] १ प्रमुख। प्रधान। २ प्रभावशाली। प्रभावक। ३ रचनात्मक। ४ स्पष्ट करनेवाला। प्रगट करनेवाला [को०]।

प्रभावना—सज्ञा सज्ञा [सं०] उद्भावना। प्रकाश।

प्रभाववाद—सज्ञा पु० [स० प्रभाव+वाद] काव्य का प्रधान गुण हृदय को प्रभावित करना है यह माननेवाला साहित्यिक मत या सिद्धांत। (अं० इम्प्रेशनिज्म)।

प्रभाववादी—सज्ञा पुं० [स० प्रभाव + वादिन्] वह जो प्रभाववाद का सिद्धात मानता हो। उ०—प्रभाववादियों के अनुसार किसी काव्य की ऐसी आलोचना कि 'यहाँ रूपक का निर्वाह बहुत अच्छा हुआ है, यहाँ यतिभग है, यहाँ रसविरोध है, यहाँ पूर्णोक्ति है, यहाँ च्युतसस्कृति या पतत्प्रकर्ष है', कोई आलोचना नहीं।—चिंतामणि, भा० २, पृ० ९२।

प्रभाववान्—वि० [सं० प्रभाववत्] १. शक्तिशाली। प्रतापी। २ असरदार। प्रभावित करनेवाला [को०]।

प्रभावान्—वि० [सं० प्रभावत्] प्रभायुक्त। दीप्तिमय [को०]।

प्रभावान्वित—वि० [स०] १ प्रभावित। २ प्रभावमय। प्रभावयुक्त [को०]।

प्रभावान्विति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रभावित होने की स्थिति। प्रभाव की अन्विति। असर।

प्रभावित—वि० [स०] जिसने प्रभाव ग्रहण किया हो। जिसपर प्रभाव पड़ा हो। उ०—हैं समाज सुख साधक दुख बाधक ए। देश प्रेम प्रासाद प्रभावित फरहरे।—पारिजात, पृ० ७।

प्रभावी—वि० [सं० प्रभाविन्] [स्त्री० प्रभाविनी] प्रभावान्। शक्तिशाली। २ प्रभावित करनेवाला। असरदार [को०]।

प्रभावोत्पादक—वि० [सं० प्रभाव + उत्पादक] प्रभाव उत्पन्न करनेवाला। प्रभावशील। उ०—इन रचनाओं में उनकी शैली के अनुरूप ही उनके विचार भी अधिक स्पष्ट एव प्रभावोत्पादक हो गए हैं।—युगात (भू०), पृ० 'ज'।

प्रभाष—सज्ञा पुं० [सं०] एक वसु का नाम।

प्रभास[१]—वि० [स०] पूर्ण प्रभायुक्त।

प्रभास[२]—संज्ञा पु० १ दीप्ति। ज्योति। २ एक प्राचीन तीर्थ जिसे सोम तीर्थ भी कहते हैं। गुजरात में सोमनाथ का मंदिर इसी तीर्थ के अंतर्गत था। ३. एक वसु। ४. कुमार का एक अनुचर गण। ५ अष्टम मन्वंतर का एक देवगण। ६ जैनों के एक गणाधिप का नाम (को०)।

प्रभासन—संज्ञा पु० [सं०] दीप्ति। ज्योति।

प्रभासनाⓊ—क्रि० अ० [सं० प्रभासन] प्रकाशित होना। भासित होना। दिखाई पड़ना। उ०—जागृत में जु प्रपंच प्रभासत सो सब बुद्धि विलास बन्यो है।—निश्चल (शब्द०)।

प्रभासी—वि० [सं० प्रभास] प्रकाशित या व्यक्त करनेवाला। उ०—भ्रगू लत्त गत्त प्रभासी प्रभुत्त। मनौ नीलसीत कटी पट्ट पीत।—पृ० रा०, २।३६।

प्रभास्वर—वि० [सं०] अधिक दीप्तिमान्। अत्यंत चमकीला [को०]।

प्रभिन्न[१]—वि० [सं०] १. पूर्ण भेदयुक्त। २ बँटा हुआ। विभक्त। टुकड़े टुकड़े किया हुआ (को०)। ३. अलग किया हुआ। पृथक् किया हुआ (को०)। ४ विकसित। खिला हुआ (को०)। ५ बदला हुआ। परिवर्तित (को०)। ६ विकृत किया हुआ (को०)। ७ ढीला या शिथिल किया हुआ (को०)। ८ नशे में लाया हुआ। मदोन्मत्त (को०)।

प्रभिन्न[२]—संज्ञा पुं० मतवाला हाथी।

प्रभिन्नकरट—वि० [सं०] (हाथी) जिसके गंडस्थल से मद चू रहा हो [को०]।

प्रभिन्नाजन—संज्ञा पुं० [सं० प्रभिन्नाञ्जन] एक प्रकार का अंजन जो तेल में तैयार किया जाता है [को०]।

प्रभीत—वि० [सं०] अत्यंत भयभीत।

प्रभु[१]—संज्ञा पु० [सं०] १. वह जो अनुग्रह या निग्रह करने में समर्थ हो। जिसके हाथ में रक्षा, दंड और पुरस्कार हो। अधिपति। नायक। २ जिसके आश्रय में जीवन निर्वाह होता हो। जो रोजी चलाता हो। स्वामी। मालिक। ३ ईश्वर। भगवान्। ४ श्रेष्ठ पुरुष का संबोधन। जैसे, प्रभो! अपराध क्षमा करो। ५ शब्द। ६. पारद। पारा। ७ बंबई प्रांत के कायस्थों की उपाधि। ८ विष्णु। उ०—प्रभुवन की मूरत दूध ना पीवत, सीर पछार नामा रोवत।—दक्खिनी०, पृ० १६। ९ शिव (को०)। १०. ब्रह्मा (को०)। ११ इंद्र (को०)। १२. सूर्य (को०)। १३. अग्नि (को०)।

प्रभु[२]—वि० १. शक्तिशाली। बलवान्। २ योग्य। समर्थ। पर्याप्त। ३ प्रतिस्पर्धी। बराबरीवाला। ४. स्थायी। शाश्वत [को०]।

प्रभुतⓊ†—संज्ञा पुं० [सं० प्रभुत्व ?] प्रभुत्व। प्रभाव। उ०—जगपत हित मुखदुत इण भति जिम, प्रभुत हुवत दिन रयणपत।—रघु० रू०, पृ० १२१।

प्रभुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बड़ाई। महत्व। उ०—प्रभुता तजि प्रभु कीन्ह सनेहू।—मानस, २।९। २. हुकूमत। शासनाधिकार। उ०—प्रभुता पाइ काहि मद नाही।—तुलसी (शब्द०)। ३. वैभव। ४. साहिबी। मालिकपन।

प्रभुताई—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रभुता + हिं० ई (प्रत्य०)] दे० 'प्रभुता'। उ०—अतुलित बल अतुलित प्रभुताई। मैं मतिमंद जान पाई।—मानस, ३।२।

प्रभुत्तⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रभुत्व] दे० 'प्रभुत्व'। उ०—भ्रगू गत्त प्रभासी प्रभुत्त।—पृ० रा०, २।३६।

प्रभुत्व—संज्ञा पुं० [सं०] प्रभुता।

प्रभुभक्त[१]—वि० [सं०] स्वामी की सच्ची सेवा करनेवाला। नमकहलाल।

प्रभुभक्त[२]—संज्ञा पुं० अच्छी नस्ल का घोड़ा [को०]।

प्रभुराईⓊ—संज्ञा पु० [सं० प्रभु + हिं० राय] ईश्वर। भगवान्। उ०—यह कहि गुप्त भए प्रभुराई।—कबीर सा० पृ० ४५५।

प्रभुशक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] कोष और सेना का बल।

प्रभुसत्ता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रभु + सत्ता] राज्य या देश पर अखंड और अनुल्लंघ्य शासन का अधिकार। पूर्ण अधिकार।

प्रभुसिद्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह कार्य जो प्रभुशक्ति से सिद्ध हो

प्रभूⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रभु] दे० 'प्रभु'। उ०—चल्यौ गयौ विप्र क्षिप्र गति कतहुँ न अटक्यौ। प्रभू जान बहमन्य, पायनि लटक्यौ।—नंद० ग्र०, पृ० २०४।

प्रभूत[१]—वि० [सं०] १ जो अच्छी तरह हुआ हो। भूत। उद्गत। निकला हुआ। उत्पन्न। ३. उन्नत। ४ प्रचुर बहुत अधिक। बहुत ज्यादा।

प्रभूत[२]—संज्ञा पुं० पंचभूत। तत्व। उ०—राघव की चतुरंग च चपि धूरि उठी जल हू थल छाई। मानो प्रताप ह धूम सो केसवदास अकास न माई। मेटि कै पंच प्रभूत क विधि रेनुमयी नव रीति चलाई। दुःख निवेदन को भव को भूमि किधौं सुरलोक सिधाई।—केशव (शब्द०)।

प्रभूतता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. अधिकता। बहुतायत। २. राशि अंबार। ढेर [को०]।

प्रभूतत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रभूतता' [को०]।

प्रभूतांश—संज्ञा पुं० [सं० प्रभूत + अंश] अधिक अंश। अधिक न उ०—'सवर्णी सा' कहने का स्पष्ट अभिप्राय यह है। पूर्ण सवर्णी तो नहीं होता, किंतु प्रभूतांश में उससे ल जुलता है।—सपूर्णानंद अभि० ग्र०, पृ० २०७।

प्रभूति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ उत्पत्ति। २. शक्ति। ३. प्रभुता। अधिकता। ज्यादती।

प्रभूष्णु—वि० [सं०] योग्य। शक्तिशाली। क्षम [को०]।

प्रभृतⓊ—संज्ञा स्त्री० या पुं० [सं० परभृत] कोकिल। उ०—त्रिविध प्रभंजन चलि सुरभि करत प्रभंजन धीर। मन गंजन अलि प्रभृत बिन मनरंजन धरी।—सं० स पृ० २५०।

प्रभृति[१]—अव्य [सं०] इत्यादि। आदि। वगैरह।

प्रभृति[२]—संज्ञा स्त्री० आरंभ। शुरुआत। आदि। जैसे, इंद्रप्रभृति देवत

विशेष—अधिकतर बहुव्रीहि समास में इसका प्रयोग प्राप्त होता है।

प्रभेद—संज्ञा पुं० [सं०] १ भेद। विभिन्नता। २ स्फोटन। फोड़कर निकलना। ३. उद्गम स्थान (को०)। ४ विभाग। अंतर (को०)।

प्रभेदक—वि० [सं०] १ फाड़नेवाला। टुकड़े टुकड़े करनेवाला। २ पृथक् करनेवाला। अलग करनेवाला (को०)।

प्रभेदन—वि० [सं०] दे० 'प्रभेदक' (को०)।

प्रभेदिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] बेधने या छेदने का एक अस्त्र।

प्रभेद्य—पुं० [सं० प्र+भेद, प्रा० भेय] प्रभेद। भेद। भिन्नता।

प्रभ्रंश—संज्ञा पुं० [सं०] गिरना। पतन। पात (को०)।

प्रभ्रंशथु—संज्ञा पुं० [सं०] पीनस रोग।

प्रभ्रंशित—१ वि० [सं०] फेंका या गिराया हुआ। २ वंचित। विनाकृत। वियुक्त। ३ अलग किया हुआ। निकाला हुआ (को०)।

प्रभ्रंशी—वि० [सं० प्रभ्रंशिन्] गिरनेवाला। अलग होनेवाला (को०)।

प्रभ्रष्ट[1]—वि० [सं०] १ गिरा हुआ। २ छूटा हुआ।

प्रभ्रष्ट[2]—संज्ञा पुं० दे० 'प्रभ्रष्टक' (को०)।

प्रभ्रष्टक—संज्ञा पुं० [सं०] शिखावलंबिनी माला। सिर से लटकती हुई माला।

प्रमंडल—संज्ञा पुं० [सं०] पहिए का बाहरी हिस्सा या बाहरी हिस्से का मंडल (को०)।

प्रमंथ—संज्ञा पुं० [सं० प्रमन्थ] लकड़ी जिससे अग्नि पैदा करते हैं (को०)।

प्रमा—वि० [सं० परम] १. श्रेष्ठ। प्रधान। उ०—इल रखवाल पखो प्रम असी। —रा० रू०, पृ० १४। २. परम। अत्यंत। उ०—मथुर अजोध्या ओखा मंडल। एतां आद धाम प्रम उज्वल।—रा० रू०, पृ० ३६३।

प्रमग्न—वि० [सं०] डूबा हुआ। लीन। निमग्न (को०)।

प्रमणा—वि० [सं० प्रमणस्] दे० 'प्रमना' (को०)।

प्रमत—वि० [सं०] १ सोचा हुआ। विचारित। २. होशियार। चालाक। चतुर (को०)।

प्रमति—संज्ञा पुं० [सं०] १. च्यवन ऋषि के एक पुत्र का नाम। २. वह जिसकी बुद्धि उत्कृष्ट हो। प्रकृष्ट मतिवाला (को०)।

प्रमत्त—वि० [सं०] १ उन्मत्त। मतवाला। मस्त। नशे में चूर। उ०—पीछे पूर्ववधा प्रमत्त जन को है याद आती न ज्यों। —धर्मं०, पृ० २१। २ पागल। विक्षिप्त। बावला। ३ जिसकी बुद्धि ठिकाने न हो। जो सावधान या सचेत न हो। जो खबरदार न हो। असावधान। ४. भ्रष्टि या भूल करनेवाला (को०)। ५. करणीय कार्य को न करनेवाला (को०)।

यौ०—प्रमत्तगीत=प्रमाद या असावधानता से गाया हुआ गीत। प्रमत्तचित्त=प्रमत्त चित्त का। प्रमादी। लापरवाह।

प्रमत्तता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. मस्ती। २ पागलपन। ३. असावधानता। लापरवाही (को०)।

प्रमथ—संज्ञा पुं० [सं०] १ मथन या पीड़ित करनेवाला। २. वह जो मथन करे। २ शिव के एक प्रकार के गण या पारिषद जिनकी संख्या ३६ करोड़ बताई गई है।

विशेष—कालिका पुराण में लिखा है कि प्रमथों मे से कुछ तो भोगविमुख, योगी और त्यागी हैं और कुछ कामुक, भोगपरायण और शिव की क्रीड़ा में सहायक हैं। प्रमथ गण बड़े मायावी कहे गए हैं।

यौ०—प्रमथनाथ। प्रमथपति। प्रमथाधिप। प्रमथेश्वर।

३. घोड़ा। अश्व। ४ धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

प्रमथन—संज्ञा पुं० [सं०] १. मथना। २ पीड़ित करना। दुख पहुँचाना। क्लेश देना। यंत्रणा देना। ३ नष्ट करना। क्षति पहुँचाना (को०)। ४. वध करना। नाश करना।

प्रमथनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] महादेव। शिव।

प्रमथा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ हरीतकी। हड़। २. पीड़ा।

प्रमथाधिप—संज्ञा पुं० [सं०] शिव। प्रमथनाथ।

प्रमथालय—संज्ञा पुं० [सं०] दुःख या यंत्रणा का स्थान। नरक।

प्रमथित[1]—वि० [सं०] १. खूब मथा हुआ। २. पीड़ित किया हुआ (को०)। ३. कुचला, रौंदा या नष्ट किया हुआ (को०)। ४ जिसका वध किया गया हो। मारा हुआ (को०)।

प्रमथित[2]—संज्ञा पुं० मट्ठा, जिसमें ऊपर से पानी न मिला हो।

प्रमथी—वि० [सं० प्रमथिन्] नष्ट करनेवाला (को०)।

प्रमथेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] शिव।

प्रमद[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ मतवालापन। उ०—प्रमद आलस से मिला है। —अर्चना, पृ० १०६। २ धतूरे का फल। ३. हर्ष। आनंद।

यौ०—प्रमदकानन। प्रमदवन।

४. एक प्रकार का दान। ५ वशिष्ठ के एक पुत्र का नाम।

प्रमद[2]—वि० मत्त। मतवाला।

प्रमदक—संज्ञा पुं० [सं०] १. परलोक को न माननेवाला। नास्तिक। २ वह जो कामी हो। कामुक। भोगी।

प्रमदकानन—संज्ञा पुं० [सं०] वह उपवन या वन जिसमें नरेश और रानियाँ आनंदोत्सव मनाती हैं। प्रमोदवन (को०)।

प्रमदन—संज्ञा पुं० [सं०] विषय की कामना। कामेच्छा (को०)।

प्रमदवन—संज्ञा पुं० [सं०] प्रमदकानन। क्रीड़ोद्यान।

प्रमदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ युवती स्त्री। सुंदरी स्त्री। २ मालकंगनी। प्रियंगु। ३. एक वृत्त। एक छंद (को०)। ४ कन्या राशि (को०)।

यौ०—प्रमदाकानन, प्रमदावन=क्रीड़ोद्यान। प्रमदवन। प्रमदाजन=स्त्री। महिला। प्रमदा।

प्रमदुर—वि० [सं०] प्रमदयुक्त। बेपरवाह। असावधान (को०)।

प्रमन—वि० [सं० प्रमनस्, प्रमना] १ हर्षयुक्त। प्रसन्न। उ०—कालाकांकर का राजभवन सोया जल में निश्चित प्रमन।—

गुजन, पृ० ९४। २. सावधान। सजग। उ०—हैं वही मल्लपति, वानरेंद्र सुग्रीव प्रमन।—अपरा, पृ० ४४।

प्रमना—वि० [स० प्रमनस्] हर्षयुक्त। प्रसन्न।

प्रमन्यु[1]—वि० [स०] १ बहुत क्रुद्ध। २. दुखी। सत्रस्त (को०)।

प्रमन्यु[2]—सज्ञा पुं० अति क्रोध। अत्यत कोप।

प्रमय—सज्ञा पुं० [सं०] १ मृत्यु। मौत। २ वध। घातन। हिंसन। ३ पतन। नाश। विनाश [को०]।

प्रमर्दन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ अच्छी तरह मर्दन। अच्छी तरह मलना दलना। २ खूब कुचलना। रौंदना। ३ दमन करना। नष्ट करना। ४ विष्णु।

प्रमर्दन[2]—वि० मर्दन करनेवाला।

प्रमर्दित—वि० [स०] कुचला हुआ। रौंदा हुआ। दलित [को०]।

प्रमर्दिता—वि० [सं० प्रमर्दितृ] कुचलनेवाला। रौंदनेवाला। दलने वाला [को०]।

प्रमर्दी—वि० [स० प्रमर्दिन्] दे० 'प्रमर्दिता'।

प्रमा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ चेतना। ज्ञान। बोध। २ शुद्ध बोध। यथार्थ ज्ञान। जहाँ जैसी बात है वहाँ वैसा अनुभव (न्याय)। ३. नींव। ४ माप।

प्रमाण[1]—सज्ञा पु० [सं०] १ वह कारण या मुख्य हेतु जिससे ज्ञान हो। वह बात जिससे किसी दूसरी बात का यथार्थ ज्ञान हो। वह बात जिससे कोई दूसरी बात सिद्ध हो। सबूत।

विशेष—प्रमाण न्याय का मुख्य विषय है। गौतम ने चार प्रकार के प्रमाण माने हैं—प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, और शब्द। इंद्रियो के साथ संबध होने से किसी वस्तु का जो ज्ञान होता है वह प्रत्यक्ष है। लिंग (लक्षण) और लिंगी दोनों के प्रत्यक्ष ज्ञान से उत्पन्न ज्ञान को अनुमान कहते हैं। (दे० न्याय)। किसी जानी हुई वस्तु के सादृश्य द्वारा दूसरी वस्तु का ज्ञान जिस प्रमाण से होता है वह उपमान कहलाता है। जैसे, गाय के सदृश ही नील गाय होती है। आप्त या विश्वासपात्र पुरुष की बात को शब्द प्रमाण कहते हैं। इन चार प्रमाणो के अतिरिक्त मीमासक, वेदाती और पौराणिक चार प्रकार के और प्रमाण मानते हैं—ऐतिह्य, अर्थापत्ति, सभव और अभाव। जो बात केवल परपरा से प्रसिद्ध चली आती है वह जिस प्रमाण से मानी जाती है उसको ऐतिह्य प्रमाण कहते हैं। जिस बात से बिना किसी देखी या सुनी बात के अर्थ में आपत्ति आती हो उसके लिये अर्थापत्ति प्रमाण है। जैसे, मोटा देवदत्त दिन को नहीं खाता, यह जानकर यह मानना पड़ता है कि देवदत्त रात को खाता हैं क्योकि बिना खाए कोई मोटा हो नही सकता। व्यापक के भीतर व्याप्य—अगी के भीतर अंग—का होना जिस प्रमाण से सिद्ध होता है उसे सभव प्रमाण कहते हैं। जैसे, सेर के भीतर छटाँक का होना। किसी वस्तु का न होना जिससे सिद्ध होता है वह अभाव प्रमाण है। जैसे चूहे निकलकर बैठे हुए हैं इससे बिल्ली यहाँ नही है। पर नैयायिक इन चारो को अलग प्रमाण नही मानते, अपने चार प्रमाणो के अंतर्गत मानते हैं। और किन किन दर्शनो में कौन प्रमाण गृहीत हुए हैं यह नीचे दिया जाता है।—

चार्वाक—केवल प्रत्यक्ष प्रमाण।
बौद्ध—प्रत्यक्ष और अनुमान।
साख्य—प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम।
पातजल—प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम।
वैशेषिक—प्रत्यक्ष और अनुमान।
रामानुज पूर्णप्रज्ञ—प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम।

धर्मशास्त्र मे किसी व्यवहार या अभियोग के निर्णय में च प्रमाण माने गए हैं—लिखित (दस्तावेज), भुक्ति (कब्जा साक्ष्य (गवाही) और दिव्य। प्रथम तीन प्रकार के मानुष कहलाते हैं।

२ एक अलकार जिसमें आठ प्रमाणो में से किसी एक का प होता है। जैसे अनुमान का उदाहरण—घन गर्जन दामि दमक घुरवागन धावत। आयो बरषा काल अब ह्व बिरहिनि अत।

विशेष—प्राय सब अलकारवालो ने केवल अनुमान अल ही माना है, प्रत्यक्ष आदि और प्रमाणों को अलकार न माना है। केवल भोज ने आठ प्रमाणों के अनुसार लकार माना है जिनका अनुकरण अप्पय दीक्षित (कुवलयानद मे) किया है। काव्यप्रकाश आदि मे प्रत्यक्ष अ को लेकर प्रमाणालकार नही निरूपित हुआ है।

३ सत्यता। सचाई। उ०—कान्ह जू कैसे दया के निधान जानौ न काहू के प्रेम प्रमानहिं।—दास (शब्द०)। ४ प्रतीति। दृढ धारणा। यकीन। उ०—अतरजामी राम। तुम सर्वज्ञ सुजान। जौ फुर कहहुँ तो नाथ मम कीजिय प प्रमान।—तुलसी (शब्द०)। (ख) जौ तुम तजहु, ज आन प्रभु यह प्रमान मन मोरे। मन, वच, कर्म नरक सु वहँ जहँ रघुबीर निहोरे।—तुलसी (शब्द०)। ५ थाप। साख। मान। आदर। ठीक ठिकाना। उ०—। पुरुषारथ जो बकै ताको कौन प्रमान। करनी जवुक ज्यो गरजन सिंह समान।—दीनदयाल गिरि (शब्द ६. प्रामाणिक बात या वस्तु। मानने की बात। आ चीज। उ०—रण मारि अक्षकुमार बहु विधि इंद्रजि युद्ध कै। अति ब्रह्म शस्त्र प्रमाण मनि सो वश्य मो युद्ध कै।—केशव (शब्द०)। ७ इयत्ता। हद। निर्दिष्ट परिमाण, मात्रा या संख्या। अदाज। जैसे, प्रमाण ही इतना, इतना बडा या यह होता है। उ०—कौन है तू, कित जाति चली, बलि, बीती निसा कि प्रमानै।—पद्माकर (शब्द०)। (ख) अतल, वितल सुतल तलातल और महातल जान। पाताल और मिलि के सातो भुवन प्रमान।—सूर (शब्द०)। ८ ९. मूलधन। १० प्रमाणपत्र। आदेशपत्र। उ०—र जू सों बोलि कह्यो कुलपूज्य आयो है प्रमान हौं तो पै जायहौ।—हनुमान (शब्द०)। ११ विष्णु का एक (को०)। १२. सघटन। एका (को०)। १३. नियम (को०)

प्रमाण[२]—वि० १ सत्य। प्रमाणित। चरितार्थ। ठीक घटता हुआ। उ०—(क) बरख चारिदस बिपिन बसि करि पितु बचन प्रमान। आइ पाय पुनि देखिहौं मन जनि करसि गलान।—तुलसी (शब्द०)। (ख) मिलहिं तुमहि जब सप्त ऋषीसा। तब जानेउ प्रमान बागीसा।—तुलसी (शब्द०)। २ मान्य। माना जानेवाला। स्वीकार योग्य। ठीक। उ०—(क) कहि न सकत रघुबीर डर लगे बचन जनु बान। नाइ रामपद कमल सिर बोले गिरा प्रमान।—तुलसी (शब्द०)। (ख) कहि भेज्यौं सु नवाब जो सो सब सुनी सुजान। कही, कि कहो नवाब सो हमको सबै प्रमान।—सूदन (शब्द०)। ३ परिमाण मे तुल्य। बड़ाई आदि में बराबर। उ०—पन्नग प्रचंड पति प्रभु की पनच पीन पर्वतारि पर्वत प्रमान पावई।—केशव (शब्द०)।

प्रमाण[३]—अव्य० अवधि या सीमासूचक शब्द। पर्यंत। तक। उ०—(क) कंदुक इव ब्रह्मांड उठावौं। सत जोजन प्रमान लै धावौं।—तुलसी (शब्द०)। (ख) धनु लीन मंडल कीन सबकी आँख तेहि छन ढँपि गई। तेहि तानि कान प्रमान शब्द महान धरनी कँपि गई।—गोपाल (शब्द०)।

प्रमाणक[१]—वि० [सं०] परिमाण, मान या विस्तार का (समासांत में प्रयुक्त)।

प्रमाणक[२]—संज्ञा पुं० दे० 'प्रमाण' [को०]।

प्रमाणकुशल—संज्ञा पुं० [सं०] अच्छा तर्क करनेवाला।

प्रमाण कोटि—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रमाण मानी जानेवाली बातों या वस्तुओं का घेरा। जैसे, आचारनिर्णय में तत्र प्रमाण कोटि में नहीं है।

प्रमाणज्ञ—संज्ञा पुं० [सं०] १ शिव। २ वह जो प्रमाण अप्रमाण का जानकार हो। प्रमाण को जाननेवाला [को०]।

प्रमाणत—संज्ञा पुं० [सं० प्रमाणतस्] प्रमाणपूर्वक। प्रमाण के अनुकूल [को०]।

प्रमाणदृष्ट—वि० [सं०] प्रमाण के रूप में उपस्थित करने योग्य शास्त्रादि सम्मत। प्रमाण कोटि का [को०]।

प्रमाणना—क्रि० स० [सं० प्रमाण+हिं० ना (प्रत्य०)] दे० 'प्रमानना'।

प्रमाणपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह लिखा हुआ कागज जिसपर का लेख किसी बात का प्रमाण हो। सार्टिफिकेट।

प्रमाणपुरुष—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसके निर्णय को मानने के लिये दोनो पक्ष के लोग तैयार हों।

प्रमाणप्रवीण—वि० [सं०] तर्क में कुशल [को०]।

प्रमाणभूत—वि० [सं०] प्रामाणिक। प्रमाण स्वरूप [को०]।

प्रमाणवचन, प्रमाणवाक्य—संज्ञा पुं० [सं०] प्रामाणिक कथन। प्रमाणभूत कथन। [को०]।

प्रमाणशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] तर्क शास्त्र [को०]।

प्रमाणसूत्र—संज्ञा पुं० [सं०] माप करने का सूत्र [को०]।

प्रमाणाधिक—वि० [सं०] अत्यंत अधिक। २ परिमाण से ज्यादा [को०]।

प्रमाणिक—वि० [सं०] दे० 'प्रामाणिक'।

प्रमाणिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] नगस्वरूपिणी वृत्त का दूसरा नाम। इस छंद के प्रत्येक चरण में एक जगण, एक रगण, एक लघु और एक गुरु होते हैं। जैसे—नमामि भक्त वत्सल। कृपालु शील कोमल। भजामि ते पदांबुज। अकामिना स्वधामद।—तुलसी (शब्द०)।

प्रमाणित—वि० [सं०] प्रमाण द्वारा सिद्ध। साबित। निश्चित। सत्य ठहराया हुआ।

प्रमाणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रमाणिका या नगस्वरूपिणी छंद का नाम।

प्रमाणीक—वि० [सं० प्रामाणिक] दे० 'प्रामाणिक'। उ०—क्षमावंत भारी। दयावंत ऐसे, प्रमाणीक आगे भए संत जैसे।—सुंदर० ग्रं०, भा० १, पृ० २५६।

प्रमाणीकृत—वि० [सं०] प्रमाण रूप से जिसका स्वीकार किया गया हो। जो प्रमाण रूप से निश्चित हो।

प्रमातव्य—वि० [सं०] मारने योग्य। वध्य।

प्रमाता—संज्ञा पुं० [सं० प्रमातृ] १. वह जो प्रमा ज्ञान को प्राप्त करे। वह जिसे प्रमा ज्ञान हो। प्रमाणों द्वारा प्रमेय के ज्ञान को प्राप्त करनेवाला। उ०—प्रमाता जीव भी प्रकृत है, क्योंकि वह भी अपरा प्रकृत है।—ककाल, पृ० १८। २. ज्ञान का कर्ता आत्मा या चेतन पुरुष। ३ विषय से भिन्न विषयी। द्रष्टा। साक्षी। ४. असैनिक न्यायाधीश। दीवानी मजिस्ट्रेट। व्यवहार या विधि के अनुसार दंड देनेवाला अधिकारी (को०)।

प्रमातामह—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रमातामही] परनाना [को०]।

प्रमातामही—संज्ञा स्त्री० [सं०] परनानी।

प्रमातृत्व—संज्ञा पुं० [सं०] चेतनता। ज्ञेयता। प्रमाता होने की स्थिति, क्रिया या भाव। उ०—परंतु उसके प्रमातृत्व का उपशम नहीं होता।—सपूर्णानंद अभि० ग्रं०, पृ० १४८।

प्रमात्र—संज्ञा पुं० [सं०] निर्दिष्ट संख्या।

प्रमाथ—संज्ञा पुं० [सं०] १. मथन। २ दुःख देना। पीडन। ३ किसी स्त्री से उसकी इच्छा के विरुद्ध संभोग। ४. मर्दन। नाश करना। मारना। ५ प्रतिद्वंद्वी को भूमि पर पटककर उसपर चढ बैठना और घसीटा देना। ६ बलपूर्वक हरण। छीन खसोट। ७. महाभारत के अनुसार धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। ८. शिव के एक गण का नाम। ९. स्कंद के अनुचर का नाम।

प्रमाथिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक अप्सरा का नाम।

प्रमाथी[१]—वि० [सं० प्रमाथिन्] [वि० स्त्री० प्रमाथिनी] १. मथनेवाला। २. क्षुब्ध करनेवाला। दुःखदायी। ३ पीडित करनेवाला। नाश करनेवाला। प्रमाथ करनेवाला।

प्रमाथी[२]—सज्ञा पुं० [सं०] १. रामायण के अनुसार एक राक्षस का का नाम। यह खर का साथी था। २ एक यूथपति वदर जो रामचद्र जी की सेना मे था। ३. वृहत्सहिता के अनुसार वृहस्पति के ऐद्र नामक तीसरे युग का दूसरा सवत्सर। यह निकृष्ट माना गया है। ४ वह औषध जो मुख, आँख, कान आदि छिद्रो से कफादि के सचय को हटा दे। ५ धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

प्रमाद—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी कारण से कुछ को कुछ जानना और कुछ का कुछ करना। वह अनवधानता जो किसी कारण से हो। भूल। चूक। भ्रम। भ्रांति। २ अत करण की दुर्बलता। ३ योगशास्त्रानुसार समाधि के साधनो की भावना न करना। या उन्हे ठीक न समझना। यह नौ प्रकार के अतरायो में चौथा है। इससे साधक को चित्तविक्षेप होता है। ४ लापरवाही। भयकर भूल (को०)। ५ मद। नशा। उन्माद (को०)। ६. विपत्ति। सकट (को०)।

प्रमादवान्—वि० [स० प्रमादवत्] १ नशे मे चूर। मदोन्मत्त। २. पागल। विक्षिप्त। ३ लापरवाह। असावधान [को०]।

प्रमादिक—वि० [स०] प्रमादशील। भूलचूक करनेवाला।

प्रमादिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १. वह कन्या जिसे किसी ने दूषित कर दिया हो। २. असावधान या लापरवाह महिला (को०)।

प्रमादित—वि० [सं०] जिसका उपहास हुआ हो। हेय। तिरस्कृत। उपेक्षित [को०]।

प्रमादिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] हिंडोल राग की एक सचहरी का नाम।

प्रमादी[१]—वि० [स० प्रमादिन्] [वि० स्त्री० प्रमादिनी] १. प्रमादयुक्त। असावधान रहनेवाला। भूलचूक करनेवाला। २ मत्त। क्षीव। मतवाला (को०)। ३ पागल। विक्षिप्त (को०)।

प्रमादी[२]—सज्ञा पुं० १. वृहस्पति के शक्राग्निदैवत नामक दशम युग का दूसरा सवत्सर। इसमे लोग आलसी रहते हैं, क्रांतियाँ होती हैं और लाल फूल के पेडों के बीज नष्ट हो जाते हैं। २. वह जो पागल या बावला हो।

प्रमादोन्मत्त—वि० [सं० प्रमाद + उन्मत्त] प्रमाद या अनवधानता। उ०—हमारे भाई मूर्खताघ और प्रमादोन्मत्त अचेत हो। —प्रेमघन०, भा० २, पृ० ६६।

प्रमानⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रमाण] १ इयत्ता। सीमा। प्रमाण। उ०—(क) अपनी गाँठि को द्रव्य भेंट की जाकौं जैसी सक्ति हती सो ता प्रमान काढ़त भए।—दो सौ बावन०, भा १, पृ० २२५। २ सबूत। उ०—प्रगटत है पूरव की करनी, तजु मन सोच अजान। सूरदास गुन कहँ लग वरनौ, विधि के अक प्रमान।—सतवाणी०, भा० २, पृ० ६७।

विशेष—इस शब्द के अन्य अर्थ और उदाहरण 'प्रमाण[१]' में देखिए।

प्रमानना—क्रि० स० [स० प्रमाण+हिं० ना (प्रत्य०) १ प्रमाण मानना। सत्य मानना। ठीक समझना। उ०—(क) नंद गोप वृषभानु जसोदा सबहि गोप कुल जानो। करौ उपाय बची जो चाहौ मेरो बचन प्रमानो।—सूर (शब्द०)। (ख) बोले बचन तबहि अकुलानो। सुनहु राम मन बचन प्रमानो।—पद्माकर (शब्द०)। २ प्रमाणित करना। साबित करना। सबूत देना। उ०—यहि अनुमान प्रमानियत तिय तन जोबन जोनि। ज्यो मेहँदी के पात में अलख ललाई होति।—पद्माकर (शब्द०)। ३. स्थिर करना। ठहराना। निश्चित करना। करार देना। उ०—(क) जोगीश्वर वपु धरि हरि प्रगटे जोग समाधि प्रमान्यो।—सूर (शब्द०)। (ख) जासु सुना नृपतिहि छलि लीनी। यह अनीति जाके सँग कीनी। जाने तदपि बुरो नहिं मान्यो। ब्याह तुम्हारो शुद्ध प्रमानो।—लक्ष्मण (शब्द०)।

प्रमानीⓊ—वि० [सं० प्रमाणिक] मानने योग्य। प्रमाण योग्य। माननीय। उ०—गुरु बोले शिष की सुनि बानी। शकर को मत परम प्रमानी।—निश्चल (शब्द०)।

प्रमापक[१]—वि० [सं०] प्रमाणित करनेवाला।

प्रमापक[२]—सज्ञा पु० दे० 'प्रमाण' [को०]।

प्रमापण—सज्ञा पुं० [सं०] मारण। नाश।

प्रमापयिता—वि० [स० प्रमापयितृ] [वि० स्त्री० प्रमापयित्री] १. घातक। नाशकारक। २. अनिष्टकारक। हानि पहुँचानेवाला।

प्रमापित—वि० [सं०] ध्वस्त। नष्ट। हत [को०]।

प्रमापी—वि० [स०] मारने या ध्वस्त करनेवाला [को०]।

प्रमायु—वि० [सं०] नाशशील। क्षर। ध्वंसशील

प्रमायुक—वि० [स०] दे० 'प्रमायु'।

प्रमार्जक—वि० [सं०] १ पोछनेवाला। साफ करनेवाला। २. हटानेवाला। दूर करनेवाला।

प्रमार्जन—सज्ञा पुं० [स०] १ धोना। साफ करना। २ पोछना। झाड़ना। ३ हटाना। दूर करना। निवृत्त करना।

प्रमित—वि० [सं०] १. परिमित। २. निश्चित। ३ अल्प। थोड़ा। ४ जिसका यथार्थ ज्ञान हुआ हो। प्रमाणों द्वारा जिसको प्रमा नामक ज्ञान प्राप्त हुआ हो। ५ ज्ञात। विदित। अवगत। ६ अवधारित। प्रमाणित।

प्रमिताक्षरा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक द्वादशाक्षर वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में सगण, जगण, और अत मे दो सगण होते हैं। उ०—हरषाय जाय सिय पाँय परी। ऋषिनारि सँघि सिर गोद धरी। बहु अग राग अँग अ ग रये। बहु भाँति ताहि उपदेश दये।—केशव (शब्द०)।

प्रमिति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह यथार्थ ज्ञान जो प्रमाण द्वारा प्राप्त हो। प्रमा।

प्रमीढ़—वि० [स० प्रमीढ] १ गाढ़ा। घना। २ मूत्र होकर निकला हुआ।

प्रमीत—वि० [स०] १ मृत। मरा हुआ। २ यज्ञ के लिये मारा हुआ (पशु)। ३. नष्ट। विलीन। उ०—अपनी जर्जर —वीणा के उलझे से तारो का सगीत।

जिसमें प्रतिदिन क्षणभगुर लय बुदबुद होते रहे प्रमीत। —इत्यलम्, पृ० २५।

प्रमीति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ हनन। वध। २ मृत्यु।

प्रमीलन—सज्ञा पुं० [सं०] निमीलन। मूँदना।

प्रमीला—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ तंद्रा। २ थकावट। शैथिल्य। ग्लानि। ३ मुद्रण। मूँदना। ४ अर्जुन की एक स्त्री का नाम जो एक स्त्रीराज्य की रानी थी (को०)।

प्रमीलिका—सज्ञा स्त्री० [स०] निद्रा। नीद (को०)।

प्रमीलित—वि० [स०] जिसकी आँखें बद हों (को०)।

प्रमीली[1]—वि० [सं० प्रमीलिन्] [वि० स्त्री० प्रमीलिनी] निमीलित करनेवाला। आँखें मुँदानेवाला।

प्रमीली[2]—सज्ञा पुं० [सं०] एक दैत्य।

प्रमुक्त—वि० [सं०] १ जो मुक्त कर दिया गया हो। जिसके बधन ढीले कर दिए गए हो। उ०—सौरभ प्रमुक्त प्रेयसी के हृदय से हो तुम प्रति देश युक्त।—अनामिका, पृ० २१। २ स्वतत्र। मुक्त (को०)। ३ त्यागा हुआ। परित्यक्त (को०)। ४ फेंका हुआ। प्रक्षिप्त (को०)।

प्रमुक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] मुक्तता। स्वतत्रता (को०)।

प्रमुख[1]—क्रि० वि० [सं०] १ समुख। सामने। आगे। २ उस समय। तत्काल।

प्रमुख[2]—वि० १. प्रथम। पहला। २ मुख्य। प्रधान। श्रेष्ठ। ३ मान्य। प्रतिष्ठित। अगुआ।

प्रमुख[3]—अव्य० इससे आरभ करके और और। इन मुख्यों के अतिरिक्त और और। इत्यादि। वगैरह। उ०—बधुक सुमन अरुण पद पकज अकुश प्रमुख चिह्न धरि आए।—सूर (शब्द०)।

प्रमुख[4]—सज्ञा पुं० १ आदि। आरभ। २ समूह। ३ पुन्नाग। ४ मुख (को०)। ५ सम्मानयुक्त व्यक्ति। आदरणीय व्यक्ति (को०)। ६ अध्याय, परिच्छेद आदि का आरभ (को०)।

प्रमुग्ध—वि० [सं०] १. चेतनारहित। २. मूढ। हतबुद्धि। ३. अत्यत सुदर। अतीव सलोना (को०)।

प्रमुच—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रमुचि'।

प्रमुचि—सज्ञा पुं० [स०] एक ऋषि का नाम।

प्रमुचु—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रमुचि'।

प्रमुद—वि० [स० प्रमुद्] हृष्ट। आनदित।

प्रमुदाⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० प्रमदा] दे० 'प्रमदा'। उ०—प्रमुदा प्रान समान नहीं बिसरत एक छिन।—पृ० रा०, १।३७०।

प्रमुदित—वि० [सं०] हर्षित। आनदित। प्रसन्न। उ०—(क) प्रमुदित पुर नर नारी सब सजहिं सुमगल चार।—मानस, २।२३। (ख) तब मत्रायन विषै सुभट मत्रिन नै जे वचन कहे ते रानी जसखान प्रमुदित हो कही कै थाँको छत्रिय धर्म सध्यो छै।—प० रासो, पृ० ६६।

यौ०—प्रमुदितवदन = प्रसन्नमुख। प्रमुदितहृदय = आतरिक आनदयुक्त। प्रसन्नचित्त।

प्रमुदितवदना—सज्ञा स्त्री० [सं०] बारह अक्षरों की एक वर्णवृत्ति जिसे मदाकिनी भी कहते हैं। दे० 'मदाकिनी'।

प्रमुषित—वि० [स०] १ ले लेना। चुरा लेना। २ अचेत। मूढ। हतबुद्धि (को०)।

प्रमुषिता—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की प्रहेलिका (को०)।

प्रमूकनाⓊ—[सं० प्रमुञ्चन, प्रमोचन] छोडना। मुक्त करना। उ०—गात सँवारण में गमे, ऊमर काय अजाण। आखर प्राण प्रमूकग्रो, खाख हुसी मन खाण।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ४३।

प्रमूढ—वि० [स०] १. अत्यंत मूर्ख। जड। बेवकूफ। २ व्याकुलित। भ्रमित। चकराता हुआ (को०)।

प्रमूढता—सज्ञा स्त्री० [सं०] मिरगी आने के पूर्व का एक लक्षण जिसमें इद्रियाँ शिथिल होने लगती हैं।—माधव०, पृ० १३०।

प्रमृत[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ मरण। मृत्यु। २ मनु के अनुसार हल जोतकर जीविका करने का काम। कृषि।

विशेष—हल चलने में मिट्टी में रहनेवाले बहुत से जीव मर जाते हैं इससे उसे मृत कहते हैं।

प्रमृत[2]—वि० १ दृष्टि की सीमा से दूर। ओझल। २ मरा हुआ। मृत। निष्प्राण। ३ ढँका हुआ। आवृत (को०)।

प्रमृष्ट—वि० [सं०] १. निरस्त। २ मार्जित। चमकाया हुआ। माँजा धोया। पोंछा हुआ।

प्रमेय[1]—वि० [सं०] १. जो प्रमाण का विषय हो सके। वह जिसका बोध करा सकें। २ जिसका मान बताया जा सके। जिसका अदाज करा सकें। ३ अवधार्य। अवधारण योग्य। जिसका निर्धारण कर सकें।

प्रमेय[2]—सज्ञा पुं० १. वह जो प्रमा या यथार्थ ज्ञान का विषय हो। वह जिसका बोध प्रमाण द्वारा करा सकें। वह वस्तु या बात जिसका यथार्थ ज्ञान हो सके।

विशेष—ज्ञान का विषय बहुत सी वस्तुएँ हो सकती हैं पर न्याय दर्शन में गौतम ने उन्हीं वस्तुओं को प्रमेय के अंतर्गत लिया है जिनके ज्ञान से मोक्ष या अपवर्ग की प्राप्ति होती है। ये बारह हैं—आत्मा, शरीर, इद्रिय, अर्थ, बुद्धि, मन, प्रवृत्ति, दोष, प्रेत्यभाव, फल, सुख और अपवर्ग। यद्यपि वैशेषिक के द्रव्य, गुण, कर्म सामान्य, विशेष और समवाय सब पदार्थ ज्ञान के विषय हैं तथपि न्याय मे गौतम ने बारह वस्तुओं का ही प्रमेय के अतर्गत विचार किया है।

२ परिच्छेद।

प्रमेसरⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० परमेश्वर] दे० 'परमेश्वर'। उ०—पूरण पुरस प्रमाण प्रमेसर। सुकवि सधार वार अपेस्वर।—रा० रू०, पृ० ४।

प्रमेह—सज्ञा पुं० [स०] एक रोग जिसमें मूत्रमार्ग से शुक्र तथा शरीर की और धातुएँ निकला करती हैं। धातु गिरने का रोग।

विशेष—सुश्रुत के अनुसार दिन को सोने, काम न करने, बराबर आलस्य मे पडे रहने, शीतल स्निग्ध वस्तुएँ और मीठी वस्तुएँ बहुत अधिक खाने से यह रोग हो जाता है। हाथ पैर मे जलन, शरीर का भारी रहना, मूत्र श्वेत और मीठा लिए होना, आलस्य और प्यास, तालू, दाँत, जीभ आदि मे मैल जमना, प्रमेह के पूर्वलक्षण हैं। वैद्यक में २० प्रकार के प्रमेह गिनाए गए हैं जिनमें से उदकमेह, इक्षुमेह, सौद्रमेह, सुरामेह, पिष्टमेह, शुक्रमेह, सिकतामेह, शीतमेह, शनैर्मेह और लालमेह तो कफज हैं, क्षारमेह, नीलमेह, कालमेह, हरिद्रामेह, मांजिष्ठमेह और रक्तमेह पित्तज हैं और वसामेह, मज्जामेह, क्षौद्रमेह और हस्तिमेह वातज हैं। सब प्रकार के प्रमेह चिकित्सा न होने पर मधुमेह हो जाते हैं जिसमे मिठास लिए मधु सा गाढा मूत्र निकलता है। इस रोग मे रोगी या तो बहुत दुर्बल हो जाता है या बहुत मोटा। इस प्रकार सूजाक और बहुमूत्र प्रमेह रोग के अंतर्गत ही आ जाते हैं यद्यपि डाक्टरी चिकित्सा में ये भिन्न भिन्न रोग माने गए हैं।

प्रमेही—वि० [स० प्रमेहिन्] प्रमेह रोग युक्त।

प्रमोक्ष—सज्ञा पु० [स०] १ मुक्ति। मोक्ष। छुटकारा। २ त्याग। छोडना। फेंकना।

प्रमोक्षण—सज्ञा पुं० [स०] चद्र या सूर्य ग्रहण की समाप्ति [को०]।

प्रमोचन—सज्ञा पुं० [सं०] १ अच्छी तरह मोचन। अच्छी तरह छुडाना। २ खूब हरण करना।

प्रमोचनी—सज्ञा स्त्री० [स०] गोडुवा। एक प्रकार की ककडी। गोमा ककडी।

प्रमोद—सज्ञा पु० [सं०] १ हर्ष। आनद। प्रसन्नता। उ०—चहूँ कोद बाढयो प्रमोद आनद पयोद बरसत दपति सोभासपति विसतारी।—घनानद, पृ० ४२६। २ सुख। ३ बृहस्पति के पहले युग के चौथे वर्ष का नाम। (यह शुभ माना जाता है)। ४. एक सिद्धि का नाम। दे० 'पमोदा'। ५ कुमार के एक अनुचर का नाम। ६. एक नाग का नाम। ७ उत्कृष्ट या तीव्र सुगध (को०)। ८. एक प्रकार का चावल (को०)।

प्रमोदक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का जडहन।

प्रमोदन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] विष्णु का नाम।

प्रमोदन[2]—वि० हर्षकारक।

प्रमोदवन—सज्ञा पुं० [स० प्रमोद+वन] आनंदवन। क्रीडास्थल। उ०—नए गाँव की तरफ से देखा प्रमोदवन।—कुकुर०, पृ० ५८।

प्रमोदसंज्ञक—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की औषध जो गाढ़े दही और चीनी में मिर्च, पीपल, लौंग, कपूर मलकर उसमें अनार के पके दाने डालकर बनती है। इससे दीपन होता है तथा थकावट और प्यास दूर होती है।

प्रमोदा[1]—सज्ञा स्त्री० [सं०] सांख्य के अनुसार आठ प्रकार की सिद्धियो मे से एक।

विशेष—यह आधिदैविक दुःखो के नष्ट होने पर प्राप्त होती है।

प्रमोदा[2]—वि० स्त्री० [स० प्रमोद] प्रमुदिता। आनदिता।

उ०—छीनूँगी निधि नही किसी सौभागिनि, पुण्य प्रमोदा की। लाल वारना नही कहीं तू, गोद गरीब यशोदा की।—हिम०, पृ० ५६।

प्रमोदित[1]—वि० [स०] प्रमोदयुक्त। आनदित। हर्षित।

प्रमोदित[2]—सज्ञा पुं० कुबेर।

प्रमोदिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] जिगिनी।

प्रमोदी—वि० [स० प्रमोदिन्] १ हर्षजनक। २. हर्षयुक्त।

प्रमोधना ⓤ—क्रि० स० [सं० प्रबोधन, हिं० प्रबोधना] समझाना।

उ०—सतगुर बपुरा क्या करै, जे सिष ही माँहै चूक। भावै त्यूँ प्रमोधि लै, ज्यू, वसि बजाई फूक।—कबीर ग्रं०, पृ० ३।

प्रमोह—सज्ञा पुं० [सं०] १ मोह। २ मूर्छा।

प्रमोहन—सज्ञा पु० [सं०] १ मोहित करना। २ वह अस्त्र जिसके प्रयोग से शत्रुदल मे प्रमोह की उत्पत्ति हो।

प्रमोहित—वि० [सं०] १ मूढ। मूर्ख। २. घबडाया हुआ। स्तब्ध [को०]।

प्रमोही—वि० [स० प्रमोहिन्] मोहजनक।

प्रम्लान—वि० [सं०] १ मुरझाया हुआ। सूखा हुआ। जैसे, प्रम्लान कुसुम। २ मैला। गदा [को०]।

प्रम्लोचा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक अप्सरा।

प्रयंक ⓤ—सज्ञा पुं० [सं० पर्यङ्क] 'पर्यंक'।

प्रयंत ⓤ[1]—अव्य० [स० पर्यन्त] दे० 'पर्यंत'। उ०—काम काल कै लोक मे मारै जान सुजान। सुदर ब्रह्मा आदि है कीट प्रयत बपान।—सुंदर० ग्रं०, भा० २, पृ० ७०६।

प्रयत[2]—वि० [स०] १ पवित्र। सयत। उ०—नहीं जानती थी माँ! तेरी प्रयत प्रभा की प्रथम किरन। मुझको इतना गौरव देगी छूकर मेरा म्लान वदन।—वीणा, पृ० ५१। २ नम्र। दीन। ३ प्रयत्नशील। ४ वशी। इद्रियो को वश मे करनेवाला (को०)।

प्रयतात्मा—वि० [स० प्रयतात्मन्] सयत आत्मावाला। जितेंद्रिय। सयमी।

प्रयति—सज्ञा स्त्री० [सं०] सयम।

प्रयत्न—सज्ञा पुं० [स०] १ वह क्रिया जो किसी कार्य को, विशेषत कुछ कठिन कार्य को, पूरा करने के लिये की जाय। किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये की जानेवाली क्रिया। विशेष यत्न। प्रयास। अध्यवसाय। चेष्टा। कोशिश। जैसे,—बिना प्रयत्न के कुछ भी नहीं प्राप्त हो सकता। २ न्यायसूत्र के अनुसार आत्मा के छह गुणो अथवा साधनचिह्नों मे से एक। प्राणियो की क्रिया। जीवों का व्यापार।

विशेष—नैयायिको के अनुसार प्रयत्न तीन प्रकार के होते हैं—प्रवृत्ति, निवृत्ति, और जीवनयोनि। ग्रहण का व्यापार

प्रवृत्ति है, त्याग का व्यापार निवृत्ति। ये दोनों इच्छा और द्वेषपूर्वक होते हैं। श्वास प्रश्वास आदि व्यापार जो इच्छा और द्वेषपूर्वक नहीं होते जीवनयोनि प्रयत्न कहलाते हैं।

३ वर्णों के उच्चारण में होनेवाली क्रिया।

विशेष—उच्चारण प्रयत्न दो प्रकार का होता है—आभ्यतर और बाह्य। ध्वनि उत्पन्न होने के पहले वागिंद्रिय की क्रिया को आभ्यतर प्रयत्न कहते हैं और ध्वनि के अंत की क्रिया को बाह्य प्रयत्न कहते हैं। आभ्यतर प्रयत्न के अनुसार वर्णों के चार भेद हैं—(१) विवृत—जिनके उच्चारण मे वागिंद्रिय खुली रहती है, जैसे, स्वर। (२) स्पृष्ट—जिनके उच्चारण में वागिंद्रिय का द्वार बद रहता है, जैसे, 'क' से 'म' तक २५ व्यजन। (३) ईषत् विवृत—जिनके उच्चारण मे वागिंद्रिय कुछ खुली रहती है, जैसे य र ल व। (४) ईषत् स्पृष्ट—श ष स ह। बाह्य प्रयत्न के अनुसार दो भेद हैं अघोष और घोष। अघोष वर्णों के उच्चारण मे केवल श्वास का उपयोग होता है। कोई नाद नहीं होता, जैसे—क ख, च छ, ट ठ, त थ, प फ, श ष और स। घोष वर्णों के उच्चारण मे केवल नाद का उपयोग होता है—शेष व्यजन और सब स्वर।

प्रयत्नपक्ष—सज्ञा पुं० [सं० प्रयत्न+पक्ष] प्रयत्न या उद्योग का पहलू। लोकरजन के लिये की जानेवाली क्रियाओं का कलाप। उ०—साधनावस्था या प्रयत्न पक्ष को ग्रहण करनेवाले कुछ ऐसे कवि भी होते हैं जिनका मन सिद्धावस्था या उपयोग पक्ष की ओर नहीं जाता, जैसे भूषण।—रस०, पृ० ५६।

प्रयत्नवान्—वि० [सं० प्रयत्नवत्] [वि० स्त्री० प्रयत्नवती] प्रयत्न में लगा हुआ।

प्रयत्नशील—वि० [सं०] प्रयत्न में लगा हुआ। प्रयत्नवान्।

प्रयत्नशैथिल्य—सज्ञा पुं० [स०] साधारण लोग जिस प्रकार आसन मारकर बैठते हैं उसे शिथिल अर्थात् दूर करके योग मे कही हुई रीतियों के अनुसार आसन पर जप करना। (योग)।

प्रयसा—सज्ञा स्त्री० [स०] एक राक्षसी जिसे रावण ने सीता को समझाने के लिये नियत किया था।

प्रयस्त—वि० [स०] १ पकाया हुआ। सिझाया हुआ। २ मसालेदार। जिसमें मसाले पड़े हों। ३. उत्सुक। जिज्ञासु। ४ बिखरा हुआ (को०)।

प्रयाग—सज्ञा पुं० [स०] १ बहुत से यज्ञों का स्थान। २ एक प्रसिद्ध तीर्थ जो गगा यमुना के सगम पर है।

विशेष—जान पड़ता है जिस प्रकार सरस्वती नदी के तट पर प्राचीन काल में बहुत से यज्ञादि होते थे उसी प्रकार आगे चलकर गगा जमुना के सगम पर भी हुए थे। इसी लिये प्रयाग नाम पड़ा। यह तीर्थ बहुत प्राचीन काल से प्रसिद्ध है और यहाँ के जल से प्राचीन राजाओं का अभिषेक होता था। इस बात का उल्लेख वाल्मीकि रामायण मे है। वन जाते समय श्रीरामचद्र प्रयाग में भारद्वाज ऋषि के आश्रम पर होते हुए गए थे। प्रयाग बहुत दिनों तक कोशल राज्य के अंतर्गत था, अशोक आदि बौद्ध राजाओं के समय यहाँ बौद्धों के अनेक मठ और विहार थे। अशोक का स्तभ अबतक किले के भीतर खड़ा है जिसमे समुद्रगुप्त की प्रशस्ति खुदी हुई है। फाहियान नामक चीनी यात्री सन् ४१४ ई० में आया था। उस समय प्रयाग कोशल राज्य मे ही लगता था। प्रयाग के उस पार ही प्रतिष्ठान नामक प्रसिद्ध दुर्ग था जिसे समुद्रगुप्त ने बहुत दृढ किया था। प्रयाग का अक्षयवट बहुत प्राचीन काल से प्रसिद्ध चला आता है। चीनी यात्री हुएन्साग ईसा की सातवीं शताब्दी मे भारतवर्ष मे आया था। उसने अक्षयवट को देखा था। आज भी लाखों यात्री प्रयाग आकर इस वट का दर्शन करते हैं जो सृष्टि के आदि से माना जाता है। वर्तमान रूप में जो पुराण मे मिलते हैं उनमे मत्स्यपुराण बहुत प्राचीन और प्रामाणिक माना जाता है। इस पुराण के १०२ अध्याय से लेकर १०७ अध्याय तक मे इस तीर्थ के माहात्म्य का वर्णन है। उसमें लिखा है कि प्रयाग प्रजापति का क्षेत्र है जहाँ गगा और यमुना बहती हैं। साठ सहस्र वीर गगा की और स्वय सूर्य जमुना की रक्षा करते हैं। यहाँ जो वट है उसकी रक्षा स्वय शूलपाणि करते हैं। पाँच कुड हैं जिनमें से होकर जाह्नवी बहती है। माघ महीने मे यहाँ सब तीर्थ आकर वास करते हैं। इससे उस महीने मे इस तीर्थवास का बहुत फल है। सगम पर जो लोग अग्नि द्वारा देह विसर्जित करते हैं वे जितने रोम हैं उतने सहस्र वर्ष स्वर्ग लोक मे वास करते हैं। मत्स्य पुराण के उक्त वर्णन में ध्यान देने की बात यह है कि उसमे सरस्वती का कहीं उल्लेख नहीं है जिसे पीछे से लोगों ने त्रिवेणी के भ्रम में मिलाया है। वास्तव में गगा और जमुना की दो ओर से आई हुई दो धाराओं और एक दोनों की समिलित धारा से ही त्रिवेणी हो जाती है।

३ यज्ञ (को०)। ४ इद्र (को०)। ५. घोड़ा (को०)।

प्रयागमय—सज्ञा पुं० [स०] ईंद्र [को०]।

प्रयागवाल—सज्ञा पु० [सं० प्रयाग + वाला (प्रत्य०)] प्रयाग तीर्थ का पडा।

प्रयाचन—सज्ञा पुं० [सं०] १. भिक्षा माँगना। २ प्रार्थना करना। गिड़गिड़ाना [को०]।

प्रयाज—सज्ञा पुं० [स०] दर्शपौर्णमास यज्ञ के अंतर्गत एक अंग यज्ञ।

प्रयाण—सज्ञा पुं० [सं०] १ गमन। प्रस्थान। जाना। यात्रा। कूच। रवानगी। उ०—जैसी आज्ञा, उठा विभीषण, यह कह उसने किया प्रयाण। जँचा इसी मे तात, मुझे भी निज पुलस्त्य कुल का कल्याण।—साकेत, पृ० ३६१। २ युद्धयात्रा। चढ़ाई। ३ आरभ। किसी काम का छिड़ना। ४. ससार से बिदाई। मृत्यु (को०) ५ घोड़े की पीठ (को०)। ६ किसी जानवर का पिछला भाग (को०)।

प्रयाणक—संज्ञा पुं० [सं०] १ यात्रा। प्रस्थान। प्रयाण। २. गमन। गतिशीलता [को०]।

प्रयाणकाल—संज्ञा पुं० [सं०] १ जाने का समय यात्रा का समय। २ इस लोक से प्रस्थान का समय। मृत्यु का समय।

प्रयाणपटह—संज्ञा पुं० [सं०] युद्धयात्रा में प्रस्थानकाल के समय बजनेवाला नगाड़ा। धौंसा [को०]।

प्रयाणपुरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दक्षिण में कावेरी नदी के तट पर एक प्राचीन तीर्थ जिसका माहात्म्य स्कंदपुराण में वर्णित है।

प्रयाणभंग—संज्ञा पुं० [सं० प्रयाणभङ्ग] यात्राभंग। यात्रा करते समय बीच में रुकना [को०]।

प्रयाणसमय—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रयाणकाल'।

प्रयात[1]—वि० [सं०] १ गत। गया हुआ। २ मृत। मरा हुआ। ३ सोया हुआ।

प्रयात[2]—संज्ञा पुं० १ खूब चलने या जानेवाला। २ वह जो खूब चले अथवा जाय। २ ऊँचा किनारा जिसपर से गिरने से कोई वस्तु एकदम नीचे चली जाय। करार। भृगु। ३ रात्रियुद्ध (को०)।

प्रयान(पु)—संज्ञा पुं० [सं० प्रयाण] दे० 'प्रयाण'। उ०—विचारी वियोगिनी वनिताओं के प्रान प्रयान करने लगे।—प्रेमघन०; भा०२, पृ० १०।

प्रयापण—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रयापणीय, प्रयापित, प्रयाप्य] १ प्रस्थान कराना। भगाना। चलता करना। २ आगे जाना।

प्रयापन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रयापण' [को०]।

प्रयापित—वि० [सं०] १ आगे बढ़ाया हुआ। आगे किया हुआ। २ भेजा हुआ। प्रेरित किया हुआ [को०]।

प्रयाम—संज्ञा पुं० [सं०] १ देश या काल संबंधी दीर्घता। लंबाई। २ संयम। बँधा हुआ आचरण। ३ अभाव। दुष्काल। दुष्प्राप्यता। महँगी। किसी वस्तु के अभाव के कारण ग्राहकों की होड़। ४ कदर।

प्रयाल(पु)—संज्ञा पुं० [?देश०] म्यान। कोश। उ०—जीभ भली तालू के तरें। खरग भली प्रयाल में धरें।—इत्रा०, पृ० ८२।

प्रयाला—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रियाला] दाख। उ०—गुड़ा, प्रयाला, गोस्तनी, चारुफला पुनि सोइ। —नंद० ग्र०, पृ०४।

प्रयास—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रयत्न। उद्योग। कोशिश। २ श्रम। मेहनत। उ०—बिनु प्रयास रघुनाथ ढहाए।—तुलसी (शब्द०)। ३ इच्छा।

प्रयासी—वि० [सं० प्रयास + ई (प्रत्य०)] १ प्रयास करनेवाले। श्रमी। उद्योगी। २ काव्यप्रतिभा रहित। कला विरहित। (लाक्ष०)। उ०—ये ऊहा के बल पर कारीगरी के मजमून बाँधने के प्रयासी कवि न थे।—आचार्य०, पृ० १३३।

प्रयुक्त[1]—वि० [सं०] १ अच्छी तरह जोड़ा हुआ। पूर्ण रूप से युक्त। २ अच्छी तरह मिला हुआ। संमिलित। ३. जिसका खूब प्रयोग किया गया हो। जो खूब काम में लाया गया हो। व्यवहार में आया हुआ। ४ जो किसी काम में लगाया गया हो। प्रेरित। ५ प्रकृष्ट समाधिस्थ (को०)। ६ निंदायुक्त। अत्यंत निंदित (को०)। ७ सूद पर दिया हुआ। (धन) जो ब्याज पर दिया गया हो (को०)। ८ चलाया या फेंका हुआ। प्रेरित। जैसे, मंत्र, शास्त्र, आदि। ९ निकाला हुआ। खींचकर बाहर किया हुआ। जैसे म्यान से असि आदि (को०)।

यौ०—प्रयुक्तसंस्कार = चमकाया हुआ। साफ किया हुआ (रत्नादि)।

प्रयुक्त[2]—संज्ञा पुं० कारण। हेतु (को०)।

प्रयुक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रयोजन। लक्ष्य। उद्देश्य। २ प्रयोग। ३. प्रेरणा। ४ परिणाम। फल (को०)। ५ उद्योग। चेष्टा। प्रयत्न (को०)।

प्रयुत[1]—वि० [सं०] १ खूब मिला हुआ। २. मिला जुला। गड़बड़। अस्पष्ट। ३ सहित। समेत। ४ दस लाख।

प्रयुत[2]—संज्ञा पुं० दस लाख की संख्या।

प्रयुतेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] स्कंदपुराण में वर्णित एक तीर्थ।

प्रयुत्सु—संज्ञा पुं० [सं०] १. योद्धा। २ मेढ़ा। ३ संन्यासी। ४. इंद्र। ५. वायु।

प्रयुद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] १. युद्ध। संग्राम। २ वह जो प्रचंड युद्धकारी हो [को०]।

प्रयोक्ता—संज्ञा पुं० [सं० प्रयोक्तृ] १ प्रयोगकर्ता। जैसे, शब्द-प्रयोक्ता। उ०—बिना प्रयोक्ता के हुए, यहाँ भोग भी रोग। —साकेत, पृ० २५२। २ नियोजित करनेवाला। ३ ऋण देनेवाला। उत्तमर्ण। महाजन। ४. प्रधान अभिनय करनेवाला। सूत्रधार। ५. बाण चलानेवाला। कमनैत (को०)। ६ प्रेरक। प्रेरणा प्रदान करनेवाला (को०)। ७ माध्यम। वाहक (को०)।

प्रयोग—संज्ञा पुं० [सं०] १. आयोजन। अनुष्ठान। साधन। किसी कार्य में योग। किसी काम में लगना। २ किसी काम में लाया जाना। व्यवहार। इस्तेमाल। बरता जाना। जैसे, बल का प्रयोग करना, बिजली का प्रयोग करना, जल का प्रयोग करना, शब्द का प्रयोग करना। उ०—रस है बहुत परंतु सखि, विष है विषम प्रयोग।—साकेत, पृ० २५२। ३ प्रक्रिया। अमल। क्रिया का साधन। विधान। जैसे,—(क) उस वैज्ञानिक ने रसायन के बहुत से प्रयोग दिखाए। (ख) केवल पुस्तक पढ़ने से व्यवहार ज्ञान न होगा, प्रयोग देखो।

यौ०—प्रयोगज्ञ। प्रयोगचतुर। प्रयोगनिपुण। प्रयोगविधि = प्रयोग बतानेवाली पद्धति या प्रयोग करने की विधि। प्रयोगवीर्य = प्रयोग की शक्ति। प्रयोगशाला। प्रयोगशास्त्र = कल्पसूत्र।

४ तांत्रिक उपचार या साधन जो बारह कहे जाते हैं—मारण, मोहन, उच्चाटन, कीलन, विद्वेषण, कामनाशन, स्तंभन वशीकरण, आकर्षण, वदिमोचन, कामपूरण और वाक्प्रसारण।

५ अभिनय। नाटक का खेल। स्वाँग भरना। ६ रोगी के दोषों तथा देश, काल और अग्नि का विचारकर औषध की व्यवस्था। उपचार। ७ यज्ञादि कर्मों के अनुष्ठान का बोध करनेवाली विधि। पद्धति। ८ दृष्टांत। निदर्शन। ९. साम, दंड आदि उपायों का अवलंबन। १०. धन की वृद्धि के लिये ऋणदान। रुपया बढने के लिये सूद पर दिया जाना। ११ घोड़ा। १२. अनुमान के पाँचों अवयवों का उच्चारण। १३ प्रक्षेपण। फेंकना (को०)। १४ प्रारंभ। शुरुआत (को०)। १५ परिणाम। फल (को०)। १६. समिश्रण। संबद्धता (को०)।

प्रयोगज्ञ—वि० [सं०] दे० 'प्रयोगनिपुण'।

प्रयोगतः—अव्य० [सं० प्रयोगतस्] १ प्रयोग की दृष्टि से। २ परिणामतः। ३ कार्य की दृष्टि से। कार्यतः। ४ प्रयोगानुसार [को०]।

प्रयोगनिपुण—वि० [सं०] कुशल अभ्यासी [को०]।

प्रयोगवाद—संज्ञा पुं० [सं० प्रयोग + वाद] आधुनिक काव्य की एक विशिष्ट धारा।

विशेष—प्रयोगवाद अंग्रेजी शब्द एक्सपेरिमेंटलिज्म की छाया है जिसमें नए मार्गों का अन्वेषण तथा शिल्प और विषय दोनों को नवीनता प्राप्त होती है। यह वाद मुख्यतः प्राचीन काव्यधारा की परंपरा—छंद, भाव, विषय, भाषा आदि का विरोध करता है। विषय और शिल्प दोनों क्षेत्रों में विदेशी कवियों का प्रभाव प्रयोगवाद पर बहुत अधिक है। विषय की दृष्टि से प्रयोगवादी कवि किसी एक सिद्धांत के अनुवर्ती नहीं हैं।

प्रयोगातिशय—संज्ञा पुं० [सं०] नाटक में प्रस्तावना का एक भेद जिसमें प्रयोग करते करते घुणाक्षर न्याय से (आपसे आप) दूसरे ही प्रकार का प्रयोग कौशल से हो जाता हुआ दिखाया जाय और उसी प्रयोग का आश्रय करके पात्र प्रवेश करें। जैसे, कुंदमाला नाम के संस्कृत नाटक में सूत्रधार ने नृत्य के लिये अपनी भार्या को बुलाने के प्रयोग द्वारा सीता और लक्ष्मण का प्रयोग सूचित किया और उस प्रयोग का अवलंबन करके सीता और लक्ष्मण ने प्रवेश किया।

प्रयोगार्थ—संज्ञा पुं० [सं०] वह गौण कार्य जिससे मुख्य कार्य की सिद्धि हो। प्रत्युत्क्रम।

प्रयोगार्ह—वि० [सं०] जिसका प्रयोग किया जाय। प्रयोग के योग्य।

प्रयोगार्हता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रयोग की उपयोगिता या व्यावहारिकता। २. प्रयोग में आने की योग्यता या शक्ति।

प्रयोगी[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रयोगिन्] प्रयोग करनेवाला व्यक्ति। व्यवहार में लानेवाला। अनुष्ठानकर्ता।

प्रयोगी[2]—वि० १ प्रयोक्ता। जो प्रयोग करे। २ प्रेरक। ३ लक्ष्य वा उद्देश्यवाला। उद्देश्ययुक्त [को०]।

प्रयोग्य—संज्ञा पुं० [सं०] सवारी में जोता जानेवाला घोड़ा या कोई अन्य जानवर। सवारी खींचनेवाला पशु [को०]।

प्रयोजक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रयोगकर्ता। अनुष्ठान करनेवाला। २ काम में लगानेवाला। प्रोत्साहक। प्रेरक। ३. नियंता। व्यवस्था रखनेवाला। इंतजाम रखनेवाला। ४ वह जिसके सामने किसी के पास धन जमा किया जाय या जो अपने सामने किसी से किसी के यहाँ धन जमा करावे। ५ कार्य रूप में करके दिखानेवाला। प्रदर्शन करनेवाला (नाटक)। ६ ग्रंथादि का लेखक। लेखक (को०)। ७ आरंभक। संस्थापक। प्रवर्तक (को०)। ८ शास्ता। व्यवस्थाकार (को०)।

प्रयोजक—वि० १ काम में नियुक्त करनेवाला। २ प्रेरक। ३ प्रभावशाली (को०)। ४ कारणभूत [को०]।

प्रयोजन—संज्ञा पुं० [सं०] १. कार्य। काम। अर्थ। जैसे,—तुम्हारा यहाँ क्या प्रयोजन है? २ उद्देश्य। अभिप्राय। मतलब। गरज। आशय।

विशेष—न्याय में जो सोलह पदार्थ माने गए हैं उनमें 'प्रयोजन' चौथा है। जिस उद्देश्य से प्रवृत्ति होती है उसका नाम है प्रयोजन। तत्वदृष्टि से आत्यंतिक दुःखनिवृत्ति ही संसार में मुख्य प्रयोजन है, शेष सब गौण प्रयोजन हैं। जैसे, भोजन के लिये हम रसोई पका रहे हैं, इसमें भोजन करना एक प्रयोजन है, रसोई पकाने के लिये ईंधन आदि इकट्ठा करते हैं इनसे रसोई बनाना भी प्रयोजन हुआ। पर जब हम इस बात का विचार करते हैं कि भोजन क्यों करते हैं तो क्षुधा के दुःख की निवृत्ति मुख्य प्रयोजन ठहरती है और शेष प्रयोजन गौण हो जाते हैं। इसी प्रकार संसार में जितने प्रयोजन हैं सांसारिक निवृत्ति के आगे वे गौण ठहरते हैं।

३ उपयोग। व्यवहार। उ०—यह वस्तु तुम्हारे किस प्रयोजन की है। ४ लाभ। फायदा (को०)।

प्रयोजनवती लक्षणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह लक्षणा जो प्रयोजन द्वारा वाच्यार्थ से भिन्न अर्थ प्रकट करे।

विशेष—लक्षणा दो प्रकार की होती है, प्रयोजनवती और रूढि। 'बहुत सी तलवारें मैदान में आ गईं' इस वाक्य में यदि हम तलवार का अर्थ तलवार ही करके रह जाते हैं तो अर्थ में बाधा पड़ती है। इससे प्रयोजनवश हमें तलवार का अर्थ तलवारबंद सिपाही लेना पड़ता है। अतः जिस लक्षणा द्वारा यह अर्थ लिया वह प्रयोजनवती हुई। पर कुछ लक्ष्यार्थ रूढ़ हो गए हैं। जैसे 'कार्य में कुशल'। कुशल का शब्दार्थ कुश इकट्ठा करनेवाला होता है, पर यह शब्द दक्ष या निपुण के अर्थ में रूढ हो गया है। इस प्रकार का अर्थ रूढि लक्षणा द्वारा प्रकट होता है।

प्रयोजनवान्—वि० [सं० प्रयोजनवत्] [वि० स्त्री० प्रयोजनवती] १ प्रयोजन रखनेवाला। मतलब रखनेवाला। २. मतलबी। स्वार्थी (को०)। ३ उपयोगी। हितकर। उपयुक्त (को०)।

प्रयोजनीय—वि० [सं०] [संज्ञा स्त्री० प्रयोजनीयता, प्रयोज्यता] काम का। मतलब का। प्रयोग के लायक।

प्रयोजनीयता—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रयोज्यता'।

प्रयोज्य[1]—वि० [सं०] १ प्रयोग के योग्य। काम में लाने लायक। बरतने लायक। २ काम में लगाए जाने योग्य। नियुक्त करने योग्य। प्रेरित करने योग्य। ३. आचरण योग्य। कर्तव्य।

प्रयोज्य[2]—सज्ञा पुं० १ प्रेष्य भृत्य। नौकर। २. वह धन जो किसी काम मे लगाया जाय।

प्रयोज्यता—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रयोजनीयता। व्यावहारिकता।

प्ररक्षण—सज्ञा पुं० [सं०] रक्षण। रक्षा [को०]।

प्ररुदित—वि० [स०] बहुत अधिक रोता हुआ [को०]।

प्ररुह्—सज्ञा पु० [स०] ऊपर को बढ़नेवाला (अंकुर, कल्ला, पौधा आदि।)

प्ररूढ़—वि० [सं० प्ररूढ] १. पूरी तरह उगा हुआ। पूर्ण विकसित। २ अकुरित। उत्पन्न। ३. जिसकी जड गहरी हो। बद्धमूल। ४ लबा उगा हुआ, जैसे केश [को०]।

प्ररूढ़ि—वि० [सं० प्ररूढि] बढना। बढाव। बाढ़। वृद्धि [को०]।

प्ररूपण—सज्ञा पु० [सं०] [सज्ञा स्त्री० प्ररूपणा] १ आज्ञापन (जैन)। २. समझाना (को०)।

प्ररोचन—सज्ञा पु० [सं०] १ रुचि सपादन। रुचि दिलाना। चाह पैदा करना। शौक पैदा करना। २ मोहित करना। ३ उत्तेजित करना। ४. दे० 'प्ररोचना'।

प्ररोचना—सज्ञा स्त्री० [स०] १ रुचि सपादन। चाह या रुचि उत्पन्न करने की क्रिया। २ उत्तेजना। बढावा। ३. नाटक के अभिनय मे प्रस्तावना के बीच, सूत्रधार, नट, नटी आदि का नाटक और नाटककार की प्रशंसा मे कुछ कहना जिससे दर्शको को रुचि उत्पन्न हो। ४ अभिनय के बीच आगे आनेवाली बात का रुचिकर रूप में कथन।

प्ररोधन—सज्ञा पुं० [स०] चढाना। ऊपर उठाना।

प्ररोह—सज्ञा पुं० [स०] १ आरोह। चढाव। २ ऊपर की ओर निकलना। उगना। जमना। ३ उत्पत्ति। ४ अकुर। अंखुआ। कल्ला। ५. नदीवृक्ष। तुन का पेड। ६ प्रकाश किरण (को०)। ७ सतान। सतति (को०)। ८ गड। अर्बुद (को०)।

प्ररोहण—सज्ञा पुं० [सं०] १ आरोह। चढाव। २ भूमि से निकलना। उगना। जमना। ३ उत्पत्ति। ४ अंखुवा। अकुर (को०)।

प्ररोहभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] उर्वरा भूमि। उपजाऊ जमीन। वह भूमि जहाँ घास पौधे उगें।

प्ररोहशाखी—सज्ञा पुं० [सं०] वे वृक्ष जिनकी कलम लगाने से लग जाय।

प्ररोही—वि० [सं० प्ररोहिन्] १ उगने या जमनेवाला। उत्पन्न होनेवाला। २ अभिवर्धनशील। बढ़नेवाला [को०]।

प्रलंफन—सज्ञा पुं० [स० प्रलम्फन] १ कूदना। २. कूदने की क्रिया या भाव [को०]।

प्रलंब[1]—वि० [स० प्रलम्ब] १ नीचे की ओर दूर तक लटकता हुआ। उ०—अतिहि लचीली अति प्रलब बिन रोग।—प्रेमघन०, भा० १, पृ० ७१। २ लंबा। अधिक लबा। उ०—कुद इदु बर गौर सरीरा। भुज प्रलब परिधन मुनि चीरा।—मानस, १।१०६। ३ टँगा हुआ। टिका हुआ। ४ निकला हुआ। किसी ओर को बढा हुआ। ५ काम में ढीला। शिथिल। सुस्त।

प्रलब[2]—सज्ञा पु० १ लटकाव। झुलाव। २ शाखा। डाल। टहनी। ३ लतांकुर। टुनगा। ४ खीरा। ५ राँगा। ६. काम में शिथिलता या टालटूल। व्यर्थ का विलब। ७. पयोधर। स्तन। ८ एक प्रकार का हार। ९ गाथा (को०)। १० एक दानव जिसे बलराम ने मारा था। उ०—जय जय जय बलभद्र बीर धरी गभीर अविलब प्रलब हारी।—घनानद, पृ० ५५०।

विशेष—श्रीमद्भागवत् में कथा है कि एक बार कृष्ण बलराम गोपो के बालकों के साथ खेल रहे थे। प्रलबासुर भी गोपवेष मे उनके साथ मिलकर खेलने लगा। लड़के यह कहकर कुश्ती लडने लगे कि जो हारे वह जीतनेवाले को कधे पर बिठाकर चले। प्रलब हारा और बलराम को कधे पर लेकर भागने लगा। पर बलराम का भार इतना अधिक हो गया कि वह आगे न चल सका। अत में उसने अपना रूप प्रकट किया और थोडी देर युद्ध करके बलराम के हाथ से मारा गया।

यौ०—प्रलबघ्न = प्रलबमथन। प्रलबभुज = प्रलबबाहु। प्रलबहा = बलराम।

प्रलंबक—सज्ञा पुं० [स० प्रलम्बक] सुगध तृण।

प्रलबन—सज्ञा पु० [स० प्रलम्बन] अवलबन। सहारा लेना। लटकना।

प्रलबबाहु—वि० [स० प्रलम्बबाहु] जिसकी भुजाएँ लबी हो। लबी बाहोवाला। आजानुबाहु।

प्रलंबमथन—सज्ञा पु० [सं० प्रलम्बमथन] बलराम।

प्रलंबहा—सज्ञा पु० [स० प्रलम्बहन्] बलराम [को०]।

प्रलंबाड—वि० [स० प्रलम्बाण्ड] जिसका अडकोष लटकता हुआ हो। बडे अंडकोषवाला [को०]।

प्रलबित—वि० [सं० प्रलम्बित] खूब नीचे तक लटकाया हुआ।

प्रलंबी—वि० [सं० प्रलम्बिन्] [वि० स्त्री० प्रलबिनी] १, दूर तक लटकनेवाला। लंबा। २. अवलबन करनेवाला। सहारा लेनेवाला।

प्रलभ—सज्ञा पुं० [स० प्रलम्भ] १. लाभ। प्राप्ति। मिलना। २ छल। धोखा।

प्रलंभन—सज्ञा पुं० [स० प्रलम्भन] [वि० प्रलब्ध] १. लाभ होना। प्राप्ति होना। २. छल। धोखा।

प्रलकालⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रलयकाल] दे० 'प्रलयकाल' । उ०—जगे प्रलकाल भयानक भूत । इसे दुइ दंति भिरे अदभूत ।—पु० रा०, ६।१५८ ।

प्रलपन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० प्रलपित] १. कहना । कथन । २ बकवाद करना । प्रलाप । बकना । ३. विलपना । दुखडा रोना । विलाप (को०) ।

प्रलपित[1]—वि० [स०] कहा हुआ । कथित (को०) ।

प्रलपित[2]—सज्ञा पु० वार्ता । कथन । बात । प्रलपन (को०) ।

प्रलब्ध—वि० [सं०] १ जिसे धोखा दिया गया हो । जो छला गया हो । २ पकडा हुआ । लिया हुआ (को०) ।

प्रलयंकर—वि० [सं० प्रलयङ्कर] [वि० स्त्री० प्रलयकरी] प्रलयकारी । सर्वनाशकारी ।

प्रलय—सज्ञा पुं० [सं०] १ लय को प्राप्त होना । विलीन होना । न रह जाना । २ भू आदि लोको का न रह जाना । ससार का तिरोभाव । जगत् के नाना रूपों का प्रकृति में लीन होकर मिट जाना ।

विशेष—पुराणो में ससार के नाश का वर्णन कई प्रकार से आया है । कूर्म पुराण के अनुसार प्रलय चार प्रकार का होता है—नित्य, नैमित्तिक, प्राकृत और आत्यतिक । लोक में जो बराबर क्षय हुआ करता है वह 'नित्य प्रलय' है । कल्प के अत मे तीनो लोकों का जो क्षय होता है वह नैमित्तिक या 'ब्राह्म प्रलय' कहलाता है । जिस समय प्रकृति के महदादि विशेष तक विलीन हो जाते हैं उस समय 'प्राकृतिक प्रलय' होता है । ज्ञान की पूर्णावस्था प्राप्त होने पर ब्रह्म या चित् में लीन हो जाने का नाम 'आत्यतिक प्रलय' है । विष्णु पुराण में 'नित्य प्रलय' का उल्लेख नही है । ब्रह्म और प्राकृत प्रलयों के वर्णन पुराणो में एक ही प्रकार के हैं । अनावृष्टि द्वारा चराचर का नाश, बारह सूर्यों के प्रचड ताप से जल का शोषण और सब कुछ भस्म होना, फिर लगातार घोर वृष्टि होना और सब जलमय हो जाना, केवल प्रजापति का या विष्णु का रह जाना वर्णित है । एक हजार चतुर्युग का ब्रह्मा का एक दिन और उतने ही की एक रात होती है इसी रात में वह प्रलय होता है जिसे ब्राह्म प्रलय' कहते हैं । प्राकृतिक प्रलय मे, पहले जल पृथ्वी के गधगुण को विलीन करता है जिससे पृथ्वी नही रह जाती, जल रह जाता है । फिर जल का गुण जो रस है उसे अग्नि विलीन कर लेती है जिससे जल नही रह जाता, अग्नि रह जाती है । फिर वायु तेज को भी विलीन कर लेती है और वायु ही रह जाती है, फिर वायु का गुण जो स्पर्श है उसे आकाश विलीन कर लेता है और केवल आकाश ही रह जाता है जिसका गुण शब्द है । फिर यह शब्द भी अहकार तत्व में और अहकार तत्व महत्तत्व में और अत में महत्तत्व भी प्रकृति में लीन हो जाता है ।

नैयायिक दो प्रकार के प्रलय मानते हैं—खडप्रलय और महाप्रलय । पर नव्य न्यायवाले महाप्रलय नही मानते । सांख्य के अनुसार सृष्टि और प्रलय दोनों प्रकृति के परिणाम हैं । प्रकृति का परिणाम दो प्रकार का होता है—स्वरूप परिणाम और विरूप परिणाम । प्राकृति के उत्तरोत्तर विकार द्वारा जो विरूप परिणाम होता है उससे सृष्टि होती है और सृष्टि का जो फिर उलटा परिणाम प्रकृति के स्वरूप की ओर होने लगता है उससे प्रलय होता है । जब सत्व सत्व मे, रजस् रजस् में, तमस् तमस् मे मिल जाता है तब प्रलय होता है । स्वरूप परिणाम जब होने लगता है उस समय पहले महाभूत पचतन्मात्र में विलीन होते हैं, फिर पचतन्मात्र और एकादश इद्रियाँ अहकार तत्व मे, फिर यह अहकार महत्तत्व में और अत मे महत्तत्व भी प्रकृति में लीन हो जाता है । उस समय एकमात्र प्रकृति ही रह जाती है । इस प्रकार ससार अपने मूल कारण प्रकृति में लय को प्राप्त हो जाता है

३ साहित्य में एक सात्विक भाव जिससे किसी वस्तु में तन्मय होने से पूर्व स्मृति का लोप हो जाता है । ४. मूर्छा । बेहोशी । ५ मृत्यु । नाश (को०) । ६ ओकार (को०) । ७ व्यापक सहार या विनाश (को०) ।

प्रलयकर—वि० [स०] दे० 'प्रलयंकर' ।

प्रलयकारी—वि० [सं० प्रलयकारिन्] दे० 'प्रलयकर' ।

प्रलयकाल—सज्ञा पुं० [सं०] प्रलय का समय । वह समय जब समस्त ससार का नाश हो ।

प्रलयजलधर—सज्ञा पुं० [स०] प्रलय काल के मेघ । प्रलय के समय के बादल (को०) ।

प्रलयपयोधि—सज्ञा पुं० [स०] प्रलय के समय का समुद्र ।

प्रलयाग्निⓊ— सज्ञा स्त्री० [सं० प्रलय + अग्नि] प्रलयकर आग । अत्यत भयकर और विनाशकारी अग्नि । उ०—इहकत ज्वाला सो महि कैसी । अति दुस्सह प्रलयागिनि जैसी ।—कबीर सा० । पृ० ४३६ ।

प्रललाट—वि० [सं०] जिसका ललाट चौड़ा हो । प्रशस्त ललाटवाला (को०) ।

प्रलव—सज्ञा पुं० [स०] १ अच्छी तरह काटना । पूर्ण रूप से छेदन । २ टुकडा । धज्जी । ३. लेश । लव ।

प्रलवित्र—सज्ञा पुं० [सं०] काटने का औजार (को०) ।

प्रलाप—सज्ञा पुं० [सं०] १ कहना । बकना । कथन । २ दुखपूर्ण रुदन । दुखडा रोना (को०) । ३ निरर्थक वाक्य । व्यर्थ की बकवाद । अनाप शनाप बात । पागलो की सी बडबड ।

विशेष—ज्वर आदि के वेग में लोग कभी कभी प्रलाप करते हैं । वियोगियो की दस दशाओ में एक प्रलाप भी है ।

प्रलापक—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का सन्निपात जिसमे रोगी अनाप शनाप बकता है, उसके शरीर मे पीडा और कप होता है । उसका चित्त ठिकाने नहीं रहता । २ प्रलाप करनेवाला । बकवादी (को०) ।

प्रलापहा—सज्ञा पुं० [स० प्रलापहन्] कुलत्थांजन । एक प्रकार का अजन ।

प्रलापी—वि० [सं० प्रलापिन्] [वि० स्त्री० प्रलापिनी] प्रलाप करनेवाला। व्यर्थ बकनेवाला। अड बड बकनेवाला। उ०—सुनेहि न स्रवन अलीक प्रलापी।—मानस, ६।२५।

प्रलापुⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रलाप] दे० 'प्रलाप'। उ०—सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आपु। विद्यमान रन पाय रिपु, कायर करहिं प्रलापु।—मानस, १।२७४।

प्रलिप्त—वि० [सं०] लिप्त। लिपा हुआ। लगा हुआ (को०)।

प्रलीन—वि० [स०] १ समाया हुआ। तिरोहित। २ विनष्ट। नष्ट। प्रलयप्राप्त (को०)। ३. छिपा हुआ। लीन। निमग्न। (को०)। ४ चेष्टाशून्य। जडवत्।

प्रलीनता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. प्रलय। नाश। विलीनता। तिरोभाव। २ चेष्टानाश। जडत्व।

प्रलीनेंद्रिय—वि० [स० प्रलीनेन्द्रिय] जिसकी इद्रियाँ चेष्टारहित हो। शिथिल इद्रियोवाला (को०)।

प्रलुठित—वि० [स०] १ भूमि पर पतित। गिरा हुआ। २ उछलता कूदता हुआ (को०)।

प्रलुप्त—वि० [स०] जो लुप्त किया गया हो (को०)।

प्रलुब्ध—वि० [सं०] लुब्ध। लालच मे पडा हुआ (को०)।

प्रलुब्धा—वि० स्त्री० [स०] वह (स्त्री) जो अनुचित रूप से प्रेम करती हो (को०)।

प्रलून—वि० [स०] काटा हुआ। कर्तित।

प्रलेप—सज्ञा पुं० [स०] १. किसी गीली दवा को पीडित अग पर चढाने की क्रिया। अग पर कोई गीली दवा छोपना या रखना। २ लेप। पुल्टिस।

प्रलेपक—सज्ञा पुं० [स०] १ लेप करनेवाला। २ एक प्रकार का जीर्ण ज्वर।

विशेष—यह ज्वर वात, कफ से उत्पन्न होता है। इसमे पसीने के ससर्ग से चमड़ा लिपा हुआ अर्थात् भीगा सा रहता है और ज्वर बहुत थोडा थोडा रहता है। यह ज्वर अत्यंत कष्ट-साध्य है।

प्रलेपन—सज्ञा पुं० [सं०] लेप करने की क्रिया। पोतने का काम।

प्रलेप्य[1]—वि० [सं०] लेप करने योग्य।

प्रलेप्य[2]—सज्ञा पु० कुचित केश। घुँघराले बाल।

प्रलेह—सज्ञा पु० [सं०] मास का एक व्यजन जो मास के छोटे छोटे खड काटकर घी में तलकर बनाया जाता है। कोरमा।

प्रलेहन—सज्ञा पुं० [स०] चाटना।

प्रलैⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रलय] दे० 'प्रलय'। उ०—मेरे जाँन मेरी जान लेन पाछें आवति है सूल लिएँ कोप भरी प्रलै कपाली सी।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४९१।

प्रलोक—सज्ञा पुं० [स० परलोक] दे० 'परलोक'। उ०—लोक प्रलोक सबै मिलै देव इद्र हू होइ। सुदर दुरलभ संत जन क्यों करि-पावै कोइ।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ७४४।

प्रलोठन—सज्ञा पु० [सं०] १. भूमि पर लुढकना। २ उछलना। कूदना (को०)।

प्रलोप—सज्ञा पु० [स०] ध्वस। नाश।

प्रलोभ—सज्ञा पुं० [स०] लालच। अत्यत लोभ।

प्रलोभक—सज्ञा पु० [स०] प्रलोभन देनेवाला। लालच देनेवाला।

प्रलोभन—सज्ञा पु० [स०] १ लोभ दिखाना। लालच दिखाना। किसी को किसी ओर प्रवृत्त करने के लिये उसे लाभ की आशा देने का काम। जैसे,—तुम उसके प्रलोभन में मत आना। २ वह वस्तु जिससे लालच उत्पन्न हो। ललचानेवाली वस्तु (को०)।

प्रलोभनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] रेत। वालू (को०)।

प्रलोभित—वि० [सं०] प्रलोभ में आया हुआ। ललचाया हुआ। मुग्ध। मोहित।

प्रलोभी—वि० [स० प्रलोभिन्] प्रलोभ में फँसनेवाला। लुब्ध।

प्रलोल—वि० [स०] १ अत्यत चचल। २ उत्तेजित। अत्यत कपित। क्षुब्ध (को०)।

प्रलौⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रलय प्रा० पलव] दे० 'प्रलय'। उ०—चपै न सीम साहाव सक, धक धकि धर करिहो प्रलौ। पृ० रा०, १३।३१।

प्रवंग, प्रवगम—सज्ञा पु० [सं० प्रवङ्ग, प्रवङ्गम] १. बदर। २. पक्षी (को०)।

प्रवंचक—सज्ञा पु० [सं० प्रवञ्चक] वचन करनेवाला। भारी ठग। धोखेबाज। भारी धूर्त। उ०—तोडा गया पुल प्रत्यावर्तन के पथ में अपने प्रवचको से।—लहर, पृ० ५९।

प्रवंचन—सज्ञा पुं० [सं० प्रवञ्चन] धोखा देना। ठगना। वचना (को०)।

प्रवंचना—सज्ञा स्त्री० [स० प्रवञ्चना] छल। ठगपना। धूर्तता।

प्रवंचित—वि० [स० प्रवञ्चित] जो ठगा गया हो। जिसने धोखा खाया हो।

प्रवंदⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रबन्ध] दे० 'प्रबध'। निबध। उ०—कथिमथि कहेव सो छद प्रवदे अविगति जेहि पहिचानी।—स० दरिया, पृ० १३९।

प्रवक्ता—सज्ञा पु० [स० प्रवक्तृ] १ अच्छी तरह बोलने या कहनेवाला। २ वेदादि का उपदेश देनेवाला। अच्छी तरह समझाकर कहनेवाला।

प्रवग—सज्ञा पु० [स०] पक्षी।

प्रवचन—सज्ञा पु० [स०] [वि० प्रवचनीय] १ अच्छी तरह समझाकर कहना। अर्थ खोलकर बताना। २. व्याख्या। ३ वेदाग।

प्रवचनपटु—वि० [स०] सुवक्ता। बातचीत मे कुशल (को०)।

प्रवचनीय[1]—वि० [स०] बताने या समझाकर कहने योग्य।

प्रवचनीय[2]—सज्ञा पुं० प्रवक्ता। अच्छी तरह समझाकर कहनेवाला।

प्रवच्छतिप्रेयसीⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रवत्स्यत्प्रेयसी] दे० 'प्रवत्स्य-त्पतिका'। उ०—होनहार पिय के विरह, विकल होय जो बाल। ताहि प्रवच्छतिप्रेयसी बरनत बुद्धि विसाल।—मति० ग्रं०, पृ० ३१५।

प्रवज्यावसित—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रव्रज्यावसित'।

प्रवट—संज्ञा पुं० [सं०] गोधूम। गेहूँ।

प्रवण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. क्रमश नीची होती हुई भूमि। ढाल। उतार। २ पहाड का किनारा। ३ चौराहा। ४. उदर। पेट। ५ क्षण। ६. आहुति।

प्रवण[2]—वि० १ ढालुवाँ। जो क्रमश नीचा होता गया हो। २ झुका हुआ। नत। ३ किसी बात की ओर ढला हुआ। प्रवृत्त। रत। ४ नम्र। विनीत। ५ व्यवहार में खरा। जो कुटिल न हो। सीधा हिसाब रखनेवाला। ६ उदार। दूसरे की बात सुनने और माननेवाला। ७ अनुकूल। मुवाफिक। ८ स्निग्ध। ९ लवा। १० निपुण। ११ वक्र। टेढा। तिर्यक् (को०)। १२ सीधा खडा। जिससे गिरने पर कही टिकान न मिले। जैसे, पहाड का खडा किनारा (को०)।

प्रवणता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रवण होने का भाव।

प्रवत्स्यत्—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रवत्स्यती, प्रवत्स्यती] जो परदेस जानेवाला हो। जो यात्रा पर जानेवाला हो [को०]।

प्रवत्स्यत्पतिका—[सं०] वह नायिका जिसका पति विदेश जानेवाला हो।

विशेष—मुग्धा, मध्या और स्वकीया, परकीया आदि भेदो से इसके भी कई भेद हो जाते हैं।

प्रवत्स्यत्प्रेयसी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रवत्स्यत्पतिका'।

प्रवत्स्यद्भर्तृका—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रवत्स्यत्पतिका।

प्रवदन—संज्ञा पुं० [सं०] घोषणा।

प्रवप—वि० [सं०] बहुत मोटा। स्थूलकाय [को०]।

प्रवपण—संज्ञा पुं० [सं०] मुडन सस्कार। मुडन क्रिया [को०]।

प्रवयण—संज्ञा पुं० [सं०] १ बुने हुए कपडे का ऊपरी भाग। २. कशा। कोडा। चाबुक [को०]।

प्रवया—वि० [सं० प्रवयस्] १ वृद्ध। बूढा। २ पुराना [को०]।

प्रवर[1]—वि० [सं०] १ श्रेष्ठ। बडा। मुख्य। प्रधान। जैसे, वीर-प्रवर। उ०—देखें वे, हँसते हुए प्रवर, जो रहे देखते सदा समर।—अनामिका, पृ० ११९। २ सर्वप्रधान। सबसे ज्येष्ठ (को०)।

यौ०—प्रवर समिति।

प्रवर[2]—संज्ञा पुं० १ किसी गोत्र के अतर्गत विशेष प्रवर्तक मुनि। जैसे, जमदग्नि गोत्र के प्रवर्तक ऋषि जमदग्नि, और्व और वशिष्ठ, गर्ग गोत्र के गार्ग्य, कौस्तुभ और मांडव्य इत्यादि। २ सतति। ३ अगर की लकडी। ४. आवरण। आच्छादन (को०)। ५ शरीर का ऊपरी वस्त्र। उपरना। दुपट्टा (को०)। ६ आवाहन। पुकार (को०)। ७ यज्ञ के समय अग्नि का आवाहन (को०)।

प्रवरगिरि—संज्ञा पुं० [सं०] मगध देश के एक पवत का प्राचीन नाम। इसे आजकल 'बराबर पहाड' कहते हैं।

प्रवरजन—संज्ञा पु० [सं०] गुणी व्यक्ति। अच्छे गुणवाला व्यक्ति [को०]।

प्रवरकल्याण—[सं०] अत्यत सुदर। बहुत खूबसूरत [को०]।

प्रवरण—संज्ञा पुं० [सं०] १. देवताओ का आवाहन। २ वर्षा ऋतु के अत मे होनेवाला वौद्धो का एक उत्सव।

प्रवरललिता—संज्ञा स्त्री० [सं०प्रवरललित] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में यगण, मगण, नगण, सगण, रगण और एक गुरु होता है। जैसे,—यमी नामै रागादिक सकल जजाल भाई। यही ते घेरे ना प्रवरललिता ताहि जाई। अहो, मेरे मीता यदि चहहु ससार जीता। तजो सारे रागा भजहु भव-हा राम सीता।

प्रवरवाहन—संज्ञा पुं० [सं०] अश्विनीकुमार।

प्रवरसमिति—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रवर=समिति] किसी विशेष विषय पर गभीर विचार के बाद सुनिश्चित मत व्यक्त करने के लिये बनाई हुई समिति।

प्रवरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अगुरु। अगर की लकडी। २ दक्षिण की एक छोटी नदी जो गोदावरी में मिलती है। इसका नाम पयोष्णी भी मिलता है।

प्रवर्ग—संज्ञा पुं० [सं०] १ होमाग्नि। हवन करने की अग्नि। २. विष्णु का एक नाम (को०)। ३ सोम याग संबंधी एक उत्सव (को०)।

प्रवर्त—संज्ञा पुं० [सं०] १ कार्यारभ। ठानना। उ०—जब रन होत प्रवर्त रचत अरि हृदय गर्त नव।—गोपाल (शब्द०)। २ एक प्रकार के मेघ। ३ गोल आकार का एक प्राचीन आभूषण (अथर्व०)।

प्रवर्तक—संज्ञा पुं० [पुं०] १. किसी काम को चलानेवाला। संचालक। कोई बात ठानने या उठानेवाला। २ आरभ करनेवाला। चलानेवाला। अनुष्ठान या प्रचार करनेवाला। जारी करने-वाला। जैसे, मतप्रवर्तक, धर्मप्रवर्तक। उ०—किसी उक्ति की तह में उसके प्रवर्तक के रूप में यदि कोई भाव या मार्मिक अतर्वृत्ति छिपी है तो काव्य की समरसता पाई जायगी।—रस०, पृ० ३६। ३ काम मे लगानेवाला। प्रवृत्त करनेवाला। प्रेरित करनेवाला। ४ उभारनेवाला। उकसानेवाला। ५. गति देनेवाला। ६ निकालनेवाला। ईजाद करनेवाला। ७ नाटक में प्रस्तावना का वह भेद जिसमे सूत्रधार वर्तमान समय का वर्णन करता हो और उसी का सबध लिए पात्र का प्रवेश हो। ८ न्याय करनेवाला। विचार करनेवाला। पच।

प्रवर्तन—संज्ञा पु० [सं०] [वि० प्रवर्तित, प्रवर्तनीय, प्रवर्त्य] १ कार्य आरभ करना। ठानना। २ कार्य का संचालन। काम को चलाना। ३. प्रचार करना। जारी करना। ४ उत्तेजना। प्रेरणा। उकसाना। उभारना। ५ प्रवृत्ति। उ०—विघ्न और बाधा की दशा में प्रेम काम करता हुआ नही दिखाई देता, एक ओर करुणा और दूसरी ओर क्रोध का प्रवर्तन ही देखा जाता है।—रस०, पृ० ७७।

प्रवर्तना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. प्रवृत्तिदान। प्रवृत्त करने की क्रिया।

उत्तेजना। प्रेरणा। २ किसी काम में लगाने या नियुक्त करने की क्रिया। नियोजन।

प्रवर्तयिता—वि० [स० प्रवर्तयितृ] प्रवर्तन करनेवाला [को०]।

प्रवर्तित—वि० [सं०] १ ठाना हुआ। आरब्ध। २ चलाया हुआ। ३ निकाला हुआ। ४ उत्पन्न। पैदा। ईजाद किया हुआ। ५ उभारा हुआ। उत्तेजित। प्रेरित। ६ ज्वलित। जलाया हुआ। प्रज्वलित (को०)। ७ सूचित (को०)। ८ शुद्ध किया हुआ। पवित्र (को०)।

प्रवर्ती[1]—वि० [स० पर+वर्तिन्] बाद का। परवर्ती। उ०—इतना कहने के बाद मैं इस अध्याय के प्रवर्ती भाग पर आता हूँ। शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० ७२।

प्रवर्ती[2]—वि० [स० प्रवर्तिन्] प्रवर्तन करनेवाला [को०]।

प्रवर्द्धक—वि० [स०] बढानेवाला। वृद्धिकारक। उ०—प्रबल भाव सदैव ही प्रतिपक्ष का। है प्रवर्द्धक वीर जन के वक्ष का।—शकु०, पृ० ४३।

प्रवर्द्धन—सज्ञा पुं० [सं०] विवर्द्धन। बढ़ती। वृद्धि।

प्रवर्ष—सज्ञा पुं० [स०] घनघोर वर्षा। जोर की वर्षा [को०]।

प्रवर्षण—सज्ञा पुं० [सं०] १. वर्षा। बारिश। उ०—जिस प्रवर्षण भूमि उर्वर, जिस तपन मरु धूम धूसर, जिस पवन लहरा दिगतर, ज्ञान तेरा ही वहाँ है।—आराधना, पृ० ३५। २. बरसात की पहली वर्षा (को०)। ३ किष्किधा के समीप का एक पर्वत जिसपर श्रीराम और लक्ष्मण ने निवास किया था।

प्रवर्षी—वि० [सं० प्रवर्षिन्] [वि० स्त्री० प्रवर्षिणी] १ वृष्टि करनेवाला। वर्षा करनेवाला। २ बौछार करनेवाला। जैसे बाणों की [को०]।

प्रवर्ह—वि० [स०] प्रधान। श्रेष्ठ।

प्रवलाकी—सज्ञा पुं० [सं० प्रवलाकिन्] १. मोर। मयूर। २ साँप। सर्प।

प्रवसथ—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रस्थान। २ प्रवास।

प्रवसन—सज्ञा पुं० [स०] १ विदेश में जाना या रहना। बाहर जाना। २. मृत्यु (को०)।

प्रवह—सज्ञा पुं० [सं०] १ खूब बहाव। २ कुंड जिसमें नाली द्वारा जल जाय। ३ सात वायुओं में से एक वायु।

विशेष—यह वायु आवह वायु के ऊपर है और इसी के द्वारा ज्योतिष्क पिंड आकाश मे स्थित हैं।

४. वायु। पवन (को०)। ५ अग्नि की सात जिह्वाओं में से एक। ६ घर, नगर आदि से बाहर निकलना।

प्रवहण—सज्ञा पुं० [सं०] १ ले जाना। २ कन्या को ब्याह देना। ३ छोटा परदेदार रथ। बहली। ४ डोली। ५ नाव। पोत।

प्रवहणीनिकाय—सज्ञा पु० [स०] कामगर लोगो का सस्थान [को०]।

प्रवहमान—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रवहमाना] प्रवाहयुक्त। बहता हुआ। प्रवाहित। उ०—(क) प्रवहमान थे निम्न देश में, शीतल शत शत निर्झर ऐसे।—कामायनी, पृ० २५८। (ख) प्रवहमान पार्वत्य नदियो का मार्ग भिन्न किया था।—प्रा० भा० प०, पृ० ५८।

प्रवहमानता—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रवाहित होने का भाव। प्रवाहशीलता।

प्रवह्लि, प्रवह्लिका,—सज्ञा स्त्री० [सं०] पहेली।

प्रवह्ली, प्रवह्लीका—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रहेलिका [को०]।

प्रवाँणⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० प्रमाण] इयत्ता। सीमा। अवधि। दे० 'प्रमाण'। उ०—राजा सोभत दल प्रवाँणी, यूँ सिधा सोभंत सुधि बुधि की वाँणी।—गोरख०, पृ० २४।

प्रवाँनⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रमाण] दे० 'प्रमाण-१' उ०—भक्ति योग अब सुनहु सयाना। बुद्धि प्रवाँन जु करौं बखाना।—सुदर० ग्रं०, भा०१, पृ० ६५।

प्रवाँननाⓊ—क्रि० स० [स० प्रमाणन, पुहिं० प्रमानना] दे० 'प्रमानना'। उ०—अज्ञान अपेक्षा ज्ञान बध की अपेक्षा मोक्ष, द्वैत की अपेक्षा सु तौ अद्वैत प्रवाँनिए।—सुदर०, ग्रं०, भा०२, पृ० ६२५।

प्रवाक—सज्ञा पु० [सं०] घोषणा करनेवाला।

प्रवाच—वि० [सं०] १ बहुत बोलनेवाला। इधर उधर की हाँकनेवाला। २ शेखी बघारनेवाला। ३ युक्तिपटु। अच्छी बहस करनेवाला।

प्रवाचक—वि० [स०] १. अच्छा वक्ता। वाग्मी। वाक्पटु। २. अर्थव्यजक। अर्थवाचक।

प्रवाचन—सज्ञा पुं० [स०] १ अच्छी तरह कहना। घोषणा। २ नाम। अभिधान। उपाधि (को०)।

प्रवाच्य[1]—वि० [स०] १ अच्छी तरह कहने योग्य। २ निंदनीय।

प्रवाच्य[2]—सज्ञा पुं० साहित्यिक कृति या रचना [को०]।

प्रवाड़ाⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रवाद, हिं० पँवाड़ा, पवाड़ा, पवारा] दे० 'पवाडा'। उ०—(क) पढै सु कवि जो वश प्रवाडा। हुमै वतीत आव दीहाडा।—रा० रू०, पृ० १२। (ख) दीसै नाहर देखियाँ सह प्रवाडा साच।—बाँकी० ग्र०, भा०१, पृ० २६।

प्रवाण—सज्ञा पुं० [स०] वस्त्र का अचल बनाना या सज्जित करना [को०]।

प्रवाणि, प्रवाणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] जुलाहों की ढरकी या भरनी [को०]।

प्रवात[1]—सज्ञा पु० [स०] १ हवा का झोंका। तेज हवा। उ०—पर अंत को अकाल ही के मेघ तो थे क्षण मे प्रवात से वियुर गए आकाश खुल गया।—श्यामा०, पृ० ७। २ स्वच्छ या ताजा वायु (को०)। ३ वह स्थान जहाँ खूब हवा हो। ४ ढाल। उतार। प्रवण।

प्रवात[२]—वि० हवा से हिलता हुआ। झोके खाता हुआ। जिसमें तीव्र वायु लगती हो।

प्रवातसार—सज्ञा पुं० [स०] बुद्ध।

प्रवाद—सज्ञा पुं० [स०] १ परस्पर वाक्य। बातचीत। २ कहना। बोलना। व्यक्त करना (को०)। ३ चुनौती। ललकार (को०) ४ वह बात जो लोगो के बीच फैली हुई हो पर जिसके ठीक होने का निश्चय न हो। जनश्रुति। जनरव। ५ झूठी बदनामी। अपवाद।

प्रवादक—वि० [सं०] बाजा बजानेवाला [को०]।

प्रवादी—वि० पुं० [स० प्रवादिन्] प्रवाद करनेवाला [को०]।

प्रवान(पु)—सज्ञा पुं० [स० प्रमाण] दे० 'प्रमाण'। उ०—(क) सो भुज कठ कि तन असि घोरा, सुनु सठ असि प्रवान पन मोरा। —तुलसी (शब्द०)। (ख) मुकुत न भए हते भगवाना। तीनि जनम द्विज बचन प्रवाना।—मानस, १।१२३।

प्रवार—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रवर। २ वस्त्र। आच्छादन। ३ उत्तरीय वस्त्र। चादर या दुपट्टा।

प्रवारण—सज्ञा पुं० [सं०] १ निषेध। २ काम्यदान। वह दान जो किसी कामना से किया जाय। ३ कमनीय वस्तुओ का दान। उत्तम वस्तुओ का दान (को०)। ४ इच्छापूर्ति। कामना पूरी करना (को०)। ५. महादान (को०)। ६. आच्छादन। प्रवार (को०)। ७ वर्षा ऋतु बीतने पर होनेवाला बौद्धों का एक उत्सव।

प्रवाल—सज्ञा पुं० [सं०] १. मूँगा। विद्रुम। २ किशलय। कोपल। कोमल पत्ता। ३. वीणादंड। सितार या तँबूरे की लकडी।

प्रवास—सज्ञा पुं० [सं०] १. अपना घर या देश छोडकर दूसरे देश में रहना। विदेश में रहना। परदेश का निवास। २ विदेश।

यौ०—प्रवासगत = विदेश गया हुआ। प्रवासपर = प्रवास में आसक्त। प्रवासस्थ, प्रवासस्थित = प्रवास पर गया हुआ।

प्रवासन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रवासित, प्रवास्य] १ देश या पुर से बाहर निकालना। देशनिकाला। २ वध। ३. प्रवास। बाहर रहना (को०)।

प्रवासित—वि० [स०] १. देश से निकाला हुआ। २ हत। मारा हुआ।

प्रवासी—वि० [स० प्रवासिन्] [वि० स्त्री० प्रवासिनी] विदेश में निवास करनेवाला। परदेस में रहनेवाला।

प्रवास्य—वि० [सं०] जो देश से निकाले जाने के योग्य हो। जिसे देशनिकाला देना उचित हो।

प्रवाह—सज्ञा पुं० [स०] १. जल। स्रोत। पानी की गति। बहाव। २ बहता हुआ पानी। धारा। ३ कार्य का बराबर चला चलना। काम का जारी रहना। ४ चलता हुआ काम। व्यवहार। ५. झुकाव। प्रवृत्ति। ६. अच्छा वाहन या घोडा। ७. चलता हुआ क्रम। तार। सिलसिला। जैसे, वाणी का प्रवाह। ८. तालाब। झील (को०)। ८. उत्तम घोडा (को०)।

प्रवाहक—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो अच्छी तरह वहन करे। अच्छी तरह वहन करनेवाला। २ राक्षस।

प्रवाहण—सज्ञा पु० [सं०] [वि० प्रवाहित] १ ढोया जाना। २ बहाया जाना।

प्रवाहणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] मलद्वार में सबसे ऊपर की कुडली जो मल को बाहर फेंकती है।

प्रवाहिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ बहानेवाली। २. अतीसार या ग्रहणी रोग का एक भेद। ३ बहनेवाली अर्थात् नदी। सरिता जिसमें प्रवाह रहता है। उ०—

प्रवाहित—वि० [स०] १ जो बहाया गया हो। २. जो ढोया गया हो।

प्रवाहिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] नदी [को०]।

प्रवाही[१]—वि० [स० प्रवाहिन्] [वि० स्त्री० प्रवाहिनी] १ बहानेवाला। २ प्रवाहवाला। बहनेवाला। ३ तरल। द्रव।

प्रवाही[२]—सज्ञा स्त्री० [स०] बालुका। बालू। रेत।

प्रविकट—वि० [स०] अत्यत विस्तृत। विशाल [को०]।

प्रविकर्षण—सज्ञा पु० [स०] खीचना। आकर्षण। तानना [को०]।

प्रविकीर्ण—वि० [स०] १ बिखरा हुआ। छितरा हुआ। २ अलग अलग। विघटित [को०]।

यौ०—प्रविकीर्णकामा = वह औरत जिसके अनेक प्रमी हो।

प्रविख्यात—वि० [स०] १ प्रसिद्ध। विख्यात। मशहूर। २ आदृत। आदरणीय। समानित [को०]।

प्रविख्याति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रसिद्धि। ख्याति।

प्रविग्रह—सज्ञा पुं० [स०] सविभग।

प्रविचय—सज्ञा पुं० [सं०] १ अनुसधान। खोज। २ परीक्षण। परीक्षा।

प्रविचर—सज्ञा पुं० [स०] विवेक। विचारणा। विवेचन [को०]।

प्रविचित—वि० [स०] सिद्ध। परीक्षित [को०]।

प्रविचेतन—सज्ञा पु० [सं०] बोध। समझ। ज्ञान [को०]।

प्रवितत—वि० १ फैला हुआ। अत्यत विस्तृत। २ बिखरा हुआ। अस्तव्यस्त। जैसे, बाल [को०]।

प्रविदार—सज्ञा पुं० [सं०] खुलना। स्फोट। [को०]

प्रविदारण—सज्ञा पुं० [स०] १ पूर्ण रूप से विदारण। २ युद्ध। ३. भीडभाड। जनसमर्द (को०)। ४ स्फुटन। खिलना। खुलना। (को०)।

प्रविद्ध—वि० [स०] फेंका हुआ। क्षिप्त। अपाकृत [को०]।

प्रविद्रुत—वि० [स०] अस्तव्यस्त या तितर बितर किया हुआ। भगाया हुआ [को०]

प्रविधान—सज्ञा पुं० [स०] १ विचार करना। २ कार्य रूप में परिणत करना। २ वह साधन जो काम में लाया गया हो [को०]।

प्रविधि—सज्ञा स्त्री० [स०] विधि। ढग। तरीका।

प्रविध्वस्त—वि० [स०] १ फेंका हुआ। उत्क्षिप्त। २ कंपित। क्षुब्ध [को०]।

प्रविपल—संज्ञा पु० [सं०] विपल का लघुतम अंश [को०]।

प्रविर—संज्ञा पुं० [स०] पीतकाष्ठ। एक प्रकार का चंदन।

प्रविरत—वि० [सं०] हटा हुआ। विरत [को०]।

प्रविरल—वि० [स०] १ जो बहुत बड़े अंतराल के कारण अलग हो गया हो। अलग। पृथक्। २ बहुत कम। अत्यल्प।

प्रविलय, प्रविलयन—संज्ञा पु० [स०] १. पिघलना। २ पूर्णतः लय या समाप्त हो जाना [को०]।

प्रविवर—संज्ञा पुं० [स०] पदुमकाठ या पदम वृक्ष। पदमख। विशेष—दे० 'पदम'।

प्रविविक्त—वि० [स०] १. पूर्णतः निर्जन। पूर्णतः एकाकी। २. निशित। तीक्ष्ण। तीव्र। तिग्म। (को०)। ३ अलग। विच्छिन्न। पृथक् (को०)।

प्रविवेक—संज्ञा पु० [स०] पूर्णतः निर्जन स्थान। पूरी तौर से निर्जनता [को०]।

प्रविश्लेष—संज्ञा पुं० [सं०] अलगाव। विभक्तता [को०]।

प्रविषण्ण—वि० [स०] निराश। खिन्न [को०]।

प्रविषय—संज्ञा पुं० [स०] क्षेत्र। प्रसर [को०]।

प्रविषा—संज्ञा स्त्री० [स०] अतीस। अतिविषा।

प्रविष्ट—वि० [स०] घुसा हुआ। पैठा हुआ। भीतर पहुँचा हुआ। उ०—प्रिय, प्रविष्ट हो, द्वार मुक्त है, मिलन योग तो नित्य युक्त है।—साकेत, पृ० ३११।

प्रविसनाⓊ—क्रि० अ० [सं० √प्रविश्] घुसना। पैठना। उ०—प्रविसि नगर कीजै सब काजा।—तुलसी (शब्द०)।

प्रविसृत—वि० [स०] १ दौड़ा हुआ। प्रपलायित। २ साहसी। हिम्मतवर। उग्र [को०]।

प्रविस्तर, प्रविस्तार—संज्ञा पुं० [सं०] फैलाव। घेरा [को०]।

प्रवीण—वि० [सं०] १ अच्छा गाने, बजाने या बोलनेवाला। २. निपुण। कुशल। दक्ष। चतुर। होशियार।

प्रवीणता—संज्ञा स्त्री० [सं०] निपुणता। चतुराई। कुशलता।

प्रवीतⓊ—वि० [स० पवित्र ?] पवित्र। उ०—यौं महाराँणी उच्चरै, सुहड़ाँ तजौ सचीत। परवाही खग धार दे, जमणा धार प्रवीत।—रा० रू०, पृ० ३०।

प्रवीनⓊ[1]—वि० [स० प्रवीण] दे० 'प्रवीण'।

प्रवीनⓊ[2]—संज्ञा स्त्री० [स० प्र+वीणा] अच्छी वीणा। सुंदर वीणा।

प्रवीर[1]—वि० [सं०] सुभट। श्रेष्ठ योद्धा। अच्छा वीर। भारी योद्धा। बहादुर। उ०—शेर पचनद का प्रवीर रणजीत सिंह आज मरता है देखो।—लहर, पृ० ६१। २ उत्तम। श्रेष्ठ।

प्रवीर[2]—संज्ञा पुं० १. भौत्य मनु के एक पुत्र। २ वह जो सर्वश्रेष्ठ वीर हो (को०)। ३ माहिष्मती के राजा नीलध्वज के पुत्र जो ज्वाला के गर्भ से उत्पन्न थे।

विशेष—इनकी कथा जैमिनी भारत में इस प्रकार है। जब युधिष्ठिर का अश्वमेध का घोड़ा माहिष्मती में पहुँचा तब राजकुमार प्रवीर बहुत सी स्त्रियों को लिए एक उपवन में क्रीड़ा कर रहे थे। अपनी प्रेयसी मदनमंजरी के कहने से राजकुमार घोड़े को पकड़ लाए। घोर युद्ध हुआ जिसमें नीलध्वज हारने लगे। सूर्य नीलध्वज के जामाता थे और वर देने के कारण उन्हीं के घर रहते थे। सूर्य के समझाने पर नीलध्वज ने घोड़े को अर्जुन को लौटाना चाहा। पर उनकी स्त्री उन्हें धिक्कारने लगी और उसने युद्ध करने के लिये उत्तेजित किया। युद्ध में प्रवीर तथा और बहुत से राजवंश के लोग मारे गए। तब नीलध्वज ने घोड़े को वापस कर दिया। इसपर ज्वाला क्रुद्ध होकर अपने भाई के पास चली गई और उसे अर्जुन से युद्ध करने के लिये उभारने लगी। जब भाई ने भी उसे अपने यहाँ से भगा दिया तब वह नौका पर चढ़कर गंगा पार कर रही थी। गंगा देवी को उसने बहुत फटकारा कि तुमने अपने सात पुत्रों को डुबा दिया और तुम्हारे आठवें पुत्र भीष्म की यह गति हुई कि अर्जुन ने शिखंडी को सामने करके उसे मार डाला। इसपर गंगादेवी ने क्रुद्ध होकर शाप दिया कि ६ महीने में अर्जुन का सिर कटकर गिर पड़ेगा। यह सुनकर ज्वाला प्रसन्न होकर आग में कूद पड़ी और अर्जुन के वध की इच्छा से तीक्ष्ण बाण होकर वभ्रुवाहन के तूणीर में जा विराजी। यह कथा महाभारत में नहीं है।

प्रवृत—वि० [स०] चुना हुआ। चयन किया हुआ [को०]।

प्रवृत्त[1]—वि० [सं०] १ प्रवृत्तिविशिष्ट। किसी बात की ओर झुका हुआ। रत। तत्पर। लगा हुआ। जैसे, किसी कार्य में प्रवृत्त होना। २. प्रस्तुत। उद्यत। तैयार। ३. जिसकी उत्पत्ति या आरंभ हुआ हो। उत्पन्न। आरब्ध। ४ लगाया हुआ। नियुक्त। ५. निश्चित (को०)। ६. बाधा रहित। निर्बाध (को०)। ७ निर्विवाद (को०)। ८. वर्तुलाकार (को०)। ९. बहता हुआ। प्रवाहित (को०)।

प्रवृत्त[2]—संज्ञा पुं० १ एक गोलाकार आभूषण। २. क्रिया। व्यापार। कार्य [को०]।

प्रवृत्तक—संज्ञा पुं० [स०] १. रंगमंच पर प्रवेश करना। २. एक मात्रावृत्त [को०]।

प्रवृत्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] १ प्रवाह। बहाव। २ झुकाव। मन का किसी विषय की ओर लगाव। लगन। जैसे,—उसकी प्रवृत्ति व्यापार की ओर नहीं है। ३. वार्ता। वृत्तांत। हाल। बात। ४. यज्ञादि व्यापार। ५. न्याय में एक यत्न विशेष।

विशेष—वाणी, बुद्धि और शरीर से कार्य के आरंभ को प्रवृत्ति कहते हैं। राग द्वेष भले बुरे कामों में प्रवृत्त कराते हैं। इष्टसाधनता ज्ञान प्रवृत्ति का और अनिष्टसाधनता ज्ञान निवृत्ति का कारण होता है।

६ प्रवर्तन। काम का चलना। ७. सासारिक विषयों का ग्रहण। संसार के कामो में लगाव। दुनिया के धधे मे लीन होना। निवृत्ति का उलटा। ८ उत्पत्ति। आरभ। ९ शब्दार्थ-बोधक शक्ति (को०)। १० भाग्य। किस्मत। (को०)। ११. उज्जयिनी का एक नाम (को०) १२ (गणित में) गुणक। गुणक अक (को०)। १३. हाथी का मद।

यौ०—प्रवृत्तिज्ञ। प्रवृत्तिनिमित्त = प्रवृत्ति का कारण। किसी विशिष्ट अर्थ में शब्दप्रयोग का कारण। प्रवृत्तिपराङ्मुख = जिसकी समाचार देने में रुचि न हो। प्रवृत्तिपुरुष = गुप्तचर। प्रवृत्तिमार्ग = भौतिक जीवन के कार्यव्यापारो में आसक्ति। प्रवृत्तिलेख = मार्गदर्शन करानेवाला। आलेख। प्रवृत्तिविज्ञान।

प्रवृत्तिज्ञ—सज्ञा पुं० [स०] जासूस। खुफिया [को०]।

प्रवृत्तिविज्ञान—सज्ञा पुं० [स०] बाह्य पदार्थों से प्राप्त ज्ञान। (बौद्ध दर्शन)।

प्रवृद्ध[1]—वि० [स०] १ वृद्धियुक्त। खूब बढ़ा हुआ। २ प्रौढ़। खूब पक्का। ३ विस्तृत। खूब फैला हुआ। विशाल। ४ उग्र। घमडी। गर्विष्ठ (को०)।

प्रवृद्ध[2]—सज्ञा पुं० १ तलवार के ३२ हाथो मे से एक जिसे प्रसृत भी कहते हैं। इनमे तलवार की नोक से शत्रु का शरीर छू भर जाता है। २. अयोध्या के राजा रघु का एक पुत्र जो गुरु के शाप से १२ वर्ष के लिये राक्षस हो गया था।

प्रवेक—वि० [सं०] उत्तम। प्रधान।

प्रवेग—सज्ञा पुं० [सं०] प्रकृष्ट वेग। तीव्र गति [को०]।

प्रवेट—सज्ञा पुं० [सं०] यव। जौ।

प्रवेण—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बकरा। (वाल्मीकि रामायण)।

प्रवेणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वेणी। केशविन्यास। २ हाथी की पीठ पर का रगबिरगा झूल। ३. एक नदी। (महाभारत)। ४. धारा का प्रवाह। जलादि का बहाव (को०)।

प्रवेता—सज्ञा पुं० [सं० प्रवेतृ] सारथी। रथवान।

प्रवेदन—सज्ञा पुं० [सं०] ज्ञात कराना, व्यक्त या जाहिर करना [को०]।

प्रवेध—सज्ञा पुं० [सं०] १ बाण का छोडा जाना। २ एक विशेष प्रकार की माप [को०]।

प्रवेप, प्रवेपक, प्रवेपथु, प्रवेपन—सज्ञा पुं० [सं०] कंपन। काँपना। हिलना डोलना [को०]।

प्रवेरित—वि० [सं०] इधर उधर फेंका हुआ। इतस्तत क्षिप्त या विकीर्ण [को०]।

प्रवेल—सज्ञा पुं० [स०] पीली मूँग।

प्रवेश—सज्ञा पुं० [सं०] १. अतर्निवेश। भीतर जाना। घुसना। पैठना। दखल। २ गति। पहुँच। रसाई। जैसे,—वहाँ तक उनका प्रवेश नही है। ३. किसी विषय की जानकारी। जैसे—न्यायशास्त्र में उनका ऐसा प्रवेश नहीं है। ४ द्वार। ५ नाटक में किसी पात्र का रगमच पर प्रवेश (को०)। ६. उद्देश्योन्मुखता (को०)। ७ किसी लग्न या राशि में सूर्य का गमन (को०)। ८ आना। उपस्थित होना जैसे रात। (को०)। १० व्यवहार। उपयोग (को०)। ११ पद्धति। ढग (को०)। १२. आय। आगम (को०)।

प्रवेशक—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रवेश करनेवाला। २ नाटक के अभिनय में वह स्थल जहाँ कोई पात्र दो अंकों के बीच की घटना का (जो दिखाई न गई हो) परिचय अपने वार्तालाप द्वारा देता है।

प्रवेशद्वार—सज्ञा पुं० [सं०] प्रवेश करने का मार्ग [को०]।

प्रवेशन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० प्रविष्ट, प्रवेशनीय, प्रवेशित, प्रवेश्य] १. भीतर जाना। घुपना। पैठना। २. सिंहद्वार। ३ ले जाना। प्रवेश कराना। पहुँचाना (को०)। ४. स्त्री-प्रसग। रतिक्रिया। संभोग (को०)।

प्रवेशनिषेध—सज्ञा पुं० [स०] किसी के आने वा प्रवेश को निषिद्ध ठहराने का आदेश।

प्रवेशनाⓊ—क्रि० अ०, क्रि० स० [स० प्रवेशन] दे० 'प्रवेसना'।

प्रवेशपत्र—सज्ञा पुं० [प्रवेश+पत्र] १ वह प्रमाणपत्र जिसके आधार पर सबद्ध स्थान या कार्यक्रम में भाग लिया जा सकता है। टिकट। २ वह प्रमाणपत्र जिसके आधार पर विदेशयात्रा की जाती है और जो विदेश में प्रवेश करते समय अधिकारियो को दिखाया जाता है।

प्रवेशशुल्क—सज्ञा पुं० [सं०] वह द्रव्य जो किसी स्थान या सस्था में प्रवेश का अधिकार पाने के लिये दिया जाय।

प्रवेशिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ वह पत्र, चिट्ठी या चिह्न जिसे दिखाकर कही प्रवेश करने पाएँ। २ प्रवेश के लिये दिया जानेवाला धन। दाखिला।

प्रवेशित—वि० [सं०] १ प्रवेश कराया हुआ। घुसाया या पैठाया हुआ। २. पहुँचाया हुआ [को०]।

प्रवेश्य[1]—सज्ञा पुं० [स०] कौटिल्य अर्थशास्त्रानुसार देश के भीतर आनेवाला माल। आयात।

प्रवेश्य[2]—वि० [सं०] प्रवेश के योग्य। जिसमें प्रवेश हो सके। २ जिसका प्रवेश कराया जाय। ३ जो बजाया जाय, जैसे वाद्य आदि [को०]।

प्रवेश्यशुल्क—सज्ञा पुं० [सं०] देश के भीतर आनेवाले माल का महसूल। आयात कर।

प्रवेषⓊ—सज्ञा पुं० [स० परिवेश] परिधि। मडल। घेरा।

प्रवेष्ट—सज्ञा पुं० [सं०] १ बाहु। २ बाहु का निचला भाग। पहुँचा। ३ हाथी के दाँत पर का मास। हाथी का मसूडा। ४ हाथी की पीठ का मासल भाग जिसपर सवारी होती है। ५. हाथी की झूल (को०)।

प्रवेष्टक—सज्ञा पुं० [सं०] दाहिना हाथ।

प्रवेष्टा—सज्ञा पुं० [सं० प्रवेष्टृ] १ प्रवेश करनेवाला। २ प्रवेश करानेवाला (को०)।

प्रवेसनाⓊ[1]—क्रि० अ० [स० प्रवेश]'प्रवेश करना। घुसना। पैठना। उ०—सो सिय मम हित लागि दिनेसा। घोर बननि महँ कीन्ह प्रवेसा।—रामाश्वमेध (शब्द०)।

प्रवेसना[2]—क्रि० स० प्रविष्ट करना। घुसाना।

प्रव्यक्त—वि० [स०] स्फुट। व्यक्त। प्रकट [को०]।

प्रव्यक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] आविष्करण। प्रकाशन। व्यक्ति [को०]।

प्रव्याहरण—सज्ञा पुं० [सं०] बोलने, भाषण करने वा वाद करने का स्थान [को०]।

प्रव्याहार—सज्ञा पुं० [सं०] १ भाषण। कथन। उक्ति। २ वाद का बढ़ना। कथन या भाषण का जारी रहना। ३ ध्वनि। आवाज। शब्द। रव [को०]।

प्रव्याहृत—वि० [सं०] १. भविष्य के रूप में कथित। २ उक्त। कथित [को०]।

प्रव्रजन—सज्ञा पुं० [स०] [वि० प्रव्रजित] १. घर बार छोडकर प्रव्रज्या या सन्यास लेना। २ बाहर जाना। परदेश जाना (को०)।

प्रव्रजित[1]—वि० [सं०] १ संन्यासी। २. गृहत्यागी।

प्रव्रजित[2]—सज्ञा पुं० १. सन्यासी। वह व्यक्ति जिसने चतुर्थ आश्रम ग्रहण कर लिया हो। २ बौद्ध या जैन भिक्षु का एक शिष्य। ३. सन्यास आश्रम। चतुर्थ आश्रम [को०]।

प्रव्रजिता—सज्ञा स्त्री० [स०] १. जटामासी। २. गोरखमुंडी। ३. तपस्विनी। तापसी (को०)।

प्रव्रज्या—सज्ञा स्त्री० [स०] १ सन्यास। भिक्षाश्रम। २ जाना। बाहर जाना। विदेशगमन (को०)। ३ तृतीय आश्रम। वानप्रस्थ (को०)।

क्रि० प्र०—ग्रहण करना।—लेना।

प्रव्रज्यावसित—सज्ञा पुं० [सं०] जो संन्यास ग्रहण करके उससे च्युत हो गया हो।

विशेष—प्रव्रज्याभ्रष्ट व्यक्ति को प्रायश्चित्त करना होता है। पर प्रायश्चित्त करने पर भी उसके साथ खानपान का व्यवहार नहीं रखना चाहिए।

प्रव्रज्याव्रत—सज्ञा पुं० [सं०] नैपाली बौद्धों के यहाँ का एक सस्कार जो हिंदुओं के यज्ञोपवीत के ढग पर होता है।

प्रव्रश्चन—सज्ञा पु० [स०] खुखडी जिससे लकडी काटी जाय। काठ काटने की कुल्हाडी [को०]।

प्रव्राज[1]—सज्ञा पुं० [सं०] सन्यासी [को०]।

प्रव्राज—सज्ञा पु० [सं०] १ बहुत नीची जमीन। २ सन्यास।

प्रव्राजक—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रव्राजिका] सन्यासी [को०]।

प्रव्राजन—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रव्रजन'।

प्रशसⓊ[1]—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रशंसा] दे० 'प्रशंसा'।

प्रशस[2]—वि० [स० प्रशंस्य] प्रशसा के योग्य। उ०—(क) गए जहाँ हस संत बानो सो प्रशस देखि जानि के बँधाए राजा पास लैकै आए हैं।—प्रियादास (शब्द०)। (ख) मत्री प्रसिद्ध प्रशस तू।—पूर्ण (शब्द०)।

प्रशसक—वि० [सं०] १. प्रशंसा करनेवाला। स्तुति करनेवाला। २. खुशामदी। चाटुकार।

प्रशसन—सज्ञा पुं० [सं०] वि० प्रशसनीय, प्रशंसित, प्रशस्य] १ गुणकीर्तन। गुणों का वर्णन करते हुए स्तुति करना। सराहना। तारीफ करना। २ धन्यवाद। साधुवाद।

प्रशंसनाⓊ[1]—क्रि० स० [स० प्रशंसन] सराहना। गुणानुवाद करना। बखानना। तारीफ करना। उ०—(क) रचि लक्ष्य विविध प्रकार मुनिवर तिन्हैं भेदन को कहैं। अरु हस्त-लाघव देखि सुतन प्रशसि उर आनँद गहैं।—लवकुशचरित्र (शब्द०)। (ख) ताके पुत्र अनूपम आही। वेद पुराण प्रशसत जाही।—सबलसिंह (शब्द०)।

प्रशसना[2]—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रशसा। प्रशसन।

प्रशसनीय—वि० [स०] सराहने योग्य। स्तुत्य [को०]।

प्रशसा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ गुणवर्णन। स्तुति। बडाई। श्लाघा। तारीफ। २ कीर्ति। ख्याति। प्रसिद्धि (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—प्रशसालाप = प्रशसा। श्लाघा। प्रशसामुखर = उच्च स्वर से गुण वर्णन करनेवाला। प्रशसोपमा।

प्रशसित—वि० [स०] जिसकी प्रशसा हुई हो। प्रशसायुक्त। सराहा हुआ।

प्रशसी—वि० [सं० प्रशसिन्] दे० 'प्रशसक' [को०]।

प्रशसोपमा—सज्ञा स्त्री० [सं०] उपमालकार का एक भेद जिसमें उपमेय की अधिक प्रशंसा करके उपमान की प्रशसा द्योतित की जाती है। जैसे,—जो शशि शिव सिर धरत हैं सो तव बदन समान।

प्रशस्य—वि० [स०] प्रशसा करने योग्य। प्रशसनीय।

प्रशक्य—वि० [सं०] १ शक्ति भर करनेवाला। २. किया जाने योग्य। जो किया जा सके।

प्रशस्तरी—सज्ञा स्त्री० [सं०] नदी। सरिता [को०]।

प्रशस्त्वा, प्रशस्वा—सज्ञा पु० [सं० प्रशस्वन्, प्रशस्त्वन्] समुद्र।

प्रशम—सज्ञा पुं० [सं०] १ शमन। उपशम। शाति। २ निवृत्ति। नाश। ध्वस। भागवत के अनुसार रतिदेव के पुत्र का नाम।

प्रशमन—सज्ञा पु० [स०] १ शमन। शाति। २ नाशन। ध्वस करना। ३ मारण। वध। ४. प्रतिपादन। ५ दान (को०)। ६. दबाना। वश में करना। स्थित करना। ७ सत्राजित के भाई का नाम। ८ अस्त्रप्रहार।

प्रशमित—वि० [सं०] जो शांत हो। जो नीरव हो। उ०—प्रशमित है वातावरण, नमितमुख सांध्यकमल।—अपरा, पृ० ३८।

प्रशल—सज्ञा पुं० [सं०] हेमंत ऋतु। दे० 'प्रसल' [को०]।

प्रशस्त[1]—वि० [सं०] १ प्रशसनीय। सुदर। २ जिसकी प्रशसा

की गई हो (को०)। ३ श्रेष्ठ। उत्तम। भव्य। ४ विस्तृत। व्यापक। उ०—अकबर कालीन कवियो के लिये काव्य का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।—अकबरी०, पृ० ७। ५ स्वच्छ साफ। चौडा। जैसे, प्रशस्त ललाट (को०)।

प्रशस्त[२]—सज्ञा पुं० सज्ञा स्त्री० करजोडी नाम की जडी। हस्थाजोडी।

प्रशस्तपाद—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन आचार्य जिनका वैशेषिक दर्शन पर 'पदार्थधर्मसग्रह' नामक ग्रथ अबतक मिलता है। इसे कुछ लोग वैशेषिक का भाष्य मानते हैं।

प्रशस्तादि—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक देश का नाम। बृहत्संहिता के मत से यह देश ज्येष्ठा, पूर्वा, मूल और शतभिष के अधिकार मे है। २ एक पर्वत (को०)।

प्रशस्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्रशसा। स्तुति। २ वह प्रशसा-सूचक वाक्य जो किसी को पत्र लिखते समय पत्र के आदि में लिखा जाता है। सरनामा। ३ किसी की प्रशसा मे लिखी गई कविता (को०)। ४ राजा की ओर से एक प्रकार के आज्ञापत्र जो पत्थरो की चट्टानो या ताम्रपत्रादि पर खोदे जाते थे और जिनमे राजवश और कीर्ति आदि का वर्णन होता था। ५ वर्णन। विवरण (को०)। ६ प्राचीन पुस्तको के आदि और अत की कुछ पक्तियाँ जिनसे पुस्तक के कर्ता, विषय, कालादि का परिचय मिलता हो।

प्रशस्य—वि० [स०] १ प्रशसा के योग्य। प्रशसनीय। २ श्रेष्ठ। उत्तम।

प्रशात[१]—वि० [सं० प्रशान्त] १ चचलतारहित। स्थिर। २ शांत। निश्चल वृत्तिवाला। ३ मृत। मरा हुआ (को०)। ४ वशीकृत वश में लाया हुआ। सधाया हुआ (को०)।

यौ०—प्रशातकाम = जिसकी कामनाएँ पूरी हो गई हों। सतुष्ट। प्रशांतचित्त = जिसका चित्त शात हो। शातचित्त। प्रशातचेष्ट = जिसने प्रयत्न करना छोड दिया हो। जिसकी चेष्टा शांत हो गई हो। प्रशातबाध = जिसकी सब बाधाएँ दूर हो गई हो।

प्रशात[२]—सज्ञा पु० एक महासागर जो एशिया के पूर्व एशिया और अमरीका के बीच मे है। (आधुनिक भूगोल)।

प्रशातात्मा—वि० [सं० प्रशान्तात्मन्] जिसका चित्त शात हो। प्रशातचित्त (को०)।

प्रशातोर्ज—वि० [स० प्रशान्तोर्ज] जिसकी शक्ति शात या क्षीण हो गई हो (को०)।

प्रशाति—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रशान्ति] १ शाति। २ स्थिरता। ३ शमन (को०)।

प्रशाख—वि० [सं०] १ जिसकी कई शाखाएँ हो। जिसकी फैली हुई शाखाएँ हों। २ (वह भ्रूण) जिसके निर्माण का पाँचवाँ महीना हो। तबतक भ्रूण मे हाथ और पैर बन जाते हैं (को०)।

प्रशाखा—सज्ञा स्त्री० [स०] शाखा की शाखा। टहनी। पतली शाखा।

प्रशाखिका—सज्ञा स्त्री० [स०] छोटी टहनी।

प्रशासक—सज्ञा पुं० [सं०] १ शासन करनेवाला। शास्ता। उ०—ऐसे वयोवृद्ध विद्वान् अनथक कार्यकर्ता और अनुभवी प्रशासक के आदरार्थ जो प्रयास मध्यप्रदेश साहित्य सम्मेलन द्वारा किया जा रहा है, उसका मैं स्वागत करता हूँ।—शुक्ल अभि० ग्रं० (सदेश), पृ० १। २. आचार्य। उपदेष्टा।

प्रशासकीय—वि० [सं०] प्रशासन से सबधित। प्रशासन का।

प्रशासन—सज्ञा पुं० [सं०] १ कर्तव्य की शिक्षा जो शिष्य आदि को दी जाय। २ शासन।

प्रशासित—वि० [स०] १ जिसका अच्छा शासन किया गया हो। २ शिक्षित। ३ आज्ञप्त। आदिष्ट (को०)।

प्रशासिता—सज्ञा पुं० वि० [स० प्रशासितृ] १ शासनकर्ता। शासक। २ सलाह देनेवाला। परामर्शदाता (को०)।

प्रशास्ता—सज्ञा पुं० [सं० प्रशास्तृ] १ होता का सहकारी एक ऋत्विक् जिसे मैत्रावरुण भी कहते हैं। २. ऋत्विक्। ३ मित्र। ४ शासनकर्ता। राजा। शासक।

प्रशास्त्र—सज्ञा पुं० [स०] १ एक याग का नाम। २. प्रशास्ता का कर्म। ३ प्रशास्ता के सोमपान करने का पात्र।

प्रशिक्षण—सज्ञा पुं० [सं० प्र (उप०) + शिक्षण] किसी कार्य को कुशलतापूर्वक करने के लिये दी जानेवाली शिक्षा। शिक्षण। शिक्षा।

प्रशिथिल—वि० [स०] १ अत्यत ढीला। २ अत्यत दुर्बल या पतला। अत्यत सूक्ष्म या कृश (को०)।

प्रशिष्ट—वि० [सं०] दे० 'प्रशासित' (को०)।

प्रशिष्टि—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ अनुशासन। शिक्षा। उपदेश। २. आदेश। आज्ञा।

प्रशिष्य—सज्ञा पुं० [स०] १. शिष्य का शिष्य। २ परंपरागत शिष्य।

प्रशिस्—सज्ञा स्त्री० [सं०] आज्ञा। अनुशासन।

प्रशीत—वि० [सं०] शीत से जमा हुआ (को०)।

प्रशुद्धि—सज्ञा स्त्री० [स०] पवित्रता। शुद्धता। स्वच्छता (को०)।

प्रशुश्रुक्—सज्ञा पुं० [सं०] वाल्मीकीय रामायण के अनुसार मरु देश के एक राजा का नाम।

प्रशून—वि० [स०] सूजा हुआ (को०)।

प्रशोचन—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक की एक क्रिया का नाम जिसमे रोगी के व्रणादि को जला देते हैं। दागना।

प्रशोष—सज्ञा पुं० [सं०] सूखना। शुष्कता। खुश्की (को०)।

प्रशोषण—सज्ञा पुं० [स०] १ सोखना। सुखाना। २ एक राक्षस जो बच्चो में सुखडी रोग फैलाता है।

प्रश्चोतन, प्रश्च्योतन—सज्ञा पुं० [स०] चूना। टपकना। रिसना। मदस्राव (को०)।

प्रश्न—सज्ञा पुं० [स०] १ किसी के प्रति ऐसे वाक्य का कथन जिससे कोई बात जानने की इच्छा सूचित हो। पूछताछ। जिज्ञासा। सवाल। जैसे,—पहले मेरे प्रश्न का उत्तर दीजिए तब कुछ कहिए।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

२ वह वाक्य जिससे कोई बात जानने की इच्छा प्रकट हो। सवाल। पूछने की बात। ३ विचारणीय विषय। ४. एक उपनिषद्।

विशेष—यह अथर्ववेदीय उपनिषद् मानी जाती है। इसमें ६ प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के सात से सोलह तक मंत्र हैं। सब मिलाकर ६७ मंत्र हैं। इसमे प्रजापति से सृष्टि की उत्पत्ति का विषय अलंकारो द्वारा बताया गया है और अद्वैत मत निरूपित हुआ है। प्रथम प्रश्न कात्यायन जी करते हैं कि यह प्रजा कहाँ से उत्पन्न हुई। इसका उत्तर विस्तार से दिया गया है। दूसरा प्रश्न भार्गव वैदर्भि का है कि कौन देवता प्रजा का पालन करते हैं और कौन अपना बल दिखाते हैं। इसके उत्तर में प्राण नाम का देवता बडा बताया गया है क्योंकि उसके बल से सब इंद्रियाँ अपना अपना कार्य करती हैं। तीसरा प्रश्न आश्वलायन जी करते हैं कि प्राण किस प्रकार बडा है और किस प्रकार उसका संबंध बाह्य और अंतरात्मा से है। चौथा प्रश्न सौर्यायणी गार्ग्य ने किया है कि पुरुषों में कौन सोता है, कौन जागता है, कौन स्वप्न देखता है, कौन सुख भोगता है। उत्तर में पुरुष की तीनों अवस्थाएँ दिखाकर आत्मा सिद्ध की गई है। पाँचवाँ प्रश्न शैव सत्यकामा ने ओंकार के अर्थ और उपासना के संबंध में किया है। छठा प्रश्न सुकेशा भरद्वाज का है कि सोलह कलाओंवाला पुरुष कौन है।

५ भविष्य की जिज्ञासा। ६. किसी ग्रंथादि का कोई छोटा अंश (को०)। ७. दे० 'वैदल'।

प्रश्नकथा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ऐसी कहानी जिसमें प्रश्न हो [को०]।

प्रश्नदूती—संज्ञा स्त्री० [सं०] पहेली। बुझौवल।

प्रश्नपत्र—संज्ञा पुं० [सं० प्रश्न + पत्र] वह पत्र जिसपर परीक्षार्थियो से पूछे जानेवाले प्रश्न अंकित रहते हैं। परचा।

प्रश्नवादी—संज्ञा पुं० [सं० प्रश्नवादिन्] ज्योतिषी (को०)।

प्रश्नविवाक—संज्ञा पुं० [सं०] १. शुक्ल यजुर्वेदसंहिता के अनुसार प्राचीन काल के विद्वानो का एक भेद जो भावी घटनाओं के विषय में प्रश्नो का उत्तर दिया करते थे। २. पंच। सरपंच।

प्रश्नव्याकरण—संज्ञा पुं० [सं०] जैनियो के एक शास्त्र का नाम।

प्रश्नातीत—वि० [सं० प्रश्न + अतीत] जिससे प्रश्न न किया जा सके। जिसके पास प्रश्न न पहुँच सके।—उ०—आज तुम नरराज प्रश्नातीत।—साकेत, पृ० १९९।

प्रश्नि—संज्ञा पुं० [सं०] १ जलकुंभी। २ महाभारत के अनुसार एक ऋषि।

प्रश्नी—वि० [सं० प्रश्निन्] प्रश्न पूछनेवाला। जिज्ञासु [को०]।

प्रश्नोत्तर—संज्ञा पुं० [सं०] १ सवाल जवाब। प्रश्न और उत्तर। संवाद। २ पूछताछ। ३ वह काव्यालंकार जिसमें प्रश्न और उत्तर रहते हैं।

प्रश्नोपनिषद्—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक उपनिषद्। विशेष दे० 'प्रश्न'—४।

प्रश्रब्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] विश्वास। भरोसा [को०]।

प्रश्रय[1]—संज्ञा पुं० [सं०] शिथिलता। ढिलाई। ढीलापन [को०]।

प्रश्रय[2]—संज्ञा पुं० [सं०] १. आश्रयस्थान। २ टेक। सहारा। आधार। ३ विनय। नम्रता। शिष्टता। ४ स्नेह। प्रणय। अनुराग (को०)। ५ महाभारत में वर्णित धर्म से उत्पन्न एक देवता।

प्रश्रयण—संज्ञा पुं० [सं०] सौजन्य। शिष्टाचरण। विनय। नम्रता। दे० 'प्रश्रय'।

प्रश्रयी—वि० [सं० प्रश्रयिन्] १ शिष्ट। सुजन। भलामानुस। २ शांत। नम्र। विनीत।

प्रश्रवण—संज्ञा पुं० [सं०] रामायण के अनुसार एक पर्वत।

प्रश्रित—वि० [सं०] विनीत।

प्रश्लथ—वि० [सं०] १ ढीलाढाला। शिथिल। २ शक्तिहीन। क्लांत [को०]।

प्रश्लिष्ट—वि० [सं०] १ मिलाजुला। २ संधिप्राप्त। ३. विचारयुक्त। युक्तियुक्त। संयुक्तिक (को०)।

प्रश्लेष—संज्ञा पुं० [सं०] घनिष्ट संबंध। २. संधि होने मे स्वरो का परस्पर मिल जाना।

प्रश्वास—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह वायु जो नथने से बाहर निकलती है। बाहर आती हुई साँस। २ वायु के नथने से बाहर निकलने की क्रिया।

प्रष्टव्य—वि० [सं०] १ पूछने योग्य। २ पूछने का। जिसे पूछना हो। जैसे, प्रष्टव्य बात।

प्रष्टा—वि० [सं० प्रष्टृ] पूछनेवाला। प्रश्नकर्ता।

प्रष्टि[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह घोडा या बैल जो तीन घोडो के रथ या तीन बैलो की गाडी में आगे जोता जाता है। २ दाहिनी ओर का घोडा या बैल। ३ तिपाई।

प्रष्टि[2]—वि० पास खडा हुआ। पास का। पार्श्वस्थ।

प्रष्ठ[1]—वि० [सं०] १ अग्रगामी। अगुवा। २ आगे की ओर स्थित (को०)। ३ प्रधान। प्रमुख। श्रेष्ठ (को०)।

यौ०—प्रष्ठवाह = कृषि कर्म मे शिक्षित युवा बैल।

प्रष्ठ[2]—अव्य० [सं० पृष्ठ] पीछे। उ०—श्री गुरु मेरे इष्ट प्रष्ठ औरै पहिचानूँ।—नट०, पृ० १०।

प्रष्ठौही—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गाय जो पहलेपहल गाभिन हुई हो।

प्रसंख्या—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रसङ्ख्या] १ सब संख्याओं का योग। जोड। कुल। मीजान। टोटल। २. चिंता। मनन।

प्रसंख्यान—संज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्ख्यान] १ सम्यक् ज्ञान। सत्य ज्ञान। २ आत्मानुसंधान। ध्यान। ३ गणना (को०)। ४ प्रसिद्धि। ख्याति (को०)। ५ प्राप्ति। उपलब्धि। अदायगी (को०)।

प्रसग—सज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्ग] १ मेल । संबध । लगाव । सगति । २ बातो का परस्पर सबंध । विषय का लगाव । अर्थ की संगति । जैसे,—शब्दार्थ पूरा न जानकर भी वे प्रसग से अर्थ लगा लेते हैं । ३ व्याप्तिरूप सबंध । ४ स्त्रीपुरुष-सयोग । जैसे, स्त्रीप्रसग ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

५. अनुरक्ति । लगन । ६ बात । वार्ता । विषय । उ०—(क) अवध सरिस प्रिय मोहि न सोऊ । यह प्रसग जानइ कोउ कोऊ ।—तुलसी (शब्द०) । (ख) जस मानस जेहि विधि भयउ जग प्रचार जेहि हेतु । अब सोइ कहौं प्रसग सब सुमिरि उमा वृषकेतु ।—तुलसी (शब्द) । ७. उपयुक्त सयोग । अवसर । मौका । उ०—तब तें सुधि कछु नाही पाई । बिनु प्रसंग तहँ गयो न जाई ।—सूर (शब्द०) ८ हेतु । कारण । उ०—करिहहिं विप्र होम मख सेवा । तेहि प्रसग सहजहि बस देवा । —तुलसी (शब्द०) । ९ विषयानुक्रम । प्रस्ताव । प्रकरण । १० विस्तार । फैलाव । उ०—कर सर धनु, कटि रुचिर निषग । प्रिया प्रीति प्रेरित बन बीथिन विचरत कपट कनकमृग सग । भुज विशाल, कमनीय कध उर श्रमसीकर सोहै साँवरे अग । मनु मुकुतामणि मरकत गिरि पर लसत ललित रवि किरन प्रसग ।—तुलसी (शब्द०) । ११ अनुचित सबध (को०) । १२ साराश (को०) । १३ प्राप्ति । उपलब्धि (को०) ।

प्रसगयान—सज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्गयान] कामदकीय नीति के अनुसार किसी स्थान पर चढ़ाई करने की बात प्रसिद्ध कर किसी दूसरे स्थान पर चढाई कर देना ।

प्रसगप्राप्त—वि० [सं० प्रसङ्ग+प्राप्त] वह जिसकी चर्चा आ गई हो । वह जिसका जिक्र हो रहा हो । प्रासगिक । उ०—प्रसंगप्राप्त साधारण सभी वस्तुओ का वर्णन कवि का कर्तव्य है ।—रस०, पृ० १०३ ।

प्रसगविध्वस—सज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्गविध्वस] मानमोचन के छह उपायो में से एक । झूठा भय दिखाकर मानिनी के चित्त में भ्रम उपजाकर उसका मान छुडाना । प्रसगविभ्रंश ।

प्रसंगविभ्रश—सज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्गविभ्रश] मानमोचन के छह उपायो में अतिम । प्रसगविध्वस ।

प्रसगसम—सज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्गसम] न्याय में जाति के अंतर्गत एक प्रकार का प्रतिषेध जो प्रतिवादी की ओर से होता है । इसमें प्रतिवादी कहता है कि साधन का भी साधन कहो और इस प्रकार वादी को उलझन मे डालना चाहता है । जैसे, वादी ने कहा—

प्रतिज्ञा—शब्द अनित्य है ।
हेतु—क्योकि वह उत्पन्न होता है ।
उदाहरण—जैसे घट ।

इसपर प्रतिवादी कहता है कि यदि घट के उदाहरण से शब्द अनित्य ठहराते हो तो यह भी साबित करो कि घट अनित्य है । फिर जब वादी घट की अनित्यता का हेतु देता है तब प्रतिवादी कहता है कि उस हेतु का भी हेतु दो । इस प्रकार का प्रतिषेध 'प्रसगसम' कहलाता है ।

प्रसगासन—सज्ञा पुं० [सं० प्रसङ्गासन] कामदकीय नीति के अनुसार किसी दूसरे पर चढ़ाई करने के गुप्त उद्देश्य से प्राप्त शत्रु के साथ सधि करके चुपचाप बैठना ।

प्रसंगी—वि० [सं० प्रसङ्गिन्] १ प्रसगयुक्त । २ अनुरक्त । ३ आकस्मिक (को०) । ४ गौण । अमुख्य (को०) । ६. सहवास करनेवाला (को०) ।

प्रसघ[1]—वि० [सं० प्रसङ्घ] श्रेणीबद्ध ।

प्रसंघ[2]—सज्ञा पुं० १ भारी भीड । बहुत बडा समूह (को०) ।

प्रसंजन—सज्ञा पुं० [सं० प्रसञ्जन] १. युक्त करना । लगाना । मिलाना । २ काम मे लाना । उपयोग मे लाना (को०) ।

प्रसधⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्र+सन्धि] शरीर के सधिस्थल । शरीर के अवयवों का जोड । उ०—अति जुगल सुदर चमर करि है शोभा रुचिर प्रसध है ।—रा० रू०, पृ० ३६८ ।

प्रसधान—सज्ञा पुं० [सं० प्रसन्धान] सधि । योग ।

प्रसन—वि० [सं० प्रसन्न] दे० 'प्रसन्न' । उ०—छमेहु सकल अपराध अब होइ प्रसन बर देहु ।—मानस १।१०१ ।

प्रससⓊ—सज्ञा स्त्री० [स० प्रशसा] दे० 'प्रशसा' । उ०—अरु जदु धर्मसील को बस । सो पुनि तुम करि भले प्रसस ।—नंद० ग्र०, पृ० २१८ ।

प्रसंसकⓊ—वि० [सं० प्रशसक] प्रशंसा करनेवाला । स्तुति करनेवाला । उ०—बस प्रससक बिरिद सुनावहि ।—मानस, १।३१६ ।

प्रससनाⓊ—क्रि० स० [स० प्रशसन] प्रशसा करना । बडाई करना । दे० 'प्रशसना' । उ०—यह बिधि उमहिं प्रससि पुनि बोले कृपानिधान ।—मानस, १।१२० ।

प्रससाⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रशसा] दे० 'प्रशसा' । उ०—दुख सुख सरिस प्रससा गारी ।—मानस, २।१३० ।

प्रसⓊ†—सज्ञा पुं० [सं० स्पर्श, हिं० परस] दे० 'स्पर्श' । उ०—कूच बिहाणे ऊगणे, सोध घणे गढ़ कोट । उरै समदां देस प्रस, जथा गिरदां ओट ।—रा० रू०, पृ० १५६ ।

प्रसक्त—वि० [सं०] १ सश्लिष्ट । लगा हुआ । २ जो बराबर लगा रहे । न छोडनेवाला । सदा का । ३ सबद्ध । आसक्त । ४ प्रस्तावित । ५ स्थायी । नित्य (को०) । ६ प्राप्त । मिला हुआ (को०) । ७ खुला हुआ । व्यक्त । स्फुटित (को०) । ८ दे० 'प्रयुक्त' (को०) ।

प्रसक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. प्रसग । सपर्क । २ अनुमिति । ३ आपत्ति । ४ व्याप्ति । ५ प्राप्ति । उपलब्ध (को०) ६. अध्यवसाय । प्रयत्न । चेष्टा (को०) ।

प्रसज्य—वि० [सं०] १ जो सबद्ध किया जाय । २ सभव । मुमकिन । ३ जिसे प्रयोग में लाया जाय । जो प्रयुक्त किया जाय (को०) ।

प्रसज्यप्रतिषेध—सज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का निषेध जिसमें विधि की अप्रधानता और निषेध की प्रधानता होती है । जैसे,

अतिरात्र यज्ञ में षोडशी नामक सोमरसपूर्ण पात्र को ग्रहण न करे।

प्रसतानⓊ†—सज्ञा पुं० [स० प्रस्थान] दे० 'प्रस्थान'। उ०—तम मन जाणियो प्रसतान मृत दसशिर तणो।—रघु० रू०, पृ० १२६।

प्रसतावⓊ—सज्ञा पुं० [स० प्रस्ताव] दे० 'प्रस्ताव'। उ०—प्रसताव भाव तिन कहि उचार। जोगिनिय बोल आदीतबार। पहराइ वेस बदलाय भेस। इम कियो राजद्वारह प्रवेस।—पृ० रा०, १।३७३।

प्रसतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रसृति] प्रसृति। प्रसार। फैलाव। उ०—प्रति कूच कूचनि प्रसति, चाहुआन न करै विषम।—पृ० रा०, १६।१५६।

प्रसत्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] १. प्रसन्नता। २ निर्मलता। शुद्धि।

प्रसत्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] प्रतिपत्ति। प्राप्ति।

प्रसत्वा—सज्ञा पुं० [स० प्रसत्वन्] १. धर्म। २ प्रजापति।

प्रसदⓊ—सज्ञा पु० [स० प्रति+शब्द, प्रशब्द] प्रतिध्वनि। जोर की आवाज। उ०—सुनिव सूर नर हक्क धक्क बज्जी चावद्दिसि। नरन सद्द कानन प्रसद्द (सिंह) किन्नो सु क्रोध ग्रसि।—पृ० रा०, १७।६।

प्रसनⓊ— वि० [सं० प्रसन्न] दे० 'प्रसन्न'। उ०—(क) प्रसन भयो किषो सुदर स्यामा, सदा बसौ वृंदावन धामा।—नद० ग्र०, पृ० १६२। (ख) सब कारज सिधि लहै, प्रसन जासों जग बदन।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४२७।

प्रसन्न[1]—वि० [सं०] १ सतुष्ट। तुष्ट। २ खुश। हर्षित। प्रफुल्ल ३ अनुकूल। उचित। ४. निर्मल। स्वच्छ। ५. शात (को०)। ६ कृपालु (को०)।

यौ०—प्रसन्नकल्प। प्रसन्नजल = प्रसन्नसलिल। प्रसन्नमुख = प्रसन्नवदन। प्रसन्नवदन। प्रसन्नसलिल।

प्रसन्न[2]—सज्ञा पुं० महादेव।

प्रसन्न‡[3]—वि० [फा० पसंद] मनोनीत। पसद। उ०—(क) उनके इस कर्म को विद्वान लोग प्रसन्न नहीं करते।—दयानद (शब्द०)। (ख) मैं इस बात को मानता हूँ पर यह पूछता हूँ कि क्या कोई जो अँगरेजी जानता हो इस बात को प्रसन्न करेगा कि केवल एक लिपि प्रचलित होवे? कभी नहीं।—सरस्वती (शब्द०)।

प्रसन्नकल्प—वि० [स०] १ प्रसन्न के तुल्य या समान। शात तुल्य २. सदृशप्राय (को०)।

प्रसन्नता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ तुष्टि। सतोष। २. प्रफुल्लता। हर्ष। आनद। ३ अनुग्रह। कृपा। प्रसाद। ४ स्वच्छता। निर्मलता। शुद्धि। ५. सुस्पष्टता। व्यक्तता (को०)।

प्रसन्नवदन—वि० [सं०] जिसका मुख प्रसन्न हो। जिसके चेहरे से प्रसन्नता टपकती हो। उ०—हे सखा, विभीषण बोले आज प्रसन्नवदन।—अपरा, पृ० ४४।

प्रसन्नसलिल—वि० [स०] जिसका जल निर्मल या स्वच्छ हो (को०)।

प्रसन्नाध—सज्ञा पुं० [सं० प्रसन्नान्ध] घोड़े का एक रोग जिसमें उसकी आँख देखने में तो ज्यों की त्यों रहती है पर उसे दिखाई नहीं पड़ता। यह असाध्य रोग है और अच्छा नहीं होता।

प्रसन्ना—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह मद्य जो खीचने मे पहले उतरता है। वैद्यक में इसे गुल्म वात, अर्श, शूल और कफनाशक माना है। २ प्रसन्न करना (को०)।

प्रसन्नात्मा[1]—वि० [सं० प्रसन्नात्मन्] जो सदा प्रसन्न रहे। प्रसन्नात करण। आनंदी।

प्रसन्नात्मा[2]—सज्ञा पुं० विष्णु।

प्रसन्नितⓊ†—वि० [सं० प्रसन्न+हिं० इत (प्रत्य०)] आनदित। हर्षित। खुश। उ०—निशि दिन करेहु नयन लखि काजा। जाते रहै प्रसन्नित राजा।—जायसी (शब्द०)।

प्रसन्नेरा—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की मदिरा।

प्रसभ[1]—सज्ञा पुं० [स०] जबर्दस्ती। बलात्कार [को०]।

प्रसभ[2]—क्रि० वि० १ बलपूर्वक। हठात्। २ अत्यधिक। ३. साग्रह। पुन पुनः। सनिर्बंध [को०]।

प्रसभदमन—सज्ञा पु० [सं०] बलपूर्वक दमन करना। बलात् वशवर्ती कर लेना [को०]।

प्रसभहरण—सज्ञा पुं० [सं०] जबर्दस्ती छीन लेना या हर लेना [को०]।

प्रसयन—सज्ञा पुं० [स०] १. बाँधने की रज्जु। २ जाल। फद [को०]।

प्रसर—सज्ञा पुं० [स०] १ आगे बढना। बढना। विस्तार। २. फैलना। फैलाव। प्रसार। ३. दृष्टि का फैलाव। आँख की पहुँच। ४ वेग। तेजी। ५ समूह। राशि। ६ वैद्यक शास्त्रानुसार वात पित्तादि प्रकृतियो का सचार या घटाव बढाव। ७ व्याप्ति। ८ प्रकर्ष। प्रधानता। प्रभाव। ९ युद्ध। १० नाराच नामक अस्त्र। ११ प्रलय। विनाश (को०)। १२ वीरता। साहस। १३ बाढ। बढिया। १४ एक प्रकार का पौधा जो भूमि के ऊपर फैलता है। १५. अवकाश। अवसर (को०)। १६ एक प्रकार का नृत्य (को०)।

प्रसरण—सज्ञा पु० [स०] [वि० प्रसरणीय, प्रसरित] १, आगे बढ़ना। २ खिसकना। सरकना। ३ फैलना। फैलने की क्रिया या भाव। फैलाव। ४. व्याप्ति। ५. विस्तार। ६. उत्पत्ति। ७ अपने काम मे प्रवृत्त होना। ८ स्वभाव की मधुरता (को०)। ९. सेना का लूटपाट के लिये इधर उधर फैलना।

प्रसरणशील—वि० [सं० प्रसरण+शील] [वि० स्त्री० प्रसरणशीला] जो फैल सके। फैलनेवाला। उ०—जिसकी प्रसरणशीला प्रतिभा विभूति से विवर्तमान।—सपूर्णानद अभि० ग्र०, पृ० ११२।

प्रसरणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रसरण। फैलाव। पसार। २ शत्रु को चारो ओर से घेरना [को०]।

प्रसरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रसारणी लता। गधाली। परसन।

प्रसरित—वि० [सं०] १ फैला हुआ। पसरा हुआ। २ विस्तृत। ३ आगे को बढा हुआ। स्थान से आगे को खसका हुआ।

प्रसर्ग—संज्ञा पुं० [सं०] १. निक्षेपण। किसी चीज को ऊपर से छोडना। गिराना। २ वर्षण। बरसाना।

प्रसर्जन—संज्ञा पुं० [सं०] १ निक्षेप। गिराना। डालना। २ वर्षण। बरसाना।

प्रसर्प—संज्ञा पुं० [सं०] १ गमन। २ यज्ञार्थ 'सदस' में जाना (को०)। ३ एक प्रकार का सामगान।

प्रसर्पक—संज्ञा पुं० [सं०] १ सहकारी ऋत्विज्। २ वह दर्शक जो यज्ञ में बिना बुलाए आया हो।

प्रसर्पण—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रसरण। गमन। जाना। २ खिसकना। ३. घुसना। पैठना। ४. सेना का चारो ओर फैलना। ५ शरण का स्थान। रक्षास्थान। ६ गति। चलने का भाव या कार्य। ७ यज्ञार्थ 'सदस' में जाना। (को०)।

प्रसर्पणी—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रसरणी'—२ [को०]।

प्रसर्पी—वि० [सं० प्रसर्पिन्] १ रेंगनेवाला। २ गतिशील। ३ यज्ञ की सभा में जानेवाला।

प्रसल—संज्ञा पुं० [सं०] हेमंत ऋतु।

प्रसवती—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रसवन्ती] वह स्त्री जिसे प्रसववेदना हो। प्रसवपीडाग्रस्त स्त्री [को०]।

प्रसव—संज्ञा पुं० [सं०] १ बच्चा जनने की क्रिया। जनन। प्रसूति। २ जन्म। उत्पत्ति। ३ अपत्य। बच्चा। संतान। ४. फल। ५ फूल। ६ वृद्धि। बढ़ती। ७. निकास। ८ आदेश। आज्ञा (को०)।

यौ०—प्रसवकाल। प्रसवगृह = प्रसूतिगृह। सौरी। प्रसवधर्मी। प्रसवपीडा = प्रसव की व्यथा। प्रसववंधन। प्रसववेदना। प्रसवव्यथा = प्रसव के समय स्त्री को होनेवाली पीर वा पीडा। प्रसवस्थली। प्रसवस्थान।

प्रसवक—संज्ञा पुं० [सं०] पियार का वृक्ष। चिरौंजी का पेड।

प्रसवकाल—संज्ञा पुं० [सं०] उत्पत्ति का समय। जनन का अवसर।

प्रसवधर्मी—वि० [सं० प्रसवधर्मिन्] १. प्रसव करनेवाला। पैदा करनेवाला। २. उपजाऊ। फलप्रद [को०]।

प्रसवन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रसवनीय] बच्चा जनना। बच्चा पैदा करना।

प्रसवनाⓊ[1]—क्रि० अ० [सं० प्रसवन] पैदा होना। उत्पन्न होना।

प्रसवनाⓊ[2]—क्रि० स० उत्पन्न करना। पैदा करना।

प्रसववंधन—संज्ञा पुं० [सं० प्रसववन्धन] वह पतला सींका जिसके सिरे पर पत्ता या फूल लगता है। नाल।

प्रसवस्थली—संज्ञा स्त्री० [सं०] माँ [को०]।

प्रसवस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] १. वह स्थान जहाँ प्रसव कराया जाता है। प्रसूतिगृह। २ सोसला। नीड [को०]।

प्रसविता[1]—वि० [सं० प्रसवितृ] [वि० स्त्री० प्रसवित्री] जन्म देनेवाला उत्पादक। उत्पन्न करनेवाला।

प्रसविता[2]—संज्ञा पुं० पिता। जनक। बाप।

प्रसवित्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] माता [को०]।

प्रसविनी—वि० स्त्री० [सं०] उत्पन्न करनेवाली। जननेवाली। उ०—वीर कन्यका, वीर प्रसविनी, वीरवधू जग जानी। हरिश्चंद्र (शब्द०)।

प्रसवी—वि० [सं० प्रसविन्] [वि० स्त्री० प्रसविनी] १. प्रसवशील। २ उत्पादक। प्रसव करनेवाला। जन्म देनेवाला। उत्पन्न करनेवाला।

प्रसव्य[1]—संज्ञा पुं० [सं०] बाईं ओर से परिक्रमा करना। प्रदक्षिण का उलटा।

प्रसव्य[2]—वि० १. प्रतिकूल। २. वामवर्ती। बायाँ। बाम भाग में स्थित (को०)। ३. प्रसवनीय। ४ अनुकूल (को०)।

प्रसह—संज्ञा [सं०] दे० 'प्रसाह' [को०]।

प्रसह—संज्ञा पुं० [सं०] १ पक्षियो का एक भेद। वे पक्षी जो झपाटा मारकर अपना भक्ष्य या शिकार पकडते हैं। शिकारी चिडिया। जैसे, कौआ, गीध, बाज, उल्लू, चील, नीलकंठ इत्यादि।

विशेष—वैद्यक में इन पक्षियो का मास उष्णवीर्य बताया गया है और कहा गया है कि जो इसका मास खाते हैं उन्हे शोष, भस्मक और क्षुक्षय रोग हो जाता है।

२ अमलतास का पेड। ३ विरोध। प्रतिरोध [को०]।

प्रसहन[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ हिंसक पशु। २ आलिंगन। ३ सहन। क्षमा। सहनशीलता। ४ पराभव करना। पराभूत करना (को०)। ५ प्रतिरोध। अवरोध (को०)।

प्रसहन[2]—वि० सहनशील।

प्रसहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कटाई। बृहती।

प्रसह्य—क्रि० वि० [सं०] हठात्। बलपूर्वक [को०]।

प्रसह्यचौर—संज्ञा पुं० [सं०] जबरदस्ती माल छीननेवाला।

प्रसह्यहरण—संज्ञा पुं० [सं०] जबरदस्ती हर ले जाना। जैसे क्षत्रिय कन्याओ का हरण करते थे।

प्रसातिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] अणुश्रोहि। सावाँ।

प्रसाद[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रसन्नता। २ अनुग्रह। कृपा। मिहरबानी। ३. निर्मलता। स्वच्छता। सफाई। ४ स्वास्थ्य। ५ वह वस्तु जो देवता को चढ़ाई जाय। ६ वह पदार्थ जिसे देवता या बडे लोग प्रसन्न होकर अपने भक्तों या सेवकों को दें। देवता या बडे की देन। जैसे,—यह सब आप ही का प्रसाद है। उ०—यह मैं तोही में लखी भक्ति अपूरब बाल। लहि प्रसाद माला जु भी तन कदंब की माल।—बिहारी (शब्द०)। ७ देवता, गुरुजन आदि को देने पर बची हुई वस्तु जो काम में लाई जाय। ८. भोजन। (भक्त और साधु)।

मुहा०—प्रसाद पाना = खाना। भोजन करना। उ०—तृण शय्या औ अल्प रसोई पाओ स्वल्प प्रसाद। पैर पसार चलो निद्रा लो मेरा आशीर्वाद—श्रीधर (शब्द०)।

९. काव्य का एक गुण। जिसकी भाषा स्वच्छ और साधु हो, जिसमें समस्त पद कम हो, और जटिल ग्रामीण शब्दन आए हो और सुनने के साथ ही जिसका भाव श्रोता की समझ मे आ जाय। १० शब्दालकार के अतर्गत एक वृत्ति। कोमला वृत्ति। ११ धर्म की पत्नी मूर्ति से उत्पन्न एक पुत्र।

यौ०—प्रसादपट्ट = सम्मानार्थ राजा द्वारा प्रदत्त शिरोवस्त्र। प्रसादपट्टक = राजा की कृपा को द्योतित करनेवाला शासन-पत्र। प्रसादपराङ्मुख। प्रसादपात्र = अनुग्रह का पात्र। कृपापात्र। प्रसादस्थ।

प्रसादⓊ[२]—सज्ञा पुं० [हिं० प्रासाद] दे० 'प्रासाद'। उ०—ग्रह प्रसाद (तोरन) ऊतग छत्र जत्रह सकटावै।—पृ० रा०, ७।१७१।

प्रसादक[१]—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रसादिका] १. अनुग्रह-कारक। २ निर्मल। ३ प्रसन्न करनेवाला। ४ प्रीतिकर।

प्रसादक[२]—सज्ञा पुं० १ प्रसाद। २. देवधन। ३ बथुए का साग। ४ कौटिल्य के अनुसार देश या धन आदि का अधार्मिक के हाथ से निकलकर किसी धार्मिक के पास जाना। धार्मिक पुरुष का लाभ जिससे जनता को प्रसन्नता होती है।

प्रसादन[१]—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रसन्न करना। २ निर्मल करना। स्वच्छ करना (को०)। ३ राजकीय शिविर। राजा का खेमा (को०)। ४ अन्न।

प्रसादन[२]—वि० प्रसन्न करनेवाला। प्रसन्नता देनेवाला। स्वच्छ, निर्मल या शुद्ध करनेवाला।

प्रसादना[१]—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ सेवा। परिचर्या। २ स्वच्छ, निर्मल या प्रसन्न करना (को०)।

प्रसादनाⓊ[२]—क्रि० स० [स० प्रसादन] प्रसन्न करना। उ०—बहु भाँति बगारे जो या व्रज मे अति आनन ओप अनूप कला। द्विजदेव जू चद्रिका की छबि जाकी प्रसादि रही सिगरी अचला। निरख्यो जब तें इन नैनचकोरन बीतत ज्यो जुग एक पला। चहुँधा, सखि, चाँदनी चौक में डोलत चद अमद सो नदलला।—द्विजदेव (शब्द०)।

प्रसादनी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'प्रसादना'[१]।

प्रसादनीयⓊ—वि० [स०] प्रसन्न करने योग्य।

प्रसादपराङ्मुख—वि० [सं०] १ जो किसी की कृपा की परवाह न करे। २ जो किसी का पक्ष लेने से विमुख हो गया हो (को०)।

प्रसादपात्र—सज्ञा पु० [स०] वह जो कृपा पाता हो। कृपापात्र।

प्रसादस्थ—वि० [स०] १ अनुकूल। कृपालु। दयालु। २ प्रसन्न। हृष्ट (को०)।

प्रसादांत—वि० [सं० प्रसाद + अन्त, तुल अं० कामेडी] जिसका अत हर्षकारी हो। हास्यप्रधान। प्रहसनात्मक। उ०—हमने नाटक के तीन वर्ग किए हैं दुःखात, सुखात और प्रसादात।—हिं० ना०, पृ० २१।

प्रसादिनी—वि० [सं० प्रसाद + हिं० इनि (प्रत्य०)] प्रसन्न करनेवाली। अनुग्रह करनेवाली। उ०—विचर रही निर्मम अभाव तुम विश्वविषादिनि, लोकप्रसादिनि।—रजत०, पृ० ७९।

प्रसादी[१]—वि० [सं० प्रसादिन्] १ प्रसन्न करनेवाला। २ प्रीति करनेवाला। प्रीतिकर। ३ शात। ४. अनुग्रह करनेवाला। कृपा करनेवाला। ५ निर्मल। स्वच्छ।

प्रसादी[२]—सज्ञा स्त्री० [हिं० प्रसाद + ई] १ देवताओ को चढाया हुआ पदार्थ। २. नैवेद्य। ३ वह पदार्थ जो पूज्य और बडे लोग छोटो को दें। बडों की देन। उ०—तब श्री गुसाईं जी अपने प्रसादी उपरेना उढ़ायो।—दो सौ बावन०, भा० २, पृ० १११। ४ देवता को बलि चढाए हुए पशु का मास।

प्रसाधक[१]—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रसाधिका] १ भूषक। अलकृत करनेवाला। २ सपादक। निर्वाह करनेवाला। सपादन करनेवाला। ३. राजाओ को वस्त्र आभूषणादि पहनानेवाला।

प्रसाधक[२]—सज्ञा पुं० वह सेवक जो राजा या स्वामी को वस्त्राभूषणादि पहनाने के कार्य पर नियुक्त हो [को०]।

प्रसाधन—सज्ञा पु० [स०] १ वेष। २ अलकार। शृगार। ३ कघी। ४ सपादन। ५ गहाबला लता।

प्रसाधनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] कघी। दतपत्रिका।

प्रसाधिका—सज्ञा स्त्री० [स०] १ निवार धान। २. प्रसाधन करनेवाली स्त्री (को०)।

प्रसाधित—वि० [स०] १. सँवारा हुआ। सजाया हुआ। २ सुसंपादित। ३ सिद्ध। प्रमाणित (को०)।

प्रसार—सज्ञा पु० [स०] १ विस्तार। फैलाव। पसार। २. सचार। ३. नमन। ४ निर्गम। निकास। ५ इधर उधर जाना। फिरना। ६. कौटिल्य अर्थशास्त्रानुसार युद्ध के समय वह सहायता जो जंगल आदि पडने से प्राप्त हो जाय। ७ खोलना। जैसे, मुख प्रसार (को०)। ८ फेंकना। उत्क्षेपण। जैसे, धूलि प्रसार (को०)। ९ क्रय विक्रय की दूकान। व्यापारी की दूकान। बनिए की दूकान (को०)।

प्रसारक—वि० [स०] फैलानेवाला। विस्तृत करनेवाला।

प्रसारण—सज्ञा पु० [स०] [वि० प्रसारित, प्रसार्य्य] १ फैलाना। पसारना। विस्तृत करना।

विशेष—वैशेषिक में जो पाँच प्रकार के कर्म कहे गए हैं उनमें एक कर्म यह भी है।

२. बढ़ाना ३. शत्रु को चारो ओर से घेरना (को०)। ४. खोलना। प्रदर्शित करना (को०)। ५ सप्रसारण। व्याकरण मे य् व् र् ल् का इ उ ऋ एव ऌ में बदलना (को०)।

प्रसारणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ गधप्रसारिणी नाम की लता। २. दे० 'प्रसारिणी'-५ [को०]।

प्रसारिणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. गधप्रसारिणी लता। २. लजालू।

लाजवती। ३ (संगीत में) मध्यम स्वर की चार श्रुतियों में दूसरी श्रुति। ४ देवधान्य। ५ शत्रु को चारों ओर से घेरना [को०]।

प्रसारित—वि० [सं०] १ फैलाया हुआ। पसारा हुआ। २ बेंचने के लिये प्रदर्शित या रखा हुआ (को०)।

प्रसारी—वि० [सं० प्रसारिन्] [वि० स्त्री० प्रसारिणी] १ फैलनेवाला। २ फैलानेवाला (को०)।

प्रसार्य, प्रसार्य्य—वि० [सं०] फैलाने योग्य। प्रसारणीय।

प्रसाह्—संज्ञा पुं० [सं०] १ शौर्य। शक्ति। २ इंद्र का एक नाम [को०]।

प्रसाह—संज्ञा पु० [सं०] १ आत्मशासन। २ वश में करना [को०]।

प्रसित[1]—संज्ञा पुं० [सं०] पीव। मवाद।

प्रसित[2]—वि० १ बँधा हुआ। आबद्ध। २. लगा हुआ। आसक्त। ३ अतीव स्पष्ट। अत्यत साफ [को०]।

प्रसिति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ रस्सी। २ रश्मि। ३ ज्वाला। लपट। ४ जाल (को०)। ५ आक्रमण। हमला (को०)। ६ पहुँच। सीमा (को०)। ७ श्रेणी। क्रम। सिलसिला (को०)। ८ शक्ति। प्रभाव। ९ पथ। मार्ग (को०)। १० उत्क्षेपण। फेंकना [को०]।

प्रसिद्ध—वि० [सं०] १ भूषित। अलंकृत। २ ख्यात। विख्यात। मशहूर।

प्रसिंद्धक—संज्ञा पुं० [सं०] एक विदेहवंशी राजा जो मरु का पुत्र था।

प्रसिद्धता—संज्ञा स्त्री० [सं०] ख्याति।

प्रसिद्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ ख्याति। २. भूषा। बनाव सिंगार। ३ सफलता। सिद्धि (को०)।

प्रसिधⓤ—वि० [सं० प्रसिद्ध] दे० 'प्रसिद्ध'। उ०—दिप्पेसु नयन पुहकरि प्रसिध कियो पाय इन धूव करि।—पृ०रा०१।५८२।

प्रसीदिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटा उपवन। छोटी वाटिका [को०]।

प्रसुत[1]—वि० [सं०] दबाकर निचोड़ा हुआ।

प्रसुत[2]—संज्ञा पुं० एक संख्या का नाम।

प्रसुप्त[1]—वि० [सं०] १ सोया हुआ। निद्रित। २ खूब सोया हुआ। ३ अक्रिय। निष्क्रिय (को०)। ४. जिसमें संज्ञा न हो। संज्ञाहीन (को०)। ५. मुँदा हुआ। संपुटित (पुष्प आदि)।

प्रसुप्त[2]—संज्ञा पु० [सं०] योग में अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश इन चारों क्लेशों का एक भेद या अवस्था जिसमें किसी क्लेश की चित्त में सूक्ष्म रूप से अवस्थिति तो रहती हैं, पर उसमें कोई कार्य करने की शक्ति नहीं रहती।

प्रसुप्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ गाढ़ी नींद। नींद। उ०—इस प्रसुप्ति से जगा रही जो बता, प्रिया सी है वह कौन?—अपरा, पृ० ११०। २ संज्ञाहीनता। संवेदनहीनता [को०]। ३ निष्क्रियता। निश्चेष्टता (को०)।

प्रसू[1]—वि० स्त्री० [सं०] जननेवाली। उत्पन्न करनेवाली। जैसे, वीरप्रसू = वीर (पुत्र) पैदा करनेवाली।

प्रसू[2]—संज्ञा स्त्री० १ माता। जननी। २ घोड़ी। ३ लता। वल्ली (को०)। ४ नरम घास। अंकुर। ५ कुश। ६. केला।

प्रसूका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ अश्वगंधा। असगंध। २. घोंडी (को०)।

प्रसूत[1]—वि० [सं०] [स्त्री० प्रसूता] १ उत्पन्न। संजात। पैदा। २ प्रसव किया हुआ। पैदा किया हुआ (को०)। ३ उत्पादक।

प्रसूत[2]—संज्ञा पुं० १ कुसुम। फूल। २ चाक्षुष मन्वंतर के एक देवगण का नाम। ३ एक रोग का नाम जो स्त्रियों को प्रसव के पीछे होता है। इसमें प्रसूता को ज्वर होता है और दस्त आते हैं।

प्रसूत†[3]—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्वेद] एक रोग का नाम जिसमें रोगी के हाथ और पैर से पसीना छूटा करता है।

प्रसूता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बच्चा जननेवाली स्त्री। वह जिसने बच्चा जना हो। जच्चा। २ घोंडी।

प्रसूति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रसव। जनन। २. उद्भव। उ०—तुलसी सूधो सकल विधि रघुवर प्रेम प्रसूति।—तुलसी ग्रं०, पृ० ९७। ३. कारण। प्रकृति। ४ उत्पत्तिस्थान। ५ संतति। अपत्य। ६. जिस स्त्री ने प्रसव किया हो। प्रसूता। ७. दक्ष प्रजापति की स्त्री का नाम जिनसे सती का जन्म हुआ था।

यौ०—प्रसूतिगृह। प्रसूतिज। प्रसूतिज्वर। प्रसूतिवायु।

प्रसूतिका[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिस को बच्चा हुआ हो। प्रसूता।

प्रसूतिका[2]—संज्ञा पुं० [सं०] दुःख।

प्रसूतिगृह—संज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान जहाँ बच्चे का जन्म हो। सौरी।

प्रसूतिज—संज्ञा पुं० [सं०] प्रसव से उत्पन्न होनेवाली पीड़ा। प्रसववेदना [को०]।

प्रसूतिज्वर—संज्ञा पुं० [सं०] वह ज्वर जो प्रसव के बाद स्त्री को आने लगता है। दे० 'प्रसूत'[2]—३।

प्रसूतिवायु—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह वायु जो प्रसववेदना के समय गर्भ में उत्पन्न होती है [को०]

प्रसून[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. पुष्प। फूल। उ०—बाल गुलाब प्रसून कों अब न चलावै फेरि। परी लाल के गात में खरी खरोंट हेरि।—सं० सप्तक, पृ० २४०।

यौ०—प्रसूनबाण, प्रसूनशर = कामदेव। प्रसूनरससंभवा = फूलों की शर्करा। चीनी जो पुष्प से बनाई गई हो।

२ फल।

प्रसून[2]—वि० उत्पन्न। जात। पैदा।

प्रसूनक—संज्ञा पुं० [सं०] १. फूल। मुकुल। २. कली। ३ एक प्रकार का कदंब (को०)।

प्रसूनाजलि—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रसूनाञ्जलि] दे० 'पुष्पांजलि'।

प्रसूनेषु—संज्ञा पुं० [सं०] कामदेव [को०]।

प्रसृत[1]—वि० [सं०] १ फैला हुआ। २ प्रवृद्ध। बढ़ा हुआ। ३. विनीत। ४. भेजा हुआ। गया हुआ। प्रेरित। ५ लगा हुआ।

लीन। तत्पर। नियुक्त। ६. प्रचलित। ७. इंद्रियलोलुप। लंपट। ८ तीव्र। तेज (को०)। ९. पका हुआ। पक्व (को०)। १०. प्रदर्शित। व्यक्त किया हुआ (को०)। ११. उपयुक्त अर्थ जाननेवाला। सूक्ष्मार्थगामी (को०)। १२ लवा [को०]।

प्रसूत[3]—संज्ञा पुं० १. गहरी की हुई हथेली। अर्धांजलि। २. हथेली भर का मान। पसर। दो पल का मान।

प्रसूतज—संज्ञा पु० [सं०] महाभारत के अनुसार एक प्रकार का पुत्र जो व्यभिचार से उत्पन्न हो। जैसे, कुड और गोलक।

प्रसूता—संज्ञा स्त्री [सं०] जच्चा [को०]।

प्रसृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. फैलाव। विस्तार। २. संतति। संतान। ३. अर्धांजलि। गहरी की हुई हथेली। ४. सोलह तोले के बराबर का एक मान। पसर। ५. आगे बढना। अग्रगामिता (को०)।

प्रसृत्वर—वि० [सं०] चारो ओर फैलनेवाला या फैला हुआ [को०]।

प्रसृष्ट—वि० [सं०] १ उत्पन्न। २. त्यक्त। परित्यक्त। ३. निर्बंध। स्वच्छंद। प्रतिबंधहीन (को०)।

प्रसृष्टा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. युद्ध का एक दाँव। २. अंगुलियाँ जो फैलाई गई हो। फैलाई हुई उँगलियाँ (को०)।

प्रसेक—संज्ञा पुं० [सं०] १. सेचन। सींचना। २ निचोड। निसोथ। ३. छिडकाव। ४ द्रव पदार्थ का वह अंश जो रस रसकर निचुडे या टपके। पसेव। ५ एक असाध्य रोग। पेशाब के साथ मनी आने का रोग। जिरियान। (सुश्रुत)। चरक के अनुसार मुँह से पानी छूटना और नाक से श्लेष्मा गिरना। ७ वमन। कै (को०)। ८. स्रुवा या चमचा का अग्रभाग वा कटोरी (को०)।

प्रसेकी—संज्ञा पु० [सं० प्रसेकिन्] सुश्रुत के अनुसार एक रोग का व्रण जिसमे से पीप निकलता रहे [को०]।

प्रसेद(५)—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्वेद] पसीना। उ०—(क) हरि हित मेरो कन्हैया। देहरी चढ़त परत गिरि गिरि करपल्लव जो गहत है री मैया। भक्ति हेतु यशुदा के आए चरण धरणि पर धरैया। जिनहि चरण छलिबो बलि राजा नखप्रसेद गगा जो बहैया।—सुर (शब्द०)। (ख) देखत तेरे लेत है तन प्रसेद सो बोर। या मे तेरी खोर कहु या कछु मेरी खोर?—रसनिधि (शब्द०)।

प्रसेदिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी वाटिका। प्रसीदिका [को०]।

प्रसेन—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'प्रसेनजित'।

प्रसेनजित—संज्ञा पुं० [सं०] भागवत् के अनुसार सत्यभामा के पिता सत्राजित् के एक भाई का नाम।

विशेष—प्रसेनजित के पास एक मणि 'स्यमंतक' नाम की थी (विशेष देखिए स्यमतक शब्द)। जिसे पहनकर वह एक दिन शिकार खेलने गया। वहाँ एक सिंह उसे मार मणि लेकर चला। मार्ग में जाबवान् ने सिंह को मार मणि छीन ली। सत्राजित् ने प्रसेनजित् के न आने पर कृष्णचद्र पर यह अपवाद लगाया कि उन्होंने प्रसेन को मणि के लोभ से मार डाला। कृष्णचद्र इस अपवाद को मिटाने के लिये जगल में गए। उन्होने मार्ग में प्रसेन और उसके घोडे को मरा पाया। आगे चलने पर सिंह भी मरा हुआ मिला। ढूँढते हुए वे आगे बढे और एक गुफा में उन्हे जाबवान् मिला। उसने अपनी कन्या जाबवती को मणि के साथ कृष्णचद्र को अर्पित किया। कृष्णचंद्र मणि और जाबवती को लेकर आए और उन्होने सत्राजित् को मणि देकर अपना कलक मिटाया।

प्रसेव—संज्ञा पु० [सं०] दे० 'प्रसेवक'।

प्रसेवक—संज्ञा पु० [सं०] १. बीन की तूँबी। २ सूत की थैली। थैला। ३ थैली बनानेवाला पुरुष। ४ चमड़े का थैला या कुप्पी (को०)।

प्रस्कदन—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्कन्दन] १ झपट। फलाँग। २. वह जगह जहाँ से फलाँग ली जाय (को०)। ३ शिव। महादेव। ४ विरेचन। जुलाब। ५. अतीसार।

प्रस्कदिका—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रस्कन्दिका] १ अतीसार। २. विरेचन। जुलाब [को०]।

प्रस्कण्व—संज्ञा पु० [सं०] वैदिक सध्योपासना मे प्रयुक्त सूर्योपस्थान मत्र के एक ऋषि का नाम।

प्रस्कन्न[1]—वि० [सं०] १. पतित। समाज का नियम भग करनेवाला। २ गिरा हुआ। ३. कूदा हुआ (को०)। ४. पराभूत। पराजित। हारा हुआ (को०)।

प्रस्कन्न[2]—संज्ञा पुं० १. घोडे के एक रोग का नाम।

विशेष—इस रोग से घोडे की छाती भारी हो जाती, शरीर स्तब्ध हो जाता है और वह चलते समय कुबडे की तरह हाथ पैर बटोरकर चलता है।

२ जातिच्युत व्यक्ति (को०)। ३. वह जो पाप करता हो। पापी आदमी (को०)।

प्रस्कुंद—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्कुन्द] १. सहायता। सहारा। अवलब। २. गोल आकृति की वेदी [को०]।

प्रस्खलन—संज्ञा पुं० [सं०] स्खलन। पतन।

प्रस्तर—संज्ञा पुं० [सं०] १. पत्थर। २. डाभ या कुश का पूला। ३ पत्तो आदि का बिछावन। ४. बिछावन। ५. चौडी सतह। सम तल। ६. चमड़े की थैली। ७. मणि। रत्न (को०)। ८ प्रस्तार। ९ एक ताल का नाम। १० ग्रथ आदि का परिच्छेद (को०)।

प्रस्तरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ बिछाना। फैलाना। २ बिछावन। बिछौना। ३ आसन। पीठ (को०)।

प्रस्तरणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ आसन। पीठिका। २ शय्या [को०]।

प्रस्तरभेद—संज्ञा पुं० [सं०] पखान भेद।

प्रस्तरयुग—संज्ञा पु० [सं० प्रस्तर+युग] ऐतिहासिक क्रम में वह समय जब मानव ने पत्थरो के औजार तथा अन्य सामान बनाकर उनका उपयोग करना सीखा था। उ०—उन युग-स्थितियो का आज दृश्यपट परिवर्तित। प्रस्तरयुग की सभ्यता हो रही अब अवसित।—ग्राम्या, पृ० ९०।

प्रस्तरिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ श्वेत दूर्वा। २ गोजिह्वा।

प्रस्तरोपल—संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रकांत मणि ।

प्रस्तव—संज्ञा पुं० [सं०] १. स्तुति या प्रार्थनापरक गीत । २. अनुकूल अवसर (को०) ।

प्रस्तवन—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्ताव] प्रस्तुतीकरण । उपस्थित करने का भाव ।

प्रस्तार—संज्ञा पुं० [सं०] १. फैलाव । विस्तार । २ आधिक्य । वृद्धि । ३ घास या पत्तियों का बिछौना । ४ परत । पटल । तह । ५. सीढ़ी । ६ समतल । चौड़ी सतह । ७ घास का जंगल । ८ छंदशास्त्र के अनुसार नौ प्रत्ययों में पहला जिससे छंदों के भेद की संख्या और रूपों का ज्ञान होता है । यह दो प्रकार का होता है, वर्णप्रस्तार और मात्राप्रस्तार । ९ शय्या । बिछावन (को०) । १० फैलाना । आवृत करना । ढकना (को०) ।

प्रस्तारपंक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रस्तारपङ्क्ति] एक वैदिक छंद जो पंक्ति छंद का एक भेद है । इसके पहले और दूसरे चरणों में बारह अक्षर और तीसरे चौथे में आठ आठ अक्षर होते हैं ।

प्रस्तारी[1]—वि० [सं० प्रस्तारिन्] फैलानेवाला । प्रस्तारकर्ता (को०) ।

प्रस्तारी[2]—संज्ञा पुं० नेत्र का एक रोग (को०) ।

प्रस्तार्यमं—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्तार्यमन्] आँख का एक रोग जिसमें आँख के ढेले पर चारों ओर सफेद या काले रंग का मांस बढ़ जाता है । वैद्यक में इसकी उत्पत्ति सन्निपात के प्रकोप से मानी गई है ।

प्रस्ताव—संज्ञा पुं० [सं०] १. अवसर । २ प्रसंग । छिड़ी हुई बात । ३ प्रकरण । विषय । ४ अवसर पर कही हुई बात । जिक्र । चर्चा । उ०—जीवन नाटक का अति कठिन है मेरा, प्रस्ताव मात्र में जहाँ अपेय अँधेरा । —साकेत, पृ० २३५ । ५ सभा या समाज में उठाई हुई बात । सभा के सामने उपस्थित मंतव्य (आधुनिक) ।

क्रि० प्र०—करना ।—पास करना ।—होना ।—पारित करना ।—पारित होना ।

६. प्रकृष्ट स्तवन (को०) । ७ कथा या विषय के पूर्व का वक्तव्य प्राक्कथन । भूमिका । विषयपरिचय । ८ सामवेद का एक अंश जो प्रस्तोता नामक ऋत्विक् द्वारा प्रथम गाया जाता है ।

प्रस्तावक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो किसी विषय को किसी सभा में समति या स्वीकृति के लिये उपस्थित करे । प्रस्ताव उपस्थित करनेवाला । जैसे,—प्रस्तावक ने ही अपना प्रस्ताव उठा लिया ।

प्रस्तावन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रस्तावित] १. प्रस्ताव करने की क्रिया । २. प्रस्ताव करने का भाव ।

प्रस्तावना—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. आरंभ । २ किसी विषय या कथा को आरंभ करने के पूर्व का वक्तव्य । प्राक्कथन । भूमिका । उपोद्घात । जैसे, पुस्तक की प्रस्तावना । ३. नाटक में आख्यान या वस्तु के अभिनय के पूर्व विषय का परिचय देने, इतिवृत्त सूचित करने आदि के लिये उठाया हुआ प्रसंग ।

विशेष—सूत्रधार, नट, नटी, विदूषक, परिपार्श्विक के परस्पर वार्तालाप के रूप में प्रस्तावना होती है, जिसमें कभी कभी कवि का परिचय, सभा की प्रशंसा आदि भी रहती है । भरत मुनि के अनुसार प्रस्तावना पाँच प्रकार की कही गई है—उद्घातक, कथोद्घात, प्रयोगातिशय, प्रवर्तक और अवगलित ।

प्रस्तावित—वि० [सं०] १. जिसके लिये प्रस्ताव हुआ हो । जिसके लिये प्रस्ताव किया गया हो । २ आरंभ किया हुआ । शुरू किया गया हो । आरब्ध ( ) । ३. वर्णित । उक्त । जो कहा गया हो । कथित ( ) ।

प्रस्तावेय—वि० [सं०] प्रस्ताव करने योग्य ।

प्रस्तिर—संज्ञा पुं० [सं०] तृण या पत्ते की शय्या । घास पत्ते आदि का बिछावन ।

प्रस्तीर्ण, प्रस्तीर्य—वि० [सं०] १. फैला या बिछाया हुआ । विस्तृत । २ एकत्रित । संचित (को०) ।

प्रस्तुत[1]—वि० [सं०] १. जिसकी स्तुति या प्रशंसा की गई हो । २ जो कहा गया हो । उक्त । कथित । ३ जिसकी चर्चा छेड़ी गई हो । जिसकी बात उठाई गई हो । प्रसंगप्राप्त । प्रासंगिक । उ०—पर मैं उन्हें प्रस्तुत विषय नहीं लाता हूँ, जिसपर अप्रस्तुत विषयों का उल्लेख आदि द्वारा हो ही सकता है ।—रस०, पृ० ११२ । ४. प्रतिस्थित । प्राप्त । उपस्थित । सामने लाया हुआ । जो सामने हो । ५. उद्यत । तैयार । ६. निश्चित । जो किया गया हो । संपादित । ७ उपयुक्त ।

प्रस्तुत[2]—संज्ञा पुं० १. विचारार्थीन प्रसंग । वह विषय जो विचारार्थ हो । २ उपमेय (को०) ।

प्रस्तुताकुर—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्तुताङ्कुर] एक काव्यालंकार । प्रस्तुतालंकार ।

प्रस्तुतालंकार—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्तुतालङ्कार] एक अलंकार जिसमें एक प्रस्तुत के वर्णन में कोई बात कहकर उससे अभिप्राय दूसरे प्रस्तुत के प्रति घटाया जाता है । जैसे, 'वर्षा ऋतु ! मालति दीखि नयो नटीसी देखवी' में प्रस्तुत शोभे को सामने रखकर प्रस्तुत नायक के प्रति उपालंभ किया गया है ।

प्रस्तुति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रशंसा । स्तुति उ०—प्रस्तुति सुरहु कीन्हि अति हेतू । प्रगटेउ विषमबाम भगवेतू ।—मानस, १।८३ । २ प्रस्तावना । ३. उपस्थिति । ४ निष्पत्ति । तैयारी ।

प्रस्तुतीकरण—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्तुत+करण] प्रस्तुत करने का भाव उपस्थित करना । उ०—पौराणिक कथाओं का प्रतीकात्मक प्रस्तुतीकरण और मनुष्यता की प्रतिष्ठा के ऊपर स्थापना आदि अनेक तरह हिंदी कवियों के नवीन प्रयोगों के परिचायक हैं ।—हि० का० प्र०, पृ० १०८ ।

प्रस्तोक—संज्ञा पुं० [सं०] १. एक प्रकार का सामगान । २. सुदय के पुत्र का नाम ।

प्रस्तोता—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्तोतृ] १. एक सामवेदी ऋत्विक् जो यज्ञों में पहले सामगान का प्रारंभ करता है । २. वह जो स्तवन

करे। प्रस्तवन करनेवाला व्यक्ति। ३. प्रस्ताव करनेवाला। प्रस्तुत करनेवाला। रजिस्ट्रार। जैसे, संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रस्तोता।

प्रस्तोभ—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साम।

प्रस्थंपच—वि० [सं० प्रस्थम्पच] माप या तौल में एक प्रस्थ पकानेवाला [को०]।

प्रस्थ[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. पहाड के ऊपर की चौरस भूमि। अधित्यका। टेबुललैंड। २ वह मैदान जो बराबर या समतल हो। ३ प्राचीन काल का एक मान।

विशेष—यह दो प्रकार का होता था, एक तौलने का, दूसरा मापने का। इसके मान में मतभेद हैं, कोई चार कुडव का प्रस्थ मानते हैं कोई दो शराव का। बहुतों के मत से एक आढक का चतुर्थांश प्रस्थ होता है। वमन, विरेचन और शोणितमोक्षण मे साढ़े तेरह पल का प्रस्थ माना जाता है। कुछ लोग इसे छह पल का और कुछ लोग द्रोण का षोडशांश मानते हैं।

४. पहाडो का ऊँचा किनारा। ५ वह भाग जो ऊपर बहुत उठा हो। ६ विस्तार। ७ कोई वस्तु जो एक प्रस्थ मान की हो [को०]।

प्रस्थ[2]—वि० १ जानेवाला। यात्रा करनेवाला। २ फैलानेवाला। ३ प्रकृष्ट रूप से स्थित। दृढ (को०)।

प्रस्थकुसुम—संज्ञा पुं० [सं०] मरुवा।

प्रस्थपुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] १ मरुवे का पौधा। २ छोटे पत्तो की तुलसी। ३ जंबीरी नीबू।

प्रस्थभुक्—वि० [सं०] एक प्रस्थ अन्न खानेवाला [को०]।

प्रस्थल—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक देश जो उस समय सुशर्मा नामक राजा के अधिकार मे था।

प्रस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] १ गमन। यात्रा। रवानगी। २ विजय के लिये सेना या राजा की यात्रा। कूच। ३ पहनने के कपडे आदि जिसे लोग यात्रा के मुहूर्त पर घर से निकालकर यात्रा की दिशा में कहीं पर रखवा देते हैं। उ०—तिथि नखत्त गुरुवार कहीजै। सुदिन साधि प्रस्थान धरीजै।—जायसी (शब्द०)।

विशेष—यह ऐसी दशा में किया जाता है जब कोई ठीक मुहूर्त पर यात्रा नहीं कर सकता।

क्रि० प्र०—धरना।—रखना। करना।

४. मार्ग। ५ उपदेश की पद्धति या उपाय। ६. बैखरी वाणी के भेद जो अठारह हैं, यथा—४ वेद, ४ उपवेद, ६ वेदांग, पुराण, न्याय, मीमांसा और धर्मशास्त्र। ७ मरण। मृत्यु (को०)। ८ प्रेषण। भेजना (को०)। ९ विधि। ढंग। तरीका (को०)। १० निम्न श्रेणी का नाटक (को०)। ११ धार्मिक निकाय। धार्मिक संप्रदाय (को०)। १२. आगमन। आना (को०)।

प्रस्थानत्रय—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रस्थानत्रयी' [को०]।

प्रस्थानत्रयी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भगवद्गीता, उपनिषद् और ब्रह्मसूत्र। [को०]।

प्रस्थानदुंदुभि—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रस्थानदुन्दुभि] कूच का डंका [को०]।

प्रस्थानी—वि० [हिं० प्रस्थान + ई] जानेवाला। प्रस्थान करनेवाला। उ०—उठे सुनत हरि उद्धव बानी। भे पुनि शुक्रप्रस्थ प्रस्थानी।—सबलसिंह (शब्द०)।

प्रस्थानीय—वि० [सं०] प्रस्थान योग्य।

प्रस्थापन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रस्थापित, प्रस्थापी, प्रस्थाप्य] १. प्रस्थान कराना। भेजना। २. प्रेरण। दूतादि के काम में नियुक्त करना। ३. स्थापन। ४. सिद्ध करना। प्रमाणित करना। (को०)। ६. व्यवहार में लाना। काम मे लाना (को०)। ७ जानवरो को चुरा ले जाना (को०)।

प्रस्थापना—संज्ञा स्त्री० [सं०] भेजना। रवाना करना। प्रेषण [को०]।

प्रस्थापित—वि० [सं०] १. अच्छी तरह स्थापित। २. प्रेषित। भेजा हुआ। ३. आगे की ओर किया या बढाया हुआ। ४ अनुष्ठित। जैसे, कोई उत्सव आदि (को०)।

प्रस्थायी—वि० [सं० प्रस्थायिन्] जो भविष्य में प्रस्थान करनेवाला हो।

प्रस्थावाⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्थान] चलना। गमन। उ०—भएउ इद्र कर आयेसु प्रस्थावा यह सोइ। कबहुँ काहु कै प्रभुता कबहुँ काहु कै होइ।—जायसी ग्र० (गुप्त), पृ० ३५२।

प्रस्थिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ आमडा। २. पुदीना।

प्रस्थित—वि० [सं०] १. ठहरा हुआ। टिका हुआ। स्थिर। २. दृढ़। ३. जो गया हो। गत। ४. जो जाने को तैयार हो। गमनोद्यत।

प्रस्थिति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्रस्थान। यात्रा। २ विशेष स्थिति।

प्रस्न[1]—संज्ञा पुं० [सं०] स्नानपात्र।

प्रस्नⓊ[2]—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्न] दे० 'प्रश्न'। उ०—ऐसिअ प्रस्न बिहगपति कीन्हि काग सन जाइ।—मानस ७।५५।

प्रस्नव—संज्ञा पुं० [सं०] १ बहना। प्रवाह। प्रस्राव। २ धारा। जैसे दूध की। ३. अश्रु। आंसु। ४ मूत्र [को०]।

प्रस्निग्ध—वि० [सं०] १ जिसमें बहुत अधिक चिकनाई हो। २. बहुत अधिक कोमल [को०]।

प्रस्नुत—वि० [सं०] बहनेवाला। टपकनेवाला। क्षरणशील। प्रस्रवित होनेवाला [को०]।

यौ०—प्रस्नुतस्तनी=वह स्त्री जिसके स्तनो से वात्सल्य के कारण दुग्धस्राव हो।

प्रस्नुषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] नतोहू। पोते की स्त्री।

प्रस्नेय—वि० [सं०] (जल आदि) जो स्नान के योग्य हो।

प्रस्पदन—संज्ञा पुं० [सं० प्रस्पन्दन] फडकना। कंपन [को०]।

प्रस्पर्धी—वि० [सं० प्रस्पर्धिन्] प्रतिद्वंद्वी। प्रतिस्पर्धी [को०]।

प्रस्फुट—वि० [सं०] १ विकसित। खिला हुआ। २ प्रकट। स्पष्ट। साफ। ज्ञात।

प्रस्फुटन—संज्ञा पुं० [सं०] १. खिलना। विकसित होना। २ प्रकट होना। स्पष्ट होना। अभिव्यक्त होना। उ०—बहुधा देखा

जाता है कि विरुद्ध संसर्ग से ही किसी अनुकूल भाव का प्रस्फुटन होता है।—पोद्दार अभि ग्रं०, पृ० १०२।

प्रस्फुटित—वि० [सं०] विकसित। प्रस्फुट।

प्रस्फुरण—सज्ञा पुं० [स०] १ निकलना। २ प्रकाशित होना। ३ कपन। फडकना (को०)। ४ स्पष्ट या व्यक्त होना (को०)।

प्रस्फुरित—वि० [स०] कपित। फड़कता हुआ। हिलता हुआ।

यौ०—प्रस्फुरिताधर = जिसके होठ हिल रहे हो। कुछ कहने के लिये जिसका अधर फड़क रहा हो।

प्रस्फोटन—सज्ञा पुं० [सं०] १ किसी वस्तु का इस प्रकार एकबारगी खुलना या फूटना कि उसके भीतर के पदार्थ वेग से बाहर निकल पड़ें। जैसे, ज्वालामुखी का प्रस्फोटन। २ फोड निकालना। ३ विकसित होना या करना। खिलना या खिलाना। ४ पीटना। ठोकना। ताड़न। ५ फटकना (अन्न आदि)। ६ सूप।

प्रस्मृत—वि० [सं०] विस्मृत। भूला हुआ [को०]।

प्रस्मृति—सज्ञा स्त्री० [स०] विस्मृत करना। भूल जाना [को०]।

प्रस्यद—सज्ञा पुं० [सं० प्रस्यन्द] टपकना। चूना। बहना। द्रवित होना।

प्रस्यदन—सज्ञा पुं० [सं० प्रस्यन्दन] दे० 'प्रस्यद' [को०]।

प्रस्यंदी—सज्ञा पुं० [सं० प्रस्यन्दिन्] वर्षा की झडी। वर्षा की फुहार [को०]।

प्रस्रंस—सज्ञा पुं० [सं०] (गर्भ का) पतन। भ्रश। गिरना।

प्रस्रंसन—सज्ञा पु० [सं०] द्रवणशील वस्तु। द्रावक वस्तु [को०]।

प्रस्रंसिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का योनिरोग जिसमें प्रसग के समय रगड़ से योनि बाहर निकल आती है और गर्भ नहीं ठहरता।

प्रस्रंसी—सज्ञा पुं० [सं० प्रस्रसिन्] [स्त्री० प्रस्रसिनी] १ पतनशील। गिरनेवाला। २ अकाल ही में गिरनेवाला (जैसे, गर्भ)।

प्रस्रव—सज्ञा पुं० [सं०] चूना। टपकना। २ प्रवाह। धारा। ३ स्तनो से बहता हुआ दूध। ४ मूत्र। ५ पकते हुए चावल का उबलकर बहनेवाला माँड़। ६ छलकते वा गिरते हुए आँसू [को०]।

प्रस्रवण—सज्ञा पुं० [सं०] १ जल आदि (द्रव पदार्थों) का टपक टपककर या गिर गिरकर बहना। २ किसी स्थान से निकल निकलकर बहता हुआ पानी। सोता। ३ किसी स्थान से गिरकर बहता हुआ पानी। प्रपात। झरना। निर्झर। ४ पसीना। ५ स्तनो से टपकता हुआ दूध। ६. माल्यवान् पर्वत। ७ पेशाव करना (को०)। ८ झरने के जल से बना हुआ कुड (को०)।

प्रस्रवणी—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक के अनुसार बीस प्रकार की योनियों में एक।

विशेष—इसे दुष्प्रजाविनी भी कहते हैं। इसमें से पानी सा निकलता रहता है। इस योनिवाली स्त्री को सतान होने में बडा कष्ट होता है।

प्रसवी—वि० [सं० प्रस्रविन्] [स्त्री० प्रस्रविणी] १ स्रवित होता हुआ। चूनेवाला। २ दूध देनेवाला। ३ जिसमें अधिक दूध हो [को०]

प्रस्राव—सज्ञा पु० [स०] १ क्षरण। झरना। बहना। २ बहाव। ३ प्रस्रवण। ४. पेशाव। मूत्र। ५ पकते हुए चावल का उबलकर बहनेवाला माँड (को०)।

प्रस्रुत—वि० [सं०] झडा हुआ। गिरा हुआ।

प्रस्रुति—सज्ञा स्त्री० [सं०] झरना। गिरना [को०]।

प्रस्वन, प्रस्वान—सज्ञा पुं० [स०] जोर का शब्द। ऊँचा स्वर।

प्रस्वाप—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह वस्तु जिसके प्रयोग से निद्रा आवे। २ सोना। शयन करना (को०)। ३. स्वप्न। सपना (को०)। ४ एक अस्त्र का नाम जिसके प्रयोग से शत्रु को युद्धस्थल में निद्रा आ जाती है।

प्रस्वापक—वि० [सं०] १ सुलानेवाला। नींद लानेवाला। २ मारक। मृत्यु देनेवाला [को०]।

प्रस्वापन—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रस्वाप'।

प्रस्वापिनी—सज्ञा पुं० [सं०] हरिवंश के अनुसार कृष्णचंद्र की एक स्त्री का नाम।

प्रस्वार—सज्ञा पु० [सं०] ओंकार। ॐ।

प्रस्विन्न—वि० [सं०] जिसे पसीना आ गया हो। प्रस्वेदयुक्त [को०]।

प्रस्वीकरण—सज्ञा पुं० [स० (उप०) प्र + स्वीकरण] स्वीकारना। स्वीकृति देना।

प्रस्वेद—सज्ञा पुं० [स०] पसीना।

प्रस्वेदित[1]—वि० [स०] १. जिसे पसीना आ गया हो। २. प्रस्वेद-युक्त। २. पसीना लानेवाला। गर्म [को०]।

प्रस्वेदित[2]—वि० [सं०] पसीने से तर। प्रस्वेद से आर्द्र [को०]।

प्रहंतव्य—वि० [सं० प्रहन्तव्य] वध करने योग्य। वध्य [को०]।

प्रह(५)—सज्ञा स्त्री० [स० प्रभ] १ प्रभा। चमक। दीप्ति। उ०—पहु विन पुकार पहु उप्परिग। सु प्रह पहक फट्टी फहन।—पृ० रा०, ६१।१६५८। २. पौ। उ०—प्रह फूटी दिस पुंडरी, हणहणिया हय थट्ट।—ढोला०, दू० ६०२।

प्रहणन—सज्ञा पुं० [स०] मारना। वध। हनन [को०]।

प्रहणेमि—सज्ञा पुं० [सं०] प्रहनेमि। चद्रमा।

प्रहत[1]—वि० [सं०] १. हत। निहत। मारा हुआ। २ प्रताडित। पीटा हुआ। ३. फैलाया हुआ। प्रसारित। उ०—बहता है साथ गत गौरव का दीर्घकाल प्रहत तरग कर ललित तरल ताल।—अनामिका, पृ० १८६। ४. आघातित। (नगाड़ा आदि) जिसपर आघात किया गया हो (को०)। ५ पराजित हारा हुआ (को०)। ६. शिक्षित। पठित (को०)।

प्रहत[2]—सज्ञा पुं० १ पासे आदि का फेंकना। २. वार। ठोकर। प्रहार।

प्रहति—सज्ञा स्त्री० [सं०] धक्का। आघात [को०]।

प्रहनेमि—सज्ञा पुं० [सं०] चद्रमा।

प्रहर—संज्ञा पुं० [सं०] पहर। दिन रात के आठ समभागों में से एक भाग। पहरा। उ०—इस स्वप्न में भी चार प्रहर के चार स्वप्न हैं।—श्यामा०, पृ० ३।

प्रहरक—संज्ञा पुं० [सं०] वह मनुष्य जो पहरे पर हो और घटा बजाता हो। घड़ियाली।

प्रहरकुटुंबी—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रहर कुटुम्बी] अर्कपुष्पी।

प्रहरखनाⓊ—क्रि० अ० [सं० प्रहर्षण] हर्षित होना। आनंदित होना। उ०—जनकसुता समेत रघुराई। पेखि प्रहरखे मुनि समुदाई।—तुलसी (शब्द०)।

प्रहरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ हरना। हरण करना। छीनना। २. अस्त्र। उ०—और प्रहरणों से प्रभुवर के रण में रिपु गण मरते थे।—साकेत, पृ० ३७६। ३. युद्ध। ४ प्रहार। वार। ५. मारना। आघात पहुँचाना। ६ फेंकना। ७. हटाना। दूर करना। ८. स्त्रियों की सवारी के लिये एक प्रकार का परदेवाला रथ। बहली। ९. गाड़ी में बैठने की जगह। १०. मृदंग के बारह प्रबंधों में एक।

प्रहरणकलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] चौदह अक्षरों की एक वर्णवृत्ति जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण, एक भगण, फिर एक नगण और अंत में लघु गुरु होते हैं। जैसे,—महि हरि जनमे खलन दलन को प्रहरण कलि काटन दुख जन को।

प्रहरणकलिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रहरणकलिका'।

प्रहरणीय[1]—वि० [सं०] १. प्रहरण के योग्य। २. आक्रमण या प्रहार करने योग्य। ३. क्षेपणीय [को०]।

प्रहरणीय[2]—संज्ञा पुं० अस्त्र। आयुध [को०]।

प्रहरत्—संज्ञा पुं० [सं०] योद्धा। वीर [को०]।

प्रहरपनⓊ—संज्ञा पुं० [हिं०] एक अलंकार। दे० 'प्रहर्षण-२।'

प्रहरी—वि० [सं० प्रहरिन्] १ पहर पहर पर घंटा बजानेवाला। घड़ियाली। २ पहरेवाला। पहरुवा। पहरा देनेवाला। उ०—बना हुआ है प्रहरी जिसका उस कुटीर में क्या धन है, जिसकी रक्षा में रत इसका तन है, मन है, जीवन है।—पंचवटी, पृ० ६।

प्रहर्ता—वि० [सं० प्रहर्तृ] [वि० स्त्री० प्रहर्त्री] १. प्रहार करनेवाला। २ योद्धा।

प्रहर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १. हर्ष। आनंद। २ पुरुषेंद्रिय का उत्तेजित होना (को०)।

प्रहर्षण[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. आनंद। २ एक अलंकार जिसमें कवि बिना उद्योग के अनायास किसी के वांछित पदार्थ की प्राप्ति का वर्णन करता है। जैसे,—प्राण पियारो मिल्यो सपने मे भई तब नेसुक नींद निहोरे। कत को आयबो त्योंही जगाय सखी कह्यो बोलि बियूष निचोरे। यों मतिराम बढ्यो उर में सुख बाल के बालम सो दृग जोरे। ज्यों पट में अति ही चटकीलो चढ़ै रँग तीसरी बार के बोरे।—मतिराम (शब्द०)। ३. बुध नामक ग्रह। ४ मनोवांछित वस्तु की प्राप्ति (को०)।

प्रहर्षण[2]—वि० आनंदित करनेवाला। हर्षप्रद [को०]।

प्रहर्षणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. हरिद्रा। हलदी। २ तेरह अक्षरों की एक वर्णवृत्ति जिसके प्रत्येक चरण में मगण फिर नगण, फिर जगण, रगण और अंत में एक गुरु होता है। (म न ज र ग)। तीसरे और दसवें वर्ण पर यति होती है। जैसे,—वैसो ही विरचहु रास हे कन्हाई, सरद प्रहर्षिणी जुन्हाई।

प्रहर्षिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रहर्षणी'।

प्रहर्षित—वि० [सं०] १ प्रसन्न। हर्षित। आनंदित। २. कठोर या कड़ा। अकड़ा हुआ, जैसे बेंत (को०)। ३. संभोग के लिये उत्तेजित किया हुआ (को०)।

प्रहर्षुल—संज्ञा पुं० [सं०] बुध ग्रह [को०]।

प्रहलादⓊ—संज्ञा, पुं० [सं० प्रह्लाद] दे० 'प्रह्लाद-२'। उ०—प्रहलाद उद्धार कियो पूरन पद जान्हर।—पृ० रा०, २।२१३।

प्रहसंती—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रहसन्ती] १. जूही। २. वासंती। ३. प्रकृष्ट अगरबत्ती। गच्छी अगेठी। ४. वह जो हँस रही हो या प्रफुल्ल हो।

प्रहसन—संज्ञा पुं० [सं०] १ हँसी। दिल्लगी। परिहास। चुहल। खिल्ली। ३. उपहास या साधिक्षेप रचना (को०)। ४. एक प्रकार का काव्यमिश्र नाट्य।

विशेष—यह रूपक के दस भेदों में है। इस खेल में नायक कोई राजा, धनी, ब्राह्मण या धूर्त होता है और अनेक पात्र रहते हैं। खेल भर में हास्यरस प्रधान रहता है। पहले के प्रहसनों में एक ही अंक होता था पर अब लोग कई अंकों का प्रहसन लिखने हैं। जैसे, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति और अंधेर नगरी आदि। इस प्रकार के नाटक प्रायः कुरीतिसंशोधन के लिये बनाए और खेले जाते हैं।

प्रहसित[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. एक बुद्ध का नाम। २ हास्य।

प्रहसित[2]—वि० हँसता हुआ [को०]।

प्रहस्त—संज्ञा पुं० [सं०] १. चपत। थप्पड़। हथेल। उँगलियों सहित फैलाई हुई हथेली। २. रामायण के अनुसार रावण के एक सेनापति का नाम।

प्रहाण—संज्ञा पुं० [सं०] १ परित्याग। २ चित्त की एकाग्रता। ध्यान। ३ प्रयत्न। उद्योग। प्रयास [को०]।

प्रहाणि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ परित्याग। २. हानि। नाश। ३. कमी। घाटा। हानि।

प्रहानⓊ—संज्ञा पुं० [सं० प्रहाण] दे० 'प्रहाण'।

प्रहानिⓊ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रहाणि] दे० 'प्रहाणि'।

प्रहाय्य—संज्ञा पुं० [सं०] संदेशवाहक। दूत [को०]।

प्रहार—संज्ञा पुं० [सं०] १. आघात। वार। चोट। मार। २. वध। हत्या। हनन। मारण (को०)। ३ युद्ध। रण (को०)। ४ गले का हार (को०)।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

प्रहारक—वि० [सं०] प्रहार करनेवाला। मारनेवाला।

प्रहारण—संज्ञा पुं० [स०] काम्य दान। मनचाहा दान।

प्रहारनाⓤ—क्रि० अ० [सं० प्रहार] १ मारना। आघात पहुँचाना। आघात करना। उ०—(क) मन नहिं मारा मनकरी, सका न पाँच प्रहारि। सील सौंच सरधा नहीं, अजहूँ इंद्रि उघारि। —कबीर (शब्द०)। (ख) दीन्हों डारि शैल तें भू पर पुनि भीतर डारयो। डारि अगिन में शस्त्रन मारयो नाना भाँति जल प्रहारयो।—सूर (शब्द०)। २ मारने के लिये चलाना। फेंकना। उ०—(क) वृत्रासुर पर वज्र प्रहारयो। तिन तिरसूल इंद्र पर मारयो।—सूर (शब्द०)। (ख) तब दुहुँ भाइन वज्र प्रहारा। करि तापर पुनि लातन मारा।—पद्माकर (शब्द०)। (ग) आजु राम श्याम को प्रहारि बान मारिहौं। उग्रसेन सीस काटि भूमि बीच डारिहौं।—गोपाल (शब्द०)।

प्रहारवल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] मांसरोहिणी लता।

प्रहारार्त[1]—वि० [स०] जो आघात से घायल हो गया हो।

प्रहारार्त[2]—संज्ञा पुं० घाव से उत्पन्न तीव्र पीडा [को०]।

प्रहारितⓤ†—वि० [स० प्रहार] जिसपर प्रहार हो। प्रताडित।

विशेष—मनुष्य के शरीर में मुष्टिप्रहार आदि से प्रहारित स्थान का मास दूषित होकर शोथ उत्पन्न करता है।

प्रहारी[1]—वि० [स० प्रहारिन्] [वि० स्त्री० प्रहारिणी] १ मारनेवाला। प्रहार करनेवाला। २ चलानेवाला। मारनेवाला। छोडनेवाला। ३ नष्ट करनेवाला। दूर करनेवाला। भजन करनेवाला। जैसे, गर्वप्रहारी।

प्रहारी[2]—संज्ञा पुं० सर्वश्रेष्ठ योद्धा। प्रधान योद्धा [को०]।

प्रहारुक—वि० [स०] बलपूर्वक हरण करनेवाला। जबरदस्ती छीननेवाला।

प्रहार्य—वि० [स०] १ प्रहार करने योग्य। २ हरण योग्य।

प्रहास—संज्ञा पुं० [स०] १ अट्टहास। जोर की हँसी। ठहाका। गहरी हसी। २ नट। ३ शिव। ४ कार्तिकेय का एक अनुचर। ५ उपेक्षा। तिरस्कार (को०)। ६ व्यंग्य कथन। कटूक्ति ७ रंगों की चमक (को०)। ८ सोमतीर्थ का एक नाम। दे० 'प्रभास'—२।

विशेष—इस अर्थ में यह शब्द 'प्रभास' का प्राकृत रूप जान पडता है।

प्रहासक—वि०, संज्ञा पुं० [स०] वह व्यक्ति या वस्तु जो हँसाए [को०]।

प्रहासी[1]—वि० [स० प्रहासिन्] १ खूब हँसानेवाला। २ खूब हँसनेवाला। ३ चमकीला। द्योतित। चमकनेवाला [को०]।

प्रहासी[2]—संज्ञा पुं० विदूषक। मसखरा [को०]।

प्रहि—संज्ञा पुं० [सं०] कूप। कूँआ [को०]।

प्रहित[1]—वि० [सं०] १ प्रेरित। २ फेंका हुआ। क्षिप्त। ३ फटका हुआ। निष्कासित। ४ उपयुक्त। ठीक (को०)। नियुक्त (को०)।

प्रहित[2]—संज्ञा पुं० १. एक प्रकार का साग। २ सूप। पकी हुई दाल।

प्रहीण[1]—वि० [सं०] १ परित्यक्त। २ क्षिप्त। फेंका हुआ (को०)। ३. समाप्त। नष्ट (को०)।

प्रहीण[2]—संज्ञा पुं० विनाश। हानि [को०]।

यौ०—प्रहीणजीवित=मृत। मरा हुआ। प्रहीणदोष।

प्रहीणदोष—वि० [सं०] निष्पाप। पापरहित [को०]।

प्रहुत—संज्ञा पुं० [सं०] बलिवैश्वदेव। भूतयज्ञ।

प्रहुति—संज्ञा स्त्री० [सं०] आहुति। उत्तम आहुति।

प्रहृत[1]—वि० [स०] १ फेंका हुआ। चलाया हुआ। २ पसारा हुआ। फैलाया हुआ। उठाया हुआ। ३ मारा हुआ। प्रताडित। ४ पीटा हुआ। ठोका हुआ।

प्रहृत[2]—संज्ञा पुं० १ प्रहार। चोट। आघात। २ एक गोत्रकार ऋषि का नाम।

प्रहृष्ट—वि० [स०] १ अत्यंत प्रसन्न। आह्लादित। २ उठा हुआ। खडा। जैसे, रोम।

यौ०—प्रहृष्टचित्त, प्रहृष्टमना=आनंदित। प्रफुल्ल। प्रहृष्टमुख=प्रहृष्टवदन। प्रहृष्टरूप=जिसे देखने से प्रसन्नता हो। जो प्रसन्न दिखाई दे। प्रहृष्टरोमा=जिसके बाल, रोएँ आदि खडे हों।

प्रहृष्टक—संज्ञा पुं० [सं०] कौआ। काक [को०]।

प्रहृष्टात्मा—वि० [स० प्रहृष्टात्मन्] प्रसन्नचित्त। आनंदित [को०]।

प्रहेणक—संज्ञा पुं० [स०] लपसी। प्रहेलक।

प्रहेति—संज्ञा पुं० [सं०] रामायण के अनुसार एक राक्षस का नाम। यह हेति का भाई था।

प्रहेलक—संज्ञा पुं० [सं०] १ लपसी। प्रहेणक। २. पहेली। प्रहेलिका (को०)। ३ वह मिष्ठान्न जो उत्सवादि में वितरित किया जाय (को०)।

प्रहेला—संज्ञा स्त्री० [सं०] आनंदपूर्ण क्रीडा। स्वच्छंद विलास [को०]।

प्रहेलि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रहेलिका' [को०]।

प्रहेलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पहेली। बुझौवल।

प्रह्वत्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] प्रीति।

प्रह्लाद—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'प्रह्लाद'। २ एक नाग का नाम।

प्रह्रास—संज्ञा पुं० [स०] क्षीण होना। क्षय [को०]।

प्रह्व—वि० [सं०] प्रसन्न। आनंदित।

प्रह्वत्ति—संज्ञा स्त्री० [स०] प्रीति। आनंद। प्रसन्नता [को०]।

प्रह्वन्न—वि० [स०] प्रसन्न। खुश [को०]।

प्रह्वल्लि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रह्वत्ति'।

प्रह्लाद—संज्ञा पुं० [स०] १ आमोद। आनंद। २. एक दैत्य जो राजा हिरण्यकशिपु का पुत्र था।

विशेष—यह बचपन ही से बडा भगवद्भक्त था। हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद को ईश्वर की भक्ति से विचलित करने के लिये अनेक प्रयत्न किए और बहुत कष्ट पहुँचाया पर वह विचलित न हुआ। अंत में भगवान ने नरसिंह रूप धारण कर प्रह्लाद की रक्षा की और

हिरण्यकशिपु को मार डाला। प्रह्लाद का पुत्र विरोचन और पौत्र बलि था।

३ एक देश का नाम। ४ एक नाग का नाम। ५ ध्वनि। आवाज (को०)। ६ चावल की एक जाति।

प्रह्लादक—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रह्लादिका] आह्लादित करनेवाला। आनंदित करनेवाला [को०]।

प्रह्लादन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] आह्लादित करना। प्रसन्न करना।

प्रह्लादन[2]—वि० आनददायक। आह्लादक।

प्रह्लादित—वि० [स०] आनंदित। हर्षित। प्रफुल्लित।

प्रह्लादी—वि० [सं० प्रह्लादिन्] आनंदित होनेवाला। प्रसन्न होनेवाला [को०]।

प्रह्व—वि० [सं०] १ विनीत। नम्र। २ झुका हुआ। ढालुआँ। ३. आसक्त।

प्रह्वण—सज्ञा पुं० [सं०] प्रदर्शन के लिये झुकना। सम्मानार्थ नम्र होना [को०]।

प्रह्वल—सज्ञा पुं० [सं०] सौंदर्ययुक्त देह। सुंदर शरीर।

प्रह्वलिका, प्रह्वलीका—सज्ञा स्त्री० [स०] पहेली।

प्रह्वांजलि—वि० [सं० प्रह्वाञ्जलि] हाथ जोडकर सिर झुकाए हुए [को०]।

प्रह्वाण—वि० [सं०] नम्र। झुका हुआ [को०]।

प्रह्वाय—सज्ञा पुं० [स०] आह्वान। अभिनिमंत्रण। आवाहन [को०]।

प्रांग—सज्ञा पुं० [सं० प्राङ्ग] एक प्रकार का छोटा पणव या ढोल [को०]।

प्रांगण—सज्ञा पुं० [सं० प्राङ्गण] १. मकान के बीच या सामने का खुला हुआ भाग। आँगन। सहन। २ एक प्रकार का ढोल। पणव।

प्रांगन—सज्ञा पुं० [स० प्राङ्गण] दे० 'प्रागण'।

प्रांजन—सज्ञा पुं० [सं० प्राञ्जन] १. अजन या रंग। २ प्राचीन काल का एक प्रकार का लेप या रग जो बाण पर लगाया जाता था।

प्रांजल—वि० [सं० प्राञ्जल] १ सरल। सीधा। २ सच्चा। ईमानदार। ३. बराबर। समान। जो ऊँचा नीचा न हो।

प्रांजलता—सज्ञा स्त्री० [स० प्राञ्जलता] प्राजल होने का भाव। सरलता। सीधापन [को०]।

प्रांजलि[1]—वि० [स० प्राञ्जलि] जो अजलि बाँधे हो। अंजलिबद्ध।

प्राजलि[2]—सज्ञा पुं० १. सामवेदियों का एक भेद। २ अंजलि। अँजली।

प्रांजलिक, प्रांजली—वि० [स० प्राञ्जलिक, प्राञ्जलिन्] दे० 'प्रांजलि' [को०]।

प्रांत—सज्ञा पुं० [सं० प्रान्त] [वि० प्रांतिक] १. अत। शेष। सीमा। २ किनारा। छोर। सिरा। उ०—अधरो के प्रातो पर खेलती रेखाएँ, सरस तरग भग लेती की। —अनामिका, पृ० ३७। ३. ओर। ४. किसी देश का एक भाग। खड। प्रदेश। जैसे, सयुक्त प्रात, पजाब प्रात। ५ एक ऋषि का नाम। ६ इस ऋषि के गोत्र के लोग। ७ कोना (जैसे आँख का)।

यौ०—प्रातग। प्रांतचर = दे० 'प्रातग'। प्रांतदुर्ग। प्रांतनिवासी = दे० 'प्रातग'। प्रांतपति = प्रदेशपति। राज्यपाल। गवरनर। प्रांतपुष्पा। प्रांतभूमि। प्रातविरस = प्रारभ मे सरस पर अंत में रसहीन या वेरस। प्रातवृत्ति। प्रातशून्य = दे० 'प्रातरशून्य' प्रांतस्थ।

प्रांतग—वि० [स०] १. सीमा पर रहनेवाला। जो प्रांत मे या सरहद पर रहता हो। २ पास रहनेवाला। समीपस्थ (को०)।

प्रातत—क्रि० वि० [स० प्रान्ततस्] सीमा या हद से होता हुआ। छोर से होकर [को०]।

प्रांतदुर्ग—सज्ञा पुं० [स० प्रान्तदुर्ग] वह दुर्ग जो नगर के किनारे प्राचीर के बाहर हो। नगर के परकोटे के बाहर का दुर्ग।

प्रातपुष्पा—सज्ञा स्त्री० [स० प्रान्तपुष्पा] १ एक फूल का नाम। २ इस फूल का पौधा।

प्रातभूमि—सज्ञा स्त्री० [स० प्रान्तभूमि] १ किसी पदार्थ का अतिम भाग। किनारा। छोर। २ योगशास्त्र के अनुसार समाधि, जो योग की अतिम सीमा मानी जाती है। ३ सीढी।

प्रांतभूमौ—क्रि० वि० [सं० प्रान्तभूमौ] अत में। आखीर में [को०]।

प्रांतर—सज्ञा पु० [सं० प्रान्तर] १ दो स्थानो के बीच का लबा मार्ग जिसमें जल या वृक्षो आदि की छाया न हो। २ दो गावो के बीच की भूमि। उ०—कही खडे थे खेत, कही प्रातर पडे, शून्य सिंधु के द्वीप गाँव छोटे बडे।—साकेत, पृ० १२९। ३ दो प्रदेशो के बीच का शून्य स्थान। अवकाश। ४. जगल। ५. वृक्ष के बीच का खोखला अश।

प्रातरशून्य—वि० [सं० प्रान्तरशून्य] दो स्थानो के बीच का पेड और छाया आदि से रहित लबा रूखा मार्ग [को०]।

प्रातवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [स० प्रान्तवृत्ति] क्षितिज।

प्रातयन—सज्ञा पुं० [सं० प्रान्तायन] प्रात नामक ऋषि के गोत्र के लोग।

प्रातिक—वि० [स० प्रान्तिक] १. प्रांत सबधी। प्रातीय। २ प्रदेशी। ३. किसी एक देश या प्रात से सबध रखनेवाला। उ०—भाषा के बिना न रहता अन्य भाव प्रातिक।—अपरा, पृ० ६४।

प्रांतीय—वि० [स० प्रान्तीय] प्रात या प्रदेश से सबंध रखनेवाला। प्रातिक। जैसे, युक्तप्रातीय सम्मेलन।

प्रांतीयता—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रान्तीय + ता] प्रात के प्रति अत्यधिक मोह। प्रात के प्रति पक्षपातपूर्ण भाव।

प्राशु[1]—वि० [स०] [सज्ञा प्राशुता] ऊँचा। उच्च।

प्राशु[2]—सज्ञा पु० १ वैवस्वत मनु के एक पुत्र का नाम। २ विष्णु। ३ लबा व्यक्ति। वह जो ऊँचा हो (को०)।

प्राशुपाकार—वि० [सं०] जिसकी दीवाल लबी और ऊँची हो [को०]।

प्रांशुलभ्य—वि० [सं०] लंबे व्यक्ति के द्वारा प्राप्य। जहाँ तक लंबा व्यक्ति ही पहुँच सके [को०]।

प्रांसु—वि० [सं० प्रांशु] दे० 'प्रांशु[१]'। उ०—प्रपुल प्रासु परिनाह पृथु आयत तुग बिसाल।—अनेकार्थ०, पृ० ४०।

प्राइम मिनिस्टर—पद्मा पुं० [अ०] १. किसी राज्य या देश का प्रधान मंत्री। वजीर आजम। २ भारत गणराज्य के केंद्रीय शासन का प्रधान मंत्री।

प्राइमर—संज्ञा पुं० [अ०] १ किसी भाषा की वह प्रारंभिक पुस्तक जिसमे उस भाषा की वर्णमाला आदि दी गई हो। २ किसी विषय की वह प्रारंभिक पुस्तक जिसमे उस विषय का ज्ञान प्राप्त करनेवालो के लिये साधारण मोटी मोटी बातें दी गई हों।

प्राइमरी—वि० [अ०] प्रारंभिक। प्राथमिक। जैसे,—प्राइमरी एजुकेशन, प्राइमरी पाठशाला, प्राइमरी शिक्षा, प्राइमरी स्कूल, आदि।

प्राइमरी स्कूल—संज्ञा पुं० [अ० प्राइमरी+स्कूल] प्राथमिक पाठशाला। प्रारंभिक पाठशाला।

प्राइवेट[१]—वि० [अ०] जिसका संबंध केवल किसी व्यक्ति से हो। निज का। व्यक्तिगत। जैसे,—यह सम्मेलन का नहीं बल्कि मेरा प्राइवेट काम है। २ जो सार्वजनिक न हो, बल्कि निज के संबंध का हो। जैसे, प्राइवेट जीवन, प्राइवेट सभा। ३. जो सर्वसाधारण से छिपाकर रखा जाय। गुप्त। जैसे,—मैं आज आपसे एक बहुत प्राइवेट बात करना चाहता हूँ।

प्राइवेट[२]—संज्ञा पुं० [अ०] पलटन का सिपाही। सैनिक। जैसे, प्राइवेट जेम्स।

प्राइवेट सेक्रेटरी—संज्ञा पुं० [अ०] वह कर्मचारी या लेखक जो किसी की निज की चिट्ठी पत्री आदि लिखने के लिये नियुक्त हो। किसी बड़े आदमी का निज का मंत्री या सहायक। खास नवीस। खास कलम।

प्राक्[१]—वि० [सं०] १ पहले का। अगला। २ पूर्व का।

प्राक्[२]—संज्ञा पुं० पूर्व। पूरब।

प्राक्[३]—अव्य०, पहले। पूर्व में।

विशेष—व्याकरण के अनुसार 'प्राच्' शब्द का 'च्' समस्त पदो मे 'क्' ग्' 'ङ्' आदि रूपो में हो जाता है, जैसे, प्राक्कर्म, प्राग्भाव, प्राङ्मुख आदि।

प्राकट्य—संज्ञा पुं० [सं०] प्रकट वा व्यक्त होने का भाव [को०]।

प्राकरणिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्राकरणिकी] १ प्रकरण या विषय से संबंधित। प्रकरणप्राप्त। २ उपमेय [को०]।

प्राकर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साम।

प्राकर्षिक[१]—वि० [सं०] जिसको प्राथमिकता दी जाय। तरजीह देने लायक।

प्राकर्षिक[२]—संज्ञा पुं० [सं०] १ स्त्रियों के बीच में नाचनेवाला पुरुष। २ वह पुरुष जिसकी जीविका दूसरो को स्त्रियों से चलती हो। परदारोपजीवी।

प्राकाम्य—संज्ञा पुं० [सं०] आठ प्रकार के ऐश्वर्यो या सिद्धियों में से एक। इच्छा का अनभिघात।

विशेष—कहते हैं, इस ऐश्वर्य के प्राप्त हो जाने पर मनुष्य की इच्छा का व्याघात नही होता। वह जिस वस्तु की इच्छा करता है वह उसे तुरत प्राप्त हो जाती है। वह इच्छा करने पर जमीन मे समा सकता है या आसमान में उड़ सकता है।

पर्या०—अप्रसर्ग। साच्छदानुमति।

प्राकार—पद्मा पुं० [सं०] १ वह दीवार जो नगर, किले आदि की रक्षा के लिये उनके चारो ओर बनाई जाती है। परकोटा। कोट। चहारदीवारी।

पर्या०—वरण। वप्र। शाल। साल।

२ घेरा। बाड़।

प्राकारधरणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्राकार के ऊपर की भूमि [को०]।

प्राकारस्थ—वि० [सं०] परकोटे के भीतर का। प्राकार पर या प्राकार में स्थित।

प्राकारीय—वि० [सं०] १ प्राकारयोग्य। चहारदीवारी के लायक। २ प्राकार से घिरा हुआ [को०]।

प्राकाश—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'प्रकाश'। २ एक आभूषण (को०)।

प्रकाश्य—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रकीर्ति। यश। २. प्रकाश का भाव। ३ प्रसिद्ध या ख्यात होना। ४ चमक। ज्योति।

प्राकृत[१]—वि० [सं०] १ प्रकृति से उत्पन्न या प्रकृति संबंधी। २ स्वाभाविक। नैसर्गिक। ३ भौतिक। ४ स्वाभाविक। सहज। ५ साधारण। मामूली। ६. संसारी। लौकिक। ७ नीच। असंस्कृत। अनपढ़। ग्रामीण। फूहड़।

प्राकृत[२]—संज्ञा स्त्री० १ बोलचाल की भाषा जिसका प्रचार किसी समय किसी प्रांत में हो अथवा रहा हो। उ०—जे प्राकृत कवि परम सयाने। भाषा जिन हरिकथा बखाने।—तुलसी (शब्द०)। २ एक प्राचीन भाषा जिसका प्रचार प्राचीन काल में भारत मे था और जो प्राचीन संस्कृत नाटकों आदि में स्त्रियो, सेवको और साधारण व्यक्तियो की बोलचाल मे तथा अलग ग्रथो में पाई जाती है। भारत की बोलचाल की भाषाएँ बोलचाल की प्राकृतों से बनी हैं।

विशेष—हेमचद्र ने संस्कृत को प्राकृत की प्रकृति कहकर सूचित किया है कि प्राकृत संस्कृत से निकली है, पर प्रकृति का यह अर्थ नही है। केवल संस्कृत का आधार रखकर प्राकृत व्याकरण की रचना हुई है। पर अनुमान है कि ईसवी सन् से प्राय ३०० वर्ष पहले यह भाषा प्राकृत रूप मे आ चुकी थी। उस समय इसके पश्चिमी और पूर्वी दो भेद थे। यह पूर्वी प्राकृत ही पाली भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुई (दे० 'पाली')। बौद्ध धर्म के प्रचार के साथ इस मागधी या पाली भाषा की बहुत अधिक उन्नति हुई, क्योंकि पहले उस धर्म के सभी ग्रथ इसी भाषा में लिखे गए। धीरे धीरे प्राचीन प्राकृतों के विकास से आज से प्राय १००० वर्ष पहले देश-भाषाओं का जन्म हुआ था। जिस प्रकार संस्कृत भाषा का सबसे पुराना रूप वैदिक भाषा है, उसी प्रकार प्राकृत भाषा

का भी जो पुराना रूप मिलता है उसे आर्ष प्राकृत कहते हैं। कुछ बौद्ध तथा जैन विद्वानो का मत है कि पाणिनि ने इस आर्ष प्राकृत का भी एक व्याकरण बनाया था। पर कुछ लोगो को यह संदेह है कि कदाचित् पाणिनि के समय प्राकृत भाषा का जन्म ही नहीं हुआ था।

मार्कंडेय ने प्राकृत के इस प्रकार भेद किए हैं—(१) भाषा (महाराष्ट्री, शौरसेनी, प्राच्या, आवती, मागधी, अर्द्धमागधी), (२) विभाषा (शाकारी, चाडाली, शावरी, आभीरी, टाक्की, औड्री, द्राविडी), (३) अपभ्रंश, और (४) पैशाची। चूलिका पैशाची आदि कुछ निम्न श्रेणी की प्राकृतें भी हैं। सबसे प्राचीन काल में मागधी की भाषा पाली के नाम से साहित्य की ओर अग्रसर हुई। बौद्ध ग्रंथ पहले इसी भाषा मे लिखे गए। यह मागधी व्याकरणो की मागधी से पृथक् और प्राचीन भाषा है। पीछे जैनो के द्वारा अर्द्धमागधी और महाराष्ट्री का आदर हुआ। महाराष्ट्री साहित्य की प्राकृत हुई जिसके एक कृत्रिम रूप का व्यवहार सस्कृत के नाटको में हुआ। इन प्राकृतो से आगे चलकर और घिसकर जो रूप हुआ वह अपभ्रंश कहलाया। इसी अपभ्रंश के नाना रूपो से आजकल की आर्य शाखा की देशभाषाएँ निकली हैं। इसके अतिरिक्त ललितविस्तर मे एक प्रकार की और प्राकृत मिलती है जो सस्कृत से बहुत कुछ मिलती जुलती है। प्राकृत भाषा में द्विवचन नही है और उसकी वर्णमाला में ऋ ॠ ऌ ॡ ऐ और औ स्वर तथा श ष और विसर्ग नही हैं।

३. पराशर मुनि के मत से बुध ग्रह की सात प्रकार की गतियो में पहली और उस समय की गति जब वह स्वाती, भरणी और कृत्तिका मे रहता है। यह चालीस दिन की होती है और इसमें आरोग्य, वृष्टि, धान्य की वृद्धि और मंगल होता है।

प्राकृतज्वर—सज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार वह ज्वर जो वर्षा, शरद या हेमत ऋतु मे, ऋतु के प्रभाव से होता है।

विशेष—कहते हैं, वर्षा, शरद और हेमत ऋतुओ में क्रमश वात, पित्त और कफ की प्रधानता होती है और उसी समय मनुष्य पर वातादि की प्रधानता से ऐसा ज्वर आक्रमण करता है।

प्राकृतत्व—सज्ञा पुं० [स०] प्राकृत होने का भाव या धर्म।

प्राकृतदोष—सज्ञा पुं० [सं०] वात, पित्त और कफ नामक प्रकृतियो के प्रकोप से उत्पन्न दोष जो वर्षा, शरद और हेमत ऋतुओ में यथाक्रम उत्पन्न होता है।

प्राकृतप्रलय—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक प्रकार का प्रलय जिसका प्रभाव प्रकृति तक पर पडता है, अर्थात् जिसमें प्रकृति भी ब्रह्म या परमात्मा में लीन हो जाती है।

प्राकृतमानुष—सज्ञा पुं० [स०] साधारण व्यक्ति [को०]।

प्राकृतमित्र—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्वभावसिद्ध मित्र। २. वह राजा जिसका राज्य प्राकृत शत्रु के बाद हो।

प्राकृतशत्रु—सज्ञा पु० [सं०] दे० 'प्राकृतारि'।

प्राकृतारि—सज्ञा पुं० [स०] १ स्वाभाविक शत्रु। स्वभावसिद्ध दुश्मन। २. वह राजा जिसका राज्य किसी अन्य राज्य से लगा हो।

प्राकृताभास—वि० स्त्री० [स० प्राकृत + आभास] जिसमे वर्ण और वाक्य का विन्यास प्राकृत की झलक लिए हो। जिसकी बनावट प्राकृत भाषा के आधार पर हो। उ०—इस प्रकार अपभ्रंश या प्राकृताभास हिंदी में रचना होने का पता हमें विक्रम की सातवी शताब्दी में मिलता है।—इतिहास, पृ० ६।

प्राकृतिक[1]—वि० [स०] १. जो प्रकृति से उत्पन्न हुआ हो। २. प्रकृति के विकार। ३ प्रकृति सबधी। प्रकृति का। ४ स्वाभाविक। सहज। उ०—इसी प्रकार शिशिर मे दुशाला ओढे 'गुलगुली गिलमें, गलीचा' बिछाकर बैठे हुए स्वाँग से धूप मे खपरैल पर बैठी वदन चाटती हुई बिल्ली में अधिक प्राकृतिक भाव है।—रस०, पृ० १४३। ५ साधारण। मामूली। ६ भौतिक। ७ सासारिक। लौकिक। ८ नीच।

प्राकृतिक[2]—सज्ञा पुं० दे० 'प्राकृतप्रलय'।

प्राकृतिक चिकित्सा—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राकृतिक + चिकित्सा] वह चिकित्सा पद्धति जिसमे प्रकृतिजन्य साधनो (जैसे मिट्टी, पानी आदि) से चिकित्सा की जाती है।

प्राकृतिक भूगोल—सज्ञा पुं० [स०] भूगोल विद्या का वह अग जिसमें भौगोलिक तत्वो का तुलनात्मक दृष्टि से विचार होता है।

विशेष—भूगर्भ शास्त्र से इसमे यह अंतर है कि भूगर्भ शास्त्र तो पृथ्वी की बनावट के प्राचीन इतिहास से सबध रखता है, पर इस शास्त्र मे उसकी वर्तमान स्थिति तथा भिन्न भिन्न प्राकृतिक अवस्थाओ का वर्णन होता है। इस विद्या मे यह बतलाया जाता है कि पर्वत, समुद्र, नदियाँ, द्वीप और महाद्वीप आदि किस प्रकार बनते हैं, पहाडों की ऊँचाई और समुद्रो की गहराई कितनी है, समुद्र में ज्वार भाटा किस प्रकार आता है, पृथ्वी के भिन्न भिन्न भागों मे प्राणियो और वनस्पतियो आदि का किस प्रकार विभाग हुआ है, वातावरण का तापमान कहाँ किस प्रकार और कितना घटता बढता है, और किस प्रकार ऋतुपरिवर्तन होता है, और नदियो तथा झीलो आदि की सृष्टि किस प्रकार होती है, आदि आदि।

प्राक्कथन—सज्ञा पुं० [सं०] (किसी पुस्तक की) भूमिका या प्रस्तावना।

प्राक्कर्म—सज्ञा पुं० [सं० प्राक्कर्मन्] १ पूर्वकर्म। २, अदृष्ट। भाग्य।

प्राक्कल्प—सज्ञा पु० [सं०] पुराकल्प। पूर्वकल्प।

प्राक्काल—सज्ञा पु० [स०] गत समय। प्राचीन काल [को०]।

प्राक्कालिक, प्राक्कालीन—वि० [सं०] पुराकालीन। पहले का। प्राचीन काल से सबंधित। प्राचीन काल का [को०]।

प्राक्कूल—सज्ञा पुं० [स०] वह कुश जिसका अगला भाग पूर्व की ओर किया गया हो।

प्राक्कृत[1]—सज्ञा पुं० [स०] पूर्व में किया हुआ कर्म। कर्म जो पूर्व जन्म में कृत हो।

प्राक्कृत[2]—वि० पूर्व काल या जन्म में कृत।

प्राक्केवल—वि० [स०] जो पहले से ही भिन्न रूप में प्रकट रहा हो।

प्राक्चरण—सज्ञा पुं० [स० प्राक्चरण] भग। योनि।

प्राक्चिर—क्रि० वि० [स०] ठीक समय पर। अधिक देर होने के पूर्व [को०]।

प्राक्छाय—सज्ञा पुं० [स०] जिस समय छाया पूर्व की ओर पड़ती हो। अपराह्न काल।

प्राक्तन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] वह कर्म जो पहले किया जा चुका हो और आगे जिसका शुभ और अशुभ फल भोगना पड़े। भाग्य। प्रारब्ध।

प्राक्तन[2]—वि० प्राचीन। पुराना। पहले का।

प्राक्तूल—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रवकूल'।

प्राक्पद—सज्ञा पुं० [सं०] समास में पूर्व पद [को०]।

प्राक्प्रवण—वि० [सं०] पूरब की ओर झुकावदार या ढालुवाँ [को०]।

प्राक्प्रहार—सज्ञा पु० [स०] पहला आक्रमण। प्रथम आघात [को०]।

प्राक्फल्ल—सज्ञा पु० [सं०] कटहर।

प्राक्फल्गुनी—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'प्राक्फाल्गुनी'।

प्राक्फाल्गुन—सज्ञा पुं० [स०] बृहस्पति ग्रह।

प्राक्फाल्गुनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्व फाल्गुनी नक्षत्र।

यौ०—प्राक्फाल्गुनीभवबृहस्पति ग्रह।

प्राक्संध्या—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राक्सन्ध्या] वह सधिकाल जो दिन आरभ में हो। सूर्योदय के समय का सधिकाल। सवेरा।

प्राक्सवन—सज्ञा पु० [सं०] प्रात कालीन उदकदान, या हवन यज्ञ [को०]।

प्राक्सी—सज्ञा स्त्री० [अ०] वह लेख जिसके द्वारा किसी सस्था का कोई सदस्य किसी दूसरे सदस्य आदि को अपना प्रतिनिधि नियत करके उसे अपनी ओर से उपस्थित होकर समति प्रदान करने का अधिकार देता है। प्रतिनिधिपत्र। २ प्रतिनिधि। वह व्यक्ति जो किसी दूसरे व्यक्ति के स्थान पर उसका कर्तव्य पालन करे।

प्राक्सौमिक—सज्ञा पुं० [सं०] वह कर्तव्य जो यजमान को सोमयाग के पूर्व कर लेना चाहिए। जैसे, अग्निहोत्र, दर्शपौर्णमास, पशुयाग।

प्राक्स्रोता—वि० [सं० प्राक्स्रोतस्] पूरब की ओर बहनेवाला [को०]।

प्राखर्य—सज्ञा पुं० [सं०] प्रखरता। तीक्ष्णता। तेजी।

प्राग[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रयाग] तीर्थराज प्रयाग। उ०—कासी प्राग द्वारिका मथुरा, कहँ कहँ चित दौरावौं।—जग० श०, पृ० ११७।

प्रागट्य—सज्ञा पुं० [स० प्राकट्य] दे० 'प्राकट्य'। उ०—सो हरि जी तो सुरगी सखी को प्रागट्य हैं।—दो सौ बावन०, भा० १, पृ० १५१।

प्रागनुराग—सज्ञा पु० [सं०] पूर्वानुराग।

प्रागभाव—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह अभाव जिसके पीछे उसका प्रतियोगी भाव उत्पन्न होता है। किसी विशेष समय के पूर्व न होना। जैसे, घट, वस्त्र बनने के पूव नही थे। इस प्रकार के अभाव को वैशेषिक शास्त्र में प्रागभाव कहते हैं। वैशेषिक दर्शन में यह पाँच प्रकार के अभावो में पहला माना गया है। २. वह पदार्थ जिसका आदि न हो पर अत हो। अनादि। सात पदार्थ।

प्रागभिहित—वि० [स०] पूर्वोक्त। पूर्वकथित [को०]।

प्रागल्भ्य—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रगल्भता। वीरता। २. धीरता। ३. साहस। ४ निर्भयता। ५ घमड। ६ चतुरता। ७. प्रधानता। प्रबलता।

प्रागार—सज्ञा पु० [स०] प्रासाद। भवन। महल।

प्रागुक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्वकथन। बात जो पहले कही गई हो [को०]।

प्रागुत्तर—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रागुत्तरा'।

प्रागुत्तरा—देश० स्त्री० [सं०] पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा। ईशान कोण।

प्रागुदीची—सज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्व और उत्तर के बीच की दीशा। ईशान कोण।

प्रागैतिहासिक—वि० [सं०] इतिहास से पूर्व का। उस समय से पूर्व का जहाँ से इतिहास उपलब्ध होता है। उ०—वह समस्या यह है कि प्राचीन ऐतिहासिक या प्रागैतिहासिक कथानकों और भावधाराओं को हम आज किस रूप मे अपनाएँ। नया०, पृ० १७।

प्राग्ज्योतिष—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत आदि के अनुसार कामरूप देश।

विशेष—प्राग्ज्योतिष देश आसाम मे है। महाभारत के समय में यहाँ का राजा भगदत्त था और वह चीन और किरात की सेना लेकर महाभारत सग्राम में आया था। यह देश अपनी राजधानी प्राग्ज्योतिष के नाम से प्रख्यात है जिसे अब गोहाटी कहते हैं। यहाँ देवी योगनिद्रा का प्रधान स्थान है। पौराणिक दृष्टि से यह स्थान बहुत ही पवित्र और सर्वतोभद्रा नामक लक्ष्मी का निवासस्थान माना जाता है। कहते हैं, नरकासुर की राजधानी यही थी। रामायण में लिखा है कि इस देश की राजधानी प्राग्ज्योतिषपुर को कुश के पुत्र अमूर्तरज ने बसाया था।

प्राग्ज्योतिषपुर—सज्ञा पुं० [स०] प्राग्ज्योतिष देश की राजधानी जिसे अब गोहाटी कहते हैं। रामायण के अनुसार इस नगर को कुश के पुत्र अमूर्तरज ने बसाया था।

प्राग्दक्षिणा—सज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण और पूर्व के बीच की दिशा। दक्षिणपूर्व।

प्राग्देश—सज्ञा पुं० [सं०] पूर्व की ओर के देश। पूरब के देश [को०]।

प्राग्द्वार—सज्ञा पुं० [सं०] पूरब की ओर का दरवाजा [को०]।

प्राग्बोधि—सज्ञा पुं० [स०] एक पर्व का नाम।

प्राग्भक्त—सज्ञा पुं० [स०] १ भोजन करने के पहले औषध खाना। २ सुश्रुत के अनुसार औषध खाने के दस समयो में से एक। दवा खाने के लिये भोजन करने से पहले का समय।

विशेष—सुश्रुत में लिखा है कि जो औषध भोजन करने से पहले

खाया जाता है वह कै के रास्ते बाहर नही निकलता, खाया हुआ अन्न बहुत अच्छी तरह पचाता है और बल बढाता है। बुड्ढों, बालको, स्त्रियो और दुर्बलो आदि के लिये ऐसे ही समय दवा खाने का विधान है।

प्राग्भरा—सज्ञा स्त्री० [स०] जैन मतानुसार सिद्धशिला का एक नाम।

प्राग्भव—सज्ञा पु० [सं०] जन्म [को०]।

प्राग्भार—सज्ञा पुं० [स०] १ पर्वत के आगे का भाग। २ किसी वस्तु का अगला भाग या सिरा। ३ उत्पति। उत्कर्ष। ४. राशि। ढेर। बाढ़ [को०]।

प्राग्भाव—सज्ञा पुं० [स०] १ पर्वत के आगे का भाग। २ उत्कर्ष। उन्नति। ३ पूर्व जन्म।

प्राग्र—सज्ञा पु० [स०] चरम बिंदु [को०]।

प्राग्रसर—वि० [सं०] १. श्रेष्ट। २ प्रथम। पहला।

प्राग्रहर—सज्ञा पु० [सं०] मुख्य। श्रेष्ठ।

प्राग्राट—सज्ञा पु० [सं०] पतला। दही। मठा।

प्राग्र्य—वि० [स०] श्रेष्ठ। बडा।

प्राग्वश—सज्ञा पुं० [स०] १ यज्ञशाला में वह घर जिसमें यजमानादि रहते हैं। यह घर हविर्गृह के पूर्व ओर होता है। २ विष्णु ३ पूर्व वश। पहले का वश।

प्राग्वचन—सज्ञा पु० [स०] १. महाभारत के अनुसार मन्वादि महर्षियों के वचन। २. पूर्व का निश्चय। पहले का निर्णय (को०)।

प्राग्वर्ती—वि० [स० प्राक्+वर्तिन्] पूर्व का। प्रारभ का। शुरू का।

प्राग्वाट—सज्ञा पुं० [स०] रामायण के अनुसार प्राचीन काल के एक नगर का नाम।

विशेष—यह नगर यमुना और गगा के बीच मे था। भरत जी केकय से अयोध्या आते समय इस नगर में से होकर आए थे।

प्राग्वृत्त—सज्ञा पुं० [सं०] पहले की घटना। पहले का हालचाल [को०]।

प्राग्वृत्तात—सज्ञा पु० [स०] पूर्ववृत्त। प्राग्वृत्त।

प्राघात—सज्ञा पुं० [स०] १. भारी आघात। कड़ी चोट। २. युद्ध। समर (को०)।

प्राघार—सज्ञा पुं० [सं०] चूना। टपकना। क्षरण [को०]।

प्राघुण, प्राघूणक, प्राघुणिक—सज्ञा पुं० [स०] दे०, 'प्राघूण' [को०]।

प्राघूण—सज्ञा पुं० [स०] अतिथि। मेहमान। पाहुना।

प्राघूणिक—दे० पुं० [स०] अतिथि। मेहमान।

प्रघूर्ण, प्राघूर्णक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्राघूण' या 'प्राघूणिक'।

प्राघूर्णिक—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्राघूर्ण'।

प्राङ् न्याय—सज्ञा पुं० [सं०] वह विवाद जो पहले किसी न्यायालय में निर्णीत हो चुका हो। किसी विवाद का पहले भी किसी न्यायालय में उपस्थित होकर निर्णीत हो चुकना।

विशेष—व्यवहारशास्त्र के अनुसार यह अभियोग का एक प्रकार का उत्तर है जिसके उपस्थित होने पर यह विवाद नहीं चल सकता। यह उत्तर उसी समय दिया जा सकता है जब उपस्थित विवाद के सबध में पहले ही न्यायालय में निर्णय हो चुका हो। अर्थात् प्रतिवादी कह सकता है कि पहले इस विवाद का निर्णय हो चुका है, फिर से इसका निर्णय होने की आवश्यकता नही।

प्राङ्मुख—वि० [सं०] जिसका मुँह पूर्व दिशा की ओर हो। पूर्वाभिमुख।

प्राचंडय—सज्ञा पुं० [सं० प्राचण्ड्य] प्रचडता। तीव्रता। उग्रता। भयकरता [को०]।

प्राच्—वि० [स०] [स्त्री० प्राची] पूर्व।

प्राचार—सज्ञा पु० [स०] एक प्रकार का कीडा।

प्राचार—वि० [सं०] प्रचलित परपरा या नियम के विरुद्ध [को०]।

प्राचार्य—सज्ञा पु० [सं०] १ आचार्य। गुरु। शिक्षक। २. विद्वान्। पडित।

प्राचिका—सज्ञा पुं० [सं०] १ डाँस की जाति की एक प्रकार की जगली मक्खी। २ श्येन। बाज (को०)।

प्राची—सज्ञा स्त्री० [स०] १. पूर्व दिशा। पूरब। उ०—पूरन ससि प्राची उदै बिहरनि रुचि कीनी।—घनानद, पृ० ४५५। २. वह दिशा जो देवता के या अपने आगे की ओर हो। ३ जल आँवला।

प्राचीन[1]—वि० [स०] १ जो पूर्व देश मे उत्पन्न हुआ हो। पूरब का। २. जो पूर्व काल में उत्पन्न हुआ हो। पिछले जमाने का। पुराना। पुरातन। ३ वृद्ध। बुड्ढा।

यौ०—प्राचीनकल्प = पुरा कल्प। प्राचीनगाथा = पुराना इतिहास। पुरानी कथा। प्राचीनतिलक। प्राचीनपनस। प्राचीनबर्हिष। प्राचीनमत = पुराना विश्वास। पहले से चला आता मत। प्राचीनमूल।

प्राचीन[2]—सज्ञा पुं० [स०] दे० प्राचीर'।

प्राचीन काव्यमिश्र—सज्ञा पुं० [स०] वह दृश्य काव्य जिसकी रचना प्राचीन काल में हुई हो और जिसका अभिनय भी प्राचीन काल में होता रहा हो।

विशेष—इसके पाँच भेद हैं— (१) नाट्य, (२) नृत्य, (३) नृत्त, (४) तांडव और (५) लास्य।

प्राचीनकुल—सज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन ऋषि का नाम जिन्हे आयातरनम और प्राचीनगर्भ भी कहते हैं।

प्राचीनगर्भ—सज्ञा पु० [स०] एक प्राचीन ऋषि का नाम जिनको प्राचीनकुल और आयातरतम भी कहते हैं।

प्राचीनता—सज्ञा स्त्री० [स०] प्राचीन होने का भाव। पुरानापन। जैसे—इस पुस्तक की प्राचीनता में कोई सदेह नही हो सकता।

प्राचीनतिलक—सज्ञा पुं० [स०] चंद्रमा।

प्राचीनत्व—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन होने का भाव। प्राचीनता। पुरानापन।

प्राचीनपनस—संज्ञा पुं० [सं०] बेल का पेड़।

प्राचीनबर्हि—संज्ञा पुं० [सं० प्राचीनबर्हिस्] १ इंद्र। २ एक प्राचीन राजा का नाम।

विशेष—अग्निपुराणानुसार यह अग्निगोत्रीय राजा हविर्धान के पुत्र थे और प्रजापति कहलाते थे। प्रचेतागण इनके पुत्र थे।

प्राचीनमूल—वि० [सं०] जिसका जड़ या मूल पूर्व ओर हो [को०]।

प्राचीनयोग—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन गोत्रप्रवर्तक ऋषि का नाम।

प्राचीनशाल—संज्ञा पुं० [सं०] १. पुराना घर। २ पूर्व दिशा का घर।

प्राचीना[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पाठा। २ रास्ना।

प्राचीना[2]—वि० स्त्री० [सं० प्राचीन का स्त्रीलिंग रूप] जो प्राचीन हो।

प्राचीनामलक—संज्ञा पुं० [सं०] पानी आमला। जल आमला।

प्राचीनावीत—संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञोपवीत धारण करने का एक प्रकार जिसमें बायाँ हाथ यज्ञोपवीत से बाहर रहता और यज्ञोपवीत दाहिने कंधे पर रहता है। यह उपवीत का उलटा है। इस प्रकार का यज्ञोपवीत पितृकार्य में धारण किया जाता है। पितृसव्य। सव्य।

प्राचीनावीती—वि० [सं० प्राचीनावीतिन्] जो प्राचीनावीत यज्ञोपवीत धारण किए हो। सव्य।

प्राचीनोपवीत—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्राचीनावीत'।

प्राचीपति—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

प्राचीर—संज्ञा पुं० [सं०] नगर या किले आदि के चारो ओर उसकी रक्षा के उद्देश्य से बनाई हुई दीवार। चहारदीवारी। शहर पनाह। परकोटा।

प्राचीरवती—वि० [सं० प्राचीर+वत+ई (प्रत्य०)] प्राचीरयुक्त। चहारदीवारी से आवृत। उ०—मैंने नयनोन्मीलन करके इधर उधर, सब ओर निहारा, पर लोचनगत हुई मुझे तो यह प्राचीरवती दृढ कारा।—अपलक, पृ० ७६।

प्राचुर्य—संज्ञा पुं० [सं० प्राचुर्य,प्राचुर्य्य] १ प्रचुर होने का भाव। अधिकता। प्रचुरता। बहुतायत। २. राशि। ढेर (को०)।

प्राचेतस—संज्ञा पुं० [सं०] १. प्रचेतागण जो प्राचीनबर्हि के पुत्र थे और जिनकी संख्या दस थी। २. वाल्मीकि मुनि का नाम ३. प्रचेता के अपत्य या वंशज। ४ विष्णु। ५ दक्ष। ६ मनु का पैतृक नाम (को०)। ७ वरुण के पुत्र का नाम।

प्राच्य[1]—वि० [सं०] १ पूर्व देश या दिशा में उत्पन्न। पूर्व का। २ पूर्वीय। पूर्व संबंधी। जैसे, प्राच्य सभ्यता, प्राच्य विद्या महार्णव। ३ पूर्व काल का। पुराना। प्राचीन।

प्राच्य[2]—संज्ञा पुं० शरावती नदी के पूर्व का देश।

प्राच्यक—वि० [सं०] पूर्वी। पूरब का [को०]।

प्राच्यभाषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्वी या पुरानी भाषा [को०]।

प्राच्यवृत्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] वैतालीय वृत्ति के एक भेद का नाम जिसके सम पादों में चौथी और पाँचवी मात्रा मिलकर गुरु हो जाती है। जैसे,—हर हर भज जाम आठहूँ। तज सबै भरम रे करो यही। तन मन धन दे लगा सबै। पाइहौ परम धाम ही सही।

प्राच्यायन—संज्ञा पुं० [सं०] पूर्व के ऋषियों के गोत्र में उत्पन्न पुरुष।

प्राच्छित,प्राछित्त—संज्ञा पुं० [सं० प्रायश्चित्त] दे० 'प्रायश्चित्त'। उ०—(क) जिहि बिरंचि रचि जिन प्रपंच को प्राच्छित कीन्ह्यो।—रत्नाकर, भा०१, पृ० ५५। (ख) चौदह नेम सँभालै नित्त। लागे दोष करै प्राछित्त।—अर्ध०, पृ० ५४।

प्राजक—संज्ञा पुं० [सं०] सारथी। रथ चलानेवाला।

प्राजन—संज्ञा पुं० [सं०] कोड़ा। चाबुक [को०]।

प्राजहित—संज्ञा पुं० [सं०] गार्हपत्य अग्नि।

प्राजापत—संज्ञा पुं० [सं०] प्रजापति का धर्म या भाव।

प्राजापत्य[1]—वि० [सं०] १ प्रजापति संबंधी। २. प्रजापति से उत्पन्न। ३ प्रजापति निमित्तक।

प्राजापत्य[2]—संज्ञा पुं० १ आठ प्रकार के विवाहों मे चौथा।

विशेष—इस विवाह में कन्या का पिता वर और कन्या को एकत्र कर उनसे यह प्रतिज्ञा कराता है कि हम दोनो मिलकर गार्हस्थ धर्म का पालन करेंगे, और फिर दोनो की पूजा करके वर को अलंकारयुक्त कन्या का दान करता है। ऐसे विवाह को काम भी कहते हैं।

२ एक व्रत का नाम जो बारह दिन का होता है।

विशेष—इस व्रत में पहले तीन दिन तक सायंकाल २२ ग्रास, फिर तीन दिन तक प्रातःकाल २६ ग्रास, फिर तीन दिन तक अयाचित अन्न २४ ग्रास खाकर अंत के तीन दिन उपवास करना पड़ता है। धर्मशास्त्रों मे इस व्रत का विधान प्रायश्चित्त मे किया गया है।

३. रोहिणी नक्षत्र। ४. यज्ञ। ५ प्रयाग का नाम। ६ विष्णु का नाम (को०)। ७. पितृलोक।

प्राजापत्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. एक इष्टि का नाम।

विशेष—यह इष्टि प्रव्रज्याश्रम या संन्यासाश्रम ग्रहण के समय की जाती है। इस यज्ञ में सर्वस्व दक्षिणा मे दे दिया जाता है।

२. वैदिक छंदों के आठ भेदों में एक भेद।

प्राजिक—संज्ञा पुं० [सं०] बाज नामक पक्षी।

प्राजिता—संज्ञा पुं० [सं० प्राजितृ] सारथी।

प्राजी—संज्ञा पुं० [सं० प्राजिन्] एक प्रकार का पक्षी। श्येन।

प्राजेश—संज्ञा सं० [सं०] १ रोहिणी नक्षत्र। २ वह चरु आदि पदार्थ जो प्रजापति देवता के लिये हो।

प्राज्ञमन्य, प्राज्ञंमानी—संज्ञा पुं० [सं० प्राज्ञम्मन्य, प्राज्ञम्मानिन्] दे० 'प्राज्ञमानी' [को०]।

प्राज्ञ[1]—वि० [सं०] [स्त्री० प्राज्ञा, प्राज्ञी] १. बुद्धिमान्। समझदार। चतुर। २. विज्ञ। पंडित। विद्वान्। उ०—जाग्रत तो

नहिं मेरे विषै कछु स्वप्न सुतौ नहिं मेरे विषै है। नाहिं सुषोपति मेरे विषै पुनि विश्व हू तैजस प्राज्ञ पषै है।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६१६। ३. मूर्ख। बेवकूफ।

प्राज्ञ[२]—संज्ञा पुं० १ वेदांतसार के अनुसार जीवात्मा। २ पुराणानुसार कल्किदेव के बड़े भाई का नाम। ३ चतुर मनुष्य। बुद्धिमान व्यक्ति (को०)। ४. एक प्रकार का शुक या तोता (को०)।

प्राज्ञता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्राज्ञत्व' (को०)।

प्राज्ञत्व—संज्ञा पुं० [सं०] १ चतुराई। बुद्धिमत्ता। २ पांडित्य। विज्ञता। ३ मूर्खता। बेवकूफी।

प्राज्ञमन्य—वि० [सं०] दे० 'प्राज्ञमानी'।

प्राज्ञमान—संज्ञा पुं० [सं०] प्राज्ञ व्यक्ति का आदर (को०)।

प्राज्ञमानी—संज्ञा पुं० [सं० प्राज्ञमानिन्] वह जिसे अपने पांडित्य का अभिमान हो। जो अपने आपको विद्वान् या बुद्धिमान् समझता हो।

प्राज्ञा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ बुद्धि। समझ। उ०—प्राज्ञा अभिमानी जु व्याकृत जमगुण रूपा। ईश्वर तहँ देवता भोग आनंद स्वरूपा।—सुंदर० ग्र०, भा० १, पृ० ६८। २ चतुरा स्त्री। विदुषी स्त्री।

प्राज्ञी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ सूर्य की भार्या का नाम। २ विद्वान् की स्त्री (को०)। ३ चतुरा या विदुषी स्त्री (को०)।

प्राज्य—वि० [सं०] १ प्रचुर। अधिक। बहुत। २. जिसमें बहुत घी पड़ा हो। ३ विशाल (को०)। ४ उच्च। ऊँचा (को०)।

प्राड्विवाक—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह जो व्यवहारशास्त्र का ज्ञाता हो और विवादों आदि का निर्णय करता हो। न्याय करनेवाला। न्यायाधीश।

विशेष—प्राचीन काल में जो राजा स्वयं न्याय नहीं करते थे वे विद्वान् ब्राह्मणों को प्राड्विवाक या न्यायाधीश के पद पर नियुक्त कर देते थे। वे ही सब झगड़ों का फैसला किया करते थे।

२ वह जो दूसरों के अभियोग आदि चलाता या उनका उत्तर देता हो। वकील।

प्राड्विवेक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्राड्विवाक'।

प्राणत—संज्ञा पुं० [सं० प्राणन्त] १ वायु। हवा। २ रसाजन।

प्राणंती—संज्ञा स्त्री० [सं० प्राणन्ती] १ क्षुधा। भूख। २. हिक्का। हिचकी। ३. छींक।

प्राण—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्राण' (को०)।

प्राण—संज्ञा पुं० [सं०] १ वायु। हवा। २ शरीर की वह वायु जिससे मनुष्य जीवित रहता है। उ०—कह कथा अपनी इस घ्राण से, उड़ गए मधु सौरभ प्राण से।—साकेत, पृ० २९७।

विशेष—हिंदुओं के शास्त्रों में देशभेद से दस प्रकार के प्राण माने गए हैं जिनके नाम प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकिल, देवदत्त और धनंजय हैं। इनमें पहले पाँच (प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान) मुख्य हैं, और पंचप्राण कहलाते हैं। ये सबके सब मनुष्य के शरीर के भिन्न भिन्न स्थानों में काम किया करते हैं और उनके प्रकोप करने से मनुष्य के शरीर में अनेक प्रकार के रोग उठ खड़े होते हैं। इन सबमें प्राण सबसे प्रधान और मुख्य है। जिस वायु को हम अपने नथने द्वारा साँस से भीतर ले जाते हैं उसे प्राण कहते हैं। इसी पर मनुष्य, पशु आदि जंतुओं का जीवन है। इस वायु का मुख्य स्थान हृदय माना गया है। प्राण धारण करने ही के कारण साँस लेनेवाले जंतुओं को प्राणी कहते हैं। मरने पर श्वास प्रश्वास, या वायु का गमनागमन बंद हो जाता है, इसलिये लोगों का कथन है कि मरने पर प्राण निकल जाते हैं। शास्त्रों में आँख, कान, नाक, मुँह, नाभि, गुदा, मूत्रेंद्रिय और ब्रह्मरंध्र आदि प्राणों के निकलने के मार्ग माने गए हैं। लोगों का कथन है कि मरने के समय मनुष्य के शरीर से जिस इंद्रिय के मार्ग से प्राण निकलते हैं, वह कुछ अधिक फैल जाती है और ब्रह्मरंध्र से निकलने पर खोपड़ी चिटक जाती है। लोगों का विश्वास है कि जिस मनुष्य के प्राण नाभि से ऊपर के मार्गों से निकलते हैं उसकी सद्गति होती है और जिसके प्राण नाभि से नीचे के मार्गों से निकलते हैं उसकी दुर्गति या अधोगति होती है। ब्रह्मरंध्र से प्राण निकलनेवाले के विषय में यह प्रसिद्ध है कि उसे निर्वाण या मोक्ष पद प्राप्त होता है। प्राण शब्द का प्रयोग प्रायः बहुवचन में ही होता है।

३. जैन शास्त्रानुसार पाँच इंद्रियाँ, मनोबल, वाक्बल, और कायबल नामक त्रिविध बल तथा उच्छ्वास, विश्वास और वायु इन सबका समूह। ४ श्वास। साँस। ५ छांदोग्य ब्राह्मण के अनुसार प्राण, वाक्, चक्षु श्रोत्र और मन। ६ वाराहमिहिर और आर्यभट्ट आदि के अनुसार काल का वह विभाग जिसमें दस दीर्घ मात्राओं का उच्चारण हो सके। यह विनाड़िका का छठा भाग है। ७ पुराणानुसार एक कल्प का नाम जो ब्रह्मा के शुक्ल पक्ष की षष्ठी के दिन पड़ता है। ८ बल। शक्ति। ९. जीवन। जान। उ०—(क) अगद दीख दसानन बैसा। सहित प्राण कज्जल गिरि जैसा।—तुलसी (शब्द०)। (ख) प्राण दिए धन जायँ दिए सब। केशव राम न जाहिं दिए अब।—केशव (शब्द०)। (ग) ए रे मेरे प्राण कान्ह प्यारे के चलाचल में तब तो चले न अब चाहत कितै चले।—पद्माकर (शब्द०)।

यौ०—प्राणआधार या प्राणाधार। प्राणप्रिय। प्राणप्यारा। प्राणनाथ। प्राणपति, इत्यादि।

विशेष—इस शब्द के साथ अंत में पति, नाथ, कांत आदि शब्द समस्त होने पर पद का अर्थ प्रेमी या पति होता है।

मुहा०—प्राण उड़ जाना = (१) होश हवास जाता रहना। बहुत घबराहट हो जाना। हक्का बक्का हो जाना। जैसे,—उसके देखने ही से उसमें के बच्चों का प्राण उड़ गया।—गदाधरसिंह (शब्द०)। (२) डर जाना। भयभीत होना।

प्राण आना या प्राणों में प्राण आना = घबराहट या भय कम होना। चित्त कुछ ठिकाने होना। हवास ठिकाने होना। प्राण या प्राणों का गले तक आना = मरने पर होना। मरणासन्न होना। उ०—ठाने अठान जेठानिनहूँ सब लोगन हूँ अकलंक लगाए। सासु लरी गहि गाँस खरी ननदीन के बोल न जात गिनाए। एती सही जिनके लए मैं सखी तै कहि कौने कहाँ बिलमाए। आय गले लगे प्राण पै कैसेहूँ कान्हर आज अजो नहिं आए।—(शब्द०)। प्राण या प्राणों का मुँह को आना या चले आना = (१) मरने पर होना। (२) अत्यंत दुःख होना। बहुत अधिक हार्दिक कष्ट होना। जैसे,—हाय हाय इसकी बातों से तो प्राण मुँह को चले आते हैं और मालूम होता है कि संसार उलटा जाता है।—हरिश्चंद्र (शब्द०)। प्राण या प्राणों के लाले पड़ना = प्राणों की चिंता होना। प्राणरक्षा की परवा होना। जैसे,—ब्राह्मणों के प्राणों के लाले पड़ रहे थे।—प्रेमघन०, पृ० ३०६। प्राण खाना = बहुत तंग करना। बहुत सताना। प्राण छूटना, जाना या निकलना = जीवन का अंत होना। मरना। प्राण डालना = जीवन प्रदान करना। जीवन का संचार करना। प्राण त्यागना, तजना या छोड़ना = मरना। प्राण देना = मरना। किसी पर या किसी के ऊपर प्राण देना = (१) किसी के किसी काम से बहुत दुखी या रुष्ट होकर मरना। (२) किसी को बहुत अधिक चाहना। प्राणों से भी बढ़कर चाहना। प्राण नहीं में समाना = भयभीत होना। आशंकित होना। प्राण निकलना = (१) मर जाना। मरना। (२) भय से होश हवास जाता रहना। घबरा जाना। भयभीत होना। प्राण पयान होना = प्राण निकलना उ०—प्राण पयान होत को राखा। कोयल को चातक मुख भाखा।—जायसी (शब्द०)। प्राणों पर आ पड़ना = जीवन का संकट में पड़ना। जान जोखिम होना। बड़ी कठिनाई पड़ना। उ०—ब्रज कहि जाय ना कहूँ यों आई आँखिन ते, उमगि अनोखी घटा बरसति नेह की। कहै पद्माकर चलावै खान पान की को, प्राणन परी है आनि दहसति देह की।—पद्माकर (शब्द०)। प्राण या प्राणों पर खेलना = ऐसा काम करना जिसमें जान जाने का भय हो। प्राणों को संकट में डालना। उ०—तुम तो अपने ही मुख झूठे। हमसों मिले बरष द्वादस दिन चारिक तुम सो तूठे। सूर आपने प्राणन खेलैं ऊधो खेलैं रूठे।—सूर (शब्द०) प्राण या प्राणों पर बीतना = (१) जीवन संकट में पड़ना। जान जोखिम होना। जैसे,—ऐसे समय जब कि क्षण क्षण केटो के प्राण पर बीत रही है।—तोताराम (शब्द०)। (२) जान निकल जाना। मर जाना। प्राण बचाना = (१) जीवन की रक्षा करना। जान बचाना। (२) जान छुड़ाना। पीछा छुड़ाना। प्राण मुट्ठी में या हथेली पर लिए रहना = जीवन को कुछ न समझना। प्राण देने पर उतारू रहना। जैसे,—रात दिन लीलाधर गाती हैं और अवधि की आस किए प्राण मूठी में लिए हैं।—लल्लू (शब्द०)। प्राण रखना = (१) जिलाना। जीवन देना। (२) जान बचाना। जीवन की रक्षा करना। प्राण लेना = मार डालना। जान लेना। उ०—बलनिकेत साकेत पत्यो निज विजय हेतु बढ़ि। प्रेतराज सम समर खेत पर प्राण लेत चढ़ि।—गोपाल (शब्द०)। प्राण हरना = (१) मारना। मार डालना। उ०—कौन के प्राण हरैं हम, यों दृग कानन लागि मतो चहैं बूझन।—(शब्द०)। (२) अधिक दुःख देना। उ०—मिलत एक दारुण दुख देहीं। बिछुरत एक प्राण हरि लेहीं।—तुलसी (शब्द०)। प्राण हारना = (१) मर जाना। उ०—सब जल तजे प्रेम के नाते। समुझत मीन नीर की बातें तजत प्राण दृढ़ि हारत। जानि कुरंग प्रेम नहिं त्यागत यदपि व्याध शर मारत।—सूर (शब्द०)। (२) साहस टूट जाना। उत्साह न रह जना। प्राण या प्राणों से हाथ धोना = जान देना। मर जाना। प्राण में प्राण आना = उत्साहित होना। सजीव होना।

१० वह जो प्राणों के समान प्यारा हो। परम प्रिय। ११. वैवस्वत मन्वंतर के सप्तर्षियों में से एक ऋषि। १२ हरिवंश के अनुसार धर नामक वसु के एक पुत्र का नाम। १३ यकार वर्ण। १४ एक साम का नाम। १५ ब्रह्म। १६. आत्मा। १७ विष्णु। १८. धाता के पुत्र का नाम। १९ अग्नि। आग। २० एक गंध द्रव्य (को०)। २१ मूलाधार में रहने-वाली वायु।

प्राणअधारⓤ†¹—संज्ञा पुं० [सं० प्राण+आधार] १ वह जो प्राणों के समान प्यारा हो। बहुत प्रिय व्यक्ति। उ०—(क) अब ही और की ओर होति कछु लागे बाण, ताते मैं पाती लिखी तुम प्राणअधारा।—सूर (शब्द०)। (ख) अपने ही गेह मधुपुरी आवन देवकी प्राणअधारा हो। असुर मारि सुर साध बढ़ावन अजजन सुखदातारा हो।—सूर (शब्द०)। २. पति। स्वामी।

प्राणअधार²—वि० प्रिय।

प्राणक—संज्ञा पुं० [सं०] १ जीवक वृक्ष। २ जीव। प्राणी। ३ एक प्रकार का सुगंधित गोंद। बोल (को०)।

प्राणकर—वि० [सं०] जिससे शरीर का बल बढ़े। शक्तिवर्द्धक। पौष्टिक।

प्राणकष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] वह दुःख जो प्राण निकलते समय होता है। मरने के समय की पीड़ा।

प्राणकांत—संज्ञा पुं० [सं० प्राणकान्त] १ प्रिय व्यक्ति। प्यारा। २ पति। स्वामी।

प्राणकृच्छ्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह कष्ट जो मरने के समय होता है। प्राणकष्ट।

प्राणग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] नासिका। नाक।

प्राणघात—संज्ञा पुं० [सं०] मार डालना। हत्या। वध।

प्राणघातक—वि० [सं०] प्राण लेनेवाला। मार डालनेवाला [को०]।

प्राणघ्न—वि० [सं०] (वह विष आदि) जिससे प्राण निकल जायँ। प्राण लेनेवाला (जहर आदि)।

प्राणचय—सज्ञा पुं० [स०] बल या शक्ति की वृद्धि [को०]।

प्राणच्छिद्—वि० [स०] प्राणघाती। प्राण लेनेवाला [को०]।

प्राणच्छेद—सज्ञा पुं० [सं०] हत्या। वध।

प्राणजीवन[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्राणाधार। २ परम प्रिय व्यक्ति। अत्यत प्रिय मनुष्य। उ०—रघुनाथ पियारे आजु रहो हो। चारि याम विश्राम हमारे छिन छिन मीठे वचन कहो हो। वृथा होइ वर वचन हमारो री कैकेयी जीव कल से रहो हो। आतुर है अब छाडि कोशलपुर प्राणजीवन कित चलन चहो हो।—सूर (शब्द०)।

प्राणजीवन[2]—सज्ञा पुं० [स०] विष्णु, जो प्राणो की रक्षा करते हैं।

प्राणत्याग—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्राण छोड देना। आत्मघात करना। २ मर जाना। मरण। मृत्यु।

प्राणथ[1]—सज्ञा पु० [स०] १. जैन शास्त्रानुसार एक देवता, जो कल्पभव नामक वैमानिक देवताओं के अतर्गत हैं। २ वायु। हवा। ३ श्वास वायु। ४ प्रजापति। ५ तीर्थ। पवित्र स्थान।

प्राणथ[2]—वि० बलवान्। हृष्ट पुष्ट। ताकतवाला।

प्राणदड—सज्ञा पु० [सं० प्राणदण्ड] किसी को हत्या अथवा इसी प्रकार के दूसरे अपराध के बदले मे मार डालना। मौत की सजा।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—होना।

प्राणद[1]—वि० [स०] १ प्राणदाता। जो प्राण दे। २ प्राणो की रक्षा करनेवाला।

प्राणद[2]—सज्ञा पुं० १ जल। पानी। २ रक्त। खून। ३. जीवक नामक वृक्ष। ४. विष्णु।

प्राणदयित[1]—सज्ञा पु० [सं०] पति [को०]।

प्राणदयित[2]—वि० प्राणप्रिय [को०]।

प्राणदा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ हरीतकी। हर्रे। २ ऋद्धि नामक ओषधि।

प्राणदाता—सज्ञा पुं० [सं० प्राणदातृ] १ किसी को बचाने में प्राण देनेवाला। २. प्राणो की रक्षा करनेवाला। प्राणद।

प्राणदान—सज्ञा पुं० [स०] १. प्राण देना। २ किसी को मरने या मारे जाने से बचाना।

प्राणदायक—वि० [सं० प्राण + दायक] प्राण देनेवाला। जीवन-दायक। उ०—अनेक धार्मिक आचार्यों ने जिन प्राणदायक। सत्यों का अपने जीवन में साक्षात्कार किया था।—सपूर्णानद अभि० ग्र०, पृ० १६।

प्राणदुरोदर—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्राणद्यूत' [को०]।

प्राणद्यूत—सज्ञा पुं० [सं०] १ जान पर खेलना। अपने को ऐसी स्थिति में डालना। २. जीवन का मोह छोडकर युद्ध करना।

प्राणद्रोह—सज्ञा पुं० [सं०] किसी के प्राण लेने का प्रयत्न करना [को०]।

प्राणधन—सज्ञा पुं० [स०] वह जो हृदय का सर्वस्व हो। अत्यत प्रिय व्यक्ति। प्यारा। उ०—नंदलू के बारे कन्हैया छाडि दे मधनियाँ। बार बार कहे मात यशोमति रनियाँ। नेक रहो माखन देउँ मेरे प्राणधनियाँ। आरि जिन करो बलि जाउँ हो निधनी के धनियाँ।—सूर (शब्द०)।

प्राणधार[1]—वि० [सं०] प्राणवाला। जिसमें प्राण हो। जीवित।

प्राणधार[2]—सज्ञा पु० प्राणी। प्राणधारी। जीव।

प्राणधारण—सज्ञा पुं० [स०] १. जीवन धारण करने का भाव या क्रिया। २ प्राण धारण करने का संबल (को०)। ३ शिव।

प्राणधारी[1]—वि० [सं० प्राणधारिन्] १. जीवित। प्राणयुक्त। २ जो साँस लेता हो। चेतन।

प्राणधारी[2]—सज्ञा पुं० प्राणयुक्त। व्यक्ति। प्राणी। जतु। जीव।

प्राणन—सज्ञा पुं० [स०] १. जीवन। २ चेष्टा करना। हिलना डोलना जिससे जीवित होने का प्रमाण मिले। ३. जल। पानी। ४. गला। गर्दन (को०)।

प्राणनाथ—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्राणनाथा] १. प्रिय व्यक्ति। प्यारा। प्रियतम। २. पति। स्वामी। ३ यमराज। यम (को०)। ४. एक सप्रदाय के प्रवर्तक आचार्य का नाम।

विशेष—ये जाति के क्षत्रिय थे और औरगजेब के समय मे हुए थे। हिंदुओं और मुसलमानो के धर्म की एकता पर इनके ग्रथ मिलते हैं। कहते हैं कि पन्ना के राजा छत्रसाल इनके शिष्य थे। कबीर, नानक आदि के समान ये भी आजन्म साधु होकर हिंदू और मुसलमान धर्म की एकता के सबध में उपदेश देते रहे। इनके सप्रदाय के लोग बुदेलखड मे बहुत हैं। ये लोग मूर्तिपूजा नही करते और प्राणनाथ के ग्रथों की बड़ी प्रतिष्ठा करते हैं। इस सप्रदाय में प्रवेश करते समय इस सप्रदायवालो के साथ चाहे वे हिंदू हो या मुसलमान एक साथ बैठकर खाना पडता है और सब बातो में हिंदू और मुसलमान अपने अपने पूर्वजो के आचार व्यवहार मानते हैं। हिंदू मुसलमान दोनो मत के लोग इस सप्रदाय मे दीक्षा ग्रहण करते हैं।

प्राणनाथी—सज्ञा पुं० [स० प्राणनाथ + हि० ई] १ प्राणनाथ के सप्रदाय का पुरुष। २. स्वामी प्राणनाथ का चलाया हुआ सप्रदाय।

प्राणनाश—सज्ञा पु० [सं०] प्राणो का नष्ट हो जाना या कर देना। हत्या या मृत्यु। जैसे,—कल एक नाव डूब जाने के कारण कई आदमियो का प्राणनाश हुआ।

प्राणनाशक—वि० [सं०] प्राण लेनेवाला। मार डालनेवाला।

प्राणनिग्रह—सज्ञा पुं० [सं०] प्राणायाम।

प्राणपण—सज्ञा पुं० [सं० प्राण + पण (= द्यूत या बाजी] प्राण की बाजी। जीवन का दाँव। उ०—फिर भी लड़े थे हम निज प्राणपण से।—लहर, पृ० ५६।

प्राणपति—सज्ञा पुं० [सं०] १. आत्मा। २ हृदय। ३. पति। स्वामी। ४ प्रिय व्यक्ति। प्यारा। उ०—करि मन नदन दन ध्यान। सेउ चरन सरोज सीतल तजि विषयरस पान। सूर श्री गोपाल की छवि दृष्टि भरि भरि लेहि। प्राणपति की निरखि शोभा पलक परन न देहि।—सूर (शब्द०)। ५. चिकित्सक। वैद्य। हकीम (को०)।

प्राणपत्नी—संज्ञा स्त्री० [सं०] ध्वनि । आवाज [को०] ।

प्राणपन—संज्ञा पुं० [सं० प्राणपण] दे० 'प्राणपण' । उ०—वे किसी दीन प्राणी की रक्षा प्राणपन से कर सकते हैं । —रंगभूमि, भा०२, पृ० ५५० ।

प्राणपरिक्रय—संज्ञा पुं० [सं०] अपने या किसी के प्राण की बाजी लगाना [को०] ।

प्राणपरिक्षय—वि० [सं०] जिसका जीवन खत्म हो रहा हो । मरणासन्न [को०] ।

प्राणपरिग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] प्राण धारण करना । जन्म लेना ।

प्राणपरिवर्तन—संज्ञा पुं० [सं०] किसी मृत पुरुष की आत्मा को किसी जीवित पुरुष के शरीर में बुलाना । (मिस्मेरिज्म) ।

प्राणपूरक—वि० [सं० प्राण+पूरक] जीवन भरनेवाला । उत्साह भरनेवाला । जीवंत । प्राणमय । उ०—उनके वर्णन में ऐसी स्वाभाविकता और प्राणपूरक प्रवीणता रहती है कि पाठक साँस बंद करके उनके किसी उपन्यास को तबतक पढ़ता जाता है जबतक पुस्तक समाप्त न हो जाय ।—प्रेम० और गोर्की, पृ० १२६ ।

प्राणप्यारा—संज्ञा पुं० [हिं० प्राण+प्यारा] [स्त्री० प्राणप्यारी] १ प्रियतम । अत्यंत प्रिय व्यक्ति । उ०—प्राणन की हानि सी दिखान सी लगी है हाय कौन गुन जानि मान कीन्हों प्राणप्यारे सों ।—पद्माकर (शब्द०) । २ पति । स्वामी । उ०—खानपान पीछूँ करति सोवति पिछले छोर । प्राणपियारे ते प्रथम जगति भावती भोर ।—पद्माकर (शब्द०) ।

प्राणप्रतिष्ठा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्राण धारण कराना । २ हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार किसी नई बनी हुई मूर्ति को मंदिर आदि में स्थापित करते समय मंत्रों द्वारा उसमें प्राण का आरोप करना ।

विशेष—साधारणतः जबतक किसी मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा न हो ले तबतक वह मूर्ति पूजा के योग्य नहीं होती और उसकी गणना साधारण धातु, मिट्टी या पत्थर आदि में होती है । प्राणप्रतिष्ठा के उपरांत ही उस मूर्ति में देवता का आना माना जाता है ।

प्राणप्रद—वि० [सं०] १ प्राणदाता । जो प्राण दे । २. प्राण की रक्षा करनेवाला । ३ स्वास्थ्यवर्धक । शरीर का स्वास्थ्य और बल आदि बढ़ानेवाला ।

प्राणप्रदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ऋद्धि नामक ओषधि ।

प्राणप्रदायक—वि० [सं०] प्राणदाता । प्राणप्रद ।

प्राणप्रयाण—संज्ञा पुं० [सं०] प्राणों का जाना । मृत्यु [को०] ।

प्राणप्रिय[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्राणप्रिया] जो प्राण के समान प्रिय हो । प्रियतम ।

प्राणप्रिय[2]—संज्ञा पुं० १ अत्यंत प्रिय व्यक्ति । प्राणप्यारा । २ पति ।

प्राणबल्लभ—संज्ञा पुं० [सं० प्राणवल्लभ] दे० 'प्राणवल्लभ' ।

प्राणभक्ष—वि० [सं०] केवल हवा पर जीवित रहनेवाला । केवल हवा पीकर रहनेवाला [को०] ।

प्राणभास्वान्—संज्ञा पुं० [सं० प्राणभास्वत्] समुद्र [को०] ।

प्राणभूत—वि० [प्राण+भूत] जीवनरूप । प्राणवत् ।

प्राणभृत्[1]—वि० [सं०] १ प्राण धारण करनेवाला । २. प्राणपोषक ।

प्राणभृत्[2]—संज्ञा पुं० १ जीव । प्राणी । २ विष्णु ।

प्राणमय—वि० [सं०] प्राण संयुक्त । जिसमें प्राण हो ।

प्राणमय कोश—संज्ञा पुं० [सं०] वेदांत के अनुसार पाँच कोशों में से दूसरा ।

विशेष—यह पाँच प्राणों से जिन्हें प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान कहते हैं, बना हुआ माना जाता है । वेदांतसार में पाँचों कर्मेंद्रियों को भी प्राणमय कोश के अंतर्गत माना है । इसी प्राणमय कोश से मनुष्य को सुखदुःखादि का बोध होता है । सूक्ष्म प्राण सारे शरीर में फैलकर मन को सुख दुःख का ज्ञान कराते हैं । यही कोश बौद्ध ग्रंथों में वेदना स्कंध माना गया है ।

प्राणमोक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राणों का जाना । मृत्यु । २ आत्महनन । आत्महत्या [को०] ।

प्राणयम—संज्ञा पुं० [सं०] प्राणायाम ।

प्राणयात्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ श्वास प्रश्वास के आने जाने की क्रिया । साँस का आना जाना । २ भोजनादि जो जीवन के साधनभूत हैं । वे व्यापार जिनसे मनुष्य जीवित रहता है ।

प्राणयोग—संज्ञा पुं० [सं० प्राण+योग] दे० 'प्राणायाम' । उ०—प्रथम प्राणयोग जो भाखा । कारज सिद्ध जो बाहेर राखा । —कबीर सा०, पृ० ८७७ ।

प्राणयोनि[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ परमेश्वर । २ वायु । हवा ।

प्राणयोनि[2]—संज्ञा स्त्री० प्राण का मूल । जीवन का मूल [को०] ।

प्राणरंध्र—संज्ञा पुं० [सं० प्राणरन्ध्र] १ नासिका । नाक । २ मुख । मुँह ।

प्राणरोध—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राणायाम । २ जीवन का खतरा (को०) । ३ एक नरक (को०) ।

प्राणरोधन—संज्ञा पुं० [सं०] प्राणायाम ।

प्राणवंत—वि० [सं० प्राणवत्] जीवंत । सजीव । उ०—जनता के मानस को जिसने प्राणवंत, उत्साहित और आनंदित बनाया है ।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ६४८ ।

प्राणवत्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] सप्राण या जीवित होने का भाव [को०] ।

प्राणवध—संज्ञा पुं० [सं०] हत्या । प्राणघात । जान से मार डालना ।

प्राणवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्राणवल्लभा] १ वह जो बहुत प्यारा हो । अत्यंत प्रिय । २ स्वामी । पति ।

प्राणवान्—संज्ञा पुं० [सं० प्राणवत्] [स्त्री० प्राणवती] वह जिसमें प्राण हो । प्राणी । जीव ।

प्राणवायु—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्राण । उ०—प्राणवायु पुनि मंह समावै । ताको इत उत पवन चलावै ।—सूर (शब्द०) । २ जीव । प्राणी ।

प्राणविद्या—सज्ञा स्त्री० [स०] उपनिषदों का वह प्रकरण जिसमें प्राण का वर्णन है ।

प्राणविनाश, प्राणविप्लव, प्राणवियोग—सज्ञा पुं० [स०] आत्मा का शरीर से वियुक्त होना । मृत्यु [को०] ।

प्राणवृत्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्राण, अपान, उदान आदि पचप्राणो का कार्य ।

प्राणव्यय—सज्ञा पु० [स०] प्राणनाश । मृत्यु ।

प्राणशरीर—सज्ञा पु० [स०] १ उपनिषदो के अनुसार एक सूक्ष्म शरीर जो मनोमय माना गया है। इसी को विज्ञान और क्रिया का हेतु मानते हैं । २ परमेश्वर ।

प्राणशोषण—सज्ञा पु० [स०] वाण ।

प्राणसकट—सज्ञा पु० [स० प्राणसङ्कट] वह कष्ट जो प्राणो पर हो । जान जोखिम ।

प्राणसंगिनी—सज्ञा स्त्री० [प्राण + सङ्गिनी] स्त्री । पत्नी । उ०—प्रेयसी, प्राणसगिनी नाम, शुभ रत्नावली सरोज दाम । —तुलसी०, पृ० २७ ।

प्राणसदेह—सज्ञा पुं० [सं० प्राणसन्देह] जीवन की आशका । वह अवस्था जिसमे जान जाने का डर हो ।

प्राणसंन्यास—सज्ञा पुं० [स० प्राणसन्यास] मृत्यु । मौत ।

प्राणसभूत—सज्ञा पुं० [सं० प्राणसम्भूत] वायु । हवा ।

प्राणसभृत्—सज्ञा पुं० [स० प्राणसम्भृत] वायु ।

प्राणसयम—सज्ञा पुं० [स०] प्राणायाम ।

प्राणसवाद—सज्ञा पुं० [स०] उपनिषद् का वह प्रकरण जिसमे श्रेष्ठता दिखाने के लिये प्राण का ग्यारह इद्रियो के साथ विवाद कराया गया है और अत में सबसे प्राण की श्रेष्ठता स्वीकार कराई गई है ।

प्राणसंशय—सज्ञा पु० [सं०] १ जीवन की आशका । प्राणसकट । २ मरणासन्नता ।

प्राणसहिता—सज्ञा स्त्री० [स०] वेदो के पढ़ने का एक क्रम ।

विशेष—इसमे एक साँस मे जहाँतक अधिक हो सके पाठ किया जाता है ।

प्राणसद्म—सज्ञा पु० [सं० प्राणसद्मन्] शरीर । देह [को०] ।

प्राणसम—सज्ञा पु० [स०] [स्त्री० प्राणसमा] १. वह जो प्राण के समान प्रिय हो । २ पति [को०] ।

प्राणसार—सज्ञा पुं० [सं०] १ बल । शक्ति । ताकत । २ वह जिसमे बहुत बल हो । बलिष्ठ । ताकतवर ।

प्राणसूत्र—सज्ञा पुं० [स०] जीवनसूत्र ।

प्राणहंता—वि०, सज्ञा पुं० [सं० प्राणहन्तृ] प्राणघातक । घातक प्राण लेनेवाला ।

प्राणहर[1]—वि०[सं०] १ मारक । नाशक । घातक । प्राण लेनेवाला । २ बलनाशक । शक्ति नष्ट करनेवाला ।

प्राणहर[2]—सज्ञा पुं० विष आदि जिससे प्राण निकल जाते हों ।

प्राणहारक[1]—सज्ञा पु० [सं०] वत्सनाभ ।

प्राणहारक[2]—वि० प्राण लेनेवाला । प्राणनाशक ।

प्राणहानि—सज्ञा स्त्री० [स०] वह अवस्था जिसमें प्राणों पर सकट हो । जान जोखिम ।

प्राणहारी—सज्ञा पु० [सं० प्राणहारिन्] [स्त्री० प्राणहारिणी] प्राण लेनेवाला । प्राणनाशक ।

प्राणांत—सज्ञा पु० [स० प्राणान्त] मरण । प्राणनाश । मृत्यु ।

प्राणांतक—वि०, सज्ञा पु० [सं० प्राणान्तक] प्राण लेनेवाला । जान लेनेवाला । घातक । जैसे, प्राणांतक कष्ट होना ।

प्राणांतिक[1]—वि० [स० प्राणान्तिक] १. घातक । प्राण लेनेवाला । जीवन के अंत तक रहनेवाला । जीवन पर्यंत रहनेवाला । ३ खतरनाक (को०) ।

प्राणांतिक[2]—सज्ञा पु० वध । हत्या [को०] ।

प्राणाग्निहोत्र—सज्ञा पु० [स०] भोजन के समय पहले पाँच ग्रास निकालकर एक एक ग्रास को 'प्राणाय स्वाहा', 'अपानाय स्वाहा', व्यानाय स्वाहा', 'उदानाय स्वाहा' और 'समानाय स्वाहा' इस प्रकार एक एक मन्त्र पढकर खाने की क्रिया ।

प्राणाघात—सज्ञा पु० [स०] १ पीडा । कष्ट । २ हिंसा । हत्या । मार डालना ।

प्राणाचार्य—सज्ञा पु० [सं०] राजचिकित्सक [को०] ।

प्राणातिपात—सज्ञा पु० [स०] जीवहिंसा । जान से मार डालना ।

प्राणातिपात विरमण—सज्ञा पु० [सं०] जैन मतानुसार अहिंसा व्रत ।

विशेष—यह दो प्रकार का होता है—द्रव्य प्राणातिपात विरमण और भाव प्राणातिपात विरमण । इस व्रत के पाँच अतिचार हैं, । बध, वध, छेदविच्छेद अतिभारारोपण और भोगव्यवच्छेद ।

प्राणात्मा—सज्ञा पुं० [स० प्राणात्मन्] प्राण । लिंगात्मा । जीवात्मा ।

प्राणात्यय—सज्ञा पु० [सं०] १. प्राणनाश । मृत्यु । २ मृत्युकाल । मरने का समय । ३ प्राण जाने का डर । जान जोखिम (को०) ।

प्राणाद—वि० [सं०] प्राणनाशक ।

प्राणाधार[1]—वि० [स०] अत्यत प्रिय । प्यारा ।

प्राणाधार[2]—सज्ञा पुं० १ प्रेमपात्र । २. पति । स्वामी । ३ जीवन का आधार । जीवन का सहारा । उ०—जन्म जन्मो की मेरी साध, मुरा हो मेरी प्राणाधार । जीवन का सहारा । —मधुज्वाल, पृ० ७४ ।

प्राणाधिक[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्राणाधिका] १ प्राणो से अधिक प्रिय । बहुत प्यारा । २ अत्यधिक शक्तियुक्त (को०) ।

प्राणाधिक[2]—सज्ञा पु० पति । स्वामी ।

प्राणाधिनाथ—सज्ञा पु० [स०] पति । स्वामी ।

प्राणाधिप—सज्ञा पुं० [स०] प्राणो के अधिष्ठाता देवता । आत्मन् ।

प्राणापहारकता—सज्ञा स्त्री० [स० प्राण + अपहारक + ता (प्रत्य०)] किसी के प्राण ले लेने का भाव । उ०—वक्ता के उक्त शब्द प्रयोग द्वारा अनतादेवी की क्रूरता, दुष्टता, निर्ममता एव प्राणापहारकता आदि का आभास मिलता है ।—शैली, पृ० १७५ ।

प्राणापान—सज्ञा पु० [स०] १. प्राण और अपान वायु। २. अश्विनीकुमार।

प्राणाबाध—सज्ञा पुं० [स०] प्राणसशय।

प्राणायतन—सज्ञा पुं० [स०] प्राणो के निकलने का प्रधान स्थान या मार्ग।

विशेष—याज्ञवल्क्य सहिता मे दोनों कान, नाक के दोनो छेद, दोनों आँखें, गुदा, लिंग और मुख के द्वार ये प्राण निकलने के नौ प्रधान मार्ग गिनाए गए हैं। इन्हीं मार्गों से प्राणियों के शरीर से मृत्यु के समय प्राण निकलते हैं।

प्राणायन—सज्ञा पुं० [सं०] ज्ञानेंद्रिय [को०]।

प्राणायाम—सज्ञा पुं० [स०] योग शास्त्रानुसार योग के आठ अगों में चौथा।

विशेष—श्वास और प्रश्वास की गति के विच्छेद को पतजलि दर्शन मे प्राणायाम माना है। बाहर की वायु को भीतर ले जाना श्वास और भीतर की वायु को बाहर फेंकना प्रश्वास है। इन दोनो प्रकार की वायुओं की गतियो को प्रयत्नपूर्वक धीरे धीरे कम करने का नाम प्राणायाम है। इसकी तीन वृत्तियाँ मानी गई हैं—बाह्य, आभ्यतर और स्तभ। इन्ही तीनों को रेचक, पूरक और कुभक भी कहते हैं। भीतर की वायु को बाहर फेंकना रेचक, बाहर की वायु को भीतर ले जाना पूरक और भीतर खींची हुई वायु को उदरादि में भरना कुभक कहलाता है। इसके अतिरिक्त एक और शक्ति है जिसे बाह्याभ्यतर विषयाक्षेपी कहते हैं। इसमे श्वास प्रश्वास की बाह्य और आभ्यतर दोनो वृत्तियो का निरोध करके उसे रोक देते हैं। इन चारों वृत्तियो के देश काल और सख्या के भेद से दीर्घ और सूक्ष्म नामक दो दो भेद होते हैं। योग शास्त्र में प्राणायाम की बड़ी महिमा है। पतजलि ने इसका फल यह माना है कि इससे प्रकाश का आवरण क्षीण होता है और धारणा में, जो योग का छठा अग है, योग्यता होती है। प्राण के निरोध से चित्त की चचलता निवृत्ति होती है और फिर योगी को प्रत्याहार सुगम होता है। योगाभ्यास के लिये यह प्रधान कर्म माना गया है। इसके अतिरिक्त प्राणायाम सध्या का एक अग है। शास्त्रो मे इसे सर्वप्रथम और सर्वश्रेष्ठ तप माना है और कहा गया है कि प्राणायाम करने से सब प्रकार के पाप नष्ट होते हैं।

प्राणायामी—वि० [सं० प्राणायामिन्] प्राणायाम करनेवाला। जो प्राणायाम करे।

प्राणार्थ्य—वि० [सं०] योग्य। उपयुक्त।

प्राणावरोध—सज्ञा पुं० [सं०] प्राण का अवरोध होना। श्वास का रुकना।

प्राणासन—सज्ञा पु० [स०] तत्रानुसार एक प्रकार का आसन।

प्राणाहुति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वे पाँच ग्रास जो भोजन के पूर्व 'प्राणाय स्वाहा', 'अपानाय स्वाहा', 'व्यानाय स्वाहा', 'समानाय स्वाहा' और 'उदानाय स्वाहा' मत्र से खाए जाते हैं। इसे प्राणाग्निहोत्र भी कहते हैं।

प्राणि—सज्ञा पु० [स० प्राणिन्, प्राणी] 'प्राणी'।

प्राणिक—वि० [स० प्राण + इक (प्रत्य०)] प्राण सबधी। प्राणों की। उ०—भौतिक आग नही यह, कायिक आग नहीं यह प्राणिक आग नही, न मानसिक आग सही यह।—प्रतिमा, पृ० ८९।

प्राणिजात—सज्ञा पुं० [सं०] पशु वर्ग। जीव जगत् [को०]।

प्राणित—वि० [स०] जो जीवित रखा गया हो। जिसमें प्राण सचार किया गया हो [को०]।

प्राणिद्यूत—सज्ञा पुं० [स०] धर्मशास्त्रानुसार वह बाजी जो मेढे, तीतर, घोड़े आदि जीवो की लड़ाई या दौड़ आदि पर लगाई जाय।

पर्या०—समाह्वया। साह्य।

प्राणिपीडा—सज्ञा स्त्री० [स० प्राणिपीडा] पशुओ को सताना [को०]।

प्राणिमाता—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राणिमातृ] गर्मदाग्री नाम का क्षुप।

प्राणियोधन—सज्ञा पुं० [सं०] पशुओं को लड़ाना [को०]।

प्राणिवध—सज्ञा पु० [स०] जीवहिंसा।

प्राणिहिंसा—सज्ञा स्त्री० [स०] पशुओं को चोट पहुँचाना या मारना [को०]।

प्राणिहिता—सज्ञा पुं० [सं०] १. पादुका। खड़ाऊँ। २. जूता।

प्राणी[1]—वि० [स० प्राणिन्] प्राणधारी। जिसमें प्राण हो।

प्राणी[2]—सज्ञा पुं० १. जंतु। जीव। २. मनुष्य। ३. व्यक्ति। जैसे, तुम्हारे घर मे कितने प्राणी हैं?

प्राणी[3]—सज्ञा स्त्री० पुं० पुरुष या स्त्री।

मुहा०—दोनों प्राणी=दपति। स्त्री पुरुष।

विशेष—किसी किसी प्रात मे पुरुष अपनी स्त्री के लिये और स्त्री अपने पति के लिये 'प्राणी' शब्द का व्यवहार करते हैं।

प्राणीत्य—सज्ञा पुं० [सं०] कर्ज। ऋण [को०]।

प्राणेश—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्राणेशा] १. पति। स्वामी। २ प्यारा। प्रेमी व्यक्ति। ३. वायु (को०)।

प्राणेशा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ पत्नी। २ प्रिया।

प्राणेश्वर—सज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० प्राणेश्वरी] १ पति। स्वामी। २ प्रेमी व्यक्ति। बहुत प्यारा। ३. वायु (को०)।

प्राणेश्वरी—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पत्नी। २ प्रिया।

प्राणोत्क्रमण—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्राणोत्सर्ग'।

प्राणोत्सर्ग—सज्ञा पु० [सं०] प्राण जाना। मृत्यु [को०]।

प्राणोद्बोधन—सज्ञा पु० [सं० प्राण + उद्बोधन] प्राणो को उद्बुद्ध करना या प्रेरणा देना। उ०—यह जमाना राष्ट्र के लिये प्राणोद्बोधन का था।—सुखदा, पृ० २९।

प्राणोपहार—सज्ञा पुं० [स०] भोजन। आहार। खाना।

प्रात[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रातर्] सवेरा। प्रभात। तड़का।

प्रातः[2]—अव्य० सबेरे। तड़के। प्रभात के समय [को०]।

प्रातःकर्म—संज्ञा पुं० [सं०] वह कर्म जो प्रातःकाल किया जाता हो। सबेरे किए जानेवाले कृत्य। जैसे, शौच, स्नान, सध्योपासन आदि।

प्रातःकाल—संज्ञा पुं० [सं०] १ रात के अंत में सूर्योदय के पूर्व का काल। यह तीन मुहूर्त का माना गया है।

विशेष—जिस समय सूर्य उदय होने को होता है, उससे डेढ़ दो घटा पहले पूर्व दिशा में कुछ प्रकाश दिखाई पड़ने लगता है और उधर के नक्षत्रों का रंग फीका पड़ना प्रारंभ होता है। तभी से इस काल का आरंभ माना जाता है।

२ सबेरे का समय। सूर्योदय के कुछ देर बाद तक का समय।

प्रातःकार्य—संज्ञा पुं० [सं० प्रातः कार्य्य] वह काम जिसे प्रातःकाल करने का विधान है। प्रातःकृत्य। जैसे, शौच, स्नान, संध्योपासन आदि।

प्रातःकालिक—वि० [सं०] प्रातःकाल संबंधी। प्रातःकाल का [को०]।

प्रातःकालीन—वि० [सं०] प्रातःकाल संबंधी। प्रातःकाल का।

प्रातःकृत्य—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रातःकार्य'।

प्रातःसंध्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह संध्या जो प्रातःकाल में की जाय। २ रात्रि का अंतिम और दिन का प्रारंभिक दंड।

प्रातःसवन—संज्ञा पुं० [सं०] तीन प्रधान सवनों या सोमयागों में से पहला सवन।

प्रातःस्नान—संज्ञा पुं० [सं०] वह स्नान जो प्रातःकाल में किया जाय। सबेरे का स्नान।

प्रातःस्नायी—वि० [सं० प्रातःस्नायिन्] जो प्रातःकाल स्नान करता हो। सबेरे नहानेवाला।

प्रातःस्मरण—संज्ञा [सं०] प्रातःकाल के समय ईश्वर, देवतादि के नामों का स्मरण या जप आदि करने की क्रिया या भाव। सबेरे के समय ईश्वर का भजन करना।

प्रातःस्मरणीय—वि० [सं०] जो प्रातःकाल स्मरण करने के योग्य हो। श्रेष्ठ। पूज्य।

प्रात[1]—अव्य० [सं० प्रातः] सबेरे। तड़के। प्रभात के समय। उ०—(क) एक देखि वट छाँह भलि, डासि मृदुल तृण पात। कहहिं गँवाइय छिनकु श्रम, गवनब अबहिं कि प्रात।—तुलसी (शब्द०)। (ख) वनमाली दिसि मैन कै ग्वाली चाली बात। आली जमुना जाउँगी काली पूजन प्रात।—भृ० स० (शब्द०)।

प्रात[2]—संज्ञा पुं० सबेरा। प्रातःकाल। सूर्योदय के पूर्व का काल। उ०—(क) प्रात भए सब भूप, बनि बनि मंडप में गए। जहाँ रूप अनुरूप, ठौर ठौर सब शोभिजै।—केशव (शब्द०)। (ख) साँस भए जाय शयन ठौरहि तहँ सोवति। करत दुख की हानि प्रात लौं रोवति रोवति।—श्रीधर (शब्द०)।

प्रातकृत—संज्ञा पुं० [स० प्रातः कृत्य] दे० 'प्रातःकार्य'। उ०—प्रात प्रातकृत करि रघुराई। तीरथ राजु दीख प्रभु जाई। मानस, २।१०५।

प्रातक्रिया—संज्ञा स्त्री [सं० प्रातः क्रिया] दे० 'प्रातःकर्म'। उ०—प्रातक्रिया करि तात पहिं आए चारिहु भाइ।—मानस, २।३५८।

प्रातनाथ—संज्ञा पु० [स० प्रातः + नाथ] सूर्य। उ०—सूर छिप्यो पश्चिम प्रकाश्यो शशि प्राची दिशि, चक्रवाक बिछुरे चकोर सुख पायो है। कुमुदिनी फूली कुद मूँदे भौंर बाँधे बीच, प्रातनाथ बूड़ो मानों कालकूट खायो है। आधी राति बीती सब सोए जिय जान आन, राक्षसी प्रभंजनी प्रभाव सो जनायो है। बीजुरी सी फुरी भाँत बुरी हाथ छुरी लोह बुरी ढीठ जुरी देखि अनद लजायो है।—हनुमान (शब्द०)।

प्रातमाघ—संज्ञा पु० [स० प्रातः + माघ] माघ मास का प्रभात। उ०—बिहसित्त नगर नन प्रसव साध। सिर द्रवत उदक विष प्रातमाध।—पृ० रा०, १।५०१।

प्रातर्[1]—अव्य० [सं०] प्रभात। सबेरे।

प्रातर्[2]—संज्ञा पु० पुष्पार्ण और प्रभा के पुत्र, एक देवता का नाम।

प्रातर—संज्ञा पु० [सं०] एक नाग का नाम।

प्रातरनुवाक—संज्ञा पुं० [स०] ऋग्वेद के अंतर्गत वह अनुवाक् जो प्रातःसवन नामक कर्म में पढ़ा जाता है।

प्रातरभिवादन—संज्ञा पु० [स०] प्रातःकाल का प्रणाम। वह अभिवादन जो प्रातःकाल सोकर उठने के समय किया जाय।

प्रातरशन—संज्ञा पु० [स०] दे० 'प्रातराश' [को०]।

प्रातरह्न—संज्ञा पुं० [स०] दोपहर के पहले का समय। पूर्वाह्न।

प्रातराश—संज्ञा पु० [सं०] प्रातः का हलका भोजन। जलपान। कलेवा। उ०—खाने के कमरे में जा आलो की प्रतीक्षा किए बिना प्रातराश करना आरंभ कर दिया।—ज्ञानदान, पृ० १७३।

प्रातराहुति—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह आहुति जो प्रातःकाल दी जाय। अग्निहोत्र का द्वितीयांश।

प्रातर्दन—संज्ञा पु० [स०] प्रतर्दन के गोत्र में उत्पन्न पुरुष। प्रतर्दन का अपत्य।

प्रातर्भोक्ता—संज्ञा पुं० [सं० प्रातर्भोक्तृ] कौआ।

प्रातश्चंद्रद्युति—वि० [स० प्रातश्चन्द्रद्युति] निष्प्रभ। मलिन। निस्तेज [को०]।

प्रातस्तन, प्रातस्त्य—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रातस्तनी] प्रातःकाल से संबंधित। प्रातःकाल का (को०)।

प्रातस्त्रिवर्गा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा।

प्रातस्सवन—संज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रातःसवन' [को०]।

प्राति—संज्ञा स्त्री० [स०] १ अँगूठे और तर्जनी के बीच का स्थान। पितृ तीर्थ। २ भरना। पूर्ति (को०)।

प्रातिकंठिक—वि० [स० प्रतिकण्ठिक] गला पकड़नेवाला।

प्रातिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] जवा या जपा का पेड़।

प्रातिकामी—संज्ञा पु० [सं० प्रातिकामिन्] १ सेवक नौकर। २ दुर्योधन के एक दूत का नाम।

प्रातिकूलिक—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रातिकूलिकी] [संज्ञा प्रातिकूलिकता] विरुद्ध। विपरीत [को०]।

प्रातिकूल्य—संज्ञा पुं० [सं०] प्रतिकूल होने का भाव [को०]।

प्रातिजनीन—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रतिजनीनी] १ शत्रु के विरुद्ध उपयुक्त। २ प्रत्येक के लिये उपयुक्त। सार्वजनीन [को०]।

प्रातिदैवसिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रतिदैवसिकी] प्रतिदिन होनेवाला [को०]।

प्रातिनिधिक[1]—वि० [स० प्रतिनिधि] प्रतिनिधित्व से युक्त। जैसे,—प्रातिनिधिक संस्था।

प्रातिनिधिक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] प्रतिनिधि [को०]।

प्रातिपक्ष—वि० [स०] १ विपरीत। विरुद्ध। शत्रु सबधी। शत्रु का। शात्रव [को०]।

प्रातिपक्ष्य—सज्ञा पुं० [सं०] शत्रुता। दुश्मनी [को०]।

प्रातिपथिक—सज्ञा पुं० [स०] राहगीर। यात्री [को०]।

प्रातिपद—वि० [सं०] १ प्रारभिक। आरभ का। २ प्रतिपदा से सबधित [को०]।

प्रातिपदिक—सज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि। २ सस्कृत व्याकरण के अनुसार वह अर्थवान् शब्द जो धातु न हो और न उसकी सिद्धि विभक्ति लगने से हुई हो। जैसे, पेड, अच्छा आदि।

विशेष—प्रातिपदिक के अतगत ऐसे नाम, सर्वनाम, तद्धितात कृदत और समासात पद आते हैं जिनमे कारक की विभक्तियाँ न लगाई गई हो। व्याकरण मे उनकी 'प्रातिपदिक' सज्ञा केवल विभक्तियो को लगाकर उनसे सिद्ध पद बनाने के लिये की गई है।

प्रातिपीय—सज्ञा पुं० [सं०] १ महाभारत के अनुसार एक राजा का नाम। २ एक ऋषि का नाम जो गोत्रप्रवतक थे।

प्रातिपेय—सज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक राजा का नाम।

प्रातिभ[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पुराणानुसार उन पाँच प्रकार के उपसर्गों या विघ्नो में से एक प्रकार का विघ्न जो योगियो के योग में हुआ करता है।

विशेष—यह विघ्न प्रतिभा के कारण हुआ करता है और इसमें योगी के मन मे सब वेदों और शास्त्रो आदि के अर्थ और अनेक प्रकार की विद्याओ तथा कलाओं आदि का ज्ञान उत्पन्न हुआ करता है।

२ वह जिसमें प्रतिभा हो। प्रतिभाशाली।

प्रातिभ[2]—वि० १. प्रतिभा से सबधित। प्रतिभा का। २ बौद्धिक। मानसिक। ३ प्रतिभायुक्त [को०]।

प्रातिभाव्य—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रतिभू का भाव। जमानत। जामिनी। २ वह धन जो प्रतिभू या जामिन को देना पडे।

प्रातिभाव्य ऋण—सज्ञा पुं० [सं०] वह ऋण जो किसी की जमानत पर लिया गया हो।

प्रातिभासिक—वि० [सं०] १ प्रतिभास सबधी। अनुरूपक। २. जो वास्तव मे न हो पर भ्रम के कारण भासित हो। जैसे, रज्जु में सर्प का ज्ञान प्रातिभासिक है। ३ जो व्यावहारिक न हो।

प्रातिरूपिक—वि० [स०] समान रूप का। नकली। दिखावटी [को०]।

प्रातिलोमिक—वि० [सं०] १ आनुलोमिक का उलटा। प्रतिलोम से उत्पन्न। २ विपक्ष। विरुद्ध। ३ अप्रीतिकर। जो भला न जान पडे।

प्रातिलोम्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रतिलोम का भाव। २ विरुद्धता। ३ प्रतिकूलता।

प्रातिवेशिक—सज्ञा पुं० [स०] पडोसी। प्रतिवेशी।

प्रातिवेश्मक—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रातिवेश्मिकी] पडोसी।

प्रातिवेश्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ पडोस। २ पडोसी। ३ वह पडोसी जिसका द्वार अपने द्वार के ठीक सामने हो। आनुवेश्य का उलटा।

प्रातिवेश्यक—सज्ञा पुं० [सं०] पडोसी।

प्रातिशाख्य—सज्ञा पुं० [स०] वह ग्रथ जिसमें वेदो की किसी शाखा के स्वर, पद, सहिता, सयुक्त वर्ण इत्यादि के उच्चारण आदि का निर्णय किया गया हो।

विशेष—वेदों की प्रत्येक शाखा की सहिताओ पर एक एक प्रातिशाख्य थे और उनके कर्ताओ के मत का उल्लेख यथास्थान मिलता है। पर आजकल इस विषय के केवल पाँच छह ग्रथ मिलते है।

प्रातिसीम—सज्ञा पुं० [सं०] पडोसी। प्रतिवेशी [को०]।

प्रातिस्विक—वि० [सं०] १ अपना। निज का। २ अपना अपना। प्रत्येक का। यथाक्रम पृथक् पृथक्। ३. जिसमे कुछ असाधारणता हो।

प्रातिहन्त्र—सज्ञा पुं० [स० प्रातिहन्त्र] प्रतीकार। बदला। प्रतिशोध [को०]।

प्रातिहत—सज्ञा पुं० [सं०] स्वरित।

प्रातिहर्त्र—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रतिहर्ता का कर्म। प्रतिहर्ता का भाव। प्रतिहर्तापन।

प्रातिहार—सज्ञा पुं० [स०] १ लाग का खेल करनेवाला। मायावी। जादूगर। २ द्वारपाल। प्रतिहार।

प्रातिहारिक—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रातिहार' [को०]।

प्रातिहारिक[1]—वि० [सं०] प्रतिहार सबधी।

प्रातिहारिक[2]—सज्ञा पुं० १. द्वारपाल। २ लाग का खेल करनेवाला। जादूगर। मायावी।

प्रातिहार्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ द्वारपाल का काम। २. माया। लाग। इद्रजाल।

प्रातीतिक—वि० [स०] १ जिसकी प्रतीति केवल चिंता या कल्पना के द्वारा मन मे होती हो। जो केवल कल्पना और चिंतन से भासमान होता हो। प्रातिभासिक। २ जिसकी प्रतीति स्वय किसी को हो।

प्रातीप—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रतीप का अपत्य। २ प्रतीप के पुत्र शांतनु नरेश।

प्रातीपक—वि० [सं०] १ प्रतिकूल आचरण करनेवाला। विरुद्धाचारी। २ विपरीत। उलटा।

प्रातृद—सज्ञा पुं० [स०] एक वैदिक ऋषि का नाम ।

प्रात्यतिक—सज्ञा पु० [सं० प्रात्यन्तिक] १. वह राज्य जो सीमाप्रात में हो । ऐसा राज्य जो दो राज्यो की सीमा के मध्य में हो । २. सीमा की रक्षा के लिये नियुक्त पुरुष ।

प्रात्यक्ष—वि० [सं०] प्रत्यक्ष सबधी ।

प्रात्यग्रथि—सज्ञा पुं० [सं०] प्रतिग्रथ के गोत्र में उत्पन्न पुरुष ।

प्रात्ययिक[1]—सज्ञा पुं० [स०] मिताक्षरा के अनुसार तीन प्रकार के प्रतिभू में से दूसरा । वह जो किसी की पहचान करके उसका प्रतिभू बने ।

प्रात्ययिक[2]—वि० विश्वासदायक । विश्वस्त [को०] ।

प्रात्यहिक—वि० [स०] दैनिक । प्रतिदिन का ।

प्राथमकल्पिक—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह विद्यार्थी जिसने अभी वेदाध्ययन प्रारंभ ही किया हो । २ वह योगी जिसने अभी योगाभ्यास शुरू किया हो [को०] ।

प्राथमिक—वि० [स०] १ पहले का । जो पहले उत्पन्न हुआ हो । २ प्रारभिक । आदिम । ३ जो पहली बार हुआ हो (को०) ।

प्राथम्य—सज्ञा पुं० [सं०] प्रथम का भाव । प्रथमता । पहलापन ।

प्रादक्षिण्य—सज्ञा पुं० [स०] प्रदक्षिण संबंधी ।

प्रादानिक—वि० [सं०] जो दान करने के योग्य हो ।

प्रादीपिक—सज्ञा पु० [स०] घर या खेत आदि में आग लगानेवाला ।

विशेष—कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार जो लोग इस अपराध में पकडे जाते थे, उनको जीते जी जलाने का दंड दिया जाता था ।

प्रादुराद्धि—सज्ञा पुं० [सं०] गोत्र प्रवरकार एक ऋषि का नाम ।

प्रादुर्भाव—सज्ञा पु० [सं०] १ आविर्भाव । प्रकट होना । अस्तित्व में आना । तिरोभाव का उलटा । २. विकास । ३ उत्पत्ति । ४. देवताओ का आविर्भाव होना (को०) ।

प्रादुर्भूत—वि० [स०] १ आविर्भूत । प्रकटित । जिसका प्रादुर्भाव हुआ हो । २ विकसित । निकला हुआ । ३ उत्पन्न ।

प्रादुर्भूतमनोभवा—सज्ञा स्त्री० [स०] केशव के अनुसार मध्या के चार भेदो में एक ।

विशेष—इसके मन मे काम का पूरा प्रादुर्भाव होता है और काम-कला के समस्त चिह्न प्रकट होते हैं । जैसे,—आजु मैं देखि है गोपसुता इक होइ न ऐसि अहीर की जाई । देखति ही रहिए द्युति देह की देखतै औरन देखि सुहाई । एकहि बंक बिलोकनि ऊपर वारौ विलोक त्रिलोक निकाई । केशवदास कलानिधि सो बरु बूझिहै काम कि मेरो कन्हाई ।

प्रादुष्करण—सज्ञा पुं० [स०] १. किसी अप्रकट वस्तु को प्रकट करने का भाव । प्रदर्शन । उत्पादन । प्रकटीकरण । २. दृष्टि-गोचरकरण । दिखलाना ।

प्रादुष्कृत—वि० [स०] १ जिसका प्रादुष्करण हुआ हो । जो प्रकट किया गया हो । २ प्रदर्शित । जो दिखलाया गया हो ।

प्रादुष्कृत्य—वि० [सं०] १ उत्पाद्य । २. प्रकट करने योग्य । जो दिखलाने के योग्य हो ।

प्रादुष्य—सज्ञा पुं० [सं०] प्रादुर्भाव ।

प्रादेश—सज्ञा पुं० [सं०] १ अँगूठे से प्रारभ कर तर्जनी तक की लबाई का एक मान ।

विशेष—यह अँगूठे की नोक से लेकर तर्जनी की नोक तक का होता था और नापने के काम आता था ।

२ तर्जनी और अँगूठे के बीच का भाग । ३ प्रदेश । स्थान ।

प्रादेशन—सज्ञा पुं० [स०] दान । भेंट [को०] ।

प्रादेशिक[1]—वि० [स०] [वि०स्त्री० प्रादेशिकी] १. प्रदेश सबधी । किसी एक प्रदेश का । प्रातिक । २ प्रसगगत । प्रसगानुसार । विषयानुसार । ३ सीमित स्थानगत (को०) ।

प्रादेशिक[2]—सज्ञा पु० १ सामत । जमीनदार या सरदार आदि । २ सूबेदार ।

प्रादेशिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] तर्जनी ।

प्रादेशी—वि० [सं० प्रादेशिन्] प्रादेश मात्र लंबा । बित्ते भर का । जिसकी लबाई एक बित्ता हो [को०] ।

प्रादोष—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रादोषी] प्रदोष सबधी । प्रदोष का । प्रदोष से सबंध रखनेवाला ।

प्रादोषिक—वि० [स०] [स्त्री० प्रादोषिकी] प्रदोष का [को०] ।

प्राधनिक[1]—वि० [स०] लडाका । योद्धा ।

प्राधनिक[2]—सज्ञा पु० युद्ध का उपकरण । लडाई का सामान ।

प्राधा—सज्ञा स्त्री० [स०] कश्यप की एक स्त्री और दक्ष की एक कन्या का नाम ।

विशेष—पुराणो में इसे गधर्वों और अप्सराओं की माता बतलाया गया है ।

प्राधानिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्राधानिकी] १ प्रधान । श्रेष्ठ । २ प्रधान-संबधी । ३ मूल प्रकृति से सबद्ध ।

प्राधान्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रधानता । श्रेष्ठता । २ मुख्यता । ३ मूल प्रकृति । मूल कारण । निदान ।

प्राधिकरण—सज्ञा पुं० [स० प्र (उप०) + अधिकरण] विशेष अधिकारप्राप्त व्यक्ति या व्यक्तियो का समूह ।

प्राधिकारी—सज्ञा पुं० [स० प्र (उप०) + अधिकारी] सत्ताप्राप्त व्यक्ति । विशेष अधिकारी । (अ० अथारिटी) ।

प्राधिकृत—वि० [सं० प्र (उप०) + अधिकृत] अधिकारपूर्ण । साधिकार । उ०—राज्य विधान सभा द्वारा पारित किए जानेवाले विधेयक और अन्य बातें राज्य की भाषा मे ही हो किंतु उनके साथ ही प्राधिकृत और प्रामाणिक अनुवाद भी रहें ।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० ७३ ।

प्राधीत—वि० [सं०] जिसने काफी अध्ययन किया हो। पूर्ण शिक्षित। अत्यत शिक्षित [को०]।

प्राधीन†—वि० [सं० पराधीन] दे० 'पराधीन'। उ०—हे प्रभु मेरे बदी छोरा। हौं प्राधीन दास मैं तोरा।—कबीर सा०, पृ० ८१।

प्राध्ययन—वि० [सं०] अध्ययन। पढ़ना [को०]।

प्राध्यापक—सज्ञा पुं० [सं०] प्रधान अध्यापक। वरिष्ठ अध्यापक। (अ० प्रोफेसर)।

प्राध्व¹—सज्ञा पु० [सं०] १ लबी राह। बहुत बडा रास्ता। २ जिस वस्तु पर सवार होकर लोग लबी यात्रा करें। सवारी। ३ पहर। ४ विनय। ५ वध। ६ परिहास। क्रीड़ा (को०)।

प्राध्व²—वि० १ दूर का। लबा। २ झुका हुआ। प्रवृत्त। ३ बँधा हुआ। बद्ध। ४ अनुकूल। ५ यात्रा पर गया हुआ [को०]।

प्रध्वन—सज्ञा पुं० [सं०] १ सडक। २ नदी का गर्भ।

प्राध्वर—सज्ञा पु० [सं०] वृक्ष की शाखा। पेड की डाल।

प्रान(पु)—सज्ञा पु० [सं० प्राण] दे० 'प्राण'। उ०—जय जय दशरथ कुल कमल भान। जय कुमुद जनन शशि प्रजा प्रान।—सूर (शब्द०)।

मुहा०—प्रान तजना=मरना। उ०—प्रिय बिछुरन को दुसह दुख हरखि जात प्योसार। दुरजोधन लौं देखियत तजत प्रान इहि बार।—बिहारी (शब्द०)। प्रान नहों में समाना=आशकित होना। भयभीत होना। जैसे,—जब से इसे ज्वर है मेरे प्रान नहो में समाए हुए हैं।—मान०, भा० ५, पृ० ६। प्रान रखना=जिलाना। जीवन देना। उ०—अचल करो तन राखौ प्राना। सुनि हँसि बोलेउ कृपानिधाना।—तुलसी (शब्द०)। प्रान सा पाना=सजीव होना। उत्साहित होना। उ०—नद महर घर जब सुत पायो। सुनतहि सबन प्रान सो पायो।—नंद० ग्रं०, पृ० २३३।

विशेष—अन्य मुहावरे तथा अर्थों के लिये दे० 'प्राण' शब्द।

प्रानअधार(पु)†—सज्ञा पुं० [सं० प्राण+आधार] वह जो प्राण के समान प्यारा हो। बहुत प्रिय व्यक्ति। उ०—चारिहु चक्र फिरौं मैं खोजत दंड नाहि थिर बार। होहुकै भस्म पवन सँग धाओ जहाँ प्रान अधार।—जायसी (शब्द०)।

प्राननाथ(पु)—सज्ञा पुं० [सं० प्राणनाथ] दे० 'प्राणनाथ—१'। उ०—भावे सो करौ तौ उदास भाउ प्राननाथ, साथ लै चलो कैसे लोक लाज बहिनो।—पोद्दार अभि० ग्र०, पृ० ४५८।

प्रानपियारा(पु)—वि० [सं० प्राणप्रिया] दे० 'प्राणप्यारा'। उ०—प्रानपियारो चल्यो जब तैं, तबतें कछु और ही रीति निहारी। पीरी जनावति अगन मैं, कहि पीर जनावत काहे न प्यारी।—मति० ग्रं०, पृ० २९५।

प्रानप्रिया(पु)—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राणप्रिया] अत्यत प्यारी। प्राणप्यारी। उ०—प्रानप्रिया केहि हेतु रिसानी।—मानस, २।२५।

प्रानराम(पु)—सज्ञा पुं० [सं० प्राण+राम] प्राण। उ०—प्रानराम जब निकसन लागे उलट गई दूनो नैन पुतरिया।—कबीर श०, भा० १, पृ० ३।

प्रानायाम(पु) सज्ञा पुं० [सं० प्राणायाम] दे० 'प्राणायाम'। उ०—प्रानायाम साधै सुद्ध प्रान होयँ ताके अरे, बावरे गए रे प्रान प्राननाथ साथ ही।—ब्रज० ग्र०, पृ० १३०।

प्रानी—सज्ञा पुं० [सं० प्राणी] दे० 'प्राणी'।

प्रानेस(पु) सज्ञा पुं० [सं० प्राणेश] पति। स्वामी। उ०—बामा भामा कामिनी कहि बोलौ प्रानेस। प्यारी कहत खिसात नहिं पावस चलत बिदेस।—बिहारी (शब्द०)।

प्रानेसुर(पु)—सज्ञा पुं० [सं० प्राणेश्वर] दे० 'प्राणेश्वर'। उ०—ब्रजवन रस सबही तें न्यारो। मुरलीधर प्रानेसुर प्यारो।—घनानद, पृ० २२७।

प्राय—वि० [सं०] जिस तक पहुँचा जा सके। प्राप्य [को०]

प्रापक—वि० [सं०] १ प्राप्ति सबधी। २. पानेवाला। जो पाने योग्य हो। ३ प्राप्त होनेवाला। ४ प्राप्त करनेवाला।

प्रापण—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रापणीय, प्राप्य, प्राप्त] १. प्राप्ति। मिलना। २ प्रेरण। ३ ले जाना। ४ सदर्भ। हवाला (को०)।

प्रापणिक—सज्ञा पु० [सं०] सौदा या माल बेचनेवाला।

प्रापणीय—वि० [सं०] १ जो मिलने योग्य हो। प्राप्य। २ पहुँचाने या ले जाने लायक।

प्रापत(पु)—वि० [सं० प्राप्त] दे० 'प्राप्त—१'। उ०—कोनहु भाँत जोग करि कोई। तुव पद पकज प्रापत होई।—नद० ग्र०, पृ० २२९।

प्रापति(पु)†—सज्ञा स्त्री० [सं० प्राप्ति] दे० 'प्राप्ति'। उ०—सुदध प्रेम मधि प्रापति करै। इक बिरोध इहि विधि बिस्तरै।—नद० ग्र०, पृ० २१७।

प्रापत्ता(पु)—वि० [सं० प्राप्त] दे० 'प्राप्त—४'। उ०—क्रीडत जमुन सुदरि बिसाल। प्रापत्त षट्ट सत बरष बाल।—पृ० रा०, २।३६७।

प्रापना(पु)†—क्रि० स० [सं० प्रापण] प्राप्त होना। मिलना।

प्रापित—वि० [सं०] १ जो ले जाया गया हो। २ जिसे प्राप्त कराया गया हो। ३. प्राप्त। पाया हुआ [को०]।

प्रापी—वि० [सं० प्रापिन्] १ प्राप्त करनेवाला। जिसे कुछ मिले। २ पहुँचनेवाला (समासात में)।

प्राप्त—वि० [सं०] १ लब्ध। प्रस्थापित। २ उत्पन्न। ३. समुपस्थित। उ०—भरत, अपराधी भरत, है प्राप्त।—साकेत, पृ० १८६। ४ पाया हुआ। जो मिला हो। ५ सहा हुआ। भोगा हुआ (को०)। ६ पूर्ण किया हुआ (को०)। ७. उचित। ठीक (को०)।

प्राप्तकारी—वि० [सं० प्राप्तकारिन्] उचित कार्य करनेवाला [को०]।

प्राप्तकाल¹—सज्ञा पुं० [सं०] १ कोई काम करने योग्य समय। २ उपयुक्त काल। उचित समय। ३ मरण योग्य काल। ४ वर्तमान समय। वह समय जो चल रहा हो। उ०—अतीत काल की वस्तुओं और व्यक्तियो के प्रति जो हमारा रागात्मक भाव होता है, वह प्राप्तकाल की वस्तुओं और

व्यक्तियो के प्रति हमारे भावों को तीव्र भी करता है और उनका ठीक ठीक अवस्थान भी करता है।—रस०, पृ० १४६।

प्राप्तकाल[२]—वि० समयप्राप्त। जिसका काल आ गया हो।

प्राप्तजीवन—वि० [स०] जो रोग आदि के कारण मरते मरते बचा हो। जिसकी नई जिंदगी हुई हो।

प्राप्तदोष—वि० [सं०] जिसने कोई दोष या अपराध किया हो। दोषी।

प्राप्तपंचत्व—वि० [सं० प्राप्त पञ्चत्व] जो पचत्व प्राप्त कर चुका हो। मरा हुआ। मृत।

प्राप्तप्रसवा—वि० स्त्री० [स०] (स्त्री) जो बच्चा जनने को हो। आसन्नप्रसवा [को०]।

प्राप्तबीज—वि० [स०] जो बोया हुआ हो [को०]।

प्राप्तबुद्धि—वि० [सं०] १ चतुर। बुद्धिमान्। २ जो बेहोश होने के बाद फिर होश में आया हो।

प्राप्तभार—सज्ञा पुं० [सं०] वह जो बोझ ढोता हो (पशु आदि)।

प्राप्तभाव[१]—वि० [स०] १ बुद्धिमान। होशियार। २ सुंदर [को०]।

प्राप्तभाव[२]—सज्ञा पुं० जवान बैल [को०]।

प्राप्तमनोरथ—वि० [सं०] जिसने अपना लक्ष्य या ईप्सित प्राप्त कर लिया हो [को०]।

प्राप्तयौवन—वि० [सं०] जिसका यौवनकाल आ गया हो। जवान।

प्राप्तरूप—वि०, सज्ञा पु० [सं०] १ विद्वान्। पडित। २ रूपवान्। सुदर। ३ मनोहर। आकर्षक (को०)। ४ ठीक। उपयुक्त (को०)।

प्राप्तर्तु—वि० स्त्री० [सं० प्राप्त+ऋतु] वह कन्या जो ऋतुमती हो चुकी हो [को०]।

प्राप्तवर—वि० [स०] जिसे वर प्राप्त हो चुका हो। जिसे वरदान मिल चुका हो। उ०—अवसन्न भी हूँ प्रसन्न मैं प्राप्तवर, प्रात तव द्वार पर।—अपरा, पृ० २५।

प्राप्तव्य—वि० [सं०] जो मिलने को हो। मिलनेवाला। प्राप्य।

प्राप्तव्यवहार—वि० [स०] जो अपना कार्य सम्हालने के योग्य हो गया हो। बालिग [को०]।

प्राप्तार्थ[१]—वि० [स०] सफल [को०]।

प्राप्तार्थ[२]—सज्ञा पुं० वह वस्तु जो प्राप्त हो गई हो [को०]।

प्राप्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ उपलब्धि। प्रापण। मिलना। २ पहुँच। ३ अधिगम। अर्जन। ४ उदय। ५ अणिमादि आठ प्रकार के ऐश्वर्यों में से एक जिससे वाछित पदार्थ मिलता है अथवा सब इच्छाएँ पूर्ण हो जाती हैं। ६ फलित ज्योतिष के अनुसार चद्रमा का ग्यारहवाँ स्थान, जिसे लाभ भी कहते हैं। ७ भाग्य। ८ व्याप्ति। प्रवेश। प्रवृत्ति। ९ जरासध की एक पुत्री का नाम जो कस से ब्याही थी। १०. काम की पत्नी का नाम। ११ आय। आमदनी। १२ मेल। संगति। १३ लाभ। फायदा। १४ समिति। सघ। १५ नाटक का सुखद उपसहार। फलागम।

प्राप्तिसम—सज्ञा पु० [सं०] न्याय में वह प्रत्यवस्थान या आपत्ति जो हेतु और साध्य को ऐसी अवस्था में, जब दोनो प्राप्य हों, अविशिष्ट बतलाकर की जाय।

विशेष—यह एक प्रकार की जाति है। जैसे, एक मनुष्य कहता है कि पर्वत वह्निमान् है, क्योंकि वह धूमवान् है, जैसे, पाकगृह। इसपर वादी के इस कथन पर कि पर्वत धूमवान् है, क्योंकि वह वह्निमान् है जैसे, पाकगृह, प्रतिवादी यह आपत्ति करता है कि जहाँ जहाँ अग्नि है क्या वहाँ धूम सदा रहता है अथवा कभी नही भी रहता। यदि सर्वत्र रहता है तो साध्य और साधक में कोई अतर नही, फिर तो धूम अग्नि का वैसे ही साधक हो सकता है जैसे अग्नि धूम का। इसे प्राप्तिसम जाति कहते हैं।

प्राप्त्याशा—सज्ञा स्त्री० [स०] किसी वस्तु की प्राप्ति की आशा। २ नाटक की पाँच अवस्थाओ में से तीसरी अवस्था जिसमें फलप्राप्ति की आशा रहती है, पर आशकाएँ और विघ्न बाधाएँ भी मार्ग मे आती हैं। उ०—आगे चलकर उस फल की प्राप्ति की आशा होने लगती है, जिसे प्राप्त्याशा कहते हैं। —सा० दर्पण पृ० १३४।

प्राप्य—वि० [सं०] १ पाने योग्य। प्राप्त करने योग्य। प्राप्तव्य। २ गम्य। ३ जो पहुँच में हो। जिसतक पहुँच हो सकती हो। ४ जो मिल सके। मिलने योग्य।

प्राप्यकारी—सज्ञा पुं० [स० प्राप्यकारिन्] इंद्रिय जो किसी विषय तक पहुँचकर उसका ज्ञान कराती है।

विशेष—न्यायदर्शन के अनुसार ऐसी इंद्रिय केवल आँख ही है, पर वेदातदर्शन में कहा है कि कान में भी यह गुण है।

प्राप्यरूप—वि० [सं०] जिसे प्राप्त करना प्रायः आसान हो [को०]।

प्राबल्य—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रबलता। तेजी। २ प्रधानता। ३ ताकत। शक्ति (को०)।

प्राबालिक—सज्ञा पुं० [सं०] प्रबाल का व्यापार करनेवाला पुरुष।

प्राबोधक, प्राबोधिक—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रभातकाल। उषःकाल। २ वह पुरुष जो राजाओं को उनकी स्तुति सुनाकर जगाने के लिये नियुक्त हो।

विशेष—प्राचीन काल में यह काम करने के लिये मगध देश के लोग नियुक्त किए जाते थे जिन्हें मागध कहते थे।

प्राभंजन[१]—सज्ञा पुं० [स० प्राभञ्जन] स्वाति नक्षत्र।

प्राभंजन[२]—वि० १ प्रभजन या वायु देवता सबधी। २ जो वायु देवता के द्वारा अधिष्ठित हो।

प्राभजनि—सज्ञा पुं० [स० प्राभञ्जनि] १ हनुमान। २ भीष्म [को०]।

प्राभव—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्रभुत्व। अधिकार। २ श्रेष्ठता। प्रधानता।

प्राभवत्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रभुता। प्रभुत्व। २ सर्वप्रधानता। विभुत्व [को०]।

प्राभाकर—सज्ञा पुं० [सं०] १. वह जो प्रभाकर के मत का मानने

वाला हो। २ मीमासा के आचार्य प्रभाकर से सबद्ध विचार, मत आदि (को०)।

प्राभातिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्राभातिकी] प्रभात सबधी। सवेरे का।

प्राभासिक—वि० [सं०] प्रभास देश सबधी। प्रभास देश का।

प्राभृत, प्राभृतक—सज्ञा पुं० [सं०] १ उपहार। नजर। २ घूस। रिश्वत (को०)।

प्रामणड़ों‡—सज्ञा पुं० [हिं० पाहुना] दे० 'पाहुना'। उ०—करतब नह राजी कृपण, राजा रूपैयाँह। कडवो दास कुढबियाँ, प्रामणडाँ पइयाँह।—बाँकी० ग्र०, भा० २, पृ० ३५।

प्रामति—सज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार दसवें मन्वतर में होनेवाले एक ऋषि का नाम जो उस समय के सप्तर्षियो में होंगे।

प्रामधि—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रामति'।

प्रामाणिक[1]—वि० [सं०] १ जो प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों द्वारा सिद्ध हो। २ माननीय। मानने योग्य। ३ ठीक। सत्य। ४ शास्त्रसिद्ध। ५ हैतुक। ६ जो प्रमाणों को मानता हो। ७ प्रमाण सबधी (को०)। ८ प्रमाणरूप। प्रमाणस्वरूप (को०)। ९ शास्त्रज्ञ।

प्रामाणिक[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ व्यापारियो का मुखिया। २ प्रमाण को जानने माननेवाला। न्यायशास्त्र का ज्ञाता। ३ एक जातीय उपाधि।

प्रामाण्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रमाणता। प्रमाण का भाव। २ मान मर्यादा। ३ विश्वास कराने की योग्यता या शक्ति। विश्वसनीयता।

प्रामाण्यवादी—वि० [सं० प्रामाण्यवादिन्] जो प्रमाण में विश्वास करता हो (को०)।

प्रामादिक—वि० [सं०] १ प्रमादजनित। २ दोषयुक्त। दूषित। जिसमे दोष हो। उ०—जिन्हें प्रामादिक तर्क-प्रमाण-शून्य समझकर विद्वान् उपेक्षा के ही साथ सुनते आए हैं।—रस क०, पृ० १३।

प्रामाद्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ अडूसा। २ त्रुटि। गलती। भूल (को०)। ३ पागलपन। उन्माद।

प्रामित्य—सज्ञा पुं० [सं०] १. ऋण। कर्ज। २ मरण। मृत्यु (को०)।

प्रामिसरी नोट—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'प्रामीसरी नोट'।

प्रामीसरी नोट—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह लेख या पत्र जिसपर लिखनेवाला अपना हस्ताक्षर करके यह प्रतिज्ञा करे कि मैं अमुक पुरुष को, या जिसे वह आज्ञा या अधिकार दे, या जिसके पास यह लेख हो, किसी नियत समय पर, या जब वह माँगे या जब वह उसे दिखलावे, तब इतना रुपया दे दूँगा। हुडी। २ वह सरकारी कागज या ऋणपत्र जिसमें सरकार अपनी प्रजा से कुछ ऋण लेकर यह प्रतिज्ञा करती है कि मैंने इतना ऋण लिया और इसका सूद इस हिसाब से इस लेख के मालिक को दिया करूँगी।

विशेष—इसकी अवधि निश्चित रहती है। ऐसी हुडी का सरकारी खजाने से बराबर समय समय पर सूद मिला करता है; और जब उस हुडी का नियत समय पूरा हो जाता है, तब सरकार से उसका रुपया भी मिल सकता है। ऐसी हुडी या नोट मालिक बीच में ही बेचना चाहे तो दूसरे आदमियों के हाथ बेच भी सकता है। ऐसी हुडी या नोट का भाव बराबर घटा बढ़ा करता है।

प्रामोद—वि० [सं०] मनोज्ञ। मनोहारी।

प्रामोदक, प्रामोदिक—वि० [सं०] दे० 'प्रामोद'।

प्राय[1]—वि० [सं०] १ विशेषकर। बहुधा। अकसर। जैसे,—सावन में प्राय पानी बरसता है। २. लगभग। करीब करीब। जैसे,—उनके यहाँ मेरे प्रायः ५०० रु० बाकी होंगे।

विशेष—इसका प्रयोग शब्द के अत में होता है।

प्राय.[2]—क्रि० वि० अक्सर। सामान्यतया (को०)।

प्राय[1]—वि० [सं०] १ लगभग। जैसे, प्रायद्वीप। २ समान। तुल्य। जैसे,—मृतप्राय। ३. पूर्ण।

प्राय[2]—सज्ञा पुं० १ अनशनादि तप जिससे मनुष्य शक्तिहीन होकर मृतक के तुल्य हो जाता या मर जाता है। २ मृत्यु। जैसे, प्रायगत। ३ अवस्था। उम्र। ४ अधिकता। बाहुल्य (को०)।

प्रायगत—वि० [सं०] जिसके मरने मे अधिक विलब न हो। जो मर रहा हो। आसन्नमृत्यु।

प्रायण—सज्ञा पुं० [सं०] १ एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना। स्थानातर गमन। २ एक शरीर त्यागकर दूसरे शरीर में जाना। शरीरपरिवर्तन। ३ जन्मातर। ४ अनशन व्रत द्वारा शरीरत्याग। ५ वह पथ्य या आहार जो अनशन व्रत की समाप्ति पर ग्रहण किया जाता है। पारण। ६ प्रवेश। प्रारभ। ७ जीवनपथ। जीवितावस्था। ८ शरण लेना (को०)। ९ एक प्रकार का खाद्य पदार्थ जो दूध में मिलकर बनता था।

प्रायणीय[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ सोमय याग में पहली सुत्या के दिन का कर्म। २ प्रारभिक कर्म। उदनीय का उल्टा। ३ सोम याग का प्रथम दिवस (को०)।

प्रायणीय[2]—वि० आरभ सबंधी। प्रारभिक। जैसे, प्रायणीय याग, प्रायणीय कर्म, प्रायणीयातिरात्र, प्रायणीयेष्टि इत्यादि।

प्रायत्य—सज्ञा पुं० [सं०] पवित्रता। पूतता। शुद्धता (को०)।

प्रायदर्शन—सज्ञा पुं० [सं०] साधारण घटना, जो प्राय देखने में आती हो। साधारण सी बात।

प्रायद्वीप—सज्ञा पुं० [सं० प्रायोद्वीप] स्थल का वह भाग या अश जो तीन ओर पानी से घिरा हो और केवल एक ओर किसी बड़े स्थल से मिला हो। प्रायोद्वीप।

प्रायभव—वि० [सं०] जो साधारण रीति से अथवा प्राय. होता हो। साधारण।

प्रायवृत्त—वि० [सं०] जो बिलकुल गोल या वर्तुलाकार न हो पर बहुत कुछ गोल हो। अडाकार।

प्रायशः—क्रि० वि० [सं० प्रायशस्] प्राय। बहुधा। अकसर।

प्रायश्चित्त—संज्ञा पुं० [सं०] १ शास्त्रानुसार वह कृत्य जिसके करने से मनुष्य के पाप छूट जाते हैं। उ०—मैं जिऊँ लोकापवाद निमित्त, तब न होगा तनिक प्रायश्चित्त।—साकेत, पृ० १९०।

विशेष—यह दो प्रकार का होता है एक व्रत दूसरा दान। शास्त्रो मे भिन्न भिन्न प्रकार के कृत्यो का विधान है। किसी पाप में व्रत का, किसी मे दान का, किसी में व्रत और दान दोनो का विधान है। लोक में भी समाज के नियमविरुद्ध कोई काम करने पर मनुष्य को समाज द्वारा निर्धारित कुछ कर्म करने पडते हैं जिससे वह समाज में पुन व्यवहार योग्य होता है। इस प्रकार के कृत्यो को भी प्रायश्चित्त कहते हैं।

२. जैनियो के मतानुसार वे नौ प्रकार के कृत्य जिनके करने से पाप की निवृत्ति होती है—(१) आलोचन (२) प्रतिक्रमण, (३) आलोचन प्रतिक्रमण, (४) विवेक, (५) व्युत्सर्ग, (६) तप, (७) छेद, (८) परिहार, (९) उपस्थान और (१०) दोष।

क्रि० प्र०—लगना।

प्रायश्चित्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रायश्चित्त'।

प्रायश्चित्तिक—वि० [सं०] १. प्रायश्चित्त के योग्य। प्रायश्चित्तार्ह। २. प्रायश्चित्त सबधी।

प्रायश्चित्ती—वि० [सं० प्रायश्चित्तिन्] १. प्रायश्चित्त के योग्य। २ जो प्रायश्चित्त करे। प्रायश्चित्त करनेवाला।

प्रायश्चित्तीय—वि० [सं०] प्रायश्चित्त सबधी।

प्रायाणिक[1]—वि० [सं०] प्रयाण सबधी। यात्रा सबधी।

प्रायाणिक[2]—संज्ञा पुं० शख, चँवर आदि मगल द्रव्य जो यात्रा के समय आवश्यक होते हैं।

प्रायात्रिक—वि० [सं०] दे० 'प्रायाणिक [को०]।

प्रायास—संज्ञा पुं० [सं०] एक देश का वैदिक नाम।

प्रायिक—वि० [सं०] प्राय होनेवाला। जो बहुधा या अधिकता से होता हो।

प्रायुद्धेयी—संज्ञा पुं० [सं० प्रायुद्धेयिन्] अश्व। घोडा [को०]।

प्रायोगिक—वि० [सं०] जो नित्य काम में आता हो। जिसका प्रयोग नित्य होता हो।

प्रायोज्य[1]—वि० [सं०] प्रयोग में आनेवाला। जिससे प्रयोजन चलता हो।

प्रायोज्य[2]—संज्ञा पुं० मिताक्षरा आदि धर्मशास्त्रों के अनुसार वह वस्तु जिसका काम किसी को नित्य पडता हो। जैसे, पढनेवाले को पुस्तकादि का, कृषक को हल बैल आदि का, योद्धा को अस्त्र शस्त्र का इत्यादि।

विशेष—ऐसी वस्तुएँ शास्त्रों मे विभाजनीय नहीं मानी गई हैं, विभाग के समय वे उसी को मिलती हैं जिसके प्रयोजन की हो अथवा जो उन्हे व्यवहार मे लाता रहा हो या जिसकी उनसे जीविका चलती हो।

प्रायोदेवता—संज्ञा पुं० [सं०] सर्वमान्य देवता। वह देवता जिसे सब मानते हों।

प्रयोद्वीप—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रायद्वीप'।

प्रयोपगमन—संज्ञा पुं० [सं०] आहार त्याग कर मरने पर उद्यत होना। अनशन व्रत द्वारा प्राण परित्याग करने का प्रयत्न। भूखों मरकर जान देना।

प्रायोपयोगिक—वि० [सं०] प्राय. उपयोग मे आनेवाला। सामान्य। साधारण [को०]।

प्रायोपविष्ट—वि० [सं०] जिसने प्रायोपवेश व्रत किया हो।

प्रायोपवेश—संज्ञा पुं० [सं०] १ वह अनशन व्रत जो प्राण त्यागने के निमित्त किया जाता है। २. अन्न और जल त्याग कर मरने के लिये तैयार होकर बैठना।

प्रायोपवेशन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रायोपवेश'।

प्रायोपवेशनिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रायोपवेशन। अनशन व्रत।

प्रायोपवेशी—वि० [सं० प्रायोपवेशिन्] [वि० स्त्री० प्रायोपवेशिनी] प्रायोपवेशन व्रत करनेवाला।

प्रायोपेत—वि० [सं०] प्रायोपवेशन व्रत का व्रती। प्रायोपवेश व्रत करनेवाला।

प्रायोभावी—वि० [सं० प्रायोभाविन्] जो प्राय. होता हो [को०]।

प्रायोवाद—संज्ञा पुं० [सं०] कहावत [को०]।

प्रारभ—संज्ञा पुं० [सं० प्रारम्भ] १. आरभ। शुरू। २ आदि।

प्रारंभण—संज्ञा पुं० [प्रारम्भण] [वि० प्रारब्ध] आरंभण। प्रारभ करना। शुरू करना।

प्रारभिक—वि० [सं०] १. प्रारभ सबधी। प्रारभ का। २. आदिम। ३. प्राथमिक।

प्रारब्ध[1]—वि० [सं०] आरभ किया हुआ।

प्रारब्ध[2]—संज्ञा पुं० १ तीन प्रकार के कर्मों में से वह जिसका फल-भोग आरभ हो चुका हो। २ भाग्य। किसमत। जैसे,—जो प्रारब्ध में होगा वही मिलेगा। ३. वह कार्य आदि जो आरंभ कर दिया गया हो।

प्रारब्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ आरभ। शुरू। २ हाथी के बाँधने की रस्सी या खूँटा।

प्रारब्धी—वि० [सं० प्रारब्धिन्] भाग्यवाला। भाग्यवान्। किसमतवर।

प्रारूप—संज्ञा पुं० [सं०(उप०) + प्र(=आरंभ, आदि) + रूप अथवा प्राक् + रूप] किसी योजना, प्रस्ताव, विधेयक आदि का वह प्राथमिक रूप जिसमें आगे आवश्यक होने पर सशोधन आदि किया जा सके। मसौदा। प्राथमिक रूप। प्रालेख।

प्रारोह—संज्ञा पुं० [सं०] अकुर। प्ररोह [को०]।

प्राजेयिता—वि० [सं० प्राजेयितृ] [वि० स्त्री० प्राजेयित्री] दान करनेवाला। दानी।

प्राज्जुन—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन देश का नाम।

प्रार्ण—संज्ञा पुं० [सं०] प्रधान ऋण। मुख्य ऋण [को०]।

प्रार्थक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रार्थिका] प्रार्थना करनेवाला। प्रार्थी।

प्रार्थन—संज्ञा पुं० [सं०] याचन। याचना। प्रार्थना करना। माँगना।

प्रार्थना[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी से कुछ माँगना। याचना। चाहना। जैसे,—मैंने उनसे एक पुस्तक के लिये प्रार्थना की थी। २. किसी से नम्रतापूर्वक कुछ कहना। विनती। विनय। निवेदन। जैसे,—मेरी प्रार्थना है कि अब आप यह झगड़ा मिटा दें। ३ इच्छा। आकांक्षा। स्पृहा (को०)। ४ तंत्रसार के अनुसार एक मुद्रा का नाम।

विशेष—इस मुद्रा में दोनो हाथो के पंजों की उँगलियो को फैलाकर एक दूसरे पर इस प्रकार रखते हैं कि दोनों हाथों की उँगलियाँ यथाक्रम एक दूसरे के ऊपर रहती हैं। इस प्रकार हाथ जोड़कर उँगलियो को सीधे और सामने की ओर करके हृदय के पास ले जाते हैं और वहाँ इस प्रकार रखते हैं कि दोनो कलाई की संधि छाती के संधिमध्य में रहती है।

प्रार्थना[2]—क्रि० स० [सं० प्रार्थन] प्रार्थना करना। विनती करना। उ०—हरिवल्लभ सब प्रार्थना जिन चरण रेणु आशा धरी।—नाभादास (शब्द०)।

प्रार्थनापत्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह पत्र जिसमें किसी प्रकार की प्रार्थना लिखी हो। निवेदनपत्र। अर्जी।

प्रार्थनाभंग—संज्ञा पुं० [सं० प्रार्थनाभङ्ग] याचना स्वीकार न होना [को०]।

प्रार्थनासमाज—संज्ञा पुं० [सं०] एक नवीन समाज या संप्रदाय।

विशेष—इस मत के अनुयायी दक्षिण मे बंबई की ओर अधिक हैं। इस मत के सिद्धांत ब्राह्मसमाज से मिलते जुलते हैं। इस मत के लोग जाति पाँति का भेदभाव नही मानते और न मूर्तिपूजा आदि करते हैं।

प्रार्थनासिद्धि—संज्ञा स्त्री० [सं०] इच्छा का पूरा होना। अभिलाषा-प्राप्ति [को०]।

प्रार्थनीय[1]—संज्ञा पुं० [सं०] द्वापर युग का एक नाम।

प्रार्थनीय[2]—वि० प्रार्थना करने योग्य। निवेदन करने के योग्य। याचनीय।

प्रार्थयितव्य—वि० [सं०] माँगने योग्य। प्रार्थना करने के योग्य। याचनीय।

प्रार्थयिता—संज्ञा पुं० [सं० प्रार्थयितृ] १. प्रार्थना करनेवाला। माँगनेवाला। याचक। २ प्रणय की कामना करनेवाला। प्रणयी [को०]।

प्रार्थित[1]—वि० [सं०] १. जो माँगा गया हो। याचित। २ जिसपर आक्रमण किया गया हो। आक्रांत (को०)। ३ जो मार दिया गया हो। जिसकी हिंसा कर दी गई हो (को०)। ४. जिसे आघात पहुँचाया गया हो (को०)। ५. जिसकी इच्छा की गई हो। आकांक्षित (को०)।

प्रार्थित[2]—संज्ञा पुं० इच्छा [को०]।

प्रार्थितदुर्लभ—वि० [सं०] जो इच्छित हो या जिसकी इच्छा की गई हो पर जिसका पाना कठिन हो [को०]।

प्रार्थी—वि० [सं० प्रार्थिन्] [वि० स्त्री० प्रार्थिनी] १ माँगनेवाला। प्रार्थना करनेवाला। याचक। २ निवेदक। निवेदन करनेवाला। ३ प्रार्थनाशील। इच्छुक।

प्रार्थ्य—वि० [सं०] प्रार्थना के योग्य। याचनीय।

प्रालंब—संज्ञा पुं० [सं० प्रालम्ब] १ रस्सी आदि के ढंग की वह वस्तु जो किसी ऊँची वस्तु में टँगी और लटकती हो। २ वह माला जो गर्दन से छाती तक लटकती हो। हार। ३ मोतियो का हारनुमा एक आभूषण (को०)। ४. स्तन। कुच (को०)। ५. एक प्रकार का कद्दू या तुंबी (को०)।

प्रालंबक—संज्ञा पुं० [सं० प्रालम्बक] दे० 'प्रालंब' [को०]।

प्रालंबिका—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रालम्बिका] गले में पहनने का सोने का हार। सोने की माला।

प्राल—संज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'पलाल'।

प्रालब्ध—संज्ञा पुं० [सं० प्रारब्ध] दे० 'प्रारब्ध'।

प्रालेय—संज्ञा पुं० [सं०] १ हिम। तुषार। उ०—व्यस्त बरसने लगा अश्रुमय यह प्रालेय हलाहल नीर।—कामायनी, पृ० १३। २ बर्फ। ३ भूगर्भशास्त्रानुसार वह समय जब अत्यंत हिम पड़ने के कारण उत्तरीय ध्रुव पर सब पदार्थ नष्ट हो गए और वहाँ शीत की इतनी अधिकता हो गई कि अब कोई जंतु या वनस्पति वहाँ नहीं रह सकती।

यौ०—प्रालेयकर=हिमकर। चंद्रमा। प्रालेयपर्वत, प्रालेयभूधर=हिमालय। प्रालेयरश्मि। प्रालेयशैल।

प्रालेयरश्मि—संज्ञा पुं० [सं०] १ चंद्रमा। २. कपूर (को०)।

प्रालेयशैल—संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय [को०]।

प्रालेयांशु—संज्ञा पुं० [सं०] १ हिमांशु। चंद्रमा। २. कपूर।

प्रालेयाद्रि—संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय।

प्रावट—संज्ञा पुं० [सं०] यव। जौ।

प्रावण—संज्ञा पुं० [सं०] कुदाल। खनित्र। फावड़ा [को०]।

प्रावधान—संज्ञा पुं० [सं० प्र (उप०)+अवधान] नियम। कानून। व्यवस्था। उ०—उसके एक प्रावधान में बहुत कुछ ऐसा कहा गया है कि केंद्र और राज्यों में भी पाँच वर्षों तक अंग्रेजी को ही प्रशासनीय भाषा के रूप में जारी रखना होगा।—शुक्ल० अभि० ग्र०, पृ० ७१।

प्रावर[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीर। चहारदीवारी। २ उत्तरीय। उपरना। ३ एक देश का नाम (को०)।

प्रावर[2]—वि० चारो ओर। चतुर्दिक्। उ०—दोइ घरी दिन पछुछ रहि, चल्यो दिली पुर माँह। अति उज्जल वस्त्रग वर प्रावर खिन्नि उछाह। पृ० रा०, २४।३००।

प्रावरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रच्छादन। ढक्कन। २ उत्तरीय वस्त्र। ओढने का वस्त्र। चादर।

प्रावरणीय—संज्ञा पुं० [सं०] उत्तरीय। ओढ़ने का वस्त्र [को०]।

प्रावार—संज्ञा पुं० [सं०] १ एक प्रकार का कपड़ा जो प्राचीन काल में

बनता था और बहुमूल्य होता था। २ उत्तरीय वस्त्र। ३. प्रच्छादन। आच्छादन आवरण (को०)। ४. एक जनपद का नाम (को०)।

प्रावारक—संज्ञा पुं० [सं०] ऊपर से ओढ़ने का वस्त्र। प्रावार [को०]।

प्रावारकर्ण—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का उल्लू।

प्रावारकीट—संज्ञा पुं० [सं०] कपड़े मे लगनेवाला एक प्रकार का श्वेत कीड़ा।

प्रावारिक—संज्ञा पु० [सं०] प्रावार या उत्तरीय बनानेवाला [को०]।

प्रावालिक—वि० [सं०] प्रवाल या मूँगे का व्यापारी [को०]।

प्रावासिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रावासिकी] प्रवास के उपयुक्त [को०]।

प्राविट्Ⓤ—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रावृट्] पावस। वर्षाऋतु। उ०—प्रावि सरद पयोद घनेरे। लरत मनहुँ मारुत के प्रेरे।—मानस, ६।४५

प्राविट्र—संज्ञा पुं० [सं०] किसी के आश्रम मे रहना। रक्षण का आश्रय प्राप्त करना।

प्राविष्ट्य—संज्ञा पुं० [सं०] क्रौंचद्वीप के एक खंड का नाम। (केशव)।

प्रावीण्य—संज्ञा पुं० [सं०] प्रवीणता। कुशलता। नैपुण्य।

प्रावृट्—संज्ञा पुं० [सं० प्रावृष्] वर्षा ऋतु। पावस। उ०—प्रावृट् में तव प्रांगण घन गर्जन से हर्षित।—ग्राम्या, पृ० ५७।

प्रावृट्काल—संज्ञा पुं० [सं०] वर्षाकाल [को०]।

प्रावृडत्यय—संज्ञा पुं० [सं०] वर्षा का समाप्तिकाल। शरद ऋतु।

प्रावृत[1]—संज्ञा पुं० [सं०] ओढ़ने का कपड़ा। आच्छादन।

प्रावृत[2]—वि० १ अच्छी तरह आवृत या घिरा हुआ। आच्छादित।

प्रावृति—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्राचीर। घेरा। २. मल जो आत्मा की दृक् और दृक्शक्ति को आच्छादित करता है। (जैन)। ३ आड़। रोक।

प्रावृत्तिक[1]—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रावृत्तिका] वह दूत जो एक स्थान के समाचार को दूसरे स्थान में पहुँचाने का काम करता हो। एलची।

प्रावृत्तिक[2]—वि० १. अमुख्य। गौण। २ जिसे पूर्णत. सूचित हो। जानकार [को०]।

प्रावृष—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रावृट्। वर्षा ऋतु।

प्रावृषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रावृष'।

प्रावृषायणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. केवाँच। २. विषखोपरा।

प्रावृषिक[1]—संज्ञा पु० [सं०] मयूर। मोर।

प्रावृषिक[2]—वि० १. जो वर्षाऋतु में उत्पन्न हो। २. वर्षाऋतु संबंधी।

प्रावृषिज[1]—संज्ञा पु० [सं०] वह तीक्ष्ण वायु जो वर्षाऋतु मे चलती है। झंझावात।

प्रावृषिज[2]—वि० जो वर्षा ऋतु मे उत्पन्न हो [को०]।

प्रावृषीण—वि० [सं०] १ वर्षाकाल में उत्पन्न होनेवाला। २ वर्षाकाल संबंधी।

प्रावृष्य—संज्ञा पुं० [सं०] १. ईति। २. कदंब। ३. धारा कदंब। ४ वह कर जो वर्षाऋतु में दिया जाता हो। ५ कुटज। कुरैया। ६ प्रचुरता। अधिकता।

प्रावृषेण्य—वि० वर्षाकाल में उत्पन्न। वर्षाकाल का। वर्षा ऋतु संबंधी। २ वर्षा मे देय (को०)।

प्रावृषेण्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ केवाँच। २. लाल पुनर्नवा।

प्रावृषेय[1]—संज्ञा पुं० [सं०] एक देश का नाम।

प्रावृषेय[2]—वि० [स्त्री० प्रावृषेयी] वर्षाकाल मे होनेवाला।

प्रावृष्य[1]—वि० [सं०] जो वर्षाकाल में हो।

प्रावृष्य[2]—संज्ञा पुं० १ वैदूर्य। २. कुटज। ३ धाराकदंब। ४. विकटक।

प्रावेण्य—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का ऊनी वस्त्र।

प्रावेशन—संज्ञा पु० [सं०] १ वह जो प्रवेश के अवसर पर दिया या किया जाय। २ प्रवेशन का कार्य। प्रवेश करना। ३. कारखाना। संस्थान (को०)।

प्रावेशिक—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रावेशिकी] १ प्रवेश का साधनभूत। जिसके कारण प्रवेश मिले। प्रवेश करने में सहायता देनेवाला। २ प्रवेश संबंधी (को०)। ३. प्रवेश करना जिसका स्वभाव हो (को०)।

प्राव्रज्य—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्राव्राज्य' [को०]।

प्राव्राज्य[1]—वि० [सं०] प्रव्रज्या संबंधी।

प्राव्राज्य[2]—संज्ञा पुं० १. संन्यास जीवन। संन्यास। २ इतस्तत: चक्रमण या परिभ्रमण [को०]।

प्राश्—संज्ञा स्त्री० [सं०] भोजन। आहार [को०]।

प्राश्—संज्ञा पु० [सं०] १ भोजन करना। स्वाद लेना। चखना। २. भोजन। आहार [को०]।

प्राशक—संज्ञा पुं० [सं०] भोजन करनेवाला। भोक्ता। भक्षक। खानेवाला [को०]।

प्राशन—संज्ञा पु० [सं०] १. खाना। भोजन। २ चखना। जैसे, अन्नप्राशन। ३ खिलाना। चखाना (को०)।

प्राशनीय[1]—वि० [सं०] प्राशन के योग्य। खाने के योग्य। चखने के योग्य।

प्राशनीय[2]—संज्ञा पु० आहार। भोजन [को०]।

प्राशस्त्य—संज्ञा पु० [सं०] १ प्रशस्तता। प्रशस्त होने का भाव। २ वैशिष्ट्य। विशिष्टता (को०)।

प्राशास्ता—संज्ञा पुं० [सं०] १. प्रशास्ता नामक ऋत्विज का काम। २ प्रशास्ता का भाव।

प्राशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] १ दे० 'प्राशास्ता'। २ सरकार। शासन [को०]।

प्राशित[1]—वि० [सं०] भक्षित। खाया हुआ। चखा हुआ।

प्राशित[2]—संज्ञा पुं० १ पितृयज्ञ। तर्पण। २. भक्षण।

प्राशित्र—संज्ञा पु० [सं०] १. यज्ञों में पुरोडाश आदि में से काटकर निकाला हुआ वह छोटा टुकड़ा जो ब्रह्मोद्देश से अलग करके

प्राशित्राहरण नामक यज्ञपात्र मे रखा जाता है। यह भाग जौ या पीपल के गोदे बराबर निकाला जाता और प्राय नोक की ओर से काटा जाता है। २ दे० 'प्राशित्राहरण'। ३ खाद्य पदार्थ। खाने योग्य कोई वस्तु (को०)।

प्राशित्राहरण—सज्ञा पु० [स०] यज्ञ के एक पात्र का नाम।

विशेष—यह पात्र गोकर्ण के आकार का होता है और इसी में प्राशित्र रखा जाता है।

प्राशी—वि० [सं० प्राशिन्] [वि० स्त्री० प्राशिनी] प्राशन करनेवाला। खानेवाला। भक्षक।

प्राशु[1]—वि० [सं०] त्वरित। शीघ्र। तुरत।

प्राशु[2]—सज्ञा पुं० १ खाना। भक्षण। भोजन। १ वह जो सोम खाता है। ३ वृत्रासुर का एक शत्रु (को०)।

प्राशनिक—वि० [सं०] १ सभ्य। सभा की कार्रवाई करनेवाला। २ प्रश्नकर्ता। पूछनेवाला। ३ परीक्षक। ४ निर्णयकर्ता। निर्णायक (को०)।

प्राश्नीपुत्र—सज्ञा पुं० [स०] एक ऋषि का नाम।

प्राश्य—सज्ञा पुं० [सं०] १ अर्कप्रकाश के अनुसार वे पशु जो गाँव में रहते हैं। जैसे, गाय, बकरी, भेड़ा आदि। २ प्राशन करने योग्य पदार्थ।

प्रासग—सज्ञा पुं० [स० प्रासङ्ग] १ हल का जुआ या जुआठा जिसमें नए बैल निकाले जाते हैं। २ तराजू। तुला। २. तराजू की डडी।

प्रासंगिक[1]—वि० [सं० प्रासङ्गिक] १ प्रसग सबंधी। प्रसग का। २ प्रसग द्वारा प्राप्त। प्रसगागत।

प्रासगिक[2]—सज्ञा पुं० कथावस्तु के दो भेदों में से एक। गौण कथावस्तु।

विशेष—इससे अधिकारिक या मूल कथावस्तु का सौंदर्य बढता है और मूल कार्य या व्यापार के विकास में सहायता मिलती है। इसके दो भेद कहे गए हैं—पताका और प्रकरी।

प्रासग्य—सज्ञा पुं० [सं० प्रासङ्गघ]जुआ वहन करनेवाला [को०]।

प्रास—सज्ञा पुं० [स०] १ प्राचीन काल का एक प्रकार का भाला। बरछी। भाला। वर्पास्त्र।

विशेष—इसमें सात हाथ लंबी बाँस की छड लगती है और दूसरी नोक पर लोहे का नुकीला फल रहता है। इसका फल बहुत तेज होता है जिसपर स्तवक चढ़ा रहता है। इसे वर्पास्त्र भी कहते हैं।

२ फेंकना। प्रक्षेपण (को०)। ३. अनुप्रास (को०)।

प्रासक—सज्ञा पुं० [स०] १. प्रास नामक अस्त्र। २ पाशक। पाँसा।

प्रासन[1]— सज्ञा पुं० [सं०] फेंकना।

प्रासन[2]—सज्ञा पुं० [स० प्राशन] दे० 'प्राशन'।

प्रासहा—सज्ञा स्त्री० [स०] इद्र की पत्नी का नाम [को०]।

प्रासाद—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्राचीन वास्तुविद्या के अनुसार लबा, चौडा, ऊँचा और कई भूमियों का पक्का या पत्थर का घर जिसमें अनेक शृग, शृखला, अडकादि हों तथा अनेक द्वारों और गवाक्षो से युक्त त्रिकोण, चतुष्कोण, आयत, वृत्त शालाएँ हों।

विशेष—आकृति के भेद से पुराणों में प्रासाद के पाँच भेद किए गए हैं—चतुरस्र, चतुरायत, वृत्त, पृत्ताय और अष्टास्र। इनका नाम क्रम से वैराज, पुष्पक, कैलास, मालक और त्रिविष्टप है। भूमि, अडक, शिखरादि की न्यूनाधिकता के कारण इन पाँचो के नौ नौ भेद माने गए हैं। जैसे, वैराज के मेरु, मदर, विमान, भद्रक, सर्वतोभद्र, रुचक, नदन, नदिवर्धन और श्रीवत्स, पुष्पक के वलभी, गृहराज, शालागृह, मदिर, विमान, ब्रह्ममदिर, भवन, उत्तभ और शिविकावेश्म, कैलास के वलय, दुदुभि, पद्म, महापद्म, भद्रक, सर्वतोभद्र, रुचक, नदन, गुवाक्ष या गुवावृत्त, मालव के गज, वृषभ, हस, गरुड, सिंह, भूमुख, भूधर, श्रीजय और पृथिवीधर, और त्रिविष्टप के वज्र, चक्र, मुष्टिक या वज्रु, वक्र, स्वस्तिक, खड्ग, गदा, श्रीवृक्ष और विजय। पुराणों में केवल राजाओं और देवताओं के गृह को प्रासाद कहा है।

२ बहुत बडा मकान। महल। उ०—वे प्रासाद रहे न रहें, पर, अमर तुम्हारा यह साकेत।—साकेत, पृ० ३७१। ३ महल की चोटी। ४. कोठे के ऊपर की छत। ५ बौद्धों के सघाराम मे वह बडी शाला जिसमें साधु लोग एकत्र होते हैं। ६ मदिर। देवालय (को०)। ७ दर्शको के लिये बना हुआ स्थान (को०)।

प्रासादकुक्कुट—सज्ञा पुं० [स०] कबूतर।

प्रासादगर्भ—सज्ञा पुं० [स०] महल का भीतरी भाग [को०]।

प्रासादप्रतिष्ठा—सज्ञा स्त्री० [स०] मदिर में मूर्ति की स्थापना [को०]।

प्रासादमडना—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रासादमण्डना] प्राचीन काल का एक प्रकार का रंग जिससे प्रासाद के ऊपर रँगाई होती थी।

विशेष—यह पीला या लाल होता था और इसकी रँगाई बहुत दिनों तक टिकती थी।

प्रासादशायी—वि० [स० प्रासादशायिन्] महल मे सोनेवाला [को०]।

प्रसादशिखर—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रासादशृग'।

प्रासादशृग—सज्ञा पुं० [स० प्रासादशृङ्ग] महल या मदिर का सर्वोच्च स्थान। चोटी [को०]।

प्रासादिक—वि० [सं०] १ दयालु। कृपालु। २. सुदर। अच्छा। ३ जो प्रसाद मे दिया जाय। ४. प्रसाद सबधी। ५ प्रसाद गुण सबधी। प्रसाद गुण का। उ०—काम्य का जो प्रासादिक रूप, दिखाया तुमने मनोभिराम। कहाँ से लाकर भरी अनूप, छटा उसमें स्वर्गीय ललाम।—सागरिका, पृ० ५७।

प्रासादीय—वि० [सं०] प्रासाद सबधी। प्रासाद का।

प्रासिक—सज्ञा पुं० [स०] वह जिसके पास प्रास हो। प्रासधारी। बरछी बरदार।

प्रासु—सज्ञा पुं० [सं०] दीर्घश्वास। गहरी साँस।

प्रासुक[1]—वि० [सं० प्रांशु या प्राशु] १. प्रचुर। अधिक। विशेष।

२. शीघ्रतापूर्वक। चटपट। उ०—वाकी हाट उधार करि लेहि कचौरी सेर। यह प्रासुक भोजन करहिं नित उठि साँझ सवेर।—अर्घ०, पृ० ३१।

प्रासूतिक—वि० [सं०] प्रसूति से सबधित [को०]।

प्रासेव—सज्ञा पुं० [सं०] वह रस्सी जो घोड़े के साज में सम्मिलित हो।

प्रास्कण्व—सज्ञा पुं० [सं०] एक साम का नाम।

प्रास्त—वि० [सं०] फेंका हुआ। प्रक्षिप्त। २. निर्वासित। वहिष्कृत [को०]।

प्रास्तारिक—वि० [स०] १ जिसका व्यवहार प्रस्तार में हो। २. प्रस्तार सबधी।

प्रास्ताविक—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रास्ताविकी] १ भूमिका रूप में काम आनेवाला। सूचनात्मक। २ परिचयात्मक। जैसे, प्रास्ताविक वचन, प्रास्ताविक विलास। समयानुकूल। ३. सगत। समीचीन [को०]।

प्रास्तुत्य—सज्ञा पुं० [सं०] विचार या बहस के अतर्गत होना। विचारणीय होना [को०]।

प्रास्थानिक[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रास्थानिकी] वह पदार्थ जो प्रस्थान के समय मगलकारक माना जाता हो। जैसे, शख की ध्वनि, दही, मछली आदि।

प्रास्थानिक[2]—सज्ञा पुं० यात्रा की तैयारी [को०]।

प्रास्थिक[1]—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रास्थिकी] १ प्रस्थ संबधी। २. जिसमे एक प्रस्थ अन्नादि अँट जाय। ३. एक प्रस्थ द्वारा बोने योग्य (को०)। ४. जो प्रस्थ के हिसाब से खरीदा गया हो। ५. पाचक।

प्रास्थिक[2]—सज्ञा पुं० भूमि। जमीन।

प्रास्पेक्टस—सज्ञा पुं० [अ०] १ वह छपा हुआ पत्र जिसमें आरंभ होनेवाले किसी बड़े कार्य का पूरा पूरा विवरण और उसकी कार्यप्रणाली आदि दी हो। विवरणपत्र। जैसे, जानबीमा कपनी का प्रास्पेक्टस, बक का प्रास्पेक्टस। २ वह पुस्तक या पुस्तिका जिसमें शिक्षा का पाठ्यक्रम या पूरा ब्यौरा हो। विवरण पत्रिका।

प्रास्रवण—वि० [स०] [वि० स्त्री० प्रास्रवणी] स्रोत सबधी। झरने से सबद्ध [को०]।

प्राह्—सज्ञा पु० [स०] नृत्य की शिक्षा देना [को०]।

प्राहारिक—सज्ञा पु० [सं०] पहरुआ। चौकीदार।

प्राहुण, प्राहुणक—सज्ञा पुं० [स०] अतिथि। मेहमान। पाहुना। उ०—जोवन जायइ प्राहुणउ, वेगइरउ घर आय।—ढोला०, दू० १३४।

प्राहुन्ना—सज्ञा पुं० [स० प्राहुणक] मेहमान। पाहुना। उ०—चित्रग राय रावर चवै प्राहुन्ना भग्गा फिरै।—पृ० रा०, ६६।३६०।

प्राह्ण—सज्ञा पुं० [स०] दिन का पूर्व भाग। दोपहर के पूर्व का समय [को०]।

प्राह्णेतन—वि० [स०] दिन के पूर्वभाग मे होनेवाला या उससे संबधित [को०]।

प्राह्लाद—सज्ञा पुं० [सं०] प्रह्लाद अर्थात् विरोचन की सतान।

प्रिंटर—सज्ञा पु० [अं०] १ वह जो किसी छापेखाने मे रहकर छापने का काम करता हो। मुद्रण करनेवाला। छापनेवाला। २ वह जो किसी छापेखाने में छपनेवाली चीजों की छपाई का जिम्मेदार हो। मुद्रक।

प्रिंटिंग—सज्ञा स्त्री० [अ०] छापने का काम। छपाई। मुद्रण।

प्रिंटिंग इंक—सज्ञा स्त्री० [अं०] वह स्याही जो प्रेस में सीसे के टाइप (अक्षर) से छापने के काम मे आती है। टाइप के छापने की स्याही। यह कच्ची और पक्की दो प्रकार की तथा अनेक रगों की होती है।

प्रिंटिंग प्रेस—सज्ञा स्त्री० [अ०] सीसा आदि धातु के ढले हुए या लकडी के अक्षर या टाइप छापने की वह कल जो हाथ से चलाई जाती है। हैंड प्रेस। दे० 'प्रेस'।

प्रिंटिंग मशीन—सज्ञा स्त्री० [अं०] सीसे धातु के अक्षर या टाइप छापने की वह कल जो साधारण हाथ की कल की अपेक्षा बहुत अधिक काम करती है और जो हाथ तथा इंजिन दोनों से चलाई जा सकती है। दे० 'प्रेस'।

प्रिंस—सज्ञा पुं० [अं०] १ राजा। नरेश। २ युवराज। राजकुमार। शाहजादा। ३ राजपरिवार का कोई व्यक्ति। ४ सरदार। सामंत।

प्रिंस आफ वेल्स—सज्ञा पुं० [अ०] इगलैंड के राजा के ज्येष्ठ पुत्र की पदवी। इगलैंड का युवराज।

प्रिंसिपल—सज्ञा पुं० [अं०] १ किसी बडे विद्यालय या कालिज आदि का प्रधान अधिकारी। प्रधानाचार्य। २ वह मूल धन जो किसी को उधार दिया गया हो और जिसके लिये ब्याज मिलता हो।

प्रिअ(उ)—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रिया] दे० 'प्रिया'। उ०—अस जानि संसय तजहु गिरिजा सर्वदा संकर प्रिअ।—मानस, १।९८।

प्रिथिमी(उ)†—सज्ञा स्त्री० [स० पृथ्वी] पृथ्वी। जमीन। उ०—जो नहिं सीस पेम पथ लावा। सो प्रिथिमी महँ काहे क आवा।—जायसी (शब्द०)।

प्रियंकर[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रियङ्कर] एक दानव का नाम।

प्रियंकर[2]—वि० १ दया दिखानेवाला। २ स्नेह करनेवाला। स्नेहवान। ३ अनुकूल [को०]।

प्रियंकरी—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रियङ्करी] १ सफेद कटेरी। २. बडी जीवती। ३. असगध।

प्रियंकार—वि० [सं० प्रियङ्कार] दे० 'प्रियंकार' [को०]।

प्रियंगु—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रियङ्गु] १ कँगनी नाम का अन्न। २ राजिका। ३ पिप्पली। पीपल। ४ कुटकी। ५ राई।

प्रियंगू—संज्ञा पुं० [सं० प्रियङ्गु] दे० 'प्रियंगु'।

प्रियंवद—वि० [सं० प्रियन्दद] प्रिय वस्तु देनेवाला। इप्सित वस्तु देनेवाला [को०]।

प्रियंवद[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १. खेचर। आकाशचारी। पक्षी। २ एक गंधर्व का नाम।

प्रियंवद[2]—वि० [स्त्री० प्रियंवदा] प्रिय वचन कहनेवाला। मीठा बोलनेवाला। प्रियभाषी।

प्रियंवदा—संज्ञा [स्त्री०] १ अभिज्ञान शाकुंतल में शकुंतला की एक सखी। २ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में नगण, भगण, जगण और रगण (।।।, ऽ।।, ।ऽ।, ऽ।ऽ) होता है और ४ ४ पर यति होती है। जैसे—न भज रे हरिजु सो कबौं नरा। जिहि भजै हर विधी सुनिर्जरा।

प्रिय[1]—पुं० [सं०] [स्त्री० प्रिया] १. स्वामी। पति। २ जामाता। जँवाई। दामाद। कन्या का पति। ३ कार्तिकेय। स्वामि कार्तिक। ४ एक प्रकार का हिरन। ५ जीवक नाम की ओषधि। ६. ऋद्धि। ७. धर्मात्मा और मुमुक्षुओं को प्रसन्न करनेवाला और सबकी कामना पूरी करनेवाला, ईश्वर। ८ कँगनी। ९ हित। भलाई। १० बेंत। ११ हरताल। १२ धारा कदंब।

प्रिय[2]—१ जिससे प्रेम हो। प्यारा। २ जो भला जान पड़े। मनोहर। ३ महँगा। खर्चीला (को०)।

प्रियक—संज्ञा पुं० [सं०] १ पीतसालक। पियासाल नाम का वृक्ष। २ कदम का पेड़। ३ कँगनी नामक अन्न। ४ केसर। ५ धारा कदंब। ६ चितकबरा हिरन जिसके रोएँ रंग-बिरंगे, मुलायम, बड़े और चिकने होते हैं। चित्र मृग। ७ शहद की मक्खी। ८. भ्रमर। भौंरा (को०)। ९ एक पक्षी।

प्रियकर—वि० १ आनंद देनेवाला। २ हितकर [को०]।

प्रियकलत्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह पति जो अपनी पत्नी को बहुत प्यार करता हो [को०]।

प्रियकांक्षी—वि० [सं० प्रियकाङ्क्षिन्] भला चाहनेवाला। हितकारी। शुभाभिलाषी।

प्रियकाम—संज्ञा पुं० [सं०] भला चाहनेवाला। हितकारी। शुभचिंतक।

प्रियकारक—संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रियकाम'।

प्रियकारी[1]—वि० [सं० प्रियकारिन्] दयापूर्ण व्यवहार करनेवाला।

प्रियकारी[2]—संज्ञा पुं० १. मित्र। २ हितकारी [को०]।

प्रियकृत—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रिय करनेवाला मित्र। २. विष्णु का एक नाम।

प्रियजन—संज्ञा पुं० [सं०] १ सगा संबंधी। २ प्रिय व्यक्ति।

प्रियजात—देश० पुं० [सं०] अग्नि का एक नाम।

प्रियजानि—पुं० [सं०] दे० 'प्रियकलत्र' [को०]।

प्रियजीव—संज्ञा पुं० [सं०] सोनापाठा।

प्रियतम[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रियतमा] सबसे अधिक प्यारा। प्राणों से भी बढ़कर प्रिय।

प्रियतम[2]—संज्ञा पुं० १ स्वामी। पति। २ प्यारा। अत्यंत प्रिय व्यक्ति। ३. मोरशिखा नाम का वृक्ष।

प्रियतमता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रियतम + ता (प्रत्य०)] अतीव प्रियता। अत्यंत प्रिय होने का भाव। उ०—नूतन प्रियता का प्रियतमता समता नूतन। —अपरा, पृ० २१२।

प्रियतमा[1]—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ पत्नी। २. प्रिया [को०]।

प्रियतमा[2]—वि० सबसे अधिक प्यारी। अत्यंत प्रिय (स्त्री)।

प्रियतर—वि० [सं०] अत्यंत प्रिय [को०]।

प्रियता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रिय होने का भाव।

प्रियतोषण—संज्ञा पुं० [सं०] १. वह जिससे प्रिय संतुष्ट हो। २ एक प्रकार का रतिबंध।

प्रियत्व—संज्ञा पुं० [सं०] प्रिय होने का भाव।

प्रियद—वि० [सं०] जो प्रिय वस्तु दे।

प्रियदत्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] पृथ्वी।

प्रियदर्श—वि० [सं०] दे० 'प्रियदर्शन'।

प्रियदर्शन[1]—वि० [सं०] [स्त्री० प्रियदर्शना] जो देखने में प्यारा लगे। शुभदर्शन। सुंदर।

प्रियदर्शन[2]—संज्ञा पुं० १. खिरनी का पेड़। २ तोता। ३. एक गंधर्व का नाम।

प्रियदर्शी[1]—वि० [सं० प्रियदर्शिन्] सबको प्रिय देखने या समझनेवाला। सबसे स्नेह करनेवाला। मनोहर।

प्रियदर्शी[2]—संज्ञा पुं० अशोक की एक उपाधि। अशोक का नाम।

प्रियदेवन—वि० [सं०] द्यूतक्रीडा का प्रेमी। जिसे जुए से प्रेम हो [को०]।

प्रियधन्वा—संज्ञा पुं० [सं० प्रियधन्वन्] शिव।

प्रियनिवेदन—संज्ञा पुं० [सं०] सुसमाचार [को०]।

प्रियपात्र—वि० [सं०] जिसके साथ प्रेम किया जाय। प्रेमपात्र। प्यारा।

प्रियवादिनी[1]—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रियवादिनी] राजवल्ली। उ०—अबिष्टा प्रियवादिनी, राजपुत्रिका आहि। —नद० ग्रं०, पृ० १०५।

प्रियव्रत[2]—संज्ञा पुं० [सं० प्रियव्रत] प्रियव्रत। उ०—मतिराम बहुत प्रियव्रत प्रताप मैं, प्रबल बल पृथु, पारथहि वारौं पन मैं। —मति० ग्रं०, पृ० ३७३।

प्रियभाषण—संज्ञा पुं० [सं०] मधुर वचन बोलना। ऐसी बात कहना जो प्रिय लगे।

प्रियभाषी—वि० [सं० प्रियभाषिन्] [स्त्री० प्रियभाषिनी] मधुर वचन बोलनेवाला। मीठी बात कहनेवाला।

प्रियमंडन—वि० [सं० प्रियमण्डन] जिसे आभूषण, शृंगार प्रिय हो [को०]।

प्रियमधु—सज्ञा पुं० [सं०] १. बलराम का एक नाम। २ वह जिसे मदिरा प्यारी हो (को०)।

प्रियमेध—सज्ञा पु० [स०] १ एक ऋषि का नाम। २ भागवत के अनुसार अजमीढ़ के एक पुत्र का नाम।

प्रियरण—वि० [स०] युद्धप्रिय। वीर [को०]।

प्रियरूप—वि० [सं०] मनोहर। सुंदर।

प्रियल्ली—सज्ञा स्त्री० [स० प्रियवल्ली] दे० 'प्रियवर्णी'।

प्रियवक्ता—वि० [स० प्रियवक्तृ] १ प्रिय वचन बोलनेवाला। मधुरभाषी। २. चापलूस (को०)।

प्रियवचन[1]—वि० [स०] मीठी बात करनेवाला। मधुरभाषी।

प्रियवचन[2]—सज्ञा पुं० १. कृपापूर्ण शब्द। २ प्रिय लगनेवाली बात [को०]।

प्रियवर—वि० [स०] अति प्रिय। प्यारो मे श्रेष्ठ। सबसे प्यारा।

विशेष—इसका व्यवहार प्राय पत्रों आदि में सबोधन के रूप में होता है।

प्रियवर्णी—सज्ञा स्त्री० [सं०] कँगनी नाम का अन्न।

प्रियवल्ली—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रियवर्णी [को०]।

प्रियवादिनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का पक्षी [को०]।

प्रियवादिन्—वि० स्त्री० [स०] मधुर बोलनेवाली।

प्रियवादी—सज्ञा पुं० [स० प्रियवादिन्] [स्त्री० प्रियवादिनी] प्रिय बोलनेवाला। मधुरभाषी। मीठा बोलनेवाला।

प्रियव्रत—सज्ञा पुं० [सं०] १ स्वायंभुव मनु के एक पुत्र का नाम जो उत्तानपाद का भाई था। पुराणो के अनुसार इसके रथ दौडाने से पृथ्वी में जो गड्ढे हुए, वे ही पीछे समुद्र हो गए। २. वह जिसे व्रत प्रिय हो।

प्रियशालक—सज्ञा पुं० [सं०] प्रियसाल।

प्रियश्रवा—सज्ञा पुं० [सं० प्रियश्रवस्] परमेश्वर का एक नाम।

प्रियसंगमन—सज्ञा पु० [सं० प्रियसङ्गमन्] १. वह स्थान जहाँ प्रिय और प्रिया का मिलन हो। अभिसार का स्थान। सकेत स्थान। २ वह स्थान जहाँ अदिति और कश्यप का मिलन हुआ था।

प्रियसदेश—सज्ञा पुं० [सं० प्रियसन्देश] १ खुशखबरी। अच्छा संदेसा। २. चपा का पेड।

प्रियसंप्रहार—वि० [स० प्रियसम्प्रहार] मुकदमा लडने का शौकीन। मुकदमेबाज [को०]।

प्रियसख—सज्ञा पुं० [सं०] १ खैर का पेड़। २ प्रिय मित्र (को०)।

प्रियसत्य—वि० [स०] १ जिसे सत्य प्रिय हो। २ सत्य होने पर भी प्रिय [को०]।

प्रियसालक—सज्ञा पुं० [स०] पियासाल नामक वृक्ष।

प्रियसुहृद्—सज्ञा पुं० [सं०] अंतरग मित्र। दिली दोस्त [को०]।

प्रियस्वप्न—वि० [सं०] १ जिसे निद्रा प्रिय हो। २. आलस्ययुक्त। आलसी [को०]।

प्रियांबु—सज्ञा पु० [स० प्रियाम्बु] १ आम का पेड। २ आम का फल। ३. वह जिसे जल बहुत प्रिय हो।

प्रिया—सज्ञा स्त्री० [स०] १ नारी। स्त्री। २ भार्या। पत्नी। जोरू। ३ इलायची। ४. मल्लिका। चमेली। ५ मदिरा, शराब। ६ प्रेमिका स्त्री। माशूका। ७ एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में रगण (ऽ।ऽ) होता है, इसका दूसरा नाम मृगी है। ८ १४ मात्रा का एक छद। जैसे, तव लंकनाथ रिसाय कै। ९ कँगनी। १० समाचार। खबर (को०)।

प्रियाख्य—वि० [स०] प्रिय। प्यारा।

प्रियाख्यान—सज्ञा पुं० [स०] सुखद समाचार। शुभ समाचार [को०]।

प्रियातिथि—वि० [स०] अतिथि का आदर सत्कार करनेवाला [को०]

प्रियात्मज—सज्ञा पु० [स०] चरक के अनुसार पसह जाति का एक पक्षी।

प्रियात्मा—सज्ञा पुं० [सं० प्रियात्मन्] वह जिसका चित्त उदार और सरल हो।

प्रियान्न—सज्ञा पुं० [स०] महँगा खाद्य पदार्थ [को०]।

प्रियापाय—सज्ञा पुं० [स०] प्रिय वस्तु की हानि। प्रिय वस्तु का विश्लेष या अभाव [को०]।

प्रियाप्रिय[1]—वि० [सं०] प्रिय और अप्रिय। रुचिकर और अरुचिकर (भावना आदि)।

प्रियाप्रिय[2]—सज्ञा पुं० अनुकूलता और प्रतिकूलता। हित और अहित [को०]।

प्रियार्ह[1]—वि० [स०] १ प्रेम या कृपा के योग्य। २ सुशील। सुप्रिय [को०]।

प्रियार्ह[2]—सज्ञा पुं० विष्णु [को०]।

प्रियाल—सज्ञा पुं० [स०] चिरौंजी का पेड़। प्रियाल।

प्रियाला—सज्ञा स्त्री० [स०] दाख। द्राक्षा।

प्रियावⓊ—सज्ञा पुं० [सं० प्रिय + हिं० आव (= आना)] आमत्रण युक्त सबोधन। हे प्रिय, तू आ। उ०—वावहियउ नइ विरहिणी, दुहुवाँ एक सहाव। जव ही वरसाइ घण घणउ, तवही कहइ प्रियाव।—ढोला०, दु० २७।

प्रियासु—वि० [सं०] जिसे प्राण प्रिय हो। जिसे जीवन प्रिय हो [को०]।

प्रियाह्वा—सज्ञा स्त्री० [स०] कँगनी नामक अन्न।

प्रियैषी—वि० [स० प्रियैषिन्] १ प्रिय की इच्छा करनेवाला। २ किसी को प्रसन्न करने या किसी की सेवा करने का इच्छुक। २ मैत्रीपूर्ण। स्नेहपूर्ण [को०]।

प्रियोक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] चाटुकारिता से भरी उक्ति। प्रिय लगनेवाली बात। चापलूसी [को०]।

प्रिविलेज लीव—सज्ञा स्त्री० [अ०] वह छुट्टी जो, सरकारी तथा किसी गैर सरकारी सस्था या कपनी के नौकर, कुछ निर्दिष्ट अवधि तक काम कर चुकने के बाद, पाने के अधिकारी या हकदार होते हैं।

प्रिवीकौंसिल—सज्ञा पुं० [अं०] १ किसी बड़े शासक को शासन

के काम में सहायता देनेवाले कुछ चुने हुए लोगो का वर्ग। २ इंगलैंड में वहाँ के राजा को परामर्श देनेवालो का वर्ग या परिषद्।

विशेष—इसका सगठन १५ वी शताब्दी में हुआ था। इस वर्ष में या तो कुछ पुराने पदाधिकारी और या राजा के चुने हुए कुछ लोग रहते हैं। आजकल इसमें राजकुल से सबध रखनेवाले लोग, बडे बडे सरकारी कर्मचारी रईस और पादरी आदि सम्मिलित हैं, जिनकी सख्या २०० से ऊपर है। इस वर्ग के दो विभाग हैं। एक विभाग शासनकार्य मे राजा को परामर्श देता है जिनके नाम के साथ राइट आनरेबुल की उपाधि रहती है, और दूसरे विभाग मे न्याय विभाग के सर्वप्रधान कर्मचारी होते हैं। कौंसिल का यह दूसरा विभाग अपील के काम के लिये अंगरेजी राज्य भर मे अतिम न्यायालय है और यही अतिम निर्णय होता है। शासन कार्यों मे अब प्रिवी कौंसिल का विशेष महत्व नही रह गया और उसका स्थान प्राय मन्त्रिमडल ने ले लिया है।

प्री[1]—सज्ञा स्त्री० [स०] १ प्रीति। प्रेम। २ कांति। चमक। ३ इच्छा। ४ तृप्ति। ५ तर्पण।

प्री[2]†—सज्ञा पु० [सं० प्रिय] दे० 'प्रियतम'। उ०—बलि मालवणी वीनवइ, हुं प्री दासी तुझ्झ। का चिंता चित अतरे सा प्री दाखउ मुझ्झ।—ढोला०, दू० २३६।

प्रीअंक—सज्ञा पुं० [सं० प्रियक] कदव। कदम। (अनेकार्थ०)।

प्रीऊ†—सज्ञा पुं० [सं० प्रिय] प्रियतम। प्यारा। उ०—वावहिया निलपखिया वाढत दइ दइ लूण। प्रिउ मेरा मइं प्रीउ की तूं प्रिउ कहइ स कूण।—ढोला०, दू० ३६।

प्रीछित†—सज्ञा पुं० [सं० परीक्षित] दे० 'परीक्षित'।

प्रीण—वि० [स०] १. पुराना। २. पहले का। पूर्ववर्ती। ३. जो प्रसन्न हो। प्रीतियुक्त।

प्रीणन—सज्ञा पुं० [स०] १ प्रसन्न करना। २ वह जो सतोष दे या प्रसन्न करे (को०)।

प्रीणस—सज्ञा पुं० [सं०] गेंडा। खड्गी (को०)।

प्रीणित—वि० [स०] प्रसन्न। हर्षयुक्त (को०)।

प्रीत[1]—वि० [स०] प्रीतियुक्त। प्रसन्न। हर्षित। तुष्ट।

प्रीत[2]—सज्ञा पु० [स० प्रीति] दे० 'प्रीति'। उ०—कठिन पड़ै सुख दुख सहै, प्रीत निभावै ओर।—घरम० श०, पृ० ७९।

प्रीतडी†—सज्ञा स्त्री० [हिं० प्रीत+डी (प्रत्य०)] प्रीति। स्नेह। उ०—परब्रह्म सौं प्रीतडी सुदर सुमिरन सार।—सुदर० ग्र०, भा० २, पृ० ६७८।

प्रीतम—सज्ञा पु० [सं० प्रियतम] १. पति। भर्ता। स्वामी। उ०—ढाढी जइ प्रीतम मिलइ यूं दाखविया जाइ।—ढोला०, दू० ११८। २ वह जिससे प्रेम या स्नेह हो। प्यारा। उ०—सुरत सज मिली जहाँ प्रीतम प्यारा।—तुरसी श०, पृ० २१।

यौ०—प्रीतम गवनी = दे० 'प्रवत्स्यत्पतिका'। उ०—चित ही चित चिंता परि लहिए। सो तिय प्रीतमगवनी कहिए।—नंद० ग्र०, पृ० १५८।

प्रीतमा†—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रियतमा] प्रेमिका। प्रियतमा। उ०—मानस भएउ प्रीतमा ठाऊँ। भूलि गएउ सुमिरन औ नाऊँ।—इद्रा०, पृ० १६३।

प्रीतात्मा—सज्ञा पुं० [सं० प्रीतात्मन्] शिव का एक नाम।

प्रीति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह सुख जो किसी इष्ट वस्तु को देखने या पाने से होता है। तृप्ति। २ हर्ष। आनद। प्रसन्नता। ३ प्रेम। स्नेह। प्यार। मुहब्बत। ४ मध्यम स्वर की चार श्रुतियो मे से अतिम श्रुति। ५ काम की एक पत्नी का नाम जो रति की सौत थी।

विशेष—कहते हैं कि किसी समय अनगवती नाम की एक वेश्या थी जो माघ मे विभूतिद्वादशी का विधिपूर्वक व्रत करने के कारण दूसरे जन्म में कामदेव की पत्नी हो गई थी। मत्स्य पुराण में इसका आख्यान है।

६ फलित ज्योतिष के २७ योगो मे से दूसरा योग।

विशेष—इस योग मे सब शुभ कर्म किए जाते हैं। इस योग मे जन्म ग्रहण करने से मनुष्य नीरोग, सुखी, विद्वान् और धनवान् होता है।

७ कृपा। दया (को०)। ८ अभिलाषा। आकांक्षा। वाञ्छा (को०)। ९ अनुकूलता। सख्य। हितबुद्धि (को०)। १० अनुरजन। प्रसादन (को०)।

प्रीतिकर—वि० [सं०] प्रसन्नता उत्पन्न करनेवाला। प्रेमजनक।

प्रीतिकर्म—सज्ञा पुं० [सं० प्रीतिकर्मन्] मैत्री अथवा प्रेम का कार्य। कृपापूर्ण कार्य।

प्रीतिकारक—वि० [सं०] दे० 'प्रीतिकर'।

प्रीतिकारी—वि० [सं० प्रीतिकारिन्] दे० 'प्रीतिकर'।

प्रीतिजुषा—सज्ञा स्त्री० [सं०] अनिरुद्ध की पत्नी उषा का नाम।

प्रीतितृट्—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रीतितृप्] कामदेव का एक नाम (को०)।

प्रीतिद[1]—सज्ञा पुं० [स०] विदूषक। भाँड।

प्रीतिद[2]—वि० सुख या प्रेम उत्पन्न करनेवाला।

प्रीतिदत्त—सज्ञा पुं० [सं०] १. प्रेमपूर्वक दिया हुआ दान। २ वह पदार्थ जो सास अथवा ससुर अपने पुत्र या पुत्रवधू को, या पति अपनी पत्नी को भोग के लिये दे।

प्रीतिदान—सज्ञा पुं० [स०] प्रेम या मैत्रीवश दिया हुआ उपहार। प्रेमोपहार (को०)।

प्रीतिदाय—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रीतिदान'।

प्रीतिपात्र—सज्ञा पुं० [सं०] जिसके साथ प्रीति की जाय। प्रेमभाजन। प्रेमी।

प्रीतिभोज—सज्ञा पुं० [सं०] वह भोज या खान पान जिसमें मित्र और बंधु आदि प्रेमपूर्वक सम्मिलित हों।

प्रीतिमान्—वि० [सं० प्रीतिमत्] १ प्रेम रखनेवाला। जिसमें प्रेम हो। २. प्रसन्न। हर्षित (को०)। ३ अनुकूल (को०)।

प्रीतिय—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रेम ।

प्रीतिरीति—सज्ञा स्त्री० [सं०] प्रेमपूर्ण व्यवहार । परस्पर का प्रेम सबध । प्रणयभाव ।

प्रीतिवर्द्धन[1]—सज्ञा पु० [सं०] विष्णु का एक नाम ।

प्रीतिवर्द्धन[2]—वि० प्रेम बढ़ानेवाला । आनदवर्धक ।

प्रीतिवर्धन—सज्ञा पुं० वि० [सं०] दे० 'प्रीतिवर्द्धन' ।

प्रीतिविवाह—सज्ञा पुं० [स०] प्रेम के आधार पर होनेवाला विवाह । प्रेम विवाह [को०] ।

प्रीतिस्निग्ध—वि० [सं०] प्रेम के कारण आर्द्र, जैसे, आँखें [को०] ।

प्रीती—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रीति] दे० 'प्रीति' । उ०—तिनकी तुम भाव प्रीती सहित सेवा करियो ।—दो सौ बावन ०, भा० २, पृ० ७६ ।

प्रीत्यर्थ—अव्य० [स०] १. प्रीति के कारण । प्रसन्न करने के वास्ते । जैसे, विष्णु के प्रीत्यर्थ दान करना । २ लिये । वास्ते ।

प्रीमियम—सज्ञा पुं० [अ०] वह रकम जो जीवन या दुर्घटना आदि का बीमा कराने पर उस कपनी को, जिसके यहाँ बीमा कराया गया हो, निश्चित समयो पर दी जाती है । किश्त । विशेष—'दे० बीमा' ।

प्रीमियर—सज्ञा पुं० [अं०] प्रधान मत्री । वजीर आजम ।

प्रीय—सज्ञा पुं० [सं० प्रिय] दे० 'प्रिय' । उ०—उद्दित अघान सुभ गातनह जेम जलधि पुन्निम वढहि । हुलसत हीय जे प्रीय प्रिय जिम सुजोति जनिता चढहि ।—पृ० रा०, १।६८४।

प्रीव—सज्ञा पुं० [स० प्रिय] दे० 'प्रिय' । उ०—पच सखी मीली वइठी छई आई । निगुणी ! गुण होई तो प्रीव क्यु जाई ।—बी० रासो, पृ० ३८ ।

प्रुषित—वि० [सं०] १. सिक्त । सिंचित । प्रोक्षित । २ तापक । दाहक । ज्वलित [को०] ।

प्रुष्ट—वि० [सं०] जला हुआ । जो जल गया हो । दग्ध ।

प्रुष्व[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १. वर्षा ऋतु या काल । २ सूर्य । ३. शिर । ४. जल की बूँद [को०] ।

प्रुष्व[2]—वि० तप्त । ऊष्म । गरम [को०] ।

प्रूफ—सज्ञा पुं० [अ] १. किसी बात को ठीक ठहराने के लिये दिया जानेवाला प्रमाण । सबूत । २. किसी छपनेवाली चीज का वह नमूना जो उसके छपने से पहले अशुद्धियाँ आदि दूर करने के लिये तैयार किया जाता है । ३. किसी वस्तु का असर होने से पूरा बचाव ।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग यौगिक शब्दो के उत्तर पद के रूप मे हुआ करता है । जैसे, वाटर प्रूफ, फायर प्रूफ आदि । वाटर प्रूफ से ऐसे पदार्थ का बोध होता है, जिसके संबध मे इस बात की परीक्षा हो चुकी होती है कि उसपर जल नही ठहर सकता अथवा जल का कोई प्रभाव नहीं हो सकता । जैसे, वाटरप्रूफ कपडा । इसी प्रकार फायर प्रूफ ऐसे पदार्थ को कहते हैं जिसकी अग्नि का प्रकोप सहन करने की परीक्षा हो चुकी होती है । जैसे, लोहे का फायर प्रूफ सदूक, प्रूफ, चिमनी, इमारत का फायर प्रूफ सामान ।

प्रूफरीडर—सज्ञा पुं० [अ० प्रूफ+रीडर] प्रूफ को पढ़कर अशुद्धियाँ दूर करनेवाला । प्रूफ पाठक । प्रूफ शोधक ।

प्रूम—सज्ञा पुं० [?] सीसे आदि का बना हुआ लट्टू के आकार का वह यत्र जिसे समुद्र मे डुबाकर उसकी गहराई नापते हैं ।

विशेष—यह रस्सी के एक सिरे मे, जिसपर नाप के निशान लगे होते हैं, बाँधकर समुद्र में डाला जाता है । और इस प्रकार उसकी गहराई नापी जाती है । कभी कभी इसके नीचे के अश मे कुछ ऐसी व्यवस्था रहती है जिससे समुद्र की तह के कुछ ककड पत्थर, बालू या घोघे आदि भी उसके साथ लगकर ऊपर चले आते हैं जिससे समुद्र की गहराई के साथ ही साथ इस बात का भी पता लग जाता है कि यहाँ की नीचे की जमीन कैसी है ।

प्रेंख[1]—सज्ञा पुं० [सं० प्रेङ्ख] १ झूलना । पेंग लेना । २ एक प्रकार का सामगान ।

प्रेंख[2]—वि० १ जो काँप रहा हो । २ हिलता या झूलता हुआ ।

प्रेंखण—सज्ञा पुं० [सं० प्रेङ्खण] १. अच्छा तरह हिलना या झूलना । २ झूला जिस पर झूलते हैं । ३. अठारह प्रकार के रूपकों मे से एक प्रकार का रूपक ।

विशेष—इस खपक मे सूत्रधार, विष्कभक और प्रवेशक आदि की आवश्यकता नही होती और इसका नायक नीच जाति का हुआ करता है । इसमे प्ररोचना और नादी नेपथ्य मे होता है और यह एक अक में समाप्त होता है । इसमे वीररस की प्रधानता रहती है ।

प्रेंखणकारिका—सज्ञा स्त्री० [स० प्रेङ्खणकारिका] नाचनेवाली । नर्तकी [को०] ।

प्रेंखा—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रेङ्खा] १. हिलना । २ झूलना । झूला । ३. यात्रा । भ्रमण । ४ नृत्य । नाच । ५ एक प्रकार का गृह (को०) । ६ घोड़े की चाल ।

प्रेंखित—वि० [सं० प्रेङ्खित] झूला हुआ । काँपा हुआ [को०] ।

प्रेंखोल—सज्ञा पुं० [स० प्रेङ्खोल] दे० 'प्रेखोलन' [को०] ।

प्रेंखोलन—सज्ञा पुं० [सं० प्रेङ्खोलन] १. झूलना । २ हिलना । ३ काँपना ।

प्रेक्षक—वि० सज्ञा पुं० [सं०] देखनेवाला । दर्शक ।

प्रेक्षण—सज्ञा पुं० [स०] १ आँख । २. देखने की क्रिया । ३. दृश्य । नजारा (को०) । ४ खेल, तमाशा, अभिनय आदि (को०) ।

प्रेक्षणक—सज्ञा पुं० [स०] दृष्टिविषय । दृश्य । प्रदर्शन [को०] ।

प्रेक्षणकूट—सज्ञा पुं० [सं०] आँख की पुतली । आँख का ढेला [को०] ।

प्रेक्षणिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] तमाशा देखने की शौकिन स्त्री [को०] ।

प्रेक्षणीय—वि० [स०] १. देखने के योग्य । दर्शनीय । २ देखने मे सुदर । ३. विचार योग्य । विचारणीय (को०) ।

प्रेक्षणीयक—सज्ञा पुं० [स०] दृश्य। नजारा [को०]।

प्रेक्षा—सज्ञा स्त्री० [स०] १ देखना। २ नाच तमाशा देखना। ३ दृश्य। नजारा (को०)। ४ कोई भी नाटक तमाशा आदि (को०। ५ किसी विषय की अच्छी और बुरी बातों का विचार करना। ६ दृष्टि। निगाह। ७ वृक्ष की शाखा। डाल। ८ शोभा। ९ प्रज्ञा। बुद्धि।

प्रेक्षाकारी - वि० [स० प्रेक्षाकारिन्] विचार कर काम करनेवाला। विवेकशील [को०]।

प्रेक्षागार—सज्ञा पुं० [स०] १ राजाओं आदि के मत्रणा करने का स्थान। मत्रणागृह। २. प्रेक्षागृह।

प्रेक्षागृह—सज्ञा पुं० [स०] १. राजाओं आदि के मत्रणा करने का स्थान। मंत्रणागृह। २. थियेटर या नाट्य मंदिर में वह स्थान जहाँ दर्शक लोग बैठकर अभिनय देखते हैं। नाटयशाला मे दर्शको के बैठने का स्थान।

प्रेक्षाप्रपंच—सज्ञा पुं० [सं०] रूपक का अभिनय। नाटक।

प्रेक्षावान्—वि० [सं० प्रेक्षावत्] ज्ञानी। विवेकी। चतुर [को०]।

प्रेक्षावेतन—सज्ञा पुं० [सं०] कौटिल्य अर्थशास्त्रानुसार लैसस लेने का महसूल या फीस।

प्रेक्षासयम—सज्ञा पुं० [सं०] जैनो के अनुसार सोने से पहले यह देख लेना कि इस स्थान पर जीव आदि तो नहीं हैं।

प्रेक्षासमाज—सज्ञा पुं० [स०] प्रेक्षक समूह। दर्शकवृद [को०]।

प्रेक्षास्थान—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रेक्षागृह'।

प्रेक्षित—वि० [स०] देखा हुआ।

प्रेक्षिता—वि० [स० प्रेक्षितृ] देखनेवाला। दर्शक [को०]।

प्रेक्षी[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रेक्षिन्] बुद्धिमान्। समझदार।

प्रेक्षी[2]—वि० १ देखनेवाला। दर्शक। २. सावधानी से देखनेवाला। ३ (किसी के जैसी) आँखें या दृष्टि रखनेवाला। जैसे मृगप्रेक्षणी [को०]।

प्रेक्ष्य—वि० [सं०] दे० 'प्रेक्षणीय' [को०]।

प्रेण—सज्ञा पुं० [स०] १ गति। चाल। २ प्रेरणा करना।

प्रत[1]—वि० [सं०] मृत। मरा हुआ। गतप्राण [वि०]।

प्रत[2]—सज्ञा पुं० [सं०] १ मरा हुआ मनुष्य। मृतक प्राणी। २ पुराणानुसार वह कल्पित शरीर जो मनुष्य को मरने के उपरात प्राप्त होता है।

विशेष—पुराणों में कहा है कि जब मनुष्य मर जाता है और उसका शरीर जला दिया जाता है तब वह अतिवाहिक या लिंग शरीर धारण करता है, और जब उसके उद्देश्य से पिंड आदि दिया जाता है, तब उसे प्रेत शरीर प्राप्त होता है। इसी प्रेत शरीर को भोग शरीर भी कहते हैं। यह शरीर मरने के उपरांत सपिंडी होने तक रहता है, और तब वह अपने कर्म के अनुसार स्वर्ग या नरक में जाता है। जिन लोगों की श्राद्ध आदि या ऊर्ध्व दैहिक क्रिया नही होती, वे प्रेतावस्था में ही रहते हैं। कुछ लोग अपने कर्म के अनुसार ऊर्ध्व दैहिक क्रिया हो जाने पर भी प्रेत ही बने रहते हैं। पुराणो में यह भी कहा है कि जो लोग आहुति नही देते, तीर्थ-यात्रा नही करते, विष्णु की पूजा नही करते, दान नही देते, पराई स्त्री हर लाते हैं, झूठे या निर्दय होते हैं, मादक पदार्थों का सेवन करते हैं, अथवा इसी प्रकार के और कुकर्म करते हैं, वे प्रेत होकर सदा दुख भोगते हैं। यह भी कहा गया है कि प्रेतो का निवास मल, मूत्र आदि गदे स्थानो मे रहता है और वे निर्लज्ज होते तथा अपवित्र पदार्थ खाते हैं।

३ पितर (को)। ४. नरक मे रहनेवाला प्राणी। ५ पिशाचों की तरह की एक कल्पित देवयोनि जिसके शरीर का रग काला, शरीर के बाल खड़े और स्वरूप बहुत ही विकराल माना जाता है।

यौ०—भूत प्रेत।

६ भयंकर आकृतवाला व्यक्ति। वह व्यक्ति जिसकी आकृति विकराल हो। ७. वह व्यक्ति जो बिना थके लगातार काम करता जाय। ८ बहुत ही चालाक और कजूस आदमी।

प्रेतकर्म—सज्ञा पु० [सं० प्रेतकर्मन्] हिंदुओं में दाह आदि से लेकर सपिंडी तक का वह कर्म जो मृतक के उद्देश्य से किया जाता है। प्रेतकार्य।

प्रेतकार्य—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रेतकर्म'।

प्रेतकृत्य—सज्ञा सं० [सं०] दे० 'प्रेतकर्म'।

प्रेतगत—वि० [सं०] मरा हुआ। मृत [को०]।

प्रेतगृह—सज्ञा पुं० [स०] श्मशान। मसान। मरघट। २. मृत शरीरो के रखे या गाड़े जाने आदि का स्थान।

प्रेतगेह(पु)—सज्ञा पुं० [स०] दे० 'प्रेतगृह'।

प्रेतगोप—सज्ञा पुं० [सं०] प्रेत का रक्षक। मृत शरीर का रक्षक [को०]।

प्रेतचारी—सज्ञा पुं० [स० प्रेतचारिन्] महादेव। शिव।

प्रेततर्पण—सज्ञा पुं० [सं०] वह तर्पण जो किसी के मरने के दिन से सपिंडी के दिन तक उसके निमित्त किया जाता है।

विशेष—साधारण तर्पण से इसमे यह अतर है कि यह केवल मृतक के उद्देश्य से किया जाता है और केवल सपिंडी के दिन तक होता है। इस तर्पण के साथ और पितरो का तर्पण नही हो सकता।

प्रेतता—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'प्रेतत्व'।

प्रेतत्व—सज्ञा पु० [सं०] प्रेत का भाव या धर्म 'प्रेतता'।

प्रेतदाह—सज्ञा पुं० [सं०] मृतक के जलाने आदि का कार्य।

प्रेतदेह—सज्ञा० स्त्री० [सं०] पुराणानुसार किसी मृतक का वह कल्पित शरीर जो उसके मरने के समय से सपिंडी तक उसकी आत्मा को प्राप्त रहता है।

विशेष—इस शरीर की उत्पत्ति उन पिंडों से होती है जो सपिंडी के दिन तक नित्य दिए जाते है। कहते हैं कि यह शरीर एक वर्ष तक बना रहता है और उसके उपरात उसे भोगदेह प्राप्त होता है।

प्रेतधूम—सज्ञा पु० [सं०] चिता मे से निकलनेवाला धुँआँ। वह धूँआ जो मृतक को जलाने से निकलता है।

प्रेतनदी—सज्ञा स्त्री० [स०] वैतरणी नदी।

प्रेतनाथ—सज्ञा पु० [स०] प्रेतपति। यमराज [को०]।

प्रेतनाह—सज्ञा पुं० [सं० प्रेतनाथ] यमराज।

प्रेतनिर्यातक—सज्ञा पु० [सं०] धन लेकर प्रेत का दाह आदि करनेवाला। मुरदाफरोश।

प्रेतनिर्हारक—सज्ञा पुं० [स०] वह जो मृतक को उठाकर श्मशान तक ले जाय।

प्रेतनी—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रेत + हिं० नी (प्रत्य०)] भूतनी। चुड़ैल।

प्रेतपक्ष[1]—सज्ञा पुं० [सं०] चाद्र आश्विन का कृष्ण पक्ष। पितृपक्ष।

प्रेतपक्ष[2]—वि० दे० 'पितृपक्ष'।

प्रेतपटह—सज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जो किसी के मरने के समय बजाया जाता था।

प्रेतपति—सज्ञा पुं० [स०] यमराज।

प्रेतपात्र—सज्ञा पु० [सं०] वह बर्तन जो श्राद्ध में काम आता है [को०]।

प्रेतपावक—सज्ञा पुं० [सं०] वह प्रकाश जो प्रायः दलदलो, जंगलों या कब्रिस्तानो में रात के समय चलता हुआ दिखाई पड़ता है और जिसे लोग भूतो और पिशाचो की लीला समझते हैं। शहावा। लुक। उ०—उभय प्रकार प्रेतपावक ज्यों धन दुख प्रद श्रुति गायो।—तुलसी (शब्द०)।

प्रेतपिंड—सज्ञा पुं० [स०] अन्न आदि का बना हुआ वह पिंड जो मृतक के उद्देश्य से उसके मरने के दिन से लेकर सपिंडी के दिन तक नित्य दिया जाता है और जिसके विषय में यह माना जाता है कि इससे प्रेतदेह बनती है।

प्रेतपुर—सज्ञा पुं० [सं०] यमपुर। यमालय।

प्रेतभाव—सज्ञा पुं० [सं०] मृत्यु [को०]

प्रेतभूमि—सज्ञा स्त्री० [स०] श्मशान [को०]

प्रेतमेध—सज्ञा पुं० [सं०] मृतक के उद्देश्य से होनेवाला श्राद्ध।

प्रेतयज्ञ—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ जिसके करने से प्रेतयोनि प्राप्त होती है।

प्रेतराक्षसी—सज्ञा स्त्री० [सं०] तुलसी।

विशेष—कहते हैं कि जहाँ तुलसी रहती है, वहाँ भूत प्रेत नहीं आते। इसी से उसका यह नाम पड़ा है।

प्रेतराज—सज्ञा पु० [सं०] १ यमराज। २. महादेव। शिव।

प्रेतलोक—सज्ञा पुं० [सं०] यमपुर। यमालय।

प्रेतवन—सज्ञा पु० [स०] श्मशान। मरघट।

प्रेतवाहित—वि० [सं०] प्रेताविष्ट। भूतबाधा पीडित [को०]

प्रेतविधि—सज्ञा स्त्री० [सं०] मृतक का दाह आदि करना।

प्रेतविमाना—सज्ञा स्त्री० [स०] पच प्रेत के विमानवाली भगवती।

प्रेतशरीर—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रेतदेह'।

प्रेतशुद्धि, प्रेतशौच—सज्ञा स्त्री० [सं०] सबधी के मरणाशौच से शुद्ध होना [को०]।

प्रेतश्राद्ध—सज्ञा पु० [स०] किसी के मरने की तिथि से एक वर्ष के अदर होनेवाले सोलह श्राद्ध जिनमे सपिंडी, मासिक और षाण्मासिक आदि श्राद्ध सम्मिलित है।

प्रेतहार—सज्ञा पुं० [सं०] १ सनिकट संबंधी जन (को०)। २ मृत शरीर को उठाकर श्मशान आदि तक ले जानेवाला। मुरदा उठानेवाला।

प्रेता—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ स्त्री प्रेत। पिशाची। २. भगवती कात्यायिनी का एक नाम।

प्रेतात्मिका—वि० [स० प्रेत + आत्मिका] प्रेत से सबधित। उ०—मुझे ऐसा लगा जैसे कोई प्रेतात्मिका छाया किसी रहस्यमय लोक ले आ धमकी हो।—जिप्सी, पृ० २५।

प्रेताधिप—सज्ञा पुं० [सं०] यमराज।

प्रेतान्न—सज्ञा पुं० [स०] वह अन्न जो प्रेत के उद्देश्य से दिया जाय।

प्रेतायन—सज्ञा पुं० [स०] एक नरक का नाम। [को०]।

प्रेतावास—सज्ञा पुं० [सं०] श्मशान [को०]

प्रेताशिनी—सज्ञा स्त्री० [स०] भगवती का एक नाम। २ मृतकों को खानेवाली।

प्रेताशौच—सज्ञा पुं० [स०] वह अशौच जो हिंदुओ में किसी के मरने पर उसके सबधियो आदि को होता है। मरने का अशौच। सूचक।

प्रेतास्थि—सज्ञा पुं० [स०] मुर्दे की हड्डी।

यौ०—प्रेतास्थिधारी।

प्रेतास्थिधारी—सज्ञा पुं० [सं० प्रेतास्थिधारिन्] मुरदो की हड्डियों माला पहननेवाले, रुद्र।

प्रेति—सज्ञा पुं० [स०] १. मरण। मरना। २. गमन। जाना। पलायन (को०)। ३ अन्न। अनाज। आहार। भोजन।

प्रेतिक—सज्ञा पुं० [सं०] मृतक। प्रेत।

प्रेतिनी—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रेत + हिं० नी (प्रत्य०)] प्रेत की स्त्री। प्रेतनी। पिशाचिनी।

प्रेती—सज्ञा पुं० [स० प्रेत + हिं० ई (प्रत्य०)] प्रेत की उपासना करनेवाला। प्रेतपूजक। उ०—प्रजापति कहँ पूजै जोई। तिनकर वास यक्षपुर होई। भूती भूतहि यक्षी यक्षन प्रेती प्रेतन रक्षी रक्षन।—गोपाल (शब्द०)।

प्रेतीवाज—सज्ञा पुं० [देश०] वह मनुष्य जो कभी खास अपने लिये और कभी अपने मालिक के लिये काम करे। (बाजारू)।

प्रेतीवाला—सज्ञा पुं० [देश०] दे० 'प्रेतीवाज'।

प्रेतीषणि—सज्ञा स्त्री० [स०] अग्नि का एक नाम।

प्रेतेश, प्रेतेश्वर—सज्ञा पुं० [सं०] यमराज।

प्रेतोन्माद—सज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का उन्माद या पागलपन जिसके विषय में यह माना जाता है कि यह प्रेतो के कोप से होता है।

विशेष—इस उन्माद मे रोगी का शरीर काँपता है और उसका खाना पीना छूट जाता है। लबी लबी साँसें आती हैं, वह घर से निकल निकलकर भागता, है, लोगो को गालियाँ देता है और बहुत चिल्लाता है।

प्रेत्य—सज्ञा पुं० [सं०] लोकातर। परलोक। अमुत्र।

प्रेत्यजाति—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रेत्यभाव' [को०]।

प्रेत्यभाव—सज्ञा पुं० [स०] अपने शुभाशुभ कर्मों के अनुसार जन्म लेकर मरने और मरकर जन्म लेने की परपरा जो मुक्ति न होने के समय तक चलती है। बार बार जन्म लेना और मरना। (दर्शन)।

प्रेत्यभाविक—वि० [स०] प्रेत्यभाव या इहलोक सबधी।

प्रेत्वा—सज्ञा पुं० [स० प्रेत्वन्] १ वायु। २ इंद्र [को०]।

प्रेप्सा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्राप्त करने की इच्छा। २ इच्छा। कामना। ३ कल्पना। धारणा [को०]।

प्रेप्सु—वि० [सं०] १ प्राप्त करने का इच्छुक। २. अनुमान करनेवाला। धारणा करनेवाला। ३. देने का इच्छुक [को०]।

प्रेम—सज्ञा पुं० [सं०] १ वह मनोवृत्ति जिसके अनुसार किसी वस्तु या व्यक्ति आदि के सबध में यह इच्छा होती है कि वह सदा हमारे पास या हमारे साथ रहे, उसकी वृद्धि, उन्नति या हित हो अथवा हम उसका भोग करें। वह भाव जिसके अनुसार किसी दृष्टि से अच्छी जान पडनेवाली किसी चीज या व्यक्ति को देखने, पाने, भोगने, अपने पास रखने अथवा रक्षित करने की इच्छा हो। स्नेह। मुहब्बत। अनुराग। प्रीति।

विशेष—परम शुद्ध और विस्तृत अर्थ मे प्रेम ईश्वर का ही एक रूप माना जाता है। इसलिये अधिकाश धर्मों के अनुसार प्रेम ही ईश्वर अथवा परम धर्म कहा गया है। हमारे यहाँ शास्त्रो में प्रेम अनिर्वचनीय कहा गया है और उसे भक्ति का दूसरा रूप और मोक्षप्राप्ति का साधन बतलाया है। मुमुक्षुओ के लिये शुद्ध प्रेमभाव का ही विधान है। शास्त्रो में, और विशेषत वैष्णव साहित्य में, इस प्रेम के अनेक भेद किए गए हैं। साहित्य में प्रेम, रति या प्रीति के तीन प्रकार माने गए हैं—(१) उत्तम, वह जिसमें प्रेम सदा एक सा बना रहे। जैसे, ईश्वर के प्रति भक्त का प्रेम। (२) मध्यम, जो अकारण हो। जैसे, मित्रों का प्रेम और (३) अधम, जो केवल स्वार्थ के कारण हो।

२ स्त्री जाति और पुरुष जाति के ऐसे जीवो का, पारस्परिक स्नेह जो बहुधा रूप, गुण, स्वभाव, सान्निध्य अथवा कामवासना के कारण होता है। प्यार। मुहब्बत। प्रीति। जैसे—(क) वे अपनी स्त्री से अधिक प्रेम करते हैं। (ख) उस विधवा का एक नौकर के साथ प्रेम था। ३ केशव के अनुसार एक अलकार। ४. माया और लोभ। ५. कृपा। दया। उ०—अतिहि आनंद कद बानि हूँ सुनावै। सतगुरु जब दया जानि प्रेम हूँ लगावै।—गुलाल ०, पृ०, ३५। ६ क्रीडा। नर्म (को०)। ७. हर्ष। आनद (को०)। ८. विनोद (को०)। ९. वायु। हवा (को०)। १० इद्र (को०)।

प्रेमकर्ता—सज्ञा पुं० [सं०] प्रीति करनेवाला। प्रेमी।

प्रेमकलह—सज्ञा पुं० [सं०] प्रेम के कारण हँसी दिल्लगी या झगडा करना।

प्रेमगरबिताⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रेम + गर्विता] दे० 'प्रेमगर्विता'। उ०—निज नायक के प्रेम कौं गरब जनावै बाल। प्रेमगरविता कहत हैं तासौं सुमति रसाल।—मति० ग्र०, पृ० २९२।

प्रेमगर्विता—सज्ञा स्त्री० [सं०] साहित्य में वह नायिका जो अपने पति के अनुराग का अहकार रखती हो। वह स्त्री जिसे इस बात का अभिमान हो कि मेरा पति मुझे बहुत चाहता है। उ०—आँखिन मैं पुतरी ह्वै रहै हियरा में हरा ह्वै सबै रस लूटै। अगन सग बसै अँगराग ह्वै, जीव तें जीवनमूरि न टूटै। देव जू प्यारे के न्यारे सबै गुन, मो मन मानिक तें नहिं छूटै। और तियान तें तौ बतियाँ करैं, मो छतियाँ तें छिनौ जनि छूटैं।—देव (शब्द०)।

प्रेमजल—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रस्वेद। पसीना। २ प्रेम के कारण आँखो से निकलनेवाले आँसू। प्रेमाश्रु।

प्रेमजा—सज्ञा स्त्री० [सं०] मरीचि ऋषि की पत्नी का नाम।

प्रेमदⓊ—सज्ञा पु० [सं० प्रिय + मद] प्रेम का नशा। प्रेममद। उ०—कहवाँ मृग नैनी वह बाला। प्रेमद दीन्ह कीन्ह मतवाला।—इद्रा०, पृ० ११।

प्रेमनीर—सज्ञा पुं० [सं०] प्रेम के कारण आँखो से निकलनेवाले आँसू। प्रेमाश्रु।

प्रेमपातन—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रेम के आवेग में रोना। २ वह आँसू जो प्रेम के कारण आँखों से निकले। ३ नेत्र जिससे अश्रु गिरें (को०)।

प्रेमपात्र—सज्ञा पुं० [सं०] वह जिससे प्रेम किया जाय। माशूक।

प्रेमपाश—सज्ञा पुं० [सं०] प्रेम का फंदा या जाल।

प्रेमपुत्तलिका—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ प्यारी स्त्री। २ पत्नी। भार्या।

प्रेमपुलक—सज्ञा स्त्री० [सं०] वह रोमाच जो प्रेम के कारण होता है।

प्रेमप्रत्यय—सज्ञा पुं० [सं०] वीणा आदि के शब्दो से जिनसे राग रागिनी निकलती हैं, प्रेम करना। (जैन)।

प्रेमबध, प्रेमबंधन—सज्ञा पुं० [स० प्रेमबन्ध, प्रेमबन्धन] प्रेम अथवा स्नेह का बंधन [को०]।

प्रेमभक्ति—सज्ञा स्त्री० [स०] पुराणानुसार श्रीकृष्ण की वह भक्ति जो बहुत प्रेम के साथ की जाय।

प्रेमभगतिⓊ—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रेम + हिं भगति < सं० भक्ति] दे० 'प्रेमभक्ति' उ०—प्रेमभगति जल बिनु रघुराई।—मानस, ७।४९।

प्रेमभाव—सज्ञा पुं० [स०] प्रेम का भाव। स्नेह। प्रेम [को०]।

प्रेमल—वि० [सं० प्रेम+हिं० ल (प्रत्य०)] प्रेमी स्वभाववाला। स्नेही। सहृदय। उ०—इन स्वामी को कष्ट से मैं कैसे बचाऊँ इतने उदार, इतने निश्छल, इतने प्रेमल।-सुखदा, पृ० ११३।

प्रेमलक्षणाभक्ति—सज्ञा स्त्री० [सं०] वैष्णव मतानुसार प्रेमपूर्वक श्रीकृष्ण के चरणो की भक्ति करना।

प्रेमलेश्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] जैनियो के अनुसार वह वृत्ति जिसके अनुसार मनुष्य विद्वान्, दयालु, विवेकी होता और निस्वार्थ भाव से प्रेम करता है।

प्रेमवती—सज्ञा स्त्री० [स०] १ पत्नी। २ प्रेमिका [को०]।

प्रेमवारि—सज्ञा पु० [सं०] वह आँसू जो प्रेम के कारण निकले। प्रेमाश्रु।

प्रेमविह्वल—वि० [स० प्रेम+विह्वल] प्रेम से व्याकुल। प्रेममय। उ०—भर अमृतधारा आज कर दो प्रेम विह्वल हृदयदल, आनद पुलकित हो सकल तव चूम कोमल चरणतल।—अनामिका, पृ० ३३।

प्रेमांकुर—सज्ञा पुं० [सं० प्रेम+अङ्कुर] प्रेम का अकुर। प्रेम का सूत्रपात। प्रेम की प्रारभिक अवस्था। उ०—उगा रहा उर में प्रेमाकुर।—गीतिका, पृ० १५।

प्रेमांजली—सज्ञा स्त्री० [स० प्रेम+अञ्जलि] प्रेम से जुडे हुए हाथ, प्रेमभावपूर्ण अंजलि। उ०—अराधना, प्रार्थना, पूजा, प्रेमांजली, विलाप, कलाप। 'तेरा' हूँ, तेरे चरणों में हूँ, पर कहाँ पसीजे आप।—हिम०, पृ०८८।

प्रेमा—सज्ञा पु० [स० प्रेमन्] १. स्नेह। २ स्नेही। ३ वासव। इंद्र। ४ वायु। ५ उपजाति वृत्त का ग्यारहवाँ भेद, जिसके पहले, दूसरे और चौथे चरण में (ज त ज ग ग) ।ऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽ और तीसरे चरण में (त त ज ग ग) ऽ। ऽऽ। ऽऽ होता है।

प्रेमाक्षेप—पज्ञा पुं० [स०] केशव के अनुसार आक्षेप अलंकार का एक भेद जिसमे प्रेम का वर्णन करने में ही उसमें बाधा पड़ती दिखाई जाती है। जैसे, यदि नायक से नायिका यह कहे कि 'हमारा मन तुम्हे कभी छोडने को नही चाहता ; पर जब तुम उठकर जाना चाहने हो, तब हमारा मन तुमसे आगे ही चल पडता है।' तो यह प्रेमाक्षेप हुआ क्योकि इसमें पहले तो यह कहा गया है कि हमारा मन तुम्हें कभी छोड़ने को नही चाहता, पर नायिका के इस कथन में उस समय बाधा पडती है, जब वह यह कहती है कि 'जब तुम उठकर जाना चाहते हो तब हमारा मन (तुमको छोडकर) तुमसे आगे ही चल पडता है।' (कविप्रिया)।

प्रेमाख्यान, प्रेमाख्यानक—सज्ञा पुं० [स०] सूफी कवियो की वह काव्यमय रचना जिसमें नायक नायिका के प्रेम की कथा वर्णित हो।

प्रेमाख्यानी—वि० [स० प्रेमाख्यान+ई (प्रत्य०)] प्रेमाख्यान से सबधित। प्रेमकथा सबंधी। उ०—गोस्वामी जी ने एक दूसरी काव्यपरपरा का अनुसरण करते हुए कथा को 'प्रेमाख्यानी रग (रोमैंटिक टर्न) देने के लिये ··धनुषयज्ञ के प्रसग में 'फुलवारी' के दृश्य का सन्निवेश किया।'—आचार्य०, पृ० १११।

प्रेमात्मक—वि० [सं० प्रेम+आत्मक] प्रेम सबधी। प्रेम का। उ०—प्रेमात्मक रहस्यवाद और विरह की उदात्त कल्पना सूफी सिद्धातो की देन है।—हिंदी काव्य०, पृ० ८४।

प्रेमानद—सज्ञा पुं० [स० प्रेम+आनन्द] प्रेम का आनद। प्रेम में अनुभूत आनद। उ०—यद्यपि प्रेमदशा के भीतर सुखात्मक और दु खात्मक दोनो प्रकार के भाव पाए जाते हैं पर कान मे 'प्रेमानद' शब्द पडता है, 'प्रेमापन्न' नहीं।—रस०, पृ० ७४।

प्रेमानल—पज्ञा पु० [स० प्रेम+अनल] प्रेम की आग। प्रेमाग्नि। उ०—तुझको न भले भाता हो प्रेमी का यह पागलपन। उर उर में दहक रहा पर तेरे प्रेमानल का कण।—मधुज्वाल, पृ० ६१।

प्रेमापन्न—वि० [सं० प्रेम+आपन्न] प्रेम से पीड़ित। प्रेम में व्याकुल। प्रेम की पीडा से दुखी। उ०—पर कान में प्रेमानद शब्द ही पड़ता है; प्रेमापन्न नही। इससे 'प्रेम आनद स्वरूप है' यह लोकधारणा प्रकट होती है, जो साहित्य मीमासको को भी मान्य है।—रस०, पृ० ७४।

प्रेमालाप—सज्ञा पुं० [सं०] वह बातचीत जो प्रेमपूर्वक हो। परस्पर प्रेमी जनों की बातचीत। उ०—विहग युग्म हो विह्वल सुख से आप। पखों से प्रिय पख मिला करते हैं प्रेमालाप।—युगवाणी, पृ० ७६।

प्रेमालिंगन—सज्ञा पु० [सं० प्रेम+आलिङ्गन] १ प्रेमपूर्वक गले लगाना। २ कामशास्त्र के अनुसार नायक और नायिका का एक विशेष प्रकार का आलिंगन।

प्रेमाश्रु—सज्ञा पुं० [स०] प्रेम के आँसू। वे आँसू जो प्रेम के कारण आँखो से निकलते हैं।

प्रेमास्पद—सज्ञा पुं० [सं० प्रेम+आस्पद] प्रिय। प्रेमी। उ०—मधुर चाँदनी सी तंद्रा जब फैली मुग्धित मानस पर, तब अभिन्न प्रेमास्पद उसमें अपना चित्र बना जाता।—कामायनी, पृ० १८०।

प्रेमिक—सज्ञा पुं० [स०] वह जो प्रेम करता हो। प्रेम करनेवाला। प्रेमी।

प्रेमी[1]—सज्ञा पुं० [स० प्रेमिन्] १ वह जो प्रेम करता हो। प्रेम करनेवाला। चाहनेवाला। अनुरागी। २. आशिक। आसक्त।

प्रेमी[2]—वि० प्रेमपूर्ण। स्नेहपूर्ण [को०]।

प्रेमोत्कर्ष—सज्ञा पुं० [सं० प्रेम+उत्कर्ष] प्रेम की उच्चता। प्रेम की प्रबलता। प्रेम का आधिक्य। उ०—उसी प्रकार उदारता, वीरता, त्याग, दया, प्रेमोत्कर्ष इत्यादि कर्मों और मनोवृत्तियों का सौदर्य भी मन में जगाती है।—रस०, पृ० ३१।

प्रेयःमार्ग—संज्ञा पुं० [सं० प्रेयस्मार्ग] वह मार्ग जो मनुष्य को सांसारिक विषयों में फँसाता है। अविद्यामार्ग।

प्रेय[1]—संज्ञा पुं० [सं० प्रेयस्] एक प्रकार का अलंकार जिसमें कोई भाव किसी दूसरे भाव अथवा स्थायी का अंग होता है।

प्रेय[2]—वि० प्रिय। प्यारा।

प्रेयर—संज्ञा स्त्री० [अं०] १ प्रार्थना। स्तुति। २ ईश्वरप्रार्थना।

प्रेयस्[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्रेयसी] सबसे प्यारा। बहुत प्यारा। प्रियतम।

प्रेयस्[2]—संज्ञा पुं० १ प्यारा व्यक्ति। प्रियतम। २ पति (को०)। ३. प्रिय मित्र (को०)। ४ चापलूसी (को०)।

प्रेयान्—वि०, संज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्रेयस्' [को०]।

प्रेयसी—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ वह स्त्री जिसके साथ प्रेम किया जाय। प्यारी स्त्री। प्रेमिका। २. पत्नी। स्त्री (को०)।

प्रेरक—वि०, संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रेरणा करनेवाला। उत्तेजना देने या दबाव डालनेवाला। किसी काम में प्रवृत्त करनेवाला। २ भेजनेवाला (को०)। ३ निर्देश करनेवाला (को०)।

प्रेरकता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रेरक + ता (प्रत्य०)] प्रेरणा देने का भाव। उ०—शास्त्रनहू कछु प्रेरकता कहि उलटो दियो भुलाई। सब में मिल्यो सबन सो न्यारो कैसे यह न बुझाई। —भारतेंदु ग्र०, भा० २, पृ० ५४३।

प्रेरण—संज्ञा पुं० [सं०] १ किसी को किसी काम में लगाना। कार्य में प्रवृत्त करना। २ फेंकना। प्रक्षेपण (को०)। ३ भेजना। प्रेषण (को०)। ४ आदेश। निर्देश (को०)। ५ सक्रियता। परिश्रमशीलता (को०)।

प्रेरणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ किसी को किसी कार्य में लगाने की क्रिया। कार्य में प्रवृत्त या नियुक्त करना। दबाव डालकर या उत्साह देकर काम में लगाना। उत्तेजना देना। २ दबाव। जोर। धक्का। झटका। ३. फेंकना (को०)। ४ भेजना। प्रेषण (को०)। ५. आदेश। निर्देश (को०)। ६ सक्रियता। परिश्रमशीलता (को०)।

प्रेरणार्थक क्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया के व्यापार के संबंध में यह सूचित होता है कि वह किसी की प्रेरणा से कर्ता के द्वारा हुआ है। जैसे,—लिखना का प्रेरणार्थक रूप है लिखाना या लिखवाना, देना का दिलाना या दिलवाना, पढना का पढ़वाना।

प्रेरणीय—वि० [सं०] प्रेरणा करने के योग्य। किसी काम के लिये प्रवृत्त या नियुक्त करने के योग्य।

प्रेरना(पु)†—क्रि० स० [सं० प्रेरणा] १ प्रेरणा करना। चलाना। २ भेजना। पठाना। उ०—(क) तब उस शुद्ध आचारवाले काकुत्स्थ ने दुष्टों का प्रेरा हुआ दूषण न सहा।—लक्ष्मण सिंह (शब्द०)। (ख) भूतन जान प्रेरि रघुवीरा। विरह विवस भा सिथिल सरीरा।—रामाश्वमेध (शब्द०)।

प्रेरयिता—संज्ञा पुं० [सं० प्रेरयितृ] [स्त्री० प्रेरयित्री] १. प्रेरणा करनेवाला। उभाड़नेवाला। २. भेजनेवाला। ३ आज्ञा देनेवाला।

प्रेरित—वि० [सं०] १ जो किसी कार्य के लिये प्रेरित या नियुक्त किया गया हो। २. भेजा हुआ। प्रचालित। प्रेषित। ३ ढकेला हुआ। धक्का दिया हुआ।

प्रेष—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रेरणा। २ पीड़ा। कष्ट [को०]।

प्रेषक—संज्ञा पुं० [सं०] १ भेजनेवाला। २ प्रेरक।

प्रेषण—संज्ञा पुं० [सं०] १ प्रेरणा करना। २ भेजना। रवाना करना।

प्रेषणीय—वि० [सं०] १ भेजने योग्य। २ प्रेरित करने योग्य। ३ दूसरे तक पहुँचाने लायक। दूसरे के मन में जमाने योग्य। उ०—उसे प्रेषणीय बनाने के लिये—दूसरों के हृदय तक पहुँचाने के लिये—भाषा का सहारा लेना पड़ता है।—चिंतामणि, भा० २, पृ० १०४।

प्रेषणीयता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रेषित होने का भाव। दूसरे के हृदय तक पहुँचने की स्थिति। उ०—उनकी रचनाएँ स्वांतःसुखाय हैं, पर उनमें प्रेषणीयता बहुत है।—शुक्ल अभि० ग्र०, पृ० २३६।

प्रेषना(पु)—क्रि० स० [-सं० प्रेषण] प्रेषित करना। भेजना।

प्रेषित[1]—वि० [सं०] १ प्रेरित। प्रेरणा किया हुआ। २ भेजा हुआ। रवाना किया हुआ। ३ निर्वासित (को०)।

प्रेषित[2]—संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में स्वरसाधन की एक प्रणाली जो इस प्रकार है—सारे, रेग, गम, मप, पध धनि, निसा। सानि, निध, धप, पम, मग, गरे, रेसा।

प्रेषितव्य—वि० [सं०] जो प्रेषण करने के योग्य हो।

प्रेष्ठ[1]—वि० [सं०] [स्त्री० प्रेष्ठा] अतिशय प्रिय। प्रियतम। बहुत प्यारा।

प्रेष्ठ[2]—संज्ञा पुं० पति। प्रियतम [को०]।

प्रेष्ठतमा—वि० स्त्री० [सं० प्रेष्ठ + तम] सबसे अधिक प्रिय। सर्वाधिक प्रिय। उ०—प्रेष्ठतमा नायिका के साथ इस सुखोपभोग के लिये वह कितना उत्कंठित है।—गोदान अभि० ग्र०, पृ० १४४।

प्रेष्ठा—संज्ञा स्त्री० [सं०] १. वह जो बहुत प्यारी हो। अत्यंत प्रिय स्त्री। २ जाँघ।

प्रेष्य[1]—संज्ञा पुं० [सं०] १ दास। सेवक। २ दूत। ३ सेवा (को०)।

प्रेष्य[2]—वि० १ जो प्रेषण करने के योग्य हो। जिसे भेजा जाय।

प्रेष्यजन—संज्ञा पुं० [सं०] नौकर समूह। दाससमुदाय [को०]।

प्रेष्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] १ दासत्व। २. दूतत्व।

प्रेष्यभाव—संज्ञा पुं० [सं०] दासत्व। गुलामी [को०]।

प्रेष्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] दासी। सेविका [को०]।

प्रेस—संज्ञा पुं० [अं०] १. वह कल जिससे कोई चीज दबाई या कसी जाय। पेंच। २ हाथ से चलाने की वह कल जिससे छपाई

का काम होता है। छापने की कल। ३ वह स्थान जहाँ पुस्तको आदि की छपाई का काम होता हो। छापाखाना।

मुहा०—(किसी चीज का) प्रेस में होना = (किसी चीज की) छपाई का काम जारी रहना। छपना। जैसे, अभी वह पुस्तक प्रेस मे है।

यौ०—प्रेस ऐक्ट। प्रेस कम्यूनिक। प्रेस मशीन। प्रेस रिपोर्टर।

प्रेस ऐक्ट—सज्ञा पुं० [अ०] वह कानून जिसके द्वारा छापाखानेवालो के अधिकारो और स्वतत्रता आदि का नियत्रण होता है।

विशेष—ऐसा कानून उनको उच्छृखल होने, राजकीय अथवा सामाजिक नियमो को तोडने, अथवा इसी प्रकार के और काम करने से रोकता है। जो छापाखानेवाले ऐसे नियमो का भग करते हैं, उन्हे इसी कानून के द्वारा दड दिया जाता है।

प्रेस कम्यूनिक—सज्ञा पुं० [अ० प्रेस + कम्यूनिक] किसी विषय के संबध मे वह सरकारी विज्ञप्ति या वक्तव्य जो अखबारो को छापने के लिये दिया जाता है। जैसे,—सरकार ने प्रेस कम्यूनिक निकाला है कि अफसरो को डालियाँ आदि नजर न करें।

प्रेसमैन—सज्ञा पुं० [अ०] छापे की कल चलानेवाला मनुष्य। वह जो प्रेस पर कागज छापता हो।

प्रेस रिपोर्टर—सज्ञा पुं० [अ०] दे० 'रिपोर्टर'—१।

प्रेसिडेंट—सज्ञा पुं० [अं०] १. किसी सभा या समिति आदि का प्रधान। सभापति। अध्यक्ष। २ राष्ट्रपति। जैसे, अमेरिका के प्रेसिडेंट का निर्वाचन।

प्रेसिडेंसी—सज्ञा स्त्री० [अं०] १. प्रेसिडेंट का पद या कार्य। सभापति का ओहदा या काम। २ ब्रिटिश भारत में शासन के सुबीते के लिये कुछ निश्चित प्रदेशो या प्रातों का किया हुआ विभाग जो एक गवर्नर या लाट की अधीनता मे होता था। बगाल प्रेसिडेंसी, मदरास प्रेसिडेंसी और बबई प्रेसिडेंसी ये तीन प्रेसिडेंसियाँ उस समय भारत में थीं।

प्रेस्क्रिप्शन—सज्ञा सज्ञा पुं० (अ०) रोगी के लिये डाक्टर की लिखी हुई औषध या दवा। औषध या दवा का पुरजा। नुसखा। उ०—डाक्टरी प्रेस्क्रिप्शन के एक अत्यत कडवे मिक्सचर की तरह उस भाव को चुपचाप एक घूँट में पी गया। —सन्यासी, पृ० ४३६।

प्रेय—सज्ञा पुं० [सं०] १ प्रिय का भाव। स्नेह। प्रेम। २ कृपा। दया।

प्रेयव्रत—सज्ञा पुं० [स०] वह जो प्रियव्रत के वश मे हो।

प्रेष—सज्ञा पुं० [स०] १. क्लेश। कष्ट। दुख। २ मर्दन। ३ उन्माद। पागलपन। ४ प्रेषण। भेजना। ५ वह शब्द या वाक्य जिसमें किसी प्रकार की आज्ञा हो।

प्रैषणिक—वि० [सं०] आदेश माननेवाला (जैसे नौकर)।

प्रैष्य—सज्ञा पुं० [स०] १. दास। सेवक। २ दासत्व।

प्रोंछन—सज्ञा पुं० [स० प्रोञ्छन] १ मिटाना। पोछना। २ बचे हुए अंश का चुनना (को०)।

प्रोंठ—सज्ञा पुं० [सं० प्रोष्ठ] पीकदान। उगालदान।

प्रोक्त[1]—वि० [स०] कथित। कहा हुआ। २. पूर्वोक्त। पूर्वसूचित (को०)।

प्रोक्त[2]—क्रि० वि० कथित या सूचना होने के बाद [को०]।

प्रोक्लेमेशन—सज्ञा पुं० [अ०] १. राजाज्ञा या सरकारी सूचनाओ का प्रचार। घोषणा। एलान। २ ढिंढोरा। डुगी।

प्रोक्ष—वि० [सं० परोक्ष] दे० परोक्ष' उ०—देह ई को बध मोक्ष देह ई अप्रोक्ष प्रोक्ष, देह ई क्रिया कर्म शुभाशुभ ठान्यो है। —सुदर० ग्र०, भा०२, पृ० ५९२।

प्रोक्षण—सज्ञा पुं० [स०] पानी छिडकना। २. यज्ञ मे वध के पहले बलिपशु पर पानी छिड़कना। ३ पानी का छीटा। ४ वध। हिंसा। हत्या। ५ विवाह की परिछन नामक रीति। ६ श्राद्ध आदि मे होनेवाला एक सस्कार।

प्रोक्षणी—सज्ञा स्त्री० [स०] १. यज्ञ का वह पात्र जिसमे पशु पर छिड़कनेवाला जल रहता है। २ कुश की मुद्रिका जो होमादि के समय अनामिका में धारण की जाती है।

प्रोक्षणीय[1]—वि० [स०] प्रोक्षण कार्य के योग्य। छिडका जानेवाला [को०]।

प्रोक्षणीय[2]—सज्ञा पुं० प्रोक्षण कार्य मे प्रयुक्त जल। वह जल जो छिडका जाय [को०]।

प्रोक्षित[1]—वि० [सं०] १ सीचा हुआ। २ जल का छीटा मारा हुआ। ३ वध किया हुआ। मारा हुआ। ४. बलिदान किया हुआ।

प्रोक्षित[2]—सज्ञा पुं० वह मास जो यज्ञ के लिये सस्कृत किया गया हो।

विशेष—ऐसा मास खाने में किसी प्रकार का दोष नही माना जाता है।

प्रोक्षितव्य—वि० [सं०] जो प्रोक्षण के योग्य हो।

प्रोग्राम—सज्ञा पुं० [अ०] १ किसी सभा, समाज, नाटक, सगीत अथवा व्यक्ति के होनेवाले कार्यों की सिलसिलेवार सूची। होनेवाले कार्यों आदि का निश्चित क्रम। कार्यक्रम। उ०—वरच, यात्रा के प्रोगाम का निर्माण ही कठिन था।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० १३२। २ वह पत्र जिसमे इस प्रकार का कोई क्रम या सूची हो। कार्यक्रमसूचक पत्र।

प्रोच्चड—वि० [स० प्रोच्चण्ड] अत्यत भयकर। अत्यत प्रचड [को०]।

प्रोच्छून—वि० [सं०] १. फैला हुआ। विस्तृत। २. सूजा हुआ [को०]।

प्रोज—सज्ञा पुं० [अ०] गद्य। उ०—पोइट्री में बोलती थी प्रोज में बिलकुल अडी।—कुकुर०, पृ० १६।

प्रोज्जासन—पज्ञा पुं० [स०] हत्या। वध [को०]।

प्रोज्ज्वल—वि० [सं० (उप०) प्र + उज्ज्वल] दीप्त। ज्योतिर्मय। प्रगट। स्पष्ट। उ०—उसके भीतर का पुरुष प्राज्ज्वल हुआ। —सुनीता, पृ० २४७।

प्रोज्झन—सज्ञा पुं० [स०] त्याग। दूरीकरण [को०]।

प्रोज्झित—वि० [सं०] त्यक्त। तिरस्कृत [को०]।

प्रोटीन—सज्ञा स्त्री० [अ०] एक पदार्थ जो प्राणियों और पौधों की शरीररक्षा के लिये आवश्यक होता है। इसमें कार्बन, हाइड्रोजन, आक्सीजन और नाइट्रोजन तथा थोडा गंधक रहता है।

प्रोटेस्टेंट—सज्ञा पुं० [अ०] ईसाइयों का एक सप्रदाय।

विशेष—इसका आरभ यूरोप मे सोलहवी शताब्दी में उस समय हुआ था जब लूथर ने ईसाई धर्म का सस्कार आरभ किया था। इस सप्रदाय के लोग रोमन कैथोलिक संप्रदाय-वालों का और साथ ही पोप के प्रबल अधिकारो का विरोध और मूर्तिपूजा आदि का निषेध करते हैं। कुछ दिनो तक इस मत की बहुत प्रबलता थी, और अब भी ईसाई देशो मे इस सप्रदाय के लोगो की सख्या अधिक है।

प्रोढ[1]—वि० [स०] दे० 'प्रौढ़' [को०]

प्रोढा[2]—सज्ञा पुं० [सं० प्रोढ या देश०] एक प्रकार का डिंगल गीत। इसे सोरठिया भी कहते हैं। उ०—विषम वले सम विषम वले सम पद चहुं द्वालों पुणजै, सुष अक्षरोट मछ सरसावै गीत प्रोढ सो गुणजै।—रघु० रू०, पृ० ८२।

प्रोढ़ा—सज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रौढ़ा'।

प्रोढि—सज्ञा स्त्री० [स०] दे० 'प्रौढि'।

प्रोत[1]—वि० [सं०] १. किसी मे अच्छी तरह मिला हुआ। २. सीया या गाँठ दिया हुआ। गूँथा हुआ। ३ छिपा हुआ। घुसा हुआ। प्रविष्ट (को०)। ४. खचित। जडा हुआ (को०)।

प्रोत[2]—सज्ञा पु० वस्त्र। कपडा।

प्रोत्कठ—वि० [स० प्रोत्कण्ठ] २ अत्यधिक उत्कठित [को०]।

प्रोत्कट—वि० [सं०] बहुत बडा। अत्यत महान्।

प्रोत्कट भृत्य—सज्ञा पुं०[सं०] १. प्रिय नौकर। २. ऊँचा पदाधिकारी।

प्रोत्कर्ष—सज्ञा पुं० [सं०] सर्वप्रधान। सर्वोत्कृष्ट। सर्वश्रेष्ठ [को०]।

प्रोत्तुग—वि० [स० प्रोत्तुङ्ग] बहुत ऊँचा [को०]।

प्रोत्तेजित—वि० [सं०] अत्यत उत्तेजित। उत्तेजना से भरा हुआ। भडकाया हुआ। उ०—इसके उद्धार करने की प्रबल इच्छा से प्रोत्तेजित मडली।—प्रेमघन०, भा० २, पृ० २७०।

प्रोत्थित—वि० [सं०] आधार पर रखा या टिका हुआ। उठाया हुआ। ऊँचा किया हुआ।

प्रोत्फल—सज्ञा पुं० [स०] ताड की जाति का एक वृक्ष।

प्रोत्फुल्ल—वि० [सं०] अच्छी तरह खिला हुआ। विकसित।

प्रोत्सारण—सज्ञा पुं० [स०] मुक्त होना। पिंड छुडाना। हटाना। दूर करना [को०]।

प्रोत्सारित—वि० [सं०] १ हटाया हुआ। अलग किया हुआ। पिंड छुड़ाया हुआ। २ उत्साहित किया हुआ। उकसाया हुआ। ३ छोडा हुआ। परित्यक्त। ४ दिया हुआ। प्रदत्त [को०]।

प्रोत्साह—सज्ञा पुं० [स०] बहुत अधिक उत्साह या उमंग।

प्रोत्साहक—वि०, सज्ञा पुं० [स०] उत्साह बढ़ानेवाला। हिम्मत बँधानेवाला।

प्रोत्साहकता—सज्ञा स्त्री० [सं० प्रोत्साहक+ता (प्रत्य०)] प्रोत्साहन का भाव। उत्साह। उ०—उल्लास या प्रोत्साहकता के सपर्क से शैली में एक प्रकार का बल, एक प्रकार का ओज उत्पन्न हो जाता है।—शैली, पृ० ८९।

प्रोत्साहन—सज्ञा पुं० [सं०] [वि० प्रोत्साहित] खूब उत्साह बढ़ाना। हिम्मत बँधाना। उत्तेजित करना।

प्रोत्साहित—वि० [सं०] खूब उत्साहित। (जिसका) उत्साह खूब बढ़ाया गया हो। (जो) खूब उत्तेजित किया गया हो। (जिसकी) हिम्मत खूब बँधाई गई हो।

प्रोत्सिक—वि० [सं०] अत्यत अभिमानी। बडा घमंडी [को०]।

प्रोथ[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ घोडे की नाक या नाक के आगे का भाग। २. सूअर का थूथन। ३ कमर। ४ नाभि के नीचे का भाग। पेडू। ५. स्त्री का गर्भाशय। ६ गड्ढा। गर्त। गड्ढा। ७ कटि का पश्चाद्भाग। नितब। स्फिक् (को०)। ८. वस्त्र। शाटक। साडी। ९ भीषण। भय। (को०)। १० पथिक। यात्री (को०)।

प्रोथ[2]—वि० १. स्थापित। रखा हुआ। २. भीषण। भयानक। ३ विख्यात। प्रसिद्ध। मशहूर। ४. यात्रा पर गया हुआ (को०)।

प्रोथथ—सज्ञा पुं० [स०] १. घोड़े का हिनहिनाना। २ अश्व की नाक या थूथन (को०) ३. शूकर का थूथन (को०)।

प्रोथी—सज्ञा पुं० [सं० प्रोथिन्] घोडा। अश्व। (डिं०)।

प्रोथ्क—वि० [सं०] आर्द्र। गीला। तर [को०]।

प्रोदर—वि० [सं०] बड़े पेटवाला। तुंदिल [को०]।

प्रोद्गत—वि० [सं०] आगे को निकला हुआ। उन्नत। प्रलब [को०]।

प्रोद्गीर्ण—वि० [स०] अपाकृत। निःसृत [को०]।

प्रोद्घुष्ट—वि० [सं०] ध्वनित होनेवाला। जोर की ध्वनि करनेवाला।

प्रोद्घोषण—सज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० प्रोद्घोषणा] १ घोषणा करना। २. जोर की ध्वनि करना [को०]।

प्रोद्दीप्त—वि० [सं०] जलता हुआ। प्रज्वलित।

प्रोद्धार—सज्ञा पुं० [सं०] ऊपर उठाना। उद्धार करना [को०]।

प्रोद्भिन्न—वि० [सं०] १ भेद कर बाहर निकाला हुआ। २ अकुरित [को०]।

प्रोद्यत—वि० [सं०] १ उठाया हुआ। २. सक्रिय। उद्योगी [को०]।

प्रोनोट—सज्ञा पुं० [अं०] वह कागज जिसे कर्ज की शर्तों के साथ लिखकर कर्ज लेनेवाला महाजन को देता है।

प्रोन्नत—वि० [सं०] १ बहुत ऊँचा। २ आगे को निकला हुआ। ३ शक्तिशाली। बली [को०]।

प्रोपैगैंडा—सज्ञा पुं० [अ०] १ व्याख्यान, उपदेश, विज्ञापन, पुस्तिका, समाचारपत्र आदि के द्वारा किसी मत या सिद्धात के प्रचार करने का ढग या काम। प्रचार कार्य। जैसे,—(क) आजकल काग्रेस की ओर से विदेशो मे अच्छा प्रोपैगैंडा हो रहा है। (ख) आर्यसमाजियो ने वहाँ मिशनरियो के विरुद्ध प्रोपैगैंडा किया।

प्रोपोज—क्रि० स० [अं०] १ तजवीज करना। २. प्रस्ताव करना।

प्रोपोजल—संज्ञा पु० [अ०] प्रस्ताव।

प्रोप्राइटर—संज्ञा पुं० [अं०] मालिक। स्वामी। अध्यक्ष।

प्रोफेसर—संज्ञा पुं० [अं०] १ किसी विषय का पूर्ण ज्ञाता। भारी पंडित या विद्वान्। २. किसी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय आदि का अध्यापक। वह जो किसी कालिज आदि में शिक्षक हो।

प्रोफेसरी—संज्ञा स्त्री० [अ० प्रोफेसर+हिं० ई (प्रत्य०)] प्राध्यापन। पढ़ाने का कार्य। उ०—उन्नाव में उनकी खासी अच्छी जमींदारी है, और प्रोफेसरी से उन्हें जो कुछ मिलता है वह एक तरह से घाटे में ही समझो।—संन्यासी, पृ० ३७६।

प्रोवेशन—संज्ञा पुं० [अ०] वह परीक्षा या जाँच जो किसी व्यक्ति के कार्य के संबंध में निर्धारित की जाय। यह देखना कि यह व्यक्ति अमुक कार्य कर सकेगा या नहीं। काम करने की योग्यता के संबंध में जाँच। जैसे,—अभी तो वे तीन महीने के लिये प्रोवेशन पर रखे गए हैं; यदि ठीक तरह से काम करेंगे तो स्थायी रूप से उनकी नियुक्ति हो जायगी।

प्रोवेशनरी—वि० [अं०] १ प्रोवेशन के संबंध का। योग्यता की जाँच से संबंध रखनेवाला। २ जो कुछ निर्धारित समय तक इस शर्त पर रखा जाय कि यदि संतोषजनक कार्य करेगा तो स्थायी रूप से रख लिया जाएगा।

प्रोमिसरी नोट—संज्ञा पु० [अ०] दे० 'प्रामीसरी नोट'।

प्रोमोशन—संज्ञा पुं० [अ०] १ किसी पदाधिकारी का अपने पद से ऊँचे पद पर नियुक्त किया जाना। तरक्की। २ विद्यार्थी का किसी कक्षा में से आगे की कक्षा में भेजा जाना। दर्जा चढ़ना।

प्रोयना(पु)[1]—क्रि० स० [हिं० पिरोना] बेधना। उ०—खैंग लसक्कर-खान रा, प्रोया सेल प्रमाण।—रा० रू०, पृ० ३४२।

प्रोलेतेरियट—संज्ञा पुं० [अ० प्रोलिटेरियट] सर्वहारा वर्ग। श्रमिक वर्ग। मजदूर श्रेणी।

प्रोलेतेरियन—वि० [अं० प्रोलिटेरियन] सर्वहारा वर्ग से संबंधित। सर्वहारा वर्ग का। उ०—ईसा द्वारा प्रचारित कम्यूनिज्म में और मार्क्स द्वारा प्रचारित प्रोलेतेरियन क्रांति के स्वरूपों में बहुत अंतर था।—जिप्सी, पृ० २१५।

प्रोवाइसचासलर—संज्ञा पुं० [अं०] उपकुलपति। वाइसचासलर या या कुलपति का सहायक अधिकारी।

प्रोल्लाघित—वि० [सं०] १ निरामय। नीरुज। २. हट्टा-कट्टा। पुष्ट-शरीर [को०]।

प्रोल्लासी—वि० [सं० प्रोल्लासिन्] देदीप्यमान। कांतियुक्त [को०]।

प्रोल्लेखन—संज्ञा पुं० [सं०] खुरचना। कुरेदना [को०]।

प्रोष—संज्ञा पुं० [सं०] बहुत अधिक दुःख या कष्ट। संताप। दाह।

प्रोषक—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक देश का नाम।

प्रोषित—वि० [सं०] १ जो विदेश में गया हो। प्रवासी। जैसे, प्रोषितपति आदि। २. दूरगत। दूर गया हुआ [को०]।

प्रोषितनायक, प्रोषितपति—संज्ञा पु० [सं०] वह नायक जो विदेश में अपनी पत्नी के वियोग से विकल हो। विरही नायक।

प्रोषितपतिका (नायिका)—संज्ञा स्त्री० [सं०] पति के विदेश जाने से दुःखित स्त्री। प्रवत्स्यत्प्रेयसी। वह नायिका जो अपने पति के परदेश में होने के कारण दुखी हो। विदेश गए हुए व्यक्ति की शोकातुर स्त्री या प्रेमिका।

विशेष—साहित्य में इसके मुग्धा, मध्या, स्वकीया, परकीया आदि अनेक भेद माने गए हैं।

प्रोषितप्रेयसी—संज्ञा स्त्री० [सं० दे० प्रोषितपतिका']।

प्रोषितभर्तृका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० 'प्रोषितपतिका'।

प्रोषितभार्य—संज्ञा पुं० [सं० प्रोषितभार्य] वह नायक जो अपनी भार्या के विदेश जाने के कारण दुःखी हो।

प्रोषितमरण—संज्ञा पु० [सं०] प्रवास में मरण। विदेश में मृत्यु [को०]।

प्रोष्ठ—संज्ञा पु० [सं०] १. एक प्रकार की मछली। सौरी। २. गौ। गाय। ३ बैल। वृषभ (को०)। ४ महाभारत के अनुसार एक प्राचीन देश का नाम जो दक्षिण में था।

प्रोष्ठपद—संज्ञा पुं० [सं०] १ पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद नक्षत्र। २. भाद्रपद मास। भादों का महीना।

प्रोष्ठपदा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद नक्षत्र।

प्रोष्ठपदी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भाद्रपद मास की पूर्णिमा।

प्रोष्ठपाद—संज्ञा पु० [सं०] पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद नक्षत्र।

प्रोष्ठी—संज्ञा स्त्री० [सं०] सौरी नाम की मछली।

प्रोष्ण—वि० [सं०] जो बहुत गरम हो। अत्यंत उष्ण।

प्रोसीडिंग—संज्ञा स्त्री० [अ०] किसी सभा या समिति के अधिवेशन में संपन्न हुए कार्यों का लेखा या विवरण। कार्यविवरण। जैसे,—गत अधिवेशन की प्रोसीडिंग पढ़ी गई।

प्रोसीडिंग बुक—संज्ञा स्त्री० [अ०] वह बही या किताब जिसमें किसी सभा या समिति के अधिवेशनों में संपन्न हुए कार्यों का विवरण लिखा जाता है। कार्यविवरण पुस्तक। जैसे, प्रोसीडिंग बुक में यह बात लिखी जानी चाहिए।

प्रोसेशन—संज्ञा पु० [अ०] धूमधाम की सवारी। जुलूस। शोभायात्रा। जैसे,—महासभा के प्रेसिडेंट का प्रोसेशन बड़ी धूमधाम से निकला।

प्रोह[1]—संज्ञा पु० [सं०] १ हाथी का पैर। २ तर्क। ३ पर्व।

प्रोह[2]—वि० १. बुद्धिमान्। चतुर। २ तार्किक। तर्क या विचार करनेवाला (को०)।

प्रोहित—संज्ञा पु० [सं० पुरोहित] दे० 'पुरोहित'। उ०—गुरु नृप, गुरु माता पिता, गुरु प्रोहित, गुरु छंद। विहफे गुरु दीरघ गुरू, सब के गुरु गोविंद।—नंद० ग्रं०, पृ० ७४।

प्रौढ़[1]—वि० [सं० प्रौढ] [वि० स्त्री० प्रौढ़ा] १ अच्छी तरह बढ़ा

हुआ। २. जिसकी अवस्था अधिक हो चली हो। जिसकी युवावस्था समाप्ति पर हो। ३ पक्का। पुष्ट। मजबूत। दृढ़। ४ पुराना। ५ गंभीर। गूढ़। ६ निपुण। होशियार। चतुर। ७ घना। सघन। भरा हुआ। परिपूर्ण। (को०)। ८ उद्धत। प्रगल्भ। अभिमानी (को०)। ९. विलासी (को०)। १० विवाहित (को०)। ११ उठाया या ऊपर किया हुआ। १२ तर्कित। निरोध किया हुआ (को०)। १३ बड़ा। महान (को०)। १४ व्यस्त। लीन (को०)।

प्रौढ़[२]—संज्ञा पु० तांत्रिकों का चौबीस अक्षरों का एक मंत्र।

प्रौढ़जलद—संज्ञा पुं० [सं० प्रौढजलद] घने बादल [को०]।

प्रौढ़ता—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढता] प्रौढ होने का भाव। प्रौढ़त्व।

प्रौढ़त्व—संज्ञा पुं० [सं० प्रौढत्व] प्रौढ होने का भाव। प्रौढ़ता।

प्रौढ़पाद—संज्ञा पु० [सं० प्रौढ़पाद] पैर के दोनों तलुए जमीन पर रखकर बैठना। उकड़ूँ बैठना।

विशेष—शास्त्रों में इस प्रकार बैठकर, भोजन, स्नान, तर्पण, पूजन, अध्ययन आदि कार्य करने का निषेध है।

प्रौढ़पुष्प—वि० [सं० प्रौढपुष्प] पूर्णत. विकसित। पूरा खिला हुआ [को०]।

प्रौढ़मताधिकार—संज्ञा पु० [सं० प्रौढ़+मत+अधिकार] प्रजातांत्रिक शासन की वह व्यवस्था जिसमें प्रत्येक प्रौढ़ (बालिग) माने गए व्यक्ति को चुनाव में अपना मत देने का अधिकार होता है।

प्रौढ़मनोरमा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढमनोरमा] सिद्धांतकौमुदी की एक टीका या व्याख्या।

प्रौढ़वाद—संज्ञा पुं० [सं० प्रौढवाद] दृढ़ कथन। प्रबल उक्ति [को०]।

प्रौढ़ा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढ़ा] १. अधिक वयसवाली स्त्री। वह स्त्री जिसे जवान हुए बहुत दिन हो चुके हों। २ साहित्य में एक नायिका। वह नायिका जो कामकला आदि अच्छी तरह जानती हो।

विशेष—साधारणतः ३० वर्ष से ५० या ५५ वर्ष तक की आयुवाली स्त्री प्रौढ़ा मानी जाती है। भावप्रकाश के अनुसार ऐसी स्त्री वर्षा और वसंत ऋतु में संभोग करने के योग्य होती है। साहित्य में इसके रतिप्रीता और आनंदसंमोहिता ये दो भेद माने गए हैं। मानभेदानुसार धीरा, अधीरा और धीराधीरा ये तीन भेद तथा स्वाभावानुसार अन्यसुरतदुःखिता, वक्रोक्तिगर्विता और मानवती ये तीन भेद माने जाते हैं। इसके अतिरिक्त स्वकीया, परकीया और सामान्या ये तीन भेद इसमें लगते हैं।

प्रौढ़ाअधीरा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढाअधीरा] वह प्रौढ़ा नायिका जो अपने नायक में विलाससूचक चिह्न देखने पर प्रत्यक्ष कोप करे। वह प्रौढ़ा जिसमें अधीरा नायिका के लक्षण हों।

प्रौढ़ाधीरा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढाधीरा] वह प्रौढ़ा नायिका जो अपने नायक में विलाससूचक चिह्न देखने पर प्रत्यक्ष कोप न करके व्यंग्य से कोप प्रकट करे। ताना देकर कोप प्रकट करनेवाली प्रौढ़ा।

प्रौढ़ाधीराधीरा—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढाधीराधीरा] साहित्य में वह नायिका जो अपने नायक में परस्त्रीगमन के चिह्न देखने पर कुछ प्रत्यक्ष और कुछ व्यंग्यपूर्वक कोप प्रकट करे। वह प्रौढ़ा जिसमें धीराधीरा के गुण हों।

प्रौढ़ि—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढि] १. सामर्थ्य। शक्ति। २. धृष्टता। ढिठाई। ३ प्रौढ़ता। ४ वादविवाद। ५ पूर्ण वृद्धि (को०)।

यौ—प्रौढ़िवाद=प्रौढवाद।

प्रौढ़ोक्ति(पु)—संज्ञा स्त्री० [सं० प्रौढोक्ति] एक अलंकार। दे० 'प्रौढ़ोक्ति'। उ०—प्रौढ़ोक्ति तासों कहत, भूषन कवि बिरदेत। भूषन ग्र०, पृ० ६०।

प्रौढ़ोक्ति—संज्ञा पुं० [सं० प्रौढोक्ति] १ अलंकार विशेष जिसमें उत्कर्ष का जो हेतु नहीं है वह हेतु कल्पित किया जाय। २ दृढ़ कथन। हठोक्ति। ३ गूढ़ रचना। किसी बात को बहुत बढ़ाकर कहना।

प्रौण—वि० [पुं०] प्रवीण। चतुर। होशियार [को०]।

प्रौष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] सौरी मछली।

प्रौष्ठपद—संज्ञा पु० [सं०] १. कुबेर के निधिरक्षकों में से एक का नाम। २. भाद्रमास का नाम। भादों। प्रोष्ठपद।

प्रौष्ठपदिक—संज्ञा सं० [सं०] भाद्रपद। भादों।

प्रौष्ठपदी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भाद्रमास की पूर्णिमा।

प्रौह—वि०, संज्ञा पु० [सं०] दे० 'प्रोह'।

प्लक—संज्ञा पुं० [सं०] स्त्रियों का कमर के नीचे का भाग।

प्लक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] १ पाकर नाम का वृक्ष। पिलखन। २. पुराणानुसार सात कल्पित द्वीपों में से एक द्वीप का नाम।

विशेष—कहते हैं, यह जंबुद्वीप के चारों ओर है। और दो लाख योजन विस्तृत है। इसमें शांतभय, शिशिर, सुखोदय, आनंद, शिव, क्षेमक और ध्रुव नामक सात वर्ष और गोमेद, चंद्र, नारद, दुंदुभि, सोमक, सुमना और वैभ्राजक नाम के सात पर्वत माने जाते हैं। भागवत में इसके वर्षों का नाम शिव, यवस, सुभद्र, शांत, क्षेम, अमृत और अभय तथा पर्वतों का नाम मणिकूट, वज्रकूट, इंद्रसेन, ज्योतिष्मान्, सुवर्ण, हिरण्यष्ठीव और मेघमाल लिखा है। विष्णुपुराण के अनुसार अनुतप्ता, शिखी, विपाशा, त्रिदिवा, क्रमु, अमृता और सुकृता नाम की सात नदियाँ हैं, पर भागवत में उनका नाम अरुण, नृमला, आंगिरसी, सावित्री, सुप्रभात ऋतंभरा और सत्यंभरा दिया है। कहते हैं, इस द्वीप में युगव्यवस्था नहीं है, इसमें सदा त्रेतायुग बना रहता है। यहाँ चातुर्वर्ण का नियम है। इस द्वीप में प्लक्ष का एक बहुत बड़ा वृक्ष है, इसी से इसे प्लक्षद्वीप कहते हैं। ३ अश्वत्थ वृक्ष। पीपल। ४ बड़ी खिड़की या दरवाजा। ५. पार्श्वस्थ या पिछला दरवाजा (को०) ६ द्वार के पास की भूमि (को०)। ७ एक तीर्थ का नाम।

प्लक्षजाता—संज्ञा स्त्री० [सं०] सरस्वती नदी का एक नाम।

प्लक्षतीर्थ—सज्ञा पुं० [स०] हरिवश के अनुसार एक तीर्थ का नाम ।

प्लक्षप्रसवण—सज्ञा पुं० [सं०] दे० 'प्लक्षराज' ।

प्लक्षराज—सज्ञा पुं० [स०] उस स्थान का नाम जहाँ से सरस्वती नदी निकलती है ।

प्लक्षसमुद्रवाचका—सज्ञा स्त्री० [सं०] सरस्वती नदी [को०] ।

प्लक्षादेवी—सज्ञा स्त्री० [स०] सरस्वती नदी ।

प्लक्षावतरण—सज्ञा पुं० [स०] महाभारत के अनुसार एक स्थान का नाम जहाँ से सरस्वती नदी निकलती है ।

प्लति—सज्ञा पु० [सं०] एक वैदिक ऋषि का नाम ।

प्लवग—सज्ञा पु० [स० प्लवङ्ग] १ वानर । बदर । २ साठ सवत्सरो मे से इकतालीसवाँ सवत्सर । ३ मृग । हरिन । ४. प्लक्ष । पाकर ।

प्लवंगम—पज्ञा पु० [स० प्लवङ्गम] एक छद जिसके प्रत्येक पाद मे ८ + १३ के विराम से २१ मात्राएँ, आदि का वर्ण गुरु और अत मे १ जगण और १ गुरु होता है । २ बदर । वानर । कपि । ३. मेढक ।

प्लवंगमेंदु—सज्ञा पुं० [स०] हनुमान [को०]

प्लव[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ साठ सवत्सरो में से पैंतीसवाँ सवत्सर । २ मुरगा । ३. उछलकर या उडकर जानेवाले पक्षी आदि । ४. कारडव पक्षी । ५ मेंढक । ६. बदर । ७ भेड । ८ चाडाल (डिं०) । ९. शत्रु । दुश्मन । १०. नागरमोथा । ११ मछली पकडने का जाल या काठ का पाटा । १२ नहाना । १३. तैरना । १४ नदी की बाढ । १५ एक प्रकार का बगला । १६ कोई जलपक्षी । १७ शब्द । आवाज । १८ अन्न । १९ गोपाल करज । २०. छोटी नौका । बाँस, तृण आदि से बनी नाव । उडुप (को०) । २१. प्लक्ष का वृक्ष । (को०) । २२. ढाल । उतार (को०) । २३. कुदाना । उछाल (को०) । २४ वापस होना या लौटना (को०) । २५ प्रोत्साहन (को०) ।

प्लव[2]—वि० १ तैरता हुआ । २ झुकता हुआ । ३ क्षणभगुर । ४ कूदता या उछलता हुआ (को०) । ५ विशिष्ट । श्रेष्ठ । उत्कृष्ट (को०) ।

प्लवक[1]—वि० [स०] १ तैरनेवाला । पैराक । २ सतरणोपजीवी, जैसे मल्लाह (को०) ।

प्लवक[2]—पज्ञा पु० १ तलवार की धार पर नाच करनेवाला पुरुष । २ मेंढक । ३ पाकर वृक्ष । ४. चाडाल (को०) ५ वानर । कपि (को०) ।

प्लवग[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ सिरस का पेड । २ बदर । उ०—कपि, साखामृग, बलीमुख, प्लवग, कीस, लंगूर । वानर के कर नारियर, दयौ विधाता कूर । नंद० ग्र०, पृ० ९३ ।
३ मेंढक । ४ हरिन । ५ जलपक्षी । ६ सूर्य का सारथी ।

प्लवग[2]—वि० १ कूदनेवाला । उछलनेवाला । २ तैरनेवाला ।
यौ०—प्लवगराज = कपिराज । सुग्रीव । प्लवगेंद्र = हनूमान ।

प्लवगति—सज्ञा पुं० [स०] मेंढक [को०] ।

प्लवगा—सज्ञा स्त्री० [सं०] कन्या राशि या लग्न [को०] ।

प्लवन[1]—सज्ञा पुं० [स०] १ उछलना । कूदना । २ तैरना । ३. बाढ़ जलप्लावन (को०) । ४ उडना (को०) । ५. घोडे की एक चाल (को०) । ६ ढालवाँ जमीन (को०) ।

प्लवन[2]—वि० नत । नीचे की ओर झुका हुआ [को०] । ढालू । ढालवाँ [को०] ।

प्लवर्ग—सज्ञा पुं० १. अग्नि । आग । २. जलपक्षी ।

प्लवाका—सज्ञा पु० [स०] नाव [को०] ।

प्लविक—सज्ञा पुं० [स०] नाव से पार करनेवाला केवट । मांझी [को०] ।

प्लवित—सज्ञा पुं० [सं०] १. तैरना । तैरना । २. कूदना । उछलना [को०] ।

प्लविता—वि० [प्लवितृ] [वि० स्त्री० प्लवित्री] तैरनेवाला । तैराक ।

प्लांचेट—सज्ञा पु० [अं०] मेस्मेरेज्म पर विश्वास रखनेवालो के काम की पान के आकार की लकडी की एक छोटी तख्ती ।

विशेष—इसके चौडे भाग के नीचे दो पाए मढे हुए होते हैं । जिनके नीचे छोटे छोटे पहिए लगे हुए होते हैं और आगे की नोक की ओर एक छेद होता है जिसमें एक पेंसिल लगा दी जाती है । कहते हैं, जब एक या दो आदमी उस तख्ती पर धीरे से अपनी उगलियाँ रखते हैं तब वह खसकने लगती है और उसमें लगी हुई पेंसिल से लकीरें, अक्षर, शब्द और वाक्य बनते हैं, जिनसे लोग अपने प्रश्नों का उत्तर निकाला करते हैं, अथवा गुप्त भेदों का पता लगाया करते हैं । इसका आविष्कार ईसवी १८५५ में हुआ था और इसके सबंध मे कुछ दिनों तक लोगों में बहुत से झूठे विश्वास थे ।

प्लाईवुड—पज्ञा स्त्री० [अं०] एक प्रकार की हलकी लकडी जो तीन विभिन्न प्रकार की पतली लकडियो को मशीन से दबाकर बनाई जाती है । उ०—इसके अतिरिक्त सेमल, शीशम और सागौन से प्लाईवुड बनाने का उद्योग भी उल्लेखनीय है ।—अभि० ग्रं०, पृ० १५ ।

प्लाक्ष[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ पाखर का फन । २. प्लक्ष का भाव ।

प्लाक्ष[2]—वि० प्लक्ष संबधी । प्लक्ष का ।

प्लाक्षायन—सज्ञा पुं० [सं०] प्लक्षि के गोत्र मे उत्पन्न ।

प्लाट—सज्ञा पु० [अ०] १ इमारत बनाने या खेती आदि करने के लिये जमीन का टुकडा । २ ऐसी जमीन का बना हुआ नकशा । ३. कोई कार्य करने का निश्चित किया हुआ ढग । मनसूबा । ४ उपन्यास, नाटक या काव्य आदि की वस्तु या मुख्य कथाभाग । वस्तु । ५ गुप्त और हानि करनेवाली कार्रवाई । षड्यत्र । साजिश ।

प्लाटफार्म—सज्ञा पुं० [हिं०] दे० 'प्लेटफार्म' ।

प्लान—सज्ञा पुं० [अ० प्लैन] दे० 'प्लेन' ।

प्लाव—सज्ञा पुं० [स०] १ गोता । डुबकी । २. परिपूर्णता । ३. जल

का उमडकर बहना (को०)। ४ उछाल। कूर्दन (को०)। ५ किसी तरल पदार्थ को छानना (को०)।

प्लावन—सज्ञा पुं० [सं०] १ बाढ़। सैलाब। जैसे जलप्लावन। उ०—नीचे प्लावन की प्रलय धार, ध्वनि हर हर।—तुलसी०, पृ० ४। २ खूब अच्छी तरह धोना। बोर। ३ किसी चीज को ऊपर फेंकना। ४ जल का उमडकर बहना (को०)। ५ तैरना। ६ विस्तार। दीर्घ करना। जैसे, स्वरों का।

प्लावित[1]—वि० [स०] १. जो जल में डूब गया हो। पानी में डूबा हुआ। २ दीर्घकृत। दीर्घोच्चारित, जैसे, स्वर (को०)।

प्लावित[2]—सज्ञा पुं० बाढ़। जलप्लावन (को०)।

प्लाविनी—सज्ञा स्त्री० [सं०] युक्तिकल्पतरु के अनुसार १४४ हाथ लबी, १८ हाथ चौडी और १४½ हाथ ऊँची नाव या जहाज।

प्लावी[1]—वि० [सं० प्लाविन्] १. फैलनेवाला। २ बहनेवाला [को०]।

प्लावी[2]—सज्ञा पुं० पक्षी [को०]।

प्लाव्य—वि० [सं०] जल में डुबाने के योग्य। जो जल में डुबाया जाय।

प्लाशि—सज्ञा स्त्री० [स०] पुरुष के मूत्रेंद्रिय की जड़ के पास की नाड़ी।

प्लाशुक—वि० [स०] जो शीघ्र पक जावे। शीघ्र तैयार होनेवाला।

प्लास्टर—सज्ञा पुं० [अ०] १ डाक्टरी के अनुसार वह औषधि जो शरीर के किसी रुग्ण अग पर उसे अच्छा करने के लिये लगाई जाय। औषधलेप।

क्रि० प्र०—लगाना।—चढ़ाना।

२ ईंटों आदि की दीवारों पर लगाने के लिये सुर्खी चूने आदि का गाढ़ा लेप। पलस्तर।

प्लास्टर आफ पेरिस—सज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का अँगरेजी मसाला जो बहुत ठोस और कडा होता है और जो धातु, चीनी, पत्थर और शीशे आदि के पदार्थों को जोडने और मूर्तियाँ आदि बनाने के काम में आता है।

विशेष—जिस अवस्था में जोडने या छेद आदि बद करने में और मसाले काम नहीं आते उस अवस्था में यह बहुत उपयोगी होता है। ज्योंही यह जल में मिलाकर कहीं लगाया जाता है त्योंही वह द्रुतापूर्वक बैठ जाता और फैलकर सधियों आदि को भरने लगता है। प्लैस्टर डी पेरिस।

प्लास्तर—सज्ञा पुं० [अ० प्लास्टर] दे० 'प्लास्टर'।

प्लिहा—सज्ञा पुं० [सं० प्लीहन्] दे० 'प्लीहा' [को०]।

प्लीडर—सज्ञा पु० [अ०] १ वह जो वकालत करता हो। वकील। २ किसी का पक्ष लेकर वादविवाद करनेवाला।

प्लीह—सज्ञा स्त्री० [सं० प्लीहन्] दे० 'प्लीहा'। उ०—विदाही और अभिष्यदी वस्तु खाय तो प्लीह (तापतिल्ली) होय।—माधव०, पृ० १६१।

प्लीहघ्न—सज्ञा पुं० [स०] रोहडा वृक्ष।

प्लीहशत्रु—सज्ञा पुं० [सं०] प्लीहघ्न। रोहडा वृक्ष।

प्लीहा—सज्ञा स्त्री० [सं० प्लीहन्] पेट की तिल्ली। बरबट।

विशेष—दे० 'तिल्ली'। २. वह रोग जिसमे रोगी की तिल्ली बढ़ जाती है। दे० 'तिल्ली'।

प्लीहाकर्ण—सज्ञा पुं० [सं०] एक रोग का नाम जो कान के पास होता है।

प्लीहारि—सज्ञा पुं० [सं०] अश्वत्थ।

प्लीहार्णवरस—सज्ञा पुं० [सं०] प्लीहा के एक औषध का नाम।

विशेष—ईंगुर, गधक, सोहागा, अभ्रक और विष आठ आठ तोले लेकर और उसमें चार चार तोला मिर्च और पीपल मिलाकर छह छह रत्ती की गोलियाँ बनाई जाती हैं। यह निर्गुंडी के रस और मधु के साथ दी जाती है।

प्लीहाविद्रधि—सज्ञा पुं० [सं०] तिल्ली का एक रोग जिसमे रुक रुककर साँस आती है।

प्लीहाशत्रु—सज्ञा पुं० [सं०] रोहड़ा।

प्लीहोदर—सज्ञा पुं० [स०] प्लीहा रोग। तिल्ली। उ०—अब प्लीहोदर के लक्षण कहता हूँ तू सुन।—माधव०, पृ० १६५।

प्लीहोदरी—वि० [सं० प्लीहोदरिन्] [वि० स्त्री० प्लीहोदरिणी] जिसे प्लीहा रोग हुआ हो। प्लीहा रोगग्रस्त।

प्लुक्ति—सज्ञा पुं० [सं०] १ अग्नि। आग। २ गृहादि का जलना (को०)। ३ स्नेह। प्रेम। ४ तेल। स्नेह

प्लुत[1]—सज्ञा पुं० [सं०] १ घोड़े की एक चाल का नाम जिसे पोई कहते हैं। २ टेढ़ी चाल। उछाल। ३ स्वर का एक भेद जो दीर्घ से भी बड़ा और तीन मात्रा का होता है। ४ वह ताल जो तीन मात्राओं का हो। (संगीत)।

प्लुत[2]—वि० १ कम्पगति युक्त। जो काँपता हुआ चले। २ प्लावित। ३ तराबोर। ४. जिसमें तीन मात्राएँ हों।

प्लुतगति[1]—वि० [सं०] जो कूद कूदकर चलता हो।

प्लुतगति[2]—सज्ञा पुं० खरगोश [को०]।

प्लुति—सज्ञा स्त्री० [सं०] १ उछल कूद की चाल। २ जल आदि का उमडकर बहना (को०)। ३ फैल जाना। फैलना। ४. घोडे की एक चाल जिसे पोई कहते हैं। ५. वह वर्ण जो तीन मात्राओं से बोला गया हो।

प्लुष—सज्ञा पुं० [सं०] १ दाह। जलना। २ पूर्ति। ३. स्नेह। प्रेम।

प्लुष्ट—वि० [सं०] दग्ध। जला हुआ।

प्लेंट—सज्ञा पुं० [अ०] वह आवेदनपत्र जो किसी दीवानी अदालत में किसी पर नालिश या दावा करते समय दिया जाता है और जिसमें दावे के सबध मे अपना सब वक्तव्य रहता है। अर्जीदावा।

प्लेइंग कार्ड—सज्ञा पु० [अ०] ताश।

प्लेग—सज्ञा पुं० [अ०] १. भयकर और सक्रामक रोग जिसके

फैलने पर बहुत अधिक लोग मरते हैं। ताऊन। २. एक सक्रामक रोग जो प्राय जाड़े मे फैलता है।

विशेष—इसमें रोगी को बहुत तेज ज्वर आता है और जाँघ या बगल में गिलटी निकल आती है। यह रोग प्राय ३-४ दिन में ही रोगी के प्राण ले लेता है और कभी कभी इसके १०० में से ९०—९५ तक रोगी मर जाते हैं। कहते हैं, छठी शताब्दी मे यह रोग पहले पहल लेवाट से युरोप में गया था और वहीं से अनेक देशो में फैला। इधर सन् १९०० से भारत में इसका विशेष प्रकोप था पर अब कम हो गया है।

प्लेट—सज्ञा पुं० [अ०] १. किसी धातु का पत्तर या पतला पीटा हुआ टुकडा। चादर। २. छिछली थाली। तश्तरी। रिकाबी। ३. सोने चाँदी आदि का बना हुआ प्याला या किसी प्रकार की तश्तरी जो किसी (विलायती) खेल में बाजी जीतनेवाले को पुरस्कार और प्रमाण के रूप मे दी जाय। जैसे, घुड़दौड का प्लेट, क्रिकेट का प्लेट। ४ धातु का बना हुआ वह चौडा पत्तर जिसपर कोई लेख आदि खुदा या बना हो। यह कई कामों में आता है, जैसे, दरवाजे या साइनबोर्ड की जगह लगाने के लिये, लेखो आदि के चित्र छापने के लिये, पुस्तको आदि की जिल्द पर नाम आदि का ठप्पा करने के लिये। ५. फोटो लेने का वह शीशा जो प्रकाश में पहुँचते ही अपने ऊपर पडनेवाली छाया को स्थायी रूप से ग्रहण कर लेता है। पीछे से इसी शीशे से फोटो चित्र छापे और तैयार किए जाते हैं।

प्लेटफार्म—सज्ञा पुं० [अं०] १. कोई चौकोर और समतल चबूतरा, विशेषतः किसी इमारत आदि मे इस उद्देश्य से बना चबूतरा कि उसपर खडे होकर लोग वक्तृता या उपदेश दें। २. रेलवे स्टेशनों पर बना हुआ वह ऊँचा और बहुत लंबा चबूतरा जिसके सामने आकर रेलगाड़ी खडी होती है और जिसपर से होकर यात्री रेल पर चढ़ते या उससे उतरते हैं।

प्लेयर—सज्ञा पुं० [अं०] खिलाडी। उ०—खुदा ने मुझे वैसा 'प्लेयर' नहीं बनाया जैसा तुम्हें दोस्त।—चद०, पृ० ५२।

प्लैंटर—सज्ञा पुं० [अं०] वह जो विदेश में जमीन लेकर (चाय, गन्ने, नील आदि की) खेती करता हो। बडे पैमाने में खेती करनेवाला।

विशेष—हिंदुस्तान में 'प्लैंटर' शब्द से गोरे प्लैंटरो का ही बोध होता है। जैसे,—टी प्लैंटर (चाय बगान का साहब), इंडिगो प्लैंटर (नीलहा गोरा या साहब) आदि।

प्लैकर्ड—सज्ञा पुं० [अं०] छपा हुआ बड़ा नोटिस या विज्ञापन जो प्राय दीवारों आदि पर चिपकाया जाता है। पोस्टर। जैसे,—दीवारों पर थिएटर, सिनेमा आदि के रंग बिरगे प्लैकर्ड लगे हुए थे।

क्रि० प्र०—चिपकना।—चिपकाना।—लगना।—लगाना।

प्लैटिनम—सज्ञा पु० [अ०] चाँदी के रग की एक प्रसिद्ध बहुमूल्य धातु जो अठारहवी शताब्दी के मध्य में दक्षिण अमेरिका से युरोप गई थी।

विशेष—यह धातु शुद्ध रूप में नहीं पाई जाती और इसमें कई धातुओ का कुछ न कुछ मेल रहता है। यह प्राय सब धातुओ से अधिक भारी होती है और इसके पत्तर पीटे या तार खीचे जा सकते हैं। यह आग से नही पिघल सकती, बिजली अथवा कुछ रासायनिक क्रियाओ की सहायता से गलाई जाती है। इसमें मोरचा नही लगता और न इसपर तेजाबो आदि का कोई प्रभाव होता है। इसी लिये बिजली के तथा और अनेक रासायनिक कार्यों मे इसका व्यवहार होता है। रूस में कुछ दिनो तक इसके सिक्के भी चलते थे। दक्षिण अमेरिका के अतिरिक्त यह युराल पर्वत तथा बोर्नियो द्वीप में भी पाई जाती है।

प्लैन—सज्ञा पुं० [अ०] १ किसी बननेवाली इमारत का रेखा-चित्र या नक्शा। ढाँचा। खाका। जैसे,—मकान का प्लैन म्युनिसिपैलटी में दाखिल कर दिया है। मजूरी मिलते ही काम मे हाथ लग जायगा। २ किसी काम को करने का विचार या आयोजन। वदिश। मनसूबा। तजवीज। योजना। स्कीम। जैसे,—तुमने यहाँ आकर मेरा सारा प्लैन बिगाड दिया।

प्लैनचट—सज्ञा पुं० [अं० प्लान्चेट] दे० 'प्लानचेट'।

प्लोत—सज्ञा पुं० [सं०] १. पट्टी। घाव पर बाँधने की पट्टी (को०)। २. कपडा (को०)। ३. पित्त का विकार जो मुँह से गिरता है।

प्लोष—सज्ञा पुं० [सं०] १. भक से जल जाना। २. दाह। जलन। पित्तविकार।

प्लोषण[1]—वि० [सं०] [वि० स्त्री० प्लोषणी] जलनेवाला। जैसे, मदनप्लोषण। दहकनेवाला।

प्लोषण[2]—सज्ञा पुं० जलन। दाह। [को०]।

प्सा—सज्ञा स्त्री० [सं०] १. भूख। बुभुक्षा। २. खाना। खाद्य वस्तु [को०]।

प्सात—वि० [सं०] १. भूखा। बुभुक्षित। २. भक्षित। खाया हुआ [को०]।

प्सान—सज्ञा पुं० [सं०] १. भोजन। २. खाना। खाद्यपदार्थ।

प्सुर—वि० [सं०] १. सुंदर। सलोना। प्यारा। २. रूप या आकार से युक्त [को०]।